Punjab Files

YEAR 1989

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 1 जनवरी, 1989 तदनुसार, 18 पौष, 2045

सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा दोहरा कर नीति समाप्त करने के बारे में हैं । दक्षेस सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पाक प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो में तीन दिन की

प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो की उपस्थिति में

अपने-अपने देश

किया ।

एकीकृत अकाली दल यूथ विंग के प्रधान सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर बम विस्फोट की एक घायल स्त्री दम तोड़ गई

तरनतारन में दुकानदार का बंदूक की नोक पर अपहरण

चंडीगढ़, 31 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने एकीकृत अकाली दल यूथ विंग के प्रधान सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि अमृतसर बम विस्फोट की एक घायल स्त्री आज दम तोड़ गई । एक दुकानदार का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया गया जबकि कई आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए ।

अहमदगढ़ में एक शिवसेना नेता की दुकान पर फ़ायरिंग से उसके 2 गनमैन घायल हो गए ।

यूथ विंग नेता की हत्या : लुधियाना (ह.स.): एकीकृत अकाली दल के यूथ विंग के अध्यक्ष श्री मलकीयत सिंह की आज यहां से 65 किलोमीटर दूर गांव हरगना में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि श्री मलकीयत सिंह अपने मित्र हरफूल सिंह के साथ कार में जा रहे थे । हमलावरों ने ए.के. 47 चीनी राइफल से श्री मलकीयत सिंह पर गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

रूमराला (भारद्वाज) : जत्थेदार मलकीयत सिंह का शव आज यहां सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया । शव के साथ आए गांव के लोगों ने घटना के बारे में बताया है कि मृतक चुनाव के सिलसिले में चंडीगढ़ से गांव की एक कार द्वारा गांव लौटा था, ज्यों ही वह खिड़की खोल कर कार से बाहर निकला तो वहां अंधेरे में पहले से ही खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर तीन गोलियां चलाईं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उक्त आतंकवादी ने उक्त कार के ड्राइवर को गाड़ी बंद करने की धमकी दी तथा पीछा न करने के लिए भी धमकी दी गई । इसके उपरांत वह आतंकवादी पैदल ही चला गया । मृतक की आयु लगभग 34-35 वर्ष के लगभग थी तथा उसके तीन बेटे हैं, जो अभी पढ़ रहे हैं ।

वैरोके में हत्या : अमृतसर (नि.स.): आज जिला अमृतसर में थाना मजीठा के गांव वैरोके में एक व्यक्ति मुख्त्यार सिंह की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल स्त्री चल बसी : कल अमृतसर के शरीफ़पुरा क्षेत्र में हुए बम विस्फोट में गम्भीर रूप से घायल होने वाली विद्या रानी की आज सुबह गुरु तेग बहादर अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस प्रकार इस बम विस्फोट से मरने वालों की संख्या 5 हो गई है ।

अमृतसर जिला पुलिस ने भिंडीसैवाला टाइगर फ़ोर्स के दो आतंकवादियों सरूप सिंह तथा दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे कुछ आपत्तिजनक सामग्री बरामद की ।

थाना लोपोके के अंतर्गत एक अन्य व्यक्ति मुश्ताक राय की भी हत्या कर दी गई ।

अपहरण : आज तरनतारन में कुछ आतंकवादियों ने एक किरयाना विक्रेता राज कुमार का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया ।

तरनतारन जिला पुलिस ने गत रात दो आतंकवादियों और 5 शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । पुलिस चीफ़ श्री संदीप गुप्ता ने यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों में एक बलजीत सिंह है, जो कि गत मास एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या में वांछित था, जबकि दूसरा लखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा है ।

दुकान पर फ़ायरिंग : अहमदगढ़ (पूरी): आज शाम लगभग 6 बजे तीन आतंकवादियों ने यहां के भीड़भाड़ वाले सदर बाज़ार में स्थित पंजाब शिवसेना के संयुक्त सचिव प्रवीन कुमार की दुकान पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे उनके दो गनमैन बाल कृष्ण तथा गुरचरण सिंह घायल हो गए । गोलियों की आवाज़ सुनते ही लोगों ने लगभग आधा किलोमीटर तक आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन वे फरार होने में सफल हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई । आतंकवादियों की खोज जारी है ।

पटियाला पुलिस ने दलीप सिंह तथा अर्जन सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया । अर्जन सिंह से एक पिस्तौल व अनेक कारतूस बरामद किए गए ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने चार आतंकवादियों सिकंदर सिंह, कलवंत सिंह, सुरजीत सिंह तथा करनैल सिंह को

(शेष पृष्ठ 14 पर)

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी तथा पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमत
ओर जाते हुए, जहां उन्होंने शुक्रवार को दूसरी बार बातचीत की

आतंकवाद को संकल्प के साथ द

इस्लामाबाद, 31 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) का चौथा शिखर सम्मेलन आतंकवाद को उखाड़ फैंकने और 'दक्षेस योजना 2000' के ज़रिए अपने-अपने देश की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को इस सदी के अंत तक पूरा करने के संकल्प के साथ आज यहां समाप्त हुआ ।

इस्लामाबाद घोषणापत्र को सर्वसम्मत मंजूरी देते हुए भारत, पाकिस्तान, बंगला देश, नेपाल, श्रीलंका, भूटान और मालदीव के नेताओं ने नशीले पदार्थों के बढ़ रहे खतरों और उनसे क्षेत्र की राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिरता के लिए बने प्रतिकूल माहौल के खिलाफ़ जेहाद छेड़ने की आवश्यकता पर बल दिया है । दक्षेस ने अपनी अगली शिखर बैठक कोलम्बो (श्रीलंका) में करने का भी फैसला किया ।

सम्मेलन ने परमाणु हथियारों की वृद्धि और विस्तार को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समझौते की दिशा में हर सम्भव प्रयास करने का भी संकल्प लिया ।

तीन दिन के इस शिखर सम्मेलन के समापन पर जारी 11 पृष्ठों के इस्लामाबाद घोषणापत्र में सभी सात दक्षेस नेताओं ने परमाणु हथियारों की होड़ रोकने और उन्हें नष्ट किए जाने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह व्यक्त किया है ।

दक्षेस से सम्बद्ध देशों के नेताओं ने आह्वान किया है कि सदस्य देशों को आतंकवाद रोकने संबंधी संधि के क्रियान्वयन के लिए कारगर उपाय करने चाहिएं । संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन ने नशीले पदार्थों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए वर्ष 1989 को मादक पदार्थ निरोधक वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है । सभी सदस्य देश इस बारे में राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाएंगे । सम्मेलन ने 1990 को बालिका वर्ष के रूप में मनाने का फैसला भी किया है ।

क्षेत्रीय जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को इस सदी के अंत तक पूरा करने संबंधी योजना के तहत लोगों को रोटी, कपड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, जनसंख्या नियंत्रण योजना मुहैया कराने का प्रस्ताव है । कोलंबो में प्रस्तावित आगामी दक्षेस शिखर सम्मेलन में इस महत्वाकांक्षी योजना को ठोस

सहयोग की वास्त
बातचीत हुई है
हार्दिक इच्छा है
व्यक्तिगत रिश्ते
वातावरण बनने
उन्होंने कहा कि
के राजनीतिक,
सुधार के लिए प

सात राष्ट्रीय
विश्वास के सेतु
और क्षेत्र के निर्धा
के लिए ठोस कद
दक्षेस शिखर सम्
कहा कि क्षेत्र के
दक्षेस का मुख्य
दवाओं के सम्ब
नशीली दवाओं

SALE
EXHIBITION-CUM-SALE
SAREES
AND DRESS MATERIALS
UP TO 50% DISCOUNT
FRESH STOCK ARRIVES DAILY
femina
SILK & SAREES
CHAURA BAZAR, LUDHIANA

WONDER OF QSS
ALBUM FREE OR ENLARGEMENT SIZE
RS. 1-50
PER POSTCARD SIZE COLOR PHOTO WITH DEVELOPING &

NEW
Lates
HIGH
a

Punjabi Sahitani

(बाएं से दाएं) नेपाल नरेश श्री
ट्रपति हुसैन इरशाद, पाकिस्तान
ज़रदारी के राष्ट्रपति मामून गयूम
(छाया : पै.ट्र.)

कुंजी भारत के पास

ाद, 31 दिसम्बर : श्रीलंका के
र, जयवर्धने ने आज यहां कहा कि
भारत के पास है और ईमानदारी
र्थों में है । दक्षेस शिखर वार्ता के
ोह में श्री जयवर्धने ने कहा कि
लता और प्रगति भारत पर निर्भर
ने खुशी है कि भारतीय प्रधानमंत्री
ने भी जिनके प्रति उनके दिल में
, अपने भाषण में इस बात को
और कौन है, जो इसे महसूस नहीं
ने आतंकवाद के खिलाफ पूरे मन
का आह्वान किया और कहा कि
सामने सुख चैन से जीने के लिए
वा कोई रास्ता नहीं है ।

ौते पर हस्ताक्षर

(पृष्ठ 3 का शेष)

वनाओं पर सर्वोच्च स्तर पर
क्या है । श्री राजीव गांधी और
धानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो ने
न्न में कहा कि इस विषय में दोनों ने
बातचीत की ।

वाल पूछे जाने पर कि क्या भारत
र से अपनी सेनाएं हटा लेगा, श्री
ा कहा कि "हमारी बातचीत काफी
दिखना है कि इस पर किस रूप में

ी संवाददाता के बार-बार ज़ोर
कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दे रहे
टोकते हुए कहा कि 'आपको

ख्या में कितनी कटौती की जाएगी,
जाने पर श्रीमती भुट्टो ने केवल
ीनिकों की संख्या में दोनों ओर से
न्न पर हमने विचार किया है ।"
इस संवाददाता सम्मेलन में श्री
आतंकवाद की समस्या, सियाचिन
श्मीर जैसे विवादास्पद प्रश्नों के

विस्तार में न जाकर श्री गांधी ने
द और सियाचिन के मामलों पर
ों के स्तर पर बातचीत की जाती

सम्बन्ध बेहतर : नईदिल्ली
। राजीव गांधी ने कहा है कि
नमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने कश्मीर
न्न शिमला समझौते के तहत

विभाग के प्रवक्ता के अनुसार फैक्स पर 1500 मिनट तक संदेश तथा 2,000 मिनट तक टैलीफोन काल किए गए । यह कीर्तिमान 26 दिसम्बर से आज तक का है ।

अकाली नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार करके उनसे .315 बोर के पिस्तौल, एक .12 बोर का पिस्तौल तथा एक .12 बोर की बंदूक व 25 कारतूस बरामद किए । जांच पड़ताल से पता चला है कि यह लोग राज्य में कुछ आतंकवादी अपराधों में संलिप्त थे ।

2 गिरफ्तार : बटाला (ह.स.): श्री हरगोबिंदपुर थाना पुलिस ने खालिस्तानी तथा सरकार-विरोधी नारे लगाने पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध राजद्रोह और आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया है । पुलिस ने उनके नाम मोहन सिंह व गुरचरण सिंह बताए हैं, जो कि गांव कोहाली के रहने वाले हैं ।

इसी बीच पुलिस ने कल रात थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव पंडोरी में जगन्नाथ की हत्या करने वाले तीनों आतंकवादियों की पहचान कर लेने का दावा किया है । यह हैं : सुखविंदर सिंह उर्फ पप्पू, जसपाल सिंह व हंसा सिंह । यह सभी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित हैं । एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि अभियुक्तों को पकड़ने के लिए 6 पुलिस दल भेजे गए हैं ।

ठेका लूटा, कारिंदा घायल : खन्ना से 'पर्ण' के अनुसार कल शाम 7 बजे के करीब आतंकवादियों ने गांव रोनियां कलां का शराब का ठेका लूट लिया । आतंकवादियों ने आकर कारिंदे चरण सिंह को सारी नकदी उनके हवाले करने को कहा । जब उसने इन्कार किया तो उन्होंने गोली चला कर उसे ज़ख्मी कर दिया तथा 3 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए ।

शव मिला : भटिंडा जिले के रामपुराफूल में भूतपूर्व मंत्री सुखदेव सिंह ढिल्लों के निवास के निकट बोर में लिपटा एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया ।

हत्या कर दी : एक अन्य वारदात में जिला संगरूर के कुछ उपद्रवियों ने एक व्यक्ति तारा सिंह की हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : एक अन्य घटना में दो उग्रवादियों ने बंगा पुलिस स्टेशन के गांव भूरे के निकट एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

17 राष्ट्र विरोधी गिरफ्तार

जम्मू, 31 दिसम्बर (सच्चर): समाज व राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरुद्ध चलाए अभियान के दौरान जम्मू पुलिस ने गत तीन मास में 17 लोगों को हिरासत में लिया । जम्मू पुलिस रेंज के डी.आई.जी. श्री एस.एस. अली ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोली-सिक्का, तस्करी का सामान और 5 सौ तोला सोना बरामद किया है ।

रफ़ी जन्मोत्सव आज

अमृतसर, 31 दिसम्बर : अमर गायक मोहम्मद रफ़ी के जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में एक जनवरी को दोपहर 2 बजे गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, टाऊन हाल, अमृतसर में एक सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया जाएगा ।

शोक समाचार

भटिंडा, 31 दिसम्बर



संयुक्त यूवा अका
प्रधान श्री मलकी
कर दी ।

कार-ट्र
मरे,

चंडीगढ़, 3
चंडीगढ़-अम्बाला
कार के ट्रक से
व्यक्तियों में से 5
अन्य घायल हो ग
में दाखिल कराया
गंभीर बताई जा
शामिल है । अभ
हो पाई है । कार
बाल-बाल बच
1662 है और उ
रहने वाले बताए

नम्बूद्रिपा

तिरुअनंतपर
नम्बूद्रिपाद तीसरी
के महासचिव चुन
रही तेहरवीं कां
महासचिव चुना ग

मालवी

वाराणसी, 3
पंडित मदन मोहन
अवसर पर आज न
संस्थाओं में अनेक

सबसे ल

मद्रास, 31
जनवरी को हो रहे
के पैरियार जिले के
सबसे लम्बा होने के
में फंस गए हैं । इ
है, जिनमें 47 निद
चुनाव में चेंगलपट्
में भी ऐसी ही सम
90 उम्मीदवार
है । तब अधिका
बनानी पड़ी थीं क्यों
समान आकार के

यह जनता द
विच

नई दिल्ली, 31
अध्यक्ष विश्वनाथ
गांधी की चौन या
जनता दल की प्रति
पार्टी का आधिकारि

श्री सिंह की
पदाधिकारियों की प
में यह प्रतिक्रिया व्य
के अलावा लंदन के
के अंक में छपी रि
जिसमें कहा गया था

Punjab Sahapedia

बोफोर्स दस्तावेज जारी

था कि वर्जीनिया रोडरिग्स सम्भवतः वही हैं जो बोफोर्स तोप सौदे से सम्बद्ध स्वेंस्का कम्पनी की उपाध्यक्ष है । उन्होंने तब इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग की थी । श्री जेठमलानी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक मोहन कात्रे को लिखे एक पत्र की प्रति भी जारी की जिसमें उन्होंने श्री कात्रे पर कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया है ।

विधायक को पेश होने के निर्देश

हैदराबाद, 1 जनवरी (ह.स.): गत सप्ताह विजयवाड़ा में इंका नेता मोहन रंगाराव की हत्या के सम्बन्ध में दर्ज एफ.आई.आर. में तेलगू देशम पार्टी के जिस विधायक का नाम शामिल है, उसे पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने तीन दिन के अन्दर स्वयं को पुलिस के हवाले करने को कहा है । कृष्णा जिला से सम्बन्धित विधायक डी. राज शेखर, जो नेहरू नाम से प्रसिद्ध हैं, के अतिरिक्त तेलगू देशम पार्टी के कुछ अन्य सदस्यों के भी नाम एफ.आई.आर. में दर्ज हैं । ये सभी अभी तक फरार हैं ।

तमिलनाडु में बड़ी पार्टियों द्वारा फिल्मी सितारों की उपेक्षा

मद्रास, 1 जनवरी (वार्ता): तमिलनाड विधानसभा के आगामी चुनावों के लिए पहले से कहीं ज्यादा फिल्म कलाकार मैदान में होने के बावजूद बड़ी पार्टियों ने इस बार अभिनेता-अभिनेत्रियों को नजरअंदाज कर दिया है ।

ड से 22वीं किस्त के रूप में 37 आतंकवाद
ी नेता प्रो. मधु दंडवते एक पीड़ित महिला को
र बर्तनों का सैट देते हुए (नीचे) सहायता पाने
(छाया : कपूर)

अमृतसर में एक धर्मस्थल के बाहर भीषण बम विस्फोट : 4 मरे, 15 घायल

स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 3 आतंकवादी मारे गये

कांस्टेबल सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 1 जनवरी (वार्ता, ह.स.): नए वर्ष के पहले ही दिन अमृतसर जिला में चविंडा देवी मंदिर के बाहर हुए एक ज़बरदस्त बम धमाके में 4 व्यक्ति मर गए तथा 15 घायल हो गए । तीन दिनों में अमृतसर में यह दसरा बम विस्फोट है । आतंकवादियों ने पंजाब में सी.आर.पी. के एक कांस्टेबल सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि तथाकथित दष्ट सोध कमांडो फोर्स के 'एरिया कमांडर' सहित 3 आतंकवादी मारे गए । एक घुसपैठिया भी मारा गया । लुधियाना जिला में एक चुंगी तथा 2 पैट्रोल पम्प लूटे गए ।

बम विस्फोट : अमृतसर (वि.प्र.): आज बाद दोपहर यहां थाना कत्थुनंगल के अंतर्गत गांव चविंडा देवी में चविंडा देवी मंदिर के बाहर एक बम फटने से तीन लोग मर गये,जबकि 15 अन्य घायल हो गये । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने यह बम मंदिर से बाहर रखा हुआ था । दो व्यक्तियों की तो घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीसरा अस्पताल में जाकर दम तोड़ गया । घायलों को गुरु तेगबहादर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । गत तीन दिनों में अमृतसर में यह दूसरा बम विस्फोट है । शुक्रवार को शरीफ़पुरा में हुए बम विस्फोट में एक एस.एच.ओ. सहित 5 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी ।

आज सायं एक और घायल हरि राम की श्री गुरु तेगबहादर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

यह बम विस्फोट दोपहर बाद लगभग 2 बज कर 40 मिनट पर हुआ । सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये । घायलों को गांव के लोग वाहनों में डाल कर अस्पताल ले गये । 3 घायलों की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि बम एक डिब्बे में था, जिसको एक साइकल के कैरियर से बांधा हुआ था और इसको मंदिर के बाहर रखा हुआ था । जब एक श्रद्धालु ने साइकल को वहां से हटाने की कोशिश की तो विस्फोट हो गया । मृतकों में मदन लाल, मंदिर का पुजारी राम प्रकाश तथा इंद्रपाल शामिल हैं । घायलों के नाम इस प्रकार हैं तेग बहादर, हरप्रीत, भगवान दास, राज कुमार, राज कुमार राजू, हरि राम, बनवारी लाल, नरेंद्र कुमार, उग्रसेन, हरी पाल, शक्ति कुमार, प्रकाश लाल, नत्था सिंह, साधु सिंह तथा महेंद्र सिंह । ये सभी चविंडा देवी के निवासी हैं ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि साइकल को सी.आर.पी. की एक चौकी के निकट खड़ा किया गया था । आतंकवादियों का तरीका वही था जो शुक्रवार को हुए बम विस्फोट में देखने में आया था । बम विस्फोट इतना भीषण था कि मदन लाल के चीथड़े उड़ गए । निकट ही ताश खेल रहे कुछ लोगों को भी बम के टुकड़े लगे ।

घायलों ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने विस्फोट के बाद साइकल के टुकड़े हवा में उड़ते देखे तथा सारा क्षेत्र धुएं से भर गया ।

कांस्टेबल मारा गया : गत रात थाना जंडियाला के गांव जब्बोवाल के निकट सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किया गया जिसमें कांस्टेबल बच्चन प्रसाद मारा गया । पुलिस के अनुसार गश्ती दल के वाहन पर सड़क के किनारे गन्ने के खेतों में छुपे आतंकवादियों ने ज़बरदस्त फ़ायरिंग की । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए बच कर भाग गये । बच्चन प्रसाद को घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई । घटना स्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के कई खाली कारतूस मिले ।

अपहृत दुकानदार की हत्या : आतंकवादियों ने आज सुबह थाना सरहाली के जालूवाल गांव के निकट एक युवा दुकानदार राज कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों के एक ग्रुप ने कल उसके गांव से रुपये बटोरने की नीयत से उसका अपहरण कर लिया था । पुलिस को उसकी गोलियों से छलनी लाश आज सुबह मिली । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू 'एरिया कमांडर' बख्शीश सिंह सोना ने इस हत्या की ज़िम्मेदारी ली है ।

बाघड़ी में हत्या : आज सुबह झब्बाल थाना के बाघड़ी गांव में आतंकवादियों ने अशोक कुमार नामक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादी उसके घर में घुस कर उसे गोलियां मार कर पैदल ही फ़रार हो गये ।

मुठभेड़ : गत रात लोपोके थाना के अंतर्गत गांव चक मिसरी खां में 5-6 आतंकवादियों के एक ग्रुप की विशेष पुलिस अधिकारी दल के साथ मुठभेड़ हुई तथापि आतंकवादी गोलीबारी के बाद भाग निकले । किसी ओर से कोई हानि नहीं हुई ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार तरनतारन पुलिस ने विभिन्न हत्याकांडों में वांछित 8 आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है । पुलिस ने एक पुष्ट सूचना के आधार पर आतंकवादियों के एक आश्रय स्थल पर छापा मारने के लिए जा रहे एक पुलिस दल पर गांव फ़ज़लपुर के निकट एक नहर के पुल के करीब वृक्षों की ओट से फ़ायरिंग की । पुलिस पार्टी ने जवाबी फ़ायरिंग करके चार आतंकवादियों को काबू कर लिया । ये हैं : जसविंदर सिंह उर्फ़ छिंदा, अनोख सिंह उर्फ़ घोड़ा, कश्मीरा सिंह उर्फ़ शीरा तथा मुख्तार सिंह उर्फ़ मुक्खा । इनके कब्ज़े से हथियार और गोली-सिक्का भी मिला ।

थाना सदर तरनतारन पुलिस ने भी एक फार्म हाऊस में छुपे हुए 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । यह आतंकवादी गांव कलेर में एक व्यक्ति प्रताप सिंह के फार्म हाऊस में छुपे हुए थे । इनके नाम सुखदेव सिंह पुत्र गरदयाल सिंह, प्रताप सिंह पुत्र बूटा सिंह, राजविंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह तथा निर्मल सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह हैं । इनसे भी हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

पूछताछ के दौरान आतंकवादी सुखदेव सिंह ने बताया कि उसने इंस्पैक्टर वधावा सिंह तथा उसके भतीजे की हत्या की थी और उसकी पत्नी को आतंकवादी गुरनाम सिंह जौड़ा, सभरांवाला के पम्मा तथा बलविंदर सिंह जौड़ा की मदद से घायल किया था । इन आतंकवादियों ने सखीरा गांव के एक मोहन सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य अजैब सिंह की हत्या के अलावा तख्त चक की एक स्त्री सतवंत कौर की हत्या करने की भी स्वीकारोक्ति की है । इसके अलावा उन्होंने कैरों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारतीय शांति सेना की दो बटालियनों की श्रीलंका से वापसी इसी मास

कोलम्बो, 1 जनवरी : श्रीलंका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति रणसिंहे प्रेमदास के अनुरोध पर भारत अगले कुछ दिनों के भीतर श्रीलंका से अपने सैनिकों की दो बटालियनें वापस बुला लेगा । भारतीय उच्चायुक्त ज्योतीन्द्र नाथ दीक्षित ने आज यह घोषणा की । श्री दीक्षित ने कहा कि भारतीय शांति सेना की दो बटालियनों की वापसी की तारीख हालांकि अभी निश्चित नहीं की गई है,परन्तु आशा है कि इस महीने के मध्य में सैनिकों की वापसी हो जाएगी ।

सैनिकों की वापसी की घोषणा भारत सरकार द्वारा आज कोलम्बो और नई दिल्ली से की गई । बताया जाता है कि श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत में स्थिति सुधरने, भारत-श्रीलंका समझौते के कार्यान्वयन तथा आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण के बाद भारत सरकार श्रीलंका सरकार के साथ सलाह-मशविरे से अपनी बाकी सेना की वापसी की भी इच्छुक है । सरकारी वक्तव्य में पिछले वर्ष श्रीलंका से भारतीय सैनिकों की वापसी का भी ज़िक्र है ।

क्यूम समर्थकों को राजीव के निकट फटकने भी न दिया गया

इस्लामाबाद, 1 जनवरी (टैल.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पाकिस्तान यात्रा के दौरान पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों का वातावरण बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया । कटनीतिक सूत्रों ने बताया कि श्रीमती बेनजीर भुट्टो और उनके पति द्वारा राजीव दम्पति के लिए आयोजित भोज, जिसमें नसरत भुट्टो भी उपस्थित थीं, बहुत अच्छा रहा । श्री गांधी और उनकी पत्नी वहां लगभग साढ़े चार घंटे रहे । भारतीय प्रधानमंत्री को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए बेनजीर सरकार ने लुटेरा कश्मीर के 'राष्ट्रपति' क्यूम खां के बहुत से समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था । इन लोगों ने अखबारों में प्रथम पृष्ठ पर विज्ञापन छपवा कर कश्मीर के मामले पर भारी प्रदर्शन करने की धमकी दी हुई थी लेकिन उनकी रैली बरी तरह नाकाम रही और उन्हें श्री गांधी के कहीं निकट भी नहीं फटकने दिया गया ।

भारत-पाक सीमा पर कई पाबंदियां

अमृतसर, 1 जनवरी : अमृतसर जिले में 500 मीटर लम्बी भारत-पाक सीमा पर एहितयात के तौर पर आज कई निषेधाज्ञाएं फिर लागू कर दी गई हैं । कर्फ्यू व सभी अन्य निषेधाज्ञाएं एक मार्च तक लागू रहेंगी ।

36 वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन 204 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, 1 जनवरी : वर्ष 1951 से 1987 तक भारत के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 204 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है ।

हैलीकाप्टर लापता

जम्मू, 1 जनवरी (वार्ता): आज सुबह ऊधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय से श्रीनगर के लिए रवाना हुआ भारतीय वायु सेना का एक हैलीकाप्टर लापता हो गया है । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हैलीकाप्टर से अंतिम सम्पर्क तब हुआ था जब वह बनिहाल दर्रे पर उड़ रहा था । सेना व पुलिस दलों ने हैलीकाप्टर की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है ।

श्रीनगर में वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि इस हैलीकाप्टर में केवल एक कैप्टन था । श्रीनगर में उसे आज दोपहर 2.20 बजे उतरना था।

FROM 2-1-1989
SALE
AT
Smart
SHIRTS
ALL KINDS OF READYMADES
& WOOLEN HOSIERY
FOR THE FAMILY

न व्यवस्था की समस्या नहीं :
कालना ज़रूरी : दण्डवते

1,43,83,903 रुपए जमा हो चुके हैं और आज तक कल 861 परिवारों को 1,06,492,32 रुपए वितरित किए जा चुके हैं । श्री आनन्द ने उग्रवाद की चर्चा करते हुए कहा कि इसका सिखी से कोई सम्बन्ध नहीं । वास्तव में सिख मर्यादाओं को

सहयोग व सहायता देना है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि बी.एस.एफ. एक उच्च आदर्श प्राप्ति बल है जो लोगों को सुरक्षा प्रदान करने को कृत-संकल्प है ।

भाकपा नेता व पूर्व मंत्री श्री सतपाल डांग ने

रोपड़-मोरिंडा सड़क पर गत रात्रि पुलिस के साथ मकाबले में मारे गए आतंकवादी भूपेंद्र सिंह उर्फ भिंदी का शव । (छाया : दर्दी)

अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव के निवासी पुरुषोत्तम लाल का अपहरण करके उसके वारिसों से एक लाख रुपये प्राप्त करने में भी संलिप्तता स्वीकार की है ।

उग्रवादी मारा गया : आज सायं मजीठा पुलिस जिला के गांव तलवंडी राय दत्त के एक फार्म हाऊस में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी बिट्टू मारा गया जबकि उसके 2 साथी भाग निकले । घटना स्थल से एक मैगजीन सहित एक ए.के. 47 राइफल बरामद की गई है । सुरक्षा बलों ने यह सूचना मिलने पर फार्म हाऊस पर छापा मारा था कि वहां उग्रवादी छिपे हुए हैं । बताया गया है कि इन भागे हुए उग्रवादियों ने गांव सारंग देव में अंधाधुंध फ़ायरिंग की । पुलिस ने दावा किया है कि उग्रवादियों का पीछा किया जा रहा है ।

खाना खा रहे लोगों की हत्या : आज शाम मजीठा पुलिस जिला में गांव सारंगदेव में आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार चीनी राइफलों से लैस 5 आतंकवादियों ने वासुदेव, दीना तथा अरुण कुमार की उस समय हत्या कर दी, जब वे खाना खा रहे थे ।

बैरागी की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी): थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव कौड़ा में कल रात लगभग 9 बजे दो आतंकवादियों ने एक ज़मींदार बलविंदर सिंह बैरागी की हत्या कर दी और फ़रार हो गये । पुलिस के अनुसार बैरागी पर 12 बोर की बंदूक से गोलियां चलाई गईं तथा यह हत्या निजी शत्रुता के आधार पर की गई प्रतीत होती है ।

आतंकवादियों द्वारा साथी की हत्या : थाना कादियां के एक गांव सेखवां में आज प्रातः 2 आतंकवादियों ने अपने एक साथी आतंकवादी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गुरनाम सिंह नामक उक्त आतंकवादी उस समय अपने खेतों में गया हुआ था । जब वे उसके घर गये तो वह न मिला । पता करके वे उसके पीछे ही खेतों में चले गये तथा गोलियां मार कर उसे वहीं ढेर कर दिया । बताया जाता है कि वह पहले उनके साथ लूटमार की वारदातें किया करता था परन्तु उसने उनको किसी लूट का माल नहीं दिया था । ह.स. के अनुसार फ़ायरिंग में एक भैंस भी मर गई । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लखविंदर सिंह लक्खा व सुखजिन्दर सिंह तोती ने इस फ़ायरिंग की जिम्मेदारी ली है ।

एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि गुरनाम सिंह पिछले महीने से ज़मानत पर रिहा था ।

ट्रैक्टर तले कुचल दिया : आज प्रातः ही बटाला सदर थाना के गांव कोटला नवाब के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बख्शीश सिंह को ट्रैक्टर के नीचे कुचल दिया । पुलिस ने इसको निजी दुश्मनी का केस बताया है ।

एक की हत्या : जिला बटाला थाना कादियां के गांव खारा के निकट कुछ सशस्त्र लोगों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति महेंद्रपाल की हत्या कर दी । मृतक इसाई था और कादियां से साइकिल पर गांव जा रहा था ।

घुसपैठिया मारा गया : फिरोज़पुर (हस): आज प्रातः फिरोज़पुर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था । उससे एक .12 बोर का पिस्तौल, तीन कारतूस व कुछ पाकिस्तानी करंसी मिली ।

कट्टर उग्रवादी मारा गया : मोरिंडा (महेंद्र): आज प्रातः मोरिंडा-रोपड़ सड़क पर गुरुद्वारा करगाह साहब के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कट्टर उग्रवादी भूपेंद्र सिंह उर्फ़ भिंदी मारा गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया । एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर के अनुसार भिंदी हत्या के अनेक मामलों में संलिप्त था । मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी राइफल, कई कारतूस मिले । मुठभेड़ उस समय हुई जब स्कूटर पर जा रहे दो उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी । उनका स्कूटर बिना नम्बर का था ।

मारा गया आतंकवादी भिंदा तथाकथित 'दुष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' का रोपड़ व लुधियाना का एरिया कमांडर था ।

दो पैट्रोल पम्प लूटे : लुधियाना (ह.स.): कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने आज तड़के जिले की जगियाना चुंगी चौकी और एक पैट्रोल पम्प से 28,000 रुपया लूट लिया । प्रारम्भिक सूचना के अनुसार लूटेरे संख्या में चार और हथियारों से लैस थे । एक अन्य घटना में कुछ लोगों ने जगराओं में एक और पैट्रोल पम्प से 1021 रुपए लूट लिए ।

गनमैन दम तोड़ गया : कल मंडी अहमदगढ़ में शिव सेना के नेता प्रवीन कुमार की दुकान पर आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में उनके दो गनमैन जख्मी हो गए थे । उनमें से एक गनमैन होमगार्ड गुरचरण सिंह की बाद में मृत्यु हो गई ।

ईंट भट्ठा कर्मचारी घायल : फिल्लौर (भाखड़ी): यहां के निकटवर्ती गांव मौसाब में आज शाम 8.30 बजे 2 साइकिल सवार आतंकवादियों ने एक ईंट भट्ठा कर्मचारी चोखा राम को ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसके परिवार वालों द्वारा शोर मचाने तथा लोगों के एकत्र हो जाने से उग्रवादी भागने में सफल हो गये । यह ईंट भट्ठा मै. हंसराज डाराराम का है । चोखाराम की पीठ पर गोली लगी है, उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

सरपंच को लूट लिया : उग्रवादियों ने थाना मौड़ के गांव खड़क सिवाला में एक सरपंच नायब सिंह के घर से 10,000 रुपए नकद व एक .12 बोर की दोनाली बंदूक लूट ली । लूट की एक अन्य घटना में उग्रवादी जिला संगरूर के गांव कोट दूना में कौर सिंह से 12 बोर की बंदूक छीन कर फरार हो गए ।

मधु दंडवते

(पृष्ठ 3 का शेष)

पूर्व मंत्री श्री यश ने कहा कि सभी दलों ने इतनी गलतियां की हैं कि स्थिति उलझ गई है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को तुरन्त सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए जैसा कि उन्होंने घोषणा की थी । साथ ही कहा कि यदि वह यह बैठक नहीं बुलाते तो सभी दल स्वयं मिल बैठें और सर्वसम्मत हल निकाल कर प्रधानमंत्री के सामने रखें ।

उन्होंने कहा कि उग्रवाद की जड़ तो धर्म व राजनीति को मिलाने में है । पाकिस्तान बनने के समय जो यह विचार कुछ लोगों ने सिखों में पैदा किया कि हिन्दुओं को हिन्दुस्तान और मुसलमानों को पाकिस्तान मिल गया, सिखों को क्या मिला, वह आज भी मंडराते हैं । उन्होंने धर्म और राजनीति को अलग करने की जरूरत पर जोर दिया ।

पंजाब भाकपा के सचिव श्री प्यारा सिंह दियोसी ने कहा कि सरकार पंजाब समस्या को हल नहीं करना चाहती । यदि ऐसा चाहती होती तो वह राजीव-लौंगोवाल समझौता पर अमल करती । उन्होंने कहा कि आज भी थोड़े बहुत फर्क के साथ उसी समझौते को हल का आधार बनाया जा सकता है । उन्होंने सभी दलों की बैठक न बुलाये जाने पर प्रधानमंत्री की आलोचना की । उन्होंने राज्यपाल श्री रे की ओर से प्रो. दर्शन सिंह, एस.जी.पी.सी. तथा श्री तलवंडी के हाल के स्टैंड की सराहना किये जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया । उन्होंने पंचायत चुनाव कराने का विरोध किया और कहा कि इस बारे पहले श्री रे राजनीतिक दलों की बैठक बुला कर विचार-विमर्श करें । उन्होंने धर्म और राजनीति को अलग-अलग करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि उग्रवाद के खात्मा के लिए केंद्र व अकालियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता । इस के लिए तो अन्य सभी को मिल कर मैदान में आना पड़ेगा ।

कांग्रेस के पूर्व विधायक श्री बीर देविन्दर सिंह ने कहा कि उग्रवादियों ने सिखी के नाम पर उसका जितना नुक्सान किया है, शायद ही इतिहास में कभी हुआ हो । उन्होंने कहा कि अकालियों ने गत 40 वर्ष में सिखी के मात्र एक पक्ष राजनीति को ही अपनाया और भक्ति, संगीत, दर्शन, कीर्तन आदि अन्य पक्षों को बिल्कुल नज़रंदाज कर दिया जिसका परिणाम हम आज देख रहे हैं । उन्होंने कहा कि आज हालत यह है कि जिन लोगों ने यह आग भड़काई, वह आग आज उनको ही जलाने को है । उन्होंने धर्म व राजनीति के एक होने के सिद्धांत की चर्चा करते हुये कहा कि गुरुओं ने इन दोनों को अलग रखा तभी अकाल तख्त स्थापित करने वाले छठे गुरु जी ने एक की बजाय दो तलवारें पहनी थीं । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों को बढ़ावा देने के लिए अकाली नेता जिम्मेदार हैं जो उनकी मौत पर उनकी अर्थी को कंधा देते रहे । उन्होंने इस स्थिति में चुप धारण कर बैठे सिखों को आड़े हाथों लिया और कहा उनसे गुरुनानक देव भी निराश होंगे क्योंकि निर्दोषों की हत्याओं पर इनका चुप रहना वह सहन नहीं कर सकते । उन्होंने राज्यपाल श्री रे की नीतियों की भी निन्दा की ।

फंड कमेटी के सदस्य तथा भाजपा के अखिल भारतीय उप प्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि पंजाब समस्या का समाधान केवल वोट की राजनीति से ऊपर उठ कर ही निकाला जा सकता है । उन्होंने पंचायत चुनाव करवाने का विरोध करते हुए कहा कि संगीनों के साये में लोकतंत्र की बहाली कैसे सम्भव है । उन्होंने कहा कि यदि चुनाव ही करवाने हैं तो नगरनिगमों व पालिकाओं के करवाये जायें क्योंकि नगरों में सुरक्षा प्रदान करना आसान है । उन्होंने कहा कि या तो सरकार का मौजूदा स्थिति बारे

सिद्धार्थ शंकर रे

(पृष्ठ 3 का शेष)

जा रहा है ।

श्री रे ने कुछ समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार को निराधार बताया कि हाल ही में उन्होंने कुछ उग्रवादियों से भेंट की । उन्होंने कहा कि मैंने कहीं भी किसी उग्रवादी से मुलाकात नहीं की ।

अधिक विस्तार में न जाते हुए श्री रे ने कहा कि कुछ निहित स्वार्थी लोग गांवों में सत्ता दूसरों के हाथ में चली जाने की आशंका से उग्रवाद का 'हौवा' खड़ा कर चुनावों का विरोध कर रहे हैं । श्री रे ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण ऐसे लोगों द्वारा किए जा रहे शोरगुल की उपेक्षा कर देंगे । एक प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि प्रत्याशी को सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करना स्थिति पर निर्भर करेगा । उन्होंने कहा कि यदि कोई उग्रवादी चुनाव लड़ना चाहता है तो पहले उसे आत्म-समर्पण करना होगा और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करनी होगी ।

श्री रे ने कहा कि 1988 में सरकार 'ब्लैक थंडर' कार्रवाई के जरिए स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को हटाने में सफल हुई । इसके बाद सौन्दर्यकरण योजना के तहत स्वर्ण मंदिर के आसपास का तीस मीटर का इलाका खाली करा लिया गया ।

उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक इस आरोप की जांच कर रहे हैं कि रोडे परिवार का एक सदस्य श्री जगदेव सिंह तलवंडी पर हाल में हुए हमले के लिए जिम्मेदार है ।

पहला पाक उपग्रह इसी वर्ष

नई दिल्ली, 1 जनवरी : पाकिस्तान अपना पहला उपग्रह इस वर्ष किसी भी समय अंतरिक्ष में भेजेगा । 70 किलो का यह उपग्रह देश में विकसित साज सामान से बनाया गया है ।

एक भारत मूलक मलयेशिया सुप्रीमकोर्ट का जज

कुआलालम्पुर, 1 जनवरी : भारत में जन्मे 62 वर्षीय सिख श्री अजायब सिंह को मलयेशिया की सुप्रीमकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है ।

मार्क्सी कलाकारों पर हमला, 1 मरा, 3 महिलाएं लापता

नई दिल्ली, 1 जनवरी (वार्ता): साहिबाबाद में आज मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी से सम्बद्ध जन नाट्य मंच के कलाकारों पर लाठियों व बंदूकों से हुए हमले में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, कुछ घायल हो गए तथा तीन महिला कलाकार लापता हैं ।

रियोड़ी-गचक के भाव कम करवाने की मांग

लुधियाना, 1 जनवरी (नेपाल): इस वर्ष चीनी, देसी खांड और गुड़ के भावों में गत वर्ष की अपेक्षा लगभग एक सौ रुपया क्विंटल का मंदा है और धुले हुए तिलों के भाव में 600 रु. क्विंटल का मंदा है, परन्तु रियोड़ी, गचक बेचने वालों ने इस मंदे का लाभ खपतकारों को नहीं दिया, जिससे वे परेशान हैं, जबकि लोहड़ी का त्यौहार 12 जनवरी को बताया जाता है । खपतकारों ने बताया कि इस साल धुले हुए तिलों का भाव 1325 रु. क्विंटल है जो गत वर्ष 1900 रुपए क्विंटल था । चीनी का भाव इस वर्ष 630 रु. क्विंटल से लेकर 670 रु. क्विंटल और देसी खांड का भाव 500 रु. क्विंटल से लेकर 575 रु. क्विंटल तथा गुड़ का भाव 325 रु. क्विंटल से लेकर 360 रु. क्विंटल तक का है । खपतकारों की मांग है कि रियोड़ी व गचक के भाव कम करवाए जाएं ।

पंजाब समस्या का हल लोकतांत्रिक ढांचे में : पंत

कलकत्ता, 1 जनवरी (ह.स.): प्रतिरक्षा मंत्री श्री के.सी. पंत ने आज यहां भारतीय संगीत भवन द्वारा 'पंडित जवाहर लाल नेहरू और पंडित गोविंद

Punjabi Samachar

बिस्फोट में मारे गए (1) इन्द्र पाल, । इस बिस्फोट में (5) भगवान दास, कुमार (धोबी), (10) तेज बहादुर, (14) नरेन्द्र कुमार, (15) साधू ए । सभी घायल गुरु तेग बहादुर (छाया : रवि भंडारी)

आतंकवादियों द्वारा 5 की हत्या : मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी बिट्टू ने 29 लोगों की हत्याएं की थीं

बंगा के गांव में फायरिंग से एक व्यक्ति घायल

चंडीगढ़, 2 जनवरी (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक व्यक्ति को घायल कर दिया । कल मजीठा क्षेत्र में मारा गया आतंकवादी बिट्टू कख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता का निकटे साथी था तथा उसने 29 निर्दोष लोगों की हत्या की थी । राज्य में विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन से ज्यादा आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया ।

29 निर्दोषों की हत्या की थी : अमृतसर (वि.प्र.): मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि खूंखार आतंकवादी बिट्टू जोकि फतेहगढ़ चूड़ियां का रहने वाला था और भिडैरांवाला टाइगर फोर्स का एरिया कमांडर था, कल सुरक्षा बलों के साथ मठभेड में मारा गया । इस आतंकवादी ने अजनाला सब-डिविजन में 29 निर्दोषों की हत्या की थी ।

अजनाला के निकट बस हत्याकांड में उसने 11 व्यक्तियों की हत्या की थी, थाना रमदास क्षेत्र में गांव आवां में चार निर्दोषों की हत्या की थी । गांव गिज्जरपुरा में उसने नौ हिंदुओं को मारा था तथा अजनाला क्षेत्र में पांच व्यक्तियों की हत्या की थी । बिट्टू की लाश के करीब एक चीनी राइफल, इसके दो मैगजीन और 350 अनचले तथा 50 चले हुए कारतूस बरामद किए गए । इस घटना के अलावा थाना रमदास और अजनाला के गांवों से खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने वाले सात व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया । मारा गया आतंकवादी बिट्टू अत्यन्त खूंखार उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता का निकट साथी था ।

चविंडा देवी में आतंक : 'कमलेश' के अनुसार प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक स्थान चविंडा देवी मंदिर के द्वार पर कल हुए बम विस्फोट से चविंडा देवी कस्बे में आतंक फैल गया है । चविंडा देवी से आए एक श्रद्धालु ने बताया कि इस घटना से पहले भी कई बार उग्रवादी वहां मंदिर परिसर के अन्दर और बाहर बम फैंक चुके हैं परन्तु बचाव होता रहा है । मंदिर के अन्दर ही सी.आर.पी. की एक चौकी भी कायम है, जिसके कारण कस्बे में अब तक हिंदू टिके हुए हैं । यदि सरकार ने अब कुछ कड़े कदम न उठाए तो कस्बे से हिंदुओं का पलायन शुरू हो जाने की आशंका है । स्मरण रहे कि हर मास चविंडा देवी के मंदिर में अष्टमी का मेला लगता है जिसमें हिन्दू, सिख दोनों बड़ी संख्या में भाग लेते हैं । आज इस बम कांड में घायल एक और व्यक्ति को अस्पताल में दाखिल करवाया गया ।

ठेका कर्मचारी की हत्या : कल रात जिला भटिंडा में थाना दयालपुर के अंतर्गत गांव कोठा गुरु में आतंकवादियों ने एक शराब के ठेका के कर्मचारी रामफल सिंह की हत्या कर दी ।

किसान की हत्या : कल शाम जिला भटिंडा में ही कोट शमीर में एक किसान सुखदेव सिंह को गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादी गन्ने के पौधे उखाड़ रहे थे । जब सुखदेव सिंह और उसके परिवार ने आपत्ति की तो उन्होंने सुखदेव सिंह को गोली मार दी । उसके परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए ।

स्कूटर चोरी : 'सिंगला' के अनुसार कल सायं संगरूर रेलवे स्टेशन पर धुरी में श्री संजीव कुमार का स्कूटर पी.ए.आई. 3757 चुरा लिया गया ।

3 आतंकवादी पकड़े : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मार कर तीन आतंकवादियों तथा पांच समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने दी । आतंकवादियों की पहचान दलजीत सिंह, बलविंदर सिंह तथा अजंटा सिंह के रूप में हुई । उनसे तीन पिस्तौलें तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए ।

घायल कर दिया : जालंधर (न.न.ए.): कल रात थाना बंगा के गांव झंडेरा में हरपाल सिंह नामक व्यक्ति गांव में गोलियां चलने की आवाज सुन कर अपने घर की छत पर गया तो नीचे से एक कार में सवार आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चलाईं । उसे घायलावस्था में जालंधर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

जालंधर शहर में लम्बा पिंड के गुरदयाल सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को थाना डिवीजन नम्बर तीन पुलिस ने गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर का पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया ।

डाक्टर की हत्या : गुरदासपुर (ह.स.): दो आतंकवादियों ने जिला गुरदासपुर के थाना काहनूवान के अंतर्गत गांव भट्टियां के निकट डाक्टर ममताज अहमद की गोली मार कर हत्या कर दी ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट (जिदत्त): एस.एस.पी. फरीदकोट श्री एस.के. शर्मा ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत 24 घंटों के दौरान जिले में विभिन्न स्थानों से पांच संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए हैं, जिनके पास से .38 बोर के दो रिवाल्वर, .38 बोर की एक देसी पिस्तौल, 303 की एक राइफल तथा 315 बोर की एक पिस्तौल बरामद की गई है । उन्होंने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों के नाम चंद कुमार, मल्कीयत सिंह गांव घल्लेके, केहर सिंह गांव पक्का, नत्था सिंह गांव बड़ किशनपुर तथा राजू अबोहर हैं ।

उन्होंने आगे बताया कि पूछताछ के दौरान चंद कुमार व मल्कीयत सिंह ने स्वीकार किया है कि उन्होंने एक माह पहले अपने ही गांव के दुकानदार धर्मपाल की हत्या की थी । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों से पूछताछ जारी है ।

थानेदार जख्मी रिटायर : उन्होंने बताया कि राज्यपाल के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन से भ्रष्टाचार समाप्त करने के अंतर्गत एक ए.एस.पी. गुरपाल सिंह को भ्रष्टाचार के आरोप में जबरी रिटायर कर दिया गया है तथा और भी छंटनी जारी है ।

पिस्तौल व जेवर छीने : आज बाद दोपहर जिला रोपड़ के खरड़ कस्बा में चार स्कूटर सवार आतंकवादी डाक्टर पवन कुमार के घर में घुस गए और वहां से एक पिस्तौल व कुछ जेवर ले गए ।

लोगों ने आतंकवादी को पकड़ा : लुधियाना (आहजा): गत दिवस शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र में लोगों ने एक संदिग्ध आतंकवादी को पकड़ लिया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्ति रूपा मिस्त्री गली के क्षेत्र में लूटपाट के इरादे से आए । महल्ले की औरतों ने उन्हें संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा तो शोर मचा दिया जिस पर उन्होंने रिवाल्वर व तलवार निकाल ली । इतने में उस क्षेत्र के लोग इकट्ठे हो गए । उन्होंने एक आतंकवादी को पकड़ लिया तथा उसकी जम कर पिटाई की । अन्य दो आतंकवादी भागने में सफल हो गए । लोगों ने उक्त लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया ।

गनमैन का अंतिम संस्कार : मालेरकोटला (आजिज): परसों शाम अहमदगढ़ में जिला संगरूर के शिवसेना प्रधान श्री प्रवीन कुमार पर दो आतंकवादियों की ओर से कातिलाना हमला के परिणामस्वरूप गोलियों की बौछार से उनके दो गनमैन जख्मी हो गए थे । इनमें से एक गनमैन गुरचरण सिंह, जो कि रिटायर्ड फौजी तथा पंजाब होमगार्ड शहरी कम्पनी मालेरकोटला का जवान था, की गोलियां लगने के थोड़े समय बाद ही मृत्यु हो गई थी । पोस्टमार्टम के बाद उसकी लाश अहमदगढ़ से मालेरकोटला के गांव संगाला लाई गई, जहां उसका अंतिम संस्कार सरकारी तौर पर किया गया ।

अहमदगढ़ से पुरी के अनुसार शिव सेना नेता की दुकान पर फायरिंग के विरुद्ध शिव सेना के बंद के आह्वान का बहुत कम प्रभाव पड़ा । सेना के वर्करों ने कुछ दुकानें बंद कराईं लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप पर लोगों ने फिर दुकानें खोल लीं ।

2 की हत्या, 2 घायल : फिल्लौर (भाखड़ी) आज सायं 6.40 बजे निकटवर्ती कस्बा अपरा में उग्रवादियों की अंधाधुंध फायरिंग से दो व्यक्ति मारे गए और दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए । मृतकों के नाम दर्सौंधा सिंह और राज बताए गए हैं, जबकि घायलों प्रेमनाथ और बलबीर को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवाया गया है । उग्रवादियों की संख्या का पता नहीं चल सका । गांववासियों के अनुसार वारदात के समय गांव में बिजली बंद थी ।

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या लगभग आधा दर्जन थी और वे साइकलों पर सवार थे ।

प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से उग्रवाद समाप्त होगा : बलबीर

रोहतक, 2 जनवरी (संजय): हरियाणा प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष बलबीर पाल शाह ने यह विचित्र तर्क दिया है कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से दूसरे देशों से मित्रता बढ़ेगी तथा देश में उग्रवाद जैसी अनेक बीमारियां खत्म हो जाएंगी । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी बंसी लाल की जनसभा पर रोक लगाने के लिए हाईकमान को नहीं कहा । यह पूछने पर कि वह बंसी लाल की जनसभाओं में क्यों नहीं जाते । उन्होंने कहा कि यदि मुझे मेरे पद के अनुसार बुलाया जाएगा तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।

बरनाला का त्यागपत्र स्वीकार करने के मामले पर जिला जत्थेदार दो भागों में बंटे

चंडीगढ़, 2 जनवरी (एन.एस. परवाना): पंथक एकता अभियान बारे कल तीन जनवरी को गांव लोंगोवाल में अकाली दल (लौं.) के डेढ़ दर्जन जिला जत्थेदारों की एक बैठक हो रही है जिसमें सुरजीत सिंह बरनाला द्वारा अकाल तख्त के आदेश पर अपनी पार्टी के प्रधान पद से त्यागपत्र दिए जाने के मामले पर विचार किया जाएगा । यद्यपि श्री बरनाला इस बैठक में भाग नहीं लेंगे पर वह आज संगरूर रवाना हो गए हैं । उनके कई समर्थक भी इस बैठक के लिए काफी सक्रिय हैं ।

सूत्रों से पता चला है कि जिला अकाली जत्थों के प्रधान दो धड़ों में बट गए हैं । श्री बरनाला के समर्थक खुले आम यह स्टैंड ले रहे हैं कि त्यागपत्र स्वीकार न किया जाए और बरनाला प्रधान बने रहें । प्रधान की हैसियत से वह एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री तलवंडी से एकता बारे बातचीत करें, परन्तु पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह के समर्थक जत्थेदार इस बात के पक्ष में हैं कि यदि श्री बरनाला का त्यागपत्र न माना गया तो सारा गुड़ गोबर हो जाएगा और सिख जनता में यह धारणा बनेगी कि बरनाला ने अकाल तख्त के नाम का दुरुपयोग किया है । यदि त्यागपत्र मान लिया जाता है तो इससे एकता का मार्ग प्रशस्त होगा । श्री बरनाला पार्टी की अध्यक्षता छोड़कर एवं पार्टी की कार्य समिति व अन्य विंग भंग करके पंथक एकता की दिशा में कदम उठा चुके हैं ।

इस समय स्थिति यह है कि आधे जत्थेदार श्री बरनाला के साथ हैं व आधे श्री बलवन्त सिंह के पक्ष में हैं । शक्ति का संतुलन इस समय अन्य राज्यों के पार्टी प्रधानों के हाथ में है पर यह मामला भी विवादास्पद नजर आ रहा है क्योंकि जब कार्य समिति ही भंग कर दी गई तो अन्य राज्यों के पार्टी प्रधान तो स्वयं ही अपदस्थ हो गए ।

इस दौरान आज जब श्री बरनाला से, कल की बैठक बारे उनके विचार जानने के लिए, सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके आवास से पता चला कि 'सरदार साहब बाहर गए हुए हैं ।' जब श्री बलवन्त सिंह से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने 'एकता अभियान' का समर्थन करते हुए कहा कि अकाली दल (लौं.) और एकीकृत अकाली दल में असूल और नीति कार्यक्रम बारे अब कोई बाधा नहीं होनी चाहिए । श्री बलवन्त सिंह ने कहा कुर्सियों की बांट का झगड़ा समाप्त किए जाने का आदर्श बहुत अच्छा है यदि अकाली इसे अपना लें तो उनकी सरकार टूट नहीं सकती । उन्होंने कहा कि अकाली दल (लौं) और एकीकृत अकाली दल दोनों का ही लक्ष्य आनन्दपुर साहब प्रस्ताव लागू कराना है । दोनों ही दल भारतीय संविधान के दायरे में रहकर पंजाब व सिखों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं । दोनों दलों का यह विचार है कि 'दिल्ली' नहीं चाहती कि पंजाब की समस्या हल हो । ये दल यह भी अनुभव करते हैं कि गोली से समस्या हल नहीं होगी अतः दोनों दल आतंकवाद का विरोध करते हैं ।

उन्होंने विचार व्यक्त किया कि पार्टी के बाहर की कुछ ताकतें अकालियों को एक नहीं होने दे रही हैं पर अब पंथ विरोधियों को मुंह की खानी पड़ेगी ।

मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कलकत्ता नया केन्द्र

लखनऊ, 2 जनवरी (टा.इ.): गत 15 दिसम्बर को 1.2 किलोग्राम हैरोइन की तस्करी के संबंध में सियालदह एक्सप्रैस से पकड़े गए दो युवकों की पूछताछ से तस्करों के एक ऐसे सिंडीकेट का पता चला है जिसने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कलकत्ता को अपना नया केंद्र बना लिया है । गिरफ्तार किए गए दोनों युवक बाराबंकी जिले के टिकरा गांव के हैं । यह जिला उत्तर प्रदेश में अफीम उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है । युवकों ने गांव की प्रयोगशाला में ही अफीम को परिष्कृत करके हैरोइन तैयार की थी । वे इसे कलकत्ता ले जा रहे थे जहां से यह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पांच लाख रुपए प्रति किलो के भाव से बिकती ।

बाराबंकी, गाजीपुर और बरेली में अफीम उत्पादन के क्षेत्रों में बड़े-बड़े तस्करों के यहां मारे गए नई दिल्ली में सिंडीकेट के अड्डों को छिन्न-भिन्न कर दिए जाने के कारण भी उसे अपना अड्डा कलकत्ता में बनाना पड़ गया है । इसी बीच गुप्तचर अधिकारियों ने बाराबंकी और बरेली में कई तस्करों को गिरफ्तार किया है ।

प्रैस बिल वापस लेने की मांग

नई दिल्ली, 2 जनवरी : अखिल भारतीय समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन ने केन्द्रीय सरकार से आज मांग की कि प्रैस और पुस्तक पंजीयन (संशोधन) बिल वापस ले लिया जाए । यह बिल गत मास राज्यसभा में पेश किया गया था । सम्मेलन की स्थायी समिति द्वारा पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि यह बिल सरकार और समाचार

Punjabi Sahajari

ड़ का सोना पकड़ा गया

ट, 2 जनवरी : कस्टम अधिकारियों के का आगमन उस समय फलदायक रहा एक महीने के अथक प्रयास के बाद कल रुपए मूल्य का सोना बरामद किया । धिकारियों ने एक माह पूर्व दिय तट के पाकिस्तानी जहाज को पकड़ा था । हा प्राप्त अधिकृत सूचनाओं के अनुसार ई' नामक जहाज पर 10 पाकिस्तानी न्होंने जहाज पर सोना होने से इंकार लेकिन कस्टम अधिकारियों ने तलाशी ब जहाज के कुछ हिस्सों को तोड़ा तो ना प्राप्त हुआ ।

ोफोर्स सौदे शुरू : पंत

कहा कि यह कदम श्रीलंका के नए । प्रेम दास की इच्छाओं और उत्तर पूर्वी ति चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण के कारण उठाया जा रहा है । उन्होंने भी कहा कि भारतीय शांति सेना की ने कुछ समस्याओं को सुलझाना जरूरी य श्रीलंका में पच्चास हजार भारतीय । इन्हें गत वर्ष जुलाई में भेजा गया

देश में प्रतिरक्षा वस्तुओं के निजी रूप र प्रतिबंध लगाने की मांग को रद्द कर

ड़ में मतदान के दिन क्षा व्यवस्था होगी

ाचिका कर दी

लैक वारंट' जारी खुले : भूषण

ार किए जाने के तुरंत बाद ये जारी के खिलाफ यह तीसरे ब्लैक वारंट

वों ने बताया कि देश के इतिहास भ्रजारिमों के खिलाफ तीसरी बार ाए जाने का यह पहला मामला है दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ ी को सत्र न्यायालय ने मृत्यु दंड जिसे दिल्ली उच्च न्यायालय ने ाद में उच्चतम न्यायालय ने भी कर दी थी ।

ार राष्ट्रपति के निर्णय की प्रति ेल के सुपरिंटेंडेंट अदालत में गए लैक वारंट जारी किए । दोनों ये अलग-अलग जारी किए गए ट को दे दिए गए । दोनों के 12 अक्तूबर 1988 को ब्लैक ए थे । दूसरी बार जारी ब्लैक तारीख 2 दिसम्बर 1989 ।

कानून मंत्री शांति भूषण ने र सिंह की दया याचिका खारिज ार्य तथा दुःख व्यक्त किया है । र सिंह के वकील रह चुके श्री मंत्रालय की ओर से केहर सिंह के ो आज दिए गए इस आशय के क्रिया व्यक्त की । उन्होंने कहा ए किए जाने से ऐसा लगता है कि ा से इस पर विचार नहीं किया , करने के लिए उच्चतम न्यायालय ी भी कई रास्ते हैं परन्तु उन्होंने ा उचित नहीं समझा ।

क वह निश्चित रूप से कह सकते र याचिका कार्रवाई शुरू होगी अभी कुछ फैसला नहीं किया गया

त्र राजेन्द्र सिंह ने पुनः न्यायालय ने निर्णय किया है । राजेन्द्र सिंह खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया कहा कि देश की सर्वोच्च कार्य म न्यायालय से एक और प्रयास न्होंने कहा कि सरकार ने केहर

जिला अमृतसर के गांव भिंडी सैदां में रविवार को हुए बम विस्फोट में मारे गए (1) इन्द्र पाल, (2) मदन लाल, (3) हरिओम और (4) प्रकाश चन्द के शव । इस विस्फोट में (5) भगवान दास, (6) महेन्द्र सिंह, (7) उत्तमन शर्मा, (8) राज कुमार, (9) राज कुमार (धोबी), (10) तेज बहादुर, (11) नत्था सिंह, (12) शक्ति कुमार, (13) प्रकाश सिंह, (14) नरेन्द्र कुमार, (15) साधू सिंह, (16) बनवारी लाल और (17) हरिपाल घायल हो गए । सभी घायल गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर में उपचाराधीन हैं । (छाया : रवि भंडारी)

देवी सम्पर्क नहर पूरा कराने के प्रति गम्भीर नहीं : सुर्जेवाला

सिरसा, 2 जनवरी (दिवाकर): हरियाणा के भूतपूर्व सिंचाई एवं ऊर्जा मंत्री और हरियाणा कांग्रेस सोशलिस्ट फोरम के अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने गत दिवस यहां कांग्रेस भवन में जिला स्तर की एक कांफ्रैंस में मुख्यमंत्री श्री देवी लाल पर लोगों से धोखा करने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि श्री देवी लाल और उनके साथियों ने राज्य में अधिक विकास कार्य करने के आश्वासन पर लोगों से वोट लिए थे परन्तु हरियाणा के हितों का ध्यान रखने के स्थान पर वह अधिक समय राज्य से बाहर व्यतीत कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग राज्य की वर्तमान सरकार से उकता चुके हैं ।

श्री सुर्जेवाला ने कहा कि चौधरी देवी लाल के नेतृत्व में गठित हरियाणा संघर्ष समिति ने जिन मुद्दों को लेकर हरियाणा में कथित 'न्याययुद्ध' किया था व हरियाणा वासियों को गुमराह करके जिस प्रकार सत्ता हथियाई थी, वर्तमान सरकार उन मुद्दों का जिक्र धांधली व अन्य गलत कार्यों जिनमें रामेश्वरी बलात्कार कांड, सप्रिया कांड, बाल गर्ल्ज कांड, कालोनाईजर कांड इत्यादि शामिल हैं, की जांच करवाने के लिए उच्चस्तरीय स्वतंत्र विचारधारा के वकीलों, पत्रकारों व अन्य बुद्धिजीवी लोगों की एक विशेषाधिकार प्राप्त कमेटी का गठन किया जाए व इस कमेटी द्वारा दो महीनों में हरियाणा सरकार की भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट तैयार की जाए जिसे इंका समाजवादी फोरम द्वारा प्रत्येक हरियाणावासी तक पहुंचाया जाएगा ।

इस सम्मेलन में हरियाणा इंका के महासचिव श्री जगदीश नहरा जिला इंका प्रधान श्री लक्ष्मण दास अरोड़ा, जिला इंका समाजवादी फोरम के संयोजक श्री रमेश मेहता एडवोकेट, श्रीमती पुष्पा महत संयोजक महिला सैल के अतिरिक्त लगभग एक दर्जन इंका नेताओं ने अपने विचार रखे ।

Punjab Samachar

पुलिस पार्टी पर राकेटों से हमला, मुठभेड़ में उग्रवादी मरा : बैंक मैनेजर की हत्या

लुधियाना, संगरूर जिलों में 50 हजार रुपये लूटे गये

चविंडा देवी कांड का एक और घायल चल बसा

चंडीगढ़, 3 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आज जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक पुलिस पार्टी पर राकेटों से हमला किया, जबकि जिला जालंधर में एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । गत रात जिला अमृतसर में एक ग्रामीण बैंक के एक मैनेजर की हत्या कर दी गई जबकि चविंडा देवी बम विस्फोट का एक और घायल दम तोड़ गया । लुधियाना और संगरूर जिलों में दो वारदातों में 50 हजार रुपए लूट लिए गए । अपरा में हुए गोली कांड के दो घायलों की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

सुरक्षा बलों ने 10 उग्रवादियों और उन्हें शरण देने वालों को गिरफ्तार किया है ।

बैंक मैनेजर की हत्या : अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने गत सायं थाना तरनतारन के गांव मैमी में एक बैंक मैनेजर श्री विनोद कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । विलम्ब से प्राप्त समाचार के अनुसार श्री विनोद कुमार जो कि गुरदासपुर-अमृतसर क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक की मलूआना शाखा के मैनेजर थे, स्कूटर पर सवार होकर तरनतारन अपने घर जा रहे थे जबकि दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । जब श्री विनोद कुमार न रुके तो उन्होंने उन पर गोलियां चलाईं । श्री विनोद कुमार ने स्कूटर छोड़ कर खेतों में बच निकलने का प्रयास किया लेकिन हत्यारों ने उनका पीछा करके उन्हें गोलियां मारीं और उन्हीं के स्कूटर पर फरार हो गए ।

पुलिस पार्टी पर राकेटों से हमला : कुछ आतंकवादियों ने आज शाम तरनतारन में सुरसिंहवाला के निकट पुलिस के गश्ती दल पर आर.टी.जी. 7 राकेटों से हमला किया । हमले में किसी के जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचा है ।

घायल चल बसा : शनिवार को चविंडा देवी में हुए बम विस्फोट के एक और घायल हरिपाल की आज अमृतसर के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस तरह इस विस्फोट में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है ।

अपहरण कर लिया था : तरनतारन से 'पन्थ' के अनुसार दो आतंकवादियों ने बैंक मैनेजर का अपहरण करके उसको उसी के स्कूटर पर मध्य में बिठा लिया । थोड़ी दूर जाकर स्कूटर फिसल गया तथा बैंक मैनेजर ने फरार होने की कोशिश की, लेकिन आतंकवादियों ने उसको वहीं पर हत्या कर दी । पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । तरनतारन में पोस्टमार्टम के बाद मैनेजर का शव वारिसों के हवाले कर दिया गया । पुलिस जांच कर रही है ।

ट्रक का अपहरण : एक अन्य सूचना के अनुसार तरनतारन से 12 किलोमीटर दूर जी.टी. रोड के निकट गत रात एक ट्रक पी.ए.बी. 5529 का अपहरण कर लिया गया ।

उग्रवादी मारा गया : जालंधर (ह.स.): आज रात्रि जिला जालंधर में गढ़ी महांसिंह में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया जबकि उसके तीन साथी भाग निकले । पुलिस ने बताया है कि घटनास्थल से एक राईफल बरामद की गई है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नाका पार्टी को कार चार व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए तो उसने उन्हें रुकने का संकेत किया, जिस पर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मौके पर मारा गया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे में भाग निकले । घटनास्थल से कुछ कारतूस भी बरामद किए गए हैं ।

बैंक लूटने का प्रयास : (अशोक) आज प्रातः लगभग 10 बजे निम्नलिखी गांव मौली में दो सदिग्ध हथियारबंद उग्रवादियों ने गांव में स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा को लूटने का प्रयास किया, परन्तु बैंक स्टाफ द्वारा शोर मचा देने व तत्काल बैंक से बाहर आ निकलने पर दोनों उग्रवादी बैंक की टैलीफोन की तारें काट कर भाग निकले । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार प्रातः 9.55 बजे बैंक खुलने के समय दोनों उग्रवादी बैंक स्टाफ के साथ ही बैंक में प्रवेश कर गए । ब्रन्त स्टाफ को शक हो जाने पर सारा बैंक स्टाफ तत्काल बैंक से बाहर निकल भागा व बैंक कर्मियों ने शोर मचा दिया, जिस पर दोनों उग्रवादी बिना कोई हिंसा किये खिसक गए । बैंक के स्टाफ ने किसी अन्य टैलीफोन से फगवाड़ा शाखा को सूचित किया व फगवाड़ा पुलिस में केस दर्ज करवाया गया । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि टैलीफोन विभाग की घटिया सेवा के कारण बैंक स्टाफ को सदर पुलिस या उपपुलिस अधीक्षक का टैलीफोन नम्बर ही काफी समय न मिल सका ।

एक अन्य समाचार के अनुसार शोर सुनकर एकत्रित लोगों ने उग्रवादियों पर ईंटें बरसाईं परन्तु वे हवाई फायर करते हुए भाग निकलने में सफल हो गए ।

अपरा गोली कांड का ब्यौरा : गोराया से 'सीरा' के अनुसार यहां से 12 किलो मीटर दूर थाना फिल्लौर के गांव अपरा में गत सायं लगभग साढ़े छः बजे हुई अंधाधुंध फायरिंग, जिसमें 2 व्यक्ति मर गए थे तथा 2 गम्भीर रूप से घायल हुए थे, का विवरण प्राप्त हुआ है । कस्बा के ठीक मध्य में त्रिवेणी चौक में दुकानों के शटरों पर लगी गोलियों के निशान तथा जमीन पर बिखरा हुआ खून कल शाम को हुई दिल दहला देने वाली वारदात का दृश्य पेश कर रहा था । मौत के उस बर्बर नंगे नाच से लोग अभी भी भयभीत थे और सारे क्षेत्र में आतंक फैला हुआ था । लोगों के अनुसार पिछले एक वर्ष में आतंकवादियों ने इस कस्बे में कल तीसरी बार मानव रक्त से होली खेली तथा बड़े आराम से चले गए । किती को कोई पता नहीं कि वे कितने लोग थे, कहां से आए तथा कैसे चले गए ? एक दुकानदार धर्मचन्द ने बताया कि मरने वाला एक मजदूर 45 वर्षीय सोहा राम था जबकि दूसरा 20-22 वर्षीय राजकमार लोहे की जालियां बनाने का काम करता था और वह अपने बूढ़े मां-बाप का इकलौता लड़का था । वह अपने पीछे मां-बाप के अलावा एक भाई व चार बहनें छोड़ गया है । सोहा राम अपने पीछे विधवा के अलावा एक लड़का व दो लड़कियां छोड़ गया है । घायलों में प्रेम कुमार बजाज (45) तथा बलवीर कुमार बजाज (20) शामिल हैं । उनको सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है परन्तु उनकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

घटनास्थल से पुलिस चौकी 100 गज दूर है । पांच मिनट बाद ही पुलिस आ गई । उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए लेकिन आतंकवादियों का कोई पता नहीं चला । चौक में एक दुकान की खिड़कियों के गिर्द भी गोलियों के निशान हैं । वहीं रहने वाली एक औरत ने बताया कि उसी हमलावर दल के जवान दुकानें बंद कराने के बाद गए ही थे कि पटाखों आदि चलने की आवाज सुनी गई । फिर शोरगुल मच गया कि आतंकवादी वारदात करके चले गए हैं । थोड़ी देर बाद ही बिजली चली गई । फिर लगभग दो बजे के बाद बिजली सप्लाई बहाल होने का पता बताया जाता है कि बिजली की छह तारें कटी हुई थी । आतंकवादियों की संख्या तो जान नहीं हो सकी परन्तु इतना पता चला है कि वारदात के बाद वे बाजार से फिल्लौर की सड़क की तरफ निकल गए थे । यह भी ज्ञात हुआ है कि चौक में सरवन कुमार की किराने की दुकान है जिसका ताला तोड़ कर खुला था । गोलियों से मरने वाले दोनों व्यक्ति सौदा आदि लेकर निकले थे । बलवीर कुमार उर्फ बल्ली इसी दुकानदार सरवन कुमार का बेटा है । आज जिला के उच्चाधिकारी भी मौके पर आए तथा जांच शुरू कर दी ।

एक गिरफ्तार : फाजिल्का (धर्म): सीमा (शेष पृष्ठ 6 पर)

मताधिकार की आयु घटाने बारे संविधान संशोधन पर अटार्नी जनरल की राय लेने का सुझाव

नई दिल्ली, 3 जनवरी (ह.स.): मतदान की आयु 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष करने संबंधी 62वें संविधान संशोधन विधेयक को आधी राज्य विधानसभाओं से संपुष्टि कराना जरूरी है अथवा नहीं, इसके बारे में राज्यसभा सचिवालय ने विधि मंत्रालय से अटार्नी जनरल से राय लेने को कहा है । राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार इस विधेयक के बारे में अंतिम निर्णय अटार्नी जनरल की राय प्राप्त होने के बाद ही किया जाएगा ।

संविधान संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने के बाद कुछ अपवादों को छोड़ कि सीधा राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजा जा सकता है लेकिन विधि मंत्रालय का मत है कि इस विधेयक के बारे में संशोधन को आधी राज्य विधानसभाओं की सम्पुष्टि के बाद ही राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजा जा सकता है ।

62वें संविधान संशोधन विधेयक के बारे में इस संबंध में भिन्न-भिन्न राय व्यक्त की जा रही है । सीपीआई(एम) विपक्षी दलों का मत है कि विधेयक चूंकि इन पांच अपवादों में नहीं आता है, इसलिए आधी विधानसभाओं से इसकी सम्पुष्टि कराना जरूरी नहीं है लेकिन विधि मंत्रालय का मत है कि इस विधेयक की आधी विधानसभाओं से सम्पुष्टि कराना आवश्यक है । मंत्रालय की राय में सम्पुष्टि के बाद इस विधेयक को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकेगी ।

62वें संविधान संशोधन विधेयक द्वारा अनुच्छेद 326 में संशोधन करके लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव में मतदान के लिए आयु सीमा 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष की गई है ।

संविधान में संशोधन करने संबंधी अनुच्छेद 368 के खंड 2 (अ) में जहां संसद में राज्यों के प्रतिनिधित्व का उपबंध है वहीं अनुच्छेद 81 में लोकसभा की संरचना के बारे में कहा गया है कि सदन में ऐसे 525 से अधिक सदस्य नहीं हों जो राज्यों में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने गए हों ।

विधि मंत्रालय का मत है कि मतदान की आयु सीमा घटाने से 5 करोड़ मतदाता बढ़ जाएंगे, जिसमें लोकसभा के साथ-साथ विधानसभाओं में भी प्रतिनिधित्व पर असर पड़ेगा । ऐसी स्थिति में इस विधेयक की विधानसभाओं से सम्पुष्टि कराना जरूरी है । यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो इसे अदालत में चुनौती दिए जाने की सम्भावना है ।

इस बीच जनता दल के नेता श्री मधु दंडवते तथा कुछ अन्य विपक्षी नेताओं ने विधि मंत्रालय की इस राय से असहमति व्यक्त की है । उनका मानना है कि चूंकि सन् दो हजार तक लोकसभा में स्थानों का पुनः समायोजन नहीं कराया जा सकता, इसलिए मतदान की आयु घटाने का प्रतिनिधित्व पर कोई असर नहीं पड़ेगा ।

केंद्रीय समिति द्वारा कृषि परियोजनाओं का निरीक्षण

जालंधर, 3 जनवरी : उच्च स्तरीय कमेटी ने श्री सी. निवासा शास्त्री, कृषि सचिव भारत सरकार के नेतृत्व में जालंधर, लुधियाना, होशियारपुर की कृषि से सम्बन्धित परियोजनाओं का निरीक्षण किया । इस टीम ने फसलों के उत्पादन एवं प्राकृतिक मुसीबतों का सामना करने हेतु किसानों से सुझाव मांगे एवं उनकी कठिनाइयां सुनीं । किसानों की यह मांग थी कि उन्हें नए ट्रैक्टरों के ऋणों के साथ पुराने ट्रैक्टर खरीदने के लिए कम से कम ब्याज पर ऋण मिलना चाहिए । श्री शास्त्री ने बताया कि किसानों की मांगों से अवगत होने के बाद पंजाब सरकार के साथ यह विचार-विमर्श करेंगे ।

चैकोस्लोवाक राजनयिक ने ब्रिटेन में शरण ली

लंदन, 3 जनवरी : 17 दिसम्बर को नई दिल्ली से अचानक लापता हुए चैकोस्लोवाकिया के राजनयिक ब्लासिलमिल लुडविक को ब्रिटेन ने राजनीतिक शरण दे दी है । ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी । प्रवक्ता ने बताया कि श्री लुडविक ने कुछ दिन पहले यहां पहुंचते ही राजनीतिक शरण के लिए आवेदन दे दिया था । उनके इस अनुरोध को ब्रिटिश सरकार ने मंजूर कर लिया है ।

पार्टी के अध्यक्ष-पद से बरनाला का त्यागपत्र सर्वसम्मति से अस्वीकार : पुनः कार्यभार सम्भालने की अपील

सुनाम, 3 जनवरी (नागपाल): लौंगोवाल अकाली दल के जिला जत्थेदारों ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक में पंजाब के भू.पू. मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला का अकाली दल के प्रधान पद से त्यागपत्र सर्वसम्मति से अस्वीकार कर दिया और उनसे अपील की कि अपने पद का पुनः कार्यभार सम्भाल कर काम शुरू कर दें । सुनाम से 12 किलो मीटर दूर कस्बा लौंगोवाल के ऐतिहासिक गुरुद्वारा कैम्बोवाल में जिला जत्थेदारों की एक बैठक पंजाब मार्कीटिंग बोर्ड के भू.पू. अध्यक्ष जत्थेदार तोता सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें कुल 23 जत्थेदारों में से 21 जत्थेदारों ने भाग लिया ।

बाद में बैठक की कार्रवाई प्रैस के लिए जारी करते हुए भू.पू. खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री बलदेव सिंह मान ने बताया कि अकाली एकता के लिए श्री बरनाला को बातचीत करने के लिए पार्टी ने परे अधिकार सौंप दिए हैं । उन्हें कहा गया है कि जैसे भी चाहें, जिससे भी चाहें, बातचीत करें । श्री मान के अनुसार जिला जत्थेदारों ने श्री बरनाला की ओर से अकाल तख्त पर पेश होकर माफी मांगने की सराहना की । श्री अकाल तख्त का भी बरनाला को माफ करके सिख पंथ में शामिल करने के फैसले के

विरोधी धड़े की नारेबाजी : संगरूर से गोयल ने समाचार दिया है कि ज्यों ही दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान श्री ओंकार सिंह थापर ने कहा कि श्री सुरजीत सिंह बरनाला का त्यागपत्र सर्वसम्मति से अस्वीकार किया जाता है, रजिन्दर सिंह धालीवाल, प्रेम सिंह चंदमाजरा, अमर सिंह नलिनी भू.पू. उपप्रधान अकाली दल, दरशिन्दर सिंह प्रधान अकाली जत्था जालंधर, बचन सिंह प्रधान जिला अकाली जत्था कपूरथला और बलवंत सिंह सरपाल भू.पू. चेयरमैन स्माल स्केल इंडस्ट्रीज पंजाब ने अपने लगभग एक हजार साथियों के साथ श्री सुरजीत सिंह बरनाला और जिला अकाली जत्थेदारों के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी जिससे बैठक में जबरदस्त हंगामा हो गया ।

बाद में श्री चंदमाजरा ने एक भेंट में कहा कि आज की बैठक असंवैधानिक है, और अकाली दल के डैलीगेट ही त्यागपत्र को स्वीकार या अस्वीकार करने के अधिकारी हैं । भू.पू. वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह में स्वयं उपस्थित न थे । पंजाब से बाहर के जिन जत्थेदारों ने मीटिंग में भाग लिया उनमें श्री नाजर सिंह (हरियाणा), श्री ओंकार सिंह थापर (दिल्ली) तथा श्री गुरउपकार सिंह (ब्रिटेन) शामिल हैं ।

सेना का हैलीकाप्टर बनिहाल चोटी से टकरा कर नष्ट

जम्मू, 3 जनवरी (वार्ता): ऊधमपुर से एक जनवरी को उड़ान भरने के बाद से लापता सेना का हैलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें सवार तीनों अधिकारियों के शव बरामद हो गए हैं । आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि यह

Punjab Archive

(C) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर. 4.1.1989

फिल्लौर के निकटवर्ती कस्बा अपरा में उग्रवादियों के हाथों मारे गए (ऊपर) राजकुमार और (नीचे) दसौंधा राम उर्फ स्वर्णा राम । (छाया : तरसेम)

बैंक मैनेजर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बल के जवानों ने चक मीरा सीमा चौकी के करीब नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति किशन सिंह पुत्र हुक्म सिंह को फाजिल्का सैक्टर में गिरफ्तार किया जबकि वह पाकिस्तानी क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था । उसके पास दो राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिकों की प्रतियां तथा एक पत्रिका थी । वह यह चीजें पाकिस्तानी गांव भैणी के इस्लाम नामक व्यक्ति को देना चाहता था ।

दो गिरफ्तार : कोटकपरा : गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरबख्श सिंह तथा बाबू राम को गिरफ्तार किया तथा उनसे एक पिस्तौल, एक बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किए ।

5 हजार रुपए लूटे : लुधियाना (भाखड़ी): स्थानीय इंडस्ट्रीयल एरिया-ए के बिजली घर से दो उग्रवादियों द्वारा बिजली बोर्ड के खजांची से पिस्तौल की नोक पर 5000 रुपए नकद राशि लूटने की सूचना है । बोर्ड के खजांची गुरमेल सिंह और तेजा सिंह दोपहर 1.35 पर खाना खाने की तैयारी ही कर रहे थे कि दो स्कूटर सवार उग्रवादी जिनमें से एक की उम्र लगभग 30 वर्ष और दूसरे की 20-22 वर्ष थी कार्यालय के अन्दर आए और खजांचियों को पिस्तौल से धमका कर कैश हवाले करने को कहा । खजांचियों ने कैश बाक्स में जो राशि पड़ी थी, उग्रवादियों को दे दी जबकि नीचे 35000 से भी अधिक पड़ी राशि बचा ली गई ।

45,000 रुपए लूटे : संगरूर से गोयल के अनुसार एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि आज एक व्यक्ति पंजाब नैशनल बरनाला से 45,000 रुपए निकलवा कर साइकल पर जा रहा था कि रास्ते में एक व्यक्ति ने उसको बहाने से रोका तथा रुपयों वाला थैला छीन कर फरार हो गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

केहर की याचिका खारिज

(पृष्ठ 3 का शेष)

आर.के. गाबा के निर्णय के विरुद्ध दाखिल की गई थी । मैजिस्ट्रेट ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के दो गार्डों के विरुद्ध मुकद्दमा चलाने का उसका आवेदन अस्वीकृत कर दिया था ।

सतवंत ने न्यायालय से यह आवेदन किया है कि जब तक दोनों गार्डों के बयान दर्ज नहीं कर लिए जाते, उसकी फांसी की सज़ा रोक दी जानी चाहिए । दोनों गार्डों के विरुद्ध सतवंत सिंह का आरोप है कि उन्होंने 31 अक्तूबर, 1984 को बेअंत सिंह की हत्या करने के बाद उसकी हत्या की प्रयास किया था ।

सतवंत सिंह ने अपनी याचिका में कहा है कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के दो गार्डों ने उस पर तथा बेअंत सिंह के ऊपर जिस समय गोलियां चलाईं, वे सरकारी ड्यूटी पर नहीं थे अतः उनके विरुद्ध मुकद्दमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है । मैजिस्ट्रेट ने 21 नवम्बर को सतवंत सिंह के आवेदन को इस आधार पर अस्वीकृत किया था कि उसने दोनों सिपाहियों पर मुकद्दमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति नहीं ली है, जबकि कानूनन यह जरूरी है ।

प्रार्थी ने कहा है कि मैजिस्ट्रेट को उसका आवेदन अस्वीकृत करने की बजाय उसे सैशन अदालत को सुपुर्द करना चाहिए था । किसी अपराध में प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं, यह निर्णय करना सैशन अदालत का काम है । मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट इसके बारे में निर्णय नहीं कर सकता ।

सतवंत ने एक और आवेदन दाखिल कर जेल अधिकारियों को यह निर्देश देने का आग्रह किया है कि वह उसकी पत्नी सुरिन्दर कौर को जेल में उससे मिलने की अनुमति दें ।

चार पार्टियों के शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल से भेंट

चंडीगढ़, 3 जनवरी (वि.प्र.): आज यहां जिला होशियारपुर की चार राजनीतिक पार्टियों के एक शिष्टमंडल ने पूर्व मंत्री श्री धर्मपाल सभ्बवाल के नेतृत्व में पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट कर के मांग की कि मलोट के जंगलों से लकड़ी काटने के स्कैंडल में संलिप्त विभाग के अधिकारियों तथा अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराए जाएं ।

शिष्टमंडल ने चार पार्टियों की जांच कमेटी की रिपोर्ट भी राज्यपाल को पेश की । शिष्टमंडल में इंका के कन्दन सिंह, भाजपा के ओम प्रकाश कपूर, सी.पी.आई. के सोहन सिंह और मार्क्सी पार्टी के धर्म सिंह व गुरबचन सिंह शामिल थे । शिष्टमंडल ने इस सारे स्कैंडल की सी.बी.आई. से जांच कराने की मांग की है ।

गोल्डी सिक्योरिटी इन्वेस्टमैन्ट कं.(रजि.)
भगत सिंह रोड, मुजफ्फरनगर (यू.पी.) फोन 533

के 31 दिसम्बर 1988 को सुल्तानपुर में सम्पन्न 63वें ड्रा (बम्पर ड्रा) का परिणाम । बम्पर पुरस्कार 1 मारुति कार या ट्रैक्टर लक्की नम्बर 65118 प्रथम 1 स्कूटर या कलर टी.वी. 54913, दूसरा 1 टू-इन-वन या पोर्टेबल टी.वी. 47329, तीसरा 1 थ्रीलाई मशीन 67786, चौथा 3 टेबिल फैन 55667, 68570, 47604, तीन डिनर सैट 66895, 66432, 54826, तीन सिलाई मशीन 47516, 67954, 55097, पांचवां 100 बर्तन सैट 66586, 67643, 48785, 51474, 03359, 69601, 59903, 65578, 67482, 44987, 66124, 02445, 64786, 69923, 45051, 68618, 44223, 66628, 15272, 46085

प्रो. डी.के. सूद, जिन्हें डी.ए.वी. कालेज जालन्धर में स्थापित सैंटर फार कम्पीटीटिव एग्जामीनेशन का डायरैक्टर नियुक्त किया गया है ।

होशियारपुर के टैस्ट क्रिकेट अम्पायर प्रो. आर.सी. शर्मा, जिन्हें एसोसिएशन आफ क्रिकेट अम्पायर्स इंगलैंड का पूर्ण सदस्य घोषित किया गया है ।

दूरदर्शन व आकाशवाणी पर संघ सम्बन्धी समाचारों पर प्रतिबन्ध

अमृतसर, 3 जनवरी (कमलेश): दूरदर्शन व आकाशवाणी को शासक वर्ग ने किस प्रकार केवल अपनी पार्टी एवं अपनी सरकार के लिए ही प्रचार का माध्यम बना कर रख दिया है, इसके ताजे उदाहरण का रहस्योद्घाटन आज यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक प्रवक्ता ने किया । उन्होंने बताया कि केंद्रीय सरकार ने दूरदर्शन व आकाशवाणी केंद्रों को अपने समाचार बुलेटिनों में संघ व उससे सम्बन्धित तमाम संस्थाओं- विशेषकर विश्व हिंदू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, विद्यार्थी परिषद आदि को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया है । संघ के प्रवक्ता के अनुसार देश-भर में संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जन्म शताब्दी के सिलसिले में मैडिकल कैम्प, खून दान कैम्प, हरिजन बस्तियों में उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा आदि का प्रबन्ध एवं आदिवासियों की भलाई के कई कार्यक्रम संघ इन दिनों कर रहा है । मगर न तो दूरदर्शन व न ही आकाशवाणी यह समाचार दे रहा है । प्रवक्ता ने मांग की है कि दूरदर्शन व आकाशवाणी का एक स्वतंत्र निगम बनाया जाए ।

धारावाहिक 'रामायण' पाकिस्तान में लोकप्रिय

इस्लामाबाद, 3 जनवरी (वार्ता) : दूरदर्शन द्वारा प्रसारित 'रामायण' यहां रविवार को अत्यन्त लोकप्रिय था । यहां के निवासी अपने टी.वी. सैटों के साथ बूस्टर का प्रयोग करके इसे देख सकते थे ।

'रामायण' का प्रसारण उन दिनों में हुआ जब लोकतंत्र बहाली आंदोलन चरम शिखर पर था । एक छात्र नेता ने, जो 7 वर्ष की कैद भुगत कर हाल ही में रिहा हुआ है, इस संवाददाता को बताया कि वह लाहौर जेल में 'रामायण' देखा करता था । इसे देखकर उसमें जेल यातनाएं सहने का साहस और भविष्य के प्रति आशा पैदा हुई ।

पंजाब सरकार को नोटिस

चंडीगढ़, 3 जनवरी (गुप्ता): पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एस.एस. कंग तथा श्री एच.एस. राय पर आधारित खण्डपीठ ने कु. कौशल्या अरोड़ा की एक याचिका पर पंजाब सरकार तथा अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है तथा आदेश दिया है कि अमृतसर की अजनाला रोड विकास योजना के तहत प्लाट नं. 148- बी को आगे किसी को आबंटित न किया जाए ।

लाला जगत नारायण की स्मृति में

'शंकराचार्य की अपील से इंका को फायदा

मद्रास, 3 जनवरी (टैली): कांचीपुरम के शंकराचार्य श्री जयेन्द्र सरस्वती ने तमिलनाडु के मतदाताओं को आह्वान किया है कि विधान सभा के लिए जिन उम्मीदवारों के फिल्मी दुनिया से सम्बन्ध हैं, उन्हें वोट न डाले जाएं । यह बात अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस (इ) को वोट डालने की अपील है । यदि उनकी बात को गम्भीरता से लिया जाए तो राज्य में मतदाताओं को सभी गैर-इंका व गैर-कम्युनिस्ट पार्टियों का बहिष्कार करना पड़ेगा, इन पार्टियों के नेता फिल्मों के साथ सक्रिय रूप से सम्बद्ध हैं या रह चुके हैं ।

डी.एन.के. के अध्यक्ष श्री करुणानिधि अभी भी फिल्मों के पटकथा लेखक हैं, सश्री जयललिता फिल्मों में नायिका रह चुकी हैं, श्री शिवाजी गणेशन एक वरिष्ठ अभिनेता हैं, जो लगभग 200 फिल्मों में काम कर चुके हैं तथा श्रीमती जानकी रामचन्द्रन भी लगभग एक दर्जन फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं ।

'अयोग्यता' की इस श्रेणी में केवल एक ही इंका प्रत्याशी श्री अजयप्पन (श्रीदेवी के पिता हैं) भी आते हैं परन्तु इंका नेताओं का कहना है कि वह श्रीदेवी के फिल्मों में आने से बहुत पहले से सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्त्ता रह चुके हैं ।

आश्चर्य इस बात पर है कि जब एम.जी.आर. जीवित थे, तब कांचीपुरम मठ ने ऐसा कोई बयान नहीं जारी किया था । हालांकि वह देश के सर्वप्रथम अभिनेता थे, जो एक प्रमुख नेता बने । उस समय तो श्री सरस्वती ने परम्परा से हट कर भी ब्राह्मण वोटरों से अपील की थी कि डी.एम.के. की बजाय एम.जी.आर. को चुनें ।

पंचायती राज सम्मेलन नई दिल्ली में 27-28 को

नई दिल्ली, 3 जनवरी (वार्ता): पंचायती राज व्यवस्था के भावी स्वरूप तथा उन्हें और अधिक अधिकार देने के महत्वपूर्ण मसलों पर विचार करने के लिए उत्तरी और पश्चिमी राज्यों का एक पंचायती राज सम्मेलन यहां 27 व 28 जनवरी को आयोजित किया जाएगा । कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री भजन लाल ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वी राज्यों का ऐसा ही सम्मेलन मार्च में कलकत्ता में तथा दक्षिणी राज्यों का अप्रैल में कर्नाटक में होगा ।

गेहूं उत्पादक राज्यों का अलग ज़ोन न बनाया जाए : बेरका

जालन्धर, 3 जनवरी : पंजाब प्रदेश कांग्रेस (किसान दल) के उपाध्यक्ष श्री शमशेर सिंह बेरका ने गेहूं खरीद की नीति के संबंध में गेहूं उत्पादक राज्यों का एक पृथक ज़ोन बनाए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पहले ही बनाए गए एक ही ज़ोन को यथावत रहने दिया जाए । उन्होंने कहा कि वर्तमान एक ज़ोन व्यवस्था को समाप्त करने से कठिनाइयां उत्पन्न होंगी ।

पंजाब में फार्मासिस्ट 23 को धरने देंगे

जालंधर, 3 जनवरी (दल्ल): पंजाब स्टेट फार्मासिस्ट्स एसोसिएशन की ओर से राज्य-भर में 23 जनवरी से 31 जनवरी तक अपनी मांगों के समर्थन में सिविल सर्जनों के दफ्तरों पर धरने देने का जो निर्णय पिछले सप्ताह किया था, उसके अधीन

Punjab Archive

ज़िला फिरोज़पुर में मुकाबले में डी. एस. पी. सहित 2 पुलिस कर्मी, 2 उग्रवादी मारे गए

विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फायरिंग : किसान घायल

नालागढ़ की चावल मिल में डाका : जालन्धर में 10 हजार रु. लुटे

चंडीगढ़, 4 जनवरी (वार्ता, ह.स.): जिला फिरोजपुर में आज रात्रि हुए मुकाबले में एक डी.एस.पी., एक पुलिस हैड कांस्टेबल और 2 उग्रवादी मारे गए । आज पंजाब में दो वारदातों में 17 हजार रुपए लूट लिए गए । रोपड़ पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । कल रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी अपरा गोली कांड में शामिल था । आतंकवादियों ने पड़ौसी राज्य हिमाचल प्रदेश में नालागढ़ की एक चावल मिल से 70,000 रुपए लूट लिए । चंडीगढ़ पुलिस ने लोगों को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा घरों व धर्म स्थानों पर आतंकवादी हमलों की सम्भावना के विरुद्ध खबरदार किया है ।

डी.एस.पी. पुलिस कर्मी, 2 उग्रवादी मारे गए : जिला फिरोजपुर में आज रात्रि हुई एक मुठभेड़ में एक डी.एस.पी. सहित 2 पुलिस कर्मी तथा 2 उग्रवादी मारे गए । मुकाबला जिले के थाना मल्लांवाला के गांव बस्ती बढ़वाला में हुआ, जिसमें डी.एस.पी. भोपाल सिंह घुम्मन और एक पुलिस हैडकांस्टेबल तथा 2 उग्रवादी मारे गए । मारे गए हैड कांस्टेबल और दो उग्रवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । डी.एस.पी. श्री घुम्मन जीरा में तैनात थे ।

70 हजार रुपए लूटे : शिमला (ह.स.): सोलन जिले में नालागढ़ इलाके के नवग्राम में कल दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक चावल मिल से सत्तर हजार रुपये लूट लिए । यहां प्राप्त समाचार के अनुसार, आतंकवादी जिस समय मिल में घुसे, वहां कर्मचारियों को वेतन दिया जा रहा था । आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखा कर रुपया लूट लिया । आतंकवादियों ने एक टैम्पो छीन लिया और पंजाब में रोपड़ की तरफ भाग गये । उन्होंने टैम्पो करनाल के निकट छोड़ दिया जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है । आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है । नालागढ़ इलाके में आतंकवाद की यह दूसरी घटना है गत वर्ष जनवरी में नालागढ़ के एक बैंक से 29 लाख रुपए लूट लिये गये थे ।

नेगी का बयान : हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिदेशक श्री आई.बी. नेगी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं तथा सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई । पंजाब पुलिस को तत्काल सूचना दे दी गई तथा अभियुक्तों को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं । पुलिस चीफ ने कहा कि पुलिस कुछ निश्चित सुरागों के आधार पर कार्य कर रही है लेकिन उन्होंने विवरण बताने से इन्कार कर दिया ।

आतंकवादी की पहचान : जालंधर (हस): कल रात गांव गढ़ी महासिंह के पास हुई मुठभेड़ में जो आतंकवादी मारा गया था, उसकी पहचान हो गई है । मृतक आतंकवादी का नाम बहादर सिंह था और वह जालंधर जिले के फिल्लौर थाना क्षेत्र का निवासी था ।

पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य आतंकवादी भागने में कामयाब रहे । इन्होंने दो जनवरी को फिल्लौर थाने के अपरा गांव में अंधाधुंध गोलियां चला कर दर्साधा राम और राज कुमार नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी थी तथा बलबीर चंद और प्रेम नाथ को घायल कर दिया था । पुलिस के अनुसार पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई है । आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

डाक कर्मचारी को लूट लिया : आज बाद दोपहर जालंधर में सोढल चौक के निकट मुख्य डाकघर के एक कर्मचारी जानकी दास से दो साइकल सवार उग्रवादी 10,000 रुपए लूट कर ले गए ।

संदिग्ध चीजें न छुएं : चंडीगढ़ पुलिस ने आज लोगों से अपील की कि वे किसी सार्वजनिक स्थान पर पड़ी किसी भी संदिग्ध वस्त, ब्रीफ़ केस, ट्रांजिस्टर आदि को हाथ न लगाएं । पुलिस ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि लोहड़ी तथा गुरुपर्व के त्यौहारों के दृष्टिगत वह लोगों की सुरक्षा के लिए सतर्कता के पग उठा रही है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा घर, धार्मिक स्थान और मार्केटें आतंकवादियों के हमलों का निशाना बन सकती हैं और लोगों को पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए ।

5 गिरफ्तार : रोपड़ पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम मनजीत सिंह, गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, हरी सिंह तथा लाल सिंह बताए जाते हैं । इनसे एक देसी बम, एक .12 बोर का पिस्तौल, 32 कारतूस, एक जीप और कुछ 'खालिस्तानी' साहित्य बरामद किया गया।

भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक .12 बोर का पिस्तौल बरामद किया ।

फ़ायरिंग : बटाला (कोछड़): थाना श्री-हरगोबिंदपुर के अंतर्गत सखवाल गांव में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर कुछ आतंकवादियों ने फायरिंग की । ड्यूटी पर मौजूद जवानों ने आत्म रक्षा के लिए जवाबी फ़ायरिंग की, जिस पर आतंकवादी फ़रार हो गये । तथापि दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

किसान घायल : अमृतसर (हस): पुलिस ने बताया कि गत रात थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव गग्गू बुहा में आतंकवादियों ने गोली चला कर एक किसान अमरीक सिंह को घायल कर दिया । उसे यहां गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

बैंक लूट लिया : आज बाद दोपहर मजीठा पुलिस जिला में टाहली साहब गांव में पंजाब नैशनल बैंक की ब्रांच से आतंकवादियों ने सात हजार रुपए लूट लिए ।

पंजाब के वित्त आयुक्त (राजस्व) श्री तेजेंद्र खन्ना और वित्त आयुक्त (विकास) श्री ए.एस. पूनी राज्य में कृषि तथा बाढ़ राहत पगों के बारे में बुधवार को चंडीगढ़ में केंद्रीय कृषि सचिव श्री जी. श्रीनिवास के नेतृत्व में आई टीम के साथ विचार-विमर्श करते हुए ।

उत्तर-भारत में शीत का प्रकोप बढ़ा

चंडीगढ़, 4 जनवरी (वार्ता): पिछले चौबीस घंटों में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा हिमपात होने से उत्तरी भारत में फिर शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया । कल चटकीली धूप निकलने से लोगों ने थोड़ी राहत अनुभव की थी ।

शिमला और उसके आसपास के इलाकों में आज ओले गिरे जबकि श्रीनगर में वर्षा होने के समाचार हैं । सारे इलाके में आज दिन में अधिकांश समय बादल छाये रहे ।

हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिलों लाहौल स्पीति तथा किन्नौर और चम्बा जिले की पांगी घाटी और भरमौर क्षेत्रों तथा कांगड़ा घाटी से लगती धौलाधार पर्वतमालाओं पर पुनः बर्फ़ गिरी है । लद्दाख और कश्मीर घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में गत 24 घंटों के दौरान ताजा हिमपात हुआ ।

हिमाचल के अधिकांश भागों में आज प्रातः इतनी धुंध थी कि कुछ गज की दूरी पर देख पाना असंभव था ।

320 किलोमीटर लम्बे हिन्दुस्तान-तिब्बत राष्ट्रीय राज मार्ग पर यातायात आज से पुनः बहाल हो गया किन्तु शिमला जिले के चौपाल क्षेत्र में गत सप्ताह के प्रारम्भ में पड़ी भारी बर्फ के कारण सड़क परिवहन अस्त-व्यस्त रहा ।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर में वर्षा तथा हिमपात होगा तथा शेष इलाके में कुछ जगह वर्षा अथवा गर्ज के साथ छींटे पड़ेंगे ।

आंध्र के गृहमंत्री का इस्तीफा

हैदराबाद, 4 जनवरी (वार्ता): आंध्र प्रदेश के गृहमंत्री के. शिव प्रसाद राव ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया । श्री राव ने यह इस्तीफा हाल ही में विजयवाड़ा में कांग्रेस (इ) विधायक श्री रंगाराव की हत्या के बाद राज्य में हुए दंगों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दिया है । उन्होंने इस्तीफा आज सुबह मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव को व्यक्तिगत रूप से दिया ।

श्री राव ने यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मैंने हाल ही में राज्य में हुई हिंसक घटनाओं

बरनाला का त्यागपत्र अस्वीकार करके जत्थेदारों ने संकट को और गहरा कर दिया है : तलवंडी

लधियाना, 4 जनवरी (मुसाफिर): अकाली दल (तलवंडी) के प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी ने आज अपने गांव तलवंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आज सिख पंथ नाजुक हालात में से गुजर रहा है । मैं पंथ की एकता का पक्षधर हूं अंदर रह कर अपने मन में अकाल तख्त की परम्पराओं का सम्मान रखते हुए कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे जो बहस का विषय बने और उससे पंथ के हित को कोई नुक्सान पहुंचे ।

Punjabi Garden

जनता युवा मोर्चा पंजाब के प्रधान तरसेम सिंह बहार समेत दो की उग्रवादियों द्वारा हत्या

हमले में गनमैन घायल : आज अमृतसर बंद का आह्वान

अमृतसर सीमा पर 5 घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 5 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आज प्रातः आतंकवादियों ने अमृतसर में भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष तरसेम सिंह बहार तथा सायं को जिला लुधियाना में एक सहकारी इंस्पैक्टर की हत्या कर दी । श्री बहार का गनमैन भी घायल हुआ है । अन्य घटनाओं में पाकिस्तान से आने वाले 5 घुसपैठिए मारे गए । कल रात जीरा के निकट मुठभेड़ में मारे गए 2 आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित थे । मुठभेड़ में मारे गए डी.एस.पी. गोपाल सिंह घुम्मन का अंतिम संस्कार कल उनके गांव में किया जाएगा । भारतीय जनता पार्टी ने कल अमृतसर बंद का आह्वान दिया है ।

तरसेम सिंह बहार की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग, अशोक सोनी): भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के प्रधान श्री तरसेम सिंह बहार की उग्रवादियों ने आज उस समय हत्या कर दी,जब वह अपने घर के बाहर एक टैंट वाले की दकान पर अपने गनमैन के साथ खड़े थे । श्री बहार को तीन गोलियां लगीं और वह गम्भीर घायल हो गए, जबकि उनका गनमैन जगतार सिंह बाल-बाल बच गया । उपरोक्त घटना अमृतसर के सुलतानविंड गेट के क्षेत्र किते में घटी । सुबह सवेरे ही उग्रवादी आए और ए.के. 47 से दनादन गोलियां चला कर श्री बहार को घायल कर दिया । घटना के बाद तीनों आतंकवादी भागने में सफल हो गए । श्री बहार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । श्री बहार के गनमैन श्री जगतार सिंह,जो घायल हो गए थे, की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । सूचना पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा घटनास्थल पर पहुंच गए । उनके अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व सी.आर.पी. के अधिकारी भी वहां पहुंचे । भाजपा के उपाध्यक्ष डाक्टर बलदेव प्रकाश, श्री हीरानंद स्वामी, सतपाल महाजन, हरीश आदि भी सिविल अस्पताल पहुंचे ।

अमृतसर बंद : इस हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने कल अमृतसर बंद का आह्वान किया है । इस आह्वान का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आर्य प्रतिनिधि सभा, ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा ने भी समर्थन किया है ।

ह.स. के अनुसार 34 वर्षीय श्री बहार के मस्तिष्क में गोली लगी,जो घातक सिद्ध हुई । दूसरे गनमैन बलकार सिंह ने बताया कि तीन आतंकवादी सम्भवतः श्री बहार के घर से लगभग 20 मीटर दर मेन बाज़ार में चौराहे पर प्रतीक्षा कर रहे थे । जैसे ही श्री बहार वहां पहुंचे, इन आतंकवादियों ने पहले उनके गनमैन पर गोलियां चलाईं तथा फिर श्री बहार पर ए.के. 47 चीनी राइफल से दनादन गोलियां चलाईं । गनमैन ने जवाबी फ़ायरिंग की तथा घटनास्थल पर पहुंचने वाले सुरक्षा बलों के साथ आतंकवादियों का पीछा किया,परन्तु वे स्कूटरों पर फ़रार हो गए । डाक्टरों ने बताया कि श्री बहार की खोपड़ी उड़ गई । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई है । ऐसा संदेह है कि आतंकवादी वहां छुपे हुए हैं ।

भाजपा नेता डाक्टर बलदेव प्रकाश ने श्री बहार की हत्या को एक जघन्य अपराध बताया है तथा कहा है कि इसकी कठोरतम शब्दों में निंदा की जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि आतंकवादी न सिर्फ़ सिख पंथ के शत्रु हैं बल्कि देश के भी दुश्मन हैं । उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में आतंकवाद पर नियंत्रण के सम्बन्ध में 'खोखली बयानबाज़ी' ही करती रही है ।

कांग्रेस (इ) तथा युवा कांग्रेस (इ) के नेताओं, जिनमें पंजाब इकाई के महासचिव डाक्टर केवल कृष्ण तथा युवा इकाई अध्यक्ष श्री बिट्टा भी शामिल हैं, ने श्री बहार की हत्या की निंदा की है ।

जालंधर में एक बयान में सुरेन्द्र नाथ मुर्गई प्रधान जालंधर भाजपा और मनोरंजन कालिया महासचिव ने श्री बहार की हत्या की कड़ी निंदा की । दोनों नेताओं ने पंजाब में निर्दोष लोगों का जीवन बचाने में केंद्रीय सरकार की विफलता की कड़ी आलोचना की ।

श्री बहार की हत्या की निंदा करते हुए ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री किशोर चंद ने कहा कि सरकार को राज्य में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए कड़े पग उठाने चाहिएं ।

भाजपा द्वारा निंदा : नई दिल्ली (हस): भारतीय जनता पार्टी ने जनता युवा मोर्चा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष तरसेम सिंह बहार की नृशंस हत्या पर दुख और रोष प्रकट किया । भाजपा महासचिव के.एल. शर्मा और उपाध्यक्ष एस एस भंडारी ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि श्री बहार एक समर्पित युवा नेता और राज्य में हिन्दू-सिख एकता के प्रबल समर्थक थे । चंडीगढ़ में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर कमला वर्मा ने कहा कि पार्टी ने एक युवा और महत्वाकांक्षी सदस्य खो दिया है ।

एस.एस.पी. का बयान : वि.प्र. के अनुसार अमृतसर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के भारतीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह बहार को सरकारी तौर पर दो गनमैन मिले हुए थे,लेकिन जिस समय वह आज प्रातः घर से रवाना हुए तो सिर्फ एक गनमैन को साथ लिया और दूसरे गनमैन को यह कह गये कि वह अभी वापस आ जाएंगे । श्री अरोड़ा ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने 9 एम.एम. पिस्तौल से फ़ायरिंग की और गोलियों के चार खोल घटनास्थल पर मिले हैं । श्री बहार के साथ गए गनमैन ने घायल होने के बावजूद तीन-चार फ़ायर अपनी स्टेनगन से किये । आतंकवादियों के पास जो स्कूटर था, वह भी उन्होंने 10 मिनट पहले ही किसी से छीना था ।

वीरता सिरोह का उग्रवादी काबू : श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने खूंखार आतंकवादी हरजिंदर सिंह भोला,जो कि गांव पंडिता थाना भिखीविंड का निवासी है, को एक आटो रिक्शा में जाते हुए गिरफ्तार किया है । आटो रिक्शा चालक फ़रार होने में सफल हो गया । वह बब्बरीश सिंह 'शीश' गिरोह का सदस्य है और पुलिस को कई गम्भीर अपराधों के सिलसिले में वांछित था । उसके कब्जे से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लैटरपैड, जी.पी.एम. (जनरल पर्पज मशीनगन) और 2 मैगज़ीन,जिनमें 200 गोलियां भरी हुई थीं, बरामद किये गये ।

इस आतंकवादी ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया कि वह थाना वल्लोहा में गांव डब्बीपुर में बी.आर.पी. की चौकी पर हमला करने, गांव भगवानपुरा में बी.आर.पी. की गश्ती पार्टी पर हमला करने, डी.एस.पी. पट्टी श्री सुमन पर घातक आक्रमण करने की वारदातों में शामिल था । उसने भिखीविंड बस अड्डा पर फ़ायरिंग में भी हिस्सा लिया था,जिसमें तीन व्यक्ति मारे गये थे ।

5 घुसपैठिए मारे : कल रात से पंजाब में दो अलग-अलग घटनाओं में बी.एस.एफ. ने पाकिस्तान से आने वाले 5 घुसपैठियों को मार डाला । तीन घुसपैठिए आज सुबह अमृतसर जिला में खेमकरण सीमा चौकी पर राजा ताल के निकट एक नाका पार्टी के हाथों मारे गए । बाद में उनकी पहचान बंगलादेश के नागरिकों के रूप में हुई । इसी जिला के अजनाला सैक्टर में कल रात पुल कंजरी सीमा चौकी के निकट 2 घुसपैठिए मारे गए ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : फिरोज़पुर (जन्तोह) –कल जीरा सब-डिवीजन के गांव मल्लांवाला के निकट बस्ती सुध में महेन्द्र सिंह के डेरे पर सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुकाबले में पुलिस के डिप्टी सुपिरिंटैंडैंट (डी.एस.पी.) और एक हैड कांस्टेबल की मौका पर ही मृत्यु हो गई,जबकि 2 खतरनाक आतंकवादी भी मारे गए । इस वारदात का ब्यौरा देते हुए एस.एस.पी. फिरोज़पुर श्री अनिल कौशिक ने बताया कि मक्खू हत्या कांड के बाद सुरक्षा बलों की ओर से आतंकवादियों के गुप्त ठिकानों की तलाश जारी थी । पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी मल्लांवाला के महेन्द्र सिंह के डेरे पर छुपे हुए हैं, जिस पर एस.पी. हैड क्वार्टर श्री गोयल, डी.एस.पी. ज़ीरा गोपाल सिंह घुम्मन, एस.एच.ओ. मल्लांवाला ने भारी फ़ोर्स साथ

(शेष पृष्ठ 8 पर)

(1) अमृतसर में उग्रवादियों के हाथों मारे गए भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के प्रधान तरसेम सिंह बहार, (2) उनका पुराना चित्र, (3) उनका गनमैन जगतार सिंह गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन है, (4) विलाप करते हुए परिजनों को सांत्वना देते हुए, (5) एस.एस.पी. अमृतसर के साथ सुरक्षा बलों के अधिकारी घटनास्थल पर निरीक्षण करते हुए, (6) सुलतानविंड के बाहर आबादी बाधा दीप सिंह जाते हुए की गई ।

राष्ट्रीय मोर्चे द्वारा 8 सूत्री कार्रवाई योजना घोषित

नई दिल्ली, 5 जनवरी : सात सदस्यीय राष्ट्रीय मोर्चे ने आज यहां अपनी आठ सूत्री 'कार्रवाई योजना' जारी की जिसके तहत मोर्चे के सभी नेताओं के लिए अपनी सम्पत्ति घोषित करना तथा पार्टी के नियमित रूप से चुनाव कराना आवश्यक होगा ।

मोर्चे की ओर से भी श्री बहुगुणा ने आज यह कार्यक्रम जारी किया । उन्होंने बताया कि उनकी अध्यक्षता में सात सदस्यीय कार्रवाई योजना समिति ने गत सोलह सितम्बर को कार्रवाई योजना का मसौदा मोर्चे के अध्यक्ष मंडल को दिया था लेकिन अध्यक्ष मंडल ने आज तक इस पर विचार नहीं किया ।

श्री बहुगुणा ने स्पष्ट किया कि 'लोकदल' मोर्चे के साथ चुनावी तालमेल करेगा । यह कार्रवाई योजना मोर्चे द्वारा पहले से जारी 71-सूत्री घोषणा के आधार पर तैयार की गई है । योजना में कहा गया है कि जिन राज्यों में मोर्चे की सरकारें हैं, उन्हें घोषणा पत्र के उन कार्यक्रमों पर अमल करना चाहिए जो उनके लिए सम्भव हों ।

कार्रवाई योजना में यह भी कहा गया है कि मोर्चे की सरकारों को अपने राज्यों में मौजूदा तरीकों के बजाय विकास के नए तरीके अपनाने चाहिएं । सभी को विकास का न्यायोचित लाभ पहुंचाना होगा ।'' मसौदे में कहा गया है कि कृषि, पशुपालन, मछली, ग्रामीण कला एवं हस्तशिल्प आदि पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिएं । इसके अलावा सही मूल्यों के अपनाने, अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, जल तथा सफ़ाई को प्राथमिकता दी जाएगी ।

लोकदल (ब) के अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगुणा ने जनता दल के नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल पर विपक्षी एकता को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए विपक्षी दलों के राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष मंडल की बैठक अविलम्ब बुलाने की मांग की है ।

श्री बहुगुणा ने बताया कि मोर्चे के अध्यक्ष मंडल की बैठक का होना इस भ्रम को दूर करने के लिए जरूरी है । श्री बहुगुणा के अनुसार श्री देवी लाल यह प्रचार कर रहे हैं कि मोर्चे के सभी घटक दलों के उम्मीदवार लोकसभा का चुनाव एक ही चुनाव चिन्ह पर लड़ेंगे ।

दांत को सड़ने से बचाने वाला पदार्थ मिला

नई दिल्ली, 5 जनवरी (वार्ता): आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने दांतों को सड़ने से बचाने के लिए एक 'सुपरफास्ट पदार्थ' खोज निकाला है । इस प्राकृतिक पदार्थ का नाम पेपटाइड है, जो केसीन नामक प्रोटीन का हिस्सा है । इसमें तीन-पैंतालीस अमीनो हुआ है ।

मेलबोर्न विश्वविद्यालय के व्याख्याता डा. एरिक रेनोल्ड के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक दल ने दस वर्ष के अनुसंधान के बाद इस पदार्थ को खोज निकाला है । सफेद और स्वादहीन पेपटाइड न केवल दांतों को मजबूत बनाता है बल्कि उन्हें सड़ने से भी बचाता है ।

पुलिस थानों व पूछताछ केंद्रों की कार-गुजारी में सुधार की आवश्यकता : डांग

अमृतसर, 5 जनवरी : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री सत पाल डांग ने अमृतसर-ए में पुलिस थानों व पूछताछ केंद्रों की रहस्यमयी कार्यशैली की ओर पंजाब के राज्यपाल का ध्यान आकर्षित करते हुए एक पत्र में कहा है कि आपने हाल ही में प्रशासन में सुधार करने का संकल्प लिया है इस बारे में घोषणा भी की है, अतः मैं अपने पत्र में आपके समक्ष अमृतसर के पुलिस थानों और पूछताछ केंद्रों में सुधार करने की आवश्यकता की ओर आपका ध्यान दिलाते हुए उनकी कारगुज़ारी के सम्बन्ध में कुछ उदाहरण देना चाहता हूं–

श्री डांग ने लिखा है कि श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री धारी लाल निवासी छहटां को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि वह एक सज्जन पुरुष हैं । अक्तूबर 88 में मनोहर लाल को किसी ने बताया कि पूछताछ केंद्र में किसी ने उनके विरुद्ध शिकायत की है कि वह कुछ समाज-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है तथा पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है । उन्होंने यह बात मुझे बताई । मैंने उन्हें सलाह दी कि वह मुझे एक आवेदन पत्र लिख कर दें जिसे मैं डी.आई.जी. आदि के लिए एस.एस.पी. को भेजूंगा । मगर किसी कारणवश वह मुझे आवेदन पत्र नहीं दे पाए । 2 नवम्बर-1988 में उन्हें बताया गया कि उनके विरुद्ध कागज़ात पुलिस थाना छहटां में पहुंच गए हैं और सम्भवतः उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा । यह शायद मुट्ठी-गर्म करने का संकेत था, उन्होंने नहीं की । तब उन्हें 3.12.88 (दोश वाले दिन) को गिरफ्तार कर लिया गया । इस बारे दोपहर 1.30 बजे पता चला । मैंने एस.पी. श्री परमा नंद से सम्पर्क किया । (एस.एस.पी. व एस.पी. इंचार्ज से बाद में सम्पर्क हो सका था) और उन्हें श्री मनोहर लाल के बारे बताया कि वह जैसे आदमी हैं ।

पूछताछ केंद्र में श्री मनोहर लाल से एक बयान पर हस्ताक्षर कराए गए, परन्तु उन्हें यह नहीं बताया गया कि उनसे क्या लिखा था । उनसे कोरे सादे कागज़ों पर भी दस्तखत कराए गए । (यह बात हाल ही में मुझे श्री मनोहर लाल ने बताई) । उन्होंने मुझे यह भी बताया कि पूछताछ केंद्र में छहटां से उन्हें एक ए.एस.आई. भी मिलने आया था और धमकी दे गया था) । तब श्री मनोहर लाल को 8.12.88 को अदालत में पेश किया गया और इस आधार पर डिस्चार्ज कर लिया गया कि सबूत जुटा पाना सम्भव न हो सका था ।

श्री डांग ने अपने पत्र में आगे कहा है कि 6.12.88 के बाद मैं कई दिन अमृतसर से बाहर व्यस्त रहा । हाल ही में मैंने इस मामले का गहराई से अध्ययन किया है । मेरी विश्वसनीय जानकारी और पुष्ट विचार इस प्रकार है कि किसी ने पूछताछ केंद्र में जानबूझ कर शिकायत की थी कि श्री मनोहर लाल दड़े के धंधे में संलिप्त हैं । इस पर पूछताछ केंद्र ने पुलिस थाना छहटां को लिखा कि श्री मनोहर लाल को गिरफ्तार कर उन्हें चार दिन का पुलिस रिमांड लेकर उन्हें पूछताछ केंद्र में भेजा जाए । (यह पत्र या आदेश एक बार छहटां के कुछ लोगों को भी दिखाया गया था ।) यह "आदेश" काफी देर तक एक ए.एस.आई. के पास पड़ा रहा । श्री मनोहर लाल के खिलाफ़ झूठी एफ.आई.आर. तभी दर्ज की गई जब उन्होंने नवम्बर 88 में किसी की मुट्ठी गर्म नहीं की थी । उन्हें 3.12.88 तक इसीलिए गिरफ्तार नहीं किया गया कि शायद वह कुछ दे ही डालें । यदि उस समय निष्पक्ष जांच कराई जाती तो यह बात आसानी से पता लगाई जा सकती थी कि श्री मनोहर लाल 'दड़ा' या इस किस्म की किसी भी गतिविधि में कभी भी संलिप्त नहीं रहे । शायद इस

चंदूमाजरा को पार्टी विरोधी गति... के कारण निष्कासित करने क...

अमृतसर, 5 जनवरी (हरा): अमृतसर अकाली दल (लौंगोवाल) के नेताओं ने आज पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निकालने की मांग की । पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री राजपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई नेताओं की इस बैठक में जिला अध्यक्षों के उस फैसले का समर्थन किया गया,जिसमें तीन जनवरी को लौंगोवाल में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष सुरजीत सिंह बरनाला के त्यागपत्र को नामंजूर कर दिया गया था ।

चंदूमाजरा और उनके साथी राजेंद्र सिंह धालीवाल और मेजर सिंह उबोके ने जिला अध्यक्षों के फैसले की आलोचना करते हुए श्री बरनाला से पार्टी में कोई पद स्वीकार न करने का आग्रह किया था ।

बैठक में जिला अध्यक्षों के फैसले को 'सही' बताया गया और कहा कि कार्यसमिति की गैर मौजूदगी में पार्टी संविधान के अनुसार जिला अध्यक्ष नीति निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है । श्री बरनाला ने गत वर्ष अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी के निर्देश पर कार्य समिति को भंग कर दिया था ।

बैठक में प्रकाश सिंह बादल और गुरचरण सिंह टोहरा जैसे अकाली नेताओं से... अपील की गई । इन नेताओं... स्वर्ण मंदिर में पुलिस कार्रवाई... थी । बैठक में कहा गया कि... साथ सिद्धांतों के आधार पर ही... बैठक में पार्टी उच्च कमान से... उल्लंघन करने वालों के खिलाफ... का आग्रह किया गया ।

बहार की... सुलतानविंड क्षेत्र...

अमृतसर, 5 जनवरी (क... मोर्चा पंजाब के प्रधान श्री तरसे... प्रातः उग्रवादियों के हाथों... सुलतानविंड क्षेत्र में आतंक फै... युवा नेता सुहलकल समाज के... सूफी संस्था है और हर रविवार... आपसी भाईचार व अमन का...

सीमा प... उग्रवादी गि...

श्रीगंगानगर, 5 जनवरी (... बल की नाकापार्टी ने भारत-पा... अवैध रूप से भारतीय सीमा में... आतंकवादियों को गिरफ्तार कर... यह जानकारी देते हुए बता... आतंकवादियों में से एक आत्म... के बाद आत्महत्या करने की... उसे बचा लिया गया । सूत्रों ने... आतंकवादियों में चारों आतंक... ज्ञान सिंह लुधियाना जिले का... सिंह, चिन्दा सिंह, मसाल सिंह... निवासी हैं । सूत्रों ने बता... आतंकवादियों ने पूछताछ के... हथियारों और गोला-बारूद... पाकिस्तान गए थे ।

हिंसा का रास्ता छोड़ने वालों से केन्द्र वार्ता को तैयार : राजीव

मोकोकचुंग (नागालैंड), 5 जनवरी : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि केन्द्र उन लोगों से बातचीत के लिए तैयार है जो हिंसा का रास्ता छोड़ दें, लेकिन शर्तों का इस्तेमाल करने वालों से वह सख्ती से पेश आएगा । मिजोरम से यहां पहुंचने पर एक आमसभा को सम्बोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि असम, त्रिपुरा और मणिपुर के मामलों में हमने दिखा दिया है कि समस्याओं का समाधान संविधान के दायरे में ढूंढा जा सकता है ।

उन्होंने कहा कि धर्म निरपेक्षता की हमारी नीति के तहत प्रत्येक धर्म को अपने प्रचार की आजादी है लेकिन कोई धर्म किसी अन्य पर हावी नहीं हो सकता ।

पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़ में सुरक्षा बल...

चंडीगढ़, 5 जनवरी (ह.स.): पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी हत्याकांड के दो अभियुक्तों सतवंत सिंह तथा केहर सिंह को कल 6 जनवरी को फांसी दिए जाने के फैसले के दृष्टिगत पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश की सरकारों तथा चंडीगढ़ प्रशासन ने किसी अप्रिय प्रतिक्रिया का मुकाबला करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं ।

सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है तथा गश्त भी बढ़ा दी गई है ।

आदेश दिए गए हैं । जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल ने सभी सम्पर्क सड़कों पर आगामी आदेश तक बस सेवा बंद करने का आदेश दिया है । मुख्य सड़कों पर बसें प्रातः सात बजे से सायं 5.30 बजे तक चल सकेंगी । शराब के ठेके बंद करने का समय भी आगामी आदेश तक सायं 6 बजे होगा ।

जिला कपूरथला में भी सभी शिक्षण संस्थान कल से दो दिन के लिए बंद करने के आदेश दिए गए हैं ।

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़... और सात जनवरी को सभी सरक... शिक्षण संस्थान बंद रखने का...

हरियाणा सरकार के एक... कि राज्य में सरकार ने व्यापक... हैं । ये पग इन आशंकाओं के... कि सतवंत व केहर को फांसी दि... स्वरूप उग्रवादी सामूहिक हत्या...

majorsingh

तरसेम सिंह

द्वारा हत्या

बंद का आह्वान

ए मारे गए

ए । उन्होंने कहा कि आतंकवादी न सिर्फ़ सिख
के शत्रु हैं बल्कि देश के भी दुश्मन हैं । उन्होंने
के सरकार राज्य में आतंकवाद पर नियंत्रण के
ध में 'खोखली बयानबाज़ी' ही करती रही है ।
कांग्रेस (इ) तथा युवा कांग्रेस (इ) के नेताओं,
ं पंजाब इकाई के महासचिव डाक्टर केवल कृष्ण
युवा इकाई अध्यक्ष श्री बिट्टा भी शामिल
श्री बहार की हत्या की निंदा की है ।

जालंधर में एक बयान में सुरेन्द्र नाथ मुगंई
ा जालंधर भाजपा और मनोरंजन कालिया
चिव ने श्री बहार की हत्या की कड़ी निंदा
दोनों नेताओं ने पंजाब में निर्दोष लोगों का
ा बचाने में केंद्रीय सरकार की विफलता की
आलोचना की ।

ी बहार की हत्या की निंदा करते हुए ब्राह्मण
धि सभा के प्रधान श्री किशोर चंद ने कहा कि
र को राज्य में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए
ग उठाने चाहिएं ।

भाजपा द्वारा निंदा : नई दिल्ली (हस):
ीय जनता पार्टी ने जनता युवा मोर्चा की पंजाब
ई के अध्यक्ष तरसेम सिंह बहार की नृशंस हत्या
ख और रोष प्रकट किया । भाजपा महासचिव
न. शर्मा और उपाध्यक्ष एस.एस. भंडारी ने एक
त वक्तव्य में कहा कि श्री बहार एक समर्पित
ेता और राज्य में हिन्दू-सिख एकता के प्रबल
क थे । चंडीगढ़ में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री
र कमला वर्मा ने कहा कि पार्टी ने एक युवा और
ाकांक्षी सदस्य खो दिया है ।

एस.एस.पी. का बयान : वि.प्र. के अनुसार
सर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने
रों को बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के
प अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह बहार को सरकारी
र दो गनमैन मिले हुए थे,लेकिन जिस समय वह
प्रातः घर से रवाना हुए तो सिर्फ एक गनमैन को
लिया और दूसरे गनमैन को यह कह गये कि वह
वापस आ जाएंगे । श्री अरोड़ा ने यह भी
ा कि आतंकवादियों ने 9 एम.एम. पिस्तौल से
रंग की और गोलियों के चार खोल घटनास्थल
ले हैं । श्री बहार के साथ गए गनमैन ने घायल
के बावजूद तीन-चार फ़ायर अपनी स्टेनगन से
। आतंकवादियों के पास जो स्कूटर था, वह भी
ने 10 मिनट पहले ही किसी से छीना था ।

शीशा गिरोह का उग्रवादी काबू : श्री
अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने खूंखार
कवादी हरबख्श सिंह भोला,जो कि गांव पीबिड

(1) अमृतसर में उग्रवादियों के हाथों मारे गए भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के प्रधान श्री तरसेम सिंह बहार, (2) उनका पुराना चित्र, (3) उनका गनमैन जगतार सिंह जो घायलावस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन है, (4) विलाप करते हुए परिवार के सदस्य, (5) एस.एस.पी. अमृतसर के साथ सुरक्षा बलों के अधिकारी घटनास्थल पर बिखरी गोलियों का निरीक्षण करते हुए, (6) सुलतानविंड के बाहर आबादी बाबा दीप सिंह जहां श्री बहार की हत्या की गई । *(छाया : रवि भंडारी)*

चंदमाजरा को पार्टी विरोधी गतिविधियों

सवो

केह

नई दिल्ली,
हत्याकांड के दोनों
सिंह फांसी से बचने
भी आज उस समय
ने उनकी अन्तिम

इसके साथ ह
तत्कालीन प्रधान
सिलसिले में चार
कानूनी लड़ाई पर
गया ।

दोनों मुजरिम
तिहाड़ जेल में फां
जारी किए जा चु

तिहाड़ जेल के
मुजरिमों को कल्
फांसी देंगे । दोनों
उनके रिश्तेदारों
उनका अन्तिम सं
जाएगा । केहर सि
रिश्तेदारों के साथ
केहर सिंह से अन

सतवन्त सिंह
ने उच्चतम न्याया
अपने बेटे के लि
याचिका दायर नह

सतवन्त सिंह
महत्वपूर्ण अंग द
परिवार के सदस्यो
करने के बाद यह
ने बताया कि इस
पूरी हो गई है ।

न्यायालय ने
छोड़ दी कि वे स
वकील श्री आर.
की प्रार्थना स्वीक

राष्ट्रपति ने
याचिका पर पुनि
था । इसके तुरन
एस.सी. जैन ने
लिए 'ब्लैक वारं

उच्चतम न्या
मृत्यु दंड की पु
बलवीर सिंह को
सिंह के वकील ए
लगाते रहे । के
स्वीकार किया कि
हार चुके हैं ।
कहीं नहीं जा सक

मुख्य न्याया
अध्यक्षता में पां
केहर सिंह की
राष्ट्रपति के आदे

Punjabi Sanatani

हरतेज बहादर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकर डेरे को घेर लिया तथा आतंकवादियों को बाहर निकलने को ललकारा । अचानक आतंकवादियों ने अंदर से फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस दौरान पुलिस ने आस-पास के दो-तीन घर खाली करवा लिए थे । अंदर की फ़ायरिंग से एस.पी. हैडक्वार्टर का गनमैन हैड कास्टेबल हरभजन सिंह एक गोली लगने से मारा गया । तभी डी.एस.पी. घुम्मन ने पिछली ओर से दीवार की ओट में जाकर पोज़ीशन सम्भालने की कोशिश की,परन्तु अंदर छुपे आतंकवादियों ने दीवार में छेद करके ए.के. 47 राइफल से 'बर्स्ट' मारा, जिससे डी.एस.पी. की वहीं पर मौत हो गई । पुलिस चीफ़ श्री कौशिक के अनुसार इसके बाद सुरक्षा बलों ने जिस कमरे में आतंकवादी छुपे हुए थे, उस पर आंसू गैस के गोले फैंके तथा एक हथगोला भी अंदर की ओर फैंका । थोड़ी देर बाद जब अंदर से कोई फ़ायरिंग न हुई तो पुलिस ने आगे बढ़ कर कमरे की तलाशी ली । पुलिस ने वहां 2 व्यक्तियों की लाशें, 2 ए.के. 47 राइफलें और गोली-सिक्का पड़ा हुआ पाया । कुछ साहित्य भी वहां पड़ा हुआ मिला ।

मरने वाले आतंकवादियों के नाम हरदयाल सिंह कमांडर और भरपूर सिंह बताए जाते हैं । पुलिस के अनुसार ऐसा मालूम पड़ता है कि मृत आतंकवादियों का निशाना भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला और भूतपूर्व मंत्री श्री हरि सिंह थे, जो कल मल्लांवाला में अकाली दल (ल) के नेता श्री फौजा सिंह, जिनकी आतंकवादियों ने 25 दिसम्बर को हत्या कर दी थी, की रस्म भोग में भाग लेने के लिए आए थे । सुरक्षा प्रबंधों के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो सकी ।

घुम्मन का शव लाया गया : जालंधर (दल्ला): गत रात जीरा थाना के गांव बस्ती मुध के निकट एक डेरा में छिपे दो आतंकवादियों के साथ मुठभड़ में मारे गए डी.एस.पी. जीरा श्री गोपाल सिंह घुम्मन का शव आज दोपहर स्थानीय मोता सिंह नगर स्थित उनके निवास पर लाया गया जहां आंसुओं की झड़ी लगाते व बिलखते उनके परिवार के सदस्य, मित्र व रिश्तेदार तथा उनके गांव तलवाड़ा निकट नडाला भुलत्थ से आए लोग मौजूद थे । इसके अतिरिक्त आई.जी. बार्डर श्री सी. पाल सिंह, डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री भट्टी, एस.पी (डी) श्री सरजीत सिंह, एडीशनल एस.पी. श्री बी.एस. मान, डी.एस.पी. सिटी श्री राज कृष्ण बेदी भी स्वर्गीय की पत्नी तथा लड़के श्री अपिन्द्रजीत सिंह जो ए.एस.आई. हैं, से सहानुभूति प्रकट करने गए । श्री सी.पाल. सिंह ने सैल्यूट देकर श्री घुम्मन के प्रति सम्मान प्रकट किया । पूर्व भाजपा विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त, हवालदार दर्शन सिंह तथा श्री बी.के.खुल्लर भी परिवार से सहानुभूति प्रकट करने गए ।

श्री घुम्मन का अंतिम संस्कार कल 6 जनवरी को प्रात: 11 बजे उनके गांव तलवाड़ा (निकट नडाला भुलत्थ) में किया जाएगा । श्री घुम्मन का शव जीरा से यहां लेकर आने वाले एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत दिन नाकाबंदी के दौरान एक युवक जसवंत सिंह काबू आ गया जिसके कब्जा से एक रिवाल्वर बरामद हुआ । उसने पूछताछ के दौरान बताया कि वह उग्रवादी जसवंत सिंह है और उसके दो साथी उग्रवादी हरविन्दर सिंह और हरदयाल सिंह गांव बस्ती मुध के निकट डेरा में ठहरे हैं । इस पर रात साढ़े सात बजे श्री घुम्मन ने पुलिस फोर्स व सुरक्षा बल के साथ जाकर डेरा को घेर लिया जिस पर अंदर छुपे उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी और सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की । एक घंटा तक दोनों ओर से फायरिंग होने के बाद उग्रवादियों की ओर से फायरिंग बंद हो गई । जब

(ऊपर) उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए जीरा के डी.एस.पी. श्री गोपाल सिंह घुम्मन का शव, (मध्य में) अपनी बेटियों को ढाढ़स बंधाते हुए श्रीमती घुम्मन । (नीचे) श्री घुम्मन के बेटे को सान्त्वना देते हुए आई.जी. बार्डर श्री सी. पाल सिंह ।

(छाया : बी.पी. कपूर)

काफी देर तक अंदर से फायरिंग नहीं हुई तो श्री घुम्मन जिप्सी में आगे बढ़े और डेरा की दीवार के साथ-साथ चले और एक स्थान पर दीवार में से कुछ ईंटें निकली हुई देखीं । इस पर उन्होंने उसके निकट जाकर अंदर झांकने के लिए बैटरी जगाई और साथ ही अंदर से उग्रवादियों ने बर्स्ट मार दिया और श्री घुम्मन वहीं ढेर हो गए । उन्हें एक गोली माथे में तथा कई छाती में लगी बताई गई । इससे पूर्व मठभेड़ के शुरू में ही एक कांस्टेबल मारा गया था । श्री घुम्मन के साथ केवल दो बाडी गार्ड थे । जिन्होंने पीछे हट कर बाकी फोर्स को सूचित किया । तब तक एस.पी. तथा एस.एस.पी. भी पहुंच चुके थे उन्होंने तुरंत हैंडग्रेनेड संभाला और एक हैंडग्रेनेड अंदर फेंका जिससे दोनों आतंकवादी मारे गए ।

श्री सी. पाल सिंह ने श्री घुम्मन को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि वह एक निडरावत सक्षम, निर्भीक एवं कर्त्तव्य परायण अधिकारी थे । अभी कुछ दिन पहले मचल के निकट कुछ उग्रवादियों द्वारा एक बस से सात यात्री अगवा करने की जो घटना हुई थी, उसके बाद सुरक्षा बलों द्वारा भेंड क्षेत्र की तलाशी के दौरान भी श्री घुम्मन आगे होकर काम करते रहे ।

मिली गिरफ्तार : पुलिस ने जालन्धर जिले में थाना शाहकोट के गांव बुलंद में एक औरत मनजिंदर कौर उर्फ मिंदी को आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : पठानकोट पुलिस ने गत वर्ष 20 मई को पठानकोट नगर में हुए बम धमाकों में संलिप्त 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इन धमाकों में 4 व्यक्ति मर गए थे और कई अन्य घायल हुए थे । गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एस. बास ने इन आतंकवादियों के नाम निशान सिंह, गुरदीप सिंह, जगदीश सिंह तथा बचन सिंह बताए हैं । इस केस में दो आतंकवादी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं । कानूनवान पुलिस ने एक व्यक्ति बलदेव सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया ।

बम की अफवाह : बाघा पुराना से ज्ञान के अनुसार आज शाम 6 बजे यहां के भीड़भाड़ वाले मेन बाजार में ज्ञानी जैल सिंह मार्कीट के निकट एक मिठाई के डिब्बे में बम पड़ा होने की अफवाह फैलने से लोगों में आतंक फैल गया । यह डिब्बा एक रेहड़ी पर रखा हुआ था । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई । विशेषज्ञों ने डिब्बे को खोल कर देखा तो वह खाली था । कुछ लोगों के अनुसार उन्होंने दो युवकों को वहां डिब्बा रख कर भागते हुए देखा था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

स्कूटर छीना : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव जहांगीर के निकट दो आतंकवादियों की ओर से एक व्यक्ति हरबंस से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.ए.आई. 3664 छीने जाने की सूचना मिली है ।

संशोधन

4.1.89 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित 'खज़ाना' साप्ताहिक लाटरी के 47वें ड्रा के परिणाम में छठा पुरस्कार 9380 की बजाए 7380 पढ़ें ।

सहकारी इंस्पैक्टर की हत्या : लुधियाना (मुसाफिर) : आज सायं खन्ना के निकटवर्ती गांव में कोआपरेटिव सोसायटी के इंस्पैक्टर हरभजन सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । वो 'रजाजी मोटर साइकल पर सवार होकर आए थे और गोलियां चला कर चले गए ।

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादी सहकारी समिति के इंस्पैक्टर के घर में दाखिल हुए और उस पर गोलियों की बौछाड़ कर दी । इंस्पैक्टर की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

बस जलाने की कोशिश : चंडीगढ़ : चार सशस्त्र उग्रवादियों ने आज सायं जिला संगरूर में थाना भदौड़ के गांवों रामगढ़ और जीतगढ़ के मध्य पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी । बस मोगा (फरीदकोट) से निहाल सिंह वाला जा रही थी । वर्षा के कारण बस को अधिक क्षति नहीं पहुंची और आग बुझ गई । यहां आज रात पहुंचे समाचारों के अनुसार उग्रवादियों ने पहले बंदूक की नोक पर यात्रियों को बस से उतरने पर विवश कर दिया ।

सतवंत, केहर की याचिकाएं खारिज

(पृष्ठ 3 का शेष)

सतवंत सिंह की याचिका रद्द करने वाले दो न्यायाधीशों ने कहा कि याचिका में दम नहीं होने के कारण वह रद्द की जाती है ।

न्यायमूर्ति अहमदी ने श्री सोढी से कई बार पूछा कि वह किस आधार पर मानते हैं कि विशेष जांच दल की रिपोर्ट अधूरी है । श्री सोढी ने बस इतना ही कहा कि रिपोर्ट ठीक नहीं है । श्री सोढी ने कहा कि वह अपने मुवक्किल को दिए गए मृत्यु दंड की सार्थकता को चुनौती नहीं दे रहे और न इसे लेकर उन्हें कोई शिकायत है । उन्होंने कहा कि उनकी एकमात्र शिकायत यह है कि विशेष जांच दल ने सही ढंग से जांच कार्य नहीं किया ।

श्री सोढी ने बताया कि सतवंत सिंह के अनुसार वह अपनी अंतिम इच्छा अपने पिता को ही बताएगा ।

अनएक्टिड जेल में होगी : दिल्ली के उप-राज्यपाल रमेश भंडारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सुरक्षा के कारणों से सतवंत सिंह और केहर सिंह के शव उनके संबंधियों को नहीं दिए जाएंगे । उन्होंने बताया कि कल तिहाड़ जेल में इन दोनों अपराधियों को फांसी देने के बाद उनकी जेल में ही अन्त्येष्टि कर दी जाएगी । उन्होंने कहा कि प्रशासन को आशंका है कि मुजरिमों के शव उनके संबंधियों को सौंपे जाने से कोई अप्रिय घटना हो सकती है ।

जेल अधिकारियों ने आज सतवंत सिंह और केहर सिंह के रिश्तेदारों को दोनों मुजरिमों से भेंट करने की अनुमति दी । केहर सिंह के लगभग 30 और सतवंत सिंह के 20 रिश्तेदार मिलने आए । उन्हें दो जत्थों में 10-10 मिनट भेंट करने का अवसर दिया गया ।

केहर सिंह की पत्नी जसबीर कौर ने आज रात अपने पति से जेल में 50 मिनट तक मुलाकात की । श्रीमती जसबीर कौर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि उनके पति को अपनी मृत्यु का एहसास हो गया है और वह अपनी फांसी को 'रब दी मर्ज़ी' कहने लग गए हैं ।

पत्नी भेंट न कर सकी : पिछले साल मई में सतवंत सिंह का चित्र सामने रख कर उससे शादी करने वाली सरिन्दर कौर आज तिहाड़ जेल में अपने पति से आखिरी मुलाकात नहीं कर सकी । जेल अधिकारियों ने कहा कि वे उसे कानूनन मुजरिम की बीवी नहीं मानते । इसलिए उसे आखिरी मुलाकात की इजाजत नहीं दी गई । सतवंत के दादा और भाई को भी मुजरिम से मुलाकात नहीं करने दी गई । सतवंत के पिता तरलोक सिंह ने यह जानकारी दी ।

एमनैस्टी इंटरनैशनल की अपील : लंदन : अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन "एमनैस्टी इंटरनैशनल" तथा ब्रिटेन के एक प्रमुख न्यायविद ने इंदिरा गांधी हत्याकांड के मृत्यु दंड प्राप्त दोनों मुजरिमों सतवंत सिंह तथा केहर सिंह को क्षमादान दिए जाने की अपील की है ।

वाहन कार्यशाला सड़क पर

लुधियाना, 5 जनवरी (नेपाल): यह समाचार आश्चर्य से पढ़ा जाएगा कि नगर निगम की वाहन कार्यशाला (वर्कशाप) लगभग एक मास से सड़क पर चल रही है क्योंकि नगर निगम ने कार्यशाला का स्थान 99 वर्षीय पट्टे पर दे दिया है ।

ट्रेनें बहाल

फगवाड़ा, 5 जनवरी (वार्ता): उत्तरी रेलवे ने अमृतसर व दिल्ली के बीच दो पैसेंजर गाड़ियों को बहाल कर दिया है । रेलवे सूत्रों के अनुसार 337 अप व 338 डाऊन पैसेंजर गाड़ियां जिन्हें एक जनवरी को रद्द कर दिया गया था, यात्रियों की मांग पर दोबारा चलाई जा रही हैं ।

GOOD NEWS GOOD NEWS GOOD NEWS

We are pleased to Appoint
M/s.SHANTA TRADERS & ROHIT AGENCIES, L. KARTA RAM MARKET, BAZAR KHARADIAN, LUDHIANA
As our distributors to sell our well known products **HEM KUNT BRAND, A.B.C. BRAND** Mill Board & **XYZ BRAND** Mix Board with immediate effect.
Customers may contact them personally or at phones office-24032. Res.-31832.

अनुसार गत रात लगभग 11 बजे 2 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति निहाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह उस समय अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहा था कि आतंकवादियों ने घर में घुस कर उस पर अंधाधुंध गोली चला दी जिससे वह मौके पर ही मर गया । परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए । पुलिस के अनुसार एक अपराधी की पहचान दयाल सिंह वासी चक नत्तां के तौर पर हुई है । अन्य आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस का कहना है कि वह हत्या निजी रंजिश का परिणाम है ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : मुकेरियां से पाल के अनुसार गत रात एक बजे के लगभग बटाला से 20 किलो मीटर दूर गांव धारीवाल में 4-5 सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव में पुलिस चौकी पर फायरिंग की । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर वे भाग निकले ।

6500 रुपए लूटे : सिरसा (ह.स.): बिलम्ब से प्राप्त हुए सूचना के अनुसार गत सोमवार को यहां से 35 कि.मी. दूर गांव गोरीवाला में एक ईंटों के भट्ठे पर एक व्यक्ति मुंशी राम से पिस्तौल की नोक पर दो युवक 6500 रुपए लूट कर फरार हो गए । वे मोटर साइकल पर आए थे ।

9 गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक): पुलिस ने तरनतारन पुलिस जिले के दो स्थानों से कल रात से 9 आतंकवादियों और उनके समर्थकों को गिरफ्तार किया ।

तरनतारन पुलिस जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव गुप्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर झब्बाल पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, इनमें एक ग्रंथी भी था, जो आतंकवादियों को पनाह देता था और खालिस्तान समर्थक प्रचार करके लोगों को उकसाता था । श्री गुप्ता ने गिरफ्तार लोगों के नाम अजीत सिंह, सुरजीत सिंह, बाबा चरन सिंह (ग्रंथी), सविन्दर सिंह और अमृतपाल सिंह बताए । अन्य चार आतंकवादी जसपाल सिंह, जीवन सिंह, जसपाल सिंह और रणजीत सिंह खेमकरण पुलिस द्वारा पकड़े गए ।

5 की हत्या, 1 घायल : जिला अमृतसर के गांव सराय अमानत खान में आज रात्रि उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 1 को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों की संख्या का पता नहीं चल सका । विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

भट्ठे के कर्मचारी थे : आई.जी. सीमा क्षेत्र श्री सी. पाल सिंह ने पत्रकारों को बताया कि सभी पांचों मृतक व घायल ईंटों के भट्ठे के श्रमिक हैं । उन्हें उग्रवादी उनकी झोंपड़ियों से ए.के. 47 की नोक पर बाहर ले आए और उन पर अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी । 4 श्रमिक बी. दास, उसका पुत्र राम, प्रेम लाल और तरसेम लाल मौके पर ही मारे गए, जबकि पांचवां राम लाल गुरुतेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवाने के बाद घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ गया । घायल की शिनाख्त रघुपाल सिंह के रूप में की गई है, उसकी दशा नाज़ुक है ।

राकेटों से हमला : उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला अमृतसर में थाना घरिंडा के क्षेत्र में स्थित एक विशेष पुलिस अधिकारी,चौकी पर दो राकेटों से हमला कर दिया । उग्रवादियों ने 2 राकेट फैंके । राकेटों से यद्यपि कोई घायल नहीं हुआ, राकेट लक्ष्य पर न लगे थे ।

डाकघर जलाने की कोशिश : उग्रवादियों ने आज रात्रि सुल्तानविंड क्षेत्र में एक डाकघर को आग लगाने की कोशिश की । पुलिस ने बताया है कि उग्रवादियों ने डाकघर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का तेल छिड़का लेकिन पुलिस की गश्ती पार्टी को आते देख कर हड़बड़ी में भाग निकले ।

आतंकवादी की पहचान : छल शाम जिला अमृतसर के थाना हरिके के गांव बुर्ज में मारा गया आतंकवादी अजीत सिंह उर्फ जीता था । उसका एक साथी बच कर भाग निकलने में सफल हो गया ।

जालन्धर में एक की हत्या : जालन्धर (ह.स.): आज शाम जालन्धर शहर से अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, दो को घायल कर दिया व एक स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया कि दो सशस्त्र व्यक्तियों ने पहले एक व्यक्ति रमेश कुमार से स्कूटर छीन लिया तथा बाद में नई दाना मंडी के निकट गांधी कैम्प के संदीप अरोड़ा पर फायरिंग की जिससे तीन व्यक्ति घायल हो गए । घायलों में से एक अजीत मसीह बाद में दम तोड़ गया । अन्य घायलों के नाम रोशन लाल तथा संदीप हैं ।

मृतक अजीत मसीह भारतीय खाद्य निगम का कर्मचारी था जबकि घायल संदीप इलाके के एक किरयाना व्यापारी का लड़का है । दूसरा घायल रोशन लाल रेहड़ी लगाता है । क्षेत्र की स्रोअर्डीम के दौरान पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के लगभग एक दर्जन चले हुए कारतूस बरामद किए । दोनों घायलों की दशा गम्भीर बताई जाती है । आतंकवादियों ने रमेश सरवाल से स्कूटर आदर्श नगर में छीना था । आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए ।

कार-सवारों द्वारा फायरिंग : सफेद फिएट कार में सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के गांव पंचरगा के निकट फ़ायरिंग की । पुलिस नियंत्रण कक्ष ने कहा है कि फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि स्थानीय श्री हरगोबिन्दनगर कालोनी में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक कोठी में घुस कर लूटने का प्रयास उस समय असफल हो गया, जब पड़ोसियों ने शोर मचा दिया व पुलिस को सूचित भी कर दिया । पुलिस के मौका पर पहुंच जाने से पहले ही अपराधी भाग निकले । बताया जाता है कि पुलिस ने सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र को घेरा डाल लिया व कुछ हवाई फ़ायर भी किए, परन्तु सम्भवतः उग्रवादी पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकले । घटना से पूरी कालोनी सहित क्षेत्र में भारी आतंक व्याप्त हो गया है । पुलिस द्वारा मारे गए अनेक छापों में भी अपराधी हाथ न लग सके ।

5 हिरासत में : फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने आतंकवादियों की तलाश में निकटवर्ती गांवों डरौली, बहराम व घुम्मन में छापे मार कर 5-6 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

धरना स्थगित

चंडीगढ़, 7 जनवरी (वि.प्र.) : भारतीय किसान यूनियन पंजाब के एक प्रवक्ता ने आज यहां घोषणा की है कि यूनियन द्वारा आगामी 9 जनवरी से चंडीगढ़ में दिया जाने वाला धरना स्थगित कर दिया गया है ।

विपक्ष देश को बांटने की कोशिश कर रहा है : राजीव

बैलगाम, 7 जनवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी दलों की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे धर्म के आधार पर 'देश का बंटवारा' करने का प्रयास कर रहे हैं ।

दो बहादुर भाइयों ने आत
खदेड़ कर बड़े नरसंहा

फिरोज़पुर, 7 जनवरी (बागी): यह दो भाइयों बलदेव राज (30 वर्ष) और मदन लाल (26 वर्ष) सुपुत्र सोहन लाल के साहस और विश्वास की दिलचस्प और अनुकरणीय कहानी है,जो अपने तीन अन्य साथियों सहित आतंकवादियों द्वारा मारे जाने से बाल-बाल बच गए ।

घटना गांव मोहरेवाला थाना ममदोट की है । पुलिस अधीक्षक एस.के. गोयल ने घटनास्थल से लौटने के बाद आज यहां बताया कि गत बीरवार की शाम को खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के निशान सिंह निशार से सम्बन्धित पांच आतंकवादियों ने, जो ए.के.-47 जैसी राइफलों से लैस थे, सोहन लाल को उसके घर से बुलाया और बंदूक की नोक पर उसे धमका कर उसकी लाइसैंसशुदा बंदूक मांगी । बंदूक छीनने के बाद आतंकवादियों ने परिवार के सभी पुरुष सदस्यों, सोहन लाल(60),उनके उक्त दोनों पुत्र, एक रिश्तेदार और एक नौकर को पकड़ कर उनके हाथ पीछे बांध दिए ।

बेनज़ीर की नाक

बेनज़ीर 1972 में

बेनज़ीर 1988 में

बम्बई, 7 जनवरी (ई.पी.): क्लियोपैट्रा की भांति बेनज़ीर भुट्टो की नाक भी काफी चर्चा का विषय बनी हुई है । पुराने भारतीय पत्रकार, जिन्होंने 1972 के शिमला शिखर सम्मेलन में बेनज़ीर को उनके पिता जुल्फिकार अली भुट्टो के साथ देखा था, गत मास इस्लामाबाद के सार्क सम्मेलन में बेनज़ीर के बदले हुए चेहरे को देख कर आश्चर्यचकित रह गए । यह बात सही है कि बेनज़ीर 17 वर्ष की किशोरी से अब एक सुन्दर महिला बन गई हैं लेकिन एक और भी अंतर था जिसको वे पहचान न सके । उनका चेहरा अब भी लम्बा है लेकिन यह सुन्दर लगने लगा है ।

अब यह रहस्य खुल गया है । ऐसा प्रतीत होता है कि जिया के शासनकाल के दौरान बेनज़ीर ने एक प्रमुख प्लास्टिक सर्जन से अपनी नाक 'फिक्स' करा ली थी । इस कहानी की पुष्टि बेनज़ीर के निकटवर्ती लोगों ने भी की है । यदि माइकल जैक्सन अपना चेहरा बदल सकता है तो बेनज़ीर अपने नाक का आकार क्यों नहीं बदल सकती ।

जनता पार्टी का हर नेता व वर्कर विलय मानने के लिए बाध्य : हेगड़े

बेंगलूर, 7 जनवरी (वार्ता): जनता दल के दो नेताओं प्रो. मधु दंडवते और राम कृष्ण हेगड़े ने आज कहा कि जनता दल में जनता पार्टी का विलय हो चुका है अतः जो लोग जनता पार्टी का अस्तित्व बनाए रखने की बात कर रहे हैं, उन्हें किसी दूसरे नाम से नई पार्टी बनानी चाहिए । जनता पार्टी का हर नेता और कार्यकर्त्ता विलय को मानने के लिए बाध्य है ।

जापान के सम्राट हिरोहितो का देहांत

टोक्यो, 7 जनवरी (ए.पी.): जापान के सम्राट

परिणाम
अरुणाचल सरकार
प्रथम पुरस्कार
ईटानगर

क मार करने

ीक्षण शीघ्र

डेवीजन को मिलेंगी

मनोबल पर गलत प्रभाव पड़ेगा जिससे देश को हानि उठानी पड़ सकती है ।

मेजर जनरल सिंह ने सामान्य किस्म के रक्षा उपकरणों का उत्पादन निजी क्षेत्र में करने का सुझाव दिया । उनके अनुसार इससे उन्नत किस्म के उपकरण जल्दी सुलभ हो सकेंगे ।

सोवियत रक्षा बजट में कटौती का संकेत

मास्को, 8 जनवरी : सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव ने कहा है कि आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए देश के रक्षा बजट में कटौती करनी पड़ सकती है । मास्को रेडियो ने आज एक प्रसारण में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गोर्बाच्योव ने यह बात वैज्ञानिकों एवं सांस्कृतिक कर्मियों की एक बैठक में छः जनवरी को कहीं । उन्होंने कहा कि सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना रक्षा बजट में कटौती करनी पड़ सकती है । "तास" ने हालांकि बैठक के बारे में अपने समाचार में इस बात की चर्चा नहीं की, लेकिन श्री गोर्बाच्योव का हवाला यह कहते हुए दिया कि मौजूद आर्थिक स्थिति का कारण बजट में जबरदस्त घाटा है । उन्होंने बजट घाटे को सबसे गम्भीर बताया ।

20 देशों के पास रासायनिक हथियार

पेरिस, 8 जनवरी (ए.पी.): सोवियत विदेश मंत्री एडुअर्ड ए शेवर्दनाद्जे ने आज यहां घोषणा की कि सोवियत संघ रासायनिक हथियारों का उत्पादन नहीं कर रहा है और इन हथियारों के वर्तमान भंडार को इस वर्ष नष्ट कर देगा ।

अरबों देशों ने विश्व की बड़ी शक्तियों को चेतावनी दी है कि जब तक परमाणु हथियार कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाई जाती, रासायनिक हथियारों के निर्माण पर रोक लगाना सम्भव नहीं है । रासायनिक हथियारों पर रोक लगाने के लिए यहां 140 देशों के सम्मेलन में भाग ले रहे 22 अरबों देशों के विदेशमंत्रियों ने रासायनिक हथियारों और परमाणु हथियारों के मामलों को अलग-अलग आंकने को अनुचित बताया । अरब देशों का कहना है कि इसराईल के पास परमाणु बम मौजूद है, फिर उनसे रासायनिक हथियारों पर रोक लगाने की अपेक्षा कैसे की जा सकती है ।

पश्चिमी और सोवियत विशेषज्ञों का कहना है कि विश्व में लगभग 20 देशों के पास रासायनिक हथियार मौजूदा हैं ।

वैसे अमरीकी प्रशासनिक अधिकारियों का संदेह है कि अमरीका और सोवियत संघ के अलावा जिन देशों के पास रासायनिक हथियारों के प्रचुर भंडार मौजूद हैं, वे इस प्रकार हैं: ईराक, मिस्र, सीरिया, ईरान, बर्मा, चीन, उत्तर कोरिया, आइसलैंड, इंडोनेशिया, ताईवान, वियतनाम, इथोपिया, लीबिया और इसराईल । अधिकारियों ने भारत और पाकिस्तान सहित कई देशों के रासायनिक कार्यक्रमों के बारे में पर्याप्त जानकारी न होने की चर्चा की ।

भारतीय विदेश राज्यमंत्री श्री नटवर सिंह ने रासायनिक हथियारों के उत्पादन, विकास, भंडारण और प्रयोग पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का आह्वान दिया ।

जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के अंतर्गत गांव मानकपुरा में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) प्रेम चन्द, (2) राम, (3) पप्पू, (4) भगवान और (5) राम लाल । (6) घायल रछपाल सिंह, (7) शवों को उठा कर गाड़ी में रखते हुए सम्बन्धी, (8) शोक संतप्त रिश्तेदार महिलाएं । (छाया : रवि भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा युवक, अतिथि की हत्या, घायल बच्चा चल बसा, उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 8 जनवरी (वार्ता, ह.स.): लुधियाना में आज सायं एक उग्रवादी भागते हुए मारा गया जबकि उग्रवादियों ने पंजाब में एक अतिथि और एक युवक की हत्या कर दी । जालन्धर में कल हुई फायरिंग का एक घायल आज दम तोड़ गया, जिससे इस केस में मरने वालों की संख्या 2 हो गई ।

युवक की हत्या : बाबा पुरना (ज्ञान): गत रात्रि थाना बाघापुराना के गांव समाध भाई में तीन आतंकवादियों ने एक युवक सुखबीर सिंह की हत्या कर दी और उसके पिता ज़ोरा सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादी कुछ नकदी व सोने के ज़ेवर ले गये । बताया जाता है कि आतंकवादी रात लगभग 11 बजे वहां आये और पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपये नकद तथा सोने के ज़ेवर मांगे । लखवीर सिंह एक आतंकवादी से गुत्थमगुत्था हो गया तो दूसरे आतंकवादी ने गोलियां चला दीं जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा उसका बाप ज़ोरा सिंह घायल हो गया । पुलिस जांच कर रही है ।

मृतकों की पहचान : कल रात जिला अमृतसर के सराय अमानत खां क्षेत्र में फ़ायरिंग से मारे गये व्यक्तियों की शिनाख्त राम लाल, भगवान दास, प्रेम कुमार, सुभाष और राम के रूप में हुई है ।

अतिथि की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के थाना लोपोके के गांव जसराहर में आज रात्रि उग्रवादी एक व्यक्ति बलदेव राज के घर में जबरदस्ती घुस गए और फायरिंग करके घर में आए अतिथि बलविन्दर सिंह की हत्या कर दी । घटना में बलदेव राज घायल हुआ है ।

2 गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने कपूरथला जिले के फगवाड़ा में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन लोगों के नाम हरबंस सिंह तथा बलविंदर सिंह उर्फ़ पप्पू बताये गये हैं । इन लोगों के पास से दो पिस्तौलें भी बरामद की गई हैं ।

फिरोज़पुर पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के अपराध में कल रात बलजिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

एक और दम तोड़ गया : जालंधर (ढल्ल): गत सायं स्थानीय नई अनाज मंडी के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गांधी कैम्प के बाज़ार में जाकर अंधाधुंध फ़ायरिंग की थी, उसका एक और घायल आज प्रातः चल बसा जिससे इस घटना में मरने वालों की गिनती दो हो गई । आज मरने वाला किरयाना मर्चेंट भूषण का 5 वर्षीय लड़का संदीप था जिसके पेट में लगी गोलियों ने उसकी अंतड़ियां ही बाहर ला दी थीं । कल सायं मर जाने वाला अजीत मसीह था, जिसका शव आज पोस्टमार्टम के बाद जिला गुरदासपुर स्थित उसके गांव भेज दिया गया जबकि संदीप का शव बगैर पोस्टमार्टम उसके वारिसों के हवाले कर दिया गया । तीसरा घायल रोशन लाल अभी खतरा से बाहर बताया गया है । अजीत मसीह को पहली गोली जांघ में लगी तो वह भाग खड़ा हुआ जिस पर उसे दो और गोलियां मारी गईं । यह सभी आर-पार हो गईं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना में इस्तेमाल किया गया स्कूटर रात ही मकसूदां के निकट रेलवे लाइनों के पास पड़ा मिल गया था । यह स्कूटर भी आदर्श नगर के निकट उसके मालिक संतोष कुमार से इन उग्रवादियों ने छीना था । इससे पूर्व स्कूटर मालिक का नाम रमेश कुमार मरवाह छपा था, जो कि गलत निकला ।

पुलिस क्षेत्रों का अनुमान है कि जब दोनों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शिमला नगर निगम की हिमानी निद्रा

शिमला, 8 जनवरी (ख.): शिमला नगर निगम के अधिकारी और पार्षद लगता है कि हिमानी निद्रा ले रहे हैं आज कल । नहीं तो निगम के दफ्तर का झंडा भी झुक जाता । जापान के सम्राट हीरोहितो का देहांत हो गया है । भारत भी तीन दिन का शोक मना रहा है अपने राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुका कर । लेकिन

उत्तर भारत में वर्षा

ऊंचे पर्वतों पर हि

डोडरा क्वार में 300 सैंटी मीटर बर्फ़ गिरी :

शिमला में डेढ़ फुट हि

चंडीगढ़, 8 जनवरी (ह.स.): हिम एवं हिमस्खलन अध्ययन केन्द्र (एस.ए.एस.ई.) ने आगामी 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश के ऊंचे पर्वतों पर और ज्यादा हिमपात होने की चेतावनी दी है । केन्द्र द्वारा जारी एक बुलेटिन में कहा गया है कि हिमाचल के ऊंचे पर्वतों पर 2.5 से 3 मीटर तक तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश में लगभग दो मीटर हिमपात हो सकता है ।

केन्द्र ने चेतावनी दी है कि हिमाचल प्रदेश में जिला कुल्लू, लाहौल स्पीति, चम्बा तथा किन्नौर और उत्तर प्रदेश में पिथौरागढ़, चमोली व उत्तर काशी जिलों में 2500 मीटर से अधिक ऊंचे और हिमस्खलन के खतरे से ग्रस्त क्षेत्रों में बर्फानी तूफान आने की सम्भावना है ।

समूचा उत्तर भारत अभूतपूर्व शीत लहर से ठिठुर रहा है । उधर पिछले चौबीस घंटों के दौरान पहाड़ी इलाकों में हिमपात और मैदानी भागों में व्यापक वर्षा जारी रही । उत्तरी भारत में कहर बरपा रही शीत लहर ने अभी तक आठ जानों को अपने आगोश में लिया है । इनमें से सात हिमाचल प्रदेश और एक व्यक्ति चंडीगढ़ में मारा गया है ।

2 और मरे : गत रात्रि कपूरथला जिला में भुलाणगढ़ क्षेत्र के गांव नांगल में एक फार्म हाऊस की छत ढह जाने से बिहार के दो खेतिहर मजदूर दब कर मर गए । दो अन्य मजदूरों को मामूली चोटें आई हैं । छत के ढहने से मरने वालों के नाम सुभाष यादव व उसका भाई प्रकाश है ।

हालांकि दिल्ली को आज वर्षा से राहत मिली और दिन भर धूप छायी रही लेकिन सर्द हवाओं का चलना जारी रहा । हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में आज पांचवें दिन भी हिमपात के बाद क्षेत्र में ठंड और तेज हो गई है । शिमला जिले के डोडरा क्वार में पिछले 48 घंटों के दौरान 300 सैंटीमीटर बर्फ दर्ज की गई जबकि काल्पा, पेओ, भरूर, पांगी, केलांग और काजा तथा कुफरी और फागू के बीच

200 से 150 सैंटी
35 सैंटीमीटर से 50
पर्यटन स्थल में 50 सै
का ऊपरी इलाका अ
कटा रहा क्योंकि कोई
जा सका ।

बर्फ से ढकी शि
सड़कों को साफ कर
मशीनों और बुल्डोजर
ऊपरी इलाकों में
परिणामस्वरूप हिम
हुए लोगों को घर से बा
गई है ।

कुल्लू घाटी आज
अन्य भागों से कटी रह
विमान खराब मौसम
जा सका ।

जम्मू-कश्मीर के
से तीन से छः डिग्री
कड़ाके की ठंड पड़ रह
48 घंटों के दौरान
हिमपात हुआ । आज
अनुसार लेह और
आदिवासी अंचलों में

पत्नी टाप, बटो
इलाकों में बर्फ पड़ने
राजमार्ग पर या
दिल्ली-चंडीगढ़, जम्
लाइन्स की उड़ानें

चंडीगढ़ तथा प
के इलाकों में पिछले
चलने और मूसलाध
चंडीगढ़ में आज सुब
मीटर वर्षा रिकार्ड
सर्वाधिक वर्षा हुई

पंजाब के कई जिलों में स्कूल कालेज 9-10 को बंद

जालन्धर, 8 जनवरी (ढल्ल) : जिला मैजिस्ट्रेट जालन्धर श्री सुधीर मित्तल ने आज एक आदेश जारी किया, जिसके अधीन जिला-भर में सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूल व कालेज 9 व 10 जनवरी को भी बंद रहेंगे ।

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट डी.एस. कल्हा ने 9 और 10 जनवरी को जिला भर में शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश दिए हैं ।

होशियारपुर से आश्वनी सूद के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधू ने कल 9 जनवरी को भी जिला की सभी शिक्षा-संस्थाएं, आई.टी.आई. और पालिटैक्नीक बंद रखने का आदेश दिया है ।

पटियाला के जिला मैजिस्ट्रेट ने सुरक्षात्मक पग के दृष्टिगत कल से यूनिवर्सिटी सहित जिला के सभी शिक्षा संस्थान तीन दिन के लिए बंद रखने के आदेश दिए हैं ।

सतवंत, केहर की अस्थियां विसर्जित

नई दिल्ली, 8 जनवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हत्याकांड के मुजरिमों सतवंत सिंह और केहर सिंह की अस्थियां आज उनके सगे-सम्बन्धियों द्वारा अधिकारियों की उपस्थिति में एक नदी में प्रवाहित कर दी गईं । सरकारी सूत्रों के अनुसार अस्थियां विसर्जित किए जाने के स्थान को गुप्त रखा गया है ताकि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या पैदा न हो ।

सूत्रों ने बताया कि तिहाड़ केंद्रीय कारागार से दोनों की अस्थियां सरकारी अधिकारियों ने ही एकत्र की थीं क्योंकि जेल में उनके अंतिम संस्कार के स्थल को भी गुप्त रखा गया है ।

अस्थियां विसर्जित करने का कार्य तीन रिश्तेदारों सतवंत के पिता त्रिलोक सिंह, केहर सिंह के सबसे बड़े पुत्र राजेंद्र सिंह और एक अन्य पुत्र के हाथों सम्पन्न हुआ । सतवंत और केहर सिंह को छह जनवरी को फांसी दी गई थी । जेल अधिकारियों ने इन तीनों सगे-सम्बन्धियों को आज सुबह 8 बजे बुला लिया था । बाद में सतवंत सिंह और केहर सिंह की अस्थियां दो कलशों में एक वैन में रखी गईं और उन्हें समुचित सुरक्षा व्यवस्था के बीच विसर्जन स्थल पर ले जाया गया ।

सूत्रों ने बताया कि जेल अधिकारियों को गुप्तचर विभाग से ऐसी सूचना मिली थी कि यदि अस्थियों को उनके रिश्तेदारों को विसर्जन के लिए दिया गया तो कुछ गुमराह व्यक्ति विसर्जन स्थल को पूजा स्थल में परिवर्तित करने की बात सोच सकते हैं ।

सतवंत सिंह और केहर सिंह के रिश्तेदारों के

नके विरोधी हैं : गोपाल सिंह

अस्तित्व बरकरार रखने के लालच में आतंकवाद को हवा दे रहे हैं । दुःख की बात यह है कि जिन गुरुद्वारों में मानव, शांति प्राप्त करने जाता था वहां अब कुछ तत्व आपसी तनाव पैदा करके गुरुद्वारों की छवि ही नहीं बिगाड़ रहे हैं बल्कि पूजा घरों के महत्व का दुरुपयोग भी कर रहे हैं ।

डा. सिंह ने यह भी कहा कि मुसलमानों अथवा सिखों को अल्पसंख्यकों की श्रेणी में डालकर नौकरियां आरक्षित कराने के भी वह पक्ष में नहीं हैं । पंजाब को अपने कर्म ज्ञान व मेहनत से अपने पांव पर खड़ा होना होगा तथा पंजाबी सोसायटी की इस मुहिम में सहयोगी बनना चाहिए ।

प्रमुख राजनयिक श्री इन्द्रकुमार गुजराल ने कहा कि सरकारें बदली जा रही हैं, राष्ट्र कभी नहीं बदलते । कुछ मुट्ठी भर लोगों ने ज़हनी जनून पैदा करके 1947 में देश को तोड़ा तथा इस आंधी में आधा पंजाब व पंजाबियत भी जुदा हो गई थी, अब फिर से ऐसे ही तत्व पंजाबियत को धर्म निरपेक्षता व राष्ट्रीयता से अलग रहने का दांव चल रहे हैं । बाबा खड़क सिंह, सरदार भगत सिंह, लाला लाजपत राय के पंजाब पर एक बार फिर संकट के बादल आए हुए हैं जिसका मुकाबला पंजाबियत के वे रखवाले करने को तैयार रहें, जिन्होंने भारत-पाक विभाजन व दोनों लड़ाइयों के समय तोपों का मुंह मोड़ दिया था ।

उन्होंने कहा कि गुरु नानक की उंगली पकड़कर जिन सिखों ने हिन्दू धर्म की रक्षा व मानव कुचलने में गुरु के प्यारे सहायक बनेंगे ।

उन्होंने यह भी कहा कि 1984 के मुजरिमों को गिरफ्तार न करना भी कमअक्ली थी, जिन्होंने दंगे कराए वह भी कम अक्ल थे तथा जोधपुर के कैदियों की जांच न करना भी कमअक्ली है और पंजाब के कत्लेआम की बारीकियों को न समझना भी कमअक्ली ही है ।

अकाली सांसद श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया ने कहा कि जो तत्व अलगाववाद की बात करते हैं, वह धीरे-धीरे बेनकाब होने लगे हैं । पंजाबियत व पंजाब के भाईचारे के लिए खतरा बने तत्वों से पंजाब को बचाने की अपील करते हुए श्री रामूवालिया ने कहा कि पंजाब की मिट्टी से गुरु की वाणी तथा राम-कृष्ण के नाम को कोई ताकत नहीं मिटा सकती । सिर्फ रोने से मुसीबतों का समाधान नहीं होगा । आंधियों से टक्कर लेकर ही पंजाब व पंजाब में बरकरार हिन्दू-सिख एकता की रक्षा करने का आओ हम सब संकल्प लें ।

परमाणु आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिटेन में पग

लंदन, 8 जनवरी : ब्रिटेन ने परमाणु आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए एक असाधारण खुफिया इकाई की स्थापना की है । 'द मेल' नामक समाचार पत्र ने आज रहस्योद्घाटन किया है कि आतंकवादियों द्वारा देश में पैदा किए

Punjabi Sa

जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के अंतर्गत गांव मानकपुरा में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) प्रेम चन्द, (2) रामू, (3) पप्पू, (4) भगवान और (5) राम लाल । (6) घायल रछपाल सिंह, (7) शवों को उठा कर गाड़ी में रखते हुए सम्बन्धी, (8) शोकसंतप्त रिश्तेदार महिलाएं । (छाया : रवि भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा युवक, अतिथि की हत्या, घायल बच्चा चल बसा, उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 8 जनवरी (वार्ता, ह.स.): लुधियाना में आज सायं एक उग्रवादी भागते हुए मारा गया जबकि उग्रवादियों ने पंजाब में एक अतिथि और एक युवक की हत्या कर दी । जालन्धर में कल हुई फायरिंग का एक घायल आज दम तोड़ गया, जिससे इस कांड में मरने वालों की संख्या 2 हो गई ।

युवक की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात्रि थाना बाघापुराना के गांव समाध भाई में तीन आतंकवादियों ने एक युवक लखबीर सिंह की हत्या कर दी और उसके पिता जोरा सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादी कुछ नकदी व सोने के ज़ेवर ले गये । बताया जाता है कि आतंकवादी रात लगभग 11 बजे वहां आये और पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपये नकद तथा सोने के ज़ेवर मांगे । लखबीर सिंह एक आतंकवादी से गुत्थमगुत्था हो गया तो दूसरे आतंकवादी ने गोलियां चला दीं जिससे इसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा उसका बाप जोरा सिंह घायल हो गया । पुलिस जांच कर रही है ।

मृतकों की पहचान : कल रात जिला अमृतसर के सराय अमानत खां में फायरिंग से मारे गये व्यक्तियों की शिनाख्त राम लाल, भगवान दास, प्रेम कुमार, सुभाष और राम के रूप में हुई है ।

अतिथि की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के थाना लोपोके के गांव जसराहूर में आज रात्रि उग्रवादी एक व्यक्ति बलदेव राज के घर में जबरदस्ती घुस गए और फायरिंग करके घर में आए अतिथि बलविन्दर सिंह की हत्या कर दी । घटना में बलदेव राज घायल हुआ है ।

2 गिरफ्तार : सरहदी बलों ने कपूरथला जिले के फगवाड़ा में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन लोगों के नाम हरबंस सिंह तथा बलविंदर सिंह उर्फ़ पप्पू बताये गये हैं । इन लोगों के पास से दो पिस्तौलें भी बरामद की गई हैं ।

फिरोज़पुर पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के अपराध में कल रात बलजिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

एक और दम तोड़ गया : जालंधर (ढल्ल): गत सायं स्थानीय नई अनाज मंडी के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गांधी कैम्प के बाज़ार में जाकर अंधाधुंध फ़ायरिंग की थी, उसका एक और घायल आज प्रातः चल बसा जिससे इस घटना में मरने वालों की गिनती दो हो गई । आज मरने वाला किरयाना मर्चेंट भूषण का 5 वर्षीय लड़का संदीप था जिसके पेट में लगी गोलियों ने उसकी अंतड़ियां ही बाहर ला दी थीं । कल सायं मर जाने वाला अजीत मसीह था, जिसका शव आज पोस्टमार्टम के बाद जिला गुरदासपुर स्थित उसके गांव भेज दिया गया जबकि संदीप का शव बगैर पोस्टमार्टम उसके वारिसों के हवाले कर दिया गया । तीसरा घायल रोशन लाल अभी खतरा से बाहर बताया गया है । अजीत मसीह को पहली गोली बांह में लगी तो वह भाग खड़ा हुआ जिस पर उसे दो और गोलियां मारी गईं । यह सभी आर-पार हो गईं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना में इस्तेमाल किया गया स्कूटर रात ही मकसूदां के निकट रेलवे लाइनों के पास पड़ा मिल गया था । यह स्कूटर भी आदर्श नगर के निकट उसके मालिक संतोष कुमार से इन उग्रवादियों ने छीना था । इससे पूर्व स्कूटर मालिक का नाम रमेश कुमार मरवाह छपा था, जो कि गलत निकला ।

पुलिस क्षेत्रों का अनुमान है कि जब दोनों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शिमला नगर निगम की हिमानी निद्रा

शिमला, 8 जनवरी (ह.): शिमला नगर निगम के अधिकारी और पार्षद लगता है कि

Punjab Samachar

के पास ...क हथियार

...ए.पी.): सोवियत विदेश ...ी ने आज यहां घोषणा की ...क हथियारों का उत्पादन ...थियारों के वर्तमान भंडार ...।

...की बड़ी शक्तियों को ...परमाणु हथियार कार्यक्रम ...रासायनिक हथियारों के ...ना सम्भव नहीं है । ...रोक लगाने के लिए यहां ...में भाग ले रहे 22 अरबों ...सायनिक हथियारों और ...मलों को अलग-अलग ... । अरब देशों का कहना ...माण बम मौजूद है, फिर ...रों पर रोक लगाने की ...है ।

...त विशेषज्ञों का कहना है ...देशों के पास रासायनिक

...क अधिकारियों का संदेह ...पत संघ के अलावा जिन ...थियारों के प्रचर भंडार ...: ईराक, मिस्र, सीरिया, ...तर कोरिया, आइसलैंड, ...वियतनाम, इथोपिया, ...धिकारियों ने भारत और ...के रासायनिक कार्यक्रमों ...ी न होने की चर्चा की । ...मंत्री श्री नटवर सिंह ने ...त्पादन, विकास, भंडारण ...बंध लगाने का आह्वान

...ोधी हैं : रोपाल सिंह

...लालच में आतंकवाद को ...त यह है कि जिन गुरुद्वारों ...जाता था वहां अब कुछ ...रके गुरुद्वारों की छवि ही ...पूजा घरों के महत्व का

...ा कि मुसलमानों अथवा ...की श्रेणी में डालकर ...भी वह पक्ष में नहीं हैं । ...मेहनत से अपने पांव पर ...सोसायटी की इस महिम

...न्द्रकमार गुजराल ने कहा ...ही हैं, राष्ट्र कभी नहीं ...लोगों ने ज़हनी जनून पैदा ...तोड़ा तथा इस आंधी में ...भी जुदा हो गई थी, अब ...थत को धर्म निरपेक्षता व ...दांव चल रहे हैं । बाबा ...सिंह, लाला लाजपत राय ...संकट के बादल आए हुए

कुचलने में गुरु के प्यारे सहायक बनेंगे ।

उन्होंने यह भी कहा कि 1984 के मुजरिमों को गिरफ्तार न करना भी कमअक्ली थी, जिन्होंने दंगे कराए वह भी कम अक्ल थे तथा जोधपुर के कैदियों की जांच न करना भी कमअक्ली है और पंजाब के कत्लेआम की बारीकियों को न समझना भी कमअक्ली ही है ।

अकाली सांसद श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया ने कहा कि जो तत्व अलगाववाद की बात करते हैं, वह धीरे-धीरे बेनकाब होने लगे हैं । पंजाबियत व पंजाब के भाईचारे के लिए खतरा बने तत्वों से पंजाब को बचाने की अपील करते हुए श्री रामूवालिया ने कहा कि पंजाब की मिट्टी से गुरु की बाणी तथा राम-कृष्ण के नाम को कोई ताकत नहीं मिटा सकती । सिर्फ रोने से मुसीबतों का समाधान नहीं होगा । आंधियों से टक्कर लेकर ही पंजाब व पंजाब में बरकरार हिन्दू-सिख एकता की रक्षा करने का आओ हम सब संकल्प लें ।

परमाणु आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिटेन में पग

पंजाब के कालेज

...जालन्धर, ...जालन्धर श्री सु... किया, जिसके ... और गैर-सरका... को भी बंद रहेंगे ...गुरदासपुर ...मैजिस्ट्रेट डी.एस ...जिला भर में शि... दिए हैं ।

...होशियारपु... मैजिस्ट्रेट श्री जी... जिला की सभी ...पालिटैक्नीक बंद ...पटियाला के ...के दृष्टिगत कल ...शिक्षा संस्थान ... दिए हैं ।

सतवंत अस्थि...

...नई दिल्ली, ...इंदिरा गांधी हत्... केहर सिंह की अ... द्वारा अधिकारि... प्रवाहित कर दी ...अस्थियां विसर्जि... गया है ताकि क... न हो ।

...सूत्रों ने बत... दोनों की अस्थि... की थीं क्योंकि जे... को भी गुप्त रख...

...अस्थियां ...रिश्तेदारों सतल... के सबसे बड़े पु... हाथों सम्पन्न ह... छह जनवरी को ... ने इन तीनों सगे... बुला लिया था ... की अस्थियां दो ... उन्हें समुचित स्... पर ले जाया गय...

...सूत्रों ने बत...

करने

शीघ्र

ी मिलेंगी

पड़ेगा जिससे देश को हानि

ने सामान्य किस्म के रक्षा
नजी क्षेत्र में करने का सुझाव
र इससे उन्नत किस्म के
ी सकेंगे ।

क्षा बजट में
का संकेत

: सोवियत नेता मिखाइल
क आर्थिक स्थिति में सुधार
बजट में कटौती करनी पड़
यो ने आज एक प्रसारण में
ताया कि श्री गोर्बाच्योव ने
सांस्कृतिक कर्मियों की एक
ी कहीं । उन्होंने कहा कि
व डाले बिना रक्षा बजट में
ो है । "तास" ने हालांकि
माचार में इस बात की चर्चा
च्योव का हवाला यह कहते
क स्थिति का कारण बजट
न्होंने बजट घाटे को सबसे

ं के पास
क हथियार

(ए.पी.): सोवियत विदेश
जे ने आज यहां घोषणा की
क हथियारों का उत्पादन
धियारों के वर्तमान भंडार
।

र की बड़ी शक्तियों को
परमाणु हथियार कार्यक्रम
, रासायनिक हथियारों के
ना सम्भव नहीं है ।
रोक लगाने के लिए यहां
ं भाग ले रहे 22 अरबों
रासायनिक हथियारों और
मलों को अलग-अलग
। अरब देशों का कहना
माणु बम मौजूद है, फिर
रों पर रोक लगाने की
है ।
विशेषज्ञों का कहना है
देशों के पास रासायनिक

जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के अंतर्गत गांव मानकपुरा में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) प्रेम चन्द, (2) रामू, (3) पप्पू, (4) भगवान और (5) राम लाल । (6) घायल रछपाल सिंह, (7) शवों को उठा कर गाड़ी में रखते हुए सम्बन्धी, (8) शोक संतप्त रिश्तेदार महिलाएं । *(छाया : रवि भंडारी)*

उग्रवादियों द्वारा युवक, अतिथि की हत्या, घायल बच्चा चल बसा, उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 8 जनवरी (वार्ता, ह.स.): लुधियाना में आज सायं एक उग्रवादी भागते हुए मारा गया जबकि उग्रवादियों ने पंजाब में एक अतिथि और एक युवक की हत्या कर दी । जालन्धर में कल हुई फायरिंग का एक घायल आज दम तोड़ गया, जिससे इस कांड में मरने वालों की संख्या 2 हो गई ।

दास, प्रेम कुमार, सुभाष और रामू के रूप में हुई है ।

अतिथि की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के थाना लोपोके के गांव जसराहर में आज रात्रि उग्रवादी एक व्यक्ति बलदेव राज के घर में जबरदस्ती घुस गए और फायरिंग करके घर में आए अतिथि बलविन्दर सिंह की हत्या कर दी । घटना में

उत्तर भार
ऊंचे पर

डोडरा क्वार में 30C

शिमला में

चंडीगढ़, 8 जनवरी (ह.स.)
हिमस्खलन अध्ययन केन्द्र (एस.
आगामी 24 घंटों के दौरान हिमाचल
प्रदेश के ऊंचे पर्वतों पर और ज्यादा हि
चेतावनी दी है । केन्द्र द्वारा जारी ए
कहा गया है कि हिमाचल के ऊंचे पर्व
3 मीटर तक तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश
मीटर हिमपात हो सकता है ।

केन्द्र ने चेतावनी दी है कि हिमा
जिला कुल्लू, लाहौल स्पीति, चम्बा
और उत्तर प्रदेश में पिथौरागढ़, चम
काशी जिलों में 2500 मीटर से अ
हिमस्खलन के खतरे से ग्रस्त क्षेत्रों में
आने की सम्भावना है ।

समूचा उत्तर भारत अभूतपूर्व
ठिठुर रहा है । उधर पिछले चौबीस
पहाड़ी इलाकों में हिमपात और मै
व्यापक वर्षा जारी रही । उत्तरी
बरपा रही शीत लहर ने अभी तक
अपने आगोश में लिया है । इनमें से
प्रदेश और एक व्यक्ति चंडीगढ़ में म

2 और मरे : गत रात्रि कपू
नारायणगढ़ क्षेत्र के गांव नांगल में ए
की छत ढह जाने से बिहार के दो खेति
कर मर गए । दो अन्य मजदूरों क
आई हैं । छत के ढहने से मरने वालों
यादव व उसका भाई प्रकाश है ।

हालांकि दिल्ली को आज वर्षा
और दिन भर धूप छायी रही लेकिन
चलना जारी रहा । हिमाचल प्रदेश
में आज पांचवें दिन भी हिमपात के
और तेज हो गई है । शिमला जिले
में पिछले 48 घंटों के दौरान 300
दर्ज की गई जबकि काल्पा, पेओ,
केलांग और काजा तथा कुफरी औ

पंजाब के कई जिलों
कालेज 9-10 व

जालन्धर, 8 जनवरी (हल्ल)
जालन्धर श्री सुधीर मित्तल ने आज
किया, जिसके अधीन जिला भर

Punjabi Sanatan

ना की एक दुकान के बाहर आग सेंकते (छाया : भाम्बी)



नबन्ध से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रोक लिए । (छाया : रवि भंडारी)

व्यापी आत्म-ने पर ज़ोर

त्यां किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए श्री सिखों और देश में सभी लोकतान्त्रिक तथा क्ष शक्तियों से अपील की कि वे शांत ोंने आरोप लगाया कि सम्भव है कि केहर तवंत सिंह को फांसी दिए जाने को उचित लिए निहित राजनीतिक स्वार्थी तत्वों द्वारा ाई गई हो । उन्होंने कहा कि सतवंत सिंह

उग्रवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों ने आदर्श नगर में स्कूटर छीना तो उनके पास कोई हथियार न था । उसके बाद ही वह नई अनाज मंडी के आस-पास की किसी आबादी में गये और छुपा कर रखी ए.के. 47 राइफल ली, गांधी कैम्प के बाज़ार में जा पहुंचे और फ़ायरिंग की । पुलिस का यह भी विचार है कि वारदात के बाद उग्रवादियों ने पुनः वह राइफल कहीं छोड़ दी और फिर दूर जाकर स्कूटर भी छोड़ दिया ।

दूसरी ओर फ़ायरिंग की घटना बारे बाज़ार के कुछ लोगों ने बताया कि स्कूटर चलाने वाले उग्रवादी ने पीली पगड़ी बांध रखी थी और लाल रंग के कपड़े से मुंह ढांप रखा था जबकि स्कूटर के पीछे बैठे फ़ायरिंग करने वाले ने एक शाल ओढ़ी हुई थी और उसी से नाक तक मुंह ढांपा हुआ था और शाल के नीचे ही ए.के. 47 राइफल थी । लोगों का यह भी कहना है कि यदि वर्षा के कारण पहले ही टूटी-फूटी सड़कों की हालत और खराब न हुई होती तो शायद उग्रवादी अधिक हत्याएं करने में सफल हो जाते । उनके अनुसार जब वह बाज़ार में दाखिल हुए तो कुछ लोगों को शक पड़ गया था और जब पहली गोली चली, तभी कई लोग लेट गये और कई एक दुकानों के शटर गिराने में सफल हो गये । कई एक मकानों और दुकानों की दीवारों पर भी गोलियां लगीं । इन लोगों का यह भी कहना है कि जब उग्रवादी वापिस भाग रहे थे तो एक स्कूटर सवार सामने से आ रहा था । इससे पूर्व कि पिछला उग्रवादी उस पर फ़ायरिंग करता, उसकी शाल हवा से उड़ी जिसे वह सम्भालने लगा । इतने में स्कूटर सवार उन्हें क्रास कर गया और बच गया ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (वार्ता): आज शाम लुधियाना शहर के चौक थान सिंह में एक नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी को गोली मार दी । जब सुरक्षा बलों ने उस उग्रवादी को रुकने के लिए कहा तो उसने भागने की कोशिश की जिसपर उसे गोली मार दी गई ।

मुसाफिर के अनुसार मृतक का नाम भूपेंद्र सिंह बताया जाता है, जो एक हौज़री की फैक्टरी में काम करता था ।

शरणदाता गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने तलवंडी राय निवासी लखविंदर सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह जानकारी पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में दी ।

श्रीनगर में भूकम्प : कई मकानों में दरारें पड़ीं

श्रीनगर, 8 जनवरी (ह.स.): यहां से 12 किलो मीटर दूर पम्पोड में आज सुबह भूकम्प के हल्के झटके से अनेक मकानों तथा भवनों में दरारें पड़ गईं । इनमें अग्निशमन केंद्र भी शामिल हैं । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सवा दस बजे पुलवामा जिले के पम्पोड तथा अन्य गांवों में आए इस झटके से घरों की खिड़कियां भी झनझना उठीं तथा जोरों की आवाज हुई । लोग घरों से बाहर भागे । श्रीनगर तथा आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए । कहीं से जान-माल की हानि की खबर नहीं है ।

लड़ाई के का प्रयो

मदुरै, 8 जनवरी राजीव गांधी ने आज वि में 'मोहरे' के रूप में करने का आह्वान विश्वविद्यालय में भा 76वें अधिवेशन का उ कहा कि सैन्य अनुसंधा होड़ को खतरनाक आय

प्रधानमंत्री ने क बचाना है तो विज्ञान के तरह रोका जाना चाहि

प्रधानमंत्री ने कह सैन्यीकरण के कारण वि विश्व में सैन्य अनुसंधा 80 अरब डालर खर्च अधिकतर खर्च परमाण और उनके मित्र वहन अनुसंधान हथियारों की दे रहे हैं । उन्होंने क तक सफलतापूर्वक अ विनाश के लिए विज्ञान लगाई जाती ।

2 करोड़ से ईसाई बनाए

सोनीपत, 8 जन सेवक संघ के क्षेत्रीय स विदेशी मिशनरियों द्वा में हिन्दुओं को ईसाई ब है और कहा है कि 2 क ईसाई बनाया जा चुका के संस्थापक डा. हे समारोह के अंतर्गत ग सभा को सम्बोधित कर कि कुछ विदेशी शक्ति में अपनी अवैध गति 500 करोड़ रुपए तक दे रही हैं । उन्होंने वि विरोधी व राष्ट्र विरोधी करने के लिए कांग्रे की ।

उन्होंने लोगों से अ एकता व अखंडता, जि कारण खतरा उत्पन्न ह कुर्बानी देने के लिए तै लोगों को राष्ट्रीय स्वय चाहिए, जो हिन्दू संस्कृ लिए पूरा जोर लगा रहस्योद्घाटन किया कि में 25 हजार शाखाए उन्होंने बताया कि 3000 सोसाइटियां क

खाद्य आपूर्ति क

जम्मू, 8 जनवरी

punjabi sansar.com

बाप बेटे सहित पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 11 लोगों की हत्या, बैंक लूटा

बटाला पुलिस जिला में मुठभेड़ के बाद 5 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार

अनेक 'शरणदाता बंदी : बस जलाने का प्रयास

चंडीगढ़, 9 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने एक बाप, बेटे तथा दम्पति सहित 11 लोगों की हत्या कर दी जबकि एक बैंक में सेंध लगाकर 65 हजार रुपए नकद व अन्य वस्तुएं लूट ली गईं । राज्य में विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन के लगभग आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । भटिंडा जिला में एक बस को जलाने का प्रयास किया गया ।

बाप-बेटे की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां अमृतसर के पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि गत रात लगभग 8.15 बजे अमृतसर के निकटवर्ती गांव खैराबाद थाना सदर अमृतसर जो राजा सांसी रोड पर स्थित है, में ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मदन लाल के घर में घसकर मदन लाल (40), उसके लड़के सरेन्द्र उर्फ बिट्टू (14) तथा मदन लाल के एक भाई हीरा लाल फौजी को घर से बाहर निकाल लिया । जब आतंकवादी उन्हें घर से बाहर ले जा रहे थे तो फौजी ने एक आतंकवादी को धक्का मारकर गिरा दिया तथा स्वयं रात के अंधेरे में भाग गया । यद्यपि आतंकवादियों ने उसके पीछे गोलियों की बौछार की लेकिन वह बचकर निकल गया । इसी बीच आतंकवादियों ने मदन लाल और उसके लड़के बिट्टू को गोलियां मारीं जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घर के कुछ लोगों ने चारपाइयों के नीचे छुपकर जान बचाई ।

शरण न दी : इस परिवार की एक स्त्री राजरानी अपने घर से निकल कर पड़ोसी के घर शरण लेने के लिए गई । उसके साथ एक 4-5 वर्ष का बच्चा भी था परन्तु पड़ोसी ने उसे शरण देने से इन्कार कर दिया अतः राजरानी ने अपने बच्चे के साथ रात बाहर पड़ी पराली में छुपकर गुजारी ।

तीन की हत्या : इसके अलावा पट्टी पुलिस थाने के कोट बुड्ढा गांव में एक भूमि विवाद में तीन व्यक्ति मारे गए । मृतकों के नाम परगट सिंह, गुरदीप सिंह और गुरनाम सिंह हैं । इस सिलसिले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है । तरनतारन पुलिस ने इस हत्या कांड के सम्बन्ध में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । पुलिस चीफ संजीव गुप्ता ने कहा कि इन लोगों की हत्या भूमि विवाद में तेज धार हथियारों से की गई । उन्होंने कहा कि इस हत्या कांड में आतंकवादी संलिप्त नहीं हैं ।

बैंक लूट लिया : अमृतसर में लारेंस रोड पर स्थित बैंक आफ महाराष्ट्र की शाखा से अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने लगभग 65 हजार रुपए नकद तथा 44 प्राइवेट लाकरों में से लाखों रुपए मूल्य की वस्तुएं तथा आभूषण लूट लिए ।

डी.एस.पी. मित्तल के अनुसार लुटेरे कल बैंक में दाखिल हुए तथा कई घंटे तक अन्दर रहे । वे स्ट्रांग रूम, प्राइवेट लाकरों तथा हथियार रखने वाले बाक्स को खोलने के लिए गैस के दो सिलेंडर अंदर ले गए । दोनों गैस सिलेंडर स्ट्रांग रूम के बाहर पाए गए ।

पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि लुटेरे निकटवर्ती गुरु नानक हाकी स्टेडियम की दीवार पर चढ़कर पीछे की ओर से बैंक में दाखिल हुए । बैंक मैनेजर पी.के. अग्रवाल ने बताया कि डकैती का पता आज सुबह चला जब कल की छुट्टी के बाद बैंक खुला । एक चपरासी स्ट्रांग रूम में गया जहां उसने एक सिलंडर पड़ा देखा । स्ट्रांग रूम में शनिवार को बैंक बंद होने के समय 65 हजार रुपए रखे गए थे । लुटेरों ने कुल 75 लाकर तोड़कर खोले । लाकरों के मालिकों को बुलाकर वास्तविक हानि का अनुमान लगाया जा रहा है । इसी बीच पुलिस ने बैंक को सील कर दिया है और जांच के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया है ।

इसी बीच अमृतसर के पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा ने इस बैंक डकैती में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार किया है क्योंकि बैंक के अन्दर से सिगरेट के टुकड़े बरामद हुए हैं ।

दो व्यक्तियों की हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव जांगला में 6-7 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने जनकराज (25) तथा दिलबाग (26) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आतंकवादियों ने इन दोनों को रात को इनके घरों से जबरदस्ती निकाल लिया तथा काफी दूर ले जाकर गोली मार दी ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्द राम ने बताया है कि अभी तक की जांच से पता चलता है कि निजी दुश्मनी के कारण किराए के हत्यारों से ये हत्याएं कराई गई हैं । हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है ।

मुकाबले के बाद 5 गिरफ्तार : श्री गोबिन्द राम ने बताया कि थाना सदर बटाला पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बास्केटबाल मैच के बाद बम विस्फोट : 26 मरे, 80 घायल

मनीला, 9 जनवरी : दक्षिणी फिलीपींस में बास्केटबाल के एक मैदान में दो बम फटने से 26 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 80 घायल हो गए । मृतकों में अधिकतर बच्चे हैं ।

अधिकारियों के हवाले से यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार बम फैंकने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । राजधानी से लगभग 850 कि.मी. दूर इस खेल मैदान में विस्फोट से कुछ समय पूर्व ही पुरस्कार वितरण समारोह हुआ था ।

अमृतसर के थाना सदर के गांव खैराबाद में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) मदन लाल और (2) उसके बेटे बिट्टू के शव । (3, 4) गांव जसरा में मारे गए दो बिजली कर्मचारियों के शव । (छाया : रवि भंडारी)

गांधी कैम्प फायरिंग बारे महत्वपूर्ण सुराग मिले

जालंधर, 9 जनवरी (डल्ल): परसों सायं स्थानीय अनाज मंडी के निकट की आबादी गांधी कैम्प के क्षेत्र में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जो घटना हुई थी, उस बारे में पुलिस

लंदन से 160 किलोमीटर दूर कैरवर्थ के पास गत रविवार को आपातक दुर्घटनाग्रस्त हुए 'ब्रिटिश मिडलैंड एयरवेज' के विमान बोइंग-737 के मलब काम में लगे लोग । इस दुर्घटना में कुल 126 में से 43 यात्री मारे गए

ब्रिटेन में एक और विमान 46 यात्री मरे, 80 घ

लंदन, 9 जनवरी (वार्ता, ह.स.): ब्रिटेन की मिडलैंड एयर लाइन का एक विमान कल मध्य इंगलैंड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया । विमान में सवार 126 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से कम से कम 46 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 80 से अधिक लोग घायल हो गए । उनमें से कई सख्त घायल हुए हैं । विमान के मलबे में कम से कम दो और शव तथा एक जिंदा व्यक्ति मौजूद होने का संकेत है ।

बोइंग-737 विमान सिर्फ 12 सप्ताह पुराना था । यह लंदन से उत्तरी आयरलैंड में बेलफास्ट की उड़ान पर था । नागर विमानन अधिकारियों ने बताया कि आपातकालीन रूप से उतरते समय यह विमान ईस्ट मिडलैंड हवाई अड्डे से करीब एक किलो मीटर की दूरी पर एक सड़क से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उड़ान के दौरान विमान के एक इंजन को आग लग गई जिसके कारण उसे मजबूरन उतरना पड़ा लेकिन उतरते समय विमान हवाई पट्टी से काफी पहले ही जमीन को छू गया और उसे आग लग गई ।

ब्रिटिश मिडलैंड के अध्यक्ष माइकल बिशप ने ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन टैलीविजन को बताया कि दुर्घटना की भयानकता को देखते हुए हताहतों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है । उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद बहुत से लोग जलते हुए विमान से दूर चले गए ।

पुलिस ने बताया कि यह विमान ब्रिटेन के प्रमुख उत्तर-दक्षिण मार्ग एम-1 पर आ गिरा । विमान के इंजन में हीथ्रो हवाई अड्डे से उड़ान के दस मिनट बाद आग लग गई । सरक आदेश दे दिया है ।

गत तीन सप्ताह के बड़ी विमान दुर्घटना है । दिसम्बर को तब हुई जब बोइंग-747 स्काटलैंड जिससे विमान में सवार स अन्य लोगों की मृत्यु हो

सहायक मुख्य कां पत्रकारों को बताया कि इस के मरने की आशंका है ल मलबे में फंसे पड़े हैं । यह कि ये लोग जीवित हैं या म कि कोई जरूरी नहीं कि स हों क्योंकि पुलिस ने खबर टकराया है, वहां कुछ क और उनमें कुछ व्यक्ति ह चालक और सहचालक ब

विमान कम्पनी के अ इस दर्घटना के पीछे किसी आशंका से इन्कार किया दुर्घटना तकनीकी खराबी

एक और विमान पेन-एम-747 विमान को हीथ्रो हवाई अड्डे पर आ जब उसके चालक ने निर्य विमान के हाइड्रालिक लैंडि हो गई है । विमान सुरक्षि

कम्युनिस्टों व मार्क्सियों में मतभेदों के कारण एकता सम्भ

नई दिल्ली, 9 जनवरी (जी.एस. चावला): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में एकता अभी एक दूर का सपना सा ही प्रतीत होती है, भले ही इन दोनों पार्टियों के नेताओं श्री

असम में मार्क्सवादी पा के विरुद्ध है, जबकि कम्युनि समर्थन करती है । इन दोन अल्पसंख्यकों तथा गैर

Punjab Sanata

आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त सविन्दर सिंह (कोट मजलस), सुखविन्दर सिंह सुक्खा (खानां चमारा), कश्मीर सिंह (पुरियां कलां) गुरदयाल सिंह भुल्लर (भुल्लर) तथा गुरदेव सिंह (बटाला) के रूप में हुई है । इनके कब्जे से दो एक नाली बंदकें, एक पिस्तौल, एक एच.ई. 36 हथगोला, 'डैटोनेटर' सहित काफी विस्फोटक सामग्री, दो छीने हुए स्कूटर पी.ए.ओ. 5669 व पी.सी.बी. 855, 15000 रुपए मूल्य का लूट का सामान तथा 8100 रुपए नगद बरामद किए हैं । ये सभी के.सी.एफ. से सम्बद्ध है तथा दर्जन के करीब घटनाओं में इन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

एक गिरफ्तार : फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने गांव काला अफगाना के सुखजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । इस पर आरोप है कि इसने गत 23 दिसम्बर को अपने ही गांव के बलजीत सिंह की, किराए के व्यक्तियों से हत्या कराई थी ।

11 शरणदाता गिरफ्तार : जिला पुलिस ने के.सी.एफ., के.एल.एफ. तथा बी.टी.एफ. के आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 11 शरणदाताओं बलविंदर सिंह, रूपिन्दर सिंह, जतिन्दर सिंह, हरविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, अमोलक सिंह, मंगल सिंह, आत्मा सिंह, गुरमीत सिंह, गुरमुख सिंह तथा बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है ।

हरूवाल में हत्या : गत रात पुलिस जिला बटाला के गांव हरूवाल में एक व्यक्ति निरंजन सिंह की हत्या कर दी गई ।

घायल की मौत : गत दिनों जिला पटियाला में आतंकवादियों के हाथों घायल एक व्यक्ति चरण सिंह की कल लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

लुधियाना पुलिस ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर की देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

प्रवक्ता का बयान : पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि कल लुधियाना के एक चौक में 'झगड़' रहे दो युवकों में से एक सी.आर.पी. के जवान की राइफल छीनने के प्रयास में मारा गया उसने बताया कि सी.आर.पी. की एक टुकड़ी वहां पहुंची तो उनमें से एक युवक भाग गया जबकि दूसरे को पकड़ लिया गया लेकिन उसने भी राइफल छीन कर भागने का प्रयास किया जिस पर जवानों ने गोली चला दी और वह मर गया । बाद में उसकी पहचान भूपेन्द्र सिंह के रूप में हुई । उसके आतंकवादी होने के मामले की जांच की जा रही है ।

दो लुटेरे गिरफ्तार : लुधियाना से प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस ने लुटेरों के गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10000 रुपए और एक चोरी का स्कूटर बरामद किया है । दोनों लुटेरों की देवेन्द्र सिंह और अमरपाल सिंह उर्फ पाली के रूप में शिनाख्त की गई है ।

पति-पत्नी की हत्या : फरीदकोट (जिला): गत रात यहां से 14 किलो मीटर दूर गांव साधूवाला में 4 आतंकवादियों ने बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की हत्या कर दी । यह दोनों हत्याएं 12 बोर की बंदूक से की गईं । हत्यारे फरार हो गए । जिला पुलिस चीफ ने बताया कि हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका । उन्होंने कहा कि जिला भर में गश्त तेज कर दी गई है ।

फिरोजपुर पुलिस ने एक व्यक्ति सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा सात कारतूस बरामद किए ।

खालिस्तानी नारे लगाने वाले 12 गिरफ्तार : कोटकपूरा (गर्ग): फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि गिद्दड़बाहा थाने के बुट्टर गांव से 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । ये खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे थे । उनके नाम इस प्रकार हैं : अंग्रेज सिंह, करनैल सिंह, मेघनाथ, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह, जसकरण सिंह, कौड़ सिंह, गुलाब सिंह, जरनैल सिंह, स्वर्ण सिंह, मलकीयत सिंह, फूला सिंह ।

बस जलाने की कोशिश : भटिंडा जिला में आज कुछ शरारतियों ने एक बस को जलाने का प्रयास किया लेकिन आग को शीघ्र ही बुझा दिया गया जिससे बस को कोई क्षति नहीं पहुंची । इसी जिला में कुछ शरारतियों ने एक बस पर पथराव करके इसके शीशे तोड़ डाले ।

3 का पुलिस रिमांड : समराला (भारद्वाज): इस उपमंडल के अन्तर्गत खमानों पुलिस ने गांव अमराला के दो व्यक्तियों के विरुद्ध आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में जबकि गांव थापलां (पटियाला) के एक व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज किया है । इन तीनों को आज स्थानीय ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट श्री जी.सी. बेदी की अदालत में पेश किया गया, जिनका माननीय जज ने 11 जनवरी तक पुलिस रिमांड दिया है ।

पोप जॉन पाल-II गत रविवार को वैटिकन स्थित 'हाल ऑफ बैनीडिक्शन्स' में एक भारतीय शिशु का नामकरण करते हुए । (पै.ट्र.)

पंजाब की गवर्नर इन कौंसिल की बैठक 11 को

चंडीगढ़, 9 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब गवर्नर इन कौंसिल की बैठक यहां 11 जनवरी को बुलाई गई है जिसमें तीसरे वेतनायोग के वेतनमान संशोधन बारे दिए गए सुझावों और उस सम्बन्ध में क्रियान्वयन समिति की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा । सम्भव है कि उस दिन प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के वेतन संशोधन बारे कोई अंतिम निर्णय लिया जाए ।

हिमाचल की इंका राजनीति

(पृष्ठ 3 का शेष)

और श्री वीरभद्र सिंह के मध्य कुछ कठोर शब्द जो सकने वाले कुछ पत्रों का आदान-प्रदान भी इस बात का परिचायक है कि दोनों इंका नेताओं के मध्य राजनीतिक खींचातानी में कोई विशेष कमी नहीं आई है और इनके आपसी मधुर सम्बन्ध केवल अखबारी बयानों तक ही सीमित हैं ।

20 सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

चंडीगढ़, 9 जनवरी : बीस सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में पंजाब को पूर्व स्थान को बनाए रखना है । राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने क्रियान्वयन विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की प्रगति का पुनर्वालोकन करते हुए, विभागों के मुखियों और प्रशासनिक सचिवों के प्रयत्नों की सराहना की, जिन्होंने अपना आठ मास का लक्ष्य (अप्रैल से दिसम्बर 1988) पूर्ण किया है । जो विभाग इस सम्बन्ध में पीछे रह गए हैं, उन्हें अपने वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु अपने प्रयत्नों को दोगुणा करना होगा ।

अंगोला से क्यूबा के सैनिकों की वापसी आज से

लुआण्डा, 9 जनवरी : कल से अंगोला से क्यूबा के सैनिकों की वापसी शुरू हो जाएगी । सैनिकों की वापसी को देखने के लिए दक्षिण अफ्रीका के पत्रकारों सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जन संचार माध्यमों के प्रतिनिधि यहां पहुंच चुके हैं ।

हाशमी की स्मृति में देश-भर में 'विरोध दिवस'

नई दिल्ली, 9 जनवरी (वार्ता): पूरे देश में आज राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं और बुद्धिजीवियों ने जाने-माने रंगकर्मी एवं समाज सेवी सफदर हाशमी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय विरोध दिवस में हिस्सा लिया । श्री हाशमी द्वारा संस्थापित जन नाट्य मंच ने यहां उच्चतम न्यायालय के समक्ष 'हल्ला बोल' नाटक पेश किया ।

सी.पी.डब्ल्यू.डी. अमृतसर

कोटेशन आमंत्रण सूचना

एग्जैक्टिव इंजीनियर, बी.एफ.आर. डिवीजन, सी.पी.डब्ल्यू.डी., 2/1, रामतीर्थ रोड, अमृतसर (पंजाब) द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस., रेलवे, पी.एंड टी. और पंजाब पी.डब्ल्यू.डी. के स्वीकृत और योग्य ठेकेदारों से, निम्न रीचों के लिए, अजनाला सैक्टर में सीमा सुरक्षा बाड़ के बकाया कार्य की पूर्ति के लिए, मोहरबंद आइटम रेट कोटेशनें आमंत्रित हैं :

	(अनुमानित लम्बाई)
1. डीपी नं. 65/4 से 65/10	

रोटरी क्लब जालन्धर के एक समारोह में संसद सदस्य श्री राजेंद्र सिंह स्पौरो ने पहलवान सुरेश सहगल को सम्मानित किया ।

कार्यकाल में वृद्धि

होशियारपुर, 9 जनवरी (अश्विनी): पंजाब सरकार ने राज्य बाल भलाई बोर्ड की मियाद में 25 अगस्त 89 तक वृद्धि कर दी है ।

मनोनयन

लुधियाना, 9 जनवरी (महिन्द्रा): दया नंद अस्पताल के चिकित्सक श्री एल.डी. नारंग को 'अमरीकन साईकैटरिक एसोसिएशन' का फैलो मनोनीत किया गया है ।

बैलगाड़ी चालक मैटाडोर के नीचे कुचला गया

होशियारपुर, 9 जनवरी (अश्विनी): टांडा के पास एक बैलगाड़ी चालक अमर सिंह की बैलगाड़ी से एक मैटाडोर की टक्कर होने से अमर सिंह की मृत्यु होने का समाचार मिला है । टांडा पुलिस ने मैटाडोर चालक के विरुद्ध धारा 304(अ) के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

बलवंत सिंह खुल कर सामने आए

(पृष्ठ 3 का शेष)

जालन्धर (हल्लन): अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री श्री बलवंत सिंह द्वारा श्री बरनाला पर अपना त्यागपत्र वापस न लेने के लिए दबाव डालने के दृष्टिगत, पार्टी के पूर्व विधायकों तथा एस.जी.पी.सी. के सदस्यों के हस्ताक्षर प्राप्त करने का अभियान शुरू किए जाने की सूचना मिली है ।

इस के बलवंत सिंह धड़े के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार श्री बलवंत सिंह कल यहां आए थे और आज वह अमृतसर गए हैं । कल उन्होंने लुधियाना में अकाली दल (त) के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी से भी भेंट की थी । सूत्रों ने बताया कि लुधियाना तथा जालन्धर में एक-दो को छोड़ कर सभी पार्टी विधायकों तथा एस.जी.पी.सी. सदस्यों ने उक्त आशय के ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जबकि ऐसे हस्ताक्षर कराने के लिए ही श्री बलवंत सिंह आज अमृतसर गए हैं ।

इन सूत्रों का दावा है कि श्री बलवंत सिंह उक्त ज्ञापन पर तीन दर्जन से अधिक विधायकों के हस्ताक्षर प्राप्त करने में सफल हो जाएंगे । उनके अनुसार गत दिन श्री तलवंडी के साथ भेंट के बाद श्री बलवंत सिंह ने हस्ताक्षर अभियान तेज करने का निर्णय किया है । यह भी सम्भावना है कि यदि यह हस्ताक्षर अभियान सफल रहा तो श्री बलवंत सिंह (ल) का दैलीगेट सम्मेलन बुलाने के पग उठाएंगे ।

सूत्रों ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य श्री बरनाला को इस बात के लिए प्रेरित व बाध्य करना है कि वह अकाल तख्त के जत्थेदार के सन्मुख जिस भावना से पेश हुए थे और जिस भावना से उन्होंने पेश होने से पूर्व प्रधान पद से त्यागपत्र दिया था, उसी भावना पर अडिग रहें, त्यागपत्र वापस न लें और अकाली दलों की एकता को बढ़ावा देने के लिए सहायक बनें ।

इस दौरान जिला जालन्धर शहरी जत्था के बलवंत सिंह समर्थक धड़े ने अपनी सरगर्मियां तेज कर दी हैं । इस सिलसिला में गत दिन श्री कुलदीप सिंह भाटिया जिन्हें इस गुट ने गत सप्ताह जत्था की मीटिंग बुला कर जत्था प्रधान श्री जगदीश सिंह को हटा कर कार्यकारी प्रधान बनाया था, की अध्यक्षता में गुट की बैठक गुरुद्वारा दीवान अस्थान में हुई जिसमें एक प्रस्ताव पारित कर श्री बरनाला से अपील की गई कि वह कुछ स्वार्थी और सरकारी एजैंटों के कहने पर दोबारा दल का प्रधान पद न सम्भालें बल्कि त्यागपत्र पर अडिग रह कर पंथक हितों के लिए पंजाबियों की भावनाओं के अनुरूप पंथक एकता की प्राप्ति के लिए जुटें ।

उक्त प्रस्ताव रिलीज करते हुए जत्था के महासचिव श्री निर्मल सिंह पोपली ने बताया कि प्रस्ताव में इस बात पर चिन्ता व्यक्त की गई है कि श्री बरनाला के प्रधान पद पर बने रहने के दौरान दल को पहले ही काफी क्षति पहुंच चुकी है और बहुत लोग दूर जा चुके हैं । साथ ही श्री बरनाला से आशा की गई है कि वह अब दल की शक्ति को तबाह न करें ।

प्रस्ताव में इस बात पर खेद व्यक्त किया गया है कि चंडीगढ़ के श्री करनैल सिंह डोड जैसे लोग जो अकाली उम्मीदवार के विरुद्ध चुनाव में खड़े हुए थे, आज पार्टी के वफादार और ठीक सोच वाले लोगों पर दोषारोपण कर रहे हैं । प्रस्ताव में उन्हें तथा श्री मनजीत सिंह सैरा को खुले शब्दों में सरकारी एजैंट करार दिया गया है जो कांग्रेस (इ) की शह पर अकाली एकता की कोशिशों को तारपीडो कर रहे हैं । प्रस्ताव में प्रश्न किया गया है कि यदि यह लोग

पंजाब सरकार पर स्व... से सौतेला व्यवहार ...

चंडीगढ़, 9 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एसोसिएशन ने राज्य सरकार पर स्वतंत्रता सेनानियों से सौतेला व्यवहार करने और उन्हें मिल रही सुविधाओं में कमी करने का आरोप लगाया है । गत दिवस यहां एसोसिएशन का जनरल इजलास श्री आनन्द लाल आहूजा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें कई प्रस्ताव पारित किए गए ।

एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों (पोते-पोतियां) के लिए सरकारी नौकरियों, स्कूलों, कालेजों और तकनीकी संस्थाओं में 2 प्रतिशत सीटें रिजर्व हैं । एसोसिएशन ने यह कोटा बढ़ा कर 5 प्रतिशत करने की मांग की । प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब सरकार ने यह कोटा बढ़ाने के स्थान पर कम करके एक प्रतिशत कर दिया है ।

एसोसिएशन ने मांग की है कि हाऊसिंग बोर्ड और इम्प्रूवमैंट ट्रस्टों में भी मकानों या प्लाटों का कोटा भी बढ़ाया जाए । एसोसिएशन महसूस करती है कि पंजाब सरकार के दिल में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कोई कदर-कीमत नहीं । एसोसिएशन की मांग है कि आरक्षण कोटा एक प्रतिशत से बढ़ा कर 5 प्रतिशत किया जाए । एसोसिएशन ने शिकवा किया कि स्वतंत्रता सेनानियों को सरकारी पैंशन महीना डेढ़ महीना देरी से मिलती है ।

एसोसिएशन ने पंजाब सरकार को चेतावनी दी कि यदि सरकार ने हर तीन मास के बाद नियमित

पूना (महाराष्ट्र) के वंदेमातरम् संगठन के वालंटियर श्री दत्तात्रेय जो हिन्द-सिख एकता पद-यात्रा में पंजाब आए थे, गत दिनों ब्यास नदी में बाढ़ के दौरान एक सिख को बचाते हुए शहीद हो गए थे । उनकी स्मृति में आयोजित एक समारोह में (1) श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आए से श्री जीवन सिंह उमरानंगल, डा. बलदेव प्रकाश, श्री सतपाल डांग, डा. बलदेव बावला और निहंग बाबा अजीत सिंह, (2) शहीद की आत्मा की शांति के लिए रामायण और गुरु ग्रंथ साहब का भोग डाला गया, (3) एकत्रित जनसमूह, (4) हिन्द समाचार पत्र समूह की ओर से सिलाई मशीनें, कम्बल आदि शहीद के परिवार को देते हुए श्री उमरानंगल, उन्होंने नकद राशि भी दी, (5) एस.डी.एम. बाबा बकाला श्री तेजा सिंह पंजाब सरकार की तरफ से 50 हजार रुपए का चैक देते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

दो दर्जन सुपरिंटैंडैंट पदोन्नत

होशियारपुर, 9 जनवरी (अश्विनी): राज्य सरकार ने पंजाब सचिवालय में तैनात दो दर्जन ग्रेड (II) सुपरिंटैंडैंटों को पदोन्नत करके राजपत्रित अधिकारी घोषित करते हुए पी.एस.एस. II अधिकारी बना दिया है ।

पदोन्नत किए गए अधिकारी हैं – सर्वश्री गुरदेव सिंह बैंस, जोगिन्द सिंह बाथ, बलदेव राज धवन, सतीश कुमार सूद, ओम प्रकाश भल्ला, नसीब चंद, बिहारी लाल, शरण चावला, भेजर सिंह, जय गोपाल प्रभाकर, हरदयाल सिंह सोढी, सतदेव सिंह, जगदीश सिंह नागी, हाकम सिंह, मंगल सिंह, नरेन्द्र लाल नरूला, प्रीतम सिंह, मोहिन्द्र प्रताप सिंह, दलबीर सिंह, सोहन लाल गर्ग, जागीर सिंह गिल, राम गोपाल सिंगला, श्रीमती प्रकाश कौर, श्रीमती गुरबख्श कौर तथा श्रीमती गुरचरण कौर साहनी ।

बाढ़ से प्रभावित गांवों में 15 लाख रु. बांटे जाएंगे

कपूरथला, 9 जनवरी (शर्मा): जिला कपूरथला में अब तक बाढ़ पीड़ितों की राहत पर 8 करोड़ 55 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं । जिला को सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिए शेष राशि भी मिली है । शेष मिले 20 लाख रुपयों में से 15

Punjabi Sarafan

आतंकवादियों द्वारा अमृतसर के गांव में 3 बिहारी श्रमिकों की हत्या

लुधियाना में बस को जलाने की कोशिश की : जालन्धर में बम मिला

जम्मू में दिन-दिहाड़े बैंक लूट लिया गया

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात आतंकवादियों ने 3 बिहारी श्रमिकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । लुधियाना में एक बस को जलाने की कोशिश की गई । जम्मू में दिन दिहाड़े एक बैंक लूट लिया गया । जालंधर में एक रेलवे पुल के निकट बम पड़ा मिला । फगवाड़ा में 5 खूंखार आतंकवादियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना नाकाम कर दी ।

इसी बीच पंजाब में सम्पर्क सड़कों पर आज पांचवें दिन भी बस सेवा स्थगित रही । पंजाब रोडवेज की अंतर्राज्यीय बस सेवा अभी तक स्थगित है जबकि हरियाणा रोडवेज की बसें पंजाब के क्षेत्र में नहीं आ रहीं ।

3 बिहारी मजदूरों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) यहां मिली एक सूचना के अनुसार थाना लोपोके के क्षेत्र में स्थित बैरोके में तीन बिहारी श्रमिकों जगदम अली, अख्तर अली और जमाल उल्ला की तीन आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्या कर दी तथा फ़रार हो गये । खबरों में बताया गया कि यह बिहारी मज़दूर पानी की टैंकी पर काम करने के लिए बुलाए गए थे । यह भी सूचना मिली है कि आतंकवादियों की ओर से ईंटों के भट्ठों पर काम करने वाले मज़दूरों तथा शैलरों में रहने वाले श्रमिकों को भी धमकियां दी गई हैं कि वे वहां से चले जाएं,अन्यथा उन्हें खत्म कर दिया जाएगा ।

ह.स. के अनुसार उक्त मज़दूरों की हत्या उस समय की गई,जब वे सो रहे थे । इस हत्याकांड का पता सुबह ही चला । आतंकवादियों ने एक पखवाड़ा पहले इसी गांव में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी थी ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरबार स्वर्ण सिंह ने बताया कि आज तड़के 6 बजे सुरक्षा बलों तथा पुलिस पार्टी ने गांव कोट रानी (फगवाड़ा) के निकट नहर के पुल पर नाकाबंदी के मध्य कुछ आतंकवादियों के साथ भिड़ंत के पश्चात पांच आतंकवादियों अमरजीत सिंह वासी कोठार, रछपाल सिंह वासी गालब कलां, हरिन्द्र सिंह उर्फ़ गुल्लू वासी फरवाला, सुखविन्द्र सिंह वासी जस्सोमाजरा तथा हिम्मत सिंह वासी जगतपुर जट्टां को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, साथ 50 कारामद तथा 15 चली हुई गोलियां, 2 मैगज़ीन ए.के. 47 के, एक राईफल 303 साथ 10 अनचली गोलियां तथा 5 चली हुई गोलियां, एक दोनाली 12 बोर नालियां कटी हुई बंदूक, 8 अनचले तथा 5 चले हुए कारतूस, 3 हथगोले एच.ई. 36, एक रिवाल्वर 455 बोर तथा 4 अनचली गोलियां व 3 चली हुई गोलियां बरामद की हैं । आतंकवादियों के इस ग्रुप का मुखिया दर्दात आतंकवादी तथा स्वयंभू एरिया कमांडर खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का परमजीत सिंह उर्फ़ गंडासा एक राईफल ए.के. 47 के साथ अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गया है ।

एस.एस.पी. सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दर्दात आतंकवादी परमजीत सिंह गंडासा स्वयंभू एरिया कमांडर के.एल.एफ. अपने साथियों के साथ फगवाड़ा में हिन्दुओं की हत्याएं करने, लूटमार करने तथा फिरौती प्राप्त करने के लिए धनी लोगों का अपहरण करने का कार्यक्रम बनाए हुए है । इसी सूचना के आधार पर आज तड़के नाकाबंदी फगवाड़ा के गांव कोटरानी नहर के पुल पर की गई । प्रातः 6 बजे कुछ व्यक्तियों को आते देख कर रुकने के लिए संकेत किया तो उन व्यक्तियों ने फ़ायरिंग आरम्भ कर दी तथा पुलिस ने जवाबी फ़ायरिंग की तो कुछ समय के पश्चात् उन व्यक्तियों ने शस्त्र फैंक कर हाथ खड़े कर दिये । प्राथमिक पूछताछ के पश्चात उन व्यक्तियों ने बताया कि उनके गिरोह ने गांव मेहली के कामरेड मलकीयत चंद की हत्या की थी । गांव ढड्डे खुर्द में नवम्बर 1988 को दो व्यक्तियों की हत्या की थी । गांव चहुआ के एक व्यक्ति से 12 बोर बंदूक दोनाली तथा 13 कारतूस छीने थे । इनसे पूछताछ जारी है ।

जम्मू में बैंक लूट लिया : जम्मू (सुन्चर): आज दिन दिहाड़े 2 सशस्त्र युवकों ने युनाइटिड बैंक आफ़ इंडिया की गांधी नगर शाखा से लगभग 63 हजार रुपए लूट लिये । कहा जाता है कि युवक प्रातः 11 बजे बैंक में दाखिल हुए तथा लूटा शुरू करने के लिए फ़ार्म देने की मांग की । कुछ ही मिनटों में उन्होंने पिस्तौल तथा छुरे निकाल लिये व कैशियर को नकदी उनके हवाले करने के लिए कहा । कैश को थैले में डाल कर लुटेरे बैंक का गेट बाहर से बंद करके फरार हो गये । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये तथा जांच शुरू कर दी ।

निहंग गिरफ्तार : कल रात जिला गुरदासपर में एक आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ़ निहंग को गिरफ्तार किया गया । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल मिला । यह आतंकवादी पहले भी ज़मानत पर रिहा था ।

तीन आतंकवादी जगदीश सिंह, हरी राम और सोहन सिंह क्रमशः बटाला, फरीदकोट और होशियारपर में गिरफ्तार कर लिये गये । उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल, एक 303 का पिस्तौल तथा एक 38 बोर का रिवाल्वर बरामद हुआ ।

बक्से और थैले से आतंक : जालन्धर (ह.स.): आज सायं दो स्थानों पर मिले एक बक्से और एक थैले से आतंक फैल गया । कुछ देर बाद थैले के मालिक ने वह वापस ले लिया । उसमें कुछ दवाइयां थीं । पुरानी रेलवे रोड पर इकहरी पुली के पास एक बंद बक्सा मिला, जो अभी तक पुलिस की निगरानी में है । पुलिस उसमें विस्फोटक होने की आशंका से विस्फोटक विशेषज्ञों की प्रतीक्षा कर रही है । थैला बस्ती शेख में एक आटा चक्की के पास पड़ा पाया गया । पुलिस उस क्षेत्र को घेरे हुए थी कि थैले के मालिक ने उस पर दावा जताया, जिस पर वह उसे दे दिया गया । इससे पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली । थैले के मालिक ने बताया कि उसके साइकल के कैरियर से थैला अचानक गिर गया था ।

पाबंदियां : फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर के जिलाधीश श्री राकेश सिंह ने जिले की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 50 मीटर के घेरे में सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक सभी गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी है जबकि नहरों के किनारों पर सायं 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक घूमने-फिरने पर रोक रहेगी । सशस्त्र प्रहरियों के बगैर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक बसें नहीं चलाई जा सकेंगी । शाहीद ऊधम सिंह चौक तथा रेलवे रोड ओवर ब्रिज पर सायं 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक भारी वाहन नहीं चल सकेंगे । सभी दुकानें शाम 7.45 पर बंद होंगी, जबकि कैमिस्ट, हलवाई, सब्ज़ियों की दुकानें, होटल, ढाबे और शराब के ठेके रात 9 बजे बंद होंगे । घातक हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी । हथियारों के डीलरों को निर्देश दिया गया है कि जिला मैजिस्ट्रेट का 'कोई आपत्ति नहीं' प्रमाण पत्र दिखाए जाने पर 10 से अधिक कारतूस किसी को न बेचे जाएं । मोटर साइकलों पर पीला रंग नहीं किया जा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मंड क्षेत्र का आतंक

मोगा, 10 जनवरी (सर्व.): मंड क्षेत्र का इतना आतंक व्याप्त है कि कोई भी उधर जाने को तैयार नहीं होता । लोग टैक्सी ड्राइवरों को 50 से 100 रुपए तक प्रति सवारी देने को तैयार हैं परन्तु मक्खू, दरुस्तारन और अमृतसर की ओर जाने से वे इंकार कर देते हैं । इससे उस ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उल्लेखनीय है कि मोगा से अमृतसर रूट पर पंजाब रोडवेज सहित सभी ट्रांस्पोर्ट कम्पनियों ने बस सेवा निलम्बित कर रखी है और यहां से बसें लुधियाना के रास्ते से अमृतसर जाती हैं ।

मान को ट्रक में बिठा कर नेपाल ले जाने वाला उग्रवादी व 3 अन्य गिरफ्तार

जयपुर, 10 जनवरी (ह.स.): राजस्थान के विशेष पुलिस दल ने आज एक खूंखार आतंकवादी सुदर्शन सिंह को पंजाब के फरीदकोट जिले में खाड़ियां गांव में छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया । उसके घर के आंगन में गढ्ढा खोद कर छिपाई गई 10 विदेशी राइफलें तथा 6280 कारतूस बरामद किए गए ।

यह जानकारी देते हुए राजस्थान के पुलिस महानिदेशक डा. ज्ञान प्रकाश ने आज यहां बताया कि अनूपगढ़ सैक्टर में हाल ही में गिरफ्तार दो आतंकवादियों ज्ञान सिंह तथा मस्सा सिंह को गिरफ्तार करने के बाद उनसे की गई पूछताछ के आधार पर उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर इस विशेष दल ने खाड़ियां गांव में सुखदर्शन सिंह के मकान पर छापा मार कर हथियार बरामद किए, जो पाकिस्तान से अमृतसर होते हुए भारत लाए गए थे । पूछताछ के दौरान पता चला कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह का वांछनीय आतंकवादी ज्ञान सिंह था, जो रंगानगर में पकड़ा गया था और इसी ने भूतपूर्व पुलिस महानिरीक्षक श्री एस.एस. मान को अपने ट्रक में बिठा कर नेपाल तक ले जाने का कार्य किया था । जनरल लाभ सिंह 19 राइफलें तथा काफी मात्रा में हथियार पाकिस्तान से लाया था और पंजाब में इनको छिपा दिया गया था । इनमें 9 राइफलें तो स्वयं ले गया और 10 राइफलें खाड़ियां गांव में छिपा दी थीं । पूछताछ के दौरान आतंकवादियों ने यह भी बताया कि ये राइफलें या तो लाभ सिंह को या उन सिंह को ही दी जाती थीं ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादी ज्ञान सिंह पंजाब के पटियाला जिले के राजपरा में हुई सामूहिक हत्याओं के मामले में गुरजंट सिंह के साथ शामिल था ।

पीलीभीत में 3 उग्रवादी गिरफ्तार : पीलीभीत (वार्ता) : पीलीभीत जिला पुलिस ने खालिस्तान टाईगर्स फोर्स और बब्बर खालसा उग्रवादी संगठनों से सम्बद्ध तीन कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर दीपावली से पूर्व पीलीभीत के निकट दी पुलिस कर्मियों की हत्या कर 7 राइफलें छीनने के मामले को हल करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख होशियार सिंह बलवारिया ने कल यहां सम्वाददाताओं को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक राइफल, दो बंदकें तथा बड़ी संख्या में कारतूसों के अलावा तथाकथित खालिस्तान राष्ट्र के नक्शे बरामद हुए हैं ।

श्री बलवारिया ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने पुरनपुर से 20 कि.मी. दूर अभयराजपुर (माधोपुर) के जंगल के पास स्थित एक फार्म पर छापा मार कर वहां छिपे कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार गिरफ्तार कथित आतंकवादियों के नाम गुरजंसिंह उर्फ गेजा, हरबेल सिंह उर्फ रवेल सिंह तथा सुख राज सिंह हैं । उन्होंने बताया कि गेजा और रवेल सिंह पंजाब के गुरदासपुर जिले के और सुखराज सिंह अमृतसर का निवासी है । श्री बलवारिया ने बताया कि दोनों सिपाहियों की हत्या तथा क्षेत्र की अनेक आतंकवादी घटनाओं में इनका हाथ था । गिरफ्तारी के समय तीनों कार्रवाई करने की योजना बना रहे थे । श्री बलवारिया के अनुसार सुख राज गत वर्ष दो अप्रैल को पंजाब से हारमोनियम में छिपा कर चीनी ए.के. 47 रायफलें लाया था । बाद में शाहजहांपुर पुलिस ने ये रायफलें बरामद कर ली थीं । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों से प्राप्त नक्शों में पीलीभीत को तथाकथित खालिस्तान राष्ट्र नगर के रूप में दर्शाया गया है । इसके अलावा दिल्ली को दशमेश नगर और दिल्ली के हवाई अड्डे को 'बेअंत हवाई अड्डा' नाम दिया गया है । गिरफ्तार आतंकवादियों से विस्तृत पूछताछ चल रही है ।

बम कांड के अभियुक्त की याचिका पर आज भी विचार होगा : नई दिल्ली (वार्ता): दुर्दात आतंकवादी अतिन्दरपाल सिंह के कथित सहयोगी रंजीत सिंह की जमानत की याचिका पर आज विशेष न्यायाधीश मोहम्मद शमीम की अदालत में करीब तीन घंटे तक सुनवाई हुई, जो कल भी जारी रहेगी । पूर्वी दिल्ली में बम विस्फोट की एक घटना के सिलसिले में रंजीत सिंह को करीब तीन महीने पहले गिरफ्तार किया गया था ।

कपूरथला जिला पुलिस तथा सुरक्षा बलों द्वारा फगवाड़ा के निकट गिरफ्तार कि
बरामद किए गए शस्त्रास्त्र आदि ।

स्टील की कीमतों में वृद्धि से लघु इका

जालन्धर, 10 जनवरी (ढल्ल): फैडरेशन आफ जालन्धर इंडीयरिंग एसोसिएशन्ज़ के महासचिव श्री चमन लाल जेहन ने आज यहां एक भेंट में सरकार द्वारा स्टील की कीमतों में वृद्धि किए जाने पर गहरा रोष एवं चिंता व्यक्त की है ।

श्री जेहन ने कहा कि बजट से पूर्व उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण कोयला, लोहा, ताम्बा, ज़िंक, निक्कल आदि कच्चे माल की कीमतें बढ़ाना सरकार का प्रतिवर्ष का खेल हो गया है जिससे इन वस्तुओं से तैयार माल महंगा और आम खपतकार की पहुंच से बाहर होता जा रहा है । विशेषकर निर्यात की जाने वाली औद्योगिक वस्तुएं विदेशी बाजारों में दूसरे देशों की वैसी वस्तुओं के मुकाबलों में महंगी होने के कारण टिक नहीं पा रहीं । श्री जेहन ने कहा कि गत सप्ताह कोयला की कीमतों में 30 रुपए प्रति टन की वृद्धि कर दी गई थी । अभी छोटे उद्योग उसका बोझ उठा पाने वाले थिल्ला में पड़े थे कि अब स्टील की कीमतें बढ़ा दी गई हैं । उन्होंने कहा कि इससे इंजीनियरिंग क्षेत्र की छोटी इकाइयां ठप्प हो जाएंगी ।

श्री जेहन ने कहा कि छोटे उद्योग स्टील, पिग आयरन आदि की कम सप्लाई से भी परेशान हैं जिसमें सेल की वितरण प्रणाली और भी वृद्धि कर देती है और उन्हें यह कच्चा माल बाजार से भारी दामों पर खरीदना पड़ता है जो मार्केट में आता सेल के ही द्वारा है ।

श्री जेहन ने केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाया है कि पंजाब के उद्योग पहले ही अतीव कठिन हालात में चल रहे हैं । इस पर कच्चे माल की कीमतों में लगातार वृद्धि उनकी कमर तोड़ने में लगी है । इन कारणों से कई छोटी इकाइयां ठप्प जैसी पड़ी हैं और अनेक का उत्पादन कम हो चुका है । उन्होंने मांग की कि स्टील, कोयला आदि की कीमतों में वृद्धि वापिस ली जाए या कम से कम पंजाब के उद्योगों को इस बारे राहत के उपाय किए जाएं, इनकी सप्लाई बढ़ाई सुधारी जाए ।

लुधियाना (नेप साइकल एंड पार्ट्स लुधियाना के प्रधान जनरल सैक्रेटरी श्री जे द्वारा लोहा व स्टील 12% की वृद्धि को उ हाए इसको वापिस लेने सभी इंजीनियरिंग सा जिसका बोझ आम आ

उन्होंने स्टील चेयरमैन से मांग की है स्टाक यार्डों को माल यार्डों में न भेजा जाए उन्होंने मांग की कि म प्लांट लगाया जाये आवश्यकता पूरी हो स्माल इंडस्ट्रीज एसो प्रकाश चोपड़ा ने कहा पहले प्रत्येक वर्ष की भा लोहा, स्टील की कीमतों क्योंकि इस वृद्धि से उद्योग और महंगाई भी बढ़ती है की है कि स्टील प्लांटों में पै

सिलाई मशीन एसोसिएशन के प्रधान श्री सिलाई मशीन इंडस्ट्रीज ए दलबीर सिंह ने भी कहा सरकार द्वारा की गई वृद्धि लगेगा और उद्योगपति झण जाएगा । चैम्बर आफ इं सचिव श्री पी.डी. शर्मा ने क बढ़ेगी ।

पंजाब के वित्तीय आयुक्त (गृह) श्री एस.एल. कपूर, गुरदासपुर में राज्य स्तरी
समारोह आयोजित करने के सम्बन्ध में मंगलवार को चंडीगढ़ में एक उच्च स
अध्यक्षता करते हुए ।

अकाली दल (लौं.) में उभर रही से एकता की सम्भावना धूमि

अमृतसर, 10 जनवरी (मनोहर) : अकाली पर्यवेक्षकों के अनुसार पंथक एकता की अब कोई किरण नज़र नहीं आती है,बल्कि पंथक एकता का मामला और भी गम्भीर होता जा रहा है । अकाली दल (लौंगोबाल) में उभर रही गुटबंदी तथा मतभेदों ने सभी को स्तब्ध कर दिया है । एकीकृत अकाली दल तथा लौंगोबाल अकाली दल के जिन नेताओं को पहले एकता की कुछ सम्भावना नज़र आ रही थी, अब वह धूमिल पड़ गई है । दरअसल लौंगोबाल अकाली दल के एक भूतपूर्व मंत्री ने ही श्री बरनाला के इस्तीफ़े की आड़ में एकता मार्ग में कांटे बिछा दिए हैं ।

पर्यवेक्षकों ने संकेत दिया है कि पंथक एकता के लिए कुछ दिन पहले एकीकृत अकाली दल के कार्यवाहक प्रधान जगदेव सिंह तलवंडी और श्री बरनाला में लगभग सभी कुछ तय हो गया था, यहां तक कि जिला जत्थेदारों तथा जत्थे के अन्य पदाधिकारियों के भी फैसले हो गए थे, मगर इस एकता में कथित रूप से लौंगोबाल अकाली दल के भूतपूर्व मंत्रियों बलवंत सिंह तथा प्रेम सिंह चंदभाजरा आदि को कोई खास अहमीयत नहीं मिली थी,लिहाज़ा उन्होंने पंथक एकता में कांटे बोने शुरू कर दिए हैं ।

श्री बरनाला और जत्थेदार तक एकता संबंधी वार्ता चली टोली अब श्री बरनाला के खुल तथा उन्होंने जो कथित दस्त किया है,उस संबंध में सिवाए विधायकों के उनके खेमे में कुछ कहा जाता है कि कल जब कल माजरा, तारा सिंह लायलपुरी, आदि एक अन्य भूतपूर्व मंत्री के नि तो वहां दस्तखत अभियान के माम हंगामा खड़ा हो गया तथा इस मंत्री से कोरा इन्कार कर दिया ।

अकाली दल के सूत्रों के अकाली दल के महासचिव मनज जत्थेदार तलवंडी की तरफ से ए सफल बनाने में ज़ोर लगा रहे हैं इस पत्रकार को बताया है कि एक अभी भी हैं और एकता कुछ सप्त सकती है । लेकिन बरनाला गु नेताओं ने यह स्पष्ट किया है कि धड़े को दबा कर नहीं बल्कि चाहिए ।

SALE WINTER From Wednesday 11.1.89

Grand Reduction on Woollen Hosiery

Girish Aarti

पंजाब समस्या का समाधान तमि विधानसभा चुनावों के बाद

नई दिल्ली, 10 जनवरी (चावला): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से भेंट के बाद सांसद श्री रघुनन्दन लाल भाटिया ने संकेत दिया कि तमिलनाड़ु में विधान सभा के बाद सरकार द्वारा पंजाब समस्या के

द्वारा पंजाब समस्या सहित सभी स हल करने के प्रयास किए जाने की पंजाब के राज्यपाल श्री एस.ए

बिहारी मजिस्ट्रेट की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

सकेगा । गुरुद्वारा और मंदिर प्रबंधक समितियों को धर्मस्थानों की रक्षा करने का निर्देश दिया गया है तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए ठीकरी पहरा लगाने को कहा गया है । उक्त सभी आदेश 28 फरवरी तक लागू रहेंगे ।

फरीदकोट से 'जिदल' के अनुसार आज यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव डुड्डी में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने मनजीत सिंह तथा मंदर सिंह के घर में घुस कर उनकी 12 बोर की दो बंदूकें छीन लीं तथा फरार हो गये । यह जानकारी पुलिस अधीक्षक श्री सतीश कुमार शर्मा ने दी है ।

जलालाबाद में अमीरखास में एक व्यक्ति महेंद्र सिंह से बिना लाइसैंस का पिस्तौल व 19 कारतूस बरामद किए गये ।

42 गिरफ्तार : मोहाली (नर्बदा): गत वर्ष जिला रोपड़ में 42 आतंकवादी तथा 12 आश्रयदाता गिरफ्तार किये गये । यह जानकारी रोपड़ के एस.एस.पी. ने देते हुए आज बताया कि वर्ष के दौरान विभिन्न किस्म की 10 राइफलें पकड़ी गईं । विभिन्न प्रकार के 312 कारतूस भी बरामद हुए ।

रोपड़ के जिलाधीश श्री कुंडल ने एक आदेश जारी करके जिला में जलूस निकालने, लाइसैंसशुदा हथियार लेकर चलने, 3.5 या अधिक हार्सपावर मोटर साइकल पर शाम 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोहरी सवारी करने, शाम 7 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक सरकारी या प्राइवेट बसें चलाने पर 31 मार्च तक पाबंदी लगा दी है ।

बस को आग लगा दी : लुधियाना (महिन्द्रा, नेपाल) आज यहां गिल रोड पर गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज के सामने आधी दर्जन युवकों ने पैप्स रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन की एक बस को आग लगा दी । बस की तीन-चार सीटें जल गईं ।

पुलिस ने बताया कि यह बस लुधियाना से नाभा जा रही थी जबकि दो युवक इस बस में बस अड्डा से ही सवार हो गए । तीन चार युवकों ने इशारा करके गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज के सामने बस को खड़ा कर लिया और सभी सवारियों को नीचे उतार दिया तथा बस को आग लगा दी । पुलिस के मौका पर पहुंचने से पहले ही यह युवक भाग गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और युवकों की तलाश शुरू है ।

रिमांड बढ़ा : फगवाड़ा (राकेश): गत दिवस स्थानीय पुलिस ने जिन 2 उग्रवादियों हरबंस लाल व बलविन्दर सिंह को गिरफ्तार किया था, का अदालत ने 2 दिन का और रिमांड दे दिया है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : मलिकपुर के पास कल एक मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस ने उनकी शिनाख्त कर ली है । वे हैं : जरनैल सिंह, दलजीत सिंह और सतनाम सिंह । उनके कब्जे से हथियार और गोली बारूद बरामद हुआ है ।

सूचना में कहा गया है कि जरनैल सिंह, सतनाम सिंह तथा दलजीत सिंह गत वर्ष नवम्बर में जिला लुधियाना में सरकारी बीज फार्म पर 19 लोगों की हत्या के संलिप्त थे ।

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पकड़े गये तीनों आतंकवादी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के झामके ग्रुप से संबंधित हैं । सीड फार्म पर श्रमिकों की हत्या में संलिप्त अन्य आतंकवादियों की भी पहचान कर ली गई है तथा वे सभी के.सी.एफ. (झामके ग्रुप) से ही संबंधित सूचीबद्ध आतंकवादी हैं । पुलिस अब सीड फार्म पर दिये हुए जघन्य हत्याकांड के अन्य अभियुक्तों की तलाश में है ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि लुधियाना पुलिस ने तीन अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक कर्म सिंह पर खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का भी आरोप लगाया गया है । अन्य दो के नाम हरजिंदर सिंह व भाग सिंह हैं ।

भरसक प्रयत्नों के बावजूद पुलिस इस डकैती का कोई सुराग नहीं लगा सकी । कहा जाता है कि जब लुटेरे बैंक में दाखिल हुए तो उस समय बैंक में केवल दो कर्मचारी थे । यह भी पता चला है कि जब बैंक डकैती हुई, उस समय राज्यपाल श्री जगमोहन घटनास्थल से कुछ सौ गज की दूरी पर एक पब्लिक स्कूल का शिलान्यास करने वाले थे । पुलिस ने खोजी कुत्ते भी मंगवाए परन्तु कोई सफलता न मिली ।

उत्तरी भारत कड़ी शीत की लपेट में
(पृष्ठ 3 का शेष)

मार्ग को साफ करने में अभी कुछ समय लगेगा ।

हिम स्खलन की आशंका : कुछ हिमाच्छादित क्षेत्रों में धूप निकलने से हिमस्खलन की आशंका उत्पन्न हो गई है । इन क्षेत्रों में लोगों को अपने घरों में ही रहने तथा इधर-उधर की यात्रा न करने की सलाह दी गई है । किन्नौर जिला तथा प्रदेश के अन्य जनजातीय क्षेत्र आज भी देश के अन्य भागों से कटे रहे ।

आज यद्यपि शिमला नगर व इसके आसपास के क्षेत्रों में धूप निकली लेकिन इससे कोई अधिक राहत अनुभव नहीं की गई । शिमला नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की सफाई के लिए मजदूरों को लगा रखा है ।

दम्पति की मौत : देरी से प्राप्त सूचना के अनुसार जिला के गांव भुक्कर में एक दम्पति की दम घुटने के कारण मौत हो गई । बताया गया है कि सर्दी के कारण यह पति-पत्नी रात को बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोये थे । प्रातः ये दोनों मृत पाए गए ।

चंडीगढ़ तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में भी आज इस मौसम का सर्वाधिक ठंडा दिन रहा । अधिकतम तापमान 16 डिग्री तथा न्यूनतम 6 डिग्री तक था ।

धूप चमकी : मैदानी क्षेत्रों में, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के निचले व मध्यवर्ती क्षेत्रों में एक सप्ताह के उपरांत धूप निकली । कुछ स्थानों पर कल भी धूप निकली थी ।

श्रीनगर तथा लेह में आज दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहे । ऊधमपुर, जम्मू, पठानकोट में प्रातः घना कोहरा छाया हुआ था । समस्त जम्मू-कश्मीर इस समय कड़ी सर्दी की जकड़ में है ।

आदमपुर में भी प्रातः घना कोहरा था । हलवाड़ा, चंडीगढ़, अम्बाला तथा सिरसा में प्रातः धुंध छाई हुई थी ।

स्पीति नदी जमी : इस बीच पता चला है कि लाहौल-स्पीति में स्पीति नदी अब 100 किलो मीटर तक जम गई है । पहले यह 75 किलो मीटर क्षेत्र तक ही जमी थी ।

अमृतसर सब से ठंडा : मैदानी क्षेत्रों में आज अमृतसर सब से ठंडा स्थान रहा । यहां आज प्रातः तापमान शून्य से 0.6 डिग्री नीचे तक चला गया था । पंजाब में पटियाला, हरियाणा में हिसार में तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे तथा अम्बाला में तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम था ।

शीत लहर रहेगी : मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तरी भारत में अगले 24 घंटों में आम तौर पर मौसम खुश्क रहेगा लेकिन वर्तमान शीत लहर से अभी तत्काल मुक्ति मिलने की सम्भावना नहीं है ।

दिल्ली से शिमला के लिए वायुदूत की विमान सेवा आज आरम्भ हो गई ।

राजीव जम्मू जाएंगे

श्रीनगर, 10 जनवरी (ह.स.): जम्मू-कश्मीर इंका के अध्यक्ष श्री जी.आर. कार ने आज यहां पार्टी वर्करों की रैली में बताया कि प्रदेश इंका के दो दिवसीय विशेष सम्मेलन को सम्बोधित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी फरवरी के प्रथम सप्ताह जम्मू का दौरा करेंगे ।

निदेशक मनोनीत

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने विद्युत एवं सिंचाई संयुक्त सचिव श्री डी.एस. जगपाल तथा श्री राम चन्द चीफ इंजीनियर 'लाईनिंग' को पंजाब राज्य ट्यूबवैल निगम के निदेशक मनोनीत किया है ।

संशोधन

6.1.89 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 9 पर प्रकाशित हीरा-पन्ना इन्सटैंट मासिक 18वें ड्रा के परिणाम में चौथा पुरस्कार में 307355 की बजाए 307335 पढ़ें ।

आज और हर रोज़
डाक्टर साहब जालन्धर खुद मिलते हैं
जगह-जगह घूम कर अपना कीमती समय और पैसा
बरबाद न करो

आयकर से छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली, 10 जनवरी (वार्ता): मजदूर संगठनों के नेताओं ने केंद्रीय वित्तमंत्री शंकर राव चव्हाण से अनुरोध किया है कि आयकर की परिधि में आने वाली न्यूनतम वार्षिक आय 18 हजार रुपए से बढ़ा कर तीस हजार रुपए कर दी जाए ।

वित्तमंत्री द्वारा बुलाई गई पहली बजट पूर्व बैठक में मजदूर नेताओं ने आज यहां कहा कि बोनस की न्यूनतम सीमा भी बढ़ा कर साढ़े बारह प्रतिशत कर दी जाए ।

मजदूर नेताओं ने महंगाई, औद्योगिक रुग्णता तथा बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अर्थ-व्यवस्था की इन बुराइयों पर अंकुश लगाना जरूरी है । उन्होंने सेवानिवृत्त तथा छंटनी के कारण बेरोजगार हुए कर्मचारियों के लिए एक विशेष कोष शुरू किए जाने का भी सुझाव दिया ।

चालू वर्ष में रबी फसल के रिकार्ड-उत्पादन का लक्ष्य

नई दिल्ली, 10 जनवरी (वार्ता): मानसून की बेहतर स्थिति और विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम की बदौलत वर्ष 1988 में देश में रिकार्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 9.555 करोड़ टन हुआ । आधिकारिक तौर पर की गई समीक्षा में बताया गया है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना की मध्यावधि समीक्षा के बाद यह विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम लागू किया गया । इसमें देश के 14 राज्यों के 169 चुने हुए जिलों में पांच प्रमुख खाद्यान्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ।

कम्प्यूटर आदमी की आवाज़ को भी समझेगा

नई दिल्ली, 10 जनवरी (वार्ता): सिर्फ़ैक्स नाम का कम्प्यूटर आदमी की आवाज़ में दिए आदेश मान सकता है । सबसे पहले इस कम्प्यूटर का उपयोग लड़ाकू जैट व बमवर्षक विमानों की शस्त्र प्रणाली में किया जाएगा ।

विमानों पर इस कम्प्यूटर की सफलता देखने के बाद ही इसका उपयोग इंजीनियरी उद्योग तथा विदेशी भाषाओं के अनुवाद के लिए किया जाएगा ।

बम की आशंका से सुप्रीमकोर्ट में हड़कंप

नई दिल्ली, 10 जनवरी : भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रघनंदन स्वरूप पाठक के न्यायालय में बम होने की सूचना के कारण आज उच्चतम न्यायालय में एक घंटे से भी अधिक समय तक हड़कंप मचा रहा । पुलिस और बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते ने उच्चतम न्यायालय के कोर्ट नम्बर एक की करीब घंटे भर व्यापक तलाशी ली । इस दस्ते को न्यायमूर्ति पाठक की कोर्ट में कहीं कोई बम नहीं मिला ।

नक्सलियों ने टैलीफोन एक्सचेंज व बस जलाई

हैदराबाद, 10 जनवरी (वार्ता): आंध्र प्रदेश में पिछली रात दो अलग-अलग वारदातों में पीपल्स वार ग्रुप के नक्सलवादियों ने एक टैलीफोन एक्सचेंज और आंध्र प्रदेश राज्य परिवहन निगम की एक बस में आग लगा दी ।

सवारियों से पैसे ले लिए मगर टिकट नहीं दिए

जालन्धर, 10 जनवरी (ढल्ल): कभी-कभी ऐसी घटना ध्यान में आती है जिससे आभास होने लगता है कि प्रशासन नामालूम कैसे चल रहा है, क्योंकि इसमें आपाधापी और मनमर्जी होती नजर आ रही है । ऐसी ही एक घटना का पता चला है जिसका संबंध गत शनिवार को सायं साढ़े चार बजे पंजाब रोडवेज की जालन्धर से नकोदर जाने वाली बस नं. पी.जे.जी-711 से है । बताया गया है कि इस बस में जिसके आगे करतारपुर-चंडीगढ़ का फट्टा लगा हुआ था, साढ़े चार बजे सायं यहां से चली । इसमें कुल 27 नकोदर की, 10 लाम्बड़ा की और 5 ताजपुर की सवारियां थीं । बस के ड्राइवर के साथ एक कंडक्टर था मगर वह खाम्बड़ा में उतर गया था । उसने सभी सवारियों से किराया के पैसे इकट्ठे किए और खाम्बड़ा में उतरने से पहले ही ड्राइवर को सौंप दिए मगर किसी सवारी को टिकट नहीं दिए गए ।

सवारियों ने ड्राइवर और पैसे इकट्ठे करने वाले के बीच वार्ता के दौरान यह शब्द जरूर सुने कि

बरनाला के खिलाफ बलवन्त सिंह के स्टैंड की आलोचना

अमृतसर, 10 जनवरी (ह.स.): श्री मरजीत सिंह बरनाला के विरुद्ध पंजाब के भूतपूर्व वित्त मंत्री श्री बलवन्त सिंह ने जो कथित स्टैंड लिया है, अकाली दल (लौंगोवाल) की भंग की जा चुकी युवा शाखा के एक धड़े ने आज उसकी आलोचना करते हुए श्री बरनाला के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है ।

आज यहां इस भंग हो चुकी शाखा के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक इसके भूतपूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अजय पाल सिंह मीरांकोट की अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला जत्थेदारों द्वारा श्री बरनाला का इस्तीफा अस्वीकार करने के फैसले का श्री बलवन्त सिंह व अन्य नेताओं द्वारा विरोध किए जाने की आलोचना की गई ।

श्री बरनाला को पुनः अध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए, मीटिंग ने श्री बरनाला से श्री बलवन्त सिंह व उनके सहयोगियों को पार्टी से तुरन्त निष्कासित करने की अपील की है । युवा शाखा के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा के इस बयान कि श्री बरनाला को यह शाखा भंग करने का कोई अधिकार नहीं था, को चुनौती देते हुए मीटिंग में कहा गया कि पार्टी अध्यक्ष को ऐसा करने का पूर्ण अधिकार था । मीटिंग ने श्री चंदमाजरा पर पार्टी कोष का दुरुपयोग करने तथा पार्टी विरोधी तत्वों के इशारे पर चलने का आरोप लगाया है ।

पट्टी के जिला जत्थेदार श्री हजारा सिंह जो मीटिंग में उपस्थित थे ने कहा है कि जत्थेदारों ने श्री बरनाला का इस्तीफा पार्टी के व्यापक हितों की खातिर अस्वीकार करने का निर्णय किया है । उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के भूतपूर्व राजस्व मंत्री श्री मेजर सिंह उबोके ने उन्हें धमकी दी थी कि वह 3 जनवरी को लौंगोवाल की मीटिंग से दूर रहें ।

'अपना उत्सव' पर भंगड़ा नहीं, मलवई गिद्दा डाला गया

बम्बई, 10 जनवरी (ह.स.): नार्थ ज़ोन कल्चरल सैंटर के संयुक्त निदेशक श्री भूपेंद्र सिंह दुआ ने इस समाचार का खंडन किया है कि श्रीमती गांधी के हत्यारों को जिस दिन फांसी दी गई, उससे अगले दिन पंजाब के नर्तक दल ने 'अपना उत्सव' पर विरोध-स्वरूप भंगड़ा डाला । प्रवक्ता ने कहा कि वह भंगड़ा नहीं, मलवई गिद्दा था, जिसका चयन फांसी देने की तिथि से बहुत पूर्व किया गया था ।

एक स्पष्टीकरण

अमृतसर, 10 जनवरी : पंजाब स्त्री सभा की महामंत्री श्रीमती बिमला डांग और अमृतसर स्त्री सभा की सचिव प्रकाश बेरका ने इस समाचार का खंडन किया है कि स्त्री सभा की प्रिज़िडियम की कुछ सदस्यों समेत 250 सदस्याएं सभा से त्यागपत्र देकर कांग्रेस में शामिल हो गई हैं । एक संयुक्त वक्तव्य में उन्होंने कहा कि समाचार में स्त्री सभा को एक कम्यूनिस्ट संगठन ज़ाहिर किया गया है जबकि वास्तव में वैसा नहीं है । उन्होंने कहा कि सी.पी.आई. की सिर्फ दो महिला सदस्यों ने पार्टी छोड़ी है क्योंकि पार्टी ने एक निजी झगड़े में उनके स्टैंड का समर्थन नहीं किया था ।

केहर सिंह की वस्तुएं उसके पुत्र को न लौटाई गईं

नई दिल्ली, 10 जनवरी (ह.स.): प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की साजिश के जुर्म में फांसी पर लटकाए गए केहर सिंह की निजी वस्तुएं उसके पुत्र राजिन्द्र सिंह को फिलहाल लौटाने से तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इन्कार कर दिया है । राजिन्दर सिंह ने आज बताया कि वह अपने पिता की वस्तुएं लेने तिहाड़ जेल गया था । जेल अधिकारियों ने केहर सिंह की वस्तुएं तत्काल वापस करने से इन्कार करते हुए उससे दो-तीन दिन बाद आने को कहा ।

अमृतसर में आंशिक हड़ताल

अमृतसर, 10 जनवरी (ह.स.): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन ने आज पांचवें दिन भी नगर के आंतरिक भागों में दुकानें बंद करने पर विवश कर दिया, फिर भी 50 प्रतिशत दुकानें खुली रहीं ।

दो पाक घुसपैठिए गिरफ्तार

जम्मू, 10 जनवरी (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल ने आज आर.एस. पुरा क्षेत्र में दो पाकिस्तानी नागरिकों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब उन्होंने सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में अभी प्रवेश किया ही था । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अब्दुल अजीज व रजवान अली के रूप में शिनाख्त किए गए इन पाकिस्तानियों के कब्जे से दो रिवाल्वर व 18 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

Punjab Sahib

हली फिल्म 'मैडम सुजात्स्का' के निर्देशक
जमी तथा अभिनेता नवीन के साथ बुधवार
को सम्बोधित करते हुए । (फोटो : पाना)

श्रीलंका से भारतीय
ी जाएगी : राजीव

न राज्य में न तो भ्रष्टाचार था और न ही
-भतीजावाद । हम इसी तरह का तमिलनाड
को देना चाहते हैं, जो निश्चित कार्यक्रमों और
तों के आधार पर विकास के रास्ते पर आगे बढ़
।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाड में पिछले कई
ने के अपने दौरों में उन्होंने लोगों से प्राप्त दस
र से ज्यादा आवेदन राज्य सरकार को दिए ।
यह साबित होता है कि पिछले कई साल से
ों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था ।
ने यह भी सिद्ध होता है कि काम करने वाली
कार क्या कुछ करके दिखा सकती है ।

राष्ट्रीय मोर्चा बनाम राष्ट्रीय अपमान : गांधी ने विपक्षी दलों के राष्ट्रीय मोर्चे (नैशनल
को राष्ट्रीय अपमान (नैशनल एफ्रंट) की संज्ञा
। द्रमुक इसी मोर्चे का एक सदस्य है ।

राष्ट्रीय मोर्चे के बारे में अपने विचारों का
ासा करते हुए श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा
ने समय उन्हें इस बात की खुशी हुई थी कि कम
कम देश में एक स्वस्थ विपक्ष बनने जा रहा है
न विपक्षी दलों ने मुझे बुरी तरह निराश
ा । इन दलों ने एक 70-सूत्री कार्यक्रम बनाया,
में विश्व भर की तमाम बातें शामिल कर दी
। नतीजा यह हुआ कि वे किसी एक मुद्दे पर
नी राय स्पष्ट नहीं कर सके । बाद में मुझे पता
कि राष्ट्रीय मोर्चे के हर घटक ने जितने सूत्र उन
को मिलाकर 70-सूत्र बना दिए गए ।
नमंत्री की इस टिप्पणी पर श्रोताओं ने हंसी के
के लगाए ।

इसी तरह एक अन्य उदाहरण पेश करते हुए श्री

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लन सम्पन्न : सरकारी
किए जाने की मांग

हा कि समाज में आज भी जादूगरों को सम्मान की
ष्ट से नहीं देखा जाता जादूगर एक अच्छा समाज
धारक सिद्ध हो सकता है । हमें भी सरकार से तथा
माज से मान व सम्मान की आवश्यकता है ।

गुरदासपुर के श्री किशोरी लाल ने बताया कि
माज को नौसरबाजों से सावधान करने वाला
ादूगर सदैव भूखा रहता है । स्कूलों, कालेजों में
ो करने वाले व्यक्ति को दो समय का भोजन नहीं
लता । सरकार को हमारी बिरादरी के लिए भी
छ कदम उठाने चाहिएं ताकि हम भी सरकार की
तियों का प्रचार अपने ढंग से कर सकें । हमें
रकार की ओर से आसान किस्तों पर ऋण भी
पलब्ध कराए जाएं ताकि हम भी यानी जादूगर
रादरी भी अपने पांवों पर स्वयं खड़ सकें ।

डा. हरबंस लाल जोशी ने जादूगर प्रतिनिधियों
अनुरोध किया कि 'जादूगर' शब्द पुराना हो गया
। क्योंकि अब 'जादू' 'जादू' न होकर हाथ की
फाई बन गया है । समय के साथ-साथ लोगों को
ाद पर विश्वास भी उठने लगा है । इनके लिए
ादूगर शब्द के स्थान पर कोई ऐसा नाम रखा जाए,
र्से समाज में प्रतिष्ठा की नजर से देखा जाए ।
सके अलावा जादूगर बिरादरी की मीटिंगें
मय-समय पर बुलाई जाएं और इसकी बेहतरी के
लए सोचा व कुछ किया जाए ।

स्वयंभू एरिया कमांडर काला सहित 2 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए

सरहिंद में तैरते रैस्टोरैंट में 8 लोगों, इंका नेता आत्मा राम की हत्या में संलिप्त थे

अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या : 14 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 11 जनवरी (वार्ता, ह.स.): गत रात भिडरांवाला टाइगर फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 2 आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि मजीठा पुलिस ने 'ए' और 'बी' श्रेणी के खूंखार आतंकवादियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया । अन्यत्र 5 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

दो उग्रवादी मारे गए : खन्ना (पूर्ण): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव जरगरी थाना पायल में पुलिस से मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए जो बगैर नम्बर के स्कूटर पर सवार होकर जा रहे थे । खबरों के अनुसार पुलिस ने रात को नाका लगा रखा था कि दो स्कूटर सवार आते दिखाई दिए जब उन्हें ललकारा गया तो वे गोलियां चलाने लगे । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । 15 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद दोनों उग्रवादी मारे गए ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस.गिल ने बताया कि मारे गए उग्रवादी तथाकथित भिडरांवाले टाइगर फोर्स से सम्बन्धित थे । उनकी शिनाख्त फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर परमजीत सिंह उर्फ काला तथा उसके साथी मलकीयत सिंह के रूप में हुई है । श्री गिल ने बताया कि परमजीत सिंह का वास्तविक नाम बलवन्त सिंह है तथा वह पंजाब पुलिस का भूतपूर्व कांस्टेबल है । श्री गिल के अनुसार वह भिडरांवाले टाइगर फोर्स का पटियाला, लुधियाना तथा राजपुरा क्षेत्र का 'कमांडर' था ।

लुधियाना के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि बलवन्त सिंह और मलकीयत सिंह इंका नेता श्री आत्मा राम आर्य, सरहिंद नहर में तैरते रैस्टोरेंट में आठ लोगों तथा लुधियाना में ताजपुर रोड पर चार लोगों की हत्या समेत अनेकों हत्याओं में संलिप्त थे । श्री सैनी ने बताया कि इनके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन, .455 बोर का एक रिवाल्वर, एक वैबले स्कॉट राइफल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस मिले ।

दो गिरफ्तार : गत रात थाना दोराहा के गांव इसमाइलपुर के पास नाकाबंदी में पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा । उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल व दूसरा 32 बोर का पिस्तौल मिला । एक का नाम कुलदीप सिंह उर्फ दीपा तथा दूसरे का नाम सतगुरु सिंह बताया जाता है । उनसे पूछताछ जारी है ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार बस्ती हैबोवाल में दो आतंकवादी स्कूटर पर एक पैट्रोल पम्प पर पहुंचे तथा पिस्तौल दिखा कर 18600 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

12 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.): गत दो दिनों में जंडियाला पुलिस ने जिन 12 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है उनमें बब्बर खालसा का स्वयं-भू एरिया कमांडर परमजीत सिंह जंडियाला और भिडरांवाला टाइगर फोर्स का खूंखार बलबीर सिंह भी शामिल है । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान ने आज एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि परमजीत सिंह 'ए' श्रेणी का आतंकवादी है जिसके सिर पर 30,000 रुपए इनाम था जबकि बलबीर सिंह के सिर पर 25,000 रुपए का इनाम था । वह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए ।

श्री मान ने कहा कि गिरफ्तार किए गए पांच आतंकवादी बब्बर खालसा से सम्बन्धित हैं जबकि जंडियाला के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़े गए सात अन्य आतंकवादी भिडरांवाला टाइगर फोर्स से सम्बन्धित हैं । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं : मनजिंदर सिंह, रणजीत सिंह, परमजीत सिंह, दया सिंह, सरूप सिंह, सच्चा सिंह, गेजा सिंह, गुरविंदर सिंह सरदूल सिंह तथा रवीन्द्र सिंह हैं । इन आतंकवादियों ने जंडियाला, लोपोके तथा अजनाला क्षेत्रों में 6 व्यक्तियों की हत्या, 5 को घायल करने, हथियार छीनने व डकैती की वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है ।

उनसे बरामद किए गए हथियारों में तीन .12 बोर की बंदूकें, एक .32 बोर का रिवाल्वर, एक .303 की राइफल, दो देसी पिस्तौल व बड़ी मात्रा में कारतूस शामिल हैं । पकड़े गए आतंकवादियों में मनजिंदर सिंह स्वर्गीय कांस्टेबल जसवन्त सिंह का लड़का है ।

किसान घायल : अमृतसर जिला के थाना सदर तरनतारन के अन्तर्गत गांव अलदिनपुर में एक किसान सज्जन सिंह को कुछ आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

उग्रवादियों के हमले से थानेदार घायल : आज रात्रि जिला अमृतसर में रमदास के निकट फतेहगढ़ चूड़ियां-रमदास सड़क पर पंजाब पुलिस का एक सब-इंस्पैक्टर तरसेम लाल उस समय घायल हो गया, जब उग्रवादियों के एक गिरोह ने पुलिस की एक गश्ती पार्टी पर हमला कर दिया । सब-इंस्पैक्टर को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उग्रवादी भाग निकले ।

हत्या : आज शाम अमृतसर जिले के थाना मजीठा के अंतर्गत गांव लुधड़ में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जोगेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने बताया कि जोगेंद्र सिंह अपने एक मित्र के साथ ट्रैक्टर पर बैठ कर अपने गांव जा रहा था । आतंकवादियों ने ट्रैक्टर को रोका और जोगेंद्र सिंह को नीचे उतार कर उस पर गोलियां बरसाईं जिससे वह मौका पर ही मर गया तथापि उसके मित्र रेवलसिंह को छोड़ दिया गया ।

4 की हत्या : फरीदकोट से 'जिदल' के अनुसार गत रात यहां से 13 किलोमीटर दूर थाना सदर फरीदकोट के गांव पक्खी कलां में 2 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर उसके मालिक जगत राम, उसकी पत्नी केसरी देवी तथा 2 लड़कियों की ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

3000 रुपए लूट लिए : खन्ना (सहगल): स्थानीय नई आबादी में जीत राम नामक एक व्यक्ति की चक्की में 3 स्कूटर सवार उग्रवादी आए और पिस्तौल की नोक पर 3000 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

न्यायिक रिमांड : समराला (भारद्वाज): स्थानीय जूडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री जी.सी. बेदी की अदालत ने खमानों पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हरमेल सिंह व कर्मसिंह (अमराला) तथा दर्शन सिंह निवासी थापला (पटियाला) का 25 जनवरी तक न्यायिक रिमांड देकर जेल भेज दिया है ।

अमृतसर के गांवों में राजीव की नहीं उग्रवादियों की सरकार चलती है : लोग 'टैक्स' देकर जी रहे हैं

अमृतसर, 11 जनवरी (डोगरा): अमृतसर जिला के गांवों में राजीव गांधी की नहीं, उग्रवादियों की सरकार चलती है । वहां लोग उग्रवादियों के रहम पर जी रहे हैं । भिखीविंड, झबाल, अजनाला, खालड़ा, पट्टी, तरनतारन का एक सर्वेक्षण करने के बाद पता चलता है कि इन क्षेत्रों में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है । लोग उग्रवादियों को 'टैक्स' (फिरौती) देकर जी रहे हैं ।

एक दुकानदार ने बताया कि हम उग्रवादियों के रहम पर जी रहे हैं । हमें कहते हैं कि सरकार को टैक्स देते हो तो हमें भी दो । लाखों रुपए असला खरीदने के लिए इकट्ठे किए जा चुके हैं । एक सिख व्यापारी ने बताया कि उग्रवादी उसके बेटे को ले गए । लगभग दो लाख रुपया में सौदा हुआ तो रुपया देकर अपने बेटे को वापस लेकर आया । लोगों ने अपने घरों को दो-दो गेट लगवा दिए हैं । उनका कहना है कि हमारे लिए भगवान भी नहीं रह गया । हम अपना काम बदलकर हरियाणा में गए थे, उधर भूख दिखाई दी । काम नहीं चल सका इसलिए वापस आ गए हैं । एक 65 वर्षीय व्यक्ति ने भरे स्वर में राजीव गांधी व भगवान से गिला करते हुए एक शेयर कहा :

इधर गोली, उधर भूख !
दर्दी सारे मर गए, किसे सुनाएं दुख !!

एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि हम अपनी जमीन भी नहीं बेच सकते । रात के आठ बजे के बाद सी.आर.पी. वाले भी चले जाते हैं । लोग उनके रहम पर ही जी रहे हैं ।

झबाल के चौंक में हिन्दू-सिख मिल कर रहते हैं । चौक में ढाबा व चाय की दुकानें हैं । केवल चार पुलिस वाले ही घटिया किस्म की बंदूकें लेकर बैठे थे । ऐसा दिखाई देता था कि शायद वे भी सहमे हुए अपनी ड्यूटी दे रहे थे । एक हिन्दू दुकानदार ने कहा उग्रवादी पैसा मांगते हैं, कहां से दें ? रोटी का गुजारा मुश्किल से चलता है । सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बारे में एक व्यक्ति ने बताया कि उग्रवादियों ने पुलिस थाना पर फायरिंग की परन्तु उस समय पुलिस बाहर नहीं निकली, जब उग्रवादी चले गए तो निर्दोष लोगों को पकड़कर पीटने लगे कि बताओ उग्रवादी कहां गए ।

अजनाला चौक में 8 या 10 पुलिस वाले बंदूकें लेकर खड़े थे । कभी-कभी सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी दिखाई दे देती थी । दरिया के किनारे एक सिख व्यक्ति ने बताया कि हम उग्रवादी, बाढ़ व सरकार से दुखी हैं । सरकार ने खराब फसलों का मुआविजा नहीं दिया । उग्रवादियों को फिरौती देनी पड़ती है । सरकार नाम की कोई चीज नहीं है । एक शैलर मालिक ने बताया कि बाढ़ आने के कारण 18 लाख रुपए का उसका नुक्सान हो गया । 10-10 फुट पानी इकट्ठा हो गया, धान बिल्कुल खराब हो गई, मजदूरों ने ट्रकों के ऊपर बैठकर दिन बिताए । सरकार के किसी व्यक्ति ने सहायता नहीं की । हम कुछ नहीं चाहते, हमारा आग का बीमा बाढ़ में बदल दें ताकि हमारा नुक्सान पूरा हो सके ।

तरनतारन, जंडियाला, पट्टी आदि में सभी जगह इसी प्रकार के हालात हैं ।

जनता को उम्मीद थी कि पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो के आने पर हालात ठीक हो जाएंगे, परन्तु कुछ भी ठीक नहीं हुआ । न तो कोई पाकिस्तान से उग्रवादी आया, न ही पाक सरकार ने कोई ऐसा कदम उठाया कि जिससे उग्रवाद पर प्रभाव पड़ सके । जानकार सूत्रों से पता चला है कि कुछ्यात उग्रवादी अभी पाकिस्तान में ही हैं ।

सोवियत सेना की वापसी स्थगित होगी

मास्को, 11 जनवरी (ए.पी.): सोवियत सैनिकों की अफगानिस्तान से वापसी कार्यक्रम को स्थगित किया जा सकता है या रोका जा सकता है । अफगानिस्तान में सोवियत दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी यूली एम. बोरल्योव ने कल यहां बताया कि इस बात की आशंका है कि सोवियत सेना की आगामी 15 फरवरी तक पूर्ण वापसी के निर्धारित कार्यक्रम पर ठीक प्रकार से अमल नहीं किया जा सके ।

तीस करोड़ का सोना पकड़ा गया

जामनगर, 11 जनवरी : पुलिस ने आज प्रातः यहां एक वैन से तीस करोड़ रुपए के मूल्य का सोना बरामद किया । पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

बरनाला का इस्तीफा नामंजूर होने से पैदा स्थिति पर विचारार्थ बलवंत ने बैठक बुलाई

चंडीगढ़, 11 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह ने अकाली दल (ल) से संबंध रखने वाले भूतपूर्व विधायकों और

सहमत है । हमने यह पग समान विचार धर्मी लोगों से विचार-विमर्श के बाद उठाया है । उन्होंने कहा कि कुल मिला कर 73 अकाली विधायक चुने गए थे

कि मैं 21 भूतपूर्व विधायकों की ओर से श्री बरनाला और उनके साथियों को पत्र लिख रहा हूं कि वह भी 15 जनवरी की बैठक में शामिल हों । उन्होंने दावा

Punjabi Sanatan

आतंकवादियों ने 4 भाइयों को फांसी पर लटका दिया : अन्य वारदातों में 8 की हत्या

2 स्थानों पर सुरक्षा बलों पर हमले, ए.एस.आई. घायल

2 उग्रवादियों के गोलियों से छलनी शव मिले

चंडीगढ़, 12 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादी हिंसा ने एक नया मोड़ ले लिया जबकि आतंकवादियों ने गरदासपुर जिले में एक गांव में एक सरपंच व उसके तीन भाइयों को फांसी पर लटका दिया । अन्य वारदातों में 8 निर्दोषों की हत्या कर दी गई, जबकि 2 आतंकवादियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किये गये । एक ए.एस.आई. सहित 4 व्यक्ति घायल हुए । अमृतसर जिला में 9, फिरोज़पुर में 4 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये ।

देहरीवाल में हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के गांव देहरीवाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम बलविन्दर सिंह उर्फ़ बागा बताया जाता है ।

ए.एस.आई. घायल : अमृतसर के मोहन भंडारी गांव में सुरक्षा बलों के गश्ती दल पर आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे ए.एस.आई. तरसेम लाल घायल हो गया । उसे गम्भीर दशा में अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन ने आज शाम एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि वैरोवाल पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 9 ऐसे आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जो कि लोगों में विषैला प्रचार कर रहे थे, सरकारी सम्पत्ति को जलाने में संलिप्त थे तथा धमकी भरे पत्र भेज कर धन ऐंठते थे । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पांच व्यक्तियों को धमका कर एक लाख रुपए से अधिक धन लूटा । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं : रत्न सिंह, प्यारा सिंह, तरसेम सिंह, बलदेव सिंह, मंगल सिंह (सभी खडूर साहब निवासी), फतेह सिंह, अमरजीत सिंह, बलदेव सिंह तथा लक्खा सिंह ।

पति-पत्नी घायल : पटियाला (भूषण, ह.स.): गत रात जिला पटियाला के थाना मूलेपुर के गांव तंधा में आतंकवादियों ने एक किसान साधा सिंह और उसकी पत्नी को गोलियां मार कर घायल कर दिया । हमलावर उनकी 12 बोर की बन्दूक, 10,000 रुपए नकद तथा सोने के आभूषण भी ले गए ।

घायल औरत की मृत्यु : अमरजीत कौर नामक स्त्री, जोकि कल जिला फरीदकोट के गांव बशोहदी में घायल हो गई थी, की रात को अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

नेपाली चौकीदार की हत्या : कल रात लुधियाना में अज्ञात व्यक्तियों ने एक नेपाली चौकीदार की हत्या कर दी । वह भारतीय विद्या मंदिर का कर्मचारी था ।

फिरोज़पुर पुलिस ने 4 आतंकवादियों जसवंत सिंह, गुरभान सिंह, बचन सिंह तथा हीरा सिंह को गिरफ्तार किया ।

7 निर्दोषों की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस ज़िला बटाला में आतंकवादियों ने अपनी हिंसक कार्रवाइयां जारी रखते हुए गत रात 7 बेगुनाह और मासूम लोगों की हत्या कर दी । अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग साढ़े 12 बजे थाना सदर बटाला के गांव बज्जियांवाली में करीब 16 आतंकवादियों ने सरपंच राम पाल, उसके भाइयों तरसेम लाल, धर्मपाल और सतपाल को उनके घरों से जगाया और इनके हाथ पीछे बांध कर, इनके गले में फंदे डाल कर एक बरगद के पेड़ से लटका कर गोलियां चला कर हत्या कर दी । ये चारों भाई वैरागी ब्राह्मण हैं । ये आतंकवादी चार-चार के ग्रुप में एक-एक के घर गए और उनके हाथ बांध कर बरगद के पेड़ के पास लाए ।

पुलिस व सीमा सुरक्षा बल ने इस संबंध में 35 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । सारा क्षेत्र सील करके घर-घर की तलाशी ली जा रही है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की कार्रवाई है । जाते-जाते आतंकवादी एक पर्चा फेंक कर गए हैं जिस पर लिखा है-फांसी का बदला फांसी । पुलिस को इस घटना का पता प्रातः 7 बजे लगा । लोगों में भारी आतंक है ।

प्रत्यक्षदर्शी का बयान : गुरदासपुर से 'वार्ता' ने खबर दी है कि सरपंच तथा उसके भाई सतपाल की लाशें एक ही फंदे में लटकी पाई गईं जबकि आतंकवादियों ने दो अन्य भाइयों धर्मपाल तथा तरसेम लाल को फांसी पर लटकाने के लिए अलग-अलग रस्से इस्तेमाल किए । सरपंच के जीवित बचे भाई प्रेम लाल ने गुरदासपुर में बताया कि उसने पीले 'पटके' बांधे तथा 'लोइयां' ओढ़े हुए चार आतंकवादियों के एक ग्रुप को आधी रात के लगभग आते हुए देखा । उन्होंने बैटरियों से क्षेत्र में प्रकाश कर रखा था । कुछ ही क्षणों में उसने आतंकवादियों को उसके भाई को बाहर ले जाते हुए देखा । उसके हाथ पीछे की ओर बंधे हुए थे । अपने भाई की हालत को देख कर उसने अपने अन्य भाइयों की खबर लेने की कोशिश की लेकिन उसने सतपाल और धर्मपाल को भी उनके हाथ पीछे बांधे हुए ले जाते हुए देखा । प्रेम लाल ने कहा कि उसका अनुमान है कि आतंकवादियों की संख्या आठ से दस थी तथा उनमें से आधे राइफलों से लैस थे परन्तु उन्होंने एक भी गोली नहीं चलाई । उसने कहा कि अपने भाइयों को आतंकवादियों द्वारा बाहर ले जाते हुए देख कर वह इतना भयभीत हो गया कि अपने अन्य भाई तरसेम लाल को चौकस भी न कर सका । उसने बताया कि वह सारी रात छुपा रहा तथा बाहर न निकला क्योंकि आतंकवादियों ने धमकियां दी थीं। उसने बताया कि दिन निकलने पर वह अपने भाइयों की खोज में गया तो उसने गांव से 50 मीटर दूर उनकी लाशें वृक्ष से लटकती देखीं ।

पुलिस को संदेह है कि इंदिरा गांधी हत्याकांड में सतवंत सिंह और केहर सिंह की फांसी का बदला लेने के लिए इन बेगुनाहों को फांसी पर लटकाया गया । चार व्यक्तियों को फांसी पर लटकाया जाना गत एक सप्ताह में बटाला पुलिस जिले में आतंकवादी हिंसा की दूसरी सबसे बड़ी घटना है । इसके पूर्व छः जनवरी को आतंकवादियों ने फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस थाने के बधोवाल गांव में दस हरिजनों को गोली का निशाना बना दिया था । इस प्रकार बटाला पुलिस जिले में एक हफ्ते में 21 व्यक्ति मारे जा चुके हैं ।

इसी प्रकार थाना डेरा बाबा नानक के गांव अठवाल में गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में ज़बरदस्ती घुस कर फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति फकीर सिंह, उसके बेटे कश्मीर सिंह तथा कश्मीर सिंह के साले अजायब सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि ये हत्याएं निजी दुश्मनी के कारण किराए के आतंकवादियों से करवाई गई हैं ।

शव आतंकवादियों के थे : गुरदासपुर से 'विनोद गुप्ता' ने खबर दी है कि धारीवाल में गोलियों से छलनी जो दो शव मिले हैं, वह पहचान लिए गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवगौड़ा को मनाने की कोशिशें

नई दिल्ली, 12 जनवरी (वार्ता): जनता-दल के महासचिव जार्ज फर्नांडीस तथा गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल ने कर्नाटक के असंतुष्ट नेता एच.डी. देवगौड़ा से आज प्रातः लम्बी बात की और उन्हें जनता दल में शामिल होने के लिए राजी करने का प्रयास किया । श्री देवगौड़ा से श्री फर्नांडीस तथा श्री पटेल की बातचीत श्री चंद्र शेखर के निवास स्थान पर हुई । श्री देवगौड़ा श्री चंद्र शेखर से मिलने आए थे, किन्तु आज दूसरे दिन भी उनकी बीमारी के कारण वह उनसे कोई राजनीतिक बातचीत नहीं कर सके ।

इस बीच श्री देवगौड़ा ने बताया कि जनता पार्टी में बने रहने के उनके निश्चय का उद्देश्य कर्नाटक की बोमई सरकार को अस्थिर करना नहीं है ।

चंद्रशेखर अस्वस्थ

नई दिल्ली, 12 जनवरी (वार्ता): जनता दल के नेता चन्द्रशेखर के स्वास्थ्य में सुधार आया है और आज उन्हें बुखार नहीं रहा । श्री चन्द्रशेखर मलेरिया बुखार के कारण पिछले कई दिनों से अस्वस्थ हैं । डाक्टरों ने उन्हें पूर्ण विश्राम की सलाह दी है ।

लुधियाना में डकैती की 5 घटनाएं : लुटेरे 4 लाख से अधिक की नकदी और आभूषण ले गए

लुधियाना, 12 जनवरी (मुसाफिर, धीमान): गत रात लुधियाना शहर के विभिन्न स्थानों पर डकैती की चार वारदातें होने के समाचार मिले हैं । टैगोर नगर में एक ही स्थान पर दयानन्द अस्पताल के दो डाक्टरों को लूट लिया गया । बताया जाता है कि एक डाक्टर नेत्र मल्होत्रा के घर लगभग 9 बजे 5 सशस्त्र व्यक्ति एक कार में आए । कार घर के बाहर आकर खड़ी कर दी गई । तीन व्यक्ति हाथों में पिस्तौल आदि लिए बाहर निकले और डाक्टर के घर में दाखिल हो गए । डाक्टर का मकान चौड़ी सड़क पर सिविल लाइन्स में पुलिस लाइन्स के पिछली तरफ स्थित है । डा. मल्होत्रा उस समय एक रोगी को देख रहे थे । डाकुओं ने डाक्टर को पकड़ा और उसे उसके बैडरूम की ओर ले गए । उसके मां-बाप, बच्चे और पत्नी को भी वहां इकट्ठा कर लिया गया और सभी को एक कमरे में बन्द कर दिया । फिर एक लम्बे कद के डाकू ने कहा कि यदि जिंदगी चाहते हो तो सब कुछ उनके हवाले कर दो । डाक्टर की पत्नी ने लगभग 10-12 हजार रुपए नकद और आभूषण उनके हवाले कर दिए । इसी बीच उनके साथी डाक्टर विनोद वहां आ गए जो ऊपर की मंजिल पर रहते हैं । डाकुओं ने उन्हें भी पकड़ लिया और कहा कि अब वह उन्हें अपने घर ले चलें । फिर लुटेरों ने डा. विनोद से भी सारी नकदी और आभूषण इकट्ठे कर लिए और बाहर निकल आए । जाती दफा उन्हें कहते गए कि अब दरवाजा खोल लो ।

इस घटना से सारे टैगोर नगर में सनसनी फैली हुई है । बताया जाता है कि लुटेरे लगभग सवा घंटा लूट का माल इकट्ठा करते रहे । इस दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों की कोई गश्ती पार्टी वहां नहीं आई । डाकुओं ने डा. मल्होत्रा का टैलीफोन काट कर उसकी बाहर की ट्यूब भी तोड़ डाली थी । लुटेरे डा. विनोद का लायसैंसी रिवाल्वर भी साथ ले गए । डाकुओं ने अपने चेहरों पर नकाब ओढ़ रखे थे । यह डकैती पश्चिमी देशों के ढंग की बताई जाती है । लुटेरे अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी के विशेषज्ञ बताए जाते हैं और प्रायः हिंदी और अंग्रेजी में बोलते थे ।

अगली घटना बसन्त गार्डन में हुई जहां लुटेरे एक व्यापारी के घर आए और पिस्तौल की नोक पर सभी नकदी तथा आभूषण लेकर फरार हो गए ।

चौथी घटना गोरेया दे कब्रिस्तान के निकट हुई, जहां लुटेरों ने एक चार्टर्ड अकाउंटैंट को अपना निशाना बनाया और उसके घर से सारी नकदी और जेवरात लूट कर फरार हो गए ।

पांचवीं और आखिरी घटना सराभा नगर के एच. ब्लाक में हुई । वहां भी डाकुओं ने एक व्यापारी के घर से नकदी, आभूषण और कीमती सामान लूटा । इन सभी वारदातों में लुटेरों ने नकदी और जेवर ही लूटे । एक अनुमान के अनुसार इन सभी घटनाओं में चार लाख रुपए से अधिक का नुक्सान बताया जाता है ।

इंका सांसद राजमंगल पांडे का सदन और पार्टी से इस्तीफा

रीगन की गोर्बाच्योव को शुभ-कामनाएं

भारत-पाक सीमा के पास स्थित अटारी रेलवे स्टेशन को 6.5 क में) (1) अटारी रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नम्बर एक अपने पुरान काऊंटर तथा कस्टम काऊंटर, (4) असिस्टैंट कलैक्टर कस्टम्स अट सामान की पड़ताल करते हुए ।

अटारी रेलवे स्टेशन भारत क

अमृतसर, 12 जनवरी (अशोक सोनी): अमृतसर की भारत-पाक सीमा पर स्थित अटारी रेलवे स्टेशन आगामी दो या तीन महीनों में भारत का सुन्दरतम रेलवे स्टेशन कहलाने लगेगा । भारत सरकार द्वारा इस स्टेशन की छवि निखारने तथा इसे आधुनिकतम स्टेशन बनाने एवं इसे सभी सुविधाओं से सम्पन्न करने के लिए इसके विकास पर साढ़े छः करोड़ खर्च किया जाएगा ।

श्री दीपक कृष्ण उपमुख्य अभियंता और श्री अरुण मलिक एक्स.पी.एन. जिनकी देखरेख में अटारी रेलवे स्टेशन को सुन्दर बनाने का कार्य चल रहा है, ने बताया कि यह योजना भारत के रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय का संयुक्त उद्यम है जिसे दरकोन (इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी) चीफ इंजीनियर उत्तर रेलवे तथा डिवीजनल रेलवे मैनेजर फिरोजपुर डिवीजन के निर्देशन में सम्पन्न करवा रही है । इन अधिकारियों ने बताया कि प्लेट फार्म नम्बर 2 और 3 जहां से पाकिस्तान को जाने वाली अथवा आने वाली गाड़ियां रुका करेंगी, की कुल लम्बाई 425 मीटर तक बढ़ाई गई है तथा सारा प्लेटफार्म 'ढका' हुआ है । प्लेट फार्म की चौड़ाई को 6.40 मीटर से बढ़ाकर 29 मीटर कर दिया गया है । स्टेशन का रूप संवारने का काम गत वर्ष मध्य जून में आरम्भ मध्य तक पूरा हो जाने

इन अधिकारियों सुविधा के दृष्टिगत प्लेट एवं आरामदायक कुर्सि गर्मियों में यात्रियों की सुवि

दाढ़ी मुंड

भटिंडा फरवरी, 1 नगरपालिका के चुनाव मतगणना स्थल पर दा

चुनाव अधिकारि उम्मीदवार को उप पहचान-पत्र जारी किए पहचान के लिए एक द जिसमें दाढ़ी नहीं थी । पहचानपत्र पुलिस को लगी फोटो और उम्मीद फर्क था । अपने आप लिए उम्मीदवार को कटवानी पड़ी । तभी भीतर जाने दिया गया



वीरवार को फगवाड़ा-बंगा सड़क पर पंजाब रोडवेज की एक बस तथा एक क टक्कर में दो यूथ कांग्रेस नेता मारे गए व 42 अन्य घायल हो गए । चित्र चकनाचूर कार व (2) उलटी पड़ी पंजाब रोडवेज की बस, (3, 4) वीरेंद्र शर्मा, (5 से 8) घायल व्यक्ति ।

फगवाड़ा के निकट बस-

भीषण भिड़ंत : 2 मरे 40

Punjabi Sanstan

1.1989

ी भी जंगल

सकता : रे

दोषों की हत्या की अनुमति
कार की हत्याओं की सभी
ों को निंदा करनी चाहिए ।
: उन्होंने सभी प्रशासनिक
हैं कि वे प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों
आकांक्षाओं व मांगों की पूर्ति
ध्यान दें । सचिवों से कहा
ों का निरंतर दौरा करें तथा
ी मौके पर ही हल करें ।

जिला शिकायत समितियों का
: सक्रिय किया जाएगा तथा
ाएगा ।

जगार मिलेगा : श्री रे ने
ने दो वर्षों में दो लाख लोगों को

ले को गधे पर बिठा
स निकाला गया

वरी : उन्मुक्त यौनाचार के
नीश द्वारा हाल ही में अपने को
र कहे जाने पर यहां के दलितों
य के लोगों ने बखेड़ा खड़ा कर
थान रिपब्लिकन पार्टी के करीब
ने आज एक गधे के साथ जलूस
नीश की निंदा करते हुए उन्हें
रने की मांग की गई । गधे पर
खा गया था । जलूस में शामिल
प्रदर्शनकारियों ने भगवान बुद्ध
आरोप में रजनीश को गिरफ्तार
हुए नारे लगाए । प्रदर्शनकारी
थे, जिसमें रजनीश को 'डान
तार' बताया गया । दलितों के
रजनीश ने पिछले मंगलवार को
न किया था कि उन्होंने नवबौद्धों
इस पहुंचाई है ।

जायरे से निष्कासित

12 जनवरी : जायरे ने आज
र्व डिक्टेटर इंदी अमीन को
ा । उन्हें तथा उनके बेटे को एक
सवार कर दिया गया ।

ों के ग्रेड घोषित
रने की मांग

12 जनवरी (ढल्ल): बोकशनल
न पंजाब की कार्यकारिणी ने पिछले
श्री सीतल सिंह की अध्यक्षता में हुई
ताव द्वारा राज्य सरकार से मांग की
ी ही अध्यापकों के ग्रेड घोषित करे,
क के सेवा नियम बनाए, वरिष्ठता
तरक्की के अवसर उपलब्ध कराए,
ों को रैगुलर करे तथा +2 कक्षा में
ेड ट्रेड्ज़ के कोर्स चालू करे ।
अध्यापक संघर्ष कमेटी द्वारा
कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देने का

का नागरिक
भनंदन आज

12 जनवरी : प्रख्यात पत्रकार
सरदार कर्म सिंह
मुसाफिर का 13
जनवरी को लुधियाना
के नागरिकों द्वारा
अभिनंदन किया जा
रहा है । इस समारोह
की अध्यक्षता पंजाब के
वित्तायुक्त गृह व लोक
सम्पर्क विभाग श्री

मुसाफिर

4 भाईयों को फांसी
(पृष्ठ 3 का शेष)

हैं । ये दोनों दो कख्यात उग्रवादियों के शव हैं जिनके नाम हैं सविन्दर सिंह और सरदूल सिंह । सविन्दर सिंह ढढवाह गांव का रहने वाला है जबकि सरदूल सिंह कलेर कलां का रहने वाला है । दोनों के शवों पर इतनी गोलियां लगी थीं कि पहचानना कठिन हो रहा था । एक की तो गर्दन ही उड़ गई थी । इन उग्रवादियों ने 'गातरे' पहन रखे थे ।

जिलाधीश के नए आदेश : नए आदेशानुसार बसें साढ़े 4 बजे के बाद नहीं चलेंगी, दुकानें और शराब के ठेके 5 बजे बंद हो जाएंगे जबकि ढाबे 8 बजे बंद होंगे । बच्चे नगरपालिका पार्क में प्रातः 6 से शाम के 7 बजे तक जा सकेंगे । सिनेमाघर, वीडिओ केंद्र सायं 5 बजे बंद हो जाएंगे । साढ़े तीन हार्स पावर के मोटर साइकल, स्कूटर और दूसरे वाहन सायं 7 से प्रातः 7 बजे तक बंद रहेंगे ।

'चोपड़ा' के अनुसार एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने थाना डेरा बाबा नानक के शिकार मच्छी गांव में लोकनिर्माण विभाग के एक जूनियर इंजीनियर संतोख सिंह के घर पर फ़ायरिंग की । संतोख सिंह ने अपनी लाइसैंस-शुदा बंदूक से आत्मरक्षा में फ़ायरिंग की तो आतंकवादी अंधेरे की आड़ में फ़रार हो गए । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया ।

धर्मसिंहवाला में हत्या जिला फिरोज़पुर के धर्म सिंह वाला गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । उसका नाम बलदेव सिंह बताया गया है ।

ड्राइवर घायल : फिरोज़पुर जिले में ही कल रात मक्खू के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर धावा बोला, जिससे पुलिस जीप का चालक राजा राम घायल हो गया ।

खरड़ (शशि): कल रात गांव हलालपुर में जगीर सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी 32 बोर की लाइसैंसी रिवाल्वर तथा 7 कारतूस छीन लिए ।

ए.के. 47 सहित युवक गिरफ्तार : जालन्धर (ढल्ल) : स्थानीय पुलिस डिवीजन नं. 4 ने कम्पनी बाग में सामान्य जांच के दौरान एक युवक जरनैल सिंह से तलाशी पर ए.के. 47 चीनी राईफल और उसके 15 कारतूस बरामद करके उसे गिरफ्तार कर लिया । वह पुलिस जिला बटाला के गांव बलजिन्द्र जीत सिंह के निवासी तारा सिंह का लड़का है, पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

होमगार्ड की पार्टी पर फायरिंग : गोराया (सीहरा): आज सायं लगभग साढ़े सात बजे स्थानीय थाने को वायरलेस मिली कि गोराया से तीन किलोमीटर दूर गांव संगढ़ेसियां में होमगार्ड की चौकी पर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जा रही है । इस पर गोराया की पुलिस पार्टी वहां पहुंच गई । पहले पुलिस को गलतफहमी हुई कि सरपंच के घर में चलाए जा रहे पटाखों की यह आवाज है लेकिन बाद में पता चला कि कुछ उग्रवादियों ने होमगार्ड की गश्ती पार्टी पर फायरिंग की । उग्रवादियों द्वारा ए.के. 47 राइफल के चार-पांच बर्स्ट मारे गए । जब गोराया पुलिस और सी.आर.पी. की टुकड़ी वहां पहुंची तो उसने जाकर 100-150 गोलियां चलाईं तथा संगढ़ेसियां के गुरुद्वारे और साथ लगते गन्ने के खेत को घेरे में ले लिया, जहां उग्रवादी छिपे होने की सम्भावना थी । गोराया के एस.एच.ओ. श्री राममूर्ति शर्मा ने बाद में बताया कि गुरुद्वारे के मार्ग पर एक मोड़ पर फायरिंग से दीवार गिर गई लेकिन अभी तक कोई उग्रवादी पकड़ा न जा सका ।

बिजली कर्मचारी सर्कल मुख्यालयों पर धरने देंगे

जालन्धर, 12 जनवरी (ढल्ल) : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड एम्पलाइज़ ज्वायंट एक्शन कमेटी ने उनकी मांगों पर विचार करने के लिए बोर्ड द्वारा बुलाई गई 11 जनवरी की बैठक में चेयरमैन के रवैये की कड़ी निन्दा की है, जिस कारण एक्शन कमेटी के सदस्यों को उसे बैठक से वाकआऊट करना पड़ा था । एक्शन कमेटी के सचिव श्री डी.एल. सहगल द्वारा आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि चेयरमैन के उक्त रवैये के दृष्टिगत कल ही

गाड़ी बहाल

बटाला, 12 जनवरी (ह.स.): उत्तरी रेलवे के फिरोजपुर मण्डल ने अमृतसर व पठानकोट के बीच यात्री घाड़ी 5-ए.बी.पी. 15 जनवरी से बहाल करने का फैसला किया है । यह गाड़ी गत सितम्बर माह में निलम्बित की गई थी । इस बारे जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेलवे ने अमृतसर-पठानकोट तथा अमृतसर-कादियां के बीच चलने वाली कुछ गाड़ियों के समय को 15 जनवरी से पुनः निर्धारित करने का फैसला किया है । 3 ए.बी.पी. गाड़ी अमृतसर से प्रातः 6 बजे चलेगी व 9.40 बजे पठानकोट पहुंचेगी तथा रावी एक्सप्रैस अमृतसर से 9.10 बजे प्रातः चलेगी व 11.25 बजे पठानकोट पहुंचेगी । इसके अलावा 3-ए.बी.पी., 5-ए.बी.पी., 2-ए.बी.पी. तथा 2-ए.बी. गाड़ियों के समय भी पुनः निर्धारित किए गए हैं ।

कृष्णा को जला कर ससुराल वाले फरार

अमृतसर, 12 जनवरी (मनोहर) : अमृतसर में एक और शादीशुदा औरत अपने दहेज लोभी ससुराल वालों की शिकार हुई है । कृष्णा रानी को उसके पति सुरिन्द्र कुमार उर्फ शिन्दा तथा ससुराल वालों ने बेरहमी से पीट-पीट कर बाद में आग लगा दी और घर से भाग गए । कृष्णा रानी बंद कमरे में जख्मों से सिसकती रही । घर में उसके आसपास उसके चार नन्हें-मुन्ने बच्चे भी मम्मी-मम्मी करते रहे मगर कृष्णा रानी कुछ पलों में ही दम तोड़ गई । पुलिस थाना सदर के इन्स्पैक्टर श्री बराड़ के अनुसार इस संबंध में 304 बी, 306 के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है ।

एफ.आई.आर. के अनुसार कृष्णा देवी को उसके ससुराल वाले दहेज कम लाने तथा कई मांगों को लेकर प्रतिदिन यातनाएं देते थे । कृष्णा का पति शिंदा शराब के नशे में रोज कृष्णा रानी को कसाइयों की तरह पीटता था । पुलिस के अनुसार कृष्णा के मायके लुधियाना में हैं और अगले महीने कृष्णा की छोटी बहन की शादी थी और उसके लिए जो दहेज बनाया गया था, उसको लेकर कृष्णा के ससुराल वालों ने और बावेला खड़ा कर दिया कि जो कृष्ण को नहीं दिया था वह उसकी बहन को दहेज में क्यों दिया जा रहा है । कृष्णा के दो भाइयों ने कृष्णा के ससुराल वालों के आगे हाथ बांध कर प्रार्थनाएं की थीं कि वह कृष्णा को मारपीट मत करें मगर ससुराल वाले कृष्णा को धोबी के कपड़ों की तरह पीटते रहते तथा यातनाएं देते रहे । परसों उन्होंने कृष्णा की पिटाई के बाद उसे मिट्टी के तेल से जला दिया । जिसके साथ कृष्णा की जीवन लीला खत्म हो गई और चारों बच्चों के सिर से मां की ममता का साया उठ गया । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है ।

अमरीकी शटल यान 28 फरवरी को छोड़ा जाएगा

कप कैनवेरल, 12 जनवरी (डी.पी.ए.) : अमरीकी शटल यान डिस्कवरी 28 फरवरी को स्थानीय समय के अनुसार सवेरे साढ़े आठ बजे छोड़ा जाएगा । यह जानकारी यहां 'नासा' ने दी । पांच दिन की उड़ान के दौरान इसमें सवार पांच अंतरिक्ष यात्री एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में छोड़ेंगे ।

पंजाब राज्यपाल परिषद् की आज फिर बैठक

चंडीगढ़ ,12 जनवरी (वि.प्र.): कल 13 जनवरी को राज्यपाल परिषद् पंजाब की पुनः बैठक बुलाई गई है जिसमें तीसरे वेतनायोग की सिफारिशों को लागू करने बारे क्रियान्वयन समिति की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा । राज्य के मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा के अनुसार कल की बैठक में इस बारे विचार-विमर्श पूर्ण नहीं हो सका था । कल की बैठक में इसी एक विषय पर विचार होगा ।

यात्री गाड़ियों के समय में परिवर्तन की मांग

फगवाड़ा, 12 जनवरी (कौड़ा): दैनिक यात्री संघ के गुरमीत सिंह, ओम प्रकाश व नजीर अहमद ने रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि यात्री गाड़ियों के

वाइव क्लब अमृतसर शाखा ने शहीद परिवार फंड के वितरण समारोह में 37 कम्बल हिन्द
समाचार पत्र समूह की डायरैक्टर श्रीमती सुदर्शन चोपड़ा को भेंट किये । चित्र में सर्वश्री रवि
शर्मा, नरेश अरोड़ा, मुकेश गुप्ता, संदीप शर्मा व अन्य श्रीमती सुदर्शन चोपड़ा को कम्बल भेंट
करते हुए । (छाया : जैमिनी)

जनता दल के संसदीय बोर्ड के नेता वीरवार को नई दिल्ली में एक बैठक के दौरा
विचार-विमर्श करते हुए । दाईं ओर से दूसरे स्थान पर, बोर्ड के चेयरमैन श्री देवी लाल बै
दिखाई दे रहे हैं । (छाया : पी.टी.

जनता पार्टी, लोकदल, जनमोर्चा क
अब कोई अस्तित्व नहीं : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 12 जनवरी (ह.स.): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि जनता पार्टी, लोकदल और जनमोर्चा को मिला कर नए एकीकृत दल जनता दल का गठन हो चुका है, इसलिए वह अब इन तीनों दलों के अस्तित्व को नहीं मानता ।

श्री सिंह दल के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे । इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष श्री देवी लाल, दल के मुख्य महासचिव अजीत सिंह, श्री राम नरेश यादव, श्री यशवंत सिन्हा और श्री राम बिलास पासवान मौजूद थे । श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मो
जनता दल के अनुसार अब सात घटक दलों
बजाय सिर्फ पांच घटक दल रह गए हैं और वे
जनता दल, कांग्रेस (स), द्रमुक, तेलगु देशम
असम गण परिषद ।

जनता दल के मुख्य महासचिव अजीत सि
अनुसार, लगभग चार घंटे तक चली केंद्रीय सं
बोर्ड की आज की बैठक में श्री चन्द्र शेखर, श्री
दंडवते और श्री तुलसी सिंह को छोड़ कर बो
अन्य सभी सदस्य मौजूद थे । श्री चन्द्र शे
अस्वस्थता के कारण तथा श्री दंडवते विदेश में
के कारण बैठक में भाग नहीं ले सके । श्री विश्व
प्रताप सिंह ने बोर्ड की बैठक के फैसले से अ
कराते हुए कहा कि भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री श्री
कुमार गुजराल की अध्यक्षता में विदेश नीति स
का गठन किया गया है जो शीघ्र ही अपनी
देगी । समिति के अन्य सदैस्यों को एक-दो
भीतर मनोनीत कर दिया जाएगा । श्री सि
बताया कि बैठक में इस बात को लेकर सहम
कि जनता दल के गठन के बाद भी जो लोग
पार्टी, लोकदल और जनमोर्चा का अस्तित्व
रखना चाहते हैं, उनको दल मान्यता नहीं दे
उन लोगों के नाम जनता दल से काट दिए जा

श्री सिंह ने कहा कि बैठक में 18 म
दिल्ली में एक विशाल रैली आयोजित करने,
बोर्ड में एक रिक्त स्थान को भरने, दल के
सचिवालय में महिला को प्रतिनिधित्व देने
फैसला किया गया । इसके अलावा आचार्य
की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने
फैसला किया गया जो दल का अन्य गैर-राज
संगठनों से तालमेल बढ़ाने का काम करेगी

शाम के भाव–(12 जनवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 38, हिन्द मोटर 29, रिलायंस 137.25, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6395, चांदी सिक्के (प्रति सैकड़ा) 6775, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3200, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3320, मिल डिलिवरी : वनस्पति य.पी. (प्रति टीन) 332-336, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 333-340, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 160, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 160, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 148, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 107, पैंटड सिंड आयल (क्विंटल) 1635, गुड़ बायदा (40 किलो) मार्च 120.30, तेल बिनौला (10 किलो) 161, गणेश जीरा (क्विंटल) 3350-3375, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) 340 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 328, आंध्र सीमैंट 12, अपोलो टायर 75, एशियन होटल 49, डी.सी.एम. लि. 38, डी.सी.एम. टोयोटा 13.50, ईस्ट इंडिया होटल 57.50, एस्कार्ट्स 65, एस्सर शिपिंग 24, फ्रूट स्पैशलिटीज़ 167, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 79.50, गुजरात नर्मदा 56, एच.एम.एम. लि. 167, हीरो होंडा 32.50, हिन्द. एल्युमीनियम 166.50, हिन्द. लीवर 70.25, हिन्द मोटर 29, इंडियन रेयन 81.50, जे.के. इंड. 60.75, जे.के. सिंथैटिक 86, जगतजीत काटन 79, कैल्वीनेटर आफ इंडिया 132, लार्सन एंड टूब्रो 123, एल.एम.एल. लि. 13.25, मालवा काटन 80, मोदी रबड़ 95.50, आर.के. मिल्क मिल्ज़ 25.50, रिलायंस इंडस्ट्रीज 137.25, श्रीराम फाइबर्स 67.50, सदर्न पैट्रो 53, टैल्को 692, टिस्को 1141, वेम आर्गेनिक 157.25, अमृत वनास्पति 79, बम्बई टायर 44.50, आइशर ट्रैक्टर 56, आइशर मोटर 14, गोवट्ज इंडिया 62, हरियाणा पैट्रो 19, इस्पात प्रोफाइल्स 18.25, जे.टी.सी. 24.50, जामा आटो 19, मोदी सीमैंट 8.50, ओसवाल एग्रो फ्यूरेन 53.50 प्रकाश ट्यूब 31.50, रनवैक्सी लैब. 80.75, राजस्थान पैट्रो 14.50, समतल कलर 30.50, थापर एग्रो 22.75, तमिलनाड पैट्रो प्रोट 22, य.टी.आई. मास्टर शेयर 16.50, विक्रांत टायर 40, बोल्टेज लि. 500, इंडियन अल्यूमीनियम 51.50, टायटन वाच 24 रुपए ।

अमृतसर के गोपाल
की दुर्दशा

मध्य चीनी मिल स्थापित करने की मांग
ज्ञापन में कहा गया है कि जिला होशियारपु
चीनी मिल न होने के कारण जिला के कि
गन्ना बेचने में काफी परेशानी उठानी पड़

2 स्वयंभू एरिया कमांडरों सहित 5 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये

विशेष पुलिस अधिकारी के घर पर राकेटों से हमला : 2 घुसपैठिये भी मरे

पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 13 जनवरी (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 5 दर्जन आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए, जिनमें बज्जिया वाली गांव में चार व्यक्तियों को फांसी पर लटकाने वाले 3 आतंकवादी भी शामिल हैं । 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए जबकि 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक विशेष पुलिस अधिकारी के घर पर राकेटों से हमला किया गया जबकि एक आतंकवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया ।

3 आतंकवादी मारे गये : बटाला (फरीदकोट): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव चौधरीवाल के निकट गत रात तीन आतंकवादी मारे जाने की सूचना प्राप्त हुई है । आज यहां पत्रकारों को विवरण देते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस.गिल ने बताया कि इन तीनों मृत आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त अवतार सिंह गांव बोलेवाल थाना श्री हरगोबिंदपुर के रूप में हुई है । इन तीनों मृत आतंकवादियों के निकट से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफलें, एक बड़ा राकेट लांचर, 2 राकेट, एक बड़ी ट्रैप बम, एक .45 बोर का चीनी पिस्तौल व 3 सौ से अधिक चली-अनचली गोलियां व विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है । इस अवसर पर श्री गिल के साथ जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोविन्द राम, उप-अधीक्षक श्री अनिल कुमार शर्मा व एस.पी. अप्रेशनल श्री हरभजन सिंह भी थे ।

श्री गिल ने बताया कि गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. आतंकवादियों की खोजबीन व छापों के लिए जा रही थी कि गांव चौधरीवाल में नाहर के पुल के निकट कुछ आतंकवादियों ने पुलिस व बी.एस.एफ. की गाड़ियां उड़ाने के लिए बड़ी ट्रैप बम लगा रखा था । पुलिस की सतर्कता के कारण आतंकवादियों की मुठभेड़ पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ ही गई जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए जबकि उनके साथ रहे कुछ साथी अंधेरे में भागने में सफल हो गये । यह क्षेत्र आतंकवादियों का चरागाह कहलाता है ।

इन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी अवतार सिंह बोलेवाल खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था और लगभग 40 दर्जन हत्याओं में पुलिस को वांछित था । इसमें गत दिवस निकटवर्ती गांव बज्जिया वाली में 4 मासूम व बेगुनाह लोगों के फांसी पर लटका कर मारना, भोगपुर (जालंधर) के निकट 5 टैम्पों यात्रियों की हत्या, अहियापुर (होशियारपुर) के निकट 10 लोगों की हत्या व सुंदर चक्क (पठानकोट) के निकट 12 लोगों की हत्याएं प्रमुख हैं । इसके अलावा यह अन्य कई वारदातों में भी संलिप्त था । इसी गैंग ने गांव सुक्खा चिड़ा के निकट सुरक्षा बलों की गाड़ी उड़ाने के लिए 'माईन बम' भी लगाया था । उपरोक्त पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह राकेट लांचर व बड़ी ट्रैप बम पहली बार इस क्षेत्र में बरामद किये गये हैं । बड़ी ट्रैप बम के साथ लगी 80 फुट लम्बी तार भी प्रथम बार ही मिली है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अवतार सिंह खालिस्तान कमांडो फ्रोर्स के स्वयंभू चीफ सुखदेव सिंह शामके का निकट साथी था ।

इसी बीच खबरों में कहा गया है कि चार भाइयों को फांसी पर लटकाने में संलिप्त शेष आधा दर्जन आतंकवादियों की खोज के लिए जबरदस्त अभियान चल रहा है । गांव में जोगी जाति के लगभग तीस व्यक्तियों से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सघन पूछताछ कर रहे हैं ।

मां-बेटे की हत्या : अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला में गांव खालचिया आला ब्यास में गत रात दो आतंकवादी रात करीब सवा 11 बजे एक व्यक्ति स्वर्ण दास के घर पहुंचे तथा द्वार खटखटा कर कहा कि वह पुलिस के आदमी हैं तथा घर की तलाशी लेना चाहते हैं । बताया जाता है कि जैसे ही घर वालों ने द्वार खोला, आतंकवादियों ने घर के अंदर फायरिंग की जिससे एक महिला शीला देवी और उसका लड़का राकेश कुमार घटना स्थल पर ही मारे गये । इस घटना के संबंध में मिली एक अन्य सूचना के अनुसार राकेश कुमार ने द्वार खोलते ही आतंकवादियों को देख कर उन पर दरांती से प्रहार किया जिससे एक आतंकवादी बुरी तरह घायल हो गया । आतंकवादियों ने भागने से पहले मां-बेटे दोनों की हत्या कर दी । सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष के अनुसार गली में काफी दूर तक खून के धब्बे फैले देखे गये ।

खिहंरा की हत्या : पुलिस ने बताया है कि अमृतसर जिला के थाना कत्थूनंगल के अबदाल में गत रात 5-6 आतंकवादियों ने निहंगों के एक डेरे में घुस कर 4 निहंगों की पिटाई का तथा एक निहंग की गोली मार कर हत्या कर दी । मृत निहंग का नाम कश्मीर सिंह बताया जाता है । आतंकवादियों के हाथों पिटने वाले निहंगों के नाम प्रीतम सिंह, पुत्री सिंह, गुरदयाल सिंह व नाज़र सिंह बताये गये हैं । यह घटना रात लगभग साढ़े 10 बजे की है ।

राकेटों से हमला : गत रात मजीठा पुलिस जिला में छीना साहिबपुर में आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी हरदेव सिंह के घर पर राकेटों तथा आटोमैटिक हथियारों से फायरिंग की । उसने जवाबी फायरिंग की तथापि इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

दो आतंकवादी मारे गए : आज बाद दोपहर थाना जंडियाला के गांव रसूलपुर के बाहर एक ईंटों के भट्ठे पर सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फ्रोर्स के दो और आतंकवादी मारे गए तथा एक अन्य भाग निकला । आई.जी. पुलिस (सीमा रेंज) श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि यह मुठभेड़ सुरक्षा बलों को मिली इस सूचना के बाद हुई कि आतंकवादी गिरोह वहां छुपा हुआ है । मृत आतंकवादियों में एक खालिस्तान कमांडो फ्रोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर राम सिंह है । मुठभेड़ स्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल, एक .315 बोर राइफल व बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला । सुरक्षा बलों में भागे हुए आतंकवादी की खोज के लिए जबरदस्त कोशिशें शुरू कर दी हैं ।

2 घुसपैठिए मरे : गत रात भारत-पाक सीमा पर खेड़ा में रत्न खुर्द के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

आतंकवादी फरार : फरीदकोट से जिले के अनुसार आज यहां एक खतरनाक आतंकवादी सुखदेव सिंह गांव डेरीवाल थाना मेहता (अमृतसर) पुलिस हिरासत में से फरार होने में सफल हो गया । उसको मनक्ष बस हत्याकांड के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया गया था । प्राप्त विवरण के अनुसार फरीदकोट पुलिस के यह सिपाही बीमारी के इलाज के लिए गुरु गोबिन्द सिंह मैडीकल कालेज आए थे, जहां से वह गार्ड रूम फरार हो गया तथा भागते वक्त एक 303 की राइफल तथा तीस कारतूस भी ले गया ।

2 गिरफ्तार : गुरदासपुर (बिनोद): जिला पुलिस ने पहुंची जिला अमृतसर निवासी मनजीत सिंह तथा बटाला का थाना कोतवाली के निवासी राजेश सिंह को आतंकवादी गतिविधियों में आरोप में गिरफ्तार किया । उन्हें खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए गिरफ्तार किया गया ।

छुरा मार कर हत्या : गत रात गुरदासपुर नगर में दो हमलावरों ने एक युवक की छुरा मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आटा चक्की लूट ली : खन्ना (पूर्ण): गत रात 6½ बजे के लगभग तीन अज्ञात व्यक्ति एक स्कूटर पर जीत राय की आटा चक्की पर आये । एक व्यक्ति दरवाजे पर खड़ा हो गया, दूसरा स्कूटर पर बैठे रहा जबकि तीसरा अंदर गया और वहां बैठे सुधीर कुमार को पिस्तौल दिखा कर नकदी आदि उसके हवाले करने के लिए कहा । उसने कैश बाक्स से सारी नकदी, जो कि लगभग 3 हजार थी, निकाल कर उसे दे दी । जाते समय उसने सुधीर कुमार को धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचित किया तो परिणाम अच्छा न होगा । तीनों व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर भाग निकले । उनके जाने के बाद पुलिस को सूचित किया गया । पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई हाथ न आया । उल्लेखनीय बात यह है कि गत सप्ताह भी स्कूटर सवार जी.टी. रोड पर स्थित एक दुकान से 5 हजार रुपए लूट कर ले गये थे ।

4 गिरफ्तार : जलालाबाद की सूचना है कि एक पुलिस पार्टी ने जीवन सिंह जस्सी, गुरचरण सिंह चन्नी, बचन सिंह, हीरा सिंह को पाक सीमा के निकट गांव जोधा भैणी में गिरफ्तार किया । इन व्यक्तियों के पाक रेंजरों के साथ संबंध बताये जाते हैं । इनसे एक 38 बोर का पिस्तौल, 4 कारतूस, 5 फोटो बरामद हुए । इसके अलावा एक टैलीफोन डायरैक्टरी, एक आयातित कैमरा, कुछ पत्रिकाएं व समाचार पत्र भी बरामद किये गये ।

लड़की मरी : फरीदकोट जिले में कल रात गांव अजीतवाल में क्रास फायरिंग में एक लड़की की मृत्यु हो गई ।

फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी सुक्खा सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर छीना : मानसा (गर्ग): गत सायं लगभग साढ़े 6 बजे दो अज्ञात युवकों ने टी.बी. डीलर पवन कुमार से उसका स्कूटर नम्बर पी.सी.टी. 4059 छीन लिया ।

ठेका कर्मचारी की हत्या : जालंधर (हस): गत रात जिला जालंधर में थाना भोगपुर के अंतर्गत गांव धापूर के शराब के ठेके के एक कर्मचारी बूटा राम की आतंकवादियों ने गला घोंट कर हत्या कर दी तथा ठेके से 4,000 रुपए लूट लिये । आतंकवादियों ने पहले उसकी हत्या की तथा फिर उसका शव तौलिये से बांध कर पेड़ पर लटका दिया ।

कल रात जालंधर में एक उग्रवादी जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिससे एक चीनी असाल्ट राइफल तथा 15 कारतूस मिले ।

मुकाबले के बाद 5 उग्रवादी गिरफ्तार : पुलिस ने आज रात्रि फिल्लौर के निकट मुकाबले के बाद 7 दर्जन उग्रवादियों में से 5 को गिरफ्तार कर लिया, जो एक विशेष समुदाय के लोगों की हत्या करने का षड्यंत्र रच रहे थे । अभियुक्तों से शस्त्र और गोली-सिक्का भी बरामद

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बटाला के निकट चौधरीवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए एरिया कमांडर अवतार तथा (2, 3) दो अन्य आतंकवादियों के शव । (4) राकेट लांचर, राकेट व अन्य हथियार, (5) बड़ा राकेट लांचर, दो राकेट और दो बम व साथ लगी फ्यूज तार । आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारियों को खत्म करने के लिए इन हथियारों का प्रयोग करना था ।

जिला अमृतसर में आतंकवादियों की गोली से मारे गए (1) डेरीवाले गांव के जसविंदर सिंह, (2) गांव खालचियां के राकेश कुमार और (3) उसकी मां, (4) कत्थूनंगल गांव के कश्मीर सिंह के शव । (छाया : रवि भंडारी)

अकाली राजनीति में नया मोड़ : उ
अकाली दल (लौं.) के कार्यवाहक प्र

चंडीगढ़, 13 जनवरी (एन.एस. परवाना): 'पंथक एकता' के मामले में अकाली राजनीति ने आज उस समय एक नया मोड़ ले लिया जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सरजीत सिंह बरनाला ने जत्थेदार तोता सिंह को अकाली दल (लौं.) का कार्यवाहक प्रधान नियुक्त कर दिया और अन्य अकाली दलों से एकता वार्ता के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया । इस कमेटी में स्वयं श्री बरनाला, पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह तथा जत्थेदार तोता सिंह शामिल हैं ।

इससे स्पष्ट हो गया है कि श्री बरनाला ने पार्टी के अध्यक्ष पद से अपने त्यागपत्र बारे जिला जत्थेदारों के फैसले को अस्वीकार कर दिया है तथा अब वह पार्टी प्रधान नहीं रहे ।

स्पष्ट यह बात उल्लेखनीय है कि जत्थेदारों ने न केवल श्री बरनाला का त्यागपत्र अस्वीकार कर दिया बल्कि उन्हें यह अधिकार भी दिया था कि वह अकेले ही 'पंथक एकता' बारे अन्य अकाली धड़ों से बातचीत करें । इस आदेश के अनुसार श्री बरनाला ने एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी तथा भागोपुर जेल में नजरबंद सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगिन्दर सिंह मान से मुलाकात भी की थी ।

श्री बरनाला ने सभी अकाली कार्यकर्त्ताओं से अपील की है कि वे गलत बयानबाजी बंद कर दें क्योंकि इससे दल को काफी क्षति हो रही है । प्रैस को जारी बयान में श्री बरनाला ने कहा है कि जिला जत्थेदारों ने मेरा त्यागपत्र अस्वीकार करने का जो फैसला किया है उसे मैंने अभी तक स्वीकार नहीं किया है अतः अकाली दल (लौं.) का काम चलाने के लिए मैं जत्थेदार तोता सिंह को कार्यवाहक प्रधान नियुक्त कर रहा हूं । जिला जत्थेदारों ने 'पंथक एकता' बारे बातें करने का जो मुझे अधिकार दिया है उसी विधान में मैं तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर रहा हूं ।

यहां राजधानी के बरनाला की इस कार्रवा 'पंथक एकता' बारे बल गई है । यह गट शीघ्र रहा था । दो दिन पूर्व ही कि यह और उनके एकता' करना चाहते हैं उठाया जा सके जो जनता ने इका के खिलाफ काय

इस बीच पता चला कमेटी निकट भविष्य में साथियों तथा तलवंडी दूसरी तरफ आज ए महासचिव मनजीत सिंह ने इका के मध्य एक महत्व

राज्यपाल परि

चण्डीगढ़, 13 ज पंजाब राज्यपाल परिषद तीसरे बेलगामोन की ए सरकारी कमियों को दे समिति की रिपोर्ट पर वि दो दिन पर्व भी परिषद की मामले पर विचार अधूरा आज जो बैठक के बा बताया है कि सम्भवतः ना बारे आगामी सोमवार को जाएगी ।

मार्क्सी नेत

कलकत्ता, 13 जन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पा की दार्जिलिंग जिले के क आज शाम हत्या कर दी

खालिस्तान का सपना देखने वाले आ
ने पूरी सिख कौम को ज़लील किया है

मालेरकोटला, 13 जनवरी (आंजिज): पंजाब एटक कमेटी के प्रधान लाला सी.पी. आई. पंजाब के नेता श्री प्यारा सिंह दियोसी ने कहा है कि गोलियों से मसले हल नहीं हुआ करते, न ही बेगुनाहों के कत्लों से खालिस्तान बनेगा, बल्कि खालिस्तान का सपना देखने वाले आतंकवादियों ने पूरी सिख कौम को ज़लील किया है । कोई समय था कि सिखों को हर जगह इज्ज़त की नज़र से देखा जाता था, परन्तु आज पंजाब से बाहर सिखों की हालत दया योग्य है । श्री दियोसी गत दिवस मालेरकोटला में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड इम्प्लाईज फैडरेशन की ओर से की गई एक शहीदी कांफ्रैंस में भाषण दे रहे थे । उन्होंने कहा कि गुरुओं ने किसी जगह नहीं कहा कि सिख इतने बड़े देश की बजाय छोटे-से टुकड़े में रहें और न ही बेगुनाहों के कत्लों का हुक्म दिया है । इसलिए परा भारत सिखों का है । वे जहां चाहें रहें और जहां चाहें अपना व्यापार करें । पंजाब में कत्लों का सिलसिला जारी है । यहां तक कि औरतों, छोटे बच्चों तथा बूढ़ों को भी माफ़ नहीं किया जा रहा । इन कत्लों की आज्ञा उनको कौन-से गुरु ने दी है या इस प्रकार के कत्ल करना सिखी के कौन-से पन्ने में लिखा है ? हालांकि सिख धर्म एकता तथा आपसी प्यार बनाए रखने का आदेश देता है । जो लोग इस तरह के कत्ल करते हैं, वे सिख नहीं हो सकते, बल्कि वे सिखी के नाम पर एक धब्बा हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब के हालात गवर्नर या उनके सलाहकार श्री रिबैरो के काबू में नहीं हैं । जिसका खुला सबूत यह है कि जिस दिन गवर्नर या श्री रिबैरो का आतंकवाद बारे कोई बयान आता है, उसके तुरंत बाद आतंकवादी उस बयान का में देते हैं । श्री दियोसी ने आतंकवाद की खत्म कर कहती है कि सरकार आत कहती है, क्योंकि पुलिस बहत-से लोगों ने आतंकवा पंजाब का मसला सियासी है, परन्तु इसे धर्म का रंग दे है । यह ज़हर अकालियों सरकार पंजाब मसला के लि वह अपनी कुर्सी कायम र रही है । अगर का राजीव-लौंगोवाल समझौ हुआ ? श्री दियोसी ने क आंखों से ओझल नहीं क जैसी बड़ी ताकत भारत कोशिश में है तथा वह प आतंकवादियों को हथियार इस गलतफ़हमी में नहीं बेनज़ीर भुट्टो ने कह दिया है मदद नहीं करेंगी तथा आ भारत का साथ देंगी, अतः हो जाएगा । उन्होंने कहा फौजी हुक्मरानों का बोल कब तक चलेगी, इसका प बताएगा । श्री दियोसी ने एकता नहीं हो सकती क्यों पड़ गए हैं तथा इन कर्सियों को नीचा दिखा रहे हैं ।

10 जनवरी को सीरी फोर्ट नई दिल्ली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फि समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्रियां राखी और डिम्पल का

सात राजनीतिक दलों द्वारा दिल्ली में गठित अभियान समिति मात्र 'कागज़ी कार्रवाई' : देवी

चंडीगढ़, 13 जनवरी (ह.स., वि.प्र.) : हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल, जो जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जन-मोर्चा तथा लोकदल (ब) सहित सात राजनीतिक दलों द्वारा हाल ही में दिल्ली में गठित अभियान समिति को 'कागजी कार्रवाई' की संज्ञा दी है ।

आज यहां अपनी साप्ताहिक प्रैस कांफ्रैंस में उन्होंने कहा कि कुछ नेता श्री हेमवती नंदन बहुगुणा की चालों में फंस गए हैं । उन्होंने कहा कि माकपा और भाकपा के साथ चुनावी तालमेल के लिए जनता दल तैयार है । उन्होंने कहा कि लोकदल (ब), जनमोर्चा और जनता पार्टी ने बाकायदा बहुमत से स्वयं को विघटित कर जनता दल में शामिल होने का निर्णय लिया है । अतः ये दल अस्तित्वहीन हो गए हैं ।

उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस और लोकदल में भी बहुमत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते रहे हैं ।

श्री देवी लाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हरियाणा में जनता दल और भाजपा के सम्बन्धों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा और भविष्य में उनकी सरकार जनता दल और भाजपा गठबंधन वाली सरकार कहलायेगी ।

श्री राजमंगल पांडे के इका छोड़ कर जनता दल में आने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री देवी लाल ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल और सांसद हरद्वारी लाल जैसे अवसरवादी नेताओं को जनता दल में किसी कीमत पर शामिल नहीं किया जाएगा ।

मतदान की आयु 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष किए जाने के केंद्रीय विधेयक की पुष्टि के लिए हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए जाने के जनता दल के निर्देश के बारे में पूछे जाने पर श्री देवी पहुंचा है । उसके आने के बाद विशेष सत्र बुलाए जाने की व्यवस्था की जाएगी ।

उन्होंने कहा कि मार्क्सी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ने यही फैसला कर रखा है कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में इका के खिलाफ जनता दल से ही सीटों बारे तालमेल करेंगी ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव की अध्यक्षता में बना राष्ट्रीय मोर्चा अब पांच दलों पर आधारित है । जनता दल ने यह फैसला किया है कि वह राम धन वाले जन-मोर्चा तथा बहुगुणा वाले लोकदल को मान्यता नहीं देता है ।

श्री देवी लाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि जनता पार्टी के कुछ लोगों के विरोध के बावजूद चुनाव आयोग को जनता दल को जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह देने में कोई परेशानी नहीं होगी ।

ब्लैक मेलिंग : संघी के अनुसार श्री देवी लाल ने यह कह कर पत्रकारों में सनसनी पैदा कर दी कि उनको गत सप्ताह 'ब्लैक मेल' किया गया है ।

इस बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ब्लैक मेल वाले कांग्रेस (एस) की अम्बाला शाखा के पदाधिकारी थे । इतना कह कर उन्होंने इन पदाधिकारियों द्वारा गत सात जनवरी को उन्हें दिए ज्ञापन तथा बाद में जारी बयानों की फोटो प्रतियां पत्रकारों में वितरित कीं व कहा कि आप स्वयं ही देख लें कि 'ब्लैक मेलिंग' हुई है या नहीं ।

सतवंत व केहर के सामान बारे याचिका पर सुनवाई स्थगित

नई दिल्ली, 13 जनवरी (वार्ता): उच्चतम न्यायालय ने इंदिरा गांधी की हत्या के जुर्म में फांसी पर चढ़ाये जा चुके मुजरिमों सतवंत सिंह तथा केहर

Punjabi Bhawan

प्रयाग कुम्भ का पहला स
50 लाख श्रद्धालु संगम में

मेले के समाप्ति तक का

ाहित
रे गये
ठिये भी मरे
हत्या

दयों ने निहंगों के एक डेरे में
टाई का तथा एक निहंग की
दी । मृत निहंग का नाम
ता है । आतंकवादियों के
के नाम प्रीतम सिंह, पृथी
ाज़र सिंह बताये गये हैं ।
ाढ़े 10 बजे की है ।

: गत रात मजीठा पुलिस
र में आतंकवादियों ने एक
हरदेव सिंह के घर पर
थियारों से फ़ायरिंग की ।
ी तथापि इस फ़ायरिंग में

ारे गए : आज बाद
के गांव रसूलपुर के बाहर
क्षा बलों के साथ हुई एक
कमांडो फ़ोर्स के दो और
एक अन्य भाग निकला ।
रेंज) श्री सी. पाल सिंह ने
सुरक्षा बलों को मिली इस
तंकवादी गिरोह वहां छुपा
दियों में एक खालिस्तान
एरिया कमांडर राम सिंह
क चीनी असाल्ट राइफल,
फल व बड़ी मात्रा में
सुरक्षा बलों में भागे हुए
लिए ज़बरदस्त कोशिशें

: गत रात भारत-पाक
र्द के निकट बी.एस.एफ. के
तानी घुसपैठिए मारे गए ।
र : फरीदकोट से जिंदल
एक खतरनाक आतंकवादी
ल थाना मेहता (अमृतसर)
र होने में सफल हो गया ।
ण्ड के सम्बन्ध में गिरफ्तार
त विवरण के अनुसार
ह सिपाही उसको किसी
गुरु गोबिन्द सिंह मैडिकल
ह गत शाम फरार हो गया
03 की राइफल तथा बीस



बटाला के निकट चौधरीवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए (1) के.सी.एफ. के एरिया कमांडर अवतार तथा (2, 3) दो अन्य आतंकवादियों के शव । (4) मृतक आतंकवादियों से मिले राकेट लांचर, राकेट व अन्य हथियार, (5) बड़ा राकेट लांचर, राकेट और दो राकेट चार्जर, (6) बूबी ट्रैप बम व साथ लगी फ्यूज तार । आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारियों को खत्म करने के लिए इसे लगाया था । (छाया : कोछड़)

अकाली राजनीति में नया मोड़ : ज. तोता सिंह अकाली दल (लौं.) के कार्यवाहक प्रधान नियुक्त

चंडीगढ़, 13 जनवरी (एस.एस. परवाना): 'पंथक एकता' के मामले में अकाली राजनीति ने आज उस समय एक नया मोड़ ले लिया जब पंजाब के पूर्व मंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने जत्थेदार तोता सिंह को अकाली दल (लौं.) का कार्यवाहक प्रधान नियुक्त कर दिया और अन्य अकाली दलों से एकता वार्ता के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया । इस कमेटी में स्वयं श्री बरनाला, पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह तथा जत्थेदार तोता सिंह शामिल हैं ।

इससे स्पष्ट हो गया है कि श्री बरनाला ने पार्टी के अध्यक्ष पद से अपने त्यागपत्र बारे जिला जत्थेदारों के फैसले को अस्वीकार कर दिया है तथा अब वह पार्टी प्रधान नहीं रहे ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जत्थेदारों ने न केवल श्री बरनाला का त्यागपत्र अस्वीकार कर दिया था अपितु उन्हें यह अधिकार भी दिया था कि वह अकेले ही 'पंथक एकता' बारे अन्य अकाली धड़ों से वार्ता करें । इस आदेश के अनुसार श्री बरनाला ने एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी तथा भागलपुर जेल में नजरबंद सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगिन्दर सिंह मान से मुलाकात भी की थी ।

श्री बरनाला ने सभी अकाली कार्यकर्त्ताओं से अपील की है कि वे गलत बयानबाजी बंद कर दें क्योंकि इससे दल को काफी क्षति हो रही है । मैं इस को रहा हूं ।

यहां राजधानी के राजनीतिक प्रेक्षकों ने श्री बरनाला की इस कार्रवाई से यही अर्थ निकाला है कि 'पंथक एकता' बारे बलवंत सिंह गुट की बात मानी गई है । यह गुट शीघ्र 'एकता' कराने का प्रयास कर रहा था । दो दिन पूर्व ही श्री बलवंत सिंह ने कहा था कि वह और उनके साथी शीघ्रातिशीघ्र 'पंथक एकता' कराना चाहते हैं ताकि उस माहौल का लाभ उठाया जा सके जो जनता दल के नेता श्री वी.पी. सिंह ने इंका के खिलाफ कायम किया है ।

इस बीच पता चला है कि अब यह तीन सदस्यीय कमेटी निकट भविष्य में सिमरनजीत सिंह मान के साथियों तथा तलवंडी से 'एकता' वार्ता करेगी । दूसरी तरफ आज एकीकृत अकाली दल के महासचिव मनजीत सिंह कलकत्ता और श्री बलवंत सिंह के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक हुई ।

राज्यपाल परिषद की बैठक

चण्डीगढ़, 13 जनवरी (वि.प्र.): आज यहां पंजाब राज्यपाल परिषद की पुनः बैठक हुई जिसमें तीसरे वेतनायोग की सिफारिशों के आधार पर सरकारी कर्मियों को वेतन देने बारे क्रियान्वयन समिति की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श किया गया । दो दिन पूर्व भी परिषद की बैठक हुई थी पर उसमें इस मामले पर विचार अधूरा रह गया था ।

आज की बैठक के बाद एक सरकारी प्रवक्ता ने

जम्म
को
पुरानी म
आग

जम्मू, 13
व्यापक हिंसा
आगजनी की वा
बुला लिया गया
लगा दिया गया
मारने के आदेश
मंडी और परेड
दर्जन से अधिक
को तितर-बितर

6 मरे :
लोग मारे गए ।
चिब ने उपद्रवग्र
किया । अस्पता
से 7 की हालत

मुख्य सचि
स्थिति नियंत्रण

गड़बड़ उस
जन्म दिवस के
शोभा यात्रा में क
के फोटो उठाए ह
रहे थे । इस पर
की ।

प्राप्त सभा
पुरानी मंडी के
किया और कुछ
पर भी पथराव
अश्रुगैस के गोले

बाद दोपहर
धुआं ही धुआं
अनुमान के अनु
दिया गया, जि
शामिल हैं । 6C
क्षति का ठीक अन्
टैलीफोन सेवा
मंडी का ट्रांसफार्म
बहाल करने में

बताया गया
नारों पर आपत्ति
जिससे दुकानें बंद
हुआ । इसके बा
निकल आए और
भारी पैमाने पर

Punjab Sanatani

न के जवानों ने नाकाबंदी करके बढ़िया
ज़ार में मूल्य 75 करोड़ रुपए है ।
पांडेट, श्री बी.बी. अग्रवाल, सहायक
(छाया : नागपाल)

400वीं
में आयोजन

लमान पीर मीर महम्मद ने किया था ।
द हजरत मियां मीर के नाम से प्रख्यात
उन्होंने सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के
मंदिर का शिलान्यास किया था ।
मणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने अगले
जनवरी तक के लिए देशव्यापी कार्यक्रमों
ा तैयार की है । ये समारोह दिल्ली और
ऐतिहासिक स्थानों में आयोजित किए

धक कमेटी ने इस अवसर पर अपने
खपत्र 'गुरमत प्रकाश' का विशेष संस्करण
ी है । पंजाब और सिंध बैंक में एक खाता
गया है, जिसमें पूरे देश में श्रद्धालु मंदिर के

एरिया कमांडर मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

हुआ है । पुलिस ने कहा है कि सूचना मिलने पर भारी पुलिस फ़ोर्स सुरक्षा बलों के साथ गांव तेंग के बाहरी क्षेत्र में पहुंची । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को चुनौती दी, जिस पर उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा भी जबाबी फ़ायरिंग की गई और फ़ायरिंग 15 मिनट से अधिक समय तक जारी रही । बाद में इनमें से पांच उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया जबकि दो अन्य अंधेरे में भाग जाने में सफल रहे । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों की शिनाख्त कुलविन्दर सिंह उर्फ़ किदा निवासी चिंगली (थाना गढ़शंकर), बलजीत सिंह उर्फ़ बल्ली निवासी गांव ढक मजारा, कुलविन्दर सिंह उर्फ़ हैप्पी निवासी चक थाव, हरविन्दर सिंह निवासी गांव राजपुरा के रूप में की गई है । पुलिस ने एक ए.के. 47 चीनी एसाल्ट राइफल, एक 12 बोर की डबल बैरल बन्दूक, एक 455 बोर का रिवाल्वर और विभिन्न बोरों के बहुत से कारतूस इनके कब्ज़े से बरामद किए हैं । पुलिस ने घटनास्थल से कई खाली कारतूस भी बरामद किए हैं । पुलिस ने भाग गए उग्रवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक छानबीन शुरू कर दी है ।

बहार की अस्थियां आज फगवाड़ा पहुंचेंगी

फगवाड़ा, 13 जनवरी (अशोक): भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष स्वर्णसेम सिंह बहार, जिनकी गत दिवस उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, की अस्थियां कल फगवाड़ा में प्रातः 11 बजे भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय गांधी चौक स्थित कार्यालय पहुंचेंगी ।

बीदर में 6 छात्रों की मृत्यु बारे जांच पूर्ण

बीदर, 13 जनवरी (ह.स.): यहां गत सितम्बर में हुए दंगों में 6 छात्रों की हत्या के संबंध में जांच पूर्ण

गोली मारने का आदेश

(पृष्ठ 3 का शेष)

की कि वे शरारती लोगों के षड्यंत्र से सतर्क रहें

बच्चे नहीं मिल रहे : पांच घंटे तक शहर में पूर्ण रूप से अफरा-तफरी फैली रही । 9 बजे तक कई स्कूलों से बच्चे अपने घरों को नहीं जा सके और अभिभावक उनकी तलाश में बताया जाता है कि कर्फ्यू और बहुत स्थानों पर गड़बड़ के कारण कुछ बच्चे स्कूलों में ही छिप गए कुछ अध्यापकों को बताए बिना स्कूलों से चले गए कोई अधिकारी टैलीफोन पर भी उपलब्ध नहीं आज की वारदातों में मरने वालों की अफवाहों का खंडन या पुष्टि कर सके

जांच होगी: फारूक अब्दुल्ला ने राज्य के लोगों से खासकर जम्मू लोगों से शांति और सद्भाव कायम करने में देने की अपील की है । उन्होंने आज आकाशवाणी से प्रसारित अपने संदेश में लोगों की जानमाल की हिफाजत का आश्वासन तथा विभिन्न समुदायों के बीच शांति और भाई के प्रयास करने वाले तत्वों को चेतावनी दी ।

वेंगसरकर को 'क्षमा' मिली

बम्बई, 13 जनवरी (वार्ता): भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान दिलीप वेंगसरकर एक मैच टाइम्स आफ़ इंडिया शील्ड मैच के दौरान अम्पायर से दुर्व्यवहार करने के मामले में बेदाग छूट गया है बम्बई क्रिकेट एसोसिएशन ने इस मामले वेंगसरकार द्वारा मांगी गई माफ़ी को स्वीकार हुए उसे क्षमा कर दिया ।

ज्योतिषी पप्पी पंडित की देहांत

अमृतसर, 13 जनवरी : प्रसिद्ध राज ज्योतिषी पंडित शिव कुमार जेतली, जो पप्पी पंडित के नाम से भी विख्यात थे, का आज रात्रि यहां पौने 10 बजे देहांत हो गया । पंडित जी गत 6-7 दिन से

गौतम उत्तर क्षेत्र पर भा

[illegible], 13 जनवरी (भूषण): गत विजेता [illegible] 187 रन पर समेटने के बाद पूर्व क्षेत्र [illegible] ट्राफी के लिए अंतर्क्षेत्र अंडर-15 [illegible] के फाइनल मैच के पहले दिन के [illegible] पर आज यहां बिना क्षति 4 रन बना

[illegible] क्षेत्र की ओर से सर्वाधिक 42 रन पंकज [illegible] ने तथा मुनीश बाली ने 39 रन बनाए ।

[illegible] की ओर से गौतमदत्त सर्वाधिक सफल [illegible] रहा । उसने 49 रन की कीमत पर 5 [illegible] लिए । जयन्त ने 55 रन देकर 2 [illegible] लिए ।

नीविया क्लब सैमीफाइनल में

[illegible], 13 जनवरी (अश्विनी): नीविया [illegible] जालन्धर ने जे.सी.सी. लुधियाना को 7 विकेट [illegible] से हरा यहां जारी कुलविंदर स्मारक ओपन पंजाब [illegible] क्रिकेट प्रतियोगिता के सैमीफाइनल में आज [illegible] किया ।

संक्षिप्त स्कोर : जे.सी.सी. लुधियाना 22.2 [illegible] में 118 (सुनील 3-17, सरग 2-21) तथा [illegible] क्लब 16 ओवरों में 3 विकेट पर 120 [illegible] 35, प्रभजोत 25, रमण महाजन 20) ।

[illegible] अन्य मैच में मेहता क्लब ने शैलजा क्लब [illegible] रन से ध्वस्त किया ।

संक्षिप्त स्कोर : मेहता क्लब 6 विकेट पर [illegible] टंडी लाम्बा अवि. 84, राजेन्द्र 66, अरुण [illegible] सरजीत 3-43,) तथा शैलजा क्लब 115 [illegible] 41, पाठक 19, मनोज 4-23, सुरेन्द्र [illegible] ।

स्कोर बोर्ड

उत्तर क्षेत्र
पद्मजीत क. मानस ब. गौतम
मानव क. प्रशांत ब. गौतम
पंकज क. मानस ब. गौतम
निखिल क. प्रशांत ब. तिबाड़ी
जितेन्द्र रन आऊट
अमित बो. जयन्त
मुनीश रन आऊट
संदीप बो. जयन्त
प्रमोद बो. गौतम
संदीप डांग क. आरिफ ब. गौतम
मयंक अविजित
अतिरिक्त
कुल आल आउट

विकेट पतन : 1-21, 2-22 71, 5-76, 6-95, 7-129, 182, 10-187.

गेंदबाजी : गौतम 26-9-4 22-5-55-2, बिजय तिबाड़ी 1 एम. दास 10-4-16-0, दीपक मा 0, गुप्ता 3-1-7-0, आरिफ 4-2-

पूर्व क्षेत्र
प्रशांत अविजित
दीपक अविजित
कुल बिना क्षति

गेंदबाजी : संदीप 2-1-4-0, 0-0, मुनीश 1-1-0-0.

इंदिरा स्वर्ण कप हाकी आ

[illegible], 13 जनवरी (वार्ता): तीसरी इंदिरा [illegible] करेंगे । प्रतियोगिता का पहला मैच [illegible] इंदिरा के बीच होगा ।

Punjab Sanatani

The Daily Punjab Kesari, Jalandhar.
रविवार, 15 जनवरी, 1989 तदनुसार 3 माघ, 2045

अपनी गतिविधियां राज्य के बाहर फैला चुका है। कहा जाता है कि उसके सदस्य कोरापट (उड़ीसा), गढ़चिरोली (महाराष्ट्र) तथा बस्तर (मध्य प्रदेश) में अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ा रहा है तथा अपने शस्त्रागार का विस्तार कर रहा है। पीपल्स वार ग्रुप उपयुक्त स्थान मिल ए... धन के निरंतर प्राप्त होने मिलने के परिणामस्वरू...

सी. आर. पी. कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादी मरा

2 स्थानों पर गश्ती दलों पर हमले : 4 सुरक्षा कर्मी घायल

उग्रवादियों ने विस्फोट से 1.5 मीटर रेल पटरी उड़ा दी

चंडीगढ़, 14 जनवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने एक सी.आर.पी. कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी। एक आतंकवादी तथा एक घुसपैठिया मारे गए। दो स्थानों पर गश्ती दलों पर घात लगा कर हमले किए गए, जिनमें 4 सुरक्षा कर्मी घायल हुए। आतंकवादियों ने घुंघराना के निकट विस्फोट में 1.5 मीटर रेल पटरी उड़ा दी।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि कल रात गुरदासपुर में बोध राज तथा रोपड़ के गांव मलिकपुर में गुरदेव सिंह की हत्या निजी दुश्मनी के कारण की गई। बोध राज के कथित हत्यारों की पहचान बाबा दास तथा विजय के रूप में की गई है।

पुलिस ने फिल्लौर के निकट एक मुठभेड़ में 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना नाकाम बना दी।

सरपंच व आतंकवादी मरा : अमृतसर (अशोक) : आज बाद दोपहर यहां प्राप्त सूचना के अनुसार अमृतसर जिला के गांव धारीवाल बरगा (थाना अजनाला) के सरपंच गुरदीप सिंह उर्फ जगदीश सिंह के घर तीन आतंकवादी गए जिस पर आतंकवादियों और सरपंच में मुठभेड़ हो गई। परिणाम-स्वरूप सरपंच गुरदीप सिंह व एक आतंकवादी केवल सिंह मारे गए। दो आतंकवादी बच कर भाग निकले।

प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात लगभग 11.20 बजे आतंकवादी, जोकि हथियारों से लैस थे, गांव के सरपंच के घर उसकी लाइसैंसी बंदूक लेने गए। इस पर सरपंच ने फ़ायरिंग कर दी, जिससे एक आतंकवादी गम्भीर रूप से ज़ख्मी हो गया। इस पर शेष दो आतंकवादियों ने सरपंच पर फ़ायरिंग करके उसको मार डाला। दोनों आतंकवादियों ने अपने घायल साथी को उठाया तथा उसे गांव शहबाजपुरा

(1) अमृतसर जिले के भखना कलां गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मृत सी.आर.पी. के जवान यासर खान का शव। (2-3) जंडियाला थाना के गांव रसूलपुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये 2 आतंकवादियों के शव। (छाया : पंजाब केसरी)

की ओर ले गए जहां उन्होंने अपने साथी को छोड़ दिया। बाद में पुलिस को उसकी लाश मिल गई।

सुरक्षा कर्मी मारा गया : आज यहां प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात अमृतसर जिला में गांव भखना कलां थाना घरेंडा के बाहर खेतों में छिप कर आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे एक कांस्टेबल यासीन खान मारा गया जबकि तीन अन्य कांस्टेबल अकबर खान, हवालदार प्रीतम तथा हवालदार आर.एल. तिवारी घायल हो गए।

बताया गया है कि सुरक्षा बलों की टुकड़ी गांव भखना के क्षेत्र में शाम की गश्त पर थी। जब यह टुकड़ी भखना से बाहर खेतों के निकट से गुज़र रही थी तो खेतों में छुपे आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फ़ायरिंग कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की, परन्तु आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले। तीनों घायल सुरक्षा सैनिकों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश में गांव में छानबीन कर रहे हैं।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन ने बताया कि पुलिस ने 4 आतंकवादियों कुंदन सिंह, मेजर सिंह, प्रीतम सिंह व गुरनाम सिंह को गिरफ्तार किया है। उनसे एक बंदूक 12 बोर इसके 11 कारतूस, ए.के. 47 चीनी राइफल के 10 कारतूस और .303 के 5 कारतूस बरामद किए गए।

घुसपैठिया मारा गया : कल रात अमृतसर जिला में पुल कंजरी क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मारा गिराया।

कांस्टेबल घायल : गत रात अजनाला सैक्टर में भारत-पाक सीमा के निकट गांव पिल्ले में आतंकवादियों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर फायरिंग की, जिससे एक कांस्टेबल बीर प्रकाश घायल हो गया। पुलिस का ख्याल है कि आतंकवादी संभवतः सीमा पार करके पाकिस्तान में दाखिल हो गए।

रोपड़ : गत रात रोपड़ जिले में मलिकपुर में अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति गुरदेव सिंह की हत्या कर दी।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (वार्ता) : होशियारपुर जिला पुलिस ने थाना गढ़शंकर के गांव नैनवां में गत रात नाकाबंदी के दौरान 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन आतंकवादियों ने नाम बलबीर सिंह, महेंद्र सिंह, इकबाल सिंह उर्फ बल्ली, कुलवंत सिंह, बलजीत सिंह तथा अमर जीत सिंह हैं। इनसे 2 दोनाली बंदूकें, दो पिस्तौल, विभिन्न बोर के 20 कारतूस तथा 2 स्कूटर पकड़े गए।

डेढ़ मीटर लाइन उड़ा दी : अहमदगढ़ (परी) : यहां से लगभग 3 कि.मी. दूर लुधियाना-धूरी रेलवे लाइन पर गत रात लगभग 10.30 बजे एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने से लगभग डेढ़ मीटर लाइन के टुकड़े-टुकड़े हो गए। बम का घटना स्थल से लगभग 100 फुट दूर बैठे आतंकवादी बिजली की तार ये कंट्रोल कर रहे थे। बम धमाके से पांच मिनट पहले वहां से एक माल गाड़ी गुज़री थी, परन्तु बम विस्फोट के समय मूरी एक्सप्रैस आने वाली थी।

घटना स्थल से लगभग एक फर्लांग दूर घुंघराना रेलवे स्टेशन पर खड़े गैंगमैनों ने तुरन्त अहमदगढ़

(शेष पृष्ठ 12 पर)

(1)

(2)



(3)

(4)

जम्मू में शुक्रवार को उपद्रवियों द्वारा व्यापक हिंसा, साड़फूंक और लूटमार के मंडी जम्मू में दर्जनों दुकानों को आग ने अपनी लपेट में ले लिया। (2) पु और साड़फूंक के बाद का एक चित्र। (3) परेड ग्राऊंड में जली हुई फलों युवकों ने इन दुकानों को लूट कर आग लगा दी। (4) परेड ग्राऊंड बा जलूस में शामिल कुछ युवकों के जले हुए वाहन।

Chunariya
Proudly presents an exciting new range of Salwar Suits.
Exquisite designs and fabrics blended together to create a fashion revolution.
You are cordially invited to explore this exclusive collection.
On opening day, 15th Jan. 89 at Ghumar Mandi, LUDHIANA.

WINTER 16·1·89

संगम में 50 लाख द्वारा मकर संक्रांति स्ना

इलाहाबाद, 14 जनवरी (वार्ता, हस.): पतित पावनी गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम क्षेत्र में आज 50 लाख श्रद्धालुओं द्वारा मकर संक्रांति के स्नान के साथ लगभग डेढ़ मास चलने वाला महा कुम्भ मेला आज शुरू हो गया।

छिटपुट दुर्घटनाओं को छोड़ कर स्नान आमतौर पर शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। मंडल आयुक्त रवींद्र गुप्त ने बताया कि यमुना नदी सरस्वती घाट

तीर्थ यात्रियों ने संगम में स्नान और त्रिवेणी मैया की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भिखारियों को दान-दक्षिणा दी। स्नान के बाद वे संगम क्षेत्र में ही हनुमान जी के मंदिर गए। देश में अपनी किस्म के पहले इस हनुमान मंदिर में उनकी प्रतिमा लेटी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.एम. राय ने बताया कि स्नान पर्व पर कहीं से किसी अप्रिय घटना की

साधु यहां आमरण अनशन बताया कि जिस स्थान पर उ वर्षों से है, उसे प्रशासन ने कहना है कि इस ज्यादती के रहे हैं। उन्होंने उजड़ी हुई पूरे मेला क्षेत्र में तैना पुलिस कर्मी बारी-बारी से ड्यू है।

मुख्य नियंत्रण कक्ष में

Punjabi Sanatan

आतंकवादी मरा
(पृष्ठ 3 का शेष)

स्टेशन पर जाकर घटना की सूचना दी, जिससे मुरी एक्सप्रैस को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ही रोक लिया गया और एक बड़ी दुर्घटना टल गई ।

रेल अधिकारी, इंजीनियर आदि व पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए । रात-भर रेल पटरी की मुरम्मत का कार्य चलता रहा और लगभग 14 घंटे बाद रेल ट्रैफिक शुरू किया जा सका । दोनों तरफ से आने वाली मुरी एक्सप्रैस बाया अम्बाला चलाई गई । जम्मू तवी-मद्रास मेल और लुधियाना-हिसार व जाखल सैक्शन पर चलने वाली सभी गाड़ियों को लुधियाना, धूरी और अहमदगढ़ रेलवे स्टेशनों पर रोक लिया गया । एस.एस.पी. लुधियाना श्री सुमेध सैनी ने भी घटनास्थल का दौरा किया है ।

लुधियाना के एस. एस. पी. श्री सैनी ने संदेह व्यक्त किया है कि आतंकवादियों ने रेलवे लाइन को उड़ाने के लिए इलैक्ट्रिक डैटोनेटर का प्रयोग किया है । उन्होंने कहा कि लगभग 45 मीटर लम्बी पटरी क्षतिग्रस्त हुई ।

नई दिल्ली से वार्ता के अनुसार रेल लाइन उड़ाए जाने के परिणामस्वरूप 8 डाऊन उद्यान आभा एक्सप्रैस, जोकि श्रीगंगानगर जाने वाली थी और 922 उत्तर-पूर्व एक्सप्रैस, जोकि कल नई दिल्ली रवाना होनी थी, रद्द कर दी गई हैं ।

रेल लाइनों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध : फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि धूरी सैक्शन में उग्रवादियों द्वारा विध्वंसक कार्रवाइयों के परिणामतः रेलवे लाइन को पहुंची भारी क्षति के दृष्टिगत उत्तरी रेलवे ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व जम्मू में से गुजरने वाली रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों, रेलवे पुलों, मालगोदामों इत्यादि की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी है ।

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार गत दिवस स्थानीय पुलिस ने जिन 5 आतंकवादियों को गांव कोट रानी के पास गिरफ्तार किया था, अदालत ने उनका 17 जनवरी तक शारीरिक रिमांड बढ़ा दिया है ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कल जालन्धर जिला में शराब के एक ठेके के सेल्समैन को आतंकवादियों द्वारा फांसी पर लटकाए जाने की खबर का खंडन किया तथा कहा कि उससे 4,000 रुपए लूटे जाने के बाद गला घोंट कर उसकी हत्या की गई ।

लापता एस.डी.ओ. का शव मिला : सुजानपुर (महाजन): कंकरीट प्रोडक्शन से संबंधित थीन डैम पर कार्यरत एस.डी.ओ. श्री बी.डी. पासी, जिनके लापता होने बारे 31 दिसम्बर 1988 को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, का शव जगियाल के निकट एक वीरान कुएं से मिला है । पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव वारिसों के हवाले कर दिया । उनकी हत्या के संबंध में की जा रही जांच में पुलिस ने थीन डैम के ही तीन कर्मचारियों को शामिल किया है ।

बस जलाई : बरनाला (सिधवानी) : यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर गांव घुंस में पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी गई । इस वारदात की जिम्मेदारी स्वयंभू पंजाब लिबरेशन फ़ोर्स ने ली है । इसने अलाल रेलवे स्टेशन को जलाने की भी जिम्मेदारी ली है । इसने कहा है कि हिन्दुओं की हत्या करने वाले केहर सिंह तथा सतवंत सिंह के वारिस कहलाने के अधिकारी नहीं ।

बम की अफ़वाह : धूरी से सिंगला के अनुसार आज लोगों में उस समय भारी आतंक उत्पन्न हो गया, जब यह अफ़वाह फैली कि शेरपुर बाईपास चौक के पास कपड़े में लिपटा बम पड़ा है । छानबीन किए जाने पर यह हटा हुआ ट्रांजिस्टर निकला ।

भाजपा कोई चुनाव समझौता नहीं करेगी

श्रीगंगानगर (बीकानेर), 14 जनवरी (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण आडवानी ने कहा है कि भाजपा वैचारिक, सैद्धांतिक और राजनीतिक रूप से अलग पहचान बनाए रख कर समान विचारों वाली विपक्षी पार्टियों से पारस्परिक समझौते के आधार पर चुनावी रणनीति बनाएगी । उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग और कम्युनिस्ट पार्टियों से कभी भी समझौता नहीं किया जाएगा ।

उधमपुर में कर्फ्यू
(पृष्ठ 3 का शेष)

तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा ।

कठुआ में रात्रि का कर्फ्यू : (महाजन) आज रात्रि प्रशासन ने सावधानीवश यहां रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया है ।

श्रीनगर में भी कड़े सुरक्षा प्रबन्ध : जम्मू की हिंसक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ऐहतियात के तौर पर श्रीनगर में भी सुरक्षा व्यवस्थाएं सख्त कर दी गई हैं ।

दूसरी ओर जिला के पंजाब से लगते सीमान्त नगर लखनपुर में भी कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । पंजाब से आने वाले सभी वाहन चैक किए जा रहे हैं ।

गरीबी दूर करने के लिए इंका नई योजना पेश करेगी

नई दिल्ली, 14 जनवरी (वार्ता): अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) समिति शीघ्र ही गरीबी दूर करने के लिए एक आर्थिक योजना वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत करेगी ताकि उसे नए केंद्रीय बजट में शामिल किया जा सके । यह योजना कांग्रेस (इ) महासमिति द्वारा गत वर्ष नवम्बर में पास प्रस्ताव पर आधारित होगी । कांग्रेस (इ) महासमिति के प्रस्ताव में अन्य बातों के अलावा गरीबी के स्तर से नीचे का जीवन व्यतीत करने वाले लोगों के हर परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को उत्पादक काम देने की बात कही गई थी । बिट्ठल नवल गाडगिल के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति आर्थिक कार्यक्रम तैयार कर रही है । समिति इस बात पर भी विचार कर रही है कि कांग्रेस (इ) महासमिति के आर्थिक प्रस्ताव को लागू करने पर कितना खर्च बैठ सकता है ।

राष्ट्रीय मोर्चे की राष्ट्रीय युवा संघर्ष समिति गठित

नई दिल्ली, 14 जनवरी : पांच विपक्षी दलों के राष्ट्रीय मोर्चे ने आज आठ सदस्यों वाली राष्ट्रीय युवा एवं छात्र संघर्ष समिति की घोषणा की, जिसमें डा. संजय सिंह, श्री सुधीन्द्र भदौरिया, श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव और श्री मोहन प्रकाश को भी शामिल किया गया है । इसी तरह की समिति का गठन राज्य स्तर पर भी किया जाएगा ।

बिहार के राज्यपाल अपदस्थ होना चाहते हैं !

पटना, 14 जनवरी (टा.इ.): बिहार के राज्यपाल श्री गोविन्द नारायण सिंह ने कहा है कि वह यह पद छोड़ने के इच्छुक हैं तथा चाहते हैं कि अपने गृहराज्य (मध्य प्रदेश) जा कर सक्रिय राजनीति में भाग लें । पर उनका कहना है कि ऐसा तभी हो

महाकुम्भ मेला
(पृष्ठ 3 का शेष)

अलग घाट की व्यवस्था की गई थी तथा इसके आने-जाने का मार्ग भी अलग बनाया गया था । अखाड़ों के स्नान करने जाते, वापस आते समय इन मार्गों पर बड़ी संख्या में महिलाएं तथा पुरुष उनके चरण रज लेने के लिए खड़े देखे गए । स्नान करने के बाद साधुगण गंगा की पवित्र रेत अपने शरीर तथा जटाओं में पोतते दिखाई पड़े । महा निर्वाणी अखाड़ा सबसे पहले मेला क्षेत्र में संगम स्नान के लिए पहुंचा व शाम के समय निर्मल अखाड़े ने स्नान किया ।

स्नान घाट पर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था नहीं की गई । सभी एक ही घाट पर स्नान करते रहे । तड़के साढ़े चार बजे स्थिति उस समय थोड़ी नाज़ुक हो गई, जब कोहरे से सारी प्रकाश व्यवस्था ठप्प हो गई । उस समय पुलिसकर्मी लाऊडस्पीकरों से लोगों को सम्भल कर नहाने का आदेश देते रहे ।

3600 एकड़ क्षेत्र में फैले कुम्भ नगर में इस समय आवश्यक सामग्रियों के भाव काफ़ी बढ़ गए हैं और कई आवश्यक सामग्रियों तथा सब्ज़ियों की आपूर्ति में कमी आ गई है । मेला क्षेत्र का भ्रमण करने पर देखने को मिला कि मिट्टी के तेल, लकड़ी, कोयला इत्यादि के दाम मनमाने ढंग से लिए जा रहे हैं । चाय एक रुपया प्रति कप तथा पान दो रुपए जोड़ा मिल रहा है । शहर में रिक्शा, टैम्पो तथा टैक्सियों के किराए भी मनमाने ढंग से लिए जा रहे हैं । उच्च न्यायालय से के.पी. कालेज तक के लिए रिक्शे का रेट आठ से दस रुपए तथा टैक्सी का रेट 50 रुपए हो गया है, जबकि सामान्य समय में यह तीन से चार रुपए और 15 से 20 रुपए होता है ।

मेले में आए प्रत्येक तीर्थ यात्री को अनावश्यक रूप से आठ किलोमीटर चलना पड़ा । बल्लियों से बनाए चक्कर में घुसा दिए जाने पर यह दूरी दस किलोमीटर तक हो जाती थी ।

आज सुबह पांच बजे दो महिलाओं की स्थिति उस समय दयनीय हो उठी, जब उन्हें इस कड़ाकेदार सर्दी में भी अपनी भीगी साड़ियों में ही शिविर के लिए लौटने पर मजबूर होना पड़ा । जब वे नहाने गईं तो कोई उनके कपड़े लेकर चम्पत हो गया ।

मेला क्षेत्र में आज पत्रकारों तथा अन्य पासधारकों को भी आठ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ा । पुलिस कर्मियों ने पास होने के बावजूद लम्बे रास्ते पर जाने के लिए मजबूर किया ।

गंगासागर में स्नान : सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) : कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब साढ़े चार लाख श्रद्धालुओं ने आज मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र गंगा में स्नान किया । विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं में हिमालय के नागा संन्यासी भी थे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कपिल मुनि की जय बोलते हुए सागर द्वीप में स्नान किया । पुलिस के अनुसार कोई दुर्घटना नहीं हुई । दो तीर्थयात्रियों की बीमारी से मृत्यु हो गई ।

फिल्मोत्सव में बम विस्फोट

इलाहाबाद वाले कुम्भ

पंजाब स्थानीय निकाय निदेशालय, चंडीगढ़
(एस्टैब्लिशमैंट ब्रांच)
एस.सी.ओ. नं. 131-132, जुनेजा बिल्डिंग,
सैक्टर 17-सी, चंडीगढ़
पंजाब स्थानीय निकाय निदेशालय में असिस्टैंट फायर आफिसर के एक पद के लिए रु. 620-1200 (संशोधित होने पर रु. 2000-

Punjab Sahitam

...ते हुए । (2) कर्फ्यू के बावजूद जम्मू ...हीं हो रही । (3) जम्मू-कश्मीर के ...ना दंगा पीड़ित क्षेत्रों का दौरा करते हुए (छाया : अफजल शाह, अशोक)

...द बताने वाले ही ...म्मेदार : रछपाल

...ठधर्मी छोड़ कर सरकार से बातचीत करें ।

...' के अनुसार जत्थेदार रछपाल सिंह ने ...ी राजीव गांधी से अनुरोध किया है कि यदि ...सुलह शांति प्रक्रिया के लिए आवश्यक हो ...प्रमुख अकाली नेताओं सिमरनजीत सिंह ...रचरण सिंह टोहरा और प्रकाश सिंह बादल ...किया जाए । उन्होंने कहा कि जत्थेदार

पुलिस सब इंस्पैक्टर के भाई सहित पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 15 जनवरी (वार्ता, हस): गत 24 घंटों में पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि एक दर्जन आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार किये गये । लुधियाना और धूरी के मध्य रेलवे लाइन धमाके से उड़ाने की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

सब-इंस्पैक्टर के भाई की हत्या : लुधियाना (वार्ता): दो स्कूटर सवारों ने आज सुबह इस जिला के थाना खन्ना के गांव चीमा में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त हरबंस सिंह के रूप में हुई है जो कि सी.आई.ए. के सब-इंस्पैक्टर शेर सिंह का चचेरा भाई है । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने शेर सिंह का दरवाजा खटखटाया । हरबंस सिंह ने दरवाजा खोला तथा आतंकवादियों को बताया कि शेर सिंह घर पर नहीं है । इस पर उन्होंने गोलियां चला कर हरबंस सिंह को वहीं मार डाला तथा स्कूटर पर फरार हो गये । पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गये । एक सूचना के अनुसार शेर सिंह सरहिंद (जिला पटियाला) में तैनात है ।

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी संतोख सिंह को गिरफ्तार किया तथा उससे एक .12 बोर की दोनाली बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किये ।

निहंग की हत्या : आज प्रातः ही थाना सुधार के गांव मोही में आतंकवादियों ने पंडित राम गोपाल सिंह उर्फ निहंग की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

लाश मिली : लुधियाना जिला में नहर के निकट एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली ।

पीट-पीट कर हत्या : कल शाम भटिंडा जिला के मौड़ नाभा गांव में सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई । कथित हत्यारे की पहचान कर ली गई है ।

अहमदगढ़ (पुरी): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने लुधियाना और धूरी के मध्य रेलवे लाइन उड़ाने की जिम्मेदारी ली है । फोर्स के प्रवक्ता निर्मल सिंह खालसा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह कार्रवाई सतवंत सिंह व केहर सिंह को फांसी दिये जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप की गई । इसमें कहा गया है कि यदि सिखों पर तथाकथित ज्यादतियां जारी रहीं तो ट्रेनें उड़ाई जाएंगी ।

11 गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.): मजीठा के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मजीठा और कत्थूनंगल थानों के क्षेत्रों से चार आतंकवादियों राम सिंह मधुल, बलकार सिंह, सिकंदर सिंह तथा बलवंत सिंह निवासी ढंडे को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया । उनसे बरामद हुए हथियारों में एक पिस्तौल 303, एक बंदूक .12 बोर, दो पिस्तौल .12 बोर के अलावा 18 कारतूस शामिल थे ।

इनके अतिरिक्त जंडियाला, कत्थूनंगल और मजीठा थानों के क्षेत्रों से आतंकवादियों के 7 शरणदाता भी गिरफ्तार किये गये हैं । इनमें काबल सिंह निवासी अजैब वाली, गुरमीत सिंह निवासी रूपोवाली, हरचरण सिंह वासी रूपोवाली, इकबाल सिंह निवासी रूपोवाली, सेवा सिंह निवासी सठियाला, दलबीर सिंह निवासी सठियाला तथा बापू सिंह शामिल हैं ।

स्त्री की हत्या : कल संगरूर नगर में एक स्त्री बलविंदर कौर की हत्या कर दी गई ।

धूरी से सिंगला के अनुसार संगरूर में गोबिन्दपुरा स्ट्रीट में एक व्यक्ति भूपेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी बलविन्दर कौर की तेजधार हथियार से कथित हत्या कर दी । पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है ।

शराब के ठेके में चोरी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धनौला में एक शराब ने ठेके में चोरी किए जाने का समाचार मिला है ।

युवती का शव मिला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव हरदोझंडे के निकट से खेतों में एक तुड़ी के 'कूप' से पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इसकी आयु 18-19 वर्ष है । उसने 'गातरा' पहन रखा था जिससे लगता है कि वह युवती अमृतधारी थी । उसकी गर्दन तेजधार हथियार से अलग की हुई थी । मृतका की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मोटर साइकल ले गए : भुलत्थ से गोगना के अनुसार यहां से 13 किलो मीटर दूर हैबोवाल में दो अज्ञात व्यक्ति डाक्टर नंद किशोर के घर में जबरदस्ती घुस कर उसका हीरो होंडा मोटर साइकल सी.आई.जे. 6365 लेकर फरार हो गए । अज्ञात व्यक्तियों ने कम्बल ओढ़ रखे थे । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की खोज आरम्भ कर दी है ।

एक और लाश मिली : जिला कपूरथला के गांव बडाला में एक खेत में से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया ।

अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह सतवंत सिंह के भाई और केहर सिंह की पत्नी को दिल्ली के मोती बाग गुरुद्वारा में रविवार को आयोजित समारोह में सरोपा भेंट करते हुए । चित्र में (बाएं) केहर सिंह का बेटा राजेन्द्र सिंह भी है ।

बंगला देश में दो ट्रेनों की टक्कर में 200 मरे, 1000 घायल

ढाका, 15 जनवरी (ए.पी.) : उत्तरी बंगला देश में आज दो रेलगाड़ियों की टक्कर से कम से कम 200 लोग मारे गए तथा 1000 लोग घायल हुए । 80 शव दुर्घटना-क्षेत्र से मिल गए हैं । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अभी बीसियों शव दुर्घटनाग्रस्त ट्रेनों की ध्वस्त बोगियों में फंसे हो सकते हैं ?

संवाद समिति 'यूनाइटेड न्यूज आफ बंगला देश' के अनुसार दुर्घटना ढाका से 30 किलोमीटर उत्तर में पुबेल रेलवे स्टेशन पर हुई ।

घायलों को ढाका के अस्पतालों में लाया जा रहा है । इनमें से कई की हालत गंभीर बताई गई है ।

संवाद समिति के अनुसार वरिष्ठ सरकारी तथा रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल रवाना हो गए हैं ।

दोनों पैसेंजर ट्रेनों में आमने-सामने टक्कर हुई । दोनों के डीजल इंजन पटरी से उतर गए और टक्कर के भारी धक्के के कारण यात्रियों के शव उछल कर निकटवर्ती खेतों में बिखर गए । ट्रेनों की 7 बोगियां पटरी से उतर गईं । एक ट्रेन चटगांव जा रही थी जबकि दूसरी ढाका आ रही थी ।

रेलवे अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना संभवतः सिगनल फेल होने के कारण हुई । पिछले कई दशकों में बंगला देश में हुई यह सबसे भीषण रेल दुर्घटना है ।

टक्कर प्रातः 7.55 बजे (भारतीय समय) हुई । संचार मंत्री अनवर हुसैन बचाव कार्य का निरीक्षण करने स्वयं दुर्घटनास्थल पर गए । ढाका के पोस्ट ग्रैजुएट अस्पताल के एक डाक्टर ने कहा कि हमें सैकड़ों घायलों की चिकित्सा का प्रबंध करने को कहा गया है । ढाका मैडीकल कालेज अस्पताल के एक डाक्टर ने बताया कि अस्पताल में 35 घायल दाखिल किए गए हैं । अपंग लोगों के अस्पताल के एक डाक्टर ने बताया कि वहां दाखिल 45 घायलों में से 6 मर गए हैं ।

प्रैस संवाददाता ने घटनास्थल का दौरा किया, जहां बड़ा बीभत्स दृश्य देखने को मिला । कहीं किसी का शरीर कुचला पड़ा था तो कहीं हाथ कटा पड़ा था । सब्जियां तथा मछलियां खून से सनी पड़ी थीं । दुर्घटना के शिकार यात्रियों के परिजन, रिश्तेदार रोते-बिलखते अपने स्वजनों की तलाश कर रहे हैं ।

सरकार ने दुर्घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश की नियुक्ति की है । इस बीच बंगला देश के राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद दुर्घटना स्थल पर गए और इस त्रासदी पर गहन दुःख व्यक्त किया । बाद में राष्ट्रपति इरशाद की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की एक विशेष बैठक में स्थिति की समीक्षा की गई । सरकार ने इस दुर्घटना को ध्यान में रख कर सोमवार को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की । उस दिन बंगला देश के राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे ।

दिल्ली, पड़ौसी राज्यों में आत्मघाती उग्रवादी पहुंचे

नई दिल्ली, 15 जनवरी (टाइ.): बताया जाता है कि उग्रवादी संगठनों बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन और खालिस्तान कमांडो फोर्स ने लगभग 4 दर्जन अत्यधिक प्रशिक्षित, आत्मघाती उग्रवादी दिल्ली और पड़ौसी राज्यों में

Punjabi Sanatan

ग्रवादियों ने गत रात्रि में बम विस्फोट करके 1) रेल अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण इन का भाग, (3) विस्फोट से 15 फुट दर ा स्थल पर बरामद पैराशूट की रस्सी जिससे) रेलवे लाइन को ठीक करने के बाद रेल (छाया : रवि भंडारी)

ार आए खालिस्तान सकता : देवरस

त्रकार ने कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए ार.एस.एस. को आगे आना चाहिए तो श्री देवरस ने हा कि यदि हम कोशिश भी करें तो किससे बात रें । पंजाब में अनेक नेता हैं । उनमें से किससे ात करें । हो सकता है केंद्रीय सरकार भी इसी विधा में है कि वह किससे बात करें ।

श्री देवरस ने कहा कि पंजाब में भारत सरकार को कुछ हिस्से में सेना भेज देनी चाहिए । इसके अलावा पंजाब में बड़ी संख्या में बी.एस.एफ. व सी.आर.पी. भेजनी चाहिए । एक पत्रकार ने पूछा कि सतवंत सिंह, केहर सिंह को फांसी देने पर कुछ विपक्षी नेताओं ने व कुछ अकाली धार्मिक नेताओं ने भी रोष व्यक्त किया है तो इस पर श्री देवरस ने कहा कि अभी मैंने सुप्रीमकोर्ट का फैसला नहीं पढ़ा है लेकिन इतनी बात कह सकता हूं कि सतवंत सिंह ने उन इंदिरा गांधी की हत्या की थी जिन्होंने कि सतवंत सिंह को अपनी 'हिफाजत' के लिए रखा था ।

राजीव से मिल सकता हूं : एक पत्रकार ने पूछा कि अगर राजीव गांधी आपको बातचीत के बुलाएं तो क्या आप जाएंगे तो श्री देवरस ने कहा कि जरूर जाऊंगा । प्रधानमंत्री से मिलने, बातचीत करने में क्या हर्ज है ।

दुकानें बंद करने का समय बदला

फगवाड़ा, 16 जनवरी (राकेश): जिला मैजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार जिला भर में सभी प्रकार की दुकानें सायं 7 बजे बंद होंगी । यह आदेश 31 जनवरी तक जारी रहेगा ।

ार को चंडीगढ़ में एक पत्रकार सम्मेलन को ने पंजाब के कर्मियों बारे तीसरे वेतनायोग की ए जाने की घोषणा की ।

आतंकवादियों ने पहली बार विस्फोटक छड़ों का प्रयोग करके रेल लाइन उड़ा दी

बी.एस.एफ. पर हमले में 3 घायल : मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

अन्यत्र औरत सहित 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 16 जनवरी (वार्ता, हस): पंजाब में आतंकवाद ने एक नया मोड़ लिया जबकि आतंकवादियों ने 'विस्फोटक छड़ें' इस्तेमाल करके अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेल लाइन के डेढ़ मीटर टुकड़े को उड़ा दिया । रेलवे लाइन को उड़ाने की दो दिन में यह दूसरी घटना है । एक दर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस जिला बटाला के क्षेत्र में बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर बम फैंकने से 3 व्यक्ति घायल हो गए ।

रेल लाइन उड़ाई : अमृतसर (हस): पंजाब में आतंकवाद ने नया मोड़ लिया जबकि गत रात यहां से लगभग 24 किलोमीटर दूर थाना कत्थूनंगल के गांव मोधा साही के निकट आतंकवादियों ने पहली बार 'विस्फोटक छड़ें' प्रयुक्त करके उत्तर रेलवे के अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेलवे लाइन को उड़ा दिया । विस्फोटक सामग्री इतनी शक्तिशाली थी कि पटरी के स्टील गार्डर का डेढ़ मीटर टुकड़ा पूरी तरह उड़ गया । पटरी के टुकड़े निकटवर्ती खेतों में 20 मीटर की परिधि में पड़े मिले ।

पटियाला से विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञों का एक दल आज सुबह यहां पहुंचा । उन्होंने बताया कि रेल पटरी को क्षति पहुंचाने के लिए आतंकवादियों ने पहले कभी इस प्रकार की विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल नहीं की । विस्फोटक छड़ें जिन्हें 'कटर स्टिक' कहा जाता है, गार्डर के दोनों ओर लगाई गई थीं तथा इनमें फ्यूज़ वायर के टुकड़ों से विस्फोट किया गया । फ्यूज़ वायर के टुकड़े भी घटनास्थल पर पाये गये ।

गत दो दिनों में इस प्रकार की यह दूसरी घटना है जबकि आतंकवादियों ने रेल लाइन को क्षति पहुंचा कर गाड़ियां उलटाने का प्रयास किया है । शनिवार को लुधियाना-धूरी सैक्शन पर भी आतंकवादियों ने शक्तिशाली बम द्वारा 1.5 मीटर पटरी उड़ा दी थी ।

कल रात की घटना 9.30 बजे के करीब हुई तथा इसकी पुलिस व रेलवे अधिकारियों को सूचना घटना स्थल से एक मालगाड़ी के गुजरने के एक घंटे बाद दी गई । क्षतिग्रस्त पटरी की मुरम्मत की गई तथा सामान्य यातायात आज सुबह बहाल किया गया । विस्फोट के समय तथा घटनास्थल से एक मालगाड़ी के गुजरने के बारे में परस्पर विरोधी बातें सुनने को मिली हैं, जबकि पहली रिपोर्टों में कहा गया था कि विस्फोट एक मालगाड़ी जिसके तीन डिब्बे थे, के वहां से गुजरने के कुछ ही मिनट बाद हुआ, पुलिस व रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मालगाड़ी क्षतिग्रस्त पटरी पर से चमत्कारिक ढंग से गुज़र गई । एक रेलवे अधिकारी ने कहा—यह वास्तव में ही एक चमत्कार है कि डेढ़ मीटर पटरी उड़ जाने के बावजूद इंजन तथा तीन बोगियां पटरी से नहीं उतरीं । रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों ने यह मत क्षतिग्रस्त पटरी के निरीक्षण के बाद व्यक्त किया जिस पर गाड़ी के पहियों के निशान थे । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया, ने भी यही मत व्यक्त किया । तथापि निकटवर्ती घरों में रहने वाले ग्रामीणों ने कहा कि विस्फोट की आवाज गाड़ी के गुजर जाने के बाद सुनी गई ।

मालगाड़ी के ड्राइवर ने बटाला रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर घटना की रिपोर्ट पुलिस को दी । उसने बताया कि जब गाड़ी घटना स्थल से लगभग 100 मीटर दूर थी, उसने विस्फोट की आवाज़ सुनी तथा आग की लपटें देखीं । चूंकि बोगियां खाली थीं और उनकी संख्या सिर्फ तीन थी, गाड़ी किसी प्रकार उस स्थान से गुज़र गई ।

इस सैक्शन पर देर शाम तथा रात्रि गाड़ियों का आना-जाना पहले ही निलम्बित है । आतंकवादियों का लक्ष्य रावी एक्सप्रैस को उलटाना हो सकता है जो कि प्रातःकाल अमृतसर से पठानकोट के लिए चलती है । डी.आई.जी. (पटियाला रेंज) रेलवे पुलिस श्री डी.एस. मोही ने आज सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

यह विस्फोट कल जालंधर में रेलवे और पंजाब पुलिस के उच्चाधिकारियों की बैठक के बाद हुआ है । इस बैठक में रेल लाइनों पर गश्त बढ़ाने तथा यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने के पगों पर विचार हुआ था ।

शाम को मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान ने दावा किया कि अभियुक्तों की पहचान हो गई है तथा वे 'बब्बर खालसा' से संबंध रखते हैं । यह संगठन विस्फोटों के लिए कुख्यात है । उन्होंने बताया कि 8-10 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है । इसी बीच अमृतसर रेलवे पुलिस थाना में इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार लगभग 1.13 मीटर पटरी क्षतिग्रस्त हुई । रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि रात के समय इस पटरी पर कोई यातायात नहीं था अन्यथा जन-धन की भारी हानि हो सकती थी ।

औरत की हत्या : अमृतसर में तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत थाना भिखीविंड के गांव काले में आतंकवादियों ने एक किसान कुलवंत सिंह की पत्नी श्री अजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि आतंकवादियों ने पहले अजीत कौर का अपहरण कर लिया । बाद में उन्होंने गांव के बाहर ले जाकर उसको गोली मार दी ।

गैस सिलेंडर ले गये : नाभा से प्राप्त सूचना के अनुसार आज यहां कुछ लुटेरे एक गैस एजैंसी से 23 भरे हुए गैस सिलेंडर जबरदस्ती उठा कर ले गये । लुटेरों की गिनती 6-7 बताई जाती है । यह लोग एक ट्रक में सवार होकर आये थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

घायल कर दिया : कल रात जिला फिरोजपुर में थाना ममदोट के गांव तारा सिंह वाला के ए.एस.आई. आत्मा सिंह ने एक व्यक्ति बेअंत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । घटना का कारण तत्काल ज्ञात नहीं हो सका ।

ठेका लूटा : जलालाबाद (मलिक): गत रात जलालाबाद बस स्टैंड पर अज्ञात व्यक्तियों ने अंग्रेज़ी शराब के ठेके का दरवाज़ा तोड़ कर 35 बोतल व्हिस्की उड़ा ली जिसका मूल्य 3,000 रुपये बताया जाता है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

दर्दांत उग्रवादी मारा गया : जालंधर (हस): आज जिला जालंधर के थाना नकोदर क्षेत्र में गांव फतेहपुर के एक धार्मिक स्थल पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिलने पर नकोदर पुलिस ने धार्मिक स्थल पर छापा मारा । जब पुलिस ने धार्मिक स्थल को घेरा डाला और उग्रवादी को बाहर आने के लिए कहा तो उसने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । उग्रवादी ने फरार होने की कोशिश की लेकिन जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । पुलिस ने एक चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, एक सायनाइड कैप्सूल तथा एक 303 का पिस्तौल बरामद किया ।

नकोदर से 'गगन' के अनुसार यह उग्रवादी किसी बड़े गिरोह का सदस्य प्रतीत होता है । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर नकोदर नगरपालिका को दाह-संस्कार के लिए सौंप दिया है ।

गत रात जिला पटियाला के थाना अमलोह के गांव सलाना खुर्द सिंह वाला में चार सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति भान सिंह से उसका .38 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस छीन कर ले गये ।

जिलाधीश को आदेश : कपूरथला (शर्मा) जिला मैजिस्ट्रेट श्री ए.आर. तलवाड़ ने जिला भर में दुकानें, होटल तथा रैस्टोरैंट शाम 7 बजे तक खुले रखने की आज्ञा दी है । यह आदेश 31 जनवरी तक लागू रहेगा ।

शव मिला : आज सुबह कपूरथला जिला के थाना कपूरथला के गांव रसूलपुर ब्राह्मणां में खेत में से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है । शव पर तेजधार हथियारों के चिन्ह हैं ।

जिला होशियारपुर में दो व्यक्तियों मलकीयत सिंह और परमजीत सिंह को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

भटिंडा जिला में एक आतंकवादी को गिरफ्तार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

गृह मंत्रालय द्वारा जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर विचार-विमर्श

नई दिल्ली, 16 जनवरी (जी.एस. चावला): जम्मू-कश्मीर सरकार जम्मू और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के 'सदमे' से अभी स्वयं को उभार नहीं पा रही क्योंकि उसे न तो इसकी सम्भावना थी और न ही वह इससे निपटने के लिए तैयार थी ।

गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने आज गृहमंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से जम्मू-कश्मीर की स्थिति बारे विचार-विमर्श किया । उन्होंने राज्यपाल श्री जगमोहन और मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला से टैलीफोन पर बातचीत की और उन्हें सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करने तथा समाज व राष्ट्र-विरोधी तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए ।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र को बताया गया कि गुरु गोबिन्द सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली शोभायात्रा हिंसक होकर कानून-व्यवस्था की समस्या बन जाने का राज्य सरकार को अनुमान भी नहीं था । वह इसी प्रभाव में थी कि यह धार्मिक शोभायात्रा शांति से निकल जाएगी ।

डाक्टर अब्दुल्ला ने केंद्र को विश्वास दिलाया कि हिंसा से निपटने में केंद्र ने तुरंत पग उठाए । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज व राष्ट्र-विरोधी तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए वचनबद्ध है और किसी को भी स्थिति खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । केंद्र ने राज्य सरकार द्वारा हिंसा रोकने के लिए तुरंत सेना की सहायता लेने पर उसकी प्रशंसा की ।

राज्य सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षात्मक पग उठाने के लिए कहा गया है । उल्लेखनीय है कि काफी समय से इस आशय के समाचार थे कि जम्मू क्षेत्र राष्ट्र-विरोधी और साम्प्रदायिक शक्तियों का गढ़ बनता जा रहा है तथा कुछ उग्रवादी अपनी गतिविधियों का केंद्र जम्मू को बनाने का प्रयास कर रहे हैं । गत कुछ वर्षों से इस क्षेत्र में शिव सेना भी सक्रिय है । राज्यपाल श्री जगमोहन ने कुछ समय पूर्व अपनी मासिक रिपोर्ट में केंद्र को सूचित किया था कि शिव सेना व कुछ राष्ट्र-विरोधी जिनमें पंजाब के उग्रवादी भी शामिल हैं, इस क्षेत्र में पहुंच चुके हैं ।

बोफोर्स-याचिका खारिज

नई दिल्ली, 16 जनवरी : बोफोर्स तोप सौदे में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिद्ध करने के लिए जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा 'हिंद' समाचारपत्र के सम्पादक जोध कस्तरी को निर्देश देने सम्बन्धी याचिका उच्चतम न्यायालय ने आज खारिज कर दी, क्योंकि वादी ने अपनी याचिका वापस ले ली ।

बेनजीर को अपनी सरकार के विरुद्ध सैनिक क्रांति की आशंका नहीं

नई दिल्ली, 16 जनवरी (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने अपनी सरकार का तख्ता पलटने के लिए अपने देश में सैनिक क्रांति की सम्भावना से इन्कार किया है । बेनजीर ने कल रात ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन को दिए गए साक्षात्कार में पाकिस्तान में चुनाव कराने और उसके बाद सत्ता निर्वाचित प्रतिनिधियों को सौंपने में सेना की भूमिका की सराहना की । उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिज्ञों ने सेना से सत्ता अपने हाथ में लेने का अनुरोध किया था किन्तु ये ऐसे राजनीतिज्ञ हैं जिनमें चुनाव के द्वारा सत्ता अपने हाथ में लेने की क्षमता नहीं है ।

श्रीमती बेनजीर ने कहा कि सेना अपने हाथ में सत्ता आसानी से ले सकती थी किन्तु कमांडर-इन-चीफ मिर्जा असलम बेग की देशभक्ति के कारण चुनाव सम्भव हो सका । सेना ने यह अनुभव कर लिया था कि जनरल जिया उल हक के शासन के कारण देश में फूट पड़ी । उन्होंने अपनी सरकार को स्थिर बताया और कहा कि चुनाव होने पर उनकी पार्टी को और अधिक सीटें मिलेंगी ।

उन्होंने बताया कि उनकी सरकार बहुत तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रही है । उदाहरण के लिए उनकी पार्टी संविधान में संशोधन चाहती है किन्तु इसके लिए सिनेट में उसका बहुमत नहीं है ।

श्रीमती बेनजीर ने कहा कि जनरल जिया ने सत्ता में आने के बाद बहुत से अधिकारियों को हटा दिया और अपने लोगों को बैठा दिया लेकिन हम लोग यह सब नहीं करना चाहते । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है और मुद्रास्फीति की दर 18 प्रतिशत हो गई है । हम बजट के घाटे को कम करना और निजी क्षेत्र में पूंजीनिवेश बढ़ाना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि कृषि आय पर कर लगाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है किन्तु इससे बहुत लाभ नहीं होगा । अफगानिस्तान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए काम करना चाहती है ।

Punjabi Tribune Online

...यालयों पर ...गश्त जारी

...रात का कर्फ्यू लागू ...व्यवस्था की समीक्षा

...ाएगी जबकि गांधी नगर से विक्रम चौक ...वे स्टेशन क्षेत्र में प्रातः सात से दस बजे ...बाद पक्का डंगा और पुराना शहर बी.सी. ...क्षेत्र में प्रातः दस से दोपहर एक बजे तक ...बस्ती, डिगियाना, सतवाड़ी और इहाथा में ...से चार बजे तक कर्फ्यू में ढील दी

...री प्रवक्ता ने बताया कि स्थिति पर कड़ी ...जाएगी और यदि कर्फ्यू में दी गई ढील के ...ई गड़बड़ न हुई तो ढील का समय बढ़ा ...गा ।

...ा संस्थाएं : जम्मू शहर में सभी शिक्षा ...द रहेंगे ।

...स.एफ. तैनात : जम्मू क्षेत्र के ...ल स्थानों पर सीमा सुरक्षा बल की 8 ...तैनात कर दी गई हैं । इनमें से 6 जम्मू ...आर.एस. पुरा और एक कम्पनी अखनूर ...ी गई है ।

...जनल कमिश्नर श्री एन.आर. गुप्ता ने ...की स्थिति बारे पत्रकारों को बताया कि ...तः नियंत्रण में है और किसी भी स्थान से ...य घटना का समाचार नहीं है । उन्होंने ...तालब टिल्लू में पहले कर्फ्यू में दो घंटे की ...ई थी परन्तु बाद में इसमें एक घंटे की वृद्धि ...ई ।

गिरफ्तार : श्री गुप्ता ने बताया कि ...पाट व आगजनी की घटनाओं के संबंध में ...से 8 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया इन गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 43 हो ...उन्होंने बताया कि इन वारदातों के संबंध में ...कर लिए गए हैं और जांच जारी है ।

...प्ता ने बताया कि कुछ चोरी का माल भी ...किया गया है । उन्होंने बताया कि गत 4 ...सा और कर्फ्यू के कारण विभिन्न स्थानों पर ...को उनके घरों में भेज दिया गया है ।

शुरू : डिवीजनल कमिश्नर ने बताया कि ...र से 87 रूटों पर सुरक्षा गार्डों के साथ बसें ...ाई हैं ।

...प्ता ने बताया कि जम्मू-पठानकोट और ...नगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीमा सुरक्षा बल ...टुकड़ियां तैनात की गई हैं । उन्होंने ...स्थिति में सुधार होने पर कल जम्मू शहर ...क्षेत्रों में भी कर्फ्यू में ढील दिए जाने की ...है ।

...स.एफ. के जवानों ने विभिन्न स्थानों पर



अमृतसर-पठानकोट मार्ग पर कत्थूनंगल क्षेत्र में उग्रवादियों ने गत रात्रि में बम विस्फोट करके रेल लाइन का एक भाग उड़ा दिया । चित्रों में (1) रेल अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (2) बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त रेल लाइन का भाग, (3) विस्फोट से 15 फुट दूर जाकर गिरा हुआ रेल लाइन का टुकड़ा, (4) घटना स्थल पर बरामद पैराशूट की रस्सी जिससे बम को रेलवे लाइन के साथ बांधा गया था, (5) रेलवे लाइन को ठीक करने के बाद रेल कर्मचारी ट्राली द्वारा लाइन को चैक करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

आत... छड़ो... बी.ए... अन्य...

चंडीगढ़, 1... आतंकवाद ने... आतंकवादियों ने... अमृतसर-पठान... मीटर टुकड़े को... की दो दिन में... आतंकवादी गुट... की हत्या कर... आतंकवादियों... जिला बटाला के... पर बम फैंकने...

रेल लाइन में आतंकवाद ने... से लगभग 24... गांव मोधा साहो... बार विस्फोटक... अमृतसर-पठान... उड़ा दिया । वि... बी कि पटरी के... तरह उड़ गया... 20 मीटर की...

पटियाला से... दल आज सुबह... पटरी को क्षति... पहले कभी इ... इस्तेमाल नहीं... स्टिक' कहा जा... बी तथा इनमें फ... गया । फ्यूज ब... गये ।

गत दो दिनों... जबकि आतंकव... कर गाड़ियां उल... को लुधियाना-... शक्तिशाली ब... थी ।

कल रात... तथा इसकी पुष्... घटना स्थल से... बाद दी गई । ... तथा सामान्य... गया । विस्फो... मालगाड़ी के... सुनने को मिली... था कि विस्फोट... के बाद से गुज...

Rajasthan Patrika

जिला मुख्यालयों पर सेना की गश्त जारी

और पुंछ में भी रात का कर्फ्यू लागू

रेयों से कानून-व्यवस्था की समीक्षा

का कर्फ्यू लगाया
सेना ने फ्लैग मार्च
रे दिन कर्फ्यू जारी
न्द सिंह के जन्म
ही शोभा यात्रा के
बाद हुई गड़बड़
। बाद में यह
ा भी कर्फ्यू लगा
गाजनी व लूटपाट
ी ।

मय : सरकारी
की एक बैठक के
में कर्फ्यू में ढील
रकारी सत्रों के
और बी.सी. रोड
बजे तक कर्फ्यू में

रत करते हुए ।
छाया : अशोक)

नगर
नाई

त्र द्वार है । यही
करने के इच्छुक
प्राण देते थे ।
त्मय' जैसे धर्म
गम में प्राण देने
णी पुनर्जन्म के

यात्रा का
या ?

ा.): जनता पार्टी
से गत दिनों जब
गया कि उनकी
ड़ा उद्योगपति ने
ते ही कहा, "मैं
भाई अम्बानी के
. स्वामी पिछले
वक्तव्य अदनान
ओं के विदेशों में
त गए थे ।
स यात्रा का खर्चा
ठाया था ।.वह
भी ।

ढील दी जाएगी जबकि गांधी नगर से विक्रम चौक सहित रेलवे स्टेशन क्षेत्र में प्रातः सात से दस बजे तक, नौबाबाद, पक्का डंगा और पुराना शहर बी.सी. रोड पर्वी क्षेत्र में प्रातः दस से दोपहर एक बजे तक तथा नई बस्ती, डिगियाना, सतवाड़ी और इहाथा में दोपहर दो से चार बजे तक कर्फ्यू में ढील दी जाएगी ।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जाएगी और यदि कर्फ्यू में दी गई ढील के दौरान कोई गड़बड़ न हुई तो ढील का समय बढ़ा दिया जाएगा ।

शिक्षा संस्थाएं : जम्मू शहर में सभी शिक्षा संस्थान बंद रहेंगे ।

बी.एस.एफ. तैनात : जम्मू क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर सीमा सुरक्षा बल की 8 कम्पनियां तैनात कर दी गई हैं । इनमें से 6 जम्मू शहर, एक आर.एस. पुरा और एक कम्पनी अखनूर में तैनात की गई है ।

डिवीजनल कमिश्नर श्री एन.आर. गुप्ता ने जम्मू क्षेत्र की स्थिति बारे पत्रकारों को बताया कि स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है और किसी भी स्थान से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है । उन्होंने बताया कि तालब टिल्लू में पहले कर्फ्यू में दो घंटे की ढील दी गई थी परन्तु बाद में इसमें एक घंटे की वृद्धि कर दी गई ।

कुल गिरफ्तार : श्री गुप्ता ने बताया कि हिंसा, लूटपाट व आगजनी की घटनाओं के संबंध में जम्मू क्षेत्र से 8 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है । अब इन गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 43 हो गई है । उन्होंने बताया कि इन वारदातों के संबंध में केस दर्ज कर लिए गए हैं और जांच जारी है ।

श्री गुप्ता ने बताया कि कुछ चोरी का माल भी बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि गत 4 दिन से हिंसा और कर्फ्यू के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे लोगों को उनके घरों में भेज दिया गया है ।

बसें शुरू : डिवीजनल कमिश्नर ने बताया कि जम्मू शहर में 87 रूटों पर सुरक्षा गार्डों के साथ बसें चला दी गई हैं ।

श्री गुप्ता ने बताया कि जम्मू-पठानकोट और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीमा सुरक्षा बल की गश्ती टुकड़ियां तैनात की गई हैं । उन्होंने बताया कि स्थिति में सुधार होने पर कल जम्मू शहर के अन्य क्षेत्रों में भी कर्फ्यू में ढील दिए जाने की सम्भावना है ।

बी.एस.एफ. के जवानों ने विभिन्न स्थानों पर फंसे कई लोगों को वाहन उपलब्ध करा कर घरों तक पहुंचने में सहायता दी ।

जम्मू रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने चार हजार से अधिक यात्रियों के लिए बसों का प्रबंध किया । सात बसें कटड़ा, 6 ऊधमपुर, 22 श्रीनगर, 2 बनिहाल, 2 किश्तवाड़, 2 भद्रवाह, 2 डोडा, 3 पठानकोट और एक बस राजौरी भेजी गई । विभिन्न स्थानों के लिए कुछ बसें टूरिस्ट रिसैप्शन सैंटर और पुलिस कंट्रोल रूम से भी चलाई गई । बाहर से आने वाले यात्रियों को जम्मू शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचाने के लिए बहुत सी



अमृतसर-पठानकोट मार्ग पर कत्थूनंगल क्षेत्र में उग्रवादियों ने गत रात्रि में बम विस्फोट करके रेल लाइन का एक भाग उड़ा दिया । चित्रों में (1) रेल अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (2) बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त रेल लाइन का भाग, (3) विस्फोट से 15 फुट दूर जाकर गिरा हुआ रेल लाइन का टुकड़ा, (4) घटना स्थल पर बरामद पैराशूट की रस्सी जिससे बम को रेलवे लाइन के साथ बांधा गया था, (5) रेलवे लाइन को ठीक करने के बाद रेल कर्मचारी ट्राली द्वारा लाइन को चैक करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

भारत में कोई भी सरकार आए खालिस्तान कभी भी नहीं बन सकता : देवरस

अम्बाला, 16 जनवरी (शर्मा): राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक श्री बाला साहब देवरस ने गत रात्रि में यहां एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि भारत में केंद्र में चाहे कोई भी सरकार आए खालिस्तान कभी भी नहीं बन सकता । पाकिस्तान भी खालिस्तान के हक में नहीं है । मैंने एक बार जालंधर में सिख भाइयों से विनेदन किया था कि पत्रकार ने कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए आर.एस.एस. को आगे आना चाहिए तो श्री देवरस ने कहा कि यदि हम कोशिश भी करें तो किससे बात करें । पंजाब में अनेक नेता हैं । उनमें से किससे बात करें । हो सकता है केंद्रीय सरकार भी इसी दुविधा में है कि वह किससे बात करें ।

आतंकवादियों छड़ों का प्रयोग

बी.एस.एफ. पर हमले

अन्यत्र औरत सि

चंडीगढ़, 16 जनवरी (वार्ता, हस): पंजाब में आतंकवाद ने एक नया मोड़ लिया जबकि आतंकवादियों ने 'विस्फोटक छड़ें' इस्तेमाल करके अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेल लाइन के डेढ़ मीटर टुकड़े को उड़ा दिया । रेलवे लाइन को उड़ाने की दो दिन में यह दूसरी घटना है । एक दर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस जिला बटाला के क्षेत्र में बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर बम फैंकने से 3 व्यक्ति घायल हो गए ।

रेल लाइन उड़ाई : अमृतसर (हस): पंजाब में आतंकवाद ने नया मोड़ लिया जबकि गत रात यहां से लगभग 24 किलोमीटर दूर थाना कत्थूनंगल के गांव मोघा साही के निकट आतंकवादियों ने पहली बार 'विस्फोटक छड़ें' प्रयुक्त करके उत्तर रेलवे के अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेलवे लाइन को उड़ा दिया । विस्फोटक सामग्री इतनी शक्तिशाली थी कि पटरी के स्टील गार्डर का डेढ़ मीटर टुकड़ा परी तरह उड़ गया । पटरी के टुकड़े निकटवर्ती खेतों में 20 मीटर की परिधि में पड़े मिले ।

पटियाला से विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञों का एक दल आज सुबह यहां पहुंचा । उन्होंने बताया कि रेल पटरी को क्षति पहुंचाने के लिए आतंकवादियों ने पहले कभी इस प्रकार की विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल नहीं की । विस्फोटक छड़ें जिन्हें 'कटर स्टिक' कहा जाता है, गार्डर के दोनों ओर लगाई गई थीं तथा इनमें फ्यूज वायर के टुकड़ों से विस्फोट किया गया । फ्यूज वायर के टुकड़े भी घटनास्थल पर पाये गये ।

गत दो दिनों में इस प्रकार की यह दूसरी घटना है जबकि आतंकवादियों ने रेल लाइन को क्षति पहुंचा कर गाड़ियां उलटाने का प्रयास किया है । शनिवार को लुधियाना-धूरी सैक्शन पर भी आतंकवादियों ने शक्तिशाली बम द्वारा 1.5 मीटर पटरी उड़ा दी थी ।

कल रात की घटना 9.30 बजे के करीब हुई तथा इसकी पुलिस व रेलवे अधिकारियों को सूचना घटना स्थल से एक मालगाड़ी के गुजरने के एक घंटे बाद दी गई । क्षतिग्रस्त पटरी की मुरम्मत की गई तथा सामान्य यातायात आज सुबह बहाल किया गया । विस्फोट के समय तथा घटनास्थल से एक मालगाड़ी के गुजरने के बारे में परस्पर विरोधी बातें सुनने को मिली हैं, जबकि पहली रिपोर्टों में कहा गया था कि विस्फोट एक मालगाड़ी जिसके तीन डिब्बे थे, के वहां से गुजरने के कुछ ही मिनट बाद हुआ, पुलिस व रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मालगाड़ी क्षतिग्रस्त पटरी पर से चमत्कारिक ढंग से गुजर गई । एक रेलवे अधिकारी ने कहा—यह वास्तव में ही एक चमत्कार है कि डेढ़ मीटर पटरी उड़ जाने के बावजूद इंजन तथा तीन बोगियां पटरी से नहीं उतरीं । रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों ने यह मत क्षतिग्रस्त पटरी के निरीक्षण के बाद व्यक्त किया जिस पर गाड़ी के पहियों के निशान थे । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया, ने भी यही मत व्यक्त किया । उन्होंने

Punjab Sanatani

क्रियान्वयन समिति की रिपोर्ट

(पृष्ठ 3 का शेष)

तकनीकी शिक्षा : इंजीनियरिंग एवं नान इंजीनियरिंग विषयों में सीनियर लैक्चरर को 3000-4500 का वेतनमान मिलेगा ।

उक्त विषयों के अलावा अन्य विभागों के पदों के निमित्त तीसरे वेतनायोग की सिफारिशें मानी गई हैं । इन सारे वेतनमानों तथा भत्तों इत्यादि से सरकारी कोष पर प्रतिवर्ष 55 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा ।

वेतन विसंगतियां निवारण समिति : मख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा ने घोषणा की है कि तीसरे वेतनायोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए अब विभागानुसार वरिष्ठ अधिकारियों पर आधारित वेतन विसंगतियां निवारण कमेटी गठित की जाएगी । यदि किसी विभाग के कर्मचारी अनुभव करते हों कि उनके साथ न्याय नहीं हुआ है तो वे इस समिति के समक्ष अपना केस पेश कर सकेंगे। वित्त सचिव श्री आर.एन. गुप्ता ने बताया कि सारी वेतनायोग 28 फरवरी से पहले दो और रिपोर्टें पेश करेगा । एक रिपोर्ट सेवानिवृत्त कर्मियों की पैंशन बारे है तथा दूसरी वर्कचार्ज कर्मियों से सम्बद्ध होगी ।

औद्योगिक प्रशिक्षण : (1) डिप्टी अप्रैंटिसशिप एडवाइज़र, डिप्टी डायरैक्टर स्कूल्स तथा डिप्टी डायरैक्टर इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग : 3000-4500 रुपए ।

(2) असिस्टैंट डायरैक्टर इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग, असिस्टैंट अप्रैंटिसशिप एडवाइजर तथा आई.टी.आई. प्रिंसीपल : 2200-4000 रुपए ।

सूचना एवं लोक सम्पर्क : डी.पी.आर.ओ., पी.आर.ओ. अतिरिक्त पी.आर.ओ. तथा आई.ओ. : 2100-3700 रुपए ।

अतिथ्य विभाग : (1) बेलदार, पलम्बर, एयर कंडीशनर मकैनिक, ट्यूबवैल आप्रेटर ग्रेड-II, हैडसीवरमैन तथा सीवरमैन (वर्तमान निर्धारित वेतन) : 750-1350 रुपए ।

(2) स्टिवर्ड तथा हैड इंगलिश कुक : 1200-2100 रुपए ।

राज्यपाल का सचिवालय तथा मिलिटरी सचिवालय : (1) हैड ड्राइवर : 1200-2100 रुपए ।

(2) सभी पी.बी.एक्स. आप्रेटरों को आदेश जारी होने की तिथि से विशेष वेतन मिलेगा । इसकी दर इस वर्ग में कुछ एक को दिए जा रहे विशेष वेतन के बराबर होगी ।

सांस्कृतिक मामले, आर्कयोलाजी व म्यूजियम : कंसरवेटर एसिस्टैंट 1640-2925 रुपए ।

सिविल सचिवालय : दिल्ली स्थित उप-सम्पर्क अधिकारी : अधिक्षक ग्रेड-I का वेतनमान अर्थात् 2000-3500 रुपए, 250 रुपए विशेष वेतन सहित । यह एक जनवरी, 1986 से लैज़न आफीसर रीडैजीगनेट होने तक होगा । उसके बाद 300 रुपए प्रतिमाह विशेष वेतन दिया जाएगा ।

आर्कीटैक्चर : अतिरिक्त चीफ आर्कीटैक्चर : 5900-6700 रुपए । आर्काइज्ज : संरक्षण निरीक्षक : 1025-1800 रुपए ।

न्यायिक सेवाएं : पंजाब उत्कृष्ट न्यायिक सेवा : 3000-5600 रुपए (सामयिक स्केल) 4500-6700 रुपए (सिलैक्शन ग्रेड आठ साल की सेवा के बाद) ।

रेल लाइन उड़ा दी

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया गया । उसका नाम गुरजंट सिंह बताया जाता है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

सुरंग फटी थी : 'ह.स.' के अनुसार बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी के जवान सुरंग फटने से घायल हुए थे । विस्फोट से बी.एस.एफ. के 79 बटालियन के ट्रक को भी क्षति पहुंची । पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसने क्षेत्र को घेर लिया ।

बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर बम : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत थाना सदर बटाला के गांव शंकरपुरा के निकट उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर बम फैंका जिससे बी.एस.एफ. के वाहन का ड्राइवर एस.एन. तिवाड़ी, हवलदार अजीत राम और कांस्टेबल एस.के. मिश्रा घायल हो गए । घायलों को बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

पाकिस्तान परमाणु बम बनाने में समर्थ : सोलार्ज

इस्लामाबाद, 16 जनवरी (ह.स.): अमरीकी कांग्रेस की एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र संबंधी समिति के अध्यक्ष स्टीफन सोलार्ज ने आज यहां कहा कि प्रैस और अन्य स्रोतों से मिली जानकारी से उनकी यह धारणा बनी है कि पाकिस्तान में परमाणु बम बनाने की क्षमता है और वह चाहे तो इस बम को बन सकता है लेकिन इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि पाकिस्तान के पास इस समय परमाणु बम है । हमारा उद्देश्य इतना है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम जहां इस समय है, वहीं सीमित रहे और आगे न बढ़े ।

सोलार्ज की राजीव से भेंट : नई दिल्ली : श्री सोलार्ज ने जो इस्लामाबाद से दिल्ली पहुंचे थे, आज प्रधानमंत्री राजीव गांधी से भेंट की । उन्होंने भारत-अमरीका संबंधों पर विचार-विमर्श किया । वह रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से भी मिले ।

सेना की गश्त जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

दृष्टिगत इंका-नैकां सरकार को इस्तीफा देना चाहिए । श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार लोगों के जान माल की रक्षा करने के अपना नैतिक दायित्व पूरा करने में विफल रही है ।

चैक भेंट : मेजर जनरल श्री त्यागी ने आर्मी कमांडर लैफ्टिनैंट जनरल बी.सी. नंदा की ओर से एक लाख रुपए का चैक मख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला को भेंट किया । श्री त्यागी ने जम्मू शहर में कर्फ्यू के दौरान तैनात सैनिकों की ओर से एकत्रित की गई 40 हजार रुपए की राशि का चैक भी भेंट किया ।

अंतिम संस्कार : गत शुक्रवार को हुई हिंसक घटनाओं में मारे गए 11 लोगों का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

धर्म स्थानों की मुरम्मत : जम्मू में पिछले शुक्रवार की हिंसक घटनाओं में जिन धार्मिक स्थलों को दंगाइयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था उनकी मुरम्मत कर दी गई है । मख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के आदेश पर ऐसा किया गया ।

पाक द्वारा निराधार समाचार : जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने आज सुबह पाकिस्तान रेडियो और टैलीविज़न से प्रसारित एक खबर को निराधार बताया है जिसमें कहा गया था कि ऊधमपुर में पुलिस फायरिंग और हिंसा से सात लोग मारे गए ।

पंजाब समस्या जैल सिंह, संजय गांधी, भिंडरांवाले के षड्यंत्र से पैदा हुई : उमरानंगल

पुणे, 16 जनवरी (ह.स.): गुरु नानक शांति मिशन के अध्यक्ष जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने आज यहां कहा कि भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को अकाल तख्त तथा भारत की जनता के समक्ष अपना दोष स्वीकार करके यह इकबाल कर लेना चाहिए कि पंजाब की वर्तमान समस्या के बीज उन्होंने बोए थे ।

केहर सिंह को फांसी दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जत्थेदार उमरानंगल ने आरोप लगाया कि पंजाब की समस्या पैदा करने वाले मख्य षड्यंत्रकारी पंजाब के भूतपूर्व मख्यमंत्री ज्ञानी जैल सिंह, स्वर्गीय संजय गांधी और संत भिंडरांवाले थे । उन्होंने कहा कि इन तीनों में एक "अपवित्र गठजोड़" था ।

जत्थेदार उमरानंगल, जिन्होंने स्वर्ण मंदिर परिसर में आतंकवादियों की उपस्थिति के विरोध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी छोड़ दी थी और शांति मिशन की स्थापना की थी, कहा कि सतवंत सिंह को दी गई मौत की सजा बदल कर उम्र कैद में बदल दी जानी चाहिए थी क्योंकि उसने श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या का दोष मान लिया था ।

पंजाब की ताज़ा स्थिति के बारे में शीघ्र ही एक उच्चस्तरीय मीटिंग होने की संभावना

नई दिल्ली, 16 जनवरी (हि.टा.) : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के अगले सप्ताह यहां वापिस आने के तुरन्त बाद पंजाब की वर्तमान स्थिति के बारे में एक उच्चस्तरीय मीटिंग में समीक्षा की जाएगी । श्री गांधी तमिलनाडु और मिजोरम में होने वाले चुनावों के कारण व्यस्त हैं । पंजाब की स्थिति की समीक्षा करनी इसलिए आवश्यक हो गई है क्योंकि श्रीमती गांधी के हत्यारों को फांसी दिए जाने के बाद इसमें विशेष रूप से परिवर्तन हुआ है ।

यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सभी अकाली धड़े, जो पहले विभाजित थे और हतोत्साहित महसूस कर रहे थे उन्होंने दोनों हत्यारों को फांसी देने के मुद्दे को व्यापक रूप से उठा लिया है और श्रीमती गांधी के हत्यारों के परिवारों को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित करने के संबंध में एक-दूसरे से आगे निकल जाना चाहते हैं ।

इससे राज्य में न केवल आतंकवादी गिराहों के हौसले बढ़ गए हैं बल्कि उनके प्रति लोगों के समर्थन का निर्णय किए जाने से उन्हें नया जीवन मिल गया है जबकि इससे पहले वे आम लोगों से अलग-थलग पड़ते जा रहे थे । इन नई गतिविधियों ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मशीनरी पर दबाव और भी बढ़ा दिया है ।

इन परिवर्तित परिस्थितियों में लोकतंत्र को निचले स्तर से स्थापित किए जाने के प्रयास के अंतर्गत पंचायत चुनावों या सहकारी समितियों या अन्य नागरिक संस्थाओं के चुनाव कुछ देर के लिए स्थगित करने होंगे । श्री गांधी की पंजाब यात्रा के बाद ये चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई थी ।

एक सूचना के अनुसार पंजाब की स्थिति से निपटने के संबंध में कुछ उलझनें भी पैदा हो गई हैं, जिसका कारण राज्यपाल श्री एस.एस. रे तथा गृहमंत्री श्री बूटा सिंह की विचारधाराओं में मतभेद होना बताया जाता है । समझा जाता है कि श्री रे जहां पंचायत चुनाव कराने पर तुले हुए थे वहां श्री बूटा सिंह पार्टी नेताओं के कहने में इसका विरोध कर रहे थे ।

कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के अतिरिक्त पंजाब में पार्टी ढांचे के पुनर्गठन करने के प्रश्न पर भी विचार किया जा सकता है । कई नेताओं ने सुझाव दिया है कि पंजाब की स्थिति से निपटने के लिए राजनीतिक पहलकदमी और लोगों को संगठित करने का भी प्रयास करना होगा । इस उद्देश्य से कुछ नेता तो पंजाब प्रदेश इंका नेतृत्व में परिवर्तन करने का भी सुझाव देते रहे हैं ।

कार्यकुशलता

लिफ्ट में पेशाब करने वाली महिला दंडित

Punjabi Sahitari

उग्रवादियों द्वारा 2 बहनों सहित 6 की हत्या : सिख छात्र संघ का नेता आपसी संघर्ष में मरा

एक सिपाही व उसके 2 साथियों सहित 24 उग्रवादी, उनके शरणदाता गिरफ्तार

लुधियाना में रेलवे लाईन उड़ाने का प्रयास : 10 राईफलें छीन कर ले गए

चंडीगढ़, 17 जनवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने गत 24 घंटों में 2 बहनों सहित 6 लोगों की हत्या कर दी, 47 हजार रुपए लूट लिए और दो स्कूटर व एक रिवाल्वर छीन लिया । लुधियाना में रेल पटड़ी उड़ाने का प्रयास किया । आपसी शत्रुता में सिख छात्र संगठन के एक नेता की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक सिपाही व उसके दो साथियों सहित 23 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया ।

2 युवतियों की हत्या : बटाला (कोछड़, गुलाटी, ह.स.): जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात लगभग 8 बजे थाना सदर बटाला के गांव छित्त में 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने ज्ञान चंद के घर में फायरिंग करके उसकी 2 बेटियों ऊमा (19) व रानी (21) की हत्या करके उनकी माता शीला रानी को गम्भीर घायल कर दिया । घायलों को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एक अन्य समाचार के अनुसार मृतकों की माता का नाम शांति देवी है जबकि लड़कियों के नाम रानी (19) और उषा (17) थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी श्री ज्ञान चंद के घर आए और दरवाजा खटखटाया, उनकी दोनों लड़कियों ने दरवाजा खोला और सशस्त्र लोगों को देख कर दरवाजा बंद करने का प्रयास किया । इस पर आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके उनकी हत्या कर दी और उनकी माता को घायल कर दिया ।

सूत्रों के अनुसार हत्यारों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 का प्रयोग किया । इसके 3 चले हुए कारतूस पुलिस को मौका से मिले हैं । पुलिस 10 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । पुलिस ब बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोज कर रही है । रात को ही पोस्टमार्टम करा कर शव वारिसों के दे दिए गए ।

सरपंच घायल : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धन्ना में 3 अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फ़ायरिंग करके वहां के सरपंच दिलबाग सिंह को घायल कर दिया । घटना कल सोमवार सायं की बताई जाती है । घायल को सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

जवानों की हालत में सुधार : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव शंकरपुरा के निकट आतंकवादियों ने विस्फोट करके बी.एस.एफ. के जिन तीन जवानों को घायल किया था, सिविल अस्पताल बटाला में उनकी हालत में सुधार हो रहा है और डाक्टरों के अनुसार वह खतरे से बाहर हैं ।

पुलिस व बी.एस.एफ. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह जवान बी.एस.एफ. की 79 बटालियन से सम्बन्धित हैं तथा गत रात बी.एस.एफ. के ट्रक पर गांवों में गश्त कर रहे थे कि गांव शंकरपुरा के निकट आतंकवादियों ने रास्ते में 'बबी ट्रैप' बम लगा कर विस्फोट किया, जिसमें बी.एस.एफ. का हवलदार अजीत राम, सिपाही ए.के. मिश्रा व ड्राइवर एस.एन. तिवाड़ी घायल हो गए । ट्रक बरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ।

10 राईफलें लूट कर ले गए : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव समराय में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात विशेष पुलिस अधिकारियों से आज सायं 4-5 उग्रवादी उनकी 10 राईफलें छीन कर भाग गए । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बी.एस.एफ. के जवान तथा अधिकारी और आई.जी. बार्डर श्री सी. पाल सिंह तत्काल मौके पर पहुंच गए । सुरक्षा बलों ने आसपास के क्षेत्र को तत्काल घेरे में ले लिया ।

फैडरेशन के नेता की हत्या : लुधियाना (हि.स.): सिख छात्र संगठन के जनरल सैक्रेटरी गुरनाम सिंह की आज दो अज्ञात आतंकवादियों ने मेहमदपुरा गांव में गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि गुरनाम सिंह बस स्टैंड पर जाने के लिए जैसे ही अपने घर से निकला, साइकल पर सवार दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर उसे गम्भीर रूप से ज़ख्मी कर दिया । अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया । पुलिस के अनुसार यह हत्या उग्रवादियों की आपसी गुटबंदी का परिणाम प्रतीत होती है ।

रेल पटड़ी उड़ाने का प्रयास : सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों द्वारा लुधियाना में रणधीर सिंह नगर के निकट रेल की पटड़ी को उड़ाने की कोशिश आज अपरान्ह नाकाम कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों को पटड़ियों पर बम रखे होने की समय पर जानकारी मिल गई थी । जानकारी मिलते ही सेना के विशेषज्ञों को बुला कर इस बम को निष्क्रिय कर दिया गया । बम से रेल की पटड़ियों को उड़ाने के प्रयास की गत शनिवार के बाद से राज्य में आज यह तीसरी और लुधियाना में दूसरी घटना थी ।

'भाम्बी' के अनुसार रणधीर सिंह नगर की पिछली लाइन पर एक प्रभावशाली बम एक कागज उठाने वाले को मिला । उसने तत्काल सी.आर.पी. को इसकी सूचना दी । लुधियाना रेलवे के प्रमुख श्री सुखदेव सिंह ने उसी समय पैसेंजर गाड़ी, जो कि फिरोजपुर से लुधियाना को आ रही थी, को बद्दोवाल में रुकवा लिया ।

'धीमान' की सूचना है कि यह उच्च शक्ति का अमरीकी बम था । यदि यह फट जाता तो भारी क्षति होती ।

2 स्कूटर छीने : लुधियाना के निकटवर्ती गांव बुखारी कलां में 2 आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति हरपाल सिंह से उसका स्कूटर छीन कर ले गए । तलवंडी कलां में एक और व्यक्ति से भी स्कूटर छीन लिया गया ।

5 गिरफ्तार : लुधियाना जिला में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । इन व्यक्तियों के नाम हैं—तलवंडी राय का गरदेव सिंह और तारा सिंह, हरि सिंह, लखा सिंह (तीनों भाई) तथा देवेंद्र सिंह दादू । ये सभी सुधार पुलिस स्टेशन के गांव हलवारा से सम्बन्धित हैं ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के मोहल्ला मोरा सिंह गांव में एक अज्ञात हमलावर एक व्यक्ति की हत्या करके फ़रार हो गया । मृतक का नाम सुनील कुमार बताया गया है । उसकी हत्या तेज़-धार हथियार से की गई ।

47 हजार लूटे : दो सशस्त्र लुटेरों ने लुधियाना में शेरपुर चौक के निकट एक पैट्रोल पम्प से एक व्यक्ति से 47,200 रुपए लूट लिए ।

'महिन्द्रा' के अनुसार कल जालन्धर में पर एक पैट्रोल पम्प मालिक से 27200 रुपए पिस्तौल की नोक पर छीन लिए गए । पुलिसानुसार पैट्रोल पम्प मालिक गुरबचन सिंह जालन्धर बाई-पास पर जा रहा था कि दो लुटेरे उसके पीछे लग गए और राशि छीन कर भाग गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

'धीमान' के अनुसार कल शेरपुर में इंडियन ओवरसीज़ बैंक में एक व्यापारी कैश जमा करवाने आया तो उससे दो आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखा कर 47200 रुपया छीन लिया ।

दो शरणदाता गिरफ्तार : कपूरथला (ह.स.): पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों सेवा सिंह और बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

दो गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): जिला पुलिस ने दो उग्रवादियों अशोक कुमार उर्फ़ सोनी और बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्ज़े से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल और एक 303 बोर का पिस्तौल बरामद किया गया है ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज सायं चंडीगढ़ में बताया कि जालन्धर से दोनों उग्रवादियों को रविवार को गिरफ्तार किया गया था । संत नगर के बलदेव सिंह से एक 303 बोर का पिस्तौल और दस कारतूस तथा पर हीरां के अशोक कुमार से चीनी असाल्ट राइफल और दस कारतूस बरामद हुए ।

कर्मी की हत्या : अमृतसर (ह.स., वि.प्र.): पंजाब लोक निर्माण विभाग के एक कर्मचारी अमर सिंह की कल रात आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के वेरका गांव के निकट गोली मार हत्या कर दी ।

किसान की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि पुलिस जिला मजीठा के गांव चीमा बाठ में एक किसान की हत्या कर दी । मृतक की गुरदयाल सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

सरपंच मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के ही गांव धारधीया में सुरक्षा बलों की फायरिंग से एक सरपंच मारा गया ।

पुलिस से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि सरपंच उस समय मारा गया, जब एक संदिग्ध उग्रवादी, जिसका सुरक्षा बल पीछा कर रहे थे, ने उक्त सरपंच के घर में आश्रय ले लिया । सुरक्षा बलों ने घर पर फायरिंग की । संदिग्ध उग्रवादी, जो गांव के गुरुद्वारे का ग्रंथी है, को हिरासत में ले लिया गया । पुलिस ने कहा है कि उक्त ग्रंथी इस से पूर्व साइकल पर जा रहा था । जब सुरक्षा बलों ने उसे चुनौती दी तो वह साइकल छोड़ कर भाग निकला और वह सरपंच के घर में जा छिपा । सुरक्षा बलों ने तत्काल घर को घेर लिया ।

एक और हत्या : तरनतारन पुलिस जिला (अमृतसर) के पट्टी थाने के गांव मंदां में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति तेजेन्द्र सिंह की आज रात्रि हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पृथ्वी "भूकम्प युग" में दाखिल

बीजिंग, 17 जनवरी (न्यू. टा.): गत वर्ष में पृथ्वी भूकम्प सम्बन्धी गतिविधियों के युग में प्रवेश कर गई है । चीनी वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक ऐसी अवधि होगी जिसमें कई और भूकम्प आने की अपेक्षा की जा सकती है । चीन के भूकम्प सम्बन्धी केन्द्र के उपनिदेशक प्रो. चेन योंग का कहना है कि पिछले वर्ष जिन जबरदस्त भूकम्पों ने चीन और सोवियत संघ में कहर ढाया था वह वास्तव में "भूकम्प सम्बन्धी गतिविधियों के नए युग" के आरम्भ होने का संकेत मात्र था । चीनी भूकम्प केन्द्र द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष 16 भूकम्प आए थे जिनको रिचर स्केल पर 7 या उससे अधिक डिग्री तक मापा गया था । सबसे अधिक शक्तिशाली भूकम्प वह था जिसने गत मार्च में अलास्का क्षेत्र में तबाही मचाई थी । प्रो. चेन का कहना है कि इन भूकम्पों ने जितनी ऊर्जा का त्याग किया था वह आध दर्जन हाईड्रोजन बमों के विस्फोट जितनी शक्ति का था । गत वर्ष के अधिकांश प्रमुख भूकम्प यूरो-एशियाई महाद्वीप क्षेत्रों तथा प्रशांत महासागर के कुछ क्षेत्रों में दर्ज किए गए थे ।

आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन का बुंडाला गुट भारी फूट का शिकार

अमृतसर, 17 जनवरी (मनोहर शरद): प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फ़ैडरेशन (बुंडाला) धड़ा ज़बरदस्त फूट का शिकार हो गया है तथा अब इस धड़े में बड़ी तेज़ी से एक-दूसरे की टांगें खींची जा रही हैं । विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक फ़ैडरेशन की यह गुटबंदी कुछ दिनों में खुल कर सामने आने की सम्भावना है तथा उम्मीद की जा रही है कि फैडरेशन के दो धड़े बन जाएंगे । यह फूट गुरनाम सिंह बुंडाला द्वारा गुरनाम सिंह बुटर को फैडरेशन से निकालने की वजह से शुरू हुई है । इस फैडरेशन को उग्रवादियों की पांच मैम्बरी पंथक कमेटी का पूरा समर्थन प्राप्त है तथा अब पंथक कमेटी भी बंट सकती है । इससे पहले ही फैडरेशन बुंडाला और दलजीत सिंह बिट्टू के दो धड़ों में बंटी हुई है । पंथक कमेटियां भी दो हैं ।

सूत्रों के अनुसार आपसी मतभेदों को लेकर आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन बुंडाला धड़ा अब बरी तरह फूट का शिकार हो गया है । दरअसल फैडरेशन के पुनर्गठन को लेकर ही फैडरेशन में आपसी विवाद शुरू था, वह बुटर को निकालने के बाद उभर कर बाहर आ गया । फैडरेशन के इस धड़े को पांच मैम्बरी पंथक कमेटी (मानोचाहल) का पूरा समर्थन प्राप्त था । अब पंथक कमेटी के दो मैम्बर बुंडाला धड़े के समर्थक हैं जबकि तीन गुरनाम सिंह बुटर की पीठ पर हैं । लिहाज़ा ऐसी सम्भावना को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि बुंडाला धड़ा दो धड़ों में विभाजित हो जाए । बुटर ने भी बुंडाला धड़े में सेंध लगा दी है तथा वह ज़्यादा से ज़्यादा फैडरेशन नेताओं को अपने साथ जोड़ रहा है । उधर पहले ही अलग फैडरेशन का बिट्टू धड़ा भी अपने विरोधी बुंडाला धड़े को खत्म करने के लिए बुटर के साथ सम्पर्क बना रहा है । पता चला है कि कुछ दिनों में ही एक नई फैडरेशन 1981 के संविधान के मुताबिक गठित होने जा रही है जिसके संयोजक गुरनाम सिंह बुटर तथा प्रधान मनजीत सिंह (जोधपुर में बंदी) तथा जनरल सैक्रेटरी हरमिन्द्र सिंह (जोधपुर में बंदी) ही होंगे । सूत्रों का कहना है कि बुंडाला धड़े से एक और धड़ा निकलने से फैडरेशन में आपसी संघर्ष बढ़ सकता है तथा इनमें खुलकर आंतरिक टकराव भी हो सकता है ।

अगले कुछ दिन उग्रवादियों के क्षेत्रों में अहम दिन होंगे तथा उग्रवादियों से सम्बन्धित सभी धड़ों में गुटबंदियां उभर कर सामने आ सकती हैं ।

रक्त दानियों से भी एड्ज़

नई दिल्ली, 17 जनवरी (ह.स.): वैल्लूर क्रिश्चियन मैडीकल कालेज व अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार बहुत से स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों से भी एड्ज़ का रोग हो जाता है ।

अतिरिक्त सैशन जज आर.पी. गैंद की हत्या के दोनों अभियुक्त बरी

पटियाला, 17 जनवरी (भूषण): नाभा जेल के विशेष जज श्री आर.डी. सिंगल ने जालन्धर के अतिरिक्त सैशन जज श्री गैंद की हत्या में संलिप्त दोनों अभियुक्तों सतनाम सिंह व रणजीत सिंह को बरी कर दिया है । यह घटना 1 सितम्बर 1986 को हुई थी जबकि श्री गैंद शाम के 5 बजे रामानन्द कालिया की दकान पर टैलीफोन करने आए थे । अभी उन्होंने रिसीवर अपने कान पर लगाया ही था कि दो व्यक्ति जिनमें एक सिख और एक क्लीन शेवन था, वहां आए । वे पिस्तौलों से लैस थे । उन्होंने श्री गैंद पर फायर किए जिससे वह वहीं गिर कर दम तोड़ गए । बाद में अभियुक्त स्कूटर पर सवार होकर भाग निकले । यह घटना दकान पर काम कर रहे सुरेन्द्र कुमार और विशन दास ने देखी । इस्तगासा की ओर से 13 गवाह पेश किए गए जिनमें दुकानदार रामानन्द कालिया भी था । उसने घटनाक्रम एफ.आई.आर. के अनुसार बताया परन्तु अभियुक्तों की शिनाख्त नहीं कर सका । बचाव पक्ष के वकील जगमोहन सिंह ने रामानन्द कालिया के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उसने स्वीकार किया है कि सुरेन्द्र कुमार नाम का कोई व्यक्ति उसका नौकर नहीं था और न ही उस समय वह दुकान पर मौजूद था । अदालत ने गवाही के अभाव में दोनों अभियुक्तों को बरी कर दिया ।

जनता दल टूटने का भारी खतरा है : बहुगुणा



(1) स्कूल की इमारत की ऊपरी छत, जो नीचे की छत पर जा गिरी, (2-3) गया । जो छात्राएं मलबे की नीचे दब कर मर गईं, (4) नीलम, (5) प्रवी (12 से 25) नीलम, सुनीता, मंजु, सोनिया, सुनीता, मोनिका, तृप्ता, ऋ

गुरदासपुर के डी.ए.वी. स्कू

6 की दशा गम्भीर : हताहत बच्चों के परि

गुरदासपुर, 17 जनवरी (विनोद): स्थानीय डी.ए.वी. गर्ल्ज हाई स्कूल की इमारत गिर जाने से आठवीं कक्षा की 8 लड़कियां मलबे के नीचे दब कर दम तोड़ गईं और 14 गम्भीर रूप से जख्मी हो गईं

यह घटना आज प्रातः लगभग 10.30 बजे घटी । घटना के समय सम्बाददाता अचानक ही स्कूल के सामने एक बर्कशाप में स्कूटर ठीक करवा रहा था कि एक धमाके की आवाज आई और लोगों में भगदड़ मच गई, परन्तु अचानक जब स्कूल की लड़कियां स्कूल से बाहर आकर शोर मचाने लगी तो लोगों ने तुरन्त बचाव कार्य शुरू कर दिया । जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास पुलिस लाइन में विशेष मीटिंग कर रहे थे, जब सम्बाददाता द्वारा श्री दास को घटना की सूचना दी गई तो वह मीटिंग रद्द कर समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और मलबा हटाकर लड़कियों को निकाला ।

पुलिस विभाग से सम्बन्धित पायलट गाड़ी का ड्राइवर नरिन्द्र जीत अचानक घटना के कुछ मिनट बाद वहां से अपनी गाड़ी से गुजर रहा था । उस द्वारा किया गया बचाव कार्य कारण कई बच्चे समय प और बच गए ।

घटना के बारे जो जान अनुसार इस स्कूल की इमार है और स्कूल की दसरी मं का काम कर रहे थे, कि अ जिस कारण प्रथम मंजिल प्रथम तथा दसरी छत के म की 34 लड़कियां दब गईं शुरू करने से दस लड़किय घायलों को स्थानीय सरक करवाया गया जिसमें से बताई जाती है ।

शहर में घटना की सू तथा डी.ए.वी. स्कूल में माता-पिता तथा सम्बन्धी पहुंच गए और बच्चों की ह रो पड़ा । लोगों द्वारा स्क लगाया जा रहा है कि इमारत

पाकिस्तानी जासूस जो दो बार जास में सफल रहा मगर तीसरी बार प

रायसिंहनगर, 17 जनवरी (आलोक): हाल में पकड़े गए पाकिस्तानी जासूस जमील अहमद ने कई सनसनीखेज़ तथ्य उजागर किए हैं । इसके साथ-साथ यह भी स्पष्ट हो गया कि सीमा सील होने के बावजूद भी पाक जासूसों का भारत में आना-जाना जारी है । जमील को गत दिनों भारतीय सीमा पर स्थित ख्यालीवाला गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ा था । तलाशी में उसके पास से जापान का बना 35 एम.एम. का एक कैमरा, दो रीलें, 600 रुपए की भारत की करंसी और तीन टास्क स्लिपें बरामद हुई हैं । पूछताछ के दौरान जमील ने पुलिस को बताया कि पहले भी दो बार वह भारत में अवैध रूप से आ चुका है । पहली बार उसने अपने सहयोगियों सिद्दीकी मोहम्मद के साथ 24 नवम्बर की रात को पाकिस्तान की शेरशाह पोस्ट से भारत में प्रवेश किया था । रात को सीमा पर स्थित पीरांवाली गांव में वे अपने भारतीय सहयोगी बहादुर सिंह के घर रुके । दूसरे दिन गजसिंहपुर गए । वहां से बस पकड़ कर रायसिंहनगर और फिर रायसिंहनगर से साइकिल खरीद कर उन्होंने अनूपगढ़, घड़साना, रावला, छत्रगढ़ व सत्तासर की साइकिल पर यात्रा करके रास्ते में पड़ने वाली नहरों, पुलियों और हैडों की तस्वीरें लीं । सत्तासर से वे गंगानगर गए । वहां पर उन्होंने एक समाचार विक्रेता से कुछ पत्रिकाएं खरीदीं और वापस गजसिंहपुर होते हुए पाकिस्तान चले गए ।

दबारा फिर 12 सितम्बर की शाम को 7 बजे उसने भारतीय सीमा में प्रवेश किया । इस बार वह अकेला आया । पाकिस्तान खुफ़िया विभाग ने उसको एक नक्शा दे उसके अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए । रात को वह बहादुर सिंह के पास रुका । वहां से गजसिंहपुर होता हुआ गंगानगर के रास्ते अबोहर गया और वहां से मुक्तसर । उसने रास्ते में पड़ने वाले महत्वपूर्ण स्थानों की फोटो खींची । मुक्तसर से वह वापिस बीकानेर जिले में सत्तासर गया, जहां पर उसने सत्तासर हैड की तस्वीर ली, क्योंकि पिछली बार खींच हैड का चित्र स्पष्ट नहीं आ प को बताया कि नवम्बर माह था, उसने महत्वपूर्ण स्थानों थीं, जिसमें धुलबाने पर 14 थीं । सैंतासर से वह पीरांवा के पास गया । उसने उस रणजीत सिंह के पास भेज दि सिंह ने उसको भारतीय सीम

अब की बार वह तीसरी सीमा पार करते ही सीमा उसको पकड़ कर पुलिस जमील को इस बार रायसि सड़क पर पड़ने वाली महत्व की तस्वीरें खींचने का काम साथ-साथ कुछ भारतीय एटलस व रेलवे डायरैक्टरी

बीस वर्षीय जमील बहावलनगर के जिले के गां वाला है तथा पाकिस्तान फौ लिए कार्य करता है । पुलिस बताया कि वह डकैती के जु सजा भुगत रहा था । वहां यूनिट का सूबेदार अपने एक मिला । उसने शर्त रखी इन्टैलीजैंस के लिए कार्य छुड़वा लिया जाएगा । वह और तब से वह पाकिस्तानी कार्य कर रहा है । जमील क कालेज रोड पर स्थित खुफ़ि केंद्र पर प्रशिक्षण दिया गया देने वाले तथा पाकिस्तान यूनिट, अपने सात सहयोगि बताए हैं । पुलिस अदालत का रिमांड लेकर ज्वाइंट इन भेज दिया है ।

Punjabi

कर्फ्यू में ढील
(पृष्ठ 3 का शेष)

हाल ही में हुए हिंसक उपद्रवों की निंदा की है । उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि इस हिंसा के लिए अकाली नेताओं के भड़काऊ भाषण जिम्मेदार हैं । उन्होंने अकाली नेताओं से आग्रह किया कि वह यह क्रम बंद कर दें । उन्होंने सिख नेताओं से भी आग्रह किया कि वे शांति बनाए रखें ।

पंजाब कम्युनिस्ट पार्टी ने आज यहां अपनी बैठक में जम्मू तथा अन्य स्थानों पर हुई साम्प्रदायिक हिंसा व आगज़नी की निंदा की है ।

ट्रक को आग लगा देने के प्रयास के बाद आज रात 10 के स्थान पर 9 बजे ही कर्फ्यू लगा दिया गया । जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजबाग से छतवाल तक सेना की गश्त बढ़ा दी गई है ।

एस.पी. ने बताया कि यहां शिव सेना के प्रधान को जान से मार देने और कठुआ में भी जम्मू जैसी घटनाएं दोहराने की टैलीफोन पर मिली धमकी के दृष्टिगत जांच शुरू कर दी गई है ।

'ह स' के अनुसार स्थिति में सुधार के दृष्टिगत जम्मू और ऊधमपुर से बीरवार तक सेना हटा लिए जाने की सम्भावना है । यह संकेत आज एक सरकारी प्रवक्ता ने दिया ।

उग्रवादियों द्वारा हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

एक गिरफ्तार : संगरूर (गर्ग): गत रात पुलिस ने एक दुर्दांत उग्रवादी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है । प्राप्त समाचार के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादी का नाम जरनैल सिंह है । वह जिला पटियाला के गांव राजो माजरा का निवासी है । उसके कब्जे से 303 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस मिले हैं । पटियाला पुलिस को उसकी कुछ अन्य केसों में भी तलाश थी । उससे पूछताछ जारी है ।

सिपाही व साथी गिरफ्तार : एक अन्य सूचनानुसार गत सायं पुलिस ने एक सिपाही महेंद्र पाल सिंह और उसके साथियों हरेंद्र सिंह और दर्शन सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक स्कूटर नम्बर बी.सी.एल. 4084, एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

रिवाल्वर छीना : पटियाला जिले में भी एक रिवाल्वर छीनने की वारदात हुई है ।

दोनाली बंदूक छीनी : फिरोजपुर (ह.स.): गत रात धर्मकोट पुलिस स्टेशन के गांव पट्टी देवा से उग्रवादियों ने दारा सिंह उर्फ अमर सिंह से उसकी दोनाली बंदूक और दस कारतूस छीन लिए ।

दुकान व जीप जला दी : बाघापुराना (मिंतल): गत रात आर सशस्त्र उग्रवादियों ने बाघापुराना पुलिस स्टेशन के गांव चड़िक में श्री अमरनाथ की दुकान जला दी । दुकान के पास खड़ी एक जीप को भी आग लगा कर उग्रवादी हवा में फायर करते हुए भाग गए ।

फरीदकोट से 'जिंदल' के अनुसार दुकानदार का नाम जगदीश कुमार है । उसकी दुकान को सायं लगभग साढ़े छः बजे आग लगाई गई । उसकी दुकान पर आए तीन उग्रवादियों ने जगदीश कुमार से पिस्तौल और बंदूक मांगी । उसने कहा कि यह चीजें उसके पास नहीं हैं । इस पर उग्रवादियों ने मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी । पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 436 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूक छीन ली : गांव चांद नवां में चार उग्रवादी जागीर सिंह के घर से स्टेनगन की नोक पर उसकी बंदूक ले गए ।



लुधियाना-फिरोजपुर रेलवे लाईन (रणधीर नगर के निकट) पर मंगलवार को एक बम (इन्सैट) पड़ा मिला । चित्र में पुलिस व रेलवे के अधिकारी बम का निरीक्षण करते हुए । (छाया : भांबी)

जनता सम्मेलन स्थगित

नई दिल्ली, 17 जनवरी (वार्ता): जनता पार्टी के विलय विरोधी नेताओं ने 31 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाला अपना सम्मेलन स्थगित कर दिया है । विलय विरोधी गुट के एक नेता इंदभाई पटेल ने बताया कि जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के सम्मेलन को स्थगित करने का निर्णय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर की अपील को ध्यान में रख कर किया गया है ।

पंजाब में मंड क्षेत्र के विकास संबंधी पगों पर विचार के लिए की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जालंधर डिवीजन के

सोलार्ज
(पृष्ठ 3 का शेष)

समस्या का हल वार्ता से सम्भव : एकीकृत अकाली दल (तलवंडी) के सांसद शमिन्दर सिंह ने आज कहा कि पंजाब समस्या केवल मेज पर आमने-सामने बैठकर बातचीत से हल की जा सकती है । दल के नेताओं ने श्री स्टीफन सोलार्ज के नेतृत्व में आए अमरीकी प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान अपना पक्ष प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि केन्द्र से तभी बातचीत हो सकती है, यदि अकाली नेता जेल से रिहा कर दिए जाएं तथा आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद गिरफ्तार हुए सब व्यक्तियों को आम माफी दे दी जाए । श्री शमिंदर सिंह ने आज एक प्रैस कांफ्रैंस में इस चर्चा का ब्यौरा दिया । उन्होंने कहा कि श्री सोलार्ज को आनन्दपुर साहब प्रस्ताव के विवरण से भी अवगत करा दिया गया है ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' : के अनुसार स्टीफन सोलार्ज के नेतृत्व में छः अमरीकी 'सीनेटरों' ने आज यहां पंजाब राजभवन में राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे से मुलाकात की । यह अमरीकी शिष्टमंडल श्री रे के साथ करीब डेढ़ घंटा रहा । श्री रे ने इस शिष्टमंडल के सम्मान में दोपहर का भोज दिया । इस भोज के अवसर पर श्री एस.एस. बरनाला, श्री बेअन्त सिंह, श्री बलराम जी दास टंडन, श्री प्यारा सिंह दियोसी, श्री मनजीत सिंह खैरा, श्री मेवा सिंह गिल, कैप्टन कंवलजीत सिंह तथा श्री करनैल सिंह डोड भी उपस्थित थे ।

राजनीतिक समाधान ही हल है : नई दिल्ली : श्री सोलार्ज ने विश्वास प्रकट किया कि पंजाब की समस्या का एकमात्र हल राजनीतिक समाधान है, जिसमें सिखों की आकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए । यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सोलार्ज ने कहा कि पंजाब समस्या का हल भारतीय संविधान के दायरे के भीतर ही खोजा जा सकता है । अमरीका भारत की एकता और अखंडता का समर्थन करता है । उन्होंने कहा कि पंजाब का दौरा करने के बाद तथा वहां सरकारी एवं सिखों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि इसका एकमात्र हल राजनीतिक समाधान है ।

श्री सोलार्ज ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो से बातचीत की है । दोनों ही सम्बन्धों में सुधार लाने के इच्छुक और आशावान हैं ।

श्री सोलार्ज से कहा है कि अफगानिस्तान से सोवियत सेना की पूर्ण वापसी की सम्भावना और पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार के बाद भारत से सम्बन्ध सुधरने की आशा के संदर्भ में अमरीका को पाक को शस्त्र सप्लाई की नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए ।

अम्बाला में जैन भगवती दीक्षा समारोह

आपको यह जानकर अति हर्ष होगा कि आचार्य सम्राट पूज्य **श्री आनंद ऋषि जी म.** एवं उत्तर भारतीय प्रवर्तक श्री भंडारी **पदम चंद्र जी महाराज** की आज्ञानुवर्तिनी सरलात्मा साध्वी श्री विनेश्वरी देवी जी महाराज एवं उपप्रवर्तनी साध्वी रत्न श्री स्वर्ण कांता जी म.सा. के पावन चरणों में रहने वाली वैरागन बहिन प्रवीण (रानो) जैन सपुत्री श्री कृष्ण लाल जैन जी जालंधर निवासी की शुभ दीक्षा 22 जनवरी 1989 रविवार को बड़ी धूमधाम से हो रही है । इस अवसर पर आप सपरिवार ससंघ आमंत्रित हैं । इस समारोह की अध्यक्षता दानवीर सेठ **श्री हरि कृष्ण लाल जैन जी** गिद्दड़बाहा निवासी करेंगे ।

कार्यक्रम :-

शोभा यात्रा : दिनांक 21 जनवरी 1989 प्रातः 9 बजे
मेहंदी : दिनांक 21 जनवरी 1989 दोपहर 2 बजे
दीक्षा पाठ : दिनांक 22 जनवरी 1989 प्रातः 10 बजे

प्रधान अशोक कुमार जैन
निवेदक : एस.एस. जैन सभा अम्बाला शहर
मंत्री चमन लाल जैन

Space Donated by V.K. Metal Co. Jalandhar.

DEVDARSHAN® DHOOP
भारत की पहले नम्बर पर
स्पैशल
देवदर्शन®
धूप
व अगरबत्तियां
गोल्ड मैडल अलंकृत
उद्योगपत्र विभूषित
Rashtriya
DEVDARSHAN DHOOP INDUSTRIES, SAMANA.

एक अद्वितीय, अनुपम आयुर्वेदिक फार्मूला
अथाह-शक्ति अमृत
• सर्वविदित—मादक औषध रहित
• सर्वोत्तम—हानि रहित
• सर्वगुण सम्पन्न
• वास्तविक कायाकल्पकारी
वी-फोर्ट शुद्ध शिलाजीत, केसर, रेंग माही, जुंद बदस्तर,
10 CAPSULES
V-FORTE
AN-ELIXIR

मंड वि
जालन्धर
जालन्धर, क
और सतलुज
पर्यटन स्थल
शुरू करने
के.एस. जंजु
बैठक हुई,
समाज-विरो
विचार-विम
इस क्षेत्र के
तत्वों को शर
लिए इस क्षेत्र
सुधारने लिए



*श्री स्टीफन स
एक शिष्टम
के राज्यपाल
में श्री रे के स
दिखाई दे रहे*

सरका
नई दि
न्यायालय
सरकारिया
नामजद कि
आधिकारिक
ए.एन. सेन
श्रीलंक
कोलम्ब
हुई उग्रवादी
कम 22 व्य
इसके अलाव
मूल्य के स्वा
सुरक्षा सूत्रों
एक दै
अगले महीं
उम्मीदवार
पिस्तौलें आ
संसदीय सी
पेशकश की
संधावा
आय
चण्डीग
पटना उच्च
न्यायाधीश
उपभोक्ता स
जाने की सम

Punjabi Sansar

आतंकवादियों द्वारा एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

गश्ती दल पर हमला करने वाले 2 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण

चंडीगढ़, 18 जनवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक गश्ती दल पर हमला करने वाले 2 आतंकवादियों ने बाद में आत्मसमर्पण कर दिया ।

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र में एक गांव भूरे गिल (थाना रमदास) में 8 आतंकवादियों ने एक ही परिवार (ब्राह्मण) के चार सदस्यों को अंधाधुंध गोलियां चलाकर मार डाला जबकि सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी रात के अंधेरे में फरार हो गए । इस प्रकार परिवार के शेष सदस्य बच गए ।

इस खूनी कांड के बारे में जो ब्यौरा मिला है उसके अनुसार श्री अनन्त राम (52) अपने छः लड़कों के साथ गांव में जमींदारी करता था । आतंकवादियों की ओर से उन्हें धमकियां दी जाती थीं कि वे गांव छोड़ जाएं । आतंकवादियों की धमकियों के प्रभाव में आकर इस परिवार के पुरुषों ने दाढ़ियां तथा केश भी रख लिए थे परन्तु गत रात सवा आठ बजे के करीब आठ आतंकवादी उनके मकान, जो कि एक डेरा की तरह है, पर आए तथा दरवाजा खुलवाने के बाद तीन आतंकवादी, जो कि लोइयां ओढ़े हुए थे, अन्दर दाखिल हुए जबकि शेष पांच दरवाजे के करीब बाहर ही खड़े रहे । अन्दर दाखिल होने वाले आतंकवादियों ने अनन्तराम और उसके तीन लड़कों को, जो कि आंगन में आतंकवादियों के पास आ गए थे, कहा कि हमारे लिए चाय बनवाओ । घर की स्त्रियां चाय बनाने लग गईं । इस दौरान इन आतंकवादियों ने अनन्त राम व उनके लड़कों से कहा कि दाढ़ियां और केश तो रख लिए हैं, अब अमृत छको और गातरे भी पहनो । हम यही कहने आए थे । अब जाओ और जाकर आराम करो । अनन्त राम का एक लड़का जो ज्यादा चुस्त चालाक था, आतंकवादियों का इरादा भांप गया था और वह कमरे की ओर जाने की बजाय बाहर की ओर भागा । इस प्रकार वह बच गया । यद्यपि उसके पीछे आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का बर्स्ट मारा परन्तु वह अंधेरे में गायब हो गया । अनन्त राम और उसके दो लड़के हरदयाल (28) और ओंकार नाथ (22) तथा अनन्त राम की बेटी का लड़का राजेश उर्फ बब्बू (19), जो कि अपने नानके घर आया हुआ था जब कमरे में जाने के लिए मुड़े तो तीनों आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से गोलियों की बौछार करके उन्हें वहीं ढेर कर दिया । घर के शेष सदस्य सामान के पीछे छुप गए । यद्यपि आतंकवादी उन्हें भी मार डालना चाहते थे, गांव के बाहर सी.आर.पी. की चौकी से भी फायरिंग शुरू हो गई जिस पर वे भागने पर मजबूर हो गए । बाद में सुरक्षा बलों के जवान रात को मौका पर गए । उच्च अधिकारी भी सूचना मिलने पर मौका पर पहुंचे । लाशों को पोस्टमार्टम के लिए अमृतसर लाया गया ।



जिला अमृतसर के इलाका रमदास में उग्रवादियों के हाथों मारे गए 4 लोगों के शव । (छाया : रवि भंडारी)

छोटी सरहाली में हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में थाना पट्टी के अन्तर्गत गांव छोटी सरहाली में अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति तेजिंदर सिंह की हत्या कर दी ।

सुरक्षा दस्ते पर हमला : गत रात थाना झब्बाल के गांव गंडी विंड के निकट तीन आतंकवादियों के एक गिरोह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों की जवाबी गोलीबारी पर दो आतंकवादियों मनजिंदर सिंह तथा सुखदेव सिंह ने आत्म समर्पण कर दिया जबकि उनका तीसरा साथी भाग निकला । सुरक्षा दस्तों ने उनके कब्जे से .12 बोर की एक बंदूक, एक देसी पिस्तौल, चीनी असाल्ट राइफल के 70 कारतूस व कुछ अन्य कारतूस बरामद किए । पकड़े गए आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है ।

पाक घुसपैठिया मारा गया : पुलिस की सूचनाओं के अनुसार गत रात्रि भारत-पाक सीमा के अटारी क्षेत्र में रूड़ेवाली चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुए मुकाबले में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

हथियार लूटे : फरीदकोट (जिंदल): गत रात चार संदिग्ध व्यक्ति गांव चंद पुराना थाना बाघा पुराना में बलवन्त सिंह से आठ कारतूसों सहित 12 बोर की बंदूक, प्रताप सिंह से 315 बोर की बंदूक, 15 कारतूस, जगीर सिंह से 12 बोर की बंदूक व 8 कारतूस छीन कर फरार हो गए । इसके साथ ही फरीदकोट पुलिस ने गत दो दिनों के दौरान एक ट्रक पी.ए.टी. 130 तथा एक मारुति वैन पी.सी.एल. 2750, जो कि चोरी हो गई थी, बरामद की है । पुलिस चीफ श्री एस.के. शर्मा ने विवरण देते हुए बताया कि मारुति वैन लाइन बाजार में से गुरमीत सिंह चोरी करके ले गया था जिसको सादिक रोड पर गश्त कर रही पार्टी ने बरामद करके अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया । इसी प्रकार ट्रक जिसमें किरयाने का सामान लदा हुआ था, को स्वर्ण सिंह उर्फ पप्पू तथा गुरचरण सिंह से कैंट रोड पर बरामद कर लिया गया ।

सुरक्षा बलों ने लुधियाना व होशियारपुर जिलों में आतंकवादियों के 3 आश्रयदाता गिरफ्तार किए । यह हैं : अवतार सिंह (लुधियाना), रवीन्द्र सिंह व केवल कुमार (दोनों होशियारपुर) ।

भूतपूर्व सैनिक की हत्या : जिला गुरदासपुर में कल रात थाना काहनुवान के अन्तर्गत गांव नैन दुआ में 5 आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व सैनिक जसवन्त सिंह की गला घोंट कर हत्या कर दी । उसकी लाश गांव से दो किलो मीटर दूर पड़ी मिली ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि जसवंत सिंह का उसके गांव से कल रात अपहरण कर लिया गया था । आज सुबह उसकी लाश खेतों में पड़ी मिली ।

'विनोद' के अनुसार जसवंत सिंह के गले में रस्सा डाल कर उसे काफी दूर तक घसीटा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । घटनास्थल से एक पत्र भी मिला है, जिसमें लिखा है कि जसवंत सिंह एक पुलिस अधिकारी से मिल कर उग्रवादियों के विरुद्ध कार्य करता था और पुलिस के सहयोग से लूटमार करता था ।

केस दर्ज : समराला (भारद्वाज): विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि समराला पुलिस ने गांव टमकौदी के एक व्यक्ति के विरुद्ध उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में केस दर्ज किया है । उक्त व्यक्ति का नाम अवतार सिंह बताया जाता है ।

अमृतसर जिले में 'सत्ते' की सरगर्मियां जोबन पर

अमृतसर, 18 जनवरी (वर्मा): अमृतसर जिले में सलीरा बिल्ला व ब्रह्मा जैसे खूंखार उग्रवादियों के बाद अब इस जिले में एक सौ से अधिक बेगनाहों की हत्या करने वाला सत्ता पूरी तरह सरगर्म है । इस खूंखार उग्रवादी जिसके ग्रुप के मैम्बरों की संख्या 45 बताई जाती है, ने अमृतसर जिले में उधम मचा रखा है । सत्ता व उसके साथी लेटैस्ट हथियारों के साथ लैस हैं तथा आजकल अजनाला व कत्थूनंगल इलाके में वारदातें करने में लगे हुए हैं । सरकारी हल्कों के अनुसार इस बात को रद्द नहीं किया जा सकता कि अमृतसर-पठानकोट के मध्य रेल दुर्घटना में ही सत्ता व उसके साथियों का हाथ है । सत्ता सामूहिक हत्याएं करने में यकीन रखता है । ये लोग आमतौर पर रात को ही वारदातें करते हैं । पट्टी, तरनतारन, जंडियाला गुरु व रैय्या में दहशत फैलाने के बाद ये उग्रवादी अजनाला सैक्टर में सरगर्म हैं । घरिन्डा, लोपोके को छोड़ कर लगभग सारा अमृतसर जिला उग्रवादियों की लपेट में आ चुका है ।

भारत श्रीलंका से नई मैत्री संधि के लिए तैयार

कोलम्बो, 18 जनवरी : भारत श्रीलंका के साथ आपसी फायदे और पारस्परिकता के सिद्धांतों के आधार पर शांति, मैत्री और सहयोग संधि के प्रस्ताव के बारे में श्रीलंका सरकार के सुझावों पर गौर करने के लिए तैयार है । श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ज्योतीन्द्र नाथ दीक्षित ने कल रात राष्ट्रपति रणसिंह प्रेमदास को इस बात से अवगत कराया । राष्ट्रपति प्रेमदास ने संकेत दिया था कि निकट भविष्य में संधि

जम्मू में कर्फ्यू में ढील के दौरान जन-जीवन एकदम सामान्य हो ग

तमिलनाडु, नागालैंड, मि

चुनाव प्रचार की समाप्ति

नई दिल्ली, 18 जनवरी (वार्ता): तमिलनाडु, नागालैंड और मिजोरम विधानसभाओं के चुनावों के लिए एक तीन सप्ताह से चल रहा ज़बरदस्त प्रचार अभियान कल अपराह्न समाप्त हो जाएगा । तमिलनाडु विधान सभा चुनाव के लिए खासकर ज़बरदस्त अभियान छिड़ा हुआ है । कांग्रेस (इ), द्रमुक और अन्नाद्रमुक के विभिन्न गुट मुख्य रूप से चुनाव मैदान में हैं । 2000 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 3021 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं । राज्य विधान सभा की 234 सीटों में से अधिकतर के लिए बहुकोणीय मुकाबले होंगे । सन् 1984 में हुए पिछले चुनाव में केवल 1984 प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में थे ।

दो दशक बाद राज्य की सत्ता पर अपना अधिकार जताने के इरादे से कांग्रेस (इ) ने सर्वाधिक 210 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं । द्रमुक के (198), अन्नाद्रमुक (जानकी गुट) के 177 और अन्ना द्रमुक (जय ललिता गुट) के 198 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं ।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने वहां तीन केन्द्रीय पर्यवेक्षक भी तैनात किए हैं । इसके अलावा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने 78 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं ।

नागालैंड में 60 सीटों के लिए 140 प्रत्याक्षी चुनाव मैदान में हैं । नागालैंड के दो भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों के गुटों में विभक्त कांग्रेस (इ) की 21 जनवरी को होने वाले चुनाव में अपनी प्रमुखता बनाए रखने के लिए अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है । कांग्रेस (इ) में नेतृत्व के लिए होकिशे सेमा और एस.सी. जमीर की होड़ का पार्टी के चुनाव प्रचार पर भी असर पड़ा है । कांग्रेस (इ) थोड़ी अवधि के राष्ट्रपति शासन को छोड़ 1980 से ही राज्य में सत्तारूढ़ रही है । नागालैंड की राजनीति की जानकारी रखने वालों का कहना है कि यदि दोनों धुरंधर नेताओं ने अगले तीन दिन में आपस में समझौता नहीं किया तो कांग्रेस (इ) को चुनाव में गहरे आघात का सामना करना पड़ सकता है । इसका लाभ सीधे नागालैंड पीपल्स कौंसिल को हो सकता है, जो इस चुनाव में कांग्रेस (इ) को चुनौती दे रही है ।

शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित बनाने के लिए पग : नई दिल्ली (इन्फा): चुनाव आयोग ने नागालैंड के विवादास्पद क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित बनाने के लिए पर्याप्त पग उठाए हैं । छः निर्वाचन क्षेत्रों के लगभग 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का नागालैंड और असम सरकारों में विवाद है । यदि

60 सीटों में से छः सीटें जाते हैं तो सम्पूर्ण चुन घोषणा नहीं हो सकती करवाने के लिए मतदान कर 30 कर दी गई है बढ़ा दिया गया है ।

मिजोरम में विधान शनिवार को होने वाले बढ़ा दी गई है । राज्य सायं पांच बजे तक हो तीन बजे तक मतदान हो बढ़ाने की मांग 'द सैवेन थी । इस चर्च का कहना होना है और इस दिन कार्य नहीं करते ।

रोष मनाना है द्वारा निर्दोष मनाया

अमृतसर, 18 जन पर शिकायतों के निपटा पंजाब के राज्यपाल अमृतसर-मेहता चौक निकट सड़क के किनारे किया । इस अवसर पर वर्ग द्वारा काली पगड़ियां मना कर कथित रोष व्य की और कहा कि सही रो लोगों की हत्या पर मनाय कहा कि सतवंत सिंह और लम्बे मुकद्दमे के बाद फां निर्दोष लोगों की बिना कि कर रहे हैं । उन्होंने स्वी द्वारा आतंकित करने औ प्राप्त हो रही हैं ।

करोड़ों रुपए का

नई दिल्ली, 18 अधिकारियों ने आज दे करोड़ों रुपए की नकदी, किए । अधिकारी सूत्रों अधिकारियों के विभिन्न छापे मारे । ज्यादातर छ गए । अभी तक छापे जा नहीं किया गया है ।

इंजीनियरों द्वारा एक दिन की हड़ताल : 29 तक

मांगें न माने जाने पर राज्यव्यापी आंदोलन

होशियारपुर, 18 जनवरी (अश्विनी कपूर): पंजाब हरियाणा हिमाचल के इंजीनियरों की संयुक्त से मेन बाजारों से होता हुआ नेहरू गार्डन में समाप्त हो गया ।

पाक की ईमानदारी का सबूत इससे

वह उग्रवादियों को समर्थन बंद कर

नई दिल्ली, 18 जनवरी (हस): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि भारत के साथ संबंधों में पाकिस्तानी ईमानदारी का सबूत इस बात से मिलेगा कि वह भारत के आतंकवादियों और अन्य

को अपनी समस्याएं शांति चाहिए । चीन का प्रत्य लगता है कि चीन भी छि है ।

Punjabi Jagran

भीषण भिड़ंत में 8 उग्रवादी, 2 सुरक्षा अधिकारी मारे गए

अन्यत्र 1 कट्टर आतंकवादी मारा गया, दो ठेकेदारों का अपहरण, 50 लाख फिरौती मांगी गई

पंजाब में 3 निर्दोषों की हत्या : लोगों ने 2 उग्रवादी पकड़े

चंडीगढ़, 19 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आज रात्रि जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ हुई भीषण भिड़ंत में 8 उग्रवादी और 2 सुरक्षा अधिकारी मारे गए जबकि एक सुरक्षा कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गया । इससे पूर्व हुए मुकाबले में एक अन्य स्थान पर एक उग्रवादी मारा गया था । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । भारत-पाक सीमा पर कांटेदार तार लगाने का काम करने वाले दो ठेकेदारों का आतंकवादियों ने अपहरण करके उनकी रिहाई के लिए 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी है । एक 'बी' श्रेणी का आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ तारी को गिरफ्तार किया गया है ।

2 ठेकेदारों का अपहरण : अमृतसर (हस) सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए भारत-पाक सीमा पर कांटेदार तार लगाने का काम करने वाले दो ठेकेदारों का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है । पुलिस ने कहा कि श्री मेहर सिंह और श्री चंडोक का दो दिन पूर्व सीमा के खेमकरण क्षेत्र में उस समय अपहरण कर लिया गया, जब वे एक कार में सवार होकर जा रहे थे । आतंकवादियों ने उनकी रिहाई के लिए 50 लाख रुपए मांगे हैं । कार के ड्राइवर तथा एक अन्य व्यक्ति को छोड़ दिया गया ।

पुलिस ने बताया कि 4 आतंकवादियों ने उन्हें रास्ते में रोका तथा उसी कार में उन्हें अज्ञात स्थान की ओर ले गए । आतंकवादियों ने दो मुक्त किये गये व्यक्तियों के ज़रिये उनकी रिहाई के लिए 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने का संदेश भिजवाया है । पुलिस अभी तक दोनों ठेकेदारों का कोई पता नहीं लगा सकी । पुलिस अभी तक दो उन ठेकेदारों का भी कोई पता नहीं लगा सकी, जिनका कल अमृतसर से अपहरण कर लिया गया था ।

हज़ारा सिंह मारा गया : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज चंडीगढ़ में बताया कि तरनतारन पुलिस जिला (अमृतसर) में गांव भूरे कोहना में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी हज़ारा सिंह मारा गया । उसके कब्जे से एक चीनी असाल्ट राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

वि.प्र. के अनुसार जिला मुख्यालय पर सूचना मिली थी कि पट्टी सब डिविज़न में सीमांत गांव असल औतार तथा भूरे कोहना के मध्य एक ज़मींदार दारा सिंह की 'बहक' (ट्यूबवैल) पर दो आतंकवादी छुपे हुये हैं । जब सुरक्षा बलों ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में हज़ारा सिंह मारा गया ।

8 उग्रवादी, दो पुलिस अधिकारी मारे गए : थाना बल्टोहा जिला अमृतसर के गांव बड़ा घड़ियाली के बाहर आज रात्रि खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में हुए भीषण मुकाबले में कम से कम 8 उग्रवादी, 2 सुरक्षा अधिकारी मारे गए व एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया । यह मुकाबला कई घंटे निरंतर जारी रहा ।

मारे गए उग्रवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र और पाकी सिक्का बरामद हुआ है, जिसमें एक अत्याधुनिक किस्म की चीनी असाल्ट राइफल, जिसे ए.के.-74 कहा जाता है, भी शामिल है ।

आई. जी. पुलिस (सीमा क्षेत्र) श्री सी. पाल सिंह ने घटनास्थल से एक सूचना में कहा है कि यह मुठभेड़ आज बाद दोपहर शुरू हुई और रात्रि 11 बजे तक जारी रही । मुठभेड़ यह सूचना मिलने के बाद हुई कि एक फार्म हाउस में उग्रवादियों का गिरोह छिपा हुआ है । मुठभेड़ में उग्रवादियों ने जहां अत्याधुनिक शस्त्रों से फायरिंग की, वहीं उग्रवादियों ने हथ गोलों और राकेटों का भी प्रयोग किया । यह पंजाब में पांच वर्ष पूर्व शुरू हुए उग्रवाद के इतिहास में सबसे भीषणतम मुकाबला समझा जा रहा है ।

सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों की प्रति रक्षा को ध्वस्त करने के लिए हथगोले भी फैंके । अभी तक यद्यपि मारे गए उग्रवादियों की तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन मारे गए सुरक्षा कर्मियों में सी.आर.पी.एफ. की 41वीं बटालियन के एक सब-इंस्पैक्टर, एक लांस नायक और एक सिपाही शामिल हैं ।

पलायन फिर शुरू : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में नए वर्ष की शुरूआत से आतंकवादियों की हिंसक वारदातें बढ़ जाने के कारण कई गांवों से अल्पसंख्यकों का पलायन फिर शुरू हो जाने की सूचनाएं भी मिल रही हैं ।

3 की हत्या : रोपड़ (वार्ता): विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार गत मंगलवार को सलामपुर गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई । इनमें महेंद्र सिंह, उनकी पत्नी व पुत्र शामिल हैं । उनके शव गत सायंकाल बरामद हुए ।

गत रात लुधियाना में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सुशील कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

ठेका लूट लिया : बरनाला (सिधवानी): आज तड़के गांव खुड्डी कलां में अज्ञात आतंकवादियों ने शराब के ठेके से कारिंदे जोगेंद्र सिंह की 12 बारे की दोनाली बंदूक तथा 7 हजार रुपये नकद लूट लिये व ठेके को आग लगा दी । ठेके का कारिंदा उस समय शौच के लिए गया हुआ था । थाने में रिपोर्ट लिखा दी गई है ।

हिरासत से फरार : कल फिरोजपुर छावनी में एक आतंकवादी बून सिंह पुलिस हिरासत से उस समय फरार हो गया जबकि उसे जिला कचहरी ले जाया जा रहा था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बुश आज पदभार सम्भालेंगे

वाशिंगटन, 19 जनवरी : अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जार्ज बुश कल अपने पद का कार्यभार सम्भालेंगे जबकि उनके पूर्वाधिकारी रोनाल्ड रीगन कल ही व्हाईट हाऊस से विदा लेंगे ।

जार्ज बुश अमरीका के 41वें राष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल एहतियात तथा सावधानी से शुरू करना चाहते हैं । यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री बुश कोई परिवर्तनकारी कार्यक्रम अपनाने की बजाये सोवियत संघ के साथ सम्बन्ध जैसे प्रमुख मुद्दों पर अब तक की अमरीकी नीति पर ही चलेंगे ।



श्री बुश डैमोक्रेट उम्मीदवार माइकल टुकाकिस पर अपनी विजय को इस बात का प्रमाण मानते हैं कि अमरीकी जनता देश की नीति में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं चाहती । बीच का रास्ता अपनाना उनके लिए मजबूरी भी है । भारी बजट घाटे के कारण वह वित्तीय क्षेत्र में कोई खास शुरूआत भी नहीं कर सकते ।

व्हाईट हाऊस के नए चीफ आफ स्टाफ जॉन सुनन ने कहा कि श्री बुश राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में अपने उद्देश्यों की मोटे तौर पर जानकारी देंगे तथा नी फरवरी को कांग्रेस के दोनों सदनों के समक्ष अपना विस्तृत कार्यक्रम पेश करेंगे ।

श्री बुश के नजदीकी लोगों का कहना है कि बीच के रास्ते से शुरूआत करने से यह नहीं समझा जाना चाहिए कि श्री बुश निष्क्रिय रहेंगे ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिंह दर्दी, श्री वी. एन. मुख्य सम्पादक श्री वि

उग्रवा बढ़ा है

शाहकोट, 19 ज राज्यपाल श्री सिद्धार्थ श आज पंजाब में उग्रवा हल्कों तथा आम जनता निन्दा में आवाजें उठने विरोध और निन्दा के स्व है । उन्होंने कहा कि जब आए थे तब वह कहीं ज सुनने या पोस्टर लगे दिख होकर शिकायत नहीं कर केवल उनसे निकट से मि विरुद्ध सहयोग भी देने ल

श्री रे आज जो यहां स उद्घाटन समारोह में बोल जहां इस बात की खुशी ह गंदगी ढोने के कार्य करने करने की योजना का उद आज के ही दिन उनका था ।

श्री रे ने कहा कि जो तीन वर्ष पूर्व किया करते विरुद्ध खुल कर बोलें, वह उन्होंने कहा कि आज परिवर्तन माहौल में नज़र अकाली धड़े एक-दूसरे के अकाल तख्त के जत्थेदार शब्दों में कहा है कि आतंक जत्थेदार तलवंडी ने खुल की है । उन्होंने कहा कि हम सभी भय को त्याग दें सख्ती से उग्रवादियों का विर से लोग अपना भविष्य ही अ

उन्होंने आतंकवादियों उग्रवाद विश्व में कहीं सफल वाला है । उन्होंने लोगों का कि आतंकवादी निर्दोष लोग और वह भी सिख पंथ के नाम पंथ के लिए यह सब कुछ प्रश्न है, क्योंकि जहां तक

सोलार्ज की अका बातचीत भारत

कुम्भ पर हिन्दू-सिख संगम के मनोहारी दृश्य

कुम्भनगर (इलाहाबाद), 19 जनवरी : गंगा, यमुना तथा अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर हिन्दू-सिख संगम का मनोहारी दृश्य उस समय उपस्थित होता है, जब प्रमुख स्नान पर्व पर हिन्दू और सिख एक साथ जलूस में गुरुग्रन्थ साहिब और

लगाने जाते हैं । संगम के किनारे निशान साहिब की पूजा होती है । हिन्दू पुरोहित महंतों के बीच नारियल फोड़ता है और फिर सभी एक साथ नहाते हैं । इससे स्पष्ट है कि हिन्दुओं और सिखों में धर्म के नाम पर मतभेद की चर्चाएं बेमानी हैं । हजारों की

Punjabi Samachar

कट्टर आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला भटिंडा में बंत सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे .12 का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए गए ।

लोगों ने 2 आतंकवादी पकड़े : भटिंडा की एक अन्य सूचना के अनुसार लोगों ने दो सशस्त्र आतंकवादियों को काबू कर लिया तथा उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया । इनके नाम सुरजीत सिंह तथा हरभजन सिंह बताए जाते हैं । उनसे दो पिस्तौल व 6 कारतूस बरामद हुए ।

हथियार लेकर चलने पर पाबंदी : जिला मैजिस्ट्रेट भटिंडा ने घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर 19 मार्च तक पाबंदी लगा दी है ।

2 आतंकवादी पकड़े गए : बाघा पुराना से ज्ञान के अनुसार जिला फरीदकोट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादी गिरफ्तार किये हैं । एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़े गये आतंकवादियों के नाम जगतार सिंह उर्फ़ तारी गांव धल्लेके तथा गुरमीत सिंह गांव धल्लेके हैं । जगतार सिंह ने जो 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है, से एक चीनी राइफल, 120 कारतूस मिले । उससे एक स्कूटर भी मिला है । गुरमीत सिंह से 12 बोर का पिस्तौल तथा 5 कारतूस मिले ।

एक अन्य सूचना के अनुसार सुखमिंदर सिंह नामक आतंकवादी को शरण देने के आरोप में पांच व्यक्तियों इकबाल सिंह, बूटा सिंह आदि को गिरफ्तार किया गया है ।

वी.सी.आर. ले गये : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात नत्थूवाला गांव में एक युवक सतीश कुमार से जीप सवार आतंकवादी एक वी.सी.आर. तथा रंगीन टी.वी. छीन कर ले गये ।

दुकान का नौकर घायल : धीमान' के अनुसार आज लुधियाना के बसंत पार्क में एक दुकान पर आज सायं दो उग्रवादी आए, उनमें से एक ने खैर मांगी । इंकार किए जाने पर उग्रवादियों ने दुकान के कर्मचारी बहादर को गोली मार दी । बहादर को नाजुक हालत में अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । उग्रवादी वारदात के बाद भाग निकले ।

कौशल्या बनी संयोजिका बनीं

जालन्धर, 19 जनवरी : पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की संयोजिका सतिन्द्र कौर ने श्रीमती कौशल्या बनी को पार्टी की जिला जालन्धर की संयोजिका नियुक्त किया है ।

इंजीनियरों की सामूहिक छुट्टी से शाहपुर कंडी प्राजैक्ट पर काम ठप्प

जालन्धर, 19 जनवरी : पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश इंजीनियरिंग सर्विसिज़ की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर रणजीत सागर डैम प्राजैक्ट, शाहपुर कंडी के 1000 से अधिक इंजीनियरों ने 18 जनवरी को सामूहिक आकस्मिक छुट्टी ली तथा शाहपुर कंडी में शांति मार्च व रैली का आयोजन किया । उन्होंने तृतीय वेतन आयोग की ओर से उनके लिए प्रस्तावित अपमानजनक वेतनमानों को न सुधारने के बारे में पंजाब सरकार के अड़ियल रवैये के विरुद्ध प्रोटैस्ट किया । परिणामतः पूरे प्राजैक्ट पर कामकाज ठप्प रहा । रैली ने पंजाब के मुख्य सचिव द्वारा 16 जनवरी को चंडीगढ़ में घोषित वेतनमानों को रद्द कर दिया । पंजाब सरकार से मांग की गई कि वह संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित उचित वेतनमान स्वीकार कर ले ताकि विकास कार्यों पर असर न पड़े ।

शराब के तस्कर गिरफ्तार

दसूहा, 19 जनवरी (झावर): टांडा पुलिस ने शराब के तीन कथित तस्करों मदन सिंह, बूटा सिंह तथा गुरदीप सिंह निवासी अब्दुल्लापुर को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से चालू 1300 किलो लाहन, भारी मात्रा में शराब व शराब की चालू भट्ठियां पकड़ी हैं ।

नर्सों द्वारा भत्ते भी केंद्रीय पद्धति पर देने की मांग

जालन्धर, 19 जनवरी : पंजाब गवर्नमैंट नर्स एसोसिएशन की राज्य समिति की सदस्या श्रीमती शोभा सहोता और सर्वजीत चीमा ने वेतनमानों में त्रुटियों को दूर करने का स्वागत किया है और साथ ही

पाक को 60 एफ-16 विमान देने का कोई निर्णय नहीं

नई दिल्ली, 19 जनवरी : अमरीकी विदेशी विभाग ने भारत को आज सूचित किया है कि 60 और एफ-16 विमानों की बिक्री के लिए पाकिस्तान की प्रार्थना पर अमरीका सरकार ने कोई निर्णय नहीं किया है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार अमरीकी विदेश विभाग ने कहा है कि नया प्रशासन कार्य भार सम्भालने जा रहा है । पाक को एफ-16 विमानों की बिक्री का सारा मामला बहुत प्रारम्भिक स्थिति में है । अमरीका में ऐसे मामले पर फैसला प्रशासन और कांग्रेस के स्तर पर होता है, जिसमें काफी समय लगता है ।

पाकिस्तान के पास पहले से ही एफ-16 किस्म के 60 विमान हैं ।

भारत सरकार ने आज कहा था कि यदि अमरीका 60 और एफ-16 किस्म के बमवर्षक विमान देने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लेता है तो यह चिन्ता की बात होगी । एक सरकारी प्रवक्ता ने सरकार की ओर से यह चिन्ता इस खबर पर व्यक्त की कि पाकिस्तान ने जिया उल हक की मृत्यु के बाद और 16 नवम्बर के चुनाव से पहले अमरीका से 60 एफ-16 विमानों का अनुरोध किया था ।

वाशिंगटन में एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की बिक्री की कोई तिथि निश्चित नहीं की गई है । प्रवक्ता ने कहा कि इस भारत और पाकिस्तान के बीच और अधिक

माइकेल जैक्सन की बहन ने 'प्ले ब्वॉय' के लिए 2 लाख पौंड में अपने नग्न चित्र खिंचवाए

लंदन, 19 जनवरी (सन): माईकेल जैक्सन की बहिन लाटोया ने 'प्ले ब्वॉय' पत्रिका के लिए अपने नग्न चित्र खिंचवाकर अपने सादगी के साथ स्वच्छ

Punjabi Sahapedia

तरनतारन क्षेत्र में 'सोना' के आतंकवादी गिरोह का पूर्ण सफाया : 7 घंटे भीषण भिड़ंत

गिरोह ने 50 से ज्यादा लोगों की हत्याएं कीं और लाखों रुपए ऐंठे

2 राजनीतिक नेताओं की हत्या का प्रयास : अपहृत कालेज छात्रा बरामद

एक सुरक्षा गार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 20 जनवरी (वार्ता, ह.स.): सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिले में बख्शीश सिंह 'सोना' गिरोह के 8 आतंकवादियों का सफ़ाया करके भारी सफलता प्राप्त करने का दावा किया है,जो कि 50 से अधिक लोगों की हत्या व लोगों से लाखों रुपए ऐंठने की घटनाओं में संलिप्त था । गिरोह का सरगना बख्शीश सिंह सोना एक सप्ताह पहले गिरोहों की आपसी शत्रुता में मारा गया ।

पंजाब में दो राजनीतिक नेताओं की हत्या का प्रयास किया गया, जबकि दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : अमृतसर (वि.प्र.): कल सायं थाना बल्टोहा के बाहर गांव बड़ी घड़ियाली में 7 घंटे तक चली भीषण भिड़ंत में मारे गए 8 कट्टर आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर दलबीर सिंह उर्फ़ रिबैरो के गिरोह से सम्बन्धित थे । यह जानकारी आई.जी. बार्डर श्री सी. पाल सिंह ने देर रात मुठभेड़ स्थल से लौटने के बाद पत्रकारों को दी ।

आई.जी. ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए, सुरक्षा अधिकारियों के नाम सब-इंस्पैक्टर डी.एन. पांडे और लांस नायक राम अवतार यादव हैं । गम्भीर रूप से घायल कांस्टेबल का नाम खगन बर्मन है । यह सभी सी.आर.पी. की 41 बटालियन से सम्बन्धित हैं ।

मुठभेड़ स्थल पर बरामद हुए हथियारों में नवीनतम चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 74 भी शामिल है । बरामद हुए अन्य हथियारों में तीन चीनी ए.के. 47 राइफलें, एक रिवाल्वर, ए.के. 47 तथा ए.के. 74 के दो मैगज़ीन, गोली-सिक्के की दो बोरियां शामिल हैं । कुछ दस्तावेज़ भी मिले हैं । गत रात क्षेत्र में खोजबीन का काम बंद कर दिया गया था,जो कि आज प्रातः फिर शुरू किया गया ।

श्री सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र की कल सुबह 5 बजे से ही निगरानी की जा रही थी ताकि आतंकवादियों को उनके छुपने के स्थानों से बाहर निकाला जा सके । मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बलों की एक अग्रिम पार्टी गांव से बाहर गन्ने के एक खेत में पहुंची । खेत में छुपे हुए आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की 41 बटालियन की पार्टी पर 'बर्स्ट' फ़ायर किए जिससे सब-इंस्पैक्टर व लांस नायक की मृत्यु हो गई और कांस्टेबल ज़ख्मी हो गया । जवाबी फ़ायरिंग में दो आतंकवादी, जो घोड़ों पर सवार थे, मारे गए । इस पर समूचे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई । आतंकवादियों की प्रतिरक्षा पंक्ति को ध्वस्त करने के लिए सुरक्षा बलों की कुमक मंगवाई गई,जिसने दो इंच के मोर्टार तथा हथगोले फैंके । दो आतंकवादियों ने गन्ने के खेत के मध्य क्षेत्र को साफ़ कर रखा था तथा वहां मोर्चे बांध रखे थे । आई.जी. ने बताया कि पूर्ण सफलता रात 11.30 बजे मिली जबकि आठों आतंकवादी मारे गए । मोटर तथा हथगोलों से खेत पूरी तरह तबाह हो गया तथा इसके मालिक को मुआविज़ा दिया जा रहा है ।

श्री सी. पाल सिंह ने कहा कि मारे गए आतंकवादी लगभग 50 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या और पट्टी क्षेत्र में व्यापारियों व जमींदारों से लाखों रुपए ऐंठने की वारदातों में संलिप्त थे । दो घोड़े भी काबू किए गए । आई.जी. ने कहा कि सी.आर.पी. की दो कम्पनियां तथा पुलिस कर्मचारी मुठभेड़ में हिस्सा ले रहे थे, जबकि क्षेत्र की छानबीन में 6 कम्पनियां संलग्न थीं । उन्होंने कहा कि एक खूंखार गिरोह का पूरी तरह सफ़ाया करने की यह दूसरी सब से बड़ी उपलब्धि है । इससे पहले दो महीने पूर्व निकटवर्ती क्षेत्र भिखीविंड में बख्शीश सिंह शीशा गिरोह का सफ़ाया किया गया था ।

'सोना' मारा गया : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि बीरू के सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम था । बख्शीश सिंह 'सोना', जिससे यह गिरोह निर्देश लेता था, को एक सप्ताह पहले गिरोहों की शत्रुता में गुरबख्श सिंह कैरों ने मार डाला था । उन्होंने कहा कि सोना और गुरबख्श सिंह दोनों खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित थे तथा दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे ।

श्री गिल ने बताया कि मारे गए आठों आतंकवादियों की शिनाख्त इस प्रकार की गई है — दलबीर सिंह उर्फ़ रिबैरो उर्फ़ बीरू, अजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुखदेव सिंह उर्फ़ छोटा शामका, गुरनाम सिंह उर्फ़ रामा, आनन्द सिंह उर्फ़ नंदी तथा रणजीत सिंह राणा ।

श्री गिल ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों ने लोगों से लगभग 50 लाख रुपए ऐंठे और इस धन से उन्होंने पंजाब के अंदर तथा बाहर सम्पत्तियां खरीदीं । उन्होंने कहा कि इस बात की जांच-पड़ताल की जा रही है । श्री गिल ने बताया कि घटनास्थल पर एक फोटो एलबम भी मिला है जिसमें आतंकवादियों के फोटो हैं । मुठभेड़ स्थल का जौरा करने वालों में सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री पी.जी. हारलंकर तथा आई.जी. सी.आर.पी. के उत्तरी क्षेत्र के आई.जी. श्री जोगेन्द्र सिंह भी शामिल थे । श्री हारलंकर ने कहा कि वह सी.आर.पी. के दो मारे गए अधिकारियों के लिए शौर्य पुरस्कार की सिफारिश करेंगे ।

गिल का बयान : श्री गिल ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों से एक ए.के. 54 राइफल, दो मैगज़ीन सहित, एक अमरीकी राइफल, खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लैटर पैड, एक कैमरा तथा हजारों की संख्या में जले हुए भारतीय व पाकिस्तानी करंसी नोट भी मिले हैं । श्री गिल ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि अब तरनतारन क्षेत्र में आतंकवादियों के दो और गिरोह, जो खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स तथा बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखते हैं, वारदातें कर रहे हैं । यह लोग पाकिस्तान भी आते-जाते रहते हैं । पत्रकारों ने जो हथियार देखे, उनमें ए.के. 54 राइफल पर सुखदेव सिंह निक्का झामका अंग्रेज़ी में खुदा था और 'मेड इन खालिस्तान' भी दर्ज था । श्री गिल ने आशा प्रकट की कि खतरनाक आतंकवादियों के इस गिरोह के सफ़ाया के साथ तरनतारन क्षेत्र में स्थिति काफ़ी सुधर जाएगी ।

इस गिरोह द्वारा किए गए अपराधों में गत जुलाई में सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़,जिसमें इस गिरोह के दो सदस्य मारे गए थे, पट्टी के एक गांव में एक ग्रंथी की हत्या, सी.आर.पी. की एक पार्टी पर बरवाला गांव में हमला, उसी गांव में एक नागरिक संतोख सिंह की हत्या, गांव ठड्ढा में दो पुरुषों व एक स्त्री की हत्या, बोपाराय में एक ट्रेन में से सिपाही बिशम्बर दास का अपहरण तथा बाद में उसकी हत्या तथा गत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अमृतसर जिले के इलाका बल्टोहा में घड़ियाली बड़ी में आतंकवादियों से रिबैरो, नंद सिंह, सुखदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत सि गए हथियार, गोली-सिक्का, विस्फोटक सामग्री और भारतीय व पाकिस्त कर आतंकवादियों ने मुकाबला किया ।

अदालत में सरकार की ओर से महाधिवक्ता के पेश होने पर आपत्ति

चंडीगढ़, 20 जनवरी (गुप्ता): श्रीमती रूपन दियोल बजाज तथा श्री के.पी.एस. गिल के बीच चल रहे केस में सरकार की तरफ से महाधिवक्ता श्री के.पी. भण्डारी के अदालत में पेश होने पर आज आपत्ति की गई है ।

श्री बी.आर. बजाज द्वारा दायर केस में चंडीगढ़ के ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. सेवक द्वारा जे.एफ. रिबैरो व वाई.एस. रतरा को गवाही के लिए बुलाए जाने को चुनौती देने के लिए पंजाब सरकार की पुनरीक्षण याचिका पर आज जब सुनवाई शुरू हुई तो यह तर्क दिया गया कि यद्यपि श्रीमती बजाज द्वारा दायर एफ.आई.आर. में श्री भण्डारी का भी नाम शामिल है अतः उन्हें भी गवाह के तौर पर पेश होना चाहिए । अतः उन्हें सरकार की तरफ से अदालत में पेश नहीं होना चाहिए । इस पर श्री भण्डारी ने अदालत से आग्रह किया कि उन्हें अन्य विधि अधिकारी भेजने की अनुमति दी जाए व मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित की जाए ।

रीगन फिल्मों में काम नहीं करेंगे

वाशिंगटन, 20 जनवरी : राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने कल कहा कि वह अब फिल्मों में अभिनय नहीं करेंगे । श्री रीगन ने व्हाईट हाऊस में कुछ संवाददाताओं से भेंट में कहा कि वह फिल्मों में किसी तरह की भूमिका नहीं निभाएंगे क्योंकि इससे ऐसा प्रतीत होगा कि वह इस प्रतिष्ठित पद का लाभ उठाना चाहते हैं ।

लेकिन उन्होंने टैलीविजन पर एक भेंट में कहा कि अभिनय जीवन में उन्होंने जो कुछ सीखा वह राष्ट्रपति की भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध हुआ ।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा भजन लाल को नोटिस

नई दिल्ली, 20 जनवरी : उच्चतम न्यायालय ने आज हरियाणा सरकार की याचिका पर केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल को एक नोटिस जारी किया है । याचिका में उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके जरिये श्री भजन लाल की कथित अनाप-शनाप दौलत से सम्बन्धित एक प्रथम सूचना रिपोर्ट रद्द कर दी गई थी ।

न्यायमूर्ति बी.सी. राय और न्यायमूर्ति एस.आर. पांडियान की खंडपीठ ने 22 फरवरी तक नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है । श्री भजन लाल के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल और शिकायतकर्त्ता धर्मपाल को भी नोटिस भेजे गए हैं । श्री धर्मपाल 1987 में आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से श्री भजन लाल की पत्नी जसमा देवी से पराजित हुए थे ।

मध्य प्र... सोसाइ...

जबलपुर, 20 जन... अर्जुन सिंह की प्रतिष्ठा को... लगा,जब मध्य प्रदेश... सरकार के उस आदेश को... तहत श्री अर्जुन सिंह के प... द्वारा संचालित चुरहट चिल्ड्र... विवादास्पद लाटरी चलाने...

मध्य प्रदेश उच्च न्या... की राजनीति में आए नाट... मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह आज...

उधर प्रदेश भारतीय... सुंदर लाल पटवा ने न्यायाल... में श्री अर्जुन सिंह के इस्ती...

विधानसभा में विपक्ष क... एक याचिका को स्वीकार क... के न्यायाधीश सी.पी. सेन त... सूर्यवंशी की खंडपीठ ने अ... किसी स्वतंत्र एजेंसी से सोसा... जांच कराई जाए तथा यह... लाटरी से हुए मुनाफे की र... प्रकार किया गया है ।

राज्य सरकार ने अपने अ... लाटरी अधिनियम 1973 क... को माफ़ करते हुए सरकार... कर दिया था ।

उच्च न्यायालय ने सोसा... एजेंटों के खिलाफ़ कानून के...

जम्मू शहर की नई बस्ती, नानक नगर और अन्य बस्तियों में प्रमुख शहरियों ने अमन मार्च किया । मार्च में भाजपा विधायक श्री चमन लाल गुप्ता और उनके साथी, निर्दलीय विधायक श्री एच.एस. वानी, नैशनल कांफ्रैंस के विधायक श्री हरबंस सिंह भी शामिल हुए । (फोटो : सच्चर)

जम्मू के जलूस में एक ग्रुप शरारत करने पर उतारू था

जम्मू, 20 जनवरी : गत सप्ताह शुक्रवार को म्मू में हुई हिंसा का कारण प्रशासन की पूर्ण फलता और साम्प्रदायिक उन्मादियों के बुरे इरादे । जब से पंजाब में आतंकवाद का दौर चला है, हां हिन्दू-सिख तनाव किसी न किसी रूप में

तथा केहर सिंह की प्रशंसा करने वाला एक बैनर मौजूद है और कि कुछ लोग उत्तेजक नारे लगा रहे हैं, शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई । जलूस को पुरानी मंडी पहुंचने में तीन घंटे लग गए तथा शिवसेना के कार्यकर्त्ताओं ने इस अवधि को

साथ जल रहे अधिकारियों द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष को कुमक भेजने के लिए भेजे गए संदेशों की किसी ने परवाह नहीं की । तंग बाजारों में जलूस के दाखिल होने से पहले ही इसे रोक लेने की अनुमति एक वरिष्ठ अधिकारी ने नहीं दी ।

रसोई का सामान बेचने वाली दुकानों में तोड़-फोड़ तथा लूटपाट की, कुछ पुलिस कर्मी भी प्रैशर कुकरों के कार्टन ले जाते हुए देखे गए । यह लूटपाट तथा साड़फूंक अपने आप ही समाप्त हो गई । सेना के दस्ते अंधेरा घिर आने के बाद ही प्रभावी ढंग से तैनात

अनोखी कर्त्त...

Punjab Sahapedia

तंकवादी
ग भिड़ंत

की हत्या का
छात्रा बरामद

की हत्या

बकि क्षेत्र की छानबीन में 6
। उन्होंने कहा कि एक खूंखार
सफाया करने की यह दूसरी सब
। इससे पहले दो महीने पूर्व
डिड में बख्शीश सिंह शीशा
किया गया था ।

गया : पंजाब पुलिस के
पी.एस. गिल ने बताया कि बीरू
000 रुपए का ईनाम था ।
,' जिससे यह गिरोह निर्देश लेता
ह पहले गिरोहों की शत्रुता में
ने मार डाला था । उन्होंने कहा
बख्श सिंह दोनों खालिस्तान
बन्धित थे तथा दोनों एक ही गांव

बताया कि मारे गए आठों
शनाख्त इस प्रकार की गई है—
रिबैरो उर्फ़ बीरू, अजीत सिंह,
रजीत सिंह, सुखदेव सिंह उर्फ़
म सिंह उर्फ़ रामा, आनन्द सिंह
जीत सिंह राणा ।

ाया कि इस गिरोह के सदस्यों ने
0 लाख रुपए ऐंठे और इस धन से
अंदर तथा बाहर सम्पत्तियां
ने कहा कि इस बात की
जा रही है । श्री गिल ने बताया
एक फोटो एलबम भी मिला है
ों के फोटो हैं । मठभेड़ स्थल का
सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री
तथा आई.जी. सी.आर.पी. के
जी. श्री जोगेन्द्र सिंह भी शामिल
ने कहा कि वह सी.आर.पी. के दो
रियों के लिए शौर्य पुरस्कार की

न : श्री गिल ने बताया कि मारे
से एक ए.के. 54 राइफल, दो
अमरीकी राइफल, खालिस्तान
टर पैड, एक कैमरा तथा हजारों
ए भारतीय व पाकिस्तानी करंसी



अमृतसर जिले के इलाका वल्टोहा में घड़ियाली बड़ी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में मारे गए सी.आर.पी. के (1) सब-इंस्पैक्टर बी.एन. पांडे और (2) लांसनायक राम अवतार के शव, (3 से 10) मुठभेड़ में मरे आतंकवादियों हरबीर सिंह उर्फ रिबैरो, नंद सिंह, सुखदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अजीत सिंह के शव, (11) आतंकवादियों से मिले हथियारों का निरीक्षण करते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, (12 से 15) पड़े गए हथियार, गोली-सिक्का, विस्फोटक सामग्री और भारतीय व पाकिस्तानी करंसी । (16) खेतों में स्थित वह हवेली जिसके सामने मुकाबला हुआ, (17) श्री के.पी.एस. गिल मौके का मुआयना करते हुए, (18, 19) गन्ने का वह खेत जहां छुप कर आतंकवादियों ने मुकाबला किया ।

(छाया : रवि भंडारी, ओम भंडारी)

रीगन फिल्मों में काम नहीं करेंगे

वाशिंगटन, 20 जनवरी : राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने कल कहा कि वह अब फिल्मों में अभिनय नहीं करेंगे । श्री रीगन ने व्हाईट हाऊस में कुछ संवाददाताओं से भेंट में कहा कि वह फिल्मों में किसी तरह की भूमिका नहीं निभाएंगे क्योंकि इससे ऐसा प्रतीत होगा कि वह इस प्रतिष्ठित पद का लाभ उठाना चाहते हैं ।

लेकिन उन्होंने टैलीविजन पर एक भेंट में कहा कि अभिनय जीवन में उन्होंने जो कुछ सीखा वह राष्ट्रपति की भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध हुआ ।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा अर्जुन सिंह परिवार की लाटरी सोसाइटी की जांच स्वतंत्र एजैंसी से करवाने का आदेश

जबलपुर, 20 जनवरी (वार्ता): मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की प्रतिष्ठा को आज उस समय धक्का लगा,जब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश को निरस्त कर दिया,जिसके तहत श्री अर्जुन सिंह के पुत्र, भाई तथा कुछ अन्य द्वारा संचालित चुरहट चिल्ड्रन वैल्फ़ेयर सोसायटी को विवादास्पद लाटरी चलाने की अनुमति दी गई थी ।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्णय से राज्य आदेश भी दिया है ।

उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कैलाश जोशी की याचिका पर फैसला देते हुए जिला कलैक्टर के 10 अप्रैल, 1987 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसके द्वारा मुख्यमंत्री तथा राज्यमंत्रिमंडल के निर्णयानुसार सोसाइटी की गलतियों को माफ़ किया गया तथा उसे छूट दी गई थी । 66 पृष्ठों के अपने निर्णय में खंडपीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के केरवा बंगले पर लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई होगी ।

सोसाइटी, जिसका प्रबन्ध मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के पुत्र अजय सिंह तथा अन्य संबंधी करते हैं, पर आरोप है कि उसने 1983 व 1984 में 12 ड्रा से करोड़ों रुपए अर्जित किए । निर्णय में कहा गया कि हम श्री जोशी के सभी आरोपों ड्रा निकाले । उच्च न्यायालय ने सोसाइटी तथा उसके संगठन एजैंट को सभी 12 ड्रा के पुरालेखा, अर्जित मुनाफे तथा एजैंट के पास दावेदारों के अभाव में रही पुरस्कार राशि, कर-भुगतान, दस हजार रुपए या उससे अधिक के पुरस्कार पाने वालों का ब्यौरा तथा उन्हें भुगतान की पद्धति का विवरण पेश करने का आदेश दिया है ।

Punjab Archive

सोना गिरोह का सफाया

(पृष्ठ 3 का शेष)

सितम्बर में अशोक कुमार से धन ऐंठने के लिए उसका अपहरण, गांव नत्थू चक के सी.आर.पी. की एक पार्टी पर हमला, जिसमें एक जवान मारा गया, पट्टी के निकट तीन व्यक्तियों की हत्या, वल्टोहा के निकट सी.आर.पी. से मुठभेड़, जिसमें गिरोह के दो सदस्य तथा दो जवान मारे गए, आदि शामिल हैं । सब से बड़ा अपराध इस गिरोह ने गांव पुनियां में 6 व्यक्तियों की हत्या करके किया था । इसके अलावा यह गिरोह फिरौती के लिए कई व्यक्तियों के अपहरण के लिए जिम्मेदार था, लेकिन उन्होंने भय के मारे पुलिस को सूचित नहीं किया । यह थे, हीरा लाल भिखीविंड, अजीत सिंह खेमकरण, मेजर सिंह एस.डी.ओ., श्री रिखी, श्री जनक राज (सभी पंजाब बिजली बोर्ड से सम्बन्धित), तिलकराज भूतपूर्व सरपंच, हंसराज इंस्पैक्टर एफ.सी.आई. तथा पट्टी का एक स्कूल शिक्षक सुदर्शन ।

एक ठेकेदार को छोड़ दिया : आतंकवादियों ने खेमकरण क्षेत्र से मंगलवार की रात को अपहृत दो ठेकेदारों में से एक को छोड़ दिया है । पुलिस के अनुसार ठेकेदार चंडोक को आतंकवादियों ने छोड़ दिया है । उसने पुलिस को बताया कि उसका सहकर्मी मेहर सिंह अभी भी आतंकवादियों के कब्ज़े में है । उन्होंने पत्र के द्वारा फिरौती के लिए 50 लाख रुपए की मांग की है । पत्र में धमकी दी गई है कि 48 घंटे के अन्दर रुपए न भेजे जाने पर मेहर सिंह को मार दिया जाएगा ।

ये दोनों ठेकेदार भारत-पाक सीमा पर कंटिदार तार लगाने के काम से सम्बद्ध हैं । इस बीच तरनतारन पुलिस ने इस खबर से इन्कार किया है कि दो और ठेकेदारों का इसी क्षेत्र से अपहरण किया गया है ।

कम्युनिस्ट नेता के घर पर हमला : गत रात अमृतसर नगर में एक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता सोहन सिंह के घर पर आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की, लेकिन उनके सुरक्षा गार्डों की जवाबी फ़ायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

भूतपूर्व विधायिका की हत्या का प्रयास : टांडा से 'गुप्ता' के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे अहियापुर में तीन आतंकवादियों ने टांडा क्षेत्र की भूतपूर्व इंका विधायिका श्रीमती सुरजीत कौर के घर पर फ़ायरिंग की । इस पर सुरजीत कौर के गनमैन सतीश कुमार ने, जो कि वहां सोया हुआ था, जवाबी फ़ायरिंग की । आतंकवादियों की ओर से चलाई गई गोली उसे तो नहीं लगी तथापि यह दरवाजा चीर कर अन्दर ट्रंकों में जाकर लगी । गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर घर के लोग जाग गए । घर के लोगों ने बत्ती जलाने की चेष्टा की परन्तु आतंकवादियों ने घर पर हमला करने से पहले बिजली तथा टैलीफोन की लाइनें काट दी थीं । जब आतंकवादी श्रीमती सुरजीत कौर के कमरे की ओर गए तो उसके लड़के मनमोहन सिंह ने भी उन पर फ़ायर किया । इस पर आतंकवादी दो तरफ से घिर गए और तीन ओर से (गनमैन, मनमोहन सिंह तथा आतंकवादी) फ़ायरिंग शुरू हो गई । सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा उसने मकान को घेर कर फ़ायरिंग की, परन्तु आतंकवादी अपने-आपको बुरी तरह घिरे हुए देखकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फ़रार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि गत 14 जनवरी की रात को भी आतंकवादियों ने श्रीमती सुरजीत कौर के ट्यूबवैल पर फ़ायरिंग की थी, लेकिन तब यह समझा गया था कि शायद गुरु गोबिंद सिंह के जन्म दिवस की खुशी में किसी ने पटाखे छोड़े हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस ने खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक व्यक्ति करनैल सिंह को गिरफ्तार किया । उससे पूछताछ की जा रही है ।

लाश मिली : एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि पुलिस ने गांव गंडूपा के सुए के निकट एक लाश बरामद की है, जिस पर तेज़ धार हथियार के निशान हैं । पुलिस ने उसकी पहचान दयाल सिंह के रूप में की है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर से पाल और मोगा से आज़ाद के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी मेजर सिंह निवासी गांव सखानन्द को गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल, तीन कारतूस बरामद हुए हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने दी । उन्होंने बताया कि 7 और व्यक्तियों को भी आतंकवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत पकड़ा गया है । उनके नाम इस प्रकार हैं: गुरदेव सिंह, महेन्द्र सिंह, तेजा सिंह, कतर सिंह, कर्म सिंह, केबल सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह ।

छात्रा का अपहरण : भटिंडा में आज प्रातः बी.ए. द्वितीय वर्ष की एक छात्रा परमजीत कौर का कुछ मारुति कार सवारों ने अपहरण कर लिया । घटना के समय परमजीत कौर राजेन्द्रा राजकीय कालेज जा रही थी ।

भटिंडा पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए कालेज छात्रा का अपहरण करने वाले तीन युवकों में से दो को गिरफ्तार कर लिया तथा अपहरण के लिए इस्तेमाल की गई मारुति कार भी बरामद कर ली । पुलिस चीफ श्री आर.एस. गिल ने बताया कि भटिंडा शहर में एक कमरा जहां परमजीत कौर से बलात्कार किया गया, को सील कर दिया गया है । परमजीत कौर के अपहरण में प्रयुक्त दो पिस्तौल भी बरामद कर लिए गए हैं । श्री गिल ने स्पष्ट तौर पर इन खबरों का खण्डन किया कि लड़की का अपहरण आतंकवादियों ने किया था । श्री गिल ने बताया कि धारा-376 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है तथा लड़की को उसके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया है ।

हत्या : गुरु हरसहाय (भंडारी): गत रात यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव मोरांवाली में गांव का ही एक व्यक्ति सतनाम सिंह के घर गया तथा सतनाम सिंह को किसी बहाने बुलाकर ले गया । बाहर ले जाकर रेलवे लाइन के पास उसने सतनाम सिंह की तेज़धार हथियार से हत्या कर दी तथा बाद में सतनाम सिंह के घर आकर उसकी मां तथा भाई को चाक से घायल कर दिया । सतनाम सिंह के घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

देर से प्राप्त एक समाचार के अनुसार फरीदकोट के गांव चड़िक में गत दिवस कुछ आतंकवादियों ने अशोक कुमार की दकान को आग लगा दी क्योंकि उसने अपना लाइसैंसी पिस्तौल उन्हें देने से इन्कार कर दिया था ।

घायल कर दिया : गत रात लुधियाना में गिल रोड पर एक दुकान के कर्मचारी राम बहादुर को दो सशस्त्र व्यक्तियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । इससे पहले उन्होंने दकान के मालिक से धन ऐंठने की नाकाम कोशिश की ।

सुरक्षा गार्ड की हत्या : फिरोज़पुर (ह.स.): गत रात थाना ममदोट के गांव हमद में कुछ आतंकवादियों ने एस.पी. (विजिलैंस) फिरोज़पुर के सरक्षा गार्ड मेजर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । सूचनाओं के अनुसार मेजर सिंह, जो कि छुट्टी पर था, को हत्यारे घसीट कर ले गए तथा बाद में उसकी हत्या कर दी । उसका शव आज सुबह मिला ।

कंतोड़ के अनुसार मेजर सिंह के भाई दर्शन सिंह ने बताया कि आतंकवादी, जो कि चीनी राइफलों से लैस थे, उनके घर में ज़बरदस्ती घुस आए तथा सभी कमरों की तलाशी ली । इसके साथ ही उन्होंने घर वालों से कहा कि हमारे लिए चाय तैयार करो । बाद में एक आतंकवादी ने मेजर सिंह की ओर संकेत करते हुए कहा क्या तुम ही सरकारी कर्मचारी हो ? उसके यह कहते ही एक आतंकवादी ने ए.के. 47 उसकी ओर तान दी तथा कहा हमारे 200 आदमी जिला फिरोज़पुर तथा फरीदकोट में आ चुके हैं, जो सामूहिक हत्याएं करके सतवन्त सिंह तथा केहर सिंह को फांसी देने का बदला लेंगे । इसके बाद उन्होंने गोलियां मार कर मेजर सिंह को मार डाला ।

तत्पश्चात आतंकवादी मेजर सिंह के लड़के की तलाश करते रहे । इस दौरान घर वाले वहां से भाग गए । आतंकवादी जाते वक्त खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक लैटर पैड छोड़ गए ।

पुलिस पार्टी पर फायरिंग : बाघापुराना से 'स' के अनुसार गत रात करीबी गांव चड़िक के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर एक पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर वे फरार हो गए । मुठभेड़ स्थल से 50 चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

स्वीट्स शाप को लूटने का प्रयास : फगवाड़ा से 'कौडा' के अनुसार आज स्थानीय हरगोबिंद नगर कालोनी में एक स्वीट्स शाप को दो सशस्त्र आतंकवादियों ने लूटने का असफल प्रयास किया । दकानदार ने इनमें से एक को जफ्फा मार लिया पर दूसरे आतंकवादी द्वारा जान से मारने की धमकी से घबरा कर उसने उसे छोड़ दिया । ये दोनों फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

एक लाख की नकदी, जेवर लूटे : जिला कपूरथला के गांव काला संघियां में डाक्टर सरवन सिंह के डेरे पर डोडर मल पुत्र सोहन सिंह के घर लगभग 6 लुटेरे आए तथा घर के मालिक को रात के समय उठा कर घर का कीमती सामान लूट कर ले गए । लुटेरे जेवर, कैमरा, स्टीरियो तथा नकदी आदि एक लाख रुपए मूल्य का सामान ले जाने में सफल हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई ।

फायरिंग से 5 घायल : पठानकोट (गुप्ता): यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव चटवाल की नई कालोनी में 4 सिख युवकों ने एम.ई.एस. के कर्मचारी कंवर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करके कंवर सिंह, उसकी पत्नी कुसुम लता, लड़के रविन्द्र, एक अन्य व्यक्ति कविराज तथा एक अन्य स्त्री श्रीमती कृष्ण लाल शर्मा को घायल कर दिया । बाद में अभियुक्त सैनिक क्षेत्र में भाग गए । भागते हुए अभियुक्त कह रहे थे कि यदि किसी ने पुलिस को शिकायत की तो उसका परिवार नष्ट कर देंगे ।

केंद्र ने हरियाणा को अभी तक शस्त्र नहीं दिए

अम्बाला, 20 जनवरी (शर्मा): हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह ने आज यहां एक सम्बादादाता सम्मेलन में बताया कि हरियाणा सरकार ने आतंकवाद से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सुरक्षा बलों की 27 कम्पनियां मांगी थीं लेकिन केंद्र ने अभी तक 16 कम्पनियां ही दी हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने केंद्र से 1700 सैल्फ लोडिंग राइफलें, 1000 रिवाल्वर मांगे थे पर अभी तक यह हथियार हरियाणा को नहीं मिल पाए हैं ।

श्री सम्पत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी को पत्र लिखा है कि राष्ट्रीय हित को देखते हुए हरियाणा को तत्काल उक्त हथियार दिए जाएं । उन्होंने कहा है कि पंजाब में उग्रवादी गतिविधियों में वृद्धि हो रही है । हरियाणा पंजाब व दिल्ली के मध्य में पड़ता है । यदि हरियाणा को संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं तो वह दिल्ली को उग्रवादियों की गतिविधियों से बचा सकता है ।

स्टे के बावजूद नए प्रिंसिपल की नियुक्ति पर नोटिस जारी

चंडीगढ़, 20 जनवरी (गुप्ता): उच्च-न्यायालय के न्यायाधीश श्री एस.एस. ब्राज ने पंजाब सरकार के सचिव श्री राजन कश्यप व अन्य प्रतिवादियों को अदालत की अवमानना एक्ट 1971 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है । इस बारे श्री विद्यासागर जल्का ने एक याचिका दायर करके कहा था कि उन्होंने 'रीजनल इंजीनियरिंग कालेज' जलन्धर के प्राचार्य पद से अपने त्यागपत्र पर इस अदालत के एक खंडपीठ से 'स्टे आर्डर' लिया था पर श्री कश्यप ने 'स्टे आर्डर' के बावजूद श्री मनमोहन सिंह को इस कालेज का प्राचार्य नियुक्त किया है ।

गनी खान द्वारा लोगों को पुलिस पर हमला करने का आह्वान

कलकत्ता, 20 जनवरी (टा.इ.): पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री गनी खान चौधरी ने गत मंगलवार को मिदनापुर जिले में कई जनसभाओं में लोगों को सलाह दी है कि वे पुलिस कार्रवाई का प्रत्युत्तर दें, 'जो पुलिस अब मार्क्सी पार्टी के नियंत्रण में है'। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस एक आदमी को मारती है तो लोग दो को मारें । उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वे गांवों में मार्क्सी पार्टी के अत्याचार के विरुद्ध 'सम्पूर्ण क्रांति' छेड़ने के लिए बंदूकें, स्टेनगनें, तलवारें और लाठियां उठा लें ।

इससे पहले कभी किसी कांग्रेसी नेता ने ऐसे भाषण नहीं दिए थे, जिनमें पुलिस की वैनों पर आक्रमण करने या उन्हें आग लगा देने के लिए ललकारा गया हो ।

दूरदर्शन से 22-23 को विशेष चुनाव परिणाम बुलेटिन

नई दिल्ली, 20 जनवरी (वार्ता): दूरदर्शन ने तमिलनाड, मिजोरम तथा नागालैंड विधानसभाओं के चुनावों को देखते हुए 22 तथा 23 जनवरी को विशेष समाचार बुलेटिन एवं चुनाव विश्लेषण कार्यक्रमों के प्रसारण की व्यवस्था की है । चुनाव परिणामों की घोषणा 22 तथा 23 जनवरी को होगी । विशेष समाचार बुलेटिन एवं समाचार विश्लेषण के कार्यक्रम इस प्रकार होंगे :

22 जनवरी : अपराह्न 2.30 बजे समाचार बुलेटिन, 3.25 चुनाव विश्लेषण, शाम 4.45 बजे समाचार बुलेटिन, 5.25 चुनाव विश्लेषण, रात 9.50 तथा 11.30 बजे चुनाव विश्लेषण, रात 11.50 बजे समाचार बुलेटिन । 23 जनवरी : सुबह 7.05 बजे समाचार बुलेटिन, 8.15 बजे चुनाव विश्लेषण, बाद दोपहर 1.45 बजे समाचार बुलेटिन 3.20 बजे समाचार बुलेटिन, शाम 5.00 बजे चुनाव विश्लेषण, रात 9.50 चुनाव विश्लेषण, रात 11.30 बजे समाचार बुलेटिन ।

देसी शराब कांड में पकड़ा युवक न्यायिक हिरासत में

चंडीगढ़, 20 जनवरी (संधी): स्थानीय पुलिस ने यहां के सैक्टर-4 में स्थित एम.एल.ए. होस्टल के गैरेज में देसी शराब की भट्ठी चलाने के आरोप में कल जिस 15 वर्षीय युवक सुखविंदर को आबकारी व कराधान कानून के तहत गिरफ्तार किया था, उसे आज क्षेत्रीय मैजिस्ट्रेट श्री ए.के. सूरी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस युवक ने 20 दिन

अर्जुन सिंह परिवार की चाल्ली
(पृष्ठ 3 का शेष)

उससे लगता है, इस मामले में "गाड़ी घोड़े के पीछे चल पड़ी ।"

राज्य के वित्त सचिव ने दिसम्बर-1983 को सीधी के जिला कलैक्टर को लिखा कि सोसाइटी आवेदन करे तो उसे लाटरी रैफ़ल चलाने का लाइसैंस स्वीकृत कर दिया जाए । इस पत्र के बाद दूसरे दिन इसी आशय का तार भी भेजा गया । परिणामतः सोसाइटी ने अपने कार्यालय का पता रीवा देते हुए 29 दिसम्बर, 1983 को आवेदन किया । दूसरे ही दिन उसे लाइसैंस स्वीकृत भी हो गया । राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में आडिट रिपोर्ट के जो अंश पढ़े गए, वे सोसाइटी की कलई खोल देते हैं, जो एक त्रासद टिप्पणी है ।

सोसाइटी की नामपात्र की सम्पत्ति (बैंक में 3853 रु. की राशि) एक वर्ष के भीतर ही भोपाल गैस त्रासदी के पहले यूनियन कार्बाइड द्वारा दिए गए दान से बढ़ कर डेढ़ लाख रुपए हो गई । इसके बावजूद उसने पूरी रफ्तार से करोड़ों रुपए की एक परियोजना हाथ में ले डाली । लाटरी के आर्गेनाइज़रों ने अपने नमाइंदों के माध्यम से खुद ड्रा निकाले और विजेता नम्बरों को भुगतान करने से इन्कार भी किया ।

कम से कम ऐसे तीन मामले प्रकाश में आए हैं, जिनमें पांच-पांच लाख रुपए के ईनाम देने से इन्कार किया गया । पुरस्कार विजेताओं को सीधी में सोसाइटी का अता-पता नहीं चला तथा 45 दिन बीत जाने के बाद उनके दावे करने की अवधि समाप्त हो गई ।

आरोप है कि सोसाइटी ने लाटरी टिकटों की बिक्री से करोड़ों रुपए कमाए, मगर उसने सीधी जिले के चरहट गांव में अपंग-बेसहारा बच्चों की सहायता के अपने उद्देश्य पर मात्र कुछ सौ रुपए ही व्यय किए ।

न्यायाधीशों ने कहा है कि सोसाइटी ने सीधी के कलैक्टर द्वारा मांगा गया ब्यौरा नहीं दिया । वित्त-सचिव ने अपनी ओर से सोसाइटी के अध्यक्ष को लिखा कि "सरकार उन्हें लाटरी रैफ़ल चलाने की अनुमति देने में सहमत हुई है, मगर हमें आपसे उसका ब्यौरा नहीं मिला है । तथापि हम यह मान लेते हैं कि लाटरी का उपयोग बाल-कल्याण के लिए होगा । कृपया सीधी कलैक्टर को, जोकि आपको अनुमति देने के अधिकारी हैं, आवेदन करें ।"

नंदरबार (महाराष्ट्र) के सुदर्शन शीट्स कार्पोरेशन द्वारा की गई पूछताछ से भी लाटरी संचालन में मध्य प्रदेश प्रशासन की सहमति रेखांकित हुई है ।

कार्पोरेशन ने 26 मई, 1984 को एक पत्र में यह कहते हुए कि टिकटों की बिक्री हाथों-हाथ हो रही है तथा टिकट के पृष्ठ भाग पर मुद्रित है "मध्य प्रदेश राज्य शासन के वित्त विभाग के पत्र 1125 एफ.एस. 83 के अधीन", यह जानना चाहा कि क्या यह जाली है ? कारण तो प्रशासन ही जाने, मगर 21 जून, 84 को यह प्रस्तावित करके पत्र को फ़ाइल कर दिया गया कि "उत्तर देने की आवश्यकता नहीं ।"

श्री अर्जुन सिंह ने चरहट लाटरी कांड में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले पर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया है । न्यायालय के फैसले से राज्य की राजनीति में आए नाटकीय परिवर्तन के बीच भोपाल से आज ही दिल्ली पहुंच कर श्री अर्जुन सिंह ने यहां सम्बाददाताओं से बातचीत के दौरान महज इतना ही कहा, मैं फैसले का मूल पाठ देखने के बाद ही कोई टिप्पणी करूंगा । यह पूछे जाने पर कि क्या वह सुप्रीमकोर्ट में अपील करेंगे, उन्होंने कहा – अभी कुछ कहना समय पूर्व होगा ।

मुख्यमंत्री आज तो दिल्ली में हैं ही और शायद कल भी यहीं रहेंगे तथा इस दौरान सम्भवतः प्रधानमंत्री राजीव गांधी से भी मिलेंगे ।

विशेष अनुमति याचिका दायर होगी : मध्य प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय द्वारा चरहट लाटरी के सम्बन्ध में आज यहां दिए गए फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में 'विशेष अनुमति याचिका' दायर करने पर विचार कर रही है । राज्य सरकार के महाधिवक्ता आनंद मोहन माथुर ने उक्त जानकारी दी ।

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने आज यहां कहा कि चरहट लाटरी केस में उच्च न्यायालय की गम्भीर टिप्पणियों के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को त्यागपत्र दे देना चाहिए ।

मतदान आज

(पृष्ठ 3 का शेष)

उम्मीदवार उस वकील के पास क्लर्क के पद पर काम करता था ।

मिज़ोरम में वास्तविक मुकाबला कांग्रेस (इ) और मिज़ोरम नैशनल फ्रंट के बीच है । राज्य विधानसभा की चालीस सीटों के लिए 3.34 लाख मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे । फ्रंट के नेता श्री लालडेंगा का राज्य की जनता पर कितना प्रभाव है, इस बात का पता इस चुनाव से लगेगा ।

मिज़ोरम के 631 मतदान केंद्रों पर कल प्रातः सात बजे से मतदान शुरू होगा । चिमबईतुई जिले में पांच सीटों के लिए लुंगलेई जिले में 12 सीटों तथा एज़ुल जिले में 28 सीटों के लिए मतदान होना है । मतदान के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूरे राज्य में अर्द्ध-सैनिक बलों की 43 कम्पनियां तैनात की गई हैं । राज्य के मतदान केंद्र

बलिदान दिवस

पंडित खुशी राम शर्मा उपप्रधान भाजपा पंजाब का 22.1.89 दिन इतवार को बलिदान दिवस आर्य स्कूल पुरानी सब्जी मंडी लुधियाना में प्रातः 9.00 बजे । महान आत्मा की स्मृति में हवन व श्रद्धांजलि समारोह में हजारों कार्यकर्त्ता अपनी

Punjab Kesari

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 22, जनवरी 1989 तदनुसार 10 माघ 2045

1289 शाखाएं सरकारी तौर पर गिनी गई थीं तथा उस वर्ष में इसकी सदस्य संख्या 35,000 से बढ़ कर 62,000 हो गई थी । जिन शहरों में शिव

आर.एस.एस. चाहे कुछ भी कहें, दोनों में समझौता हो गया है तथा इसमें भारतीय जनता पार्टी भी शामिल है । एक प्रमुख कांग्रेस (इ) नेता ने कहा कि

उन्होंने महाराष्ट्र को लूट मराठों द्वारा शिव सेना का अब उसके नारे में गर्व के

आतंकवादियों द्वारा पटियाला ज़िला में 2 प्रवासी श्रमिकों की हत्या : अन्यत्र 6 लोग मारे गए

कुख्यात उग्रवादी बगीचा सिंह मारा गया : डाइनामाइट की 120 छड़ें मिलीं

अमृतसर, गुरदासपुर ज़िलों में उग्रवादी विरोधी अभियान तेज़

चंडीगढ़, 21 जनवरी (वार्ता): पंजाब में गत रात पटियाला जिले में आतंकवादियों ने 2 प्रवासी श्रमिकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि अन्यत्र 6 व्यक्ति मारे गए । एक लाख रुपए से अधिक की राशि लूट ली गई । बटाला पुलिस ने डाइनामाईट की 120 छड़ें बरामद कीं । अमृतसर तथा गुरदासपुर जिलों में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान तेज किया गया है । कुख्यात उग्रवादी बगीचा सिंह मारा गया ।

एक एजैंसी के अनुसार पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा है कि पटियाला, फिरोजपुर, लधियाना व नंगरूर में हुई चार हत्याओं का आतंकवादी अपराधों से कोई संबंध नहीं है ।

बगीचा सिंह मारा गया : सुरक्षा बलों ने आज जिला कपूरथला में खूंखार आतंकवादी बगीचा सिंह को एक मुठभेड़ में मार गिराया । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मुठभेड़ सुलतानपुर लोधी क्षेत्र में हुई । ये आतंकवादी 12 हत्याओं में संलिप्त था और 8 हत्याकांडों में भगौड़ा घोषित था ।

उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा से सम्बद्ध बगीचा सिंह का साथी मुठभेड़ में से भाग निकला ।

12 हत्याओं के केस में इश्तहारी मुजरिम घोषित बगीचा सिंह के सिर पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित था ।

श्री गिल ने बताया कि मुठभेड़ सायं 5 बजे के आसपास हुई । बगीचा सिंह की हत्या भी पंजाब में सुरक्षा बलों की एक और प्रमुख सफलता है । वीरवार की रात्रि को तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के 8 दर्दात उग्रवादी, जिनमें फोर्स का स्वयंभ एरिया कमांडर दलबीर सिंह उर्फ 'रिबैरो' भी शामिल था, सुरक्षा बलों के साथ जिला अमृतसर में हुई मुठभेड़ में मारे गए थे ।

पटियाला (भूषण): गत सायं यहां से 50 किलो मीटर दूर थाना घरगा के क्षेत्र में गांव जालल के करीब भाखड़ा नहर पुल पर आतंकवादियों ने दो सगे भाइयों प्रीतम तथा गुलाब की गोलियां मारकर हत्या कर दी । हमलावर साइकलों पर आए तथा हत्याएं करने के बाद फरार हो गए । पुलिस ने आतंकवाद विरोधी कानून के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूक लूटी : जालन्धर (वार्ता): गत रात इस जिला में सैनिक हवालदार किरपाल सिंह के निवास स्थान से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने .12 बोर की एक लाइसैंसी बंदूक लूट ली । आतंकवादी सायं सात बजे के लगभग गुरु नानक नगर में उसके घर आए और उसकी पत्नी नरेन्द्र कौर से बंदूक मांगी । जब उस समय घर पर नहीं था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ठेका लूट लिया : कल रात जिला जालन्धर के गांव कोट बादल खा में चार ट्रक सवार आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके में घुसकर शराब के 22 करेट तथा 3758 रुपए लूट लिए ।

ट्रक छीन लिया : जालन्धर में बिधिपुर रेलवे फाटक के निकट चार आतंकवादी धान से लदा एक ट्रक छीन कर फरार हो गए ।

स्कूटर छीन लिया : लुधियाना (मुसाफिर) आज प्रातः यहां एक दोधी का स्कूटर छीन लिया गया । बताया जाता है कि दो आतंकवादी रास्ते में उसके आगे खड़े हो गए । उन्होंने दूध के डिब्बे उतार कर एक ओर रख दिए तथा स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

बंगियां में हत्या : लुधियाना जिले के गांव बंगियां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज धार हथियार से फौजा सिंह की हत्या कर दी । उसकी लाश कल बरामद हुई ।

अभियान तेज : इसी बीच तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र में वीरवार की रात को खालिस्तान कमांडो फोर्स के खूंखार गिरोह को खत्म करने की भारी सफलता के बाद सुरक्षा बलों ने अमृतसर और गुरदासपुर के आतंकवाद ग्रस्त जिलों में आतंकवादियों के विरुद्ध अपना अभियान तेज कर दिया है ।

शव मिला : भटिंडा (वार्ता): जिला भटिंडा में रामामंडी के निकट आज एक व्यक्ति शाम लाल का शव मिला । इससे पहले उसका अपहरण कर लिया गया था ।

सज्जुवाला में हत्या : भटिंडा जिले में ही सज्जुवाला में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की गत रात हत्या कर दी गई ।

भटिंडा जिले में तीन आतंकवादी नरेन्द्र सिंह, चन्द सिंह तथा नछत्तर सिंह गिरफ्तार किए गए जबकि मरीवकोट में गुरमेल सिंह को गिरफ्तार किया गया । इनसे दो पिस्तौलें, एक राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

एक लाख रुपए लूटे : भच्चो मंडी से 'सुशील' की सूचना है कि गत रात यहां से आठ किलो मीटर दूर लहरा मुहब्बत गांव में निर्मल सिंह के घर से सशस्त्र व्यक्तियों ने एक 315 बोर की बंदूक तथा एक लाख रुपया नकद लूट लिया । पुलिस जांच कर रही है ।

लूट की वारदात : बाघापुराना (फरीदकोट): के गांव लंडे के नम्बरदार हरचरण सिंह के घर में घुसकर कुछ नकाबपोश 35,000 रुपए नकद,

इसी बीच कल भटिंडा में एक कालेज छात्रा के अपहरण के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए दो व्यक्तियों के नाम गुरलाल तथा देवेन्द्र सिंह बताए गए हैं ।

पिस्तौल छीनी : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव गिल्लांवाली में गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों ने सेना से एक सेवा निवृत्त कैप्टन कुलदीप सिंह के घर में घुसकर उसकी लाइसैंस शुदा 9 एम.एम. की पिस्तौल छीन ली व फरार हो गए ।

इसी गांव के निकटवर्ती गांव सोडपुर निवासी एक ट्रांसपोर्टर एवं जमींदार हरबंस सिंह के घर गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादी आए और उन्होंने दरवाजा खोलने को कहा । दरवाजा न खोलने पर ये लोग घर के बाहर के दरवाजों व खिड़कियों को क्षतिग्रस्त करके गोलियां चलाते हुए चले गए । पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं ।

डाइनामाइट की छड़ें बरामद : बटाला पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि पुलिस ने डाइनामाइट की 120 छड़ें बरामद की हैं । इसी तरह की छड़ें हाल ही में

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अमरीका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद श्री जार्ज बुश और उनक वाशिंगटन में परेड के रास्ते पर चलते हुए हाथ हिलाकर जनता का अभि हैं । (इनसैट) कैपिटल के बाहर शुक्रवार को आयोजित समारोह में ह गोपनीयता की शपथ लेते हुए श्री बुश ।

बुश और गोर्बाच्योव के बीच फरव

वाशिंगटन, 21 जनवरी : सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश को सत्ता सम्भालने पर भेजे गए गरिमापूर्ण बधाई के तार से यहां इस आशय की अटकलें शुरू हो गई हैं कि दोनों नेताओं में शायद अगले मास मुलाकात हो ।

ख्याल है कि दोनों नेता अगले मास जब जापान के सम्राट हीरोहितो की अंत्येष्टि में भाग लेने टोक्यो जाएंगे, तब उनमें भेंट होगी । श्री बुश उपराष्ट्रपति और निर्वाचित-राष्ट्रपति के रूप में न्यूयार्क के निकटवर्ती गवर्नर्स आइलैंड पर श्री गोर्बाच्योव से गत वर्ष भेंट की थी ।

श्री जार्ज बुश ने अमरीका के 41वें राष्ट्रपति का पदभार कल रात यह कहते हुए सम्भाला कि श्री रोनाल्ड रीगन से उन्हें विरासत में मिले संसार में एक नई बयार बह रही है ।

कैपिटल हिल के सोपानों पर भारतीय समयानुसार रात बारह बज कर दस मिनट पर सम्पन्न भव्य समारोह में अमरीकी उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विलियम रेनक्विस्ट ने उन्हें शपथ दिलाई । पैंतीस

हाथ इसी बाइबिल पर रखा हुआ था जिस पर हाथ धर कर दो सौ वर्ष पहले प्रथम राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन ने शपथ ली थी ।

पिछले 152 वर्षों में श्री बुश पहले व्यक्ति हैं जिन्हें उपराष्ट्रपति पद पर काम करते हुए अमरीका के प्रथम नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ है ।

श्री बुश ने बीस मिनट के अपने संबोधन में अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति के प्रति यह कहते हुए आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हमारे हृदय और हमारे इतिहास में एक अविस्मरणीय स्थान बना लिया है ।

श्री बुश महीन धारियों का गाढ़े नीले रंग का सूट पहने हुए थे । उस समय चल रही तेज हवा के झोंकों से उनके बाल बिखरे जा रहे थे । श्री बुश ने उपस्थित लोगों को प्रार्थना में सहभागी बनाते हुए कहा कि वह अनन्त संभावनाओं से परिपूर्ण समय में अपना कार्यभार संभाल रहे हैं । उन्होंने कहा हम एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समय में जी रहे हैं लेकिन हम इसे और बेहतर बना सकते हैं । एक नई बयार बह रही है तथा स्वतंत्रता से प्रफुल्लित दुनिया का लगता है जैसे पुनर्जन्म हो रहा है । यदि यह वास्तविकता न हो तो भी मानव हृदय में यह प्रतीति है

श्री बुश ने राष्ट्र का कृपालु और दुनिया का चेहर बनाने का संकल्प लिया । सशक्त बना रहेगा तथा श सतत् सचेष्ट रहेगा । श्री दिया कि अमरीका सोवियत निकटता बनाए रखेगा और समग्र विश्व के कल्याण रखेगा ।

उद्घाटन समारोह उनकी पत्नी को भावपूर्ण प्रशंसकों की उमड़ती भी व्हाइट हाऊस में गए ।

उद्घाटन समारोह की चार किलोमीटर के मार्ग बारबरा के संग अपनी कार नीचे उतरे और दोनों ने लो अभिवादन स्वीकार किया उनके प्रशंसक और शुभ कर उनका अभिनदन कर

कैपिटल के बाहर खड़े हजारों खास एजन्स के लिए

आतंकवाद एक जटिल तथा दीर्घकालिक समस्या है, इस पर काबू पाने के लिए लोगों का सहयोग आवश्यक : गिल

नवांशहर, 8 जनवरी (काछड़): पुलिस जिला बटाला सत्यालय में गत सायं पंजाब पुलिस के

अलग-अलग गांवों में 97 एस.पी.ओ. पिकेट्स स्थापित हैं और 67 अन्य गांवों में यह चौकियां

अभियान के अन्तर्गत गत 45 दिनों में खालिस्तान कमांडो फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स और

Punjabi Sahitani

समारोह में अमरीकी उच्चतम मुख्य न्यायाधीश विलियम रेनक्विस्ट पदीयता की शपथ दिलाई । पैंतीस ने ग्रहण करते समय श्री बुश ने अपना

हने इस ओर बेहतर बना सकते हैं । एक नई बयार बह रही है तथा स्वतंत्रता से प्रफुल्लित दुनिया का लगता है जैसे पुनर्जन्म हो रहा है । यदि यह वास्तविकता न हो तो भी मानव हृदय में यह प्रतीति है कि तानाशाही के दिन अब लद चुके हैं ।

अभिवादन स्वीकार किया । तेज हवाओं से बेखबर उनके प्रशंसक और शुभचिंतक हाथ हिला-हिला कर उनका अभिनंदन करते रहे ।

कैपिटल के बाहर खड़े एक हैलीकाप्टर से रीगन दम्पति लास एंजल्स के लिए रवाना हो गए जहां अब

मस्या है, इस श्यक : गिल

तर्गत गत 45 दिनों में खालिस्तान खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स और इंटरनैशनल के नौ आतंकवादियों फ़ बब्बर पटियाला, गज्जन सिंह हरजिंदर सिंह (तलवंडी), पलविंदर ता (खोदे बांगर) और अवतार सिंह वार अज्ञात को पांच मुठभेड़ों में मार ाथ खतरनाक आतंकवादी बलदेव सहित 53 आतंकवादियों को जबकि 111 संदिग्ध लोगों को आरोप में गिरफ्तार किया गया । इन 45 दिनों में पुलिस-जिला सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से यार व गोली-सिक्का भी बरामद रीका निर्मित दो 'बजूका' व एक पंजाब में प्रथम बार बरामद किए

थ 22 ए.के. 47 राइफलें, 47 के. 54 राइफल, दो बड़े राकेट राकेट लांचर व इनसे फैंके जाने ड, द्वितीय विश्व युद्ध में प्रयुक्त एक-एक 12 बोर की राइफल , 120 डाइनामाइट स्टिक बम, प्लोसिव डाइनामाइट स्टिक, 3 80 डैटोनेटर, एक वीडियो , 48 गन कॉटन स्लैब (बम), 4 बोर, 4 पिस्तौल 32 बोर, 2 , 3 हथगोले, 2 रिमोट कंट्रोल, टाइम बम, लगभग दस हजार से 8 लाख 20 हजार रुपए नकद ।

श्री गिल व उनके साथ आठ रियों ने पुलिस जिला बटाला की ओर से 45 दिन में बरामद दस हजार कारतूसों आदि का कहा कि बहादुरी दिखाने वाले पुरस्कारों से सम्मानित किया



(1-2) बटाला पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल द्वारा आतंकवादियों से भारी संख्या में बरामद हथियार व गोली-सिक्का (3) बरामद किए गए हथियारों तथा गोली-सिक्का का निरीक्षण करते हुए पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा अन्य अधिकारी । हथियारों में (4) तीन पोर्टेबल रॉकेट लांचर, (5) बड़े राकेट व लांचर, (6) नए माडल की ए.के. 54 राइफल तथा (7) रिमोट कंट्रोल भी बरामद किए । (छाया : कोछड़)

ट्रक-मिनी बस टक्कर में 25 मरे

बेगूसराय, 21 जनवरी (वा.) : बेगूसराय से 12 किलोमीटर दूर रमजानपुर के पास कल रात एक ट्रक और मिनी बस की टक्कर में कम से कम 25 लोगों की मृत्यु हो गई । जिलाधिकारी एस.एम. शाहबुद्दीन ने बताया कि दुर्घटना में पांच लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें चिन्ताजनक हालत में बेगूसराय अस्पताल में दाखिल कराया गया है । गैर सरकारी सूत्रों ने मृतकों की संख्या 27 बताई है । दुर्घटना स्थल पर 20 गज के दायरे में मानव अंग बिखरे पड़े हैं ।

जिलाधिकारी ने बताया कि बलिया (उत्तर प्रदेश) जा रही मिनी बस की सीधी टक्कर तेज रफ्तार से सामने से आ रहे ट्रक से हो गई जिससे गेहूं से लटा ट्रक मिनी बस पर जा चढ़ा । पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक को मिनी बस के ऊपर से उतारा और मिनी बस में फंसी लाशें निकालीं ।

जम्मू फेरब

जम्मू, 21 सरकार द्वारा अधिकारियों और है । आई.जी., को विजीलैंस कमि जबकि श्री कप कार्यभार सौंपा ग

जम्मू के ए एस.पी. रेलवे व पर तबदील कि एस.एस.पी. लगा

जम्मू सिटी के श्री सागर चन्द श जबकि श्री शर्मा सिंह चमक का पुलिस में कमांडैं एस.पी. लगाए ग

जम्मू के उपा श्री एस.के. कपूर डी.सी. और श्री क गया है ।

सी.आई.डी. एस.पी. विजीलैंस एस.पी.सी.आई.डी कौल को ऊधमपुर श्री बी.एस. शाल कार्यभार सौंप ग अधिकारियों के भी है ।

जांच आयो सरकार ने सेवानिव पर आधारित जांच आयोग गत 13 ज घटनाओं के कारणों

सहायता की हिंसक घटनाओं में घायलों को और गड़ और सम्पत्ति के लिए किया है । सरकारी आश्रितों को 25-2 घायलों जो 48 घ

छोटी-सी बा

मैंने हमेशा यह राजनीतिज्ञ या बोलते हैं या चि थोड़ा या बिल्क हैं : एम. रोको


Grand Exhibition cum SALE
20%

शिवाजी गणेशन, (3) जय मतदान केन्द्रों पर वोट डालते (छाया : प्रै. ट्र.)

हिन्दर भारद्वाज, श्री बाबू राम, श्री प्ता प्रमुख थे । एसोसिएशन के -पीड़ितों के केस मुफ्त लड़ने की

मिति के संयोजक श्री रमेश अरोड़ा कि कुछ संदिग्ध चरित्र के लोग व करने का प्रयास कर रहे हैं । हिन्दू-सिखों का खून एक है, उनकी त एक है और उन्हें अलग करने के के प्रयास सफल नहीं होंगे ।

भा की श्री गुरचैन सिंह की बैठक में समाज-विरोधी तत्वों के विफल करने और साम्प्रदायिक वने के उद्देश्य से 6सूत्रीय कार्यक्रम

राज्यपाल से मिला : युवा सेना ो श्री यश गुप्ता के नेतृत्व में एक पाल जगमोहन से भेंट करके गत

प्रवासी श्रमिकों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

लुधियाना के निकट तथा अमृतसर-पठानकोट मार्ग पर रेल लाइन को उड़ाने के लिए इस्तेमाल की गई थीं ।

बसों के समय : गुरदासपुर (विनोद): जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्हा के विशेष आदेश अनुसार जिला भर में हर तरह की परिवहन सेवा जिसमें बसें, थ्री-व्हीलर और टैम्पो भी शामिल हैं सुबह 6 बजे से शाम 4.30 बजे तक चल सकेंगी । इसी तरह सिनेमा हाल और वीडियो पार्लर शाम पांच बजे बंद करने होंगे । दुकानें और शराब की दुकानें शाम 6.30 बजे और ढाबे शाम 7 बजे बंद करने के आदेश दिए गए हैं ।

जिला भर में 3.5 क्षमता वाले मोटर साइकल पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा । इससे कम क्षमता वाले मोटर साइकल और स्कूटर सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक चल सकेंगे । पुरुषों को दोहरी सवारी की इजाजत नहीं होगी । औरतें और बच्चे सुबह 6 बजे से शाम सात बजे तक दोहरी सवारी का लाभ उठा सकेंगे । यह आदेश 26 जनवरी तक लागू रहेंगे ।

बुश गोर्बाच्योव

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिछले डेढ़ सौ वर्षों से अमरीका का हर वह राष्ट्रपति जो शून्य पर समाप्त होने वाले वर्ष में राष्ट्रपति बनता था, अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाता था ।

विलियम हैनरी हैरीसन 1840 में निर्वाचित हुए लेकिन कार्यकाल ग्रहण करने के एक माह बाद ही 67 वर्ष की उम्र में वह निमोनिया से चल बसे । 1860 में निर्वाचित हुए श्री अब्राहम लिंकन की 56 वर्ष की आयु में 1865 में हत्या कर दी गई ।

श्री जेम्स ए. गैरफील्ड, जोकि 1880 में राष्ट्रपति बने कार्यभार ग्रहण करने के कुछ महीनों बाद ही 50 वर्ष की उम्र में हत्यारों के हाथों मारे गए ।

श्री विलियम मैकिनले 1900 में अमरीका के राष्ट्रपति बने लेकिन कार्यकाल के एक वर्ष बाद ही उनकी हत्या कर दी गई । 1920 में अमरीका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए जी. हार्डिंग 58 वर्ष की उम्र में दिल के दौरे से चल बसे । श्री रुजवेल्ट 1940 में तीसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति बने लेकिन 63 वर्ष की उम्र में वे अपना तीसरा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही चल बसे । जान एफ. कैनेडी 1960 में राष्ट्रपति बने तथा 46 वर्ष की उम्र में 1963 में उनकी हत्या कर दी गई ।

अकाली गुटों में एकता के प्रयास जारी : बरनाला

पटियाला, 21 जनवरी : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अकाली दल (लौंगोवाल) के पूर्व अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज कहा कि विभिन्न अकाली गुटों में एकता स्थापित करने के प्रयास जारी हैं । उन्होंने यहां सम्वाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह स्वयं इस सिलसिले में अकाली नेताओं जगदेव सिंह तलवंडी और जोगेन्द्र सिंह मान तथा अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह

देव गौड़ा कर्नाटक

बेंगलूर, 21 ज राज्यपाल पी. वेंकट निर्माण तथा सिंचाई मंत्रिमंडल से इस्ती राजभवन की एक वि इस्तीफा मुख्यमंत्री की साथ स्वीकार किया

कर्नाटक के मुख्य असंतुष्ट नेता एच.डी लगाया कि वह कल न हट गए । उन्होंने गौड़ा जनता दल के ने हुई बातचीत के दौर किए जाने वाले जन सम्मेलन को स्थगित मुख्यमंत्री ने भी यह गौड़ा के मंत्रिमंडल से करेंगे ।

उन्होंने कहा कि को पकड़ने की तैयारी सूचित किया कि वह करने के अपने निश्च (मुख्यमंत्री) उनके इस स्वतंत्र हैं । श्री बो उन्होंने राज्यपाल से करने की सिफारिश

मंत्रिमंडल से श्री हो जाने के बाद अ विभाजन मात्र औप

श्री देवगौड़ा ने आकर समझौते का

बाबरी समिति प्र पर

नई दिल्ली, मस्जिद संघर्ष समि निवास पर धरना दे द्वारा आज यहां जारी मुकद्दमे को उच्च न्य पीठ को सौंपने के जिसके विरोध में ध

हवाई फाय होमगार्ड के

जालन्धर, 21 गार्ड के उन दो जवानो को गिरफ्तार कर स्थानीय मदन फ्लोर एक दर्जन गोलियां अनुसार होम गार्ड के और अपनी ड्यूटी

कांग्रेसी जि

Punjab Sanatan

अमृतसर के गांव में एक परिवार के 3 सदस्यों को आतंकवादियों ने फांसी पर लटका दिया

26 जनवरी को नरसंहार की योजना बनाने वाले 4 उग्रवादी गिरफ्तार

चुंगी से 71,800 रुपए लूटे : एक का अपहरण

चंडीगढ़, 22 जनवरी (वार्ता, ह.स.): बब्बर खालसा गिरोह के आतंकवादियों ने गत रात जिला अमृतसर में एक परिवार के दो सगे भाइयों सहित 3 व्यक्तियों को फांसी पर लटका दिया । एक चुंगी चौकी से 71,800 रुपए लूट लिए गए । गुरदासपुर पुलिस ने बब्बर खालसा के 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनकी 26 जनवरी को गुरदासपुर में नरसंहार करने की योजना थी । अमृतसर में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया । अन्यत्र दो व्यक्ति मारे गए ।

3 को फांसी पर लटका दिया : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात जिला अमृतसर के थाना भिखीविंड के अंतर्गत गांव अमिया कलां में आतंकवादियों ने दो सगे भाइयों और उनके एक रिश्तेदार को फांसी पर लटका कर मार डाला । पुलिस ने यह बताया कि बब्बर खालसा इंटरनैशनल के 6 सदस्यीय आतंकवादी गिरोह ने इन तीनों को घसीट कर उनके घर से निकाला तथा खेतों में ले जाकर उन्हें एक वृक्ष पर रस्से से लटका दिया । उनके शव आज प्रातः मिले जिन पर गोलियों के भी निशान थे । मृतकों में ज्ञान चंद, मदन लाल, (दोनों सगे भाई) तथा वीरभान शामिल हैं ।

गत 10 दिनों में पंजाब में आतंकवादियों द्वारा फांसी पर लटका कर लोगों की हत्या किये जाने की यह दूसरी घटना है । इससे पहले जिला गुरदासपुर के बटाला सदर थाना क्षेत्र के गांव बुज्जियांवाली में 4 व्यक्तियों की इसी प्रकार फांसी पर लटका कर हत्या कर दी गई थी । पहली घटना श्रीमती इंदिरा गांधी के दो हत्यारों सतवंत सिंह और केहर सिंह को फांसी दिये जाने के 6 दिन बाद हुई थी । अभी यह पता नहीं चल सका कि कल रात फांसी पर लटकाये गये तीन व्यक्तियों को पहले गोलियां मार कर फांसी पर लटकाया गया अथवा फांसी पर लटकाने के बाद गोलियां मारी गईं ।

आतंकवादी घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ गये जो कि बब्बर खालसा उग्रवादी संगठन की ओर से है । इस पर स्वयं भू एरिया कमांडर सुखबिंदर सिंह संघा के हस्ताक्षर हैं । इसमें इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली गई है । इसमें कहा गया है कि इन लोगों को बघेल सिंह बग्गा ने फांसी लगाई ।

पर्चे में कहा गया है कि सतवंत सिंह तथा केहर सिंह को फांसी दिये जाने के बदले में गोलियां नष्ट करने की बजाय भविष्य में एक समुदाय के और लोगों को भी फांसी पर लटकाया जाएगा ।

यह घटना पंजाब पुलिस के अधिकारियों के इन दावों के तत्काल बाद हुई है कि 19 जनवरी को थाना वल्टोहा के गांव बड़ी घड़ियाली में हुई भीषण भिड़ंत में बख्शीश सिंह 'सोना' गिरोह के 8 आतंकवादियों के मारे जाने से आतंकवादियों के सभी महत्वपूर्ण गिरोहों का सफाया हो गया है ।

विवरण : मृतकों के एक सम्बन्धी ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस 6 आतंकवादी ज्ञान चन्द की दुकान पर आए और उसे कहा कि उन्हें अपने चचेरे भाई के घर ले जाए । वीरभान के घर पहुंचने पर आतंकवादियों ने घर के लोगों को दरवाजा खोलने के लिए कहा । जब दरवाजा न खुला तो उन्होंने दरवाजा तोड़ डाला । वीरभान को ज्ञान चन्द के साथ घर से घसीट कर आतंकवादी गांव के बाहर की तरफ ले गए । ज्ञान चन्द का भाई मदन लाल आतंकवादियों के पीछे यह जानने के लिए भागा कि वे उसके भाई तथा चचेरे भाई को कहां ले जा रहे हैं । इस पर आतंकवादियों ने मदन लाल को भी उनके साथ आने का आदेश दिया । इन तीनों को गांव से लगभग 800 गज बाहर ले जाया गया तथा वहां एक जामुन के वृक्ष के साथ लटकाकर उन्हें फांसी दे दी गई ।

इससे पहले पुलिस ने कहा था कि तीनों को एक वृक्ष के साथ लटका कर गोलियों से बींध दिया गया लेकिन ज्ञान चन्द तथा मदन लाल के पिता मेला राम ने इसका खंडन किया है । उन्होंने कहा कि किसी भी लाश पर गोलियों के निशान नहीं हैं । उन्होंने कहा कि रविवार रात के समय गोलियों की आवाजें सुनी गई थीं लेकिन यह गोलियां सम्भवतः फांसी दिए जाने के बाद चलाई गई ।

गांव के सरपंच ने बताया कि लाशें आज सुबह बरामद की गईं । दो लाशें एक टहनी के साथ लटक रही थीं जबकि तीसरी उसी वृक्ष की एक अन्य टहनी से लटकती मिली । तीनों को फांसी देने के लिए अलग-अलग रस्से इस्तेमाल किए गए ।

पुलिस को घटना की सूचना आज सुबह 9.30 बजे दी गई तथा लाशें पोस्ट-मार्टम के लिए तरनतारन अस्पताल ले जाई गईं । बाद में लाशें वारिसों को दे दी गईं । एक अन्य समाचार में कहा गया कि भिडरांवाला टाइगर फोर्स,ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है ।

3 कट्टर आतंकवादी काबू : गत रात थाना मेहता क्षेत्र में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन कट्टर आतंकवादी पकड़े गये । उनके नाम सरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह तथा हरदेव सिंह बताये गये हैं । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह आतंकवादी बाप नगर व एक अन्य स्थान पर निर्दोषों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे । उनसे एक स्टेनगन, एक 38 बोर का पिस्तौल व एक 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया गया ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : अजनाला क्षेत्र में 7 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये । यह हैं : परगट सिंह, कर्मवीर सिंह, हरजिंदर सिंह, सतनाम सिंह, मनजीत सिंह, हरनाम सिंह व सुखदेव सिंह । आतंकवादियों के 2 शरणदाताओं नरेंद्र सिंह व रवींद्र सिंह को लापेके तथा ब्यास क्षेत्रों में गिरफ्तार किया गया ।

अमियां कलां गांव की आबादी लगभग 2,000 है । इस गांव के लोगों ने पूर्ण साम्प्रदायिक सद्भावना तथा शांति बनाए रखी है और यह इस प्रकार की पहली घटना है ।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गांव में डेरा डाले हुए हैं तथा मामले की जांच कर रहे हैं । कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

अपहरण : अमृतसर पुलिस के मुख्यालय में विलम्ब से मिली खबर के अनुसार 18 जनवरी को अमृतसर नगर में तरनतारन रोड पर आतंकवादियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । उसका नाम सम्पूर्ण सिंह बताया गया है जोकि एक आईस फैक्टरी का मैनेजर अकाऊंट्स है । उसका अपहरण 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के एक गिरोह ने फिरौती लेने के लिए किया । इससे पहले मजीठा पुलिस जिला में दो ठेकेदारों का अपहरण कर लिया गया था जिनमें से एक को बाद में छोड़ दिया गया था ।

स्कूटर छीना : धूरी (सिंघला): यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव सरों के निकट 2 अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर छहार के एक व्यक्ति गरमेल सिंह से उनका स्कूटर डी.आई.पी. 3509 छीन लिया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

डा. हेडगेवार जन्म-शताब्दी के सम्बन्ध में लुधियाना में आयोजित 'राष्ट्रीय जागरण में आर.एस.एस. की भूमिका' विषय पर विचारगोष्ठी में भाग लेते हुए (बाएं से) श्री इन्द्र जीत नागपाल, डा. बलदेव प्रकाश, श्री सेवा सिंह गिल सांसद, श्री अमरिन्दर सिंह, श्री लाजपत राय, कौशल कुमार और विश्वनाथ । (छाया : धीमान)

पाकिस्तान और बंगला देश हमारे नेताओं की गलतियों के कारण बने : विश्वनाथ

लुधियाना, 22 जनवरी (धीमान) : अकाली नेता कै. अमरेंद्र सिंह ने कड़ी चेतावनी दी है कि पानी की समस्या बहुत गंभीर है, अगर यह हालत रही तो 1990 के बाद चार वर्षों में 118 ब्लाकों में से केवल 32 ब्लाकों में ही ट्यूबवैल कार्य कर सकेंगे क्योंकि पानी की सतह भूमि के भीतर दिन-प्रतिदिन कम हो रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इसके लिए व्यापक स्तर पर आवाज उठा सकता है । राष्ट्रीय जागरण के लिए यह बहुत आवश्यक है ।

कै. अमरेन्द्र सिंह डा. हेडगेवार की जन्म शताब्दी के संदर्भ में कल शाम 'राष्ट्रीय जागरण में संघ की भूमिका' विषय पर सैमीनार की अध्यक्षता करते हुए भाषण दे रहे थे । उन्होंने कहा कि पंजाब के मजबूत भाईचारे को केंद्र की गलत नीतियों के कारण बहुत आघात पहुंचा है । अगर इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोई समस्या सुलझाने में सहायक हो तो डा. हेडगेवार को यह सही श्रद्धांजलि होगी । उन्होंने कहा कि केंद्र राजनीतिक लाभ के लिए पंजाब की किसी समस्या का हल नहीं करना चाहता । उन्होंने यह जानकारी दी कि 1980 से लेकर 1984 तक वह स्वयं कांग्रेस का हिस्सा थे और प्रधानमंत्री ने उनकी इयूटी लगाई थी कि अकाली दल से बात की जाए लेकिन ऐसा करने की बजाए बरनाला सरकार को तोड़ कर पंजाब को अपमानित किया गया । उस समय 700 लोग आतंकवादियों के हाथों वर्ष भर में मारे गए । राष्ट्रपति राज की प्रथम वर्ष की हत्याएं 2200, उससे अगले वर्ष 3000 हत्याएं हुईं, इस तरह केंद्र ने पंजाब को आईसोलेट कर खड्डे लाइन लगा दिया । 1984 में न केवल सिखों बल्कि पंजाबी हिन्दुओं को भी मारा गया ।

उन्होंने कहा कि हम अपने विचार दूसरे प्रांतों तक नहीं पहुंचा सकते क्योंकि हमारे सीमित साधन हैं । केंद्र अपने राजनीतिक लाभ के लिए राजनीतिक दलों को अपनी मुट्ठी में कर लेता है और कई तरह के पाखंड रचता है, देश की अखंडता के लिए उसे ये बातें छोड़नी होंगी ।

कै. अमरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत ने विकास-कार्यों में बेपनाह तरक्की की है लेकिन आबादी की वृद्धि के कारण यह ओझल हो रही है । हमारी आबादी 80 करोड़ को लांघ चुकी है । उसमें से अभी भी 40 करोड़ गरीबी की रेखा के नीचे हैं । अगर देश को मजबूत बनाना है तो धर्म की मर्यादा कायम करनी होगी और उसे सहन करना होगा, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करनी होगी । राष्ट्र के लिए लोगों ने बहुत कुर्बानियां दीं, उसमें आर.एस.एस. का भी भारी हिस्सा है ।

पानी की समस्या का उल्लेख करते हुए कै. अमरेंद्र सिंह ने कहा कि यह सारे पंजाब का है,93% भूमि पर कृषि हो रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार हमें 105 लाख एकड़ पर गेहूं और चावल की बिजाई के लिए 52 मिलियन फुट पानी चाहिए लेकिन 48 मिलियन फुट प्राप्य है । अधिक पानी ट्यूबवैलों के प्रयोग के कारण पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है । उन्होंने सुझाव दिया कि हरिद्वार में 10लाख फुट पानी है, जो किसी प्रयोग में नहीं आता । उसे पंजाब और दूसरे आवश्यकता वाले राज्यों को दिया जाना चाहिए ।

पंजाब के हालात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बंदूकों से कुछ भी प्राप्त नहीं होता अतः लोकतांत्रिक तरीकों से ही लड़ाई लड़नी पड़ेगी, और हिंसा त्यागनी होगी ।

श्री सेवा सिंह गिल सांसद ने आर.एस.एस. के कार्यों की बहुत सराहना की । उन्होंने कहा कि कोई धर्म आपस में लड़ना नहीं सिखाता । धर्म तो एक कर्त्तव्य है । अपने पड़ोसियों के प्रति, समाज के प्रति और देश के प्रति परायणता ही धर्म है ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्री विश्वनाथ ने डा. हेडगेवार को भरपूर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश को आजाद कराने के लिए हिन्दुस्तानियों में जागृति पैदा करने के लिए 1925 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की । संघ ने पिछले 63 सालों में कई देश भक्त पैदा किए । इनमें डा. हेडगेवार भी थे । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बंगला देश हमारे नेताओं की गलतियों के कारण बने ।

अखिल भारतीय भाजपा उपप्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि आर.एस.एस. स्वयं सेवक ने देश के हर तूफान, बाढ़, दूसरी मुसीबतों के समय उल्लेखनीय कार्य किए । उन्होंने कहा अगर कोई मुसलमान या दूसरे अल्पसंख्यक राष्ट्रीय धारा में शामिल हो जाए तो अपने समुदाय का दुश्मन नहीं हो जाता । अगर कोई भी नागरिक देश की आपात् घड़ी में उसके दिल में दर्द पैदा नहीं होता हो वह देश भक्त नहीं हो सकता ।

छोटी सी बात — रंगा

भाई साहब गहरे रंग के शीशे वाले चश्मे की शक्ति इतनी अधिक होती है कि उससे लोहे का कवच पहने व्यक्ति के भीतर तक भी देखा जा सकता है ।

अर्जुन सिंह को पद छो निर्देश : नए नेता का चुन

नई दिल्ली, 22 जनवरी (वार्ता) : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह को कांग्रेस (इ) हाईकमान ने पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया है । कांग्रेस (इ) महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आज पार्टी की कार्यसमिति की बैठक के बाद पत्रकारों

अर्जुन सिंह

को बताया कि पार्टी के हित में यह निर्णय किया गया है कि श्री अर्जुन सिंह तुरन्त पद छोड़ दें ।

उनकी जगह मध्य प्रदेश कांग्रेस (इ) विधायक दल के नए नेता का चुनाव कल होगा । मध्य प्रदेश सरकार से कहा गया है कि चुरहट लाटरी कांड की जांच कराई जाए ।

श्री गुलाम नबी आजाद ने बताया कि कांग्रेस (इ) कार्य समिति ने मध्य प्रदेश सरकार को एक जांच समिति गठित कर चुरहट लाटरी कांड से सम्बन्धित सारे मामले की जांच करने को कहा है । उन्होंने बताया कि पार्टी हाईकमान का पर्यवेक्षक कल शाम भोपाल जाएगा ।

श्री आजाद ने बताया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले का विवरण कल तक पार्टी हाईकमान को नहीं मिला था । यह आज सुबह मिला । पार्टी के कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले का अध्ययन किया जिसके बाद कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई ।

समझा जाता है कि श्री अर्जुन सिंह ने मध्य प्रदेश की सक्रिय राजनीति में आने की इच्छा व्यक्त की है । समझा जाता है कि श्री सिंह ने प्रधानमंत्री को विश्वास दिलाया है कि वह एक वफादार कांग्रेसी हैं तथा अपना समय पार्टी के तत्वों का मुकाबला करने की छवि खराब करने में

कांग्रेस (इ) कार्य समि
आज अपरान्ह प्रधानमंत्री
राजीव गांधी की अध्यक्षता
बैठक में तमिलनाडु विधा
के बारे में अब तक के संघ
बिहार की राजनीतिक सि
बिहार के राज्यपाल
अपने पद से इस्तीफा दे
मुख्यमंत्री भगवत झा आ
मान रहे हैं ।

मध्य प्रदेश के मुख्यम
प्रधानमंत्री से भेंट की ।
भेंट में राज्य के नेतृत्व में प
हुई ।

कार्य समिति की बैठ
अपने राजनीतिक सलाहव
बाद बुलाई गई । यह प
चला ।

तमिलनाडु के चुनाव
कारण राज्य में पार्टी का व
बिहार के बारे में पार्टी का
मुख्यमंत्री तथा विधानसभा
बल्कि असंतुष्टों के रुख से
को हटाने के लिए हाई कम
का अल्टीमेटम दिया हुआ
न हटाए जाने की स्थिति में
दी है ।

श्री अर्जुन सिंह ने आज
हाई कमान के निर्देश के
इस्तीफा दे रहे हैं ।

श्री अर्जुन सिंह ने चुर
के अदालत के निर्देश का
कहा कि उन्हें अपनी स्थि
नहीं दिया गया ।

श्री अर्जुन सिंह ने आज
कहा है कि उन्हें आज ही
संबंधित अदालत के फैसले
है । अदालत ने अपने फैस
चर्चा की है । उन्होंने कहा
का कोई सबूत नहीं मिल

(शेष पृष्ठ

गणतंत्र दिवस की परेड में प्रदर्शित करने के लिए लाए गए कुछ प्रक्षेपास्त्र तथा इन्हें रविवार को नई दिल्ली में इंडिया गेट के निकट पत्रकारों को दिखाया गया

नागालैंड व मिज़ोरम में मतगणन

नागालैंड में नई सरकार का गठन

नई दिल्ली, 22 जनवरी (वार्ता): नागालैंड और मिजोरम में मतगणना कल प्रातः शुरू होगी । गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व 25 जनवरी को नागालैंड में सरकार गठित होने की सम्भावना है । सरकारी सूत्रों के अनुसार नई सरकार शीघ्र बनाने के प्रयासों के पीछे यह भावना है कि गणतंत्र दिवस से पहले राज्य में लोकप्रिय सरकार का गठन हो जाए । सूत्रों ने कहा कि नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री भी चाहेंगे कि वह गणतंत्र दिवस के मौके पर परम्परा के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज फहराएं ।

सूत्रों के अनुसार नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कोहिमा के राजभवन में तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है । राजभवन प्रांगण में बड़ा शामियाना लगाया जा रहा है । शपथ ग्रहण समारोह के लिए मंच बनाया जा चुका है । ठेकेदार से कहा गया है कि वह मंगलवार शाम तक सब कुछ तैयार करके अधिकारियों को सौंप दे ।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस (इ) और नागालैंड पीपुल्स कौंसिल के बीच सीधा मुकाबला होने से दोनों में से एक पार्टी द्वारा सरकार बनाए जाने की प्रबल सम्भावना है । सारी तस्वीर मंगलवार शाम तक स्पष्ट हो जाएगी जिससे राज्यपाल के.वी. कृष्णराव बहुमत प्राप्त दल के नेता को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित कर सकेंगे । कांग्रेस (इ) पहले ही भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री एस.सी. जमीर को पार्टी के नए नेता के रूप में पेश कर चुकी है जबकि श्री वामुजो नागालैंड पीपुल्स कौंसिल के निर्विवाद नेता हैं ।

लेकिन नागालैंड में समूची चुनाव प्रक्रिया शुक्रवार से पहले पूरी नहीं हो सकेगी । राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री टी.सी.के. लोठा ने कहा कि तुली निर्वाचन क्षेत्र में तथा अर्कोंगो निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में दोबारा मतदान बारे अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है । प्रतिद्वंद्वी गुटों में संघर्ष के बाद तुली क्षेत्र के सभी 17 मतदान केंद्रों में मतदान कल रोक दिया गया था ।

नागालैंड के सभी जिला तथा सब-डिवीजन मुख्यालयों में मतगणना कल प्रातः आठ बजे शुरू होगी और चौबीसी घंटे जारी रहेगी । मतपेटियों को गणना केंद्रों में लाने के लिए किया गया है ।

मिजोरम विधानसभा चु
कल सुबह शुरू होगी । मतप
जिलों में स्थापित मतगणना के
गई हैं । आधिकारिक जानक
विधानसभा चुनाव के लिए मत
से 85 के बीच रहा । मतग
जिला के सइहा, लुंगलेई जिला
एजाल में स्थापित किए गए हैं
मतपेटियां सात स्थानों पर ज
हैलीकाप्टरों से मतगणना
गया । चुनाव अधिकारियों
जानकारी के आधार पर बताय
80% तक मतदान हुआ औ
से 85% तक ।

मिजोरम में तीन भूत
लालडेंगा, ब्रिगेडियर टी.
लालथनहव ला का राजनीतिक
है । कांग्रेस (इ) सूत्रों ने क
सदस्यीय विधानसभा में बह
दूसरी ओर मिजो नैशनल फ्रंट
एजाल में कहा कि यदि 'मतपे
गईं' तो उनकी पार्टी चुनाव

बिहार के
का इस्त

नई दिल्ली, 22 जनवरी
राज्यपाल गोविंद नारायण सि
त्यागपत्र दे दिया । श्री गोविंद
यूनीवार्ता को जानकारी दी कि
अपना त्यागपत्र भेज दिया है
अपना स्वास्थ्य खराब होना क

उल्लेखनीय है कि राज्य
मुख्यमंत्री भगवत झा आजाद
गहरे मतभेद चल रहे थे । स
सिंह अब सक्रिय राजनीति में

फांसी पर लटका दिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

योजना विफल : गुरदासपुर (विनोद): गत रात पंजाब पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल द्वारा मुठभेड़ के बाद बब्बर खालसा इंटरनैशनल के जिला प्रधान तथा उसके तीन साथियों को गिरफ्तार करके यहां सुरक्षा बलों ने जहां रात को कलेरकलां स्पैशल पुलिस पोस्ट का असला लूटने की आतंकवादियों की योजना को असफल कर दिया वहां 26 जनवरी को गुरदासपुर में नरसंहार की योजना भी विफल बना दी ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि गत शाम धारीवाल थाने के अन्तर्गत गांव कलेरकलां के पास पुल कंजरां पर पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने संयुक्त नाकाबंदी कर रखी थी कि शाम लगभग सात बजे चार युवक आते दिखाई दिए । जवानों ने उन्हें रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी । इस पर जवानों ने पोजीशन लेकर फायरिंग की और घेराबंदी करके चारों आतंकवादियों पर काबू पा लिया । गिरफ्तार आतंकवादियों की शिनाख्त इंटरनैशनल बब्बर खालसा के जिला प्रधान कंवर

जिला फिरोजपुर में थाना ममदोट के अंतर्गत गांव हामद के पास आतंकवादियों द्वारा मारे गए पुलिस कांस्टेबल मेजर सिंह का शव । (छाया : कन्तोड़)

सिंह उर्फ कन्नू निवासी फत्ते नंगल, रछपाल सिंह उर्फ गोगा निवासी बुसकरवाल, गुरपाल सिंह उर्फ कुलदीप सिंह उर्फ बिट्टू निवासी लालोवाल (कलानौर) और धर्मेन्द्र सिंह उर्फ लोता निवासी माली सरां के रूप में हुई है । यह सभी बब्बर खालसा इंटरनैशनल के सक्रिय मैम्बर हैं । इनसे एक 315 बोर की राइफल, 2 पिस्तौल तथा काफी मात्रा में अनचले तथा चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों ने आरम्भिक पूछताछ मेंस्वीकार किया है कि उनकी योजना आज रात कलेरकलां स्पैशल पुलिस पोस्ट से असला लूटना थी और 26 जनवरी को गुरदासपुर शहर मेंबड़ा नरसंहार करने की थी । याद रहे इस बार गुरदासपुर में राज्य स्तर का गणतंत्र दिवस आयोजित किया जा रहा है और राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे मुख्य अतिथि होंगे ।

श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने 28 दिसम्बर रात को गुरनाम सिंह निवासी लेहल से उसकी 315 बोर की राइफल और कारतूस छीने थे और 3 जनवरी को कंवर सिंह, रछपाल सिंह, सरदूल सिंह, सावित्र सिंह ने बूआ सिंह निवासी नवा पिंड के घर से बीस हजार के जेवरात तथा 8 कारतूस लूटे थे परन्तु बंदूक छीनने में असफल रहे ।

श्री दास ने बताया कि 11 जनवरी को आतंकवादियों में लूट के माल में विभाजन को लेकर झगड़ा हो गया और आतंकवादियों ने सरदूल सिंह और सविन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी । इन दोनों की लाशें 12 जनवरी सुबह धारीवाल के बाहर रेलवे फाटक के पास पड़ी मिली थी । श्री दास के अनुसार यह गिरोह धारीवाल क्षेत्र में सक्रिय था । अभी इनसे पूछताछ जारी है और आशा है कई महत्वपूर्ण बातों का पता चलेगा ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कल एक खूंखार आतंकवादी बगीचा सिंह के मारे जाने की घटना का ब्यौरा बताते हुए कहा कि गत सायं पुलिस व बी.एस.एफ. की एक संयुक्त गश्ती पार्टी पर जिला कपूरथला के सुलतानपुर लोधी क्षेत्र में थाना मोठांवाल के इलाके में दो स्कूटर सवार व्यक्तियों ने सायं सात बजे के लगभग गोलियां चलाईं । गश्ती पार्टी की जवाबी फायरिंग से बगीचा सिंह मारा गया जो कि एक भगौड़ा अपराधी था । उसका साथी बचकर भाग जाने में सफल हो गया ।

मजदूर घायल : पटियाला (सुपाण) : आज यहां से 30 किलो मीटर दूर भादसों में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक मजदूर रमजानी को उस समय गोली मारकर घायल कर दिया जब वह शौच के लिए बाहर गया हुआ था । उसे गंभीर हालत में स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में लाकर दाखिल करवाया गया । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

चौकी की हत्या : जिला भटिंडा में एक व्यक्ति करतार सिंह की पत्नी जिला पटियाला में एक व्यक्ति सोनी की हत्या कर दी गई । करतार सिंह की हत्या भटिंडा जिले के सीड़ो गांव में आधी दर्जन व्यक्तियों ने की जिनमें से एक धन सिंह की पत्नी के साथ करतार सिंह के अवैध सम्बन्ध थे । पटियाला जिले में अमलोहा के सोनी की हत्या बजीरपुर के सरपंच सहित चार व्यक्तियों ने पुरानी रंजिश के कारण की ।

40 लाख का सोना बरामद : हरियाणा पुलिस ने आज करनाल जिले में पानीपत में दस किलो ग्राम सोना बरामद किया जिसका मूल्य चालीस लाख रुपए है । चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सोने के बिस्कुट एक जैकेट में सीकर मारुति कार के अगले दरवाजे में छुपाए गए थे । यह कार अमृतसर से दिल्ली जा रही थी । पकड़े गए व्यक्तियों के नाम सुखदेव सिंह तथा रणबीर सिंह बताए गए हैं । प्रवक्ता ने कहा कि कार का मालिक सतिपाल व्यक्ति लगता है । दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है ।

चुंगी लूट ली : लुधियाना (वार्ता): गत रात लुधियाना शहर में लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर दो आतंकवादियों ने एक चुंगी चौकी से 71,800 रुपये लूट लिये तथा फरार हो गये ।

छात्र गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने एक कालेज छात्र कंवर पाल सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

जेवर लूटे : कल जिला फरीदकोट के गांव डेमरू खुर्द के जोगा सिंह के घर से सोने के जेवर तथा 2 हजार रुपए नकद लूट लिए गए ।

वैन छीनी : बरनाला (सिंधवानी): कल 3 बजे शाम यहां से 5 किलोमीटर दूर गुरमीतकर नगर में 22 से 24 वर्ष तक की आयु के युवकों ने एक मारुति वैन छीन ली तथा फरार हो गये । बताया जाता है कि उन्होंने भवानीगढ़ से मारुति वैन नम्बर पी.आई.एस. 1187 किराया पर ली । धनौला से 6 किलोमीटर दूर उन्होंने ड्राइवर अमरीक सिंह को कहा कि उन्होंने पेशाब करना है अतः गाड़ी रोको । गाड़ी का मालिक नसीब चंद भी साथ था । जब गाड़ी रुक गई तो उन्होंने ड्राइवर तथा मालिक को कहा कि नीचे उतर जाओ । आज यह कार हमें चाहिए परन्तु घबराने की कोई आवश्यकता नहीं । यह कार परसों किसी जगह पर खड़ी तुम्हको मिल जाएगी । जब वे कार से उतरे तो अभियुक्त उसे लेकर फरार हो गये । पुलिस थाना धनौला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है । श्री सुखदेव सिंह छीना एस.एच.ओ. भारी फोर्स लेकर मौका पर पहुंच गये । उन्होंने पुलिस की चार पार्टियां कार की तलाश में भेज दीं ।

कार छीनी : बटाला (कांड़ड़): बटाला-अमृतसर मार्ग पर स्थित बटाला के थाना सदर के गांव झंडेवाला के निकट 3 उग्रवादियों ने मारुति कार पी.ए.जे. 4242 छीन ली । प्राप्त समाचार के अनुसार उग्रवादी कार सम्पर्क मार्ग पर ले गए और वहां कार में सवार बिट्टू भल्ला की पत्नी और बच्चों को उतार कर कार लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बगीचा का साथी गिरफ्तार : कपूरथला (ह.स.): जिला पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने दर्दांत उग्रवादी बगीचा सिंह जो गत दिवस सुल्तानपुर लोधी के पुलिस स्टेशन के गांव मोठांवाला के निकट मुठभेड़ में मारा गया था, के साथ कलविन्दर सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । कलविन्दर मोठांवालां गांव का निवासी है ।

3 व्यापारी फेरा में गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 जनवरी (वार्ता): प्रवर्तन निदेशालय ने राजधानी के तीन व्यापारियों को विदेशी मुद्रा विनिमय अधिनियम (फेरा) का उल्लंघन करने के आरोप में कल गिरफ्तार कर लिया । अतिरिक्त मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट भारत भूषण ने तीनों व्यापारियों देस राज मल्होत्रा, तेजेंद्र सिंह वर्मा तथा अजय कुमार उर्फ अजय सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दे दिया ।

हरियाणा नगर विकास प्राधिकरण

गुड़गांव में फ्री-होल्ड निर्मित
शाप-कम-फ्लैटों/वाणिज्यिक स्थलों की

फ्री-होल्ड नीलामी

पहले ही उन्नत सैक्टरों में निम्नलिखित निर्मित शाप-कम-फ्लैटों/वाणिज्यिक स्थलों को खरीदने के लिए स्वर्णावसर का लाभ उठाएं :-

गुड़गांव

स्थल : 24.1.89 को प्रातः 11.00 आस्थान कार्यालय, हुडा सैक्टर 4, गुड़गांव में ।

सैक्टर	विवरण	दिशाएं मीटरों में	क्षेत्र वर्ग मीटरों में	भवन का क्रमांक	स्थलों भवन स्थलों की कुल संख्या
सैक्टर 4	निर्मित शाप-कम-फ्लैट	4.6x24.4	112.24	5 से 6	2
,,	शाप-कम-फ्लैट/स्थल	5.5x24.4	134.4	13 से 22	10
,,	बुथ स्थल	2.75x8.25	22.68	72 से 86 89, 90	19
,,	,, ,,	5.5x8.25	45.37	87P, 88P	
सैक्टर 14	शाप-कम-फ्लैट स्थल	5.5x22	121	98	1
,,	इंड. सैर. शाप स्थल	4.00x10.00	40.00	162 से 164, 167 से 172	9
सैक्टर 17	बुथ स्थल	2.75x8.25	22.68	66, 69, 70, 67P, 68P	5
,,	इंड. सैर. शाप स्थल	4x8	32.00	73 से 79, 86	8

नियम एवं शर्तें

1. बोली की राशि का 10% भाग बोली समाप्त होने पर मौके पर ही नगद या एस्टेट अफसर, हुडा, गुड़गांव के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करवाना होगा ।
2. बोली की राशि का और 15 प्रतिशत भाग अलाटमैंट पत्र जारी होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर-अंदर एस्टेट अफसर, हुडा गुड़गांव के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करवानी होगी ।
3. शेष 75% राशि अलाटमैंट का पत्र जारी होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर-अंदर बिना ब्याज यकमुश्त या 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 8 या 10 अर्धवार्षिक समान किस्तों में देनी होगी ।
4. प्रिजाइडिंग अफसर के पास किसी सम्पत्ति को बिना कोई कारण बताए नीलामी से हटाने का अधिकार सुरक्षित है ।
5. विवरणात्मक नियमों एवं शर्तों की घोषणा नीलामी से सभी मौके पर की जाएगी ।
6. बोलीदाता को नीलामी से पूर्व सिक्योरिटी के रूप में 1000/- रुपए (नीलामी के अंत में प्रतिदेय) जमा करवाने होंगे ।
7. किसी अन्य विवरणों और स्थल योजना आदि के लिए किसी कार्यदिवस पर आस्थान अधिकारी, हुडा, गुड़गांव के साथ सम्पर्क किया जाए ।

प्रशासक : 21650
आस्थान अधिकारी : 21253

जे.के. गुप्ता, आई.ए.एस.,
प्रशासक
हुडा, गुड़गांव

(PRDH/408F/706-09/12.1.89-JKI)

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 22.1.89 76/- without trays. NECC Suggested Retail price 10/- per Dozen.

रोजगार

भारतीय रेलवे में टैलीफोन आपरेटरों के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता—मैट्रिक । आयु सीमा-18 से 25 वर्ष । वेतनमान-950-1500 । अंतिम तिथि 1.2.1989 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें । National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134 003.

शिक्षा

RMP (अनुभव आधार) मैट्रिक (गारंटिड) 10+2 (मैट्रिक के बाद) पेपर 1 मार्च से । B.A./B.Com. / B.Sc./ M.A./M.Com./ M.Sc. (Math) one sitting (गारंटी से), B.Ed./OT/JBT/BTC पेपर तीन अप्रैल से । BAMS (one year), ANM Nursing 1½ years. प्रासपैक्टस 10/- Last date near. परीक्षा केंद्र Oxford College, 47-L, Model Town, Jalandhar.

Last Chance 10+2 (Direct) अप्रैल '89 (मैट्रिक योग्य)/B.A./B.Com./B.Sc. (Direct) after Prep/Inter, M.A./ M.Com./M.Sc. (Maths) one sitting, NTT/JBT/OT/B.Ed. (पत्राचार)/LLB (3 years professional)/वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न (परीक्षा फरवरी '89)/B.A.M.S. (एक वर्षीय) Last date 5.2.89 with late fee. Prospectus Rs. 10/- by M.O. सरस्वती कालेज, 651, मंदिर वाली गली, कुम्हार मंडी, लुधियाना ।

Examinations Postponed—11 फरवरी, 1989 को हिन्दी विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की परीक्षाएं 8th April, 1989 को होंगी । उपवैद्य, वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न (RMP) प्रथमा (मैट्रिक), मध्यमा (इंटर), साहित्यरत्न (बी.ए.) April परीक्षा हेतु

तीर्थ यात्रा

1.2.89 कुंभ, नेपाल, गयाजी 950/-, खाना, रिहायश साथ । न्यू पंजाब ग्लास हाऊस, फुटबाल चौक, जालंधर ।

बिकाऊ

खूबसूरत (ब्यूटीपार्लर) चालू हालत में बिकाऊ, लेडीज एंड जैंट्स मिले—वाजल स्टूडियो, कचहरी रोड, धर्मशाला (HP), फोन : 2513.

नाम परिवर्तन

मैं, अरविन्द सुपुत्र श्री यशपाल, निवासी दरियापर (जिला हिसार) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि भविष्य में मुझे पुराने नाम उमराव के साथ-साथ नए नाम अरविन्द से भी जाना जाए ।

— ट्रेनिंग

सीखें : VCR, टैलीविजन, ट्रांजिस्टर, स्टीरियो, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC बार बैंडर, वैल्डिंग कोर्स, रिहायश उपलब्ध, मिलें—प्रिंसीपल नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड, सामने पैप्सू डिपु, लुधियाना; सामने नरंद्र सिनेमा, जालंधर; सामने बस स्टैंड, खन्ना ।

आवश्यकता

डी.ए.वी. महिला कालेज, अमृतसर परिसर, जिसमें स्कूल भी शामिल है, में बी.बी.के. के निर्माण कार्य के निरीक्षण हेतु एक सिविल ओवरसीयर की जरूरत है । सेवानिवृत्त व्यक्ति को प्राथमिकता । इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन पत्र, सभी प्रमाण पत्रों सहित 15.2.89 तक भेजें दें । (श्रीमती एस. अहलावत) प्राध्यापिका ।

मैट्रिक/रैजुएट, सुन्दर लिखाई वाली, योग्य अध्यापिकाएं, कार्यालय-प्रबंधिका, लेडी क्लर्क्स/ टाइपिस्ट्स, रिक्शा ड्राईवर चाहिएं । प्रमाणपत्रों सहित मिलें—एस.पी. पब्लिक स्कूल, हरनामदासपुरा, पटेल चौक, जालंधर ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का **राजकुमार**, कद 5'-6", रंग गेहुआं जो कार चलाता था, कार नं. RPE

द्रमुक

(पृष्ठ 3 का शेष)

कटपदी से द्रमुक के दुरै मुरगन ने अन्नाद्रमुक (जय) के आर. मरघबंधु को 19837 मतों के अंतर से हराया ।

पूम्पूहर से द्रमुक के एम. मुहम्मद सिद्दीक ने अन्नाद्रमुक (जय) के आर. राजमत्तार को 23818 मतों के अंतर से हराया ।

अदीनदम से द्रमुक के एस. शिव सुब्रह्मण्यम ने अन्नाद्रमुक (जय) के ए. इलावर्षन को 13720 मतों के अंतर से हराया ।

श्री वैकुंठम से कांग्रेस (इ) के एस.के. डेनियल राज ने द्रमुक के सी. जगबीर पांडियन को 3472 मतों के अंतर से हराया ।

पापनाशम से प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री जी. के. मूपनार अपने निकटतम द्रमुक प्रतिद्वंद्वी एस. कल्याण सुन्दरम को 1500 मतों के अंतर से हरा कर जीत गए हैं ।

अरकोनम से द्रमुक के वी.के. राजू अपने निकटतम इंका प्रतिद्वंद्वी पी. राज कुमार को 21973 मतों के अन्तर से हरा कर जीत गए हैं ।

तमिलनाडु चुनाव परिणाम लोकसभा चुनावों का पूर्वाभास : नेहरू

नई दिल्ली, 22 जनवरी : जनता दल के नेता अरुण नेहरू ने तमिलनाडु के चुनाव परिणामों को इस साल के अंत में होने वाले लोकसभा चुनावों का पूर्वाभास बताया है । श्री नेहरू ने आज यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों एक अंग्रेजी दैनिक में इन चुनाव परिणामों के बारे में छपे मनमत सर्वेक्षण को देखकर ही प्राप्त एक और फोटो स्टेट कापी बताया था, लेकिन परिणामों ने उनके कथन को गलत सिद्ध कर दिया है ।

जनता दल के महासचिव शरद यादव ने कहा कि परिणाम कांग्रेस (इ) के खिलाफ अविश्वास मत है । कांग्रेस (इ) दक्षिण में समाप्त हो गई है और अब अगली लड़ाई उत्तरी भारत में गंगा के मैदान में लड़ी जाएगी । उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में जनता ने उच्च पदों पर कांग्रेस (इ) के भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है ।

कांग्रेस (एस.) के महासचिव और सांसद के.पी. उन्नीकृष्णन ने तमिलनाडु विधानसभा के नतीजों को प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मुंह पर तमाचा बताते हुए उनसे त्यागपत्र देकर लोकसभा के तुरन्त मध्यावधि चुनाव कराने को कहा है ।

राजीव गांधी के प्रचार-व्यवहार के विरुद्ध वोट : करुणानिधि

मद्रास, 22 जनवरी (वार्ता): द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के अध्यक्ष एम. करुणानिधि ने आज रात यहां कहा कि तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की जीत राष्ट्रीय मोर्चे की भी जीत है । श्री करुणानिधि ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि द्रमुक को मिला प्रत्येक वोट प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान किए गए आचरण के खिलाफ दिया गया वोट भी है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज द्रमुक की जीत हुई है, वैसे ही आगामी आम चुनावों में राष्ट्रीय मोर्चे की भी जीत होकर रहेगी ।

द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के निर्वाचित विधायकों की बैठक 25 जनवरी को यहां होगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा । श्री करुणानिधि का नेता चुना जाना निश्चित है ।

निर्णय स्वीकार है : कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष वी.के. सुपनार ने आज कहा कि उनकी पार्टी राज्य विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के द्रमुक को बिजली बनाने के फैसले को स्वीकार करती है । श्री सुपनार ने कहा कि उन्हें आशा थी कि कांग्रेस (इ) के पक्ष में परिणाम कुछ बेहतर होते मगर ऐसा नहीं हुआ ।

29 लाख की मेंड्रक्स की गोलियां पकड़ीं

बम्बई, 22 जनवरी : हवाई अड्डा सुरक्षा पुलिस ने कल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 29 लाख रुपए मूल्य की 50,700 मेंड्रक्स की गोलियां एक लावारिस सिलटरबंद से बरामद कीं, जो लुसाका भेजा जा रहा था ।

बस नहर में गिरने से 12 मरे

इस्लामाबाद, 22 जनवरी (ह.स.): आज यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विवाह पार्टी की एक बस नहर में गिर जाने से 12 लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 8 अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

फ्लेरो उद्योगों को बैंक ऋणों की जांच करेंगे

नई दिल्ली, 22 जनवरी (वा.) : विस राज्यमंत्री एडवर्ड फ्लेरो कल गोवा में बैंक सम्प्रेषित औद्योगिक इकाइयों में जाकर बैंक ऋणों के लेन-देन के बारे में जांच करेंगे । श्री फ्लेरो ने गोवा जाने से पहले बताया कि इसका उद्देश्य स्थिति की खुद जानकारी हासिल करना और गड़बड़ियों को तत्काल दूर करने के उपाय करना है । उन्होंने कहा कि इससे ऋण पाने वालों और ऋणों की उगाही में सहायता मिलेगी । नवीनतम आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष सितम्बर तक कुल 30194 करोड़ रुपए के ऋण बकाया थे । इस तिथि तक कमजोर वर्ग को दी गई अग्रिम राशि का बकाया कुल 7603 करोड़ रुपया था ।

ड्रॉ में अब केवल 5
खरीदिये टि
शिक्षा के प्रचा

विद्या

Punjabi Sa

संगीत : पश्चिम जर्मनी में डसलडोर्फ में गत शनिवार को 20वें दर्शन (बोट शो) के अवसर पर आस्ट्रिया के संगीत दल 'मोर्गनस्टर्न-क्वार्टेट' ोतर संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए । श्रोताओं ने इस वाद्य वृंद दल द्वारा मोजार्ट की संगीत रचनाओं को पानी में स्थित एक माइक्रोफोन के माध्यम से सुना । (फोटो : राइटर/पै. ट्र.)

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

7 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार, स्कूटर व हथियार बरामद

खेमकरण सीमा पर घुसपैठिया महिला मरी

चंडीगढ़, 23 जनवरी (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पुलिस व सरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए, जबकि विभिन्न स्थानों से 7 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया गया । खेमकरण क्षेत्र में घुसपैठ करने वाली एक बंगला देशी महिला मारी गई ।

मुठभेड़ में 2 मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चड़ियां के गांव जांगला के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एस.पी. आप्रेशन्ज श्री हरभजन सिह व डी.एस.पी. मुख्यालय बाल-बाल बच गए और उनकी जिप्सी जीपें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात जिला पुलिस व बी.एस.एफ. आतंकवादियों के ठिकानों पर छापे मारने जा रहे थे कि गांव जांगला के निकट एक पुल के निकट आतंकवादियों के एक ग्रुप ने घात लगा कर फायरिंग की । जवाब में पुलिस व बी.एस.एफ. जवानों ने भी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहे ।

मृत आतंकवादियों के निकट से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के.47, इसके दो मैगजीन, 257 जीवित कारतूस व 25 चले कारतूसों सहित एक चीन निर्मित 445 बोर का पिस्तौल, इसके 10 चले व 4 अनचले कारतूस तथा एक एच.ई. 36 हथगोला मिला है । पुलिस व बी.एस.एफ. क्षेत्र सील करके सर्चजीन कर रही है ।

जिला पुलिस के एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा, एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन सिह व डी.एस.पी. मुख्यालय श्री हरबंस सिह ने बताया कि मृतक आतंकवादियों में एक की शिनाख्त बब्बर खालसा के सुखदेव सिह सुक्खा के तौर पर हुई है जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी । मृतक आतंकवादी अनेक हत्याओं व कई बम विस्फोटों में पुलिस को वांछित था तथा अनेक बार पाकिस्तान से आतंकवादियों के लिए हथियार व गोली-सिक्का ला चुका है ।

जांच के दौरान पता चला है कि सुक्खा गत वर्ष गुज्जरपुरा में बिट्टू की हत्या, 9 जनवरी को जांगला में जनक राज और दिलबाग सिह की हत्या, 16 जनवरी को शंकरपुरा में 'बूबी ट्रैप' लगा कर बी.एस.एस. की गश्ती टुकड़ी को उड़ाने के प्रयास जिसमें 3 जवान घायल हुए तथा फतेहगढ़ चड़ियां, डेरा बाबा नानक व बटाला क्षेत्रों में लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक कंवर पाल सिह गिल ने आज यहां बताया कि कुछ आतंकवादियों के सारचूर गांव में छिपे होने की खबर पर पुलिस अधीक्षक हरभजन सिह और उप-पुलिस अधीक्षक हरबंस सिह (गुप्तचर) के नेतृत्व में एक पुलिस दस्ता वहां भेजा गया ।

आतंकवादियों ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी । पास ही तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक दस्ते ने मौके पर पहुंच कर क्षेत्र की घेराबंदी कर दी । दोनों ओर से एक घंटे तक हुई गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए । तीसरा आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला ।

बलजीत मारी गई : पुलिस, गुप्तचर एजेंसियों व कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के ले. जनरल लखबिन्दर सिह लक्खा भलिकपुर की पत्नी बलजीत कौर गत 16 जनवरी रात को गांव सत्कोया थाना धारीवाल के निकट पुलिस या सुरक्षा बलों के साथ लखबिन्दर सिह लक्खा से हुई मुठभेड़ के दौरान मारी गई और आतंकवादी उसका शव उठा कर ले जाने में कामयाब रहे । आतंकवादियों ने उसका संस्कार भी कर दिया । चाहे उच्च पुलिस अधिकारियों ने सरकारी तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की, लेकिन वह इस सारे मामले की छानबीन कर रहे हैं । यह भी जानकारी मिली है कि मृतका बलजीत कौर का भोग 25 जनवरी को उसके मायके गांव हरसियां में रखा गया है ।

सुराग नहीं : पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सदर बटाला के गांव मनन निवासी श्री आया सिह जिसका कुछ अज्ञात लोग जनवरी के प्रथम सप्ताह अपहरण करके ले गए थे, अभी तक लापता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार लापता अधेड़ आयु व्यक्ति निकट गांव चौधरीवाल के सरकारी हाई स्कूल में हैड मास्टर है । थाना सदर पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर रखा है ।

वैन छीनी : सरकारी सूचना के अनुसार चार सशस्त्र युवकों ने पिस्तौल की नोक पर बटाला में अनवर सिह से मारुति वैन छीन ली ।

एक अन्य सूचना के अनुसार चीनी असाल्ट राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने कल रात बटाला सदर थाने के घसीटपुर गांव के अनवर मसीह से मारुति वैन छीनी ।

घुसपैठ करने पर महिला मरी : अमृतसर (ह.स.): खेमकरण क्षेत्र में रोडेवाल चौकी के निकट पाकिस्तान से सीमा पार कर भारत आने वाली महिला सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारी गई । वह बंगला देशी बताई जाती है । उसके दो साथी वापस पाकिस्तान भागने में सफल हो गए ।

तीन घायल : तरनतारन (ह.स.): तरनतारन के लालपुरा गांव में एक परिवार के तीन सदस्यों को दो बदमाशों ने तलवार मार कर घायल कर दिया । जिला पुलिस प्रमुख संजीव गुप्ता ने हमलावरों के नाम जोग सिह तथा सुरजीत सिह और घायल लोगों के नाम गुरदीप सिह, (उसकी पत्नी) बलविन्दर कौर तथा (पुत्र) दर्शन सिह बताया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

में ठहरे आतंकवादियों को मुंह न
रना वे आपको भी नहीं छोड़ेंगे : रे

जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के .रे आज अमृतसर आए । ती माया रे भी उनके साथ उपमंडल के थाना झब्बाल के आतंकवादियों ने तीन भाइयों या था, मृतकों के परिवारों से । राज्यपाल महोदय ने मृतक को दिलासा दिया और उनके हजार की आर्थिक सहायता दी । साथ ही यकीन दिलाया कि सरकार मृतकों के बच्चों का पूरा ध्यान रखेगी और उनमें जो भी शिक्षित होंगे, उन्हें सरकारी नौकरी में लिया जाएगा ।

गांव में राज्यपाल के आगमन पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे जिन्हें संबोधित करते हुए श्री रे ने कहा कि सरकार ने ब्लैक थंडर आप्रेशन द्वारा आतंकवादियों को दरबार साहब से निकाल दिया है और उन्हें वहां पुन: जमा होने और वहां अड्डे कायम करने नहीं दिए जाएंगे । दरबार साहब से निकल जाने के बाद ये आतंकवादी देहात में बहकों (फार्म हाऊसों) में आ गए हैं । इसलिए मेरी आपसे अपील है कि इन्हें बिल्कुल मुंह न लगाएं वरना ये आपको भी नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि ये किसी के भी सगे नहीं हैं । उन्होंने कहा कि सरकार अकेले तौर पर कुछ नहीं कर सकती जब तक कि लोगों का सहयोग साथ न हो ।

राज्यपाल महोदय के साथ पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, जिलाधीश श्री सर्बजीत सिह और अन्य अधिकारी भी थे ।

सिह का
गपत्र

वरी (वार्ता): मध्य प्रदेश के ने कांग्रेस (इं) हाई कमान के पद से त्यागपत्र दे दिया । के.एम. चांडी को अपना ह दिल्ली से लौटने के तत्काल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा में दिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य पने पद से त्यागपत्र दिया है ।

उत्तराधिकारी के चुनाव के र्यवेक्षक गुलाम नबी आजाद भी उनके साथ ही यहां आए । कमलनाथ और दिग्विजय सिह पत्र विधायक अजय सिह भी (इं) के एक अन्य पर्यवेक्षक वीर बहादुर सिह एक अन्य वे ।

तमिलनाडु की जनता द्वारा इंका की धोखे की राजनीति और धन व शक्ति के भौंडे प्रदर्शन का सही उत्तर

नई दिल्ली, 23 जनवरी (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नंदमूरी तारक रामाराव ने तमिलनाडु में द्रमक की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह केंद्र में

विजय को इंका शासकों की गलत नीतियों के विरुद्ध जबरदस्त फतवा बताया है । उन्होंने मांग की कि श्रीलंका से भारत की सेना को वापस बुलाया जाए क्योंकि श्रीलंका में शांति कायम करने की खातिर

जनता दल के नेता श्री जगवीरा ने कहा कि यह परिणाम केवल इंका के विरुद्ध नकारात्मक वोट नहीं अपितु द्रमक, जनता दल व मार्क्सी पार्टी की नीतियों में जनता के विश्वास की अभिव्यक्ति है । जानकी

Punjabi Sansar.org

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री गुप्ता ने बताया कि घायलों को निकट के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस प्रमुख ने इसे निजी दुश्मनी का मामला बताया है ।

बंदूक छीनी : तरनतारन पुलिस जिला से एक बंदूक छीने जाने का समाचार मिला है ।

2 शरणदाता गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने घोषित अपराधियों और उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में प्यारा सिंह और हाकिम राव नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

दो गिरफ्तार : पुलिस ने शेर सिंह और जीत राम को गिरफ्तार करके दो पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (राकेश): गत रात यहां के निकटवर्ती गांव सराए शेख का एक व्यक्ति केवल सिंह जब अपने सफेद रंग के बजाज चेतक स्कूटर पर जालन्धर जा रहा था तो रास्ते में 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए ।

कई केसों में वांछित था : कपूरथला (शर्मा) थाना सुलतानपुर लोधी के गांव मोठांवाला के निकट गत दोपहर तीन बजे सुरक्षा बल तथा पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया दर्दांत आतंकवादी बगीचा सिंह पुलिस को कपूरथला कोतवाली के सात हत्या केसों तथा दो लूटने आदि के केसों में वांछित था । इसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था । इस आतंकवादी ने अपने साथियों के साथ दो दोधियों, एक डाक्टर, एक मजदूर तथा अपनी भावज-भतीजी की हत्या की थी । क्षेत्र में इसने काफी आतंक फैलाया हुआ था । बगीचा सिंह के मारे जाने से क्षेत्र के लोगों ने सुख की सांस ली है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह के आदेश पर सुरक्षा बल तथा पुलिस पार्टी गांव मोठांवाला की गश्त पर गई तो उसने कश्मीर सिंह चेयरमैन के फार्म के निकट बजाज स्कूटर नं. पी.सी.जे. 1043 पर कोलार की ओर दो युवकों को आते देख कर रुकने का संकेत किया इस पर स्कूटर पर पीछे बैठा युवक गेहूं के खेत में जाकर फायरिंग करने लगा तथा आत्म रक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की जिस पर वह मारा गया । बाद में उसकी पहचान दर्दांत आतंकवादी बगीचा सिंह के रूप में हुई । दूसरा स्कूटर सवार गांव मोठांवाला का कुलविन्दर सिंह बताया गया है ।

मजदूर घायल : पटियाला (ह.स.): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने कल पटियाला से तीस किलो मीटर की दूरी पर भादसों में एक प्रवासी मजदूर रमजान को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे पटियाला के राजिन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

कार छीनी : 'भूषण' के अनुसार चार उग्रवादियों ने मंडी गोबिन्दगढ़ के कोयला व्यापारी लाल चंद से पिस्तौल की नोक पर उनकी कार छीन ली ।

एक गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): शुल्लर घराट पुलिस ने गत दिवस अमरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए गिरफ्तार किया है ।

दो गिरफ्तार : मोगा (आजाद): फरीदकोट जिला पुलिस ने दो उग्रवादियों बलविन्दर सिंह पुत्र निहाल सिंह गांव गट्टड़ और केवल सिंह पुत्र भूखियार सिंह गांव अजीतवाल को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक 12 बोर की पिस्तौल, उसके 5 कारतूस, एक .315 बोर की राइफल और उसके 2 कारतूस बरामद किए गए हैं । केवल सिंह गत दिनों गुरमेज कौर की हत्या के केस में वांछित था ।

बाघा पुराना से 'मित्तल' के अनुसार लड़की का नाम गुरमेल कौर था ।

सोना व रुपए ले गए : गत रात बाघा पुराना पुलिस स्टेशन के गांव डिब्बू कलां में चार सशस्त्र उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर दो किसानों जगा सिंह और मलकीयत सिंह के घर से 80 ग्राम सोना, दस हजार रुपए और अन्य कीमती सामान ले गए । एक उग्रवादी ने भौंकते हुए कुत्ते पर गोली चला कर उसे घायल कर दिया । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

स्कूटर बरामद : गत रात बाईपास रोड पर पुलिस चैकिंग के दौरान एक स्कूटर नम्बर पी.जी.एम. 9023 बरामद किया गया । यह नम्बर मिटाने पर नीचे से स्कूटर का असली नम्बर पी.यू.एम. 6692 निकला । स्कूटर सवार अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है । वह मोगा में सोफा बनाने का काम करता है । स्कूटर का असली मालिक मंगल सिंह है । यह स्कूटर 17 जनवरी 1989 को बस्ती गोबिन्दगढ़, मोगा से चोरी हुआ था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

थाना पातड़ा के गांव शादीपुर मोमिया में आतंकवादियों द्वारा मारे गए दो हरिजन मजदूरों के शव । (छाया : वर्मा)

रादौर के निकट 3 उग्रवादी गिरफ्तार

लाडवा, 23 जनवरी (किशोर): आज सायं यहां से 8 किलो मीटर दर रादौर की पुलिस ने गांव बाया साढौरा के खेतों में से पंजाब के जिला फिरोजपुर से आए 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन उग्रवादियों के नाम बलविन्दर सिंह, सुखदेव सिंह और अजमेर सिंह बताए गए हैं । इनके कब्जे से 3 रिवाल्वर और कई कारतूस बरामद किए गए हैं । इन उग्रवादियों ने बताया कि उनकी एक सम्प्रदाय के लोगों की सामूहिक हत्या की योजना थी ।

संशोधित वेतनमान

(पृष्ठ 3 का शेष)

कंजरवेटर असिस्टैंट 1640-2925, असिस्टैंट आर्क्योलोजिकल इंजीनियर 2400-4000.

इकोनोमिक्स एवं स्टेटिस्टीकल आर्गेनाइजेशन : इकोनोमिक्स एडवाइजर टू गवर्नमैंट 4125-5600 रुपए ।

DEVINDER & COMPANY

Distributors for **SWASTIK SURFACTANTS LTD., BOMBAY** for the area of Delhi, Chandigarh, Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, require **Sales Representatives** for the above mentioned areas to sell their products, like Shikakai & Genteel soaps etc.

Apply with confidence to the Director, Marketing. **DEVINDER & CO., SCO NO. 83-84, Sector 34, Chandigarh-160022** or 60/26, Parbhat Marg, New

गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन

(पृष्ठ 3 का शेष)

यही असलियत है सब की, कोई फलसफा नहीं है ।

श्री सत्यपाल सक्सेना ने अपनी कविता में देश के मसीहाओं के प्रति अविश्वास व्यक्त करते हुए 'कलम के सिपाहियों' को सावधान किया :

धरा बेच देंगे, गगन बेच देंगे,
सुमन बेच देंगे, चमन बेच देंगे !
कलम के सिपाही अगर सो गए तो,
वतन के मसीहा वतन बेच देंगे !

कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य कवियों में सर्वश्री रमानाथ अवस्थी, कुंवर बेचैन, रमेश गौड़, श्रीमती इंदिरा इंदु, श्रीमती इंदिरा मोहन, डा. पुष्प लता भट्ट 'पुष्प', डा. श्रीपाल क्षेम, आत्म प्रकाश शुक्ल, अब्दुल जब्बार और हेमंत श्रीमाला भी शामिल थे ।

लालडेंगा चुनाव हारे

(पृष्ठ 3 का शेष)

अकूलतो विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस (इ) के आई खेहोतो ने सीधे मुकाबले में एन.पी.सी. के आई.वी. तोखे को 46 मतों से हरा दिया है ।

फत्सेरो विधान सभा सीट के लिए एन.पी.सी. के थिनोचौ विजयी घोषित किए गए हैं । सीधे मुकाबले में उन्होंने कांग्रेस (इ) प्रत्याशी एल. मेरो को 90 मतों से हराया ।

कांग्रेस (इ) के टी. चुबा ने इथर विधान सभा क्षेत्र में अपने निकटतम प्रत्याशी निर्दलीय श्री वाई अय्यर को लगभग 2700 मतों से हरा दिया ।

लिजित क्षेत्र से एन.पी.सी. के यींग फोंग, तामलू से एन.पी.सी. के बंजाक फोम, सेयोचुंग सितिमी से कांग्रेस (इ) के एस. संगतम, तेनिंग से एन.पी.सी. के टी.आर. जेलियांग, जंगपेटकोंग से कांग्रेस (इ) के चवतेमजेन, दीमापर-एक से कांग्रेस (इ) के आई.के.वी. समा लोगखीम से कांग्रेस (इ) के एस.के. संगतम, चिजमी से एन.पी.सी. के श्री के. केन्यी चुनाव जीते हैं ।

अंगेत्यापांग से कांग्रेस (इ) के एस. लिमातेयजेन, लांगलेंगस एन.पी.सी. के बी. फोम, ब्यईसे भूतपूर्व वित्त मंत्री टी.ए. नगूली (कांग्रेस-इ), मोंगोया से कांग्रेस (इ) के एन.आई. जमीर वाकचिंग से कांग्रेस (इ) के सी. कोन्याक, दीमानपुर-दो से भूतपूर्व मुख्यमंत्री एस.सी. जमीर के भाई आई. जमीर (कांग्रेस इ), त्यूनसांग से कांग्रेस (इ), के सी. चांग चुनाव जीते हैं ।

भूतपूर्व शिक्षा मंत्री के.एल. चिशी (एन.पी.सी.) अतोजू से जीते हैं । ओंगलेंडलन से कांग्रेस (इ) के नुंगशिजेंबा, त्यूनसांग सदर-2 से एन.पी.सी. के लखिमडोंगा चुनाव जीते हैं ।

50 लाख टन की वसूली

नई दिल्ली, 23 जनवरी (वार्ता): चालू मौसम के दौरान अब तक 50 लाख टन से अधिक चावल की वसूली की जा चुकी है । राज्यों से प्राप्त ताजा सूचनाओं के अनुसार अब तक केंद्रीय भंडार के लिए 50लाख 10 हजार टन चावल की वसूली की जा चुकी है । पिछले वर्ष इस अवधि में 42 लाख टन चावल की खरीद हुई थी ।

भाजपा व जनता दल विपक्षी दलों के साथ मिल कर चुनाव लड़ेंगे

अम्बाला छावनी, 23 जनवरी (सरहदी): कल सायं अनाज मंडी अम्बाला शहर में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता ने जनता दल और भाजपा की संयुक्त रैली में कहा कि हरियाणा में ये दोनों पार्टियां अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी । इसके सम्बन्ध में समझौता हो चुका है । इस सम्बन्ध में सांझे उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे ताकि कांग्रेस को पछाड़ा जा सके । श्री गुप्ता ने कहा कि हाल ही में जो कैथल-कांड हुआ था, उसके अभियुक्तों को पकड़ लिया गया है । उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

द्रमुक की विजय का जश्न मनाते हुए मरा

बेंगलूर, 23 जनवरी : तमिलनाडु विधान सभा

जयललिता समर्थक को छुरा घोंप दिया

मद्रास, 23 जनवरी : अन्नाद्रमुक (जयललिता गुट) के एक समर्थक की आज सुबह यहां छुरा घोंप कर हत्या कर दी गई । पुलिस के मुताबिक उपनगरीय आलंदूर के बाजार में चार लोगों ने 35 वर्षीय जहांगीर की हत्या कर दी । जहांगीर एक कबाड़ी था और उसने जयललिता गुट के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया था । हत्यारे एक वैन में भाग निकले । हत्या उस वक्त हुई जब आलंदूर क्षेत्र की मतगणना चल रही थी ।

26 बच्चों को पुरस्कार

नई दिल्ली, 23 जनवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी 25 जनवरी को यहां एक समारोह में 26 बच्चों को बहादुरी, शौर्य तथा उल्लेखनीय कार्यों के लिए 1988 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगे । पुरस्कार प्राप्तकर्त्ताओं में सात लड़कियां भी शामिल हैं । इनमें पांच बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कृत किया जाएगा ।

ये पुरस्कार भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा 1957 में स्थापित किए गए थे । परिषद की अध्यक्ष विद्यावेन शाह ने यहां बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में पहली बार अब तक के लगभग 200 पुरस्कार विजेता मौजूद रहेंगे । उन्होंने कहा कि 1957 का हरिचन्द्र पुरस्कार विजेता श्री गांधी को माला पहनाएगा ।

लंदन में सिखों द्वारा प्रदर्शन

लंदन, 23 जनवरी (वार्ता): तथाकथित खालिस्तान की मांग के समर्थन तथा सतवन्त सिंह और केहर सिंह को फांसी दिए जाने के विरोध में लगभग पांच हजार सिखों ने कल रात यहां भारतीय उच्चायोग के सामने प्रदर्शन किया । लगभग साढ़े चार वर्ष पूर्व हुए आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद ब्रिटेन में सिखों द्वारा किया गया यह सब से बड़ा प्रदर्शन था । प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे । पुलिस ने उच्चायोग भवन की घेराबंदी कर ली थी । केसरिया पगड़ी पहने हजारों सिख अलगाववादी नारे लगा रहे थे । प्रदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय युवा सिख महासंघ, दमदमी टकसाल, बब्बर खालसा, दल खालसा तथा खालिस्तान नैशनल आर्गेनाइजेशन के सदस्य शामिल थे ।

सिंहली उग्रवादियों द्वारा लंका फ्रीडम पार्टी के एक और उम्मीदवार की हत्या

कोलम्बो, 23 जनवरी : सिंहली उग्रवादियों ने विपक्षी लंका फ्रीडम पार्टी के संसदीय उम्मीदवार और उसके तीन समर्थकों की उत्तरी श्रीलंका में हत्या कर दी । पुलिस ने आज यह जानकारी दी । जनता विमुक्ति पैरामूना के संदिग्ध आतंकवादियों ने कल अरुबोक्के ग्राम में फ्रीडम पार्टी के उम्मीदवार श्री पाल रतनायक की तलवार से हत्या कर दी । तीन समर्थकों को भी उग्रवादियों ने मार डाला ।

पुलिस के अनुसार ये चारों व्यक्ति फ्रीडम पार्टी के अन्य उम्मीदवार ए.एच. हसैन हजियार की अंत्येष्टी से लौट रहे थे । श्री हजियार की आतंकवादियों ने शनिवार को हत्या कर दी थी । 15 फरवरी को संसद के होने वाले चुनाव के सिलसिले में अब तक चार उम्मीदवारों की हत्या की जा चुकी है ।

अकाली दल (ल) व एकीकृत दोनों फूट के शिकार

अमृतसर, 23 जनवरी (मनोहर): पता चला है कि अकाली दल (लौंगोवाल) तथा एकीकृत अकाली दल दोनों की अमृतसर शाखाएं जबरदस्त फूट का शिकार हैं । दोनों दलों के यूनिट दो धड़ों में बंटे हुए हैं । लौंगोवाल अकाली दल के जिला प्रधान प्रेम सिंह गड़गज को हाई कमान ने पुनः मोहर लगा भी दी है परन्तु दूसरा धड़ा पहले की तरह झंडा उठाए बगावत पर उतरा हुआ है । उधर एकीकृत दल के जिला जत्थेदार हरि सिंह आरेवाला के विरुद्ध छिड़ा विवाद जो पहले काफी गर्म था अब आहिस्ता-आहिस्ता थम रहा है । केवल हाई कमान

Punjabi Sanatan

दो परिवारों के 5 सदस्यों सहित पंजाब में 6 की हत्या : 4 आतंकवादी भी मरे

कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में फ़ायरिंग में एक छात्र की मृत्यु, 5 घायल

भाजपा नेता जगदीश मूंगा पर कातिलाना हमला

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वार्ता, हस): कल रात के बाद से पंजाब में 4 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 परिवारों के 5 सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । भटिंडा में पंजाब भाजपा के महासचिव जगदीश राय मूंगा पर कातिलाना हमला किया गया । घात लगा कर किये गये हमले में होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र में स्थित गांव संत नगल में गत रात आतंकवादियों ने जिनकी संख्या 4 थी, दो सगे भाइयों चरणदास व नरेंद्र कुमार के घर में घुस कर घर वालों को आवाज़ दी और जब दोनों भाई तथा एक भाई का नौजवान लड़का सुरेंद्र कुमार आतंकवादियों के निकट आये तो आतंकवादियों ने उन्हें लाइन में खड़ा कर दिया तथा ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से गोलियां चला कर उन्हें मार डाला । घर के शेष सदस्य कमरों में छुपे रहे । आतंकवादी घर से बाहर आने के बाद भी एक-दो फायर करने के बाद गायब हो गए ।

उल्लेखनीय है कि यह परिवार अपने गांव से पलायन कर गया था तथा परिवार के सदस्य कुछ सप्ताह पहले ही गांव में वापस आये थे ।

मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि नरेंद्र कुमार व चरण दास की हत्या उस समय की गई जब वह नजदीकी दूध डिपो में दूध पहुंचा कर लौट रहे थे ।

होमगार्ड जवान घायल : मजीठा पुलिस जिले के लोपोके गांव के निकट पुलिस दल तथा आतंकवादियों के मध्य हुई झड़प में होमगार्ड का एक जवान जस्सा सिंह बुरी तरह घायल हो गया । पुलिस के गश्ती दल पर तब हमला किया गया जब वह मिनी बस में जा रहा था ।

ट्रैक्टर छीन लिया : तरनतारन से पन्नू के अनुसार गत रात 12 बजे गांव ढोडियां में 4 अज्ञात व्यक्तियों ने एक किसान जरनैल सिंह को जान से मारने की धमकी देकर उससे उसका ट्रैक्टर छीन लिया । पुलिस जांच कर रही है ।

शव बरामद : पुलिस ने आज रात्रि थाना झब्बाल के गांव सोहल के बाहर गोलियों से छलनी एक युवक का शव बरामद किया है । शव के निकट से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के दो खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस को संदेह है कि यह युवक गिरोह-युद्ध में मारा गया ।

खालिस्तानी ग्रुपों की लड़ाई में 2 मरे : बटाला (क्रोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के निकट गांव डल्ला में गत रात्रि फायरिंग में 2 लोग मारे गये । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान सच्चा सिंह (30), तथा दर्शन सिंह (25) के रूप में की गई है । सूत्रों के अनुसार यह हत्याएं खालिस्तान कमांडो फोर्स व खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की आपसी शत्रुता की घटना है क्योंकि आतंकवादी गिरोह एक दूसरे से बदला लेने की फिराक में रहते हैं । सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच से ज्ञात हुआ है कि दोनों मृतक के ठिकाने खालिस्तान कमांडो फोर्स के आतंकवादियों के शरण स्थल थे । मृतक दर्शन सिंह पुलिस रिकार्ड में लिस्टिड आतंकवादी था जो अनेकों लूटपाट, राहजनी व छीना झपटी के मामलों में वांछित था ।

थाना बलाचौर के गांव हयातपर रुड़की में उग्रवादियों के हाथों मारे गए रिटायर्ड डी.एस.पी. स. गुरदयाल सिंह का शव । (छाया : जोशी)

बटाला पुलिस जिला के प्रमुख श्री गोविंद राम के हवाले से एक सूचना में कहा गया है कि सच्चा सिंह तथा दर्शन सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित आतंकवादी थे तथा उनकी हत्या खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गिरोह ने की है । दोनों आतंकवादी रात 8 बजे के लगभग घर लौट रहे थे कि खेतों में छुपे हत्यारों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी ।

पूर्व डी.एस.पी. की हत्या : बलाचौर से 'जोशी' के अनुसार आज प्रातः लगभग 8 बजे थाना गढ़शंकर के गांव हयातपुर रुड़की में एक आतंकवादी ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके एक रिटायर्ड डी.एस.पी. गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी । मृतक उस समय अपने घर के बाहर खड़ा रेडियो पर समाचार सुन रहा था । आतंकवादी वहां पैदल ही आया तथा वारदात के बाद पैदल ही फरार हो गया । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स. गुरदयाल सिंह की हत्या के आरोप में पांच व्यक्ति गिरफ्तार कर लिए गए हैं । यह जानकारी होशियारपुर के एस.एस.पी. ने दी ।

ज़मींदार व उसके लड़के की हत्या : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार गत रात 8.30 बजे के लगभग यहां से 45 किलोमीटर दूर बनेरा कलां गांव में कुछ नकाब पोशों ने एक ज़मींदार नौरंग सिंह (50) तथा उसके लड़के अवतार सिंह (19) की हत्या कर दी । नौरंग सिंह ने कुछ समय पहले ही गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर अपना फार्म हाऊस बनवाया था । अभियुक्त उसके घर में घुसे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे मंगलवार को चंडीगढ़ भवन कमांडैंटों की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए

उग्रवादियों के शस्त्र भंडारों लगा कर उन्हें ज़ब्त करना ज

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने सुरक्षा बलों से कहा है कि वह राज्य के विभिन्न भागों में उग्रवादियों द्वारा जमा हथियार व गोली-सिक्के का पता लगा कर उसे कब्जे में लें । वह आज राजभवन में सी.आर.पी.एफ. कमांडैंटों को सम्बोधित कर रहे थे । श्री रे ने कहा कि उग्रवादियों का मुठभेड़ों में मरने और अन्य को गिरफ्तार करने के साथ यह भी जरूरी है कि उनके ए.के. 47 और ए.के. 74 जैसे अत्याधुनिक हथियारों पर कब्जा किया जाए ।

श्री रे ने सी.आर.पी. अधिकारियों द्वारा किए गए उन कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा की जिनसे वह पंजाब की जनता में लोकप्रिय हुए । उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष पूर्व राज्य में सुने जाने वाले नारे अब बंद हैं और सुरक्षा बलों के उग्रवादियों के विरुद्ध कार्य के ढंग ने लोगों का दिल जीत लिया है । उन्होंने कहा कि उग्रवाद पर काबू पाने के दृष्टिगत लोगों का सहयोग आवश्यक है ।

राज्यपाल ने कहा कि लोग अब सुरक्षा बलों को सहयोग देने लगे हैं । वह उग्रवादियों बारे महत्वपूर्ण सूचना देते हैं । अब लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है । अब राज्य में पोस्टर या खालिस्तान के नारे नहीं लगते । यह हमारी गत डेढ़ वर्ष के दौरान की उपलब्धि कही जा सकती है ।

श्री रे ने दोहराया कि उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करते समय सुरक्षा बलों को चाहिए कि

पंजाब पुलिस मे महा
गिल ने कहा कि सी.आर
सम्पर्क बनाने चाहिए
सी.आर.पी. उग्रवाद से प्रभ
खोल सकती है जैसा कि क
ने किया है । ग्रामीण व्यक्ति
क्षेत्र में बढ़ावा दे सकती है
सी.आर.पी. और पंजाब प
लड़ने को वचनबद्ध हैं ।

सी.आर.पी. के इंस्पैक्
सिंह ने राज्यपाल को आ
पुलिस से पूर्ण तालमेल रा
कोई भी निर्दोष व्यक्ति परे
सम्भव प्रयास किया जाए

श्री सिंह ने कहा कि
भ्रष्टाचार नहीं और यदि कि
कोई शिकायत मिलती
कार्रवाई की जाती है ।

जम्मू
आह्वान

जम्मू, 24 जनव
अधिकारियों और जम्मू
नेताओं के बीच लम्बी

पंजाब रोडवेज कर्मचारियों द्वारा पूर्ण हड़ताल, हज़ारों यात्री फंसे, सरकार द्वारा हड़ताल 'अवैध' घोषित

जालन्धर, 24 जनवरी (वार्ता, ह.स.): बेहतर वेतनमानों तथा पदोन्नतियों के अवसर दिए जाने की मांग को लेकर पंजाब रोडवेज कर्मचारियों द्वारा आज एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर चले जाने से

कर्मचारियों के समर्थन में आज पैप्सु रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के कर्मचारियों ने चार घंटे और चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के कर्मचारियों ने दो घंटे तक हड़ताल की । रोडवेज कर्मचारियों की मांग है कि

जिसके कारण लगभग 2400 बसों का पहिया जाम रहा ।

उन्होंने राज्यपाल उनके ट्रांसपोर्ट विभाग के एडवाइज़र तथा सचिव से अपील की कि यह अब भी

Punjabi Sanjal

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

और 12 बोर की बंदूक से नौरंग सिंह की हत्या कर दी । उसकी पत्नी चरण कौर तथा लड़की घायल हो गई । उन्होंने वहां से 315 बोर की राइफल भी छीन ली । इसके बाद इन लुटेरों ने परिवार के सभी सदस्यों जिनमें नौरंग सिंह की पत्नी, दो लड़कियां व एक लड़का शामिल हैं, एक कमरे में बंद कर दिया तथा कमरे को बाहर से कुंडी लगा दी । वे वहां से जाने ही वाले थे कि नौरंग सिंह का लड़का अवतार सिंह खेतों में काम करने के बाद वहां पहुंच गया । उन्होंने उसकी भी गोली मार कर हत्या कर दी । इसी मध्य ग्रामीण भी इकट्ठे हो गये तथा उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर अपराधी वहां से फरार हो गये । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने कहा कि यह हत्या व डकैती का मामला है । इसका आतंकवाद से कोई संबंध नहीं है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार नौरंग सिंह ने कल ही अपने नवनिर्मित फार्म हाऊस में प्रवेश किया था तथा गुरुग्रंथ साहब का पाठ रखवाया था ।

पुलिस की वर्दी में थे : नाभा के 'सुशील' के अनुसार बनेरकलां में नौरंग सिंह व उसके लड़के अवतार सिंह की हत्या किये जाने के विरुद्ध लोगों में काफी रोष पाया जाता है । नाभा में श्री शाम लाल गोयल की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस हत्याकांड के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई । घायल हुई स्त्रियों में एक नौरंग सिंह की बहू कर्मजीत कौर है । यह भी पता चला है कि हमलावर अवैध हथियार पकड़ने के बहाने पुलिस की वर्दी में वहां गए ।

उग्रवादी मारा गया : नवांशहर (शर्मा): आज तड़के 2.45 पर यहां से 7 किलोमीटर दूर औड़ गांव के निकट रजवाहा पुल पर एक पुलिस मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा उग्रवादी ए.के. 47 से फायर करता हुआ भाग गया । मृतक की आयु 25-26 वर्ष है । मुकाबले वाले स्थान से एक 9 एम.एम. पिस्तौल, दो खोल और दो अनचली गोलियां मिली हैं । 8 खोल ए.के. 47 के भी वहां पाये गये ।

लूट की घटना : जालंधर (हस): गत रात जिला जालंधर के थाना बंगा के अंतर्गत गांव अमरगढ़ में सच्चा सिंह के घर से आतंकवादी लुटेरों ने 50,000 रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण व नकदी आदि लूट ली । पुलिस ने बताया कि 5 लुटेरे सच्चा सिंह के घर में घुसे,जिसका लड़का हाल ही में विदेश से लौटा था । आतंकवादी 9,000 रुपये नकद, 25 हजार रुपये मूल्य के आभूषण, 15 हाथ की घड़ियां, एक वी.सी.आर., एक टेप रिकार्डर व एक कैमरा ले गए । फरार होने से पहले लुटेरों ने घर के लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया । पुलिस जांच कर रही है ।

स्कूटर छीना : संगरूर (गर्ग): यहां से 17 किलोमीटर दूर गांव मीहों के निकट 2 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरमेल सिंह से पिस्तौल की नोक पर

मजीठा पुलिस जिला के गांव संतू नंगल में आतंकवादियों द्वारा मारे गए चरण दास, सुरेंद्र व नरेंद्र के शव । (छाया : रवि भंडारी)

उसका स्कूटर डी.आई.ई. 3509 छीन लिया ।

संगरूर के जिला पुलिस प्रमुख श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि एक संदिग्ध आतंकवादी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस पकड़े गये हैं ।

रिवाल्वर व राइफल छीनी : खन्ना से सहगल की सूचना है कि कल रात लगभग 8½ बजे यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव मोहनपुर में तीन मोटर साइकलों पर सवार 6 आतंकवादियों ने गोपाल सिंह के मकान में घुस कर वहां से 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा एक लाइसैंसी राइफल छीन ली व फरार हो गये ।

नकदी व जेवर लूटे : गरदासपुर में पुलिस सूत्रों ने बताया कि रात रात थाना कहनूवान के गांव गनोपुर के बाहर दो गूजरों अलमदीन तथा हसैनदीन के डेरों में चार सशस्त्र लुटेरे 3700 रुपये नकद और चांदी के आभूषण लूट कर फरार हो गये ।

भाजपा नेता पर फायरिंग : भटिंडा (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के महासचिव श्री जगदीश राय मुंगा पर आज शाम आतंकवादियों ने फायरिंग करके उन्हें सख्त घायल कर दिया । तीन आतंकवादी फरार होने में सफल हो गये । श्री मुंगा को स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

'ट्रिब्यून' के अनुसार श्री मुंगा पर 25-26 वर्ष आयु के दो आतंकवादियों ने उस समय फायरिंग की, जब वह अपने मकान के निकट अपना स्कूटर ठीक कर रहे थे । श्री मुंगा को बाद में सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में पहुंचाया गया । आतंकवादी वारदात के तत्काल बाद एक अन्य व्यक्ति का स्कूटर पी.सी.क्यू. 1979 छीन कर फरार हुए ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब राज्य समिति के सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा ने श्री जगदीश राम मुंगा पर कातिलाना हमले की सख्त निंदा की है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : श्रीगंगानगर : पुलिस ने भारतीय सीमा को पार कर पाकिस्तान में घुसने की कोशिश करते हुए दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । रणजीत सिंह राणा और संत सिंह नामक ये आतंकवादी पंजाब में अनेक हिंसात्मक वारदातों में शामिल रहे हैं । पुलिस ने बताया कि रणजीत सिंह राणा को पनाह देने के जुर्म में एक व्यक्ति और उसके दो पुत्रों को भी गिरफ्तार किया गया है ।

रोपड़ जिला में नूरपुर बेदी पुलिस ने एक आतंकवादी किशन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक सिंगल बैरल बंदूक बरामद की ।

फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह तथा केवल सिंह को गिरफ्तार किया । केवल सिंह लोहड़ी के दिन एक लड़की की हत्या में संलिप्त था । उनसे एक पिस्तौल, एक राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

अपहरण : फिरोजपुर (हस): पुलिस ने बताया कि 5-6 अज्ञात व्यक्तियों ने जसपाल सिंह नामक व्यक्ति का उस समय अपहरण कर लिया,जब वह मोटर साइकल पर अपने गांव बटूटा रोशनशाह से जीरा जा रहा था । उसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका ।

बैग का आतंक : मोहाली (नबंदा): यहां के फेस एक में स्थित हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के लोगों में उस समय आतंक फैल गया जब लोगों ने एक मकान के पास लावारिस पड़ा बैग देखा । लोगों में भगदड़ मच गई तथा पुलिस को सूचित किया गया । दो घंटे की पड़ताल के बाद पता चला कि किसी बच्चे की पुस्तकों से भरा बस्ता वहां पड़ा था जिसे या तो कोई बालक वहां छोड़ गया अथवा कोई कुत्ता आदि कहीं से उठा लाया था ।

स्कूल बंद रखने की धमकी : मोहाली (नबंदा): मोहाली में प्राइवेट स्कूलों को 28 जनवरी तक बंद कर देने के लिए निरंतर धमकियां दी जा रही हैं । स्कूल संचालकों में इस बारे चिन्ता पाई जाती है । पुलिस ऐसी हरकत करने वाले शरारती तत्वों का पता लगाने में अब तक असफल रही है । आज यहां के फेस पांच में स्थित दो स्कूल प्राध्यापकों को पंजाबी में लिखे धमकी भरे पत्र प्राप्त हुए जबकि कुछ स्थानों पर युवकों ने स्कूल प्रमुखों को 26 जनवरी न मनाने तथा स्कूल बंद रखने के लिए धमकाया ।

कृषि विश्वविद्यालय में फायरिंग, छः घायल : लुधियाना (धीमान): एस.एस.पी. श्री सैनी ने आज यहां बताया कि शाम के समय स्थानीय कृषि विश्वविद्यालय में एक या दो उग्रवादियों द्वारा स्टेनगन से फायरिंग किए जाने के परिणामस्वरूप छः छात्र घायल हो गए, जिनमें से एक छात्र रविंद्र कुमार की हालत नाजुक बताई जाती है । घायलों को दयानंद मैडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इस वारदात के एक घंटे के पश्चात् विश्वविद्यालय के होस्टल नं. 8 के पीछे उस समय एक जबरदस्त धमाका हुआ, जब होस्टल के अन्दर सुरक्षा कर्मचारी कुछ अभियुक्तों की तलाशी ले रहे थे । 'ह.स.' के अनुसार विश्वविद्यालय में फायरिंग से घायल होने वाले छः छात्रों में से चार की हालत नाजुक है । अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग उस समय की, जब छात्र अहाते में सैर कर रहे थे । 'मुसाफिर' के अनुसार फायरिंग झाड़ियों में से उस समय हुई जब लड़के होस्टल नं. 2 के निकट से गुजर रहे थे ।

बाद का समाचार है कि अस्पताल में वीरेन्द्र खफाया नामक एक घायल दम तोड़ गया । गोली उसके पेट में लगी थी । वह वैटरनरी कालेज का छात्र था ।

तरनतारन क्षेत्र के थाना झब्बाल के गांव ऐमाकलां में घटनास्थ रे आदि,जहां आतंकवादियों ने तीन भाइयों को फांसी पर लटक श्रीमती माया रे मृतकों के परिवारों से शोक प्रकट करते हुए

ताजिकिस्तान के भू क्षेत्रों में राहत कार्य

मास्को, 24 जनवरी (ए.पी.): सोवियत संघ के ताजिकिस्तान गणराज्य में कल आए भीषण भूकंप के बाद राहत कर्मी भूकंप ग्रस्त पहाड़ी गांवों में मलबे के नीचे दबे लोगों को ढूंढने तथा उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य जोर-शोर से कर रहे हैं ।

सोवियत सम्वाद समिति तास ने प्राथमिक रिपोर्टों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान तथा चीन की सीमा से लगे इस गणराज्य में कल तड़के आए जोरदार भूकंप से कम से कम तीन गांव ओकली, बोलो तथा मुच नष्ट हो गए और अनुमानतः 1000 लोग मारे गए ।

ताजिकिस्तान की राजधानी दशान्बे से 30 से 50 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम केंद्रित इस भूकंप में पांच स्कूल तथा एक प्रसूति अस्पताल सहित लगभग 100 भवन नष्ट हो गए । लगभग पांच किलोमीटर तक बिजली लाइन तथा 14 किलोमीटर तक टैलीफोन लाइन नष्ट हो गई और एक नहर साढ़े छह किलोमीटर दूर तक धूल से भर गई ।

तास ने बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्र में सम्भावित जीवितों की तलाश के लिए बुलडोजर, क्रेन आदि पहुंचाए जा चुके हैं । दशान्बे तथा निकट के अन्य क्षेत्रों से पहुंचे स्वयंसेवी भी बचाव तथा राहत कार्य में मदद कर रहे हैं । लेकिन दरदराज के पहाड़ी गांवों में अभी तक पहुंचा नहीं जा सका है । भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त सड़कें बचाव एवं राहत कार्य में बाधक हो रही हैं । तास ने बताया कि भूकंप पीड़ित क्षेत्र में खाद्य सामग्री, ईंधन तथा उपकरण भेजे गए हैं और सोवियत सरकार ने भी मदद का वायदा किया है । राष्ट्र के अधिक सरकार एक अधि व्यवस्था के लिए

कर्मजीत कौर के विरुद्ध केस की सुनवाई 23 फरवरी पर स्थगित

लुधियाना, 24 जनवरी (महिन्द्रा): दरदर्शन की भूतपूर्व अनाऊंसर कर्मजीत कौर के विरुद्ध स्थानीय सत्र न्यायाधीश की अदालत में अपने पति ललित मोहन की हत्या के आरोप में फर्द जुर्म लगाने में बहस शुरू हो गई है । बहस शुरू करते समय वकील नसीब चंद टंडन ने अदालत को बताया कि जब कर्मजीत कौर के पति का कत्ल हुआ तो अभियुक्ता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई और इस केस में नौकर सोहन लाल को उम्र कैद की सजा भी हुई और वह हाईकोर्ट में बरी कर दिया गया । वकील ने कहा कि कर्मजीत कौर ने पुलिस की इच्छानुसार बयान नहीं दिया अतः उसने बदले की भावना से उसे फंसाया है । अदालत में इस मुकद्दमे की सुनवाई 23 फरवरी पर स्थगित कर दी है ।

जम्मू जलूस में दंगे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सतवंत सिंह और केहर सिंह के चित्रों के बैनर हाथ में

Punjab Sarkar

Buy

Narmada 150 PRINCE

Contact Dealers :

M/s. Garg Auto Spares & Repairs,

14-15, Gowshala Market,

G.T. Road, Panipat.

Phone : 2010.

क्लासीफाइड विज्ञापन

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City. (JOC)

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का अनूप सिंह मेरे कहने से बाहर है । मैंने उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, यदि कोई उसके साथ किसी प्रकार का लेनदेन करता है, तो मैं या मेरे परिवार का कोई अन्य सदस्य इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा । अजमेर कौर (माता)

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.1.89 78/- without trays. NECC Suggested Retail price 10.20 per Dozen.

व्यापार

वालपैन रिफिल कारखाना थोड़ी पूंजी में घर पर लगाएं, आमदनी अच्छी । तैयार माल हम दें । मिलें—कौर गृह उद्योग, कोठी हाई साहब-293/2, कराड़ी मोहल्ला, कालका ।

तीर्थ यात्रा

कमर्शियल प्लाट बिकाऊ

ग्यारह मरला कमर्शियल प्लाट, अवस्थित ई.जे. 208, चहारबाग (निकट फगवाड़ा गेट), जालंधर में बिकाऊ है । मिलें :-

चमन लाल लाम्बा,

स्थिति को लेकर
हुई थी पर अब
गया है ।
ाकों से बिहार

4 पाकिस्तानी शहरों में स्कूल-कालेज बंद

कराची, 25 जनवरी : प्रतिद्वंद्वी जातीय गुटों में गोलीबारी के बाद आज अधिकारियों ने पाकिस्तान के चार शहरों के तमाम स्कूल और कालेज बंद करने का आदेश दिया । जातीय गुटों के बीच एक कालेज में हुई गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और अन्य 25 घायल हुए ।

नजर आए ।

विधानसभा के अध्यक्ष डा. शिवचंद्र झा के त्यागपत्र की चर्चा करते हुए बैठक में श्री दुबे ने कहा कि डा. झा से जिस तरह से त्यागपत्र लिया गया है वह

श्री दुबे ने कहा कि विधानसभा सत्र के स्थगन के बाद प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष तारिक अनवर तथा असंतुष्टों के कुछ प्रतिनिधि दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से नेतृत्व के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेंगे ।



कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरुसेवक सिंह की उग्रवादियों ने
ी बम विस्फोट करके हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) स्व. श्री
(इन्सैट) श्री गुरुसेवक सिंह का एक पुराना चित्र । (नीचे)
से ध्वस्त किया गया वह मकान जिसमें श्री गुरुसेवक सिंह रहते
(फोटो : कोछड़)

कादियां में भीषण बम विस्फोट : एस. एच. ओ. की मृत्यु, होमगार्ड घायल

एस.एच.ओ. की पत्नी, बच्चे घर पर नहीं थे : अन्यत्र 5 मरे

स्वयंभू जनरल फौजी सहित 3 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 25 जनवरी (वार्ता, ह.स.): तथाकथित सैफरन टाइगर्स आफ़ खालिस्तान के स्वयंभू जनरल अमरजीत सिंह उर्फ़ फौजी सहित 3 आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए जबकि आतंकवादियों ने एक एस.एच.ओ. सहित 6 लोगों की हत्या कर दी । बटाला के प्रमुख बाज़ार को उड़ाने की उग्रवादियों की धमकी के दृष्टिगत सुरक्षा बलों ने नगर को घेरे में ले लिया । जिला अमृतसर में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया गया । आतंकवादियों के हाथों घायल भाजपा नेता जगदीश राय मुंगा की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

विस्फोट में एस.एच.ओ. की मृत्यु : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में पुलिस थाना कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह की उनके निवास पर आतंकवादियों द्वारा किए गए शक्तिशाली बम विस्फोट में मृत्यु हो गई व एक होमगार्ड जवान गुरमेज सिंह घायल हो गया ।

यह पत्रकार जब कादियां घटनास्थल पर गया तो देखा कि एस.एच.ओ. का निवास शक्तिशाली विस्फोट से खंडहर बन चुका था। श्री गुरसेवक सिंह आतंकवादियों के विरुद्ध लगातार संघर्षरत रहने के कारण आतंकवादियों की पिछले काफी समय से हिटलिस्ट पर थे और इन्हें लगातार मार देने की धमकियां मिल रही थीं ।

श्री गुरसेवक सिंह पुलिस थाना कादियां के सामने ही किराए की एक आधुनिक पक्के मकान की दूसरी मंज़िल पर रहते थे । मकान के नीचे टी.वी., बिजली, घड़ियों व किराना की दुकानें हैं,जो इस बम विस्फोट से क्षत-विक्षत हो गई हैं । इस पत्रकार ने देखा कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि दुकानों व मकान के कई अवशेष 150-200 फुट तक जाकर गिरे पड़े थे । सामने लगभग 250 फुट पर स्थित थाना की खिड़कियां आदि के शीशे टूटने के साथ-साथ पास ही एक डाक्टर के क्लिनिक की दीवार भी गिर गई ।

घटनास्थल पर निरीक्षण कर रहे पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने बातचीत के दौरान सम्भावना व्यक्त की कि एस.एच.ओ. निवास के नीचे दुकानों पर आतंकवादियों ने किसी प्रकार कोई शक्तिशाली टाईम बम लगाया लगता है । यह भी हो सकता है कि बम किसी दीवार में लगा दिया गया हो । घटना रात लगभग 11.45 व 12.45 के मध्य की है । यह भी बताया गया कि रात लगभग 11 बजे ही कादियां थाना से जिला पुलिस उच्चाधिकारी खोजबीन का काम करके वापिस लौटे थे ।

विस्फोट से बिल्डिंग ध्वस्त होते ही पुलिस थाना कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह मलबा के साथ ही नीचे आ गिरे और उनके ऊपर छत का लैंटर आदि गिरने से उनकी छाती आदि बुरी तरह पिस गए । सामने थाना में तैनात पुलिस व बी.एस.एफ. ने तुरन्त बचाव कार्य किया,लेकिन होनी अपना काम कर चुकी थी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस किराए के निवास स्थान में एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह सपरिवार रहते थे । उनकी पत्नी अपने एक 5 वर्षीय पुत्र व 7 वर्षीय पुत्री के साथ एक दिन पहले ही अमृतसर अपने मायके गई थीं । मृतक जिला

रादौर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए तीन आतंकवादी (बाएं से) सुखदेव सिंह उर्फ सुखा, अजमेर सिंह उर्फ मिठू और बलजिंदर सिंह । ये तीनों वहां 26 जनवरी को कोई बड़ा हत्याकांड करने की योजना बना रहे थे । (छाया : खुराना)

जालन्धर के थाना फिल्लौर के गांव जजां कलां का रहने वाला था । पोस्टमार्टम के पश्चात् शव उनके पैतृक गांव संस्कार के लिए भेजा जा रहा है,जहां उनका सरकारी सम्मान के साथ संस्कार किया जाएगा ।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम अन्य पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों सहित मौका पर पहुंच गए व घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

यहां उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला में अधिकतर पुलिस अधिकारियों व अन्य में इस बात का रोष व्याप्त है कि चाहे राज्यपाल श्री रे व पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल लगातार बयान दे रहे हैं कि आतंकवाद से जूझने के लिए पंजाब पुलिस व सुरक्षा बलों का मनोबल बहुत ऊंचा है लेकिन इस जिला के लगभग सभी थाने पुरानी व जर्जर बिल्डिंगों में हैं और पुलिस अधिकारियों के रहने के लिए कोई भी सचारू व उचित निवास की व्यवस्था नहीं है । कादियां स्थित अलग-अलग राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के नेताओं पर आधारित गठित अमन कमेटी ने इस घटना के रोष-स्वरूप आज बुधवार कादियां बंद का आह्वान किया है ।

बमों से उड़ाने की धमकी : बटाला से 'चौधरी' की सूचना है कि उग्रवादियों ने धमकी दी है कि वे बटाला के चहल-पहल वाले क्षेत्र चक्करी बाजार को बमों से उड़ा देंगे । इस धमकी के दृष्टिगत सुरक्षा बलों ने सारे शहर को घेरे में ले लिया है और गश्त तेज कर दी है । संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है । अधिकारियों ने नगर के लोगों को भी चौकस रहने के लिए कहा है ।

मुंगा की हालत खतरे से बाहर : बाधापुराना से ज्ञान के अनुसार पंजाब भाजपा के महासचिव श्री जगदीश मुंगा पर आतंकवादियों ने कल फायरिंग की थी । उन्हें चार गोलियां लगी थीं ।श्री मुंगा का कल रात सी.एम.सी. के ब्राउन अस्पताल में आप्रेशन किया गया था तथा डाक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर घोषित कर दिया ।

पंजाब भाजपा अध्यक्ष मदन मोहन मित्तल, महासचिव श्री स्वर्णाराम तथा सचिव गुरबचन सिंह पतंगा आज उन्हें अस्पताल में देखने गए । इन नेताओं ने श्री मुंगा पर हमले की निंदा करते हुए सरकार के खोखले दावों की आलोचना की । उन्होंने कहा कि यह हमला उस समय हुआ है जब पंजाब सरकार की ओर से 26 जनवरी के मौके पर रैड अलर्ट जारी है । उन्होंने पंजाब पुलिस में स्क्रीनिंग की मांग की ।

3 आतंकवादी मारे गए : पटियाला (भूषण): एक कट्टर आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ फौजी सुखदेव सिंह सहित गत रात इस जिला में दो मुठभेड़ों में तीन आतंकवादी मारे गए । आज सुबह 4.30 बजे यहां से 36 किलो मीटर दूर थाना राजपुरा के गांव तापला के बाहर एक ट्यूबवैल पर अमरजीत सिंह फौजी निवासी बाघापुराना जिला फरीदकोट तथा उसके साथी की सरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ हुई । दोनों ओर से हुई भीषण गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए तथा उनमें से बाद में एक की पहचान अमरजीत सिंह फौजी के रूप में हुई । मुठभेड़ स्थल पर पुलिस ने एक चीनी ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन, 59 अनचले कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 34 खाली कारतूस, एक माऊजर, 3 अनचले तथा 6 चले हुए कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य मुठभेड़ गत रात दस बजे के करीब थाना भादसों के गांव लबाना में हुई जब सुजुकी मोटर साइकल पर सवार दो आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाई । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिससे उनमें से एक मारा गया जबकि दूसरा भाग जाने में सफल हो गया । ऐसा विश्वास किया जाता है कि फरार होने वाला आतंकवादी फायरिंग में घायल हुआ है । पुलिस ने मोटर साइकल कब्जे में ले लिया । घटनास्थल से पुलिस ने एक .315 बोर की राइफल व एक एच.ई. 36 हथगोला बरामद किया ।

गिल का बयान : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज कहा कि

(शेष पृष्ठ 12 पर)

गया है कि पंजाब की यातना
रने के लिए पग उठाए जाएं

ष के राज्यपाल
क हम मरने या
ाने में विश्वास
र पर राज्य की
रे ने कहा कि
रचनात्मक और
न प्रयास करती
रत और पंजाब

या है कि पंजाब
ने की दिशा में
जाएं । अब हर
र प्यार, वैमनस्य
य शांति, बुराई
र भाई-भाई की
ो जो गुमराह हो
फिर से अपने में

ी की आत्मा का
त और भारत के
की जा सकती ।

6 जनवरी पंजाब
दौर का पटाक्षेप
ली साबित हो ।
रम्पराएं फिर से

फले-फूलें तथा हमारी संस्कृति और परिवेश को दूषित करने के किसी भी प्रयास का अन्त हो ।

अमृतसर में एक समारोह में श्री रे ने कहा कि पंजाबी बहादर लोग हैं और उग्रवादी कायर हैं । उन्होंने कहा कि यह पंजाबियों की परम्परा है कि उन्होंने अतीत में कभी भी कायर लोगों को अपने नेता के रूप में स्वीकार नहीं किया । उन्होंने पंजाबियों को उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ने के लिए साहसी बनने का आह्वान किया और उग्रवाद को समाप्त करने के लिए उनका समर्थन मांगा । उन्होंने गांवों के बड़े-बढ़ों को परामर्श दिया कि वे युवकों को स्पष्ट करें कि उन्होंने गलत मार्ग चुन रखा है, जो सिख गुरुओं की शिक्षाओं के विरुद्ध है । राज्यपाल बाद में कादियां नगर में उस स्थान पर गए, जहां उग्रवादियों ने गत रात्रि बमों से एक घर को उड़ा दिया था, जिसमें पुलिस के सब-इंस्पैक्टर एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह मारे गए थे ।

संसत्सदस्य इंका से मुअत्तिल

नई दिल्ली, 25 जनवरी (ह.स.): कांग्रेस (इ) के विद्रोही नेता संसद सदस्य चिमनभाई मेहता को दल-विरोधी गतिविधियों के आरोप में आज रात पार्टी से मुअत्तिल कर दिया गया । कांग्रेस (इ) हाई कमान ने पार्टी सांसद श्री चिमन भाई मेहता के वक्तव्य को 'गंभीरता' से लिया है ।

वोरा मंत्रिमंडल द्वारा शपथ ग्रहण

की जाएगी ।
र में कहा कि आज

कहेंगे । वह स्वयं भी अपनी सम्पत्ति की घोषणा करेंगे ।

प्रधानमंत्री ने मुझ में जो विश्वास व्यक्त किया है, इसके लिए उनका आभारी हूं । अब मेरा कर्त्तव्य बन गया है कि पार्टी की नीतियों, विशेषतः हरिजन,

HURRY ! DO'NT MISS A CHANCE
SALE ON SALE
GENTS PULLOVERS,

Punjabi Sonatani

पार्टी हाईकमान द्वारा दिए गए निर्देशों
ल टल गया है ।

मंत्री श्री विदेश्वरी दुबे ने आज यहां
यकों की बैठक में बताया कि पार्टी

श्री दुबे ने कहा कि बिहार की स्थिति को लेकर दिल्ली में एक भ्रम की स्थिति बनी हुई थी पर अब भ्रम का वह वातावरण समाप्त हो गया है ।

श्री दुबे ने असंतुष्ट विधायकों से बिहार

4 पाकिस्तानी शहरों में स्कूल-कालेज बंद

कराची, 25 जनवरी : प्रतिद्वंद्वी जातीय गुटों में

गोलीबारी के बाद आज
चार शहरों के तमाम स्
आदेश दिया । उनमें
हुई गोलीबारी में तीन
घायल हुए ।

वाद के

टरमन

यात्रा दोनों देशों के
चरण की द्योतक

य निकलेगा

वों के बिना हुआ । इसके लिए श्रेय
ानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की दर-
र पटेल की निर्णय-शक्ति को और
ताओं की व्यवहार कुशलता को है ।
ा कि जब हम कल प्रातः तिरंगे को
ा देखें तो हमारे सबके मस्तक बेहतर
ज्ज्वल भविष्य के लिए गर्व एवं
वना से उन्नत रहें, मैं राष्ट्र को उन
दलाना चाहूंगा, जोकि भारत कोकिला
ी नायडू ने संविधान सभा में कहे थे
त करता हू :

, इस झंडे के नीचे कोई,
और कोई किसान नहीं, कोई
और कोई निर्धन नहीं ।
षाधिकार नहीं, केवल कर्त्तव्य
दायित्व और बलिदान है,
हिन्दू हों, मुस्लिम हों, ईसाई हों,
सिख हों या पारसी हों
ी हों, हमारी भारत माता
विभक्त हृदय है और उसकी
भाज्य आत्मा है,
भारत के
महिलाएं, उठिए और
का अभिवादन कीजिए,
से अनुरोध है, उठिए,
का अभिवादन कीजिए

र दीक्षित, अली
डा. स्वामीनाथन
पद्म-विभूषण

, 25 जनवरी (वार्ता): वरिष्ठ
शंकर दीक्षित, संगीतज्ञ उस्ताद
न और प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डा.
ाथन को इस वर्ष पद्म-विभूषण से
गया है । (शेष पृष्ठ 12 पर)

ा कोटा बढ़ाया जाए



पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरुसेवक सिंह की उग्रवादियों ने उनके मकान में एक शक्तिशाली बम विस्फोट करके हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) स्व. श्री गुरुसेवक सिंह का शव तथा (इन्सैट) श्री गुरुसेवक सिंह का एक पुराना चित्र । (नीचे) आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट से ध्वस्त किया गया वह मकान जिसमें श्री गुरुसेवक सिंह रहते थे । *(फोटो : कोछड़)*

अब समय आ गया है कि पंजाब की यातना को समाप्त करने के लिए पग उठाए जाएं

चंडीगढ़, 25 जनवरी : पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने आज यहां कहा कि हम मरने या मारने के बजाय समझने या समझाने में विश्वास रखते हैं । गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य की जनता के नाम अपने संदेश में श्री रे ने कहा कि सरकार हमेशा किसी भी मामले को रचनात्मक और ठोस बातचीत के जरिये सुलझाने का प्रयास करती

फले-फूलें तथा हमारी संस्कृति और परिवेश को दूषित करने के किसी भी प्रयास का अन्त हो ।

अमृतसर में एक समारोह में श्री रे ने कहा कि पंजाबी बहादुर लोग हैं और उग्रवादी कायर हैं । उन्होंने कहा कि यह पंजाबियों की परम्परा है कि उन्होंने अतीत में कभी भी कायर लोगों को अपने नेता

कादि

एच

एस.एच
स्वयंभ

चंडीगढ़, 25
तथाकथित सैफरान
स्वयंभू जनरल ऊमर
आतंकवादी सुरक्षा ब
आतंकवादियों ने एक
की हत्या कर दी
उड़ाने की उग्रवादियों
बलों ने नगर को घेरे में
एक विशेष पुलिस टी
गया । आतंकवादियों
जगदीश राय मुंगा की
जाती है ।

विस्फोट में
बटाला (कोछड़) :
थाना कादियां के एस.
उनके निवास पर
शक्तिशाली बम वि
होमगार्ड जवान गुरसे

यह पत्रकार जब
देखा कि एस.एच.ओ
विस्फोट से खंडहर
आतंकवादियों के वि
कारण आतंकवादियों
हिटलिस्ट पर थे औ
धमकियां मिल रही थ

श्री गुरुसेवक सिं
सामने ही किराए की
दूसरी मंजिल पर रहते
बिजली, घड़ियों व वि
विस्फोट से क्षत-विक्ष
देखा कि विस्फोट इत
व मकान के कई ह
जाकर गिरे पड़े थे ।
स्थित थाना की खिड़
साथ-साथ पास ही
दीवारें भी गिर गईं

घटनास्थल पर
बी.एस.एफ. अधिक
सम्भावना व्यक्त कि
नीचे दुकानों पर आ

Punjab Sanata.com

कादियां में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

के.एल.ओ. की सैफरन टाइगर्स ब्रांच के स्वयं भू जनरल अमरजीत सिंह उर्फ फौजी उर्फ सुखदेव सिंह के मारे जाने से खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के आतंकवादी गिरोह का लगभग सफाया हो गया है । के.एल.ओ. का स्वयंभू प्रधान अतिदर पाल सिंह पहले ही पकड़ा जा चुका है ।

मठभेड़ का ब्यौरा देते हुए श्री गिल ने कहा कि अमरजीत सिंह फौजी अतिदर पाल सिंह का निकट साथी था तथा वह दिल्ली, चंडीगढ़, राजपुरा, पंचकला, मोगा तथा भटिंडा में अनेक आतंकवादी अपराधों व बम धमाकों में संलिप्त था जिनमें 50-60 व्यक्ति मारे गए थे । श्री गिल ने कहा कि आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए जोरदार अभियान जारी है तथा इसके परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि गत दो-तीन महीनों के दौरान पाकिस्तान से बड़े पैमाने पर आतंकवादियों की घुसपैठ नहीं हो रही तथा न ही सीमा पार से हथियारों की कोई आपूर्ति हुई है ।

ठेका लूट लिया : खन्ना (पूर्ण): गत रात साढ़े सात बजे के करीब यहां से पांच किलो मीटर की दूरी पर स्थित गांव अकोलाहा में तीन अज्ञात व्यक्ति शराब के ठेके पर आए तथा कारिंदे को पिस्तौल दिखाकर 4700 रुपए छीन कर ले गई । जाते हुए उन्होंने हवाई फायर भी किए ।

धूरी (सिंगला) पुलिस ने नई बस्ती में रेलवे लाइन के निकट एक शव बरामद किया । केस दर्ज कर लिया गया है ।

अपहृत दोधी लौटा : फिरोजपुर (धीमान): जीरा के दोधी रछपाल सिंह का सोमवार को आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । अब उसके द्वारा 4,000 रुपए दिए जाने पर उसको छोड़ दिया गया है ।

दुकानदार घायल : सूत्रों से नागपाल की सूचना है कि यहां से 12 किलो मीटर दूर कस्बा लौंगोवाल में एक आतंकवादी ने एक दुकानदार तरसेम चन्द गोयल को सख्त घायल कर दिया । बताया जाता है कि तरसेम चन्द ने एक व्यक्ति बोगा सिंह से 4000 रुपए लेने थे लेकिन वह इन्कार कर रहा था । बोगा सिंह उग्रवादी बन गया और कल

गत दिवस नाभा सदर थाना के गांव बनेरां कलां में उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में श्रीमती चन्नन कौर (ऊपर) तथा एक लड़की परमजीत कौर (नीचे) गम्भीर रूप से घायल हो गईं । दोनों ही सिविल अस्पताल नाभा में उपचाराधीन हैं । (फोटो : सुशील जैन)

जब तरसेम चन्द ने उससे रुपए मांगे तो उसने उसपर हमला कर दिया । उसे नाजुक हालत में अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस ने बोगा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

चार घायल हुए : लुधियाना (महिन्द्रा): पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में गत रात्रि दो अज्ञात व्यक्तियों ने जो फायरिंग की थी, उससे चार छात्र घायल हुए और एक गम्भीर रूप से घायल हुए छात्र की मृत्यु हो गई । मृतक डा. रविन्द्र अमृतसर निवासी था । उसके पेट में गोली लगी है । चार घायलों में कैप्टन मोदी मामूली जख्मी है, शेष तीन घायल गोपाल सिंह व जगमोहन सिंह पटियाला के और रामलाल भटिंडा निवासी है । इन तीनों को गम्भीर जख्म आए हैं, और सभी दयानन्द अस्पताल में दाखिल हैं । बम धमाके में डा. महेश गुप्ता मामूली जख्मी हुआ है । यह होस्टल नं. 8 में दो मास के दौरान दूसरा बम धमाका है ।

'धीमान' के अनुसार आज के अखबारों में यह छप गया कि वीरेन्द्र दम तोड़ गया । उसने आज सुबह अपने अभिभावकों को जो तलवंडी भाई (जिला भटिंडा) में रहते हैं, को स्वयं फोन करके बताया कि वह जीवित है । विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक श्री सुरजीत सिंह ने आज यह बताया कि कल रात की फायरिंग में 6 छात्र घायल हुए जिनमें दो को मामूली घाव आए हैं ।

मत आतंकवादी की पहचान : जालन्धर से न.नि.ए. ने खबर दी है कि सुरक्षा बलों के साथ गत दिवस नवांशहर के गांव गढ़ी अजीत सिंह में मठभेड़ में जो आतंकवादी मारा गया था इसकी पहचान सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । वह पुलिस को लूट व हत्या के कई केसों में वांछित था ।

दो मरे : दो व्यक्ति सुखदेव सिंह तथा बिशनो देवी क्रमशः भटिंडा तथा फिरोजपुर जिलों में मारे गए ।

एस.पी. ओज पर हमला : अमृतसर (वार्ता): गत रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव थेह ब्राह्मणां में आतंकवादियों ने एस.पी. ओज पर हमला कर दिया । जवाबी फायरिंग से आतंकवादी भाग निकले । फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

दो घुसपैठिए मरे : आज यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात्रि जिला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में और जिला फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में एक-एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. के जवानों के साथ मठभेड़ में मारा गया । इन उग्रवादियों ने अपने साथियों के साथ भारतीय प्रदेश में घुसने की कोशिश की थी । जब उनको चेतावनी दी गई तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । बी.एस.एफ. द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से दो घुसपैठिए मारे गए जबकि उनके साथी अंधेरे में छिपते हुए भाग गए ।

3 की हत्या : टांडा उड़मुड़ में आज शाम 6.30 बजे उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में तीन व्यक्ति मारे गए तथा दो अन्य घायल हो गए । फायरिंग बाजार में की गई । उग्रवादी स्वचालित हथियारों से लैस थे और वारदात के बाद भाग गए । मृतकों में 15 वर्षीय छात्र शाल् वल्द सोहन लाल वर्मा और कपिल देव (30) वल्द हसन लाल (अहियापुर) शामिल हैं । एक घायल मुकेश कुमार पुत्र तरसेम कुमार की बाद में सिविल अस्पताल जालन्धर में मृत्यु हो गई । फायरिंग से घायल दूसरे व्यक्ति रूप लाल पुत्र राम लाल को सिविल अस्पताल जालन्धर में दाखिल करवाया गया है । बताया जाता है कि उग्रवादी मंडी की तरफ से आए थे । टांडा में पिछले तीन महीनों में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की यह दूसरी घटना है ।

टांडा से 'गुप्ता' और 'बहल' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग में मरने वाला बाल पुत्र सोहन लाल वर्मा उस समय बाजार में से बर्फी लेने गया था कि यह वारदात हो गई । दूसरे मृतक का नाम कपिल देव (30) पुत्र हसन लाल मुनीम गांव अहियापुर है । मुकेश पुत्र तरसेम लाल की हालत गम्भीर है और उसको जालंधर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । एक और घायल रूप लाल पुत्र राम लाल की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पद्म विभूषण

(पृष्ठ 3 का शेष)

27 पद्मश्री पाने वालों में लेखिका अनिता देसाई, पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल, वायलिन वादक एस. सुब्रह्मण्यम, गुजराती फिल्म अभिनेता उपेंद्र त्रिवेदी और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के प्रमुख वेद मरवाह शामिल हैं । इस वर्ष देश का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' किसी को भी नहीं दिया गया है । पूरी सूची इस प्रकार है :-

पद्म विभूषण : उस्ताद अकबर खान (सरोद वादक, कलकत्ता), डा. एम.एस. स्वामीनाथन (कृषि वैज्ञानिक, नई दिल्ली), श्री उमाशंकर दीक्षित (राजनीतिज्ञ, नई दिल्ली) ।

पद्म भूषण : श्रीमती अन्ना मल्होत्रा (सिविल सेवा, बम्बई), अशीष प्रसाद मिश्र (भौतिक रेडियो विज्ञानी, नई दिल्ली), डा. श्रीमती बानू जहांगीर कोयाजी (परिवार नियोजन, पुणे), स्वर्गीय लार्ड फैन्नर बाकवे (राजनीतिज्ञ, ब्रिटेन), श्रीमती गिरिजा देवी (गायन, वाराणसी), श्री गिरि लाल जैन (पत्रकार, नई दिल्ली), के.के. हैब्बार (चित्रकार, बम्बई), लक्ष्मण सिंह (युवा मामले, बम्बई), प्रोफैसर मकुट बिहारी माथुर (शिक्षा अर्थशास्त्री, जयपुर), डा. नरेन्द्र सिंह रंधावा (रासायनिक विज्ञान, नई दिल्ली), डा. प्रकाश नारायण टंडन (न्यूरो सर्जरी, नई दिल्ली), रुस्तम जी होरमुसजी मोदी (निजी क्षेत्र एबन्ध, जमेशेदपुर), सुरेश एस. नाडकर्णी (सार्वजनिक क्षेत्र बैंकिंग, बम्बई) और जापान के भूतपूर्व विदेश मंत्री योशियो यसकुराची (राजनीतिज्ञ, जापान) ।

पद्मश्री : ए.के. राजाराव लक्ष्मण (भरत नाट्यम, मद्रास), श्रीमती अनिता देसाई (अंग्रेजी साहित्य, नई दिल्ली), डा. बरसानेलाल चतुर्वेदी (हिंदी साहित्य, नई दिल्ली), एडवर्ड कुचाट (सामाजिक कार्यकर्त्ता, अंडमान और निकोबार) हाक् शाहर (चित्रकार, अहमदाबाद), कलीम अहमद अजीज (उर्दू साहित्य, पटना), किरन मजूमदार (नृत्य

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में गत दिवस अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई फायरिंग में एक छात्र की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य छात्र घायल हो गए । परमिन्दर कुमार कपाटी का शव (2) घायल डाक्टर राम (4) डा. जगमोहन सिंह ।

शाम के भाव

-(25 जनवरी, एल.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 39.50, हिन्द मोटर 28.50, रिलायंस 134, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6650, चांदी डिलिवरी 6600, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7030, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3180, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3270, मिल डिलिवरी : वनस्पति एम.पी. (प्रति टीन) 318-320, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 319-328, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 154, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 158, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 147, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 107 फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1610, गुड़ वायदा (40 किलो) मार्च 122, तेल बिनौला (10 किलो) 161, गणेश जीरा (क्विंटल) 2975-3425, सीपरमैट फ्लैक (प्रति किलो) जनवरी 335, फरवरी 355 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6597, चांदी डिलीवरी 6570, चांदी गदड़ी 6510, कच्ची चांदी 6635, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6980, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3160-3170, सोना स्टैंडर्ड 3270, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3160, गिन्नी (प्रत्येक) 2550-2575 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 252, निकल प्लेट 392, जस्ता 42.35, रांग मैटल फट 53, ताम्बा सिल्ली 87, ताम्बा रॉड 90, ताम्बा तार फट 69.50, चदरी पीतल 50, पीतल चादर कतरन 55, पीतल भरत फट 45, पीतल पट्टी फट 45, सीसा की सिल्ली देसी मूलायम 22.50, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-59, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 66-68, अल्यूमीनियम सिल्ली 47.75, अल्यूमीनियम रॉड 50.50, अल्यूमीनियम चदर की कतरनें 42, अल्यूमीनियम तार फट 44 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 330, आंध्र सीमैंट 12.25, अपोलो टायर 71, एशियन होटल 52.50, डी.सी.एम. लि. 39.50, डी.सी.एम. टोयोटा 12.50, ईस्ट इंडिया होटल 60, एस्कार्ट्स 68, एस्सर शिपिंग 24.50, फूड स्पैशलिटीज 178, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 87.50, गुजरात नर्मदा 48, एच.एम.एम. लि. 169.50, हीरा होंडा 32.50, हिन्द एल्यूमीनियम 186, हिन्द लीवर 72, हिन्द मोटर 28.50, इंडियन रेयन 85, जे.के. इंड. 57.50, जे.के. सिंथैटिक 88, जगतजीत काटन 79, एल.एम.एल. लि. 14, मालवा काटन 80.50, मोदी रबड़ 90.50, आर.के. मिल्क मिल्स 26, ओसवाल एग्रो 96.25, सदर्न पैट्रो 45, टैल्को 743, टिस्को 1247, वेम आर्गेनिक 170, अशोक लेलैंड 64, अमृत वनस्पति 72, बम्बई टायर 44, इलैक्ट्रा इंडिया 39.50, गोदरेज इंडिया 67, हरियाणा पैट्रो 16, डंडो गल्फ 19.75, इस्पात प्रोफाइल्स 16.50, इस्पात अलायज 30, जे.टी.सी. 25.75, जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 12.75, जामा आटो 14.25, मोदी सीमैंट 7.50, मोदी वैंप्यिन 18, नाहर स्पिनिंग 135, ओसवाल एग्रो फारेन 51, ओसवाल लीजिंग 35, प्रकाश ट्यूब 32, रनबैक्सी 25.50, सनफ्लैग 21.25, तमिलनाड कोलगेट पामोलिव 23 रुपए ।

गुड़ वायदा गुड़ वायदा खुला 116.60 रुपए ।

दिल्ली गुड़ 123.50, नीचा

सरसों 117.20, बंद रुपए ।

अमृतसर बिट्टर 3200 तेजाबी 6650

श्री कोलम्ब संसदीय चुन आज आतंक

राधा अ किया कुमारी वाले) पूर्ण क रस्म दिनांक बाग इ होगी

रमेश कनू (

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का हरजीत सिंह, कद 5'-5", उम्र 30 साल, गांव मैहलसम-पुर से 28.12.88 से लापता है, सूचना देने वाले को 1000 रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

पता : बंदन सिंह सुपुत्र हजारा सिंह जट्ट, गांव मैहलसम्पुर कलां, तहसील-बाबा बकाला (अमृतसर)

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा

केवल एक पुड़िया से खूनी बवासीर के मुफ्त इलाज हेतु पधारें/लिखें—फैमी ज्वैलर्ज, संतपुरा, यमुनानगर ।

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

Plots, Kothies in Urban Estate, Improvement Trust Colonies, Jalandhar. Contact—Capoor & Co., 189, Adarsh Nagar, Jalandhar. Phone-73788.

साड़ियां

रोजगार

सरकारी नौकरी/रोजगार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City. (JDC)

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास 16-25 वर्षीय लड़के/लड़कियां 25/- रुपए मनीआर्डर भेजकर फार्म प्राप्तपैक्टस डाक द्वारा 28 फरवरी तक मंगवाएं । Advance Careers, Chowk Islamabad, Amritsar-143002

कैंसर इन्स्टीट्यूट (ड

ए भरे : आज यहां प्राप्त
र गत रात्रि जिला अमृतसर के
और जिला फिरोजपर के ममदोट
पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. के
मुठभेड़ में मारा गया । इन
साथियों के साथ भारतीय प्रदेश
ा की थी । जब उनको चेतावनी
फायरिंग करनी शुरू कर दी ।
की गई जवाबी फायरिंग से दो
जबकि उनके साथी अंधेरे में
।

: टांडा उड़मुड़ में आज शाम
यों द्वारा की गई फायरिंग में तीन
था दो अन्य घायल हो गए ।
की गई । उग्रवादी स्वचालित
ौर वारदात के बाद भाग गए ।
ा छात्र शालू वल्द सोहन लाल
देव (30) वल्द हसन लाल
हैं । एक घायल मुकेश कुमार
की बाद में सिविल अस्पताल
गई । फायरिंग से घायल दूसरे
राम लाल को सिविल अस्पताल
करवाया गया है । बताया जाता
की तरफ से आए थे । टांडा में
ं उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की

' और 'बहल' के अनुसार
रिंग से मरने वाला बाल पत्र
समय बाजार में से बर्फी लेने
हात हो गई । दूसरे मृतक का
) पुत्र हसन लाल मुनीम गांव
ा पुत्र तरसेम लाल की हालत
ो जालंधर अस्पताल में भर्ती
क और घायल रूप लाल पुत्र
तरे से बाहर बताई जाती है ।

विभूषण
3 का शेष)

ने वालों में लेखिका अनिता
के महानिदेशक के.पी.एस.
एस. सुब्रह्मण्यम, गुजराती
त्रिवेदी और राष्ट्रीय सुरक्षा
ाह शामिल हैं । इस वर्ष देश
भारत रत्न' किसी को भी नहीं
ची इस प्रकार है :-
उस्ताद अकबर खान (सरोद
एम. एस. स्वामीनाथन (कृषि
), श्री उमाशंकर दीक्षित
) ।
मती अन्ना मल्होत्रा (सिविल
प्रसाद मिश्र (भौतिक रेडियो
डा. श्रीमती बानू जहांगीर
ोजन, पूणे), स्वर्गीय लार्ड
ज, ब्रिटेन), श्रीमती गिरिजा
ी), श्री गिरि लाल जैन
के. के. हैब्बार (चित्रकार,
वा मामले, बम्बई), प्रोफैसर
शिक्षा अर्थशास्त्री, जयपुर),
(रासायनिक विज्ञान, नई
यण टंडन (न्यूरो सर्जरी, नई
रमुसजी मोदी (निजी क्षेत्र
सुरेश एस. नाडकर्णी






पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में गत दिवस अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चलाई गई गोलियों से एक छात्र की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य छात्र घायल हो गए । चित्रों में (1) मृत छात्र डाक्टर परमिन्दर कुमार कपाटी का शव (2) घायल डाक्टर राम पाल (3) डा. गुरपाल सिंह तथा (4) डा. जगमोहन सिंह । *(फोटो : जगमोहन कम्बोज)*

'शाम के भाव'–(25 जनवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 39.50, हिन्द मोटर 28.50, रिलायंस 34, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6650, चांदी डिलिवरी 6600, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7030, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3180, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3270, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 318-320, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 319-328, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 154, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 158, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 147, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 107, फैटी एसिड, आयल (क्विंटल) 1610, गुड़ वायदा (40 किलो) मार्च 122, तेल बिनौला (10 किलो) 161, गणेश बीरा (क्विंटल) 2975-3425, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जनवरी 335, फरवरी 355 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6597, चांदी डिलीवरी 6570, चांदी गद्दी 6510, रुच्ची चांदी 6635, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6980, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठर 3160-3170, सोना स्टैंडर्ड 3270, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3160, गिन्नी (प्रत्येक) 2550-2575 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.) : रागे की सिल्ली (प्रति किलो) 252, निकल प्लेट 392, जस्ता 42.35, गन मैटल फूट 53, ताम्बा सिल्ली 87, ताम्बा रॉड 90, ताम्बा तार फूट 69.50, चदरी पीतल 50, पीतल चादर कतरन 55, पीतल भरत फूट 45, पीतल पुर्जा फूट 45, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.50, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-59, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 66-68, अल्यूमीनियम सिल्ली 47.75, अल्यूमीनियम रॉड 50.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 42, अल्यूमीनियम तार फूट 44 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.) : ए.सी.सी. 330, आंध्र सीमैंट 12.25, अपोलो टायर 71, एशियन होटल 52.50, डी.सी.एम. लि. 39.50, डी.सी.एम. टोयोटा 12.50, ईस्ट इंडिया होटल 60, एस्कार्ट्स 68, एस्सर शिपिंग 24.50, फूड स्पैशलिटीज 178, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 87.50, गुजरात नर्मदा 48, एच.एम.एम. लि. 169.50, हीरो होंडा 32.50, हिन्द. एल्यूमीनियम 186, हिन्द. लीवर 72, हिन्द मोटर 28.50, इंडियन रेयन 85, जे.के. इंड. 57.50, जे.के. सिथैटिक 88, जगतजीत काटन 79, एल.एम.एल. लि. 14, मालवा काटन 80.50, मोदी रबड़ 90.50, आर.के. सिल्क मिल्स 26, ओसवाल एग्रो 96.25, रेमंड 32, रामवेक्सी लैब. 85, राजस्थान पैट्रो 14, रामा पैट्रो 25.50, सनफ्लैग आयरन 20.50, समतल कलर 31, थापर एग्रो 21.25, तमिलनाड पैट्रो 20, यू.टी.आई. मास्टर शेयर 14.50, कोलगेट पामोलिव 295, इंडियन अल्यूमीनियम 56, टायटन वाच 23 रुपए ।

गुड़ वायदा शाम : (एन.एन.एस.) : मुजफ्फरनगर गुड़ वायदा खुला 117.10, बंद 116.80, ऊंचा 117.50, नीचा 116.60 रुपए ।

दिल्ली गुड़ वायदा खुला 123.10, बंद 122.80, ऊंचा 123.50, नीचा 111.75 रुपए ।

सरसों मई : (एन.एन.एस.) : सरसों वायदा मई खुली खली 117.20, बंद 116.90, ऊंचा 117.25, नीचा 116.80 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सोनी) : सोना स्टैंडर्ड 3250, सोना बिट्ठर 3200, स्वर्ण आभूषण 2900, गिन्नी 2800, चांदी तेजावी 6650, चांदी थोबी 6550, सिक्का 7050 रुपए ।

श्रीलंका में 9 हत्याएं

कोलम्बो, 25 जनवरी (वार्ता) : श्रीलंका में संसदीय चुनावों के दो उम्मीदवारों सहित नौ लोग आज आतंकवादी हिंसा के शिकार हो गए ।

दिल्ली, पंजा
में क

नई दिल्ली, 2
के परिप्रेक्ष्य में दिल
में कड़े सुरक्षा प्रब
अन्य संबंधित एजे
कर्मचारियों ने वि
तीन किलोमीटर
कर दिया ।

गणतंत्र दिवस
चंडीगढ़ और हि
सुरक्षा व्यवस्था क

पुलिस के एव
वाले सभी इलाक
हैं । रेलवे स्टेशन
सिनेमा हाल, बाज
आतंकवादी वारद
की गई है । जन
लावारिश वस्तुए

रणजीत स

पठानकोट, 2
रणजीत सागर डै
बना हुआ है, में अ
फिर कई मीटर गि
का नुक्सान हो ग
एक सुरंग पहले
इंजीनियरों की ग
सुरंगों में बाढ़ से
तरह निकली नहीं
मीटर गिर गई ।

रस्म पग

डा. वेद प्रकाश
परलोक सिधा
हैं । रस्म
27.1.89 शुक्र
बजे जंजघर
टाऊन, लुधिया
होगी ।

शोकग्रस्त
डा. अनिल

रस्म चौथा-उठा

राधा स्वामी **राधा स्वामी**

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरी बहन आशा कुमारी (बेटी लाला दौलत राम खचरां वाले) 23.1.89 को अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करके स्वर्ग सिधार गई हैं । उनकी रस्म चौथा और उठाला 26.1.89 दिनांक वीरवार सायं 3 से 4 बजे तक बाग झंडा सिंह मजीठ मंडी अमृतसर में होगी ।

शोकग्रस्त :

Punjab Sahitya

मक्खू के गांव में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों को फांसी दे दी : अन्यत्र 9 की हत्या

कादियां में बम रखने के लिए आतंकवादियों ने 40 हजार रुपये दिये थे

5 आतंकवादी मारे गए, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

चंडीगढ़, 27 जनवरी (वार्ता, ह.स.): सतवंत सिंह और केहर सिंह को फांसी दिए जाने के बाद से पंजाब में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों को फांसी देकर मारने के क्रम में गत रात 2 और व्यक्तियों की इसी तरीके से हत्या कर दी गई जबकि अन्य वारदातों में 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । दो अलग-अलग घटनाओं में 5 आतंकवादी भी मारे गए । बटाला पुलिस ने कादियां बम विस्फोट में वांछित बब्बर खालसा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया । लुधियाना में एक चुंगी तथा फिल्लौर में डाक घर लूटा गया । एक सरपंच के घर पर आतंकवादियों ने राकेटों से हमला किया । मजीठा के गांव चौगावां में एक दुकान में ट्रांज़िस्टर बम फटा ।

दो को फांसी : फिरोज़पुर (बागी): गत रात थाना मक्खू के गांव सरहाली के बाहर अज्ञात संख्या में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों को फांसी पर लटका कर मार डाला । यह जानकारी देते हुए सुप्रिंटैंडैंट पुलिस मुख्यालय फिरोज़पुर श्री एस.के. गोयल ने बताया कि फांसी पर लटकाए गए एक व्यक्ति का नाम कृष्ण लाल पुत्र ज्ञान चन्द मक्खू निवासी है । मक्खू आतंकवाद से ग्रस्त मंड क्षेत्र से संलग्न है । इस जिले में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों को फांसी पर लटकाए जाने की यह पहली घटना है ।

फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री एस.के. वर्मा घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । श्री गोयल ने भी बताया कि पुलिस ने एक अन्य खतरनाक आतंकवादी गिरोह का पर्दाफ़ाश किया है और इसके दो सरगना कलविदर सिंह उर्फ़ ज्ञानी व आदमजीत सिंह उर्फ़ बिल्ला (दोनों सगे भाई) गिरफ्तार किए हैं, जो कि रणधीर सिंह जाट सिख निवासी कबरवाला थाना अबोहर के लड़के हैं । उनसे दो 315 बोर के पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया । श्री गोयल ने बताया कि इस गिरोह ने दिसम्बर और जनवरी में दो आयल टैंकर तथा एक ट्रक लूटा था तथा अबोहर-मलोट रोड पर बस यात्रियों की हत्या का प्रयास किया था । उन्होंने कहा कि खुइयां सरवर पुलिस ने नत्थूराम पुत्र खेतरपाल को गिरफ्तार करके उससे एक आयातित 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया ।

लाश मिली : एक अन्य घटना में फिरोज़पुर जिले में एक व्यक्ति रणजीत सिंह का अपहरण करने के बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा शव लोहगढ़ के निकट खेतों में फैंक दिया गया । आज सुबह उसका शव पुलिस ने बरामद किया ।

हड़ताल : आतंकवादियों की ओर से दो हिन्दू युवकों को फांसी दिए जाने के विरुद्ध रोष-स्वरूप आज मक्खू तथा जीरा में पूर्ण हड़ताल रही । एक मृतक कृष्ण लाल गांव सरहाली में किरयाना की दुकान चलाता था । वह विवाहित था तथा उसकी आयु 22 वर्ष थी । दूसरा मृतक बलदेव राज (20) फोटोग्राफर था । वह आरती स्टूडियो जीरा के श्री हरबंस लाल शर्मा का पुत्र था । बलदेव राज एक विवाह के फोटो खींचने के लिए गांव में गया था । सशस्त्र आतंकवादी दोनों युवकों को गांव के बाहर ले गए तथा रात 9 बजे के लगभग उन्हें एक वृक्ष से लटका दिया । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादियों ने निकटवर्ती किसान के घर से ज़बरदस्ती रस्से लिए और उसे मारपीट भी की, क्योंकि उसके घर में बिजली जल रही थी तथा उसका कुत्ता भौंक रहा था । मक्खू तथा जीरा क्षेत्र में भारी आतंक फैला हुआ है ।

इससे पहले आतंकवादी बटाला क्षेत्र में एक सरपंच और उसके तीन भाइयों तथा अमृतसर जिला में एक परिवार के तीन सदस्यों की फांसी पर लटका कर हत्या कर चुके हैं ।

फिरोज़पुर पुलिस ने मोता सिंह, गजरूप सिंह नामक आतंकवादियों तथा तरसेम सिंह, महेंद्र सिंह, शमशेर सिंह व अजमेर सिंह आदि शरणदाताओं को भी गिरफ्तार किया है ।

गुरुद्वारा प्रधान की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): कल यहां सुलतानविंड क्षेत्र में तीन अज्ञात आतंकवादियों ने एक स्थानीय गुरुद्वारा के प्रधान श्री हरजिंदर सिंह (35) की उसके घर के निकट गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि वह तड़के प्रभातफेरी में शामिल होने के लिए जा रहा था, जब आतंकवादियों ने उसपर गोली चलाई । वह सख्त घायल हो गया । उसे सुरक्षा बलों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसको मृत करार दे दिया ।

ट्रांज़िस्टर बम फटने से 1 मरा : आज बाद दोपहर मजीठा पुलिस जिला के गांव चौगावां में एक मिठाई की दुकान पर एक शक्तिशाली ट्रांज़िस्टर बम के विस्फोट में एक व्यक्ति मर गया तथा दो घायल हो गए । बम विस्फोट उस समय हुआ, जब दुकान के एक कर्मचारी ने ट्रांज़िस्टर का स्विच चालू किया तथा तीन व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से अमर सिंह (35) की अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई । घायलों के नाम दिलबाग सिंह (22) तथा सतपाल सिंह (16) बताए गए हैं । दुकान की छत धमाके से उड़ गई ।

सूचना में कहा गया है कि ट्रांज़िस्टर दुकान में एक ग्राहक छोड़ गया था । मृतकों की संख्या अधिक हो सकती थी, यदि बम कुछ देर पूर्व फटता, जब

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जिला लुधियाना के गांव खेराबेट के पास सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों से मिले हथियारों का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी । (छाया : काम्बोज)



जिला अमृतसर के गांव रामपुरा के पास आतंकवादियों ने बीरवार को लाइन जिसे उड़ाया गया, (2) लाइन का टुकड़ा जो बम-धमाके मुरम्मत करते हुए मज़दूर ।

पौंग बांध के निकट विद्युत संयंत्र में भीषण आग : लाखों की क्षति

चंडीगढ़, 27 जनवरी (ह.स.): पंजाब-हिमाचल प्रदेश सीमा पर पौंग बांध के निकट बने विद्युत संयंत्र में कल रात लगी भीषण आग पर अग्निशमन दलों तथा प्लांट के कर्मचारियों ने लगातार 12 घंटे तक आग की लपटों से जूझने के बाद काबू पा लिया ।

भाखड़ा-व्यास मैनेजमैंट बोर्ड के सचिव श्री के.जी. अग्रवाल ने आज सायं यहां बताया कि कल रात के लगभग 10.30 बजे लगी आग से कैबल गैलरी को नुक्सान हुआ है परन्तु मुख्य मशीनरी, टर्बाइनें तथा जैनेरेटर बचा लिए गए हैं ।

अधिकारियों ने किसी तोड़-फोड़ की घटना की सम्भावना से इंकार किया है । उन्होंने कहा कि एक ट्रांसफार्मर के जलने से यह आग लगी थी । एक सूचना के अनुसार लाखों रुपए की क्षति होने का अनुमान है ।

अनेक दमकल गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई थीं । पंजाब और हिमाचल प्रदेश सरकार ने आग बुझाने के लिए अन्य राज्यों से भी सहायता मांगी

केबल गैलरी में प्रवेश करना संभव नहीं था क्योंकि यह धुएं से भरी हुई थी, परन्तु आग पर काबू पा लिया गया है ।

दसूहा से 'झाबर' के अनुसार पौंग डैम में लगी आग से पावर हाउस का कंट्रोल रूम तथा कैबल गैलरी स्विच यार्ड क्षतिग्रस्त है व कंकरीट तक टूट गई है । इससे करोड़ों रुपए की क्षति अनुमानित है ।

ट्रांसफार्मर स्विच, जिसकी कीमत लाखों रुपए है, के बारे पता चला है कि पिछले दिनों ही खरीदे गए थे । आग के कारण एक एक्सीयन श्री शर्मा व आधी दर्जन अन्य कर्मचारी कार्बन मोनोआक्साइड गैस उत्पन्न होने से बेहोश हो गए । उनको तुरन्त अस्पताल ले जाना पड़ा ।

आतंकवादियों ने आधा मीटर दिल्ली-अटारी एक्सप्रैस ब

अमृतसर, 27 जनवरी (ह.स.): पाकिस्तान जाने वाले यात्रियों को ले जा रही दिल्ली-अटारी एक्सप्रैस गाड़ी एक भीषण दुर्घटना से बाल-बाल बच गई, जबकि भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान (बी.टी.एफ.के.) के आतंकवादियों ने कल प्रातः यहां से 13 किलो मीटर दूर अमृतसर-अटारी रेल पटरी के एक हिस्से को विस्फोट द्वारा उड़ा दिया । क्षतिग्रस्त रेल पटरी को एक गैंगमैन ने प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर देखा जबकि एक गाड़ी वहां से गुज़र गई थी । लगभग आधा मीटर पटरी टुकड़े-टुकड़े हो गई थी और गाड़ी चमत्कारपूर्ण ढंग से पटरी से उतरने से बच गई ।

गत दस दिनों में रेल पटरी को विस्फोट से उड़ा कर बड़ी रेल दुर्घटना करने की आतंकवादियों की यह जिला अमृतसर में दूसरी तथा पंजाब में तीसरी घटना है । अमृतसर-पठानकोट मार्ग पर कत्थूनंगल के निकट रेल पटरी को उड़ाने की पहली घटना की तरह कल के धमाके में भी आतंकवादियों ने विस्फोटक छड़ें प्रयुक्त कीं । छड़ों में विस्फोट फ्यूज़ वायर की सहायता से किया गया ।

बी.टी.एफ.के. द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए एक कागज़ के पुर्ज़े में इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली गई है । इस पर गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता के हस्ताक्षर हैं । आतंकवादी संगठन ने भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयों की चेतावनी भगाना कल की भी जिम्म हत्याओं का को उड़ाने की हुई थी ।

रेलवे अ पहुंच गए तथ पकड़ने के अधिकारियों हानि नहीं प स्टेशन के अ थी, पटरी से गई । बाद सामान्य यात

नज़दीक किलो मीटर उन्होंने ज़ब आवाज़ें सुनी में तैनात ग्राम दर्जन के करी

श्रीनगर के उपद्रवियों द्वारा जैनाकदल पुल को उड़ाने का प्रयास : पुलिस द्वारा हवाई फायरिंग : अश्रु गैस : 25

सुप्रिय की स

नई दिल्ली ने हरियाणा पौत्रवधू सुप्रि में कराने संब

Punjabi Gaurdian

टांडा उड़मुड़ में उग्रवादियों के हाथों मारे गये (1) नवीन कुमार शालू (इनसैट में उसका पुराना चित्र), (2) कपिल देव तथा (3) घायल हुआ रूपलाल । (छाया : झांवर)

फांसी दे दी

(पृष्ठ 3 का शेष)

दूकान में ग्राहकों का भारी रश था ।

मल्लूवाल में हत्या : पुलिस ने बताया कि कल देर रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव तलवंडी मल्लूवाल में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

राकेटों से हमला : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने गांव मानोचाहल के सरपंच बीरा सिंह के घर पर चार राकेट फैंके तथा गोलियां बरसाईं । गोलियों की आवाज़ सुनकर सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे, परन्तु आतंकवादी तब तक फरार हो चुके थे । इसी क्षेत्र में आतंकवादियों ने गांव नरदी में विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फ़ायरिंग की । जवाबी फ़ायरिंग होने पर वे एक मोटर साइकल छोड़कर फ़रार हो गए ।

अपहरण के बाद हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के थाना सरहाली के गांव लोहल में दस आतंकवादियों के एक गिरोह ने तीन व्यक्तियों गरमीत सिंह, गुरमेल सिंह तथा तरसेम सिंह का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया । संदेह है कि अपहर्त्ता हरभजन सिंह सुरसिंहवाला के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स गिरोह से सम्बन्धित थे । यह गिरोह फिरौती लेने के लिए लोगों का अपहरण करता रहा है । बाद में तरसेम की लाश मिली तथा गुरमेल सिंह सख्त ज़ख्मी हालत में मिला, जबकि गुरमीत सिंह का कुछ पता नहीं चला ।

खालिस्तानी झंडे : तरनतारन से पन्न के अनुसार कुछ गांवों भट्ठलपुल, भाइके, वड्डिग, बोहड़पुर, दयालपुर कोठी तथा काहलवां में गणतंत्र दिवस पर खालिस्तानी झंडे लगे देखे गए । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. के जवानों ने यह झंडे उतार दिए ।

उग्रवादी मारा गया : रात्रि देर से मिली एक सूचना के अनुसार जिला अमृतसर के थाना घरिंडा के सीमांत गांव बुर्ज के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया । मृतक उग्रवादी का एक साथी मृतक के शस्त्र लेकर भाग निकला ।

तीन आतंकवादी मरे : लुधियाना (नेपाल): लुधियाना के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि गत रात पुलिस तथा सी.आर.पी. की संयुक्त पार्टी ने रात 11.55 बजे सतलुज नदी के किनारे पर गांव खेरा बेट के निकट नाका लगा रखा था कि सामने से एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया, जिस पर चार व्यक्ति सवार थे । पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो ट्रैक्टर सवार छलांगें मार कर नीचे उतर गए तथा पोज़ीशनें लेकर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस पार्टी ने जवाबी फ़ायरिंग की जो कि लगभग 15 मिनट जारी रही । फ़ायरिंग बंद होने के बाद जब क्षेत्र की तलाशी ली गई तो तीनों आतंकवादी मृत पाए गए । चौथा आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला । मठभेड़ स्थल पर एक ट्रैक्टर, एक राकेट लांचर, 6 राकेट, 6 डैटोनेटर, एक लाइट मशीनगन, दो चीनी असाल्ट राइफलें, लगभग 400 कारतूस व 40 खाली कारतूस बरामद हुए । जिला लुधियाना में राकेट लांचर तथा राकेट पहली बार बरामद हुए हैं । पुलिस थाना सदर लुधियाना में केस दर्ज कर लिया गया ।

मक्खू के निकट सरहाली गांव में आतंकवादियों ने फांसी पर लटका कर जिन दो व्यक्तियों की हत्या कर दी उनके शव (ऊपर) बलदेव राज (22 वर्ष) तथा (नीचे) कृष्ण कुमार कक्कड़ (32 वर्ष) ।

चुंगी लूट ली : बीरवार की प्रातः साढ़े तीन बजे तीन आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर चंडीगढ़ रोड पर स्थित नगर निगम की महसूल चुंगी से 24,690 रुपए 18 पैसे लूटकर ले गए । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चुंगी कर्मचारियों को जान से मार डालने की धमकी दी । जबकि चुंगी का दरवाज़ा बंद था, चुंगी कर्मचारियों ने खिड़की में से ही कैश बाक्स खाली करके सारी रकम उन्हें दे दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों के जाने के बाद चुंगी कर्मचारियों ने दफ़्तर कमरे में सो रहे पुलिस कर्मचारियों को उठाया जिस पर पुलिस ने फ़ायर किए लेकिन तब तक आतंकवादी वहां से जा चुके थे ।

लुधियाना में हिन्दू सभा मन्दिर के प्रधान पंडित नाथ की हत्या किए जाने की भी सूचना है ।

लुधियाना के भकड़ी कलां गांव में एक व्यक्ति प्रीतम सिंह से 6,000 रुपए नकद, लाइसैंसी बंदूक व 20 कारतूस छीन लिए गए ।

डाकघर लूट लिया : लुधियाना (भाखड़ी): यहां प्रताप नगर पोस्ट आफिस से दो पिस्तौलधारी उग्रवादियों ने सब-पोस्ट मास्टर गुरचरण सिंह से पिस्तौल की नोक पर 34346 रुपए छीन लिए और फ़रार हो गए । पोस्ट आफ़िस के वरिष्ठ अधीक्षक श्री तेजपाल ने बताया कि दोपहर दो बजे दो उग्रवादी, जिन्होंने कम्बल ओढ़ रखे थे, डाकघर के अन्दर घुस आए और सारा कैश देने को कहा, और साथ ही धमकी दी कि अगर कैश न दिया तो गोली मार देंगे । इस पर श्री गुरचरण सिंह ने कैश उनके हवाले कर दिया । वह सारा कैश लेकर दरवाजे के बाहर आ गए । दरवाज़ा बाहर से बंद कर दिया और पैसे लेकर स्कूटर पर फ़रार हो गए । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए मगर अभी कोई पता नहीं चला ।

आतंकवादी मारा गया : जालन्धर (ह.स.): गत रात जिला जालन्धर में थाना करतारपुर के गांव धीरपर के निकट आतंकवादी गिरोह की आंतरिक लड़ाई में एक आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा मारा गया । पुलिस ने बताया कि छिंदा खूंखार आतंकवादी गुरदेव सिंह उर्फ़ देबू के गिरोह का सदस्य था । देबू 1987 में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था ।

सूत्रों के अनुसार गिरोह द्वारा लूटी गई एक बड़ी धन-राशि छिंदा के पास थी, जिसने देबू के मठभेड़ में मारे जाने के बाद एक मिनी बस खरीदी थी । चार आतंकवादियों ने मिनी बस किराया पर ली । छिंदा, जो कि अपने भाई को साथ लेकर गया था, की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसका भाई खेतों में भाग गया । बाद में आतंकवादियों ने छिंदा के शव पर पैट्रोल छिड़क कर बस में डाल कर आग लगा दी । पुलिस ने बस और शव को कल प्रातः अधजली हालत में बरामद किया ।

औरत की हत्या : थाना सदर जालन्धर के गांव कोट कलां में एक औरत श्रीमती धांती की हत्या कर दी गई । उसका पति विदेश में है । इस औरत की कोई सन्तान नहीं थी तथा वह अपने घर में अकेली रहती थी ।

जिम्मेदारी ली : जालन्धर से 'हुल्ल' के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन आर्मेनाइजेशन के राजनीतिक सचिव तख्त सिंह तख्ता तथा खालिस्तान आर्म्ड फ़ोर्स के जनरल मान सिंह मान उर्फ भाई केवल जीत सिंह (बाहेगरु) ने आज यहां जारी एक संयुक्त वक्तव्य में कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह की बम धमाका से हत्या करने की जिम्मेदारी ली है । वक्तव्य में इस बात कर खेद व्यक्त किया गया कि इस धमाका में एक होमगार्ड घायल हो गया तथा अड़ोस-पड़ोस के भवनों को भी क्षति पहुंची । उन्होंने इन भवनों के दुकानदारों को मुआवजा देने की भी घोषणा की है ।

आतंकवादियों ने कहा कि उन्होंने जानबूझ कर टाइम बम रखने का निर्णय किया था ताकि पुलिस अधिकारी की पत्नी व बच्चे सुरक्षित रहें । उनके परिवार के सदस्य उसी दिन अमृतसर चले गए थे अतः वे बच गए ।

बब्बर खालसा का उग्रवादी गिरफ्तार : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस ने कादियां में 25 जनवरी को हुए बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार बब्बर खालसा के एक उग्रवादी दलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । इस विस्फोट में एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह की मृत्यु हो गई थी तथा एक होमगार्ड घायल हो गया था । उससे एक 455 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ । बटाला पुलिस जिला प्रमुख ने विस्फोट में शामिल अन्य आतंकवादियों का भी पता लगा लेने का दावा किया है ।

40 हजार रुपए दिए गए थे : पूछताछ के दौरान दलजीत सिंह, जोकि किरयाना की दकान करता है, ने रहस्योद्घाटन किया कि उसने मकान के ऊपरी हिस्से में बम रखा था । उसने बताया कि आतंकवादियों ने उसे बम रखने के लिए 40 हजार रुपए दिए थे । उसने इस धमाके में संलिप्त अन्य आतंकवादियों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई हैं । उसकी दकान उस कमरे के नीचे स्थित है जहां गुरसेवक सिंह सोया हुआ था । पुलिस के अनुसार दलजीत सिंह ने स्वीकार किया कि वह कुछ समय पहले आतंकवादियों की पंक्ति में शामिल हुआ था तथा धन के लिए उसने यह काम करना मान लिया था । वह कंडेला गांव का रहने वाला है । उससे दो गन काटन स्लैब, दो डैटोनेटर व कुछ फ्यूज भी बरामद किए गए ।

सरपंच गिरफ्तार : पुलिस ने बटाला थाना सदर के गांव मनन के सरपंच गरमीत सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

जिला गुरदासपुर के गांव बजवाबाली जट्टां में पिछले दिनों आतंकवादियों ने 4 भाइयों को पेड़ से लटका कर फांसी दे दी, का राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने दौरा किया और मृतकों के परिवारों से शोक प्रकट किया तथा उन्हें हर प्रकार की सहायता देने का अधिकारियों को आदेश दिया । उनके साथ अन्य कई अधिकारी भी थे । (नीचे) श्रीमती माया रे ने भी मृतकों के परिवारों की महिला सदस्याओं से सहानुभूति प्रकट की । (छाया : रवि भंडारी)

जिला संगरूर में एक स्त्री बलबीर कौर की हत्या किए जाने की सूचना मिली है ।

रोपड़ जिले के थाना आनन्दपुर साहब के अन्तर्गत जंदावरी में एक व्यक्ति रामसिंह की हत्या कर दी गई ।

6 का अपहरण : आतंकवादियों ने 25 और 26 जनवरी की मध्य रात्रि को 6 व्यक्तियों का विभिन्न स्थानों से अपहरण कर लिया । एक व्यक्ति बेअंत सिंह व उसके लड़के काला का खानपुर गांव से, पंजाब बिजली बोर्ड के एक सहायक लाइनमैन मोहन सिंह का खरड़ से जबकि तीन लोगों का मनकदमपुर तथा रामगढ़ से अपहरण कर लिया गया ।

3 उग्रवादी बंदी : होशियारपुर पुलिस ने तीन कट्टर उग्रवादियों गुरमुख्तार सिंह उर्फ़ राणा, बलजीत सिंह उर्फ़ बल्ली तथा नरेंद्र सिंह उर्फ़ लाली को गिरफ्तार करके एक बजाज चेतक स्कूटर, एक विदेशी पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

मृत समझ कर छोड़ गए : नकोदर (गगन): पता चला है कि गत दिनों नकोदर-जालन्धर सड़क पर स्थित गांव नानकसर के समीप जीप सवार 10 अज्ञात व्यक्तियों ने रमेश कुमार नामक व्यक्ति का शाम 6.30 बजे अपहरण कर लिया था जबकि वह अपने स्कूटर पी.जे.क्यू. 5338 पर सवार होकर किसी काम से जालन्धर जा रहा था । रमेश ने बताया कि जब वह उक्त गांव के करीब से गुजर रहा था तो लगभग 10 वर्ष के एक बच्चे ने उसे हाथ दिया और कहा कि वह लाम्बड़ा तक जाना चाहता है । जैसे ही उसने स्कूटर रोका, 8-10 व्यक्तियों ने उसे उठा कर पास ही खेतों में खड़ी जीप में डाल दिया तथा जालन्धर की ओर ले चले । उसकी जेब से एक हजार रुपए निकाल लिए गए तथा उसे बहुत मारपीट की गई क्योंकि अपहरणकर्त्ता उससे भारी रकम की मांग कर रहे थे । ज्यादा मारपीट से वह बेहोश हो गया तथा अभियुक्त उसे मृत समझ कर होशियारपुर जिला के किसी गांव में छोड़ गए । अगली सुबह होश आने पर वह गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद घर पहुंचा तथा लाम्बड़ा पुलिस चौकी में रिपोर्ट लिखवाई । अपहरणकर्त्ता उसका स्कूटर भी ले गए । रमेश कुमार दांतों का डाक्टर है और उसकी शाहकोट में दूकान है ।

पंजाब में सुरक्षा बलों पर 110 करोड़ वार्षिक खर्च : प्रदेश में प्रशासन को जनता के पास ले जाने की योजना : ओझा

लुधियाना, 27 जनवरी (ह.स., महेन्द्रा): पंजाब के मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा के अनुसार राज्य सरकार प्रदेश में आतंकवाद के उन्मूलन के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बलों पर प्रति वर्ष 110 करोड़ रुपए खर्च कर रही है ।

उन्होंने कल यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति में कोई और अधिक खराबी नहीं आई है । यह पहले की ही तरह चल रही है । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों ने अब लोगों की हत्याओं के लिए एक नया तरीका शुरू कर दिया है ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है । राजनीतिक दल भी इस दिशा में काफी कुछ कर सकते हैं । उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया कि उन्हें इस दिशा में लोगों का नेतृत्व करना चाहिए ।

श्री ओझा ने कहा कि पंजाब में साम्प्रदायिक वातावरण ठीक है ।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों के चुनाव जरूर करवाए जाएंगे । उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को शांतिपूर्वक कराने के लिए केन्द्र सरकार से अतिरिक्त सुरक्षा बल मांगे जाएंगे । श्री ओझा ने कहा कि पंचायतों के चुनावों के बाद नगर पालिकाओं तथा नगर निगमों के चुनाव भी करवाए जाएंगे ।

श्री ओझा ने बताया कि प्रदेश में दो फरवरी से लागू की जाने वाली कार्रवाई योजना का उद्देश्य भ्रष्टाचार उन्मूलन तथा लोगों की शिकायतों को एस.एल. कपूर की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति बनाई गई है । यह समिति सभी विभागों के प्रमुखों को बुलाकर उनकी कारगुजारी की जांच करेगी । उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा व उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा । इस सम्बन्ध में जिलाधीशों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को तात्कालिक कार्रवाई के अधिकार प्रदान किए गए हैं ।

वार्षिक योजना : श्री ओझा ने बताया कि प्रदेश की वर्ष 1989-90 की योजना पर अगले माह योजना आयोग के साथ विचार-विमर्श होगा ।

गुमशुदा की तलाश

स्वदेश, उम्र 12 साल, 5.1.89 से अजीत नगर, अम्बाला कैंट से गुम है । जिस किसी को इसके बारे में पता हो, कृपया नीचे लिखे पते पर सूचना दे । उसको उचित ईनाम दिया जाएगा ।

पता : **Sonu, 17/12, Bhargo Camp, Jalandhar. और 78, माडल टाऊन, अम्बाला शहर ।**

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

कुकरी/हॉबीज

Vegetarian Cooking-Dishes, Baking Chinese, Preservation, Bengali Sweets, Pudding, Chocolate, Doll making, Nib Painting, Foil Painting, Fabric Painting, Flower making. 219, Adarsh Nagar, Jalandhar City.

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल, मैट्रिक पास सीधे बी.ए. या डाइग डिप्लोमा करके टीचर बनें । पत्राचार द्वारा बी.एड., दो वर्षीय आयुर्वेदिक कोर्स करके डाक्टर बनें । शांति निकेतन महाविद्यालय, रहना जम्बतास

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 27.1.89 78/- without trays. NECC Suggested Retail price 10.20 per Dozen.

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City.

टेलरिंग

Safari suits, suits, stylish baggy,

हिमाचल स्टेट लाटरी के 21वें बम्पर ड्रा क

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 29, जनवरी 1989 तदनुसार 17 माघ 2045

DASHMESH MOTORS Ph: 64499
OPP. CANAL OFFICE NEAR RAILWAY STATION G.T. ROAD, AMRITSAR.

चतुर्थ में कम से कम गजराज के मुख्यमंत्री श्री अमर सिंह चौधरी चिंतित नहीं हैं । श्री चौधरी का कहना है, मैं उनकी सूची में नहीं हूं । एक बार मेरा नाम लिया गया था, लेकिन बाद में इसे सूची से हटा दिया गया था ।

जिस दिन मैं श्री चौधरी से मिला, उस दिन युथ कांग्रेस (इ) ने कांग्रेस (इ) उच्च कमान द्वारा तैनात की गई टीम की मौजूदगी में श्री चौधरी के विरुद्ध प्रदर्शन किया था । प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्रीमती

के.सी.एफ़. का स्वयंभू एरिया कमांडर व 3 अन्य आतंकवादी मारे गए

फिरोज़पुर में एक राइस मिल मालिक का अपहरण कर लिया गया

एक स्कूल के हैड मास्टर सहित 3 की हत्या

चंडीगढ़, 28 जनवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर समेत 4 आतंकवादी मारे गए । मृत आतंकवादियों में से एक कादियां के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह की हत्या के लिए ज़िम्मेदार था । अन्यत्र 3 व्यक्तियों की हत्या की गई । एक पैट्रोल पम्प लूट लिया गया । फिरोज़पुर में एक राइस मिल मालिक का अपहरण कर लिया गया ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव रामपुरा के पास गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग निकले । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मृतक की शिनाख्त थाना श्री हर-गोबिन्दपुर के गांव धर्मकोट निवासी मंगल सिंह उर्फ़ मंगी के रूप में हुई है । उसके पास से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो भरे मैगज़ीन, 25 जीवित व 37 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

सूत्रों के अनुसार मृतक की जेब से एक पत्र बरामद हुआ है, जोकि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के लैफ़्टि. जन. कंवल जीत सिंह 'वाहेगुरु' के नाम लिखा गया है । पत्र में लिखा गया है कि "आपने कादियां थाना के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह को मारने का जो काम सौंपा था, वह मैंने पूरा कर दिया है ।" मृतक का सम्बन्ध बब्बर खालसा से था । इसका नाम कल गिरफ्तार किए गए एक आतंकवादी दलजीत सिंह ने भी बताया था कि बम विस्फोट की घटना में यह शामिल था । उल्लेखनीय है कि गत 24-25 जनवरी की रात को आतंकवादियों ने कादियां पुलिस थाना के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह के घर बम विस्फोट करके उनकी हत्या कर दी थी ।

रिवाल्वर छीनी : कलानौर थाना के गांव अल्लोवाल में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने शिव सिंह नामक व्यक्ति के घर घुस कर उसकी 32 बोर की रिवाल्वर, 12 बोर की दोनाली तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

अपहृत व्यक्ति का शव मिला : थाना सदर बटाला के गांव अम्मोनंगल में नहर के किनारे से पुलिस ने भूमि में दबा एक शव बरामद किया है । शव के हाथ पीछे-पीछे बंधे हुए थे तथा इसकी हत्या गले में फंदा डाल कर की गई थी । इसकी शिनाख्त गांव मन्नन के आया सिंह (52) के रूप में हुई है । यह गांव चौधरीवाल के सरकारी हाई स्कूल का मुख्याध्यापक था तथा गत वर्ष 31 दिसम्बर की रात को सशस्त्र व्यक्तियों ने इसका अपहरण कर लिया था ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : पटियाला (भूषण) : कट्टर आतंकवादी गरचरण सिंह उर्फ़ चन्नी उर्फ़ बिट्टू गांव उच्ची मंगली थाना साहनेवाल जिला लुधियाना, जोकि पटियाला व लुधियाना जिलों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था, कल आधी रात के समय इस जिला में थाना सरहिंद के गांव शानीपुर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसका साथी भाग जाने में सफल हो गया । दोनों आतंकवादी स्कूटर पर जा रहे थे । मुठभेड़ लगभग आध घंटा जारी रही ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि गुरचरण सिंह लुधियाना के कामरेड हरबंस सिंह, हैड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह, सरपंच जोरा सिंह, सरपंच अमर नाथ निरंकारी, पुलिस सब-इन्सपैक्टर शेर सिंह के भतीजे तथा दीवाली के बाद गुरुद्वारा दुख निवारण साहब के पास दो व्यक्तियों की हत्या के लिए ज़िम्मेदार था । इसके अलावा उसने लुधियाना ज़िले में एक पुलिस चौकी पर बम फैंका था तथा लूट आदि की कई वारदातें की थीं जिनमें पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 76 हज़ार रुपए लूटना भी शामिल है । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी राइफल, दो मैगज़ीन, 20 खाली कारतूस तथा 35 अनचले कारतूस बरामद किए ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : गत सायं पटियाला से 40 किलोमीटर दूर मंडी गोबिंदगढ़ में जनता फ्लिंग स्टेशन से 25 हज़ार रुपए लूट लिए गए । लुटेरे स्कूटर पर आए थे, जिसका नम्बर सी.एच.टी. 1368 था ।

नौशहरा ढल्ला में मुठभेड़ : अमृतसर (ह.स.): गत रात अमृतसर जिला के थाना घरिंडा के गांव नौशहरा ढल्ला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । दो साइकल सवार आतंकवादियों ने उन्हें रुकने का संकेत किए जाने पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । जवाबी फ़ायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा बचकर भाग निकलने में सफल हो गया ।

एक और मारा गया : सुरक्षा बलों ने खेमकरण सैक्टर में सीमा चौकी राजा ताल के निकट पाकिस्तान से भारत में घुसने वाले दो आतंकवादियों में से एक को मार गिराया । दूसरा आतंकवादी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग निकला ।

लोगों ने उग्रवादी को पकड़ा : तरनतारन में एक सशस्त्र उग्रवादी थाना हरिके के गांव किरतोवाल में हरदेव सिंह के फ़ार्म हाऊस में गया तथा 50,000 रुपए मांगे । उसके इन्कार करने पर वह उसकी पत्नी की सोने की बालियां छीन कर ले गया । इसके बाद वह कश्मीरा सिंह के घर गया तथा 50,000 रुपए मांगे, लेकिन घर के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया । उससे एक .12 बोर की सिंगल बैरल बदूक बरामद की गई ।

अमृतसर जिला में पुलिस ने एक आतंकवादी करतार सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 9 एम.एम. का पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

धूरी (सिंगला): दो अज्ञात साइकल सवार लुटेरे थाना लौंगोवाल के गांव भैनी महाराज के शराब के ठेके से एक पेटी शराब तथा 700 रुपए नकद लूटकर फ़रार हो गए ।

फिरोज़पुर (बागी): पुलिस अधिकारियों ने जो अपना नाम ज़ाहिर नहीं करना चाहते, थाना मक्खू के गांव सरहाली का दौरा करने के बाद बताया कि दो युवकों कृष्ण लाल तथा फोटोग्राफर बलदेव राज को फांसी पर लटकाने वाले 7 सशस्त्र आतंकवादियों का नेतृत्व के.सी.एफ़. का कमांडर निशान सिंह कर रहा था । उन्होंने बताया कि आतंकवादी दोनों युवकों का अपहरण करने के बाद उन्हें सरहाली के निकट किसान डोगर सिंह के घर ले गए जहां एक कमरे में बिजली जल रही थी और उनका कुत्ता बरामदे में चक्कर लगाता हुआ भौंक रहा था । आतंकवादियों ने डोगर सिंह को बाहर बुलाया तथा उससे पूछा कि उनके निर्देशों का पालन करते हुए उसने बिजली क्यों नहीं बुझाई तथा कुत्ते को क्यों नहीं बांधा? उसे बुरी तरह मारपीट की गई तथा आतंकवादी उसके युवा लड़के हरदीप सिंह को गोली मारने ही वाले थे कि उसकी मां अपने बेटे के ऊपर लेट गई । इस तरह उसने अपने लड़के को मौत के मुंह से बचा लिया । आतंकवादियों ने डोगर सिंह को बुरी तरह मारपीट करके सख्त घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों के कहने पर डोगर सिंह ने कुत्ते को बांध दिया तो आतंकवादियों ने कुत्ते को निर्ममतापूर्वक पीटा और उसकी आंखें निकाल लीं ।

अपहरण : गत रात आतंकवादियों ने फिरोज़पुर शहर में ज़ीरा गेट के बाहर बाघामल अनन्तराम राइस शैलर के मालिक 38 वर्षीय राजकुमार सचदेव का अपहरण कर लिया । फिरोज़पुर के शहरी चार सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा राइस शैलर मालिक के इस प्रकार अपहरण से स्तब्ध रह गए हैं । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सशस्त्र आतंकवादियों ने मिल मालिक को बाहर बुलाया तथा मिल का बाहरी गेट खुलते ही उन्होंने राजकुमार को घसीट कर अपने वाहन में डाल लिया तथा उसे अज्ञात स्थान को ले गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजकुमार को

(शेष पृष्ठ 12 पर)





हरियाणा पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए कि सिंह, (2) गुरुदेव सिंह, (3) प्रीतम सिंह और (4) सुरिन्द

चैक पिस्तौल कांड की में : शिंगल गवाही

नई दिल्ली, 28 जनवरी (जी.एस. चावला): जनता दल के नेता व भूतपूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अरुण नेहरू और गृह मंत्रालय के भूतपूर्व अतिरिक्त सचिव श्री बी.पी. शिंगल के विरुद्ध चैक पिस्तौल सौदे की सी.बी.आई. द्वारा जांच नाज़ुक दौर में पहुंच गई है तथा जांच एजैंसी ने श्री शिंगल को उनका बयान रिकार्ड करने के लिए बुलाया है । श्री अरुण नेहरू और श्री शिंगल के विरुद्ध केस गत वर्ष दस मार्च को स्पैशल जज दिल्ली की अदालत में दायर किया गया था । एफ.आई.आर. में केस दर्ज करने के सात कारण दिए गए हैं । आरोप है कि गृह मंत्रालय ने 9 एम.एम. के 55,000 चैक पिस्तौल खरीदने का आर्डर दिया था । श्री अरुण नेहरू ने गृह राज्यमंत्री के तौर पर इस आर्डर की स्वीकृति दी थी । श्री शिंगल ने गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के तौर पर सौदे की फ़ाइल की पड़ताल की थी । इन पिस्तौलों की केन्द्रीय पुलिस संगठनों के लिए ज़रूरत थी । यह भी आरोप लगाया गया है कि अनुमानित

ऊधमपुर में पुलिस व युवकों में संघर्ष के बाद सेना बुला ली गई, शहर में कर्फ्यू लागू

जम्मू, 28 जनवरी (सच्चर): पुलिस व युवकों के बीच आज हुए संघर्ष, जिसमें लगभग 12 लोग घायल हो गए हैं, के बाद ऊधमपुर कस्बे में दोपहर से पुन: कर्फ़्यू लगा दिया गया है । पथराव कर रहे युवकों तथा पुलिस में संघर्ष लगातार चलते रहने के दृष्टिगत नगर में सेना बुला ली गई है ।

ऊधमपुर से 'रमेश गुप्ता' के अनुसार संकट उस समय शुरू हुआ, जब शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं ने ऐसे तीन ट्रकों को देखा, जो पशुओं को कश्मीर ले जा रहे थे । इन पशुओं में कई गऊएं भी थीं । जानवरों से लदा एक ट्रक तो युवकों को देखते ही भाग निकला जबकि युवकों ने दो ट्रक ऊधमपुर ट्रैफ़िक कंट्रोल पोस्ट के पास घेर लिए । इस घटना के बाद नगर में तनाव उत्पन्न हो गया ।

पुलिस ने इन ट्रकों को अपने कब्ज़े में ले लिया, परन्तु युवकों ने पशुओं को उतारने के बाद बस स्टैंड के निकट एक ट्रक को आग लगाने का प्रयास किया । पुलिस ने हस्तक्षेप करके इस ट्रक को पुलिस स्टेशन ले जाना चाहा तो भीड़ उग्र हो उठी और उसने पथराव शुरू कर दिया जिसके परिणामस्वरूप पुलिस ने लाठीचार्ज किया और अश्रुगैस का प्रयोग किया । इस संघर्ष में युवा शिव सेना ऊधमपुर के अध्यक्ष श्री भारत भूषण समेत कई व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस व युवकों के बीच लगातार दो घंटे तक संघर्ष छिड़े रहने के बाद नगर में सेना बुला ली गई और कर्फ़्यू लगा दिया गया ।

प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष श्री शिवचरण गुप्ता ने ऊधमपुर नगर में आज हुई घटना की स्वतंत्र जांच कराने तथा जो लोग वध के लिए अवैध रूप से

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पुंछ में जिलाधीश कार्यालय के निकट बम फटा

पुंछ, 28 जनवरी (ह.स.): पुलिस ने आज कहा है कि गत रात्रि सीमांत नगर पुंछ में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिससे लोगों में भारी आतंक पैदा हो गया । विस्फोट से कई घरों में दरारें पड़ गई हैं । विस्फोट जिलाधीश के कार्यालय के निकट हुआ, लेकिन कोई घायल न हुआ । अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और गश्त तेज कर दी गई है ।

शिरोमणि अकाली दल का प्रधा आतंकवादियों के खिलाफ स्ट

चंडीगढ़, 28 जनवरी (एन.एस. परवाना): ज्ञात हुआ है कि अकाली दल (लौं.) के वरिष्ठ नेता बलवन्त सिंह ने पंथक एकता के लिए पेशकश की है कि यदि भागलपुर जेल में नज़रबंद सिमरनजीत सिंह मान शिरोमणि अकाली दल का यह नीति कार्यक्रम स्वीकार कर लें कि वह खालिस्तान और अलगाववादियों के खिलाफ़ स्टैंड लेंगे, भारतीय संविधान के दायरे में रह कर सिख संघर्ष जारी रखेंगे तथा 1978 की लुधियाना अकाली कांफ्रैंस, जिसकी अध्यक्षता श्री तलवंडी ने की थी, में पास आनन्दपुर साहब प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, जो कि प्रकाश सिंह बादल ने पेश किया था व जिसका टोहरा ने अनुमोदन किया था, तो उन्हें (श्री मान को) पार्टी का प्रधान और श्री तलवंडी को कार्यवाहक प्रधान बनाने के मामले पर विचार किया जा सकता है ।

सूत्रों ने बताया है कि यह बात श्री बलवन्त सिंह ने एकीकृत दल के उन नेताओं से कही है, जो 'पंथक एकता' होने की दशा में श्री मान को शिरोमणि अकाली दल का प्रधान बनाने के इच्छुक हैं । यह बात यहां उल्लेखनीय है कि अकाली दल (लौं.) के कार्यवाहक प्रधान श्री तोता सिंह श्री मान के परिवार को मिल कर यह 'पेशकश' कर चुके हैं कि श्री मान को शिरोमणि अकाली दल का प्रधान बनाया जा सकता है ।

छोटी सी बात

रंगा

मैं नारीवाद की समर्थक नहीं हूं ।

—बेनज़ीर भुट्टो

माफिया किंग गत सात माह से बीमारी का बहाना बना क

धनबाद, 28 जनवरी (टै.) : धनबाद जिला प्रशासन ने कथित माफिया किंग सूर्यदेव सिंह की बीमारी का पर्दाफाश कर दिया है । सूर्यदेव सिंह ने अपने खिलाफ चल रहे 25 आपराधिक मामलों में न्यायिक हिरासत में रख कर एक तरह का रिकार्ड कायम कर दिया था । यह गिरफ्तारी आर.सी.एम. कार्यालय में हुए गोलीकांड के सिलसिले में की गई थी । धनबाद के माफिया के इतिहास में पहली बार

रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के डायरैक्टर-इन-चीफ ने बिहार सरकार को एक गुप्त रिपोर्ट भेजी है कि सूर्यदेव अपनी पुरानी बीमारी के मामलों में पेश होने के लिए "मानसिक

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 29, जनवरी 1989 तदनुसार 17 माघ 2045

DASHMESH MOTERS Ph: 64499
OPP. CANAL OFFICE NEAR RAILWAY STATION G.T. ROAD, AMRITSAR.

जिस दिन मैं श्री चौधरी से मिला, उस दिन युथ कांग्रेस (इ) ने कांग्रेस (इ) उच्च कमान द्वारा तैनात की गई टीम की मौजूदगी में श्री चौधरी के विरुद्ध प्रदर्शन किया था । प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्रीमती

के.सी.एफ़. का स्वयंभू एरिया कमांडर व 3 अन्य आतंकवादी मारे गए

फिरोज़पुर में एक राइस मिल मालिक का अपहरण कर लिया गया

एक स्कूल के हैड मास्टर सहित 3 की हत्या

चंडीगढ़, 28 जनवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर समेत 4 आतंकवादी मारे गए । मृत आतंकवादियों में से एक कादियां के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह की हत्या के लिए ज़िम्मेदार था । अन्यत्र 3 व्यक्तियों की हत्या की गई । एक पैट्रोल पम्प लूट लिया गया । फिरोज़पुर में एक राइस मिल मालिक का अपहरण कर लिया गया ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव रामपुरा के पास गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग निकले । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मृतक की शिनाख्त थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव धर्मकोट निवासी मंगल सिंह उर्फ़ मंगी के रूप में हुई है । उसके पास से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो भरे मैगज़ीन, 25 जीवित व 37 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

सूत्रों के अनुसार मृतक की जेब से एक पत्र बरामद हुआ है, जोकि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के लैफ़्टि. जन. कंवल जीत सिंह 'वाहेगुरु' के नाम लिखा गया है । पत्र में लिखा गया है कि "आपने कादियां थाना के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह को मारने का जो काम सौंपा था, वह मैंने पूरा कर दिया है ।" मृतक का सम्बन्ध बब्बर खालसा से था । इसका नाम कल गिरफ्तार किए गए एक आतंकवादी दलजीत सिंह ने भी बताया था कि बम विस्फोट की घटना में यह शामिल था । उल्लेखनीय है कि गत 24-25 जनवरी की रात को आतंकवादियों ने कादियां पुलिस थाना के एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह के घर बम विस्फोट करके उनकी हत्या कर दी थी ।

रिवाल्वर छीनी : कलानौर थाना के गांव अल्लोवाल में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने शिव सिंह नामक व्यक्ति के घर घुस कर उसकी 32 बोर की रिवाल्वर, 12 बोर की दोनाली तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

अपहृत व्यक्ति का शव मिला : थाना सदर बटाला के गांव अम्मोनंगल में नहर के किनारे से पुलिस ने भूमि में दबा एक शव बरामद किया है । शव के हाथ पीछे-पीछे बंधे हुए थे तथा इसकी हत्या गले में फंदा डाल कर की गई थी । इसकी शिनाख्त गांव मन्नन के आया सिंह (52) के रूप में हुई है । यह गांव चौधरीबाल के सरकारी हाई स्कूल का मुख्याध्यापक था तथा गत वर्ष 31 दिसम्बर की रात को सशस्त्र व्यक्तियों ने इसका अपहरण कर लिया था ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : पटियाला (भूषण) : कट्टर आतंकवादी गुरचरण सिंह उर्फ़ चन्नी उर्फ़ बिट्टू गांव उच्ची मंगली थाना साहनेवाल जिला लुधियाना, जोकि पटियाला व लुधियाना जिलों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था, कल आधी रात के समय इस जिला में थाना सरहिंद के गांव शानीपुर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसका साथी भाग जाने में सफल हो गया । दोनों आतंकवादी स्कूटर पर जा रहे थे । मुठभेड़ लगभग आध घंटा जारी रही ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि गुरचरण सिंह लुधियाना के कामरेड हरबंस सिंह, हैड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह, सरपंच जोरा सिंह, सरपंच अमर नाथ निरंकारी, पुलिस सब-इन्स्पैक्टर शेर सिंह के भतीजे तथा दीवाली के बाद गुरुद्वारा दुख निवारण साहब के पास दो व्यक्तियों की हत्या के लिए ज़िम्मेदार था । इसके अलावा उसने लुधियाना जिले में एक पुलिस चौकी पर बम फैंका था तथा लूट आदि की कई वारदातें की थीं जिनमें पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 76 हज़ार रुपए लूटना भी शामिल है । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी राइफल, दो मैगज़ीन, 20 खाली कारतूस तथा 85 अनचले कारतूस बरामद किए ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : गत सायं पटियाला से 40 किलोमीटर दूर भंडी गोबिंदगढ़ में जनता फ़िलिंग स्टेशन से 25 हज़ार रुपए लूट लिए गए । लुटेरे स्कूटर पर आए थे, जिसका नम्बर सी.एच.टी. 1368 था ।

नौशहरा ढल्ला में मुठभेड़ : अमृतसर (ह.स.): गत रात अमृतसर जिला के थाना घरिंडा के गांव नौशहरा ढल्ला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । दो साइकल सवार आतंकवादियों ने उन्हें रुकने का संकेत किए जाने पर पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग की । जवाबी फ़ायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा बचकर भाग निकलने में सफल हो गया ।

एक और मारा गया : सुरक्षा बलों ने खेमकरण सैक्टर में सीमा चौकी राजा ताल के निकट पाकिस्तान से भारत में घुसने वाले दो आतंकवादियों में से एक को मार गिराया । दूसरा आतंकवादी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग निकला ।

लोगों ने उग्रवादी को पकड़ा : तरनतारन में एक सशस्त्र उग्रवादी थाना हरिके के गांव किरतोवाल में हरदेव सिंह के फार्म हाऊस में गया तथा 50,000 रुपए मांगे । उसके इन्कार करने पर वह उसकी पत्नी की सोने की बालियां छीन कर ले गया । इसके बाद वह कश्मीरा सिंह के घर गया तथा 50,000 रुपए मांगे, लेकिन घर के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया । उससे एक .12 बोर की सिंगल बैरल बंदूक बरामद की गई ।

अमृतसर जिला में पुलिस ने एक आतंकवादी करतार सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 9 एम.एम. का पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

धूरी (सिंगला): दो अज्ञात साइकल सवार लुटेरे थाना लौंगोवाल के गांव भैनी महाराज के शराब के ठेके से एक पेटी शराब तथा 700 रुपए नकद लूटकर फ़रार हो गए ।

फिरोज़पुर (बागी): पुलिस अधिकारियों ने जो अपना नाम ज़ाहिर नहीं करना चाहते, थाना मक्खू के गांव सरहाली का दौरा करने के बाद बताया कि दो युवकों कृष्ण लाल तथा फोटोग्राफर बलदेव राज को फांसी पर लटकाने वाले 7 सशस्त्र आतंकवादियों का नेतृत्व के.सी.एफ़. का कमांडर निशान सिंह कर रहा था । उन्होंने बताया कि आतंकवादी दोनों युवकों का अपहरण करने के बाद उन्हें सरहाली के निकट किसान डोगर सिंह के घर ले गए, जहां एक कमरे में बिजली जल रही थी और उनका कुत्ता बरामदे में चक्कर लगाता हुआ भौंक रहा था । आतंकवादियों ने डोगर सिंह को बाहर बुलाया तथा उससे पूछा कि उनके निर्देशों का पालन करते हुए उसने बिजली क्यों नहीं बुझाई तथा कुत्ते को क्यों नहीं बांधा ? उसे बुरी तरह मारपीट की गई तथा आतंकवादी उसके युवा लड़के हरदीप सिंह को गोली मारने ही वाले थे कि उसकी मां अपने बेटे के ऊपर लेट गई । इस तरह उसने अपने लड़के को मौत के मुंह से बचा लिया । आतंकवादियों ने डोगर सिंह को बुरी तरह मारपीट करके सख्त घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों के कहने पर डोगर सिंह ने कुत्ते को बांध दिया तो आतंकवादियों ने कुत्ते को निर्ममतापूर्वक पीटा और उसकी आंखें निकाल लीं ।

अपहरण : गत रात आतंकवादियों ने फिरोज़पुर शहर में ज़ीरा गेट के बाहर बाघामल अनन्तराम राइस शैलर के मालिक 38 वर्षीय राजकुमार सचदेव का अपहरण कर लिया । फिरोज़पुर के शहरी चार सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा राइस शैलर मालिक के इस प्रकार अपहरण से स्तब्ध रह गए हैं । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सशस्त्र आतंकवादियों ने मिल मालिक को बाहर बुलाया तथा मिल का बाहरी गेट खुलते ही उन्होंने राजकुमार को घसीट कर अपने वाहन में डाल लिया तथा उसे अज्ञात स्थान को ले गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजकुमार को

(शेष पृष्ठ 12 पर)



हरियाणा पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए कैंथल सिंह, (2) गुरुदेव सिंह, (3) प्रीतम सिंह और (4) सुरिन्दर

चैक पिस्तौल कांड की ... में : शिंगल गवाही

नई दिल्ली, 28 जनवरी (जी.एस. चावला): जनता दल के नेता व भूतपूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अरुण नेहरू और गृह मंत्रालय के भूतपूर्व अतिरिक्त सचिव श्री बी.पी. शिंगल के विरुद्ध चैक पिस्तौल सौदे की सी.बी.आई. द्वारा जांच नाज़ुक दौर में पहुंच गई है तथा जांच एजैंसी ने श्री शिंगल को उनका बयान रिकार्ड करने के लिए बुलाया है । श्री अरुण नेहरू और श्री शिंगल के विरुद्ध केस गत वर्ष दस मार्च को स्पैशल जज दिल्ली की अदालत में दायर किया गया था । एफ.आई.आर. में केस दर्ज करने के सात कारण दिए गए हैं । आरोप है कि गृह मंत्रालय ने 9 एम.एम. के 55,000 चैक पिस्तौल खरीदने का आर्डर दिया था । श्री अरुण नेहरू ने गृह राज्यमंत्री के तौर पर इस आर्डर की स्वीकृति दी थी । श्री शिंगल ने गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के तौर पर सौदे की फ़ाइल की पड़ताल की थी । इन पिस्तौलों की केन्द्रीय पुलिस संगठनों के लिए ज़रूरत थी । यह भी आरोप लगाया गया है कि अनुमानित ज़रूर... था । था । हैं । इनका को टे... बनाई... पिस्तौ... दिया जांच... दर्ज क... सी.बी... किसी... पिस्तौ... के स...

ऊधमपुर में पुलिस व युवकों में संघर्ष के बाद सेना बुला ली गई, शहर में कर्फ्यू लागू

जम्मू, 28 जनवरी (सच्चर): पुलिस व युवकों के बीच आज हुए संघर्ष, जिसमें लगभग 12 लोग घायल हो गए हैं, के बाद ऊधमपुर कस्बे में दोपहर से पुनः कर्फ़्यू लगा दिया गया है । पथराव कर रहे युवकों तथा पुलिस में संघर्ष लगातार चलते रहने के दृष्टिगत नगर में सेना बुला ली गई है ।

ऊधमपुर से 'रमेश गुप्ता' के अनुसार संकट उस समय शुरू हुआ, जब शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं ने ऐसे तीन ट्रकों को देखा, जो पशुओं को कश्मीर ले जा रहे थे । इन पशुओं में कई गऊएं भी थीं । जानवरों से लदा एक ट्रक तो युवकों को देखते ही भाग निकला जबकि युवकों ने दो ट्रक ऊधमपुर ट्रैफ़िक कंट्रोल पोस्ट के पास घेर लिए । इस घटना के बाद नगर में तनाव उत्पन्न हो गया ।

पुलिस ने इन ट्रकों को अपने कब्ज़े में ले लिया, परन्तु युवकों ने पशुओं को उतारने के बाद बस स्टैंड के निकट एक ट्रक को आग लगाने का प्रयास किया । पुलिस ने हस्तक्षेप करके इस ट्रक को पुलिस स्टेशन ले जाना चाहा तो भीड़ उग्र हो उठी और उसने पथराव शुरू कर दिया जिसके परिणामस्वरूप पुलिस ने लाठीचार्ज किया और अश्रुगैस का प्रयोग किया । इस संघर्ष में युवा शिव सेना ऊधमपुर के अध्यक्ष श्री भारत भूषण समेत कई व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस व युवकों के बीच लगातार दो घंटे तक संघर्ष छिड़े रहने के बाद नगर में सेना बुला ली गई और कर्फ़्यू लगा दिया गया ।

प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष श्री शिवचरण गुप्ता ने ऊधमपुर नगर में आज हुई घटना की स्वतंत्र जांच कराने तथा जो लोग वर्ध के लिए अवैध रूप से

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पुंछ में जिलाधीश कार्यालय के निकट बम फटा

पुंछ, 28 जनवरी (ह.स.): पुलिस ने आज कहा है कि गत रात्रि सीमांत नगर पुंछ में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिससे लोगों में भारी आतंक पैदा हो गया । विस्फोट से कई घरों में दरारें पड़ गई हैं । विस्फोट जिलाधीश के कार्यालय के निकट हुआ, लेकिन कोई घायल न हुआ । अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और गश्त तेज कर दी गई है ।

शिरोमणि अकाली दल का प्रधान ... आतंकवादियों के खिलाफ स्टैंड

चंडीगढ़, 28 जनवरी (एन.एस. परवाना): ज्ञात हुआ है कि अकाली दल (ला.) के वरिष्ठ नेता बलवन्त सिंह ने पंथक एकता के लिए पेशकश की है कि यदि भागलपुर जेल में नज़रबंद सिमरनजीत सिंह मान शिरोमणि अकाली दल का यह नीति कार्यक्रम स्वीकार कर लें कि वह खालिस्तान और अलगाववादियों के खिलाफ़ स्टैंड लेंगे, भारतीय संविधान के दायरे में रह कर सिख संघर्ष जारी रखेंगे तथा 1978 की लुधियाना अकाली कांफ्रैंस, जिसकी अध्यक्षता श्री तलवंडी ने की थी, में पास आनन्दपुर साहब प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, जो कि प्रकाश सिंह बादल ने पेश किया था व जिसका टोहरा ने अनुमोदन किया था, तो उन्हें (श्री मान को) पार्टी का प्रधान और श्री तलवंडी को कार्यवाहक प्रधान बनाने के मामले पर विचार किया जा सकता है ।

सूत्रों ने बताया है कि यह बात श्री बलवन्त सिंह ने एकीकृत दल के उन नेताओं से कही है, जो 'पंथक एकता' होने की दशा में श्री मान को शिरोमणि अकाली दल का प्रधान बनाने के इच्छुक हैं । यह बात यहां उल्लेखनीय है कि अकाली दल (लां.) के कार्यवाहक प्रधान श्री तोता सिंह श्री मान के परिवार को मिल कर यह 'पेशकश' कर चुके हैं कि श्री मान को शिरोमणि अकाली दल का प्रधान बनाया जा सकता है ।

इस... सदस्य... मांग की... जाए क्य... पंजाब... सरकार... राज्य क... एकता... चंदूमाज... पटवारी... अमर सि... थे । इ... किया कि... बातों के... उसने '... नहीं लि... कि यह स... लिए बन...

कई... यह कमेट... कोई कद... चुनावों के... उलझने... शीघ्रतम...

छोटी सी बात

रंगा

मैं नारीवाद की समर्थक नहीं हूं ।

—बेनज़ीर भुट्टो



माफिया किंग गत सात माह से बीमारी का बहाना बना कर

धनबाद, 28 जनवरी (वै.) : धनबाद जिला प्रशासन ने कुख्यात माफिया किंग सूर्यदेव सिंह की बीमारी का पर्दाफाश कर दिया है । सूर्यदेव सिंह ने अपने खिलाफ चल रहे 25 आपराधिक मामलों में अदालत से बचने के लिए पिछले 7 महीनों से बीमारी का बहाना कर रखा था । जिला अधिकारियों के अनुसार एक सरकारी मैडीकल रिपोर्ट ने उसकी बीमारी का दावा झूठा साबित कर दिया है ।

सत्ता पार्टी विधायक सूर्यदेव के खिलाफ 25 न्यायिक हिरासत में रख कर एक तरह का रिकार्ड कायम कर दिया था । यह गिरफ्तारी आर.सी.एम. कार्यालय में हुए गोलीकांड के सिलसिले में की गई थी । धनबाद के माफिया के इतिहास में पहली बार सूर्यदेव जैसे किसी माफिया नेता को 11 माह तक न्यायिक हिरासत में रखा गया था ।

यह लम्बी हिरासत स्थानीय प्रशासन की उपलब्धि समझी जाती है क्योंकि माफिया मुख्यधारा से सूर्यदेव की अनुपस्थिति से माफिया गिरोह में

रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के डायरैक्टर-इन-चीफ ने बिहार सरकार को एक गुप्त रिपोर्ट भेजी है कि सूर्यदेव अपनी पुरानी बीमारी के बावजूद अदालत में पेश होने के लिए "मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्ण स्वस्थ है ।" जिला अधिकारियों के अनुसार अब इस रिपोर्ट के बाद अदालती कार्रवाई से बचने का उसके पास कोई बहाना नहीं रहा है ।

एक... विचाराधी... बचने के... ताकि अस... प्राप्त हो... मुकद्दमे... चाहता है... नियमों का... न्यायिक...

Punjabi Sanjan

आतंकवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

घसीटे जाने के समय अंधेरे में गोलियों की आवाज़ भी सुनी गई । एस.के. वर्मा डी.आई.जी. पुलिस फिरोज़पुर रेंज के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । बताया जाता है कि खोजी कुत्तों द्वारा दिए गए सुराग के आधार पर अर्धसैनिक बलों ने एक छोटे से सीमांत गांव डेली चक को घेरे में ले लिया,जहां आतंकवादियों के छिपे होने का शक था, लेकिन बाद में घेरा हटा लिया गया । अर्धसैनिक बल राजकुमार की बड़े पैमाने पर खोज कर रहे हैं ।

कल रात फिरोज़पुर ज़िले के गांव काबुल शाह में एक व्यक्ति मुंशा सिंह की हत्या कर दी गई ।

स्कूटर बरामद : मुक्तसर से दर्दी के अनुसार आज कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति डाक्टर परस राम से उस समय पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया, जब वह मुक्तसर से कोटकपूरा जा रहे थे । सूचना मिलते ही पुलिस मौका पर पहुंच गई । पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया तथा पुलिस ने डेढ़ घंटे के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार करके स्कूटर बरामद कर लिया । अभियुक्त का नाम जगदेव सिंह बताया जाता है । यह जानकारी एस.एस.पी. ने दी ।

हत्या : कल रात लुधियाना जिला के गांव अब्दुल में एक व्यक्ति हरदेव सिंह की हत्या कर दी गई ।

कुख्यात आतंकवादी मरा : जालन्धर (वार्ता): कल रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया,लेकिन उसका साथी भागने में सफल रहा । यह मुठभेड़ जालन्धर जिले के घमान गांव में हुई । पुलिस ने मृत आतंकवादी की शिनाख्त अमरजीत सिंह उर्फ़ शहज़ादा के रूप में की है । उससे एक ए.के. 47 चीनी राइफल तथा कुछ गोलियां भी बरामद की गईं । यह मुठभेड़ कल रात साढ़े दस बजे उस समय हुई जब पुलिस के एक दल ने दो संदिग्ध युवकों को रुकने को कहा, लेकिन उन युवकों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं । बदले में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं । एक आतंकवादी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई,जबकि दूसरा भागने में सफल रहा ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि अमरजीत सिंह उर्फ़ शहज़ादा भी बब्बर खालसा से इंटरनैशनल से सम्बन्धित था । वह थाना आदमपुर के गांव धीरोवाल का रहने वाला था । वह अमृतसर तथा गुरदासपुर में बम धमाकों के अतिरिक्त कई अपराधों में संलिप्त था । वह मुख्य रूप से सीमा पार से हथियार लाने के लिए जिम्मेदार था ।

फायरिंग से उग्रवादी घायल : आज रात्रि थाना गोराया जिला जालन्धर के गांव मल्लां में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग से एक संदिग्ध उग्रवादी घायल हो गया जबकि उसका साथी काबू कर लिया गया । पुलिस सूत्रों ने घायल उग्रवादी की शिनाख्त रणजीत सिंह के रूप में की है, जबकि उसके साथी की पहचान सुनिश्चित नहीं हो सकी । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस ने गांव में एक मकान पर छापा मारा और उस पर फायरिंग की । घायल और उसके साथी का अभी तक अता-पता मालूम नहीं हो सका ।

अपहरण नहीं: इसी बीच रोपड़ ज़िला के एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने आज स्पष्ट किया कि उनके ज़िले में अपहरण की कोई वारदात नहीं हुई है ।

कार छीनने का प्रयास : रामपुराफूल से सरस्वती के अनुसार आज यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव जेठ व तपामंडी के मध्य कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा एक मारुति कार छीनने का प्रयास किया गया । बताया जाता है कि सड़क पर खड़े एक बन्दूकधारी ने कार रोकने का प्रयास किया । ड्राइवर द्वारा कार न रोकने पर उसने पत्थर फैंका जिससे कार की खिड़की का शीशा टूट गया । आगे जाने पर एक जीप खड़ी मिली । उसमें सवार संदिग्ध व्यक्तियों की ओर से कार को रोकने की कोशिश की गई परन्तु ड्राइवर किसी प्रकार कार भगा कर ले गया । उक्त कार में श्री बाबू राम सैदा भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक सैंट्रल को-आपरेटिव बैंक भटिंडा अपने परिवार सहित सवार थे ।

चैक पिस्तौल कांड
(पृष्ठ 3 का शेष)

एफ.आई.आर. में दर्ज केवल दो अभियुक्तों अरुण नेहरू तथा श्री शिंगल की गवाही शेष है । सी.बी.आई. ने पहले श्री शिंगल को गवाही के लिए बुलाया है तथा अगले दो दिनों में उनकी गवाही रिकार्ड किए जाने की आशा है । श्री अरुण नेहरू से पूछताछ का फैसला सी.बी.आई. श्री शिंगल से की जाने वाली पूछताछ के आधार पर करेगी । चूंकि श्री अरुण नेहरू इस समय विपक्ष के साथ सम्बन्धित राजनीतिक नेता हैं,अतः सी.बी.आई. इस सम्बन्ध में बड़ी सावधानी से कार्य कर रही है ।

अमर सिंह के विरुद्ध विद्रोह
(पृष्ठ 3 का शेष)

देते हैं, जिसे हिन्दू और मुसलमान नेताओं ने बड़ोदा में सफलतापूर्वक शुरू किया है तथा उनकी योजना इसको अहमदाबाद तथा गुजरात के अन्य शहरों में ले जाने की भी है ।

सरकारिया रिपोर्ट पर ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

'दलगत रवैये' की आलोचना की है । छह गैर-कांग्रेस (इ) मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में श्री नयनार ने आज यहां कहा कि केंद्र अपने हाथ में अधिक से अधिक अधिकार लेता जा रहा है,जिससे राज्य सरकारों को अपना नियमित कामकाज चलाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र अपने वित्तीय संकट की जिम्मेदारी राज्यों पर मढ़ कर राष्ट्रीय राजस्व में उनके वाजिब हिस्सेदारी से उन्हें वंचित करना चाहता है ।

श्री नयनार ने रेडियो और टैलीविजन के दुरुपयोग का आरोप केंद्र पर लगाते हुए दूरदर्शन का दूसरा चैनल राज्यों को सौंपने के प्रस्ताव का समर्थन किया । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और विकास के लिए केंद्र और राज्यों के बीच स्वस्थ संबंध होना अनिवार्य है ।

असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महन्त ने आज यहां केंद्र सरकार पर ज्यादा से ज्यादा अधिकारों का केंद्रीयकरण करने और राज्यों को उनके जायज़ अधिकारों से वंचित रखने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस रवैये के कारण देश की संघीय व्यवस्था के साथ-साथ एकता और अखंडता को भी खतरा पैदा हो गया है ।

उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि राज्यों के अधिकारों की समीक्षा के लिए गठित सरकारिया आयोग ने भी अपनी पहली रिपोर्ट में केंद्र द्वारा सत्ता के अतिकेंद्रीकरण पर आपत्ति करने के बावजूद मज़बूत केंद्र की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने मांग की है कि आकाशवाणी और दूरदर्शन को केंद्र सरकार के नियंत्रण से निकाल कर बी.बी.सी. की तरह के एक निगम के तहत लाया जाना चाहिए । श्री देवी लाल ने आज यहां छह गैर-कांग्रेस (इ) मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में होने के कारण आकाशवाणी तथा दूरदर्शन गैर-कांग्रेस (इ) राज्यों के विकास को उजागर करने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं ।

केंद्र और राज्यों के बीच आर्थिक संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नवें वित्त आयोग की रिपोर्टों को स्वीकार किए जाने से पहले राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में आयोग के अधिकार क्षेत्र पर चर्चा की जानी चाहिए ।

4 इंका समर्थक बंदी : पुलिस के अनुसार ग्रेट ईस्टर्न होटल, जहां गैर-कांग्रेस (इ) मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है, के निकट प्रदर्शन करने वाले चार इंका समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

गैर इंका मुख्यमंत्री सम्मेलन केंद्र के खिलाफ षड्यंत्र : मुंशी

कलकत्ता, 28 जनवरी (वार्ता): वाणिज्य राज्यमंत्री श्री प्रियरंजन दास मुंशी ने आज यहां कहा है कि गैर-कांग्रेस (इ) मुख्यमंत्री सम्मेलन देश की आर्थिक व राजनैतिक प्रणाली को अस्त-व्यस्त करने के लिए केन्द्र के खिलाफ 'सुनियोजित षड्यंत्र' रचने का प्रयास है ।

जनसंचार माध्यम राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने में मदद दें : भगत

नई दिल्ली, 28 जनवरी (ह.स.): सूचना तथा प्रसारण मंत्री हरकिशन लाल भगत ने आज जनसंचार माध्यमों से अनुरोध किया कि वे राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने में मदद करें क्योंकि आंतरिक तथा बाहरी ताकतें हमारी एकता में व्यवधान पैदा करने की कोशिश कर रही हैं ।

25 घर जला दिए

बेतिया, 28 जनवरी (वार्ता): बिहार में बेतिया से एक सौ किलो मीटर दूर पिपरासी थाना के एक गांव में कल रात कुछ सशस्त्र लोगों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी और 25 हरिजनों के घरों में आग लगा दी ।

प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति से भेंट

नई दिल्ली, 28 जनवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से भेंट की । दोनों नेताओं के बीच बातचीत डेढ़ घंटा चली । इस बातचीत को सामान्य शिष्टाचारात्मक भेंट बताया गया है ।

लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव न्गुयेन वानलिन्ह से हुई अपनी बातचीत की जानकारी राष्ट्रपति को दी ।

राहत देने की मांग

लुधियाना, 28 जनवरी (नेपाल): फैडरेशन आफ पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान श्री वेद प्रकाश चोपड़ा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पंजाब के उद्योग को और प्रभावित होने से बचाने के लिए इस उद्योग को विशेष पैकेज राहत दी जाए, जिसके अंतर्गत इस उद्योग को कम से कम 3 वर्ष के लिए केंद्रीय उत्पादन शुल्क से छूट दी जाए ।

ऊधमपुर में तेजा
(पृष्ठ 3 का शेष)

पशुओं को ले जाते हैं, उनके खिलाफ़ कार्रवाई करने की मांग की है । उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी इस तरह की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं परन्तु कोई प्रभावशाली कदम उठाने की बजाय कुछ पुलिस कर्मचारी व अधिकारी इस अवैध व्यापार को कथित रूप से प्रोत्साहन दे रहे हैं,जिससे साम्प्रदायिक तनाव पैदा होता है ।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऊधमपुर में पुलिस निर्दोष लोगों को नाजायज़ तंग करती है । उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि विभिन्न समुदायों में शांति व सद्भावना भंग किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार ऊधमपुर में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है । स्थिति यद्यपि नियंत्रण में है, फिर भी तनावपूर्ण बताई जाती है ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने इस सूचना का खंडन किया है कि ऊधमपुर में कुछ बसें जलाई गई हैं । उसने कहा कि वहां कोई बस जलाई या तोड़ी नहीं गई है । प्रवक्ता ने कहा कि वहां स्थिति नियंत्रण में है ।

20 घायल : एक सूचना के अनुसार ऊधमपुर में आज युवकों और पुलिस के बीच पथराव और लाठीचार्ज में आठ पुलिस कर्मियों सहित बीस व्यक्ति घायल हो गए । शहर में पुनः अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है । शहर में पन्द्रह दिन पहले भी हिंसक घटनाओं को देखते हुए कर्फ्यू लगाया गया था । रात का कर्फ्यू तो अभी भी लागू है ।

भीड़ ने दो ट्रकों में आग लगा दी । इससे स्थिति और बिगड़ गई । पथराव में पुलिस वालों को मामूली चोटें आईं ।

जम्मू की हिंसा में मरने वालों की संख्या 12 : इस बीच आज एस.एम.जी.एस. अस्पताल में एक घायल व्यक्ति के दम तोड़ देने से गत 13 जनवरी को जम्मू शहर की हिंसक वारदात में मरने वालों की संख्या बारह हो गई है । दस व्यक्तियों की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी । घायलों में से दो ने बाद में दम तोड़ दिया ।

नटवर सिंह सिंगापुर न जा सके

नई दिल्ली, 28 जनवरी (ह.स.): विदेश राज्यमंत्री के. नटवर सिंह आज एयर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी के कारण सिंगापुर नहीं जा सके ।

सभी राजनीतिक और धार्मिक त्याग कर अपना लक्ष्य स्पष्ट

फगवाड़ा, 28 जनवरी (अशोक): अकाली दल लौंगोवाल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने सभी राजनीतिक व धार्मिक सिख नेताओं से अपील की है कि वे दुविधा त्याग कर अपना लक्ष्य स्पष्ट करें तथा गोलमोल वक्तव्यों की राजनीति का परित्याग कर स्पष्ट स्टैंड लें । आज फगवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने इन सिख नेताओं से कहा कि वे गम्भीरता से विचार कर घोषणा करें कि उन्होंने देश के संविधान के भीतर रहकर अपनी मांगें मनवानी हैं या संविधान के बाहर रहकर ।

एक-दूसरे नेताओं पर 'सरकारिया' होने के आरोप लगाए जाने सम्बन्धी प्रश्न के उत्तर में जत्थेदार उमरानंगल ने कहा कि प्रायः सभी राजनीतिक व धार्मिक सिख नेता एक-दूसरे पर 'सरकारिया' होने का दोषारोपण कर रहे हैं । उन्होंने इन सभी नेताओं से आग्रह किया कि सभी नेता तिथि व समय निश्चित कर संयुक्त तौर पर श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होकर सफ़ाई दें व अपना 'सरकारिया' न होने का प्रमाण दें । मैं इन सबके साथ श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष उपस्थित होने के लिए तैयार हूं । उन्होंने कहा कि सिख पंथ के किसी भी सच्चे हितैषी की सरकार या सत्तारूढ़ दल के साथ कोई सांझ न हो सकती है,न हो सकेगी ।

जत्थेदार उमरानंगल ने इस बात पर प्रसन्नता व संतोष व्यक्त किया कि 11 वर्ष बाद ही सही, पर अब कुछ धार्मिक व राजनीतिक सिख नेताओं ने वास्तविकता को समझ लिया है । वे स्वयं गुरुमत के आधार पर, सिखी मर्यादा, सच्चाई व धर्म के मार्ग पर चलते हुए सिखों में जागृति व चेतना लाने हेतु सिखी का प्रचार करें ताकि सिख कौम की खोई हुई प्रतिष्ठा बहाल हो सके । इस सबसे ही सिख कौम, पंजाब व देश का भला सम्भव है तथा इसी सच्चे प्रचार से 'दिल्ली दरबार' की साज़िशें नाकाम हो सकेंगी ।

जत्थेदार उमरानंगल ने इस बात पर क्षोभ प्रकट किया कि अतीत में 'दिल्ली दरबार' ने हिन्दू-सिखों में फूट डालने की घृणित साज़िशें कीं । पंजाब व अन्य राज्यों में व्यापक हिंसा हुई जिनके लगभग 95% निर्दोष सिख मारे गए, निर्दोष हिन्दुओं का खून बहा, श्री हरिमंदिर साहिब परिसर का अपमान हुआ, इसका दुरुपयोग हुआ व इस पावन स्थल की मर्यादा

कुंदन लाल सहगल का भाई जो फाकाकशी की ज़िन्दगी बसर कर रहा है

नई दिल्ली, 28 जनवरी (वार्ता): शाम के धुंधलके में सिले-अधसिले कपड़ों के ढेर के पास एक बूढ़ा आदमी सिलाई मशीन की सूई में धागा डालने की कोशिश करता-करता बेसाख्ता गाने लगता है, "जब दिल ही टूट गया, हम जी के क्या करेंगे ?"

बाहर सड़क पर गुज़रता कोई भी व्यक्ति ठिठक कर सोच सकता है कि कहीं यह कोई रिकार्ड तो नहीं बज रहा ! निश्चय ही गाता हुआ यह आदमी कुंदन लाल सहगल तो नहीं हो सकता !

यह आदमी कुंदन लाल सहगल नहीं, उसका छोटा भाई मदन लाल सहगल है– अपनी समृद्धि से फाकाकशी तक की जीती-जागती दास्तान । इस आदमी से जब कोई बच्चा पूछ बैठता है, "चाचा,आप क्या कर रहे हैं" तो मदन लाल दीवार से पीठ टिका कर कहते हैं, "मौत का इन्तज़ार ।" फटे-पुराने कपड़े पहने मदन लाल सहगल एक कटे हुए कपड़े की तरह अपनी ज़िन्दगी को सिलने की कोशिश में व्यस्त रहते हैं ।

मदन लाल सहगल ने अपने भाई तथा लोकप्रिय गायक कुंदन लाल सहगल को प्रसिद्धि के शिखर पर देखा था और सुख-सुविधा से भरपूर जीवन जिया था, लेकिन आज दर्जी का काम करना ही उनका शौक और उनके जीवन-यापन का एकमात्र ज़रिया है । अपनी तथा अपने बाद की पीढ़ी को अपनी आवाज़ के जादू से सम्मोहित कर देने वाले कुंदन लाल सहगल को यदि कोई पुनर्जीवित कर सकता है तो वह मदन लाल सहगल ही है । मदन लाल को कई अवसरों पर अपने भाई के लोकप्रिय गीत गाने के अवसर भी मिले हैं,यद्यपि इसके लिए उन्हें कभी अच्छी रकम अदा नहीं की गई । वह इस पर संतोष के साथ कहते हैं, "कोई बात नहीं । मैंने अपने श्रोताओं को खुश तो किया ही है ।"

आज मदन लाल महानगर की उपेक्षा के शिकार गरीब तथा बेघर लोगों की तरह जीवन बसर कर रहे हैं । वह 200 रुपए किराए के एक बरामदे में दर्जी का काम कर रहे हैं । लेकिन इस बदहाली में भी झक्कीपन उन्हें छू तक नहीं गया है । उनकी जीवंतता अब भी बाकी है और उनके साथ बात करना अब भी एक सुखद अनुभव है ।

मदन लाल के बेटे पैरिस, फ्रांस में रहते हैं । एक बेटा एक बड़े होटल में काम करता है, दूसरा दर्जी का काम करता है । उनकी बेटी ने जाने-माने ग़ज़ल एवं भजन गायक अनूप जलोटा से गायन की शिक्षा प्राप्त की और वह फिल्मों में गाने का अवसर तलाश रही है ।

रक्तचाप से पीड़ित बूढ़े मदन लाल दर्जी की अपनी दुकान से जो कुछ अर्जित करते हैं,वह उनके जीवनयापन के लिए नाकाफ़ी है लेकिन यह बात मदन लाल से नहीं बल्कि उनके कुर्ते की घिसी हुई कालर तथा उनके पैंट पर जगह-जगह लगे हुए पैबंदों की ज़बानी ही सुनी जा सकती है ।

युवा इंका पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र : मुकुल

लुधियाना, 28 जनवरी (महिन्द्रा): अखिल भारतीय युवक कांग्रेस (इ) कमेटी के अध्यक्ष श्री मुकुल वासनीक सांसद ने पंजाब युवक कांग्रेस के जिला यूनिटों के युवा कार्यकर्त्ताओं से कहा है कि उन्हें उग्रवादियों के शिकार परिवारों की सहायता के कार्यों में जुट जाना चाहिए और परिवारों की महिलाओं एवं

मित्तरां भारत को परमाणु बिजली घरों के लिए वित्तीय पेशकश करेंगे

नई दिल्ली, 28 जनवरी : फ्रांस के राष्ट्रपति मित्तरां ने कहा है कि वह अपनी भारत यात्रा में परमाणु बिजली घरों की स्थापना में संयुक्त उपक्रमों के लिए आकर्षक वित्तीय सहयोग की पेशकश करेंगे । टाइम्स आफ इंडिया को कल शाम पैरिस में दिए एक इंटरव्यू में श्री मित्तरां ने कहा 'मेरी भारत यात्रा का यह खास मकसद है ।'

मित्तरां टैरेसा से नहीं मिलेंगे : पैरिस : फ्रांस के राष्ट्रपति मित्तरां बुधवार से शुरू होने वाली भारत की अपनी चार दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान मदर टैरेसा से नहीं मिलेंगे । पहले तय कार्यक्रम के अनुसार उनकी मदर टैरेसा से भेंट होनी थी ।

कई हजार सदस्यों ने कम्युनिस्ट पार्टी से इस्तीफा दिया

मोगा, 28 जनवरी (ह.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब को आज उस समय भारी धक्का लगा, जब उसके कई हजार सदस्यों ने पार्टी से त्यागपत्र देकर कामरेड एस.ए. डांगे की अध्यक्षता वाली पार्टी में शामिल होने का निर्णय किया । पार्टी छोड़ने वालों में भूतपूर्व विधायक एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य कामरेड भावा राम, फिरोजपुर शाखा के सचिव तेजा सिंह, फरीदकोट के सहसचिव भगवन्त सिंह और युवा नेता गुरनाम सिंह शामिल हैं ।

राज नारायण की विधवा को स्वतंत्रता सेनानी पैंशन

तिरुअनन्तपुरम, 28 जनवरी (वार्ता): दिवंगत समाजवादी नेता राज नारायण की विधवा श्रीमती मुन्नी देवी को स्वतंत्रता सेनानी की पैंशन दी जाएगी ।

केरल के खेल मंत्री ए. नीलालोहितदासन नादर को प्राप्त केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संतोष मोहन देव के

हरियाणा 'शहरी

Punjab Sanam

र) में संत अतर सिंह मस्तुआना की 12वीं बरसी के अवसर लग कान्फ्रैंसें की गईं। चित्रों में (ऊपर) बाबा जोगिन्द्र सिंह त करते हुए, (मध्य में) तलवंडी धड़े की कान्फ्रैंस में श्री सिंह धुरी व अन्य अकाली नेता मंच पर बैठे हुए, (नीचे) त जन समूह । (छाया : गर्ग)

मंत्री के बेटे की गिरफ्तारी की मांग : बलात्कारी सरकार मुर्दाबाद' के नारे

मुख्यमंत्री श्री आजाद के एक संबंधी की थी । श्री सरकार के इस आरोप का श्री आजाद ने जोरदार विरोध किया ।

विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री के पुत्र कीर्ति आजाद को फौरन गिरफ्तार करने की मांग की । सदस्यों ने आरोप लगाया कि कालेज छात्रा के अपहरण में कीर्ति आजाद का भी हाथ है । कार्य-स्थगन प्रस्ताव नामंजूर किए जाने के विरोध में लोकदल नेता लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में उनकी पार्टी के सदस्य सदन से वाकआऊट कर गए । श्री पासवान ने जब देखा कि विपक्षी सदस्य उनकी अपील पर ध्यान नहीं दे रहे तो उन्होंने सदन की कार्रवाई भोजनावकाश के पन्द्रह मिनट पहले स्थगित कर दी ।

सत्तारूढ़ पार्टी का संकट : इसी बीच बिहार में सत्तारूढ़ दल में उत्पन्न संकट से आजाद मंत्रिमंडल को उबारने गए कांग्रेस (इ) के केंद्रीय दल के प्रयासों से पार्टी के असंतुष्ट सदस्य आज से शुरू राज्य विधानमंडल के सत्र में भाग लेने पर सहमत हो गए हैं । इससे पार्टी विधायक दल का संकट एक हद तक दूर होने की सम्भावना बढ़ी है ।

विधानसभा के पूर्व-अध्यक्ष शिवचंद्र झा के निवास पर केंद्रीय टीम और असंतुष्टों के बीच रात भर चली बैठक के बाद असंतुष्ट विधायक विधानमंडल सत्र में भाग लेने तथा नए अध्यक्ष का चुनाव करने पर राजी हो गए । (शेष पृष्ठ 6 पर)

आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में एकीकृत अकाली दल (त) का नेता मारा गया

3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मरे : पैट्रोल पम्प लूट लिया

रेल लाइन उड़ाने की योजना विफल : अन्यत्र 2 हत्याएं

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादी गिरोहों द्वारा आपसी शत्रुता में आज सुबह होशियारपुर जिला में एकीकृत अकाली दल (तलवंडी) के एक नेता की हत्या कर दी गई । 3 पाक घुसपैठिए मारे गए जबकि अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक पैट्रोल पम्प लूट लिया गया जबकि सुरक्षा बलों ने बटाला-अमृतसर खंड पर रेलवे लाइन उड़ाने की उग्रवादियों की योजना विफल बना दी ।

तीन खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में पुलिस थाना सदर बटाला व सुरक्षा बलों ने गांव घसीटपुट के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् तीन खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार करके उनसे हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद की है ।

जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने आज पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनकी शिनाख्त सुखबीर सिंह पप्पी उर्फ कमांडो (दाबांवाली), हरदयाल सिंह उर्फ गांधी (दर्गाबाद) व करनैल सिंह उर्फ भोला (मिर्जाजान) के रूप में हुई है और इनसे 32 बोर का एक रिवाल्वर, एक कटी हुई 12 बोर की दोनाली बन्दूक, एक 12 बोर की पिस्तौल, इनके 7 चले व बीस कारामद कारतूस, दो पैकेट प्लास्टिक विस्फोटक, दो डैटोनेटर, फ्यूज़ तार व एक एच.ई. 36 कारामद हथगोला बरामद हुआ है ।

सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में इनके तीन साथी भागने में सफल रहे हैं । वह चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से लैस थे । यह सभी बब्बर खालसा ग्रुप से सम्बन्धित हैं । पुलिस व सुरक्षा बल भागने वाले आतंकवादियों का पीछा कर रहे थे । यह मुठभेड़ एक विशेष सूचना के आधार पर हुई । पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली थी कि बब्बर खालसा के सशस्त्र आतंकवादी गांव घसीटपुर रेलवे लाइनों के पास एकत्र हैं ।

पुलिस उच्च सूत्रों ने इन गिरफ्तार तीनों आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि पठानकोट में 20 मई, 88 को हुए बम विस्फोट, जिसमें कम से कम सात लोग मारे गए थे, 14-15 अगस्त, 88 की रात को गांव मिर्जाजान स्थित एस.पी.ओ. पिकट पर हमला, गांव बिजलीवाल में बी.एस.एफ. वाहन को बम विस्फोट करके तीन जवान घायल करने व गांव सरहर के निकट 'बूबी ट्रैप' लगाने तथा गांव दर्गाबाद के निकट बी.एस.एफ. के ट्रक को विस्फोट करके क्षतिग्रस्त करने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि इन आतंकवादियों की बटाला-अमृतसर खंड पर रेल पटरी उड़ाने की योजना थी लेकिन पुलिस के समय पर पहुंच जाने के कारण वे इसमें सफल नहीं हो सके ।

दो स्कूटर ले गए : थाना सदर बटाला के गांव शाहपुरा स्थित आत्मा सिंह के घर से अज्ञात सशस्त्र लोग उनका स्कूटर डी.एल.एम. 8982 और गांव बिजवां स्थित हरजागीर सिंह के घर से उसका स्कूटर पी.ए.ओ. 4433 ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

62 हजार रुपए लूटे : लुधियाना (वार्ता): आज सुबह लगभग पौने 12 बजे जिला लुधियाना में दोराहा में एक पैट्रोल पम्प पर दो सशस्त्र आतंकवादियों ने गोली चला कर इसके मालिक देवेन्द्र सिंह को घायल कर दिया तथा 62000 रुपए लूट कर ले गए ।

डाक्टर घायल : लुधियाना से धीमान के अनुसार आज रात्रि यहां मुहल्ला संतोखपुरा में दो उग्रवादियों ने डा. राम चौरासी को गोली मार कर घायल कर दिया । लोगों ने इकट्ठे होकर एक उग्रवादी को रिवाल्वर सहित पकड़ लिया । कहा जाता है कि उग्रवादी डाक्टर को लूटने की नीयत से आए थे, जब डाक्टर ने विरोध किया तो उसे घायल कर दिया ।

दो घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि गत रात भारत-पाक सीमा पर खालड़ा सैक्टर में राजोके चौकी के निकट कुछ लोगों ने अवैध रूप से पाकिस्तान में घुसने की चेष्टा की जिस पर उनमें से दो सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारे गए जबकि शेष बच कर निकलने में सफल हो गए । समझा जाता है कि मृतक बंगला देशी हैं ।

शव मिला : आज सुबह पुलिस जिला तरनतारन में थाना भिखीविंड के गांव सुरविंड के बाहर गन्ने के खेत में एक गोलियों से छलनी लाश मिली । मृतक की पहचान उसी गांव के सुखचैन सिंह के रूप में हुई है ।

सुधार गांव में हत्या : गत रात आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला (अमृतसर) के गांव सुधार में एक व्यक्ति बलदेव सिंह की हत्या कर दी । इससे पहले आतंकवादी उसे उसके घर से उठा कर ले गए थे । उसका गोलियों से छलनी शव गांव के बाहर खेत में मिला ।

एक और घुसपैठिया मरा : अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल रात फिरोजपुर जिला में ममदोट सैक्टर में भी एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने भूतपूर्व विधायक सरदूल सिंह की हत्या में संलिप्त होने तथा लाखों रुपए ऐंठने के आरोप में चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम दलबीर सिंह, मुख्तार सिंह, प्रताप सिंह तथा दर्शन सिंह बताए गए हैं । उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन व कुछ कारतूस आदि बरामद किए गए । पुलिस ने दो व्यक्तियों बलदेव सिंह तथा रणजीत सिंह को खालिस्तान समर्थक नारे लगाने पर गिरफ्तार किया ।

दो उग्रवादियों मेवा सिंह और गेजा सिंह को क्रमशः संगरूर और कपूरथला ज़िलों में गिरफ्तार किया गया । उनसे एक-एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

अशोक सोनी के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए चारों खतरनाक आतंकवादी बैंक डकैती की योजना तैयार कर रहे थे । पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने बताया कि उन्होंने गांव तलवंडी दसोंधा सिंह के आढ़ती मक्खन सिंह से 50 हजार रुपए जबरी वसूल किए थे जबकि गांव नवीपुर होठियां के नम्बरदार इन्द्र सिंह से बंदूक की नोक पर 50 हजार रुपए छीने थे । इसके अलावा उन्होंने थाना सदर तरनतारन के गांव फतेहगढ़ सुकरचक में सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था । उन्होंने हरियाणा के एक कबाड़िये के अपहरण की भी कोशिश की थी ।

अकाली नेता की हत्या : होशियारपुर (ह.स.): एकीकृत अकाली दल (तलवंडी) के नेता ज्ञान सिंह की आज जिला होशियारपुर में आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री ज्ञान सिंह एकीकृत अकाली दल (त) की होशियारपुर शाखा के उपाध्यक्ष थे । आतंकवादियों ने श्री ज्ञान सिंह को थाना बलाचौर के अंतर्गत उनके पैतृक गांव मेहतपुर लधाड़ी के निकट उस समय घेर लिया जब वह स्कूटर पर जा रहे थे । आतंकवादी उनको गोली मारने के बाद उनका स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि ज्ञान सिंह की हत्या आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता के कारण की गई है । उन्होंने बताया कि ज्ञान सिंह आतंकवादी गतिविधियों के कारण कई बार जेल जा चुका था । हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चलाईं ।

मृतक कोई नेता नहीं था : 'अश्विनी' के अनुसार होशियारपुर के डी.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने इस बात का खंडन किया है कि मेहतपुर लधाड़ी में मारा जाने वाला ज्ञान सिंह एकीकृत अकाली दल का कोई नेता है । एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मृतक सामान्य व्यक्ति है । यह बात उसके घर वालों ने भी स्वीकार की है । उसकी हत्या का कारण निजी शत्रुता है । उसकी चार व्यक्तियों ने हत्या की है ।

'अश्विनी' के अनुसार थाना टांडा के गांव जहरा में तीन आतंकवादी कल रात लगभग 11 बजे एक व्यक्ति अमर सिंह के घर गए और उसकी बंदूक और सात कारतूस लेकर फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

गिल के खिलाफ एफ.आई.आर. वापिस लेने की सिफारिश

चंडीगढ़, 30 जनवरी (गुप्ता): चंडीगढ़ प्रशासन की जांच एजैंसी ने सिफारिश की है कि पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के खिलाफ, एक निजी पार्टी में आई.ए.एस. अधिकारी

गुरु गोबिन्द सिंह की तपोभूमि पर कोई डरपोक नहीं होना चाहिए : सिद्धार्थ शंकर रे

रोपड़, 30 जनवरी (महेन्द्र): यहां से छः किलोमीटर दूर गांव चांदपुर क्षेत्र पर सतलुज-यमुना लिंक नहर से सम्बद्ध पंजाब विद्युत बोर्ड द्वारा रोपड़ हाईडल पावर हाऊस का शिलान्यास करने के बाद पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने समारोह में लोगों को सम्बोधित किया ।

श्री रे ने पंजाब की वर्तमान संकटपूर्ण स्थिति से पंजाब को उबारने के लिए कठोर परिश्रम, आपसी प्यार तथा आतंकवाद का डट कर मुकाबला करने का साहस बटोरने की प्रेरणा देते हुए कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह की तपोभूमि पर कोई डरपोक नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा, पंजाब पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय से प्रशासकीय तथा उसी के कारण आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है तथा जितने भी प्रयास पंजाब को आगे ले जाने के लिए किए जाते हैं, उनका पूरा लाभ प्रदेश को आतंकवाद से जूझने के कारण नहीं मिल पाता । श्री रे ने कहा कि म्युनिसिपल कमेटियों, नोटिफाइड एरिया कमेटियों, नगरनिगम तथा विभिन्न बोर्डों के गठन से लाभ केवल चेयरमैनों को हुआ है । इन समितियों ने कोई भी रचनात्मक कार्य नहीं किया । गुरदासपुर तथा अमृतसर जिलों में सड़कों के बुरे हाल की चर्चा भी श्री रे ने बार-बार की ।

श्री रे ने पिछले चार वर्षों में पहले सूखे के कारण खेतों की पैदावार की कमी तथा वर्ष 1988 में बाढ़ के कारण हुई तबाही की चर्चा करते हुए पंजाब के मेहनती किसानों तथा मजदूरों की भी भरपूर प्रशंसा की, जिनकी मेहनत के कारण पंजाब 75% गेहूं तथा चावल देश-भर में अन्य प्रांतों को खाने के लिए देता है ।

श्री रे ने कहा कि वे समझते थे कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन अधिक देर तक नहीं चलाना पड़ेगा, किन्तु आतंकवाद ने इस अनुमान को झठला दिया है । लोकप्रिय चुनी हुई सरकार बनाने के लिए अभी कठोर अनुशासनात्मक वातावरण बनाने की जरूरत पर उन्होंने बल दिया । श्री रे ने कहा कि बेशक कीमतों में काफी बढ़ोतरी हो रही है किन्तु प्रशासन कोई नए कर नहीं लगा रहा है । प्रदेश में कई प्रकार की विकास योजनाएं प्रारम्भ की गई हैं ताकि यहां की जनता को रोजगार के अधिक साधन उपलब्ध हों ।

श्री रे ने अगली पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत एक हजार मैगावाट बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का विश्वास दिलाया । 36 मैगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाले पावर हाऊस के इस नए पावर हाऊस का निर्माण कार्य अढ़ाई वर्ष में पूरा होने तथा इस पर 63 करोड़ रुपए व्यय होने की जानकारी श्री रे ने देते हुए कहा कि जिन लोगों ने इन सर्व-हितकारी परियोजनाओं के लिए भूमि दी है, वे भी प्रशंसा के पात्र हैं । श्री रे ने कहा कि अधिक बिजली उत्पादन से जहां पूरे पंजाब तथा अन्य प्रदेशों को लाभ होगा वहां साथ ही परियोजना क्षेत्र के निकट वाले क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा । उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश या देश की उन्नति के लिए विद्युत शक्ति, पानी तथा परस्पर सहयोग ये तीन मौलिक आवश्यकताएं हैं ।

श्री रे ने कहा कि ब्लैक थंडर आप्रेशन के बाद यह बात खुल कर सामने आई है कि आतंकवाद की घटनाएं करने वाले न तो सिख हो सकते हैं और न ही पंजाब के हितैषी । जिनके हृदय में गुरु ग्रंथ साहिब का आदर नहीं, जो गुरु नानक की वाणी, गुरु अर्जुन की शहादत, गुरु तेग बहादर का वीरतापूर्ण समर्पण तथा गुरु गोबिन्द सिंह के त्याग व बलिदान की भावना को नहीं समझते उन्हें हम गुरु के सिख कैसे कह सकते हैं ?

श्री रे ने अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह तथा दमदमी टकसाल के बाबा ठाकर सिंह की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने पिछले सप्ताह निर्दोषों की हत्याएं करने वालों के सिख होने से इन्कार किया है ।

श्री रे ने जोर देते हुए कहा कि मैं श्री गुरु गोबिन्द सिंह के 'मानस की जात सभै एकै पहिचानबो' के उपदेश को अपने जीवन में ढाल कर सच्चा सिख होने पर गर्व करता हूं और अपने कर्त्तव्य को पूरा करने का प्रण दोहराता हूं ।

श्री रे के स्वागत में पंजाब प्रदेश विद्युत बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. बसन्त ने बोलते हुए बताया कि सतलुज-यमुना लिंक नहर पर एक हाईडल पावर हाऊस राजपुरा के पास और एक यह रोपड़ हाइडल पावर हाऊस का निर्माण नवम्बर, 1991 तक पूरा होगा । श्री बसन्त ने बिजली बोर्ड कर्मचारियों की वेतन सम्बन्धी मांगों को शीघ्र मान लिए जाने का आश्वासन दिलाया ।

भारतीय आतंकवादियों को ब्रिटेन से धन भेजने वाले सिखों को थैचर की चेतावनी

लन्दन, 30 जनवरी (वार्ता): ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्रीमती मारग्रेट थैचर ने आज कहा कि हजारों मील दूर लोगों की हत्याएं कर रहे उग्रवादियों को यहां से धन भेजने और हत्याओं की योजनाएं बनाने वाले भी उग्रवादी हैं । भारत के शहीद दिवस पर यहां श्रीमती इंदिरा गांधी की एक कांस्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए श्रीमती थैचर ने कहा कि हम उन लोगों की भी जोरदार शब्दों में निंदा करते हैं जो स्वयं गोली नहीं चलाते या बमों के विस्फोट नहीं करते, परन्तु आतंकवादियों को धन भेजते हैं । भारत की सरकारों में जो निकट सहयोग बना हुआ है, वह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है । मैंने इस सहयोग को बढ़ाने का संकल्प किया हुआ है ।

नीम का तेल गर्भ निरोधक

नई दिल्ली, 30 जनवरी : नीम का तेल वीर्य के शुक्राणुओं को नष्ट करने वाला एक शक्तिशाली पदार्थ है । जहां तक जानकारी

Punjab Sa

अकाली नेता मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

थाना माहलपुर के गांव मलसियां के नाई रछपाल से दो सशस्त्र लुटेरों ने चाक् की नोक पर 400 रुपए नकद तथा घड़ी छीन ली और फिर स्कूटर पर फरार हो गए ।

रिमांड : कैथल (ठुकराल): सीनियर सब जज कैथल श्री एस.पी. सिंह ने सभी चार आतंकवादियों मोहर सिंह, प्रीतम सिंह, गुरदेव सिंह और सुरेन्द्र सिंह छिंदा का नौ मार्च तक पुलिस रिमांड दे दिया है । बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उनका पातड़ां, सामाना, सरहिंद और कैथल में आतंकवादी गतिविधियों में हाथ था । उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला था । उनसे एक जीप पी.ए.डब्ल्यू. 2966 भी बरामद हुई थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार कैथल हत्याकांड में दस आतंकवादी संलिप्त थे जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि शेष छः गरजंट सिंह, सुखविंदर सिंह, जरनैल सिंह, कलवंत सिंह, जंगीर सिंह तथा सतपाल सिंह को शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने की आशा है ।

इंका सांसद पर आरोप

(पृष्ठ 3 का शेष)

के लिए राज्य तथा राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है । उसने राजनीतिज्ञों द्वारा अपने निहित स्वार्थों के लिए उसका नाम घसीटे जाने की कड़ी आलोचना की है । कम्बीकर ने जोकि पुणे और कोल्हापुर में शूटिंग में व्यस्त है, इस बात पर खेद व्यक्त किया कि उसका नाम व्यर्थ में ही इस मामले के साथ जोड़ा गया है ।

मधु कम्बीकर ने कहा "यद्यपि मैं 'तमाशा' कलाकार थी, किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि मुझे इस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है । कोई मुझे सिर्फ इसलिए निशाना नहीं बना सकता क्योंकि मैं 'तमाशा' थियेटर में नाचती थी । न ही कोई राजनीतिज्ञ मुझे अपनी रखैल बना सकता है या मेरे साथ शादी करने की शेखी बघार सकता है ।" मधु ने स्पष्ट किया कि गोरेगांव वाला फ्लैट उसने अपनी कमाई से खरीदा है ।

कल गधक की आलोचना को पवार विरोधी असंतुष्टों का उनके विरुद्ध नया हमला समझा जा रहा है । उनके वफादारों का कहना है कि यह मात्र एक संयोग नहीं है कि पवार के एक समर्थक सुरेश जैन के घर पर जनवरी के दूसरे सप्ताह में आय कर अधिकारियों ने छापा मारा था ।

हथियारों का निर्यात

(पृष्ठ 3 का शेष)

को बातचीत से हल करना चाहते हैं । श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने भी ऐसी ही इच्छा व्यक्त की है । यह पूछे जाने पर कि सियाचिन समस्या का क्या हल निकल सकता है, श्री पंत ने इसे हंसी में टालते हुए कहा, 'सर्दियां सियाचिन के बारे में सोचने का मौसम नहीं है ।' श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की स्थिति से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में श्री पंत ने कहा कि शांति सेना श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत में व्यवस्था बनाए हुए है जबकि श्रीलंका की सेना दक्षिण में कानून एवं व्यवस्था में व्यस्त है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत में भी सेना भेजेगा, उन्होंने कहा, 'यह एक काल्पनिक प्रश्न है ।' उन्होंने कहा कि लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने स्वयं ही समझौते तोड़े हैं । वे नहीं चाहते थे कि श्रीलंका में चुनाव हों ।

अफगानिस्तान की समस्या के बारे में रक्षामंत्री ने कहा कि वहां एक स्वतंत्र और गुटनिरपेक्ष सरकार की स्थापना होनी चाहिए । यह इस तरह होना चाहिए कि वहां अब और अधिक खून-खराबा न हो ।

पंजाब में मतदाता सूचियों का संशोधन कार्य 1 फरवरी से

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब में 1 फरवरी, 1989 से घर-घर जाकर नए मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा । इस बात की जानकारी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री एस.एल. कपूर ने आज यहां दी । उन्होंने कहा कि जो युवक इस साल एक अप्रैल तक 18 वर्ष के हो जाएंगे और अभी तक पंजीकरण नहीं हुए होंगे, वे पंजीकरण के योग्य होंगे ।

पंजीकरण का कार्य 28 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा ।

श्री कपूर ने लोगों को जोर देते हुए कहा कि वे पंजीकरण करने वाले कर्मचारियों को सही जानकारी दें । गलत जानकारी देने वाले को जेल या जुर्माना या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं । श्री कपूर ने कहा कि जो लोग भारत के नागरिक नहीं हैं, जिनका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है या कानून ने जिनका वोट देने का अधिकार छीना हुआ है वे पंजीकरण के योग्य नहीं होंगे । एक व्यक्ति एक स्थान पर ही पंजीकृत हो सकेगा । यह कार्य पटवारी तथा अन्य दूसरे लोग करेंगे ।

अगर किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई अन्य जानकारी प्राप्त करनी हो तो वह पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी से चंडीगढ़ के सैक्टर 17-ई में या जिला चुनाव अधिकारी से अपने जिले में सम्पर्क स्थापित कर सकता है ।

वैद्यों, हकीमों से भारी अन्याय

जालंधर, 30 जनवरी : वैद्य प्रमोद तिवारी सदस्य सैंट्रल कौंसिल आफ इंडियन मैडिसन ने एक बयान में पंजाब सरकार द्वारा तीसरे वेतन आयोग की रिपोर्ट पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंजाब सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने वैद्यों तथा हकीमों के साथ अन्याय किया है । पंजाब सरकार तथा नगर निगमों में कार्य कर रहे कर्मचारियों के दिल ही टूट गए हैं और अब वह शीघ्र ही कोई सख्त कदम उठाने के लिए विचार कर रहे हैं । श्री तिवारी ने पंजाब के राज्यपाल श्री रे से विनम्र प्रार्थना की है कि वह स्वयं इस विषय की गंभीरता पर ध्यान देकर वेतन आयोग की रिपोर्ट पर पुनर्विचार करें तथा वैद्यों तथा हकीमों के वेतन जो भारत सरकार द्वारा नियत किए हैं, वह लागू किए जाएं ।

चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों का विवरण इकट्ठा करना शुरू

नई दिल्ली, 30 जनवरी (इन्का): चुनाव आयोग ने देश के प्रत्येक चुनाव क्षेत्र की व्यापक जानकारी एकत्रित करनी आरम्भ कर दी है । उसे अगले चुनाव के लिए तथ्य के रूप में प्रयुक्त किया जाएगा । इसमें चुनाव अधिकारियों को आने वाली मुश्किलें, चुनाव क्षेत्र की आवश्यकताएं और व्यवहार तथा क्षेत्र के उपद्रव वाले स्थानों का विवरण होगा । इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं । तमिलनाडु, नागालैंड और मिजोरम में हुए चुनावों के पश्चात् इन तीन राज्यों में यह कार्य आरम्भ किया जा चुका है । इन राज्यों के चुनाव अधिकारियों को प्रत्येक चुनाव क्षेत्र के बारे में ब्यौरा तैयार करने को कहा गया है ।

मां-बाप बच्चों को अधिक समय दें : रिबैरो

जालन्धर, 30 जनवरी : पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने कहा है कि बच्चों को इस प्रकार से शिक्षित किया जाए कि वे अपने कर्त्तव्य का पालन विश्वासपूर्वक तथा अनुशासित ढंग से कर सकें । श्री रिबैरो ने आज यहां टैगोर डे बोर्डिंग स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने बच्चों के मां-बाप से कहा कि वे अपना अधिक से अधिक समय बच्चों को दें ।

चंद्रग्रहण 20 फरवरी को

भोपाल, 30 जनवरी : 20 फरवरी को चन्द्रग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा । चंद्रग्रहण भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 7.13 बजे शुरू होगा और रात 10.57 बजे तक रहेगा । रात्रि 8.26 बजे से रात्रि 9.45 बजे तक पूर्ण चंद्रग्रहण रहेगा ।

देवी लाल द्वारा केंद्र पर राज्यों में दखल का आरोप

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने राजधानी में पंचायती राज सम्मेलन के आयोजन की आलोचना की और इसे राज्यों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया । हरियाणा सरकार की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार श्री देवी लाल ने सम्मेलन के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री ने जिला योजना और जिला प्रशासन के बारे में उपायुक्तों की जो बैठकें संबोधित की थीं, वे भी राज्यों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप था ।

श्री देवी लाल ने कहा कि वह पंचायती राज व्यवस्था के न केवल पक्ष में हैं बल्कि पंचायतों को और अधिकार देकर उन्हें मजबूत बनाने के हिमायती हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र विकेन्द्रीकरण के नाम पर पंचायती राज व्यवस्था का केंद्रीयकरण करना चाहता है ।

पंचायती संस्थाओं को और अधिकार का कानून इसी वर्ष

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि सरकार पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक अधिकार देने के लिए संसद के बजट सत्र में एक विधेयक लाने का पूरा प्रयास करेगी । श्री गांधी यहां चार दिवसीय पंचायती राज सम्मेलन का समापन कर रहे थे । इसमें बारह उत्तर-पश्चिमी राज्यों के 8000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया । श्री गांधी ने कहा कि "अगर यह विधेयक किसी कारणवश इस सत्र में नहीं लाया जा सका तो मैं आश्वासन देता हूं कि इस वर्ष यह कानून जरूर बन जाएगा ।"

आयुर्वैदिक डाक्टर सामूहिक छुट्टी लेंगे

लुधियाना, 30 जनवरी (नेपाल) : पंजाब की सरकारी आयुर्वैदिक डिस्पैंसरियों में काम करने वाले डाक्टर अपनी मांगें न माने जाने के विरोध में 21 फरवरी को सामूहिक छुट्टी लेंगे । यह निर्णय कल यहां एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में किया गया जिसकी अध्यक्षता डा. बी.के. दत्त ने की ।

रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह जालन्धर में

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वि.प्र.): गुरु रविदास की 612वीं जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह जालन्धर में 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा । पंजाब के वित्तायुक्त श्री एस.एल. कपूर की अध्यक्षता में गुरु रविदास जयंती समारोह आयोजन समिति की आज हुई बैठक में उक्त फैसला किया गया है ।

युवती की मौत

जालन्धर, 30 जनवरी : निकटवर्ती मकसूदां स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने पंजाब रोडवेज की बस तले कुचले जाने से जालन्धर की एक गायिका कुसुम लता का देहांत हो गया । वह विद्यालय में अध्यापिका पद हेतु साक्षात्कार के बाद वापस आ रही थी । उनकी शव यात्रा कल उनके निवास स्थान कोट पक्खियां से शुरू होगी ।

'मर्यादा' का मामला अब विद्वानों के सुपुर्द किया जाएगा

अमृतसर, 30 जनवरी (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने दरबार साहिब और अकाल तख्त में 'मर्यादा' के विवादपूर्ण प्रश्न पर विचार करने के मामले को अनिश्चितकाल के लिए आगे डाल दिया है । उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जब भाई जसवीर सिंह अकाल तख्त के जत्थेदार बने थे तो पुरानी मर्यादा में परिवर्तन कर दिया गया था । यह मामला अब सिख धर्म के बारे में अधिक जानकारी रखने वालों और विद्वानों के सुपुर्द किया जाएगा । इसी दौरान पता चला है कि दरबार साहिब का एक ग्रंथी भाई रोडे द्वारा शुरू की गई 'मर्यादा' को जारी रखने के रोष में छुट्टी पर चला गया है । उग्रवादी संगठनों की सिफारिश पर शिरोमणि कमेटी में भर्ती किए गए कर्मचारियों को निकालने के मामले को भी छोड़ दिया गया है ।

सोमवार को जालन्धर में जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल महात्मा गांधी तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों श्रद्धांजलि अर्पित की । पंजाब पुलिस के जवानों ने अपने श अर्पित की ।

राष्ट्रपिता महात्मा ग शहीदों को भावभीनी

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वि.प्र.) : स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान शहीदों की स्मृति में आज यहां पंजाब व हरियाणा सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से बलिदान दिवस आयोजित किया गया । पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष श्री सरजीत सिंह मिन्हास ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों से हिंसा से दूर रहने तथा देश के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास करने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि शहीदों को हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके आदर्शों व आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करें ।

इस अवसर पर हरियाणा के सिंचाई एवं विद्युत मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी शांति व अहिंसा के मसीहा थे । शहीदों के श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण किया । इस अवसर पर दोनों सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे ।

इस बीच देश के शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज यहां यू.टी. सचिवालय के सामने भी दो मिनट के लिए मौन धारण किया गया ।

लुधियाना (आहूजा): महात्मा गांधी महा-परिनिर्वाण दिवस, पुण्य तिथि एवं विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस आज यहां कुष्ठ आश्रम इस्लामगंज में मनाया गया । माननीय अतिथि जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ ने इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल मालाएं पहनाईं ।

आश्रम के प्रधान श्री राम समुज पांडे व सचिव हरिसाधन करमाकर ने जिलाधीश को एक मांग पत्र भी दिया जिसमें मांग की गई कि आश्रम में मोमबत्ती के कारखाने को चलाने के लिए मोम का कोटा नियत किया जाए तथा हम लोगों को भी पैंशन की सुविधा प्रदान की जाए ।



लुधियाना के मिनी सचिवालय में सोमवार को बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में (बाएं) पुलिस जवान शस्त्र झुका कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए । (दाएं) इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ । (छाया : भाम्बी)

अपहरण कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकिन जब तीसरे पहर की बैठक में मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद ने वर्ष 1989-90 के लिए 145.55 करोड़ रुपए घाटे का कर मुक्त बजट पेश किया तो सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों की उपस्थिति बहुत कम थी । सदन में मंत्रियों और कुछ असंतुष्टों समेत सत्ता पक्ष के करीब 60 सदस्य उपस्थित थे जबकि 324 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी दल के सदस्यों की संख्या 192 है ।

इंका विधायक दल का संकट जारी : बिहार के मुख्यमंत्री श्री भगवत झा आजाद के त्यागपत्र की मांग कर रहे विक्षुब्ध कांग्रेस (इ) विधायकों के अड़ियल रुख के कारण प्रदेश कांग्रेस (इ) विधायक दल का गंभीर संकट यथावत बना हुआ है । केंद्रीय पर्यवेक्षकों के पिछले 24 घंटों के अथक प्रयास के बावजूद किसी समझौता फार्मूले पर नहीं पहुंचा जा सका । विधानसभा के पूर्व-अध्यक्ष डा. शिवचंद्र झा के आवास पर आज शाम से शुरू बैठक में विक्षुब्धों ने शाम चार बजे तक फैसले के लिए निर्धारित समय सीमा की समाप्ति के बाद कल से विधानसभा की कार्रवाई का पूर्ण बहिष्कार करने की घोषणा कर दी ।

शाम के भाव-(30 जनवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 38, रिलायंस 143, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6715, चांदी डिलिवरी 6705, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7105, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3150, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3270, मिल डिलिवरी : बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 320-322, बनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 320-328, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 155, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 158, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 144, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 108, पैट्टी एसिड आयल (क्विंटल)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 30.1.89 78/-, without trays. NECC Suggested Retail price 10.20 per Dozen.

आभूषण

चांदी पायल लाजवाब व बर्तन तैयार मिलते हैं । सेठ ज्यूलर्ज, अटारी बाजार, जालंधर शहर ।

किराए पर

चौड़ा बाज़ार के निकट कुछ दुकानें किराए पर उपलब्ध । इसके अलावा दूसरी मंजिल पर दो बड़े हाल जो किसी बैंक या अच्छी कम्पनी के दफ्तर के लिए उपयुक्त । प्रेम प्रकाश शामलाल, तालाब मंदिर रोड, लुधियाना । फोन: 28849.

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी

सार्वजनिक सूचना

जबकि श्री हरभजन सिंह चौकीदार, पुत्र श्री प्रीतम सिंह गांव और डाक घर—मानको (जिला जालन्धर) को समाचार पत्रों-दी ट्रिब्यून 2.9.88, पंजाब केसरी 5.9.88 जगबाणी 1.9.88, में सूचना के प्रकाशन से 10 दिनों के अन्दर खुद चार्जशीट प्राप्त करने की सलाह दी गई थी । उक्त सूचना में यह कहा गया था कि यदि वह निर्धारित अवधि के अन्दर उसे प्राप्त करने में असफल रहता है तो, उसके विरुद्ध एफ.सी.आई. स्टाफ रैगुलेशन 1971 के रैगुलेशन 63 (ii) के अधीन कार्रवाई की जाएगी ।

Punjabi Sansar

फिरोज़पुर के गांव में एक व्यक्ति को आतंकवादियों ने फांसी पर लटकाया

अमृतसर, फिरोज़पुर के मंड क्षेत्र में सुरक्षाबलों का बड़ा अभियान शीघ्र

अन्यत्र एक व्यक्ति की हत्या : एक उग्रवादी, 1 घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 31 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने जिला फिरोज़पुर में एक व्यक्ति को फांसी पर लटका दिया जबकि एक कथ्यात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में मारा गया । अन्यत्र एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पड़ोसियों के समय पर पहुंच जाने से एक डाक्टर के परिवार की जान बच गई । अमृतसर और फिरोजपुर जिलों के मंड क्षेत्र में आतंकवादियों के रुद्ध सुरक्षा बलों का एक बड़ा अभियान शीघ्र प्रभावित है । फिरोजपुर सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । सीमा सुरक्षा बल ने 24 किलोग्राम हैरोइन व कुछ गोली-सिक्का पकड़ा ।

किसान की हत्या : अमृतसर (हस): गत रात थाना भिखीविंड के अंतर्गत गांव सुरसिंहवाला में आतंकवादियों ने एक किसान सरदल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि चीनी राइफलों से लैस 2 आतंकवादी उसके घर में घुसे और उसको घसीट कर निकटवर्ती खेत में ले गये जहां उसे गोलियां मारी गईं ।

अपनी ही गोली से घायल : गत रात थाना कत्थूनंगल के गांव जयतीपुर में एक चौकी पर ड्यूटी दे रहा सी.आर.पी. का एक कांस्टेबल डी.पी. तिवारी अपने ही बंदूक से गोली चल जाने के परिणामस्वरूप सख्त घायल हो गया । उसे नाजुक हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

बड़ा अभियान शीघ्र : पंजाब पुलिस के इंस्पैक्टर जनरल (बार्डर) श्री सी. पाल सिंह ने जो कि इस समय तरनतारन व फिरोजपुर क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, आज अमृतसर में कहा कि अमृतसर और फिरोजपुर जिलों में पड़ने वाले मंड क्षेत्र में सक्रिय आतंवादियों के विरुद्ध शीघ्र ही एक बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा । अमृतसर की एक खबर में कहा गया है कि कई आतंकवादी ग्रुपों जिनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स भी शामिल हैं, ने रावी तथा सतलुज नदियों के क्षेत्रों में अपने अड्डे बना लिये हैं ।

आतंकवादी मारा गया : लुधियाना (वार्ता, हस): लुधियाना जिले में कल रात जगराओं के पास एक कथ्यात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में मारा गया । सूचना के अनुसार सुरक्षा कर्मियों ने एक फाटक पर सवार दो लोगों को ललकारा जिस पर उन्होंने गोली चलाई । जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला । मृतक के कब्जे पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल तथा 10 मैगजीन पड़े मिले ।

डाक्टर के परिवार की हत्या का प्रयास : गत रात लुधियाना शहर की संतोखपुरा कालोनी में ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादी एक डाक्टर राम चालिसिया के घर में जबरदस्ती घुस गए । आतंकवादियों को देख कर डाक्टर व उसके परिवार में शोर-शराबा किया । शोर सुनकर पड़ोसी डाक्टर के घर की ओर दौड़े तथा आतंकवादियों को घेर लिया । आतंकवादियों ने गोली चला दी जिससे डाक्टर घायल हो गया । पड़ोसियों ने फायरिंग की परवाह किये बगैर एक आतंकवादी को पकड़ लिया जबकि दो अन्य बच निकलने में सफल हो गये । डाक्टर को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

ट्रैक्टर ले गए : बस्ती जोधेवाल में आतंकवादी एक घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये ।

स्कूटर छीना : जालंधर (दल्ल): यहां से निकट गांव सभाना में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने कल एक भट्ठा मालिक श्री देसराज से पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर और 500 रुपए छीन लिये तथा फरार हो गए ।

24 कि.ग्रा. हैरोइन पकड़ी : सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों के साथ 2 मठभेड़ों में सीमा सुरक्षा बल ने 24 किलोग्राम हैरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 24 करोड़ रुपए है) तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद किया । प्रवक्ता ने बताया कि हैरोइन बहादरके चौकी पर हथा हथियार और गोली-सिक्का जगदीश चौकी पर पकड़ा गया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

एस.के. सिंह नए विदेश सचिव

नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता): पाकिस्तान में भारत के राजदूत एस.के. सिंह नए विदेश सचिव बनाए गए हैं । यह घोषणा आज सरकारी तौर पर की गई । श्री सिंह को दो वर्ष के लिए विदेश सचिव नियुक्त किया गया है । वह के.पी.एस. मेनन के



रोपड़ ताप

रोपड़ थर्मल प यूनिट 2 महीने

पटियाला, 31 जनवरी : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री एन.एस. बसंत ने कहा है कि रोपड़ थर्मल प्लांट का चौथा यूनिट 29 जनवरी को चालू हो गया । केंद्रीय बिजली प्राधिकरण द्वारा निश्चित लक्ष्य के अनुसार इसने मार्च 1989 में चालू होना था । इस प्रकार यह दो महीने पहले ही चालू कर दिया गया । उन्होंने कहा कि चौथे यूनिट का टर्बो जैनरेटर अक्तूबर 1988 के अंतिम सप्ताह में ही प्राप्त हुआ था और इसके प्राप्त होने के तीन

राष्ट्रीय मोर्चा आतंकवादियों का हौसला बढ़ा रहा है : राजीव

छः खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव दियालगढ़ के निकट पुलिस व सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के पश्चात् छः खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व शक्तिशाली विस्फोटक सामग्री बरामद करने का दावा किया है । इनके दो साथी फरार होने में सफल हो गए हैं ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इनकी शिनाख्त जिला अमृतसर के क्षेत्र माछीवाड़ा के परमजीत सिंह, जगतार सिंह, गरदासपुर के क्षेत्र अठवाल के धलूवत सिंह, जगपाल सिंह (किली टेक सिंह) हरपिंदर सिंह (तलवंडी झीरां) व अमरीक सिंह (जालंधर) के रूप में की गई है और उनसे अमरीका निर्मित एक थामसन सब-मशीनगन, इसके 99 कारतूस, कारतूस, एक 12 बोर की एकनाली बंदूक, दो पिस्तौल, तीन पैकेट विस्फोटक पदार्थ, तीन डेटोनेटर काफी गिनती में चले-अनचले कारतूस, 23 सौ रुपए नकद व गत 29 जनवरी को गांव शामपुरा से छीना स्कूटर डी.एल.एम. 8982 व एक ट्रक डी.ई.एल. 3918 बरामद किया गया है । एक औरत की नग्न तस्वीरें भी बरामद हुई हैं ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों का नाका गत रात बटाला-गुरदासपुर सड़क पर गांव दियालगढ़ के निकट लगा हुआ था । आज तड़के लगभग चार बजे बटाला की ओर से आ रहे एक ट्रक को रुकने का संकेत दिया गया तो उसके सवारों ने फ़ायरिंग कर दी और पुलिस व सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग में छः को काबू कर लिया गया व इनके दो साथी भाग गए । फ़ायरिंग में ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ बताया जाता है ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि इन आतंकवादियों ने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि गत वर्ष बीस मई को पठानकोट में हुए बम विस्फोट, जिसमें सात लोग मारे गए थे, में यही ट्रक प्रयोग किया गया था । गत 22 जनवरी को निकटवर्ती गांव घसीटपर के निकट से इन्होंने एक मारुति वैन पी.ए.क्यू. 4242 भी छीनी थी । नग्न औरतों की तस्वीरों से यह उन्हें अपने कार्यों के लिए ब्लैकमेल करते थे ।

सूत्रों ने बताया कि यह गिरफ्तार आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित हैं और इन्होंने रहस्योद्घाटन किया है कि अब इनकी योजना पठानकोट व गुरदासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइनें उड़ाने, विशिष्ट लोगों की हत्याएं करने व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कार्यालयों व अन्य सरकारी दफ्तरों से कैश लूटना था । इनके फरार साथियों को पकड़ने के लिए पुलिस व सुरक्षा बल उनके छुपने के स्थानों पर छापे मार रहे हैं ।

बन्दूक लूटी : पुलिस जिला बटाला के गांव कोट बस्ता स्थित एक व्यक्ति गुलज़ार सिंह के घर से गत दिवस रात के समय छः सशस्त्र अज्ञात युवक उसकी लायसैंसी बंदूक व दस कारतूस छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

जिम्मेवारी : खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैटरपैड पर इसके भूतपूर्व चीफ़ जनरल सुखदेव सिंह झामका, ले. जनरल सुखविन्द्र सिंह पप्पू व जागीर सिंह गुरदासपुरी के हस्ताक्षरयुक्त प्रैस नोट में गत 12 जनवरी को पुलिस जिला बटाला के गांव बख़िया वाली में चार लोगों की फांसी लगा कर हत्या करने की जिम्मेवारी ली गई है । गांव संदलपुरा के निकट बी.एस.एफ़. पर फ़ायरिंग की जिम्मेदारी भी ली गई है ।

उग्रवादी मरा : फिरोज़पुर जिले के मल्लांवाला थाना क्षेत्र के रायवाला गांव में कल रात सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया और एक भाग गया । सीमा क्षेत्र के पुलिस महानिदेशक के अनुसार मृत आतंकवादी के पास से चीन निर्मित एक ए.के. 47 राइफल और दस कारतूस बरामद हुए हैं ।

मृत आतंकवादी का नाम जसवंत सिंह चंगियाली बताया जाता है । वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित था । जसवंत सिंह कम से कम 27 लोगों की हत्या में संलिप्त था । वह कल्याट आतंकवादियों गरनाम सिंह बंडाला, गरजंट सिंह राजकोयानी तथा निशान सिंह मक्खू का निकट साथी था ।

'बागी' के अनुसार जसवंत सिंह के सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था । एस.एस.पी. श्री गोयल के अनुसार जसवंत सिंह डी.एस.पी. गोपाल सिंह घुम्मन, हरभजन सिंह पुलिस हैडक्वार्टर्ज़ की हत्या तथा बस्ती अजीज वाली में 10 व्यक्तियों की हत्या, एक बारात पार्टी के 5 सदस्यों, मल्लांवाला में तीन होमगार्डों, अकाली नेता फौजा सिंह, गांव कमाल वाला में 4 लोगों तथा गांव मलसियां में मुख्तार सिंह हैडक्वार्टर्ज़ व उसके पिता की हत्या में भी संलिप्त था ।

चाबला लौट आया : श्री गोयल ने यह भी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(ऊपर) उग्रवादियों के हाथों मारे गए का. देसराज सदस्य, (नीचे) का. देसराज के गांव माहूवाल में आयो का. हरिकिशन सिंह सुरजीत ।

दलाली तो मैं भी खाता हूं : देवी लाल

बहादरगढ़, 4 फरवरी (शशि): हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा है कि दलाली तो सभी खाते हैं, प्रधानमंत्री राजीव गांधी 60 करोड़ की दलाली खाते हैं जबकि मैं पांच वर्ष, एक वोट तथा एक रुपए की दलाली खाता हूं । चौ. देवी लाल आज कोसली में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने राजीव गांधी पर देश को तबाही की ओर ले जाने का आरोप लगाया ।

उन्होंने कहा कि इंका सरकार 'एशियाड' खेलों जैसी फिजूल खर्ची पर 1500 करोड़ रुपए लुटा सकती है परन्तु किसानों के लिए नहर बनाने पर पैसे खर्च नहीं कर सकती । इस जनसभा को प्रो. राम बिलास शर्मा, राव लक्ष्मी नारायण, धीरपाल, मास्टर हुकम सिंह, चौ. मांगे राम व प्रो. वीरेन्द्र आदि ने संबोधित किया ।

जनसभा में अहिरवाल लोगों को उस समय काफी निराशा का सामना करना पड़ा जब मुख्यमंत्री ने रिवाड़ी को जिला बनाने की कोई घोषणा नहीं की । अहिरवाल के कई लोग इस घोषणा को सुनने आए थे वहीं जबर खाब के 43 गांवों के लोग रिवाड़ी को जिला बनाने का विरोध करने आए थे । चौ. देवी लाल ने इंका पर चरखी दादरी कांड को उछालने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि दादरी कांड की न्यायिक जांच के आदेश देने तथा दोषियों को स्थानांतरित करने के बाद इंका इस मामले को अनावश्यक तूल दे रही है । उन्होंने इंका शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे चीफ मिनिस्टर नहीं बल्कि "चीप मिनिस्टर" हैं ।

आज जिम्मेदार पत्रकारिता की ज़रूरत है : ज़ैल सिंह

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वा.) : भूतपूर्व राष्ट्रपति ज़ैल सिंह ने आज स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यक बताते हुए कहा कि अखबार भले ही छोटा हो पर वह बहुत बड़ा हथियार होता है । उन्होंने यहां लघु समाचारपत्रों, कटनों और लघु कथाओं की एक अखिल भारतीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि जंगे-आज़ादी के दौरान इन छोटे अखबारों ने भारतीय जनता में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।

त्रिवेणी संगम पर कल 1.5 करोड़ श्रद्धालु मौनी अमावस्या का स्नान करेंगे

कुंभनगर (इलाहाबाद), 4 फरवरी : महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर सोमवार को लगभग डेढ़ करोड़ लोगों द्वारा त्रिवेणी संगम पर स्नान करने की संभावना है । लोगों की सकुशल स्नान कराने के लिए पुलिस प्रशासन, सेना, स्वयं सेवी संस्थाएं और अन्य सरकारी संगठन रात-दिन जुटे हुए हैं । स्नान रविवार की आधी रात के बाद शुरू हो जाएगा ।

मेले में आने वाले स्नानार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है । बसों और ट्रकों से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है । इनमें अधिकतर बूढ़े लोग हैं ।

मौनी अमावस्या इस वर्ष सोमवार को है, इसलिए इसका महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है । मौनी अमावस्या यदि सोमवार को हो तो उसे सोमवती अमावस्या कहते हैं । मेले में आए कुछ बुजुर्ग संतों ने बताया कि ऐसा संयोग लगभग 140 वर्ष बाद आता है । इसलिए दोहरा पुण्य कमाने के लिहाज़ से अधिक संख्या में लोग आ रहे हैं ।

संवाददाता ने परे मेले क्षेत्र का दौरा करने के बाद देखा कि लोग इतनी भारी संख्या में आ रहे हैं कि उनके ठहरने की जगह की कमी हो गई है । परेड के पास खुले मैदान में, बड़े हनुमान जी के मंदिर के पास सड़क पर, तथा यमुना पटरी के किनारे हजारों लोग खुले आसमान के नीचे डेरा लगाए हुए हैं । इस संवाददाता ने कुछ लोगों से बातचीत करने पर पाया कि सोमवती अमावस्या का पुण्य कमाने के चक्कर में अधिकतर लोग स्नान के लिए भोर होने का इंतज़ार करेंगे । मौनी अमावस्या के लिए विशेष तौर पर परे मेला क्षेत्र को भव्य ढंग से सजाया गया है ।

'उत्तर रामायण' की अगली किश्तें खंडपीठ देखेगी

इलाहाबाद, 4 फरवरी (वार्ता): इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ लोकप्रिय धारावाहिक 'उत्तर रामायण' की अगली किस्तों के केबिल आगामी आठ फरवरी को आवेदक और विपक्षी अधिवक्ताओं के साथ देखेगी ।

न्यायमूर्ति श्रीराम मनोहर सहाय व न्यायमूर्ति श्री जे.एन. दुबे ने महान्यायवादी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है कि वह न्यायालय को सिनेमाटोग्राफी अधिनियम की धारा 9 व मंत्रालय द्वारा 16 अक्तूबर 1988 को जारी इस अधिसूचना की वैधानिकता पर न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करें जिसमें दूरदर्शन कार्यक्रमों को सैंसर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के कानून में ढील देने की बात कही गई है ।

छोटी सी बात

रंगा

भाई साहब उनके लिए इस बार अंगूर खट्टे सिद्ध हुए हैं । आशा है अगली बार वह उनके लिए मीठे सिद्ध होंगे ।

राजीव गांधी में अनुभव की भारी कमी : गोविन्द नारायण

पटना, 4 फरवरी (वार्ता): बिहार के पूर्व राज्यपाल गोविन्द नारायण सिंह ने आज यहां कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी में अनुभव की कमी है । श्री गोविन्द नारायण सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू, श्री लाल बहादुर शास्त्री और श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी पार्टी हाईकमान का पद संभाला था, लेकिन श्री गांधी इन सबके सर्वथा विपरीत हैं । श्री सिंह ने आरोप लगाया कि श्री गांधी के इर्द-गिर्द ऐसे सलाहकार इकट्ठे हो गए हैं, जो उनके अनुभव की कमी का फायदा उठा रहे हैं तथा पार्टी की छवि नष्ट कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि ये सलाहकार उन तक सही जानकारी नहीं पहुंचने देते ।

कम्युनिस्ट नेता देस लोगों द्वारा नम आंखो

नकोदर, 4 फरवरी (गगन): सी.पी.एम. और मजदूरों के प्रमुख नेता कामरेड देसराज सहोता (38) जोकि गांव माहवाल के सरपंच थे, को पिछली रात आतंकवादियों ने उनके गांव में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गत रात्रि लगभग 7 बजे जब वह अपने परिवार के साथ बैठ कर भोजन कर रहे थे तो चार संदिग्ध व्यक्तियों ने उनके घर की दीवार फांद कर, उनको कमरे से बाहर निकालने की कोशिश की । श्री देसराज ने उनका मुकाबला करते हुए उनसे हाथापाई भी की । परन्तु आतंकवादियों की संख्या अधिक होने के कारण वह कुछ न कर सके ।

आतंकवादियों ने देसराज के बड़े लड़के कुलवंत को भी गोलियों का निशाना बनाने की कोशिश की, परन्तु वह दीवार फांद कर भागने में सफल हो गया ।

नकोदर के लोग अत्याधिक संख्या में श्री देसराज के अंतिम संस्कार के समय पहुंचे । नकोदर के सभी बड़े कारखाने आज बंद रहे । मजदूरों ने शोक में पूर्ण हड़ताल रखी ।

पता चला है कि आतंकवादियों ने देसराज के शरीर पर लगभग अढ़ाई दर्जन गोलियां चलाईं और भागते हुए पास के गांव सिधवां के सरपंच श्री देवेन्द्र सिंह की मारुति कार छीन कर ले गए । श्री देसराज की शव यात्रा में लोग "शहीद देसराज अमर रहे, साथी देसराज को लाल सलाम, आतंकवादी मुर्दाबाद" के नारे लगा रहे थे ।

उनको श्रद्धांजलि भेंट करने वालों में सी.पी.एम. पोलित ब्यूरो के सदस्य कामरेड हरकिशन सिंह सरजीत, प्रांतीय सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा, सी.पी.एम. की केंद्रीय कमेटी के सदस्य श्री मंगत राम, श्री सरवन सिंह चीमा, भूतपूर्व एम.एल.ए. श्री बलवंत सिंह, श्री भगत राम, भूतपूर्व सांसद तथा शहीद भगत सिंह के साथी पं. किशोरी लाल, श्री दलीप सिंह जौहल, जनवादी नौजवान सभा की राज्य इकाई के प्रधान श्री मक्खन सिंह, संधू, श्री अर्जुन दास, श्री सूरजीत सिंह नकोदर, श्री चरण सिंह रूपेवाली, पं. नरेन्द्र नाथ, कांग्रेस (इ) श्रीमती इकबाल कौर प्रधान रूरी जनता दल, श्री बलदेव मिस्तल, श्री महेंद्र सिंह संधू, और सी.पी.आई. के जिला सचिव श्री चंद फतेहपुरी के नाम प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं ।

नकोदर के एस.डी.एम. श्री एम.पी. सिंह ने श्री देसराज को एक महान देशभक्त करार दिया । उन्होंने कहा कि श्री देसराज के बच्चों को पढ़ने का खर्च तब तक दिया जाता रहेगा, जब तक वे पढ़ते रहेंगे ।

स्वागतम् ।। जैनं जयति शासनम् ।। स्वागतम्
प्रसिद्ध जैन सन्त, चारित्र-चूड़ामणि
श्री सुदर्शन लाल जी महाराज
के पवित्र-चरण-कमलों में

INAUGURATION
OF OUR
E.R.W. STEEL PIPE PLANT
CONDUIT STEEL PIPES FOR FURNITURE &

सिंह तथा आल इंडिया सिख
) का प्रधान गुरबीत सिंह
थियार प्राप्त करने के लिए
ाए हैं । समुद्र पारीय देशों के

मुलाकातें की । इस बात के पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं कि आतंकवादी हिंसा की वर्तमान लहर पाकिस्तान से बड़ी संख्या में ए.के. 47 असाल्ट राइफलों, राकेटों व अन्य अत्याधुनिक हथियारों की सप्लाई से ही

स्थिति पर आतंकवादी संगठनों ने अपने पाकिस्तानी सलाहकारों के साथ विचार-विमर्श किया था । कौंसिल आफ खालिस्तान के प्रमुख सदस्यों की भी एक बैठक पाकिस्तान में हुई थी ।

असाल्ट राइफलें
आतंकवादियों का
ही में राकेट लांचर
आतंकवादियों के

ड़ों में

हत्या

ग्रवादी काबू
वारदातें

घायल : खालसा कालेज
न रात मोटर साईकिल पर
निरमेश चंद्र नामक कपड़ा,
कर घायल कर दिया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जिला बटाला में थाना सदर
ड़ के निकट पुलिस व सुरक्षा
तु छः खतरनाक आतंकवादी
भारी मात्रा में हथियार व
सामग्री बरामद करने का
दो साथी फरार होने में सफल

आधिकारिक सूत्रों ने यह
कि इनकी शिनाख्त जिला
डीवाड़ा के परमजीत सिंह,
के क्षेत्र अठवाल का कुलवंत
ला टेक सिंह), हरपिंदर सिंह
क सिंह (जागला) के रूप में
मरीका निर्मित एक थामसन
99 कारामद कारतस, एक
दिक, दो पिस्तौल, तीन पैकेट
डैटोनेटर काफी गिनती में
23 सौ रुपए नकद व गत
शामपुरा से छीना स्कूटर
व एक ट्रक डी.ई.एल.
या है । एक औरत की नग्न
है ।

धिकारिक सूत्रों ने बताया कि
लों का नाका गत रात
क पर गांव दियालगढ़ के
आज तड़के लगभग चार बजे
रहे एक ट्रक को रुकने का
के सवारों ने फायरिंग कर दी
ों की जवाबी फायरिंग में छः
इनके दो साथी भाग गए ।
स्त हुआ बताया जाता है ।
कि इन आतंकवादियों ने
ान स्वीकार किया है कि गत
कोट में हुए बम विस्फोट,
ाए थे, में यही ट्रक प्रयोग
22 जनवरी को निकटवर्ती

(ऊपर) उग्रवादियों के हाथों मारे गए का. देसराज का शव और आसपास उसके परिवार के सदस्य, (नीचे) का. देसराज के गांव माहवाल में आयोजित एक शोकसभा को संबोधित करते हुए का. हरिकिशन सिंह सुरजीत । (छाया : प्यारे)

कम्युनिस्ट नेता देस राज को हजारों लोगों द्वारा नम आंखों से अंतिम विदाई

नकोदर, 4 फरवरी (गगन): सी.पी.एम. और मजदूरों के प्रमुख नेता कामरेड देसराज महोता (38) जोकि गांव माहवाल के सरपंच थे, को पिछली रात आतंकवादियों ने उनके गांव में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गत रात्रि लगभग 7 बजे जब वह अपने परिवार के साथ बैठ कर भोजन कर रहे थे तो चार संदिग्ध व्यक्तियों ने उनके घर की दीवार फांद कर उनको

श्री सुरजीत ने अपने भाषण में कहा कि श्री देसराज देश की एकता व अखंडता के लिए और राजीव गांधी की गलत नीतियों तथा आतंकवादियों की सक्रियता के कारण अपनी जान न्यौछावर कर गए । उन्होंने कहा कि आतंकवादी विदेशी साम्राज्यवादियों के संकेतों पर चल कर हत्याएं कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब के आजकल के हालात की जिम्मेदारी श्री राजीव गांधी पर ही आती

Punjabi Jagran

हड़
के

'रैडक्र
चिकि

अमृ

चंडीगढ़, 4
हड़ताली डाक्
एस.एस. संधे
विसंगति समि
पी.सी.एम.एस.
एम.एस. रंधाव
सिंह ने घोषणा
नहीं ।

आज यहां
कि संधेवालिया
उचित मांगों क
है । इस तरह
श्री एस.एस. रे
की अपील भी

डाक्टर रं
'रैडक्रास वालों
हजार पी.सी.ए
एसोसिएशन ने
निर्देश दिए हैं
और हिंसा के वि
उपलब्ध करा
आवश्यकता
एसोसिएशन ने
है कि कोई रो
चाहिए । हम
अपना नैतिक

डाक्टर ने
को जगाने के लि
पर अब केवल
एसोसिएशन
करने के लिए
सीमित साधन
उपलब्ध करा

एसोसिए
रविवार और
काम करने का
रोगी विभाग (
'हड़ोर' की

...नमें संशोधन ...को चुनौती

...वरी (वार्ता): पाकिस्तान के ...के आठवें संशोधन को गैर-...ने सम्बन्धी संविधान याचिका ...दाखिल की गई है । अंग्रेजी ...के अनुसार सिंध प्रांत के पूर्व ...र पीरज़ादा के बेटे अब्दुल ...याचिका दाखिल की है । श्री ...से वकील हैं । याचिका में ...तंत्र, सिंध सरकार, सीनेट के ...चुनाव आयुक्त को प्रतिवादी ...

...नी याचिका में यह आग्रह भी ...के चुनावों को 1973 के ...घोषित किया जाए और ...तहत सीनेट के चुनाव फिर से ...973 के संविधान के आठवें ...विधान में किए गए व्यापक ...न जिया उल हक के फौजी ...इयों को वैध करार दिया गया ...आजकल सन् 1985 में ...संविधान ही लागू है ।

...का की बैठक में ...विरोधी नारे

(वार्ता): तमिलनाडु प्रदेश ...मति की बैठक की शुरूआत ...क्ष जी.के. मूपनार के विरुद्ध ...। राज्य विधानसभा के हाल ...बुरी तरह पराजित होने के ...पहली बैठक है । अखिल ...महासचिव श्री जगन्नाथ ...पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद ...

...जे बैठक शुरू होते ही सभा ...न और विरोध में नारे लगने ...मूर्ति भवन में हुई । सांसद ...मूपनार से त्यागपत्र की मांग ...थापाई भी हुई । पार्टी के ही ...ईमारा थुपट्टी ने भी मूपनार ...इनके साथ भी हाथापाई हुई ...गई ।

...सहित राज्य शाखा के सभी ...स्तीफे हाईकमान को सौंप

...विकास निगम के ...क मनोनीत

...रवरी (अश्विनी) : राज्य ...औद्योगिक विकास निगम के ...ड नियुक्त किए हैं । इनमें ...श्री राम नरेश गुप्ता, ...सचिव श्री राजन कश्यप, ...क श्री जे.एस. मैनी, स्टेट ...प्रबंध निदेशक श्री बी.के. ...म के प्रबंध निदेशक श्री

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहस्योद्घाटन किया कि फिरोजपुर का राइफ़ल शूटर मालिक राज कुमार चावला, जिसका 27 जनवरी को अपहरण कर लिया गया था, घर लौट आया है लेकिन वह खामोशी धारण किए हुए है तथा प्रैस के साथ बातचीत करने से इंकार कर रहा है ।

लूट की घटना : मानसा से 'विजय' की सूचना है कि तीन सशस्त्र व्यक्ति थाना बोहा के गांव बेलेल वाला के बाबा सिंह के घर से एक 32 बोर का रिवाल्वर, सात कारतूस तथा लगभग 75,000 रुपए लूट कर ले गए । जाते हुए उन्होंने बाबा सिंह को धमकी दी कि यदि उसने पुलिस को खबर दी तो गम्भीर परिणाम निकलेंगे ।

भगौड़ा गिरफ्तार : फाजिल्का से 'शलिक' के अनुसार पुलिस ने सीमांत गांव जोधा रूनी के निवासी ओम सिंह उर्फ ओमी को गिरफ्तार करके जासूसों के एक गिरोह का सफाया करने का दावा किया है । ओमी अभी तक फरार था । उल्लेखनीय है कि पुलिस ने एक नाकेबंदी के दौरान संत सिंह, गुरचरण सिंह तथा वचन सिंह को उस समय गिरफ्तार किया था जब वे सेना में गुप्त दस्तावेज, कुछ नक्शे, विदेशी करंसी लेकर पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे थे । उनसे तीन एके. 47 राइफलें, 4 दोनाली बंदूकें तथा गोलियां बरामद की गई थीं । ओमी इन लोगों की गिरफ्तारी के बाद से फरार था ।

अगमपुर में हत्या : रोपड़ जिला के थाना आनंदपुर साहब के गांव अगमपुर में एक व्यक्ति नरेश कुमार की हत्या कर दी गई ।

पांच आश्रयदाता गिरफ्तार : 'सच' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि रोपड़ पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम हरदेव सिंह तथा बेअंत सिंह गांव खानपुर, मोहन सिंह गांव खिदराबाद, तारा सिंह और जसबीर सिंह गांव मानकपुर शरीफ हैं ।

उन्होंने कहा कि रोपड़ पुलिस ने एक व्यक्ति गुरचरण सिंह गांव सैदपुर को मोहाली की बैंकडकैती के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया है । मोहाली स्थित सैमी कंडक्टर्ज कम्पनी के दो कर्मचारियों रंगनाथन तथा सतपाल भाटिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । उनसे इलैक्ट्रानिक घड़ियों के कुछ पुर्जे बरामद किए गए हैं । उन्होंने तीन लाख रुपए मूल्य के इलैक्ट्रानिक्स उपकरणों की चोरी में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है ।

कराली के एक अमरजीत सिंह को भी खरड़ के महिपाल से 7400 रुपए छीनने के आरोप में पकड़ा गया है । अमरजीत सिंह से उक्त राशि वाला थैला तथा एक बजाज का मोटर साइकिल सी.एच.पी. 8462 भी बरामद किया गया है ।

जिला पुलिस की अन्य उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रोपड़ पुलिस ने दो हत्याकांडों के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । जिला मुजफ्फरनगर के गांव बराल समसी के सुरेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है । वह थाना कराली के अंतर्गत गांव हरनामपुर तपड़ियां के सती मंदिर का पुजारी है । पिछले...

लुधियान... के गांव रसूलप... गिरफ्तार कर... कारतूस बरामद...

पुलिसपैट्रि... सीमांत गांव रो... भारतीय क्षेत्र... सुरक्षा बल ने... फायरिंग शुरू... एक घुसपैठिय... निकले ।

स्कूटर छी... के अनुसार थ... सुरेन्द्र कुमार ने... स्कूटर पी.आई... सवार होकर...

मुक्खा ध... शाम थाना ना... आतंकवादियों... को गोली मा... बताया कि सं... था । जैसे ही व... पर खड़े आत... चलाई तथा...

वह अपन... जहां एक गुरुद्... रहा है, जिस... समर्थक निहंग... गुरुद्वारे पर नि... के समर्थकों...

नकोदर में... चैन सिंह निह... गनमैन भी घ... डाक्टरों की ह... सुखदेव सिंह... सलाह दी ।... लिस्टर पर है ... परन्तु अभिय... सका ।

कार छीनी... दाऊं में रात्रि... नोक पर एक... गए । खरड़ पु... कर दी है ।

आंध्र स... मामला...

हैदराबाद ... मंत्री श्री एच. ... प्रदेश राज्यपाल... उच्च न्यायालय... आर.एन. अग्र... किए जाने संब... तो राज्य सरका...

वकील ...

लुधियान... एसोसिएशन... किया है कि ...

Punjab Sahitya

आतंकवादियों द्वारा मास्टर तारा सिंह की बेटी और स्त्री अकाली दल की प्रधान राजेंद्र कौर की हत्या

भटिंडा में एक समारोह स्थल से बाहिर निकलते ही गोलियों की बौछार : एक वकील भी मारा गया

पंजाब में अन्यत्र 3 की हत्या : 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म समर्पण : भिंडर के चाचा का कथित हत्यारा बंदी

कुख्यात उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता मुठभेड़ के बाद घायलावस्था में फरार, उस के शरणदाता परिवार के 2 सदस्य मरे : भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद

चंडीढ़, 5 फरवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए स्वर्गीय मास्टर तारा सिंह की पत्नी तथा स्त्री अकाली दल की प्रधान डाक्टर राजेंद्र कौर तथा एक अकाली नेता बलवंत सिंह खोखर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक व्यक्ति को फांसी पर लटका कर मार दिया गया । एक आतंकवादी तथा 2 घुसपैठिए मारे गए जबकि अन्यत्र 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता पुलिस से मुठभेड़ के बाद घायलावस्था में भाग निकला जबकि उसको शरण देने वाले परिवार के दो सदस्य मारे गए ।

डा. राजेंद्र कौर की हत्या : भटिंडा (हस): आज बाद दोपहर यहां तीन आतंकवादियों ने एक स्कूल के बहर स्त्री अकाली दल की प्रधान डाक्टर राजेंद्र कौर तथा एक एडवोकेट की गोलियां मार कर हत्या कर दी । डाक्टर राजेंद्र कौर जो कि राज्यसभा की सदस्या रही थीं, स्वर्गीय अकाली नेता मास्टर तारा सिंह की पत्री थीं । दोनों की हत्या करने के बाद आतंकवादी फरार हो गये । डाक्टर राजेंद्र कौर तथा बड़ी संख्या में अन्य नेता जिनमें जस्टिस (रिटायर्ड) अजीत सिंह बैंस भी शामिल हैं, स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोहों के सिलसिले में यहां आये हुए थे ।

एक संवाददाता ने बताया कि आतंकवादी स्कूल के द्वार पर प्रतीक्षा कर रहे थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने डाक्टर राजेंद्र कौर पर उस समय गोलियां चलाईं जब वह दोपहर बाद लगभग डेढ़ बजे अपनी कार में बैठने वाली थीं । ए.के. 47 असाल्ट राइफल से चलाई गई गोलियों से एक वरिष्ठ एडवोकेट तथा भटिंडा के अकाली नेता श्री बलदेव सिंह खोखर की भी मृत्यु हो गई । इस प्रकार स्कूल का स्वर्ण जयन्ती समारोह शोकसभा में तबदील हो गया ।

डाक्टर राजेंद्र कौर ने अपने अंतिम भाषण में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्याओं की निंदा की थी लेकिन उनको मालूम नहीं था कि थोड़ी ही देर बाद वह स्वयं भी उन्हीं की गोलियों का शिकार हो जाएंगी ।

आतंकवादियों ने जो कि बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे, डाक्टर राजेंद्र कौर को कुछ ग्रुपों द्वारा की जा रही खालिस्तान की मांग की निंदा करते हुए भी सुना । सुरक्षा बलों ने हत्यारों की बड़े पैमाने पर खोज आरम्भ कर दी है ।

स्कूल का द्वार जो कि स्वर्ण जयंती समारोहों के लिए सजाया गया था, खून से लथपथ हो गया । डाक्टर राजेंद्र कौर तथा श्री खोखर की हत्या के विरुद्ध प्रोटैस्ट के तौर पर तुरन्त नगर में हड़ताल हो गई ।

उक्त समारोह में डाक्टर राजेंद्र कौर को सम्मानित भी किया गया था । डाक्टर राजेंद्र कौर जो कि पत्रकार थीं, इन दिनों संत सिपाही की सम्पादक थीं, वह अपने पिता स्वर्गीय मास्टर तारा सिंह के पंजाबी दैनिक 'जत्थेदार' की भी कुछ समय तक सम्पादक रही थीं ।

सूचना मिलते ही जिलाधीश श्री दरबारा सिंह गुरु, एस.पी. (आप्रेशन) श्री मलकीयत सिंह और सी.आर.पी. के कमांडैंट भारी फोर्स लेकर मौका पर पहुंच गये । खोजी कुत्ते भी मंगवाये गये लेकिन आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला । उक्त स्कूल में इंदिरा गांधी हत्याकांड में फांसी पर चढ़ाये गये सतवंत सिंह के पिता त्रिलोक सिंह व केहर सिंह की पत्नी, पत्रकार कुलदीप नैयर तथा एडवोकेट राम जेठमलानी को भी सम्मानित किया जाना था ।

जिलाधीश का बयान : भटिंडा के जिलाधीश श्री दरबारा सिंह गुरु ने बताया कि स्त्री अकाली दल की प्रधान डाक्टर राजेंद्र कौर के साथ कोई सरकारी या निजी गनमैन नहीं था । उन्होंने तथा एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने आज शाम बताया कि खालसा हायर सैकेंडरी स्कूल के प्रबन्धकों ने जिला प्रशासन को सूचित नहीं किया था कि डाक्टर राजेंद्र कौर उनके स्वर्ण जयंती समारोह में आने वाली हैं । दोनों अधिकारियों ने बताया कि डाक्टर राजेंद्र कौर बस द्वारा यहां आई थीं तथा आज शाम को वापस जाने वाली थीं । चूंकि प्रबन्धकों ने कोई सूचना नहीं दी थी अतः कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जा सकी ।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी हत्या कांड में फांसी पर चढ़ाए गए सतवंत सिंह के पिता त्रिलोक सिंह और केहर सिंह की विधवा व उसके लड़के राजेंद्र सिंह को भी समारोह में सम्मानित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया जा सका क्योंकि डाक्टर

स्त्री अकाली दल की प्रधान बीबी राजेन्द्र कौर जिस की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : पारे)

राजेंद्र कौर की हत्या के बाद समारोह बीच में ही समाप्त कर दिया गया ।

धर्म स्थान में हत्या : भटिंडा जिले के थाना संगत के अंतर्गत जर्यसिंह वाला गांव में एक धर्मस्थान में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

जिला भटिंडा के गांव बोहा में पुलिस ने एक उग्रवादी तख्त सिंह उर्फ तख्ता सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक .38 बोर का रिवाल्वर बरामद हुआ ।

फांसी दे दी : अमृतसर (अशोक): जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात अमृतसर जिले के छेहरटा थाना के गांव जौहर सिंह वाला में आतंकवादियों ने जोगा सिंह नामक एक व्यक्ति को फांसी देकर मार डाला । सूचनाओं में बताया गया है कि गत रात तीन आतंकवादी जोगा सिंह के घर में रात 11.30 बजे आये तथा उसे जबरदस्ती घर से बाहर ले गए । कुछ दूरी पर ले जाकर उसे एक वृक्ष के साथ बांध कर उन्होंने उसे फांसी दे दी । बताया गया है कि जोगा सिंह को फांसी पर लटकाने के बाद आतंकवादियों ने फायरिंग भी की । सबह पुलिस को घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के पांच खोल भी मिले ।

सत्ता भाग निकला : रात रात्रि थाना लोपोके के अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा पर गांव छिछन तथा बोपाराय खुर्द के मध्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद भिड़गवाला टाइगर फोर्स का एक स्वयंभू लै. जनरल सतनाम सिंह उर्फ सत्ता भाग निकलने में सफल हो गया । पुलिस ने दावा किया कि सत्ता जिसके सिर पर 1 लाख रुपये का इनाम है तथा जो बीसियों हत्याओं में संलिप्त है, मुठभेड़ में घायल हो गया जबकि उसका एक साथी मारा गया । एक फार्म हाउस में सत्ता व उसके साथी को शरण देने वाले परिवार के 6 सदस्य जिनमें तीन औरतें हैं, फायरिंग में गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

फार्म हाउस में से पुलिस को भारी मात्रा में हथियार तथा विस्फोटक मिले जिनमें डैटोनेटर भी शामिल हैं । सत्ता के साथ मुठभेड़ सुरक्षाबलों और पुलिस की ओर से फार्म हाउस पर छापा मारे जाने के बाद हुई । यह फार्म हाउस टहल सिंह का है । घायलों के नाम टहल सिंह, उसकी पत्नी स्वर्णकौर, उनके लड़के कश्मीर सिंह व नरेंद्र सिंह, बहू बरणजीत कौर व पोती कंवल जीत हैं । पुलिस ने घायल सत्ता को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर ज़ोरंबाई शुरू कर दी है तथा आसपास के गांवों में छापे भी मारे जा रहे हैं ।

'ह.स.' के अनुसार बाद में प्राप्त सूचना में कहा गया है कि टहल सिंह का बड़ा पुत्र सुलक्खन सिंह और उसकी 20 दिन की पोती कंवलजीत मारे गए । सुलक्खन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बच्ची कंवलजीत अस्पताल में दम तोड़ गई ।

सतनाम सिंह सत्ता पंजाब पुलिस को सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक है । वह गत वर्ष मई में 16 प्रवासी कृषि मजदूरों तथा गत वर्ष नवम्बर में अजनाला में 11 बस यात्रियों की हत्या के लिए डिम्पेदार है ।

3 आतंकवादी पकड़े : गत दिवस अमृतसर के थाना छरेंडा के गांव भगना में एक फार्म हाउस पर छापे के दौरान पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे एक एच.ई. 36 हथगोला, एक चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, 120 कारतूस बरामद हुए । उनके नाम नरवैर सिंह, नरेन्द्र सिंह व अमरीक सिंह हैं । अमरीक सिंह फार्म हाउस का मालिक है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद, वार्ता): पुलिस ने बब्बर खालसा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक चोरीशुदा स्कूटर, एक पिस्तौल तथा 3 कारतूस बरामद किये हैं । जिला पुलिस चीफ श्री पी.एम. दास ने बताया कि इस आतंकवादी का नाम सलक्खन सिंह गांव हमजापुर है । उन्होंने बताया कि जब उसे गिरफ्तार किया गया तो वह स्कूटर पर एक अन्य व्यक्ति के साथ जा रहा था । जबकि स्कूटर के पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति भाग निकला, सुलक्खन सिंह को काबू कर लिया । उसने स्कूटर पर जाली प्लेट लगा रखी थी तथा उसके पास लाइसैंस भी जाली था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि यह स्कूटर तथा 28,000 रुपया गत वर्ष 17 अक्तूबर को गुरदासपुर के एक व्यापारी विजय कुमार से छीना गया था । श्री दास ने बताया कि अभियुक्त जो कि बब्बर खालसा के दुर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह दोरांगला का निकट साथी है, ने गत वर्ष 28 अक्तूबर को सी.आर.पी. के अतिरिक्त महानिदेशक श्री प्रीतम सिंह भिंडर के चाचा सेवा सिंह भिंडर की हत्या किये जाने की भी स्वीकारोक्ति की है ।

शव मिला : बटाला की एक सूचना है कि पुलिस ने थाना कादियांपुर के रसूलपुर गांव के निकट एक नाले में से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया । पुलिस जांच कर रही है ।

घुसपैठिया मारा गया : गत रात जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया ।

आत्मसमर्पण : फिरोजपुर (हस): दो कट्टर आतंकवादियों अमरजीत सिंह तथा गुरचेतन सिंह उर्फ रणजोध सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है । एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने बताया कि यह आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं । उन्होंने कहा कि अमरजीत सिंह गत वर्ष दिसम्बर में तीन होमगार्डों की हत्या में संलिप्त था तथा हथियारों की तस्करी करता था जबकि गुरचेतन सिंह गत मास जीरा में डी.एस.पी. श्री गोपाल सिंह घुम्मन की हत्या व अन्य मामलों में संलिप्त था ।

'धीमान' के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादी गुरनाम सिंह बंडाला तथा निशान सिंह ग्रुप से सम्बन्धित हैं ।

धर्मकोट क्षेत्र में हत्या : जिला फिरोजपुर के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव गधियाल में एक व्यक्ति गुरजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिला में ही भारत-पाक सीमा के फाजिल्का सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ज़िला अमृतसर के खाद्य-निगम कर्मचारियों की हड़ताल को राज्यव्यापी बनाने की धमकी

अमृतसर, 5 फरवरी (सोनी): अमृतसर जिला के भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी जो गत दो फरवरी से तरनतारन में अपने साथी कर्मियों पर पुलिस के अत्याचारों एवं उन पर बने झूठे चोरी के केसों के विरोध में तथा जिला प्रबन्धक श्री एस.एस. ढिल्लों

हड़तालो कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के विरुद्ध रचे गए इस सारे षड्यंत्र के पीछे श्री एस.एस. ढिल्लों का हाथ है । हड़तालो कर्मचारियों ने ढिल्लों पर अपने स्टाफ विशेषकर महिला स्टाफ के साथ दर्व्यवहार के आरोप लगाते

आतंकवादियों के शस्त्र भंडार में एक और खतरनाक 'शस्त्र' शामिल

नई दिल्ली, 5 फरवरी (हिन्द): खालिस्तानी आतंकवादियों ने अपने शस्त्रों के भंडार में एक और नया खतरनाक हथियार शामिल कर लिया है । यह है विस्फोटक पदार्थों से भरा और दूरी से नियंत्रित किए जाने वाले हवाई जहाज का माडल, जिसे बिल्कुल लक्ष्य पर प्रहार करने के लिए उपयोग किया जा सकता है ।

सूत्रों के अनुसार हाल ही में सुरक्षा एजैंसियों को सूचना मिली थी कि आतंकवादी अपने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए शीघ्र ही इन 'हथियारों' का प्रयोग करने वाले हैं और इस बार उनके लक्ष्य होंगे अतिविशिष्ट

फिल्लौर के निकट गांव जवाकला में उग्रवादियों द्वारा मारे गए एस.एच.ओ. गुरसेवक सिंह के श्रद्धांजलि समारोह में जनसमूह को सम्बोधित करते हुए पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक श्री के.पी.एस. गिल और जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी । (इन्सैट) श्री गुरसेवक सिंह का एक पुराना चित्र । (छाया : तरसेम)

राजेन्द्र कौर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

टायर ले गए : जालन्धर (बार्ता): लटेरों का एक गिरोह शक्रवार की रात को यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव रमीदी के निकट एक ट्रक के सभी 6 टायर बंदूक की नोक पर उतरवाकर ले गए । इस घटना की जानकारी कल सबह ही पुलिस को मिली जब राहगीरों ने तीन व्यक्तियों को सड़क के किनारे एक वृक्ष के साथ जंजीरों से बंधे हुए देखा ।

जालन्धर पुलिस ने मनजीत सिंह व कंवलजीत सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

25 संदिग्ध पकड़े गए : मोहाली (नवंदा): जिला पुलिस ने आज मोहाली में कई स्थानों पर छापे मार कर लगभग 25 युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया तथा उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गई । समझा जाता है कि यह छापे हाल ही में पुलिस की ओर से आतंकवादियों को प्रश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 5 व्यक्तियों से की गई पूछताछ के आधार पर मारे गए । बताया जाता है कि पुलिस को जिस नवयुवक की तलाश है, वह अभी तक फरार है ।

गुरसेवक सिंह की किरया : फिल्लौर (तरसेम): गत दिवस गुरदासपुर जिले में आतंकवादियों के हाथों मारे गए एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह की रस्म किरया आज उनके पैतृक गांव जज्जा कलां में अदा की गई । इस श्रद्धांजलि समारोह में पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री भट्टी, सीमा रेंज के डी.आई.जी. सर्बजीत सिंह के अलावा अनेक राजनीतिक व धार्मिक नेता शामिल हुए । इस अवसर पर बोलते हुए श्री गिल ने श्री गुरसेवक सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक निडर अधिकारी थे तथा आतंकवादियों के गढ़ में तैनात होने के बावजूद वह कभी नहीं घबराए । उन्होंने कहा कि नाजुक क्षेत्रों में तैनात हमारे 7-8 पुलिस कर्मी हर मास शहीद हो रहे हैं लेकिन वे ड्यूटी में किसी प्रकार की ढील नहीं दिखाते ।

श्री भट्टी ने कहा कि आतंकवादी कायरों की तरह काम कर रहे हैं । डी.एस. फोर के नेता श्री देसराज ने कहा कि श्री गुरसेवक सिंह के पैतृक गांव में उनकी यादगार कायम की जाए तथा गांव की सड़क का नामकरण उनके नाम पर किया जाए ।

संशोधन

5.2.89 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 8 पर प्रकाशित मासिक सांत्वनिक लाटरी के 64वें ड्रा के परिणाम में इनाम परस्कार में MP-544752 की बजाए MP-344752 पढ़ें ।

सैनिक अभियंता सेवाएं

गैरिज़न इंजीनियर (आर्मी), श्रीगंगानगर द्वारा फील्डिका में विवाहित जेसीओज/ओआर क्वार्टरों की विशेष मुरम्मत उपलब्ध कराने के लिए निविदाएं आमंत्रित करने के लिए **11 फरवरी, 89** तक समुचित श्रेणी के ठेकेदारों से आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । आकलन : 2.80 लाख रुपए, धरोहर राशि 6000/- रुपए ।

विवरणों के लिए 4 फरवरी, 89 का इंडियन ट्रेड जर्नल देखें ।

davp/683/2333/88/ADII/2289

इंडियनऑयल

इंडियनऑयल

निविदा सं. ओ.पी./88/40/केकेपी

देय तिथि : 3.3.89.

समापन समय : 1400 बजे

हमारे कोटकपुरा डिपो से बल्क पी.ओ.एल. प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु विख्यात परिवहनकर्त्ताओं से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । विस्तृत विवरण निम्नवत् है :

कनाडा में सिख छात्रों के कृपाण रखने पर प्रतिबंध

टोरंटो, 5 फरवरी : कनाडा में एक शिक्षा बोर्ड ने सिख छात्रों के कृपाण रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है ।

बोर्ड के सदस्यों ने भारी बहमत से यह निर्णय लेते हुए कहा कि वे पहचान बनाए रखने हेतु बिना धार का कृपाण रख सकते हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय सिख संगठन के महासचिव रघबीर सिंह ने कहा कि वह इस फैसले का संवैधानिक तरीके से विरोध करेंगे । करीब डेढ़ हजार अभिभावकों ने हस्ताक्षर कर बोर्ड से अपील की थी कि चूंकि कृपाण एक हथियार है, अतः इस पर पाबंदी लगाई जाए ।

मलेशिया में आज हिंदू सम्मेलन

कआलालम्पुर, 5 फरवरी : दो दिवसीय हिंदू सम्मेलन कल यहां शुरू हो रहा है । मलेशियाई हिंदू संगम द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इंडोनेशिया, बर्मा, सिंगापुर, हांगकांग, नेपाल तथा थाईलैंड के प्रतिनिधि भाग लेंगे ।

सम्मेलन में हिंदू जनजीवन और हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों के दिशा-निर्देशों का एक दिग्दर्शन तैयार किया जाएगा ।

आतंकवाद से भयभीत होकर पलायन करके आए परिवारों को अमृतसर में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डाक्टर बलदेव राज चावल रजाइयां गर्म कपड़े व अन्य सामान वितरित करते

गिल द्व... चौ...

फिरोज़पुर, 5 ... महानिदेशक श्री ... आतंकवाद से ग्र... आर्तकित शहरि... निशान सिंह स्व... रेशम सिंह स्वयं ... ओर से प्रस्तुत दो ... 11 सदस्यीय म... दरखास्त तथा आ... के मां-बाप आ... निशान सिंह के ... हटा ली जाएगी ... परेशान करना ब... शांतिपूर्वक रहने ... गिल ने लोगों से ... फरार सम्बन्धिय... तथा कानून का प... जीवन व्यतीत ... करेगी । उन्ह...

रविवार को दि... सुब्रह्मण्यम ... महिफी, देव ...

जनता ... को दि...

नई दिल्ली ... राष्ट्रीय कार्य ... अस्तित्व बनाए ... दिए जाने का ...

श्री इंदभा... के बाद पत्रक... विधिवत कार्य... कार्य समिति के... है ।

पत्रकारों ... किया कि यूरोप ... अध्यक्ष माइक... में श्री हर्षमैन ने ... की बात मौखि...

श्री पटेल ... भी हर्षमैन का ...

Punjabi Sanatan

आतंकवादियों द्वारा 4 व्यक्तियों की हत्या : मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए

चार सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा दो कार सवारों का अपरहण

खालसा स्कूल भटिंडा के समारोह की सारी फिल्में ज़ब्त : 6 हिरासत में

डा. राजेंद्र कौर का अमृतसर में अंतिम संस्कार

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वार्ता, ह.स.): गत रात पंजाब में आतंकवादियों ने एक डाक्टर सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि कुरुक्षेत्र बम विस्फोट के मुख्य अभियुक्त सहित दो दर्जन के लगभग आतंकवादी गिरफ्तार किए गए, जिनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ । भटिंडा पुलिस ने डाक्टर राजेन्द्र कौर की हत्या के संबंध में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । डाक्टर राजेन्द्र कौर का आज अमृतसर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । अमृतसर पुलिस खुखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता की खोज में सक्रिया है, परन्तु उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला । दो उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए ।

4 व्यक्तियों की हत्या : जलालाबाद (मलिक, भंडारी): कल रात यहां से 25 किलोमीटर दूर गुरु हरसहाय थाना के अंतर्गत गांव मेघा राय में ओम प्रकाश नामक व्यक्ति के घर में 5-6 सशस्त्र उग्रवादी ज़बरदस्ती घुस आए और आते ही उन्होंने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप 4 लोगों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । मरने वालों के नाम ओम प्रकाश (50), विमला (40), बलदेव (16), प्रदीप (18) हैं । गुरचरण लाल बुरी तरह से घायल हो गया है । उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । गुरचरण लाल मलाबाबाला का रहने वाला है और अपने रिश्तेदारों को मिलने यहां आया हुआ था ।

पुलिस एवं सिविल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र को घेर लेने का दावा किया है । एक अन्य सूचना के अनुसार श्री ओम प्रकाश डाक्टर हैं । यह भी बताया गया है कि उग्रवादी जाते-जाते गांव के सरपंच के फोन की तार काट गए । 12 बजे के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाई गई । यह गांव सीमा से 2 किलो मीटर उधर है । डाक्टर ओम प्रकाश की छः युवा बेटियां हैं ।

फ़िरोज़पुर से कनतोड़ के अनुसार डाक्टर ओम प्रकाश की लड़की ने ए.के. 47 राइफलों वाले आतंकवादियों की बहुत मिन्नत-समाजत की कि उसके पिता को छोड़ दें, लेकिन आतंकवादियों ने उसकी एक न सुनी । डाक्टर ओम प्रकाश बलदेव और प्रदीप का ताया था, जबकि विमला गर्ग उनकी चाची थी । बताया जाता है कि सूचना मिलने के बावजूद पुलिस आज तड़के घटनास्थल पर पहुंची । आतंकवादी खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए फ़रार हो गए ।

बच्चों को पीटा : बागी के अनुसार मेघा राय के निवासियों ने बताया कि आतंकवादियों ने परिवार के छोटे बच्चों को बहुत मारपीट की तथा उन्हें सख्त ज़ख्मी कर दिया । ग्रामीणों ने बताया कि आतंकवादी वहां एक पत्र छोड़ गए जिस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं हैं । इसमें कहा गया है कि वे सभी हिन्दुओं को खत्म कर देंगे तथा खालिस्तान बनाएंगे । ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आतंकवादी दो दिन पूर्व थाना गुरु हरसहाय के गांव मत्तेर के निवासी रहमान से 12 बोर की लाइसैंसशुदा बंदूक छीन कर ले गए थे और उसे निर्देश दिया था कि एक सप्ताह के अंदर 25,000 रुपए अदा करे अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे ।

आत्म-समर्पण का ब्यौरा: फिरोज़पुर (बागी): कल पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण करने वाले के.सी.एफ. के दो खुखार आतंकवादियों में से एक गुरचेतन सिंह उर्फ़ रणजोध सिंह (25) पुत्र इंद्र सिंह कम्बोज निवासी चुगतेवाला थाना मल्लांवाला आई.टी.आई मकैनिक डिप्लोपा होल्डर है तथा इस समय प्रभात फाइनांस एंड इन्वैस्टमैंट कम्पनी कपूरथला में फ़ील्ड अफसर के तौर पर काम कर रहा है, जबकि दूसरा आतंकवादी अमरजीत सिंह (24) गांव निहालके थाना मक्खू का निवासी है । गांव निहालके और चुगतेवाला जिला फिरोज़पुर के मंड क्षेत्र से संलग्न हैं । आतंकवादी गिरोहों की कार्य प्रणाली का ब्यौरा देते हुए एस.एस.पी. श्री गोयल ने बताया कि दोनों आतंकवादी जिला फिरोज़पुर में गत 2 महीनों में 5 वारदातों में 21 हत्याओं के लिए ज़िम्मेदार हैं । इसके अलावा वे नागरिकों का अपहरण करके उनसे धन भी ऐंठते थे । उन्होंने बताया कि इन दोनों आतंकवादियों को क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों ने समझा-बुझा कर आत्मसर्पण के लिए राज़ी करने में सफलता प्राप्त की है । इसके लिए शर्त यह थी कि उन्हें झूठे मुकाबले में मारा नहीं जाएगा, अपितु कानून के अनुसार उनके विरुद्ध मुकद्दमा चलाया जाएगा । दोनों ही आतंकवादियों ने माना है कि आतंकवादी अपराधी हैं जो कि निजी स्वार्थ के लिए लोगों से धन ऐंठते हैं तथा उन्हें पंथ के साथ कोई सहानुभूति नहीं है अतः निर्दोषों की हत्याओं से निराश होकर उन्होंने मुख्य

मास्टर तारा सिंह की बेटी और स्त्री अकाली दल की प्रधा
को भटिंडा में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, अंत्येष्टि
चित्रों में (1) डा. राजेंद्र कौर का मृतक शरीर, (2) उ
दृश्य, (4) शोकाकुल परिवार के सदस्य ।

पंजाब के प्राईवेट स्
द्वारा गिरफ़्तारियों

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वि.प्र.): प्राईवेट स्कूल टीचर्ज यूनियन पंजाब ने अपनी मांगों के समर्थन में आज से सीधी कार्रवाई और गिरफ्तारियां देकर सत्याग्रह शुरू कर दिया है । सत्याग्रह के पहले दिन जिला रोपड़ के लगभग एक सौ अध्यापकों ने श्री शेर सिंह के नेतृत्व में सिविल सचिवालय के सामने धारा 144 का उल्लंघन करके गिरफ्तारियां दीं । यह अध्यापक लगभग 15 मिनट तक 'अफसरशाही हाय-हाय', 'पंजाब सरकार मुर्दाबाद' इत्यादि नारे लगाते रहे । ठीक इसी समय राज्यपाल श्री एस.एस. रे सिविल सचिवालय की दूसरी मंजिल पर अपने कार्यालय में किसी डैपुटेशन से मिल रहे थे ।

इन अध्यापकों की मांग है कि प्राईवेट प्रबन्ध वाले स्कूलों के अध्यापकों को पैंशन और ग्रैच्यूटी दी जाती ।
फिलहाल
इन्हें बाद
बात स्प
उल्लंघन
यूनियन
देने की
20 फर
प्रयास क
यूनि
सरकार
पग न उ
मान्यता
हड़ताल

अफगानिस्तान से सोवियत सेना वापस

लंदन, 6 फरवरी (एपी): अफगानिस्तान से सोवियत सैनिकों की वापसी का काम निर्धारित समय से दस दिन पहले ही कल पूरा हो गया । यह खबर बी.बी.सी. ने मास्को रेडियो के हवाले से कल दी । मास्को रेडियो ने सोवियत समाचार पत्र 'प्रावदा' के विशेष संवाददाता की रिपोर्ट के अनुसार बताया कि उज़बेकिस्तान के तरमेज नगर में पहुंचा ।

इस्लामाबाद : सोवियत विदेश मंत्री एडअर्ड शेवर्दनादजे अफगानिस्तान विद्रोहियों से मुलाकात किये बगैर स्वदेश लौट गये हैं । वह विद्रोहियों को हथियारों की आपूर्ति न करने के लिए पाकिस्तान को राजमत कराने में भी सफल नहीं रहे । इस्लामाबाद

आशा नहीं छोड़नी चाहिए । हम इस विचार को अमल में लाने के प्रति आशावान हैं ।

सोवियत विदेश मंत्री शेवर्दनादजे ने अफगानिस्तान में व्यापक आधार वाली सरकार के गठन के बारे में गतिरोध दूर करने में विफल रहने के बाद आज संयुक्त राष्ट्र महासचिव के तत्वावधान में यूरी अफगान गुटों की बैठक बुलाने का सुझाव पेश

Punjabi Sanjari

ों की
रे गए

मारोह की
ासत में

संस्कार

टर ओम प्रकाश बलदेव
कि विमला रानी उनकी
है कि सूचना मिलने के
घटनास्थल पर पहुंची ।
मर्थक नारे लगाते हुए

बारी' के अनुसार मेघा
ा कि आतंकवादियों ने
बहुत मारपीट की तथा
। ग्रामीणों ने बताया कि
ड़ गए जिस पर किसी के
हा गया है कि वे सभी
देंगे तथा खालिस्तान
बताया कि आतंकवादी
हाय के गांव मत्तेर के
की लाइसैंसशुदा बंदूक
निर्देश दिया था कि एक
रुपए अदा करे अन्यथा
ार रहे ।

ब्यौरा : फिरोज़पुर
आत्मसर्पण करने वाले
तंकवादियों में से एक
सिंह (25) पुत्र इंद्र सिंह
ना थाना मल्लांवाला
ोपा होल्डर है तथा इस
इन्वैस्टमैंट कम्पनी
के तौर पर काम कर रहा
अमरजीत सिंह (24)
का निवासी है । गांव
जला फिरोज़पुर के मंड
वादी गिरोहों की कार्य
ा.एस.पी. श्री गोयल ने
जिला फिरोज़पुर में गत
21 हत्याओं के लिए
वा वे नागरिकों का
ी ऐंठते थे । उन्होंने



मास्टर तारा सिंह की बेटी और स्त्री अकाली दल की प्रधान डा. राजेंद्र कौर की, जिनकी रविवार को भटिंडा में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, अंत्येष्ट सोमवार को अमृतसर में की गई । चित्रों में (1) डा. राजेंद्र कौर का मृतक शरीर, (2) उनका पुराना चित्र, (3) शव यात्रा का दृश्य, (4) शोकाकुल परिवार के सदस्य । *(छाया : रवि भंडारी)*

Punjabi Sahitani

पंजाब के प्राईवेट स्कूल अध्यापकों द्वारा गिरफ़्तारियों का क्रम शुरू

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वि.प्र.): प्राईवेट स्कूल टीचर्ज यूनियन पंजाब ने अपनी मांगों के समर्थन में आज से सीधी कार्रवाई और गिरफ्तारियां देकर सत्याग्रह शुरू कर दिया है । सत्याग्रह के पहले दि

जातीं । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि इनको फिलहाल हिरासत में लिया गया है । सम्भव है कि इन्हें बाद में बाकर रिहा कर दिया जाए लेकिन यह

दो
द्वा

कुंभनगर
सूर्यदेव के पशि
रहे महानतम स
करोड़ से अधिक
अन्य घाटों पर
एक रिकार्ड है
कुंभ में तीर्थया
शुरू हुआ स्ना
पंचांग के अनुस
बजे तक था ।
पवित्र त्रिवे
कामना लेकर
दिन-भर जारी
जैसे मानव समु
एक नाव दुर्घट
शांतिपूर्वक चल
दुर्घटनाग्रस्त
राजेन्द्र कुमारी
वाजपेयी अपने
यमुना नदी में स
उनके परिवार के
एक 18 वर्षीय
लिए गए ।
मेला क्षेत्र
बीस क्लोज्ड
उमड़ती भीड़ प
भगदड़ नहीं हुई
मेला प्रशा
नगर में लाने वा
से रोक लगा
कल्पवासियों के
पर्याप्त मात्रा में

दूध, डबल
स्टाक शेष था,
ही काम चला
स्नान करने
वृद्ध तीर्थ यात्री
अस्पताल पहुंचा
बताई जाती है
रात्रि दो बजे
की भीड़ बहुत बढ़
कई बार आपात
संगम तक पहुंच
सूत्रों के अनु
लिए आपात रोक

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 7.2.1989

आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुरचेतन सिंह वापस प्रभात फाइनांस इन्वैस्टमैंट कम्पनी कपूरथला में चला जाता था । उसने स्वीकार किया कि उसने गिरोहों की आपसी शत्रुता में एक आतंकवादी जगीर सिंह घुर्डवाला की हत्या की थी तथा उसकी लाश सतलुज नदी में फैंक दी थी । इस सम्बन्ध में कोई केस दर्ज नहीं किया गया । गुरचेतन सिंह ने रहस्योद्घाटन किया कि आतंकवादी सरगना लोगों से ऐंठी गई रकम में से उन्हें बहुत थोड़ी राशि जेब खर्च के रूप में देते थे । श्री गोयल ने बताया कि दूसरा आतंकवादी अमरजीत सिंह अनपढ़ है तथा वह एक अन्य आतंकवादी रेशम सिंह से बचने के लिए निशान सिंह के गिरोह में शामिल हुआ था । निशान सिंह उसको हथियार एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए इस्तेमाल करता था तथा बाद में उसने उसे सामूहिक हत्याओं में शामिल होने के लिए बाध्य किया । श्री गोयल ने कहा कि दोनों आतंकवादी गांव मंगेवाला में हुई मुठभेड़, जिसमें डी.एस.पी. गोपाल सिंह घुम्मन और एक हैड कांस्टेबल की मौत हो गई थी, के बाद घायल निशान सिंह को निकट ही स्थित अमरजीत सिंह के घर में चिकित्सा के लिए ले गए थे । श्री गोयल ने बताया कि यह दोनों आतंकवादी बस्ती अजीज वाली में 10 लोगों, 3 होमगार्डों, 2 पुलिस अधिकारियों तथा 5 कार सवारों की हत्या में शामिल थे । अब उनके विरुद्ध कानून अपना रास्ता अपनाएगा ।

सत्ता की तलाश : अमृतसर (हस): पंजाब पुलिस भिड़ावाला टाईगर्स फोर्स के स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता की सरगर्मी से तलाश कर रही है । सत्ता कल लोपोके पुलिस थाने के बोपाराय खुर्द गांव के बाहर एक फार्म हाऊस पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद भाग निकला था । मुठभेड़ में सत्ता घायल हो गया था । अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि खोजी कुत्ते सत्ता के घाव से बहे खून के सहारे धौला गांव तक गये, लेकिन उससे आगे बढ़ने में असफल रहे । यह स्थान मुठभेड़ के स्थान से लगभग 6 किलोमीटर दूर रामतीर्थ रोड पर है । पुलिस को सत्ता की अनेक आपराधिक मामलों में तलाश है । उस पर एक लाख रुपए का इनाम है ।

राजेंद्र कौर का अंतिम संस्कार : स्त्री अकाली दल की प्रधान भूतपूर्व सांसद सदस्या डाक्टर राजेंद्र कौर का आज अमृतसर में सिख रीति के अनुसार अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक नेता तथा पार्टी कार्यकर्त्ता मौजूद थे । डाक्टर राजेंद्र कौर का शव कल देर रात अमृतसर लाया गया था । जब उनका शव एक ट्रक में श्मशान भूमि ले जाया जा रहा था तो स्त्री अकाली दल की कार्यकर्त्ताओं ने 'राजेंद्र कौर अमर रहे' के नारे लगाए । पंजाब के राज्यपाल की ओर से शव पर फूल-माला चढ़ाई गई । चिता को आग डाक्टर राजेंद्र कौर के पति विग कमांडर (रिटायर्ड) कंवल जीत सिंह ने दिखाई ।

डाक्टर राजेंद्र कौर के शव पर जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह, अकाली दल (तलवंडी), अकाली दल (लौंगोवाल), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जनता पार्टी, चीफ खालसा दीवान, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा कई धार्मिक संस्थाओं की ओर से फूलमालाएं तथा शाल चढ़ाये गये । इससे पूर्व एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने डाक्टर राजेंद्र कौर के निवास स्थान पर उनके शव पर दोशाला अर्पित किया । अंतिम संस्कार के समय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कामरेड सतपाल डांग, पंजाब जनता पार्टी अध्यक्ष श्री कृपाल सिंह, शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री हरेंद्र सिंह तथा एकीकृत अकाली दल के नेता ठेकेदार सुरजन सिंह मौजूद थे ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, दरबार साहब के प्रशासनिक कार्यालय और सभी सिख शिक्षा संस्थान आज डाक्टर राजेंद्र कौर के सम्मान के बंद रहे । इसी बीच चीफ खालसा दीवान के अध्यक्ष श्री कृपाल सिंह ने डाक्टर राजेंद्र कौर की हत्या को 'बर्बर हत्या' बताते हुए कहा कि इसने मास्टर तारा सिंह के परिवार को समाप्त कर दिया है,जिसका 70 वर्ष का निस्वार्थ राजनीतिक सेवा का रिकार्ड था । उन्होंने सरकार से मांग की कि इस तरह की निरर्थक हत्याओं को रोकने के लिए कड़े पग उठाए जाएं ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार डाक्टर राजेन्द्र कौर की चिता को अग्नि उनके लड़के मनजीत सिंह ने दिखाई । अर्थी के जलूस के साथ तथा श्मशान भूमि में बड़े पैमाने पर सुरक्षा प्रबंध किए गए थे । अंतिम संस्कार गुरुद्वारा शहीदां के सामने स्थित श्मशान भूमि में किया गया ।

पप्पू गिरफ्तार : कल रात मजीठा पुलिस जिला में छापों के दौरान खूंखार आतंकवादी सतवंत सिंह उर्फ़ पप्पू तथा 10 अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । वे बब्बर खालसा और भिंडरांवाले टाइगर फोर्स से संबंधित हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि यह आतंकवादी दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं । उनसे बड़ी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का मिला । श्री मान ने अन्य 10 आतंकवादियों के नाम—भूपेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, सरबजीत सिंह, करतार सिंह, जवाहर सिंह, हरभजन सिंह, गुरनाम सिंह, मेजर सिंह, गुरमेज सिंह तथा बचन सिंह बताए ।

आतंकवादी पप्पू गत जून में कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में हुए बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार था,जिसमें 18 लोग मारे गये थे तथा 30 अन्य घायल हुए थे । घटना के समय यह लोग एक दुकान के बाहर टी.वी. पर लोकप्रिय सीरियल 'रामायण' देख रहे थे । इन आतंकवादियों से एक चीनी असाल्ट राइफल, चार .12 बोर की दनाली बंदूकें, एक .38 बोर का रिवाल्वर, एक पिस्तौल, दो .303 पिस्तौल, दो 12 बोर के पिस्तौल व 527 कारतूस बरामद किए गए ।

2 दुर्दांत उग्रवादी मारे गए : आज सायं जिला अमृतसर में हुई मुठभेड़ में तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज रात्रि यहां बताया कि मारे गए दो उग्रवादी बलविंद्र सिंह बासरके और सुखजिंद्र सिंह प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर थे, जिनके सिर पर 30000-30000 रुपए का इनाम था । भीषण मुकाबला जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में आज रात्रि हुआ । मारे गए उग्रवादियों के पास से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

श्री गिल ने कहा कि यह मुका चला उस समय हुआ, जब जिला फिरोज़पुर के सल्लांवाला क्षेत्र में उगी हाथी घास में छिपे उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की एक पार्टी पर घात लगा कर हमला किया । यह पार्टी इस क्षेत्र में से गुजर रही थी । चार घंटे के भीषण संघर्ष के पश्चात् उग्रवादियों की बंदूकों को शांत कर दिया गया और इसे क्षेत्र के निकटवर्ती गांवों के भारी संख्या में लोगों ने देखा । इसके बाद हुई तलाशी में दो मरे हुए पड़े मिले । बासरके पर अपने गांव के सरपंच, 6 हत्याएं, भिखीविंड में 3 हत्याएं करने और सुरक्षा बलों पर घात लगा कर दोबार हमला करने का आरोप है ।

दो व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर से प्राप्त पुलिस सूचना के अनुसार प्रेम कुमार और प्रभ दयाल नाम के दो व्यक्ति मारुति कार द्वारा अमृतसर की तरफ जा रहे थे कि भिखीविंड इलाके के पास चार आतंकवादियों ने कार रोक कर उनका अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने कार में सवार तीसरे व्यक्तियों को जाने दिया, वो कार चला रहा था ।

घुसपैठिया मारा गया : भारत-पाक सीमा पर खेमकरण सैक्टर में हुए मुकाबले में एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

कुछ व्यक्ति हिरासत में : भटिंडा (ह.स.): स्वर्गीय अकाली नेता मास्टर तारा सिंह की पत्नी डाक्टर राजेंद्र कौर तथा एक वकील श्री बलदेव सिंह खोसे की हत्या के संबंध में कुछ व्यक्तियों को पकड़ा गया है । सुरक्षा बलों ने हत्यारों की तलाश में क्षेत्र के कुछ मकानों पर भी छापे मारे । एक सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने खालसा स्कूल भटिंडा के स्वर्ण जयंती समारोह के सभी वीडियो तथा स्थिर चित्र कब्जे में ले लिए हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन वीडियो फिल्मों को जब चला कर देखा गया तो इनमें पर कुछ अजीब चेहरे घूमते दिखाई दिए । सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि हत्यारे डाक्टर राजेंद्र कौर का पीछा कर रहे थे ।

पुलिस का दावा है कि अभियुक्तों का बहुत शीघ्र पता लगा लिया जाएगा । घटना के 7 मिनट के अंदर ही 6 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि डाक्टर राजेंद्र कौर का शव पोस्टमार्टम के उपरांत प्रातः 9 बजे उनके पति तथा लड़कियों के सुपुर्द कर दिया गया । डी.आई.जी. फिरोज़पुर रेंज अभियुक्तों की खोज के कार्य की स्वयं देखरेख कर रहे हैं ।

2 आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार संगरूर से 6 किलो मीटर दर गांव बंगावाली के निकट दो आतंकवादियों ने पुलिस से मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया । एस.एस.पी. ने बताया कि यह आतंकवादी छीना-झपटी की वारदातों में शामिल थे ।

जिला संगरूर में दर्शन सिंह उर्फ़ हैप्पी उर्फ़ काका, सुखदेव सिंह तथा मुख्तार सिंह को गिरफ्तार किया गया और उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किये गए ।

कपूरथला जिला में हरमिंदर सिंह को .303 के गैरकानूनी 4 कारतूसों सहित पकड़ा गया ।

मारुति वैन छीनी : बटाला (कोछड़): गत सायं बटाला थाना सदर के अंतर्गत अमृतसर-जालंधर बाईपास के निकट अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने अमरनाथ खराना से उसकी मारुति वैन पी.सी.एक्स. 25 छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार आज शाम 6.30 बजे मलोट रोड पर 4 आतंकवादी, जोकि एक कार में सवार थे, अग्रवाल पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 7,000 रुपए छीन कर ले गए । इसके अलावा उन्होंने 400 रुपए का पैट्रोल कार में डलवा लिया ।

स्कूटर छीना : पटियाला (भूषण): आज शाम मंडी गोबिन्दगढ़ थाना के गांव बदिनपुर के निकट दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.एच.जी. 5187 छीन लिया तथा फ़रार हो गए ।

जिला लुधियाना में 2 आतंकवादियों अवतार सिंह उर्फ़ तारी तथा रवीन्द्र पाल सिंह उर्फ़ चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया ।

रोपड़ पुलिस ने गुरदेव सिंह व सलकीयत सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस पकड़े ।

57 हिरासत में : फगवाड़ा (राकेश): भारी स्थानीय पुलिस, बी.एस.एफ., केंद्रीय रिज़र्व पुलिस ने एस.पी. आप्रेशन श्री संतोख सिंह भाची एस.पी. दीवान चंद की अध्यक्षता में स्थानीय बस स्टैंड, टिब्बी व संतोखपरा में छापे मार कर लगभग 57 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है ।

भटनागर द्वारा सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य का निरीक्षण : भारत-पाक अधिकारियों में वार्ता

अमृतसर, 6 फरवरी (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री के.एफ. भटनागर ने आज अमृतसर क्षेत्र में सीमा पर बाड़ लगाए जाने के कार्य का निरीक्षण किया । उनके साथ बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री बी.के. राजगोपालन भी थे ।

बाद में श्री भटनागर ने सीमा सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक में सीमा की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

भारत-पाक अधिकृत वार्ता : वि.प्र. के अनुसार आज वाघा सीमा पर भारत-पाक सीमा रक्षा बलों के उच्चाधिकारियों की एक बैठक हुई । बैठक में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व श्री भटनागर तथा पाकिस्तानी पक्ष का नेतृत्व पाक रेंजर्स महानिदेशक हाकिम अरशद कुरैशी ने किया । बैठक में सीमा पर होने वाले अपराधों की रोकथाम बारे विचार-विमर्श किया गया ।

नए वेतनमान रद्द

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब अकाउंट्स सर्विस एसोसिएशन ने भी राज्य सरकार की ओर से घोषित नए वेतनमान रद्द कर दिए हैं । एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने फैसला किया है कि अकाउंट्स कैडर के अधिकारी अन्याय के विरुद्ध प्रोटैस्ट करने के लिए 17 से 22 फरवरी तक काले बिल्ले लगाएंगे । इसके अतिरिक्त 22 फरवरी को वह सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेंगे ।

अकाली समझ लें....

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के अण् बम तैयार करने बारे सामने आए तथ्यों पर चिंता व्यक्त की है, किन्तु चिंता मात्र से कुछ न होगा । उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह देश को अण् शस्त्र तैयार करने को सक्षम बनाएं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र की बहाली अच्छा मोड़ है किन्तु पाकिस्तान जब तक अपनी नीतियों में कोई ठोस परिवर्तन नहीं करता, तब तक भारत निश्चित नहीं हो सकता । इस संदर्भ में श्री शर्मा ने उग्रवादियों को पाकिस्तान की सहायता की चर्चा की और कहा कि यद्यपि श्री गांधी ने पाकिस्तानी दौरे के बाद कहा कि श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो ने उन्हें अलिखित विश्वास दिलाया है कि पाकिस्तान उग्रवादियों को मदद नहीं देगा,किन्तु अभी तक बेनज़ीर ने स्वयं स्पष्ट शब्दों में ऐसी घोषणा नहीं की ।

डाक्टर सिविल अस्पताल होशियारपुर में अनशन करते हुए । (छाया : अश्विनी)

डाक्टरों की हड़ताल

(पृष्ठ 3 का शेष)

मंड क्षेत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

होती रही । गैर सरकारी सूत्रों ने दावा करते हुए बताया कि बब्बर खालसा के बराड़ का गिरोह टांगरा से एक जीप में आ रहा था जिसको सुरक्षा बलों ने घेरे में ले लिया लेकिन बराड़ जीप लेकर फरार हो गया और फिर दोनों तरफ से अंधाधुंध फायरिंग होती रही । परिणामस्वरूप बराड़ बच कर निकल गया । सूत्रों के मुताबिक झामके के साथ भी ऐसा मकाबला चला था । यह भी रहस्योद्घाटन हुआ है कि सुखदेव सिंह झामके की बीवी तथा बच्चे इस समय अमृतसर शहर में रह रहे हैं । झामके के बच्चे यहां एक स्कूल में दाखिल हैं । इसके अलावा कई ऐसे खतरनाक उग्रवादी हैं जिन्होंने शहरों में किराए पर झूठे नामों से मकान ले रखे हैं ।

आतंकवादियों की गतिविधियों में एक बार पुनः वृद्धि होने की संभावना है । खुफिया एजैंसियों ने संकेत दिया है कि उग्रवादियों ने अकाली नेताओं समेत कांग्रेस, भाजपा, भाकपा, माकपा लीडरों की 'हिट लिस्ट' तैयार की है । आतंकवादी बड़े नेताओं की हत्याएं करके अपनी दहशत फैलाना चाहते हैं ।

सरकार के अनुसार सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष पंजाब में सुरक्षा बलों की 36 बटालियनें कानून-व्यवस्था से निपटने के लिए तैनात हैं और इन पर 110 करोड़ रुपये वार्षिक खर्च आता है । इसके अलावा पुलिस, सुरक्षा बलों की सहायता के लिए अलग से है ।

पिछले दिनों जो दो "तार लगाने वाले ठेकेदार" आतंकवादियों के कब्जे में आ गये थे और जिनसे से एक वृद्ध ठेकेदार ने 10 दिन वहां पर गुजारे हैं और 15 लाख रुपया नजराना देकर, अपनी जान छुड़ाई, ने अपने निकटवर्ती मित्रों को कई किस्से सुनाए हैं । उसके मुताबिक आतंकवादी 'चिकन' 'शराब', ड्राईफ्रूट, फलों, दूध, मक्खन का सेवन करते हैं और कोई भी एक दूसरे को नाम से नहीं बुलाता । इन ठेकेदारों के मूल्य अपहरणकर्त्ता को 'बाबा' के नाम से पुकारा जाता और उसकी उम्र लगभग 30-35 साल थी । अन्य आतंकवादियों की उम्र 16 से लेकर 20 साल के लगभग थी । इनकी कुल संख्या 20 थी । ये एक-दूसरे को छोटा बाबा, नीला बाबा, पीला बाबा, काला बाबा, हरा बाबा इत्यादि के नामों से पुकारते थे । ठेकेदार मेहर सिंह के निकटवर्ती मित्रों का कहना है कि मेहर सिंह के अनुसार इन 'छोकरों' ने उन्हें बातचीत करते समय कहा, कि हमारा "मकसद खालिस्तान नहीं है" न हम हिन्दू-सिख' में फर्क समझते हैं । हमें पैसा चाहिए, हथियारों के लिए नहीं—वह तो हमें पाक से मफ्त मिल जाते हैं । पैसा हमें किसी और कार्य के लिए चाहिए । "इस और कार्य" के बारे में उन्होंने मेहर सिंह को कुछ नहीं बताया ।

चंद्रशेखर का मौन

बम्बई, 6 फरवरी : जनता दल के नेता चंद्रशेखर ने इन्दुभाई पटेल द्वारा उनकी हर्शमैन के हुई मुलाकात के बारे में कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया है । श्री चंद्रशेखर आज यहां बम्बई यूनियन आफ जर्नलिस्ट द्वारा आयोजित 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे । उन्होंने इस मसले पर ज्यादातर सवाल टालते हुए कहा : अफवाहों पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता ।

यह पूछे जाने पर कि क्या विश्वनाथ प्रताप सिंह ने हर्शमैन से विपक्षी नेताओं के बैंक खातों के बारे में जानकारी मांगी थी, उन्होंने कहा कि यह बात विश्वनाथ जी और हर्शमैन के बीच की होगी, मैं इस पर कुछ कहूं ठीक नहीं होगा ।

पंजाब व चंडीगढ़ छात्र संगठन का सम्मेलन

चंडीगढ़, 6 फरवरी (संघी): पंजाब और चंडीगढ़ स्टूडैंट्स फैडरेशन आफ इंडिया का 14वां राज्य स्तरीय सम्मेलन कल से यहां शुरू हो रहा है । तीन दिवसीय इस सम्मेलन का उद्घाटन फैडरेशन के भूतपूर्व प्रधान श्री सीता राम करेंगे । सम्मेलन को अन्य के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के शिक्षामंत्री श्री कान्ति बिस्वास भी सम्बोधित करेंगे । सम्मेलन में छात्रों को पेश विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा ।

परीक्षा फीस में की गई वृद्धि वापिस हो

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वि.प्र.): छात्र संघ मोहाली में 14 फरवरी को पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के दफ्तर के सामने प्रदर्शन करेगा । यह प्रदर्शन जमा एक और जमा दो कक्षाओं की प्राइवेट परीक्षा फीस को 15 रुपए से बढ़ा कर 200 रुपए करने के विरोध स्वरूप होगा । संघ ने पंजाब के राज्यपाल से मांग की है कि वह शीघ्र इस मामले में रुचि लेकर परीक्षा फीस को कम करें ।

शाम के भाव

–(6 फरवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6660, चांदी डिलिवरी 6685, चांदी गद्दी 6580, कच्ची चांदी 6700, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7060, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3150-3160, सोना स्टैंडर्ड 3300, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3190, गिन्नी (प्रत्येक) 2550 रुपए ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

व्यापार

Wanted dealers for selling KCA brand bakelite electrical accessories for the districts of Patiala, Sangrur, Bhatinda, Faridkot and Fazilpur. Contact

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.2.89,73/- without trays. NECC Suggested Retail price 9.60 per Dozen.

2 भाइयों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या, शिव सेना के प्रधान की कार पर फ़ायरिंग

अलग-अलग मुठभेड़ों में 2 आतंकवादी मारे गए

बलविंदर सिंह 25 हिंदुओं की हत्या में संलिप्त था : गोयल

चंडीगढ़, 7 फरवरी (वार्ता): पंजाब हिंद शिव सेना के अध्यक्ष की आज शाम जिला फरीदकोट में हत्या का प्रयास किया गया जिसमें वह बाल-बाल बच गए । पंजाब में अन्य स्थानों पर आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 आतंकवादी मारे गए । जिला गुरदासपुर में धारीवाल रेलवे स्टेशन के निकट रेल लाइन पर मिली बमनुमा वस्तु 'खिलौना' निकली ।

2 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के क्षेत्र में स्थित गांव बांका से दो दिन पहले जिन दो व्यक्तियों प्रेम कुमार और प्रभदयाल का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, उनकी गोलियां मार हत्या कर दी गई है तथा उनकी लाशें थाना भिखीविंड के ही एक गांव मैनी गुरमुख सिंह के बाहर खेतों में पड़ी हुई मिलीं । पुलिस ने लाशें कब्ज़े में लेकर इनका पोस्टमार्टम कराया है ।

ह.स. के अनुसार प्रेम कुमार तथा प्रभदयाल दोनों भाई थे । उनके संबंधी जगदीश चंद्र ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो आतंकवादियों ने उसको गोली मार कर सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

शव मिला :अमृतसर शहर में खालसा कालेज के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ । उसका गला कटा हुआ था ।

आतंकवादी मारा गया : एक अन्य सूचना के अनुसार सीमांत थाना वल्टोहा के गांव महमदपर में रात के समय चार आतंकवादी एक जमींदार जसपाल सिंह को 'बहक' पर आए तथा मकान का दरवाजा खटखटाया । जसपाल सिंह ने छत पर से झांक कर देखा और आतंकवादियों पर अपनी .12 बोर की बंदूक से फायरिंग शुरू कर दी । इस फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया जबकि शेष तीन भाग गए । घटनास्थल पर एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, तीन मैगजीन और तीन हथगोले मिले हैं । जसपाल सिंह ने प्रातः थाना में जाकर घटना की सूचना दी । पुलिस ने आतंकवादी की लाश कब्जे में ले ली ।

महमदपर में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त बलविन्द्र सिंह उर्फ बिंदा के रूप में हुई ।

2 आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (धीमान) : रात रात थाना मल्लांवाला के अंतर्गत बस्ती किशन सिंह वाला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल पर दो चीनी असाल्ट राइफलें तथा गोली-सिक्का मिला ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : 'बागी' के अनुसार फिरोज़पुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुमंत कुमार गोयल ने बताया कि मारे गए आतंकवादी सुखवंत सिंह तथा बलविंदर सिंह के.सी.एफ. से सम्बन्धित थे । इनके सिर पर 30-30 हजार रुपए का ईनाम घोषित था । यह दोनों खूंखार आतंकवादी गुरनाम सिंह बंडाला के निकट साथी थे तथा मंड के निकटवर्ती क्षेत्र में अर्ध सैनिक बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । श्री गोयल ने बताया कि सुरक्षा बल जब एक बहक की तलाशी ले रहे थे तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोली चलाई । इस तरह यह भिड़ंत 2 घंटे जारी रही । पुलिस और सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान हथगोलों का भी प्रयोग किया । बाद में खेतों में से 2 आतंकवादियों के शव बरामद हुए । हथियारों के अलावा वहां से के.सी.एफ. का लैटर पैड तथा डायरी भी मिली जिसमें यह दर्ज था कि सुखवंत सिंह तथा बलविंदर सिंह दोनों गुरनाम सिंह बंडाला के खास आदमी हैं । श्री गोयल ने बताया कि एक चीनी राइफल पर बलविंदर सिंह का नाम खुदा हुआ था । उन्होंने बताया कि बलविंदर सिंह वल्टोहा, भिखीविंड तथा तरनतारन क्षेत्रों में 25 हिन्दुओं की हत्या के लिए जिम्मेदार था ।

उग्रवादी मारा गया : फाज़िल्का (लूना): फाज़िल्का सैक्टर में निर्मल सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के एक गश्ती दल ने एक संदिग्ध उग्रवादी को मार गिराया । 113 बटालियन के कमांडेंट एल.एम. वर्मा ने बताया कि गश्ती दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते हुए देखा । उसे चुनौती दी गई तो उसने भागने की कोशिश की,जिस पर बी.एस.एफ. के जवानों ने गोली चलाई । परिणामस्वरूप वह वहीं मारा गया ।

गत रात जिला भटिंडा के गांव दलेलवाला में खेतों में से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया ।

शिव सेना नेता की हत्या का प्रयास : मोगा से आज़ाद के अनुसार आज सायं लगभग 4.30 बजे यहां कोटकपूरा रोड पर आतंकवादियों की ओर से पंजाब हिंद शिव सेना के प्रधान श्री जगदीश चंद्र पुरी पर हमला करके उनकी हत्या का प्रयास किया । बताया जाता है कि श्री पुरी जी.टी. रोड पर अपनी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के कार्यालय में से मारुति जिप्सी में सवार होकर अपने अंगरक्षकों के साथ अपने घर के लिए रवाना हुए । कोटकपूरा रोड पर पहुंचने पर एक मारुति कार में सवार आतंकवादियों की ओर से उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई । श्री पुरी के अंगरक्षकों की ओर जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी फरार हो गये ।

फायरिंग से श्री पुरी की कार का पहिया पंक्चर हो गया जबकि जवाबी फायरिंग से आतंकवादियों की कार के शीशे टूट गये । सूचना मिलने पर पुलिस की ओर से आतंकवादियों का पीछा किया गया तथा वह कार नम्बर पी.सी.एस. 5978 गांव मुवाला कलां के पास पकड़ ली गई लेकिन आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गये । उनकी खोज जारी है । एक सूचना के अनुसार अंगरक्षकों की फायरिंग से एक आतंकवादी घायल हुआ है ।

5 मुठभेड़ों में 7 आतंकवादी मरे : वि.प्र. ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया गया है तथा 5 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान सुरक्षा बलों ने 5 मुठभेड़ों में 7 आतंकवादियों को मार गिराया । पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार 28 आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । 25 हथियार जिनमें 4 ए.के. 47 राइफलें, एक थामसन मशीनगन, 17 पिस्तौल, 2 बम, एक हथगोला और 211 कारतूस शामिल हैं, इस अवधि में बरामद किए गए । इस अवधि के दौरान जो 25 व्यक्ति आतंकवादियों का निशाना बने, उनमें भूतपूर्व संसद सदस्या डाक्टर राजेन्द्र कौर तथा एक वकील श्री बलदेव सिंह खोखर भी शामिल हैं, जबकि जिला फिरोज़पुर तथा तरनतारन क्षेत्र में दो व्यक्तियों को उग्रवादियों ने फांसी पर लटका दिया । इस सप्ताह के दौरान जिला अमृतसर, गुरदासपुर, कपूरथला, रोपड़, होशियारपुर, लुधियाना, पटियाला और संगरूर आतंकवादी हत्याओं से मुक्त रहे । जालन्धर व पटियाला जिलों में दो बैंक डकैतियों में 1.34 लाख रुपए लूटे गए जबकि लुधियाना, होशियारपुर, जालन्धर व भटिंडा जिलों में लोगों से 1.5 लाख रुपए तथा 7500 हांगकांग के डालर लूटे गए ।

रावी एक्सप्रैस उड़ाने का प्रयास : बटाला (कोछड़) आज सुबह आतंकवादियों ने रावी एक्सप्रैस को बम से उड़ाने का प्रयास किया । रेलवे सूत्रों के अनुसार प्रातःकालीन गाड़ी के गजरने के शीघ्र बाद रेलवे स्टेशन के निकट रेल पटरी पर शक्तिशाली बम रख दिया गया । सूचना मिलने पर रेलवे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जिला फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव बनवालाई में सुरक्षा बलों से मु
(1) सुखवंत तथा (2) एक अज्ञात आतंकवादी के शव । (3) मल्लांवाला थाना
मुठभेड़ में मरे आतंकवादी जसवंत सिंह का शव । (4,5) बनवालाई मुठभेड़ म
दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें ।

राजीव द्वारा बेरोज़गारी दूर लिए नए कार्यक्रम का

जयपुर, 7 फरवरी (ह.स., वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि सरकार बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने के लिए नया कार्यक्रम बना रही है । प्रधानमंत्री अपनी तीन दिवसीय राजस्थान यात्रा के दूसरे दिन यहां पहुंचने पर एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही फूड प्रोसेसिंग का एक नया कार्यक्रम हाथ में लिया है । इससे जहां एक ओर फलों का निर्यात होगा और विदेशी मुद्रा प्राप्त होगी वहीं लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा ।

उन्होंने कहा कि हमें राजस्थान को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने होंगे । हमें विशेष ध्यान रोजगार पर देना होगा क्योंकि यहां के युवा वर्ग की बड़ी समस्या बेरोजगारी की है, इसे दूर करने के लिए सरकार ने कई कार्यक्रम चलाए हैं । श्री राजीव गांधी ने कहा कि युवा वर्ग को सरकारी कार्यक्रमों का पूरा लाभ मिले और वे भी विकास की दौड़ में शरीक हो सकें, इसके लिए हमने मताधिकार की आयु घटा कर 18 वर्ष कर दी है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने कमजोर व गरीब वर्ग, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं की स्थिति मजबूत करने के लिए भी कई कार्यक्रम चलाए हैं । इनका अच्छा लाभ मिल रहा है ।

श्री गांधी ने राजस्थान के पिछड़ेपन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाएं इस प्रदेश की प्रगति में हमेशा ही बाधक रही हैं लेकिन गत कुछ वर्षों में निरन्तर अकाल का इस प्रदेश की सरकार एवं जनता ने मिल कर मुकाबला किया और अब राज्य की प्रगति का नया दौर शुरू हुआ है । प्रधानमंत्री ने राजस्थान के किसानों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि उन्हीं की मेहनत के बल पर हमें इस समस्या से निजात मिली है । इस राज्य की कई समस्याएं हल कर ली गई हैं और कुछ समस्याओं के बारे में शीघ्र ही हल निकाला जाएगा ताकि प्रगति के मार्ग में किसी तरह का गतिरोध पैदा नहीं हो ।

अमन चैन के लिए मन्नत मांगी : प्रधानमंत्री राजीव गांधी आज अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह गए तथा देश की खुशहाली एवं शांति के लिए दुआ की ।

श्री गांधी प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दरगाह में पहली बार आए तथा ख्वाजा साहब की मजार पर सोने-चांदी के तारों से बनी ब्यालीस गज की एक मखमली चादर चढ़ाई । श्री गांधी ने मजार पर फूल चढ़ाए तथा माथा टेक कर मन्नत मांगी । श्री गांधी 15 मिनट तक दरगाह पर रहे । दरगाह के सैयद अब्दुल गनी ने श्री गांधी की दस्तारबंदी कर उन्हें तबर्रुक (प्रसाद) भेंट किए । श्री गांधी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए उनसे आपसी सद्भावना व भाईचारा बनाए रखने की अपील की ।

दरगाह में तनाव : प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आज ख्वाजा चिश्ती की दरगाह की जियारत कराने के लिए जायरीनो व खादिमों से दरगाह खाली करवाने के समय तनाव पैदा हो गया । दरगाह खाली करवाने के लिए सुरक्षा अधिकारी व भारी संख्या में पुलिस कर्मी सुबह करीब छः बजे ही दरगाह पहुंच गए । इस पर जायरीनो ने विरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कल शाम जियारत के लिए आने वाले थे और दोपहर बाद ही उनसे दरगाह खाली करवा ली गई थी लेकिन श्री गांधी नहीं आए अब उन्हें दुबारा क्यों परेशान किया जा रहा है ।

जायरीनो व खादि
की नमाज हर हाल में
उसके बाद ही जाएंगे
गया । आखिर दरगाह
घंटा पहले ही खाली हो
कड़े पहरे में दरगाह की

इंका में फूट :
प्रदेश कांग्रेस (इ) की
आई । श्री गांधी अपनी
रात जयपुर, टोंक, पा
अजमेर के विधायकों, स
कांग्रेस की जिला इका
मिले जहां ज्यादातर
लगाए । श्री गांधी के
सिलसिला रात्रि नौ बजे
चला । प्रधानमंत्री श्री
शर्मा, विष्णु मोदी, पूर्व
मूल चंद मीणा, विधायक
सहित एक दर्जन असंत
गांधी ने कार्यकर्त्ताओं
मजबूत करने की अपील

प्रदेश कांग्रेस अध
इस्तीफा स्वीकार नहीं क
कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं
को ज्ञापन दिया ।

काले झंडों से प्र
गांधी की यात्रा के दौरान
झंडे दिखाने के आरोप में
कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्ता
युवा मोर्चा और रोजग
कार्यकर्त्ता जब प्रधानमंत्री
रहे थे तो पुलिस ने उन्हें
उन्होंने अपना प्रदर्शन ज
गिरफ्तार कर लिया ।
गया ।

प्रधानमंत्री राजीव
दर्जन से अधिक गांवों
किया और ग्रामीणों के
देखने के लिए हर जगह
थे । ग्रामीणों ने स्थानीय
से श्री गांधी का स्वागत

श्री गांधी ने यहां के
कंजर जाति के लोगों का
उक्त जाति के पुरुषों,
बातचीत कर उनकी
सुविधाएं उपलब्ध कराने

तोपों के ग बक्से लूट

बारीपाडा, 7 फरवरी (
निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर
गोला फैक्टरी से भेजे जा रहे
लिये गये हैं । 30 जनवरी
एक ट्रक किरकी जा रहा था
बदमाशों ने जबरदस्ती ट्र
लिया । ट्रक चालक ओ
व्यक्तियों ने रविवार को
कराई । मामले की जांच

पंजाब के बारे में गठित मंत्रिमंडलीय समिति अपंग होकर रह गई

नई दिल्ली, 7 फरवरी (जी.एस. चावला) : यद्यपि 4 महीने पहले प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने अपनी पंजाब यात्रा के दौरान घोषणा की थी कि वह पंजाब के बारे में विपक्षी नेताओं की एक बैठक बुलाएंगे तथा उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति बनाई थी, प्रधानमंत्री सचिवालय से जानकारी लेने पर पता चला है कि अभी तक विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

तमिलनाडु के चुनावों से पहले प्रधानमंत्री ने पार्टी के कुछ नेताओं से कहा था कि केंद्र वहां के विधानसभा चुनावों के बाद पंजाब समस्या की ओर ध्यान देगा । पंजाब के कांग्रेसी नेता प्रधानमंत्री पर जोर देते रहे हैं कि पंजाब के बारे में किसी भी नई पहल के लिए वातावरण इस समय उपयुक्त है क्योंकि सुरक्षा बलों का हाथ ऊपर है और आतंकवादियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सहानुभूति नहीं मिल रही ।

प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब के बारे में नियुक्त की गई मंत्रिमंडलीय समिति के अध्यक्ष विदेश मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव हैं तथा इसमें कुछ केंद्रीयमंत्री शामिल हैं । जिन्हें पंजाब के बारे में कोई जानकारी नहीं है । मंत्रिमंडलीय समिति की इसके गठन के बाद से अभी तक केवल 3 बैठकों में पंजाब के राज्यपाल ने समिति को स्थिति के बारे में अपने जायजा से अवगत कराया था । समिति की पहली बैठक मात्र औपचारिकता थी। अभी तक समिति की कोई अन्य बैठक बुलाए जाने की कोई सम्भावना नहीं है ।

मंत्रिमंडलीय समिति अभी तक यही फैसला नहीं कर सकी कि वह आगे क्या कार्रवाई करे तथा सरकार किस तरीके से मामले से निपटे । यह समिति भावहीन होकर रह गई है क्योंकि प्रधानमंत्री की ओर से उसे कोई संकेत नहीं मिला कि वह क्या नीति अपनाए । इसके साथ ही यदि समिति विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाती भी है तो इसका उद्देश्य केवल उनके विचारों को सुनना होगा, जोकि सरकार कई बार सुन चुकी है । यदि देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखा जाए तो ऐसी कोई सम्भावना नजर नहीं आती कि केंद्रीय सरकार निकट भविष्य में पंजाब की स्थिति की ओर ध्यान देगी । केंद्र ने स्थिति से निपटने की जिम्मेदारी सुरक्षा बलों पर छोड़ रखी है । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़ कर जनता दल तथा राष्ट्रीय मोर्चा जैसे विपक्षी दल भी पंजाब की स्थिति से ज्यादा चिंतित दिखाई नहीं देते । वे भी कभी पंजाब की चर्चा नहीं करते ।

20 को चंद्र ग्रहण

हैदराबाद, 7 फरवरी (ह.स.): 20 फरवरी को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा । चंद्र ग्रहण उस दिन सायं 7.13 बजे शुरू होकर रात्रि 10.57 बजे समाप्त होगा और यह देश के सभी भागों में दिखाई देगा ।

बागियों द्वारा काबुल पर राकेटों से हमले

मास्को, 7 फरवरी (वार्ता): अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर बागी मुजाहिदीन ने आज राकेटों से हमले किए । काबुल से खबर मिली है कि अफगान सेना ने कंधार पर कब्जा करने के लिए बागी मुजाहिदीन के हमले को विफल करने में कामयाबी पाई है । काबुल से मिली खबरों के मुताबिक करीब 30 हजार अफगान विद्रोही प्रांतीय मुख्यालयों की घेराबंदी करने के प्रयास में अफगानिस्तान की सभी प्रमुख सड़कों पर जमा हो गए हैं । मुजाहिदीन द्वारा काबुल पर राकेटों से हमला देर रात तक जारी था ।

हिमाचल में कर्मचारियों की हड़ताल का कांगड़ा में व्यापक प्रभाव : अन्य स्थानों में आंशिक

शिमला, 7 फरवरी (खजूरिया) : रणजीत सिंह के नेतृत्व वाले अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल होने के लिए कर्मचारी महासंघ के महासचिव श्री सुभाष शर्मा, मुख्य सचिव को बनाया जाए । यह कमेटी पंजाब वेतन आयोग द्वारा उत्पन्न की गई

ी हत्या, कायरिंग

हिंदुओं की
ा : गोयल

मी हैं । श्री गोयल ने बताया कि
पर बलविंदर सिंह का नाम खुदा
ने बताया कि बलविंदर सिंह
तथा तरनतारन क्षेत्रों में 25
के लिए जिम्मेदार था ।

रा गया : फाज़िल्का (लूना):
ं निर्मल सीमा चौकी के निकट
क गश्ती दल ने एक संदिग्ध
गिराया । 113 बटालियन के
वर्मा ने बताया कि गश्ती दल ने
को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की
देखा । उसे चुनौती दी गई तो

जिला फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव बनवालाई में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी (1) सुखवंत तथा (2) एक अज्ञात आतंकवादी के शव । (3) मल्लांवाला थाना के ही गांव कुतबदीनवाला में मुठभेड़ में मरे आतंकवादी जसवंत सिंह का शव । (4,5) बनवालाई मुठभेड़ में मृत आतंकवादियों से मिली दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें । (छाया : बागी)

राजीव द्वारा बेरोज़गारी दूर करने के लिए नए कार्यक्रम का संकेत

जयपुर, 7 फरवरी (ह.स., वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि सरकार

जायरीनों व खादिमों का कहना था कि वे फज़र की नमाज़ हर हाल में दरगाह में ही अदा करेंगे और

भारतीय सेना की एक और बटालिय

आज श्रीलंका से वापस लौटेग

कोलम्बो, 7 फरवरी : भारत श्रीलंका के तमिल-बहुल हिस्सों से कल और सैनिक वापस करेगा । राष्ट्रपति रणसिंह प्रेमदास ने आज जाफना में एक सार्वजनिक सभा में यह घोषणा की । उन्होंने कहा कि वह अपना चुनाव वायदा पूरा करते हुए भारतीय शांति सेना की एक बटालियन को वापस भेज रहे हैं ।

भारतीय अधिकारियों ने यहां इस बात की पुष्टि की कि करीब डेढ़ हजार सैनिकों की एक बटालियन कल वापस जा रही है । अगले कुछ दिनों में एक और बटालियन वापस होगी।

कोलम्बो में सरकारी तौर पर बताया गया है कि श्रीलंका से कल वापस जाने वाली भारतीय सेना की बटालियन कंकेसंतुरै से रवाना होगी । दूसरी बटालियन दो सप्ताह में लौट जाएगी । इन दो बटालियनों की वापसी का निर्णय श्रीलंका के रक्षा सचिव जनरल सेपाला अत्यागले और भारतीय शांति सेना के कमांडर जनरल ए.एस. कालकट के बीच

हैं ।

पंद्रह फरवरी को होने वाले संसदीय चुना
सिलसिले में सत्तारूढ़ पार्टी की एक रैली को संबो
करते हुए श्री प्रेमदास ने कहा, "हथियारबंद
और लोगों की हत्याएं करने से कोई क्रांति नहीं
सकता । मैं हर किसी की नाराज़गी दूर करने के
बातचीत को तैयार हूं ।"

जनता विमुक्ति पेरामुना, पीपुल्स लिबर
फ्रंट और लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल
आगामी चुनाव का हिंसक विरोध कर रहे हैं
पर 13 उम्मीदवारों की हत्या के आरोप हैं ।

श्रीलंका से गत मास के शुरू में भारतीय
सेना की दो बटालियनें वापस भेजी गई थीं ।

राष्ट्रपति पद के लिए अपने चुनाव अभिय
श्री प्रेमदास ने भारतीय सेना की वापसी पर बल
था और जुलाई 1987 की भारत-श्रीलंका
संधि की जगह एक नई मैत्री संधि का प्रस्ताव
था जो भारत-सोवियत मैत्री संधि जैसी है ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अधिकारियों ने रावी एक्सप्रेस को बटाला रेलवे स्टेशन पर ही रोक लिया तथा रेलवे सुरक्षा बल तथा बी.एस.एफ. के दस्ते घटनास्थल पर भेज दिए । उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन के अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेल लाइन को उड़ाने का यह तीसरा प्रयास है ।

'वार्ता' के अनुसार अमृतसर जाने वाली 2 ए.बी.पी. यात्री ट्रेन उस समय बाल-बाल बच गई जबकि वह उस पटरी पर से गुजर गई जिसके साथ शक्तिशाली बम 'फिट' किया गया था । ब्लाक सिगनल मेनटेनर मुलख राज ने सामान्य छानबीन के दौरान बम का पता लगाया जो कि एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखा हुआ था । विशेषज्ञों ने कहा कि यह बम तार ढीले जुड़े होने के कारण फट नहीं सका । पठानकोट-धारीवाल सैक्शन पर रेल यातायात ठप्प रहा और गाड़ियां धारीवाल व बटाला स्टेशनों पर ही समाप्त कर दी गई ।

शाम को चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सेना के बम तोड़क दस्ते ने, जिसे बमनुमा वस्तु को नाकारा बनाने के लिए बुलाया गया था, इसकी जांच करने पर पाया कि यह मात्र एक खिलौना था जिसे एक प्लास्टिक के पैकेट में लपेट कर रखा गया था जबकि पहले आशंका प्रकट की गई थी कि यह बम है । शाम को इस लाइन पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया ।

44 अधिकारियों के विरुद्ध केस

चंडीगढ़, 7 फरवरी (वि.प्र.): गत तीन मास के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के अंतर्गत पंजाब सरकार ने अपने 44 अधिकारियों के विरुद्ध केस बनाए । इनमें से चार अधिकारियों को एक से छः वर्ष की कैद हुई ।

सोवियत संघ नजीबुल्लाह को समर्थन देता रहेगा

मास्को, 7 फरवरी (ह.स.): सोवियत संघ ने आज इन अटकलों का खण्डन किया कि उसने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डा. मुहम्मद नजीबुल्लाह को समर्थन देना बंद कर दिया है । सोवियत उप-विदेश मंत्री इगोर रोगाशेव और कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान यहां स्पष्टीकरण दिया । श्री रोगाशेव ने कहा कि उनका देश अभी भी डा. नजीबुल्लाह का पूर्ण समर्थन करता है और वह यह समझता है कि डा. नजीबुल्लाह अफगानिस्तान में व्यापक प्रतिनिधित्व वाली राष्ट्रीय सरकार के गठन के पक्षधर हैं ।

इमाम को सरका

नई दिल्ली, 7 जामा मस्जिद के पासपोर्ट देने से इन्क कहना है कि उनके अनेक आपराधिक पासपोर्ट नहीं दिया वर्ष मई में नए पास उन्हें बताया गया है उन्हें पासपोर्ट नहीं

इमाम ने इस तथा विदेश मंत्री क न्यायालयों के अलाव बुखारी के खिलाफ लिए जमानती वारंट

ज्ञानी ज़ै चण्डी

चण्डीगढ़, 7 फ ज्ञानी जैल सिंह कल पर चंडीगढ़ आ रहे ठहरेंगे और यहां अप मुलाकात करेंगे । समारोह में भी शामि

(पृष्

1987 में हुए विध थे । यह चारों मंत्री

श्री सर्जेवाला जो तरक्की पसंद कांग्रेस हरियाणा प्रदेश इंका बलबीर पाल शाह ने स्वागत करते हुए उ लिए पूर्ण समर्थन देने

नि:श

करतारपुर, 7 फ सेवक संघ करतारपुर शताब्दी के उपलक्ष्य गांव काला बागड़ियां लगाया गया । इस डा. कोछड़ ने लगभ किया व मुफ्त दवा आर.एस.एस. द्वारा चलाए जा रहे विभिन दी गई ।

क्लासीफाइड विज्ञ

सूचना

कार

Punjab Kesari Jalandhar

ट्रीय एकता दिवस' के रूप में बुधवार
रैली को सम्बोधित करते हुए (ऊपर
सिंह, श्री जगजीत सिंह आनंद, श्री
धारा सिंह, कामरेड रामकिशन, श्री
एक दृश्य । (छाया : विनोद)

जोरी जारी रही

वेगा : जाखड़

खतरे में डालने के लिए पाकिस्तान के
न रहे हैं । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों
ह समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान में
क्षक मर गया है तथा वहां सरकार में
के साथ उन्हें भी बदल जाना चाहिए ।
ने कहा कि धर्म पर आधारित सरकारों ने
ट्रीय एकता व अखंडता को खतरे में डाला
रत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में ऐसी सरकारों
ई जगह नहीं हो सकती ।
वर्ण सिंह ने कहा कि आतंकवादी उन
के हाथों में खेल रहे हैं जो भारत को प्रगति
नहीं देखना चाहतीं । उन्होंने सभी
दलों से अनुरोध किया कि वे देश में
कों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाएं ।
जनीति को भ्रष्टाचार से मुक्त करने की
र जोर दिया । पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री
रा सिंह ने लोगों को बुनियादी सुविधाएं
कराने पर जोर दिया ताकि देश में तनाव को
जा सके ।
सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री गुरदयाल सिंह
भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती तारकेश्वरी
जाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री कामरेड राम
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के
गुरचरण सिंह रंधावा, भारतीय कम्युनिस्ट
नेता कामरेड जगजीत सिंह आनन्द तथा
जी नेता श्री वीरेंद्र ने भी सभा को संबोधित
नमंत्री श्री राजीव गांधी ने श्री प्रबोध चंद्र की
ण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट
था इस सम्बन्ध में प्रबोध चंद्र मैमोरियल
को एक संदेश भेजा है ।

कंडक्टर लिमिटिड' में
ड़ की क्षति अनुमानित

मोहन के अनुसार यदि भवन के नवीकरण
न तुरन्त शुरू किया जाए व उपकरण खरीद
एं तो भी उत्पादन का काम शुरू होने में एक
समय लग सकता है ।

की प्रधानमंत्री को

मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया, 5 अन्य बंदी : 4 निर्दोषों की हत्या

अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में खिलौना पिस्तौल दिखा कर 4000 रुपये लूट लिए

चंडीगढ़, 8 फरवरी (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक पादरी सहित 4 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि पुलिस जिला बटाला में एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । सुरक्षा बलों ने 8 दर्दात उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया है ।

पादरी की हत्या : लुधियाना (ह.स.): गत रात यहां एक गिरजे के पादरी बर्बल क्रोवल की दो मोटर साइकिल सवार आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि श्री क्रोवल होली क्राइस्ट चर्च स्कूल के 'फादर' भी थे । आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मार कर सख्त घायल कर दिया था । उन्हें दयानंद मैडिकल कालेज ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई । 'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने इसे निजी शत्रुता का मामला बताया है ।

खिलौना पिस्तौल दिखा कर लूटा : अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार नगर में एक व्यक्ति विनोद कमार से दो शरारती व्यक्ति 'खिलौना' पिस्तौल दिखा कर 4,000 रुपए लूट कर ले गए । पुलिस के अनुसार विनोद कमार, जोकि झब्बाल से आ रहा था, को दो व्यक्तियों ने रोका जिनके मुंह ढंके हुए थे तथा हाथों में पिस्तौल थे । विनोद कमार के स्कूटर पर फरार होने से पहले वे 'खिलौना' पिस्तौल उसके हाथ में थमा गए ।

लाश मिली : लखविंदर सिंह नामक व्यक्ति जिसका गत सोमवार को अपहरण कर लिया गया था, की लाश कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव सरहाली में पाई गई ।

दो गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): सुरक्षा बलों ने थाना अमलोह के अंतर्गत टांडा बंधा पुल पर नाकाबंदी के दौरान जगतार सिंह गांव बलबेड़ा तथा सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा गांव अलीपुर जट्टां को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उनके कब्जे से एक रिवाल्वर 455 बोर, 5 कारतूस, एक 12 बोर का पिस्तौल तथा दो कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने गांव अलीपुर में एक 315 बोर की राइफल तथा गत दिसम्बर में एक व्यक्ति बृज लाल से उसकी मारुति कार छीनी थी । सुखवंत सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि उसने गांव शुतराना में जरनैल सिंह को शरण दी थी और अपने घर में हथियार रखे थे जिनका प्रयोग खूंखार आतंवादियों परमजीत सिंह बीड़, सतनाम सिंह सत्ता, मनजिंदर सिंह नंगल तथा सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा ने बलबेड़ा पुलिस चौकी पर हमले में किया था ।

रेलमार्गों पर नज़र रखने का आदेश : बटाला (ह.स.): उत्तरी रेलवे के अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर रेल यातायात आज चालू हो गया, जो कल बम जैसी वस्तु मिलने के कारण अवरुद्ध हो गया था । इस बीच अधिकारियों ने बढ़ती हुई आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए रेल मार्गों पर नज़र रखने का आदेश दिया है । पिछले माह बटाला-अमृतसर सैक्शन पर साहनेवाल के निकट आतंकवादियों ने लगभग दो मीटर रेलवे लाईन उड़ाने की कोशिश हुई थी । तीस जनवरी को बम रखने के लिए जिम्मेदार तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया था ।

फायरिंग : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव किला दर्शन सिंह में आज प्रात: लगभग 10 बजे फायरिंग की जानकारी देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रात: 3 संदिग्ध सशस्त्र अज्ञात लोग एक श्री व्हीलर पर गांव की ओर आते देख गांव के लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर वे फायरिंग करते हुए भाग गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं । पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके संदिग्ध लोगों की खोजबीन कर रही है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर के गांव सरूपवाली के निकट आज सायं पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया तथा उसका साथी भागने में सफल रहा । पुलिस व बी.एस.एफ. उसका पीछा कर रही है । यह जानकारी देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मृतक के निकट से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 दो मैगजीन, भारी संख्या में चले, अनचले कारतूस व आतंकवाद से सम्बन्धित सामग्री मिली है । मृतक उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

मारा गया उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फ्रोर्स से सम्बन्धित था ।

विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फायरिंग : अमृतसर (ह.स.): आज सायं पुलिस जिला मजीठा में थाना लोपोके के गांव जस्सल के निकट एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर अज्ञात संख्या में उग्रवादियों ने फायरिंग की । चौकी की ओर से भी फायरिंग की गई,लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली ।

दो बन्दूकें छीन ले गए : एक अन्य घटना में कुछ सशस्त्र उग्रवादी आज सायं तरनतारत पुलिस जिले में गश्ती ड्यूटी दे रहे पुलिस के जवानों से 2 बंदूकें छीन कर भाग गए ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : जालंधर (ह.स.): पुलिस ने पांच संदिग्ध आतंकवादियों को कल रात जालंधर जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । इनसे भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम बलकार सिंह, गुरपाल सिंह, उर्फ पल्ली, राज कुमार उर्फ राजू, सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा और कुलविंदर सिंह हैं ।

आतंकवादियों से दो पिस्तौल, एक बन्दूक, 25 कारतूस, एक चाकू, 7500 हांगकांग के डालर और बीस हजार रुपए नकद बरामद किया । घटनास्थल से लगभग एक दर्जन खाली कारतूस बरामद किए गए । गिरफ्तार आतंकवादी लुटमार की छ: घटनाओं के लिए जिम्मेदार थे । नूरमहल थाने के पिओदरा गांव में हाल ही में एक लाख रुपए लूटने की घटना में भी इनका हाथ था ।

दो गिरफ्तार : बरनाला (सिंधवानी): बरनाला पुलिस ने दो आतंकवादियों जसवीर सिंह जस्सा तथा महिन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान उस समय पकड़ा जब वे स्कूटर पर सवार होकर आ रहे थे । यह स्कूटर भी गत 18 नवम्बर को बरनाला में श्री सुनील दत्त से पिस्तौल की नोक पर छीना गया था । पुलिस ने दोनों का दस फरवरी तक रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

एक की हत्या, दो घायल : गत रात जिला फिरोजपुर में फायरिंग में एक व्यक्ति रमेश कमार की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए । पुलिस ने दावा किसा कि यह पुरानी शत्रुता का केस है ।

सुरक्षा बलों ने गत रात जिला संगरूर में एक आतंकवादी बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक बंदूक बरामद की गई ।

शव मिला : कपूरथला (वार्ता): जिला कपूरथला के बिशनपुर गांव के निकट सड़क के किनारे पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया । गत रात ही भवानीपुर गांव में एक हमलावर ने एक श्रमिक पर तेजधार हथियार से हमला करके उसे सख्त जख्मी कर दिया । श्रमिक गुरदेव सिंह को सिविल अस्पताल कपूरथला में दाखिल कराया गया है ।

6हिरासत में : फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय पुलिस ने कई गांवों में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में छापे मार कर 5-6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

हिमाचल में रात्रि बस सेवा बंद

हमीरपुर, 8 फरवरी (शेखर): हिमाचल पथ परिवहन निगम ने रात्रि बस सेवा तुरंत रूप से बंद कर दी है । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार यह फैसला राज्य के कर्मचारियों के एक वर्ग द्वारा हड़ताल किए जाने के कारण लेना पड़ा है क्योंकि सारी पुलिस कानून-व्यवस्था सुचारू रखने की तरफ लगा दी गई है । कर्मियों की हड़ताल के बाद ही रात्रि बस सेवा बहाल हो सकेगी ।

राजीव गांधी की सभा में काले झंडे, नारेबाजी, पुलिस ने लाठीचार्ज किया

उदयपुर, 8 फरवरी (वार्ता): आज यहां प्रधानमंत्री की आम सभा में राजस्थान के हड़ताली कर्मचारियों ने काले झंडे दिखाये तथा बीच-बीच में नारेबाजी होती रही । शोरशराबे को रोकने के लिए पुलिस ने दो बार हल्का लाठीचार्ज भी किया ।

शहर की पेयजल समस्या को लेकर कुछ महिलाओं ने भी श्री गांधी को काले झंडे दिखाए । सुरक्षा कर्मियों ने जब उनसे काले झंडे छीनने का प्रयास किया तो आपसी झड़प हो गई । शोर-शराबे के कारण कर्मचारी नेताओं को प्रधानमंत्री को ज्ञापन नहीं देने दिया गया ।

शांति बनी रहे ।

श्री गांधी ने राज्यों की समस्याओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकारों से ठोस योजनाएं भेजने के लिए कहा ताकि केंद्र सरकार उसके मुताबिक धन-राशि दे सके । उन्होंने राज्य सरकारों की खिंचाई करते हुए कहा कि वे केंद्र से राशि लेने के बाद योजनाओं को समय पर पूरी नहीं कर पातीं ।

वार्ता से हल न मिलने पर सख्ती बरतेंगे : श्री गांधी ने कहा कि पंजाब समस्या का समाधान बातचीत से नहीं होता है तो इसके लिए सख्ती बरतनी होगी । उन्होंने कहा कि कोई भी

STOP PRESS

स्टूडियो में आग

Punjabi Sahitani

इंका नेता व 2 पुलिस कर्मियों सहित आतंकवादियों द्वारा 6 लोगों की हत्या

छात्र नेता का अपहरण : 'कालिया' 24 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त था

निशान सिंह गुट के कट्टर उग्रवादी द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वार्ता, हस.) : पंजाब में आतंकवादियों ने गत रात के बाद से एक इंका नेता, 2 पुलिस कर्मियों व 2 गायकों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । एक छात्र नेता का अपहरण कर लिया गया । कल रात बटाला पुलिस जिले में मारे गए आतंकवादी की पहचान हरदेव सिंह 'कालिया' के रूप में हुई है जोकि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था तथा 24 हत्याओं में वांछित था । निशान सिंह गुट के एक कट्टर आतंकवादी अजमेर सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया ।

प्रिंसीपल की हत्या : बलाचौर (सुभाष जोशी): आज प्रातः 6 बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने, जिन्होंने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं, जिला होशियारपुर कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ उप-प्रधान व बी.ए.वी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल बलाचौर के प्रिंसीपल चौधरी शंकर दास की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी उनके घर गांव नवांपिंड तप्पड़ियां में गये तथा दरवाज़ा खटखटाया । उनके लड़के ने दरवाज़ा खोला । यह बताने पर कि वे पुलिस के आदमी हैं व ज़रूरी काम से चौधरी साहिब को मिलने आये हैं, वह उन्हें चौधरी साहिब के कमरे तक ले गया । आतंकवादियों ने चौधरी साहिब को आवाज़ लगा कर स्टेनगन व रिवाल्वर से उन पर गोलियां चला दीं,जिससे वह वहीं दम तोड़ गये । इसके बाद हत्यारे भाग गए । घटनास्थल से 5 खाली खोल मिले हैं ।

उनकी हत्या की खबर मिलते ही सारे बाज़ार बंद हो गए व सारी शिक्षा संस्थाएं भी बंद हो गईं ।

पंजाब कांग्रेस (इ) के महासचिव डा. केवल कृष्ण, सांसद श्री कमल चौधरी, पूर्व विधायक पंडित सरवण राम, पूर्व मंत्री पंजाब चौधरी बालू राम, भाजपा जिला होशियारपुर के उपप्रधान पंडित सखी चंद, लोकदल पंजाब के महासचिव तुलसी राम चौहान, पूर्व विधायक राम कृष्ण कटारिया, पूर्व विधायक मा. दलीप चंद व अन्य नेताओं ने चौधरी शंकर दास की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है ।

इसी बीच कल रात जिला होशियारपुर में थाना टांडा के अंतर्गत दओगलां गांव के निकट दो आतंकवादी एक व्यक्ति दर्शन सिंह से उसका स्कूटर पी.ए.ओ. 2310 छीन कर ले गए ।

स्त्री घायल : कल रात थाना टांडा के गांव खुड्डा के निकट होमगार्ड के एक जवान ने एक दम्पति से झगड़ा हो जाने पर गोली चला दी,जिससे सरवन सिंह नामक व्यक्ति की पत्नी बलविंदर कौर घायल हो गई । यह घटना एक नाके पर हुई ।

2 कांस्टेबलों की हत्या : अमृतसर (ह.स.) –सीमांत क्षेत्र लोपोके के गांव जसरौल में आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबलों का अपहरण कर लिया । पुलिस कर्मियों का अपहरण उस समय किया गया,जब एक 7 सदस्यीय संयुक्त पुलिस व एक्साईज़ पार्टी तड़के 4 बजे के लगभग एक मकान पर छापा मारने गई क्योंकि ऐसी सूचना मिली थी कि घर के लोग अवैध शराब निकालने का धंधा करते हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव के बाहर 2 आतंकवादी पुलिस पार्टी को मिले तथा उन्हें उस स्थान का रास्ता बताने की पेशकश की । कुछ दूर जाने पर उन्होंने पुलिस पार्टी के हाथ खड़े करवा दिये तथा उनकी तीन राइफलें व कारतूस छीन लिये । एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों ने एक समुदाय के 5 पुलिस कर्मचारियों को छोड़ दिया,जबकि दूसरी सूचना में कहा गया है कि वे भाग निकलने में सफल हो गये । वे दो पुलिस वालों को अज्ञात स्थान की ओर ले गये । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान ने बताया कि दोनों अपहृत पुलिस कांस्टेबलों की लाशें निकटवर्ती हाशमीपुर गांव में पड़ी मिली हैं । वि.प्र. के अनुसार मृत कांस्टेबलों के नाम चंचल सिंह तथा गुरनाम सिंह हैं ।

आश्रयदाता गिरफ़्तार : एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी की पुलिस ने गांव कैरों के एक जमींदार मोहन सिंह को गिरफ्तार किया है,जिसके बारे में पुलिस को सूचना थी कि उसके पास कुख्यात आतंकवादी बख्शीश सिंह उर्फ़ सोना गिरोह से संबंध रखने वाले आतंकवादी आश्रय लेते हैं और वह आतंकवादियों की रुपया बटोरने में मदद भी करता रहा है ।

तेज़धार हथियारों से हत्या : जिला अमृतसर में थाना तरनतारन के अंतर्गत संगराना साहब रेलवे स्टेशन के निकट एक व्यक्ति की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : 3 उग्रवादियों ने आज सायं सरहाली थाने के गांव चोहला साहिब के निकट एक पैट्रोल पम्प से लगभग 2500 रुपए लूट लिए और फ़रार हो गए ।

आतंकवादी की शिनाख्त : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव सरूपवाली के निकट कल सायं हुई मुठभेड़

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बलाचौर के बी.ए. बी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसीपल एवं होशियारपुर जिला इंका के उपप्रधान श्री शंकर दास की उग्रवादियों ने हत्या कर दी (1) प्रिंसीपल शंकर दास का शव, (2) विलाप करती हुई उनके परिवार की महिलाएं । (छाया : जोशी)



डाक्टरों की हड़ताल जारी, अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सामूहिक अवकाश

जालंधर, 9 फरवरी (ढल्ल): पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन द्वारा केंद्र के ग्रेड दिये जाने की मांग को लेकर की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल को आठवें दिन और बल मिला जब उसके समर्थन में राज्य भर के डैंटल सर्जनों व सीनियर मैडीकल अफसरों तथा सिविल सर्जनों और मैडिकल सुपरिंटैंडैंटों ने सामूहिक अवकाश लिया और आज की रैलियों व धरनों में भाग लिया । जालंधर में आयोजित हड़ताली डाक्टरों की रैली को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डा. यशबीर मल्होत्रा ने हड़ताली डाक्टरों की ग्रेडों बारे मांग को उचित बताया किन्तु उन्हें अपील की कि वह अन्य सेवाओं के साथ अपनी तुलना न करते हुए अनामली कमेटी के समक्ष अपनी मांग पेश करें । उन्होंने यह भी कहा कि डाक्टरों की सेवा की तुलना अन्य सरकारी सेवाओं के साथ नहीं की जा सकती क्योंकि डाक्टर बहुत खराब स्थितियों एवं दूर दराज क्षेत्रों में काम करते हैं । डा. आर.एन. गोयल मैडीकल सुपरिंटैंडैंट ने कहा कि हम सभी इस काज़ के लिए मिल कर संघर्ष करेंगे । डा. गुरदेव सिंह प्रीत ने खेद व्यक्त किया कि ब्यूरोक्रेट सदैव डाक्टरों की मांगों के प्रति तुगलिकी दिखाते रहे हैं । डा. (श्रीमती) सुदर्शन गोयल ने डाक्टरों की अद्वितीय एकता पर प्रशंसा एवं संतोष व्यक्त किया । डा. बी.एस. भौरा ने सरकार का धन्यवाद किया कि उसने अपने दमनचक्र के द्वारा सभी श्रेणियों के डाक्टरों को एक कर दिया है । डा. हरजिन्दर सिंह और डा. एस.एस. रामां ने भी विचार रखे ।

इस दौरान हड़ताली डाक्टरों के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी ओर से चालू ओ.पी.डी. में आज 100 मरीजों की जांच की गई और मुफ्त दवाइयां दी गईं । महाराजा अग्रसेन अस्पताल सोढल रोड,में पी.सी.एम.एस. वालंटियर फोर्स के सर्जनों ने आज तीन मरीजों के आप्रेशन किये । उन्होंने इन डोर सेवा भी डा. मुकेश जोशी, डा. बी.एस. बालिया एवं डा. आशुतोष गुप्ता की देखरेख में शुरू कर रखी है । इस बीच इंजीनियरिंग सर्विसिज़ पंजाब, हरियाणा एंड हिमाचल की संयुक्त संघर्ष समिति ने हड़ताली डाक्टरों की मांग का समर्थन करते हुए राज्यपाल पंजाब से यह मांगें स्वीकार कर लेने की अपील की है ।

पी.सी.एम.एस. वैलफेयर एसोसिएशन के आर्गेनाइज़िंग सैक्रेटरी डा. रविकांत पाल ने एक वक्तव्य में सरकार की टालमटोल की नीति की कड़ी आलोचना की । उन्होंने दर्जा एक के मैडीकल अफसरों द्वारा आज हड़ताल करके पी.सी.एम.एस. डाक्टरों की हड़ताल का समर्थन करने पर धन्यवाद किया ।

रक्तदान का प्रण : जिला जालंधर के महतपुर में तैनात डा.परगन सिंह, डा. रंजीत कुमार, डा. तेजवंत सिंह और डा. कुमार कमलजीत ने आज

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर के गेट खजाना के पास होम गार्डों द्वारा फायरिंग से घायल (ऊपर) अनिल मन्नन और (नीचे) अमर सिंह (छाया : रवि भंडारी)

पी.सी.एम.एस.-II के कुछ पदों का दर्जा बढ़ाने का फैसला

चंडीगढ़, 9 फरवरी (संधी): पी.सी.एम.एस.-II अधिकारियों के कैडर में गतिरोध को समाप्त करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने पर्याप्त मात्रा में पी.सी.एम.एस.-II का दर्जा बढ़ा कर क्लास-I करने का फैसला किया है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया है कि

दिल्ली में वीरवार को शुरू हुए मुख्यमंत्रियों के द्वि-दिवसीय सम्मेलन में श्री एम. करुणानिधि बिहार के मुख्यमंत्री श्री भगवत झा आज़ाद से हाथ

देवी लाल की मध्यस्थता व बरनाला की 'दूरियां'

चंडीगढ़, 9 फरवरी (एन.एस. परवाना): सूत्रों से पता चला है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल की मध्यस्थता से पंजाब के दो पूर्व अकाली मुख्यमंत्रियों श्री प्रकाश सिंह बादल तथा श्री एस.एस. बरनाला के मध्य काफी समय से चल रही कड़वाहट समाप्त करने में काफी मदद मिली है तथा ये दोनों नेता काफी निकट आए हैं । इन सूत्रों का कहना है कि इन नेताओं ने कोयम्बटूर जेल में अकाली एकता बारे विचार-विमर्श किया तथा विचार व्यक्त किया कि इस गंभीर समय में पुराने मतभेद भुला देने चाहिएं । दोनों नेता इस बात पर सहमत थे कि केंद्र की वर्तमान सरकार के रहते पंजाब समस्या हल नहीं हो सकती । लोकसभा चुनावों के बाद ही पता चलेगा कि केंद्रीय राजनीति क्या करवट लेती है ।

श्री बरनाला अपने साथ श्री बादल के लिए फल तथा पत्रिकाएं भी ले गए थे ।

इस दौरान ज्ञात हुआ है कि श्री देवी लाल ने श्री बरनाला को सलाह दी है कि, "उन्हें खुले आम श्री बादल को अपना नेता, या दूसरे शब्दों में वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्तित्व मान लेना चाहिए ।" श्री देवी लाल मानते हैं कि पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र बादल ही लोकप्रिय व्यक्ति हैं । कहा जाता है कि श्री बरनाला ने श्री देवी लाल से वायदा किया है कि वह उनके विचार पर अपने साथियों के साथ मंत्रणा करेंगे व कोई सकारात्मक फैसला करेंगे ताकि 'एकता' हो सके । जनता में यह धारणा भी समाप्त हो कि नेता कुर्सियों के पीछे भाग रहे हैं ।

श्री बरनाला आज भी अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगिन्दर सिंह मान की प्रतीक्षा करते रहे । वह अकाली सिंह मान के विचार जानना करके उन्होंने अकाली एक सूचना प्राप्त कर ली है बरनाला के कई साथी स्वीकार करने से हिचकिच 'प्रस्ताव' चाहते हैं । अ एकीकृत अकाली दल के प्र अकाली दल (ला.) की सम्भावित है ।

'उत्तर रामायण' की अगली किस्तों के प्रसारण पर रोक

इलाहाबाद, 9 फरवरी (वार्ता): लोकप्रिय दूरदर्शन धारावाहिक 'उत्तर रामायण' की अगली कड़ियों के प्रसारण पर रोक लगा दी गई है । यह आदेश इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने आज यहां दिया । पीठ ने 'उत्तर रामायण' की अगली कड़ियों के कैसेट की बिक्री व वितरण पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी है ।

केंद्र सरकार के स्थाई अधिवक्ता ने न्यायालय को सूचित किया कि इस अंतरिम आदेश के अनुपालन में केंद्र सरकार ने विशेषज्ञों का एक पैनेल गठित किया है पर उनकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है । इस कारण वह इस बारे में कुछ कहने में असमर्थ हैं ।

पूर्ण पीठ ने कहा कि विशेष पैनेल की रिपोर्ट के अभाव में धारावाहिक की अगली कड़ियों पर रोक लगाना उचित है । यह आदेश याचिका पर अगली सुनवाई 27 फरवरी तक प्रभावी रहेगा ।

रे ने बिक्री-क वृद्धि अनु

नई दिल्ली, 9 फर राज्यपाल श्री एस.एस. रे सम्मेलन में कहा कि सरका बढ़ाने के लिए बिक्री कर करनी ठीक नहीं है । अंत देना पड़ता है । यह सारे दे है । श्री रे ने इस सुझाव मनमाने कर लगाने को प्रभ कोई अथारिटी होनी चाहि

पाक प्रशिक्षित दिल्ली में प

नई दिल्ली, 9 उत्तर-पश्चिमी दिल्ली आतंकवादी गतिविधियों एक कुख्यात उग्रवादी को सूत्रों के अनुसार गिर जम्मू-कश्मीर सीमा पर आतंकवादी गिरोह का सदस लोगों को पाक से भारत सी पकड़ा था । पूछताछ के दौ में रह रहे उक्त आतंकवा स्वीकार किया तथा कहा आतंकवादी गतिविधियों साथ-साथ शस्त्र सप्लाई क गई थी ।

सीमा पर सतर्क की जरूरत

जम्मू, 9 फरवरी (सच्च महानिदेशक श्री एच.पी. सतर्कता तीव्र करने की आव ताकि आतंकवादी व तस्क कामयाब न हो सकें । एस.ओ.एस. व जवानों सम्बोधित करते हुए श्री भट जवानों के नैतिक साहस की संवेदनशील क्षेत्रों में सीमा हैं ।

आतंकवादियों से भयभीत मक्खू के लोगों का पलायन जोरों पर

मैसूर के फिल्म स्टुडियो की आग में संख्या 40, संजय खां समेत 55

punjabi sarita

आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

का विवरण देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त जिला अमृतसर के कादरांबाद के निवासी हरदेव सिंह उर्फ़ कालिया के रूप में की गई है,जो पुलिस जिला मजीठा व थाना कत्थूनंगल क्षेत्र में 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' का 'एरिया कमांडर' था और इश्तहारी मुजरिम होने के साथ-साथ पुलिस मुख्यालय में सूचीबद्ध + बी श्रेणी का आतंकवादी था । उसकी लाश के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, उसके 4 मैगज़ीन काफी संख्या में चले व अनचले कारतूस के.सी. एफ. के लैटर पैड तथा अन्य सामग्री मिली है, जिनमें उसके अन्य साथियों के छुपने के स्थानों की विस्तृत जानकारी दी हुई है । पुलिस व बी.एस.एफ. उक्त ठिकानों पर छापे मार रही है । प्रवक्ता ने बताया कि मृत आतंकवादी की जेब से जो कैप्सूल मिले हैं, वह साइनाइड ज़हर के हो सकते हैं जिनकी जांच की जा रही है ।

प्रवक्ता ने बताया कि हरदेव सिंह उर्फ़ कालिया मजीठा व बटाला में 24 हत्याओं के मामलों में वांछित था जिनमें गत वर्ष 29 अप्रैल को गांव कोटली मल्लियां में रछपाल सिंह की हत्या व उसकी बहन को घायल करना, 16-17 जनवरी की रात को गांव छिन्न में दो बहनों रानी व उमा की हत्या तथा थाना कत्थूनंगल क्षेत्र में 8 लोगों की हत्याएं शामिल हैं ।

महिला की हत्या : पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव गिल्लोवोक में गत 8 व 9 फरवरी की रात को तीन सशस्त्र अज्ञात आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक महिला मंजीत कौर की हत्या कर दी ।

पुलिस ने इस संबंध में चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

घुसपैठिया मारा गया : जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर एक अज्ञात घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

पिस्तौल की नोक पर लूटा : गत रात बटाला की सुन्दर नगर कालोनी में 2 अज्ञात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति प्रीतम सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर 1500 रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि उग्रवादी जबरदस्ती घर में घुसे तथा रकम लेकर फरार हो गए । उल्लेखनीय है कि उग्रवादी गत मास भी इसी घर से कुछ सोने के आभूषण लूट कर ले गए थे ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : खन्ना से सहगल की सूचना है कि आज तड़के 4 बजे डी.एस.पी. के निर्देश पर पुलिस व सी.आर.पी. की एक नाका पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को यात्रे से 5 किलो मीटर दूर गांव बादला के निकट गिरफ्तार कर लिया तथा उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक 12 बोर का पिस्तौल तथा कारतूस बरामद किए गए । उनके नाम अमरीक सिंह, तारा सिंह तथा निर्मल सिंह हैं । उनसे पूछताछ जारी है ।

2 गिरफ्तार : संगरूर (ह.स.) : संगरूर पुलिस ने दो आतंकवादियों प्यारा सिंह तथा दरबारा सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक बंदूक तथा एक पिस्तौल बरामद की ।

भटिंडा जिला में एक आतंकवादी परमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक राइफल व कुछ कारतूस मिले ।

अपहरण : बरनाला से जिंदल के अनुसार इंटरनैशनल स्टूडैंट्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार का गत रात्रि स्थानीय एस.डी.कालेज के समक्ष रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में अपहरण कर लिया गया । फ्रंट के जिला सचिव मन्धर सिंह ने बताया कि जितेंद्र कुमार कल स्थानीय कालेज के अंदर छात्र रैली को संबोधित करने के बाद कालेज के द्वार पर पहुंचा तो एक मारुति कार सवारों ने उसका अपहरण कर लिया । अपहर्ता पुलिस की वर्दी में थे । डी.एस.पी. श्री सुखदेव सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई का पुलिस के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है तथा न ही पुलिस को इसकी जानकारी है । आज स्थानीय कालेज में हड़ताल रखी गई । जितेंद्र कुमार रणबीर कालेज संगरूर का विद्यार्थी है ।

हत्यारों की पहचान : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मोगा के प्रोफैसर पी.डी. अग्रवाल की हत्या करने वाले तथा शिव सेना प्रधान जगदीश पुरी पर हमला करने वालों की पहचान कर ली गई है । यह अभियुक्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ संबंधित हैं । प्रोफैसर अग्रवाल की हत्या के समय इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली गई है । उन्होंने कहा कि श्री पुरी पर हमले के समय वीरता दिखाने वाले उनके गनमैनों को पुरस्कृत किया जाएगा ।

2 गायकों की हत्या : जालन्धर (वूल्ल) : आज प्रातः 11 बजे के लगभग थाना सदर जालन्धर के गांव निज़ामां में दो उग्रवादियों ने दो गायकों निर्मल सिंह व तरसेम सिंह को गोलियां मार कर मौका पर ही ढेर कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों मृतक गांव के हरचरण सिंह की बेटी की शादी में गायक के तौर पर आए थे और प्रोग्राम के बाद वापिस जाने के लिए गांव के बस स्टैंड पर बस की प्रतीक्षा कर रहे थे कि दो उग्रवादियों ने आकर उन्हें गोलियां मार दीं । हत्या करने के बाद दोनों उग्रवादी निकट खड़ी किसी का स्कूटर लेकर फ़रार हो गए । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए ।

व्यौरेवार खबरें : जालन्धर के पुलिस सूत्रों ने इस बात का खंडन किया है कि आज जिला जालन्धर के गांव बिज़ला में दो गायकों की जो हत्या की गई है वह उग्रवाद की घटना है । सूत्र ने कहा कि दोनों गायक भी अपराध वृत्ति के ही थे और उन्होंने गांव बुंड एक हत्या कर दी थी । इनकी हत्या उसी पार्टी ने कराई है। इसके लिए किराए पर कातिल हायर किए गए थे । सूत्रों ने यह भी बताया कि जिस शादी पर गाने के लिए दोनों गायक गए थे वह व्यक्ति भी उस कत्ल में शामिल था और एक वर्ष पहले ही जेल काट कर लौटा था ।

ट्रैक्टर छीना : इसी बीच जालन्धर थाना सदर के गांव नंदनपुर के निकट चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरभजन सिंह से उसका ट्रैक्टर पी.जे.जे. 1352 छीन लिया ।

डाक्टर गिरफ्तार : जिला पटियाला के थाना पातड़ां के गांव मोमियां के एक मैडीकल प्रैक्टीशनर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । उससे एक .315 बोर का रिवाल्वर व कुछ कारतूस मिले हैं ।

स्कूटर छीना : दसूहा से 'झांबर' के अनुसार थाना टांडा के गांव खुनखुन कलां में दो अज्ञात नौजवानों ने दर्शन सिंह वासी दगल से उसका पी.ए.ओ. 2310 चेतक बजाज स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । टांडा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शिवरात्रि पर शोभा-यात्रा

अमृतसर, 9 फरवरी : शिवरात्रि पर्व पर आर्य समाज अमृतसर की ओर से एक शोभा-यात्रा 4 मार्च शनिवार को बाद दोपहर 12.30 बजे गोल बाग से निकलेगी और शक्तिनगर आर्य समाज में समाप्त होगी ।

जालन्धर में बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल की (ऊपर) बिजली बोर्ड के जी.टी.रोड स्थित कार्यालय पर ताला लगा हुआ है (नीचे) हड़ताली कर्मचारियों द्वारा जलूस निकाला गया अपने मांगों के पक्ष में नारे लगाए गए । (छाया : वी.पी. कप

वसंत का बयान

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रतिनिधि ने सिविल लाइंस क्षेत्र में देखा कि कई जगह खम्भों पर चढ़ कर बर्फ़ काम कर रहे थे । दूसरी ओर सिविल लाइन्स के क्षेत्र में ही एस.डी.ओ. और दूसरे अधिकारी स्वयं लोगों की शिकायतें सुनते देखे गए ।

जूनियर इंजीनियरों के प्रवक्ता कुलदीप सिंह और स्टोर कीपर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता सौदागर सिंह ने बताया कि वह हड़ताल में शामिल नहीं होंगे । उन्होंने यह फैसला जनहित के दृष्टिगत किया है ।

होशियारपुर (अविनाश सूद): आज यहां ज्वायंट एक्शन कमेटी की काल पर बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारियों ने अपनी मांगों के सम्बन्ध में पूर्ण हड़ताल की । दफ्तरों के कैश काउंटर तक भी बंद रहे । कर्मचारियों ने जालन्धर रोड पर 132 के.वी. सब-स्टेशन के सामने रैली की, जिसमें सी.सी.एम.एस. पंजाब के उपप्रधान श्री देवराज सैनी, वित्त सचिव श्री ओम प्रकाश, टैक्निकल सर्विसिज़ यूनियन के श्री हरबंस सिंह बलगुण, कामरेड मलकीयत सिंह तथा ज्वायंट एक्शन कमेटी के प्रतिनिधि श्री बोधराज ने अपनी मांगों के रामर्थन में ज़ोरदार भाषण दिए ।

दसूहा से झाबर के अनुसार आज मुकेरियां हाईडल प्रोजैक्ट के 5000 कर्मी व तहसील दसूहा के 2000 से अधिक कर्मियों ने एक्शन कमेटी की अपील पर पूर्ण हड़ताल की । दसूहा, टांडा, मुकेरियां, हाजीपुर, तलवाड़ा व मुकेरियां हाईडल प्रोजैक्ट में रैलियां की गईं

कपूरथला (शर्मा): पंजाब बिजली बोर्ड कर्मचारियों की घोषणा के अनुसार आज बिजली कर्मचारियों ने पूर्ण हड़ताल की । कपूरथला सर्कल के तमाम बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों के बाहर धरने दिए तथा रैलियां कीं । रैली को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने सम्बोधित करते हुए बिजली बोर्ड अधिकारियों के ज़िद्दी रवैया की निन्दा की तथा कहा कि बोर्ड ने यदि बिजली कर्मचारियों की उचित मांगें स्वीकार न कीं तो विवश होकर उन्हें कठोर पग उठाना पड़ेगा । नगर में जलूस भी निकाला गया ।

फगवाड़ा (अशोक): गत आधी रात बारह बजे से पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने भी

डाक्टरों की हड़ताल

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रण किया कि जब भी किसी रोगी को हड़ताल दौरान रक्त की जरूरत होगी, वह अपना खून दे

अमृतसर (सोनी): आज यहां भंडारी बिज हड़ताली डाक्टरों ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के समक्ष पीड़ित मानवता की सेवा करने साथ-साथ अपनी जायज़ मांगों के लिए संघर्ष क रहने की शपथ ली ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के आह्वान आज डाक्टरों की हड़ताल का आठवां दिन थ

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन गुरदासपुर के सद डाक्टर वीरवार को हड़ताल करते हुए ।

हड़तालो डाक्टरों की ओर से क्रमिक अनशन चालू है । समानांतर ओ.पी.डी. में आज 25 रोगियों का निरीक्षण किया गया । जूनियर डाक आज भी सामूहिक अवकाश पर रहे जबकि डैंट विद्यार्थी हड़तालो डाक्टरों के समर्थन में अप कक्षाओं से अनुपस्थित रहे ।

होशियारपुर (अश्विनी कपूर): आज जिला प में पी.सी.एम.एस. प्रथम श्रेणी मैडीकल अफसरों भी सामूहिक अवकाश लिया । जिला भर में डैंट सर्जन व हाऊस सर्जन भी आज हड़ताल में शामि हुए । चार डाक्टरों सर्वश्री अरुण कुमार, नरे शर्मा, अशोक कुमार व रौशन लाल ने आज 24 की क्रमिक भूखहड़ताल आरम्भ की ।

कपूरथला (शर्मा): यहां सिविल अस्पताल डाक्टरों के हड़तालो कैम्प में चार डाक्टरों डा. भर सिंह, डा. सुमितर सिंह,डा. कमलप्रीत सेखों तथा बिलविन्द्र कुमार के चौथे जत्थे ने आज सुबह 2 घंटे की क्रमिक भूखहड़ताल आरम्भ कर दी है

पठानकोट (गुप्ता) : पी.सी.एम.एस. डाक

क्लासीफाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

हमारा unused बिल नं. 2039 गुम हो गया है । यदि कोई इसका प्रयोग करेगा तो हम जिम्मेदार न होंगे । जालन्धर Rep. कुमार जैन जवां 1324

व्यापार

Stop high telephone bill install S.T.D./Local Call disconnector, any make intercom system, calculator, repair

3 ट्रक सवारों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : 2 आतंकवादी मारे गए

सीमा पर 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मुठभेड़ में मरे

उद्योगपति के घर से 1 लाख की नकदी, सामान लूटा

चंडीगढ़, 10 फरवरी (वार्ता, हस.): आतंकवादियों ने कल रात एक ट्रक के 3 सवारों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 आतंकवादी मारे गए । सीमा सुरक्षा बल ने 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । एक चावलों से भरे ट्रक का अपहरण कर लिया गया जबकि लुधियाना में एक उद्योगपति के घर से 1 लाख रुपए से अधिक की नकदी व सामान लूट लिया गया ।

उग्रवादी मारा गया : बटाला (हस): कल रात जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के गांव संतोखा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया तथा दो अन्य भाग जाने में सफल हो गये । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई,जब पुलिस और बी.एस.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने कुछ उग्रवादियों को चुनौती दी । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन व 5 खाली कारतूस मिले ।

महिला आतंकवादी मारी गई : खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से संबंधित एक महिला आतंकवादी मनजीत कौर को इसी गिरोह के जगराज सिंह ने गिल बोक गांव में गोलियां मार कर मार डाला । मनजीत कौर रत्न सिंह की पत्नी थी । पुलिस सूत्रों ने इस हत्या को आतंकवादी गिरोहों की शत्रुता का परिणाम बताया है ।

लूट की घटना : लुधियाना : दो आतंकवादियों ने कल रात यहां गुरदेव नगर में अरुण थापर नामक एक प्रमुख उद्योगपति के घर से एक लाख रुपये मूल्य की नकदी, आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं लूट लीं । भागने से पूर्व आतंकवादी श्रीमती थापर और उनके दो बच्चों को एक कमरे में बंद करके चले गये और टैलीफोन की तारें काट दीं ।

3 लाशें मिलीं : फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): आज प्रातः जिला कपूरथला में चहेड़ू पुल के निकट रेल पटरी पर गोलियों से छलनी 3 लाशें पड़ी मिलीं । पुलिस का कहना है कि इनकी हत्या में चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया है । मामले की जांच की जा रही है ।

बताया जाता है कि गत रात एक बजे के करीब फगवाड़ा से 10 किलोमीटर दूर चहेड़ू रेलवे पुल के पास तीन आतंकवादी एक ट्रक का अपहरण करके ले गए तथा ट्रक में सवार 3 व्यक्तियों की हत्या करके फ़रार हो गए । प्राप्त सूचना के अनुसार यह ट्रक, जो चावल की बोरियों से भरा था, अमृतसर से दिल्ली की ओर जा रहा था । जब गत एक बजे के करीब ट्रक चहेड़ू पहुंचा तो आतंकवादियों ने इसे रोक लिया तथा चहेड़ू पुल के निकट ट्रक के तीन सवारों को रस्सों से बांध कर गोलियों से बींध डाला । उनकी हत्या करने के बाद आतंकवादी तीनों की लाशें उठा कर ले गए तथा इनको रेलवे लाइन पर फैंक दिया । इसके बाद आतंकवादी ट्रक पर सवार हो कर भाग गये ।

बताया जाता है कि कई गाड़ियां इन लाशों के टुकड़े-टुकड़े करते हुए ऊपर से गुज़र गईं । मृतकों में से 2 की पहचान प्रेम कुमार (24 वर्षीय विवाहित), ट्रक ड्राइवर सच्चा सिंह (अमृतसर) के रूप में हुई है । तीसरे मृतक ट्रक कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी ।

सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये । लाशों को पोस्टमार्टम के लिए फगवाड़ा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया । अपहृत ट्रक का नम्बर 7177 था ।

रेलवे पुलिस के डी.एस.पी. श्री ए.एस. मिन्हास ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों ने फायर की आवाजें सुनीं परन्तु आतंकित कोई भी कर्मचारी बाहर निकलने का साहस न कर सका । मृतकों की छाती व पेट में गोलियां लगीं । तीनों मृतकों की शिनाख्त आज सायं अमृतसर से राईस शैलर के पार्टनर कृष्ण कुमार ने की व बताया कि मृतक प्रेम कुमार मेरे पार्टनर जसवंत राय का साला था । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह,जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी व रेलवे पुलिस के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

गत मंगलवार को कलकत्ता के गार्डन रीच क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किये गये तीन संदिग्ध आतंकवादी,जो गुरदासपुर जिले (पंजाब) के निवासी हैं, बुधवार को अलीपुर अदालत में ले जाते हुए । इन आतंकवादियों को उस समय पकड़ा गया,जब गर्मागर्मी हो जाने पर एक ने अपने रिवाल्वर से फ़ायरिंग करके दूसरे को घायल कर दिया था और पास से गुज़र रहा पुलिस का गश्ती दल चौकन्ना हो गया था । (छाया : टैली.)

आग से ध्वस्त मैसूर में स्थित प्रीमियर स्टूडियो का एक दृश्य । इस आ गए तथा कई अन्य घायल हो गए । आग से घायल अभिनेता-निर्दे नाजुक है ।

संजय खां की हालत

अग्निकांड में मृतकों की स

बेंगलूर, 10 फरवरी : धारावाहिक "टीपू सुल्तान" की शूटिंग के दौरान आग में बुरी तरह जल गए अभिनेता-निदेशक संजय खां को इलाज के लिए आज बम्बई ले जाया गया ।

बम्बई और नई दिल्ली से आए डाक्टरों की एक टीम उसके साथ बम्बई गई ।

श्री संजय खां को बेंगलूर से इंडियन एयर लाइन्स के एक विशेष एयर बस विमान में यहां लाया गया । हवाई अड्डे से उन्हें सीधा अस्पताल में लाया गया । खां के एक पारिवाहिक सूत्र के अनुसार, "उनकी हालत अभी खतरे से बाहर नहीं है ।" संजय खां के साथ उनकी पत्नी ज़रीन और दो भाई समीर खां और अकबर खां भी थे ।

श्री संजय खां को बम्बई के जसलोक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

श्री फिरोज खां ने बताया कि उनके भाई की हालत स्थिर है और कल के बाद से बिगड़ी नहीं है । वह हर चीज का बहादुरी से सामना कर रहे हैं और अपनी जिन्दा रहने की इच्छा शक्ति से उन्होंने सभी डाक्टरों को हैरत में डाल दिया है ।

इसी बीच मैसूर में बुधवार की रात प्रीमियर स्टूडियो में हुए भयंकर अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 48 हो गई है । कल रात से के.आर. अस्पताल में कुछ और व्यक्ति दम तोड़ चुके हैं ।

अग्निकांड में 3 अभिनेता दर्शन खां, निशिकांत शहीद और कारेकर भी मारे गए हैं । अभी तक 43 शवों की शिनाख्त हुई है ।

कर्नाटक सरकार ने घटना की न्यायिक जांच करवाने का आदेश दिया है ।

पुलिस ने मैसूर के प्रीमियर स्टूडियो के मालिक श्री नागाराज को गि
नागाराज के प्रीमियर
अग्नि कांड हुआ था

पुलिस ने यहां बत
मार्टम के बाद मृतकों के
जा रहे हैं । शवों को रि
ले जाने पर विचार कि

सेंट जान्स अस्पताल
स्वीकार किया कि संज
लिए बेहोश हो गए थे,
होश में आ गए ।

अधिकारियों ने बत
बहुत मद्धम हो गई है
हैं । कल रात से उनकी
अब तक किसी तरह क

इसी मध्य समचे
बुधवार को अभिनेता
धारावाहिक 'टीपू सुल्त
अग्निकांड में मारे गए
व्यक्त करते हुए कन
रिकार्डिंग और अन्य
फैसला किया है ।

बम्बई : उत्तर प्र
आर. के. स्टूडियो आज
अलाउद्दीन खां की म
अलाउद्दीन खां की पिछ
प्रीमियर स्टूडियो में हुए
हो गई थी । 65 वर्षीय
घनिष्ठ रूप से जुड़े रहे
टैक्नीशियन के रूप में
"पाकीजा" तथा कई अ

श्रीनगर के कर्ण नगर क्षेत्र में शक्तिशाली बम विस्फोट : कई भवन, बस क्षतिग्रस्त

श्रीनगर, 10 फरवरी (ह.स.): आज रात्रि श्रीनगर के कर्ण नगर क्षेत्र में हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट से कई भवन, दुकानें और एक बस क्षतिग्रस्त हो गए । कश्मीर रेंज के डी.आई.जी. श्री बागाली ने बताया कि एक शक्तिशाली बम वि

विदेशी तथा अत्यन्त विस्फोटक व आधुनिक था ।

इस बम का पता चलने से कुछ समय पूर्व ही भवन की सीढ़ियों पर एक पैकेट मिला था,जिसमें कुछ 'स्टिकर्ज़' थे,जिन पर कई नारे लिखे हुए थे । इन



भारत और पाकिस्तान संबं

का मौका न खोएं : बा

नई दिल्ली, 10 फरवरी : आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बाब हाक ने आज कहा कि भारत और पाकिस्तान को परस्पर रचनात्मक संबंधों के विकास के लिए पैदा अवसर को हाथ से नहीं जाने देना

विशेषज्ञता हासिल है ।
उन्होंने आशा व्यक्त की
साथ भारत के संबंधों
आशा व्यक्त की कि

Punjabi Tribune

3 ट्रक सवारों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : 2 आतंकवादी मारे गए

सीमा पर 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मुठभेड़ में मरे

उद्योगपति के घर से 1 लाख की नकदी, सामान लूटा

चंडीगढ़, 10 फरवरी (वार्ता, हस.): आतंकवादियों ने कल रात एक ट्रक के 3 सवारों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 आतंकवादी मारे गए । सीमा सुरक्षा बल ने 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । एक चावलों से भरे ट्रक का अपहरण कर लिया गया जबकि लुधियाना में एक उद्योगपति के घर से 1 लाख रुपएसे अधिक की नकदी व सामान लूट लिया गया ।

उग्रवादी मारा गया : बटाला (हस): कल रात जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के गांव संतोखा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया तथा दो अन्य भाग जाने में सफल हो गये । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई,जब पुलिस और बी.एस.एफ. की एक संयुक्त नाका पार्टी ने कुछ उग्रवादियों को चुनौती दी । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन व 5 खाली कारतूस मिले ।

महिला आतंकवादी मारी गई : खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से संबंधित एक महिला आतंकवादी मनजीत कौर को इसी गिरोह के जगराज सिंह ने गिल बोक गांव में गोलियां मार कर मार डाला । मनजीत कौर रत्न सिंह की पत्नी थी । पुलिस सूत्रों ने इस हत्या को आतंकवादी गिरोहों की शत्रुता का परिणाम बताया है ।

लूट की घटना : लुधियाना : दो आतंकवादियों ने कल रात यहां गरदेव नगर में अरुण थापर नामक एक प्रमुख उद्योगपति के घर से एक लाख रुपये मूल्य की नकदी, आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं लूट लीं । भागने से पूर्व आतंकवादी श्रीमती थापर और उनके दो बच्चों को एक कमरे में बंद करके चले गये और टेलीफोन की तारें काट दीं ।

3 लाशें मिलीं : फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): आज प्रातः जिला कपूरथला में चहेड़ू पुल के निकट रेल पटरी पर गोलियों से छलनी 3 लाशें पड़ी मिलीं । पुलिस का कहना है कि इनकी हत्या में चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया है । मामले की जांच की जा रही है ।

बताया जाता है कि गत रात एक बजे के करीब फगवाड़ा से 10 किलोमीटर दूर चहेड़ू रेलवे पुल के पास तीन आतंकवादी एक ट्रक का अपहरण करके ले गए तथा ट्रक में सवार 3 व्यक्तियों की हत्या करके फ़रार हो गए । प्राप्त सूचना के अनुसार यह ट्रक, जो चावल की बोरियों से भरा था, अमृतसर से दिल्ली की ओर जा रहा था । जब गत एक बजे के करीब ट्रक चहेड़ू पहुंचा तो आतंकवादियों ने इसे रोक लिया तथा चहेड़ू पुल के निकट ट्रक के तीन सवारों को रस्सों से बांध कर गोलियों से बींध डाला। उनकी हत्या करने के बाद आतंकवादी तीनों की लाशें उठा कर ले गए तथा इनको रेलवे लाइन पर फैंक दिया । इसके बाद आतंकवादी ट्रक पर सवार हो कर भाग गये ।

बताया जाता है कि कई गाड़ियां इन लाशों के टुकड़े-टुकड़े करते हुए ऊपर से गुज़र गईं । मृतकों में से 2 की पहचान प्रेम कुमार (24 वर्षीय विवाहित), ट्रक ड्राइवर सच्चा सिंह (अमृतसर) के रूप में हुई है । तीसरे मृतक ट्रक कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी ।

सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये । लाशों को पोस्टमार्टम के लिए फगवाड़ा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया । अपहृत ट्रक का नम्बर 7177 था ।

रेलवे पुलिस के डी.एस.पी. श्री ए.एस. मिन्हास ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों ने फायर की आवाजें सुनीं परन्तु आतंकित कोई भी कर्मचारी बाहर निकलने का साहस न कर सका । मृतकों की छाती व पेट में गोलियां लगीं । तीनों मृतकों की शिनाख्त आज सायं अमृतसर से राईस शैलर के पार्टनर कृष्ण कुमार ने की व बताया कि मृतक प्रेम कुमार मेरे पार्टनर जसवंत राय का साला था । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह, जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी व रेलवे पुलिस के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

गत मंगलवार को कलकत्ता के गार्डन रीच क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किये गये तीन संदिग्ध आतंकवादी, जो गुरदासपुर जिले (पंजाब) के निवासी हैं, बुधवार को अलीपुर अदालत में ले जाते हुए । इन आतंकवादियों को उस समय पकड़ा गया, जब गर्मागर्मी हो जाने पर एक ने अपने रिवाल्वर से फ़ायरिंग करके दूसरे को घायल कर दिया था और पास से गुज़र रहा पुलिस चौकी गश्ती दल चौकन्ना हो गया था । (छाया : टैली.)

श्रीनगर के कर्ण नगर क्षेत्र में शक्तिशाली

आग से ध्वस्त [illegible] गए तथा कई [illegible] नाज़ुक है ।

संजया अग्नि

बेंगलूर, 1C [illegible] सुल्तान' की शूटिं[illegible] गए अभिनेता-नि[illegible] आज बम्बई ले जा[illegible]

बम्बई [illegible] एक टीम उसके [illegible]

श्री संजय [illegible] लाइन्स के एक वि[illegible] गया । हवाई अड्[illegible] गया । खां के [illegible] "उनकी हालत [illegible] संजय खां के साथ[illegible] समीर खां और [illegible]

श्री संजय खा[illegible] में दाखिल करवा[illegible]

श्री फिरोज [illegible] हालत स्थिर है और[illegible] वह हर चीज का [illegible] अपनी जिन्दा रह[illegible] डाक्टरों को हैरत [illegible]

इसी बीच [illegible] स्टूडियो में हुए भ[illegible] संख्या बढ़ कर 43[illegible] अस्पताल में कु[illegible]

अग्निकांड में [illegible] शहीद और कारे[illegible] शवों की शिनाख[illegible]

कर्नाटक सर[illegible] करवाने का आदे[illegible] पुलिस ने मैसू[illegible]

भारत

Punjabi Samachar

जालंधर, 11.2.1989

झलकियां : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
ारायण दत्त तिवारी ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री
ी राजीव गांधी को जहां 'गुलाब के फूल' की संज्ञा
कर अपनी बात समाप्त की वहीं उ.प्र. कांग्रेस (इ)
ध्यक्ष श्री बलराम सिंह यादव ने यह शेर पढ़ा :
हमें दुनिया की ईदों से भला क्या वास्ता गालिब ।
हमारा चांद दिख जाए, हमारी ईद हो जाए ।।

☐ मुख्यमंत्री श्री तिवारी ने जब अपने भाषण
के दौरान 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गाया तो
धानमंत्री सहित उपस्थित जनसमूह ने हर्ष ध्वनि के
ाथ स्वागत किया ।

☐ मुख्यमंत्री श्री तिवारी ने अपने संबोधन में
ंत्री से लेकर ब्लाक प्रमुखों तक का उल्लेख किया
न्तु स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख करते, इसके
हले ही मंच के दाहिनी तरफ खड़े एक स्वतंत्रता
नानी ने चिल्लाकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट
कया ।

☐ श्री गुलाम नबी आजाद ने अपने भाषण की
रूआत 'चुप रहिए' से की । अपने इस उद्‌बोधन
ो स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, "मैं जब उत्तर
देश आता हूं तो इसी भाषा का इस्तेमाल करता
। " उनके इस उद्‌बोधन से पंडाल में सन्नाटा छा
या तथा प्रधानमंत्री अवाक रह गए ।

अफगान सीमा पर पाक सेना का जमाव

नई दिल्ली, 10 फरवरी : भारत में
फगानिस्तान के राजदूत अब्दुल समद अजहर ने
ाज आरोप लगाया कि पाकिस्तान उनके देश के
थ सीमा पर सैनिकों का जमाव कर रहा है ।

दुर्घटना में 1 मरा

फगवाड़ा, 10 फरवरी (कौड़ा): आज यहां से 8
लो मीटर दर चहेड़ू के निकट एक ट्रक और टैम्पो
हुई टक्कर में एक व्यक्ति मारा गया और 4 घायल
गए ।

राष्ट्रीय मोर्चा
(पृष्ठ 3 का शेष)

ा के तेरह साल बाद सत्ता में वापसी की घटना
या भर में बेमिसाल है । उन्होंने कहा कि द्रमुक
मिलनाडु में विजय की सबसे सराहनीय बात श्री
णानिधि को नेतृत्व है जिसने इतने लंबे अरसे तक
ी को एक रखा । श्री करुणानिधि के सम्मान में
ोजित एक समारोह में राष्ट्रीय मोर्चे के संयोजक
विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि तमिलनाडु में
स की पराजय के झटके से सारे देश में कांग्रेस
कारों की जड़ें हिल गई हैं ।

मोर्चे के अध्यक्ष श्री रामाराव ने कहा कि मोर्चे ने
ी पहली जीत तमिलनाडु में दर्ज की है और लोगों
पना फैसला सुना दिया है ।

विदेश राज्यमंत्री के. नटवर सिंह ने आज
लनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को
का की जातीय समस्या से संबंधित मुद्दों के बारे
नकारी दी । श्री नटवर सिंह ने श्री करुणानिधि
ह जानकारी उनकी कल प्रधानमंत्री राजीव
से हुई बातचीत के संदर्भ में दी । श्री
ानिधि ने प्रधानमंत्री से श्रीलंका की समस्या को
करने के बारे में अब तक के प्रयासों के बारे में
कारी मांगी थी ।

पी करुणानिधि आज मद्रास रवाना होने के
प्रधानमंत्री से फिर मिले । समझा जाता है कि
चाहता है कि केंद्र लिबरेशन टाइगर्स आफ
ईलम (लिट्टे) तथा अन्य संबंधित पक्षों को
ता वार्ता में शामिल कर समस्या को हल करने
पास करे ।

श्री एम. करुणानिधि ने आज यहां कहा है
न मास के अंत में वह प्रधानमंत्री श्री राजीव
के साथ श्रीलंका के मामले पर फिर बातचीत
। तब तक उस देश में पार्लियामैंट्री चुनाव भी
ो होंगे ।

हार में नेतृत्व के प्रश्न पर नों गुटों की मुहिम तेज

टना, 10 फरवरी : बिहार में सत्तारूढ़ कांग्रेस
मामले की अब दिल्ली में उच्चतम स्तर पर
ी समीक्षा होने की सम्भावना है । कांग्रेस (इ)
क दल के नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष और विपक्ष
म तेज हो गई है ।

गर आलाकमान नेतृत्व परिवर्तन के लिए
हो गई तो उस स्थिति को ध्यान में रखते हुए
जनों ने नेता पद के सम्भावित उम्मीदवारों के
पक्ष में प्रचार करना प्रारम्भ कर दिया है ।

ाज चोरी कांड को दबाए जाने का आरोप

मृतसर, 10 फरवरी (ह.स.): एकीकृत
ी दल (तलवंडी) के महासचिव मनजीत सिंह
रनी ने आरोप लगाया है कि भारतीय खाद्य
के गोदामों से लाखों रुपए के अनाज की चोरी
ाने की कोशिश की जा रही है ।

गुमशुदा की तलाश

भाई अशोक
र, उम्र 23
, कद 5'4",
, गंदमी,
.89 से लापता
पहुंचाने वाले
200/-
ाना दिया
गा । यदि
ोक खुद यह विज्ञापन पढ़े तो शीघ्र वापिस घर
जाए, माता जी सख्त बीमार हैं ।

सेम लाल सुपुत्र श्री अमर नाथ, बस
अड्डा, झब्बाल, जिला अमृतसर

गुमशुदा की तलाश

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों ने फगवाड़ा के निकट चहेड़ू रेलवे पुल के नीचे तीन लोगों की हत्या कर दी । चित्र में मृतकों अमृतसर के व्यापारी प्रेम कुमार, ट्रक ड्राईवर सच्चा सिंह और क्लीनर के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं ।
(छाया : कौड़ा, अल्पना)

अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । रेलवे पुलिस फगवाड़ा ने भारतीय दंड संहिता की धारा 320 के अंतर्गत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में : फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में सतनामपुरा व टिबी आदि में छापे मारे व चार-पांच व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

गत रात जिला पटियाला में दो आतंकवादियों शाम सुंदर तथा बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे दो पिस्तौलें बरामद हुई ।

होमगार्ड की हत्या : अमृतसर जिला में तरनतारन पुलिस जिला के थाना बल्टोहा के गांव महमूदपुर में आतंकवादियों ने एक होमगार्ड सच्चा सिंह की हत्या कर दी तथा हरपाल सिंह को जख्मी कर दिया । यह घटना जसपाल सिंह के फार्म हाउस पर हुई । सूचनाओं के अनुसार आतंकवादियों का लक्ष्य जसपाल सिंह था, जिसने मंगलवार की रात को साहसपूर्ण कार्रवाई करके एक आतंकवादी बलविंदर सिंह डोला को मार गिराया था, जबकि 7 आतंकवादियों ने उसके फार्म हाउस पर हमला किया था । उस समय फार्म हाउस पर होमगार्ड की पक्की चौकी बिठा दी गई थी । आतंकवादी भागते समय होमगार्ड की राइफलें भी ले गये ।

2 घुसपैठिये मरे : कल रात अमृतसर जिला के घरेंडा क्षेत्र में महिन्द्रा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल ने 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार जब इन घुसपैठियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भागने की कोशिश की, जिस पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गोलियां चलाईं । परिणामस्वरूप दोनों मारे गये । घटनास्थल पर कुछ करंसी नोट तथा घड़ियां भी मिलीं ।

एक अन्य घटना में कल रात अमृतसर थाना सदर के गांव नगली नौशहरा में चार संदिग्ध व्यक्तियों ने बंदूक की नोक पर तीन घरों को लूट लिया तथा 3500 रुपए नकद व अन्य कीमती सामान ले गए ।

अमृतसर शहर में कल रात शरीफपुरा में एक गोदाम से 40 टीन वनस्पति घी के चोरी कर लिये गए ।

एक और घायल चल बसा : अमृतसर नगर में आठ फरवरी की रात को होमगार्ड द्वारा की गई फायरिंग से घायल एक और व्यक्ति आज रात्रि अस्पताल में दम तोड़ गया । उसका नाम अनिल मन्नत बताया गया है ।

लड़के की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात थाना पट्टी के गांव सधरा में एक लड़के संदीप कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार संदीप कुमार अपनी पढ़ाई छोड़ कर हवासोरी के लिए घर से बाहर निकला था, जब उसे गोली मारी गई । आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गए ।

पाक घुसपैठिया मारा गया : फिरोजपुर (ह.स.): गत रात्रि जिला फिरोजपुर के ममदोट क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ फायरिंग में एक घुसपैठिया मारा गया, जो अपने साथियों के साथ भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था । बताया गया है कि जवानों ने घुसपैठियों को रुकने के लिए कहा था, जिस पर उन्होंने फायरिंग कर दी, जवाबी फायरिंग में एक मारा गया, जबकि उसके अन्य साथी वापस पाकिस्तान भाग गए ।

घुसपैठिया मरा : फाजिल्का (लूना): बी.एस.एफ. ने गंगानगर सैक्टर में नाकाबंदी के दौरान एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया । गंगानगर में पुलिस कंट्रोल रूम के अनुसार बी.एस.एफ. की नाकाबंदी पार्टी ने जब एक संदिग्ध व्यक्ति को चुनौती दी तो उसने भागने की कोशिश की । इस पर बी.एस.एफ. ने उसे गोली मार दी । उसकी पहचान पाक नागरिक के रूप में हुई है, जो कि पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे एक गिरोह का सदस्य था । उससे दो हैंड बैग बरामद हुए हैं, जिनमें एक पिस्तौल, एक कैमरा, 5 फोटो फिल्में, 6 कारतूस तथा भारतीय व्हिस्की की कुछ बोतलें थीं । घटनास्थल पर उर्दू में लिखी हुई एक डायरी भी मिली ।

चार काबू : समराला (भारद्वाज): डी.एस.पी. समराला श्री इंद्र सिंह के अनुसार आज प्रातः लगभग 5.30 बजे इस सब-डिविजन के अंतर्गत पवात के पुल पर की गई नाकाबंदी के दौरान दो स्कूटरों पर सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने काबू किया है । डी.एस.पी. के अनुसार जब नाकाबंदी पर सुरक्षा बलों ने इन स्कूटर सवारों को रुकने के लिए कहा तो जवाब में उन्होंने फायरिंग की, जिसके उत्तर में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की, परन्तु दोनों ओर से कोई भी हताहत नहीं हुआ । पुलिस ने इनके कब्जे से दो चोरी के स्कूटर, दो पिस्तौल व एक अन्य खिलौना स्टेनगन बरामद करने का दावा किया है ।

बरनाला, बादल से एकता नहीं हो सकी : बाबा

पटियाला, 10 फरवरी (भूषण): एकीकृत अकाली दल (मान धड़ा) के कार्यवाहक अध्यक्ष बाबा जोगेंद्र सिंह ने आज यहां कहा कि उनका संगठन पंथक एकता के पक्ष में है परन्तु बरनाला, बादल व टोहरा के नेतृत्व वाले अबसरवादी तत्वों के साथ एकता सम्भव नहीं है । बाबा जोगेन्द्र सिंह आज यहां बसंत उत्सव के संबंध में गुरु नानक दुख निवारण साहब में आयोजित अकाली सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । आश्चर्यजनक रूप से विरोधी धड़ों का कोई भी नेता आज यहां अपना सम्मेलन करने नहीं आया । पिछले दस वर्षों में यह पहला अवसर है कि शिरोमणि कमेटी समर्थित अकाली दल भी इस अवसर पर यहां अपना आयोजन करने में विफल रहा है ।

इंडियन एयर लाइन्स के किराए बढ़े

नई दिल्ली, 10 फरवरी : इंडियन एयर लाइन्स ने 16 फरवरी से 500 किलोमीटर तक की छोटी उड़ानों के लिए (रुपए की मूल्य में) किराए में 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि करने का फैसला किया है । एयर लाइन्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि 16 फरवरी से शुरू होने वाली योजनाओं पर संशोधित किराए लागू होंगे । यह वृद्धि 10 से लेकर 40 रुपए तक दूरी के अनुपात से होगी । मुंबई के लिए तिरुपति उड़ान के लिए वृद्धि 10 रुपए, अहमदाबाद-बड़ोदरा उड़ान के लिए भी 10 रुपए होगी । इलाहाबाद-गोरखपुर के लिए 25 रुपए, दिल्ली-जयपुर के लिए 30 रुपए और बम्बई-औरंगाबाद के लिए 20 रुपए होगी । अलर मुद्रा में किराए में कोई वृद्धि नहीं होगी ।

पंजाब समझौते पर अमल ही समस्या का हल

नई दिल्ली, 10 फरवरी : दिल्ली विश्वविद्यालय की एक लैक्चरार डा. जितेंद्र कौर द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार पंजाब समझौते पर ईमानदारी से अमल द्वारा पंजाब में सामान्य स्थिति लाने में मदद मिल सकती है । अध्ययन के निष्कर्ष आज प्रकाशित किए गए हैं । लोगों की धारणा है कि पंजाब में लोकतांत्रिक चुनाव द्वारा गठित सरकार भी सामान्य स्थिति लाने में सहायक हो सकती है ।

व्यापारिक गतिविधियां

केन्द्रीय उर्वरक राज्य मंत्री श्री आर. प्रभु नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वरिंदर एग्रो कैमिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरैक्टर श्री राजेन्द्र गुप्ता को शानदार कारगुजारी के लिए फर्टीलाइजर्स एसोसिएशन आफ इंडिया अवार्ड प्रदान करते हुए ।

ओसवाल एग्रो राईट इश्यू तेरह फरवरी तक

नई दिल्ली, 10 फरवरी : ओसवाल एग्रो का अब तक का सबसे बड़ा पूर्ण परिवर्तनीय बांडज का 308.70 करोड़ (जिसमें कम्पनी 15 प्रतिशत तक ओवर सबसक्रिप्शन रख सकेगी) का राईट इश्यू 13 फरवरी को समाप्त हो रहा है । इस राईट इश्यू को शेयर होल्डर तथा वित्तीय संस्थाओं से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है । इस अच्छी प्रतिक्रिया का एक कारण बैंकों द्वारा जारी नवीन ऋण सुविधाओं का होना है । ओसवाल एग्रो फ्यूरेन के प्रवासी शेयर होल्डरों की लगातार मांग को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने मैनेजमैंट को प्रत्येक शेयर होल्डर हेतु 40 पूर्ण परिवर्तनीय बांडस रिनाऊंस करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है । इसी के अनुसार कम्पनी ने ओसवाल फ्यूरेन के सभी प्रवासी शेयर होल्डरों को रिनाऊंसीएशन फार्म भेज दिए गए हैं । इस पूर्ण परिवर्तनीय बांडस इश्यू से प्राप्त राशि को बम्बई स्थित पेट्रो कैमिकल्स के अधिग्रहण, आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यक्रमों के हेतु होने वाली कैपिटल एक्सीपैंडिचर तथा नेप्था क्रैकर से प्राप्त होने वाले सह उत्पादों के उपयोग हेतु प्रोजैक्ट्स के आंशिक खर्चों में इस्तेमाल किया जाएगा ।

शाम के भाव

(10 फरवरी, एन.एन.एस.)

चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6621, चांदी डिलिवरी 6643, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7025, सोना बिट्‌टर (प्रति 10 ग्राम) 3140, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3280, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 312-319, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 314-326, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 152, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 152, तेल कतरन 55, पीतल भरत फूट 47.50, पीतल पर्जा फूट 47.50, सीसा की सिल्ली देसी मलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 60-61, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-69.50, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 66-68, अल्यूमीनियम सिल्ली 48, अल्यूमीनियम रॉड 50.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरन 42, अल्यूमीनियम तार फूट 44.50 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाज़ार :

इंका एक ठोस संस्था कि राजीव के पीछे खड़ी है : ह

लुधियाना, 10 फरवरी (विनोद महिन्द्रा): नामधारी नेता श्री एच.एस. हंसपाल संसद सदस्य ने कल यहां कहा कि बिरोधी दल एक खिचड़ी पार्टी है, और अब भी कई ग्रुपों में विभाजित है । छोटे-छोटे बिरोधी दलों के नेता प्रधानमंत्री बनने के स्वप्न देख रहे हैं । उनके समक्ष राजीव गांधी और उनकी सरकार की आलोचना करने के अतिरिक्त और कोई कार्यक्रम नहीं है ।

यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री हंसपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, एक ठोस संस्था, अपने नेता श्री राजीव गांधी के पीछे खड़ी है, और देश के लोगों की खुशहाली के लिए कार्य हो रहा है । उन्होंने कहा कि बिरोधी दल देश में तनाव पैदा कर रहे हैं, ताकि देश की छवि खराब करके कांग्रेस पार्टी बदनाम किया जाए । उन्हें इस अभियान में सफल होने नहीं दिया जाएगा । क्योंकि लोग उन नेताओं पर विश्वास नहीं कर रहे ।

नामधारी नेता ने कहा नियमित समय पर होंगे और गांधी के नेतृत्व में एक क उभरेगी ।

रेल पटरी पर गश्त करने वाली होमगार्ड पार्टी को धमकी

जालन्धर, 10 फरवरी (बार्ता): कल रात जालन्धर के निकट गिहड़ाछी रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन के साथ गश्त कर रही होमगार्ड की एक पार्टी को एक आतंकवादी गिरोह ने वहां पर गश्त न करने की चेतावनी दी । पुलिस सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों ने होमगार्डों को धमकी दी कि यदि वे फिर इस पटरी पर दिखाई दिए तो उन्हें जान से मार डाला जाएगा ।

अमरीकी रक्षा व्यय में वृद्धि पर एक वर्ष के लिए रोक

वाशिंगटन, 10 फरवरी : राष्ट्रपति जार्ज बुश ने कांग्रेस में 11 खरब 60 अरब डालर का अपना बजट पेश करते हुए रक्षा व्यय में वृद्धि पर एक वर्ष के लिए रोक लगाने की घोषणा की । इससे एक अक्तूबर को शुरू हो रहे 1990 के वित्त वर्ष के लिए रीगन द्वारा प्रस्तावित बजट में छह अरब 30 करोड़ डालर की बचत होगी ।

नर्सें भी वेत रिपोर्ट से ख

लुधियाना, 10 फरवरी एक्शन कमेटी की सदस्य ग पंजाब सरकार ने नर्सों को भ दिए हैं । यह तो 680 की जूनियर इंजीनियर्ज को दिए बाकी भत्तों के सम्बन्ध में सोचा ।

रासुका में नज

चंडीगढ़, 10 फरवरी हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टि जिला अमृतसर में पुलिस स्टेश मान के निवासी सुखविंदर सिंह के अंतर्गत नजरबंदी आज रद्द

बसंत पंचमी पर

होशियारपुर, 10 फरव स्थानीय बाबली बाबा भंडारी अवसर पर लगे मेले में जिला भ में लोग शामिल हुए । मेले सम्मेलन तथा दंगल का भी आ

लुधियाना नगर नि धांधलियों की जां

लुधियाना, 10 फरवरी राज्यपाल के सलाहकार श्री जे निगम लुधियाना में गत क धांधलियां मची हुई हैं, उसकी किए हैं । कल श्री रिबैरो से ल का एक शिष्टमंडल श्री सतप नागरिक परिषद तथा श्री समीर कांग्रेस (इ) शहरी के नेतृ

हरियाणा सिंचाई विभाग

निविदा सूचना

पी.डब्ल्यू.डी. स्पैसिफिकेशनों तथा निम्नलिखित के अनुस साईट पर प्रथम श्रेणी की ईंटों की आपूर्ति हेतु मोहरबंद निविदाएं निविदाएं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में **14.3.89** को अपरान्ह 3 की जाएंगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे वी.के.ओज/अन्य सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे ।

क्र.	कार्य का विवरण	मात्रा	अनुमानित लागत
1.	जी.डब्ल्यू.एस. चैनल के निर्माण हेतु निम्न डम्पिंग साईट पर 9"x4⅜x2-11/16" आकार की प्रथम श्रेणी ईंटों की सप्लाई-इन रीच के.एम. 1-2 एट एक्स-इंग डम्पिंग साइट के.एम. 0.131	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
2.	–तदैव– 2-3 एट डम्पिंग साईट के.एम. 0.131	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
3.	–तदैव– 3-4 एट डम्पिंग साईट के.एम. 0.131	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
4.	–तदैव– 4-5 एट डम्पिंग साईट के.एम. 5.064	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
5.	–तदैव– 5-6 एट डम्पिंग साईट के.एम. 5.064	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
6.	–तदैव– 6-7 एट डम्पिंग साईट के.एम. 7-413	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
7.	–तदैव– 7-8 एट डम्पिंग साईट के.एम. 7.413	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
8.	–तदैव– 8-9 एट डम्पिंग साईट के.एम. 7.413	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
9.	–तदैव– 9-10 एट डम्पिंग साईट के.एम. 30.614 आफ ड्रेन एक्स-इंग सोनीपत-रोहतक रोड	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
10.	–तदैव– 10-11 एट डम्पिंग साईट के.एम. 30.614 आफ ड्रेन एक्स-इंग सोनीपत-रोहतक रोड	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
11.	–तदैव– 11-12 एट डम्पिंग साईट के.एम. 11.68	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
12.	–तदैव– 12-13 एट डम्पिंग साईट के.एम. 12.74	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
13.	–तदैव– 13-14 एट डम्पिंग साईट के.एम. 14.31	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
14.	–तदैव– 14-15 एट डम्पिंग साईट के.एम. 14.31	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
15.	–तदैव– 15-16 एट डम्पिंग साईट के.एम. 14.31	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-
16.	–तदैव– 16-17 एट डम्पिंग साईट के.एम. 14.31	4.00 लाख	रु. 2,00,000/-

Punjab Digital Library

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 12, फरवरी 1989 तदनुसार 1 फाल्गुन 2045

नागालैंड की पहाड़ियों के दामन में स्थित यह भीड़भाड़ वाला शहर उत्तर-पूर्व में विभिन्न बागी ग्रुपों के समन्वय का स्थल बना हुआ है । नैशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड (एन.एस.सी.एन.) ने एक क्रांतिकारी संयुक्त मोर्चा बनाने में प्रमुख भूमिका अदा की है । अन्य मुख्य ग्रुप हैं : यूनाइटिड लिबरेशन फ्रंट आफ़ असम (यू.एल.एफ़.ए.), पीपुल्स रैवोल्यूशनरी पार्टी आफ़ कांगलीपाक (प्रिपाक), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) आफ़ मणिपर

उत्तर-पूर्व में विद्रोही आंदोलन का एक चिंताजनक पहलू यह है कि इन विद्रोहियों में एक संयुक्त विद्रोह के लक्ष्य के प्रति गठजोड़ की भावना प्रबल हो रही है । एक उच्च सरकारी अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों के बावजूद विद्रोही गतिविधियों में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं हुई है । यह विद्रोही सीमा पार बंगलादेश तथा बर्मा स्थित अपने सुरक्षित अड्डों से कार्रवाइयां चलाते हैं तथा इनके हमले

शहरियों पर केंद्रित हैं। विद्रोही ग्रुपों को ट्रेनिंग के में कथित विद्रोहियों से स है । पिछले वर्षों यू.एल.एफ़.ए., पी.एल. मज़बूत विद्रोही ग्रुपों के इनकी एक'सुव्यवस्थित ग्रुपों के सदस्यों की एक हथियार चलाने तथा

प्रवासी मज़दूर को फांसी पर लटका कर मार डाला : 6 अन्य व्यक्तियों की हत्या

2 पाक घुसपैठिये मारे गये : चीनी राइफलें व कारतूस बरामद

फिरोज़पुर के गांव में अकाली नेता के घर पर फ़ायरिंग

चंडीगढ़, 11 फरवरी (वार्ता, हस): पंजाब में एक प्रवासी मज़दूर को आतंकवादियों ने फांसी पर लटका कर मार डाला । अन्य वारदातों में 6 व्यक्ति मारे गए । दो घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल ने मार गिराये । 6 आतंकवादी और आश्रयदाता गिरफ्तार किये गये । जिला फिरोज़पुर अकाली दल के अध्यक्ष की हत्या का प्रयास किया गया ।

मज़दूर को फांसी : पटियाला (भूषण): गत रात आतंकवादियों ने थाना डेरा बस्सी के अंतर्गत गांव सिहपुरा में एक मज़दूर को फांसी पर लटका कर मार डाला । नंद लाल नामक यह मज़दूर उत्तर प्रदेश का निवासी था । गांव सिहपुरा के सरपंच ने आज सुबह इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस जांच कर रही है ।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारों सतवंत सिंह तथा केहर सिंह को फांसी दिये जाने के बाद से पंजाब में निर्दोष लोगों को फांसी पर लटका कर मारने का यह छठा केस है ।

वृद्ध की हत्या : फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां से 13 किलोमीटर दूर गांव भबियाना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक 70 वर्षीय ज्वाला राम की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी । वह गांव का मुखिया था । बताया जाता है कि वह कमरे में सोया हुआ



थाना टांडा के गांव जौहलां में आतंकवादियों द्वारा मारा गया अंतर सिंह । (छाया : आज़ाद)

था । उसको जगा कर उसकी हत्या की गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पहचान : कल चहेड़ पुल के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गये तीसरे व्यक्ति की पहचान भोला निवासी ओठियां थाना अजनाला के रूप में हुई है । वह ट्रक का क्लीनर था ।

एरिया कमांडर था : गुरदासपर (विनोद): गत दिन धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव सतकोहा के पास पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी बब्बर खालसा गिरोह का एरिया कमांडर निकला, जो पुलिस को 28 हत्याओं के मामलों में वांछित था तथा जिसकी गिरफ्तारी पर 20000 रु. इनाम था । एक पुलिस प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 9-10 फरवरी की रात को मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त कश्मीर सिंह निवासी ज़फ़रवाल के रूप में की गई है, जो बब्बर खालसा के एरिया कमांडर बलदेव सिंह दोरांगला की गिरफ्तारी के बाद एरिया कमांडर नियुक्त किया गया था और काफी समय से भगोड़ा था ।

वह 20.5.88 को पठानकोट शहर में हुए बम धमाके, जिसमें 3 लोग मारे गये थे तथा 53 घायल हो गये थे और 1.11.88 को पठानकोट के लखनपर के पास हुए बम विस्फोट की घटना, जिसमें 22 व्यक्ति मारे गये थे तथा 68 अन्य घायल हो गये थे, के संबंध में पुलिस को वांछित था । तब सरकार ने उसको गिरफ्तार करने पर 20000 रुपये का इनाम घोषित किया था । प्रवक्ता के अनुसार मृतक आतंकवादी 10.12.88 को एक अन्य कश्मीर सिंह ज़फ़रबाल तथा कुपाल सिंह निवासी नौशहरा मज्जा सिंह और 17.1.89 को जसवंत सिंह निवासी नैनाकोट की हत्याओं में भी वांछित था । मृतक आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद 1984 में पाकिस्तान चला गया था तथा 2 वर्ष बाद 1986 में बम बनाने की ट्रेनिंग लेकर वापस आया था । उसने कहने को आत्म-समर्पण कर दिया था परन्तु आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा रहा था । मृतक के पास से एक ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात पुलिस ने दीनानगर थाना के अंतर्गत गांव लोहगढ़ में नाकाबंदी की हुई थी, जब तीन आतंकवादी दिखाई दिये । पुलिस ने जब उन्हें रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस ने भी फ़ायरिंग की और घेरा-बंदी करके एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य भागने में सफल हो गये । गिरफ्तार आतंकवादी की शिनाख्त लक्खा सिंह निवासी धन्ने के रूप में की गई है । उसके पास से एक .303 की राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । आतंकवादी से पूछताछ की जा रही है ।

पति-पत्नी की हत्या : बटाला (कोछड़) : थाना सदर बटाला के गांव भागोवाल में आज रात लगभग 9 बजे 3 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर फायरिंग करके एक महिला जोगिन्द्र कौर व उसके पति सविन्द्र सिंह की हत्या कर दी ।

पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने इस हत्या के लिए ए.के. 47 व 455 बोर का रिवाल्वर प्रयुक्त किया है । इसके कुछ चले हुए कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । दोनों मृतक बब्बर खालसा के एरिया कमांडर गुरिन्द्र सिंह गैंदा के चाचा-चाची थे और ये हत्याएं भी उसी के गुट ने कीं । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

1 की हत्या : टांडा से गुप्ता, बहल तथा मुकेरियां से झावर के अनुसार गत रात टांडा से 7 किलोमीटर दूर जौहलां गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा 5 अन्य को ज़ख्मी कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार रात 8 बजे के लगभग तीन आतंकवादी, जो कि ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस थे तथा जिन्होंने अपने मुंह ढांप रखे थे, 'लखां दे दाते' के डेरे (डेरा सच्ची सुलतान) पर गये तथा उन्होंने वहां फ़ायरिंग करके डेरा चला रहे श्री जीवन लाल के भाई अंतर सिंह (30) की हत्या कर दी, जबकि 5 अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया । घायलों में भगत जीवन लाल, उसकी पत्नी चरणजीत कौर, माता बिशन कौर, अंतर सिंह की 5 वर्षीयालड़की सीमा तथा एक रिश्तेदार दरबारी लाल शामिल हैं ।

भगत जीवन लाल, जो कि हर वीरवार को अपने डेरे पर 'पूछें' देता है, ने आतंकवादियों को देख कर डेरे का दरवाज़ा बंद कर लिया, परन्तु आतंकवादियों ने दीवार में बने एक बड़े छेद में फ़ायरिंग की । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह ने बताया कि गांव में मौजूद एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात जवानों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की तथा दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक फ़ायरिंग हुई लेकिन अंततः आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार होने में सफल हो गये । उन्होंने बताया कि घायलों को जालंधर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है तथा इनमें से चरणजीत कौर व दरबारी लाल की हालत गम्भीर बताई जाती है । एस.एस.पी. ने बताया कि मौका पर खोजी कुत्ते भी मंगाए गये, परन्तु हत्यारों का कोई पता नहीं चल सका ।

गढ़दीवाला से डोगरा के अनुसार दरबारी लाल की जालंधर अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई ।

अकाली नेता के घर पर फ़ायरिंग : फिरोज़पुर (धीमान): जिला अकाली जत्था फिरोज़पुर के प्रधान श्री करनैल सिंह भाबड़ा की हत्या का एक और प्रयास विफल रहा । उन पर यह हमला 8 और 9 फरवरी की मध्य रात्रि को किया गया । कहा जाता है कि ए.के. 47 चीनी राइफलों से लैस तीन आतंकवादी बस्ती मुहम्मद शाह वाली में

(शेष पृष्ठ 12 पर)



फिल्म अभिनेता-निर्देशक संजय खां, जो मैसूर के स्टुडियो में लगी आग में ब बेंगलूर से शुक्रवार रात को बम्बई के जसलोक अस्पताल लाया गया ।

संजय खां की हालत यथावत

बम्बई, 11 फरवरी (वार्ता): मैसूर में बुधवार को एक फिल्म स्टुडियो में लगी आग में बुरी तरह झुलसे प्रसिद्ध अभिनेता-निर्देशक संजय खां की हालत खतरे से बाहर है या नहीं, यह चार दिन बाद ही कहा जा सकेगा । यह बात उनके भाई शहरूक ने डाक्टरों के हवाले से कही है । श्री शहरूक ने आज बताया कि संजय खां की देखभाल कर रहे डाक्टरों के अनुसार अगले चार दिनों तक उनकी हालत पर नजर रखने के बाद ही स्थिति के बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ कहा जा सकेगा । शहरुक दबई से कल रात यहां पहुंचा था । डाक्टर संजय खां की हालत पर निरंतर नजर रखे हुए हैं क्योंकि वह 65 प्रतिशत जल गए हैं और ऐसी स्थिति में कई जटिलताएं पैदा होने की आशंका रहती है ।

श्री शहरूक ने बताया कि उनके भाई की हालत यथावत नाजुक बनी हुई है । डाक्टर मुख्य रूप से संजय खां के गुर्दों पर नजर रखे हुए हैं क्योंकि ऐसी अवस्था में गुर्दे सम्बन्धी खराबियां पैदा हो सकती हैं । उन्होंने बताया कि जाने माने प्लास्टिक सर्जन बी.आई. बच भी उनकी निगरानी कर रहे हैं ।

इस बीच मैसूर में दरदर्शन धारावाहिक "टीप सुल्तान" की तलवार की शूटिंग के दौरान हुए भीषण अग्निकांड में मरे 20 लोगों के शव आज इंडियन एयर लाइन्स के एक विमान द्वारा यहां लाए गए । वे उनके वारिसों को सौंप दिए गए । बम्बई के समूचे उद्योग ने आज मातम में काम बंद रखा । लेकिन सिनेमाघर खुले रहे ।

अभिनेत्री नीना गुप्ता ने, जो इस अग्निकांड में बाल-बाल बच गई बताया कि आग लगने से कुछ ही क्षण पहले वह अपनी अस्वस्थ बेटी को, जो उसके ड्रैसिंग रूम में थी, देखने स्टुडियो से निकल कर चली गई थी ।

कल संजय खां को बेंगलूर से बम्बई लाए जाने से पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री सरोज खापर्डे प्रधानमंत्री राजीव गांधी की ओर से संजय खां को देखने सेंट जान्स मैडिकल अस्पताल गई ।

सुश्री खापर्डे ने श्री खां की दशा के बारे में पूछताछ की । वह उनके परिजनों से भी मिलीं ।

उन्होंने अग्निकांड के लिए की गई व्यवस्था

बुधवार की रात प्रत्यक्षदर्शियों सुश्री महादेवन ने मौत को इ लोमहर्षक अग्निकांड के जाते हैं । उन्होंने कल "एक जोरदार धमाके के गुबार से भर गया । 'बचाओ, बचाओ,' चीत्कार में धारावाहिक दृश्य की शूटिंग के लि उठा । इसके पहले कि स्थल लपटों में घिर गया हम चाह कर भी कुछ न

अनंत महादेवन टीप भूमिका निभा रहे थे ।

(शेष पृष्ठ

अमी विव

बम्बई, 11 फरव बैडमिंटन की विजेता अ व्यापारी रसिक शाह के स विवाह कर लिया ।

विवाह समारोह में खे ने भाग लिया ।

छोटी सी बात

रंगा

आप उनके (राजीव गांधी) के चेहरे को पसंद नहीं करते हैं ? वह तो खूबसूरत व्यक्ति हैं ।

—एच. के. एल. भगत द्वारा राजीव गांधी को दूरदर्शन पर बार-बार दिखाने पर टिप्पणी

भाई साहब दूरदर्शन को केवल सुन्दर व अच्छे चेहरे चाहिए तभी तो हमें वहां कोई अवसर नहीं मिल पाता है ।

दिल्ली में जाने-माने सबसे पुराने न्यू भंडारी अस्पताल

चौक मोनी, अमृतसर का नया सैंटर कामयाबी के साथ चल रहा है ।

पता : J-153, राजौरी गार्डन, पीछे मेन पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110027, फोन : 5454100

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

12 सालों से सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले टैस्ट शुरू करने वाले

12 साल के अधिक समय से सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले क्रोमोसोमल स्टडी वाला टैस्ट न्यू भंडारी अस्पताल, चौक मोनी, अमृतसर ने ही पूरी कामयाबी के साथ शुरू किया था, जो कि अब भी सफलता से संचालित है । यह सैंटर सबसे पुराना, सस्ता, तजुर्बेकार व सबसे सही नतीजे देने वाला (Pioneer) सर्वोत्तम सैंटर है । कुछ लोग कहते हैं कि अमृतसर में यह टैस्ट उन्होंने शुरू किया था, लोगों को धोखा देकर गुमराह कर रहे हैं ।

यह टैस्ट गर्भ के 4 महीने पूरे होने अथवा अधिक होने पर होता है और रिपोर्ट उसी दिन लिखित में दी जाती है, जिससे पता चलता है कि होने वाला बच्चा स्वस्थ लड़का है या लड़की ।

यहां टैस्ट विदेशों से स्पैशल मंगाई हुई मशीनों व नवीनतम विधियों द्वारा अल्ट्रा साऊंड तथा क्रोमोसोमल स्टडी वाला डबल टैस्ट फौरन रिटर्न अनुभवी पोस्ट ग्रैजुएट स्पैशलिस्ट एम.डी. (मैडिसन) व एम.डी. (गाईनी) डाक्टरों द्वारा खुद किया जाता है ।

स्वस्थ लड़का या लड़की जानने के लिए क्रोमोसोमल स्टडी वाला टैस्ट तथा अल्ट्रा साऊंड स्कैनिंग टैस्ट (दोनों साथ इकट्ठे) ही करवाएं क्योंकि केवल अल्ट्रा साऊंड स्कैन टैस्ट 4 मास पूरे व सी.वी.एस. टैस्ट 2½ मास पर तसल्लीबख्श, भरोसे वाला सही नहीं होता ।

समय : सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक ।

डा. पी.एस. भंडारी M.B.B.S., M.D. (Med.), Ph. F.I.C.A. (U.S.A.) F.C.C.P.

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

° उत्तरी भारत में लगातार 11 वर्षों से सफल टैस्ट कर रहे श्री के.के. लूम्बा द्वारा संचालित लूम्बा क्लीनिक में आधुनिक विदेशी मशीनों और नवीनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा क्रोमोसोमल और बॉयोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है.

° लूम्बा क्लीनिक एकमात्र 'पायोनियर' सैंटर है जिन्होंने सर्वप्रथम उत्तरी भारत और दिल्ली

मजदूर को फांसी

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री करनैल सिंह के घर गये तथा फ़ायरिंग शुरू कर दी जिससे प्रवेश द्वार पर लगी बत्तियों को क्षति पहुंची और गली में अंधेरा हो गया । श्री करनैल सिंह के लड़के ने तुरन्त मुख्य द्वार अंदर से बंद कर लिया । इसी बीच पंजाब रोडवेज़ का एक कर्मचारी जगीर सिंह, जो कि उसी गली में रहता है, अपनी ड्यूटी से लौट रहा था । आतंकवादियों ने उसको सख्त मारपीट की, जिससे वह ज़ख्मी हो गया । आतंकवादी जाते हुए अपनी 12 बोर की बंदूक निकटवर्ती खेत में छोड़ गये । जगीर सिंह को फिरोज़पुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । थाना ममदोट में इस संबंध में केस दर्ज करा दिया गया है । उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पहले भी गांव फुल्लरवां के निकट करनैल सिंह पर हमले की कोशिश की गई थी परन्तु सौभाग्य से वह बच गये थे । गत दिवस हुए हमले के समय श्री करनैल सिंह घर पर नहीं थे ।

जलालाबाद में हत्या : कल रात जिला फिरोज़पुर के गांव जलालाबाद में एक व्यक्ति सच्चा सिंह की हत्या कर दी गई । पुलिस ने हमलावरों की शिनाख्त कर ली है ।

थानेदार घायल : फिरोजपुर (ह.स.): आज दोपहर जिला फिरोजपुर के गुरुहरसहाय क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग करके पुलिस के एक असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर मान सिंह को घायल कर दिया । मान सिंह अवकाश पर आया हुआ था ।

किसान घायल : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव घसीटपुरा में आतंकवादियों ने एक किसान रेशम सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

कांस्टेबल घायल : अमृतसर (वार्ता): कल रात मजीठा पुलिस जिला में गांव कटराई में एक सी.आर.पी. जवान की स्टेनगन अचानक चल जाने से एक पुलिस कांस्टेबल बलदेव राज घायल हो गया । पुलिस चीफ़ श्री जी.एस. मान ने बताया कि सी.आर.पी. जवान किरपाल सिंह अपनी स्टेनगन साफ कर रहा था कि उसमें से अचानक गोली चल गई, जो कि बलदेव राज के बाज़ू में लगी । उसको इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

चौकी पर फ़ायरिंग : इसी बीच मजीठा पुलिस जिला में ही गांव तेरा खुर्द स्थित एक एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के मध्य फ़ायरिंग हुई तथापि दोनों ओर से किसी के घायल होने की खबर नहीं है ।

2 घुसपैठिए मरे : गत रात खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. ने 5 में से 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मार गिराये । यह जानकारी आज जालंधर में बी.एस.एफ़. (पंजाब सीमा) के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने दी । उन्होंने कहा कि तीन घुसपैठिये वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग जाने में सफल हो गये । मारे गये घुसपैठियों की अभी शिनाख्त नहीं हुई ।

श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि बी.एस.एफ. ने घटनास्थल पर 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, कुछ मैगज़ीन और ए.के. 47 राइफल के लगभग 1,000 कारतूस बरामद किये ।

5 शरणदाता गिरफ्तार : कल रात मजीठा पुलिस जिला में तीन स्थानों पर छापे मार कर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि थाना लोपोके के अंतर्गत ठट्ठी गांव के जगतार सिंह के परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य बचन सिंह व मोहन सिंह को क्रमशः गांव लौंगोमाहल तथा फतेहवाल से गिरफ्तार किया गया, जो कि खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को शरण देते थे ।

घुसपैठिया पकड़ा : खेमकरण सैक्टर में कालिया सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. ने एक घुसपैठिये गुरदीप सिंह को पकड़ा है । उससे पूछताछ की जा रही है ।

नकदी, ज़ेवर लूटे : जालंधर (ह.स.): आज जालंधर थाना सदर के गांव सम्मीपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दो घरों से 5000 रुपए नकद, कुछ सोने के ज़ेवर और एक बंदूक लूट ली । इन घरों के मालिकों के नाम अनूप सिंह तथा कस्तूरी लाल हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

दो गिरफ्तार : धुरी (सिंगला): सी.आई.ए. स्टाफ़ बरनाला ने दो संदिग्ध व्यक्तियों महेंद्र सिंह उर्फ़ भोला माछीके तथा जसबीर सिंह जस्सी को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक पिस्तौल, 12 कारतूस तथा एक स्कूटर पी.एच.बी. 2243 बरामद किया है । यह स्कूटर गत वर्ष 18 नवम्बर को चोरी हुआ था ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (ह.स.): 3 उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला लुधियाना के गांव जड़ख़ार गांव में एक सरपंच की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी साइकलों पर सवार थे ।

परिणाम

KJ/111

आकाश गंगा

साप्ताहिक लॉटरी

(सिक्किम सरकार)

ड्रा

हर

शनिवार

19वें ड्रा का परिणाम, जो 11.2.89 को गंगटोक में सायं 3.00 बजे जजों के सामने निकाला गया :–

FIRST PRIZE (1) Rs. 1,00,000/- KH-166894

SECOND PRIZE (2) Rs. 5,000/- each KG-166894 KJ-166894

(Same No. as of 1st Prize in other two series.)

Following Nos. ending with last digits of first Prize in all series.

THIRD PRIZE (12) Rs. 500/- each (Last 5 digits) 66894

FOURTH PRIZE (135) Rs. 100/- each (Last 4 digits) 6894

FIFTH PRIZE (1350) Rs. 20/- each (Last 3 digits) 894

SIXTH PRIZE (1,48,500) Rs. 15/- each (Last digit) 4

ड्रा प्रत्येक शनिवार

आगामी साप्ताहिक ड्रा **18.2.89** को सायं 3 बजे ।

नोट : निदेशालय, मुद्रण में किसी अशुद्धि के लिए उत्तरदायी न होगा । परिणाम की समुचित सम्पुष्टि के लिए राज्य गज़ट देखें ।

आर्गेनाइज़िंग एजेन्ट्स

K&CO.

4, पाम्पोश एनक्लेव, नई दिल्ली-110 048.

फोन : 6443425, 6445378, 6447610.

निदेशक,
राज्य लाटरीज़,
सिक्किम सरकार,

Digitized by Panjab Digital Library

...ी गई फायरिंग से घायल शिव सेना नेता अनिल मनन दम तोड़ गया ...ल हुए । (मध्य) बुजुर्ग माता-पिता, युवा पत्नी तथा मासूम बच्चा ...ीचे) रा.सु. समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला, शिव सेना के प्रधान ...जलि अर्पित की । (छाया : रवि भंडारी)

पंजाब में पंच व स्त्री सहित 3 लोगों की हत्या : कई आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना में चुंगी से 11 हज़ार रुपए लूटे गए

दम्पति की हत्या उनके उग्रवादी भतीजे ने की

चंडीगढ़, 12 फरवरी (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक पंच, एक स्त्री सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । बटाला क्षेत्र में एक दम्पति की हत्या में उनके आतंकवादी भतीजे का हाथ बताया गया है । एक चुंगी से 11 हजार रुपए लूट लिए गए । एक आतंकवादी मंड क्षेत्र में पुलिस की हिरासत से फरार हो गया ।

मजीठा पुलिस जिला में दो आतंकवादियों बचन सिंह व सोहन सिंह को गिरफ्तार किया गया जबकि गुरदासपर जिला में जसबीर सिंह व लुधियाना जिला में चमकौर सिंह को गिरफ्तार किया गया ।

पंच की हत्या : नाभा: गत रात लगभग आठ बजे गांव संगतपुरा के पंच भगवान सिंह की आतंकवादियों की ओर से गोली मार कर हत्या कर दिए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि आठ-दस आतंकवादी उसके घर आए । उन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं । पहले उन्होंने पंच को बांध दिया तथा फिर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसकी 12 बोर की दोनाली बंदक के अतिरिक्त वे उसकी बहू तथा पत्नी की बालियां व कीमती सामान भी ले गए । नाभा क्षेत्र में एक सप्ताह के अन्दर यह दूसरी वारदात है । इससे लोगों में आतंक फैल गया है ।

खंडन : फिरोजपुर (बागी, कन्तोड़): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुमत कुमार गोयल ने इन खबरों का खंडन किया है कि आतंकवादियों ने गुरु हरसहाय में ए.एस.आई. मान सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी है । उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि ए.एस.आई. का नाम नंद सिंह है तथा वह आतंकवादियों के हमले से बच गया है । श्री गोयल ने बताया कि नंद सिंह ए.एस.आई. मोटर साइकिल पर जा रहा था कि कार सवार आतंकवादियों ने गुरु हरसहाय क्षेत्र में उस पर घात लगा कर हमला किया । उस पर ए.के. 47 राइफल का बर्स्ट मारा गया जोकि उसको नहीं लगा । दूसरा बर्स्ट उसके कंधे पर लगा । नंद सिंह उसी हालत में मोटर साइकिल पर फिरोजपुर पहुंचा जहां उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

छः आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सिटी बटाला व बी.एस.एफ. ने गत रात स्थानीय धीरलिक रोड के निकट मुठभेड़ के पश्चात् छः कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि यह सभी खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं व इनकी शिनाख्त रछपाल सिंह, सुरता सिंह (डेरा बाबा नानक), फस्मन सिंह, सुलक्खन सिंह (धारीवाल सोईयां), अमरीक सिंह (बटाला) व जसवंत सिंह जस्सी (कादियां गज्जरा) के रूप में हुई है और मुठभेड़ के समय इनसे पुलिस से छीनी एक 303 बोर की राइफल, एक 12 बोर की कटी हुई एकनाली बंदक, दो भरे हुए पिस्तौल, काफी संख्या में शक्तिशाली विस्फोटक सामग्री, डैटोनेटर, चले-अनचले कारतस और के.सी.एफ. के लैटरपैड अन्य सामग्री और जमींदारों को पैसे लेने के लिए लिखे गए धमकी-भरे पत्र बरामद किए गए हैं ।

सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन्होंने जिला फिरोजपुर व पुलिस जिला बटाला में पांच हत्याओं व धारीवाल, गुरदासपर क्षेत्रों में सशस्त्र लूटमार की कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । इनमें रछपाल सिंह फौजी भगौड़ा है जबकि जसवंत सिंह जस्सा सीमा पार पाकिस्तान में शस्त्र लेने आता-जाता था ।

आतंकवादी भाग गया : पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिंदपुर के मंड क्षेत्र में बब्बर खालसा से सम्बन्धित एक आतंकवादी दलजीत सिंह पुलिस को चकमा दे कर भाग गया । सूत्रों ने बताया कि यह गत 24-25 जनवरी को कादियां में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में संलिप्त था जिसमें पुलिस थाना कादियां के एस.एच.ओ. श्री गुरसेवक सिंह की मृत्यु हो गई थी । पुलिस ने इसे गत 26 जनवरी को इस आरोप में गिरफ्तार किया था । पुलिस सूत्रों ने कहा कि गत रात पुलिस उसे मंड क्षेत्र में हथियारों की बरामदगी के लिए लेकर गई थी कि वह चकमा देकर भाग गया । उसे लेकर जा रही पुलिस पार्टी के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं ।

बटाला की एक अन्य खबर में कहा गया है कि गत रात भागोवाल में दम्पति की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने आठ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

भतीजे का हाथ : बटाला पुलिस जिले के गांव भागोवाल में सविंदर सिंह तथा उसकी पत्नी जोगेन्दर कौर की गत रात हत्या कर दी गई थी । पुलिस ने इस हत्याकांड में उनके भतीजे गुरिंदर सिंह का हाथ बताया है जोकि आतंकवादी है । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल तथा 455 बोर के कारतस मिले हैं । गुरिंदर सिंह बब्बर खालसा का 'एरिया कमांडर' बताया जाता है ।

इसी बीच सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़े गए आतंकवादियों ने पछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे क्षेत्र में निर्दोष लोगों की हत्या की साजिश तैयार कर रहे थे ।

किसान की पत्नी की हत्या : जिला गुरदासपर में गांव पुरे किसना में एक किसान बलकार सिंह की पत्नी की तेज़धार हथियार से हत्या कर दी गई ।

चुंगी लूटी : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात लुधियाना-फिरोजपर रोड पर स्थित एक चुंगी चौकी से आतंकवादियों ने 11 हजार रुपए लूट लिए ।

चार बंदी : फरीदकोट (जिदल): स्थानीय पुलिस ने आज यहां 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से गोली-सिक्का भी पकड़ा है । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम हैं : गुरजिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, जग्गा सिंह । इनके कब्जे से तीन पिस्तौल और 25 जीवित कारतस बरामद हुए ।

पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस ने एक विशेष अभियान चला कर आठ किवंटल अफीम की भूकी कब्जे में लेकर एक कुख्यात तस्कर मेहर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

धूरी (सिंगला): पुलिस ने गांव लसाड़ा में नाले के पुल पर एक व्यक्ति मुहम्मद यूसफ को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस मिले ।

लाश मिली : बननपर घराट पुल पर नहर में से एक लाश बरामद हुई जिसकी पहचान नहीं हो सकी ।

घायल चल बसा : होशियारपुर जिले के एक डेरे पर हुई फायरिंग में घायल होने वाला गुलज़ारी लाल आज दम तोड़ गया । इससे इस वारदात में मरने वालों की संख्या दो हो गई है ।

फांसी नहीं, आत्महत्या : जिला पटियाला के थाना डेरा बस्सी के गांव सिहपुरा में कल एक प्रवासी मजदूर नंद लाल की फांसी पर लटका कर हत्या किए जाने की सूचना के बारे में पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सूचना गलत थी । बाद की जांच से मालूम हुआ कि यह आत्महत्या का मामला था ।

लूट की घटना : जालंधर (ह.स.): आज प्रातः जालंधर जिला के थाना भोगपर के गांव पनेरा में चार अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति एक आदमी महेन्द्र सिंह के घर से 30,000 रुपए मूल्य का सामान लूट कर ले गए । पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने घर में घुस कर महेन्द्र सिंह व उसके भाई को एक कमरे में बंद कर दिया तथा एक वी.सी.आर., एक रिकार्ड प्लेयर, एक टेप रिकार्डर व कुछ अन्य कीमती सामान ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

हिंद महासागर में भारतीय परमाणु पनडुब्बी मौजूद : पाक द्वारा चीन से आशंका व्यक्त

पेइचिंग, 12 फरवरी : पाकिस्तान ने चीन से हिन्द महासागर में भारतीय परमाणु पनडुब्बी की मौजूदगी पर अपनी आशंकाएं व्यक्त की हैं । पाकिस्तान द्वारा प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की वर्तमान चीन की यात्रा के दौरान यह आशंका व्यक्त की गई है ।

पाकिस्तान के विदेशमंत्री साहबजादा याकूब खां ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारे देश के लिए चिन्ता का विषय है ।

उन्होंने कहा कि हमने अपने मित्र देश चीन को यह आशंका व्यक्त कर दी है कि चीन ने पाकिस्तान की सुरक्षा, एकता और स्वतंत्रता तथा व्यापक रूप में एशियाई क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति गहरी रुचि दिखाई है ।

श्रीमती भुट्टो ने एक सम्वाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारत और चीन के बीच सम्बन्धों में हाल ही में बदलाव के बारे में कहा कि वह इससे खुश हैं । मैं नहीं समझती कि सम्बन्धों में इस बदलाव का प्रभाव किसी तीसरे देश की कीमत पर है ।

श्रीमती भुट्टो ने कहा कि विश्व तनाव में कमी का हमारे क्षेत्र में कोई विशेष असर नहीं पड़ा है, क्योंकि इस क्षेत्र में सैनिक होड़ जारी है ।

कल चीनी प्रधानमंत्री ली फेंग द्वारा द्वारा दिए गए भोज के अवसर पर दिए गए भाषण में भी उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिए बिना यही बात कही थी । विदेशमंत्री श्री खां की आज की टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया कि इसमें इशारा भारत की ओर भी था ।

भोज के अवसर पर अपने भाषण में श्रीमती भुट्टो ने कहा कि कुछ ऐसे आसार दिखाई पड़ रहे हैं जिससे दक्षिण एशिया में संकट उत्पन्न हो सकता है । पाकिस्तान की यह स्पष्ट धारणा है कि हिन्द महासागर में सैनिक होड़ समाप्त हो । इसके लिए सभी बड़े-छोटे राष्ट्रों को प्रयत्न करना चाहिए ।

पाकिस्तान का एक परिसंघ बनाने के पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम इसहाक के विचार के बारे में पूछे जाने पर श्रीमती भुट्टो ने कहा कि उनकी सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया । अफगान विद्रोहियों में एकता के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हम उनमें एकता के लिए कोशिश मात्र ही कर सकते हैं ।

अर्जुन सिंह व उनका परिवार राजीव गांधी से सख्त नाराज़

नई दिल्ली, 12 फरवरी (जी.एस. चावला): यद्यपि मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह तथा उनके परिवार के सदस्य चुरहट लाटरी केस में उनके विरुद्ध टिप्पणियों के दृष्टिगत श्री सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री राजीव गांधी से बहुत नाराज हैं, श्री अर्जुन सिंह के समर्थकों ने उन्हें सलाह दी है कि वह संयम से काम लें और राजीव गांधी के प्रति निष्ठा को कायम रखें अन्यथा उन्हें और अधिक कठिन स्थिति का सामना करना पड़ सकता है । श्री अर्जुन सिंह इन दिनों यहां कानूनी माहिरों से विचार-विमर्श कर रहे हैं ताकि जब्बलपुर उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें । श्री अर्जुन सिंह के कुछ निकट मित्र तथा सम्बन्धी, जो गत कुछ दिनों के दौरान उनसे मिले हैं, कहते हैं कि श्री सिंह तथा उनके परिवार के सदस्य बहुत क्षुब्ध हैं । अर्जुन सिंह के निकट साथी दिग्विजय सिंह सांसद, जोकि उनके हटने के बाद मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी थे, ने कल मध्य प्रदेश इकाई के मामलों पर प्रधानमंत्री राजीव गांधी से बातचीत की । उन्होंने प्रधानमंत्री को यकीन दिलाया कि राज्य में नेता के चुनाव में उनकी उम्मीदवारी केंद्र के साथ टकराव की निशानी नहीं थी । उन्होंने श्री गांधी को बताया कि विधायकों व हाईकमान की इच्छा के मध्य 'संचार का अभाव' था । उनका नाम विधायकों ने प्रस्तावित किया था क्योंकि पार्टी महासचिव गुलाम नबी आजाद ने यह प्रभाव दिया था कि चुनाव स्वतंत्र रूप से होगा और कि हाई कमान श्री दिग्विजय सिंह की उम्मीदवारी के विरुद्ध नहीं है बशर्ते कि वह बहुमत का समर्थन प्राप्त कर लें । उन्होंने कहा कि न तो उनका और न ही विधायकों का इरादा हाईकमान की अवज्ञा करने का था । वे सभी पार्टी तथा विशेष रूप से प्रधानमंत्री के प्रति निष्ठा रखते हैं ।

इससे कुछ दिन पहले श्री दिग्विजय सिंह ने श्री अर्जुन सिंह को भी प्रधानमंत्री से मिलने की सलाह दी थी ताकि राज्य में नेता पद के चुनाव के मामले पर यदि कोई भ्रांति पैदा हुई हो तो वह दूर की जा सके । उन्होंने श्री अर्जुन सिंह को कहा था कि हाईकमान की अवज्ञा का कोई प्रभाव देना उनके हित में नहीं होगा । सुविज्ञ सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने श्री दिग्विजय सिंह की बात को धैर्यपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं की प्रशंसा की । श्री सिंह भी प्रधानमंत्री के साथ हुई अपनी बातचीत से संतुष्ट बताए जाते हैं ।

रों के समर्थन में आज पूरे में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प

...नार्थ ईंडिया अनुसार पूरे ...प्प रहेंगी । ...न की संघर्ष ...ल ने बताया ...चंडीगढ़ में ...क अवकाश

...डाक्टरों द्वारा ...एक दिन के ...के इंडियन ...डाक्टरों की ...र क्लीनिक

...स्वास्थ्य ...र्व भर्ती 15 ...पर हैं । ...थ्य सेवाओं ...के विभिन्न ...हत कम हो ...के सिविल ...हैं ।

...रपर (सुद, ...स्पताल के ...खाली थे । ...प्रैस सचिव ...3 फरवरी ...ने के लिए ...रोगियों को ...निर्णय भी ...पी.डी. के ...पलब्ध हो

सकेगी । आज स्थानीय ई.एस.आई. डिस्पैंसरी रहीमपर के इंचार्ज डाक्टर यशपाल भट्टी के नेतृत्व में सर्वश्री संजीव सेठी, हरजीत सिंह व अनिल बस्सी ने क्रमिक अनशन आरंभ किया ।

इसी बीच पता चला है कि पंजाब सरकार ने लगभग तीन सौ पी.सी.एम.एस. (II) मैडिकल अधिकारियों को कलास (I) में अपग्रेड करने का जो निर्णय किया है उससे लाभान्वित होने वाले अधिकांश डाक्टर अपने नए कार्यभार सम्भालने के पश्चात् पुनः हड़ताल में शामिल हो जाएंगे ।

चिकित्सा शिविर : जालंधर : पी.सी.एम.एस. वालंटियर फोर्स ने गांव गदोबाल में डाक्टर बी.एस. भौरा के नेतृत्व में एक चिकित्सा राहत शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 700 रोगियों का निरीक्षण किया गया । इस दौरान ई.सी.जी. और अन्य टैस्ट भी किए गए ।

इसी बीच डाक्टरों की क्रमिक भूखहड़ताल आज 8वें दिन में प्रवेश कर गई । आज सर्वश्री अश्विनी सोंधी, मुकेश जोशी, कपिल चतरथ और मोहिन्दर सिंह भूखहड़ताल पर बैठे ।

रोगियों के हित में अस्पताल में चलाए जा रहे ओ.पी.डी. के अतिरिक्त समानांतर इनडोर का प्रबंध महाराज अग्रसेन अस्पताल, सोढल रोड, जालंधर में किया गया है ।

नए मंत्रियों को 15 को शपथ दिलाई जाएगी : रामाराव

हैदराबाद, 12 फरवरी (वार्ता): आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने कहा है कि राज्यमंत्री परिषद के नए मंत्रियों को बुधवार 15 फरवरी को शपथ दिलाई जाएगी ।

...के दौरान बना कोई भी ...कानून रद्द नहीं किया गया

...बेनजीर ...ी को जल्द ...स्तर पर ...किस्तानी ...दी है । ...40 पूर्व ...होंने कहा ...रहा है । ...महिलाएं ...। उन्होंने ...लाओं के ...

...क यद्यपि ...कोई भी ...। लेकिन ...कुल दो ...ने अपने

चुनाव अभियान के दौरान वायदा किया था कि महिलाओं के प्रति भेदभाव-मूलक सब कानून रद्द कर दिए जाएंगे । इस संदर्भ में जिया सरकार का कुख्यात हदूद अध्यादेश उल्लेखनीय है जिसमें दो औरतों की गवाही को एक मर्द के बराबर करार दिया गया था ।

नासिरा ने कहा कि बेनजीर भुट्टो की सरकार ने पुराने कानूनों में परिवर्तन के लिए महिला समूहों से सलाह-मशविरा शुरू कर दिया है । इस हेतु एक संसदीय समिति नियुक्त कर दी गई है ।

"आल पाकिस्तान वीमेन्स एसोसिएशन" की अध्यक्षा बेगम मसूदा हमीद ने बताया कि श्रीमती बेनजीर इस विषय में एक मार्च को कई महिला समूहों से मुलाकात करेंगी ।

डाक्टर के विरुद्ध शिकायत रद्द

चंडीगढ़, 12 फरवरी (ह.स.): इलाका मैजिस्ट्रेट श्री वीरेन्द्र सिंह ने जूडिशियल मैजिस्ट्रेट चंडीगढ़ की अदालत में पी.जी.आई. के सीनियर डाक्टर जे.बी दिलावरी के स्वयं को मैडिकल कौंसिल से पंजीकरण कराए बिना प्रैक्टिस करने के विरुद्ध दायर आपराधिक शिकायत रद्द कर दी । मैजिस्ट्रेट ने यह आदेश शुक्रवार सायं पास किए । डाक्टर

बेकमैन्स की

लंका

त्या

च्चे शामिल

हत्या

सिंहलियों पर वह सबसे

की हत्या :इस बीच
प्रवक्ता ने बताया कि
नगर में कल तड़के
ति की एक गश्ती टुकड़ी
एक जवान की मृत्यु हो
वादी गिरफ्तार भी किए

बसे ठिगने
का निधन

री (ए.एफ.पी.) विश्व
एन्टोनियो लोप्स फरेरा
कर दिया गया। 46
निधन हो गया था।
रेरा का कद मात्र 75
इंच था । इसलिये से
आफ वर्ल्ड में उनका
ले यह रिकार्ड भरत के
जो 71 सैंटीमीटर यानि
985 में उनकी मृत्यु हो

बांको ने शोक संतप्त
लोग कद से नहीं वरन्
किए जाते हैं । फरेरा की
अपने छोटे कद से वे
और प्रसन्नचित रहते

उग्र भीड़ पर
: 5 मरे

रवरी : स्थानीय अमरीका
मला करने वाले हजारों
द्वारा आज गोली चलाने से
त्री मृत्यु हो गई और अनेक
त्यक्षदर्शियों और अस्पताल
दी ।



अमृतसर में होमगार्ड के जवान द्वारा की गई फायरिंग से घायल शिव सेना नेता अनिल मनन दम तोड़ गया (ऊपर) शव यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए । (मध्य) बुजुर्ग माता-पिता, युवा पत्नी तथा मासूम बच्चा एवं अन्य संबंधी विलाप करते हुए । (नीचे) रा.सु. समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला, शिव सेना के प्रधान सुरेंद्र डोगरा तथा अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की । (छाया : रवि भंडारी)

हड़ताली डाक्टरों के समर्थन में आज पूरे उत्तर भारत में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प

अमृतसर, 12 फरवरी (ह.स.): नार्थ इंडिया कंफैडरेशन आफ डाक्टर्ज के निर्णय के अनुसार पूरे उत्तर भारत में कल स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प रहेंगी । आज यहां पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन की संघर्ष समिति के संयोजक डाक्टर अशोक गोयल ने बताया कि हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में कार्यरत डाक्टर सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेंगे ।

श्री गोयल ने कहा कि हड़ताली डाक्टरों द्वारा चलाए जा रहे समानांतर ओ.पी.डी. भी एक दिन के लिए बंद रहेंगे । उन्होंने बताया कि इंडियन सकेगी । आज स्थानीय ई.एस.आई. डिस्पैंसरी रहीमपुर के इंचार्ज डाक्टर यशपाल भट्टी के नेतृत्व में सर्वश्री संजीव सेठी, हरजीत सिंह व अनिल बस्सी ने क्रमिक अनशन आरंभ किया ।

इसी बीच पता चला है कि पंजाब सरकार ने लगभग तीन सौ पी.सी.एम.एस. (II) मैडिकल अधिकारियों को कलास (I) में अपग्रेड करने का जो निर्णय किया है उससे लाभान्वित होने वाले अधिकांश डाक्टर अपने नए कार्यभार सम्भालने के पश्चात् पुनः हड़ताल में शामिल हो जाएंगे ।

पंज

की

लुधिय

चंडीगढ़,
के बाद पंजाब
सहित 3 व्यक्ति
दर्जन से अधि
लिया गया ।
उनके आतंकव
एक चंगी से 1
आतंकवादी मा
हो गया ।

मजीठा पु
सिंह व सोहन
गुरदासपर जिल
में चमकौर सि

पंच की
बजे गांव सं
आतंकवादियों
दिए जाने की
आठ-दस आत
पुलिस की वर्दि
को बांध दिया
हत्या कर दी
के अतिरिक्त
कीमती सामा
सप्ताह के अन
में आतंक फैल

खंडन
पुलिस अधीक्ष
का खंडन किय
में ए.एस.आई
करदी है ।
ए.एस.आई.
आतंकवादियों
ने बताया कि
पर जा रहा थ
हरसहाय क्षे
किया । उस
गया जोकि उ
कंधे पर लग
साईकिल पर
दाखिल कराय
बताई जाती

छः आ

Punjabi Sahit.com

सी.आर.पी. के साथ रक्तिम भिड़ंत में 4 खतरनाक आतंकवादी मारे गये

एक जवान भी मारा गया : पंजाब में अन्यत्र 2 लोगों की हत्या

फरीदकोट जिले में उग्रवादियों व पुलिस में मुठभेड़, क्रास फायरिंग में 2 लोग मरे

चंडीगढ़, 14 फरवरी (वार्ता, ह.स) : सुरक्षा बलों को आज एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली जबकि जिला अमृतसर में एक फ़ार्म हाऊस पर हुए रक्तिम मुकाबले में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के नरिंदर सिंह भोला सहित 4 खतरनाक आतंकवादी मारे गए और सी.आर.पी. के एक जवान की मृत्यु हो गई । पंजाब में अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । जिला फरीदकोट में आज रात पुलिस व उग्रवादियों की मुठभेड़ के दौरान क्रास-फायरिंग की लपेट में आकर 2 लोग मारे गए ।

4 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार आज सायं 4 बजे के करीब अजनाला सैक्टर में गांव जस्तरवाल के निकट कोटली बांका के एक फ़ार्म हाऊस पर लगभग आध दर्जन आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के मध्य हुई भीषण मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्ध रखने वाले 4 खतरनाक आतंकवादी मारे गए जबकि सी.आर.पी. का एक जवान भी इस मुकाबले में मारा गया ।

इस घटना के सम्बन्ध में अभी तक मिली सूचनाओं के अनुसार सी.आर.पी. को सूचना मिली थी कि इस फ़ार्म हाऊस पर कुछ आतंकवादी छुपे हुए हैं तथा किसी बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे हैं । इस सूचना पर सुरक्षा बलों ने फ़ार्म हाऊस को घेर लिया तथा पोज़ीशनें लेने के बाद आतंकवादियों को चुनौती दी । आतंकवादियों की ओर से फ़ायरिंग किए जाने पर दोनों ओर से गोलियां चलीं । जो चार खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं उनमें अमृतसर जिला के गांव गग्गो बुआ का नरिंदर सिंह उर्फ़ भोला भी शामिल है । नरिंदर भोला खुद को खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लैफ्टीनैंट जनरल कहता था तथा काफी देर से वारदातें कर रहा था । उसकी गिनती 'ए' श्रेणी के आतंकवादियों में होती थी ।

वहां से जो हथियार बरामद हुए हैं, उनमें 4 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक राकेट लांचर, एक पिस्तौल तथा विभिन्न बोरों की सैंकड़ों गोलियां शामिल हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवर पाल सिंह गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि मारे गए अन्य आतंकवादियों के नाम निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा, अमरीक सिंह उर्फ़ मीका तथा अजीत सिंह हैं । उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी के.सी.एफ.के फतेह चियांग धड़े से संबंधित हैं ।

उक्त मुठभेड़ एक जमींदार दल सिंह के फार्म हाऊस पर हुई जो कि 2 बजे बाद दोपहर से लेकर 4 बजे शाम तक जारी रही । निर्मल सिंह निम्मा 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था, जिसके सिर पर 20 हजार रुपए का ईनाम था । पकड़े गए हथियारों में 2 राकेट भी शामिल हैं ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । सी.आर.पी. के मारे गए जवान का नाम जी.पी.एफ. मूर्ति बताया गया है, जो कि 8वीं बटालियन से सम्बद्ध था । यह भी कहा गया है कि मारे गए चारों आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के गिरोह से सम्बन्धित थे ।

बंदूक अचानक चल गई : आज सुबह मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत गांव तरपई में एक पुलिस कांस्टेबल अपनी बंदूक से अचानक गोली चल जाने से घायल हो गया । घायल कांस्टेबल रविन्द्र सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल कराया गया है ।

ट्रक का अपहरण : कल रात मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत रैय्या के निकट 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ट्रक का अपहरण कर लिया जिनमें कुकिंग गैस लदी थी । पुलिस ने बताया कि 4 सशस्त्र आतंकवादियों में से दो ने, जोकि खाकी वर्दी में थे, ट्रक को रुकने का इशारा किया । जैसे ही ट्रक रुका, आतंकवादियों ने ड्राइवर को ट्रक की चाबियां उनके हवाले करने को कहा । बंटाला की ओर फ़रार होने से पूर्व आतंकवादियों ने ड्राइवर तथा क्लीनर को एक वृक्ष के साथ बांध दिया तथा उन्हें धमकी दी कि वे पुलिस को सूचित न करें । यह ट्रक एक स्थानीय गैस एजैंसी का था, जिसके मालिक पंजाब सिख फ़ोरम के संयोजक कैप्टन (रिटायर्ड) सी.एस. सिद्धू हैं । ट्रक में 324 सिलंडर थे ।

पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में झब्बाल थाना में तैनात पुलिस कर्मियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग पर वे भाग निकले । जिला में एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने एक किसान महेंद्र सिंह के घर पर फ़ायरिंग की । जब महेंद्र सिंह के लड़के तथा गांव में तैनात विशेष पुलिस अधिकारियों ने जवाबी फ़ायरिंग की तो आतंकवादी फ़रार हो गए ।

संगतपुरा में हत्या : कल रात पटियाला जिला के संगतपुरा क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति भगवंत सिंह की हत्या कर दी । हमलावर उसके घर से एक दोनाली बंदूक तथा कुछ आभूषण भी ले गए ।

गत रात भटिंडा जिला में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध उग्रवादी कर्कर सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक सिंगल बैरल बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

पटियाला जिला में गत रात तीन आतंकवादियों सुखविंदर सिंह उर्फ़ सुक्खी, जगतार सिंह तथा बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे एक 12 बोर की पिस्तौल, एक .455 बोर रिवाल्वर, एक .303 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों के एक गिरोह ने जिला फिरोज़पुर में गांव बोटियांवाला से एक व्यक्ति बलविंदर सिंह का अपहरण कर लिया और बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

स्कूल जला दिया : गढ़दीवाला (डोगरा) : गत सायं गवर्नमैंट प्राइमरी स्कूल मनहोटा, ब्लाक भुंगा (होशियारपुर) को शरारती तत्वों ने आग लगा दी, जिससे स्कूल के साथ स्थित ब्रांच डाक घर का कमरा भी जल गया । कुछ अन्य दुकानों को भी आग से क्षति पहुंची । पुलिस जांच कर रही है ।

क्रास फायरिंग में दो मरे : जलालाबाद (मलिक): प्राप्त सूचना के अनुसार आज रात 9 बजे के लगभग यहां से 30 किलोमीटर दूर जिला फरीदकोट के थाना सादिक के गांवों मुकंदसिंहवाला और सान्यावाली के बीच कार में सवार उग्रवादियों ने पुलिस और सी.आर.पी. की एक गश्ती मैटाडोर पर फायरिंग की । गश्ती पार्टी ने जवाबी फायरिंग की । पुलिस मैटाडोर के पीछे एक सिविलियन **ट्रैक्टर ट्राली आ रही थी, जिसमें 14-15 लोग सवार थे । क्रास फायरिंग की लपेट में आकर ट्राली में** सवार 2 लोग मारे गए तथा 3 घायल हो गए । अंतिम समाचार मिलने तक पुलिस पार्टी और उग्रवादियों में फायरिंग जारी थी ।

(1 से 4) अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर के गांव जस्तरवाल के निकट क बलों से मुठभेड़ में मारे गए 4 आतंकवादियों के शव । (5) वह मकान जला हुआ सामान पड़ा है । (6) आतंकवादियों से पकड़े गए हथियार व गो हुए एक जवान ।

छापामारों का लंका के कई हिस्सों में कर्फ़्यू : पोस्टर लगाकर चुनाव में हिस्सा न लेने की धमकी

कोलम्बो, 14 फरवरी : श्रीलंका सरकार के खिलाफ संघर्षरत छापामारों ने आज दक्षिणी श्रीलंका के कई हिस्सों में कर्फ्यू लागू कर दिया और दीवारों पर पोस्टर लिख कर लोगों को संसदीय चुनाव में भाग न लेने की चेतावनी दी । दक्षिणी इलाकों के निवासियों ने टेलीफोन पर बताया कि सड़कें सुनसान पड़ी हैं और किसी तरह के वाहन दिखाई नहीं दे रहे हैं ।

श्रीलंका में चुनाव प्रचार के चार हफ्तों में 13 उम्मीदवारों सहित तीन सौ से अधिक लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है ।

सरकार ने इन हत्याओं के लिए जनता विमुक्ति पेरामुना कार्यकर्त्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है । हिंसा रोकने और कल के चुनाव के लिए चालीस हजार पुलिस कर्मियों और सैनिकों को हिंसाग्रस्त इलाकों में तैनात किया गया है ।

श्रीलंका में कल के संसदीय चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं । देश के दक्षिणी और उत्तर पूर्वी भागों में सक्रिय सिंहली छापामार संगठन, लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम ने चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है ।

हिंसाग्रस्त इलाकों में पिछले एक पखवाड़े से हिंसक घटनाओं में बेहद बढ़ोत्तरी के बावजूद इस बार मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए कृतसंकल्प हैं ।

22 चुनाव जिलों के 94 लाख मतदाता कल नौ राजनीतिक दलों और दस निर्दलीय गुटों के कुल 1400 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यीय संसद के लिए 196 सांसदों का चयन करेंगे ।

समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत पहले आम चुनाव में 196 सदस्यों का प्रत्यक्ष चुनाव होगा, जबकि शेष 2 स्थान विभिन्न दलों द्वारा दी गई राष्ट्रीय सूची से समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के जरिए भरे जाएंगे ।

पंजाब में अफसरशाही का बोलबाला : पापी

लुधियाना, 14 फरवरी (महिन्द्रा): अकाली दल तलवंडी ग्रुप के संगठन सचिव श्री बलविंदर सिंह पापी ने केंद्रीय सरकार से मांग की है कि पंजाब समस्या को शीघ्र हल किया जाए, ताकि पंजाब में हत्याओं का क्रम रोका जा सके । आज यहां एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि केंद्र राजीव-लौंगोवाल समझौता लागू नहीं कर रहा, जिससे समस्या अधिक गम्भीर हो रही है । श्री पापी ने आरोप लगाया कि पंजाब में अफसरशाही का बोलबाला है तथा जनता पर पुलिस अत्याचार बढ़ रहे हैं । निर्धन लोगों को खाने-पीने की वस्तुएं ठीक समय पर तथा उचित दामों पर उपलब्ध नहीं । सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है ।

देवी लाल को आज 'डाक्टर आफ साईंस' की डिग्री दी जाएगी

चंडीगढ़, 14 फरवरी (वि.प्र.): कल 15 फरवरी को हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल को 'डाक्टर आफ साईंस' की मानद डिग्री प्रदान की जाएगी । श्री देवी लाल ने फैसला किया है कि डिग्री मिलने के बाद भी वह अपने नाम के आगे डाक्टर शब्द नहीं जोड़ेंगे और पहले की तरह अपने को कृषक समर्थक समझ कर चौधरी देवी लाल कहलाएंगे ।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की पंजाब उप-समिति की बैठक

नई दिल्ली, 14 फरवरी : केंद्रीय मंत्रिमंडल की पंजाब से सम्बन्धित उप-समिति की आज यहां बैठक हुई । सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पंजाब की ताजा स्थिति पर विचार किया गया ।

पंजाब की परिवहन नीति सं

चंडीगढ़, 14 फरवरी (वि.प्र.): ग्रामीण युवकों को रोजगार प्रदान करने तथा लोगों की 'कठिनाइयां' कम करने के उद्देश्य से सर्वोच्च शिकायत निवारण कमेटी की सिफारिशों पर पंजाब सरकार ने अपनी परिवहन नीति में, ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसों के परमिट देने बारे, संशोधन किया है ।

नई विकेंद्रीकृत नीति के अनुसार अब ऐसे परमिट देने के अधिकार आयुक्तों व जिलाधीशों को दे दिए गए हैं । पहले यह अधिकार राज्य के मुख्यालय पर सम्बद्ध विभाग के पास था । यह जानकारी देते हुए आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि विभाग ने इस बारे अधिसूचना जारी कर दी है । उसके अनुसार इस फैसले से ग्रामीणों की यह शिकायत दूर हो जाएगी कि ग्रामीण मार्गों पर बस सेवा ठीक नहीं है । इसके अलावा जिलाधिकारी भी आवश्यकता के अनुरूप परमिट जारी कर सकेंगे ।

वित्तायुक्त गृह श्री एस.एल. कपूर की अध्यक्षता में गठित शिकायत निवारण सर्वोच्च समिति ने कुछ और भी महत्वपूर्ण फैसले किए हैं । आतंकवाद का शिकार हुए व्यक्तियों के परिवारों या बच्चों को मदद व रोजगार आदि देने के जो केस इस सर्वोच्च समिति के पास भेजे गए थे उनका निपटारा कर लिया गया है । स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग ने सभी लम्बित मामले निपटाना मान लिया है ।

कमेटी ने फैसला किया है कि हर महीने हर जिले में ब्लाक स्तरीय ग्रामीण सम्मेलन कराए जाएंगे । इन सम्मेलनों में वित्तायुक्त तथा प्रशासनिक सचिव लोगों की शिकायतें सुनेंगे । ये अधिकारी लोगों की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए इन्हें सम्बद्ध अधिकारियों के पा समिति' की सिफारिशों के अ अपने यहां भर्ती के लिए शारी के लिए शिथिल करने का फै आतंकवादियों को पकड़ने दिखाई है । इन लोगों को प्रा नीकरियां दी जाएंगी । कमेटी ऐसे युवकों को अन्य विभागों आयु सीमा में छूट देने बारे जाएंगे ।

कमेटी ने पुलिस की शिकायतों पर गहरी चिन्ता प्रशासन व जनता में निकट निपटान की आवश्यकता पर ब पुलिस का एक प्रकोष्ठ भी ग लोगों की अन्य शिकायतों निपटारा करने के लिए प्रशासन विविध निर्देश दिए गए हैं ।

बारात में हुई युवक की

नई दिल्ली, 14 फरवरी (व इलाके में कल रात एक बारात हुई तकरार में एक युवक को पड़ी । पुलिस का कहना है कि प्रकाश व सराय रोहिल्ला के नि झगड़े के बाद आत्मा प्रकाश गोली चला दी । पुलिस के अनु फरार है ।

अध्यापकों द्वारा गिरफ्तारियों का क्रम जारी : सरकार से वार्ता आज

चंडीगढ़, 14 फरवरी (वि.प्र.): आज यहां किया था कि बरनाला सरकार के फैसले के अनुसार

खूबसूरत लड़की को देख कर सीटी बजाने की कीमत

मनीला, 14 फरवरी (डी.पी.ए.): सड़क पर एक खूबसूरत युवती को देख कर सीटी बजाने के कारण एक युवक को अपनी जान से ही हाथ धोना

कश्मीर घाटी के कई क्षेत्रों में उपद्र

बारामूला में बी.एस.एफ. बुलाई

श्रीनगर, 14 फरवरी (अशोक, वार्ता) : श्रीनगर शहर के आंतरिक क्षेत्र आज अतिरिक्त पुलिस भेजी

Punjabi Sangtari

भिड़ंत
रे गये

ों की हत्या
में 2 लोग मरे

चल गई : आज सबह अंतर्गत गांव तरपई में एक बंदूक से अचानक गोली चल । घायल कांस्टेबल रविन्द्र दुर अस्पताल अमृतसर में ।

: कल रात मजीठा पुलिस ना के निकट 4 सशस्त्र क का अपहरण कर लिया ी । पुलिस ने बताया कि 4 से दो ने, जोकि खाकी वर्दी का इशारा किया । जैसे ही ों ने ड्राइवर को ट्रक की रने को कहा । बटाला की तंकवादियों ने ड्राइवर तथा साथ बांध दिया तथा स को सूचित न करें । यह जैसी का था, जिसके मालिक संयोजक कैप्टन (रिटायर्ड) में 324 सिलंडर थे ।

र फ़ायरिंग : गत रात में झब्बाल थाना में तैनात वादियों ने फ़ायरिंग की । रिंग पर वे भाग निकले । त में आतंकवादियों ने एक र पर फ़ायरिंग की । जब ांव में तैनात विशेष पुलिस ायरिंग की तो आतंकवादी

या : कल रात पटियाला ें सशस्त्र आतंकवादियों ने ह की हत्या कर दी । क दोनाली बंदूक तथा कुछ

ला में सुरक्षा बलों ने एक सिंह को गिरफ्तार किया । बंदूक तथा कुछ कारतूस

त रात तीन आतंकवादियों खी, जगतार सिंह तथा किया और उनसे एक 12 455 बोर रिवाल्वर, एक कारतूस बरामद किए ।

हत्या : आतंकवादियों के

(1 से 4) अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर के गांव जस्तरवाल के निकट कोटली बांका में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए 4 आतंकवादियों के शव । (5) वह मकान जहां मुकाबला हुआ, जला हुआ सामान पड़ा है । (6) आतंकवादियों से पकड़े गए हथियार व गोली-सिक्का दिखाते हुए एक जवान । *(छाया : रवि भंडारी)*

Punjabi Parwaz

भो
70

सर्वोच्च
330

नई दिल्ली
लम्बी कानूनी ल
विश्व की सबसे
गैस कांड का अ
करते हुए अमरी
कार्बाइड निगम
डालर (लगभग
देने का आदेश

इस आदेश
सरकार दोनों प
न्यायाधीश अ
उच्चतम न्याया
ने मध्य प्रदेश
निर्णयों के खि
अपीलों पर सुन
इस मामले में व
कोई समझौता

इसके बाद
मुआवजे का प्रस्
पक्षों ने स्वीकार

यूनियन का
भारत सरकार
होगा । उक्त
हजार करोड़ रु
इस तरह उच्च
कुल दावों की ए

कार्बाइड के
1984 को
व्यक्तियों की मृ
अधिक व्यक्तिय
पड़ा है ।

न्यायालय
समझौते का ब्यौ
ताकि फिर सम्ब

इससे पूर्व
और यूनियन
न्यायालय के दो
अपीलों की सुन
उच्च न्यायालय
जिसके तहत उस
250 करोड़ रु
के लिए कहा थ

भारत सर
आदेश को इस

लुधियाना व अहमदगढ़ में पुलिस ए.एस.आई. समेत 4 की हत्या

लुधियाना में मरने वाले उग्रवादियों में हिताभिलाषी व कुमार के हत्यारे शामिल थे

2 कट्टर आतंकवादी व 2 पाक घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 15 फरवरी (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में विभिन्न मुठभेड़ों में 2 कट्टर आतंकवादी तथा 2 घुसपैठिये मारे गए जबकि अन्यत्र एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । गत दिनों लुधियाना जिला में मारे गए आतंकवादियों में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी तथा भाखड़ा-ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के अध्यक्ष जनरल कुमार के हत्यारे भी शामिल थे । पुलिस ने जिला होशियारपुर से अपहृत ट्रक दिल्ली की सब्ज़ी मंडी में से बरामद कर लिया ।

उग्रवादियों ने आज अहमदगढ़ में एक पुलिस ए.एस.आई. तथा लुधियाना में 3 लोगों की हत्या कर दी ।

हिताभिलाषी, कुमार के हत्यारे मारे गए : लुधियाना (महेन्द्रा, धीमान): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि गत 26-27 जनवरी की मध्य रात्रि को जगराओं और थाना सदर लुधियाना के क्षेत्र में पुलिस के साथ मुकाबले में जो चार उग्रवादी मारे गए थे, उनकी शिनाख्त हो गई है । उन्होंने कहा कि थाना सदर के क्षेत्र में जब सुरक्षा बलों ने एक ट्रैक्टर को जिस पर चार उग्रवादी सवार थे, रोकने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । इस पर सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप तीन उग्रवादी मारे गए और एक फरार हो गया । उनके कब्जे से एक एल.एम.जी. (ए.के.), ड्रम टाइप बैल्ट मैगजीन, दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, दो मैगजीन, ए.के. 47 के 280 कारतूस बरामद हुए । एक ट्रैक्टर भी कब्जे में लिया गया है, एक राकेट लांचर, दो डैटोनेटर, छः राकेट भी कब्जे में लिए हैं ।

श्री सैनी ने कहा कि मृतक उग्रवादियों के नाम हैं (1) राजेन्द्रपाल सिंह जगियाना (जो कृषि विश्वविद्यालय में प्रो. रह चुका है), (2) रवीन्द्र पाल सिंह खरड़, जिला रोपड़, (3) परमजीत सिंह चंडीगढ़ ।

उन्होंने कहा कि दूसरी भिड़ंत में मारे गए उग्रवादी का नाम अवतार सिंह था । उसका दूसरा साथी फरार हो गया । मृतक उग्रवादी के कब्जा से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और दस कारतूस बरामद हुए हैं । श्री सैनी ने कहा कि इन उग्रवादियों ने चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रधान श्री हिताभिलाषी और भाखड़ा-ब्यास मैनजमैंट बोर्ड के चेयरमैन श्री कुमार की हत्या की थी । उन्होंने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें प्रयुक्त की थीं । इस ग्रुप के अन्य दो सदस्य जी.पी. सिंह और प्रीतम सिंह दोनों फरार हैं । दोनों पशु चिकित्सक हैं ।

उन्होंने कहा कि इस गिरोह के अन्य सदस्य जो इस वक्त सरगर्म हैं, उनके नाम हैं—चरनजीत सिंह उर्फ चन्नी, दलजीत सिंह, प्रीतम सिंह, गुरचरण सिंह गामा, जी.पी. सिंह, गुरचरण सिंह महतपुरा और हरजीत सिंह ।

लुधियाना पुलिस ने आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में नछत्तर सिंह उर्फ टिनी को गिरफ्तार किया है ।

3 की हत्या : लुधियाना से धीमान के अनुसार आज रात लुधियाना-राहों रोड के निकट एक मारुति कार में सवार उग्रवादियों की अंधाधुंध फायरिंग में तीन व्यक्ति मारे गए जिनमें सूबेदार सतवन्त सिंह, भगवन्त सिंह और गंगाधर यादव शामिल थे ।

पम्मा गिरफ्तार : भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस ने एक सूचीबद्ध उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक 303 बोर का पिस्तौल व चार कारतूस बरामद किए हैं । एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने बताया कि पम्मा ने स्वीकार किया है कि उसने संगीत सिनेमा लुधियाना के निकट एक शराब की दुकान से 1250 रुपए, पाहवा अस्पताल लुधियाना के निकट शराब की दुकान से 2200 रुपए, प्रीत सिनेमा लुधियाना के निकट एक ठेके से 4500 रुपए, राधा स्वामी रोड पर एक कपड़े की दुकान से 500 रुपए व 6 सूट, गिल रोड लुधियाना की एक कपड़े की दुकान से 500 रुपए व दो कोट, साहनेवाल में एक पैट्रोल पम्प से 8500 रुपए, गिल रोड की एक दुकान से 55 रुपए तथा दो बटों के जोड़े, भारत नगर चौक लुधियाना में एक शराब की दुकान से 2880 रुपए, दर्शन स्टूडियो लुधियाना से 22500 रुपए लूटे थे । उसने अन्य उग्रवादियों मनजीत सिंह तथा राजबीर उर्फ घोना परसरामनगर भटिंडा के साथ मिलकर कई वारदातें कीं । बाद में मनजीत सिंह संगीत सिनेमा के निकट एक मुठभेड़में मारा गया था । इस मुठभेड़ में एक पुलिस कांस्टेबल भी मारा गया था ।

गत रात जिला भटिंडा पुलिस ने 6 आतंकवादी गिरफ्तार किए । इनके नाम जगदीश सिंह जग्गी, जगतार सिंह, कुलदीप सिंह, नरिंदर सिंह उर्फ नजाम, राय सिंह तथा रणजीत सिंह हैं । इनसे कुछ शस्त्रास्त्र भी बरामद हुए ।

1.36 लाख रुपए लूटे : पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर यहां से लगभग 40 किलो मीटर दूर मंडी गोबिन्दगढ़ में एक व्यापारी अमर जीत सिंह से तीन अज्ञात आतंकवादी 1 लाख 36 हजार रुपए लूट कर ले गए । फरार होते हुए आतंकवादियों ने एक राहगीर इन्द्रपाल से उसका स्कूटर सी.एच.सी. 3931 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आतंकवादी मरा : जालन्धर (न.न.ए.): आज तड़के 3 बजे थाना आदमपुर के गांव दमुंडा स्थित पुलिस व दो आतंकवादियों में भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा आतंकवादी अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गया । पुलिस ने मृत आतंकवादी के कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, 20 कारामद कारतूस व कुछ चले हुए कारतूसों के खोल बरामद किए हैं ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आज तड़के पुलिस की नाका पार्टी को दो संदिग्ध आतंकवादी आते दिखाई दिए । पुलिस द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया, जिस पर आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी । जवाब में पुलिस ने भी आत्म रक्षा में गोलीबारी की । इस गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया ।

सोखा मारा गया : जालन्धर जिले में ही थाना नूरमहल क्षेत्र के गांव डंडवाल में एक फ़ार्म हाऊस पर हुए एक अन्य मुकाबले में एक कट्टर आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने बताया कि यह आतंकवादी उस समय मारा गया, जब एक सूचना मिलने पर पुलिस ने फ़ार्म हाऊस पर छापा मारा । दोनों ओर से 15 मिनट तक फायरिंग जारी रही जिसके दौरान सुखदेव सिंह उर्फ़ सोखा मारा गया जबकि उसका एक साथी बचकर भागने में सफल हो गया । सोखा का सम्बन्ध भिडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के साथ था । उससे एक चीनी असाल्ट राइफल, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ । यह मुकाबला एक व्यक्ति गुरचरण सिंह के फ़ार्म हाऊस पर हुआ, जो कि विदेश में रहता है ।

दो घुसपैठिये मारे गए : अमृतसर (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल ने गत रात अमृतसर जिला के घरेंडा सैक्टर की रूडेवाला सीमा चौकी के निकट दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया तथापि उनके तीन साथी वापस पाकिस्तान भाग गए । मृतकों की पहचान बंगला देशी नागरिकों के रूप में हुई है ।

क्रास फ़ायरिंग में 3 मरे : गत रात जिला फरीदकोट के गांव खनियांवाली में आतंकवादियों से एक पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया क्रास फ़ायरिंग में एक ट्रैक्टर पर जा रहे तीन व्यक्ति मर गए । इनकी पहचान जोगेन्द्र सिंह, कश्मीर सिंह तथा दर्शन सिंह के रूप में हुई है । अन्य दो व्यक्ति घायल हो गए । तथापि आतंकवादी बच कर भाग निकले ।

मेहना में हत्या : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने होशियारपुर थाना सदर के गांव मेहना में एक व्यक्ति शाम लाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ए.एस. आई. पुलिस की हत्या : अहमदगढ़ (मालवा): आज शाम तीन उग्रवादियों ने मोटर साइकल पर जा रहे एक ए.एस.आई. पुलिस श्री सुरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । उग्रवादी पैदल आए और वारदात के बाद पैदल ही फरार हो गए । (शेष पृष्ठ 6 पर)



(ऊपर) पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे बटाला के गांव शंकर संबोधित करते हुए, (मध्य) सभा में उपस्थित पंच और सरपंच, (नीचे) शिकायतें भी सुनीं और उन्हें न्याय का आश्वासन दिलाया ।

आतंकवादी निजी स्वार्थों के लिए हिंसक वारदात के लिए जन-सहयोग ज

बटाला, 15 फरवरी (कोछड़): पंजाब में आतंकवादी अपने निजी स्वार्थों के लिए हिंसक वारदातें व अराजकता फैला रहे हैं । केवल पुलिस व सुरक्षा बल इस समस्या का पूर्णता समाधान नहीं कर सकते, इसे समूल समाप्त करने के लिए लोगों का सहयोग अत्यन्त आवश्यक है । यहां एक सभा में बोलते हुए पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा कि हमारा उद्देश्य पंजाब में शांति स्थापित करना है । आतंकवाद के लिए पंजाब में कोई स्थान नहीं, इसे समाप्त करने के लिए सरकार कृत-संकल्प है ।

श्री रे ने पुलिस जिला बटाला के अत्यन्त संवेदनशील गांव शंकरपुरा में व्यापक सुरक्षा प्रबन्धों में पंचों, सरपंचों व ग्रामीणों के भारी जनसमूह के लोक शक्ति समारोह में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि पुलिस को भी अपने व्यवहार में परिवर्तन करके लोगों से सहानभूति रख कर उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त करना चाहिए । सरकार को लगातार सूचनाएं मिल रही हैं कि गांवों में फार्म हाऊसों में रह रहे अमीर जमींदार आतंकवादियों से अत्यन्त परेशान हैं । आतंकवादी उनसे जबरी शरण व धन लेते हैं और फिर उन्हें पुलिस से भी परेशान होना पड़ता है । इसके उपाय भी सोचने पड़ेंगे । आतंक के कारण जो लोग ऐसा करते हैं उनसे सहानभूति आवश्यक है, उनके सहयोग से अवश्य राह निकलेगा । कुछ सरपंचों ने इस सम्बन्ध में अपने सुझाव दिए हैं, जिन पर गम्भीरता से विचार किया जाएगा ।

श्री रे ने कहा कि वह यहां कुछ सरपंचों की शिकायतों पर यहां उनकी शिकायतें सुनने आए थे । पंजाब में कुछ सरपंच ऐसे हैं, जिनका सम्बन्ध आतंकवादियों से है । उनके विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है और कुछ को अवश्य परेशानी उठानी पड़ती है । पंचों-सरपंचों की जो शिकायतें उन्हें मिली हैं, 20 से 26 फरवरी तक वह अमृतसर में ठहरेंगे और उन शिकायतों की पड़ताल के पश्चात वह उन सबसे निजी रूप से मिलेंगे और अलग-अलग गांवों में जाएंगे ।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब में स्थिति में सुधार हुआ है । स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को निकालने में सरकार ने सफलता प्राप्त की है और अब सैंकड़ों श्रद्धालु वहां जाने लगे हैं । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी व सरकार के सम्बन्ध भी सहयोग पूर्ण हैं, जबकि बरनाला सरकार के समय ऐसा नहीं था । इसी प्रकार गांवों से भी आतंकवादियों को निकालना पड़ेगा । यही प्रयास कर रहे हैं । इसके लिए लोगों का सहयोग जरूरी है । सरकार व सरपंचों को भी सहयोग से चलना पड़ेगा ।

श्री रे ने इस अवसर पर घोषणा की कि पंजाब में पंचायती चुनाव निकट संवेदनशील क्षेत्रों में होगी । पंजाब में गत से कोई जिला परिषद अब उनका गठन व कें अधिकार व वित्तीय स

श्री रे ने अपील सरकार से सहयोग करें विकास व खुशहाली ल

इस अवसर पर घनिए के बांगर, तारा मत्तेवाल के सरपंचों चरण सिंह, कुन्दन सिं सिंह आदि ने बोलते हुए दुर्व्यवहार व भ्रष्टाचार लगभग 20-25 पंचा सहित अध्यापकों, व डाक्टरों के प्रतिनिधिमंड मिले व उनसे अपनी ग्रामीण महिला प्रतिनिधि

पत्रकारों से बातचीत अधिकतर प्रतिनिधिमंड

जनता हमारा साथ दे, हम आतंकवाद को जड़ से उखाड़ कर रख देंगे : सुरेश अरोड़ा

अमृतसर, 15 फरवरी (नारंग): अमृतसर के युवा पुलिस प्रमुख, जिन्हें हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित किया गया है, ने एक विशेष भेंट में बताया कि आतंकवाद से लड़ने के लिए लोगों का सहयोग

हो जाएगी ।

पुलिस में भ्रष्टाचार के बारे में एक सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि लोअर-लैवल पर ऐसी घटनाएं होती हैं, शिकायत मिलने पर उचित

यूनियन कार्बाइड 23 मार्च तक भा को 47 करोड़ डालर का भुगत

नई दिल्ली, 15 फरवरी : उच्चतम न्यायालय में भोपाल गैस त्रासदी से संबंधित मुकद्दमे में हुए समझौते के अनुसार यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन 23 मार्च 1989 तक भारत सरकार को 47 करोड़



दूरदर्शन से
पर आश्चर्य

फरवरी (वार्ता):
0 किलो मीटर प्रति घंटे
क चलने की योजना की
धवराम सिंधिया और
ार जैन को दूरदर्शन से

सूत्रों ने दूरदर्शन द्वारा
के हवाले से दो गई इस
ा है । सूत्रों ने बताया
केवल 'योजना-पूर्व
ा जो कि चल रहा है ।
ीते में योजना का ठेका
ौर इसके पूरा होने के
हाल सवाल ही उत्पन्न

पहले जापान इस मार्ग
ाने के बारे में सर्वेक्षण
र्ट पर भी अभी विचार
टोक्यो से ओसाका के
ड़ी की तरह की योजना
इसी मार्ग पर पैरिस से
अत्यधिक तीव्र गाड़ी
फ्रांस से भी योजना-पूर्व
गया था । सूत्रों ने
क्षणों का तुलनात्मक
96 तक गाड़ी चलाने
तो सवाल ही पैदा नहीं

शान कैम्प

(शर्मा): यहां सनातन
ी से 28 फरवरी तक
र से आंखों के मुफ्त
किया जा रहा है ।
न्धर के प्रसिद्ध आंखों
मरीजों की आंखों का
वरी को प्रत: 9 बजे
मरीजों को भोजन,
गी । मरीज बिस्तर,

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

'पुरी' के अनुसार उग्रवादी अंधेरे में रेलवे लाईन पर घात लगा कर बैठे थे । वारदात की जगह बस स्टैंड और रेलवे फाटक के बीच है ।

धुरी (सिंगला): जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर 40 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिनसे दो पिस्तौल, एक चाकू, कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

आढ़ती को लूट लिया : सोनीपत (सपरा): आज सब्ज़ी मंडी के निकट चार सशस्त्र व्यक्तियों ने एक आढ़ती से 12 हजार रुपए लूट लिए तथा स्कूटर छीन लिया । लुटेरों ने आढ़ती को जो कि स्कूटर पर जा रहा था, रोका तथा बंदूक की नोक पर उससे नकदी व स्कूटर छीन लिया ।

ट्रक बरामद : सोमवार को होशियारपुर-टांडा रोड पर भरेपुर गांव के निकट दो बंदूकधारियों ने सेबों से भरे जिस ट्रक का अपहरण कर लिया था, पंजाब पुलिस ने वह ट्रक दिल्ली की होलांबी सब्ज़ी व फल मंडी आज़ादपुर में बरामद कर लिया है । इस सम्बन्ध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

गुरदासपुर (विशेष): सीमा सुरक्षा बल द्वारा खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल लखविंद्र सिंह मलिकपुर के निकट सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार किसी सूचना के आधार पर गुरविंद्र सिंह उर्फ़ बिट्टू उर्फ़ गिन्दा निवासी मल्लीसरां को छापा मार कर पकड़ा गया । गुरविंद्र सिंह के.सी.एफ़. का सक्रिय सदस्य है और लखविंद्र के साथ काम करता था । जब गुरविंद्र को गिरफ्तार किया गया तो उसने खालिस्तान समर्थक नारे भी लगाए ।

चुनौती

चंडीगढ़, 15 फरवरी (गुप्ता): पंजाब की पालिकाओं की सीमा में वीडियो पार्लर्ज़ पर 'पालिका शो कर' लगाए जाने को आज मैसर्ज़ अप्सरा वीडियो दीनानगर (गुरदासपुर) ने चुनौती दी है । पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने प्रतिवादी पक्ष को 16 मार्च का नोटिस जारी करके इस कर की वसूली रोक दी है ।

रामाराव
न

हैदराबाद, 1
प्रदेश के मुख्यमं
चेहरों के साथ अ
किया । पुराने मं
मंत्रिमंडल में शा
राज्यपाल कुमुदबे
सादे समारोह में
गोपनीयता की श

श्री रामाराव
मंत्रियों ने राज्य के
जिम्मेदारी स्वीका
त्यागपत्र दे दिए थे
डी. वेंकटेश्वर रा
मंत्रियों की तरह
मंत्रिमंडल से बाह

शपथ ग्रहण
विधायक एवं सांस
कम्यूनिस्ट पार्टी
बाबूराव को छोड़
ग्रहण की, जबकि
गोपनीयता की श
श्रीमती वाई.के.
हैं ।

श्री रामाराव
नामों के बारे में रह
है कि उन्होंने आज
ग्रहण के बारे में स

संजय की

बम्बई, 15
संजय खान की हा
इलाज यहां जसल
अस्पताल के सूत्रों
अंग सामान्य ढंग
अवस्था में हैं ।

आज उनके
उन्हें खून चढ़ाया
मैसूर के प्रीमियर
के दौरान भीषण
थे । उन्हें गत श
गया था ।

दुर्घटना में घा
रात मृत्यु हो गई
(बम्बई) की आज
घायलों का यहां
के.आर. अस्पताल
तीन अन्य अस्पता
गंभीर बनी हुई
प्राइवेट अस्पताल

ारा अत्याधुनिक सोनार
र उपकरणों का निर्माण

(टा.आ.इं.): भारतीय
आई.एन.एस. 'चक्र'
इस हथियार प्रणाली
निपुणता प्राप्त की जा
जे.जी. नडकर्णी ने
कि इस समय इसके
ना नहीं है । 'फ्लीट
र गए एकइंटरव्यू में

आश्वस्त होने का एक कारण यह है कि भारत में डिजाइन तथा निर्माण की क्षमता स्थापित हो गई है । छठे दशक में सरकार ने 3 डिफैंसशिप यार्ड बनाए थे जिनमें अनेक जहाजों का निर्माण किया गया है । अब तक की सब से बड़ी उपलब्धि गोदावरी श्रेणी के तीन फ्रिगेटों का 1984-88 में निर्माण है । किसी भी मापदंड से यह विश्व में अपनी श्रेणी के सर्वोत्तम जहाज हैं । इनमें काफी स्वदेशी सामग्री

Punjab Kesari

बटाला के गांव में शक्तिशाली बम विस्फोट : 2 व्यक्ति मरे, 5 घायल

खाकी वर्दीधारियों ने 7 लोगों को लूटा, लुटेरों में एक सिपाही शामिल

पंजाब शिव सेना महासचिव समेत 3 की हत्या, 2 घुसपैठिए मरे

चंडीगढ़, 16 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद एक बम विस्फोट में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 5 घायल हो गए । अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये भी मारे गए । एक आतंकवादी को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया । जालन्धर जिला के एक गांव में 4 खाकी वर्दीधारी लुटेरों ने 7 व्यक्तियों को बंदूक की नोक पर लूट लिया ।

बम विस्फोट में दो मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफ़गाना व रसीके सम्पर्क मार्ग पर गत रात बम विस्फोट में एक दम्पति की मृत्यु हो गई व दो लोग घायल हो गए । सभी घायलों को अमृतसर अस्पताल ले जाया गया है ।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार अमृतसर के एक प्राइवेट अस्पताल में एक रोगी उजागर मसीह की मृत्यु हो गई थी । उसके अविभावक अमरनाथ व उसकी पत्नी छिदो शव अमृतसर से एक थ्री व्हीलर पी.आई.ए. 9121 में लेकर गांव रसीके जा रहे थे कि रात लगभग 11.30 बजे काला अफ़गाना व रसीके सम्पर्क मार्ग में ज़ोरदार विस्फोट की लपेट में आ गए और थ्री व्हीलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने मृतकों के नाम श्रीमती छिदो व उसका पति अमरनाथ बताए हैं । घायलों में बिल्ला, महंगा, बंसो, दीपक तथा माली शामिल हैं । सूत्रों के अनुसार सम्भवतः घटनास्थल वाली सड़क में बी.एस.एफ. या पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन को उड़ाने के उद्देश्य से आतंकवादियों ने बूबी ट्रैप विस्फोटक लगा रखा था लेकिन दुर्भाग्यवश रात को लेट समय में अकस्मात यह थ्री व्हीलर इधर आ गया और मासूम व बेगुनाह लोग उसकी लपेट में आ गए । बी.एस.एफ. व पुलिस अधिकारी भारी फ़ोर्स के साथ सारे क्षेत्र की नाकेबंदी कर रहे हैं ।

उग्रवादी की शिनाख्त : गत 13 फरवरी को थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के अन्तर्गत सिधवां गांव में खूंखार आतंकवादी भूपिंदर सिंह भिंदा के साथ मारे गए दूसरे उग्रवादी की शिनाख्त कर ली गई है । वह कश्मीर सिंह उर्फ़ पप्पू उर्फ़ मौलवी निवासी गांव जहड़, थाना ब्यास, जिला अमृतसर था । कश्मीर सिंह भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के साथ सम्बन्धित था और पुलिस को अमृतसर, गुरदासपुर, कपूरथला व जालन्धर जिला में कई आतंकवादी अपराधों के सम्बन्ध में उसकी तलाश थी ।

शिव सेना के महासचिव की हत्या : कोटकपूरा (गर्ग): आज शाम लगभग सात बजे कुछ आतंकवादियों ने पंजाब शिवसेना के महासचिव श्री यशपाल त्योड़ा की हत्या कर दी । बताया जाता है कि श्री त्योड़ा जब अपनी दुकान बंद करके स्थानीय शिव सेना इकाई के महासचिव श्री सतपाल के साथ अपने घर को जा रहे थे तो जौड़ियां चक्कियां के करीब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की, जिससे मौके पर ही श्री त्योड़ा की मौत हो गई । घटनास्थल पर पुलिस को ए.के. 47 राइफल के चार चले हुए कारतूस मिले । श्री यशपाल प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी श्री कर्म चंद के बेटे थे ।

आज कोटकपूरा बंद : पंजाब शिव सेना, भाजपा, कांग्रेस (इ) तथा कई अन्य संगठनों ने 17 फरवरी को 'कोटकपूरा बंद' की काल दी है ।

दो घुसपैठिये मरे : फिरोज़पुर (ह.स.): अधिकृत सूत्रों ने बताया कि जिला फिरोज़पुर के गांव जीरा सैक्टर में एक मुठभेड़ में पाकिस्तान की ओर से आ रहे दो घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल की गोलियों से मारे गए जबकि उनके दो साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए ।

फिरोज़पुर पुलिस ने चार आतंकवादियों कुलदीप सिंह, गुरनाम सिंह, तलविंदर सिंह तथा जगतार सिंह को गिरफ्तार करके उनसे तीन देसी पिस्तौल व एक 315 बोर का पिस्तौल बरामद किया । यह सभी खूंखार आतंकवादी बरछीश सिंह शीशा के गिरोह से सम्बन्धित हैं और यह जिला फिरोज़पुर में हत्या तथा डकैती की योजना बना रहे थे ।

फिरोज़पुर जिला में एक आतंकवादी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक 315 बोर का पिस्तौल मिला ।

आतंकवादी घायल : गत रात जिला फिरोज़पुर में गांव हंदाबल के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी राम नारायण सिंह उर्फ़ महताब उर्फ़ सतनाम सिंह घायल हो गया । उससे एक 12 बोर की बंदूक बरामद हुई । उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया ।

फिरोज़पुर से 'बागी' के अनुसार उक्त आतंकवादी गांव ढोटियां थाना सरहाली जिला अमृतसर का निवासी है । पुलिस ने उसे तीन दिन पहले गांव लोटियांवाली के बलविंदर सिंह की हत्या

अहमदगढ़ का थानेदार सुरजीत सिंह जिस की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : आजिज)

लुधियाना में उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए (1) सूबेदार मेजर जसवंत सिंह (2) भगवान सिंह और (3) गंगाधर यादव । (छाया : कम्बोज)

के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है । उसका फरार होने वाला साथी परमजीत सिंह पम्मा था । एस.एस.पी. श्री सुमित कुमार गोयल ने बताया कि यह निजी शत्रुता का केस है । उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने बलविंदर सिंह की हत्या करने के बाद उसके शव को खेतों में आग लगा दी थी क्योंकि उसने गत वर्ष परमजीत की बहन के साथ बलात्कार किया था । पुलिस ने सूचना मिलने पर थाना ज़ीरा के गांव हरदासा में एक ईंटों के भट्ठे पर इन आतंकवादियों को चुनौती दी थी, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में इस आतंकवादी को घायलावस्था में पकड़ लिया गया ।

लड़की घायल : मोगा (आज़ाद): कल शाम लगभग साढ़े छः बजे थाना निहालसिंह वाला के गांव रऊते में पांच-छः संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति अजीत सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी लड़की हरबंस कौर, जोकि उस समय भैंस दूह रही थी, को गोली मार कर घायल कर दिया ।

इसी दौरान स्थानीय जी.टी. रोड पर स्थित पंजाब हिंदू शिव सेना के प्रधान जगदीश पुरी के मकान पर पांच संदिग्ध व्यक्ति एक मारुति कार में सवार होकर आए तथा उन्होंने मकान के अन्दर गाड़ी धकेल दी । शीघ्र ही 'ब्रेक' मार कर वे साथ लगते पोल्ट्री फार्म में गए, जहां उन्होंने लोगों को धमकियां दीं । वहां से जब वे एक बार फिर श्री पुरी के मकान पर आए तो उनके निजी अंगरक्षकों को संदेह हुआ । जिस पर उनकी ओर से फायरिंग की गई । इस पर संदिग्ध व्यक्ति वहां से फरार हो गए ।

7 लोगों को लूटा : जालन्धर (वार्ता): गत रात्रि थाना शाहकोट के अन्तर्गत लोहियां खास में लुटेरों के एक चार सदस्यीय गिरोह ने, जिनमें पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल भी शामिल है, सात लोगों से बंदूक की नोक पर उनकी नकदी व कीमती वस्तुएं छीन लीं । लुटेरों ने खाकी वर्दियां पहनी हुई थीं जिन पर 'पी.पी.' लिखा था । यह लुटेरे एक व्यक्ति कुलदीप चन्द के घर गए और उसे व उसके चार अतिथियों को उनके विरुद्ध किसी जांच के बहाने बंदूक की नोक पर उनके घर से बाहर ले गए । रास्ते में गांव में एक वीरान जगह पर लुटेरों को दो और व्यक्ति मिले । वे उन्हें भी बंदूक की नोक पर साथ ले गए । इसके बाद उन्होंने इन सातों लोगों से उनकी नकदी व कीमती सामान छीन लिया जिसमें घड़ियां तथा सोने की अंगूठियां भी शामिल हैं ।

सूत्रों ने बताया कि जब गिरोह के सदस्य लूट का माल इकट्ठा कर रहे थे तो उनमें से एक की बंदूक से अचानक गोली चल गई जिससे उनका एक साथी पुलिस कांस्टेबल हरजिंदर सिंह घायल हो गया । गुरदासपुर जिला में तैनात हरजिंदर सिंह दो दिन की छुट्टी पर घर आया था लेकिन गत कुछ दिनों से ड्यूटी से अनुपस्थित था । कपूरथला जिला के थाना सुलतानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव जब्बोवाल के निवासी हरजिंदर सिंह को जालन्धर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । डाक्टरों ने उनकी दशा खतरे से बाहर बताई है । सूत्रों ने बताया कि तीन लुटेरे अपने एक साथी को घायल पड़ा देखकर भयभीत होकर भाग निकले ।

लूटे गए लोगों में कुलदीप चन्द के अलावा बाल किशन, हरेन्द्र मोहन, संतपाल, राजीव कुमार, प्रमोद कुमार तथा राजेन्द्र कुमार शामिल हैं ।

थाबलके में हत्या : जालन्धर जिला के गांव थाबलके में एक व्यक्ति हरभजन सिंह की गला घोंट कर हत्या कर दी गई ।

उद्योगपति की हत्या : लुधियाना के एक उद्योगपति की अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसकी लाश आज लुधियाना जिला में एक रेलवे फाटक के निकट उसकी कार की डिक्की में मिली । पुलिस ने बताया कि दो व्यक्ति,जो कि दो दिन पहले लुधियाना से उसके साथ गये थे, लापता हैं ।

लुधियाना में कल रात दो आतंकवादियों ने एक फैक्टरी के समक्ष तीन व्यक्तियों जसवन्त सिंह, भगवान सिंह तथा गंगाधर की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । जसवन्त सिंह और भगवान सिंह फैक्टरी के सुरक्षा गार्ड थे, जबकि गंगाधर श्रमिक था ।

गत रात लुधियाना जिला में दो आतंकवादियों सोहन सिंह तथा शेर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक .12 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ ।

हत्या का विवरण : अहमदगढ़ (पुरी): गत रात थाना अहमदगढ़ के ए.एस.आई. श्री सुरजीत सिंह की संदिग्ध आतंकवादियों ने बस स्टैंड रोड पर उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि वह मोटर साइकल पर जा रहा था । बताया जाता है कि जब सुरजीत सिंह ने रेलवे फाटक को पार किया तो वहां छुपे बैठे आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से सुरजीत सिंह पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे सुरजीत सिंह मोटर साइकल से गिर पड़ा । तीन गोलियां उसकी गर्दन के पिछले हिस्से में लगीं जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । मोटर साइकल पर सवार दूसरे कांस्टेबल को कोई गोली नहीं लगी । उसने एक अन्य पुलिस पार्टी को सूचित किया । पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन वे अंधेरे की आड़ में फरार हो गए । पुलिस ने निकटवर्ती मुर्गी पालन फ़ार्मों की तलाशी ली लेकिन आतंकवादियों का कोई पता न चला । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 28 चले हुए कारतूस मिले । बताया जाता है कि आतंकवादियों का कोई खतरनाक ग्रुप यहां सक्रिय है । पिछले दिनों भी एक ए.एस.आई. गुरदयाल सिंह को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था ।

पुलिस जिला बटाला में बटाला के निकटवर्ती गांव धोगा में सीमा सुरक्षा बल के जिन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया उनके पास से बरामद हथियार व विस्फ़ एक राकेट लांचर व 3 शक्तिशाली पैंसिल बम शामिल हैं ।

पुलिस मुख्यालय उड़ाने का 6 दुर्दांत आतंकवादी गि

बटाला, 16 फरवरी (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव धोगा के निकट आज प्रातः 11.30 बजे के करीब बी.एस.एफ. व पुलिस ने 6 आतंकवादी गिरफ्तार करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज सायं पत्रकारों को बताया कि इनकी शिनाख्त पंजाब पुलिस के सिपाही गुरभेज सिंह उर्फ गेजा (दाबांवाली), बी.आई.डी. के सिपाही अजीत सिंह (डेढ़ गवार), सुखराज सिंह नीटू, गुरदयाल सिंह उर्फ गेला, जगदीश सिंह (तीनों सरवाली) व सुखदेव सिंह बिट्टू (धर्मकोट) के रूप में करके इनसे पांच बड़े राकेट, एक बड़ा राकेट लांचर, विदेशी शक्तिशाली पैंसिल पैन, एक ए.के. 47 राइफल, एक एकनाली बंदूक, एक चीनी 30 बोर पिस्तौल, 12 डैटोनेटर, एक एच.ई. 36 हथगोला, काफी मात्रा में फ्यूज़ वायर, 450 चले-अनचले कारतूस, ए.के. 47 की दो मैगजीन, तीन राकेट चार्जर, रेलवे लाइनें उड़ाने वाले सात पैकेट शक्तिशाली विस्फोटक, बी.एस.एफ. की वर्दियां, बैग आदि बरामद किए हैं, ये सभी आतंकवादी बब्बर खालसा से संबंधित हैं ।

श्री गोबिंद राम ने आगे कहा कि इन्होंने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन किया है कि निकट भविष्य में इनकी योजना बटाला पुलिस मुख्यालय उड़ाने, बटाला शहर में विस्फोट करने, बी.एस.एफ. की गाड़ियों पर घात लगाने व उच्चाधिकारियों की हत्याएं करने की थी ।

श्री गोबिंद राम ने कहा कि इन्होंने अभी तक गत रात गांव काला अफगाना के निकट विस्फोट करके दो की हत्या व पांच को घायल करने, गत वर्ष चक्करी बाजार बटाला में बम विस्फोट करने, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए थे व अनेकों घायल हुए थे, के साथ-साथ गांव दर्गाबाद, बिजलीवाल, टिंडियाला नत्तू आदि क्षेत्रों में रात को बी.एस.एफ. की गाड़ियां विस्फोट करके उड़ाने व सी.आई.डी. के सब-इंस्पैक्टर अजीत सिं सलिप्तता स्वीकार की जारी है । यह पुलिस जि अनेकों हत्याओं की वार

एस.एस.पी. श्री गो इनसे एक छीना हुआ स पी.आई.डी. 635 भी मि काफी आपत्तिजनक साम मिली हैं जिसमें कई आतंकवादी अपना प्रचार कई पंचायतों के लोग भी

श्री गोबिन्द राम ने अ पुलिस कर्मचारी गुरमेज अपने शिनाख्ती कार्डों क के हथियार व विस्फोटक जाने के लिए करते थे दाबांवाली को बब्बरों क और वहां के कई पंचायत उन्हीं के द्वारा इन्होंने बट गत मास उड़ाने के लिए वाहन भी छीने थे ।

ब्रिटेन द्वारा राजनीतिक स

लन्दन, 16 फरवरी जन्मे लेखक सलमान रु नेता अयातुल्ला खुमैनी की आपत्ति की और उस देश संबंध को स्थगित कर वि विभाग के एक प्रवक्ता ने कि वर्तमान परिस्थितियों दूतावास और अधिक ब सकते ।

पंजाब के कई क्षेत्रों में स्थिति ठीक

चंडीगढ़, 16 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने स्वीकार किया है कि बटाला, मजीठा, तरनतारन व गुरु हरसहाय पुलिस थानों के क्षेत्रों में आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण भय का वातावरण व्याप्त है । इस का राज्य सरकार को कड़ा नोटिस लेना पड़ेगा ।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं कि पंजाब में हत्याओं का दौर बढ़ा है पर साथ ही आतंकवादी भी काफी मारे गए हैं इसके अलावा अनेक उग्रवादी पकड़े भी जा चुके हैं । उन्होंने कहा कि इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि कई क्षेत्रों में स्थिति ठीक नहीं है ।

उन्होंने कहा कि बटाला के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम तथा वहां की पुलिस के खिलाफ भ्रष्टाचार व लोगों को तंग करने की जो शिकायतें मिली हैं उनकी जांच के लिए डी.आई.जी. (बार्डर रेंज) श्री सरबजीत सिंह और जालन्धर मंडल के आयुक्त श्री के.एस. जंजुआ को नियुक्त किया गया है । ये दोनों अधिकारी स्वतंत्र रूप से जांच करके अगले सप्ताह उनको अमृतसर में रिपोर्ट देंगे । उन्होंने कहा कि कल उन्हें बटाला में 100 से अधिक सरपंचों ने आतंकवाद से निपटने बारे कई सुझाव दिए थे परन्तु उन्होंने ये सुझाव पत्रकारों को बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि सरपंच उन्हें पूरा सहयोग दे रहे हैं । सरपंचों द्वारा की गई कुछ शिकायतें तो बिल्कुल उचित दिखाई देती हैं । राज्यपाल ने कहा कि वह 20 से 26 फरवरी तक अमृतसर में र

श्री रे ने कहा कि अधिकारियों से कहा है कि सारी स्थिति से अवगत करा गया है कि वे बटाला उ सरकारी वाहनों में अमृत शिकायतें सुनी जा सकें ।

श्री गोबिंद राम बारे पू श्री रे ने कहा कि उनके खिल की जांच जारी है तथा रिपोर्ट की जाएगी । एक अन्य प्र कहा कि बटाला क्षेत्र के जिन थे वे पहले की तरह अभी का सहयोगात्मक रवैये के लिए 'प्रैस' का धन्यवाद किया ।

उन्होंने कहा कि पंजा पंजाब प्रशासन को दोषी स्पीकर श्री बलराम जाखड़ पर वह कोई प्रतिक्रिया नहीं आशा व्यक्त की कि पंजाब लिए शीघ्र ही केन्द्र सर उप-समिति सभी पार्टियों क

इससे पूर्व राज्यपाल ने न्यूज पेपर एडीटर्ज कांफ्रैंस बैठक को सम्बोधित करते समाचार पत्रों के सम्पादकों अवगत कराया व उनके वि

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 17 मार्च तक चलेगा

चंडीगढ़, 16 फरवरी (संघी): आगामी 21 फरवरी से शुरू होकर 17 मार्च तक चलने वाले हरियाणा राज्य विधान सभा के बजट सत्र बारे तैयार किए गए अस्थायी कार्यक्रमानुसार इस सत्र की 18 बैठकें होंगी । राज्य के उप-मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता, जो वित्त विभाग के प्रभारी भी हैं, आगामी 7 मार्च को वर्ष 1989-90 का अनुमानित बजट पेश करेंगे ।

बजट सत्र का आरम्भ राज्यपाल के अभिभाषण से होगा तथा उसी दिन दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलियां दी जाएंगी और सदन के समक्ष अधिसूचनाओं, अध्यादेशों व अन्य रिपोर्टों की प्रतियां पेश की जाएंगी । दूसरे दिन चालू वित्त वर्ष का पूरक अनुमान (दूसरी किस्त) व अनुमान समिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी । साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस शुरू होगी । 23 फरवरी को गैर-सरकारी काम व 24 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर

छोटी सी बात — रंगा

बहुजन समाज पार्टी भले ही जीत

परिणाम घोषित न करने के निर्देश

Punjabi

पंजाब में सरपंच सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : 3 लाख से अधिक की लूट

शिवसेना नेता की हत्या के विरुद्ध कोटकपूरा में हड़ताल, 17 गिरफ्तार

दीपा समेत 2 दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए

चंडीगढ़, 17 फरवरी (वार्ता): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने एक सरपंच सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि गुरदीप सिंह दीपा समेत दो दुर्दांत उग्रवादी सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए । तीन लाख रुपए से अधिक मूल्य की नकदी व जेवर लूट लिए गए । शिव सेना के नेता की हत्या के विरोध में कोटकपूरा में पूर्ण हड़ताल रही । इस हत्या के संबंध में पुलिस ने 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । दो दर्जन से अधिक आतंकवादी तथा आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए हैं ।

3 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली सूचना के अनुसार थाना सरहाली के एक गांव दुर्गापुर में आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर एक नौजवान लड़की पूनम को बाजू से पकड़ लिया तथा बाहर खींच कर ले गये,जहां उन्होंने गोलिया मार कर उसकी हत्या कर दी । इसी गांव में दो भाइयों बलदेव सिंह तथा बख्शीश सिंह की भी आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक अन्य सूचना के अनुसार तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादी महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति की हत्या के इरादे से आये थे । उसके न मिलने पर वे उसके भाइयों बलदेव व बख्शीश को साथ लेकर गुरदेव चंद के घर चले गये क्योंकि उन्हें शक था कि महेंद्र सिंह गुरदेव चंद के घर में छिपा हुआ है । जब वह वहां भी न मिला तो उन्होंने गुरदेव चंद की नौजवान लड़की पूनम की हत्या कर दी । घटनास्थल से मिले एक कागज़ के पुर्ज़े में आतंकवादियों ने अपने एक सरगना सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता की मौत का बदला लेने का दावा किया है जो कुछ महीने पहले सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया था । तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने इन हत्याओं में ए.के. 47 राइफलों तथा स्टेनगनों का प्रयोग किया ।

सरपंच लौट आया : गांव दुर्गापुर का सरपंच महेन्द्र सिंह, जिसके बारे में ख्याल था कि आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया है, आज बाद दोपहर घर लौट आया। तरनतारन पुलिस जिला के चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने कहा कि सरपंच का अपहरण नहीं किया गया था,अपितु आतंकवादियों के घर में दाखिल होने पर वह भाग गया था ।

ज़मींदार की हत्या : मेहता चौक क्षेत्र में एक जमींदार मंगल सिंह मंगा की हत्या किये जाने की सूचना मिली है ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : श्री गुप्ता ने बताया कि गत दिवस तरनतारन सब-डिविज़न के क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 9 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार किये गये, जिनसे शस्त्रास्त्र बरामद हुए । गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों के नाम जसपाल सिंह नत्थू चक, दविन्द्र सिंह चेतनपुरा, सुखदेव सिंह आफ़ कक्कड़, सतनाम सिंह छीना बिधिचंद, सुखविंदर सिंह रतौल, गुरजिंदर सिंह छीना बिधिचंद, बलविंदर सिंह जौड़ा, बख्तावर सिंह दयालपुरा तथा जोगिन्दर सिंह रतौल हैं । उनसे .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर, एक .12 बोर की बंदूक, कुछ कारतूस, .38 बोर रिवाल्वर, एक .32 बोर रिवाल्वर तथा बगैर रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक स्कूटर मिला ।

सरहाली पुलिस ने गांव होठियां में खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देने वाले एक व्यक्ति बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । उधर मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार 7 आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया गया है । उनके नाम हैं जगदेव सिंह उर्फ़ जग्गी, जसविंदर सिंह उर्फ़ मांगट, अमनदीप सिंह उर्फ़ लवली, हरबंस सिंह फ़तेवाल, दल सिंह कोटली सक्का, रूड़ सिंह तथा अवतार सिंह उर्फ़ हरशा छीना ।

महंत की हत्या : तोंशहरा पत्तनों में आतंकवादियों ने एक 35 वर्षीय महंत मोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी मारा गया : आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव बच्ची विंड में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया ।

पुलिस ने बताया है कि मुठभेड़ तब हुई, जब सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर एक फार्म हाऊस के निकट से गुजरते हुए 3 उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया । मृत उग्रवादी के दो साथी भागने में सफल रहे । घटना-स्थल से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफलें बरामद की गई हैं । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों से सम्बद्ध एक घोड़ा भी कब्जे में ले लिया है ।

2 की हत्या : कपूरथला (शर्मा): जिला कपूरथला में गत सायं दो दुर्दांत आतंकवादियों ने दो गांवों में एक सरपंच सहित दो व्यक्तियों की चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फ़ायरिंग करके निर्मम हत्याएं कर दीं । बताया जाता है कि थाना सदर कपूरथला के अंतर्गत गांव तोगांवाला में दोपहर दो युवकों ने सरपंच के घर आकर सरपंच के संबंध में पूछा तथा घर वालों के यह बताने पर कि सरपंच शहर गया हुआ है, दोनों चले गए । सायं लगभग सवा 7 बजे सरपंच शिंगारा सिंह ट्रैक्टर से उतर कर घर गया तो दोनों आतंकवादी नवयुवकों ने वहां आकर फ़ायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । आतंक के कारण किसी ग्रामीण ने भी रात्रि को पुलिस को सूचना नहीं दी तथा आज सुबह पुलिस को इस हत्या का पता चला । इसके पश्चात् इन दोनों आतंकवादियों ने थाना सुलतानपुर लोधी के गांव मोठांवाला में एक ग्रंथी 25-26 वर्षीय हज़ूरा सिंह की उसके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि मृतक हज़ूरा सिंह पाठ का काम करने के अतिरिक्त गांव कोलारां में खाद की दुकान भी करता था । एक सूचना के अनुसार वह आतंकवादियों को रुपए दिलाने की दलाली भी करता था, इसलिए यह हत्या आतंकवादियों की आपसी लड़ाई का परिणाम भी हो सकती है । दोनों आतंकवादी अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी पनाहगाहों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

लूट की घटनाएं : लुधियाना (वार्ता): तीन कार सवार आतंकवादियों ने कल रात सराभानगर में मोती सागर भाटिया के घर से 2 लाख रुपए मूल्य के जेवर, 25,000 रुपए नकद, एक टैलीविज़न तथा वी.सी.आर. लूट लिया । एक अन्य वारदात में माल रोड के निकट एक हौज़री फैक्टरी से 50,000 रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण तथा 14,000 रुपए की नकदी लूट ली गई । एक अन्य वारदात में लुधियाना में मेजर गुरदयाल सिंह रोड क्षेत्र में विनोद अग्रवाल के घर से सोने के ज़ेवर तथा 10,000 रुपए नकद लूट लिए गए । गत रात से लुधियाना जिला में यह तीसरी डकैती है ।

खेत में शव मिला : जिला गुरदासपुर में एक खेत में से एक स्त्री का शव मिला,जिस पर तेज़धार हथियारों के कई घाव थे ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : जालन्धर (ह.स.): एक कट्टर आतंकवादी गुरदेव

(शेष पृष्ठ 10 पर)

विवादास्पद पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेज़' के लेखक सलमान रशदी के लंदन खड़े हुए कुछ पत्रकार । (दाएं) लंदन पुलिस का एक जवान सड़क के पार रखे हुए । श्री रशदी आजकल पुलिस के संरक्षण में किसी अज्ञात स्थ (इनसैट) ईरान के धार्मिक नेता खुमैनी के प्रतिनिधि शेख हसन स हत्या के लिए 10 लाख डालर इनाम देने की घोषणा की है ।

रशदी की हत्या के लिए ईरान की रकम बढ़ा कर 52 लाख

निकोसिया (साइप्रस), 17 फरवरी (ए.पी.): विवादास्पद उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज़' के लेखक सलमान रशदी तथा उपन्यास के प्रकाशकों की हत्या के लिए ईरान द्वारा घोषित इनामी रकम 52 लाख डालर कर दी गई है । ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खुमैनी द्वारा हत्या की अपील जारी किए जाने के बाद दक्षिण-पश्चिम कैरमान नगर के धार्मिक नेता मोहम्मद हाशेमियां ने भी हत्यारों को बीस करोड़ रियाल (लगभग 26 लाख डालर) की इनामी राशि देने की घोषणा की । इससे पहले एक शिया मुस्लिम नेता होजातोलेस्लाम हसन सनाई भी 26 लाख डालर की इनामी राशि की घोषणा कर चुके हैं ।

तेहरान रेडियो के अनुसार हत्या की अपील को कार्यरूप देने वाले गैर ईरानी व्यक्ति को दस लाख डालर बतौर इनाम दिए जाएंगे ।

रशदी माफी मांग लें : ईरान ने आज मांग की कि ब्रिटेन इस बारे में स्पष्टीकरण दे कि उसने सलमान रशदी के उपन्यास 'सैटैनिक वर्सेज' के प्रकाशन की अनुमति क्यों दी । निकोसिया से प्राप्त समाचार के अनुसार ईरान के राष्ट्रपति खुमैनी ने कहा, "ब्रिटेन सरकार को हमें तथा सभी मुसलमानों को यह स्पष्टीकरण देना चाहिए कि उसने अपने एक नागरिक को ऐसी भयंकर गलती करने की अनुमति क्यों दी ।" उन्होंने संकेत दिया कि यदि रशदी माफी मांग ले तो उसके विरुद्ध फांसी की सज़ा रद्द की जा सकती है ।

अमरीका स्तब्ध : वाशिंगटन (वार्ता): अमरीका तथा कई अन्य देशों ने ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खुमैनी द्वारा सलमान रशदी की हत्या की धमकी की निंदा की है । अमरीका के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता श्री रेडमन ने कल यहां कहा कि श्री खुमैनी द्वारा श्री रशदी की हत्या की धमकी और बाद में इस हत्या के लिए इनाम की घोषणा से हम दंग रह गए हैं । श्री रेडमन ने कहा कि इस प्रकार की धमकियां पूरी तरह गैर-ज़िम्मेदाराना हैं और अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार के मूल सिद्धांतों के खिलाफ़ हैं ।

बहरीन : ईरान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आयतुल्लाह अब्दुल करीम मौसवी ने सलमान रशदी की विवादास्पद पुस्तक के खिलाफ़ भारत और पाकिस्तान में हुई हिंसा और उसमें बहुत से इस्लाम समर्थकों की मृत्यु की कड़ी निंदा की है । अखबारों में छपी खबरों के अनुसार श्री मौसवी ने सभी मुसलमान देशों और खासतौर से पाकिस्तान के न्यायिक अधिकारियों और विधिवेत्ताओं से अपील की है कि वे इन घटनाओं की कड़ी निंदा करें और मारे गए निशस्त्र प्रदर्शनकारियों की मृत्यु के लिए ज़िम्मेदार लोगों पर मुकद्दमा चलाएं ।

बम्बई में ईरानियों की जांच-पड़ताल : बम्बई (वार्ता): भारत आने वाले ब्रिटेन के सभी विमानों को उड़ा देने की एक अज्ञात व्यक्ति की कल यहां एक समाचार एजैंसी के कार्यालय में टैलीफोन पर धमकी के बाद बम्बई पुलिस यहां रह रहे नौ हजार ईरानियों की व्यापक जांच-पड़ताल कर रही है । पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपने को ईरानी गार्ड का एक प्रवक्ता होने का दावा करने वाले इस व्यक्ति की हालांकि शिनाख्त अभी नहीं की जा सकी है,फिर भी बम्बई और पुणे में रह रहे ईरानियों की तलाशी ली जा रही है ।

अधिकारी ने बताया कि चूंकि इन नौ हजार ईरानियों में से ज्यादातर ईरानी पिछले चार से छः दशक से यहां रहे हैं,अतः यह सुनिश्चित कर पाना काफी कठिन है कि इनमें से ने दहशत फैलाने के लि बीच लंदन से ए.पी. द्वा अनुसार ब्रिटिश एयरवेज़ गंभीर मानते हुए भारत उड़ानों के यात्रियों के एक कर दी है । इसके अलाव पर सुरक्षा के बड़े इंतज़ाम

बेनज़ीर सरकार वाशिंगटन (वार्ता): सलम पुस्तक सैटेनिक वर्सेज़ अ अमरीका-विरोधी रैलियों भुट्टो का विरोध करने मा माना जा रहा है । अमरी का कहना है कि बेनज़ीर विपक्षी दलों ने किसी मुस्लि प्रधानमंत्री को उखाड़ फैंक है । इस्लामाबाद स्थित समक्ष गत रविवार को अ अभियान का अंग था ।

सूत्रों का यह भी कह संबंधों में सुधार से नाख उठाने का मौका मिला है बेनज़ीर भुट्टो को इसी बहा

सलमान रशदी की प्रा लागत ब्रिटिश अधिकारियो बन गई है । इस बात का कब तक बना रहेगा । इस ने उन्हें सलाह दी है कि व विवादास्पद पुस्तक 'दि सै लें ।

स्काटलैंड यार्ड की रा खतरा आइरिश रिवोल्यूशन गम्भीर है तथा इस्लामी जुन जान बचाना बहुत मुश्किल

विशेषज्ञों का कहना जिन्दगी सशस्त्र संरक्षण में पर भारी लागत आएगी ।

इस वक्त रशदी पर रहता है । वह जहां भी हों, को लगातार निगाह रखनी प उनकी पत्नी के लिए भि प्रबन्ध किया गया है । इस उन्हें सलाह दी है कि जान वापस ले लें और सब प्रतिय की इस्लामी मामलों की स खुशवंत सिंह ने कम्पनी आगाह कर दिया था कि वह नहीं तो इसके "घातक" प प्रकाशक ने इस लालच से य पुस्तक विवादास्पद होकर

बौन : पश्चिमी जर्मनी हत्या की ईरानी धमकी पर है तथा ईरान में अपने वरि आने का आदेश दिया है ।

नई दिल्ली : बुद्धिजीवी नेताओं ने ईरान के धार्मिक द्वारा विवादास्पद 'दि सैटेनि सलमान रशदी को फांसी पर की निंदा की है । एक ह बुद्धिजीवियों ने कहा कि उपन असहमति तर्कपूर्ण नहीं है ।

(शेष पृष्ठ 1

बटाला-फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर गांव काला अफ़गाना के नज़दीक कार पर बम फटने से घायल व्यक्ति गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर में । चित्र में घायल (1) मंगा, (2) बिल्ला, (3) लाली, (4) दीप, (5) बसी । (छाया : रवि भंडारी)

जनता दल प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति के मामले में शीर्ष नेताओं में गहरे मतभेद

नई दिल्ली, 17 फरवरी (सेतिया): जनता दल प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति के मामले में पार्टी की स्थिति जनता पार्टी जैसी हो गई है । बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तीन ऐसे राज्य हैं,जिन पर पार्टी का भविष्य टिका है । लगभग तीनों यही राज्य देश की राजनीतिक दिशा तय करते हैं । इन तीनों राज्यों के अध्यक्षों को लेकर पार्टी आला कमान के चार बड़े नेताओं सर्वश्री बी.पी. सिंह, चन्द्रशेखर, देवी लाल तथा अजीत सिंह में गहरे मतभेद हैं । यह चारों नेता पिछले दो दिनों से अपने मतभेद मिटाने में लगे हैं, लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्हें अभी कोई सफलता नहीं मिली है । फैसला 19-20 फरवरी की बैठक में करना है ।

चारों नेता इन राज्यों में अपने समर्थकों को अध्यक्ष बना कर अपनी ज़मीन मज़बूत करने की फ़िराक में हैं । इन तीन राज्यों के अतिरिक्त हिमाचल, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष नियुक्त करने पर विवाद है, लेकिन यह राज्य जनता दल के लिए इतने महत्वपूर्ण नहीं हैं । सब से अधिक विवाद उत्तर प्रदेश पर है, जहां मुलायम सिंह यादव हर हाल में अध्यक्ष पद पाना चाहते हैं । दल के महासचिव अजीत सिंह उन्हें किसी भी कीमत पर अध्यक्ष पद पर पहुंचने से रोकना चाहते हैं जबकि दल के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चौ. देवी लाल मुलायम सिंह को ही अध्यक्ष बनाने पर तुले हुए हैं । बी.पी. सिंह और अजीत सिंह की बढ़ रही घनिष्ठता को देखते हुए चंद्रशेखर उत्तर प्रदेश में देवी लाल पक्ष का साथ दे रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश के लिए आठ नाम विचाराधीन हैं । यह हैं : सर्वश्री मुलायम सिंह यादव, सत्यपाल सिंह यादव, रेवती रमण सिंह, डा. संजय सिंह, राजमंगल पांडे, राम नरेश यादव, राजेन्द्र सिंह और रशीद अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं तथा अजीत सिंह के उम्मीदवार हैं दौलत राम शरण । उत्तर प्रदेश में देवी लाल की इच्छा का अध्यक्ष बना तो राजस्थान में अजीत सिंह की इच्छा पूरी होगी । देवी लाल भी दौलत राम को अध्यक्ष बनाने पर सहमत हो जाएंगे । वैसे राजस्थान में कुम्भ राम आर्य और मोहन छागनी भी दौड़ में शामिल हैं ।

बिहार में पिछली बैठक में गुलाम सरवर और राम सुन्दर दास (पूर्व मुख्यमंत्री) के नाम सब से ऊपर थे, लेकिन अब रघुनाथ झा का नाम सब से ऊपर हो गया है । चन्द्रशेखर ने रघुनाथ झा का समर्थन किया है । देवी लाल भी उनका समर्थन कर रहे हैं । दूसरी ओर राम कृष्ण हेगड़े और बी.पी. सिंह राम सुन्दर दास को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं । यदि उत्तर प्रदेश में देवी लाल और चंद्रशेखर की चली तो राजस्थान में अजीत सिंह की चलेगी तथा बिहार में रामकृष्ण हेगड़े और बी.पी. सिंह की । वैसे गुलाम सरवर का समर्थन अजीत सिंह कर रहे हैं, लेकिन निर्णायक दौर में वह राम सुन्दर दास के पक्ष में हो गए बताते हैं ।

दिल्ली में वीरेश प्रताप चौधरी और तारीफ़ सिंह मुख्य दावेदार हैं । वैसे जनमोर्चा के चन्द्र अमृत भी प्रयासरत हैं । लेकिन वीरेश प्रताप का पलड़ा भारी है ।

एन.टी. रामाराव ने रामलाल को हिमाचल जनता दल का अध्यक्ष बनाने का विरोध किया है । विश्वनाथ प्रताप सिंह उनकी भावनाओं को समझते हैं । राम लाल वैसे भी दूध के धुले नहीं कहे जाते । उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने के आसार नहीं के बराबर हैं । विजय सिंह मनकोटिया को अध्यक्ष बनाए जाने की सम्भावना है ।

Punjab Sonatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह उर्फ़ दीपा, जिसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था, आज सुबह जालन्धर जिला के थाना शाहकोट क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक निश्चित सूचना मिलने पर पुलिस ने नकोदर सबडिवीजन के गांव मल्ली वाल के निकट कलारा मौड़ के स्थान पर नाकाबंदी कर रखी थी । प्रात: साढ़े 4 बजे के लगभग एक संदिग्ध व्यक्ति हीरो होंडा मोटर साइकल पर आता हुआ दिखाई दिया । उससे रुकने को कहे जाने पर उसने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में वह मारा गया ।

मृत आतंकवादी थाना नकोदर के गांव मुध का निवासी था । पुलिस ने घटनास्थल पर एक मोटर साइकल, एक स्प्रिंगफ़ील्ड राइफल तथा कुछ खाली कारतूस बरामद किए ।

5 संदिग्ध पकड़े गए : फरीदकोट से जिन्दल तथा मोगा से आज़ाद के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने 5 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े हैं । उन्होंने बताया कि पुलिस ने थाना सदर मुक्तसर के गांव भुल्ल रमें नाकाबंदी कर रखी थी कि उसे सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति भुल्लर गांव के बाहर ईंटों के भट्ठे बैठे हैं । पुलिस ने वहां पर छापा मार कर पांचों को काबू कर लिया, जिनके नाम सुरिन्दर सिंह, हरजिंदर सिंह, बिल्लू, कोर सिंह तथा चंद सिंह हैं । इनसे 303 की 2 राइफलें तथा 15 कारतूस, 32 बोर की दो राइफलें तथा 12 कारतूस बरामद हुए। इन आतंकवादियों ने कई बारदातों में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की है ।

ईंटों के भट्ठे पर हत्या : जिला फरीदकोट के थाना बाघापुराना के गांव नाथोके में एक ईंटों के भट्ठे पर करनैल सिंह नामक व्यक्ति की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई ।

औरत की लाश मिली : कल जिला फिरोज़पुर के थाना घाल खुर्द के अंतर्गत हकूमत वाला गांव में पुलिस ने एक औरत की लाश बरामद की ।

फिरोज़पुर पुलिस ने 3 आतंकवादियों दलविन्दर सिंह, जगतार सिंह तथा गुरनाम सिंह को गिरफ्तार किया, जोकि कई अपराधों में वांछित थे ।

त्योड़ा का अंतिम संस्कार : कोटकपूरा से 'गर्ग' के अनुसार पंजाब शिव सेना के महासचिव श्री यशपाल त्योड़ा, जिनकी कल आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । श्री त्योड़ा की हत्या के विरोध में कोटकपूरा में पूर्ण हड़ताल रही । श्री त्योड़ा जिला फरीदकोट शिकायत कमेटी के सदस्य भी थे । कमेटी की आज फिरोज़पुर के डिवीजनल कमिश्नर श्री जी.के. भटनागर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें श्री त्योड़ा की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया ।

पहचान हो गई : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार शिवसेना नेता श्री यशपाल त्योड़ा की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान पुलिस ने कर ली है । एस.एस.पी. ने बताया कि इस हत्या में जसविन्दर सिंह उर्फ हैप्पी भी शामिल है । उन्होंने कहा कि श्री यशपाल को काफी समय से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं । श्री यशपाल के अंतिम संस्कार के मौका पर स्थिति काफी तनावपूर्ण रही तथा एक बार तो लोगों को काबू में रखने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा ।

गांव तोगावाली जिला कपूरथला का सरपंच शिंगारा सिंह जो गत रात आतंकवादियों की गोलियों से मारा गया । (छाया : शर्मा)

पशु चिकित्सकों की हड़ताल से 5वें दिन भी कार्य ठप्प

चंडीगढ़, 17 फरवरी (वि.प्र.): पशु चिकित्सकों की हड़ताल के आज पांचवें दिन जिला मुख्यालयों से प्राप्त समाचार के अनुसार पशु

ईरान ने रकम बढ़ाई

(पृष्ठ 3 का शेष)

जरिये विरोध प्रकट करने का अर्थ आतंकवादियों को स्वीकार करना है । वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने वालों में साप्ताहिक हिन्दस्तान की सम्पादक मृणाल पांडे, उर्दू लेखक शाहिद अनवर तथा हिन्दी साहित्यकार हिमांशु जोशी और दिविक रमेश शामिल हैं ।

ब्रिटिश उच्चायोग और अन्य ब्रिटिश संस्थाएं सलमान रशदी की किताब के सिलसिले में यहां मिली धमकियों और हिंसा की घटनाओं को गम्भीरता से ले रही हैं । ब्रिटिश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि हम लोग भारत सरकार और ब्रिटिश एयरवेज़ के सम्पर्क में हैं । उसने इससे अधिक कुछ कहने से इंकार कर दिया । भारत में ब्रिटिश एयरवेज़ के प्रबन्धक एलेन बॉनेट ने कहा कि सुरक्षा के मसले को गम्भीरता से लिया गया है, पर यह बताना सम्भव नहीं है कि कौन से उपाय किए गए हैं ?

उपन्यासकार रशदी को मिली धमकी के बारे में एक सरकारी प्रवक्ता ने आज कहा कि "हम हर तरह के आतंकवाद का विरोध करते हैं ।" प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर यही संक्षिप्त टिप्पणी की ।

सरकार को अल्टीमेटम

अमृतसर, 17 फरवरी (वर्मा): पंजाब, चंडीगढ़ स्टेट कालेज टीचर्ज़ यूनियन की एक विशेष बैठक में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय किया गया है । बाद में यूनियन की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य प्रोफैसर डी.डी. शर्मा ने बताया कि यदि सरकार ने 28 फरवरी तक हमारी मांगें स्वीकार न कीं तो कालेज टीचर्ज सीधी कार्रवाई करने पर मजबूर हो जाएंगे । इस सम्बन्ध में पंजाब के राज्यपाल श्री रे को भी लिख दिया गया है ।

कोई शहीद हुआ या नहीं : पाक अदालतों को फैसले का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता): लाहौर हाईकोर्ट ने कहा है कि पाकिस्तानी अदालतों को यह निर्णय करने का अधिकार नहीं है कि कोई व्यक्ति शहीद हुआ या नहीं । मुख्य न्यायाधीश ए.एस. सलाम की अध्यक्षता में न्यायालय की पांच सदस्यीय पूर्ण पीठ ने इस संबंध में मुफ्ती मोहम्मद हुसैन नइमी की एक याचिका को अस्वीकृत कर दिया ।

याचिका में न्यायालय से प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को यह निर्देश देने का आग्रह किया गया था कि वह अपने पिता जुल्फिकार अली भुट्टो को शहीद कह कर सम्बोधित न करें ।

इंका का सम्मेलन

चंडीगढ़, 17 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब प्रदेश इंका का राज्य स्तरीय राजनीतिक सम्मेलन चार मार्च को फगवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है जिसे प्रदेश और अखिल भारतीय इंका समिति के पदाधिकारी सम्बोधित करेंगे । प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के भी इस सम्मेलन को सम्बोधित किए जाने की सम्भावना है ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन (I) का सफ़ाया

जालन्धर, 17 फरवरी (दुल्ल): पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन (I) जालन्धर इकाई का लगभग सफ़ाया हो गया, जब उसके कुल 30 सदस्यों में से 28 ने आज एक बैठक कर उक्त एसोसिएशन से अपना सम्पर्क तोड़ लिया और पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के सीनियर विंग में शामिल हो गए । यह जानकारी पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के संयोजक डा. बी.एस. भौरा ने एक लिखित वक्तव्य में दी और कहा कि इस सीनियर विंग का उक्त सदस्यों द्वारा निम्न चुनाव सम्पन्न किया गया—संयोजक डा. धर्मपाल कपूर, सह-संयोजक डा.एस.एस. शर्मा, आर्गेनाइज़िंग सैक्रेटरी डा. रणबीर सिंह, खज़ांची डा. आर.एन. बेरी, कार्यकारिणी के सदस्य — डा. जे.एस. काहलों व डा. बलदेव सिंह । जनरल बाडी ने एक प्रस्ताव में पी.सी.एम.एस. डाक्टरों की मांगों का समर्थन किया, उनके साथ किए गए अन्याय की निन्दा की और धमकी दी कि यदि उनकी मांगें तुरन्त न मानी गईं तो वह भी हड़ताल में शामिल होने पर बाध्य हो जाएंगे ।

एक्साईज़ अधिकारियों की 75 लाख रुपए की सम्पत्ति ज़ब्त

नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता): केंद्रीय उत्पादन विभाग के एक कलैक्टर, एक असिस्टैंट कलैक्टर तथा एक निरीक्षक के मकानों पर छापे मार कर 75 लाख रुपए के ज्यादा मूल्य की सम्पत्ति ज़ब्त की है । ब्यूरो सूत्रों ने

सिद्धू को नोटिस

चंडीगढ़, 17 फरवरी (वार्ता): पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरनाम सिंह की गैर-इरादतन हत्या के मामले में प्रसिद्ध टैस्ट खिलाड़ी नवजोत सिंह सिद्धू की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग के संबंध में आज उसे नोटिस जारी किया ।

अदालत ने यह नोटिस गुरनाम सिंह के पुत्र जसविंदर सिंह की याचिका पर जारी किया । गुरनाम सिंह की गत 27 दिसम्बर को सिद्धू के साथ मारपीट में मृत्यु हो गई थी ।

न्यायालय ने इस मामले में एक अन्य अभियुक्त रुपिंदर सिंह संधू और पंजाब सरकार को भी ऐसा ही नोटिस जारी किया है । इन पर 24 फरवरी को सुनवाई होगी ।

सिद्धू वैस्टइंडीज़ के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में चुना जा चुका है और इन दिनों मद्रास के कैम्प में भाग ले रहा है । पटियाला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वहां की पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 304/34 के तहत दर्ज मामले में गत एक फरवरी को सिद्धू और रुपिंदर की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली थी ।

इसके साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उसे कुछ शर्तों के साथ भारतीय टीम के सदस्य के रूप में विदेश जाने की अनुमति दे दी थी ।

प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा कि सिद्धू ने अभियोग पक्ष के गवाहों को तोड़ने की कोशिश की है तथा उन्हें धमकियां दी हैं । प्रार्थी ने दावा किया कि गुरनाम सिंह की मृत्यु के कारणों संबंधी मैडिकल रिपोर्ट भी अभियोग पक्ष के साक्ष्यों की पुष्टि करती है ।

मिनिस्टीयल स्टाफ मांगों के समर्थन में रैली करेगा

चंडीगढ़, 17 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश का मिनिस्ट्रीयल स्टाफ यहां तीन मार्च को विरोध मार्च तथा रैली करेगा । वे यह विरोध वेतनमानों में हो रही क्षति के कारण करेंगे । उनके वेतनमानों की यह क्षति 1.2.1968 जब प्रथम पंजाब वेतन आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी थी, से हो रही है । पंजाब सराकर ने चपड़ासी, अध्यापक, कानूनगो, हैडकांस्टेबल, स्टाफ नर्स आदि अन्य श्रेणियों के मुकाबले मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के वेतनमान को अस्तव्यस्त कर रखा है ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब मिनिस्ट्रीयल सर्विस संघ के प्रधान श्री केवल राम शर्मा और महासचिव खुशहाल सिंह नागरा ने कहा कि क्लर्क के पद के मांगे गए वेतनमान को ध्यान में रखते हुए एक वरिष्ठ क्लर्क का वेतनमान 1500-2640 होना चाहिए । इस पद को उत्तरदायित्व वाला पद भी अवश्य माना जाए ।

संघ ने मांग की है कि सभी विभागों के वेतनमानों में स्थाई वृद्धि को देखते हुए ग्रेड-I सुप्रिंटैंडैंट का वेतनमान प्रथम श्रेणी के अफसर के समान 3000-4500 होना चाहिए । ग्रेड III सुप्रिंटैंडैंट का वेतनमान दूसरी श्रेणी के अफसर के समान 2400-4000 होना चाहिए । इसके अतिरिक्त ग्रेड III सुप्रिंटैंडैंट को ग्रेड II किया जाए । असिस्टैंट जूनियर स्केल स्टैनोग्राफरों के वेतनमान सीनियर स्केल स्टैनोग्राफरों के बराबर 1640-2925 + 100 रुपए किए जाने चाहिएं । स्टैनोटाइपिस्ट का वेतनमान क्लर्क तथा वरिष्ठ स्टैनोटाइपिस्ट का वेतनमान वरिष्ठ क्लर्क के बराबर होना चाहिए । टाइपराइटिंग भत्ता 100 रुपए प्रति महीना मिलना चाहिए । संघ ने मांग की है कि वृद्धि की दर मूल वेतन का 4 प्रतिशत होनी चाहिए । इस समय वेतनमानों में इतनी स्थिरता है कि एक क्लर्क को 20-25 वर्ष नौकरी के पश्चात् भी वही वेतनमान मिलता रहता है । संघ ने मांग की है कि सभी श्रेणियों में 8 और 18 वर्ष के पश्चात् वेतनमान की तरक्कियां मिलनी चाहिएं । प्रत्येक पांच वर्ष के पश्चात् एक वेतनवृद्धि मिलनी चाहिए । श्री केवल राम शर्मा तथा श्री खुशहाल सिंह नागरा ने घोषित किया कि अगर सरकार बातचीत द्वारा उनकी मांगों को नहीं मानती तो संघर्ष तेज कर दिया जाएगा ।

असंतुष्ट इंका विधायकों का केंद्र दिल्ली

नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता): गुजरात के नौ असंतुष्ट कांग्रेस (इ) विधायकों के आज प्रात: यहां आ जाने के बाद राज्य के असंतुष्टों की गतिविधियों का केंद्र अब दिल्ली बन गया है । असंतुष्ट विधायक मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी को हटाने की मांग कर रहे हैं ।

असंतुष्टों के नेता दिगान्त ओझा ने बताया कि असंतुष्ट विधायक बड़ी संख्या में दिल्ली आ सकते थे किन्तु विधानसभा का सत्र चालू होने के कारण वह अहमदाबाद रुक गए हैं । असंतुष्ट विधायक प्रधानमंत्री तथा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी से मिलने का प्रयास कर रहे हैं । श्री ओझा ने बताया कि श्री गांधी से कोई न कोई तो अब दिल्ली में

बूटा सिंह व करुणा में दोस्ती

नई दिल्ली, 17 फरवरी (क.): केंद्री श्री बूटा सिंह ने गत दिवस नई दिल्ली में के मुख्यमंत्री श्री एम. करुणानिधि से मि कर पाने में सफल रहे हैं । गत दिनों न आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन के अव बूटा सिंह श्री करुणानिधि के पास गए चुनावों में मिली भारी विजय पर बधाई

श्री बूटा सिंह के इस व्यवहार से श्री क अत्यन्त प्रभावित हुए । वह श्री बूटा 'धन्यवाद' कहते रहे ।

श्री बूटा सिंह ने उनसे आग्रह किया कि अपना समुचित सहयोग दें । श्री करुण उन्हें कहा कि वे अवश्य ही उन्हें सहय अन्य मुख्यमंत्री श्री बूटा सिंह व श्री करुण इस दोस्ती को देख कर हैरान से दिखाई दे श्री एस.बी. चवन, श्री शंकरानंद व मंत्रियों ने श्री करुणानिधि से दोस्ती बढ़ाने नहीं किया । वैसे श्री करुणानिधि दिल्ली मित्र बनाने के लिए आए थे ।

विपक्षी दलों की एकता सम जरूरत : देवी लाल

डाल्टनगंज, 17 फरवरी (ह.स.): जन नेता एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री देवीलाल कि विपक्षी दलों की एकता अब राष्ट्रीय आव बन गई है । आज यहां एक जनसभा को स करते हुए उन्होंने कहा कि सक्षम ज व्यवस्था के लिए सुदृढ़ सरकार का होना आव लेकिन कांग्रेस के शासन ने देश को कमजो तथा राष्ट्र के विकास को अवरुद्ध करने वा को प्रोत्साहन दिया है । उन्होंने कहा कि की जनता विरोधी दलों की एकता चाहती केंद्र और राज्यों में सुदृढ़ सरकारें बन सकें देवीलाल ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे के एकमात्र उद्देश्य जनता की सही प्रतिनिधित सरकार की स्थापना करना है ।

'श्मशान घाट में लकड़ी अधिक दाम लेने का आ

लुधियाना, 17 फरवरी (आहूजा): कृपाल नगर तथा शहर के कुछ अन्य नाग जिला प्रशासन से शिकायत की है कि ग श्मशान घाट में दाह संस्कार करने के लिए वाली लकड़ी बहुत ऊंचे दाम पर दी जा कृपाल नगर के उपप्रधान महेंद्र सिंह ने लगाया कि दाह संस्कार के लिए दी जाने वाली के दाम 95 रुपए प्रति क्विंटल लिए जाते हैं 140 रुपए क्विंटल तथा एक पला 12 दिया जाता है । इस तरह एक गरीब परि अपने सगे-संबंधी का दाह संस्कार करने प अर्थिक बोझ आ पड़ता है ।

भाजपा विधायक की अ जमानत स्वीकार

हिसार, 17 फरवरी (नंदवाल): क अतिरिक्त जिला तथा सत्र न्यायाधीश श्री के गुप्ता ने कृष्ण कुमार खांडेवाला की हत्या के संबंध में हरियाणा भाजपा विधायक श्री चौधरी को अग्रिम जमानत दे दी । श्री खां हांसी के प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता थे । पिछले व नगरपालिका के विधिवत प्रधान चुने जाने घंटे पूर्व ही उनको उनकी फैक्टरी में गोली मा मार दिया गया था ।

खांडेवाला के परिवार वालों ने उनकी ह संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों में श्री चौधरी का न लिया था ।

श्री चौधरी ने अपनी जमानत की अर्जी में था कि वह इस केस में राजनीतिक स्तर पर घसी रहे हैं ।

देवानन्द की भगत से भें

नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता): प्रसिद्ध फि अभिनेता और निर्माता देवानन्द ने आज यहां सू और प्रसारण मंत्री हरकिशन लाल भगत से भें और उन्हें फिल्म उद्योग की समस्याओं से अव कराया । बातचीत के दौरान श्री भगत ने देवा को बताया कि फिल्म उद्योग की समस्याओं अध्ययन के लिए इस हफ्ते एक उच्च स्तरीय समि का गठन किया जा रहा है ।

मिडल परीक्षा का समय घटा

चंडीगढ़, 17 फरवरी (संधी): हरियाणा स्व शिक्षा बोर्ड की ओर से 21 फरवरी से आयोजित जा रही मिडल कक्षा की परीक्षा के सभी पेपरों समय तीन घंटे से घटा कर अढ़ाई घंटे कर देने

Punjab Kesari

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 19, फरवरी 1989 तदनुसार 8 फाल्गुन 2045

आतंकवादियों द्वारा पुलिस चौकी पर राकेट से हमला, एक कांस्टेबल घायल

2 कट्टर उग्रवादी व 4 घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए

पैट्रोल पम्प लूट लिया : 1 की हत्या

चंडीगढ़, 18 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर राकेट से हमला किया जबकि 2 कट्टर आतंकवादी व 4 घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए,जबकि 1 व्यक्ति की हत्या कर दी गई । कई आतंकवादी तथा आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): एस.एस.पी. मजीठा की ओर से जारी एक प्रैस नोट में बताया गया है कि गत दिवस गांव कमासके (थाना लोपोके) के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया खतरनाक आतंकवादी सुहेल सिंह भिडरांवाला टाइगर फोर्स से सम्बन्ध रखता था । उसके साथ एक अज्ञात उग्रवादी भी मारा गया । उसकी लाश के करीब से दो ए.के. 47 चीनी राइफलें, असाल्ट राइफलों के चार मैगजीन, दो एच.ई. 36 हथगोले तथा भारी मात्रा में ए.के. 47 के कारतूस मिले । सुहेल सिंह के सिर पर 20000 रुपए का इनाम था । पुलिस जिला मजीठा के पुलिस अधीक्षक श्री जी.एस. मान ने बताया कि मुठभेड़ में एक अज्ञात उग्रवादी मौके पर ही मारा गया था, जबकि सुहेल सिंह का गोलियों से छलनी शव आज मिला, जब घायल उग्रवादी की तलाशी की गई । उसके शव के निकट एक 12 बोर की बंदूक पड़ी मिली । सुहेल सिंह दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता का दाहिना हाथ माना जाता था और यह लगभग 50 हत्याओं का जिम्मेवार था ।

आई.जी. पुलिस (सीमा क्षेत्र) श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि गांव संगराली में एक फार्म हाऊस पर दो आतंकवादी देखे गए लेकिन वे सुरक्षा बलों को चकमा दे गए तथापि उनका चार किलो मीटर तक पीछा किया गया तथा उनमें से एक गोली लगने से मर गया जबकि दूसरा भाग निकला ।

पुलिस ने बताया कि मजीठा क्षेत्र में सात व्यक्तियों को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : अमृतसर जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार आज दो बजे बाद दोपहर एक स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादी झब्बाल रोड पर स्थित ढिल्लों पैट्रोल पम्प पर गए तथा उनमें से दो ने पिस्तौल दिखाकर पैट्रोल पम्प के अन्दर सेल्जमैन से 2950 रुपए छीन लिए और उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए ।

3 घुसपैठिये मरे : कल रात अमृतसर जिला के घरेंडा सैक्टर में रूड़ेवाला सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । उनके पांच साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग निकले ।

पुलिस चौकी पर हमला : बटाला-आतंकवादियों ने गुरदासपर जिले के श्री हरगोबिंदपर क्षेत्र में घमान पुलिस चौकी पर एक राकेट छोड़ा । राकेट चौकी के भीतर आकर गिरा तथा गिरते ही उसमें जबरदस्त विस्फोट हुआ जिससे चौकी और वायरलैस कक्ष को भारी हानि पहुंची । चौकी के कमरे की छत व दीवारें ढह गई तथा वायर लैस उपकरण नष्ट हो गया । वहां मौजूद कांस्टेबल आप्रेटर पाल सिंह घायल हो गया । पुलिस महानिरीक्षक (सीमा क्षेत्र) श्री सी. पाल सिंह ने अमृतसर में यह जानकारी दी । चौकी में उस समय 7-8 पुलिस कर्मी थे । उच्च पुलिस अधिकारी बाद में घटनास्थल के लिए रवाना हो गए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार राकेट से चौकी की एक दीवार में बड़ा सुराख हो गया । तथापि पुलिस के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि हमले में न तो वायरलैस सैट को और न ही वायरलैस कक्ष को कोई हानि पहुंची है । हमले के समय चौकी के सिपाही गश्त पर गए हुए थे ।

सोने-चांदी के ज़ेवर लूटे : 'कोछड़' के अनुसार थाना सदर बटाला के गांव तेलियांवाल स्थित चूड़ सिंह के घर से गत रात तेजधार हथियारों से लैस चार अज्ञात लोग लगभग 13 तोले सोने व दस तोले चांदी के ज़ेवर लूट कर ले गए । थाना सदर बटाला ने केस दर्ज कर लिया है ।

मकान में घुसकर हत्या : गत रात जिला फिरोजपुर में थाना मक्खू के गांव सदरवाला में चीनी राइफलों से लैस चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति किरपाल सिंह की उसके मकान में घुस कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : फिरोजपुर के निकट भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. ने सीमा पार से आए एक घुसपैठिए को मार डाला ।

उग्रवाद की घटना नहीं थी : बाघापुराना से 'आज' के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने यहां बताया कि 15 फरवरी को निहालसिंहवाला थाने के गांव रौंदा में अजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर में एक लड़की के घायल होने की घटना उग्रवाद से संबंधित नहीं थी । वास्तव में बंदूक की सफाई करते समय अचानक गोली चल जाने से लड़की घायल हो गई । डाक्टरों की ओर से इलाज करने से इन्कार करने पर घर के लोगों ने इसे आतंकवादी कार्रवाई बता दिया । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

आत्महत्या की कोशिश : एक अन्य घटना में गत रात जयसिंहवाला के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस की हिरासत में से निकल कर कूएं में छलांग लगा कर आत्महत्या करने की चेष्टा की परन्तु उसे बाहर निकाल लिया गया । प्राप्त विवरण के अनुसार यह घटना तब हुई जब एक पुलिस पार्टी इस संदिग्ध व्यक्ति को जीप में बिठा कर थाना बाघापुराना की ओर ले जा रही थी । उसे तुरंत बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी दशा गंभीर बताई जाती है ।

रात्रि कर्फ्यू : गुरदासपर (विनोद): जिला मैजिस्ट्रेट ने अपने एक आदेश के अनुसार जिला में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित 70 गांवों में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है । रात्रि कर्फ्यू के समय शाम 7.30 बजे से सुबह 5 बजे तक का है । इसी तरह एक अन्य आदेश में भारत-पाक सीमा पर 500 मीटर पट्टी पर आम जनता की शाम 7.30 बजे से सुबह 6 बजे तक घूमने पर पाबंदी लगा दी है, परन्तु ये दोनों आदेश गांव की आबादी वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होंगे ।

एक अन्य आदेश के अनुसार जिला भर में सभी दुकानें शाम 7.30 बजे, नगर पालिका सीमा में शराब की दुकानें शाम 8 बजे, ग्रामीण क्षेत्र में शराब की दुकानें 6 बजे और ढाबे रात नौ बजे बंद करने पड़ेंगे । ठीकरी पहरे की अवधि भी बढ़ा दी गई है । पीले रंग के मोटर साइकल आम जनता द्वारा चलाने पर प्रतिबंध रहेगा । आम जनता द्वारा शस्त्र लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी । धारा 144 भी लागू रहेगी ।

सभी मकान मालिकों को अपने नए व पराने किराएदारों की सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने के आदेश भी दिए हैं । बस सेवा शाम 7.30 बजे से सुबह 5 बजे तक चलने पर पाबंदी रहेगी । कोई भी बस पाबंदी समय में पुलिस गार्ड के बिना नहीं चलेगी । 3.5 हार्स पावर क्षमता वाले मोटर साइकल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । ये सभी आदेश 18 अप्रैल तक लागू रहेंगे ।

दो गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने थाना भुलत्थ के क्षेत्र में नाकाबंदी के मध्य दो व्यक्तियों सुखविन्द्र सिंह वासी भगवानपुर थाना भुलत्थ तथा कश्मीर सिंह वासी बोसतानी थाना हरियाणा जिला होशियारपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक स्कूटर नं. डी.एच.एच. 5597 बजाज बरामद किया है, जो इन दोनों ने कुछ समय पहले श्री ओम प्रकाश वासी कमीनियां नजदीक नसराला जिला होशियारपुर से छीना था । इन दोनों से पूछताछ जारी है ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (खोसला): आज बाद दोपहर यहां से तीन किलोमीटर दूर गांव खेड़ा के निकट तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति ब्रजेन्द्र से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नम्बर पी.यू.एक्स. 2625 बजाज चेतक छीन लिया तथा फरार हो गए । फिर वे फगवाड़ा के महल्ला गोबिंदपुरा में एक रिटायर्ड सब-इंस्पैक्टर पुलिस करतार चंद के घर गए । उन्होंने उसके बीस वर्षीय लड़के से इलायचियां मांगी तथा अंदर चले गए । फिर पिस्तौल की नोक पर उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक व दस कारतूस छीन कर फरार हो गए । आगे जाकर छीन हुआ स्कूटर खराब हो गया तथा वे उसे छोड़ कर भाग गए ।

'कौड़ा' के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज तड़के फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव जौंडियाली व खोतड़ा में घेरा डाल कर अढ़ाई घंटे तक घर-घर की तलाशी ली

(शेष पृष्ठ 12 पर)

धवन को मंत्रिमंडलीय सचिवालय में वापस लाया गया : ग्रेवाल राज्यपाल बनाई जाएंगी

नई दिल्ली, 18 फरवरी (जी.एस. चावला): केंद्रीय सरकार में अधिकारी स्तर पर आज किए गए महत्वपूर्ण फेरबदल में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के निकट सहयोगी श्री आर.के. धवन को कैबिनेट मंडलीय सचिवालय में विशेष अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा सूचना प्रसारण मंत्रालय में सचिव गोपी अरोड़ा को वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष अधिकारी के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया है ।

प्रधानमंत्री की सचिव श्रीमती सरला ग्रेवाल को उड़ीसा प्रदेश का राज्यपाल बनाया जा रहा है । सूत्रों के अनुसार आगामी 3 दिनों में 5 और राज्यों के राज्यपाल बदले जाने की सम्भावना है, ये राज्य हैं :-बिहार, उड़ीसा, असम, नागालैंड और जम्मू-कश्मीर । उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को भी बदले जाने की सम्भावना व्यक्त की गई है ।

सूत्रों ने बताया है कि श्री धवन को इंदिरा हत्याकांड के तुरंत बाद श्री एम.एल. फोतेदार और श्री अरुण नेहरू ने छुट्टी करवा दी थी, गत छः मास से उनकी घर वापसी की अटकलें लगाई जा रही थीं । श्री धवन की वापसी का आधार यह बताया गया है कि श्री धवन को एक विश्वस्त व्यक्ति समझा जाता है और दूसरे तमिलनाडु में कांग्रेस (इ) की हार के परिप्रेक्ष्य में श्री धवन को वापस लाना आवश्यक समझा गया है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज दिन भर अपने वरिष्ठ साथियों के साथ इन नियुक्तियों के बारे में विचार-विमर्श किया । इन सूत्रों के अनुसार श्री खुर्शीद आलम को किसी राज्य का राज्यपाल बना कर भेजा जाएगा । इन सूत्रों ने यह भी संकेत दिया है कि आगामी कुछ दिनों में कांग्रेस (इ) पार्टी के पदाधिकारियों में भी फेरबदल की सम्भावना है, यद्यपि इस संबंध में अभी अंतिम निर्णय नहीं किया गया ।

खाद्य परिष्करण विभाग के सचिव श्री मरारी को सूचना एवं प्रसारण सचिव नियुक्त किया गया है । आर्थिक मामलों के मंत्रालय में मौजूदा अतिरिक्त सचिव अशोक चंद्र को खाद्य प्रोसैसिंग सचिव नियुक्त किया गया है । विल्स सचिव एस.के. वेंकटरामनन्ना पदावकाश ग्रहण करने के पश्चात मंत्रिमंडलीय सचिवालय में आर्थिक मामलों के सलाहकार होंगे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार श्री वेंकटरमन को सेवानिवृत्ति के बाद रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया जाएगा । जानकार सूत्रों के मुताबिक नए गवर्नर की नियुक्ति की घोषणा कल होने की सम्भावना है ।

वसंत के कार्यकाल में वृद्धि संबंधी नियमों में संशोधन

चंडीगढ़, 18 फरवरी (वि.प्र.) : पंजाब सरकार ने राज्य बिजली बोर्ड के चेयरमैन एन.एस. वसंत के कार्यकाल में दो वर्ष की वृद्धि कर देने के लिए संबंधित नियमों में संशोधन कर दिया है जिसके बारे प्रभावित होने वाले लोगों से 23 फरवरी तक सुझाव व आपत्तियां मांगी गई हैं । श्री वसंत का कार्यकाल 9 मार्च को समाप्त हो रहा है ।

पाकिस्तान में मानोचाहल व जफरवाल समेत आधा दर्जन आतंकवादी नज़रबंद

अमृतसर, 18 फरवरी (मनोहर): विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो ने पंजाब के आतंकवादियों के विरुद्ध सख्ती करने तथा उनके दाखले पर सख्ती से पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए हैं । सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि श्रीमती भुट्टो ने एक दर्जन से ज्यादा आतंकवादियों की लिस्ट तैयार की है जिनका पाकिस्तान में दाखिला बंद करने की कोशिश हो रही है । सूत्रों ने यह भी रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान सरकार ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के खतरनाक मैम्बर बस्सन सिंह जफरवाल समेत आधा दर्जन आतंकवादियों को नज़रबंद कर दिया है, जबकि कुछ दिन पूर्व सूत्रों ने संकेत दिए थे कि बाबा गुरबचन सिंह मानोचाहल को जेल में बंद रखा गया है ।

श्रीमती भुट्टो इस समय इस मामले में खुद दिलचस्पी ले रही हैं तथा उन्होंने आतंकवादियों के एक दर्जन से भी ज्यादा आकाओं की लिस्ट जारी की है, जिनके दाखिले पर पाबंदी लगाने का प्रोग्राम है । इस लिस्ट में उग्रवादियों की पांच मैम्बरी पंथक कमेटी के 3 मैंबरों बाबा गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा बस्सन सिंह ज़फरवाल के नाम महत्वपूर्ण हैं तथा इन के इलावा ही बलबीर सिंह संधू, बलकार सिंह, कौंसिल ऑफ खालिस्तान के मैंबर, आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के संयोजक और खतरनाक आतंकवादी गुरनाम सिंह बुड़ाला के नाम शामिल हैं । कुछ दिन पूर्व बार्डर के उस पार से मिली सूचना के आधार पर पाकिस्तान सरकार ने बाबा मानोचाहल को जेल में बंद कर दिया था तथा उससे हथियार भी छीन लिए थे । जफ़रवाल को एक बंगले में ठहराया गया था । सूत्रों ने यह संकेत दिए हैं कि बस्सन सिंह जफरवाल को उसी बंगले में नज़रबंद कर दिया गया है । कई अन्य ट्रेनिंग ले रहे उग्रवादियों को भी ट्रेनिंग कैम्पों से ले जाकर कोठियों में नज़रबंद किया गया है ।

बताया जाता है कि पाकिस्तान सरकार द्वारा उग्रवादियों के प्रति अपनाए गए इस तीखेपन से उग्रवादियों में ज़बरदस्त हलचल पैदा हो गई है तथा वह पाकिस्तान में अब घबराहट तथा घुटन महसूस करने लग गए हैं । ऐसी सम्भावना की जा रही है कि उग्रवादी अब मौका पाकर पाकिस्तान से भागना चाहते हैं । वैसे बब्बर खालसा के चीफ़ भाई सुखदेव सिंह, पंथक कमेटी के तीन मैम्बर दलबीर सिंह, दलविन्द्र सिंह, तेजेन्द्र सिंह रायपुर, खालिस्तान कमांडो फोर्स के दोनों धड़ों के जनरल भाई गरजंट सिंह राजस्थानी तथा भाई कंवरजीत सिंह, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के जनरल गुरजंट सिंह बधसिंह वाला, भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स के कुछेक लैफ्टिनैंट जनरल पंजाब में ही छुपे हुए हैं । इनमें से भी ज्यादातर उग्रवादियों के पाकिस्तान में दाखले पर पाबंदी लगाए जाने का कार्यक्रम है ।

खैर, भारत तथा पाकिस्तान सरकार सबसे ज्यादा बख़शीश सिंह सोना से तंग है, क्योंकि लगभग तमाम उग्रवादी जत्थेबंदियों को यह अकेला ही हथियारों की सप्लाई पहुंचा रहा है और उग्रवादियों की घुसपैठ के पीछे इसका हाथ है । दरअसल सोना पिछले कई सालों से स्मगलिंग करता था तथा उग्रवादियों के क्षेत्रों में सोना 'बार्डर के बादशाह' के नाम से जाना जाता है ।

छोटी सी बात — रंगा







गुरू रविदास के प्रकाशोत्सव के संबंध में (1) जलूस में शामिल एक झांकी का दृश्य (2) विधायक, सांसद श्री राजेंद्र सिंह स्पैरो, श्री वेद प्रकाश कपूर गुरु रविदास प्रकाश राम सहगल तथा सुरिन्द्र माहे आदि ।

निशान सिंह और त्याग कर अब ग

अबोहर, 18 फरवरी (सदोष): राष्ट्र समिति के तीन सदस्यीय अध्ययन दल फिरोजपुर के तलवंडी, मक्खू व जीरा क्षेत्र करने के बाद रपट दी है कि निशान सिं सिंह के गिरोहों ने मंड त्याग कर अब गांव बना लिए हैं लेकिन पुलिस उन्हें पक असमर्थ है । आतंक के मारे अकेले मा परिवार पलायन कर चुके हैं । सारे क्षेत्र भी एस.बी.बी.एस. अबोहा जी.ए.एस.ए दिखाई नहीं देता ।

समिति के प्रांतीय सचिव सीता राम जारी की गई रपट में कहा गया है कि ब का अपहरण करके आतंकवादी लाखों वसूल कर चुके हैं । अब उन्होंने घर ज शुरू कर रखा है । दुकानें भी जलाई जिसे भी धमकी पत्र प्राप्त होता है, पलायन है । निशान सिंह के पैतृक मकान से

बोडो उग्रवा डी.सी. व ए

गुवाहाटी, 18 फरवरी (वार्ता): अ छात्र संघ के बंद के आह्वान के तीसरे कोकराझार के जिला उपायुक्त तथा पुलि एक आक्रमण में बाल-बाल बचे जबकि मारे गए ।

दोनों अधिकारियों की गाड़ी के साम किन्तु वे बच गए । दोनों अधिकारी परिषद के नेता विनोद दत्त के घर सनी थे । विनोद दत्त की कल हत्या कर दी ग उग्रपंथी कोकराझार के सिदली क्षेत्र में वहां उग्रपंथियों ने पुलिस की गाड़ी पर घ हमला कर दिया था । एक अन्य उ स्थान पर मारा गया ।

चार रेल कर्मियों का अपहर उग्रवादियों ने उत्तरी सीमांत रेलवे के च गुआवाड़ी रेलवे स्टेशनों के चार क अपहरण कर लिया । कर्मचारी विभागीय सचिव बी देवराय ने आज बताया कि बोडो उग्रवादियों द्वारा इन क ड्यूटी पर आने के कारण अपहरण कि

श्री देवराय ने कल विभागीय रेलवे एक ज्ञापन देकर रेलवे कर्मचारियों के रक्षा की मांग की ।

उग्रवादियों ने आज एक विप कार्यकर्त्ता की हत्या कर दी । बंद के उग्रवादियों की मुठभेड़ में मौत के साथ लोग मारे जा चुके हैं । चार रेल क अलावा वन विभाग के तीन कर्मचारी भी

सूची

2505.00

2100.00

सलमान रशदी ने 'सैटेनिक वर्सेज' के

महानिदेशक ने बताया कि 1983 से रिजर्व पुलिस बल ने 658 आतंकवादियों को मार गिराया तथा 3623 हथियार बरामद किए । केवल 1988 में ही बल ने 224 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया और 842 हथियार बरामद किए । पंजाब में बल की गश्त बढ़ाने के लिए 353 अतिरिक्त जीपें भेजी गई हैं ।

पुलिस चौकी पर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

व अनेक संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया । पता चला है कि पुलिस ने काफी समय तक जंडियाली गांव में ग्रामीणों को गांव के जंजघर में एकत्रित कर रोके रखा ।

बंदूक व स्कूटर छीना : 'ह.स.' के अनुसार तीन उग्रवादियों ने आज सायं एक दोनाली बंदूक, 14 कारतूस और एक स्कूटर छीन लिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी स्थानीय मुहल्ला गोबिन्दपुरा के एक घर में घुसे और वहां से बंदूक व गोली-सिक्का ले गए । उग्रवादी रास्ते से एक व्यक्ति का स्कूटर भी छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

नौ आतंकवादी गिरफ्तार : गत रात जालन्धर जिले में विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम गुरदयाल सिंह, दर्शन सिंह, हरभजन सिंह, गुरदीप सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरदेव सिंह, परमजीत सिंह, शाम सिंह तथा तरसेम सिंह हैं । ये आतंकवादी लूट व छीना-झपटी के कई केसों में वांछित थे । पुलिस ने एक डबल बैरल गन, एक .32 का रिवाल्वर, एक सिंगल बैरल गन, एक स्प्रिंग फील्ड राइफल व 17 कारतूस बरामद किए ।

गायक को घायल कर दिया : जिला पटियाला में गत दिवस संदिग्ध व्यक्तियों ने एक गायक जसपाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

दो साल बीतने पर भी शिक्षा बोर्ड ने मैट्रिक के सर्टीफिकेट नहीं दिए

जालंधर, 18 फरवरी (ढल्ल): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की 1988-89 मैट्रिक की परीक्षाएं दो मार्च से शुरू होने वाली हैं किन्तु बोर्ड की कार्यकुशलता की हालत यह है कि अभी तक कई छात्रों को 1986-87 की परीक्षा पास करने के दो वर्ष बाद सर्टीफिकेट तक नहीं भेजे गए हैं । मिली जानकारी के अनुसार ऐसा एक उदाहरण स्थानीय काजी मुहल्ला के गवर्नमैंट गर्ल्ज हाई स्कूल का है जिसकी 41 छात्राओं को अभी तक मैट्रिक के सर्टीफिकेट नहीं मिले । यह भी पता चला है कि स्कूल की ओर से इन छात्राओं की इन्टर्नल असैसमैंट फीस 205 रुपए ड्राफ्ट द्वारा बोर्ड को भेज दी गई थी । इनके परिणाम भी गजेट में घोषित किए गए थे । इस सम्बन्ध में क्षेत्र के पूर्व विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त ने बोर्ड के अधिकारियों को पत्र लिख कर उनका ध्यान छात्राओं की इस परेशानी की ओर दिलाया है और उनके सर्टीफिकेट तुरंत भेजने को कहा है । उल्लेखनीय है कि यह छात्राएं अब +2 की परीक्षाएं देने वाली हैं और कालेज में प्रवेश के समय मूल मैट्रिक सर्टीफिकेट की जरूरत होती है ।

बम विस्फोटों में संलिप्त

नई दिल्ली में श
धारावाहिकों व

जालन्धर में आय
की विजेता वैष्णा
विभाग के निदेश
परिषद की सचि
इत्यादि के साथ

राइड

फगवाड़ा, 1
जा रहे पंजाब ओ
राइडर क्लब ने
बिकेट से हरा दिय
(संजय 5-21,
बिकेट पर 89 र

गैस पीड़ि
विरोध

भोपाल, 1
त्रासदी मुआविजा
हुए 705 करोड़
तीन हजार से भी
और महिलाएं भी
निवास के समक्ष
दिया । प्रदर्शन
गैस कांड संघर्ष म
ने शाम को घोष
दिल्ली से लौटने प
समाप्त किया
अधिसंख्य लोग

मध्य प्रदेश
और सरकार के
प्रक्रिया और मान
किया है ।

जाखड़ को
हरी झंड

फिरोजपुर, 1
अध्यक्ष श्री बलरा
कांग्रेस (इ) अध्य
आश्चर्य व्यक्त क
फिरोजपुर के महान
कहा है कि इनके क
कांग्रेस उच्च कमा
बोलने की हरी झंड

श्री भुल्लर ने
हैं कि पंजाब सरका
में असफल सिद्ध हु
जबकि वास्तविकत
कांग्रेसी शासन ही ह
वक्तव्य देकर शा
तबदील करवाना च
से पंजाब में शांति

Punjab Sahapedia

संत व महिला सहित पंजाब में 4 की हत्या : 3 उग्रवादी मारे गये

उग्रवादी की लाश मिली : युवक का अपहरण किया गया

4 घुसपैठिये मारे गये : छीना झपटी की वारदातें

चंडीगढ़, 19 फरवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात पंजाब में आतंकवादियों ने एक संत व महिला ज्योतिषी सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । तीन आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जबकि गत दिनों मुठभेड़ में घायल हुए एक आतंकवादी की लाश मिली । 4 घुसपैठिये भी मारे गये । एक युवक का अपहरण कर लिया गया ।

एक मरा : अमृतसर जिला के डेरीवाल गांव में कल रात सरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त समाचार के अनुसार गांव के बाहर बने एक फ़ार्म हाउस से सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर फ़ायरिंग की गई । दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके दो साथी भाग निकले ।

अमृतसर पुलिस ने बाबा सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । उससे एक बंदूक बरामद की गई ।

गिरोह भाग निकला : एक अन्य वारदात में कल रात ही अमृतसर जिले के तेजाचक गांव के निकट सरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद आतंकवादियों का गिरोह भाग निकला । पुलिस ने मुठभेड़ वाली जगह से ए.के. 47 राइफल में इस्तेमाल होने वाले 122 कारतूस बरामद किए ।

शिनाख्त : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कल अमृतसर जिला में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त गुरमेज सिंह के रूप में की है, जोकि भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स से संबंधित था । वह कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । उसके सिर के लिए 25,000 रुपए का ईनाम निर्धारित था ।

आतंकवादी की लाश मिली : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह भी बताया कि एक अन्य आतंकवादी सुहेल सिंह गांव नेपाल थाना लोपोके की लाश निकटवर्ती खेतों में मिली है । वह मजीठा पुलिस के साथ गत दिनों एक मुठभेड़ में घायल हो गया था ।

युवक गायब : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार वहां एक 18 वर्षीय लड़के बलविंदर कुमार के गायब होने की सूचना मिली है । कहा जाता है कि बलविंदर और उसका भाई रात को टी.वी. देखने के बाद घर में सो गए । प्रातः जब उसका भाई उठा तो उसने बलविंदर को लापता पाया । पुलिस को सूचना दे दी गई है । पुलिस के अनुसार इस केस के बारे में कुछ कहना अभी सम्भव नहीं, क्योंकि इस परिवार को कभी कोई धमकी आदि नहीं मिली थी ।

बंगला देशी काबू : गत रात सीमा के खेमकरण सैक्टर में एक बंगलादेशी को सीमा पार करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया ।

लाश मिली : एक अन्य सूचना के अनुसार गांव बखेदानी के निकट एक युवक की लाश मिली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

4 घुसपैठिये मरे : गत रात अमृतसर जिला के घरेंडा सैक्टर में राजाताल सीमा चौकी के निकट पाकिस्तान से आये 4 घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गये ।

छः आश्रयदाता गिरफ़्तार : तरनतारन पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में छः व्यक्तियों को पकड़ा है । इनके नाम बहादर सिंह, कर्म सिंह, तरसेम सिंह, जगतार सिंह, हीरा सिंह तथा किशन सिंह के रूप में हुई है ।

संत की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के गांव मलिकपर में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक 90 वर्षीय संत हीरा दास की हत्या कर दी । घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संत केशधारी हो गया था तथा गांव में अत्यन्त लोकप्रिय था । वह अखंड पाठ वगैरह भी करता था । वह गत रात्रि गांव के एक व्यक्ति गुरमेज सिंह के घर गया था । रात को लगभग 11.30 बजे आतंकवादी उसे बाहर ले गए और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने बताया है कि हत्या में तीस बोर की पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया है । आतंकवादियों की शिनाख्त के.सी.एफ. के लखविंदर सिंह लक्खा निवासी मलिकपर व सुखविंदर सिंह निवासी देवीगढ़ के रूप में की गई है ।

स्कूटर छीना : एक अन्य वारदात में दो सशस्त्र आतंकवादी थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव बोलेवाल से एक अध्यापक बख्शीश सिंह के घर से जबरन उसका स्कूटर नं. पी.ए.ओ. 5248 छीन कर फ़रार हो गए ।

अटैची थाने में : कुछ दिन पूर्व बी.एस.एफ. को स्थानीय बस स्टैंड से बी.आई.पी. का एक अटैचीकेस संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था, जिसे थाना सदर में रेत की बोरियों आदि के बीच सुरक्षित रूप से रखा गया है । पुलिस को उसमें कुछ विस्फोटक पदार्थ होने की आशंका है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यदि अटैचीकेस भूल से किसी से छूट गया है तो वह आकर इसे ले जा सकता है ।

दो की हत्या : बटाला की एक अन्य सूचना के अनुसार कल रात सात बजे तीन सशस्त्र आतंकवादी गांव सक्खोवाल में एक लड़के सर्वदयाल सिंह (21) के घर गए जोकि कम्प्यूटर कोर्स कर रहा था । वे उसे उठा कर अपने साथ गांव भट्टीवाल में 22 वर्षीय जसपाल सिंह के घर ले गए । वहां से उन्होंने उसे भी साथ लिया और दोनों की गांव से आधा किलोमीटर बाहर ले जाकर खेत में गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने पत्रकारों को सुबह तक इस घटना की खबर नहीं दी । पत्रकारों को इसका पता उस समय लगा जब दोनों युवकों की लाशें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में लाई गईं ।

ज्योतिषी की हत्या : कल रात जिला होशियारपुर के थाना माहिलपुर के गांव लाखियां में एक वृद्धा गुरमेज कौर, जोकि ज्योतिषी थी, की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

कल रात होशियारपुर थाना सदर के गांव हरखतवाल में चीनी असाल्ट राइफल से लैस दो आतंकवादी एक व्यक्ति रघबीर सिंह के घर से एक .12 बोर की एकनाली बंदूक छीन कर ले गए ।

कपूरथला पुलिस ने रणजीत सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की ।

अपहरण कर लिया : मलोट (गोयल): छः-सात सशस्त्र व्यक्ति कल रात थाना मलोट (फरीदकोट जिला) के गांव इन्नाखेड़ा में एक व्यक्ति कुलबीर सिंह के घर गए तथा उसका अपहरण कर लिया । कुलबीर सिंह का इसके बाद से कुछ पता नहीं चला । इन अज्ञात व्यक्तियों ने पहले घर वालों से राइफल मांगी थी । उनके इन्कार करने पर उन्होंने कुलबीर सिंह को छोड़ कर शेष सभी घर वालों को एक कमरे में बंद कर दिया ।

ठेके सात बजे बंद होंगे : जिला फरीदकोट में सभी सरकारी तथा प्राइवेट बसें शाम 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक नहीं चल सकेंगी । यह आदेश पांच मार्च तक लागू रहेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में सभी शराब के ठेके भी सायं सात बजे बंद हुआ करेंगे ।

2 उग्रवादी बंदी : पटियाला (भगण): कल रात दो कट्टर उग्रवादियों को गुरुद्वारा मोतीबाग में से पुलिस ने गिरफ्तार किया । इनमें हरभजन सिंह निवासी सूदन जिला फिरोजपुर तथा जगजीत सिंह निवासी नगर थाना फिल्लौर जिला जालंधर शामिल हैं । हरभजन सिंह से एक कार्बाइन मिली जबकि जगजीत सिंह से .303 पिस्तौल व तीन कारतूस मिले । पुलिस विभिन्न अपराधों में उनकी संलिप्तता के बारे में जांच कर रही है । उनके विरुद्ध आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

दो आतंकवादी मरे : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना नकोदर के गांव मैहसमपुर स्थित पुलिस व सुरक्षाबलों की संयुक्त नाकापार्टी व खतरनाक आतंकवादियों में भिड़त हो जाने के परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से पुलिस ने एक स्टेनगन, एक .38 बोर का विदेश रिवाल्वर व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत रात लगभग दो बजे गांव मैहसमपर स्थित पुलिस व सुरक्षा बलों की एक संयुक्त पार्टी ने नाकाबंदी की हुई थी कि अंधेरे में दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, परन्तु इन संदिग्ध युवकों ने नाकापार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर नाकापार्टी द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई । लगभग 15 मिनट की गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए ।

12 गिरफ्तार : जालंधर जिला पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में 12 संदिग्ध

(शेष पृष्ठ 10 पर)



बोडो उग्रवादियों द्वार
की हत्या, बम विस्प

गुवाहाटी, 19 फरवरी (वार्ता): अखिल बोडो छात्र संघ के आह्वान पर राज्य में किए जा रहे 120 घंटे के असम बंद के चौथे दिन आज भी कोकराझार जिले में हिंसा की घटनाएं जारी रहीं ।

आधिकारिक समाचारों में कहा गया है कि लापहासारी बन शिविर से उग्रवादियों ने जिन बं अधिकारियों का अपहरण किया था, उनमें से दो के शव पुलिस ने इसी जिले से बरामद कर लिए हैं अपहृत रेल कर्मियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

पिछले चौबीस घंटों में जिले के विभिन्न इलाक में उग्रवादियों तथा पुलिस के बीच मुठभेड़ों की खबर मिली हैं । डेंगतोल क्षेत्र में कल रात उग्रवादियों पुलिस के बीच एक घंटे तक गोलीबारी हुई ।

कल क्रिस्तानपुरा में पुलिस फ़ायरिंग में उग्रवादी मारा गया, जबकि दारांग जिले में एक उग्रवादी कल घायल हो गया । कई जगह बम विस्फोट और आगज़नी की घटनाएं होने का समाचार है ।

इस बीच जिले का देश के शेष भाग से रेल सम्पर्क आज दूसरे दिन भी कटा रहा, क्योंकि आतंकवादियों ने रेल पटरियां क्षतिग्रस्त कर दी हैं आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल पटरियों की मुरम्मत चल रही है ।

छात्र संघर्ष ने बोडो लोगों के लिए पृथक राज्य की मांग के समर्थन में बंद का आह्वान किया है जिससे इस जिले में तथा दारांग सब-डिवीजन व उदलगिरि क्षेत्र में जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त

भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल के साथ सीटों पर तालमेल के लिए तैयार

कलानौर (रोहतक), 19 फरवरी (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल के साथ सीटों पर तालमेल करने को तैयार है ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ईमानदारी से काम करना चाहती है । उसने अपना पृथक अस्तित्व बनाए रखने का निश्चय किया है, क्योंकि उसे 1977 में जनता पार्टी के टूटने की घटना याद है । फिर भी वह आगामी लोकसभा चुनाव में सीटों पर तालमेल करना चाहती है । श्री वाजपेयी हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रथम पंच-सरपंच महासम्मेलन में भाग लेने के बाद एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

पंजाब समस्या की चर्चा करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र हल है कि राजीव सरकार हटाओ । उन्होंने कहा कि जब तक वर्तमान केन्द्र सरकार नहीं हटती, पंजाब समस्या का हल नहीं हो सकता क्योंकि वह इसे हल करना ही नहीं चाहती ।

श्री वाजपेयी ने आशंका व्यक्त की कि कांग्रेस (इ) आगामी चुनाव को देखते हुए पंजाब की स्थिति को और बिगाड़ सकती है । उन्होंने कहा कि पहले केन्द्र सरकार पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान की सरकार को दोष देती थी, किन्तु श्रीमती बेनजीर भुट्टो के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को दोष देना क्यों बंद कर दिया गया ?

उन्होंने सवाल किया कि अगर पाकिस्तान पंजाब में आतंकवादी कार्रवाई में मदद देता है तो उसके साथ दोस्ती क्यों ? उन्होंने कहा कि सियाचिन के मामले पर पाकिस्तान चीन का साथ दे रहा है और हमारे प्रधानमंत्री बेनज़ीर को चीन यात्रा पर उन्हें बधाई दे रहे हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हाल की चीन यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार ने तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मान लिया है, जबकि चीन ने सिक्किम और जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं स्वीकार किया है ।

श्री वाजपेयी ने देश में पंचायत राज को लागू करने के लिए संविधान में आवश्यक संशोधन करने पर बल दिया ।

झा पद पर बने रहेंगे

नई दिल्ली, 19 फरवरी (वार्ता): समझा जाता है कि कांग्रेस (इ) हाईकमान ने भागवत झा आज़ाद को बिहार के मुख्यमंत्री पद पर बनाए रखने का फ़ैसला किया है । मगर तत्काल यह विदित नहीं हो सका कि बिहार के मुद्दे का अंतिम तौर पर समाधान हो गया है या बाद में किसी समय इसकी समीक्षा की जा सकती है । ऐसा समझा जाता है कि फिलहाल प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बिहार में पार्टी के असंतुष्ट नेताओं को इस बात के लिए मना लिया है कि वे क्षेत्रीय नेतृत्व के साथ सहयोग दें । हाईकमान की यह राय बताई जाती है कि इस समय श्री आज़ाद को मुख्यमंत्री पद से हटाना उचित नहीं होगा और ऐसा करना पार्टी की छवि के लिहाज से भी उचित नहीं होगा । पिछले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री ने बिहार के कई पार्टी नेताओं से विचार-विमर्श किया था । उपरोक्त निर्णय इन सभी के दृष्टिकोणों पर विचार करने के बाद लिया गया बताया जाता है ।

'ह.स.' के अनुसार आज पांच राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति के साथ ही बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना बलवती हो गई है ।

माघी-पूर्णिमा कुम्भ स्नान आज

इलाहाबाद, 19 फरवरी (वार्ता): महाकुम्भ के पांचवें मुख्य स्नान पर्व माघी-पूर्णिमा पर कल तड़के एक बार फिर लगभग 20 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाएंगे । माघी-पूर्णिमा के साथ ही कल लग रहे चन्द्र ग्रहण के कारण इस स्नान पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है जिससे स्नानार्थियों की संख्या इससे भी अधिक हो सकती है ।

केंद्रीय बजट में वेत
को कुछ राहत

नई दिल्ली, 19 फरवरी (ह.स.): 1989-9 का केंद्रीय बजट सरकार के लिए एक कठिन चुनौ बन गया है । देश की आर्थिक स्थिति जहां कठो निर्णय के लिए मजबूर करती है, वहां राजनीति तकाजे कठिन रास्ता अपनाने से रोक रहे हैं ।

यह सम्भावना अधिक है कि राजनीति वास्तविकताएं उसे नर्म रास्ता अपनाने के लिए प्रेरि करें ।

28 फरवरी को संसद में पेश किए जाने वा बजट को इन दिनों अंतिम रूप दिया जा रहा है संकेत मिले हैं कि बजट में रोजगार योजनाओं व नया रूप दिए जाने की आशा है ।

विभिन्न वर्गों ने आयकर से छूट सीमा वर्तमा 18 हजार से बढ़ा कर 25 हजार रुपए करने व मांग की है । बहुत मुमकिन है कि इसे 20 हजा रुपए कर दिया जाए । साधनों की तंगी देखते ह सरकार इससे अधिक छूट नहीं देना चाहेगी ।

मानक कटौती गत वर्ष बढ़ा कर 1200 रुपए की गई थी । इस वर्ष उसमें और वृद्धि होने की सम्भावना नहीं है लेकिन प्रत्यक्ष कर संशोध विधेयक 1988 द्वारा जो भत्ते व्यक्तिगत आय जोड़ दिए गए थे, उनमें से कुछ शायद इस बार क मुक्त कर दिए जाएंगे । नगर पूर्ति भत्ता, यात्रा भत्त और दैनिक भत्ता के मामले में यह रियायत मिलने की सम्भावना है । बजट के समय अधिसूचनाएं जारी करके यह कार्य किया जा सकता है ।

सूखे की वजह से 1987-88 के बजट में आ कर अधिभार लागू किया गया था, जो गत वर्ष भी जारी रहा । आगामी बजट में यह समाप्त किया जा सकता है । अच्छे मानसून की वजह से इसे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रहा । इन उपायों से सरकार को राजस्व में जो कमी होगी, उसकी पूर्ति कर-कानूनों का कड़ाई से पालन कराने और कानू धन की जब्ती से की जा सकती है ।

मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार क

रशदी की माफी स्व

लंदन, 19 फरवरी (वार्ता): विवादास्पद पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेस' के लेखक सलमान रशदी द्वारा मांगी गई माफी को स्वीकार करने की अपनी घोषणा

आकाश गंगा

Punjabi Bhawan

संत व महिला सहित पंजाब में 4 की हत्या : 3 उग्रवादी मारे गये

उग्रवादी की लाश मिली : युवक का अपहरण किया गया

4 घुसपैठिये मारे गये : छीना झपटी की वारदातें

चंडीगढ़, 19 फरवरी (वार्ता, ह.स.): कल रात से पंजाब में आतंकवादियों ने एक संत व महिला ज्योतिषी सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । तीन आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जबकि गत दिनों मुठभेड़ में घायल हुए एक आतंकवादी की लाश मिली । 4 घुसपैठिये भी मारे गये । एक युवक का अपहरण कर लिया गया ।

एक मरा : अमृतसर जिला के डेरीवाल गांव में कल रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त समाचार के अनुसार गांव के बाहर बने एक फ़ार्म हाऊस से सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर फ़ायरिंग की गई । दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके दो साथी भाग निकले ।

अमृतसर पुलिस ने बाबा सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । उससे एक बंदूक बरामद की गई ।

गिरोह भाग निकला : एक अन्य वारदात में कल रात ही अमृतसर जिले के तेजाचक गांव के निकट सरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद आतंकवादियों का गिरोह भाग निकला । पुलिस ने मुठभेड़ वाली जगह से ए.के. 47 राइफल में इस्तेमाल होने वाले 122 कारतूस बरामद किए ।

शिनाख्त : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कल अमृतसर जिला में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त गुरमेज सिंह के रूप में की है, जोकि भिडरांवाले टाइगर फ़ोर्स से संबंधित था । वह कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । उसके सिर के लिए 25,000 रुपए का ईनाम निर्धारित था ।

आतंकवादी की लाश मिली : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह भी बताया कि एक अन्य आतंकवादी सुहेल सिंह गांव नेपाल थाना लोपोके की लाश निकटवर्ती खेतों में मिली है । वह मजीठा पुलिस के साथ गत दिनों एक मुठभेड़ में घायल हो गया था ।

युवक गायब : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार वहां एक 18 वर्षीय लड़के बलविंदर कुमार के गायब होने की सूचना मिली है । कहा जाता है कि बलविंदर और उसका भाई रात को टी.वी. देखने के बाद घर में सो गए । प्रातः जब उसका भाई उठा तो उसने बलविंदर को लापता पाया । पुलिस को सूचना दे दी गई है । पुलिस के अनुसार इस केस के बारे में कुछ कहना अभी सम्भव नहीं, क्योंकि इस परिवार को कभी कोई धमकी आदि नहीं मिली थी ।

बंगला देशी काबू : गत रात सीमा के खेमकरण सैक्टर में एक बंगलादेशी को सीमा पार करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया ।

लाश मिली : एक अन्य सूचना के अनुसार गांव बखेदानी के निकट एक युवक की लाश मिली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

4 घुसपैठिये मरे : गत रात अमृतसर जिला के घरेंडा सैक्टर में राजाताल सीमा चौकी के निकट पाकिस्तान से आये 4 घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गये ।

छः आश्रयदाता गिरफ़्तार : तरनतारन पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में छः व्यक्तियों को पकड़ा है । इनके नाम बहादर सिंह, कर्म सिंह, तरसेम सिंह, जगतार सिंह, हीरा सिंह तथा किशन सिंह के रूप में हुई है ।

संत की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के गांव मलिकपर में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक 90 वर्षीय संत हीरा दास की हत्या कर दी । घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संत केशधारी हो गया था तथा गांव में अत्यन्त लोकप्रिय था । वह अखंड पाठ वगैरह भी करता था । वह गत रात्रि गांव के एक व्यक्ति गुरमेज सिंह के घर गया था । रात को लगभग 11.30 बजे आतंकवादी उसे बाहर ले गए और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने बताया है कि हत्या में तीस बोर की पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया है । आतंकवादियों की शिनाख्त के.सी.एफ. के लखविंदर सिंह लक्खा निवासी मलिकपुर व सुखविंदर सिंह निवासी दयालगढ़ के रूप में की गई है ।

स्कूटर छीना : एक अन्य वारदात में दो सशस्त्र आतंकवादी थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव बोलेवाल से एक अध्यापक बख्शीश सिंह के घर से जबरन उसका स्कूटर नं. पी.ए.जो. 5248 छीन कर फ़रार हो गए ।

अटैची थाने में : कुछ दिन पूर्व बी.एस.एफ. को स्थानीय बस स्टैंड से बी.आई.पी. का एक अटैचीकेस संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था, जिसे थाना सदर में रेत की बोरियों आदि के बीच सुरक्षित रूप से रखा गया है । पुलिस को उसमें कुछ विस्फोटक पदार्थ होने की आशंका है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यदि अटैचीकेस भूल से किसी से छूट गया है तो वह आकर इसे ले जा सकता है ।

दो की हत्या : बटाला की एक अन्य सूचना के अनुसार कल रात सात बजे तीन सशस्त्र आतंकवादी गांव सक्खोवाल में एक लड़के सर्वदयाल सिंह (21) के घर गए जोकि कम्प्यूटर कोर्स कर रहा था । वे उसे उठा कर अपने साथ गांव भट्टीवाल में 22 वर्षीय जसपाल सिंह के घर ले गए । वहां से उन्होंने उसे भी साथ लिया और दोनों की गांव से आधा किलोमीटर बाहर ले जाकर खेत में गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने पत्रकारों को सुबह तक इस घटना की खबर नहीं दी । पत्रकारों को इसका पता उस समय लगा जब दोनों युवकों की लाशें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में लाई गईं ।

ज्योतिषी की हत्या : कल रात जिला होशियारपुर के थाना माहिलपुर के गांव लाखियां में एक बुढ़ा गुरमेज कौर जोकि ज्योतिषी थी, की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

कल रात होशियारपुर थाना सदर के गांव हरखतवाल में चीनी असाल्ट राइफल से लैस दो आतंकवादी एक व्यक्ति रघबीर सिंह के घर में एक .12 बोर की एकनाली बंदूक छीन कर ले गए ।

कपूरथला पुलिस ने रणजीत सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की ।

अपहरण कर लिया : मलोट (गोयल): छः-सात सशस्त्र व्यक्ति कल रात थाना मलोट (फरीदकोट जिला) के गांव इन्नासेड़ा में एक व्यक्ति कुलबीर सिंह के घर गए तथा उसका अपहरण कर लिया । कुलबीर सिंह का इसके बाद से कुछ पता नहीं चला । इन अज्ञात व्यक्तियों ने पहले घर वालों से राइफल मांगी थी । उनके इन्कार करने पर उन्होंने कुलबीर सिंह को छोड़ कर शेष सभी घर वालों को एक कमरे में बंद कर दिया ।

ठेके सात बजे बंद होंगे : जिला फरीदकोट में सभी सरकारी तथा प्राइवेट बसें शाम 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक नहीं चल सकेंगी । यह आदेश पांच मार्च तक लागू रहेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में सभी शराब के ठेके भी सायं सात बजे बंद हुआ करेंगे ।

2 उग्रवादी बंदी : पटियाला (भाषण): कल रात दो कट्टर उग्रवादियों को गुरुद्वारा मोतीबाग में से पुलिस ने गिरफ्तार किया । इनमें हरभजन सिंह निवासी सूदन जिला फिरोजपुर तथा जगजीत सिंह निवासी नगर थाना फिल्लौर जिला जालंधर शामिल हैं । हरभजन सिंह से एक कार्बाइन मिली जबकि जगजीत सिंह से .303 पिस्तौल व तीन कारतूस मिले । पुलिस विभिन्न अपराधों में उनकी संलिप्तता के बारे में जांच कर रही है । उनके विरुद्ध आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

दो आतंकवादी मरे : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना नकोदर के गांव मेहसमपुर स्थित पुलिस व सुरक्षाबलों की संयुक्त नाकापार्टी व खतरनाक आतंकवादियों में भिड़त हो जाने के परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से पुलिस ने एक स्टेनगन, एक .38 बोर का विदेश रिवाल्वर व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत रात लगभग दो बजे गांव मेहसमपुर स्थित पुलिस व सुरक्षा बलों की एक संयुक्त पार्टी ने नाकाबंदी की हुई थी कि अंधेरे में दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, परन्तु इन संदिग्ध युवकों ने नाकापार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर नाकापार्टी द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई । लगभग 15 मिनट की गोलीबारी के बाद ये दोनों आतंकवादी मारे गए ।

12 गिरफ़्तार : जालंधर जिला पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में 12 संदिग्ध

(शेष पृष्ठ 10 पर)



बोडो उग्रवादियों द्वारा दो की हत्या, बम विस्फोट

गुवाहाटी, 19 फरवरी (वार्ता): अखिल बोडो छात्र संघ के आह्वान पर राज्य में किए जा रहे 120 घंटे के असम बंद के चौथे दिन आज भी कोकराझार जिले में हिंसा की घटनाएं जारी रहीं ।

आधिकारिक समाचारों में कहा गया है कि लापहासारी वन शिविर से उग्रवादियों ने जिन वन अधिकारयों का अपहरण किया था, उनमें से दो के शव पुलिस ने इसी जिले से बरामद कर लिए हैं । अपहृत रेल कर्मियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

पिछले चौबीस घंटों में जिले के विभिन्न इलाकों में उग्रवादियों तथा पुलिस के बीच मुठभेड़ों की खबरें मिली हैं । डेंगतोल क्षेत्र में कल रात उग्रवादियों व पुलिस के बीच एक घंटे तक गोलीबारी हुई ।

कल क्रिस्तानपुरा में पुलिस फ़ायरिंग में 2 उग्रवादी मारा गया, जबकि दारांग जिले में एक उग्रवादी कल घायल हो गया । कई जगह बम विस्फोट और आगज़नी की घटनाएं होने का समाचार है ।

इस बीच जिले का देश के शेष भाग से रेल सम्पर्क आज दूसरे दिन भी कटा रहा, क्योंकि आतंकवादियों ने रेल पटरियां क्षतिग्रस्त कर दी हैं । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल पटरियों की मुरम्मत चल रही है ।

छात्र संघर्ष ने बोडो लोगों के लिए पृथक राज्य की मांग के समर्थन में बंद का आह्वान किया है, जिससे इस जिले में तथा दारांग सब-डिवीजन के उदलगिरि क्षेत्र में जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त

केंद्रीय बजट में वेतनभो को कुछ राहत मिल

नई दिल्ली, 19 फरवरी (ह.स.): 1989-90 का केंद्रीय बजट सरकार के लिए एक कठिन चुनौती बन गया है । देश की आर्थिक स्थिति जहां कठोर निर्णय के लिए मजबूर करती है, वहां राजनीतिक तकाजे कठिन रास्ता अपनाने से रोक रहे हैं ।

यह सम्भावना अधिक है कि राजनीतिक वास्तविकताएं उसे नर्म रास्ता अपनाने के लिए प्रेरित करें ।

28 फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले बजट को इन दिनों अंतिम रूप दिया जा रहा है । संकेत मिले हैं कि बजट में रोजगार योजनाओं को नया रूप दिए जाने की आशा है ।

विभिन्न वर्गों ने आयकर से छूट सीमा वर्तमान 18 हजार से बढ़ा कर 25 हजार रुपए करने की मांग की है । बहुत मुमकिन है कि इसे 20 हजार रुपए कर दिया जाए । साधनों की तंगी देखते हुए सरकार इससे अधिक छूट नहीं देना चाहेगी ।

मानक कटौती गत वर्ष बढ़ा कर 12000 रुपए की गई थी । इस वर्ष उसमें और वृद्धि होने की सम्भावना नहीं है लेकिन प्रत्यक्ष कर संशोधन विधेयक 1988 द्वारा जो भत्ते व्यक्तिगत आय में जोड़ दिए गए थे, उनमें से कुछ शायद इस बार कर मुक्त कर दिए जाएंगे । नगर पूर्ति भत्ता, यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता के मामले में यह रियायत मिलने की सम्भावना है । बजट के समय अधिसूचनाएं जारी करके यह कार्य किया जा सकता है ।

सूखे की वजह से 1987-88 के बजट में आय कर अधिभार लागू किया गया था, जो गत वर्ष भी जारी रहा । आगामी बजट में यह समाप्त किया जा सकता है । अच्छे मानसून की वजह से इसे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रहा । इन उपायों से सरकार को राजस्व में जो कमी होगी, उसकी पूर्ति कर-कानूनों का कड़ाई से पालन कराने और काले धन की जब्ती से की जा सकती है ।

मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को

भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल के साथ सीटों पर तालमेल के लिए तैयार

कलानौर (रोहतक), 19 फरवरी (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल के साथ सीटों पर तालमेल करने को तैयार है ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ईमानदारी से काम करना चाहती है । उसने अपना पृथक अस्तित्व बनाए रखने का निश्चय किया है, क्योंकि उसे 1977 में जनता पार्टी के टूटने की घटना याद है । फिर भी वह आगामी लोकसभा चुनाव में सीटों पर तालमेल करना चाहती है । श्री वाजपेयी हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रथम ग्राम-सरपंच महासम्मेलन में भाग लेने के बाद एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

पंजाब समस्या की चर्चा करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र हल है कि राजीव सरकार हटाओ । उन्होंने कहा कि जब तक वर्तमान केन्द्र सरकार नहीं हटती, पंजाब समस्या का हल नहीं हो सकता क्योंकि वह इसे हल करना ही नहीं चाहती ।

श्री वाजपेयी ने आशंका व्यक्त की कि कांग्रेस (इ) आगामी चुनाव को देखते हुए पंजाब की स्थिति को और बिगाड़ सकती है । उन्होंने कहा कि पहले केन्द्र सरकार पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान की सरकार को दोष देती थी, किन्तु श्रीमती बेनजीर भुट्टो के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को दोष देना क्यों बंद कर दिया गया ?

उन्होंने सवाल किया कि अगर पाकिस्तान पंजाब में आतंकवादी कार्रवाई में मदद देता है तो उसके साथ दोस्ती क्यों ? उन्होंने कहा कि सियाचिन के मामले पर पाकिस्तान चीन का साथ दे रहा है और हमारे प्रधानमंत्री बेनजीर को चीन यात्रा पर उन्हें बधाई दे रहे हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हाल की चीन यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार ने तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मान लिया है, जबकि चीन ने सिक्किम और जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं स्वीकार किया है ।

श्री वाजपेयी ने देश में पंचायत राज को लागू करने के लिए संविधान में आवश्यक संशोधन करने पर बल दिया ।

झा पद पर बने रहेंगे

नई दिल्ली, 19 फरवरी (वार्ता): समझा जाता है कि कांग्रेस (इ) हाईकमान ने भागवत झा आज़ाद को बिहार के मुख्यमंत्री पद पर बनाए रखने का फ़ैसला किया है । मगर तत्काल यह विदित नहीं हो सका कि बिहार के मुद्दे का अंतिम तौर पर समाधान हो गया है या बाद में किसी समय इसकी समीक्षा की जा सकती है । ऐसा समझा जाता है कि फिलहाल प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बिहार में पार्टी के असंतुष्ट नेताओं को इस बात के लिए मना लिया है कि वे केंद्रीय नेतृत्व के साथ सहयोग दें । हाईकमान की यह राय बताई जाती है कि इस समय श्री आज़ाद को मुख्यमंत्री पद से हटाना उचित नहीं होगा और ऐसा करना पार्टी की छवि के लिहाज से भी उचित नहीं होगा । पिछले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री ने बिहार के कुछ पार्टी नेताओं से विचार-विमर्श किया था । उपरोक्त निर्णय इन सभी के दृष्टिकोणों पर विचार करने के बाद लिया गया बताया जाता है ।

'ह.स.' के अनुसार आज पांच राज्यों के नए राज्यपालों की नियुक्ति के साथ ही बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना बलवती हो गई है ।

माघी-पूर्णिमा कुम्भ स्नान आज

इलाहाबाद, 19 फरवरी (वार्ता): महाकुम्भ के पांचवें मुख्य स्नान पर्व माघी-पूर्णिमा पर कल तड़के एक बार फिर लगभग 20 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाएंगे । माघी-पूर्णिमा के साथ ही कल लग रहे चन्द्र ग्रहण के कारण इस स्नान पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है जिससे स्नानार्थियों की संख्या इससे भी अधिक हो सकती है ।

रशदी की माफी स्वीक

लंदन, 19 फरवरी (वार्ता): विवादास्पद पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेस' के लेखक सलमान रशदी द्वारा मांगी गई माफी को स्वीकार करने की अपनी घोषणा से

आकाश गंगा

Punjabi Sansar

पंजाब शिवसेना के महासचिव श्री यशपाल दियोड़ा जिनकी आतंकवादियों ने कोटकपूरा में हत्या कर दी। (छाया : मित्तल)

पंजाब में हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे एक बंदक तथा एक रिवाल्वर बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की पहचान गुरदयाल सिंह, दर्शन सिंह, हरभजन सिंह, गुरदेव सिंह, गुरदीप सिंह, सरबजीत सिंह, हरेन्द्र सिंह मलसियां, शाम सिंह, तरसेम सिंह उर्फ़ सेमा, परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा तथा कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है।

अधजली लाश मिली : पुलिस ने बताया कि थाना जालंधर के गांव नरमूर में खेत में एक व्यक्ति की लाश मिली है जिसके हाथ और पैर जले हुए थे।

मिल्क फैड टैक्नोक्रेट्स कर्मियों द्वारा कड़ी कार्रवाई की धमकी

जालंधर, 19 फरवरी (ढल्ल): पंजाब मिल्क फैड डेरी टैक्नोक्रेट्स एसोसिएशन पंजाब की आम सभा श्री जे.एस. मल्ही की अध्यक्षता में आज यहां हुई, जिसमें मिल्क फैड प्रबन्धकों द्वारा गत दो वर्ष से उनकी मांगें टालने पर रोष प्रगट किया गया और मांगें अधिक देर लटकाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। प्रसभा ने अप्रैल के पहले सप्ताह में मिल्क फैड मुख्यालय पर रोष रैली करने का निर्णय किया।

जांच समिति से रिपोर्ट शीघ्र पेश करने की मांग

होशियारपुर, 19 फरवरी (अश्विनी): पंजाब इलैक्ट्रोपैथी छात्र यूनियन ने केन्द्रीय सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा इलैक्ट्रोपैथी व इलैक्ट्रो होम्योपैथी सिस्टम को मान्यता प्रदान करने के मामले की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के कार्यकाल में अप्रैल के अन्त तक वृद्धि करने के निर्णय की कड़ी आलोचना की है।

यूनियन की यहां सम्पन्न बैठक में एक प्रस्ताव पास करके कहा गया कि यह वृद्धि लगातार तीसरी बार की गई है। यह मांग की गई कि समिति अपनी रिपोर्ट मार्च में अवश्य सरकार को प्रस्तुत कर दे ताकि छात्र अपनी वार्षिक परीक्षाएं दे सकें। एक अन्य प्रस्ताव द्वारा एन.ई.एच.एम. के सचिव से मांग की गई कि अगर समिति अपनी रिपोर्ट मार्च के अन्त तक नहीं देती तो परीक्षाएं समिति की रिपोर्ट आने तक स्थगित कर दी जाएं।

Punjabi Sanstari

एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या

के.सी.एफ. के 5 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

3 घुसपैठिये मारे गये : पातड़ां मंडी में फायरिंग

चंडीगढ़, 20 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात आतंकवादियों ने एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या कर दी । 3 घुसपैठिये मारे गये । खालिस्तान कमांडो फोर्स के 5 कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार किये गये जो कि बेअंतवादी हत्या कांड तथा सुन्दर चक्क में 12 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त थे । इनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए । पातड़ां मंडी में आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की परन्तु कोई घायल नहीं हुआ ।

5 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोहड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. ने संयुक्त कार्रवाई करके आज तड़के गांव नसीरपुर में से नरिन्द्र सिंह के घर के निकट से रहे 5 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे काफी संख्या में हथियार, विस्फोटक सामग्री, धमकी पत्र व के.सी.एफ. के लैटरपैड बरामद करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनकी शनाख्त प्रकाश सिंह उर्फ सैक्रेटरी (मीरपुर), जसमीत सिंह उर्फ तोती, बलकार सिंह, दारा सिंह (तीनों गांव टांडियाला नड़ाग) व नरिन्द्र सिंह (नसीरपुर) के रूप में करके इनसे रॉकेट लांचर, 7 राकेट ग्रेनेड, एक नई किस्म की 12 बोर दोनाली बंदूक, एक एच.ई. 36 हथगोला, दो रत कांटन स्लैब बम, दो डैटोनेटर, काफी मात्रा में नई किस्म की फ्यूज तार (जो एक मैकेनिज्म में 100 रज तक स्पार्क करती है), एक भरी हुई पिस्तौल, 15 के.सी.एफ. के लैटरपैड व अमीर जमींदारों, पचों व सरपंचों को लिखे लगभग 200 धमकी पत्र मिले हैं । यह सभी के.सी.एफ. के ढांचा बैग से बरामद हैं ।

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने कहा कि इन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि वे रात 11 जनवरी को गांव कोटलावाली में 4 व्यक्ति व बेगुनाह लोगों को काली कार सवारों, एके-47 के निकट क्षेत्र सुंदर चक्क में 12 लोगों की हत्या करने, कंडियाल कालोनी में दो महिला हो सहित तीन बच्चे की हत्या करने, बी.एस.एफ. की अमर-अकाल पैट्रोलिंग पार्टियों पर घात लगाने व विस्फोट करने सहित अमीर जमींदारों, पचों, सरपंचों व बड़ी मालिकों से जबरी धन बटोरने में संलिप्त हैं ।

जिला पुलिस प्रमुख गोबिन्द राम ने कहा कि यह खतरनाक आतंकवादी कोरियर, संदेशवाहक व स्टोर कीपर का काम करने के साथ गांवों में पचों-सरपंचों को पुलिस व बी.एस.एफ. के विरुद्ध भड़काने का काम भी करते थे और अब यह पुलिस जिला बटाला में सामूहिक हत्याओं की योजनाएं बना रहे थे ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि यह गिरोह सुखदेव सिंह डाकला की अगुवाई में सुखविंदर सिंह उर्फ पप्पू के नेतृत्व में काम कर रहा था । 'पप्पू' पुलिस के छापे के दौरान भाग निकलने में सफल हो गया ।

अटारी : पुलिस जिला बटाला में गत रात्रि पुलिस थाना कलानौर के निकट गांव नानोवाल स्थित दो भाइयों बलकार राम व हरबंस लाल के घर से 8 नकाबपोश अज्ञात लोग लोहे के जेवर व कीमती सामान लूट कर ले गए ।

40 हजार ले उड़े : औद्योगिक शहर बटाला के नेहरू गेट क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी के निकट से कोई चोर एक स्कूटर की टोकरी में पड़ा थैला उड़ा ले गया । रमेश कुमार अग्रवाल ने थाना सिटी पुलिस में दर्ज शिकायत में लिखा है कि वह दुकान से उठाकर अपने व दुकान का अन्य सामान [illegible] दुकान बन्द करके स्कूटर की टोकरी में रख कर घर [illegible] थैला चला ले गया, उसमें उनके [illegible] 40 हजार रुपए, दुकान के [illegible] थे ।

परिवार के [illegible] हत्या : अमृतसर (संवाददाता) : [illegible] में गत रात आतंकवादियों ने एक [illegible] अंतर्गत गांव [illegible] में एक [illegible] सदस्यों की गोलियां मार कर [illegible] सूचनाओं के अनुसार [illegible] आतंकवादी गांव खैहरा में [illegible] के घर में बनाए घने और [illegible] गोलियों की बौछार आरम्भ कर दी [illegible] मौके पर ढेर हो गए । [illegible] सुखदेव सिंह उर्फ टीटू [illegible] बाद में उसके तीसरा लड़का नरेंद्र [illegible] को घायल हो गया । चश्मदीद [illegible] को [illegible] के लिए अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

चश्मदीदों के अनुसार घटनास्थल से बरामदीदा सिंह 'सोना' गिरोह का एक एक छात हुआ है जिसने कहा गया है कि सरहदी क्षेत्र में आतंकवादियों के मार्ग बनने के बारे में यह कार्रवाई की गई है ।

टीचर को फांसी : अमृतसर जिले के ही थाना अजनाला के गांव रामदेवी गांव दड्डा में गत रात आतंकवादी एक स्कूल टीचर सिंह के घर में घुसे तथा उसे बंदूक की नोक पर घर से बाहर ले आये । कुछ दूरी पर ले जाकर उन्होंने उसके गले में फंदा डाल कर उसे वृक्ष से लटका कर मार डाला । मृतक गांव फतेहाबाद के स्कूल में तैनात था । उग्रवादी आतंकी घटना से दो दिन पूर्व मृतक सिंह को एक धमकी चिट्ठी भी लटकाया गया ।

प्रत्यक्ष ने बताया कि मृतक सिंह बुलाई लगभग था । आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया तथा उसने इन की मांग की । जब उसने मानने से इन्कार किया तो उसको वृक्ष से लटका दिया [illegible] ।

3 घुसपैठिये मारे : भारत-पाक सीमा के [illegible] सेक्टर में 3 घुसपैठिए की [illegible] की गोली से मार गये जबकि एक अन्य बच गया [illegible]

[illegible] सीमा चौकी के [illegible] एक अज्ञात आदमी की [illegible] की गोली से मारी गई । [illegible] के पास से [illegible] बरामद हुई है ।

[illegible] (पठानकोट) : [illegible] पर पाकिस्तान की [illegible] के पास [illegible] की पार [illegible] गांव [illegible] के [illegible] के [illegible] के

एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या

के.सी.एफ. के 5 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

3 घुसपैठिये मारे गये : पातड़ां मंडी में फायरिंग

चंडीगढ़, 20 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात आतंकवादियों ने एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या कर दी । 3 घुसपैठिये सीमा पर मारे गये । खालिस्तान कमांडो फोर्स के 5 कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार किये गये जो कि बज्जियांवाली फांसी कांड तथा सुन्दर चक्क में 12 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त थे । इनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए । पातड़ां मंडी में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की परन्तु कोई घायल नहीं हुआ ।

5 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. ने संयक्त कार्रवाई करके आज तड़के गांव नसीरपुर में से नरिन्द्र सिंह के डेरा के निकट सो रहे 5 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे काफी संख्या में हथियार, विस्फोटक सामग्री, धमकी पत्र व के.सी.एफ. के लैटरपैड बरामद करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनकी शिनाख्त प्रकाश सिंह उर्फ सैक्रेटरी (मीरपर), गरमीत सिंह उर्फ तोती, बलकार सिंह, दारा सिंह (तीनों गांव टडियाला नजारा) व नरिन्द्र सिंह (नसीरपुर) के रूप में करके इनसे पोर्टेबल राकेट लांचर, 7 राकेट ग्रेनेड, एक नई किस्म की 12 बोर दोनाली बंदूक, एक एच.ई. 36 हथगोला, दो गन कॉटन स्लैब बम, दो डैटोनेटर, काफी मात्रा में नई किस्म की फ्यूज तार (जो एक सैकेंड में 100 गज तक स्पार्क करती है), एक भरी हुई पिस्तौल, 15 के.सी.एफ. के लैटरपैड व अमीर जमींदारों, पंचों व सरपंचों को लिखे लगभग 200 धमकी पत्र मिले हैं । यह सभी के.सी.एफ. के झामका गैंग से संबंधित हैं ।

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने कहा कि इन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि वे गत 11 जनवरी को गांव बज्जियांवाली में 4 मासूम व बेगुनाह लोगों को फांसी पर लटकाने, पठानकोट के निकट क्षेत्र सुंदर चक्क में 12 लोगों की हत्याएं करने, कंडियाल कालोनी में दो महिलाओं सहित एक बच्चे की हत्या करने, बी.एस.एफ. की अलग-अलग पैट्रोलिंग पार्टियों पर घात लगाने व विस्फोट करने सहित अमीर जमींदारों, पंचों, सरपंचों व भट्ठा मालिकों से जबरी धन बटोरने में संलिप्त हैं ।

जिला पुलिस प्रमुख गोबिन्द राम ने कहा कि यह खतरनाक आतंकवादी कोरियर, संदेशवाहक व स्टोर कीपर का काम करने के साथ गांवों में पंचों-सरपंचों को पुलिस व बी.एस.एफ. के विरुद्ध भड़काने का काम भी करते थे और अब यह पुलिस जिला बटाला में सामूहिक हत्याओं की योजनाएं बना रहे थे ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि यह गिरोह सुखदेव सिंह झामका की अनुपस्थिति में सुखविंदर सिंह उर्फ पप्पू के नेतृत्व में काम कर रहा था । 'पप्पू' पुलिस के छापे के दौरान भाग निकलने में सफल हो गया ।

लूटमार : पुलिस जिला बटाला में गत रात्रि पुलिस थाना कलानौर के निकट गांव नानेवाल में दो भाइयों बलवंत राय व हरबंस लाल के घर से 8 सशस्त्र अज्ञात लोग सोने के जेवर व कीमती सामान लूट कर ले गए ।

40 हजार ले उड़े : औद्योगिक शहर बटाला के नेहरू गेट क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी के निकट से कोई चोर एक स्कूटर की टोकरी में पड़ा थैला उड़ा ले गया । रमेश कुमार अग्रवाल ने थाना सिटी पुलिस में दर्ज शिकायत में लिखा है कि वह दकान की उगाही करके, पैसे व दकान का अन्य सामान थैले में डाल कर स्कूटर की टोकरी में रख कर फल आदि खरीद रहा था कि पीछे खड़े स्कूटर से कोई चोर वह थैला चुरा ले गया, जिसमें उसके उगाही के लगभग 40 हजार रुपए, दकान के कागजात, कैलकुलेटर आदि थे ।

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या: अमृतसर (सोनी): अमृतसर जिला में गत रात आतंकवादियों ने थाना सरहाली के अंतर्गत गांव खैहरा में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात लगभग 9 बजे आतंकवादी गांव खैहरा में एक व्यक्ति राम प्रकाश के घर में बलात् घुसे और घर के सदस्यों पर गोलियों की बौछार आरम्भ कर दी जिससे घर का मालिक राम प्रकाश, उसकी पत्नी राज रानी और उसके दो लड़कों भूपिंदर उर्फ टीटू तथा लेसराज मारे गये जबकि तीसरा लड़का नरेंद्र पाल बुरी तरह से घायल हो गया । घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

सूचनाओं के अनुसार घटनास्थल से बख्शीश सिंह 'सोना' गिरोह का एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें कहा गया है कि सरहाली क्षेत्र में आतंकवादियों के मारे जाने के बदले के रूप में यह कार्रवाई की गई है ।

टीचर को फांसी : अमृतसर जिले के ही थाना अजनाला के गांव तलवंडी राय ददुए में गत रात आतंकवादी एक स्कूल टीचर सुंदर सिंह के घर में घुसे तथा उसे बंदूक की नोक पर घर से बाहर ले आये । खुले ग्राउंड में ले जाकर उन्होंने उसके गले में फंदा डाल कर उसे वृक्ष से लटका कर मार डाला । मृतक गांव फतेहाबाद के स्कूल में तैनात था । तथापि सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि सुंदर सिंह को एक भीड़ विवाद में रस्सी पर लटकाया गया ।

प्रवक्ता ने कहा कि सुंदर सिंह भूतपूर्व सरपंच था । आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया तथा उससे धन की मांग की । जब उसने रुपये देने से इन्कार किया तो उसको वृक्ष से लटका दिया गया । उसका शव आज सुबह वृक्ष से लटकता मिला ।

3 घुसपैठिये मरे : भारत-पाक सीमा के खेमकरण सैक्टर में 3 घुसपैठिए बी.एस.एफ. की गोली से मारे गये जबकि एक अन्य बच कर भाग गया ।

अजनाला सैक्टर में कोहनगढ़ सीमा चौकी के निकट एक अज्ञात औरत बी.एस.एफ. की गोली से मारी गई । वह भारत में घुसने की कोशिश कर रही थी ।

उपहरण : फिरोजपुर (वार्ता) : डालियां वाले सज्जन्ने आतंकवादियों ने भारत-पाक सीमा पर बाग मल्लांवाली में सतलुज नदी के पार स्थित गांव मट्टियांवाली में एक कंटिदार तार के ठेकेदार मेंथी राज कुमार का अपहरण कर लिया । एक अन्य खबर में कहा गया है कि के.सी.एफ. के 5 सशस्त्र आतंकवादी गत शनिवार को थाना मक्खू के गांव सदर वाला में किरपाल सिंह (45) को उसके घर से निकाल कर ले गये तथा उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है जिसमें परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि किरपाल सिंह ने आतंकवादियों को पहचान लिया था । पहला रुझान पर किरपाल सिंह की ओर से लिखा गया एक पर्चा मिला था जिसमें कहा गया था कि किरपाल सिंह को धर्म विरोधी प्रचार के कारण मारा गया है लेकिन पुलिस का कथन है कि यह गांव के गुरुद्वारे पर कब्जे को लेकर झगड़ा का केस है । [illegible] अभी तक कुछ पता नहीं है ।

कमांडो एक्शन करके छुड़ाया : मोगा से 'आजाद' तथा मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार

(शेष पृष्ठ 6 पर)



पुलिस जिला बटाला में थाना सदर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल द्वारा गिरफ्तार बरामद हथियार तथा विस्फोटक सामग्री । इसमें एक पोर्टेबल राकेट लांचर, 7 17 राइफल शामिल है ।

4 वर्ष के बनवास के बाद धवन की वाप

नई दिल्ली, 20 फरवरी (स.अ.): श्री आर.के. धवन 4 वर्ष के बनवास के बाद पुनः राष्ट्रीय राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए आ गए हैं । वह स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के निकटवर्ती साथी थे और उनके विशेष सहायक थे । श्री राजीव गांधी के सत्ता में आते ही उन्हें यह सोच कर हटा दिया गया था कि वह काफी शक्तिशाली होते जा रहे हैं । इसके बाद उन्हें काफी परेशान भी किया गया ।

उनकी वापसी कैसे हुई, इस संबंध में पता चला है कि गत 27 जनवरी को श्री राजीव गांधी और श्री धवन की मुलाकात प्रधानमंत्री के रेसकोर्स रोड स्थित निवास स्थान पर हुई । प्रातः 10 बजे शुरू हुई यह मुलाकात 12 मिनट तक चली । श्री धवन को हटाए जाने के बाद यह प्रथम अवसर था जब दोनों ने इका राजनीति और अन्य मामलों पर विचार विमर्श किया ।

इससे पूर्व 12 जनवरी को शीला कौल के निवास-स्थान पर एक विवाह समारोह के दौरान श्री राजीव गांधी श्री धवन से मुलाकात हो चुकी थी । उस समय श्री राजीव गांधी ने ही श्री धवन को बुलाया था और कहा था कि 'आप कैसे हैं' ?

इस अवसर पर श्रीमती सोनिया गांधी ने श्री धवन के अभिवादन का जवाब दिया था । इस मुलाकात के तुरन्त बाद श्री धवन ने अपने एक निकटवर्ती साथी श्री कल्पनाथ राय को प्रधानमंत्री के पास भेजा, जिन्होंने श्री गांधी से कहा कि वर्तमान संकटग्रस्त स्थिति से श्री धवन ही इंका को निकाल सकते हैं ।

उच्च स्तरीय सूत्रों प्रधानमंत्री के कार्यालय नियुक्ति बारे पत्र तैयार घोषणा प्रथम फरवरी एम.एल. फोतेदार और श्री किया । अंत में फैसल गया । श्री धवन ने स्व नियुक्ति की पूर्व संध्या

'जी.एस. चाबला' प्रधानमंत्री के निकटवर सांसद ने श्री धवन की निभाई है । इसके अति इसके लिए प्रत्यनशील फैसले बारे श्री धवन शनिवार को सूचित कि वित्त मंत्रालय में भेज अरोड़ा अपने साथ श्री धवन की कोठी गए जानकारी दी ।

श्री धवन, जो इंदि सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति नेहरू, श्री एम.एल. फोते की 'तिकड़ी' का शिकार के सत्ता से हटने के बाद श्री धवन का जोरदार नियुक्ति से पूर्व श्री धवन गया कि वह प्रधानमंत्री कार्य की देखभाल करेंगे

इंका हालात सामान्य न होने तक पंचायत चुनाव कराने के विरुद्ध : बेअंत

जालन्धर, 20 फरवरी (डल्ला): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इं) के प्रधान श्री बेअंत सिंह ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पंचायत या नगर पालिकाओं के चुनावों समेत सभी स्तर के चुनाव तब तक कराने के विरुद्ध है जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते ।

श्री बेअंत सिंह ने कहा कि मौजूदा हालत में कोई भी राजनीतिक पग, जिसमें लोकतंत्रीय प्रक्रिया शुरू करना भी शामिल है, निरर्थक सिद्ध होगा । उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि करफ्यू और अन्य सीखचे से पूर्व उग्रवाद को सख्ती से कुचला जाए ।

श्री बेअंत सिंह ने रहस्योद्घाटन किया कि राज्य में कई और जिला कांग्रेस कमेटियों का पुनर्गठन किया जा रहा है जो कि अच्छी प्रकार से काम नहीं कर रहीं । उन्होंने ऐसी जिला इकाइयों की संख्या अथवा नाम बताने से इन्कार किया । इस प्रश्न के उत्तर में कि गत दिनों लुधियाना चुनाव में पार्टी की करारी हार पर कई पार्टी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री पर जो आलोचना प्रकाशित करवाई गई थी, उस बारे उनका क्या कहना है तो श्री बेअंत सिंह ने कहा कि सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे किन्तु सभी ने ऐसा वक्तव्य देने को नकारा है ।

इससे पूर्व श्री बेअंत सिंह ने गुरु रविदास जी के समारोह के संदेश पर चलने का आह्वान किया और कहा कि कोई पंथ या मजहब हिंसा नहीं सिखाता ।

श्री बेअंत सिंह ने पंजाब की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की इस बात के लिए कड़ी आलोचना की कि उसने धर्म स्थानों को समाज विरोधी तत्वों के कब्जे में चलने दिया । उन्होंने कहा कि इससे धार्मिक धर्म स्थानों की पवित्रता बनाए रखने के लिए जो दी किन्तु वह लोगों की आशाओं पर पूरी नहीं उतरी ।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए सतनाम सिंह चेयरमैन प्रकाशीलसर कमेटी ने की । इस अवसर पर शब्द गायन किया गए जिनमें कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया ।

फगवाड़ा (अशोक): श्री बेअंत सिंह ने अकाली दल (लौंगोवाल) नेता प्रैटन कमलजीत सिंह द्वारा अकाली दल को धर्म निरपेक्ष बनाने के लिए अकाली दल की सदस्यता सभी समुदायों के लिए खोलने की घोषणा पर भारी संदेह प्रकट किया है ।

आज फगवाड़ा में स्थानीय इका नेता विधायक जोगिन्दर सिंह मान के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जो अकाली दल साम्प्रदायिकता के रंग में पूरी तरह डूबा हुआ हो, वह किस तरह धर्म-निरपेक्ष बन सकता है ? उन्होंने जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी व प्रोफैसर दर्शन सिंह के इन आरोपों को पूर्णतः निराधार व मिथ्या प्रचार बताया कि केंद्र अकाली एकता के मार्ग में रुकावटें खड़ी कर रहा है तथा एकता प्रयास सिरे चढ़ने नहीं देना चाहता ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

तीन सीमांत जिलों को छोड़ कर बाकी जिलों में सरकार पंचायत-चुनाव करा देगी : रिबैरो

लुधियाना, 20 फरवरी (धीमान, मेहन्दा): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने कहा है कि पंजाब के सीमांत जिलों में कानून-व्यवस्था की हालत अब भी खराब है । मक्खू क्षेत्र जहां 11 व्यक्तियों की हत्या की गई थी और जहां से 50 हिन्दू परिवार पलायन कर गए हैं, के बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार को सूचना नहीं कि ये परिवार दिल्ली चले गए हैं ।

पंजाब के डाक्टरों की हड़ताल के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में श्री रिबैरो ने कहा कि उन्हें चाहिए कि वे अपना केस संघर्षवालिया समिति के सामने पेश करें । यदि उन्होंने केस पेश न किया तो फिर सरकार डाक्टरों के बारे में एक तरफा फैसला कर देगी । इस समय हड़तालो डाक्टरों की गैर हाजरी लग रही है । डाक्टर ड्यूटी पर न आए तो फिर सेना से डाक्टरों की सेवाएं प्राप्त की जाएंगी ।

पंचायतों के चुनाव के सम्बन्ध में श्री रिबैरो ने कहा कि इस समय सीमांत जिलों अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर में हालात ठीक न होने के कारण वहां पंचायत चुनाव कराने संभव नहीं हैं जबकि सरकार बाकी जिलों में चुनाव करा देगी ।

भू.पू. आई.जी. वार्डर श्री चमन लाल के पंजाब से चले जाने के सम्बन्ध में श्री रिबैरो ने कहा कि मेरा निजी विचार है कि उसने जो स्टैंड लिया था, वह ठीक था । मैं उसकी पुष्टि करता हूं ।

श्री रिबैरो ने बटाला के एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम के काम की प्रशंसा की ।

इससे पूर्व श्री रिबैरो ने सी.एम.सी. में नर्सिंग शताब्दी समारोह में भाग लिया और नर्सों की सराहना की ।

प्रतिरक्षा सचिव शेषन मंत्रिमंडलीय सचिवालय में भेजे गए

नई दिल्ली, 20 फरवरी (ह.स.): गत तीन दिनों के दौरान सचिव स्तर के अधिकारियों में आज दूसरी बार परिवर्तन किया गया है । इसके तहत प्रतिरक्षा सचिव श्री टी.एन. शेषन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव स्तर पर ऑपिसर ऑन स्पैशल ड्यूटी के

उम्मीदवार निमंत्रण की प्रतीक्षा में

नई दिल्ली, 20 फरवरी (वार्ता): डा. जगन्नाथ मिश्र 'लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक' करने के लिए बिहार में रोज कम से कम 10 जनसभाएं करते रहे हैं । मगर पिछले कछ दिनों से 'एकांतवास' में चले गए हैं और प्रतीक्षा कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री कब उन्हें औपचारिक रूप से केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने का न्योता देते हैं ।

डा. मिश्र को राजधानी में अभी कोई बंगला अलाट नहीं हुआ है इसलिए वह विरमल भाई पटेल हैं । वे दो विधियों से बंटे हैं—एक गुट मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद के विरोधियों का है जबकि दूसरा गुट उनके समर्थकों का है । श्री शिव चंदर झा, जिन्हें श्री आजाद के लिए संकट पैदा करने के आरोप में विधानसभा के अध्यक्ष पद से न चाहते हुए भी इस्तीफा देना पड़ा था, ने घोषणा कर रखी है कि जब तक श्री आजाद को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाया जाता वह बिहार वापिस नहीं लौटेंगे ।

आकाश में जन्म



विवादास्पद उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज' के लेखक सलमान रश्दी को लंदन स्थित अपने निवास स्थान को छोड़ कर जाते

रश्दी को कभी माफ नहीं किया जाए

निकोसिया (साइप्रस), 20 फरवरी (ए.पी.): ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खोमैनी ने ब्रिटिश उपन्यासकार सलमान रश्दी की मानहानि करते हुए कहा है कि मुसलमान इस उपन्यास को इस्लाम-विरोधी मानते हैं इसलिए श्री रश्दी को कभी माफ नहीं किया जा सकता है ।

ईरान की सरकारी समाचार समिति 'इरना' ने कल यहां जारी एक बयान में श्री खमैनी के हवाले से कहा है कि 'सैटेनिक वर्सेस' के उपन्यासकार को माफी मांगने के बावजूद बख्शा नहीं जा सकता ।

श्री खमैनी ने कहा है कि अगर सलमान रश्दी पश्चाताप करके इस काल का सब से पाक और नेक इन्सान भी बन जाए तो भी प्रत्येक मुसलमान का यह कर्त्तव्य है कि वह अपनी पूरी क्षिति तथा सामर्थ्य खर्च करके सलमान रश्दी को नरक में पहुंचाए ।

श्री खमैनी ने आरोप लगाया कि 'उपनिवेशवादी विदेशी प्रचार माध्यम यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि ईरान के सरकारी अधिकारियों ने यह कहा है कि 'अगर सलमान रश्दी माफी मांग ले तो उनका मूल्य दंड माफ कर दिया जाएगा' उन्होंने कहा कि यह शतप्रतिशत गलत है ।'

श्री खमैनी द्वारा विश्व भर के मुसलमानों से सलमान रश्दी को जान से मार डालने का आह्वान किए जाने के बाद श्री रश्दी पिछले 6 दिन से किसी अज्ञात स्थान पर रह रहे हैं । ईरान के कई धार्मिक नेताओं ने रश्दी को मारने वाले को 5[illegible]

श्री रश्दी के 547 पहला प्रकाशन लंदन स्थ की वार्षिक कम्पनी ने

इस उपन्यास पर ब ईरान, बंगला देश, मि प्रतिबंध लगा चुके हैं उ यूनान और तुर्की के प्रका फैसला किया है । इस प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं ने लिया है ।

खिंचेन ने आर्थिक स द्वारा सलमान रश्दी को फरमान की भर्त्सना व संयुक्त कार्रवाई करने स सम्भावना है कि समुदाय में ईरान के खिलाफ प्रति जा सकता है । खिंचेन ने कहा कि अयातुल्लाह के लिया जा रहा है ।

सूत्रों के अनुसार श्री सप्ताह के फैसले के लि जिसमें उन्होंने तेहरान वापस बुलाने से इन्कार

पर्यवेक्षकों का स्पष्ट विदेश मंत्री ईरान के

देश टूट सकता है—

नई दिल्ली, 20 फरवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने कहा है कि पार्टी में अनुशासनहीनता कतई बरदाश्त नहीं की जाएगी ।

कांग्रेस (इ) शासित अनेक राज्यों में असंतुष्टों की गड़बड़ी गतिविधियों की ओर स्पष्ट संकेत करते हुए श्री गांधी ने कहा, "पार्टी में अनुशासनहीनता की ऐसी कोई कार्रवाई बरदाश्त नहीं की जाएगी, जिससे पार्टी को कमजोर करने की संभावना हो ।"

देश टूट सकता है ।

श्री गांधी ने क आदर्श और कार्यक्र संकुचित दृष्टिकोण वा देश को पीछे धकेल दे को बढ़ावा मिलेगा ।

विडम्बना है कि भ्रष्ट लड़ने की बात कर

Punjabi Tribune

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 21.2.1989

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने 10 वर्ष बाद कुछ वारदातों में वांछित 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । यह हैं : सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, गुलजार सिंह, लाभ सिंह तथा कौर सिंह । उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने 1979 में चुहड़चक में एक व्यक्ति गरमेल सिंह को घायल किया था । उनके कब्जे से 5 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । एक अभियुक्त सुरेंद्र सिंह ने माना कि उसने 3 हत्याएं की हैं । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बलबीर सिंह का 16 फरवरी को अपहरण कर लिया था, जिसे मलोट पुलिस ने कमांडो एक्शन करके छुड़ा लिया है ।

जालंधर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में मलकीयत सिंह, सुरजीत सिंह तथा जतिन्द्र पाल को गिरफ्तार किया ।

एक अन्य वारदात में थाना आदमपुर के गांव कठार में निर्मल सिंह से राइफल छीन ली गई ।

ट्रक ले गए : 4 अज्ञात व्यक्ति आज सुबह जालंधर जिला में गोराया के निकट बी.टी. रोड से गेहूं की बोरियों से लदा एक ट्रक (एच.आई.ए. 6582) छीन कर ले गये । पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने, जो कि एक ट्रक में सवार थे, उक्त ट्रक के आगे निकल कर ड्राइवर अवतार सिंह को ट्रक रोकने पर विवश किया । इसके बाद उन्होंने ड्राइवर तथा क्लीनर को एक पेड़ से बांध दिया तथा दोनों ट्रकों को ले गये । अवतार सिंह से उन्होंने 650 रुपए भी छीन लिये ।

घायल : पटियाला (भुपेश): पंजाब अर्बन हाऊसिंग कार्पोरेशन के पातड़ा मंडी स्थित चौकीदार शम्भू राम को तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गत सायं गोलियां मार कर घायल कर दिया । उसे यहां सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है । घटनास्थल पर 16 खाली कारतूस मिले । इससे पहले अभियुक्तों ने कार्पोरेशन के गोदाम के निकट अनाज मंडी में फायरिंग की परन्तु कोई घायल नहीं हुआ ।

कल रात जिला में हथियार छीनने की वारदातें हुई । गांव बजाखेड़ी में सरपंच दर्शन सिंह से एक 32 बोर का रिवाल्वर व 18 कारतूस, कोटला में प्यारा सिंह से 455 बोर का रिवाल्वर, एक अन्य व्यक्ति से पिस्तौल और शाम सिंह व जोगिंद्र सिंह से एक-एक बंदूक छीनी गई । अज्ञात व्यक्ति एक मारुति कार में आये तथा एक जमींदार अजायब सिंह से 38 बोर का एक रिवाल्वर छीन कर ले गए थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिये हैं ।

50 हजार रुपए लूटे : उग्रवादियों ने आज रोपड़ जिला में एक किसान अजीत सिंह से 50,000 रुपए लूट लिये ।

कार छीन ली : दोराहा से आनन्द के अनुसार आज शाम लगभग पांच बजे निकटवर्ती गांव कोट शेखों के निकट कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से उसकी एम्बैसेडर कार नम्बर पी.बी.एल. 4114 पिस्तौल की नोक पर छीन ली ।

समाचार-पत्रों में छपा विज्ञापन भ्रामक : मिन्हास

जालन्धर, 20 फरवरी (ढल्ल): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव श्री एच.एस. मिन्हास ने एक वक्तव्य में बिजली बोर्ड की ओर से किसी समाचार-पत्र में छपे इश्तहार में की गई इस घोषणा को गुमराह करने

राज्यपाल की टालमटोल

(पृष्ठ 3 का शेष)

दाखिल हो गई । हड़ताली डाक्टर पंजाब सरकार के विरुद्ध नारे लगा रहे थे ।

पंजाब चौकीदार यूनियन के महासचिव श्री कर्मचन्द सैनी ने आज यहां घोषणा की कि राज्य भर में चौकीदार डाक्टरों की मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालयों पर धरने देंगे ।

अमृतसर में हड़ताली डाक्टरों ने मशाल लेकर आज जलूस निकाला । जलूस गुरुनानक देव अस्पताल से आरम्भ होकर शेर बाग में महाराजा रंजीत सिंह के बुत के पास समाप्त हुआ ।

चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के प्रधान डा. एम.एस. रंधावा ने कहा है कि हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक हमारी मांगें स्वीकार नहीं कर ली जाती । डा. रंधावा ने बताया कि आज सारे राज्य के डाक्टरों ने मशाल लेकर जलूस निकाले । इस अवसर पर उन्होंने शपथ ली कि वे अपना संघर्ष जारी रखेंगे और हर प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग कुछ वरिष्ठ डाक्टरों को ब्लैकमेल कर रहा है ।

फार्मासिस्ट 28 फरवरी को प्रदर्शन करेंगे

दीनानगर, 20 फरवरी (कपूर): पंजाब राज्य फार्मासिस्ट संघ जिला गुरदासपुर के सचिव श्री ओम शर्मा ने यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि 28 फरवरी को जिला-भर के सभी फार्मासिस्ट सामूहिक अवकाश लेकर निर्देशक स्वास्थ्य विभाग पंजाब (चंडीगढ़) के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे ।

शाम के भाव–(20 फरवरी, एस.एस.एस.)

दिल्ली क्लाथ 34.50, हिन्द मोटर 32.50, रिजायम 139, चांदी (999) दैनिक हाजिर (प्रति किलो) 6650, चांदी तिलिकी 6650, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7025, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम)2970, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3270, मिथ डिलिवरी : वनस्पति म.पी. (प्रति टीन) 305-308, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 304-312, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 153, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 151.50, तेल चावल साथ (10 किलो)136, तेल चावल असाथ (10 किलो) 110, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1600, तेल बिनौला (10 किलो) 158, गणेश वीरा (क्विंटल) 2725-2750, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) फरवरी 235, मार्च 245 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) रुच हाजिर 6652, चांदी तिलिकी 6652, चांदी गड्डी 6572, कच्ची चांदी 6690, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7030, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3070-3080, सोना स्टैंडर्ड 3270, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3160, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 258, निकल प्लेट 385-400, जस्ता 45, शुद्ध मैटल फुट 53, ताम्बा सिल्ली 83.50, ताम्बा रॉड 86.50, ताम्बा तार फुट 70, बदरी पीतल 51.50, पीतल चादर कतरन 55, पीतल भरत फुट 48, पीतल पर्जा फुट 48, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 60-61.50, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-71, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 67-71, अल्यूमीनियम सिल्ली 49.25, अल्यूमीनियम रॉड 51, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 42, अल्यूमीनियम तार फुट 45 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 312, आंध्र सीमैंट 11, अपोलो टायर 63.50, एशियन होटल 51, डी.सी.एम. लि. 34.50, डी.सी.एम. टोयोटा 11, इस्ट इंडिया होटल 59, एक्सप्रैस 62, फूड स्पैशलिटीज 190, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 98, एच.एम.एम. लि. 170, हीरो होंडा 32.50, हिंद

रशदी को माफी नहीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ब्रिटेन ने ईरान से अपने सभी पांच राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुलाने की घोषणा की है ।

अनुवादक को धमकी : स्टाकहोम : स्वीडन में रह रहे एक पाकिस्तानी को सलमान रशदी की किताब 'दि सैटेनिक वर्सेज' के उर्दू अनुवाद के लिए हत्या की धमकी मिली है । स्वीडिश अखबारों के अनुसार उक्त पाकिस्तानी ने कहा कि उसे तीन बार स्वीडी भाषा में धमकी दी गई और धमकी देने वाले का लबोलहजा ईरानी था । उर्दू अनुवादक ने कहा कि उसे धमकी दी गई कि अगर उसने छिपने की कोशिश की तो उसके घर को ही उड़ा दिया जाएगा और उसके परिवार की हत्या कर दी जाएगी ।

अनुवाद प्रकाशित करने की घोषणा : इसराईल के एक प्रकाशक ने घोषणा की है कि सलमान रशदी के विवादास्पद उपन्यास 'दि सैटेनिक वर्सेज' का शीघ्र ही 'हिब्रू' में अनुवाद प्रकाशित किया जाएगा ।

हरियाणा का बजट सत्र आज से

चंडीगढ़, 20 फरवरी (वार्ता): हरियाणा विधान सभा का चार सप्ताह का सत्र कल से यहां शुरू हो रहा है । राज्यपाल एच.ए. बरारी कल सदन में उद्घाटन अभिभाषण देंगे ।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता वर्ष 1989-90 के लिए 7 मार्च को बजट पेश करेंगे । श्री गुप्ता के पास वित्त विभाग है ।

निशान कला केंद्र जा
शाम राजकपूर के नाम
मंत्री श्री यश प्रसिद्ध
पुरस्कृत करते हुए ।
आमोपाल चड्ढा व श्री

नई हरियाण
कमेटी का ग

नई दिल्ली,20 फ
की सम्भावना है कि हरि
गठन इस सप्ताह के
कार्यकारिणी में तीन
महासचिव रखे जा सक
महासचिवों की नियुक्ति
इसके अतिरिक्त कार्यका
होंगे । हरियाणा प्रदेश
शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने
सूची पार्टी महासचिव श्
प्रधान के अनुमोदन के लि
में हरियाणा संबंधी कार्य

ऊंचे पहाड़ों पर पुनः हिमप
से शीत लहर का प्रकोप

चंडीगढ़, 20 फरवरी (वार्ता): लेह व इसके इर्दगिर्द के क्षेत्रों में पुनः हिमपात होने के कारण उत्तरी भारत में शीत लहर का प्रकोप अभी जारी है । हाल ही में हुए भीषण हिमपात की वजह से हिमाचल प्रदेश की आदिवासी पट्टी, जिसमें लाहौल-स्पीति तथा किन्नौर जिला व चम्बा जिले की पांगी घाटी शामिल हैं तथा जम्मू-कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है । इन क्षेत्रों में तापमान शून्य से 18 से 20 डिग्री तक कम हो गया ।

लेह व निकटवर्ती क्षेत्रों में आज सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक बर्फ गिरती रही जबकि कश्मीर घाटी और लद्दाख क्षेत्र में लगभग दिन-भर बादल छाए रहे ।

मौसम विशेषज्ञों ने आगामी 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर में वर्षा व हिमपात होने तथा क्षेत्र के शेष भागों में मौसम शुष्क रहने की भविष्यवाणी की है । इस प्रकार पिछले तीस वर्षों के दौरान इस बार सबसे लम्बी अवधि के लिए पड़ने वाले शीत के अभी जल्दी दूर होने की सम्भावनाएं क्षीण ही दिखाई देती हैं । मौसम कार्यालय ने अगली दो रातों तक अभी पंजाब में और भी कोहरा पड़ने का अनुमान बताया है ।

शीत से 39 मरे : इस सर्दी के मौसम में शीत लहर ने उत्तर-पश्चिम भारत में 39 जानें ली हैं । इनमें से 21 व्यक्ति हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चंडीगढ़ में सात-सात तथा हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में दो-दो लोगों की शीत लहर से बलि ली है । पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे अर्थात

(ह.स.): जम्मू-श्रीनगर
यातायात के लिए खुल गय
कारण शुक्रवार को जम्मा

गुरुद्वारा की
लाख रुपए
जांच कराई

अमृतसर, 20 फर
गुरुद्वारा प्रबन्धक कमे
सदस्य श्री पर्ण सिंह जोश
की है कि वह शिरोमणि
और उपसचिव को लिखि
गोलक से डेढ़ लाख रुपए
कराएं,अन्यथा वह अन्य
करेंगे ।

आज यहां जारी एक प्
कहा कि यदि शिरोमणि
जांच सम्बन्धी तुरंत कोई
जाएगा कि वह स्वयं भी इस
श्री जोश ने कहा कि कुछ
करना कि यह डेढ़ लाख
हुए श्री हरजिंदर सिंह जगरा
सहायतार्थ दिए गए हैं, पूर्ण
श्री जगराओं के परिवार को
राशि दी गई है, वह शिरोमणि
ड्राफ्ट बना कर दी गई है, ज
रुपए गोलक में से बाद में

श्री जोश ने कहा कि

पुलिस व सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 3 उग्रवादी, 8 घुसपैठिए मरे

एस.एस.पी. बाल-बाल बचे : पटियाला में चीनी मिल स्थित बैंक से डेढ़ लाख से अधिक राशि लूटी

पंजाब में 2 एस.पी.ओ. सहित 3 की हत्या : 36 उग्रवादी व शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 21 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने 2 एस.पी.ओ. सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में बाल-बाल बच गए । भारत-पाकिस्तान सीमा पर 8 घुसपैठिए और पुलिस व सुरक्षा बलों से मठभेड़ में 3 उग्रवादी मारे गए । एक दर्जन उग्रवादी सहित पुलिस ने लगभग तीन दर्जन उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया । जिला पटियाला में एक चीनी मिल में स्थित एक बैंक की शाखा से उग्रवादियों ने 1 लाख 63 हजार रुपए से अधिक राशि लूट ली । एक अन्य बैंक के गार्ड को गोली मार कर घायल कर दिया । जिला भटिंडा में उग्रवादियों के हमले में घायल व्यक्ति ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

एस.एस.पी. पर हमला : फरीदकोट (ह.स.): एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला के मल्लाकलां गांव में पुलिस की गश्ती टुकड़ी से हुई मठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।,दो उग्रवादियों ने सड़क के बीच एक स्कूटर रोक कर एस.एस.पी. पर फायरिंग की । इससे एस.एस.पी. बाल-बाल बच गए । पुलिस की जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग निकलने में सफल रहा । मृत उग्रवादी से एक 32 बोर का रिवाल्वर और सायनाइड का एक कैप्सूल बरामद हुआ ।

'मोगा' से आजाद के अनुसार दो स्कूटर सवार एस.एस.पी. की गाड़ी के आगे चल रहे थे । संदेह होने पर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया जिस पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । यह घटना गांव माहला भलूर के निकट हुई पुलिस ने नीले रंग का स्कूटर नम्बर पी.ए.आर. 2569, जो दूसरा उग्रवादी छोड़ कर भाग गया था, कब्जे में ले लिया । क्षेत्र की नाकाबंदी करके उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

मठभेड़ में दो मरे : मोगा (ह.स.): बाघा पुराना पुलिस स्टेशन के गांव लंगियाना के निकट आज सवेरे एक मठभेड़ के दौरान कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो खूंखार आतंकवादी मारे गए । पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने बताया कि मृतक आतंकवादियों के दो साथी भागने में सफल रहे । मृतकों के नाम नछत्तर सिंह उर्फ भोगड़ तथा बलबीर सिंह उर्फ टिंडियां बताए गए हैं । इन दोनों पर तीस-तीस हजार रूपए का इनाम था ।

श्री गिल ने बताया कि घटनास्थल से एक रिवाल्वर, एक ए.के. 47 किस्म की चीनी राइफल और 200 कारतूस भी बरामद हुए हैं । इन आतंकवादियों की पुलिस को कम से कम 18 मामलों में तलाश थी ।

पुलिस महानिदेशक ने यह भी बताया कि इन आतंकवादियों ने पिछले वर्ष फिरोजपुर के पास फिरोजपुर रेंज के उप-महानिदेशक पर भी हमला किया था । इस हमले में उप-महानिदेशक तो साफ बच गए लेकिन उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी ।

'आजाद' के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिलने पर कि बाघा पुराना क्षेत्र में कछ उग्रवादी घूम रहे हैं, प्रातः सवा नौ बजे एस.पी. आप्रेशन के नेतृत्व में एक पार्टी जिसमें डी.एस.पी. मोगा, भूषण कुमार गर्ग और बाघा पुराना के जोगिंदर शर्मा शामिल थे, ने क्षेत्र की छानबीन शुरू की और 31 एफ.इ.एन.पर पहुंचते ही उग्रवादियों, जो वहां छिपे हुए थे, ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग से मारे उग्रवादियों में से एक का नाम बलबीर सिंह उर्फ बिंदिया सिंवासी समालसर बताया गया है ।

दर्जन उग्रवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर (भागी): एस.एस.पी. श्री सुमन कुमार गोयल ने आज यहां दावा किया कि जिला पुलिस उग्रवादी संगठन के.सी.एफ. (निशान सिंह ग्रुप) के 70% सदस्यों को समाप्त कर चुकी है । आज यहां श्री गोयल ने बताया कि गत रात मल्लांवाला पुलिस स्टेशन के गांव बलटोह में नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध मठभेड़ के बाद पुलिस ने एक दर्जन उग्रवादी अमरीक सिंह को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके दो अन्य साथी भाग निकले । अमरीक पर 50 हजार रुपए का ईनाम रखा हुआ है । पुलिस ने उसके कब्जे से एक कार्बाइन और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री गोयल ने बताया कि अमरीक निशान सिंह का दायां हाथ रहा। वह मई में 5 बस यात्रियों और जीरा के निकट पांच कार सवारों की हत्या सहित 16 हत्याओं में संलिप्त था । तीन होमगार्ड के जवानों, पुलिस के हैडकांस्टेबल मुख्तियार सिंह और मल्लियां गांव में उसके पिता की हत्या में भी उसका हाथ था ।

श्री गोयल ने बताया कि दस सदस्यीय निशान सिंह गिरोह के चार सदस्य हाल ही में हुई मठभेड़ में मारे गए । मरजीत सिंह और गुरबंतन सिंह ने आत्मसमर्पण किया और अब गत रात अमरीक पकड़ा गया । श्री गोयल ने बताया कि निशान सिंह और उसके दो साथी ही अब शेष रह गए हैं । तीन सप्ताह पहले मख्तू पुलिस स्टेशन के गांव पीर मुहम्मद के युवक कारज सिंह का इस गिरोह ने अपहरण करके उसे अपने साथ मिलाना चाहा परन्तु पुलिस ने उनका सक्रियता से पीछा किया ।

श्री गोयल ने बताया कि पुलिस ने ए.के. 47 की चार राइफलें, एक कार्बाइन इस गिरोह से पकड़ी और छः शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया ।

घायल की मृत्यु : भटिंडा (ह.स.): आतंकवादी हमले में घायल मोहिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की जिला भटिंडा के सुनाम के अस्पताल में आज मृत्यु हो गई ।

बैंक लूटा : पटियाला (भूषण) चार उग्रवादियों ने गांव रखड़ा में सहकारी चीनी मिल में स्थित को-आपरेटिव बैंक की शाखा से स्टेनगन और पिस्तौलों की नोक पर 1,63,190 रुपए लूट लिए। प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादियों बैंक में दाखिल होते ही बैंक के गार्ड स बंदूक छीन ली । इसके बाद उन्होंने कैशियर बोध राज से उक्त राशि लूट ली और फरार हो गए । जाते हुए उग्रवादी बैंक गार्ड की बंदूक एक खेत में फैंक गए जो बाद में पुलिस ने बरामद की ।

गार्ड घायल : एक अन्य वारदात में दो उग्रवादी राजपुरा तहसील के गांव अजरौर स्थित सैंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा में गए और बैंक के गार्ड नरेन्द्र दत्त के पैर में गोली मारी । गार्ड की जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए ।

दो दर्जन हिरासत में : कपूरथला (ह.स.): पुलिस और सुरक्षा बलों ने गत रात ढिलवां, कहलवां, मोठांवाला, सिधवां, कालासंघियां और टाहलीवाला गांवों से लगभग दो दर्जन संदिग्ध लोगों को पकड़ा है ।

सो रहे व्यक्ति की हत्या : जालंधर (वार्ता): कल रात होशियारपुर जिला में टांडा पुलिस स्टेशन के अग्गे गांव में तीन आतंकवादियों ने दीदार सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली से मार दिया । दीदार सिंह उस समय सो रहा था ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादी ए.के. 47 राईफलों से लैस थे । दीदार सिंह जिस कमरे में सो रहा था आतंकवादियों ने उसकी खुली खिड़की से उस पर गोलियां बरसाईं । उसके भयभीत पड़ोसियों ने आज सुबह इस वारदात की खबर पुलिस को दी ।

पांच हिरासत में : पुलिस ने जिला बार एसोसिएशन के प्रधान परमजीत सिंह सिद्धू के गांव दकोहा स्थित घर और खेतों पर छापा मार कर श्री सिद्धू के एक क्लर्क और एक नौकर सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह सूचना मिलने पर कि खेतों में उन्होंने हैंडग्रेनेड दबा रखे हैं, पुलिस ने छापा मारा । इनमें से कमल खान होमगार्ड का जवान है । उससे पूछताछ जारी है ।

2 एस.पी.ओ. की हत्या : अमृतसर (ह.स.): बब्बर खालसा के गुट के छह आतंकवादियों ने आज तड़के अमृतसर जिले में पट्टी थाने के बरवाला गांव में विशेष पुलिस अधिकारी दर्शन सिंह और लाभ सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने इन दोनों का अपहरण किया और बाद में गोली मार दी । दोनों अधिकारी छुट्टी पर थे ।

'अशोक' के अनुसार गत रात्र लगभग आठ उग्रवादी गांव बरवाल के एक डेरे में घुसे जहां उक्त मृतक कांस्टेबल रहते थे, अन्दर घुसते के बाद उग्रवादियों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग शुरू कर दी जिससे दोनों वहीं ढेर हो गए ।

घटनास्थल पर छोड़ी गई एक पर्ची में बब्बर खालसा के स्वयंभू कमांडर रंजीत सिंह बब्बर ने इस कांड की जिम्मेदारी ली है । सूत्रों में इनकी हत्या का कारण इनका होमगार्ड में भर्ती होना कहा गया है । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 राइफल के सात खाली कारतूस बरामद हुए हैं । मृतकों में से एक थाना सदर तरनतारन में नियुक्त था जबकि दूसरा पट्टी थाने में ।

5 घुसपैठिये मरे : भारत-पाक सीमा पर भिखीविंड इलाके में अमर चौकी के पास पाकिस्तान से आये तीन घुसपैठिये सीमा सरक्षा बल के साथ कल हुए मठभेड़ में मारे गये । रिपोर्ट में बताया गया है कि दो या तीन घुसपैठिये वापस भागने में कामयाब हो गए ।

जिला के कांहनगढ़ क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अजित सिंह समर्थक 3 सदस्यों द्वारा जनता दल केन्द्रीय संसदीय बोर्ड से इस्तीफ़ा

नई दिल्ली, 21 फरवरी (ह.स.): जनता दल के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के तीन सदस्य श्री राम नरेश यादव, श्री तुलसी सिंह यादव और श्री उपेंद्र नाथ वर्मा तथा दल के महासचिव रशीद मसूद ने आज उत्तर प्रदेश और बिहार के पार्टी अध्यक्षों के चयन के प्रश्न पर अपने-अपने पदों से इस्तीफ़ा दे दिया है । इसी के साथ पार्टी के आंतरिक मतभेद उभर कर सामने आ गए हैं । पार्टी सूत्रों के अनुसार इन नेताओं ने अपना इस्तीफ़ा जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह को भेज दिये हैं । लेकिन श्री सिंह के निकटवर्ती सूत्रों ने इस्तीफ़ा के मिलने के बारे में कुछ भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया । इस्तीफ़ा देने वाले ये चारों नेता जनता दल के मुख्य महासचिव अजित सिंह के समर्थकों के रूप में जाने जाते हैं । श्री राम नरेश यादव उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद के दावेदार थे,लेकिन संसदीय बोर्ड ने परसों बहुमत से श्री मुलायम सिंह यादव को इस पद के लिए चुन लिया था ।

परसों रात जनता दल के केंद्रीय कार्यालय में जब संसदीय बोर्ड की बैठक हुई थी तो उत्तर प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष पद के लिए श्री राम नरेश यादव का दावा ठुकरा दिया गया था और बोर्ड ने बहुमत से मुलायम सिंह को इस पद के लिए चुन लिया । इसके विरोध में श्री राम नरेश यादव बोर्ड की बैठक के बीच से उठ कर चले गए थे ।

कल हरियाणा भवन में सम्पन्न बोर्ड की बैठक का भी राम नरेश यादव, श्री तुलसी सिंह यादव और श्री उपेंद्र नाथ वर्मा ने बहिष्कार किया । श्री अजित सिंह समर्थकों की कल जनता दल के महासचिव रशीद मसूद के निवास पर आगे की रणनीति तय करने के लिए बैठक हुई । सूत्रों के अनुसार कल बोर्ड की बैठक में श्री चंद्रशेखर और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के बीच भी बिहार पार्टी अध्यक्ष के नाम को लेकर तीखी झड़प हुई थी,लेकिन श्री अजित सिंह, श्री शरद यादव और श्री मुलायम सिंह यादव के बीच-बचाव के कारण संकट की स्थिति फिलहाल टल गई । सूत्रों ने बताया कि बिहार पार्टी के अध्यक्ष के लिए श्री रघुनाथ झा के नाम पर आज सहमति हो जाने के बावजूद जब श्री सिंह ने श्री राम सुन्दर दास के नाम का प्रस्ताव बैठक में रखा तो श्री चंद्रशेखर बिफर उठे । इस पर श्री सिंह तमक कर बैठक से बाहर निकल आए,लेकिन जनता दल के मुख्य महासचिव अजित सिंह ने स्थिति को बिगड़ने से बचाया और श्री सिंह को बैठक में वापस लाने के लिए उनके पीछे-पीछे गए । श्री अजित सिंह के अलावा दल के अध्यक्ष को मनाने के लिए श्री शरद यादव और श्री मुलायम सिंह यादव भी बैठक से बाहर आ गए और उन्हें मना कर ले गए । सूत्रों ने बताया कि श्री अजित सिंह के समर्थकों में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव को लेकर व्यापक रोष है और वे जनता दल से अलग होकर नई पार्टी गठित करने के बारे में गम्भीरतापूर्वक विचार करने लगे हैं ।

उत्तर जरूरी नहीं : नई दिल्ली : राष्ट्रीय मोर्चा के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा मोर्चा के नेताओं पर लगाए गए आरोपों को बेतुका बताते हुए कहा है कि इन आरोपों का उत्तर देना भी जरूरी नहीं है ।

श्री सिंह ने प्रधानमंत्री श्री गांधी पर देश में अलगाववादी और विघटनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि चाहे पंजाब हो अथवा जम्मू-कश्मीर या उत्तर-पूर्व सभी क्षेत्रों में पृथकतावादी ताकतें सिर उठा रही हैं और प्रधानमंत्री चाहते हैं कि संसार इन सारी समस्याओं के लिए नवजात राष्ट्रीय मोर्चा को जिम्मेदार मान लें ।

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शांत वातावरण में शुरू

चंडीगढ़, 21 फरवरी (एन.एस. परवाना): हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज यहां शांतमय वातावरण में शुरू हो गया । हरियाणा के राज्यपाल श्री एच.एल. बरारी ने इस सत्र का उद्घाटन किया । राज्यपाल ने अपना अभिभाषण हिंदी में पढ़ा तथा उन्हें अभिभाषण पूरा करने में करीब 80 मिनट का समय लगा । सत्तारूढ़ पक्ष ने श्री बरारी के भाषण के दौरान कई बार भेजें थपथपाईं ।

श्री बरारी का भाषण जब पूरा होने ही वाला था तो मालवी सदस्य श्री हरपाल सिंह सदन से बाहर चले गए । यह तब हुआ जब श्री बरारी ने कहा कि उनकी सरकार ने कर्मियों के कल्याणार्थ कई काम किए हैं, इस पर श्री हरपाल सिंह ने अपने स्थान पर खड़े होकर विरोध स्वरूप कर्मियों की मांगों बारे कुछ कहना चाहा,पर सत्तारूढ़ पक्ष ने नोंक-झोंक शुरू कर दी,जिस पर श्री हरपाल सिंह सदन से 'वाकआऊट' कर गए । स्पीकर श्री एच.एस. चट्ठा ने भी श्री हरपाल सिंह से कहा कि वह बैठ जाएं । जिस तरीके से वह बोल रहे हैं,वह उचित नहीं है ।

श्री एच.ए. बरारी ने कहा है कि राज्य में वर्ष 1988-89 के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्यतः ठीक रही है । यह सब राज्य पुलिस की सतर्कता के कारण ही सम्भव हो सका है ।

हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर अपने अभिभाषण में श्री बरारी ने कहा कि राज्य पुलिस ने इस अवधि में दर्ज किए आतंकवाद के प्रायः सभी मामले सुलझा लिए हैं ।

पंजाब के क्षेत्र में बन रही सम्पर्क नहर के कार्य पर अपनी सरकार का रोष व्यक्त करते हुए श्री बरारी ने कहा कि केन्द्र को इस मामले में तुरन्त कोई पग उठाना चाहिए ताकि यह आगामी जून माह तक पूरी हो सके ।

बजट सत्र के पहले दिन की उल्लेखनीय बात यह रही है कि जहां दोनों कम्युनिस्ट सदस्य हरनाम सिंह व हरपाल सिंह सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के समय बैठे थे वहां विपक्षी दल इंका के दो सदस्य बलबीर पाल शाह तथा श्रीमती जसमां देवी अनुपस्थित थे, पर इंका के शेष दो सदस्य मोहम्मद असलम खान तथा एम.पी. सिंह सदन में उपस्थित थे और इन्होंने राज्यपाल का अभिभाषण शांतिपूर्वक सुना ।

आज राज्यपाल के अभिभाषण के समय दर्शक दीर्घा बिल्कुल खाली पड़ी थी । ऐसा लगता है कि सुरक्षा के दृष्टिगत किसी तरह के पास जारी नहीं किए गए परन्तु आफ़िसर्ज़ गैलरी खचाखच भरी हुई थी । गैर विधायक मंत्री श्री अबतार सिंह अदाना ने आज पहली बार सदन की कार्रवाई में भाग लिया । आज सदन की पांच महिला सदस्यों में से केवल एक शिक्षा मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ही सदन में उपस्थित थीं, जबकि केंद्रीय मंत्री श्री भजन लाल की पत्नी श्रीमती जसमां देवी, स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा, श्रीमती विद्या चैनीवाल और माधवी कीर्ति सदन में नहीं आई थीं ।

लोकसभा के सदस्य पहली बार आज जनता दल के सदस्यों के तौर पर सदन में आए थे ।

सदन में मर्यादा समिति के कार्यकाल को बढ़ाने की अनुमति दी गई ।

श्रद्धांजलियां : विधान सभा में आज सोवियत संघ के भूकम्प में मरने वालों तथा कैथल नरसंहार में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलियां अर्पित की गईं । सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण किया व शोक प्रस्ताव पारित किए । जिन अन्य व्यक्तियों को श्रद्धांजलियां दी गईं, उनमें न्यायमूर्ति श्री एच.एम. बेग, कलाकार श्री सफदर हाशमी, लेखक जितेन्द्र कुमार, पं. नरेन्द्र शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय अदालत के पूर्व न्यायाधीश डा. नगेंद्र सिंह, पंजाब के चार पूर्व मंत्री सर्वश्री हिताभिलाषी, हरभजन सिंह, देस राज और भगवान दास के नाम भी शामिल हैं ।

...क को संबोधित करने के लिए ...कर दयाल शर्मा, प्रधानमंत्री (छाया : प्रे.इ.)

...कमेटी के ...न करेंगे

...क्टरों की मांगें न मानीं तो वह भी ... हो जाएंगे ।

... (विनोद): पंजाब में ...डाक्टरों द्वारा शुरू की गई ...र हड़ताल 20वें दिन में प्रवेश ...की सेहत सेवाएं पूर्णतः ठप्प होकर ...हताल किए हुए डाक्टरों द्वारा ...डी. पर मरीजों की संख्या प्रतिदिन ... डाक्टरों द्वारा 23 फरवरी को ...में एक रैली की जा रही है, जिसमें ...भी आमंत्रित किया गया है जिसमें ...गों के बारे लोगों को जानकारी

... : लुधियाना (महिन्द्रा): डायरी ...शन लुधियाना ने पंजाब के ...ए.एस. रे से अपील की है कि वह ... की हड़ताल हस्तक्षेप करके

...क्तव्य में लुधियाना पोल्ट्री फार्म ... महासचिव श्री समीर वर्मा ने भी ...डाक्टरों की हड़ताल तुरन्त समाप्त ...ा किया है ।

...पाम आयल ...क जोरों पर

... हैं । इस तरह विभाग और डिपो ...ने हथकंडों से दोनों हाथों से जनता

...ई विभाग द्वारा सप्लाई किया जा ...तेल, पाम आयल, चीनी इत्यादि ...है । डिपो होल्डर इसे अन्दर सरका ...विभाग के कर्मचारी अपना हिस्सा ... समूह इलाकों के डिपो होल्डरों ...चारी हैं क्योंकि पांचा कालोनियों में ...उपभोक्ता कभी डिपुओं पर नहीं ...के हिस्से का सप्लाई माल खुले ...हा हैं ।

...से कथित गैस भी सिलिंडर सप्लाई ...त हैं लेकिन कानूनी खामियों का ...विभाग ने गैस एजैंसियों को मनमाने ...चलने की अनुमति दे रखी है । ...सर द्वारा पिछले दिनों किए गए ...द्वारा गैस की ब्लैक रोकने तथा ...करवाने का मकसद था, उसको ...भाग ने पूरा नहीं होने दिया । गैस ...चौधिकारियों की गैस संबंधी मांगें ...कम निकाल रहे हैं । प्रत्येक गैस ...र, सिविल सप्लाई, एक्साइज और ...ाय कर विभाग के अधिकारियों की ...स सिलेंडर लेने के लिए खड़ी देखी

...वत पहलू इसका यह है कि ...पे चिट्ठियों तथा मांगों से प्रभावित ...स विभाग की ज्यादतियों से परेशान ...प्लाई विभाग की धांधलियों के ... शैलर मालिक ने बताया है कि ...विभाग के उच्चाधिकारी ने लाखों ...का तोहफा के तौर पर प्राप्त किया ...लियों को रोग करने के लिए ...रीके अपनाए जाते हैं तथा बाकायदा ...कलने वाले चावल पर प्रति ट्रक के ...ना लिया जाता है । शैलर मालिक ...ज्यपाल पंजाब से मिल कर अपनी ...जाएंगे लेकिन शैलर मालिक यह भी ...कि अगर उनकी सुनवाई न हुई ...सप्लाई विभाग के उच्चाधिकारियों ...मत आ जाएगी ।

...ई. बर्कर्रों द्वारा धरना

...21 फरवरी (संपी) : पंजाब ... हजारों बर्कर्रों ने आज यहां ठेका ...ने उनकी सेवा नियमित करने की ...रना दिया व मांगें शीघ्र माने जाने की ...ने को पंजाब इकाय प्रधान श्री बेअंत ...किया व बर्कर्रों से शांत रहने की



...लिए हुई बैठक में भाग लेते हुए ...योपाल, एम.एस. गुरुपदस्वामी, ...एण्डवले । (छाया : प्रे.इ.)

...लिए सतर्कता जरूरी : जगमोहन;

...ाकआऊट : भाजपा द्वारा बहिष्कार

Public Domain

2.2.1989

भाषण के प्रारम्भ में ही पंडित
और इंदिरा गांधी को, याद

त्री इंदिरा गांधी को याद करते
कहा कि हम उनके ऋणी हैं ।

ष्ट्रपति ने अपना भाषण ज्योंही
क से जनता दल के सदस्य डा.
मेजों की भारी थपथपाहट के
र उन्होंने मंडल आयोग की
कर नारेबाज़ी की ।

प्रो. मधु दंडवते और डा. बापू
स्थान से उठ कर डा. वेंकटेश
उन्हें समझा-बुझाकर बैठा

श ने बैठने से पूर्व कुछ बातें
जा सकीं । बाद में उन्होंने
ा कि उन्होंने नारा लगाया कि
योग की सिफारिशों को लाग
र का रुख अस्पष्ट है ।

ग्रेडों बारे सरकारी
पर आधारित

वरी (खोसला) : आज यहां
पंजाब के सदस्यों श्री सुरेन्द्र
कुमार शर्मा की तरफ से जारी
ों में पंजाब सरकार की तरफ
ों बारे दिए विज्ञापन को
ठ पर आधारित बताया गया

ली डाक्टरों ने एक रैली की
सिंह संधू सम्बोधित कर रहे
(छाया : ज़ावर)

पीय आर्थिक
12 देशों से
पस बुलाए

खरी (ए.पी.): ईरान ने
के सभी बारह देशों से
ला लिए हैं । ईरान की
बर दी है कि राजदूतों को
विदेश मंत्रालय ने दिया ।
दूतों को वापस बुलाने की
के समुदाय द्वारा अपने
ों के लिए कल किए गए
यूरोपीय आर्थिक समुदाय
तों को वापस बुलाने का



थानी आधिपत्ताना के अंतर्गत गांव लतियाना में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी (1) नछत्तर सिंह उर्फ बोगड़, (2) बलबीर सिंह उर्फ टिंडियां, (3) जिसकी पहचान नहीं हो सकी । (छाया : जिन्दल)

जमशेदपुर में हिंसा, पुलिस फायरिंग, कर्फ्यू

जमशेदपुर, 21 फरवरी : इस इस्पात नगरी के भागों इलाके में सप्ताहांत दो गुटों को चेतावनी तथा अश्रु गैस छोड़ने के बावजूद लगातार फायरिंग करने में पुलिस विफल रही तो उसने 6 चक्र गोलियां चलाईं, जिसमें एक मैजिस्ट्रेट तथा 7 पुलिस कर्मियों सहित 11 व्यक्ति घायल हो गए ।

आज सवेरे से ही बड़े पैमाने की देखते हुए पुलिस ने 11 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया था । लोग दुकानें तथा शिक्षण संस्थाएं बंद कराने की कोशिश कर रहे थे । उन्होंने सड़कों पर अवरोधक भी लगा रखे थे ।

हिंसा पर उतारू यह भीड़ सुबह से प्रदर्शित एक दैनिक में गत दिवस छपे कार्टून पर रोष प्रकट कर रही थी । पुलिस ने बताया कि भागो थाना का एक दरोगा पथराव से घायल हो गया । हमले से एक पुलिस जीप तथा कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं ।

उग्रवादी कार्रवाइयां
(पृष्ठ 3 का शेष)

सीमा पर एक अन्य मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए ।

पाकिस्तान से आ रहे तीन घुसपैठिए सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में आने की कोशिश करते हुए सीमा सुरक्षा बल की गोलियों का शिकार बने । यह घटना आज तड़के अमृतसर जिला के तरनतारन क्षेत्र में चीमा विधिचंद ग्राम के निकट हुई ।

कार छीनी : लुधियाना (महेंद्रा): गत सायं 4 उग्रवादी एक एम्बैसेडर कार पिस्तौल की नोक पर दोराहा के निकट छीन कर फरार हो गए । पुलिस के अनुसार मख्तर सिंह की यह कार जिसका नं. पी.बी.एल. 4114 है, एक व्यक्ति ने दोराहा से किराए पर ली । जब वह मौजा सराय के निकट पहुंचे तो उग्रवादियों ने कार छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार : 'बातां' के अनुसार एक उग्रवादी बलवंत सिंह लुधियाना जिला में 12 बोर की देसी पिस्तौल और कुछ गोलियों सहित गिरफ्तार कर लिया गया ।

6 गिरफ्तार : रोपड़ (ह.स.): स्थानीय पुलिस ने पिछले 6 उग्रवादी व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया । इनमें से 4 उग्रवादी भाखड़ा नहर में दरार डालने के अतिरिक्त खरड़ पुलिस स्टेशन के गांव चनी कलां के सरपंच की हत्या और अन्य उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त था । इन चारों की शिनाख्त दलजीत सिंह, बलबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह और रणधीर सिंह के रूप में की गई है । पुलिस ने खरड़ के हरि सिंह से पिस्तौल की नोक पर 50 हजार रुपए छीनने वाले बलबीर सिंह को गिरफ्तार करके उससे उक्त राशि बरामद कर ली है । उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में पूर्ण सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

रोपड़ (जैन): जिला रोपड़ के वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री चन्द्र शेखर ने जानकारी दी है कि गत दिवस रोपड़ जिला पुलिस ने रोपड़ के निकट नंगल भाखड़ा नहर तोड़ने के दोषियों में से दो को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त दलजीत सिंह जट्ट थाना खरड़, बलबीर सिंह मजहबी गांव चन्नी कलां के रूप में में हुई है । पिछले दिनों खरड़ थाना क्षेत्र में हरी सिंह नामक व्यक्ति से 50,000 रुपए छीन कर भागने वाले बलबीर सिंह निवासी बहरामपुर भागो माजरा को पूरे पचास हजार रुपए सहित पुलिस ने पकड़ने का दावा किया है ।

सहीदा गांव के सेवा सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के दोष में गिरफ्तार किया गया है ।

श्री शेखर ने आगे बताया कि जिला के नंगल क्षेत्र में विजय कुमार नंगल, रामपाल गांव अगमपुर तथा जगनन्दन सिंह नंगल टाउनशिप को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के दो स्कूटर भी बरामद किए गए हैं ।

पंजाब सरकार मात्र इंका को लाभ पहुंचाने में प्रयासरत

फगवाड़ा, 21 फरवरी (अशोक): हिन्दू शिव सेना उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष सुरिन्दर डोगरा व महासचिव रमेश भारद्वाज ने चेतावनी दी है कि जब

आंखें
क्यों

नई दिल्ली,
दिसम्बर, 198
से डंक खाकर
वर्षीय अशोक
जा रहा है, लेकि
आंखों में घर
सरकार और
त्रासदी के पीड़ि
झूठ साबित क
पत्नी व पिता
घसीट रहा है ।

प्रशासनिक
प्रदेश सरकार
मोहरा बन कर
है कि वह दिल्ली
प्रदेश सरकार
नहीं । जब वह
कह कर मध्य प्र
अफसरों को अप
वह एक जिन्दा

आज से चा
ने उसकी आंखों
दिल्ली के अखि
संस्थान, पटेल च
निकले नहीं पा
12 साल तक
कहा गया है ।
आंखें अब ऐसी
टांगें बेजान होने

जिस दिन
सिलसिले में भोप
पास स्थित
भोजनालय में अ
हुआ था । जब
के आसपास का
है कि रात-भर ब
अगले दिन उस
शिविर में पाया
कार्बाइड फैक्टरी
खराब हो गई हैं
खलीं । बाद में
यहीं उसकी मल
उस हादसे का

आज अशो
है और न आंखों
सो नहीं सकता
मवाद की परतें
पाता ।

शोश

Punjab State Archives

उग्रवादियों द्वारा जलालाबाद के निकट 4 कार सवारों की हत्या : मुठभेड़ में आतंकवादी मरा

विभिन्न स्थानों से 7 उग्रवादी गिरफ्तार : भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद

दुकानदार को फांसी लगा दी, 4 अन्य की हत्या : 2 शव बरामद

आतंकवादियों द्वारा गांव शकरी के ट्रांस्पोर्टर ठाकुर सिंह के मकान पर राकेटों से हमला : घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 22 फरवरी (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब के विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने इका नेता के लड़के सहित 4 लोगों की हत्या कर दी और दो बंदूकें व एक स्कूटर छीन लिया । उग्रवादियों ने आज रात्रि जलालाबाद के निकट कार सवार 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया जबकि 7 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए । सीमा पार कर भारत में घुसने के प्रयास में 1 घुसपैठिया मारा गया । एक दुकानदार को फांसी पर लटका दिया गया । एक संगीत अध्यापक का शव गंदे नाले से बरामद हुआ । बटाला में एक शव मिला है । एक ट्रांस्पोर्टर ने उग्रवादियों द्वारा राकेटों और चीनी असाल्ट राइफलों से किए गए हमले को विफल कर दिया । हमलावर ट्रांस्पोर्टर की जवाबी फायरिंग से भाग गए । हरियाणा में मंडी डबवाली स्थित एक बैंक से उग्रवादियों ने लगभग सवा लाख रुपए लूट लिए । धारीवाल बस अड्डे पर मिली विस्फोटक वस्तु को नकारा कर दिया गया ।

कार सवार 4 व्यक्तियों की हत्या : जलालाबाद (मलिक): आज रात्रि यहां से लगभग 30 किलो मीटर दूर फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर कुछ सशस्त्र उग्रवादियों ने चार कार सवारों की हत्या कर दी और फरार हो गए । ये चार व्यक्ति दो मारुति कारों में सवार थे । बताया जाता है कि एक मारुति कार नं. पी.सी.ओ. 18 फिरोजपुर से जलालाबाद आ रही थी और उसमें केवल कार का ड्राइवर ही सवार था । उग्रवादियों ने इस कार को सड़क के बीच ही रोक लिया और ड्राइवर पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । कार का ड्राइवर मौके पर ही मारा गया । यह मारुति कार अभी सड़क के बीच ही खड़ी थी कि जलालाबाद से फिरोजपुर जा रही एक और मारुति कार आ गई, जिसमें 3 व्यक्ति सवार थे । इस कार का नं. पी.बी.सी. 1767 पर अंधाधुंध फायरिंग की गई जिससे कार सड़क से उतर कर खेतों में चली गई । इस पर सशस्त्र उग्रवादी कार के पीछे भागे आए और उन्होंने कार की खिड़कियां खोल कर तीनों कार सवारों को बाहर निकाला और उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि उग्रवादियों के काबू में आने वाली पहली कार के मालिक का बड़ा भाई फिरोजपुर से जलालाबाद आ रहा था कि उसने अपने भाई की कार के ड्राइवर को सड़क पर मरा पड़ा देखा, उसने उसी समय जाकर पुलिस को सूचित किया ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जिस स्थान पर यह हृदय विदारक घटना हुई है, उससे पांच किलो मीटर पीछे और 5 किलो मीटर आगे बी.एस.एफ. ने नाका लगा रखा है, उग्रवादी फिर भी वारदात करके भाग निकले ।

फिरोजपुर से 'कन्तोड़' के अनुसार आज घटनास्थल वाली सड़क पर बी.एस.एफ. के नाके नहीं लगे हुए थे ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा : जालंधर जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा दस्ते के साथ मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा कर्मचारियों ने बहादुरपुर मुंडियाला गांव के निकट नाका लगाया । तड़के पांच बजे दो आतंकवादी दिखाई दिये तो सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा रुकने का संकेत करने पर उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला ।

पुलिस को घटनास्थल से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक, इसके ग्यारह कारतूस और चीनी असाल्ट राइफल के सात कारतूस मिले हैं ।

एक गिरफ्तार : कपूरथला (ह.स.): पुलिस ने एक उग्रवादी सतविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । एक अन्य सूचना के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा है । उसे उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

त्रासदी टली : गुरदासपुर (ह.स.): जिला में धारीवाल बस अड्डे पर एक विस्फोटक का समय पर पता लग जाने के कारण एक बड़ी घटना होने से टल गई । बस की प्रतीक्षा कर रहे कई यात्री उस समय बाल-बाल बच गये जब एक छह इंच लम्बे विस्फोटक की समय पर जानकारी मिल गई । पुलिस ने आज बताया कि विस्फोटक को निष्क्रिय करने के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया ।

घुसपैठिया मरा : आज प्रातः डेरा बाबा नानक क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी वापस पाकिस्तान भाग गया ।

ट्रांस्पोर्टर घायल : अमृतसर (ह.स.): गत रात सरहाली पुलिस स्टेशन के गांव शकरी में उग्रवादियों द्वारा राकेटों, हैंडग्रेनेडों और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से किए गए हमले में प्रमुख ट्रांस्पोर्टर ठाकुर सिंह घायल हो गया । आई.जी. बार्डर रेंज के कंट्रोल रूम की रिपोर्ट के अनुसार ट्रांस्पोर्टर द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से उग्रवादियों का गिरोह भाग निकला । उसने अपने 315 बोर की राइफल से जवाबी फायरिंग की । जवाबी फायरिंग के दौरान एक उग्रवादी की गोली ट्रांस्पोर्टर को लगी । उग्रवादियों द्वारा ट्रांस्पोर्टर के घर पर हमला किया गया था । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के लगभग 70 खाली कारतूस बरामद किए ।

फांसी लगा दी : गत रात उग्रवादियों ने अमृतसर सदर पुलिस स्टेशन के गांव भोएविड के दुकानदार अमीर चंद की फांसी लगा कर हत्या कर दी ।

रिपोर्ट के अनुसार दुकानदार का शव उसके घर के एक कमरे में लटकता हुआ पाया गया

धमकी : खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित उग्रवादियों बख्शीश सिंह उर्फ सोना, सुखदेव सिंह उर्फ पन्नू और केहर सिंह उर्फ फौजी के हस्ताक्षरों वाली एक पर्ची में कहा गया कि ठाकुर सिंह के परिवार को सबक सिखाया जाएगा । पर्ची में उग्रवादियों ने ठाकुर सिंह से बहुत बड़ी राशि की भी मांग की है ।

पांच गिरफ्तार : इसी बीच गत रात शहर के निकटवर्ती गांवों से भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के पांच सदस्य हथियारों व गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किये गये । जिला पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त अवतार सिंह, बलबीर सिंह, बाबा सिंह, तारा सिंह उर्फ काला और बलविंदर सिंह उर्फ छिंदा के रूप में की गई है । इनके कब्जे से एक राकेट लांचर, एक थामसन बंदूक व उसका मैगजीन, एक 38 बोर का रिवाल्वर, एक दोनाली बंदक, एक 12 बोर की एक नाली वाली बंदूक और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया । एक अन्य समाचार के अनुसार दो राकेट लांचर और 60 कारतूस बरामद किए गए ।

तारा सिंह और बलविंदर सिंह दोनों सतनाम सिंह सत्ता गिरोह के लिए तस्करी करते हैं । वह कई

(शेष पृष्ठ 6 पर)

प्रधानमंत्री राजीव गांधी श्रम पुरस्कार पाने वालों के साथ । ये पुरस्कार विज्ञान भवन नई दिल्ली में बुधवार को दिए गए । (छाया : बनोत्रा)

(1 से 4) अमृतसर जिले के विभिन्न गावों से आई आत राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कार्यालय में अपनी करुण क पीड़ित पुरुष, महिलाएं व बच्चे प्रो. लक्ष्मी कांता चाव शंकर रे से भेंट के लिए जाने से पूर्व प्रदर्शन करते हुए

लोकसभा चुनाव समय

नई दिल्ली, 22 फरवरी (ह.स.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज कहा कि लोकसभा के आम चुनाव समय पर ही होंगे और मताधिकार की आयु घटाकर 18 वर्ष किए जाने के बाद मतदाता सूचियों की तैयारी अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी ।

श्री गांधी कांग्रेस (इ) कमेटी मुख्यालय में बिहार के मनोनीत राज्यपाल श्री जगन्नाथ पहाड़िया को विदा कहने के लिए आयोजित समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियां तैयार करने का काम शुरू कर दिया है । यह काम भी उस घटाने के आधार पर समय पर पूरा किया जाएगा । सारा काम समय पर पूरा हो जाएगा ।

पंचायती राज संस्थाओं को अधिक अधिकार दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री गांधी ने कहा कि

यूनियन कार्बाइड से स के दोनों सदनों में ती

नई दिल्ली, 22 फरवरी : संसद के दोनों सदनों में आज विपक्षी सदस्यों ने भोपाल गैस त्रासदी के बारे में यूनियन कार्बाइड से हुए समझौते की जोरदार आलोचना की । विपक्षी सदस्यों ने इस समझौते को देश की जनता, विशेषकर गैस पीड़ितों के साथ 'विश्वासघात' बताया ।

दोनों ही सदनों ने आज शाम इस समझौते पर चर्चा शुरू की जो अधूरी रही ।

विपक्षी सदस्य जानना चाहते थे कि जब यूनियन कार्बाइड तीन अरब डालर देने का 'मन' बना चुकी थी, तब सरकार ने इतनी कम राशि में समझौता क्यों किया ? उन्होंने इस संबंध में सरकार और अटार्नी जनरल पर कार्बाइड का साथ देने का आरोप लगाया । विपक्ष के कुछ सदस्यों का कहना था कि चुनाव वर्ष में किया गया यह समझौता शक पैदा करता है ।

सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने मुआवजा राशि को तो अपर्याप्त बताया लेकिन उनका कहना था कि इससे

पंजाब में पंचायती चुनाव जून में सम्भावित

बटाला, 22 फरवरी (कोछड़): नई दिल्ली स्थित उच्च राजनैतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे को निकट भविष्य में स्थानांतरण करके केंद्रीय वित्त मंत्रालय में किसी महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया जा रहा है । सूत्रों के अनुसार पंजाब में श्री रे के स्थान पर जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन अथवा श्री रे के प्रमुख सलाहकार श्री रिबेरो के नाम की चर्चा है ।

उल्लेखनीय है कि पंजाब प्रदेश इंका का बेअंत सिंह ग्रुप पिछले काफी समय से पंजाब के वर्तमान राज्यपाल श्री रे की नीतियों से असंतुष्ट चल रहा था

पंजाब में पंचायती चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है और इसके लिए आवश्यक प्रबन्ध किए जा रहे हैं । वोटें आदि भी बनाई जा रही हैं और राज्यपाल श्री रे व उनके प्रमुख सलाहकार श्री रिबेरो का अलग-अलग जिलों में जाकर ग्रामीण सभाएं करना

Punjab Sanchar

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बार पाकिस्तान से सत्ता गिरोह के लिए हथियार व गोली-सिक्का लाए ।

दुकानदार की हत्या : पटियाला (ह.स.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात कड़ा वाला चौक में एक दुकानदार जगदीश चंद की तेज धार हथियार से हत्या कर दी । हत्यारे जगदीश चंद के मकान से एक बी.सी.पी., एक घड़ी और नकद दो हजार रुपए भी ले गये ।

'भूषण' के अनुसार मृतक का नाम जगदीश कमार था और वह राघोमाजरा क्षेत्र के दुकानदार फकीर चंद का लड़का था । रात लगभग साढ़े 11 बजे छुरा घोंप कर उसकी हत्या की गई । उसका शव कड़ा वाला चौक में पड़ा मिला । वह किसी के घर में किराए पर बी.सी.आर. लगाने गया था । शव पर छुरे के 10 घाव थे । कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार : इस बीच पुलिस ने कल एक उग्रवादी बलजिन्दर सिंह उर्फ पप्पू को मंडी गोबिन्दगढ़ से गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

शव बरामद : नाभा (सुशील) आज प्रातः 11 बजे यहां गुरुद्वारा अकालगढ़ के निकट एक गंदे नाले से एक व्यक्ति का शव बोरी में बंद पड़ा मिला है । उसकी शिनाख्त हरि सिंह रागी (78) के रूप में की गई है । वह सोलन में संगीत अध्यापक के रूप में कार्य करता था तथा गुरुद्वारे में ही रहता था । उसके सिर पर तेज धार हथियारों से किये प्रहारों के घाव पाए गए । पुलिस ने पूछताछ के लिए उसके साथ सोलन से आए एक सेवादार को हिरासत में ले लिया है ।

एक की हत्या : जिला संगरूर में सेहना पुलिस स्टेशन के छेगल गांव में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । हत्या में .12 बोर की बंदूक का प्रयोग किया गया ।

बंदूकें व स्कूटर छीना : फरीदकोट (ह.स.): जिला फरीदकोट में दो विभिन्न वारदातों में उग्रवादियों ने दो बंदूकें और एक स्कूटर छीन लिया ।

गुरजंट की हत्या : गिद्दड़बाहा (बांसल): गिद्दड़बाहा के निकट गांव हस्नार के निवासी दर्शन सिंह के लड़के गुरजंट सिंह की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है । बताया जाता है कि यह दो परिवारों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

इंका नेता के लड़के की हत्या : अबोहर (सदोष): धोके कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान व वरिष्ठ इंका नेता श्री कश्मीरी लाल बाघला के लड़के शाम लाल की गत रात कुछ लोगों ने हत्या कर दी । उसका शव कैनाल कालोनी आफिस के बाहर आज प्रातः पड़ा मिला । प्राथमिक जांच के अनुसार शाम लाल की हत्या लोहे की छड़ों के प्रहार से की गई ।

बैंक से सवा लाख रु. लूटे : मंडी डबवाली (आजाद): आज यहां पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 4 अज्ञात व्यक्तियों ने एक लाख 25 हजार रुपए लूट लिए । प्राप्त समाचार के अनुसार प्रातः लगभग सवा ग्यारह बजे चार अज्ञात व्यक्ति बैंक में दाखिल हुए । तीन व्यक्ति पगड़ीधारी और एक व्यक्ति के बाल कटे हुए थे । तुरंत ही उन्होंने गनमैन को काबू कर लिया । फिर वह कैशियर के पास पड़े हुए एक लाख पच्चीस हजार रुपए लेकर बाहर निकल भागे । उनमें से तीन व्यक्ति वहां खड़े एक स्कूटर नम्बर 4488 ले गए जबकि चौथा व्यक्ति पैदल ही शहर की ओर भाग गया । लोगों ने उसका पीछा किया लेकिन वह गलियों में होता हुआ बच निकलने में सफल हो गया । पुलिस ने पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

फायरिंग से 2 घायल : खन्ना (सहगल): आज रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने जी.टी. रोड पर स्थित डाक्टर सोहन लाल घई की दकान पर आकर फायरिंग की, जिससे डाक्टर घई और उनका एक रोगी गम्भीर रूप से घायल हो गए । दोनों को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवाया गया है ।

3 हिरासत में : मोहाली (नबंदा): पंजाब पुलिस की एक पार्टी ने गत रात्रि यहां के फेस 9 के एक मकान पर छापा मारकर तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया । यह युवक कुछ दिन पूर्व ही मकान नम्बर 124 में किराएदार बन कर रहने आए थे ।

शव बरामद : बटाला (कोछड़): आज प्रातः हरगोबिंदपुर थाने के गांव दकोहा के बाहर खेतों में से एक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है । शव की पहचान नहीं हो सकी ।

लुधियाना में गोली चलने से 2 घायल

लुधियाना, 22 फरवरी (महेंद्रा): आज शाम गुरुद्वारा दुःख निवारण के बाहर गोली चल गई जिससे वहां से गुजर रहे दो व्यक्ति मोहन लाल उर्फ काला और प्रेम (दोनों हरिजन) घायल हो गए ।

पंजाब सरकार द्वारा नई अ

चंडीगढ़, 22 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब की 1989-90 की आबकारी नीति का उद्देश्य शराब के अधिक उपयोग को निरुत्साहित करना तथा उपभोक्ताओं को अच्छे किस्म की शराब कम दामों पर उपलब्ध कराना है । इसके अतिरिक्त इसका लक्ष्य अवैध शराब निकालने का धंधा व इसकी तस्करी तथा लाइसैंसधारियों में अनावश्यक प्रतियोगिता समाप्त करने तथा आसान प्रक्रिया से आबकारी से प्राप्त राजस्व में वृद्धि करने का है ।

देसी व अंग्रेजी शराब के ठेकों का कोटा लगभग चालू वर्ष के स्तर जितना ही रखा जाएगा । पंजाब मीडियम शराब का अधिकतम मूल्य 50 डिग्री की शराब के लिए 34 रुपए प्रति बोतल रखा गया है । हार्ड शराब के लिए लाइसैंस फीस 25,000 रुपए, बीयर बार के लिए 15,000 रुपए तथा क्लबों के लिए 20,000 रुपए रखी गई है ।

डिस्टिलरी के लिए लाइसैंस फीस एक लाख रुपए निश्चित की गई है जबकि इसकी रिन्यूअल फीस 20,000 रुपए है । ब्रूअरी के लिए लाइसैंस फीस 50 हजार तथा रिन्यूअल फीस 10,000 रुपए होगी । 5.25 प्रतिशत से अधिक कड़ी बीयर की ड्यूटी चार रुपए प्रति बोतल निश्चित की गई है ।

जिन गांवों में अंग्रेजी शराब की दुकान नहीं होगी, वहां देसी शराब के ठेकों पर बीयर बेचने की अनुमति होगी ।

लाइसैंसधारियों को मूल कोटा का दस प्रतिशत तथा 60 डिग्री रम, जिन पर स्पाइस्ड स्पिरिट विशेष इंसीडैंस से परे, एडीशनल कोटे का तमाम माल उठाने की सुविधा होगी ।

भारत में निर्मित विदेशी शराब का न्यूनतम मूल्य 50 रुपए प्रति बोतल, 26 रुपए प्रति अद्धा तथा 14 रुपए प्रति पव्वा के वर्तमान स्तर पर ही रहेगा । देसी शराब का अधिकतम मूल्य 50 डिग्री के लिए 34 रुपए प्रति बोतल, 17 रुपए प्रति अद्धा तथा 9 रुपए प्रति पव्वा रहेगा । सेवारत तथा सेवानिवृत्त सैनिक कर्मचारियों को शराब रखने की सीमा सेना के आदेशों के अनुसार होगी ।

अवांछित प्रतियोगिता बंद करने के लिए देसी शराब का न्यूनतम मूल्य 30 रुपए प्रति बोतल, 15



Result of the 2nd Draw held on 22.2.89 at Hyderabad

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- RD-530690

2nd Prize (2) Rs. 5000/- RE-577639 RG-541257

3rd Prize (14) Rs. 500/- (Last 5 digits)

Punjabi Sahadai

साप्ताहिक
डायमन्ड
गटरीज़
(नागालैंड सरकार)
ड्रा हर शुक्रवार
लाख
से भी अधिक पुरस्कार
टिकट : रु.1/-

बजे कोहिमा में जजों के समक्ष निकाले गए
परिणाम निम्नलिखित हैं :—
000/- C-875959
00/- B-737209
each (One in each series)
42501 C-977166 D-111469
each (All Tickets ending with last five digits)
64 61289 35050 84959
59 35885 41076 77671
each (All Tickets ending with last four digits)
3460 6302 7299 4261 5432 3930
1250 9139 7431 3311 7983 8665
0/- each (All Tickets ending with last three
39 412 567 662 771 836 991
गामी साप्ताहिक ड्रा : 3.3.1989 को अप. 2.30 बजे ।
ल्ली के लिये यह निदेशालय उत्तरदायी नहीं होगा ।
रकार का गज़ट देखें ।

निदेशक,
चन्द खुराना राज्य लाटरीज़,
नागालैंड सरकार,
कोहिमा
-1, नई दिल्ली-110 024.
833984, 6837502

जीतिए
रु. 22.5
लाख
से भी अधिक के पुरस्कार
(सैलर्स और एजेन्टों के
पुरस्कारों सहित)

टरी के 185वें ड्रा का परिणाम निम्न प्रकार है, जो
गटोक में जजों के सामने निकाला गया :—
0,000/- M-640417
,000/- K-307495
00/- each (One in each series)
29674 M-544715 O-760134
0/- each (All tickets ending with last five digits)
2624 29013 58272 07225 70527 19488 15959
0/- each (All tickets ending with last four digits)
35 9017 1776 7753 4366 0951 0857

एक ही परिवार के 5 सदस्यों व ग्रन्थी सहित पंजाब में 9 हत्याएं

दो युवकों के गोलियों से छलनी शव मिले : उग्रवादियों ने 12 हजार रु., हथियार छीने

दुर्दांत उग्रवादी जस्सा सहित 4 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 24 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब के विभिन्न स्थानों पर एक ही परिवार के 5 सदस्यों व एक ग्रंथी सहित 9 लोगों की हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों ने दुर्दांत उग्रवादी जस्सा सहित चार उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । एकीकृत अकाली दल के नेता स्वर्ण सिंह को आतंकवाद-उन्मूलन कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया । एक व्यक्ति के घर से उग्रवादियों ने 12 हजार रुपए व हथियार छीन लिए । दो युवकों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए ।

पिता-पुत्रों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला मजीठा में थाना अजनाला के गांव रामपुर तेड़ा में गत रात चार उग्रवादियों ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों को लाइन में खड़ा करके भून डाला और गांव में गोलियां बरसाते हुए फरार हो गए । अब तक प्राप्त विवरण के अनुसार चारों उग्रवादी जो ए.के. 47 राइफलों स्टेनगनों और पिस्तौलों से लैस थे, रात लगभग 10.45 बजे जमींदार अमरीक सिंह के घर गए और अमरीक सिंह तथा उसके चार लड़कों लखा सिंह, जस्सा सिंह, मस्सा सिंह और करनैल सिंह को लाइन में खड़ा कर गोलियां चलाई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

पता चला है कि अमरीक सिंह और उसके लड़कों ने उग्रवादियों को शरण देने से इन्कार किया था । एक अन्य समाचार के अनुसार यह परिवार उग्रवादियों के जिस गिरोह को शरण देता था, उसके विरोधी गिरोह ने यह वारदात की है । पुलिस ने आज प्रात: पांचों शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए ।

एक की हत्या : अजनाला थाना के ही क्षेत्र में गत रात गांव धूपसारी में एक व्यक्ति हजारा सिंह के मकान में घुसकर उसकी हत्या कर दी । उग्रवादियों की फायरिंग से हजारा सिंह की पत्नी घायल हो गई ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादियों ने हजारा सिंह को घर से बाहर ले गए जहां गोली मारकर उसकी हत्या कर दी । शव के निकट ए.के. 47 राइफल के कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

'ह.स.' के अनुसार अजनाला पुलिस स्टेशन के दोनों गांवों के नाम डूमछेड़ी और रामपुरा हैं । इन गांवों में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों की वर्दी में हत्याएं की ।

राज्यपाल श्री एस.एस. रे नई दिल्ली से वापसी पर उग्रवाद पर काबू पाने के लिए उठाए जाने वाले पगों बारे अमृतसर में अर्ध-सैनिक बलों व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिकों से विचार-विमर्श कर रहे हैं । श्री रे पुलिस चीफ श्री के.पी.एस. गिल के साथ प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से बातचीत के लिए बुधवार की रात विमान द्वारा दिल्ली गए थे । उन्होंने वहां उग्रवादियों द्वारा लोगों की हत्या के लिए अपनाए नए ढंग जिसमें फांसी देने व पुलिस की वर्दी पहन कर वारदात करना शामिल है, से निपटने बारे विचार-विमर्श किया ।

मजीठा जिला पुलिस चीफ श्री जी.एस. मान ने आज यहां बताया कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान से सम्बद्ध मेजर सिंह खतरीवाल गिरोह के 6 उग्रवादी सुरक्षा कर्मचारियों के वेश में गांव डूमछेड़ी गए और वहां एक किसान हजारा सिंह की हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी को घायल कर दिया । बाद में उग्रवादी अमरीक सिंह के फार्म हाऊस पर गए और वहां उसकी और चार लड़कों की हत्या कर दी ।

9 हिरासत में : श्री मान ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूछताछ के लिए नौ लोगों को हिरासत में लिया है ।

श्री मान ने बताया कि 55 वर्षीय हजारा सिंह की हत्या के बाद उग्रवादी निकटवर्ती गांव में अमरीक सिंह के घर गए और स्वयं को सुरक्षा कर्मचारी बताते हुए घर वालों से पूछा कि क्या उन्होंने गोलियां चलने की आवाज सुनी है ? जैसे ही घर वालों ने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उन्हें

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रशदी विरोधी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग, 12 मरे

बम्बई, 24 फरवरी (वा.) : मध्य बम्बई में आज पुलिस ने सलमान रशदी के उपन्यास 'सेटेनिक वर्सेस' के खिलाफ हिंसात्मक प्रदर्शन कर रही भीड़ पर गोली चलाई जिससे 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 38 घायल हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य बम्बई के मस्तान तालाब क्षेत्र में आज शाम इस पुस्तक के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ ने तोड़-फोड़ और आगजनी शुरू कर दी । भीड़ ने एक सरकारी बस को फूंक डाला और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पीटना शुरू कर दिया तथा घरों की छतों पर से उन पर पथराव किया । माहिमद अली रोड पर प्रदर्शनकारी पुलिस के घेरे को तोड़ कर मीनार मस्जिद की ओर बढ़ गए । मुस्लिम एकता परिषद और हाजी मस्तान के संगठन दलित मुस्लिम सुरक्षा महासंघ के इन प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले फेंके । इसके बावजूद भीड़ के नियंत्रित न होने पर पुलिस ने गोली चलाई । पुलिस के अनुसार भीड़ पर काबू पाने के लिए साठ गोलियां चलाई गईं ।

पुलिस के अनुसार गड़बड़ आज दोपहर बाद उस समय शुरू हुई जब जुमे की नमाज के बाद इन संगठनों के कुछ पदाधिकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मस्तान तालाब से जलूस निकाला । उत्तेजित भीड़ ने पुलिस पर सोडा वाटर की बोतलों, पत्थरों तथा अन्य हथियारों से हमला किया । घायलों में से 6 लोगों की हालत नाजुक बताई गई है । पुलिस ने पूरे इलाके की नाकाबंदी करके घर-घर की तलाशी लेना शुरू कर दिया है ।

छुरेबाजी :पुलिस के अनुसार घायलों की वास्तविक संख्या अभी तक पता नहीं चल सकी है लेकिन छुरा लगने से घायल चार पुलिस कांस्टेबलों और भीड़ में घायल हुई तीन महिलाओं को जे जे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पुलिस ने बताया कि दंगों के सिलसिले में और एहतियात के तौर पर 800 लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

इसके अलावा हाजी मस्तान समेत कई प्रमुख नेताओं को भी हिरासत में ले लिया गया है । पुलिस का कहना है कि यह दंगा पूर्व नियोजित लगता है ।

नई दिल्ली : सलमान रशदी की पुस्तक 'सटेनिक वर्सेस' के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए आज सैंकड़ों मुसलमानों ने ब्रिटिश उच्चायोग के निकट प्रदर्शन किया और रशदी का पुतला जलाया । प्रदर्शन का आयोजन दलित मुस्लिम महासंघ ने किया था । पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तीन मूर्ति भवन के पास ही रोक लिया था । प्रदर्शनकारी 'रशदी को फांसी दे दो', 'मार्गरेट थैचर होश में आओ' और 'बरतानिया सरकार मुर्दाबाद' के नारे लगा रहे थे । प्रदर्शनकारियों में से ही कुछ युवक 'राजीव गांधी जिन्दाबाद' के नारे भी लगा रहे थे ।

प्रदर्शनकारियों को अनेक वक्तायों ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण है । हमें तो बरतानिया सरकार से शिकायत है क्योंकि उसने इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश करने वाले सलमान रशदी को अपने यहां पनाह दे रखी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सीमांत क्षेत्र में बेरोज़गारी दूर करने के लिए ठोस पग उठाने का फैसला : कपूर

बटाला, 24 फरवरी (कोछड़, चौधरी): आज गुरु बाबा नानक में लोक शक्ति सम्मेलन हुआ

हिंसा के कारण व्यापार व उद्योग की बहुत क्षति हुई है और किसी को भी अपनी जिन्दगी का भरोसा नहीं ।

लिए खड़े हो जाएं ।

अमृतसर पुलि
दी । छः मृत

राज्य
डाक
जालंधर,
एसोसिएशन
एम.पी. के इस
डाक्टरों ने अक
आयोजित ह
निहालसिंहवा
लिया ।
वक्तायों
प्रशासन के प्र
प्रतिनिधि के
मांगों को स्वी
को हड़ताल
करनी पड़ी है
जारी रहेगा ।
इस दौरा
डा. पुष्कर,
क्रमिक भूख ह
वैटरनरी
वैटरनरी फार्म
हरभजन सिंह
सम्मेलन में र
से अन्याय क
ग्रेडों के मामल
बराबर होते
घटाती गई औ
उनका काम
कठिन व खत
श्री औल
आवाज़ पहुंचा
3000 के ल
व धरने मारे
राज्य स्तरीय
सरकार ने ग्रे
किया जाएगा

Punjab Sangrah

...यों व ...त्याएं

...हथियार छीने

...रफ्तार

...ारण देने से इन्कार किया ...के अनुसार यह परिवार ...को शरण देता था, उसके ...त की है । पुलिस ने आज ...कर पोस्ट मार्टम के लिए

...जनाला थाना के ही क्षेत्र में ...एक व्यक्ति हजारा सिंह के ...त्या कर दी । उग्रवादियों ...सिंह की पत्नी घायल हो

...वादियों ने हजारा सिंह को ...ली मारकर उसकी हत्या ...के. 47 राइफल के कुछ

...जनाला पुलिस स्टेशन के ...ी और रामपुरा हैं । इन ...ा बलों की वर्दी में हत्याएं

...रे नई दिल्ली से वापसी ...के लिए उठाए जाने वाले ...सैनिक बलों व पुलिस के ...तिक दलों और नागरिकों ...। श्री रे पुलिस चीफ श्री ...ानमंत्री श्री राजीव गांधी ...र की रात विमान द्वारा ...ां उग्रवादियों द्वारा लोगों ...ाए ढंग जिसमें फांसी देने ...वारदात करना शामिल ...विमर्श किया ।

...ीफ श्री जी.एस. मान ने ...वाला टाइगर्स फोर्स आफ ...सिंह खतरीवाल गिरोह ...चारियों के वेश में गांव ...किसान हजारा सिंह की ...पत्नी को घायल कर अमरीक सिंह के फार्म ...की और चार लड़कों की

अमृतसर पुलिस जिला मजीठा के गांव रामपुर तेड़ा में आतंकवादियों ने 6 लोगों की हत्या कर दी । छः मृतकों के शव । *(छाया : रवि भंडारी)*

राज्यपाल स्वयं दखल देकर डाक्टरों की मांगों को स्वीकार करें

जालंधर 24 फरवरी (द्वल): पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन जालंधर ने आज श्री निहाल सिंह एम.पी. के इस वक्तव्य की कड़ी निन्दा की थी कि डाक्टरों ने अकारण हड़ताल कर रखी है । आज यहां आयोजित हड़ताली डाक्टरों की रैली में श्री निहालसिंहवाला के उक्त वक्तव्य का सख्त नोटिस लिया ।

वक्ताओं ने राज्यपाल श्री रे से अपील की कि वह प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि जनता के प्रतिनिधि के रूप में स्वयं दखल देकर डाक्टरों की मांगों को स्वीकार करें । उन्होंने कहा कि डाक्टरों को हड़ताल ब्योरोक्रेसी के जिद्दी रवैये के कारण करनी पड़ी है । और यह संघर्ष मांग पूरी होने तक जारी रहेगा ।

इस दौरान डा. मनजीत सिंह, डा. सिमरत सिंह, डा. पुष्कर, डा. सुरिन्दर जगत तथा डा. देसराज क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे ।

वैटरनरी फार्मासिस्ट : जालंधर, पंजाब वैटरनरी फार्मासिस्टस एसोसिएशन के प्रधान श्री हरभजन सिंह औलख ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य सरकार पर वैटरनरी फार्मासिस्टों से अन्याय करने का आरोप लगाया और कहा कि ग्रेडों के मामला में कभी वह मैडीकल फार्मासिस्टों के बराबर होते थे किन्तु धीरे-धीरे सरकार उनके ग्रेड घटाती गई और अब अंतर अस्सी हो गया है जब कि

श्री औलख ने कहा कि उन्हें हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, बंगाल, तमिलनाडु व कर्नाटक के समान ग्रेड मैडिकल फार्मासिस्टों के बराबर दिये जाएं और टाइम बाउंड तरक्कियां दी जायें । उन्होंने कहा बेनिवादी स्केल 1640-2925, आठ वर्ष बाद का ग्रेड 2000-3600 और 18 वर्ष बाद 2200-3900 का ग्रेड हो । मसनूई गर्भधान भत्ता 20 रुपए से बढ़ाई एक तिहाई बेसिक पे किया जाए ।

सीनियर डाक्टरों द्वारा हड़ताल की धमकी : होशियारपुर (अश्विनी) जिला होशियारपुर में आज 23वें दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं डाक्टरों की हड़ताल के कारण पूरी तरह ठप्प रहीं । आज दसूहा के डाक्टर वी.पी. सिंह के नेतृत्व में चार डाक्टरों ने क्रमिक अनशन किया । चमड़ी रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए पी.सी.एम.एस. (III) एसोसिएशन ने 25 फरवरी को कैम्प लगाने का निर्णय किया है ।

एसोसिएशन के प्रैस सचिव डा. अजय बग्गा ने आज यहां बताया कि जिला होशियारपुर के प्रथम श्रेणी मैडीकल अफसरों ने अपने आपको डा. बचितर सिंह की अध्यक्षता वाली एसोसिएशन से अलग कर लिया है व सीनियर डाक्टर विंग के सदस्य बन गए हैं ।

पी.सी.एम.एस. (प्रथम श्रेणी) एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. ए.सी. गुप्ता ने आज यहां चेतावनी दी कि

Punjabi Sanatan

...चा ...दर

कृषि वि... सर्वेक्ष...

...केंद्र

नई दिल्ली... पेश आर्थिक... मजदूरी की कृ... 'प्रभावी दायरे... निर्धारित वर्... सलाह दी गई

वित्त मंत्री... विदेशी मुद्रा... भारी अंतर पर... पर विदेशी क... करते हुए कहा... मात्रा और श... जाए ।

सर्वेक्षण... पर टिके रहने... सरकार से क... कम आवश्यक... राज्यों के बज... सार्वजनिक क्षे... दिए जाएं । ... योजना में मूल... दर बनाए रख... भुगतान संतुल... कदम उठाने...

सर्वेक्षण... बाढ़ के बावजू... रखा जा सका... से विकास जा... देश की अर्थ-... का झटका स... सरकार द्वारा... रहे हैं ।

सर्वेक्षण... 16.6 करोड़... है । खाद्य तेल... आधा रह गय...

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

लाइन में खड़ा करके गोलियां मार दीं ।

श्री मान ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चलता है कि मृतक एक एस.पी.ओ. जिसकी उग्रवादियों के इस गिरोह ने कुछ समय पहले हत्या कर दी थी, 'खेत जोतने' (खेती करने) में उसके परिवार की सहायता करते थे, इसलिए इनकी हत्या की गई ।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि उग्रवादी खतरीवाल सी.आर पी.एफ. के एक अधिकारी के रूप में इस क्षेत्र

वाकआऊट
(पृष्ठ 3 का शेष)

लक्ष्मण सिंह कम्बोज ने आम बसों में सफर नहीं किया है । पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य की दृष्टि से श्रीमती सुषमा स्वराज को बस में सफर करने से मना किया गया था जबकि अन्य चार मंत्रियों ने बसों में सफर न करने बारे सरकार को सूचित नहीं किया है ।

वाजपेयी की कार-दुर्घटना टली

रोहतक, 24 फरवरी (आशा): गत दिवस कलानौर में हरियाणा भाजपा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पंच-सरपंच सम्मेलन में भाग लेकर एक कार में सवार होकर भाजपा नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी, राजस्थान के भू.पू. मुख्यमंत्री श्री भैरों सिंह शेखावत, श्रीमती सुषमा स्वराज, हरियाणा भाजपा अध्यक्ष व विधायक डा. मंगलसेन, राम लीला ग्राऊंड से रैस्ट हाऊस में जा रहे थे कि अचानक ही उनकी कार के आगे किसी आवारा पशु के आ जाने से कार की दुर्घटना होते-होते टली । अत: मंत्रियों की कारों का काफिला पार्क के निकट कुछ देर रुका रहा जब तक कि आवारा बैल को पुलिस कर्मी ने पीछे नहीं हटाया ।

शांति सेना के 3 जवानों सहित 10 मारे गए

कोलम्बो, 24 फरवरी (ह.स.): श्रीलंका में पिछले 36 घंटों में उग्रवादी हिंसा की अलग-अलग वारदातों में भारतीय शांति सेना के तीन जवानों सहित दस व्यक्ति मारे गए ।

वोरा ने नामांकन भरे

दुर्ग, 24 फरवरी : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोती लाल वोरा ने दुर्ग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से आज नामांकन पत्र दाखिल किया । इस क्षेत्र में आगामी 26 मार्च को उपचुनाव हो रहा है ।

भजन लाल बारे जांच
(पृष्ठ 3 का शेष)

मामले सुलझा लिए हैं । कुल 107 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 10 आतंकवादी मुठभेड़ों के दौरान मारे गए हैं । उन्होंने कहा कि पड़ौसी राज्य पंजाब में आतंकवाद होने के कारण हरियाणा में आतंकवाद पनपना स्वाभाविक है पर हैरानी है कि पंजाब के पड़ौसी राज्यों हिमाचल तथा राजस्थान में आतंकवाद नहीं फैल सका है । उन्होंने केंद्र से कहा कि वह राज्य सरकार के इस शक को दूर करे ।

बोट क्लब पर अब प्रदर्शनों की अनुमति न मिला करेगी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (ह.स.): राजधानी में असंख्य विरोध प्रदर्शनों, अनशन तथा सभाओं का साक्षी बोट क्लब अब भारत का हाइड पार्क कहलाने का गौरव खो देगा क्योंकि पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे सभी प्रदर्शनों को अब वहां नहीं करने की अनुमति देने का निश्चय किया है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.2.89, 63/- without trays. NECC Suggested Retail price 8.40 per Dozen.

टेलरिंग

Bhasin & Co., Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar. Phone-43554. For safari suits, suits, stylish baggy, pents, shirts.

कार बाज़ार

Maruti, Fiat, Ambassador available on easy Instalments. City Car Bazar, Kings Hotel, Jalandhar. Phones : 77084-78458.

रोज़गार

में घूमता है, इस बारे पुलिस को रिपोर्ट मिली थी ।

नबीपुर से शव मिला : खेमकरण पुलिस स्टेशन के गांव नबीपुर से आज सायं एक युवक का गोलियों से छलनी शव मिला । शव पर उसे यातना दिए जाने के निशान थे और उसके हाथ पीछे बंधे हुए थे । शव गांव के बाहर एक नाले के पुल के नीचे पड़ा था ।

ग्रंथी की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव अगाड़ा-पछाड़ा में कुछ अज्ञात हमलावरों ने ग्रंथी मक्खन सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

झब्बाल पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आज लगभग डेढ़ बजे गुरुद्वारा के ग्रंथी की 8 उग्रवादियों ने हत्या कर दी । हत्या से पूर्व उग्रवादी ग्रंथी को गुरुद्वारे से बाहर ले आए ।

घर से ले जाकर हत्या : इसी पुलिस जिला के गांव मूसे में उग्रवादी भगवन्त सिंह को घर से बाहर ले गए जहां उन्होंने गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी ।

शव मिला : मेटीपुर गांव के निकट खेतों से एक अज्ञात युवक का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

जस्सा गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन में बल्टोहा पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक दर्दांत उग्रवादी जसपाल सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार कर लिया । भगौड़ा हो चुका जस्सा की पुलिस को इस क्षेत्र में हुई कई आतंकवादी वारदातों में तलाश थी ।

फांसी नहीं : चंडीगढ़ से प्राप्त समाचार के अनुसार एक पुलिस प्रवक्ता ने कुछ अखबारों में छपे इस समाचार का खंडन किया है कि गत बुधवार उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के भिट्टेविड गांव में एक दुकानदार अमीर चन्द को फांसी लगा दी । प्रवक्ता ने कहा कि किसी ने अमीर चन्द का गला घोंट कर उसकी हत्या की और बाद में उस पर तेज धार से प्रहार किए । हमलावर उसकी दुकान से 600 रुपए भी ले गए ।

रुपए व हथियार छीने : लुधियाना (ह.स.) जिला के गांव गोरसिया माखन से दो उग्रवादी राजेन्द्र सिंह के घर से 12 हजार रुपए नकद, एक पिस्तौल, एक दोनाली बंदूक और 27 कारतूस ले गए ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार : इसी जिला में पुलिस ने रवि मसीह को गिरफ्तार करके 12 बोर का देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): नकोदर पुलिस एक उग्रवादी गुरदयाल सिंह को गिरफ्तार करके, उसके कब्जे से 32 बोर का रिवाल्वर और पांच कारतूस बरामद किए हैं ।

एकीकृत अकाली दल का नेता गिरफ्तार : गुरदासपुर (ह.स.): पुलिस ने आतंकवाद उन्मूलन कानून के अन्तर्गत थाना धारीवाल के गांव चब्बरवाल के एकीकृत अकाली दल के नेता स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार किया है । जिला एकीकृत अकाली दल के भूतपूर्व उपप्रधान स्वर्ण सिंह को पहले राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत नजरबंद किया गया था ।

गिद्दा डालने के विरुद्ध चेतावनी : 'विनोद' के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा पंजाब भर के स्कूलों, कालेजों और यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से कहा गया है कि वे छात्राओं को किसी सरकारी या प्राइवेट समारोह में गिद्दा डालने या नाचने के लिए न भेजें । ऐसा न करने पर उन्हें गम्भीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई ।

गुरजंट सिंह राजस्थानी के हस्ताक्षर से जारी बयान में यह भी कहा गया कि छात्राओं को काली सलवार, सफेद कमीज और केसरी दुपट्टा तथा छात्रों को काली पेंट, सफेद कमीज और केसरी पगड़ी पहनने के निर्देश दिए जाएं । ऐसा न करने वाले शिक्षा संस्थान के प्रमुख को सजा दी जाएगी । बयान के अन्त में कहा गया है कि राज्यपाल रे, उसके सलाहकार रिबैरो, केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा या अन्य केन्द्र के मुखबिरों को खुश करने के लिए छात्राओं को किसी तरह का कार्यक्रम पेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

भोला की हत्या : संगरूर (ह.स.): देर से प्राप्त समाचार के अनुसार गत मंगलवार की रात उग्रवादियों ने लहरा पुलिस स्टेशन के गांव ढलेरा में भोला सिंह की हत्या कर दी ।

बंदूक सहित गिरफ्तार : जिला पुलिस के एक उग्रवादी शेर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक नाली वाली बंदूक और 12 बोर की दोनाली बंदूक बरामद की है ।

रशदी विरोधी
(पृष्ठ 3 का शेष)

वक्ताओं की मांग थी कि रशदी को ब्रिटेन से बाहर निकाला जाए ।

इन वक्ताओं ने इस विवादास्पद पुस्तक पर सबसे पहले प्रतिबंध लगाने के लिए राजीव गांधी का

80 वर्षीय इंका नेता के रोमांस से सहकारी चीनी मिल डगमगाने लगी

रतनप्पा कुम्भर विजया घोसलकर के साथ ।

बम्बई, 24 फरवरी (ब्लि.): वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता तथा सहकारी क्षेत्र के एक प्रमुख स्तम्भ जाने वाले रतनप्पा कुम्भर के विरुद्ध 6 करोड़ रुपए की हेराफेरी, गबन आदि में संलिप्त होने के आरोप लगाए जा रहे हैं । बताया जाता है कि श्री कुम्भर के कोल्हापुर की एक 40 वर्षीय महिला विजया घोसलकर के साथ कथित सम्बन्धों के कारण यह घोटाले उभरे हैं । विजया कुछ वर्ष पूर्व एक मामूली सेल्स गर्ल थी, पर आज वह करोड़ों की सम्पत्ति की मालिक है ।

विजया के साथ रतनप्पा के सम्बन्धों के बारे में पंचगंगा सहकारी चीनी मिल के निदेशक मंडल के सदस्यों ने आपत्ति की थी । श्री कुम्भर इस मिल में विजया को बड़ी-बड़ी रकमें देते रहे थे ।

अब यह भी बताया जाता है कि पंचगंगा सहकारी चीनी मिल के कर्मचारियों को श्री कुम्भर के 72वें जन्म दिवस पर विशेष वेतन वृद्धि दी गई, जिससे फैक्टरी पर 7.60 लाख रुपए का बोझ ऐसे समय पड़ा जबकि उसकी अपनी हालत ठीक नहीं थी ।

मिल के संचालक मंडल ने श्री कुम्भर के दामाद को लंदन में हृदय का आप्रेशन कराने के लिए 3 लाख रुपए की सहायता देने का फैसला किया था लेकिन इस बात के कोई प्रमाण नहीं मिले कि उनका ब्रिटेन में आप्रेशन हुआ या नहीं । श्री कुम्भर के आलोचकों का कहना है कि यह रुपया भी विजया घोसलकर को ही दिया गया ।

तीसरी दुनिया का कुल ऋण

नई दिल्ली, 24 फरवरी (इन्फा): विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 1988 के अन्त तक तीसरी दुनिया का कुल ऋण दस खरब तीन अरब डालर है जो कि इसके मिले-जुले सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 50 प्रतिशत है । वर्ष 1987 की तुलना में इसमें तीन प्रतिशत की बढ़ौत्तरी हुई है । इस ऋण राशि के भीतर अत्यधिक ऋणी देशों का ऋण 5 खरब 29 अरब रुपए है । विश्व बैंक के "वर्ल्ड डेटट टेबल" में अत्यधिक ऋणी देशों में समायोजन तथा आर्थिक प्रगति के सम्बन्ध में टिप्पणी की गई है परन्तु यह भी कहा गया है कि यह प्रगति "एक समान नहीं रही है तथा इसमें रुकावट आती रही है ।"

वी.पी. ने राज्यों की समिति की घोषणा पर पाबंदी लगाई

नई दिल्ली, 24 फरवरी (ह.स.): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सभी राज्य पार्टियों के अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि बिना उनकी पूर्वानुमति के किसी भी राज्य समिति अथवा पदाधिकारियों के नामों की घोषणा नहीं की जाए । श्री सिंह के इस निर्देश पत्र को दल के केंद्रीय कार्यालय ने आज यहां जारी किया ।

संकट टल जाएगा : लखनऊ : जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि उनकी पार्टी का वर्तमान संकट शीघ्र हल हो जाएगा ।

श्री सिंह ने आज यहां पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई पार्टी का गठन हो रहा है इसलिए शुरूआत में कुछ कठिनाइयां तो होती हैं । लेकिन उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह पार्टी को इन कठिनाइयों से उबार लेंगे ।

राज्यपाल हस्तक्षेप करें
(पृष्ठ 3 का शेष)

डाक्टर रे के सामने काले झंडे लेकर प्रदर्शन करेंगे : अमृतसर (वि.प्र.): हड़ताली डाक्टरों ने अपनी मांगों के प्रति सरकार के अड़ियल रवैये के विरोध में कल यहां राज्यपाल श्री एस.एस. रे के सामने काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने की धमकी दी है । पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने आज यहां एक प्रैस बयान में कहा कि श्री रे को तर्क से समझाने के लिए उन्होंने हर तरह का लोकतांत्रिक प्रयास करके देख लिया है, परन्तु वह मौके की नजाकत समझ नहीं पाए हैं । इसमें चेतावनी दी गई है कि सरकार ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठी है । डाक्टरों का असंतोष बढ़ रहा है जिससे स्थिति बहुत खराब हो

लोकतंत्र को मजबूत बनाने उपाय विचाराधीन: राजीव

नई दिल्ली, 24 फरवरी : प्रधानमंत्री रा गांधी ने आज कहा कि सरकार लोकतंत्र को मज बनाने के उपायों पर विचार कर रही है । श्री यहां पंचायती राज और अनुसूचित जातियों के दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर थे । उन्होंने कहा कि सरकार भेदभाव को स करके सभी लोगों को समान स्तर पर लाना च है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार हरिजनों आदिवासियों के हाथ मजबूत करना चाहती है ले विपक्ष सत्ता के दलालों को प्रोत्साहन देकर इस में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में बाधा डा है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ गैर-कांग्रेस राज्य इस बात के खिलाफ थे कि उनके प्रति सम्मेलन में शामिल हों । सम्मेलन यह आमंत्रित करने के लिए आयोजित किया ग जनता को किस तरह अधिक समर्थ बनाया उन्होंने कहा कि केवल उद्योग स्थापित करके बांधों और नहरों का निर्माण करके विकास न सकता, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लो अधिक भागीदारी होनी चाहिए ।

इसी कारण सरकार पंचायती राज प्रणा विस्तार करना और उसे मजबूत बनाना चा ताकि निचले स्तर तक लोकतांत्रिक प्रणाली सके । ब्लाक तथा गांव स्तर पर योजनाएं जानी चाहिएं ।

श्री गांधी ने कहा कि तेज गति से विकास कमजोर वर्गों को केवल संरक्षण देना ही का है । इन वर्गों को अतिरिक्त शक्तियां दी चाहिए ।

इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की स्कीमें पुन: जारी की जा

फगवाड़ा, 2 , फरवरी (कौड़ा): फगवाड़ा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की स्थानीय एस श्री कलबीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हु वर्ष 1989-90 का 55,89,000 वार्षिक बजट पारित किया गया । ट्रस्ट के श्री कलबीर सिंह के अनुसार ट्रस्ट की स्कीमों को पुन: आरम्भ करने हेतु शीघ्र का जाएगी ।

सहायता देनी तो दूर, सहानुभूति व्यक्त करने न अ

लधियाना, 24 फरवरी (आहूजा) : फरवरी की रात गांव सीडा-राहों रोड पर ह कांड में आतंकवादियों के हाथों मारे गए मेजर जसवंत सिंह, भगवान सिंह तथा गंगाध के परिवार के सदस्यों ने शिकायत की है प्रशासन से न तो कोई अधिकारी उनके स प्रकट करने आया और न ही किसी अधि उनकी सुध ली है । जिला युवा इंका के उ श्री गुलशन मागो व इंका युवा नेता श्री नरि ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इन अ पीड़ित परिवारों की आर्थिक सहायता की शहीद भगवान सिंह जी की आत्मिक शांति रखे गए पाठ का भोग 25 फरवरी दोपहर गांव रुड़का कलां जिला लुधियाना स्थि निवास स्थान में पड़ेगा । शहीद सुबेदा जसवंत सिंह की रस्म किरया उनके निवा इंदिरा कालोनी, नजदीक रेलवे फाटक, क्षेत्र लुधियाना में रविवार 26 फरवरी दो बजे होगी ।

पी.एच.डी. के लिए अ वेतनवृद्धि

चंडीगढ़, 24 फरवरी (वि.प्र.) : पंज विभाग के एक प्रवक्ता के अनुसार लैक्चरा होने के बाद पी.एच.डी. और एम. फिल अग्रिम प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्याशियों तीन और एक अग्रिम वेतनवृद्धि देने का नि गया है । प्रवक्ता के अनुसार राज्य सरक यू.जी.सी.वी. सिफारिशें स्वीकार कर ली अनुसार 2000-4000 वेतनमान वाले को इन वेतनवृत्तियों का लाभ दिया जाएगा के पद और लैक्चरार को सिलैक्शन ग्रैड दे सेवावधि कम करके 16 वर्ष कर दी गई

सोचने का नह



Punjabi Samachar

पिछले 15 लाख वर्षों में
हिमालय की ऊंचाई में
2,500 मीटर की वृद्धि
हुई है · और अब भी
हिमालय की ऊंचाई में
1 मिली मीटर प्रति
वर्ष की दर से
लगातार वृद्धि हो
रही है.

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे : होमगार्ड के 3 जवानों सहित 27 बंदी

67 हजार रूपये, मारुति वैन, भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद

पंजाब में 2 महिलाओं सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 25 फरवरी (ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में दो महिलाएं और प्रति मास बलाढ़ 'कर' के रूप में दी जाने वाली राशि की किस्त देने में असमर्थता व्यक्त करने वाला एक दुकानदार भी शामिल है । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने 7 हजार रुपए, एक ट्रैक्टर और 3 बंदूकें छीन लीं । एक घरेलू नौकर को घायल कर दिया । पुलिस और सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गये । विभिन्न स्थानों से 27 उग्रवादी और उनके सहायकों गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 67 हजार रुपए, मारुति वैन, हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया गया । गिरफ्तार लोगों में होमगार्ड के 3 जवान भी शामिल हैं । दो शव मिले । गत शनिवार उग्रवादियों ने एक सभी का अपहरण कर लिया । भारत की सीमा में घुसने के प्रयास में एक घुसपैठिया मारा गया ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : मुक्तसर (प.स.): अमृतसर जिला के फतेपुर पीरा गांव में उग्रवादियों ने आज एक परिवार के तीन सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं । मृतकों की पहचान भजन सिंह, उसका पुत्र बलविंदर सिंह और उसकी पत्नी सुखजीत कौर के रूप में की गई है । उनका एक पुत्र सकुशल बच गया । मृतक भजन सिंह की पत्नी का पता नहीं चल सका । मृतक भजन सिंह और उसके दो बच्चों की कुछ देर बाद उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

जवान घायल : गुरदासपुर : गुरदासपुर पुलिस जिला के थाना मेहता और जौड़ियां थाना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस जिला चीफ श्री जी.एस. मान ने आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि इनमें से कुछ उग्रवादियों की मासूम लोगों की हत्या और डकैती की वारदातों में तलाश थी । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम रणजीत सिंह, जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, बख्तावर सिंह, गुरमीत सिंह, हरदेव सिंह, हरविंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, जसवंत सिंह, सरदूल सिंह, रघुपाल सिंह और अमरीक सिंह है । इनके कब्जे से 303 बोर की एक राईफल रिवाल्वर, 315 बोर की दोनाली बंदूक, 12 बोर की बंदूक, तीन 32 बोर के रिवाल्वर, .303 और, 12 बोर के पांच पिस्तौल तथा इन अधियारों के 92 कारतूस बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में एक मरा : पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त कार्रवाई से एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने वाले उग्रवादियों में से एक मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस और सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी की पहचान दो दिन पहले गांव के निवासी आज सायं गन्ने के खेतों में छिपे हुए देखे जाने उनकी तलाश में निकली पुलिस और सुरक्षा की संयुक्त पार्टी पर खेतों में छिपे उग्रवादियों ने फायरिंग की । मृत उग्रवादी का दूसरा साथी भागने में सफल हो गया । मृत उग्रवादी की पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस ने मुठभेड़ वाले स्थान से एक स्टेनगन, दो .315 बोर की राईफलें, एक .12 बोर की बंदूक और काफी मात्रा में कारतूस बरामद किए । एस.एस.पी. श्री मान के अनुसार उक्त परिवार के सदस्यों की हत्या के समय उग्रवादियों से बरामद स्टेनगन के अतिरिक्त ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया । 'वार्ता' के अनुसार मृतक गांव सरहाला की एक सभा में हुई ।

श्री मान ने बताया कि मृतक भजन सिंह का लड़का बलविंदर सिंह जिसे आतंकवादी गतिविधियों में गिरफ्तार किया गया था, हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ । श्री मान ने संदेह व्यक्त किया कि इन तीन की हत्या का कारण उग्रवादियों की आपसी गुटबंदी है ।

सिपाही को घायल कर दिया : आज सायं अमृतसर की सरहानिक आबादी में पंजाब पुलिस के एक बर्खास्त सिपाही मेजर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार घायल कांस्टेबल गत मास भागपुर जिला जालन्धर में एक बैंक डकैती में संलिप्तता के आरोप में बर्खास्त था ।

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : पुलिस जिला मजीठा के गांव नेगाल के निकट आज रात उग्रवादियों और एस.पी. ओ. के मध्य फायरिंग हुई । किसी के घायल होने का समाचार नहीं मिला ।

दो पैट्रोल पम्प लूट लिए : उग्रवादियों ने आज सायं अमृतसर जिले में 2 पैट्रोल पम्पों को लूट लिया और 6,600 रुपए उड़ा कर ले गए । एक पैट्रोल पम्प पुलिस जिला तरनतारन से हाल्ला के निकट लूटा गया, जबकि दूसरी घटना मजीठा पुलिस जिले में अजनाला के निकट हुई ।

घुसपैठिया मारा : सेमफरण क्षेत्र में आज प्रात: भारत में घुसने के प्रयास में एक घुसपैठिया मारा गया जबकि दो अन्य भाग गए ।

तीन हजार लूटे : होशियारपुर (कि.प्र.): गत रात्रि लगभग 10 बजे तीन उग्रवादियों ने फगवाड़ा ग्राम में एक महिला गुरमीत कौर के घर में घुसकर होकर लगभग 3000 रुपए लूट लिये व गुरमीत कौर को पिस्तौल की नोक पर गोली मार कर घायल कर दिया । मुकद्दर पुलिस ने मौका दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

अन्य खबरें : एक अन्य घटना में थाना बलाचौर के अंतर्गत जलकोवाल ग्राम में दो उग्रवादियों ने गुरचरण राम, गुरनाम सिंह व बलदेव सिंह के घरों में घुसकर तीखक तीन .12 बोर की बंदूकें व कुछ कारतूस छीन लिए ।

(शेष पृष्ठ 14 पर)

होमगार्ड जवान अजैब सिंह उजाला भरने के पूर्व वहां एक बड़ा सुराख हो गया जिसके उजागर गया । इस घटना के बाद से ही पिछले में विमान में हुआ सुराख नजर आ

'सैटेनिक वर्सेस' का मामला : केंद्र द्वारा मुस्लिम आबादी वाले सभी राज्यों में सतर्कता का आदेश

नई दिल्ली, 25 फरवरी (जी.एस. चावला): । जाए कि वे कानून व्यवस्था की पूरी

पाक सेनाध्य अमरीकी रक्षा

न्यूयार्क, 25 फरवरी । पाकिस्तान के जन. मिर्जा असलम बेग ने कल रात पाकिस्तान की सशस्त्र सेना के बीच सद्भाव और मजबूत करने के लिए वरिष्ठ अम अधिकारियों के साथ दो दिन की बातची की ।

श्री बेग गत अगस्त में पाकिस्तान का पदभार संभालने के बाद पहली बार अ सरकारी यात्रा पर यहां आए हैं । व वाशिंगटन में कार्यवाहक विदेशमंत्री आर्मकोस्ट, कार्यवाहक रक्षा मंत्री विलि संयुक्त सेनाध्यक्षों के प्रमुख एडमिरल क सचिव जान मार्श और सेनाध्यक्ष जनरल

Punjab Samachar

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 26, फरवरी 1989 तदनुसार 15 फाल्गुन 2045

राजीव ने पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात के लिए बनाई योजना

नई दिल्ली, 25 फरवरी (जी.एस. चावला): आगामी लोकसभा चुनावों के लिए इंका पार्टी पूरी तैयारी कर रही है तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी पार्टी अध्यक्ष होने के नाते चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह से संलिप्त हैं ।

इस सम्बन्ध में उन्होंने जो पहला कदम उठाया है, वह है कार्यकर्ताओं और अपने बीच की दरी समाप्त करना । कल से उन्होंने पार्टी के सांसदों से मिल कर उनकी जो भी शिकायत हो, उसे सुनना शुरू कर दिया है । लगभग दो दर्जन पार्टी सांसदों ने कल प्रधानमंत्री से भेंट की तथा भेंट के लिए इच्छुक अन्य सांसदों की भी सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें प्रधानमंत्री सोमवार के बाद बातचीत के लिए बुलाएंगे ।

वरिष्ठ पार्टी नेताओं को यह आम शिकायत रहती थी कि प्रधानमंत्री से मिलना दुष्कर है तथा वह हर समय अपने दरबारियों से घिरे रहते हैं । कुछ वरिष्ठ इंका सांसदों ने प्रधानमंत्री से भेंट के लिए

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे : होमगार्ड के 3 जवानों सहित 27 बंदी

67 हजार रुपये, मारुति वैन, भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद

पंजाब में 2 महिलाओं सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 25 फरवरी (ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में दो महिलाएं और प्रति मास बतालू 'कर' के रूप में दी जाने वाली राशि की किस्त देने में असमर्थता व्यक्त करने वाला एक दुकानदार भी शामिल है । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने 7 हजार रुपए, एक ट्रैक्टर और 3 बंदूकें छीन लीं । एक घरेलू नौकर को घायल कर दिया । पुलिस और सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गये । विभिन्न स्थानों से 27 उग्रवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 67 हजार रुपए, मारुति वैन, हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया गया । गिरफ्तार लोगों में होमगार्ड के 3 जवान भी शामिल हैं । दो शव मिले । गत बुधवार उग्रवादियों ने एक सुनी का अपहरण कर लिया । भारत की सीमा में घुसने के प्रयास में एक घुसपैठिया मारा गया ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जिला के फत्तू पीला गांव में उग्रवादियों ने आज एक परिवार के तीन सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं । मृतकों की शिनाख्त भजन कौर, उसका पुत्र बलजिंदर सिंह और एक निकट संबंधी बचन कौर के रूप में की गई है । उग्रवादियों की संख्या का पता नहीं चल सका । मृतका भजन कौर श्री करनैल सिंह की विधवा थी । श्री करनैल सिंह और उनके दो लड़कों की लगभग संसार पूर्व उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

दर्जन उग्रवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के ब्यास, मेहता और जंडियाला पुलिस स्टेशनों के विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स और बब्बर खालसा से सम्बद्ध लगभग 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस जिला चीफ श्री जी.एस. मान ने आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि इनमें से कुछ उग्रवादियों की मासूम लोगों की हत्या और डकैती की वारदातों में तलाश थी । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम रणजीत सिंह, जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, बलवार सिंह, गरमीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरदेव सिंह, सुरिंदर सिंह, जसबंत सिंह, हरदयाल सिंह, रघुपाल सिंह और अमरीक सिंह हैं । इनके कब्जे से 303 बोर का एक सर्विस रिवाल्वर, 315 बोर की दोनाली बंदूक, 12 बोर की दोनाली बंदूक, तीन 32 बोर के रिवाल्वर, .303 और .12 बोर के पांच पिस्तौल तथा इन हथियारों के 92 कारतूस बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में एक मरा : पुलिस और सुरक्षा बलों की तुरन्त कार्रवाई से एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने वाले उग्रवादियों में से एक मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस और सुरक्षा बलों से उग्रवादियों की मुठभेड़ घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर सरहाला गांव के निकट आज सायं गन्ने के खेतों में उस समय हुई जब उनकी तलाश में निकली पुलिस व सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी पर खेतों में छिपे उग्रवादियों ने फायरिंग की । मृत उग्रवादी का दूसरा साथी भागने में सफल हो गया । मृत उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पुलिस ने मुठभेड़ वाले स्थान से एक स्टेनगन, दो मैगजीन और बहुत से जीवित व चले हुए कारतूस बरामद किए । एस.एस.पी. श्री मान के अनुसार अब तक उग्रवादियों की हत्या के समय उग्रवादियों से बरामद स्टेनगन के अतिरिक्त ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया । 'वार्ता' के अनुसार मुठभेड़ गांव सरहाला की एक हवेली में हुई ।

श्री मान ने बताया कि मृतक भजन और का लड़का बलविंदर सिंह जिसे आतंकवादी गतिविधियों में गिरफ्तार किया गया था, हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ । श्री मान ने संदेह व्यक्त किया कि इन तीन की हत्या का कारण उग्रवादियों की आपसी गुटबंदी है ।

खिपाही को घायल कर दिया : आज सायं अमृतसर की सुल्तानविंड आबादी में पंजाब पुलिस के एक बर्खास्त सिपाही मेजर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार घायल कांस्टेबल गत मास भोगपुर जिला जालन्धर में एक बैंक डकैती में संलिप्तता के आरोप में बर्खास्त था ।

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : पुलिस जिला मजीठा के गांव नेपाल के निकट आज रात्रि उग्रवादियों और एस.पी.ओ. के मध्य फायरिंग हुई । किसी के घायल होने का समाचार नहीं मिला ।

दो पैट्रोल पम्प लूट लिए : उग्रवादियों ने आज सायं अमृतसर जिले में 2 पैट्रोल पम्पों को लूट लिया और 6,600 रुपए उड़ा कर ले गए । एक पैट्रोल पम्प पुलिस जिला तरनतारन में झब्बाल के निकट लूटा गया, जबकि दूसरी घटना मजीठा पुलिस जिले में अजनाले के निकट हुई ।

घुसपैठिया मरा : खेमकरण क्षेत्र में आज प्रातः भारत में घुसने के प्रयास में एक घुसपैठिया मारा गया जबकि दो अन्य वापस भाग गए ।

तीन हजार लूटे : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि लगभग 10 बजे तीन उग्रवादियों ने चब्बेवाल ग्राम में एक महिला गुरमीत कौर के घर में दाखिल होकर लगभग 3000 रुपए लूट लिये व गुरमीत कौर के नौकर महेंद्र उर्फ मिंदी को गोली मार कर घायल कर दिया । सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

बंदूकें छीनीं : एक अन्य घटना में थाना बलाचौर के अंतर्गत जलखोवाल ग्राम में दो उग्रवादियों ने गुरदास राम, मुलतान सिंह व बलदेव सिंह के घरों में दाखिल होकर तीन .12 बोर की बंदूकें व कुछ कारतूस छीन लिए ।

(शेष पृष्ठ 14 पर)

होनोलूलू हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद इ... पर था, एक बड़ा सुराख हो गया जिसके कारण... उतारा गया । इस वीरान कुर्सियों समेत 18... चित्र में विमान में हुआ सुराख नजर आ रहा ।

पाक सेनाध्यक्ष अमरीकी रक्षा ...

न्यूयार्क, 25 फरवरी : पाकिस्तान के सेना जन. मिर्जा असलम बेग ने कल रात अमरीक पाकिस्तान की स्थास्त्र सेना के बीच निकट सबं और मजबूत करने के लिए वरिष्ठ अमरीकी अधिकारियों के साथ दो दिन की बातचीत स की ।

श्री बेग गत अगस्त में पाकिस्तान के सेन का पदभार संभालने के बाद पहली बार अमरी सरकारी यात्रा पर यहां आए हैं । जनरल वाशिंगटन में कार्यवाहक विदेशमंत्री म आर्मकोस्ट, कार्यवाहक रक्षा मंत्री विलियम संयुक्त सेनाध्यक्षों के प्रमुख एडमिरल कोलि सचिव जान मार्श और सेनाध्यक्ष जनरल ब बातचीत की ।

दोनों पक्षों के अधिकारियों ने बातचीत उपयोगी बताया । बातचीत का विवरण

'सैटेनिक वर्सेस' का मामला : केंद्र द्वारा मुस्लिम आबादी वाले सभी राज्यों में सतर्कता का आदेश

नई दिल्ली, 25 फरवरी (जी.एस. चावला): केंद्र ने उन सभी राज्यों को जहां मुसलमानों की

जाए कि वे कानून व्यवस्था की कोई समस्या पैदा करने की कोशिश नहीं करें ।

चलता है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने आतंकवाद तथा हिंसा का पाठ पढ़ाने वालों की सदैव

सरी जालंधर, 26.2.1989

में कहा कि यह समुचित नहीं है तथा सम्पत्ति कर लागू करने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की ...

रियायतों का स्वागत : फैडरेशन आफ इंडस्ट्री एंड कामर्स के जनरल सैक्रेटरी श्री विनोद अबरणी ने कर ढांचे में दी गई रियायतों का स्वागत किया परन्तु सरचार्ज कर लगाए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है ।

जन-विरोधी : जनता दल के नेता श्री धनराज कश्यपा ने बजट को जन-विरोधी विशेष रूप से किसान-विरोधी बताया है ।

बिहारी बाबू का स्वागत : भारतीय मजदूर संघ के नेता श्री सोमदत्त ने बिहारीदारी की मजदूरी 15 से बढ़ा कर 18 रुपए किए जाने का स्वागत किया है । उन्होंने साथ ही राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतनमान दिए जाने और कोई आश्वासन न होने पर आन्दोलन चलाने की घोषणा की है ।

बर्फीले तूफान से जोजिला दर्रा ढह गया

श्रीनगर, 25 फरवरी : कल रात आए तेज बर्फीले तूफान से श्रीनगर-लेह रोड पर 3472 मीटर ऊंचा जोजिला दर्रा ढह गया है । प्राप्त समाचारों के अनुसार यहां जान, माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है ।

भारी बर्फ के ऊपरी हिस्सों में फिर से बर्फ पड़ने के कारण लद्दाख सहित कश्मीर घाटी के कई क्षेत्रों में जबरदस्त बर्फी तूफान ने तेज बर्फीली हवाओं के कारण आज पूरे दिन भी यहां जनजीवन में गिरावट आई ।

यन वीकली लाटरियां

से जैमिनी का 53वां ड्रा व चैम्पियन गया । अब जैमिनी का 54वां ड्रा 54वां ड्रा 28.2.89 को निकाला ी का सोमवार को व चैम्पियन का ई मुख्यालय नई दिल्ली में सम्पन्न खेद है ।

AILWAY ECRUITMENT OARD
SECTOR-9B, CHANDIGARH-160009

सूचना
आरबी/सीडीजी/ईएन-1-88)
म परिणाम
नखित परीक्षाओं/दक्षता अथवा मनोवैज्ञानिक पद के प्रत्येक वर्ग के नीचे लिखे रोल नम्बर रखने से सफल घोषित किया गया है :

(आरपीएस) (वर्ग नं. 51) :
5300 7406 9013 10729 10935
925 17887 18630 18645 18690
787 18834 18844 18854 18860
945 18974 19012 19060 1922

50-1500 (आरपीएस) (वर्ग नं. 44) :
6699 6851 (कुल 5)
20-2040 (आरपीएस) (वर्ग नं. 34) :
676 10680 (कुल 4)
ग्रेड 1320-2040 (आरपीएस) (वर्ग नं.

ड 1200-1800 (आरपीएस) (वर्ग नं.

3200 (आरपीएस) (वर्ग नं. 3) :

400-2300 (आरपीएस) (वर्ग नं. 22) :

-2300 (आरपीएस) (वर्ग नं. 23) :

र्कल असिस्टैंट्स ग्रेड 1400-2300
कुल 3)
350-2200 (आरपीएस) (वर्ग नं. 30) :
5368 5386 5419 5422 5484
5642 5646 5651 5664 5666
5768 (कुल 20)
00-2040 (आरपीएस) (वर्ग नं. 40) :
6025 (कुल 4)
950-1500 (आरपीएस) (वर्ग नं. 52) :

ोज़ल असिस्टैंट्स/इलैक्ट्रिक असिस्टैंट ड्राइवर्ज़
रपीएस) (वर्ग नं. 54) :
113 123 124 125 130 146* 187
253 262 264 266 268 273 277
309 318 319 323 330 344 360

पंजाब म हत्याय

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुकानदार की हत्या : बटाला (कोछड़): दो कथित उग्रवादियों ने थाना हरगोविंदपर के गांव था । उग्रवादियों ने उसकी हत्या उस समय की जबकि उसने लगातार कर्फ्यू के कारण ही जाने वाली राशि की किस्त देने में असमर्थता व्यक्त की । उग्रवादी उससे 'महीना' लेते थे ।

पंची का अपहरण : संगरूर (ह.स.): यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में देर से प्राप्त समाचार के अनुसार संगरूर जिला से डोरएर थाना क्षेत्र के कलाझ खुला गांव से गत 22 फरवरी को एक पंची मीखिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया । पंची का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

12 गिरफ्तार : मोगा (वांसल): जिला फरीदकोट के पुलिस प्रमुख श्री सतीश कुमार शर्मा ने कहा है कि पुलिस ने 3 सक्रिय-उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम है निर्मल सिंह, भोला सिंह उर्फ भोला और बलविंदर सिंह उर्फ बिंदर । गिरफ्तार आरोपितों के नाम गुरमीत सिंह, गुरमेल सिंह, बलवीर सिंह, दयाल सिंह, बलविंदर सिंह, मोहिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह और बलविंदर सिंह हैं ।

इसी बीच पुलिस ने गत 21 फरवरी को सर्चिंग पुलिस दलों के गांव साहबवाला के निकट फरीदकोट-जिरा रोड पर लगाए गए एक नाके पर उग्रवादियों की तिहरासहार कर दी है । उस समय हुई मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी जिला फिरोजपुर के गांव जिला का निवासी हरजिंदर सिंह की हत्या और डकैती की वारदातों में संलिप्त था । वूटा सिंह सैनिक मंगीदा था । उसके साथी कमाण्डो कमांडर सुखविंदर सिंह उर्फ बीना और नरइन्दर सिंह जिला पर तीन-तीन हजार रुपए का इनाम था । यह भी 21 फरवरी को आपरेशन के निकट मुठभेड़ में मारे गए थे । श्री शर्मा ने बताया कि दोनों उग्रवादी संगरूर जिले के श्री आई.जी. पर हमला करने और एक ए.एस.आई. गुरचरण सिंह, डिडफाडेलण मोहिन्दर सिंह (अभीदीह के निकट) तथा सरपंच के हत्यारों के जत्थे जोगिन्दर सिंह की हत्या में संलिप्त थे । दोनों उग्रवादी जिला सेना नेता यशपाल दिसोढ़ा, अकाली दल के नेता मल्किअत सिंह रामियां, जत्थेदार सेना व पी.आर.टी.सी. कर्मी दलिप्पण पंजाब के प्रधान नरइन्दर सिंह, सिरकारी नेता धनवन्त बास, भागटा ढक यूनियन के प्रधान चरणजीत लाल के अतिरिक्त भटिंडा, फरीदकोट, फिरोजपुर और लुधियाना जिलों में 18 से अधिक मालमों की हत्या तथा डकैती की 11 वारदातों में संलिप्त थे ।

होमगार्ड के जवान भी : 'ह.स.' के अनुसार गिरफ्तार 9 शरणथालाओं में तीन बूटा सिंह, जगतार सिंह और बलबीर सिंह होमगार्ड के जवान हैं ।

मोगा से 'सर्च' के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादी व उनके शरणथाला लोगियानां, समालसर, भलूर, माडी मुस्तफा, लंडे, भाटिया टोबा, बुटरहखला, काहन सिंह वाला और शलकला गांवों से सम्बद्ध हैं ।

फिरौती के 4 हजार लूटे : फिरोजपुर (ह.स.): जलालाबाद से एक बारात के डंके से उग्रवादियों ने साढ़े 4 हजार रुपए लूट लिये ।

शव बरामद : भटिंडा (ह.स.): भुच्चो गांव के निकट खेतों से एक अज्ञात शव बरामद हुआ है ।

बिकर गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने गत रात एक उग्रवादी बिकर सिंह को गिरफ्तार करके उससे 67 हजार रुपए से अधिक की राशि बरामद की ।

मारुति वैन से 2 गिरफ्तार : बरनाला (सिंधवानी): संगरूर के एस.एस.पी. श्री जान सिंह ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव बड़ूखला के निकट नाकाबंदी करके एक मारुति वैन (1187 नं.) को रोका, संदेह होने पर तलाशी ली गई तो उसमें बैठे कर्मजीत सिंह उर्फ पम्मा (भटिंडा) और सुरेंद्र कुमार बल्द दुनीचंद (बरनाला) से एक रिवाल्वर 32 बोर और एक नाली टूटी हुई 12 बोर की बंदूक 8 कारतूसों सहित बरामद की । अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । यह मारुति वैन भी 21 जनवरी को भवानीगढ़ से खिड़किया पर लेकर छीनी गई थी । धनौला के निकट आकर ड्राइवर को उतार कर वैन लेकर भाग गये थे ।

याद रहे कि सुरेंद्र कुमार और इंद्रजीत वही सगे भाई हैं जिन्होंने बरनाला के व्यापार मंडल के प्रधान श्री सुभाष पिप्पली की हत्या की थी । दोनों उस केस में भटिंडा जेल में थे । जेल में कर्मजीत सिंह, हरबोध सिंह, गुरदेव सिंह, भटिंडा-निवासियों से इनकी दोस्ती हो गई । केस की पैरवी रोकने के लिए मलकीयत सिंह जीत् प्रधान ट्रक यूनियन बरनाला उर्फ जग्गो (बजीदक गांव के सरपंच) की हत्या करने की साजिश बनाई गई । भटिंडा के तीनों दोस्तों ने गाड़ी का प्रबंध किया, सुरेंद्र और इंद्रजीत ने असला का प्रबंध किया । अतः जब वे हत्या करने आ रहे थे तो पुलिस ने वैन रोक उन्हें गिरफ्तार कर लिया । इस प्रकार हत्या की घटना टल गई । सी.आई.ए. स्टाफ संगरूर ने कर्मजीत सिंह को मारुति छीनने और हत्या की साजिश करने के अभियोग में गिरफ्तार किया है । हरबोध सिंह और गुरदेव सिंह दोनों फरार हैं ।

ट्रैक्टर ले गए : खरड़ (शशि): पता चला है कि गत रात यहां से कुछ मील दूर कम्बली गांव से कुछ सशस्त्र लोग पंचायत के सरपंच सतपाल सिंह के फार्म हाउस से उसका फोर्ड ट्रैक्टर ले गए । इस संबंध में बस्सी पठानां पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया : रोपड़ (ह.स.): आज दोपहर जिला रोपड़ के गांव साहोरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया, जिसकी शिनाख्त बलविंद्र सिंह के रूप में की गई है ।

फार्मासिस्टों के ग्रेडों में विसंगतियां दूर की जाएं

जालन्धर, 25 फरवरी : पंजाब राज्य फार्मासिस्ट्स एसोसिएशन जिला जालन्धर के प्रधान श्री ए.एल. ग्रोवर ने फार्मासिस्टों के लिए प्रस्तावित

चौटाला की राजनीतिक वरिष्ठता रणजीत सिंह ने मानी

चंडीगढ़, 25 फरवरी (एन.एस. परवाना): मिलन यहां से ज्ञात हुआ है कि हरियाणा के मध्यमंत्री उपमुख्यमंत्री के आवास पर डीपहर के भोज तथा उद्योग मंत्री श्री के.आर. पुनिया के आवास पर रात्रि भोज आयोजित किया था । जिसमें पांच मंत्रियों श्री बी.डी. गुप्ता, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री पुनिया, श्री. सरदार सिंह तथा श्री हुकम सिंह के अलावा श्री चौटाला तथा श्री रणजीत सिंह भी उपस्थित थे । इस अवसर पर दोनों भाइयों में 'सुलह' कराने का प्रयास भी किया गया । अब पता चला है कि श्री चौटाला 27 फरवरी को चंडीगढ़ आकर जनता दल के सभी विधायकों को पार्टी दे रहे हैं ।

अब यह कार्यक्रम भी बनाया गया है कि भविष्य में दोनों भाई हरियाणा में संयुक्त रैलियां करेंगे । पार्टी कार्यकर्ता को संगठित करने के लिए भी चौटाला 5 मार्च से राज्य के विभिन्न भागों का दौरा शुरू कर रहे हैं । इस क्रम में वह 7 को करनाल, 9 को हिसार, 10 को फरीदाबाद, 12 को पलवी, 13 को गोहाना, 14 को अम्बाला, 15 को सिरसा इत्यादि में रैलियां करेंगे । इस बीच यहां के राजनीतिक हलकों का कहना है कि श्री चौटाला को जनता दल की हरियाणा शाखा का प्रधान इसीलिए बनाया गया है ताकि आगामी लोकसभा चुनावों तक वह पार्टी को संगठित कर सकें और एक संगठनात्मक ढांचे के लिए काफी मजबूत है ।

होला मुहल्ला मेले की तैयारियां प्रारम्भ

रोपड़, 25 फरवरी (सहदेव): यहां से 40 किलोमीटर दूर सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर आनंदपुर साहिब में होला मुहल्ला उत्सव में प्रति वर्ष की भांति लाखों लोगों के आने की आशा है । जिला प्रशासन ने हर प्रकार की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध करने के लिए कमर कस ली है । जिलाधीश श्री धनवीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक जिला के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे । आनंदपुर साहिब में एस.डी.एम. आनंदपुर साहिब श्री टी.एस. सेठ को मेला अधिकारी नियुक्त कर दिया है जो कार्यालय में एक पुलिस कक्ष बनाकर पुलिस के साथ तालमेल बनाने की सुविधा प्रदान किया गया ।

पूरे मेला क्षेत्र को तीन भागों में बांटा जाएगा जिनके इंचार्ज सैक्टर इन्सपैक्टर होंगे । भागों को सुविधा के लिए आठ सौ अस्थाई टेलीफोन स्थापित किए जाएंगे ।

मेला 21-22 तथा 23 मार्च तीन दिन रहेगा । इन दिनों भिन्न-भिन्न किस्म के विकास प्रदर्शनियां लगाएंगे । लोक संपर्क विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष व्यवस्था की जाएगी ।

जनता दल की विदेश नीति प्रारूप की ईंका सांसदों द्वारा निन्दा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (भाषा): कांग्रेस (इ) के आठ सांसदों ने जनता दल के विदेश नीति संबंधी प्रारूप की निन्दा करते हुए कहा कि इससे न केवल राष्ट्रीय सरकार खतरे में पड़ जाएगी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर देश की स्थिति भी कमजोर होगी । इन सांसदों ने आज यहां एक संयुक्त बयान में कहा कि जनता दल भूतपूर्व सोवियत मैत्री की महत्ता कम करने के साथ प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा चीन के साथ संबंध सुधारने के लिए की गई पहल को नकारना चाहता है ।

उन्होंने कहा कि इस दस्तावेज जैसे इस नई पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया कि वह विदेशी नीति के बुनियादी सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम के समय से अपनाए जा रहे मूल्यों को त्यागना चाहती है ।

खुमैनी की बर्बरता की इमाम के भाषण में सुनाई

लगाते हुए कहा है कि खुमना के फतवे का कड़ मुस्लिम नेताओं ने समर्थन किया है जबकि इसके विरोध में बहुत कम आवाज उठाई गई है । बम्बई के कुछ अन्य स्थानों में स्थिति सम्भीर रूप लेती जा रही है । हाली मस्लान जैसे लोगों के नेतृत्व वाला तथाकथित दलित मुस्लिम सुरक्षा महासंघ तथा मुस्लिम इंडियन कांग्रेस जैसे संगठन जानबूझकर धार्मिक उन्माद और हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे भविष्य में स्थिति और भी खराब होने का खतरा है । इस स्थिति की तुलना 20वें दशक के खिलाफत आंदोलन के बाद की स्थिति से की जा सकती है जब देश में भयंकर साम्प्रदायिक हिंसा शुरू हो गई थी ।

भाजपा नेताओं ने कहा है कि इमाम ने रश्दी के खिलाफ फतवा जारी करके मुसलमानों को उनके जन्म भूमि का मुद्दा भी उठाया ताकि उसे खुमैनी द्वारा किए गए हत्या के आह्वान से जोड़ा जा सके । भाजपा नेताओं ने आशा व्यक्त की है कि मुस्लिम नेतृत्व में कुछ समझदार लोग आगे आएंगे और इसके लिए रश्दी इमाम की खुलेआम निंदा करेंगे तथा रश्दी की हत्या करने वाले आयतुल्ला खुमैनी के आह्वान का विरोध करेंगे ।

भाजपा नेताओं ने भारत सरकार से मांग की है कि शांति बनाए रखने तथा सरकारी तत्वों को सख्ती से कानून के अनुसार कार्य करने के लिए भाजपा सरकारों के नेतृत्व वाले तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकार की कार्रवाइयों पर कड़ी नजर रखने के लिए राज्यों, मंत्रालय, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली व चंडीगढ़ के वन कर्मी भाग लेंगे । बाद में सम्बद्ध संघों को सांगों बारे जानकारी दी जाएगी । इनकी सांगों में अन्यों के अलावा राज्य स्तर पर वन-वन्य नीति बनाया जाना भी शामिल है ।

गिरफ्तार उग्रवादियों को सशर्त आम माफी दी जाए : उमरानंगल

पटियाला, 25 फरवरी (भूषण): लोगोवाल अकाली दल के वरिष्ठ उपप्रधान जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने आज यहां कहा कि केंद्र सरकार को सद्भावना के तौर पर सभी गिरफ्तार उग्रवादियों को आम माफी देकर इस दर्द को दूर कर देना चाहिए जब वे अपने हथियार व गोली-सिक्का जमा कराने और संविधान के ढांचे में वापस आने की घोषणा करें । सरसमेल उमरानंगल ने कहा कि इससे पंजाब में हालात सामान्य होंगे ।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री उमरानंगल ने कहा कि राज्य में शांति लाने के लिए अकाली दल के सभी गुटों को अपने वकीलों की टीमें प्रत्येक जिला में भेज कर उग्रवादियों द्वारा मारे गए लोगों और पुलिस से हुई मुठभेड़ों में मारे गए उग्रवादियों के परिवारों के पास भेज कर उन्हें शांति स्थापना के लिए कार्य करने को प्रेरित करना चाहिए । इसके अतिरिक्त सरकार को उग्रवाद के शिकार और मुठभेड़ों में मारे गए उग्रवादियों के बच्चों के खान-पान व शिक्षा के प्रबन्ध का दायित्व सम्भालना चाहिए ।

कर्मचारियों की मांगें तीन दिन में पूरी न हुईं तो मंत्रियों का घेराव होगा : रणजीत

शिमला, 25 फरवरी (ह.स.) : हिमाचल प्रदेश के हड़ताली कर्मचारियों की संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह ने कहा है कि यदि कर्मचारियों की मांगें 3 दिन में स्वीकार नहीं की गईं तो वे उन मंत्रियों व अधिकारियों का घेराव करना शुरू कर देंगे जोकि हड़ताल के बारे में झूठे आंकड़े दे रहे हैं ।

आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले 18 दिनों से चली आ रही हड़ताल में आज और भी कर्मचारी शामिल हो गए हैं । श्री रणजीत सिंह ने दावा किया कि प्रदेश में 35 हजार कर्मचारी इस समय हड़ताल पर हैं ।

समन्वय समिति के उपाध्यक्ष श्री गोपाल दास वर्मा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि श्री वर्मा हड़ताल पर थे तथा उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं ।

इस बीच यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल अब आखिरी सांसें ले रही है तथा कुछ मुट्ठी भर कर्मचारी ही अपने कार्यालय व ड्यूटी से अनुपस्थित हैं । सरकारी दफ्तरों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है तथा हड़ताल का कोई भी प्रभाव नहीं है ।

इस बीच जूनियर इंजीनियरों की हड़ताल भी आज 20वें दिन में प्रवेश कर गई है ।

बोगस चैक देने वालों को एक वर्ष की सजा होगी

लुधियाना, 25 फरवरी (भाखड़ी): अब शीघ्र ही पब्लिक सैक्टर के सभी बैंकों द्वारा चैकों के पास होने को सुनिश्चित बनाने हेतु धारा 138 और उप धारा 66-1988 एक अप्रैल 1989 से लागू की जा रही है । इस नए कानून का विभिन्न औद्योगिक संगठनों ने भारी स्वागत किया है । अब बेइमान अथवा झूठे चैक काटने की प्रथा पर इस नए कानून से अवश्य ही अकुंश लग जाएगा । इस नए कानून के अंतर्गत अगर कोई व्यक्ति जिसके बैंक खाते में पैसे नहीं, किसी व्यक्ति अथवा फर्म को उसकी देय राशि में से कुछ भाग अथवा पूरा चैक काट कर देता है और उक्त चैक फेल हो जाता है तो इस अवस्था में जिस व्यक्ति द्वारा चैक काटा होगा वह एक कानूनी जुर्म होगा और जिस पार्टी को चैक दिया गया था वह 30 दिन के भीतर उसे नोटिस जारी करवाएगी । अगर नोटिस जारी होने के पश्चात् 15 दिन के भीतर वह फेल चैक की राशि का भुगतान नहीं कर देता तो इसको गिरफ्तार किया जाएगा और नई धारा के अंतर्गत एक वर्ष की कैद और जितनी राशि का चैक फेल हुआ हो उससे दोगुणा जुर्माना किया जा सकता है अथवा दोनों सजाएं इकट्ठी भी हो सकती हैं ।

प्रिंसीपल श्री शंकर दास, जिनकी गत 9 फरवरी को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 26 फरवरी को उनके गांव नवां पिंड टपरिया (बलाचौर) में श्रद्धांजलि समागम आयोजित किया जा रहा है ।

हरियाणा में दो पंजाबी सम्मेलन आज

चंडीगढ़, 25 फरवरी (वि.प्र.): कल 26 फरवरी को हरियाणा में दो पंजाबी सम्मेलन हो रहे हैं । एक सम्मेलन करनाल में और दूसरा रोहतक में होगा । करनाल के सम्मेलन को केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल तथा रोहतक के सम्मेलन को फिल्म अभिनेता व इंका सांसद सुनील दत्त सम्बोधित करेंगे । उल्लेखनीय है कि दोनों सम्मेलनों के प्रधान हरियाणा के इंका नेता हैं ।

इस बीच कैथल के जनता दल विधायक सुरेन्द्र मदान ने धमकी दी है कि वह कल करनाल में भजन लाल के आने पर काले झंडे लेकर प्रदर्शन करेंगे । रोहतक के सम्मेलन को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बंसी लाल का भी समर्थन प्राप्त है ।

वन कर्मचारी दिल्ली में धरना देंगे

चंडीगढ़, 25 फरवरी (सभी): उत्तरी क्षेत्र वन कर्मचारी महासंघ ने आगामी 27 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री के आवास के बाहर धरना देने का फैसला किया है । महासंघ के महासचिव श्री कर्ण सिंह के अनुसार इस धरने में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली व चंडीगढ़ के वन कर्मी भाग लेंगे । बाद में सम्बद्ध संघों को सांगों बारे जानकारी दी जाएगी । इनकी सांगों में अन्यों के अलावा राज्य स्तर पर वन-वन्य नीति बनाया जाना भी शामिल है ।

Rajbir Saraan

और कुछ परिस्थितियों में सीधे गोली
वशेष अधिकार प्राप्त हैं ।

के अनुसार पंजाब में अधिकारी
होने के आरोप में गिरफ्तार कई लोगों पर
लाने में असफल रहे । हालांकि सरकारी
ों का दावा है कि पकड़े गए लोगों को
साबित करने के लिए गवाह नहीं जुटा
ोर्ट में कुछ लोगों के पुलिस हिरासत से
की सूचना भी दर्ज है लेकिन इन रिपोर्टों
के प्रमाण नहीं हैं ।

ों के लिए
ाषा में

मूल्य :
4 रुपए मात्र

दर्पण

टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफीसर
र्ती बोर्ड परीक्षा, 1888, ●
ार समाचार, ● विविध तथ्य
म्म

RAMA

सम्पत्ति नहीं है अपितु गुरु नानक खालसा कालेज ट्रस्ट के नाम पर बने हैं । उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह भूमि 1969-70 में पंजाब सरकार से खरीदी गई थी ।

हैं ।

श्री बराड़ ने बताया कि पहले हमने जो कारबाइनें मांगी थीं, उनकी जगह हमें मुरम्मत की हुई स्टेनगनें दी गईं लेकिन वह ठीक तरह चलती नहीं

गिरोह से सम्बन्धित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है । इसका बहुत लाभ हुआ है । वह यहां फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग कालेज के समारोह में भाग लेने आए हुए थे ।

गठजोड़ से आरम्भ हुआ । अब 11
और प्रदेश में आतंक एवं हत्याओं का च
कुछ अकाली नेताओं ने उग्रवाद को
उग्रवादियों के पक्ष में गर्म-गर्म बयान दि
नेता उग्रवादियों से डरते हैं, यहां तक
सामने जाने से भी डरते हैं । इन अकाली
चाहिए कि वे डर त्याग दें और देहात में टी
जाएं ताकि लोगों को उग्रवाद के विरुद्ध
किया जाए । तभी पंजाब में सुखद वातावर
सकता है ।

बटाला बम कांड की घायल महिला चल बसी : खेत मज़दूर और 2 अन्य की हत्या

चंडीगढ़, 26 फरवरी (ह.स.) : उग्रवादियों ने पंजाब में एक खेत मज़दूर सहित 3 की हत्या कर दी । अकाली नेता के घर से रिवाल्वर ले गए । एक डेरे पर हमला करने गए उग्रवादी वहां से हुई जबाबी फायरिंग से भाग गए । गत 22 फरवरी से अपहृत ग्रंथी निहंगों के एक डेरे में ढूंढ लिया गया । बटाला बम कांड में घायल महिला की मृत्यु हो गई । रोपड़ जिला में गत दिवस हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस से बचने के लिए एक उग्रवादी ने साइनायड खा लिया । पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जबकि भारत घुसने के प्रयास में दो घुसपैठिए मारे गए ।

कृषि मजदूर की हत्या : अमृतसर (ह.स.): खालड़ा पुलिस स्टेशन के गांव माड़ी मेघा में उग्रवादियों ने जोगिन्दर सिंह उर्फ राधे श्याम नामक कृषि मजदूर की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने उसे घर से बाहर ले जाकर उसकी हत्या की । उग्रवादियों के जिस गिरोह ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है, उसके अनुसार जोगिंदर पुलिस का मुखबिर था । मृतक गत 8 वर्ष से इसी गांव के व्यक्ति परगट सिंह के खेतों में काम करता था ।

घायल महिला की मृत्यु : श्रीमती हंसो नामक महिला जो 16 फरवरी को अमृतसर के काला अफगाना में शक्तिशाली बम विस्फोट में घायल हो गई थी, की कल रात अस्पताल में मृत्यु हो गई । इसके मरने से उस वारदात में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है । मौके पर मारे जाने वाले अन्य दो में एक महिला और उसका पुत्र था । एक ही परिवार के पांच सदस्य उस घटना में घायल हुए थे । विस्फोट उस समय हुआ जब वे लोग अपने रिश्तेदार के एक शव को टैम्पो में रख कर ला रहे थे और रास्ते में आतंकवादियों ने मुख्य मार्ग पर पुलिस की गश्ती जीप को उड़ाने के लिए बम रखा था ।

रिवाल्वर ले गए : कपूरथला (शर्मा) : थाना भुलत्थ के गांव बेगोवाल में गत दोपहर दो अज्ञात व्यक्ति जिला कपूरथला एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बच्चाजीवी की गैर-हाजरी में उनके घर से स्त्रियों को डरा कर उनका लायसैंसी रिवाल्वर ले गए ।

जबाबी फायरिंग से भाग गए : थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव नूरोबाल के निकट श्री तरसेम सिंह के डेरा पर गत रात्रि लगभग 11½ बजे अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग की तथा श्री तरसेम सिंह के अपने डेरा के अन्दर से जबाबी फायरिंग करने पर हमलावर भाग गए । दोनों ओर से किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है ।

हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव कोट टोडरमल में शराब के ठेके के एक कर्मी अवतार सिंह (19) की तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक गांव हैबोबाल का रहने वाला था ।

स्कूटर छीना : आज सायं थाना डेरा बाबा नानक के गांव दलम मंगल के निकट दो सशस्त्र आतंकवादियों ने हरपाल सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.ए.यू. 1662 छीन लिया व

अपहृत ग्रंथी निहंगों के डेरे से मिला : 2 घुसपैठिए मरे : एक उग्रवादी गिरफ्तार

फरार हो गए ।

हत्या की जिम्मेवारी ली : अहमदगढ़ (पटि) : खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंट सिंह बधनीवाला, बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह तथा कमांडो फोर्स के कंवल जीत सिंह ने स्थानीय ए.एस.आई. पुलिस श्री सुरजीत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है । उनकी कल हत्या कर दी गई थी । इन उग्रवादी नेताओं ने गांव जारखर के सरपंच गुरदेव सिंह की हत्या की जिम्मेदारी भी ली है । उनके अनुसार गुरदेव सिंह पुलिस का मुखबिर था ।

एक की हत्या : भटिंडा (ह.स.) : गांव जौंगके में जुगराज सिंह और बंत सिंह ने एक व्यक्ति हरि सिंह की हत्या कर दी ।

अपहृत ग्रंथी वापस आया : धूरी (सिंगला): गत 22 फरवरी को गांव काला बूला से एक ग्रंथी मोहिंदर सिंह जिसका कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था, को पुलिस ने संगरूर में निहंगों के अड्डे से छुड़ा लिया ।

साइनायड खा लिया : रोपड़ (ह.स.): जिला रोपड़ के गांव सहोरां में हुई मुठभेड़ के दौरान एक उग्रवादी सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा ने पुलिस के हाथ आने के स्थान पर साइनायड खाकर आत्महत्या कर ली जबकि अन्य चार बच निकलने में सफल हो गए । छिंदा जिला लुधियाना में गांव जसपालों के सरपंच सहित तीन लोगों की हत्या में संलिप्त था । घटनास्थल से पुलिस को एक 32 बोर का जर्मन निर्मित रिवाल्वर और सात चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

सूत्रों के अनुसार छिंदा मोरिंडा पुलिस स्टेशन के गांव रसूलपुर निवासी मस्ता सिंह का लड़का था । प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के एक ठिकाने पर छापा मारा तो वहां छिपे उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । छिंदा ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया । पांच पुलिस कर्मचारियों ने उसका पीछा किया और अन्ततः थक जाने तथा कारतूस समाप्त हो जाने पर छिंदा ने बचाव का कोई रास्ता न देखते हुए साइनायड खा लिया । एस.एस.पी. श्री चन्द्र शेखर ने बताया कि छिंदा चमकौर साहब के उजागर सिंह, गांव उमराली के कर्मसिंह, जिला रोपड़ में 12 बोर की दोनाली बंदूक छीनने, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के चमकौर साहब और खमानो स्थित कार्यालयों से क्रमशः 42000 और 22 हजार रुपए छीनने की वारदातों में संलिप्त था ।

बारात भगा दी : समराला (भारद्वाज) : यहां से 7 किलो मीटर दूर मुश्कबाद में श्री मेहर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर बारात आई जिसके लगभग 100 सदस्य थे । इस दौरान वहां स्कूटर पर सवार 2 उग्रवादी आ गए । उन्होंने हवाई फायर किया और चेतावनी दी कि बारात के 11 आदमी छोड़ कर शेष सभी यहां से भाग जाएं । इस पर बाराती ट्रैक्टरों पर सवार होकर वहां से चले गए । इसके बाद उन्होंने एक ठेके से 500 रुपए और एक दोधी से 125 रुपए छीन लिए और फरार हो गए । सरकारी क्षेत्रों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की ।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर (ह.स.) : ममदोट क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भारत में गत

1908 दहेज-ह

नई दिल्ली, 26 फरवरी : देश में
दहेज हत्या के कम से कम 1908 मामल
आए । उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे उ
राज्य में इस अवधि में 724 महिलाओं
गई ।

सरकारी आंकड़ों से पता चलता है
की तुलना में पिछले साल दहेज की खातिर
की हत्या की वारदातों में काफी वृद्धि हु
वर्ष के आंकड़ों में मध्य प्रदेश और बि
प्रकार की घटनाओं को शामिल नहीं कि
क्योंकि इन राज्यों के आंकड़े उपलब्ध नही
देश में 1987 में इस प्रकार की घटनाओं
लगभग 1750 ही थी ।

स्पीड
SPEEDWA
आप



Punjabi Sanjalan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

के प्रयास में दो सुरक्षा बलों की गोली से दो घुसपैठिए मारे गए ।

कोटला रायके में हत्या : फरीदकोट (ह.स.) : बाघा पुराना पुलिस स्टेशन के गांव कोटला रायके में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बलदेव सिंह की हत्या कर दी ।

एक गिरफ्तार : जिला पुलिस ने एक उग्रवादी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं ।

अधीनस्थ सेवा महासंघ की कांफ्रैंस होशियारपुर में

चंडीगढ़, 26 फरवरी (संधी): पंजाब अधीनस्थ सेवा महासंघ ने अपनी राज्य स्तरीय कांफ्रैंस आगामी 5 व 6 मार्च को होशियारपुर में करने का फैसला किया है । यह जानकारी देते हुए महासंघ के अध्यक्ष श्री त्रिलोचन सिंह राणा तथा महासचिव नाजर सिंह ने बताया है कि कांफ्रैंस में संगठन को मजबूत करने के मामले पर विचार किया जाएगा । कांफ्रैंस के अंत में 6 मार्च को ऊधम सिंह पार्क होशियारपुर में रैली भी की जाएगी ।

प्रशिक्षणार्थी उप-सम्पादक चाहिए

पंजाब केसरी जालंधर के लिए एक प्रशिक्षणार्थी उप-सम्पादक की जरूरत है । प्रार्थी का किसी भी विश्वविद्यालय का स्नातक होना जरूरी है । किसी हिन्दी दैनिक में काम कर रहे या कर चुके प्रार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी । 12 और 2 बजे के बीच स्वयं मिलें ।

—सम्पादक

रशीदी की हत्या के लिए ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

'सेटेनिक वर्सेस' पर देश में पाबंदी लगाने की मांग को लेकर उनका पुतला जलाया । रशदी के प्रकाशक के मुख्यालय के समीप करीब तीन हजार लोगों ने प्रदर्शन किया । एक बच्चे के हाथ में पकड़ी तख्ती में लिखा था, "रशदी जल्दी मरेगा ।"

रशदी को 15 मार्च तक मार डालने का फैसला: बैरूत : बताया जाता है कि मुस्लिम क्रांतिकारियों की यहां हुई एक "आपात बैठक" में सलमान रशदी को 15 मार्च तक मार डालने का फैसला किया गया है । एक अज्ञात व्यक्ति ने टैलीफोन पर यह जानकारी दी । इस अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि विश्व के सभी मुस्लिम क्रांतिकारियों ने ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह खमैनी के फतवे को 15 मार्च तक अमल में लाने का फैसला किया है । बताया गया है कि बैठक में रशदी की हत्या के लिए एक ग्रुप को नियुक्त किया गया है तथा उससे कहा गया है कि अपराधी सलमान रशदी को 27 फरवरी से 15 मार्च के अंदर मार दिया जाए ।

बैंक हड़ताल वापस

कलकत्ता, 26 फरवरी (वार्ता): बैंकों की 28 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्र व्यापी हड़ताल वापस ले ली गई है । यह जानकारी अखिल भारतीय बैंक अधिकारी महासंघ के महासचिव आर.एन. गोदबोले ने आज यहां दी । उन्होंने स्टेट बैंक आफ इंडिया आफिसर एसोसिएशन की पश्चिम बंगाल इकाई की 23वीं वार्षिक आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडियन बैंक एसोसिएशन महासंघ के लिए संतोषजनक मांग पत्र तैयार करने पर भी सहमत हो गई है । श्री गोदबोले ने कहा कि इंडियन बैंक एसोसिएशन ने आश्वासन दिया है कि वह आगामी चार मार्च तक मांग पत्र को अन्तिम रूप दे देगी ।

हलवासिया विद्या विहार

सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, विद्याभारती से सम्बद्ध

भिवानी-125021 (हरियाणा) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

एडमीशन नोटिस

कक्षा VI से XII तक के विद्यार्थियों (लड़के) के लिए आदर्श छात्रावास व्यवस्था। आधुनिक सुविधायें, संस्कार सक्षम वातावरण, सुसज्जित प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का बाहुल्य।

श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम. प्रवेश हेतु पन्जीकरण एवं प्राप्सैक्ट के लिए 25 मार्च तक 35/- रु० का ड्राफ्ट भेजकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 4 अप्रैल, 89 — प्राचार्य

Rashtriya

अमरीकी राष्ट्र
नेता पेंग स्या
'ग्रेट हाल ऑफ
समय चीन की
हुए ।

बुश

नेता

बीजिंग, 2
राष्ट्रपति जार्ज
शिखर वार्ता का
अंतर्राष्ट्रीय राजने
महत्वपूर्ण और
बुश ने यह टिप्
शियाओ फंग के
की । उन्होंने
कम्पूचिया की
सिहानुक से भी
मर्लिन फिट्जवाट
श्री तंग शियाओ
मुख्य रूप से चीन

श्री बुश ने
निरस्त्रीकरण अथ
कोई निर्णय नहीं
चीन-अमरीका स
हो । श्री तंग ने श्
नये संदर्भ से परि
बहुत से मतभेद ज
बनाने में कठिनाई

श्री तंग ने श्
धन्यवाद दिया औ
के अच्छे स्वास्थ्य

पुलिस अ

जालन्धर, 2
राज्यपाल श्री सि
उत्तर क्षेत्रीय पुलि
पासिंग आऊट परे

Punjab Saheb.in

एक ही परिवार के 3 सदस्यों, 2 पुलिस कर्मियों, एक ग्रन्थी सहित 7 की हत्या

50 हत्याओं में वांछित दुर्दांत उग्रवादी सोढ़ी मुठभेड़ में मारा गया : 29 गिरफ्तार, 1 द्वारा आत्म-समर्पण

पंजाब में 2 शव मिले : 4 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 27 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने अपनी हिंसक गतिविधियां तेज करते हुए गत रात से अब तक एक ही परिवार के 3 सदस्यों, एक ग्रंथी, हैडकांस्टेबल और एक एस.पी.ओ. सहित 7 लोगों की हत्या कर दी तथा 4 लोगों का अपहरण कर लिया । दो शव बरामद हुए । पुलिस और सुरक्षा बलों को उस समय सबसे बड़ी सफलता मिली जब उन्होंने गत रात 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयं भू एरिया कमांडर एवं 50 हत्याओं में वांछित दुर्दांत उग्रवादी सुरेंद्र सिंह सोढी को एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया । विभिन्न स्थानों से 29 उग्रवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किये गये । एक उग्रवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

पिता-पुत्रों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में थाना झब्बाल के गांव गग्गू बुआ में दो उग्रवादियों जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थी, एक मजहबी सिंह संता सिंह के मकान में गत रात लगभग साढ़े आठ बजे घुसे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप संता सिंह (60) और उसके दो लड़के 27-28 वर्षीय इन्दजीत सिंह तथा 24-25 वर्षीय जोगिन्दर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर चीनी असाल्ट राइफलों के 12 खोल कब्जे में लिए । 'ह.स.' के अनुसार मृतकों के नाम बंता सिंह, इन्द्र सिंह और देवेन्द्र सिंह बताए गए हैं ।

ग्रंथी की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना पट्टी के क्षेत्र में गांव खब्बे राजपूतां में स्थित गुरुद्वारे के ग्रंथी अजीत सिंह की भी उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार दो उग्रवादी रात के समय गुरुद्वारा में गए और ग्रंथी को गुरुद्वारे से बाहर ले गए जहां उसपर गोलियां बरसाई गईं ।

'ह.स.' के अनुसार ग्रंथी की हत्या गांव उस्मान में उस समय की गई जब वह सो रहा था । हत्या के बाद उग्रवादी पैदल ही निकल गए ।

चौकी पर हमला : थाना बल्टोहा के गांव चीमा में एस.पी.ओ. चौकी पर रात के समय उग्रवादियों ने हमला किया और चौकी से जवाबी फायरिंग होने पर उग्रवादी फरार हो गए । किसी तरह की कोई क्षति होने का समाचार नहीं है ।

आत्मसमर्पण : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री गुप्ता ने एक प्रैस नोट में बताया कि डी.एस.पी. पट्टी श्री विद्या सागर ने एक सूचना मिलने पर एस.एच.ओ. पट्टी और अन्य फोर्स के साथ गांव चीमा के निकट रात के समय नाकेबंदी की हुई थी कि लगभग 9 बजे एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में जाते हुए देखा गया । जब उसे रुकने के लिए कहा गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग के थोड़ी देर बाद ही उसने आत्मसमर्पण कर दिया । उसके कब्जे से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए । उसकी शिनाख्त दुर्दान्त उग्रवादी बलविंदर सिंह के रूप में की गई है जो पुलिस को कई हत्याओं में वांछित था ।

शरणदाता गिरफ्तार : 'ह.स.' के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादी का नाम लखविंदर सिंह है । उसपर बीस हजार रुपए का इनाम था ।

शरणदाता गिरफ्तार : वैरोवाल थाना की पुलिस ने बब्बर खालसा गिरोह के उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में एक व्यक्ति गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया है ।

व्यापारी का अपहरण : 'ह.स.' के अनुसार कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने कटरा खजाना के एक व्यापारी का रैय्या के निकट अपहरण कर लिया । व्यापारी अशोक कुमार अपने परिवार के साथ टहल रहा था । पुलिस के अनुसार अपहरणकर्ताओं ने परिवार के अन्य सदस्यों जिनमें तीन महिलाएं और बच्चे शामिल थे, को जाने दिया । घटना की छानबीन की जा रही है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार वह जब जालन्धर से अपने घर वापस आ रहा था तो उसे रैय्या के निकट अपनी गाड़ी रोकने का संकेत दिया गया था ।

गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला : थाना बल्टोहा के गांव अमरकोट की कनक मंडी में आज रात सी.आर.पी.एफ. की 41वीं बटालियन की गश्ती पार्टी पर उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें एक हैडकांस्टेबल रामजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने बताया है कि हैडकांस्टेबल के कंधे पर गोली लगी है, उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

माउजर सहित गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने मंजीत सिंह उर्फ मन्ना को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 455 बोर का माउजर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पाबंदी हटी : जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला भर में 30 अप्रैल तक साढ़े तीन हार्स पावर से कम शक्ति के मोटर साइकिलों व स्कूटरों के 24 घंटे चलाने की अनुमति दे दी है । साढ़े तीन हार्स पावर के मोटर साइकल केवल प्रातः 6 से रात 8 बजे तक ही चल सकेंगे ।

शराब के ठेके और सिनेमा हाल रात साढ़े 9 बजे तक जबकि होटल, हलवाई, फल व सब्जियां, चाय, आईसक्रीम, कैमिस्ट, रैस्टोरैंट, ढाबे, बेकरी, पान और सांपट ड्रिंक्स की दुकानें शहरी क्षेत्रों में 10 बजे तक खुली रह सकेंगी । अन्य सभी दुकानें पौने आठ बजे तक खुली रह सकती हैं ।

सशस्त्र गार्डों के बिना प्रातः 5 से सायं साढ़े 7 बजे तक बसें चल सकेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में पैट्रोल पम्प साढ़े 6 जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 8 बजे तक खुले रह सकेंगे । यह सभी आदेश 30 अप्रैल तक लागू रहेंगे ।

इसी बीच 5 या इससे अधिक लोगों के एकत्रित होने, जनसभाएं करने, आग्नेय व घातक हथियार लेकर चलने, रविवार को मार्कीटों में टैलीविजन और वीडियो चलाने पर प्रतिबंध 30 अप्रैल तक जारी रखा गया है ।

हैड कांस्टेबल व एस.पी.ओ. की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): उग्रवादियों ने गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे थाना दसूहा के अन्तर्गत डफर ग्राम की स्पैशल पुलिस पोस्ट से डेढ़ फर्लांग की दूरी पर पुलिस पोस्ट पर तैनात पुलिस हैड कांस्टेबल जसवन्त सिंह तथा एस.पी.ओ. देवी लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी व हैड कांस्टेबल की भरी हुई स्टेनगन तथा .303 बोर की दो राइफलें व 89 कारतूस छीन कर फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

वित्त मंत्री श्री एस.बी. चवन सोमवार को नई दिल्ली एडुआर्ड फ्लैरो तथा अजीत पांजा के साथ अगले वि बजट पर विचार-विमर्श करते हुए ।

जम्मू-कश्मीर विधानसभ सदस्य को उठा कर बा

जम्मू, 27 फरवरी (ह.स.): जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामे के बीच मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट के सदस्य सईद अली शाह को सदन से उठा कर बाहर फैंक दिया गया ।

विधानसभा अध्यक्ष मिर्जा अब्दुल रशीद ने श्री शाह को अपनी सीट पर बैठने को कहा और बिना अनुमति के बोलने से रोका परन्तु श्री शाह ने उनकी एक न सुनी । यह स्थिति तब उत्पन्न हुई जब नैशनल कांफ्रैंस के सदस्य कमर अली अख्न ने विवादास्पद पुस्तक "सैटेनिक वर्सेज" का जिक्र किया । इस पुस्तक से विश्व भर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंची है ।

कुछ अन्य सदस्यों ने भी इस बारे में अपने विचार व्यक्त किए लेकिन श्री शाह इस बारे में कुछ ज्यादा ही बोलने लगे । भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सी.एल. गुप्ता ने अध्यक्ष से आग्रह कि वे इस संवेदनशील मुद्दे को सदन में न उठने दें क्योंकि इस मुद्दे पर बहस का कोई अंत नहीं है ।

नैशनल कांफ्रैंस के सदस्य अता उल्लाह ने कहा कि इस पुस्तक के प्रकाशन से विश्व के मुसलमान काफी चिंतित हैं लेकिन इस मुद्दे पर मुसलमानों को छोड़ कर और किसी को दखलन्दाजी की आज्ञा नहीं होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि हम हिन्दू समुदाय के देवताओं का आदर करते हैं इसलिए किसी भी

बैरूत के उपनगरों में रविवार को हुए रशदी विरोध प्रदर्शन के दौरान काला लिबास पहने एक लड़की एक पटल उठाए हुए । पटल पर रशदी की हत्या करने का संकल्प लिखा है । पृष्ठभूमि में हत्या का फतवा देने वाले अयातुल्ला खुमैनी का पोस्टर है । (छाया : प्रै.ट्र.)

उप-समिति द्वारा गुरुद्वारा कोष में घपला होने के मामले की जांच शुरू

अमृतसर, 27 फरवरी (ह.स.): गुरुद्वारा कोष में घपलों तथा अन्य भ्रष्टाचार मामलों की जांच करने के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा गठित की गई पांच सदस्यीय उपसमिति की आज पहली मीटिंग यहां स्वर्ण मंदिर परिसर के गुरुनानक निवास में हुई । समिति ने आज शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य श्री पूर्ण सिंह जोश का बयान दर्ज किया जिन्होंने शिरोमणि कमेटी के कुछ सदाधिकारियों पर गुरुद्वारों की गोलकों में से डेढ़ लाख रुपए गबन किए जाने का आरोप लगाया था ।

श्री जोश ने अपने आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सिखों की सर्वोच्च संस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए मुख्य रूप से शिरोमणि कमेटी की वर्तमान कार्यकारिणी जिम्मेदार है । श्री जोश ने समिति के सामने जो बयान दिया है उसे आज पत्रकारों के लिए भी जारी किया । उन्होंने बयान में कहा है कि यह उपसमिति बदनामी से बचने के लिए गठित की गई है तथा यह अपनी रिपोर्ट एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष के प्रभाव के अंतर्गत ही देगी ।

उन्होंने कहा कि यह उपसमिति भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर ही नहीं सकती । श्री जोश ने मांग की कि शिरोमणि कमेटी के एक सहायक सचिव को उसके खिलाफ लगे आरोपों के आधार पर निलम्बित करना चाहिए तथा सारा मामला पुलिस को सौंप देना चाहिए ।

श्री मक्खन सिंह के नेतृत्व में जिला एकीकृत अकाली दल के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उपसमिति के सामने आरोप लगाया कि उपसमिति के कुछ सदस्यों के खिलाफ भी भ्रष्टाचार के आरोप

हरियाणा इंका सम्मेलन में हंगामा

रोहतक, 27 फरवरी (संजय): हरियाणा कांग्रेस (इ) का एक दिवसीय सम्मेलन अनुशासनहीनता, शोरगुल और सांसदों की परस्पर छींटाकशी के साथ आज यहां समाप्त हो गया । भजन लाल और बंसी लाल गुट में खुलकर नारेबाजी और तू-तू, मैं-मैं हुई और लाचार बने अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव के.एन. सिंह, गुलाम नबी आजाद तमाशा देखते रहे ।

केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल के भाषण शुरू करने के साथ ही जब उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए तो बंसी लाल के समर्थकों ने भी बंसी लाल जिन्दाबाद के नारे लगाए । दोनों पक्षों में से कोई भी पक्ष शांत होने को तैयार नहीं था । बड़ी मुश्किल से कुछ वरिष्ठ नेताओं ने स्थिति को सम्भाला ।

पंजाब समस्या बारे सर्वदलीय बैठक बुलाने की लोकसभा में मांग

नई दिल्ली, 27 फरवरी : लोकसभा में आज कई सदस्यों ने पंजाब समस्या के समाधान के लिए

कि पिछले वर्ष के भयंकर सूखे का सरकार ने जिस तरह से सामना किया, उसका राष्ट्रपति ने अपने

Punjabi Sahari

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 28.2.1989

3 सदस्यों की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुसार हैड कांस्टेबल जसवन्त सिंह व एस.पी.ओ. देवी लाल अड्डा मंड पंडेर से नाकाबंदी करके मोटर साइकल पर पुलिस चौकी वापस आ रहे थे । जब वह पुलिस पोस्ट से थोड़े फ़ासले पर रह गए तो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस उग्रवादियों ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया । घटना की सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौका पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

5 हिरासत में : दसूहा से 'डावर' के अनुसार उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के समय कुछ एस.पी.ओ. साइकलों पर आ रहे थे । उन्होंने उग्रवादियों पर फायरिंग की परन्तु वह अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गए । दोनों शवों का पोस्ट-मार्टम कराने के बाद वारिसों को सौंप दिए गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है और पांच संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में लिए हैं ।

एक की हत्या : 'ह.स.' के अनुसार कुछ उग्रवादियों ने होशियारपुर सदर पुलिस स्टेशन के गांव हरखोवाल में गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

शव बरामद : फरीदकोट (ह.स.) जिला में कोटला "रायखान ग्राम" के निकट खेतों से एक शव बरामद किया गया है ।

बस गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने दस आतंकवादियों और उन्हें शरण देने वालों को गत रात गिरफ्तार कर लिया । उनकी शिनाख्त गुरदीप सिंह, दयाल सिंह, भोला सिंह, बलविंदर सिंह, बलबीर सिंह, गुरमेल सिंह, बलजिंदर सिंह, चटा सिंह, जगतार सिंह और बलबीर सिंह के रूप में की गई है ।

इलाके के निकट आतंकवादियों द्वारा मारे गए एक एस.पी.ओ. चौकी पर किए गए हमले में मारा गया एस.पी.ओ. देस राज । (छाया : डावर)

रिवाल्वर सहित गिरफ्तार : मलोट (गोयल): जिला फरीदकोट पुलिस ने थाना संगत के गांव मलां के बसासी सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक रिवाल्वर और छ: कारतूस बरामद किए हैं ।

दो गिरफ्तार : भटिंडा (ह.स.) पुलिस ने कल रात दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह और बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास से एक रिवाल्वर एक जिन्दा बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

शव बरामद : जिले के ललियांवाला गांव के निकट गत सप्ताह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया ।

युवक का अपहरण : मत्त से 'चन्द्रशेखर' के अनुसार गत रात लगभग नौ बजे दो उग्रवादियों ने 18 वर्षीय कुलबीर सिंह पुत्र करतार सिंह फौजी का अपहरण कर लिया । उल्लेखनीय है कि कुलबीर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और वह जमानत पर ही इस केस से बरी हुआ था । पुलिस उसकी तलाश कर रही है । कुलबीर का अपहरण किली बोदला गांव से किया गया ।

बंदूक सहित गिरफ्तार : रोपड़ (ह.स.): पुलिस ने एक उग्रवादी अजीत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर की बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

संदिग्ध आतंकवादी की लाश : बटाला (कोटड़ा): सदर पुलिस बटाला को आज प्रात: खोजबीन के दौरान गांव डोडियाला नज़ारा के निकट से एक गोलियों से छलनी शव मिला है । यह जानकारी एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल शर्मा ने दी है । उन्होंने कहा कि मृतक पहरावे से आतंकवादी लगता है । उसके निकट से एक चीन निर्मित 445 बोर का भरा हुआ पिस्तौल तथा कुछ चले व अनचले कारतूस मिले हैं । उसके पास से ए.के. 47 के कुछ चले हुए कारतूस भी मिले हैं । अधिकारी ने सम्भावना व्यक्त की है कि यह संदिग्ध युवक गत रात इस क्षेत्र में पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुए मुकाबले में मारा गया होगा क्योंकि गत रात इस क्षेत्र में खोजबीन करते समय पुलिस व सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की थी जिसके जवाब में सुरक्षा बलों को भी गोली चलानी पड़ी ।

50 हत्याओं में वांछित : विलम्ब से प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि आज जिस आतंकवादी की लाश बरामद हुई है उसकी शिनाख्त के.सी.एफ. के एरिया कमांडर सुरेन्द्र सिंह सोढी गांव सैरोवाल थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के रूप में की गई है । मृतक आतंकवादी कम से कम 50 हत्याओं के मामलों में संलिप्त था जिनमें गत 11 जनवरी को गांव भुजियांवाली में चार बेगुनाह लोगों की फांसी पर लटका कर हत्या, गत 24 अक्तूबर को टांडा के पास अहियापुर में 12 लोगों की हत्या, नवम्बर 88 में भोगपुर के निकट 5 लोगों की टैम्पो से खींच कर हत्या, जनवरी में टांडा के निकट 3 की हत्या, अगस्त 88 में बटाला के निकट कौंडयाल कालोनी में 4 की हत्या, 16 फरवरी को सक्खोवाल भट्ठीवाल में 2 की हत्या की वारदातें शामिल हैं । इनके अतिरिक्त वह अमृतसर, जालन्धर व अन्य जिलों में भी अनेक हत्याओं में वांछित था ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : श्री शर्मा ने आगे बताया कि जिला पुलिस व सुरक्षा बलों ने गत रात गांव सधोड़ा के निकट से मुठभेड़ के पश्चात तीन संदिग्ध युवकों प्रेम सिंह, दर्शन सिंह तथा तीर्थ सिंह को गिरफ्तार करके उनके पास से कुछ कारतूस बरामद किए थे । इन युवकों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उन्होंने गत 13 जनवरी को गांव अटवाल में तीन लोगों की हत्या की थी और इसके अलावा चार लूटमार की वारदातें की थीं । उन्होंने 26 जनवरी को गांव अल्लोवाल से एक दुनाली बंदूक व दो रिवाल्वर छीने थे तथा 26 फरवरी की रात को डेरा बाबा नानक के गांव हवेलियां में मोहन सिंह के घर में लूटमार की थी ।

साहसी लड़की : श्री शर्मा ने कहा कि लूटमार के समय मोहन सिंह की लड़की अमरीक कौर ने साहस दिखाते हुए इनमें से एक युवक को पकड़ लिया था जो अपनी पिस्तौल व कारतूस वहीं छोड़कर किसी तरह भाग निकला था । एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने कल रविवार को उस गांव में जाकर उक्त साहसी लड़की को 500 रुपए नकद पुरस्कार दिए हैं ।

6 शरणदाता बंदी : श्री शर्मा ने आगे बताया कि थाना श्री हरगोबिन्दपुर व कादियां पुलिस ने के.एल.एफ. व के.सी.एफ. के आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में चरण सिंह, सीता सिंह, सज्जन सिंह, ध्यान सिंह, मस्सा सिंह व लखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । इनमें से चरण सिंह के.एल.एफ. के लैफ्टीनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह के हथियार एक जगह से दूसरी जगह ले जाने और संदेश वाहक का काम करता था ।

शिनाख्त : 'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने गत रात कादियां पुलिस स्टेशन के गांव टोडरमल में एक ठेके के कर्मचारी 19 वर्षीय अवतार सिंह की हत्या का मामला सुलझा लिया है । पुलिस ने इस वारदात में संलिप्त सभी उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली है । इनमें 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का हरजिंदर सिंह भी शामिल है ।

दो का अपहरण : लुधियाना (ह.स.): जिले में कल रात बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति ने बलदीप सिंह और अमरजीत सिंह का अपहरण कर लिया । बलदेव सिंह द्वारा की गई एक कथित हत्या के ये दोनों चश्मदीद गवाह बताए जाते हैं ।

मैंने धमकी नहीं दी : चंद्र शेखर

पटना, 27 फरवरी (ह.स.): जनता दल के नेता चंद्र शेखर ने आज कहा कि उन्होंने कभी यह धमकी नहीं दी कि यदि उनके समर्थकों को जनता दल के संगठनात्मक ढांचे में स्थान नहीं दिया गया तो वे दल छोड़ देंगे ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

आवश्यकता है खराद्दार, शेपरमैन, वैल्डर तथा फिटरों की । स्वयं मिलें : तैजी इंडस्ट्रीज, 117-118, अमन नगर, सामने कन्या महाविद्यालय, जालंधर । वीरवार,अवकाश ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 27.2.89. 53/- without trays. NECC Suggested Retail price 8.40 per Dozen.

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

मकान या प्लाट चाहिए, सैंट्रलटाऊन/शक्तिनगर में, प्रापर्टी डीलर भी मिल सकते हैं । बाक्स 175, पंजाब केसरी, जालंधर ।

रोज़गार

भारतीय वायुसेना में पुलिस, मोटर ड्राइवर, टैलीफोन आपरेटर, क्लर्क आदि की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 16 से 19 वर्षीय लड़के 10 रुपए मनीआर्डर भेज कर आवेदन पत्र तथा निरामावली 27 मार्च तक मंगवाएं । National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134003.

बैंकों में 554 क्लर्कों/टाइपिस्टों की ज़रूरत, योग्यता मैट्रिक या अधिक, फार्म/विवरण हेतु 9/- रुपए, केवल मनीआर्डर द्वारा भेजें : Satish Form Bhandar, Chowk Pragdass, Amritsar.

ट्रेनिंग

सीखें : टैलीविज़न रेपयर, VCR, ट्रांज़िस्टर, इलैक्ट्रीशियन, रैफ्रीजिरेशन, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स, रिज़ल्ट उपलब्ध, दाखले हेतु मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज, 232, डिफैंस कालोनी, जालंधर शहर ।

प्रवेश सूचना

Matriculates join government recognised Diploma in commercial diploma in electro-homoepathy. (Postal) Please send Rs. 10/- (MO) for prospectus to : Centre-Supdt. A.P. College of Education, Anand Nagar, Jalandhar-144008.

शिक्षा

बी.एड., एल.एल.बी., बी.काम, बी.ए. इंटर और मैट्रिक के यूनिवर्सिटी के परीक्षा फार्म और रिज़ल्ट फार्मासिस्ट बनने हेतु परीक्षा पास कर भी भेज सकते हैं । तुरन्त मिलें—सफलता की गारंटी । बाहर के विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था । यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं का मान्यता प्राप्त परीक्षा केंद्र—देहली डिग्री कालेज, विपिन गार्डन, करोलबाग और बस स्टाप, मैन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-59.

साल बचाएं : बिना भाड़ों मैट्रिक/मैट्रिक पास इंटर+2 कोर्स मैडिकल प्रैप/इंटर ग्रुप डायरैक्ट बी.ए. कर/आयुर्वेदिक कोर्स आचार्य से आर.एम.पी. डाक्टर बनें । राष्ट्रीय हिंदी कालेज, पुरानी सब्ज़ी मंडी, दिल्ली-110007.



Navmada 150 PRINCE

SCOOTERS

Free Service Camp

Venue

M/s Bhai Jarnail Singh & Co.

गुमशुदा

Punjabi Samachar

पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या : खतरनाक आतंकवादी ने पकड़े जाने पर ज़हर खाया

घुसपैठिया मारा गया : अनेक उग्रवादी गिरफ्तार

उग्रवादियों ने अपने साथी को फांसी पर लटका दिया

चंडीगढ़, 1 मार्च (वार्ता, हस): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक घुसपैठिया बी.एस.एफ. की गोली से मारा गया । तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक खतरनाक आतंकवादी अजमेर सिंह ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उग्रवादियों ने अपने एक साथी को फांसी पर लटका दिया ।

एक को ज़िंदा जलाया : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने अपनी कार्रवाइयां जारी रखते हुए गत रात एक व्यक्ति को ज़िंदा जला डाला जबकि एक अन्य बुरी तरह झुलस गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के क्षेत्र में एक गांव मड़ी कम्बोके में तीन आतंकवादी एक मज़हबी सिख बलदेव सिंह के घर गत रात 9.30 बजे के करीब दाखिल हुए तथा बलदेव सिंह का अमर सिंह के घर का पता पूछने के लिए अपने साथ ले गए । बाद में अमर सिंह को भी उन्होंने साथ ले लिया और दोनों को गांव से बाहर ले जाकर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी । अमर सिंह की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि बलदेव को बुरी तरह झुलसी हुई हालत में अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

थ्री-व्हीलर पर फ़ायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात तरनतारन से पट्टी जा रहे एक थ्री-व्हीलर को, जिसका नम्बर पी.ए.ए. 2612 है, को तीन आतंकवादियों ने कैरों के निकट रोकने की कोशिश की । जब ड्राइवर ने थ्री-व्हीलर रोकने की बजाए उसे तेज़ कर दिया तो आतंकवादियों ने उस पर फ़ायरिंग की । इस फ़ायरिंग से ड्राइवर जसबीर सिंह तथा पट्टी के दो व्यापारी सोहन लाल व अशोक कुमार घायल हो गए । बाद में आतंकवादी अशोक कुमार का अपहरण करके ले गए जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका ।

लाली घुमान में हत्या : अमृतसर जिला में थाना झब्बाल के गांव लाली घुमान में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

घुसपैठिया मरा : बी.एस.एफ. ने अमृतसर जिला के अजनाला सैक्टर में रुड़ेवाला सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया । उसके 2 साथी भाग जाने में सफल हो गए ।

गत रात अमृतसर जिला के थाना सरहाली के अंतर्गत एक गांव में आतंकवादी एक व्यक्ति नाज़र सिंह से उसकी दोनाली बंदूक छीन कर ले गए ।

फांसी दे दी : आज बाद दोपहर थाना पट्टी के अंतर्गत शहीद गांव में आतंकवादियों ने एक अमृतधारी सिख युवक को फांसी पर लटका कर मार डाला । युवक का शव गांव के बाहर एक वृक्ष पर लटकता हुआ मिला । इस युवक के भी आतंकवादी होने का संदेह है । उसकी हत्या आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का नतीजा बताई जाती है । उसकी जेब से साइनाइड का एक कैप्स्यूल भी मिला है ।

फाज़ल्का (राज) : निकटवर्ती गगानगर जिला पुलिस ने राजस्थान में अनूपगढ़ सैक्टर से जगमल सिंह तथा अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे 2 राइफलें व कारतूस मिले । फरदसर के रामकर्ण को भी गिरफ्तार किया गया, जिससे एक राइफल व 2 कारतूस मिले । पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिन्दमल कोट के शेर सिंह तथा सादल शहर के भोल सिंह से 2 देसी रिवाल्वर बरामद हुए ।

ड्राइवर की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): ज़ीरा और मक्खू के मध्य जी.टी. रोड पर मंडे के साथ संलग्न क्षेत्र में आतंकवादियों ने कारों पर घात लगा कर किए गए हमलों में एक मारुति कार ड्राइवर की हत्या कर दी तथा डी.एस.पी. ज़ीरा श्री आर.पी. मित्तल पर भी हमला किया गया, जो कि बाल-बाल बच गए । दोनों हमलों का ब्यौरा देते हुए एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने आज बताया कि फरीदकोट निवासी तीन व्यक्ति विनोद कुमार, तिलक राज तथा उषा रानी एक बच्चे के साथ अमृतसर में बच्चे का मैडिकल चैकअप कराने के बाद लौट रहे थे कि आतंकवादियों ने चलती कार पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे ड्राइवर सख्त घायल हो गया, परन्तु घायल ड्राइवर कार को ज़ीरा अस्पताल ले गया जहां जाकर उसने दम तोड़ दिया । दो अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं । श्री गोयल ने बताया कि सूचना मिलने पर डी.एस.पी. ज़ीरा श्री आर. मित्तल घटनास्थल की ओर गए, जहां आतंकवादियों ने फिर फ़ायरिंग की लेकिन श्री मित्तल बाल-बाल बच गए तथापि उनकी जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । दोनों ओर से ज़बरदस्त फ़ायरिंग के बाद आतंकवादी अंधेरे में फ़रार हो गए । पुलिस ने उनकी ज़बरदस्त खोजबीन शुरू कर दी है । उल्लेखनीय है कि गत 7 सप्ताहों में कारों पर घात लगा कर हमले करने की यह तीसरी घटना है । इन हमलों में 10 व्यक्ति मारे जा चुके हैं ।

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार डी.एस.पी. मित्तल इसलिए बच गए कि वह जिस मोटरगाड़ी में सवार थे, वह बुलेट प्रूफ थी ।

ट्रक छीन लिया : गत रात जिला होशियारपुर में चार आतंकवादियों ने एक ट्रक छीन लिया, जिसमें चीनी की 101 बोरियां थीं ।

कार छीन ली : धरी (जैन) : दो संदिग्ध व्यक्तियों ने धुरी से एक फिएट कार किराया पर ली । रास्ते में गांव बुगड़ा के निकट उन्होंने कार चाक की नोक पर छीन ली । जब वे मधानी गांव पहुंचे तो कार में पैट्रोल खत्म हो गया । गांव के लोगों ने दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरदेव सिंह तथा जुगराज सिंह वासी संघेड़ा को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 2 बारह बोर के पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

फगवाड़ा (अशोक) : गत रात सदर पुलिस ने निकटवर्ती गांव पलाही के अविनाश सिंह पुत्र प्रीतम सिंह को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर छीना : गत सायं फगवाड़ा से चार किलोमीटर दूर बजीदोवाल के निकट दो संदिग्ध हथियारबंद आतंकवादियों ने भारतीय खाद्य निगम के दो इंस्पैक्टरों से उनका बजाज चेतक स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया व फगवाड़ा की तरफ भाग गए । बाद में पुलिस को स्थानीय दाना मंडी के पास स्कूटर लावारिस पड़ा मिल गया ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : लुधियाना (ह.स.): कल रात लुधियाना में फिरोज़पुर रोड पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद एक खतरनाक आतंकवादी अजमेर सिंह ने ज़हर खाकर आत्म-हत्या कर ली । उसकी गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपए का इनाम था । बताया जाता है कि महसूल चुंगी के निकट एक आतंकवादी को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देख कर सुरक्षा बलों ने उसे ललकारा । अजमेर सिंह, जो कि 30 से अधिक हत्याओं में वांछित था, ने फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिस

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस द्वारा आतंकवादी मनजीत सिंह छोटा कहाला (थाना सदर जाल गाजीपुर (कपूरथला) से बरामद हथियार । इनमें एक ए.के. 47, 2 मै कारतूस, 2 पिस्तौलें, 4 रिवाल्वर, 4 हथगोले भी शामिल हैं ।

बादल और टोहरा कामरेड से सबक नहीं लेंगे : कल

चंडीगढ़, 1 मार्च (वि.प्र.) : मार्क्सवादी नेता कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत की पंथक एकता के बारे में गतिविधियों का मामला आज यहां दोनों अकाली दलों के अलग-अलग पत्रकार सम्मेलनों में छाया रहा । श्री तलवंडी के पत्रकार सम्मेलन में भूतपूर्व विधायक श्री बलवंत सिंह की मौजूदगी में एकीकृत अकाली दल के महासचिव मनजीत सिंह कलकत्ता ने कहा कि हमें मालूम नहीं कि कामरेड सुरजीत किस मिशन पर चंडीगढ़ आये तथा उनको किसने नई दिल्ली से चंडीगढ़ भेजा ? वह हमारे निमंत्रण पर यहां नहीं आये । श्री कलकत्ता ने कहा कि कामरेड सुरजीत को पंथ के मामले में कोई अधिकार नहीं कि श्री बादल और श्री टोहरा को अतीत से सबक सीखना चाहिए । उन्होंने कहा कि श्री बादल और श्री टोहरा कामरेड सुरजीत से कोई सबक नहीं लेते और न ही भविष्य में लेंगे । हमारी पार्टी सर्वोच्च है, जिसमें कामरेड सुरजीत को हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं । हमारी पार्टी में कामरेड सुरजीत के बारे में काफी गुस्सा है ।

श्री बचित्तर सिंह तथा श्री बलविंदर सिंह भुल्लर ने भी इसी तरह के विचार प्रकट किये जबकि श्री बलवंत सिंह ने कहा कि अकाली पार्टी कम्यूनिस्टों और वामपंथी शक्तियों के विरुद्ध नहीं । कामरेड सुरजीत विपक्ष के वरिष्ठ नेता हैं । वह पंथक एकता के इच्छुक हैं तथा पंजाब के हालात के बारे में उन्हें भी हमारी तरह चिन्ता है । कामरेड सुरजीत चाहते हैं कि अकाली दलों में एक
जुल्म व हिंसा' का मुका
श्री तोता सिंह के पत्रकार
गतिविधियों के बारे में
कहा कि मार्क्सवादी ने
बुलाया था । वैसे का
शुभचिन्तक हैं ।

सोवियत संघ कटौती के

बौन, 1 मार्च (डी.पी
कम दरों तक मार करने
कटौती कर उन्हें 88 या
तैयार है । यह जानकारी
विक्टर कार्पोव ने दी ।

जनता दल के स 10 को हल्प

नई दिल्ली, 1 मार्च :
के विधायकों और सांस
शामिल होने के हल्फ
आयोग को सौंप दिए जाएं
दल के कानूनी सलाहकार
यहां दी । उन्होंने कहा
लोकदल के 98 प्रतिशत
सांसदों ने हल्फनामों पर

उग्रवादियों से जम कर टक्कर ली जाएगी : निहंग नेताओं की घोषणा

अमृतसर, 1 मार्च (नारंग): तरना दल निहंग चीफ जत्थेदार हरजिन्द्र सिंह, नव-नियुक्त जनरल सैक्रेटरी बाबा दीप सिंह, बाबा बिजला सिंह, बाबा धीरा सिंह ने आतंकवादियों को देशद्रोही की सज़ा देते हुए कहा कि इनका इलाज सिर्फ गोली होता है ।

इन निहंग नेताओं ने कहा कि उग्रवादियों ने बाबा मखन सिंह, महंत गुरुद्वारा अगाड़ा-पछाड़ा-जियोवाला को 23 फरवरी को कत्ल कर दिया था । उसका बदला आतंकवादियों से ब्याज समेत लिया जाएगा ।

आक्रोश से भरे जत्थेदार हरजिन्द्र सिंह ने कहा कि इन मुट्ठी भर आतंकवादियों ने 'सारी कौम' का नाम बदनाम करके रख दिया है । पहले कभी गाड़ी के किसी डिब्बे में अगर कोई निहंग सिंह बैठा हुआ करता था, तो शेष सवारियां उसे श्रद्धा की नज़र से देखती थीं, अपने आपको सुरक्षित समझती थीं, लेकिन अब स्थिति यह आ गई है कि अब कोई निहंग सिंह तो एक तरफ आम सिख भी अगर गाड़ी के डिब्बे में प्रवेश करता है तो लोग उसे घृणा की तरह देखते हैं । उसे आतंकवादी समझते हैं । इसका कारण मुट्ठी भर देशद्रोही आतंकवादी हैं । पहले लोग अपनी बहू-बेटियों को निहंग सिंह की सुरक्षा में छोड़कर संतुष्ट हो जाते थे, अब हमारे पर अटैची तक का एतबार नहीं किया जाता । यह हमारे लिए शर्म की बात है ।

इन नेताओं ने बताया कि पिछले दिनों पंजाब में 'किसी स्थान' पर हमारी मीटिंग हुई थी जिसमें संतोख सिंह काला ने अपने 500 साथियों सहित तरना दल में शामिल होने की घोषणा की थी, और इस बैठक में बाबा संता सिंह, बड्डा दल निहंग प्रमुख भी शामिल हुए थे । तब सब ने प्रतिज्ञा की है कि इन देशद्रोही आतंकवादियों को सबक सिखाना है । निर्दोष, निरीह, निहत्थे, मासूम लोगों को फांसी पर लटकाने वाले अंधाधुंध गोलियां चलाकर कई परिवारों को तबाह करने वाले आतंकवादी दरिंदे हैं और इनसे अब हमने खुलकर टक्कर लेने का फैसला किया है । इनके विरुद्ध अब निर्णायक युद्ध छेड़ दिया गया है । छुपकर वार करने वाले इन डरपोकों को सरेआम सड़कों पर घसीटा जाएगा । यही संदेश हुक्म, हमें महाराज दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह ने दिया था । इसीलिए खालसा पंथ की सृजना की गई थी । इसीलिए निहंग सिंह बने थे, कि निर्दोषों को अत्याचारियों से बचाया जा सके । 'अब हम खुलेरूप में सभी आतंकवादियों को चैलेंज देना चाहते हैं कि अगर वह एक निर्दोष की हत्या करेंगे, उसका उत्तर उन्हें इतना जबरदस्त दिया जाएगा, कि उनकी आने वाली पीढ़ियां भी त्राहि-त्राहि करेंगी ।

बाबा दीप सिंह जनरल सैक्रेटरी तरना दल ने बताया कि शहीद बाबा मखन सिंह की याद में श्री अखंड पाठ शुक्रवार को रखा जाएगा और रविवार को भोग डाला जाएगा ।

याचिका रद्द

चंडीगढ़, 1 मार्च (गुप्ता): पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने रीजनल इंजीनियरिंग कालेज जालन्धर के प्रिंसीपल विद्या सागर जुल्का की वह याचिका रद्द कर दी है जिसके माध्यम से उन्होंने प्रिंसीपल पद से अपना त्यागपत्र स्वीकार किए जाने को चुनौती दी थी ।

पाकिस्तान में कई खतरनाक उग्रवादि मारे गए : जेल में उनकी हालत भिख

अमृतसर, 1 मार्च (मनोहर): विश्वसनीय सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान की सरकार ने पाक में बैठे कई खतरनाक उग्रवादियों को पिछले दिनों कोड़े मारने की सज़ा दी है तथा कई खतरनाक आतंकवादी जिन पर भारतीय सरकार ने लाखों रुपये ईनाम रखे हैं, वे जेल की कोठड़ियों में भिखारियों की तरह फटे पुराने कपड़े पहन कर तथा गले-सड़े कम्बल ओढ़े पड़े हुए हैं । पाकिस्तान में प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो तथा फौजी अधिकारियों में उठे विवाद के बाद ही पाकिस्तान अधिकारियों ने खतरनाक आतंकवादियों के साथ रौंगटे खड़े करने वाली सख्ती बरती है । कई ट्रेनिंग ले रहे उग्रवादी जेलों में कई बीमारियों का शिकार हैं ।

सूत्रों ने बताया कि आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के पूर्व-प्रधान तथा खतरनाक उग्रवादी गुरजीत सिंह बारे जो रहस्य प्रकट किये हैं, वे रौंगटे खड़े करने वाले हैं । गुरजीत सिंह को लेकर जो विवाद छिड़ा था उस बारे कहा गया है कि वह पाकिस्तान की फैसलाबाद जेल में बंद है । गुरजीत सिंह जो कि किसी वक्त पाकिस्तान तथा उग्रवादियों के दरम्यान एक महत्वपूर्ण व्यक्ति था, मगर आज वह पाकिस्तान की जेल में महज़ एक बनियान तथा कच्छा पहन कर पड़ा हुआ है । 29 अप्रैल 1986 को स्वर्ण मंदिर परिसर से पंथक कमेटी द्वारा किये गये 'खालिस्तान' के ऐलान के पीछे गुरजीत सिंह तथा पाक अधिकारियों की ही योजना थी । गुरजीत सिंह उग्रवादी हलकों में बड़ा खतरनाक माना जाता था मगर बाद में इसको सरकारिया घोषित करके फैडरेशन की प्रधानगी से खारिज किया गया था । सूत्रों ने जो रहस्योद्घाटन किया है, वह एक बार हिला कर रख देने वाला है कि गुरजीत सिंह को पाकिस्तानी अधिकारियों ने ज़मीन पर लिटा कर 'कोड़े' मारे । करीब आधा घंटा रोज़ाना ही गुरजीत सिंह को जेल के मैदान में लिटा कर कोड़े मारे जा रहे हैं । गुरजीत सिंह को कड़ाके की सर्दी में भी एक फटा पुराना कम्बल दिया गया । दरअसल ज्यादातर वह फौजी अधिकारी इसके खिलाफ हो गये हैं जिनके साथ

प्राप्त सूत्रों में कहा गया है
पहीं बल्कि कई अन्य खत
पाकिस्तान सरकार ने क

पाकिस्तान में भले
फौजी अधिकारियों के वि
इसके बावजूद फौजी अधि
और इनमें लड़ाई तेज़ हो ग
पाकिस्तान के अंदरूनी मा
का मसला भी अहम है
अधिकारियों ने उग्रवादियों
आरम्भ की है जबकि श्रीमा
के आदेश दे रखे हैं । सू
सैनिक अधिकारियों ने प
खतरनाक उग्रवादियों
पाकिस्तानी जेलों में 400
जाते हैं, जिनमें पंथक कमेटी
वस्सन सिंह जफ्फरवाल
मानोचाहल शामिल हैं ।
आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स
कार्यवाहक प्रधान और ख
सिंह उर्फ गुरनाम सिंह
खालिस्तान कमांडो फोर्स
सिंह राजस्थानी, जनरल स
आधा दर्जन खतरनाक उग्र
तथा कुछ स्मगलरों के जि
हो गये थे, मगर पाकिस्त
व्यवहार को देख कर वह

पाकिस्तान द्वारा अप
उग्रवादी हक्के-बक्के रह
पंजाब में कई गुप्त बैठकें

अर्जुन सिंह की वी.पी. सिंह व अन्य जनता दल नेताओं से गुप्त मीटिंगों की रिपोर्ट से केन्द्र सख्त नाराज़

पंजाब, राष्ट्रीय

Punjabi Sansar

आतंकवादी ने जहर खाया

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर सुरक्षा बलों ने भी तुरंत जवाबी फ़ायरिंग की । पुलिस ने बताया कि अंततः उसे काबू कर लिया गया परन्तु उसने सायनाइड खा लिया और मौके पर ही दम तोड़ गया । उससे एक .03 बोर की चीन निर्मित पिस्तौल, एक भरा हुआ मैगजीन और 6 कारतूस बरामद हुए । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि अजमेर सिंह फरीदकोट, संगरूर, पटियाला और लुधियाना जिलों में सरगर्म था । वह उस गिरोह का मुखिया था,जिसने हाल ही में अकाली दल (ल) के प्रधान जगदेव सिंह तलवंडी पर कातिलाना हमला किया था । वह दिसम्बर 1987 में पटियाला के एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ तथा एस.पी. श्री के.आर.एस. गिल की हत्या में भी संलिप्त था ।

लुधियाना में तीन और आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान कर्मजीत सिंह, सर्बजीत सिंह तथा प्रीतम सिंह के रूप में हुई है । उनसे 2 बारह बोर के पिस्तौल बरामद हुए ।

बम मिला : 'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ में आज सुबह सैक्टर 38 के आवासीय क्षेत्र में एक देसी बम का समय से पता चल जाने से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सेना के विस्फोटक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । जांच चल रही है ।

बाद की सूचना है कि किसी ने बैटरी सैलों के साथ तारें जोड़ कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का प्रयास किया था । इस प्रकार बम की बात अफवाह निकली ।

4 गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम शमशेर सिंह, सुखदेव सिंह आदि बताए गए हैं ।

गत रात बटाला पुलिस जिला में 5 आतंकवादियों तीर्थ सिंह, दर्शन सिंह, ध्यान सिंह, दला सिंह तथा प्रेम सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे 12 बोर के 4 पिस्तौल बरामद हुए ।

कार ले उड़े : जालन्धर (ह.स.): 3 उग्रवादी आज रात्रि यहां मोता सिंह नगर जालन्धर में डा. अरुण गुप्ता के घर में घुसे और वहां से उनकी कार पी.ए. एक्स-200 लेकर फ़रार हो गए ।

30 हजार रुपए लूटे : फिल्लौर से तरसेम व भाखड़ी के अनुसार गत सायं लगभग 7.30 बजे नूरमहल रोड पर स्थित मुहल्ला रविदासपुरा में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरभजन राम के घर में घुस कर वहां से 30 हजार की नकदी लूटली । वे पैदल ही आए तथा पैदल ही फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि खेत मज़दूर यूनियन के नेता कामरेड देव ने आतंकवादियों का पीछा किया तथा 5 फायर भी किए ।

शिरोमणि कमेटी के विरुद्ध प्रचार किसी षड्यंत्र का हिस्सा : हरिन्दर

अमृतसर, 1 मार्च (वि.प्र.): शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक प्रधान श्री हरिंदर सिंह तरनतारनी ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित 'शिरोमणि कमेटी में स्कैंडलों की भरमार' समाचार को निराधार, मनघढ़ंत और गुमराहपूर्ण बताया है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी के विरुद्ध यह प्रचार किसी षड्यंत्र के अन्तर्गत किया जा रहा है और दुख की बात यह है कि कुछ सम्बाददाता पत्रकारिता के स्तर से गिर कर ऐसा करते हैं और ब्लैकमेलिंग के लिए इस तरह की खबरें उड़ाते रहते हैं जबकि उनका अपना चरित्र किसी से छिपा हुआ नहीं है ।

बूटा सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

बदनाम करने में लग जाते हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

चीनी पर शुल्क

(पृष्ठ 3 का शेष)

परम्परागत ढंग से बजट का ब्यौरा देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि अप्रत्यक्ष कर में वृद्धि का मूल्य भी स्थिति पर मुश्किल से 0.3 प्रतिशत असर पड़ेगा ।

प्रवक्ता ने यह स्पष्ट किया कि चीनी, चाय, पैट्रोलियम पदार्थों तथा खाने के तेल सहित सामान्य उपभोक्ता सामग्रियों को कर से जानबूझ कर छूट देने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि रुकेगी । प्रवक्ता ने यह दावा किया कि इस छूट का मुद्रास्फीति पर लाभकारी असर होगा ।

हड़ताल का आह्वान वापस

कलकत्ता, 1 मार्च (ह.स.): अखिल भारतीय इलाहाबाद बैंक कर्मचारी समन्वय समिति ने कल की हड़ताल और आंदोलन का अपना आह्वान वापस ले लिया है ।

अर्जुन सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

ही रखा हुआ था । उन्होंने अपनी 4 जरसी गाएं भी भोपाल भेज दी हैं जिन्हें वह पंजाब से लाए थे, जब वह पंजाब के राज्यपाल थे । कहा जाता है कि वह अपने या अपने बेटे के नाम पर दिल्ली की एक कालोनी में एक मकान किराए पर ले रहे हैं ।

अर्जुन सिंह ने आतंकवादियों से खतरा होने के कारण अपना नाम एक विशेष श्रेणी में दर्ज करा लिया था जो सर्वाधिक जोखिम की श्रेणी कहलाती है । उन्हें दो बुलेटप्रूफ कारें दी गई थीं एक दिल्ली के लिए और एक भोपाल के लिए । भोपाल के लिए एक अन्य अम्बैसेडर कार और दो जीपें तथा दिल्ली के लिए भी एक अम्बैसेडर कार उन्हें दी गई थी । इसके अतिरिक्त सुरक्षा बल की एक पूरी कम्पनी और 50 सादे कपड़ों में सुरक्षा कर्मचारी भोपाल के लिए तथा दिल्ली के लिए भी सुरक्षा कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी दी गई थी । मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें दिल्ली के लिए दी गई बुलेट प्रूफ कार वापस लेकर भोपाल बुला ली है । मध्य प्रदेश सरकार सुरक्षा प्रबन्ध की भी समीक्षा कर रही है क्योंकि भोपाल व दिल्ली में अनेकों सुरक्षा कर्मियों से घरेलू नौकरों का काम लिया जा रहा है । कहते हैं कि कई बार तो श्री अर्जुन सिंह ने पूजा के लिए कुछ सुरक्षा कर्मियों को केरल से कच्चा नारियल तक लाने भी भेजा था ।

कुछ सूत्रों के अनुसार श्री अर्जुन सिंह का विवादास्पद भंवलनुमा मकान 45 एकड़ भूमि पर निर्मित है । यह भूमि विभिन्न नामों पर आबंटित है । भूमि का एक भाग श्रीमती अर्जुन सिंह के नाम पर आबंटित है । परन्तु रिकार्ड में उन्हें अर्जुन सिंह की पत्नी नहीं लिखा गया है बल्कि कोई और नाम दर्ज है ।

कहा जाता है कि अर्जुन सिंह के सदस्यों के मन में प्रधानमंत्री के प्रति बड़ी कड़वाहट है । अर्जुन सिंह केंद्रीय नेतृत्व के प्रति भी अपना आक्रोश जताना चाहते थे । परन्तु उनके कुछ सलाहकारों ने उन्हें कुछ देर और चुपचाप बैठे रहने का परामर्श दिया है कि कहीं ऐसा न हो कि उन्हें लेने के देने पड़ जाएं ।

गत बुधवार की आधी रात को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोती लाल वोरा ने प्रधानमंत्री से भेंट की थी । यह बात मद्रास हाईकोर्ट के जज को जांच करने के लिए नियुक्त करने से पहले की है । श्री वोरा ने प्रधानमंत्री से इस जांच की कार्य सूची बारे बातचीत की थी तथा अर्जुन सिंह के खिलाफ एक अन्य जांच बैठाने की सम्भावना पर भी विचार-विमर्श किया था ।

बजट पर प्रतिक्रिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

आ रहा है ।

उन्होंने कहा कि विदेश जाने वाले निर्यातकों पर भी 300 रु. प्रति टिकट वृद्धि से निर्यात भी प्रभावित होगा । उन्होंने केन्द्रीय सरकार से मांग की कि लघु उद्योग पर आबकारी शुल्क की छूट-सीमा 50 लाख कर दी जाए और इसे प्रोत्साहन के लिए अन्य रियायतें दी जाएं ताकि यह उद्योग सरकार के गरीबी

डाक्टरों ने काला दिवस मनाया

चंडीगढ़, 1 मार्च (ह.स.) : हड़ताली सरकारी डाक्टरों ने आज पंजाब में 'काला दिवस' मनाया तथा काले झंडों के साथ जलूस निकाले । वेतनवृद्धि तथा समयबद्ध पदोन्नतियों की मांगों के समर्थन में उनकी हड़ताल का आज 28वां दिन था । सरकारी वैटनरी अफसरों की 'पैन डाऊन' व 'टूल डाऊन' हड़ताल भी आज 15वें दिन में दाखिल हो गई । पंजाब वैटनरी आफिसर्ज़ एसोसिएशन पटियाला के प्रधान डाक्टर जी.एस. तुली ने आज कहा कि एसोसिएशन के सदस्य कल से अनिश्चित काल की हड़ताल शुरू करेंगे ।

जालन्धर (ढल्ल): हड़ताली पी.सी.एम.एस. डाक्टरों ने आज काला दिवस मनाया । सिविल अस्पताल में रोष रैली की गई, जिसमें इंडियन मैडीकल एसोसिएशन जालन्धर के सदस्य भी शामिल हुए । आई.एम.ए. जालन्धर के प्रधान डा. संसार सिंह संघा ने रैली को सम्बोधित करते हुए खेद व्यक्त किया कि केवल भारत में ही डाक्टरों के साथ सौतेली मां का व्यवहार किया जा रहा है । उन्होंने डाक्टरों को सलाह दी कि वे एकता को और सुदृढ़ बनाएं । डा. बलबीर सिंह ओबराय ने आई.एम.ए. तथा पंजाब मैडीकल रिलीजंट्टिव एसोसिएशन के समर्थन व सहयोग के लिए धन्यवाद किया । आज नगर के सभी प्राइवेट डाक्टरों ने दुकानें बंद रखीं और काला दिवस मनाया । रैली के बाद सभी ने काले झंडों के साथ मख्य बाजारों में खामोश जलूस निकाला । इस बीच डा. जसपाल सिंह, डा. दविन्दर खिन्दरा, डा. सतीश सूद, डा. जसबीर सिंह बाठ, डा. कुलदीप सिंह व डा. अशोक चावला भूखहड़ताल पर बैठे ।

होशियारपुर (अश्विनी) : आज हड़ताली डाक्टरों व पशु पालन विभाग के अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नगर में संयुक्त रूप से काले झंडों के साथ प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारी राज्यपाल तथा पंजाब सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे । इससे पूर्व सिविल अस्पताल में आयोजित एक रैली में भाजपा नेता श्री रमेश चंद्र जालम ने राज्यपाल से हड़ताली डाक्टरों की मांगें शीघ्र स्वीकार करने की अपील की ।

जिला पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अशोक ढींगरा व प्रैस सचिव डा. अजय बग्गा ने घोषणा की कि अगर डाक्टरों की मांगें 6 मार्च तक स्वीकार न की गईं तो वे 7 मार्च से आमरण अनशन आरम्भ कर देंगे । दसूहा के डा. गरमेल सिंह के नेतृत्व में आज चार डाक्टरों ने क्रमिक अनशन आरम्भ किया ।

लुधियाना (भाखड़ी): आल इंडिया सिख यूथ फैडरेशन के प्रधान जत्थेदार बलविन्दर सिंह ने पंजाब के राज्यपाल से आग्रह किया है कि वह डाक्टरों की उचित मांगों को मान कर हड़ताल समाप्त करवाने का प्रयत्न करें और रोगियों को हो रही असुविधा की ओर ध्यान दें । उन्होंने दुःख प्रकट किया कि पंजाब में कर्मचारी वर्ग में भारी रोष व्याप्त है और हर ओर हड़तालें ही हड़तालें हो रही हैं ।

अमृतसर : हड़ताली डाक्टरों ने आज यहां भी काले झंडों के साथ जलूस निकाला । जलूस क्रिस्टल चौक में खत्म हुआ जहां एक रैली की गई तथा एक घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक रोका गया । आज गुरु तेग बहादर तथा गुरु नानक देव अस्पतालों में 6 लेडी डाक्टरों का जत्था क्रमिक भूखहड़ताल पर बैठा ।

अकाली राजनीति

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसी बीच पता चला है कि अकाली दल (ल) के श्री बरनाला और श्री बलवन्त सिंह के नेतृत्व में दोनों ग्रुपों में एकता का मार्ग अभी रुका हुआ है । यही कारण है कि आज श्री बलवन्त सिंह और श्री बरनाला ने एक-दूसरे के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा । दूसरे, श्री बरनाला ने अमृतसर के पंथक सम्मेलन के बारे फिलहाल अपना मन स्पष्ट रखा हुआ है । पत्रकारों ने श्री बरनाला और श्री

जालन्धर में पी.सी.एम.एस. एसो. के सदस्य डाक्टर अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को जलूस निकालते हुए । (छाया : कपूर)

पति के विरुद्ध अदालत में खर्चे का दावा दायर

लुधियाना, 1 मार्च (महिंद्रा): रेलवे कालोनी लुधियाना के एक रेल कर्मचारी विनोद कुमार के विरुद्ध उसकी पत्नी नीना ने स्थानीय मैजिस्ट्रेट श्री एस.के. शर्मा की अदालत में खर्चा लेने का दावा दायर किया है,जिसमें लिखा है कि उसका विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था, उसके डेढ़ वर्षीय बच्चा है, परंतु उसका पति तथा उसके भाई व मां-बाप उसे अधिक दहेज लाने के लिए तंग करते हैं तथा मार-पीट करते हैं ।

बस उलटने से 25 घायल

अमृतसर, 1 मार्च (मनोहर): अमृतसर-तरनतारन रोड पर एक बस उलटने से 25 से ज्यादा सवारियां घायल हुई हैं । इनमें से 10 मुसाफिरों को काफ़ी चोटें आई हैं,जिनको अस्पताल में दाखल करवाया गया है । कंडक्टर को भी काफ़ी चोटें आई हैं । जिला अकाली जत्था के वरिष्ठ उप-प्रधान सतनाम सिंह कंडा की साली भी इस घटना में गम्भीर घायल हुई है ।

डाक कर्मचारियों द्वारा 48 घंटे का अनशन शुरू

जालंधर, 1 मार्च (ढल्ल): नैशनल फैडरेशन आफ पोस्टल एम्प्लाइज यूनियन के आश्वासन पर पोस्टल एम्प्लाइज यूनियन दर्जा तीन, पोस्टमैन यूनियन तथा आर.एम.एस. यूनियन दर्जा तीन के प्रतिनिधियों ने आज 48 घंटे की भूखहड़ताल शुरू कर दी । इसे नैशनल यूनियन दर्जा तीन ने भी समर्थन दिया । यह जानकारी देते हुए पोस्टल एम्प्लाइज यूनियन के डिवीजन सैक्रेटरी श्री चमन लाल कटारिया ने कहा कि यह भूखहड़ताल उनकी लम्बे समय से लटक रही मांगों के समर्थन में की गई है ।

बेटी के ससुराल वालों के अत्याचारों के विरुद्ध सहायता की मांग

अमृतसर, 1 मार्च (कमलेश): श्री बरकत राम छोटा हरिपरा ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रचार सचिव प्रो. लक्ष्मी कांता चावला को एक पत्र लिख कर अपनी विवाहिता लड़की के साथ उसके ससुराल वालों के कथित अत्याचारों के बारे लिख कर सहायता की मांग की है । पत्र में श्री बरकत राम ने लिखा है कि उसने अपनी पत्री सोमा कुमारी का विवाह 22.2.88 को श्री अशोक कुमार पुत्र प्रीतम दास फैज़पुरा के साथ किया था । दुर्भाग्यवश मेरी पुत्री के ससुराल वालों ने शादी के तुरंत बाद ही उसे तंग करना शुरू कर दिया, यहां तक कि उसे बच्चा पैदा होने वाला था, उसी हालत में उसे घर से निकाल दिया गया था ।

चीनी

नई दि
मांग से ज
लगाया ग
डुमर लाल
98 लाख
लाख टन
किया गया

नकली

वृद्धि

नई दि
दवाओं की
में चिंता
अध्यक्ष ब
सहमति ज
एक तरह
से निपटा

नया ब

जालन
में पेश 19
तीव्र प्रतिक्रि
करार दिय
इंजीनियरि
खासा तथ
वक्तव्य में
में वृद्धि से
लघु उद्योग

डी.ए.वी
वार्षिक

अमृतस
अमृतसर क
और वार्षिक
कालेज के प्र
कालेज के
गुप्ता ने ब
समारोह 4
और उपस्थि
विश्वविद्यालय
सम्बोधित क
अढ़ाई बजे ह
वितरण स
डी.पी.आई. (

लुधियान
एडवांस

लुधियाना
अनुसार स्था
लेखाधिकारियों
के कारण निगम
मार्च 1988
राशि पड़ी थी
नियमों के अन
तुरन्त जमा क
हुए हैं, उनसे भ
यह बात निगम
रिपोर्ट के अनुस
करोड़, 34.5
सीवरेज बोर्ड,
आर; बिजली ब
जिनकी एडजस
अधिकारी तो न

'रशदी की
इनाम

मास्को, 1
वरिष्ठ राजनीति
के नेता अयातुल्ल
रशदी की हत्या
लोगों की व

4 खतरनाक आतंकवादी मारे गए, एक गिरोहों की आपसी लड़ाई में मरा

गांव अबू सईद में भीषण मुठभेड़ : 2 सी.आर.पी. जवान भी मारे गये

भिंडरांवाले के साथी समेत 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 मार्च (वार्ता): पुलिस व सुरक्षा बलों ने पंजाब में उल्लेखनीय सफलता मिली जबकि उन्होंने 4 खतरनाक आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार डाला । मुठभेड़ों में सी.आर.पी.एफ. के दो जवान और एक पुलिस कर्मी मारे गए जबकि 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए । एक खूंखार आतंकवादी को उसके साथियों ने ही मार दिया । आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान जरनैल सिंह भिंडरांवाले के एक निकट साथी समेत 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 2 पुलिस अधिकारियों को घायल कर दिया । गत रात जालंधर में आतंकवादियों ने 6 वारदातें कीं । मारे गये आतंकवादियों में शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह तथा दरबार साहब के ग्रंथी सोहन सिंह के हत्यारे भी शामिल हैं ।

2 आतंकवादी, तीन सुरक्षा कर्मी मारे गए : अमृतसर (अशोक) अमृतसर जिला के गांव अबू सईद में आज प्रातः पुलिस तथा सुरक्षा बलों की संयुक्त छापामार पार्टी के साथ एक घर के अंदर छुपे बैठे आतंकवादियों की मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये । भिड़ंत में सी.आर.पी. के 2 जवानों सुरेंद्र सिंह तथा अरविंद कुमार तथा पुलिस कर्मचारी बख्शीश सिंह की भी मृत्यु हो गई, जबकि रमदास थाने के एस.एच.ओ. राजेंद्र पाल शर्मा तथा ए.एस.आई. महेंद्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें अमृतसर के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है ।

भिड़ंत के बारे में जो ब्यौरा प्राप्त हुआ है, उसके अनुसार पुलिस को एक पुष्ट सूचना प्राप्त हुई थी कि खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता उर्फ चंगियाड़ा गांव अबू सईद थाना रमदास (पुलिस जिला मजीठा) में अपने एक अन्य आतंकवादी साथी गुरमुख सिंह वासी नंगल वंजां के साथ छुपा बैठा है । इस सूचना के आधार पर आज प्रातः 10.30 बजे पुलिस व सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टियों ने उक्त गांव को घेरा डाल लिया, जबकि पुलिस की एक पार्टी जिसका नेतृत्व थाना रमदास के एस.एच.ओ. श्री राजेंद्र पाल शर्मा कर रहे थे, उस घर में जा घुसी, जहां आतंकवादियों के छुपे होने का शक था । बताया जाता है कि ज्यों ही यह पुलिस पार्टी मकान के अंदर घुसी तो घर के अंदर छुपे आतंकवादियों ने दो विभिन्न स्थानों से पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग की । इस फ़ायरिंग से कांस्टेबल बख्शीश सिंह मारा गया जबकि एस.एच.ओ. राजेंद्र पाल शर्मा बुरी तरह घायल हो गये । आतंकवादियों की इस फ़ायरिंग का जवाब पुलिस पार्टी ने दिया तथा सब-इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह भी घायल हो गया । श्री राजेंद्र पाल शर्मा और श्री महेंद्र सिंह को उपचार के लिए अमृतसर के सिविल अस्पताल में लाया गया, परन्तु सरकारी डाक्टरों की हड़ताल के कारण पुलिस वाले इन घायलों को एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये । श्री शर्मा की हालत अत्यन्त नाजुक बताई जाती है । सूचनाओं में बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने धीरे-धीरे अपना घेरा तंग करके आतंकवादियों पर फ़ायरिंग जारी रखी । इस तरह यह भिड़ंत 5 घंटे तक जारी रही तथा अंततः 2 आतंकवादी मारे गये ।

इस मुठभेड़ में सी.आर.पी. के 2 जवान भी मारे गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत आतंकवादी सम्भवतः सतनाम सिंह सत्ता और गुरमुख सिंह हैं ।

बार्डर रेंज के आई.जी. पुलिस श्री सी. पाल सिंह ने कहा है कि सम्भवतः मारा गया एक आतंकवादी गुरमुख सिंह है, जो कि सत्ता का दायां हाथ है । पत्रकारों को बताया गया कि आतंकवादी गांव के प्यारा सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसे हुए थे । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान अश्रु गैस, हथगोलों के अलावा अन्य आधुनिक शस्त्रों का प्रयोग किया ।

मुठभेड़ सुबह 11 बजे के करीब शुरू हुई तथा 6 बजे सायं के करीब उस समय समाप्त हुई जब मकान के अंदर जिस कमरे में आतंकवादी छिपे हुए थे, की दीवार में छेद करके भीतर फेंके गए हथगोले से मकान को आग लग गई । इससे पहले कि आग के कारण मकान की छत गिरती, आतंकवादियों व सुरक्षा कर्मियों के शव निकाल लिए गए थे । बाद में आग बुझाने का प्रयास किया गया, पर लगभग सब कुछ जल चुका था ।

आई.जी. बार्डर रेंज के अलावा इस सारे अभियान का निरीक्षण सी.आर.पी. के आई.जी. (उत्तर पश्चिमी क्षेत्र) श्री जोगिन्दर सिंह, एस.एस.पी. मजीठा श्री जी.एस. मान, डी.एस.पी. अजनाला श्री पी.एस. पन्नू ने किया ।

श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि एस.एच.ओ. श्री राजेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गांव में इस मकान पर छापा मारा था । वहां पहुंचते ही ए.के. 47 की गोली से इनका 'स्वागत' हुआ और एक पुलिस कांस्टेबल मारा गया तथा एस.एच.ओ. व ए.एस.आई. घायल हो गये । इसके बाद सी.आर.पी. के कमांडोज़ व पुलिस की मदद से एक बड़े आप्रेशन की व्यूह रचना की गई । आधा घंटा मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों ने गोली चलानी रोक दी । इस पर जांच के लिए ज्यों ही दो कमांडो अंदर गए तो उन्हें गोली मार दी गई ।

इसके बाद सुरक्षा बलों कैदीवारों व छत में छेद करने पड़े ताकि अंदर हथगोले व अश्रु गैस के गोले फैंके जा सकें । अंततः यह प्रयास सफल रहा व दो आतंकवादी मारे गए । सुरक्षा बलों ने बाद में मकान की तलाशी ली ताकि वहां आतंकवादियों के किसी खुफिया ठिकाने का पता चल सके । आशंका है कि आतंकवादियों की संख्या अधिक थी तथा वे सम्भवतः इस ठिकाने में छुपे होंगे । मकान के भीतर से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन तथा नोट बरामद हुए हैं । मारे गए आतंकवादियों को गोलियां भी लगी थीं । एक आतंकवादी का चेहरा बुरी तरह से खराब हो गया है ।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मारे गए सी.आर.पी. के जवानों के नाम शौर्य पुरस्कार के लिए मनोनीत किए जाएंगे । इसके अलावा अन्य आर्थिक सुविधा नियमानुसार दी जाएगी ।

मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने आज रात्रि पत्रकारों को बताया कि बाद में तलाशी के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वीरवार को जिला अमृतसर के गांव अबू सैद में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की भिड़ंत में मारे गये दो उग्रवादियों के शव । (2) एस.एच.ओ. राजेंद्र पाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये । (3) सिपाही महिन्द्र सिंह, जो अस्पताल में दम तोड़ गया । (4) सुरक्षा बलों के जवान मुठभेड़ के दौरान पोजीशनें लिये हुये । (5) उग्रवादी इस मकान में छिप कर मुकाबला कर रहे थे । (6) आई.जी. बार्डर रेंज बी.एस.एफ. पाल सिंह घटनास्थल का निरीक्षण करते हुये ।

सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी द्वारा वीरवार को अमृतसर जिले के नौशहरा धला सीमा चौकी के निकट गये एक तस्कर के पास से सोने के 337 बिस्कुट बरामद किये गए । चित्र में बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री के.एस. राघवन के साथ ए.आई.जी.बी. राघवन तथा नाकापार्टी के जवान ।

दिल्ली अकाली दल में भारी फूट, बरनाला संकट टालने के लिए दिल्ली आएंगे

नई दिल्ली, 2 मार्च (वि.स.): दिल्ली अकाली दल (लौंगोवाल) के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह थापर को उनके पद से हटाने का अभियान और भी तेज हो गया है । दल के संकट को टालने के लिए श्री सुरजीत सिंह बरनाला दिल्ली आ रहे हैं ।

कल शिरोमणि अकाली दल के महासचिव प्रो. जसपाल सिंह एवं कार्यसमिति के सदस्य श्री परमजीत सिंह सरना ने एक संयुक्त बयान में अकाली आलाकमान से मांग की है कि श्री थापर को उनकी पंथ विरोधी हरकतों के कारण तुरंत अध्यक्ष पद से हटाया जाए । इन दोनों ने यह आरोप लगाया कि श्री थापर की हरकतों से पंजाब के बाहर के सिख अकाली दल से अलग हो रहे हैं ।

इस बयान में यह भी कहा गया कि इस पंथक संकटकाल में प्रो. हरमीत सिंह को महासचिव के पद से निलम्बित करने की धमकी देना सर्वथा गलत है ।

इन दोनों नेताओं ने इस बात पर हैरानी व्यक्त की है कि श्री थापर ने श्री कुलदीप सिंह भोगल को पार्टी का संयुक्त सचिव मानने तक से इन्कार कर दिया है । सच तो यह है कि श्री भोगल 1985 से पार्टी के संयुक्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं ।

ज्ञातव्य है कि दिल्ली में लौंगोवाल गुट के अंदरूनी झगड़े तेजी से बढ़ते जा रहे हैं । एक गुट द्वारा ओंकार सिंह थापर को हटाने के लिए जोरदार मुहिम चलाई जा रही है । इस गुट का प्रयास श्री कृपाल सिंह संगतपुरी को दिल्ली अकाली दल का अध्यक्ष बनाने का है ।

दिल्ली अकाली दल के महासचिव प्रो. हरमीत सिंह अपने पद से त्यागपत्र देने की घोषणा कर चुके हैं । दिल्ली अकाली दल में व्याप्त असंतोष को दूर करने के लिए सरदार सुरजीत सिंह बरनाला को दिल्ली बुलवाया गया है । श्री बरनाला अगले सप्ताह दिल्ली आ रहे हैं ।

श्रीलंका का अगला प्रधान-मंत्री कौन ?

नई दिल्ली, 2 मार्च (हि.) : श्रीलंका में दूसरा सर्वोच्च पद अर्थात् प्रधानमंत्री का पद कौन ग्रहण करेगा ? यह सवाल भारत और भारत-श्रीलंका समझौते के क्रियान्वयन के संबंध में अत्यन्त महत्वपूर्ण है ।

चूंकि इस समझौते का क्रियान्वयन एक नाजुक दौर में प्रवेश कर चुका है तथा आगे के लिए कोई अन्य नई कठिनाइयां पैदा न हों, इसलिए जानकार प्रेक्षकों के अनुसार कोलम्बो को स्पष्ट और निर्माणात्मक तरीका अपनाना पड़ेगा ।

यहां इस बात की पूरी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति आर. प्रेमदास, जो अभी तक उक्त समझौते के क्रियान्वयन में प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त नहीं रहे हैं, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री श्री जैमिनी दिसानायके को अपना समर्थन देंगे । यहां के राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि श्रीलंका में दूसरा सर्वोच्च पद किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाना चाहिए जो भारत और भारत के नेताओं को अच्छी तरह समझ सकता हो । श्री दिसानायके ने समझौते के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा उसके बाद आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों पर भी निर्माणात्मक प्रतिक्रिया दर्शाई थी ।

सवा करोड़ का सोना पकड़ा

अमृतसर, 2 मार्च (ह.स.): स्थानीय पुलिस के अनुसार कल रात घरिंडा सैक्शन के अंतर्गत नौशहरा धला सीमा चौकी के निकट दो स्मगलरों के साथ हुई मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल ने 337 सोने के बिस्कुट पकड़े हैं । इनकी कीमत एक करोड़ 25 लाख रुपए आंकी गई है

इस मुठभेड़ में एक दूसरा अंधेरे का लाभ गया । पकड़े गये बिस्कु हुआ है ।

16 मार्च को लौंगोवाल व अकाली दलों का विलय हो

चंडीगढ़, 2 मार्च (वि.प्र.): अकाली दल (लौ) के वरिष्ठ अकाली नेता श्री बलवंत सिंह ने विचार व्यक्त किया है कि क्योंकि सिख नेतृत्व इस नाजुक चरण पर एकता और सुलह नहीं कर सका है, अतः उन्हें अब यह मामला लोगों के सामने पेश करने के लिए विवश होना पड़ा है । आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं कल 3 मार्च से पंजाब भर का दौरा शुरू कर रहा हूं । सम्भव है कि मैं और श्री जगदेव सिंह तलवंडी कई स्थानों पर संयुक्त दौरे करें । जनता सर्वोच्च है । उन्होंने दावा किया कि 16 मार्च से अमृतसर में होने वाले निर्वाचित पंथक प्रतिनिधि सैशन में लौंगोवाल अकाली दल के 90 प्रतिशत डैलीगेट, भूतपूर्व विधायक, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य और सांसद शामिल होंगे, जो कि पूर्ण एकता के समर्थक हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा है कि उन्हें 16 मार्च के शामिल होना चाहिए । अमृतसर का यह सैश प्रतिनिधित्व करेगा ।

इसी मध्य ज्ञात हुआ बलवंत सिंह के अनुरोध कार्यकारिणी तथा पद फिलहाल रोक दी है । नेता श्री हरकिशन सिंह सिंह के अनुरोध पर ही आये थे, नें श्री बरनाला सिमरन जीत सिंह मान सारे देश में उनकी छवि बलवंत सिंह और उनके के हैं कि श्री बरनाला जाए । जब श्री बरन

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रद्द होने पर इंका सदस्यों द्वारा वाकआऊट : पुलिस भर्ती के मामले की विधानसभा में गूंज

चंडीगढ़, 2 मार्च (संधी, परवाना): तीन इंका

सदन से 'वाकआऊट' के बाद श्री मोहिन्दर

दौरान उस समय सदन में हंगामा उठ खड़ा हुआ था,

Punjabi Tribune

...रे गए,
...में मरा

...भी मारे गये
...की हत्या

...ट अस्पताल में ले गये । श्री
...न्त नाजुक बताई जाती है ।
...गया है कि सुरक्षा बलों ने
...तंग करके आतंकवादियों पर
इस तरह यह भिड़ंत 5 घंटे
...त: 2 आतंकवादी मारे गये ।
...आर.पी. के 2 जवान भी मारे

...अनुसार मृत आतंकवादी
...सत्ता और गुरमुख सिंह हैं ।

...जी. पुलिस श्री सी. पाल सिंह
...: मारा गया एक आतंकवादी
...क सत्ता का दायां हाथ है ।
...या कि आतंकवादी गांव के
...क्त के घर में घुसे हुए थे ।
...के दौरान अश्रु गैस, हथगोलों
...तक शस्त्रों का प्रयोग किया ।
...बजे के करीब शुरू हुई थ
उस समय समाप्त हुई जब
...मरे में आतंकवादी छिपे हुए
...रके भीतर फैंके गए हथगोले
...गई । इससे पहले कि आग
...ड़त गिरती, आतंकवादियों व
...निकाल लिए गए थे । बाद में
...किया गया, पर लगभग सब

...रेंज के अलावा इस सारे
...ा सी.आर.पी. के आई.जी.
...त्र) श्री जोगिन्दर सिंह,
...ो जी.एस. मान, डी.एस.पी.
...न्नू ने किया ।

...ने बताया कि एस.एच.ओ. श्री
...त्व में पुलिस ने एक सूचना के
...मकान पर छापा मारा था ।
...47 की गोली से इनका
...क पुलिस कांस्टेबल मारा गया
...एस.आई. घायल हो गये ।
...के कमांडोज व पुलिस की
...ान की व्यूह रचना की गई ।
...बाद आतंकवादियों ने गोली
...पर जांच के लिए ज्यों ही दो
...न्हें गोली मार दी गई ।
...बलों कोठीबारों व छत में छेद

वीरवार को बिना अमृतसर के गढ़ अब सैद में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में भीषण भिड़ंत हुई । (1) भिड़ंत में मारे गये दो आतंकवादियों के शव । (2) एस.एच.ओ. राजेंद्र पाल शर्मा, जो गंभीर रूप से घायल हो गये । (3) सिपाही महिन्द्र सिंह, जो अस्पताल में दाखिल है । (4) सुरक्षा बलों के जवान मुठभेड़ के दौरान पोजीशन लिये हुये दिखाई दे रहे हैं । (5) उग्रवादी एक मकान में छिप कर मुकाबला कर रहे थे । (6) आई.जी. (सीमा) श्री सी. पाल कि...रमान को निरीक्षण करते हुये । (छाया : रवि भंडारी)

सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी द्वारा वीरवार को अमृतसर जिले के नौशहरा ढाला सीमा क्षेत्र में मारे गये एक तस्कर के पास से सोने के 337 बिस्कट बरामद किये गए । चित्र में बरामद सोने के बिस्कुटों के साथ ए.आई.जी.बी.डी. राघवन तथा नाकापार्टी के जवान । (छाया : जोग भंडारी)

पंजाब
के अं...

जो लोग क...
कोई उग्रवा...

नई दिल्ली, 2 मार्च
भजन लाल ने आज राज्य...
उग्रवादी ताकतों के पीछे...
कुछ अंदरूनी तत्वों का ...
ऐसे जो लोग है उन्हें प...
भजन लाल धन्यवाद प्र...
चर्चा में हस्तक्षेप कर रहे...
मुख्य रूप से विपक्षी सद...
सदस्यों का कहना था कि...
पूरी तरह विफल रही है...

श्री भजन लाल ने ...
ऐसे लोगों से सहारा मि...
स्वर्ण मंदिर में कोई उग्र...
ही उग्रवाद के बढ़ावा ...
भिंडरावाले को बढ़ावा दि...
के फैसले और राष्ट्रप...
अस्वीकार कर दिए जा...
को फांसी नहीं देने की...
उग्रवादी ताकतों को बल...

श्री भजनलाल ने ...
को चुनौती दी कि वह ...
कथित वक्तव्य के बा...
करें । श्री भजन लाल ...
हाल में चंडीगढ़ में प्रे...
"खालिस्तान की बात ...

उन्होंने कहा कि प्र...
विरुद्ध विपक्ष ने तीन दि...
था वह भी जेटमलानी स...
के नेता श्री एस.एस. ग...
करते हुए कहा कि श्री ...
खंडन किया है । उन्हो...
के लिए भारत सरकार ...
ठहराया है । इस पर ...
डी.के. बंसल ने कहा ...
अपनी सफाई देनी चा...

श्री भजन लाल ने ...
जेटमलानी के वक्तव्य...
उन्होंने कहा कि इस व...
विदेशी शक्तियों के इ...
रहे हैं । उन्होंने विप...
हुए कहा कि उसकी ...
कार्यक्रम । उन्होंने क...
ने अकाली दल का स...

Punjab Kesari

(10) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 3.3.1989

खतरनाक आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

दौरान एक और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफल बरामद की गई । उन्होंने कहा कि मकान की तलाशी रोक दी गई क्योंकि उग्रवादियों के कमरे में एक कारामद हथगोला पड़ा था । इस हथगोले को निष्क्रिय करने के पश्चात कल और तलाशी ली जाएगी ।

एरिया कमांडर मारा गया : तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का स्वयंभ 'एरिया कमांडर' खतरनाक आतंकवादी जोगिंद सिंह आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में मारा गया । मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने कहा है कि जोगेंद्र सिंह,जो कि 'दाना' नाम से जाना जाता था, 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था जिसके सिर पर 40,000 रुपए का ईनाम था । वह गत दो वर्षों से मजीठा, कत्थूनंगल तथा मैहना चौक क्षेत्रों में 45 से 50 हत्याओं में वांछित था । इस आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव थाना मजीठा के अंतर्गत गांव जगदेव कलां के बाहर रनवाल नहर के पुल पर मिला । वह निकटवर्ती गांव कादरां का रहने वाला था ।

उसके शव के करीब ए.के. 47 चीनी राइफल, एक मैगज़ीन, एक .45 रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ । भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स ने उसकी हत्या करने की जिम्मेदारी ली है ।

एक की हत्या, एक घायल : थाना सराहली के गांव पक्खपुरा में आतंकवादियों ने चरणजीत सिंह की हत्या कर दी तथा उसके बाप मेजर सिंह को सख्त घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि दोनों बाप-बेटे को आतंकवादियों ने घसीट कर घर से निकाला तथा उन पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चलाईं । चरणजीत सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई,जबकि मेजर सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया । घटना स्थल पर ए.के. 47, राइफल के 2 खाली कारतूस मिले ।

रोडे का संबंधी था : मजीठा पुलिस की विअप्ति में कहा गया है कि चरणजीत सिंह जरनैल सिंह भिंडरांवाले का निकट साथी था और काफी असां जेल में बंद रहा । दो वर्ष पर्व वह रिहा होकर आया था । वह जल्थेदार जसबीर सिंह रोडे का भी रिश्तेदार था । यह संदेह किया जाता है कि आतंकवादियों की आपसी धड़ेबंदी में उसकी हत्या की गई है ।

औरत को फांसी दे दी : गत रात मजीठा पुलिस जिला के थाना लोपोके के गांव बोपाराय कलां में एक औरत दर्शना को फांसी देकर मार डाला गया ।

आढ़ती की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक आढ़ती सुरेंद्र कुमार की हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रमख श्री गोबिन्द राम ने घटनास्थल से आकर पत्रकारों को बताया कि यह हत्या आतंकवादी घटना नहीं बल्कि किराए के लोगों से हत्या कराई गई है और इस संबंध में हत्या की साज़िश में सौलप्त एक आढ़ती सरदूल सिंह को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है जबकि दोनों हत्यारों की भी शिनाख्त कर ली गई है ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि हिरासत में लिए गए आढ़ती सरदूल सिंह से मृतक आढ़ती ने लगभग डेढ़ लाख रुपया लेना था और इस कारण इनका कई बार झगड़ा भी हुआ था । डेढ़ लाख रुपया न देना पड़े, इसलिये किराए के हत्यारों से हत्या कराई गई ।

बटाला पुलिस ने धारीवाल के आतंकवादी दला सिंह को गिरफ्तार करके उसे एक पिस्तौल तथा 8 कारतूस बरामद किये जबकि गुरनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

मास्टर की हत्या : लुधियाना (वार्ता): गत रात लुधियाना में दो आतंकवादी मास्टर इंद्रजीत शर्मा के घर में दाखिल हुए और उनसे लाइसैंसी हथियार की मांग की । उनके इन्कार करने पर उन्होंने गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

लूट की वारदातें : कल लुधियाना में 2 स्कूटर सवार आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर डाक घर के एक क्लर्क मेला सिंह से नकदी का थैला छीन कर ले गये,जिसमें 11,000 रुपए थे ।

लुधियाना जिला में एक अन्य घटना में 2 आतंकवादी शेरपुर के नज़दीक एक शराब के ठेके से 16,000 रुपए पिस्तौल की नोक पर छीन ले गए ।

2 आतंकवादी मारे गये : कल रात लुधियाना से 33 किलोमीटर दूर बिलासपुर गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 2 कट्टर आतंकवादी मारे गये । यह जानकारी देते हुए लुधियाना के एस.एस.पी. श्री समेश सिंह सैनी ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब सुरक्षा बलों ने पैदल जा रहे तीन आतंकवादियों को रुकने का संकेत किया लेकिन उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में 2 आतंकवादी मारे गए ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृत आतंकवादियों से एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 मैगज़ीन, एक चीनी माऊज़र, कोरिया में निर्मित रिमोट कंट्रोल विस्फोटक उपकरण तथा सायनाइड पाऊडर बरामद हुआ ।

श्री सैनी ने बताया कि मारे गये आतंकवादी बख्तावर सिंह (भटिंडा) तथा शेर सिंह उर्फ शेरी फगवाड़ा (कपूरथला) थे । उनका तीसरा साथी अंधेरे में फरार हो गया । बख्तावर सिंह तथा उसका साथी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव श्री भान सिंह तथा दरबार साहब के ग्रंथी सोहन सिंह की हत्या करने तथा एक अन्य सचिव श्री मल सिंह धमान को गम्भीर रूप से घायल करने की वारदात में संलिप्त थे । इन दोनों का मानसा में वरिष्ठ अकाली नेता मनजीत सिंह खेड़ा की हत्या के प्रयास व अन्य अनेक अपराधों में भी हाथ था । यह भी बताया गया है कि शेर सिंह जो कि अखिल भारतीय सिख छात्र संघ की सर्वच समिति का सदस्य था, मंत्री गोबिन्दगढ़ में 2 लोगों की हत्या में भी शामिल था ।

शव बिरता : घुरी (जैन): खन्नौरी पुलिस ने एक व्यक्ति का सफलता के शव बरामद किया है । इसका संगरूर के अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया ।

सिलेंडर चोरों के गिरोह का सफाया : संगरूर (गर्ग): जिला संगरूर पुलिस ने तीन व्यक्तियों गुरदेव सिंह, गुरमेल सिंह तथा सरूप सिंह को गिरफ्तार करके गैस सिलेंडर चोरी करने वालों के एक गिरोह का सफाया करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि अभियुक्तों ने 15-16 जनवरी की मध्य रात्रि को नाभा की एक गैस एजैंसी का सिलेंडरों से भरा ट्रक छीन लिया था । पुलिस ने 23 सिलेंडर बरामद कर लिये हैं जबकि शेष की बरामदगी के लिए कोशिशें जारी हैं ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोज़पुर (वार्ता): फिरोज़पुर जिला पुलिस ने थाना जुलिएके के गांव भम्भा मट्टू के निकट एक नाकेबंदी के दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खी को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से पिस्तौल, कुछ कारतूस व 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई ।

गत रात जिला फरीदकोट में संक्षिप्त मठभेड़ के बाद 5 आतंकवादियों कलवंत सिंह, सुखदेव सिंह, मलकीयत सिंह, जरनैल सिंह तथा राम सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे दो 12 बोर की दोनाली बंदूकें, 2 आरह बोर की पिस्तौलें व भारी मात्रा में कारतूस मिले ।

घुसपैठिया गिरफ्तार : जम्मू (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो वहां से चोरी-छिपे हथियार खरीदना चाहता था और उससे काफी रकम के अमरीकी डालर बरामद किये हैं । सरहदी बल के पुलिस महानिरीक्षक श्री बी. डोगरा ने यहां बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को जम्मू-कश्मीर के सीमानगर सैक्टर में गिरफ्तार किया गया । वे डालर चैक के रूप में हैं जो अमरीका के कई बैंकों से जारी किये गये हैं ।

40 हज़ार रुपए लूटे : रूपी' से चंडीगढ़ से सफर तो ही रहा एक सनीअजजा के मोटर बाजार में स्थित एक दुकानों और दो व्यक्तियों से लगभग 40 हजार रुपए नकद 40,000 रुपए लूट लिये । प्राप्त समाचारों के अनुसार दुकान का मालिक उस समय किसी ग्राहक से बातचीत कर रहा था कि इतने में एक दुकान में दाखिल हुए और पीछा पहुंच संदीपन को तोड़कर में वह करके दो व्यक्तियों से 40 हजार रुपए लूट कर ले गये । जब तक संदीपन बाहर निकल कर शोर मचाता तब तक लुटेरे मोटर साईकिल पर फरार हो चुके थे । पीड़क बाद यह है कि भीड़ भाले लोग से किसी इस लुटेरे में लुटेरों को आते-जाते किसी ने नहीं देखा । पुलिस को घटना की सूचना कर दी गई है ।

आपरेशन में 8 आतंकवादी : अमृतसर (इलस): गत रात पुलिस तथा उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादियों के मारे जाने की खबर है । पुलिस तथा विभिन्न सूत्रों से प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि रात से पहले मोटर तारा सिंह नगर में एक खाली के घर गये और वहां की कोठी में छुपे हुए हैं । इस सूचना के मिलते ही पुलिस ने उस घर को चारों ओर से घेरे में ले लिया । पुलिस के घेरे में आने के बाद उग्रवादी उनकी ओर बिल्कुल बिखरते हुए अपनी ओर कार की ओर बढ़ने लगे जो कि वहां पर खड़ी थी । पुलिस ने उन्हें ललकारा । भाग रहे साथ ही शोर मचाने लगा । जब आपरेशन से संबंधित पैरवी करने पर ये निकलने की कोशिश कर रहे थे तो पुलिस उग्रवादी

कुमार और मदन लाल खुराना शामिल
के अनुसार इसी समिति की रिपोर्ट के
र्टी का चुनाव घोषणा पत्र तैयार किया
(शेष पृष्ठ 10 पर)

पदयात्रा में दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, मेरठ कालेज आदि के छात्र भी हिस्सा लेंगे ।

दंगों के पीछे की ताकतों की सही पहचान तथा उनका नाम किसी भी राजनीतिक संगठन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए । स्वामी अग्निवेश ने जानकारी दी कि मेरठ को ही पदयात्रा स्थल चुनने के पीछे कारण है यहां पर गत दो वर्ष पहले हुए दंगे ।

अन्य राजनीतिक दल केंद्र से इन नज़रबंदों की रिहाई बारे लगातार मांग करते रहे हैं । अब इस बात की भी सम्भावना है कि प्रकाश सिंह बादल सहित कुछ अन्य वरिष्ठ अकाली नेता भी शीघ्र रिहा किए

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में उग्रवादी, घुसपैठिया मारा गया : किसान की हत्या

चंडीगढ़, 3 मार्च (वार्ता, हस): पंजाब में गत रात के बाद आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । लूटपाट की कुछ वारदातें होने की भी सूचना है । अमृतसर के पाकिस्तान की सीमा से लगने वाले क्षेत्रों में 500 मीटर की परिधि में रात्रि कर्फ्यू 1 मई तक बढ़ा दिया गया । बाघा पुराना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

किसान की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव धेंसियां में गत रात तीन अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी घुस कर 45 वर्षीय हरभजन दास की गोली मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हत्या के लिए चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयोग की गई । इसके कुछ चले कारतूस घटनास्थल से बरामद हुए हैं ।

इस संबंध में 6 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और सारा क्षेत्र सील करके उग्रवादियों की खोज की जा रही है । यह भी ज्ञात हुआ है कि मृतक अपने पीछे विधवा सहित तीन लड़कियां व दो लड़के छोड़ गया है । वह गांव में जमीन ठेके पर लेकर खेती करता था ।

मलोट (गोयल): फरीदकोट पुलिस प्रमुख श्री सतीश शर्मा ने बताया है कि जिला पुलिस ने 4 आतंकवादियों हरी सिंह, सेवक सिंह, बलविंद्र सिंह और गुरजंट को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से 405 बोर की 9 राइफलें, 315 बोर के 2 पिस्तौल, 12 बोर का एक पिस्तौल तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं ।

मोगा से 'सर्व' के अनुसार गत रात फरीदकोट जिला पुलिस ने मढ़ी मुस्तफा के एक आतंकवादी राज कुमार को गिरफ्तार करके उससे 22 बोर की एक भरी हुई पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए ।

घुसपैठिया मरा : गत रात्रि फिरोज़पुर सैक्टर के बडेका क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया ।

उग्रवादी मारा गया : बाघा पुराना (मित्तल): आज रात्रि 9 बजे बाघा पुराना के गांव लंगियाना के निकट नहर के पुल पर सुरक्षा बलों के हाथों मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा । पुलिस को घटनास्थल से एक पिस्तौल, 6 कारतूस और एक स्कूटर मिला है । पुलिस क्षेत्रों का कहना है कि एक स्कूटर पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्ति जा रहे थे, जिन्हें रोकने पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया ।

रिवाल्वर छीना : मोहाली (नर्वदा) : निकटवर्ती गांव बाउमाजरा में कुछ अज्ञात युवकों ने एक ट्रांसपोर्टर गुरदेव सिंह के घर में घुस कर उसका लाइसैंसी 12 बोर का रिवाल्वर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

नकदी, गहने लूटे : जालंधर (हस) : 4 अज्ञात आतंकवादी कल रात जालंधर जिला के थाना कंटारपुर के अंतर्गत पत्तड़ कलां में सतपाल के मकान में घुस कर 1800 रुपए नकद तथा 20,000 रुपए मूल्य के गहने व घड़ियां ले गए ।

औरत को लूट लिया : जालंधर में एक औरत से 3000 रुपए नकद तथा लगभग 100 ग्राम वज़न के सोने के जेवर छीन लिये गये ।

आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (हस) सुरक्षा बलों ने आज थाना पट्टी क्षेत्र में एक संदिग्ध आतंकवादी सरदल सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक देसी पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद हुए हैं । तरनतारन के पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादी से पूछताछ जारी है ।

इसी बीच कल सायं मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत गांव अबू सईद में आतंकवादियों के साथ मुकाबले वाले स्थान पर सुरक्षा बलों ने 2 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 1200 कारतूस व 5 मैगजीन बरामद किए । इस मुकाबले में 2 आतंकवादी मारे गये थे जबकि 3 पुलिस कर्मी शहीद हुए थे ।

मुठभेड़ : एक अन्य वारदात में जिला अमृतसर में फतेहगढ़ शूकर चक में विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर तैनात जवानों की तीन आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई । यह आतंकवादी सरपंच जयदेव सिंह के घर में घुस गये थे । मुठभेड़ में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा : अमृतसर के पाकिस्तान
(शेष पृष्ठ 10 पर)

छोटी सी बात

रंगा

मैं किसी नेता का अनुयायी हो सकता हूं पर उसका गुलाम नहीं । मैं एक स्वाभिमानी व्यक्ति हूं ।
—राज मंगल पांडे

भाई साहब कुछ भी कहें आखिर उन्होंने श्री बी.पी. सिंह को अपने नए नेता के रूप में पा ही लिया है ।

Punjabi Sahatari

व अन्य
पंजाब में मिठाइयों के
Lovel
SWEET HOU
JALANDHAR CITY
मोतीचूर लड्डू
बेसन लड्डू
खीर मोहन
रसभरी (छोटे रसगुल्ले)
काला जामन
गुलाब जामन
रसगुल्ला
चमचम
पिस्ता बरफी
काजू पिस्ता बरफी
बादाम पिस्ता बरफी
चाकलेट कलाकन्द
मलाईचाप (सैंडविच)/मलाईजाम
पार्कीजा
पड़ा/छैना बर्फी
पलगलोड़ (मिल्क केक)
रसमलाई
कमर रसमलाई
स्पैशल रसमलाई
NEW EXECU
पाइनएप्पल बरफी
फ्रूट क्रीम बरफी
क्रीम खोया बरफी
मलाई खोया बरफी
पनीर बरफी
मेवा बरफी
क्रीम बरफी
काजू कतली (बरफी)
पिस्ता लोज
टूटी फूटी रोल
मुगले-ए-आज़म रोल
नूरजहां रोल
कमर मलाई रोल
चाकलेट बटर रोल
लाजवाब
परमल
नोट : जब भी आप जालन्धर आए
ए. किसी भाती पिस्ता लोज

कि मेरी राय में तो अब भी इसकी जरूरत है और इसे कायम रखा जाना चाहिए । परन्तु इस सम्बन्ध में अंतिम निर्णय जनता दल के अध्यक्ष श्री वी.पी.सिंह करेंगे । हरियाणा विधानसभा के नूह निर्वाचन क्षेत्र से होने वाले उपचुनाव के बारे में श्री देवी लाल ने कहा कि इस बारे में जनता दल के प्रत्याशी का निर्णय कल किया जाएगा ।

घुसपैठिया मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

की सीमा के साथ लगने वाले क्षेत्रों में 500 मीटर की परिधि में रात्रि कर्फ्यू 1 मई तक बढ़ा दिया गया है ।

अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने बताया कि रात्रि कर्फ्यू का उद्देश्य सीमा पार से अवांछित व्यक्तियों की घुसपैठ रोकना है । आदेश के अंतर्गत सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक इस क्षेत्र में सभी तरह की गतिविधियों पर पाबंदी लगाई गई है। जिला मैजिस्ट्रेट ने कुछ अन्य निषेधाज्ञाओं की अवधि भी दो माह के लिए बढ़ा दी है जिन्हें लागू हुए लगभग 5 वर्ष हो चुके हैं ।

धारा 144 के अंतर्गत जारी इन आदेशों में बलसे, जलूसों तथा 5 माह से अधिक लोगों के इकट्ठे होने, घातक हथियार लेकर चलने, लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल, आपत्तिजनक रिकार्ड, टेप चलाने, सायं 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक बैंड चलाने, अधिकारियों की स्वीकृति के बगैर किसी भी व्यक्ति को सम्पत्ति बेचने या खरीदने, सायं 7.30 बजे से प्रातः 7.30 बजे तक दोपहिया वाहनों पर दो व्यक्तियों की सवारी तथा मोटर साईकलों पर पीला रंग करने पर पाबंदी लगाई गई है ।

लुटेरा गिरोह पकड़ा गया : पुलिस ने आज पांच लुटेरों को गिरफ्तार करके नगर में कई मामलों में संलिप्त लुटेरों के गिरोह का भांडा फोड़ करने का निर्णय किया है । एस.पी. श्री एच.एस. चांद ने बताया कि इस गिरोह में एक स्त्री भी शामिल है और यह गिरोह यहां ग्रीन एवेन्यू आबादी में पनसप की दुकान पर गत मास हुई लूट की घटना में संलिप्त था । इस दुकान से एक लाख रुपए की नगदी और स्वर्ण भूषण लूट लिए गए थे ।

पैट्रोल पम्प लूटा : टांडा से 'गुप्ता' के अनुसार आज सायं लगभग 5 बजे दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर चेतराम विजय कुमार के पैट्रोल पम्प से 2700 रुपए लूट लिये तथा फरार हो गए ।

प्रशासनिक ज्यादतियां

(पृष्ठ 3 का शेष)

राज्यपाल से यह भी कहा है कि क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ पुलिस की कारगुज़ारी संतोषप्रद नहीं है अतः उसे अब अन्य अपराधों की तरफ अपना शिकंजा कसना चाहिए । राज्य में होने वाला हर अपराध आतंकवाद के खाते में नहीं डाला जा सकता ।

होशियारपुर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट का बजट पास

होशियारपुर, 3 मार्च (अश्विनी): होशियारपुर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की बैठक श्री सरजीत सिंह राजपूत ए.डी.सी. (विकास) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इसमें वर्ष 89-90 के लिए ट्रस्ट का 53.85 लाख रुपए का बजट पास कर दिया गया । ट्रस्ट के कार्यकारी अधिकारी श्री मनमोहन कौड़ा ने आज यहां बताया कि भूमि अधिग्रहण पर 20 लाख रुपए

अमृतसर यात्रियों

अमृतसर, 3
स्टेशन के प्लेटफा
आदेश द्वारा रेल गा
यात्रियों के लिए अ
उल्लेखनीय है कि
'क्लीनिंग ऐण्ड' में
निर्माण कार्य चल
लगभग पूरा भी हो
के मध्य विवाद उठ
को यह शिकायत
आरम्भ होने पर उन
होगी, अदालत से
आवागमन के विरुद्ध
फरवरी से इस प्लेट
बंद है ।

पंचों-सरप

लधियाना, 3 म
देहाती लधियाना की
सरपंचों का विशाल
प्रातः जिला कांग्रेस
सैंकड़ों सरपंचों तथा
आमंत्रित किया गया
बारे में वहां पहुंच क

सीवरेज की में दम

अमृतसर, 3 म
बस्तियां, विशेषकर
बंद हो जाने के कार
पड़े इलाके की नाक
निवासियों का कहन
अधिकारियों को
शिकायत की जा च
का कोई प्रबन्ध नहीं

शाम के भ

दिल्ली क्लाथ 40.25
हार्डेन (प्रति किलो) 6612
(प्रति सैंकड़ा) 7110, सो
डिलिवरी : बनस्पत ए.पी.
हरियाणा और पंजाब (प्रति टी
10 किलो) 148, तेल सो
वाक्स ब्राड (10 किलो) 1
115 फैटी एसिड आयल
किलो) 157, गणेश ड्रीम
प्लैक (प्रति किलो) रुपयी

दिल्ली शेयर म
305, आई सीमैंट 12,
32. डी.सी.एम. लि. 40.2
62. एस्सार शिपिंग 23.7
इंडस्ट्रीज 100, गुजरात नर्म
होंडा 34.25, हिन्द. एल्यूमी
इंडियन रेयन 85.50. के
जनरलीज कॉटन 76, कैनौनो
96.50, एल.एम.एल.लि.
कॉटन 88.50, मोदी रबड़
ओसवाल एग्रो. 108, रिला
73.50, सरन पैट्रो 47, टैल्को
166, अमृत बनास्पति 90

Punjab Archive

में समझौते के लिए बातचीत जारी है । राजस्थान में कुछ कठिनाई पेश आ रही है, जहां भूतपूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता श्री भैरों सिंह शेखावत के नेतृत्व

रूप से बिहार में कम्युनिस्टों ने अपनी दावा जताया है । ऐसी स्वीकार्य प्रक्रिया बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसको उम्मीदवारों के चयन का आधार बनाया जा सके । एक राज्य जहां किसी शोर-शराबे

लिए टिकटों के वितरण के समय केरल में उसको स्थान दिया जाना चाहिए । चूंकि श्री नम्बूदीरीपाद ने भाजपा के साथ मामूली तालमेल के विरुद्ध भी अपना

भाजपा को सरकार में शामिल किए जाने का कड़ा विरोध किया गया ।

डीगढ़ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते

में स्थिति तनावपूर्ण

उल्लंघन का प्रयास किया गया । इस पर सेना को गोली चलानी पड़ी जिससे दो लोग घायल हो गए ।

अनन्तनाग में एक टैलीफोन एक्सचेंज को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से उस पर पैट्रोल बम फैंका गया । अनन्तनाग में गत दिवस हड़ताल नहीं की गई परन्तु आज वहां पूर्ण बंद रहा । श्रीनगर के भी आंतरिक क्षेत्रों में आज 'बंद' रहा ।

आंदोलनकारियों द्वारा कुछ वाहनों को क्षति पहुंचाई जाने के बाद परिवहन सेवा ठप्प हो गई । आज प्रातः एक दर्जी की दुकान पर पैट्रोल बम फैंका गया क्योंकि उसने गत दिवस अपनी दुकान बंद नहीं की थी । सिविल लाइन क्षेत्र में परिवहन सेवा चालू रही और अधिकांश दुकानें भी खुली रहीं ।

यहां से लगभग 62 किलोमीटर दूर मंदिरों के शहर मट्टन में एक उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवाई फायर किए ।

बारामूला में आज कर्फ्यू में तीन घंटे ढील दी गई । अनंतनाग, सोपोर और श्रीनगर के कुछ क्षेत्रों

(शेष पृष्ठ 14 पर)

रिक व बिहार के
द्वारा त्यागपत्र

तीफों की घोषणा की । उन्होंने बताया कि सभी यों ने प्रधानमंत्री को भेजे अपने त्यागपत्र में के नेतृत्व में पूर्ण आस्था व्यक्त की है । नेताओं कहा है कि उन्होंने इस्तीफे इसलिए दिए हैं ताकि गांधी राज्य में अपनी इच्छानुसार परिवर्तन कर । अब बिहार की समस्या को किस तरह हल ना है, यह फैसला प्रधानमंत्री ने करना है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार श्री जगन्नाथ मिश्र ना चले गये हैं । यद्यपि श्री केसरी ने यह नहीं या कि उन्होंने इस्तीफे कैसे दिये लेकिन पार्टी के अनुसार किसी भी नेता ने प्रधानमंत्री को सीधे न कर त्यागपत्र नहीं दिया ।

सूत्रों ने बताया कि इस्तीफे एक साथ प्रधानमंत्री लय को भेजे गये । विदेश राज्यमंत्री के.के. री का इस्तीफा भी अन्य इस्तीफों के साथ ही नमंत्री कार्यालय में पहुंचा जबकि वह इस समय दी अरब में हैं ।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री का इस्तीफा श्री चौधरी पटना लेकर आए थे ।

मुठभेड़ों में 9 आतंकवादी मारे गए :झामका के निकट साथी की हत्या

कई उग्रवादी गिरफ्तार : वाहन छीनने की घटनाएं

पंजाब में अन्यत्र 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 4 मार्च (वार्ता, ह.स.): आज अमृतसर के मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई भीषण भिड़ंत में 6 उग्रवादी मारे गए, जबकि अन्य स्थानों पर 3 और उग्रवादी मरे । इसी मध्य तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के आतंकवादी सुखदेव सिंह झामका के एक निकट साथी की आतंकवादियों के एक गिरोह ने हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । कुछ स्थानों पर वाहन छीने जाने की घटनाएं हुई ।

4 आतंकवादी मरे : मोगा (बांसल) फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने बताया कि गत 24 घंटों के दौरान जिला फरीदकोट में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गये जिनमें दो कट्टर आतंकवादी बोहड़ सिंह उर्फ़ बोहड़ा निवासी मोगा तथा हरजिन्दर सिंह उर्फ़ जिंदा निवासी छोटा घर भी शामिल हैं । इनसे एक .455 बोर का रिवाल्वर, एक 7.62 राइफल, एक .12 बोर बंदूक, एक .303 पिस्तौल, एक .32 बोर रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए । श्री शर्मा ने बताया कि एक मुठभेड़ लगियाना नवां तथा पुराना के मध्य थाना बाघापुराना क्षेत्र में हुई, जहां एक आतंकवादी दर्शन सिंह घाली मारा गया जबकि उसके तीन साथी बचकर भाग निकले । उनका जबरदस्त पीछा किये जाने पर रात 11 बजे के लगभग गांव बुग्घल कलां तथा साफ़वाला के मध्य एक और मुठभेड़ हुई,जिसमें तीनों आतंकवादी मारे गये । एस.एस.पी. ने बताया कि हरजिंदर सिंह उर्फ़ जिंदा कट्टर आतंकवादी था जो कि गत वर्ष नवम्बर में मोगा में पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था । वह पंजाब रोडवेज की एक बस के मोगा से अपहरण के केस में वांछित था । मारे गये आतंकवादी पुलिस को हत्या तथा हथियार छीनने के लगभग दो दर्जन केसों में वांछित थे ।

पाबंदी बढ़ी : फरीदकोट के जिलाधीश ने जिला में घातक हथियार लेकर चलने पर पाबंदी की अवधि 1 मई तक बढ़ा दी है ।

2 लुटेरे गिरफ्तार : फिरोज़पुर (बागी) –फिरोज़पुर पुलिस ने 2 लुटेरों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली सिक्का बरामद किया है । एस.एस.पी. श्री सुमेर कुमार गोयल ने बताया कि अमरीक सिंह तथा कुलबीर सिंह को कल रात गिरफ्तार किया गया । उनसे एक फोर्ड ट्रैक्टर, जोकि उन्होंने 4 महीने पहले एक किसान के छीना था, दो 12 बोर की देसी पिस्तौलें तथा कारतूस बरामद किए गए ।

स्कूटर छीना : बटाला (चौधरी)–गत दिवस अमृतसर-बटाला राजमार्ग पर तलवंडी गांव के पास पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीने जाने की सूचना मिली है । पता चला है कि बटाला का मुकेश कुमार नामी युवक अपने नए बजाज स्कूटर की अमृतसर से डिलिवरी लेकर बटाला आ रहा था तो कत्थूनंगल-जयन्तीपुर के बीच दो स्कूटरों पर सवार 'अज्ञात लोगों ने उसे पिस्तौल दिखा कर उसका स्कटर छीन लिया और फ़रार हो गए । उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर आगे भी कई स्कूटर और कारें छीनने की घटनाएं हो चुकी हैं ।

युवती का शव मिला : 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव भिखड़ीवाल स्थित गन्ने के खेतों से पुलिस ने एक नवयुवती (22) का नग्न शव बरामद किया है । शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने संभावना व्यक्त की है कि अभी तक की जांच से लगता है कि किसी ने युवती से बलात्कार करने के पश्चात उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी है । पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है ।

ससुर, बहू की हत्या : लुधियाना (हस): आज प्रातः यहां से 20 किलोमीटर दूर दाखा के निकट आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मलकीयत सिंह तथा उसकी बहू हरिंद्रबाल कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गये । बताया जाता है कि ससुर और बहू किसी समाध पर माथा टेक कर बाहर निकले ही थे कि उन पर गोलियां चलाई गईं । एस.एस.पी. लुधियाना श्री एस.एस. सैनी ने मौका पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

कार छीनी : 'महिन्द्रा' के अनुसार उत्तम सिंह नगर लुधियाना के एक प्रमुख उद्योगपति बाबू मेला राम की दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर मारुति कार छीन ली तथा फ़रार हो गए । बाबू मेला राम ने कल यहां बताया कि उनका कार चालक दोपहर के समय उनकी कोठी के बाहर बैठा था कि उसे पिस्तौल दिखा कर उनकी कार न. पी.ए.एम. 8343 छीन ली गई ।

एक अन्य सूचनानुसार गांव रसूलपुर में एक ग्रामीण राजेंद्र सिंह पशुओं के अस्पताल के पास खड़ा था, कि लुटेरों ने उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । दोनों केसों में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

भटिंडा जिला में एक आतंकवादी गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया गया, जबकि जालंधर जिला में परमिन्दर सिंह नामक आतंकवादी पकड़ा गया ।

'मंड' में 6 उग्रवादी मारे गए : अमृतसर (ह.स., वार्ता): जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में आज सुरक्षा बलों के साथ दस घंटे तक हुए मुकाबले में छः उग्रवादी मारे गए । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया है कि यह एक अत्यन्त सफल कार्रवाई थी । सुरक्षा बलों के साथ तरनतारन पुलिस जिला (अमृतसर) में गांव कोहरसिंह वाला के निकट हुए मुकाबले में उग्रवादी रेशम सिंह बब्बर खालसा गिरोह के छः उग्रवादी मारे गए । मुकाबले के स्थान से दो ए.के. 47 राइफलें, दो .315 राइफलें, दो माऊजर, पांच हथगोले बरामद किए गए हैं । श्री गिल ने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रथम बार मंड क्षेत्र में इतनी भारी संख्या में उग्रवादियों को मार गिराने में सफलता पाई है ।

यह गिरोह गत 17 जनवरी को सीमा पर बाड़ लगाने वाले 2 ठेकेदारों श्री मेहर सिंह और एम.एस. चंडोक का अपहरण करने और उनसे बड़ी भारी फिरौती मांगने के लिए जिम्मेवार था । यह गिरोह फिरोजपुर और अमृतसर जिलों में कार्यरत था ।

श्री सी. गिल सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों को हथगोलों, 2 इंच के मोर्टारों का प्रयोग करना पड़ा और एस.एल.आर. तथा अन्य अत्याधुनिक शस्त्रों से भारी फायरिंग करनी पड़ी । यह गिरोह सबसे दर्दात समझा जाता है और यह उग्रवाद के कई अपराधों तथा क्षेत्र के व्यापारियों तथा भूपतियों से धन ऐंठने के मामलों में संलिप्त है । श्री सिंह ने कहा कि यह पता नहीं है कि क्या रेशम सिंह भी मृत उग्रवादियों में शामिल है या नहीं, क्योंकि अभी इन उग्रवादियों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सी.आर.पी.एफ. के डी.आई. जी. श्री रामकृष्णन ने कहा कि उग्रवादियों के शस्त्रों और गोली-सिक्के की तलाश अब कल प्रातः की जाएगी । उन्होंने कहा कि मुकाबला उस समय शुरू हुआ, जब उग्रवादियों के गिरोह ने मंड क्षेत्र से लगते सभरावां-जोरसिंहवाला गांव के मध्य एक फार्म हाऊस के निकट से सरसों के खेतों से सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर फायरिंग की ।

तरनतारन पुलिस जिले के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता, जिन्होंने कार्रवाई का नेतृत्व किया, ने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से रेशम सिंह उर्फ वरियामा के गिरोह का अलग हुआ हिस्सा है । इसी गिरोह ने हाल ही में होमगार्ड के दो जवानों की हत्या की थी ।

झामका के साथी की हत्या : अमृतसर जिले में थाना मेहता चौक के अंतर्गत गांव बट्टर कलां के निकट खेत में से एक युवक की अधजली लाश मिली । यह आतंकवादियों की आपसी लड़ाई का नतीजा बताया जाता है । मृत युवक

(शेष पृष्ठ 14 पर)

हरियाणा में पंजाबी भाषा का दर्जा इंका के लिए समस्याएं पैदा कर रहा है

चंडीगढ़, 4 मार्च (एन.एस. परवाना): करनाल के पंजाबी सम्मेलन की ओर से केंद्रीय कृषिमंत्री चौधरी भजन लाल और कुछ अन्य भूतपूर्व कांग्रेस मंत्रियों की उपस्थिति में एक प्रस्ताव के द्वारा की गई इस मांग में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के लिए नई राजनीतिक समस्या पैदा कर दी है कि हरियाणा में पंजाबी को दूसरी सरकारी भाषा का दर्जा दिया जाए ।

चाहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के प्रधान श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने खुले आम यह घोषणा की है कि कांग्रेस (इ) का करनाल और रोहतक में एक ही दिन हुए पंजाबी सम्मेलनों से कोई संबंध नहीं है । मगर यह भी सच्चाई है कि दोनों सम्मेलन हरियाणा कांग्रेसियों ने ही एक-दूसरे के मुकाबले पर बुलाए थे ।

दिलचस्प बात यह है कि करनाल के पंजाबी सम्मेलन की सफलता के लिए बढ़-चढ़ कर काम करने वाले हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व स्पीकर श्री तारा सिंह को प्रदेश कांग्रेस (इ) का नया उप-प्रधान नियुक्त किया गया है । वह शुरू से ही पंजाबी को दूसरी सरकारी भाषा का दर्जा दिलाने की मांग करने वालों में सबसे आगे रहे हैं ।

लेकिन सत्तारूढ़ जनता दल और भाजपा पंजाबी के इस विवाद पर फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं, क्योंकि वे इसे हरियाणा के लिए एक संजीदा चीज़ मानते हैं । हो सकता है कि भविष्य में पंजाबी भाषा भी हरियाणा की राजनीतिक में एक मुद्दा ही बन जाए ।

Rano's

अब उपलब्ध

सफोला

Punjab Sanatan

नजरबंदों की रिहाई

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर भी क्रियान्वयन किया जाएगा । ये गैर-राजनीतिक होंगे । इनमें पूर्व सैनिकों, लिस कर्मियों, अर्ध-सैनिक बलों के पूर्व जवानों ामिल किया जाएगा । पर ये सभी पंजाबी । इन संगठनों का काम जनता की सुरक्षा करना ।

श्री रे ने कहा कि पंजाब में आगामी मई माह से वाले पंचायत चनाव चरणबद्ध तरीके से कराए ो । आशा है कि ये चुनाव मई माह में शुरू र अगस्त या सितम्बर तक पूरे हो जाएंगे । ने कहा कि समय की मांग को समझते हुए ही नमंत्री श्री राजीव गांधी ने पंजाब बारे कल संसद षणा की है ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि वह उनका प्रशासन यहां से कहीं नहीं जा रहा है । बारे समाचारपत्रों में जो भी छपा है, वह नियाद है । वह एक और सलाहकार रख रहे हैं, अनुभवी नागरिक प्रशासक व पंजाबी होगा । सी राजनीतिज्ञ को सलाहकार नहीं रखा जाएगा । होंने कहा कि मैं और रिबैरो गैर पंजाबी हैं,पर हम ाबी बन गए हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ा केंद्रीय गृहमंत्री ने उन्हें एक पंजाबी सलाहकार ा मान लिया है । श्री रे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में पंजाब बारे जो कुछ कहा,वह 'पैकेज ल' नहीं है ।

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री गोबिन्द म बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि टाला के 89 सरपंचों ने पंजाब के गृह सचिव के स एक याचिका दायर की है जिसमें कहा गया है कि त्र में श्री गोबिन्द राम के कारण ही कानून व्यवस्था क है । क्षेत्र में स्थिति पेचीदा है अतः यहां सम्हल र चलने की ज़रूरत है । उनकी इस बात से स्पष्ट केत मिलता है कि श्री गोबिन्द राम का तबादला हीं किया जा रहा ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि न-साधारण की राज्य स्तरीय कोई कमेटी नहीं नाई जा रही । उन्होंने कहा कि पंजाब लोक सेवा आयोग में एक महिला सदस्य की नियुक्ति की जाएगी । वहां दो पद रिक्त है,उन बारे कई नाम वचाराधीन हैं ।

पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. वसंत को दी गई सेवा वृद्धि बारे उन्होंने कहा कि मेरे पास उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है । उन्होंने श्री वसन्त की योग्यताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें दी गई सेवावृद्धि र्ण रूप से न्यायोचित है ।

राज्य के हड़ताली डाक्टरों से उन्होंने कहा कि वे टकराव का रास्ता छोड़ दें । राज्य में चल रही विपरीत परिस्थितियों में टकराव ठीक नहीं । सभी हड़तालें वापिस ले ली जानी चाहिएं और डाक्टरों एवं अन्य कर्मियों को अपने मामले सन्धेवालिया कमेटी के आगे पेश करने चाहिएं । उन्होंने कर्मचारी वर्ग से अपील की कि उन्हें संवैधानिक रास्ता अपनाना चाहिए । सारे देश में पंजाब के डाक्टरों को सबसे अच्छे वेतनमान मिल रहे हैं । कोई भी राज्य अपने डाक्टरों को केंद्र सरकार वाले वेतनमान नहीं दे रहा है । राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री गांधी पंजाब के मामले को ईमानदारी से हल करने का प्रयास कर रहे हैं । इस मामले पर कोई सन्देह नहीं किया जाना चाहिए ।

'बार्ता' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा है कि उनकी सहायता के लिए एक अन्य सलाहकार की नियुक्ति अगले सप्ताह की जाएगी ।

केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम जोधपुर रवाना

नई दिल्ली, 4 मार्च (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की एक टीम जोधपुर बंदियों की रिहाई संबंधी याचिकाएं दायर करने के लिए आज जोधपुर रवाना हो गई । इन व्यक्तियों को 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर सेना की कड़ी कार्रवाई (आप्रेशन ब्लू स्टार) के दौरान गिरफ्तार किया गया था और कल प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में इनकी रिहाई की घोषणा की थी । याचिकाओं को इनसे संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालतों में दायर किया जाएगा ।

धरना

चंडीगढ़, 4 मार्च (वि.प्र.): भारतीय किसान यूनियन के 25 कार्यकर्त्ताओं ने आज दूसरे दिन भी सैक्टर 17 में धरना दिया । ये लोग पंजाब में पुलिस की कथित ज्यादतियों पर रोष व्यक्त कर रहे हैं ।

रादौर पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन आतंकवादी (बाएं से) गुरबिंदर सिंह, लखविंदर सिंह और मलकीयत सिंह । (छाया : खुराना)

कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा गिरफ्तार उग्रवादी सतवंत सिंह । जिला अमृतसर के रहने वाले इस उग्रवादी का कुरुक्षेत्र में हुए बम कांड में हाथ था । (छाया : जोशी)

उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू जनरल सुखदेव सिंह झामका का निकट साथी था । मृतक की जेब में से एक पत्र मिला जिसमें उसे झामके का करीबी साथी बताया गया है ।

बिरसा सिंह घायल : थाना भिखीविंड के दयालपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति बिरसा सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । उसको अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

5आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि थाना वैरोवाल की पुलिस ने एक सूचना मिलने पर पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया,जोकि किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे । इनमें मुख्तार सिंह उर्फ़ मक्खा, चरणजीत सिंह उर्फ़ कुक्कू, बलबीर सिंह उर्फ़ बिल्ला (तीनों खड़ूर साहब), दर्शन सिंह उर्फ़ दर्शन तथा निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा (दोनों वैरोवाल) शामिल हैं ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला फिरोजपुर के थाना ममदोट के गांव पीर की कारी में उग्रवादियों ने आज सायं दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । आई.जी. पुलिस (सीमा क्षेत्र) के नियंत्रण कक्ष में प्राप्त एक सूचना के अनुसार 3 उग्रवादी जबरदस्ती गांव में घुस गए और फायरिंग शुरू कर दी, जिससे काला और बंता मौके पर ही मारे गए ।

अपहरण : आज शाम तरनतारन पुलिस जिला के गांव भिखीविंड में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरजीत सिंह का अपहरण कर लिया ।

अपहृत लौटा : इसी बीच अमृतसर का एक व्यापारी अशोक कुमार जिसका 27 फरवरी को आतंकवादियों ने रैय्या से अपहरण कर लिया था, आज घर लौट आया । उसके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अशोक कुमार के एक संबंधी द्वारा अपहरणकर्त्ताओं को 5 लाख रुपया देने के बाद उसे रिहा किया गया ।

अध्यापक ने अपनी एक शिष्या से शादी रचाई

चंडीगढ़, 4 मार्च (संधी): स्थानीय सैक्टर 31 में स्थित केंद्रीय विद्यालय के एक अध्यापक द्वारा अपनी एक शिष्या से शादी करने का समाचार प्राप्त हुआ है । ज्ञात हुआ है कि महाजन परिवार से सम्बन्धित इस अध्यापक को अपनी एक गुजराती शिष्या से प्रेम हो गया और दोनों ने शादी रचा ली । विद्यालय के छात्रों के अभिभावकों की आज यहां हुई बैठक में उक्त अध्यापक को केंद्रीय

बरनाला 'पंथक एकता' बारे सम्मेलन में अवश्य भाग लें : ढींढसा

चंडीगढ़, 4 मार्च (वि.प्र.): वरिष्ठ अकाली नेता श्री सुखदेव सिंह ढींढसा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला से कहा है कि उन्हें 'पंथक एकता' के लिए आगामी 16 मार्च को अमृतसर में हो रहे सम्मेलन में अवश्य भाग लेना चाहिए । श्री बरनाला के लिए यह स्वर्ण अवसर है कि एकता के लिए वह खुल कर बिना शर्त मैदान में आएं । यदि अकाली दल एक हो जाएं तो केंद्र को पंजाब समस्या हल करनी ही पड़ेगी ।

जाली पुस्तकों की सूचना देने वालों को शिक्षा बोर्ड इनाम देगा

चंडीगढ़, 4 मार्च (वि.प्र.): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि बोर्ड की जाली पाठ्य पुस्तकों की बिक्री या भंडारण की सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा । यह जानकारी बोर्ड के चेयरमैन या सचिव को डाक या निजी रूप से दी जा सकती है । बोर्ड के एक प्रवक्ता के अनुसार बोर्ड के उड़न दस्तों ने मुक्तसर, बंगा, जालंधर व अमृतसर में कुछ जाली पुस्तकें पकड़ी हैं तथा ये मामले पुलिस को सौंप दिए गए हैं ।

आंदोलन की धमकी

चंडीगढ़, 4 मार्च (संधी): पंजाब वि.वि. स्टूडैंट्स यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि यूनियन के प्रधान श्री कलजीत सिंह नागरा पर गत माह हुए घातक हमले के दोषियों को तीन दिन में गिरफ्तार न किया गया तो इस मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया जाएगा ।

पंजाब के हड़ताली डाक्टर दिल्ली में गिरफ्तारियां देंगे

होशियारपुर, 4 मार्च (अविनाश सूद): पंजाब के हड़ताली डाक्टरों ने अपनी मांगों के सम्बन्ध में सात मार्च को दिल्ली में लोकसभा के सामने गिरफ्तारियां देने का जो निर्णय किया है, उसके अंतर्गत सबसे पहले होशियारपुर के 11 डाक्टरों का जत्था अपनी गिरफ्तारी देगा । यह जानकारी देते हुए डा. अजय बग्गा ने बताया कि आजकल पंजाब में राष्ट्रपति राज लागू है, जिस कारण हमारी मांगों की तरफ उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा । इसलिए डाक्टरों ने यह फैसला किया है कि वे दिल्ली में लोकसभा के सामने गिरफ्तारियां देकर देश-भर के संसद सदस्यों का ध्यान अपनी मांगों की तरफ केंद्रित करवाएंगे ।

डा. बग्गा ने यह भी बताया कि जिला होशियारपुर के लगभग 100 प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, एडवोकेट, प्राइवेट डाक्टर तथा नगरपालिका सदस्य शामिल हैं, ने प्रधानमंत्री को तारें भेज कर उनसे यह प्रार्थना की है कि वे डाक्टरों की हड़ताल के मामले में स्वयं हस्तक्षेप करके इस समस्या को सुलझाएं ताकि पंजाब के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह प्राप्त हो सकें । जनता डाक्टरों की हड़ताल से बहुत दुःखी है ।

जालन्धर (ढल्ल): जिला जालन्धर के हड़ताली पी.सी.एम.एस. डाक्टरों की स्थानीय सिविल अस्पताल में आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए पंजाब एसोसिएशन के प्रधान डा. मनजीत सिंह रंधावा ने कहा कि अब एसोसिएशन सरकार के झूठे

आतंकवाद से पीड़ित पलाय... कर्त्ताओं को सुविधाएं न मि... पर भाजपा द्वारा प्रदर्शन

बटाला, 4 मार्च (कोछड़): गत दिवस ... बटाला की ओर से आतंकवाद से पीड़ित ... 200 पलायनकर्त्ताओं के साथ उनकी ... समर्थन में स्थानीय एस.डी.एम. कुलवन्त ... कार्यालय के बाहर विशाल प्रदर्शन किया ग... प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गई । इस ... पर भाजपा नेताओं ने जिला गुरदासपुर व ... तहसील के सिविल प्रशासकों पर भ्रष्टा... अनियमितताओं के खुले आरोप लगाए और ... प्रशासन जानबूझ कर गत कई महीन... आतंकवादियों की हिंसा का शिकार होकर ... पलायन करके आए बेघर लोगों को परेशान ... है ।

इस अवसर पर स्थानीय भाजपा प्रधा... बलदेव मित्र कांसरा व सचिव देव चाचोवालि... आरोप लगाया कि एक तो बेचारे लोग गांवों में ... कर आए हैं, दूसरे प्रशासन उन्हें रोजगार व ... देने के स्थान पर दफ्तरों के चक्कर कटवा रह...

श्री कांसरा व श्री चाचोवालिया ने आरोप ... कि स्थानीय नागरिक प्रशासन यहां अवैध नि... कब्जों को प्रोत्साहन दे रहा है । डेरा रोड ... तहसील व कचहरी का मुख्य मार्ग एक साजि... तहत बंद करके उस रास्ते पर अवैध दुक... निर्माण करा दिया गया है । इस अवसर पर ... गई कि यह अवैध निर्माण गिरा कर सार्वजनिक ... चालू जाए । उल्लेखनीय है कि यही मांग ... अकाली दल नेता महन्त गुरदयाल सिंह व कई ... भी प्रमुख वकील कर रहे हैं ।

उपरोक्त भाजपा नेताओं ने फिर अपनी ... दोहराया कि गत वर्ष भयानक बाढ़ से शहर ... दुकानदारों की लाखों रुपए की क्षति हुई है उन... मुआवजा दिया जाए ।

मनीस्टीरियल स्टाफ में ...

जालन्धर, 4 मार्च (ढल्ल): पंजाब शिक्षा ... मनिस्टीरियल स्टाफ (सब आफिस) एसोसि... पंजाब की जिला जालन्धर की गत दिन श्री ... सिंह बाली की अध्यक्षता में हुई बैठक में क... मिल रही स्पैशल पे तथा डी.ए. समाप्त कर ... नगरों के 8 कि.मी. के घेरे में मकान किराए ... बंद कर देने पर गहरा रोष प्रगट किया ग... सरकार से उक्त स्पैशल पे, डी.ए. व ... किराया-भत्ता बहाल करने की मांग की गई । ... प्रस्ताव में एसोसिएशन 8 व 18 वर्ष की ... तरक्की देने का अधिकार डी.ई.ओ. को दे... स्कूलों में परा मनिस्टीरियल स्टाफ देने त... कर्मचारियों को बोनस देने की भी मांग की ...

गिल द्वारा पंजाब ... राज्यपाल का सलाह... बनने से इंकार

चंडीगढ़, 4 मार्च (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है ... सरकार के सचिव स्तर के सेवानिवृत्त ... आई.ए.एस. अधिकारी श्री ए.एस. गिल ने ... राज्यपाल का सलाहकार बनने से इंकार ... है । श्री गिल अनुभव करते हैं कि केंद्र त... सरकार जिस प्रकार पंजाब की स्थिति से नि... उससे यह समस्या कभी हल नहीं हो सकेगी ...

बाली द्वारा त्यागपत्र

लुधियाना, 4 मार्च (महिन्द्रा): जिला ... इंका कमेटी के प्रधान डा.बी.आर.बाली ने ... से त्याग पत्र दे दिया है । उन्होंने ऐसा बीम... के कारण किया है ।

प्रोफैसरों की गिरफ्तारी ... देने की घोषणा

अमृतसर, 4 मार्च (वर्मा): पंजाब ... कालेज टीचर्ज यूनियन की ओर से आठ ... पंजाब राजभवन के सामने दफा 144 ... गिरफ्तारियां देने का ऐलान किया गया है । ... टीचर्ज यूनियन के एग्जैक्टिव मैम्बर प्रो. डी.डी. ... ने बताया कि 8 मार्च सवेरे साढ़े 11 बजे पह... के कालेजों के प्रतिनिधि पंजाब राजभवन के ... धरना देंगे तथा दफा 144 तोड़ कर गिरफ्त... देंगे । प्रोफैसर शर्मा ने पंजाब के गवर्नर ... अपील की कि वह खुद हस्तक्षेप करके प्रो... केंद्र द्वारा स्वीकृत मांगों को पंजाब में लागू ...

आतंकवाद पीड़ित परिव...

Punjabi Chandigarh

2 आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारे गए : एक ने आत्महत्या कर ली

फगवाड़ा के निकट धान से लदा ट्रक छीना गया

4 घुसपैठिए मरे : 3 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 5 मार्च (वार्ता, ह.स.): कल रात्रि के [illegible] ने पंजाब में 2 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए [illegible] एक उग्रवादी ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर [illegible]ड़ खाकर आत्महत्या कर ली । सीमा [illegible] बल ने 4 घुसपैठियों को मार गिराया जबकि [illegible]दियों ने एक अध्यापक सहित 2 निर्दोष [illegible]यों की हत्या कर दी । धान से भरा एक ट्रक [illegible] लिया गया ।

गिरोहों की लड़ाई में मरा : अमृतसर [illegible] गत रात जिला अमृतसर में थाना झब्बाल के [illegible] झब्बाल खुर्द में आतंकवादियों ने आल इंडिया [illegible] स्टूडैंट्स फैडरेशन के सर्कल प्रधान हरदयाल [illegible] के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या [illegible] दी । तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री [illegible] गुप्ता ने बताया कि यह हत्या आतंकवादी [illegible] की आपसी दुश्मनी का परिणाम प्रतीत होती [illegible] उन्होंने कहा कि हरदयाल सिंह को आप्रेशन [illegible] स्टार के तुरन्त बाद गिरफ्तार किया गया था । [illegible] ने उसे रिहा कर दिया गया था ।

पंजवड़ में हत्या : दूसरी वारदात पंजवड़ [illegible] में हुई जहां 4 आतंकवादियों ने बीर सिंह नामक [illegible] को उसके ससुराल से घसीट कर बाहर [illegible] और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर [illegible] स्वकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के परगट [illegible] ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा [illegible] सिंह के.सी.एफ. के नाम पर लूटपाट करता

अध्यापक की हत्या : तीन उग्रवादियों ने [illegible] रात्रि तरनतारन उपमंडल के गांव झब्बाल में [illegible] अध्यापक रणजीत कुमार की गोलियां मार कर [illegible] कर दी । पुलिस ने बताया है कि अध्यापक [illegible] मारा गया, जब वह अपने घर लौट रहा

[illegible] के अनुसार अध्यापक की हत्या उस [illegible] की गई, जब वह अपने परिवार के लिए दूध [illegible] घर ला रहा था ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : आज रात्रि [illegible] बस स्टैंड के निकट एक उग्रवादी अजीत [illegible] राणा ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर [illegible]ड़ खाकर आत्महत्या कर ली ।

4 घुसपैठिए मरे : गत रात जिला अमृतसर [illegible] सुरक्षा बल ने अलग-अलग स्थानों पर पाकिस्तान से आने वाले 4 घुसपैठियों को मार डाला । इनमें से तीन घुसपैठिये महाबा सीमा चौकी पर तथा एक रूड़ेवाला चौकी पर मारा गया ।

4 गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर व सिटी पुलिस बटाला ने 4 संदिग्ध आतंकवादियों कुलविंदर सिंह (भागोवाल), हीरा सिंह (रियाली), वरिन्द्र सिंह विक्की (बटाला) को गिरफ्तार करके इनसे 2 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये हैं । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इसी प्रकार गांव सरवाली के चनन सिंह चन्ना को गिरफ्तार करके उससे एक किलो अफीम, एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

संगरूर जिला में हत्या : संगरूर की एक खबर में कहा गया है कि गांव बलिया में चार व्यक्तियों ने बख्शीश सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस ने हत्यारों की पहचान कर लेने का दावा किया है ।

चड़वाली में हत्या : लुधियाना थाना सदर के गांव चड़वाली में कुछ आतंकवादियों ने मनसा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक के भतीजे जोगेंद्र सिंह ने पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी है । एक अन्य समाचार में कहा गया है कि मनसा सिंह को उसी की एके-47 से फांसी देकर मारा गया ।

लुधियाना पुलिस ने एक व्यक्ति गुरबचन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की बंदूक बरामद की ।

ट्रक छीन लिया : फगवाड़ा (अशोक): आज तड़के लगभग चार बजे यहां से तीन किलोमीटर दूर चाचोकी के निकट चार संदिग्ध हथियारबंद आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर अमृतसर से खन्ना जा रहे धान से भरे एक ट्रक नम्बर सी.एच.डब्ल्यू. 7111 को छीन कर फरार हो गये व जाते-जाते ड्राइवर मनसा सिंह व कंडक्टर ढिल्लू को गोराया के निकट रस्सियों से बांध कर उनकी जेब से 2500 रुपए की नकदी लेकर ट्रक में भाग निकले । बताया जाता है कि रिखी राम जयपाल का यह ट्रक चाचोकी के निकट पंक्चर हो गया । ड्राईवर व कंडक्टर ज्यों ही टायर बदल कर उसे स्टार्ट करने लगे तो आतंकवादी आ धमके । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नकदी लूटी : राजपुरा (मासूम): गत रात्रि यहां से 6 किलोमीटर दूर गंडा खेड़ी के पुल के निकट अज्ञात आतंकवादी, जो कि मारुति कार में आये थे, शराब के ठेका के कर्मचारी से 832 रुपए नकद तथा घड़ी छीन ले गये । बताया जाता है कि वे शराब की कुछ बोतलें भी ले गए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): थाना सदर की पुलिस ने आज नाकाबंदी के दौरान 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे शस्त्र एवं गोली सिक्का बरामद किया । पुलिस ने इन अभियुक्तों की शिनाख्त जलौब सिंह और सुखविन्द्र सिंह के रूप में की है, दोनों पुलिस थाना कपूरथला के गांव पत्थर खुर्द के रहने वाले हैं । पुलिस ने उन के कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और 84 कारतूस बरामद किए हैं ।

चीन में महिलाओं से भेदभाव का विरोध

पेइचिंग, 5 मार्च (ए.पी.): चीन के सरकारी महिला महासंघ की अध्यक्ष चेन मुहुआ ने देश में शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं के साथ किए जा रहे भेदभाव की निंदा की है ।

सुश्री चेन मुहुआ बैंक आफ चाइना की अध्यक्ष रह चुकी हैं । उनका कहना है कि महासंघ को महिलाओं के वैधानिक अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ता से लड़ना चाहिए ।

चंडीगढ़ में रविवार को आयोजित 17वें रोज़ फैस्टीवल व रोज़ प्रिंसेज़ प्रतियोगिता में प्रथम आए बच्चे : (1) (प्रिंस), (3) अंकित गुलाटी (प्रिंस), (4) अभिजीत स (6) पल्लवी सचदेवा (प्रिंसेज़)

भाजपा द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ रही राष्ट्र विरोधी

उदयपुर, 5 मार्च (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने सीमावर्ती क्षेत्र में बढ़ रही राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, सीमा पार से हो रही हथियारों तथा नशीले पदार्थों की तस्करी तथा घुसपैठ बारे सरकार से एक श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है ।

पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन सीमावर्ती राज्यों की स्थिति पर पारित एक प्रस्ताव में उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित राज्यों में बढ़ रही अशांति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है । प्रस्ताव में पार्टी ने अपनी इस मांग को पुन: दोहराया है कि सीमावर्ती राज्यों में स्थिति को सुधारने के लिए पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर से लगती सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाई जाए, भारत-बंगला देश सीमा पर तारों की बाड़ लगाई जाए तथा घुसपैठियों का पता लगा कर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का काम युद्धस्तर पर किया जाए ।

प्रस्ताव में घुसपैठियों द्वारा अर्जित सम्पत्ति का पता लगाने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ का गठन करने तथा इस संपत्ति को ज़ब्त करने की मांग की गई है । पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यकारिणी का मत है कि इस स्थिति से निपटने के लिए ज़रूरी है कि गुप्तचर संगठनों को मज़बूत किया जाए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को पहचान-पत्र दिए धन लेने पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए व संबंधित कानून को रद्द किया जाए ।

प्रस्ताव में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है कि जम्मू-कश्मीर में जमायत-ए-इस्लामी तथा पाकिस्तान समर्थक तत्व भारत के खिलाफ़ अभियान चला रहे हैं तथा भारत-विरोधी भावनाओं को खुलेआम भड़काया जा रहा है । आधुनिक हथियारों से लैस प्रशिक्षित युवक बिना रोकटोक घाटी में घुस रहे हैं ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि सरकार पंजाब की स्थिति से निपटने में विफल रही है । पंजाब जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री बांसुरी बजा रहे हैं । वह अपनी विफलता का अनुभव करने की बजाय विरोधी पक्ष के खिलाफ़ आरोप लगा रहे हैं ।

टोहरा और जोधपुर के 187 नज़रबंदों की रिहाई आज

जोधपुर, 5 मार्च (वार्ता): शिरोमणि गुरुद्वारा [illegible] कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह टोहरा और [illegible] स्टार के बाद यहां गिरफ्तार कर लाए [illegible] सैंकत उग्रवादियों को कल रिहा करने की ने आज कहा कि केंद्र ने जोधपुर जेल में नज़रबंद सभी विचाराधीन कैदियों के विरुद्ध केसों को वापस लेने का निर्णय किया है । यह बताया गया कि जो अभियुक्त अपराधपूर्ण या अन्य मामलों में संलिप्त पाए जाएंगे,

वयोवृद्ध स्वतंत्रत पृथ्वी सिंह आ

नई दिल्ली, 5 मार्च : गदर पार्टी के संस्थापक और महान स्वतंत्रता सेनानी बाबा पृथ्वी सिंह आजाद का आज तड़के हिसार के एक सरकारी अस्पताल में देहांत हो गया । वह 98 वर्ष के थे ।

Punjab Sentinel

योरैंस कम्पनी लि.,
शहर-152002
वाहन की किस्त
डल 1981 की जैसे वहां है के आधा
दी ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटि
काशें, बिना ब्याज शहर राशि के रूप
स्टर्ड डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए जिस
थ से 15 दिनों के अंदर प्राप्त नहीं होती,
ता है ।
(के. जी. रल्ली)
नियर डिवीजनल मैनेजर, फिरोजपुर

हिए
: गुरदासपुर) स्थित शाखा
ट कारपेट एरिया वाले उपयुक्त
20 दिनों के भीतर इस संबंध में
से स्केच प्लॉन सहित लोकेशन
के अनुसार परिसर के निर्माण/
थ भेजें ।
सरी, जालंधर ।

राज्य
परिणाम
टिकट
नं.
टरी
नायं 3 बजे
टकटों पर
क ब्लॉक में
कार की गारण्टी
3.1989 को चंडीगढ़ में बेचा गया
जी एल-610
एम-421457
क (अंतिम 5 अंक) 10
क (अंतिम 4 अंक) 0
त्येक (अंतिम 3 अंक)
त्येक (अंतिम 1 अंक)
पुरस्कार पर 25/- रुपये की कटौती तथा
र फायल्स प्रस्तुत करने पर दावा जाएगा ।
दारी नहीं है । इसके लिए कोई गारंटर
89 को सायं 3 बजे ।
टरीज़, चंडीगढ़ ।
को, जयदर्ग—बृधवार को जो तरीख-शुक्रवार

2 आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारे गए : एक ने आत्महत्या कर ली

फगवाड़ा के निकट धान से लदा ट्रक छीना गया

4 घुसपैठिए मरे : 3 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 5 मार्च (वार्ता, ह.स.): कल रात्रि के [illegible] पंजाब में 2 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए [illegible] एक उग्रवादी ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर [illegible] खुद खत्म आत्महत्या कर ली । सीमा [illegible] बल ने 4 घुसपैठियों को मार गिराया जबकि [illegible] वादियों ने एक अध्यापक सहित 2 निर्दोष [illegible] यों की हत्या कर दी । धान से भरा एक ट्रक [illegible] लिया गया ।

गिरोहों की लड़ाई में मरा : अमृतसर [illegible]: गत रात जिला अमृतसर में थाना झब्बाल के [illegible] झब्बाल वुर्द में आतंकवादियों ने आल इंडिया [illegible] स्टूडैंट्स फैडरेशन के सर्कल प्रधान हरदयाल [illegible] के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या [illegible] दी । तत्पश्चात पुलिस जिला के प्रमुख श्री [illegible] गुप्ता ने बताया कि यह हत्या आतंकवादी [illegible] गिरोहों की आपसी दुश्मनी का परिणाम प्रतीत होती [illegible] । उन्होंने कहा कि हरदयाल सिंह को आप्रेशन [illegible] थियेटर के अन्दर बाहर गिरफ्तार किया गया था । [illegible] में उसे स्थिर किया गया था ।

पंजवड़ में हत्या : दूसरी वारदात पंजवड़ [illegible] में हुई जहां 4 आतंकवादियों ने बीर सिंह नामक [illegible] को उसके सन्तोष से घसीट कर बाहर [illegible] ाला और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर [illegible] । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के परगट [illegible] गिरोह ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा [illegible] सिंह को सी.एफ. के नाम पर लूटपाट करता [illegible]

अध्यापक की हत्या : तीन उग्रवादियों ने [illegible] रात्रि तरनतारन उपमंडल के गांव झब्बाल में [illegible] अध्यापक गीत कुमार की गोलियां मार कर [illegible] कर दी । पुलिस ने बताया है कि अध्यापक [illegible] समय मारा गया, जब वह अपने घर लौट रहा [illegible]

वार्ता के अनुसार अध्यापक की हत्या उस [illegible] की गई जब वह अपने परिवार के लिए दूध [illegible] कर घर ला रहा था ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : आज रात्रि [illegible] बस स्टैंड के निकट एक उग्रवादी अजीत [illegible] उर्फ राणा ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर [illegible] हैंड ग्रेनेड खाकर आत्महत्या कर ली ।

4 घुसपैठिए मरे : गत रात जिला अमृतसर [illegible] सीमा सुरक्षा बल ने अलग-अलग स्थानों पर पाकिस्तान से आने वाले 4 घुसपैठियों को मार डाला । इनमें से तीन घुसपैठिये महावा सीमा चौकी पर तथा एक रूड़ेवाला चौकी पर मारा गया ।

4 गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बसिटी पुलिस बटाला ने 4 संदिग्ध आतंकवादियों कुलविंदर सिंह (भागोवाल), हीरा सिंह (रियाली), वीरेन्द्र सिंह विक्की (बटाला) को गिरफ्तार करके इनसे 2 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये हैं । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकारिक स्त्रों ने बताया कि इसी प्रकार गांव सरवाली के चनन सिंह चन्ना को गिरफ्तार करके उससे एक कलो राफीन एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

संगरूर जिला में हत्या : संगरूर की एक खबर में कहा गया है कि गांव बलियां में चार व्यक्तियों ने बख्शीश सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस ने हत्यारों की पहचान कर लेने का दावा किया है ।

चड़वाली में हत्या : लुधियाना थाना सदर के गांव चड़वाली में कुछ आतंकवादियों ने मनसा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक के भतीजे जोगेंद्र सिंह ने पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी है । एक अन्य समाचार में कहा गया है कि मनसा सिंह को उसी की पगड़ी से फांसी देकर मारा गया ।

लुधियाना पुलिस ने एक व्यक्ति गुरबचन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की बंदूक बरामद की ।

ट्रक छीन लिया : फगवाड़ा (अशोक): आज तड़के लगभग चार बजे यहां से तीन किलोमीटर दूर चाचोकी के निकट चार संदिग्ध हथियारबंद आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर अमृतसर से खन्ना जा रहे धान से भरे एक ट्रक नम्बर सी.एच.डब्ल्यू. 7111 को छीन कर फरार हो गये व जाते-जाते ड्राइवर मनसा सिंह व कंडक्टर ढिल्लू को गोराया के निकट रस्सियों से बांध कर उनकी जेब से 2500 रुपए की नकदी लेकर ट्रक में भाग निकले । बताया जाता है कि रिखी राम जगपाल का यह ट्रक चाचोकी के निकट पंक्चर हो गया । ड्राईवर व कंडक्टर ज्यों ही टायर बदल कर उसे स्टार्ट करने लगे तो आतंकवादी आ धमके । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नकदी लूटी : राजपुरा (मासूम): गत रात्रि यहां से 6 किलोमीटर दूर गंडा खेड़ी के पुल के निकट अज्ञात आतंकवादी, जो कि मारुति कार में आये थे, शराब के ठेका के कर्मचारी से 832 रुपए नकद तथा घड़ी छीन ले गये । बताया जाता है कि वे शराब की कुछ बोतलें भी ले गए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): थाना सदर की पुलिस ने आज नाकाबंदी के दौरान 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे शस्त्र एवं गोली सिक्का बरामद किया । पुलिस ने इन अभियुक्तों की शिनाख्त जलीब सिंह और सुखविन्द्र सिंह के रूप में की है, दोनों पुलिस थाना कपूरथला के गांव पत्थर खुर्द के रहने वाले हैं । पुलिस ने उन के कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और 84 कारतूस बरामद किए हैं ।

चीन में महिलाओं से भेदभाव का विरोध

पेइचिंग, 5 मार्च (ए.पी.): चीन के सरकारी महिला महासंघ की अध्यक्ष चेन मुहुआ ने देश में शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं के साथ किए जा रहे भेदभाव की निंदा की है ।

सुश्री चेन मुहुआ बैंक आफ चाइना की अध्यक्ष रह चुकी हैं । उनका कहना है कि महासंघ को महिलाओं के वैधानिक अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ता से लड़ना चाहिए ।

चंडीगढ़ में रवि व रोज़ प्रिंसेज़ (प्रिंस), (3) (6) पल्लवी

भाजपा द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में ब

उदयपुर, 5 मार्च (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने सीमावर्ती क्षेत्र में बढ़ रही राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, सीमा पार से हो रही हथियारों तथा नशीले पदार्थों की तस्करी तथा घुसपैठ बारे सरकार से एक श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है ।

पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन सीमावर्ती राज्यों की स्थिति पर पारित एक प्रस्ताव में उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित राज्यों में बढ़ रही अशांति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है । प्रस्ताव में पार्टी ने अपनी इस मांग को पुनः दोहराया है कि सीमावर्ती राज्यों में स्थिति को सुधारने के लिए पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर से लगती सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाई जाए, भारत-बंगला देश सीमा पर तारों की बाड़ लगाई जाए तथा घुसपैठियों का पता लगा कर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का काम युद्धस्तर पर किया जाए ।

धन लेने पर तु[illegible] कानून को रद्द [illegible]

प्रस्ताव में [illegible] गई है कि जम्म[illegible] तथा पाकिस्ता[illegible] अभियान चला [illegible] को खुलेआम [illegible] हथियारों से लै[illegible] घाटी में घुस रहे[illegible]

प्रस्ताव में [illegible] स्थिति से निपटने [illegible] है लेकिन प्रधान[illegible] अपनी विफलता [illegible] पक्ष के खिलाफ़

दोहरा और जोधपुर के 187

वयो

Punjabi Bhavan

गिरोहों की लड़ाई में 2 आतंकवादी मारे गये : एक ने ज़हर खा लिया

भिखीविंड गोलीकांड में घायल होने वाले की अस्पताल में मौत

पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 मार्च (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात के बाद से 2 आतंकवादी गिरोहों की आपसी मुठभेड़ों में मारे गये जबकि खूंखार आतंकवादी दयाल सिंह ने सुरक्षा बलों के घेरे में आ जाने पर ज़हर खाकर आत्म हत्या कर ली । अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि भिखीविंड गोलीकांड में घायल होने वाला एक व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ गया ।

2 की हत्या : पटियाला (भूषण): कल आधी रात के समय यहां से 60 किलोमीटर दूर थाना बनूड़ के गांव कलोल में गुग्गा मंदिर के साप्ताहिक भंडारे के समय 4 अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गोलियां चला कर दो श्रद्धालुओं की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी के अनुसार मृत व्यक्तियों की पहचान पाल सिंह गांव कलोल तथा गुरदेव सिंह गांव अजोमाजरा के रूप में हुई है । मंदिर के पुजारी बनारसी दास को, जो कि बुरी तरह घायल हुआ है, इलाज के लिए पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है । उसकी दशा नाजुक बताई गई है । श्री विरदी ने कहा कि हत्यारे श्रद्धालुओं के रूप में वहां बैठे हुए थे । पुलिस जांच कर रही है । एक अन्य सूचना के अनुसार पाल सिंह मंदिर का महंत तथा गुरदेव सिंह सेवादार था ।

आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार तरनतारन के क्षेत्र में पुलिस ने 2 लाशें बरामद की हैं, जिनके करीब ए.के. 47 असाल्ट राइफल के आध दर्जन चले हुए कारतूस पड़े थे । एक लाश थाना झब्बाल के गांव मियांविंड के बाहर 'माए' के करीब पड़ी मिली जिसे कई गोलियां लगी हुई थीं । यह लाश एक स्कूल टीचर सुखदेव सिंह बल्द स्वर्ण सिंह की थी जो कि गांव बधियाड़ी का रहने वाला था । उसकी हत्या आतंकवादियों ने की बताई जाती थी । पुलिस जांच कर रही है । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि सुखदेव सिंह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित था और उसकी हत्या के.सी.एफ. के परगट सिंह गुट ने की है । उसकी लाश के करीब परगट सिंह के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र मिला है जिसमें उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली गई है । सुखदेव सिंह हाल ही में जेल से ज़मानत पर रिहा होकर आया था ।

दूसरी लाश थाना बैरोवाल के गांव बिहारीपुर के बाहर रजबाह के करीब पड़ी हुई मिली । यह लाश 20-22 वर्षीय सिख युवक की थी जो गोलियों से छलनी थी । यह लाश भी किसी आतंकवादी की समझी जाती है, जिसे उसके विरोधियों ने मार डाला ।

गांव बिहारीपुर में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त कुलतार सिंह निवासी जसपाल थाना मेहता के रूप में हुई है । यह आतंकवादी लूटमार करने वाले गिरोहों में सक्रिय रहता था ।

दो धुसपैठिए मरे : अमृतसर में मिली एक सूचना के अनुसार थाना घरेंडा के सीमांत गांव रूड़ावाला में सीमा सुरक्षा बल ने नाकाबंदी के दौरान चार व्यक्तियों को आधी रात के समय भारतीय क्षेत्र में घुसने पर ललकारा तो वे भाग खड़े हुए । सीमा सुरक्षा बल ने उन पर गोली चलाई जिससे 2 घुसपैठिए मारे गए, जोकि बंगला देश के निवासी बताए जाते हैं ।

गत दिनों भिखीविंड क्षेत्र में गोलियों से घायल होने वाला एक व्यक्ति बिरसा सिंह कल रात अस्पताल में दम तोड़ गया ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : आज शाम मजीठा पुलिस जिला के एक गांव में सुरक्षा बलों के घेरे में आ जाने पर खूंखार आतंकवादी दयाल सिंह ने सायनाईड खाकर आत्म हत्या कर ली ।

तरनतारन पुलिस ने दो आतंकवादियों जगीर सिंह तथा बूआ सिंह को खालिस्तान समर्थक प्रचार करते हुए गिरफ्तार किया है ।

मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि दयाल सिंह एक दर्जन हत्याओं व अन्य अपराधों में वांछित था ।

'साथ' न देने पर 4 युवकों की हत्या : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज अमृतसर में राजा सांसी हवाई अड्डे पर पत्रकारों को बताया कि उग्रवादियों ने उन चार युवकों की हत्या कर दी, जिन्होंने उनकी घृणित कार्रवाईयों में साथ देने से इन्कार कर दिया था । उन्होंने बताया कि इनमें से 3 की मृत्यु जिला फिरोजपुर में एक की तरनतारन जिला अमृतसर में हत्या की गई । इन युवकों को हाल ही अदालतों ने जमानत पर रिहा किया था ।

पाक में घुसने की कोशिश में मारे गए : भारत-पाक सीमा के फिरोज़पुर क्षेत्र (जिला अमृतसर) में रूड़ावाली सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुए मुकाबले में दो संदिग्ध व्यक्ति मारे गए । ये लोग भारत से पाकिस्तान में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

2 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर (हस): फिरोज़पुर की एक सूचना में कहा गया है कि गत रात थाना मक्खू के गांव तलवंडी नेपालां में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों दीदार सिंह उर्फ़ दारी तथा गुरनाम सिंह उर्फ़ गम्मी का अपहरण कर लिया तथा बाद में इनकी हत्या कर दी । आतंकवादियों ने बलदेव सिंह उर्फ़ देब का भी अपहरण करके उसको गोलियां मारीं जिससे वह घायल हो गया । उसे ज़ीरा के अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी दशा गम्भीर बताई जाती है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फ़ाज़िल फरीदकोट में बाघापुराना क्षेत्र के गांव लंधियाना के निकट गत दिवस सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए 4 आतंकवादियों (1) जगदेव सिंह, (2) बोहड़ सिंह, (3) हरजिंदर सिंह (4) बलवान सिंह के शव । मृत आतंकवादियों से मिले हथियार । (छाया : जिंदल)

जम्मू-कश्मीर मिनरल्स लि. में कथित घपलों की जांच कराने की मांग

जम्मू, 6 मार्च (सच्चर) : कई श्रमिक संगठनों ने जम्मू-कश्मीर मिनरल्स लिमिटेड में हुए कथित घपलों के मामलों की जांच कराने तथा इस सरकारी निगम के प्रबंध निदेशक को तत्काल हटाने की मांग की है ।

प्रदेश इंटक के महासचिव श्री ओ.पी. खजूरिया तथा राज्य केंद्रीय श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष श्री नरसिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर मिनरल्स लि. के प्रबंध निदेशक पर गम्भीर किस्म के आरोप लगाए । निगम के कर्मचारी पिछले कई दिनों से प्रबंधकों के विरुद्ध आंदोलन कर रहे हैं तथा एक पखवाड़े से हड़ताल पर हैं । इन नेताओं ने खान में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा सामग्री प्रदान करने तथा अतिरिक्त जीवन-यापन भत्ता देने की मांग की ।

नैशनल मजदूर कांफ्रैंस के अध्यक्ष श्री सुभाष शास्त्री ने मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला से आग्रह किया है कि वह मिनरल्स निगम के कामकाज में तत्काल हस्तक्षेप करें तथा कर्मचारियों की मांगों की ओर ध्यान दें । उन्होंने कहा कि अधिकारियों के उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण बड़ी ब्राह्मणां औद्योगिक क्षेत्र में स्थिति विस्फोटक रूप धारण कर रही है ।



जोधपुर जेल के नज़रबंद रिहा होकर सोमवार को अमृतसर के राजा सां (1) पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल और अमृतसर के से बातचीत करते हुए । (2) उनको चाय पिलाई जा रही है । (3) हुए । (4) रिहा हुए कैदियों का एक सामूहिक चित्र ।

पाकिस्तान को अपनी रक्षा परमाणु बम की जरूरत नहीं

न्यूयार्क, 6 मार्च (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने इस बात का खंडन किया कि उनका देश 'परमाणु बम' बना रहा है लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी नहीं कहा कि पाकिस्तान परमाणु बम बनाने में सक्षम है ।

यह पूछे जाने पर कि अगर पाकिस्तान चाहे तो क्या वह परमाणु बना सकता है, बेगम बेनज़ीर ने कहा कि "मैं यदि कहूं कि हम चाहें तो परमाणु बना सकते हैं, तो अर्थ यह नहीं कि हम बनाने में सक्षम हैं । इसी प्रकार यदि कहूं कि हम नहीं बनाना चाहते तो इसका अर्थ यह नहीं कि हम बना ही नहीं सकते ।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ऐसा कोई आयुध तैयार नहीं करना चाहता । देश की रक्षा के लिए ऐसा करना हम ज़रूरी भी नहीं समझते ।

बेगम बेनज़ीर ने कोलम्बिया ब्राडकास्टिंग कम्पनी के एक कार्यक्रम '60 मिनट' में कल रात ये विचार व्यक्त किए ।

पाकिस्तान की प्रधानमंत्री का यह स्पष्टीकरण उस अमरीकी चेतावनी को मद्देनज़र रखते हुए दिया गया कि अगर पाकिस्तान का परमाणु शस्त्र बनाने का कोई कार्यक्रम है तो उसे चार अरब डालर की सैन्य व आर्थिक सहायता खटाई में पड़ सकती है ।

बेगम बेनज़ीर की ये टिप्पणियां मुल्क के अन्य नेताओं, पूर्व सैनिक प्रशासक जिया उल हक तथा पाक परमाणु कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वाले डा. अब्दुल कादिर द्वारा दी गई टिप्पणियों से भिन्न हैं ।

डा. कादिर ने भारत के एक पत्रकार को बताया था कि पाकिस्तान ऐसा एक बम पहले ही बना चुका है, जबकि जनरल जिया उल हक ने एक अमरीकी भेंटकर्ता से कहा था कि उनका देश परमाणु बम बनाने में सक्षम है । अमरीकी विशेषज्ञों की वर्षों से यह राय है कि पाकिस्तान के पास इतनी परमाणु सामग्री है कि वह ऐसे प उसे एक बम तैयार कर पड़ेंगे ।

श्रीमती भुट्टो ने इन्कार किया कि सत्ता को विभिन्न शक्तियों के कहा कि पूर्ण पुनर्निर्माण प्रबल झंझावात आए अ या फिर मंद बयार के चाहिए । "हम यही क पुराने ज़ख्मों को हरा न

श्रीमती भुट्टो ने य औरत की सरकार चल उनके विरोधियों का इजाज़त नहीं देता ।

श्रीमती भुट्टो ने ल हुए कहा कि अब उनके की तरह राजनीतिक खि चाहें, उनके खिलाफ बो

भेंटकर्त्ता ने भेंट यह श्रीमती भुट्टो की राजनी है और सेना उनके हर क सेना देख रही है कि क गलत पड़ते हैं । उनकी लोकतंत्र का अंत । कुछ व्यक्त करते हैं कि पाकिस श्रीमती भुट्टो को दिमाग रखनी होगी कि अपनी अपने पिता की तरह कि सकती है ।

लंदन : बेनज़ीर पाकिस्तान की पूर्व-सरक

(शेष पृ

बलराम जाखड़ ने पंजाब तैनात करने पर सहमति प्र

लुधियाना, 6 मार्च (धीमान): लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने आज इस सुझाव से सहमति प्रकट की कि पंजाब में सेना तैनात कर दी जाए । उन्होंने यह बात उस समय कही जब स्थानीय मोहन दई ओसवाल अस्पताल में इनसे बातचीत की गई । उनसे पूछा गया कि क्या आप इस बात को अच्छा नहीं समझते कि पंजाब में आतंकवाद की रोकथाम के लिए कम से कम सीमांत जिलों में ही सेना तैनात कर दी जाए ? इसके उत्तर में उन्होंने कहा कि शांति की स्थापना के लिए जो भी आवश्यक हो, किया जाना चाहिए । सेना तैनात करना बुरा नहीं, ऐसी हर कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे गड़बड़ खत्म हो ।

श्री बलराम जाखड़ ने हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल के बयान की कड़ी आलोचना की और कहा कि मैंने सपने में भी जाटों का नेता बनने की बात नहीं सोची । उन्होंने कहा कि राजनीतिज्ञों को अधिक दृढ़ निश्चयी होना चाहिए । उन्हें शोभा नहीं देता कि वह एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक छलांगें लगाते फिरें । लोगों को ऐसे राजनीतिज्ञों के बारे में सोचना होगा । वे इस बात का एहसास करें कि कौन-सा राजनीतिज्ञ उनकी और देश की सही सेवा कर रहा है ।

डा. जाखड़ ने कहा कि स्पीकर तटस्थ और अराजनीतिज्ञ होता है । ले चौ. देवी लाल की कथित चाहा, मगर मैंने इसकी अ कहा कि हिंसा और लोकत प्रजातंत्र इकट्ठे नहीं चल

पंजाब का उल्लेख क कि हम सबको पंजाब को स्वयं को समर्पित कर दे दुनिया में नाम था, पता न लग गई । पंजाब में निर्द चाहिए ।

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मेरी पार्टी मुझे जहा चुनाव लड़ेगा । मुझे यह दे कि देश की राजनीति अ पहुंची है । उन्होंने कहा होंगे । मतदान केंद्रों पर ज़ कार्रवाई गैर कानूनी है । होनी चाहिए ।

लोकसभाध्यक्ष ने कहा दिल्ली जा रहा हूं ।

श्री जाखड़ से कुछ उ की ।

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में शिवरात्रि सोल्लास सम्पन्न

चंडीगढ़, 6 मार्च (वार्ता): पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में आज शिवरात्रि का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर हवन यज्ञ, पूजा अर्चना तथा भजन गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

चंडीगढ़ में सेक्टर 32 स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । इस मंदिर में प्रातः 4 बजे से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी । इस मंदिर में पंजाब विश्वविद्यालय की मंडली भी शामिल हुई । शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे भी शामिल हुए ।

महाशिवरात्रि के सम्बन्ध में होशियारपुर से 25 किलोमीटर दूर गगरेट की प्राचीन शिवबाड़ी में पधारी हुई दादी मनोहर इन्द्रा जी ने की । सम्मेलन में सर्वप्रथम राम शरणम् आश्रम द्वारा अमृतवाणी का पाठ किया गया । दादी इन्द्रा जी ने दीप प्रज्ज्वलित किया । मुख्य वक्ता थे : ब्रह्मा कुमारी चक्रधारी, श्री एस.पी. प्रेम (पादरी), सैय्यद मौलवी

Punjabi Sahitak

आपसी लड़ाई में आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार आतंकवादी पहले एक घर में दाखिल हुए तथा वहां से दारी और बलदेव सिंह को बाहर निकाल लिया, फिर वे उन्हें लेकर एक अन्य व्यक्ति गुरनाम सिंह के घर गए । उसे भी साथ लेकर आतंकवादी बस्ती रसावा गांव के निकट गए, जहां उन्होंने तीनों को गोलियां मार दीं । बलदेव को लुधियाना के अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

पूर्व सरपंच की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात ही थाना मल्लांवाला के एक गांव में पूर्व सरपंच हरदयाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी की शिनाख्त : इसी दौरान फरीदकोट जिला पुलिस ने आज बताया कि थाना सदर मोगा के गांव साफूवाला में गत दिनों मारे गये तीसरे उग्रवादी की शिनाख्त जगदेव सिंह उर्फ़ जग्गा के रूप में हुई है । जिला पुलिस चीफ ने बताया कि जगदेव सिंह फरीदकोट तथा फिरोज़पुर जिलों में कम से कम 16 व्यक्तियों की हत्या के अलावा अनेक अपराधों में वांछित था ।

मारुति वैन छीनी : खरड़ (शशि): 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कल रात खरड़-कराली रोड पर गांव सहोरां के निकट एक सफेद रंग की मारुति वैन डी.डी.वी. 7488 छीन लिए जाने की सूचना मिली है । वैन के चालक धर्मपाल ने खरड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 व्यक्तियों ने उसकी वैन जालन्धर से चंडीगढ़ के लिए किराया पर ली थी । वापसी पर वे सहोरां के निकट पेशाब करने को रुके थे कि उक्त व्यक्ति मारुति वैन को लेकर भाग गए । पुलिस ने धारा 379 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

स्कूटर छीन लिया : बटाला (कोछड़): दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति कल रात थाना कादियां के अंतर्गत गांव लीला कलां में कलवंत सिंह के घर से उसका स्कूटर पी.ए.जी. 3133 छीन कर ले गये ।

हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिला के एक गांव में एक व्यक्ति सुरेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई ।

लूट लिया : लुधियाना (ह.स.): शनिवार की रात को लुधियाना में तीन सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति सतीश कुमार से 3,100 रुपए नकद, सोने के जेवर, टी.वी. कैमरा तथा अन्य कीमती चीजें छीन लीं ।

ट्रक चोरी : फगवाड़ा (राकेश) : कल रात 3 बजे के करीब कुछ व्यक्तियों ने एक ट्रक सी.एच.डब्ल्यू. 7111 चुरा लिया व फरार हो गए । ट्रक ड्राइवर व क्लीनर उस समय सोये हुए थे के अमृतसर से खन्ना मंडी जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

जालंधर जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों बलदेव सिंह उर्फ़ देव तथा सुखविंदर सिंह उर्फ़ फौजी को गिरफ्तार किया और उनसे दो पिस्तौलें बरामद कीं ।

निगम पार्क में बनी झुग्गियां हटाने का आदेश

लुधियाना, 6 मार्च (महिन्द्रा): यहां के उप-न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्री एस.एम. अग्रवाल ने नगरनिगम लुधियाना के विरुद्ध दायर एक केस में आदेश दिया है कि माडल टाऊन लुधियाना में बलबीर कौर नन्दा के मकान के पीछे निगम पार्क में अपने कर्मचारियों के लिए जो झुग्गियां बनाई गई हैं, उन्हें दो मास के भीतर वहां से हटाया जाए तथा इस पार्क को निगम पार्क के रूप में प्रयोग होने दिया जाए ।

श्रीमती बलबीर कौर नन्दा तथा माडल टाऊन भलाई परिषद ने अपने वकील श्री प्रेम चंद गुप्ता के जरिए नगरनिगम के विरुद्ध केस दायर किया था कि निगम ने अपने चतर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पार्क में झुग्गियां बना दी हैं तथा वहां लोगों को परेशान होना पड़ता है, इसलिए वहां से झुग्गियां हटाने का आदेश दिया जाए ।

शिवरात्रि पर दुर्घटनाओं में 33 मरे

नई दिल्ली, 6 मार्च (वार्ता): महाशिवरात्रि के अवसर पर आज देश के विभिन्न स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में एक महिला समेत 18 लोग मारे गए तथा 30 से अधिक घायल हो गए । सासाराम से प्राप्त समाचार के अनुसार वहां से 40 किलो मीटर दूर कैमूर पहाड़ी पर स्थित एक शिव मंदिर गुप्त धाम में पूजा करने जा रहे 30 व्यक्ति एक गुफा से गुजरते वक्त इस घटने से मर गए । अपुष्ट सूत्रों के अनुसार सेनारी थाना क्षेत्र में हुई इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या और अधिक हो सकती है । मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं ।

पहाड़ी से गिर गए : इस बीच राजकोट से प्राप्त सरकारी रिपोर्ट के अनुसार गुजरात में जूनागढ़ के निकट 'गिर पहाड़ी' पर रेलिंग टूट जाने से एक महिला समेत तीन व्यक्ति मारे गए और 25 से अधिक घायल हो गए । रिपोर्ट के अनुसार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहाड़ी पर स्थित मंदिरों में दर्शन के लिए जा रही थी । कई लोग पहाड़ी से 100 मीटर नीचे गिर गए ।

जोधपुर के कैदी रिहा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बंदी अमृतसर पहुंचे : अमृतसर–आज एक विशेष विमान द्वारा यहां राजसांसी हवाई अड्डे पर जोधपुर के लगभग 104 बंदी पहुंच गए हैं । यह हवाई अड्डा यहां से 7 किलो मीटर दूर है । उन्हें उनके गन्तव्य स्थानों पर आज रात की विशेष बसों द्वारा पहुंचाया जाएगा ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल राजासांसी हवाई अड्डे पर बंदियों का स्वागत करने के लिए आज चंडीगढ़ से विशेष रूप से आए । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जोधपुर जेल से रिहा किए गए 84 अन्य बंदियों को कल उनके पंजाब पहुंचने पर पुनः 'गिरफ्तार' कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि उन्हें नाभा और संगरूर जेलों में रखा जाएगा ।

बंदियों को लेकर वायुसेना का विमान आई.एल. 76 शाम के 7.25 बजे हवाई अड्डे पर उतरा । इसे रनवे नं. 2 के एक एकांत स्थान पर पार्क किया गया था ।

बंदियों को हवाई अड्डे के लाऊंज में लगभग एक घंटे बाद लाया गया तथा उन्हें दूध और नाश्ता दिया गया । पुलिस तथा गुप्तचर एजेंसियों ने उनके पते आदि को नोट किया ताकि उन्हें आज की रात ही उनके गांवों को भेजा जा सके ।

श्री गिल के अतिरिक्त रनवे पर आई.जी. बार्डर रेंज श्री सी. पाल सिंह, डी.आई.जी. सी.आर.पी.एफ. श्री रामकृष्णन, डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री सर्बजीत सिंह तथा अमृतसर व मजीठा पुलिस जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक क्रमशः श्री सुरेश अरोड़ा तथा श्री जी.एस. मान मौजूद थे । नागरिक अधिकारियों का नेतृत्व जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह कर रहे थे ।

श्री गुरचरण सिंह टोहरा तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के नेता मनजीत सिंह तथा हरमिन्दर सिंह संधू उन 84 जोधपुर बंदियों में शामिल हैं, जिन्हें कल भारतीय वायुसेना के एक विशेष परिवहन विमान से पंजाब लाया जाएगा । यह विमान चंडीगढ़ या हलवाड़ा के वायुसेना के अड्डे पर उतरेगा ।

श्री गिल ने कहा कि रिहा हुए कैदियों में से अधिकांश जिला अमृतसर के हैं, जबकि कुछ गुरदासपुर और फिरोजपुर जिलों के हैं, दो श्रीगंगानगर (राजस्थान) के हैं । उन्होंने बताया कि जिन लोगों के विरुद्ध अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

जब रिहा कैदियों का विमान हवाई अड्डे पर उतरा तो खालिस्तान और भिंडरांवाला समर्थक नारे लगाए गए । हवाई अड्डे के भवन पर भी इन रिहा लोगों ने नारे लगाए । सरकारी सूत्रों के अनुसार इन नारे लगाने वालों में से 3-4 की पहचान कर ली गई है और उन्हें नज़रबंद किया जा सकता है । रिहा हुए लोगों में से अधिकांश ने केसरी पगड़ियां पहन रखी थीं और उन्होंने दमदमी टकसाल के अनुयाइयों द्वारा पहने जाने वाले कपड़े पहने हुए थे । इनमें से एक मलकीयत सिंह निरंकारी केस में अपराधी था और पैरोल पर रिहा होकर भाग गया था ।

श्री गिल ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल द्वारा गठित 4 सदस्यीय समिति पंजाब की जेलों में नज़रबंद लोगों के मामले पर विचार करेगी और यह दो दिन में अपना कार्य शुरू करके 15 मार्च तक

जम्मू-कश्मीर के डोगरा शासकों द्वारा निर्मित किए गए भव्य होकर गिरते जा रहे हैं तथा उनके स्थान पर अब नए भवनों का में जम्मू में एक स्थान पर खड़ा एक जर्जर भवन व एक गिरा

अमृतसर में पंचायती राज सैमीनार

अमृतसर, 6 मार्च (वि.प्र.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज के सम्बन्ध में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज देहाती कांग्रेस भवन में जिला स्तर का एक पंचायती राज सैमीनार हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती रत्ना संयुक्त सचिव पंजाब इंका ने की । सैमीनार का उद्घाटन श्री सेवा राम महासचिव ने किया । इसमें जिला अमृतसर से लगभग 500 पंचों, सरपंचों तथा प्रशिक्षणाधीन युवकों ने भाग लिया । इस अवसर पर श्रीमती रत्ना ने कहा कि पंचायती राज का अभियान काफी अरसा पहले महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने शुरू किया था लेकिन इस ओर कोई प्रगति नहीं हुई । अब इस अभियान को वर्तमान प्रधानमंत्री ने पुनः सक्रिय करने का निर्णय किया है । सैमीनार में 11 सूत्री कार्यक्रम पारित किया गया है ।

डी.पी.आई. (कालेज) पंजाब श्री मोहन सिंह

बिज

लुधियाना, बोर्ड के प्रबक्ता को प्रातः आठ के.वी. हैबोवाल के.वी. कालेज तथा हैबोवाल

'शहीद 60

अमृतसर, कटासराज की किशन के नेतृ दिवस अमृतस शहीद परिवा स्वरूप दिए हैं

महिला

जालंधर, 'नारी सप्ताह नारी निकेतन सैमीनार का उद्देश्य महिल ध्यान आकृष्ट लिए जनसमर्थ में सभी लोग

शिर

अमृतसर यहां शिरोमणि कार्यकारिणी इसमें शिरोमणि सिंह तथा स्व

मैंने 'ब्ल्यू स्टार' आप्रेशन बारे इंदिरा गांधी को कोई पत्र नहीं लिखा : बलवंत सिंह

चंडीगढ़, 6 मार्च (वि.प्र.): पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह ने कहा है कि अकाली दल (लौं.): के कार्यवाहक प्रधान श्री तोता सिंह ने उनके बारे जो पत्र जारी किया है वह नकली है । 'मैंने 9 जून 1984 को श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम ऐसा

बनने देंगे ।

उन्होंने कहा कि श्री बरनाला न्यायाधीश गुरनाम सिंह के पदचिन्हों पर चल रहे हैं । श्री गुरनाम सिंह ने भी केंद्र से सौदेबाजी कर ली थी । अपने साथियों को कांग्रेस का टिकट दिलवा कर

Punjab Sanjari

बैंक तथा चीनी मिल से आतंकवादियों ने साढ़े 14 लाख रुपए लूट लिए

2 स्त्रियों व एक व्यक्ति का अपहरण : 6 इश्तहारी अभियुक्त गिरफ्तार

मज़हबी सिख परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 7 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक मजहबी सिख परिवार के चार सदस्यों सहित पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी है कि एक बैंक तथा चीनी मिल से साढ़े 14 लाख रुपये लूट लिये गये । दो औरतों तथा एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

4 लोगों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात जिला अमृतसर के थाना जंडियाला के गांव मीरछी राजपूतां में चार व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य को सख्त घायल कर दिया गया । पुलिस ने कहा कि 6 सशस्त्र आतंकवादियों ने पांच व्यक्तियों को उनके घरों से निकाला तथा गांव के बाहर ले जाकर एक पंक्ति में खड़ा करके उन पर गोलियां बरसाईं । मृतकों की पहचान अजीत सिंह उर्फ़ जीत, संगत सिंह उर्फ़ संता, ओंकार सिंह उर्फ़ काला तथा अजायब सिंह के रूप में की गई है । घायल पप्पू को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । घटनास्थल पर छोड़े गए एक पत्र में 'बब्बर खालसा' ने हत्याओं की ज़िम्मेदारी ली है ।

मारे गए सभी व्यक्ति मज़हबी सिख परिवार से सम्बन्धित थे । हमलावर फ़ायरिंग करते हुए फ़रार हुए । पुलिस ने प्रातः गांव में जाकर लाशें कब्ज़े में लीं ।

बैंक लूटा : आज सुबह 4 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने तरनतारन सब-डिवीजन के अंतर्गत ऐतिहासिक कस्बे गोइंदवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 4.5 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि पिस्तौलों व रिवाल्वरों से लैस आतंकवादी बैंक में ज़बरदस्ती घुस गए और कर्मचारियों के हाथ खड़े करवा कर उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद उन्होंने काउंटरों तथा स्ट्रांग रूम से धन समेटा और बड़ी आसानी से फरार हो गए ।

एक गिरफ्तार : पुलिस ने बताया कि कल रात भारत-पाक सीमा पर अटारी सैक्शन की सीमा चौकी महाबा पर सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया । यह पाकिस्तानी गैर-कानूनी तौर पर भारत में ठहरा था तथा अब वापस पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहा था ।

आढ़ती को लूटा : अमृतसर (नारंग): अमृतसर की सब्ज़ी मंडी में आज सायं 7.30 बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने पिस्तौलों की नोक पर एक आढ़ती को लूट लिया । इन्होंने नौ एम.एम. की पिस्तौल से दो फायर किए लेकिन संयोग से जानी नुक्सान नहीं हुआ । आतंकवादी दस हज़ार रुपए नकद लूट कर एक सफेद जीप में फरार हो गए । इस वारदात के बाद अमृतसर फ्रूट एंड वैजीटेबल मर्चैंट्स यूनियन ने फैसला किया है कि इस घटना के रोषस्वरूप कल से सब्ज़ी मंडी में पूर्ण हड़ताल रखी जाएगी और तब तक जारी रहेगी जब तक प्रशासन सुरक्षा प्रदान नहीं करता ।

3 पाकिस्तानी गिरफ्तार : फाज़िल्का (हस): कल पंजाब की सीमा से लगने वाले राजस्थान के ज़िला गंगानगर में गांव दलतसिंहपर में सीमा सुरक्षा बल ने 3 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जोकि संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे थे तथा पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे । उनमें से एक की पहचान सत्तार हैदर के रूप में हुई है । उससे 8 सौ रुपए की भारतीय मुद्रा और कुछ पाकिस्तानी करंसी बरामद की गई ।

7 गिरफ्तार : फरीदकोट ज़िला पुलिस ने विभिन्न छापों में 7 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनसे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । इनमें से 2 की पहचान राजे सिंह तथा राम कुमार के रूप में हुई है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरमीत सिंह उर्फ़ मीता तथा सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता को गिरफ्तार किया है तथा उन से 12 बोर की 2 पिस्तौलें तथा 5 कारतूस बरामद किए हैं ।

पक्खोवाल में हत्या : लुधियाना ज़िला में कल रात थाना रायकोट के गांव पक्खोवाल में एक व्यक्ति प्रीतम सिंह की हत्या कर दी गई ।

दस लाख रुपए लूटे : लुधियाना से 'मुसाफिर' ने खबर दी है कि यहां से 15 किलोमीटर दूर लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर दोराहा सहकारी चीनी मिल चूड्डेवाल में दिनदहाड़े दो उग्रवादी स्कूटर पर आए तथा खजांची को पिस्तौल दिखा कर उससे दस लाख रुपए लूट कर फरार हो गए । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि उग्रवादियों की संख्या तीन थी । खजांची यह रकम कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लेकर आया था ।

समराला से 'भारद्वाज' द्वारा भेजे विवरणों के अनुसार बुड्ढेवाल में लुधियाना सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की शाखा को लूटने वाले उग्रवादियों की संख्या 5 थी । बैंक मैनेजर के अनुसार यह राशि गन्ने की अदायगी के लिए आई थी, जो लगभग 12.30 बजे जिप्सी वैन से उतारी जा रही थी कि तभी दो पिस्तौलधारी युवकों ने जिप्सी के साथ आए गनमैन की बंदूक पिस्तौल की नोक पर छीन ली तथा एक स्कूटर पर रुपयों वाला ट्रंक रख कर मिल क्षेत्र से बाहर को फरार हो गए तथा बाहर एक और लुटेरा उक्त स्कूटर पर बैठ गया । उनके दो साथी एक अन्य स्कूटर पर वहां पहले से ही उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे । बैंक से लगभग 100 गज की दूरी पर से वह फायर करते हुए फरार हो गए । वहां से लगभग 15 गज की दूरी पर एक ढाबे पर बैंक पर तैनात दो सिपाही भी खड़े बताए जाते हैं, जिनको समीप के ढाबे वाले जसवंत सिंह उर्फ टोनी ने पकड़ने को कहा क्योंकि पीछे लोग शोर मचाते आ रहे थे परन्तु पुलिस कर्मियों ने कुछ भी नहीं किया । इन पुलिस कर्मियों को बाद में पुलिस के उच्चाधिकारी आकर ले गए तथा ढाबे वाले टोनी को भी पुलिस हिरासत में ले लिया । आज लगभग एक हज़ार से ऊपर व्यक्ति गन्ना देने तथा पेमैंट लेने वाले आए बताए जाते हैं । बताया गया है कि कुछ लुटेरे वहां पहले से ही लोई ओढ़े बैठे प्रतीक्षा कर रहे थे । बताया जाता है कि वे गनमैन की बंदूक वहां समीप ही फैंक गए । भागते हुए एक बार उनका स्कूटर खराब भी हुआ बताया जाता है ।

दो औरतों का अपहरण : दो औरतों अमरजीत कौर तथा महेंद्र कौर का क्रमशः ज़िला फरीदकोट व भटिंडा में उनके घरों में से अपहरण कर लिया गया ।

एक व्यक्ति लाल सिंह उर्फ लाली का ज़िला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जोधपुर के कुछ बंदी सोमवार को अपनी रिहाई के बाद जेल से बाहर आते

प्रत्यक्ष करों सम्बन्धी अप

सुनवाई के लिए पृथक

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): सरकार प्रत्यक्ष करों तथा केंद्रीय कर कानूनों से संबंधित अपीलों की सुनवाई के लिए पृथक अदालतें कायम करने के प्रश्न पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है ताकि ऐसे मामलों में शीघ्रता के साथ निर्णय किया जा सके । यह बात वित्त राज्यमंत्री अजीत पांजा ने आज राज्यसभा में प्रत्यक्ष कर कानूनों में संशोधन से संबंधित विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते समय कही । बाद में सदन ने विधेयक को वापस कर दिया लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है ।

श्री पांजा ने कहा कि करों को वसूल करने की मशीनरी को सुदृढ़ किया गया है और जांच तथा छापों से करों से होने वाली आय बढ़ गई है ।

संसद ने प्रत्यक्ष कर के संशोधन संबंधी विधेयक को स्वीकृति दे दी । राज्यसभा ने आज विधेयक पर चर्चा करके इसे लोकसभा को लौटा दिया । राज्यसभा में आज प्रत्यक्ष कर कानूनों में संशोधन से संबंधित विधेयक पर चर्चा के समय इन कानूनों को करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रख कर और सरल बनाने की मांग की गई । आय कर अधिनियम 1961, सम्पत्ति कर अधिनियम 1957, दान कर अधिनियम 1958 और प्रत्यक्ष कर विधि संशोधन अधिनियम 1987 में संशोधन के लिए पेश विधेयक को सदस्यों ने जल्दबाजी में पारित न कर उसे संयुक्त प्रवर समिति को सौंपने की मांग की । लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है ।

जनता पार्टी के कमल मोरारका ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते समय कहा कि कर कानून पहले ही बहुत अधिक जटिल हैं अतः उन्हें वर्तमान संशोधन के द्वारा और अधिक जटिल बनाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए ।

वित्त राज्यमंत्री अजीत पांजा ने संशोधन विधेयक को विचार के लिए पेश करते समय कहा कि इस संशोधन के द्वारा 1987 के कानून की कुछ कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है । उन्होंने कहा कि सरकार ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश करने के बाद सदस्यों के कुछ संशोधनों को स्वीकार क द्वारा साझेदारी फर्मों औ पर कर के बारे में पुरानी कर लिया गया है । वैज और राष्ट्रीय महत्व की 1990 से कर से छूट दी 1990-91 से अंति पुरानी व्यवस्था फिर से

केंद्र द्वारा राष्ट्रद्रोही ग लगाने

श्रीनगर, 7 मार्च व्यवस्था की बिगड़ रह हिंसक घटनाओं को लिया है । समझा जात के लिए केंद्र ने राज्य हैं । इनमें राष्ट्रद्रोही विरोधी गतिविधियों पैस पर सीमित सैंसर नेताओं को गिरफ्तार ढांचे को चस्त बनाने समर्थक व कट्टरपंथी प्रस्ताव शामिल हैं ।

परन्तु सत्तारूढ़ इंका ने इन सुझावों से राष्ट्र विरोधी शक्तियों स्तर पर मुकाबला कर

अकाली दल मुक्केबाज़ी

अमृतसर, 7 मार दल (तलवंडी) की स्थान में आज यहां शिरोमणि परिसर के बाहर संघर्ष घायल हो गया । संघर्ष और जम कर मुक्केबा शुरू हुआ, जब एक गुट आरेवाला के विरुद्ध नारे

रिहाई का यह नाटक केंद्रीय सरकार की एक राजनीतिक चाल : रिहा कैदियों का मत

अमृतसर, 7 मार्च (नारंग): जोधपुर से रिहा हुए बंदियों से मुलाकात करने की आशा लेकर गए इस संवाददाता को अमृतसर हवाई अड्डे पर निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि सरकारी आदेश के अनुसार इन कैदियों से किसी भी पत्रकार को मिलने की अनुमति नहीं दी गई । फिर भी, वहां के वातावरण और रिहा होने वाले बंदियों के रिश्तेदार एवं मित्रगण तथा सरकारी अधिकारियों के हवाले से यह बात स्पष्ट होकर सामने आई है कि रिहा हुए कैदियों के मन में सरकार का डर या भय बिल्कुल नहीं रहा । 'भिंडरांवाला जिन्दाबाद' और 'खालिस्तान जिन्दाबाद' के नारों से हवाई अड्डा गूंजता रहा और वरिष्ठ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी हतप्रभ से यह सब देखते रहे । हवाई अड्डे पर उपस्थित विभिन्न सूत्रों के अनुसार इन कैदियों तथा उनके रिश्तेदारों में यह मनोवृत्ति घर कर गई है कि केंद्रीय सरकार की सिखों के प्रति नीति में मूलरूप से कोई परिवर्तन नहीं आया अपितु रिहाई का यह नाटक एक राजनीतिक चाल है । उनका कहना है कि सरकार अगर यह कदम पहले उठाती तो कोई बात थी, अब पांच वर्ष बिना कारण जेलों में रखने के बाद सरकार की यह आकांक्षा बेमानी है कि हम अपने अधिकारों की बात छोड़ दें ।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि रिहा हुए कैदियों की आस्था दमदमी टकसाल तथा जरनैल सिंह भिंडरांवाला के प्रति बनी हुई है । विशेष कर सिख छात्र संघ के पदाधिकारियों द्वारा यह घोषणा करना कि पंजाब समस्या का हल सरकारी बल प्रयोग से नहीं अपितु उनसे बातचीत करने पर ही होगा, ने पंजाब समस्या में एक नया मोड़ ला दिया है । ऐसे समय में जब एकीकृत अकाली दल तथा लौंगोवाल अकाली दल में समझौता के प्रयास जारी हैं तथा अकाली राजनीति के धुरंधर यह आशा लगाए बैठे हैं कि पंजाब के सिखों में उनकी पैठ है, अब रिहा हुए कैदी नेता परेशानी का कारण बनेंगे । कई अकाली नेता तो इस समय की रिहाइयों को सरकारी चाल बताते हैं और कहते हैं कि अकाली एकता तोड़ने का वायदा लेकर तथा रिहा हुए कैदियों की पांच सदस्यों पर आधारित पंथक कमेटी से ही पंजाब समस्या पर बातचीत का आश्वासन देकर ही जोधपुर के नजरबंदों को रिहा किया गया है । जहां तक विपक्ष का सवाल है, विपक्ष ने इन कैदियों की रिहाई का स्वागत करते हुए एक स्वर में कहा है कि यह रिहाइयां बहुत समय पहले होनी चाहिए थीं । अगर सरकार के पास इन कैदियों के खिलाफ कोई केस ही नहीं थे तो उन्हें 5 वर्ष तक नजरबंद क्यों रखा गया, और अगर उनके विरुद्ध केस थे तो अब तक मुकद्दमे क्यों नहीं चलाए गए । आशंका यह कि केंद्रीय सरकार का पंजाब-समस्या पर यह नया प्रयोग भी शायद ही सफल हो, क्योंकि अभी भी सरकार ने 1984 में हुए दंगों के दोषियों के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति नहीं अपनाई, और न ही पंजाब की कानून एवं व्यवस्था में सुधार लाने की किसी योजना को कार्यरूप दिया है । आज भी पंजाब में बेगुनाह कत्ल हो रहे हैं, फिरौतियां मांगी जा रही हैं, बैंक लूटे जा रहे हैं, सीमा पार से हथियार आ रहे हैं । साराश यह कि

सी.आर.पी. के जवान की हत्या, एक घायल

जालन्धर, 7 मार्च (ह.स.): आज रात्रि नवांशहर थाने के क्षेत्र में उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की जीप पर घात लगा कर फायरिंग कर दी, जिससे सी.आर.पी. का जीप चला रहा जवान मारा गया जबकि एक हवलदार घायल हो गया । यह जीप गश्त लगा कर आ रही थी । घायल हवलदार मंगल सिंह को लुधियाना के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

वार्ता के द्वार खुले लेकिन अब कर्मचारी पहल करें : वीरभद्र

धर्मशाला, 7 मार्च (वेद) : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार राज्य में प्राईवेट कालेजों के काम-काज को [illegible] करने के लिए विधानसभा के आगामी

कि सरकार अपना पेश किया गया पैकेज समझौता वापस ले लेगी, जिसमें इंजीनियरों के 725 पद सृजित किए गए थे । अब सरकार 227 से अधिक पदों का सृजन नहीं करेगी ।

Punjab Sahitani

जिला अमृतसर के थाना जंडियाला गुरु के गांव भोरछी राजपूतां में सोमवार रात को उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) अजायब सिंह, (2) अजीत सिंह, (3) बलकार सिंह और (4) संगत सिंह के शव, (5) घायल जगीर सिंह, (6) मृतकों के शोकाकुल संबंधी । (छाया : हरमहेंद्र सिंह)

साढ़े 14 लाख लूटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

भटिंडा के गांव कोरियाना में उसके घर से अपहरण कर लिया गया ।

घुसपैठिया मरा : गुरु हरसहाय से 'भंडारी' के अनुसार गत रात लगभग दो बजे भारत-पाक सीमा पर चौकी बहादुरके के निकट सीमा सुरक्षा बल के हाथों एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : जालंधर (ह.स.): पुलिस ने गत रात दो उग्रवादियों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया । पुलिस सूत्रों ने इनके नाम कुलवंत सिंह उर्फ कंता वासी काला बकरा और परमिंदर सिंह बताए हैं । उनसे एक कटी हुई नाली वाली बंदूक, एक रिवाल्वर तथा चार कारतूस बरामद किए गए ।

छः इश्तहारी अभियुक्त बंदी : जालंधर पुलिस ने गत रात विभिन्न स्थानों पर छापों और नाकाबंदियों में छः इश्तहारी अभियुक्तों तथा तीन अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया जिनमें दो सेना के कर्मचारी शामिल हैं । सैनिकों के नाम मोहन पाल और गुरमेल सिंह उर्फ गेली बताए जाते हैं । तीसरे तस्कर की शिनाख्त सिया राम के रूप में की गई है । वह उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव मनियां गोसाईं का निवासी है । उससे एक किलो अफीम पकड़ी गई । पकड़े गए इश्तहारी अभियुक्तों के नाम अशोक कुमार, तरसेम लाल, हरमेश कुमार, रघुवंश कुमार, अमरजीत सिंह तथा कुलदीप सिंह हैं ।

उग्रवादियों की शिनाख्त : पुलिस ने कल रात एक नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार और गोली बारूद बरामद किया । सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादियों की शिनाख्त जालन्धर जिले के कालाबकरा के निवासी कुलवंत सिंह उर्फ कंता और अलादीर के परमिन्दर सिंह के रूप में की गई है ।

2 बंदी : संगरूर (गर्ग): गत रात पुलिस ने यहां दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से एक 38 बोर का रिवाल्वर, एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ अनचले कारतूस बरामद हुए । इनके नाम सरतेज सिंह तथा दर्शन सिंह हैं ।

232 बोरी चावल सहित ट्रक ले गए : फगवाड़ा से राकेश, अशोक ने खबर दी है कि आज यहां से निकटवर्ती गांव जमालपुर में छः सशस्त्र उग्रवादियों ने एक ट्रक नम्बर एच.आर.एक्स. को हाथ देकर रोक लिया । यह ट्रक जिसमें 232 बोरी बासमती चावल था, कुरुक्षेत्र से अमृतसर जा रहा था । ट्रक रुक जाने पर उग्रवादियों ने ट्रक ड्राइवर सोमनाथ को पिस्तौल दिखा कर ट्रक से नीचे उतार लिया और फिर ट्रक लेकर फरार हो गए । ट्रक में 800 रुपए नकद भी था ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का अजय बाम्बा, उम्र 17 साल, कद 6 फुट, रंग गोरा, पतला शरीर, 2 मार्च 1989 रोहतक से गुम है । पता देने वाले या पहुंचाने वाले को उचित ईनाम । यदि अजय उर्फ सन्नी खुद पढ़े तो घर लौट आये, उसकी माता की हालत सख्त खराब है ।

सतपाल बाम्बा, 362, Housing Board

पुलिस पर बर्छागर्दी का आरोप

अमृतसर, 7 मार्च (वर्मा): बीती शाम एक पुलिस पार्टी, जो जीप में सवार थी, ने इलाका चौक बाबा साहब में दुकानों के आगे लगी तमाम चिक्कों व लटकाए कपड़ों को जबरदस्ती उतार फैंका जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई । दुकानदारों ने इस सम्बन्ध में पुलिस पर बर्छागर्दी का आरोप लगाया है तथा यह भी कहा है कि पुलिस ने कृपाणों व डांगों से उनके सामान को नुक्सान पहुंचाया है, लेकिन इसके विपरीत हमारे प्रतिनिधि को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर भर में भीड़-भाड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने कुछ कदम उठाए हैं तथा लोगों को मुनादी के जरिए चेतावनी भी दी गई थी कि वे अपनी दुकानों के आगे से सामान उठा लें । लेकिन दुकानदारों ने इस हुक्म की कोई परवाह न की ।

जलापूर्ति विभाग का तजुर्बा

अमृतसर, 7 मार्च (कमलेश): नगर निगम के जलापूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने गत दिवस यह रहस्योद्घाटन किया कि इन दिनों शहर में जो पानी की सप्लाई प्रातः 4 से 9.30 बजे और सायं 2.30 से रात 9.30 बजे तक सीमित की गई है, यह केवल एक तजुर्बा किया जा रहा है कि नागरिकों पर इसका

इंका सांसद का लोक सभा में धरना

नई दिल्ली, 7 मार्च : लोकसभा में आज उस समय विषम स्थिति पैदा हो गई जब कांग्रेस (इ) सदस्य सुश्री ममता बैनर्जी सदन के मध्य में आकर धरने पर बैठ गईं । सुश्री बैनर्जी मांग कर रही थीं कि पश्चिमी बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए । उन्होंने कहा कि राज्य में लोकतंत्र समाप्त हो गया है और कांग्रेस (इ) के विधायकों ने त्यागपत्र देने की धमकी दी है क्योंकि उन्हें सुरक्षा नहीं मिल रही है ।

प्रश्नोत्तर काल के बाद सुश्री बैनर्जी ने यह मामला उठाया । दूसरी ओर मार्क्सवादी सदस्य भी एक साथ बोल कर उनका प्रतिवाद करने लगे ।

दूसरी ओर सुश्री बैनर्जी के साथ ही मार्क्सवादी सदस्य सर्वश्री वासुदेव आचार्य और अमल दत्त ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गनी खान चौधरी के बयान की ओर अध्यक्ष का ध्यान दिलाया और कार्रवाई की मांग की ।

सरकार पंजाब समस्या हल करने की इच्छुक नहीं

नई दिल्ली, 7 मार्च (वि.स.) : नक्सलवादी कम्युनिस्टों ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार निहित राजनीतिक स्वार्थों के कारण पंजाब की समस्या के समाधान के लिए कोई इच्छुक नहीं है । सत्तारूढ़ दल कांग्रेस (इ) द्वारा लगातार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जिनसे पंजाब में हालात दिन प्रति दिन उलझते ही जा रहे हैं ।

मार्क्सवादी-लेनिनवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कामरेड राम चन्द्रन ने आज संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब पुलिस की सस्ती की वजह से खालिस्तान समर्थकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है । उन्होंने कहा कि पंजाब में जनता खालिस्तानियों के आतंकवाद और सरकार के आतंकवाद की दोहरी चक्की में पिस रही है । इन दोनों का उनकी पार्टी मुकाबला करती रहेगी ।

उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल ने बोट बटोरने की खातिर खालिस्तानियों और उनके नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला को प्रोत्साहन दिया था ।

कैदियों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक रवैया अपनाया जाए : मिन्हास

चंडीगढ़, 7 मार्च (ह.स.) : पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री सरजीत सिंह मिन्हास ने कैदियों के प्रति और मानवीय तथा सहानुभूतिपूर्वक रवैया अपनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है ।

'कैदी अधिकार एवं कल्याण' विषय पर एक सैमीनार के समापन अवसर पर कल उन्होंने कहा कि जेलों में यद्यपि काफी सुधार किए गए हैं पर कुल मिलाकर जेलों की स्थिति सन्तोषप्रद नहीं है । सैमीनार का आयोजन पंजाब प्रिजनर्स वैलफेयर एंड ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन ने किया था । श्री मिन्हास ने एसोसिएशन को अपने ऐच्छिक कोष से 2500 रुपए देने की घोषणा की ।

इंडियन एक्सप्रैस के कार्यालयों में आयकर विभाग के छापे

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): आयकर अधिकारियों ने बम्बई, अहमदाबाद और कलकत्ता स्थित इंडियन एक्सप्रैस समाचारपत्र समूह के कार्यालयों की आज तलाशी ली । सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई कथित रूप से आयकर छिपाने और हवाला कारोबार करने के सिलसिले में की गई । सूत्रों के अनुसार तलाशी का काम सुबह से शुरू हुआ और शाम तक चलता रहा । इंडियन एक्सप्रैस के दिल्ली कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि आज शाम तक इंडियन एक्सप्रैस के दिल्ली कार्यालय में कोई तलाशी नहीं ली गई । एक्सप्रैस के प्रवक्ता के अनुसार यह तलाशी कल भी जारी रहेगी । अभी तक इस तलाशी में कुछ भी बरामद

सिंह शावकों की नई मां : दो माह पूर्व जब बैलग्रेड के चि को जन्म दिया तो बैलग्रेड के लोग खुशी से झूम उठे थे, पर उनकी मां दूध नहीं पिला रही थी । अतः इस चिड़ियाघर जीवन प्रेमी श्रीमती मिल्का इवास्कोविक से आग्रह किया कि 'सीवा' को इन बच्चों को दूध पिलाने के लिए भेज दें । 'सी इन्हें वह अपने बच्चों के समान ही पाल रही है । जब यह इन्हें चुपचाप बैठ कर देखती है ।

लोकहित मांगों को लेकर

बटाला, 7 मार्च (कोछड़): लोक हित समस्याओं के समर्थन में आज यहां इंका व यूथ इंका की ओर से बटाला शहर में विशाल प्रदर्शन किया गया और स्थानीय नगरपालिका में धरना और एस.डी.एम. बटाला को एक ज्ञापन दिया गया । इसका नेतृत्व सर्वश्री अश्विनी सेखड़ी विधायक, चमन लाल भागी प्रधान शहरी इंका, श्री मोहन सिंह बीनस, श्री जुगल पुरी वरिष्ठ उपप्रधान व श्री नन्द लाल शर्मा प्रधान यूथ इंका आदि कर रहे थे ।

नगरपालिका प्रांगण में दिए धरने में अलग-अलग इंकाईयों ने नगरपालिका प्रशासक, कार्यवाहक अधिकारी व अन्य अधिकारियों पर भ्रष्टाचार व अनियमितता के आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में सफाई, बिजली, वाटर सप्लाई व सड़कों की अत्यन्त दुर्दशा है, मस्टर रोल में जाली नामों व बोगस बिलों का बोलबाला है । इस अवसर पर नगरपालिका प्रशासक, कार्यवाहक अधिकारी व नगरपालिका व्यवस्था मुर्दाबाद के नारे लगाए गए ।

एस.डी.एम. बटाला को दिए ज्ञापन में मांग की गई कि शहर के पांच वाल्मीकि मुहल्लों में सीवरेज व वाटर सप्लाई का प्रबन्ध किया जाए और इसे सुव्यवस्थित किया जाए । सफाई मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए । शहर की सभी गलियों, बाजारों में सड़कों का निर्माण किया जाए । शरणार्थी कैम्प में लगी फ्लशों को ठीक किया जाए और नगरपालिका द्वारा लगाई जाने वाली फ्लशों की कीमत 2 हजार के स्थान पर 8 सौ रुपए की जाए । इस अवसर पर कचहरी व तहसील को जाने वाला एक मुख्य रास्ता,

घर से भागी युवतियों की तलाश

अमृतसर, 7 मार्च (वर्मा): पिछले रोज गिलवाली गेट, अन्नगढ़ आदि इलाकों से फरार दो नौजवान लड़कियों की तलाश में पुलिस की भिन्न-भिन्न पार्टियां दूसरे प्रांतों को रवाना हो गई हैं । पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों लड़कियां शादीशुदा हैं तथा अपने प्रेमियों के साथ घर से जेवरात लेकर फरार हुई हैं ।

पदोन्नति

चंडीगढ़, 7 मार्च (ह.स.): पंजाब सरकार ने वित्त एवं लेखा के संयुक्त नियंत्रक श्री ए.एल. थापर को पदोन्नत करके अपर निदेशक के नव स्थापित पद पर नियुक्त किया है ।

बाल अपराधियों के होम के नए विजीटर नियुक्त

Punjab Kesari Archive

आतंकवादियों द्वारा पूर्व जनता विधायक डा. साधु राम की दिन-दिहाड़े हत्या

फिरोज़पुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में रात के समय घूमने पर पाबंदी

पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 8 मार्च (वार्ता, हस): गत रात के बाद में आतंकवादियों ने जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक डाक्टर साधु राम सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया । लूट-पाट की कुछ वारदातें होने का भी समाचार है । फिरोज़पुर जिले की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में सूर्योदय से सूर्यास्त तक आम जनता के आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई ।

जनता नेता की हत्या : फगवाड़ा (अशोक): आज प्रातः लगभग 9.30 बजे यहां से 13 किलोमीटर दूर गांव माधोपर में तीन हथियारबंद स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पंजाब के वरिष्ठ जनता नेता व फगवाड़ा के भूतपूर्व विधायक डाक्टर साधु राम की उस समय गोलियां मार कर निर्मम हत्या कर दी, जब डाक्टर साधु राम अपने गांव माधोपुर से फगवाड़ा आने के लिए यात्रियों सहित टैम्पो में सवार हुए थे व टैम्पो चालक लगभग 6-7 यात्रियों के आने के बाद शेष यात्रियों की प्रतीक्षा में था । डाक्टर साधु राम ड्राइवर के साथ वाली सीट पर बैठे थे कि स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादी, जिनमें दो मोने व एक सिख नौजवान था, आ धमके । एक आतंकवादी स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा रहा, जबकि दो आतंकवादियों ने डाक्टर साधु राम के सिर, कनपटी व पेट पर गोलियों की बौछार कर दी व उनकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादी वारदात के तत्काल बाद स्कूटर पर गांव रानीपुर की तरफ भाग निकले । जिला पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह, जिलाधीश कपूरथला श्री ए.आर. तलवाड़, स्थानीय उप-पुलिस अधीक्षक श्री दीवान चंद व सी.आर.पी. के कमांडैंट श्री एन.पी. दत्ता घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस व सी.आर.पी. की कई टुकड़ियां अभियुक्तों की तलाश में स्थान-स्थान पर छापे मार रही हैं । घटनास्थल पर खून ही खून व एक क्षतिग्रस्त टैम्पो खड़ा था ।

डाक्टर साधु राम के चाचा गज्जा राम ने घटनास्थल पर इस सम्वाददाता को बताया कि सब कुछ इतनी अचानक हुआ कि सभी हतप्रभ रह गए व टैम्पो में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई । सभी अपनी जानें बचाने के लिए टैम्पो से छलांगें लगा कर भाग गए । घटनास्थल पर पुलिस को कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं, जो 455 व 9 एम.एम. के प्रतीत होते थे । डाक्टर साधु राम अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी व विधवा पत्नी छोड़ गए हैं । उनका बड़ा लड़का कनाडा में है । डाक्टर साधु राम फगवाड़ा अमन कमेटी के संयोजक भी थे । डाक्टर साधु राम फगवाड़ा विधानसभा (सुरक्षित) क्षेत्र से तीन बार विधायक निर्वाचित हुए । 1967 व 1969 में उन्होंने कांग्रेस टिकट पर व 1977 में जनता पार्टी पर चुनाव जीता । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि माधोपुर में पुलिस चौकी बाकायदा है परन्तु स्कूलों में परीक्षाओं के कारण पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां वहां लगी हुई थीं, जिसका सम्भवतः आतंकवादियों ने लाभ उठाया । डाक्टर साधु राम का मृतक शरीर फगवाड़ा अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । सदर पुलिस फगवाड़ा ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

अंतिम संस्कार आज : डाक्टर साधु राम का अंतिम संस्कार कल प्रातः 11 बजे उनके पैतृक गांव में किया जाएगा । यह जानकारी निवर्तमान पंजाब लोकदल के संगठन मंत्री श्री बनारसी दास वरमानी ने दी । बताया गया है कि उग्रवादियों ने डाक्टर साधु राम की हत्या करने के बाद खालिस्तान समर्थक नारे लगाए ।

फगवाड़ा बंद का आह्वान : श्री वरमानी ने बताया कि पंजाब जनता पार्टी ने डाक्टर साधु राम की हत्या के विरोध में कल फगवाड़ा बंद का आह्वान किया है ।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव व फगवाड़ा के भूतपूर्व इंका विधायक जोगिन्दर सिंह मान, भारतीय जनता पार्टी पंजाब के महासचिव श्री स्वर्ण राम, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रामस्वरूप अरोड़ा, नगर सुधार सभा के अध्यक्ष श्री मनोहर लाल कौड़ा, मक्खन सिंह संघ आदि ने डा. साधु राम की हत्या की कड़ी निन्दा की है । श्री मान ने 9 मार्च के फगवाड़ा बंद के जनता दल के आह्वान का समर्थन किया है । शांति समिति फगवाड़ा ने भी 9 मार्च को फगवाड़ा बंद का आह्वान किया है ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस को संदेह है कि डाक्टर साधु राम की हत्या आतंकवादी-अपराध नहीं है । जनता नेता डाक्टर साधु राम कई झगड़ों में शामिल थे तथापि जांच जारी है ।

2 भाइयों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के एक कस्बा सुर सिंह में चार आतंकवादियों ने गत रात एक जमींदार प्रीतम सिंह के घर में दाखिल होकर अंधाधुंध फ़ायरिंग की जिससे दो सगे भाइयों बरियाम सिंह व अजीत सिंह, जो कि मोहन सिंह के लड़के हैं, मारे गए । घटना के विवरण के अनुसार आतंकवादियों के पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें थीं । प्रीतम सिंह के घर में वे साढ़े 7 बजे शाम दाखिल हुए जबकि घर के सदस्य टैलीविजन पर कार्यक्रम देख रहे थे । आतंकवादियों की फायरिंग से दोनों भाइयों की मौका पर ही मृत्यु हो गई जबकि प्रीतम सिंह ज़ख्मी हो गया जिसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

घायल कर दिया : एक और सूचना के अनुसार आज सुबह 6 बजे के करीब अमृतसर की बाहरी आबादी गुरुनानक बाड़ा, जो कि खालसा कालेज के निकट है, में दूध लेकर जा रहे एक व्यक्ति अवतार सिंह पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां चलाकर उससे बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया । उसकी छाती व सिर में गोलियां लगी हैं । सरकारी अस्पताल में उसकी दशा गम्भीर बताई गई है ।

'वार्ता' के अनुसार बाद में अवतार सिंह की मृत्यु हो गई ।

औरत की हत्या : थाना भिखीविंड के गांव बांकाबाह की एक अधेड़ आयु की औरत प्यारो की गत रात हत्या कर दी गई । इससे पूर्व उसका गांव पदरी कलां से अपहरण कर लिया गया था ।

एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने थाना छेहर्टा के गांव मुला बहराम में बलदेव सिंह के घर से लाइसैंसशुदा 315 बोर की राइफल तथा 25 कारतूस छीन लिए ।

सब्जी मंडी में हड़ताल : अमृतसर से कमलेश के अनुसार गत दिवस सब्जी मंडी में एक आढ़ती को उग्रवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर दिन-दिहाड़े लूटने के विरुद्ध आज सब्जी मंडी में हड़ताल रही । फ्रूट एंड वैजीटेबल मर्चैंट्स यूनियन ने घोषणा की है कि जब तक सरकार आढ़तियों को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी, हड़ताल जारी रहेगी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (ह.स.): तरनतारन पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों गुरमेज सिंह उर्फ गेजा और झीरमल सिंह को गिरफ्तार किया है । तरनतारन पुलिस जिला चीफ श्री संजीव गुप्ता ने आज एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि गुरमेज सिंह सखीरा क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया है, जहां वह उस समय कोई जघन्य अपराध करने के बारे में षड्यंत्र की योजना बनाने के लिए अपने साथियों की प्रतीक्षा कर रहा था । दूसरे आतंकवादी को नौरंगाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है तथा उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ के दौरान इस आतंकवादी ने अनेक डकैतियों, लूटमार और फिरौती वसूल करने के मामले में संलिप्त होना स्वीकार किया है । दोनों आतंकवादियों से आगे भी पूछताछ की जा रही है ।

बुलेर में हत्या : बटाला थाना सदर के गांव बुलेर में कुछ व्यक्तियों ने एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी जबकि उसके भाई को सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

अपहरण : 'कोछड़' के अनुसार कल रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के अंतर्गत सीरा गांव में दो अज्ञात स्कूटर सवारों ने एक लड़के कुलविंदर सिंह का अपहरण कर लिया ।

नकदी व रुपए छीने : कल फिरोजपुर जिला

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब के पूर्व विधायक और जनता नेता डा. साधु राम की आतंकवादि फगवाड़ा के पास माधोपुर गांव में हत्या कर दी । (चित्रों में) (1) डा. साधु रा उनका पुराना चित्र, (2) वह टैम्पो जिसमें उनकी गोलियों से हत्या की गई, (3 परिवार । (छाया

अमृतसर के एक थाने में टोहरा के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज

अमृतसर, 8 मार्च (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा बन्धक कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह टोहरा यहां 6 मार्च को सदर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए एक राजद्रोह के केस में संलिप्त किए गए हैं।

आतंकवाद एवं विध्वंसक गतिविधियां निरोधक कानून की धाराओं तीन व चार तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए के अधीन यह केस स्थानीय पुतलीघर की निक्का सिंह कालोनी के एक दर्जी डीलर श्री मलतान सिंह के बयान के आधार पर किया गया है । यह केस थाना मजीठा में

श्री टोहरा ने पुलिस अधिकारियों को झूठे मुकाबलों के बारे में चेतावनी देते हुए उन्हें डी.आई.जी. अटवाल और डी. एस.पी. गुरबचन सिंह का परिणाम याद दिलाया था ।

"उसने आगे दावा किया था कि श्री टोहरा ने सिखों से उग्रवादी संगठनों और फैडरेशन की धन द्वारा सहायता करने की अपील की है ताकि खालिस्तान का लक्ष्य प्राप्त हो सके ।"

एफ.आई.आर. की कापी आज यहां प्रैस के लिए

मंत्रियों का डेढ़ वर्ष का टैलीफोन खर्च 6941350 रु.

चंडीगढ़, 8 मार्च (एन.एस. परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने एकप्रश्न के

पार्टी के 80 प्रतिशत नेत समर्थन कर रहे हैं : बलवं

अमृतसर, 8 मार्च (ह.स.): अकाली दल लौंगोवाल के असंतुष्ट नेता तथा पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवन्त सिंह ने आज दावा किया है कि अकाली दल (तलवंडी) के साथ एकता के प्रश्न पर पार्टी के 80 प्रतिशत प्रतिनिधि, जिला तथा मंडल

बलवन्त सिंह ने बताया कि उन लगभग शत-प्रतिशत नेताओं रही बैठक में भाग लेने का विश्व बैठक 16 मार्च को अमृतसर

Digitized by Sangtani



पंजाब के पूर्व विधायक और जनता नेता डा. साध राम की आतंकवादियों ने बुधवार प्रातः फगवाड़ा के पास माधोपुर गांव में हत्या कर दी । (चित्रों में) (1) डा. साधु राम का शव (इन्सैट) उनका पुराना चित्र, (2) वह टैम्पो जिसमें उनकी गोलियों से हत्या की गई, (3) उनका बिलखता परिवार । (छाया : अशोक, अल्पना)

हरियाणा में कोई नया
3816.13 करोड़ का

36.24 करोड़ के घाटे का अनुमान : योजना खर्च के लिए 676 करोड़ का प्रावधान : गुप्त

33.61 करोड़ के राज्य की वित्तीय

बेरोज़गार भत्ता योजना पर 6.04 क

चंडीगढ़, 8 मार्च (राकेश संधी): हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता ने आज राज्य विधानसभा में अगले वित्तीय वर्ष का 36.24 करोड़ रुपए के घाटे का बजट पेश किया जिसमें कोई नया कर या ड्यूटी लगाने का प्रस्ताव नहीं रखा गया है और न ही किसी वर्ग को कोई विशेष छूट देने का प्रस्ताव है । अपने लगभग एक घंटे दस मिनट के बजट भाषण में श्री गुप्ता ने कहा कि इस घाटे को कुशल वित्तीय प्रबन्ध व बचत के उपायों से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष का 36.32 करोड़ रुपए के घाटे का बजट पेश किया गया था,जो सरकारी खर्चे में कमी कर और कुशल वित्तीय प्रबन्ध की मदद से संशोधित अनुमान के आधार पर 19.78 करोड़ रुपए रह गया है । उन्होंने नए बजट को प्रगतिशील बजट करार देते हुए कहा कि इस बजट के योजना अनुमान में 676 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो चालू वित्तीय वर्ष के मुकाबले 23.36 प्रतिशत अधिक है, जिसमें से 62.68 करोड़ रुपए कृषि व सम्बद्ध सेवाओं पर, 15.73 करोड़ रुपए ग्रामीण विकास पर, 93.95 करोड़ रुपए सिचाई व बाढ़ नियंत्रण पर, 202 करोड़ रुपए बिजली पर, 14 करोड़ रुपए उद्योगों पर, 37.51 करोड़ रुपए परिवहन व संचार पर तथा 233.18 करोड़ रुपए सामाजिक सेवाओं पर खर्च करने का प्रावधान है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के कुल योजना खर्च का 29.9% भाग बिजली के क्षेत्र पर, 13.9% भाग सिचाई योजना पर व 34.5% भाग समाज सेवा क्षेत्र पर खर्च किया जाएगा । उन्होंने कहा कि बिजली व सिचाई पर चालू वित्तीय वर्ष के मुकाबले 25.39% राशि अधिक खर्च की जाएगी, जबकि समाज सेवा स्कीमों पर इस वर्ष के मुकाबले अगले वर्ष में 18.27% राशि अधिक खर्च की जाएगी । उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पैंशन योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष के 79.6 करोड़ रुपए के मुकाबले अगले वित्तीय वर्ष के लिए 90 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है ।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नए वित्तीय वर्ष में पेश किए गए बजट में रेल भाड़ा, कोयला, स्टील और विभिन्न वस्तुओं पर एक्साईज़ ड्यूटी में वृद्धि कर जनता पर पहले से ही भारी बोझ डाल दिया गया है । इसलिए राज्य के बजट को कर रहित रख कर जनता की समस्याओं को और नहीं बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को परिवहन व बिजली जैसी सेवाओं के प्रबन्ध में निपुणता और सुधार लाना होगा ताकि मूल्य वृद्धि के बुरे प्रभावों को सीमित रखा जा सके ।

श्री गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार अगले वित्तीय वर्ष के मध्य तक खेप कर लगाने के अपने वचन को पूरा कर देगी जिससे सरकार को लगभग 50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा ।

नए वित्तीय वर्ष के बजट का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि कुल प्राप्तियां 3999.67 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जबकि कुल खर्च 3816.13 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है ।

श्री गुप्ता ने एस.वाई.एल. नहर की चर्चा करते हुए खेद व्यक्त किया कि केन्द्र सरकार इस नहर के पंजाब के भाग को पूरा करने के महत्वपूर्ण मामले से अपने हाथ पीछे खींच रही है । इस परियोजना के विलम्बित हो जाने से इसका खर्च बढ़कर 430 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इस परियोजना पर 34.5 करोड़ रुपए खर्च करना पड़ा है, जबकि अगले वर्ष 15 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है ।

बिजली की स्थिति की चर्चा करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष के अन्त तक पानीपत में 210 मैगावाट का एक और यूनिट तथा पश्चिम यमुना नहर पन-बिजली योजना में 8-8 मैगावाट क्षमता के दो यूनिट चालू हो जाएंगे । जबकि बल्लभगढ़ में 216 मैगावाट क्षमता का गैस पर आधारित विद्युत प्लांट लगाने के बारे में केन्द्र सरकार से बातचीत की जा रही है ।

उन्होंने कहा कि कर्ज़ा माफी योजना के अन्तर्गत हारको बैंक तथा राज्य भूमि विकास बैंक ने 3.99 लाख लोगों को 33.61 करोड़ रुपए की राहत दी । इसके बावजूद वित्तीय स्थिति कमज़ोर नहीं होने दी गई तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सहकारिता क्षेत्र से 251 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए जबकि अगले वर्ष 315 करोड़ रुपए के ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य में 40 अन्य वैटनरी डिस्पैंसरियां तथा एक पौली क्लीनिक खोले जाने व 30 वैटनरी डिस्पैंसरियों को अपग्रेड करने का प्रस्ताव है । उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा की खातिर हिसार व अम्बाला में 2 जिला शिकायत निवारण मंच खोले जाने का फैसला किया गया है ।

उद्योगों के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान 2500 लघु औद्योगिक केन्द्र व 15 बड़ी व मध्यम औद्योगिक इकाइयां स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ।

श्रम व रोज़गार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अकुशल कृषि व औद्योगिक श्रमिकों का इस वर्ष जनवरी से जो न्यूनतम वेतन निश्चित किया गया है वह देश भर में सब से अधिक है । उन्होंने कहा कि

पार्टी के 80 प्रतिशत नेता मेरा समर्थन कर रहे हैं : बलवंत सिंह

अमृतसर, 8 मार्च (ह.स.): अकाली दल लौंगोवाल के असंतुष्ट नेता तथा पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवन्त सिंह ने आज दावा किया है कि अकाली दल (तलवंडी) के साथ एकता के प्रश्न पर पार्टी के 80 प्रतिशत प्रतिनिधि, ज़िला तथा सर्कल प्रधान सांसद और विधायक उनकी हिमायत कर रहे

बलवन्त सिंह ने बताया कि उन्हें माझे और दोआबे के लगभग शत-प्रतिशत नेताओं ने एकता के लिए हो रही बैठक में भाग लेने का विश्वास दिलाया है । यह बैठक 16 मार्च को अमृतसर में हो रही है ।

श्री बलवन्त सिंह ने अपने अमृतसर जिले के दौरे में शहर के वरिष्ठ नेताओं श्री शिशपाल सिंह और

बलवंत सिंह अक
एकता में बाधक

सामाना, 8 मार्च (वर्मा): आज यहां से दस किलो मीटर दूर गांव बमना में अकाली दल (लौंगोवाल) की एक जनसभा आयोजित की गई । इस जनसभा को श्री सरजीत सिंह बरनाला, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री तोता सिंह, पूर्व मंत्री कैप्टन कंवलजीत सिंह और श्री प्रेम गुप्ता ने संबोधित किया ।

जनसभा में बोलते हुए श्री सरजीत सिंह बरनाला ने कहा कि बलवन्त सिंह विभिन्न अकाली दलों की एकता में बाधक थे । अब जब उनको अकाली दल से निकाल दिया गया है, तो एकता का रास्ता साफ़ हो गया है । उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अकाली दल के विभिन्न गुटों में एकता स्थापित हो जाएगी ।

कलकत्ता और रे में

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 9.3.1989

अमृतसर की फल एवं सब्जी मंडी में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा एक दुकान में घुस कर गोलियां चलाई गई लेकिन निशाना चूक जाने के कारण कोई प्राणहानि नहीं हुई । आतंकवादी वहां से रुपया छीन कर फरार हो गए । (चित्र में) (1) दीवार पर गोलियों के निशान व आफिस जहां से रुपया लूटा गया, (2) घटना स्थल का निरीक्षण करती हुई पुलिस तथा मंडी के पदाधिकारियों की मीटिंग का दृश्य, (3) अनिश्चितकालीन बंद के उपरांत मंडी का एक दृश्य । (छाया : रवि भंडारी)

डा. साधु राम की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

के झंडा बाघापुराना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सोहन सिंह से जेवर तथा 6000 रुपए नकद छीन लिए गए ।

गतिविधियों पर रोक : फिरोज़पुर के जिलाधिकारियों ने सीमा पार से घुसपैठ को रोकने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय सीमा की 500 मीटर की परिधि में सूर्यास्त से सूर्योदय तक आम जनता के घूमने-फिरने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 30 अप्रैल तक लागू रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा जिला भर में सभी सिनेमा घर रात्रि 9 बजे बंद करने को कहा गया है ।

एक और हत्या : पुलिस ने आज बताया कि जिला संगरूर के थाना दाखा के अंतर्गत भनौर गांव में एक व्यक्ति गुरमेल सिंह की हत्या कर दी गई ।

जोगेंद्र सिंह का अपहरण : आतंकवादियों के एक गिरोह ने जिला फिरोज़पुर के गांव फतेहगढ़ से एक व्यक्ति जोगेंद्र सिंह का अपहरण कर लिया उसका अब तक कुछ पता नहीं चला ।

संगरूर पुलिस ने एक आतंकवादी बलजीत सिंह उर्फ केली को गिरफ्तार करके 12 बोर का रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद किए ।

स्कूटर छीना : अमलोह से 'भूषण सूद' के अनुसार कल शाम गांव कढ़ीर के निकट एक व्यक्ति भजन वीर सिंह वासी दलाल माजरा से कुछ संदिग्ध व्यक्ति उसका बजाज स्कूटर छीन ले गए । गांव टिब्बी में एक व्यक्ति चरणजीत से उसकी 12 बोर की बंदूक तथा 14 कारतूस छीन कर ले गए ।

बिहारी मज़दूर की लाश मिली : आज प्रातः गांव सलाबी से एक बिहारी मज़दूर की लाश रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में बरामद हुई । पुलिस जांच कर रही है ।

संशोधन

6.3.89 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित अशोका सुपर बम्पर लाटरी के पहले ड्रा के परिणाम में नीचे 'नोट' में "सील डिस्ट्रीब्यूटर, आयोजक तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार" की बजाए "सचिव लाटरीज़ और आर्गेनाइज़िंग एजैंट" पढ़ें ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

धरना समाप्त करने का फैसला

चंडीगढ़, 8 मार्च (संघी): पंजाब में कथित पुलिस दमन के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन द्वारा दिया जा रहा धरना आज छठे दिन में प्रवेश हो गया ।

'वार्ता' के अनुसार पंजाब भारतीय किसान यूनियन ने आंदोलनरत किसानों की रिहाई के बाद अपना धरना उठाने का फैसला किया है । यह फैसला कल लुधियाना में हुई यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया है ।

टोहरा अब भी जोधपुर जेल में

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह का एक छोटा भाई भी संलिप्त था ।

सूत्रों के अनुसार 59 बंदियों को तो अगले कुछ दिनों में रिहा कर दिया जाएगा लेकिन शेष 19 कट्टर उग्रवादियों के बारे में सरकार ने अभी कोई फैसला नहीं किया है । सरकार ने राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो की अध्यक्षता में नजरबंदों के केसों पर पुनरावलोकन के लिए एक समिति गठित की है ।

सूत्रों का कहना है कि कल जिन बंदियों से श्री गिल ने आदमपुर हवाई अड्डे पर बातचीत की थी, उन्होंने रिहाई की अपील की । एक बंदी ने पूछा कि जब सब विचार हो गया है और उनकी स्क्रीनिंग हो चुकी है, उन्हें रिहा क्यों नहीं किया जा रहा । लेकिन एस.एस.पी. ने कहा कि सभी बंदियों बारे छानबीन की जाती है और उनकी रिहाई की प्रक्रिया उसके बाद ही शुरू होगी । इसमें एक सप्ताह में दस दिन तक लग सकते हैं ।

शेष नज़रबंदों के नाम हैं : कर्म सिंह कावलसिंह, कलवीर सिंह, कश्मीर सिंह, मनजीत सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह, मनजीत सिंह पुत्र सरजीत सिंह, नरिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, संतोख सिंह, सुखवंत सिंह, सुरिंदर सिंह, राम सिंह, बलविंदर सिंह, हरमिन्दर सिंह, मनजीत सिंह, बलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, गुलजार सिंह, गुरनाम सिंह, सुरजीत सिंह, गुरमेज सिंह, जसबीर सिंह, जोगिन्दर सिंह, जोगा सिंह, अनोख सिंह, भूपिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, बलविन्दर सिंह, निर्मल सिंह, धनदेव सिंह, हरदेव सिंह, सुखवंत सिंह, सुखदेव सिंह व राजिन्दर सिंह (सभी अमृतसर जिला)।

पूरण सिंह, मिट्ठू सिंह, मन्दर सिंह, अजीत सिंह, मन्धर सिंह, रूप सिंह, बूटा सिंह, बलविंदर सिंह, दविन्दर सिंह, सरबारा सिंह, ओंकार सिंह, दर्शन सिंह, गोपाल सिंह, बूटा सिंह, बस्सन सिंह, वरयाम सिंह (सभी फरीदकोट जिला) ।

कावल सिंह, जगदीश सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरटेक सिंह (सभी फिरोजपुर जिला) ।

कश्मीर सिंह, रणधीर सिंह, जसबीर सिंह (गुरदासपुर) ।

अमविन्दर सिंह व उजागर सिंह (पटियाला जिला) ।

गुरचरण सिंह व इन्द्रजीत सिंह (लुधियाना जिला) । राजिन्दर सिंह (भटिंडा जिला), उज्जलसिंह (रोपड़ जिला), जगराज सिंह (उत्तर प्रदेश), बलजीत सिंह (जालंधर जिला) । जोग सिंह (हरियाणा) ।

'ढल्ल' के अनुसार पता चला है कि दो नज़रबंदों मिट्ठू सिंह और राजिंदर सिंह को भटिंडा पुलिस आज यहां से भटिंडा ले गई है । समझा जाता है कि वहां उनके विरुद्ध दर्ज केसों की पड़ताल कर छोड़ दिया जाएगा । यह भी पता चला है कि अधिकतर नज़रबंदों को उनके जिलों की पुलिस के हवाले कर दिये जाएगा, जो उनके केसों की पड़ताल कर उन्हें रिहा करने या मकद्दमा चलाने की कार्रवाई करेगी । उम्मीद है कि इस सप्ताह के अंत तक इन सभी के बारे में कोई अंतिम कार्रवाई हो जाएगी । यह भी सम्भावना है कि श्री मनजीत सिंह और श्री हरमिन्दर सिंह को इस सप्ताह अंत तक यहीं जेल से रिहा कर दिया जाए ।

आज एस.जी.पी.सी. द्वारा पहले से कायम वकीलों की टीम के सदस्यों श्री पी.एस. सिद्धू व श्री लखबीर सिंह धामी ने जेल में कुछ नज़रबंदों से मुलाकात की और कानूनी मदद बारे बातचीत की ।

परिवारों की भेंट : 'हस' के अनुसार मनजीत सिंह और हरमिंदर सिंह के परिवारों ने आज जालंधर जेल में उनसे भेंट की । दमदमी टकसाल के

हरियाणा में लड़कियों का अकाल पड़ जाएगा ?

चंडीगढ़, 8 मार्च (संघी): हरियाणा में लड़के और लड़कियों की जन्म दर का वर्तमान अनुपात यदि मौजूदा स्थिति में ही कायम रहा तो आने वाले समय में हरियाणा के लड़कों को अपने लिए दुल्हनें दूसरे राज्यों से लानी पड़ेंगी ।

हरियाणा के योजना विभाग के आर्थिक व सांख्यकीय संगठन की ओर से वर्ष 1987-88 के लिए प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में 100 लड़कियों के जन्म के मुकाबले में 140 लड़कों ने जन्म लिया । इन आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 100:148 तथा शहरी क्षेत्रों में 100:121 रहा है ।

न्याय मोर्चा के सभी वर्कर बिना शर्त रिहा

चंडीगढ़, 8 मार्च (संघी): न्याय मोर्चा चंडीगढ़ के गत 11 दिनों में गिरफ्तार किए गए लगभग एक हजार वर्करों को आज रात प्रशासन ने बिना शर्त रिहा कर दिया ।

महिलाओं को रे व रिबैरो तक पहुंचने नहीं दिया गया

चंडीगढ़, 8 मार्च (वि.प्र.): नारी मंच पंजाब की संयोजक डा. आवन जोशी ने आज सायं यहां बताया कि राज्यपाल श्री एस. रे और उनके सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो तक हमें पहुंचने नहीं दिया गया । हम उन्हें अपने बनी चाहती थीं । जब इस बारे हम पर कुछ पाबंदियां लगाई गई तो प्रोटैस्ट के तौर पर हमने फैसला किया है कि महिलाओं पर पंजाब पुलिस द्वारा किए जा रहे अत्याचार के बारे में ज्ञापन ही न दिए जाएं । इस प्रकार वे नारे लगाती हुई चली गई ।

पंजाब सरकार खुले बाजार में 4.90 करोड़ के ऋण जारी करेगी

चंडीगढ़, 8 मार्च (वि.प्र.): योजना खर्च को आंशिक रूप से वित्त प्रदान करने तथा कार्याधीन विकास योजनाओं के लिए धन जुटाने की खातिर पंजाब सरकार खुले बाजार में 4.90 करोड़ रुपए के ऋण "11.50% पंजाब ऋण 2008" के नाम से जारी करेगी । वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने उक्त रहस्योद्घाटन करते हुए बताया कि सरकार 15 मार्च को इसे जारी करेगी तथा यह उस दिन बैंक बंद होने तक जारी रहेंगे । ऋण का इश्यू प्राईस प्रत्येक आवेदित 1000 रु. पर 1000 रु. होगा तथा यह 29 अगस्त 2008 में देय होगा ।

अकाली प्रतिनिधियों द्वारा बलवंत सिंह के निष्कासन का समर्थन

चंडीगढ़, 8 मार्च (वि.प्र.): आध दर्जन अकाली प्रतिनिधियों जीवन सिंह उमरानंगल, सुरेन्द्र सिंह धुरी, करनैल सिंह डोड, लाला कस्तूरी लाल, गुरदीप सिंह भैणी (सभी पूर्व विधायक) तथा शिरोमणि कमेटी के सदस्य हाकिम सिंह ने श्री बलवंत सिंह को अकाली दल (ल) से निष्कासित करने के बारे में जिला जत्थेदारों के फैसले का पूर्ण समर्थन किया है । श्री डोड ने एक अलग बयान में श्री बलवंत सिंह पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए केंद्र सरकार से सौदेबाजी कर रहे थे । इस बीच पंजाब के भूतपूर्व एडवोकेट जनरल गुरदर्शन सिंह ग्रेवाल ने अकाली लीडरों की फट पर आंसू बहाते हुए उनसे अपील की है कि वे जैसे भी हो, इस नाजुक चरण पर एकता कर लें । श्री ग्रेवाल ने श्री बलवंत सिंह के निष्कासन को नापसंद किया है ।

पंजाब लोक सेवा आयोग को नोटिस

चंडीगढ़, 8 मार्च (गुप्ता): पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने पंजाब के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत कुछ अध्यापकों की एक याचिका पर आज पंजाब लोक सेवा आयोग को 19 अप्रैल का नोटिस जारी किया है ।

अब हड़ताल 4 मई से


(पृष्ठ 3 का शेष)

अकाली कार्यकर्त्ता अब किसी को भी अपने स्वार्थ के लिए राजनीतिक सौदेबाजी नहीं करने देंगे । उन्होंने कहा कि अगर सचमुच पंथक एकता करनी है तो श्री तलवंडी 16 मार्च को बुलाया गया सम्मेलन रद्द करें व श्री बरनाला से पंथक एकता के लिए सच्चे दिल से बात करें ।

श्री खालसा और श्री सरजीत सिंह शाम ने श्री बरनाला व जत्थेदार तोता सिंह से आग्रह किया है कि वे उन लोगों की चालों से सतर्क रहें जोकि दल के कार्यकर्त्ताओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं ।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री बसन्त साठे जिला पटियाला के गांव जलखेड़ी में 11 मार्च को पराली से बिजली पैदा करने वाले 10 मैगावाट के सामर्थ्य वाले प्लांट का शिलान्यास करते हुए । पंजाब के राज्यपाल श्री रे, श्रीमती माया रे और पंजाब बिजली बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. वसन्त भी साथ दिखाई दे रहे हैं । इनसैट में श्री एन.एस. वसन्त इस प्लांट का माडल श्री साठे को दिखाते हुए ।

पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अधिकाधिक रोजगार के अवसर भी पैदा करने होंगे । उन्होंने कहा कि रोपड़ तथा भटिंडा ताप बिजली परियोजनाओं के विस्तार्थ केंद्र सरकार धन उपलब्ध कराएगी इसके अतिरिक्त 13 अन्य छोटी परियोजनाएं भी स्थापित की जाएंगी जो 165 मैगावाट बिजली पैदा करेंगी ।

उन्होंने कहा कि पंजाब देश का सिर है तथा सिर को कटने नहीं दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता को किसी भी भ्रामक प्रचार से गुमराह नहीं होना चाहिए । आज स्थापित परियोजना सम्भवतः अगले वर्ष मार्च माह में काम शुरू करेगी ।

डाक्टर गिरफ्तार : पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने बताया है कि गांव जलखेड़ी में प्रदर्शन करने गए 12 डाक्टरों तथा मैडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया गया है ।

प्रवक्ता के अनुसार वहां करीब 100 डाक्टर गए थे । प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि समारोह स्थल के तीन सौ मीटर के घेरे के बीच पुलिस ने उनसे मारपीट की है तथा पुलिस की इस कार्रवाई से करीब दर्जन डाक्टरों को चोटें भी आई हैं । प्रवक्ता के अनुसार जो डाक्टर किसी तरह पंडाल में प्रवेश कर गए थे उन द्वारा अपनी मांगें उठाने पर सादा वर्दी में वहां उपस्थित पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें बाहर निकाल दिया ।

आंदोलन तेज करने की घोषणा : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड तकनीकी सेवा संगठन ने, गांव जलखेड़ी में बिजली कर्मियों के साथ पुलिस की कथित ज्यादतियों पर रोष व्यक्त करने के लिए अपना आंदोलन तेज करने की घोषणा की है ।

संगठन के प्रवक्ता ने बताया है कि आगामी सोमवार से बोर्ड के 'फील्ड' कार्यालयों में गेट रैलियां की जाएंगी । प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि गांव जलखेड़ी में चावल भूसी से चलने वाले 'पावर प्रोजैक्ट' के शिलान्यास समारोह के अवसर पर बोर्ड के कुछ कर्मचारी पंडाल में किसी तरह प्रविष्ट हो गए थे तथा जब इन्होंने वहां अपनी मांगें उठाईं तो पुलिस ने उनको पकड़ कर बलपूर्वक बाहर निकाल दिया तथा इन की बुरी तरह से पिटाई की ।

संगठन ने मांग की है कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए । पुलिस की कथित ज्यादतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करने के लिए बिजली कर्मियों ने गांव के पास पटियाला मार्ग पर आधा घंटा तक यातायात भी रोका ।

मांग

चंडीगढ़, 11 मार्च (संघी): पंजाब एवं चंडीगढ़ कालेज टीचर यूनियन की चंडीगढ़ शाखा ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में मान्यता प्राप्त निजी कालेजों के अध्यापकों को भी पंजाब के समान भत्ते दिए जाएं ।

सत्येंद्र नारायण सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री का पद श्री आजाद के त्यागपत्र के बाद रिक्त हुआ था । राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया ने उनका त्यागपत्र कल स्वीकार कर लिया था ।

श्री आजाद ने 14 फरवरी 1988 को बिहार के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया था लेकिन पिछले कुछ महीनों से विक्षुब्ध विधायकों के भारी विरोध के कारण राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण बन गया था ।

विक्षुब्ध विधायकों ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की मांग को लेकर विधान मंडल के पिछले बजट सत्र का बहिष्कार किया था, जिसके चलते बजट सत्र को विक्षुब्धों के भारी प्रतिरोध के कारण बिना बजट को स्वीकृत किए अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था ।

इससे पूर्व पटना हवाई अड्डे पर निवर्तमान मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद, प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र और बड़ी संख्या में पार्टी के विधायकों ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों का स्वागत किया । पर्यवेक्षकों के साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर तथा राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष शिव चन्द झा भी आए ।

इससे पहले भागवत झा आजाद के आवास पर आज विधायकों की बैठक हुई, जिसमें दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गांधी द्वारा मनोनीत प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय किया गया ।

विधायक दल की बैठक शुरू होने से एक घंटा पहले तक नेता के नाम पर विधायकों के बीच कोई राय नजर नहीं आ रही थी । कल रात तक नए नेता के लिए श्री भीष्म नारायण सिंह और श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह प्रबल दावेदार बताए जा रहे थे । लेकिन आज सुबह से श्री तारिक अनवर के नए नेता के रूप में चयन की अधिक सम्भावना व्यक्त की जाने लगी । कांग्रेस (इ) खेमे में इस बात की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही थी कि आलाकमान ने नए नेता के नाम से राज्य के नेताओं को अवगत करा दिया है ।

श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह ने यहां राजभवन में शपथ ग्रहण के तुरंत बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि वे अपने मंत्रिमंडल का शीघ्र विस्तार करेंगे । उनके समक्ष अभी पहला कार्य अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के बीच विभागों का वितरण करना है । उन्होंने कहा कि देश की प्राथमिकताएं उनकी भी प्राथमिकताएं होंगी ।

परिचय : समस्याओं से आक्रांत बिहार में हाल के महीनों के राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आज कांग्रेस (इ) विधायक दल के नेता चुने गए सत्येन्द्र नारायण सिंह राज्य ही नहीं अपितु देश के वरिष्ठ राजनेताओं में से हैं । उनका सैंतीस वर्षों का लम्बा संसदीय जीवन निरंतर सफलता की गाथा रहा है और चुनाव के मैदान में उन्हें हमेशा विजय मिलती रही ।

"छोटे साहब" – के नाम से लोकप्रिय श्री सिंह बिहार के भूतपूर्व वित्त मंत्री एवं कर्मठ स्वतंत्रता सेनानी श्री अनुग्रह नारायण सिंह के पुत्र हैं । दो भाइयों में छोटे श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह का जन्म एक फरवरी 1919 को औरंगाबाद जिले के पोइवां ग्राम में हुआ था ।

श्री सत्येंद्र नारायण को जिस बैठक में नेता चुना गया,वह उसमें उपस्थित नहीं थे । उनका विमान समय पर नहीं पहुंच सका । श्री सिंह का विमान एक घंटा बीस मिनट पर पटना पहुंचने वाला था किंतु

पंजाब प्रवर्तक उपाध्याय श्रमण श्री फूल चंद जी महाराज की

पावन पुण्य स्मृति में

उनके

76वें जन्म जयन्ती महोत्सव

के उपलक्ष्य में

चैत्र कृष्ण चतुर्थी



Punjabi Sanstan

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : पुलिस वालों से 3 राइफलें छीनी गईं

भूतपूर्व सैनिक को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया

एस.पी.ओ. का आतंकवादियों द्वारा अपहरण

चंडीगढ़, 12 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक भूतपूर्व सैनिक को सख्त घायल कर दिया गया । एक एस.पी.ओ. का अपहरण किया गया । आतंकवादियों ने पुलिस वालों से 3 राइफलें व 150 कारतूस छीन लिए । कल मक्खू क्षेत्र में अपहृत जूनियर इंजीनियर शिव दर्शन का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

दो व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (हस): पुलिस ने बताया कि कल देर रात थाना पट्टी के अंतर्गत गांव ठगाना में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों जसबीर सिंह तथा मुक्खा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन दोनों का आतंकवादियों ने उनके घरों से अपहरण किया और निकटवर्ती खेत में ले जाकर उनको गोलियां मारीं ।

हथियार लूट लिये : अमृतसर जिले के नागोके गांव में पंजाब बिजली बोर्ड कार्यालय में पहरा दे रहे चार पुलिस कर्मियों से आतंकवादियों ने उनकी तीन राइफलें व 150 कारतूस छीन लिये । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने कार्यालय में पहुंच कर पुलिस कर्मियों को हाथ ऊपर उठाने का आदेश दिया व उनके हथियार आदि लेकर फरार हो गए । इस स्थान पर चार अन्य पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी थी परन्तु वे गैर हाजिर थे ।

शरणदाता बंदी : पुलिस ने मजीठा जिले में आतंकवादियों को प्रश्रय देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम हरपाल सिंह उर्फ भल्ला तथा लखविन्दर उर्फ साहब हैं ।

एस.पी.ओ. का अपहरण : कल रात तरनतारन पुलिस जिले के हरिके क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. बलविंदर सिंह का अपहरण कर लिया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बलविंदर सिंह एक होमगार्ड कर्म सिंह के साथ शराबी हालत में मंड क्षेत्र की ओर चला गया जहां आतंकवादियों ने उन्हें पकड़ लिया, जबकि आतंकवादियों ने कर्म सिंह को छोड़ दिया व बलविंदर सिंह को अज्ञात स्थान की ओर ले गए ।

छुरा मार कर हत्या : कल रात पटियाला नगर में एक व्यक्ति की छुरा मार कर हत्या कर दी गई । पटियाला जिला में दो व्यक्तियों जरनैल सिंह तथा बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे दो पिस्तौलें बरामद की गईं ।

आज भी पटियाला में एक व्यक्ति की छुरा मार कर हत्या कर दी गई ।

भूतपूर्व सैनिक घायल : होशियारपुर (हस): गत रात जिला होशियारपुर में एक भूतपूर्व सैनिक चंचल सिंह को दो आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने यहां बताया कि आतंकवादी जबरदस्ती चंचल सिंह के घर में घुस गये तथा फायरिंग करने के बाद फरार हो गए । चंचल सिंह को सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी दशा गम्भीर बताई जाती है ।

पुनः गिरफ्तार : भटिंडा जिला पुलिस ने जोधपुर के दो रिहा हुए नजरबंदों गुरदीप सिंह तथा मिट्ठू सिंह को मानसा पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध दर्ज किए गए पुराने केसों में गिरफ्तार कर लिया ।

आतंकवादियों को भगा दिया : नकोदर से 'गगन' के अनुसार वहां से दो किलोमीटर दूर गांव भाईवाल, जहां गत दिनों मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता कामरेड देवराज सहोता की हत्या कर दी गई थी, में आज प्रातः 5 बजे पुनः आतंकवादियों ने मार्क्सी पार्टी के एक नेता कामरेड रघुवीर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करने की कोशिश की लेकिन घर के लोगों ने गोलियां चला कर उन्हें भगा दिया । नकोदर पुलिस को सूचना दी गई है । पुलिस का कहना है कि गांव में स्थित पुलिस चौकी के किसी जवान ने फायरिंग की आवाज नहीं सुनी ।

4 गिरफ्तार : शाहकोट (चोपड़ा): शाहकोट की पुलिस ने 4 आतंकवादियों अजीत सिंह, जगतार सिंह उर्फ जग्गा, बलविंदर सिंह व रेशम सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल, एक 303 राइफल तथा एक बंदूक बरामद की । इन लोगों ने लोहियां में 8 व्यक्तियों को लूटा था । उनसे लूट का माल भी बरामद किया गया है ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने कल रात 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम प्रीत मोहन सिंह, कुलवंत सिंह, सुखदेव सिंह, रंजीत सिंह, मल्कीयत तथा जरनैल सिंह बताए गए हैं । इन लोगों से 3 बारह बोर की दोनाली बंदूकें, एक रिवाल्वर, तीन बम तथा अन्य हथियार बरामद किए गए ।

लाश मिली : गुरु हरसहाय से 'भंडारी' के अनुसार यहां से दस किलोमीटर दूर गांव कुतलगढ़ में एक व्यक्ति की लाश खेतों में पड़ी मिली । यह 65

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में पंचायत चुनाव कराने का फैसला बहुत बड़ी भूल है : कृष्ण लाल 'शर्मा

शिमला, 12 मार्च (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कहा है कि पंजाब में पंचायत चुनाव कराने का फैसला बहुत बड़ी भूल है क्योंकि इस सीमांत राज्य में स्थिति चुनाव कराने योग्य नहीं ।

एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब के आतंकवाद ग्रस्त जिलों से जनता का पलायन जारी है और इतना ही नहीं-शहरों की जनता भी पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं । उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी भी दृष्टि से पंजाब समस्या का हल नहीं हैं । उन्होंने कहा कि 1985 में भी सरकार ने राजीव-लौंगोवाल समझौता लागू करने की अपेक्षा पंजाब विधानसभा के चुनाव करा कर गलती की थी । श्री शर्मा ने खेद व्यक्त किया कि पंजाब समस्या को हल करने की अपेक्षा सरकार इस राज्य में सत्ता की राजनीति चल रही है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब बारे सरकार की नीति दिशाविहीन है तथा पंजाब बारे आज तक सभी फैसले तदर्थ रूप में ही किए गए हैं ।

प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में पंजाब बारे की गई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह न तो 'पैकेज' है और न ही इस समस्या के समाधानार्थ उठाया गया कोई पग है । उन्होंने कहा कि इतने समय तक लोगों को जोधपुर की जेल में बिना कारण बंद रखा गया जबकि सभी राजनीतिक दलों ने उनकी रिहाई की मांग की थी । अधिकांश बंधकों के खिलाफ कोई केस नहीं बन पाया है अतः सरकार को उनकी रिहाई में देरी बारे स्पष्टीकरण देना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि गोली की भाषा बोलने वाले किसी भी वर्ग से वार्ता का भाजपा हर तरह से विरोध करती है । वार्ता राजनीतिक पार्टियों से ही की जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थिति सामान्य बनाने के लिए केंद्र सरकार को राज्य के सभी राजनीतिक दलों का समर्थन लेना चाहिए । पंजाब के सीमांत जिलों में सेना तैनात करने तथा सुरक्षा पट्टी की मांग दोहराते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के जिन क्षेत्रों में आतंकवाद पर काबू पाने में सुरक्षा बल सफल नहीं रहे हैं वहां सेना की मदद ली जानी चाहिए ।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो से इस आशय का आश्वासन लेने में भी असफल रहे हैं कि पाकिस्तान भारत के भीतरी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा । उन्होंने कहा कि आतंकवाद को सख्ती से कुचल दिया जाना चाहिए और जनता में यह विश्वास पैदा करना चाहिए कि सरकार उनके जान-माल की रक्षा करने में समर्थ है ।

उन्होंने कहा कि पानी के बंटवारे का मामला आम सहमति से निपटाया जाना चाहिए तथा यह मामला उच्चतम न्यायालय को देकर उसका फैसला सम्बद्ध पक्षों पर लागू करना सम्भवतः सही नहीं होगा ।

स्वदेश में निर्मित एस.ए पहली पनडुब्बी परीक्षण के

बम्बई, 12 मार्च (वार्ता): पश्चिम जर्मनी की कम्पनी एच.डी.डब्ल्यू. के सहयोग से देश में बनी एस.एस. वर्ग की पहली पनडुब्बी परीक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है और इस वर्ष के मध्य तक इसका जलावतरण किए जाने की सम्भावना है ।

इस पनडुब्बी का निर्माण बम्बई की मझगांव गोदी में किया गया है, जहां इस वर्ग की दूसरी पनडुब्बी पर काम चल रहा है और उसके भी अगले वर्ष के अन्त तक परीक्षण के लिए तैयार हो जाने की आशा है ।

मझगांव गोदी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रीयर एडमिरल एम.एम. पुरी ने हाल में यहां आए संवाददाताओं को बताया कि नौसेना को सौंपने से पूर्व पनडुब्बियों का गहन परीक्षण किया जाता है, जिसकी अवधि एक वर्ष से डेढ़ वर्ष तक हो सकती है । एडमिरल पुरी ने स्वीकार किया कि पनडुब्बी के निर्माण में विलम्ब हुआ है लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक वर्ष का विलम्ब पश्चिम जर्मनी से टैक्नालोजी के हस्तांतरण में ही हो गया था । उन्होंने कहा कि यह विलम्ब 'चिंताजनक' नहीं है ।

एडमिरल पुरी ने बताया कि एच.डी.डब्ल्यू. द्वारा बनाई गई अब तक की विशालतम पनडुब्बी के लिए आधारभूत ढांचा खड़ा करने तथा कर्मिकों के प्रशिक्षण में भी कुछ देर हुई । उन्होंने बताया कि एच.डी.डब्ल्यू. से लाइसैंस के तहत भारत में दो पनडुब्बियों के निर्माण के लिए आवश्यक ढांचा तैयार करने पर लगभग 45 करोड़ रुपए खर्च हुए । पनडुब्बी के लागत मूल्य में वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि इसकी सबसे बड़ी वजह विदेशी मुद्रा विनिमय दर में परिवर्तन है ।

एच.डी.डब्ल्यू. से करार होने के समय डयूश मार्क की विनिमय दर चार रुपए थी, जबकि आज यह दर लगभग आठ रुपए है । एडमिरल पुरी ने बताया कि इससे पहले देश में पनडुब्बी निर्माण की टैक्नालोजी और उसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, जबकि अब इस गोदी में इस वर्ग की पनडुब्बियां बनाई जा सकती हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की पनडुब्बियों के लिए बनाया गया ढांचा व्यर्थ नहीं जाएगा ।

एडमिरल पुरी ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हमारे पास पनडुब्बी बनाने की क्षमता है, अब यह सरकार और नौसेना पर निर्भर करता है कि वह इसका उपयोग कैसे करना चाहती है ।" यह पूछे जाने पर कि नौसेना से कुछ और पनडुब्बियों के निर्माण का आर्डर मिलने तक क्या गोदी की क्षमता बेकार नहीं पड़ी रहेगी, एडमिरल पुरी ने कहा, "यह स्थिति थोड़े समय के लिए हो सकती है लेकिन हम निश्चित तौर पर पनडुब्बी टैक्नालोजी का उपयोग करेंगे ।"

उन्होंने बताया कि मझगांव गोदी में बनी पनडुब्बी पूरी तरह नौसेना की आवश्यकताओं तथा उन्हीं द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप बनाई गई है । इसमें पश्चिम जर्मनी में बनी पनडुब्बी की तुलना में कोई खास परिवर्तन नहीं किया गया है । एडमिरल पुरी ने कहा, "हम चाहते हैं कि नौसेना हमें और पनडुब्बियों के निर्माण का ठेका दे । मेरी जानकारी के अनुसार नौसेना इस पर विचार कर रही है और इसका सकारात्मक परिणाम निकलने की उम्मीद है ।"

एडमिरल पुरी ने बताया कि पनडुब्बी के अलावा मझगांव गोदी में 6000 टन क्षमता के युद्धपोत का निर्माण चल रहा है । इस परियोजना को टाइप-15 नाम दिया गया है । ही तैयार किया गया तीन युद्धपोतों के नि पहले पोत पर गत 1994 तक बन क

टाइप-15 गो लगभग दो गुणा ब गोदावरी की क्षमता क्षमता 2400 टन युद्धपोत में अभी स टरबाइन लगाई गई निर्माण हिन्दुस्तान में किया जाएगा । श्रेणी के युद्धपोतों की

एडमिरल पुरी ने गोवा शिपयार्ड सीमि 15 प्रक्षेपास्त्र नौक मझगांव गोदी में बना पहली प्रक्षेपास्त्र नौक और अगले वर्ष तक की उम्मीद है ।

इन प्रक्षेपास्त्र नौ कुछ उपकरणों की सोवियत कार्यक्रम प सभी 15 नौकाएं है

प्रांतीय असैम्बली विरुद्ध अविश्व

लाहौर, 12 मा पार्टी ने अपनी नीति पंजाब प्रांतीय असैम्बल विरुद्ध अविश्वास प्रस्त पहले यह अविश्वास मियां नवाज शरीफ के

बताया जाता है कि का पुनर्मूल्यांकन करने पार्टी के 75 सदस्यों असैम्बली का सत्र शुरू

मां द्वारा सहित

नई दिल्ली, 12 हिन्द राव की जिस महि के साथ जहर खाया थ गई । पुलिस सूत्रों के अ अपनी दो पुत्रियों मीनू 1 साथ जहर पी लिया था कल ही मृत्यु हो गई थी स्कूल में निम्न श्रेणी के क पति के साथ झगड़ा होने ब बेटियों को जहर देने के था ।

चार बच्चे

मद्रास, 12 मार्च के शनोई कालोनी के नि दोपहर से कुछ समय पहल लगने से डेढ़ से तीन वर्ष क जल गए । मरने वाल लड़कियां हैं । दमकल अ लगभग 150 झुग्गियां ज झुग्गियां कोडुम नदी के कि

इतनी 'भ्रष्ट और बेकार' कभी नहीं देखी : अड

Punjabi Sanjivani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

वर्षीय व्यक्ति गत शुक्रवार को किसी काम के लिए बाहर गया था । कल रात को वह वापस लौटा लेकिन रास्ते में उसको अज्ञात व्यक्तियों ने घेर कर उसकी हत्या कर दी । उसकी आंखें निकाली हुई थीं और शव क्षतविक्षत था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

घायल कर दिया : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार गत रात 12.30 बजे के लगभग दो अज्ञात व्यक्तियों ने जगीर सिंह के घर में घुस कर उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसको फरीदकोट के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौलें पकड़ीं : फिरोजपुर से 'कल्तोह' के अनुसार पुलिस और कस्टम पार्टी ने संयक्त रूप से फिरोजपुर-फाजिल्का सड़क पर स्थित गांव नग्गेके में दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे 303 की आठ पिस्तौलें, 15 किलो हैरोइन जिसका मार्केट में मूल्य 15 करोड़ रुपए है, बरामद की । उनके नाम सतनाम सिंह तथा अमर सिंह बताए जाते हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे कई बार पाकिस्तान जा चुके हैं ।

ट्यूबवैल से 4 गिरफ्तार : जालंधर (ह.स.): पुलिस ने आज रात्रि थाना नूरमहल के गांव शादीपुर में एक फार्म हाऊस पर छापा मारकर चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । सूत्रों ने बताया है कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्यूबवैल पर छापा मारा और जसविंद सिंह, बलकार सिंह, हीरा सिंह और गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो क्षेत्र में कोई उग्रवादी वारदात करने की षड़यंत्र रच रहे थे ।

शबाना आज़मी

(पृष्ठ 3 का शेष)

मोदीनगर में रात्रि विश्राम करेंगे ।

उधर पदयात्रा में शामिल अन्य लोगों ने इस बात पर खिन्नता प्रकट की है कि अखबार वाले केवल शबाना आजमी को ही प्रमुखता दे रहे हैं । पदयात्रा में शामिल अन्य प्रमुख व्यक्ति हैं भीषम साहनी, करतार सिंह दग्गल, शंकर गुप्त नियोगी, असगर अली इंजीनियर, जी.एस. बब्बर, शमशेर सिंह बिष्ट आदि ।

दो विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में छः मरे

चंडीगढ़, 12 मार्च (ह.स.): गत सायं जिला लुधियाना तथा पटियाला में हुई दो विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित छः व्यक्ति मारे गए तथा कुछ अन्य घायल हो गये । लुधियाना से प्राप्त के एक समाचार के अनुसार कल सायं गांव कैदों के पास दो स्कूटरों व एक ट्रक की भिड़ंत में 11 व्यक्ति घायल हुए थे तथा इन में से पांच अस्पताल पहुंचने से पहले ही इस लोक से चल बसे । शेष छः का स्थानीय 'बाऊ अस्पताल' में उपचार जारी है ।

पटियाला से 13 किलो मीटर दूर गांव मुरादपुर के करीब गुरनाम कौर (22) की एक ट्रक की लपेट में आने से मौत हो गई । यह दुर्घटना उस समय हुई जब वह अपने पति के साथ सड़क के किनारे खड़ी बस की प्रतीक्षा कर रही थी ।

पंजाब समस्या का मूल कारण इंका की 'वोट की राजनीति'

फगवाड़ा, 12 मार्च (अशोक): पंजाब भारतीय जनता पार्टी के महासचिव चौधरी स्वर्ण राम व जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राम स्वरूप अरोड़ा ने आरोप लगाया कि केंद्र की कांग्रेस सरकार की 'वोट की राजनीति' व राष्ट्रीय हितों पर दलीय हितों को अधिमान देने की घटिया व स्वार्थी नीति पंजाब का सत्यानाश कर रही है और पंजाब के लोगों को भयावह 'दल दल' में फंसा रही है । दोनों नेताओं ने कहा कि आज प्रशासन व पुलिस में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । भाजपा शीघ्र ही पंजाब में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएगी व भ्रष्ट अधिकारियों की कारगुजारी जनता के सामने लाएगी ।

उन्होंने इस विकट समय में सभी राष्ट्र भक्त संगठनों से राष्ट्रीय एकता व परस्पर भाईचारे के दृष्टिगत एक प्लेट फार्म पर एकत्रित होने व दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य करने की अपील की ।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि केंद्र पंजाब समस्या के समाधान के लिए गम्भीरता व ईमानदारी से पग उठाए व किश्तों में घोषणाएं करने की चुनाव नीति छोड़े व विपक्ष को विश्वास में लेकर चले तब ही पंजाब समस्या का उचित समाधान सम्भव है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का नरेश कुमार, उम्र 14 साल, कद 5 फुट, रंग

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 12.3.89, 51/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.95 per Dozen.

चिकित्सा

कद लम्बा करें, मुहासे, छाइयां, झड़ते बाल, नजला, जुकाम, बवासीर कोसं रोग विवरण लिख (नर-नारी) पुस्तिका मुफ्त मंगवाएं । प्रकाश क्लीनिक, D-7, गांधी बाज़ार, अमृतसर-143006.

आवश्यकता

एक डाईफिटर और हैल्परों की ज़रूरत है । वेतन योग्यता अनुसार । मन्दिर प्लास्टिक, प्लाट नं. 408, कोट आत्माराम, सामने गुरुद्वारा तूत साहिब, अमृतसर ।

शाट ब्लास्टिंग मशीनें बनाने वाली फैक्टरी में अच्छे वैल्डरों, फिटरों, फैब्रीकेटरों की ज़रूरत है । तीरवार छुट्टी । मिलें : परफैक्ट इंजीनियरिंग वर्क्स, 149, अमन नगर, माई खाई, नजदीक दोआबा चौक, जालंधर शहर ।

तजर्बेकार सेल्समैन/हैल्परों की ज़रूरत है

Punjabi Sahitya

पुलिस के साथ 2 मुठभेड़ों में 3 आतंकवादी मारे गए

वारदातों में 4 व्यक्ति घायल : 4 शरणदाताओं सहित कई संदिग्ध व्यक्ति बंदी

एक परिवार के 4 सदस्यों समेत 7 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 13 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने गत रात के बाद 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 3 आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ों में मारे गए । आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों को घायल कर दिया । नवां शहर के निकट एक ट्रैक्टर गाड़ी को उड़ाने का प्रयास किया गया ।

3 आतंकवादी मरे : होशियारपुर (सद): कल रात दो मुठभेड़ों में जिला होशियारपुर में तीन आतंकवादी मारे गए । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि थाना हाजीपुर के गांव खानपुर में एक नाका पार्टी ने दो स्कूटरों पर चार आतंकवादियों को आते देखा । उन्हें रुकने का संकेत दिया गया तो उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । इस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे दो आतंकवादी मौका पर ही मारे गए जबकि दो अन्य अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए । घटनास्थल पर एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा एक 762 बोर का पिस्तौल मिला । दूसरी मुठभेड़ थाना दसूहा के गांव मेहर भट्ठल में हुई । वहां पुलिस नाकाबंदी पार्टी ने एक स्कूटर पर दो आतंकवादियों को आते देखकर रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया । उससे एक .32 बोर का रिवाल्वर मिला ।

सरपंच को लूटने का प्रयत्न : 'अश्विनी' के अनुसार इसी बीच चार आतंकवादियों ने गत रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे थाना टांडा के अन्तर्गत कलमपुर ग्राम में सरपंच रुलदा सिंह के घर में जबरदस्ती घुसकर रुपए लूटने की कोशिश की । सरपंच ने अपने लड़के को राइफल 'लोड' करने के लिए कहा व परिवार के अन्य सदस्यों ने शोर मचाया जिस पर चारों आतंकवादी भाग गए ।

5 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार गत रात 8 बजे के लगभग ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 4-5 आतंकवादियों ने पुलिस जिला तरनतारन के गांव रतौल में एक जमींदार मंगल सिंह के 'बहक' (फार्म हाऊस) में दाखिल होकर मंगल सिंह के परिवार पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे मंगल सिंह, उसका नौजवान लड़का तथा दो नौजवान बहुएं मारी गईं । फायरिंग करते हुए यह आतंकवादी नजदीक ही एक अन्य बहक पर गए और वहां जमींदार रत्न सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मंगल सिंह की बहक पर जहां परिवार के चार सदस्यों की हत्या की गई, भिडरांवाले टाइगर फोर्स की ओर से पंजाबी में लिखा हुआ पत्र मिला है जिसमें कहा गया था कि इस परिवार का महेन्द्र सिंह मानोचाहल के मौत में हाथ था । मानोचाहल दो दिन पूर्व सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था । मंगल सिंह के लड़के का नाम सुखदेव सिंह तथा उसकी बहुओं के नाम मनजीत कौर तथा मलकीयत कौर बताए गए हैं ।

तीन घायल : एक अन्य वारदात में थाना लहरागागा के गांव खारा में आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों को उस समय गम्भीर रूप से घायल कर दिया जब उन्होंने नकदी उनके हवाले करने से इन्कार किया । घायलों में तेजपाल सिंह, मलूक सिंह तथा जगजीत सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल संगरूर में दाखिल कराया गया ।

3 गिरफ्तार : अमृतसर जिला में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बटाला सिंह को छहर्टा क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया जबकि उसका साथी गज्जन सिंह उर्फ लाली उर्फ परगट सिंह बच निकलने में सफल हो गया । उससे एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए । सुरेन्द्र सिंह तथा दिलबाग सिंह नामक दो अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इन लोगों ने गत मास गांव भिट्टे विंड में अमीर चन्द की हत्या में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है ।

नवांकोट के व्यक्ति की हत्या : गत सायं मिली सूचना के अनुसार थाना सिटी तरनतारन के क्षेत्र में गांव जोहल राज सिंह वाला में आज प्रातः अमृतसर की आबादी नवांकोट के एक व्यक्ति दर्शन लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । वह किसी काम से वहां गया था । हत्या का कारण अज्ञात है ।

जिला पटियाला के थाना भादसों के अंतर्गत गांव मतौड़ में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

मोपेड छीना : फगवाड़ा (राकेश): आज यहां के निकटवर्ती गांव सगतपुर के पास एक व्यक्ति किशोरी लाल जब अपने गांव की मोपेड पर जा रहा था तो रास्ते में दो नौजवानों ने पिस्तौल से गोली मार देने की धमकी देकर उससे मोपेड नं. पी.सी.एन. 2191 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : जिला जालन्धर में चार व्यक्तियों जसविंदर सिंह, बलकार सिंह, तीर्थ सिंह व गरदीप सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

घायल कर दिया : जिला गुरदासपुर में थाना सदर गुरदासपुर के अन्तर्गत खोजीपुर में दो व्यक्तियों ने एक व्यक्ति विजय कुमार पर हमला करके उसे सख्त घायल कर दिया । हमलावर उसका साइकल छीनकर ले गए ।

शरणार्थी शिविर में हत्या : बटाला से ह.स. की सूचना है कि कल एक शरणार्थी शिविर के चार व्यक्तियों ने अपने शिविर के एक व्यक्ति बहादुर चन्द की हत्या कर दी ।

जिला गुरदासपुर में डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के जवानों की गोलियों से मारे गए ।

बटाला पुलिस जिला में एक आतंकवादी प्रितपाल सिंह उर्फ बिट्टा को गिरफ्तार किया गया ।

लुधियाना जिला में सज्जन सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया ।

घुसपैठिया मरा : गत रात फिरोजपुर जिला में भारत-पाक सीमा के ममदोट सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

फरीदकोट जिला में चार आतंकवादियों बलविंदर सिंह उर्फ ढल्ला, गुलजार सिंह, अरूड़ सिंह तथा जस्सा सिंह को गिरफ्तार किया गया ।

फिरोजपुर की एक सूचना में कहा गया है कि 6-7 आतंकवादियों ने बस्ती नत्थूवाला में निहाल सिंह तथा सुलक्खन सिंह के घर में घुसकर .32 बोर का रिवाल्वर, एक .12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

बैंक लूट लिया : मोगा (आज़ाद): मोगा सब-डिवीजन के गांव निहालसिंह वाला के न्यू बैंक आफ इंडिया में से 5 हजार रुपए निकलवा कर बाहर निकले जीत सिंह निवासी आदमपुर से सशस्त्र आतंकवादियों ने यह रकम छीन ली तथा फिर उसको साथ लेकर बैंक में चले गए । उन्होंने बैंक में से भी 4 हजार रुपए लूट लिए । गार्ड ने उन्हें रोकने का प्रयत्न किया परन्तु वह सफल न हो सका ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कस्टम विभाग ने गत बुधवार की रात्रि में अमृतसर जिले के गलवाल 220 सोने के बिस्कुट पकड़े तथा घरिंडी गांव से रविवार की रात्रि पकड़े । चित्र में कस्टम तथा बी.एस.एफ. के अधिकारियों के साथ कस्टम अनंत राम खड़े हैं ।

मच्छरों ने विमान रोक दिया !

कलकत्ता, 13 मार्च (ह.स.): इंडियन एयर लाइंस के इतिहास में पहली बार आज मच्छरों के कारण इसका एक विमान कलकत्ता हवाई अड्डे से दो घंटे विम्लब से उड़ सका ।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि कलकत्ता से गुवाहाटी होकर डिब्रूगढ़ जाने वाले इस विमान का पायलट जब विमान उड़ाने के लिए कॉकपिट में जाकर बैठा तो वहां पहले से ही मच्छरों का झुंड जमा था । उसने तुरन्त संबंधित अधिकारियों को इससे अवगत कराया, जिन्होंने कॉकपिट में मच्छरों को निकालने की व्यवस्था की । लेकिन इसमें पूरे दो घंटे लग गए और प्रातः पांच बजे रवाना होने वाला विमान दो घंटे बाद सात बजे उड़ सका ।

सेना लाल किला खाली कर देगी

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता): भारतीय सेना अगले 10-15 वर्ष में दिल्ली के लाल किले से हट जाएगी और खाली किया गया स्थान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सौंप देगी । रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत ने आज लोकसभा में यह जानकारी दी ।

अपना मकान बनाने के लिए बैंक

खाते की चार गुना राशि का ऋ

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता): राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा तैयार गृह ऋण खाता योजना के तहत खातेदार को बचत की चार गुना राशि ऋण के रूप में मिल सकेगी । वित्त राज्यमंत्री एड्आर्डो फ्लेरियो ने लोकसभा में आज इस आशय का बयान देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आवास बैंक ने सूचित बैंकों के सहयोग से योजना तैयार कर ली है । वित्त मंत्री ने 28 फरवरी 1989 को बजट पेश करते हुए यह योजना शुरू करने की घोषणा की थी ।

श्री फ्लेरियो ने बताया कि योजना के तहत कम से कम पांच वर्ष तक धन जमा करने के बाद खातेदार ऋण ले सकेगा । इस राशि पर 10 प्रतिशत की दर से चक्र वृद्धि ब्याज दिया जाएगा ।

चालीस वर्ग मीटर में निर्मित आवास के लिए चार गुना ऋण मिलेगा । उससे बड़ा आवास लेने वालों के लिए ऋण राशि दो से तीन गुना तक होगी । पचास हजार रुपए ऋण तक के लिए ब्याज दर जमा पर मिलने वाले ब्याज से आधा प्रतिशत अधिक होगी । यह योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आय वर्गों के लिए समान रूप से लागू होगी ।

कोई भी व्यक्ति, जिसके पास देश में कहीं भी अपना घर नहीं है, इस योजना का सदस्य बन सकता है । उसे कम से कम 30 रुपए प्रति माह या 360 रुपए प्रति वर्ष जमा करने होंगे ।

योजना का उद्देश्य बढ़ावा देना है । यह लिए नहीं निकाली जा आवास बोर्डों और अन्य भूमि अधिग्रहण और को उपयोग करेगा ।

अधिकृत ऋण गृह ऋण खाता योज तीन लाख रुपए तक क साल के बाद लगभग उठा सकेंगे ।

बैंक के अध्यक्ष संबाददाताओं को बता बाली इस योजना में सकता है । उन्होंने अंतर्गत जमा राशि पर धारा के अनुरूप रियाय

उन्होंने बताया कि की पांच साल में बचाई ऋण मिल सकता है त प्रतिशत तक ब्याज लग

श्री शास्त्री ने बताया को दूर करने के लिए ज कम दस लाख नए मक कहा कि इसी उद्देश्य से और सहकारी बैंकों के सह है । श्री शास्त्री ने बत कम 5 वर्ष तक धन ज व्यक्ति को ऋण मिले स

श्री शास्त्री ने बताया वही व्यक्ति शामिल हो भर में एक भी मकान नह नाबालिग बच्चों के नाम भ संयुक्त हिन्दू परिवार क भारतीय भी इस योजना क

उन्होंने बताया कि चा अजवास के लिए खातेदार गुना तथा 80 वर्ग मीटर लिए बचत का दो गुना त शास्त्री ने बताया कि राज्य अंतर्गत बचत करने वाल आबंटित करने के मामले अनुरोध किया जाएगा ।

बरनाला व तलवंडी धड़ों द्वारा 16 की प्रसभाएं रद्द

लुधियाना, 13 मार्च (धीमान): आज यहां विलीन हुए अकाली दल की प्रथम बैठक श्री जगदेव सिंह तलवंडी की अध्यक्षता में हुई जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक नेता शामिल हुए । इसके बाद एक पत्रकार सम्मेलन में श्री तलवंडी ने अपने हस्ताक्षरों से एक लिखित वक्तव्य जारी किया जिसमें उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि अकाली दलों में एकता की कोशिशें सफल हो गई हैं और पूर्ण एकता हो गई है । अतः जिस उद्देश्य के लिए 16 मार्च को पंथक प्रसभा अमृतसर में बुलाई गई थी, वह पूरा हो जाने के कारण रद्द कर दी गई है । अकाली दल (ल) की ओर से कैम्बोवाल में उसी दिन जो दूसरी पंथक प्रसभा बुलाई गई थी, वह भी रद्द की जा रही है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री तलवंडी ने बताया कि वह दल की कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह में कर देंगे । दल के आगामी कार्यक्रम के बारे में उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की घोषणा के बाद इसके बारे में बताया जाएगा, मगर उन्होंने कहा कि 'हम बहुत अच्छे काम करेंगे ।'

भू.पू. मंत्री श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने घोषणा की कि 16 मार्च को अमृतसर में अकाली दल के यूथ विंग की प्रसभा होने वाली थी, वह भी रद्द कर दी गई है ।

'ह.स.' के अनुसार बैठक में पूर्व मंत्री बलवन्त सिंह, मेवा सिंह गिल, बलवन्त सिंह रामूवालिया और शमिंद्र सिंह (सांसद), शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव मनजीत सिंह कलकत्ता और पूर्व मंत्री कस्तूरी लाल ने भाग लिया ।

श्री तलवंडी ने बताया कि वे आगामी एक सप्ताह में अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे ।

अकाली दल (ल) की हंगामी बैठक आज : चंडीगढ़ से 'ह.स.' के अनुसार भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री बरनाला ने आज रात्रि स्वीकार किया कि उन्होंने अकाली दल के तीन धड़ों के विलय के बारे में कल लुधियाना में जारी घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे । उन्होंने कहा कि मैंने नेकनीयती से घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे लेकिन श्री सिमरनजीत सिंह मान धड़े द्वारा मुकर जाने के दृष्टिगत मैंने अकाली दल (ल) के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं की कल चंडीगढ़ में एक हंगामी बैठक बुलाई है, जिसमें नई स्थिति पर विचार किया जाएगा ।

श्री बरनाला ने कहा कि उन्होंने 'एकता फार्मूले पर अकाली दल (ल) की ओर से यह समझते हुए हस्ताक्षर किए थे कि श्री तलवंडी और श्री मान के धड़े भी विलय के लिए सहमत हो गए हैं । मेरी पार्टी ने मुझे विभिन्न धड़ों में एकता करने के लिए वार्ता करने का अधिकार दिया था और मैं ऐसी किसी कोशिश में बाधा न बनना चाहता था । मैंने कभी एकता फार्मूले में किसी पद की मांग नहीं की ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फिरोजपुर पुलिस व कस्टम अधिकारियों ने जलालाबाद सैक्टर (जिला फिरोजपुर) में गत रात्रि में तस्करों से 15 किलो हैरोइन, 2 पिस्तौलें, 5 कारतूस बरामद किए । इस हैरोइन का अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 15 करोड़ रुपए है । चित्र में फिरोजपुर के डी.आई.जी. तथा कस्टम अधिकारी पकड़े गए सामान के पास खड़े हैं । (फोटो : सेठी)

पंजाब समस्या हल करने के लिए

दलों की बैठक शीघ्र बुलाई जाए

होशियारपुर, 13 मार्च (अविनाश सद): अब समय आ गया है कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पंजाब समस्या को हल करने के लिए विरोधी दलों की मीटिंग शीघ्रातिशीघ्र बुलाएं । विभिन्न अकाली गुटों में एकता के कारण अब यह काम पहले की अपेक्षा कुछ आसान हो गया है । इस मीटिंग में उग्रवादी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है । ये विचार कल रात यहां संसद सदस्य श्री कमल चौधरी ने हमारे प्रतिनिधि से एक विशेष भेंटवार्ता में व्यक्त किए । उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री जगदीश टाइटलर से मिले थे, जिन्होंने यह आश्वासन दिया कि पैप्सी कोला प्राजेक्ट जिला होशियारपुर में तीन मास के अन्दर स्थापित हो जाएगा । यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा के चुनाव इस वर्ष के अन्त तक हो जाएंगे, श्री कमल चौधरी ने बताया कि अवश्य हो जाएंगे । पंजाब के ग्रामीण भाइयों को चाहिए कि वे पंचायतों के आने वाले चुनावों में शांतिपूर्ण और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाएं ताकि पंचायती चुनावों के बाद पंजाब विधानसभा के चुनावों के लिए भी रास्ता साफ हो जाए और हुई सरकार फिर से स्थापित मंत्रिमंडल में अब भी किसी है ? इस प्रश्न के उत्तर में मंत्रियों के पास इस समय और कुछ स्थान रिक्त पड़े हैं के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल फेरबदल तो किया जाएगा व्यापक स्तर पर नहीं होगा

'त्रिपुरा सीमा जमाव

ढाका, 13 मार्च (वार्ता यहां के समाचारपत्रों में प्र निराधार बताया है, जिनमें सेना का बंगला देश से लगी हो रहा है । उच्चायोग ने कहा है कि भारत-बंगला देश को तैनात नहीं किया गया है अभी भी सीमा सुरक्षा बल के

मान और जोगेन्द्र सिंह समर्थकों ने एकता बारे अमरेन्द्र के बयान को भ्रामक

चंडीगढ़, 13 मार्च (एन.एस. परवाना): भंग अकाली धड़ों में एकता कराने के अभियान के अंतर्गत आज उस समय जबरदस्त धक्का लगा जब नाभा जेल में बंद सिमरनजीत सिंह मान के [illegible] उपस्थित थे ।

श्री बराड़ जो पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी हैं ने दावा किया कि अध्यक्ष मंडल के दो सदस्यों बाबा जोगिन्दर सिंह तथा आत्मा सिंह को विश्वास में लेकर श्री राजेन्द्र सिंह बैरक के वार्ड कैदियों अमरेन्द्र [illegible] कि अब हमारा अगला काम इंका को गद्दी से हटाना है तथा इसके लिए सक्षम पार्टियों के साथ गठजोड़ किया जाएगा । उन्होंने बादल, टोहरा व मान सहित अन्य सभी अकाली नेताओं की रिहाई की मांग की ।

दोनों नेताओं ने अपील की है कि वे विपक्षी दलों से मिल कर विशाल जनमत पैदा करें ताकि पंजाब समस्या का कोई हल निकाला जा सके । दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री श्री बरनाला के समर्थक, कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की घोषणा पर हैरान रह गए हैं । इन

सिमरनजीत सिंह मान के सांढ़ू हैं घोंप रहे हैं । उन्होंने कहा कि अकाली दल का संरक्षक होना है । कैप्टन अमरेन्द्र सिंह को पार्टी की तरफ से बयान देने का

Punjabi Sahara.com

00/- रु.
मास
0/- रु.
ो भी कार्यदिवस को 9.30 से
.4.89 तक और 17.4.89
25/- रु. नकद व डाक द्वारा
क्त भुगतान करने पर प्राप्त
राशि अदेय है ।

के अधीन टूटी-फूटी लकड़ी
है जैसे है के आधार पर की
में होगी ।

कुल मात्रा

230 (मीटर टन)

(1) 5 (मीटर टन) कालका
(2) 20 (मी. टन) कोटी
(3) 85 (मी. टन) सोनवारा
(4) 14 (मी. टन) बागेग
(5) 10 (मी. टन) कोटी/
जाबेली
(1) 10 (मीटर टन)
सुमेर हिल
(2) 20 (मी. टन) जुतोग
(3) 25 (मी. टन) तारादेवी
(4) 52 (मी. टन)
कटभीघाट
(5) 9 (मी. टन) कन्डाघाट
(1) 153 (मीटर टन)
पिंडरबाहा

(1) 150 (मीटर टन)
राजपरा
सरहिन्द
रूपनगर
(1) 10 (मी. टन)
मालेरकोटला
(1) 80 (मी. टन) घुरी
(2) 148 (मी. टन)
पटियाला
(1) 15 (मी. टन) कोऊली
(2) 50 (मी. टन) धानस
(3) 10 (मी. टन) हिसार
(1) 10 (मी. टन) पिलखनी
(2) 10 (मी. टन)
खानआलमपरा
(3) 40 (मी. टन)
सहारनपर
(1) 10 (मी. टन)
सहारनपर
(2) 40 (मी. टन)
मुस्तफाबाद
(3) 36 (मी. टन) जगाधरी

ापन

ो. ट्रेनिंग

प्रसभाएं रद्द

(पृष्ठ 3 का शेष)

इससे पूर्व श्री बरनाला ने नागपुर से वापसी पर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बंद कमरे में भेंट की और स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ट्रेन उड़ाने की कोशिश : नवांशहर से 'शर्मा' ने खबर दी है कि आज नवांशहर तथा बंगा के मध्य पैसेंजर रेल गाड़ी को उड़ाने की नाकाम कोशिश की गई । दोपहर के समय तीन जे.जे. पैसेंजर गाड़ी यहां से चलकर बंगा की ओर रवाना हुई । 12.50 पर नवांशहर से चलने के बाद जब गाड़ी खटकड़कलां झंडाजी के निकट पहुंची तो इंजन चालक ने आगे रेलवे लाइन पर धुआं उठते हुए देखा । उसने खतरा देख कर गाड़ी रोक दी । रेलवे लाइन पर लाल रंग का पाऊडर बिखरा पड़ा था । जिसमें से कभी-कभी आग की लपटें उठती थीं । गाड़ी के गार्ड गुरदयाल चन्द ने अपना टैलीफोन तार के साथ जोड़ कर विभाग को सूचना दी । 45 मिनट के बाद थाना बंगा की पुलिस वहां पहुंची, विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञों को वायरलैस पर सूचना दी गई । इसी बीच रेलवे इंजीनियरिंग स्टाफ तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए । इंजीनियर रेलवे पुलिस नवांशहर श्री जोगेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल ने साहस करके रेलवे लाइन से लोहरगे का पाऊडर उठा लिया । लाइन के नीचे खुदाई करने पर कुछ टुकड़े इकट्ठे किए गए । बाद में उन पर पानी डाला गया । लाइन साफ होने के बाद रेलवे पुलिस ने गाड़ी गुजारने की अनुमति दे दी । लगभग अढ़ाई घंटे के बाद लाइन पर यातायात बहाल हुआ ।

बारातीं भगा दिए : खरड़ (शशि): कल खरड़ तहसील के गांव नागरी रायपर कलां तथा भौरी भाजरी में एक मारुति कार में सवार कुछ व्यक्तियों ने इन गांव में हो रहे विवाह समारोहों में बारातियों को कहा कि वे 11 लोग ही रहें तथा अन्य वहां से भाग जाएं । प्राप्त सूचना के अनुसार इन गांवों में 5 लड़कियों की शादी हो रही थी । यह लोग बिना नम्बर प्लेट की सफेद मारुति कार में आए थे । एक गांव में उन्होंने बारातियों से 'उठक-बैठक' भी कराई । 11 बारातियों को छोड़कर बाकी उन्होंने भगा दिए । प्राप्त सूचना के अनुसार इन लोगों ने बाद में माथा टेका तथा लड़कियों को शगुन भी दिए ।

वूमन इंटरप्राइसिस की शाखा चंडीगढ़ में स्थापित

चंडीगढ़, 13 मार्च (वि.प्र.): पंजाब तथा चंडीगढ़ में महिलाओं विशेषत: शिक्षित महिला वर्ग को आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाने के लिए 'इंडियन कौंसिल आफ वूमन इंटरप्राइसिस' की शाखा यहां स्थापित की गई है । श्रीमती वेद नन्दा इसकी प्रधान चुनी गई हैं जबकि श्रीमती लखविन्दर गरचा, श्रीमती पी. कोहली, कु. लक्षिमता बाली, श्रीमती सिम्मी जे. सिंह, नीलू चोपड़ा और श्रीमती वीनू शारदा कार्यकारिणी सदस्य चुनी गई हैं ।

श्रीमती नन्दा ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन को आज बताया है कि इस गैर राजनीतिक संस्था का काम महिला वर्ग को उद्योग के प्रति प्रेरित करना है । उन्होंने कहा चंडीगढ़ में संस्था की सदस्याएं जो

Punjab Archive.org

और न ही इतनी खे
नष्ट होती, न श्री ह
और न ही सिखों में

जत्थेदार उमर
नेताओं से अपील क
में अतीत की गलत
साहिब पर उपस्थि

पंजाब समस्
विपक्षी बै

चंडीगढ़, 13 म
भारतीय महासचिव
प्रधानमंत्री से अपील
विचार करने तथा इस
सर्वदलीय विपक्षी बै

यहां पत्रकारों से
कि पंजाब के लिए
'पैकेज' घोषित
अवसरवादिता तथा
उन्होंने कहा कि
समस्या बारे केन्द्र स
और न ही कोई ठोस

श्री शर्मा ने कहा
द्वारा अपनी मांगें सह
कारण भी पंजाब समस्
ने कहा कि आगामी
भाजपा ने सी.पी.आ
मुस्लिम लीग को छो
तालमेल बारे अपने
उन्होंने कहा कि भाज
सशक्त विकल्प तैया
उन्होंने कहा कि इस
उद्देश्य न्यूनतम संयु
चुनाव जीतना है ।

जमानत

चंडीगढ़, 13 मा
उच्चन्यायालय के न्याय
जिला लुधियाना के एक
जमानत याचिका रद्द
पुलिस थाना सदर लुधि
मामला दर्ज है ।

गर्भस्थ शिश
के विरुद्ध पं
छात्राओं

चंडीगढ़, 13 मार्च
के लिंग का पता लगाने
टैस्ट पर पाबंदी लगाए
आज पंजाब यूनिवर्सिटी
की । इन लड़कियों का
को यहां के सैक्टर 37 में
की गई आत्महत्या के पी
ही था ।

रैली में भाग लेने
आत्महत्या करने वाली
पत्नी का यह टैस्ट करा
एक और बच्चा पैदा कर
जब यह फैसला किया गया
पता चला तो गर्भपात क
लड़कियों ने काफी विरोध
था कि अब लड़कों और
है । टैस्ट कराते समय
यदि लड़की हुई तो गर्भ

भारत में घुसने की कोशिश करता हुआ दुर्दांत आतंकवादी मारा गया

6 घुसपैठिये मारे गये : 1.57 लाख रुपए लूटे गए

उग्रवादियों द्वारा 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 14 मार्च (वार्ता,हस): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का दर्दांत आतंकवादी कश्मीर सिंह उर्फ टिड्डू पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश करता हुआ सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया । सीमा पर 6 घुसपैठिये भी मारे गये जबकि आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अन्य वारदातों में 1.57 लाख रुपये लूटे गए, 2 लाख रुपये न दिये जाने पर एक युवक का अपहरण कर लिया गया । नैनां देवी जा रही एक बस के कंडक्टर से नकदी छीन ली गई ।

आतंकवादी मारा गया : आज प्रातः फिरोजपुर सैक्टर में एक कख्यात आतंकवादी सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया,जबकि उसके कुछ साथी पाकिस्तान वापस भाग जाने में सफल हो गए । जालंधर में सीमा सुरक्षा बल की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि एक नाका पार्टी ने रात 2.30 बजे के लगभग कुछ आतंकवादियों को पाकिस्तान से भारत में घुसते देखा । जब इन आतंकवादियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल ने भी जवाबी फायरिंग की । यह मुठभेड़ काफी समय तक जारी रही । बाद में एक आतंकवादी घटना स्थल पर मृत पाया गया । पाकिस्तानी सीमा की ओर जाती हुई खून की लकीर से पता चलता है कि कुछ अन्य आतंकवादी भी ज़ख्मी हुए हैं । सीमा सुरक्षा बल के खोजी कुत्ते भी लाये गये तथा क्षेत्र की तलाशी ली जा रही है । क्षेत्र की छानबीन के दौरान भारी असाल्ट ए.के. 47 राइफलें, 5 मैगज़ीन तथा बड़ी मात्रा में कारतूस मिले । विज्ञप्ति में मृत आतंकवादी का नाम कश्मीर सिंह उर्फ़ टिड्डू बताया गया है जो कि तारा सिंह का पत्र है ।

सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि उक्त मठभेड़ बस्ती राम लाल के करीब हुई । उन्होंने कहा कि कम से कम 2 आतंकवादी मारे गए हैं जिन्हें उनके साथी अंधेरे का लाभ उठा कर घसीटते हुए पाकिस्तानी क्षेत्र में ले गए । कश्मीर सिंह उर्फ़ टिड्डू तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित था ।

श्री प्रकाश सिंह ने सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी को बधाई दी है तथा उन्हें पदोन्नतियां व नकद पुरस्कार दिये हैं । मृत आतंकवादी कश्मीर सिंह उर्फ टिड्डू गांव मुट्ठियांवाला थाना मल्लांवाला जिला फिरोजपुर का रहने वाला था । वह एक घोषित अपराधी था और के.सी.एफ. के गुरनाम सिंह बंडाला ग्रुप का सदस्य था । श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि यह सीमा सुरक्षा बल नाकापार्टी की एक बड़ी सफलता है ।

4 घुसपैठिये मरे : 4 पाकिस्तानी घुसपैठिये कल रात फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गये । ये लोग अवैध तरीके से भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे । मृतकों के पास से डेढ़ हजार रुपए की भारतीय मुद्रा और कुछ अमरीकी डालर बरामद किए गए ।

2 घुसपैठिये मारे गए : दो घुसपैठिये गत रात्रि डेरा बाबा नानक जिला गुरदासपुर में हुए एक मुकाबले में मारे गए ।

2 व्यक्तियों की हत्या : पंजाब में 'आजाद' के अनुसार थाना बाघापुराना के गांव कोकीवाल भाई में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक सिपाही तथा एक होमगार्ड के जवान की हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार यह दोनों व्यक्ति गांव के स्कूल में परीक्षा केंद्र के बाहर ड्यूटी पर तैनात थे कि प्रातः 10.30 बजे के लगभग तीन स्कूटर सवार वहां आये और गोलियां चला कर सिपाही अजीत सिंह तथा होमगार्ड के जवान करनैल सिंह को वहीं पर मार डाला । सूचना मिलते ही अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये,लेकिन अभी तक कोई हमलावर पकड़ा नहीं जा सका ।

3 संदिग्ध पकड़े गये : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया,जिनसे 12 बोर की तीन पिस्तौलें व 7 कारतूस बरामद किये गये। पकड़े गये व्यक्तियों के नाम बलविंदर सिंह उर्फ़ बोरा, रूढ़ सिंह फरीदकोट तथा जस्सा सिंह हैं । पुलिस को इनकी एक डकैती केस में तलाश थी ।

घायल की मौत : गत 11 मार्च को अज्ञात व्यक्तियों की फ़ायरिंग से घायल हुए व्यक्ति जगीर सिंह की आज यहां मृत्यु हो गई । पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है ।

दुकानदार घायल : अमृतसर से प्राप्त एक समाचार के अनुसार कल रात तरनतारन पुलिस जिले के राजोके गांव में दो सशस्त्र चोरों ने तिलकराज नाम के एक दुकानदार के घर में घुस कर उसे घायल कर दिया । घायल व्यक्ति को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

जालंधर जिला में एक आतंकवादी गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया गया,जिससे एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

लुधियाना में डाका : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान): स्थानीय सराभा नगर मार्केट में प्रातः 11 बजे के लगभग तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक फर्म में दस्साहसपूर्ण डाका डाला और 1 लाख 57 हजार रुपए लूट कर फ़रार हो गए । बताया जाता है कि आतंकवादी एक मोटर साइकल पर आये,जिसे थोड़ी दूरी पर छोड़ कर वे फर्म के दफ्तर में दाखिल हो गये । आतंकवादियों ने दफ्तर के 8-10 व्यक्तियों को एक कमरे में बंद कर दिया और उन्हें मारपीट भी की । वहां 4 स्टाफ़ के आदमी और 6 ग्राहक आये हुए थे । फिर आतंकवादी 1,57,000 रुपये लूट कर फ़रार हो गये । बताया जाता है कि आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 14 पर)

फिरोजपुर जिले में बस्ती रामलाल सीमा चौकी के पास सीमा सुरक्षा ब में 13 मार्च की रात्रि में एक उग्रवादी कश्मीर सिंह उर्फ़ टिड्डू को म कई हथियार व गोली सिक्का बरामद किया । चित्र में सुरक्षा बल के किए गए हथियारों के साथ ।

जनरल इरशाद के अदालत होने पर एक-पक्षीय फैसला

लंदन, 14 मार्च (टैली) : बंगला देश के राष्ट्रपति श्री हुसैन मुहम्मद इरशाद को मरियम ममताज द्वारा दायर तलाक की याचिका के संबंध में जारी सम्मन का जवाब 16 मार्च तक देना है । ममताज का दावा है कि 1982 में जनरल इरशाद से ढाका में उसका निकाह हुआ । सम्मन की तामील 15 फरवरी को उस समय हुई जब जनरल इरशाद लंदन के सरकारी दौरे पर थे । यह सम्मन तामील के बाद 30 दिन के अन्दर न्यूयार्क की सुप्रीम कोर्ट को वापस होने हैं । यदि जनरल इरशाद अदालत में पेश नहीं होते तो उनके विरुद्ध फैसला दिया जाएगा । सम्मनों में निकाह तोड़ने का तर्क यह दिया गया कि ममताज को बिना उसकी इच्छा के छोड़ा गया । ममताज द्वारा याचिका में खर्चे के अतिरिक्त सम्पत्ति से हिस्से, वकील की फ़ीस और अन्य अदालती खर्चों की भी मांग की गई है ।

अन्तर्राष्ट्रीय विधि विशेषज्ञों के अनुसार यह केस इस बात पर निर्भर करता है कि क्या 1970 में हेग सम्मेलन में तलाक और कानूनी अलगाव को मान्यता सम्बन्धी दस्तावेजों पर बंगला देश ने हस्ताक्षर किए थे ? यदि ऐसा हुआ तो अन्तर्राष्ट्रीय नियम के अनुसार 'राहत' देनी पड़ेगी । न्यूयार्क की सुप्रीम कोर्ट ने केवल सम्मन जारी किए हैं कि एक साक्षात्कार में मम की सम्पत्ति के पीछे सिखाना चाहती है ।

ममताज, जो व विश्वासपात्र रही है, (इरशाद ने) विदेशों में जमा कर रखी है । आगामी सप्ताह केस उचित समझौते के अमरीका के विदेश अपील करेंगी । उस प्रमुख हैं और उन त सहायता के पहुंचना

ममताज ने बत 1988 में वाशिंगटन बुलाया गया,जहां उस विस्तार सहित यह प्र इरशाद ने बिना रक्त सरकार का तख्ता पल

यूनियन कार्बाइड के विरुद्ध मुकद्दमा खत्म करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को चुनौती

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): वरिष्ठ अधिवक्ता आर.के. गर्ग ने आज दलील दी कि उच्चतम न्यायालय को यह अधिकार नहीं था कि वह भोपाल गैस पीड़ितों के लिए मुआवज़े की राशि संबंधी समझौते की शर्त पर अमरीका की यूनियन कार्बाइड कम्पनी के खिलाफ़ दीवानी और फौजदारी मुकद्दमा उठा ले । भोपाल गैस समझौते की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका

श्री गर्ग का कहना था कि भारत सरकार ने देश की सम्प्रभुता का अनादर करते हुए और गैस पीड़ितों के अधिकारों की अवहेलना करते हुए कार्रवाई की है । उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई आर्थिक और राजनीतिक पूर्वाग्रह पर आधारित है । उन्होंने कहा कि आर्थिक पूर्वाग्रह यह था कि यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड में सरकार के 22

भाजपा के साथ तालमेल पर मोर्चे के साथ संबंध न रखेंगे : नम्बूद्रीपाद

पटना, 14 मार्च (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद ने आज यहां कहा कि अगर राष्ट्रीय मोर्चे ने भाजपा के साथ तालमेल किया तो आगामी चुनाव में उनकी पार्टी राष्ट्रीय मोर्चा के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी । स्थानीय गांधी मैदान में श्री नम्बूद्रीपाद ने एक रैली

देवी लाल 19 को भिवानी खिलाफ संघर्ष की रूप रेखा घो

चंडीगढ़, 14 मार्च (एन.एस. परवाना): आज यहां हरियाणा विधान सभा में प्रश्नोत्तरकाल के दौरान राज्य के बिजली एवं सिंचाई मंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह ने घोषणा की है कि केन्द्र सरकार द्वारा हरियाणा से किए जा रहे भेदभाव के विरोध में प्रस्तावित आंदोलन की रूप-रेखा मुख्यमंत्री श्री देवी लाल 19 मार्च को भिवानी में होने वाली रैली में घोषित करेंगे ।

श्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बाढ़ राहत, करनाल तेल शोधक कारखाना, सम्पर्क नहर, यमुनानगर थर्मल प्लांट, अग्रोहा मैडीकल कालेज तथा हिसार कृषि विश्वविद्यालय का नाम बदलकर चौ. चरण

इससे पहले उद्योग सदन को बताया कि हरि कारखाने के लिए 208 है,जिस पर चार करोड़ दिया जा चुका है । पू पूनिया ने बताया कि दु बहुत लटकाया जा रहा शिलान्यास प्रधानमंत्री 1987 के विधान सभा पर अब इसके निर्माण क उन्होंने कहा कि स्पष्ट है चुनावी 'स्टंट' था । इस

Punjabi Sanatan

दन भाटिया, पवन कुमार बंसल, देबा प्रसाद राय
दि सदस्य एक साथ खड़े होकर कुछ कहने की
शिश कर रहे थे लेकिन शोरगुल में कुछ भी सुनाई
हीं पड़ा । इस बीच उपसभापति नजमा हैपतुल्ला
विशेष उल्लेख के लिए श्री अरविंद गणेश
लकर्णी का नाम पुकारा । इसके बावजूद दोनों
ओं के सदस्यों ने बोलना जारी रखा । बाद में
मती हैपतुल्ला ने श्री मदन भाटिया को अपनी बात
हने का अवसर दिया । विपक्ष के विरोध के बीच
ी भाटिया ने कहा कि सभापति ने उस समाचार पर
ल अपना फैसला देने की घोषणा की है । "हम
ाहते हैं कि सभापति निर्णय लेने से पहले हमारी
ात भी सुनें ।"

विपक्षी सदस्यों के विरोध करने पर उपसभापति
कहा कि सदन के किसी सदस्य की भावना सभापति
क पहुंचाने में आज बाधा नहीं डाल सकते ।

जनता पार्टी के श्री कमल मोरारका ने श्री
ाटिया को बोलने का अवसर दिये जाने पर व्यवस्था
न प्रश्न उठाया । उनका कहना था कि एक बार
वशेष उल्लेख के लिए सदस्य का नाम पुकारे जाने के
ाद किसी अन्य सदस्य को मौका देना स्वयं सभापति
ी व्यवस्था का उल्लंघन है । उन्होंने कहा कि
वपक्ष का सदस्य होने के नाते उनके अधिकार
त्तारूढ़ दल के सदस्यों से कम नहीं हो जाते ।
न्होंने उपसभापति से सरक्षा की मांग करते हुए
हा कि श्री भाटिया ने मेरे प्रति धमकी की भाषा का
स्तेमाल किया है जो इस सदन के सदस्य को शोभा
हीं देता ।

श्री मोरारका ने कहा कि इसके साथ ही श्री
ाटिया ने सभापति को भी धमकी दी है । श्रीमती
हैपतुल्ला ने इससे असहमति व्यक्त करते हुए कहा
क सभापति को किसी ने धमकी नहीं दी है ।

देवी लाल के खिलाफ मर्यादा प्रस्ताव का मामला विधानसभा में उठाया गया

चंडीगढ़, 14 मार्च (वि.प्र.): आज हरियाणा विधानसभा में भाजपा सदस्य डा. मंगल सेन ने लोकसभा में राज्य के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के खिलाफ मर्यादा प्रस्ताव का मामला उठाने का प्रयास किया । स्पीकर श्री एच.एस. चट्टा ने कहा यह लोकसभा का मामला है । उन्होंने कहा- हर एक को यह अधिकार है कि वह जहां से चाहें लोकसभा चुनाव लड़ लें । यदि श्री देवी लाल चाहते हैं कि वह लोकसभा स्पीकर श्री बलराम जाखड़ के खिलाफ चुनाव लड़ें तो उनको कौन रोक सकता है ।

'शाम के भाव'-(14 मार्च, एल.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6712, चांदी डिलिवरी 6713, चांदी गद्दी 6632, कच्ची चांदी 6752, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7090, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3030-3040, सोना स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3020, सिन्नी (प्रत्येक) 2500-2525 रुपए ।

दिल्ली अलीह धात् मार्केट (एल.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 270, निकल प्लेट 402-412, जस्ता 51.50, गन मैटल फूट 54.00, ताम्बा सिल्ली 88.00, ताम्बा रॉड 91.00, ताम्बा तार फूट 77.00, चदरी पीतल 52.50, पीतल चादर कतरन 58, पीतल भरत फूट 50.50, पीतल पुर्जा फूट 50.10, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 68-69, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 75-78, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 78-80, अल्यूमीनियम सिल्ली 47.50, अल्यूमीनियम रॉड 49.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 42, अल्यूमीनियम तार फूट 44 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाजार : (एन.एन.एस.): आर. यू./के.एस. टोर सरिया : (8 एम.एम.) 9750, (10 एम.एम.) 9750, (12 से 25 एम.एम.) 9450 । लोकल टोर सरिया : (8 एम.एम.) 9500, (10 एम.एम.) 9400, (12 से 25 एम.एम.) 9300 । एम.एस. राउंड : (6 एम.एम.) 9650, (8 एम.एम.) 9550, (10 एम.एम.) 9550, (12 एम.एम.) 9450 (16 एम.एम.) 9450 । गेट चैनल : हल्का 9200, भारी 9200 । एम.एस. चैनल लोकल (75x40) 8800, (100x50) 8800 । गार्डर आंइड्रस लोकल (150x75) 9200, (160x80) 9200, (175x90) 9200, (200x100) 9400 । इंगट : (3.5"से 4.5") 7000/7800 रुपए ।

दिल्ली क्लाथ 40, हिन्द मोटर 35.25, रिलायंस 118.50, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6710, चांदी डिलिवरी 6725, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7100, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, मिल डिलिवरी : बनस्पति ग.पी. (प्रति टीन) 315, बनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 305-314, तेल मरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 147, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 157, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 142, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 116 पैट्रो एसिड आयल (क्विंटल) 1620, तेल बिनौला (10 किलो) 162, गणेश बीरा (क्विंटल) 2050, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) 225 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 800, आंध सीमेंट 11.50, अपोलो टायर 69, एशियन होटल 55, बिदल एग्रो 123, डी.सी.एम. लि. 40, डी.सी.एम. टोयोटा 11.50, ईस्ट इंडिया होटल 60, एक्साट्स 65.. एस्सर शिपिंग 22, फूड स्पैशलिटीज 203, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 102, गुजरात नर्मदा 487, एच.एम.एम. लि. 189, हीरो होंडा 32, हिन्द एल्यूमीनियम 261, हिन्द. लीवर 80.50, हिन्द मोटर 33.25, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 92, इंडियन रेयन 91, जे.के. इंड. 64.50, जगतजीत कटन 110, कैम्बीनेटर आफ इंडिया 140, लार्सन एंड टुब्रो 93, एल.एम.एल. लि. 13.75, महावीर स्पिनिंग 122, मोदी रबड़ 80, ओरके मिल्क मिल्स 23, ओसवाल एग्रो 98, रिलायंस इंडस्ट्रीज 118.50, श्रीराम फाइबर्स 86.75, सदर्न पैट्रो 48.25, टैल्को 810, टिस्को 1232, वेम आर्गेनिक 176, बम्बई टायर 51, आइशर ट्रैक्टर 70, आइशर मोटर 12.50, गुजरात अम्बु सीमेंट 18, हरियाणा पैट्रो 11.50, इंडो गल्फ 19.50, इस्पात प्रोफाइल्स 17, इस्पात अलायज 38, जे.टी.सी. 36, जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 13, मोदी सीमेंट 7.75, ओसवाल एग्रो फ्यूरेन 63, ओसवाल सीजिंग 47, प्रकाश ट्यूब 39.50, रनवैक्सी लेब. 110, राजस्थान पैट्रो 17, रामा पैट्रो 28, समतल कलर 35, स्वराज माजदा 9, स्पिक इलैक्ट्रानिक 13.50, तमिलनाड पैट्रो 24.50, ए.पी. रेयन 15.50, टायटन वाच 27.50, टी.वी.एस. सुजुकी 23 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3130, सोना बिट्टर 3050, स्वर्ण आभूषण 2900, चांदी तेजाबी 6800, चांदी थोबी 6700, सिक्का 7200 रुपए ।

आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिस्तौलों से लैस थे । यह फर्म चूजे बेचने का काम करती है ।

जहां डाका डाला गया वहां निकट ही 2 बैंक हैं, जहां सुरक्षा गार्ड मौजूद रहते हैं । यह भी पता चला है कि उक्त फर्म में आज ग्राहकों ने अदायगियां की थीं । इस क्षेत्र में पिछले 4 सप्ताहों में डाका की यह तीसरी बड़ी वारदात है । पहली वारदात 11 फरवरी को तथा दूसरी 13 फरवरी को हुई थी ।

सेल्ज़मैन घायल : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने थाना लुधियाना के अंतर्गत गांव गियासपुर में एक पैट्रोल पम्प पर फ़ायरिंग करके उसके सेल्ज़मैन को घायल कर दिया ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): कल रात यहां बी.एस.एफ़. तथा पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त नाकाबंदी में मुठभेड़ के बाद दो खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके पास से गोली-सिक्का तथा स्कूटर बरामद हुआ है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि गुरदासपुर सदर के गांव बरनाला के पास एक नाकाबंदी पर कल रात लगभग 9 बजे 2 स्कूटर सवार व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस द्वारा भी फायरिंग की गई । कुछ देर बाद ही दोनों आतंकवादियों पर काबू पा लिया गया । पकड़े गए आतंकवादियों के नाम परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा तथा रविन्द्र सिंह उर्फ़ लाडी हैं । दोनों गांव टुगड़वाल के निवासी हैं । उनके पास से एक दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । बरामद किए गए स्कूटर का नं. पी.एच.जी. 8258 है ।

पूछताछ से पता चला है कि परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा 1984 से ही आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा हुआ है । इसने 14.7.87 को सदर गांव साहोवाल के बिशम्भर लाल और प्रेम लाल तथा 6.12.87 को अपने ही गांव के मास्टर भजन सिंह की हत्या कर दी थी । कुछ ही दिन पूर्व इसने 6.3.89 को अटवाल निवासी मस्तान सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया था, जो अब बरामद हुआ है । श्री दास ने बताया कि रवीन्द्र सिंह उर्फ़ लाडी जंगलात विभाग का कर्मचारी था । इसने अपने साथियों के साथ मिल कर 9.5.87 को टांडा में पैट्रोल पम्प तथा 7.10.87 को अपने ही विभाग का 50000 रुपया लूट लिया था ।

रुपया न देने पर अपहरण : कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के अंतर्गत गांव पिथोटाइल में गत रात्रि लगभग 12½ बजे 7-8 अज्ञात चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों तथा अन्य शस्त्रों से लैस नवयुवकों ने, जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, बलपूर्वक एक घर में प्रवेश करके दो लाख रुपये मांगे तथा रुपये न मिलने पर एक 24-25 वर्षीय नवयुवक स्वर्ण सिंह को अपहरण करके ले गये हैं । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 12½ बजे सशस्त्र 7-8 नवयुवक लाल सिंह के मकान पर आये तथा दरवाजा खटखटा कर तलाशी देने को कहा परन्तु घर वालों के दरवाजा न खोलने पर वे धमकियां देने लगे तो डर के मारे घर वालों ने दरवाजा खोल दिया । उन्होंने दो लाख रुपये मांगे । घर वालों के यह कहने पर कि उनके पास घर में रुपये नहीं हैं वह लोग ऊपर के कमरे में प्रवेश करके वहां पाए हुए स्वर्ण सिंह का अपहरण करके अपने साथ ले जाते हुए कह गये कि मंड में रुपये लेकर पहुंच जाना, हम तुम्हें वहां पहचान लेंगे । सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारी गांव में पहुंच गये हैं तथा अपहृत स्वर्ण सिंह की खोज बड़े पैमाने पर आरम्भ कर दी गई है ।

होमगार्ड घायल : पटियाला जिला में सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के साथ स्थित गांव कामी कलां में दो आतंकवादियों ने एक होमगार्ड प्रितपाल सिंह को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया ।

कंडक्टर से रुपये छीने : जिला रोपड़ के थाना मोरिंडा के अंतर्गत गांव दमछेड़ी के निकट पटियाला से नैना देवी जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस को तीन सशस्त्र डकैतों ने रोका तथा कंडक्टर से लगभग 3,000 रुपये छीन लिये ।

स्कूटर छीना : तपामंडी से मारकंडा के अनुसार गत रात लगभग 8.15 बजे यहां प्रभात सिनेमा के निकट 2 अज्ञात व्यक्तियों ने राजकुमार नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर पी.जे.के. 7890 छीन लिया । पुलिस को सूचना दे दी गई है ।

ट्रक बरामद : फगवाड़ा (राकेश): पिछले दिनों निकटवर्ती गांव जमालपुर के पास आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर चावलों से भरा हुआ एक ट्रक नं. सी.एच.डब्ल्यू. 7111 छीन लिया था, वह ट्रक पुलिस को थाना झोपाल जिला अमृतसर के एक गांव के पास लावारिस पड़ा मिल गया है ।



फिरोजपुर के निकट बस्ती रामलाल में सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी का शव । (छाया : सेठी)

बोफ़ोर्स पर दलाली का पुनः आरोप लगाया गया

स्टाकहोम, 14 मार्च : यहां के एक प्रमुख अखबार ने आज शस्त्र निर्माता बोफ़ोर्स कम्पनी पर भारत को हथियार बेचने के सौदे हासिल करने में

अकाली दलों में एकता

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुझे आशा है कि श्री बरनाला के साथी समझदारी से काम लेकर एकता-फार्मूले का अनुमोदन करेंगे ।

कैप्टन सिंह के अनुसार यह श्रेय श्री बरनाला को जाता है कि उन्होंने एकता-फार्मूले पर हस्ताक्षर करते समय कोई शर्त नहीं लगाई और न ही यह मांग की कि उन्हें प्रतिष्ठा के अनुसार पद मिलना चाहिए । वास्तविकता तो यह है कि इस एकता-फार्मूले की शुरूआत भी श्री बरनाला ने की ।

अकाली दल के संविधान में संरक्षक के पद की व्यवस्था होने सम्बन्धी पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि श्री मान ने मुलाकात के दौरान बार-बार कहा कि 'एकता होनी चाहिए, एकता के बिना काम नहीं चलेगा, मुझे इस एकता से कुछ मिले या न मिले, इसका मुझे कोई शिकवा नहीं । पंजाब समस्या एकता किए बिना हल नहीं हो सकेगी ।' उन्होंने कहा कि श्री मान ने मुझे यह सन्देश दिया कि मैं श्री तलवंडी को डंके की चोट पर यह कह दूं कि वह शिरोमणि अकाली दल के प्रधान बन जाएं और मैं संरक्षक बनाने को तैयार हूं ।

कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने घोषणा की कि मैं श्री मान से भागलपुर जाकर पुनः मुलाकात करने का प्रयास कर रहा हूं जिसकी मुझे अभी तक अनुमति नहीं दी गई । पहले भी लगभग 4 वर्ष के बाद मुझे स्वीकृति मिली थी । उन्होंने कहा कि मैं श्री मान को अन्य लोगों की अपेक्षा अच्छी तरह जानता हूं और इसका हितैषी हूं । जो लोग यह कह रहे हैं कि वह श्री मान की ओर से बोल रहे हैं, मेरे विचार में ऐसे लोग गलत बयानी से काम ले रहे हैं । मेरा अब भी विश्वास है कि श्री मान मेरे साथ किए वादे के अनुसार अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि एकता होनी चाहिए ।

कैप्टन सिंह ने कहा कि श्री तलवंडी अब भी अपनी इस पेशकश पर कायम हैं कि जब भी श्री मान जेल से बाहर आ जाएंगे तो मैं उनके लिए अध्यक्ष पद छोड़ दूंगा । उन्होंने कहा कि मैं श्री वाटिका, छोटेपुर, संत अजीत सिंह और गुरतेज सिंह बाजवा को मान गुट से सम्बद्ध मानता हूं लेकिन एकता के मुद्दे पर इन चारों से मुलाकात करने की मेरी कोई इच्छा नहीं । मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि एकता के बारे मुझे श्री मान ने पूर्ण तौर पर अधिकार दे रखा था । श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा जैसे लोगों को शिरोमणि अकाली दल में वापिस लाए जाने के अभियान बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री सिंह ने कहा कि इस बारे अब पार्टी प्लेट फार्म पर ही विचार किया जा सकता है ।

कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां पंथक एकता को तारपीडो करने के लिए जोर लगा रही हैं । इस अवसर पर जो भी व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के लिए पंथक एकता के रास्ते में रुकावट बनेगा, सिख इतिहास उसे कभी माफ नहीं करेगा । उन्होंने कहा कि हमने तीन वर्ष प्रिजीडियम बनाने और गिराने पर व्यर्थ कर दिए । एकता फार्मूले के अनुसार तो सिर्फ मास की बात है । अकाली दल की भर्ती करा कर और जनरल इलैक्शन लड़ने के बाद, सैशन बुला कर प्रधान का चुनाव किया जा सकता है ।

दहेज कम लाने पर जिंदा जलाने का प्रयास

सुषमा रानी

अमृतसर, 14 मार्च (कमलेश): सुषमा रानी पुत्री सतपाल चिंतपूर्णी चौक जो जली हुई हालत में उपचाराधीन है ने थाना राम बाग में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उस उसके पति सुरिन्द्र कुमार, सास परवेशरानी तथा ननद रजनीबाला ने मिलकर 11 मार्च को जब वह घर की रसोई में आटा गूंथ रही थी तो उसे आग लगाकर मारने का प्रयत्न किया गया । रिपोर्ट में कहा गया है कि उसका विवाह सुरिन्द्र कुमार के साथ छः वर्ष पहले हुआ था । अपनी शक्ति के अनुसार उस के पिता ने दहेज भी दिया । चूंकि मेरे यहां कोई बच्चा नहीं हुआ है इसलिए मुझे दहेज कम लाने व बच्चा पैदा न कर सकने के कारण तंग करना शुरू कर दिया गया । इस कारण घर में क्लेश रहने लगा ।

11 मार्च को जब मैं रसोई में काम कर रही थी तो मेरी सास, ननद ने मेरे दुपट्टे को आग लगा थी । आग लगने पर जब बाहर भागी तो एक दुकानदार ने पानी डालकर मेरी आग तो बझा दी मगर मैं जल जाने से घायल हो गई । रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे समाप्त करने की साजिश में उसके पति का भी हाथ है । इसलिए इन सब के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए ।

पंजाब के वित्तायुक्त गृह एवं लोक सम्पर्क श्री एस.एल. कपूर (ऊपर) मंगलवार को कन्या महाविद्यालय जालन्धर के वार्षिक पुरस्कार वितरणोत्सव में होनहार छात्राओं को पुरस्कार भेंट करते हुए । (नीचे) इसी समारोह में श्री कपूर की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कपूर विद्यालय की एक पुरानी छात्रा को सम्मानित करते हुए ।

उत्तरी कोरिया की जासूस किम हिओन हुई,जिस पर नवम्बर-1987 में दक्षिण कोरिया के एक विमान में बम रखने के आरोप में सियोल में 7 मार्च को मुकद्दमा चलाया गया । बम के विस्फोट के कारण उक्त विमान में सवार सभी 115 यात्री मारे गए थे । (छाया : पी. इ.)

11 विपक्षी सांसदों द्वारा ठक्कर रिपोर्ट पेश करने की मांग

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): ग्यारह विपक्षी सांसदों ने आज सरकार से कांग की है कि वह ठक्कर आयोग की रिपोर्ट को संसद के पटल पर रखे । उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा है कि इंडियन एक्सप्रैस द्वारा आज ठक्कर आयोग रिपोर्ट के कुछ कथित अंश प्रकाशित किये गये हैं । यह रिपोर्ट श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के मामले से संबंधित है । इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से नितांत महत्वपूर्ण मुद्दे उठ खड़े हुए हैं । इस स्थिति में सरकार से इस मामले पर एक विस्तृत बयान देने और रिपोर्ट को संसद के पटल पर रखे जाने की आशा तो की ही जा सकती है ।

विपक्षी सांसदों ने कहा कि यदि इंडियन एक्सप्रैस ने जो कुछ प्रकाशित किया है वह सही नहीं है तो सरकार को उसका खंडन करना चाहिए और उस अखबार पर गैर जिम्मेदाराना पत्रकारिता का आरोप लगाना चाहिए । ऐसा नहीं किया गया तो उसकी गम्भीर परिणतियां होंगी ।

गोराया में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज 17 से

फगवाड़ा, 14 मार्च (कौड़ा): गोराया में 700 लाइनों का नया इलैक्ट्रानिक टैलीफोन एक्सचेंज 17 मार्च शुक्रवार को आरम्भ कर दिया जाएगा । उक्त जानकारी टैलीफोन एक्सचेंज के एस.डी.ओ. श्री विनोद पाल ने दी ।

राजेश्वर राव पुनः भाकपा महासचिव चुने गए

कलकत्ता, 14 मार्च : श्री सी. राजेश्वर लगातार चौथी बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने गए हैं । श्री इंद्रजीत गुप्ता भी उप-महासचिव बने रहेंगे । पार्टी की नवगठित राष्ट्रीय परिषद् की बैठक में कल 9 सदस्यीय केन्द्रीय सचिवालय का भी गठन किया गया ।

पैप्सू कर्मियों की हड़ताल वापिस

पटियाला, 14 मार्च (सरहिन्दी): पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन के कर्मचारियों की कल 15 मार्च को होने वाली हड़ताल वापिस ले ली गई है । इस हड़ताल का आह्वान कर्मचारियों के चार संघों ने किया था ।

सेन जनता दल में

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): लोकसभा सदस्य ए.के. सेन ने अध्यक्ष बलराम जाखड़ को सूचित किया है कि वह जनता दल में शामिल हो गए हैं । उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को इस संबंध में लिखे अपने पत्र की प्रति आज यहां संवाददाताओं को दी ।

जेलर को अपहरण

(पृष्ठ 3 का श

जोधपुर से रवाना होते सम
मद्रा में थे । उन्होंने सफेद कुर्
नीली जाकेट तथा पीला साफा
टोहरा के बैठने के तुरन्त बाद
गया । आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के
टोहरा को 6 मार्च 1989 को
रिहा किया गया था, लेकि
आपराधिक मामलों में वांछित
यहां कांजरी गैस्ट हाऊस में नज

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अ
अमृतसर के किसी गैस्ट हाऊस
सकता है कि पुलिस उनके कि
अमृतसर में दर्ज केस के आधा
करें । शिरोमणि कमेटी के सि
कलकत्ता का कहना है कि श्री
केस झूठा है ।

जालन्धर (दल्ल): पंजाब
एस.एल. कपूर ने कहा है कि श्री
तथा श्री सुखजिन्दर सिंह को रि
का अंतिम निर्णय केंद्र करेगा ।
टोहरा के अलावा श्री सुखजिन्दर
पंजाब लाए जाने की सम्भावना

21 नजरबंदों की सिफारिश : श्री कपूर ने
जालन्धर लाए गए नजरबंदों
करने वाली रिबैरो कमेटी के
संवाददाताओं से अनौपचारिक
कि जालन्धर जेल में लाए गए
21 को रिहा करने की सिफ
जिनमें से कल पांच और आज
जा चुके हैं जबकि अन्यों की रि
सम्भावित है ।

उन्होंने कहा कि बाकी के
अधिकतर वे हैं जो उग्रवाद अप
धोखाधड़ी आदि अपराधों में लि
पहले ही पांच वर्ष के लगभग
इनके विरुद्ध मुकद्दमा चलाने
संबंधित जिलों से सिफारिशें
दृष्टि से उन्हें शायद उनके जि
दिया जाएगा ।

श्री कपूर ने कहा कि इन
"चुभन पैदा करने वाले का
माहौल बेहतर बनाना है । ए
कपूर ने कहा कि जो रिहा हो
रखने का काम तो पुलिस ही

एक अन्य प्रश्न के उत्तर
रिहा हुए व्यक्तियों की आम जी
उन्हें स्वरोजगार में कर्जे
सहायक बनेगी । इस दृष्टि
विभाग में एक विशेष कक्ष स्

'नार्ता' के अनुसार
नजरबंदों के नाम सुरेन्द्र सिंह
बस्सन सिंह उर्फ बर्सत सिंह,
सिंह हैं । ये सभी जिला फरी
हैं । कल रिहा किए गए 5 न
अमृतसर जिले के थे ।

एकीकृत अकाली द
सिमरनजीत सिंह मान के गि
आज यहां केंद्रीय जेल में अ
संघ के प्रधान मनजीत
हरमिन्दर सिंह से भेंट की ।
बेटी और दामाद भी छात्र सं

एक कट्टर आतंक
अनुसार जोधपुर के नजरबं
एक अभियुक्त और 19 कट्ट
एक रवेल सिंह की कल जु
उसे जालन्धर जेल से रिहा
सिंह के विरुद्ध तरनतारन थ
से पहला हत्या का एक
जमानत अमृतसर की अदा

शोक स

जालन्धर, 14 मार्च
के पिता स. भान सिंह रंधा
गया, अन्तिम अरदास 19
बजे बाद दोपहर तक मिसि
कैंट में होगी ।

■ फगवाड़ा—श्री कुल
हरकिशन लामा का गत
रस्म पगड़ी 21 मार्च को
एस.डी. माडल स्कूल, बा
में होगी ।

PUBLIC
Shri Rakesh Sh
R/o : Plot No.
Jawala Nagar,
Near Mandir M
Jalandhar.
WHEREAS I have
as an Enquiry Off
domestic enquiry
an employee of S
of the Peerless G
and Investment
Limited havings
office at Calcutta
Delhi Regional O
Pers-4(B)/ PGF
13-01-1989.
WHEREAS Shri
AAO 'C' Srinaga

Now! The best TV is within your reach!

Punjab Sanjhani

कुमार बंसल, देवा प्रसाद राय
साथ खड़े होकर कुछ कहने की
लेकिन शोरगुल में कुछ भी सुनाई
व उपसभापति नजमा हैपतुल्ला
के लिए श्री अरविंद गणेश
पुकारा । इसके बावजूद दोनों
बोलना जारी रखा । बाद में
श्री मदन भाटिया को अपनी बात
या । विपक्ष के विरोध के बीच
कि सभापति ने उस समाचार पर
देने की घोषणा की है । "हम
ति निर्णय लेने से पहले हमारी

के विरोध करने पर उपसभापति
किसी सदस्य की भावना सभापति
बाधा नहीं डाल सकते ।
श्री कमल मोरारका ने श्री
अक्सर दिये जाने पर व्यवस्था
उनका कहना था कि एक बार
ए सदस्य का नाम पुकारे जाने के
य को मौका देना स्वयं सभापति
लंघन है । उन्होंने कहा कि
होने के नाते उनके अधिकार
स्यों से कम नहीं हो जाते ।
से सुरक्षा की मांग करते हुए
ने मेरे प्रति धमकी की भाषा का
इस सदन के सदस्य को शोभा

कहा कि इसके साथ ही श्री
को भी धमकी दी है । श्रीमती
तहमति व्यक्त करते हुए कहा
ने धमकी नहीं दी है ।

खिलाफ मर्यादा प्रस्ताव
नसभा में उठाया गया

र्चा (वि.प्र.): आज हरियाणा
ा सदस्य डा. मंगल सेन ने
मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के
का मामला उठाने का प्रयास
एच.एस. चट्ठा ने कहा यह
। उन्होंने कहा- हर एक को
जहां से चाहें लोकसभा चुनाव
देवी लाल चाहते हैं कि वह
बलराम जाखड़ के खिलाफ
कौन रोक सकता है ।

व-(14 मार्च, एन.एन.एस.)

चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच
6713, चांदी गदही 6632, कच्ची
किंडा) 7090, सोना (प्रति 10 ग्राम)
स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22
) 2500-2525 रुपए ।

रात मार्केट (एन.एन.एस.) गेहूं
, निक्कल प्लेट 402-412, जस्ता
00, ताम्बा सिल्ली 88.00, ताम्बा
ट 77.00, चदरी पीतल 525.0,
न भरत फूट 50.50, पीतल पर्जा फूट
मनायम 22.75, सीसा की सिल्ली
म स्क्वायल (22 गेज) 68-69,

आतंकवादी मारा गया
(पृष्ठ 3 का शेष)

पिस्तौलों से लैस थे । यह फर्म चूजे बेचने का काम करती है ।

जहां डाका डाला गया, वहां निकट ही 2 बैंक हैं, जहां सुरक्षा गार्ड मौजूद रहते हैं । यह भी पता चला है कि उक्त फर्म में आज ग्राहकों ने अदायगियां की थीं । इस क्षेत्र में पिछले 4 सप्ताहों में डाका की यह तीसरी बड़ी वारदात है । पहली वारदात 11 फरवरी को तथा दूसरी 13 फरवरी को हुई थी ।

सेल्जमैन घायल : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने थाना लुधियाना के अंतर्गत गांव गियासपुर में एक पैट्रोल पम्प पर फायरिंग करके उसके सेल्जमैन को घायल कर दिया ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): कल रात यहां बी.एस.एफ. तथा पंजाब पुलिस ने एक संयक्त नाकाबंदी में मठभेड़ के बाद दो खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके पास से गोली-सिक्का तथा स्कूटर बरामद हुआ है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि गुरदासपुर सदर के गांव बरनाला के पास एक नाकाबंदी पर कल रात लगभग 9 बजे 2 स्कूटर सवार व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस द्वारा भी फायरिंग की गई । कुछ देर बाद ही दोनों आतंकवादियों पर काबू पा लिया गया । पकड़े गए आतंकवादियों के नाम परमजीत सिंह उर्फ पम्मा तथा रविन्द्र सिंह उर्फ लाडी हैं । दोनों गांव टगड़वाल के निवासी हैं । उनके पास से एक दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । बरामद किए गए स्कूटर का नं. पी.ए.जी. 8258 है ।

पुलिस को पता चला है कि परमजीत सिंह उर्फ पम्मा 1984 से ही आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा हुआ है । इसने 14.7.87 को सदर गांव साहोवाल के बिशम्भर लाल और प्रेम लाल तथा 6.12.87 को अपने ही गांव के मास्टर भजन सिंह की हत्या कर दी थी । कुछ ही दिन पूर्व इसने 6.3.89 को अटवाल निवासी मस्तान सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया था, जो अब बरामद हुआ है । श्री दास ने बताया कि रवीन्द्र सिंह उर्फ लाडी जंगलात विभाग का कर्मचारी था । इसने अपने साथियों के साथ मिल कर 9.5.87 को टांडा में पैट्रोल पम्प तथा 7.10.87 को अपने ही विभाग का 50000 रुपया लूट लिया था ।

रुपया न देने पर अपहरण : कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के अंतर्गत गांव पिथोटाइल में गत रात्रि लगभग 12½ बजे 7-8 अज्ञात चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों तथा अन्य शस्त्रों से लैस नवयुवकों ने, जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, बलपूर्वक एक घर में प्रवेश करके दो लाख रुपये मांगे तथा रुपये न मिलने पर एक 24-25 वर्षीय नवयुवक स्वर्ण सिंह को अपहरण करके ले गये हैं । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 12½ बजे सशस्त्र 7-8 नवयुवक लाल सिंह के मकान पर आये तथा दरवाजा खटखटा कर तलाशी देने को कहा परन्तु घर वालों के दरवाजा न खोलने पर वे धमकियां देने लगे तो डर के मारे घर वालों ने दरवाजा खोल दिया । उन्होंने दो लाख रुपये मांगे । घर वालों के यह कहने पर कि उनके पास घर में रुपये नहीं हैं वह लोग ऊपर के कमरे में प्रवेश करके वहां सोए हुए स्वर्ण सिंह का अपहरण करके अपने साथ ले जाते

अकाली
(पृ

मुझे आशा है कि श्री
काम लेकर एकता-

कैप्टन सिंह के
जाता है कि उन्होंने
करते समय कोई शर्त
की कि उन्हें प्रति
चाहिए । वास्तवि
एकता-फार्मूले की
की ।

अकाली दल के
व्यवस्था होने सम्बन्
अमरेन्द्र सिंह ने कह
दौरान बार-बार क
एकता के बिना काम
कुछ मिले या न मि
नहीं । पंजाब समस्
सकेगी । उन्होंने
सन्देश दिया कि मैं श्
यह कह कि वह शि
बन जाएं और मैं संत

कैप्टन अमरेन्द्र
मान से भागलपुर ज
प्रयास कर रहा हूं कि
नहीं दी गई । पहले
स्वीकृति मिली थी ।
अन्य लोगों की अपे
इसका हितैषी हूं । उ
मान की ओर से बोल
गलत बयानी से क
विश्वास है कि श्री
अनुसार अब भी इस
होनी चाहिए ।

कैप्टन सिंह ने
अपनी इस पेशकश
जेल से बाहर आ जा
छोड़ दूंगा । उन्हों
छोटेपुर, संत अजीत
मान गुट से सम्बद्ध म
पर इन चारों से मुला
नहीं । मैं वह बात
के बारे मुझे श्री मान
था । श्री प्रेम सि
शिरोमणि अकाली
अभियान बारे पूछे
कहा कि इस बारे अ
किया जा सकता है

कैप्टन अमरेन्द्र
सरकार की सभी एजे
करने के लिए जोर ल
भी व्यक्ति अपने निज
रास्ते में रुकावट ब
माफ नहीं करेगा ।
प्रिजीडियम बनाने
एकता फार्मूले के अन
अकाली दल की भर्ती
चुनने के बाद, सैश
किया जा सकता है

दहेज कम

PunjabKesari.com

एक ट्रक चालक सहित पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या

पंचकूला में दुकान पर फ़ायरिंग, डाक्टर व उसका लड़का घायल

काहनुवान क्षेत्र में कट्टर आतंकवादी गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 15 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने एक ट्रक चालक सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पंचकूला में एक डाक्टर और उसके लड़के को गोलियां मार कर घायल कर दिया गया । एक कट्टर आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है । जिला अमृतसर में हरिके के निकट दो ट्रकों पर आतंकवादियों ने भारी फायरिंग की ।

2 की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि काहनुवान थाना के अंतर्गत गांव बड़ाइच में आतंकवादियों ने गोली मार कर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 7 बजे आबकारी विभाग का क्लर्क महेंद्रपाल (कादियां निवासी) तथा चपरासी मदन लाल (काहनुवान निवासी) साइकल पर कादियां से काहनुवान आ रहे थे कि गांव बड़ाइच के मोड़ पर कुछ आतंकवादियों ने उन पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाईं जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । दोनों मृतक चचेरे भाई थे ।

घटनास्थल से खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली गई है । पत्र में कहा गया है कि जो लड़के स्कूलों व कालेजों के बाहर लड़कियों से छेड़खानी करते हैं, उनका भी यही हाल होगा ।

'भाला' गिरफ्तार : थाना काहनुवान क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक कट्टर आतंकवादी हरपाल सिंह उर्फ़ 'भाला' को गिरफ्तार किया । उससे एक स्प्रिंग फ़ील्ड राइफल बरामद हुई है । जिला पुलिस चीफ श्री पी.एम. दास ने बताया कि इस आतंकवादी ने 4 हत्याएं किये जाने की स्वीकारोक्ति की है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मुक्तसर से दीपक के अनुसार यहां से आठ किलोमीटर दूर गांव बड़ागुजर में एक व्यक्ति कश्मीर चंद की हत्या कर दी गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ अज्ञात व्यक्ति रात 11 बजे के करीब कश्मीर चंद के घर की दीवार फांद कर घर में घुस आए । तब उन्होंने अंदर का दरवाजा खटखटा कर खोलने के लिए कहा । जब अंदर से दरवाजा खुला तो अज्ञात व्यक्तियों ने पहले कश्मीर चंद की शादीशुदा लड़की की बालियां उतार लीं तथा फिर उससे एक हजार रुपए छीन लिये । उसके पश्चात वे कश्मीर चंद को बाहर ले गए । बाहर जाकर गोली मार कर उन्होंने उसकी हत्या कर दी । आतंकवादी घर के बाहर सुबह चार बजे तक घूमते रहे । सुबह सात बजे पुलिस को सूचना दी गई ।

ट्रक चालक की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात 9.15 बजे एक ट्रक नम्बर 7751 जो कि अमृतसर से मुक्तसर आ रहा था, को हरिके पत्तन के निकट एक व्यक्ति ने हाथ देकर रोका । जब चालक ने ट्रक न रोका तो घात लगा कर बैठे आतंकवादियों ने ट्रक पर फायरिंग की जिससे ट्रक चालक देवेंद्र उर्फ़ लाली की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा ट्रक वृक्ष से जा टकराया । ट्रक के क्लीनर ने भाग कर हरिके पत्तन जाकर सी.आर.पी. को सूचित किया लेकिन वहां सी.आर.पी. के जवान कम होने के कारण वे उसके साथ चलने को तैयार न हुए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

पिता की हत्या, पुत्र घायल : लुधियाना—कल रात जिला लुधियाना के थाना जगराओं के अंतर्गत गांव दहेरका में 6 आतंकवादी एक व्यक्ति बलबीर सिंह के घर गये तथा गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । उसका लड़का गोलियां लगने से घायल हो गया ।

एक अन्य घटना में कल रात थाना खन्ना के गांव नसराली में दो हमलावरों ने एक व्यक्ति निर्मल सिंह की तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी ।

ट्रक चालक की लाश मिली : अमृतसर से ह.स. के अनुसार हरिके के निकट एक उलटे हुए ट्रक में से पुलिस ने मुक्तसर निवासी मुलखराज की गोलियों से छलनी लाश बरामद की । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 7 चले हुए कारतूस मिले ।

ट्रक चालक घायल : एक अन्य ट्रक चालक अजमेर सिंह के ट्रक पर भी उस समय फायरिंग की

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जिला अमृतसर के सीमांत कस्बा खालड़ा का कैनाल रैस्ट हाऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा क गया है । (नीचे) रैस्ट हाऊस की चारदीवारी पर तैनात सुरक्षा-क

केन्द्र के पंजाब में लोकप्रिय सरकार बनाने के प्रयास को आघात

नई दिल्ली, 15 मार्च (वि.स.): राजनीतिक पंडितों के अनुसार अकाली दल के मान और बरनाला गुट द्वारा स्वयं को अकाली एकता के प्रयासों से अलग कर लेने से केंद्र सरकार के पंजाब में लोकप्रिय सरकार बनाने के प्रयास को आघात पहुंचा है और इसके साथ ही कैप्टन अमरेन्द्र सिंह को पंजाब का भावी मुख्यमंत्री बनाने की योजना भी फिलहाल विफल हो गई है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार केंद्र ने श्री प्रकाश सिंह बादल और श्री गुरचरण सिंह टोहरा को अलग-अलग करके कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के माध्यम से श्री जगदेव सिंह तलवंडी के साथ जो गुप्त वार्ता शुरू की थी, उसमें बाधा उत्पन्न हो गई है । यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री निवास का एक गुट शीला दीक्षित के माध्यम से इंका हाईकमान का आशीर्वाद प्राप्त कर कैप्टन अमरेन्द्र सिंह को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास कर रहा था जिसमें एक अन्य वरिष्ठ मंत्री ने अड़ंगा डाल दिया । यह मंत्री तलवंडी गुट से बातचीत करने वालों से नाराज़ है क्योंकि इस वार्ता बारे उसे अंधेरे में रखा गया । परिणामस्वरूप उसने 'तार हिला कर' अकाली एकता के अभियान को विफल करा दिया ।

जानकार सूत्रों के अनुसार शीला दीक्षित इन दिनों पंजाब के मामले देख रही हैं जिसे राजीव के उन दरबारियों ने पसंद नहीं किया, जो अभी तक पंजाब के मामले देख रहे थे । यह भी पता चला है कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने हाल ही में दिल्ली के कुछ वरिष्ठ इंका नेताओं को मान और बरनाला गुट के ताज़ा रुख से अवगत करा दिया है ।

इन सब हालात के दृष्टिगत राजनीतिक पंडितों की धारणा है कि अब पंजाब में लोकप्रिय सरकार मई मास तक बनने की कोई सम्भावना नहीं । वर्तमान हालात में पंजाब में पंचायतों के चुनाव कराना भी सम्भव नहीं । गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भी पंजाब में हालात सुधरने के स्थान पर अभी तक बिगड़े ही हैं ।

टोहरा से मिलने की किसी को नहीं, गैस्ट हाऊस के गिर्द क

खालड़ा (अमृतसर), 15 मार्च (वा.): इस सीमावर्ती छोटे से नगर का कैनाल रैस्ट हाऊस आज कल यहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री गरचरण सिंह टोहरा के आने के कारण एक छोटे से किले का रूप धारण कर गया है ।

श्री टोहरा, जो कि आज कल नजरबंद हैं, को कल रात में इस रैस्ट हाऊस में लाया गया था । यह रैस्ट हाऊस पाकिस्तान से लगने वाली सीमा से मात्र कुछ गज की दूरी पर स्थित है, पंजाब सरकार ने एक विशेष अधिसूचना द्वारा इस रैस्ट हाऊस को जेल में परिवर्तित किया है ।

इस रैस्ट हाऊस में किसी भी व्यक्ति को श्री टोहरा से मिलने के लिए नहीं जाने दिया जाता है । इस रैस्ट हाऊस की सुरक्षा के लिए कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं तथा यहां पंजाब पुलिस व सी.आर.पी. के जवानों को तैनात किया गया है ।

अमृतसर से यहां आए सम्वाददाताओं को श्री टोहरा से मिलने की अनुमति नहीं दी गई । अमृतसर सैंट्रल जेल के एक सहायक सुप्रिंटैंडैंट ने पत्रकारों से नम्रतापूर्वक कहा कि श्री टोहरा से किसी को भी यहां तक कि उनके रिश्तेदारों को भी मिलने की अनुमति नहीं है । केवल शीर्षस्थ क्षेत्रों से ही अनुमति मिलने पर श्री टोहरा से मुलाकात हो सकती है ।

अकाली नेता श्री सरजन सिंह ठेकेदार तथा पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री बसन्त सिंह खालसा भी वहां पहुंचे हुए थे और जेल अधिकारियों से आग्रह कर रहे थे कि उन्हें श्री टोहरा से भेंट करने दें ।

के संविधान के प्रति
अधिकारी के साथ अ
इस बात से इन्का
खालिस्तान का समर्थ

टोहरा के स्वास्थ
बताया कि वह स्वस्थ
भीतर एक निश्चित
की जाएगी । रैस्ट हा
का सैट दिया गया है त
व्यवस्था है ।

सी.आर.पी. के ए
कि सी.आर.पी. की 3
भिखीविंड से यहां लाय
तैनात किया गया है

(शेष

जनता दल से सम्बद्ध सांसदों व विधायकों द्वारा शपथ पत्र पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, 15 मार्च : जनता दल से सम्बद्ध सभी सांसदों और विधायकों ने नई पार्टी में शामिल होने के शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं । ये शपथ-पत्र संसद तथा विधानसभा के सम्बन्धित पीठासीन अधिकारियों को प्रेषित कर दिए गए हैं ।

शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में जनता

अमरीका को निर्यात किये गये अंगूरों में ज़हर

सातियागो (चिली), 15 मार्च (ए.पी.): चिली से अमरीका को निर्यात किए गए अंगूरों के एक गुच्छे में जानलेवा साइनायड ज़हर पाए जाने के बाद जांच शुरू होने के कारण आज यहां फलों का निर्यात ठप्प पड़ गया ।

चिली के निर्यातकों और उत्पादकों ने फलों की

बाद निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने की घोषणा की गई है । चिली से इन अंगूरों को जहाज में भेजे जाने के तीन दिन बाद यहां अमरीकी दूतावास को फोन पर धमकी मिली थी कि अंगूरों में ज़हर मिला दिया गया है ।

अमरीका, कनाडा और जापान में अधिकारियों

विपक्ष ठ
कर

नई दिल्ली, 15
आज कहा कि लोकस
ठक्कर आयोग की रि
अपना संघर्ष जारी रख

भूतपूर्व प्रधानमं
मामले में ठक्कर आ

Punjabi Sanatan



...र को हुए हंगामे तथा विपक्षी
... के बाद विपक्ष के सांसद संसद
... जमा हुए दिखाई दे रहे हैं ।
(छाया : पी.टी.आई.)

...ा गया कि सरकार सचना प्राप्त
... का हनन कर रही है । श्री
... ने कहा कि यदि यह रिपोर्ट
...को मिल सकती है तो सांसदों को
...कती ? उन्होंने कहा कि यह
...धकार का हनन है ।
...ा. नज़मा हैपतल्ला ने 1989-
...बहस कराने की घोषणा की ।
...के दरबारा सिंह को अपना भाषण
...कहा, लेकिन विपक्षी सदस्य
...मने 'ठक्कर आयोग की रिपोर्ट
...'' के नारे लगाते रहे ।
...पक्षी सदस्यों ने एक दस्तावेज से
...क्या । पहले जनता पार्टी के डा.
...ने पढ़ा,फिर द्रमुक के टी.आर.
...के विजय मोहन रेड्डी और
...बेदी वही दस्तावेज पढ़ते देखे

...दस्यों ने वह दस्तावेज़ सदन में
...र उपसभापति ने कड़े शब्दों में
...ी सड़कों पर बांटा गया दस्तावेज
...की अनुमति नहीं देंगी ।
...राम की श्रीमती रेणका चौधरी वही
...गीं तो कांग्रेस (इ) के एस.एस.
...ं पहुंच गए । श्री अहलूवालिया
...के बीच कहा-सुनी भी हुई । कई
...न्हें वहां से हटाने के लिए पहुंचे ।
...ग्रेस (इ) के उपनेता एन.के.पी.
...ना चाहा । उपसभापति ने उन्हें
...कि श्री विश्वजीत सिंह बजट पर
...क्त कर रहे हैं । श्री साल्वे तुरन्त

...दस्य का बजट भाषण और विपक्षी
...वेज का पढ़ा जाना एक साथ जारी
... अपनी आवाज़ अधिक से अधिक
...कोशिश कर रहे थे ।
...हैपतल्ला ने ढाई घंटे के शोरगुल,
...ाज़ी के बाद भोजनावकाश के लिए
... करने से पूर्व कहा कि उन्हें यह
...ख हो रहा है कि सदस्यों ने उनके
... के बावजूद सदन को बाजार बना

...ों के सदन से बाहर चले जाने के बाद
...श्री डबाह्मि सलेमान सेठ ने कहा कि
...ाव के विरोध में वाकआऊट कर रहे
...र्टी के सैयद शहाबद्दीन ने कहा कि
...न से निलम्बित नहीं किया गया है,
...को निलम्बित मानते हुए सदन से जा
...बत तथा अन्य विपक्षी सदस्यों के चले
...दन में नैशनल कांफ्रैंस के सैफुद्दीन
...ली दल (बादल) के भाई शमिन्दर
...सिंह गिल बैठे हुए थे ।
...ी विपक्षी सदस्यों के चले जाने के बाद
...मूल प्रस्ताव केवल उन्हीं सदस्यों के
...ए था जो अध्यक्ष के आसन के आगे
... कर रहे थे लेकिन बाकी सभी विपक्षी
...जनीतिक लाभ लेने के लिए स्वयं
...वित" किया ।
...भगत ने एक और प्रस्ताव पेश करके
... राज्यमंत्री शीला दीक्षित के साथ
...के लिए श्री आरिफ़ मोहम्मद खान की
...न्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण
... खान ने श्रीमती दीक्षित के हाथ से
...की कोशिश की । सदन उनके इस
...र्त्सना करता है ।
...ी नेताओं ने उपाध्यक्ष से कहा कि
...लम्बन की सूची में नहीं है । उन्होंने
...क उनके बारे में क्या फैसला किया जा
...म्युनिस्ट श्री नारायण चौबे और
... सोमनाथ चटर्जी उपाध्यक्ष से बहस
... । बाद में सूची में शामिल नहीं किए
...भी अपने निलम्बन पर ज़ोर दिया तो
...हा कि उनका नाम भी सूची में शामिल
...गया ।
...ड) के श्री एच. मेहता ने आपत्ति उठाते
...कई ऐसे विपक्षी सदस्य भी निलम्बन की
...पल कर लिए गए हैं,जो पूरे हंगामे में
...र शांत बैठे रहे, यह उचित नहीं है ।
...न ने स्पष्ट किया कि उनकी सूची में
... करने वाले विपक्षी सदस्यों के नाम थे,
...य भी अपने निलम्बन की मांग कर रहे

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गई जब उसने ट्रक रोकने से इन्कार किया । अजमेर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिले में ममदोट सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

2 घायल : पंचकूला से 'वर्मा' के अनुसार आज दोपहर एक मैडिकल शाप के मालिक राम स्वरूप शर्मा (62) तथा उसके पोते 18 वर्षीय अरुण शर्मा को दवाई लेने के बहाने आये तीन लुटेरों ने गोली मार कर घायल कर दिया । दोनों को दो-दो गोलियां लगी हैं । उन्हें तुरन्त पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया जहां उनकी दशा नाजुक बताई जाती है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक दवाई लेने के बहाने दुकान में घुसे तथा दुकान मालिक को अकेला पाकर सारी धन राशि मांगी । इसी बीच दुकानदार की लुटेरों से हाथापाई हो गई और लुटेरों ने उस पर गोली चला दी । तभी श्री शर्मा का पोता अरुण भी वहां पहुंच गया तथा उसमें भी लुटेरों की झड़प हो गई । उसने लुटेरों में से एक को पकड़ लिया परन्तु दूसरे लुटेरे ने उस पर भी गोली चला दी तथा हड़बड़ाहट में बिना कुछ लूटे वहां से भाग निकले । इतने में जनता तथा पुलिस ने उनका पीछा किया तथा डंड नामक एक लुटेरे को कुछ दूरी पर धर दबोचा । उससे एक देसी रिवाल्वर, एक चला हुआ कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया । गिरफ्तार किये गये अभियुक्त ने सैकड़ों लोगों की जेबें काटने व अन्य कई ऐसे मामलों में संलिप्त होना वसूल किया है । वह और उसके साथी मंडी की जेल से भागे हुए हैं । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है तथा उसने दावा किया है कि अन्य दोनों लुटेरों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । पकड़े गये अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि उसने 15 दिन पहले ही उक्त रिवाल्वर बिहार से खरीदा था ।

दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार एस.एस.पी. संगरूर ने बताया है कि संगरूर पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम दलबीर सिंह और हाकम सिंह हैं । उनके पास से एक पिस्तौल, 17 बोर की एक बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये हैं ।

स्कूटर छीना : प्राप्त सूचना के अनुसार दो अज्ञात व्यक्ति बरनाला शहर के राजेंद्र कुमार से एक चेतक बजाज स्कूटर नं. पी.जे.के. 7890 छीन कर फ़रार हो गए ।

मोटर साइकल छीना : कपूरथला (शर्मा): थाना सदर कपूरथला के अंतर्गत जालंधर सड़क पर गांव खोजेवाल के मोड़ पर गत दोपहर दो स्कूल सवार सशस्त्र नवयुवकों ने हवाई फायर करके पिस्तौल की नोक पर यहां अनाज मंडी के एक नवयुवक शशिभूषण से उसका मोटर साइकल हीरो होंडा नं. पी.ए.डी. 3700 छीन लिया तथा गांव खोजेवाल की ओर चले गये । बताया जाता है कि शशि भूषण अपने मोटर साइकल पर जालंधर को जा रहा था कि गांव खोजेवाल मोड़ पर गुरुद्वारा के निकट दो स्कूल सवार नवयुवकों ने, जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, दोपहर लगभग 11 बजे आगे निकल कर मोटर साइकल रोकने के लिए कहा तथा गाली-गलौच करते हुए कहा कि उसने मोटर साइकल क्यों नहीं रोका तथा पिस्तौल से हवाई फायर किया तो शशि भूषण ने मोटर साइकल छोड़ दिया । इसी मध्य एक जीप आती देख कर वह दोनों मोटर साइकल लेकर अपने स्कूटर सहित भाग गये । पुलिस इनकी खोज कर रही है ।

मोपेड छीना : फगवाड़ा (राकेश): कल गांव मेहतां के पास एक व्यक्ति तीर्थ राम जब अपनी मोपेड पर जा रहा था तो रास्ते में तीन नौजवानों ने उससे उसकी मोपेड, घड़ी व नकदी छीन ली व फरार हो गए । थोड़ी दूर जा कर मोपेड खराब हो गई, जिसे वे लावारिस खड़ी करके चले गए ।

दो रिवाल्वर छीने : समराला (भारद्वाज): गत रात्रि समराला सब-डिविजन के गांव बस्सी गुज्जरां में पिस्तौलों से लैस तीन अज्ञात उग्रवादियों द्वारा पिस्तौलों की नोक पर जोगिन्द्र सिंह तथा परमीत सिंह नामक व्यक्तियों से उनके लाइसैंसी रिवाल्वर तथा 16 कारतूस छीन लिए जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि ये उग्रवादी उक्त गांव में चरण सिंह के घर भी गए तथा उसका रिवाल्वर मांगा, परन्तु उसने पुलिस थाने की रसीद दिखा दी कि उसने अपना रिवाल्वर थाना में जमा करवाया हुआ है ।

अफगान सरकार का दावा

इस्लामाबाद, 15 मार्च (ए.पी.): अफगानिस्तान सरकार ने जलालाबाद से मजाहिदीन विद्रोहियों को पूरी तरह खदेड़ने का दावा किया है और कहा है कि सरकारी सैनिकों ने वहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली है ।

नए हमले की तैयारी : पेशावर (डी.पी.ए.): अफगान विद्रोही पूर्वी अफगानिस्तान के जलालाबाद शहर पर नए सिरे से हमला करने की तैयारी कर रहे हैं ।

गत रात्रि मक्तसर के निकट आतंकवादियों द्वारा मारा गया व्यक्ति कश्मीर चंद । (छाया : दीपक)

भारत में जन्मी सुन्दरी के कारण ब्रिटिश संसद में हलचल

लंदन, 15 मार्च : भारत में जन्मी एक हसीना ने ब्रिटेन की संसद में हलचल पैदा कर दी है । पामेला बोर्डेस नामक यह युवती कंज़रवेटिव पार्टी के सांसद डेविड शॉ के साथ शोध सहायक के रूप में काम करती है । आरोप है कि पामेला लंदन की सब से महंगी 'कालगर्ल' भी है ।

रविवार को एक स्थानीय अखबार ने पामेला बोर्डेस की खबर को प्रमुखता से छापा है । खबर में कहा गया है कि 27 वर्षीय बोर्डेस का कंज़रवेटिव पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं से मेलजोल है और वह कालगर्ल के रूप में काम करती है और यह कि उसने लंदन के कई प्रमुख अखबारों के सम्पादकों की मदद से महत्वपूर्ण संदर्भ भी जुटाए हैं ।

इसी मुद्दे को लेकर संसद में कल काफी हलचल रही । लेबर पार्टी के सांसद हेल केम्पबैल सेवोर्स ने इस मामले की जांच की मांग की और कहा कि संसद के लिए जारी किए जाने वाले प्रवेशपत्रों पर और सख्त नियंत्रण होना चाहिए ।

अखबार ने कंज़रवेटिव पार्टी के सांसदों और सम्पादकों के साथ पामेला बोर्डेस की तस्वीरें भी छापी हैं । यह भी लिखा है कि ब्रिटेन के खेल मंत्री कोलिन मोहनिहन ने भी पामेला बोर्डेस से मुलाकात की थी ।

श्री मोहनिहन ने तुरन्त प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि मैं पामेल के पिछले जीवन से नावाकिफ़ था । इस खबर से मुझे धक्का लगा है । 33 वर्षीय खेल मंत्री ने यह भी कहा है कि मैं पामेला बोर्डेस से सिर्फ तीन बार मिला हूं और तीनों मुलाकातें अन्य लोगों की मौजूदगी में हुई ।

खबर में बताया गया है कि श्री मोहनिहन पामेला बोर्डेस के पिछले माह एक अन्य पार्टी में भी ले गए थे । कुमारी पामेला सात लाख पचास हजार पौंड कीमत के फ्लैट में रहती है । उसके मकान में वैसी ही घंटी लगी है जैसी घंटी संसद में मतदान के लिए सांसदों को बुलाने के लिए इस्तेमाल की जाती

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा बुधवार को जालंधर में 'उपभोक्ता सुरक्षा दिवस' मनाया गया । (चित्र में) उपनिदेशक नागरिक आपूर्ति जालंधर कैप्टन अजीत सिंह तथा ए.डी.सी. जालंधर श्री कर्ण ए. सिंह सैमीनार में भाग लेते हुए तथा उपभोक्ताओं का समूह । (छाया : कपूर)

अरुण नेहरू की राष्ट्रपति से भेंट

नई दिल्ली, 15 मार्च : जनता दल के नेता अरुण नेहरू ने आज रात राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से एक घंटा तक बातचीत की । वार्ता के विषय की जानकारी नहीं मिल सकी, लेकिन संसद में ठक्कर रिपोर्ट को लेकर उठे विवाद के दृष्टिगत यह भेंट अत्यन्त महत्वपूर्ण समझी जाती है । श्री नेहरू केंद्रीय गृहमंत्रालय में आंतरिक सुरक्षा के इंचार्ज राज्यमंत्री रह चुके हैं ।

विपक्ष संघर्ष जारी रखेगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि यह बहुत खेद की बात है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों को भी यह रिपोर्ट नहीं दिखाई गई है । यहां तक जिस राष्ट्रपति ने इस आयोग की नियुक्ति की उन्हें भी यह रिपोर्ट दिखाने से मना कर दिया गया था ।

वक्तव्य के अनुसार राज्यसभा में विपक्ष ने मांग की थी । अब तो सरकार इस खबर से सामने आए मुद्दों से उत्पन्न स्थिति पर वक्तव्य दे या इस बारे में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए चर्चा कराई जाए ।

धवन शामिल नहीं थे

(पृष्ठ 3 का शेष)

विचाराधीन विषयों की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहा तो श्री दिनेश गोस्वामी और अन्य विपक्षी सदस्यों ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया । उस समय कई कांग्रेस (इ) सदस्यों ने उसका विरोध किया और हंगामें जैसी स्थिति बन गई ।

उस समय स्थिति और बिगड़ गई जब भदेश्वर तातिया (असम गण परिषद) ने यह कहा दिया कि अध्यक्ष 'पक्षपातपूर्ण' रवैया अपना रहे हैं । असम गण परिषद के नेता दिनेश गोस्वामी ने श्री तातिया की ओर से क्षमा मांगी परन्तु सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने मांग की कि श्री तातिया व्यक्तिगत तौर पर अध्यक्ष से बिना शर्त माफी मांगें । श्री बूटा सिंह ने भी यही मांग की कि । श्री तातिया एक बार सदन से बाहर चले गए थे । जिसे सत्तारूढ़ ने 'बहिर्गमन' बताया । बाद में श्री तातिया ने सदन में लौट कर 'क्षमा याचना' की ।

मार्क्सवादी पार्टी के बासदेव आचार्य ने आशंका व्यक्त की कि सरकार इस रिपोर्ट में हेर फेर कर सकती है । उन्होंने अध्यक्ष से इसे अपने पास रखने का आग्रह किया ।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह चाहते हैं कि सभी पक्ष आपस में बातचीत कर किसी निर्णय पर पहुंचें । उन्होंने कहा कि इस हंगामे के कारण लोकसभा की कार्रवाई सुचारु रूप से नहीं चलाई जा पा रही है ।

उन्होंने कहा कि वह नियमों के अनुरूप किसी भी विषय पर चर्चा कराने को तैयार हैं । लेकिन जब यह रिपोर्ट सदन में पेश ही नहीं की गई है तो इस पर चर्चा कैसे कराई जा सकती है । उन्होंने सदस्यों से आम बजट पर चर्चा शुरू करने का अनुरोध किया । लेकिन विपक्षी सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हुए और अपनी बात ज़ोर-ज़ोर से कहते रहे ।

जांच अधिकारी को तथ्य बताने से इन्कार

जालन्धर, 15 मार्च (ढल्ल): संघर्ष समिति जालन्धर ने नगर निगम जालन्धर के क्षेत्र में 300 रुपए तक मासिक रैंटल वैल्यू वाले मकानों को गृहकर से छूट देने, छोटे दुकानदारों को लाइसैंस फ़ीस से मुक्त करने आदि तथा निगम के कामकाज में भ्रष्टाचार की जांच कराने के बारे में जो मांग पत्र राज्य सरकार को पिछले दिनों भेजा था, उसके आधार पर तथ्यों को जानने के लिए सरकार के आदेश पर डिप्टी सैक्रेटरी लोकल बाडीज़ श्री एस.एस. चन्नी आज यहां आए और उन्होंने संघर्ष समिति के प्रधान श्री डी.एल. भनोट तथा महासचिव श्री गोपाल कृष्ण अग्निहोत्री से एकांत में बातां की ।

श्री भनोट के अनुसार श्री चन्नी ने उन्हें लाइसैंस फ़ीस, गृहकर, निगम की दुकानों के किरायों सम्बन्धी मांगों पर सहानभूतिपूर्वक विचार का विश्वास दिलाया । श्री भनोट ने एक वक्तव्य में यह भी कहा कि उन्होंने श्री चन्नी को निगम के भ्रष्ट कामकाज बारे कुछ भी तथ्य बताने से इसलिए इन्कार किया क्योंकि श्री चन्नी उनके विचार में निगमायुक्त से जूनियर हैं ।

जब इस प्रतिनिधि ने श्री चन्नी से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि वह अपना मत सरकार को जल्दी ही दे देंगे । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में यह भी बताया कि उन्हें सरकार ने यहां भेजा है इसलिए इसमें जूनियर-सीनियर का प्रश्न नहीं । सरकार के प्रतिनिधि के रूप में वह निगमायुक्त से कोई भी रिकार्ड देखने के अधिकारी हैं और वह उसे सील तक कर सकते हैं किन्तु उनके इस आश्वासन के बावजूद इन दोनों ने उन्हें कुछ भी कथित तथ्य प्रस्तुत करने से इन्कार किया ।

बसों की प्रतीक्षा करने वालों के लिए सड़कों पर शैड बनेंगे

जालन्धर, 15 मार्च (ढल्ल): जिला योजना बोर्ड जालन्धर ने बसों की प्रतीक्षा में खड़े होने वाले लोगों के लिए सड़कों के किनारे 35 शैड बनाने का निर्णय किया है,जिन पर 10 लाख रुपए व्यय होंगे ।

नसीब सिंह पदोन्नत

जालन्धर, 15 मार्च (ढल्ल): चौ. नसीब सिंह सचिव जिला परिषद जालन्धर को पंजाब सरकार ने तरक्की देकर सचिव खेल परिषद, चंडीगढ़ नियुक्त किया है ।

टोहरा नज़रबंद

(पृष्ठ 3 का शेष)

हरे-भरे खेत हैं तथा एक ओर नहर है । इस रैस्ट हाऊस के भवन के एक एकड़ क्षेत्र में तीन मीटर ऊंची कंटीली तार बाड़ लगाई गई है ।

खालड़ा नगर में भी इस समय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है । कुछ लोगों ने सम्बाददाताओं को बताया कि अपने खेतों की ओर जाते समय उन्होंने श्री टोहरा को रैस्ट हाऊस के लान में बैठकर किताब पढ़ते हुए देखा ।

श्री टोहरा को जालन्धर से प्रकाशित एक समाचार पत्र की प्रति पढ़ने को दी जाती है ।

शाम के भाव

(15 मार्च, एन.एन.एस.)

दिल्ली सराफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) हाजिर 6680, चांदी डिलिवरी 6686, चांदी गद्दी 6600, कच्ची चांदी 6720, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7060, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3030-3040, सोना स्टैडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (2 कैरेट) 3020, गिन्नी (प्रत्येक) 2500-2525 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): [illegible] की मिल्ली (प्रति किलो) 272, निकल प्लेट 400-410, जस्ता 51.80, गन मैटल फट 55.50, ताम्बा मिल्ली 88.00, ताम्बा रॉड 91.00, ताम्बा तार फट 78.50, चदरी पीतल 53.2 पीतल चादर कतरन 58, पीतल भरत फट 51.00, पीतल पुर्जा 51.00, सीसा की मिल्ली देसी मसल 24, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 67-6 अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 74-76, अल्यूमीनियम क्वा (36 गेज) 76-77, अल्यूमीनियम मिल्ली 47-00, अल्यूमीनि रॉड 49.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 42, अल्यूमीनि तार फट 44 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाजार (एन.एन.एस.): आर.यू./के.एल. टोर सरिया : (8 एम.एम. 9750, (10 एम.एम.) 9550, (12 से 25 एम. 9450 । लोकल टोर सरिया : (8 एम.एम.) 9600, (एम.एम.) 9400, (12 से 25 एम.एम.) 9300 । एम. राऊंड : (6 एम.एम.) 8650, (8 एम.एम.) 9550, (एम.एम.) 9550, (12 एम.एम.) 9450 (16 एम. 9450 । गेट चैनल : हल्का 9400, भारी 9400 । एम. चैनल लोकल (75x40) 9000, (100x50) 9000 । चांदड्रम लोकल (150x75) 9500, (160x80) 95 (175x90) 9500, (200x100) 9500 । ईगद : (3 4.5") 7000/7800 रुपए ।

लोहा बाजार : मंडी गोबिन्दगढ़—पिंट 15 मार्च (भूषण) : आज मंडी गोबिन्दगढ़ के लोहा बाजार में भाव इस प्रकार रहे : इन्गौट 7800, बिलेट्स 8000, मैलिव 5950, राऊंड्स, 6 एम.एम. 8200, 8 एम.एम. 8300 एम.एम. 8400, 12 एम.एम. 8700, 25 एम.एम. 8 तोर (सीटी.बी.वार्स) 8 एम.एम. 9000, 10 एम.एम. 8850 एम.एम. 8700, 16/25 एम.एम. 8850, एंगल्ज 3 एम 8900, 5 एम.एम. 8700, 6 एम.एम. 9000, टी एम.एम. 9000, 8 एम.एम. 9000, 10 एम.एम. 9000 16/18 गेज 8700, 20/21 गेज 10,000, 125/50 एम.एम. 9700, गार्डर्स 150x75 एम 9000, 175x90 एम.एम. 9000, 200x100 एम 9100, कमानी 8700, गेट चैनल्स 8850 रुपए ।

लुधियाना स्टाक मार्कीट (नैपाल): लिं आर्डिनरी टैक्सटाइल 54, आदिनाथ इंडस्ट्रीज 28.50, बिर 114, हीरो फाइबर 10.50, मालवा कास्टन 117, मुंजाल 30.50, नाहर स्पिनिंग 270, ओसवाल एग्रो फर्ने 60.50 कन्काड 221, स्टील स्ट्रिप्स एंड ट्यूब्स 14.75, थापर एग वर्धमान स्पिनिंग (एस) 116, वर्धमान स्पिनिंग 120, वी 41.50 रुपए ।

परीमेटेड : एम्कार्ट 65, फूड स्पैशलिटी 200 ग्लोडकोन 56, जैन इरीगेशन 41, लुमैक्स 44.50, सीजिंग 46.50, रिलायंस 118, रामपुर डिस्टिलरी 25, कलर 36, त्रिवेणी एंटरप्राइज़ 9 रुपए ।

बम्बई शेयर (बातां): स्पैसिफाइड समूह ए.सी. एशियन पेंट्स 220, बड़ौदा रेयान 325.50, बजाज आ बम्बे डाइंग 134, सेंचरी 1690, कलगेट 337.50, 136.25, एस्कार्ट्स 64,, फूड स्पैशलिटीज़ 203.7 34.75, गुजरात नर्मदा 47, ग्रेसिम 102, हिन्द अल 257, हिन्द लीवर 78.50, हिन्दुस्तान मोटर्स 36, हेक आई.ई.एल. 48, इंडियन आर्गेनिक 28, इंडियन रेयन 8 सिमेंटिड्स 70, मंगलौर कैमिकल 27, मोटर इंडिया 8 रबड़ 80, मुकन्द आयरन 84, पैंशनल आर्गेनिक 79 24, प्रीमियर आटो 47.50, रेमंड 75, रिलाय एम.पी.आई.सी. 49.50, स्टैंडर्ड 240, टाटा कैमिकल स्टील 1286.50, टाटा टी. 147.50, टेलको 83. बायल 68.75, ज़ुपरी एग्रो 72.50 रुपए ।

नान स्पैसिफाइड (नगद समूह) : बेयर इंडिया 8 टायर 116.25, कलरकेम 440, ओसवाल एग्रो 95. इंडिया 18.50, रेनबैक्सी 122.50 रुपए ।

रिलायंस 125.25, चांदी (999) टंच हाजिर 6689, चांदी डिलिवरी 6692, चांदी सिक्का (प्र 6686, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3030-30 स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, गिल्ट डिलिवरी : बनस्पति टीन) 318-324, बनस्पति हरियाणा और पंजाब 310-316, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 160, तेल नावल खाद्य 145, तेल नावल अखाद्य (10 किलो) 116 तेल वि किलो) 165, गणेश जीरा (बिक्टल) 2000-2100

दिल्ली शेयर बाज़ार : (एन.एन.एस. 300, आंध्र सीमैंट 11.25, अपोलो टायर 72.50, एशि 52, बिरला एग्रो 117.50, सैंचरी टैक्सटाइल 164, सि. 40.50, डी.सी.एम. टोयोटा 11.25, ईस्ट इंडिया एस्कार्ट्स 64,, एस्सर शिपिंग 22.50, फूड स्पैशलि ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ 101.50 गुजरात नर्मदा 50, एच.एल 188, हीरो होंडा 32, हिन्द. एल्यूमीनियम 254, 80.50, हिन्द डिवैलप. कार्प. 92, इंडियन रेयन 90

रस्

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता धर्मपत्नी श्रीमती विद्यावती 2.3 वीरवार को स्वर्ग सिधार गई हैं। उनकी शांति के लिए गरुड़ पुराण भोग एवं र 17.3.89 दिन शुक्रवार दोपहर 2 धर्मशाला तुलसी राम लोटिया इकबाल लुधियाना में होगी ।

शोकग्रस्त परिवार :
राजेंद्र जैन
मिंदर जैन
अजीत जैन
प्रमोद जैन
सपुत्र सतपाल जैन सर
चौड़ा बाज़ार
अजीत गोटा स्टो

नोट : कार्ड अलग से नहीं भेजे जा रहे हैं ।

PunjabSamachar.com

ा विपक्ष
हिष्कार
क्ष में झड़पें
के नारे

रखने का निर्देश दिया ।
दस्वामी ने कहा कि वह
संतुष्ट नहीं हैं और दो दिन
ा बहिष्कार कर रहे हैं ।
क्षी सदस्य सदन से बाहर

भयभीत : बाद में
गुटों के नेताओं ने कहा कि
योग की रिपोर्ट पर चर्चा से
पने संयुक्त वक्तव्य में
ा दो दिन तक बहिष्कार
कहा कि सरकार सदन में
बाधा डाल रही है । ऐसा
ाना चाहती है ।

र्ट पर सार्वजनिक रूप से
संबंध में तरह-तरह की
जिससे संसदीय लोकतंत्र
। विपक्षी नेताओं ने कहा
कर संसद का मान घटा
हम लोगों ने दो दिन तक
भाग न लेने का निश्चय

करने वालों में जनता दल
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट
गदेशम के पी. उपेन्द्र,
ानी, जनता दल के वीरेन्द्र
एन.ई. बलराम, अन्ना
गण परिषद की श्रीमती
दल के जगजीत सिंह
बालू, फारवर्ड ब्लाक के
पी. के त्रिदिव चौधरी

संसद सदस्यों ने कहा है
र्ट को सदन में पेश करने
पक्ष की मांग बिल्कुल
ा कि विपक्ष मनघड़ंत
त्रिक ढंग से निर्वाचित
का एक और प्रयास कर
क्षर करने वालों में डा.
शाद बेगु वीं. नारायण
म. जादव, सुरेश पचौरी,
वामी नायक तथा शिव

(शेष पृष्ठ 8 पर)



फाज़िल्का छावनी में सीवरेज के मेनहोल में सफ़ाई करने गए तीन सफ़ाई-कर्मचारी (1) रमेश कुमार, (2) पूर्ण चंद (दोनों सगे भाई) और (3) भोला राम ज़हरीली गैस चढ़ने के कारण मारे गए । इन्हें बचाने के लिए दमकल विभाग के अधिकारी (4) बलविंद्र सिंह बेहोश हो गए जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : लीलाधर, विवरण : धरमलूना)

लोकसभा के 63 विपक्षी सदस्यों का निलम्बन समाप्त करने की अपील

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): लोकसभा में आज दोनों पक्षों के सदस्यों ने सदन में कल की घटनाओं और 63 सदस्यों के निलम्बन को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस अभूतपूर्व विषम स्थिति का कोई समाधान निकालने की अपील की ।

विपक्ष के 63 सदस्यों के निलम्बन के कारण विपक्ष की बैंचें खाली पड़ी थीं । केवल मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस तथा अन्ना द्रमुक (जयललिता) के सदस्य ही मौजूद थे ।

सदन की कार्रवाई शुरू होते ही मुस्लिम लीग के जी.एम. बनातवाला तथा अन्ना द्रमुक के कोलन्दइवेलु ने विपक्षी सदस्यों का निलम्बन वापस लेने का अनुरोध किया । लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने सदस्यों की भावनाओं से सहमति व्यक्त की । उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत दःख के साथ यह निर्णय लेना पड़ा । उन्होंने कहा कि सदन में ऐसी स्थिति पैदा हो गई थी कि इसके अलावा और कोई चारा ही नहीं बचा था ।

लोकसभाध्यक्ष श्री जाखड़ ने विपक्ष के कल के रवैये की आज जिंदा की । इसके साथ ही उन्होंने गतिरोध को दूर करने का प्रयास करने का सुझाव दिया । श्री जाखड़ ने कल के सारे घटनाक्रम में उपाध्यक्ष की भूमिका को उचित ठहराया किन्तु श्री बसु के इस कथन से सहमति व्यक्त की कि यह निलम्बन अभूतपूर्व है । उन्होंने कहा "मैं इससे खुश नहीं हूं । मुझे चैन नहीं लेकिन जिस कदर से यह सब कुछ हुआ, वह मुझे अच्छा नहीं लगा । इससे सदन की गरिमा कम हुई है । यह सब कदम से अलोकतांत्रिक था । हम भीड़तंत्र नहीं, लोकतंत्र चाहते हैं ।"

अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार रिपोर्ट सदन में रखती है तो उन्हें इस पर चर्चा कराने में कोई आपत्ति नहीं है । लेकिन अगर केवल सदस्यों की मांग पर वह इस पर चर्चा कराए तो यह एक गलत परम्परा होगी । उन्होंने कहा कि उन्हें इस संस्था के भविष्य के बारे में सोचना है । वह ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे यह संस्था कमजोर हो । कांग्रेस (इ) संसदीय दल के उपनेता एन.जी. रंगा ने सभी सदस्यों से संयम रखने की अपील की । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि स्थिति का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए विपक्षी सदस्यों ने स्वयं निलम्बन आमंत्रित किया ।

भूतपूर्व मंत्री सी.पी.एन. सिंह ने गोपनीय रिपोर्टों के 'लीक' किए जाने पर चिंता व्यक्त की । उन्होंने इस सम्बन्ध में सदन में चर्चा कराए जाने की मांग की ।

संसदीय कार्य मंत्री एच.के.एल. भगत ने कहा कि सरकार को भी यह निर्णय लेने में कोई खुशी नहीं हुई । लेकिन विपक्ष सदन की कार्रवाई नहीं चलने देने के लिए आमादा था । उन्होंने कहा कि हम किसी की धमकियों में आने वाले नहीं हैं ।

आतंकवादियों द्वारा बाप बेटे व दो सगे भाइयों सहित 6 की हत्या

पति-पत्नी व उनकी बेटी घायल : 2 घुसपैठिए मरे, पाक जासूस गिरफ्तार

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 16 मार्च (हस, वार्ता) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों सहित 8 व्यक्ति मारे गये । बटाला के निकट एक गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी तथा तरनतारन पुलिस जिला में 2 सगे भाइयों व पिता-पुत्र सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । तरनतारन व मजीठा पुलिस जिले से सतनाम सिंह सत्ता के गिरोह के दो खूंखार आतंकवादियों सहित 8 आतंकवादी तथा लुधियाना जिला में पांच आतंकवादी गिरफ्तार किये गये हैं । गंगानगर पुलिस ने राजस्थान क्षेत्र से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है । आतंकवादियों ने अमृतसर में पति-पत्नी व उनकी बेटी को अंधाधुंध गोलियां चला कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार अमृतसर जिले में गिरफ्तार किये गये 11 आतंकवादियों से भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

2 घुसपैठिये मरे : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार फिरोजपुर जिले के फाजिल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन घुसपैठियों में से 2 घुसपैठिये मारे गये जबकि तीसरा घुसपैठिया भागने में सफल हो गया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (वार्ता): लुधियाना पुलिस ने कल रात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम तरन सिंह, मैनेजर सिंह, बलविंदर सिंह, चंदर और सीता राम बताए गये हैं । उनसे दो देसी पिस्तौलें बरामद की गई ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिले के कलसियां गांव में नजर सिंह नामक एक व्यक्ति को भी गोली से उड़ा दिया ।

ग्रामीण की हत्या : बटाला (कोछड़): रात रात्रि कलानौर पुलिस थाना के अंतर्गत दयोल गांव में ए.के. 47 राइफलों से लैस 4 आतंकवादियों ने जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना स्थल से ए.के. 47 के 12 खाली कारतूस मिले हैं । इस संबंध में पछताछ के लिए आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

जासूस गिरफ्तार : फाज़िल्का (लूना): निकटवर्ती जिले गंगानगर की पुलिस ने एक कथित पाकिस्तानी जासूस अनवर हुसैन को राजस्थान के केसरी सिंह पुरा सैक्टर से गिरफ्तार किया है । यह जासूस मूलरूप से बंगला देश का नागरिक है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त जासूस पाकिस्तान की एक गुप्तचर संस्था याकब हाजी एजेंसी को सेना की गुप्त सूचनाएं पहुंचाता था । पछताछ के दौरान अनवर हुसैन ने बताया है कि वह भारत में पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहा था । पुलिस ने उसके पास से सेना और पुलिस मुख्यालय से संबंधित कुछ फोटोग्राफ और नक्शे बरामद किये हैं ।

1600 कारतूस बरामद : एक अन्य जानकारी के अनुसार गंगा नगर जिले में घड़साना पुलिस ने खेतों से ए.के. 47 चीनी राइफल के 1600 जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

4 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में चार किसानों की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार होते हुए फरार हो गए ।

सगे भाइयों की हत्या : एक घटना थाना भिखीविंड के गांव भैणी गरमुख सिंह में हुई,जिसमें रात के साढ़े आठ बजे तीन आतंकवादी एक मकान में दाखिल हुए तथा 2 सगे भाइयों मुख्तयार सिंह और बलदेव सिंह को घर से बाहर ले गये और गोलियां मार कर मार डाला ।

'हस' के अनुसार दोनों भाई होमगार्ड थे । मुख्तयार सिंह पट्टी में नियुक्त था, जबकि बलदेव सिंह सुरसिंहवाला में ग्राम सुरक्षा बल से सम्बद्ध था । इस हत्याकांड की जिम्मेदारी के.सी.एफ. के परगट सिंह ने अपने ऊपर ली है तथा वहां छोड़े गये एक पत्र में कहा गया है कि इन दोनों को चेतावनी दी गई थी कि वे होमगार्ड में भर्ती न हों ।

पिता-पुत्र की हत्या : वि.प्र. के अनुसार थाना झब्बाल के गांव कमेल में एक किसान स्वर्ण सिंह के मकान में रात के 9.30 बजे चार संदिग्ध आतंकवादी दाखिल हुए तथा स्वर्ण सिंह और उसके एक नौजवान लड़के गुरबचन सिंह को बाजुओं से पकड़ लिया और बाहर लेकर चले तो घर की महिलाओं ने उनकी बहुत मिन्नतें कीं परन्तु आतंकवादियों ने उन्हें घर से बाहर ले जाते ही गोलियां मार दीं, जिससे बाप-बेटे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हत्या की इन दोनों वारदातों में आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया ।

पति-पत्नी व पुत्री घायल : यहां की एक धनाढ्य कालोनी ग्रीन एवेन्यू में रिवाल्वरों से लैस दो आतंकवादियों ने एक व्यापारी जगमोहन सिंह के घर में घुस कर उनके परिवार पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे व्यापारी, उसकी पत्नी जसबीर कौर तथा किशोर आयु की उनकी लड़की सतिन्दर कौर घायल हो गईं ।

ट्रक चालक की हत्या : वैरोवाल पुलिस थाना के गांव थोंडा में गत रात एक ट्रक चालक जसबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई तथा दो अन्य व्यक्ति भी गोली लगने से घायल हो गए ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : 'हस' के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान तरनतारन व मजीठा पुलिस जिलों से गिरफ्तार किये गये आठ आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के सतनाम सिंह संता गिरोह के दो दुर्दांत आतंकवादी भी शामिल हैं ।

दो दुर्दांत आतंकवादी जगदीश सिंह उर्फ़ दीशा तथा बलदेव सिंह को तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है । उनका नेता सतनाम सिंह सत्ता गत वर्ष अक्तूबर में ठठियां महंतां गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अन्य आतंकवादियों सहित मारा गया था । तरनतारन पुलिस जिला चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस बयान में बताया है कि दोनों आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे गत अक्तूबर में दुर्गापुर गांव में एक पुलिस कांस्टेबल अशोक कुमार की हत्या तथा उसके भाई कुलवंत राय को घायल करने, ठठियां महंतां गांव में दो अन्य व्यक्तियों की हत्या तथा गत सितम्बर में मोहनपुरा गांव में हुई एक बैंक डकैती की वारदातों में संलिप्त थे ।

अन्य 6 आतंकवादियों की शिनाख्त तरनतारन क्षेत्र से गिरफ्तार किये गये हरजिंदर सिंह उर्फ़ जिन्दा, तथा मजीठा पुलिस जिले के अजनाला क्षेत्र से गिरफ्तार किये गए गज्जन सिंह, गुरजीत सिंह तथा बलविंदर सिंह के रूप में हुई है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि उनके जिले से गिरफ्तार किये गये तीनों आतंकवादी लूटमार और छीना झपटी की वारदातों में संलिप्त थे । उनके कब्ज़े से एक स्कूटर, सोने के गहने तथा तीन घड़ियां बरामद हुई हैं । मजीठा पुलिस जिला चीफ़ श्री जी.एस. मान ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Bastan



कर्मचारी (1) रमेश
चढ़ने के कारण मारे
ह बेहोश हो गए जो
वरण : धरमलूना)

स्यों का अपील

ों लेकिन जिस तरह से
ो अच्छा नहीं लगा ।
ई है । यह एक तरह से
ीड़तंत्र नहीं, लोकतंत्र

सरकार रिपोर्ट सदन में
कराने में कोई आपत्ति
न सदस्यों की मांग पर
ह एक गलत परम्परा
ई इस संस्था के भविष्य
ऐसा कुछ नहीं करेंगे
। कांग्रेस (इ) संसदीय
सभी सदस्यों से संयम
ोंने इस बात पर खेद
जनीतिक लाख उठाने
यं निलम्बन आमंत्रित

सिंह ने गोपनीय रिपोर्टों
व्यक्त की । उन्होंने
कराए जाने की मांग

के.एल. भगत ने कहा
लेने में कोई खुशी नहीं
कार्रवाई नहीं चलने
उन्होंने कहा कि हम
ले नहीं हैं ।

आतंकवादियों द्वारा बाप बेटे व दो सगे भाइयों सहित 6 की हत्या

पति-पत्नी व उनकी बेटी घायल : 2 घुसपैठिए मरे, पाक जासूस गिरफ्तार

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 16 मार्च (हस., वार्ता) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों सहित 8 व्यक्ति मारे गये । बटाला के निकट एक गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी तथा तरनतारन पुलिस जिला में 2 सगे भाइयों व पिता-पुत्र सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । तरनतारन व मजीठा पुलिस जिले से सतनाम सिंह सत्ता के गिरोह के दो खूंखार आतंकवादियों सहित 8 आतंकवादी तथा लुधियाना जिला में पांच आतंकवादी गिरफ्तार किये गये हैं । गंगानगर पुलिस ने राजस्थान क्षेत्र से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है । आतंकवादियों ने अमृतसर में पति-पत्नी व उनकी बेटी को अंधाधुंध गोलियां चला कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार अमृतसर जिले में गिरफ्तार किये गये 11 आतंकवादियों से भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

2 घुसपैठिये मरे : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार फिरोज़पुर जिले के फाज़िल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन घुसपैठियों में से 2 घुसपैठिये मारे गये जबकि तीसरा घुसपैठिया भागने में सफल हो गया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (वार्ता): लुधियाना पुलिस ने कल रात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम तरन सिंह, मैनेजर सिंह, बलविंदर सिंह, चंदर और सीता राम बताए गये हैं । उनसे दो देसी पिस्तौलें बरामद की गईं ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिले के कलसियां गांव में नजर सिंह नामक एक व्यक्ति को भी गोली से उड़ा दिया ।

ग्रामीण की हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात्रि कलानौर पुलिस थाना के अंतर्गत दयोल गांव में ए.के. 47 राइफलों से लैस 4 आतंकवादियों ने जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना स्थल से ए.के. 47 के 12 खाली कारतूस मिले हैं । इस संबंध में पूछताछ के लिए आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

जासूस गिरफ़्तार : फाज़िल्का (लूना): निकटवर्ती जिले गंगानगर की पुलिस ने एक कुख्यात पाकिस्तानी जासूस अनवर हुसैन को राजस्थान के केसरी सिंह पुरा सैक्टर से गिरफ्तार किया है । यह जासूस मूलरूप से बंगला देश का नागरिक है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त जासूस पाकिस्तान की एक गुप्तचर संस्था याकूब हाज़ी एजैंसी को सेना की गुप्त सूचनाएं पहुंचाता था । पूछताछ के दौरान अनवर हुसैन ने बताया है कि वह भारत में पाकिस्तान गुप्तचर एजैंसी के लिए पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहा था । पुलिस ने उसके पास से सेना और पुलिस मुख्यालय से संबंधित कुछ फोटोग्राफ और नक्शे बरामद किये हैं ।

1600 कारतूस बरामद : एक अन्य जानकारी के अनुसार गंगा नगर जिले में घड़साना पुलिस ने खेतों से ए.के. 47 चीनी राइफल के 1600 जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

4 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में चार किसानों की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़ायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

सगे भाइयों की हत्या : एक घटना थाना भिखीविंड के गांव भैणी गुरमुख सिंह में हुई,जिसमें रात के साढ़े आठ बजे तीन आतंकवादी एक मकान में दाखिल हुए तथा 2 सगे भाइयों मुख्तयार सिंह और बलदेव सिंह को घर से बाहर ले गये और गोलियां मार कर मार डाला ।

'हस' के अनुसार दोनों भाई होमगार्ड थे । मुख्तयार सिंह पट्टी में नियुक्त था,जबकि बलदेव सिंह सुरसिंहवाला में ग्राम सुरक्षा बल से सम्बद्ध था । इस हत्याकांड की जिम्मेदारी के.सी.एफ़. के परगट सिंह ने अपने ऊपर ली है तथा वहां छोड़े गये एक पत्र में कहा गया है कि इन दोनों को चेतावनी दी गई थी कि वे होमगार्ड में भर्ती न हों ।

पिता-पुत्र की हत्या : वि.प्र. के अनुसार थाना झब्बाल के गांव कसेल में एक किसान स्वर्ण सिंह के मकान में रात के 9.30 बजे चार संदिग्ध आतंकवादी दाखिल हुए तथा स्वर्ण सिंह और उसके एक नौजवान लड़के गुरबचन सिंह को बाज़ुओं से पकड़ लिया और बाहर लेकर चले तो घर की महिलाओं ने उनकी बहुत मिन्नतें कीं परन्तु आतंकवादियों ने उन्हें घर से बाहर ले जाते ही गोलियां मार दीं, जिससे बाप-बेटे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हत्या की इन दोनों वारदातों में आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया ।

पति-पत्नी व पुत्री घायल : यहां की एक धनाढ्य कालोनी ग्रीन एवेन्यू में रिवाल्वरों से लैस दो आतंकवादियों ने एक व्यापारी जगमोहन सिंह के घर में घुस कर उनके परिवार पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे व्यापारी, उसकी पत्नी जसबीर कौर तथा किशोर आयु की उनकी लड़की सतिन्दर कौर घायल हो गईं ।

ट्रक चालक की हत्या : वैरोवाल पुलिस थाना के गांव थोंडा में गत रात एक ट्रक चालक जसबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई तथा दो अन्य व्यक्ति भी गोली लगने से घायल हो गए ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : 'हस' के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान तरनतारन व मजीठा पुलिस जिलों से गिरफ्तार किये गये आठ आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के सतनाम सिंह संता गिरोह के दो दुर्दांत आतंकवादी भी शामिल हैं ।

दो दर्दांत आतंकवादी जगदीश सिंह उर्फ़ दीशा तथा बलदेव सिंह को तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है । उनका नेता सतनाम सिंह सत्ता गत वर्ष अक्तूबर में ठठियां महंतां गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अन्य आतंकवादियों सहित मारा गया था । तरनतारन पुलिस जिला चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस बयान में बताया है कि दोनों आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे गत अक्तूबर में दुर्गापुर गांव में एक पुलिस कांस्टेबल अशोक कुमार की हत्या तथा उसके भाई कुलवंत राय को घायल करने, ठठियां महंतां गांव में दो अन्य व्यक्तियों की हत्या तथा गत सितम्बर में मोहनपुरा गांव में हुई एक बैंक डकैती की वारदातों में संलिप्त थे ।

अन्य 6 आतंकवादियों की शिनाख्त तरनतारन क्षेत्र से गिरफ्तार किये गये हरजिंदर सिंह उर्फ़जिन्दा, तथा मजीठा पुलिस जिले के अजनाला क्षेत्र से गिरफ्तार किये गए गज्जन सिंह, गुरजीत सिंह तथा बलविंदर सिंह के रूप में हुई है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि उनके जिले से गिरफ्तार किये गये तीनों आतंकवादी लूटमार और छीना झपटी की वारदातों में संलिप्त थे । उनके कब्ज़े से एक स्कूटर, सोने के गहने तथा तीन घड़ियां बरामद हुई हैं । मजीठा पुलिस जिला चीफ़ श्री जी.एस. मान ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sampada

(पृष्ठ 3 का शेष)

मामला लोकसभा में उठाया गया,तब सरकार ने प्रैस में छपे रिपोर्ट अंश का खंडन नहीं किया । इस दौरान एक बात और सामने आई कि यह रिपोर्ट न तो कैबिनेट मंत्रियों को और न ही राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों को दिखाई गई ।

कई राजनीतिक नेताओं तथा पत्रकारों ने सरकार से ठक्कर आयोग की रिपोर्ट तुरन्त जारी करने की मांग की है ताकि इसे लेकर पैदा हुई शंकाओं को दूर किया जा सके ।

बाप-बेटे की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक अलग वक्तव्य में कहा है कि गज्जन सिंह, गुरजीत सिंह तथा बलविंदर सिंह संत नंगल गांव में तीन निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं । उनके कब्जे से कुछ हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं । उन्होंने बताया कि उनसे पूछताछ की जा रही है और कुछ अन्य रहस्योद्घाटन होने की संभावना है ।

2 आतंकवादी मरे : सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गत रात दो संदिग्ध आतंकवादी जो पाकिस्तान से हथियार लेकर भारत की सीमा में प्रवेश कर रहे थे खेमकरण क्षेत्र में हरभजन सिंह चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुकाबले में मारे गए । यह मुकाबला आज प्रातः लगभग 5 बजे हुआ । मृतक आतंकवादियों के नाम बलकार सिंह व महेंद्र सिंह बताये जाते हैं । दोनों पाकिस्तान से हथियारों की सप्लाई करने के अतिरिक्त आतंकवादियों का मार्गदर्शन भी करते थे । उनके पास से अवैध दस्तावेज भी बरामद हुए हैं ।

इलाके में रह रहे तिब्बतियों के घरों के इर्द-गिर्द घेराबंदी की है । कल पुलिस की घेराबंदी तोड़ने के आरोप में करीब दो सौ तिब्बतियों को गिरफ्तार किया गया था लेकिन शाम को उन्हें छोड़ दिया गया । वे राजधानी में स्थित कई विदेशी दूतावासों के सामने धरना देने की योजना बना रहे थे ।

ठक्कर रिपोर्ट

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस बीच लोकसभा से जो सदस्य कल निर्लबित नहीं हुए थे उनमें से बारह सदस्यों ने आज अध्यक्ष को पत्र लिख कर निलंबन के विरोध में सप्ताह के बाकी दिनों तक सदन की कार्रवाई का बहिष्कार करने की सूचना दी । सदन में जनता दल के नेता मधु दंडवते ने सम्बाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी । इन सदस्यों में श्री दंडवते के साथ ही सर्वश्री एस.पी. पटेल, भाई शमिदर सिंह, मौ. महफूज अली खां, सैफुद्दीन अहमद, पीयूष तिरके , मेवा सिंह गिल, चरणजीत सिंह अटवाल के. राम चंद्रन, रेड्ड, विजय कुमार मिश्र, एम. साब्बा रेड्डी. डी. नारायण स्वामी और सैयद शहाबुद्दीन शामिल हैं । श्री दंडवते ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि यह पत्र अध्यक्ष को आज सवेरे दिया गया ।

कांग्रेस (इ) के 155 सांसदों ने ठक्कर आयोग की रिपोर्ट के संबंध में विपक्ष के रवैये की कड़ी निन्दा की है । पार्टी के वरिष्ठ नेताओं भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों ने एक बयान जारी कर यह निन्दा की है । इस पर हस्ताक्षर करने वालों में पार्टी की कार्य समिति के सदस्य हरचरण सिंह और पार्टी कोषाध्यक्ष सीता राम केसरी भी शामिल हैं । इस आशय का एक बयान लोकसभा और राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल ने भी जारी किया है ।

खाद्य निगम को आटा मिलों को गेहूं बेचने की आज्ञा मिली

नई दिल्ली, 16 मार्च (ह.स.): भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम को चालू महीने के दौरान आटा मिलों को तीन लाख टन गेहूं बेचने की इजाजत दे दी है । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार निगम को पिछले महीने में भी तीन लाख टन गेहूं की बिक्री की इजाजत दी थी ।

पाक तस्कर का रिमांड

श्रीगंगानगर, 16 मार्च : एक पाकिस्तानी नागरिक नाजिर खां का, जिस पर सीमा के आर-पार तस्करी का आरोप है, 24 मार्च तक पुलिस रिमांड दे दिया गया है ।

केहर सिंह का पुत्र सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर करेगा

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): इंदिरा गांधी हत्या कांड में फांसी पर चढ़ाए जा चुके मुजरिम केहर सिंह के पुत्र रजिन्दर सिंह कल उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर करने का अनुरोध करेंगे कि इस हत्याकांड से सम्बन्धित ठक्कर आयोग की रिपोर्ट लीक होने को मद्देनजर रखते हुए मामले की सुनवाई पुनः नए सिरे से की जाए । श्री रजिन्दर सिंह ने आज कहा कि हालांकि उनके पिता को कथित षड्यंत्र के आरोप में गत छह जनवरी को फांसी लगाई गई है, फिर भी वह देश की सबसे बड़ी अदालत से अनुरोध करेंगे कि वह उनके पिता को बेगुनाह घोषित करे ।

राजेन्द्र सिंह के विरुद्ध केस : इसी मध्य दिल्ली की एक अदालत ने राजेन्द्र सिंह के विरुद्ध पुलिस द्वारा दर्ज शिकायत की जांच के लिए 11 मई की तिथि निश्चित कर दी । इस शिकायत के अनुसार राजेन्द्र सिंह ने 6 मई, 1985 को मुअत्तिल होने के बाद अपना सरकारी शिनाख्ती कार्ड जमा नहीं करवाया ।

रतड़ा को सेवावृद्धि दिया जाना सम्भावित

जालन्धर, 16 मार्च (हल्ल): पंजाब सबार्डिनेट सर्विसिज फैडरेशन (इंटक) के आर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी श्री सोहन लाल बाबा ने एक वक्तव्य में कहा है कि फैडरेशन की ओर से कर्मचारियों के ग्रेडों आदि की मांगों को लेकर 17 मार्च को चंडीगढ़ में जो धरना दिया जाना था, वह 7 अप्रैल पर स्थगित कर दिया गया है ।

डाक्टरों की हड़ताल समाप्त होने की सम्भावना

चंडीगढ़, 16 मार्च (वि.प्र.): पंजाब के सरकारी डाक्टरों की हड़ताल समाप्त होने की सम्भावनाएं पैदा हो गई हैं । ज्ञात हुआ है कि आज इस संबंध में इंका सांसद श्री एच.एस. हंसपाल काफी सक्रिय रहे । उन्होंने राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट की तथा फिर मुख्यसचिव श्री आर.पी. ओझा से भी वह मिले ।

इस बीच सरकारी सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि संधेवालिया कमेटी की रिपोर्ट सरकार को मिल गई है तथा इसमें डाक्टरों के हक में सिफारिशें की गई हैं । आगामी एक या दो दिन के भीतर कोई सकारात्मक परिणाम अपेक्षित हैं ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के प्रधान डा. एम.एस. रंधावा ने यहां बताया है कि आज 43वें दिन भी डाक्टरों की हड़ताल जारी रही । उन्होंने पैरामैडीकल एवं हैल्थ कर्मियों की समयबद्ध पदोन्नति की मांग का समर्थन किया है । आगामी 19 मार्च को यहां विभिन्न वर्गों के स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक बुलाई गई है जिसमें मांगें न माने जाने की दशा में भावी रणनीति तैयार की जाएगी ।

राष्ट्रपति से भेंट बारे अरुण नेहरू का मौन

नई दिल्ली, 16 मार्च : जनता दल के नेता अरुण नेहरू ने कल रात राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन के साथ अपनी एक घंटे की बैठक के बारे में कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया । श्री आर. के. धवन से संबंधित ठक्कर रिपोर्ट के लीक हो जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए कहे जाने पर श्री नेहरू ने कहा कि वह इस विषय कर कोई बातचीत करना पसंद नहीं करेंगे ।

श्रद्धांजलि समारोह

चंडीगढ़, 16 मार्च (वि.प्र.): स्वतंत्रता सेनानी बाबा पृथ्वी सिंह आज़ाद को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए 18 मार्च को यहां एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जा रहा है । इस समारोह में सम्भवतः डा. गरदयाल सिंह ढिल्लों, ज्ञानी जैल सिंह, श्री एस.एस. रे, प्रो.एन.जी. रंगा, न्यायमूर्ति श्री टेक चंद, श्री हरनाम सिंह वर्मा श्री [illegible]

क्लासीफाइड विज्ञापन

शिक्षा

Pass with guarantee, Matric/10+2/ B.A./B.Com./B.Sc./M.A./M.Com./M.Sc. (one sitting) RMP/BAMS/ OT/LT/ JBT/B.Ed./ Nursing. Vikram College, 14, Mall Road, Model Town, Jalandhar.

आवश्यकता

मोल्डिंग सुपरवाइज़र और मोल्डर्ज़ बैकेलाइट कम्पोनैंट्स की मोल्डिंग और इंजैक्शन मोल्डिंग्ज़ में [illegible] । तुरंत आवेदन करें अथवा खुद मिलें । आकर्षक भविष्य । सम्पर्क करें—गिलार्ड

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 16.3.89, 48/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

टी.वी. ट्रेनिंग

रंगदार, ब्लैक एंड व्हाईट टैलीविजन की नई क्लासें शुरू । सीखने वाले तुरन्त मिलें : नैशनल टैलीविज़न ट्रेनिंग कालेज, डलहौजी रोड, पठानकोट ।

वीडियो गेम्ज़

पंजाब में सी.आर.पी. के जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

पुलिस हिरासत से उग्रवादी को छुड़ाने का प्रयास : सीमा पर 3 घुसपैठिये मारे गये

3 संदिग्ध आतंकवादी गुट-संघर्षों में मारे गए

चंडीगढ़, 17 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत दो के बाद से सी.आर.पी. के एक जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 3 संदिग्ध आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारे गए । आतंकवादियों अपने एक साथी को पुलिस हिरासत से छुड़ाने का प्रयास किया जबकि इंटरनैशल बब्बर खालसा से सम्बद्ध दुर्दांत उग्रवादी 'फौजी' और 6 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए ।

भारत-पाक सीमा पर विभिन्न स्थानों पर 3 घुसपैठिये मारे गए जबकि एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया गया ।

बब्बर खालसा का 'फौजी' गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने आज प्रतिबंधित अंतर्राष्ट्रीय बब्बर खालसा संगठन जिसका मुख्यालय कैनेडा में बताया जाता है, से सम्बद्ध दुर्दांत उग्रवादी बलदेव सिंह उर्फ फौजी और उसके 6 अन्य साथियों को शस्त्रों और गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया है । उसके सिर पर 20,000 रुपए का ईनाम घोषित था और वह एक भगौड़ा था । वह 14 अक्तूबर, 1987 को सेना के एक मेजर की गोली मार कर हत्या करने तथा गत 14 जून को पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल की हत्या करने सहित कई उग्रवादी अपराधों में वांछित था । वह जिला गुरदासपुर में गांव बरियाम के निकट पकड़ा गया था और उससे .32 बोर का एक शस्त्र और कारतूस बरामद हुआ था । अन्य अभियुक्त रोपड़ व फरीदकोट में पकड़े गए थे ।

सी.आर.पी. जवान की हत्या : लुधियाना (ह.स.): आज सुबह लुधियाना जिला के थाना जगराओं के अन्तर्गत गांव मल्ला के निकट आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में सी.आर.पी. का एक जवान मारा गया तथा तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए । एक नायक सहित घायल तीन जवानों को न्यू दयानन्द मैडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । सी.आर.पी. 16वीं बटालियन की गश्ती पार्टी पर आधी रात के बाद उस समय हमला किया गया जब वह गांव के गुरुद्वारा के निकट पहुंची । फायरिंग से जवान राघव शाह की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

पति-पत्नी की हत्या : थाना समराला के गांव लधड़ां में एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी लाजो की हत्या कर दी गई । कथित हत्यारे की पहचान कलवन्त सिंह के रूप में हुई है जो कि उसी गांव का निवासी है ।

लुधियाना की एक अन्य खबर में कहा गया है कि थाना सदर खन्ना के गांव बलेपर में एक व्यक्ति निर्भय सिंह को 7-8 व्यक्तियों ने तेज धार हथियारों से हमला करके घायल कर दिया । हमलावर 2,000 रुपए नकद, सोने के जेवर व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए ।

एक की हत्या, एक घायल : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज रात्रि यहां से 18 किलो मीटर दूर गांव मुल्लांपुर दाखा में उग्रवादियों ने एक दकान पर अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे कृष्ण कमार भल्ला, जो कांग्रेसी बताया जाता है, को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । आज जिला लुधियाना में उग्रवाद की यह तीसरी घटना हुई है । फायरिंग से एक अन्य व्यक्ति मुख्तियार सिंह घायल हुआ है ।

बताया जाता है कि उग्रवादी मैटाडोर पर आए थे । घायल को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवा दिया गया है ।

दो की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना धारीवाल के गांव जफरवाल में आतंकवादियों ने विरोधी धड़े के आतंकवादियों के दो समर्थकों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री पी.एम. दास ने बताया कि रात 9 बजे 7 अज्ञात आतंकवादी गांव जफरवाल में हरनैल सिंह के घर आए । उन्होंने आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाया । एक कमरे में बैठे हुए हरनैल सिंह के बेटे हरदयाल सिंह और उसके मित्र अवतार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने परिवार के किसी अन्य सदस्य को कुछ नहीं कहा । स्मरण रहे कि अवतार सिंह को आतंकवाद उन्मूलन कानून के अन्तर्गत 21.10.88 को गिरफ्तार किया गया था तथा 2.11.88 को वह जमानत पर रिहा होकर आया था । इन दोनों का सम्बन्ध दमदमी टकसाल से था ।

श्री दास के अनुसार हत्या करने वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं । इनमें से चोर की शिनाख्त हो गई है । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मृतकों के एक साथी कश्मीर सिंह जफरवाल को आतंकवादियों ने दिसम्बर 1988 में मार डाला था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री दास ने बताया है कि किसी सूचना के आधार पर छापा मार कर एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि एक सूचना मिली थी गुरदासपुर सदर के गांव बरियां के पास एक आतंकवादी छुपा हुआ है । इस पर एस.एस.पी. ने स्वयं सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से गांव के बाहर घेरा डाल कर उसे गिरफ्तार किया । उसकी शिनाख्त बलदेव सिंह उर्फ फौजी (गांव तुंग) के रूप में हुई है । उससे एक विदेशी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए । इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रु. का इनाम था । इसका बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंध है और यह दोरांगला का निकट सहयोगी है ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि 14 अक्तूबर 1987 को तुंग गांव के बाहर घात लगा कर मेजर भटटाचार्य और 16 जून 1988 को एक पुलिस कांस्टेबल जगजीत सिंह की हत्या की थी । इसने विजय कुमार नामक एक व्यापारी से उसका स्कूटर और 28 हजार रुपया भी छीना । पूछताछ अभी जारी है ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला के गांव ठेलो के बाहर सड़क के किनारे पुलिस को गोलियों से छलनी एक लाश मिली । लाश के करीब ए.के. 47 असाल्ट राइफल की गोलियों के 17 खोल मिले ।

'ह.स.' के अनुसार गोलियों से छलनी लाश एक संदिग्ध आतंकवादी की थी, जोकि आतंकवादी धड़ों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ है ।

उग्रवादियों को छुड़ाने की कोशिश : गत रात उग्रवादियों ने अपने एक साथी गुरनाम सिंह को पुलिस की हिरासत से छुड़ाने की कोशिश की जबकि उसे हरिके से पट्टी एक मिनी पुलिस वैन में लाया जा रहा था । पुलिस ने बताया कि 5-6 आतंकवादियों ने जो कि एक गिरे हुए वृक्ष के पीछे छिपे हुए थे, पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 राइफलों से भारी फायरिंग शुरू कर दी लेकिन पुलिस वैन तथा एस्कार्ट जीप तेजी से वहां से निकल गई और उन्हें कोई नुक्सान नहीं पहुंचा । बाद में अभियुक्तों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया गया ।

घुसपैठिया मरा : आज प्रातः भिखीविंड की सीमा सुरक्षा बल नाका पार्टी ने एक शरारती तत्व के पाकिस्तान से भारत में दाखिल होने की आहट अनुभव की । नाका पार्टी ने उसे रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उसने बच निकलने का प्रयास किया । इस पर नाका पार्टी ने 7.62 एस.एल.आर. की दो राऊंड गोलियां चलाईं । परिणामस्वरूप वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ गया ।

जासूस गिरफ्तार : सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर जिला में एक विशेष नाका के अंतर्गत आज सुबह भारत में दाखिल होते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हेमवती नंदन बहुगुणा का अमरी
पार्थिव शरीर आज दिल्ली ला

नई दिल्ली, 17 मार्च (वार्ता): लोकदल नेता हेमवती नन्दन बहुगुणा का अमरीका के क्लीवलैंड में निधन हो गया है । वहां उनका दिल का आप्रेशन किया गया था । यह जानकारी यहां आज अपराह्न प्राप्त हुई ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अमरीका में भारतीय दूतावास को श्री बहुगुणा का पार्थिव शरीर नई दिल्ली भेजने के लिए सभी व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है । विदेश राज्यमंत्री के. नटवर सिंह ने बताया कि श्री गांधी ने निर्देश दिया है कि श्री बहुगुणा को पूरा राजकीय सम्मान दिया जाए । श्री नटवर सिंह ने श्री बहुगुणा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है ।

यहां मिली सूचना के अनुसार आपरेशन के लिए बेहोशी की दवा दिये जाने के बाद श्री बहुगुणा को दोबारा होश नहीं आया और बेहोशी की हालत में ही उनकी मृत्यु हो गई ।

राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने कहा कि श्री बहुगुणा एक राष्ट्रवादी थे । वह जीवन भर देश की प्रगति और धर्म निरपेक्षता से जुड़े रहे । श्री बहुगुणा के निधन से हमारे बीच से कुशल प्रशासक उठ गया ।

श्री बहुगुणा का कल बाईपास आप्रेशन किया गया था । पिछले कुछ वर्षों में उनका इस तरह का यह दूसरा आप्रेशन था । आप्रेशन के बाद उनकी हालत अच्छी बताई गई थी लेकिन बाद में अचानक उनकी हालत बिगड़ गई । उनके परिवार में पत्नी कमला बहुगुणा के अलावा दो पुत्र और एक पुत्री हैं । उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली लाने के बाद इलाहाबाद ले जाया जाएगा जहां अंत्येष्टि होगी ।

आप्रेशन कराने के लिए श्री बहुगुणा 27 फरवरी को अमरीका गए थे । उनका भारतीय समयानुसार आज अपरान्ह दो बजे निधन हुआ । उस समय उनकी पत्नी तथा दोनों पुत्र शेखर और विजय उनके पास थे ।

यहां उनके निवास से मिली सूचना के अनुसार श्री बहुगुणा के पार्थिव शरीर को कल यहां लाए जाने की सम्भावना है ।

विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने हेमवती नंदन बहुगुणा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है । लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन और उसके बाद मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री के रूप में श्री बहुगुणा ने अविस्मरणीय भूमिका निभाई । जनता दल के महासचिव अजीत सिंह ने कहा कि श्री बहुगुणा एक वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी और कुशल प्रशासक थे । उन्होंने अल्पसंख्यकों के हितों के लिए जीवन-भर संघर्ष किया ।

भारतीय राजनीति में लगभग दो दशक तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हेमवती नंदन बहुगुणा विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति में सक्रिय थे । बहुगुणा जी का जन्म गढ़वाल जिले के बुगाहानी गांव में 25 अप्रैल, 1919 को हुआ था । उनकी शिक्षा डी.ए.वी. कालेज देहरादून, गवर्नमैंट कालेज इलाहाबाद और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुई थी ।

श्री बहुगुणा का संबंध कांग्रेस, कांग्रेस फार डैमोक्रेसी, जनता पार्टी से रहा और वर्तमान में वह लोकदल (ब) के अध्यक्ष थे । उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन (1942) में मुख्य रूप से भाग लिया और 1943-45 तक दिल्ली और उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे । [illegible] में उत्तर प्रदेश सरकार [illegible] विभाग के संसदीय सचि[illegible] इसी विभाग में उप-मंत्री बने । वह उत्तर प्रदेश [illegible] और परिवहन मंत्री ब[illegible] मंत्रिमंडल में 1971 [illegible] शामिल हुए ।

उत्तर प्रदेश में 196[illegible] तब चौधरी चरण सिंह ने [illegible] ढंग से गिरा दिया । ब[illegible] त्रिपाठी के साथ मिल कर [illegible] को गिराने की रणनीति बन[illegible] के ऐतिहासिक विभाजन [illegible] महत्वपूर्ण भूमिका निभा[illegible] गिरि के राष्ट्रपति चुने जा[illegible] रहा । केंद्र के बाद एक ब[illegible] वह उत्तर प्रदेश गए लेकि[illegible] रूप में ।

श्री बहुगुणा ने 19[illegible] समाप्त होने के बाद कांग्रे[illegible] को गिराने की रणनीति बन[illegible] लिया और बाबू जगजीवन [illegible] पार्टी कांग्रेस फॉर डैमोक्रेसी [illegible] पार्टी सरकार में वह मोरारजी [illegible] में मार्च, 1977 से जुलाई [illegible] मंत्री और बाद में चौधरी चर[illegible] में जुलाई 1979 से अ[illegible] वित्तमंत्री रहे ।

वह नवम्बर, 1979 [illegible] नेतृत्व वाली कांग्रेस में फिर [illegible] के सैक्रेटरी जनरल बनाए [illegible] उनकी महत्वाकांक्षाएं नहीं [illegible]

श्री बहुगुणा की अ[illegible] इलाहाबाद में की जाएगी । [illegible] के उपाध्यक्ष मीर कासिम [illegible] हाशमी ने आज रात यहां दी[illegible] श्री बहुगुणा का पार्थिव शरी[illegible] पहुंचेगा ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने श्[illegible] 3 दिन का राजकीय शोक मन[illegible]

(शेष पृष्ठ 1[illegible]

मलोट में प्रदर्शनकारी डाक्टरों पर पुलिस लाठीचार्ज

चंडीगढ़, 17 मार्च (वि.प्र.): ज़िला फरीदकोट में मलोट में डी.ए.वी. कालेज, जहां राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे दीक्षान्त भाषण करने गए हुए थे, के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पी.सी.एम.एस. डाक्टरों पर पुलिस ने आज लाठीचार्ज किया । ये डाक्टर वहां अपनी मांगों के प्रति सरकार द्वारा अपनाए जा रहे उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में

शाखा ने आकस्मिक हड़ताल कर दी । इस एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने अपने क्लीनिक आज के लिए बंद कर दिए ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है । एसोसिएशन ने कहा है कि पंजाब सरकार एक तानाशाही तरीके से

सरकार की भड़काने वाली कार्रवाई से किसी भी प्रकार से उत्तेजित न हों तथा अपना शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखें ।

हड़ताल 44वें दिन में : जालन्धर (दल्ल) पी.सी.एम.एस. डाक्टरों की हड़ताल आज 44वें दिन में प्रवेश कर गई । आज यहां आयोजित रैली



Punjab Sanchar

पंजाब में सी.आर.पी. के जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

पुलिस हिरासत से उग्रवादी को छुड़ाने का प्रयास : सीमा पर 3 घुसपैठिये मारे गये

3 संदिग्ध आतंकवादी गुट-संघर्षों में मारे गए

चंडीगढ़, 17 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत दो दिनों से सी.आर.पी. के एक जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 3 संदिग्ध आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारे गए । आतंकवादियों ने अपने एक साथी को पुलिस हिरासत से छुड़ाने का प्रयास किया जबकि इंटरनैशनल बब्बर खालसा से जुड़ा दुर्दांत उग्रवादी 'फौजी' और 6 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए ।

भारत-पाक सीमा पर विभिन्न स्थानों पर 3 घुसपैठिये मारे गए जबकि एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया गया ।

बब्बर खालसा का 'फौजी' गिरफ्तार : सुरक्षाबलों ने आज प्रतिबंधित अंतर्राष्ट्रीय बब्बर खालसा संगठन जिसका मुख्यालय कैनेडा में बताया जाता है से सम्बद्ध दुर्दांत उग्रवादी बलदेव सिंह उर्फ फौजी और उसके 6 अन्य साथियों को शस्त्रों और गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया है । उसके सिर पर 2(OCC रुपए का ईनाम घोषित था और वह एक भेड़िया था । वह 14 अक्तूबर, 1987 को सीमा कंट्रोल नेवर की गोली मार कर हत्या करने तथा 1 जून को पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल की हत्या सहित कई उग्रवादी अपराधों में वांछित था । इसे जिला गुरदासपुर में गांव बरियाम के निकट पकड़ा गया था और उससे .32 बोर का एक शस्त्र और कारतूस बरामद हुआ था । अन्य अभियुक्त को पकड़ फरीदकोट में पकड़े गए थे ।

सीआर.पी. जवान की हत्या : लुधियाना (ह.स.) आज सुबह लुधियाना जिला के थाना सराभा के अन्तर्गत गांव मल्ला के निकट आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में सी.आर.पी. का एक जवान मारा गया तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए । एक नायक सहित घायल तीन जवानों को न्यू दयानन्द मैडिकल कालेज लुधियाना में दाखिल करा दिया गया है । सी.आर.पी. 16वीं बटालियन की गश्ती पार्टी पर गोली चलाने के बाद उस समय हमला किया गया जब यह गांव के गुरद्वारा के निकट पहुंची । फायरिंग से घायल एक जवान की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

पत्नि की हत्या : थाना समराला के अधीन गांव में एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी लाभ कौर की हत्या कर दी गई । कथित हत्यारे की पहचान बलवन्त सिंह के रूप में हुई है जो कि इसी गांव का निवासी है ।

लुधियाना : एक अन्य खबर में कहा गया है कि थाना सदर खन्ना के गांव बुलेपुर में एक व्यक्ति सुखविन्दर सिंह को 7-8 व्यक्तियों ने तेज धार हथियारों से हमला करके घायल कर दिया । हमलावर 2,000 रुपए नकद, सोने के जेवर व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए ।

एक की हत्या, एक घायल : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज रात्रि यहां से 18 किलो मीटर दूर गांव मुल्लांपुर दाखा में उग्रवादियों ने एक दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे कृष्ण कुमार भल्ला, जो कांग्रेसी बताया जाता है, को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । आज जिला लुधियाना में उग्रवाद की यह तीसरी घटना हुई है । फायरिंग से एक अन्य व्यक्ति मुख्तियार सिंह घायल हुआ है ।

बताया जाता है कि उग्रवादी मैटाडोर पर आए थे । घायल को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवा दिया गया है ।

दो की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना धारीवाल के गांव जफरवाल में आतंकवादियों ने विरोधी धड़े के आतंकवादियों के दो समर्थकों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री पी.एम. दास ने बताया कि रात 9 बजे 7 अज्ञात आतंकवादी गांव जफरवाल में जरनैल सिंह के घर आए । उन्होंने आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाया । एक कमरे में बैठे हुए जरनैल सिंह के बेटे हरदयाल सिंह और उसके मित्र अवतार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने परिवार के किसी अन्य सदस्य को कुछ नहीं कहा । स्मरण रहे कि अवतार सिंह को आतंकवाद उन्मूलन कानून के अन्तर्गत 21.10.88 को गिरफ्तार किया गया था तथा 2.11.88 को वह जमानत पर रिहा होकर आया था । इन दोनों का सम्बन्ध दमदमी टकसाल से था ।

श्री दास के अनुसार हत्या करने वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं । इनमें से चार की शिनाख्त हो गई है । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मृतकों के एक साथी कश्मीर सिंह जफरवाल को आतंकवादियों ने दिसम्बर 1988 में मार डाला था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री दास ने बताया है कि किसी सूचना के आधार पर छापा मार कर एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि एक सूचना मिली थी गुरदासपुर सदर के गांव बरिहां के पास एक आतंकवादी छुपा हुआ है । इस पर एस.एस.पी. ने स्वयं सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से गांव के बाहर घेरा डाल कर उसे गिरफ्तार किया । उसकी शिनाख्त बलदेव सिंह उर्फ फौजी (गाद तुग) के रूप में हुई है । उससे एक विदेशी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए । इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रु. का इनाम था । इसका बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंध है और यह दोरांगला का निकट सहयोगी है ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि 14 अक्तूबर 1987 को तुंग गांव के बाहर घात लगा कर मेजर भट्टाचार्य और 16 जून 1988 को एक पुलिस कांस्टेबल जगजीत सिंह की हत्या की थी । इसने विजय कुमार नामक एक व्यापारी से उसका स्कूटर और 28 हजार रुपया भी छीना । पूछताछ अभी जारी है ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला के गांव ठेलो के बाहर सड़क के किनारे पुलिस को गोलियों से छलनी एक लाश मिली । लाश के करीब ए.के. 47 असाल्ट राइफल की गोलियों के 17 खोल मिले ।

'ह.स.' के अनुसार गोलियों से छलनी लाश एक संदिग्ध आतंकवादी की थी, जोकि आतंकवादी धड़ों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ है ।

उग्रवादियों को छुड़ाने की कोशिश : गत रात उग्रवादियों ने अपने एक साथी गुरनाम सिंह को पुलिस की हिरासत से छुड़ाने की कोशिश की जबकि उसे हॉकी से पट्टी एक मिनी पुलिस वैन में लाया जा रहा था । पुलिस ने बताया कि 5-6 आतंकवादियों ने जो कि एक गिरे हुए वृक्ष के पीछे छिपे हुए थे, पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 राइफलों से भारी फायरिंग शुरू कर दी लेकिन पुलिस वैन तथा एस्कार्ट जीप तेजी से वहां से निकल गई और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा । बाद में अभियुक्तों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया गया ।

घुसपैठिया मरा : आज प्रातः भिखीविंड की सीमा सुरक्षा बल नाका पार्टी ने एक शरारती तत्व के पाकिस्तान से भारत में दाखिल होने की आहट अनुभव की । नाका पार्टी ने उसे रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उसने बच निकलने का प्रयास किया । इस पर नाका पार्टी ने 7.62 एस.एल.आर. की दो राऊंड गोलियां चलाईं । परिणामस्वरूप वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ गया ।

जासूस गिरफ्तार : सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर जिला में एक विशेष नाका के अंतर्गत आज सुबह भारत में दाखिल होते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति

Punjabi Sahitya

हेमवती पार्थि

नई दिल्ली, 1 हेमवती नन्दन बहु निधन हो गया है किया गया था । प्राप्त हुई ।

प्रधानमंत्री रा दूतावास को श्री दिल्ली भेजने के निर्देश दिया है । बताया कि श्री गां को पूरा राजकीय सिंह ने श्री बहुगुण किया है ।

यहां मिली स बेहोशी की दवा दोबारा होश नहीं उनकी मृत्यु हो

राष्ट्रपति आ बहुगुणा एक राष्ट्र प्रगति और धर्म नि के निधन से ह गया ।

श्री बहुगुणा गया था । पिछले यह दूसरा आप्रेश हालत अच्छी ब उनकी हालत कमला बहुगुणा हैं । उनके पार्थि इलाहाबाद ले जा

आप्रेशन फरवरी को अ समयानुसार आ उस समय उन विजय उनके पा

यहां उनके श्री बहुगुणा के की सम्भावना है

विभिन्न संगठनों के नेता पर गहरा दुःख बलराम जाखड़ उसके बाद बहुगुणा ने दल के महासचि बहुगुणा एक प्रशासक थे । जीवन-भर संघर्ष

भारतीय महत्वपूर्ण भूमि बहुगुणा विद्यार्थी थे । बहुगुणा गांव में 25 अप्रै शिक्षा डी.ए.वी. इलाहाबाद और थी ।

श्री बहुगुणा

उग्रवादियों में घड़बंदी

(पृष्ठ 3 का शेष)

को पकड़ा । छानबीन के दौरान उसके कब्जे से 2300/- रुपए की भारतीय मुद्रा बरामद हुई । पूछताछ से पता चला कि वह पाकिस्तान का जासूस है और उसके एजैंटों व आतंकवादियों से संबंध थे ।

अटल मजारा में हत्या : बलाचौर (जोशी): चार अज्ञात व्यक्तियों ने कल आधी रात के लगभग थाना बलाचौर के अन्तर्गत गांव अटल मजारा में सरबन सिंह (40) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । सूत्रों ने बताया कि अभियुक्तों ने उसी गांव के हेरा सिंह वल्द नत्था सिंह के मकान को भी आग लगा दी । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई तथा वहां से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 4 कारतूस बरामद किए । हेरा सिंह के अनुसार इसी गांव का नाजर सिंह भी अभियुक्तों के साथ था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि नाजर सिंह पहले भी एक हत्या केस में वांछित है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नाले में से लाश मिली : पुलिस ने जिला होशियारपुर में एक नाले में से तिलकराज नामक व्यक्ति की लाश बरामद की ।

बंदूक छीन ले गए : टांडा (बहल): गतरात यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव मसीत पलकोट में आतंकवादी एक व्यक्ति अवतार सिंह के घर में घुस गए तथा उससे दोनाली बंदूक छीनकर ले गए । अवतार सिंह गांव से बाहर खेतों में रहता है ।

2 घुसपैठिये मरे : सीमा सुरक्षा बल ने कल रात फिरोजपुर जिला के ममदोट सैक्टर में भारतीय क्षेत्रों में घुसने की कोशिश कर रहे 2 घुसपैठियों को मार गिराया ।

5 आतंकवादी काबू : फगवाड़ा (अशोक): आज तड़के 3 बजे फगवाड़ा भुल्लाराई सड़क पर पुलिस के एक गश्ती दल व उग्रवादियों के एक गिरोह में हुए मुकाबले के उपरांत पुलिस ने पांच हथियारबंद आतंकवादियों को काबू कर लिया । स्थानीय उपपुलिस अधीक्षक श्री दीवान चन्द ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि होशियारपुर रोड पर दानामंडी के निकट एस.आई. सतपाल के नेतृत्व में पुलिस के एक गश्ती दल ने आज तड़के जब सामने से पैदल आ रहे पांच आतंकवादियों को रुकने का संकेत किया तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । काफी समय की फायरिंग के बाद पुलिस ने पांचों आतंकवादियों पर काबू पा लिया । पुलिस ने गिरफ्तार किए आतंकवादियों से एक एच.ई. 36 किस्म का हैंडग्रेनेड, एक 12 बोर की भरी हुई डबल बैरल गन, एक 12 बोर का देसी पिस्तौल व 13 अनचले कारतूस बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए आतंकवादियों की शिनाख्त इस प्रकार की गई है सुचेत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह गांव जगतपुर जट्टां, ओंकार सिंह पुत्र हरचरण सिंह खलबाड़ा गेट फगवाड़ा, बलबीर सिंह पुत्र गुरमेज सिंह गांव जगतपुर जट्टां, अजमेर सिंह पुत्र महिन्दर सिंह गांव पंडवा, सुच्चा सिंह पुत्र स्वर्ण राम बसनीक गांव पंडवा ।

इन आतंकवादियों से पकड़े गए सामान में 18 फरवरी को स्थानीय गोबिन्दपुरा मुहल्ला से छीना एक स्कूटर, खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड व 18 फरवरी को ही गोबिन्दपुरा मुहल्ला में भूतपूर्व थानेदार करतार सिंह के घर से छीनी उसकी बंदूक भी शामिल है । पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह व उप-पुलिस अधीक्षक दीवान चंद के अनुसार आतंकवादियों का यह ग्रुप काफी आगे से लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर धनी व्यक्तियों से बड़ी मात्रा में रकमें ऐंठने में संलग्न था । पूछताछ के दौरान अनेक सनसनीखेज रहस्योद्घाटनों की सम्भावना है ।

शव मिला : धूरी (सिंगला) : पुहीर के कृषि फार्म में रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में एक शव मिला । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । एक अन्य वारदात में गांव संघेड़ा में रिटायर्ड सूबेदार हरदेव सिंह संधु से एक अज्ञात व्यक्ति ने बंदूक छीन ली ।

डाक्टर पर फायरिंग : तपा मंडी से गर्ग के अनुसार गत रात लगभग 9 बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक डाक्टर कृष्ण कुमार की कोठी में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे डाक्टर घायल हो गया । परिवार के सदस्यों द्वारा शोर मचा दिए जाने पर हमलावर फरार हो गए । पुलिस जांच कर रही है ।

जिला गुरदासपुर में धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव जफरवाल में गत रात्रि आतंकवादियों द्वारा मारे गये (ऊपर) हरदयाल सिंह तथा (नीचे) अवतार सिंह की लाश । (छाया : विनोद)

ठक्कर रिपोर्ट

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री त्रिपाठी के अनुसार श्री गांधी ने कहा कि वह पूरी स्थिति स्पष्ट करने के लिए शीघ्र ही किसी व्यक्ति को उनके पास भेजेंगे ।

लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने आज सदन में आश्वासन दिया था कि ठक्कर आयोग की रिपोर्ट को लेकर विपक्ष तथा सत्तारूढ़ दल के बीच उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए सदैव तैयार हैं । श्री जाखड़ ने कहा, "मुझे दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने में न कोई आपत्ति है और न कोई हिचक ।"

श्री जाखड़ ने शून्य काल के दौरान यह टिप्पणी तब की जब कांग्रेस (इ) के पी.एम. सईद ने विपक्ष तथा सरकार के बीच टकराव की स्थिति को समाप्त करने के लिए पहल करने का अनुरोध किया ताकि इस विषम स्थिति का समाधान किया जा सके । श्री जाखड़ ने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के नजदीक लाने के पहले भी प्रयास किए हैं तथा अब भी करते रहेंगे । उन्होंने कहा कि एक हाथ से ताली नहीं बजाई जा सकती । इसमें दोनों पक्षों को ही सहयोग करना पड़ेगा ।

बहुगुणा का देहांत

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी, उपराष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा, भाजपा नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी, भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने श्री बहुगुणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है ।

पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा कि श्री बहुगुणा का निधन मेरे लिए एक निजी क्षति है ।

सी.सी.ए. व आवास भत्ते बारे जारी निर्देशों को चुनौती

चंडीगढ़, 17 मार्च (गुप्ता): पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस एस.एस. कंग और जस्टिस एच.एस. राय पर आधारित खंडपीठ ने डी.ए.वी. कालेज टीचर्ज यूनियन चंडीगढ़ के प्रधान श्री आर.पी. चड्ढा की चंडीगढ़ के वित्त सचिव द्वारा प्राईवेट कालेजों के टीचिंग स्टाफ को केंद्र के समान सी.सी.ए. और आवास भत्ता दिए जाने बारे जारी निर्देशों को दी गई चुनौती सम्बन्धी याचिका पर चंडीगढ़ प्रशासन को 30 मई का नोटिस जारी कर दिया और 21 अप्रैल, 1988 के बाद कालेज कर्मचारियों को दी गई अधिक राशि की वसूली पर रोक लगा दी ।

सीमा सुरक्षा बल जालन्धर सैमीफाइनल में

मेरठ, 17 मार्च (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल जालन्धर ने आज यहां इंडियन एयर लाइंस को और भारतीय रेलवे ने ई.एम.ई. जालन्धर को हरा कर अखिल भारतीय गुजरमल मोदी स्वर्ण कप हाकी टूर्नामैंट के सैमीफाइनल में प्रवेश कर लिया ।

इसके अलावा पंजाब व सिंध बैंक ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस चंडीगढ़ को आज 2-1 से हरा कर अंतिम चार टीमों में स्थान बना लिया ।

कल खेले जाने वाले पहले सैमीफाइनल मैच में कोर आफ सिगनल्ज जबलपुर का रेलवे से मुकाबला होगा । दूसरा सैमीफाइनल सीमा सुरक्षा बल और

मंत्रिमंडलीय समिति पंजाब व हरियाणा के विपक्षी नेताओं से शीघ्र वार्ता करेगी

नई दिल्ली, 17 मार्च (जी.एस. चावला): पंजाब बारे मंत्रिमंडलीय समिति ने हरियाणा की विपक्षी पार्टियों को भी बातचीत के लिए बुलाने का फैसला किया है ताकि चंडीगढ़ के हस्तांतरण तथा पंजाब व हरियाणा के बीच नदी-जल बंटवारा जैसे विवादास्पद अंतर्राज्यीय मुद्दों पर उनका विचार जाना जा सके । यह मुद्दे पंजाब समझौते का एक भाग हैं ।

पंजाब के विपक्षी नेताओं के साथ-साथ हरियाणा के विपक्षी नेताओं को बातचीत के लिए बुलाने का निर्णय कल यहां हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में लिया गया । विवादास्पद मुद्दे केवल दो ही हैं : चंडीगढ़ का पंजाब को हस्तांतरण तथा रावी और ब्यास नदियों के अतिरिक्त जल में पंजाब का हिस्सा, जिसमें हरियाणा भी एक पार्टी है ।

केंद्र सरकार ने 1983 में तथा ब्ल्यू स्टार आपरेशन से तीन माह पूर्व फरवरी, 1984 के मध्य तक इस बारे में कई पग उठाए थे जिनमें दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ सलाह-मशविरा किया गया था, परन्तु कोई फार्मूला नहीं निकल सका था ।

अभी तक इसका कोई संकेत नहीं है कि हरियाणा की कौन-सी विपक्षी पार्टियों को बातचीत के लिए बुलाया जाएगा क्योंकि हरियाणा लोकदल जो अब जनता दल बन चुकी है, भाजपा के साथ सत्ताधारी पार्टी है तथा केवल कांग्रेस (इ) और दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियां ही विपक्षी पार्टियां हैं । श्री देवी लाल जो हरियाणा सत्ताधारी दल के नेता हैं, पहले ही पंजाब समझौते को ठुकरा चुके हैं । यदि यह उनका विचार जानने का प्रयास है तो यह निरर्थक ही साबित होगा क्योंकि श्री देवी लाल ने दोनों मुद्दों पर सख्त स्टैंड ले रखा है तथा सत्ता में आने का मुख्य आधार उनका संघर्ष ही जो उन्होंने हरियाणा के अधिकारों के लिए हरियाणा संघर्ष समिति के जरिए किया था । इस स्टैंड से पीछे हटना उनके लिए कठिन होगा ।

मंत्रिमंडलीय समिति दोनों राज्यों की विपक्षी पार्टियों से अलग-अलग मीटिंग करेगी । जैसाकि कल एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि मीटिंग शीघ्र ही होगी परन्तु अगले सप्ताह नहीं । इसका मतलब है कि मीटिंगें अप्रैल के प्रथम सप्ताह से शुरू हो सकेंगी ।

बजट के कारण अनेक वस्तुओं की कीमतों में तेजी

लुधियाना, 17 मार्च (धीमान) : केंद्रीय सरकार के आगामी वर्ष के बजट के फलस्वरूप कई वस्तुओं में तेजी आ गई है । इससे कागज, सीमैंट, बिजली के पंखे, विद्यार्थियों की कापियां, कृषि उपकरण, ठंडे पेय, सिलाई मशीनें और कई दूसरी आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ी । वित्त मंत्री का आश्वासन था कि बिल्कुल मामूली महंगाई आएगी, विपरीत प्रभाव पड़ा है । कागज का रिम 25 रुपए महंगा हो गया है, सीमैंट बोरी 62-63 थी, वह 72-73 रुपए मिलती है । बताया जाता है कि बजट से पूर्व हर मास पंजाब में 4-5 लाख बोरी सीमैंट आता था, लेकिन अब मास 1 लाख बोरी आई है । यह चर्चा है कि सीमैंट पर से कंट्रोल हट जाने के कारण कारखानेदारों ने पुल कर लिया है । तयशुदा प्लान के अनुसार सीमैंट उत्पादन कम कर दिया है । अब सरकारी प्रतिष्ठानों को भी सीमैंट खुली मार्कीट से खरीदना पड़ेगा । इससे पूर्व यह उन्हें कंट्रोल कीमत पर मिलता था । सारे देश में केवल उनकी खपत 14-15 लाख बोरी महीने की थी ।

साफ्ट ड्रिंक की कीमतें भी प्रति डाला 10 रुपए से बढ़ा दी गई है । हालांकि उस पर नई ड्यूटी या टैक्स नहीं लगाया गया, परन्तु में 3 रु. बोतल हो गई है । कृषि उपकरण महंगे होने से लाखों कृषक प्रभावित हो रहे हैं । सिलाई मशीन 40 रु., छत के पंखे 70 रु. महंगे हो गए हैं । एक पंखा निर्माता श्री अनिल औलख ने आज बताया कि अल्मीनियम और दूसरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने के कारण ऐसा हुआ था । आयातित बाल बेयरिंग आम मिल जाते थे लेकिन भारत के ही बने बहुत महंगे हो गए हैं ।

किसानों को अल्पकालिक ऋणों पर ब्याज की दर में कमी

बम्बई, 17 मार्च : भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 मार्च 1989 से वाणिज्यिक बैंकों जिनमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भी शामिल हैं, द्वारा किसानों को दिए जाने वाले 15,000 रुपए से 25,000 के अल्पकालिक ऋणों पर ब्याज की दर वर्तमान 12.50 प्रतिशत से 14 प्रतिशत तक से कम करके 12 प्रतिशत कर दी है ।

केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री श्री सुखराम मंडी में शिवरात्रि मेले के समापन समारोह के अवसर पर माधव राय मंदिर में पूजा करते हुए ।

दूध के दाम बढ़े

होशियारपुर, 17 मार्च (अश्विनी कपूर): होशियारपुर में डायरी वालों ने दूध के भाव 5 रुपए प्रति किलो से बढ़ा कर 6 रुपए कर दिया है । होशियारपुर टी स्टाल यूनियन के प्रधान लक्ष्मी नारायण ने डायरी वालों की तरफ से दूध के भाव बढ़ाए जाने की आलोचना की है । यूनियन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डायरी मालिकों को मनमानी करने से रोका जाए ।

जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी के लिए सैमीनार

लोअर के.जी. श्रेणी में प्रवेश के विरुद्ध स्टे

पठानकोट, 17 मार्च (गुप्ता): सरदार हरभजन सिंह एडीशनल सीनियर सब जज पठानकोट ने गुरुदत्त नामक व्यक्ति की याचिका पर श्री अशोक शर्मा एडवोकेट के तर्कों से सहमत होकर सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल के लोअर के.जी. क्लास के दाखिला पर स्टे जारी कर दिया और कांवेंट स्कूल वालों को 4 अप्रैल को अदालत में पेश होकर अपना पक्ष पेश करने को कहा । गुरुदत्त ने अपनी याचिका में कांवेंट स्कूल के अधिकारियों पर लोअर के.जी. के दाखिला के बारे में कई आरोप लगाए हैं ।

शाम के भाव

–(17 मार्च, एन.एन.एस.)

दिल्ली कलाथ 42, हिन्द मोटर 37.60, रिलायंस 122.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6668, चांदी डिलिवरी 6670, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7050, सोना बिट्टूर (प्रति 10 ग्राम) 3025-3035, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3120, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 322-334, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 315-322, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 148, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 160, तेल चावल खाद (10 किलो) 145, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 116 फैक्ट्री एरिया आयल (स्विटल) 1640, तेल बिनौला (10 किलो) 163, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) मार्च 215 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 295, अपोलो टायर 70.00, एशियन होटल 54.87, बिडला एग्रो 118.00, बी.सी.एस. लि. 42, बी.सी.एम. टोयोटा 11.00, ईस्ट इंडिया होटल 58.00, एस्कार्ट्स 65., एस्सर शिपिंग 22.75, फूड स्पैशलिटीज 200, शामिल इंडस्ट्रीज 104, गुजरात नर्मदा 48, एच.एम.एम. लि. 202, हीरो होंडा 31.00, हिन्द. एल्युमीनियम 262, हिन्द. लीवर 80.00, हिन्द मोटर 37.50, जे.के. इंड. 66.00, जे.के. सिंथैटिक 70, कैल्वीनेटर आफ इंडिया 140, लार्सन एंड टूब्रो 95, एल.एम.एल. लि. 14.25, मालवा काटन 119, ओरर्क सिल्क मिल्स 23.75, रिलायंस इंडस्ट्रीज 123.00, श्रीराम फाइबर्स 89.00, सदर्न पैट्रो 50.00, टैल्को 790, टिस्को 1235, वेम आर्गेनिक 173, अमृत वनास्पति 84.00, बम्बई टायर 51, आइशर ट्रैक्टर 74, गुजरात हैवी 11.75, हरियाणा पैट्रो 18.50, इंडो गल्फ 13.80, हिन्दुस्तान प्रोफाइल्स (स्पोट) 17.25, के.टी.सी. 37, जामा आटो 15, मोदी पैन्सिलिन 17.50, नहर स्पिनिंग 260, ओसवाल एग्रो फ्यूरेन 61, ओसवाल लीजिंग 46, प्रकाश ट्यूब 41, रनबैक्सी लेब. 126, राजस्थान पैट्रो 23.50, रामा पैट्रो 29, सनफ्लेग आयरन 17.75, समतल कलर 34, तमिलनाड पैट्रो 26, यू.टी.आई. मास्टर शेयर 15, विक्रांत टायर 25.50, ए.पी. रेयन 17.25, टायटन वाच 27, टी.वी.एस. सुजुकी 24 रुपए ।

बम्बई शेयर (वार्ता): एसिमिफाइड समूह ए.सी.सी. 299, एशियन पेंट्स 216.25, बजाज आटो 35, बम्बे डाइंग 138.50, सैंचरी 1748, कालगेट 348, ए.के.एफ. 132.50, एक्कार्ट्स 63, फूड स्पैशलिटीज 195, ग्रेट ईस्टर्न 39, गुजरात नर्मदा 46.25, ग्रेसिम 101.58, हिन्द अल्युमीनियम 263, हिन्द लीवर 78, हिन्दुस्तान मोटर्स 97.25, हैक्सट 710, आई.ई.एल. 47.50, इंडियन आर्गेनिक 2.50, इंडियन रेयन 86, मंगलौर कैमिकल 2.50, मोटर इंडिया 600, मुकन्द आयरन 88.50, नेशनल आर्गेनिक 80, ओरके 23.25, प्रीमियर आटो 4, रेमंड 74, रिलायंस 128, एम.पी.आई.सी. 48, स्टैंडर्ड 240, टाटा कैमिकल 117, टाटा स्टील 1226.75, टाटा टी. 147.00, टैल्को 90.00, टाटा आइल 67.50, जयरी एग्रो 67.50 रुपए ।

नान एसिमिफाइड (नगद समूह) : बेयर इंडिया 840, सीयेट टायर 115, ओसवाल एग्रो 89, रेनबैक्सी 122.50 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6668, चांदी डिलिवरी 6670, चांदी गदूरी 6658, कच्ची चांदी 6707, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7048, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टूर 2990-3000, सोना स्टैंडर्ड 3120, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3010, गिन्नी (प्रत्येक) 2500-2525 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे

Punjab Sikhan

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 19, मार्च 1989 तदनुसार 6 चैत्र 2045

नई दिल्ली, 18 मार्च (कुलदीप नैयर): आतंकवाद अब स्थायी रूप धारण कर गया है तथा वास्तविकता यह है कि यह पंजाब से पड़ोसी राज्यों राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में फैल गया है । यह विश्लेषण सीमा सुरक्षा बल के चीफ का है जो कि उन्होंने भारत सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में किया है तथापि उनका तर्क है कि नया घटनाक्रम भारत के लिए अनोखा नहीं है । समूचा उपमहाद्वीप इससे प्रभावित है । उनके अनुसार श्रीलंका में लिट्टे की आतंकवाद है, पाकिस्तान में जातीय विवाद के कारण आतंकवाद है, बंगला देश में सत्तारूढ़ जुंडली के विरुद्ध एक तरह का आतंकवाद है । वास्तव में विश्व के बहुत से देश इस प्रवृत्ति से प्रभावित हैं । बी.एस.एफ. के चीफ महसूस करते हैं कि आतंकवादी प्रचार का प्रभावी ढंग से उत्तर नहीं दिया जा रहा । उनका कहना है कि आतंकवादी प्रचार का सामना करने के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर प्रभावी संघर्ष करने की जरूरत है । उन्होंने

'ए' श्रेणी का दुर्दांत आतंकवादी गिल अपने ही साथी की गोली से मरा

शाहकोट क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादी गिरफ्तार

मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया : 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 18 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक 'ए' श्रेणी का आतंकवादी अपने ही साथी की गोली से मारा गया जबकि 5 अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । शाहकोट क्षेत्र में एक मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । सीमा पर एक घुसपैठिया मारा गया ।

'ए' श्रेणी का आतंकवादी मारा गया : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि यहां से निकटवर्ती गांव पंडोरी शेर सिंह में एक 'ए' श्रेणी का दुर्दान्त आतंकवादी जगजीत सिंह गिल, जिसकी 2 राजस्थान में पुलिस अधिकारियों, कपूरथला में दो जेल वार्डनों, व जनता दल नेता डाक्टर साधु राम की हत्याओं व दर्जनों बैंक डकैतियों में पुलिस को तलाश थी । अपने ही साथी की (क्रास फायर) गोली का शिकार होकर मारा गया । घटना का विवरण देते हुए कपूरथला के पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने आज फगवाड़ा में पत्रकारों को बताया कि घटनास्थल पर दो दर्जन अनचले कारतूस, 30 बोर के शक्तिशाली 'माऊजर' का भरा मैगजीन, सेना की एक वर्दी, पंजाबी यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभाग का वीरेन्द्र कुमार जैन के जाली नाम का शिनाख्ती कार्ड बरामद किया गया ।

गिल, जो फगवाड़ा में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के स्थानीय यूनिट का अध्यक्ष होने के समय अमृतधारी सिख था, अब क्लीन शेव व कटे हुए बालों वाला बना हुआ था । वह दो बार जेल से भागा था । एक बार कपूरथला जेल से व दूसरी बार राजस्थान जेल से भागा था । कपूरथला जेल में दो

फगवाड़ा के निकट पिंडोरी शेर सिंह गांव के पास मारा गया ए श्रेणी का दुर्दांत आतंकवादी जगजीत सिंह गिल । (छाया : कौड़ा, अल्पना)

जेल वार्डनों की हत्या व राजस्थान में दो पुलिस कर्मियों की हत्याएं भागते समय गिल ने की थीं ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिल अपने एक अन्य साथी के साथ गांव पंडोरी के पास छिपा हुआ था व जब स्कूटर चालक हरपाल सिंह उधर से निकला तो दोनों ने उसपर बारी-बारी फायर किए परन्तु गिल के फायर के बाद स्कूटर चालक तो गिर गया, परन्तु गिल के साथी की गोली, अंधेरे में स्वयं गिल को ही लग गई । गिल के गोली लगते ही उसके साथी ने तत्काल घायल गिल को कंधे पर उठाया व एक बढ़िया से पानी भी पिलवाया, परन्तु 100 गज का फासला तय करते ही गिल की रास्ते में अपने सहयोगी के कंधों ही पर मृत्यु हो गई । तत्काल उसका सहयोगी गिल के मृतक शरीर को वहीं छोड़ गांव संगतपुर की तरफ भाग निकला । गिल राजस्थान में गंगानगर में 71 आर.बी. कालोनी का निवासी था । पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को माऊजर के कारतूस भी दिखाए जो जनता दल नेता डाक्टर साधु राम की हत्या में प्रयुक्त कारतूसों से मिलते थे । साधु राम के दो अन्य हत्यारे अभी फरार हैं । सम्भवतः गिल व उसका सहयोगी किसी हिंसक घटना के लिए स्कूटर छीनना चाहते थे । स्कूटर चालक की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पता चला है कि पुलिस ने कुछ दिन पहले ही कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों को अपनी गतिविधियां सीमित रखने की सलाह दी थी । पिछली बार गिल चंडीगढ़ में गिरफ्तार किया गया था । वह राजस्थान ले जाते समय ट्रेन में दो पुलिस कर्मियों की हत्या करके भाग निकला था । बाद में पुनः गिरफ्तारी के बाद वह आजकल जमानत पर रिहा था ।

पांच और उग्रवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा से अशोक, राकेश के अनुसार फगवाड़ा पुलिस ने आज पुनः पांच सदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया व उनके कब्जे से एक 32 बोर का रिवाल्वर, 8 जीवित कारतूस, एक 12 बोर का पिस्तौल व 3 तीन जीवित कारतूस बरामद किए । पुलिस के अनुसार इनकी शिनाख्त जरनैल सिंह, कृपाल सिंह, छिन्दरपाल सिंह, पवन कुमार व लखवीर सिंह के रूप में की गई है । इन सभी आतंकवादियों से अनेक सनसनीखेज रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है । पता चला है कि इनका एक साथी भागने में सफल हो गया । कल पकड़े गए उग्रवादियों सुचेत सिंह, ओंकार सिंह, बलबीर सिंह, सच्चा सिंह व अजमेर सिंह का अदालत ने 20 मार्च तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

किसान की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अज्ञात आतंकवादियों ने एक किसान बलविंदर सिंह की कल रात झब्बाल पुलिस थाने के तेजा सिंहवाला गांव में गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के चार खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

बताया जाता है कि आतंकवादी जगीर सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसे और उसके लड़के बलविंदर सिंह को जबरदस्ती खींचकर बाहर ले गए । बाहर ले जाकर उन्होंने उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । यह हत्या भी आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का नतीजा बताई जाती है । कहा जाता है कि हमलावर आतंकवादी इसयुवक पर उनके गिरोह में शामिल होने के लिए दबाव डाल रहे थे परन्तु वह तैयार न हुआ, अतः उसे खत्म कर दिया गया ।

दो की हत्या : लुधियाना (ह.स.): कल रात यहां से बीस किलो मीटर दूर मुल्लांपुर में एक कांग्रेस (इ) नेता की दुकान पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से दो व्यक्ति मारे गए तथा दो अन्य घायल हो गए । घायलों में कांग्रेस (इ) नेता श्री कृष्ण कुमार भी शामिल हैं । मृतकों के नाम हरेन्द्र सिंह तथा ओम प्रकाश हैं । कृष्ण कुमार व एक अन्य घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । सभी की हालत खतरे से बाहर है ।

प्रतिबंध आदेश जारी : लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट ने आज तीन प्रतिबंध आदेश जारी किए हैं । लुधियाना जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होने, जलूस निकालने या रैलियां करने, लाऊडस्पीकर का प्रयोग करने, मोटर साइकल पीले रंग के करने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह आदेश 14 मई तक लागू रहेंगे ।

पैरामैन की हत्या : पटियाला (भाषण): सिंचाई विभाग के एक पैरामैन संसार सिंह की जिला पटियाला में सरासों साइफन हैड के निकट हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह 9 मार्च से लापता था । जांच जारी है ।

8 गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनसे दो बंदूकें, एक पिस्तौल, एक एच.ई. 36 हथगोला व 16 कारतूस बरामद हुए ।

दो लुटेरे गिरफ्तार : जिला फिरोजपुर में थाना चालखुर्द के गांव लाली के रहने वाले दो लुटेरों केवल सिंह और नगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि उनके कब्जे से 12 बोर की एक सिंगल बैरल बंदूक, एक 12 बोर की बंदूक, एक देसी पिस्तौल और .32 बोर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पामेला के कर्नल गद्दाफी के भा
संबंधों ने थैचर के लिए मुसीबत

लंदन (ह.स.): ब्रिटेन की गुप्तचर एजैंसियां भारत में जन्मी सुन्दरी पामेला बोर्डेस के कथित सम्बन्धों की सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले असर की जांच करेंगी । पामेला ने सत्ताधारी दल के कुछ सांसदों व लीबिया की गुप्तचर सेवा के मुखिया के शोध सहायक के रूप में काम किया था । आज विपक्षी सांसदों ने इस सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की थी ।

लेबर पार्टी के कुछ सदस्यों ने प्रधानमंत्री मारगरिट थैचर से लीबियाई नेता कर्नल गद्दाफी के चचेरे भाई के साथ पामेला के संबंध होने की खबरें प्रकाशित होने के बाद संसद में वक्तव्य देने को कहा है ।

हाऊस आफ कामन्स में विपक्ष के नेता फ्रैंक डोबसन ने कहा कि लीबिया सरकार के अतिविशिष्ट लोगों के करीबी व्यक्तियों के साथ पामेला के संबंधों के बारे में लगे आरोपों को देखते हुए ब्रिटिश नेताओं के साथ उसके सम्पर्कों की पूरी जांच की जानी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि यदि लीबिया सरकार के साथ पामेला के सम्पर्क दावे सही हैं तो हाऊस आफ कामन्स के पास जारी करते समय कड़ी सुरक्षा बरतने का सरकार का दावा खोखला साबित हो जाएगा ।

अखबार 'टुडे' के अनुसार, कर-अधिकारी पामेला की आय के स्रोतों के बारे में जांच कर रहे हैं । वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि वह पिछले छह साल से बिना किसी काम-धाम के इतनी विलासितापूर्ण जिन्दगी कैसे जी रही थी ।

अखबार ने बताया कि बम्बई की झौंपड़ पट्टियों में पली पामेला बोर्डेस किस तरह संभ्रांत लोगों के बीच रहने लगी । वह 1982 'भारत-सुंदरी' का खिताब हासिल करके 'विश्व-सुंदरी' प्रतियोगिता में भाग लेने गई थी । छह साल बाद वह ब्रिटेन के सांसदों और सम्पादकों के बीच उठने-बैठने लगी । शुरू में एक माडल के रूप में व्यापारिक विज्ञापनों में अपने रूप का जादू दिखाने वाली पामेला के बारे में जब यह पता चला कि वह एक वेश्या है, तो वह भूमिगत हो गई ।

पामेला के गायब होने के बाद उसने सिर्फ अश्लील साहित्य के प्रकाशक डेविड स्लीवान से

भारत में जन्मी कालगर्ल कल ब्रिटिश समाचार

बातचीत की है । स्लीव
जल्दी ही विदेश चली
बताया है कि पामेला ने ए
से अपने संबंधों के बारे में

अखबारों के अनुसार
शॉ और हेनरी बेनिघम
मोइनहान के सम्पर्क में
स्लीवान से भी संबंध रह

तीन खाते : कर-
जांच कर रहे हैं कि कहीं
नहीं मिला जो कि सरक
(शेष पृष्ठ

राजीव की
से

नई दिल्ली, 18 मा
गांधी ने आज राष्ट्रपति
वेंकटरमन से भेंट की । प्र
घंटा तक रहे । राष्ट्रपति
यह 'सामान्य क्रम' की भेंट

ठक्कर रिपोर्ट की प्रतियां राष्ट्रपति व संसद के सदनाध्यक्षों को सौंपी जाएं : विपक्ष

नई दिल्ली, 18 मार्च : संसद में विपक्षी दलों के नेताओं ने आज यहां कहा कि इंदिरा गांधी हत्याकांड से संबंधित ठक्कर आयोग की रिपोर्ट संसद में पेश करने की प्रधानमंत्री की घोषणा से विपक्ष की विजय हुई है । इन नेताओं की बैठक राष्ट्रीय मोर्चा अध्यक्ष जैजनाथ प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज सुबह हुई । बैठक में पारित प्रस्ताव में मांग की गई कि आयोग की रिपोर्ट के साथ ही उस आंख की रिपोर्ट भी संसद में पेश की जाए जिसके पूरा होने की बात प्रधानमंत्री ने अपने बयान में कही है । इस जांच के परिणाम और बाद में की गई कार्रवाई भी संसद में प्रस्तुत की जाए ।

नेताओं ने यह मांग की कि ठक्कर आयोग के समने पेश होने वाले विभिन्न व्यक्तियों की गवाही और अन्य सभी संगत जानकारी को सार्वजनिक उपलब्ध कराए जाएं ।

उन्होंने कहा कि ठक्कर आयोग की रिपोर्ट की प्रतियां राष्ट्रपति और संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों को सौंपी जाएं ताकि उस रिपोर्ट के बारे में कोई अफवाहों और अटकलों न पैदा हो ।

नेताओं ने प्रस्ताव में कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दुखद हत्या के बारे में पूरे तथ्य जानने की जनता की मांग की उपेक्षा करके सरकार अड़ी रही । राष्ट्र की सर्वोच्च निर्वाचित संस्था के सामने रिपोर्ट रखने से इंकार करते हुए सरकार ने अविश्वसनीय तर्क रखे । बैठक में जनता दल के बापू कालदाते, रशीद मसूद और सत्य प्रकाश मालवीय, तेलगुदेशम के पी. उपेंद्र और सी. लक्ष्मण, मार्क्सवादी दीपेन घोष और वासुदेव आचार्य, कम्युनिस्ट एन.ई. बलराम, कांग्रेस (स.) के किशोर चन्द्र देव, असम गण परिषद के विनेश गोस्वामी, द्रमुक के मुरासो लतमारान, आर.एस.पी. के पियुष तिरके और लोकदल के श्री महफूज अलीखां शामिल हुए ।

इन नेताओं ने कहा कि यह उनकी समझ में नहीं आया कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कल संसद में इस संबंध में घोषणा करने के साथ ही रिपोर्ट पेश क्यों नहीं कर दी । उन्होंने कहा कि रिपोर्ट का एक अंश इंडियन एक्सप्रैस में छप जाने के बाद उसे सार्वजनिक करने में सरकार की ओर से विलम्ब किए जाने से कई तरह के अटकलबाजियों और अफवाहों को बल मिला है ।

सांप दिवस का आह्वान वापस : इन नेताओं ने बताया कि रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग मान लिए जाने के बाद इस संबंध में 25 मार्च को देश भर में मांग दिवस मनाने का आह्वान वापस ले लिया गया है ।

जय ललिता द्वारा राजनीति से संन्यास

मद्रास, 18 मार्च (वार्ता): तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष की नेता जय ललिता ने आज कि अपने 7 वर्षीय राजनीतिक जीवन को समाप्त करते हुए सक्रिय राजनीति को छोड़ने की घोषणा । सने आज राज्य विधानसभा की सदस्यता और पनी पार्टी आल इंडिया अन्नाद्रविड़ मुनेत्र कषगम महासचिव पद से भी त्यागपत्र दे दिया ।

जनता दल को मान्यता

पटना, 18 मार्च (वार्ता): बिहार विधानसभा के सचिवालय अध्यक्ष विश्व नाथ पासवान ने आज जनता ल को विधानसभा में राजनीतिक दल की मान्यता की घोषणा की है ।



पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

का एक रिवाल्वर बरामद किया है ।

उग्रवादी मारा गया : जिला फरीदकोट के थाना मेहना के गांव उल्ला के निकट आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ हुई मठभेड में एक उग्रवादी मारा गया । उसकी तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

बस में फायरिंग : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे दो आतंकवादियों ने गांव लंगेआना कलां के निकट चलती बस में फायरिंग करके 2 व्यक्तियों जोरा सिंह तथा जसविंदर सिंह को घायल कर दिया । यह एक प्राइवेट कम्पनी की मिनी बस थी । बताया जाता है कि आतंकवादी बस में ही सवार थे । बताया जाता है कि पहले आतंकवादियों ने गोली चला जोरा सिंह को घायल किया । जब जसविंदर सिंह ने उनके साथ हाथापाई की तो उन्होंने उसको भी घायल कर दिया । बस के कंडक्टर ने सीट के नीचे छुप कर अपनी जान बचाई तथा आतंकवादी उसको ढूंढते हुए नीचे उतर कर खेतों में से होते हुए पैदल ही फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । दोनों घायलों को लुधियाना के अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां जसविंदर सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है । आतंकवादियों ने 12 बोर के पिस्तौल का इस्तेमाल किया । पुलिस ने आतंकवादियों की पहचान कर लेने का दावा किया है तथा कहा है कि उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

rtc राजस्थान वित्त निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना

राजस्थान वित्त निगम से सहायता प्राप्त निम्न औद्योगिक इकाईयों/वाहनों की स्थायी परिसम्पत्तियों के विक्रय हेतु, जिनका अधिकरण स्टेट फाइनैंशियल एक्ट 1951 की धारा 29 के अंतर्गत किया गया है, की मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । विक्रय "जहां है जैसी है" के आधार पर होगा ।

क्र. सं.	इकाई का नाम व पता	उद्योग/वाहन का प्रकार	परिसम्पत्तियां	अधिकतम प्राप्त प्रस्ताव
1.	गुप्ता प्लास्टिको, ट्रक यूनियन रोड, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर	प्लास्टिक की थैलियां	भवन	30,000/-
2.	पी एण्ड पी ग्राऊंडनट आयल मिल एफ-169,उद्योग विहार,श्रीगंगानगर	तेल मिल	भूमि, भवन	——
3.	माडर्न साइकिल स्पेयर पार्ट्स, जी-144, ए उद्योग विहार, श्रीगंगानगर	साइकिल पार्ट्स	भूमि, भवन एवं संयंत्र	——
4.	वण्डरबैल प्रोडक्ट्स, जी-1-143 डी उद्योग विहार, श्रीगंगानगर	प्लास्टिक की थैलियां	भवन, भूमि, संयंत्र	——
5.	जिन्दल स्टील इंडस्ट्रीज, जी-1-144 डी उद्योग विहार, श्रीगंगानगर	स्टील फर्नीचर	भूमि, भवन व संयंत्र	——
6.	कमर्शियल प्रिंटिंग प्रैस, 13, आनंद कूटीर, धानमंडी, श्रीगंगानगर	प्रिंटिंग	प्रिंटिंग प्रैस	10,000/-
7.	भार्गव इंडस्ट्रीज औद्योगिक क्षेत्र, घड़साना	काटन जिनिंग	भूमि, भवन व संयंत्र	——
8.	समसुखा आईस फैक्टरी औद्योगिक क्षेत्र, घड़साना	बर्फ	भूमि, भवन व संयंत्र	——
9.	मित्तल आयल एंड जनरल मिल, मित्तल इंडस्ट्रीज श्रीकरणपुर	आयल जिनिंग एवं फ्लोर	भूमि, भवन व संयंत्र	——
10.	भगवती फ्लोर एण्ड सा मिल, रेड़ेवाला रोड, श्रीकरणपुर	जिनिंग	भूमि, भवन व संयंत्र	——
11.	हरपाल सिंह, पुत्र श्री सायन सिंह, जीप टैक्सी नं. आर.आर.टी. 3620	जीप	जीप महेंद्रा, माडल 1985	——

निविदा के साथ निविदाकार को निविदा राशि की पांच प्रतिशत राशि धरोहर के रूप में बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर जो कि राजस्थान वित्त निगम के नाम से देय होगा, जमा करानी होगी, बिना धरोहर राशि के निविदा मान्य नहीं होगी । इच्छुक निविदाकार शाखा कार्यालय के माध्यम से इकाई/वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं । निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात 30 दिवस के भीतर निविदा की 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) जमा करानी होगी । परिवहन से संबंधित स्वीकृत निविदाओं हेतु 50 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) जमा करानी होगी तथा शेष राशि का भुगतान नियमानुसार किस्तों में मय ब्याज के करने की सुविधा दी जा सकती है । अन्य शर्तें निविदाएं खोलने के समय सुना दी जाएंगी । निविदाएं दिनांक 24.3.89 को 2.30 बजे अपरान्ह तक शाखा कार्यालय में पहुंच जानी चाहिएं । निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष उसी दिन 3.30 बजे शाखा कार्यालय में खोली जाएंगी । किसी भी निविदा को खोलने के पश्चात निगम को निविदाकारों से निविदा की राशि बढ़ाने के लिए वार्ता करने का पूर्ण अधिकार होगा । किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निगम को सुरक्षित है । जिन इकाइयों के लिए निगम को प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं उससे अधिक की राशि के प्रस्ताव निगम को प्राप्त नहीं होने पर निगम वर्तमान प्रस्ताव पर उन इकाईयों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

बिजली, विद्युत, आर.टी.ओ. एवं जलदाय विभागों से संबंधित समस्त बकाया राशि के भुगतान की

2 संदिग्ध पकड़े : मक्तसर से 'दीपक' के अनुसार आज पुलिस ने जलालाबाद रोड पर नाकाबंदी के समय एक ट्रक पी.यू.सी. 5257 में जा रहे 2 संदिग्ध व्यक्तियों में गिरफ्तार किया । यह व्यक्ति पुलिस को गत दिनों गांव बड़ा गुजर में एक व्यक्ति महेंद्र की हत्या में वांछित थे । हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं । बाद में इन्हें अदालत में पेश करके इनका 22 मार्च तक रिमांड ले लिया गया ।

कार बरामद : यहां से बीस किलो मीटर दूर खारा गांव में आतंकवादियों की ओर से जो एम्बैसेडर कार पी.एन.डी. 3694 छीनी गई थी, वह आज थाना जैतो के गांव रोड़ी कसूरां से कुछ दूरी पर लावारिस खड़ी मिल गई है । पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

लाश मिली : नूरमहल की एक सूचना के अनुसार यहां से दो किलो मीटर दूर गांव कम्पल जगीर की नहर में से एक गली-सड़ी लाश मिली है । पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए फिल्लौर भेज दी है ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : फिरोजपुर (धीमान) पुलिस ने थाना धर्मकोट के क्षेत्र में गांव फतेहगढ़ कोरोटाना में दो व्यक्तियों जसवंत सिंह व काका सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कि लोगों से धन बटोरते थे । एस.एस.पी. श्री अखिल कौशिक ने बताया कि इन लुटेरों से तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के 30 लैटरपैड, एक 12 बोर पिस्तौल, एक 315 बोर रिवाल्वर बरामद किया गया । उन्होंने बताया था कि पुलिस ने दो अन्य लुटेरों जंग सिंह व गुरमेल सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उनसे एक 12 बोर की बंदूक तथा एक सिंगल बोर बंदूक बरामद हुई है जो कि उन्होंने छीनी हुई थीं ।

तीन गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): शाहकोट थाना क्षेत्र में जालन्धर पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद कर तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनसे कुछ गोली बारूद भी बरामद हुआ है । पुलिस ने उनकी शिनाख्त कर ली है । आतंकवादियों के नाम हैं : अमृतसर के दयालपुर का निवासी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा, जालन्धर जिले के भंगाला का मोहन सिंह और गुरमेल सिंह उर्फ राजू । उनसे दो पिस्तौलें, एक दुनाली बंदूक और दस कारतूस बरामद हुए हैं ।

युवक का शव मिला : बंगा थाने की पुलिस ने एक युवक गुरमीत लाल का शव बरामद किया है, जिसका गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव मंडाली में उसके घर से अपहरण कर लिया था । गुरमीत लाल की उग्रवादियों ने गला घोंट कर हत्या की । उसका शव गांव के निकटवर्ती खेतों में से बरामद हुआ ।

मैटाडोर बिकाऊ

1985 माडल मैटाडोर F-307 बहुत अच्छी चालू हालत में बिकाऊ है । इच्छुक खरीदार सम्पर्क करें :

सर्कुलेशन मैनेजर,
दी हिन्द समाचार लि.,
पक्का बाग, जालन्धर

समसी रुमाल का कार्यकर्त्ता मारा गया : गुरदासपुर (ह.स.) कुछ उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव बब्बरी नंगल में दमदमी टकसाल के कार्यकर्त्ता अनूप सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया और उस की हत्या कर दी । उग्रवादियों की संख्या ज्ञात नहीं हो सकी ।

पामेला

(पृष्ठ 3 का शेष)

महत्वपूर्ण समझे जाते हैं । ऐसा समझा जाता है कि पामेला ने बैंकों में तीन खाते खोल रखे थे ।

सम्भ्रांत समाज में वह पामेला के रूप में जानी जाती है, जबकि अमीर अरबों तथा सम्पन्न व्यापारियों व उच्च वर्ग के लोगों से कमाए गए धन को उसने पी. सिंह तथा पी. चौधरी के नाम से खोले गए खातों में जमा किया था ।

शर्मीली लड़की थी : नई दिल्ली (वि.प्र.): ब्रिटेन की वैचर सरकार को हिला देने वाली पामेला बोर्डेस कभी इतनी हीन भावना की शिकार थी कि किसी मर्द के सामने जाते हुए उसे शर्म महसूस होती थी । लेकिन आज वह बड़े दमखम से कहती है कि वह ब्रिटिश सरकार के उच्च पदस्थ नेताओं के साथ अपने देह सम्बन्धों का भेद खोलने के लिए दस लाख पौंड कीमत लेगी ।

पामेला बोर्डेस उर्फ पामेला सिंह उर्फ पैम सिंह ने जब जवानी की दहलीज पर कदम रखा तो वह बहुत ही तेज तर्रार किस्म की लड़की बन गई । शबाब उसके पास था और उस शबाब के शौकीन उसके आसपास मंडराया करते थे । पर जब भी वह अपने उभारों को देखती थी तो उसका अपनी जवानी का सारा नशा काफूर हो जाता था क्योंकि पैंट कमीज पहने पामेला सिंह को लड़की के बजाय लड़का कहना गलत नहीं लगता था । फिर भी पामेला ने हौसला नहीं छोड़ा । वह सारी दुनिया को पीछे छोड़कर आगे निकलना चाहती थी । उसने दवाइयों का सहारा लिया और कुछ ही वर्षों में वह भारत की सीमा लांघकर लास एंजल्स और पैरिस होती हुई लंदन जा पहुंची । लंदन में राजनीतिज्ञों में से किस-किस के बिस्तर की उसने शोभा बढ़ाई यह अब कोई रहस्य नहीं रहा ।

छोरी हरियाणा की : पामेला सिंह ने अपना कैरियर एक माडल के रूप में शुरू किया था । वह हरियाणा की रहने वाली है । उसके पिता एक पी.सी.एस. अधिकारी थे । उनके देहांत के बाद उसकी मां श्रीमती एस.सी. चौधरी को सरकारी सेवा का मौका दिया गया । वह हरियाणा की संयुक्त निदेशक लाटरीज के पद पर रहीं । दिल्ली विकास प्राधिकरण में श्रीमती चौधरी ने डैपुटेशन पर काम किया था । वह भारतीय खाद्य निगम में सतर्कता अधिकारी भी रहीं । यद्यपि श्रीमती चौधरी की आज भी दिल्ली की एक पॉश कालोनी में कोठी है । किन्तु वह हरियाणा में ही किसी स्थान पर अपना जीवन बिता रही है ।

पामेला ने आज से लगभग 20 वर्ष पूर्व माडलिंग की दुनिया में कदम रखा । तब श्रीमती चौधरी आर.के. परम में रहती थी और पामेला लेडी श्रीराम कालेज की होस्टल छात्रा थी । पामेला को माडलिंग की दुनिया में लाने का श्रेय दूरदर्शन की न्यूज रीडर कोमल जे.बी. सिंह को है जो तब दिल्ली की एक विज्ञापन एजैंसी का संचालन करती थी । भारत लैदर कार्पोरेशन के विज्ञापन में पामेला को एक माडल के रूप में बड़ी प्रमुखता से पेश किया गया ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल
लारैंस रोड, अमृतसर
योग कोर्स
प्रस्तुत करता है

कक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू हो रही हैं (सायं 4 बजे से सायं 5 बजे तक) ।

Punjabi Sanjam

पंजाब में दम्पति सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : 3 घुसपैठिये मारे गए

किसान 'गलती' से सुरक्षा बलों की गोली से घायल

कट्टर आतंकवादी हैप्पी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 19 मार्च (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात के बाद आतंकवादियों ने एक दम्पति सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 3 घुसपैठिये सीमा पर मुठभेड़ों में मारे गए । एक कट्टर आतंकवादी जसविंदर सिंह उर्फ़ हैप्पी उर्फ़ डाक्टर मारा गया, जबकि एक किसान 'गलती' से सुरक्षा बलों की गोली से घायल हो गया ।

दम्पति की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): वल्टोहा थाने के तहत लखाना गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक दम्पति की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनकी लड़की को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार पांच आतंकवादी श्याम लाल के घर में घुसे और उनकी व उनकी पत्नी किरण देवी की हत्या कर दी । घायल शांति देवी को अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

2 घुसपैठिये मरे : सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल रात अजनाला क्षेत्र के गुलगढ़ में दो घुसपैठियों को मार गिराया । सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता के अनुसार घुसपैठिये पाकिस्तान से भारत की सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे । जवानों द्वारा रोके जाने पर वे भागने की कोशिश करने लगे । जवानों की गोली से दोनों घुसपैठिये मारे गए ।

शव मिला : जिला अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में पुलिस ने आज एक पैट्रोल पम्प के पिछवाड़े में रणजीतपुरा निवासी अवतार सिंह नामक व्यक्ति का शव बरामद किया । शव पर तेज धार हथियारों के निशान हैं । पुलिस ने दावा किया कि अवतार सिंह की हत्या निजी शत्रुता के कारण की गई है ।

किसान घायल : गत रात मजीठा पुलिस जिला के गांव घड़ियाला में एक किसान हरपाल सिंह सुरक्षा बलों की गोली से घायल हो गया । पुलिस चीफ श्री जी.एस. मान के अनुसार सुरक्षा बलों ने उसकी पहचान पूछने के लिए उसे रुकने का संकेत किया, लेकिन उसने भागना शुरू कर दिया । इस पर सुरक्षा बलों ने गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया । बाद में पता चला कि वह एक किसान था, आतंकवादी नहीं था ।

एक घुसपैठिया मरा : भारत-पाक सीमा के अमृतसर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसका एक साथी बच कर वापस भाग गया ।

आतंकवादी मारा गया : फरीदकोट (वार्ता): आज बाद दोपहर जिला फरीदकोट के गांव सिहपुरा में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक कट्टर आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसकी शिनाख्त सूचीबद्ध कट्टर आतंकवादी जसविंदर सिंह उर्फ़ हैप्पीउर्फ़ डाक्टर के रूप में हुई है । अधिकृत सूत्रों ने बताया कि दो आतंकवादी एक व्यक्ति निर्मल जीत सिंह के घर में जबरदस्ती घुस गए और गोली चला दी,जिससे दर्शन सिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया । गोलियों की आवाज़ सुन कर पड़ोसी इकट्ठे होकर वहां पहुंचे जब आतंकवादी भागे तो उन्हें एक गठती टांग ने रोका । इस पर उनमें मुठभेड़ हो गई तथा जसवंत सिंह मारा गया,लेकिन उसका साथी भाग निकला ।

मोगा से सर्वमित्र के अनुसार जसविंदर सिंह उर्फ़ हैप्पीउर्फ़ डाक्टर ने ए.एस.आई. गुरचरण सिंह तथा कई अन्य व्यक्तियों की हत्या की थी । उसने शिवसेना नेता जगदीश गेरी पर भी हमला किया था तथा कई बैंक लूटे थे । उसके कब्जे से 2 विदेशी रिवाल्वर बरामद हुए ।

साइकल सवार की हत्या : जिला लुधियाना में कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक साइकल सवार कपूर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी की हत्या : गुरदासपुर (बिनोद): गत रात धारीवाल थाना के गांव बबरी नंगल में उग्रवादियों ने अनूप सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि संदिग्ध हत्यारे अनूप सिंह के गांव के बाहर स्थित डेरे पर आए और उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी जाते समय शराब के ठेके से एक पिस्तौल भी छीन कर ले गए । बताया जाता है कि अनूप सिंह स्वयं भी उग्रवादी था,जिसका सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के साथ था । उसे दूसरे धड़े के उग्रवादियों ने मारा है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अनूप सिंह के.सी.एफ़. के झामके गुट से संबंधित था । वह दमदमी टकसाल के कार्यकर्त्ता अवतार सिंह का निकट साथी था,जिसकी वीरवार की रात को उसके साथी हरदयाल सिंह के साथ गांव जफरवाल में हत्या कर दी गई थी ।

जमींदार की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव शिकार माछियां में गत रात्रि दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक जमींदार जोगिन्दर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के समय मृतक अपने डेरा पर सो रहा था कि हत्यारों ने उस पर गोलियों की बौछार कर दी । मृतक फतेहगढ़ चूड़ियां के पत्रकार श्री गुरदयाल सिंह फुल्ल का बहनोई था । पुलिस ने इस संबंध में पूछताछ के लिए 6 लोगों को हिरासत में ले लिया है । पूरा क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोज की जा रही है ।

वकील गिरफ्तार : बटाला की एक सूचना के अनुसार पुलिस ने एक वकील सुखदेव सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

सात आतंकवादी गिरफ्तार : रोपड़ (जैन): आज यहां जिले के वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री चन्द्रशेखर ने जानकारी दी है कि जिला पुलिस ने सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम बंतन सिंह जाट गांव सहाड़ा थाना खरड़, मंजीत सिंह जाट गांव घटौर थाना कुराली, बलजीत सिंह जाट उर्फ़ डल्ला गांव सहाड़ा थाना खरड़, जसबीर सिंह (होशियारपुर), वीरेन्द्र सिंह सैनी (होशियारपुर), गुरमेल सिंह रमदासिया गांव मिलक थाना खरड़ तथा राम सिंह रमदासिया गांव बढ़ाली थाना कुराली हैं ।

उपरोक्त कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार करने से तीस जून 1988 को भाखड़ा नहर तोड़ने, सरहाली के स्टेट बैंक में डाका डालने, घड़आ गांव के पंडित अमृत लाल की हत्या करने तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य संत सिंह तथा चुनी ग्राम पंचायत के सदस्य पृथ्वी राज कपूर की हत्या के मामलों की जानकारी मिल गई है । एस.एस.पी. ने बताया कि इनके पास सात पिस्तौल और रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं ।

एक और गिरफ्तार : फगवाड़ा (अशोक): फगवाड़ा पुलिस ने आज निकटवर्ती गांव रावलपिंडी से गुरदयाल सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गांव ईंधना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 38 बोर का रिवाल्वर व दो कारतूस बरामद किये हैं । इस तरह पिछले तीन दिनों में फगवाड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये संदिग्ध उग्रवादियों की संख्या 11 हो गई है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोज़पुर जिला पुलिस ने तीन आतंकवादियों केवल सिंह, नरेन्द्र सिंह उर्फ़ कुक्क तथा जसवंत सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो रिवाल्वर, एक बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

जोधपुर के सभी बंदी रिहा : सरकार द्वारा स्पष्टीकरण

चंडीगढ़, 19 मार्च (ह.स.): पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में की गई घोषणा के उपरांत राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के केस वापिस ले लिए जाने के बाद जोधपुर जेल के सभी नज़रबंदियों को रिहा कर दिया गया है । परन्तु इनमें से 78 नज़रबंदियों, जिनमें शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष जी.एस. टोहरा भी शामिल हैं, को विभिन्न लम्बित पड़े आरोपों के आधार पर पुन: गिरफ्तार कर लिया गया है । इनमें "हत्या व हत्या का प्रयास" के आरोप भी शामिल हैं ।

राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार समिति इन 78 नज़रबंदियों के केसों का पुनरीक्षण कर रही है तथा अलग-अलग जत्थों में उनकी रिहाई के आदेश दिए जा रहे हैं । यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी । प्रवक्ता ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित इन खबरों से उलझन पैदा हो गई है कि जोधपुर नज़रबंदियों को समय-समय पर अलग-अलग जत्थों में रिहा किया जा रहा है ।

जयललिता द्वारा विधानसभा से त्यागपत्र व राजनीति से संन्यास का खंडन

अमृतसर में 3 लोगों का अपहरण

अमृतसर, 19 मार्च (वार्ता): आज शाम अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने स्थानीय मोहन नगर आबादी में से तीन व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । पुलिस ने

पामेला बोर्डेस उर्फ़ पामेला रिंट

ब्रिटेन में राजनीतिक क्षेत्रों में हड़कम्प मचा देने वाली भारतीय मूल की मॉड
पामेला सिंह का प्रख्यात फोटोग्राफर अविनाश पसरीचा द्वारा 1981-8
गया चित्र (बाएं) जबकि वह दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कालेज क
ऊपर)पामेला बोर्डेस का ब्रिटेन के सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले दैनिक 'सन
के मुख पृष्ठ पर छपा एक उत्तेजक चित्र, (नीचे) पामेला का चित्र,जब वह दि
एजैंसी में मॉडल का कार्य करती थी ।

सी.आई.ए. ने पामेला के नेताओं से संबंधों की पुष

लंदन, 19 मार्च (ह.स., वार्ता): ब्रिटिश और अमरीकी गुप्तचर एजैंसियों ने भारत में जन्मी काल गर्ल पामेला बोर्डेस के विभिन्न देशों के नेताओं के साथ सम्बन्धों बारे जांच शुरू कर दी है । ऐसे समाचार मिले हैं कि सी.आई.ए. के पास पामेला बोर्डेस बारे फाइल मौजूद है और उसने पामेला के लिबियन नेताओं से लिंक की पुष्टि की है । पामेला एक से अधिक बार लीबिया के राष्ट्रपति कर्नल गद्दाफी से भी मिली थी । सी.आई.ए. के सूत्रों का दावा है कि लीबिया के 3 बड़े आतंकवादी नेताओं और कर्नल गद्दाफी के निकट सहयोगियों से पामेला के गहरे सम्बन्ध रहे हैं ।

अमरीकनों को पता है कि पामेला कुछ समय तक न्यूयार्क में एक लीबियन व्यापारी के साथ रही थी । बाद में वह व्यापारी गद्दाफी का एक वरिष्ठ गुप्तचर अधिकारी और शस्त्रास्त्रों का दलाल पाया गया । बाद में पामेला जब पेरिस में रही तो उसने लीबियन गुप्तचर एजैंसी के अध्यक्ष,जो गद्दाफी का रिश्ते में भाई लगता है, से प्यार-मुहब्बत की ।

ब्रिटिश सुरक्षा अधिकारियों को आशंका है कि पामेला का भविष्य में गद्दाफी की आतंकवादी जुंडली द्वारा ब्रिटेन के कामन्स सदन में कोई "उपकरण" रखने के लिए प्रयोग किया जा सकता था । पामेला के लीबियन आतंकवादियों से सम्बन्धों का रहस्योद्घाटन उस समय हुआ है जब पैन-एम विमान दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अरब

सिद्ध करें कि पामेला ने राष्ट्र
पैदा कर दिया है ।

पामेला पर कंजर्वेटि
अनुसंधान सहायक के रू
गुप्तचर विभाग से सम्बन्धि
जीने के आरोप लगाए गए

पामेला ने कहा कि वह
नहीं रही । व्हाईट हाल से
रही है, वे असत्य हैं ।
लीबियनों से मेरी दोस्ती मे
नहीं है । एक कैबिनेट मंत्री
पर्दा डालने के लिए मेरी इस
पर इस्तेमाल कर रहा है ।

पामेला (27) उपमह
है । उसने उक्त बयान अप
दिया है । उसने कहा, "मैं
कि कामन्स सदन में मैं जिन
सभी को यह पता नहीं था कि
मैंने उनमें से किसी से यौन

पामेला की नंगी टांग वाला पहला फोटोग्राफ
प्रख्यात फोटो ग्राफर जितेन्द्र
ऐसे सहले फोटोग्राफर थे जि
माडल गर्ल पामेला बोर्डेस की
प्रथम चित्र खींचे थे । यह उ

Punjabi Sanatani

यों ने मारा है ।

ता के अनुसार अनूप सिंह
गुट से संबंधित था । वह
कार्यकर्त्ता अवतार सिंह का
ही वीरवार की रात को उसके
साथ गांव जफरवाल में हत्या

से त्यागपत्र
ा खंडन

ाने और उन्हें अलग-अलग

आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री
वासघाती साजिश रच कर
त होती स्थिति को कमज़ोर
क अन्नाद्रमुक ने गत 11
चुनाव में दोनों सीटें जीत ली
ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से
हस्तक्षेप करने का आग्रह किया
उन्हें तमिलनाडु विधानसभा
ी अलोकतांत्रिक और अनैतिक
जिश चल रही है ।
यमंत्री करुणानिधि पर आरोप
लिस के ज़रिए राजनीतिक
धिकारों का दुरुपयोग कर रहे

के राजनीति से संन्यास लेने की
न सुबह अन्नाद्रमुक के हजारों
गार्डन' स्थित निवास स्थान
नेताओं द्वारा खबर को गलत
र्ा संतुष्ट नहीं थे । वे स्वयं
ष्टीकरण चाहते थे । कई
थान के बाहर रोते हुए देखा
ललिता ने स्वयं अपने घर के
वादन किया ।

के कमिश्नर पी. दुरै ने इस
दिया है कि सुश्री जयललिता
त्यागपत्र की प्रतियां पुलिस ने

क खाते जाम : इसी बीच
क के बैंक खाते 'जाम' कर
राधिक जांच का विषय' बन
में पुलिस को कई शिकायतें

मांड : श्री एम. नटराजन
क रिमांड दे दिया गया है ।

पुलिस ने तीन आतंकवादियों केवल सिंह, नरेन्द्र सिंह उर्फ़ कक्कू तथा जसवंत सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो रिवाल्वर, एक बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

अमृतसर में 3 लोगों का अपहरण

अमृतसर, 19 मार्च (वार्ता): आज शाम अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने स्थानीय मोहन नगर आबादी में से तीन व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा कि एक दर्जन सशस्त्र व्यक्ति आबादी में आये तथा फायरिंग कर दी जिससे एक व्यक्ति कुलदीप सिंह उर्फ पप्पू घायल हो गया । बाद में वे पप्पू और दो अन्यों दिलबाग सिंह व सुलक्खन सिंह को एक ट्रक में डालकर ले गये । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर कुछ कारतूस बरामद किये । अपहृत व्यक्तियों की तलाश की जा रही है ।

अन्ना द्रमुक नेता सुश्री जयललिता मद्रास में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में एक वक्तव्य जारी करके राजनीति से संन्यास लेने का खंडन करते हुए । (छाया : प्रैट्र.)

अमरीकनों को
तक न्यूयार्क में एक
थी । बाद में वह
गुप्तचर अधिकारी
गया । बाद में पामे
लीबियन गुप्तचर ए
रिश्ते में भाई लगता

ब्रिटिश सुरक्ष
पामेला का भविष्य मे
द्वारा ब्रिटेन के काम
रखने के लिए प्रयोग
के लीबियन, अत
रहस्योद्घाटन उ
विमान दर्घटना
आतंकवादियों को
जा रहा है ।

ब्रिटिश गुप्तच
की जा रही जांच के
पता कटने की सम्भा
क्रोध में भरी हुई प्रधा
स्तर पर जांच के आ
सम्बन्धों के कारण क
नेता ब्लैक मेल कि
लीबियन आतंकवादी
श्रीमती थैचर ने सैं
पीटर इम्बर्ट को आरो
में जांच शुरू करने को
को लेकर कई सांसद,
संडे टाइम्स के स
"आब्ज़र्वर" का सम्पा
घेरे में हैं । जो कैबिनेट
वह कोलिन से सीनि
कैबिनेट मंत्री का नहीं है
कई सांसदों ने उसके
शराब पी, तब उका
था । सुरक्षा अधिकरी
दोस्त से भी पूछताछ क
कि वह भी पामेला के प्रे
'द वर्ल्ड' ने दावा किय है
कर्नल गद्दाफी को आ
आयोजित सामाजिक स
जैट विमान द्वारा लीबिय

इसी बीच पामेल
भी परिचित सांसद केंस
रहा और कि उसके पास
रहे । बोर्डेस ने आज प्र
यह बात कही । उधर
आफ कामन्स के नेता ने
आश्वासन दिया है कि

ल दूसरे न्याय युद्ध का स्टंट रच रहे हैं,

(नांद): हरियाणा के भूतपूर्व
न ने आरोप लगाया है कि
ल अपनी कमजोरियों व
के लिए दूसरे न्याय युद्ध का
कहा कि लोग अब श्री देवी
एंगे क्योंकि वह पहले न्याय
घिनौना खेल देख चुके हैं ।
जन-जागरण अभियान के
राजकीय कालेज में एक
सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि सम्भव है कि इका शासनकाल में भ्रष्टाचार के कुछ मामले प्रकाश में आए हों परन्तु अब तो देवी लाल के राज में लूट-खसूट मची है । श्री बंसी लाल ने कहा कि यदि देवी लाल वास्तव में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हैं तो वह अपने चुनाव-वायदों के अनुसार लोक आयुक्त की नियुक्ति क्यों नहीं कर रहे । भूतपूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्ट तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई होनी ही चाहिए चाहे वह कांग्रेसी हों या जनता दल के । उन्होंने श्री देवी लाल के पुत्र ओम प्रकाश चौटाला पर कई गंभीर आरोप लगाते

हुए जनता दल कार्यकर्त्
को रैलियों में दी जाने वा
तो पता चल जाएगा कि
या कहीं और । उन्होंने
करने के लिए राज्य में
श्री देवी लाल पर
लाल ने कहा कि एक-एक
राज्य का राज लिया और

स्वयंभू जनरल सहित 4 आतंकवादी मारे गए : चीनी मिल से 5 लाख लूटे

कस्बा पट्टी पर आतंकवादियों द्वारा राकेटों से हमला, गोलियां भी चलीं

यूथ इंका नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 20 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में आज एक मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए जिनमें एक तथाकथित भिडरांवाले टाइगर फोर्स का स्वयंभू जनरल था । अन्य स्थानों पर एक यूथ इंका नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक चीनी मिल से 5 लाख रुपए लूट लिए गए । कस्बा पट्टी पर आतंकवादियों ने राकेटों से हमला किया ।

2 होमगार्डों की हत्या :अमृतसर (वि.प्र.): गत रात आतंकवादी जिला अमृतसर के विभिन्न हिस्सों में काफी सक्रिय रहे तथा उन्होंने थाना झब्बाल के गांव दबली में होमगार्ड के दो जवानों गुरदयाल सिंह तथा कुलवंत सिंह की रात 9.30 बजे के करीब उनके घरों में घुस कर हत्या कर दी । दोनों जवान छुट्टी पर आए हुए थे । बाद में आतंकवादी फायरिंग करते हुए फरार हो गए । गिरोह ने घटनास्थल पर एक पर्चा छोड़ा है जिसमें लिखा गया है कि दोनों होमगार्डों को चेतावनी दी गई थी कि वे नौकरी छोड़ दें । गत 5 दिनों में होमगार्डों पर हमले की यह दूसरी घटना है । बीरवार की रात को गांव मैनी गुरमुख सिंह में इसी प्रकार दो होमगार्डों मुख्तार सिंह व बलदेव सिंह की हत्या कर दी गई थी ।

दो आतंकवादी मारे गए : यहां प्राप्त सूचना के अनुसार आज दोपहर डेढ़ बजे के करीब अमृतसर जिला के थाना लोपोके के गांव मदोके के बाहर बने फार्म हाऊस में पुलिस तथा आतंकवादियों के मध्य भिड़ंत हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गए ।

विवरणों के अनुसार पुलिस को पुष्ट सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी मदोके गांव के बाहर एक फार्म हाऊस में छुपे बैठे हैं जिस पर पुलिस की एक पार्टी ने फार्म हाऊस को जा घेरा । बताया जाता है कि इसी दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर फायरिंग की तथा पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप 2 आतंकवादी वहीं ढेर हो गए । इनमें से एक आतंकवादी साहब सिंह उर्फ साहबा निवासी गांव शहरा था । मृत आतंकवादियों के कब्जे से एक चीनी असाल्ट राइफल, 300 अनचले व 70 चले कारतूसों के अलावा एक .32 बोर का पिस्तौल व उसके 6 कारतूस भी मिले । साहब सिंह उर्फ साहबा भिडरावाले टाइगर फोर्स का स्वयंभू जनरल था तथा उसके सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम घोषित था ।

सत्ता का साथी था : आई.जी. सीमा रेंज श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि साहब सिंह बी.टी.एफ. के तथाकथित लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह सत्ता उर्फ चरियाड़ा का निकट साथी था । क्षेत्र में खोजबीन का काम जारी है और सुरक्षा बल व पुलिस मिल कर यह कार्य कर रहे हैं ।

2 और आतंकवादी मरे : आज शाम थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाला में एक अन्य मुठभेड़ में दो कट्टर आतंकवादी मारे गए । उनकी पहचान इन्द्रजीत सिंह गांव दबली तथा सुरिंद्र सिंह उर्फ छिंदा निवासी सुरसिंहवाला के रूप में हुई है । इनके सिरों पर बीस-बीस हजार रुपए का इनाम था ।

इन्द्रजीत सिंह व छिंदा के कब्जे से दो नए तरह के हथियार बरामद हुए । एक हथियार स्पैशल बलेट एक्शन डबल बैरल गन है जबकि दूसरी एक पिस्तौल है । मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस ने एक मकान पर छापा मारा जहां आतंकवादी छुपे हुए थे । दोनों मारे गए आतंकवादी कई केसों में वांछित थे ।

आतंकवाद का नंगा नाच :एक संवाददाता के अनुसार गत रात पट्टी में आतंकवाद का नंगा नाच हुआ । लगभग 25-30 आतंकवादियों ने रात 11.35 बजे से 12.05 तक कस्बे में एक साथ विभिन्न स्थानों पर राकेटों तथा ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से हमला किया । सौभाग्यवश कोई प्राण हानि नहीं हुई । आतंकवादियों ने रेलवे लाइन की ओर राकेट छोड़े जो कि डी.ए.वी.-स्कूल पर आकर गिरे जिसमें स्कूल की छत दो स्थानों से उड़ गई । इस स्कूल में पहले गुजरात पुलिस की चौकी थी । चौक भाडियां वाला में एक राकेट सड़क पर गिरा जिससे सड़क टूट गई ।

इसी मध्य आतंकवादियों ने कई स्थानों पर ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चलाईं । पहले सिविल अस्पताल के निकट गोलियां चलाई गईं । इसके बाद एक दुकान पर चढ़ कर फायरिंग की गई । चौक भाडियांवाला में सी.आर.पी. ने जवाबी फायरिंग की तथा सारे शहर को घेर लिया परन्तु आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए । इस सारी कार्रवाई की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

'ह.स.' के अनुसार घटनास्थल पर छोड़े गए पर्चे में के.पी.एफ. के बख्शीश सिंह सोना ने कहा है कि गिरोह ने यह कार्रवाइयां एक विशेष समुदाय को भयभीत करने तथा उन्हें अपने मकान खाली करने की चेतावनी देने के लिए की है ।

राकेटों से हमला :एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने किसी गुप्त स्थान से कस्बा पट्टी पर गत रात 9.30 बजे के करीब 6 राकेट फैंके जिससे कस्बे में आतंक फैल गया तथापि किसी तरह की क्षति नहीं हुई ।



गांव सिखांवाला (फरीदकोट) के निकट पुलिस मुकाबले में मारे गए हरजिंदर सिंह उर्फ डाक्टर उर्फ हैप्पी की लाश। (छाया : जिंदल)

तिब्बत फोर्स का जवान जख्मी : एक अन्य वारदात अमृतसर के करीबी गांव वल्ला में एक बेयर हाऊस के बाहर हुई जहां ड्यूटी पर खड़े एक जवान लाकेश कुमार जो भारत तिब्बत सीमा पुलिस फोर्स का सिपाही बताया जाता है, को रात 9 बजे के लगभग गोली लगी तथा वह घायल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । खेमकरण के गांव नरवाल में गत रात 10.30 बजे के लगभग तीन आतंकवादी एक व्यक्ति प्रताप सिंह के मकान में घुस गए और उसकी पत्नी जसबीर कौर को डरा धमका कर उनके घर से एक नाली वाली बंदूक ले गए ।

शैलर पर फायरिंग : एक सूचना के अनुसार एक दर्जन से ज्यादा आतंकवादियों ने गत रात 10 बजे के लगभग भिखीविंड पट्टी रोड पर स्थित एक शैलर पर जो कि खालड़ा के व्यापारी श्री देस राज धवन का बताया जाता है, ए.के. 47 राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग की । एक अनुमान के अनुसार आतंकवादियों ने 60-70 राउंड फायर किए । आतंकवादी गेट खुलवाना चाहते थे और गेट पर गोलियां मारते रहे । इसी दौरान सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी वहां आ गई और उसने आतंकवादियों को ललकारते हुए जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी फरार हो गए ।

5 लाख रुपया लूटा : धूरी से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज प्रातः संगरूर जिला में मालवा चीनी मिल से सशस्त्र आतंकवादियों ने 5 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार आतंकवादी मिल के संतरी से उसकी बंदूक छीन कर खजांची के कार्यालय में घुस गए तथा नकद रुपए लेकर भाग निकले । जाते हुए आतंकवादियों ने संतरी को उसकी बंदूक वापिस कर दी ।

यूथ इंका नेता की हत्या : कपूरथला (शर्मा) : डिलवां कस्बा में गत रात्रि लगभग 12 बजे ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों तथा रिवालवरों से लैस 4-5 आतंकवादियों ने घर के दरवाजों को आग लगाकर दरवाजे तोड़ कर जिला यूथ कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ उपप्रधान तथा जिला शिकायत कमेटी के सदस्य श्री विक्रम जीत सिंह ढिल्लों की गोलियां मार कर निर्मम हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर

सोमवार को फगवाड़ा रेलवे स्टेशन के निकट 76 डाऊन पार्सल ए टक्कर हो गई । परिणामस्वरूप पार्सल एक्सप्रैस के सभी छह डिब्बे यातायात बरी तरह प्रभावित हुआ (1) गाड़ी के उलटे हुए डिब्बे, मुरम्मत करते हुए श्रमिक, (3) उलटे डिब्बों को उठाती हुई क्रेन औ पार्सल एक्सप्रैस ।

फगवाड़ा स्टेशन पर दो ट्रेनें रेल यातायात 5 घंटे असा

फगवाड़ा, 20 मार्च (कौड़ा): आज प्रातः 5.15 बजे फगवाड़ा रेलवे स्टेशन के निकट ही अमृतसर से दिल्ली जा रही 76 डाऊन पार्सल एक्सप्रैस में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी के टकरा जाने से पार्सल एक्सप्रैस के छः डिब्बे पटरी से उतर गए । किसी तरह की प्राण हानि होने से भारी बचाव हो गया, लेकिन इस दुर्घटना से पांच घंटे तक रेलवे यातायात असामान्य होकर रह गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार ज्यों ही पार्सल एक्सप्रैस के ड्राइवर सूरजपाल को गार्ड प्यारा लाल ने फगवाड़ा स्टेशन से गाड़ी को रवाना होने की झंडी दी और गाड़ी फगवाड़ा स्टेशन के बाहर तक ही पहुंची थी कि 'पार्सल गाड़ी' के लिए 'सिगनल डाऊन' को अपनी गाड़ी के लिए डाऊन समझ कर पीछे से दूसरी लाइन पर मालगाड़ी के ड्राइवर ओंकार सिंह ने सहायक रूंपिदरजीत सिंह की सलाह से पीछे से मालगाड़ी चला दी, व पार्सल गाड़ी से जा भिड़ी जिससे पार्सल गाड़ी के छः डिब्बे पटरी से उतर गए और रेलवे लाइन अवरुद्ध हो गई ।

डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर सहित अनेक रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए । क्षतिग्रस्त डिब्बे उठाने के लिए लुधियाना से क्रेन मंगवाई गई है । स्थानीय स्टेशन अधीक्षक स्वर्ण सिंह सरूर ने बताया कि इस दुर्घटना के बावजूद रेलवे यातायात सामान्य रूप से जारी रखा गया है व डाऊन लाइन की गाड़ियां सिगल लाइन से निकाली जा रही हैं ।

आज प्रातः जालं पैसेंजर ट्रेन इस दुर्घटन इसी तरह नवांशहर प्रातःकालीन यात्री गाड़

चार गाड़ियां र प्रातः फगवाड़ा स्टेशन पटरी गाड़ियों के यात्रा गाड़ी नं. 2 जे.जे. और 2 आर.जे. एवं 1 आर नहीं चलाई जा सकीं जालन्धर के लिए चार

रेल विभाग के क्षेत्र ने बताया कि इस दुर्घटन चालू हो जाएगा । लगभग 8.20 बजे पर थी को 9 बजे के करीब दिया गया । डीलक्स फिल्लौर के लिए भी उन्होंने बताया कि रेलवे यात्रियों की सहूलत के

दुर्घटना के बारे में सब कुछ इतना अचानक सका और अपनी कर्सी रेलवे विभाग के उच्च स बारे में जांच पड़ताल के

बरनाला द्वारा अकाली दल (लौं.) का अध्यक्ष पद अस्वीकार

संगरूर, 20 मार्च (गर्ग, गोयल): भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज लौंगोवाल में शिरोमणि अकाली दल (लौंगोवाल) के डैलीगेट सम्मेलन में दल का अध्यक्ष बनने से स्पष्ट इन्कार कर दिया । इससे पूर्व उन्हें सर्वसम्मति से दल का प्रधान चुन लिया गया था । श्री बरनाला द्वारा अध्यक्ष बनने से इन्कार कर दिए जाने के कारण दल का कामकाज पहले की भांति ही चलने देने का निर्णय लिया गया ।

सम्मेलन में 46 भूतपूर्व विधायकों में से 20 तथा एक संसद सदस्य भी शामिल हुआ । श्री बरनाला ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न अकाली दलों में एकता की खातिर ही अध्यक्ष पद स्वीकार नहीं किया । वह पंथक एकता के प्रयासों को विफल नहीं होने देना चाहते । वह इसके लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं । श्री बलवन्त सिंह के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने उत्तर देने से इन्कार कर दिया ।

सम्मेलन में दस प्रस्ताव पारित किए गए । एक प्रस्ताव द्वारा श्री बलवन्त सिंह की पंथ विरोधी गतिविधियों की निंदा करते हुए कहा गया कि वह अकाली दल में शामिल होने के समय से लेकर अब तक अवसरवादिता की राजनीति का खेल खेलते रहे हैं । उन्होंने प्रत्येक अकाली नेता से गद्दारी की है । अपनी गिरफ्तारी से बचने तथा दिल्ली के स्वामियों को खुश करने के लिए उन्होंने 1984 में आप्रेशन ब्लू स्टार का समर्थन किया था । प्रस्ताव में श्री बलवन्त सिंह को पार्टी में से निकालने के बारे में जिला जत्थेदारों के फैसले की प्रशंसा की गई ।

एक प्रस्ताव द्वारा श्री बरनाला द्वारा पंथक एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की तथा इसके लिए प्रदर्शित किए गए त्याग की भावना की सराहना की गई । एक प्रस्ताव द्वारा श्री बरनाला के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास प्रकट किया गया । इसके साथ ही प्रकाश सिंह बादल, सिमरनजीत सिंह मान व अन्य अपराधों में नजरबंद किए गए लोगों के लिए आम माफी देने की मांग की गई ।

पंजाब समस्या के हल हेतु राजीव-लौंगोवाल समझौते पर अकाली दल द्वारा दृढ़ विश्वास व्यक्त किया गया । इसके साथ ही जोधपुर के रिहा हुए नजरबंदों को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की गई । यह कहा गया कि शिरोमणि अकाली दल शांतिप्रिय है।यह हर तरह के आतंकवाद व अलगाववाद के विरुद्ध है ।

एक अन्य प्रस्ताव द्वारा इस बात पर दुख व्यक्त किया गया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के उच्चाधिकारियों तथा एडीशनल अकाली दल के

चहेड़ू के निकट ट्रक उलटने से 6 मरे

जालन्धर, 20 मार्च (ह.स.): आज सायं यहां से दस किलो मीटर दूर चहेड़ू के निकट जी.टी. रोड पर एक ट्रक उलट जाने से 6 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए । यह ट्रक होला मुहल्ला समारोह में भाग लेने जा रहे यात्रियों को लेकर जा रहा था । 8 घायलों, जिनमें एक 6 वर्षीय लड़का भी शामिल है, को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । घायलों का इलाज कर रहे डाक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत चिंताजनक है । बताया गया है कि ट्रक में 70 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें स्त्रियां और बच्चे भी शामिल थे । ट्रक इन लोगों को कादियां जिला गुरदासपुर से लेकर आ रहा था । कुछ घायलों को सरकारी और कुछेक को प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

छज्जा गिरने से पांच मरे

सासाराम, 20 मार्च (वार्ता): करकत थाना के इतिदिया गांव में पिछले शनिवार की शाम एक मकान का छज्जा (बालकनी) गिर जाने से कम से कम पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 35 अन्य घायल हो गए । लोग वहां खड़े मदारी का तमाशा देख रहे थे ।

जयली के विर

मद्रास, 20 मार्च (ह महासचिव श्री जयलि एम. नटराजन और 4 अ की कोशिश और धोखा किया । शहर पुलिस आ संवाददाताओं को यह जा

पुलिस आयुक्त ने बत पार्टी सदस्य श्री एम.एस. मामला दर्ज किया गया जनवरी को हुए विधानस टिकट पाने का प्रयास कर व्यक्तियों के खिलाफ मकद मद्रास हार्टीकल्चर सोसाय दिनाकरण, श्री सुन्दरमति जाने पर कि क्या सभी आ किया जाएगा, श्री दर्रे ने क कोई टिप्पणी नहीं करेंगे ।

राज्यपाल से भेंट : तमिलनाडु के राज्यपाल पी

पाक नौसेना को नए फ्रिगेट, पनडुब्बियां, पूर्व चेतावनी प्रणालीयुक्त हैलीकाप्टर मिले

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): पाकिस्तानी नौसेना में 1988-89 में कई अत्याधुनिक युद्ध नौसेना की हवाई शाखा में और भी मजबूती आएगी ।

'नजरबंदों' में से 11 कानूनी के लिए पुलिस के हवाले किए

जालन्धर, 20 मार्च (वार्ता): जोधपुर जेल से रिहा हुए 28 बंदियों में से दोबारा गिरफ्तार 11 मामला है । इन्हें मिला

Punjabi Bhavan

चीनी मिल से 5 लाख लूटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया जाता है कि कपूरथला विधानसभा क्षेत्र के भूतपूर्व सदस्य सरदार कृपाल सिंह ढिल्लों के भतीजे सरदार विक्रमजीत सिंह ढिल्लों के ढिलवां स्थित मकान के बाहर आकर 4-5 सशस्त्र आतंकवादियों ने अपने आपको पुलिस के आदमी बताते हुए कहा कि उसको थाना में डी.एस.पी. ने बुलाया है । जब उसने उस समय दरवाजा खोलने तथा थाना जाने से इन्कार कर दिया तो आतंकवादियों ने बाहर के दरवाजे को आग लगाकर तोड़ दिया । सरदार विक्रमजीत सिंह ने अपने परिवार के साथ अन्दर से कमरे का दरवाजा बन्द कर लिया तो आतंकवादियों ने कमरा के दरवाजा को आग लगा दी और धुआं अन्दर कमरा में भर जाने के कारण जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो आतंकवादियों ने दो गोलियां छाती में मार कर सरदार विक्रमजीत सिंह की हत्या कर दी व चले गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली । पुलिस ने एक आतंकवादी कलदीप सिंह तथा उसके साथियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर लिया है । मृतक के घर वालों के अनुसार कुछ समय से उसको धमकी भरे पत्र मिल रहे थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार विक्रमजीत सिंह अकाली दल (ल) के भूतपूर्व मंत्री उपकार सिंह का भी सम्बन्धी था ।

चलती गाड़ी में हत्या : लुधियाना (ह.स.): अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात लुधियाना जिला में लुधियाना-धनबाद एक्सप्रैस में एक व्यक्ति की छुरा मार कर उस समय हत्या कर दी जबकि गाड़ी खन्ना स्टेशन के निकट थी । हत्यारे फरार हो गए ।

कल जिला लुधियाना में दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह व अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक पिस्तौल व एक स्कूटर मिला ।

आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री.पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि धारीवाल पुलिस ने छापा मार कर एक खतरनाक आतंकवादी तरसेम सिंह निवासी पीस ढेसियां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

स्कूटर छीना : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिला में गोबिन्दपुर के निकट दो अज्ञात व्यक्ति मंगल सिंह नामक एक व्यक्ति का स्कूटर छीनकर फरार हो गए । जालन्धर जिला में ही काजलपुर गांव में आतंकवादी बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति से एक बंदूक व 10 कारतूस छीन कर फरार हो गए ।

गत रात जिला जालन्धर में गांव मंढाली में संदिग्ध व्यक्तियों ने गुरमीत लाल का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा बाद में उसकी हत्या कर दी ।

फिरोजपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों जरनैल सिंह व सुखचैन सिंह को गिरफ्तार किया ।

8 गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक पिस्तौल, दो बंदूकें व 20,000 रुपए मूल्य के सोने के जेवर बरामद किए । उनके नाम निर्मल सिंह, बलदेव सिंह, तरसेम सिंह, भोला सिंह, सुखदेव सिंह उर्फ बिल्ल, दर्शन सिंह, भगवंत सिंह तथा काली बताए गए हैं ।

बैंक लूटने का प्रयास : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार आज प्रातः लगभग 11 बजे यहां से 18 किलोमीटर दूर रोड़ां वाली स्थित पंजाब नैशनल बैंक की बांच को 3 आतंकवादियों ने लूटने का प्रयास किया । बताया जाता है कि तीन आतंकवादियों को हथियारों सहित बैंक के इर्द-गिर्द घूमते देख कर सुरक्षा गार्ड ने सायरन बजा दिया । इस पर आतंकवादी भाग गए । रास्ते में उन्होंने एक व्यक्ति अशोक कमार से उसका ट्रैक्टर छीन लिया तथा मुक्तसर की ओर चले गए । रास्ते में ट्रैक्टर खराब हो गया तो वे उसे छोड़ कर फरार हो गए ।

मिनी बसों के 125 रूट परमिट दिए जाएंगे

अमृतसर, 20 मार्च (सोनी) : अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने आज बताया है कि अमृतसर जिले में मिनी बसों के लिए 165 रूट परमिट दिया जाना सूचीबद्ध किया गया है ।

जयललिता

(पृष्ठ 3 का शेष)

के हाथ का लिखा हुआ है ।

अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने सुश्री जयललिता से पूछा है कि क्या उन्होंने त्यागपत्र अपनी इच्छा से दिया है । उन्होंने यह बताने से इन्कार किया कि उन्हें त्यागपत्र किसने दिया ।

विधानसभाध्यक्ष ने इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं दिया कि पुलिस को उस पत्र की सील तोड़ने का अधिकार था या नहीं ।

अन्नाद्रमक के कोषाध्यक्ष एस. माधवन ने कहा है कि केनरा बैंक की शाखा में उनकी पार्टी का खाता बंद नहीं किया गया है । श्री माधवन ने बताया कि इसके बारे में उन्होंने बैंक अधिकारियों से पूछताछ की और अधिकारियों ने उन्हें कहा कि बैंक को इस संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है ।

सैदापेट के मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट रामचंद्र राव ने आज सुश्री जयललिता के सहायक एवं सूचना विभाग के पूर्व उप-निदेशक एम. नटराजन की जमानत की अर्जी नामंजूर कर दी ।

अन्नाद्रमक की सुश्री जयललिता के उस पत्र के सील को तोड़ने के संबंध में पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने पर कानूनी सलाह ले रही है जो विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित था । पार्टी के उपमहासचिव एस.डी. सोमसुन्दरम ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को इस पत्र का सील तोड़ने का अधिकार नहीं था । सील बंद पत्र में सुश्री जयललिता ने अध्यक्ष को सम्बोधित कर अपना इस्तीफा लिखा था ।

उन्होंने कहा कि सुश्री जयललिता के एक सहायक एम. नटराजन के खिलाफ धोखाधड़ी की एक शिकायत को लेकर जांच के सिलसिले में पुलिस को इस सील बंद पत्र से कुछ लेना-देना नहीं था ।

टोहरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

टोहरा ने मनजीत सिंह कलकत्ता को पद से हटाए जाने पर कड़ी आपत्ति की है । श्री कलकत्ता, श्री टोहरा के विश्वासपात्र व्यक्ति माने जाते हैं तथा 17 मार्च को कार्यकारिणी द्वारा पद से हटाए जाने के एक दिन पूर्व श्री टोहरा से मिले थे । बताया जाता है कि श्री कलकत्ता शिरोमणि कमेटी से भ्रष्टाचार दूर करने के लिए प्रयत्नशील थे तथा जिसमें उन्हें श्री टोहरा का आशीर्वाद प्राप्त था ।

सूत्रों के अनुसार कार्यकारिणी सदस्यों से भेंट के दौरान श्री टोहरा ने शिरोमणि कमेटी के पिछले एक वर्ष के कामकाज के ढंग पर भी सख्त आपत्ति की । श्री कलकत्ता को पद से हटाए जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए श्री टोहरा ने कहा, जो व्यक्ति सिखों के चुने हुए सर्वोच्च संगठन से भ्रष्टाचार उन्मूलन का प्रयास कर रहा था, उसे कार्यकारिणी ने पद से क्यों हटाया । सूत्रों ने कहा कि श्री कलकत्ता को सचिव पद से हटाए जाने के पीछे जो भी कार्यकारिणी सदस्य हैं, उनकी श्री टोहरा ने जम कर खिंचाई की ।

कुछ सदस्यों ने श्री कलकत्ता को हटाए जाने को उचित ठहराते हुए श्री टोहरा से कहा कि पदच्युत सचिव 'सरकारी एजैंट' है तथा उसके पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे से घनिष्ठ सम्पर्क हैं ।

सूत्रों के अनुसार कार्यकारिणी द्वारा श्री टोहरा का त्यागपत्र स्वीकार कर लिए जाने की सम्भावनाएं बहुत कम हैं । इसके विपरीत कार्यकारिणी द्वारा उनसे त्यागपत्र वापस लेने के लिए अनुरोध किए जाने की सम्भावना अधिक नजर आती हैं ।

जलालाबाद पर कब्जे का एक और प्रयास विफल

मास्को, 20 मार्च (वार्ता): काबुल रेडियो की खबर के अनुसार अफगानिस्तान की सेना ने जलालाबाद शहर पर कब्जा करने के अफगान विद्रोहियों के एक और प्रयास को विफल कर दिया है । रेडियो के अनुसार जलालाबाद के निकट कल अफगानिस्तान की सेना और अफगान विद्रोहियों में लड़ाई में 250 विद्रोही मारे गए । इस बीच सोवियत समाचार पत्र प्रावदा ने जलालाबाद के निकट युद्ध में पाकिस्तानी सैनिकों के शामिल होने की भी कड़े शब्दों में निन्दा की है ।

प्रावदा ने लिखा है कि ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के आंतरिक संघर्ष में पाकिस्तानी सैनिकों के शामिल होने के पीछे दो उद्देश्य हैं । पहला यह कि लम्बे समय से पख्तून क्षेत्र में चल रहे अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा विवाद को हल करना और दूसरा अपने ही देश की बेनजीर भुट्टो की सरकार का तख्ता पलटना ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का राजेश कुमार उम्र 23 साल, कद 5'.10" रंग

मां शकुंतला की प्रतिक्रिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

लोगों से मिल तो सकती है लेकिन उसके अंदर के स्वाभिमान को यह कतई गवारा नहीं होगा कि वह काल गर्ल जैसा टुच्चा धंधा अपनाए ।

श्रीमती चौधरी इस बात से बेहद क्षुब्ध थीं कि चंद अखबारों ने यहां तक लिख डाला कि पामेला के पाप की कमाई से ही उनकी दिल्ली में डिफैंस कालोनी की कोठी खरीदी गई । उन्होंने सिसकते हुए बताया, "पामेला का एक पैसा भी मेरे लिए हराम का है ।" उनसे ताल्लुकात टटने के बाद वह कहां रही और क्या कुछ करती रही, इसकी उन्हें कोई जानकारी तक नहीं है । इस पूरे अरसे में उससे कोई खतो किताबत तक नहीं हुई ।"

श्रीमती चौधरी ने बताया कि पामेला जब सिर्फ दो महीने की थी तो उसके पिता 1962 के भारत-चीन संघर्ष में वीरगति को प्राप्त हुए थे । वे खुद उस समय उन्नीस वर्ष की थीं, जब विधवा हो गईं । पामेला का एक बड़ा भाई भी है । पति के निधन के बाद उन्होंने पामेला को मां और बाप दोनों का प्यार दिया और सपने में भी नहीं सोचा था कि पामेला एक दिन यह गुल खिलाएगी । उन्होंने बताया कि पति के निधन के बाद उन्होंने सामाजिक कार्यों में दिलचस्पी लेकर अपने गमों को भूलने के लिए अपने को व्यस्त रखा । वह युद्ध में शहीदों की विधवाओं के कल्याणकारी संगठन की महासचिव भी रहीं तथा इस पद पर काम करते हुए तमाम बड़े नेताओं से उनके सम्पर्क स्थापित हुए ।

श्रीमती चौधरी, जो हरियाणा में रोहतक जिले के एक जाट परिवार की हैं, अत्यन्त धार्मिक स्वभाव की महिला हैं । वह अपने वेतन का दसवां हिस्सा हर महीने गुरुद्वारा के गोलक में डाल देती हैं और गुरुनानक की तस्वीर हरदम अपने संग रखती हैं । गरीब, बेसहारा लोगों की मदद के लिए वह सदैव तत्पर रहती हैं ।

पति के निधन के बाद उन्होंने चंडीगढ़ के एक कालेज में नौकरी की और बाद में हरियाणा की प्रशासनिक सेवा का इम्तहान पास कर हरियाणा पर्यटन तथा राज्य सरकार के अनेक जिम्मेदार पदों पर नौकरी की । वह डैपुटेशन पर इस समय भारतीय खाद्य निगम में सतर्कता अधिकारी हैं ।

श्रीमती चौधरी इस बात से बेहद परेशान हैं कि लंदन के तमाम अखबारों के संवाददाता उनसे मिलने की खातिर दिल्ली पहुंचे हैं और उनका जीना हराम कर दिया है । वह कहती हैं, भगवान किसी को ऐसी औलाद न दे जो अपने खानदान और देश का नाम ही खाक में मिला दे ।"

अपनी बेटी की करतूतों से क्षुब्ध श्रीमती चौधरी का यह भी मानना है कि इस प्रकरण से हमारी जान तक को खतरा उत्पन्न हो सकता है । जिस तरह के उसके बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय नेताओं से सम्पर्क बताए जा रहे हैं, वे हमारे लिए काफी खतरनाक हो सकते हैं और स्वयं देश के लिए भी । हमारे देश भक्त परिवार पर शक की उंगली उठ सकती है ।

पामेला अज्ञातवास छोड़ेगी : लंदन– बहुचर्चित यौन प्रकरण की नायिका पामेला बोर्डेस अपने वकील के साथ संभवतः इसी हफ्ते अज्ञातवास से बाहर आएगी । आज यहां छपी खबरों के मुताबिक पामेला के वकील उसकी कहानी छापने का अधिकार देने के लिए बोली लगवाएंगे ।

खबरों के मुताबिक पामेला के एक करीबी दोस्त ने बताया कि उसके वकील कई रिट याचिकाएं भी दायर करने वाले हैं । इसी सूत्र के हवाले से कई खबरों के मुताबिक पिछले कई साल से पामेला को जानने वाले एक व्यक्ति का यह कहना है कि पामेला के लीबियाई गुप्तचर सेवा के एक उच्च अधिकारी और कर्नल गद्दाफी के चचेरे भाई कर्नल अहमद गद्दाफी अदीम के साथ नजदीकी संबंध थे ।

पामेला यह पहले ही कह चुकी है कि कुछ लीबियाई लोगों के साथ उसकी दोस्ती का कोई राजनीतिक आधार नहीं था तथा ब्रिटेन के एक कैबिनेट मंत्री अपने गतिविधियों पर पर्दा डालने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहे हैं ।

स्थानीय अखबारों के मुताबिक, ब्रिटिश सैनिक गुप्तचर सेवा एम.आई. 5 के प्रमुख संभवतः प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर को पामेला प्रकरण के बारे में परी रिपोर्ट देंगे । ब्रिटिश गुप्तचर अधिकारी पामेला के इस दावे की जांच कर रहे हैं कि श्रीमती थैचर के एक नजदीकी सलाहकार के साथ उसके प्रगाढ़ सम्बन्ध थे ।

अखबारों में यह भी खबर छपी है कि कंजरवेटिव पार्टी के एक सांसद की सहायक के रूप में काम करते समय अमरीकी गुप्तचर एजैंसी सी.आई.ए.एफ.बी. आई. तथा फ्रांसीसी और ब्रिटिश सुरक्षा अधिकारियों की उस पर नजर थी ।

पामेला बनाम टेम्पो : पामेला बोर्डेस का वास्तविक नाम पमिला है । पमिला शब्द प्रमिला



फ्रेंच रिवीएरा के मैंटन नामक नगर में परम्परा अंतर्राष्ट्रीय नींबू लगभग पूरी हो गई है । एक वर्कर नैपोलियन की तोप पर अंतिम में 17599 घंटे लगे और 120 टन नींबू तथा संतरे और 20 ह

डाक्टरों व अन्य कर्मचारी की बैठक 27 को बु

चंडीगढ़, 20 मार्च (वि.प्र.): कर्मचारियों के समान लक्ष्यों की प्राप्ति तथा सरकारी दमन के खिलाफ संयुक्त रूप से संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने के लिए पंजाब व केंद्रीय शासित प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों की राज्य कार्यकारिणियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक 27 मार्च को चंडीगढ़ में बुलाई गई है । पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन द्वारा कल यहां आयोजित की गई सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया ।

मीटिंग की अध्यक्षता पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. एम.एस. रंधावा ने की थी जिसमें 47 कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए । इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए । सभी वक्ताओं ने गत दिवस चंडीगढ़ में डाक्टरों के शांतमय प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की निन्दा की । सभा में डाक्टरों को इस नाजुक परिस्थिति में समर्थन देने का प्रण लिया गया । पंजाब सरकार से मांग की गई कि डाक्टरों की न्यायोचित मांगें स्वीकार कर जनता को असुविधा से बचाया जाए ।

सरकार का दावा : इस बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने स्पष्टीकरण दिया है कि यदि डाक्टरों ने अपने प्रदर्शन के दौरान हिंसा का प्रदर्शन न किया होता तो असुखद स्थिति पैदा न हुई होती । प्रवक्ता ने कहा कि लाठीचार्ज का आदेश नहीं दिया गया था । पुलिस ने पथराव कर रहे और बांस उछाल रहे डाक्टरों से स्वयं को बचाने का प्रयास किया था ।

सिफारिशें रद्द : जालन्धर (ढल्ल): हड़ताली पी.सी.एम.एस. डाक्टरों की स्थानीय सिविल अस्पताल में रोष रैली हुई जिसमें उनके ग्रेडों बारे संघावालिया कमेटी की सिफारिशें रद्द कर दी गईं और कल चंडीगढ़ में डाक्टरों पर पुलिस के अंधाधुंध लाठीचार्ज की कड़ी निन्दा की गई । रैली को सम्बोधित करते हुए डा. बलबीर सिंह भौरा ने कहा कि उक्त सिफारिशें अफसरशाही के अड़ियल रवैये को ही प्रतिलक्षित करती हैं । उन्होंने सरकार के इस वक्तव्य को भ्रामक बताया कि उक्त सिफारिशों के अनुसार प्रत्येक मासिक तक ल रुपए बकाया के डाक्टर केवल डाक्टरों के बरा हैं ।

ट्रैफिक ज सैंटर के निकट एक अलग शोक मैडीकल अफस अचानक मृत्यु प

'संघी' के अ ने पंजाब के डा विरोध में आज ए और अस्पताल प इस मांग की न्य हड़ताल के का अस्त-व्यस्त रह परेशानी उठानी

'वि.प्र.' के अधीनस्थ सेवा राणा व महासचि पास्ट कर डाक्टर करते हुए राज्य मांग त्याग कर ड लें । प्रत्येक चि गया कि वे 21 म गई हिंसा का वि

होशियारपुर हड़ताली डाक्टरों जाम करने के प्र दिया, जब वे ए हस्पताल के मुख अवसर पर डाक पुलिस मुर्दाबाद ब बैठ गए ।

पंजाब समस्या का हल र कारण नहीं हो रहा :

अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

वाले स्थान के निकट खड़े एक दर्जन स्कूटर व साइकल भी टूट गए तथा दूर-दूर तक जा गिरे । करीब खड़ी एक सरकारी जीप नम्बर पी.टी.डी. 7178 को भी क्षति पहुंची । घायलों में तीन औरतें और 2 बच्चे शामिल हैं । धमाके के तुरन्त बाद क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई और दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके घरों को चले गए । क्षेत्र में इस धमाके से भारी आतंक फैल गया है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं । विस्फोट इतना भीषण था कि इसकी आवाज 3 किलोमीटर क्षेत्र में सुनाई दी तथा 200 मीटर की परिधि में सम्पत्ति को क्षति पहुंची ।

बताया जाता है कि विस्फोट में मरने वाला भिखारी था । घायलों को श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । घायलों के नाम इस प्रकार हैं : सतीश गुप्ता, पृथ्वीपाल सिंह, श्याम सुंदर गुप्ता, खरैती लाल, रवेल सिंह, बलदेव सिंह, बलदेव राज, बीणा, विजय कुमार, अमरजीत

गुमशुदा की तलाश

मेरी माता जी **श्रीमती जानकी देवी** आयु लगभग 45 साल, रंग सांवला, चेहरे पर माता के दाग, गुलाबी रंग का सूट पहने, हरे रंग का दुपट्टा ओढ़ा हुआ है, दिमागी खराबी के कारण मिति 15.3.89 को मंडी (हि.प्र.) से लापता है । पता देने वाले को आने-जाने के खर्च के अतिरिक्त मुनासिब ईनाम दिया जाएगा ।

तेजभान, प्लाट नं. F9/15, आर्य समाज मंदिर के पास, राजपुरा टाऊनशिप (जिला पटियाला)

पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धारीवाल में आतंकवादियों द्वारा मारे गए 2 जमींदार भाई हरचरण सिंह और धर्म सिंह (छाया : कोछड़)

सिंह, सुखदेव सिंह, सुखविन्दर सिंह, सुखीश भंडारी, प्यारा सिंह, वन्दना, जुगल किशोर, हरजीत कौर, शंकर लाल, सर्वजीत सिंह, राकेश कपूर और सतीश ।

बताया जाता है कि हड़ताली डाक्टरों ने तुरन्त अस्पताल पहुंच कर घायलों का उपचार किया । घटना के तुरन्त बाद सारे शहर के बाजार बंद हो गए । भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश घटना के फौरन बाद घटना स्थल पर पहुंच गए उसके पश्चात अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई ।

वि.प्र. के अनुसार जिस दुकान के आगे साइकल पर बम फटा, उस दुकानदार का कहना है कि दो नौजवानों ने दुकान के बाहर साईकल खड़ा किया, दुकान के अंदर आकर उन्होंने यह भाव पूछा तथा यह कह कर चले गये कि वे अभी आते हैं । उनके जाने के थोड़ी देर बाद ही यह धमाका हो गया । विस्फोट में 4 व्यक्ति मारे गए जिन्हें मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई । अस्पताल में दाखिल सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है ।

अमृतसर के पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा, एस.पी. सिटी चौधरी बलदेव सिंह आदि अधिकारी मौका पर पहुंचे । इस धमाके के बाद लोगों में यह

कटड़ा जैमल सिंह मार्केट अमृतसर में शनिवार को बम विस्फोट से घायल (1) वंदना, (2) वीणा, (3) श्याम सुन्दर, (4) सुभाष, (5) सुखविंदर सिंह, (6) अमरजीत सिंह, (7) बलदेव राय, (8) रवेल सिंह, (9) बलदेव सिंह, (10) सतीश कुमार, (11) जुगल किशोर, (12) सतीश, (13) हरप्रीत कौर, (14) शंकर लाल, (15) सुरजीत सिंह, (16) प्रितपाल सिंह, (17) कुलविंदर कौर, (18) राकेश कुमार, (19) विजय कुमार, (20) खरैती लाल, (21) नीरज कुमार । (छाया : ओम भंडारी)

(1) अमृतसर में कटड़ा जैमल सिंह मार्केट में शनिवार को बम विस्फोट से नष्ट हुई एक कार, (2) विस्फोट में मरे व्यक्ति का शव, (3) एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा तथा अन्य अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (4) घटनास्थल पर गिरे पड़े स्कूटर जो विस्फोट से नष्ट हो गए । (छाया : रवि भंडारी)

आतंक व्याप्त की जाने लगी है कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में इस प्रकार के धमाके और भी हो सकते हैं ।

कमांडो के अनुसार हड़ताली पी.सी.एम.एस. डाक्टरों ने घायलों के लिए 30 बोतलें खून दान दिया ।

सुराग मिलने का दावा : पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने बम की किस्म का पता लगाने के लिए दस्ते एकत्रित किये हैं । संदेह है कि यह एक देसी टाईम बम था परन्तु यह उन आरडी बमों जैसा नहीं था जो कि गत वर्ष के दौरान तीन स्थानों शिवाला भाइयां के निकट, कटड़ा आहलूवालिया में तथा शरीफपुरा में फटे थे और जिनमें क्रमशः 30, 35 और 5 लोग मरे थे । श्री अरोड़ा ने दावा किया कि घटना स्थल से कुछ सुराग मिले हैं जिससे इस मामले को सुलझाने में मदद मिलेगी ।

कुछ एजैंसियों ने घायलों की संख्या तीन दर्जन से भी अधिक बताई है ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि विस्फोट के बाद बचाव कार्य में कुछ देर के लिए बाधा पड़ी क्योंकि ऐसा शक था कि क्षेत्र में और बम भी रखा हुआ है जो कि गलत निकला । घायलों में ज्यादातर ग्राहक और दुकानदार हैं । उन्होंने कहा—ऐसा महसूस हुआ कि बम आकाश से गिरा और कर्ण भेदी आवाज के साथ फट गया ।

घायलों में हिन्दू और सिख दोनों शामिल हैं । बड़ी संख्या में लोग गुरु तेगबहादुर अस्पताल के बाहर इकट्ठे हो गये । अधिकारियों ने घायलों के नामों की घोषणा लाऊड स्पीकर पर की तथा भीड़ से तितर-बितर हो जाने की अपील की ।

छात्र की हत्या : आज बाद दोपहर दरबार साहब क्षेत्र में चौक मोनी में एक गोली कांड में एक छात्र करनैल गम्भीर रूप से घायल हो गया । बाद में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई ।

पुलिस चौकी पर हमला : इसी बीच आज प्रातः 3½ बजे अजीत नगर में 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का एक 'बर्स्ट' मारा । सौभाग्य से कोई पुलिस कर्मी घायल नहीं हुआ । बाद में पुलिस वाले लगभग 10 मिनट तक रुक-रुक कर हवाई फ़ायर करते रहे परन्तु आतंकवादी स्कूटर पर फरार हो गए ।

सुरक्षा गार्डों पर हमला : आतंकवादियों ने आज अमृतसर में ईस्ट मोहन नगर में अकाल तख्त के भूतपूर्व हैड ग्रंथी ज्ञानी किरपाल सिंह के निवास पर तैनात सुरक्षा गार्डों पर हमला किया । सूचना के अनुसार हमले में केवल एक सुरक्षा गार्ड गरदयाल सिंह मामूली घायल हुआ । जिला पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि हमले के समय ज्ञानी किरपाल सिंह घर के भीतर सो रहे थे । पुलिस के अनुसार ज्ञानी जी हमलावरों का निशाना नहीं थे । आतंकवादियों द्वारा चलाई गई अधिकांश गोलियां सुरक्षा बलों के बंकर में लगीं ।

व्यापक छानबीन : गत रात जिला अमृतसर में गांव खटरां में एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के बाद मजीठा क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से व्यापक छानबीन कर रहे हैं । मजीठा के पुलिस प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि यह छानबीन मुख्य रूप से मजीठा, रमदास तथा अजनाला क्षेत्र पर आधारित 25 से 30 किलोमीटर की आतंकवादी पट्टी में की जा रही है । अब तक पूछताछ के लिए 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है । उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों की कम से कम 12 कम्पनियां आतंकवादियों के सम्भावित ठिकानों पर छापे मार रही हैं ।

उन्होंने कहा कि भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता गिरोह ने उस समय हमला किया, जब परिवार के लोग रात का खाना खा रहे थे । मृतकों में धन कौर (55), उसके दो पुत्र शविन्द्र सिंह व सरन सिंह, तीन लड़कियां लखविंदर कौर (25) गुरमीत कौर (18), हरपाल कौर (15), तथा बहू राज कौर (24) शामिल हैं, जो कि शविंदर सिंह की पत्नी थी ।

हमले के समय धन कौर का 60 वर्षीय पति बचन सिंह खेतों में काम करने गया था । आतंकवादियों ने चार महीने के एक बच्चे को भी छोड़ दिया । पुलिस ने बताया कि इस हमले में ए.के. 47 किस्म की राईफल सहित आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया ।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि इस परिवार के आतंकवादियों से संबंध रहे हैं तथा इससे पहले यह घर आतंकवादियों का छिपने का स्थान रहा है । हमला करने का नेतृत्व सतनाम सिंह सत्ता का निकट साथी मेजर सिंह खटरां कर रहा था ।

2 जमींदार भाइयों की हत्या : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धारीवाल में गत रात 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके 2 जमींदार भाइयों हरचरण सिंह (30) व धर्म सिंह (35) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी मृतकों के डेरा पर आए और उपरोक्त दोनों भाइयों से बातचीत करने के पश्चात् पहले आतंकवादियों ने उन्हें पीटा व बाद में फ़ायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । सूत्रों ने कहा कि मृतकों के पिता श्री प्रीतम सिंह ने पुलिस को बताया कि आतंकवादी पिछले काफी समय से उससे 50 हजार रुपए की मांग कर रहे थे और रुपये न देने के कारण उन्होंने हत्याएं कर दीं । पुलिस सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में इस परिवार ने कभी पुलिस को सूचित नहीं किया । घटना स्थल से काफी गिनती में ए.के. 47 राइफल के चले खोल मिले हैं और कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । सूत्रों ने बताया कि इस हत्याकांड के संबंध में बब्बर खालसा से संबंधित 2 आतंकवादियों काला व हरजिन्दर सिंह (बटरकलां) की शिनाख्त करके उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस व बी.एस.एफ. उनके छुपने के ठिकानों पर छापे मार रही है ।

मृतक की पत्नी गिरफ्तार : घटना स्थल से आने के पश्चात, एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि गत रात्रि थाना कादियां के गांव धारीवाल कलां में दो जमींदार भाइयों की हत्या के संबंध में मृतक हरचरण सिंह की पत्नी भजन कौर व लखा सिंह (तलवंडी चुंगलां) को हत्याकांड में संलिप्तता के कारण और गांव बटूटर कलां के सरपंच साधा सिंह व गुरनाम सिंह को हत्या की साजिश में होने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया है । जबकि हत्या करने वाले चारों आतंकवादियों काला, हरजिन्दर सिंह, हरपाल सिंह पाला एवं जिदर की शिनाख्त करके उन्हें पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं । श्री गोबिन्द राम ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्ता भजन कौर से आतंकवादियों के संबंध थे । इनका डेरा पिछले काफी समय से आतंकवादियों का शरण स्थल बना हुआ था । दोनों मृतक आतंकवादियों का विरोध कर रहे थे कि उनके डेरे पर न आया करें । श्री गोबिन्द राम ने आगे कहा कि जांच से यह भी ज्ञात हुआ है कि गांव बटूटरकलां

अवश्य पधारिये **शुभामन्त्रण** जीवन का लाभ उठाइये

अनन्त श्री विभूषित ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज

के तत्वावधान में

विश्व शांति हेतु शतचंडी महायज्ञ एवं विशाल विश्व धर्म सम्मेलन

27 मार्च से 2 अप्रैल 1989 तक

***स्थान* : ओसवाल हाऊस, समिट्री रोड, सिविल लाइन्ज, लुधियाना**

समय : प्रातः 6 से 11, सायं 5 से 8 बजे तक

—: **मुख्य वक्ता** :—

- ☐ अयोध्या स्थित बाबा मनी राम जी छावनी वाले—महन्त 1008 स्वामी श्री नृत्य गोपाल जी महाराज ।
- ☐ 1008 स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज अयोध्या वाले
- ☐ 1008 स्वामी श्री प्रेमानन्द जी महाराज ऋषिकेश वाले ।
- ☐ 1008 स्वामी श्री सुशील कुमार मुनि जी महाराज ।
- ☐ स्वामी कृष्ण कान्ता जी परिव्राजिका ।
- ☐ 1008 स्वामी श्री विमल मुनि जी महाराज ।
- ☐ महामंडलेश्वर स्वामी वेद भारती जी महाराज ।
- ☐ स्वामी श्री शारदा जी परिव्राजिका, ☐ स्वामी श्री श्री देव जी परिव्राजक ।
- ☐ स्वामी श्री योगानंद जी महाराज, ☐ स्वामी श्री क्षमानंद जी परिव्राजक ।
- ☐ स्वामी श्री चैतन्य ज्योति जी परिव्राजिका ।
- ☐ स्वामी श्री विश्व भारती जी परिव्राजिका ।

ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज

***निवेदक* : ब्रह्मर्षि मिशन के सभी सदस्य एवं**

प्रधान	महामंत्री	मंत्री
सुरजीत नैयर	सुरेश मेहरा	विजय अग्रवाल
ब्रह्मर्षि बावरा शिक्षा निकेतन		ब्रह्मर्षि बावरा शिक्षा निकेतन
माधोपुरी, लुधियाना, फोन : 32565		समराला रोड, लुधियाना, फोन : 27406

मुख्य कार्यालय : ब्रह्मर्षि आश्रम, विराट नगर, पिंजौर (हरियाणा) ।

With the Blessings of Maharaj Ji

AT 11.30 A.M.

(1 से 7) अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र के सतराए कलां गांव में शुक्रवार रात को उग्रवादियों द्वारा मारे गए एक ही परिवार के 7 सदस्यों के शव, (8) शवों को ट्रैक्टर ट्राली में रखते हुए रिश्तेदार । (छाया : रवि भंडारी)

नवांशहर में उग्रवादियों द्वारा मारे गये मा. जगंद्र नाथ । (छाया : शर्मा)

पुलिस ज़िला बटाला में थाना कादियां के गांव धारीवाल में आतंकवादियों द्वारा मारे गए 2 जमीदार भाई हरचरण सिंह और धर्म सिंह (छाया : कोछड़)

अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

वाले स्थान के निकट खड़े एक दर्जन स्कूटर व साइकल भी टूट गए तथा दूर-दूर तक जा गिरे । करीब खड़ी एक सरकारी जीप नम्बर पी.टी.डी. 7178 को भी क्षति पहुंची । घायलों में तीन औरतें और 2 बच्चे शामिल हैं । धमाके के तुरन्त बाद क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई और दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके घरों को चले गए । क्षेत्र में इस धमाके से भारी आतंक फैल गया है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं । विस्फोट इतना भीषण था कि इसकी आवाज़ 3 किलोमीटर क्षेत्र में सुनाई दी तथा 200 मीटर की परिधि में सम्पत्ति को क्षति पहुंची ।

कटड़ा जैमल सिंह मार्कीट अमृतसर में शनिवार को बम विस्फोट से घायल (1) वंदना, (2) वीणा, (3) श्याम सुन्दर, (4) सुभाष, (5) सुखविंदर सिंह, (6) अमरजीत सिंह, (7) बलदेव राय, (8) रवेल सिंह, (9) बलदेव सिंह, (10) सतीश कुमार, (11) जुगल किशोर, (12) सतीश, (13) हरप्रीत कौर, (14) शंकर लाल, (15) सुरजीत सिंह, (16) प्रितपाल सिंह, (17) कलविंदर कौर, (18) राकेश कुमार, (19) विजय कुमार, (20) खरैती लाल, (21) नीरज कुमार । (छाया : ओम भंडारी)

(1) अमृतसर की व्यस्त कटड़ा जैमल सिंह मार्कीट में शनिवार को बम विस्फोट से नष्ट हुई एक कार, (2) विस्फोट से मरे व्यक्ति का शव, (3) एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा तथा अन्य अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (4) घटनास्थल पर गिरे पड़े स्कूटर जो विस्फोट से नष्ट हो गए । (छाया : रवि भंडारी)

आशंका व्यक्त की जाने लगी है कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में इस प्रकार के धमाके और भी हो सकते हैं ।

'कमलेश' के अनुसार हड़ताली पी.सी.एस.एस. ठिकानों पर छापे मार रही हैं ।

उन्होंने कहा कि भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के सतनाम सिंह उर्फ़ तरा गिरोह ने उस समय हमला

Punjab Digital

ान भी खालिस्तान की स्थापना नहीं चाहता,
ंकवादियों को खालिस्तान बना कर देने वाला
उसका उद्देश्य केवल भारत को खंडित करना
देवरस ने कहा कि पंजाब के लोग एक ही
पिता की संतान हैं । समस्या का अन्तिम
न प्रेम-प्यार से ही सम्भव होगा । सब को
काम करना चाहिए । इसी से देश का
होगा ।

देवरस ने कहा कि मैं समझता हूं कि सिखों के
भी चोट पहुंची है—ब्लू स्टार के समय,
श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली
गों से । उन्होंने कहा कि जब दरबार साहब
डी.आई.जी. अटवाल की हत्या की गई थी,
दिन पुलिस कार्रवाई करती तो पंजाब के
न बिगड़ते । आतंकवाद तभी से बढ़ना
हुआ, और उसका परिणाम ब्लू स्टार के रूप
ा । यदि कोई इसका बदला निर्दोष लोगों
ओं से लेता है तो यह ठीक नहीं । पंजाब में
मस्या है तो सब पंजाबियों की है । अन्य

श्री देवरस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में कहा जाता है कि यह एक साम्प्रदायिक संस्था है, परन्तु यदि कोई कहता है कि मैं हिन्दू हूं तो वह साम्प्रदायिक कैसे हो गया ? स्वयं को ईसाई और

श्री देवरस ने कहा कि पंजाब के हिन्दुओं और सिखों को अलग-अलग समझा जाता है । हम इससे सहमत नहीं । सिख भी हिन्दू हैं । पंथ का निर्माण अत्याचार हटाने के लिए किया गया था । सिखों की स्वतंत्रता-संग्राम में बहुत अच्छी भूमिका रही है और

कांस्टेबल सहित 2 की हत्या, 2 बस यात्रियों का अपहरण : आतंकवादी मरा

चंडीगढ़, 26 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया, जबकि दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (अशोक): एस.एस.पी. मजीठा के अनुसार कल 25 मार्च को दो आतंकवादियों, जो एक पैट्रोल पम्प से नकदी लूटकर मारुति कार में भाग निकले थे, में से एक को सुरक्षा बलों ने मार गिराया । विवरण देते हुए एस.एस.पी. ने बताया कि कल मारुति कार में सवार दो आतंकवादी खलचियां (थाना ब्यास) के निकटवर्ती एक पैट्रोल पम्प पर पहुंचे तथा वहां से 1600 रुपए नकद छीन कर फ़रार हो गए । सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया तथा गांव कोट मेहताब के निकट यह आतंकवादी कार छोड़कर मंड क्षेत्र की ओर भागे और सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । जवाबी गोलीबारी में उनमें से एक मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला । मृत आतंकवादी की पहचान बलकार सिंह निवासी गुरु नानक नगर बटाला के रूप में हुई है । उसके कब्ज़े से एक रिवाल्वर व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । एस.एस.पी. ने बताया कि जांच के बाद पाया गया है कि घटनास्थल से बरामद हुई मारुति कार इन आतंकवादियों ने थाना मजीठा के क्षेत्र से पिस्तौल की नोक पर छीनी थी । इन्होंने कत्थूनंगल के निकट भी एक पैट्रोल पम्प लूटा था ।

युवक की हत्या : पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादियों ने थाना खालड़ा के अन्तर्गत गांव वडाला में एक युवक सुन्दर सिंह को घसीट कर उसके घर में से बाहर निकाला और उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

इससे पहले आतंकवादियों ने सुन्दर सिंह के पिता गुरनाम सिंह के घर पर धावा बोला तथा उसे सुन्दर सिंह का घर बताने पर बाध्य किया । आतंकवादी उसके दूसरे लड़के मंगल सिंह की भी हत्या करना चाहते थे, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर घर से भाग निकला ।

सिपाही की हत्या : आज शाम अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में दो वारदातों में आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल परमिंदर सिंह की हत्या कर दी तथा एक बस के दो यात्रियों का अपहरण कर लिया ।

अमृतसर में आई.जी. सीमा रेंज के नियंत्रण कक्ष में पहुंची सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने पट्टी से भिखीविंड जा रही एक प्राइवेट बस को बंदूक की नोक पर गांव चुसलेवार के निकट रोका तथा इसमें से एक समुदाय के दो यात्रियों का अपहरण कर लिया । तीन आतंकवादियों में से दो बस से अपहृत व्यक्तियों को गांव मनिहाला की ओर ले गए जबकि तीसरा आतंकवादी बस में सवार हो गया और ड्राइवर को बस गांव दयालपुर की ओर ले जाने पर बाध्य किया । जहां वह उतर कर फ़रार हो गया ।

इससे पहले पुलिस कांस्टेबल परमिंदर सिंह जो कि गांव कच्चा पक्का की पुलिस चौकी पर तैनात था,

(शेष पृष्ठ 14 पर)

रोडवेज कर्मियों की हड़ताल टली

ट्याला, 26 मार्च (भाषा): कर्मचारियों की
सम्बन्ध में आज मैनेजमैंट और कर्मचारी
धियों में शांतिपूर्ण समझौता हो जाने के बाद
ड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के बार कर्मचारी संघों
8 मार्च को हड़ताल के लिए किया गया
वापिस ले लिया गया ।

तीय जहाज व नाविक रिहा

ुधाबी, 26 मार्च (ए.पी.): ईरानी
रियों ने आज एक भारतीय मालवाही जहाज
के नाविकों को रिहा कर दिया, जिन्हें एक
ले खाड़ी क्षेत्र में ईरानी नौ सेना ने रोक कर
कर लिया था । संयुक्त अरब अमीरात में
दूतावास के प्रवक्ता ने आज यहां यह
दी ।

रखने के लिए एक भारतीय उद्योगपति ने भारी धन राशि दी

। बताया जाता है कि जब पामेला के
के साथ प्रेम सम्बन्ध बिगड़ गए तो वह
ड्यू नेल के फ़्लैट में उसकी अनुपस्थिति में
था कपड़ों की अलमारी में रखे उनके
की पैंटों को कैंची से काटकर बड़े-बड़े छेद

दिनों 'दि इकानोमिस्ट' अखबार ने एक
ात किया है जिसमें पामेला बोर्डेस 'सन्डे
सम्पादक एंड्यू नेल के साथ है ।

कहा जाता है कि पिछले माह लंदन के
शन समूह द्वारा दी गई दावत में पामेला
के सम्पादक डोनल्ड ट्रैलफ़ोर्ड के साथ भी

दिखाई दी थी । उस दावत में भारत के उच्चायुक्त एम.के. रसगोत्रा, उनके डिप्टी सलमान हैदर भी उपस्थित थे । उस दावत में पामेला इन अतिविशिष्ट लोगों के साथ बातचीत करती देखी गई थी । यह पता नहीं चल सका है कि वहां पामेला की उनसे पहली बार भेंट हुई थी या वह उन्हें पहले से भी जानती थी ।

पामेला पर फिल्म : पामेला की कहानी पर बम्बई के तीन बड़े फिल्म निर्माता फिल्म बनाने की सोच रहे हैं । बताया जाता है कि इन तीनों फिल्म निर्माताओं ने अपने कहानी लेखकों से इस सम्बन्ध में कहानी तैयार करने को कहा है । इन फिल्मों की शूटिंग लंदन व पैरिस में करने की योजना है । एक निर्माता ने कादिर खान को इस प्रकार की कहानी लिखने के लिए अनुबंधित किया है । समझा जाता है कि वह इस कहानी की पटकथा को जल्दी से जल्दी पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं ।

निर्माताओं के सामने अभी सब से बड़ी समस्या यह है कि पामेला की भूमिका में किस अभिनेत्री को लिया जाए । इस बात की सम्भावना है कि ज़ीनत

Punjab Sanatan

के बाद देश में जनता
न किया गया कि श्री
भी प्रधानमंत्री पद के
इस प्रश्न पर गुस्से में
नमंत्री के पद के लिए
ं होता । हर पत्रकार
है । ऐसा लगता है कि
के सिर पर चढ़ा हुआ
के पद के लिए चुनेगी,

क हमारे सामने सबसे
रकार को खत्म करना
न की ओर ले जा रही
जनता दल का हश्र भी
? श्री चन्द्र शेखर ने
गों ने पुरानी गलतियों
ोंने इस बात के लिए
वना की कि वह अपनी
स्तक्षेप को जिम्मेदार
है, भारत के लोग
हीं हैं ।
ख करते हुए कहा कि
ाना बंद होना चाहिए,
से हो या सरकार की
स्या का हल नहीं है ।
ो बार-बार घोषणा के
-कमेटी की ओर से
के लिए निमंत्रण नहीं
रकार कदापि गम्भीर
कहा कि मैंने कभी भी
विशेष दर्जा देने की
ादी समस्या यह है कि
के साथ अन्याय हुआ
ोगों की शिकायत दूर
ने की ज़रूरत है ।
कि कल संसद में जो
श की जा रही है, मैं
र कोई हेराफेरी नहीं
क्कर ऐसा नहीं होने
ता दल की स्थापना के
को जीवित रखे हुए है,
पूरी कोशिश कर रहे
वह अपना अस्तित्व

भी गैर इंका सरकारें
क अधिकार दिए जाएं
र्ण स्वायत्तता होनी
ं इस मांग का पूर्ण
झता है कि देश तभी
ं को अधिक अधिकार
जनता दल भाजपा के
और पंजाब में अकाली
जाएगा । प्रश्न किया
कृपाल सिंह को पंजाब
का विरोध किया है ।
ान का पद तो एक ही

न व डीजल
र्निंग

टाई): नेपाल के इस
ल व पैट्रोल के वितरण
स्था लागू कर दी गई
कमिश्नर के अनुसार

में यहां आए थे ।

के.सी.एफ. का 'लैफ्टि. जनरल' हरि सिंह बाबा उर्फ हरनेक सिंह नेका जो गत प्रातः पुलिस मुकाबले में मारा गया ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपने मोटर साइकल पर घटनास्थल की ओर से गुज़रा तथा माजरा जानने के लिए वहां रुक गया । वहां मौजूद दो आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चला दीं जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर चले गए हैं तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर संदिग्धों और अपहृत व्यक्तियों की खोज की जा रही है ।

पुलिस चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने आज प्रातः मानो अरहाली के गांव पक्खोके में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया । जवाबी फ़ायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग जाने पर विवश हो गए । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 8 चले हुए कारतूस मिले ।

8 उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर के पुलिस जिला बटाला और फिरोज़पुर जिलों में 8 उग्रवादियों, जिनमें एक स्त्री भरपूर कौर भी शामिल है, को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से कुछ शस्त्र और गोली-सिक्का भी बरामद किया गया है । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम इस प्रकार हैं : कुलदीप सिंह उर्फ़ पम्मा, दिलबाग सिंह, गुरचरण सिंह, साधु सिंह, लछमन सिंह और लखविन्दर सिंह ।

बस दुर्घटना में 14 मरे

काठमांडो, 26 मार्च : नेपाल के कंचनपुर जिले के महेंद्र नगर इलाके में कल शाम एक यात्री बस के घाटी में उलट जाने से 14 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा कम से कम 60 व्यक्ति घायल हो गए ।

10 किलो अफीम पकड़ी : तस्कर बंदी

गिद्दड़बाहा, 26 मार्च (नृ): यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव खेड़ी फक्करसर में पुलिस ने छापा मार कर एक व्यक्ति बारह सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 10 किलो अफीम और एक पिस्तौल तथा कुछ जीवित कारतूस पकड़े हैं । कहा जाता है कि बारह सिंह क्षेत्र का कथित कुख्यात

नूह उपचु
प्रतिश

चंडीगढ़, 26 मा
सभा क्षेत्र में हुए उपच
मतदाताओं ने वोट डा
92000 से अधिक

यहां प्राप्त आंक
मतदान शांतिपूर्ण रा
सामान्य थी परन्तु दोप
आ गई । उसके बाद
गति धीमी हुई परन्तु

इस उपचुनाव में
मुकाबला हसन म
मोहम्मद इलियास ख
आठ निर्दलीय उम्मी

दुर्ग में 62

दुर्ग : मध्य प्र
उपचुनाव में 62
खबरें मिली हैं । सु
मतदान की गति साढ़े
महाभारत सीरियल
गई और मतदान केंद्रों
दिखाई दिए । किन्तु
गति फिर से तेज हो

सोवियत
के चुन

मास्को, 26 मा
संसद के चुनाव के लि
मिखाइल गोर्बाच्योव
किया । यह सूचना
महत्वपूर्ण आंतरिक,
नीतियों का फैसला क
लिए भारी उत्साह था
लम्बी कतारें बनी थ
अनुसार भारी मतदान

सोवियत राजनी
क्रांति के साथ हुए क्रांति
70 वर्षों में यह प
मतदाताओं ने किसी
प्रत्याशियों वाले मत
इससे पहले कम्युनिस्ट
प्रत्याशी चुनाव लड़त

सुदूर पूर्वी क्षेत्र में
रविवार की सुबह थी,
शाम थी । पृथ्वी की
'मीर' के तीन अंत
मदाधिकार का प्रयोग

मतदाता 2,250
पीपल्स डिपुटीज़
(प्रतिनिधि) का चुनाव
राष्ट्रपति का चुनाव क
सर्वोच्च सोवियत विध
का चयन करेगी। क
बैठक वर्ष में एक बार

Punjabi Tribune

पंजाब में पुलिस सब-इंस्पैक्टर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

वारदातों में 4 घायल : गुरदासपुर के गांव में अपहृत व्यक्ति घर लौटा

3 आतंकवादी, 2 घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 27 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में कल रात से एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि सीमा पर 2 घुसपैठिये मारे गए । वारदातों में एक दम्पति सहित 4 व्यक्ति घायल हो गए । सुरक्षा बलों से हुए मुकाबलों में 4 उग्रवादी और मालेरकोटला में सड़क दुर्घटना में एक उग्रवादी मारा गया । गुरदासपुर जिले में आतंकवादियों द्वारा अपहृत एक व्यक्ति वापस लौट आया । खेतों से एक व्यक्ति का शव भी मिला है ।

2 घुसपैठिये मरे : फाजिल्का (लूना): यहां प्राप्त सूचना के अनुसार राजस्थान के अनूपगढ़ सैक्टर में 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । प्राप्त सूचना के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की गश्ती टुकड़ी ने भारतीय सीमा की ओर बढ़ते हुए घुसपैठियों को ललकारा तो उन्होंने फायरिंग की । सीमा सुरक्षा बल द्वारा जवाबी फायरिंग से दो घुसपैठिये घटनास्थल पर ही मर गए जबकि तीन अन्य अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले । हिन्दूमलकोट सैक्टर में 2 बंगला देशी भी पकड़े गए ।

सब-इंस्पैक्टर व महिला की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव हस्सनपुरा खुर्द में 7 सशस्त्र आतंकवादियों ने गत रात एक घर में घुस कर एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर जैमल सिंह (40) व उसकी निकट रिश्तेदार श्रीमती हरजिन्दर कौर (35) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतका श्रीमती हरजिन्दर कौर गुरदासपुर में तैनात पुलिस के सिपाही बच्चन सिंह की पत्नी थी और मृत सब-इंस्पैक्टर इसका नज़दीकी रिश्तेदार था और आजकल जिला होशियारपुर में तैनात था । गत दिवस वह उनसे मिलने के लिए आया हुआ था । सूत्रों ने कहा कि इस हत्याकांड में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की गई है और इसके 13 चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । सूत्रों ने कहा कि इस हत्याकांड में संलिप्त आतंकवादियों की शिनाख्त करके पुलिस व बी.एस.एफ. उनके छपने के स्थानों पर छापे मार रही है और पूछताछ के लिए 11 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

'चौधरी' के अनुसार हरजिन्दर कौर पुलिस सब-इंस्पैक्टर की प्रेमिका थी । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृत सब-इंस्पैक्टर पिछले तीन दिनों से यहां अपनी प्रेमिका के पास आकर रंगरलियां मना रहा था । उसकी प्रेमिका हरजिन्दर कौर, जो कि बच्चन सिंह कांस्टेबल की दूसरी पत्नी है, यहां अकेली ही रहती थी । उसका पति बच्चन सिंह गुरदासपुर में तैनात है और कभी-कभार ही उसके पास आता था । पति की अनुपस्थिति में हरजिन्दर कौर अपने प्रेमियों के साथ रातें रंगीन बनाती थी । अब यह भी रहस्योद्घाटन हुआ है कि कुछ आतंकवादी भी उसके मित्र थे और वे समय-समय पर उसके साथ मौज-मेला करने आते रहते थे । कल रात जब आतंकवादी उसके घर आए तो उन्होंने इंस्पैक्टर को वहां देखा, जिस पर वे आग-बबूला हो गए तथा ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर दोनों का काम तमाम कर दिया ।

आतंकवादी मारा गया : आज शाम गुरदासपुर जिला में बटाला के निकट रेलवे क्रासिंग पर सुरक्षा बलों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा बच कर भाग निकला । एक नाका पार्टी ने स्कूटर सवार दो व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया । घटनास्थल पर कुछ हथियार व गोली-सिक्का मिला ।

हमला करने की कोशिश की थी : बटाला : कोछड़ ने इस घटना का विवरण देते हुए बताया है कि पुलिस जिला बटाला में पुलिस थाना सिटी बटाला के क्षेत्र मान नगर में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने आज सायं 6 बजे एस.पी.ओ. पिकेट पर हमला करने की कोशिश की । सिटी पुलिस इंस्पैक्टर दर्शन कुमार शर्मा व उनकी फोर्स ने तुरन्त उनका पीछा किया । मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । एस.एस.पी. गोबिंदराम के अनुसार मृतक उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी । शव के निकट से एक 32 बोर का विदेशी रिवाल्वर, 3 चले व 6 जीवित कारतूस मिले हैं ।

अपहृत का शव मिला : बटाला सदर पुलिस ने आज प्रातः गांव मरड़ के निकट खेतों में से दलबीर सिंह (50) का शव बरामद किया है । वह भूतपूर्व सैनिक था । इसका गत रात्रि इसके घर से अपहरण किया गया था ।

डिपो होल्डर फायरिंग से घायल : थाना कहिरां के गांव रसूलपुर के निकट 3 सशस्त्र उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक डिपो होल्डर गुरचरण जीत सिंह को घायल कर दिया, जिसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती करवा दिया गया है ।

एक और उग्रवादी मारा गया : थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. के जवानों के साथ हुई एक मुठभेड़ में आज रात के लगभग 8.30 बजे एक आतंकवादी मारा गया । उसके पास से भारी मात्रा में असला बरामद हुआ है । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम के अनुसार मृतक आतंकवादी की शिनाख्त दलबीर सिंह निवासी तलवंडी गोराया के रूप में की गई है । मुठभेड़ भुल्लर रोड के निकट हुई थी ।

बटाला नगर में मारे गए दो उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त मक्खन सिंह के रूप में की गई है ।

साथी उग्रवादी की हत्या : दो उग्रवादियों ने आज रात्रि बटाला के माडल टाऊन क्षेत्र में अपने पुराने साथी बलविंदर सिंह की हत्या कर दी । बताया गया है कि हत्यारे बलविंदर सिंह के घर में बलात् घुस गए और उसको उठा कर ले गए, बाद में उसको गोली मार दी । हत्या का कारण गिरोहों की आपसी लड़ाई बताया गया है । बलविंदर सिंह अभी हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था ।

एक घायल : पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव थेह टिक्का में गत रात 7-8

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत का पड़ोसी देशों पर दबदबा या प्रभुत्व जमाने का कोई इरादा नहीं : राजीव

न्यूयार्क, 27 मार्च (ह.स.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जोर देकर कहा है कि भारत का अपने पड़ौसी देशों पर दबदबा कायम करने या उन पर प्रभुत्व जमाने का कोई इरादा नहीं है ।

श्री राजीव गांधी का यह बेलाग दावा 'टाइम' पत्रिका के ताजा अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट में छपा है । पत्रिका के एशिया और प्रशांत संस्करण में भारत के बारे में एक आवरण कथा छपी है जिसका शीर्षक है "सैन्य बल में वृद्धि से प्रेरित होकर भारत का एक महाशक्ति के रूप में उभरना ।"

पत्रिका ने लिखा है कि भारत तेजी से विश्व में एक सैन्य शक्ति के रूप में उभर रहा है । इसके पास बढ़ती सैनिक ताकत के साथ-साथ वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का ऐसा समूह भी है जो परमाणु शस्त्रों के निर्माण और बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रमों में जुटे हुए है ।

रिपोर्ट में भारत की बढ़ती सैन्य क्षमता और राजनीतिक दबदबे से उसके पड़ोसी देशों में बेचैनी का जिक्र किया गया है । श्रीलंका और मालदीव में भारतीय सेनाओं की तैनाती को उन बातों में गिनाया गया है जो उसके एक क्षेत्रीय महाशक्ति के रूप में उभरने की ओर संकेत करती हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों पर अपना दबदबा कायम करने की कोई इच्छा नहीं रखता, न ही इसके बारे में सोचता है ।

उन्होंने कहा कि हम किसी को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई काम नहीं करते । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सही राह दिखाई थी । यही कारण है कि भारत ने हिंसा-रहित और परमाणु-रहित विश्व की स्थापना की दिशा में सबसे पहले कदम बढ़ाया है ।

अमरीका द्वारा पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि नैतिक दृष्टि से हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन हम आपत्ति इसलिए करते हैं क्योंकि उसकी समकक्षता प्राप्त करने के प्रयास करना पड़ता है ।

पत्रिका का कहना है कि भारत की मौजूदा क्षमता से इस क्षेत्र के राजनयिक और सामरिक संतुलन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और इस क्षेत्र के पड़ोसी देश अपनी विदेश नीति के बारे में पुनर्विचार करने पर मजबूर हो सकते हैं ।

वाशिंगटन स्थित कार्नेगी एंडोमेंट प्रतिष्ठान में दक्षिण एशिया के विशेषज्ञ सीलिग हैरीसन का विचार है कि अमरीका को दक्षिण एशियाई देशों की ताकत की वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए और पाकिस्तान से अपना विशेष रिश्ता समाप्त कर देना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि हमें भारत के रास्ते से हट जाना चाहिए ताकि वह इस क्षेत्र पर अपना प्रभुत्व कायम कर सके । उन्होंने कहा कि मुनरो सिद्धान्त की ही तरह भारत के अपने कुछ सिद्धान्त हैं, जिनकी हमें इज्जत करनी चाहिए ।

मालदीव में हुए विद्रोह को सफलता से दबा देने की भारत की कार्रवाई का तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति रोनाल्ड ने पूर्ण समर्थन किया था । यह उल्लेख करते हुए 'टाइम' ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्द महासागर और दक्षिण एशिया क्षेत्र में सैन्य और राजनीतिक मामलों में बढ़ते भारत के दबदबे को अन्य देश स्वीकार कर रहे हैं ।

Punjabi Sahapedia

के लिए भारत आया ।
ोर से श्री तिलक राज सूरी
ेशन पर खुशी से नाचते
री, श्री एम.एल. पंडित
। (छाया : रवि भंडारी)

ने की मांग

ोड़ का बजट पास :
ब का बजट पास कर दिया
नदान मांगों के लिए मतदान
90 का बजट 2726.42
कि पूरक मांगें 360.62
वित्त राज्यमंत्री श्री बी.के.
क्षप्त उत्तर देने के बाद सदन
ी पारित कर दिया । श्री
देते समय कहा कि पंजाब के
घोषित योजना के परिणाम
हैं । उन्होंने कहा कि
ाओं से राज्य में शांति बहाल
तावरण बना है । उन्होंने

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति ज्ञान सिंह को घायल कर दिया । उसे गुरदासपुर अस्पताल भर्ती कराया गया है और यह पीरांगिरी का काम करके "डौल्लियां खिलाने" का रस्म करता था ।

5 गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि थाना सदर व सिटी पुलिस बटाला ने हथियारों सहित 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके आग्नेय अस्त्र बरामद किए हैं । इनकी शिनाख्त जस्सा सिंह, गुरदेव सिंह (सगरावां), हीरा सिंह (तारागढ़), निर्मल सिंह (कोटला बज्जा) व सरजीत सिंह (सठियाला थाना ब्यास) के रूप में करके इनसे 3 पिस्तौल व एक नाली कटी 12 बोर की दोनाली बन्दूक व काफी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि जस्सा सिंह, गुरदेव सिंह व हीरा सिंह ने प्रारंभिक पूछताछ में गत वर्ष 14 व 23 दिसम्बर को गांव कोटला बज्जा में रवेल सिंह व गांव संगरावां में पुलिस हवलदार कुलदीप सिंह के पिता सौदागर सिंह की हत्या में संलिप्तता के साथ लटमार व सशस्त्र छीन्ने की कई वारदातें स्वीकार की हैं ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि जबकि गिरफ्तार आतंकवादी निर्मल सिंह ने स्वीकार किया है कि उसने अपने भाई के साथ मिल कर गत दिनों बटाला की कचहरी में एक आतंकवादी बाबा सिंह को भगाने में सहयोग दिया था । उल्लेखनीय है कि बाबा सिंह बटाला के चक्करी बाजार बम कांड का मुख्य दोषी है और गुरदासपुर जेल में न्यायिक हिरासत में था । वह बटाला कचहरी में तारीख भुगतने आया था और हथकड़ी सहित फरार हो गया था ।

आतंकवादी सरजीत सिंह ने बी.एस.एफ. के दुर्दांत आतंकवादी भूपिंदर सिंह भिंदा के साथ अपने सम्बन्धों का इकबाल किया है । भिंदा पिछले महीने एक मुठभेड़ में मारा गया था । उसने हथियार छीनने की कुछ वारदातों में संलिप्त होना भी माना है ।

अपहृत लौट आया : इसी बीच जिला गुरदासपुर के कल्याणपुर गांव से आतंकवादियों ने गत शनिवार को लखविंदर सिंह नामक निर्दोष व्यक्ति का अपहरण कर लिया था, वह कल वापस घर आ गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि लखविन्दर सिंह ने पुलिस को कुछ भी बताने से इन्कार किया है ।

औरत की हत्या : जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के गांव चरकी में एक औरत श्रीमती गरमीत कौर की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई । कथित हत्यारा, जिसकी पहचान पलविंदर सिंह के रूप में हुई है, अपराध करने के बाद फरार हो गया ।

3 हजार रुपए लूटे : आज शाम जालन्धर में नया बजार के निकट एक दुकानदार से दो व्यक्तियों ने 3,000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

उग्रवादी मारा गया : अमृतसर (ह.स.): जिला अमृतसर के तलतारन क्षेत्र में आज सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । तरनतारन से लगभग बीस किलो मीटर दूर झब्बाल क्षेत्र के बीड़ बाबा बुड्ढा साहिब गांव के निकट अन्तिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था । विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

पति-पत्नी घायल : गत रात जिला होशियारपुर के गांव रड्डियां खास में घातक हथियारों से लैस चार व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सतपाल और उसकी पत्नी सीमा को घायल कर दिया । अभियुक्त फरार हो गए बताए जाते हैं ।

हथियार छीने : जिला लुधियाना के थाना पायल के अंतर्गत गांव महानपुर में दो व्यक्ति बलवंत सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसकर एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा 10 कारतूस छीन गए । इसी जिले में एक अन्य वारदात में तीन व्यक्ति समराला थाने के गांव लोपों से गुरतेज सिंह से 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

अपहृत को छुड़ाया : कोटकपूरा से जिला बाघापुराना से मिलने के अनुसार आज प्रातः सुरक्षा दस्तों ने फरीदकोट जिले के मोगा कस्बे के निकट एक मुठभेड़ के बाद 8 आतंकवादी गिरफ्तार किए तथा उनसे भारी मात्रा में हथियार बरामद किए । पुलिस ने इन आतंकवादियों से एक युवक कुलबीर सिंह को भी छुड़ाया है जिसका उन्होंने एक लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण किया था । एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि यह आतंकवादी कुलबीर सिंह के गांव से फिरौती लेने आ रहे थे । पुलिस को इस बारे सूचना मिल गई थी अतः उसने नाकाबंदी कर ली थी । पुलिस पार्टी ने संदिग्ध व्यक्ति आते देख कर उनको ललकारा जिस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिस पर आतंकवादियों ने अंततः आत्म-समर्पण कर दिया । इनके नाम हैं मनजीत सिंह, निशान सिंह, बलमेज सिंह, जोगेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, बुड़ सिंह — यह सभी थाना वल्टोहा जिला अमृतसर के निवासी हैं । उनसे 355 बोर की पिस्तौल, 12 बोर की 4 राइफलें तथा 12 बोर की डबल बैरल गन मिली है ।

दुर्घटना में उग्रवादी मरा : मालेरकोटला (जिंदल): आज सायं यहां से 13 किलोमीटर दूर गांव अकबरपुरा के पास पुलिस की एक मैटाडोर वैन से टकराने से एक उग्रवादी कुलवन्त सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि मैटाडोर का ड्राइवर निर्मल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । मैटाडोर में कुल 4 उग्रवादी सवार थे, जिन्हें नाभा से लुधियाना पेशी भुगतने के लिए ले जाया जा रहा था ।

रस्म पगड़ी

हमारे पूज्य **श्रीमती शकुंतला देवी दादा** (धर्मपत्नी स्व. श्री लाल चन्द दादा) का देहान्त 18 मार्च 1989 को हो गया है । रस्म पगड़ी 28 मार्च 1989, मंगलवार को 3.30 बजे सायं देवी तालाब मंदिर, टांडा रोड, जालंधर में होगी ।

पंजाब एंड हाकी खिल का दौ

जालन्धर, 27 म
खान सहायतार्थ हाकी
की टीम में पंजाब एंड
को शामिल किया गया
कुछ प्रदर्शनी मैच भी

आगामी 31 मार्च
वाली दिल्ली की टीम में
के खिलाड़ी हैं : राजेन्द्र
कुमार व गुरमीत सिंह ।

उल्लेखनीय है कि
विंध बैंक की टीम ने राष्ट्र
अपने धांसू प्रदर्शन से सब
में इस टीम ने जम्मू में
डेरा स्वर्ण कप जीत क
ात दिवस मोगा में सम्प
ध्यान चंद हाकी प्रतियोगि
में वृद्धि की है ।

दीर्भागीय च समाप्त कर

चंडीगढ़, 27 मार्च
ए पिछड़ा वर्ग कर्मी सं
मोर्चा ने मांग की है, कि
विधागीय चयन समितियां
काम अधीनस्थ सेवा चयन
जाए । इसका एक सद
अनुसूचित जाति का व्यक्ति
के प्रधान बलवंत सिंह
जोगिन्दर सिंह छीना ने आ
पदोन्नति आदि के मामले
देखा जाता है । इसकी ज
खत्म कर दी जाए ।

क्रमिक अ

चंडीगढ़, 27 मार्च (
की कर्मी यूनियन ने पंज
सचिवालय के समक्ष 24-2
से क्रम शुरू कर दिया है
कर्मचारियों ने आज यहां एक
संयुक्त नेताओं ने सम्बोधित

Punjabi Sahafat



तरनतारन और बटाला के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मरे

पुलिस अधीक्षक संजीव गुप्ता का अंगरक्षक मारा गया : 9 उग्रवादी गिरफ्तार

3 घुसपैठिए मारे गए : महिला सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 28 मार्च (हस, वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक पांच आतंकवादियों सहित नौ व्यक्ति मारे गये और नौ आतंकवादी गिरफ्तार किये गये । उनके पास कुछ हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं । तरनतारन जिले में हुई मुठभेड़ में तीन अज्ञात आतंकवादी और एक सहायक सब-इंस्पैक्टर मारा गया, जबकि दो आतंकवादी बटाला पुलिस जिले में मारे गये । जालंधर जिले में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । गढ़शंकर जिला होशियारपुर में आतंकवादियों ने एक बैंक लटने का प्रयास किया । अमृतसर में एक महिला की लाश मिली है तथा मुकाबले में तीन पाक घुसपैठिए मारे गए ।

मठभेड़ में 4 मरे : अमृतसर (ह.स.): तथाकथित "भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान" के तीन अज्ञात आतंकवादी और एक सहायक पुलिस निरीक्षक कल रात तरनतारन में झब्बालपुलिस थाना क्षेत्र के बीर बाबा बुड्ढा साहिब इलाके में एक भीषण मुठभेड़ में मारे गए ।

एक मृत आतंकवादी का शव कल रात बरामद हुआ जबकि दो अन्य के शव आज तड़के इलाके की छानबीन के दौरान पाए गए ।

सीमा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सी. पाल सिंह ने बताया कि यह मुठभेड़ एक पुलिस दल द्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा से सटे एक कालेज से जुड़े फार्म हाउसों पर छापे के दौरान हुई ।

छापे के दौरान पुलिस दल पर एक फार्म हाउस से पांच से छह आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोली चलाई, जिसमें एक सहायक पुलिस निरीक्षक सुरजीत सिंह, मौके पर ही मारा गया । बाद में कुछ और सुरक्षा कर्मियों के पहुंचने पर आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई ।

श्री सी.पाल सिंह के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल से ए.के.-47 राइफल की तीन भरी हुई मैगजीनें बरामद की हैं । इलाके की छानबीन जारी है । इस गिरोह की शिनाख्त उनके पास से बरामद एक लेटर हैड पैड से हुई ।

श्री सी. पाल सिंह ने कहा कि ऐसा लगता है कि दो आतंकवादी जो भागने में सफल हो गए हैं, जाते समय अपने साथियों के हथियार भी ले गए हैं उन्होंने कहा कि मारा गया सहायक पुलिस निरीक्षक एस.एस.पी. तरनतारन श्री संजय गुप्ता का सुरक्षा गार्ड था । पुलिस दल का नेतृत्व श्री गुप्ता ने किया था ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने पांच आतंकवादियों मुख्त्यार सिंह, विरसा सिंह, रविन्दर सिंह, मलूक सिंह तथा बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5 पिस्तौलें बरामद की हैं । बटाला, कपूरथला तथा फिरोजपुर जिलों में गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से 4 अन्य पिस्तौलें बरामद हुई हैं ।

हथियार छीने : लुधियाना जिले के गोपालन गांव में कुछ आतंकवादियों ने कल शाम रविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति से एक राइफल, एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस छीन लिए ।

महिला का शव मिला : अमृतसर शहर के कश्मीर नगर क्षेत्र से आज एक महिला की लाश बरामद हुई है जिस पर छुरा घोंपने के कई घाव पाये गये हैं । मृतका की आयु 28-29 वर्ष बताई जाती है ।

मजदूरों ने दबोच लिया : आज छहटा पुलिस थाने के अंतर्गत गांव भाकना कलां के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरों ने उस समय एक संदिग्ध आतंकवादी को दबोच लिया जब तीन संदिग्ध सशस्त्र आतंकवादी ईंट भट्ठे को लूटने आये थे । यह जानकारी पुलिस ने दी । संदिग्ध आतंकवादी के पास से एक हथियार बरामद हुआ है ।

अपहृत बस यात्री लौटे : दो दिन पूर्व अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र से जिन दो बस यात्रियों का अपहरण कर लिया गया था, वे आज सुरक्षित घर लौट आए । तरनतारन पुलिस जिले के अध्यक्ष संजीव गुप्ता के अनुसार यह तत्काल विदित नहीं हो सका कि क्या उन्होंने फिरौती की राशि दी है या नहीं, लेकिन वे आज प्रातः घर लौट आए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

3 घुसपैठिए मारे गए : आज तड़के जिला अमृतसर के घरिंडा सैक्टर में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे 3 पाक-घुसपैठिए मारे गए । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री वी.के. राजगोपाल ने बताया कि उनके 2 साथी बच कर पाकिस्तान भाग गए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): डेरा बाबा नानक पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुई एक संक्षिप्त मठभेड़ के बाद दो संदिग्ध आतंकवादी लखविंदर सिंह गांव भागोवाल तथा कश्मीर सिंह गांव किला सिंह गिरफ्तार कर लिए गए । उनके पास से दो पिस्तौल तथा कुछ चले व अनचले कारतूस बरामद हुए हैं ।

डेरा बाबा नानक से चोपड़ा के अनुसार मुकाबला रात के लगभग 12.30 बजे गांव नगल के पास हुआ । पुलिस ने नाकाबंदी के समय तीन संदिग्ध व्यक्तियों को अपनी ओर आते हुए देखा । रुकने का इशारा किए जाने पर संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई । इस दौरान पुलिस ने 2 संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया जबकि उनका तीसरा साथी जिसकी शिनाख्त परगट सिंह के रूप में हुई है, फरार होने में सफल हो गया है ।

एक हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार बटाला पुलिस थाने के मराहा गांव में सात आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति दलबीर सिंह की हत्या कर दी ।

2 आतंकवादी मरे : बटाला पुलिस जिले में पुलिस के साथ हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये । ये, दोनों आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित बताये जाते हैं । इनमें से एक बलबीर सिंह भुल्लर के निकट मारा गया जबकि दूसरा मुर्गी मोहल्ला के निकट मारा गया । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है । उनके पास से कुछ असला भी बरामद हुआ है ।

व्यापारी की हत्या : जालन्धर (ह.स.): गत रात जालन्धर जिले के करतारपुर पुलिस थाने के अंतर्गत गांव पारा में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक किरयाना व्यापारी प्रताप सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार व्यापारी ने अपना पैसा देने से इंकार कर दिया तो हमलावरों ने गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी । सूत्रों के अनुसार हमलावार जाते समय कुछ नकदी और मृतक की हाथ की घड़ी उतार कर ले गए ।

एक अन्य हत्या : जालन्धर जिले के ही भुल्लर (शाहपुर थाना) गांव में एक व्यक्ति नरेन्द्र कुमार की हत्या कर दी गई । 'वार्ता' के अनुसार हमलावर की शिनाख्त जसविंदर सिंह के रूप में की गई है । उसने नरेन्द्र कुमार की कथित रूप से छुरा घोंप कर हत्या कर दी । अभियुक्त फरार है ।

बैंक लूटने का प्रयास : होशियारपुर जिले के क्षेत्र में गढ़शंकर में आज तीन आतंकवादियों ने पंजाब व सिंध बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया । असफल होने पर भागते समय वे बैंक के गनमैन को घायल कर गये तथा एक व्यक्ति का स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

खंडन : रोपड़ (बैंस) एस.एस.पी. श्री चन्द्र शेखर ने आज लगभग सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित इस समाचार का खंडन किया है कि कल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उत्तरी अफगानिस्तान पर विद्रोहियों के हमले

काबुल, 28 मार्च (ह.स.): अफगानिस्तान में विद्रोहियों के सबसे शक्तिशाली कमांडर अहमद शाह मसूद के नेतृत्व में विद्रोहियों ने कथित रूप से उत्तरी अफगानिस्तान में बड़े हमले और धावे बोले हैं । खबर है कि विद्रोहियों ने सोवियत सीमा से जुड़े महत्वपूर्ण राजमार्ग को काट दिया है ।

यहां प्राप्त समाचार के अनुसार मसूद और उसके साथियों ने लगभग दो वर्ष की चुप्पी के बाद अपना अभियान फिर से शुरू कर दिया है ।

उधर सरकारी सेना ने बदले में विद्रोहियों पर जबरदस्त हवाई हमले शुरू कर दिए हैं । विद्रोहियों ने ईरानी सीमा से सटे पक्तिया, पधमानद और कंधार प्रांतों में भी कुछ स्थानों पर हमले किए ।

उधर सरकार ने दावा किया है कि जलालाबाद शहर पर विद्रोहियों के सबसे बड़े हमले को नाकाम

तमिलनाडु विधानसभा की घटनाओं पर लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): कांग्रेस (इ) तथा अन्नाद्रमुक के सदस्यों की तमिलनाडु विधानसभा में हुए हंगामे और मारपीट की घटनाओं पर चर्चा की मांग को लेकर आज लोकसभा में हुए हंगामे के

उन्होंने तो राज्य सरकार को बर्खास्त करने की भी मांग की । अध्यक्ष ने सदस्यों के व्यवहार से क्षुब्ध होकर कहा "अगर आप सदन की कार्रवाई नहीं चलने देने पर आमादा हैं तो मैं सदन स्थगित कर

Punjabi Sanatan

आतंकवादियों में तनाव

(पृष्ठ 3 का शेष)

है मगर वास्तव में अभी भी यह विभाजित है । इस फ़ोर्स में अब तीन से 5 तक खतरनाक उग्रवादी हैं, जिनमें गुरजंट सिंह बुधसिंघवाला, पिपल सिंह और युगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह तूफ़ान हैं । यह जत्थेबंदी निर्दोषों के कत्लेआम तथा गरीब जनता को ही धमकी पत्र लिख रही है । केवल अपनी दहशत डालने के लिए लिबरेशन फ़ोर्स के तूफ़ान सिंह ने धमकी पत्र डालने का सिलसिला ज़ोरों पर चला रखा है। अभी हाल ही में अमृतसर के एक व्यक्ति को ऊट-पटांग लिख कर तूफ़ानसिंह तूफ़ान ने उससे 2 लाख रुपए की मांग रखी है । यह रकम इस व्यक्ति को 25 मार्च को शाम 7 बजे खालसा कालेज लाने को कहा था । लैटरपैड खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का था, जिस पर लिखा गया था "जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा"। इससे एक बात यह भी सामने आती है कि यह पैड पुराना है । मगर दस्तखत तूफ़ान सिंह के किए गये थे । यह तो तूफ़ान सिंह ही बता सकते हैं कि यह पत्र असली है या उनका कोई नाम बरत कर उन्हें बदनाम कर रहा है । खैर । तूफ़ान सिंह और पिपल सिंह दोनों ने ही बुधसिंह वाला को चीफ़ मानने से इन्कार किया है और बताया गया है कि तीनों ही के.एल.एफ़. के मुखिया बने हुए हैं । अब बात आती है भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान पर इस जत्थेबंदी में आपसी धड़ेबंदी कोई नहीं मगर यह भी कमांडो फ़ोर्स के राजस्थानी और कंवल जीत सिंह के पीछे असाल्टें लेकर घूम रहे हैं । इनमें कब टक्कर हो जाए,यह समय ही बता सकता है । टाईगर्स फ़ोर्स पंथक कमेटी के खतरनाक सदस्य और दमदमी टकसाल द्वारा नियुक्त अकाल तख्त के जत्थेदार बाबा गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में है । इस फ़ोर्स में कई खतरनाक उग्रवादी रहे हैं, जिनमें सुरजीत सिंह पैंटा, कारज सिंह थांदे, भूपिन्द्र सिंह कंबोके, नरेंद्र सिंह भोला, सतनाम सिंह थे,जो अब नहीं रहे । पैंटा इन सबसे अलग किस्म का था तथा वह हरेक का दिल जीत लेता था और ज़रूरत पड़ने पर वह दिल्ली में हिन्दू घरों में भी ठहर जाता था । टाईगर्स फ़ोर्स में अब तीन खतरनाक लैफ्टीनैंट जनरल हैं जिनमें सुखविन्द्र सिंह संघा, ब्रिगेडियर सतनाम सिंह भगियाड़ा आदि हैं । संघा के नाम पर गोइंदवाल की तरफ से कई धमकी पत्र मिल रहे हैं । पिछले दिन मंड क्षेत्र के एक गांव में संघा के नाम पर उग्रवादी एक लाख की फिरौती मांगने गये मगर घर में नकदी न होने कारण वह घर का एक आदमी उठा लाये,घर वाले बाद में उन्हें 30 हज़ार रुपए नकद दे आये लेकिन उग्रवादियों ने 70 हज़ार और लाने की बात कह कर वहां से भी चले गये और उस आदमी को भी साथ ले गये । आज दो हफ्ते से ज़्यादा समय हो गया है कि वह व्यक्ति उनके पास है । इस घटना को दूसरी उग्रवादी जत्थेबंदियों को पता चल गया है । यह भी पता चला है कि टाईगर्स फ़ोर्स द्वारा की जा रही ऐसी नीतियों का मानोचाहल ने भी सख्त नोटिस लिया है । हाल ही में खतरा कलां में एक परिवार के 7 सदस्यों को मारने की जिम्मेदारी सत्ता-भगियाड़ा ने ली थी मगर अब एक प्रैस नोट में भगियाड़ा ने कहा है कि इन कत्लों के पीछे उसका कोई हाथ नहीं है और यह सरकारी आदमियों ने किये हैं । खैर । टाईगर्स फ़ोर्स इस समय अधिकांश सभी फ़ोर्सों से हावी है ।

हां, आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन के तीनों धड़ों बिट्टू, बड़ाला और डाक्टर बूटर धड़े में मतभेद और भी तीखे हो गये हैं । भले ही होला मुहल्ला पर बड़ाला उर्फ़ नीला तारा तथा बिट्टू उर्फ़ सतीश शर्मा की फैडरेशनों ने संयुक्त स्टेज लगाई मगर वास्तव में यह एक दूसरे के पक्के दुश्मन हैं और बात तक नहीं सत्कार रहे । बिट्टू चूंकि भाई जसवीर सिंह रोडे समर्थक है, जबकि बड़ाला टकसाल समर्थक है । इसलिये यह कभी करीब-करीब आ पायें, यह बात मुमकिन नहीं बल्कि बयानबाज़ी में यह दोनों धड़े अभी भी एक दूसरे को आड़े हाथों ले रहे हैं । डाक्टर बूटर धड़ा इन सबसे अलग है,पहले डाक्टर बूटर ने बड़ाला पर आरोप लगाया था कि यह सरकारी है और खालिस्तान से पीछे हट गया, जबकि बड़ाला ने छाती ठोक कर कहा है कि वह खालिस्तान लिये बिना पीछे नहीं हटने वाला । पता चला है कि खुद बड़ाला भी अपने एक करीबी साथी की वजह से दुविधा में पड़ गया था जिसकी हत्या करने का अब बड़ाला धड़े ने प्लान बना रखा है तथा उसके पीछे अपने कमांडो लगा दिये हैं । डाक्टर बूटर,जो कि मानोचाहल समर्थक है, इन दोनों में आपसी खिचाव बढ़ता जा रहा है ।

जहां तक उग्रवादियों की सुप्रीम समझी जाने वाली पंथक कमेटियों का संबंध है,वह दो धड़े तो सबके सामने हैं।एक पुरानी पंथक कमेटी है, जो मानोचाहल के नेतृत्व में है जबकि दूसरी भाई रोडे समर्थक नई बनाई गई है । पुरानी पंथक कमेटी भी दो धड़ों में बंट गई है । बयानबाज़ी में यह भी एक दूसरे को आड़े हाथों ले रहे हैं,मगर पंथक कमेटी के ज़्यादातर मैम्बर पाकिस्तान में होने के कारण स्थिति ज़्यादा स्पष्ट नहीं हो पा रही ।

उधर सीमा पार के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान के फौजी अधिकारी उग्रवादियों में बैसाखी तक समझौता करवाने की कोशिश में है । फौजी अधिकारियों ने हाल ही में पंथक कमेटी, कौंसिल आफ़ खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स, लिबरेशन फ़ोर्स, बब्बर खालसा तथा टाईगर्स फ़ोर्स के चीफ़ से मुलाकातें की हैं तथा इनको एक जगह इकट्ठा करने की कोशिश भी की । इनमें फैडरेशन प्रमुख भी थे । सूत्रों के मुताबिक फिलहाल यह समझौता बात सिरे नहीं चढ़ सकी लेकिन फौजी अधिकारी अभी तक सरगर्म थे ।

बहरहाल, उग्रवादी ग्रुपों तथा फैडरेशन आकाओं में चल रहे मतभेद अब थम नहीं सकते । बल्कि यह तीखे हो जाने की संभावना है । पता चला है कि आतंकवादियों ने खालिस्तान के नाम पर करोड़ों इकट्ठे कर रखे हैं । आतंकवादी अब भारी मात्रा में हथियारों की खरीद-फरोख्त में लगे हुए हैं । आतंकवादियों को हथियार अब मुफ्त नहीं मिल रहे । हां, किस्तों पर ज़रूर दिये जाते हैं । आतंकवादियों की हमाम जत्थेबंदियों ने 1 करोड़ रु. से ज़्यादा हथियार खरीदे हैं जो अपनी फोर्स में भी वह मूल्य बेच रहे हैं । पैसे के मामले में आतंकवादी अपने साथी का विश्वास भी नहीं करते जिस कारण इनमें मतभेद तीखे हो रहे हैं ।

दिल्ली हाईकोर्ट का प्रशासन को नोटिस

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज दिल्ली प्रशासन और प्रशासक को दो अलग-अलग नोटिस जारी कर चौबीस घंटे के भीतर यह निश्चय करने के लिए कहा है कि वधवा समिति में दूसरे जज की जगह भरने का उसका प्रस्ताव है या नहीं ? न्यायालय ने पूर्व-पुलिस उपायुक्त किरण बेदी की यह दलील अस्वीकार कर दी कि जब तक प्रशासन 27 फरवरी की अधिसूचना के अनुसार रिक्त स्थान की पूर्ति नहीं करता या उससे पीछे नहीं हट जाता, तब तक वधवा समिति की कार्रवाई स्थगित कर दी जाए ।

श्रीमती बेदी ने न्यायाधीश एस.एस. चड्ढा और न्यायाधीश पी.एन. नाग की खंडपीठ के समक्ष आज यह याचिका दायर कर प्रशासन को दूसरे जज की नियुक्ति करने का निर्देश देने का आग्रह किया । वधवा समिति पिछले वर्ष दिल्ली के वकीलों के खिलाफ पुलिस की कथित ज्यादतियों की जांच कर रही है ।

गुमशदा की तलाश

मेरे पति श्री पवन कुमार उम्र 31-32 साल रंग गंदमी कद 57", 6.3.89 को चंडीगढ़ गए आज तक वापिस घर नहीं आए । पहचाने वाले को आने-जाने का सर्वा

LILY GOLD PLATED JEWELLERY

एक मात्र वितरक :-

M/s. विश्वा मित्र हांडा एंड संज़

डिल्ला बाज़ार बटाला

इंदिरा की हत्या का दिन

(पृष्ठ 3 का शेष)

"आखिरी बार आया हूं, फिर तंग नहीं करूंगा ।" इससे स्पष्ट है कि श्रीमती गांधी की हत्या करने का उसका पक्का इरादा था ।

बेअंत धवन के बहुत निकट था : न्यायमूर्ति ठक्कर का स्पष्ट मत है कि श्रीमती इंदिरा गांधी का हत्यारा सब-इंस्पैक्टर बेअंत सिंह प्रधानमंत्री के विशेष सहायक आर.के. धवन के 'काफी निकट' था, परन्तु श्री धवन ने इस संबंध में 'सच्चाई' नहीं बताई । रिपोर्ट में बेअंत सिंह और श्री धवन के संबंधों पर भी टिप्पणी की गई । इस संबंध में बेअंत सिंह की पत्नी बिमल खालसा, पुलिस उपायुक्त श्री गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सरबजीत सिंह, पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पी.एस.गिल और श्रीमती गांधी ने दूसरे हत्यारे सतवंत सिंह के इकबालिया बयान को अपने निष्कर्ष का आधार बनाया है ।

हालांकि बेअंत सिंह के संबंध में श्री धवन ने जांच आयोग को सूचित किया था कि वह उसे नाम से नहीं जानते थे, परन्तु उसका चेहरा काफी जाना-पहचाना था क्योंकि वह प्रधानमंत्री निवास में ड्यूटी पर होता था । उन्होंने यह भी दावा किया कि बेअंत सिंह ने उनसे कभी किसी प्रकार की मदद मांगी हो, यह उन्हें याद नहीं है ।

श्री धवन ने बेअंत सिंह से किसी प्रकार का संबंध होने से इंकार किया है । वह (श्री धवन) ऐसा क्यों कर रहे हैं ? इससे भी श्री धवन के खिलाफ संदेह उत्पन्न होता है । जांच आयोग के समक्ष बेअंत सिंह की पत्नी बिमल खालसा ने चार फरवरी 1985 को अपने बयान में कहा था कि जून 1983 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ मेरे पति ने कई देशों की यात्रा की । मेरे पति ने मुझसे कहा कि वह प्रधानमंत्री के विशेष सहायक आर.के. धवन की मदद से इस दौरे पर जा रहे हैं । यही नहीं, विदेश यात्रा से लौटने पर मेरे पति ने मुझसे कहा कि उन्होंने श्री धवन की कृपा से इतने सारे देश देख लिए हैं ।

रिपोर्ट के अनुसार पुलिस उपायुक्त जी.आर. गुप्ता के अनुसार श्रीमती गांधी के साथ नार्वे की यात्रा पर जाने वाले सुरक्षा अधिकारियों की प्रस्तावित सूची में बेअंत सिंह का नाम नहीं था परन्तु श्री धवन के कहने पर ही अंतिम सूची में उसका नाम सम्मिलित किया गया था । न्यायमूर्ति ठक्कर के अनुसार श्री गुप्ता का 25 मार्च 1985 को दिया गया यह बयान बिमल खालसा के बयान की पुष्टि करता है ।

जांच आयोग को दिए गए हल्फनामे में तमिलनाडु के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सरबजीत सिंह ने 28 फरवरी 1985 को कहा, "दूसरे दिन, संभवतः 11 अक्तूबर 1984 को करीब 6 बजे शाम को सब-इंस्पैक्टर बेअंत सिंह एक अन्य सिख के साथ तमिलनाडु हाऊस आया था । बेअंत सिंह डींग हांक रहा था कि वह श्री धवन के जरिये प्रधानमंत्री से मुलाकात का बंदोबस्त कर सकता है परन्तु मैं मुस्कराते हुए खामोश रहा ।"

रिपोर्ट के अनुसार इस बयान से इस निष्कर्ष को बल मिलता है कि बेअंत सिंह श्री धवन के निकट था । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पी.एस. गिल ने 17 सितम्बर 1984 को बेअंत सिंह को एक पत्र लिखा था जिसमें श्री धवन के प्रभाव का इस्तेमाल करने के संबंध में जिक्र करते हुए कहा गया था, "हमें मास्को, इस्लामाबाद, कोलम्बो, ढाका, काठमांडू में नियुक्त किए जाने के लिए साक्षात्कार के लिए विदेशी मंत्रालय में बुलाया गया । परन्तु श्री धवन को सचेत किए जाने के बावजूद मेरा चयन नहीं हुआ और कुछ अन्य अधिकारियों को चुन लिया गया ।

रिपोर्ट के अनुसार श्री गिल ने पूछताछ के दौरान बताया कि, "मैंने इस मामले पर शुरू में कोई बयान नहीं दिया परन्तु सब इंस्पैक्टर बेअंत सिंह नाम के व्यक्ति का संदेश कुछ सप्ताह पूर्व मुझे मिला । इसमें अन्य बातों के अलावा यह भी लिखा था कि किसी हैसियत वाले व्यक्ति से सम्पर्क के बिना सरकार में कोई परिणाम नहीं मिल सकता । इस संबंध में अन्य व्यक्तियों के साथ श्री धवन का नाम भी था ।" जांच आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा कि श्री गिल के साक्ष्य पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है ।

इसी प्रकार रिपोर्ट में सतवंत सिंह के इकबालिया बयान का भी जिक्र किया गया है । अतिरिक्त मुख्य मैट्रोपालिटन मैजिस्ट्रेट भारत भूषण के समक्ष एक नवम्बर 1984 को दिए गए इस बयान में सतवंत

प्रधानमंत्री पद की... शामिल नहीं हूं...

ग्वालियर, 28 मार्च (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी बाजपेयी ने आज यहां स्पष्ट किया कि वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं हैं । भाजपा द्वारा उन्हें आगामी आम चुनाव में भावी प्रधानमंत्री के रूप में प्रस्तुत किए जाने के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस घोषणा को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं । अपनी बात स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि आम चुनाव के परिणाम ही भावी प्रधानमंत्री का नाम निर्धारित करेंगे ।

श्री बाजपेयी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भाजपा सहित किसी भी दल को राम जन्म भूमि विवाद को चुनाव का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि यह प्रकरण आज एक राष्ट्रीय प्रश्न बन गया है, जिस पर सभी राजनैतिक दलों को वोट की चिन्ता किए बगैर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रख कर विचार करना चाहिए ।

भाजपा नेता ने कहा कि जनता दल के साथ उनकी पार्टी की अनौपचारिक रूप से सीटों के

पार्टी में कोई दरार नहीं : 10 नेताओं का बयान

अमृतसर, 28 मार्च (ह.स.): एकीकृत अकाली दल के 10 वरिष्ठ नेताओं ने आज यहां एक संयुक्त बयान में इस आरोप का खंडन किया है कि उनकी पार्टी में दरार पैदा हो गई है । उन्होंने कहा कि श्री जगदेव सिंह तलवंडी के नेतृत्व में पार्टी में एकता है तथा दरार की अफवाह पार्टी विरोधियों ने फैलाई है । इन नेताओं ने कहा कि श्री तलवंडी ने हाल ही में लधियाना और अमृतसर में वरिष्ठ नेताओं के साथ मीटिंगें की थीं तथा श्री तलवंडी को जिला इकाइयां व 31 सदस्यीय कार्य समिति घोषित करने का अधिकार सौंपा गया है ।

इस बयान पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं के नाम हैं : शमिन्दर सिंह व मेवा सिंह गिल दोनों सांसद, महासचिव मंजीत सिंह कलकत्ता तथा सभी पूर्व विधायक प्रकाश सिंह मजीठा, अर्जुन सिंह लिट्ट, निर्मल सिंह काहलों, बचित्तर सिंह, कृपाल सिंह लिबड़ां, बलविन्दर सिंह भुंडर व सुखदेव सिंह ढींडसा ।

नज़रबंदों में से एक को पटियाला पुलिस ले गई

जालन्धर, 28 मार्च (ह.स.): आज यहां सैंट्रल जेल से रामगढ़ जिला पटियाला के उजागर सिंह को पटियाला थाना सदर पुलिस एक हत्याकांड में पूछताछ करने के लिए पटियाला ले गई । यह केस उसके विरुद्ध आप्रेशन ब्लू स्टार से पूर्व दर्ज था । जोधपुर से यहां लाए गए नज़रबंदों में से अब मात्र 4 शिंगारा सिंह, सुरजीत सिंह (जिला अमृतसर), नानक सिंह (जिला गुरदासपुर) और जसविन्दर सिंह (जिला पटियाला) यहां सैंट्रल जेल में रह गए हैं ।

अमृतसर में बिना नम्बर के नोटों का प्रचलन

बिना नम्बर का पांच का नोट

अमृतसर, 28 मार्च (सानी) : अमृतसर के बाजारों में बिना नम्बर के नोटों के प्रचलन की शिकायत आम है । ऐसे नोट दो रुपए और पांच रुपए के हैं । नहीं कहा जा सकता है कि बिना नम्बर के नोटों का मार्केट में आना सरकारी मुद्रणालय की लापरवाही की वजह से है अथवा किसी साजिश के अंतर्गत इन बिना नम्बर के नकली नोटों का फैलाव मार्केट में किया गया है । इस सम्बन्धी जांच अपेक्षित है ।

Punjab Sahitak



स्पेन के विदेश मंत्री श्री फर्नांडीज़ आर्डोनेज दिल्ली में बुधवार को पत्रकार सम्मेलन को सबोधित करते हुए ।

जाहिर हो गई है कि वह जनता दल के राजनीतिक मापतोल में ठीक नहीं बैठ सकते । चौ. चौटाला ने कहा कि नूह के उपचुनाव के नतीजे ने चौ. देवी लाल की प्रगतिशील नीति पर मोहर लगा दी है जिसके

छंटनी की जाए । लेकिन अगले दो तीन दिनों के दौरान मंत्रिमंडल के विस्तार के समय कई मंत्रियों के विभाग में कुछ न कुछ फेरबदल जरूरी है ।



को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से अपनी पत्नी श्रीमती खनपिंग का परिचय कराते हुए । (छाया : प्रे.ट्र.)

खतरनाक आतंकवादी सुक्खा गिरफ्तार : पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 29 मार्च (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने सरक्षा बलों की एक चौकी पर राकेट फैंके । पट्टी में एक बम विस्फोट हुआ । फिरोजपर पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी सुखदेव सिह उर्फ सक्खा को गिरफ्तार किया जो कि अनेक हत्याओं में सलिप्त है ।

दो की हत्या : अमृतसर (वार्ता): भिक्खीविड पुलिस थाना क्षेत्र के वल्टोहा गांव में दर्शन सिह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई । एक अन्य मामले में कल रात ही तरनतारन पुलिस जिले में खेमकरण क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया ।

वि.प्र. के अनुसार दर्शन सिह किसान था । वह रात 11.30 बजे अपने घर से ट्यूबवैल की ओर जा रहा था,जहां वह रात को सोया करता था ।

इसी बीच सोमवार की रात को तरनतारन पुलिस जिला में मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान मलकीयत सिह के रूप में हुई है । घटनास्थल पर कुछ गोली-सिक्का व भिडरांवाले टाइगर फोर्स का एक लैटर पैड मिला ।

चौकी उड़ाने का प्रयास : कल रात ही आतकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के वरना गांव में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक अस्थायी चौकी को उड़ाने का असफल प्रयास किया ।

बल के नियंत्रण कक्ष को प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने इस चौकी की ओर निशाना साधकर कुछ राकेट दागे लेकिन वे निशाने पर नहीं लग सके । चौकी पर तैनात जवानों ने आतंकवादियों की तरफ गोलियां दागीं लेकिन वे बच निकले । नियंत्रण कक्ष के अनुसार दोनों तरफ से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

अपहृत लौटे : अमृतसर जिला के पट्टी क्षेत्र से आतकवादियों द्वारा अपहृत दो दुकानदार विनोद कुमार और कृष्ण खन्ना शनिवार को सरक्षित अपने घरों को लौट आए । यह जानकारी पुलिस ने दी ।

सी.आर.पी. की चौकी पर राकेटों से हमला, पट्टी में बम धमाका

दोनों ने अपनी वापसी पर पुलिस को बताया कि आतंकवादी गिरोह ने उन्हें छोड़ दिया । उनका पट्टी से भिखीविड जा रही एक प्राइवेट बस में से अपहरण कर लिया गया था ।

बम धमाका : पट्टी से सम्बन्धित के अनुसार गत रात 12.45 बजे ज्ञान मोहल्ला में जैन मन्दिर के निकट एक बम फटा । इस बम से कोई प्राण हानि नहीं हुई परन्तु आस-पास के मकानों की खिड़कियों के शीशे टूट गए । यह प्लास्टिक बम बताया जाता है जो कि प्लास्टिक की गेंद जैसा था । धमाके की आवाज दो किलो मीटर दूर तक सुनी गई । बम धमाके से शहर में आतंक व्याप्त है ।

सक्खा गिरफ्तार : फिरोजपुर (धीमान): गत रात जिला फिरोजपुर के थाना मक्खू के अन्तर्गत गांव बट्टूपट्टी में नाकाबंदी के दौरान खतरनाक आतंकवादी सुखदेव सिह उर्फ सक्खा वल्द गोपाल सिह को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका साथी फरार हो गया । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि सुखदेव सिह उर्फ सक्खा के सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था तथा वह दुर्दात आतंकवादी निशान सिह का निकट साथी बताया जाता है । वह धन ऐंठने के लिए लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिखा करता था । श्री कौशिक ने बताया कि उसके कब्जे में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के एक दो राउंड बरामद किए गए हैं ।

जिला पुलिस चीफ ने कहा कि प्रारम्भिक पछताछ के दौरान सुखदेव सिह ने दस गम्भीर अपराधों में अपनी सलिप्तता स्वीकार की है । वह मक्खू के निकट बस यात्रियों, एक ईंट भट्टा मालिक, खड़ूर साहब के कुलवन्त सिह की हत्याओं, जसपाल सिह व रामसरन के अपहरण, सरहाली गांव में दो व्यक्तियों को फांसी पर लटकाने, गांव कमालवाला में चार लोगों की हत्या तथा हथियार छीनने की वारदातों के लिए जिम्मेदार था ।

'बागी' के अनुसार सुक्खा का साथी बलराज सिह अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया । फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने इसे पुलिस की बहुत बड़ी सफलता बताया है तथा कहा है कि इससे निशान सिह के गिरोह को बहुत बड़ा झटका पहुंचाया गया है ।

तीन और गिरफ्तार : फिरोज़पुर से कन्तोड के अनुसार तीन अन्य आतंकवादियों महल सिह वल्द शिंगार सिह वासी गांव हाजी छीम्बा, अमरीक सिह वल्द मंगल सिह वासी गांव कलबेवाला तथा परमात्मा सिह वासी नाई वाली बस्ती को भी गिरफ्तार किया गया है । उन आतंकवादियों से तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 500 लैटर पैड मिले हैं । इन पर खतरनाक आतंकवादी सुखदेव सिह झामका का नाम लिखा है । इन लैटर पैडों पर वे लोगों से नकदी वसल करने के लिए धमकी भरे पत्र लिखते थे । यह आतंकवादी स्थानीय तौर पर फ़ोर्स के सुरजीत सिह उर्फ़ छंटी के नेतृत्व वाले गिरोह से सम्बन्ध रखते हैं । इनसे पछताछ की जा रही है ।

दो गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने दरिया ब्यास के मंड की ओर से आते हुए दो कथित आतकवादियों हरपाल सिह उर्फ़ भाला पुत्र मलूक सिह जट वासी विंग तथा हीरा सिह जट वासी मंडा पिंड थाना सरहाली जिला अमृतसर को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक 12 बोर बंदूक एक नाली के साथ 3 कारतूस तथा एक पिस्तौल 303 के साथ 3 गोलियां बरामद की हैं । प्राथमिक पछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि इन दोनों ने जिला अमृतसर के गांव लहार से दो बंदूकें छीनी थीं । यह दोनों लूटपाट की वारदात करने जा रहे थे कि काबू कर लिए गए । दोनों से पूछताछ जारी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanjari

...र्जेवाला द्वारा राज्य के मंत्रियों पर
...कब्जा करने के लगाए गए आरोप
...ुए श्री देवी लाल ने कहा कि मतदान
...मंडल का कोई भी वरिष्ठ मंत्री वहां
...कि इंका की ओर से श्री भजन लाल
...ीय मंत्री, सांसद व इंका के कई
... घूमते रहे । उन्होंने इंका पर यह
...या कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री
...ल्ला को अपने चुनाव प्रचार के लिए
... साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने का भी
... ।

...कि श्री भजन लाल ने अपने कारों
...थ मतदान के दौरान काफी गड़बड़
...श की । जिसका स्थानीय निकाय
... सिंह भदाना ने अपने समर्थकों के
...किया,वह काफी सराहनीय रहा ।
...र्करों द्वारा मतदान केंद्रों पर कब्जा
... इंका द्वारा लगाए गए आरोप को
...ने के लिए श्री देवी लाल ने तथ्य व
... हुए कहा कि गांव हिगपुर के बूथ
...सी अधिक 90.12% मत पड़े
...म्मीदवार मोहम्मद इलयास को
... उम्मीदवार हसम मोहम्मद को
...ले । उन्होंनें उन 16 पोलिंग
...75%से अधिक मतदान हुआथा,का

...ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

...hi Egg rate for 29.3.89
... trays, NECC Suggested
... per Dozen.

...ार बाज़ार

...ats-Models 80 onwards.
... and Allotment letters.
...erne Car Agency, 10, G.T.

...ाड़ियां

... सैंटर, कटड़ा जैमल सिंह,
...क सूट-दुपट्टा, दहेज-वरी की
...ें ।

...जिस्ट्रेशन

...ration of Trade Mark,
...esign, firm name, society.
...by Trade Mark Co.,
...landhar. Phone-73977.

...ा सूचना

...क्रम द्वारा पास करें–बी.एड.,
...ाडंस, एम.ए., एम.कॉम.,
...बी.ए., बी.कॉम., एक ही वर्ष में
...री हेतु जवाबी लिफाफा भेजें ।
... (रजि.), जयपुर-15 (राज.) ।

...शिक्षा

...क/मैट्रिक पास इंटर+2 करें ।
...रैक्ट बी.ए. करें । आयर्वेदिक
...म.पी. डाक्टर बनें । परीक्षा 8
...ी कालेज, पुरानी सब्जी मंडी,

...guarantee, Matric/
...m. / B.Sc./M.A. /

मार्च को

अमृतसर, 29 मार्च (वि.प्र.): अमृतसर ग्रीवैंस कमेटी की मासिक बैठक 31 मार्च को सुबह 10.30 बजे स्थानीय रैडक्रास भवन में हो रही है । इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री सर्बजीत सिंह करेंगे ।

सुक्खा गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

3 आतंकवादी गिरफ्तार : कल रात ही जालन्धर नगर के बाहरी इलाके लम्मा पिंड में तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से हथियार और गोलियां बरामद कीं । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम अवतार सिंह उर्फ तारी, सोहन सिंह तथा जरनैल सिंह उर्फ जैला बताए गए हैं ।

चुंगी लूट ली : पटियाला (भषण): यहां से 40 किलो मीटर दूर मंडी गोबिंदगढ़ में बड़ेला चौक में तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने चुंगी क्लर्क मलकीयत सिंह से पिस्तौल की नोक पर 4148 रुपए छीन लिए । जाते समय वे चुंगी चौकी के बाहर खड़े तीन साइकल भी ले गए तथा खन्ना की ओर फरार हो गए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

रिवाल्वर छीन ले गए : जुगिन्दर साहब (चौधरी) गत दिवस थानेदार नाथी सिंह से स्थानीय दीवान हाल के निकट दो अज्ञात व्यक्ति उनका सर्विस रिवाल्वर छीनकर ले गए । पुलिस जांच कर रही है ।

वा...

बरनाला, 2...
ने मांग की है कि...
असैसमैंट हेत कों...
वापिस लियां जा...
उपभोक्ताओं पर...
मंडल के प्रधान श...
तीर्थ दास सिंधवा...
एकाउंटैंट दो-ढा...
भारत सरकार के...
के अनुसार वह अ...
कर सकेंगे । परि...
फ़ीस कई गुणा बढ़...
को भी वस्तुएं अब...

पंजाब को... किया ज...

सिरसा, 29...
हिन्दू महासंघ के प्र...
कि पंजाब की बिग...
पंजाब को शीघ्र फां...
उन्होंने कहा कि प...
पंजाब के राज्यपाल...
विफल रहे हैं । सत...
जाने के बाद पंजाब...
लोगों को फांसी दे...

जम्मू-कश्मीर...
कहा कि इसके लि...
जिम्मेदार हैं । इस...
त्यागपत्र दे देना चा...

देव सिंह की हत्या की गुत्थी सुल...

मोहाली, 29 मार्च (नवंदा): जिला रोपड़ के गांव सिलो मास्को में एक मृतक के सगे दो भाइयों के साथ मिल कर जसपाल सिंह नामक युवक द्वारा अपनी मां के प्रेमी की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है । रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि देव सिंह नामक व्यक्ति की 25 जनवरी को हुई हत्या की गुत्थी सुलझा ली गई है । देव सिंह जो डाक व तार विभाग का कर्मचारी था तथा आज कल खरड़ उपमंडल में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत था 25 जनवरी को अपने पैतृक गांव सिलो मास्को में अपने एक मित्र के पुत्र की शादी के संबंध में ग्राम डेरा सोम सिंह मौजलीपर गय... लौटा । इसपर देव ... साहिब थाना में यह... उसका भाई एक शादी... तथा वह लापता है

श्री शेखर ने बता... से सनसनी खेज तथ्य... आधार पर सिलो मास... को हिरासत में लिय... उसने कथित रहस्यो... हत्या उसके सगे भाइ... तथा उसने स्वयं मिल... अनुसार देव के उसक... जिसका पता चलने के... बार इस बारे विरोध भी... भाई गुरमीत सिंह क... जबरदस्ती की थी । ... सिंह होम गार्ड में काय...

श्री शेखर ने बता... मृतक के भाई अमरीक... देव सिंह अपनी सम्प... चाहता था क्योंकि उस...

श्री शेखर के अनुस... के भाई गुरमीत सिंह... जबकि जसपाल सिंह... थाना में होम गार्ड ड्यूटी... कर लिया गया है ।

तेल रिसाव से हजारों वन्य पशुओं व पक्षियों के मरने का खतरा

ऐंकरेज (अलास्का), 29 मार्च (ए.पी.) : अमरीका में 'प्रिंस विलियम साउंड' ऊंची नीची पहाड़ियों और जंगलों का एक ऐसा निर्जन द्वीप है जहां कि देश के सबसे बड़े तेल रिसाव के कारण वहां हजारों पशुओं को मरने के लिए छोड़ देने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है । गत सप्ताह वहां एक टैंकर से लगभग 3.80 करोड़ लीटर तेल रिसा ।

अधिकारियों का कहना है प्रिंस विलियम साउंड द्वीप में पशु-पक्षियों को बचा पाने में कई मुश्किलें हैं, जिन्हें सुलझाना असम्भव-सा है ।

अमरीकी गृह विभाग में क्षेत्रीय प्रबंध दल की प्रमुख पाम बर्गमैन तथा कुछ अन्य अधिकारियों ने इन मुश्किलों का विवरण देते हुए कहा कि एक तो उस निर्जन प्रदेश में राहत एवं बचाव कर्मियों को

रक्षामंत्री...

PunjabiSahani

कहा कि उनके यहां तैनात होने से
पैदा हुआ है और जर्म कम हुआ
ष पृष्ठ 10 पर)

श्री भटजी को दोबारा बोलने की मौका दिए जाने का अनुरोध किया था । कांग्रेस (इ) के प्रो. पी.जे. कुरियन, आशुतोष लाहा, कुमारी कनक मुखर्जी और कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया ।



आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के तीन पदाधिकारियों मनजीत सिंह, हरमिंदर सिंह संधू तथा राजेन्द्र सिंह को वीरवार को अमृतसर की अदालत में पेश करने के लिए पुलिस ले जा रही है । (रवि भंडारी)

में बजट पास किया गया। चित्रों में
में कमेटी के कार्यकारी प्रधान श्री
सदस्यों में बहस शुरू हो गई और
हुए । (छाया : रवि भंडारी)

3 उग्रवादियों ने विष खाया, एक गुट संघर्ष में मरा, 3 की हत्या, 2 का अपहरण : घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 30 मार्च (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला गुरदासपुर में एक सरपंच, उसके पुत्र, उसके पोते की हत्या कर दी और उसके एक अन्य पुत्र को घायल कर दिया । जिला जालंधर में सुरक्षा बलों से मुकाबले के दौरान घिर गए तीन उग्रवादियों ने विष खा कर आत्महत्या कर ली । एक आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारा गया, जबकि एक व्यक्ति की लाश मिली । दो व्यक्तियों का फिरौती के लिए अपहरण किया गया । भारत-पाक सीमा के फाज़िल्का सैक्टर में 5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले ग्रामीणों को शिनाख्ती कार्ड जारी किए जाएंगे ।

आपसी शत्रुता में मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात अमृतसर जिला के थाना लोपोके के गांव खयाला कलां में एक व्यक्ति राजेंद्र सिंह उर्फ़ पप्पू की गोली मार कर हत्या कर दी गई । वह हाल ही में ज़मानत पर रिहा हुआ था । खबरों में कहा गया है कि राजेंद्र सिंह आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ ।

मजीठा के एस.एस.पी. ने बताया कि मृतक राजेंद्र सिंह खुद आतंकवादी था । एस.एस.पी. ने बताया कि राजेंद्र सिंह को थाना सदर अमृतसर की पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया था ।

दो का अपहरण : रात से अमृतसर जिला में अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों का फिरौती की खातिर अपहरण किया गया । पुलिस ने बताया कि थाना सरहाली के गांव कीरियां के एक दुकानदार केदार नाथ के घर में 8-9 सशस्त्र आतंकवादी घुस आए और परिवार के अन्य सदस्यों को एक कमरे में बंद करके केदार नाथ के पुत्र कमलजीत (25) का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने परिवार के सदस्यों को धमकी दी, यदि उन्होंने पुलिस या सुरक्षा बलों को खबर दी तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे ।

अपहरण की दूसरी घटना मजीठा थाना के अंतर्गत गांव बाल कलां में हुई, जहां गोपाल नगर के एक निवासी गुलशन कुमार का दो आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया जबकि वह स्कूटर पर जा रहा था । पुलिस अभी तक दोनों अपहृत व्यक्तियों का कोई सुराग नहीं लगा सकी । अपहृत व्यक्तियों की तलाश में पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं ।

उग्रवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने कल गांव धरार के निकट गश्त के दौरान बब्बर खालसा के स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार कर लिया । तरनतारन के पुलिस अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता ने आज एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि उसके कब्जे से एक 303 की देसी पिस्तौल बरामद की गई है ।

लाश मिली : नाभा (जैन): डी.एस.पी. नाभा की कोठी के पिछले हिस्से तथा सैनिक क्षेत्र के निकट एक 20-21 वर्षीय सिख युवक की लाश मिली है । मृतक पर तेज़धार हथियार के निशान हैं । लाश की पहचान नहीं हो सकी । लाश के निकट एक साइकल तथा चप्पलों का जोड़ा मिला है । बताया जाता है कि युवक की हत्या करके लाश सुए के निकट फैंक दी गई । पुलिस कल चार घंटे तक निर्णय नहीं कर सकी कि जहां से लाश मिली है, वह क्षेत्र थाना सदर के अंतर्गत आता है या कोतवाली पुलिस के अंतर्गत । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

खतरनाक आतंकवादी कलवंत सिंह जो सोमवार को अहमदगढ़ के निकट, पुलिस की मैटाडोर के वृत्त से टकरा जाने पर, घटनास्थल पर ही मारा गया । (छाया : अजीज)

लावारिस लाश मिली : पटियाला (भूषण): आज यहां आर्य समाज चौक क्षेत्र में लगभग तीस वर्षीय व्यक्ति की लावारिस लाश पड़ी मिली । लाश पर चाकुओं से ज़ख्मों के निशान हैं । पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है ।

बाद में पता चला कि मृतक एक गोरखा था तथा नेपाल के गांव भालका का रहने वाला था । वह गत दस फरवरी को यहां आया था और चौकीदारी करता था । इसी दौरान चौकीदारा यूनियन ने मांग की है कि उन्हें समाज विरोधी तत्वों का सामना करने के लिए हथियार रखने की अनुमति दी जाए । वे आज रात इस मांग के समर्थन में हड़ताल करेंगे ।

शिनाख्ती कार्ड मिलेंगे : फाज़िल्का (फिरोजपर) की एक खबर में कहा गया है कि भारत-पाक सीमा की 5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को शीघ्र ही शिनाख्ती कार्ड दिए जाएंगे । अतिरिक्त जिलाधीश श्री अमरजीत सिंह ने कहा कि ऐसा इस लिए किया जा रहा है कि शरारती तत्व फाज़िल्का सैक्टर में न घुस सकें ।

लुधियाना पुलिस ने पायल थाना के क्षेत्र में राज नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उससे 12 बोर की एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

घुसपैठिया मारा गया : जिला फिरोज़पुर के जलालाबाद सैक्टर में एक मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया जबकि दूसरा भाग निकलने में सफल हो गया ।

घिर जाने पर उग्रवादियों ने विष खाया : जालन्धर (ढल्ल): आज सायं नवांशहर क्षेत्र में सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के बीच भारी सशस्त्र भिड़ंत हुई, जो सूचना मिलने तक भी जारी थी । डी.आई.जी. श्री भट्टी के अनुसार आपसी भारी फायरिंग के बीच तीन उग्रवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । मरने वाले उग्रवादियों में से दो की पहचान हो गई है, जिनमें थाना बंगा के गांव मजारी का निवासी जतिन्दर सिंह उर्फ नीटा है, जो डा. साधु राम की हत्या समेत दो दर्जन हत्याओं में संलिप्त था जबकि दूसरा अड़ोशकर थाना के क्षेत्र पत्ती सूरा सिंह का मनजीत सिंह उर्फ राम भइया है । यह एक दर्जन हत्याओं में संलिप्त था, जिनमें गांव घुम्मन में दो हमगार्ड्ज तथा बंगा क्षेत्र में एक सी.आर.पी. जवान की हत्या शामिल है ।

नीटा के सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था और वह हाल ही में फगवाड़ा में डा साधु राम की हत्या के मामले में भी संलिप्त था ।

जालंधर के एस.एस.पी. के अनुसार सायं के चार-पांच बजे गांव जाडला में हुए दो मुकाबलों में इन तीनों उग्रवादियों ने आत्महत्या की, जिस उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हुई है, उसके संबंध में पुलिस को शंका है कि यह एक कैनेडियन है, जो खतरनाक उग्रवादी अवतार सिंह ब्रह्मा का साथी था । उसके साथी की शिनाख्त हो गई है, जिसका नाम बचित्तर सिंह उर्फ चीमा उर्फ बाबा प्रसादा सिंह उर्फ बाबा हरनाम सिंह उर्फ निक्का बाबा उर्फ नीटा मिजराई था । उसका असली नाम सितेंद्र सिंह था । इनके पास से पहले मुकाबले में एक ए.के.-47 और दूसरे से एक रिवाल्वर बरामद हुआ है ।

पिता, पुत्र, पोते की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव अटारी में आज रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे कुछ आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर फायरिंग करके गांव के सरपंच बिशम्बर दास, उसके पुत्र ज्ञान चंद व पोते रविन्दर कुमार की हत्या कर दी और बिशम्बर दास के एक अन्य पुत्र व रविन्दर कुमार के पिता ओम प्रकाश को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे गुरदासपुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । यह जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों ने इस हत्याकांड में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की और इसके काफी मात्रा में चले हुए कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारी भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर चले गए हैं ।

नकदी, जेवर लूटे : लुधियाना (धीमान) : स्थानीय टैक्सटाईल कालोनी में आतंकवादियों द्वारा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चुनाव शेष होंगे : रे

ने कहा कि राज्य सरकार पहले ही दो हजार करोड़ रुपए की देनदार है, ी इस ओर अधिक से अधिक ध्यान बारे भाकपा व माकपा द्वारा चाल् की चर्चा करते हुए कहा कि यह ष से किया गया लगता है, जिससे गड़ ही पैदा हो सकता है ।
ना क्षेत्र की गंभीर स्थिति बारे पूछे कहा कि न यह श्वेत है और न यह और सरकार इसके प्रति सचेत है । क बटाला ही क्यों, राज्य की दृष्टि से आने के बावजूद सरकार गफलत से कती बल्कि आने वाले दिनों में हमें त से काम करना होगा ।
डी.ए.वी. कालेज के वार्षिक समारोह'

बैंक आज खुले रहेंगे

नई दिल्ली, 30 मार्च (वार्ता): कर-दाताओं की सुविधा के लिए कल बैंक खुले रहेंगे । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन करदाताओं ने कर की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, वे कल यह भुगतान कर सकते हैं ।

मताधिकार की आयु 18 वर्ष करने के बिल को मंजूरी

नई दिल्ली, 30 मार्च (ह.स.): राष्ट्रपति आर

Rani Maa VIDEO Presents :

Punjabi Sahara

परिवर्तन हों जिससे राज्यों को हर बात के लिए केंद्र का मुंह नहीं देखना पड़े । उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ राज्यपालों ने गलतियां की हैं । उन्होंने कहा कि राज्यपालों का चयन अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए ।

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

लूटमार की सूचना मिली है । बताया जाता है कि तीन आतंकवादी एक मोटर साईकल पर आए और उन्होंने वहां एक मकान की घंटी बजाई । इस बिल्डिंग में रिहायश तथा फैक्टरी एक साथ हैं । एक आतंकवादी ने यह कहते हुए आवाज लगाई कि मैं जालन्धर की किसी फर्म से पर्जा बदलवाने के लिए आया हूं । इस पर उन्हें लगा कि कोई परिचित ही आया है । श्री विनोद कुमार ने आकर दरवाजा खोला । दरवाजा खुलते ही तीनों आतंकवादी उसे धकेलते हुए अन्दर घुस आए । फिर ए.के. 47 दिखा कर कहा कि आपके पास जो भी नकदी और जेवर हैं वह दे दो । इस पर वे 6000 रुपया नकद व जेवरात लेकर चलते बने । आतंकवादी वहां एक घंटा तक रहे और उतनी देर सारे परिवार को बंदी बना कर रखा । इस सिलसिले में इलाका का शिष्टमंडल जिसका नेतृत्व श्री सत्य प्रकाश चौधरी कर रहे थे, एस.पी.सिटी से मिले । उन्होंने मांग की कि इस इलाका में आतंकवाद की कई वारदातें हो चुकी हैं । इसलिए सुरक्षा प्रबन्ध इस क्षेत्र में और कड़े किए जाएं ।

डेढ़ लाख रुपए लूट लिए : लुधियाना (मुसाफिर): आज रात्रि साढ़े आठ बजे थाना फोकल प्वाएंट में लोहे के एक कारखाने में दो लुटेरे साइकलों पर सवार होकर आए और रिवाल्वर दिखा कर डेढ़ लाख रुपए लूटकर फरार हो गए ।

हावड़ा-अमृतसर ट्रेन कल से चलनी शुरू होगी

जालन्धर, 30 मार्च : जालन्धर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 1 अप्रैल से 49 अप हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रैस शुरू की जा रही है । 50 डाऊन एक्सप्रैस अमृतसर से हावड़ा 3 अप्रैल से शुरू होगी ।

शिरोमणि कमेटी

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनाव कराने की मांग बारे प्रस्ताव में प्रत्येक पांच वर्ष बाद अनिवार्य चुनाव के लिए कानून में संशोधन करने की मांग की गई । इसमें कहा गया कि यदि पंजाब में पंचायतों के चुनाव कराए जा सकते हैं तो गुरुद्वारा संगठनों के चुनाव क्यों नहीं हो सकते ।

आम सभा ने एक आम प्रस्ताव द्वारा सभी अकाली नेताओं व सिख युवकों को रिहा करने, सैनिक भगौड़ों को बहाल करने तथा 1984 में दिल्ली व अन्य स्थानों पर हुए दंगों के दोषियों को सजा देने की मांग की । सदन ने विचार व्यक्त किया कि केन्द्र पंजाब समस्या सुलझाने के प्रति ईमानदार नहीं है तथा नेताओं व युवकों को जेल में रखकर बहाने बना रहा है कि बात किसके साथ की जाए ।

लिए तकनीकी शयक : कश्यप

मार्च (वर्मा): यहां से 25 नवडी में लोकशक्ति समागम में के तकनीकी शिक्षा सचिव श्री इस बात पर बल दिया कि ई के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान कि नौजवान नौकरियों के पीछे पना काम चला कर अपना व पेट पाल सकें ।

ब में चुनाव

ठ 3 का शेष)

परिणाम है ।

र ध्यान दिलाया कि देश में सस्ते र बिकने वाला 73% गेहूं और ब की देन है । लुधियाना में कुछ पित स्टाक एक्सचेंज बम्बई, दास तथा गुजरात के बाद छठे ा है ।

पल श्री तरकड़े ने वार्षिक रिपोर्ट की उपलब्धियों की चर्चा की ।

प्रबन्धक कमेटी के चेयरमैन श्री तिथि श्री रे, श्रीमती माया रे, गुरु विद्यालय के उपकुलपति श्री श अन्य आमंत्रित नागरिकों का

श्री रे ने पढ़ाई व परीक्षाओं तथा र्मियों में उत्तम स्थान पाने वाले को पुरस्कार वितरित किए । श्रीमती माया रे को, श्री रे ने श्री ा को तोहफ़े भेंट किए ।



ल (ऊपर) श्री सिद्धार्थ शंकर रे र के डी.ए.वी. कालेज में वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करते श्रीमती माया रे, जी.एन.डी.यू. के स. रंधावा तथा कालेज के प्राचार्य डू बैठे हैं । (नीचे) समारोह में स्थिति का दृश्य ।

सर्वाधिक लोकप्रिय, भरोसेमंद उत्पादन
कंडा मार्का पक्के रंग

Punjabi Jagran

भगवान के लिए
आज के दिन आप
विपक्ष की किसी बात
का बुरा न मानना····

पंजाब में 2 सगे भाइयों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

3 दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

एक आतंकवादी और एक घुसपैठिया मारे गए

चंडीगढ़, 31 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने दो सगे भाइयों व एक हवलदार समेत 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक घुसपैठिया तथा एक आतंकवादी मारा गया । होशियारपुर पुलिस ने 3 दुर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए । कल जिला जालंधर में ज़हर खाकर मरने वाले तीनों आतंकवादी 'ए' श्रेणी के थे ।

3 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार कल रात पुलिस जिला तरनतारन के दो गांवों में तीन व्यक्तियों की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं । इन वारदातों का ब्यौरा इस तरह बताया जाता है कि थाना भिखी विंड के क्षेत्र में एक गांव ठंडरां में रात रात 9 बजे के करीब आध दर्जन आतंकवादियों, जिनके पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें थीं, ने एक जमींदार अजायब सिंह के घर में दाखिल होकर उसके लड़कों मस्सा सिंह तथा परगट सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौका पर से के.सी.एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर रणजोध सिंह के हस्ताक्षरों से युक्त एक पत्र मिला जिसमें दोनों भाइयों की हत्या की जिम्मेदारी ली गई । दूसरी वारदात थाना वैरोवाल के गांव भैला में हुई,जहां 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने रात के 10 बजे एक व्यक्ति लक्खा सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । ह.स. के अनुसार लक्खा सिंह खुद भी आतंकवादी था और आतंकवादियों को शरण दिया करता था ।

घुसपैठिया मरा : आज तड़के अमृतसर जिला की महाना सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल की गोली से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करने वाला एक घुसपैठिया मारा गया ।

पुलिस हवलदार की हत्या : बटाला (खोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव राय चक में रात तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर फ़ायरिंग करके पंजाब पुलिस के एक हवलदार निशान सिंह (30) की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार निशान सिंह बटाला में सी.आई.ए. स्टाफ़ में तैनात था । वह अपने ससुराल गया हुआ था । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की । घटनास्थल से उसके कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं । पूछताछ के लिए 8 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

इसी पुलिस जिला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव चीमा खुड्डी के निकट गत रात्रि एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने 2 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे दो पिस्तौलें तथा कुछ चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार उनकी शिनाख्त सतनाम सिंह (राखोवाल) तथा गिट्टन सिंह (भांबड़ी) के रूप में की गई है । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उन्होंने अनेक वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है ।

'चौधरी' के अनुसार निशान सिंह दो वर्ष पूर्व धारीवाल के निकट गांव ज़फ़रवाल में हुई एक मुठभेड़ में शामिल था जिसमें खतरनाक आतंकवादी गुलजार सिंह निहंग मारा गया था । वीरता दिखाने पर निशान सिंह को कांस्टेबल से तरक्की देकर हैड-कांस्टेबल बना दिया गया था । कुछ वर्ष पूर्व उसे पुलिस पदक भी मिला था ।

हत्याकांड का ब्यौरा : गुरदासपुर (विनोद) गत रात कलानौर थाने के अंतर्गत गांव अटारी में आतंकवादियों के हाथों मारे गए 3 व्यक्तियों के संबंध में गुरदासपुर अस्पताल में ज़ख्मी हुए भीम प्रकाश ने बताया कि रात लगभग 7.40 पर 5-6 आतंकवादी घर का गेट फांद कर उनके घर में प्रविष्ट हुए और सभी ने सीमा सुरक्षा बल की वर्दियां पहन रखी थीं और पगड़ियां भी इसी तरह की जैसी पी.ए.पी. के जवान डालते हैं, पहन रखी थीं और वर्दियों पर बी.एस.एफ. के बिल्ले लगे हुए थे और उन्होंने आते ही उनके पिता बिशम्भर दास (67), जो कि गांव का सरपंच है, को आवाज़ दी और कहा कि वह गद्दार पर हैं, उनके सभी लड़के कहां हैं, जिस पर बिशम्भर ने आवाज़ देकर अपने तीनों पुत्र अनूप कुमार, ज्ञान चंद, ओम प्रकाश और चाचे रविंद्र कुमार को बुलाया । सभी के इकट्ठे होते ही आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर ओम प्रकाश ज़ख्मी होने पर भी भाग गया और अनूप कुमार भी भाग गया, परन्तु बिशम्भर दास (67), ज्ञान चंद (44) और रविन्द्र कुमार (19), जो कि 11 वीं विद्यार्थी था और दो पेपर देने गया था, मारे गए । बिशम्भर दास का घर गांव से बाहर था । ओम प्रकाश ने बताया कि आतंकवादी सभी सिख नौजवान थे, परन्तु उनमें से एक हिन्दी बोलता था और सभी के पास ए.के. 47 राइफलें थीं ।

अध्यापक की हत्या : लुधियाना (ह.स.) : दो आतंकवादियों ने कल रात यहां से 38 किलोमीटर दूर गांव लाखनपुर के निकट एक स्कूल अध्यापक मलकीयत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी और उनकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया । आतंकवादियों ने स्कूटर पर सवार दम्पति को रोका और उन पर गोली चला दी । श्री सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उनकी पत्नी को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'समराला' से भारद्वाज के अनुसार कल लगभग 7.30 बजे लखनपुर-ककराला सड़क पर प्राइमरी स्कूल चड़ियाना के हैड टीचर मलकीयत सिंह की हत्या की गई । उसकी घायल पत्नी ने बताया कि जब वह घायल होकर पास ही एक ट्यूबवैल की ओर गई और प्रवासी श्रमिकों को मदद के लिए बुलाया तो प्रवासी श्रमिक भाग खड़े हुए ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण)—एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि पटियाला जिला पुलिस के जिला अमृतसर में गांव कल्याणगढ़ के निवासी कथित आतंकवादी तरसेम सिंह उर्फ़ सेमा को गिरफ्तार किया और उसके कब्ज़े से एक 12 बोर का रिवाल्वर व एक चोरी-शुदा मारुति कार बरामद की । पुलिस ने मुहल्ला टोबा कश्मीरियां पटियाला के चरणजीत सिंह उर्फ़ सोनी को भी गिरफ्तार किया जिससे एक .32 बोर का रिवाल्वर व 5 कारतूस बरामद हुए । गांव जगतपुरा के गुरबचन सिंह को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

तीन दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (अविनाश, अश्विनी) : गत रात्रि जिला पुलिस के भीखोवाल ग्राम के पास खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित तीन खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक कार व भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं । जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात्रि लगभग 1 बजे भीखोवाल ग्राम के पास पुलिस व सुरक्षा बलों की तरफ से की गई नाकाबंदी के मध्य एक अम्बैसेडर कार नम्बर पी.सी.ए. 9992 की तलाशी लेने पर उसमें सवार तीन आतंकवादियों विक्रम जीत सिंह उर्फ़ बीक्का आफ तलवंडी रामां जिला गुरदासपुर, गुरदित्त सिंह आफ आवान तथा सलविन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा आफ नवां पिंड को गिरफ्तार किया गया ।

श्री संधू ने बताया कि जो शस्त्र बरामद किए गए, उनमें 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफलें, इनके 6 भरे हुए मैगज़ीन, 2 माऊज़र व उनके 30 कारतूस, ए.के. 47 के 200 कारतूस, एक 7.65 एम.एम. का पिस्तौल व इसके 20 कारतूस, 32 बोर का एक रिवाल्वर व इसके 21 कारतूस, आध दर्जन एच.ई. 36 हैंड ग्रेनेड आदि शामिल हैं । इसके अलावा भारी मात्रा में डैटोनेटर भी बरामद किए गए । कार में से आल इंडिया सिख छात्र संघ के नेता गुरनाम सिंह बटर का हाथ से लिखा गया भाषण, जो होला-मोहल्ला मेला के अवसर पर आनन्दपुर साहिब में पढ़ा जाना था तथा खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैटरपैड भी बरामद हुए ।

श्री संधू ने बताया कि गिरफ्तार किए गए एक आतंकवादी विक्रम जीत सिंह ने पुलिस को बताया कि यह कई बार पाकिस्तान जाकर वहां से शस्त्रों की खरीद करके भारत ला चुका है । गिरफ्तार आतंकवादियों ने बताया कि वे सभी के.सी.एफ. के जनरल सलविन्द्र सिंह उर्फ़ लक्खा सिंह के गैंग के सदस्य हैं, जो कि गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर, कपूरथला, होशियारपुर व रोपड़ जिलों में आतंकवादी कार्रवाइयों के संचालन के लिए जिम्मेदार हैं ।

गिरफ्तार आतंकवादियों से पुलिस को जांच के दौरान कुछ और भी महत्वपूर्ण सुराग मिले । इन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मार्च 88 में पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत पावा ग्राम में चार ग्रामीणों की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ा के निकट मरे 1 घायल

आतंकवादी उसे साथ लेकर पैदल
जबकि सुरक्षा गार्ड घायल हुए
भालने में लग गया । पुलिस ने
चना मिलते ही भारी फोर्स की मदद
घेर लिया ताकि फरार हुए
खोज की जा सके ।
आतंकवादियों की मारुति वैन
302 को अपने कब्जे में ले लिया
यों के अनुसार चारों आतंकवादी,
से 35 वर्ष के बीच थी पगड़ियां
इनमें से तीन खूर्ते-पाजामे में थे,
-कमीज पहनी हुई थी । लोगों ने
आतंकवादियों ने पुलिस जीप को
सा तो उन्होंने अपनी मारुति वैन
के पास आते ही गोलियां चलानी
। चारों के पास पिस्तौलें थीं ।
खा गार्ड कांस्टेबल सतबीर सिंह ने
(शेष पृष्ठ 10 पर)

से व्यापारियों आशंका

ों के हाथ में था ।
की रात को पटना हवाई अड्डे पर
लदे रायल नेपाल एयरवेज के एक
का मामला बड़ा रहस्यमय हो गया

न पटना हवाई अड्डे पर पहुंचा तो
यों को समझ नहीं आया कि क्या
के साथ आए नेपाली अधिकारियों
वे भारतीय बैंकों का ऋण उतारने
अधिकारियों ने इस बारे में दिल्ली
काफी विलम्ब हुआ और इसी बीच
नोटों के साथ वापिस काठमांडू लौट

ला घायल

र्च : भूतपूर्व भारत सुन्दरी पामेला
में एक मोटर साईकल दर्घटना में
यह समाचार आज 'डेली मेल' में
।
पत्र के संवाददाता ने, जो पामेला
वाली पहुंच गया है, खबर भेजी है
गया है । चेहरे पर चोट आई है
हैं ।
सड़क पर एक गड्ढे में गिर कर
पामेला तब पिछली सीट पर बैठी
पहले पर्वतीय पर्यटक स्थल पर
से पामेला वहां से खिसकने का
। दुर्घटना की सूचना कल ही

अकालियों ने पिछली भूलों से सबक न सीखा तो विधानसभा में इंका जीत जाएगी : सुरजीत

लधियाना, 31 मार्च (मुसाफिर) : मार्क्सवादी

नहीं जोड़ा जा सकता । इस संदर्भ में वह अगले

दावा किया है कि पंजाब में उग्रवाद टूट रहा है ।

न देना हमसे भेदभाव : गुप्ता

। मैं अपनी पार्टी
ो हूं जिसने मझे
ते दी है । मझे जो
यता व ईमानदारी

सांसदों का पहले
जा चुका है कि वे
दभाव के विरुद्ध
ौर पर इस्तीफे दे
कहा कि केंद्रीय
लेज खोलने की
ाय कर रही है ।
खोले जा सकते हैं
कालेज खोलने के
है ? श्री गुप्ता ने
आसपास के 50
ौर भारी उद्योग
से हरियाणा थरी

कार सम्मेलन में
तथा विशेष रूप
रपर राजनीतिक
पमंत्री बंसी लाल
लोग जनता से
अब यह मांग कर

करार

वाब दिया "आप
अध्यक्ष ने कहा-
हैं । श्री सिंह ने
करेंगे । यह कह

रहे हैं कि सहकारी ऋण माफ़ करने के बारे में श्वेतपत्र जारी किया जाए । मैं ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूं कि रिवासा कांड के समय उन्होंने श्वेतपत्र जारी क्यों न किया ? रिवासा कांड जैसी शर्मनाक घटना कभी बुलाई नहीं जा सकती । उन्होंने कहा कि जनता दल तथा भाजपा की संयुक्त सरकार ने मज़बूती के साथ हरियाणा को न्याय दिलाने के लिए दूसरा न्याय युद्ध आरम्भ किया है । उन्होंने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के इस कदम को बचकाना करार दिया जिसके अनुसार वह सीधे तौर पर जिलाधीशों और पंचों, सरपंचों के सम्मेलन बला रहे हैं । उन्होंने कहा कि लगता है कि केंद्र सरकार इन मामलों पर राज्य सरकारों को दृष्टिविगत करना चाहती है ।

डाक्टर मंगलसेन के अनुसार केंद्रीय सरकार का रवैया गैर-इंका सरकारों के साथ न केवल खेदजनक है अपितु यह तो टकराव की ओर ले जाने वाला है । उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी अपने इस स्टैंड पर कायम हैं कि हरियाणा की नगरपालिकाओं के चुने हुए प्रतिनिधियों को अधिकार मिलने चाहिएं जैसाकि अतीत में भाजपा मांग करती रही है ? डाक्टर मंगलसेन ने जवाब दिया, "जनहित में मैं जो बातें कहता रहा हूं, आज भी उन पर कायम हूं ।" उल्लेखनीय है कि हरियाणा भाजपा गत कई महीनों से मांग करती चली आ रही है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद खत्म करके अधिक अधिकार नगरपालिकाओं के चुने हुए प्रधानों को दिए जाएं । रोचक बात यह है कि अब स्थानीय निकाय विभाग भी डाक्टर मंगलसेन के सुपुर्द कर दिया गया है ।

श्री बनारसी दास गुप्ता ने कहा कि हमारा दूसरा न्याय युद्ध अहिंसक होगा तथा हम प्रेरणा से काम लेंगे । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में डाक्टर मंगल सेन ने कहा कि यह फैसला भाजपा उच्च कमान करेगी कि मैं मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद हरियाणा



उग्रवादियों द्वारा पंचकूला के निकट डी.एस.पी. पर हमला : 2 मरे 1 घायल

सूरजपुर, 31 मार्च (वर्मा, सरहाली): आज सुबह लगभग 11 बजे पंचकूला-पिंजौर रोड पर मारुति वैन में सवार चार आतंकवादियों ने पंचकूला के डी.एस.पी. रणबीर सिंह यादव को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया और उनकी जीप के ड्राइवर राम सिंह की हत्या कर दी । श्री यादव को उपचार के लिए पी.जी.आई. चंडीगढ़ में लाया गया लेकिन कुछ देर बाद उनकी भी मृत्यु हो गई ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार यह आतंकवादी चंडीगढ़ के सैक्टर 34 में स्थित पंजाब कृषि विभाग के कोषाध्यक्ष से 70 हजार रुपए लूट कर फरार हो रहे थे कि उन्हें पीछे से पंचकूला के डी.एस.पी. की जीप आती दिखाई दी । आतंकवादियों ने समझा कि शायद पुलिस की जीप उनका पीछा कर रही है । उन्होंने पुलिस की जीप पर गोलियां बरसानी आरम्भ कर दीं । डी.एस.पी. श्री यादव ने गनमैन ने भी गोलियों का जवाब देना शुरू कर दिया जिसमें एक आतंकवादी घायल हो गया । अपने साथी को घायल हुआ देख कर अन्य आतंकवादी उसे साथ लेकर पैदल ही भाग गए, जबकि सुरक्षा गार्ड घायल हुए डी.एस.पी. को संभालने में लग गया । पुलिस ने इस वारदात की सूचना मिलते ही भारी फोर्स की मदद से पूरे क्षेत्र को घेर लिया ताकि फरार हुए आतंकवादियों की खोज की जा सके ।

पुलिस ने आतंकवादियों की मारुति वैन पी.आई.एल. 2902 को अपने कब्जे में ले लिया है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चारों आतंकवादी, जिनकी आयु 28 से 35 वर्ष के बीच थी पगड़ियां बांधे हुए थे । इनमें से तीन कुर्ता-पाजामे में थे, जबकि एक ने पैंट-कमीज पहनी हुई थी । लोगों ने बताया कि जैसे ही आतंकवादियों ने पुलिस जीप को पीछे आते हुए देखा तो उन्होंने अपनी मारुति वैन खड़ी कर, जीप के पास आते ही गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । चारों के पास पिस्तौलें थीं । डी.एस.पी. के सुरक्षा गार्ड कांस्टेबल सतबीर सिंह ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भारत-नेपाल संधि समाप्त होने से व्यापारियों का व्यापार चौपट होने की आशंका

पटना, 31 मार्च (संतोष): भारत-नेपाल संधि के समाप्त हो जाने के कारण नेपाल में कई आवश्यक वस्तुओं का अभाव पैदा हो गया है । पैट्रोल तथा ऐसी ही अन्य वस्तुओं की राशन पर बिक्री शुरू हो गई

व्यापार इन्हीं लोगों के हाथ में था ।

गत 27 मार्च की रात को पटना हवाई अड्डे पर भारतीय करंसी से लदे रायल नेपाल एयरवेज के एक विमान के उतरने का समाचार सुना तो हवाई

चंडीगढ़, 31 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने दो सगे भाइयों व एक हवलदार समेत 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक घुसपैठिया तथा एक आतंकवादी मारा गया । होशियारपुर पुलिस ने 3 दुर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए । कल जिला जालंधर में ज़हर खाकर मरने वाले तीनों आतंकवादी 'ए' श्रेणी के थे ।

3 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार कल रात पुलिस जिला तरनतारन के दो गांवों में तीन व्यक्तियों की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं । इन वारदातों का ब्यौरा इस तरह बताया जाता है कि थाना भिखी विंड के क्षेत्र में एक गांव ठंडरां में गत रात 9 बजे के करीब आधा दर्जन आतंकवादियों, जिनके पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें थीं, ने एक जमींदार अजायब सिंह के घर में दाखिल होकर उसके लड़कों मस्सा सिंह तथा परगट सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौका पर से के.सी.एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर रणजीत सिंह के हस्ताक्षरों से युक्त एक पत्र मिला जिसमें दोनों भाइयों की हत्या की जिम्मेदारी ली गई । दूसरी वारदात थाना वैरोवाल के गांव भैला में हुई, जहां 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने रात के 10 बजे एक व्यक्ति लक्खा सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । ह.स. के अनुसार लक्खा सिंह खुद भी आतंकवादी था और आतंकवादियों को शरण दिया करता था ।

घुसपैठिया मरा : आज तड़के अमृतसर जिला की महाबा सीमा चौकी पर सीमा सरक्षा बल की गोली से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करने वाला एक घुसपैठिया मारा गया ।

पुलिस हवलदार की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव राय चक में गत रात्रि तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर फायरिंग करके

Punjab Sahani

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

हत्या की व तलवंडी रामां ग्राम में श्री स्वतंत्र कुमार की हत्या का प्रयास किया । एस.एस.पी. ने बताया कि पूछताछ के मध्य कुछ और महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की भी सम्भावना है ।

गढ़शंकर पुलिस ने एक नवयुवक हीरा सिंह को, जो दीप सिंह वाला ग्राम का रहने वाला है, भंजला रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

70 हजार रुपए लूटे : 'संधी' के अनुसार आज सुबह 2 अज्ञात युवकों ने उस समय सैक्टर 34 में स्थित पंजाब कृषि विभाग के कैशियर प्रीतम दास से पिस्तौल की नोक पर लगभग 70 हजार रुपया छीन लिया, जब वह कर्मचारियों को इस मास का वेतन बांटने में व्यस्त था । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह नवयुवक जिनकी आयु 25-30 वर्ष के मध्य थी, कार्यालय में आये और आते ही कैशियर पर पिस्तौल तान दी । डर के मारे वेतन लेने के लिए पंक्ति में खड़े कर्मचारी भी कुछ न कर पाये और यह पगड़ीधारी लुटेरे रुपए बटोर कर स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार स्कूटर पर नम्बर इस तरह से लिखा हुआ जिसे आसानी से पढ़ा न जा सके ।

2 आतंकवादी फरार : फिल्लौर (भाखड़ी): आज प्रातः 2 से 4 बजे के मध्य दो खतरनाक आतंकवादी हवालात की दीवार फाड़ कर फिल्लौर थाने से फरार होने में सफल हो गये । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विभिन्न केसों में वांछित रणजीत सिंह राणा गांव छोकरां थाना फिल्लौर और कैलाश गांव चाहलां थाना बंगा को कल रात भरसक प्रयत्नों के पश्चात् गिरफ्तार किया गया था। हवालात की हालत खस्ता होने के कारण रात को आतंकवादी पानी का पाईप तोड़ कर दीवार फाड़नी आरम्भ कर दी और भाग गए। कुछ दिन पूर्व फिल्लौर पुलिस के साथ यहां के गांव तेंग में भारी मुकाबला हुआ था जिसमें दो आतंकवादी भाग गये थे और दो गिरफ्तार कर लिये गये थे। पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ हैकि इन आतंकवादियों के साथियों से भारी मात्रा में असला भी बरामद हुआ था और इनकी फिल्लौर में भारी खून-खराबे की योजना थी । यह डाके व हत्याओं के कई केसों में वांछित थे । इन आतंकवादियों के भागने के पश्चात् सुरक्षा बलों ने कई जगह छापे मारे हैं ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : जालंधर (हस): गत रात जालंधर जिला के नवांशहर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ों का ब्यौरा देते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि ज़हर खाकर आत्महत्या करने वाला तीसरा आतंकवादी कैनेडियन था,जो कि खूंखार आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा का निकट साथी था । प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि कैनेडियन और जितेंद्र सिंह उर्फ़ छीना उर्फ़ बचित्तर सिंह उर्फ़ हरनाम सिंह उर्फ़ प्रशादा सिंह उर्फ़ निक्का बाबा ने नवांशहर थाना क्षेत्र के एक फार्म हाऊस में सायनाइड खा लिया जबकि तीसरे आतंकवादी मनजीत सिंह उर्फ़ रामलाल उर्फ़ रामू भैया ने इसी प्रकार थाना बंगा में खटकड़कलां के निकट अपना जीवन समाप्त कर लिया । यह तीनों ही 'ए' श्रेणी के सूचीबद्ध आतंकवादी थे और इनके सिरों पर ईनाम घोषित थे । पुलिस ने फार्म हाऊस में से एक चीनी असाल्ट राइफल, एक रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया जबकि रामू भैया के शव के निकट एक रिवाल्वर बरामद हुआ ।

करतारपुर (देवदत्त): करतारपुर पुलिस ने एक हीरो होण्डा मोटर साईकल नं. पी.ए.डी. 3700 लावारिस हालत में करतारपुर से बरामद कर लिया । ये मोटर साईकल 15 मार्च से जालन्धर-कपूरथला मार्ग पर खोजेवाला के निकट सशस्त्र आतंकवादियों ने हवाई फायरिंग करके कपूरथला मंडी के नवयुवक शशि भूषण से छीन लिया था ।

फगवाड़ा (अशोक) : आज पुनः फगवाड़ा पुलिस ने अनेक स्थानों पर छापे मारे व घर-घर की तलाशियां लीं ।

धमकी-भरे पत्र : मुक्तसर में आजकल भारी दहशत पाई जा रही है क्योंकि शहर में कुछ गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारियों, दुकानदारों को कुछ दिनों से धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं । इतना कुछ होने के पश्चात् भी कोई भी वह व्यक्ति जिसे पत्र आया है, पुलिस को बताने या एफ.आई.आर. दर्ज करवाने नहीं गया, इसी भय के कारण दुकानों का समय शाम 7.30 बजे तक होने के बावजूद लोग 6.30 बजे ही दुकानें बंद करनी आरम्भ कर देते हैं ।

राइफल ले गए : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार थाना सिटी मुक्तसर के अंतर्गत कबरवाल रोड पर करनैल सिंह के घर से 4-5 सशस्त्र नकाबपोश व्यक्ति 315 बोर की राइफल तथा कुछ कारतूस ले गए । यह घटना रात लगभग 8.30 बजे हुई जबकि घर में केवल औरतें थीं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । एक अन्य मामले में पुलिस ने बरकंडी रोड पर एक व्यक्ति गुरदेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

चावल का गोदाम लूट लिया : संगरूर (गोयल): तीन ट्रैक्टर सवार सशस्त्र व्यक्तियों ने थाना अहमदगढ़ के गांव फौजेवाल में बंदूक की नोक पर चावल मिल का गोदाम लूट लिया और फरार हो गये ।

तलाशियां : लुधियाना में पुलिस और सी.आर.पी. की ओर से मिनी आप्रेशन जारी है । मुहल्लावार घर-घर की तलाशियां ली जा रही हैं और पूछताछ जारी है । लोगों से पूछा जा रहा है कि उनके परिवार के कितने सदस्य हैं, कितने किरायादार हैं, उनके हां कौन-सा मेहमान ठहरा है ?



उग्रवादियों ने शुक्रवार को पिंजौर के निकट एक डी.एस.पी. और उसकी जीप के चालक एक सिपाही की हत्या कर दी । (1) कार की सीट पर डी.एस.पी. का रक्त बिखरा दिखाई दे रहा है, (2) आतंकवादियों की गाड़ी, जिसे उग्रवादी सूरजपुर फैक्टरी के निकट छोड़ कर भाग गए । (छाया : पुरी)

डी. एस. पी. की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

भी अपनी स्टेनगन से आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं, जिससे दो आतंकवादी घायल हो गए । अन्य आतंकवादियों ने अपने घायल साथियों को वैन में डाला और पीछे की ओर चल पड़े लेकिन रेलवे लाईन के पास वैन को आगे ले जाने का रास्ता न होने के कारण चारों आतंकवादी उस में से उतर कर पैदल ही जंगल में फरार हो गए ।

इस घटना की सूचना मिलते ही हरियाणा के पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. बराड़ डी.आई.जी. (सी.आई.डी.). एस.एस. मलिक, डी.आई.जी. अम्बाला रेंज श्री बुध राम सहित कई अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और लगभग पांच किलोमीटर के घेरे में स्थित जंगल को घेरा डाल लिया । आतंकवादियों की खोज के लिए खोजी कुत्तों एवं हैलीकाप्टरों का भी सहारा लिया गया लेकिन अभी तक आतंकवादियों की खोज में कोई सफलता नहीं मिली ।

इस बीच डी.एस.पी. के गनमैन श्री सतबीर सिंह ने बताया है कि वे जब पंचकुला से पिंजौर थाना जा रहे थे तो सूरज सीमेंट फैक्टरी के निकट खड़ी हुई मारुति वैन में चार लोगों को रुपए गिनते हुए देखा । डी.एस.पी. ने वैन से 100 कदम की दूरी पर जीप रुकवा दी । जब डी.एस.पी. और गनमैन तथा ड्राइवर पूछताछ के लिए उनके निकट पहुंचे तो उग्रवादियों ने गोलियां चला दीं ।

इस बीच हरियाणा सरकार ने मृत डी.एस.पी. श्री रणबीर सिंह तथा कांस्टेबल श्री राम सिंह को एक लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की है । मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने बहादर मृतकों के परिवारों से अपनी सहानुभूति प्रकट की है ।

इसी बीच संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि चारों आतंकवादी हिमाचल प्रदेश की ओर भाग गए हैं । शिमला के डी.एस.पी. श्री आर.आर.के. सिंह ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों, जिधर से आतंकवादी भाग सकते हैं, की नाकेबंदी कर ली गई है । पूरे क्षेत्र में संयुक्त आप्रेशन जारी है ।

चंडीगढ़ से संधी के अनुसार हरियाणा सरकार ने उक्त दोनों मृत अधिकारियों सहित सुरक्षा गार्ड, जिसकी गोलियां लगने से 2 आतंकवादी घायल हुए, को उचित पुलिस पदक देकर सम्मानित करने का फैसला किया है । सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवादी रैय्याजपुर के निकट स्थित घने जंगल में छुपे हुए हैं । राज्य के गृहमंत्री श्री सम्पत्त सिंह ने बताया कि शहीद हुए दोनों पुलिस अधिकारियों के परिवारों में से एक-एक व्यक्ति को राज्य सरकार की ओर से नौकरी दिये जाने का भी निर्णय किया गया है ।

पंचकुला के निकट उग्रवादियों की ओर से छोड़ी गई इस मारुति वैन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है । इस वैन के बारे में पता चला है कि इसे 19 मार्च को खरड़ के पास स्थित एक पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर छीना गया था । इस पर जाली नं. प्लेट थी । वैन के आगे व पीछे अलग-अलग नम्बर पड़े थे । वैन के अगली ओर पी.आई.सी. 2094 और पीछे 2902 नम्बर लिखा था । उग्रवादी जिस पहाड़ी जंगल में छिपे हुए हैं, वह हरियाणा व चंडीगढ़ सीमा के बीच स्थित है । इस जंगल को चंडीगढ़ व हरियाणा की पुलिस के अतिरिक्त पंजाब पुलिस ने भी घेरा हुआ है । अभी तक पुलिस को अभियुक्तों को पकड़ने में कोई सफलता नहीं मिली ।

चंडीगढ़ पुलिस अभी तक दोपहिया वाहन का पता लगाने में भी असफल रही है, जिसे इनमें से 2 उग्रवादियों ने यहां के सैक्टर 34 से 70000 रुपए लूटने में प्रयुक्त किया था । पुलिस को संदेह है कि 70000 रुपए लूटने में इन उग्रवादियों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी का सहयोग भी प्राप्त रहा है । इसी कारण अभियुक्त भीड़ भरे क्षेत्र में भी 5वीं मंजिल पर स्थित इस कार्यालय से बड़े आराम से फरार होने में सफल हो गए । उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. के कार्यालय के बिल्कुल निकट स्थित है । यदि किसी ने भी शोर मचाया होता तो अभियुक्त पकड़े जा सकते थे । यह भी पता चला है कि पुलिस ने इस घटना के संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ भी की है ।

चार को शहीदी सम्मेलन

सुनाम, 31 मार्च (नागपाल): अकाली दल (ल) नेता बलदेव सिंह मान ने पत्रकारों को बताया कि 1984 को रास्ता रोको आन्दोलन में शहीद होने वालों की याद में कुपकलां में चार अप्रैल को प्रातः दस बजे शहीदी सम्मेलन होगा ।

सूचना

फैंसी जनरल स्टोर, बाजार शेखां वालों ने अपना काम जालंधर में बंद कर दिया है । कृपया हमारे पुराने व नए ग्राहक दिल्ली में सम्पर्क करें, उन्हें उसी रोटीन से माल मिलेगा ।

धर्मपाल (कुक्कू)

फैंसी रैडीमेड स्टोर,

735/1, गुरु नानक गली, गांधी नगर,

जिला गुरदासपुर के गांव दारापुर में जे.एफ. रिबैरो । चित्र में उनके जिलाधीश एवं जिला—प्रमुख श्री

बीदर में गुरुद्वारा न
जोगा सिंह की हत्या

हैदराबाद, 31 मार्च (वार्ता): बीद नानक जीरा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष सिंह की कल हत्या करके भाग रहे एक ह लोगों द्वारा अपना पीछा किए जाने पर मार ली ।

सरदार जोगा सिंह की कल रा अज्ञात हत्यारों ने गोंडे की कबर इला निवास स्थान पर गोली मार कर हत्या

कार में सवार इन हत्यारों ने भागते बाहरी इलाके अथापुर चावला तक गोलियां चलाईं । इनमें से एक हत्यारे गोली मार ली । बाद में अस्पताल में उ गई ।

कर्नाटक के सीमावर्ती शहर बीदर हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद सरदार काफी चर्चित हुए । इन दंगों आतंकवादियों के खिलाफ उनके रवैये क कर्नाटक सरकार ने सरदार जोगा सिंह लिए एक सशस्त्र गार्ड नियुक्त किया थ

उनके परिवार के सूत्रों ने बताया समय सुरक्षा गार्ड कमरे से बाहर था जोगा सिंह उस समय टैलीविजन दे हत्यारों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए जोगा सिंह का अंतिम संस्कार आज शाम

सूत्रों के अनुसार हमलावर कार में उनमें से एक ने स्टेनगन से जोगा सि

जयललिता को गि
करने की याचिका न

मद्रास, 31 मार्च : मद्रास उच्च न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुणाचलम भारतीय अन्नाद्रमुक नेता सुश्री ज गिरफ्तार करने का निर्देश देने के याचिका आज नामंजूर कर दी ।

अखिल भारतीय अन्नाद्रमुक के एम.एस. श्रीधरन ने आरोप लगाया जनवरी में हुए चुनावों में पार्टी का टिक उसने 20 हजार रुपए दिए थे । टिकट वह अपने रुपए वापस मांगने पार्टी लेकिन वहां न सिर्फ उसके रुपए लौटाने दिया गया, साथ ही सुश्री जयललि सहायक एम. नटराजन तथा अन्य धमकी दी । इस पर उसने मामला दर्ज

सरकार बजट
बलात्कार क

पालमपुर, 31 मार्च (देशराज बं प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा प्र अध्यक्ष शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते है कि जो सरकार पीने के पानी की की बढ़ा सकती है वह कर-रहित बजट पे दावा किस मुंह से कर रही है । उन्ह सरकार बजट पेश करने से पहले ही गरी निचोड़ लेती है इसलिए कर रहित बज तो अब मात्र एक तमाशा रह गया है

यहां से लगभग तीस किलोमीटर विधान क्षेत्र के नौरा खंड में अपनी पदया

फ इंडिया
ाफ स्पोर्ट्स, पटियाला

श्री राजिंदर नाथ बेरी, निवासी
छे, पटियाला, एस.ए.आई.,
कर्मचारी, ने 24.6.88 को
दिन की आकस्मिक छुट्टी के
पटियाला और अम्बाला शहर
.88 और 7.12.88 को भेजे
नए रिपोर्ट नहीं की । रजिस्टर्ड
त वापस प्राप्त हो गए । अत:
सूचना के माध्यम से सलाह दी
तिथि से 10 दिनों के अंदर,
ा में अपनी ड्यूटी पर तुरन्त
ह अपनी सेवा पर आने में रुचि
उसकी सेवाएं भंग करने के लिए

एग्जैक्टिव डायरैक्टर (ए)

सरकार
वर्षा
रविवार
1801/HRS

52वें ड्रा का परिणाम :-
L-25376
M-774420
plicable on last 5 digits)
2392 41176
2994 58941
plicable on last 4 digits)
1587 6297 1028 4077
plicable on last 4 digits)
8934 8229 8256 9231
pplicable on last 3 digits)
654 717 803 991
Rs. 5,000/-
साथ मिला लें ।
प. 1 बजे ।
टरीवाला
सचिव लाटरीज
अरुणाचल प्रदेश
सरकार, ईटानगर

कट्टर आतंकवादी सत्ता सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया

अमृतसर के एस.पी. सी.आई.डी. के सुरक्षा गार्डों पर फ़ायरिंग

उग्रवादियों द्वारा 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में एक कट्टर आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अमृतसर में एस.पी.सी.आई.डी. के सुरक्षा गार्डों पर फ़ायरिंग की गई । पंचकूला के पास एक महंत की हत्या कर दी गई ।

सुरक्षा गार्डों पर फ़ायरिंग : अमृतसर (ह.स.): गत रात आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले पुतलीघर क्षेत्र में एस.पी.सी.आई.डी. श्री राजेन्द्र सिंह के सुरक्षा गार्डों पर गोलियां चलाईं । श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके अंग-रक्षकों ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । अंग रक्षकों ने पोज़ीशन लेकर जवाबी फ़ायरिंग की लेकिन आतंकवादी जिनके पास माऊज़र थे, भाग निकलने में सफल हो गए । फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ । श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि घटना के समय वह मौका पर नहीं थे ।

'अशोक' के अनुसार पुतलीघर क्षेत्र में गत रात हुई फ़ायरिंग रहस्यमयी बन कर रह गई है । क्षेत्र निवासियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गत रात 8.30 बजे के करीब सम्भवत: किसी पुलिस कर्मी ने किसी संदिग्ध व्यक्ति को देख कर एकाध फायर किया, लेकिन इस फ़ायरिंग के तुरन्त बाद क्षेत्र में तैनात सी.आर.पी. के जवानों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी तथा उन्होंने करीब 35 राऊंड चलाये । इस बेतहाशा फ़ायरिंग से क्षेत्र दहल उठा । परन्तु इस फ़ायरिंग की पुष्टि के लिए जब सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया गया तो बताया गया कि सी.आर.पी. ने कोई फ़ायरिंग नहीं की । संबंधित थाना सदर से सम्पर्क किये जाने पर वहां से भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला ।

बोरोवाल में हत्या : थाना बैरोवाल के गांव बोरोवाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी उसके घर में घुसे तथा ए.के. 47 राइफल से गोलियां बरसाईं । घटनास्थल पर नौ चले हुए कारतूस मिले । एक अन्य सूचना के अनुसार अजीत सिंह की हत्या आतंकवादियों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का नतीजा है ।

चक बल्लियां में हत्या : अमृतसर जिला के ही गांव चक बल्लियां में एक व्यक्ति अमरीक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

लूट के बाद हत्या : भटिंडा जिला में कल रात गोनियाना रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प से तीन पगड़ीधारी मोटर साइकल सवार एक हजार रुपए लूटकर ले गए और फरार होने से पहले उन्होंने करतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । जिलाधीश श्री दरबारा सिंह गुरु तथा उच्च पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा हत्यारों को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं । इसी दौरान भटिंडा के पैट्रोल पम्प मालिकों ने इस घटना के विरुद्ध रोष स्वरूप हड़ताल कर दी है ।

सत्ता मारा गया : कपूरथला (शर्मा): थाना सदर पुलिस कपूरथला की नाकाबंदी किए पुलिस पार्टी के साथ मुकाबिला में गत रात्रि एक दर्दात कथित आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता मारा गया जबकि उसके तीन साथी अंधकार का लाभ उठाकर अपने शस्त्रों सहित भागने में सफल हो गए हैं । मृतक सत्ता गांव चाहल थाना सदर बटाला का रहने वाला था ।

जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सदर पुलिस ने गांव खुसरोपुर के निकट जिला कपूरथला व जालन्धर सीमा के समीप नाकाबंदी की हुई थी कि रात्रि लगभग सवा दो बजे चार व्यक्ति पैदल आते देखकर पुलिस पार्टी ने रुकने की चेतावनी दी तो उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस पार्टी ने आत्म रक्षा में जवाबी फायरिंग की तो एक व्यक्ति मारा गया जबकि उसके तीन साथी भाग गए । मृतक की जेब से मिली डायरी से पता चला कि वह सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हथियार बनाना है : राजीव

इस्लामाबाद, 2 अप्रैल : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि उन्हें इस बात में तनिक भी संदेह नहीं है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य हथियार बनाना है ।

श्री गांधी ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली में कुछ विदेशी पत्रकारों से मुलाकात के दौरान कहा कि विश्व में ऐसा पाकिस्तान ही एक मात्र देश है, जिसके परमाणु कार्यक्रम का नियंत्रण सेना के हाथ में है ।

मुलाकात के समय मौजूद पाकिस्तान के एक स्तम्भकार मशाहिद हुसैन के अनुसार श्री गांधी ने शहीद बेनजीर भुट्टो के सैनिक शासन के खिलाफ उनके संघर्ष के दौरान प्रदर्शित अदम्य साहस और प्रतिभा की प्रशंसा की । यह पूछे जाने पर कि बेनजीर भुट्टो के बारे में आपकी क्या राय है, वह मुस्करा दिए और दो टूक जवाब दिया कि "हमारे बीच अच्छा तालमेल है ।

पत्रकारों के साथ श्री राजीव गांधी की बातचीत का प्रमुख अंश आज लाहौर के "दि नैशन" अखबार में प्रकाशित हुआ है ।

पाकिस्तान के साथ संबंधों के बारे में श्री गांधी ने कहा "हम प्रगति पथ पर हैं लेकिन दोनों पक्ष नपे-तुले कदम बढ़ा रहे हैं । उन्होंने सियाचिन मुद्दे और पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को मुख्य रोड़ा बताया ।

श्री गांधी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में बातचीत के जरिए हम सियाचिन मसले के समाधान का कोई न कोई रास्ता निकाल लेंगे ।

पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में स्पष्ट शब्दों में श्री गांधी ने कहा कि "असैनिक नेताओं का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है ।"

अफगानिस्तान के मसले पर श्री गांधी ने कहा कि नजीबुल्ला सरकार के निकट भविष्य में गिरने का कोई खतरा नहीं है । जहां तक अफगानिस्तान के भविष्य की स्थिति का मसला है तो वह पाकिस्तान की समस्या है ।

न्याय शास्त्रियों की राय में ठक्कर आयोग की रिपोर्ट के बाकी हिस्से पेश करने होंगे

नई दिल्ली, 2 अप्रैल : प्रमुख न्याय शास्त्रियों ने राय जाहिर की है कि सरकार को इंदिरा गांधी हत्याकांड के बारे में ठक्कर आयोग की रिपोर्ट के रोके हुए हिस्से संसद में पेश करने होंगे क्योंकि वह असंदिग्ध रूप से" पूर्ण रिपोर्ट का हिस्सा है ।

हृदय रोगों से ग्रस्त पुरुषों की पत्नियों को सैक्स के मामले में सक्रिय भूमिका निभानी होगी

होशियारपुर, 2 अप्रैल (अश्विनी): आल इंडिया

हुए बताया कि इस नए उपकरण से हृदय रोगियों की

इमरान खां भी पाम... पर फिदा था

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (इ.पो.): ... सोचते होंगे कि पामेला बोर्डेस से तनिक ... रखने वाला कोई व्यक्ति ऐसा नहीं ... समाचारपत्रों में चर्चा का विषय न रहा ... यह बड़े अचम्भे की बात है कि यह बात ... वालों के नोटिस में नहीं आई कि अपने ... दिनों पामेला की अपनी पीढ़ी के लिए ए... बड़े आकर्षक व्यक्तित्व के साथ मित्रत...

स्थानीय लेडी श्रीराम कालेज के ... उसकी सहेलियों को याद है कि पामेल... अन्य लड़कियां जो महारानी गायत्री देव... साथ-साथ पढ़ती थीं क्रिकेट स्टार इम... पर फिदा थीं । वह जब भी दिल्ली आत... मिलने जाया करती थीं । इमरान प... तीनों लड़कियों का जादू था क्यों कि ए... उसने स्वयं उनके कालेज में आकर हल... दी थी ।

पामेला मुंह म... अपने जीवन से...

लंदन, 2 अप्रैल : कुमारी पामे... मुंहमांगी कीमत मिलने पर अपने 'दोहरे... से पर्दा उठाने का इरादा रखती है ।

भारत में जन्मी माडल बाला तथा ह... कामन्स की पूर्व शोधकर्त्ता कुमारी पामेल... वकील टिम टेलर किसी मुंहमांगी कीमत... वाले ग्राहक की तलाश में हैं ।

यह पूछे जाने पर कि पुरुषों के ... संबंधों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा को खत... की बात कही जा रही है, वकील टिम टेल... कि जब सही तथ्य सामने आ जाएंगे जैसा ... पामेला का इरादा है, तो यह सारी अटकल... आप बेबुनियाद साबित हो जाएंगी ।

श्री टेलर के अनुसार कुमारी पा... रहस्योद्घाटनों के बदले इसलिए कीमत ... क्योंकि उसे इन सबके कारण बहुत अधिक... एवं शारीरिक यातनाएं झेलनी पड़ी हैं ... कीमत का एक हिस्सा दान में दे देगी ।

उन्होंने दावा किया है कि कुमारी पा... निजी जिन्दगी में जबरदस्त दखल अ... शिकार है और अब तक उसके बारे में ... खबरें आई हैं, उनकी विसंगतियां गिना... सकतीं ।

श्री टेलर ने दुनिया भर के पत्रकारों ... किया है कि कुमारी पामेला की कथा सि...

Punjabi Sansar

कट्टर आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

है । पुलिस ने मुकाबिला के स्थान से एक बंदूक 12 बोर, दस कारतूस तथा पांच चले हुए कारतूस व थोड़े फासला से 15 चली हुई ए.के. 47 असाल्ट राइफल की गोलियां अपने कब्जा में ली हैं । मृतक आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुलिस को गांव तैदोबाल में नम्बरदार को लूटने की कोशिश के केस में, एक पुलिस मुकबिला जिसमें उसका साथी दुर्दांत आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ टोनी मारा गया था परन्तु सत्ता भाग गया था के केस में, 24.5.88 को रेलवे कोच फैक्टरी के एक ठेकेदार से 50 हजार रुपए छीनने तथा हुसैनपुर ठठा सड़क पर एक स्कूटर छीनने के केस आदि आठों दर्जन केसों में वांछित था । मृतक सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के साथियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने क्षेत्र को घेर कर उनकी खोज आरम्भ कर दी है ।

महंत की हत्या : पंचकूला से 'वर्मा' के अनुसार कल रात नाथ सम्प्रदाय के महंत श्री भीमनाथ की उग्रवादियों ने तेजधार के हथियार से हत्या कर दी । आज उनका शव रेलवे स्टेशन और कोली नाम गांव के बीच गड्ढों में पड़ा मिला । वह आजकल कोली नाम गांव में आत्मा नाथ डेरे की महंती कर रहे थे । उन्हें पहले भी उग्रवादियों द्वारा धमकी भरे पत्र मिले थे और महंत ने इसके बारे में डी.एस. को सूचना दे दी थी ।

शव के पोस्ट मार्टम के बाद गांव वालों ने शव लेकर समाधि बना दी । एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पंचकूला में गत दिनों जिन उग्रवादियों ने गोलीबारी की थी, इस हत्या में भी उनका हाथ है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । इसी बीच डेरे से सुरक्षा चौकी हटा ली गई है ।

5 गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने पांच आतंकवादियों को कल रात बंदी बनाया । इनके नाम पूर्ण सिंह, जरनैल सिंह, बलदेव सिंह, नरेश कुमार और अशोक कुमार बताए गए हैं । उनके कब्जे से एक ट्रक तथा उसमें रखे बासमती चावल के 178 बोरे व एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया है ।

लूट की घटना : जालन्धर (ह.स.): पिछली रात जालन्धर सदर थानान्तर्गत अठौला गांव में चार अज्ञात आतंकवादियों ने अमरीक सिंह के घर से 50 हजार रुपए मूल्य की नकदी और सोने के ज़ेवर लूट लिए । पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने अमरीक सिंह के घर में घुसकर पिस्तौल तान दिया और नकद ज़ेवरात छीन कर भाग गए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने जालन्धर जिले के नूरमहल पुलिस थाने के सरहाली गांव में कल रात तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम करन सिंह, जोगा सिंह और राजी हैं । इनसे एक हल्की मशीनगन, 250 कारतूस और एक रिमोट कंट्रोल बरामद किया गया ।

नई पुलिस चौकी स्थापित : मोगा (सर्व): जनता की प्रबल मांग पर फरीदकोट के जिलाधिकारियों ने आज न्यू टाऊन में एक और पुलिस चौकी स्थापित की है । यह चौकी आतंकवादी कार्रवाइयों के दृष्टिगत कायम की गई है ।

फिरोजपुर से भी एक पैट्रोल पम्प के सेल्ज़मैन से पांच हजार रुपए लूट लिए जाने की खबर मिली है ।

मुफ्ती द्वारा आतंकवादी के घर में ठहरने का खंडन

नईदिल्ली, 2 अप्रैल (वार्ता): जनता दल के नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के इस आरोप का खंडन किया कि वह एक आतंकवादी के घर ठहरे थे । पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सईद ने एक बयान में कहा कि श्री अब्दुल्ला विधानसभा के अधिकारों की आड़ लेकर ऐसे गैर जिम्मेदाराना आरोप लगा रहे हैं, जिनका सच से कोई वास्ता नहीं है ।

सपने यूं भी साकार होते हैं !

अहमदाबाद, 2 अप्रैल : एक अमीर घराने की 25 वर्षीया लड़की का लड़का बनने का सपना लगभग साकार हो गया है । शहर के सर्जन डा. प्रकाश कुमार बिलवानी ने लिंग परिवर्तन के लिए उसका आप्रेशन किया ।

(1) गुरदासपुर श्री बूटा सिंह को के.के. तिवारी, गुरदयाल सिंह (6) विशाल रै

आतंकव प्राप्त

अमृतसर, जिला पुलिस ने की सहायता प्राप्

हुए हैं और केंद्र

'वार्ता' के दिया है कि पंजा जाएंगी ताकि आतंकवादियों उन्होंने पंजाब गतिविधियों का से निपटने के लि जल्द ही बैठक ह

गृह मंत्री ने लिए विपक्षी दल शुरू कर दी जा उपसमिति प्रारं विपक्षी नेताओं होंगे, आमंत्रित कि आतंकवाद आएंगी । उन्हो बारे में जो पैकेज

गरीब अबला की अपील

मैं शांति देवी गरीब अबला कैथल निवासी हूं । मेरे दोनों गुर्दे खराब हो चुके हैं । मेरा 13-14 महीनों से P.G.I. चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है । पहले हमारे पास जितना भी पैसा था वह हम इलाज पर लगा चुके हैं, मजबूर होकर दानी सज्जनों से अपील की । मेरी बार-बार अपील करने पर अभी तक 1 लाख 37 हजार रुपए इकट्ठे हो पाए हैं, जिसमें बार-बार डायलेसिस व तीन DONORS के गुर्दे टैस्ट करवाने पर 32 हजार रुपए खर्च हो चुके हैं । कभी-कभी मेरी इतनी कंडीशन खराब हो जाती है कि आंखों की रोशनी चली जाती है, और अपने आप वापस आ जाती है । पहले सप्ताह में एक बार डायलेसिस पर रखा जाता था लेकिन अब कंडीशन खराब होने पर सप्ताह में दो बार डायलेसिस पर रखा जाता है । अब केवल बम्बई जाने के बगैर और कोई रास्ता नहीं । आप्रेशन के लेट हो जाने से कुछ लोग हमें शक की निगाह से देखते हैं । हमारे पास 1 लाख 5 हजार रुपए बच रहे हैं । डाक्टर 2 लाख का खर्चा बताते हैं । जहां आप दानी सज्जनों ने इतना मेरे लिए किया है, अब मेरी थोड़ी-सी और मदद करें ताकि मेरा परिवार उजड़ने से बच सके । मैं सब दानी सज्जनों के आगे झोली फैला कर अनुरोध करती हूं कि यथायोग्य दान देकर मेरे परिवार को उजड़ने से बचाएं । हम यह एहसान जिन्दगी भर नहीं भूलेंगे । आपकी पुण्य सहायता की आशा में :

भारत भूषण (पति)

सुपुत्र श्री तीर्थ राम, मकान नं. 673, कैथल (हरियाणा)

क्लासीफाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

सेंट मेरी पब्लिक स्कूल, गोबिन्द नगर, फिरोज़पुर रोड, लुधियाना । नर्सरी से दसवीं के नए दाखले शुरू हैं । होस्टल एवं डे-बोर्डिंग, सीटें सीमित : S.P. Gogna (Director), Amrita Sewak (Principal) फोन-38545.

रंगदार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स । मिलें : नैशनल इलैक्ट्रॉनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊट गेट बस स्टैंड, पठानकोट ।

रोज़गार

नेवी, सेना, एयरफ़ोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की पोस्टों के लिए हाई स्कूल पास । आयु 18 से 25 तक । 10/- मनीआर्डर द्वारा भेज कर फार्म मंगवाएं : Indian Institute of Correspondence, Railway Road, Ambala City.

भारतीय रेलवे में टिकट कलैक्टरों तथा क्लर्कों के

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 2.4.89, 44/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

टी.वी. ट्रेनिंग

घर बैठे या कालेज में आकर कलर टीवी सीखें—अमरीकन टी.वी. ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट, निकट चौक भगत सिंह, जालंधर शहर ।

किराए पर

किराए पर फैक्टरी शैड की जरूरत है, जिसका रकबा 4000 से 5000 वर्ग फुट हो, कनैक्शन या बिना कनैक्शन, लिखें या फोन करें : पी.ओ. बाक्स 39, नेहरू गार्डन रोड, जालंधर, फोन : 55336/55063.

पंजाब में अनेक बम-विस्फोट करने वाला उग्रवादी भिड़ंत में मारा गया

तीन घंटे तक लगातार मुकाबला होता रहा : एक होमगार्ड भी मारा गया

एस.एच.ओ. व एक अन्य सख्त घायल

चंडीगढ़, 3 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आज सुबह एक मुठभेड़ में अनेक हत्याओं में वांछित 'ए' श्रेणी का आतंकवादी सोहन जीत सिंह मारा गया, जबकि एक होमगार्ड भी मारा गया और एक एस.एच.ओ. व एक अन्य होमगार्ड घायल हो गया । पंजाब के विभिन्न स्थानों पर हुए बम-विस्फोटों के पीछे मारे गए उग्रवादी का हाथ था ।

कट्टर आतंकवादी मरा : गुरदासपुर (विनोद) : आज इस जिला में थाना कहनुवान के अन्तर्गत गांव अलावलपुर के निकट हुई एक मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी तथा एक होमगार्ड मारा गया । इस मुठभेड़ में थाना कहनुवान के एस.एच.ओ. श्री सुखजिंदर सिंह बल और एक अन्य होमगार्ड साईं दास घायल हो गया । यह मुठभेड़ आतंकवादियों के एक अड्डे पर मारे गए छापे से शुरू हुई । मारे गए होमगार्ड की शिनाख्त देवेन्द्र सिंह के रूप में हुई है ।

मारे गए आतंकवादी के दो साथी भागने में सफल हो गए । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन तथा बड़ी मात्रा में नकदी-सिक्का मिला । घायल एस.एच.ओ. सुखजिंदर सिंह को अमृतसर में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में एमरजैंसी वार्ड में दाखिल कराया गया है । अमृतसर में आई.जी. सीमा रेंज के नियंत्रण कक्ष के अनुसार एस.एच.ओ. के नेतृत्व में पुलिस की एक पार्टी ने एक फार्म हाऊस पर छापा मारा था जहां आतंकवादियों के छिपे होने का संदेह था । जैसे ही पुलिस पार्टी अन्दर दाखिल हुई उस पर अंधाधुंध फायरिंग की गई ।

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि आज प्रातः लगभग 7.30 बजे थे आई.ए. स्टाफ की एक पार्टी ने गांव अलावलपुर के बाहर बरखा सिंह नामक किसान के फार्म हाऊस पर छापा मारा तो वहां से फायरिंग शुरू हो गई और कुछ आतंकवादी भिन्न-भिन्न दिशाओं की ओर भागने लगे । जिस पर पुलिस पार्टी ने घेराबंदी करके कहनुवान पुलिस स्टेशन को वायरलैस पर सूचित कर दिया । सूचना मिलते ही कहनुवान पुलिस स्टेशन के इंचार्ज सुखजिंदर सिंह दो होमगार्ड जवानों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए और जिला मुख्यालय को भी सूचित कर दिया । एस.एच.ओ. सुखजिंदर सिंह कुछ उग्रवादियों का पीछा करने लगे तो एक उग्रवादी जो खेतों में छिपा हुआ था, ने ए.के. 47 राइफल से फायर कर दिए जिससे एस.एच.ओ. और दोनों होमगार्ड जवान घायल हो गए उन्हें तुरन्त गुरदासपुर अस्पताल पहुंचाया गया, परन्तु तब तक एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास, एस.पी. आप्रेशन श्री भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और उग्रवादियों से यह मुकाबला साढ़े तीन घंटे तक चलता रहा ।

घायल साईं दास जो कि गुरदासपुर अस्पताल में की हालत खतरे से बाहर है । एस.एस.पी. श्री ने बताया कि फार्म हाऊस के मालिक बरखा तथा चार अन्य व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है तथा भागने वाले उग्रवादियों को बटाला पुलिस के सहयोग से तलाश की जा रही है ।

मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाईजेशन के एरिया चीफ सोहन जीत सिंह निवासी पनियार के रूप में की गई है । एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास के अनुसार मृतक आतंकवादी के सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था । वह ब्लू स्टार आपरेशन के पश्चात् पाकिस्तान भाग गया था, जहां से वह बम बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करके 2 वर्ष पश्चात् जनवरी, 1988 में भारत लौटा था । भारत में आकर इस उग्रवादी ने आत्म समर्पण कर दिया था । बाद में इसको अकाली शासन द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर मामूली पूछताछ के पश्चात रिहा कर दिया गया था । इसके साथ ही इसको पनियार शूगर मिल में नौकरी मिल गई थी ।

श्री दास ने बताया कि उग्रवादी सोहनजीत सिंह ने पंजाब में बम बनाने के कई नई ढंगों का आविष्कार किया था तथा इसने खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन तथा बब्बर खालसा में समझौता करवाया था तथा दोनों संगठनों से बम कांड की घटनाएं करवाता रहा था ।

श्री दास के अनुसार 20.5.88 को पठानकोट व पठानकोट के आसपास बसों में बम विस्फोट करने, 31.5.88 को दीनानगर सब्जी मंडी बमकांड (जिसमें 5 व्यक्ति मारे गए), 1.11.88 को पठानकोट तथा लखनपर में बसों में हुए बम विस्फोटों (जिसमें 9 व्यक्ति मारे गए थे) आदि की घटनाओं के पीछे भी इसी उग्रवादी का ही हाथ था । 1.11.88 को पठानकोट में बस में हुए बम विस्फोट के पश्चात् गिरफ्तार हुए अभियुक्त से पता चला था कि बम-विस्फोटों के पीछे सोहनजीत सिंह उग्रवादी का हाथ था, यह उग्रवादी तभी से ही फरार था ।

फरार होने वाले उग्रवादियों में हरजिन्दर सिंह उर्फ बुड्डर भी शामिल है, जो कई केसों में वांछित है ।

घुसपैठिया मारा गया : अमृतसर (एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिया अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में मारा गया ।

रहस्यपूर्ण फायरिंग : जालन्धर (ह.स.): कल रात स्थानीय सराजगंज में एक रहस्यपूर्ण गोली से एक व्यक्ति चुन्नी लाल घायल हो गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है । घायल को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

लूट मार की घटनाएं : आतंकवादियों ने कल रात से अब तक जिला जालन्धर में विभिन्न वारदातों में 46500 रुपए मूल्य के सोने के गहने तथा एक स्कूटर लूट लिया । पुलिस ने बताया कि कई आतंकवादी नवांशहर थाने के बहरा गांव स्थित जोगिन्दर सिंह के घर में घुस कर गहने लूट ले गए । भार्गव कैम्प से स्कूटर गायब पाया गया ।

उग्रवादी गिरफ्तार : इस बीच होशियारपुर सदर थाने के ढाडी के मुख्तियार सिंह उर्फ माखा राम आतंकवादी को नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

बंदूक छीनी : गत रात जिला फरीदकोट में थाना बधनीकलां के गांव दुनेके बुर्ज में तीन अज्ञात व्यक्ति सरपंच हरबंस सिंह से उसकी दोनाली बंदूक तथा दस कारतूस छीन कर ले गए ।

पामेला को 'फांसी' दे दी गई !

चंडीगढ़, 3 अप्रैल (संघी): पूर्व भारत सुन्दरी तथा इस समय ब्रिटिश सरकार के लिए एक 'सैक्स स्कैंडल' द्वारा संकट पैदा करने वाली सुन्दरी पामेला सिंह (बोर्डेस) को आज यहां भारतीय 'महिला समाज को कलंकित' करने के आरोप में स्थानीय एक छात्र संगठन ने 'फांसी पर लटका दिया' व उसका 'अंतिम संस्कार' कर दिया ।

पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में आज छात्र जनता द्वारा एक जुलूस निकाला गया । जुलूस में छात्रों ने पामेला विरोधी तख्तियां तथा पामेला का पुतला उठा रखा था । बाद में पामेला सिंह के पुतले को एक वृक्ष के साथ फांसी पर लटका दिया गया व उसका 'अंतिम संस्कार' कर दिया गया ।

पामेला बोर्डेस रविवार को इंडोनेशिया के द्वीप बाली से हांगकांग दुर्घटना में उसके चेहरे पर आई खरोंचें साफ नजर आ रही हैं । दाखिल है ।

मैं काल गर्ल रही हूं, लेकिन या सांसद के साथ नहीं से

लंदन, 3 अप्रैल (वार्ता): ब्रिटेन में तहलका मचा देने वाली भारतीय सुंदरी पामेला बोर्डेस ने आज कहा कि वह एक कालगर्ल अवश्य रही है लेकिन कभी किसी मंत्री अथवा सांसद की हमबिस्तर नहीं बनी । इंडोनेशिया के द्वीप बाली में एक मोटर साईकल दुर्घटना के बाद इलाज के लिए हांगकांग आने पर पामेला ने 'डेली एक्सप्रैस' अखबार को एक भेंटवार्ता में बताया कि वह ब्रिटेन की सुरक्षा के लिए कभी खतरा नहीं बनी । पामेला ने कहा कि एक महिला की छवि को बिगाड़ना "दिल में कटार उतारने" से भी ज्यादा बुरी बात है । उसने स्वीकार किया कि पुरुष ग्राहकों के साथ यौन-क्रीड़ा के लिए उसने धन स्वीकार किया है, लेकिन यह बात मुझे कोई खलनायिका नहीं बना देती । उसने आशा प्रकट की कि उसके चेहरे पर लगी कालिख धुल जाएगी, लेकिन उसने प्रश्न किया, "क्या अंदर के घाव को कभी कोई भर सकता है ? पामेला ने कहा कि मुझे यह समझ में नहीं आ रहा कि मेरे बारे में इतनी झूठी खबरें क्यों उड़ाई जा रही हैं ? मैं एक सामान्य लड़की हूं, मैं मादक द्रव्यों या शराब का सेवन नहीं करती । मैं अविवाहित जरूर हूं और मैं जिसके साथ चाहूं, उसके साथ शारीरिक संबंध रख सकती हूं ।"

हांगकांग के इस समाचार पत्र ने पामेला से यह भेंटवार्ता इंडोनेशिया से हांगकांग आते हुए विमान में ली । अखबार के अनुसार पामेला बहुत डरी-सहमी लग रही थी । हाऊस आफ कामन्स में एक रिसर्चर के रूप में कार्यरत 27 वर्षीया पामेला की दोहरी जिन्दगी का रहस्य खुलने से ब्रिटेन में पिछले तीन सप्ताह से तहलका मचा हुआ है ।

पामेला बोर्डेस इस पूरे कांड और इन तीन सप्ताह की अपनी आपबीती पर एक पुस्तक लिखने का विचार कर र

पामेला ने क
नहीं रखती थी अ
रखती थी । उस
संबंधों की वजह
हुआ है, जो मुझ
पामेला ने प्र
ही क्या है अग
दिलचस्पी लेता ह
रखते हैं तो को
खरीदता है या उ
जाता । उसे धन
पामेला ने क
बुरा क्या है ? म
मुझे ऐसी स्थिति
पामेला ने कहा कि
हूं और अहमद न
थी, लेकिन अब
बारे में जोड़ा जा

पामेला ने क
चाहती है, "वह
हूं । मैंने कुछ भी
नहीं किया ।" उ
कामन्स में काम
लेकिन यह सब ह

पामेला ने क
भला लड़का है ।
करना मुश्किल ह
यह सब बकवास
कहना चाहती हूं कि
मैं तुम्हें पूरी सच्च
है ।"

पामेला ने क
को बहुत दुखी कि
चुकी हूं, लेकिन क
संजीदा व्यक्ति है
और मेरा मित्र भी

पामेला न कह
हूं । मुझे लगता
अच्छा कार्य कर र

हांगकांग के ए
ने कल रात अपने

अफगानिस्तान की लड़ाई में दस और भारतीय मरे

काबुल, 3 अप्रैल (ह.स.): अफगान विद्रोहियों द्वारा प्रांतीय राजधानी जलालाबाद के रिहायशी इलाकों पर कल रात राकेटों और गोलियों से किए गए जबरदस्त हमले में 30 नागरिकों के मरने की खबर है जिनमें भारतीय मूल के दस लोग भी शामिल हैं । इसमें से अधिकतर सिख थे ।

हमले में घायल लोगों को विमान से काबुल ले

धन की कमी रक्षा परियोजनाओं के आधुनिकीकरण में बाधक नहीं होगी : पंत

नई दिल्ली, 3 अप्रैल (वार्ता): रक्षा मंत्री कृष्ण चंद्र पंत ने आज कहा कि इस समय धन की ऐसी कोई कमी नहीं है जिसके कारण रक्षा परियोजनाओं के आधुनिकीकरण को स्थगित करना या रोकना पड़े । एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रक्षा मंत्री ने लोकसभा में कहा कि आधुनिकीकरण और मशीनीकरण में बढ़ौतरी के परिणामस्वरूप जनशक्ति के स्तर का पुनरीक्षण करना लगातार चलने वाली प्रक्रिया है ।

रक्षा राज्यमंत्री चितामणि पाणिग्रही ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि रक्षा उपकरणों के निर्माण का कार्य भारत हैवी इलैक्ट्रिकल लिमिटेड को सौंपा गया है जहां यह कार्य जारी है ।

हल्का लड़ाकू विमान : श्री पाणिग्रही ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि हल्के लड़ाकू विमान के निर्माण की परियोजना पर पिछले तीन वर्ष में लगभग 173 करोड़ रुपए खर्च हुए । उन्होंने कहा कि देश में निर्मित हल्का लड़ाकू विमान अति आधुनिक लड़ाकू विमान है । ऐसा विमान अन्य किसी देश के पास नहीं है । यह परियोजना 1990 के दशक के मध्य में अंतिम चरण में पहुंचेगी । तब इसका स्थान लेने वाले नए विमान का निर्माण कार्य भावी आवश्यकताओं के मद्देनजर शुरू किया जा सकेगा ।

हैलीकाप्टर : रक्षा राज्यमंत्री ने हल्के हैलीकाप्टर संबंधी प्रश्न के उत्तर में कहा कि हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड पश्चिम जर्मनी की एक फर्म के सहयोग से हल्के हैलीकाप्टर का डिजाइन

(कैलिबर) की स्वचालित तोपें हैं । रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन ने पहले ही दीर्घ व्यास की स्वचालित तोपों का देश में विकास करना आरम्भ कर दिया है । उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि हिंद महासागर में अन्य देशों के साथ-साथ अमरीका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और इटली की नौसेनाएं मौजूद हैं । सरकार देश की सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखती है और पूर्ण रक्षा तैयारी बनाए रखने के लिए समय-समय पर उपयुक्त उपाय करती है । भारतीय नौ सेना को आवश्यकता के अनुसार सुसज्जित किया जाता है ।

पनडुब्बी : रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत ने लोकसभा में बताया कि संघीय जर्मन गणराज्य से एच.डी.डब्ल्यू. पनडुब्बियों की खरीद के बारे में सरकार द्वारा कराई गई जांच में किसी भी अनियमितता का पता नहीं लग सका ।

उन्होंने सैयद शहाबुद्दीन के एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि दो नवी-बनाई एस.एस.के. पनडुब्बियां पश्चिम जर्मनी की फर्म मैसर्स एच.डी. डब्ल्यू. से 1986 में प्राप्त की गई थीं । उसी श्रेणी की दो और पनडुब्बियां मैसर्स एच.डी. डब्ल्यू. से प्राप्त की गई सामग्री से बम्बई स्थित मजगांव डाक लिमिटेड में निर्मित की जा रही हैं ।

पाक नागरिक : गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने बताया कि विभिन्न राज्यों में साढ़े छः हजार से अधिक पाकिस्तानी नागरिक वीसा की

एक नई पार्टी

विजयवाड़ा, 3 अप्रैल (ह.स.): दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता श्री नरसिंह राजू ने आंध्र प्रदेश में 'तेलुगु देशम' नामक एक नई क्षेत्रीय पार्टी गठित की है ।

कासिम लोकदल (ब)

Punjab Satabdi

इज़हार आलम की हत्या का प्रयास : खलचियां के निकट कार पर फ़ायरिंग

बुलेट प्रूफ़ गाड़ी होने से जान बच गई : एक अन्य पुलिस दल पर भी गोलियां चलाई गईं

शिव सेना नेता सहित 3 की हत्या, 3 उग्रवादी, 3 घुसपैठिए मरे

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (जार्ज, हर): गत रात जालंधर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम आतंकवादियों के घातक हमले से बाल-बाल बच गये । एक अन्य पुलिस दल पर भी हमला किया गया । 3 दुर्दांत आतंकवादी सरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि एक शिव सेना नेता सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 3 घुसपैठिए सीमा पर मारे गए ।

2 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (प्र.ब्यू.): चार जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात अमृतसर जिला के सामीण क्षेत्रों में हुए खतरनाक आतंकवादी सरक्षा बलों के हाथों मारे गए । एस.एस.पी. मजीठा श्री बी.एस. मान की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गत रात 11 बजे के करीब थाना लोपोके की पुलिस पार्टी गश्त पर थी । जब यह पार्टी गांव सारंगड़ा के करीब पहुंची तो उस ने एक जगह छुपे हुए आतंकवादियों ने फायरिंग की । इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके कब्जे से दोनाली बंदूक तथा छोटे हथियार भी तैयार की हुई थी, एक 303 पिस्तौल व काफी मात्रा में चले हुए कारतूस मिले हैं ।

जिला मुख्यालय में मिली एक अन्य सूचना में बताया गया है कि गत रात दो बजे के करीब पुलिस थाना तरनतारन की पुलिस व सी.आर.पी. ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए थाना सरहाली के गांव मंडाला में एक जगह छापा मारा और आतंकवादियों के सरक्षा बलों के मध्य हुई फायरिंग के बाद एक खूंखार आतंकवादी सोहन सिंह उर्फ सोहना मारा गया । इस आतंकवादी के सिर पर 30 हजार रुपए का इनाम था । इस खूंखार आतंकवादी सोहना के बारे जाने के सबन्ध में तरनतारन के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस व सी.आर.पी. के जवान रात दो बजे मंड क्षेत्र के एक फार्म पर छापा मारने गए थे क्योंकि वहां आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना थी । फार्म हाऊस से सरक्षा बलों पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की । दोनों में आध घंटे तक गोलियां चलती रहीं । इस दौरान सोहन सिंह उर्फ सोहना मारा गया जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल हो गए । मारा गया आतंकवादी सोहना खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का सरगना था और कई हत्या केसों व अपहरण के रुपया ऐंठने की वारदातों में वांछित था । उसके पास से काफी संख्या में ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस व एक दोनाली बंदूक कब्जे में की गई है ।

3 घुसपैठिये मारे गए : गत रात भारत-पाक सीमा पर राजातालाब सीमा चौकी पर तीन पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । इनकी विशेष पहचान नहीं हो सकी लेकिन विश्वास किया जाता है कि यह बंगला देश के नागरिक थे ।

तीन वारदातें : गत रात अमृतसर शहर में हुई तीन वारदातों में तीन व्यक्ति घायल हो गए तथा एक मोटर कार छीन ली गई । पीस एवन्यू के मनजीत सिंह को उस समय सीनी सरकार घायल कर दिया गया जब उसने लुटेरों को धन व जेवर देने से इन्कार कर दिया । अन्य घायलों में जसविंदर सिंह तथा जोगेन्द्र पाल शामिल हैं ।

वृद्ध की हत्या : भिसीविंड से 'सूचना' के अनुसार खालड़ा थाना के गांव माही में गत रात मलसा सिंह नामक एक वृद्ध की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई ।

इज़हार आलम

दुकानों को समय : अमृतसर के जिलाधिकारियों ने आज जिला में दुकानें शाम सात बजे बंद करने का आदेश जारी किया । यह आदेश दो जून तक प्रभावी रहेगा । वीडियो कैसेटों व नाइयों की दुकानें रात आठ बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है जबकि रेस्टोरेंट, ढाबे, बेकरियां, खाद्य सामग्री की दुकानें और शराब के ठेके रात दस बजे तक खुले रख जा सकते हैं । रात 9.30 बजे के बाद कोई सिनेमा शो नहीं किया जा सकेगा ।

शिव सेना नेता की हत्या : जालंधर से 'ौमान' के अनुसार आज लोहारां में शिव सेना के प्रधान श्री राकेश कुमार पर हमला करने वाले आतंकवादियों ने फायरिंग की जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये । उन्हें सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां वह चल बसे ।

फिल्लौर में 'बाबरी' के अनुसार मृतक राकेश शर्मा उर्फ बाबा फिल्लौर नगर परिषद के चौथे प्रधान थे । दो आतंकवादियों ने उनकी दुकान में आकर गोलियों की बौछार की जिससे वह घायल हो गए और लुधियाना के अस्पताल में दम तोड़ गए । श्री राकेश शर्मा की पत्नी श्रीमती कमलेश के इकलौते पुत्र तथा तीन बहनों के एकलौते भाई थे । इस घटना के रोषस्वरूप शहर की सभी दुकानें बंद हो गईं । श्री कुमार की अंतिम यात्रा कल सुबह गांव में निकाली जाएगी ।

पैट्रोल पम्प मालिक की हत्या : जगराओं (विजोग): आज सायं चार बजे के लगभग जनता पैट्रोल पम्प के मालिक श्री विधि चन्द को आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । तीन आतंकवादियों ने पैट्रोल पम्प पर आते ही गोलियां की बौछार कर दी जिससे विधि चन्द की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । यह पैट्रोल पम्प लुधियाना-जगराओं रोड पर स्थित है ।

आतंकवादी मारा गया : बाद का समाचार है कि विधि चंद की हत्या करके भाग रहे आतंकवादियों में से एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया तथापि उसके साथी बच निकलने में सफल हो गए ।

आलम की हत्या का प्रयास : जालन्धर (वल्ल): गत रात अमृतसर-जालन्धर रोड पर गांव खलचियां के निकट खेतों में छुपे अज्ञात उग्रवादियों ने जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम पर उस समय अंधाधुंध फायरिंग कर दी जब वह अमृतसर से कार में जालन्धर आ रहे थे । श्री आलम तथा उनके सुरक्षा दस्ते के जवान बाल-बाल बच गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों की ओर से फायरिंग होते ही श्री आलम के सुरक्षा दस्ते ने तुरन्त जवाबी फायरिंग की जिस पर उग्रवादी भाग गए । बाद में सी.आर.पी. बड़ी तादाद में घटनास्थल पर पहुंच गई और श्री आलम को सुरक्षित जालन्धर पहुंचा दिया । इस पर सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र की छानबीन शुरू कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

(1) जालन्धर में अपने दो बच्चों समेत आग लगाकर आ
वालिया (इनसेट पुराना चित्र) का शव, (2) जले हुए दोनों ब
का पुराना चित्र ।

कालेज प्रोफैसर द
समेत आग लगाक

जालन्धर, 4 अप्रैल (हल्ल): गत आधी रात के बाद अढ़ाई बजे के लगभग शक्ती नगर, निकट मसतूसपुरा में एक-दम सनसनी फैल गई जब पड़ोसियों ने एक मकान की छत पर आग लगी देखी और फायर ब्रिगेड को फोन पर इसकी सूचना दी । फायर ब्रिगेड के कर्मचारी जब मकान के पिछवाड़े से उक्त मकान की छत पर चढ़े और उन्होंने वहां वीभत्स दृश्य देखा कि एक व्यक्ति के एक बच्चा उसकी टांग से बंधा था और एक उसकी कमर से बंधा था । जब उन्होंने आग बुझाई, तब तक तीनों दम तोड़ चुके थे ।

इतने में पुलिस को भी सूचित कर दिया गया, जिसने वहां पर पहुंच कर शवों को कब्जे में ले लिया ।

अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चों की हत्या पहले करके फिर उन्हें टांगों के साथ पिता ने बांधा था या जीवित ही ।

आज उक्त मकान की छत पर जाने पर देखा गया कि पांच लिटर तेल-मिट्टी की केनी निकट पड़ी थी । नीचे कुछ अर्ध जली जोरियां बिछी थीं । एक पीतल के रंग वाली चमकदार चादर के छोटे-छोटे टुकड़े भी अधजले पड़े थे तथा एक कम्बल भी अधजला पड़ा था । एक टूटा हुए बैड का ढांचा भी निकट पड़ा था,जिसके एक सिरे को कुछ क्षति पहुंची हुई थी । इसके अतिरिक्त एक ताला चाबी सहित भी निकट ही पड़ा था । छत के बिल्कुल दूसरे भाग में लगभग दो दर्जन टुकड़े सिग्रेटों के बिखरे पड़े थे जिनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि ये टुकड़े उक्त घटना के पूर्व मृतक ने सिग्रेटें पीकर फैंके थे या पिछले दो-तीन दिन के थे ।

मृतक के पिता के अनुसार उसके लड़के की मौत का कारण उसकी बहू किरणबाला तथा उसके मायके वाले हैं । पिछले रविवार को पति-पत्नी में झगड़ा हुआ और

पामेला की मां से पूर्व प्रतिरक्षा मंत्री बंसी लाल की मुलाकातों बारे जांच कराई जाए : प्रताप सिंह

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (एन.एस. परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के पुत्र श्री प्रताप सिंह ने मांग की है कि ब्रिटेन की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले 'पामेला बोर्डेस कांड' से भारत की सरक्षा का मामला भी जुड़ा है अतः पूर्व भारत सुन्दरी पामेला को भारत लाकर सारे मामले की गहराई से जांच की जाए कि कहीं पामेला की मां श्रीमती शकुन्तला चौधरी के माध्यम से भारत की सुरक्षा सम्बन्धी राज़ 'लीक' तो नहीं हुए ?

आज यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने चाहिए । श्री प्रताप सिंह का कहना है कि जिन दिनों श्री बंसी लाल केंद्र में प्रतिरक्षा मंत्री थे तब वह कभी-कभी नई दिल्ली के नाभा हाऊस में श्रीमती चौधरी से मिलने जाते रहते थे । यह बात वहां के कर्मियों से पष्ट की जा सकती है । अतः मुझे संदेह है कि कहीं श्रीमती चौधरी उन दिनों प्रतिरक्षा मंत्रालय से सम्बद्ध कोई खुफिया राज न ले गई हों । इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए तथा जांच करानी चाहिए । उन्होंने कहा कि इस सारे कांड से श्री बंसी लाल के सम्बन्ध की गंध आ रही है और उनके दबाव

श्रीनगर में पाक-प्रशिक्षित आतं
पुलिस में घमासान संघर्ष में 2 मरे

Punjabi Sahani

(ऊपर) जिला गुरदासपुर के गांव अलावलपुर में मुठभेड़ में मारा गया खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का एरिया कमांडर सोहनजीत सिंह तथा (नीचे) मुठभेड़ में मरने वाला होमगार्ड का पलाटून इंचार्ज देविन्दर सिंह । (छाया : विनोद)

इजहार आलम की हत्या का प्रयास

(पृष्ठ 3 का शेष)

न.न.ए. के अनुसार श्री इजहार आलम ने बताया कि वह गत रात्रि नौ बजे अमृतसर से जालन्धर आ रहे थे तो मजीठा पुलिस जिला के थाना ब्यास के गांव खलचियां के निकट लगभग आधा कि.मी. के क्षेत्र में लगातार आतंकवादियों ने रुक-रुककर चार-पांच जगह से उनकी दाईं तरफ से उनकी कार पर स्वचालित हथियारों से फायरिंग की । इस दौरान उनकी कार के टायर पंक्चर हो गए । उनकी गाड़ी बुलेट प्रूफ होने के कारण वह बाल-बाल बच गए । इस दौरान उनकी आगे चल रही एस्कार्ट जीप पर भी दो गोलियां लगीं पर कोई भी जख्मी नहीं हुआ । श्री आलम ने बताया कि इससे एक घंटा पूर्व 8.15 बजे भी इसी जगह एक पुलिस अधिकारी पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था जिससे पुलिस का एक सब-इंस्पैक्टर और एक अन्य कर्मचारी घायल हो गया था ।

श्री आलम ने बताया कि इस हमले के तुरन्त बाद उन्होंने पास की सी.आर.पी. की चौकी से सी.आर.पी. की फोर्स लेकर जिस स्थान से उन पर फायरिंग हुई थी, आतंकवादियों का पीछा करके उन पर फायरिंग शुरू की । इस बीच एस.पी. मजीठा भी पुलिस फोर्स के साथ मौका पर पहुंच गए और उन्होंने इस इलाके में आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी । श्री आलम के अनुसार उनकी गाड़ी पर 150 गोलियां बरसाई गईं, उनमें से लगभग डेढ़ दर्जन गोलियां उनकी कार में लगीं । अभी तक हमलाकर आतंकवादियों का कुछ पता नहीं चल सका । सरक्षा बलों द्वारा उस क्षेत्र में आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश जारी है ।

भाग्य ने बचाया : ह.स. के अनुसार जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम को भाग्य ने बचा लिया । श्री आलम ने कहा कि ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने सिर्फ उनकी कार पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रखा था । श्री आलम उस समय से ही आतंकवादियों की हिट लिस्ट में बताए जाते हैं जब वह अमृतसर के एस.एस.पी. थे । श्री आलम इस घटना से चिंतित दिखाई नहीं दे रहे थे । यह पूछने पर कि आतंकवादियों की फायरिंग से कार के टायर पंक्चर हो जाने पर ड्राइवर कार को सुरक्षित कैसे ले गया, श्री आलम ने कहा कि बुलेट प्रूफ कार के टायर इस तरह के होते हैं कि पंक्चर हो जाने पर भी 7-8 किलो मीटर तक आसानी से चलाए जा सकते हैं ।

एक और हमला : कुछ समय पहले भी खलचियां के निकट एक अन्य पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया था जबकि यह इंस्पैक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में जालन्धर से वापस जा रही थी । आतंकवादियों की भारी फायरिंग से इंस्पैक्टर व उनका ड्राइवर अमरजीत घायल हो गया तथापि वे वहां से अपनी गाड़ी तेजी से भगा ले जाने में सफल हो गए । इंस्पैक्टर व उसके ड्राइवर को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उनकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है । पुलिस का कहना है कि दोनों ही हमले 'सुनियोजित' थे ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि थाना कादियां व डेरा बाबा नानक में पुलिस व बी.एस.एफ. ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों के पश्चात खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया है । उन्होंने बताया कि इनमें से चार की शिनाख्त हरजिंदर सिंह, मदन लाल मही गांव ठक्कर संधू, प्यारा सिंह (खतीब), कलविंदर सिंह (मस्टकोट) के रूप में की गई है । ये चारों आतंकवादी रंजीत सिंह काला गांव बटूटरकलां के गिरोह के सदस्य हैं इनसे 303 की एक राइफल, दो पिस्तौलें तथा 87 जीवित व 20 अनचले कारतूस बरामद हुए हैं । इन्होंने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान 6 हत्या कांडों, स्कूटर छीनने, लोगों से धन ऐंठने तथा राहजनी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि डेरा बाबा नानक में हुई मुठभेड़ में जो चार आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं उनकी शिनाख्त जोगिन्दर सिंह (चौड़ा) मदन लाल (डेरा बाबा नानक) बलजीत सिंह व नारायण सिंह (दोनों रमदास) के रूप में की गई है । इनके पास से 3 पिस्तौलें तथा काफी मात्रा में चले व अनचले कारतूस बरामद हुए हैं । इन्होंने लगभग एक दर्जन राहजनी, लूटमार आदि की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है ।

स्कूटर छीन लिया : कपूरथला (शर्मा): पता चला है कि थाना भुलत्थ के अन्तर्गत गांव हबीबवाल से आज प्रातः चार सशस्त्र अज्ञात व्यक्ति एक घर से एक स्कूटर बलपूर्वक छीनकर ले गए हैं, बताया जाता है कि आज प्रातः लगभग साढ़े पांच बजे घर का दरवाजा खोल कर एक स्त्री बाहर निकली तो मुंह छुपाए चार व्यक्तियों ने धमकी देकर स्कूटर उनके हवाले करने को कहा और घर के अन्दर से स्कूटर उठाकर चलते बने । उस स्त्री का पति घर में सोया हुआ था ।

फगवाड़ा (कौड़ा): आज तड़के फगवाड़ा पुलिस ने स्थानीय खलवाड़ा गेट क्षेत्र में उग्रवादियों व उनके छिपने के ठिकानों की तलाश में घर-घर की तलाशियां लीं व छापा मार अभियान चलाया जो कई घंटों तक जारी रहा तथापि किसी संदिग्ध व्यक्ति को काबू करने में सफलता नहीं मिल पाई ।

[illegible] : अंतर पुलिस फगवाड़ा ने आज नरिन्दर सिंह पुत्र रणधीर सिंह वासी नगल थाना माहिलपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल व 6 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं ।

शव मिला : ह.स. के अनुसार कल जी.टी. रोड पर गांव ढिलवां के निकट एक पुल के नीचे से एक शव बरामद किया गया । शव पर किसी चोट का निशान नहीं था । शव का आज कपूरथला सिविल अस्पताल में पोस्ट पार्टम किया गया ।

पाबंदियां : होशियारपुर (अविनाश): श्री मनोहर सिंह निग्गा, एडीशनल जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके जिला भर में 7.30 बजे शाम से लेकर सुबह पांच बजे तक बसों, ट्रकों, कारों और अन्य चार पहिया वाहनों के चलाने पर पाबंदी लगा दी है, लेकिन तीन पहिया आटो रिक्शा नगर पालिका सीमा के अन्दर सुबह पांच बजे से लेकर रात दस बजे तक चलाए जा सकते हैं । विशेष अनुमति के बगैर लाऊड स्पीकर के प्रयोग पर भी पाबंदी लगा दी गई है । यह सभी आदेश 31 मई 1989 तक लागू रहेंगे ।

कएं से लाश मिली : अश्विनी के अनुसार थाना माहिलपुर के गांव डोलन में एक कएं में से पुलिस ने एक लाश बरामद की जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

नकदी लूटी : खरड़ (शशि): कल निकटवर्ती गांव के शिवालिक ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक के कैशियर से एक अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल की नोक पर 8800 रुपए लूट लिए । बैंक का कैशियर स्कूटर पर यह रकम ला रहा था । रकम लूटने के बाद लुटेरे ने कैशियर का स्कूटर 'लाक' कर दिया और चाबी साथ लेकर फरार हो गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गोली मार कर टैक्सी छीन ली : लुधियाना (धीमान): आज सायं यहां रेखी सिनेमा रोड से एक व्यक्ति ने किराए पर टैक्सी ली, जब टैक्सी सराभा नगर क्षेत्र में पहुंची तो उस व्यक्ति ने टैक्सी के ड्राइवर बूटा सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया और उसकी टैक्सी छीन कर भाग गया ।

रिवाल्वर छीना : जिदल के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि चार संदिग्ध आतंकवादी फक्करसर गांव में जगीर सिंह से 32 बोर का रिवाल्वर तथा दस कारतूस छीन कर ले गए । लोगों ने पीछा करके उनमें से एक नछत्तर सिंह रत्ता खेड़ा को पकड़ लिया जबकि शेष लुटेरे मारुति कार में फरार हो गए । उनकी पहचान किरपाल सिंह, गुरजंट सिंह, जोगेन्द्र सिंह तथा लछमन सिंह के रूप में हुई है । पुलिस ने दो आतंकवादियों सुखचरण सिंह व जसवीर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौलें व चार कारतूस बरामद किए ।

राजीव गांधी

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री गांधी ने ज़ोर देकर कहा कि विपक्ष की सरकार वाले राज्यों में इस संगठन की विशेष जिम्मेदारी है । उन्होंने पश्चिम बंगाल, केरल, असम, कर्नाटक और हरियाणा सहित अनेक विपक्षी राज्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि इन राज्यों में एन.एस.यू.आई. को कड़ा संघर्ष करना पड़ा रहा है ।

उन्होंने रोज़गार के संबंध में कहा कि जवाहर रोज़गार योजना शुरू की जा रही है ।

इस अवसर पर श्री गांधी को एक छात्र घोषणा पत्र दिया गया था ।

इसमें यह भी मांग की गई कि छात्रों पर दायर मुकद्दमों के लिए विशेष अदालतों का गठन किया जाए ।

'राजीव' के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि एन.एस.यू.आई. के लिए आने वाले आठ-नौ महीने काफी चुनौतीपूर्ण साबित होंगे । चुनाव जैसे-जैसे निकट आ रहे हैं, विपक्ष के आरोपों व षड्यंत्रों का सिलसिला तेज़ हो गया है । उन्होंने इंका के छात्र संगठन से कहा कि वे आने वाले महीनों में पूरी तैयारी

राज्यसभा में हंगामा

(पृष्ठ 3 का शेष)

यदि आप सदन की कार्रवाई में अव्यवस्था पैदा करेंगे तो आपको सदन से बाहर कर दिया जाएगा । श्री सिंह ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा के बारे में बोलना चाहते थे लेकिन सभापति का कहना था कि उनकी पार्टी के नेता श्री वीरेन्द्र वर्मा इस पर बोल चुके हैं अतः उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती । इस पर उत्तेजित होकर श्री सिंह ने कहा कि श्री वर्मा जनता दल के सदस्य हैं और मेरा उनकी पार्टी के साथ कोई संबंध नहीं है ।

सरकार ने लीकेज को गंभीरता से लिया है जो केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री पी. चिदम्बरम के कल इस बयान से भी पता चलता है कि 'सरकार ने बहुत संयम से काम लिया है ।'' प्रधानमंत्री व उनके साथियों ने सभी सम्भावनाओं को सामने रखते हुए पूरी शक्ति के साथ प्रति आक्रमण करने का फैसला किया है । इसमें ये सम्भावनाएं शामिल हैं कि श्री नेहरू प्रधानमंत्री व उनके साथियों के खिलाफ और कौन-सी उलझनपूर्ण नई सामग्री निकाल सकते हैं । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री ने श्री आर.के. धवन के जरिये काफी कुछ ऐसी सामग्री प्राप्त कर ली है कि वह श्री अरुण नेहरू को उनकी 'सही जगह' बता सकें । बहरहाल लड़ाई तीखी होने वाली है और श्री नेहरू घबराए से दिखाई दे रहे हैं ।

औलाद न होने पर जल जाने को मजबूर करने का आरोप

अमृतसर, 4 अप्रैल (सोनी): स्थानीय सुलतानविंड इलाका के अजीत सिंह का आरोप है कि उसकी बेटी जसवंत कौर को उसके ससुराल वालों ने इसलिए जल जाने पर मजबूर किया क्योंकि मृतका के सवा साल की अवधि में कोई औलाद नहीं हुई थी

काबुल में राकेटों से हमला, और अफगान सिख मारे गए

काबुल, 4 अप्रैल (ह.स.): आज रात्रि काबुल गिरे छः राकेटों से सात व्यक्तियों, जिनमें अधिका युवा स्त्रियां शामिल हैं, की मृत्यु हो गई तथा 1 अन्य घायल हो गए । जिस क्षेत्र में ये राकेट गिरे उस क्षेत्र में अफगान सिख और हिन्दू रहते हैं मृतकों में एक अफगान सिख मेहताब सिंह उसकी तीन युवा लड़कियां भी शामिल हैं ।

मार्ग अवरुद्ध : अफगान विद्रोहि ने आज दावा किया कि उन्होंने कई जगह पहाड़ डायनामाइट से उड़ा कर काबुल-जलाला राजमार्ग अवरुद्ध कर दिया है । जलालाबाद उत्तर पर्वी दक्षिणी हिस्सों में अफगान सेना विद्रोहियों के बीच घमासान लड़ाई छिड़ी हुई है

कच्चा केला अल्सर का इला

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (वार्ता): कच्चे के सेवन से न केवल अल्सर से बचा जा सकता है यह रोग के उपचार में भी सहायक सिद्ध होता

बस अड्डे का शिलान्यास अ

फिल्लौर, 4 अप्रैल (भाखड़ी): फिल्ली नागरिकों की चिरकाल से चली आ रही बस अड्ड मांग को सम्मुख रखते हुए जिलाधीश श्री मित्तल कल 5 अप्रैल को नए बस अड्डे शिलान्यास करेंगे ।

टैंकर तले दो कुचले ग

दसूहा, 4 अप्रैल (झावर): आज उस्मान के निकट जालन्धर-पठानकोट राज मार्ग प टैंकर ने, स्कूटर पर जा रहे दो चचेरे भाइयों को डाला । दोनों के नाम हरपाल सिंह तथा क सिंह थे ।

पत्रकार अशोक वर्मा सम्मानि

अमृतसर, 4 अप्रैल : स्थानीय पत्रका अशोक वर्मा को गत दिनों गुरु नानक पब्लिक

Punjab Sahitari

क्लासीफाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

रंगदार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स । मिलें : नैशनल इलैक्ट्रौनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊट गेट बस स्टैंड, पठानकोट ।

टी.वी. ट्रेनिंग

घर बैठे या कालेज में आकर कलर टी.वी. सीखें—अमरीकन टी.वी. ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट, निकट चौक भगत सिंह, जालंधर शहर ।

नाम परिवर्तन

पोल्ट्री

पंजाब में एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

रोपड़ पुलिस से मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादी फरार होने में सफल

एक कट्टर उग्रवादी मुकाबले में मारा गया

चंडीगढ़, 5 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात के बाद एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । रोपड़ पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादी बच निकलने में सफल हो गए ।

परिवार की हत्या : नकोदर (गगन): नकोदर से कुछ मीटर दूर गांव तलवंडी भरो में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने तीन सगे अमृतधारी भाइयों तथा उनके एक सगे लड़के की हत्या कर दी । घटना की रिपोर्ट अनुसार गत रात्रि 8.30 बजे के लगभग दो आतंकवादी, जिन्होंने लोइयां ओढ़ रखी थीं, तलवंडी भरो में आए और श्री कुन्दन सिंह के घर आकर उसके बड़े लड़के जगजीत (35) व उसके छोटे बेटे कुलवन्त सिंह (30) को आवाज़ें लगाईं । उनके बाहर आने पर उन्होंने कहा कि तुम्हें कुछ रिश्तेदार ट्यूबवैल पर से लिए आए हैं । वे दोनों यह बात सुनते ही उनके साथ अपने ट्यूबवैल को चल पड़े । कुछ दिन पहले ही उनके सगे चाचा के बेटे सिंह उर्फ़ बिल्ल की शादी होने के कारण घर में लोगों का आना जारी था । इसी बीच उनका भाई गुरनाम सिंह (18) भी उनके पीछे चला । जैसे ही आतंकवादी ट्यूबवैल पर पहुंचे, अपनी बंदूकें निकाल लीं । उन्होंने अपने लाए व्यक्तियों को साथ वाले ट्यूबवैल से अपने भाई सुरजीत सिंह को आवाज़ लगाने के लिए । जैसे ही वे चारों इकट्ठे हुए उन्होंने उन सभी को लाइन में खड़ा करके उन पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे तीन भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सब से बड़ा भाई जगजीत सिंह गंभीर ज़ख्मी हो गया । ज़ख्मी जगजीत सिंह को जब मृत समझ कर डालकर उसकी बहन व एक अन्य भाई इलाज के लिए ला रहे थे तो रास्ते में मोड़ पर खड़े आतंकवादियों ने जीप पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । इस पर ड्राइवर व अन्य लोग जीप को छोड़कर पैदल निकले और जीप चलती-चलती एक गेहूं के खेत में जाकर रुक गई, जहां आतंकवादियों ने जगजीत सिंह पर गोलियों की बौछार करके उसे ढेर कर दिया ।

बताया जाता है कि सभी मृतक पर्णतया अमृतधारी थे और घर में श्री गुरु ग्रंथ साहब की बीड़ रखे हुए थे । वे दोनों समय घर में पूजा-पाठ व कीर्तन आदि करते थे आतंकवादियों ने जाते समय नज़दीकी एक अन्य ट्यूबवैल पर अपने कमरे में बैठे किसान को आवाज़ देकर कहा कि हमने उन सब का 'गुग्गा' पूज दिया है क्योंकि उन्होंने गत वर्ष हमारे एक साथी आतंकवादी को गांव में पकड़वाया था । घटनास्थल से लौटते वक्त आतंकवादियों ने गांव में जलती लाइटों को गोलियां मारकर तोड़ दिया । गांव के सभी लोग डर के मारे सुबह तक घरों से नहीं निकले ।

रात 2.30 बजे के करीब गांव मुध की पुलिस चौकी के जवान जब गश्त के लिए निकले तो उन्होंने खेतों में खड़ी एक जीप में लाश देखी । इस पर उन्होंने गांव के सरपंच को आकर बताया, जिसने लाश की शिनाख्त की । इस वारदात से क्षेत्र में आतंक पैदा हो गया है । गत वर्ष खीवा तथा धारीवाल गांवों में हुई वारदातों के बाद यह सबसे अधिक भयावह घटना है । बताया जाता है कि आतंकवादी पैदल ही आए और पैदल ही चले गए । पुलिस के अनुसार हमलावर बब्बर खालसा से सम्बन्धित थे ।

एस.एस.पी. का बयान : जालन्धर के एस.एस.पी. मुहम्मद इज़हार आलम ने एक बयान में कहा है कि तलवंडी भरो में हुई वारदात आतंकवादियों की आंतरिक धड़ेबंदी का नतीजा है । उन्होंने कहा कि जिस जगह हत्याएं हुईं वह आतंकवादियों का छुपने का स्थान था ।

कोई सुराग नहीं : इसी बीच जालन्धर से ह.स. के अनुसार ज़बरदस्त खोजबीन के बावजूद सोमवार की रात को जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम की कार पर खलचियां क्षेत्र में चार स्थानों पर फ़ायरिंग करने वाले उग्रवादियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका ।

जालन्धर जिले में मुख्तियार सिंह उर्फ मुक्खा नामक आतंकवादी पकड़ा गया । उससे एक बन्दूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

कर्मजीत गिरोह का हाथ : होशियारपुर (वार्ता): जालन्धर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक डी.आर. भट्टी ने आज बताया कि जालन्धर के जिला पुलिस प्रमुख मुहम्मद इज़हार आलम पर गत तीन अप्रैल की रात किए गए हमले में "खालिस्तान कमांडो फोर्स" के कर्म जीत सिंह गिरोह का हाथ था ।

हंसाबाला में हत्या : अमृतसर (वार्ता): दो आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन क्षेत्र में हंसाबाला गांव में सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से जबरदस्ती बाहर निकाल कर गोलियां चला कर मार डाला ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव अल्लोवाल एवं छोटेपुर के मध्य नहर के निकट गत रात्रि पुलिस एवं बी.एस.एफ. के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके तीन साथी बचकर भाग गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृतक आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन, 50 जीवित व 25 चले हुए कारतूस, एक थैला जिसमें खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की आपत्तिजनक सामग्री भी मिला है । उन्होंने बताया कि गत रात्रि डी.एस.पी. सुरिन्दर पाल सिंह बाबा एवं एस.एच.ओ. कपाल सिंह पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के साथ गश्त पर थे, जब उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई ।

शव बरामद : इसी जिला में पुलिस थाना सदर बटाला में गत दिवस निकटवर्ती गांव धुपसड़ी की नहर के पास एक शव बरामद हुआ है । शव पर तेज़ धार हथियारों के निशान हैं । मृत व्यक्ति की शिनाख्त धुपसड़ी निवासी याकब मसीह के रूप में हुई है । वह बटाला में कबाड़िए की दुकान करता था । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक की जांच के अनुसार यह व्यक्तिगत शत्रुता की घटना है, लेकिन मृतक के परिवारजनों का कहना है कि मृतक के पास तीन हज़ार रुपए थे तथा उनको छीनने के लिए ही यह हत्या की गई है ।

ए.एस.आई. की हत्या : फिरोज़पुर (ह.स.): थाना ज़ीरा की कसोआना चौकी में तैनात असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर पुलिस केवल सिंह की आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । सूचनाओं में कहा गया है कि ए.एस.आई. अपने मोटर साइकल पर जा रहा था कि आतंकवादियों ने रास्ते में उसे घेर लिया तथा उस पर गोलियों की बौछार कर दी ।

सिपाही को छोड़ दिया : बताया जाता है कि आतंकवादियों ने ए.एस.आई. केवल सिंह के मोटर साइकल के पीछे बैठे सिपाही देवेन्द्र सिंह की जान बख्श दी तथा उसे एक निकटवर्ती सूखे नाले में फैंक गए । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के 15 चले हुए कारतूस बरामद किए ।

वकील की हत्या : लुधियाना (ह.स.): दो सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिले के सदर थाना अन्तर्गत गांव लौढ़ोवाल के निकट एक वकील गरदयाल सिंह की हत्या कर दी ।

राकेश कुमार को हत्या से पूर्व धमकीपूर्ण पत्र मिलते रहे : लुधियाना (धीमान): पता चला है कि शिव सेना फिल्लौर के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



जालन्धर के नकोदर सब डिवीजन में मंगलवार रात को आतंकवादियों द्वारा मारे गए एक ही परिवार के सदस्यों (1) सुरजीत सिंह, (2) गुरनाम सिंह, (3) जगजीत सिंह और (4) कुलजीत सिंह के शव (5) चारों के पुराने चित्र, मृतकों के रिश्तेदार विलाप करते हुए । (छाया : रत्तू)

...ता दल की प्रस्तावित किसान-रैलियां : वी.पी. सिंह, ...वी लाल और मेनका गांधी आदि संबोधित करेंगे

...ला, 5 अप्रैल (कोछड़): पंजाब के ...लग जिलों में किसान रैलियां जनता दल की ...निकट भविष्य में आयोजित की जाएंगी और ...सभाओं को सर्वश्री वी.पी. सिंह, चौ. देवी ...श्रीमती मेनका गांधी और जनता दल के ... बलकार सिंह काहलों (कादियां), बीबी हरभजन कौर (दीनानगर), कैप्टन जगबीर सिंह घई (पठानकोट) व लोकेश बख्शी (सुजानपुर) थे । उन्होंने और आगे कहा कि जनता दल एक असाम्प्रदायिक पार्टी है व ...

कोकराझार में रेलवे लाईन के आसपास कर्फ्यू

गुवाहाटी, 5 अप्रैल (ह.स., वार्ता): असम के बोडो-बहुल कोकराझार जिले में 96 किलोमीटर लम्बी रेलवे लाईन के आसपास अनिश्चितकाल के लिए शाम से सुबह तक का कर्फ्यू लगा दिया गया है । यह रेलवे लाईन पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र है । बोडो छात्र संघ द्वारा दिए गए दस दिन के असम बंद, जो कल प्रातः पांच बजे खत्म होगा, के अंतिम दिन आज भी हिंसक घटनाएं जारी रहीं । एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार कल रात को कोकराझार जिले में बासुगांव और दंगताल स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी के इंजन पर बोडो उग्रवादियों ने बम फैंका । रेल-पटरी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । कोई हताहत नहीं हुआ और न ही इंजन को कोई नुक्सान पहुंचा ।

ब्रिटेन में बड़े-बड़े लोगों को अपने रूप जाल में फ... पामेला का घावों से भरा चेहरा । (इन्सैट) दु...

हाय ! मेरा वह खूबसूरत... प्लास्टिक सर्जरी करव...

हांगकांग, 5 अप्रैल (सन): ब्रिटेन में कई सांसदों व प्रमुख लोगों के साथ अपने यौन सम्पर्कों के कारण तहलका मचा देने वाली भूतपूर्व भारत सुन्दरी पामेला बोर्डेस उर्फ पामेला सिंह गत दिनों इंडोनेशिया के बाली द्वीप में मोटर साइकल दुर्घटना में घायल होने के उपरांत हांगकांग आई । वहीं पहली बार उसने अपने चोटग्रस्त चेहरे को लोगों को दिखाया ।

पामेला को जब बाली द्वीप में सन के खोजी पत्रकारों ने उसके छिपने के स्थान से ढूंढ निकाला था तो उनसे बचने के लिए पामेला को उसकी एक अमरीकन सहेली अपनी मोटर साइकल पर बिठाकर वहां से ले गई थी, लेकिन इस प्रयास में मोटर साइकल दुर्घटनाग्रस्त हो गई तथा पामेला व उसकी सहेली घायल हो गए थे ।

दुर्घटना में पामेला के सुन्दर चेहरे पर घावों के काफी स्पष्ट निशान थे । उसकी एक आंख के नीचे से लेकर सजे हुए होंठों तक घाव था जिस पर पपड़ी जमी हुई थी । उसका एक दांत भी टूट गया था ।

पामेला ने हांगकांग में आकर पहली बार बताया कि किस प्रकार वह मोटर साइकल दुर्घटना में मरते-मरते बची ।

उसने बताया कि वह जब घायल होने के बाद बाली द्वीप के हवाई अड्डे पर पहुंची तो वहां अपना चेहरा एक लाल शाल से ढंके हुए थी । वह संयोगवश एक यात्री से टकरा गई जिसके कारण उसकी आंख के नीचे आए घावों पर लगे टांके खुल गए । उसके घावों से खून बहने लगा था तथा उसके वकील टिम टेलर की जैकेट पर उसके खून के धब्बे लगे दिखाई दे रहे थे । टिम टेलर गत शनिवार को लंदन से उसकी सहायता के लिए आया था ।

पामेला ने बताया कि जब वह गरुड़ एयर लाइन्स के डी.सी.-दस विमान में सवार हो गई तो उसने कुछ राहत की सांस ली तथा अपने ढके हुए चेहरे को उघाड़ने को राजी हुई थी ।

पामेला ने बताया कि "घावों के कारण मुझे अत्यन्त पीड़ा हो रही है । शायद मेरे मसूड़ों को भी क्षति पहुंची है, मैं जानती हूं कि मुझे अपने चेहरे को सही सलामत बनाने के लिए प्लास्टिक सर्जरी करनी पड़ेगी ।"

दुर्घटना में पामेला के दांतों को भी क्षति पहुंची है । उसने कहा कि मुझे अभी अपने दांतों का भी उपचार कराना पड़ेगा । उसने कहा "मुझे इस बात का पूर्ण विश्वास है कि मेरी कोई हड्डी क्षतिग्रस्त हुई है । बाली में मैंने अपना एक्सरे नहीं करवाया । वहां इस प्रकार की समुचित सुविधा नहीं थी ।"

पामेला ने कहा कि "मैं जो चाहे खा सकती हूं लेकिन अपने घावों की पीड़ा के कारण सो नहीं पाती

अनंतनाग में हिंस... पश्चात् कर्फ्यू, सेन...

श्रीनगर, 5 अप्रैल (वार्ता): बंद के तीसरे दिन गावाकदल में पुलिस के एक गश्ती दल पर पथराव कर रहे संगठन समर्थकों

Punjab Sanskriti

ों को चेतावनी

न (ढल्ल): फैडरेशन आफ़ सोसिएशन के महासचिव उन सभी उद्योगपतियों को ट्रेल एक्साइज़ के अधीन लाख रुपए तक की सीमा के नहें लाईसैंस लेने की ज़रूरत इन उद्योगपतियों से कहा है ी अंतिम तिथि 10 अप्रैल से दे दें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है ।

को मान्यता मिली

ग.पी.) : पोलैंड में श्री लेक नरल जेसलवा किज़ाक के नामझौते के तहत श्री बालेसा र संगठन सॉलिडैरिटी को दे दी गई । उल्लेखनीय है वर्ष से प्रतिबंध लगा हुआ ी खास बात यह है कि दसरे में पहली बार लोकतांत्रिक जाएंगे ।



क्षेत्र में गत सोमवार को ने के पश्चात् पुलिस के हुए । (छाया : पी.टू.)

सेना सतर्क

का शेष)

समाचारों के अनुसार दी संगठन पीपल्स लीग के गुलाम मोहम्मद शाह की मृत्यु हो जाने तथा बाद में भड़क उठने के पश्चात् लगाने के बाद देखते ही दिए गए हैं । स्थिति पर ा भी बुलाई गई है ।

नुसार सशस्त्र युवकों ने मंत्री पी.एल. हांडू के घर बाद देखते ही गोली मारने दंगाइयों ने श्री हांडू के र्व उस पर भारी पथराव

कारी भवनों को भी आग गया है कि स्थिति को ना ने गश्त लगानी शुरू

के दंगाइयों ने एक पुलिस का प्रयास किया लेकिन दिया ।

दंगाइयों ने अल्पसंख्यक घर लूटना चाहा लेकिन

प्रोफैसर द्वारा आत्महत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

वालिया द्वारा आत्म हत्या : डी.ए.वी. कालेज के अर्थशास्त्र के लैक्चरर ललित वालिया, जिन्होंने 3-4 अप्रैल की रात को अपने दोनों नन्हें बच्चों सहित आग लगाकर आत्म हत्या कर ली थी, उनके द्वारा लिखा एक पत्र गोदरेज की अलमारी की सेफ में पड़ा कल सायं ही घर वालों को मिल गया था, जिसकी सूचना उच्च पुलिस अधिकारियों को भी दे दी गई और जांच कर रहे पुलिस अधिकारी को भी पहुंचा दी गई । प्रो. ललित के घर वालों के अनुसार जिस सेफ में उसने वेतन लाकर रखा था, वहीं उसने यह पत्र रख दिया था ।

उक्त पत्र ने पुलिस को दो बातें स्पष्ट कर दीं । एक तो यह कि यह आत्म हत्या का मामला है और जो यह शंका प्रकट की जा रही थी कि कुछ लोग रात को बाहर से घर में प्रवेश कर आए और उन्होंने प्रोफैसर तथा बच्चों को जला दिया । दूसरी बात यह स्पष्ट हुई है कि 3 अप्रैल सोमवार जिस रात यह घटना घटी, की सायं को किरणबाला, मां, उसके भाई श्री एस.डी. कालिया आदि वहां नहीं आए और न उस दिन घर में जाकर प्रोफैसर को उन्होंने बुरा भला कहा जैसा कि कुछ समाचारों में कहा गया । उक्त पत्र के अनुसार जो कुछ भी घटनाक्रम हुआ, वह दो अप्रैल रविवार को प्रातः से लेकर रात तक हुआ । किरणबाला जो कि अभी तक बातचीत करने की स्थिति में नहीं थी, के मायके वालों ने बताया कि रात नौ साढ़े नौ बजे किरणबाला के ससुराल के मुहल्ले से दो युवक उनके घर आए और उन्होंने बताया कि किरणबाला और ललित वालिया के बीच झगड़ा चल रहा है और किरणबाला मारपीट के डर से एक कमरे में बंद है । इस पर किरणबाला के भाई श्री सतदर्शन कालिया अपनी पत्नी समेत उधर आए और वहां बाहर मुहल्ले के कुछ लोग जमा देखे । उसके बाद वह अन्दर गए और किरणबाला से मिले और वहां की स्थिति को देखकर मुहल्ले वालों के सामने ही उसे बगैर चप्पल व चुन्नी साथ घर (मायके) ले आए । अगले दिन सोमवार की रात को प्रो. ललित ने बच्चों सहित आत्म हत्या कर ली ।

किरणबाला के मायके वालों का कहना है कि एक वर्ष पूर्व मृतक ने मकान खरीदा था और रजिस्ट्री पर उन दोनों के हस्ताक्षर हैं । इस मकान की खरीद पर जहां कुछ गहने आदि बेचे गए, वहां बीमा निगम से भी शायद कर्जा लिया गया और उस बांड पर भी इन दोनों के हस्ताक्षर हैं । उनका यह भी कहना है कि अब मृतक किरणबाला को एक मुख्तारनामे पर हस्ताक्षर करने को मजबूर कर रहा था जो मकान बारे अधिकार अपने नाम करने के लिए थे । मगर किरणबाला इसके लिए तैयार नहीं थी ।

इनका यह भी कहना है कि तीन वर्ष पूर्व किरणबाला मारपीट के कारण मायके आ गई थी तब डी.ए.वी. कालेज के ही एक वरिष्ठ अध्यापक और उनकी पत्नी उसे वापस ले गए थे ।

अभी पुलिस जांच अधिकारी चर्चित पूर्व घटनाओं सम्बन्धी तथ्यों का पता चलाने और उक्त पत्र के प्रकाश में सम्बन्धित व्यक्तियों से पूछताछ कर रहे हैं ।

स्वर्गीय ललित वालिया की रस्म चौथा कल 6 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे उनके निवास शास्त्री नगर, नकोदर रोड में होगी ।

करोड़ों

दोष

नई दिल्ली
ने सेना को दोष
की जांच के लि
मांग की है ।

समिति के
लोकसभा में पे
गया है कि इस
लगा कर उन्हें
गई खामियां
आवश्यक है

समिति ने
तरह की खामि
भी बनी हुई है
मूल्य के गोला
सकता । श्री
सम्मेलन में
आश्चर्य हुआ
उन्हें दूर करने
लगा ।

समिति ने
सप्लाई करने
लेकिन कहा
1984 के बी
बनाने में अच्छे
किया गया ।

लोक लेखा
करने के समय
करने वाली व्य
कहना है कि
प्रभावी नहीं है,

श्री दत्त
अनुसंधान विक
किस्म के गोला
दोबारा इस्तेमा
30 प्रतिशत त

संस्थान ने
पर समिति के
निर्णय के बाद भ
के उपाय नहीं

व्याप

एन.ई.आ

द्वा

नई दिल्ली
एयरीकल्चर
(एन.ई.आर.
असैप्टिक कंज्यू
एप' का उत्पाद
में किसी भी रैडी
की मात्रा होगी
सरकार का ए
इंडस्ट्रीज़ मंत्राल
उद्देश्य उत्तर-पू
वाले जरूरतमंद
है । चार करोड़
प्लांट अनानास
लगाया गया है
अनानास प्रोसैसि

PunjabKesari.com

जोधपुर जेल से रिहा युवक और उसके परिवार के 4 सदस्यों की हत्या

अन्यत्र 4 हत्याएं, सीमा पर 4 पाक घुसपैठिए मारे गए

एक आतंकवादी मुठभेड़ में, 2 ग्रुप संघर्ष में मरे

चंडीगढ़, 6 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने एक परिवार के 5 सदस्यों व एक कांस्टेबल सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिनमें से दो को फांसी देकर मारा गया । 4 पाकिस्तानी घुसपैठिये बी.एस.एफ. के हाथों मारे गए, एक आतंकवादी आज शाम जालन्धर के पास मारा गया । दो उग्रवादी ग्रुप संघर्ष में मारे गए ।

5 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार अमृतसर जिला के थाना मेहता के क्षेत्र में एक गांव जसपाल में गत रात एक जमींदार जोगेंद्र सिंह के घर में रात 10 बजे के लगभग 8-9 आतंकवादी, जिनके पास ए.के.-47 असाल्ट राइफलें और स्टेनगनें थीं, जबरदस्ती दीवारें फांद कर अंदर घुस गए । इन आतंकवादियों ने घर के पांच सदस्यों को एक लाइन में खड़ा करके अंधाधुंध गोलियां चला कर उन्हें मार डाला । मृतकों में जोगेंद्र सिंह, उसकी पत्नी चरण कौर, दो नौजवान लड़के जरनैल सिंह व बूटा सिंह और जोगेंद्र सिंह का भतीजा नत्था सिंह शामिल हैं । इस परिवार में एक वृद्धा भगवंत कौर,जो जोगेंद्र कौर की सास बताई जाती है, गोलियों से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । सरकारी तौर पर आतंकवादियों द्वारा किए गए इस हत्या कांड के बारे में कुछ नहीं बताया गया है लेकिन पता चला है कि यह हत्या कांड आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

ह.स. के अनुसार गांववासियों ने हालांकि गोलियों की आवाज सुनी थी,लेकिन डर के मारे वे तीन घंटे बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस को संदेह है कि यह हत्याएं उसी गिरोह ने की हैं,जिसने गत दिनों जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम और एक अन्य पुलिस निरीक्षक अजय कुमार पर हमला करने का प्रयास किया था ।

दया की भीख मांगी : 'वार्ता' के अनुसार बूटा सिंह जोधपुर जेल में नज़रबंद रहा था । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बूटा सिंह उन 137 नजरबंदों में शामिल था,जिन्हें गत वर्ष प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पंजाब यात्रा से पूर्व रिहा किया गया था । यह हत्याएं भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के आतंकवादियों द्वारा की गई बताई जाती हैं । बूटा सिंह की पत्नी बलविंदर कौर ने बताया कि आतंकवादी दीवार फांद कर अंदर आकर उसके पति के बारे में पूछने लगे । बूटा सिंह का नाम सुनते ही उसके पिता जोगेंद्र सिंह अपने कमरे से बाहर आए । बलविंदर कौर ने बताया कि सभी ने आतंकवादियों से इसकी भीख मांगी । यहां तक कि उसके पति ने भी उनसे यह कहा कि उसने चार वर्ष जोधपुर जेल में काटे हैं, लेकिन आतंकवादियों ने उनकी एक न सुनी । बूटा सिंह के दो बच्चे हैं ।

नत्था सिंह के बेटे बलविंदर सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने उसके पिता के हाथ पीछे की ओर बांध दिए और कहा कि उन्हें लेकर खेत के ही बलदेव सिंह के घर चले,लेकिन गोली की आवाज सुनने के बाद बलदेव सिंह घर से पहले ही भाग गया था । बलविंदर सिंह ने बताया कि इस बीच आतंकवादियों ने नत्था सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी तथा इससे पहले उसके परिवार के सदस्यों को घर में बंद कर दिया । पुलिस ने वहां से ए.के. 47 राइफल से चलने वाली गोलियों के दो दर्जन खोल बरामद किए । वहां एक पर्चा भी मिला,जिसमें हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।





आतंकवादियों ने गत दिवस जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इ हमला किया । श्री आलम आतंकवादियों की गोलियों की हमले के समय वह जिस बुलेट प्रफ कार में सवार थे, (ऊपर निशान जो आरपार हो गई, (नीचे) श्री आलम कार की जिस त के निशान ।

गत रात थाना मेहता के गांव जसपाल में आतंकवादियों ने जोधपुर जेल से रिहा होकर आए बूटा सिंह और उसके परिवार के 4 अन्य सदस्यों को गोलियां मार कर मार डाला । चित्र में (1) बूटा सिंह का पिता जोगेन्द्र सिंह, (2) बूटा सिंह, (3) भाई जरनैल सिंह, (4) मां चरण कौर तथा (5) जोगेन्द्र सिंह के चाचे के बेटे नत्था सिंह की लाशें । (छाया : जसपाल)

फांसी देकर मार डाला : एक और सूचना के अनुसार गत रात एक बजे के लगभग थाना पट्टी के गांव डुबली में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जस्सा सिंह बाजीगर के घर में घुसकर उसको जबरदस्ती बाहर निकाला । उसे गांव से बाहर उन्होंने एक कीकर के वृक्ष से लटका कर फांसी दे दी और चले गए । प्रातः उसकी लाश वृक्ष से लटकती मिली । उसके हाथ-पांव बंधे हुए थे तथा उसकी

(शेष पृष्ठ 14 पर)

किसान की हत्या : पुलिस ने बताया कि कल रात पुलिस जिला तरनतारन के अन्तर्गत कोटली वधावा सिंह में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक किसान सुबा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गिल, बराड़, भटन
सुरक्षा अधिकारी

नई दिल्ली, 6 अप्रैल : गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज कहा कि सुरक्षा बल के प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान देना जरूरी है ।

श्री सिंह यहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्वर्ण जयन्ती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न इलाकों में आंतरिक सुरक्षा समस्याओं को निपटाने के लिए हमेशा ड्यूटी पर तैनात होने के कारण सुरक्षा बल के जवानों और अधिकारियों के पास आराम और प्रशिक्षण के लिए समय नहीं होता है । इसके बावजूद इस और अधिक ध्यान देना होगा ।

उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा बल की समस्याओं से भली-भांति अवगत है और कामकाज की स्थिति में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है । सरकार ने फैसला किया है कि सुरक्षा बल की समस्या के समाधान के लिए हर साल नियमित रूप से स्टाफ काउंसिल की बैठक की जाए ।

श्री सिंह ने कहा कि रिजर्व बल ने पिछले साल बहादरी के लिए सर्वाधिक पदक और पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है । इस बल को पिछले साल 38 पदक और पुरस्कार मिले थे ।

इस अवसर पर श्री सिंह ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल,दिल्ली के पुलिस आयुक्त विज महानिदेशक निदेशक मोह महानिदेशक ह बल के महानि पुलिस महानि सुरक्षा बल के अनेक केन्द्रीय शासित प्रदेश किए ।

ठक्कर अ
लेकर अ

बंगलौर, कृष्ण हेगड़े ने लोकसभा के की समची रिपा अन्य विपक्षी प छड़ देगी । श्री हुए कहा कि लो श्रीमती इंदिरा था तथा केंद्र इ है ।

पाकिस्तान परमाणु बम बनाने के बहुत निकट : राजीव

शांति निकेतन, 6 अप्रैल : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु बम बनाने के बहुत निकट पहुंच चुका है तथा इसका कार्यक्रम स्पष्ट रूप से सैनिक प्रकृति का है । प्रधानमंत्री आज यहां विश्व भारती विश्वविद्यालय के छात्रों के

जनता पार्टी द्वारा इंका और जनता दल से अलग एक तीसरे मोर्चे के गठन पर विचार किया जाएगा

नई दिल्ली, 6 अप्रैल : जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक यहां 17 अप्रैल को होगी जिसमें कांग्रेस (इ) और जनता दल से अलग हट कर

जनता दल के केन्द्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था ।

Punjabi Sanatan

र उसके

ह त्या

ठए मारे गए

घर्ष में मरे

क दि उसके पति ने भी उनसे यह
चार वर्ष धोधपुर जेल में काटे है,
दियो ने उनकी एक न सुनी । बूटा
हैं ।

के बेटे बलविंदर सिंह ने बताया कि
उसके पिता के हाथ पीछे की ओर
हा कि उन्हेलेकर गांव के ही बलदेव
लेकिन गोली की आवाज सुनने के
घर से पहले ही भाग गया था ।
बताया कि इसमें आतंकवादियों ने
ली मार कर हत्या कर दी तथा इससे
वार के सदस्यों को घर में बंद कर
ने बदमाश ने ए.के. 47 राइफल से
लियों के दो दर्जन खोल बरामद
पर्चा भी मिला, जिसमें हत्या की
है ।

स जिले के चीफ जी.एस. मान ने
कि उग्रवादी सुखविन्दर सिंह संधू
पर काफी समय से दबाव डाल रहा
साथ मिल गए लेकिन बूटा सिंह के
करने से उक्त उग्रवादी ग्रुप नाराज
बूटा सिंह की हत्या कर दी ।
ारियों के लिए इस घटना से चिंता
कि उग्रवादियों के रवैये से उनसभी
र जेन्ट से रहा किए गए है और
सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया
बात सामने आई है कि उग्रवादी
में नई भर्ती करने की कोशिश में
हत्याकांड का मौका देखने गए
ों ने बताया कि पुलिस घटना के
बाद मौके पर पहुंची । अभागे
बच्चे इन्हे सदस्य जोगा सिंह ने
बूटा सिंह ने जान बचा कर खेतों
श की, लेकिन हत्यारों ने गोलियों
उसे मार डाला । सभी हत्यारे
के थे ।

त्या : पुलिस ने बताया कि कल
तरनतारन के अन्तर्गत कोटली
अज्ञात आतंकवादियों ने एक
गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

आतंकवादियों ने गत दिवस जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम पर घात लगा कर हमला किया । श्री आलम आतंकवादियों की गोलियों की बौछार से बाल-बाल बच गए । हमले के समय वह जिस बुलेट प्रूफ कार में सवार थे, (ऊपर) उसके इंजन पर लगी गोली का निशान जो आरपार हो गई, (नीचे) श्री आलम कार की जिस तरफ बैठे थे उस तरफ लगी गोलियों के निशान ।

(छाया : जैमिनी)

गिल, बराड़, भटनागर आदि सुरक्षा अधिकारी सम्मानित

नई दिल्ली, 6 अप्रैल : गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज कहा कि सरक्षा बल के प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान देना ज़रूरी है ।

श्री सिंह यहां केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की स्वर्ण जयन्ती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न इलाकों में आंतरिक सुरक्षा समस्याओं को निपटाने के लिए हमेशा ड्यूटी पर तैनात होने के कारण सुरक्षा बल के जवानों और अधिकारियों के पास आराम और प्रशिक्षण के लिए समय नहीं होता है । इसके बावजूद इस और अधिक

आपका विजय करण, राष्ट्रीय सरक्षा गार्डस के महानिदेशक वेद मरवाह, केन्द्रीय जांच ब्यरो के निदेशक मोहन कात्ते, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हरि मोहन, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक जी.एस. भंडेर, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक एस.एस. बराड़ और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक एच.पी. भटनागर सहित अनेक केन्द्रीय पुलिस सगठनो, राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के पुलिस प्रमुखों को स्मृति-चिन्ह भेंट किए ।

Punjabi Sanatani

क
सी

अनंतन
श्रीन

श्रीनगर,
अनंतनाग शह
में है । सनस
लगा रही है
उपद्रवियों औ

कर्फ्यूग्रस्त
उपद्रवी ने अ
मोहम्मद हुसै
दिया ।

पुलिस के
गया । उनके

अनंतनाग
घटनाओं को छ
शांतिपूर्ण बताइ

अनंतनाग
सामान्य होने
कर्फ्यू उल्लंघन

कल शाम
दिया गया था त
को बुला लिया ग
उठी थी और
पी.एल. हांडू के

कश्मीर घा
कम से कम 50
को बंद के आयो
घाटी में हाल में
सिलसिले में कु
था । बंद का आ
विरोध में किया

इस बीच अ
है कि निकटवर्ती
भी बंद आयोजित

बीजबेहड़ा
पथराव की घटन

श्रीनगर में
कमांडो तैनात
देखते ही गोली म

श्रीनगर के
दौरान पाकिस्त

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

पगड़ी से उसके गले में फंदा डाला गया था ।

दो जगह मठभेड़ें : एस.एस.पी. मजीठा श्री जी.एस. मान की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मजीठा के गांव में आतंकवादियों की तलाश सरगर्मी से जारी है और चार खतरनाक आतंकवादियों को दो स्थानों पर पुलिस के साथ मठभेड़ों के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया । इनमें बंचित्तर सिंह उर्फ़ चेता निवासी बराड़, रणजीत सिंह उर्फ़ राणा निवासी डालेके, प्रताप सिंह उर्फ़ ताबा निवासी भल्लर, विष्णुदेव उर्फ़ महेन्द्र सिंह उर्फ़ बाबू निवासी बटूहर कलां शामिल हैं । उनसे बरामद किए गए शस्त्रास्त्रों में 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, ए.के. 47 राइफल के 4 मैगज़ीन, 4 एच.ई. 36 हैंड ग्रेनेड, 12 बोर की एक दोनाली बंदूक व विभिन्न बोरों के 2312 कारतूस शामिल हैं ।

दो ग्रुप संघर्ष में मरे : पुलिस के अनुसार अमृतसर जिले के खेमकरण क्षेत्र में दो संदिग्ध आतंकवादी मरे पाए गए । घटनास्थल की जांच-पड़ताल से पता चला कि दोनों दो गिरोहों के आपसी झगड़े में मारे गए । आज शाम दोनों के शव बरामद हुए ।

2 की हत्या : फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां के निकटवर्ती गांव भुंगरनी में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया । बताया जाता है कि कल रात यहां से 23 किलो मीटर दर गांव भुंगरनी जिला होशियारपुर में आतंकवादियों ने गांव के सरपंच चौधरी प्यारा सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी व उसकी पत्नी सुरजीत कौर को घायल कर दिया । कहा जाता है कि कल रात 9 बजे के करीब 4-5 आतंकवादियों ने उसके घर जाकर दरवाजा खटखटाया । जब उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला तो उन्होंने प्यारा सिंह के बारे में पूछा तथा प्यारा सिंह, जो घर की बैठक में सोया हुआ था, पर आधुनिक हथियारों से गोलियां चलाई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उसके शरीर पर 4-5 गोलियां लगीं । उसकी पत्नी भी आतंकवादियों की गोलियों का शिकार होकर गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसे लुधियाना के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । घर में उस समय उसकी लड़की टैलीविज़न देख रही थी, जो बाल-बाल बच गई । मृतक अपने पीछे तीन लड़कियां व दो लड़के छोड़ गया है । कल रात ही गांव भुंगरनी के पास लगभग 40 वर्षीय एक देव नामक साधु की लाश एक वृक्ष से लटकती हुई मिली । उसे लाल रंग के कपड़े से फांसी दी गई व उसके हाथ पीछे की तरफ बंधे हुए थे । यह कार्रवाई आतंकवादी घटना लगती है ।

4 घुसपैठिये मारे गए : फाज़िल्का (नागपाल, लूना): फाज़िल्का सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में 6 घुसपैठियों के गिरोह में से चार मारे गए । मुठभेड़ का ब्यौरा देते हुए 57 बटालियन के कमांडैंट श्री जे.के. शर्मा ने बताया कि बी.एस.एफ. के जवानों ने सवार वाली चौकी पर 6 घुस पैठियों को भारत में दाखिल होते देखा । चनौती दिए जाने पर उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवानों की जवाबी फायरिंग में उनमें से चार मारे गए जबकि दो अन्य वापस भाग जाने में सफल हो गए । घुसपैठियों के सामान में से दो आयातित घड़ियां, कमीज़ों-पैंटों के दस जोड़े बरामद हुए । समझा जाता है कि यह घुसपैठिये विध्वंसक कार्रवाइयां चलाने के लिए भारत में दाखिल हो रहे थे । कुछ समय पूर्व भी बी.एस.एफ. की इसी बटालियन ने फाज़िल्का सैक्टर में 75 करोड़ रुपए मूल्य की हैरोइन पकड़ी थी ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : जलालाबाद से 'मलिक' के अनुसार गांव सरलेवाला के निकट नाकाबंदी के दौरान तीन उग्रवादियों मेजर सिंह, गुरजन सिंह तथा परमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक 303 की डबल बैरल पिस्तौल, 12 बोर की भरी हुई पिस्तौल तथा 12 बोर की एक भरी हुई दोनाली बंदूक बरामद हुई । उन्होंने भटिंडा व फरीदकोट जिलों में कई डकैतियों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की ।

कांस्टेबल की हत्या : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार गत रात लगभग 10 बजे तीन आतंकवादियों ने गांव मल्लियांवाला में पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल मलकीयत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मलकीयत सिंह सादे वस्त्रों में एक धर्मस्थान में माथा टेकने के पश्चात् वापस घर जा रहा था कि रास्ते में आतंकवादियों ने उस पर फ़ायरिंग कर दी जिससे वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । पुलिस ने इस सम्बन्ध में 6 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

लूट की वारदात : जालन्धर (ह.स.): गत सायं यहां माडल हाऊस के निकट थाना सदन के गांव अली चक के एक निवासी जसबीर सिंह से तीन सशस्त्र आतंकवादी 35,000 रुपए मूल्य के सोने के ज़ेवर तथा 5 घड़ियां लूटकर ले गए । पुलिस ने बताया कि जसबीर सिंह एक स्थानीय बैंक में अपने लाकर में ज़ेवर तथा घड़ियां रखने के लिए आया था, लेकिन कुछ चीज़ें खरीदने में उसे देरी हो जाने के कारण वह ऐसा नहीं कर सका । वह अपने गांव लौट रहा था कि माडल हाऊस के निकट उसे लूट लिया गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आतंकवादी मरा : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर थाना सदर पुलिस थाने के अन्तर्गत गांव रंधावा मसंदां के पास आज शाम एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ़ जग्गा मारा गया ।

रंधावा मसंदां में मारे गए आतंकवादी की टोह वास्तव में जिला कपूरथला की पुलिस ने लगाई थी । कपूरथला जिला के पुलिस चीफ स्वर्ण सिंह ने बताया कि यह आतंकवादी एक साइकल पर जालन्धर क्षेत्र में आ रहा था । कपूरथला की पुलिस पार्टी द्वारा ललकारे जाने पर उसने गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आतंकवादी मारा गया । पुलिस को उसके शव के पास 32 बोर का माउज़र पिस्तौल मिला । मृत आतंकवादी जिला जालन्धर में 36 हत्याओं में वांछित था ।

मृत आतंकवादी जिला जालन्धर के थाना करतारपुर के गांव जल्लासिंहवाला का रहने वाला था । उसकी एक जेब से पोटाशियम साइनायड ज़हर की पुड़िया भी मिली ।

स्कूटर ले गए : बरनाला (सिंघवाली): गत रात साढ़े नौ बजे एस.डी. कालेज बरनाला के प्रोफैसर हंस राज गर्ग जब अपने स्कूटर (नम्बर पी.जे.एस. 3535) पर घर जा रहे थे तो तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्कूटर पर उनका पीछा किया । उसके घर के निकट जाकर स्कूटर को रोक लिया और उन पर टूट पड़े । मारपीट के अलावा चाकू से वार करके उन्हें घायल कर दिया । जब श्री गर्ग गिर पड़े तो हमलावर उनका स्कूटर लेकर फरार हो गए । जाते हुए धमकी दे गए कि यदि किसी को सूचित किया तो इससे भी कड़ी कार्रवाई करेंगे । श्री गर्ग ने सारी घटना के बारे में पुलिस को लिखित रिपोर्ट दे दी है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर से दीपक के अनुसार एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने गांव सिधावाला के निकट एक पुली पर नाकेबंदी के दौरान गत रात 9 बजे के लगभग दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे दो बंदूकें बरामद हुईं । इनकी पहचान मलकीयत सिंह गांव लंगेआना तथा चरण सिंह उर्फ़ चरण के रूप में हुई है ।

स्टूडियो का उद्घाटन करेंगे

शिमला, 6 अप्रैल : मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह 7 अप्रैल, 1989 को प्रातः 9 बजे हिमाचल प्रदेश सचिवालय में मिनी वीडियो स्टूडियो का उद्घाटन करेंगे ।

चिदम्बरम
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों को सुविधाएं नहीं दें । इससे पंजाब में हथियार भेजने में कठिनाई हो गई है । पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करते समय मारे गए दो आतंकवादियों के पास से मिले गुरबचन सिंह मानोचाहल के नाम इस पत्र में श्री गांधी और श्रीमती भुट्टो की हत्या कर दिए जाने की सम्भावना का भी उल्लेख है ।

श्री चिदम्बरम ने बताया कि लंदन स्थित सिख उग्रवादियों और ब्रिटेन में रहने वाले अफगान मुजाहिदीन के बीच 1985 से लगातार सम्बन्ध पर गौर किया गया है । अमरीका में भी दिसम्बर 1986 में तथाकथित अफगान स्वतंत्रता सेनानियों और सिख उग्रवादियों में सम्बन्ध पाए गए ।

उन्होंने गुलाबद्दीन हिकमतयार द्वारा अफगानिस्तान की इस्लामिक पार्टी को भेजे गए एक गुप्त पत्र का हवाला दिया, जिसके अनुसार आठ मुजाहिदीन भारत में प्रवेश करने वाले थे और जिनका इस्तेमाल भारत-पाक सीमा पर किया जाना था, लेकिन इज्वे इस्लामी के नेता अली खान ने ऐसा कोई पत्र मिलने का खंडन किया है ।

आज की चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस (इ) के श्री रामचन्द्र रथ ने कहा कि ठक्कर आयोग की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या में विदेशी ताकतों का हाथ था । श्री रथ ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान के विद्रोहियों एवं पंजाब के आतंकवादियों को पाकिस्तान हथियारों से सहायता कर रहा है ।

निर्दलीय श्री दत्ता सामंत ने कहा कि सरकार को अपनी अफगान नीति स्पष्ट करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से विद्रोहियों को पाकिस्तान की शह मिल रही है और पंजाब के आतंकवादियों को हथियार एवं प्रशिक्षण शिविर दिए जा रहे हैं । श्री सामंत जानना चाहते थे कि सरकार इस समस्या से कैसे निपट रही है ।

कांग्रेस (इ) की कुमारी ममता बनर्जी ने ऐसे सांसदों को सदस्यता से वंचित करने के लिए कानूनी प्रावधान बनाने की मांग की, जो राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को कमज़ोर करने वाली गतिविधियों में लिप्त हों ।

जनता पार्टी के सैयद शहाबुद्दीन ने कहा कि सरकार को अफगानिस्तान के सम्बन्ध में अपनी नीति पर फिर से विचार करना चाहिए । उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत-पाक सीमा पर हथियारों की तस्करी हो रही है, लेकिन हमारी सरकार इन्हें रोकने के लिए क्या कर रही है ।

गोर्बाच्योव महारानी एलिज़ाबेथ को निमंत्रण देंगे

लंदन, 6 अप्रैल (वार्ता): सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव महारानी एलिज़ाबेथ-द्वितीय को अपने देश आने के लिए निमंत्रण देंगे । इस बात के आज यहां संकेत मिले हैं । श्री गोर्बाच्योव कल देर रात दो दिन की सरकारी यात्रा पर यहां पहुंचे । इस बीच उन्होंने महारानी और प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर तथा अन्य नेताओं से भेंट की । श्री गोर्बाच्योव ने कल रात प्रधानमंत्री थैचर के साथ अफगानिस्तान और नामीबिया के संकट और सोवियत संघ में हुए चुनाव के बारे में चर्चा की । ए.पी. के अनुसार दोनों नेताओं की आज सुबह भी भेंट हुई ।

जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था की मशीनरी पुनर्गठित करने के निर्देश

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (चावला): कश्मीर घाटी में घटित हाल ही की घटनाओं के दृष्टिगत केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर सरकार से कहा है कि वह अपनी कानून-व्यवस्था की मशीनरी को पुनर्गठित करे ।

केन्द्र इस समय राज्य के मुख्य सचिव से निरंतर सम्पर्क रख रहा है । केन्द्र की धारणा है कि राज्य सरकार तथा कानून-व्यवस्था क्रियान्वयन एजैंसियां कमजोर हैं अतः भारत-विरोधी तत्व सिर उठा रहे हैं । राजनीतिक नेता विशेषतः मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला भी मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं । घाटी में हो रही घुसपैठ के दृष्टिगत केन्द्र ने कुछ समय पूर्व एक एक्शन प्लान तैयार किया था, पर राज्य प्रशासन ने इसके क्रियान्वयन के प्रति उत्साही रुख नहीं अपनाया था जिस कारण आज स्थिति काफी खराब हो गई है । अब आवश्यकता है कि सारे राज्य प्रशासन को चुस्त किया जाए क्योंकि वहां स्थिति पंजाब जैसी बनती जा रही है ।

पाक समर्थक जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट आजकल काफी सक्रिय हो गया है तथा हिंसक घटनाएं कर रहा है । सम्भवतः अगले सप्ताह मुख्यमंत्री डा. अब्दुल्ला को यहां बुलाया जाएगा व स्थिति पर विचार किया जाएगा । कल राज्य इकाई के एक शिष्टमंडल ने श्री जी.आर. कार के नेतृत्व में गृहमंत्री श्री बूटा सिंह से भेंट की थी तथा बताया था कि घाटी में पाक समर्थकों का उत्पात बढ़ कर खतरनाक स्थिति तक पहुंच गया है ।

सुशांत का आरोप

शिमला, 6 अप्रैल (ख): हिमाचल प्रदेश में कम से कम तीन ऐसे राज्यमंत्री हैं जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों के दौरान ही लाखों रुपए की सम्पत्ति बनाई है तथा बेनामी सौदे किए हैं । यह आरोप आज भाजपा विधायक श्री राजन सुशांत ने बजट पर चर्चा के दौरान लगाया । उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने पहले भी इस बारे में लगाए गए आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं की ।

उन्होंने कहा कि वे आज भी मुख्यमंत्री को संबंधित फाइल देने को तैयार हैं बशर्ते कि वह इस पर कार्रवाई करने को तैयार हों ।

श्री सुशांत ने कहा कि वन विभाग के एक अधिकारी ने गत दिनों 12 लाख रुपए मूल्य का सोना नूरपुर के एक सुनार से खरीदा था । उन्होंने आरोप लगाया कि यह अधिकारी मंत्री का खास आदमी है ।

श्री सुशांत ने यह भी आरोप लगाया कि प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी विभाग में भारी अनियमितताएं हैं तथा इससे जुड़े कुछ लोगों ने बहुत पैसे कमाए हैं । उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के कई भंडारों में सामान की जाली बुकिंग हो रही है तथा विभाग के कई मंडलों में बहुत अधिक खर्चे हो रहे हैं । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रामपुर मंडल में 31 लाख रुपए से भी अधिक का खर्चा केवल राजनीतिक संकेत पर हुआ है ।

कटलैहड़ वन जागीर का सरकारीकरण वर्तमान सरकार द्वारा राजा खानदान के जागीर के प्रबन्धक को अनुचित लाभ पहुंचाने की वजह से नहीं किया जा रहा है ।

राज्यपाल से सुप्रीमकोर्ट का फैसला लागू करने की अपील

समराला, 6 अप्रैल (भारद्वाज): सुप्रीम कोर्ट दिल्ली से वापिस लौटे उच्च योग्यता प्राप्त अध्यापक यूनियन पंजाब के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अवतार सिंह कप्तान, प्रेम सागर शर्मा, रविन्दर सिंह ग्रेवाल ने आज यहां बताया है कि शिक्षा विभाग पंजाब, जो समय-समय पर 23 जुलाई 1957 को जारी हुए पत्र की 'अध्यापक मारू' परिभाषा करता रहा है, उससे इस वर्ग में काफी परेशानी होती रही है । इस परेशानी को दूर करने के लिए देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 3 अप्रैल 1989 को, अपने 15 मार्च 1989 को किए गए फैसले में आवश्यक संशोधन कर दिया है, जिसका लाभ पंजाब के बी.ए. व इंटर पास लगभग दस हजार अध्यापकों को पहुंचेगा । देश की सर्वोच्च अदालत ने 23.7.1957 के सर्कुलर में बी.ए./एफ.ए./मैट्रिक+जे.ए.वी. के स्थान पर अब 'बी.ए./एफ.ए. अथवा मैट्रिक+जे.ए.वी.' का आवश्यक संशोधन कर दिया है । अध्यापक नेताओं ने राज्यपाल पंजाब से अपील की है कि वह स्वयं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करें कि सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले को शीघ्र लागू करने के लिए कदम उठाए जाएं और अध्यापकों को रहता बकाया निश्चित तिथि तक अदा किया जाए । इन नेताओं ने कहा है कि सम्बद्ध अध्यापक एक निश्चित परफार्मे पर विभाग को निवेदन पत्र दें । अतः इससे सम्बन्धित और जानकारी के लिए जिला प्रधानों से सम्पर्क किया जा सकता है ।

के.एल. सहगल की सुपुत्री चंडीगढ़ आएंगी

चंडीगढ़, 6 अप्रैल (संघी): प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय के.एल. सहगल की सुपुत्री श्रीमती वीणा चोपड़ा अपने दो सुपुत्रों सहित 9 अप्रैल को चंडीगढ़ आएंगी । अपनी इस विशेष यात्रा के दौरान वह अपने पिता की 85वीं बरसी पर उनकी स्मृति में पर्यावरण सोसायटी चंडीगढ़ द्वारा करुणासदन में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेंगी ।

पंजाब बारे सहमति पैदा करने का प्रयास

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (वार्ता): पंजाब के मसले पर बनी मंत्रिमंडलीय उपसमिति विपक्षी दलों के साथ 12 अप्रैल को चंडीगढ़ में होने वाली अपनी बैठक में नदी जल विवाद समेत अनेक अनसुलझे मुद्दों पर सहमति कायम करने की कोशिश करेगी । यह बात आज यहां जानकार सूत्रों ने कही । उपसमिति ने विपक्षी दलों के साथ बैठक करने का फैसला करने से पहले पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे से कुछ दिनों पहले विस्तृत विचार-विमर्श किया । इस उपसमिति का नेतृत्व विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव कर रहे हैं ।

पंजाब समस्या के हल के लिए चलाए गए अभियान के तहत की जा रही इस बैठक के लिए उपसमिति ने हरियाणा के मुख्यमंत्री, विभिन्न अकाली गुटों, भारतीय जनता पार्टी और अनेक गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया है । अगर जरूरत पड़ी तो उपसमिति चंडीगढ़ में एक दिन से ज्यादा रुकेगी । बाद में राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों से व्यापक पैमाने पर विचार-विमर्श करने का फैसला किया गया है । श्री राव के अलावा सर्वश्री बूटा सिंह, पी. शिवशंकर, कृष्ण चंद पंत, एस.बी. चव्हाण, एस

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.4.89, 44/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.10 per Dozen.

तीर्थ यात्रा

8 अप्रैल माता चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ाजी, चामुण्डादेवी, वैष्णोदेवी तथा 12 अप्रैल हरिद्वार, ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला, किराया 151/-, रोटी समेत । मिलें—सुमित ट्रैवल्स, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393.

शिक्षा

सातवीं-आठवीं—नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास या 10+1 फेल 10+2 करें। Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

दसवीं, बारहवीं, बी.ए., बी.काम., बी.एस.सी., बी.एड. एल.एल.बी., गारंटी से करें । नए स्तर के लिए परीक्षा फार्म भेजे जा रहे हैं । तुरत मिलें—अध्ययन नियमित पत्राचार से । देहली डिग्री कालेज, विपिन गार्डन, ककरौला मोड़ बस स्टाप, मेन नजफ़गढ़ रोड, नई दिल्ली-59.

परीक्षाबाद अवकाश का सदपयोग करें । दिल्ली-भारत की सबसे बढ़िया संस्था द्वारा सीखें वीडियो, रंगीन/ब्लैक एण्ड व्हाइट टैलीविज़न, एयरकंडीशनिंग रैफ्रीजिरेशन, इलैक्ट्रीशियन, टैलीफोन आपरेटिंग, कीपंचिंग, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग आदि की सर्वोत्तम ट्रेनिंग हेतु प्रातः/सायंकालीन कक्षाओं में स्थान उपलब्ध; सम्पर्क करें—सुप्रसिद्ध लोकप्रिय सर्वोत्तम एशिया इंजीनियरिंग इंस्टीच्यूट (रजिस्टर्ड), मोती महल रैस्टोरैंट के पीछे, 2722, दरियागंज, दिल्ली, फोन : 274563, 260062.

आवश्यकता

फौज में क्लर्कों/स्टोर कीपरों की नौकरियां खाली हैं । इंटरव्यू पंजाब में योग्यता आदर्श ए अधिक



वास स्थान के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन कर रहे स लाठीचार्ज करते हुए । संघर्ष में कई पुलिस (छाया : पै.ट्र.)

न पर पथराव कर रहे
ें संघर्ष, 50 घायल

से अनुरोध किया गया है कि वह श्री जेठमलानी एवं उनके परिवार के सदस्यों को पुलिस संरक्षण उपलब्ध कराने तथा आज की घटना के लिए जिम्मेवार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के लिए निर्देश दे ।

सुश्री जेठमलानी ने याचिका में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें फोन पर धमकियां दी जा रही हैं कि अगर श्री जेठमलानी ने ठक्कर आयोग की रिपोर्ट का मामला राज्यसभा में उठाना और इस रिपोर्ट के बारे में अखबारों में लिखना जारी रखा तो उनके पूरे परिवार का 'सफाया' कर दिया जाएगा ।

लंदन में 10, डाऊनिंग स्ट्रीट के द्वार पर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर किसी बात पर खिलखिला कर हंस पड़ीं । सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव भी पास में खड़े हैं । (छाया : पै.ट्र.)

सोवियत संघ शस्त्रों के लिए

अहमदगढ़ की कागज़ मिल से आतंकवादियों ने 7 लाख रुपए लूटे

डकैती की योजना बनाते हुए 5 उग्रवादी काबू किए गए

दम्पति सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक कागज मिल से 7 लाख रुपए लूट लिए और एक दम्पति सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । डकैती की योजना बनाते हुए 5 आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

7 लाख रुपए लूटे : अहमदगढ़ (पूरी, सिंगला): आज प्रात: पौने छ: बजे वर्धमान ग्रुप की श्रेयांस पेपर मिल में 5 सशस्त्र उग्रवादी घुस आए और लगभग 7 लाख रुपए और मिल की अम्बैसेडर कार लेकर फ़रार हो गए । बताया गया है कि श्रेयांस पेपर मिल का कैशियर रात की शिफ्ट में काम करने वाले श्रमिकों को वेतन देने के लिए जब प्रात: पौने छ: बजे मिल में आया तो उसके साथ ही 5 सशस्त्र आतंकवादी उसके साथ मिल के अंदर घुस आए ।

जब उसने कैश निकाल कर बाहर रखा तो आतंकवादियों ने कैशियर की छाती पर रिवाल्वर रख दिया और कहा कि रुपया उनके हवाले करदे वर्ना उसे गोली से उड़ा दिया जाएगा । उग्रवादियों ने कैश उठाया और बाहर खड़ी अम्बैसेडर कार में, जिसका नम्बर पी.सी.एस. 4348 है, में बैठ कर वहां से भाग गए । जाते-जाते मिल के कैशियर, चौकीदार, ड्राइवर को एक कमरे में बंद कर गए ।

इस बात का पता तब चला जब छ: बजे एक श्रमिक वेतन लेने आया तो अंदर बंद लोगों ने उसे दरवाजा खोलने के लिए कहा । उस श्रमिक ने दरवाजा खोल कर सब को बाहर निकाला । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है । पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान सिंह सुरक्षा बलों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई है । बताया गया है कि उग्रवादी मिल की दीवार फांद कर अंदर गए थे क्योंकि यह घटना मिल के अंदर ही घटी है । बताया गया है कि लूटी गई रकम 604292 रुपए है और कैशियर का नाम राज कुमार जैन है ।

पति-पत्नी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय पर मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन में थाना झब्बाल के क्षेत्र में गांव कोट छबियां में गत रात 11 बजे के लगभग चार आतंकवादी गांव के एक जमींदार महेंद्र सिंह के मकान में दीवार फांद कर दाखिल हो गए तथा महेंद्र सिंह व उसकी पत्नी अमरजीत कौर को ए.के. 47 राइफल से फ़ायरिंग करके मार डाला । मौका पर ए.के. 47 के 32 चले हुए कारतूसों के खोल तथा 315 बोर के 7 चले हुए कारतूसों के खोल मिले । घटनास्थल पर ही के.सी.एफ़. का एक लैटर पैड मिला है जिस पर परगट सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें हत्याओं की जिम्मेदारी लेते हुए आरोप लगाया गया है कि वे अवैध शराब निकालने का धंधा करते थे ।

वृद्धा चल बसी : इसी बीच मजीठा थाना क्षेत्र के गांव जसपाल में बुधवार की रात को आतंकवादी हमले में गम्भीर रूप से घायल धनवंत कौर ने कल रात अमृतसर के गुरु तेग बहादर अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस हमले में जोगेंद्र सिंह तथा उसके परिवार के 4 अन्य सदस्य मौके पर ही मारे गए थे । इस तरह इस हमले में मरने वालों की संख्या 6 हो गई है ।

2 लाशें मिलीं : थाना खेमकरण के गांव कालिया में दो लाशें मिली हैं, जोकि क्षत्-विक्षत् हालत में हैं । उनके नज़दीक चीनी असाल्ट राइफल के 2 मैगज़ीन तथा एक डायरी मिली है । पुलिस इनके बारे में जांच कर रही है ।

कल जिला अमृतसर में जस्सा नामक व्यक्ति को फांसी देकर मारे जाने की घटना के बारे में मालूम हुआ है कि यह रेशम सिंह के नेतृत्व वाले बब्बर खालसा उग्रवादी गिरोह की कार्रवाई थी ।

कल रात जालन्धर के निकट गांव रंधावा मसंदां में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ़ जग्गा मारा गया था, जोकि 36 हत्याओं में वांछित था ।

5 गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): गत दिवस चंडीगढ़-लुधियाना रोड पर पंजाब जनरल स्टोर के निकट डकैती की योजना बनाते हुए 5 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इनके नाम महेंद्र पाल सिंह, अश्विनी, कुलदीप, सतनाम सिंह तथा बलविन्दर सिंह हैं ।

पिस्तौल बरामद : होशियारपुर (अश्विनी) दसूहा के गांव खुड्डा के एक युवक अमरजीत सिंह उर्फ जीती को आतंकवाद उन्मूलन एक्ट के अंतर्गत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीनगर में व्यापक हिंसा, तीन मरे, पुल उड़ा दिया, अनंतनाग में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू जारी

श्रीनगर, 7 अप्रैल (अशोक पहलवान, वार्ता): आज यहां पुलिस तथा हथियार बंद कश्मीरी उग्रवादियों के बीच आमने-सामने गोली चलने से

भी पुलिस को पथराव करते युवकों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा ।

तड़के जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले के भदरवा से दो कि.मी. दूर कोटली पुल को उड़ा दिया ।

Punjabi Tribune

अतिन्दर पाल सिंह सन
अखिल भारतीय सिख छात्र

इंजीनियर सिंज़

(पी) चंडी मंदिर-
दिर में एक्सटर्नल वाटर
ाने के लिए ठेकेदारों से
आवेदन पत्र आमंत्रित
नेत लागत रु. 4.20
रु. 6500/-, अन्य
अप्रैल 89 का इंडियन

EA011/28.3.89

कृत स्वरूप

लनगर, जालंधर शहर
च 'क' इमारती भाग;
र्ष के लिए पी.एंड टी.,
ड़ आर.) और स्थानीय
सी से, जो ईमारती कार्यों
नए योग्य हैं, मोहरबद्
थान भी सामान्य शर्तों
पर लागू हैं ।

अलावा सभी इच्छुक
प्रतिष्ठान-विभागों के
क प्रत्येक की लागत के
ाहिए और पिछले तीन
।
समय आयकर भुगतान
कार्यों की सूची सम्बद्ध
की सम्पुष्ट प्रतियां के
ाए हों जो कार्य के

निविदा की अनुमानित
रुपये पंद्रह रुपए) है ।
र्ति की अनुमेय अवधि

राशि किसी मान्यता
ए और रसीदी डीमांड
न, जालंधर के नाम में

र, टैलिकोम सिविल
रुपए केवल) प्रतिसैट
ा किए जा सकते हैं ।

राजनीतिक उद्देश्य नहीं था बल्कि उसके पीछे शुद्ध तकनीकी कारण मौजूद थे ।

श्री गांधी के भाषण के दौरान छात्रों के एक दल ने 'राजीव वापस जाओ' के नारे लगाए । ये छात्र सम्भवत: पश्चिम बंगाल जनता दल से सम्बद्ध थे । इन छात्रों का स्वर छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा लगाए जा रहे 'बंदे मातरम' के नारे के सामने धीमा पड़ गया ।

कागज मिल में लूट
(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार किया गया है । उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल, कारतूस और 150 ग्राम अफीम भी बरामद हुई है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

सीमा सुरक्षा बल की विज्ञप्ति : जालन्धर-सीमा सुरक्षा बल 29वीं बटालियन की एक गश्ती पार्टी ने गत रात्रि जालन्धर जिला के गांव जल्ला सिंह वाला के निवासी कट्टर उग्रवादी जगदेव सिंह उर्फ जग्गा को एक मुठभेड़ में गांव रंधावा मसंदां के निकट मार गिराया । यह उग्रवादी 36 हत्याओं में वांछित था तथा पिछले 2 वर्षों से भूमिगत था । सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने पहले इस उग्रवादी को साइकल पर जाते हुए देखा तथा फिर उसे गेहूं के खेतों में देखा गया । उसका लगभग डेढ़ किलो मीटर तक पीछा किया गया । चुनौती दिए जाने पर उसने गोली चलाई । सीमा सुरक्षा बल ने भागते हुए उग्रवादी पर आत्मरक्षा में जवाबी गोली चलाई जिससे वह मर गया । सुरक्षा बल पिछले लगभग एक वर्ष से उसके पीछे लगे हुए थे ।

ट्रैक्टर छीना (अमरकोट अशोक): गत दिवस दो संदिग्ध उग्रवादियों ने फरीदाबाद से श्रीनगर ले जाए जा रहे एक फोर्ड ट्रैक्टर को ड्राइवर रुगनी से मिरयल के निकट छीन लिया व फरार हो गए । पुलिस ने ठेकेदार की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया ।

लाश मिली : विगत 17 मार्च से निकटवर्ती गांव मंडाली से लापता 19 वर्षीय नौजवान गुरमीत सिंह की लाश गत दिवस निकटवर्ती खेतों में से बरामद की गई ।

पाकिस्तान राष्ट्रमंडल में लौटने का इच्छुक

कआलालम्पुर, 7 अप्रैल (ह.स.): पाकिस्तान ने मलेशिया से राष्ट्रमंडल में पुन: शामिल होने और यहां अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में भाग लेने की इच्छा जाहिर की है । प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के विशेष दूत इकबाल ने मलेशिया के विदेशमंत्री अब हसन उमर के साथ मुलाकात के दौरान उन्हें पाकिस्तान की इस इच्छा से अवगत कराया ।

'सेल' की लुधियाना शाखा द्वारा बिक्री का नया रिकार्ड

लुधियाना, 7 अप्रैल : स्टील अथारिटी आफ इंडिया (सेल) की लुधियाना शाखा ने 1988-89 में 1.96 लाख मीट्रिक लोहा-इस्पात की बिक्री की, जो एक रिकार्ड है । शाखा के कारोबार में इस वर्ष के दौरान 27 प्रतिशत वृद्धि हुई । यह शाखा अनेक निर्यातकों, छोटे पैमाने के उद्योगों, निगमों, रक्षा प्रतिष्ठानों, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड तथा निजी सैक्टर के अन्य प्रतिष्ठानों की जरूरत पूरी करती है,

Punjab Sahapedia

जब उनका ध्यान इस तरफ आकर्षित किया गया कि उग्रवादियों ने फिर लोगों को फांसी देना आरम्भ कर दिया है, तो श्री रिबैरो ने उत्तर दिया कि पंजाब सरकार को इस बारे अभी बहुत कुछ करना है

साढ़े पांच घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दिए जाने के बीच दो पैट्रोल बम विस्फोट होने की खबरें मिली हैं । इनमें से एक बम पुलिस स्टेशन पर और दूसरा बम मट्टन चौक पर फटा । इनमें किसी के हताहत होने

यहां प्राप्त अधिकृत सूचनाओं के अनुसार फरीदकोट के मोगा, मुक्तसर तथा बाघापुराना में 50 से 70 प्रतिशत तक 'बंद' रहा । फिरोजपुर के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में 50% तक बंद

हड़ताल रही । खरड़ में बंद का कोई असर हुआ । पटियाला में आंशिक हड़ताल रही ।

फगवाड़ा में बंद का प्रभाव आंशिक रहा । कुछ दुकानें बंद रहीं ।

टीचर की हत्या : बब्बर खालसा का पाकिस्तानी एजैंट मारा गया, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने एक टीचर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बटाला पुलिस ने रावी एक्सप्रैस को उड़ाने की साजिश के आरोप में एक सरपंच सहित अनेक लोगों को गिरफ्तार किया ।

शिक्षक का शव मिला : अमृतसर (ह.स.): आज सुबह तरनतारन के निकट खेत में महेन्द्र सिंह नामक एक शिक्षक का गोलियों से छलनी किया हुआ शव बरामद किया गया । पुलिस ने बताया कि जंडियाला थानांतर्गत चीता गांव में छः अप्रैल को सरकारी स्कूल से कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने शिक्षक का अपहरण कर लिया था ।

घुसपैठिया मारा गया : फ्रंटियर हैडक्वार्टर पंजाब, सीमा सुरक्षा बल जालंधर छावनी (सामान्य ब्रांच) की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह सूचना मिलने पर कि उग्रवादियों ने पाकिस्तान से भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का चोरी-छिपे लाने की योजना बनाई है, सीमा सुरक्षा बल ने 7 और 8 अप्रैल की मध्य रात्रि को फिरोजपुर सैक्टर में बस्ती राम लाल चौकी के क्षेत्र में नाका लगाया । यहां पर सीमा सुरक्षा बल की 6 आतंकवादियों के साथ सशस्त्र मुठभेड़ हुई, जिसमें एक घुसपैठिया, जो कि पाकिस्तानी बताया जाता है, मारा गया । संभवतः वह आतंकवादियों का 'गाइड' था । शेष आतंकवादी फरार हो गये । बाद में मृतक की शिनाख्त पाकिस्तान के कसूर जिला के थाना गंडा सिंह वाला के गांव रत्तीवाल के एक मोची के रूप में हुई । वह बब्बर खालसा का वर्कर था । क्षेत्र की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का बरामद हुआ, जिसमें दो ए.के. 47 राइफलें, 2 टोमी मशीनगनें, एक .45 आटो पिस्तौल, हाथ में पकड़ा जा सकने वाला राकेट लांचर, ए.के. 47 के दो मैगजीन, 2 मैगजीन टोमी मशीनगन, .45 पिस्तौल की एक मैगजीन, ए.के. 47 के 258 कारतूस, 30 डैटोनेटर, 10 डैटोनेटर फ्यूज, 14 ग्रेनेड फ्यूज, 10 मीटर कार्डैक्स वायर, 15 किलोग्राम विस्फोटक शामिल हैं । एक महीने के अंदर इस चौकी पर यह दूसरी मुठभेड़ है । पहली मुठभेड़ में कुख्यात तस्कर कश्मीरा सिंह उर्फ टिड्डा मारा गया था तथा दो अन्य घायल हो गये थे ।

अपहरण का प्रयास : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत सायं खेमकरण से पट्टी आ रही एक

फाजिल्का सैक्टर में सवारवाली चौकी पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की 57 वीं बटालियन के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 4 पाकिस्तानी घुसपैठियों के शव । फाजिल्का सैक्टर में अब तक एक साथ मुठभेड़ में मारे गए घुसपैठियों की यह सर्वाधिक संख्या है । (विवरण : धरम लूना, छाया : लीलाधर शर्मा)

बस के एक यात्री का दो आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया तथा उसको अपने स्कूटर पर बिठा कर ले गए । थोड़ी दूर जाकर उन्होंने एक मिनी बस में से अन्य व्यक्ति का अपहरण करने की कोशिश की । इसी दौरान पहला अपहृत व्यक्ति मौका पाकर भाग निकला । जब आतंकवादियों का ध्यान दूसरी ओर गया तो दूसरा व्यक्ति भी भाग निकला ।

छोटे गिरफ्तार : जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना नवांशहर के गांव भगौरा स्थित सुरक्षा बलों व दो स्कूटर सवार आतंकवादियों के मध्य भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया । पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ छोटे के रूप में की है और वह गांव जीवनपुरा का रहने वाला है । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस व 5 स्टेनगन के चले हुए कारतूसों के खोल बरामद हुए हैं । इसके अलावा एक स्कूटर बजाज चेतक नं. पी.सी.आई. 8961 बरामद किया गया ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत रात पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों ने गांव भंगोरा के पुल पर नाकाबंदी की थी कि रात के लगभग पौने बारह बजे दो स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादी आते दिखाई दिए । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने नाका पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की परन्तु कोई भी घायल नहीं हुआ । बाद में उक्त आतंकवादी जसविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया ।

सरपंच, 14 अन्य गिरफ्तार : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत 22 मार्च को पठानकोट-अमृतसर रेल लाइन पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

फौजों-विद्रोहियों में झड़पों में 99 मरे

काबुल, 8 अप्रैल (ह.स.): पिछले 24 घंटे के दौरान अफगानिस्तान की सरकारी फौजों और विद्रोहियों के बीच अलग-अलग झड़पों में कम से कम 99 व्यक्ति मारे गए और सौ से भी अधिक घायल हो गए ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सरकारी फौजों और विद्रोहियों के बीच जलालाबाद में घमासान लड़ाई जारी है । इस शहर पर पिछले एक महीने से विद्रोही लगातार हमला कर रहे हैं ।

शहर पर पिछले 24घंटे के दौरान हुई भारी गोलीबारी से पांच नागरिक और एक सैनिक मारा गया । इसके अलावा 11 व्यक्ति भी घायल हुए हैं ।

लड़का या लड़की

अब उत्तर भारत में पहली बार
गर्भ के दूसरे महीने में (C.V.S.)
अथवा चौथे महीने में अल्ट्रा साऊंड द्वारा पता कीजिए
ALL FACILITIES UNDER ONE ROOF

* हर प्रकार के आप्रेशन की सुविधा ।
** बिना दर्द डिलिवरी एवं प्रसूति व स्त्री रोगों का निदान ।
*** सभी परीक्षणों के लिए Advanced Laboratory एवं X-Ray

डा. एस.एन. गुप्ता — **M.S., F.R.C.S. (London)**
डा. गीता गुप्ता — **M.B.B.S., M.S. (AIIMS)**

गीता अस्पताल
(सीमा थियेटर के पास, मील के सामने)
पानीपत-132103 (टैलीफोन : 3897)

greatway

नार्थ ज़ोन कल्चरल सैंटर, पटियाला
आप सबको 'आई बैसाखी' के मौका पर आमंत्रित करता है
कपूरथला में 13, 14 अप्रैल — शालीमार गार्डन

टीचर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

रावी एक्सप्रैस को उड़ाने के लिए, गांव हरदो झंडे व कलियां के निकट रेल लाइन के साथ-साथ तीन किलो मीटर तक भूमिगत विस्फोट सामग्री बिछाने में आतंकवादियों को सहयोग देने, षड्यंत्र रचने व शरण देने के आरोप में थाना सदर बटाला पुलिस ने गांव भड़थवाल के सरपंच कश्मीर सिंह सहित अजीत सिंह, बलकार सिंह, पलविंदर सिंह, दीवान सिंह, महेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, निर्मल सिंह, लखबीर सिंह, गुरदयाल सिंह, अजीत सिंह, परमजीत सिंह, बीर सिंह, दयाल सिंह तथा स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार किया है ।

श्री गोबिन्द राम ने आगे बताया कि गाड़ी उड़ाने की योजना गांव भड़थवाल के सरपंच के घर बनाई गई थी । इस घटना में संलिप्त आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापे मार रही है ।

हत्या कांड में दस गिरफ्तार : मोगा (आजाद): गत 20 मार्च को गांव जीवन सिंह वाला में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने के बाद फरार होने वाले दस व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इनमें भाग सिंह, हरबंस सिंह, गुरजंट सिंह, हंडा सिंह, करनैल सिंह, हरदेव सिंह, मेजर सिंह, लाल सिंह, नछत्तर सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह शामिल हैं । पकड़े गए व्यक्ति इसी गांव के हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. फरीदकोट ने दी । उक्त कांड में भजन सिंह, उसकी पत्नी मख्तार कौर व उनकी लड़की गुड्डी की हत्या कर दी गई थी ।

हवाई फायर : खरड़ (शशि): गत रात नजदीकी गांव रसनाहेड़ी में तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हवाई फायर किए गए । प्राप्त सूचना के अनुसार यह तीन व्यक्ति एक मोटर साइकल पर सवार होकर रात नौ बजे के करीब गांव में आए तथा उन्होंने 'पूछें' देने वाले एक बाबा के सम्बन्ध में पूछा । बाबा के एक पड़ोसी ने उन्हें बताया कि वह इस समय गांव में नहीं है । इसके बाद उन लोगों ने हवा में गोलियां चलाईं तथा वहां से फरार हो गए ।

तलाशियां : उग्रवादियों की खोज में आज कल रोपड़ पुलिस द्वारा जिले में कई गांवों की सख्त चैकिंग की जा रही है ।

ट्रक जला दिया : होशियारपुर (अश्विनी): गत रात दसूहा के निकटवर्ती गांव चोरा में दो नौजवानों ने एक ट्रक नम्बर पी.ए.टी. 5211 को पैट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे ट्रक के टायर जल गए तथा ट्रक का अन्य सामान भी जल गया । ट्रक के ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वह रेत लादकर नौ बजे रात जा रहा था कि दो नौजवानों ने जिनके पास स्टेनगनें थीं, कहा कि टैंकी से तेल दो । ड्राइवर के इन्कार करने पर उन्होंने टैंकी से तेल निकाल लिया तथा उसे ट्रक पर छिड़क कर आग लगा दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दसूहा से आए के अनुसार इन दोनों अज्ञात उग्रवादियों ने ट्रक ड्राइवर सोहन सिंह और क्लीनर राजिंद्र सिंह से कहा कि वे ट्रक छोड़ कर चले जाएं, अन्यथा उन्हें गोली मार दी जाएगी । उग्रवादियों ने गोली मार कर डीजल टैंक तोड़ डाला और ट्रक के टायर ट्यूब फाड़ डाले और फिर उसे आग लगा दी । ट्रक का आधा हिस्सा जल गया । ट्रक भट्ठा मालिक कृष्ण कुमार का था ।

फाजिल्का (लूना): थाना सदर पुलिस फाजिल्का ने हरनेक सिंह गांव सादिक से एक 32 बोर का देसी रिवाल्वर बरामद किया । उसके विरुद्ध आतंकवाद उन्मूलन एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया गया ।

लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों अमरजीत सिंह व परमिंदर सिंह उर्फ रिंकू को गिरफ्तार करके उनसे 15 कारतूस बरामद किए । उन्हें थाना पायल क्षेत्र में पकड़ा गया ।

दस गिरफ्तार : मलोट से 'गोयल' के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने भाग सिंह, हरबंस सिंह, गुरजंट सिंह, कुन्दा सिंह, करनैल सिंह, हरदेव सिंह, मेजर सिंह, नाजर सिंह, नछत्तर सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह नामक व्यक्तियों को गांव जीवनसिंहवाला में गत 20 मार्च को हुई तीन व्यक्तियों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया ।

कार बरामद : अहमदगढ़ से पुरी के अनुसार कल श्रेयान्स पेपर मिल से सात लाख रुपए लूटने के बाद आतंकवादी मिल की जो अम्बैसेडर कार नं. पी.सी. एक्स 4348 लेकर भागे थे, वह साहनेवाल पुलिस ने बरामद कर ली है ।

जालन्धर में राम नवमी की तैयारियां

जालन्धर, 8 अप्रैल : जालन्धर में राम जन्म उत्सव मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं । अनेकों मंदिरों में भव्य सुन्दर झांकियां बनाई जा रही हैं, जो 14 अप्रैल को लगभग 12 बजे अपने-अपने स्थान से चल कर 2 बजे नेहरू गार्डन पहुंचेंगी, जहां से शोभा यात्रा शुरू होगी । इस तरह राम नवमी को प्रातः से ही सारे शहर में जगह-जगह झांकियां दिखाई देंगी । रामायण के पाठ 13 अप्रैल को प्रातः सभी मंदिरों में शुरू होंगे, जिनका भोग 14 अप्रैल को 11 बजे डाला जाएगा । जलूस के मार्ग को सजाने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है । राम नवमी उत्सव कमेटी के प्रधान श्री यश ने नगर वासियों से अपील की है कि गुलाबी पगड़ियां और गुलाबी दुपट्टे धारण कर जलूस में शामिल हों ।

किला नवयुवक सभा की ओर से 14 अप्रैल को

जय माता दी
मां भवानी के श्रद्धालुओं के लिए
खुशखबरी
भगवती जागरणों के लिए हमारी सेवाएं प्राप्त करें।
सीमा सीतल जगराता पार्टी
✲2823, इंदिरा नगर, निकट बस स्टैंड, लुधियाना
✲✲324-D, महेश नगर, अम्बाला छावनी, फोन : 22956
✲✲✲कार्यालय : निकट बस स्टैंड, लुधियाना
Greatway

We Heartily Felicitate

अफगान
पंजाब के
म

पेशावर, 8
अंतरिम सरकार
लड़ाकू नेता गुल
खंडन किया है
कर रहे हैं ।

श्री हिकमत
संसद में लगाए
किया । जब स
आंखों से उनक
आतंकवादियों
हिकमतयार ने क
को इस तरह का
बातें कभी पत्रों मे
गुप्तचर एजैंसी
एजैंटों की कारस
तरह के खत पा
बंटवाए गए हैं
गया कि हो सकत
मदद दी जा रही
अपनी लड़ाई में
दूसरों के लिए मि
हैं ।

उप-समिति
उद्देश्य

जालंधर, 8
(तलवंडी) की क
सिंह ने आज पार्टी
अपील की है कि
समाधान के लिए
बनाई गई उप
उप-समिति हरिय
साथ बातचीत के
रही है ।

शिरोमणि क
सभी अकाली ध
उप-समिति का 'ब
हैं ।

सीमा सुरक्षा बल क
ने फाज़िल्का सैक्ट
कब्जे से आपत्ति

अखिल भारतीय महासचिव श्री गुलाम नबी आज़ाद ने गत दिवस भटिंडा में एक अभियान में कहा कि भाजपा व अकाली दल चुनावों के दृष्टिगत मामले को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

औसत 162 थी जबकि इस वर्ष के प्रथम तीन महीनों में यह औसत 95 है ।

इस वर्ष की पहली तिमाही में 11 राकेट लांचर, 48 राकेट, 28 हथगोले, 249 पिस्तौलें, 64

व अखंडता को खतरे में डाल दिया था । प्रधानमंत्री का भाषण केवल हस्तक्षेप ही होगा बल्कि बहस समाप्त करते हुए इसका जवाब गृहमंत्री श्री बूटा सिंह देंगे ।

आश्चर्यपूर्ण बात यह है कि श्री अहसान के भारत दौरे को न तो भारत ने और न ही पाकिस्तान ने कोई प्रचार दिया लेकिन इतना अवश्य कहा कि यह दौरा महत्वपूर्ण है ।

बब्बर खालसा के 2 स्वयंभू एरिया कमांडर मुठभेड़ में मारे गए

चंडीगढ़, 9 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 3 घुसपैठिए सीमा पर मारे गए और 2 घायलावस्था में पकड़ लिए गए । उग्रवादियों ने एक डेरी फार्म को आग लगा दी । बब्बर खालसा के दो कट्टर आतंकवादी सेमा और बघेला मुठभेड़ में मारे गए ।

किसान की हत्या : अमृतसर (ह.स.): प्राप्त समाचारों के अनुसार गत रात थाना वैरोवाल के गांव उप्पल में 5 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक किसान अर्जुन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हमलावर पैदल ही फ़रार हो गए ।

बल खुर्द में हत्या : आतंकवादियों के एक अन्य गिरोह ने थाना मजीठा के अंतर्गत गांव बल खुर्द में अजीत सिंह के फ़ार्म हाऊस पर हमला किया और अजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना स्थल पर ए.के.47 चीनी असाल्ट राइफल के कम से कम 5 चले हुए कारतूस पड़े मिले ।

गांव अठवाल में हत्या : एक अन्य वारदात में थाना मेहता के अंतर्गत गांव अठवाल में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति पूर्ण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर .55 बोर के रिवाल्वर के कुछ चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

डेरी फार्म को आग लगा दी : अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने कल रात झब्बाल के निकट एक डेरी फार्म को आग लगा दी तथापि आग पर काबू पा लिया गया और कोई बड़ी हानि नहीं हुई ।

2 घुसपैठिये मारे गए : गत रात्रि भारत-पाकिस्तान सीमा पर नूरवाली सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ एक मुठभेड़ में दो

राकेट फैंके । बाद में कैरों पुलिस चौकी और पट्टी से अतिरिक्त सुरक्षा बल और पुलिस फ़ोर्स मौके पर पहुंच गई । सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । डेरे के एक प्रवक्ता का कहना है कि इससे पहले भी आतंकवादियों की ओर से तीन धमकी-भरे पत्र डेरे में पहुंच चुके हैं ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : गत रात जिला अमृतसर के एक गांव में तरनतारन पुलिस ने तीन आतंकवादियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे धन ऐंठने और बड़े अपराध करने की योजना बना रहे थे । पुलिस ने उनके नाम दिलबाग सिंह उर्फ़ बग्गा, सुंदर सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा काला सिंह उर्फ़ जस्सा बताए हैं ।

कांस्टेबल व एक अन्य घायल : आज जिला अमृतसर के थाना ब्यास के अंतर्गत गांव बुट्टर कलां में आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल कुलदीप सिंह तथा

उन्होंने बताया कि मृत आतंकवादियों की शिनाख्त तरसेम सिंह सेमा गांव रियाली तथा बघेल सिंह बघेला निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां की गई है । दोनों आतंकवादी फतहगढ़ चूड़ियां व मजीठा क्षेत्र में बब्बर खालसा के एरिया कमांडर थे । उनके शवों के पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक 12 बोर की नाली कटी दोनाली बंदूक, 167 जीवित तथा 35 चले कारतूस तथा बब्बर खालसा से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि दोनों मृतक आतंकवादी कम से कम 50 हत्याओं व एक दर्जन लूटमार और हथियार छीनने की वारदातों में वांछित थे । इनमें से 4 नवम्बर 88 को चकरी बाजार बटाला में बम विस्फोट करके 25 लोगों को मारने व 50 अन्य को घायल करने, 13 दिसम्बर 88 को काला अफगानां के निकट 4 टैम्पो सवार लोगों की हत्या, 26.3.89 को गांव हसनपुरा में पुलिस सब-इंस्पैक्टर जैमल सिंह व उसकी रिश्तेदार महिला हरजिंदर कौर की हत्या, 24.3.89 को धारीवाल कलां में दो भाइयों चरन सिंह और धर्म सिंह की हत्या, 27.3.89 को थाना कलानौर के गांव अटारी में विश्वम्भर दास सरपंच, उसके बेटे ज्ञान चंद व पोते रविन्द्र कुमार की हत्या के मामले प्रमुख हैं । इसके अतिरिक्त गत वर्ष अलग-अलग पांच स्थानों गांव शंकरपुरा, घसीटपुरा, बिजली वाल, सुक्खा चिड़ा व धोगा में बी.एस.एफ. की गश्ती गाड़ियों पर घात लगाकर फायरिंग व राकेट फैंक कर लगभग 12 जवानों को घायल करने तथा 22.3.89 को गांव हरदो झंडे के निकट तीन किलोमीटर तक रेल पटरी पर विस्फोटक सामग्री लगा कर रावी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास करने की वारदातें भी शामिल हैं । इस घटना में विस्फोटक सामग्री का समय पर पता चल जाने से एक भयंकर दुर्घटना टल गई थी । उनके भाग गए सहयोगियों की गिरदार सिंह उर्फ़ गीदा, जो माझा क्षेत्र का स्वयंभू जनरल है और राजेन्द्र सिंह उर्फ़ राजू के रूप में शिनाख्त की गई है ।

अपहरण : फिरोज़पुर (हस): गत रात जिला फिरोज़पुर के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव तारा सिंह वाला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति का

(शेष पृष्ठ 8 पर)

3 व्यक्तियों की हत्या : 3 घुसपैठिये मरे

अज्ञात घुसपैठिये मारे गए, दो अन्य घायल हो गए जबकि उनके कम से कम तीन साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए । घायल घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया तथा पट्टी के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया । ये घुसपैठिये बंगला देशी थे ।

जिला अमृतसर में ही गत रात चरेंडा सैक्टर की फोरेवाल सीमा चौकी पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

राकेटों से हमला : पट्टी से सम्बाददाता के अनुसार गत रात लगभग 11.10 बजे गांव लोहका में स्थित बाबा स्वर्ण सिंह के डेरे पर आतंकवादियों ने राकेटों, ग्रेनेडों और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से हमला कर दिया । इसके परिणामस्वरूप डेरे के साथ संलग्न मकानों को क्षति पहुंची । डेरे के साथ ही स्थित सी.आर.पी. की चौकी तथा डेरे में से आतंकवादियों पर जवाबी फ़ायरिंग की गई,जिस पर आतंकवादी फरार हो गए ।

समझा जाता है कि आतंकवादियों ने डेरे पर 8

उसका एक नज़दीकी रिश्तेदार सख्त घायल हो गए । दोनों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

2 एरिया कमांडर मरे : बटाला (कोछड़): आज बाद दोपहर पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के अंतर्गत गांव सारचूर में हुई एक भीषण भिड़ंत में बब्बर खालसा के 2 कट्टर आतंकवादी तरसेम सिंह उर्फ़ सेमा तथा बघेल सिंह उर्फ़ बघेला मारे गये । वे दोनों क्रमशः सदर बटाला तथा फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्रों में स्वयं-भू एरिया कमांडर थे । मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक डबल बैरल गन, 612 अनचले व लगभग 25 खाली कारतूस पुलिस के हाथ लगे ।

घटना की जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि एक सूत्र से विशेष सूचना मिलने के आधार पर उन्होंने स्वयं व सी.आई.ए. के इंस्पैक्टर संत सिंह फोर्स के साथ छापा मारने गए जहां मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और उनके दो साथी भागने में सफल रहे ।

सेल सेल

	ACTUAL PRICE	SALE PRICE
डिशन प्रिन्ट साड़ी	725/-	425
डिशन जरी बाडर	890/-	475
प्यूर शाफून प्रिन्ट	750/-	310
प्यूर शाफून जरी बाडर	850/-	390
डिशन करेव कढ़ाई वाली	800/-	200
साऊथ सिल्क	300/-	150

ला ज़िले के झाखड़ी में 1500 मैगावाट क्षमता वाली जना की आधारशिला रखने के पश्चात हिमाचल प्रदेश के ी वीरभद्र सिंह को बधाई देते हुए ।

5 पाक जासूस गिरफ्तार, महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बरामद

ता): सीमा
ा पुलिस ने
ंटर सर्विस
जासूसों को
ा पर्दाफाश

के अनुसार
एक सूचना
तथा जिला
यां के पास
लगाया और
भारत से
र जब उन्हें
। जवानों
कर लिया ।
न्धित अति
ी टैलीफोन
ूस बरामद

स का 6 को

द्रा): पंजाब
मेलन 16
ा उद्घाटन
क्षा श्रीमती
ाब महिला
ाभा इसकी

हला कांग्रेस
सम्मेलन में
स्त्रियों पर
एपग उठाए
न में रोपड़,
ारों से भारी

किए हैं ।

सूत्रों के अनुसार इनकी शिनाख्त सलीम मसीह उर्फ काला, उर्फ शिन्दा निवासी डेड-गवार (डेरा बाबा नानक), सुरिन्द्र सिंह उर्फ शिन्दा जो कि सेना का रिटायर हैड-क्लर्क है, उसका भाई हरविन्द्र सिंह उर्फ भिन्दा दोनों गांव डेडगवार, गुरबचन सिंह निवासी रसनीकेतल्ला भूतपूर्व सेना का हवालदार और गुरमेज मसीह उर्फ काला निवासी मोतले (थाना लोपोके जिला अमृतसर जो कि होमगार्ड का जवान है, के रूप में की गई है ।

गिरफ्तार जासूसों ने स्वीकार किया है कि वह वर्ष 1984 से पाकिस्तान की प्रमुख गुप्तचर एजैंसी आई.एस.आई. के लिए काम कर रहे हैं और उनके सीधे सम्बन्ध इस एजैंसी के प्रमुख कर्नल अख्तर बाजवा, मेजर जावेद और सूबेदार मुगल नामक अधिकारियों से थे)उनकी जरूरत अनुसार वह पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर की सेना से सम्बन्धित जानकारी पाकिस्तान पहुंचाते थे । इन अधिकारियों द्वारा दिए शस्त्र पंजाब के आतंकवादियों तक पहुंचाते थे । अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि उनके गिरोह से सम्बन्धित अन्य व्यक्ति सेना में सर्विस कर रहे और भूतपूर्व सैनिक हैं जो कि पठानकोट, डेराबाबा नानक, अमृतसर और मेरठ में तैनात हैं या रहते हैं । पूछताछ पर स्वीकार किया है कि वह कई बार पाकिस्तान आ-जा चुके हैं और कई महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान पहुंचा चुके हैं । भारी मात्रा में शस्त्र पंजाब में आतंकवादियों तक पहुंचा चुके हैं ? याद रहे सीमा सुरक्षा बल की गुप्तचर शाखा ने गत वर्ष 30 जून को भी जासूसी के एक गिरोह का पर्दाफाश किया था, जो कि बलविन्द्र सिंह उर्फ डाक्टर निवासी कंदरौड़ी के अधीन काम करता था । वह गिरोह भी लम्बे समय से जासूसी में संलिप्त था । बलविन्द्र भी मूल निवासी गांव डेडगवार का था । सूत्रों के अनुसार इस गिरोह से अभी पूछताछ जारी है और महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की सम्भावना है ।

दुर्दांत उग्रवादी विरसा सिंह मुठभेड़ में मारा गया : छोटू द्वारा आत्महत्या

उग्रवादियों ने जंडोकी व कैरों के मध्य 2 मीटर रेलवे लाइन उड़ा दी

पंजाब में सरपंच, दम्पति समेत 10 की हत्या

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात्रि दुर्दांत उग्रवादी विरसा सिंह पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश करते हुए मुठभेड़ में मारा गया, जब कि गत रात्रि उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में दो मीटर से अधिक रेलवे लाइन को विस्फोट से उड़ा दिया । एक कट्टर उग्रवादी जसविन्दर सिंह उर्फ 'छोटू' ने आत्महत्या कर ली जबकि एक पति-पत्नी व एक सरपंच सहित 10 लोगों की हत्या कर दी गई ।

रेलवे लाइन उड़ा दी : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात आतंकवादियों ने तरनतारन-पट्टी रेलवे लाइन पर जंडोकी, सरहाली व कैरों रेलवे स्टेशनों के मध्य गांव जौड़ा के निकट दो मीटर से ज्यादा रेलवे लाइन उड़ा दी जिसके परिणामस्वरूप इस लाइन पर रेल ट्रैफिक आज प्रातः से बंद है । इस वारदात के बारे में जो विवरण मिला है, उसके अनुसार आतंकवादियों ने यह विध्वंसक कार्रवाई रात आधी रात के बाद किसी समय की । जंडोकी रेलवे स्टेशन और कैरों के मध्य रेलवे लाइन के साथ दस फुट लंबा डैटोनेटर की तार जमीन पर दबा दी गई तथा बारूद भर दिया गया । इस तरह रेल पटरी को उड़ाया गया । चूंकि इस लाइन पर कोई ट्रैफिक नहीं था अतः कोई हानि नहीं हुई । पुलिस ने घटनास्थल पर कुछ मीटर म्यूज वायर बरामद की ।

इसी बीच रेलवे के टैक्नीकल स्टाफ ने मौका पर पहुंचकर पटरी की मुरम्मत शुरू कर दी है ।

पति पत्नी की हत्या : थाना वल्टोहा के क्षेत्र में गांव गुनियां में गत रात 8-9 बजे के मध्य आतंकवादियों ने एक जमींदार भाग सिंह के घर में घुसकर भाग सिंह के लड़के और उसकी पत्नी वीरो की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

लाश मिली : एक लावारिस लाश खेमकरण क्षेत्र में एक नाले से बरामद हुई है । यह अत्यन्त गली-सड़ी हालत में है तथा उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । ह.स. के अनुसार मृतक आतंकवादी ग्रुपों की आपसी रंजिश का शिकार हुआ है ।

दो की हत्या : रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने थाना ब्यास के दो गांवों में एक स्त्री व एक अन्य व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पहली वारदात यहां से 20 किलो मीटर दूर जमालपुर में रात के लगभग नौ बजे हुई । बताया जाता है कि 6-7 आतंकवादी जो हथियारों से लैस थे, बचन सिंह नामक व्यक्ति जिसके छोटे भाई पूर्व सरपंच चरण सिंह की आतंकवादियों ने 8-9 महीने पहले हत्या कर दी थी के घर आए । पूछताछ करने के बाद आतंकवादी चरण सिंह की विधवा जो कि डर के कारण अपने ज्येष्ठ के घर सोती थी तथा उसकी ननद गुरनाम कौर उर्फ गुड्डो को अपने साथ यह कह कर ले गए कि हमें गांव के बाहर छोड़ आओ । कहा जाता है कि गांव से 200 गज की दूरी पर आतंकवादियों ने गुड्डो को वापस घर भेज दिया तथा महेन्द्र कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं । यहां स्थित एस.पी.ओ. चौकी के जवानों ने गोलियों की आवाज सुनकर आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । दूसरी वारदात गांव दलोनंगल में हुई जिसमें दलीप सिंह नामक व्यक्ति की आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात लगभग 3 बजे दलीप का कुत्ता भौंका तो उसकी लड़की उठ गई । उसने घर की दीवार पर एक व्यक्ति को खड़े देखा । इस पर दलीप सिंह जब आगे बढ़कर देखने लगा तो दीवार पर खड़े व्यक्ति ने गोली चला दी जो कि दलीप सिंह की सांस की नाली में लगी और वह मौका पर ही मर गया । थाना ब्यास ने दोनों हत्याओं के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिए हैं ।

अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार आतंकवादियों ने महेन्द्र कौर की हत्या करने से पहले दो घंटे उसे अपने पास रखा । उस पर बदचलन होने का आरोप लगाया गया है । परन्तु यह भी कहा जा रहा है कि उसको जायदाद की खातिर आतंकवादियों के हाथों मरवाया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार महेन्द्र कौर तरना दल के बाबा काहन सिंह की रिश्तेदार थी ।

एक अन्य समाचार के अनुसार गत रात अमृतसर जिला के थाना लोपोके के गांव नवां जीवां में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की हत्या कर दी ।

भारत में घुसने की कोशिश में उग्रवादी मारा गया : आज प्रातः भारत-पाक सीमा पर जिला अमृतसर में खेमकरण सैक्टर में नूरवाला सीमा चौकी के निकट दो में से एक उग्रवादी भारत में घुसने की कोशिश करते हुए मुकाबले में मारा गया । बी.एस.एफ. के सूत्रों के अनुसार मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त विरसा सिंह के रूप में की गई है, जबकि उसका साथी भाग निकला । बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी के चुनौती देने पर इन दोनों घुसपैठियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी थी । घटनास्थल से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल और लगभग 85 कारामद कारतूस बरामद किए गए हैं ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री बी.के. राजगोपालन ने कहा कि यह उग्रवादी कुख्यात शस्त्र तस्कर भी था । विरसा सिंह सीमांत गांव कालिया सकत्तरा का रहने वाला था ।

डेरे के महंत की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से सात किलो मीटर दूर गांव ईरवाल में एक डेरे के महंत की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार प्रातः पांच बजे कुछ आतंकवादी महंत के डेरे पर आए तथा महंत भलेराम पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । यह महंत कुछ समय पहले ही हरियाणा से यहां आकर बस गया था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

आतंकवादी द्वारा आत्म-हत्या : जालन्धर (ह.स.): कट्टर आतंकवादी जसविंदर सिंह उर्फ छोटू जिसे जालन्धर पुलिस ने हाल ही में गिरफ्तार किया था, ने कल उस समय एक पुलिस अधिकारी के रिवाल्वर से गोली चलाकर आत्म-हत्या कर ली जब उसे हथियारों आदि की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था । पुलिस ने बताया कि इस आतंकवादी को गत रात एक जीप में ले जाया जा रहा था । जैसे ही जीप गांव ढंडेरा के पास पहुंची, छोटू ने जीप रोकने के लिए कहा क्योंकि उसने पेशाब करना था । ज्यों ही जीप रुकी उसने ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीन लिया और अपने आपको गोली मार ली । वह बुरी तरह घायल हो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर व चंडीगढ़ में रामनवमी हर्षोल्लास से मनाई गई

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (ह.स.): भगवान राम का जन्म दिवस राम नवमी हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा केंद्रीय क्षेत्र चंडीगढ़ में

श्री नरोत्तम शर्मा, श्री मोहन लाल ग्रोवर, श्री श्रीराम आहूजा, पं. सीता राम पाठक, ब्राह्मण सभा जालन्धर के प्रधान श्री मनोरंजन कालिया व सचिव

किला मोहल्ला नवयुवक सभा की ओर से किला मोहल्ला से शुरू शोभा यात्रा भैरों बाजार, बाजार

Punjab Sanatan

छोटू द्वारा आत्महत्या
(पृष्ठ 1 का शेष)

गया तथा उसे निकटवर्ती अस्पताल में ले जाया गया परन्तु कोई चिकित्सा सहायता मिलने से पहले ही वह दम तोड़ गया ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : गत रात फिरोजपुर शहर के बाहरी क्षेत्र में एक खेत में से गोलियों से छलनी एक लाश बरामद की गई ।

सरपंच की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव रियाली खुर्द में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने वहां के सरपंच महंगा सिंह (55) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात लगभग एक बजे आतंकवादी सरपंच महंगा सिंह के घर आए । 10 फुट ऊंची दीवार फांद कर घर के अंदर चले गए और सरपंच को साथ ले गए । थोड़ी दूर जाकर फायरिंग करके उन्होंने उसकी हत्या कर दी । सूत्रों ने बताया कि एक महिला सहित चार आतंकवादियों ने यह कार्रवाई की और हत्या के लिए ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की । इसके कुछ चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं और आतंकवादियों की शिनाख्त बब्बर खालसा के गुरिन्दर गिन्दा व अन्य की शिनाख्त करके पुलिस व बी.एस.एफ. उनके छिपने के स्थानों पर छापे मार रही हैं ।

दो गिरफ्तार : मलोट (गोयल): भारत-पाक सीमा पर स्थित कस्बा केसरीसिंहपुर में सीमा सुरक्षा बल ने दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं । इनके नाम भूपेन्द्र सिंह तथा काला सिंह हैं । राजस्थान पुलिस के सूत्रों के अनुसार यह दोनों पंजाब के रहने वाले हैं । अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह के कब्जे से एक कैमरा, कुछ खींची रीलें तथा इंदिरा नहर के पुलों के नक्शे बरामद हुए हैं । बताया जाता है कि अभियुक्त यह सब कुछ पाकिस्तान भेजने का प्रयास कर रहा था । काला सिंह के बारे में जांच जारी है ।

सशस्त्र डकैती : कपूरथला (शर्मा): यहां नगर के अमृतसर रोड पर स्थित कपूर काटेज से 11, 12 अप्रैल की मध्य रात्रि को दरवाजा की चिटकनी तोड़कर चार सशस्त्र डाकुओं ने घर के तमाम सदस्यों को एक कमरा में बंद करके घर की तलाशी लेकर दस हजार रुपए नकद, दो तोले जेवर चांदी के तथा घड़ी लूट ली । घर की बालकोनी से एक लड़के ने सड़क पर छलांग लगा दी तो उस पर फायर किया गया परन्तु वह लड़का घायल होने से बच गया । घर की मालकिन श्रीमती दुर्गा कपूर मुख्याध्यापिका सरकारी हाई स्कूल नडाला ने पुलिस को बताया कि चार सशस्त्र व्यक्तियों ने बाहरी दरवाजा की चिटकनी तोड़कर घर में प्रवेश करके अलग-अलग कमरों में सोये हुए तमाम सदस्यों को एक कमरा में एकत्रित करके कहा कि वह मंडी से आए हैं । उन्हें शस्त्र खरीदने के लिए चार लाख रुपए दिए जाएं । जब उन्हें कहा गया कि घर में रुपए नहीं हैं तो उन्होंने गंदी गाली-गलोच करते हुए घर के सब सदस्यों को एक कमरा में बंद कर दिया तथा सब्बल से मारपीट की । जाते समय वे धमकी दे गए कि यदि किसी को बताया तो समस्त परिवार को मार दिया जाएगा । मालूम हुआ है कि बालकोनी से छलांग लगाने वाले लड़के ने इस घटना की सूचना बी.एस.एफ. को दी तो उन्होंने उसी समय खोजी कुत्ते मंगवाकर खोज आरम्भ कर दी । एक सूचना के अनुसार पुलिस ने डाकुओं के गिरोह का सुराग लगा लिया है ।

प्रवासी श्रमिक की हत्या : गत रात लुधियाना में एक प्रवासी श्रमिक की हत्या कर दी गई ।

दो संदिग्ध युवक गिरफ्तार : फगवाड़ा (राकेश, अशोक) : फगवाड़ा पुलिस ने निकटवर्ती गांव भुलाराई के निकट दो संदिग्ध नौजवानों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरीशुदा स्कूटर नम्बर पी.सी.एन. 2191 बरामद किया है । पुलिस ने उनकी शिनाख्त जसविन्द्र सिंह व रघुवीर सिंह की है ।



पठानकोट में शुक्रवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में निकली गई शोभा यात्रा का एक दृश्य । (छाया :गुप्ता)

BULLET
FROM ENFIELD
CHOWDHURY
MOTOR AGENCY
773 Opp. Sutlej Cinema
Available in
READY
STOCK



थाना ब्यास के दो गांवों में गत रात आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक महिला सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । चित्र में, वह आंगन जहां दलीप सिंह (इन्सैट) को गोली मारी गई । इन्सैट में दूसरा चित्र गांव जमालपुर में मारी गई महिला महेंद्र कौर का है ।

भारतवासियों को देशभक्ति की शिक्षा गुरु गोबिन्द सिंह के जीवन से लेनी चाहिए : रे

कपूरथला, 14 अप्रैल (शर्मा): देश भक्ति तथा महान बलिदान की शिक्षा भारतवासियों को दशमेश पिता श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के जीवन से प्राप्त करनी चाहिए तथा गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का देश भक्ति का बताया हुआ मार्ग ही सर्वश्रेष्ठ है । यह विचार पूज्य स्वामी विवेकानन्द ने प्रकट करते हुए अपनी पुस्तकों में लिखे, यह जानकारी पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने गत सायं यहां शालामार बाग में नार्थ जोन कल्चरल सैंटर पटियाला की ओर से 13, 14 अप्रैल को दो दिवस "आई बैसाखी, मेला के प्रथम दिवस के रंगारंग कार्यक्रमों की अध्यक्षता करते हुए दी तथा कहा कि पंजाब ही नहीं अपितु समस्त देश के लिए बैसाखी की महानता व महत्ता इसलिए भी बढ़ जाती है कि बैसाखी के पवित्र दिवस पर दशमेश पिता ने खालसा पंथ की स्थापना की थी ।

श्री रे ने कहा कि कल सायं चार बजे वह श्री दरबार साहिब में माथा टेक कर अपनी श्रद्धा के फूल अर्पण करने गए थे तो बैसाखी पर वहां भारी भीड़ थी । वहां उन्हें बताया गया कि इतनी भारी भीड़ कई वर्षों के पश्चात् श्री दरबार साहिब में हुई है ।

श्री रे ने कपूरथला शालामार बाग में मनाए जा रहे बैसाखी मेला की चर्चा करते हुए कहा कि इससे पूर्व कपूरथला में भी ऐसे कार्यक्रम नहीं हुए होंगे । उन्होंने अपनी तथा अपनी धर्मपत्नी की ओर से सब को बैसाखी की बधाई दी तथा परमात्मा अंग-संग रहने की कामना की । इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के संयुक्त सचिव श्री मणिशंकर अगियार सम्मिलित हुए । इस बैसाखी मेला में पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा के लोक गीतों, लोक नाचों, के कलाकारों ने शानदार ढंग से अपनी कला का प्रदर्शन करके खूब वाहवाह लूटी । पाकिस्तान के दो बन्धु कलाकारों उस्ताद बदर-उज-जमान तथा उस्ताद कमर-उज-जमान ने पंजाबी गीत गाकर उपस्थितजनों का मनोरंजन किया । लोक गीत भी हुए ।

गत दिवस सारा दिन ग्रामीण खेलों, स्त्रियों के कामों, बेबी शो आदि के अतिरिक्त गीत संगीत की प्रतियोगिता भी हुई । श्री रे ने कलाकारों को सम्मानित किया । इस अवसर पर श्रीमती गीतिका कला निर्देशक नार्थ जोन सैंटर पटियाला ने बताया कि इस सैंटर का वार्षिक बजट 70 लाख रुपए है । इस सैंटर के लिए पटियाला में शीघ्र ही एक कम्पलैक्स निर्मित किया जा रहा है । इसके लिए 13 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर ली गई है । भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम को बड़ी दिलचस्पी से देखा ।

राज्यपाल रे
(पृष्ठ 1 का शेष)

कि भविष्य में जिला परिषदों के अध्यक्ष का दर्जा

SIZES: 5, 8, 12, 18, 22 Lts.
चौड़ी सड़क डिविज़न नं. 3
लुधियाना
5 साल गारंटी

बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 4 आतंकवादी मरे

रोडवेज़ की एक बस को खालसा कालेज अमृतसर में जला दिया गया

पंजाब में सरपंच सहित 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 15 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से बब्बर खालसा के एक स्वयं भू एरिया कमांडर सहित 4 कट्टर आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर में पंजाब रोडवेज की एक बस को जला दिया गया ।

दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में बब्बर खालसा के दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए व दो को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद की गई । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह, सी.आई.ए. इंस्पैक्टर श्री संत व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने थाना कादियां के गांव बटरकलां के निकट पुलिस उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में नाके लगा रखे थे कि रात लगभग 11 बजे 4 संदिग्ध लोगों को आते देख रुकने को कहा गया तो उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी व हथगोला फैंका, जो हवा में फट गया और पुलिस व बी.एस.एफ. की जवाबी फायरिंग में दो आतंकवादी मारे गए व दो भाग गए ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादियों में एक की शिनाख्त बब्बर खालसा के दुर्दांत आतंकवादी पूर्ण सिंह चाचोवाली के रूप में की गई है और दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी । दोनों आतंकवादियों के शवों के निकट से एक अमरीका निर्मित थामसन सब मशीनगन, इसके दो मैगजीन, काफी मात्रा में जीवित व चले कारतूस, एक विदेशी 38 बोर का रिवाल्वर इसके चले, अनचले कारतूस व एक करामद एच.ई. 36 हथगोला बरामद किया गया है । श्री गोबिन्द राम ने कहा कि मृतक दुर्दांत आतंकवादी पूर्ण सिंह कम से कम 60 हत्याओं व दर्जन से ऊपर सशस्त्र लूटमार की वारदातों में पुलिस को वांछित था और इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था । चार नवम्बर 88 को चक्करी बाजार बम विस्फोट जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए व 50 घायल हुए थे । 4 जनवरी 89 को गांव बहोवाल में दस लोगों की सामूहिक हत्या, 30 मार्च 89 को कलानौर के गांव अटारी में 4 लोगों की हत्या, दिसम्बर 88 में गांव बुटर कलां में 4 लोगों की हत्या, मार्च 89 पुलिस सब इंस्पैक्टर जैमल सिंह व उसकी निकट रिश्तेदार की हत्या, पठानकोट बम विस्फोट जिसमें 7 लोगों मारे गए थे आदि प्रमुख थे जिनमें यह सीधे रूप से वांछित था । इसी प्रकार इस जिला में 6 अलग-अलग स्थानों पर बी.एस.एफ. की गाड़ियां विस्फोट करके उड़ाने व 23 मार्च 89 को बटाला के निकट रावी एक्सप्रैस यात्री गाड़ी उड़ाने के लिए तीन किलो मीटर तक रेल पटड़ी के साथ विस्फोटक पदार्थ व तार बिछाने में भी यह संलिप्त था, जो विस्फोट से पहले पुलिस ने सूचना मिलने पर बरामद करके एक भयानक हादसा होने से बचा लिया था ।

नवनियुक्त एरिया कमांडर गिरफ्तार : एस.एस.पी. ने बताया कि इसी प्रकार थाना सदर बटाला के गांव धवान के निकट इंस्पैक्टर श्री गुरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस व बी.एस.एफ. ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार करके उनसे दो ए.के. चीनी असाल्ट राइफलें, 4 मैगजीन व काफी मात्रा में चले अनचले कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनकी शिनाख्त गांव चन्दके जसपाल सिंह व थाना अजनाला के गांव कोटला गाजियां के हरपाल सिंह के रूप में की गई है और दोनों बब्बर खालसा के नवनियुक्त एरिया कमांडर हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि उपरोक्त मारे गए दोनों आतंकवादियों के साथ लगभग सभी वारदातों में संलिप्त होने के साथ-साथ इन्होंने गांव शेखूपुरा में एक सेवा निवृत्त फौजी, गांव हसनपुरा में पुलिस सब-इंस्पैक्टर जैमल सिंह व उसकी एक महिला रिश्तेदार व गांव भागोवाल में एक व्यक्ति की हत्या की थी । इसी प्रकार थाना सदर पुलिस दो अन्य संदिग्ध लोगों हरभजन सिंह व सोहन सिंह को भी गिरफ्तार किया है ।

एक और आतंकवादी मारा गया : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर के क्षेत्र दयालगढ़ के निकट आज रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक स्कूटर सवार आतंकवादी मारा गया । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक सूचना मिली थी कि बटाला शुगर मिल व दयालगढ़ क्षेत्र में कुछ आतंकवादी घूम रहे हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने अलग-अलग नाकाबंदी कर रखी थी कि एक स्कूटर सवार संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया । उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । मृतक आतंकवादी के पास से एक 32 बोर की रिवाल्वर तथा कुछ चले व अनचले कारतूस बरामद हुए हैं । घटना रात के 9 बजे की है ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार कल रात पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के क्षेत्र में स्थित गांव अलीपुर में 4-5 आतंकवादी 9 बजे के लगभग पूर्ण सिंह सरपंच के घर में घुस गए और गोलियां मारकर उसकी हत्या करके फरार हो गए । फरार होते हुए आतंकवादियों ने कहा कि पूर्ण सिंह को सरकार समर्थक होने की सजा दी गई है ।

आपसी शत्रुता में हत्या : थाना खेमकरण के गांव दासुवाल में आज प्रातः 9 बजे के लगभग चार आतंकवादी प्यारा सिंह के घर में दाखिल हो गए और उसके लड़के तेजा सिंह पर गोलियां बरसाईं जिससे उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । यह हत्या आतंकवादी संगठनों की आपसी शत्रुता का नतीजा बताई जाती है ।

बिरसा सिंह पाकिस्तान गया था : कल तड़के खेमकरण सैक्टर में जो खतरनाक आतंकवादी बिरसा सिंह बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया था, उसके बारे में और अधिक जानकारी मिली है कि वह लगभग तीन सप्ताह पहले जोधपुर जेल से रिहा हुए कैदियों में शामिल था और रिहाई के तीन-चार दिन बाद ही वह पाकिस्तान चला गया जहां वह आतंकवादी संगठनों के नेताओं से मिला । इन नेताओं की ओर से उसे हथियारों की तस्करी का काम सौंपा गया था । जब वह पाकिस्तान से भारत के लिए रवाना हुआ तो उसने अपने एक साथी के साथ खेमकरण सैक्टर से भारत में दाखिल होने की चेष्टा की । बी.एस.एफ. द्वारा ललकारे जाने पर उसने और उसके साथी ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में वह खुद मारा गया लेकिन उसका साथी फरार हो गया । यह भी पता चला है कि बिरसा सिंह के पीछे-पीछे तीन-चार पाकिस्तानी बोरियों में शस्त्रास्त्र भर कर ला रहे थे लेकिन गोलियों की आवाज सुनकर वे भी वापस भाग गए ।

बस जला दी : अमृतसर (ह.स.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आज प्रातः स्थानीय खालसा कालेज में पंजाब रोडवेज की एक बस में आग लगा दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार बाघा सीमा से शहर आ रही यह बस जब कालेज के निकट पहुंची तब कुछ व्यक्तियों ने बस को रोका और यात्रियों को बस से उतर जाने को कहा । इसके बाद वे बस को कालेज परिसर में ले गए और पैट्रोल छिड़क कर उसे आग लगा दी । पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने से पूर्व ही बस जल कर राख हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार सम्भवतः कपूरथला जिले में गत बृहस्पतिवार को एक मुठभेड़ में सिख छात्र फैडरेशन के एक नेता गुरनाम सिंह बुट्टर के मारे जाने के विरोध में यह आगजनी की गई ।

आतंकवादी ने ज़हर खा लिया : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर पुलिस के साथ कल रात मुठभेड़ में गिरफ्तार तीन आतंकवादियों में से एक ने ज़हर खाकर आत्म हत्या कर ली । पुलिस के अनुसार नूरमहल थाने के समराय गांव के निकट नहर के पुल पर नाके के दौरान एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों को पकड़ा गया था । इनके नाम हैं : जोगा सिंह, जसकरण सिंह उर्फ जस्सी तथा बलराज सिंह उर्फ राजी । तीनों सरहाली गांव के निवासी थे । पुलिस इनमें से एक बलराज सिंह उर्फ राजी को एक बम का पता लगाने के लिए मैसमपुर गांव ले गई । इसी दौरान उसने कोई जहरीली वस्तु खा ली । उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई । उक्त आतंकवादियों से एक मीडियम मशीनगन, एक पिस्तौल तथा विस्फोटकों का पैकेट मिला । नकोदर से गगन के अनुसार मैसमपुर हरनेक सिंह उर्फ नेका नामक आतंकवादी का गांव है नेका गत दिनों होशियारपुर जिला में पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : जिला लुधियाना के गांव मीरपुर के बाहर नहर के पुल के निकट पुलिस ने दो आतंकवादियों किरपाल सिंह तथा बलवन्त सिंह को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद किए ।

जेवर छीन लिए : गत रात्रि 10.30 बजे के लगभग खटकड़कलां गांव में जब एक परिवार घर में टी.वी. देख रहा था तो कुछ आतंकवादियों ने, जिनके चेहरे ढके हुए थे, अन्दर आकर पिस्तौल की नोक पर परिवार के सभी जेवर और कुछ नकदी छीन ली और भाग गए ।

6310 रुपए लूटे : दसूहा (झावर): आज थाना हाजीपुर के गांव खटगड़ लोतें में बिना नम्बर के हीरो होंडा मोटर साइकल पर सवार आतंकवादियों ने सुरेन्द्र कुमार के भट्ठे पर पहुंच कर मुंशी से पिस्तौल की नोक पर 6310 रुपए लूट लिए ।

तीस हज़ार रुपया छीना : खन्ना (सहगल): आज प्रातः यहां स्कूटर सवार एक उग्रवादी ने लक्ष्मी स्टील रोलिंग मिल्ज के मैनेजर से 30000 रुपए छीन लिए ।

पंजाब समस्या के हल के लिए राम जेठमलानी का फार्मूला !

हुबली, 15 अप्रैल (ह.स.): जनता दल के सांसद और प्रमुख न्यायविद राम जेठ मलानी ने आज कहा कि एकीकृत अकाली दल के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान की रिहाई और उनके विरुद्ध केसों की वापसी, पंजाब मुद्दे पर उनके साथ बातचीत और 1984 में स्वर्ण मंदिर में सेना के प्रवेश के लिए प्रधानमंत्री द्वारा खेद प्रकट किए जाने से पंजाब समस्या के समाधान की दिशा में काफी मदद मिलेगी ।

उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी ने पंजाब के बारे में जिस पैकेज की घोषणा की है, उसका वह स्वागत करते हैं हालांकि इसकी घोषणा काफी विलम्ब से की गई है लेकिन उन्होंने कहा कि इस पैकेज की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ने जो बयान दिए हैं और जो कार्रवाइयां की हैं उन्होंने इस पैकेज का असर खत्म कर दिया है ।

श्री जेठ मलानी ने कहा कि वह महसूस करते हैं कि यदि श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के दंडित अभियुक्त केहर सिंह को माफ कर दिया जाता तो इससे सिख समुदाय की भावनाएं शांत हो जातीं । प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री जेठमलानी ने कहा कि उन्होंने किसी भी समय खालिस्तान या खालिस्तान जैसे किसी विचार का समर्थन नहीं किया बल्कि "मैं देश के और अधिक विभाजन के विचारमात्र से घृणा करता हूं ।"

श्री जेठमलानी ने प्रश्न किया कि आनंदपुर प्रस्ताव को जब राष्ट्र विरोधी करार दिया जा रहा है, तब उसे अध्ययन के लिए सरकारिया आयोग को क्यों सौंपा गया था । उन्होंने कहा कि आनंदपुर प्रस्ताव में "खालिस्तान के कीटाणु" नहीं हैं । उन्होंने कहा कि आनंदपुर प्रस्ताव का गलत अर्थ लिया गया है और इसी के कारण समूचे सिख समुदाय को पृथकतावादी मान लिया गया है । उन्होंने कहा कि आनंदपुर प्रस्ताव राज्यों को मजबूत बनाने की बात कहता है ताकि केंद्र भी मजबूत बन सके ।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब समस्या को केंद्र ही जिंदा रखे हुए है ताकि वह 'हिन्दू-सिख कार्ड' का प्रयोग आगामी लोकसभा चुनाव में कर सके ।

चुनाव टाले जाने की आशंका : श्री जेठमलानी ने आज आशंका व्यक्त की कि केंद्र संसदीय चुनावों को टालने की स्थितियां पैदा कर सकता है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अच्छी तरह मालूम है कि पार्टी के भीतर असंतोष चरम सीमा पर है और चुनाव घोषित होते ही पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू हो जाएगा । श्री जेठमलानी ने कहा कि विपक्ष में सिर्फ फरिश्ते नहीं हैं ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि संविधान में संशोधन किया जाए जिसके तहत राजनीतिज्ञों को केवल एक बार चुनाव लड़ने की अनुमति हो ।

पाकिस्तानी जासूसों का गिरोह पकड़ा गया

जम्मू, 15 अप्रैल (स.): जम्मू व दिल्ली में सक्रिय पाकिस्तानी जासूसों के एक गिरोह को पकड़ा गया है । इस गिरोह के तीन सदस्यों को, जो जासूसी व तस्करी का काम करते थे, गिरफ्तार किया गया है । इनमें एक पाकिस्तानी नागरिक भी है । इनके नाम मोहम्मद अशरफ (सियालकोट-पाकिस्तान), वाजिद मिर्जा (दिल्ली) तथा राज कुमार उर्फ राजू (रणबीर सिंह पुरा) बताए गए हैं ।

मोहम्मद अशरफ तथा वाजिद मिर्जा को गत माह यहां एक होटल से गिरफ्तार किया गया था । उनसे पूछताछ के उपरान्त ही राजकुमार के बारे में पता चला । इस संबंध में अन्य गिरफ्तारियां संभावित हैं ।

रंसी का अवैध व्यापार आरोप में 2 गिरफ्तार

संघी): कस्टम र 15 के दो तलवाड़ को टम्स कानून के

अधीन गिरफ्तार कर उनके कब्जे से काफी मात्रा में विदेशी व भारतीय मुद्रा बरामद करने में कामयाबी प्राप्त की है ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार कस्टम्स विभाग को सूचना मिली थी कि यहां से कुछ व्यक्ति दिल्ली जाकर अवैध रूप से करंसी की बिक्री व खरीद का व्यापार कर रहे हैं । इस सूचना पर पुलिस ने सुदर्शन कुमार को उस वक्त चंडीगढ़ बैरियर पर पकड़ लिया जब वह अपनी कार में दिल्ली जा रहा था । सुदर्शन कुमार की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 8400 अमरीकी डालर व कुछ भारतीय करंसी बरामद हुई । जब उससे पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि वह विदेशी करंसी सैक्टर 15 में ही स्थित अपने एक मित्र से लेता रहा है और पिछले कई सालों से वह इस करंसी को दिल्ली ले जाकर अवैध रूप से बेचता रहा है ।

इस सूचना पर पुलिस ने राजीव तलवाड़ के घर पर छापा मारा और वहां से 173550 रुपए की भारतीय करंसी व 261100 रुपए की बैंक अकाउंट बुक्स बरामद कीं । राजीव तलवाड़ से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उससे बरामद की गई भारतीय करंसी उसने विदेशी करंसी बेचकर प्राप्त की है । कस्टम्स विभाग को इन दोनों के पास से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए । कस्टम्स विभाग ने इन दोनों का 17 अप्रैल तक का रिमांड प्राप्त कर लिया और वे इन दोनों की आगे की पूछताछ के लिए अपने जालन्धर में स्थित एंफोर्समैंट निदेशालय में ले गए ।

हवाई अड्डों पर पड़ताल सख्त

बम्बई, 15 अप्रैल (वार्ता): इंडियन एयर

बंगलादेश में रुके बिहारियों को पाकिस्तान न भेजें : बेनज़ीर द्वारा इरशाद को पत्र

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (कुलदीप नैयर): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने बंगला देश के राष्ट्रपति जनरल इरशाद को पत्र लिखा है कि वह पिछले 18 सालों से बंगला देश में रुके हुए बिहारी मुसलमानों को फिलहाल पाकिस्तान न भेजें

सक्षम नहीं हैं ।

पाकिस्तान में पिछले दिनों हुए चुनावों में सभी राजनीतिक दलों ने आश्वासन दिया था कि वह बिहारियों का पाकिस्तान में स्वागत करेंगे लेकिन बेनज़ीर सरकार द्वारा सत्ता सम्भालने के बाद भी जब

सुप्रसिद्ध साड़ी
जम्मू तथा पठान
आपने दुनिया भर में मशहूर जादूगर पी.सी. सरकार का नाम अवश्य सुना होगा, जो अपने जादू और इंद्रजाल के बल पर दुनिया का मन मोह लिया करते थे ।

Punjabi Sarnama

पंथक कमेटी के एक सदस्य ने पुलिस घेरे में आ जाने पर आत्महत्या की

एक उग्रवादी मारा गया : दयालगढ़ में मरने वाला बब्बर खालसा का लै. जनरल था : पंजाब में 4 की हत्या : भट्ठा मालिक का अपहरण

चंडीगढ़, 16 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंथक कमेटी के एक सदस्य इंदरजीत सिंह रत्नगढ़ ने पुलिस के घेरे में आ जाने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली जबकि एक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । आतंकवादियों ने एक ग्रंथी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । कल बटाला के दयालगढ़ क्षेत्र में मारा गया आतंकवादी बब्बर खालसा का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जरनल बलजीत सिंह उर्फ 'कोड़ा' था । एक भट्ठा मालिक का अपहरण कर लिया गया ।

दुकानदार की हत्या : अमृतसर (ह.स.): कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने कल रात छहर्टा थाने के कोनपुर कलां गांव हरियाणा के एक दुकानदार राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी ।

8500 रुपए लूटे : कल रात गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के निकट एक शराब की दुकान से दो स्कूटर सवार 8500 रुपए लूटकर फरार हो गए ।

उग्रवादी मारा गया : फगवाड़ा (राकेश, अशोक): कल रात यहां के निकटवर्ती गांव दरवेश पिंड के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । आज फगवाड़ा के डी.एस.पी. श्री दीवान चन्द ने बताया कि कल रात 8 बजे के करीब दो अज्ञात आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर फगवाड़ा के एक व्यक्ति हरीश कुमार से उसका स्कूटर नम्बर पी.बी.के., 6661 छीन कर फरार हो गए । थाना सदर पुलिस उन आतंकवादियों का पीछा कर रही थी जो रात पौने नौ बजे के करीब यहां से 8 कि.मी. दूर गांव दरवेश पिंड के पास जब पुलिस पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को ललकारा तो स्कूटर सवारों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग में एक स्कूटर सवार आतंकवादी की मृत्यु हो गई व एक अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया । मृतक आतंकवादी की शिनाख्त अशोक कुमार उर्फ काला पुत्र धर्म चन्द निवासी गुरु तेग बहादर नगर (टिबी) फगवाड़ा के रूप में हुई है । पुलिस ने घटना वाले स्थल से एक छीना हुआ स्कूटर, 303 बोर की रिवाल्वर, 4 अनचली व 5 चली हुए कारतूस बरामद किए हैं । श्री दीवान चन्द ने बताया कि मृतक आतंकवादी लोगों को धमकी भरे पत्र लिखकर धन ऐंठता था व इस क्षेत्र में लूटमार की कई वारदातें कर चुका था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गोली से घायल : कल रात नौ बजे के करीब यहां के निकटवर्ती गांव डुमेली में एक व्यक्ति तरसेम लाल जब अपने घर में अपने पिता को रोटी परोस रहा था तो कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने किसी रिवाल्वर से उस पर फायर किया जिससे वह जख्मी हो गया है । उसके शरीर पर अनेक छर्रे लगे हैं ।

पंथक कमेटी का सदस्य मरा : कपूरथला (शमी): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सदर कैपूरथला पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने गांव केसरपुर के निकट मोड़ पर नाका लगाया हुआ था कि लगभग एक बजे एक स्कूटर पर दो सिख नवयुवकों को आते देखकर नाका पार्टी ने टार्च की रोशनी के संकेत से उन्हें रुकने को कहा । स्कूटर की गति धीमी होने पर पीछे बैठे नवयुवक ने छलांग लगा दी तथा अंधकार का लाभ उठाकर भाग गया । पुलिस पार्टी ने स्कूटर चला रहे नवयुवक को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने साइनायड जहर खाकर आत्म हत्या कर ली । उस की जेब से मिले उसके एक चित्र के पीछे लिखे पता से मालूम हुआ कि वह पंथक कमेटी का सदस्य इन्द्रजीत सिंह वासी रत्नगढ़ जिला रोपड़ था । शव के निकट से पुलिस ने बगैर नम्बर का बजाज चेतक सलेटी रंग का स्कूटर तथा जहर की छोटी सी शीशी अपने कब्जा में ली है । भाग गए नवयुवक को पकड़ने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी की गई है ।

शिनाख्त : गत रात बटाला पुलिस जिला के गांव दयालगढ़ के निकट मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त बब्बर खालसा के स्वयंभ लैफ्टीनैंट जनरल बलजीत सिंह उर्फ घोड़ा के रूप में हुई है । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर, सायनाइड कैप्सूल तथा ए.के. 47 राइफल की 118 गोलियां बरामद हुई ।

'कोड़ड़' के अनुसार एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि मृतक आतंकवादी जिस बिना नम्बर के बिना स्कूटर पर आ रहा था उसकी डिक्की से बब्बर खालसा की आपत्तिजनक सामग्री भी मिली ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि मृतक आतंकवादी 37 हत्याओं की वारदातों, 15 सशस्त्र लूटमार की वारदातों सहित बटाला, गुरदासपुर, पठानकोट, अमृतसर व मजीठा जिलों में कई बम विस्फोटों के लिए पुलिस को वांछित था जिनमें गत वर्ष गांव चौधरीवाल में मनजीत कौर, गांव गाजीनंगल में विजय कुमार, गांव शाहपुर जाजन में चनन सिंह, गांव शंकरपुरा में पवित्र नाथ व कस्तूरी लाल, गांव सारचूर में दो लोगों, चक्करी बाजार बटाला में विस्फोट करके 25 लोगों की हत्या व 50 को घायल करने, गांव जांगला में पुलिस हवलदार सहित थानेदार कन्दन लाल, पठानकोट में बम विस्फोट कर 7 लोगों की हत्याएं करने के साथ-साथ इस वर्ष गांव अटवाल में तीन लोगों अजीत सिंह, कश्मीर सिंह व फकीर सिंह, गांव बहोवाल में 10 लोगों, गांव जांगला में 2 लोगों दिलबाग सिंह व जनकराज, किला ढेसा सिंह में विस्फोट करके दो लोगों, गांव अटारी में पिता बिशम्बर दास, इसके पुत्र ज्ञान चन्द व पौत्र रविन्द्र कुमार, गांव राय चक्क में पुलिस हवलदार निशान सिंह, गांव हस्सनपरा में पुलिस थानेदार जैमल सिंह व एक महिला की हत्याओं के सहित बटाला के गांव हरदोझंडे के निकट रावी एक्सप्रैस यात्री गाड़ी उड़ाने के लिए रेल लाइन के साथ तीन किलो मीटर तक विस्फोटक पदार्थ लगाने की वारदातें प्रमुख हैं ।

ग्रंथी की हत्या: पुलिस जिला बटाला के थाना कलानौर के गांव बुजर्गवाल में गत रात 3 सशस्त्र अज्ञात लोगों ने फायरिंग करके एक ग्रंथी उसवन्त सिंह की हत्या कर दी । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने हत्या के लिए ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल प्रयुक्त की है । 6 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । आतंकवादियों की शिनाख्त करके पुलिस व बी.एस.एफ. उन्हें पकड़ने के लिए खोजबीन कर रहे हैं ।

दो की हत्या : जलालाबाद (मलिक): कल रात यहां से 25 किलो मीटर दूर थाना ममदोट के अन्तर्गत गांव अली के झुगे के एक 18 वर्षीय युवक सतनाम सिंह तथा एक अन्य युवक की उग्रवादियों ने कल शाम हत्या कर दी । दूसरे मृत युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है ।

बताया जाता है कि सतनाम सिंह अपने डीजल इंजन के बारे में बैंक से सम्बन्धित किसी काम से साइकल पर सायंकाल 6.30 बजे लखोकी गांव के लिए रवाना हुआ । रास्ते में उसे एक अन्य युवक मिला और उसे भी उसने अपनी साइकल पर बिठा लिया । थोड़ी ही दूर जाने पर उन्हें ए.के. 47 राइफलों से लैस 3-4 उग्रवादी मिले । वे उन दोनों को खेतों में ले गए तथा वहां ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

सतनाम सिंह के पिता मुख्तियार सिंह ने बताया कि उनका यही एकमात्र पुत्र था । उन्हें उसकी मृत्यु की खबर एक ग्रामीण ने दी जो वहां खेत में गेहूं की कटाई व गहाई के लिए सुबह ट्रैक्टर लेकर पहुंचा था । उसने खेत में गोलियों से छलनी दो युवकों के शव देखे ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

नेपाल नागरिकता प्रमाण पत्र और कार्य परमिट योजना पर अमल जारी रखेगा

काठमंडू, 16 अप्रैल (हस, वार्ता): नेपाल में कार्यरत विदेशी नागरिकों के लिए नागरिकता प्रमाणपत्र और काम करने के परमिट की प्राप्ति को लेकरी लाने के अपने संकल्प को नेपाल सरकार ने दोहराया है ।

नेपाल में काफी लम्बे समय से रह रहे लाखों भारतीयों के भविष्य के बारे में भारतीय प्रवक्ता द्वारा व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करते हुए नेपाल सरकार के मुख्यप्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में नेपाल सरकार द्वारा शुरू किए गए नागरिकता प्रमाण वितरण अभियान ने देश के हर भाग में नेपाली नागरिकों को नागरिकता का अधिकार सुलभ कर दिया है यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक सभी वास्तविक नेपाली नागरिकों को नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं मिल जाते । इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए । न ही काम करने के परमिटों में प्राप्ति अनिवार्य बनाए जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो सकती है क्योंकि रजिस्ट्रेशन के लिए परमिट लेना नेपाली तथा विदेशी नागरिकों दोनों के लिए जरूरी है । निस्संदेह इस निर्णय के फलस्वरूप किसी भारतीय नागरिक से नौकरी या काम प्राप्त करने का अवसर नहीं छिना ।

प्रवक्ता ने कहा कि उनका देश भारत के साथ सम्बन्धों के सच्चे ढांचे पर विस्तृत और सीधी बातचीत करने को तैयार है । प्रवक्ता के पत्रकार सम्मेलन में भारतीय संवाददाता आमंत्रित नहीं किए गए ।

प्रवक्ता ने कहा कि उनका देश भारत के साथ पारगमन तथा व्यापार संधि का नवीकरण करना चाहता है लेकिन यदि भारत ने सिर्फ एक नई संधि करने पर जोर दिया तो वह केवल पारगमन संधि को स्वीकार करने को तैयार है । प्रवक्ता राधेश्याम मिश्र के अनुसार व्यापार दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सुविधा का मामला है, जबकि चारों ओर भूमि से घिरे नेपाल के लिए पारगमन एक आवश्यकता है ।

श्री मिश्र ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत-नेपाल व्यापारिक सम्बन्धों के बारे में दिए गए सुझाव पर नेपाल सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया है जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि भारत इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करेगा ।

भारत-नेपाल पारगमन तथा व्यापार सम्बन्धी संधियों की अवधि गत 23 मार्च को समाप्त हो चुकी है । नेपाल के विदेशमंत्री शैलेंद्र कुमार उपाध्याय इस दौरान नई दिल्ली आए थे तथा उन्होंने नई संधियों से सम्बन्धित मसौदा भी पेश किया था ।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत का प्रत्यक्ष तौर पर यह कहना है कि नेपाल-भारत पारगमन संधि का उल्लंघन नेपाल ने किया है । लेकिन हम ऐसा नहीं सोचते और हम इसी समझ के साथ भारत से अपने सम्बन्धों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत के लिए तैयार हैं ।

इसी बीच नेपाल में पिछले दो दिनों के दौरान रक्सौल और जोगबनी के रास्ते से भारत से नमक की कुल 11,655 बोरियां और कुछ आवश्यक सामान पहुंचा है । नमक की 6,485 बोरियां कल रक्सौल के रास्ते से यहां पहुंची जबकि 5,170 बोरियां इससे एक दिन पूर्व लाई गई थीं ।

नेपाल की राष्ट्रीय संवाद समिति के अनुसार जोगबनी के रास्ते से आज काठमंडू में भारत से कुछ रसायन भी लाए गए । इसके अलावा कुछ और भारतीय सामान भी लाए गए ।

नेपाल द्वारा अन्य पड़ौसी देशों से आयातित कुछ सामान भी कल जोगबनी और रक्सौल से यहां लाए गए, जिनमें सीमेंट, लोहे के तार, मशीनें, वनस्पति घी आदि शामिल हैं ।

चीन समर्थक छात्रों के भारत-विरोधी बंद के आह्वान को काठमांडो घाटी के अधिकतर लोगों द्वारा अनसना कर देने से राजधानी काठमांडो में आज सामान्य गतिविधि जारी रही ।

लता को पाकिस्तान में कार्यक्रम पेश करने का निमंत्रण

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका लता मंगेशकर को पाकिस्तान में अपना

प्रेमदास ने वार्ता के लिए लिट्टे प्रतिनिधियों के नाम मांगे

कोलम्बो, 16 अप्रैल (एपी): श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के वरिष्ठ नेता एंथनी बालसिंहम को एक संदेश भेज कर कहा है कि वह उनसे बातचीत करने के लिए अपने प्रतिनिधियों के नाम भेजें । आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । इससे पूर्व कल 'लिट्टे' ने बातचीत करने की राष्ट्रपति की पेशकश मंजूर कर ली थी । इसी के बाद श्री प्रेमदास ने आज यह कदम उठाया । राष्ट्रपति सचिवालय में प्रैस सचिव इवांस करे ने आज यहां बताया कि श्री बालसिंहम को एक संदेश भेज कर कहा गया है कि वह राष्ट्रपति से बातचीत करने के लिए अपने मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों के नाम भेजें । श्री करे ने बताया कि इस संदेश पर राष्ट्रपति के सचिव के.एस.ए. विजयदास के हस्ताक्षर हैं । संदेश में लिखा है राष्ट्रपति के साथ बातचीत करने के सिलसिले में आपके संदेश की हम बहुत सराहना करते हैं । उन्होंने मुझे निर्देश दिया है कि मैं आपसे इस बातचीत के लिए मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों के नाम भेजने का आग्रह करूं ताकि श्रीलंका में किसी भी स्थान पर बातचीत करने के लिए आवश्यक तैयारी की जा सके ।

'लिट्टे' के एक नेता ने आज अपना नाम गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा कि उन्होंने कोलम्बो से 16 कि.मी. दूर उत्तर में अनुराधापर में श्री प्रेमदास से भेंट करके स्वयं लिट्टे का संदेश उन्हें दिया । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का रुख बहुत अनकूल था तथा वह जल्द से जल्द बातचीत शुरू किये जाने के पक्ष में हैं ।

लिट्टे ने इस बातचीत के लिए ऐसे दौर में मंजूरी दी है जब गत गुरुवार से शुरू हुए हिंसा के तांडव में अब तक कम से कम 79 लोग मारे जा चुके हैं ।

जाफना में 21 सिंहली सैनिकों के मारे जाने तथा एक बम विस्फोट की जिम्मेवारी भी आज लिट्टे ने ली ।

श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत के मुख्यमंत्री वरदराज पेरूमल ने आज स्पष्ट खंडन किया है कि गत बृहस्पतिवार को त्रिकोमली के बम विस्फोट में सत्तारूढ़ ईलम पीपल्स रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट का हाथ था । श्री पेरूमल ने कुछ केंद्रीय मंत्रियों द्वारा बदनाम करने के ख्याल से चलाए गए अभियान की निंदा की । उन्होंने कहा कि सिंहली नेता और अखबारों का बम विस्फोट में ईलम फ्रंट को शामिल बताने का इरादा प्रांतीय सरकार को बदनाम करने एवं अस्थिर बनाने का प्रयास है ।

कई बम विस्फोट : कोलम्बो के विभिन्न भागों में आज सायं हुए बम विस्फोटों में कम से कम एक दर्जन लोग घायल हो गए ।

आत्मसमर्पण केंद्र जला दिया : श्रीलंका में सिंहली उग्रवादियों ने सरकार द्वारा एक सप्ताह की संघर्ष अवधि में उनके आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए एक केंद्र को कल आग लगा दी ।

पहला इन्सेट-2 अगले वर्ष छोड़ा जाएगा

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): पहला इन्सेट-2 अगले साल के मध्य तक प्रक्षेपण के लिए तैयार हो जाएगा । इस शृंखला का दूसरा उपग्रह इसके एक साल भर बाद तैयार कर लिया जाएगा ।

अंतरिक्ष विभाग ने इन दोनों यानों के प्रक्षेपण के लिए 'एरियन्सपेस' से समझौता किया है । पहला अगले साल पहली अक्तूबर से 30 नवम्बर के बीच और दूसरा 1991 के 1 अक्तूबर से 30 नवम्बर के बीच छोड़े जाने का कार्यक्रम है ।

ठक्कर रिपोर्ट लीक करने के लिये दोषी ठहराये जा रहे

Punjabi Sanatbari

लिए पेश नहीं हुए क्योंकि
ाल-समझौते के अधीन तय
ब-कमेटी ने उन्हें दोबारा
ा है । उन्होंने कहा कि
रेहा कर देने तथा दिल्ली के
ए देने का मुद्दा भी उक्त
किन्तु सरकार ने ऐसा नहीं
र और पंजाब के लोगों के
पैदा हो गया जो अब तक
विश्वास का संकट दूर नहीं
र्ता में भाग-लाभ फलदाई
हा कि सरकार को उक्त
लिए कोई ठोस पग उठाने
ीतिक पहलकदमी करनी
ी कहा कि विदेशी ताकतें
दर की कमजोरियों का लाभ
नी होंगी । उन्होंने उग्रवाद
मल कर अभियान करने को

ना ने उग्रवादियों को पापी,
र देते हुए कहा कि वे यह
कारण ब्ल्यू स्टार या अन्य
क चोट के कारण नहीं कर
ने की साजिश का शिकार
जाब समस्या का समाधान
र पर निकाला जा सकता है
राम जन्म भूमि विवाद छेड़
आरोप लगाया कि वह हर
ह से देखता है । उनके
है किन्तु देश सब से ऊंचा
भी आरोप लगाया कि केंद्र
ग्रंथ टैलीकास्ट कर धार्मिक
ट प्राप्त करना चाहता है ।
ने देश तथा पंजाब की
राजनीतिक दलों को दोषी
ों का दर्द कोई महत्व नहीं
श भक्ति का भी कोई पास
ा पर गहरा संतोष व्यक्त
-सिख लड़े नहीं ।

ाटिया ने कहा कि पंजाब
सी एक व्यक्ति के पास है
पास । यह तो सभी दलों
करने से ही निकल सकता
नपने और जारी रहने के
ण बताया जिनमें विदेशी
नीतिक कारण तथा सिखों
चोट । उन्होंने कहा कि
अकाली बहुत हद तक
ोंकि वे बटे हुए हैं और
ई एक स्टैंड नहीं । जब
तब तक उग्रवाद समाप्त
पर पहुंचने में जितनी देर
ू लोगों की हत्याएं होती
चोट खाई मानसिकता पर
र जोर दिया ।
हा कि पंजाब का दर्द ऐसा
गई, वह बढ़ता गया ।
समस्या का अपने हित में
रते हैं । उन्होंने कहा कि
ा राष्ट्र भक्त शक्ति की
ह तत्वों को देश के और
ाह मिली । उन्होंने कहा
धर्म फैलाया जा रहा है ।
ए लड़ते हैं, इन्सानों को
करते । कुछ लोगों ने
शरूआत के साथ ही
ते की कोशिश नहीं की ।
उन्होंने कहा कि सरकार
वाद समाप्त हो गया है,
ग्रवाद को सच्चाई कबूल

अलगाववाद बताया । उन्होंने कहा कि अकाली बुजदिल हैं । जिस दिन उग्रवाद समाप्त हो जाएगा, वे वार्ता के लिए भी तैयार हो जाएंगे ।

श्री एस.एस. विर्क डी.आई.जी.सी.आर.पी. जालन्धर ने कहा कि सभी वक्ताओं की भावना एक है कि उग्रवाद समाप्त हो, किन्तु बोली अलग-अलग बोले । इससे उग्रवाद के विरुद्ध अभियान की स्थिति पैदा नहीं हो सकती । उन्होंने कहा कि भारत को तोड़ने की अंतर्राष्ट्रीय साजिश का मुकाबला एकजुट हो कर ही किया जा सकता है । उन्होंने उग्रवादियों बारे कहा कि ये न शहीद हैं और न बहादर, जो अधर्म के काम करते हैं, मासूम बच्चों व औरतों तक को नहीं बख्शते । उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि इस समय पुलिस व सुरक्षा बल मिशनरी भावना से उग्रवाद के विरुद्ध जुटे हैं और इसी कारण विजय निश्चित है यद्यपि लड़ाई लम्बी है । इस अवसर पर पंजाब आर्ट थियेटर की ओर से श्री आज्ञापाल चड्ढा ने शबाना आजमी को एक मोमैंटो भेंट किया ।

जासूसी गिरोह

(पृष्ठ 3 का शेष)

आई.एस.आई. का एक वाहन उसे सीमा पर ला रहा था तो उसके उलट जाने से वह घायल हो गया था । उसने बताया कि आई.एस.आई. अधिकारियों ने उसे नारोवाल स्थित एक सैनिक अस्पताल में भर्ती करा दिया था जहां उसने दुर्घटना के कारण घायल हो गई अपनी टांग का इलाज कराते हुए तीन सप्ताह बिताए थे ।

सलीम मसीह और सुरिन्दर सिंह, दोनों डेरा बाबा नानक पुलिस थाना के अंतर्गत गांव देवगवार नामक सीमावर्ती गांव के निवासी हैं । उनके अतिरिक्त गिरफ्तार किए गए तीन अन्य भारतीय नागरिक हैं सुरिन्दर सिंह का भाई हरबिन्दर सिंह सेवानिवृत्त सैनिक हवालदार, गुरबचन सिंह निवासी रसनी के टल्ला, यह इलाका भी डेरा बाबा नानक पुलिस थाने के अंतर्गत है तथा होमगार्ड गुरमेज सिंह उर्फ काला जो अमृतसर जिले में अजनाला पुलिस थाना के गांव मोटले का निवासी है ।

अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान जो रहस्योद्घाटन किए हैं पुलिस उनके आधार पर इस गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए डेरा बाबा नानक, श्रीनगर, पठानकोट, अमृतसर और मेरठ में छापे मार रही है, जहां इस गिरोह के केंद्र बताए गए हैं ।

महावीर जयन्ती पर बूचड़खाने बंद रखने की मांग

अमृतसर, 16 अप्रैल (कपूर): श्री अमृत लाल जैन उप-प्रधान श्री एस.एस. जैन सभा, पंजाब और श्री के.सी. कोचर प्रधान श्री आत्मानंद जैन सभा, अमृतसर ने राज्यपाल पंजाब श्री रे को लिखे एक पत्र में मांग की है कि 18 अप्रैल मंगलवार को महावीर-जयंती के अवसर पर पंजाब भर में बूचड़खाने और शराब की दकानें बंद रखी जाएं व इस बारे जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए जाएं ।

वाईव्ज़ क्लब द्वारा उग्रवाद पीड़ित विधवाओं को कम्बल

अमृतसर, 16 अप्रैल : वाईव्ज़ क्लब अमृतसर की ओर से 24वें शहीद परिवार फंड समारोह में उग्रवाद की शिकार विधवाओं को 43 कम्बल और लोइयां भेंट की गईं । यह सामान क्लब के प्रधान श्री रवि शर्मा, महासचिव श्री नरेश अरोड़ा, श्री नरेंद्र सूरी तथा श्री नरेश धीर द्वारा पंजाब केसरी दिल्ली के रैजीडैंट एडीटर श्री अश्विनी मिन्हा तथा श्रीमती सुदर्शन चोपड़ा को भेंट किए गए । यह क्लब करीब 2 साल से शहीद परिवार फंड में कम्बलों का योगदान दे रही है ।



फगवाड़ा के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी अशोक कुमार उर्फ काला का शव । (छाया : खोसला)

पुलिस घेरे में आत्महत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ग्रामीणों ने बी.एस.एफ. की निकटवर्ती चौकी को इस बारे में सूचना दी । इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए । सतनाम सिंह के साथ मृत अज्ञात युवक के दाएं बाजू पर 'एक ओंकार' अंकित था तथा वह सफेद कमीज व पाजामा पहने हुए था । सतनाम सिंह के पिता ने बताया कि तीन साल पहले वह थाना मक्खू के गांव खिल्टा भाई से आतंकवादियों के भय से पलायन करके यहां आ गए थे लेकिन आतंकवादियों ने उनको यहां भी नहीं छोड़ा ।

सतनाम सिंह के घर पर आए गांव के लोगों ने बताया कि शाम को जब टैलीविजन पर पंजाबी में खबरें प्रसारित हो रही थीं तो उस समय लोगों ने गोलियां चलने की आवाजें सुनीं पर किसी ने भी भय से द्वार नहीं खोला ।

पुलिस ने प्रातः आकर सारे क्षेत्र को सील कर घरों की तलाशी ली, पर अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी ।

भट्ठा मालिक का अपहरण : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार गत सायं यहां से बीस किलो मीटर दूर बाजामहाड़ गांव के निकट दो आतंकवादियों ने एक ईंटों के भट्ठे के मालिक का अपहरण कर लिया । प्राप्त विवरण के अनुसार श्री रमेश कुमार भट्ठा मालिक अपने भट्ठे से शाम के समय स्कूटर पर अपने घर फरीदकोट की ओर जा रहे थे । उनके स्कूटर के पीछे उसका मुनीम छज्जूराम भी बैठा था । रास्ते में एक स्थान पर दो बंदूकधारी आतंकवादियों ने स्कूटर को रोका तथा छज्जू राम को नीचे गिरा दिया । इसके बाद दोनों आतंकवादी रमेश कुमार को उसके स्कूटर पर बिठाकर फरार हो गए । छज्जूराम ने बाद में पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराई । रमेश कुमार का अभी तक कोई पता नहीं चला ।

होमगार्ड घायल : दो सशस्त्र आतंकवादियों ने सदर होशियारपुर थाने के गांव जंडा में शराब के ठेके पर ड्यूटी दे रहे होमगार्ड महेन्द्र कुमार को गोलियां मारकर सख्त घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

मलोट (गोयल): गत दिवस सर्कुलर रोड अबोहर से एक बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी.सी. 4720 चुरा लिया गया । पुलिस जांच कर रही है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (बिनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि गत रात धारीवाल थाने के गांव फजूलाचक के पास मठभेड़ के पश्चात खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । श्री दास ने बताया कि गांव फजूलाचक के पास सीमा सुरक्षा बल तथा पंजाब पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी । रात लगभग 10.30 बजे दो व्यक्ति पैदल ही आते हुए दिखाई दिए । पुलिस ने जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने नाका पार्टी पर एक हथगोला फैंका । इससे कोई नुक्सान नहीं हुआ । जवानों ने भी जवाब में फायरिंग की । बाद में घेराबंदी करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

दोनों के पास से दो हथगोले, एक पिस्तौल, कुछ जीवित तथा चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । पकड़े गए उग्रवादियों की शिनाख्त दलजिन्दर सिंह उर्फ मिट्ठू निवासी सद्धवां तथा दयालसिंह निवासी बदेश के रूप में हुई है । दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के सक्रिय सदस्य हैं । दोनों पुलिस को कई हत्याओं तथा लूटपाट की घटनाओं में वांछित थे । श्री दास के अनुसार दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रमुख उग्रवादी हरपाल सिंह के निकट सहयोगी हैं । दोनों से पूछताछ जारी है ।

गुवाहाटी (वार्ता): असम सरकार और अखिल बोडो छात्र संघ (आबसू, उपेन्द्र गुट) के बीच कल बातचीत होने की सम्भावना 'आबसू' के अपनी शर्त पर अड़े रहने से धूमिल हो गई है । 'आबसू' इस बात पर अड़ा है कि बातचीत में केंद्र सरकार का एक प्रतिनिधि भी मौजूद हो । सरकारी सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार यह शर्त नहीं मानने के फैसले पर कायम है और उसने उसे बिना शर्त बातचीत शुरू करने को कहा है ।

उधर 'आबसू' ने 20 अप्रैल की सुबह पांच बजे से दस दिन के असम बंद पर अमल करने की घोषणा की है । यह बंद कथित पुलिस अत्याचार और अपनी मांगें स्वीकार न किए जाने के विरोध में किया जा रहा है । बोडो आंदोलनकारी अलग बोडोलैंड की मांग कर रहे हैं ।

असम में पिछले 24 घंटे में बोडो उग्रवादियों ने रेल पटरी की फिश प्लेटें उखाड़ दीं, जिससे एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई । इसके अलावा उग्रवादियों ने एक स्कूल भवन और एक लकड़ी के पुल को आग लगा दी ।

दो और विध्वंसकारी गुट कश्मीर घाटी में दाखिल

जम्मू, 16 अप्रैल (वार्ता): पाकिस्तान से प्रशिक्षित विध्वंसकारियों के दो और गुटों ने पिछले एक माह के भीतर कश्मीर घाटी में प्रवेश किया है ।

जानकार सूत्रों ने आज बताया कि इनमें से एक गुट इस माह के प्रारंभ में आया ।

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में प्रशिक्षित कश्मीरी युवक यह मानते हुए अपने साथ हथियार लेकर नहीं आते हैं कि वे अस्त्र-शस्त्र अन्य जरियों से प्राप्त कर लेंगे ।

आंध्र के एक और पूर्व मंत्री का विधानसभा से इस्तीफा

हैदराबाद, 16 अप्रैल (हस): तेलुगुदेशम सरकार के एक और पूर्व मंत्री आर. राजगोपाल रेड्डी ने आज आंध्र प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया ।

'शाकाहारी भोजन के तत्व कैंसर नहीं होने देते

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): मांसाहार से आंतों के कैंसर और स्तन कैंसर की सम्भावना अधिक रहती है जबकि शाकाहारी भोजन के तत्व कैंसर नहीं होने देते । यह और इससे ही मिलते-जुलते विचार यहां कई डाक्टरों ने शाकाहार विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए ।

गलत नीतियों का शिकार न होंगे

अमृतसर, 16 अप्रैल (कमलेश): आज जारी एक लिखित वक्तव्य में भारत भूषण शर्मा चेयरमैन पंजाब आई.टी.आई. प्रशिक्षित एसोसिएशन ने कहा कि पंजाब का आई.टी.आई. कर्मचारी सरकार की गलत नीतियों का शिकार हरगिज नहीं होगा ।

'रिपोर्ट' के अप्रकाशित अंश दिखाने का खंडन

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (ह.स.): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के दो सचिवों के इस बयान की कड़ी आलोचना की है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं को ठक्कर आयोग के अप्रकाशित अंश दिखाए हैं । पार्टी के पॉलिट ब्यरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने आज यहां एक वक्तव्य जारी कर भारतीय जनता पार्टी के सचिवों जे.पी. माथुर और विजय मल्होत्रा द्वारा इस संबंध में जारी वक्तव्य को शरारतपूर्ण बताया है । उन्होंने कहा कि हम 22 अप्रैल के विरोध दिवस में शामिल होंगे ।

मौजूद है । कोटा से करीब 11 किलोमीटर दूर किशनगंज के जंगल में बिलासी नदी के किनारे बिलासगढ़ के मंदिरों के खंडहरों से शिव, जैन तीर्थंकरों और मिथुन मुद्राओं की एक प्राचीन और मध्यकाल की पाषाण मूर्तियां मिली हैं ।

सरोवर में लड़का डूबा

अमृतसर, 16 अप्रैल (ह.स.): आज दोपहर स्वर्ण मंदिर के निकट गुरुद्वारा अटल के पवित्र सरोवर में एक 15 वर्षीय लाली नामक लड़के की डूब जाने से मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार वह डुबकी लगाते समय पांव फिसल जाने से डूब गया ।

मार्क्सी पार्टी भाकपा का एकीकरण नहीं होगा : बसु

बम्बई, 16 अप्रैल (वार्ता): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एकीकरण की सम्भावना से इंकार किया है ।

श्री बसु ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि दोनों पार्टियों के एकीकरण का कोई प्रश्न नहीं है ।

अब रिश्वत के लिए बोली-सिस्टम

अमृतसर, 16 अप्रैल (वर्मा): आप यकीन करें या न करें लेकिन यह बात बिल्कुल सच है कि अमृतसर बिजली विभाग में रिश्वत का बोलबाला है । इस संबंध में एक नई बात सामने आई है कि हर दफ्तर में क्लर्क लोग आपस में मिल कर मीटिंग करते हैं तथा महीने भर में ली जाने वाली रिश्वत की बोली देते हैं । जो बोली अधिक देता है, उस रकम के बदले सभी क्लर्क महीने भर की रिश्वत बोली देने वाले को दे देते हैं । जब से श्री आर.के. सलवान ने चार्ज सम्भाला है, तब से बिजली विभाग का भट्ठा ही बैठ गया है ।

श्री जयविजय
देवलोक
श्री श्री 1008 श्री
सूरीश्वर जी महार
पण्यास प्रवर श्री
महारा
16.4.89 को
देवलोक गमन
उनके निमित्त
17.4.89 को सुब
भवन दक्षिणी
(जालंधर)
अंतिम यात्रा 17.

सीफ़ाइड विज्ञापन

क सूचना

त आदतों का शिकार है ।
दया है तथा चल-अचल
ा है । उससे जो लेन-देन
र होगा । महेंद्र प्रताप पुत्र
नीपत ।

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

चाहिए प्रापर्टी डीलर्स, जालंधर, लुधियाना, अमृतसर, चंडीगढ़ में, कालिन्दी कुंज कालोनी, ग्रेटर नौएडा के लिए सम्पर्क—संगम लैंड एवम् डिवैलपमैंट प्रा. लिमिटिड, H-79/45, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026, फोन-5411248.

दकोहा (जालंधर) में 12 कमरों का मकान मूल्य 2½ लाख रुपए, 30.4.89 से पहले सिर्फ 1½ लाख

राष्ट्रपति की फिल्मों में सैक्स और हिंसा का प्रदर्शन रोकने की अपील

मद्रास, 16 अप्रैल (वार्ता): राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन ने भारतीय सिनेमा उद्योग से फिल्मों में सैक्स तथा हिंसा प्रदर्शन के प्रचलन को बंद

श्री वेंकटरमन ने सिनेमा उद्योग को आह्वान किया कि वह फिल्मों के माध्यम से जनता को देश की वर्तमान समस्याओं और खतरों से भी परिचित

Punjab Sanatan

शिरोमणि कमेटी के सुपरवाइज़र व 4 स्त्रियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

फाज़िल्का-फिरोज़पुर रेल लाइन उड़ाने की योजना बनाते 3 आतंकवादी गिरफ्तार

कट्टर आतंकवादी सुरजीत सिंह द्वारा ज़हर खाकर आत्महत्या

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने शिरोमणि कमेटी के अधिकारी तथा चार औरतों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक कट्टर आतंकवादी सुरजीत सिंह ने पकड़े जाने के भय से ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । फिरोजपुर पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनकी फिरोजपुर-फाजिल्का रेलवे लाईन उड़ाने की योजना थी ।

सुपरवाइजर की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन पुलिस जिला के गांव गुरु का सहू में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह की हत्या कर दी और उसकी पत्नी निर्मल कौर व बहन प्रवीन कौर को घायल कर दिया । दर्शन सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सुपरवाईजर था । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादी रात 10 बजे के करीब दर्शन सिंह ने मकान में दाखिल हुए तथा उसे गोलियां मारीं जिससे वह वहीं पर ढेर हो गया । उसको बचाने की कोशिश से उसकी पत्नी तथा बहन भी घायल हो गईं । जिन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

दो की हत्या : पट्टी में संवाददाताओं के अनुसार गत रात थाना भिखीविंड के गांव कलसियां कलां के बाहर चरण सिंह की 'बहक' पर दो अज्ञात आतंकवादियों ने एक स्त्री तथा एक पुरुष की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार इन आतंकवादियों ने दरवाजा खटखटा कर खुलवाया जहां हरनाम कौर नामक स्त्री तथा निहंग बलविंदर सिंह सो रहे थे । उन्होंने दरवाजा खोला तो आतंकवादी उन्हें उठा कर बाहर ले गए तथा ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर उन्हें मार डाला । पुलिस को मौके पर 11 खोल मिले । 'बहक' के मालिक चरण सिंह की पहले ही हत्या की जा चुकी है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार हरनाम कौर की शादी किसी अन्य के साथ हुई थी परन्तु वह बलविंदर सिंह के साथ रहती थी ।

दो स्त्रियों की हत्या : अमृतसर जिले के गांव कैरोवाल जो गांव ठारू के निकट स्थित है, में दो नौजवान औरतों महेंद्र कौर तथा उसकी भाभी सुखबीर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । कहा जाता है कि चार आतंकवादी रात 9 बजे के करीब उनके घर में घुसे तथा उन्हें एक-दूसरे के करीब खड़ी करके गोलियां मारीं । महेंद्र कौर गांव नूरदी जहां वह ब्याही हुई थी, से अपनी भाभी के पास आई हुई थी । के.सी. एफ. की एक चिट्ठी मौका पर मिली है जिसमें आतंकवादियों सोना और पप्पू ने इस हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है ।

5 घुसपैठिए गिरफ्तार : सीमा सरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि कल रात पांच घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया जो खेमकरण क्षेत्र से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

आतंकवादी ने जहर खाया : फरीदकोट (ह.स) जिले के गांव मिहड़ा कलां में पुलिस ने एक व्यक्ति शिंगारा सिंह के मकान पर छापा मारा क्योंकि यह सूचना मिली थी कि वहां एक कट्टर आतंकवादी छुपा हुआ है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मकान को पुलिस से घिरा पाकर आतंकवादी सुरजीत सिंह ने जहर खा लिया तथा वहीं दम तोड़ गया । प्रवक्ता ने बताया कि सुरजीत सिंह हत्या के कई केसों में वांछित था । उन्होंने कहा कि शिंगारा सिंह के परिवार के कुछ सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ।

तलाशी अभियान : पंजाब पुलिस ने मोगा अनुमंडल के 65 गांवों तथा फरीदकोट अनुमंडल के 35 गांवों में घर-घर तलाशी का अभियान शुरू किया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतीश शर्मा ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि पिछले 20 दिन में इस अभियान के तहत 12 व्यक्ति हिरासत में लिए गए और इतनी ही संख्या में हथियार बरामद किए गए । यह अभियान दस-दस दिन के दो चरणों में सम्पन्न हुआ ।

श्री शर्मा ने जानकारी दी कि इस दौरान पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में 20 चिकित्सा शिविर तथा एक दर्जन खेल सभाएं आयोजित कीं । जनता ने इनमें काफी दिलचस्पी दिखाई । उन्होंने बताया कि दीप सिंह वाला गांव के लोगों का रवैया काफी अनुकूल रहा । इसी गांव के चार कख्यात आतंकवादियों की पुलिस को तलाश है । जनता की प्रतिक्रिया थी कि ऐसे कार्यक्रम जनता और पुलिस के बीच की खाई को कम करेंगे । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादी गतिविधियों में गिरफ्तार जगराओं के दो और लुधियाना के एक स्कूली छात्र को पंचायत के इस आश्वासन पर छोड़ दिया गया है कि वे भविष्य में अच्छा आचरण रखेंगे ।

मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार गत सायं स्थानीय पुलिस ने एस.एच.ओ. कृष्ण कुमार ने लाल चन्द उर्फ लाली पुत्र जस्सा राम से 32 बोर का एक, पिस्तौल व कारतूस बरामद किए ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर (धीमान): सुरजीत सिंह घंटी ग्रुप के तीन आतंकवादी कल रात थाना ममदोट क्षेत्र के गांव भुल्लर में गिरफ्तार किए गए जबकि दो अन्य फरार हो गए । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में जोगेन्द्र सिंह उर्फ काला, गुरबचन सिंह और हरनाम सिंह उर्फ हरनामा शामिल हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर रेल लाईन उड़ाने की योजना बनाई थी तथा उन्होंने गांव संघारास में चार व्यक्तियों की हत्या की थी । उन्होंने बताया कि फरार होने वाले आतंकवादी हैं-सुरजीत सिंह घंटी तथा सकत्तर सिंह उर्फ छोटा पंजाब । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से तीन किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, कुछ फ्यूज वायर, एक अमरीकन निर्मित 38 बोर का रिवाल्वर, एक चीनी पिस्तौल, एक अन्य रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए ।

औरत की हत्या : फिरोजपुर पुलिस ने बताया कि जिला फिरोजपुर के थाना जलालाबाद के गांव पनावाला में कुछ आतंकवादियों ने एक औरत हरभरन कौर की हत्या कर दी ।

जमींदार की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेराबाबा नानक के गांव छिव्वां में गत रात सात सशस्त्र अज्ञात लोगों ने एक जमींदार बलकार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने इस संबंध में पत्रकारों को बताया कि अज्ञात लोगों ने बलकार सिंह को डेरा से साथ लिया और गांव के सरपंच के घर ले गए लेकिन सरपंच के दरवाजा न खोलने पर बलकार सिंह की हत्या कर गए, सम्भवतः वह सरपंच की हत्या के उद्देश्य से आए थे । इस हत्या में आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की है । इसके कुछ चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं और कम से कम छः संदिग्ध लोगों को इस संबंध में हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । पुलिस सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस व बी.एस.एफ. उनके छिपने के स्थान पर छापे मार रही है ।

दो गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने गांव बोलेवाल के गुरमेज सिंह व हरजीत सिंह को गिरफ्तार करके इनसे दो पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

चार गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बारगली के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. ने विशेष खोजबीन अभियान के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित चार आतंकवादियों बलविन्दर सिंह बिल्ला, अनोख सिंह, गुरमुख सिंह व अर्जन सिंह (सभी फतेहगढ़ चूड़ियां) को गिरफ्तार करके इनसे एक विदेशी स्प्रिंग फील्ड राइफल, दो पिस्तौल, 38 जीवित व काफी मात्रा में चले कारतूस व विस्फोटक सामग्री बरामद की है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इस खोजबीन के दौरान इन गिरफ्तार आतंकवादियों का सरगना कुलदीप सिंह चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फायरिंग करता हुआ अन्धेरे में भागने में सफल रहा । श्री गोबिन्द राम के अनुसार इन गिरफ्तार आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि इनका गिरोह सात सशस्त्र व जबी लूट व धन बटोरने की वारदातों में संलिप्त था, जिनमें गांव हर्दरवाल के निर्मल सिंह से दस हजार, सरजियां दा डेरा से पांच हजार व गांव मरीदके के साधु सिंह से उसकी लायसैंसी बंदूक छीनना आदि प्रमुख हैं ।

स्कूटर, नकदी छीनी : लुधियाना में कल रात डुगरी रोड पर एक व्यक्ति से स्कूटर व नकदी छीन ली गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



ठक्कर रिपोर्ट लीक के मामले में गि
के विरुद्ध सरकार को चेता

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता): अनेक राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, मजदूर तथा छात्र यूनियनों, पत्रकारों, जजों और वकीलों ने आज केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि ठक्कर आयोग रिपोर्ट लीक होने के सम्बन्ध में किसी पत्रकार या राजनीतिक नेता को गिरफ्तार किया गया तो इसका कड़ा प्रतिरोध किया जाएगा । जनता दल के नेता आरिफ मोहम्मद खां के घर में आयोजित बैठक में इन प्रतिनिधियों ने एक प्रस्ताव पास करके कहा कि उन्हें आशंका है कि सरकार अरुण शौरी और अरुण नेहरू सरीखे लोगों की गिरफ्तारी का मन्सूबा बना रही है । रिपोर्ट लीक होने सम्बन्धी मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का यही मकसद है । सरकार ने ऐसी हिमाकत की तो दिल्ली में जन-आंदोलन छेड़ा जाएगा तथा जेल से बड़ा त्याग देने से भी पीछे नहीं हटा जाएगा ।

प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार ने ठक्कर रिपोर्ट लीक होने की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने जैसे दमनकारी हथकण्डे अपनाए और जानकारी पाने के लोगों के अधिकार पर कुठाराघात किया या कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमे चलाए तो इसके विरुद्ध प्रचण्ड अभियान छेड़ा जाएगा । बैठक में भारतीय जनता पार्टी तथा जनता दल के नेताओं ने भी भाग लिया ।

तत्सम्बन्धी एक सवाल
प्रवेश जनता पार्टी के अध्यक्ष
कहा कि दोनों पार्टियां फिलह
अभियान छेड़ने पर सहमत
फैसला बाद में किया जाएगा

राजनीतिज्ञों और प्रब
रिपोर्ट के मामले में सरक
अभिव्यक्ति के अधिकारों प
कथित प्रयासों के खिलाफ ज
का फैसला किया है । प्रस्ता
रिपोर्ट का पूरा विवरण जारी

ज़िया का पाय
द्रव्य गिरोह

इस्लामाबाद, 17 अप्रै
मरहूम राष्ट्रपति जिया उल
मादक द्रव्यों का अवैध व्या
अवैध लेन-देन करने वाले अ
के रूप में सामने आया है ।
यहां मादक द्रव्य नियंत्रण
लगाया । इस पायलट मे
हमीद को रावलपिंडी में
जबकि उसके दो साथी ता
हुसैन इस समय नार्वे की जेल

सीवरेज बोर्ड नहीं तोड़ा जाएगा : बिन्द्रा

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वि.प्र.): पंजाब सरकार के सचिव स्थानीय निकाय, शहरी विकास एवं आवास श्री इंद्रजीत सिंह बिन्द्रा ने कहा है कि जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड को तोड़ा नहीं जाएगा । उन्होंने आज यहां बताया कि बोर्ड की कार्यप्रणाली में तेजी और सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन बोर्ड को तोड़ने का कोई इरादा नहीं । श्री बिन्द्रा इस बोर्ड के चेयरमैन भी हैं ।

दाखिले के लिए प्रार्थना पत्र 21 तक जमा कराए जा सकेंगे

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (संघी): पंजाब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने फैसला लिया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए प्रार्थना पत्र और शुल्क प्रशासनिक विभाग में कल भी दैनिक कार्यकाल के समय में जमा कराए जा सकते हैं ।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने यह सूचना देते हुए कहा कि प्रार्थना पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल है ।

नेपाल से पारगमन संधि बिना व्यापार भी सम्भव नहीं : भारत

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (ह.स.): भारत ने आज स्पष्ट किया कि नेपाल जैसे किसी भी पड़ोसी देश के साथ पारगमन संधि के बिना व्यापार नहीं किया जा सकता क्योंकि दोनों परस्पर सम्बद्ध हैं । विदेश मंत्रालय का एक प्रवक्ता पत्रकारों द्वारा नेपाल के इस स्टैंड के बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे रहा था कि नेपाल भारत के साथ नई पारगमन संधि करने को तैयार है लेकिन नई व्यापार संधि नहीं करना चाहता ।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने पहले ही नेपाल सरकार पर स्पष्ट कर दिया था कि वह नेपाल के साथ एकीकृत पारगमन और व्यापार संधि करना चाहेगा । उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सम्बन्धों के सारे ढांचे पर हम बातचीत करने को तैयार हैं लेकिन टुकड़ों के आधार पर कोई बातचीत करना कठिन है ।

काठमांडो, (ह. स.): नेपाल सरकार ने विदेशी पर्यटकों द्वारा बीजा की अवधि बढ़ाने के लिए निर्धारित राशि में दुगनी वृद्धि कर दी है । पहले एक दिन की अवधि बढ़ाने के लिए पांच अमरीकी डालर देने पड़ते थे लेकिन अब दस अमरीकी डालर देने पड़ेंगे । आधिकारिक तौर पर आज यहां यह जानकारी दी गई ।

नेपाल सरकार ने मानव रक्त से बनी कुछ भारतीय दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है । नेपाल सरकार ने यह निर्णय भारत सरकार के इसी प्रकार के एक निर्णय के परिप्रेक्ष्य में लिया है । नेपाल सरकार ने उन सभी व्यक्तियों से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्रों से खून की जांच कराने के लिए कहा है, जिन्होंने इन दवाओं का इस्तेमाल किया है । नेपाल में जिन भारतीय दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है, वे हैं : गामा, ग्लोबिन, प्लेसेन्टेक्स और एण्टी डी. इम्युनोग्लोबिन ।

नेपाल की संसद (राष्ट्रीय पंचायत) के पांच सदस्यों को कल जमानत पर रिहा कर दिया गया । उन्हें गत 12 अप्रैल को धारा 144 का उल्लंघन करके भारत विरोधी रैली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था ।

भारत के साथ व्यापार और पारगमन संधि समाप्त होने के कारण नेपाल का होटल उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ । एक पांचतारा होटल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि होटल एसोसिएशन आफ नेपाल ने डीजल के आबंटन के लिए सरकार के साथ बंदोबस्त कर लिया है लेकिन इस डीजल का इस्तेमाल सिर्फ जैनरेटर और बायलर चलाने के लिए ही किया जा सकता है । इस आबंटन से होटलों को जरूरत का आधा ईंधन ही मिल पाएगा ।

अधिकांश होटलों में खाना पकाने की गैस समाप्त होती जा रही है और खाना पकाने के लिए बिजली के हीटरों और कूकरों का इस्तेमाल किया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि सप्ताह में चार बार आधी रात से सुबह छः बजे तक और उसके बाद तीन बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति रुक जाने से स्थिति और भी बिगड़ गई है । इससे बहुत सुबह पर्वतारोहण अथवा ट्रैकिंग के लिए निकलने वाले विदेशी पर्यटकों को असुविधा होती है । बहुत से होटलों ने अढ़ाई बजे के बाद दोपहर का खाना देना बंद कर दिया है ।

नेपाल विद्युत सूत्रों के अनुसार नेपाल पूरी तरह पनबिजली पर निर्भर है लेकिन हाल ही में गंडकी नहर में दरार पड़ने से नौ मैगावाट बिजली में कटौती हुई है । इसके अलावा इसके तटीय क्षेत्रों में इस साल अधिक बरसात नहीं हुई जिसके कारण मध्य क्षेत्र में स्थित कुलेखानी जलाशय में पर्याप्त पानी जमा नहीं हो पाया ।

होटल उद्योग के सूत्रों ने दावा किया कि होटलों के कमरों की बुकिंग में कोई कमी नहीं आई है । होटल अभी खचाखच भरे हैं । गर्मी बढ़ने के कारण विदेशी पर्यटकों के आने का मौसम समाप्त हो गया है । अब स्पेनिश पर्यटकों का आगमन शुरू होगा । भारतीय पर्यटकों के बारे में होटल सूत्र चुप्पी साधे हुए हैं । कलकत्ता और दिल्ली से आने वाले विमान लगभग आधे खाली रहते हैं और उनमें भी ज्यादातर विदेशी पर्यटक ही होते हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि ईंधन की कमी के कारण होटलों ने अपने रैस्टोरैंट बंद कर दिए हैं और बाकी गतिविधियां कम कर दी गई हैं । एक पांचतारा होटल में तो लकड़ियां जला कर खाना पकाया जा रहा है । प्रत्येक होटल में मांस और पनीर जैसे खाद्य पदार्थों का भंडार घटता जा रहा है । सरकार ने बैंकाक और सिंगापुर से कम सीमा शुल्क और कम ढुलाई खर्च पर होटल उद्योग के लिए खाद्य पदार्थों के आयात का आश्वासन दिया है लेकिन सरकार कब तक इन चीजों को विदेशी मुद्रा देकर आयात करती रहेगी और ऐसा करना कब तक आर्थिक हित में होगा, यह सबके लिए चिंता का विषय बना हुआ है । अगर यह स्थिति एक माह तक जारी रही तो होटलों को भीषण समस्या का सामना करना पड़ेगा ।

होटल सामग्री के बुनियादी मूल्यों में वृद्धि के साथ होटल के कमरा और खाने का दाम बढ़ाने के हक में नहीं है, जिससे होटलों की मुनाफा दर घट गई है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प्रधानमंत्री के आश्वासन के बावजूद डाक्टरों की हड़ताल नहीं टूटी

अमृतसर, 17 अप्रैल (सोनी) : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा पंजाब के हड़ताली पी.सी.एम.एस. डाक्टरों के 64 सदस्यीय शिष्टमंडल को गत 11 अप्रैल को दिए गए इस आश्वासन कि उनकी मांगों सम्बन्धी राज्य सरकार से पूर्ण विवरण प्राप्ति के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई सम्मानजनक हल ढूंढ निकाला जाएगा, के बावजूद अभी तक केंद्र अथवा राज्य सरकार की ओर से कोई आशाजनक प्रतिक्रिया नहीं दिखलाई गई है । सरकारी अस्पतालों में हड़ताल जारी है और आज इसे 75वां दिन हो चला है ।

आज यहां पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में एसोसिएशन के प्रवक्ता श्री अशोक गोयल ने बताया कि विगत 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने उनकी मांगों को बहुत ध्यानपूर्वक सुनकर अपने सचिव को इस सम्बन्ध में तुरन्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था ।

डा. गोयल ने बताया कि आज श्री गुरु तेग बहादर अस्पताल के समक्ष लगभग 500 हड़ताली डाक्टरों की एक विशाल रैली हुई, जिसमें प्रधानमंत्री के आश्वासन का स्वागत किया गया और आशा व्यक्त की कि पंजाब सरकार के अनाड़ीपन से डाक्टरों की लम्बी खिंची हड़ताल समाप्त होने की सम्भावनाएं बढ़ रही हैं ।

डाक्टर गोयल ने बताया कि चंडीगढ़ में 'नार्थ इंडिया चैम्बर आफ सर्विस डाक्टरस' की 19 अप्रैल

मंडियों में गेहूं की प्रविष्टियों

6.80 करोड़ डालर की लाटरी निकली

शिकागो, 17 अप्रैल (डी.पी.ए.): अमरीका में छः करोड़ अस्सी लाख डालर का सबसे बड़ा लाटरी पुरस्कार चार विजेताओं ने संयुक्त रूप से जीता । यह जानकारी अधिकारियों ने कल दी ।

औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की दरों में वृद्धि

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (एन.एस. परवाना): पंजाब बिजली बोर्ड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बिजली की दरेंबढ़ा दिए जाने का सैद्धांतिक रूप से फैसला कर दिया गया है । पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. वसंत को इस बारे में हरी झंडी दे दी है । लेकिन फिर भी इस बारे कोई फैसला करने के लिए श्री रे ने यहां 19 अप्रैल को उच्चस्तरीय मीटिंग बुलाई है, जिसमें उनके सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो, मुख्य सचिव आर.पी. ओझा, वित्तायुक्त सिचाई एवं बिजली श्री अजीत सिंह चट्ठा और उद्योग सचिव श्री ए.के. कन्दरा को सलाह-मशविरा करने के लिए बुलाया है ।

उच्च सरकारी क्षेत्रों ने यह बात स्पष्ट की है कि कृषि क्षेत्र के लिए प्रयोग की जाने वाली बिजली की दरें नहीं बढ़ाई जा रहीं । हो सकता है कि बिजली दरें बढ़ाने के प्रश्न पर उद्योग क्षेत्र के साथ-साथ कोई और छोटा-मोटा क्षेत्र भी प्रभावित हो । यहां यह मुकाबले में सस्ती भी है ।
कि बोर्ड को करोड़ों रुपए क
पड़ रहा है और उसका काम
रहा है । अब बिजली बोर्ड
विचार है कि बिजली की द
पद्धति के बराबर की जाए

पाक टी.वी.
सरकार द्वारा

इस्लामाबाद, 17 अप्
की सरकार ने पाकिस्तानी
करने का निर्णय किया है ।
नवाज शरीफ ने आरोप ल
नियंत्रित टैलीविजन पर उन
इत्तेहाद से सम्बन्धित समा
स्थान नहीं दिया जाता ।

लाहौर में पंजाब सरक
कि टैलीविजन के स्टाफ क

राज्यपाल पंजाब के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो चंडीगढ़ में सोमवार को प
प्रभावित परिवारों की शिकायतें सुनते हुए ।

रिबैरो द्वारा आतंकवाद पीड़ित
को तत्काल राहत का आश्व

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वि.प्र.): राज्यपाल पंजाब के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो ने आतंकवाद पीड़ित परिवारों, विधवाओं तथा आतंरिक पलायनकर्त्ताओं को राज्य के अंदर तात्कालिक रूप से राहत पुनर्वास प्रदान करने का आश्वासन दिया है । उन्होंने आज यहां यह आश्वासन आतंकवाद पीड़ित परिवारों के शिष्टमंडल को दिया जो राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के नेता डा. बलदेव राज चावला तथा प्रो. लक्ष्मी कांता चावला के नेतृत्व में उनसे भेंट करने आया था ।

श्री रिबैरो ने इन विधवा
सुनने के बाद राहत व
अधिकारियों को निर्देश दिए
अनुसार ऐसे परिवारों को रा
की गई कार्रवाई के संबंध में
जाए । उन्होंने कहा कि इन
किसी तरह का विलम्ब सहन
दोषी पाए जाने वाले अधिक
जाएगा । उन्होंने बताया कि
का एक अधिकारी जो अमृ
आचरण में संलिप्त पाए ज
दिया गया है ।

तुलबाल नौपरिवह
शीघ्र पुन

श्रीनगर, 17 अप्रैल (व
बारामूला जिले में सोपोर
नौपरिवहन परियोजना का
शुरू होने की सम्भावना है
तथा पाकिस्तान के बीच
अधिकारी स्तर की बातचीत

इस परियोजना के तहत
मौसम के दौरान नौपरिवहन
उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर सर
440 फुट लम्बा बैराज ब
बैराज ठीक विश्व प्रसिद्ध
बनेगा ।

इस परियोजना का का
गया था लेकिन पाकिस्तान
जाने पर अक्तूबर, 1987
गया । पाकिस्तान ने आरो
बैराज पानी जमा करने के लि

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

हथियार बरामद : भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने भटिंडा शहर और जिले के कई गांवों में शुरू किए गए घर-घर तलाशी अभियान के दौरान बहुत से संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं । यह जानकारी देते हुए सी.आर.पी.एफ. कमांडर ने कहा कि तलाशी अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी संदिग्ध व्यक्ति पकड़ नहीं लिए जाते ।

ठेके को आग लगा दी : कल रात ही भटिंडा जिले के गांव सीटीवाल में कुछ आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को आग लगा दी ।

पारगमन संधि

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह पूछे जाने पर कि क्या नेपाल से मतभेद दूर करने के लिए चीन या अमरीका ने भारत से कहा है, प्रवक्ता ने कहा कि हमें ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ लेकिन इस आशय के समाचार अवश्य हमने देखे हैं । यह पूछे जाने पर कि क्या 'दक्षेस' संगठन इस विवाद के समाधान के लिए पहल करेगा, प्रवक्ता ने कहा कि दक्षेस में हर मामला सर्वसम्मति से तय होता है । यह संगठन किसी मतभेद को सुलझाने का काम नहीं करता । उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले नेपालियों के लिए कार्य परमिट लागू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

विदेश मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक बुलाई जाए : वाजपेयी

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत और नेपाल के वर्तमान संबंधों पर विचार के लिए विदेश मंत्रालय की सलाहकार समिति की एक बैठक तुरन्त बुलाने का सुझाव दिया है । श्री वाजपेयी ने विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव को लिखे एक पत्र में कहा कि दो मित्र देशों के संबंधों को लगे गम्भीर आघात को देखते हुए सलाहकार समिति की आगामी पांच मई को प्रस्तावित बैठक 24 अप्रैल को ही बुला ली जानी चाहिए ।

गुमशुदा

गोदी क

(

कई जगह को छोड़ कर ह रही । गोवा बंदर घायल हो गए ।

मार भागाओ संगठनों के बीच ह में से पांच की हा पणजी में बताया उठा कर दो यूनि कारण आपस में

प्रदर्शनका कलकत्ता : आज अचानक श्रमिक प उसने सारा फर्नीचर के इच्छुक श्रमिकों कलकत्ता गोदी क प्रदर्शनकारियों ने सम्पूर्ण नियंत्रण अ

बोर्ड के का गुट के कर्मचारियों कोशिश की तो तन

सूत्रों के अनु प्रदान की गई है हा लिए आग्रह किया

कलकत्ता गोदी अनुसार गोदी में अ सम्भावना है ।

डाक्टरों क

(पृ

संघर्ष समि स्वास्थ्य विभाग पंज कर्मी संघर्ष समि पी.सी.एम.एस. डाक में रणनीति तय करेगी फैडरेशन के महामंत्री को बताया कि पंजाब के सचिव श्री एस.ए का संयोजक बनाया से 28 अप्रैल तक स निर्णय किया है । श्री की हड़ताल समाप्त का आग्रह किया ।

+2 प्रणाली

कादियां, 17 अ स्कूल कादियां को पंज प्रणाली तक की क्रमांक नं. 3182 तिथि 104.89 द्वा

इससे पूर्व कादिय

Punjab Kesari

कपड़ों का उसने जमा कर फ़ायदा
इनके ज़रिए कोई अढ़ाई लाख पौंड
र डाली । 26 हजार पौंड तो उसने
रूनी वस्त्र खरीदने में ही खर्च कर

उसी वजह से उसकी ओर आकर्षित हुई जोकि उसकी खासियत बनी हुई थी- अमीरी और प्रसिद्धि- और उसने उसका खूब दुहा ।"

इस प्रकरण का नतीजा यह हुआ कि खेल पर

मेरे खेल को बरबाद कर रही है ।

राजकुमारी ऐन के पति कैप्टन मार्क फिलिप से उसके संबंधों पर रोशनी डालने वाला पामेला का एक कथन भी अखबार ने उद्धृत किया है । उसने

हालांकि स्टीव ने इस बात से इंकार किया है । अखबार में यह भी लिखा गया है कि पामेला यौन

(शेष पृष्ठ 10 पर)

थ हुए पुलिस मुकाबले के दौरान (छाया : के.पी. सिंह)

दुर्घटना: घायल

धव राव सिंधिया ने मृतकों के
ारों के प्रति अपना शोक व्यक्त

के अनुसार केंद्रीय रेल अधिकारी
म संबंधियों और घायलों को
ुगतान का प्रबन्ध कर रहे हैं ।
क अनुग्रह राशि के बारे में निर्णय

ताया कि कर्नाटक एक्सप्रैस के
स और शताब्दी एक्सप्रैस से नई
ा है ।

सार घायलों की संख्या 120 से
की हालत गम्भीर बताई गई है ।

र्ता): उत्तर रेलवे ने आज कर्नाटक
ा होने के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द
र्ग बदलने की घोषणा की है ।
नए रवाना होने वाली कर्नाटक
प को रद्द कर दिया गया है ।
ोपाल के लिए रवाना होने वाली
झांसी तक ही जाएगी । मार्ग
कारण छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस
चलेगी । आज रात यहां से
ना होने वाली 58- अप दादर
दल दिया गया है ।

धिकारियों की टीम ीर का दौरा करेगी

ल (सच्चर): प्रदेश की स्थिति का
पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित
ा किए गए खतरे की समीक्षा
त्र ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के
तथा गुप्तचर विभाग के
क टीम राज्य का दौरा करेगी ।
टीम मुख्यमंत्री से मिलने के
और व्यवस्था से संबंधित
लेगी । बताया गया है कि केंद्र
र्तमान घटनाओं से बहुत चिंतित

आतंकवादी मुठभेड़ में मरा : 2 कांस्टेबलों समेत 5 की हत्या

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में एक आतंकवादी मारा गया जबकि 2 कांस्टेबलों समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक सरपंच के घर पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई गईं ।

दो की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात से इस सीमांत जिला में दो व्यक्तियों की हत्या करी दी गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया ।

थाना अजनाला के गांव नंगल बज्जा में चार अज्ञात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हीरा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले । इस हत्या की जिम्मेदारी 'भिंडरांवाला खालिस्तान फ़ोर्स' ने ली है । कल ही अमृतसर के उपनगर छहर्टा में एकतानगर में एक व्यक्ति चमन लाल की छुरा मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि हमलावर नकदी तथा बहुमूल्य सामान लूटने के लिए चमन लाल के घर में घुसे थे । जब उसने प्रतिरोध किया तो हमलावरों ने उसकी हत्या कर दी ।

घायल : इसी कस्बा में एक व्यक्ति वीरेन्द्र कुमार को कुछ अज्ञात लोगों ने गोली मार कर घायल कर दिया, जबकि वह अपने घर को जा रहा था ।

सरपंच के घर पर फ़ायरिंग : उग्रवादियों ने कल रात थाना भिखीविंड के गांव मुरादपुर में सरपंच तारा सिंह के घर पर गोलियां बरसाईं तथापि किसी हानि की कोई सूचना नहीं मिली । पुलिस ने घर के निकट विभिन्न बोरों के एक सौ से अधिक कारतूस बरामद किए । एक सूचना के अनुसार उग्रवादी सरपंच की मोटर साइकिल लेकर फ़रार हो गए ।

आतंकवादी मारा गया : नाभा से संशील के अनुसार गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके तीन-चार साथी फ़रार होने में सफल हो गए । प्राप्त सूचना के अनुसार रात 10.30 बज गांव गेहटा के निकट सफ़ेदे के वृक्षों में कुछ आतंकवादी छुपे हुए थे । सुरक्षा बलों को सूचना मिलने पर जब उनको घेरा डाला गया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । दोनों ओर से आध घंटे तक गोलियां चलती रहीं । बाद में वहां से पुलिस को एक आतंकवादी की लाश मिली । उसकी आयु 24-25 वर्ष बताई जाती है । उसके शव के पास एक अमरीकी थामसन गन व कुछ कारतूस मिले ।

छः गिरफ्तार : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 13 चले हुए तथा तीन कारामद कारतूस भी मिले । श्री बिरदी ने यह भी बताया कि जोगा सिंह गिरोह के छः और सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे इस गिरोह के पकड़े गए सदस्यों की संख्या 12 हो गई है । गिरोह के 9 सदस्य तथा इसका सरगना जोगा सिंह अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगे । यह गिरोह जोकि अधिकांशतः वाल्मीकियों पर आधारित है, 15 हत्याओं और अनेक लूट की वारदातों के लिए जिम्मेदार है ।

श्री बिरदी ने बताया कि नए पकड़े गए लुटेरों के नाम कर्म सिंह, देव सिंह, रामकर्ण, दर्शन सिंह, मुख्तार सिंह व सुरजन सिंह हैं । इनसे एक रिवाल्वर, पांच पिस्तौलें व कुछ कारतूस बरामद किए गए । इनके अलावा पुलिस ने राजपुरा के गुरमीत सिंह तथा मनजिंदर सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

मालेरकोटला में घर-घर तलाशी : मालेरकोटला (अज़िज़,जोगी): आज मालेरकोटला में प्रातः पांच से दस बजे तक पुलिस ने पांच घंटे को विधिवत् कर्फ़्यू लगाए रखा । इससे पूर्व पुलिस और सुरक्षा बलों ने शहर की नाकाबंदी की और घर-घर की तलाशियां लेने का क्रम जारी हो गया । नगर के घरों से किसी को बाहर नहीं निकलने दिया गया ।

मालेरकोटला थाना के इन्स्पैक्टर श्री इकबाल सिंह के अनुसार गत सात अप्रैल को अहमदगढ़ की श्रेयांस पेपर मिल्स में सात लाख का डाका पड़ा था और पुलिस को सूचना मिली थी कि इस डाके में वांछित उग्रवादी मालेरकोटला में शरण लिए हुए हैं । इस आप्रेशन के दौरान उच्च पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे । सी.आर.पी. की चार कम्पनियां एक दिन पहले पहुंच गई थीं । आप्रेशन के दौरान कुछ संदिग्ध लोग पकड़े गए हैं जिनके चेहरे कपड़ों से ढांपे हुए थे ।

दो कांस्टेबलों की हत्या : लुधियाना से धीमान की सूचना है कि आज रात लगभग 9.30 बजे यहां ढोबा रोड पर दो आतंकवादियों ने दो ए.के. 47 सीरी राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके एक कांस्टेबल गुरमेल सिंह की हत्या दी और एक कांस्टेबल को गम्भीर घायल कर दिया । गम्भीर घायल कांस्टेबल को पाहवा अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया ।

3 गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम बलबीर सिंह, काला और अमर नाथ बताए गए हैं । इनके पास से दो पिस्तौल बरामद किए गए ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



हड़ताल से प्रभावित कलकत्ता बंदरगाह की गोदी में मंगलवार को विभिन्न श्रमिक संगठनों के कार्यकर्त्ता प्रदर्शन करते हुए । (छाया : पी.टी.)

सवा लाख गोदी व बंदरगाह कर्मचारियों की हड़ताल जारी : समझौते के कोई आसार नहीं

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (वार्ता): देश के करीब सवा लाख गोदी व बंदरगाह कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के आज दूसरे दिन भी

विशाखापत्तनम में स्थानीय बंदरगाह कर्मचारी संघ के सूत्रों ने बताया कि तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के

दलों से सम्बद्ध मजदूर संगठनों ने बंदरगाह तथा गोदी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया है और

punjabi sarat.com

पामेला
(पृष्ठ 1 का शेष)

क्रिया को प्रभावित करने वाली दवाओं, मोटापा घटाने वाली सर्जरी तथा क्रिस्टल थैरापी को आज़माती रहती थी। क्रिस्टल थैरापी के बारे बताया जाता है कि इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है ।

उग्रवादी मरा
(पृष्ठ 1 का शेष)

कपूरथला पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया, उसका नाम अवतार सिंह उर्फ तारी बताया गया । अवतार सिंह खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता का निकट सहयोगी है ।

भटिंडा पुलिस ने कल रात ध्यान सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बन्दूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

14,000 रुपए छीन लिए : बटाला से कोछड़ के अनुसार बटाला थाना सदर के गांव शुकरपुरा में स्थित सौढी सीड मिल से 3 स्कूटर सवार उग्रवादी आज शाम 14,000 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

एक मरा : जालन्धर जिले में माओ साहिब गांव में कल रात बीकर सिंह नाम का एक व्यक्ति मारा गया ।

चीन के वरिष्ठ नेताओं के एक मंच पर आने से अफवाहें खत्म

पेइचिंग, 18 अप्रैल : चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता कल शिक्षा प्रणाली में सुधार पर चर्चा हेतु एक मंच पर इकट्ठा हुए, इसके साथ ही उन सभी अटकलों का अंत हो गया जो चीनी नेतृत्व में परिवर्तन को लेकर लगाई जा रही थीं ।

OFFSET PRINTING MACHINE AND PHOTOTYPESETTERS FOR SALE

- ONE OFFSET PRINTING MACHINE ROMAYOR 15"x20½" SIZE, IMPORTED, IN GOOD CONDITION
- ONE COMPSET 45 PICA, 50 LINES PER MINUTE
- ONE COMP EDIT CRT 6400, 200 LINES PER MINUTE WITH MANY TYPEFACES.

ALL IN VERY GOOD RUNNING CONDITION

Write Box No. 913, Punjab Kesari, Jalandhar.

THIS SUMMER...

FOR THE KIDS (6-10 Years)
Your child steps into the world of computer creativity and develops his problem solving skills

FOR THE YOUNG ONES (11-14 Years)
The intricate world of computers revealed, using BASIC the world's most widely used programming language



FOR THE SENIORS (15-18 Years)
Explore the immense power of Computers using DATA-BASE.

सोवियत संघ ... मारे गए एक ... देते हुए ।

औद्योगि... ह...

जालन्धर ... महासचिव ए... कहा है कि क... कर्मचारियों ... औद्योगिक ह... किया गया है ...

श्री दीदी ... कर राज्यपाल ... गई, जिसमें उ... कहां छिपे हुए ... मुकाबला कर ... उग्रवाद का मु... हैं ।

बैठक में ... गया कि पंजाब ... हालत है । ... लाख से अधि... इन फैक्टरियों ... 11 रुपए तथ... जाती है । बै... मजदूर को 10... 2100 रुपए ...

अध्यापक ... अधिका...

जालन्धर ... प्राइमरी टीचर्ज़ ... प्राण नाथ चो... गुप्ता तथा नान... (एन.जी.ई.ओ. ... जोगिन्दर पाल ... आरोप लगाया ... ग्रेड निर्धारित ... वाले बकायाज ... प्राइमरी एजुके... जा रहा है ।

वक्तव्य में ... कुछ बी.पी.ई. ... 2025 रु...

बरेली, 20 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 8 बैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

उग्रवादियों ने सादुलपुर में बैंक लूटा, 10 की हत्या

जयपुर, 19 अप्रैल (वा.) : राजस्थान में श्री गंगानगर के सादुलपुर में आज चार सशस्त्र युवकों ने कम से कम दस व्यक्तियों की हत्या करने के बाद बैंक ऑफ इंडिया की शाखा लूट ली । पुलिस सूत्रों ने प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मृतकों में चार बैंक कर्मचारी भी हैं । सशस्त्र युवकों की गोलियों से घायल होने वालों की सही संख्या का अभी पता नहीं चल सका है । पुलिस लुटेरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है । विस्तृत ब्यौरे की अभी प्रतीक्षा है ।

राज्य के गृहविभाग के सूत्रों के अनुसार बैंक में घुसने वाले गिरोह के चार सदस्यों में से दो ने पगड़ी पहन रखी थी । उन्होंने अर्द्ध स्वचालित राइफलों का इस्तेमाल किया ।

उनकी पूरी कार्रवाई आतंकवादियों के तरीके की थी । सूत्रों ने कहा कि इससे यह संदेह बढ़ जाता है कि बैंक लूटनेवाले किसी आतंकवादी गिरोह के सदस्य थे । बैंक से लूटी गई रकम की मात्रा की कोई जानकारी नहीं मिली है ।

गंगानगर (जिला) : यहां से 30 किलोमीटर दूर सादुलशहर कस्बे में आज सुबह लगभग 10.30 बजे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इस अंधाधुंध फायरिंग में 50 अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं । आतंकवादियों के पास नीले रंग की एक जीप थी, जिसमें लगभग 7 आतंकवादी सवार थे । वे वारदात के पश्चात् पंजाब की ओर भाग गए ।



श्रीगंगानगर के अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट डी.आर. मीना ने बताया कि मृतकों में बैंक मैनेजर सहित पांच बैंक कर्मचारी हैं । उन्होंने बताया कि लुटेरों की गोलियों से सत्रह व्यक्ति घायल हुए हैं । इनमें से तीन की हालत गंभीर है । घायलों में से बारह को श्रीगंगानगर अस्पताल में तथा पांच को सादुल शहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

श्री मीना ने बताया कि सादुल शहर में धानमंडी स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में आज सुबह चार सशस्त्र युवक जीप से आए । इनमें से दो युवक बाहर खड़े रहे तथा दो बैंक के अन्दर चले गए । बैंक मैनेजर ने सशस्त्र व्यक्तियों को देखते ही सायरन बजा दिया ।

सायरन बजने से चौकन्ने घबरा गए और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी ।

बैंक मैनेजर डी. राम, हैड कैशियर के.सी. निमानी, कैशियर उमेश शंकर अग्रवाल और मंगत राम तथा गार्ड जग्गू राम को गोलियां लगी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

श्री मीना ने बताया कि लुटेरों ने बैंक के सामने से निकल रहे व्यक्तियों पर भी गोलियां चलाई जिससे और पांच व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

श्री मीना ने अन्य मृतकों के नाम नौरंग मास्टर, कृष्णा जाखड़ चाखालाल, लीलू राम धानक तथा जुग लाल बताए हैं ।

उन्होंने बताया कि जुग लाल पंजाब के एक गांव से ट्रैक्टर में आ रहा था कि भागते हुए लुटेरों ने रास्ते में उस पर गोलियां चलाईं जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

सूत्रों के अनुसार पंजाब-राजस्थान सीमा पर दिकतानिया गांव के पास पुलिस ने घेराबंदी कर ली है । लुटेरे संभवतः इसी गांव के आस-पास हैं । बताया गया है कि बैंक से 73900 रुपए लूट कर ले गए हैं ।

बस दुर्घटना में 44 मरे, 84 घायल

देहरादून, 19 अप्रैल (हस): उत्तर काशी जिले के धरासू के पास कल सायं एक प्राइवेट बस के भागीरथ नदी में गिर जाने से 44 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा अन्य 84 व्यक्ति घायल हो गए ।

उत्तर काशी के जिलाधिकारी ने टैलीफोन पर बताया कि बस लिनयाली मेले से आ रही थी तथा आखिरी बस होने के कारण उसमें 128 सवारियां बैठी थीं । बस का अचानक संतुलन बिगड़ जाने से बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई । दुर्घटना का समाचार मिलते ही चिकित्सा दल सहित उत्तर काशी के जिलाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये तथा 84 घायलों को उत्तर काशी अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । अंधकार के कारण राहत कार्य में परेशानी हो रही थी ।

कर्नाटक एक्सप्रैस के मृतकों की संख्या 70

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): रेलवे बोर्ड के अनुसार कल की कर्नाटक एक्सप्रैस रेल दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 70 हो गई है ।

दुर्घटना में घायल हुए 137 यात्रियों का दिल्ली तथा मध्य प्रदेश के अस्पतालों में इलाज हो रहा है ।

दुर्घटनाग्रस्त कर्नाटक एक्सप्रैस के 875 यात्रियों को आज सवेरे तीन विशेष रेल गाड़ियों से यहां लाया गया । इनमें से 25 घायलों को रेलवे अस्पताल ले जाया गया । इनमें से दो को दाखिल किया गया और अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई । सौ अन्य घायल यात्रियों को ग्वालियर, ललितपुर और झांसी के अस्पतालों में भर्ती किया गया है ।

यात्रियों के कुछ रिश्तेदार और मित्र अभी भी

बूटा सिंह और भजन लाल को मंत्रि-मंडल से निकाला जाए : सम्पत सिंह

Punjab Sanatan

अंक 308
1 रूपया

सरकार को गिराया जा सकता है । कांग्रेस (इ) जोकि कर्नाटक में विपक्ष की सरकार को गिराने के लिए सख्त दौड़-धूप कर रही थी, अंततः जनता दल में

करेगी क्योंकि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री शरद पवार के निकट है । बोम्मई मंत्रिमंडल को सत्ता में रहने के लिए 112 सदस्यों के समर्थन की

गया है कि जिन लोगों ने दल बदल किया है, वे अपने स्टैंड पर कायम रहें ।

केंद्र राज्य के राज्यपाल श्री वेंकट सुबैया से

पंजाब के बारे में संविधान संसदीय समिति ने राष्ट्रीय विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित करने का फैसला किया है ताकि पंजाब समस्या को हल करने के बारे में उनके

...र में ...त्या

...क की शाखा में आज सुबह ...से आए । इनमें से दो युवक ...क के अन्दर चले गए । बैंक ...क्तियों को देखते ही सायरन

...वक घबरा गए और उन्होंने ...राम, हैड कैशियर के.सी. ...शंकर अग्रवाल और मंगत ...म को गोलियां लगी जिससे ...ही मृत्यु हो गई ।

...कि लुटेरों ने बैंक के सामने से ...र भी गोलियां चलाई जिससे ...घटनास्थल पर ही मृत्यु हो

...सुतकों के नाम नौरंग मास्टर, ...न, लीलू राम धानक तथा जुग

...जुग लाल पंजाब के एक गांव ...के भागते हुए लुटेरों ने रास्ते ...लाई जिससे उसकी मृत्यु हो

...पंजाब-राजस्थान सीमा पर

ढाबवाली रोड, लुधियाना में मारे गए पुलिस कर्मी (1) प्यारा सिंह और (2) गुरमेल सिंह । इन्सैट में दोनों के पुराने चित्र । (3) मृतक प्यारा सिंह के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (4) मृतक गुरमेल सिंह की पत्नी, बच्चे व अन्य विलाप करते हुए । (छाया : कम्बोज)

पंजाब के उद्योगों के लिए बिजली और महंगी

चंडीगढ़, 19 अप्रैल (एन.एस. परवाना) : पंजाब में व्यापारिक, बड़ी-बड़ी फैक्टरियों और औद्योगिक सैक्टर के लिए प्रयुक्त किए जाने वाली बिजली की दरें बढ़ा दिए जाने का निर्णय किया गया है । इससे पंजाब बिजली बोर्ड को लगभग 77 करोड़ रुपए वार्षिक आय होने का अनुमान है । लोहे

बढ़ाने की अभी गुंजाइश रख ली गई है ।

आज की बैठक में यह आम राय पाई गई कि घरेलू और कृषि सैक्टर के लिए प्रयुक्त की जाने वाली बिजली के रेट बिल्कुल न बढ़ाए जाएं । सरकारी हल्कों ने बताया कि बिजली के यह रेट इसलिए बढ़ाने

एक उग्रवादी मुठभेड़ में मरा, एक अ... आत्महत्या, राजेन्द्र कौर हत्याकांड

सहकारी बैंक लूट लिया : एक व्यक्ति के अपहरण का ...

चंडीगढ़, 19 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात से पंजाब में एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया तथा एक घायल हो गया । एक अन्य ने विष खा लिया । भटिंडा पुलिस ने बीबी राजेंद्र कौर की हत्या के संबंध में 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । एक सहकारी बैंक से 13,375 रुपए लूटे गए । एक व्यक्ति के अपहरण का प्रयास किया गया जबकि कुछ वाहन छीनने की घटनाएं हुईं ।

उग्रवादी मरा : कोटकपूरा से 'शर्मा' के अनुसार आज दोपहर यहां पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच हुए मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया और एक घायल हो गया ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आज दोपहर 12.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि फव्वारा चौक के निकट फ़िएट कार में संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं । कार का नम्बर आर.आर.सी. 2877 बताया गया । पुलिस ने तुरन्त ही कार का पीछा किया और नाकाबंदी करके कार को घेर लिया । इस पर कार में बैठे उग्रवादियों ने पुलिस पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाब में फायरिंग किए जाने पर एक उग्रवादी

यह गिरोह एक और व्यक्ति गज्जन सिंह के घर में दाखिल हुआ तथा बन्दूक छीन कर फरार हो गया ।

राजेन्द्र कौर की हत्या में 2 गिरफ्तार : भटिंडा (ग्रोवर): पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्वी अकाली दल की प्रधान बीबी राजेन्द्र कौर की हत्या के संबंध में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । इनकी शिनाख्त गांव रोडे के दीप सिंह तथा गांव रत्नगढ़ के दर्शन सिंह के रूप में हुई है । श्रीमती राजेंद्र कौर की इस वर्ष के शुरू में भटिंडा में हत्या कर दी गई थी । श्रीमती राजेन्द्र कौर स्वर्गीय अकाली नेता मास्टर तारा सिंह की पुत्री थीं । उनके साथ एक वकील की भी हत्या कर दी गई थी ।

सहकारी बैंक लूटा : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव सोहल में सहकारी बैंक की ब्रांच से 13,375 रुपए लूट लिए गए । बताया जाता है कि आज 12 बजे दोपहर के करीब दो युवक जिनके पास पिस्तौलें थीं, बैंक में गए और बैंक के खज़ांची के पास जाकर पिस्तौल तान लिया । उन्होंने खज़ांची के पास पड़ा

Punjabi Sanatani

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
शुक्रवार, 21 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 9 वैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया
अंक 309

राज्यपाल की रिपोर्ट पर विचार किया गया ।

बैंगलूर में आज राज भवन से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि राज्यपाल ने जनता दल की सरकार को 19 विधायकों द्वारा दिया अपना समर्थन

पंजाब में एक ग्रंथी, तीन स्त्रियों सहित आतंकवादियों द्वारा 19 लोगों की हत्या

हत्या से पहले एक नौजवान लड़की से सामूहिक बलात्कार किया गया

बारूदी सुरंग की लपेट में आने से सुरक्षा अधिकारी बाल-बाल बचे

एक उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : 2 मुठभेड़ों में मरे

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के पंजाब में एक कट्टर आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली जबकि 2 अन्य मुठभेड़ों में मारे गए । आतंकवादियों ने भी अपनी कार्रवाइयां अचानक तेज कर दी हैं । इन 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिनमें एक व्यक्ति का ग्रंथी, तीन स्त्रियां भी शामिल थीं । आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई एक भूमिगत सुरंग की चपेट में आने से पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी बाल-बाल बच गए । लगभग डेढ़ दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनसे भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए ।

2 उग्रवादी मरे : लुधियाना (हस) : लुधियाना जिला में कल रात एक कुख्यात उग्रवादी सुखविंदर सिह उर्फ़ लक्खा ने आत्महत्या कर ली जबकि एक अन्य मुठभेड़ में मारा गया । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिह सैनी ने बताया कि सुखविंदर सिह उर्फ़ लक्खा ने यहां से 10 किलोमीटर दूर लोहारा गांव के निकट नाका पार्टी को देख कर लिए जाने पर खुद को गोली मार ली । इसी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के कमांडो जरनैल सिह गवालड़ी गिरोह से सम्बद्ध दूसरा उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र में सिधवां नहर पर हुए मुठभेड़ में मारा गया । उसकी पहचान सुखविंदर सिह उर्फ़ राजा उर्फ़ फौजी के रूप में हुई है ।

श्री सैनी ने बताया कि लक्खा गत मंगलवार को लुधियाना पुलिस के दो कांस्टेबलों की हत्या, एक फैक्टरी से 3 लाख रुपए लूटने और हाल ही में शेरपुर में एक पम्प को लूटने तथा इसके कर्मचारी को घायल करने की वारदातों में संलिप्त था । हरजिंदर सिह उर्फ़ राजा उर्फ़ फौजी जिला अमृतसर में गांव भट्टी में हुई इक्का बर्कर की हत्या तथा 12 अप्रैल को गिल लुधियाना के क्षेत्र में 4 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि लुधियाना पुलिस ने खन्नावाला टाइगर फ़ोर्स के गुरिंदर सिह, देवेन्द्र सिह तथा अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सराभा नगर में एक चर्च के पादरी की हत्या, जी.टी. रोड कलगीधर रोड पर डकैती, पंजाब एंड सिंध बैंक से 3 लाख रुपए लूटने व अन्य जघन्य अपराधों से वांछित थे । जगराओं पुलिस ने एक संदिग्ध उग्रवादी जगराज सिह को गिरफ्तार करके एक .303 का पिस्तौल बरामद किया ।

एक की हत्या : लुधियाना (आहूजा): आज शाम लगभग 7 बजे तीन साइकिल सवार संदिग्ध उग्रवादियों ने शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र हरबंसपुरा में गोलियां चला कर निरपाल सिह (30) नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । निरपाल सिह इसी मोहल्ले का रहने वाला था और 4 भाइयों तथा दो बहनों का अविवाहित भाई था । वह स्थानीय हौजरी में काम करता था । पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिह सैनी व डी.एस.पी. श्री बराड़ ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

5 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात्रि तरनतारन पुलिस जिला में गांव कैरों के निकट आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जिनमें से 4 एक ही परिवार के सदस्य थे । एस.पी. (आप्रेशन्ज़) श्री इंदर देव सिंह ने बताया कि यह हत्याएं दो उग्रवादी संगठनों खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स और खाड़कूवाले टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के मेल रंजिश का नतीजा है ।

मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : जोगेंद्र सिह (55), उसकी पत्नी ज्ञान कौर (50), उनका लड़का सरदार सिह (25) और उनकी बहू दर्शन कौर (18) । उनके एक पड़ौसी प्यारा सिह की भी हत्या कर दी गई । एस.पी. ने कहा कि जोगेन्द्र सिह के परिवार के एक सदस्य गुलज़ार सिह उर्फ़ बिल्लू के. एल.एफ. का सदस्य था जिसका एक समय पर सरगना अवतार सिह ब्रह्मा था । बिल्लू गत 18 महीनों से लापता है । घटनास्थल पर मिले एक पर्चे से ऐसा लगता है कि यह हत्याएं बी.टी.एफ. के द्वारा की गई हैं क्योंकि इसके सदस्य सुखविंदर सिह संधा के बिल्लू के साथ मतभेद थे ।

एस.पी. ने कहा कि परिवार के सदस्यों की हत्या करने से पूर्व उग्रवादियों ने नौजवान लड़की के साथ बलात्कार भी किया । इस हत्याकांड में कल 5 आतंकवादी शामिल थे, जिनके पास ए.के. 47 चीनी राइफलें थीं ।

पट्टी से संवाददाता के अनुसार आतंकवादियों ने प्यारा सिह की हत्या करने से पूर्व उनके परिवार के सदस्यों को हाथ ऊपर करने के लिए कहा लेकिन बाद में पता नहीं उनके मन में क्या आया तो वे उन्हें छोड़ कर चले गए ।

ग्रंथी व एक अन्य की हत्या : थाना वैरोवाल के अंतर्गत पड़ते साहब गांव में दलबीर सिह तथा ग्रंथी राम सिह की उनके घर से बाहर निकाल कर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्यारे मंड क्षेत्र की ओर भाग गए ।

उस्मान गांव में हत्या : थाना सरहाली के गांव उस्मान में तीन आतंकवादियों ने गुरदेव सिह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार दलबीर सिह उर्फ़ बब्बा पुत्र मगहर सिह के घर रात 9 बजे के करीब चीनी राइफलों से लैस तीन-चार आतंकवादी आये और दलबीर सिह को अपने साथ लेकर गुरुद्वारा मलखेड़े चले गए । वहां से उन्होंने राम सिह को भी अपने साथ लिया तथा 100 गज की दूरी पर जाकर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । उस्मान में मारा गया गुरदेव सिह सहकारी समिति का सचिव था ।

11 आतंकवादी व आश्रयदाता बंदी : मजीठा पुलिस जिला में कल रात अजनाला व जंडियाला थानांतर्गत क्षेत्रों में छापों के दौरान 11 कट्टर आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार कर लिए गए । जिला पुलिस चीफ श्री एस. सान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों व आश्रयदाताओं के नाम इस प्रकार हैं : गुरमेज सिह, देवेन्द्र सिह, बाज सिह, बलदेव सिह, जोगा सिह,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चंद्रास्वामी ने सौदे पटाने के लिए पामेला का इस्तेमाल किया था !

लंदन, 20 अप्रैल (ए.पी.): भारत सुन्दरी रही पामेला बोर्देस के बारे में धारावाहिक रूप में दुनिया-भर के अखबारों की सुर्खियों में आई जानकारियां दे रहे अखबार "द न्यूज़ ऑफ़ द वर्ल्ड" ने आज दावा किया कि चंद्रास्वामी ने सौदे पटाने के लिए पामेला का इस्तेमाल किया था । अखबार ने कहा कि चंद्रास्वामी और उनकी पार्टी के सदस्यों से हुई मुलाकात याद है । उनकी पार्टी में पामेला भी शामिल थी ।

पामेला बोर्देस की याद दाश्तों की पहली किस्त

प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' का परीक्षण स्थगित

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): भूमि से भूमि पर मार करने वाले मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' का परीक्षण आज के लिए 'स्थगित' कर दिया गया है । आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी पर उन्होंने इसका कोई कारण नहीं बताया ।

रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत तथा रक्षा राज्यमंत्री चिंतामणि पाणिग्रही कल से ही बालासोर (उड़ीसा) में हैं । इस प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण चांदीपुर तट पर होने वाला था ।

प्रक्षेपास्त्र को आज यहां दिन के ग्यारह और बारह बजे के बीच अंतरिम टैस्ट रेंज के प्रक्षेपक पैड से छोड़ जाने वाला था, लेकिन यह काम पहले अपरान्ह डेढ़ बजे तक स्थगित किया गया लेकिन बाद में इसे 'स्थगित' कर दिया गया । इसे छोड़ने की तैयारी में परीक्षण रेंज से आज प्रातः लोगों को हटा दिया गया था ।

रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि "प्रक्षेपास्त्र को छोड़ने की तैयारियां जारी हैं । 'अग्नि' की मारक रेंज 2500 किलो मीटर है । प्रवक्ता ने कहा कि प्रक्षेपास्त्र की 'लांच विंडो' 20 से 23 अप्रैल के बीच है ।

सरकारी तौर पर स्पष्ट किया गया है कि 'अग्नि' किसी प्रकार का अस्त्र-मंच या अस्त्र प्रणाली नहीं है । यह केवल प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन है जिसका उद्देश्य उत्प्रेषण और निर्देशन प्रणालियों की परख करना है ।

दिल्ली में 10 खूंखार उग्रवादी दाखिल

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): गुप्तचर रिपोर्ट के अनुसार इंदिरा गांधी हत्याकांड के मामले में अदालत में दूसरी चार्जशीट पेश करने के बाद राजधानी में दस खूंखार आतंकवादी घुस आए हैं । इसे देखते हुए यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । गुप्तचर विभाग के उच्चस्थ सूत्रों ने आज बताया कि दूसरी चार्जशीट के चार अभियुक्तों को 22 अप्रैल को अदालत में पेश किया जाएगा और उस दिन या उसके पहले राजधानी में आतंकवादी हमला कर सकते हैं ।

उग्रवादी कश्मीर घाटी में दाखिल ; श्रीनगर : पाक में प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 20 कश्मीरी युवक अलगाववादी और तोड़-फोड़ की गतिविधियां करने के लिए कश्मीर घाटी में घुस आए हैं ।

वीरभ माह

रंगीला राम

विभागों

शिमला, 20 अ मंत्रिमंडल में आज शामिल किए गए ह गांधी ने आज साद समारोह में नए राज्य विजयेन्द्र सिह तथा गोपनीयता की शप सिह के मंत्रिमंडल व विस्तार हुआ है । हिमाचल मंत्रिमंडल है ।

श्री विजयेन्द्र सि इससे पहले वीरभद्र हैं । इसके पूर्व ये दो रह चुके हैं । शपथ ग्र वीरभद्र सिह ने संवाद मंत्रिमंडल को अधिक प्रतिभाओं को प्रवेश किया है ।

मुख्यमंत्री नए म राज्य विधानसभा के करेंगे । उन्होंने कहा

देवी लाल ने नोट' संशो

चंडीगढ़, 20 अ मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल 1987 में दिए गए ना संशोधित कर अब आन लिए "एक वोट-2 का

भारत में घुसने 13 अफगा

अमृतसर, 20 अप्रैल ने यहां से 30 किलोमीटर 13 अफगान नागरिकों जाली दस्तावेज़ों पर भा कोशिश कर रहे थे । 16 के इन सभी युवकों को,जो बधवार को आब्रजन अधि लिया था, जब उनके पा उपरांत जाली पाये गये ।

नेपाल ने जम्मू-क में पाक का भा

राज्यमंत्री श्री नटवर सिह

Punjabi Sanatan

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

अंक 309

24 शुक्रवार, 21 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 9 वैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

सरकार ने राज्य विधानसभा में अपना बहुमत खो दिया है ।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज शाम हुई बैठक में राज्यपाल की रिपोर्ट पर विचार किया गया ।

बेंगलूर में आज राज भवन से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि राज्यपाल ने जनता दल की सरकार को 19 विधायकों द्वारा दिया अपना समर्थन

लेकिन प्रदेश जनता दल और जनता विधायक दल के प्रसाद को इन विधायकों में जिनमें उन्होंने समर्थन वापस की सूचना दी है तथा कहा समर्थन जारी रखेंगे । उन्होंने

पंजाब में एक ग्रंथी, तीन स्त्रियों सहित आतंकवादियों द्वारा 19 लोगों की हत्या

हत्या से पहले एक नौजवान लड़की से सामूहिक बलात्कार किया गया

बारूदी सुरंग की लपेट में आने से सुरक्षा अधिकारी बाल-बाल बचे

एक उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : 2 मुठभेड़ों में मरे

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के पंजाब में एक कट्टर आतंकवादी ने आत्महत्या ली, जबकि 2 अन्य मुठभेड़ों में मारे गए । आतंकवादियों ने भी अपनी कार्रवाइयां अचानक तेज कर हुए 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी,जिनमें एक घर का ग्रंथी, तीन स्त्रियां भी शामिल थीं । आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई एक भूमिगत सुरंग की चपेट में आने से पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी बाल-बाल बच गए । लगभग डेढ़ दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनसे भारी मात्रा में शस्त्र बरामद हुए ।

2 उग्रवादी मरे : लुधियाना (हस) : लुधियाना जिला में कल रात एक कख्यात उग्रवादी सुखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा ने आत्महत्या कर ली जबकि एक अन्य मुठभेड़ में मारा गया । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि सुखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा ने यहां से 10 किलोमीटर दूर लोहारा गांव के निकट नाका पार्टी द्वारा घेर लिए जाने पर खुद को गोली मार ली । लक्खा तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के प्रमुख जरनैल सिंह गवालड़ी गिरोह से सम्बद्ध था । दूसरा उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र में सिधवां नहर के पास मुठभेड़ में मारा गया । उसकी पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ़ राजा उर्फ़ फौजी के रूप में हुई है ।

श्री सैनी ने बताया कि लक्खा गत मंगलवार को पुलिस के दो कांस्टेबलों की हत्या, एक फैक्टरी से 1 लाख रुपए लूटने और हाल ही में शेरपुर में पैट्रोल पम्प को लूटने तथा इसके कर्मचारी को घायल करने की वारदातों में संलिप्त था । हरजिंदर सिंह उर्फ़ राजा उर्फ़ फौजी जिला अमृतसर में गांव भट्टी में ईंटें बनाने वाले भट्ठे के मालिक इंका वर्कर की हत्या तथा 12 अप्रैल को गिल और लुधियाना के क्षेत्र में 4 व्यक्तियों की हत्या में भी संलिप्त था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि लुधियाना पुलिस ने सरावाला टाइगर फ़ोर्स के गुरिंदर सिंह, देवेन्द्र सिंह तथा तीन अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने शहर के सराभा नगर में एक चर्च के पादरी की हत्या, तथा कलगीधर रोड पर डकैती, पंजाब एंड सिंध बैंक से 3 लाख रुपए लूटने व अन्य जघन्य अपराधों से वांछित थे । जगराओं पुलिस ने एक संदिग्ध उग्रवादी जगराज सिंह को गिरफ्तार करके एक .303 का पिस्तौल बरामद किया ।

एक की हत्या : लुधियाना (आहूजा): आज शाम लगभग 7 बजे तीन साइकिल सवार संदिग्ध उग्रवादियों ने शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र हरबंसपुरा में गोलियां चला कर निरपाल सिंह (30) नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । निरपाल सिंह इसी मोहल्ले का रहने वाला था और 4 भाइयों तथा दो बहनों का अविवाहित भाई था । वह स्थानीय हौजरी में काम करता था । पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी व डी.एस.पी. श्री बराड़ ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

5 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात्रि तरनतारन पुलिस जिला में गांव कैरों के निकट आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जिनमें से 4 एक ही परिवार के सदस्य थे । एस.पी. (आप्रेशन्ज़) श्री अवतार सिंह ने बताया कि यह हत्याएं दो उग्रवादी संगठनों 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' और 'भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान' के मध्य शत्रुता का नतीजा है ।

मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : जोगेंद्र सिंह (55), उसकी पत्नी ज्ञान कौर (50), उनका लड़का मुख्तार सिंह (25) और उनकी लड़की दर्शन कौर (18) । उनके एक पड़ौसी प्यारा सिंह की भी हत्या कर दी गई । एस.पी. ने कहा कि जोगेन्द्र सिंह के परिवार के एक सदस्य गुलज़ार सिंह उर्फ़ बिल्लू के. एल.एफ. का सदस्य था जिसका एक समय पर सरगना अवतार सिंह ब्रह्मा था । बिल्लू गत 18 महीनों से लापता है । घटनास्थल पर मिले एक पर्चे से ऐसा लगता है कि यह हत्याएं बी.टी.एफ. के द्वारा की गई हैं क्योंकि इसके सदस्य सुखविंदर सिंह संघा के बिल्लू के साथ मतभेद थे ।

एस.पी. ने कहा कि परिवार के सदस्यों की हत्या करने से पूर्व उग्रवादियों ने नौजवान लड़की के साथ बलात्कार भी किया । इस हत्याकांड में कुल 5 आतंकवादी शामिल थे,जिनके पास ए.के. 47 चीनी राइफलें थीं ।

पट्टी से संवाददाता के अनुसार आतंकवादियों ने प्यारा सिंह की हत्या करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को हाथ ऊपर उठाने के लिए कहा लेकिन बाद में पता नहीं उनके मन में क्या आया तो वे उन्हें छोड़ कर चले गए ।

ग्रंथी व एक अन्य की हत्या : थाना वैरोवाल के अंतर्गत खुडर साहब गांव में हलबीर सिंह तथा ग्रंथी राम सिंह की उनके घर से बाहर निकाल कर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्यारे मौके की ओर भाग गए ।

उस्मान गांव में हत्या : थाना सरहाली के गांव उस्मान में तीन आतंकवादियों ने गुरदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार दलबीर सिंह उर्फ बब्बा पुत्र मरधर सिंह के घर रात 9 बजे के करीब चीनी राइफलों से लैस तीन-चार आतंकवादी आये और दलबीर सिंह को अपने साथ लेकर गुरुद्वारा मलखेड़े चले गए । वहां से उन्होंने राम सिंह को भी अपने साथ लिया तथा 100 गज की दूरी पर जाकर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसमान में मारा गया गुरदेव सिंह सहकारी समिति का सचिव था ।

11 आतंकवादी व आश्रयदाता बंदी : मजीठा पुलिस जिला में कल रात अजनाला व जंडियाला थानांतर्गत क्षेत्रों में छापों के दौरान 11 कट्टर आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार कर लिए गए । जिला पुलिस चीफ श्री एस. मान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों व आश्रयदाताओं के नाम इस प्रकार हैं : गुरमेज सिंह, देवेन्द्र सिंह, बाज सिंह, बलदेव सिंह, जोगा सिंह,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' का परीक्षण स्थगित

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): भूमि से भूमि पर मार करने वाले मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' का परीक्षण आज के लिए 'स्थगित' कर दिया गया है । आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी पर उन्होंने इसका कोई कारण नहीं बताया ।

रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत तथा रक्षा राज्यमंत्री चिंतामणि पाणिग्रही कल से ही बालासोर (उड़ीसा) में हैं । इस प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण चांदीपुर तट पर होने वाला था ।

प्रक्षेपास्त्र को आज यहां दिन के ग्यारह और बारह बजे के बीच अंतरिम टैस्ट रेंज के प्रक्षेपक पैड से छोड़ा जाने वाला था, लेकिन यह काम पहले अपराह्न डेढ़ बजे तक स्थगित किया गया लेकिन बाद में इसे 'स्थगित' कर दिया गया । इसे छोड़ने की तैयारी में परीक्षण रेंज से आज प्रातः लोगों को हटा दिया गया था ।

रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रक्षेपास्त्र को छोड़ने की तैयारियां जारी हैं । 'अग्नि' की मारक रेंज 2500 किलो मीटर है । प्रवक्ता ने कहा कि प्रक्षेपास्त्र की 'लांच विंडो' 20 से 23 अप्रैल के बीच है ।

सरकारी तौर पर स्पष्ट किया गया है कि 'अग्नि' किसी प्रकार का अस्त्र-मंच या अस्त्र प्रणाली नहीं है । यह केवल प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन है जिसका उद्देश्य उत्प्रेषण और निर्देशन प्रणालियों की परख करना है ।

दिल्ली में 10 खूंखार उग्रवादी दाखिल

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): गुप्तचर रिपोर्ट के अनुसार इंदिरा गांधी हत्याकांड के मामले में अदालत में दूसरी चार्जशीट पेश करने के बाद राजधानी में दस खूंखार आतंकवादी घुस आए हैं । इसे देखते हुए यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । गुप्तचर विभाग के उच्चस्थ सूत्रों ने आज बताया कि दूसरी चार्जशीट के चार अभियुक्तों को 22 अप्रैल को अदालत में पेश किया जाएगा और उस दिन या उसके पहले राजधानी में आतंकवादी हमला कर सकते हैं ।

उग्रवादी कश्मीर घाटी में दाखिल : श्रीनगर : पाक में प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 20 कश्मीरी युवक अलगाववादी और तोड़-फोड़ की गतिविधियां करने के लिए कश्मीर घाटी में घुस आए हैं ।





वीरभद्र माह में

रंगीला राम राव,

विभागों की

शिमला, 20 अप्रैल (ख., मंत्रिमंडल में आज विस्तार क शामिल किए गए हैं । राज्यप गांधी ने आज सायं राजभवन समारोह में नए राज्यमंत्रियों श्री विजयेन्द्र सिंह तथा श्री नल्ल गोपनीयता की शपथ दिलाई सिंह के मंत्रिमंडल का यह ए विस्तार हुआ है । इन राज्यम हिमाचल मंत्रिमंडल के सदस्यों है ।

श्री विजयेन्द्र सिंह और इससे पहले वीरभद्र सिंह मंत्रि रह चुके हैं । शपथ ग्रहण समा वीरभद्र सिंह ने संवाददाताओं मंत्रिमंडल को अधिक व्यापक प्रतिभाओं को प्रवेश देने के उ किया है ।

मुख्यमंत्री नए मंत्रियों के राज्य विधानसभा के वर्तमान करेंगे । उन्होंने कहा कि अब

देवी लाल ने 'एक नोट' संशोधित

चंडीगढ़, 20 अप्रैल मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल ने रा 1987 में दिए गए नारे "एक संशोधित कर अब आने वाले लिए "एक वोट-2 का नोट"

भारत में घुसने की 13 अफगान

अमृतसर, 20 अप्रैल (ह ने यहां से 30 किलोमीटर दू 13 अफगान नागरिकों को जाली दस्तावेजों पर भारत कोशिश कर रहे थे । 16 से के इन सभी युवकों को,जो कि बधवार को आबजन अधिकारी लिया था, जब उनके पासप उपरांत जाली पाये गये ।

नेपाल ने जम्मू-कश में पाक का भा

नई दिल्ली, 20 अ राज्यमंत्री श्री नटवर सिंह बताया कि सरकार को इस नेपाल टैलीविजन ने एक नक्श पाकिस्तान का हिस्सा दिखाय

घंद्रास्वामी ने सौदे पटाने के लिए पामेला का इस्तेमाल किया था !

लंदन, 20 अप्रैल (ए.पी.): भारत सुन्दरी रही और दुनिया-भर के अखबारों की सुर्खियों में आई पामेला बोर्डेस के बारे में धारावाहिक रूप में जानकारियां दे रहे अखबार "द डेली मेल" ने पामेला और उनकी पार्टी के सदस्यों से हुई मुलाकात याद है । उनकी पार्टी में पामेला भी शामिल थी ।

पामेला बोर्डेस की याद दाश्तों की पहली किस्त कल छपी थी । इसमें हथियारों के सौदागर अदनान

Punjabi Sanatan

आतंकवादी दरबारा सिंह जो गत दिवस कोटकपूरा क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । (छाया : जिंदल)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 1 का शेष)

तरसेम सिंह, लम्बा सिंह, सबिंदर सिंह तथा जोगेंद्र सिंह । इनके कब्जे से ए.के. 47 की एक मैगजीन, 30 कारतूस, तीन हथगोले, 2 पिस्तौल तथा 10 कारतूस मिले ।

बब्बर खालसा का उग्रवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के गांव सहसरा में पुलिस ने बब्बर खालसा के एक कट्टर उग्रवादी समंद सिंह को गिरफ्तार किया । उससे तीन ए.के. 47 राइफलें, एक ए.के. 74 राइफल तथा भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए ।

दो व्यक्तियों की हत्या : नवांशहर (शर्मा): यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव पल्लियां खुर्द में 4 संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा एक पुरुष व एक महिला की हत्या किए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि रात 12½ बजे 4 सशस्त्र व्यक्ति भजन सिंह पुत्र मेला सिंह के घर गए । उसको साथ लेकर वे एक स्त्री महेंद्र कौर (गुरदेव सिंह की विधवा) के घर पहुंचे । परन्तु वह वहां पर नहीं थी । घर से पता चला कि वह स्त्री नम्बरदार सोहन सिंह के घर गई हुई है, क्योंकि वहां अखंड पाठ चल रहा था और अगले दिन नम्बरदार के लड़के की शादी थी । आतंकवादी भजन सिंह को साथ लेकर नम्बरदार के घर गए और फिर उसको कह कर महेंद्र कौर को बाहर बुलाया । यहां यह उल्लेखनीय है कि भजन सिंह के घर जाने से पहले आतंकवादियों ने गांव के सरपंच दयाल सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति गुरदयाल सिंह से पूछा कि भजन सिंह और महेंद्र कौर में आपस में सम्बन्ध कैसे हैं ? साथ ही उन्होंने सच बोलने का निर्देश दिया और कहा कि यदि झूठ हुआ तो सज़ा देंगे अतः सरपंच तथा दूसरे व्यक्ति ने भजन सिंह व महेंद्र कौर के मध्य अवैध सम्बन्धों की पुष्टि कर दी, जिस पर आतंकवादी भजन सिंह, महेंद्र कौर और फिर नम्बरदार आदि के घर भी सरपंच दयाल सिंह व दूसरे व्यक्ति गुरदयाल सिंह को साथ लेकर घूमते रहे । इसके बाद आतंकवादियों ने भजन सिंह, महेंद्र कौर, सरपंच दयाल सिंह व गुरदयाल सिंह को साथ लेकर करीमपुरा रोड पर नहर के पुल के निकट उनको खड़ा करके भजन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस पर महेंद्र कौर ने मिन्नत समाजत करके जान बख्शने की प्रार्थना की, परन्तु कुछ कदम आगे चल कर उसकी भी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । इसके बाद उन्होंने सरपंच तथा दूसरे व्यक्ति को कहा कि वे एक घंटे तक बिजली के खम्बे की ओर देखते रहें और हिलने की कोशिश न करें । बाद में पुलिस को भी सूचना न दें, अन्यथा उनकी भी जान बख्शी नहीं जाएगी । इसके बाद वे पैदल ही वहां से फरार हो गए ।

5 की हत्या : (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सैद मुबारक कुल्लियां के निकट गत रात पुलिस वर्दीधारी आतंकवादियों के एक गिरोह ने 5 लोगों की हत्या कर दी व एक मारुति कार आग लगा कर जला दी । घटना स्थल बटाला-अमृतसर राष्ट्रीय राज मार्ग पर बटाला से 2 किलोमीटर दूर हंसली नाला पर स्थित है । घटना रात लगभग 12 से 1 बजे तक की बताई जाती है । लेकिन पुलिस को प्रातः घटना की सूचना मिली । जब पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, हंसली नाला के किनारे एक मारुति कार जल रही थी, उसके कुछ आगे 4 शव पड़े थे व उसके पास ही एक शव वृक्ष से बंधा था । जैसे ही कुछ पुलिस के जवानों ने शव उठाने का प्रयास किया तो पास ही दो शक्तिशाली बम विस्फोट हुए जिनसे एक हस्सनपुरा निवासी दर्शन सिंह घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

बटाला के फोटोग्राफर व पत्रकार जब प्रातः लगभग 7.30 बजे घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कार से उस समय तक आग निकल रही थी और बी.एस.एफ. के कुछ जवान विस्फोट के अवशेष जो दूर-दूर तक जाकर गिरे थे, एकत्र कर रहे थे । एक शव के हाथ दूर एक पीकर के वृक्ष के तने के साथ पीछे बांधे हुए थे । भूमिगत लगाए बमों से विस्फोट स्थल पर कई-कई फुट गहरे गड्ढे पड़ गए थे । एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा व एस.पी. आप्रेशन्स श्री हरभजन सिंह व डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह अत्यन्त सावधानी-पूर्वक शवों के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे कि अन्य स्थानों पर भूमिगत विस्फोटक सामग्री तो नहीं लगाई गई । अन्य सभी को दूर-दूर हटा दिया गया था । लगभग 8 बजे एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम घटनास्थल पर पहुंचे व आते ही सबसे पहला आदेश जारी किया कि फोटोग्राफरों व पत्रकारों को यहां से हटा दिया जाए । कोई तस्वीर न उतारने दी जाए । एक पत्रकार के साथ तो एस.एस.पी. के गनमैन ने दुर्व्यवहार भी किया । पत्रकार वापिस लौट आए ।

घटनास्थल, पुलिस सूत्रों व मृतकों के निकटवर्ती लोगों से उपलब्ध जानकारी के अनुसार मृतकों में गांव कुल्लियां का भूतपूर्व सरपंच ठाकर सिंह (50), गांव हस्सनपुरा का हरपाल सिंह (18) व गांव कुल्लियां के तीन हरिजन कन्ता (35), बीरा (25) व काका (50) शामिल हैं । इन्हें गत रात लगभग 7 से 10 पुलिस वर्दीधारी सशस्त्र आतंकवादी इनके घरों में मारुति कार में यह कह कर ले गए थे कि प्रातः पुलिस थाना से पता कर लेना । आतंकवादी गांव हस्सनपुरा के हरपाल सिंह के साथ उसके भाई दिलबाग सिंह को भी लेकर आए थे । उसे वारदात के बाद यह कह कर भेज दिया कि जाकर गांव में वारदात के बारे में बताओ । उसके अनुसार उसके भाई का गला घोंट कर मारा गया । हत्या कांड करने के बाद आतंकवादियों ने चार शवों के साथ विस्फोटक तार लगा कर बम भूमि में दबा दिए ताकि रात को सूचना पाते ही जब पुलिस व बी.एस.एफ. उच्चाधिकारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर आकर शवों का निरीक्षण करेंगे तो विस्फोट होने से उसकी लपेट में आ जाएंगे । शवों को पुलिस द्वारा हिलाते ही दो विस्फोट हो जाने से पुलिस व सुरक्षा बल सतर्क हो गए और फिर उन्होंने गांव कुल्लियां के भूतपूर्व सरपंच ठाकर सिंह को 5वां शव, जोकि एक वृक्ष से बंधा था, सावधानी पूर्वक मजबूत रस्से से बांध कर दूर पीछे हट कर खींचा ताकि इसमें भी कहीं भूमिगत विस्फोटक पदार्थ न लगा हो । घटनास्थल पर जलाई गई मारुति कार घटनास्थल के निकट से ही इसी रात तरनतारन निवासी लखविन्दर सिंह से छीनी गई थी । वह बटाला में अपने रिश्तेदार के पास आ रहा था । कार का नम्बर पी.सी.ओ. 2677 बताया जाता है । सभी शव गुरदासपुर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं और उनकी तस्वीरें नहीं उतारने दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह बब्बर खालसा से संबंधित आतंकवादियों की कार्रवाई है । पुलिस व बी.एस.एफ. आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग स्थानों पर छापे मार रही है ।

आतंकवादी मारा गया : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के कोहनूवान रोड स्थित गांव लौंगोवाल के निकट गत रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और उसका एक साथी भागने में सफल रहा । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल के निकट से एक पिस्तौल, चीनी असाल्ट राईफल ए.के. 47 के दो भरे हुए मैगजीन व कुछ चले-अनचले कारतूस मिले हैं ।

3 लाशें मिलीं : जिला भटिंडा में मानसा में जगीर सिंह के घर में तीन लाशें पाई गईं । इनकी पहचान बंत सिंह, महेंद्र सिंह तथा श्याम लाल के रूप में हुई है ।

2 घुसपैठिये मरे : फिरोजपुर (ह.स.): इस जिला के ममदोट सैक्टर में सीमा पर 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गये जबकि उनका एक साथी वापस बच कर निकलने में सफल हो गया ।

ट्राली छीन ली : नकोदर (गगन): नकोदर के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत श्री रमाकांत मिसरा के ट्यूबवैल से गत रात तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने ट्यूबवैल पर खड़ी ट्राली नम्बर पी.बी. क्यू-691 छीन ली । विरोध करने पर वहां उपस्थित नौकरों को उन अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें जान से मार देने की धमकी दी । नकोदर पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है ।

घायल करके लूट लिया : मुक्तसर (दीपक): आज दोपहर बाद 2.30 बजे यहां की ठेके वाली गली में कुछ लुटेरे मास्टर गजानंद के घर में दाखिल हुए । घर में मास्टर गजानंद की पत्नी लाजवंती अकेली थी, जिसको उन्होंने तेजधार हथियार से घायल कर दिया तथा वह बेहोश हो गई । इसके बाद उन्होंने चाबियां ढूंढ कर अलमारी तथा पेटी में से 25 तोले सोने के गहने, कुछ चांदी के गहने व 20 हजार रुपए नकद लूट लिये और फरार हो गये । मौके पर पुलिस ने एक किरपान बरामद की है ।

(ऊपर) झांसी के पास गत दिवस दुर्घटनाग्रस्त क हुए डिब्बे । (नीचे) मृत यात्रियों में से कुछ के

वी.पी. सिंह कोई प चाहे वह प्रधानमंत्री

ग्वालियर, 20 अप्रैल (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि वह कोई भी सरकारी पद ग्रहण न करने की अपनी पूर्व-घोषणा पर अभी भी कायम हैं, चाहे वह प्रधानमंत्री का पद ही क्यों न हो ।

श्री सिंह ने ग्वालियर-चम्बल संभाग के अपने दौरे में कल एक बातचीत में कहा कि जनता दल की प्रादेशिक और जिला इकाइयों का गठन जल्दी ही कर लिया जाएगा । उन्होंने इस बात से इंकार किया कि प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति और अन्य इकाइयों के गठन को लेकर दल में मतभेद पैदा हो गए हैं । श्री सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि श्री चंद्रशेखर जनता दल के महत्वपूर्ण नेता हैं और उन्हें किसी भी मामले में विश्वास में न लिए जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता । दल की 'हाई पावर' कमेटी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह न तो हाई है और न पावर ।

नरेन्द्र चंचल की पत्नी का पर्स चोरी : डेढ़ लाख का नुक्सान

लुधियाना, 20 अप्रैल (भाखड़ी): गत रात 32 डाऊन फ्रंटियर मेल में प्रसिद्ध फिल्मी गायक नरेन्द्र चंचल की पत्नी श्रीमती नर्मदा चंचल का पर्स चोरी होने की सूचना मिली है । सुविज्ञ सूत्रों से ज्ञात हुआ कि पर्स में 35,000 रु. नकद और सोने के ज़ेवर थे । चोर पर्स चुरा कर तेज रफ्तार गाड़ी से उतरने में कामयाब हो गए ।

PREMIER-PULVERISER
(पिसाई-मशीन)

हर प्रकार के मसाले, तम्बाकू, कोयला, चावल छिलका (फक), पशु आहार, मुर्गीदाना, कैमिकल, मिनरल आदि एकदम बारीक पाऊडर पीसने की मशीनों के निर्माता । बाल मिल व मिक्सर भी बनते हैं ।

सम्पर्क करें—फोन : 5730730.
PREMIER ENGINEERING WORKS,
7/23, Gali No. 7, Anand Parbat, Industrial Area, New Rohtak Road, New Delhi-110005.
MONDAY-CLOSED.

गुमशुदा की तलाश

मेरी लड़की रेणु (Renu) उम्र 13 साल (8th Class), हरा शाल, सफेद कमीज, लाल सलवार पहने है, 1.4.89 को घर से गई, वापस नहीं आई । पता देने वाले को सफर खर्च और 500/- नकद ईनाम दिया जाएगा ।

पता :-
शेर सिंह सैनी, मंदिर डमटाल, डाकघर डमटाल, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ।

गुमशुदा

श्री श्याम कुमार गुप्ता सुपुत्र श्री रामजीवन दास R/o मकान नं. 1686, सैक्टर 22-B, चंडीगढ़, आयु 45 वर्ष, रंग गेहुआं, सफेद कमीज व सलेटी रंग की पैंट पहने हुए है, तिथि 14.4.89 से लापता है । इस बारे मुकद्दमा नं. 132, तिथि 15.4.89 बजर्म 364/34 IPC, थाना सैक्टर-17, चंडीगढ़ में दर्ज है । पता लगने पर कृपया SSP चंडीगढ़ को सूचित करें ।

हड़ताली बंदरगाह कर्मियों पर 'इस्मा' लागू करना विचाराधीन

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): गोदी और बंदरगाह मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के

समझौता वार्ता 24 से : सरकारी तौर पर घोषणा की गई है गोदी और बंदरगाह मजदूरों की

Punjab Sahitya

24 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 310
शनिवार, 22 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 10 वैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा डेरे के महंत सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

मक्खू क्षेत्र में फिरौती के लिए 6 व्यक्तियों का अपहरण

एक दुर्दांत आतंकवादी भिड़ंत में मारा गया

...दीगढ़, 21 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में ...वादियों ने अपना खूनी खेल जारी रखते हुए ... के बाद 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि ...र आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । छः ...यों का अपहरण कर लिया गया । मजीठा व ...न पुलिस जिला, लुधियाना तथा फरीदकोट ...में दो दर्जन से अधिक आतंकवादी पकड़े

...तंकवादी मारा गया : अमृतसर ... मजीठा पुलिस जिला के चीफ़ श्री जी.एस. ... बताया कि गत रात थाना लोपोके के गांव ... में एक कट्टर आतंकवादी धर्म सिंह ग्राम ... के साथ मुठभेड़ में मारा गया । श्री मान ने ...12 बोर की राइफलों से लैस आतंकवादी ...त दलबीर कौर के घर में घुस गये तथा उससे ...ार रुपए मांगे । खतरा भांप कर उसके ...दे से एक बाहर खिसक गया तथा शोर मचा ... जब आतंकवादियों ने वहां से भागने की ...ी की तो उनका विशेष पुलिस अधिकारी ...के जवानों से सामना हो गया । संक्षिप्त ...में उनमें से एक मारा गया तथा उसका साथी ...निकला । घटना स्थल पर एक .12 बोर की ...व कुछ कारतूस बरामद हुए । एक अन्य ...कहा गया है कि आतंकवादियों की संख्या ...

...व मिला : आज अमृतसर के भवानी नगर ...एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला । पुलिस ...कर रही है । शव पर गोलियों के निशान ...गते हैं ।

...ी हत्या : गांव तलवंडी बुध सिंह में गत ...2 बजे के लगभग 7-8 आतंकवादी, जो कि चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे, गांव में आये और तीन घरों में दाखिल होकर बलदेव सिंह, सुच्चा सिंह व शेर सिंह को घरों से बाहर निकाल कर लाइन में खड़ा करके गोलियां मारकर मार डाला । मौका पर से के.सी.एफ़. के बख्शीश सिंह सोना की ओर से लिखा एक पत्र मिला जिसमें हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

धरियाला में हत्या: तलवंडी बुध सिंह के करीबी गांव धरियाला में आतंकवादियों के इसी गिरोह ने एक व्यक्ति परगट सिंह की हत्या कर दी ।

इसी प्रकार तलवंडी दर्शीधा सिंह में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह के घर में घुसकर फ़ायरिंग की और उसकी हत्या करके फरार हो गए ।

पट्टी से संवाददाता के अनुसार परगट सिंह तलवंडी बुध सिंह में मारे गये बलदेव सिंह का सगा भाई था । वह कल ही यहां अपने एक रिश्तेदार कर्म सिंह को मिलने आया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार बलदेव सिंह का एक लड़का आतंकवादी है, जो आजकल जेल में है ।

पुलिस ने बताया कि उपरोक्त हत्याएं बख्शीश सिंह सोना तथा कहर सिंह फौजी गिरोह ने कीं तथा मौके पर मिले पर्चे में कहा गया है कि बलदेव सिंह, सुच्चा सिंह, शेर सिंह व परगट सिंह की हत्या खूंखार आतंकवादी दलबीर सिंह उर्फ़ बीरू उर्फ़ रिबैरो की मौत का बदला लेने के लिए की गई, जो कि गत जनवरी में 7 अन्य उग्रवादियों सहित एक मुठभेड़ में मारा था ।

4 आतंकवादी पकड़े : तरनतारन पुलिस जिले के पट्टी कस्बे के बाहर कल रात पुलिस ने चार आतंकवादियों को पकड़ लिया । पुलिस के मुताबिक गश्त लगा रहे एक पुलिस दल ने स्कूटर पर सवार आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया । इस पर आतंकवादियों ने गोली चलाई और भागने की कोशिश की, परन्तु उन्हें पकड़ लिया गया । पकड़े गये आतंकवादी हैं—जसबीर सिंह, भगवंत सिंह, काबल सिंह तथा चंचल सिंह । उनके पास से दो .12 बोर की बंदूकें तथा कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया ।

महंत की हत्या : पटियाला (भूपण): कल रात 11 बजे के करीब कुछ आतंकवादियों ने डेरा खानेवाल के 70 वर्षीय महंत लछमन दास की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोली चलाई ।

2 की हत्या : मुल्लांपुर (जिला रोपड़) (राकेश संधी): आज प्रातः लगभग 8.30 बजे स्कूटर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने 50 वर्षीय गुरमेल सिंह तथा 45 वर्षीय आत्मा सिंह की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी, जब वे इस गांव के बस स्टाप के निकट स्थित एक चाय की दुकान पर खड़े जाने के लिए बस की प्रतीक्षा कर रहे थे । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने बस स्टाप पर आते ही लोगों को ललकारते हुए अपनी दुकानें बंद कर देने को कहा । इस ललकार पर क्षेत्र में भगदड़ मच गई और सभी ने दुकानें बंद कर दीं । भगदड़ के दौरान इन आतंकवादियों में से एक ने दो गोलियां चलाईं जो उक्त व्यक्तियों के सिरों में लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई । गुरमेल सिंह जिला रोपड़ के ही गांव रतवाड़ा का तथा आत्मा सिंह गांव भरोंजियां का रहने वाला बताया जाता है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

यह आतंकवादी हरियाणा पुलिस सहित पंजाब पुलिस को भी कई केसों में वांछित था । उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने इस आतंकवादी की

बोमई सरकार ब... सभा भंग, राष्ट्र...

नई दिल्ली, 21 अप्रैल (ह.स., वार्ता): कर्नाटक में श्री एस.आर. बोमई की जनता दल की सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है ।

गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज रात लोकसभा में यह घोषणा की । उन्होंने बताया कि इसके साथ ही वहां विधानसभा भी भंग कर दी गई है ।

श्री बूटा सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यपाल पी. वेंकटसुबैया की रिपोर्ट के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत यह निर्णय किया है । राज्यपाल की रिपोर्ट के अनुसार वहां जनता दल के कुछ विधायकों द्वारा श्री बोमई की सरकार का समर्थन नहीं करने के निर्णय से राजनैतिक संकट पैदा हो गया है और वहां संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकार चलाना सम्भव नहीं है ।

गृहमंत्री की घोषणा का सदन में उपस्थित जनता दल तथा मार्क्सवाद कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने जबरदस्त विरोध किया । "लोकतंत्र पर कुठाराघात" आदि की बात जब वे जोर-जोर से कर रहे थे, उपाध्यक्ष धम्बी दुरै ने सदन की कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी ।

श्री बूटा सिंह ने यह घोषणा आज रात सदन की बैठक उठने के समय की । इससे पहले सदन की बैठक का समय तीन बार बढ़ाया गया ।

सदन की बैठक आज शाम छः बजे ही समाप्त हो जानी थी, लेकिन उसका समय एक घंटे के लिए बढ़ा दिया गया । शाम सात बजे उपाध्यक्ष धम्बी दुरै ने संसदीय कार्यमंत्री हरकिशन लाल भगत के प्रस्ताव पर जब सदन की बैठक पहले आध घंटे और बाद में एक घंटे के लिए और बढ़ाने की अनुमति मांगी तो जनता दल के जयपाल रेड्डी और मार्क्सवादी सुरेश कुरुप ने उनका जोरदार विरोध किया । श्री रेड्डी का कहना था कि इस तरह से बैठक का समय नहीं बढ़ाया जा सकता । वह समय बढ़ाने का कारण जानना चाहते थे ।

श्री रेड्डी के विरोध के कारण उपाध्यक्ष ने समय बढ़ाने के प्रस्ताव पर मतदान कराया तो पहली बार उसके पक्ष में 64 और विरोध में चार मत तथा दूसरी बार पक्ष में 61 और विरोध में 3 मत आए । सदन में उस समय विपक्ष की ओर से इन दो सदस्यों के अलावा सिर्फ जनता पार्टी के सैयद शहाबुद्दीन ही उपस्थित थे । इस दौरान सदन की राज्यसभा दीर्घा में जनता पार्टी के सुब्रह्मण्यम स्वामी भी मौजूद थे ।

...देश में किसी भी पार्टी की सरकार हो, वह ...खालिस्तान की मांग को नहीं मान सकती : रिबैरो

...लन्धर, 21 अप्रैल (ढल्ल): पंजाब के ...न के सलाहकार श्री जे.एफ़. रिबैरो ने आज ...नगर सभा जालन्धर द्वारा आयोजित ...सामने" कार्यक्रम में प्रश्नों के उत्तर देते हुए

अधिकारियों को कुछ ही समय पूर्व दोबारा हिदायत की है कि वे पंचों व सरपंचों से विशेष कर और आम लोगों से साधारणतः सम्मानपूर्ण व्यवहार करें । उन्होंने इस सम्बन्ध का स्वागत किया कि...

पूर्व अपराधी होने के कारण उनमें से अधिकतर ...मानत पर रिहा हो गए हैं और केस चलते होने वाले हैं और राजधर उसे बंद ही करना पड़े ।

Punjabi Sahayak

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति,जोकि चंडीगढ़ वाली सड़क की ओर से आए थे, गोलियां चलाने के बाद मुल्लांपुर गांव की कच्ची सड़कों से कुराली की ओर फरार हो गए । बताया जाता है कि गुरमेल सिंह का चरणजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के साथ गांव देवी नगर में दो एकड़ ज़मीन के लिए कब्ज़े को लेकर झगड़ा चल रहा था और वह आज आत्मा सिंह के साथ खरड़ के एस.डी.एम. की अदालत में इस केस की तारीख भुगतने के लिए जा रहा था ।

एस.पी. रोपड़ श्री चंद्रशेखर ने मौका पर गए पत्रकारों को बताया कि अब तक की छानबीन से प्रतीत होता है कि इन हत्याओं का आतंकवादियों से कोई सम्बन्ध नहीं है । यह मामला भूमि सम्बन्धी विवाद का नतीजा है । उन्होंने कहा कि मृतक गुरमेल सिंह का कई लोगों से झगड़ा चला आ रहा था और इन झगड़ों के कई केस अदालतों में लम्बित पड़े हैं । उन्होंने आशा प्रकट की कि इस हत्या के मामले को शीघ्र हल कर लिया जाएगा । श्री चंद्रशेखर ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान पर प्रेम सिंह, बाड़ा सिंह और चरणजीत सिंह के विरुद्ध हत्या व शस्त्र कानून के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि पुलिस की जानकारी के अनुसार हमलावर पैदल ही आए और पैदल ही फरार हुए । इसी बीच ज्ञात हुआ है कि पुलिस ने इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

छः व्यक्तियों का अपहरण : फिरोज़पुर जिला में थाना मक्खू के अंतर्गत गांव लैहरबेट में एक व्यक्ति निरंजन सिंह के घर में घुस कर आतंकवादियों ने उसके चार लड़कों बलविंदर सिंह, देवेन्द्र सिंह, गुरमुख सिंह तथा सुखविंदर सिंह का अपहरण कर लिया ।

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार आज दोपहर गांव चक्कियां के निकट मंड में बांध की मुरम्मत कर रहे बलजीत सिंह ओवरसियर, गुरमेल सिंह सर्वेयर तथा एक अन्य का 4 आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पहले भी जे.ई. शिवलाल, दर्शन लाल के अपहरण की घटना हो चुकी है ।

मारुति वैन ड्राइवर की हत्या : बिलम्बा से प्राप्त एक खबर के अनुसार उग्रवादियों ने बुधवार रात को एक मारुति वैन के जिसे कुछ लोगों ने सहारनपुर जाने के लिए किराए पर लिया था । ड्राइवर की हत्या कर दी । यह वैन चंडीगढ़ पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर की थी ।

लुधियाना में बम विस्फोट : (धीमान) : आज रात यहां सिविल लाइन्स क्षेत्र के गोबिन्दनगर में बम विस्फोट हुआ, जिससे एक युवक घायल हो गया । घटनास्थल के आसपास की कुछ इमारतों की खिड़कियों के शीशे टूट गए ।

पता चला है कि स्कूटर पर सवार दो युवक, जिनमें से एक ने पटका बंधा हुआ था, वहां आए और उन्होंने एक धर्म स्थल में बम फैंका और फरार हो गए । विस्फोट से घायल युवक को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

पांच गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने जसविंदर सिंह उर्फ़ विक्की, तेजिंद्र सिंह उर्फ़ हैपी, अमरजीत सिंह भट्टी उर्फ़ जत्थेदार, गुरविंदर सिंह, मनजीत सिंह और देवेन्द्र सिंह उर्फ़ काला को पकड़ा है । पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक ने बताया कि इन आतंकवादियों कोनौलखा गार्डन कालोनी में गुरविंदर सिंह के मकान से गिरफ्तार किया गया,जहां वे डकैती की योजना बना रहे थे । उनसे एक चीनी राइफल, एक मैगज़ीन, दो पिस्तौल व अनेक कारतूस बरामद हुए ।

मोदी साबुन विक्रय हेतु डीलर चाहिएं

कपड़े धोने के प्रसिद्ध साबुन **मोदी नं. 1, मोदी शाईन डिटर्जैंट केक व वाशिंग पाऊडर** आदि के विक्रय हेतु समृद्ध व अनुभवी डीलरों की आवश्यकता है ।

इच्छुक पार्टियां 10 दिन के अंदर निम्न पते पर मिलें या लिखें :

लुधियाना में आतंकवादियों के हाथों मारा गया निरपाल सिंह । इन्सैट में उसका पुराना चित्र । (नीचे) विलाप करते हुए निरपाल सिंह की रिश्तेदार तथा अन्य महिलाएं । (छाया : कम्बोज)

बोमई सरकार बर्खास्त

(पृष्ठ 1 का शेष)

सोमवार तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की तो विपक्षी सदस्यों ने गृहमंत्री के बयान की प्रतियों को फाड़ कर अध्यक्ष के आसन के सामने फैंक दिया ।

विधायकों की परेड : बेंगलूर : कर्नाटक जनता दल के विधायकों ने आज राज्यपाल के सामने

मैंने अभी पामेला व... वाले रहस्योद्घाट...

चंडीगढ़, 21 अप्रैल : भूतपूर्व विधायक प्रताप सिंह चौटाला ने एक बयान में कहा है कि भारत सुन्दरी पामेला सिंह व उसकी मां के बारे लीबिया के कर्नल गद्दाफी व पाकिस्तान आई.एस.आई. एजैंसी के साथ उनके सम्पर्कों में अंतर्राष्ट्रीय, ब्रिटिश तथा भारतीय समाचार में बहुत कुछ छप चुका है । एक देशभक्त ना होने के नाते मैंने इस सम्बन्ध में बयान जारी अपना कर्त्तव्य समझा और बयानों के समर्थ सम्बद्ध रिकार्ड भी दिए । पामेला और उसकी लीबिया और पाकिस्तान के साथ एक गुप्त त्रिकोण देखा गया है ।

प्रताप सिंह के अनुसार स्वर्गीय जुल्फिकार भुट्टो ने एक बार कहा था कि पाकिस्तान खाकर गुजारा कर लेगा परन्तु इस्लामी बम अ बनाएगा । उन्होंने आगे कहा था कि पाकि इस्लाम का गढ़ है, जिसका एकमात्र उद्देश्य इ को हिन्दू भारत, यहूदी इसराईल तथा साम्यव बचाना है ।

श्री प्रताप सिंह ने कहा कि मेरा ख्याल है कि बयानों ने इस गुप्तचर त्रिकोण का पर्दाफाश कि फिर भी किसी एजैंसी ने मुझ से मिल कर तथ्य

निहालामुठभेड़ में मरा

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुठभेड़ में गुरचरण सिंह नामक आतंकवादी गया था । गृहमंत्री ने बताया कि गत रात के आतंकवादियों के साथ बड़ी वीरता के साथ मुक़ करने वाले पुलिस अधिकारियों को शीघ्र ही पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।'ह अनुसार निहाल सिंह उर्फ़ निहाला ने पाकिस्त उग्रवादी कार्रवाइयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया 'वार्ता' के अनुसार निहाल सिंह उर्फ़ नि पंजाब तथा हरियाणा में लगभग 50 हत्या लिए जिम्मेदार था ।

रिवैरो

Punjabi Sahapedia

लाजवाब पँसा
चौड़ी सड़क डिविज़न नं. 3
लुधियाना

कहा जाता है कि देवी लाल का पूर्व लोकदल घटक इसका प्रमुख विरोधी है, इस घटक का आकलन है कि यदि दल में अधिक कांग्रेसजन

तरफ से पड़ रहा था, परन्तु कोई अधिक लाभ नहीं हुआ ।

वास्तव में उत्तर प्रदेश के नेता श्री राम मंगल

जनमोर्चा और जनता पार्टी घटकों का विचार है कि यदि जो लोग पार्टी का द्वार

(शेष पृष्ठ 12 पर)

री का विभाग बदला

ली, 22 अप्रैल (वार्ता): प्रो. कमला कांत आज विदेश राज्यमंत्री के पद से हटा कर प्रसारण राज्यमंत्री बना दिया गया । न की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्री तिवारी के विभाग में परिवर्तन की सलाह पर किया ।

को देहरादून लाया जाएगा

टून, 22 अप्रैल (वार्ता): पंजाब के पूर्व काश सिंह बादल को कल यहां से जाया जाएगा । श्री बादल इन दिनों ा कानून के अंतर्गत यहां नजरबंद हैं । धिकारियों को यहां मिली सूचना के बादल को कल एक विशेष विमान से जाएगा ।

कर पर फिल्म बनेगी

बाद, 22 अप्रैल (वार्ता): क्रांतिकारी ा सेनानी विनायक दामोदर सावरकर ं एक फिल्म बनाई जाएगी । सावरकर न के अध्यक्ष सुधीर फड़के ने कल यहां ों को बताया कि फिल्मांकन मार्च में । फिल्म के दृश्य इंगलैंड, फ्रांस और यांकित किए जाएंगे । इन स्थानों पर चुके हैं ।

जोगा सिंह, उसके बेटे सहित 3 दर्दांत उग्रवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मरे

पंजाब में 2 की हत्या : बैंक से 2.29 लाख लूटे : बटाला के निकट बस पर फ़ायरिंग

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (ह.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान दर्दांत आतंकवादी जोगा सिंह तथा उसके बेटे सहित 3 आतंकवादी मारे गए जबकि 11 आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए । सीमा पर 2 पाक घुसपैठिए मारे गए । आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक बैंक लूट लिया । बटाला के निकट एक बस पर फ़ायरिंग की गई ।

जोगा मारा गया : पटियाला (भूषण): जोगा सिंह 21 सदस्यीय आतंकवादी गिरोह का सरगना था । वह और उसका बेटा गुरनाम सिंह उर्फ़ पाला सिंह पटियाला जिले में नाभा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव बनेरा में एक मुठभेड़ में मारे गये । पटियाला के एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने पत्रकारों को बताया कि जोगा सिंह पटियाला क्षेत्रों में वारदातें करता था । हाल ही में उसके गिरोह के 12 सदस्य पकड़ लिये गये हैं जबकि एक की 'प्राकृतिक मौत' हो चुकी है ।

उन्होंने कहा कि जोगा सिंह ने बनेरा गांव के एक निवासी से 50 हजार रुपए की मांग की थी । इस निवासी ने एस.एस.पी. से सम्पर्क किया, उन्होंने आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाने के निर्देश दिये । जब जोगा सिंह और उसका बेटा निश्चित स्थान से रुपयों से भरा बैग उठाने आये तो उन्हें सुरक्षा बलों ने ललकारा । दोनों तरफ से गोलियां चलने पर बाप-बेटा दोनों मारे गए । घटनास्थल से एक बंदूक, एक पिस्तौल और एक स्कूटर बरामद हुआ है ।

जोगा सिंह के गिरोह के अधिकांश सदस्य अनुसूचित जातियों से हैं । यह गिरोह डकैती के 10 मामलों, जिनमें लगभग 5 लाख रुपए लूटे गये थे, तथा 15 हत्याओं में संलिप्त था । वे पुलिस और होमगार्ड की वर्दियां पहन कर वारदातें करते थे । जोगा सिंह से अपराध प्रवृत्ति के युवकों को अपने गिरोह में शामिल किया और लूट के माल से धूरी में एक बड़ा मकान बनवा लिया था । उसने लुधियाना में भी एक मकान किराए पर ले रखा था । उसने काफी जमीन खरीद रखी थी और एक बड़े जमींदार के समान ठाठ से रहता था । जोगा सिंह की लाश के पास से बरामद स्कूटर बलबेरा मंडी के मिल्खी चंद का है, जो उससे गत सायं छीना गया था ।

पुलिस चीफ ने बताया कि नाभा सदर पुलिस थाने के क्षेत्र में जोगा सिंह का आतंक फैला हुआ था । कई जमींदारों ने डर के मारे अपने फार्म हाऊस खाली कर दिये थे और गांवों या नगरों में रहने चले गये थे । ये गिरोह लोगों को धमका कर उनके परिवार की महिलाओं से बलात्कार भी किया करता था ।

उग्रवादी मरा : बटाला (खोछड़): पुलिस जिला बटाला में अमृतसर-जालन्धर बाइपास के निकट गत रात्रि पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल हो गए ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गत रात्रि थाना सिटी पुलिस इंचार्ज दर्शन कमार व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर संत सिंह जब उग्रवादियों की

(शेष पृष्ठ 12 पर)

जलालाबाद पर राकेट ह

काबुल, 22 अप्रैल (वार्ता): अफगान ने जलालाबाद के रिहायशी इलाकों पर जमीन पर मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों से किया । सोवियत संवाद समिति 'तास' ने कि पाकिस्तानी सैनिकों ने भी विद्रोहियों गोलाबारी में हिस्सा लिया ।

अफगान सेना ने जबाबी कार्रवाई विद्रोहियों को खदेड़ दिया । सेना की इस 97 विद्रोही मारे गए तथा 12 घायल 'तास' ने बताया कि बमबारी में अरब से प्रशिक्षक भी मारे गये ।

खोस्त जिले में पिछले 24 घंटे में अ ने विद्रोहियों पर हमले किये, इनमें 11 मारे गए तथा 105 घायल हो गए ।

बघरम का हवाई अड्डा भी कल क गया । काबुल में भी राकेटों से हमले कि

उग्रवाद पीड़ित जो कांग्रेसी नाओं के कारण भटक रहा है

ट, 22 अप्रैल (गुप्ता): पठानकोट-ढांगू रपालिका प्रशासक की इजाजत से एक उग्रवाद पीड़ित व्यक्ति रोशन लाल में 10 हजार रुपए की वीडियो कैसेट प से पठानकोट के एक कांग्रेसी नेता वादियों द्वारा तुड़वाए जाने की इत्तला

गाने वाले उग्रवाद पीड़ित व्यक्ति श्री ने बताया कि वह मजीठा (अमृतसर) से के दिल्ली चले गए थे और दिल्ली में खा रहे थे कि पंजाब सरकार के वित्त तेजेन्द्र खन्ना तथा पुनर्वास विभाग के कहने पर कि पंजाब में उन्हें सुरक्षा तथा गा, पठानकोट आ गए ।

ान लाल ने बताया कि 8 दिसम्बर, ी श्री तेजेन्द्र खन्ना ने पठानकोट के प्रशासक को आदेश दिया कि वह लगाने के लिए जमीन अलाट करें तथा , 1989 को प्रशासक नगरपालिका श्री आर.एल. मेहता ने नगरपालिका ो आदेश दिया कि रोशन लाल का ढांगू ा लगवाया जाए । यह खोखा उसी दिन सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर पी. डब्ल्यू. डी. बाहर सड़क पर लगवा दिया गया और 10 हजार रुपए की वीडियो कैसेटें भी रख दीं । उन्होंने आरोप लगाया कि उसी रात एक कांग्रेसी नेता ने कुछ रिक्शा वालों को साथ ले कर उसका खोखा तुड़वा दिया और माल लूट लिया गया । पुलिस में रिपोर्ट करने पर वही कांग्रेसी उसके घर आया और उसको उसके खोखे की टीनें वापिस कर दीं जबकि कैसेटों के बारे में आज तक पुलिस ने कुछ नहीं किया । नेता ने उसे आश्वासन दिया कि उसका खोखा लगवा दिया जाएगा । वह कई बार उस नेता के दफ्तर में जाता रहा । बार-बार चक्कर मारने पर भी कुछ न बना । बाद में नगरपालिका ने ढांगू रोड पर ही खोखे के लिए 27 फरवरी 1989 को तहबाजारी की पर्ची 40 रुपए प्रति माह की काट दी और रोशन लाल ने यह खोखा फिर बनवा कर सुन्दरनगर पुली पठानकोट के पास लगवा दिया परन्तु एक अन्य कांग्रेसी नेता ने यहां से भी खोखा हटवा दिया । बाद में इस कांग्रेसी नेता ने भी उसे अन्य स्थान पर खोखा लगवा देने का आश्वासन दिया परन्तु बार-बार प्रशासक नगरपालिका तथा अन्य लीडरों के पास जाने के बाद अब नगरपालिका की तहबाजारी की पर्ची ही उसके पास रह गई है ।

रोशन लाल ने बताया कि वह पुनर्वास निदेशक पंजाब से गत 29 मार्च को मिला । उन्होंने भी प्रशासक को इसके बारे में आदेश दिया कि खोखा लगवाया जाए परन्तु न जाने क्यों उसका काम नहीं हो रहा । उसने बताया कि अगर उसका खोखा न लगा तो वह दिल्ली वापिस चला जाएगा ।

र्मियों की हड़ताल खत्म, सरकार से समझौता

ौट आएंगे और स्थिति सामान्य हो

महासंघों और सरकार के बीच हुए णबद्ध रूप से पांच साल में लागू होगा

वेतनमान में उन्हें एक संशोधित वेतनवृद्धि दी जाएगी । वार्षिक वेतन वृद्धि न्यूनतम 11 रुपए और अधिकतम 50 रुपए से बढ़ा कर क्रमशः 20 रुपए और 85 रुपये कर दी गई है ।

वेतन में 100 रुपए कम करके दिया जाएगा ।

श्री पायलट ने बताया कि कर्मचारियों को नगर मुआवज़ा भत्ता इस वर्ष जनवरी में तीन वर्ष तक बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में अधिकतम 35

PIONEER SCIENCE ACADEMY IN PUNJ
ATTENTION PAREN
OF
STUDENTS APPEARING FOR PMT/PET ENTRANCE EX
+1 AND +2 VOCATION CLASSES
There is always a room at the top :
What you require is determination and guidance.
Virk's Science Academy is the first of its k Punjab, with highly qualified, energetic experienced staff, offers target oriented traini specialises in preparing you to achieve admissi professional courses of your choice.

Medical Entrance Exam. 1989	For Students appea June/ July, 1989.
IIT's-JEE-PET's 1990	For students mo standard XII/+2
Medical Entrance Exam. 1990	For students mo standard XII/+2
Foundation Course for IIT-JEE-PET 1991	For students mo standard XI/+1
Foundation Course for Medical Entrance Exams. 1991	For students mo standard XI/+1
Target IIT, Engineering	Course Part I for s moving to standard IX.
Target MBBS	Course Part II for s moving to X.

EXTENSIVE 15 WEEK VACATION CLASSES
STUDENTS ABOUT TO JOIN XTH, +1 and +2.
✲Scientific teaching in conducive envirenment
✲Personalised attention
✲GIVES YOU THE WINNING EDGE
CLASSES BEGIN : 1ST MAY 1989 & 10TH MAY.



गोविन्दनगर सिविल लाइन्स, लुधियाना स्थित एक धर्मस्थल के बाहर गत रात साढ़े दस बजे मोटर साइकिल पर सवार शरारती तत्वों ने बम फैंका जिससे एक व्यक्ति निर्मल सिंह (इन्सैट में) घायल हो गया और एक मकान को क्षति पहुंची । शीशे और दरवाजे पर गोली जैसे निशान पड़ गए । (छाया : कम्बोज)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

खोजबीन कर लौट रहे थे, तो रास्ते में मुठभेड़ हो गई । मृतक उग्रवादी के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन, 113 चले-अनचले कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : डेराबाबा नानक पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात तीन उग्रवादियों सुखदेव सिंह, अमरजीत सिंह तथा निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर उनसे एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल, काफी मात्रा में कारतूस तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की है ।

चलती बस पर फ़ायरिंग : एक अन्य घटना में आज प्रातः लगभग 10.30 बजे बटाला-कादियां सड़क पर स्थित गांव पुराना सिंह के निकट दो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग कर पंजाब रोडवेज बटाला की एक चलती हुई यात्री बस नं. 3760 को क्षतिग्रस्त कर दिया । अन्य किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई । पुलिस सूत्रों के अनुसार गोलियां बस के अगले टायरों में लगीं जिससे टायर पंक्चर हो गए । पुलिस तथा बी.एस.एफ. उग्रवादियों की खोज कर रही है ।

उग्रवादी का भाई गिरफ्तार : गुरदासपुर जिला पुलिस ने आज एक व्यक्ति निशान को उग्रवाद निरोधक कानून के अंतर्गत पृथकतावादी नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है । वह एक कट्टर दर्दांत उग्रवादी बलजीत सिंह उर्फ पप्पू का छोटा भाई है ।

युवक की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव पंधरी कलां में गत रात 11-12 के बीच तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने एक नवयुवक सुखदेव सिंह उर्फ सक्खा के घर में दाखिल होकर उसे अपने साथ लिया और घर से बाहर थोड़ी दूर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने लाश के पास से ए.के. 47 के चले हुए खोल कब्जे में लिए हैं । कहा जाता है कि यह हत्या आतंकवादी संगठनों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. पुलिस जिला तरनतारन श्री संजीव गुप्ता के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गत रात थाना हरीके के क्षेत्र में गांव मरहाना के करीब एक पुल के निकट पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने नाकाबंदी कर रखी थी कि प्रातः 4.30 बजे चार संदिग्ध व्यक्तियों को जाते देखा गया । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग की गई । लगभग 15 मिनट के मुकाबले के बाद चारों आतंकवादियों को काबू कर लिया गया । इन चारों आतंकवादियों की शिनाख्त लखविन्दर सिंह उर्फ़ लक्खा (हरीके) तथा गांव कोटदाता के जगतार सिंह, नरेन्द्र सिंह उर्फ़ निंदा और लखबीर सिंह उर्फ़ लक्खा के रूप में की गई है । उनसे 303 बोर का एक पिस्तौल तथा एक 12 बोर की पिस्तौल कारतूसों समेत बरामद की गई है । उनके पास से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के तीन लैटर पैड भी बरामद हुए हैं । उनके पास पड़ा बिना नम्बर का एक ट्रैक्टर भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ।

एक हत्या : गत रात मजीठा पुलिस जिले में ब्यास पुलिस थाना के अंतर्गत गांव बदियाला खुर्द में पांच आतंकवादी बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर गये । वे उसे बुला कर घर से बाहर ले गए और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

बैंक लूट : आज दोपहर में मजीठा पुलिस थाने के गांव कत्थू नंगल में तीन आतंकवादियों ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 2.29 लाख रुपये लूट लिये । आतंकवादी एक ग्राहक का स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

किसान घायल : अमृतसर से 'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के गांव बांचरी में एक किसान सरदूल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया और उसकी 12 बोर की राइफल लेकर भाग गए । घायल को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

हीरो हांडा छीना : रैय्या (जसपाल): यहां से 3 किलो मीटर दूर गांव फेरूमान के निकट संदिग्ध स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मलकीयत सिंह सुपुत्र बाबा सिंह से उसका हीरो हांडा मोटर साइकिल नं. पी.सी.एस. 2727 छीन लिया ।

80 हजार लूटे : भटिंडा जिले के बर्ज रतबता गांव में आज दो आतंकवादियों ने पाला सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान से 80 हजार रुपए नगद, 32 बोर का एक रिवाल्वर और बारह बोर की एक दोनाली बंदूक लूट ली ।

4 गिरफ्तार : इसी जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों जगदेव सिंह और काका सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बन्दूक बरामद की ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना जिला पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिनकी शिनाख्त कृपाल सिंह, परविंदर सिंह, जीत सिंह और जरनैल सिंह के रूप में की गई है । उनके कब्जे से हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं ।

लूटमार की घटनाएं : लुधियाना से 'धीमान' की सूचना के अनुसार महल्ला हरनेक नगर में एक व्यक्ति ओम प्रकाश गोयल के घर में 3 सशस्त्र उग्रवादी घुस आए और ए.के. 47 राइफल की नोक पर 18,000 रुपए, आभूषण और एक रिवाल्वर लूट कर फरार हो गए । इसी प्रकार बस्ती जोधेवाल में गत्ता मिल के कर्मचारी किशन लाल का स्कूटर उग्रवादी पिस्तौल दिखा कर छीन कर फरार हो गए और अपना हीरो हांडा छोड़ गए । गांव मुल्लांपुर के महल्ला हरनेकपुर में एक व्यक्ति के घर पर 5 उग्रवादी ए.के. 47 राइफल लेकर आए, 2 उग्रवादी घर के अन्दर गए, 3 बाहर खड़े रहे और रिवाल्वर छीन कर फरार हो गए ।

2 अपहृत व्यक्ति लौटे : इस बीच फिरोजपुर जिले से अपहरण किये गये 5 व्यक्तियों में से 2 व्यक्ति अपने घर लौट आये हैं । उनके नाम बलजीत सिंह और गुरमेज सिंह हैं । शेष तीन अपहृत व्यक्तियों का अभी कुछ पता नहीं लगा ।

2 घुसपैठिये मरे : एक आधिकारिक सूचना के अनुसार आज प्रातः भारत-पाक सीमा पर डेरा बाबा नानक सैक्टर में सीमा पार करते समय तीन में से 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गये ।

फिरोजपुर जिले के ममदोट इलाके से पुलिस ने दो आतंकवादियों सत्ता उर्फ सत्तू तथा जोगेन्दर सिंह को पकड़ा । उनसे एक राइफल एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

लोक दल द्वारा विरोध

(पृष्ठ 3 का शेष)

हैं, उन्हें भीतर प्रदेश करने दिया जाता है तो कांग्रेस (इ) का हौसला पस्त हो जाएगा । उनका विश्वास है कि उन्हें इंका के प्रचार का जवाब देना चाहिए जो उत्तर प्रदेश के जनता दल नेता राम नरेश यादव के इंका में शामिल होने के बाद किया जा रहा है ।

देवी लाल धड़ा, जिसने श्री हेमवती नंदन बहुगुणा की मृत्यु के बाद बिखर चुके लोकदल धड़े के कार्यकर्त्ताओं को अपने साथ मिला कर शक्ति बढ़ा ली है, का कथन है कि यदि अवांछित इंका सदस्यों को शामिल कर लिया गया तो दल का चरित्र विकृत हो जाएगा । श्री देवी लाल के एक पक्ष का तो यहां तक कहना है कि "पहले ही जनतादल में ऐसे लोग हैं, जिनका न तो कोई आधार है और न ही इसमें उनके होने का कोई कारण नजर आता है ।"

इंका सदस्यों को शामिल किए जाने के मामले को लेकर जनता दल नेताओं में तीव्र मतभेद होने से कांग्रेस (इ) आश्वस्त है । संसद के वर्तमान सत्र से पूर्व, इंका हाईकमान का आकलन था दर्जन-डेढ़ दर्जन सांसद नाटकीय प्रभाव डालने के लिए एक के बाद एक करके पार्टी से निकल जाएंगे ।

परन्तु श्री अरुण नेहरू ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने इंका कार्यकार्यकर्त्ताओं में 'उलझन" पैदा न होने देने के प्रयास नहीं छोड़े हैं । उन्होंने कई इंका सांसदों से सम्पर्क साध रखा है तथा श्री बी.पी. सिंह को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह अपने अधिकारों का उपयोग कर श्री देवी लाल के फैसले को निरस्त कर दें ।

इस मामले में श्री चन्द्र शेखर श्री नेहरू की मदद कर सकते थे, मगर श्री चन्द्र शेखर जनता दल की राजनैतिक मामलों की समिति से अलग रखे जाने के कारण नाराज़ हैं । अभी तक वह श्री बी.पी. सिंह के नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए अपने मन को नहीं मना सके हैं । वह समझते हैं कि जिस बात से बी.पी. सिंह का प्रभाव घटता हो, वह बात उनके लिए ठीक है ।

27 को विरोध दिवस

(पृष्ठ 3 का शेष)

गए ज्ञापन की प्रति संवाददाताओं को दी । ज्ञापन में मांग की गई है कि ठक्कर आयोग की रिपोर्ट के उन अध्यायों को शीघ्र प्रकाशित कराया जाए, जिन्हें अभी

शिकायतों के निपटारे हेतु आंतरिक सतर्कता प्रकोष्ठ गठित होगा : गिल

रोपड़, 22 अप्रैल (बैंस): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां बताया है कि पुलिस के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों के तुरंत निपटारे तथा जनता में पुलिस की छवि सुधारने के उद्देश्य से एक 'आंतरिक सतर्कता प्रकोष्ठ' का गठन किया जा रहा है, जिसका अध्यक्ष पुलिस महानिरीक्षक स्तर का कोई अधिकारी होगा ।

आज यहां नई कोतवाली थाने के उद्घाटन अवसर पर नागरिकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यह प्रकोष्ठ दो या तीन एस.पी. स्तर के अधिकारियों पर आधारित होगा । यह प्रकोष्ठ राज्यपाल, राज्यपाल के सलाहकार, मुख्य सचिव, गृह सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को मिलने वाली शिकायतों पर विचार करेगा । इस बारे राजपत्रित अधिसूचना आगामी एक-दो सप्ताह तक जारी कर दी जाएगी । उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों को अच्छी आवास सुविधा प्रदान करने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि सी.आर.पी. तथा अन्य अर्ध-सैनिक बलों को जिला स्तर पर रहने के लिए बैरकें उपलब्ध कराई जाएंगी ।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हाल ही में कई दुर्दांत आतंकवादी मारे गए हैं । उन्होंने कहा कि अभी तक पुलिस की सूची में 194 आतंकवादियों का नाम शामिल है । उन्होंने कहा कि अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोजपुर तथा कपूरथला में 'गड़बड़ग्रस्त क्षेत्र कानून' लागू है, शेष भागों में स्थिति सामान्य है ।

स्थानीय समाचारपत्र मेरे साथ भेदभाव करते हैं : फारूक

जम्मू, 22 अप्रैल (सच्चर): मुख्यमंत्री श्री फारूक अब्दुल्ला कुछ पत्रकारों के कश्मीर घाटी की हिंसात्मक घटनाओं के विवरण देने के ढंग से अत्यन्त नाराज हैं ।

मुख्यमंत्री ने इस बात का आभास यहां बुधवार को जम्मू व्यापार तथा उद्योग मंडल के स्वर्ण जयंती उद्घाटन समारोह के अवसर पर बोलते हुए दिया । उन्होंने कहा कि श्रीनगर शहर की छोटी-छोटी घटनाओं को भी कुछ पत्रकारों ने बहुत बड़ी बना कर प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि उनको पढ़ने से ऐसा महसूस हुआ कि कश्मीर में सब कुछ जल रहा है । उन्होंने कहा कि ऐसे पत्रकार यह नहीं समझते कि ऐसी पत्रकारिता का प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि प्रदेश पर्यटन उद्योग पर काफी हद तक निर्भर है ।

उन्होंने कहा कि स्थानीय समाचार पत्र मेरे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हैं । उन्होंने एक समाचार पत्र का नाम भी लिया । उन्होंने कहा कि जनवरी 13 की जम्मू की घटनाएं भी मुझे सत्ताच्युत करने की एक साजिश थीं । उन्होंने कहा कि ऐसा तब तक नहीं हो सकता जब तक जनसमर्थन मेरे साथ है ।

मांग

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वि.प्र.): एस.बाई.एल. बर्कर्ज यूनियन ने मांग की है कि बर्कचार्ज कर्मियों को भी एक जनवरी 1986 से नए वेतनमान दिए जाएं । बर्कचार्ज कर्मियों की संख्या करीब 2000 है । यूनियन ने फैसला किया है कि वह सरकार को 15 दिनों का नोटिस देगी तथा मांगें न माने जाने की दशा में आंदोलन शुरू किया जाएगा ।

संसद भवन में 'शहीदों की गैलरी बनाई जाएगी : जाखड़

गुमशुदा

मेरा पुत्र प्रदीप कुमार सिंगला, उम्र 19 वर्ष पिछले 5-6 महीने पहले घर से गया, परन्तु वापस नहीं लौटा । माता-पिता बीमार हैं, हालत गम्भीर है ।

Punjab Sahapedia

र को अम्बाला छावनी में आयोजित राज्य
नाथ साहनी, भाजपा के अखिल भारतीय
धरी देवी लाल, डा. मंगल सेन, श्री ओम
कार्यकर्ता । (फोटो : अनिल पुरी)

पूर्व सरपंच सहित आतंकवादियों द्वारा 5 व्यक्तियों की हत्या

बम विस्फोट में 2 सी.आर.पी. जवान घायल, पुल व जीप को भारी क्षति

सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 23 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): कल रात से पंजाब में आतंकवादियों ने एक पूर्व सरपंच सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक घुसपैठिया मारा गया । एक बम विस्फोट में सी.आर.पी. के 2 जवान घायल हो गए तथा एक पुल को क्षति पहुंची ।

3 की हत्या : नकोदर (गगन): नकोदर तहसील के दो गांवों हुंदल ढड्डा व तलवंडी माधो में गत रात एक भूतपूर्व सरपंच समेत आतंकवादियों ने तीन लोगों की हत्या कर दी । नकोदर पुलिस थाने के सूत्रों के अनुसार रात 9 बजे के करीब इसी थाने के गांव हुंदल ढड्डा में गांव के भूतपूर्व सरपंच श्री लक्ष्मण सिंह के घर में तीन गोरे रंग के नवयुवक हथियारों से लैस होकर दाखिल हुए और उन्होंने उसके नौकर दीपक को जगाया,जो कि बाहर बरामदे में सोया हुआ था और उसे अपने मालिक को कमरे में से बाहर आने के लिए आवाज़ लगाने के लिए कहा । ज्यों ही नौकर ने भूतपूर्व सरपंच को आवाज़ें लगाईं तो वह तुरन्त अपनी पत्नी के साथ बाहर आ गया । आतंकवादियों ने उन्हें मल्लियां कलां पुलिस चौकी के कर्मचारियों के नाम व पते देने के बारे में कहा तो उन्होंने कहा कि हमें इसके बारे में कुछ पता नहीं है, तो आतंकवादियों ने भूतपूर्व सरपंच की पत्नी श्रीमती भजन कौर व नौकर दीपक को उसी कमरे में बंद कर दिया और सरपंच को घर से थोड़ी दूरी पर ले जाकर खेतों में ए.के. 47 से गोलियां चला कर मार डाला । इस घटना की सूचना आज सुबह 9 बजे नकोदर थाने में दी गई । दूसरी घटना इसी तहसील के शाहकोट थाने के अंतर्गत गांव तलवंडी माधो में 4 हथियारबंद आतंकवादियों ने रात 1½ बजे के करीब दो बाल्मीकि बिरादरी से संबंध रखने वाले श्री राम पाल (24) व श्री भजना पुत्र जागर (31) को गांव के बाहर ले जाकर ए.के. 47 की राइफल से गोलियां चला कर मार डाला । दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । बताया जाता है कि आतंकवादी पहले ही अपने साथ पीछे से भजना को लाये थे और बाद में उसे तलवंडी माधो में पहुंच कर राम पाल को जगाने के लिए कहा । आतंकवादियों ने उन्हें गोली मारते समय कहा कि वे गऊओं व भैंसों का वध करते थे, इसलिये उन्हें मारा गया है । इन वारदातों से क्षेत्र में लोग बहुत ही भयभीत हो गये हैं और डर के मारे घरों से नहीं निकलते ।

बम विस्फोट में 2 घायल : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली थानांतर्गत तूर गांव के निकट एक बम विस्फोट में सी.आर.पी. की 28वीं बटालियन के 2 जवान घायल हो गये । सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह बम एक पुल पर लगाया हुआ था । विस्फोट से पुलिस दल की जीप और पुल को काफी नुक्सान पहुंचा । घायलों को गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष ने बताया कि यह विस्फोट गश्ती दल के वाहन को उड़ाने के लिए रिमोट कंट्रोल द्वारा किया गया । घायलों के नाम हैड-कांस्टेबल जीवन सिंह व कांस्टेबल समर्जित हैं ।

पुलिस चौकी पर हमला : गत रात्रि थाना भिखीविंड के गांव पूजा की विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर आतंकवादियों के एक गिरोह ने हमला किया, तथापि सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी बच कर भाग गये । इस फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ ।

भामा गांव में हत्या : जिला अमृतसर के थाना मजीठा के अंतर्गत गांव भामा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति लखविंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : भारत-पाक सीमा के खेमकरण सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया ।

महिला की हत्या : अमृतसर शहर के कश्मीर एवेन्यू क्षेत्र में कल रात रत्न कौर नामक एक अधेड़ आयु महिला की कुछ व्यक्तियों ने गला घोंट कर हत्या कर दी । पुलिस ने आज उस महिला का शव बरामद किया ।

शस्त्रास्त्र बरामद : धूरी (सिंगला): धनौला पुलिस ने गश्त के दौरान कुछ व्यक्तियों को शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करके उनसे 7 पिस्तौल, एक देसी राइफल, 12 बोर की एक राइफल, एक पिस्तौल 315 बोर तथा कुछ कारतूस बरामद किये ।

2 का अपहरण : सबुज (शेखर): गत रात 12 बजे के लगभग कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने यहां से कुछ मील दूर गांव सिवाड़ा में दो व्यक्तियों का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया । अपहृत व्यक्तियों के नाम हारवैस्टिंग कम्बाइन ड्राइवर बिल्ल तथा दर्शन सिंह हैं । इन दो व्यक्तियों के अपहरण के साथ ही 23 दिनों में आतंकवादियों द्वारा अपहृत व्यक्तियों की संख्या 13 हो गई है ।

तीन आतंकवादी पकड़े : फरीदकोट (जिंदल): फरीदकोट पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम अमरजीत सिंह, जसवंत सिंह तथा जगजीत सिंह हैं । उनके कब्जे से एक .32 बोर का रिवाल्वर, एक .36 बोर की राइफल तथा 14 कारतूस बरामद किए गए । एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा के अनुसार इन आतंकवादियों का अनेक वारदातों में हाथ था ।

बादल को देहरादून में नज़रबंद रखने की तैयारियां पूर्ण

देहरादून, 23 अप्रैल : प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब के अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल को देहरादून से लगभग 22 किलो मीटर दूर वन विभाग के कोडवा पानी स्थित डाक बंगले में रखे जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । यह कार्यक्रम पंद्रह दिन पहले से चल रहा था । पहले सिर्फ यही पता चला था कि किसी बी.आई.पी. हस्ती को यहां लाया जा रहा है । इस व्यवस्था के तहत आसा रोड से डाक बंगले के 10 किलो मीटर क्षेत्र को सील करने का भी समाचार मिला है । विशेष पुलिस एवं पी.ए.सी. की टुकड़ियां तैनात कर दी गई हैं ।

यह भी जानकारी मिली है कि सरकार अधिकारी या कर्मचारी परिचय पत्र दिखा कर ही प्रवेश कर सकते हैं । यहां डाक बंगले में सभी विशेष सुविधाओं का भी प्रबन्ध किया गया है । विस्तृत जानकारी की अभी प्रतीक्षा है ।

उनके तबादले में विलम्ब के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है । गैर-सरकारी सूत्रों के मुताबिक यह विलम्ब तिरुअनन्तपुरम से विशेष विमान के यहां पहुंचने में देर के कारण हुआ । सूत्रों ने यह भी बताया कि अंतिम क्षणों में सम्पर्क व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा होने के कारण भी विलम्ब हुआ ।

कार्यक्रम में विलम्ब : कोयम्बटूर : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री तथा अकाली दल नेता प्रकाश सिंह बादल को आज यहां केंद्रीय कारागार से उत्तर प्रदेश में देहरादून ले जाया जाना था लेकिन अचानक इसमें विलम्ब हो गया ।

आज लाया जाएगा : सूत्रों ने बताया है कि श्री बादल को कल विमान से देहरादून ले जाए जाने की सम्भावना है ।

64 हजार रुपए लेकर फरार

होशियारपुर, 23 अप्रैल (अश्विनी): सिटी पुलिस ने पंजाब राज्य नल कूप निगम के एक ठेकेदार केहर सिंह की शिकायत पर उसके भागीदार अस्लाम राए उर्फ मुहम्मद अस्लाम तथा उसके दो मित्रों मुहम्मद अजलाहदीन व मुहम्मद महबाबा के विरुद्ध धारा 406/420 के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

लिफ्ट में बलात्कार !

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (वार्ता): अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.सी. जैन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान के एक लिफ्टमैन की जमानत याचिका नामंजूर कर दी है । उस पर तीन दिन पहले लिफ्ट के अंदर एक महिला से

अग्नि का प्रक्षेपण एक से 15 मई के बीच

बालासोर, 23 अप्रैल : भारत मध्यम दूरी तक मार करने वाले अपने पहले प्रक्षेपास्त्र (अग्नि) का परीक्षण एक मई से पंद्रह मई के बीच किसी भी दिन चांदीपुर परीक्षण केंद्र से समुद्र में करेगा ।

हैदराबाद स्थित प्रतिरक्षा अनुसंधान तथा विकास प्रयोगशाला द्वारा पूरी तरह स्वदेशी तकनोलाजी से विकसित इस प्रक्षेपास्त्र का 20 अप्रैल को पूर्व निर्धारित परीक्षण इस लिए नहीं किया जा सका था क्योंकि इसे दागे जाने से ठीक सात सैकेंड पहले कम्प्यूटर ने इसमें तकनीकी गड़बड़ी का संकेत दिया था । इसके बाद परीक्षण को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है । सूत्रों ने बताया कि परीक्षण की निश्चित तारीख प्रक्षेपास्त्र के दागे जाने के तीन दिन पहले घोषित की जाएगी ।

भारत-नेपाल विवाद में शंकराचार्य से मदद मांगी गई

राजकोट, 23 अप्रैल (वार्ता): नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष नारेंद्र प्रसाद रिजाल ने भारत और नेपाल के बीच चल रहे तनाव को समाप्त करने के लिए द्वारिका शारदा पीठ के स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती से मदद मांगी है । यहां से 40 किलो मीटर दूर ध्रुवनगर में स्वामी जी ने संवाददाताओं को श्री रिजाल का वह पत्र दिखाया, जिसमें दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य बनाने के लिए उनकी मदद मांगी गई थी ।

राष्ट्रपति कर्नाटक के मामले में सरकार के रवैये से अप्रसन्न थे

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (जी.एस. चावला): जानकार सूत्रों के अनुसार यद्यपि राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने विपक्षी नेताओं से साफ कह दिया था कि वह मंत्रिमंडल के निर्णय से बाध्य हैं तथापि सरकार ने जिस तरह से कर्नाटक के मामले को निपटाया है, उससे राष्ट्रपति खुश नहीं रहे होंगे ।

सरकार ने बोमई सरकार को बर्खास्त करने का निर्णय मंत्रिमंडल स्तर पर 20 अप्रैल को ही ले लिया था, जब उसे कर्नाटक के राज्यपाल पी.वेंकटसुबैया की दूसरी रिपोर्ट मिली थी । राज्यपाल ने पहली रिपोर्ट 19 अप्रैल को भेजी थी जिसमें उन्होंने केंद्र को सूचित किया था कि बोमई सरकार अल्पमत में है तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए । दूसरी रिपोर्ट में उन्होंने केंद्र को 7 विधायकों द्वारा अपना निर्णय वापिस लेने की सूचना दी थी । परन्तु

विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति से दोपहर के साढ़े तीन बजे मिल कर अनुरोध किया था कि वह कर्नाटक सरकार की बर्खास्तगी को अनुमति न दें । उधर सरकार भी मौका तबाहा नहीं चाहती थी । उसने फैसला किया कि केंद्रीय गृहमंत्री बटा सिंह राष्ट्रपति से स्वयं मिलें तथा मंत्रिमंडल के निर्णय पर उनकी स्वीकृति प्राप्त करें । कहा जाता है कि जब बूटा सिंह शाम के 6.30 बजे राष्ट्रपति से मिले तो उन्होंने मंत्रिमंडल के फैसले को मंजूरी तो दे दी, परन्तु उन्होंने गृहमंत्री से इतना भी कहा कि जिस तरह से यह सब हो रहा है, उन्हें पसंद नहीं है । यह इस बात का संकेत है कि राष्ट्रपति चूंकि मंत्रिमंडल का निर्णय मानने को संवैधानिक रूप से बाध्य थे परन्तु वर्तमान घटनाक्रम से वह व्यक्तिगत रूप से अप्रसन्न थे ।

देवी लाल द्वारा मंत्रिमंडल के

क पाक को कसने भेजी ?

कार्यक्रम शुरू करें ।
के.के. तिवाड़ी को सूचना एवं प्रसारण
य में तबदील किए जाने पर टिप्पणी करते हुए
ुर ने कहा, ऐसा दिखाई देता है कि राजीव
दूरदर्शन और रेडियो की स्वायत्तता पूर्ण तौर
त्म करने पर तुली है । श्री तिवाड़ी को
न करके सरकार को संचार माध्यम में हस्तक्षेप
ाएगा । यह मध्यावधि चुनाव का भी एक
है ।

ुवर के झटके से ब्रेक लगाने से दुर्घटना टली

मशेदपुर, 23 अप्रैल (ह.स.): टाटानगर रेलवे
से 18 किलो मीटर दूर कांदरा और
पुर स्टेशनों के बीच कल विस्फोट द्वारा
स्त की गई पटरियों से सिर्फ 12 फुट दूर
ास्ट 175-अप नीलांचल एक्सप्रैस के
के झटके से ब्रेक लगा देने से एक बड़ी दुर्घटना
बच गई ।

पंजाब समस्या के हो सकती : बरनाला

ल कमेटी की ओर से कांफ्रैंस में 7 प्रस्ताव
किए गए, जिनमें ये मांगें की गईं – ठक्कर
की पूर्ण रिपोर्ट प्रकाशित की जाए, राज्यों को
अधिकार दिए जाएं, सभी अकाली कैदी रिहा
जाएं, सभी पंजाबी संगठित हों, सभी झूठे
ले और सरकारी उग्रवाद समाप्त किया
।

का समाप्त होने पर पंजाब में शांति

न होगी : बी.पी. सिंह : जनता दल के
श्री बी.पी. सिंह ने अपने एक संदेश में पंजाब
गों से अपील की है कि वे सभी एक झंडे तले
में प्रेम, शांति एवं खुशहाली का वातावरण
रने के लिए एकत्र हो जाएं ।
ी बी.पी. सिंह का यह संदेश विशेष रूप से
के भूतपूर्व उप-गृहमंत्री श्री नसीब सिंह गिल,

Punjab Archive

आतंकवादी, घुसपैठिया मारे गये : 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 24 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में मारा गया जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया तथा अनेक आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए । एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फायरिंग की गई ।

दासुवाल में हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): बल्टोहा थाने के अंतर्गत दासुवाल गांव में कल रात आतंकवादियों ने निहाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर एक पत्र मिला है जिसमें खालिस्तान कमांडो फोर्स के बख्शीश सिंह सोना के गिरोह ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेने की सूचना दी है । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से चीनी राइफल ए.के. 47 के कुछ खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं । कहा जाता है कि दो सशस्त्र आतंकवादियों ने निहाल सिंह को एक धार्मिक स्थल से जबरदस्ती बाहर निकाल कर मार डाला ।

औरत की हत्या : अमृतसर की न्यू राज नगर आबादी में एक स्त्री रत्न कौर की गोली मार कर हत्या कर दी गई । हमलावर एक 12 बोर का रिवाल्वर, 9 तोले सोने के जेवर तथा 7000 रुपए नकद लेकर फरार हो गए ।

घुसपैठिया मरा : आज प्रातः भारत-पाक सीमा के अजनाला सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

चौकीदार लौट आया : खेमकरण के गांव महदीपुर में गत दिवस जिस चौकीदार का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, वह वापस अपने घर लौट आया है । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों की ओर से चौकीदार को भारी यातनाएं दी गईं लेकिन उसने अपने क्षेत्र के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी ।

चौकी पर हमला : थाना भिखीविंड के गांव ऐमाखुर्द में स्थित विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर गत रात आतंकवादियों ने हमला कर दिया । चौकी में तैनात जवानों की ओर से जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी फरार हो गए । किसी हानि की सूचना नहीं मिली । घटनास्थल पर दस चले हुए कारतूस मिले ।

आढ़तियों को धमकी : पट्टी (संवाददाता) गत दिवस आतंकवादियों की तरफ से आढ़तियों को धमकी दी गई है कि वे अगर अपनी आढ़तें दोबारा चलाना चाहते हैं तो प्रति आढ़त एक लाख रुपया के हिसाब से उगाही दें वर्ना उन्हें आढ़तें नहीं चलाने दी जाएंगी ।

आतंकवादी मारा गया : आज सुबह जालंधर जिला में गांव चमियारी के निकट एक आतंकवादी सुरक्षा बलों की गोली से मारा गया । पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति को नाले के पुल पर घूमते देख कर नाका पार्टी ने उसे रुकने का इशारा दिया लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल पर एक 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद किए ।

2 का अपहरण : जिला फिरोजपुर में गत रात डिबवाली गांव में सरपंच मंगल सिंह के घर से ड्राइवर बलविंदर सिंह तथा मकैनिक दर्शन सिंह का अपहरण कर लिया । गत एक सप्ताह में अपहरण का यह तीसरा मामला है । इससे पूर्व चार भाइयों और एक ओवरसियर का अपहरण हुआ था जिनमें से दो को छोड़ा जा चुका है जबकि शेष तीन व्यक्तियों का कोई अता-पता नहीं मिल पाया ।

जिला लुधियाना में पुलिस ने सुरजीत सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार किया, उससे एक देसी पिस्तौल मिला ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): सदर पुलिस बटाला ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों अजीत सिंह, काला राम तथा ओम प्रकाश को गिरफ्तार करके उनसे विभिन्न बोर के कई कारतूस बरामद किए ।

2 गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि धारीवाल पुलिस ने दो आतंकवादियों निशान सिंह निवासी अर्जुनपुरा और गुरमीत सिंह निवासी गोदरपुर को आतंकवाद कानून के अधीन गिरफ्तार किया है । यह दोनों खालिस्तान के पक्ष में प्रचार करते थे ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर (दीपक): फरीदकोट जिला के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि फरीदकोट पुलिस ने पिछले 24 घंटे के अन्दर नाकाबंदी के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया है । जिनके नाम जगजीत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मान व अन्य के खिलाफ तिहाड़ जेल में ही विशेष अदालत में सुनवाई होने की संभावना

नई दिल्ली, 24 अप्रैल : प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की साजिश और देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार सिमरनजीत सिंह मान तथा तीन अन्य अभियुक्तों के खिलाफ तिहाड़ जेल में ही विशेष अदालत में सुनवाई होने की सम्भावना है ।

इंदिरा गांधी हत्याकांड की तपतीश के लिए गठित विशेष जांच दल ने हाल ही में दूसरा अभियोग पत्र अदालत में दायर किया है । इस सिलसिले में दायर किए गए प्रथम अभियोग पत्र के बाद की सारी कार्रवाई तिहाड़ जेल में स्थापित की गई विशेष अदालत में हुई थी ।

दिल्ली प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि पिछले साल पूर्वी दिल्ली में हुए बम विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार अतिन्दरपाल सिंह तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ भी विशेष अदालत में ही कार्रवाई होगी । सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए सिमरनजीत सिंह मान, अतिन्दरपाल सिंह, जगमोहन सिंह उर्फ टोनी, तथा दिलीप सिंह और बम विस्फोट के सिलसिले में अतिन्दरपाल तथा उसके चार अन्य साथियों के खिलाफ तिहाड़ जेल में ही विशेष अदालत बनाई जाएगी ।

सूत्रों ने बताया कि प्रशासन बम विस्फोट की पांच घटनाओं को मिला कर एक ही मकद्दमा चलाने की अनुमति प्राप्त करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर कर रहा है ।

सूत्रों के अनुसार बम विस्फोट के तीन मुकद्दमों की सुनवाई मनोनीत विशेष न्यायाधीश मुहम्मद शमीम कर रहे हैं । एक-एक मुकद्दमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आर.एल. चुग और श्री एस.सी. जैन कर रहे हैं । इंदिरा गांधी हत्याकांड की सुनवाई भी तिहाड़ जेल में ही विशेष न्यायाधीश महेश चंद्र ने की थी । इस मामले में सतवंत, केहर और बलबीर सिंह को मौत की सजा सुनाई गई थी परन्तु उच्चतम न्यायालय ने बाद में बलबीर सिंह को रिहा कर दिया था ।

उग्रवादी पुनः गुरुद्वारों में अड्डे बनाने लगे, हथियार भी छिपाते हैं

अमृतसर, 24 अप्रैल (मनोहर): विश्वसनीय सूत्रों तथा गुप्तचर विभाग के सूत्रों ने बताया है कि पंजाब के उग्रवादियों ने अपने ठिकाने पुनः गुरुद्वारों में बनाने शुरू कर दिए हैं तथा पंजाब के कई गुरुद्वारों में तो उग्रवादी हथियार छिपा कर भी रख रहे हैं । पंजाब के दो जिलों अमृतसर तथा जालंधर के कई गुरुद्वारों पर उग्रवादियों का कब्जा चल रहा है । इसके अलावा लुधियाना में भी आधा दर्जन छोटे-बड़े गुरुद्वारों में आतंकवादियों ने अपने शरणस्थल बना लिए हैं । अमृतसर-जालंधर के बीच निर्माणाधीन कुछ गुरुद्वारों में उग्रवादी अक्सर आते-जाते हैं तथा राशन खा-पी कर अपने अन्य साथियों के लिए भी ले

सिंह सलारपुर पहले सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन में सक्रिय रहा था और उसके बाद उग्रवादी संगठनों में इसने अपना काफी प्रभाव बना लिया । यह खौफनाक उग्रवादी 10 सितम्बर, 1988 को कपूरथला के पुलिस थाना सदर से भाग निकला था । सूत्रों के अनुसार जालंधर पुलिस ने निशान सिंह सलारपुर उर्फ जस्सा सिंह को 24 जुलाई, 1988 को गुलाब देवी अस्पताल से मुखबरों की सहायता से उठा लिया था और बाद में किसी केस में इसको कपूरथला के सदर थाने में ले जाया गया । 10 सितम्बर, 1988 की अंधेरी रात को जस्सा सिंह रोशनदान के बीच से भाग निकलने में सफल हो

विश्वविख्यात साड़ी विक्रेता भाई पी.सी. क

"पंजाब, हरियाणा, यू.पी. तथा हिमाचल प्रदेश से सैंकड़ों व्यक्ति मुझे प्रतिदिन मिल रहे हैं, जो ये चाहते हैं कि मैं साड़ियों की यह विशाल प्रदर्शनी उनके शहरों में भी लेकर आऊं, क्योंकि इस महंगाई के दौर में सस्ते रेट्स व उत्तम क्वालिटी का हर कोई फायदा उठाना चाहता है ।

दूसरी तरफ चंडीगढ़, जम्मू तथा आस-पास के शहरों की जनता चाहती है कि

Punjab Sangam

विपक्षी दलों ने आज सदन की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया । जनता दल के नेता एम.एस. गुरुपदस्वामी ने संवाददाताओं को बताया कि प्रश्नोत्तरकाल स्थगित करके कर्नाटक में राष्ट्रपति शासन लागू करने के मुद्दे पर चर्चा कराने से इंकार के विरोध में यह फैसला किया गया ।

अन्य राज्यों में भी यही 'कार्रवाई' होगी : उन्होंने पत्रकारों को बताया कि केंद्र ने कर्नाटक में जो कार्रवाई की है, वह असंवैधानिक है और वह अन्य राज्यों में भी की जा सकती है ।

आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह वासी चड़िक, जसवंत सिंह गांव रोडे तथा अमरजीत सिंह रसूलपुर हैं । इनसे एक 32 बोर, एक 38 बोर तथा एक 12 बोर की बंदूक बरामद हुई है । यह भी पता चला है कि अमरजीत का कई कत्लों तथा डकैतियों में हाथ था । इसका दियाल सिंह उर्फ दियाला ग्रुप के साथ सम्बन्ध है ।

नकदी लूटी : पटियाला (भूषण): हीरो होंडा पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने यहां से चालीस किलोमीटर दूर मंडी गोबिन्दगढ़ के साथ स्थित गांव कुड़माजरा में एक व्यक्ति मुख्तार सिंह के घर से एक लाइसैंसशुदा 38 बोर का रिवाल्वर, 13 कारतूस तथा 5,000 रुपए की नकदी लूट ली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीनने की कोशिश में 3 घायल : जालन्धर (ह.स.): दो उग्रवादियों ने आज रात्रि यहां न्यू सिराजगंज मुहल्ले के निकट स्कूटर छीनने की कोशिश का विरोध किए जाने पर गोली चला कर 3 व्यक्तियों को घायल कर दिया । उग्रवादी बाद में भाग निकले । स्कूटर मालिक विजय कुमार को गम्भीरावस्था में सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है । अन्य घायलों के नाम राम लुभाया और गोंसा बताए गए हैं ।

लंका सरकार व लिट्टे में वार्ता की सफलता संदिग्ध

कोलम्बो, 24 अप्रैल : जबकि अधिकारियों तथा लिट्टे प्रतिनिधियों के मध्य प्रारम्भिक बातचीत के लिए मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है, यहां राजनीतिक क्षेत्र हैरान हैं कि सरकार सिंहली राष्ट्रवाद की शक्तियों को नाराज किये बगैर तमिलों की संतुष्टि के लिए क्या पेशकश करेगी । प्रेमदास सरकार ऐसे समय पर लिट्टे के साथ बातचीत की कोशिश कर रही है जबकि सिंहली उग्रवादी संगठन जनता विमुक्ति पेरामुना वर्तमान प्रांतीय परिषद का भी विरोध कर रहा है । यहां सरकार और लिट्टे की बातचीत से कोई बड़ी उम्मीद नहीं है ।

इसी बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास ने आपसी हितों को दृष्टिगत रखते हुए भारत और श्रीलंका के बीच हर क्षेत्र में सहयोग का आह्वान किया है । श्री प्रेमदास ने श्रीलंका में भारत के नये उच्चायुक्त लक्ष्मन लाल मेहरोत्रा के साथ आज सुबह अपनी भेंट में यह टिप्पणी की । श्री मेहरोत्रा उन्हें अपना परिचयपत्र पेश करने गये थे ।

कर्फ्यू जारी : तमिल और मुस्लिम समुदायों के बीच तनाव और बढ़ जाने से पूर्वी श्रीलंका में कर्फ्यू आज दूसरे दिन भी जारी रहा ।

राजीव को लंका यात्रा का निमंत्रण :

Punjab Kesari

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

अंक 314

24 बुधवार, 26 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 14 बैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

चुनावों से पूर्व विपक्ष की छवि धूमिल क
कर्नाटक पहला हमला था । आर.के.
श्री राजीव गांधी को आश्वस्त कर दिय
कर्नाटक सरकार बर्खास्त करने पर अ
वावेला नहीं उठेगा । 1984 में एन.टी.

2 दुर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए : पंजाब में सिपाही सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

तरनतारन में राइस शैलर मालिक का दिन-दिहाड़े अपहरण : जस्सा हिरासत से फरार

एक उग्रवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (वार्ता, हस): पंजाब में कल से भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के खूंखार कवादी सहित 2 उग्रवादी मारे गये, जबकि कवादियों ने एक पुलिस कर्मी समेत 6 व्यक्तियों हत्या कर दी । एक उग्रवादी ने सुरक्षा बलों के आत्म-समर्पण कर दिया । एक शैलर क का दिन-दिहाड़े अपहरण कर लिया गया ।

5 की हत्या : जंडियालागुरु से पवन जैन के सार यहां उग्रवादियों ने रात को विभिन्न स्थानों 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । बताया जाता है ग्रवादी रात को जसवंत सिंह निहंग के घर आए सीढ़ी लगा कर उसके घर में घुस गए । उसे लेकर दर्शन सिंह के घर ले गए और दर्शन सिंह, नौकर रोशन लाल को बाहिर बुला कर उन्हें यों से उड़ा दिया । दर्शन सिंह की लाश एक के किनारे फैंक गए । जब पुलिस घटनास्थल हुंची तो उन्होंने वहां से लाश उठाने के लिए एक वाले मक्खन सिंह काला को बुलाया । जब न सिंह लाश उठाने लगा तो एकदम बम ा हुआ, जिससे मक्खन सिंह उर्फ़ काला स्थल पर ही दम तोड़ गया और पास खड़ी पत्नी घायल हो गई । पुलिस के कर्मचारी सिंह प्रकाश सिंह, जोगींद्र सिंह घायल हो गए । स.' के अनुसार उग्रवादियों ने जसवंत सिंह, तथा दर्शन सिंह की लाशों के नीचे बम छुपा थे । जब पुलिस ने कुछ ग्रामीणों की सहायता से टाने की कोशिश की तो बम फट गए जिससे दो यों की मृत्यु हो गई । हैड-कांस्टेबल सुरेंद्र को गम्भीर रूप से घायल होने के कारण वर्ती अस्पताल में ले जाया गया ।

अशोक सोनी' के अनुसार बम फटने से मरने में एक स्त्री प्यार कौर तथा एक व्यक्ति करतार शामिल था । हैड-कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह को

अमृतसर के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उसकी दशा चिन्ताजनक बताई जाती है । घटना की सूचना पाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बिस्फोटक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये तथा जांच आरम्भ कर दी ।

गत एक सप्ताह के दौरान पंजाब में यह दूसरी घटना है,जब आतंकवादियों ने लोगों की हत्या करके उनके शवों में बम लगा दिये । ऐसी पहली घटना बटाला पुलिस जिला में हुई थी ।

सीमा पर उग्रवादी मरा : एक अन्य मुठभेड़ में कल रात जिला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के जवानों ने एक उग्रवादी को मार गिराया जो कि अपने साथियों के साथ भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था । तथापि उसके साथी जिनकी संख्या मालूम नहीं हो सकी, वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए ।

अपहरण : प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अमृतसर जिला के तरनतारन कस्बा में आज प्रातः 11 बजे के लगभग कुछ आतंकवादियों द्वारा दिनेश कुमार नामक एक शैलर मालिक का अपहरण कर लिया गया । यह शैलर सरहाली-तरनतारन रोड पर स्थित बताया गया है । इस घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जांच जारी है,परन्तु अभी तक अपहृत व्यक्ति के बारे में कुछ पता नहीं चल सका ।

खूंखार आतंकवादी मारा गया : होशियारपुर (अश्विनी): आज तड़के थाना सदर के गांव मोना कलां में आतंकवादियों तथा पुलिस के मध्य हुई मुठभेड़ में एक खूंखार आतंकवादी सतबचन सिंह गांव सकरोली मारा गया, जबकि होशियारपुर के डी.एस.पी. का गनमैन बिकर सिंह भी शहीद हो गया । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने यह सूचना मिलने पर गांव मोनाकलां में छापा मारा कि वहां एक व्यक्ति गुरबचन सिंह के घर में आतंकवादियों ने पनाह ले रखी है । आज तड़के पौने तीन बजे वहां छापा मारा गया तो घर के भीतर से फ़ायरिंग शुरू हो गई । पुलिस ने जवाबी फ़ायरिंग की,जिससे सतबचन सिंह मारा गया । एक दूसरे आतंकवादी सतनाम सिंह ने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । यह थाना सदर के गांव बयाला का रहने वाला है । सतबचन सिंह के सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा गया था । पुलिस को घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 भरे हुए मैगजीन, 75 कारामद कारतूस ए.के. 47 के तथा 8 खाली कारतूस, एक रिवाल्वर 32 बोर, 4 कारतूस, एक एच.ई. 36 हथगोला मिला । सतबचन सिंह तथाकथित भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स से संबंधित था ।

होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह ने घटनास्थल से लौटने पर बताया कि सतबचन सिंह अनेक वारदातों में वांछित था,जिनमें अम्बाला की वारदात भी शामिल है,जिसमें उग्रवादी पुलिस की हिरासत से खूंखार उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता को छुड़ा कर ले गए थे ।

भट्टी का बयान : जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गांव मोनाकलां में मारा गया आतंकवादी सतबचन सिंह भिडरांवाला टाइगर फोर्स में तीसरे नम्बर पर था और होशियारपुर, रोपड़, अम्बाला व चंडीगढ़ तथा जिला जालंधर के क्षेत्र नवांशहर में दो दर्जन से अधिक वारदातों तथा बहुत-सी बैंक डकैतियों के लिए जिम्मेदार था । कम्यूनिस्ट नेता कामरेड दर्शन सिंह कैनेडियन की उसने हत्या की थी और जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था । कुछ दिन पूर्व गांव भंगरनी में सरपंच प्यारा सिंह व मंत्री परमानंद की उसने हत्या की थी । जिला कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रिंसीपल शंकर दास, बहाला के नम्बरदार गुरबख्श सिंह, जिला के एकीकृत अकाली दल नेता ज्ञान सिंह, रिटायर्ड डी.एस.पी. गरदयाल सिंह और रोपड़ के रिटायर्ड ब्रिगेडियर जोगेंद्र सिंह दूमछेड़ी की हत्याओं में भी वह शामिल था । पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की हत्या की योजना भी उसी ने बनाई थी । श्री भट्टी ने बताया कि इस मुठभेड़ में शहीद हुए कांस्टेबल बिकर सिंह को मरणोपरांत वीरता पुरस्कार दिया जाएगा । इस मुठभेड़ में शामिल दूसरे कांस्टेबल को भी वीरता पुरस्कार दिया जाएगा तथा समय पूर्व तरक्की दी जाएगी । उन्होंने बताया कि गुरबचन सिंह, जिसके मकान पर मुठभेड़ हुई थी और उसके दोनों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उग्रवादी फरार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव नारायणबाल के निकट गत रात्रि पुलिस की हिरासत से एक उग्रवादी जसपाल सिंह उर्फ़ जस्सा भाग गया । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह उग्रवादी बब्बर खालसा से संबंधित है । पुलिस को यह विभिन्न हिंसक वारदातों में वांछित है । यह गांव चंदके का निवासी है । कुछ समय पूर्व थाना सदर पुलिस ने इसे गिरफ्तार करके, इसके पास से 2 ए.के. 47 राइफलें बरामद की थीं । गत रात्रि कलानौर पुलिस इसे और अधिक हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : जालंधर (हस)--पुलिस ने आज प्रातः जिला जालंधर के थाना बंगा के अंतर्गत गांव मुसापुर के निकट तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे दो पिस्तौल तथा 3 कारतूस बरामद हुए । इनकी पहचान कुलबीर सिंह, रणजीत सिंह तथा हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है ।

25 गिरफ्तार : अम्बाला (ह.स.): अम्बाला की कचहरी में हुई हाल की वारदात के संबंध में हरियाणा पुलिस ने पंजाब के पटियाला और रोपड़ जिलों से 25 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । इस वारदात में कथित आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को उग्रवादी हरियाणा पुलिस की हिरासत से छुड़ा कर ले गये थे । इसमें हरियाणा पुलिस का एक हैड-कांस्टेबल मारा गया था । हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

बिट्टू गिरफ्तार : कपूरथला जिला पुलिस ने एक उग्रवादी सुखवंत सिंह उर्फ़ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से .12 बोर की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले ।

लुधियाना पुलिस ने एक व्यक्ति गोपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। उस पर आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है ।

बैंक लूटने की कोशिश : लुधियाना से धीमान के अनुसार गत रात कुछ आतंकवादियों ने मिलरगंज में स्थित पंजाब नैशनल बैंक को लूटने की नाकाम कोशिश की । सूचना में कहा गया है कि कुछ आतंकवादी पिछली दीवार से एयरज़ास्ट पंखा तोड़ कर बैंक में घुसे । उन्होंने स्ट्रांग रूम को तोड़ने की कोशिश की परन्तु नाकाम रहे । वहां से एक दरांती भी मिली है ।

विशेष जांच दल की रिपोर्ट जारी करने संबंधी याचिका रद्द

जम्मू, 25 अप्रैल (वार्ता): जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और गृहमंत्री को विशेष जांच दल की रिपोर्ट जारी करने का निर्देश देने

लधियाना-कार्यालय के आगे विपक्षी दल कल धरना देंगे

लुधियाना, 25 अप्रैल (धीमान) : केंद्र द्वारा राज्य की बो मई सरकार को अपदस्थ करने के 27 अप्रैल को जिलाधीश के कार्यालय के समूचे विपक्ष द्वारा सारे दिन का धरना दिया । यह जानकारी देते हुए श्री एच.एल. सेठी जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी-लुधियाना ने कहा कि फैसला जनता दल (ज), जपा, अकाली दल (ब), सी.पी.एम, रिपब्लिकन पार्टी, सिटीजन कौंसिल के प्रतिनिधियों की एक बैठक में लिया गया । इसकी अध्यक्षता श्री सतपाल गोसाईं ने की । उस दिन जिलाधीश को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा । इस ज्ञापन में एक प्रस्ताव पास किया गया कि बो मई सरकार को डिसमिस करना गैर-लोकतांत्रिक और संघवाद का गला घोंटने के बराबर है ।

पंजाब के डाक्टरों की 83 दिन पुरानी हड़ताल खत्म

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (वार्ता): पंजाब के डाक्टरों ने अपनी 83 दिन पुरानी हड़ताल आज समाप्त कर दी । आज यहां राज्य सरकार और डाक्टरों के प्रतिनिधियों के मध्य हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया ।

बैठक में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा, वित्त आयुक्त (गृह) श्री एस. कपूर, स्वास्थ्य सचिव श्री दर्शन कुमार राज्यपाल के सचिव श्री वाई.एस. रतड़ा ने भाग पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन की ओर से उ. नेताओं, जिनमें क्षेत्र सचिव श्री अमनदेव शामिल थे, ने समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने एस. द्वितीय श्रेणी के डाक्टरों द्वारा अपनी समाप्त करने का स्वागत किया है । आज एक वक्तव्य में उन्होंने आशा व्यक्त की स्कूल अपनी ड्यूटियों पर आ जाएंगे और

की बर्खास्तगी का आदेश वापस लेने का निर्णय किया है । हड़ताल के समय से सम्बद्ध मामलों में सरकार और डाक्टरों तथा अन्य सभी सम्बद्ध पक्षों द्वारा विचार करके उचित हल निकाला जाएगा । ग्राम्य क्षेत्रों में तैनात डाक्टरों को गृह-किराया भत्ता और किराया-मुक्त आवास 'सी' श्रेणी नगरों के लिए स्वीकृत 'स्लैब' के अनुसार दिया जाएगा । स्थाई कैडर समीक्षा समिति में पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी लिए जाएंगे । दवाइयां और उपकरण खरीदने की शक्तियों का विकेंद्रीयकरण किया जाएगा ।

सरकार संधावालिया कमेटी को भी निर्देश देगी कि वह ऐसे किसी भी मामले में अपनी पुनर्विचार करने की शक्तियों का प्रयोग करे, जिसमें कि उसने सम्बद्ध कर्मियों के अपने समक्ष प्रस्तुत होने के बिना ही एकपक्षीय रूप में अपनी रिपोर्ट दे दी हो । इसलिए यदि डाक्टर निम्नलिखित नुक्तों पर पुनर्विचार के लिए आवेदन दें तो संधावालिया कमेटी



जंडियाला गुरु की नई आबादी (2) मक्खन सिंह रिकशे वाला, सीढ़ी, जिसके सहारे हमलावर

चीन में छा के लिए सेन

पेइचिंग, 25 अप्रैल (ह.स.): सू या ओ बांग के निधन के बाद से चीन में विरोधी दंगों में छात्रों शहर में गिरफ़ लोगों की वास्तविक संख्या आज पहली तौर पर बताई गई ।

सरकारी 'पीपल्स डेली' अखबा 65 व्यक्तियों को दुकानों में तोड़फ सरकारी कार्यालयों को लूटने के स गया । इनसे पूछताछ जारी है ज्यादातर मजदूर अथवा बेरोजगार है भी हैं ।

विदेशियों का कहना है कि क सरकार और कम्यूनिस्ट पार्टी कार्य कारों और बसों पर हुए हमलों के 300 लोग गिरफ्तार किए गए ।

अखबार के अनुसार छात्रों व्यक्तियों को भी पकड़ा गया था जि दिया गया, लेकिन अखबार ने गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्य यहां भी शनिवार को दंगे हुआ था

चीन सरकार ने अधिक लोकता की मांग कर रहे छात्रों को चेतावनी उन्होंने प्रदर्शन जारी रखे तो उन कार्रवाई की जाएगी । आंदोलनका नेता ने जर्मन संवाद समिति से क सरकार की इस घोषणा के प्रति विर छात्र नेता ने कहा, "हम इससे भय

अपष्ट समाचारों के अनुसार अर्द्ध सैनिक बलों तथा नवगठित भी वाली इकाइयों को किसी सम्भावित तैयार रखा गया है । सर्वज्ञ सूत्रों क क्षेत्रों से 10 हजार से अधिक सैनि

Punjab Kesari

कर्नाटक पहेली हमेशा थी । आर.के. धवन ने श्री राजीव गांधी को आश्वस्त कर दिया था कि कर्नाटक सरकार बर्खास्त करने पर आंध्र जैसा वावेला नहीं उठेगा । 1984 में एन.टी. रामाराव

जनता में यह छवि बन कि 1977 के बाद भी 'जनता' पार्टी या दल में कोई बदलाव नहीं आया है । 'जनता' नेताओं में पद की भूख है और वे पद न मिलने पर अपनी ही सरकार तोड़ देते हैं ।

सम्पर्क भी स्थी
शामिल हों या
जाएगी और यही
अजीत सिंह

र गए :
ी हत्या
ासत से फरार
-समर्पण

ी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता

र : जालंधर रेंज के भट्टी ने एक पत्रकार मोनाकलां में मारा गया भिंडरांवाला टाइगर फोर्स ौर होशियारपुर, रोपड़, जिला जालंधर के क्षेत्र अधिक वारदातों तथा के लिए जिम्मेदार था । र्शन सिंह कैनेडियन की मानत पर रिहा होने के छ दिन पूर्व गांव भंगरनी हंत परमानंद की उसने (इ) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ा के नम्बरदार गुरबख्श ाली दल नेता ज्ञान सिंह, ाल सिंह और रोपड़ के सह दमछेड़ी की हत्याओं पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की बनाई थी । श्री भट्टी ने ं शहीद हुए कांस्टेबल ा वीरता पुरस्कार दिया मिल दूसरे कांस्टेबल को जाएगा तथा समय पूर्व ंने बताया कि गुरबचन भेड़ हुई थी, और उसके कर लिया गया है ।

बटाला (कोछड़): पुलिस ौर के गांव नारायणवाल त की हिरासत से एक र्फ जस्सा भाग गया । के अनुसार यह उग्रवादी है । पुलिस को यह वांछित है । यह गांव ठ समय पूर्व थाना सदर , इसके पास से 2 ए.के. । गत रात्रि कलानौर यारों की बरामदगी के

रफ्तार : जालंधर जिला जालंधर के थाना



जंडियाला गुरु की नई आबादी में अज्ञात व्यक्तियों के हाथों मारे गए (1) रोशन लाल, (2) मक्खन सिंह रिक्शे वाला, (3) जसवंत सिंह निहंग, (4) दर्शन सिंह के शव, (5) वह सीढ़ी, जिसके सहारे हमलावर घर के अंदर दाखिल हुए । (छाया : जसपाल)

चीन में छात्र आंदोलन कुचलने के लिए सेना जमा की जाने लगी

पेइचिंग, 25 अप्रैल (ह.स.): सुधारवादी नेता हू याओ बांग के निधन के बाद से चीन से जारी सरकार विरोधी दंगों में छांगशे शहर में गिरफ्तार किए गए लोगों की वास्तविक संख्या आज पहली बार सरकारी तौर पर बताई गई ।

सरकारी 'पीपल्स डेली' अखबार के अनुसार 65 व्यक्तियों को दकानों में तोड़फोड़ करने और

गए हैं । इसका उद्देश्य अंततः छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई करना है । इन सूत्रों ने बताया कि चीन में पहले भी बेचैनी को दबाने के लिए सेना का प्रयोग किया जाता रहा है । चीन सरकार ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर प्रदर्शनों में हस्तक्षेप न करने का अपना रवैया बदल दिया है ।

सरकारी तौर पर कहा जा रहा है कि दोनों पार्टीय

केंद्र
गिर
बोमई
विपक्ष

नई दिल्ली, 2
आज संसद के दो
सरकार की बर्खा
लागू किये जाने क
कहा कि जनता स
वापस लिये जाने
गिरी ।

गृह राज्यमंत्री
में कहा कि राज
कार्रवाई की । उ
राज्य की सरकार
नहीं चल सकती
किसी पार्टी के प्र
निष्ठा सिद्ध की है
रही । गृहमंत्री बू

श्री संतोष मो
जनता दल सरका
केंद्र में जनता सर
'सत्ता के भूखे' ल
देती है ।

संसदीय कार्य
अनेक विपक्षी स
आशंका का उल्लेख
गैर-कांग्रेस (इ)
उन्होंने स्पष्ट शब्द
तो कोई ऐसा विचा
ही । उन्होंने कहा
के लिए खुद जनता
ने उनीस विधायक
जा रहा समर्थन वा
वह सर्वथा सही था

श्री भगत ने कि
कि 1969 से 19
एक अल्पमतीय स

संसद के दोनों
सदस्यों ने कर्नाटक
को बर्खास्त कर वह
संबंधी राज्यपाल क
उचित और जनहित
अलोकतांत्रिक करार
कराने की मांग की

लोकसभा में

Punjabi Sarntani

Our Dealer
ER & LAMINATORS
ssement) 18, Barakhamba
hi-110 001 Ph: 3315440

गश्ती पार्टी ने पानीपत-शामली रोड पर पानीपत नगर के बाहर 4 सिख युवकों को देखा । संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें चुनौती दी । इस पर एक युवक ने पुलिस पर गोली चलाई जबकि अन्य विभिन्न दिशाओं

के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 फ़रार आतंकवादी भी काबू कर लिये गये । इनके नाम हरजिंदर सिंह, शेर सिंह शेर, रविन्द्र सिंह बेदी और

आतंकवादियों ने बताया कि वे करनाल और अम्बाला जिलों के नगरों क्रमशः पानीपत और यमुनानगर का सर्वे करने के लिए आये थे । उनका

(शेष पृष्ठ 12 पर)

ग्रामीण के हाथों 2 आतंकवादी मारे गये : 3 हिरासत से फ़रार

2 सहकारी बैंक कर्मचारियों समेत 4 लोगों का अपहरण

एक व्यक्ति की हत्या : पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग

चंडीगढ़, 26 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए तथा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । 3 खतरनाक आतंकवादी पुलिस की हिरासत से भाग निकले । चार व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया तथा एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फायरिंग की गई ।

2 आतंकवादी मार डाले : अमृतसर (ह.स.): अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक ग्रामीण ने गत रात थाना ब्यास के गांव भिंडर में दो आतंकवादियों को गोली मार कर मार डाला, जो कि उसके घर में घुस गये थे । आई.जी. सीमा रेंज श्री सी.पाल सिंह ने बताया कि मारे गये आतंकवादियों के कम से कम तीन अन्य साथी उस समय भाग निकले जब ग्रामीण दलजीत सिंह ने अपने लाइसैंसी हथियार से गोलियां चलाईं । श्री सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले आतंकवादी गिरोह ने दलजीत सिंह से 50,000 रुपए देने की मांग की थी । तब उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता प्रकट की थी ।

श्री सिंह ने कहा कि गत रात गिरोह के सदस्य पुनः उसके घर आये तथा रकम मांगी । दलजीत सिंह ने रकम देने में आनाकानी की तो वे ज़बरदस्ती घर से कीमती चीजें उठाने लगे । जब गिरोह के सदस्य एक कमरे की तलाशी ले रहे थे तो दलजीत सिंह एक अन्य कमरे में चला गया और वहां से अपनी .12 बोर की दोनाली बंदूक उठा लाया । उसने बंदूक से गोलियां चलाईं जिससे दो आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गये जबकि उनके साथी भाग निकले । इसी बीच ग्रामवासी सतर्क हो गये और उन्होंने भागते हुए आतंकवादियों का पीछा भी किया । घटनास्थल पर एक .303 बोर राइफल तथा एक .12 बोर की पिस्तौल मिली ।

'अशोक' के अनुसार मृतक आतंकवादियों की पहचान जगतार सिंह उर्फ़ तारा तथा एक परविंद्र के रूप में हुई है । दोनों भिंडर गांव के ही निवासी बताए जाते हैं ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार दलजीत सिंह के गांव से बाहर स्थित फार्म हाऊस पर 4 लुटेरे आये तथा उन्होंने पिस्तौल की नोक पर घर वालों से रुपये मांगे । घर वालों द्वारा इन्कार किये जाने पर वे 700 रुपए की नकदी तथा कुछ गहने लूट कर वहां से चल पड़े । इस पर घर वालों ने रास्ते में उनको घेर लिया । यह देख कर लुटेरों ने उन पर फायरिंग कर दी । घर वालों ने साहस से काम लेते हुए जवाबी फायरिंग की जिस पर 2 लुटेरे मारे गए । पुलिस सूचना मिलने पर मौका पर पहुंची तथा केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी । उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह फरवरी में अमरीका से आया था । उस समय भी तीन-चार लुटेरे उसके पास आये थे और 50 हजार रुपये मांगे थे । दलजीत सिंह द्वारा यह कहे जाने पर कि गेहूं की कटाई के बाद वह उनको रुपये दे देगा, वह चले गये थे ।

1 मरा, 1 घायल : अमृतसर जिले के ही गांव कैरों में आज दोपहर बाद आतंकवादियों ने राजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति पर फ़ायरिंग की । इससे राजेंद्र सिंह का गनमैन अमरीक सिंह जो कि होमगार्ड कांस्टेबल था, मारा गया जबकि एक अन्य व्यक्ति सतनाम सिंह चक्की वाला गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे अमृतसर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । सूचना के अनुसार आतंकवादी मृतक गनमैन की राइफल भी ले गए ।

श्री राजेंद्र सिंह अकाली दल के नेता तथा मार्केट कमेटी नौशहरा पन्नुआं के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं ।

2 अधिकारियों का अपहरण : थाना पट्टी के गांव कोट बुड्ढा स्थित सहकारी बैंक ब्रांच के मैनेजर ओंकार सिंह तथा कैशियर रेशम सिंह का आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिये जाने का समाचार है । इन दोनों का कल शाम अपहरण किया गया था तथा अभी तक उनका कुछ पता नहीं चल सका ।

चौकी पर हमला : एक अन्य वारदात में अज्ञात आतंकवादियों ने पट्टी थाना सदर के गांव सैदो में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया लेकिन चौकी से जवाबी फ़ायरिंग होने पर वे बच कर भाग निकले, घटनास्थल पर चीनी राइफल ए.के. 47 के लगभग 50 चले हुए कारतूस मिले । तरनतारन पुलिस जिले में भिखीविंड की एक पुलिस चौकी पर भी हमला किया गया ।

भटिंडा जिला पुलिस ने एक आतंकवादी आत्मा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उससे एक .315 बोर का पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद हुए ।

स्त्री, पुरुष का अपहरण : बटाला से चौधरी के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग 3 बजे यहां के चहल-पहल वाले क्षेत्र समाध बाजार में डी.ए.वी. कालेज फार गर्ल्ज के निकट उस समय जबरदस्त सनसनी फैल गई जब मारुति कार में सवार कुछ आतंकवादियों ने सड़क पर जा रहे एक व्यक्ति तथा एक औरत को मारपीट करने के बाद उन्हें उठा कर कार में डाल लिया व फरार हो गए । उन्होंने हवाई फायरिंग भी की ताकि लोग उनका पीछा न कर सके ।

3 आतंकवादी फरार : नाभा से जेल व पटियाला से भूषण के अनुसार गत रात लगभग 2.30 बजे थाना नाभा की हवालात में से तीन खतरनाक आतंकवादी दीवार तोड़ कर भाग गये । उल्लेखनीय है कि इन आतंकवादियों का पुलिस ने अदालत से 19 से 27 अप्रैल तक का रिमांड लिया हुआ था । यह आतंकवादी 21 अप्रैल को गांव बनेरां कलां के निकट पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गये खूंखार आतंकवादी जोगा सिंह के साथी थे । यह पुलिस की हत्या की 15 तथा डकैती की 20 वारदातों में वांछित थे । इनकी पहचान नेतर सिंह, कीमती लाल तथा काला सिंह के रूप में हुई है । इनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र के लोगों ने सुख का सांस लिया था । अब उनके थाने में से फरार होने से क्षेत्र में आतंक व्याप्त हो गया है । पुलिस ने अलग-अलग छापों के दौरान इस गिरोह के 12 आतंकवादियों को पकड़ लिया था, 2 आतंकवादी मारे गए थे तथा एक ने आत्महत्या कर ली थी ।

3 संदिग्ध काबू : फरीदकोट से जिंदल के अनुसार सी.आई.ए. स्टाफ ने एक नाले पर नाकाबंदी के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों हरबंस सिंह, दर्शन सिंह तथा मुख्तार सिंह को गिरफ्तार किया । मुख्तार होमगार्ड का कर्मचारी बताया जाता है । उनसे एक स्प्रिंग फील्ड राइफल, इसके 5 कारतूस, 12 बोर की पिस्तौल, इसके 5 कारतूस तथा ए.के. 47 राइफल के 50 कारतूस बरामद किए गये हैं । इन संदिग्ध व्यक्तियों पर आतंकवादियों को अपने घरों में पनाह देने व उन्हें हथियारों की सप्लाई करने का आरोप है । यह जानकारी एस.एस.पी श्री एस.के. शर्मा ने दी ।

दमन के बावजूद चीनी छात्र आंदोलन जारी रखेंगे, पेइचिंग विश्वविद्यालय सेना के घेरे में

पेइचिंग, 26 अप्रैल (ए.पी., ह.स.) : चीन में लोकतंत्र की मांग कर रहे आंदोलनकारी छात्रों ने स्पष्ट कहा है कि सरकार की दमनकारी नीति के बावजूद उनका आंदोलन जारी रहेगा । पेइचिंग विश्वविद्यालय के छात्र नेता वांग डान ने एक छात्र समूह को संबोधित करते हुए आज यहां कहा कि अगर सरकार उनसे बातचीत करने को तैयार नहीं हुई तो उन्हें सड़कों पर जलूस निकालने के लिए मजबूर होना पड़ेगा ।

चीन के हजारों छात्रों द्वारा दस दिन से चलाए जा रहे लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के बाद अधिकारी अब सख्ती करने का इशारा कर रहे हैं । दस दिन से जारी यह आंदोलन बीच-बीच में उग्र रूप भी धारण कर लेता रहा है । पेइचिंग पीपुल्स कांग्रेस ने आज पारित एक प्रस्ताव में चेतावनी दी कि सरकार को निहित उद्देश्यों के लिए लोगों को भड़काने और सामाजिक गड़बड़ी पैदा करने की इजाजत नहीं देनी चाहिए ।

कम्युनिस्ट पार्टी के और सरकारी अखबार ने आज पहले पृष्ठ पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के खिलाफ सख्त चेतावनी दी है । पहले पृष्ठ पर लिखे

भी प्रसारित किए गए ।

राजधानी में चालीस से ज्यादा कालेजों और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व का दावा करने वाली समन्वय समिति के संवाददाता सम्मेलन में छात्र नेताओं ने कहा कि वे लोकतंत्र, मानवाधिकार आजादी और कानून के शासन की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे ।

आंदोलनकारी छात्रों तथा अन्य सूत्रों से यह भी पता चला है कि विश्वविद्यालय के इर्द-गिर्द सेना की 38वीं बटालियन के दस हजार सैनिकों ने घेरा डाला हुआ है और आसपास की इमारतों पर पोजीशन ली हुई है । विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों का ऐसा वर्ग भी है जो इस आंदोलन को असफल मानता है ।

साम्यवादी चीन के 40 वर्षों के इतिहास में पहली बार लोकतंत्र स्थापना के समर्थन में इतने व्यापक तौर पर छात्र आंदोलन हुआ है ।

सरकार ने तमाम फैक्टरियों को यह आदेश दिया है कि आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में किसी प्रकार की 'टोकन हड़ताल' नहीं होनी चाहिए ।

पुलिस ने ज्यान के उत्तरी केंद्रीय नगर में दंगे में भाग लेने के आरोप में 68 लोगों को गिरफ्तार

मुख्यालयों फैसला

एस.एस. रे. की तरफ से दी गई ते हुए सभी पंजाबियों से अपील ों के धार्मिक स्थानों में इकट्ठे रा और एकता कायम रखने के चों-सरपंचों का चुनाव करें । हा कि हमने बार-बार मांग की पंचायत चुनाव न कराए जाए ामीण जनता में फूट डालने पर मने लोगों से अपील की है कि वे करें । हमारी यह मांग है कि ले नगरपालिकाओं के चुनाव र्षों से लम्बित पड़े हैं । मीटिंग द्वारा नरसिम्हाराव उपसमिति को उचित कहा । मीटिंग का र्टी इस तरह के हथकंडे अपना को और भी उलझा कर करना चाहती है । मीटिंग में का यह कहना सरासर गलत, है कि राष्ट्रपति राज के दौरान स्था की स्थिति में सुधार हुआ करती है कि इस समय सारा और तानाशाही का शिकार लूटखसूट दिनों-दिन बढ़ रही

पूचिया जाएंगे

ैल (वार्ता): विदेश राज्यमंत्री थाईलैंड और इंडोनेशिया की न वह कम्पूचिया के मसले पर से बातचीत करेंगे ।

याचिन में दो कियां बनाईं

प्रैल (ह.स.): पाकिस्तान सेना ाल्ट्री पुल में दो नई चौकियां सरकारी सूत्रों ने आज यहां यह कार्रवाई के महानिदेशक ने देशक को इसके बारे सूचित से क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है हां स्थिति सामान्य बनाने के ाहिए । इन सूत्रों ने कहा है प पाकिस्तान के जनरल र्क बनाए हुए है ।

घघटन का चिट्ठा : अडवानी

ने कहा कि इस शासन की ही कि लोकतंत्र संस्थाओं की ोंने कहा कि संसद का मूल्य नका की स्वतंत्रता को आघात

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक जनता दल के नेता अपना घर नहीं ठीक करते और एकजुट होकर कार्य करने की क्षमता नहीं दिखाते, तब तक वे आगे नहीं बढ़ सकते ।

Punjab Sahan.org

वर्ष 24 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 317
शनिवार, 29 अप्रैल, 1989 तदनुसार, 17 बैसाख, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

उग्रवादियों द्वारा कम्युनिस्ट नेता सहित 3 की हत्या

पंजाब रोडवेज की बस जला दी : फार्म हाऊस पर राकेट फैंके : एक शव मिला

लूट कर भाग रहे 2 आतंकवादियों को लोगों ने दबोच लिया

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में एक कथित लुटेरे सहित 2 लोगों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । लगभग एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनमें 5 कट्टर आतंकवादी शामिल हैं । एक फार्म हाऊस पर [illegible] लोगों ने पीछा करके पकड़ लिया । उग्रवादियों ने एक बस को जला दिया तथा कम्युनिस्ट नेता सोहन सिंह बाईपास और सूरत सिंह की हत्या कर दी और उनके गनमैन को घायल कर दिया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : : खरड़ (शशि): स्थानीय पुलिस ने गत दिवस यहां पर 5 आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उनके नाम जनजीत सिंह (खरड़), रणधीर सिंह (मलिकपर), मोहन सिंह (पन्नुआ), जग्गा सिंह (बंगा), बाबू सिंह (मलिकपुर) हैं । उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे एक मारुति कार डी.डी.ए. 1961 में सवार होकर एक कच्चे रास्ते से चंडीगढ़ से खरड़ की ओर आ रहे थे तथा पुलिस ने वहां पर नाका लगाया हुआ था । पुलिस के अनुसार इन आतंकवादियों ने खरड़ में किसी की हत्या करने की योजना बनाई हुई थी । पुलिस ने उनके कब्जे से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 435 कारतूस, एक 32 बोर रिवाल्वर व 5 कारतूस, एक 12 बोर की राइफल व 10 कारतूस बरामद किए हैं । खरड़ की अदालत ये इन सभी को 29 अप्रैल तक पुलिस रिमांड ले लिया गया है ।

पुलिस के अनुसार इन आतंकवादियों का हैल्लारपुर गांव में रिवाल्वर छीनने, जंडपुर गांव में स्कूटर छीनने, हक गांव में पुलिस के साथ मुकाबला करने, सरहिन्द थाना क्षेत्र में एक बन्दूक छीनने में [illegible] थाना क्षेत्र में पैट्रोल पम्प तथा

आतंकवादी गिरफ्तार : वि.प्र. ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 27 में एक 25 वर्षीय हरदीप सिंह बिर्क को आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में पकड़ लिया है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंध रखता है । सरकारी क्षेत्रों के अनुसार वह मोहाली से किसी आतंकवादी को संदेश देने के लिए आया था पकड़ लिया गया । उससे चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस पूछताछ कर रही है । वह बेरोजगार [illegible] है ।

राकेटों से हमला : अमृतसर से कल आधी रात के करीब अमृतसर जिला के भिखीविंड के अंतर्गत अकबरपुर में आतंकवादियों ने एक किसान अमरीक सिंह के फार्म हाऊस पर भारी फायरिंग की तथा दो राकेट भी फैंके तथापि कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ । जब फार्म हाऊस में रहने वाली ने जवाबी फायरिंग की तो आतंकवादी फरार हो गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए तथा मामले की जांच जारी है ।

डुबो कर मार दिया : पट्टी से सम्वाददाता के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति को पट्टी की नहर में डुबो कर मार दिया । मृतक जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी, लुटेरा बताया जाता है । पता चला है कि उक्त लुटेरा पुल पर खड़ा था कि एक लड़को साइकल पर आतंकवादियों के लिए खाना ले जा रहा था । उसने लड़के को रोक कर उसकी साइकल छीनने की कोशिश की । इस पर आतंकवादियों ने वहां आकर उसको नहर में डुबो दिया । यह भी पता चला है कि नहर में डुबोने से पहले दो आतंकवादियों ने उसको आग लगा कर जला दिया । पुलिस ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की । मृतक ने सफेद रंग का सूट पहन रखा था । उसके दाएं हाथ में कड़ा था तथा बाल खुले हुए थे ।

इसी बीच कल शाम अमृतसर के गांव भट्टी के निकट हुए मुकाबले में मारे गए तीसरे आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी । इस भीषण मुकाबलों में रणजीत सिंह उर्फ राजू और कुलविन्दर सिंह नामक दो अन्य आतंकवादी मारे गए थे । राजू कुख्यात आतंकवादी बख्शन सिंह जफरवाल का निकट साथी था ।

डकैती की कोशिश नाकाम : लुधियाना (धीमान) : आज यहां लोगों और सरकारी कर्मचारियों ने बहादुरी से काम लेकर केन्द्रीय एक्साइज व कस्टम विभाग का 1.22 लाख रुपया लूटे जाने से बचा लिया । एस.एस.पी. लुधियाना श्री एस.एस. सैनी ने पत्रकारों को बताया कि आज सिविल लाइन्ज में स्थित एक्साइज व कस्टम कार्यालय में वेतन बांटा जाना था और इस कार्यालय के लोग स्टेट बैंक आफ इंडिया से 1.22 लाख रुपया लेकर आए थे । कार्यालय के निकट दसूहा जिला होशियारपुर के तीन युवक छुपकर खड़े थे । उनके पास एयर पिस्तौल थी । ज्यों ही कैश बाक्स वाली स्टाफ कार कार्यालय के सामने आकर खड़ी हुई

(शेष पृष्ठ 12 पर)

चीन में छात्रों द्वारा बहिष्कार जारी

पेइचिंग, 28 अप्रैल (ए.पी.): चीन में विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी कक्षाओं का पिछले

(1) जिला जालन्धर में नवांशहर के निकटस्थ गांव गुनाचौर के खतरे विमान गिर कर नष्ट हुआ, (2) सड़क के पास पड़ा विमान का कुछ इंजन जो नहर में जा गिरा ।

आग लगने के बाद सैनि गिरा, पायलट बाल-बा

जालंधर, 28 अप्रैल (वार्ता): भारतीय वायुसेना का एक मिग विमान आज यहां दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे विमान का चालक और एक नागरिक घायल हो गए ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस विमान ने आदमपुर हवाई पट्टी से अपनी सामान्य उड़ान भरी और यह विमान जालंधर जिले के गुनाचौर गांव के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ । गम्भीर रूप से घायल विमान के चालक पी.एम. श्रीनिवासन को यहां सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है । दुर्घटना पर विमान का मलबा गिरा जिससे वह घायल हो

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आदमपुर हवाई अड्डे से उड़े । अचानक एक जैट जाने वाले जहाज में आग वायरलैस पर पहले जैट क पायलट श्री पी.एम. श्रीनि को गांव के ऊपर से निका कूद पड़ा, जो गांव सोढिय गिरा, तब तक जैट को प श्री । एस.के. 429 जै दूर-दूर तक फैल गये ।

Punjabi Sarataani

रूपया

से रोजगार कार्यक्रमों में व्याप्त भ्रष्टाचार कम होगा तथा सरकार द्वारा खर्च किया गया पैसा बिचौलियों और दलालों के स्थान पर जनसाधारण को

हजार से एक लाख रुपए तक मिलेंगे ।

श्री गांधी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश-भर में ग्रामीण पंचायतों के हाथों में पर्याप्त

कार्यक्रम के
जाएगा । इ
वित्त वर्ष में

नस्ट
या
शव मिला
च लिया

कर मार दिया । मृतक
न नहीं हो सकी, लुटेरा
ला है कि उक्त लुटेरा पुल
लड़का साइकल पर
ना ले जा रहा था । उसने
का साइकल छीनने की
ना लड़के ने आतंकवादियों
तंकवादियों ने वहां आकर
। यह भी पता चला है कि
आतंकवादियों ने उसको
। पुलिस ने अभी तक इस
पणी नहीं की । मृतक ने
ा था । उसके दाएं हाथ में
ए थे ।
अमृतसर के गांव भट्टी के
रे गए तीसरे आतंकवादी
हीं हो सकी । इस भीषण
उर्फ राजू और कुलविन्दर
कवादी मारे गए थे । राजू
सन सिंह जफरवाल का

ा नाकाम : लुधियाना
लोगों और सरकारी
से काम लेकर केन्द्रीय
ा का 1.22 लाख रुपया
एस.एस.पी. लुधियाना श्री
ों को बताया कि आज
त एक्साइज व कस्टम
ना था और इस कार्यालय
या से 1.22 लाख रुपया
प के निकट दसूहा जिला
छुपकर खड़े थे । उनके
ी । ज्यों ही कैश बाक्स
के सामने आकर खड़ी हुई
2 पर)

ात्रों द्वारा
जारी
(ए.पी.): चीन में
ांग कर रहे यहां के
पनी कक्षाओं का पिछले
हिष्कार को जारी रखने



(1) जिला जालन्धर में नवांशहर के निकटस्थ गांव गुनाचौर के खतरे में जहां वायु सेना का मिग विमान गिर कर नष्ट हुआ, (2) सड़क के पास पड़ा विमान का कुछ मलबा, (3) विमान का इंजन जो नहर में जा गिरा । (छाया : नवली राही)

आग लगने के बाद सैनिक विमान गिरा, पायलट बाल-बाल बचा

जालंधर, 28 अप्रैल (वार्ता): भारतीय वायुसेना का एक मिग विमान आज यहां दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे विमान का चालक और एक नागरिक घायल हो गए ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस विमान ने आदमपुर हवाई पट्टी से अपनी सामान्य उड़ान भरी और यह विमान जालंधर जिले के गुनाचौर गांव के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ । गम्भीर रूप से घायल विमान के चालक पी.एम. श्रीनिवासन को यहां सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है । दुर्घटना के समय एक खेत में काम कर रहे मजदूर भाग चंद पर विमान का मलबा गिरा जिससे वह घायल हो गया । उसे नवांशहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पता चला है कि दो जैट आदमपुर हवाई अड्डे से प्रातः प्रशिक्षण के लिए उड़े । अचानक एक जैट वाले पायलट ने अपने आगे जाने वाले जहाज में आग की लपटें देखीं । उसने वायरलैस पर पहले जैट को संदेश दे दिया । जैट के पायलट श्री पी.एम. श्रीनिवासन ने बड़ी फर्ती से जैट को गांव के ऊपर से निकाला और स्वयं पैराशूट से कूद पड़ा, जो गांव मोढ़ियां के भट्टे के निकट आ गिरा, तब तक जैट को पूरी तरह आग लग चुकी थी । एस.के. 429 जैट गुनाचौर गांव के निकट नहर के पास एक खेत में गिरा, जिससे उसके टुकड़े दूर-दूर तक फैल गये । खेतों में पड़ी गेहूं की फसल भी पूरी तरह जल कर भस्म हो गई । इसे संयोग ही

Punjab Vanatani

नैश
ग्रह
पार्टी
जम्मू,
पुराने कां-
नहीं होसका
नेता अज स
राजभवन में
तक उनकी
कांफ्रेंस के
जिनमें ये कैबि
गुलाम मोहि
(दोनों कैबिनेट
मोहम्मा सागर

नैशनल
ग्रहण करने
अब्दुल्ल ने प
मंत्री कल शुक्र
सके कि कांग्रेस
क्यों नहीं पहुंच
कर टालदिया
उत्तर सत्र हो
की कोई सुविधा
पूछा कि क्या
परम्परा के मुत
रहे होंगे तो मु
गए ।
मुख्यमंत्री
करते सभ्य दो
दिया जाएगा ता
धर्म निरपेक्ष श
बनमत जगत
कि फैरब्दल
होगी । उन्होंने
के लिए रुकना हो
मुख्यमन्त्री ने क
सम्बोधित करना
डा. फारूक
विभागों की घोष
क्योंकि राज्य स
बंद हो रहा है
खुलेगा । उन्हो
विभागों ने घोष
विभागों का काम
मुख्यमंत्री ने कहा
गृह विभाग वह
आज प्रातः
नजीर ने मुख्यमंत्र

4.1989

त्ति नहीं है । सभापति
क वह इसके लिए शीघ्र
। इस कारण सदन में
पूछे गए ।

प व बी.एस.एफ. के
ेके के निकट मुठभेड़
के शव । इनमें से दो
लानौर) व राजविन्द्र
में की गई है ।
(फोटो : कोछड़)

4.89 को

पंजाब में उग्रवाद
(पृष्ठ 1 का शेष)

और कर्मचारी कैश बाक्स ऊपर कार्यालय में ले जाने लगे, वहां छुपे युवकों ने कैश बाक्स छीन लिया तथा भाग निकले । इस पर एक पुलिस हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह और विभाग के दो कांस्टेबलों शेर सिंह व दलीप सिंह, कार्यालय के कर्मचारियों व आम लोगों ने उनका पीछा किया तथा लगभग 500 गज की दूरी पर उन्हें जा दबोचा । इनमें से एक ने एक कर्मचारी की गर्दन पर एयर पिस्तौल भी रख दिया परन्तु उसने उसे जफ्फा मार लिया व पिस्तौल छीन लिया । बताया जाता है कि इस दौरान में एयर पिस्तौल से एक गोली चली परन्तु यह किसी को नहीं लगी । इन लुटेरों में से दो को तो लोगों ने पकड़ लिया परन्तु तीसरा भाग जाने में सफल हो गया । कैश बाक्स मिल गया तथा इस तरह लोगों के साहस से 1 लाख 22 हजार रुपए भी लुटने से बच गया । लुटेरों ने गलियों में से होकर लोगों को धोखा देने की कोशिश की परन्तु लोगों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा ।

लाश मिली : लुधियाना जिले में दौलतपुर गांव के निकट आज प्रातः एक लाश बरामद की गई । इसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । इसी बीच पुलिस ने एक आतंकवादी मनजीत सिंह को गिरफ्तार किया ।

गुरदासपुर जिला में कल एक आतंकवादी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया गया जिससे एक देसी पिस्तौल व 5 कारतूस बरामद हुए ।

कैदी फरार : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर थाना सदर हवालात में बंद एक विचाराधीन कैदी पूर्ण सिंह आज फरार हो गया । पुलिस ने बताया कि इस कैदी को जैसे ही हवालात से बाहर लाया गया वह तत्काल भाग निकला । पुलिस उसकी सक्रियता से खोज कर रही है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस कैदी का 2 मई तक पुलिस रिमांड अदालत ने दे रखा था ।

कम्युनिस्ट नेता व एक अन्य की हत्या : होशियारपुर (ह.स.): तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव हरसी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सोहन सिंह और सुरत सिंह की हत्या कर दी, जबकि उनके गनमैन को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि वारदात के समय तीनों टांडा से अपने गांव लौट रहे थे कि उग्रवादियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी । श्री सोहन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि श्री सुरत सिंह एक अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ गए । अस्पताल में दाखिल गनमैन की दशा नाजुक बताई जाती है । श्री सोहन सिंह पर गत वर्ष भी हमला किया गया था, इस हमले में उनके पिता रिटायर्ड सैनिक श्री प्रीतम सिंह घायल हो गए थे ।

उग्रवादियों ने बस जला दी : फाजिल्का (लुना): आज सायं 4 उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस नं. 1670 को आग लगा दी । बताया जाता है कि मलोट से फाजिल्का आ रही बस जब यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव ढिब्बां वाली के निकट पहुंची तो 4 उग्रवादियों ने जो बस में ही सवार थे, पिस्तौल की नोक पर ड्राइवर को बस रोकने के लिए

कहा । जब
यात्रियों को
उसके बाद
डी.एस.पी.

जलालाब
उग्रवादी ने
संकेत किया
5-6 सशस्त्र
यात्रियों
कहा । इसके
फैंका, जिससे
यात्रियों ने
फायर ब्रिगेड
बस का ड्राइव

न

चाहिए ।

केंद्र सर
बनाने को भी

राज्य
हाईकमान
थी ।

श्री पंत
बीच सहयोग
के नेताओं से
के जम्मू-कश

राज्य इ
पार्टी पदाधि
पार्टी संगठन

इस बीच
अब्दुल रशी
बुलाया गया

इस बीच
(इ) मंत्रियों,
यहां प्रधानमंत्री
की राज्य इ
हाईकमान
दिया ।

राज्य के
मिनट तक च
प्रधानमंत्री
सुधारने के बा
स्वीकार करेंगे

राज्य के
पदाधिकारियों
संगठनात्मक
स्थिति से अव

दिल्ली में
विमान उतरने
कांग्रेसजनों को
वे दिल्ली से र
विमान अब
अनुसार मंत्रिम
नई टीम शा

सत्ता-ह
में दि

Punjab Digital Library

कर 50,000 हो
000 सैनिक वापस
अलावा श्रीलंका में
गई थीं । वायुसेना

बताई है जिनमें 857 मृतक तथा 3,093 घायल हैं । चूंकि शांति सेना को वह सभी लाभ मिल रहे हैं जो भारतीय सैनिकों को कार्रवाई के दौरान मिलते हैं, क्षतिपूर्ति, बीमा तथा कार्रवाई के दौरान मृत्यु की

एक-दूसरे की सहायता करेंगे । लिट्टे को की गई बातचीत की पेशकश के उत्तर में भी श्रीलंका सरकार को भारत को अपनी सेना वापस बुलाने की प्रेरणा देने के लिए प्रोत्साहन दिया है । लिट्टे ने

है कि इस मांग के बाद ही प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने कहा था कि भारतीय शांति सेना को यथासम्भव शीघ्र श्रीलंका से हटा लिया जाएगा । भारत-श्रीलंका से सेना पूरी तरह हटाने का

श्री एस.के. सिंह की यात्रा से भारत और श्रीलंका के मध्य नई मैत्री संधि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है लेकिन श्री सिंह को भेजने में राजीव सरकार का मुख्य

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रामोहन शुक्रवार को राज्य के 4 मंत्रियों (बाएं से) मोहिउद्दीन शाह, अली
राबदी और हरबंससिंह को शपथ ग्रहण कराते हुए । (छाया : अफजल)

दुर्दांत आतंकवादी आपसी 'शत्रुता में मारा गया : 3 व्यक्तियों की हत्या

2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मरे : ज़ीरा के एस.डी.एम. बाल-बाल बचे

शिरोमणि कमेटी के सदस्य की हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 29 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक दर्दांत आतंकवादी मारा गया । 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । ज़ीरा के एस.डी.एम. श्री महताब सिंह आतंकवादियों के हमले से बाल-बाल बच गए । बरनाला के निकट शिरोमणि कमेटी के एक सदस्य की हत्या का प्रयास किया गया ।

स्वयंभू एरिया कमांडर मरा : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन जिला पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि रसूलपुर गांव में कल रात आतंकवादी गुटों के आपसी संघर्ष में भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर तथा सुखमिंदर सिंह सांगा का निकट सहयोगी दिलबाग सिंह मारा गया । श्री गुप्ता ने बताया कि दिलबाग सिंह पर गत सप्ताह लोहके गांव में एक परिवार के 4 सदस्यों की हत्या में शामिल होने का आरोप था जिसके बाद उसके सिर पर 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था । इस अपराध में सांगा भी शामिल था,जहां एक बालिका और उसकी मां से बलात्कार के बाद दोनों की हत्या कर दी गई थी ।

श्री गुप्ता ने बताया कि यह लगभग निश्चित है कि दिलबाग सिंह उर्फ़ फौजी की हत्या में खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के दूसरे खूंखार आतंकवादी बिल्ला का हाथ है । उन्होंने बताया कि लोहके गांव में एक परिवार के मारे गये 4 सदस्य माता-पिता, भाई, बहन थे । पुलिस प्रमुख ने बताया कि फौजी इससे पूर्व सेना में था और वह गत डेढ़ वर्ष से फ़रार था

2 घुसपैठिये मरे : आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आज प्रातः भारत-पाक सीमा पर खेमकरण सैक्टर में एक मुठभेड़ में पाकिस्तान से भारत में दाखिल हो रहे दो घुसपैठिये मारे गए जबकि उनका एक साथी बच कर भाग निकला ।

2 उग्रवादी पकड़े गए : तरनतारन पुलिस ने गत रात छापों के दौरान 2 उग्रवादियों को पकड़ा । इनके नाम मुलखन सिंह व गिरधारा सिंह हैं । उनसे दो पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का मिला ।

एस.डी.एम. के ड्राइवर की हत्या : फिरोज़पुर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात फिरोज़पुर जिला में ज़ीरा के एस.डी.एम. श्री मेहताब सिंह की कार पर हमला करके उनके ड्राइवर की हत्या कर दी । 'मक्खू' से शेखर के अनुसार यह वारदात रात 11 बजे के लगभग हुई जबकि श्री मेहताब सिंह मारुति कार में फरीदकोट से ज़ीरा जा रहे थे । रास्ते में दो आतंकवादियों ने,जो कि सिहगों के वेष में थे,ए.के.47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फ़ायरिंग की । इसके परिणामस्वरूप कार का ड्राइवर गुरमुख सिंह मौका पर ही दम तोड़ गया । गोलियां लगने के कारण मारुति कार बेकाबू होकर वृक्ष में जा फंसी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । एस.डी.एम. श्री मेहताब सिंह ने कार में से निकल कर निकटवर्ती गांव सेखवां जाकर किसी मकान में शरण ली । वहां से उन्होंने टैलीफोन द्वारा तलवंडी भाई की पुलिस को सूचना दी । इस पर जीप में सवार होकर एक पुलिस पार्टी मौके पर पहुंची । आतंकवादियों ने इस जीप पर भी फ़ायरिंग की जिससे जीप में सवार दो होमगार्ड जवान गुरमेज सिंह तथा हरबंस सिंह घायल हो गये । उन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । आतंकवादियों की खोज सक्रिय रूप से जारी है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी. एस. गिल ने बताया कि एस.डी.एम. एक प्राइवेट मारुति वैन में ज़ीरा लौट रहे थे तथा उनके साथ अंगरक्षक नहीं था । श्री गिल के अनुसार श्री मेहताब सिंह घायल हुए हैं ।

दुकानदार की हत्या : ज़ीरा में गत रात एक दुकानदार तीर्थ राम अग्रवाल के घर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दाखिल होकर नकदी मांगी । इस दौरान तीर्थ राम तथा उसके लड़के जनक राज की उनके साथ हाथापाई हो गई । हमलावरों ने तेज़ धार हथियार से हमला करके तीर्थ राम को सख्त घायल कर दिया । उसको अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

55 हजार रुपए लूटे : मुक्तसर से 'दर्दी' व 'पाल' के अनुसार आज यहां लक्खू राम हंसराज आढ़ती के मैनेजर राज कुमार तथा नौकर प्रकाश चंद, जो कि साइकल पर सवार होकर गिलांवाली सड़क पर जा रहे थे, से तीन साइकल सवार संदिग्ध आतंकवादी 55 हजार रुपये की नकदी तथा बही खाते छीन कर ले गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । मामले की जांच की जा रही है ।

दम तोड़ गया : होशियारपुर जिला के हरसी गांव में गत रात गोलीबारी में जो अकाली कार्यकर्ता सरत सिंह घायल हो गया था, वह बाद में दम तोड़ गया । पुलिस ने इस संबंध में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

लाश मिली : गत रात होशियारपुर जिले के चकबाला गांव में एक लाश मिली ।

कातिलाना हमला : बरनाला से सिधवानी के अनुसार कल रात यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव भोपाल थाना भिखी में रिवाल्वरों से लैस आतंकवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य श्री गुरदेव सिंह भोपाल की हत्या करने की कोशिश की । यह आतंकवादी श्री भोपाल के मकान पर आए और उन्हें आवाज़ दी कि हम गुरुद्वारा के कर्मचारी हैं और एक जरूरी काम के सिलसिले में आए हैं । जब श्री भोपाल ने द्वार खोला तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । इस पर श्री भोपाल ने भी जवाबी फायर किए । यह देख कर आतंकवादी हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

3 गिरफ्तार : जालंधर (ह.स.): जालंधर जिला में कल रात विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इनकी शिनाख्त जसपाल सिंह उर्फ़ जस्सा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

र मंत्रिमंडल में फेरबदल स्थगित : त्रियों' का फैसला न कर सकी

): जम्मू-कश्मीर
हो गया है । यह

जभवन पर शपथ
जे तय था लेकिन
कांग्रेस (इ) के
की वजह से यह
ाज सुबह दिल्ली से

ल्ला ने दो कैबिनट
कर कल अपने 19
किया था । उन्होंने
शनिवार की सुबह
शुक्रवार को यहां

र खामोश रहे कि
वालय आज शाम

के सूत्रों ने कहा है
अपने उम्मीदवारों
ी दे सकी है ।
में पार्टी के ढांचे के
ओं के मध्य वार्ता
ानमंत्री श्री राजीव
य कांग्रेस (इ) के
पदाधिकारियों के
वे उम्मीदवारों की
गंलौर रवाना हो

बन्ध में रक्षामंत्री
और कांग्रेस (इ) के
थ आगे बातचीत
ी के साथ बंगलौर
ानमंत्री के विशेष
जम्मू-कश्मीर के
रों से अवगत कर

ारतीय कांग्रेस (इ)
गिल ने बताया कि
ए कांग्रेस (इ) के
रात या कल प्रातः

अन्तिम रूप दे दिया जाएगा । श्री गाडगिल ने पत्रकारों को बताया कि नैशनल कांफ्रैंस के साथ गठबंधन जारी रहेगा ।

शपथ ग्रहण समारोह : जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल में फेरबदल अब सम्भवतः कल होगा । सरकारी सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । सूत्रों के अनुसार प्रदेश के सभी कांग्रेस (इ) नेता आज दोपहर एक विशेष विमान से दिल्ली से लौट आए ।

कुरैशी इंका प्रधान :बताया जाता है कि हाईकमान ने मोहम्मद शफी कुरैशी का नाम पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए मंजूर किया है । मंत्री पद के दावेदारों में सर्वश्री मौलवी मोहम्मद इफ्तिखार, मिर्जा अब्दल रशीद और विधानसभा अध्यक्ष के अलावा कई व्यक्ति शामिल हैं ।

कुछ मंत्रियों की छुट्टी होगी : श्रीनगर (अशोक): जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने आज संकेत दिया कि वे अपने मंत्रिमंडल से नैशनल कांफ्रैंस के कुछ मंत्रियों को निकाल देंगे । आज सायं यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिन मंत्रियों को हटाए जाने का प्रस्ताव है, उनमें एक कैबिनेट रैंक का मंत्री भी शामिल है । डाक्टर फारूक ने कहा कि सम्भवतया वे कल प्रातः जम्मू जाएंगे और कांग्रेसियों को शपथ दिलाने के समारोह में भाग लेंगे । मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जी.आर. कार को मंत्रिमंडल में शामिल करने से सम्बन्धित प्रश्न का उत्तर टाल गए ।

उग्रवाद के विरुद्ध कड़े पग उठाए जाएंगे : युवकों में उग्रवाद बढ़ने के विरुद्ध सरकार द्वारा उठाए जाने वाले पगों के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही कड़े पग उठाने जा रहे हैं, जो आगामी कुछ दिनों में लागू कर दिए जाएंगे । उन्होंने विवरण देने से इन्कार कर दिया ।

'रेल रोको' स्थगित

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (ह.स.): रेल कर्मियों का चार मई को रेल रोको आन्दोलन का कार्यक्रम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है । यह घोषणा आज यहां रेलवे एम्प्लाईज़ कांग्रेस फैडरेशन के महासचिव श्री जी.वी. कृष्णमूर्ति ने की ।

राजनीति को साम्प्रदायिक रंग देना धर्मनिरपेक्षता के लिए घातक : शंकर दयाल

शांति निकेतन, 29 अप्रैल (वार्ता): उप-राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने सचेत किया है कि राजनीति को साम्प्रदायिक रंग देना धर्मनिरपेक्षता के लिए घातक हो सकता है,जो हमारे अस्तित्व का मुख्य आधार है । विश्व भारती में डा. ज़ाकिर हुसैन स्मारक व्याख्यान देते हुए श्री शर्मा ने आज कहा, "एक ही सांस में धर्मनिरपेक्षता की प्रासंगिकता की बात करना और चुनावों में जाति तथा सम्प्रदाय के आधार पर प्रत्याशी खड़े करना छल और ढोंग मात्र है ।" वह 'धर्मनिरपेक्षता और भारतीय भावना' विषय पर बोल रहे थे ।

उप-राष्ट्रपति ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का लबादा ओढ़ने वाला किसी साम्प्रदायिक मनोवृत्ति वाले आदमी से कहीं ज्यादा खतरनाक है । श्री शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत को विभाजित करने के लिए साम्प्रदायिक आधार पर राजनीति की । अंग्रेजों की इस चाल की वजह से भारी खून-खराबा हुआ, पर मूलतः धर्मनिरपेक्ष भावना की वजह से स्थिति नियंत्रण में आ गई । विभाजन के बाद पाकिस्तान धर्म पर आधारित देश बन गया, पर भारत हिन्दू-बहुल देश होने के बावजूद धर्मनिरपेक्ष बना रहा । उन्होंने आगे कहा कि संविधान में धर्म-निरपेक्षता के आधार पर व्यक्ति और धर्म, धर्म और धर्म तथा धर्म और राज्य के बीच सम्बन्धों की स्पष्ट व्याख्या है । श्री शर्मा ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि आज़ादी के बाद आज भी साम्प्रदायिकता की समस्या बार-बार सिर उठाती है ।

उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदायों के बीच झगड़ों की वजह से हिंसक वारदातें होती हैं, जो कभी-कभी बहुत गम्भीर हो जाती हैं । अक्सर ऐसी घटनाओं के पीछे के लोगों का धर्म से कोई मतलब नहीं होता और उनके इरादे आपराधिक होते हैं । उप-राष्ट्रपति ने कहा कि देश की जनता आम तौर पर शांतिप्रिय है और वह भाई-चारा बनाए रखना चाहती है । उन्होंने कहा कि केवल कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए शरारत करते हैं और माहौल को दूषित करते हैं ।

डा. शर्मा ने कहा कि आतंकवाद इसी प्रवृत्ति का परिणाम है । ये ऐसे लोग हैं,जिनका न कोई धर्म है, न आदर्श । उनका मानवीय मूल्यों में कोई विश्वास नहीं है । उप-राष्ट्रपति ने कहा कि सिख धर्म धर्मनिरपेक्षता के दर्शन का सर्वोच्च उदाहरण है । 'सिख आतंकवादी' शब्द का इस्तेमाल शरारतपूर्ण बेहूदगी है,क्योंकि कोई सिख आतंकवादी नहीं हो सकता और न ही कोई आतंकवादी सिख होने का दावा कर सकता है । श्री शर्मा ने कहा कि सिख धर्म और आतंकवाद में वही फर्क है,जो अच्छाई और बुराई में है ।

उप-राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवादी दरअसल तस्करों और अपराधियों के संगठित गिरोहों के नौकर हैं । मैं अच्छी तरह जानता हूं कि देश का सदियों पुराना धर्मनिरपेक्ष स्वरूप एक दिन आतंकवाद पर भारी पड़ेगा और आतंकवाद टूट जाएगा ।

न केन्द्र सरकार और इंका पूर्ण परिवर्तन सम्भावित

जी.एस.चावला): नावों को ध्यान में स (इ) के ढांचे में रहे हैं । कल र लाल रोजगार ाली में परिवर्तन व वर्ष में सरकार र लाल रोजगार करोड़ रुपए खर्च र्व राज्य सरकारें 00 करोड़ रुपए योजन होगा तथा तों के माध्यम से र पंचायती राज रही है और यह जनाओं को बनाने यतों को शामिल र्ण पग है । एक या गया तो जिला विकास कार्यों के जाएगा तथा वह ज्यादा महत्वपूर्ण ानमंत्री पंचायत ध्यक्षों से निकट हैं ।

यहां 10 मई से हो रहे दो दिवसीय कांग्रेस (इ) अधिवेशन में केवल पंचायती राज प्रणाली पर बहस होगी । पंचायती राज प्रणाली पर विचार के लिए 5 मई को यहां राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है । मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन से पूर्व प्रधानमंत्री देश के लगभग सभी हिस्सों में पंचायत सम्मेलन कर चुके होंगे । पंचायती राज के बारे में मंत्रिमंडलीय समिति ने गत कुछ सप्ताहों में नई प्रणाली के लिए प्रारूप विधेयक तैयार करने के लिए अधिकतम समय दिया है । संसद का वर्तमान सत्र जो कि 10 मई को समाप्त होने वाला है, नया पंचायती राज बिल लाने के लिए दो दिन बढ़ाया जा सकता है । इस बिल के लिए संविधान में संशोधन करना होगा । सरकार की कोशिश प्रस्तावित परिवर्तनों को संसद के चालू अधिवेशन में लाने की है ।

चूंकि पंचायती राज की नई अवधारणा पर विचार किया जा रहा है, यह सम्भव है कि प्रधानमंत्री प्रशासनिक स्तर पर कुछ तबदीलियां करें ताकि चुनाव वर्ष में नए कार्यक्रमों पर निगरानी रखी जा सके और इन कार्यक्रमों से सम्बन्धित एक नया मंत्रालय भी गठित किया जा सकता है । पार्टी स्तर पर भी कुछ परिवर्तन सम्भावित हैं ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और पार्टी स्तर पर इन योजनाओं पर अमल की देखरेख की जा सके ।

सैकड़ों चीनी छात्र पेइचिंग विश्वविद्यालय में भूतपूर्वकम्युनिस्टपार्टी के महासचिव ह्यू याकबानों की स्मृति में पोस्टर पढ़ते तथा लिखते हुए । ह्यू का पिछले शनिवार को निधन हो गया था । (छाया : पै.ट्र.)

ज़रबंद अकाली नेता रिहाई के लिए पूर्व शर्त नहीं मानेगा : तलवंडी अकाली दल

अकाली दल (त)
पने संविधान में

पंजीकृत या मान्यता दिलवाने के लिए जनप्रतिनिधित्व कानून 1988 में किए गए

लाग करवाना है । प्रस्ताव में कहा गया कि पार्टी को आनंदपुर साहिब के उस प्रस्ताव,जो लुधियाना में हुई

पंचायत चुनाव क्यों कराए जा रहे हैं ? बैठक ने साफ तौर घोषणा की है कि जब तक पंजाब की स्थिति

गांधी ने कोई फूंक मार दी थी । उन्होंने कहा कि मैंने श्री बरनाला से एकता करके अपने सर दोनों को

आतंकवादी मरा
(पृष्ठ 3 का शेष)

बल्द प्रीतम सिंह, जसपाल सिंह बल्द सुरजीत सिंह तथा राजकुमार उर्फ़ राजू के रूप में हुई है । उनसे एक पिस्तौल तथा 16 कारतूस बरामद हुए ।

पुलिस पर फ़ायरिंग : गत रात जिला जालंधर के थाना नकोदर के गांव मेहदा के निकट कुछ आतंकवादियों के हमले से पुलिस पार्टी बाल-बाल बच गई । पुलिस के अनुसार पुलिस की गश्ती पार्टी एक फ़ोर व्हीलर में लौट रही थी कि आतंकवादियों के एक ग्रुप ने घात लगा कर उस पर हमला किया । पुलिस ने जवाबी फ़ायरिंग की तो आतंकवादी भाग निकले । दोनों ओर से कोई भी घायल नहीं हुआ । पुलिस ने फ़रार हुए आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी है ।

मुठभेड़ में आतंकवादी घायल : लुधियाना (धीमान): वहां से 42 किलोमीटर दूर खन्ना की ललहारी रोड पर आज प्रातः तीन आतंकवादियों ने सी.आर.पी.एफ़. की एक टुकड़ी पर फ़ायरिंग कर दी जिससे आतंकवादियों की कार का चालक घायल हो गया ।

स्वस्थ लड़का या लड़की

रिपोर्ट केवल 5 मिनट में

स्वयं स्क्रीन पर देखें

आज तक के सभी रिजल्ट्स

समर्थन वापसी के लिए जनता विधायकों को इंका ने धन दिया : बोमई

बेंगलूर, 29 अप्रैल (ह.स.): कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस.आर. बोमई ने आज केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जनता दल के कुछ विधायकों का समर्थन वापस लेने की योजना बनाई,जिससे कर्नाटक सरकार गिर गई । श्री बोमई ने सम्वाददाताओं को बताया कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि कांग्रेस (इ) ने इन विधायकों को पैसा दिया ।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में श्री बूटा सिंह यहां राज भवन में कांग्रेस (इ) नेताओं की मौजूदगी में जनता दल विधायकों से तीन बार मिले ।

शांति सेना
(पृष्ठ 3 का शेष)

उद्देश्य कोलम्बो पर यह स्पष्ट कर
साथ उसकी बातचीत को भारतीय
वापसी से नहीं जोड़ा जाना चाहिए
तमिल ढांचे की सुरक्षा के लिए ल
ठहरने पर मजबूर होना पड़ सकता

खुमैनी का उत्तरा उनका बेटा

मनामा, 29 अप्रैल (डी.पी
धार्मिक नेता आयतुल्ला खुमैनी के
पुत्र 49 वर्षीय अहमद खुमैनी को इ
अपने पिता के स्थान पर देश का धा
जाने की चर्चा चल रही है । यह
स्थित राजनयिकों ने कल यहां दी

ईरान के विपक्षी सूत्रों का क
अहमद खुमैनी को अफीम का सेवन
और उसे अक्सर रोने के दौरे पड़ते

लेकिन तटस्थ सूत्रों के अनुसार
की राजनीतिक गतिविधियों में का

संकल्प

नैशनल पीस डिवैलपमैंट कौंसिल (पंजाब यूनि

अपनी एक साल भर की रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखने का संकल्प

Punjabi Sanagam

पंजाब में सी.आई.ए. इंस्पैक्टर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या

सत्ता को 'शरण देने' के आरोप में अकाली दल (ल) का नेता गिरफ्तार

नवांशहर के निकट उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (वार्ता, हस.) : गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, जबकि एक सी.आई.ए. इंस्पैक्टर समेत 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अकाली दल (ल) के एक सर्कल जत्थेदार को दुर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । एक सरपंच द्वारा दिखाए गए साहस के कारण तीन आतंकवादी हथियार छोड़ कर भाग खड़े हुए ।

पुलिस इंस्पैक्टर की हत्या : फगवाड़ा (अशोक, राकेश): आज प्रात: 7.30 बजे स्थानीय बंगा रोड पर एक आतंकवादी ने सी.आई.ए. स्टाफ़ के पुलिस इंस्पैक्टर परगट सिंह (50) की उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी, जब वह अपने कार्यालय के बिल्कुल निकट एक टी-स्टाल पर चाय पी रहे थे । आतंकवादी,जो एक साइकिल पर मैहली गेट की तरफ से आया था, चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियों की बौछार करके इंस्पैक्टर की हत्या करने के बाद सामने ही श्मशान भूमि के पिछली तरफ भाग निकला । गोलियों की आवाज़ें सुनकर सी.आई.ए. स्टाफ़ कार्यालय से तत्काल पुलिस कर्मचारी बाहर की तरफ भागे व खून से लथपथ इंस्पैक्टर का मृत शरीर देख आतंकवादी के पीछे भागे । इनमें से कई कर्मचारी तो मात्र कच्छे ही पहने थे व नहाने-धोने की तैयारी में व्यस्त थे । लगभग पांच सौ गज़ के फासले पर पहुंचने के उपरांत आतंकवादी,जो एक खाली हवेली की दीवार के पीछे जा रुका था, ने पुलिस पर फ़ायरिंग कर दी,जिससे होमगार्ड का एक जवान मामूली घायल हो गया । तदोपरांत पुलिस ने जवाबी फ़ायरिंग की, परन्तु पुलिस कर्मचारियों की घबराहट का लाभ उठाते हुए आतंकवादी दूसरी तरफ से भाग निकला व जाते-जाते एक अन्य राहगीर का साइकिल छीन कर ले गया । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि आतंकवादियों की कुल संख्या कितनी थी । घटनास्थल पर खून में लथपथ पुलिस इंस्पैक्टर के मृत शरीर के पास ही पुलिस की आधा दर्जन ए.के. 47 राइफल के खाली कारतूस मिले । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय डी.एस.पी. श्री दीवान चन्द व सिटी व सदर पुलिस इंस्पैक्टर घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस के अनेक दल आतंकवादियों का पीछा कर रहे हैं । पता चला है कि सी.आर.पी. की एक टुकड़ी भी मौका पर पहुंची, परन्तु परिणाम निरर्थक ही निकला ।

पुलिस इंस्पैक्टर परगट सिंह जिला होशियारपुर के गांव पंडोरी का रहने वाला था । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चार वर्ष पहले भी सी.आई.स्टाफ़ फगवाड़ा के पुलिस इंस्पैक्टर श्री शारदा की आतंकवादियों ने कार्यालय में आकर हत्या कर दी थी । पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव जोगिंदर सिंह मान, पंजाब भाजपा महासचिव चौ. स्वर्ण राम, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्वरूप अरोड़ा, अमन कमेटी अध्यक्ष मनोहर लाल कौड़ा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति जिला संयोजक महेश मड़िया, तेजस्वी कुमार जो तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, ने घटना की कड़ी निंदा की है । अनेक राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने कल सोमवार को 'फगवाड़ा बंद' की अपील की है । श्री जोगिन्दर सिंह मान ने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा है कि आतंकवादी ऐसे घृणित कार्यों से पुलिस का मनोबल गिराने का प्रयास करना चाहते हैं । इसी मध्य मृतक पुलिस इंस्पैक्टर की लाश पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी गई है । पता चला है कि पुलिस ने लगभग आधा दर्जन नौजवानों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

फगवाड़ा शांति समिति के प्रधान डा. देसराज शर्मा ने एक वक्तव्य में कहा कि इंस्पैक्टर परगट सिंह की हत्या के विरुद्ध कल नगर में हड़ताल रहेगी और एक सर्वदलीय शोक सभा का आयोजन किया जाएगा ।

कुछ राहगीरों के अनुसार आतंकवादी की दाढ़ी कटी हुई थी और उसने कुर्ता-पाजामा पहना हुआ था ।

आज प्रात: आतंकवादियों द्वारा मारे गए सी.आई.ए. इंस्पैक्टर परगट सिंह की हत्या सम्बन्धी मिले विवरण के अनुसार मृत परगट सिंह ने कथित आतंकवादी जगजीत सिंह गिल से पूछताछ की थी व सम्भवत: इस हत्या में मृतक आतंकवादी जगजीत सिंह गिल के सहयोगियों का ही हाथ है । पुलिस ने निकटवर्ती गांव खोतड़ा इत्यादि में छापे मारे हैं ।

सत्ता का आश्रयदाता गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति लखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा को गिरफ्तार किया है जिसके कब्ज़े से पुलिस ने एक थामसन गन और 22 कारतूस बरामद किए हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि जांच में पाया गया है कि यह व्यक्ति सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता निवासी छीना को न केवल आश्रय देता रहा है बल्कि उसके पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे अपने घर में रखकर उसका इलाज भी कराता रहा ।

ह.स. के अनुसार लखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा अकाली दल (ल) का सर्कल जत्थेदार है ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति मनमोहन सिंह को गिरफ्तार किया है और उससे एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ आभूषण बरामद किए हैं । उस पर 22 अप्रैल को अमृतसर की विजय नगर आबादी में अपनी एक रिश्तेदार अरत रत्न कौर की हत्या करने का आरोप है । एस.एस.पी. ने कहा कि इस अपराध का उद्देश्य धन लूटना था तथा यह आतंकवादी अपराधी नहीं है ।

(ऊपर) फगवाड़ा में रविवार प्रात: आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए सी.आई.ए. इंस्पैक्टर परगट सिंह का शव । (नीचे) घटनास्थल पर फैला खून । (छाया : राकेश, कौड़ा, अल्पना)

टांडा के निकट हरसी पिंड में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) सी.पी.आई.के क्षेत्रीय सचिव सोहन सिंह का शव और (2) सूरत सिंह का शव । (छाया : जावर)

बाप, बेटी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक व्यक्ति दिलराज सिंह तथा उसकी लड़की को गिरफ्तार किया है । उनसे कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने गत रात छापों के दौरान पांच आतंकवादी गिरफ्तार किए । इनकी पहचान राजेन्द्र सिंह, जसवन्त सिंह, अमरीक सिंह, अत्तर सिंह और गरचरण सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्ज़े से एक .32 बोर का पिस्तौल, तीन पिस्तौल .12 बोर और कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

शव मिला : आज जिला होशियारपुर में टांडा होशियारपुर रोड पर सराय गांव के निकट पुलिस ने एक शव बरामद किया ।

नकदी छीनी : दो अज्ञात व्यक्तियों ने गत रात जिला भटिंडा में जस्सा बाघवाली के निकट पी.आर.टी.सी. की एक बस के कंडक्टर से नकदी का थैला छीन लिया । फ़रार होते समय आतंकवादियों ने बस को जलाने का विफल प्रयास किया । यह बस कपूरथला से बरास्ता भटिंडा-डबवाली जा रही थी ।

उग्रवादी मारा गया : नवांशहर से 'शमा' के अनुसार आज यहां के निकटवर्ती गांव गढ़ी अजीत सिंह की नहर के पुल पर पुलिस ने प्रात: चार बजे नाकाबंदी कर रखी थी कि वहां से गुज़रते हुए दो संदिग्ध उग्रवादी दिखाई दिए । ललकारने पर उन्होंने पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी फ़रार होने में सफल हो गया । घटनास्थल पर एक इकनाली राइफल, ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले ।

लुधियाना जिला में गत रात हुई एक मुठभेड़ के बाद कर्मजीत सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया । उससे देसी पिस्तौल बरामद हुई ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रावलपिंडी में बैंक से लुटेरों ने 55 लाख रु. लूट लिए

इस्लामाबाद, 30 अप्रैल (ए.पी.): रावलपिंडी में छ: लुटेरों ने आज एक बैंक की गाड़ी पर गोलियां चलाते हुए 55 लाख रुपऐ लूट लिए तथा गाड़ी के चालक को घायल कर दिया । रावलपिंडी के हबीब बैंक के प्रबन्धक एफ.आर. भट्टी ने सम्वाददाताओं को बताया कि लुटेरों ने स्टेट बैंक के निकट गाड़ी पर हमला किया । हमले के बाद लुटेरे फरार हो गए ।

372 बोडो उग्रवादी गिरफ्तार हथियार, गोली बारूद बरामद

गुवाहाटी, 30 अप्रैल (वार्ता): असम के गड़बड़ी वाले कोकराझार जिले में कल आठ घंटे के धर-पकड़ अभियान में पुलिस ने 372 बोडो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और भारी संख्या में हथियार एवं

हरियाणा सरकार को गिराने का प्रयास हुआ तो दिल्ली का घेराव करेंगे : चौटाला

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (ह.स.): हरियाणा प्रदेश जनता दल के अध्यक्ष सांसद ओम प्रकाश चौटाला ने आज केन्द्र को चेतावनी दी कि यदि उसने कर्नाटक

नहीं है । एक प्रश्न के जवाब में श्री चौटाला ने कहा कि अगले आम चुनावों में यदि जनता दल सत्तारूढ़ हुआ तो चौधरी देवी लाल श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह

छात्र-विरोधी टिप्पणी के लिए चीनी माफी मांगी लेकिन छात्र-आंदो

पेइचिंग, 30 अप्रैल (ह.स., वार्ता): चीन के नेताओं ने एक अखबार के सम्पादकीय में छात्रों पर की गई कड़ी टिप्पणी पर खेद व्यक्त किया है और छात्रों से कक्षाओं में लौटने का आग्रह किया है ।

सरकार के प्रवक्ता यूयान मू ने मंत्रिमंडल की यह क्षमायाचना कल छात्रों के 40 प्रतिनिधियों के समक्ष रखी। ये छात्र देश में लोकतंत्र की स्थापना और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से महिम छेड़े हुए हैं ।

प्रवक्ता छात्रों को समझाने में नाकामयाब रहे और इस हड़ताल के कम से कम चार मई तक चलने की सम्भावना है ।

हजारों छात्र चार मई का दिन मनाने की तैयारी में हैं । इस दिन से चीन के बुद्धिजीवियों का उतना ही भावनात्मक लगाव है, जितना अमरीकियों को 1776 से है । चार मई,. 1919 को पेइचिंग विश्वविद्यालय के छात्रों ने विज्ञान तथा लोकतंत्र की मांग करते हुए एक आन्दोलन शुरू किया था । यह पहला मौका था जब बुद्धिजीवियों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था । सुधारवादी नेता हू याओपांग की मृत्यु के बाद गत 15 अप्रैल को शुरू हुए प्रदर्शनों से पहले ही चीनी छात्र चार मई के आंदोलन की 70वीं वर्षगांठ मनाने की प्रतीक्षा कर रहे थे । चीन में 540 साल के कम्युनिस्ट शासन में पहली बार इतने व्यापक प्रदर्शन हुए हैं ।

चीन में चार मई का आन्दोलन प्रथम विश्व युद्ध समाप्त करने के लिए हुई बारसेल्स संधि के विरुद्ध छात्रों के प्रदर्शनों से शुरू हुआ था । चीन की तत्कालीन सरकार ने संधि के उन प्रावधानों को मान लिया था,जिनमें युद्ध के दौरान जापान द्वारा हथियाए गए चीनी क्षेत्रों पर उसका अधिकार स्वीकार किया गया था ।

पेइचिंग के तीन विश्वविद्यालयों के तीन हजार से अधिक छात्र विरोध जताने के लिए चार मई को तैनानमेन गेट पर इकट्ठे हुए थे । उन्होंने संधि की निंदा करते हुए एक पो तथा एक सरकारी अधि एक अन्य को बुरी तरह प्रदर्शन हुए तथा समाच किया ।

श्रमिकों ने ह निर्मित वस्तुओं का बहि को देखते हुए सरकार न गई । उसने बारसेल्स लेकिन प्रदर्शन फिर भी ने व्यापक लोकतांत्रि वैज्ञानिक विचारधारा व दी ।

पार्टी प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात प्रजातांत्रिक सुधारों के सजा नहीं दी जाएगी । नियंत्रण, मानव अधिक सरकार से बातचीत प्रतिक्रिया-स्वरूप कल मिल रहे हैं । कुछ छा जताई थी कि उन्हें गिरफ्तार कर सकती है ननकाई और त्यानजिन भी कक्षाओं का बहिष्क त्यानजिन विश्वविद्याल बताया कि ननकाई के 9 79 फीसदी छात्र बहि एक छात्र ने बताया कि चेतावनी दे रहे हैं कि ज होंगे, उन्हें अच्छी नौक विश्वविद्यालय के नए प ने बताया कि कक्षाओं गुरुवार को चीन के पह की 70वीं वर्षगांठ तक

रास्ता रोको आह्वान को आंशि

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (ह.स.): प्राप्त समाचारों में कहा गया है कि पंजाब मानव अधिकार संगठन, स्त्री अकाली दल और अन्य संगठनों के आह्वान पर आज राज्य व्यापी 'रास्ता रोको' आंदोलन न्यूनाधिक विफल रहा क्योंकि इसको आंशिक समर्थन ही मिला । रेल तथा सड़क यातायात सामान्य रहा और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस व सुरक्षा बल गश्त करते रहे । बंद का आह्वान युवकों व अन्यों पर पुलिस की कथित ज्यादतियों के विरोध में किया गया था ।

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन तथा दमदमी टकसाल के कार्यकर्ताओं ने बटाला शहर को दूध, सब्जियों और चारे की सप्लाई में बाधा उत्पन्न की । लुधियाना व जालन्धर से प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि प्राइवेट बसें कुछ समय के लिए बंद रहीं लेकिन अधिकारियों द्वारा सुरक्षा का आश्वासन दिए जाने पर यह भी चलनी शुरू हो गई ।

सफलता का दावा : अमृतसर (अशोक): पंजाब मानव अधिकार संगठन अमृतसर के प्रो. बलजिंदर सिंह, प्रो. महेंद्र सिंह धारीवाल, प्रो. सुरेन्द्र सिंह सिद्धू, डा. मेहर सिंह तथा देवेन्द्र कुमार ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में दावा किया कि 30 अप्रैल के लिए सरकार की नीति के विरुद्ध दिए गए 'सड़क यातायात ठप्प' करने के आह्वान में लोगों ने जात-पात और राजनीतिक धड़ेबंदी से ऊपर उठ कर अपना पूरा सहयोग दिया । इन नेताओं ने दावा किया कि इस दिन अमृतसर बस स्टैंड से कोई बस नहीं चली और न ही टैक्सियां, ट्रक और टैम्पो आदि ही सड़कों पर निकले । इसके अलावा गांवों से दूध, चारा तथा सब्जियां नहीं आईं ।

एक अलग विज्ञप्ति में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के नेताओं गुरनाम सिंह बंडाला, कश्मीर सिंह बेरका, भक्खन सिंह लहराबेगा, कर्मजीत सिंह, अजीत सिंह कादियां, तेजिंदर पाल सिंह, शबेग सिंह भटिंडा, अवतार सिंह पट्टी और परमजीत सिंह भोरे नंगल ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि समूह पंजाबियों द्वारा सड़क यातायात ठप्प करके जो सहयोग प्रदान किया गया है, वह स्वागत योग्य है ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार तरनतारन, गोइंदवाल, फतेहाबाद, खडूर साहब, चोहला साहब, झब्बाल, भिखीविंड, पट्टी, बल्टोहा, सरहाली और खालड़ा में पूर्ण बंद रहा ।

लुधियाना (नेपाल): मानव अधिकार संगठन के आह्वान पर आज लुधियाना मेंसभी सरकारी व गैर सरकारी बसें बंद रहीं अकाली धड़ों, सिख छा यूनियन पंजाब का स प्रधान श्री सोहन, ड्राइ सिंह, एटक प्रधान श्री कर्मचारी यूनियन के प्र यदि सरकार उनकी स चलाने को तैयार है लें का प्रबन्ध नहीं कर रहे वे पुरानी बसें चला स सकते । बसें बंद रहने भीड़ रही ।

भटिंडा की एक ख मुख्य बस स्टैंड से पंजाब की कोई बस नहीं चली यूनियनें भी हड़ताल में चारा व सब्जियां शहर आह्वान से सभी मॉडिय संघ (दलजीत गुट) त किया कि जिला में परी मांगा से आजाद यातायात ठप्प का कोड़

पटियाला (भाषण): के आह्वान को जिला में

टोहरा की आ

अमृतसर, 30 अ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेट गुरचरण सिंह टोहरा की एक प्राइवेट अस्पताल किया । श्री टोहरा को अ रैस्ट हाउस में रखा गय देखते हुए पांच मई तक के निर्देश दिए गए हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा ने एक वक्तव्य में कहा कि सहायता मंजूर नहीं क मुख्य न्यायिक दंडाधिक अदालत में याचिका दे का निरीक्षण तथा आप्रे कराने की व्यवस्था क आप्रेशन सफल रहा है

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

रिवाल्वर छीना : बटाला (कोछड़): तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात्रि थाना डेरा बाबा नानक के अन्तर्गत गांव गाजी नंगल में सरदल सिंह के घर से उसका 32 बोर का लाइसैंसी रिवाल्वर छीन लिया । बटाला पुलिस ने टांडा जिला होशियारपुर के एक संदिग्ध सौदागर मोहीलाल को गिरफ्तार किया है । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

सरपंच का साहस : बटाला से 'ह.स.' के अनुसार गांव कोट गोराया के सरपंच द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस से गत रात तीन आतंकवादी एक 12 बोर की कटी हुई नाली की बंदूक और एक पिस्तौल छोड़ कर भागने पर मजबूर हो गये । पुलिस ने अनुसार तीन सशस्त्र आतंकवादी सरपंच चरण सिंह ने घर में घुस गए तथा पिस्तौल की नोक पर नकदी व जेवर मांगे । सरपंच ने उन्हें अपनी बैंक की पास-बुक दिखाई तथा कहा कि उसके पास कोई धन नहीं है । इस पर उन्होंने उसकी हत्या की धमकी दी । इतने में चरण सिंह उनसे गत्थम-गत्था हो गया और उनकी बंदूक व पिस्तौल छीन ली । अपने-आपको असहाय पाकर आतंकवादी भाग निकले ।

यह रहस्योद्घाटन करते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि उन्होंने सरपंच का नाम वीरता के सरकारी पुरस्कार के लिए भेजा है । पुलिस ने आतंकवादियों से छीनी गई बंदूक और पिस्तौल कब्ज़े में ले ली तथा जांच कर रही है ।

मंडी बंद कराई : गुरुहरसहाय (भंडारी): यहां से छः किलो मीटर दूर कोहारसिहवाला फ्लैग पोस्ट पर कल रात कुछ आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके अनाज मंडी बंद करवा दी । फ़ायरिंग की आवाज़ सुनते ही मंडी में आए किसानों और दुकानदारों में भगदड़ पैदा हो गई । जाते समय आतंकवादी मंडी में यह चेतावनी दे गए कि आठ दिन तक मंडी बंद रहेगी । यह भी पता चला है कि आतंकवादियों ने एक चिट्ठी भी फैंकी जिसमें मंडी में दुकानदारों से पैसे की मांग की गई है । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 के काफी खाली कारतूस कब्ज़े में लिए हैं ।

गोली-सिक्का बरामद : जलालाबाद (मलिक): कल रात यहां से 15 कि.मी. दूर जलालाबाद सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ए.के. 47 की दो मैगजीन 60 जिन्दा चल कारतूस तथा एक, एक बोर की रिवाल्वर बरामद किया । सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि कल रात सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नाकाबंदी कर रखी थी तो रात के लगभग दो बजे पाकिस्तान की ओर से तीन-चार अज्ञात व्यक्ति भारत की सीमा में घुसे । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें देखते ही ललकारा, जिसपर उन अज्ञात व्यक्तियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाब में फ़ायरिंग की । थोड़ी देर फ़ायरिंग करने के बाद जब सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी आगे पहुंचे तो वहां पर खून के धब्बे दिखाई दिए । सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने दावा किया है कि कम से कम दो व्यक्ति घायल हुए हैं । सभी अज्ञात व्यक्ति भागने में सफल हो गए ।

फारूक मंत्रिमंडल

(पृष्ठ 3 का शेष)

शफी राज्य इंका के नए प्रधान : पूर्व रेलवे मंत्री श्री मोहम्मद शफी को जम्मू-कश्मीर इंका का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है तथा पूर्व प्रधान गुलाम रसूल कार का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है । यह घोषणा करते हुए इंका के अखिल भारतीय महासचिव श्री के.एन. सिंह ने बताया कि प्रदेश इंका कमेटी भी भंग कर दी गई है तथा नई कमेटी की घोषणा एक-दो दिन तक दिल्ली में की जाएगी ।

पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि 'एक व्यक्ति एक पद' के नियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा ।

श्री के.एन. सिंह, श्री गुलाम नबी आज़ाद तथा श्री मोहम्मद शफी आज यहां एक विशेष विमान

सेल
20%–50% छूट
परफैक्शन सिल्क एंड साड़ीज़,
(एयर कंडीशन्ड)
एस.सी.ओ. 186-87-88, (गज़ल रैस्टोरेंट के निकट)
सैक्टर 17-सी, चंडीगढ़

प्रवेश सूचना
नैशनल कालेज आफ एजुकेशन
कादियां चुंगी, रामतीर्थ रोड, निकट आर.डी. खोसला, डी.ए.वी. माडल स्कूल, बटाला
(Training According To C.B.S.E. Syllabus, New Delhi)
Nursery Teacher Training Regular Course
One Year के लिए मैट्रिक, 10+2 लड़कियों से सफेद कागज़ पर 10 मई तक अर्जियां मांगी जाती हैं ।

लिट्टे द्वारा उत्तर-पूर्वी अस्थायी परिषद भंग करने की मांग

लन्दन, 30 अप्रैल (वार्ता): श्रीलंकाई लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आज यहां श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांतीय परिषद को भंग किए जाने की मांग की गई । सम्मेलन में कहा गया कि सितम्बर, 1987 के उस प्रस्ताव को फिर से अपनाया जाए, जिसमें कहा गया था कि श्रीलंका में 'उचित ढंग से' चुनाव होने तक अंतरिम प्रशासन चलाया जाए । सम्मेलन में मांग की गई है कि श्रीलंका में ऐसा समझौता हो, जो लिट्टे तथा भारत दोनों को मान्य हो ।

सम्मेलन ने श्रीलंका में चल रही लड़ाई को तुरंत बंद करने का आह्वान और वहां की जातीय समस्या के राजनीतिक समाधान के लिए बिना किसी देरी के बातचीत शुरू करने का आग्रह किया । सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित तमिल नेताओं और बुद्धिजीवियों ने आशा व्यक्त की कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि इस मामले में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं, जो कि नई दिल्ली तथा लिट्टे को संतुष्ट कर सके ।

लिट्टे समर्थकों ने इस द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय तमिल सम्मेलन में श्रीलंका सरकार को आह्वान किया कि वह प्रांतीय परिषदों के संबंध में हाल ही में पारित कानूनों को वापस ले ले । सम्मेलन में मांग की गई कि पूर्वी प्रांत में जनमत संग्रह कराने का प्रस्ताव हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाए । सम्मेलन में कहा गया कि ऐसा जनमत संग्रह तमिल लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकार का उल्लंघन होगा ।

शांति सेना का जवान मारा गया : कोलम्बो : उत्तरी श्रीलंका में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के साथ मुठभेड़ में भारतीय शांति सेना का एक जवान मारा गया है ।

सिंहली उग्रवादियों ने छः मांगें पेश कीं : श्रीलंका के वामपंथी सिंहली उग्रवादियों ने शांति वार्ता के लिए सरकार की पेशकश ठुकरा दी है और छः मांगें रखी हैं । संडे टाइम्स में प्रकाशित एक पत्र में पीपल्स लिबरेशन फ्रंट ने जनता की शांति पहल को मात्र प्रचार बताया है । इसके अनुसार द्वीप में शांति तभी आ सकती है, जब 1987 में भारत के साथ हुई शांति संधि को रद्द कर दिया जाए और भारतीय शांति सेना श्रीलंका से वापस चली जाए ।

कैनेडा तथा अमरीका भेंट किए गए । मंदिर कमेटी के सद

अफगानिस्त

सोवियत सै

काबुल, 30 अप्रैल द्वारा अफगानिस्तान छो सैनिक लापता हैं । अनुसार सैनिकों को मु बाद पकड़ लिया था । दौरान बंदी बनाए जा तथा मुजाहिदीन निर्या छापामार शिविरों में

मास्को के अधिक खोये सैनिकों की वापसी

49वीं वायु आज स्थापन

पश्चिमी क्षेत्र से, सीमा पर उस समय अ 'शत्रु' के विमानों को देखा गया । यह स रैजीमैंट को दी गई अ खोज में लग गया । विमानों को 'पकड़' लि की एल-70 विमान-न के विमान धुएं एवं आ

Punjabi Sanatan

तथा रंजीत सिंह के खिलाफ अभियोग पत्र सुनवाई की अगली तारीख से पहले ही दाखिल कर दिए जाएंगे । मैजिस्ट्रेट ने अभियुक्तों की न्यायिक हिरासत की अवधि दस दिन बढ़ाने के आदेश दिए ।

सदस्य ली शीमिंग चीन के उन वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल थे, जिन्होंने कल लगभग तीन घंटे तक 17 कालेजों के 29 छात्रों से उनकी शिकायतें सुनीं । ये शिकायतें भ्रष्टाचार, शिक्षा संकट आदि से

चौराहे पर आयोजित रैली में कम्युनिस्ट आन्दोलन की महान हस्तियों मार्क्स, एंजल्स, लेनिन तथा स्टालियन के चित्र नहीं देखे गए । पिछले चार दशक में पहली बार ऐसा हुआ है । गत वर्ष एक अक्तूबर को चीन के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर इन चारों नेताओं के चित्र इस चौराहे पर लगे थे ।

आज चीनी कम्युनिस्ट नेता स्व. माओत्से तुंग की स्थायी प्रतिमा के सामने एक ही चित्र नज़र आया । यह चित्र था चीनी गणतंत्र के संस्थापक डा. सुन यात सन का ।

आंदोलनरत छात्रों ने सरकार और चुनिंदा छात्र नेताओं के बीच हुई वार्ता को आज रोष के साथ अस्वीकार कर दिया । आंदोलनकारी छात्रों के संगठन के एक प्रवक्ता ने यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा, "हम इस वार्ता को मान्यता नहीं देते । हमारी मांग है कि सरकार और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए छात्र प्रतिनिधियों के बीच समानता के आधार पर एवं खुलेपन के साथ सीधी बातचीत हो ।"

पेइचिंग विश्वविद्यालय के एक छात्र नेता वांग तन ने राष्ट्रीय स्तर पर एक स्वतंत्र छात्र संगठन के गठन तथा राजधानी और आसपास के करीब 75 हजार छात्रों द्वारा अपनी कक्षाओं का बहिष्कार अनिश्चितकाल तक जारी रखने का आह्वान किया है । छात्रगण पिछले सप्ताह से कक्षाओं का बहिष्कार कर रहे हैं ।

छात्र आंदोलन का मौजूदा दौर शुरू होने पर

(शेष पृष्ठ 8 पर)



थाना सदर, बटाला और श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल द्वारा आतंकवादियों से बरामद किए गए हथियार । इनमें तीन शक्तिशाली बम भी हैं । (छाया : कोछड़)

इंस्पैक्टर परगट सिंह के हत्यारों की पहचान का दावा : बटाला में 7 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 मई (वार्ता, ह.स.): पुलिस ने फगवाड़ा के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर परगट सिंह के हत्यारों की पहचान कर लेने का दावा किया है । बटाला पुलिस ने के.सी.एफ. और के.एल.एफ. के सात कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए ।

अभियुक्तों की शिनाख्त : फगवाड़ा (अशोक): कल फगवाड़ा में उग्रवादियों के हाथों मारे गए सी.आई.ए. पुलिस इंस्पैक्टर परगट सिंह की हत्या में संलिप्त अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है व इनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही सम्भावित है । उक्त दावा कल सायं जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी व पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत किया । इसी मध्य पुलिस ने लगभग एक दर्जन नौजवानों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । इंस्पैक्टर परगट सिंह का शव कल सायं ही पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव पंडोरी जिला होशियारपुर भेज दिया गया, जहां उनका पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर हजारों नर-नारियों के अतिरिक्त अनेक पुलिस व सिविल अधिकारी उपस्थित थे ।

दूसरी तरफ फगवाड़ा शांति समिति सहित विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक दलों के आह्वान पर आज 'फगवाड़ा बंद' आंशिक रहा व अधिकांश दुकानें खुली ही रहीं ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में सदर पुलिस बटाला व श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने बी.एस.एफ. 79 बटालियन कमांडेंट श्री आर.एस. चावला व एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन सिंह के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई करके के.सी.एफ. व के.एल.एफ. से सम्बन्धित सात आतंकवादी गिरफ्तार करने का दावा करते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने पत्रकारों को बताया कि इनकी शिनाख्त जसवंत सिंह (छित्त), बलदेव सिंह (डारीके), मनदीप सिंह (शामपुरा), मनजीत सिंह (ततले), गरचरण सिंह (बरियार), कश्मीर सिंह व सुबा सिंह (दोनों अठवाल) के रूप में हुई है और इनसे एक चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफल, इसके दो भरे हुए मैगजीन, एक 12 बोर की नाली कटी बन्दूक, एक विदेशी 32 बोर का रिवाल्वर, 2 पिस्तौल और लगभग 100 अनचले कारतूस, एक भूल्लथ से छीना बिना नम्बर, बिना कागज चेतक बजाज स्कूटर और तीन शक्तिशाली पी.ई. के बम बरामद हुए ।

श्री गोबिंद राम ने बताया कि इन्होंने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि बटाला, गुरदासपुर, मजीठा व फरीदकोट के क्षेत्र में कम से कम 13 हत्याओं, 5 सशस्त्र लूटमार व कई जबरी धन वसूलने की वारदातों में इनकी संलिप्तता थी, जिनमें वर्ष 1985 व 86 में गांव डाडूवाल में तो सरकारी अध्यापकों, थाना धारीवाल क्षेत्र में पांच लोगों, गांव खन्ना चमारां में निर्मल सिंह, दियालपुर (कपूरथला) में सरपंच, गांव अटवाल में एक, गांव छित्त में महिला सर्वजीत कौर, करतारपुर क्षेत्र में इन्द्रजीत सिंह की हत्या में शामिल हैं ।

"चौधरी" के अनुसार इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि हाल ही में मारे गए दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह झामके के साथ उनके निकट सम्बन्ध थे ।

बैंक लूटने की कोशिश : लुधियाना (मुसाफिर): कल रात कच्चा चौक में आतंकवादियों की ओर से इंडियन ओवरसीज बैंक को लूटने की कोशिश उस समय नाकाम हो गई जब उन्होंने स्ट्रांग रूम के ताले तोड़ने शुरू किए तो सायरन बजने लगा । स्मरण रहे कि स्ट्रांग रूम के ताले के साथ ही सायरन का कनैक्शन जुड़ा हुआ था । सायरन बजने पर आतंकवादी वहां से भाग खड़े हुए । बताया जाता है कि आतंकवादी बैंक की छत से होकर नीचे उतरने में सफल हो गए थे ।

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : लुधियाना से धीमान की सूचना के अनुसार आज रात्रि करतार सिंह नगर (मिल्लर गंज) में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । उस समय गश्ती ड्यूटी पर मौजूद राममूर्ति हैड कांस्टेबल और होमगार्ड के दो स्वयं सेवक बाल-बाल बच गए । दोनों उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए । फायरिंग ए.के. 47 राइफल से की गई ।

70 तोले सोना लूट लिया : दो सशस्त्र उग्रवादी आज सायं जिला लुधियाना में पायल में एक व्यक्ति दीवान चन्द के घर में घुस गए और वहां से लगभग 70 तोले सोना लूटकर ले गए ।

स्कूटर छीना : पंचकूला (वर्मा): आज प्रातः यहां के सैक्टर 8 में एक नकाबपोश ने पिस्तौल दिखा कर एक व्यक्ति राजेन्द्र कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बाद में उक्त स्कूटर मनीमाजरा-पंजकूला सीमा पर बरामद कर लिया ।

14 तस्कर गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): संगरूर पुलिस ने 14 तस्करों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में तस्करी का सामान बरामद किया ।

लुटेरे काबू : अमृतसर,(वि.प्र.): एस.एस.पी. मजीठा की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि लोपोके पुलिस ने तीन लुटेरों साहब सिंह उर्फ साहब, सज्जन सिंह व बलकार सिंह (सभी सारंगड़ा के) को गिरफ्तार किया है । यह तीनों पुलिस को धन ऐंठने व हथियार आदि छीनने के केसों में वांछित थे ।

आश्रयदाता गिरफ्तार : एस.एस.पी. अमृतसर श्री सुरेश अरोड़ा ने आज बताया कि पुलिस ने खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता जोकि भिंडरांवाला टाइगर फोर्स से सम्बन्ध रखता है, को पनाह देने वाले एक व्यक्ति राम सिंह निवासी तोलानंगल को गिरफ्तार किया है । उससे एक थामसन गन व इसके 17 कारतूस बरामद किए गए ।

छोटी सी बात

रंगा

'चमचा' शब्द किसने इस्तेमाल किया ?
—बलराम जाखड़, लोकसभाध्यक्ष



भाई साहब, जब आप मंत्री बनेंगे तभी आपको पता चल सकेगा ।

लौंगोवाल हत्याकांड की सुनवाई स्थगित

नई दिल्ली, 1 मई (ह.स.): उच्चतम न्यायालय ने आज अटार्नी जनरल की एक याचिका पर लौंगोवाल हत्याकांड की सुनवाई स्थगित कर दी । याचिका में अनुरोध किया गया था कि गवाहों को धमकी दी जा रही है तथा पंजाब में 'निष्पक्ष सुनवाई' सम्भव नहीं है, अतः मुकद्दमे की कार्रवाई को किसी अन्य जगह स्थानांतरित कर दिया जाए ।

मुकद्दमे की कार्रवाई को स्थगित करने का निर्देश देते हुए खंडपीठ ने हत्याकांड के अभियुक्तों ज्ञान सिंह और 10 अन्य के नाम नोटिस जारी किए ।

अटार्नी जनरल श्री पारासरन ने अपनी याचिका में कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के तत्कालीन अध्यक्ष हरचन्द सिंह लौंगोवाल की 20 अगस्त 1985 को गोली मारकर हत्या की गई थी और ज्ञान सिंह और दस अन्य के खिलाफ संगरूर जिले के धोरीमन्ना पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था ।

Punjabi Gallery

किया था कि परमाणु सामग्री 1983-84 में पश्चिम जर्मनी को बेची गई, लेकिन पूर्णतया गलत सिद्ध हुई है ।

परमाणु ऊर्जा विभाग ने अब बम्बई में इस

इस पर ग्रीन पीस संगठन का नेतृत्व संभाल रहे

सप्लाई का रहस्योद्घाटन दो मास पहले दो जर्मन पत्रिकाओं ने किया था । ऐसा लगता है कि बम्बई

कारनियों ने भारत और फ्रांस से लगभग 5 मिलियन डालर मूल्य की परमाणु सामग्री मंगाई थी और बाद

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बम बनाया, में करेगा

, जिससे कई परमाणु बम बनाए जा उसने डिजाइन की अधिकांश समस्याओं ज्ञा लिया है । प्रकाशित समाचार के रीकी गुप्तचर एजेंसियों को आशंका है किस्तान के परमाणु परीक्षण के प्रबंध में चीन सम्भवतः अपने परीक्षण स्थल यह परीक्षण करवाएगा ।

के अनुसार इस तरह परीक्षण करके अपनी ओर से इसका खंडन कर सकेगा इस बात का पता चल जाएगा कि उसका परिणाम देने में सफल है । प्रकाशित में बताया गया है कि अमरीकी गुप्तचर 983 के अंतिम महीनों से ही यह मानते पाकिस्तान आरम्भिक परमाणु विस्फोट योग्यता प्राप्त कर चुका है क्योंकि चीन, को इससे पहले ही अपने एक परमाणु बम न तथा दो बमों के लिए उच्च संवर्द्धित दे चुका था ।

स्तान ने सम्भवतः इस वजह से परमाणु नहीं किया क्योंकि ऐसा करने से उसका र्द्धित यूरोनियम भंडार काफी कम हो

दयों के मध्य हुई गोलीबारी के पश्चात फ. के अधिकारी । (छाया : भंडारी)

से असंतुष्ट लोगों वकील मर गया

के चैम्बर पर हमला कर दिया इस पर वहां थत वकील सुदर्शन सूद तथा भूतपूर्व विधायक ग सिंह भूपेन्द्र सिंह को बचाने के लिए दौड़े । भीड़ ने श्री सूद और श्री भाग सिंह को धक्के कर जमीन पर गिरा दिया । गिरने पर श्री सूद दय गति रुक जाने से वहीं पर मृत्यु हो गई । ने इस सम्बन्ध में छः व्यक्तियों, जिनमें गोल्डी भी शामिल है, को गिरफ्तार कर लिया है ।

नी छात्रों का सरकार को अल्टीमेटम

पेइचिंग, 2 मई (ए.पी.): चीन के आंदोलनकारी ने आज सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि उसने नए स्वतंत्र छात्र संघों को मान्यता नहीं दी चौबीस घंटे के भीतर उनसे बातचीत नहीं की तो न नया प्रदर्शन आयोजित करेंगे । छात्रों के एक निधिमंडल ने चीन के सरकारी कार्यालयों और नुनिस्ट पार्टी के कार्यालय में आज यह अल्टीमेटम ।

छात्रों के एक प्रवक्ता ने पीपुल्स विश्वविद्यालय पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार के लिए तीन मई दोपहर तक का समय दे चुका था ।

पेइचिंग के छात्र पिछले दो सप्ताह में पांच बार स की चेतावनियों का उल्लंघन करके प्रदर्शन चुके हैं । आंदोलनकारी छात्र देश में व्यापक तात्विक सुधारों की मांग कर रहे हैं जिसमें स्वतंत्र कारिता, स्वतंत्र असेम्बली, स्वतंत्र प्रचार शामिल ।

दूसरी ओर पर्यवेक्षकों का कहना है कि छात्र दो में बंट गए लगते हैं लेकिन पूरी स्थिति चार मई बाद ही स्पष्ट हो सकेगी ।

चीन के शंघाई शहर में आज करीब छः हजार ों ने देश में लोकतांत्रिक सुधारों की मांग करते जलूस निकाला । शंघाई में आज दोपहर फूतान श्वविद्यालय तथा पूर्व चीन शिक्षक श्वविद्यालय से नगर के मुख्य चौराहे पीपुल्स वायर तक जलूस निकाला गया । चीन की कारी संवाद समिति 'सिन्हुआ' के अनुसार ये छात्र पने साथ जो बैनर लिए हुए थे, उन पर लिखा था, मैं लोकतंत्र एवं आजादी चाहिए", "विशेष धिकारों का विरोध करो" और "मिडिया को हर लत में सच बताना चाहिए ।"

पत्रकारों का विद्रोह : चीन के पत्रकार छात्र दर्शनों की खबरों पर सैंसर के विरुद्ध विद्रोह पर तर आए हैं । कम से कम तीन समाचार पत्रों के टाफ ने अपने कार्यालयों में प्रोटैस्ट के पोस्टर लगाए ।

2 स्वयंभू एरिया कमांडरों सहित 5 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये

मारुति कार व 60 हज़ार रुपये छीने : 5 घुसपैठिये मारे गये

उग्रवादियों द्वारा सरपंच सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 2 मई (वार्ता, हस): गत रात के बाद से पंजाब में 2 स्वयंभू एरिया कमांडरों सहित 5 दुर्दांत आतंकवादी अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गये जबकि आतंकवादियों ने एक सरपंच सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । 5 पाकिस्तानी घुसपैठिये भी मारे गये । एक मारुति कार तथा 60,000 रुपए लूट लिये गये । कई आतंकवादियों को गिरफ्तार करके बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये गये ।

2 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): आज प्रातः यहां थाना सरहाली के अंतर्गत गांव फेलोके में एक नाले के पुल पर पुलिस की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए, जिनमें तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का खूंखार आतंकवादी सज्जन सिंह उर्फ़ भोला भी शामिल है । तरनतारन के जिला पुलिस चीफ़ संजीव गुप्ता ने बताया कि सज्जन सिंह, जो कि भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था, के सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम था । वह तरनतारन के चोहला साहब क्षेत्र में निर्दोषों की हत्याओं और धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त था ।

पुलिस ने एक चीन में निर्मित ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 2 भरे हुए व एक खाली मैगज़ीन, ए.के. 47 राइफल के 22 कारतूस, एक सिंगल बैरल गन तथा कई चले व अनचले कारतूस बरामद किए । श्री गुप्ता ने कहा कि आतंकवादियों को आज प्रातः 4 बजे पुलिस की नाका पार्टी ने तब चुनौती दी, जब वे एक स्कूटर पर जा रहे थे ।

दो हत्याएं : गत रात थाना बल्टोहा के अन्तर्गत गांव रामसिंहवाला में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों चनन सिंह और देवेन्द्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को उनके घरों से अपहरण कर लिया गया था । उनकी गोलियों से छलनी लाशें आज गांव के बाहर से मिलीं । घटनास्थल पर चीनी राइफल के चार खाली कारतूस मिले । भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के बरयाम सिंह ग्रुप ने इस अपराध की ज़िम्मेदारी ली है ।

दुकानदार घायल : एक अन्य वारदात में गत शाम तरनतारन क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकानदार सरदार सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस जांच कर रही है ।

हथियार बरामद : सीमा सुरक्षा बल ने आज भारत-पाक सीमा पर अजनाला में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । सीमा सुरक्षा बल की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह शस्त्रास्त्र गुप्त सूचना मिलने पर बरामद किए गए । इनमें एक चीनी असाल्ट राइफ़ल, दो पिस्तौल, दो रिवाल्वर, 5 मैगज़ीन तथा बड़ी मात्रा में कारतूस शामिल हैं । यह शस्त्रास्त्र गोमांत गांव अजनाला के निकट एक खेत में दबाए गए थे । प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 41 बटालियन के जवानों ने क्षेत्र में छानबीन करने पर बब्बर खालसा इंटरनैशनल के चिन्ह वाली 2 रिकार्ड की हुई कैसेटें तथा कुछ दस्तावेज़ बरामद किए । कैसेटों में उत्तेजक बातें रिकार्ड की गई हैं तथा दस्तावेज़ों से पता चलता है कि शस्त्रास्त्र की यह खेप कथित आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ़ जगियाड़ी के गिरोह के लिए थी ।

सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने कहा कि तस्करों ने पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी के लिए एक नया 'छुपाओ और निकालो' तरीका अपनाया है । वे रात के समय इन चीज़ों को सुरक्षित स्थानों पर दबा देते हैं तथा प्रातः काल इन्हें वहां से निकाल लेते हैं । ऐसा उदाहरण खेमकरण, रमदास और अजनाला क्षेत्र में देखने में आए हैं ।

6 आतंकवादी फ़रार : कल खेमकरण के मरुवाल क्षेत्र में एक भीषण मुठभेड़ के बाद 6 आतंकवादी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए । यह आतंकवादी एक सिंगल बैरल 12 बोर की बंदूक, 8 कारतूस, एक पगड़ी और एक जूता की जोड़ी छोड़ गए । प्रवक्ता ने दावा किया है कि आतंकवादी घायल भी हुआ है क्योंकि खोजी पार्टियों को एक घायल व्यक्ति को घसीटे जाने के निशान मिले हैं ।

दो किसानों की हत्या : जलालाबाद (राकेश): कल शाम 6.30 बजे जिला फिरोज़पुर के गांव नूरपर माछियां के पास उग्रवादियों ने गांव नूरपर के दो किसानों जोगिन्दर सिंह और ठाकुर सिंह की हत्या कर दी ।

घटना इस प्रकार बताई जाती है कि ठाकर सिंह और जोगिंदर सिंह, जो दोनों मित्र थे, घर से मोटर साइकल पर अपने खेतों की ओर जा रहे थे । अभी वे कुछ ही दूर गये थे कि रास्ते में तीन-चार उग्रवादियों ने चलती मोटर साइकल पर फायरिंग शुरू कर दी । मोटर साइकल गिर पड़ी और ठाकर सिंह वहीं दम तोड़ गया । जोगिन्दर सिंह भाग कर पास के एक ट्यूबवैल के 'कोठे' में जा छिपा, लेकिन उग्रवादियों ने उसका पीछा करके ट्यूबवैल पर पहुंच कर मार डाला । उग्रवादियों ने इस वारदात में ए.के. 47 राइफल का इस्तेमाल किया । घटनास्थल से भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का एक वैटर पैड मिला है । घटना स्थल पर एक किसान ने बताया कि उग्रवादी वारदात करने के पश्चात फतेहगढ़ पंजतूर की ओर भाग गये । बाद में आज सुबह ज़ीरा के एस.डी.एम. ने गांव का दौरा किया ।

खतरनाक आतंकवादी मरा : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव पिपली कलां के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया जिसकी पहचान अमरीक सिंह निवासी मुदकी के रूप में हुई है । पुलिस ने घटनास्थल पर एक बंदूक तथा 6 कारतूस बरामद किये । मृत आतंकवादी कई हत्याओं और डकैतियों आदि में पुलिस को वांछित

पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ पिपलीकलां में हुई मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी अमरीक सिंह । (छाया : जिन्दल)

था । यह जानकारी फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने दी ।

सरपंच की हत्या : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला के गांव धर्मगढ़ में तीन सशस्त्र आतंकवादी सरपंच दीदार सिंह के घर में घुसे तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । आतंकवादी वहां से सोने के ज़ेवर तथा दीदार सिंह का स्कूटर भी ले गए ।

बब्बर खालसा के आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि लगभग 10 बजे थाना भुलत्थ के गांव कमराओं के निकट नहर के पुल पर सुरक्षाबलों तथा पुलिस पार्टी की नाकाबंदी के दौरान दो स्कूटर सवार दुर्दांत आतंकवादी चरणजीत सिंह उर्फ़ मारुति वासी सुजोथाना बंगा जिला जालंधर (यह नवांशहर क्षेत्र का एरिया कमांडर था) तथा सुदामा सिंह निवासी सेतोबाल डेरी थाना सदर लुधियाना लगभग एक घंटा की मुठभेड़ में मारे गये । घटना स्थल से पुलिस ने एक बगैर नम्बर का प्रिया पीले रंग का स्कूटर, एक कार्बाइन स्टेन, दो मैगज़ीन, 40 खाली खोल अपने कब्ज़े में लिये हैं । स्वर्ण सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में मरने वाले दोनों दुर्दांत आतंकवादी बब्बर खालसा के सक्रिय सदस्य थे । यह दोनों जिला लुधियाना, जालंधर तथा कपूरथला पुलिस को कई हत्याओं तथा राहजनी के केसों में वांछित थे । गत रात्रि नाका लगाये पार्टी ने दोनों को स्कूटर पर आते देख कर रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने स्कूटर फैंक दिया और पोज़ीशन लेकर पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चवन का आयकर-छूट सीमा बढ़ाने से इन्कार, तीन नई बचत योजनाओं की घोषणा

नई दिल्ली, 2 मई (वार्ता): वित्त मंत्री शंकर राव चवन ने आज लोकसभा में तीन नई बचत योजनाओं की घोषणा की ।

श्री चवन द्वारा घोषित बचत योजनाओं से एक सेवा निवृत्त हो चुके या होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए है । इसके अन्तर्गत कर्मचारी अपनी सम्पूर्ण सेवानिवृत्ति राशि तीन वर्ष के लिए नौ प्रतिशत ब्याज पर लगा सकेंगे । शेयर बचत योजना में लगाई गई दस हजार रुपए वार्षिक तक की राशि पर आय कर नहीं लगेगा और इस पर मिला लाभांश धारा 80-एल के अन्तर्गत करमुक्त होगा । तीसरी योजना राष्ट्रीय बचत पत्रों की आठवीं योजना के रूप में होगी, जिस पर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा । इसमें जमा कराए गए 100 रुपए छः वर्ष बाद 201.50 रुपए हो जाएंगे । जमा कराई गई राशि पर धारा 80-सी के अन्तर्गत आय करे में राहत मिलेगी ।

श्री चवन ने कहा कि अवकाश ग्रहण करने वाले या अवकाश प्राप्त कर्मचारी अवकाश ग्रहण के तीन महीने के अन्दर इस योजना के अन्तर्गत तीन वर्ष के लिए अपनी रकम लगा सकेंगे । उन्होंने बताया कि यदि कर्मचारी चाहेंगे तो वे अपना खाता इसके आगे भी जारी रख सकेंगे । इस रकम पर उन्हें हर छः महीने बाद 9 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा ।

यह योजना बैंकों के माध्यम से चालू की जाएगी और जमाकर्ता को पास-बुक दी जाएगी । कर्मचारी इसमें अपनी भविष्य निधि की रकम के अलावा, ग्रैच्युटी, कम्यूट की गई पैंशन, बकाया छुट्टियों के बदले मिलने वाले धन और सरकारी बचत योजनाओं में जमा की गई रकम जमाकर सकते हैं ।

श्री चवन ने घोषणा की कि सरकार शेयर बचत योजना शुरू करेगी ताकि आम आदमी शेयर में पैसा लगाये ।

श्री चवन ने बताया कि इस कोष में जमा राशि से नई और पुरानी कम्पनियों के शेयर खरीदे जाएंगे । इससे होने वाला लाभांश नियोजकों में बांट दिया जाएगा और यह आयकर अधिनियम की धारा 80-एल के तहत कर मुक्त होगा । इस निवेश को तीन वर्ष बाद वापिस लिया जा सकेगा । वित्तमंत्री ने कहा कि लगाई गई पूंजी के साथ शेयर सम्पदा में हुई वृद्धि का अनुपातिक अंश भी दिया जायेगा । मूल पूंजी को उस वर्ष की आय में शामिल कर लिया जाएगा और सम्पदा वृद्धि को पूंजीगत लाभ माना जाएगा ।

श्री चवन ने कहा कि कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पादन शुल्क राहत की योजना उस किसी भी इकाई पर लाग होगी जिनकी पचास प्रतिशत या इससे अधिक की कुल सम्पत्ति का पहले के किसी भी पांच लेखा वर्षों में हुए घाटे के कारण क्षय हुआ है ।

वित्त विधेयक 1989-90 पर सदन में तीन दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने आयकर से छूट की सीमा 18000 से बढ़ाने की सर्वदलीय मांग नामंज़ूर कर दी, लेकिन प्रवीण खिलाड़ियों और कलाकारों के लिए जरूरी उपकरणों की आयात नीति उदार करने तथा उन पर सीमा शुल्क की रियायतों की घोषणा की ।

श्री चवन ने कहा कि मध्य वर्ग को ध्यान में रखकर ही सरकार ने 18000 से 20000 कर योग्य आय वाले लोगों के लिए आय कर की दर घटाकर 20 प्रतिशत कर दी थी । उन्होंने कहा कि यदि आय कर से छूट की सीमा 18 से बढ़ाकर 20 हजार कर दी जाए तो नौ लाख लोग आय कर के दायरे से निकल जाएंगे और सरकार को 225 करोड़ रुपए के राजस्व की हानि होगी । यह सीमा 25 हजार तक बढ़ाने से राजस्व हानि 550 करोड़ रुपए हो जाएगी ।

वित्त मंत्री ने कहा कि बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित खेपकर पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत हो चुकी है । इसके आधार पर तैयार किया गया खेपकर विधेयक संसद के वर्षा कालीन सत्र में पेश किया जाएगा ।

वित्त विधेयक पास : बाद में लोकसभा ने वर्ष 1989-90 के वित्त विधेयक को मंजूरी देकर चालू वित्त वर्ष के बजट पर विचार पूरा कर लिया । वित्त मंत्री ने 28 फरवरी को लोकसभा में बजट पेश किया था । वित्त विधेयक की मंजूरी के बाद सदन में बजट पर विचार के सारे चरण पूरे हो गए ।

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट रियायतों का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे, इसके लिए सरकार शीघ्र ही एक निगरानी दल का गठन करेगी । उन्होंने कहा कि बजट घाटों को बढ़ने नहीं दिया जाएगा और विदेशी ऋण के बोझ को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ।

उन्होंने दावा किया कि सरकार मूल्य वृद्धि की दर को सीमित रखने में सफल रही है, लेकिन यह आशा करना गलत होगा कि किसी भी विकासशील देश में मूल्य वृद्धि बिल्कुल ही नहीं होगी ।

अराफात के प्रतिनिधि की हत्या

बेरूत, 2 मई (ए.पी.): एक नकाबपोश हमलावर ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन नगर में फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासिर अराफात के प्रतिनिधि इस्लाम सलेम की आज दिन-दिहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी

उग्रवादियों ने 3 मास में 286 हत्याएं कीं

लुधियाना, 2 मई (मुसाफिर): पंजाब सरकार ने दावा किया है कि उग्रवादियों को सख्ती से कुचल दिया जाएगा । सरकारी सूत्रों से सूचना मिली है कि जनवरी 1989 से मार्च 1989 तक तीन मास में 286 व्यक्ति उग्रवादियों के हाथों मारे गए । इनमें से 181 व्यक्ति जिला गुरदासपुर और अमृतसर के थे जबकि 25 पुलिस वाले थे ।

400000 पाऊंड की शराब की बोतल टूटी

कर के साथ जनता दल के ले लेकर राज्यसभा में हंगामा

की ओर ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं कि क्या कोई सदस्य विशेष उल्लेख का उपयोग सदन के किसी अन्य सदस्य के अलावा लोकसभा सदस्य को बदनाम करने

चुनाव के दौरान का गुरदासपुर का एक चित्र है, जिसमें भूतपूर्व प्रधानमंत्री को भिंडरांवाले के साथ दिखाया गया है । श्री मालवीय के इस कथन पर

सिंहली उग्रवादियों का सैनिक शिविर पर हमला, 8 मरे

चेक पिस्तौल कांड में गृहमंत्री से बयान की मांग

नई दिल्ली, 2 मई (वार्ता) : चेक पिस्तौल प्रकरण पर गृहमंत्री से वक्तव्य की मांग आज लोकसभा में की गई । जनता दल के मध दंडवते ने शून्य काल के दौरान बताया कि भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण नेहरू ने एक वक्तव्य में कहा है कि इस मामले में उन पर कई अनुचित दबाव डाले गए । श्री दंडवते ने कहा कि उन्होंने इसके बारे में सदन में बहस कराने के लिए नोटिस दिया है । उपाध्यक्ष थंबी दुरै ने कहा कि वह नोटिस पर विचार करेंगे ।

लुधियाना की मंडियां–2 मई (नेपाल)

नया गेहूं 183-1787, पुराना गेहूं 210-215, मक्की 280-290, मक्का 300-315, तोरिया 500-550, सरसों 500-570, बाजरा 200-225, जौ 160-170, ग्वार 225-325, चना देसी 580-625, चना रूसी 600-675, दाल चना 680-690, काबली चना देसी 1300-1325, काबली चना आयातित 1340-1350, मोठ 550-575, लोबिया सफेद 600-700, मटर आयातित 720-750, मूंग पालिशी 820-920, मूंग देसी 750-775, मूंग धुली 925-1050, उड़द साबत 780-900, दाल उड़द धुली 850-1050, साबुत अरहर 350-375, दाल अरहर 650-800, राजमा चित्रा 1500-1600, राजमा लाल मद्रास 1100-1300मसूर काले 650-740, दाल मलका मसूर 720-788, चावल बासमती 1100-1700, बासमती (444) 1600, चावल परमल 375-525, वनस्पति 355-376, मैदा 230-260, सूजी 235-240, रिजलैट गेहूं आटा 210-225, एगमार्का लोटस आटा (10 किलो थैली) 37, चीनी (खी) 765-775, चीनी (सी) 755-765, चीनी (डी) 745-755, खांडसारी देसी 650-700, सल्फर चीनी 700-720, गुड़ 450-500, शक्कर 500-550, धान 195-215, धान बाढ़ प्रभावित 150-170, मुर्गी दाना प्रैस्टीज 215, स्वास्तिक 215 रुपये ।

कल क्या होगा ?

दिल्ली, 4 मई (एन.एन.एस.): गुरुवार को कृतिका में शुक्र के संचार से चांदी, सोना, जूई, कपास, हींग, तिल, तेल, सरसों आदि में जोरदार मन्दी होगी । जौ, चना, मक्का, बाजरा, चावल के भावों में तेजी होगी । खल, बिनौला, खल सरसों में कुछ मन्दी के बाद तेजी चलेगी । पूर्व-दिशा की ओर यात्रा करना लाभप्रद सिद्ध होगा । मेष, सिंह, धन राशि वालों को सामान्य लाभ होगा । वृष, कन्या, मकर राशि वालों को व्यापार में बाधा व हानि होगी । मिथुन, तुला, कुम्भ राशि वालों को व्यापार तथा यात्रा से लाभ होगा । कर्क, वृश्चिक, मीन राशि वालों की समस्याएं सुलझेंगी तथा श्रेष्ठ धन लाभ होगा ।

जालन्धर दूरदर्शन–3 मई के कार्यक्रम

प्रातः 7.00 से 8.15 तक प्रातःकालीन ट्रांसमिशन, दोपहर 12.45 उच्च शिक्षा कार्यक्रम, सायं 5.02 शब्द कीर्तन, 5.15 हिंदी, 5.30 संक्षेप खबरें, 5.35 कृषि-दर्शनी, 6.00 आम विज्ञान, 6.25 गीत, 6.30 मेरा पिंड मेरे खेत, 7.00 खत के लिए शक्रिया, 7.15 समाचार ते विचार, रात्रि 7.30 खबरां, 7.50 कुदरत दे सब बन्दे, 8.05 चित्रहार, 8.40 राष्ट्रीय कार्यक्रम : समाचार, 9.00 मालगुडी डेज, 9.30 न्यूज, 9.50 संसद समाचार, 10.00 आजकल, 10.30 पार्लियामैंट न्यूज, 10.40 टी.वी. डाकूमैंट्री ।

आकाशवाणी जालन्धर–3 मई के विशेष कार्यक्रम

प्रातः 4.30 और सायं 5.00 श्री दरबार साहब अमृतसर से शब्द कीर्तन, प्रातः 6.35 खेतीबाड़ी, 7.30 नाले गला नाले गीत, 8.20 विश्व इतिहास दी झलक, दोपहर 12.30 चंगी सेहत, सायं 4.30 फुलझड़ी, 5.30 गरबाणी विचार, 6.30 देहाती कार्यक्रम, रात्रि 8.00 पंजाबी में वार्ता, 9.30 चर्चा का विषय है ।

आज का दिन

पं. असगारि नन्द शांडिल्य, 381, मोता सिंह नगर, जालन्धर ।

3 मई बुधवार, वैशाख कृष्ण त्रयोदशी, विक्रमी सम्वत् 2046, वैशाख प्रविष्टे 21, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1911, दिनांक 13 (वैशाख), सूर्योदय प्रातः 5.45 पर, सूर्यास्त सायं 7.02 पर, नक्षत्र उत्तरा भाद्रपद, योग विशकम्भ, चन्द्रमा मीन राशि पर, प्रातः 10.12 के उपरांत जन्मे बच्चे को रेवती नक्षत्र की पूजा लगेगी, पंचक भी लगी रहेगी ।

पर्व त्योहार: प्रदोष व्रत । मार्केट–सोना, चांदी, सरसों, तेल मूंगफली, खल, अंडी के भाव में कमीबेशी ।

राशिफल : मेष : नुकसान परेशानी का भय, खर्च भी बढ़ सकते हैं । **वृष** : सितारा चंकि आमदन वाला है, इसलिए कोशिश करने पर नए कारोबारी आडर मैच्यर हो सकते हैं । **मिथुन** : आप जनरल तौर पर अपने हालात तथा शत्रुओं पर हावी, प्रभावी तथा विजयी ही रहेंगे । **कर्क** : उत्साह, हिम्मत तथा संघर्ष शक्ति बनी रहेगी । **सिंह** : कारोबारी कामों में चौकसी से काम लें, मगर जनरल हालात ठीक । **कन्या** : सितारा कामकाज के हालात वास्ते अच्छा, सफलता साथ देगी । **तुला** : शत्रु समस्याएं जगा सकते हैं, चौकसी रखनी चाहिए । **वृश्चिक** : सितारा कारोबारी स्कीमों के लिए श्रेष्ठ, तेज प्रभाव तथा दबदबा भी बना रहेगा । **धनु** : जमीनी तथा अदालती कामों के लिए सितारा मजबूत, मान-यश की प्राप्ति । **मकर** : मित्रों तथा कारोबारी साथियों से सहयोग, जनरल तौर पर कदम मजबूत रहेगा । **कुम्भ** : सितारा बेहतर, व्यापार में लाभ तथा इज्जत बढ़ेगी । **मीन** : सितारा अनुकूल हालात रहेंगे, विरोधी दबे रहेंगे ।

आतंकवादी मारे गये

(पृष्ठ 1 का शेष)

आत्म रक्षा में पुलिस पार्टी ने जवाबी फायरिंग की तथा एक घंटा रुक-रुक फ़ायरिंग होती रही ।

5 घुसपैठिये मरे : फिरोजपुर (धीमान): आज यहां मिली सूचना के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के जवानों की एक नाका पार्टी ने गत रात ममदोट सैक्टर में मबोके के निकट भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि यह घुसपैठिये भारत में घुसने की कोशिश कर रहे कुछ आतंकवादियों के आगे चल रहे थे । फिरोजपुर सैक्टर में गत सप्ताह के दौरान घुसपैठियों के मारे जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तान से आतंकवादी भारत में घुसने में आसानी महसूस नहीं कर रहे अतः वे घुसपैठियों को आगे करके उनकी आड़ में भारत में घुसने के प्रयास कर रहे हैं ।

लुधियाना में 5 गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से कुछ हथियार व विस्फोटक बरामद किये । इनके नाम हैं : जसमेल सिंह, तेजिन्द्र सिंह, जीत सिंह, गुरनाम सिंह और जसवंत सिंह ।

छानबीन जारी : अबोहर (सदोष): सादुल शहर की डकैती और 10 व्यक्तियों की हत्या के बाद से सुरक्षा बलों द्वारा पंजाब-राजस्थान सीमा के दोनों ओर जबरदस्त छानबीन की कार्रवाई जारी है । बी.एस.एफ., सी.आर.पी., राजस्थान सशस्त्र पुलिस और पंजाब पुलिस के सैंकड़ों जवान घर-घर की तलाशी ले रहे हैं । केंद्रीय गृह सचिव श्री के. सुन्दरम, बी.एस.एफ. के महानिदेशक श्री भटनागर, राजस्थान पुलिस के महानिदेशक श्री ज्ञान प्रकाश श्रीगंगानगर पहुंचे तथा सीमा को पूरी तरह 'सील' करने के पर्गों का जायज़ा लिया । उन्होंने सादुल शहर में नरसंहार के बाद पंजाब में फ़रार होने के लिए इस्तेमाल किए गए रास्तों का भी जायज़ा लिया । गृह सचिव के ध्यान में यह बात लाई गई है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रताप सिंह कैरों की हत्या के लिए हत्यारे भी श्रीगंगानगर से भाड़े पर लिए गए थे, जिसका अपराधों में राजस्थान-भर में सबसे ऊपर स्थान है । बाद में यह बताया गया कि श्रीगंगानगर में राजस्थान पुलिस को 17 नई जीपें, बड़ी संख्या में लाइट मशीनगनें तथा सैल्फ लोडिंग राइफलें दी जाएंगी । संचार प्रणाली को भी आधुनिक बनाया जाएगा । पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के पुलिस अधिकारियों की एक बैठक शीघ्र ही दिल्ली में बुलाई जाएगी ताकि आतंकवादियों के विरुद्ध निर्णायक प्रहार को अंतिम रूप दिया जा सके ।

इसी बीच टेक चंद रामां डी.एस.पी. हनुमानगढ़ तथा वासुदेव भट्ट डी.एस.पी. सोंगड़ी को तबदील कर दिया गया है । इनके स्थान पर क्रमशः गिरिराज मीना तथा प्रवीन कुमार शर्मा को लगाया गया है । पाक सीमा के निकट के क्षेत्रों में और पुलिस अधिकारी भी तबदील किये जाने की संभावना है ।

लिबरेशन टाइगर फ़ोर्स, जिसने सादुल शहर कांड की जिम्मेदारी ली है, ने अब दावा किया है कि मलोट-फाजिल्का रोड पर पंजाब रोडवेज़ की बस भी उसी ने जलाई थी । फ़ोर्स ने कहा है कि उसका इरादा बस यात्रियों की हत्या करने का था, लेकिन बस में स्त्रियों तथा बच्चों की संख्या ज्यादा होने के कारण यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया ।

2 संदिग्ध गिरफ्तार : अम्बाला (सरहदी) एस.पी. अम्बाला श्री सतिन्द्र कुमार ने बताया कि नारायणगढ़ पुलिस ने अनाज मंडी शाहबादपुर के निकट जोगेंद्र सिंह वल्द हजूरा सिंह को गिरफ्तार करके एक अवैध पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये । गांव लखनौरा के चतर सिंह के घर छापा मार कर वहां से एक अवैध पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये गये । इन दोनों के विरुद्ध आतंकवादियों को शरण देने की शिकायतें थीं । उनके विरुद्ध आतंकवाद उन्मूलन कानून तथा शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

कांस्टेबल गिरफ्तार : होशियारपुर (वार्ता): गत रात एक पुलिस कांस्टेबल गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया गया । उस पर अनेक आतंकवादी अपराधों म शामिल होने का आरोप है ।

कार व नकदी छीनी : जालंधर (हस): गत रात्रि जालंधर-पठानकोट रोड पर जिला जालंधर के थाना आदमपुर में किशनगढ़ चौक के निकट खाकी वर्दियां पहने हुए दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति नरेंद्र कुमार वल्द राम प्रकाश से उसकी मारुति कार (पीबीसी 4615) और 60,000 नकद छीन लिये । पुलिस ने बताया कि नरेंद्र कुमार अपने ड्राइवर अनिल कुमार के साथ पठानकोट से लौट रहा था कि आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उन्हें रोका तथा उन्हें बाहर निकाल कर कार ले गये । आतंकवादियों ने नरेंद्र कुमार से बैग भी छीन लिया जिसमें 60 हजार रुपये थे ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने गत रात्रि जिला जालन्धर के थाना भोगपुर क्षेत्र में छापा मार कर दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से दो पिस्तौलें और कारतूस बरामद किए । अभियुक्तों की सल्वीयत सिंह और गुरबचन सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

कम्प्यूटर सेवा शुरू

जालन्धर, 2 मई (हल्ल): पंजाब नैशनल बैंक ने ग्राहकों को सुविधाजनक और तत्पर सेवा देने के लिए बैंक के शाखा कार्यालय चौक सूदां जालंधर में कम्प्यूटर सेवा आरम्भ कर दी है । गत दिवस इस सेवा का उद्घाटन श्री एस.एन. आहूजा, क्षेत्रीय प्रबन्धक जालंधर द्वारा किया गया । इस अवसर पर सम्पन्न समारोह में अपने उद्घाटन भाषण में श्री आहूजा ने कम्प्यूटरों के प्रयोग की उपयोगिता का वर्णन किया । उन्होंने बताया कि इससे पहले भी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय तथा पांच अन्य कार्यालयों में कम्प्यूटरों की स्थापना हो चुकी है । ये कार्यालय हैं – सिविल लाइन्ज जालंधर, बस्ती नौ जालंधर, रेलवे रोड जालंधर, लाडोवाली रोड जालंधर, इंडस्ट्रियल एरिया जालंधर ।

श्री आहूजा ने बताया बैंक के छः और कार्यालयों में भी कम्प्यूटरों की स्थापना शीघ्र की जा रही है । ये कार्यालय हैं : चौक किशनपुरा जालन्धर, न्यू जवाहर नगर जालन्धर, प्रीत नगर जालन्धर और नई अनाज मंडी जालन्धर, भाई हीरां गेट जालन्धर, जालन्धर छावनी ।

लोकसभा भंग करके नए चुनाव करवाए जाएं : सम्पत सिंह

चंडीगढ़, 2 मई (वि.प्र.): हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने राष्ट्रपति से मांग की है कि क्योंकि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी, गृहमंत्री श्री बूटा सिंह और लोकसभा स्पीकर श्री बलराम जाखड़ कथित रूप से भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं अतः लोकसभा भंग करके तुरन्त इसके नए चुनाव कराए जाएं ।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने विचार व्यक्त किया कि श्री गांधी का भ्रष्ट आचरण तो पहले ही सामने आ चुका है जबकि श्री बूटा सिंह पर भी आतंकवादियों से मिलीभगत करके पंजाब और हरियाणा में स्थिति खराब करने के गम्भीर आरोप लगाए जा रहे हैं और उन्होंने इन आरोपों का खंडन तक नहीं किया है । श्री जाखड़ जो भारत कृषक समाज के चेयरमैन हैं, का भी करोड़ों रुपये की कथित घपलेबाजी का मामला सामने आया है । इस मामले में श्री जाखड़ पर गम्भीरतम आरोप लग रहे हैं ।

राज्यसभा में हंगामा

(पृष्ठ 1 का शेष)

अंग्रेजी दैनिक टाइम्स आफ इंडिया द्वारा जनता दल नेताओं तथा सांसदों के एक तस्कर की चाय पार्टी में शामिल होने से संबंधित खबर छापने पर कांग्रेस (इ) सांसद हरीश रावत ने संबंधित दैनिक तथा उसके संपादक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है । लोकसभा में शून्यकाल के दौरान श्री रावत ने कहा कि यह सदन की गरिमा का सवाल है ।

उन्होंने कहा कि वह तस्कर एक सभा में जनता दल नेताओं के साथ मंच पर भी बैठा था । श्री रावत ने कहा कि इन नेताओं में एक इस सदन के भी सदस्य हैं । उन्होंने कहा कि यह गंभीर मसला है और इसे सदन की विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाना चाहिए । कांग्रेस (इ) के नरेश चन्द्र चतुर्वेदी, राम प्यारे पनिका तथा जितेन्द्र प्रसाद ने भी इसका समर्थन किया । उपाध्यक्ष थम्बी दुरै ने आश्वासन दिया कि वह इस नोटिस पर विचार करेंगे ।

आकाशवाणी का राष्ट्रीय चैनल–3 मई के कार्यक्रम

सायं 7.10 मंजर : उर्दू कार्यक्रम, 7.45 खेल परिक्रमा : कक्क वालिया द्वारा, 8.05 विविधा : अंग्रेजी में मिला-जुला कार्यक्रम, साधना श्रीवास्तव द्वारा, 10.00 दिस वीक : मैगजीन कार्यक्रम, 10.30 नागस्वरम्, 11.10 फाइनीशयल रिव्यू : सुकमार मरली धवन द्वारा, 11.15 पाश्चात्य संगीत, 12.10 चित्रपट संगीत, 12.30 भारत और वैस्ट इंडीज के बीच किंगस्टन (जमैका) में खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टैस्ट मैच के पांचवें दिन के प्रसारण के बाद के खेल का आंखों देखा हाल ।

भारतीय परमाणु सामग्री

(पृष्ठ 1 का शेष)

में यह पाकिस्तान भेज दी गई ।

यहां पहुंची खबरों के अनुसार पश्चिम सरकारी वकीलों ने कहा है कि पाकि सामग्री को एक बड़े परमाणु रिएक्टर के लिए इस्तेमाल कर रहा प्रतीत होता प्लूटोनियम बनाने के लिए प्रयुक्त किया है । रिएक्टर का प्रयोग पाकिस्तान 'ट्रिटियम' बनाने के लिए भी किया जा यह हाइड्रोजन की किस्म का एक रसाय आधुनिक परमाणु हथियारों में इस्तेमाल

महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत के प एक प्लूटोनियम प्लांट चालू अवस्था म दूसरे के शीघ्र चालू होने की सम्भावना है बम की विस्फोटक क्षमता को बढ़ा पाकिस्तानी वैज्ञानिक ट्रिटियम का इस्ते जा रहे हैं । वास्तविक मामला पाकिस्त लिए भारतीय सामग्री की सप्लाई का सामग्री को किस प्रकार खुले रूप से दे जाने दिया गया, जबकि सारा उत्पादन प विभाग के कड़े नियंत्रण में रहता है ?

अमरेन्द्र द्वारा पंजा तुरन्त विधानसभा की मांग

नई दिल्ली, 2 मई : एकीकृत अक नेता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आज यहां पंजाब विधान सभा के चुनाव तत्काल क उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या को न लेकर ही हल किया जा सकता है । सम्बाददाताओं से कहा कि राज्य में पर कराने से कोई लाभ नहीं होगा क्यों राजनीतिक दल इसमें भाग नहीं लेगा ।

उन्होंने कहा कि सब से पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चाहिएं । इससे स्पष्ट होगा कि किस ज्यादा समर्थन प्राप्त है । श्री सिंह ने कि किया कि चुनावों के पहले सभी प्रम नेताओं में इससे पूर्व एकता हो जाएगी

अमरेन्द्र सिंह ने राज्यपाल रे के इ चुनौती दी कि प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब क गई एकमुश्त घोषणा के बाद उनके के) और 426 अन्य लोगों पर से राजद्रो उठा लिए गए हैं । उन्होंने कहा कि सम्बन्ध में कभी कोई चार्जशीट नहीं

शाम के भाव–(2 मई, एन.ए

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : हाजिर 6785, चांदी गद्दी 6705, चांदी कच्ची (प्रति सैकड़ा) 7175, सोना (प्रति 10 ग्राम) 3150, सोना स्टैंडर्ड 3230, स्वर्ण आभूषण (22 गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अनाज मार्केट (एन की सिल्ली (प्रति किलो) 345, निकल प्लेट 40 50.50, गन मैटल फुट 57.00, ताम्बा सिल्ली रॉड 94.00, ताम्बा तार फुट 77.50, बटरी पीतल चादर कतरन 60.00, पीतल भरत फुट 55 फुट 55.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 23 सिल्ली देसी सख्त 24.50, अल्यमीनियम क्वायल 65, अल्यमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-71 क्वायल (36 गेज) 71-73, अल्यमीनियम अल्यमीनियम रॉड 48.50, अल्यमीनियम चद्दर 39.00, अल्यमीनियम तार फुट 42.50 रुपए ।

दिल्ली लोहार व इस्पात (एन.एन.एस.): आर. यू./के.एन. टोर सरिया 10200, (10 एम.एम.) 10000, (12 म 9900 । **लोकल टोर सरिया** : (8 एम.एम. एम.एम.) 9850, (12 से 25 एम.एम.) 97 **राउंड** : (6 एम.एम.) 9500, (8 एम.एम. एम.एम.) 10000, (12 एम.एम.) 9900 9900 । **गेट चैनल** : हल्का 9400, भारी 94 **चैनल लोकल** (75x40) 9100, (100x50)

पटियाला, 2 मई (भूषण) : इनगौट्स 7925, मैल्टिंग स्क्रैप 6050, राउंड्स, 6 एम.एम. 8150 8450, 12 एम.एम. 8750, 16/25 एम.एम (सीटीडी बार्स) 8 एम.एम. 9000, 10 एम.एम एम.एम. 8750, 16/25 एम.एम. 8850, 9150, 5 एम.एम. 8500, 6 एम.एम. 9 एम.एम. 9600, 8 एम.एम. 9600, 10 एम. 16/18 गेंज 9800, 20/21 गेंज 10,0 वैनल 125-50 एम.एम. 9950, गाडर्स 175x90 एम.एम. 9300 एम.एम. 9800, कमानी 9500, पैट सैक्शन

Punjabi Sansar

होमगार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए

सी.आर.पी. की टुकड़ी पर हमला : बटाला क्षेत्र में 5 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 3 मई : पंजाब में कल रात के बाद से एक होमगार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए । दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर हमला किया गया । बटाला पुलिस ने 5 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके निर्दोष लोगों की हत्या की योजना विफल बनाने का दावा किया ।

होमगार्ड की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में स्थित गांव कैरों के निकट गत रात 9.15 बजे पंजाब पुलिस व होमगार्ड के जवानों की एक गश्ती पार्टी जीप में सवार गुजर रही थी कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया और गोलियों की बौछार कर दी । गोलियां लगने से एक होमगार्ड जवान खजान सिंह मारा गया जबकि जीप चालक कृष्ण कुमार तथा पुलिस का हैड-कांस्टेबल कश्मीरा सिंह सख्त घायल हो गये । आतंकवादी पुलिस की गश्ती पार्टी से एक एस.एल.आर. छीन कर ले गए । घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है और दोनों की हालत नाजुक बताई जाती है । सूचना पाकर उच्च अधिकारी मौका पर पहुंचे और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई ।

आश्रयदाता गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस ने एक पुष्ट सूचना पर थाना पट्टी के क्षेत्र में गांव जौड़ सिंह वाला में छापा मारा और दो सगे भाइयों बहाल सिंह तथा इंद्र सिंह व गांव सीतो-नौ आबाद के युवक बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है । यह लोग आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा के एक सरगना रेशम सिंह को पनाह देते रहे हैं और उसके हथियार भी न केवल घर में जमा करते रहे बल्कि एक से दूसरी जगह भी पहुंचाते रहे हैं ।

एक और मुठभेड़ : एक अन्य सूचना के अनुसार पट्टी और कोट बुड्ढा के बीच केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फ़ोर्स की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया गया । एक आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के बख्शीश सिंह सोना के नेतृत्व में आतंकवादियों ने पुलिस वाहन पर ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चलाईं । पुलिस बल ने हमले का जवाब दिया । दोनों ओर से लगभग आध घंटे तक गोलियां चलीं । आतंकवादी बच कर भाग निकले । सी.आर.पी. का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया ।

आपसी शत्रुता थी : इसी बीच पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल थाना वल्टोहा गांव राम सिंह वाला में जिन दो व्यक्तियों चनन सिंह तथा देवेंद्र सिंह की हत्या की गई थी, वह आतंकवादी थे । पुलिस ने इसे आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला बताया है ।

2 घुसपैठिये मरे : आज प्रातः फिरोज़पुर सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । गत शाम गांव मेगा में एक दोधी का अपहरण कर लिया गया ।

एक की हत्या : गत शाम जिला भटिंडा में गांव चोटियां में एक व्यक्ति हेतराम की हत्या कर दी गई ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला, सी.आई.ए. स्टाफ़ व बी.एस.एफ. 79 बटालियन के कमांडैंट श्री राजिन्द्र सिंह चावला के नेतृत्व में एक गोपनीय सूचना के आधार पर गांव गोखुवाल के निकट एक टांगे की तलाशी लेकर भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद करके खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स व बब्बर खालसा से सम्बन्धित 5 आतंकवादी गिरफ्तार करने का दावा करते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनकी शिनाख्त हरकंवर सिंह उर्फ़ सैक्रेटरी (किला टेक सिंह), कुलवन्त सिंह उर्फ़ मंगी, तांगे वाला (धर्मकोट बग्गा), कुलविन्दर सिंह (पब्बा राखी), बचित्तर सिंह (मेहमा चक्क) व कमलजीत सिंह (बौली इन्द्र जीत) के रूप में की गई है ।

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनसे एक अमरीका निर्मित स्टेनगन, इसकी एक मैगज़ीन, एक एकनाली 12 बोर बंदूक, एक मीडियम मशीन गन में प्रयुक्त होने वाली 113 ज़िन्दा कारतूसों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस जिला बटाला में पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा बरामद किए गए हथियार, गोली-सिक्का, शक्तिशाली बम तथा मीडियम मशीनगन के कारतूसों की बैल्ट । (छाया : कोछड़)

'बी' श्रेणी का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 3 मई (वि.प्र.) : दिल्ली पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान की भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के एक कुख्यात आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । बलदेव सिंह गुरदासपुर का निवासी है तथा 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । बताया जाता है कि वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है । उसके सिर पर 75 हजार रुपए का इनाम घोषित है । उसे पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था, परन्तु बरनाला सरकार के दौरान बैंस कमेटी की सिफारिश पर उसे रिहा कर दिया गया था ।

सूत्रों के अनुसार उसे संसद भवन, आकाशवाणी भवन और बिजली घरों को बमों से उड़ाने के लिए दिल्ली भेजा गया था । आज पुलिस ने तिलक नगर में उसके अन्य साथियों की तलाश में छापे मारे और 11 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया ।

चीन सरकार ने छात्रों का अल्टीमेटम ठुकरा दिया

पेइचिंग, 3 मई (ए.पी.): चीन सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों द्वारा की गई नई स्वतंत्र यूनियन को मान्यता देने और उसी से बातचीत करने की मांग आज ठुकरा दी । सरकार ने कहा है कि कुछ सरकार विरोधी लोग पर्दे के पीछे से इन छात्रों को उकसा रहे हैं, लेकिन सरकार ने संकेत दिया है कि फिलहाल आंदोलनकारी छात्रों के विरुद्ध पुलिस इस्तेमाल नहीं की जाएगी ।

है । उन्होंने यह फैसला आज तब किया, जब सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों की नई यूनियनों को मान्यता दिए जाने की मांग ठुकरा दी । पेइचिंग नार्मल कालेज के एक छात्र नेता ने कहा, "कल हमारा विरोध दिखा देगा कि चीनी लोकतंत्र एक नए दौर में प्रवेश कर गया है ।"

आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि उन्होंने अपने विरोध प्रदर्शन की योजना अभी तय नहीं की है, पर

'अग्नि' को लेकर अमरीका का भारत विरोधी रुख

वाशिंगटन, 3 मई (वार्ता): अमरीकी सीनेट की एक उपसमिति ने आशंका व्यक्त की है कि भारत द्वारा मध्यम दूरी के प्रथम बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' के परीक्षण से भारत-पाकिस्तान संबंधों के सामान्यीकरण की प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ेगा ।

पाक जेलों में 103

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): विदेशमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने राज्यसभा में बताया कि हाल ही में भारत की यात्रा पर आए पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री और प्रधानमंत्री के विशेष दूत के साथ जिन विषयों पर बातचीत हुई थी, उनमें पंजाब में भारत के विरुद्ध की जा रही आतंकवादी गतिविधियां भी शामिल हैं ।

उन्होंने कहा, "सरकार को उम्मीद है कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना से भारत के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान का दखल अंततः समाप्त हो जाएगा ।"

श्री नरसिम्हाराव ने बताया कि अनुमानतः 1030 भारतीय नागरिक पाकिस्तानी जेलों में हैं । उन्होंने बताया कि इन बंदियों की रिहाई और उनकी भारत-वापसी के लिए सरकार पाकिस्तान से बातचीत कर रही है । उन्होंने बताया कि भारत ने

Punjabi Sanchar

होमगार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए

सी.आर.पी. की टुकड़ी पर हमला : बटाला क्षेत्र में 5 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 3 मई : पंजाब में कल रात के बाद से एक होमगार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए । दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर हमला किया गया । बटाला पुलिस ने 5 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके निर्दोष लोगों की हत्या की योजना विफल बनाने का दावा किया ।

होमगार्ड की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस जिला तरनतारण के क्षेत्र में स्थित गांव कैरों के निकट गत रात 9.15 बजे पंजाब पुलिस व होमगार्ड के जवानों की एक गश्ती पार्टी जीप में सवार गुजर रही थी कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया और गोलियों की बौछार कर दी । गोलियां लगने से एक होमगार्ड जवान खज़ान सिंह मारा गया जबकि जीप चालक कृष्ण कुमार तथा पुलिस का हैड-कांस्टेबल कश्मीरा सिंह सख्त घायल हो गये । आतंकवादी पुलिस की गश्ती पार्टी से एक एस.एल.आर. छीन कर ले गए । घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है और दोनों की हालत नाजुक बताई जाती है । सूचना पाकर उच्च अधिकारी मौका पर पहुंचे और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई ।

आश्रयदाता गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस ने एक पुष्ट सूचना पर थाना पट्टी के क्षेत्र में गांव जौड़ सिंह वाला में छापा मारा और दो सगे भाइयों बहाल सिंह तथा इंद्र सिंह व गांव सीतो-नौ आबाद के युवक बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है । यह लोग आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा के एक सरगना रेशम सिंह को पनाह देते रहे हैं और उसके हथियार भी न केवल घर में जमा करते रहे बल्कि एक से दूसरी जगह भी पहुंचाते रहे हैं ।

एक और मुठभेड़ : एक अन्य सूचना के अनुसार पट्टी और कोट बुड्ढा के बीच केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फ़ोर्स की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया गया । एक आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के बख्शीश सिंह सोना के नेतृत्व में आतंकवादियों ने पुलिस वाहन पर ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चलाईं । पुलिस बल ने हमले का जवाब दिया । दोनों ओर से लगभग आध घंटे तक गोलियां चलीं । आतंकवादी बच कर भाग निकले । सी.आर.पी. का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया ।

आपसी शत्रुता थी : इसी बीच पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल थाना वल्टोहा गांव राम सिंह वाला में जिन दो व्यक्तियों चनन सिंह तथा देवेंद्र सिंह की हत्या की गई थी, वह आतंकवादी थे । पुलिस ने इसे आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला बताया है ।

2 घुसपैठिये मरे : आज प्रात: फिरोज़पुर सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । गत शाम गांव मेगा में एक दोधी का अपहरण कर लिया गया ।

एक की हत्या : गत शाम जिला भटिंडा में गांव चोटियां में एक व्यक्ति हेतराम की हत्या कर दी गई ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला, सी.आई.ए. स्टाफ़ व बी.एस.एफ. 79 बटालियन के कमांडैंट श्री राजिन्द्र सिंह चावला के नेतृत्व में एक गोपनीय सूचना के आधार पर गांव गोखवाल के निकट एक टांगे की तलाशी लेकर भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद करके खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स व बब्बर खालसा से सम्बन्धित 5 आतंकवादी गिरफ्तार करने का दावा करते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनकी शिनाख्त हरकंवर सिंह उर्फ़ सैक्रेटरी (किला टेक सिंह), कुलवन्त सिंह उर्फ़ मंगी, तांगे वाला (धर्मकोट बरगा), कुलविन्दर सिंह (पब्बा राली), बचित्तर सिंह (मेहमा चक्क) व कमलजीत सिंह (बौली इन्द्र जीत) के रूप में की गई है ।

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इनसे एक अमरीका निर्मित स्टेनगन, इसकी एक मैगज़ीन, एक एकनाली 12 बोर बंदक, एक मीडियम मशीन गन में प्रयुक्त होने वाली 113 ज़िन्दा कारतूसों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस जिला बटाला में पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा बरामद किए गए हथियार, गोली-सिक्का, शक्तिशाली बम तथा मीडियम मशीनगन के कारतूसों की बैल्ट । (छाया : कोछड़)

'बी' श्रेणी का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 3 मई (वि.प्र.) : दिल्ली पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान की भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के एक कुख्यात आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । बलदेव सिंह गुरदासपुर का निवासी है तथा 'बी' श्रेणी का आतंकवादी है । बताया जाता है कि वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है । उसके सिर पर 75 हज़ार रुपए का ईनाम घोषित है । उसे पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था, परन्तु बरनाला सरकार के दौरान बैंस कमेटी की सिफारिश पर उसे रिहा कर दिया गया था ।

सूत्रों के अनुसार उसे संसद भवन, आकाशवाणी भवन और बिजली घरों को बमों से उड़ाने के लिए दिल्ली भेजा गया था । आज पुलिस ने तिलक नगर में उसके अन्य साथियों की तलाश में छापे मारे और 11 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया ।

पाक जेलों में 1030

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): विदेशमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने राज्यसभा में बताया कि हाल ही में भारत की यात्रा पर आए पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री और प्रधानमंत्री के विशेष दूत के साथ जिन विषयों पर बातचीत हुई थी, उनमें पंजाब में भारत के विरुद्ध की जा रही आतंकवादी गतिविधियां भी शामिल हैं ।

उन्होंने कहा, "सरकार को उम्मीद है कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना से भारत के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान का दखल अंतत: समाप्त हो जाएगा ।"

श्री नरसिम्हाराव ने बताया कि अनुमानत: 1030 भारतीय नागरिक पाकिस्तानी जेलों में हैं ।

चीन सरकार ने छात्रों का अल्टीमेटम ठुकरा दिया

पेइचिंग, 3 मई (ए.पी.): चीन सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों द्वारा की गई नई स्वतंत्र यूनियन को मान्यता देने और उसी से बातचीत करने की मांग आज ठुकरा दी । सरकार ने कहा है कि कुछ सरकार विरोधी लोग पर्दे के पीछे से इन छात्रों को उकसा रहे हैं, लेकिन सरकार ने संकेत दिया है कि फिलहाल आंदोलनकारी छात्रों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई नहीं है । उन्होंने यह फैसला आज तब किया, जब सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों की नई यूनियनों को मान्यता दिए जाने की मांग ठुकरा दी । पेइचिंग नार्मल कालेज के एक छात्र नेता ने कहा, "कल हमारा विरोध दिखा देगा कि चीनी लोकतंत्र एक नए चौर में प्रवेश कर गया है ।"

'अग्नि' को लेकर अमरीका का भारत विरोधी रुख

वाशिंगटन, 3 मई (वार्ता): अमरीकी सीनेट की एक उपसमिति ने आशंका व्यक्त की है कि भारत द्वारा मध्यम दूरी के प्रथम बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र 'अग्नि' के परीक्षण से भारत-पाकिस्तान संबंधों के

Punjabi Sarvani

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सहित पेटी, 4 पी.ई.के. शक्तिशाली बम, इसके फ्यूज़ज़ व डैटोनेटर, एक पिस्तौल, एक आधुनिक रिमोट कंट्रोल लगभग 3 सौ ए.के. 47 के ज़िन्दा कारतूस और 4 राकेट ग्रेनेड बरामद किए गए हैं । इसके साथ-साथ पंजाबी के लगभग 100 पम्फलेट मिले,जिनमें पंचायतों को आगामी पंचायती चुनाव में आतंकवादियों से सहयोग करने के लिए धमकाया गया है ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि इनमें हरकंवर सिंह, कुलवन्त सिंह व कमलजीत सिंह बब्बर खालसा से सम्बन्धित हैं,जबकि कुलबिदर सिंह व बचित्तर सिंह के.सी.एफ. के जनरल गुरजंट सिंह राजस्थानी ग्रुप के खतरनाक लिस्टिड आतंकवादी हैं । इन्होंने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि 30 मार्च 89 को गांव राय चक्क में पुलिस हवलदार निशान सिंह की हत्या, गांव शिकार माछियां में सोहन सिंह के घर पर फायरिंग करने, 22 मार्च 89 को बटाला के निकट रेलवे लाइन पर 3 किलो मीटर तक विस्फोटक सामग्री लगाकर यात्री रेल गाड़ी रावी एक्सप्रैस उड़ाने का असफल प्रयास करने के साथ-साथ गांव कुल्लियां में पांच लोगों का अपहरण करके उनकी हत्याएं करके उनसे साथ विस्फोटक सामग्री लगाने में संलिप्तता स्वीकार की है ।

ह.स. के अनुसार इन पांच आतंकवादियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में निर्दोष लोगों की हत्या की योजना विफल बना दी गई है ।

पत्रकार को लूटा : औद्योगिक शहर बटाला के क्षेत्र दशहरा ग्राउंड में आज प्रातः लगभग 7.30 बजे दो सशस्त्र आतंकवादी पत्रकार शरणजीत सिंह से लगभग 750 रुपए छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । दोनों आतंकवादी सुनहरी सुज़ुकी मोटर साइकल पर सवार थे ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत रात मुठभेड़ के पश्चात् तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे शस्त्र बरामद किए गए हैं ।

श्री दास ने बताया कि बीती रात बी.एस.एफ. तथा पंजाब पुलिस के जवानों ने काहनुवान थाने के अंतर्गत गांव कालाबाला के पास नाकाबंदी कर रखी थी कि तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए । जब जवानों ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् तीनों को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, दो हैंडग्रेनेड तथा कुछ जीवित तथा मृत कारतूस बरामद किए गए । आतंकवादियों की शिनाख्त हरमिन्द्र सिंह, बलराज सिंह (दोनों तुगलवाल) तथा सुखदेव सिंह (रोड़ावाली) के रूप में हुई है ।

श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार हरमिन्द्र सिंह ने स्वीकार किया है कि वह सेना का जवान है और मार्च महीने में छः दिन की छुट्टी पर आया था । यहां आकर लूटमार करने वाले गिरोह में शामिल हो गया और वापस ड्यूटी पर नहीं गया । उसने अनेक अपराधों में अपना हाथ स्वीकार किया है ।

लुटेरा पकड़ा गया : फिरोज़पुर (कनतोड़): गत रात थाना सदर फिरोज़पुर के गांव सोढी वाला के निकट रहने वाले तीर्थ सिंह से एक लाइसैंसी बंदूक छीनने आये चार लुटेरों में से एक को नकली पिस्तौल तथा तीन तलवारों सहित काबू कर लिया गया । तीर्थ सिंह, जिसे सिविल अस्पताल फिरोज़पुर में सख्त ज़ख्मी हालत में दाखिल कराया गया है, ने बताया कि कल रात 4 लुटेरे दीवार फांद कर उसके घर में घुसे और उससे उसकी लाइसैंसी बंदूक मांगी । उसने उन्हें बंदूक देने से इन्कार कर दिया तथा निहत्था ही उनके साथ उलझ पड़ा । इतने में उसकी पत्नी भी जाग गई और लाठियों से उनका मुकाबला करने लगी । इसी बीच तीर्थ सिंह ने सहायता के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया तो उनका पड़ोसी प्रेम पाल तलवार लेकर उनकी मदद के लिए आ गया । तीर्थ सिंह ने एक लुटेरे को बालों से पकड़ लिया तथा उसका नकली पिस्तौल छीन लिया । अन्य तीन लुटेरों ने तीर्थ सिंह, उसकी पत्नी और प्रेम पाल को घायल कर दिया । पकड़े गये लुटेरे को सी.आर.पी. के हवाले कर दिया गया । तीन लुटेरे भाग जाने में सफल हो गए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि कपूरथला पुलिस ने गांव नडाली के निकट बेईं के पुल पर नाकाबंदी के मध्य स्कूटर सवार तीन कथित आतंकवादियों मनजीत सिंह लबाना वासी परोज़ सगोबाल थाना भुलत्थ जसविन्दर सिंह लबाना वासी नंगल लबाना तथा जगजीत सिंह लबाना उर्फ़ कांटी वासी बेगोवाल को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक 12 बोर देसी पिस्तौल भरा हुआ तथा चार कारतूस व कुछ समय पूर्व गांव हबीबवाल में एक घर से छीना गया स्कूटर नं.पी.सी.वी.1026 बरामद किया है । रात्रि लगभग 9 बजे नाका लगाये हुए पुलिस पार्टी ने गांव भटनूरा की ओर से एक स्कूटर पर आते तीन नवयुवकों को देख कर रुकने का संकेत किया तो स्कूटर रुकते ही पीछे बैठा नवयुवक उतर कर भागा परन्तु पुलिस ने तीनों को काबू कर लिया । भागने का प्रयास करने वाले का नाम मनजीत सिंह मालूम हुआ। उससे भरा हुआ 12 बोर पिस्तौल के साथ 4 कारतूस बरामद हुए । मनजीत सिंह जिला कपूरथला के एकीकृत अकाली नेता सरदार सुरजीत सिंह बच्चाजीवी के पास कई वर्ष नौकर रहा तथा बाद में बब्बर खालसा में शामिल हो गया । बब्बर खालसा के दो आतंकवादियों के साथ वह माह फरवरी में सरदार बच्चाजीवी का 32 बोर का पिस्तौल तथा गोलियां छीन कर ले गया था । इसी पिस्तौल से फिल्लौर हिन्दू शिव सेना नेता श्री नरेश कुमार की हत्या की गई थी । गत दिवस रात्रि को पुलिस मुठभेड़ में मारे गये बब्बर खालसा के दो दुर्दांत आतंकवादियों से बरामद 32 बोर पिस्तौल सरदार बच्चाजीवी से छीना हुआ था ।

उग्रवादी फरार : कपूरथला जिला में एक आतंकवादी हरबिंदर सिंह उर्फ़े बिल्ला उस समय पुलिस की हिरासत से फरार हो गया,जबकि उसको हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था ।

आतंक फैलाने का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों की योजना इस समय चुप रहने की है और पंजाब में होने वाले चुनाव के समय यह लड़ाई शुरू करने की योजना है और यह आतंकवादी इस समय राजनीतिक नेताओं को अपना निशाना बना पंजाब में दहशत फैलाएंगे ।

इस तरह आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा मुख्यधारा में शामिल होने के नारे से भी लाभ उठा भारी संख्या में प्रशासन के समक्ष समर्पण कर सरकार की आंखों में धूल झोंक आतंकवाद का समर्थन करेंगे और समय आने पर आतंकवादियों का साथ देंगे । यह सब पाकिस्तान अधिकारियों, विशेषतौर पर आई.एस. आई. एजैंसी के इशारे पर होगा । याद रहे 1986 में शुरू में ही पाकिस्तान के अधिकारियों ने योजनाबद्ध ढंग से काफी मात्रा में नौजवानों का आत्मसमर्पण करवाया था और यह सब नौजवान धीरे-धीरे फिर आतंकवाद से जुड़ गए, जिनमें विशेषतौर पर कुछ नौजवानों ने मुख्यधारा का लाभ उठा सरकारी नौकरियां भी प्राप्त की थीं और पंजाब में काफी खतरनाक साज़िशें भी रची थीं । जिस तरह सोहनजीत सिंह निवासी पनियाड़, जोकि पाकिस्तान से दो-तीन साल की बम बनाने की ट्रेनिंग लेकर आया था, उस ने 1986 में आत्म-समर्पण कर पनियाड़ शुगर मिल में नौकरी प्राप्त की थी और पंजाब में कई नए ढंगों से बम धमाके भी करवाए थे ।

सरकार को चाहिए कि पंजाब में आतंकवादियों द्वारा शुरू की गई जंग का मुकाबला भी उसी ढंग से किया जाए जैसे आतंकवादियों द्वारा लड़ाई शुरू की गई है और सरकार द्वारा समय-समय पर आतंकवादियों के समक्ष घुटने टेक दिए जाते हैं। उससे यह लड़ाई कम होने की बजाए बढ़ती जाती है 1982-83 में आतंकवाद और आतंकवादियों की गिनती मामूली थी पर धीरे-धीरे सरकार द्वारा बनाई गई आतंकवाद की लिस्टें जरूर कम हुईं, पर सच्चाई यह है कि लिस्टें और आतंकवाद दिन-ब-दिन सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ता गया। भारत सरकार द्वारा समय-समय पर पाकिस्तान के साथ भी इस सम्बन्ध में वार्ता की जाती रही पर पाकिस्तानी अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद भी आतंकवाद को समर्थन जारी रहा । सरकार को चाहिए कि आतंकवाद पर काबू पाने के लिए समय रहते उचित कदम उठाए जाएं क्योंकि पाकिस्तान का सैनिक वर्ग, जोकि 8, 9 वर्षों से आतंकवादियों के सहयोग से भारत को परेशान करने में सफल रहा है, वह अपनी नीति नहीं छोड़ सकता । दूसरी तरफ पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को सहयोग के लिए 100 रुपए खर्च किए जाते हैं तो भारत सरकार को आतंकवाद पर नियंत्रण पाने के लिए 100 रुपए की एवज 10,000 रुपया खर्च करना पड़ रहा है । इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि आतंकवाद पर नियंत्रण पाने के लिए श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के सहारे बैठे रहना छोड़ ठोस कदम उठाए ।

डी.एस.पी., डी.एस.ओ., डाक्टरों को 2200-4000 का वेतनमान

चंडीगढ़, 3 मई (संधी): हरियाणा सरकार ने डिप्टी सुप्रिंटैंडैंट आफ पुलिस, डिस्ट्रिक्ट सैक्शनल आफिसर्ज़ और एच.सी.एम.एस. द्वितीय श्रेणी डाक्टरों को भी एच.सी.एस. अफसरों के बराबर 2200-4000 रुपये का वेतनमान देने का फैसला किया है । यह फैसला आज यहां राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया । बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता, सिंचाई व बिजली मंत्री श्री वीरेंद्र सिंह व उद्योग मंत्री श्री किरपा राम पूनिया ने संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में बताया कि डी.एस.पी., डी.एस.ओ. व एच.सी.एम.एस. द्वितीय श्रेणी डाक्टरों को एच.सी.एस. अफसर के बराबर वेतनमान दिए जाने के किए गए फैसले से सरकारी खजाने पर 30 लाख रुपए का अतिरिक्त वार्षिक बोझ पड़ेगा । अब तक डी.एस.पी., डी.एस.ओ. तथा एच.सी.एम.एस. द्वितीय श्रेणी डाक्टरों को 2000-3500 रुपए का वेतनमान दिया जा रहा था ।

बादल फटने से 2 मरे

श्रीनगर, 3 मई (ह.स.): दक्षिणी कश्मीर में कुकरनाग के निकट गांव सोएशाली में बादल फटने से दो व्यक्ति मारे गए और दो घायल हो गए ।

फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासर अराफात मंगलवार को पैरिस में एक दुभाषिये के जरिये फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रैंकायस मित्तरां से बातचीत करते हुए । अराफात की फ्रांस की यह पहली आधिकारिक यात्रा है । (छाया : पी.टी.)

अल्टीमेटम ठुकराया

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकारी प्रवक्ता यूआन मू ने एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि कुछ लोग छात्रों के ज़रिये समाज में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि सरकार इन लोगों के खिलाफ़ तुरंत किसी कार्रवाई की योजना नहीं बना रही । उन्होंने कहा कि छात्र अगर अपराध संहिता का उल्लंघन नहीं करते तो सिर्फ उनके बयानों आदि के आधार पर ही उन्हें सज़ा नहीं दी जाएगी ।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि चीनी छात्रों द्वारा कल प्रदर्शन करने के फैसले से चीन के नेतृत्व को काफी शर्मिन्दगी उठानी पड़ रही है क्योंकि छात्रों ने हर बड़े चीनी नेता द्वारा शांति बनाए रखने की अपील को ठुकरा दिया है ।

प्रेक्षक इस बात की ओर भी इंगित कर रहे हैं कि एक क्रांतिकारी पार्टी द्वारा स्थिरता बनाए रखने के लिए अपील करना और वह भी पश्चिमी शैली के लोकतंत्र की मांग करने वाले छात्रों से अपील करना, अत्यन्त विडम्बनापूर्ण है ।

पाकिस्तान अपने 15000 सैनिक अफगानिस्तान में झोंकेगा

मास्को, 3 मई (ह.स.): अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डा. मुहम्मद नजीबुल्ला ने कहा है कि पाकिस्तान जलालाबाद पर कब्जे के लिए बागियों की मदद हेतु अफगान वर्दी में अपने 15 हजार कबायली सैनिक भेजने की योजना बना रहा है ।

इस बीच मास्को रेडियो ने आज बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान के कई स्थानों पर बागियों के राकेट हमले में 36 नागरिक मारे गए हैं ।

सोवियत समाचार समिति तास के अनुसार डा. नजीबुल्ला ने कल काबुल में एक समाचारदाता सम्मेलन में कहा कि चूंकि सेना ने जलालाबाद पर हुए तमाम हमलों को नाकाम कर दिया है इसलिए अब बागियों के पाकिस्तानी आका ताजा हमले में अपने 15 हजार कबायली सैनिक झोंक सकते हैं ।

अमरीका का संकेत : वाशिंगटन (ह.स.): अमरीका ने इस बात का संकेत दिया है कि अगर मुजाहिदीन निकट भविष्य में जलालाबाद पर कब्जा न कर सके या कोई महत्वपूर्ण विजय हासिल नहीं कर पाए तो वह अफगान गृह-युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में शामिल होने के विषय में सोच सकता है

डा. नजीबुल्ला ने कहा कि हाल ही में 65 हजार से अधिक बागियों ने या तो हथियार डाल दिए अथवा सरकार की ओर आ गए हैं ।

भारत द्वारा श्रीलंका के तमिलों को अधिकार देने पर बल

कोलम्बो, 3 मई (वार्ता): भारत ने श्रीलंका को एक बार फिर सलाह दी है कि अल्पसंख्यक तमिलों को 'सच्चे मन और तत्परतापूर्वक' उनके अधिकार देने से श्रीलंका की राष्ट्रीय एकता और अखंडता मजबूत हो सकती है । विदेश सचिव एस.के. सिंह ने अपनी तीन-दिवसीय कोलम्बो यात्रा के तहत श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास और अन्य नेताओं से बातचीत के दौरान भारत की ओर से यह आग्रह किया । श्री सिंह की यात्रा आज समाप्त हो गई ।

दो नेता जंगलों से लाए गए : श्रीलंका सरकार के साथ शांति वार्ता में भाग लेने के लिए लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के दो नेता देश के उत्तरी जंगलों से आज श्रीलंका की वायुसेना के एक हैलीकाप्टर द्वारा यहां लाए गए ।

भारतीय सांसदों के लिट्टे सम्मेलन में भाग लेने पर आपत्ति : नई दिल्ली : इंका सदस्यों ने दो सांसदों द्वारा लिबरेशन टाइगर्स आफ़ तमिल ईलम द्वारा लंदन में आयोजित एक सभा में भाग लेने पर लोकसभा में कड़ी आपत्ति प्रकट की ।

पाक राष्ट्रपति देश में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं : वली खान

चंडीगढ़, 3 मई (एन.एस. परवाना): सीमांत गांधी स्वर्गीय खान अब्दुल गफ्फार खान के लड़के खान अब्दुल वली खान ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम मुहम्मद असहाक पर यह गम्भीर आरोप लगाया है कि वह देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा करने में लगे हुए हैं, हालांकि बड़ी कठिनाई से पाकिस्तान में लोकतंत्र बहाल किया गया है ।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव सितम्बर में होने की सम्भावना

बेंगलूर, 3 मई (इ.पो.): कर्नाटक विधानसभा के चुनाव सितम्बर या अक्तूबर में करवाए जा सकते हैं । यहां के वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री राजीव गांधी ऐसा समझते हैं कि जितनी शीघ्र चुनाव करवाए जाएं, उतने ही इंका के जीत के आसार अधिक हैं । इसका कारण यह है कि जनता दल नेता रामकृष्ण हेगड़े के विरुद्ध स्कैंडल और मुख्यमंत्री एस.आर. बोमई की सरकार का गिर जाना अभी जनता की याददाश्त में ताजा है और यही इंका को फायदा पहुंचा सकता है ।

मान गुट द्वारा टोहरा की सुरक्षा समिति अस्वीकार

पटियाला, 3 मई (ह.स.): इंदिरा गांधी हत्या केस में सिमरनजीत सिंह मान व अन्य के बचाव के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष जी.एस. टोहरा द्वारा नियुक्त की गई सुरक्षा समिति को अकाली दल (मान) के पांच जिला जत्थेदारों ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है । इन जत्थेदारों ने यहां एक संयुक्त बयान में कहा कि श्री टोहरा द्वारा नियुक्त सुरक्षा समिति महज एक दिखावा है । यदि श्री टोहरा ईमानदार होते तो श्री मान को अकाली दल का अध्यक्ष मान चुके होते और अकाली एकता के लिए उन्होंने श्री जगदेव सिंह तलवंडी से अपना पद छोड़ देने के लिए कहा होता । इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में बलदेव सिंह लंग (पटियाला), चांद सिंह (संगरूर), दर्शन सिंह मंड (फरीदकोट), बलदेव सिंह बराड़ (फिरोजपुर) तथा सुखदेव सिंह चमकौर साहब (रोपड़) शामिल हैं ।

इंका पंजाब में अकालियों से गठजोड़ करने की ताक में

अमृतसर, 3 मई (वर्मा): ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केंद्रीय सरकार तथा कांग्रेस इस चुनाव में हर कीमत पर जीत प्राप्त करने के लिए सभी तरीकों का प्रयोग करने पर तुली लगती है । प्रधानमंत्री राजीव गांधी के ताजा बयान, जिसमें उन्होंने बड़ी जीत प्राप्त करने का दावा किया है, से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस बड़ी से बड़ी कीमत चुका कर चुनाव में जीत प्राप्त करने पर तुली हुई है । दिल्ली के राजनीतिक हल्कों के अनुसार कांग्रेस चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए जो नीति अपना रही है, उसके आधार पर जहां वह उत्तरी भारत में आर.एस.एस. के साथ अन्दरखाने गठजोड़ करने की कोशिशें कर रही है, वहां वह कांग्रेस में से निकले हुए या कांग्रेस से निकाले हुए पुराने कांग्रेसियों को दोबारा अपने खेमे में लाने के लिए हाथ-पैर मार रही है । इन हल्कों के अनुसार प्रणब मुकर्जी, यादव, कमला बहुगुणा, मौर्य आदि को कांग्रेस में लाए जाने के बाद कांग्रेस अब कर्ण सिंह व अजीत सिंह पर भी डोरे डाल रही है । जहां तक पंजाब की 13 लोकसभा की सीटों का सम्बन्ध है, राजनीतिक हल्कों के अनुसार कांग्रेस इन सीटों पर कब्जा करने के लिए अकालियों के साथ गठजोड़ करने से भी संकोच नहीं करेगी । वह लोकसभा की 13 सीटों के बदले पंजाब का राजपाट भी अकालियों को सौंपने के लिए तैयार है ।

केंद्रीय नेताओं में अकालियों के साथ समझौते के सवाल पर काफी मतभेद हैं । जहां बूटा सिंह व दरबारा सिंह किसी भी शर्त पर अकालियों के साथ बातचीत करने के पक्ष में नहीं हैं, वहां ऐसी लाबी भी है, जो महसूस करती है कि कांग्रेस किसी भी स्थिति में पंजाब में बहुमत हासिल नहीं कर सकती जब तक कि अकालियों को भरोसे में न लिया जाए । लेकिन दूसरे धड़े का ख्याल है कि यदि अकालियों से दोस्ती का हाथ बढ़ाया गया तो उत्तरी भारत में सभी हिंदू वोटर कांग्रेस से बागी हो जाएंगे । राजनीतिक हल्कों का कहना है कि 1984-85 के चुनाव में कांग्रेस श्रीमती गांधी की शहादत पर हमदर्दी के नाते वोट हासिल कर गई थी, लेकिन अब इस बार ऐसी कोई बात नहीं है । राजीव गांधी पहली बार अपने बलबूते पर चुनाव लड़ रहे हैं । कांग्रेस के अन्दर भी एक ऐसी लाबी है जो राजीव गांधी के काम से संतुष्ट नहीं है । दूसरी ओर सभी विरोधी पार्टियां आपस में इकट्ठी होकर कांग्रेस के विरुद्ध एक प्लेटफार्म पर एकत्रित होने के लिए तैयारियां कर रही हैं । बेशक पंजाब में कांग्रेसी चाहते हैं कि किसी न किसी स्थिति में सत्ता हासिल की जाए, लेकिन अकालियों के भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल सबसे बड़ी अड़चन हैं । वह साफ कह चुके हैं कि जब तक उनकी पांच शर्तें मान नहीं ली जातीं, अकाली किसी स्थिति में समझौता नहीं करेंगे । बरनाला की ताकत दिन-प्रतिदिन सिख जनता में कम होती जा रही है लेकिन बादल की साख कहीं मजबूत हो रही है । सिख जनता टोहरा, तलवंडी व बाबा जोगेंद्र सिंह की भूमिका से भी खुश नहीं है । यदि पंजाब में कोई हल निकाला जा सकता है तो स. बादल को विश्वास में लेना पड़ेगा ।

साम्प्रदायिक दंगों में पुलिस की भूमिका की निंदा

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): लोकसभा में आज दोनों पक्षों के सदस्यों ने साम्प्रदायिक दंगों के दौरान पुलिस की भूमिका की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस बलों में अल्पसंख्यकों को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की ।

अकाली दल के बलवंत सिंह रामवालिया द्वारा देश के विभिन्न भागों की साम्प्रदायिक स्थिति पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने सरकार को सचेत किया कि कुछ ताकतें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को खत्म करने पर आमादा हैं । यही ताकतें देश में जगह-जगह दंगे करा रही हैं ।

कपूरथला में आढ़तियों, मज़दूरों पर लाठीचार्ज

कपूरथला, 3 मई (शर्मा): आज स्थानीय अनाज मंडियों में पनसप ने गेहूं की बोली तो की, लेकिन बारदाना सप्लाई नहीं किया, जिससे गेहूं बोरियों में

आज जम्मू-कल अम्बाला कैंट, जालंधर में हर रोज

परमात्मा न करे

यदि आप या आपका कोई मित्र गलती से या अन्य किसी कारणवश अपने जीवन की खुशियों से मायूस हो और आप अपना कीमती समय व मेहनत की कमाई को ऊट-पटांग दवाओं पर खर्च करके परेशान हो चुके हों, तो आज ही बिना शर्म व संकोच के विश्व प्रसिद्ध डा. प्रवेश एबट (दिल्ली वालों) से मिल कर या अपने पूरे हालात लिख कर सही सलाह हासिल करें ।

सुरक्षा अधिकारी हैं, उनके अधीन दिल्ली पुलिस और केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल को रखा गया है ।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में नक्सलपंथियों की समस्या के सम्बन्ध में श्री संतोष बागरोडिया के प्रश्न के उत्तर में कहा कि ग्रामीणों को हथियार देने की राज्य सरकार

घुसपैठियों के साथ इस साल जनवरी से अब तक सीमा सुरक्षा बल की 6 मुठभेड़ें हो चुकी हैं । सीमा पार करने के इन मामलों में पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा

जानकारी दी और बताया कि पंजाब सैक्टर में 105 किलोमीटर और राजस्थान सैक्टर में 25

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प का तला सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल री करके लाये जा रहे पुराने कपड़े (रैग्ज़) बरामद रखे कपड़ों के बोरे तथा (नीचे) बल के वे जवान, (छाया : मौजी)

पंजाब में एक परिवार के 6 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

रोपड़ पुलिस द्वारा खतरनाक उग्रवादी गिरोह के सफ़ाये का दावा

दुर्दांत उग्रवादी 'भीरा' मारा गया, एक अन्य ने ज़हर खाया

चंडीगढ़, 4 मई (वार्ता, हस): कल रात से पंजाब में एक परिवार के 6 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई,जबकि एक कुख्यात आतंकवादी बलबीर सिह उर्फ़ भीरा मारा गया । नकोदर के समीप एक गांव में लोगों ने आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया । अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रात्रि कर्फ़्यू की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी गई । रोपड़ पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी गिरोह का सफ़ाया करने का दावा किया है ।

परिवार के 6 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के डी.एस.पी. डिटैक्टिव श्री मुख्तार चन्द ने बताया कि पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के क्षेत्र में स्थित गांव कर्मबाल में गत रात 7.30 बजे के करीब गोलियां मारकर एक ही परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी गई । मरने वालों में 4 स्त्रियां भी शामिल हैं । पुलिस की जांच के अनुसार इसी गांव के एक व्यक्ति अनोखा सिह और उसके लड़कों के साथ मृतक परिवार की ज़मीन के झगड़े में दुश्मनी चली आ रही थी और इस दुश्मनी के आधार पर ही 7 मास पूर्व अनोख सिह के 7 रिश्तेदारों की हत्या की गई थी । अनोख सिह और उसके लड़कों को संदेह था कि साधु सिह, सुरता सिह आदि ने उनके रिश्तेदारों की हत्या करवाई थी, अतः अनोख सिह और उसके लड़कों ने साधु सिह व सुरता सिह से बदला लेने के लिए गत रात उनके मकान पर हमला किया और साधु सिह परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी । इस घटना में .315 बोर की राइफल तथा 12 बोर की बंदूक से फ़ायरिंग की गई । मृतकों में साधु सिह (70), उसका लड़का जोगेन्द्र सिह (35), सुरता सिह की पत्नी प्रसिन्न कौर (65), बीरो (35) पत्नी बिक्कर सिह, उसकी लड़की भोली (15) तथा अमरजीत कौर (38) पत्नी केवल सिह शामिल हैं । पुलिस ने आज प्रातः लाशें कब्ज़े में लेने के बाद इनका पोस्टम-मार्टम करवाया ।

तरनतारन के जिला पुलिस चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इस अपराध का आतंकवादियों से कोई सम्बन्ध नहीं है जैसा कि पहले सोचा गया था । उन्होंने कहा कि यह अनोख सिह तथा उसके परिवार द्वारा बदले की कार्रवाई प्रतीत होती है । अनोख सिह तथा उसके चार लड़कों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । यह सभी फरार हैं और उनके घर को ताला लगा हुआ है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि अनोख सिह की कोई आतंकवादी पृष्ठभूमि नहीं है । उसका एक पुत्र, जिसके आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध थे, गत वर्ष आतंकवादियों की आपसी शत्रुता में मारा गया था ।

रात्रि कर्फ़्यू बढ़ा : अमृतसर जिला में भारत-पाक सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में रात्रि कर्फ़्यू की अवधि एक जुलाई तक बढ़ा दी गई है । इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक हर तरह की गतिविधियों पर रोक लगाना है ताकि सीमा से अवांछित व्यक्तियों की घुसपैठ न हो सके । जिलाधिकारियों ने धारा 144 के अन्तर्गत जलूस निकालने, सभाएं व प्रदर्शन करने, 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, लाउड स्पीकरों के प्रयोग, आपत्तिजनक नारे लगाने, आपत्तिजनक रिकार्ड व टेप बजाने, हथियार लेकर चलने तथा सायं 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक बसें चलाने पर रोक की अवधि भी एक जुलाई तक बढ़ा दी है ।

किसान की हत्या : आज सायं थाना सरहाली के गांव बरियाह में दो उग्रवादियों ने एक किसान बलदेव सिह की गोली मार कर हत्या कर दी । इससे पूर्व इस किसान का गांव सरामा के खेतों से अपहरण किया गया था ।

उग्रवादी गिरफ्तार : पुलिस ने थाना सरहाली के गांव मानोचाहल से एक संदिग्ध उग्रवादी स्वर्ण सिह को पीछा करके गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस भी मिले । उससे पूछताछ जारी है ।

भीरा मारा गया : होशियारपुर (अविनाश, अश्विनी): थाना मुकेरियां के गांव पंडोरी लम्बी के निकट पुलिस की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी बलबीर सिह उर्फ भीरा मारा गया जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए । बताया जाता है कि गत रात 12.30 बजे के करीब जब पुलिस की नाका पार्टी ने उनको ललकारा और रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाना शुरू कर दीं । जवाबी फायरिंग में बलबीर सिह उर्फ भीरा मारा गया जो जिला होशियारपुर के मेहना गांव का रहने वाला था । उसकी लाश के निकट ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन तथा 33 कारतूस मिले ।

एस.एस.पी. ने बताया कि मृत आतंकवादी मेहना ग्राम में एक दुकानदार शाम लाल, टांडा के पास सी.पी.आई. नेता कामरेड सोहन सिह, अकाली नेता श्री सूरत सिह, पुलिस के हैड कांस्टेबल जसवन्त सिह, जौहल ग्राम के एक महंत व उसके भाई की हत्या तथा दहोवाल ग्राम में शराब के ठेके पर तैनात एस.पी.ओ. चौकी पर फ़ायरिंग करके एक होमगार्ड महेन्द्र कुमार को घायल करने के मामलों के अलावा स्कूटर छीनने व लूटमार की अन्य कई घटनाओं में भी पुलिस को वांछित था ।

मनावां गांव में हत्या : फिरोज़पुर (कनतोड़): तीन आतंकवादियों ने कल रात फिरोज़पुर जिले के मनावां गांव में रेशम सिह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि तीन सशस्त्र युवक रेशम सिह के घर में घुसे । वे उसे ज़बरदस्ती खेतों में ले गए तथा वहां ले जाकर उसको गोली मार दी । पुलिस व सुरक्षा बल हत्यारों की खोज कर रहे हैं ।

शव लटकता मिला : कल रात भटिंडा जिला के भाई बख्तौर गांव में एक शव पेड़ से लटकता पाया गया । मृतक का नाम बलविंदर सिह उर्फ़ बिंदरा बताया जाता है । पुलिस के अनुसार यह आपसी रंजिश का मामला है ।

आतंकवादी ने ज़हर खा लिया : लुधियाना (आहलूा): आज दोपहर बाद कूंके गांव के निवासी बूटा सिह पुत्र निक्का सिह नामक आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । सी.आर.पी. 16वीं बटालियन के एक अधिकारी ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि उक्त आतंकवादी लुधियाना से जगराओं एक टैम्पो में जा रहा था कि चौकी मालू के निकट सी.आर.पी. की 16वीं बटालियन व पुलिस पैट्रोल पार्टी ने टैम्पो को चैक किया । इस पर उक्त आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने जब उस पर काबू पाने का प्रयास किया तो उसने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

गिरोह का सफ़ाया : मोहाली (नवंदा): रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर ने बताया कि जिला में हुई आतंकवादी वारदातों में संलिप्त दुर्दांत आतंकवादियों का एक गिरोह, जो कि 'दष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' के नाम से हत्या व लूटपाट की वारदातें करता था, के एक को छोड़ कर सभी सदस्य या तो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं या उन्होंने आत्महत्या कर ली है । उन्होंने कहा कि इस गिरोह का मात्र प्रेम सिह नामक सदस्य भगौड़ा है, जबकि छिंदा, भिंडी, गुरचरण सिह, सतबचन सिह तथा निहाल सिह नामक आतंकवादी जिला रोपड़ व अम्बाला में हुई मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं । उन्होंने कहा कि जिला के गांव दूमछेड़ी के एक रासुका के अंतर्गत नज़रबंद राजनीतिज्ञ द्वारा इन आतंकवादियों को शरण देने तथा उनको शस्त्रास्त्र सप्लाई किये जाने का भी पता चला है । श्री शेखर ने बताया कि अब जिला में बब्बर खालसा से संबंधित उन आतंकवादियों को पकड़े जाने की कोशिशें जारी हैं, जो वारदातें करने की योजनाएं बना रहे हैं ।

पिस्तौल व 70 हजार रुपए लूटे : बाघापुराना (जान): चार सशस्त्र आतंकवादी जिला भटिंडा के थाना भगतां भाई के अन्तर्गत गांव केसरसिंह में एक व्यक्ति किरपाल सिह से उसका लाईसैंसी पिस्तौल तथा 70 हजार रुपए नकद छीनकर ले गए । आतंकवादी पैदल ही उसके घर पहुंचे और सारे परिवार के सदस्यों के हाथ ऊपर खड़े करके हथियारों व नकदी की मांग की । उन्होंने हथियार व नकदी उन्हें दे दी । आतंकवादी जीप में सवार होकर फरार हो गए,जोकि वहां से थोड़ी दूरी पर खड़ी थी । आतंकवादी घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर गए ।

दो लड़कों का अपहरण : गत सायं मोगा में दो लड़कों का अपहरण कर लिया गया जबकि वे स्कूल से लौट रहे थे । दोनों आठवीं कक्षा के छात्र हैं । पुलिस ने उनकी खोज आरम्भ कर दी है परन्तु अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी काला सिह को भी गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा कारतूस मिले । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने 5 तस्करों रेशम

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चारी घरों को क खुला रहा

इस मौका पर बहुत से नागरिक वहां जमा हो गए थे ।

बैंक प्रबन्धकों ने इस घटना का गम्भीर नोटिस लिया तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक के कार्यालय से एक विशेष अधिकारी तत्काल जांच के लिए भेजा गया । उस अधिकारी ने जांच पूरी कर ली है तथा 'अपराधपूर्ण लापरवाही' का आरोप सही पाया है ।

ठक्कर रिपोर्ट लीक की जांच सी.बी.आई. के सुपुर्द

नई दिल्ली, 4 मई (ह.स.): गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने आज राज्यसभा में बताया कि न्यायमूर्ति ठक्कर आयोग की रिपोर्ट की विषय वस्तु के प्रकाशन का मामला जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को भेजा गया है । जांच पूरी होने के बाद ही कानून के तहत अपराध, यदि कोई हो, का निर्धारण किया जा सकता है ।

नेता जनता दल में चौटाला का दावा

प्रकार हो सकता है,जो समय-समय पर तबदील होता रहे ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं तथा प्रधानमंत्री के इस रवैया के दृष्टिगत हरियाणा में भी कांग्रेस (इ) का मनोबल गिर रहा है । हरियाणा के लोग चौधरी देवी लाल के साथ जुड़ गए हैं तथा संसार देखेगा कि जनता दल हरियाणा में लोकसभा की सभी सीटों पर कब्ज़ा करेगा । केन्द्र में जनता दल की सरकार बनेगी ।

हरियाणा जनता दल के अध्यक्ष ने अकालियों की चर्चा करते हुए कहा कि अकालियों का आपस में टूटना भी देश के हित में नहीं है । बहरहाल, जनता दल सभी विरोधी दलों को अपने साथ लेकर चलने का चाहवान है । एक प्रश्न के उत्तर में कि क्या जनता दल अकाली नेताओं पर आनन्दपुर साहिब के प्रस्ताव बारे उनके साथ चलने से पूर्व कोई शर्त लगाएगा, श्री चौटाला ने कहा कि कांग्रेस ने उनके साथ चलने के लिए क्या शर्त लगाई थी । श्री राजीव गांधी ने विगत आम चुनाव में आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव का नाम लेकर देश-भर से वोट प्राप्त की परन्तु जब सत्ता मिल गई तो आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव को सरकारिया आयोग के हवाले कर दिया ।

कर्नाटक जनता दल के मुख्य महासचिव द्वारा इस्तीफा

नई दिल्ली, 4 मई (ह.स.): कर्नाटक जनता दल के मुख्य महासचिव श्री जीवराज अल्वा ने आज रात्रि अपने पद से त्यागपत्र दे दिया । पार्टी के अध्यक्ष वी.पी. सिह ने उन्हें इस्तीफा देने का निर्देश दिया था ।

चिंग में प्रदर्शन

चीन के आन्दोलनकारी छात्रों ने दो सप्ताह से अधिक समय से चल रहे आन्दोलन के बारे में सरकारी मीडिया की खामोशी का सामना करने के लिए पत्र लिखने का अभियान चलाया है । इस सप्ताह पेइचिंग विश्वविद्यालय के हज़ारों छात्र अपने अभिभावकों और दोस्तों को पत्र लिख कर प्रजातंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकारी भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग को लेकर छेड़े अपने आन्दोलन की घटनाओं की जानकारी दे रहे हैं । छात्रों का दावा है कि अगर हर आन्दोलनकारी छात्र हर प्रांत में सिर्फ एक व्यक्ति को भी खत लिखता है और पत्र पाने वाला उसे चार या पांच अन्य लोगों को पढ़ाता है तो आन्दोलन की खबर दस लाख से ज्यादा चीनियों तक पहुंच जाएगी,जिससे इसे छिपाए रखने की सरकारी कोशिश बेकार हो जाएगी ।

छात्रों ने खबरों पर सरकारी रोक का सामना करने के लिए कई और तरीके अपनाए हैं ।

साम्प्रदायिक संगठनों पर रोक का प्रस्ताव नहीं

नई दिल्ली, 4 मई (ह.स.): देश में साम्प्रदायिक संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव इस समय विचाराधीन नहीं है । गृह राज्यमंत्री पी.

जिला प्रशासनों की मदद से उद्योगों में श्रम कानून का उल्लंघन हो रहा है : हुडा

चंडीगढ़, 4 मई (संघी): सी.पी.आई (एम.) हरियाणा के सचिव श्री रघुवीर सिह हुडा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासनों द्वारा उद्योगों में श्रम कानून के उल्लंघन में मदद की जा रही है ।

आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में श्री हुडा ने कहा गनौर की भारत स्टील ट्यूब फैक्टरी में गत वर्ष नवम्बर से तथा रोहतक की मोहन स्पिनिंग मिल्स में गत 11 फरवरी से तालाबंदी चल रही है व हजारों श्रमिक इसके विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं, पर राज्य सरकार की तरफ से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है । उन्होंने कहा कि राज्य में इस समय 76 फैक्ट्रियों में तालाबंदी चल रही है ।

श्री हुडा ने यह भी आरोप लगाया कि रोहतक बैठे कर्मियों पर मालिकों द्वारा 30 मार्च व 22 अप्रैल को दो बार हमले करवाए गए हैं । इन हमलों में 20 कर्मियों को चोटें भी आई, पर पुलिस ने हमलावरों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया । उन्होंने आरोप लगाया कि 'सीटू' से सम्बद्ध कर्मियों के संघर्ष को, जनता दल की तरफ से लोक मजदूर संघ को बढ़ावा देने व भाजपा की तरफ से भारतीय मजदूर संघ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असफल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि श्रम विभाग भी बकरों की सुरक्षा की अपेक्षा उद्योगपतियों की मदद करने में जुटा हुआ है ।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि कर्मियों की छंटनी के उद्देश्य से उद्योगपतियों द्वारा फैक्ट्रियों में की जा रही तालाबंदी समाप्त कराई जाए, श्रम विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए व उद्योग कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए । समाज विरोधी तत्वों को राजनीतिक शरण न देने की भी उन्होंने मांग की । श्री हुडा ने बताया कि इन मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री देवी लाल को पत्र लिखा है ।

पत्रकार सम्मेलन में राज्य विधानसभा में सी.पी.आई. (एम.) के एकमात्र सदस्य श्री हरपाल सिह भी उपस्थित थे ।

श्री हुडा का यह भी आरोप था कि सरकार अपने कर्मियों की मांगों के प्रति कठोर रवैया अपनाए हुए है । सर्वकर्मी संघ के आह्वान पर विधायकों के आवासों पर धरने देने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है । जबकि श्री देवी लाल अपनी पार्टी के सदस्यों को इन सांसदों के आवासों पर धरने देने को कह रहे हैं । उन्होंने मांग की कि जातीय आधार पर बुलाए जाने वाले सम्मेलनों पर रोक लगाई जाए क्योंकि ये राष्ट्रीय एकता के हित में नहीं है । राज्य सरकार की कारगुजारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने मांग की कि भूमिहीन व्यक्तियों व कृषि मजदूरों को कतिपय सुविधाएं दी जाएं ।

पैंशन भोगियों को भी एल.टी.सी. सुविधा मिलेगी

चंडीगढ़, 4 मई (संघी): हरियाणा सरकार ने किसी सरकारी कर्मी के परिवार के पैंशनभोगी सदस्य, जोकि उस पर आश्रित हो, को भी एल.टी.सी. सुविधा देने का फैसला किया है । यदि पैंशनभोगी की आय सभी साधनों से 500 रुपए से अधिक नहीं बनेगी तो उसे सम्बद्ध सरकारी कर्मी पर पूर्ण आश्रित माना जाएगा ।

वी.पी. सिंह के तस्करों से कथित संबंध पर राज्यसभा में हंगामा, लोकसभा में भी मामला उठा

नई दिल्ली, 4 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में आज जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिह के तस्करों से कथित संबंध के मसले को उठाने का प्रयास किया और राज्यसभा में उन्होंने 15 मिनट तक सदन की कार्रवाई ठप्प रखी । कांग्रेस (इ) सदस्यों ने दोनों सदनों में शून्यकाल के दौरान एक हिंदी साप्ताहिक की प्रतियां दिखाईं जिसमें श्री सिह के तस्करों से कथित संबंध के बारे में लेख छपा है । लोकसभा के सत्तारूढ़ दल के सर्वश्री निर्मल खत्री, रामप्यारे पणिका तथा हरीश रावत ने इस मसले को उठाने का प्रयास किया ।

श्री खत्री ने कहा कि श्री सिह जब वित्तमंत्री थे तो उन्होंने सज़ा प्राप्त 11 तस्करों को मौखिक आदेश देकर छुड़वा दिया था । अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने कहा कि यह मसला इस रूप में नहीं उठाया जा सकता ।

को कथित संरक्षण दिए जाने का मसला उठाना चाहते थे । श्रीमती नज़मा हेपतुल्ला ने जैसे ही सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा, कांग्रेस (इ) के आनंद शर्मा, एस.एस. आहलुवालिया तथा रऊफ़ वली उल्लाह उठ खड़े हुए और उन्होंने एक साप्ताहिक की प्रतियां दिखानी शुरू कर दीं, जिसमें वी.पी. सिह के बारे में लेख प्रकाशित हुआ है ।

श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में विशेष उल्लेख का नोटिस दिया है । जनता दल के सत्यप्रकाश मालवीय तथा अन्य विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति की और कहा कि कांग्रेस (इ) सदस्यों ने पूर्व-अनुमति नहीं ली है ।

श्रीमती हेपतुल्ला के यह व्यवस्था देने के बाद भी कि श्री शर्मा इस मसले को नहीं उठा सकते क्योंकि सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी है, कांग्रेस (इ) सदस्य यह कहते रहे कि मामला महत्वपूर्ण है अतः

Punjab Portal

स्था के प्रभारी मुख्य
ीन दिल्ली पुलिस और
रखा गया है ।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में नक्सलपीथियों की समस्या के सम्बन्ध में श्री संतोष बागरोडिया के प्रश्न के उत्तर में कहा कि ग्रामीणों को हथियार देने की राज्य सरकार

घुसपैठियों के साथ इस साल जनवरी से अब तक सीमा सुरक्षा बल की 6 मुठभेड़ें हो चुकी हैं । सीमा पार करने के इन मामलों में पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा

जानकारी दी और बताया कि पंजाब सैक्टर में 105 किलोमीटर और राजस्थान सैक्टर में 25

(शेष पृष्ठ 10 पर)



कट सीमा सुरक्षा बल
कपड़े (रैंज) बरामद
के) बल के के जवान,
(छाया : मौजी)

पंजाब में एक परिवार के 6 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

रोपड़ पुलिस द्वारा खतरनाक उग्रवादी गिरोह के सफ़ाये का दावा

दुर्दांत उग्रवादी 'भीरा' मारा गया, एक अन्य ने ज़हर खाया

चंडीगढ़, 4 मई (वार्ता, हस): कल रात से पंजाब में एक परिवार के 6 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक कथित आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ़ भीरा मारा गया । नकोदर के समीप एक गांव में लोगों ने आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया । अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रात्रि कर्फ़्यू की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी गई । रोपड़ पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी गिरोह का सफ़ाया करने का दावा किया है ।

परिवार के 6 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के डी.एस.पी. डिटैक्टिव श्री मुख्तार चन्द ने बताया कि पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के क्षेत्र में स्थित गांव कर्मवाल में गत रात 7.30 बजे के करीब गोलियां मारकर एक ही परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी गई । मरने वालों में 4 स्त्रियां भी शामिल हैं । पुलिस की जांच के अनुसार इसी गांव के एक व्यक्ति अनोखा सिंह और उसके लड़कों के साथ मृतक परिवार की ज़मीन के झगड़े में दुश्मनी चली आ रही थी और इस दुश्मनी के आधार पर ही 7 मास पूर्व अनोख सिंह के 7 रिश्तेदारों की हत्या की गई थी । अनोख सिंह और उसके लड़कों को संदेह था कि साधु सिंह, सुरता सिंह आदि ने उनके रिश्तेदारों की हत्या करवाई थी, अतः अनोख सिंह और उसके लड़कों ने साधु सिंह व सुरता सिंह से बदला लेने के लिए गत रात उनके मकान पर हमला किया और साधु सिंह परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी । इस घटना में .315 बोर की राइफल तथा 12 बोर की बंदूक से फ़ायरिंग की गई । मृतकों में साधु सिंह (70), उसका लड़का जोगेन्द्र सिंह (35), सुरता सिंह की पत्नी प्रसिन्न कौर (65), बीरो (35) पत्नी बिक्कर सिंह, उसकी लड़की भोली (15) तथा अमरजीत कौर (38) पत्नी केवल सिंह शामिल हैं । पुलिस ने आज प्रातः लाशें कब्ज़े में लेने के बाद इनका पोस्टम-मार्टम करवाया ।

तरनतारन के जिला पुलिस चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि इस अपराध का आतंकवादियों से कोई सम्बन्ध नहीं है जैसा कि पहले सोचा गया था । उन्होंने कहा कि यह अनोख सिंह तथा उसके परिवार द्वारा बदले की कार्रवाई प्रतीत होती है । अनोख सिंह तथा उसके चार लड़कों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । यह सभी फरार हैं और उनके घर को ताला लगा हुआ है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि अनोख सिंह की कोई आतंकवादी पृष्ठभूमि नहीं है । उसका एक पुत्र, जिसके आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध थे, गत वर्ष आतंकवादियों की आपसी शत्रुता में मारा गया था ।

रात्रि कर्फ़्यू बढ़ा : अमृतसर जिला में भारत-पाक सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में रात्रि कर्फ़्यू की अवधि एक जुलाई तक बढ़ा दी गई है । इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक हर तरह की गतिविधियों पर रोक लगाना है ताकि सीमा से अवांछित व्यक्तियों की घुसपैठ न हो सके । जिलाधिकारियों ने धारा 144 के अन्तर्गत जलूस निकालने, सभाएं व प्रदर्शन करने, 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, लाऊड स्पीकरों के प्रयोग, आपत्तिजनक नारे लगाने, आपत्तिजनक रिकार्ड व टेप बजाने, हथियार लेकर चलने तथा सायं 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक कारें चलाने पर रोक की अवधि भी एक जुलाई तक बढ़ा दी है ।

किसान की हत्या : आज सायं थाना सरहाली के गांव वरियाह में दो उग्रवादियों ने एक किसान बलदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । इससे पूर्व इस किसान का गांव सरामा के खेतों से अपहरण किया गया था ।

उग्रवादी गिरफ़्तार : पुलिस ने थाना सरहाली के गांव मानोचाहल से एक संदिग्ध उग्रवादी स्वर्ण सिंह को पीछा करके गिरफ़्तार किया है । उससे एक 12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस भी मिले । उससे पूछताछ जारी है ।

भीरा मारा गया : होशियारपुर (अविनाश, अश्विनी): थाना मुकेरियां के गांव पंडोरी लम्बी के निकट पुलिस की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ भीरा मारा गया जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए । बताया जाता है कि गत रात 12.30 बजे के करीब जब पुलिस की नाका पार्टी ने उनको ललकारा और रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाना शुरू कर दीं । जवाबी फायरिंग में बलबीर सिंह उर्फ भीरा मारा गया जो जिला होशियारपुर के मेहना गांव का रहने वाला था । उसकी लाश के निकट ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन तथा 33 कारतूस मिले ।

एस.एस.पी. ने बताया कि मृत आतंकवादी मेहना ग्राम में एक दुकानदार शाम लाल, टांडा के पास सी.पी.आई. नेता कामरेड सोहन सिंह, अकाली नेता श्री सूरत सिंह, पुलिस के हैड कांस्टेबल जसवन्त सिंह, जौहल ग्राम के एक महंत व उसके भाई की हत्या तथा दहोवाल ग्राम में शराब के ठेके पर तैनात एस.पी.ओ. चौकी पर फ़ायरिंग करके एक होमगार्ड महेन्द्र कमार को घायल करने के मामलों के अलावा स्कूटर छीनने व लूटमार की अन्य कई घटनाओं में भी पुलिस को वांछित था ।

मनावां गांव में हत्या : फिरोज़पुर (कनतोड़): तीन आतंकवादियों ने कल रात फिरोज़पुर जिले के मनावां गांव में रेशम सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि तीन सशस्त्र युवक रेशम सिंह के घर में घुसे । वे उसे ज़बरदस्ती खेतों में ले गए तथा वहां ले जाकर उसको गोली मार दी । पुलिस व सुरक्षा बल हत्यारों की खोज कर रहे हैं ।

शव लटकता मिला : कल रात भटिंडा जिला के भाई बख्तौर गांव में एक शव पेड़ से लटकता पाया गया । मृतक का नाम बलबिदर सिंह उर्फ़ बिदरा बताया जाता है । पुलिस के अनुसार यह आपसी रंजिश का मामला है ।

आतंकवादी ने ज़हर खा लिया : लुधियाना (आहूजा): आज दोपहर बाद कोंके गांव के निवासी बूटा सिंह पुत्र निक्का सिंह नामक आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । सी.आर.पी. 16वीं बटालियन के एकअधिकारी ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि उक्त आतंकवादी लुधियाना से जगरांव एक टैम्पो में जा रहा था कि चौकी मान के निकट सी.आर.पी. की 16वीं बटालियन व पुलिस पैट्रोल पार्टी ने टैम्पो को चैक किया । इस पर उक्त आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने जब उस पर काबू पाने का प्रयास किया तो उसने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

गिरोह का सफ़ाया : मोहाली (नर्बदा) रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर ने बताया कि जिला में हुई आतंकवादी वारदातों में संलिप्त दुर्दांत आतंकवादियों का एक गिरोह, जो कि 'दष्ट सोध कमांडो फ़ोर्स' के नाम से हत्या व लूटपाट की वारदातें करता था, के एक को छोड़ कर सभी सदस्य या तो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं या उन्होंने आत्महत्या कर ली है । उन्होंने कहा कि इस गिरोह का मात्र प्रेम सिंह नामक सदस्य भगौड़ा है, जबकि छिंदा, भिंडी, गुरचरण सिंह, सतबचन सिंह तथा निहाल सिंह नामक आतंकवादी जिला रोपड़ व अम्बाला में हुई मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं । उन्होंने कहा कि जिला के गांव डुमछेड़ी के एक रासुका के अंतर्गत नज़रबंद राजनीतिज्ञ द्वारा इन आतंकवादियों को शरण देने तथा उनको शस्त्रास्त्र सप्लाई किये जाने का भी पता चला है । श्री शेखर ने बताया कि अब जिला में बब्बर खालसा से संबंधित उन आतंकवादियों को पकड़े जाने की कोशिशें जारी हैं, जो वारदातें करने की योजनाएं बना रहे हैं ।

पिस्तौल व 70 हजार रुपए लूटे : बाघापुराना (जान): चार सशस्त्र आतंकवादी जिला भटिंडा के थाना भगतां भाई के अंतर्गत गांव केसरगढ़ में एक व्यक्ति किरपाल सिंह से उसका लाइसैंसी पिस्तौल तथा 70 हजार रुपए नकद छीनकर ले गए । आतंकवादी दल ही उसके घर पहुंचे और सारे परिवार के सदस्यों के हाथ ऊपर खड़े करा कर हथियारों व नकदी की मांग की । उन्होंने हथियार व नकदी उन्हें दे दी । आतंकवादी जीप में सवार होकर फ़रार हो गए जबकि वहां से थोड़ी दूरी पर खड़ी थी । आतंकवादी घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर गए ।

दो लड़कों का अपहरण : गत सायं मोगा में दो लड़कों का अपहरण कर लिया गया जबकि वे स्कूल से लौट रहे थे । दोनों आठवीं कक्षा के छात्र हैं । पुलिस ने उनकी खोज आरम्भ कर दी है परन्तु अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी काला सिंह को भी गिरफ़्तार किया है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा कारतूस मिले । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने 5 तस्करों रेशम

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जिला प्रशासनों की मदद से उद्योगों में श्रम कानून का उल्लंघन हो रहा है : हुडा

चंडीगढ़, 4 मई (सैपी): सी.पी.आई (एम.) हरियाणा के सचिव श्री रघुवीर सिंह हुडा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासनों द्वारा उद्योगों में श्रम कानून के उल्लंघन में मदद की जा रही है ।

आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में श्री हुडा ने कहा गनौर की भारत स्टील ट्यूब फैक्टरी में गत वर्ष नवम्बर से तथा रोहतक की मोहन स्पिनिंग मिल्स में गत 11 फरवरी से तालाबंदी चल रही है व हजारों श्रमिक इसके विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं, पर राज्य सरकार की तरफ से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है । उन्होंने कहा कि राज्य में इस समय 76 फैक्ट्रियों में तालाबंदी चल रही है ।

श्री हुडा ने यह भी आरोप लगाया कि रोहतक बैठे कर्मियों पर मालिकों द्वारा 30 मार्च व 22 अप्रैल को दो बार हमले करवाए गए हैं । इन हमलों में 20 कर्मियों को चोटें भी आई, पर पुलिस ने हमलावरों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया । उन्होंने आरोप लगाया कि 'सीटू' से सम्बद्ध कर्मियों के संघर्ष को, जनता दल की तरफ से लोक मजदूर संघ को बढ़ावा देने व भाजपा की तरफ से भारतीय मजदूर संघ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असफल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि श्रम विभाग भी 'वर्करों की सुरक्षा की अपेक्षा उद्योगपतियों की मदद' करने में जुटा हुआ है ।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि कर्मियों की छंटनी के उद्देश्य से उद्योगपतियों द्वारा फैक्ट्रियों में की जा रही तालाबंदी समाप्त कराई जाए, श्रम विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए व उद्योग कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए । समाज विरोधी तत्वों को राजनीतिक शरण न देने की भी उन्होंने मांग की । श्री हुडा ने बताया कि इन मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री देवी लाल को पत्र लिखा है ।

पत्रकार सम्मेलन में राज्य विधानसभा में सी.पी.आई. (एम.) के एकमात्र सदस्य श्री हरपाल सिंह भी उपस्थित थे ।

श्री हुडा का यह भी आरोप था कि सरकार अपने कर्मियों की मांगों के प्रति कठोर रवैया अपनाए हुए है । सर्वकर्मी संघ के आह्वान पर विधायकों के आवासों पर धरने देने वालों को गिरफ़्तार किया जा रहा है । जबकि श्री देवी लाल अपनी पार्टी के सदस्यों को इंका सांसदों के आवासों पर धरने देने को कह रहे हैं । उन्होंने मांग की कि जातीय आधार पर बुलाए जाने वाले सम्मेलनों पर रोक लगाई जाए क्योंकि ये राष्ट्रीय एकता के हित में नहीं है । राज्य सरकार की कारगुजारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने मांग की कि भूमिहीन व्यक्तियों व कृषि मजदूरों को कतिपय सुविधाएं दी जाएं ।

पैंशन भोगियों को भी एल.टी.सी. सुविधा मिलेगी

चंडीगढ़, 4 मई (सैपी): हरियाणा सरकार ने किसी सरकारी कर्मी के परिवार के पैंशनभोगी सदस्य, जोकि उस पर आश्रित हो, को भी एल.टी.सी. सुविधा देने का फैसला किया है । यदि पैंशनभोगी की आय सभी साधनों से 500 रुपए से अधिक नहीं बनेगी तो उसे सम्बद्ध सरकारी कर्मी पर पूर्ण आश्रित माना जाएगा ।

वी.पी. सिंह के तस्करों से कथित संबंध पर राज्यसभा में हंगामा, लोकसभा में भी मामला उठा

नई दिल्ली, 4 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में आज जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह के तस्करों से कथित संबंध के मसले को उठाने का प्रयास किया और राज्यसभा में उन्होंने 15 मिनट तक सदन की कार्रवाई ठप्प रखी । कांग्रेस (इ) सदस्यों ने दोनों सदनों में शून्यकाल के दौरान एक हिंदी साप्ताहिक की प्रतियां दिखाईं जिसमें श्री सिंह के तस्करों से कथित संबंध के बारे में लेख छपा है । लोकसभा के सत्तारूढ़ दल के सर्वश्री निर्मल खत्री, रामप्यारे पणिका तथा हरीश रावत ने इस मसले को उठाने का प्रयास किया ।

श्री खत्री ने कहा कि श्री सिंह जब वित्तमंत्री थे तो उन्होंने सज़ा प्राप्त 11 तस्करों को मौखिक आदेश देकर छुड़वा दिया था । अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने कहा कि यह मसला इस रूप में नहीं उठाया जा सकता ।

राज्यसभा में इसी मुद्दे पर हंगामा हुआ । सदन में यह स्थिति उस समय पैदा हुई जब उपसभापति नज़मा हैपतुल्ला ने सत्तारूढ़ दल के सदस्यों को कथित संरक्षण दिए जाने का मसला उठाना चाहते थे । श्रीमती नज़मा हैपतुल्ला ने जैसे ही सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा, कांग्रेस (इ) के आनंद शर्मा, एस.एस. आहलुवालिया तथा रऊफ़ वली उल्लाह उठ खड़े हुए और उन्होंने एक साप्ताहिक की प्रतियां दिखानी शुरू कर दीं, जिसमें बी.पी. सिंह के बारे में लेख प्रकाशित हुआ है ।

श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में विशेष उल्लेख का नोटिस दिया है । जनता दल के सत्यप्रकाश मालवीय तथा अन्य विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति की और कहा कि कांग्रेस (इ) सदस्यों ने पूर्व-अनुमति नहीं ली है ।

श्रीमती हैपतुल्ला के यह व्यवस्था देने के बाद भी कि श्री शर्मा इस मसले को नहीं उठा सकते क्योंकि सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी है, कांग्रेस (इ) सदस्य यह कहते रहे कि मामला महत्वपूर्ण है अतः उन्हें इसे उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए ।

विपक्ष के सदस्यों के यह कहने पर कि सत्तारूढ़

साम्प्रदायिक संगठनों पर रोक का प्रस्ताव नहीं

नई दिल्ली, 4 मई (ह.स.): देश में साम्प्रदायिक संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव इस समय विचाराधीन नहीं है । गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि धर्म को राजनीति से अलग करने के संबंध में संसद में पहले ही धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग की रोकथाम) कानून

Punjab State Archives

पट्टी क्षेत्र में रामसिंहवाला गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (ऊपर) दविन्द्र सिंह तथा (नीचे) रतन सिंह के शव । (फोटो : भगवान स्टूडियो)

आतंकवादियों ने विगत दिवस अमृतसर जिले के पट्टी क्षेत्र में कैरों गांव के निकट सी.आर.पी. की एक गाड़ी पर फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप होमगार्ड का एक जवान मारा गया । (ऊपर) वह गाड़ी जिस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । (नीचे) होमगार्ड के मृतक जवान का शव । (फोटो : भगवान स्टूडियो)

परिवार के छः सदस्यों की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

सिंह, ठाकर सिंह, करनैल सिंह, महेंद्र सिंह तथा जरनैल सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 550 किलोग्राम हथीरा व 67500 लिटर अवैध शराब बरामद की ।

ग्रामीणों ने आतंकवादी भगाए : नकोदर (गगन): नकोदर से दो किलोमीटर दूर स्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता स्वर्गीय कामरेड देसराज सहोता के गांव माहूवाल में तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने रात 8.30 बजे के करीब बाल्मीकि बिरादरी से सम्बन्ध रखने वाले लोगों के घरों में आकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं तो मार्क्सवादी पार्टी के वर्करों ने जवाबी गोलियां चलाकर उनको वहां से भगा दिया । आतंकवादियों और मार्क्सवादी वर्करों के मध्य डेढ़ दर्जन गोलियां चलीं । किसी के घायल होने का समाचार नहीं है । सूचना मिलते ही नकोदर पुलिस तुरन्त डी.एस.पी. श्री जगदीश कुमार

कल रात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनकी पहचान कुलवंत सिंह वासी मानसा, अमरजीत सिंह वासी मानसा, अजायब सिंह वासी नाभा, जोगेन्द्र सिंह व बलबीर सिंह (दोनों वासी फूल) के रूप में हुई है । एस.एस.पी. ने बताया कि यह आतंकवादी तपा के एक डाक्टर कृष्ण कुमार की हत्या की योजना बना रहे थे । डाक्टर कृष्ण कुमार पर गत 16 मार्च को भी हमला हुआ था, परन्तु वह बाल-बाल बच गए थे । पुलिस ने उनसे एक मारुति वैन डी.डी.डी. 8950 भी बरामद की, जोकि उन्होंने 25 मार्च को छीनी थी । उनसे हथियार व गोली-सिक्का भी मिला ।

लाखों की क्षति

मोहाली, 4 मई (नबंदा): जिला रोपड़ में गत 24 घंटे के दौरान हुए विभिन्न अग्नि कांडों में लाखों रुपए की सम्पत्ति जल जाने का समाचार है । रोपड़ स्थित 'सहकारी कोल्ड स्टोर' में आग लगने से करीब 6 लाख की क्षति होने का अनुमान है ।

इंका सम्मेलन 27 मई को

लुधियाना, 4 मई (धीमान): श्री सेवाराम अरोड़ा महामंत्री पंजाब कांग्रेस ने कल एक इंटरव्यू में जानकारी दी कि 14 से 17 मई तक ब्लाक व जिला स्तर पर कई सम्मेलन किए जा रहे हैं, जिनमें पार्टी के गरीबी हटाने के लिए क्रांतिकारी कदमों की जानकारी दी जाएगी । 27 मई को प्रांतीय स्तर का सम्मेलन लुधियाना में होगा, जिसमें केन्द्रीय मंत्री व नेता सर्वश्री बूटा सिंह, के.सी. पंत, के.के. तिवारी, श्रीमती शीला कौल और गुलाम नबी आज़ाद भी भाषण देंगे । श्री अरोड़ा ने पंजाब सरकार से मांग की कि भ्रम कानूनों पर सख्ती से अमल किया जाए क्योंकि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कई मालिक मजदूरों की हाजरी नहीं लगाते । तदर्थ मजदूरों को 240 दिनों के बाद पक्का नहीं किया जाता । उन्होंने मांग की कि मजदूरों का वेतन 900 रुपए प्रति मास किया जाए ।

पाक जेलों में बंद भारतीय कैदियों को वापस लाने में विदेश मंत्रालय असफल : चावला

अमृतसर, 4 मई (दीपक): भाजपा नेता श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला ने विदेश मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के इस बयान की आलोचना करते हुए यह स्पष्ट किया है कि भारतीय विदेश विभाग केवल बयानबाजी करके कि "इतने भारतीय पाक जेलों में हैं और भारत सरकार उन्हें लाने के लिए पाक सरकार से मामला उठा रही है" लोगों को गुमराह कर रहा है । अब तक विदेश विभाग 1971 के भारतीय जंगी कैदी सैनिकों को लाने के लिए 18 वर्ष से संघर्ष कर रहा है परन्तु उसका परिणाम यह निकला है कि एक भी भारतीय सैनिक उन 54 सैनिकों में से भारत वापिस नहीं लौटा । आश्चर्य की बात तो यह है कि विदेश विभाग के पास इन 54 सैनिकों के पाक जेलों में होने का प्रमाण है तो 18 वर्ष के मध्य उन प्रमाणों के आधार पर मामला क्यों नहीं

थिएटर आंदोलन तेज़ करने हेतु चंडीगढ़ में व्यावसायिक मंच बनेगा

चंडीगढ़, 4 मई (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने घोषणा की है कि पंजाब में थिएटर आंदोलन को तेज करने के लिए शीघ्र ही चंडीगढ़ में एक व्यावसायिक मंच स्थापित किया जाएगा । श्री रे गत दिवस स्थानीय टैगोर थिएटर में राज्य के सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा आयोजित नाटक समारोह के समापन अवसर पर बोल रहे थे ।

समारोह में खेले गए तीन नाटकों को राज्यपाल ने 'नट शिरोमणि' पुरस्कार भी दिए । 'थिएटर लैब चंडीगढ़' के नाटक 'बलदे टिब्बे' को प्रथम, लोक रंगमंच अमृतसर के नाटक 'असीं नाटक नहीं करदे' को द्वितीय तथा अमृतसर स्कूल आफ ड्रामा के नाटक 'धमक नगाड़े दी' को तीसरा पुरस्कार दिया गया । इन पुरस्कारों के तहत पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले नाटकों को क्रमशः 6100 रुपए, 5100 रुपए तथा 4100 रुपए की राशि दी गई ।

नेत्रहीनों के [illegible] जलूस निकाल [illegible] हैं ।

एस.डी. कालेज व [illegible] को अपना बताया

जालंधर, 4 मई (दल्ल): गत दिवस स्थानीय एस.डी. कालेज फ़ार विमैन के पट्टे पर लिए गए खेल के मैदान के इर्द-गिर्द निर्मित दीवार को नगर निगम जालंधर के संयुक्त आयुक्त श्री ए.एस. गुलाटी की देखरेख में गिराए जाने पर जो प्रतिक्रिया कालेज प्रबन्ध कमेटी के सचिव श्री प्रेम चंद मारकंडा ने व्यक्त की, उस बारे में निगम के संयुक्त आयुक्त श्री गुलाटी का कहना है कि इस भूमि का इन्तकाल गत सितम्बर मास में शामलात भूमि के नाते 1976 के एक सरकारी नोटीफ़िकेशन के अंतर्गत निगम के नाम हो चुका है, जिस कारण निगम इस भूमि की न केवल मालिक है बल्कि उक्त कालेज की प्रबन्ध कमेटी ने निगम से नक्शा पास कराए या स्वीकृति लिए बिना ही दीवार का निर्माण कर लिया, जो अवैध कार्य है और एक शिक्षा संस्था के प्रबन्धकों से ऐसे अवैध कार्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती । श्री गुलाटी ने यह भी कहा कि श्री मारकंडा का यह कहना भी गलत है कि इस अवैध दीवार बारे कालेज को कोई नोटिस नहीं दिया गया ।

इस सम्बन्ध में जब निगम के आयुक्त श्री आई.एल. डावरा से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यह भूमि निगम ने किसी से खरीदी नहीं । यह तो राज्य सरकार के एक निर्णय के अधीन जारी एक नोटीफ़िकेशन के अधीन शामलात होने के कारण उसके स्वामित्व में आई है और इसका इन्तकाल राजस्व विभाग द्वारा किया गया है । यदि यह इन्तकाल गलत हुआ है तो इसे ब्रह्मकुण्ड मंदिर ट्रस्ट या कालेज के प्रबन्धकों की ओर से कानूनी तौर पर चैलेंज किया जा सकता था, किन्तु जब तक यह इन्तकाल निगम के नाम है, यह भूमि कानूनी तौर पर निगम की है और इसे किसी अन्य को न पट्टे पर देने

अदालत में च[illegible]

दूसरी ओ[illegible] मंदिर ब्रह्मक[illegible] इसके लिए वह[illegible] 1940 में दि[illegible] अधीन उस स[illegible] दुराचरण के [illegible] जालंधर के [illegible] स्वीकार की [illegible] बात की भी च[illegible] 51 कनाल भ[illegible] कनाल भूमि [illegible] सांझीदारी के [illegible] व्यक्तिगत अ[illegible]

इसके अ[illegible] जब नगर नि[illegible] प्रिंसीपल के [illegible] यह भूमि नग[illegible] उसे पट्टे पर [illegible] भूमि की जम[illegible] के अतिरिक्त [illegible] अजानता के [illegible] यदि उसने द[illegible] होगी । उन[illegible] में इस भूमि [illegible] चुनौती दी [illegible]

ज़ैल सि[illegible]

नई दि[illegible] ज़ैल सिंह क[illegible] का जन्म पं[illegible]

Punjab Gandhan

पाकिस्तानी सेनाएं डालानंग रेंज के काकशर पगढ़ क्षेत्र में भारतीय चौकियों पर अकारण करती रही हैं । उनका उद्देश्य एक पठार करने का है जिसे पहले "नौ मैन्ज लैंड" किया गया था ।

करते रहे हैं कि वह अपनी सेना वहां से हटाकर पुरानी स्थिति पर लौटा लें । उन्हें आशा थी कि इससे स्थिति सुधर जाएगी । परन्तु स्पष्ट है कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय सैनिक अधिकारियों का अनुरोध ठुकरा दिया ।

ढाका से 65 किलोमीटर दूर चांदपुर कस्बे के स्टेडियम में आज तड़के भगदड़ मच जाने के कारण कम से कम 20 महिलाओं की मृत्यु हो गई और 100 लोग घायल हो गए । सरकारी सूत्रों के अनुसार यह घटना तब घटी जब कस्बे के पुराना

बाटी जा रही थी । करीब तीन हजार की भी 'जकात' लेने के लिए खड़ी थी ।

सरकारी सूत्रों ने केवल 14 महिलाओं के मर की पुष्टि की है ।

मेलन में (ऊपर) प्रधानमंत्री राजीव गांधी य मंत्री जनार्दन पूजारी के साथ दिखाई दे ीर, असम व हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा (छाया : प्रै.ट्र.)

लुधियाना में भूतपूर्व इंका विधायक सतपाल पराशर, उनके गनमैन की हत्या

उग्रवादियों द्वारा सरपंच सहित 2 की हत्या : 2 को फांसी दे दी

दुष्ट सोधो कमांडो फोर्स के 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 5 मई (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि लुधियाना में पूर्व विधायक श्री सतपाल पराशर और उनके एक गनमैन की हत्या कर दी, जबकि दूसरे गनमैन को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिला जालन्धर में आज सायं पुलिस के साथ हुई भिड़ंत में दुष्ट सोधो खालिस्तान कमांडो फोर्स का मुखिया अवतार सिंह और उसका साथी मारे गए । पंजाब में कल रात के बाद से एक सरपंच सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इनमें से दो व्यक्तियों को फांसी देकर मारा गया । एक आढ़ती का अपहरण कर लिया गया ।

इंका नेता की हत्या : लुधियाना (धीमान) : आज रात्रि यहां समराला चौक में भूतपूर्व इंका विधायक श्री सतपाल पराशर जब कार में जा रहे थे तो उग्रवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे श्री पराशर और उनके दो गनमैन गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें तत्काल ब्राऊन अस्पताल में लाया गया, जहां श्री पराशर मृत घोषित कर दिए गए । उनका एक गनमैन भी मृत घोषित कर दिया गया । दूसरे गनमैन की दशा नाजुक है । श्री पराशर प्रदेश कांग्रेस (इ) के महामंत्री भी थे ।

श्री पराशर की आयु मात्र 35 वर्ष थी और वे अभी अविवाहित ही थे ।

'महिन्द्रा' के अनुसार मृतक गनमैन का नाम कुलवन्त सिंह और घायल गनमैन का नाम गोपाल है । उग्रवादियों की संख्या 5 थी । वे एक कार में आए और कार में ही फरार हो गए । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार श्री पराशर कार में से निकलकर अपने कार्यालय के बाहर खड़े थे, जब उग्रवादियों ने उन पर गोलियों की बौछाड़ की ।

2 उग्रवादी मारे गए : जालन्धर (एस.एन.ए.): आज सायं लगभग 6.30 बजे गोराया में पुलिस और उग्रवादियों के मध्य जबरदस्त मुकाबला हुआ, जिसमें 2 उग्रवादी मारे गए ।

बाद में प्राप्त एक सूचना के अनुसार इन उग्रवादियों की दुष्ट सोधो खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुखिया अवतार सिंह तारी और उसके सहयोगी सोहन उर्फ बिल्ला के रूप में शिनाख्त की गई है । ये दोनों दुर्दांत उग्रवादी थे ।

फोर व्हीलर चोरी : जालन्धर: गत दिवस एक फोर व्हीलर नं. पी.आई.क्यू. 4727 के चोरी हो जाने की सूचना है । टाटा मार्का 407 वाहन के मालिक श्री केवल कृष्ण के अनुसार वह जालन्धर से मुक्तसर किताबें पहुंचाने के बाद लौट रहे थे कि 2 मई को 4.30 बजे बाईपास मोगा के निकट एक ढाबे पर उनके रोटी खाते समय कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन को कोटकपुरा की तरफ भगा कर ले गए । पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

भटिंडा के गांव में हत्या : बाघा पुराना (मित्तल): आज सायं यहां 5 संदिग्ध आतंकवादियों ने जिला भटिंडा के कस्बे कोठा गुरुका के भीड़भाड़ भरे इलाके में अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को घायल कर दिया । घायलों को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भेज दिया गया है । उनकी हालत गम्भीर बताई जाती है । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

आढ़ती का अपहरण : फिरोजपुर (कनतोड़): कल कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तहसील जीरा के गांव फतेहगढ़ पंजतूर के एक आढ़ती रोशन लाल पुत्र दीन दयाल का अपहरण कर लिया । समझा जाता है कि अपहरणकर्त्ता कट्टर आतंकवादी निशान सिंह गिरोह से सम्बन्धित थे । यह गिरोह मक्खू, जीरा तथा निकटवर्ती मंड क्षेत्र में सक्रिय है ।

फायरिंग : एक अन्य वारदात में कुछ ट्रैक्ट सवार आतंकवादियों को थाना जीरा के गांव भुट्ट रोशन शाह में बी.एस.एफ. ने चुनौती दी । दो पक्षों में कुछ देर गोलीबारी के बाद आतंकवादी अंधे का लाभ उठाकर फरार हो गए तथा ट्रैक्टर वहीं छो गए । पुलिस और अर्धसैनिक बल आतंकवादिय की खोज कर रहे हैं ।

सरपंच की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव गोज्जियां में 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने इस गांव के सरपंच सुरजीत सिंह की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आतंकवादी गत रात सरपंच के घर में जबरी दाखिल हुए और चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फायरिंग करके उसकी हत्या करके फरार हो गए । इसके कुछ चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं और 8 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

चौधरी के अनुसार मृत सरपंच का नाम दलजीत सिंह है । गांव के लोगों का ख्याल है कि यह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

खालिस्तानी भारत आया था

अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान जासूसों लकार और बराड़ के मध्य टैलीफोन पर हुई चीत भी टेप कर ली थी । इस बातचीत से लगा दोनों एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते थे र बलकार को किसी खास मकसद से भारत भेजा था । इस बीच अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ई.सी. अग्रवाल को अपनी रिपोर्ट एक हफ्ते के तर देने के लिए कहा गया है । उन्हें बलकार को थित यातना देने की शिकायत की जांच के लिए च्चतम न्यायालय ने नियुक्त किया है ।

न्द्र बोडो समस्या के हल के लिए पूरा सहयोग देगा

नई दिल्ली, 5 मई (ह.स.): केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा ह ने आज यहां कहा कि बोडो समस्या को बातचीत जरिये हल करने के मामले में केन्द्र असम सरकार साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है । आज ां अपने मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार मिति को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने स्पष्ट या कि केन्द्र का बोडो समस्या के मामले में स्तक्षेप करने कोई इरादा नहीं है । लेकिन यदि इस मस्या के हल के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ तो वह सम सरकार को अपना सहयोग देगी । श्री सिंह ने स आरोप को गलत बताया कि केन्द्र इस आंदोलन ो बढ़ावा दे रहा है ।

भूमिका की आलोचना करना उपासपूर्ण

सिंगापुर में अवैध भारतीयों का मामला हल

सिंगापुर, 5 मई (ह.स.): भारतीय नागरिकों के सिंगापुर में बीसा से अधिक दिन रहने के मामले पर भारत और सिंगापुर में उठा विवाद आज बातचीत द्वारा हल हो गया । सिंगापुर सरकार ने ऐसे लोगों को स्वदेश लौटने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है । सिंगापुर में अवैध रूप से रह रहे ऐसे भारतीयों का

पंजाब समस्या के हल में राजनीतिक दल सरकार को मदद दें : चिदम्बरम

नई दिल्ली, 5 मई (वार्ता): गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने आज राज्यसभा में राजनीतिक दलों से अपील की कि वे पंजाब समस्या को हल करने में सरकार के प्रयास में मदद करें । उन्होंने पंजाब के बारे में अकाली दल के जगजीत सिंह अरोड़ा के प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को सरकार में विश्वास रखते हुए आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष के लिए ठोस सुझाव देने चाहिएं । उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजाब के बारे में तीन मार्च को जिस एकमुश्त योजना की घोषणा की थी उसके संबंध में सरकार ने विभिन्न कदम उठाए हैं ।

उन्होंने कहा कि इस घोषणा के तहत ही पंजाब के राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई गई किन्तु खेद की बात है कि अकाली दल ने इसका बहिष्कार किया । उन्होंने कहा कि जब अकाली दल जैसे दल ही बहिष्कार करेंगे तब बात क्या होगी ।

श्री चिदम्बरम ने कहा कि सरकार ने राज्य में लोकतंत्रीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है । राज्यपाल ने आज सुबह ही उन्हें बताया कि गांवों के लिए जिला विकास समितियों की घोषणा आज शाम या कल की जा रही है । श्री चिदम्बरम ने स्वीकार किया कि पिछले दो वर्षों में पंजाब में निर्दोषों की हत्याएं बढ़ी हैं । उन्होंने कहा कि श्री बरनाला के शासन के कारण पंजाब समस्या का समाधान कठिन बना है । सरकार को आप्रेशन ब्लैक थंडर और जोधपुर के बंदियों की रिहाई में दो वर्ष लग गए । उन्होंने कहा कि हम यह नहीं कहते कि पंजाब की स्थिति सामान्य हो गई है । ऐसा कहना ही मूर्खता होगी ।

श्री चिदम्बरम के हस्तक्षेप के समय श्री जगजीत सिंह अरोड़ा से उनकी तीखी झड़प हुई । श्री अरोड़ा ने श्री चिदम्बरम की कुछ टिप्पणियों पर आपत्ति की ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

विपक्षी दल पंजाब में पंचायत-चुनाव करवाने के हक में नहीं

नई दिल्ली, 5 मई (जी.एस. चावला): पंजाब की स्थिति का जायजा लेने के लिए बनाई गई केन्द्रीय उपसमिति को आज अधिकांश विपक्षी दलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान स्थिति में पंजाब में पंचायत चुनाव नहीं करवाए जाने चाहिएं । केन्द्रीय उपसमिति ने संसद के विपक्षी दलों को पंजाब समस्या के बारे में अपने विचार प्रकट करने के लिए

स्वीकृत हल ढूंढने के लिए तैयार है । गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने पंजाब की स्थितिसुधारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी ।

बैठक में सरकार की ओर से पांच मुख्य मु उठाए गए जिनमें कहा गया कि विपक्षी दलों को आतंकवादियों की निंदा करनी चाहिए जिससे लोग की शिकायतें दूर हो सकें, राजीव-लोंगोवाल समझौते के अंतर्गत सीमा तथा पानी के विवाद सुलझाने

Punjab Sampriti

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है ।

2 लोगों को फांसी लगा दी : मुक्तसर से गोवर. दर्दी की सूचना है कि गत रात यहां से 14 किलोमीटर दूर गांव रायकोट में 3 अज्ञात व्यक्ति जो उग्रवादी बताए जाते हैं और राइफलों, पिस्तौलों से सुसज्जित थे, वहां के शराब के ठेकेदार नरेंद्र कुमार के पास आए और उसे वहां से जबदरस्ती उठा ले गए । 5 किलोमीटर दूर ले जाकर पेड़ से लटका कर फांसी लगा दी । इसी तरह मुक्तसर-अबोहर सड़क पर स्थित गांव चिचड़ावाल में शराब के ठेके के दुकानदारों के पास उग्रवादी गए । दुकानदारों में से एक तो भाग गया मगर दूसरे को जबरदस्ती उठा कर ले गए । उसे भी वहां से 5 किलोमीटर दूर ले जाकर फांसी लगा दी । वहां पर उग्रवादी एक पत्र फैंक गए जिस पर लिखा था, शराब के ठेकेदारों का यही हश्र होगा ।

लूट की वारदात : फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां के निकटवर्ती गांव फराला थाना बंगा में हथियारों से लैस 3 अज्ञात आदमियों ने एक आदमी झम्मा के घर में प्रवेश करके सभी सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया व झम्मा को एक चारपाई के साथ बांध कर घर से नकदी, आभूषण व मूल्यवान कपड़े आदि लूट लिए । वे जाते समय धमकी दे गए कि अगर उन्होंने पुलिस वालों को बताया तो उनके लड़के को मार दिया जाएगा ।

बाबा चरण सिंह का सेवक था : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव सरावां (थाना सरहाली) में दो आतंकवादियों ने जिस बलदेव सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी, वह बाबा चरण सिंह का सेवक बताया जाता है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बाबा चरण सिंह का यह सेवक और उसके कुछ साथी गत दिवस जीप में सवार होकर जा रहे थे कि दो व्यक्तियों ने जीप को रुकवा लिया और फिर बलदेव सिंह को एक ओर ले जाकर गोलियां मार दीं, जिससे बलदेव सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई । मौका पर पुलिस को 9 एम.एम. के 2 खाली कारतूस मिले हैं ।

विगत दिवस आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक क्षेत्र के जौड़ियां कलां गांव में सरपंच दलजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी । फोटो में (ऊपर) मृतक सरपंच का शव, (मध्य) उसके परिवार वाले विलाप करते हुए ।

(छाया : चोपड़ा)

विपक्षी दल ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

चाहिए ।

बैठक में जनता दल के मधु दंडवते ने कहा कि प्रधानमंत्री को विपक्षी दलों पर यह आरोप नहीं लगाना चाहिए कि वे आतंकवादियों की पीठ ठोकते हैं । उन्होंने यह भी कहा कि संसद के बाहर भी जो विपक्षी दल हैं उनसे भी विचार-विमर्श किया जाना चाहिए । बैठक के पश्चात उन्होंने कहा कि सरकार का समस्या के समाधान करने का कोई निश्चित इरादा नहीं है तथा बैठक अन्य बैठकों की तरह बिना कुछ हासिल किए हुए समाप्त हो गई ।

चिदम्बरम

(पृष्ठ 1 का शेष)

अकाली दल के लैफ्टिनैंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा ने अपना निजी प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि सरकार को वहां तुरंत चुनाव कराने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए । प्रस्ताव में देश की अखंडता में आस्था व्यक्त करने वालों को आम माफी देने तथा अहिंसक तरीकों से लोगों का दिल जीतने के प्रयास करने का भी अनुरोध किया गया है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन के बावजूद राज्य में हत्याओं का सिलसिला जारी है । राज्य में एक तरह से 'पुलिस राज' चल रहा है ।

श्री अरोड़ा ने यह कह कर सदन में हलचल पैदा कर दी कि आप्रेशन ब्लू स्टार एक सैनिक असफलता सिद्ध हुआ । इसकी योजना गलत ढंग से बनाई गई, गलत समय पर इसे कार्य रूप दिया गया ।

बहस के दौरान श्री अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ऐसी परिस्थितियां पैदा कीं कि आज पंजाब इस स्थिति में पहुंच चुका है । केंद्र सरकार ने पंजाब के बारे में जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया । संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए दीर्घकालीन लाभ को दांव पर लगा दिया गया । श्री अरोड़ा ने कहा कि अधिकांश सिख हिंसा और खालिस्तान के पक्ष में नहीं हैं । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन के बाद भी पंजाब में हिंसा का दौर जारी है । कांग्रेस (इ) के पवन कुमार बंसल ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि पंजाब समस्या के हल के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य किया जाए ।

कांग्रेस (इ) के दरबारा सिंह ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को पृथकतावादी करार देते हुए कहा कि अकालियों को आतंकवादियों की हिंसक गतिविधियों की खुलेआम निंदा करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि आतंकवादी हिंदुओं और सिखों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काने में पूरी तरह असफल रहे हैं ।

मंडियों में अनाज लाने वाले किसानों को बोनस मिलना सम्भावित

चंडीगढ़, 5 मई (वि.प्र.): पंजाब इंका के महासचिव श्री जगजीत सिंह बराड़ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पंजाब के उन किसानों को गेहूं पर 10 या 11 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जाना सम्भावित है जो अपना अनाज मंडियों में लाकर बेचेंगे ।

राजीव

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने आज कहा कि पंचायती राज के कानूनी या प्रशासनिक किसी भी क्षेत्र में केन्द्रीय हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है । उन्होंने कहा कि यह सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है कि केन्द्र सरकार के व्यापक हस्तक्षेप से ही देश में निचले स्तर तक लोकतंत्र को बचाए रखा सकता है । श्री रामाराव ने कहा कि आज वह समय आ गया है जब हमें नि:संकोच भाव से मानना चाहिए कि पंचायती राज का प्रशासन प्राथमिक रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और यह राज्य सरकार के शासन का अभिन्न अंग है ।

असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत ने संवैधानिक संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था में सुधार लाने के मामले में केन्द्र सरकार की जल्दबाजी पर शंका जाहिर की । उन्होंने कहा कि दूरगामी परिणामों वाले इस तरह के संशोधनों पर तत्काल विचार करने की जरूरत नहीं है और सम्भावित लक्ष्यों को राज्य सरकार वर्तमान संवैधानिक प्रावधानों के तहत खुद हासिल कर सकती है ।

सम्मेलन में आंध्र और उड़ीसा के मुख्यमंत्रियों के बीच तीखे मतभेद उभर कर सामने आए । उड़ीसा के मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने श्री रामाराव के इस कथन पर आपत्ति की कि केन्द्र राज्यों में हस्तक्षेप करना चाहता है । उन्होंने कहा कि यह कहना भी गलत है कि केन्द्र सारे देश में एक समान पंचायती राज प्रणाली ठोंसना चाहता है । वर्तमान सम्मेलन का उद्देश्य राज्यों में हस्तक्षेप करना नहीं ।

पश्चिम बंगाल की सरकार द्वारा प्रस्तुत एक भेंट में प्रस्तावित संविधान संशोधन को 'जल्दबाजी में थोपा गया' करार दिया गया है । तमिलनाडु के राजस्वमंत्री श्री के. मनोहरण ने कहा कि संविधान संशोधन का प्रस्ताव त्याग दिया जाए ।

राजस्थान के मुख्यमंत्री शिव चरण माथुर ने न्याय पंचायतों के गठन का सुझाव दिया है । उन्होंने कहा है कि अशोक मेहता समिति की सिफारिशों के अनुरूप इस तरह की व्यवस्था अपनाए जाने से मुकद्दमेबाजी के स्थानीय छोटे-मोटे मामले को निबटाने में लोगों को बहुत राहत मिल सकेगी ।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोती लाल वोरा ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को कारगर ढंग से चलाने के लिए केन्द्र से 20 करोड़ रुपए की सहायता की मांग की है ।

रे का भाषण : इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कहा कि पंचायती राज प्रणाली को कुछ संवैधानिक सुरक्षा भी प्रदान की जानी चाहिए ताकि राज्य सरकारें जब चाहें इसे भंग न कर सकें और जब चाहें इनके चुनाव न करा सकें। इन संस्थाओं के चुनाव भी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनावों की तरह समय पर और नियमित रूप से कराये जाने चाहिएं । उन्होंने इन संस्थाओं को अधिक प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार देने का आग्रह किया ।

उन्होंने कहा कि राज्य में पिछली सरकारों द्वारा गत 11 वर्षों से विभिन्न कारणवश पंचायत समितियों व जिला परिषदों के चुनाव नहीं कराए गये हैं इसलिये यह संस्थाएं अनावश्यक रूप से लम्बे समय तक भंग रही हैं ।

उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार ने शीघ्र ही तीन स्तरीय पंचायती राज के चुनाव कराने का निर्णय लिया है ताकि निचले स्तर से लोगों को विकास और योजना की प्रक्रिया का भागीदार बनाया जा सका । उन्होंने कहा कि जिला परिषदों को अधिक प्रशासनिक व वित्तीय शक्तियां दी जाएंगी । जिला परिषद के अध्यक्ष का दर्जा एक राज्यमंत्री जितना होगा । जिला परिषद का सचिव एक आई.ए.एस. अधिकारी होगा ।

शाम के भाव

(5 मई, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 69, हिन्द मोटर 45, रिलायंस 126.50, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6745, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7135, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3130, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3230, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 345-365, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 347-357, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 157, तेल मोगाबीन (प्रति 10 किलो) 185, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 168, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 136 फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1730, तेल बिनौला

डाक्टरों द्वारा 16 को पंजाब ब

चंडीगढ़, 5 मई (वि.प्र.): पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन ने पंजाब सरकार के अलोकतांत्रिक व अमानवीय रवैये के विरोध में 16 मई को पंजाब बंद का आह्वान किया है । एसोसिएशन ने सभी ग्राम पंचायतों, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों, कर्मचारी संघों व व्यावसायिक एसोसिएशनों से अपील की है कि वे पंजाब सरकार की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध सर्वसाधारण के आक्रोश को उजागर करने के लिए बंद को सफल बनाएं ।

एसोसिएशन ने कहा कि डाक्टर, जो समाज का एक सम्मानजनक वर्ग हैं, 93 दिन के शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद भी न्याय प्राप्त नहीं कर सकते, जबकि उनका आंदोलन नैतिक व लोकतांत्रिक पद्धति पर था, तो साधारण नागरिक वर्तमान सरकार से क्या उम्मीद रख सकता है । एसोसिएशन ने लोगों से अपील की है कि वे श्री बेअन्त सिंह, श्री सेवा राम अरोड़ा और डा. केवल कृष्ण शर्मा का सामाजिक बहिष्कार करें क्योंकि उन्होंने डाक्टरों की एकता भंग करने में संदेहास्पद भूमिका अदा की है ।

पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन कल पटियाला में अपनी केंद्रीय सभा की होने वाली मीटिंग में उन साधनों पर विचार करेगी जिनसे सर्वसाधारण की तकलीफों का अधिक से अधिक निवारण किया जा सके । एसोसिएशन ने आमरण अनशन करने वाले डाक्टरों मंजीत सिंह और डी.एस. गिल की भूरि-भूरि प्रशंसा की है ।

'संघी' के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने दावा किया है कि 71% पुराने तदर्थ डाक्टर हड़ताल से लौट आए हैं और ड्यूटी ज्वाइन कर ली है । एक तिहाई से भी अधिक नियमित डाक्टर काम पर लौट आए हैं । प्रवक्ता ने कहा कि जिन डाक्टरों ने ड्यूटी ज्वाइन कर ली है, हड़ताली डाक्टर उनके नाम से मुख्यालय को तारें भेज कर दावा कर रहे हैं कि उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की । जांच करने पर यह तार झूठे साबित हुए है ।

पटियाला (भूषण): एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव डा. अमरदेव सिंह तथा काम पर लौटने वाले डाक्टरों के गुट के चार प्रमुख डाक्टरों ने एक संयुक्त बयान में जालन्धर व फगवाड़ा के सरकारी अस्पताल

गाड़ियों के समय में परिवर्तन से दैनिक यात्रियों को परेशानी

लुधियाना, 5 मई (महिन्द्रा): प्रथम मई से रेलगाड़ियों के समय में जो परिवर्तन हुआ है, उससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले लोगों में हाहाकार मच गई है । इन यात्रियों के एक प्रवक्ता का कहना है कि लुधियाना से जालन्धर तथा अमृतसर तक यात्रा करने वालों के लिए प्रात: साढ़े छह बजे से 10 बज कर 40 मिनट तक कोई गाड़ी नहीं है । केवल एक गाड़ी 10 बज कर 5 मिनट पर चला करती थी, उसका समय बदल कर 10 बज कर 40 मिनट कर दिया गया है । इस बारे लुधियाना रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन यात्रा करने वालों ने प्रदर्शन भी किया था व अब डिवीजनल रेलवे मैनेजर फिरोजपुर को ज्ञापन भी भेजे जा रहे हैं कि वह प्रतिदिन यात्रा करने वाले लोगों के समय की तरफ ध्यान दें ।

इन यात्रियों की मांग है कि अम्बाला से जो यात्री गाड़ी 8 बजे प्रात: लुधियाना पहुंचती है, उसे जालन्धर और अमृतसर तक चलाया जाए तथा अम्बाला वापस न भेजा जाए । प्रात: 10 बज कर 5 मिनट पर चलने वाली रेलगाड़ी का समय जो तबदील किया गया है, उसे रद्द करके पहला समय 10 बज कर 5 मिनट ही रहने दिया जाए । यदि कोई भी बात सम्भव न हो तो एक विशेष गाड़ी लुधियाना से जालन्धर और अमृतसर तक चलाई जाए ताकि हजारों यात्रियों को सुविधा मिल सके तथा उन्हें जालन्धर तथा अमृतसर में काम करने का पर्याप्त समय मिल सके ।

11-12 को महिला सम्मेलन

लुधियाना, 5 मई (महिन्द्रा): अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का महिला सम्मेलन इस बार 11-12 मई के दिन भुवनेश्वर में सम्पन्न हो रहा है, जिसे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी 12 मई के दिन सम्बोधित करेंगे । पंजाब यूनिट महिला कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती सतिन्द्र कौर नाभा के अनुसार पंजाब

S B Spider
Makers of Embroidery & Sewing Threads
Grams : SPIDER
Ph. : Off. 46840, Fact. : 431182, Resi : 47278
OPENING NEW SHOW ROOM
On 6th May. 1989 (Saturday)
You are cordially invited.

Punjab Digital Library

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 7 मई, 1989 तदनुसार 25 वैसाख 2046

फैसले से हिंदू या मुसलमान अलग पड़ जाएंगे और प्रभावित समुदाय कांग्रेस (इ) के विरुद्ध हो जाएगा, जोकि इस समय केंद्र और उत्तर प्रदेश दोनों जगह सत्तारूढ़ पार्टी है । चूंकि सत्तारूढ़ पार्टी की नजरें चुनाव पर लगी हैं अत: उसका ख्याल है कि चाहे

पड़ेगा । कांग्रेस (इ) को या
बहुत-से अनुयायी यह समझ
का फैसला अदालत नहीं
हिंदुओं के हवाले कर देना
ने कहा है कि पार्टी अल्पसंख

स्वयंभू लै. जनरल पम्मा मुठभेड़ में मारा गया, जरनैल सिंह ने आत्महत्या की

भाजपा नेता की दुकान से 60-70 हजार रुपए लूटे गए : 2 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार

एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 8 की हत्या

चंडीगढ़, 6 मई (वार्ता, ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का दूसरे नम्बर का कमांडर स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा, जो कि सी से अधिक हत्याओं में वांछित था, सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया जबकि एक अन्य कट्टर आतंकवादी जरनैल सिंह गबड्डी ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर आत्म-हत्या कर ली । आतंकवादियों ने गत रात के बाद पंजाब में 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक दुकान से 60-70 हजार रुपए लूट लिए गए । दो कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

चार व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (स.प्र.): पुलिस ने बताया कि गत रात से अमृतसर जिला में आतंकवादियों ने चार व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिनमें तीन एक ही परिवार से सम्बन्धित हैं ।

थाना भिखीविंड के अन्तर्गत गांव मढ़ी गआर में से 8 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने एक परिवार के 4 सदस्यों बचन सिंह (55), उसकी पत्नी बलबीर कौर (50) और लड़के बख्शीश सिंह (25) की हत्या कर दी । भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के निशान छोड़ गए ग्रुप ने घटनास्थल पर छोड़े गए एक पर्चे में वारदात की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि यह लोग आतंकवादियों के नाम पर छीना-झपटी, लूट की वारदातें करते थे । पुलिस ने घटनास्थल पर ए.के. सीरीज चीनी असाल्ट राइफल के 28 खाली कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य वारदात में ट्रक में सवार आतंकवादियों ने जसपाल नगर में एक परिवार के दो व्यक्तियों धर्म सिंह व उसके भतीजे का अपहरण कर लिया । बाद में उन्होंने धर्म सिंह की हत्या कर दी जबकि उसका भतीजा बचकर भाग निकलने में सफल हो गया । अमृतसर के पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि यह केस निजी शत्रुता का लगता है, लेकिन हत्या के लिए आतंकवादी भाड़े पर लाए गए थे । धर्म सिंह और उसका परिवार इसी शत्रुता के भय से थाना घरेंडा के सीमांत गांव छोटी पदरी से पलायन करके गया था । गांव छोटी पदरी के तीन फ़रार हो चुके व्यक्तियों के नाम एफ.आई.आर. में दर्ज कराए गए हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि निकटवर्ती एक चौकी से होमगार्ड जवानों ने आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, परन्तु वे ट्रक में सवार होकर फ़रार हो गए ।

दो कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : इसी बीच एक सीमांत गांव में एक मकान पर छापा मारकर भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के दो कट्टर आतंकवादियों गिल्टो तथा जैमल सिंह को काबू किया गया । उनसे दो हथियार भी मिले । यह आतंकवादी पुलिस को थाना घरेंडा के गांव भकना में सी.आर.पी. की एक पार्टी पर हमले के सिलसिले में वांछित थे । इस हमले में एक जवान मारा गया था और दो घायल हो गए थे । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिल्टो अतीत में कई बार पाकिस्तान गया है और उसने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया है ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार जंडियाला, ब्यास और कत्थूनगल की पुलिस ने आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । इन आतंकवादियों में बलकार सिंह जब्बोवाल, सुखदेव सिंह बडाला जौहल, किरपाल सिंह नंगल गुरु, जसवन्त सिंह धूलके, गुरजीत सिंह आफ़ भिंडर, सच्चा सिंह आफ़ भिंडर, बलविंदर सिंह आफ रूपोवाली, त्रिलोचन सिंह आफ़ करालियां शामिल हैं । पुलिस ने उनसे एक .32 बोर पिस्तौल, दो .303 पिस्तौलें, 4.12 पिस्तौलें, 34 कारतूस व एक स्कूटर बरामद किया ।

अनाज मंडी में डाका : अमृतसर से 'कमलेश' के अनुसार आज दोपहर बाद चार बजे के लगभग ढाब वस्तीराम की अनाज मंडी में भाजपा के केन्द्रीय मंडल के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार की दुकान पर डाका पड़ने की सूचना मिली है ।

बताया गया है कि चार सशस्त्र डाकू दुकान के भीतर ज़बरदस्ती घुस गए । उस समय श्री नरेन्द्र कुमार दुकान पर नहीं थे । उनका 10-12 वर्ष का छोटा लड़का वहां था । एक डाकू ने उसकी छाती पर पिस्तौल रखकर मुनीम से सारा कैश देने को कहा । लगभग 60-70 हजार रुपए जो अनाज की बिक्री से इकट्ठा हुआ था, डाकू लेकर दुकान के पिछले दरवाजे से चले गए । थाना गिलवाली गेट में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है । याद रहे कि दिन-दिहाड़े डाके की यह दूसरी वारदात है, जो इस सप्ताह में हुई है । इससे पहले बॉबी शाल वालों के घर शास्त्री नगर में दिन के समय ही डाका पड़ चुका है लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है ।

'नारंग' के अनुसार घटना का एक पहलू यह है कि 4.30 बजे पड़े डाके के एक घंटे बाद भी घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची थी । इस पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने पुलिस तथा सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों को फोन किए, तब कहीं जा कर पुलिस वहां पहुंची । यहां उल्लेखनीय है कि घटनास्थल के क्षेत्र में 'पुलिस पोस्ट' पर भी घटना के समय पुलिस नहीं थी । भाजपा नेताओं ने इस सम्बन्ध में राज्यपाल श्री एस.एस. रे को तारें दे दी हैं ।

जरनैल सिंह ने ज़हर खाया : लधियाना (महिंद्रा): आज यहां तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल जरनैल सिंह ने पुलिस के हाथ पड़ने से पहले ही ज़हर खाकर आत्म हत्या कर लेने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि आज साहनेवाल के करीब पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें जरनैल सिंह ने पुलिस पर कई गोलियां चलाईं परन्तु जब उसके पास गोलियां समाप्त हो गईं तथा पुलिस उसको पकड़ने के लिए आगे बढ़ी तो उसने कोई विषैली वस्तु खा ली जिससे वह मौके पर ही मर गया । पुलिस के अनुसार उस पर 30 हजार रुपए का इनाम था । वह बुड्ढेवाल में दस लाख रुपए की डकैती और मंडी अहमदगढ़ की छः लाख की डकैती के अतिरिक्त कई हत्या की वारदातों में भी वांछित था । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद हुआ ।

ह.स. के अनुसार जरनैल सिंह गबड्डी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स में सैकेंड इन कमान था । वह उन आतंकवादियों में भी शामिल था, जिन्होंने कुछ महीने पूर्व लुधियाना के निकट एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी पर हमला करके उन्हें सख्त घायल कर दिया था ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग : कल रात भटिंडा जिले के दयालपुरा थाना अन्तर्गत गांव कोठा गुरु में जीप सवार आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके मथुरा दास नामक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि उसके लड़के पवन कुमार को घायल कर दिया । आतंकवादी अपनी जीप छोड़कर एक फार्मासिस्ट से छीने गए स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

लूटने का प्रयास : मोहाली (नर्बदा): हथियारों से लैस आतंकवादियों ने कल यहां के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय की लेडी कैशियर से नकदी लूटने की नाकाम कोशिश की । बताया जाता है कि तीन युवक, जिनके पास एक स्टेनगन व दो पिस्तौलें थीं, स्कूटर पर आए और उन्होंने जीप पर कार्यालय में आ रही कैशियर तेज कौर को घेर लिया तथा धमका कर उसे कैश उनके हवाले करने के लिए कहा । कैशियर ने उन्हें चैक तथा ड्राफ्ट दिखाए जिन्हें लेने से उन्होंने इन्कार कर दिया । एक-दूसरे को इशारा करके वे स्कूटर पर वहां से फ़रार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय पुलिस स्टेशन से लगभग 300-400 गज की दूरी पर है । इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों में आतंक छा गया । पुलिस को सूचना मिलने पर आतंकवादियों का पीछा किया गया । फ़रार होते समय आतंकवादी अपना बजाज स्कूटर सी.एच.क्यू. 3690, जिस पर वे आए थे, फेज-7 में छोड़ गए और वहां से एक मोटर साइकल छीनकर खरड़ से लगने वाले गांवों की ओर फ़रार हो गए । पुलिस ने वहां छोड़ा गया वाहन बरामद कर लिया है । बाद में पता चला कि आतंकवादियों ने छीना हुआ मोटर साइकल माजरी गांव के पास फैंक दिया और वहां से एक राहगीर का स्कूटर छीन कर भाग गए । मोहाली तथा माजरी के बीच पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा किया । फेज-7 में कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने फ़ायरिंग की आवाज़ सुनी । पुलिस के दस्ते इन आतंकवादियों की तलाश में रोपड़ जिले के ही कई स्थानों पर रवाना किए गए हैं परन्तु अभी तक कोई सफलता नहीं मिली ।

3 दुर्दांत उग्रवादी मरे : जालन्धर (विक्रांत): कल रात पंजाब पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों के साथ हुई दो मुठभेड़ों में तीन कथित उग्रवादी मारे गए । उक्त जानकारी पुलिस महानिदेशक श्री कंवर पाल सिंह गिल ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए दी । उन्होंने बताया कि परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा, जो कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था और उस पर 50 हजार रुपए का इनाम था, जबकि दूसरे मृतक उग्रवादी अवतार सिंह उर्फ़ तारी पर 30 हजार रुपए का पुरस्कार था । यह गरजंट सिंह राजस्थानी के नेतृत्व में कार्य करते थे । इसके इलावा मारे गए तीसरे उग्रवादी की पहचान सोहन सिंह उर्फ़ बिल्ला के रूप में की गई है ।

श्री गिल ने विवरण देते हुए बताया कि पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों ने एक सूचना के आधार पर गांव ढाक औजला में शिंगारा सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा जिस पर वहां छुपे उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की । पुलिस ने आत्म रक्षा में जवाबी फ़ायरिंग की जिससे दो उग्रवादी अवतार सिंह उर्फ़ तारी व सोहन सिंह उर्फ़ बिल्ला मारे गए जबकि दो अन्य तथाकथित लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा व जगीर सिंह उर्फ़ चाचा भागने में सफल हो गए । पुलिस ने घटनास्थल से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, मैगजीन व कुछ कारतूस बरामद किए ।

इसके पश्चात् पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की नाकाबंदी करके भागे हुए उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । आज सुबह गांव अपरा के पास पुलिस नाका पार्टी ने 2 आदमियों को संदिग्ध अवस्था में पैदल आते हुए देखा । पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया, जिस पर उक्त आदमियों ने पुलिस पर ए.के. 47 से फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फ़ायरिंग से परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 5 जीवित व 15 खाली कारतूस बरामद किए जबकि दूसरा उग्रवादी अंधेरे का लाभ

(शेष पृष्ठ 12 पर)

*पंजाब के पुलिस महानिदे
सम्मेलन को सम्बोधित क
सुरजीत सिंह, एस.पी. (आ
आतंकवादियों से बरामद
ए.के. 47 राइफलें तथा*

दिल्ली में मिल

नई दिल्ली, 6 मई (दिनेश श के अध्यक्ष पद का भार श्री वी कंधों पर पड़ते ही दिल्ली भा राजधानी के आगामी चुनाव जमीन तैयार करनी शुरू कर

चर्चा है कि दिल्ली भाजप लाल खुराना व जद प्रधान ची कर चुनाव लड़ने के सम्बन्ध में चुका है और जनता दल के मोहसिन खान भी इस समझौते

आतंकवादियों घट रही है

जालन्धर, 6 मई (ह.स.) महानिदेशक श्री के.पी.एस. आतंकवादियों की संख्या निरन्त डेढ़ वर्ष पूर्व यह संख्या लगभग पत्रकारों से बातचीत करते हुए पर संतोष व्यक्त किया कि सीमा तस्करी में भारी कमी आ रही है अब अर्ध सैनिक बल जो हथियार होते हैं । नए हथियार पुलिस जिससे पता चलता है कि सीमा तस्करी घट रही है । श्री गिल ने हर महीने 10 आतंकवादी मठभे गत वर्ष यह संख्या 5 प्रति मास

पृथकतावादी निपटने के रणनीति तै

श्रीनगर, 6 मई (अशोक): के के अतिरिक्त सचिव श्री श्रीवास्तव सुरक्षा प्रहरी श्री वेद मरवाह यहां हुए हैं । उन्होंने राज्य के पुलि विभाग के अधिकारियों के साथ घटित घटनाओं और कानून-व्यव विचार-विमर्श किया और कई बै जाता है कि बंद के आह्वान के दू और पृथकतावादी तत्वों से निप रणनीति तैयार की गई है । उ मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दल घोषणा की थी कि राज्य में पृथक विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

छात्रों द्वारा हड़त रखने के पक्ष में

पेईचिंग, 6 मई (ए विश्वविद्यालय के छात्रों ने आज के लिए अपनी हड़ताल जारी रख दिया । वह अभी भी सरकार द्व स्वतंत्र छात्र संघ का समर्थन करेंगे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के छात्र वे शहर के अन्य स्कूलों में फिर करने का प्रयास करेंगे, जहां कल वापस आने लगे थे । इस बीच विश्वविद्यालयों के एक प्रतिनिधि भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए सरक पार्टी से बातचीत करने की बिना श यह ग्रुप एक दिन पहले ही बनाया

सिंध में विद्रो आशंका, सेना

पाकिस्तान की राजनीति में बेनजीर भुट्टो के लिए हर तरफ बारूदी सुरंगें बिछी हैं

चंडीगढ़, 6 मई (एन.एस. परवाना): पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मिर्ज़ा असलम बेग ने कहा है कि भारत का 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र पाकिस्तान के लिए कोई खतरा नहीं है । उर्दू दैनिक 'नवाए वक्त' के संवाददाता जनरल बेग ने रावलपिंडी में कहा कि पाकिस्तान ने अपनी सुरक्षा का प्रबन्ध कर लिया है, इसलिए भारत के 'अग्नि' मिज़ाइल से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं । एक सवाल के जवाब में उन्होंने दावा किया कि यह मिज़ाइल 200 कि.मी. तक मार करे या 2000 कि.मी. तक, हमें कोई परवाह नहीं है । पाकिस्तान किसी भी आक्रमण का जवाब देने की क्षमता रखता है । जनरल बेग ने ये विचार प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो द्वारा पिछले दिनों एक पार्टी में व्यक्त किए जिसमें मुस्लिम देशों के राजदूत और उनकी पत्नियां भी शामिल थीं ।

इस बीच पाकिस्तान के गृहमंत्री एतजार हसन ने रहस्योद्घाटन किया है कि पीपुल्स पार्टी की सरकार के समय मादक पदार्थों के अभिशाप को समाप्त करने के लिए जो अभियान शुरू किया है, उसमें मार्शल-ला के कई राजनीतिज्ञों, उद्योगपतियों और बड़े-बड़े अधिकारों के संलिप्त होने का सबूत मिला है ।

लाहौर में उन्होंने कहा कि पीपुल्स पार्टी की सरकार मादक पदार्थों के तस्करों को, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, हर कीमत पर समाप्त कर देगी और वे सज़ा से बच नहीं सकते । सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी से सम्बन्धित सभी केसों को पुनः खोलने और बड़े-बड़े मगरमच्छों का शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बुराई पाकिस्तान की युवा पीढ़ी को तबाह और बर्बाद कर रही है ।

इस दौरान पाकिस्तान में भारत के राजदूत जे.एन. दीक्षित ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान के मादक पदार्थों की रोकथाम बारे मंत्री मियां जफ़ीर शाह से भेंट कर मादक पदार्थों से संबंधित मसलों पर विस्तार से बातचीत की ।

असाधारण बालक : संजीव शर्मा

साधारण बालक संजीव अपहरण : सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली, 6 मई (वार्ता): चार वर्ष की उम्र से वेद, गीता तथा अन्य शास्त्रों का कंठस्थ पाठ करने वाले असाधारण बालक संजीव शर्मा के कथित अपहरण के मामले में उच्चतम न्यायालय ने बालक न्यायालय में पेश किए जाने की याचिका पर नोटिस जारी किया है ।

चौदह वर्षीय संजीव शर्मा की माता श्रीमती सुशीला की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि बालक गत 19 अप्रैल को मेरठ छावनी के [illegible]

आतंकवादियों द्वारा जम्मू में बैंक लूटने के प्रयास में 2 व्यक्तियों की हत्या, 2 घायल

जम्मू, 6 मई (सच्चर): आज सुबह यहां गांधी नगर क्षेत्र में सैंट्रल बैंक की शाखा को लूटने के प्रयास में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया । इस घटना के बाद सभी सीमा चौकियों पर रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे बैंक की शाखा खुलने के तुरन्त बाद एक सिख युवक आया और उसने ड्राफ्ट बनाने को कहा । सम्बद्ध क्लर्क ने उससे कहा कि ड्राफ्ट अभी इतनी जल्दी नहीं बन सकता । इस पर उस युवक ने बैंक का अन्दर से भली-भांति निरीक्षण किया और बाहर जाने से पहले छोटे दरवाजे की कुंडी खोल गया । कुछ मिनटों बाद तीन सशस्त्र युवकों ने बैंक में प्रवेश किया और लोगों को धमकाना शुरू कर दिया । उस समय बैंक में किसी काम से सी.आर.पी.एफ. का एक जवान मोहन सिंह भी आया हुआ था जिसने एक आतंकवादी की बंदक छीनने का प्रयास किया । इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं । फायरिंग में सी.आर.पी.एफ. का जवान मोहन सिंह मारा गया । एक गोली रिटायर्ड प्रिंसीपल पी.बी. नंदा को लगी जो बैंक में किसी काम से आए थे । श्री नंदा की भी मौत हो गई । बैंक के दो कर्मचारी कपूर सिंह और देस राज को भी गोलियां लगीं ।

घटना के समय बैंक का अकाऊंटैंट जो सुरक्षा गार्ड के साथ स्ट्रांग रूम में था उसने शोर सुन कर अलार्म का स्विच आन कर दिया जिस पर आतंकवादी एक स्कूटर और एक मोटर साइकिल पर फरार हो गए । आतंकवादी ए.के. 47 राइफलों और रिवाल्वरों से लैस थे ।

घटना के तुरंत बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा जम्मू के मंडलीय आयुक्त वहां पहुंच गए । खोजी कुत्तों की मदद ली गई परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ । इस कांड की जांच के लिए एक विशेष टीम नियुक्त की गई है । गांधीनगर क्षेत्र में बैंक डकैती के प्रयास की यह पांचवीं घटना है, जबकि गोल मार्कीट क्षेत्र में ही हुई यह दूसरी घटना है ।

घटना में घायल दो बैंक कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती किया गया है । पुलिस ने बताया कि हमलावर पंजाबी में बातचीत कर रहे थे । उनके बारे में बताया जाता है कि वे पंजाब की सीमा से जम्मू-कश्मीर में घुसे थे ।

पंजाब समस्या के हल के लिए दस को सत्याग्रह

नई दिल्ली, 6 मई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब समस्या के राजीव-लौंगोवाल समझौते के तहत राजनीतिक हल की मांग को लेकर दस मई को यहां सत्याग्रह करेंगी ।

यह फैसला दोनों पार्टियों की राष्ट्रीय समन्वय

punjabkesari

रविवार, 7 मई, 1989 तदनुसार 25 बैसाख 2046

SIZES: 5, 8, 12, 18, 22 Lts.

सत्तारूढ़ पार्टी है । चूंकि सत्तारूढ़ पार्टी की नजरें चुनाव पर लगी हैं अतः उसका ख्याल है कि चाहे

हिंदुओं के हवाले ने कहा है कि पा

स्वयंभू लै. जनरल पम्मा मुठभेड़ में मारा गया, जरनैल सिंह ने आत्महत्या की

भाजपा नेता की दुकान से 60-70 हजार रुपए लूटे गए : 2 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार

एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 8 की हत्या

चंडीगढ़ 6 मई (वार्ता, ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का दूसरे नम्बर का कमांडर स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा, जो कि सौ से अधिक हत्याओं में वांछित था, सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया जबकि एक अन्य कट्टर आतंकवादी जरनैल सिंह गबड्डी ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर आत्म-हत्या कर ली । आतंकवादियों ने गत रात के बाद पंजाब में 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक दुकान से 60-70 हजार रुपए लूट लिए गए । दो कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

चार व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने बताया कि गत रात से अमृतसर जिला में आतंकवादियों ने चार व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिन्में तीन एक ही परिवार से सम्बन्धित थे ।

थाना रिबीविंड के अन्तर्गत गांव मढ़ी गुआर में 8 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने एक परिवार के तीन सदस्यों बचन सिंह (55), उसकी पत्नी बलबीर कौर (50) और लड़के बख्शीश सिंह (25) की हत्या कर दी । भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के निशान सिंह ग्रुप ने घटनास्थल पर छोड़े गए एक पर्चे में वारदात की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि यह लोग आतंकवादियों के नाम पर छीना-झपटी, लूट की वारदातें करते थे । पुलिस ने घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी डसल्ट राइफल के 28 खाली कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य वारदात में ट्रक में सवार आतंकवादियों ने जसपाल नगर में एक परिवार के दो सदस्यों धर्म सिंह व उसके भतीजे का अपहरण कर लिया । बाद में उन्होंने धर्म सिंह की हत्या कर दी जबकि उसका भतीजा बचकर भाग निकलने में सफल हो गया । अमृतसर के पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि यह केस निजी शत्रुता का लगता है, लेकिन हत्या के लिए आतंकवादी भाड़े पर लाए गए थे । धर्म सिंह और उसका परिवार इसी शत्रुता के भय से थाना घरेंडा के सीमांत गांव छोटी पदरी से पलायन करके गया था । गांव छोटी पदरी के तीन फ़रार हो चुके व्यक्तियों के नाम एफ.आई.आर. में दर्ज कराए गए हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि निकटवर्ती एक चौकी से होमगार्ड जवानों ने आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, परन्तु वे ट्रक में सवार होकर फ़रार हो गए ।

दो कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : इसी बीच एक सीमांत गांव में एक मकान पर छापा मारकर भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के दो कट्टर आतंकवादियों गिल्टो तथा जैमल सिंह को काबू किया गया । उनसे दो हथियार भी मिले । यह आतंकवादी पुलिस को थाना घरेंडा के गांव भकना में सी.आर.पी. की एक पार्टी पर हमले के सिलसिले में वांछित थे । इस हमले में एक जवान मारा गया था और दो घायल हो गए थे । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिल्टो अतीत में कई बार पाकिस्तान गया है और उसने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया है ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार जंडियाला, ब्यास और कत्थूनंगल की पुलिस ने आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । इन आतंकवादियों में बलकार सिंह जब्बोवाल, सुखदेव सिंह वडाला जौहल, किरपाल सिंह नंगल गुरु, जसवन्त सिंह धूलके, गुरजीत सिंह आफ़ भिडर, सुच्चा सिंह आफ़ भिडर, बलविंदर सिंह आफ रूपोवाली, त्रिलोचन सिंह आफ़ कुलियां शामिल हैं । पुलिस ने उनसे एक .32 बोर पिस्तौल, दो .303 पिस्तौलें, 4.12 पिस्तौलें, 34 कारतूस व एक स्कूटर बरामद किया ।

अनाज मंडी में डाका : अमृतसर से 'कमलेश' के अनुसार आज दोपहर बाद चार बजे के लगभग ढाब बस्तीराम की अनाज मंडी में भाजपा के केन्द्रीय मंडल के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार की दुकान पर डाका पड़ने की सूचना मिली है ।

बताया गया है कि चार सशस्त्र डाकू दुकान के भीतर ज़बरदस्ती घुस गए । उस समय श्री नरेन्द्र कुमार दुकान पर नहीं थे । उनका 10-12 वर्ष का छोटा लड़का वहां था । एक डाकू ने उसकी छाती पर पिस्तौल रखकर मुनीम से सारा कैश देने को कहा । लगभग 60-70 हजार रुपए जो अनाज की बिक्री से इकट्ठा हुआ था, डाकू लेकर दुकान के पिछले दरवाजे से चले गए । थाना गिलवाली गेट में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है । याद रहे कि दिन-दिहाड़े डाके की यह दूसरी वारदात है, जो इस सप्ताह में हुई है । इससे पहले बॉबी शाल वालों के घर शास्त्री नगर में दिन के समय ही डाका पड़ चुका है लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है ।

'नारंग' के अनुसार घटना का एक पक्ष यह है कि 4.30 बजे पड़े डाके के एक घंटे बाद भी घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची थी । इस पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने पुलिस तथा सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों को फोन किए, तब कहीं जा कर पुलिस वहां पहुंची । यहां उल्लेखनीय है कि घटनास्थल के क्षेत्र में 'पुलिस पोस्ट' पर भी घटना के समय पुलिस नहीं थी । भाजपा नेताओं ने इस सम्बन्ध में राज्यपाल श्री एस.एस. रे को तारें दे दी हैं ।

जरनैल सिंह ने ज़हर खाया : लुधियाना (महिंद्रा): आज यहां तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल जरनैल सिंह ने पुलिस के हाथ पड़ने से पहले ही ज़हर खाकर आत्म हत्या कर लेने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि आज साहनेवाल के करीब पुलिस के साथ

वारदातों में भी वांछित था । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद हुआ ।

ह.स. के अनुसार जरनैल सिंह गबड्डी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स में सैकेंड इन कमान था । वह उन आतंकवादियों में भी शामिल था, जिन्होंने कुछ महीने पूर्व लुधियाना के निकट एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी पर हमला करके उन्हें सख्त घायल कर दिया था ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग : कल रात भटिंडा जिले के दयालपुरा थाना अन्तर्गत गांव कोठा गुरु में जीप सवार आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके मथुरा दास नामक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि उसके लड़के पवन कुमार को घायल कर दिया । आतंकवादी अपनी जीप छोड़कर एक फार्मासिस्ट से छीने गए स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

लूटने का प्रयास : मोहाली (नर्वदा): हथियारों से लैस आतंकवादियों ने कल यहां के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय की लेडी कैशियर से नकदी लूटने की नाकाम कोशिश की । बताया जाता है कि तीन युवक, जिनके पास एक स्टेनगन व दो पिस्तौलें थीं, स्कूटर पर आए और उन्होंने जीप पर कार्यालय में आ रही कैशियर तेज कौर को घेर लिया तथा धमका कर उसे कैश उनके हवाले करने के लिए कहा । कैशियर ने उन्हें चैक तथा ड्राफ्ट दिखाए जिन्हें लेने से उन्होंने इन्कार कर दिया । एक-दूसरे को इशारा करके वे स्कूटर पर वहां से फ़रार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय पुलिस स्टेशन से लगभग 300-400 गज की दूरी पर है । इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों में आतंक छा गया । पुलिस को सूचना मिलने पर आतंकवादियों का पीछा किया गया । फ़रार होते समय आतंकवादी अपना बजाज स्कूटर सी.एच.क्यू. 3690, जिस पर वे आए थे, फेज-7 में छोड़ गए और वहां से एक मोटर साइकल छीनकर खरड़ से लगने वाले गांवों की ओर फ़रार हो गए । पुलिस ने वहां छोड़ा गया वाहन बरामद कर लिया है । बाद में पता चला कि आतंकवादियों ने छीना हुआ मोटर साइकल माजरी गांव के पास फैंक दिया और वहां से एक राहगीर का स्कूटर छीन कर भाग गए । मोहाली तथा माजरी के बीच पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा किया । फेज-7 में कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने फायरिंग

पाकिस्तान की राजनीति में बेनजीर भुट्टो के लिए हर तरफ बारूदी सुरंगें बिछी हैं

चंडीगढ़, 6 मई (एन.एस. परवाना): पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मिर्ज़ा असलम बेग ने कहा है कि भारत का 'जीन' प्रक्षेपास्त्र पाकिस्तान के लिए कोई खतरा नहीं है । उर्दू दैनिक 'नवाए वक्त' के अनुसार जनरल बेग ने रावलपिंडी में कहा कि पाकिस्तान ने अपनी सुरक्षा का प्रबन्ध कर लिया है, इसलिए भारत के अग्नि मिज़ाइल से किसी तरह की

लाहौर में उन्होंने कहा कि पीपुल्स पार्टी की सरकार मादक पदार्थों के तस्करों को, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, हर कीमत पर समाप्त कर देगी और वे सज़ा से बच नहीं सकते । सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी से सम्बन्धित सभी केसों को पुनः खोलने और बड़े-बड़े मगरमच्छों का शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा कि

Punjab Digital Library

वारदातें करते थे । पुलिस ने घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 28 खाली कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य वारदात में ट्रक में सवार आतंकवादियों ने जसपाल नगर में एक परिवार के दो सदस्यों धर्म सिंह व उसके भतीजे का अपहरण कर

किया है ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार जौंद्याला, ब्यास और कत्थूनंगल की पुलिस ने आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । इन आतंकवादियों में बलकार सिंह जब्बोवाल,

पाकिस्तान की राजनीति में बेनजीर भुट्टो के लिए हर तरफ बारूदी सुरंगें बिछी हैं

चंडीगढ़, 6 मई (एन.एस. परवाना): पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मिर्ज़ा असलम बेग ने कहा है कि भारत का 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र पाकिस्तान के लिए कोई खतरा नहीं है । उर्दू दैनिक 'नवाए वक्त' के संवाददाता जनरल बेग ने रावलपिंडी में कहा कि पाकिस्तान ने अपनी सुरक्षा का प्रबन्ध कर लिया है, इसलिए भारत के 'अग्नि' मिज़ाइल से किसी तरह की चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं । एक सवाल के जवाब में उन्होंने दावा किया कि यह मिज़ाइल 200 कि.मी. तक मार करे या 2000 कि.मी. तक, हमें कोई परवाह नहीं है । पाकिस्तान किसी भी आक्रमण का जवाब देने की क्षमता रखता है । जनरल बेग ने ये विचार प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो द्वारा की गई एयरपोर्ट में व्यक्त किए जिसमें मुस्लिम देशों के राजदूतों और उनकी पत्नियां भी शामिल थीं ।

इस बीच पाकिस्तान के गृहमंत्री एतजार हसन ने आरोप लगाया है कि पीपुल्स पार्टी की सरकार मादक पदार्थों के अभिशाप को समाप्त करने के लिए जो अभियान शुरू किया है, उसमें मार्शल-ला और के कई जनरलों, उद्योगपतियों और बड़े-बड़े जमींदारों के संलिप्त होने का सबूत मिला है ।

लाहौर में उन्होंने कहा कि पीपुल्स पार्टी की सरकार मादक पदार्थों के तस्करों को, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, हर कीमत पर समाप्त कर देगी और वे सज़ा से बच नहीं सकते । सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी से सम्बन्धित सभी केसों को पुनः खोलने और बड़े-बड़े मगरमच्छों का शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बुराई पाकिस्तान की युवा पीढ़ी को तबाह और बर्बाद कर रही है ।

इस दौरान पाकिस्तान में भारत के राजदूत जे.एन. दीक्षित ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान के मादक पदार्थों की रोकथाम बारे मंत्री मियां ज़फ़र शाह से भेंट कर मादक पदार्थों से संबंधित मसलों पर विस्तार से बातचीत की ।



असाधारण बालक : संजीव शर्मा

असाधारण बालक संजीव का अपहरण : सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

दिल्ली, 6 मई (वार्ता): चार वर्ष की उम्र से वेद, गीता तथा अन्य शास्त्रों का कंठस्थ पाठ करने वाले असाधारण बालक संजीव शर्मा के कथित अपहरण के मामले में उच्चतम न्यायालय ने बालक को न्यायालय में पेश किए जाने की याचिका पर नोटिस जारी किया है ।

गौरतलब है कि संजीव शर्मा की माता श्रीमती सुनीता शर्मा की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि बालगत 19 अप्रैल को मेरठ छावनी के सदर थाना क्षेत्र में प्रेमारी इलाके में धार्मिक प्रवचन दे रहा था तो उसका कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया । याचिका में कहा गया है कि स्थानीय पुलिस द्वारा बार को मुक्त कराने में कोई भी कदम नहीं उठाने की वजह से उसका

आतंकवादियों द्वारा जम्मू में बैंक लूटने के प्रयास में 2 व्यक्तियों की हत्या, 2 घायल

जम्मू, 6 मई (सच्चर): आज सुबह यहां गांधी नगर क्षेत्र में सैंट्रल बैंक की शाखा को लूटने के प्रयास में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया । इस घटना के बाद सभी सीमा चौकियों पर रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे बैंक की शाखा खुलने के तुरन्त बाद एक सिख युवक आया और उसने ड्राफ्ट बनाने को कहा । सम्बद्ध क्लर्क ने उससे कहा कि ड्राफ्ट अभी इतनी जल्दी नहीं बन सकता । इस पर उस युवक ने बैंक का अन्दर से भली-भांति निरीक्षण किया और बाहर जाने से पहले छोटे दरवाजे की कुंडी खोल गया । कुछ मिनटों बाद तीन सशस्त्र युवकों ने बैंक में प्रवेश किया और लोगों को धमकाना शुरू कर दिया । उस समय बैंक में किसी काम से सी.आर.पी.एफ. का एक जवान मोहन सिंह भी आया हुआ था जिसने एक आतंकवादी की बंदूक छीनने का प्रयास किया । इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं । फायरिंग में सी.आर.पी.एफ. का जवान मोहन सिंह मारा गया । एक गोली रिटायर्ड प्रिंसीपल पी.बी. नंदा को लगी जो बैंक में किसी काम से आए थे । श्री नंदा की भी मौत हो गई । बैंक के दो कर्मचारी कपूर सिंह और देस राज को भी गोलियां लगीं ।

घटना के समय बैंक का अकाऊंटैंट जो सुरक्षा गार्ड के साथ स्ट्रांग रूम में था उसने शोर सुन कर अलार्म का स्विच आन कर दिया जिस पर आतंकवादी एक स्कूटर और एक मोटर साइकिल पर फरार हो गए । आतंकवादी ए.के. 47 राइफलों और रिवाल्वरों से लैस थे ।

घटना के तुरंत बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा जम्मू के मंडलीय आयुक्त वहां पहुंच गए । खोजी कुत्तों की मदद ली गई परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ । इस कांड की जांच के लिए एक विशेष टीम नियुक्त की गई है । गांधीनगर क्षेत्र में बैंक डकैती के प्रयास की यह पांचवीं घटना है, जबकि गोल मार्किट क्षेत्र में ही हुई यह दूसरी घटना है ।

घटना में घायल दो बैंक कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती किया गया है । पुलिस ने बताया कि हमलावर पंजाबी में बातचीत कर रहे थे । उनके बारे में बताया जाता है कि वे पंजाब की सीमा से जम्मू-कश्मीर में घुसे थे ।

पंजाब समस्या के हल के लिए दस को सत्याग्रह

नई दिल्ली, 6 मई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब समस्या के राजीव-लौंगोवाल समझौते के तहत राजनीतिक हल की मांग को लेकर दस मई को यहां सत्याग्रह करेंगी ।

यह फैसला दोनों पार्टियों की राष्ट्रीय समन्वय समिति की कल यहां हुई बैठक में किया गया । बैठक में अपनी इस मांग को लेकर छेड़े गए अभियान को तेज करने का निश्चय भी किया गया । दोनों पार्टियों ने पंजाब के

'नारंग' के अनुसार घटना का एक पक्ष यह है कि 4.30 बजे पड़े डाके के एक घंटे बाद भी घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची थी । इस पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने पुलिस तथा सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों को फोन किए, तब कहीं जा कर पुलिस वहां पहुंची । यहां उल्लेखनीय है कि घटनास्थल के क्षेत्र में 'पुलिस पोस्ट' पर भी घटना के समय पुलिस नहीं थी । भाजपा नेताओं ने इस सम्बन्ध में राज्यपाल श्री एस.एस. रे को तारें दे दी हैं ।

जरनैल सिंह ने ज़हर खाया : लुधियाना (महिंद्रा): आज यहां तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल जरनैल सिंह ने पुलिस के हाथ पड़ने से पहले ही ज़हर खाकर आत्म हत्या कर लेने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि आज साहनेवाल के करीब पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें जरनैल सिंह ने पुलिस पर कई गोलियां चलाईं परन्तु जब उसके पास गोलियां समाप्त हो गईं तथा पुलिस उसको पकड़ने के लिए आगे बढ़ी तो उसने कोई विषैली वस्तु खा ली जिससे वह मौके पर ही मर गया । पुलिस के अनुसार इस पर 30 हजार रुपए का इनाम था । वह बूहड़वाल में दस लाख रुपए की डकैती और मंडी अहमदगढ़ की छः लाख की डकैती के अतिरिक्त कई हत्या की

रही कैशियर तेज कौर के घर लिया तथा धमका कर उसे कैश उनके हवाले करने के लिए कहा । कैशियर ने उन्हें चैक तथा ड्राफ्ट दिखाए जिन्हें लेने से उन्होंने इन्कार कर दिया । एक-दूसरे को इशारा करके वे स्कूटर पर वहां से फरार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय पुलिस स्टेशन से लगभग 300-400 गज की दूरी पर है । इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों में आतंक छा गया । पुलिस को सूचना मिलने पर आतंकवादियों का पीछा किया गया । फरार होते समय आतंकवादी अपना बजाज स्कूटर सी.एच.क्यू. 3690, जिस पर वे आए थे, फेज-7 में छोड़ गए और वहां से एक मोटर साइकल छीनकर खरड़ से लगने वाले गांवों की ओर फरार हो गए । पुलिस ने वहां छोड़ा गया वाहन बरामद कर लिया है । बाद में पता चला कि आतंकवादियों ने छीना हुआ मोटर साइकल माजरी गांव के पास फैंक दिया और वहां से एक राहगीर का स्कूटर छीन कर भाग गए । मोहाली तथा माजरी के बीच पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा किया । फेज-7 में कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने फायरिंग की आवाज़ सुनी । पुलिस के दस्ते इन आतंकवादियों की तलाश में रोपड़ जिले के कई स्थानों पर रवाना किए गए हैं परन्तु अभी तक कोई सफलता नहीं मिली ।

3 दुर्दांत उग्रवादी मरे : जालन्धर (विक्रांत): कल रात पंजाब पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों के साथ हुई दो मुठभेड़ों में तीन कुख्यात उग्रवादी मारे गए । उक्त जानकारी पुलिस महानिदेशक श्री कंवर पाल सिंह गिल ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए दी । उन्होंने बताया कि परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा, जो कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था और उस पर 50 हजार रुपए का इनाम था, जबकि दूसरे मृतक उग्रवादी अवतार सिंह उर्फ़ तारी पर 30 हजार रुपए का पुरस्कार था । यह गरजंट सिंह राजस्थानी के नेतृत्व में कार्य करते थे । इसके इलावा मारे गए तीसरे उग्रवादी की पहचान सोहन सिंह उर्फ़ बिल्ला के रूप में की गई है ।

श्री गिल ने विवरण देते हुए बताया कि पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों ने एक सूचना के आधार पर गांव ढाक औजला में शिंगारा सिंह के फार्म हाउस पर छापा मारा जिस पर वहां छुपे उग्रवादियों ने फायरिंग की । पुलिस ने आत्म रक्षा में जवाबी फायरिंग की जिससे दो उग्रवादी अवतार सिंह उर्फ़ तारी व सोहन सिंह उर्फ़ बिल्ला मारे गए जबकि दो अन्य तथाकथित लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा व जगीर सिंह उर्फ़ चाचा भागने में सफल हो गए । पुलिस ने घटनास्थल से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, मैगज़ीन व कुछ कारतूस बरामद किए ।

इसके पश्चात् पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की नाकाबंदी करके भागे हुए उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । आज सुबह गांव अपरा के पास पुलिस नाका पार्टी ने 2 आदमियों को संदिग्ध अवस्था में पैदल आते हुए देखा । पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया, जिस पर उक्त आदमियों ने पुलिस पर ए.के. 47 से फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग से परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 5 जीवित व 15 खाली कारतूस बरामद किए जबकि दूसरा उग्रवादी अंधेरे का लाभ

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पंजाब में विधानसभा चुनाव संसदीय

Punjabi Sansar

चूंकि सत्तारूढ़ पार्टी की नजरें
तः उसका ख्याल है कि चाहे

हिंदुओं के हवाले कर देना चाहिए । कुछ कांग्रेसियों ने कहा है कि पार्टी अल्पसंख्यक समुदाय को राष्ट्रीय

अभियान के विरुद्ध है ।

भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी

दोबारा नहीं खोला जाएगा ।

लेकिन मुसलमान नेताओं को इस वायदे पर

'हल्के ढंग' से न लें । इस सम्बन्ध में किए गए प्रचार का ईरान से सर्वाधिक प्रत्युत्तर मिला है ।

ड़ में
या की
ो गिरफ्तार
हत्या

छत था । उसके कब्जे से एक
ा ।

सार जरनैल सिंह गवड्डी
न लिबरेशन फ़ोर्स में सैकेंड इन
न आतंकवादियों में भी शामिल
हीने पूर्व लुधियाना के निकट
ल के प्रधान श्री जगदेव सिंह
रके उन्हें सख्त घायल कर दिया

र्यारिंग : कल रात भटिंडा
ाना अन्तर्गत गांव कोठा गुरु में
वादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग
ामक व्यक्ति की हत्या कर दी
के पवन कुमार को घायल कर
ो अपनी जीप छोड़कर एक
गए स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

यास : मोहाली (नर्बदा): आतंकवादियों ने कल यहां के स्थित लोक निर्माण विभाग कैशियर से नकदी लूटने की । बताया जाता है कि तीन क स्टेनगन व दो पिस्तौलें थीं, उन्होंने जीप पर कार्यालय में आ र को घेर लिया तथा धमका कर वाले करने के लिए कहा । तथा ड्राफ्ट दिखाए जिन्हें लेने दिया । एक-दूसरे को इशारा हां से फ़रार हो गए ।

क यह कार्यालय पुलिस स्टेशन 00 गज की दूरी पर है । इस के कर्मचारियों में आतंक छा चना मिलने पर आतंकवादियों । फ़रार होते समय आतंकवादी सी.एच.क्यू. 3690, जिस पर में छोड़ गए और वहां से एक र खरड़ से लगने वाले गांवों की पुलिस ने वहां छोड़ा गया वाहन हैं । बाद में पता चला कि ा हुआ मोटर साइकल माजरी ा और वहां से एक राहगीर का गए । मोहाली तथा माजरी के कवादियों का पीछा किया । बताया कि उन्होंने फायरिंग



पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल शनिवार को जालंधर में एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए । उनके साथ डी.आई.जी. श्री भट्टी, एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री सुरजीत सिंह, एस.पी. (आप्रेशन्स) श्री ढिल्लों बैठे हैं । (2) सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों से बरामद एक मीडियम मशीनगन, (3) रिमोट कंट्रोल उपकरण, (4) सात ए.के. 47 राइफलें तथा अन्य हथियार । (छाया : कपूर)

दिल्ली में जनता दल व भाजपा मिल कर चुनाव लड़ेंगी

नई दिल्ली, 6 मई (दिनेश शर्मा): दिल्ली जनता दल के अध्यक्ष पद का भार श्री वीरेश प्रताप चौधरी के कंधों पर पड़ते ही दिल्ली भाजपा व जनता दल ने राजधानी के आगामी चुनाव मिल कर लड़ने की जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है ।

चर्चा है कि दिल्ली भाजपा के प्रधान श्री मदन लाल खुराना व जद प्रधान चौ. वीरेश प्रताप में मिल कर चुनाव लड़ने के सम्बन्ध में मौखिक समझौता हो चुका है और जनता दल के नेता अरुण नेहरू व मोहसिन खान भी इस समझौते के पक्ष में हैं । दिल्ली में सीटों की सर्वेक्षण सूचियों के प्रकाशन के साथ ही सीटों के भौगोलिक आधार में सम्भावित फेरबदल तथा दिल्ली में ढांचे की बाबत लगाई जा रही अटकलों के बावजूद दोनों दलों का उच्च कमान सीटों के तालमेल की बाबत भीतरी कारवाई में जुट गया है । यद्यपि दिल्ली में जनता दल का कोई प्रभावी आधार नहीं है किन्तु इस प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां जद अपना दावा ठोक कर करेगा ।

चर्चा है कि दिल्ली लोकसभा की सात में से दो सीटों पर जनता दल अपना प्रत्याशी खड़ा करने के मूड में है जबकि प्रथम वार्ता में एक सीट जनता दल के लिए छोड़ने के लिए दिल्ली भाजपा तैयार है ।

पता चला है कि दोनों दलों के उच्च कमान ने सम्भावित प्रत्याशियों की सूचियों पर गम्भीरता से विचार करना शुरू कर दिया है ।

आतंकवादियों की संख्या घट रही है : गिल

जालन्धर, 6 मई (ह.स.) : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा है कि आतंकवादियों की संख्या निरन्तर कम हो रही है । डेढ़ वर्ष पूर्व यह संख्या लगभग 400 थी । यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री गिल ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सीमा पार से हथियारों की तस्करी में भारी कमी आ रही है । उन्होंने कहा कि अब अर्धसैनिक बल जो हथियार पकड़ते हैं, वे पराने होते हैं । नए हथियार पुलिस के हाथ नहीं लगे जिससे पता चलता है कि सीमा पार से हथियारों की तस्करी घट रही है । श्री गिल ने कहा कि औसतन हर महीने 10 आतंकवादी मुठभेड़ों में मर रहे हैं । गत वर्ष यह संख्या 5 प्रति मास थी ।



(1) लुधियाना में शुक्रवार रात को आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए भूतपूर्व कांग्रेस (इ) विधायक श्री सतपाल पराशर (इन्सैट पुराना चित्र) का शव, (2) इसी घटना में घायल उनका गनमैन कृष्ण गोपाल, (3) श्री पराशर की मारुति वैन के अन्दर फैला खून, इसी के अंदर श्री पराशर की हत्या की गई, (4) श्री पराशर की शोकाकुल माता तथा सम्बन्धी, (5) श्री सतपाल पराशर की अंतिम यात्रा में शामिल विशाल जनसमूह, (6) केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह, अखिल भारतीय इंका महासचिव श्री गुलाम नबी आज़ाद, श्री पवन बांसल सांसद, श्री एच.एस. हंसपाल तथा बीबी अमरजीत कौर श्री पराशर को श्मशान घाट में अंतिम विदाई देते हुए, (7) भटिंडा के निकट कस्बा कोठा गुरु का के गोली कांड में घायल राजेन्द्र कुमार, जो सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में उपचाराधीन है । (छाया : 1-4 व 7 : कांबोज, छाया : 5-6 भाम्बी,

सतपाल पराशर का अंतिम संस्कार : बूटा सिंह, गुलाम नबी आज़ाद सहित कई नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि

लुधियाना, 6 मई (जोशी, महेंद्रा, धीमान, आहूजा): पूर्व विधायक एवं प्रदेश इंका के संयुक्त सचिव डाक्टर सतपाल पराशर, जिनकी कल उग्रवादियों ने उनके दफ्तर के बाहर गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का आज दरेसी के श्मशानघाट

पार्थिव शरीर पर फूलमालाएं अर्पित करके श्रद्धांजलियां भेंट कीं । इससे पूर्व फील्ड गंज में जहां उनका मकान है, वहां स. बेअंत सिंह तथा श्री सेवा राम अरोड़ा, श्री सरदारी लाल कपूर, डा. केवल कृष्ण, स. संतोख सिंह रंधावा ने उनकी मौत पर दुख

भेंट कीं । शोक में कुछ समय के लिए कुछ बाज़ार बंद रहे ।

श्री गुलाम नबी आज़ाद ने एक पत्रकार-सम्मेलन में बताया कि पंजाब कांग्रेस की लीडरशिप को बदलने का सवाल ही पैदा नहीं

Punjabi Sansar.com

बादल का परिवार उनसे भेंट करेगा

देहरादून, 6 मई (वार्ता): देहरादून के कड़वापानी स्थित वन विश्रामगृह में नज़रबंद पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के परिवार के सदस्य उनसे मिलने के लिए शीघ्र ही एक वकील के साथ यहां आएंगे । इस मुलाकात के लिए उनका सरकार के साथ पत्र-व्यवहार चल रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार श्री बादल के परिवार वालों ने उनसे मुलाकात करने के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी थी । जिलाधिकारी ने कारागार विभाग, लखनऊ के मुख्य सचिव को इसके बारे में सूचना दी थी ।

पता चला है कि कारागार विभाग के मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को लिखा है कि श्री बादल के परिवार वालों तथा उनके वकील को श्री बादल से मुलाकात की अनुमति के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के उपसचिव को लिखें । उन्होंने कहा कि श्री बादल के बारे में भविष्य में इस संदर्भ में सभी सूचनाएं केंद्रीय गृहमंत्रालय के उपसचिव को देकर उनसे अनुमति ली जाए ।

सूत्रों के अनुसार श्री बादल देहरादून में काफी ताजगी महसूस कर रहे हैं । वह अपना अधिकांश समय गुरुग्रंथ साहब का पाठ करने में तथा लिखने में व्यतीत कर रहे हैं । श्री बादल को कुछ दिन पूर्व कोयम्बटूर जेल से यहां लाया गया था

सूत्रों के अनुसार श्री बादल आजकल पंजाब पर एक पुस्तक भी लिख रहे हैं । यह पुस्तक उन्होंने कोयम्बटूर जेल में लिखनी शुरू की थी । पुस्तक में श्री बादल ने आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद के पंजाब की तस्वीर को सामने रखा है ।

सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस पुस्तक के कुछ अंश हालांकि कोयम्बटूर में ही लिखे थे, किन्तु देहरादून का शांत वातावरण उनके सृजनशील मन के लिए अधिक प्रेरणादायक सिद्ध हो रहा है ।

बी.ए. अर्थ शास्त्र के हिन्दी अंग्रेजी में अन्तर

जालन्धर, 6 मई (विक्रांत) : गुरुनानक देव विश्व विद्यालय की ओर से इस बार जो बी.ए. प्रथम वर्ष का अर्थशास्त्र का 'ए' पेपर आया है उसमें हिन्दी और अंग्रेजी के पेपरों में अंतर है । अंग्रेजी भाषा में जो पेपर आया है उसके Unit 4 का प्रश्न नम्बर 8 है How are the wages determined under the conditions of Imperfect Competition जबकि हिन्दी प्रश्न पत्र में इसका अनुवाद किया है --पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति में मजदूरी कैसे निर्धारित होती है । जब चाहिए यह था कि अपूर्ण प्रतियोगिता में मजदूरी कैसे निर्धारित होती है ।

We Promise to Promote you as a successful Exporter. Contact :
EXPORT MARKETING & CONSULTANCY SERVICE,
-10, Shivlok House
Karampura Comm.
Complex. Opp. Milan Cinema,
New Delhi-110015.
Ph. : 530031, 5410006.

पम्मा मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

उठाकर भाग खड़ा हुआ ।

तीनों मृतक आतंकवादियों का गुरजंट सिंह राजस्थानी ग्रुप के साथ-साथ निशान सिंह व कुलवन्त काला (फिरोज़पुर) ग्रुप के साथ भी सम्बन्ध था । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह ग्रुप गोराया गोली कांड जिसमें तीन व्यक्ति मारे गए, समराय गोली कांड, जिसमें सात व्यक्ति मारे गए, रुड़का गांव के सरपंच के ड्राइवर की हत्या करने, बिलगा में शराब के ठेके पर फ़ायरिंग करके 6 व्यक्तियों की हत्या करने, अपरा में एक ए.एस.आई. व हैड कांस्टेबल की हत्या करने, औड़ में सी.आर.पी.एफ. की टुकड़ी पर हमला करके जवान की हत्या व दो को घायल करने, कोट बादल खान के एक शराब के ठेके पर 3 व्यक्तियों की हत्या करने, सरहिंद में 20 लोगों की हत्या करने, कैथल में 20 लोगों की हत्या करने, कैथल में 20 लोगों को मारने व सामाना में करीब 16 व्यक्तियों की हत्या करने, तेजपुर चौक लुधियाना में दो पुलिस वालों की हत्या करने, चीमा चौक लुधियाना में दो पुलिस कर्मियों को घायल करने, गिल रोड पर 4 व्यक्तियों की हत्या करने व सादुल शहर (राजस्थान) में दस व्यक्तियों की हत्या, 17 व्यक्तियों को घायल करके 74 हजार रुपए लूटकर ले जाने की घटनाओं में शामिल थे ।

श्री गिल ने बताया कि अप्रैल 1989 तक 192 कुख्यात उग्रवादियों की पहचान की गई थी जिनमें से अब तक 15 उग्रवादी मारे जा चुके हैं । उन्होंने बताया कि पुलिस ने अब तक उग्रवादियों से करीब 600 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें बरामद की हैं, जबकि करीब 350 असाल्ट राइफलें अभी भी उग्रवादियों के पास हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गिल ने बताया कि पुलिस को आम लोगों का काफी समर्थन मिल रहा है । इसके इलावा पंजाब के करीब 600 गांवों में ग्राम रक्षा कमेटियों का गठन किया गया है, जिसमें करीब 5000 युवकों को शामिल किया गया है । पर अभी भी करीब 83 पुलिस थाने ऐसे हैं, जहां उग्रवादियों का कुछ दबाव चल रहा है ।

तीन की हत्या : बाघा पुराना थाना के अंतर्गत गांव चीदा में गत रात चार सशस्त्र आतंकवादी एक किरयाना व्यापारी गुरदेव के घर में दाखिल हो गए और उसकी व उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फरार होते हुए आतंकवादियों ने गांव के चौकीदार बाबा सिंह की हत्या कर दी व उसके लड़के अमरीक सिंह को घायल कर दिया । अमरीक सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

जालन्धर के डा. स्वदेव प्रिय

लम्बी प्रतीक्षा के बाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

नत्था सिंह दालम, निर्मल सिंह काहलों, जत्थेदार प्रीतम सिंह, राम नाथ सहाय, श्रीमती सुशील महाजन, सन्तोख सिंह रंधावा, ब्रिगे. शमशेर सिंह, सुधीर वालिया एडवोकेट तथा सिकन्द सिंह ।

होशियारपुर : अर्जुन सिंह जोश, चौ बलबीर सिंह, बेअंत सिंह, भाग्यदत्त शर्मा एडवोकेट, कर्नल जी.एस. परमार, गुरमेज सिंह, हरभजन सिंह धत, गुरमेश सिंह, हरदयाल सिंह दसूहा, हरि मित्तर हंस, हरजिंदर सिंह, जगदीश कौर वैद्य, कबील सेंह, डा. लीला सैनी, डा. केवल कृष्ण, पं. मोहन लाल, प्रकाश सिंह गढ़दीवाला, राम कृष्ण कटारिया, रमेश चन्द डोगरा, राजा राम एडवोकेट, पं. स्वर्ण राम, सोहन सिंह, सुरजीत कौर, उपकार सिंह रंधावा तथा विपन गम्भीर ।

जालंधर : अवतार हैनरी, बलवंत सिंह सरहाल, भगत राम, चमन लाल तेहन, चांद सिंह फतेहपुरी, कर्नल दलजीत सिंह, दिलबाग सिंह, हरभजन सिंह, श्रीमती इंदिरा नरेन्द्र सिंह, जत्थेदार जगदीश सिंह, बुगजीत सिंह, मोहिन्दर सिंह के.पी., राणा मोती सिंह, महाराज कृष्ण खन्ना, प्रकाश चंद जस्सल, रछपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, सुरजीत सिंह, सरवण सिंह चीमा, सुरेन्द्र नाथ मरगई, एस.एस. अठवाल स्वामी राम, सुरेन्द्र पाल सिंह गिल, फादर थामस, अमराव सिंह तथा यशपाल ।

कपूरथला : बचन सिंह, दर्शन सिंह, धनपत राय नाहर, दर्शन सिंह जोश, गुरजसपाल सिंह, गुरमेल सिंह चीमा, गुलज़ार सिंह, हरचरण सिंह एडवोकेट, एच.एस. परमार, हरबंस सिंह, जोगिन्दर सिंह मान, जुगल किशोर महाजन, कंवलजीत सिंह बाबा, कृपाल सिंह ढिल्लों, मिल्खी राम रत्न, मोहिन्दर कुमार अग्रवाल, निरंजन सिंह, राज कुमार टिब्बा, राकेश कुमार धीर, रामस्वरूप अरोड़ा, राम सहाय, स्वर्ण सिंह जोशी तथा कर्नल उज्जल सिंह ।

लुधियाना : अजमेर सिंह पक्खोवाल, अर्जुन सिंह लिट, बसन्त सिंह खालसा, माई रम कौर, बी.सी. कपिला, कर्नल धर्मात्मा सिंह भट्ठल, हरनाम दास जौहर, जगदेव सिंह ताजपुरी, जगदीश लूम्बा, दीवान जगदीश चन्द, कर्म सिंह गिल, जत्थेदार किरपाल सिंह भिक्खी, करतार सिंह दुखिया, किरपाल सिंह हंस, एम.एस. भोगल, करार सिंह, नंद लाल आहूजा, ओम प्रकाश गुप्ता, ओ.पी. मेहता, श्रीमती पुष्पिन्दर कौर, राकेश पांडे, रछपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह धालीवाल, रत्ती राम, कैप्टन रत्न सिंह, सतपाल पराशर (जिनकी गत रात लुधियाना में आतंकवादियों ने हत्या कर दी है), शमशेर सिंह दूलों तथा तुलसी राम जेतवानी ।

शाम के भाव-(6 मई, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी 399 टंच हाजिर 6735, चांदी गुदी 6655, चांदी कच्ची 6715, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7135, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्रू 3130-3140, सोना स्टैंडर्ड 3220, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3110, गिन्नी (प्रत्येक) 2520-2540 रुपए ।

दिल्ली अलोह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): गंगे की सिल्ली (प्रति किलो) 340, निकल प्लेट 395-412, जस्ता 51.00, रन मैटल फूट 57.00, ताम्बा सिल्ली 91.25, ताम्बा रॉड 94.25, ताम्बा तार फूट 77.50, चदरी पीतल 57.00, पीतल चादर कतरन 60.00, पीतल भरत फूट 55.00, पीतल पूर्जा फूट 55.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 23.00, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.50, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 64-65, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-72, अल्यूमीनियम

बिजली बोर्ड मध्य हुए समझ

जालंधर, 6 मई (बोर्ड कर्मचारी संयुक्त में आज यहां देश भगत स्तरीय सम्मेलन हुआ बोर्ड के बीच कर्मचारि

CI

With prof you of the demise of **Dharminde** 89, Chautha will take plac Dadwan Roa May, 89 at 1

Sar

D

स्वर्गीय श्री पुण्य तिथि के अव द्वारा स्थापित अ लेते हैं और उन अर्पित करते हैं

समस्त परिवार

बिशन

बस्ती दा

पाठ

पढ़ि

भले आदमि

आपको बड़े दुखी मेरी सुपत्नी **जंगीर कौ** को अपनी सांसारिक या गई है । उसकी आत्मि पाठ व भोग मिति 7.5 बाद दोपहर हमारे नि

बिकर सिंह-दामाद
सतवंत कौर-सुपुत्री
मै. जगतार
(नोट : अलग कार्ड न

अत्यन्त दुख जाता है कि हमारी **सत्यावती बहल** वीरवार को स्वर्ग रस्म चौथा एवं मई, 1989 को आर्य समाज मंदि में होगी ।

शोक

Punjabi Parichar

एकीकृत अकाली दल (मान) के नेता सहित पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या

मक्खू के निकट मुठभेड़ के बाद उग्रवादी हथियार व ट्रैक्टर छोड़ कर भागे

3 कट्टर आतंकवादी व 2 घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 7 मई (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद पंजाब में अलग-अलग मुठभेड़ों में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के दो कट्टर आतंकवादियों सहित 3 आतंकवादी मारे गए जबकि एकीकृत अकाली दल (मान) के एक नेता सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । दो पाकिस्तानी घुसपैठिये भी मारे गए । कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया तथा भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । खन्ना के निकट लगभग दो लाख रुपए मूल्य के ज़ेवर व नकदी लूट ली गई ।

दो कट्टर आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): आज सुबह तरनतारन पुलिस जिला के थाना झब्बाल के अन्तर्गत एक मुठभेड़ में ट्रैक्टर सवार दो कट्टर आतंकवादी मारे गए । उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला जिसमें एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक पैंसल टाइप बम, 9 राकेट चार्जर, 21 डैटोनेटर तथा 600 से अधिक कारतूस शामिल हैं । मृत आतंकवादियों की पहचान हरदीप सिंह तथा गुरदीप सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है कि यह मुठभेड़ गांव बच्चड़ कलां व बच्चड़ खुर्द के मध्य हुई । मृत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के थे तथा स्वयंभू एरिया कमांडर परगट सिंह के गिरोह से सम्बन्ध रखते थे ।

मारे गए आतंकवादियों हरदीप सिंह तथा गुरदीप सिंह की गिरफ्तारी के लिए 20-20 हजार रुपए के इनाम घोषित थे । आई.जी. सीमा रेंज के नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचना के अनुसार यह मुठभेड़ सी.आर.पी.एफ. की 48 बटालियन के साथ हुई ।

अंग्रेज़ सिंह मारा गया : अमृतसर जिला के थाना सरहाली के गांव खारा में चार आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति अंग्रेज़ सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी अंग्रेज़ सिंह के घर में घुस गए और उसका नाम पूछने के बाद उसको गोली मार दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा जांच शुरू कर दी है ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : गांव बिल्लियांवाली के निकट एक गोलियों से छलनी लाश मिली । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा क्षेत्र में गिरफ्तार किए गए पांच आतंकवादियों की शिनाख्त मेजर सिंह उर्फ़ पप्पू, गुरमीत सिंह, बलदेव सिंह, हरपाल सिंह और दिलबाग सिंह के रूप में की गई है । उनसे एक 12 बोर की दोनाली बंदूक और दस कारतूस बरामद हुए ।

आतंकवादी मरा : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर सदर थाने के अन्तर्गत खैरा मज्जा गांव के पास आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी मारा गया । पुलिस के अनुसार उसका साथी भागने में सफल हो गया ।

दो आतंकवादियों ने उस समय गोलियां चलाईं, जब सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति धर्मसिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा । सुरक्षा बलों ने जवाब में गोलियां चलाईं । इससे एक आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक चीनी राइफल ए.के. 47 और एक मैगज़ीन बरामद की ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त गुरचरन सिंह के रूप में की गई है । वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा के गिरोह का सक्रिय सदस्य था । पम्मा कल जालन्धर में हुई दो मुठभेड़ों में मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक था । पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए आगे बताया कि गुरचरन सिंह जालन्धर जिले के नकोदर सब-डिवीजन में असंख्य हत्या की वारदातों में संलिप्त था ।

मारुति उड़ा ली : आज रात्रि 9-10 बजे के बीच जालन्धर में होटल कमल पैलेस के बाहर से श्री हरबंस लाल शर्मा की आसमानी रंग की मारुति कार पी.सी.जे. 7588 कोई उस समय उड़ा कर ले गया, जब श्री शर्मा होटल के अंदर विवाह के एक समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे ।

अकाली नेता की हत्या : फिरोजपुर (ह.स.): तीन आतंकवादियों ने एकीकृत अकाली दल जीरा (फिरोज़पुर) के प्रधान श्री जसमेर सिंह की हत्या कर दी । सशस्त्र आतंकवादी आज तड़के तीन बजे के लगभग उनके घर में घुसे और उन्हें गोली मारकर मार डाला । हमलावर फ़रार हो गए ।

'धीमान' के अनुसार श्री जसमेर सिंह की हत्या थाना जीरा के अन्तर्गत पड़ोरी खट्टा गांव में की गई । श्री जसमेर सिंह एकीकृत अकाली दल (मान) के सर्कल प्रधान थे । उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

भिड़ंत के बाद फ़रार : जिला फिरोज़पुर में थाना मक्खू के गांव मल्लेवाल के निकट सुरक्षा बलों के साथ संक्षिप्त भिड़ंत के बाद पांच अज्ञात आतंकवादी बचकर निकलने में सफल हो गए । आतंकवादी भागते समय अपना ट्रैक्टर, ए.के. 47 राइफल के कारतूस तथा अन्य हथियार छोड़ गए ।

वाहन छीन लिया : फूड स्पैशलिटीज़ मोगा के इंस्पैक्टर इकबाल सिंह का वाहन नम्बर डी.डी.ए. 5760 आज छीन लिया गया । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

दो गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों राजेन्द्र सिंह उर्फ़ काका तथा कुलबन्त सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

स्कूटर छीना : धुरी से सिंगला के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल रामगढ़िया गुरुद्वारा रोड बरनाला के निकट पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नम्बर पी.बी. क्यू. 7461 छीन लिया ।

दो घुसपैठिये मरे : आज सुबह जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि उनका एक साथी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

नकदी व ज़ेवर लूटे : खन्ना (सहगल): आज तड़के तीन आतंकवादी एक लाख अस्सी हजार रुपए मूल्य के ज़ेवर तथा दस हजार रुपए नकद लूटकर फ़रार हो गए । बताया जाता है कि यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव लोहार माजरा कलां के पूर्व सरपंच बंत सिंह के मकान में स्टेनगनों से लैस दो आतंकवादी घुस गए जबकि तीसरा बाहर वाहन के पास खड़ा रहा । अन्दर दाखिल होने वालों ने बंत सिंह की छाती पर स्टेनगन रखकर उससे उस पेटी की चाबी मांग जिसमें ज़ेवर आदि थे । चाबी लेकर वे 60 तोले सोने के ज़ेवर व दस हजार रुपए नकद लेकर चम्पत हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

पंजाब रोडवेज़ की बस रविवार को जलालाबाद (जिला फ़िरोज़पुर) से उसमें आग लग गई और अनेक यात्री ज़िंदा जल गए तथा कई घायल हो गए । (1) उलटी हुई बस, (2) बस के अंदर जले हुए शव, (3 से 15) घायल यात्री । (छाया : लूना, मलिक)

...ति शासन वृद्धि का प्रस्ताव ...ं में संसद में पेश होगा

...र पंजाब में ...लिए अगले ...संकल्प पेश ...

...कर रे की ...त की अवधि ... शासन की ...ी रही है ।

...उस समय ...जब बरनाला ... आतंकवादी ... कानून और व्यवस्था की स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटने में असफल सिद्ध हुई थी ।

पता चला है कि राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आतंकवाद तथा अलगाववाद पर नियंत्रण तथा राज्य में विकास गतिविधियों को तेज करने के लिए मौजूदा प्रशासन को बनाए रखना आवश्यक है ।

संविधान में किए गए एक विशेष संशोधन के तहत पंजाब में राष्ट्रपति शासन तीन वर्ष तक लागू रखा जा सकता है जबकि अन्य राज्यों में इसकी अधिकतम अवधि दो वर्ष हो सकती है ।

...रा गोलकों की छीना-झपटी जारी

...णि कमेटी के ...न्धकीय ढांचे ...रगर्मियां अभी ... गोलकों की ... बताया जाता ...द्वारा समितियों ...प्रेशन के बाद ...रिश पर भर्ती ...कों के पैसे की ...कमें समेट कर ... इन गोलकों ...ाता है ।

...वस पर जिला ... हिसाब करते ...नेजर के रोकने पर आतंकवादियों ने धमकी दी कि तुमने गर्दन तुड़वानी है या कुछ और चाहिए ? इसकी लिखित रिपोर्ट मैनेजर ने शिरोमणि कमेटी को दी है । पता चला है कि ऐसी ही घटनाएं अन्य गुरुद्वारों में मौजूद आतंकवादियों की ओर से जारी हैं मगर शिरोमणि कमेटी इनके सामने हथियार डाले हुए है । बताया जाता है कि सात सदस्यीय सुधार समिति के सामने भी इन मामलों को पेश किया गया है और वे भी इन आतंकवादियों के विरुद्ध ज़बान खोलने को तैयार नहीं हैं बल्कि इनसे भयभीत हैं । आतंकवादी अब भी शिरोमणि कमेटी पर हावी हैं ।

एक अन्य सूचनानुसार जिला कपूरथला में गुरुद्वारा बाबड़ी साहब नडाला में आतंकवादियों की सहायता से एक महन्त ने गुरद्वारे पर कब्जा कर रखा है और शिरोमणि कमेटी बेबस हो कर रह गई है ।

...शन

...है कि पुरानी ...ी है कि अभाव ...ठनाइयों से पैदा ...रशाही हमें यह ...ते चुन कर चाय ...ाइका चुन कर ...बाएं) घोल कर ...में उबला पानी ...का कहना है कि ... अन्य चीज़ों के ...

देवी लाल की बलदेव प्रकाश से भेंट : टोहरा से आज मिलेंगे

अमृतसर, 7 मई (ह.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल ने आज रात्रि यहां कहा कि वह एकीकृत अकाली दल के वरिष्ठ नेता और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा, जो यहां पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस में नज़रबंद हैं, के साथ बातचीत के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि आशा है कि मुझे कल आज्ञा मिल जाएगी । भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष डाक्टर बलदेव प्रकाश और पंजाब प्रदेश जनता दल के अध्यक्ष कृपाल सिंह ने चौधरी देवी लाल से भेंट की ।

ईद हर्षोल्लास से सम्पन्न

चंडीगढ़, 7 मई (ह.स): पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में ईद आज पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाई गई । असंख्य मुसलमानों ने आज चंडीगढ़ तथा दोनों राज्यों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की । मस्जिदों को खूब सजाया-संवारा गया था । विशेष प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गईं । किसी स्थान से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

पौंग बांध क्षेत्र में कई घमाओं भूमि खिसक गई

डाक्टरों की तीन माह पुरानी हड़ताल समाप्त, आज काम पर लौटेंगे

पटियाला, 7 मई (भूषण): पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के निर्णय के दृष्टिगत डाक्टरों की तीन माह पुरानी हड़ताल आज वापिस ले ली गई । हड़ताली डाक्टर कल से काम पर लौट आएंगे ।

केंद्रीय समिति के पहले दौर की मीटिंग के बाद गत रात्रि 11 बजे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डा. मंजीत सिंह तथा संगठन सचिव डा. डी.एस. गिल ने अपना आमरण अनशन तोड़ दिया, जो गत सप्ताह शुरू किया गया था । जानकार सूत्रों के अनुसार केंद्रीय समिति ने स्थिति पर पुनर्विचार किया और पाया कि पंजाब सरकार ने उनका केस केंद्र सरकार के समक्ष गलत ढंग से पेश किया है, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है ।

हाल ही में एसोसिएशन के कुछ नेताओं के एक गुट ने राज्य सरकार से समझौता किया था जिसके अनुसार हड़ताल समाप्त करने के लिए उन्हें कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया गया था । डाक्टरों और राज्य सरकार में समझौता कराने में पंजाब कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

केंद्रीय समिति की मीटिंग समाप्त होने के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. एम.एस. रंधावा ने आज इसके निर्णय को जारी करते हुए कहा कि लोगों की, विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी तकलीफ़ों को देखते हुए 95 दिन पुरानी हड़ताल समाप्त कर दी गई है । उन्होंने कहा कि डाक्टर कल सिविल सर्जनों को सामूहिक रूप से ज्वाइनिंग रिपोर्ट दे देंगे ।

उन्होंने आगे घोषणा की कि केंद्रीय समिति प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह तथा दो महासचिवों श्री सेवा राम अरोड़ा और श्री केवल कृष्ण का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है क्योंकि उन्होंने डाक्टरों की असमानांतर एकता को भंग करने का प्रयास किया था ।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति ने उन डाक्टरों को एसोसिएशन से निष्कासित करने का फैसला किया है जिन्होंने गत 25 अप्रैल को पंजाब सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर डाक्टरों की एकता भंग करने का षड्यंत्र रचा था । उनमें एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव डा. अमरदेव सिंह ढिल्लों, पटियाला जिला इकाई के अध्यक्ष व सचिव डा. के.के. जिंदल तथा डा. ए.एस. आज़ाद व अन्य शामिल हैं । केंद्रीय समिति ने स्पष्ट किया कि उसे पूरा समझौता-स्वीकार्य नहीं है तथा एसोसिएशन अपना संघर्ष जारी रखेगी ।

यहां राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि इन नई परिस्थितियों में भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह के वे समर्थक पंजाब कांग्रेस के अन्दर अपने अभियान में असफल हो गए हैं, जिन्होंने डाक्टरों और राज्य सरकार के मध्य समझौता हो जाने के बाद श्री बेअंत सिंह के खिलाफ मुहिम तेज कर दी थी । इन समर्थकों में प्रमुख वीर देवेन्द्र सिंह, श्री लाल सिंह श्री ब्रह्म महेन्द्रातथा श्री सुरेन्द्र सिंगला हैं ।

चंडीगढ़ (ह.स.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने बाकी डाक्टरों द्वारा भी हड़ताल वापिस ले लेने के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि यह सही दिशा में उठाया गया सही कदम है ।

Punjabi Sahara

पूर्व इंका विधायक, 2 थानेदारों सहित आतंकवादियों द्वारा 5 की हत्या

अजनाला में पत्रकार के मकान पर फ़ायरिंग : जवाबी फ़ायरिंग पर हमलावर भाग गये

के.सी.एफ़. के स्वयंभू एरिया कमांडर समेत 3 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 8 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात्रि के बाद से उग्रवादियों ने भूतपूर्व इंका विधायक एवं वरिष्ठ इंका नेता श्री गरबचन सिंह, पुलिस के दो सहायक इंस्पैक्टरों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 3 उग्रवादी अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए । एक पत्रकार के मकान पर भी फायरिंग की गई । मारे गए आतंकवादियों में एक तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था ।

भूतपूर्व इंका विधायक की हत्या : रोपड़ (वैस): आज रात्रि 9 बजे यहां से एक किलो मीटर दूर गांव कोटला निहंग में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व विधायक एवं वरिष्ठ इंका नेता श्री गरबचन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री गरबचन सिंह अपने घर में बैठे हुए थे, जब 3 उग्रवादी वहां आए और उन्होंने आते ही श्री गरबचन सिंह पर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करनी शुरू कर दी । श्री गुरबचन सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए । मृतक दस वर्ष से अधिक समय तक रोपड़ विधान सभाई निर्वाचन क्षेत्र से इंका के नेता रहे । वे जिला रोपड़ भट्ठा मालिक एसोसिएशन के भी प्रधान थे । समाचार मिलते ही जिलाधीश श्री डी.एस. वैंस, एस.एस.पी. श्री चन्द शेखर और एस.डी.एम. जगजीत सिंह मौके पर पहुंच गए ।

ए.एस.आई., कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली सूचनाओं के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के थाना अजनाला के क्षेत्र में गांव मकाम में आधा दर्जन उग्रवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. हरदयाल सिंह और एक पुलिस कांस्टेबल अवतार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गये । प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादी जिन के ए.के. 47 असाल्ट राइफल से लैस थे, 8.30 बजे के लगभग कांस्टेबल अवतार सिंह, जो सैशन जज जालन्धर के साथ गनमैन लगा हुआ है और अपने गांव में बच्चों से मिलने आया हुआ था, के मकान पर गये और उसे कहा कि उन्होंने ए.एस.आई. हरदयाल सिंह से मिलना है । उसके मकान पर चलो । इस तरह ए.एस.आई. के घर पर जाने के बाद उन्होंने उसका सर्विस रिवाल्वर मांगा, परन्तु ए.एस.आई. ने सर्विस रिवाल्वर न दिया जिस पर उसकी उसके मकान में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । बाद में यह उग्रवादी अवतार सिंह कांस्टेबल को लेकर चल दिये और थोड़ी दूर ले जाकर उसे भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया ।

एक सूचना के अनुसार कांस्टेबल अवतार सिंह जालंधर के सैशन जज श्री गुरप्रताप सिंह का गनमैन था । घटना स्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले ।

5 गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने 5 उग्रवादियों मंजर सिंह, गुरमीत सिंह, बलदेव सिंह, हरपाल सिंह तथा दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे हथियार बरामद किये ।

पत्रकार के घर पर फ़ायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार कुछ आतंकवादियों ने कल रात अजनाला के क्षेत्र में एक बुजुर्ग पत्रकार ज्ञानी गुरनाम सिंह के मकान पर फ़ायरिंग की परन्तु जवाबी फ़ायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गये । किसी हानि का समाचार नहीं मिला है ।

2 उग्रवादी मारे गये : गत रात अमृतसर जिला के तरनतारन क्षेत्र में जीड़ा पुल के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 कथित उग्रवादी मारे गये । समाचारों में कहा गया है कि दो साइकल सवार उग्रवादियों को जब सुरक्षा बलों ने रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की तथा दोनों को मार गिराया । घटना स्थल पर 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें तथा कारतूस बरामद किए गए ।

मृतकों में घुल्ला भी शामिल : तरनतारन पुलिस जिला की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जीड़ा पुल के निकट मारे गए आतंकवादियों में खूंखार आतंकवादी बलदेव सिंह उर्फ़ घुल्ला खब्बे राजपूतां शामिल था, जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । उसके सिर पर 25,000 रुपए का इनाम था ।

2 घसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर में खेमकरण क्षेत्र में आज तड़के दो अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

जस्सा मारा गया : बटाला (योछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव डल्ला के निकट आज भोर लगभग डेढ़ बजे पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इस आतंकवादी की पहचान गांव मधरा के जसपाल सिंह उर्फ़ जसवंत सिंह उर्फ़ जस्सा के रूप में हुई है । यह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था और इस पर 30 हजार का इनाम था । इसके निकट से एक 32 बोर का विदेशी रिवाल्वर और 11 कारतूस मिले हैं । यह पुलिस को कम से कम 30 हत्याओं, एक डकैती लूट मार तथा हथियार छीनने की घटनाओं में वांछित था । यह थाना कादियां और श्री हरगोबिन्दपुर में सक्रिय था ।

हत्या कर दी : सेंगरूर (गर्ग): यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव लौंगोवाल में एक व्यक्ति हरनेक सिंह की हत्या किये जाने की सूचना मिली है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । एस.एस.पी. ने एसपीएं की रवाना कर केस का ताला किया है।

2 गिरफ्तार : एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस ने दो आतंकवादियों केवल सिंह और बलदेव को गिरफ्तार करके उनसे ए.के. 47 का एक मैगजीन 25 अनचले कारतूस, एक 12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किये हैं ।

एक और ए.एस.आई. की हत्या : जिला फरीदकोट के थाना बाघापुराना के अंतर्गत गांव राजेआना में उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री मल सिंह की हत्या कर दी । श्री मल सिंह थाना सिटी फिरोजपुर में तैनात थे और 15 दिन की छुट्टी पर थे ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट से जिदल के अनुसार गत रात थाना सदर कोटकपूरा के गांव ढपई की नहर के पुल पर पुलिस ने नाकाबंदी के समय 4 आतंकवादियों गुरतेज सिंह उर्फ़ तेजा, मिट्ठू सिंह, जसवीर सिंह और बेअन्त सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक 32 बोर की विदेशी पिस्तौल, 5 अनचले कारतूस, एक कटी हुई विदेशी दोनाली बंदूक, इसके 5 कारतूस, एक 12 बोर की पिस्तौल, एक इकनाली बंदूक, ए.के. 47 राइफल के 35 अनचले कारतूस बरामद हुए हैं ।

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी
मासिक बांट पर आधारित कक्षा 3, 4, 5
के लिए अनमोल पुस्तकें

एम बी डी
सफलता का साधन
सभी विषय एक ही पुस्तक में

ये पुस्तकें हैं जिन में मासिक विभाजन को

नयाचिन में पाकिस्तान द्वारा कायम दो नई चौकियों से भारत चिन्तित

श्रीनगर, 8 मई (पहलवान): जब से पिछले माह पाकिस्तान ने अपने क्षेत्र में सियाचिन ग्लेशियर में दो चौकियां कायम की हैं तथा वर्तमान चौकियों को मजबूत किया है, तब से ही भारत व पाक के बीच तनाव बढ़ा है तथा लद्दाख के सियाचिन क्षेत्र में तोपों की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही है । इस बीच पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में विशेष बर्फीले क्षेत्रों में युद्ध की विशेषज्ञ यूनिट बनाई है । इसका नाम स्नो वारफेयर फोर्स यूनिट है । इसमें उत्तरी लाइट इन्फैंट्री तथा स्पैशल सर्विस ग्रुप के जवान लिए गए हैं । इस यूनिट को अत्यधिक उन्नत हथियार दिए गए हैं जो बर्फीले क्षेत्रों में लड़े जाएंगे । रिपोर्ट है कि पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में

Punjab Sentinel

पूर्व इंका विधायक, 2 थानेदारों सहित आतंकवादियों द्वारा 5 की हत्या

अजनाला में पत्रकार के मकान पर फ़ायरिंग : जवाबी फ़ायरिंग पर हमलावर भाग गये

के.सी.एफ़. के स्वयंभू एरिया कमांडर समेत 3 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 8 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात्रि के बाद से उग्रवादियों ने भूतपूर्व इंका विधायक एवं वरिष्ठ इंका नेता श्री गुरबचन सिंह, पुलिस के दो सहायक इंस्पैक्टरों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 3 उग्रवादी अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए । एक पत्रकार के मकान पर भी फायरिंग की गई । मारे गए आतंकवादियों में एक तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था ।

भूतपूर्व इंका विधायक की हत्या : रोपड़ (बैंस): आज रात्रि 9 बजे यहां से एक किलो मीटर दूर गांव कोटला निहंग में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व विधायक एवं वरिष्ठ इंका नेता श्री गुरबचन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री गुरबचन सिंह अपने घर में बैठे हुए थे, जब 3 उग्रवादी वहां आए और उन्होंने आते ही श्री गुरबचन सिंह पर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करनी शुरू कर दी । श्री गुरबचन सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए । मृतक दस वर्ष से अधिक समय तक रोपड़ विधान सभाई निर्वाचन क्षेत्र से इंका के नेता रहे । वे जिला रोपड़ भट्ठा मालिक एसोसिएशन के भी प्रधान थे । समाचार मिलते ही जिलाधीश श्री डी.एस. बैंस, एस.एस.पी. श्री चन्द्र शेखर और एस.डी.एम. जगजीत सिंह मौके पर पहुंच गए ।

ए.एस.आई., कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली सूचनाओं के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के थाना अजनाला के क्षेत्र में गांव मकाम में आध दर्जन उग्रवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. हरदयाल सिंह और एक पुलिस कांस्टेबल अवतार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गये । प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादी, जो कि ए.के. 47 असाल्ट राइफल से लैस थे, 9.30 बजे के लगभग कांस्टेबल अवतार सिंह, जो सैशन जज जालन्धर के साथ गनमैन लगा हुआ है, और अपने गांव में बच्चों से मिलने आया हुआ था, के मकान पर गये और उसे कहा कि उन्होंने ए.एस.आई. हरदयाल सिंह से मिलना है । उसके मकान पर चलो । इस तरह ए.एस.आई. के घर पर जाने के बाद उन्होंने उसका सर्विस रिवाल्वर मांगा, परन्तु ए.एस.आई. ने सर्विस रिवाल्वर न दिया जिस पर उसकी उसके मकान में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । बाद में यह उग्रवादी अवतार सिंह कांस्टेबल को लेकर चल दिये और थोड़ी दूर ले जाकर उसे भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया ।

एक सूचना के अनुसार कांस्टेबल अवतार सिंह जालंधर के सैशन जज श्री गुरप्रताप सिंह का गनमैन था । घटना स्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले ।

5 गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने 5 उग्रवादियों मेजर सिंह, गुरमीत सिंह, बलदेव सिंह, हरपाल सिंह तथा दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे हथियार बरामद किये ।

पत्रकार के घर पर फायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार कुछ आतंकवादियों ने कल रात अजनाला के क्षेत्र में एक बजुर्ग पत्रकार ज्ञानी गुरनाम सिंह के मकान पर फ़ायरिंग की परन्तु जवाबी फ़ायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गये । किसी हानि का समाचार नहीं मिला है ।

2 उग्रवादी मारे गये : गत रात अमृतसर जिला के तरनतारन क्षेत्र में जौड़ा पुल के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 कट्टर उग्रवादी मारे गये । समाचारों में कहा गया है कि दो साइकल सवार उग्रवादियों को जब सुरक्षा बलों ने रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । सुरक्षा बलों ने जवाबी फ़ायरिंग की तथा दोनों को मार गिराया । घटना स्थल पर 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें तथा कारतूस बरामद किए गए ।

मृतकों में घुल्ला भी शामिल : तरनतारन पुलिस जिला की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जौड़ा पुल के निकट मारे गए आतंकवादियों में खूंखार आतंकवादी बलदेव सिंह उर्फ़ घुल्ला खब्बे राजपूता शामिल था जो कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । उसके सिर पर 25,000 रुपए का इनाम था ।

2 घुसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर में समकरण क्षेत्र में आज तड़के दो अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

जस्सा मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव डल्ला के निकट आज बाद दोपहर डेढ़ बजे पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इस आतंकवादी की पहचान गांव मधरा के जसपाल सिंह उर्फ़ जमवंत सिंह उर्फ़ जस्सा के रूप में हुई है । यह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था और इस पर 30 हजार का इनाम था । इसके निकट से एक 32 बोर का विदेशी रिवाल्वर और 11 कारतूस मिले हैं । यह पुलिस को कम से कम 30 हत्याओं, एक दर्जन लूट मार तथा हथियार छीनने की घटनाओं में वांछित था । यह थाना कादियां और श्री हरगोबिन्दपर में सक्रिय था ।

हत्या कर दी : सगकर (गर्ग): यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव लोगोवाल में एक व्यक्ति हरनेक सिंह की हत्या किये जाने की सूचना मिली है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । एस.एस.पी. ने हत्यारों की पहचान कर लेने का दावा किया है।

2 गिरफ्तार : एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस ने दो आतंकवादियों केवल सिंह और बलदेव को गिरफ्तार करके उनसे ए.के. 47 का एक मैगज़ीन, 25 अनचले कारतूस, एक 12 बोर की बंदक व कुछ कारतूस बरामद किये हैं ।

एक और ए.एस.आई. की हत्या : जिला फरीदकोट के थाना बाघापराना के अंतर्गत गांव राजेआना में उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री मल सिंह की हत्या कर दी । श्री मल सिंह थाना सिटी फिरोजपुर में तैनात थे और 15 दिन की छुट्टी पर थे ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट से जिदल के अनुसार गत रात थाना सदर कोटकपूरा के गांव ढपई की नहर के पल पर पुलिस ने नाकाबंदी के समय 4 आतंकवादियों गुरतेज सिंह उर्फ तेजा, मिट्ठू सिंह, जसबीर सिंह और बेअन्त सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक 32 बोर की विदेशी पिस्तौल, 5 अनचले कारतूस, एक कटी हुई विदेशी दोनाली बंदक, इसके 5 कारतूस, एक 12 बोर की पिस्तौल, एक इकनाली बंदक, ए.के. 47 राइफल के 35 अनचले कारतूस बरामद हुए हैं ।

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी
मासिक बांट पर आधारित कक्षा 3, 4, 5
के लिए अनमोल पुस्तकें

एम बी डी
सफलता का साधन
सभी विषय एक ही पुस्तक में

में पाकिस्तान द्वारा कायम चौकियों से भारत चिन्तित

जाएगा । रिपोर्ट है कि पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में विशेष बर्फीले क्षेत्रों में युद्ध की विशेषज्ञ यूनिट बनाई है । इसका नाम स्नो वारफेयर फोर्स यूनिट है । इसमें उत्तरी लाइट इन्फैंटरी तथा स्पैशल सर्विस ग्रुप के जवान लिए गए हैं । इन यूनिट को अत्याधिक

Punjabi Sanatan

मय से लगातार रुक-रुक कर
रही है । उन्होंने कहाकि अब
हो गई है ।

कि गत माह बड़ी संख्या में
क तथा कुछ भारतीय सैनिक

ने कहा कि बर्फीले वीरान क्षेत्र में
आदि से लैस भारतीय सेना का
ा है । उन्होंने कहा कि सियाचिन
ीय सेना ने हर तरह से अपनी
ी है । पाकिस्तान द्वारा सीमा पर
र इस्तेमाल करने संबंधी रिपोर्ट के
पर उन्होंने कहा कि वह विश्वास
ाकिस्तान रासायनिक हथियार
ता है । साथ ही उन्होंने यह भी
त्व है तो भारत भी इसका जवाब

ा ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर लड़ाई का
ह खोले गए केंद्र के संबंध में
ा कि उनके मुख्यालय को ऐसी
ी पूरी जानकारी है ।

-कश्मीर के मुख्यमंत्री फारूक
ान को चेतावनी दी है कि वह
ाने के इरादे से कश्मीरी युवकों
ने से बाज़ आए ।

रहे बूढ़ों, सिद्धांतहीन
टेप करने, रिपोर्टें
समर्थकों की खरीद-
वों का जमघट है ।
राजीव गांधी की टिप्पणी

लल, हेगड़े, अरुण नेहरू
कि उनका नाम नहीं लिया

मामले तथा वे मामले होते हैं जिनमें ऐसी सामग्री की थोड़ी-थोड़ी मात्रा अन्य देशों को द्विपक्षीय सहकार करारों के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा के शांतिमय उपयोगों सम्बन्धी परीक्षणों के लिए दी जाती है । तथापि नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद ने 1983-85 में पश्चिमी जर्मन के मैसर्स न्यूक्लियर टैक्नीक जी.एम.बी.एच. (एन.टी.जी.) को उनके अनुरोध पर 2.2 मीट्रिक टन जिरकोलाय की ट्यूबें, छड़ और पत्तियां निर्यात की थीं । एन.टी.जी. ने कुछ किरणन सम्बन्धी परीक्षणों में उपयोग के वास्ते जिरकोलाय से बनी सामग्री की खरीद के लिए जो आर्डर टेलेक्स पर दिया था उसमें उन्होंने कहा था कि यह जरकोलाय वे आगे नहीं बेचेंगे ।

बढ़ कर 532.85 करोड़ रुपए अनुमानित है । श्री नारायणन ने कहा कि लागत में यह वृद्धि निर्माण के लिए निर्धारित समयावधि के बढ़ जाने, डिजायनों में परिवर्तन, शुल्क में वृद्धि होने और विदेशी मुद्रा की विनिमय दर के घटने-बढ़ने की वजह से हुई है ।

परमाणु कचरा : श्री नारायणन ने एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि कोचीन के तटरक्षक अधिकारियों द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार उन्हें भूतल परिवहन विभाग से 'एलर्ट' मिला था जिसका कारण यह था कि ऐसा बताया गया था कि दो अमरीकी जहाज हिंद महासागर में घातक परमाणु हानिकारक कचरा डालने आ रहे हैं । अभी तक ये जहाज दिखाई नहीं दिए हैं ।

एडवर्ड्स, वायु सेना अड्डा (कैलिफ़ोर्निया), 9 मई (एपी): शुक्र ग्रह का अध्ययन करने वाले स्वचालित 'मैगेलन' यान को अंतरिक्ष में छोड़ कर 'एटलांटिस' शटल यान कल यहां सुरक्षित उतर गया । यह शटल यान स्थानीय समय के अनुसार 12.43 मिनट पर (भारतीय समय के अनुसार रात एक बज कर 13 मिनट) पर उतरा ।

पचपन करोड़ डालर की लागत से बना मैगेलन यान पंद्रह महीने में शुक्र ग्रह पर पहुंच जाएगा और उसकी सतह का अध्ययन करेगा । अमरीका ने ग्यारह वर्ष पहले 1978 में शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए पायनियर यान भेजा था । सोवियत संघ भी 1983 में शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए वैनेरा श्रृंखला-दो यान भेज चुका है ।

तरनतारन उपमंडल के सभी देहात में आतंकवादियों का शासन है : पैट्रोल पम्प गोलियों से छलनी कर दिए

अमृतसर, 9 मई (सग): यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार तरनतारन उपमंडल के क्षेत्रों पट्टी, भिखीविंड, झब्बाल, तरनतारन में उग्रवादियों ने इन दिनों सरकारी दावों के बावजूद अपनी सरगर्मियों को काफी तेज कर रखा है जिसके कारण उपमंडल के सम्पूर्ण देहात में उग्रवादियों के आतंक में भारी वृद्धि हुई है । इसकी बड़ी निशानी यह बताई जाती है कि यहां देहात में तमाम हिन्दू परिवार पलायन कर चुके हैं, वहां अब जो भी उभाता हुआ सिख परिवार है, उग्रवादियों के आतंक के कारण गांव छोड़ कर वहां से पलायन कर चुका है और शेष परिवार पलायन करने की तैयारी में हैं ।

बताया जाता है कि पलायन करने वालों में वरिष्ठ सिख सरपंच, पंच, बड़े जमींदार और अन्य खाते-पीते घराने शामिल हैं, जो शहरों में आकर बसने के लिए विवश कर दिए गए हैं । प्राप्त समाचारों के अनुसार सारे उपमंडल के देहात में अब दिन के समय सशस्त्र पैदल घूमते रहते हैं और रात को घोड़ियों पर आकर वारदातें करते हैं जिनमें कत्ल, अपहरण और बड़ी रकमें वसूल करने की घटनाएं शामिल हैं । पता चला है कि उग्रवादियों ने अब धमकी भरे पत्र लिखने बंद कर रखे हैं और ग्रुपों की शक्ल में खुद आकर फिरौतियां वसूल करते हैं और दूसरी वारदातें भी करते हैं ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार इन दिनों पैट्रोल पम्पों के मालिकों, भट्ठे वालों, शैलरों के मालिकों, बड़े जमींदारों और आढ़तियों को निशाना बनाया जा रहा है । परिणाम स्वरूप क्षेत्र में चल रहे 9 पैट्रोल पम्पों में से इस वक्त 4 पम्प चल रहे हैं और शेष 5 मालिकों ने बंद कर रखे हैं । बताया जाता है कि सशस्त्र उग्रवादियों ने स्वयं इन पैट्रोल पम्पों पर आकर धमकियां दी हैं कि अगर पैट्रोल पम्प चालू रखना है तो साढ़े चार लाख रुपए चुका कर इसे चालू कर सकते हैं । पता चला है कि इन्कार करने वालों के 4 पैट्रोल पम्प ए.के. 47 के बस्ट मार कर छलनी कर दिए गए हैं । भिखीविंड, सुरसिंह, पट्टी, चमेड़, अमरकोट और वल्टोहा का एक-एक पैट्रोल पम्प गोलियों का निशाना होने के बाद बंद पड़े हैं ।

इसी प्रकार गेहूं के वर्तमान सीज़न को सामने रखते हुए उग्रवादियों ने छोटे-बड़े आढ़तियों से बड़ी-बड़ी रकमें वसूल करने के लिए अपना निशाना बना रखा है । कई आढ़ती तो यह रकमें दे भी रहे हैं । बताया जाता है कि गत दिनों अलगो कोठी एक आढ़ती के घर दस सशस्त्र उग्रवादी आ धमके और सात लाख रुपए की मांग की । यह सिख आढ़ती इतनी बड़ी रकम चुका पाने की स्थिति में न होने के कारण वहां से निकल कर अपना बचाव करने की सोच में हैं । बताया जाता है कि तरनतारन उपमंडल के अधिकांश आढ़ती उग्रवादियों के आतंक के कारण इस बार अपना कारोबार यथापूर्ण चला पाने के लिए अत्यधिक परेशान हैं । गेहूं बेचने वाले किसानों से भी बड़ी रकमें बटोरी जा रही हैं । यही हालत भट्ठा और शैलरों के मालिकों की बताई जाती है । जिन को अपने भट्ठों और शैलरों का कारोबार जारी रखने के लिए अपनी सम्पत्ति के अनुसार उग्रवादियों को रकमें देने पर विवश होना पड़ रहा है । बताया जाता है कि इन मालिकों को हर वक्त यह भय रहता है कि न जाने किस वक्त हथियार उठाए उग्रवादी आ धमकेंगे और उनको परिवार सहित जीवन से हाथ धोना पड़ेगा ।

पता चला है कि अपहरण के केसों में भी गत दिनों से वृद्धि हुई है । एक सूचना के अनुसार भिखीविंड के निकटवर्ती गांव ततले से गुरदेव सिंह का अपहरण करके लाखों रुपए वसूल किए गए । झब्बाल के रहने वाले टैक्सी मालिक हरबंस सिंह का अपहरण किया हुआ है और दो लाख की मांग की गई । गांव मूजद के बलदेव सिंह का अपहरण करके

(शेष पृष्ठ 10 पर)

स्टालिन हिटलर को सोवियत संघ के कई क्षेत्र देने को तैयार था

मस्क्वो, 9 मई (टा.आ.इं.): अडोल्फ हिटलर की सेनाओं द्वारा सोवियत संघ को घेरे में लिए जाने के चार मास बाद जोसेफ़ स्टालिन ने बाल्टिक गणराज्यों सहित सोवियत संघ की भूमि का एक बड़ा हिस्सा नाज़ी जर्मनी को देने का प्रस्ताव रखा था । यह चौंका देने वाला रहस्योद्घाटन इतिहासकार तथा अकैडमिशियन लै. जनरल निकोला पावलेंको ने करा किया । लै. जनरल पावलेंको के अनुसार युद्ध मामलों के मार्शल झुकोव के साथ बातचीत से पता चलता है कि वह जानते थे कि स्टालिन के मन में क्या है । मार्शल झुकोव को उद्धृत करते हुए लै. जनरल पावलेंको ने कहा कि स्टालिन ने उक्त कार्य अपने विश्वस्त साथी लवरेंती बोरिया को सौंपा था ।

युद्ध की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मार्शल झुकोव ने कहा कि वह 7 अक्तूबर, 1941 को स्टालिन से मिले थे तथा यह भेंट बड़ी निराशाजनक थी । मार्शल झुकोव के अनुसार आतंकित स्टालिन ने मुझ से कहा था, 'शत्रु मास्को की ओर बढ़ रहा है और हमारे पास इसके बचाव के लिए पर्याप्त सेना नहीं है । हमें 1918 जैसी एक ब्रैस्ट संधि की बहुत जरूरत है । स्टालिन का इशारा 1918 की लड़ाई

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मैं इन 5 दिनों में वि
है, जिसमें आपक
प्रभात का थर्मस,

सारिका मूंगा क
भारत प्रसिद्ध ज
सिन्थैटिक कोट
औरंगाबादी गो
मोनिका तनछुइ
तामिलनाडु सिल्
सिन्थैटिक सिल्क
डी. चायना जरी
100% पालि
मदर इंडिया, फैं
ब्यूटी टच, फैंसी
क्रीस्टल-शानदा

सिंगापुरी सिफॉन सा
साड़ी, ब्राईट कोबरा
साड़ियां तथा विवाह
केवल 165/- से

सेल जा
आ
लुधियाना
होटल गुलमोर,
फिरोज़पुर रोड
सेल क

Punjab Kesari

आतंकवादियों का शासन

(पृष्ठ 1 का शेष)

एक लाख रुपए वसूल किए गए हैं ।

बताया जाता है कि यह तमाम प्रभावित लोग इन परिवारों के साथ शहरों में आ बसे हैं । अतः कभी-कभी अपनी जमीनों को देखने के लिए अपने गांव जाते हैं ।

इस उपमंडल के लोगों का कहना है कि इस वक्त देहात के लोगों के लिए सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है । उन्होंने कहा कि सरकार वह होती है जिसका लोगों में भय हो और सम्मान दे . जो बात अब समाप्त हो चुकी है । इस वक्त तो देहात में केवल उग्रवादियों का शासन है ।

राष्ट्रपति शासन बढ़ाने की मंजूरी

(पृष्ठ 1 का शेष)

इस आरोप का ज़ोरदार खंडन किया कि गृहमंत्री हरियाणा में आतंकवादी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं । उन्होंने कहा कि किसी भी गृहमंत्री के बारे में ऐसा सोचना दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के दौरान स्थिति में काफी सुधार हुआ है, लेकिन अभी ऐसी परिस्थितियां नहीं बनी हैं कि वहां चुनाव कराए जा सकें ।

कम्युनिस्ट पार्टी के इन्द्रजीत गुप्ता का कहना था कि वहां अभी पंचायतों के चुनाव कराना ठीक नहीं होगा क्योंकि आतंकवादी इन्हें सफल नहीं होने देंगे बल्कि वे संवेदनशील जिलों में पंचायतों पर कब्जा कर लेंगे । उन्होंने कहा कि जोधपुर के बंदियों को यदि अब रिहा किया जा सकता था तो दो-तीन साल पहले ही रिहा क्यों नहीं कर दिया गया । यदि ऐसा किया जाता तो आज स्थिति दूसरी होती ।

श्री गुप्ता ने सुझाव दिया कि सरकार को उन सभी दलों, गुटों और व्यक्तियों से पंजाब की समस्या के बारे में बातचीत करनी चाहिए जो संविधान में आस्था रखते हों और आतंकवाद का विरोध करते हों । श्री गुप्ता का यह भी कहना था कि आतंकवादियों को अभी भी पाकिस्तान से मदद मिल रही है ।

उन्होंने कहा कि सरकार पंजाब समस्या का समाधान करने में पूरी तरह से असफल रही है । वहां बार-बार राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने से इस बात की पुष्टि होती है । उन्होंने यह अवधि सिर्फ तीन महीने के लिए बढ़ाने का समर्थन किया ।

अकाली दल के चरणजीत सिंह बालिया ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के दौरान स्थिति में सुधार नहीं हुआ है बल्कि स्थिति और बिगड़ी है । उनका कहना था कि सरकार वहां जानबूझ कर यही स्थिति बनाए रखना चाहती है ।

उन्होंने अकाली दल के नेता सिमरनजीत सिंह मान, प्रकाश सिंह बादल, गुरचरण सिंह टोहरा तथा अन्यों को तुरंत रिहा करने और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव जल्दी कराने की मांग की ।

राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस (इ) के पवन कुमार बांसल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंजाब समस्या के हल के लिए अनेक कदम उठाए हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब में जो परिस्थिति है, उसे देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन जारी रखने के अलावा और कोई चारा नहीं है ।

कांग्रेस (इ) के दरबारा सिंह ने कहा कि विपक्ष पंजाब को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना तो करता है, लेकिन कोई सुझाव नहीं देता । कांग्रेस (इ) के एस.एस. आहलूवालिया ने पंजाब में पंचायत के चुनाव कराए जाने के फैसले का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि पंजाब के मामले में विपक्ष बटा हुआ है । श्री आहलूवालिया ने पंजाब में राष्ट्रपति शासन बढ़ाए जाने का समर्थन किया ।

अकाली दल (लौंगोवाल) के श्री बलवंत सिंह रामूवालिया ने कहा कि राष्ट्रपति शासन पंजाब में सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रहा है । क्रांतिकारी सोशलिस्ट पार्टी के श्री पीयूष तिड़के ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार पंजाब समस्या हल नहीं करना चाहती ।

गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने आज कहा कि पंजाब सरकार आतंकवाद को दबाने में सफल रही है लेकिन समाज विरोधी तत्व स्थिति से लाभ उठा कर चोरी, लूटपाट और धन ऐंठने जैसे कामों में लगे हैं । सरकार ऐसे तत्वों को विफल करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है ।

श्री चिदम्बरम पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि 11 मई से छः माह के लिए और बढ़ाए जाने संबंधी संवैधानिक प्रस्ताव राज्यसभा में पेश कर रहे थे ।

जनता दल के सदस्य यशवंत सिन्हा ने प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ा कर सरकार ने राज्य में लोकतंत्र का गला घोंट दिया है ।

स्टालिन तैयार था

(पृष्ठ 1 का शेष)

की तरफ था जबकि 1917 की अक्तूबर क्रांति के बाद जर्मन सेनाएं धीरे-धीरे नवगठित देश की ओर बढ़ी थीं । समय लेने के लिए लेनिन ने ब्रेस्ट संधि

वामपंथी पार्टियों द्वा
आयोजित साम्प्रदायि
सम्मेलन में विपक्षी न
दिखाई दे रहे हैं ।

देश की एक
कर संघर्ष

नई दिल्ली, 9 म
साम्प्रदायिकता विरो
एक सम्मेलन में वि
एकता और अखंडत
का संकल्प किया ।

वामपंथी दलों
पारित एक प्रस्ताव
अनुरोध किया गया
उन्माद की स्थिति के
परिषद की बैठक की

सम्मेलन में जन
सिंह, भारतीय कम्य
राजेश्वर राव, सांस
मार्क्सवादी पार्टी के
मुखर्जी, सैफुद्दीन
बसु, डी.डी. शा
भट्टाचार्य सहित प्र
हिस्सा लिया ।

'कृपया त
आने क

चंडीगढ़, 9 म
के आम तबादलों
लिए सिरदर्दी का क
मंत्रियों को तबादले
लिए भूमिगत होना
कि उन्हें तबादला
छुड़ाना मुश्किल हो
अपने दफ्तरों के बा
"कृपया तबादले के
लेकिन भीड़ कम हो

लोक

(पृ

सकती है तो वह
लेकिन उनकी जगह
यह पद मिलना चा

श्री भगत ने इस
की नियुक्ति लोकस
है । विपक्षी सदस्य
चुनौती दे रहे हैं ।
भी विपक्ष के ही स

श्री जाखड़ ने
शिष्टमंडल को आ
लेखा समिति के अ

Punjab Kesari

कर सारे देश में एक ही पद्धति की पंचायत राज प्रणाली लागू करने का इरादा रखती है । इस सम्बन्ध में अभी यह अंतिम फैसला किया जाना बाकी है कि नई पंचायती राज-प्रणाली दो-स्तरीय हो या तीन-स्तरीय । इस समय कई राज्यों में दो स्तरीय और कुछ राज्यों में तीन स्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू है । जैसे कि हरियाणा में दो-स्तरीय यानी पंचायतें और ब्लाक समितियां, जबकि पंजाब में

कांग्रेस (इ) मुख्य मंत्रियों ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ऐसा करके कानून व संविधान के दायरे से बाहर जाकर काम कर रही है । केंद्र के खिलाफ विरोध करने वालों में मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी, जनता दल, भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल (त) भी शामिल हैं ।

संशोधन को नामंजूर कर दिया जिसमें राष्ट्रपति शासन की अवधि छः माह की जगह तीन माह ही बढ़ाने की बात कही गई थी ।

इस प्रस्ताव पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री बूटा सिंह ने कहा कि सरकार जरूरत से एक दिन भी ज्यादा पंजाब को राष्ट्रपति शासन में रखने के पक्ष में नहीं है, लेकिन वर्तमान हालात में

गृहमंत्री ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि राष्ट्रपति शासन के दौरान पंजाब में सामान्य स्थिति बहाल करने में काफी हद तक सफलता मिली है और वहां आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए गए हैं ।

गृहमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पंजाब समस्या का कोई तत्काल राजनीतिक समाधान सम्भव नहीं है । पंजाब में जो कोई भी समझौता होगा वह सभी राजनीतिक दलों के सहयोग से ही होगा । उन्होंने कहा कि सरकार भी यह नहीं चाहती है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन ही चलता रहे ।

गृहमंत्री ने राष्ट्रपति शासन लागू करने को सही बताया । उन्होंने कहा कि इसी दौरान गुरुद्वारों को असामाजिक तत्वों की गिरफ्त से छुड़ाया गया तथा लोग अब आतंकवादियों का समर्थन भी नहीं करते हैं ।

श्री बूटा सिंह ने कहा कि लौंगोवाल-राजीव समझौते को पूरी तरह लागू करने के लिए यह आवश्यक है कि हरियाणा सरकार भी इसे माने । उन्होंने हरियाणा के मुख्य मंत्री देवी लाल से आग्रह किया कि वह पंजाब समझौते को लागू करने की दिशा में पूरा सहयोग दें ।

श्री सिंह ने इस बात पर हैरानी व्यक्त की कि एक ओर श्री देवी लाल पंजाब समझौते को मानने को तैयार नहीं हैं और दूसरी ओर समझौते के अंतर्गत बनने वाली सतलुज-यमुना लिंक नहर को शीघ्र पूरी कराना चाहते हैं ।

अकाली दल के श्री चरणजीत सिंह वालिया द्वारा मांगे गए एक स्पष्टीकरण के उत्तर में गृहमंत्री बूटा सिंह ने कहा कि जैसे ही पंजाब में स्थिति सामान्य होगी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के चुनाव करा दिए जाएंगे । लेकिन उन्होंने श्री वालिया से पूछा कि अब तक जो गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति चलाते रहे हैं, उन्होंने गुरुद्वारों की कैसी व्यवस्था की, इस पर भी उन्हें आवश्यक गौर करना चाहिए ।

श्री सिंह ने सदन को बताया कि 1984 के दिल्ली-दंगों से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कई कदम उठाए गए हैं और उस दौरान क्षतिग्रस्त गुरुद्वारों की मुरम्मत सरकारी खर्च पर कराई जा रही है ।

गृहमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने का फैसला बहुत सोच-विचार के बाद

3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये, सहकारी बैंक लूटा गया : 16 आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 9 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए, एक सहकारी बैंक लूट लिया गया, जबकि 16 आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया गया ।

3 घुसपैठिये मारे गए : फिरोज़पुर की एक सूचना में कहा गया है कि भारत-पाक सीमा से फिरोज़पुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । घटनास्थल पर कुछ पाकिस्तानी करंसी बरामद हुई ।

बैंक लूटा : पटियाला (भूषण) : आज यहां से 34 किलोमीटर दूर थाना सदर नाभा के अंतर्गत गांव गलवटी में दो अज्ञात युवकों ने सहकारी बैंक की ब्रांच से 3.25 लाख रु. लूट लिए । लुटेरे प्रातः लगभग साढ़े 10 बजे बैंक में पहुंचे तथा राशि लूट कर फरार को गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.) : पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान तीन तथा एक छापे के दौरान एक आतंकवादी को गत रात गिरफ्तार किया । पुलिस ने बताया कि गत रात थाना नवांशहर क्षेत्र में तीन आतंकवादियों को रुकने के लिए संकेत किया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फ़ायरिंग की तथा तीनों आतंकवादियों को हथियारों सहित आत्म-समर्पण करने पर विवश कर दिया । उनसे 3 पिस्तौल व कई कारतूस बरामद हुए । इनकी पहचान सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता, सोहन सिंह उर्फ़ पप्पू तथा संतोख सिंह उर्फ़ सोढी के रूप में हुई है ।

एक अन्य आतंकवादी बलविंदर सिंह उर्फ़ बिंदा को भोगपुर में एक छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने उससे एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त गड़गज सिंह, जसबीर सिंह मिट्ठू सिंह, बेअंत सिंह, मंगल सिंह व जसबीर सिंह (द्वितीय) के रूप में हुई है । उनसे 2 पिस्तौल, दो बंदकें व बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । फरीदकोट पुलिस ने 2 और आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया है ।

ज़हर खाकर मरा था : कल सायं जिला गुरदासपुर के गांव डल्ला में ईंटों के भट्ठे पर जो खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का खूंखार आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ़ जसवंत सिंह उर्फ़ जस्सा मारा गया था, उसके बारे में पुलिस सूत्रों ने बताया है कि मुठभेड़ के दौरान घिर जाने पर उसने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली थी ।

पिस्तौल व कारतूस छीने : लुधियाना (धीमान): दोराहा से सूचना मिली है कि कल आतंकवादी पिस्तौल दिखा कर श्री राजेन्द्र सिंह से 32 बोर का पिस्तौल और 12 कारतूस छीन कर भाग गए । पुलिस जांच कर रही है ।

लुधियाना पुलिस ने कल रात आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में अजमेर कौर नामक एक महिला को गिरफ्तार किया ।

कपूरथला पुलिस ने बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक बंदूक बरामद की ।

श्रीनगर में एक बस में बम विस्फोट से एक मरा, 10 घायल

श्रीनगर, 9 मई (अशोक): कश्मीर घाटी में पिछले चौबीस घंटों के दौरान बम विस्फोट की नई घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दस अन्य लोग घायल हो गए हैं । इन बम धमाकों में सरकारी तथा गैर-सरकारी सम्पत्ति को भी लाखों रुपए की क्षति हुई है ।

यहां लाल चौक क्षेत्र में बस अड्डे पर प्रदेश पथ परिवहन निगम की डबल डैकर बस में शक्तिशाली विस्फोट हुआ । बस के निकट कुर्सी पर बैठा बुकिंग मैनेजर इस धमाके से गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई । इस घटना में तीन बच्चों समेत सात अन्य लोग बुरी भी हुए हैं ।

श्रीनगर के लाल चौक बस अड्डे पर दोपहर बाद लगभग 3.20 पर हुए बम विस्फोट में मरने वाले बुकिंग मैनेजर का नाम गुलाम कादिर बताया जाता है । कई महिला यात्री इस धमाके से बेहोश हो गईं । अस्पताल में गम्भीर रूप से घायल लोगों का आपरेशन किया गया है । अन्य घायलों को मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई ।

इस धमाके से सारे लाल चौक क्षेत्र में भय एवं आतंक फैल गया । लोगों में भगदड़ मच गई । धमाके के कारण बस तथा निकटवर्ती क्षेत्र में आग लग गई । आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया । इससे पहले कश्मीर घाटी में विगत दो दिनों में चार बम धमाके हुए थे । इनमें दो लोग घायल हुए थे ।

इन विस्फोटों से स्पष्ट है कि भूमिगत उग्रवादी संगठन कश्मीर लिबरेशन फ्रंट तथा पीपल्स लीग द्वारा ग्यारह मई के प्रस्तावित चार दिवसीय बंद को सफल बनाने के लिए शहर में आतंक फैलाने की कोशिश की जा रही है ।

अमरीकी शटल यान पृथ्वी पर लौटा

एडवर्ड्स, वायु सेना अड्डा (कैलिफ़ोर्निया), 9 मई (एपी): शुक्र ग्रह का अध्ययन करने वाले स्वचालित 'मैगेलन' यान को अंतरिक्ष में छोड़ कर 'एटलांटिस' शटल यान कल यहां सुरक्षित उतर गया । यह शटल यान स्थानीय समय के अनुसार

भगवान मेरे लिये न सही, तू दुनिया

जिन 72 मिलों का माल मैंने सस्ता
था उनका भुगतान मुझे 15 दिनों के
नहीं कर सका । इसलिये मुझे इस सारे स्टा
में 5 दिनों के अंदर किसी भी कीमत पर बेच
साख (Goodwill) को बचाना है । मुझे अ
ज्यादा अजीज है ।

पंजाब की जनता की पसन्द (Taste

Punjabi Sahat.in

न लाल ने पंचायत संबंधी
ए मौजूदा प्रणाली की
डाला । उन्होंने कहा कि
है कि राज्य विधानमंडलों

नगरपालिका कानून बनाएं ।

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए वयोवृद्ध नेता पं. कमलापति त्रिपाठी और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया ।

श्री गांधी ने अपने भाषण में कहा कि पंचायतों के साथ-साथ शहरी और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों की नगर पालिकाओं, नगर निगमों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव भी समय से कराना जरूरी है । उन्होंने विपक्षी नेताओं के आरोपों का खंडन करते हुए कहा

राज्य पंचायतों को ठोस तरह से चला सके । यह कार्य संविधान में स्पष्ट प्रावधान करके ही पूरा किया जा सकता है । हम संविधान में सिर्फ एक नया भाग जोड़ना चाहते हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि जिस तरह

श्री गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि राज्य वित्त निगमों की स्थापना की जाए ताकि धन का सभी में बंटवारा हो सके । इससे भ्रष्टाचार कम हो सकेगा ।

उन्होंने कहा कि हम ग्रामीण इलाकों और शहरी इलाकों के विकास के लिए एक समन्वित कार्यक्रम

आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली : पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 मई (वार्ता, हस): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक उम्र कैदी समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, दो वारदातों में 3 लाख रुपये से अधिक रकम लूट ली । होशियारपुर पुलिस ने 6 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये । जिला जालंधर में उग्रवादियों के दाखिल होने के समाचारों के बाद सुरक्षा बलों को चौकस कर दिया गया है । एक आतंकवादी ने पकड़े जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली ।

आपसी दुश्मनी में 2 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के क्षेत्र में दो व्यक्तियों सुदर्शन सिंह और लाल सिंह की गत रात 9.30 बजे के करीब तीन आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से गोलियां मार कर हत्या कर दी । मरने वालों में सुदर्शन सिंह झब्बाल का रहने वाला था और लाल सिंह गांव लालू घुम्मन का निवासी था । मौका पर से ए.के. 47 राइफल के 15 कारतूस मिले हैं । वहां से बब्बर खालसा की एक चिट भी मिली, जिसके नीचे रेशम सिंह का नाम दर्ज है । इसमें इन दोनों की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है । यहां यह उल्लेखनीय है कि लाल सिंह जेल में उम्र कैद काट रहा था और 20 दिन के लिए पैरोल पर रिहा होकर अपने घर आया हुआ था । यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का नतीजा समझी जाती है ।

उग्रवादी ने ज़हर खा लिया : आज बाद दोपहर 3.30 बजे के करीब सुलतानविंड रोड पर सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी ने एक युवक को संदेह के आधार पर रोक कर उसकी तलाशी लेने की कोशिश की तो उसने तुरन्त ही जेब से निकाल कर सायनाइड कैप्सयूल (ज़हर) खा लिया । उसे अस्पताल ले जाया गया, परन्तु डाक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया ।

अमृतसर के पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि यह युवक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा का सदस्य समझा जा रहा है, क्योंकि उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से बब्बर खालसा की दो कैसेटें मिली हैं । उसकी जेब में से दो कारतूस भी बरामद किये गए हैं ।

श्री अरोड़ा ने आज शाम को बताया कि इस आतंकवादी की शिनाख्त लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा निवासी गांव नानूवाल कलां (थाना कादरनवाल) जिला गुरदासपुर के रूप में की गई है । उन्होंने कहा कि यह काफी खतरनाक किस्म का आतंकवादी था और इसने कुछ अर्सा पहले अमृतसर के नंजदीकी गांव घनुपुर वाले में शिव सेना के एक कार्यकर्त्ता राज कुमार की हत्या की थी ।

घायल : आज प्रातः मजीठा पुलिस जिला के गांव नागकलां में एक एस.पी.ओ. की राइफल से अचानक गोली चल जाने के परिणामस्वरूप एक व्यक्ति घायल हो गया

शव मिला : आज जिला फिरोज़पुर के गांव धर्मकोट में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया । वारिस की प्रतीक्षा की जा रही है ।

हत्यारों की शिनाख्त : इस बीच पुलिस ने श्री मल सिंह ए.एस.आई के दो हत्यारों की शिनाख्त कर ली है । श्री मल सिंह की हाल ही में फरीदकोट जिले के राजिना गांव में गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी ।

बैंक लूटा : जालन्धर (वि.स.) : गत कुछ दिनों से जिला जालन्धर में उग्रवादियों के प्रवेश से उग्रवादी घटनाओं में कुछ तेज़ी आई है और उसी अनुपात में पुलिस एवं सुरक्षा बल भी अधिक चौकस एवं सक्रिय हुए दिखाई देते हैं । आज भी नकोदर के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बैंक से 2.85 लाख, कृषि सोसायटी से 36 हजार रुपए लूटे : जालंधर में संदिग्ध व्यक्ति कार में घूमते देखे गये

हमारा पहला कदम समझौते को लागू करना है : डाक्टरों की घोषणा

चंडीगढ़, 10 मई (वि.प्र.): पंजाब के सरकारी डाक्टरों के प्रतिनिधि संगठन पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के रंधावा विरोधी ग्रुप ने घोषणा की है कि उसका पहला कदम गत 25 अप्रैल को राज्यपाल श्री एस.एस. रे से हुए समझौते को लागू कराना है जिसके अनुसार हड़ताल की अवधि का फैसला सरकार को हमारे साथ बैठ कर करना होगा ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस ग्रुप के प्रतिनिधियों डा. अनूप धीर, डा. अमरदेव सिंह ढिल्लों, डा. हरनेक सिंह, डा. राजेन्द्र शर्मा, डा. राजेन्द्र सिंह, डा. अमरसिंह आजाद तथा एसोसिएशन के पूर्व महासचिव डा. प्यारे लाल गर्ग ने कहा कि हम समझौता लागू कराने के बारे में 24 मई तक प्रतीक्षा करेंगे । उस दिन वेतन विसंगतियां दूर करने के सम्बन्ध में संधावालिया समिति ने अपनी रिपोर्ट देनी है ।

इनमें से कुछेक डाक्टरों को रंधावा ग्रुप ने एसोसिएशन से इस आरोप में निष्कासित कर रखा है कि उन्होंने एसोसिएशन से सलाह मशविरा किए बगैर सरकार से समझौता करके डाक्टरों के संघर्ष को तारपीडो कर दिया है । इस बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने निष्कासन को मानते ही नहीं । उन्होंने यह बात स्पष्ट की कि 16 मई को पंजाब बंद के लिए किए गए आह्वान से उनका कोई सम्बन्ध नहीं है ।

डा. गर्ग ने यह सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन किया कि हड़ताल के दिनों में स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के निदेशक हड़ताली डाक्टरों का समर्थन करते रहे । उन्होंने दावा किया कि डाक्टरों की मांगों के बारे में हमारा 25 अप्रैल को सरकार से लिखित समझौता हुआ है । डा. गर्ग ने तिथियों के साथ विवरण देते हुए यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि एसोसिएशन के प्रधान डा. एम.एस. रंधावा अपनी मर्जी से हड़ताल को लम्बा करते चले गए हालांकि एसोसिएशन की कई मीटिंगों में उन्हें मना किया गया था । लेकिन वह फिर भी अपनी नीति पर चलते रहे जिसका परिणाम यह निकला कि आज डाक्टरों को मायूसी का सामना करना पड़ रहा है ।

डा. गर्ग ने कहा कि एक मीटिंग में नौबत हाथापाई तक आ गई और कई डाक्टर श्री रंधावा के गले पड़ गए जबकि दूसरी मीटिंग में बहुसंख्या ने

एक और कमीशन घोटाला

नई दिल्ली, 10 मई (वार्ता): हथियार, गोला-बारूद और रक्षा उपकरणों की खरीद में कमीशन के बारे में रक्षा मंत्रालय द्वारा अपने ही दिशा-निर्देश का उल्लंघन करके 62.21 लाख रुपए का अनावश्यक भुगतान किया गया । इसमें से 50.9 लाख रुपया अनाट्रोनिक कार्पोरेशन को दिया गया ।

लोकसभा में आज पेश की गई भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय ने सितम्बर 1977 में ही इस सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किए थे । इसके अनुपालन की समीक्षा से पता चला कि रक्षा मंत्रालय के लिए अन्य मंत्रालयों के विभागों के माध्यम से की गई खरीद में इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया । इसके कारण एजैंसी कमीशन के रूप में 62.21 लाख रुपए का अनावश्यक भुगतान करना पड़ा ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वायुसेना के लिए मध्यम सामरिक परिवहन विमान के चयन और उसकी प्राप्ति के पुनरीक्षण से नियोजन व्यवस्था में कमियां सामने आईं । एच.एस. 748 वायुयान थल सेना और वायुसेना दोनों को दिया गया, जबकि दोनों सेनाओं ने इस तथ्य पर बल दिया था कि यह वायुयान उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल नहीं है । इससे 76.87 करोड़ रुपए का निवेश अधिकांश रूप में निष्फल हो गया ।

पंजाब समस्या के हल के लिए सर्वदलीय सम्मेलन की मांग

नई दिल्ली, 10 मई (ह.स.): आज लोकसभा में विपक्षी दलों ने सरकार से अपील की कि वह पंजाब

राष्ट्रपति ने पंजाब बोलने से इन्कार

भाखड़ा, 10 मई (हस): राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने आज यहां पंजाब, जहां कि कल से राष्ट्रपति शासन की अवधि आगामी 6 माह के लिए और बढ़ाई जा रही है, के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने से इन्कार कर दिया ।

आज यहां राष्ट्रपति द्वारा भाखड़ा बांध देखने के उपरांत जब अनौपचारिक बातचीत में एक संवाददाता ने उनसे पंजाब के बारे में प्रश्न पूछने चाहे तो राष्ट्रपति ने उत्तर देने से इन्कार कर दिया ।

इस बांध के सबसे ऊंचे स्थल पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह वास्तुशिल्प तथा इंजीनियरिंग की एक महान कृति है तथा भारत की गौरवशाली परियोजना है । राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस बात में प्रसन्नता है कि यह विशाल बांध विद्युत उत्पादन कर तथा सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करा कर उत्तर भारत की जनता की सेवा कर रहा है ।

राष्ट्रपति श्री वेंकटरमन ब निरीक्षण करते समय बां खड़े दिखाइ

तथा भाखड़ा व्यास प्रबंध ने स्वागत किया । राष्ट्र तक के 15 किलोमीटर यात्रा की । उनका मार्ग स्वागत किया ।

ज़ाब बिल का होने पर विपक्ष आपत्ति

ई (वार्ता): लोकसभा में आज
ात पर कड़ी आपत्ति की कि
विधेयक का प्रारूप अंग्रेज़ी
स में छप गया है जबकि
ानकारी तक नहीं है ।
दस्यों ने यह मामला उठाते
की बात है कि सदस्यों को
अखबारों से मिले । अध्यक्ष
हा कि उन्हें विधेयक की प्रति
तक विधेयक की प्रति नहीं
नहीं कर सकते हैं ।
डवते ने कहा कि अखबार में
कार या तो पुष्टि करे या

मंत्री हरकिशन लाल भगत
ी विचाराधीन है और उसे
ा है । इस पर जनता दल के
चाहा कि विधेयक प्रैस को
न जिम्मेदार है ।
दिनेश गोस्वामी ने चुनौती
एक्सप्रैस ने जो छापा है, वह
सरकार उसके विरुद्ध
प्रस्ताव लाए । उन्होंने
विधेयक को अभी अंतिम
वह छप कैसे गया ।

25 मरे

स.): गत तीन दिनों में ल
से कम 25 व्यक्तियों की

को एक पक्ष बनाए बगैर पंजाब का कोई हल अस्वीकार्य : वीरेंद्र

आर्य प्रतिनिधि सभा के
के पंजाब की समस्या का
नहीं दे रहा । आने वाले
र्थति के सामान्य होने की
भिन्न-भिन्न रंग के
की समस्या का समाधान
ों को तैयार प्रतीत नहीं
प्रस्ताव को अपनी मांगें
धेरे में भटक रहे हैं ।
धिक जटिल बना दिया
पंजाब का यह निश्चित
का कोई समाधान उस

समय तक सम्भव नहीं जब तक अकाली अलदपुर साहब के प्रस्ताव की उस दल-दल में से नहीं निकलते जिसमें उन्होंने अपने आप को फंसा लिया है पंजाब केवल सिखों का राज्य नहीं है इसमें 45 प्रतिशत हिन्दू भी रहते हैं । उनकी कुछ मांगें और आकांक्षाएं हैं । उनका अतीत, उनकी परम्पराएं और उनकी भावी आशाओं की अवहेलना नहीं की जा सकती । पंजाब की समस्या का कोई समाधान हिन्दुओं को स्वीकार न होगा जिसमें वह एक पक्ष न हों । आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब प्रधानमंत्री से निवेदन करना चाहती है कि वह पंजाब के विशिष्ट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ापा मुक्ति !!

Punjab Sanatan

ने पंचायत संबंधी
दा प्रणाली की
उन्होंने कहा कि
ज्य विधानमंडलों

नगरपालिका कानून बनाएं ।

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए वयोवृद्ध नेता प. कमलापति त्रिपाठी और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया ।

श्री गांधी ने अपने भाषण में कहा कि पंचायतों के साथ-साथ शहरी और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों की नगर पालिकाओं, नगर निगमों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव भी समय से कराना जरूरी है । उन्होंने विपक्षी नेताओं के आरोपों का खंडन करते हुए कहा

कार्य संविधान में स्पष्ट प्रावधान करके ही पूरा किया जा सकता है । हम संविधान में सिर्फ एक नया भाग जोड़ना चाहते हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि जिस तरह

श्री गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि राज्य वित्त निगमों की स्थापना की जाए ताकि धन का सभी में बंटवारा हो सके । इससे भ्रष्टाचार कम हो सकेगा ।

उन्होंने कहा कि हम ग्रामीण इलाकों और शहरी इलाकों के विकास के लिए एक समन्वित कार्यक्रम

बिल का
पर विपक्ष
त्ति
: लोकसभा में आज
ड़ी आपत्ति की कि
का प्रारूप अंग्रेजी
प गया है जबकि
तक नहीं है ।
यह मामला उठाते
है कि सदस्यों को
से मिले । अध्यक्ष
हें विधेयक की प्रति
धेयक की प्रति नहीं
सकते हैं ।
कहा कि अखबार में
तो पुष्टि करे या

किशन लाल भगत
धीन है और उसे
स पर जनता दल के
क विधेयक प्रैस को
दार है ।
गोस्वामी ने चुनौती
ने जो छापा है, वह
उसके विरुद्ध
लाए । उन्होंने
को अभी अंतिम
कैसे गया ।
रे
तीन दिनों में लु
25 व्यक्तियों की

आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली : पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 मई (वार्ता, हस): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक उग्र कैदी समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, दो वारदातों में 3 लाख रुपये से अधिक रकम लूट ली । होशियारपुर पुलिस ने 6 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये । जिला जालंधर में उग्रवादियों के दाखिल होने के समाचारों के बाद सुरक्षा बलों को चौकस कर दिया गया है । एक आतंकवादी ने पकड़े जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली ।

आपसी दुश्मनी में 2 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के क्षेत्र में दो व्यक्तियों सुदर्शन सिंह और लाल सिंह की गत रात 9.30 बजे के करीब तीन आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से गोलियां मार कर हत्या कर दी । मरने वालों में सुदर्शन सिंह झब्बाल का रहने वाला था और लाल सिंह गांव लालू घुम्मन का निवासी था । मौका पर से ए.के. 47 राइफल के 15 कारतूस मिले हैं । वहां से बब्बर खालसा की एक चिट भी मिली, जिसके नीचे रेशम सिंह का नाम दर्ज है । इसमें इन दोनों की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है । यहां यह उल्लेखनीय है कि लाल सिंह जेल में उम्र कैद काट रहा था और 20 दिन के लिए पैरोल पर रिहा होकर अपने घर आया हुआ था । यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का नतीजा समझी जाती है ।

उग्रवादी ने ज़हर खा लिया : आज बाद दोपहर 3.30 बजे के करीब सुलतानविंड रोड पर सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी ने एक युवक को संदेह के आधार पर रोक कर उसकी तलाशी लेने की कोशिश की तो उसने तुरन्त ही जेब से निकाल कर सायनाइड कैप्सयूल (ज़हर) खा लिया । उसे अस्पताल ले जाया गया, परन्तु डाक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया ।

अमृतसर के पुलिस चीफ़ श्री सुरेश अरोड़ा ने आज यहां बताया कि यह युवक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा का सदस्य समझा जा रहा है, क्योंकि उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से बब्बर खालसा की दो कैसेटें मिली हैं । उसकी जेब में से दो कारतूस भी बरामद किये गए हैं ।

श्री अरोड़ा ने आज शाम को बताया कि इस आतंकवादी की शिनाख्त लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा निवासी गांव नानूवाल कलां (थाना कहनूवान) जिला गुरदासपुर के रूप में की गई है । उन्होंने कहा कि यह काफी खतरनाक किस्म का आतंकवादी था और इसने कुछ अर्सा पहले अमृतसर के नजदीकी गांव घनुपुर काले में शिव सेना के एक कार्यकर्त्ता राज कुमार की हत्या की थी ।

बैंक से 2.85 लाख, कृषि सोसायटी से 36 हजार रुपए लूटे : जालंधर में संदिग्ध व्यक्ति कार में घूमते देखे गये

घायल : आज प्रातः मजीठा पुलिस जिला के गांव नागकलां में एक एस.पी.ओ. की राइफल से अचानक गोली चल जाने के परिणामस्वरूप एक व्यक्ति घायल हो गया ।

शव मिला : आज जिला फिरोज़पुर के गांव धर्मकोट में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया । ब्यौरे की प्रतीक्षा की जा रही है ।

हत्यारों की शिनाख्त : इस बीच पुलिस ने श्री मल सिंह ए.एस.आई. के दो हत्यारों की शिनाख्त कर ली है । श्री मल सिंह की हाल ही में फरीदकोट जिले के राजिना गांव में गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी ।

बैंक लूटा : जालन्धर (वि.स.) : गत कुछ दिनों से जिला जालन्धर में उग्रवादियों के प्रवेश से उग्रवादी घटनाओं में कुछ तेजी आई है और उसी अनुपात में पुलिस एवं सुरक्षा बल भी अधिक चौकस एवं सक्रिय हुए दिखाई देते हैं । आज भी नकोदर के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हमारा पहला कदम समझौते को लागू करना है : डाक्टरों की घोषणा

चंडीगढ़, 10 मई (वि.प्र.): पंजाब के सरकारी डाक्टरों के प्रतिनिधि संगठन पी.सी.एम.एस. एसोसिएशन के रंधावा विरोधी ग्रुप ने घोषणा की है कि उसका पहला कदम गत 25 अप्रैल को राज्यपाल श्री एस.एस. रे से हुए समझौते को लागू कराना है जिसके अनुसार हड़ताल की अवधि का फैसला सरकार को हमारे साथ बैठ कर करना होगा ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस ग्रुप के प्रतिनिधियों डा. अनूप धीर, डा. अमरदेव सिंह ढिल्लों, डा. हरतेज सिंह, डा. राजेन्द्र शर्मा, डा. राजेन्द्र सिंह, डा. अमरसिंह आजाद तथा एसोसिएशन के पूर्व महासचिव डा. प्यारे लाल गर्ग ने कहा कि हम समझौता लागू कराने के बारे में 24 मई तक प्रतीक्षा करेंगे । उस दिन वेतन विसंगतियां दूर करने के सम्बन्ध में संधावालिया समिति ने अपनी रिपोर्ट देनी है ।

इनमें से कुछेक डाक्टरों को रंधावा ग्रुप ने एसोसिएशन से इस आरोप में निष्कासित कर रखा है कि उन्होंने एसोसिएशन से सलाह मशविरा किए बगैर सरकार से समझौता करके डाक्टरों के संघर्ष को तारपीडो कर दिया है । इस बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने निष्कासन को मानते ही नहीं । उन्होंने यह बात स्पष्ट की कि 16 मई को पंजाब बंद के लिए किए गए आह्वान से उनका कोई सम्बन्ध नहीं है ।

डा. गर्ग ने गत सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन किया

एक और कमीशन घोटाला

नई दिल्ली, 10 मई (वार्ता): हथियार, गोला-बारूद और रक्षा उपकरणों की खरीद में कमीशन के बारे में रक्षा मंत्रालय द्वारा अपने ही दिशा-निर्देश का उल्लंघन करके 62.21 लाख रुपए का अनावश्यक भुगतान किया गया । इसमें से 50.9 लाख रुपया अनाट्रोनिक कार्पोरेशन को दिया गया ।

लोकसभा में आज पेश की गई भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय ने सितम्बर 1977 में ही इस सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किए थे । इसके अनुपालन की समीक्षा से पता चला कि रक्षा मंत्रालय के लिए अन्य मंत्रालयों के विभागों के माध्यम से की गई खरीद में इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया । इसके कारण एजेंसी कमीशन के रूप में 62.21 लाख रुपए का अनावश्यक भुगतान करना पड़ा ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रालय ने दिशा

एक पक्ष बनाए बगैर पंजाब कोई हल अस्वीकार्य : वीरेंद्र

तिनिधि सभा के
की समस्या का
। आतंकवाद

समय तक सम्भव नहीं जब तक अकाली आनंदपुर साहब के प्रस्ताव की उस दल-दल में से नहीं निकलते जिसमें उन्होंने अपने आप को फंसा लिया है ।

राष्ट्रपति ने पं बोलने से इन्क

भाखड़ा, 10 मई (हस): राष्ट्रपति श्री आर

Punjabi Sansar

उग्रवादी ने जहर खाया

(पृष्ठ 3 का शेष)

निकट गांव हेरां में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की ब्रांच से तीन सशस्त्र उग्रवादी 2.85 लाख रुपए कैशियर से लूट कर फ़रार हो गए । प्राप्त समाचार के अनुसार ए.के. 47 राइफलधारी यह उग्रवादी लगभग 10.30 बजे प्रातः ही बैंक में पहुंच गए और उक्त राइफल दिखा कर सारे स्टाफ को एक कमरे में बन्द कर दिया । फिर कैशियर से उक्त राशि और दो गनमैनों से उनकी बंदूकें लेकर बाहर खड़े एक स्कूटर पर फ़रार हो गए ।

इस बीच खुफ़िया एजैंसियों की सूचना अनुसार जालन्धर नगर में भी उग्रवादियों की गतिविधियां शुरू हैं जिनका सम्बन्ध मनबीर सिंह चहेड़ू गिरोह से बताया जाता है । इन सूत्रों के अनुसार यह उग्रवादी एक सफ़ेद कार में घूमते देखे गए और उनका निशाना कोई महत्वपूर्ण राजनीतिक नेता किसी समय बन सकता है । इन खुफ़िया सूत्रों के अनुसार स्थानीय मुहल्ला गोपाल नगर तथा नकोदर रोड स्थित कुछ क्षेत्र उनकी हलचलों के केंद्र बने हैं । यद्यपि सुरक्षा बलों को भी इस बात की जानकारी मिल चुकी है और उसने खुले नाकों के अतिरिक्त कुछ जगहों पर खुफ़िया नाके भी लगा दिए हैं, फिर भी अभी तक उक्त गिरोह का कोई सदस्य हाथ नहीं आया । इस बीच सभी वी.आई.पी. समझे जाने वाले व्यक्तियों को चौकस रहने के लिए कह दिया गया है ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : जालन्धर से प्राप्त एक अन्य सूचनानुसार पुलिस ने बीयर की थोक बिक्री की दुकान पर हमला करने वाले चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । उन्होंने पुलिस डिवीजन नं. 6 के क्षेत्र में स्थित एक बीयर की दुकान में पिस्तौल दिखा कर सेल्समैन से बिक्री के रुपए मांगे । शोर सुनकर गश्ती पुलिस दल वहां पहुंच गया और उन सबको दबोच लिया । गिरफ्तार किए गए लुटेरों के नाम राकेश कुमार उर्फ़ बिट्टू, अश्वनी कुमार, राकेश कुमार उर्फ़ हैप्पी तथा जीत राम हैं ।

6 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (सं)—गत रात्रि जिला पुलिस ने गांव मेहतपुर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद भिड़सांवाले टाइगर फ़ोर्स से सम्बन्ध रखने वाले 6 खतरनाक आतंकवादियों और उनके एक आश्रयदाता को गिरफ्तार किया । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार इन आतंकवादियों में चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्ना गांव मुंडियां जट्टां, रोशन सिंह उर्फ़ बाब, हरदयाल सिंह उर्फ़ भोला महलांवाली, बलबीर सिंह चगरां, गुरवीन्द्र सिंह, हरवीरेंद्र सिंह उर्फ़ भिंदा के अलावा आश्रय देने के आरोप में पकड़ा गया पूर्ण चन्द शामिल है ।

इनके कब्ज़े से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 70 कारामद कारतूस, भरा हुआ मैगज़ीन, 7 एम.एम. विदेशी रिवाल्वर, 32 बोर का विदेशी पिस्तौल, तीन रिवाल्वर व भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए । प्रवक्ता ने बताया कि यह आतंकवादी हत्या की एक दर्जन के करीब वारदातों, स्कूटर छीनने, डाके डालने और हथियार छीनने की बहुत-सी वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

36000 रुपए लूटे : लुधियाना (वा.) : आज प्रातः जिला लुधियाना के गांव सैजोवाल में एक कृषि सहकारी सोसायटी के कार्यालय से तीन आतंकवादियों ने 36,000 रुपए लूट लिए । आतंकवादी स्टाफ के एक सदस्य के स्कूटर पर सवार होकर भाग निकले ।

इसी बीच लुधियाना पुलिस ने हरमेल सिंह नामक व्यक्ति को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

सैक्रेटरी की हत्या : खन्ना से पर्ण व सहगल की सूचना है कि आज यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव सेह में तीन आतंकवादियों ने, जो कि स्कूटर पर सवार थे, को-आपरेटिव सोसायटी के सैक्रेटरी की गोली मार कर हत्या कर दी । सूचनाओं में कहा गया है कि आतंकवादी दोपहर के समय सोसायटी के कार्यालय में आये । उन्होंने स्टाफ के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया तथा फिर सैक्रेटरी पंडित जनार्दन दत्त के पास आये और उनकी गोलियां मार कर हत्या करने के बाद फरार हो गये । आतंकवादी अपना स्कूटर वहां छोड़ कर वहां पड़े 2 स्कूटर छीन कर ले गये । पंडित जनार्दन दत्त की आयु 28-29 वर्ष के लगभग थी ।

व्यापारी की हत्या : मक्खू से शेखर के अनुसार आज सुबह लगभग 8.15 बजे निकटवर्ती गांव बोधेवाला के निकट आतंकवादियों ने एक व्यापारी सुरजीत सिंह निवासी कोट ईसेखान की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुरजीत सिंह अपनी मोपेड पर सवार होकर कहीं जा रहा था कि गांव मलवाणियां के निकट आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया और उसके पास से जान बख्शे जाने के लिए 3 लाख रुपये की मांग की । गांव बोधेवाला के निकट जब उसने आतंकवादियों के हाथों से बच कर निकलने का प्रयास किया तो उन्होंने गोलियां मार कर उसे मार डाला । सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई । इस हत्या के विरोध में आज कोट ईसे-खान में मुकम्मल हड़ताल रही ।

जिया के कारनामे

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपने परिवार के सदस्यों को बहुत से लाभ पहुंचाने के समाचार प्रकाशित कर रहे हैं ।

कराची से प्रकाशित उर्दू दैनिक 'अमन' में छपी एक खबर में कहा गया है कि एजाज़-उल-हक ने 1981 में इस्लामाबाद के सैक्टर 6 में 1050 वर्ग मीटर का एक प्लाट मात्र 74 हजार रुपए में खरीदा जबकि उसकी कीमत साठ लाख रुपए थी ।

खबर के अनुसार जनरल जिया ने इस्लामाबाद के सैक्टर 7-ई में अपनी बेटी हुरीन के लिए

दो संविधान स

(पृष्ठ 3 का

आर्थिक साधन पंचायती राज सदस्यों तथा पदाधिकारियों अनिवार्य है । यह बहुत स्थानांतरित नहीं किए जाएं

प्रस्ताव में कहा गया है कि सभी एजैंसियों तथा अधिकारी से पंचायती राज प्रणाली के पंचायती राज संस्थाओं को म देने के उद्देश्य से उन्हें कर ल अधिकार देने का प्रस्ताव किय कहा गया है कि पंचायती राज साधन और शक्तियां प्रदान क बनाने की जिम्मेदारी राज्य रहेगी । किन्तु राज्य स्तर पर का संवैधानिक प्रावधान किया संस्थाओं की मज़बूत आर्थिक सके । पंचायती राज संस्था वाली बड़ी धनराशियों के भ्रष्टाचार अथवा भाई-भतीज लेखा प्रणाली लागू की जाए, महालेखा नियंत्रण की सहायत

हिन्दी का बोलबाला कांग्रेस (इ) महासमिति के अधिवेशन में हिन्दी का प्रधानमंत्री तथा कांग्रेस (इ) अ अपना उद्घाटन भाषण हिन्दी उन्होंने हिन्दी नहीं जानने वाले में रख कर अपनी बातें अंग्रेजी

आतंकवादियों के शोक : अखिल भारतीय कांग्रे पंजाब में आतंकवादियों की गो (इ) के आठ कार्यकर्ताओं त उल्लेख शोक प्रस्ताव में विशे आतंकवादियों की गोलियों से होशियारपुर जिला कांग्रेस के मोगा शहर कांग्रेस के अध अग्रवाल, सरपंच जोरा सिंह, सिंह, बलवंत सिंह, विक्रम जी सिंह शामिल हैं ।

महासमिति के विशेष स्वतंत्रता सेनानी बाबा पृथ्वी सि मंत्री हेमवती नन्दन बहुगुणा, अनन्त प्रसाद शर्मा सहित श्रद्धांजलि अर्पित की । इन लो 1988 के अधिवेशन के बाद

न्योता अगली बार : में शामिल हुई श्रीमती कमला कुछ समर्थकों को अखिल समिति के अगले अधिवेशन जाएगा । पार्टी के महानचिव बताया कि समयाभाव के कार अधिवेशन में भाग लेने के लि भेजे जा सके ।

उन्होंने बताया कि पिछले जो लोग कांग्रेस (इ) में शामि अधिवेशन में बुलाया गया सर्वश्री चंद्रजीत यादव, अब्दुल मुखर्जी और श्रीमती नंदिनी स

बिजली गुल : अधिवेश के लिए बिजली गुल हुई । सी

Punjab Kesari

आतंकवादियों द्वारा एक स्त्री सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : थानेदार घायल

सुरक्षा बलों की जीप विस्फोट से क्षतिग्रस्त : 2 घुसपैठिये मारे गये

उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया : पुलिस ने बम नाकारा किया

राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन आयुक्त कुमा
जे.एफ. रिबैरो तथा बी.बी.एम.बी. के चेयर
गोविन्द सागर झील में नौ

...र, 11 मई (वार्ता, ह.स.): कल रात के ... में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की ... तथा एक दानेदार को घायल कर ... घुसपैठिये सीमा पर मारे गए । नकोदर ... स्कूटर में रखे गए बम का समय पर ... जाने से भारी तबाही टल गई । ... ने सुरक्षा बलों की एक जीप को बम से ... बटाला में एक रिक्शा व एक स्कूटर पर ... ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए

... लुधियाना में एक खतरनाक उग्रवादी ... खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयं-... जनरल था आज पुलिस के साथ मुठभेड़ में

उड़ा दी : अमृतसर (वि.प्र.): जिले के ... थाना क्षेत्र में उप्पल गांव के पास ... द्वारा किए गए एक बम विस्फोट में ... का एक गश्ती दल बाल-बाल बच गया, ... जीप में आग लग गई । पुलिस सूत्रों ... आतंकवादियों ने एक शक्तिशाली बम ... दिया था । इसे आधा किलो मीटर की ... और बैटरी से जोड़ दिया गया था । ... पुलिस के सुरक्षा कर्मी जीप से उस ... रहे थे, तभी विस्फोट हो गया । जीप ... क्षतिग्रस्त हो गई । मौके से फ्यूज़-तारों समेत बैटरी सैल मिले । जीप का अगला हिस्सा पूरी तरह उड़ गया ।

किसान की हत्या : आतंकवादियों ने रात रात थाना मेहता चौक के गांव सैदो लहल में एक किसान लखबीर सिंह की उसके फ्रंट हाऊस पर हत्या कर दी । उसका गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद किया गया ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में नौशहरा ढल्ला सीमा चौकी पर कल रात पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करते हुए दो घुसपैठिये सुरक्षा बलों की गोली से मारे गए । घुसपैठियों के दो साथी फ़रार हो गए ।

स्वयंभू लै. जनरल मारा गया : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल दर्शन सिंह आज जगराओं सब डिवीजन के गांव कौके के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । संगरूर की एक पुलिस पार्टी ने कौके गांव की नाकाबंदी करके एक व्यक्ति रवीन्द्र सिंह के मकान पर छापा मारा तो अन्दर से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी गई । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक व्यक्ति मारा गया । इस व्यक्ति बहन ने उसकी शिनाख्त दर्शन सिंह के तौर पर की । मुठभेड़ के दौरान 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए जिनमें डोगेन्द सिंह इन्स्पैक्टर सुखदेव, सहायक सब-इन्स्पैक्टर सरकार तथा बलवीर सिंह कान्स्टेबल सरकार शामिल हैं ।

जिस मकान पर छापा मारा गया उसका मालिक रवीन्द्र सिंह फरार हो गया जबकि लखविंदर सिंह घायल हो गया । दर्शन सिंह कई हत्याओं के लिए वांछित था । वह एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष जगदेव सिंह तलवंडी पर हुए हमले में भी वांछित था ।

ह.स. के अनुसार दर्शन सिंह पर पुलिस ने 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया था । अधिकतर बाहर पहरा के पास से ... एक ही एस.पी. की ... और सी.आर.पी. की दो ... लगा कर हमला करने के ... सिंह, संगरूर तथा जिला ... की कई घटनाओं में ...

हथियार छीने : लुधियाना से कुछ ... आतंकवादियों ने पिस्तौल ... 6,000 रुपए छीन लिए ... मोटर साइकिल पर फरार हो गए । ... एक स्कूटर पर उनका पीछा किया तथा ... रोड पर अपना स्कूटर उनके मोटर साइकिल ... लगा दिया और उन्हें रोक लिया । उनमें ... हो गई । आतंकवादियों ने पिस्तौल ... कर उनकी ही कि यदि कोई निकट आया तो ... देंगे । दोनों आतंकवादी मोटर साइकिल ... कर फरार हो गए । पुलिस ने मोटर साइकिल ... ले लिया है ।

महिला की हत्या : बटाला (गोरढ़): पुलिस ... बटाला में थाना सदर बटाला के गांव जादपुर ... में रात रात तीन अज्ञात सशस्त्र ... द्वारा कमरे में एक महिला श्रीमती ... (45) की हत्या कर दी । जिला पुलिस ... के अनुसार रात आधी रात के ... आतंकवादी श्रीमती ... और के घर आए ... उन्हें बाहर बुलाकर गोलियां मार कर हत्या कर ... । हत्या में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 ... की गई है । इनके 9 खाली कारतूस मौका से ... हैं और 6 जीवित लोगों को पूछताछ के लिए ... ले गया है ।

हथियार व विस्फोटक बरामद : पुलिस ... बटाला के औद्योगिक नगर बटाला के आंतरिक ... में आज थाना सिटी पुलिस के इन्स्पैक्टर दर्शन ... शर्मा व सीमा सुरक्षा बल ने जांच के दौरान ... रिक्शा व एक स्कूटर पर सवार 6 लोगों की ... ली व उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली ... बरामद करके उन्हें गिरफ्तार किया है ।

... बरामदगी देते हुए एस.एस.पी. श्री ... ने बताया कि इन गिरफ्तार लोगों की ... जसबीर सिंह (गांव बासरके जिला ...), हरबीर सिंह (सरहाली क्षेत्र), गुरनाम ... (गांव हवीलिंडेरा बड़ा नानक), सतनाम सिंह ... (गांव नीलकमल-कादियां), साहब सिंह ..., अमृतसर), अवतार सिंह तारी ... बटाला) के रूप में हुई है ।

... ने बताया कि इनसे दो टाइम ..., एक पी.ई.क. ... एक डेटोनेटर, 100 ... 47 के ... 135 ए.के. 47 राइफल के ... एक एम.ई. 36 ग्रेनेड, एक 12 बोर ... बरामद की गई है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

... बाना वैरोवाल के गांव उप्पल के निकट आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों की एक जीप को ... द्वारा उड़ा दिया । इस घटना में जीप में सवार सुरक्षा कर्मचारी बाल-बाल बच ... में (ऊपर) एडीशनल डी.आई.जी. श्री पी.एन. रामकृष्ण, एस.एस.पी. आप्रेशन की ... तथा डी.एस.पी. डिटैक्टिव श्री मुख्त्यार सिंह घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए ... सुरक्षा कर्मचारी आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट के लिए उपयोग में लाई गई बैटरी ... उखाड़ कर निकालते हुए । (छाया : हरमिंदर फौजी)

डाक्टरों को हड़ का वेतन नहीं

होशियारपुर, 11 मई (अश्विनी): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने घोषणा की कि पंजाब में पंचायत चुनाव स्थगित किए जाने का सवाल ही नहीं उठता ।

यहां से 65 किलो मीटर दूर मालीवाल कंडी गांव में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री रिबैरो ने कहा कि राज्यपाल श्री रे शीघ्र ही पंचायत चुनाव कार्यक्रम घोषित करेंगे उन्होंने आशा प्रकट की कि वर्तमान परिस्थितियों में पंजाब में पंचायत चुनाव कराने में कोई कठिनाई पेश नहीं आएगी । उन्होंने कहा कि यदि किसी ने चुनाव में रुकावट डालने की कोशिश की कि उसका पूरी ताकत से मुकाबला किया जाएगा ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि वह पंजाब का राज्यपाल बनने में कोई दिलचस्पी नहीं रखते । साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्र को लिखा है कि उनके कार्यकाल में और अधिक वृद्धि न की जाए । लेकिन वह राज्यपाल के सलाहकार के तौर पर 1990 के अंत तक काम करते रहेंगे ।

प्रथम अप्रैल को 18 को मताधिकार : ल

नई दिल्ली, 11 मई (वार्ता): लोकसभा ने आज सर्वसम्मति से जन-प्रतिनिधित्व संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके अंतर्गत इस साल एक अप्रैल को 18 वर्ष पूरे करने वाले लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे ।

मताधिकार की आयु 21 से घटा कर 18 वर्ष करने संबंधी संविधान संशोधन के बावजूद मौजूदा जन-प्रतिनिधित्व कानून के तहत यह वर्ग इस साल चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाता ।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विधि एवं न्यायमंत्री वी. शंकरानंद ने कहा कि इस संशोधन के अनुरूप इस वर्ष मतदाता सूचियों का संशोधन एक जनवरी के स्थान पर एक अप्रैल से किया जाएगा ।

श्री शंकरानंद ने सदस्यों की इस चिंता से सहमति जताई कि मतदान केंद्रों पर कब्जे की बढ़ती

राजीव द्वारा मूपनार समर्थकों को कोरा जवाब

नई दिल्ली, 11 मई (चावला): इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने श्री जी.के. मूपनार के समर्थकों से कहा है कि तमिलनाड प्रदेश इंका के नेतृत्व में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा तथा वे नए प्रदेश इंका अध्यक्ष श्री के. रामा मूर्ति के साथ सहयोग करें ।

रतीयों से भेदभाव बारे रत द्वारा नेपाल को चेतावनी

..., 11 मई (ह.स.): भारत ने आज ...वगत किया कि नेपाल में भारतीय ... साथ भेदभाव की घटनाओं का केवल ... ही पड़ सकता है और पहले से चली ... और भी गहरी हो सकती हैं ।

इससे पूर्व जनता दल के मधु दंडवते ने कहा कि इस सत्र का यह अंतिम दिन है इसलिए सरकार को इस रिपोर्ट को आज ही सदन में पेश करना चाहिए ।

(ह मंत्री श्री बूटा सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में विपक्षी नेताओं की एक बैठक की अध्यक्षता की । इस वसर पर लिए चित्र में (बाएं से दाएं) प्रतिरक्षा मंत्री श्री के.सी. पंत, श्री बूटा सिंह, श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, ी सी. माधव रैड्डी तथा सैयद शहाबुद्दीन दिखाई दे रहे हैं । (छाया : पै.ट्र.)

बूटा सिंह द्वारा विपक्षी दलों से साम्प्रदायिकता के विरुद्ध संघर्ष करने की अपील

नई दिल्ली, 15 मई (हस.वा.) : केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह ने सभी राजनीतिक दलों से राम म्य भूमि तथा बाबरी मस्जिद से संबंधित विवाद का र्वमान्य हल निकालने के कार्य में सहयोग की पील करते हुए कहा कि इस विवाद को और जटिल ीं बनने देना चाहिए ताकि किसी प्रकार [illegible] पक्षी दलों के नेताओं की एक बैठक को संबोधित र रहे थे । उन्होंने विपक्षी दलों से साम्प्रदायिकता विरुद्ध संघर्ष के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरुकता

यह बैठक प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा में दिए उस ान के संदर्भ में बुलाई गई है । जिसमें उन्होंने प्रदायिकता के मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता परिषद की क बुलाने से पूर्व विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक

राजनीतिक दलों को भेजे गए अपने एक पत्र में साम्प्रदायिक स्थिति से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मसलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है और इस बारे में उनकी राय जाननी चाही है ।

इन मुद्दों में साम्प्रदायिक उपद्रवों को रोकने के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीनगर में घर-घर की तलाशी, 35 अलगाववादी और उनके शुभचिंतक गिरफ्तार

श्रीनगर, 15 मई (अशोक): श्रीनगर के आंतरिक क्षेत्रों में पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिन में घर-घर की तलाशी के दौरान 35 अलगाववादियों तथा उनके शुभचिंतकों को गिरफ्तार किया है । इनमें से अधिकांश पिछले नौ माह से गिरफ्तार नहीं हो सके । इस बीच पुलिस ने श्रीनगर गोल्फ क्लब के बाहरी क्षेत्र से एक देसी बम बरामद किया है । यहां पर मध्यमंत्री श्री फारुक अब्दुल्ला तथा अन्य पुलिस अधिकारी प्राय:

पंथक कमेटी द्वारा ठाकुर सिंह टकसा के पद से 'सेवा-मुक्त', नए प्रमुख नियु

अमृतसर, 15 मई (मनोहर): दमदमी टकसाल और उग्रवादियों के बीच टकराव ने आज उस समय नया मोड़ ले लिया जब पंथक कमेटी ने ऐलान किया कि वह टकसाल के नए प्रमुख का ऐलान करेगी और कि बाबा ठाकुर सिंह को सेवा मुक्त कर दिया जाएगा ।

आज यहां पंथक कमेटी की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दमदमी टकसाल के एक प्रवक्ता मोहकम सिंह तथा अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के नेता गुरमुख सिंह भुंडाला को चेतावनी दी गई है कि वे सरकार से गठजोड़ कर रहे हैं, सिख समुदाय इसे सहन नहीं करेगा ।

प्रैस विज्ञप्ति पंथक कमेटी के चार सदस्यों गुरबचन सिंह मानोचाहल, भाई वस्सन सिंह जफरवाल, तेजेन्द्र सिंह रायपर और निशान सिंह सलारपुर की ओर से जारी की गई है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाबा ठाकुर सिंह को कई बार आगाह किया गया था कि भाई मोहकम सिंह टकसाल को बेच रहे हैं लेकिन उन्होंने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया । विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि पंथक कमेटी खालिस्तान से कम कुछ नहीं लेगी ।

लुधियाना (मुसाफिर) : पांच-सदस्यीय पंथक कमेटी का गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी, दमदमी टकसाल और अं.भा. सिख छ... ग्रुप से सीधा टकराव हो गया... कमेटी के चैटर फार्म पर छपा... मिला है, जिस पर बस्सन... गुरबचन सिंह मानोचाहल... लिखा है कि शिरोमणि गुरुद्व... ओर से गोलकों की, की ज... गलतफहमी नहीं, परन्तु इस... जबरदस्त उल्लंघन किया ज... कमेटी के प्रधान जत्थेदार टोह... काम में सुधार लाने के लिए ज... गई थी, वह मात्र एक राज... सिखों की भावनाओं से खिल... इस सम्बन्ध में अब तक को...

इस प्रैस नोट में आरोप... समिति को सिख रहत मर्यादा... कोई सरोकार नहीं । इसने... धर्म प्रचार समिति के ढांचे... मअत्तिल सचिव बेअंत सिंह... सिफारिश की है । आज कर... जो अनियमितताएं हो रही हैं... रैस्ट हाऊस में बैठे अवसरवा...

(शेष पृष्ठ 8

सारी दुनिया की निगाहें पेइचिं चीनी छात्रों की भूखहड़ताल

पेइचिंग, 15 मई : सारी दुनिया की निगाहें पेइचिंग पर लगी हैं, खासकर इसके तिननमन चौक पर जहां चीनी छात्र भूखहड़ताल पर बैठे हैं ।

सैंकड़ों निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि चीन सरकार इन छात्रों को समय रहते हटाने के लिए क्या कदम उठाती है । राष्ट्रपति गोर्बाच्योव भारतीय समयानुसार कल सुबह 6.20 पर इस चौक पर स्थित शहीद स्मारक पर फलं चढ़ाने आएंगे । अनशनकारी छात्र तब तक हट जाएं, यह लाज़मी है ।

ये छात्र चीन के मौजूदा हुक्मरानों से लोकतांत्रिक अधिकार मांग रहे हैं । उनके प्रतिनिधियों की सरकार से बात टूट गई है, यह खबर आज सभी अखबारों ने प्रमुखता से छापी । भूखहड़ताली छात्रों का कहना है कि सोवियत राष्ट्रपति गोर्बाच्योव की चीन यात्रा पर इन्हें आपत्ति नहीं । सरकार ने अनुसार उन्होंने यह मौका दमाया चुना ताकि इस अवसर पर मौजूद दुनिया भर के 1200 पत्रकारों और फोटोग्राफरों के जरिये अपनी बात विश्व जनमत तक पहुंचा सकें ।

तिननमन चौक और वार्ता के फोटोग्राफ चीन के दैनिक अखबारों में आज प्रथम पृष्ठ पर छपे । [illegible] नियमों से हटकर गोर्बाच्योव... हवाई अड्डे पर पहुंच गए ।

छात्र भी भाग ले सक...

प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि... सोवियत राष्ट्रपति गिर्बाच्यो... वाली बातचीत में चीनी छात्र... सकते हैं । प्रवक्ता गेन्ना... संवाददाताओं को यह जानकारी... पत्रकारों की आलोचना की, ज... को ज्यादा तूल देने की कोशिश...

पंजाब की ... हार्दिक ...

"मैं पंजाब की ज... करता हूं, जिन्होंने कि मे... आकर खरीदारी की, मे... हुई साख (Goodwill) ... के इस प्यार के कर्ज़ को... प्राप्त ।

Punjabi Soni

दुर्दांत ...मैं मरे

...का बरामद

...की हत्या

...वा हरभजन सिंह आफ ...र था । मारा गया यह ...तंकवादियों की सूची में था ...0,000 रुपए का ईनाम ...रांवाला टाइगर फोर्स के ...रोह का सदस्य था और इस ... उसका नाम था, जिनका ...व थंडे में सी.आर.पी. की ...ला, गांव तेरा में इसाई की ...च की हत्या, गांव ख्याला में ...मल्लांवाली में एक पुलिस ...राय में एक व्यक्ति, उसकी ...और गांव रामपुरा में एक ही ...की हत्या ।

...तंकवादी मरा : गांव ... के मध्य में हुई एक और ...कवादी मारा गया ।

...रफ्तार : पुलिस जिला ...ी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में ... की एक पुलिस पार्टी ने एक ... गांव गरगो बुआ के एक ...फार्म हाऊस पर छापा मारा ...यंभू एरिया कमांडर परगट ...साथ छिपे हुए थे । पुलिस ...ह व उसका साथी निकल ... जबकि उनके आश्रयदाता ...र कर लिया गया, जिसने ...फार्म हाऊस में आतंकवादी ...र भी जमा करते हैं ।

...धिकारी की हत्या : ...रेंगिल गांव के निकट ...त घात लगा कर एक विशेष ...ह की गोली मार कर हत्या ...ी मोहिन्दर सिंह को घायल

...श : पट्टी (पाठक): आज ...ना मंडी में दो संदिग्ध ...ढ़ती के बेटे की हत्या करने ...प्त विवरण के अनुसार ...कान पर आ कर उसके बेटे ... तथा उसकी कनपटी पर ...लाई । गोली न चलने के

(ऊपर) बटाला के गांव दयालगढ़ के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान ज़हर खाकर मरे दुर्दांत उग्रवादी लखविंदर सिंह लक्खा का शव, (नीचे) मृत उग्रवादी से मिली ए.के. 47 राइफल तथा गोली-सिक्का । (छाया : कोछड़)

Punjabi Sanatani

पंथक कमेटी द्वारा ठाकुर सिंह टकसाल-प्रमुख के पद से 'सेवा-मुक्त', नए प्रमुख नियुक्त करेंगे

अमृतसर, 15 मई (मनोहर): दमदमी टकसाल और उग्रवादियों के बीच टकराव ने आज उस समय नया मोड़ ले लिया जब पंथक कमेटी ने ऐलान किया कि वह टकसाल के नए प्रमुख का ऐलान करेगी और कि बाबा ठाकुर सिंह को सेवा मुक्त कर दिया जाएगा ।

आज यहां पंथक कमेटी की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दमदमी टकसाल के एक प्रवक्ता मोहकम सिंह तथा अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के नेता गुरमुख सिंह भुंडाला को चेतावनी दी गई है कि वे सरकार से गठजोड़ कर रहे हैं, सिख समुदाय इसे सहन नहीं करेगा ।

प्रैस विज्ञप्ति पंथक कमेटी के चार सदस्यों गुरबचन सिंह मानोचाहल, भाई वस्सन सिंह जफरवाल, तेजेन्द्र सिंह रायपुर और निशान सिंह सलारपुर की ओर से जारी की गई है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाबा ठाकर सिंह को कई बार आगाह टकसाल और अ.भा. सिख छात्र संघ के मनजीत सिंह ग्रुप से सीधा टकराव हो गया है । आज यहां पंथक कमेटी के लैटर फार्म पर छपा एक प्रैस नोट डाक द्वारा मिला है, जिस पर वस्सन सिंह जफरवाल और गरबचन सिंह मानोचाहल के हस्ताक्षर हैं । इसमें लिखा है कि शिरोमणि गरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की ओर से गोलकों की, की जा रही चोरी बारे कोई गलतफहमी नहीं, परन्तु इससे सिख रहत मर्यादा का जबरदस्त उल्लंघन किया जा रहा है । शिरोमणि कमेटी के प्रधान जत्थेदार टोहरा की ओर से कमेटी के काम में सुधार लाने के लिए जो उपसमिति गठित की गई थी, वह मात्र एक राजनीतिक नाटक है और सिखों की भावनाओं से खिलवाड़ । इस समिति ने इस सम्बन्ध में अब तक कोई कारवाई नहीं की ।

इस प्रैस नोट में आरोप लगाया गया है कि इस समिति को सिख रहत मर्यादा और गुरु की गोलकों से कोई सरोकार नहीं । इसने शिरोमणि कमेटी की

गोर्बा... आश...

सोवियत...

छात्र

पेइचिंग, 15 ... राष्ट्रपति यांग शांग ... गोर्बाच्योव ने सोवि... शुरूआत की घोष... गोर्बाच्योव व उनकी... में दिए गए भोज के... श्री यांग ने कहा कि... अतीत में बहुत ही ... आज हम एक नए ...

उन्होंने कहा कि... पड़ोसी हैं, उनके बी... दोनों देशों ने पार... उन्होंने कहा कि सो... साथ बातचीत सोवि... बनाने का संकेत दे... उपलब्धियों को मूल्... करनी होगी तथा स... करते रहने पड़ेंगे । ... का विश्वास है कि ... विश्व की स्थिति क... दृष्टिगत सभी देशों ... सिद्धांतों के आधार ... व्यवस्था स्थापित क... अपनी स्वतंत्र विदेश... रहेगा जिस में अन्य दे... किया गया है तथा ... महत्व दिया गया है ...

उन्होंने कहा कि... सोवियत लोगों के प्र... सात दशकों से सो... सृजनात्मक कार्यों ... परिवर्तन किए हैं तथा... की ओर चल पड़े ... जनता ने आपके सु... किया है तथा हम आ... करते हैं ।"

उन्होंने कहा कि... तथा अंतर्राष्ट्रीय सम... की मीटिंग की ओर ... है । मुझे यकीन है... सोवियत-चीन सम्ब... दोनों देशों तथा विश्व...

श्री गोर्बाच्योव

आतंकवादी मुठभेड़ों में मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आत्महत्या कर ली । इनके नाम लखविंद्र सिंह लक्खा तथा तोती बताए जाते हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार यह आतंकवादी गांव में एक किसान से रुपए ऐंठने आए थे । लोगों को संदेह हो गया और उन्होंने दोनों को घेर लिया तथा पुलिस को खबर दे दी । पुलिस ने इन्हें आत्म समर्पण की अपील की तो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । जब आतंकवादियों ने पुलिस के घेरे से भागने में स्वयं को नाकाम पाया तो जहर खा लिया ।

मुठभेड़ स्थल से कुछ हथियार और गोली-बारूद भी बरामद हुआ है । मृतक आतंकवादियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम था ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृतक आतंकवादी पंजाब के अलग-अलग जिलों में कम से कम 150 मासूम बेगुनाह लोगों की हत्याओं में वांछित था, जिनमें वर्ष 1987 में थाना सदर बटाला के गांव टिडियाला नजारा में एक ही परिवार की महिलाओं, बच्चों सहित 11 लोगों व गत वर्ष 1988 में रोपड़ के निकट 35 भट्ठा मजदूरों, लुधियाना के निकट सीड फार्म पर 11 लोगों, अहियापुर व टांडा के निकट 14 लोगों, भोगपुर के निकट 5 लोगों, थाना सदर बटाला के गांव मसानियां के निकट एक ही परिवार की महिलाओं, बच्चों सहित 11 लोगों, गांव काली बाहमनियां के निकट 9 लोगों, पठानकोट के निकट सुन्दर चक्क में 12 बेगुनाह व मासूम लोगों, कण्डियाल कालोनी के निकट 4 लोगों व इस वर्ष गांव बुज्जियां वाली के निकट 4 लोगों को फांसी पर लटका कर, सोडपुर में तीन व अटारी के निकट 3 लोगों की हत्याएं प्रमुख हैं ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि मृतक आतंकवादी गत मास मुठभेड़ में मारे गए के.सी.एफ. के स्वयंभू जनरल सुखदेव सिंह झामका का दायां हाथ था और जहां-जहां भी इसने हत्याकांड किए थे, झामका इसके साथ रहता था । इसके साथ-साथ इसने अमीर जमींदारों, सरपंचों व अन्य से लाखों रुपए की जबरी उगराही की थी । उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला की गत 72 घंटे में यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है । गत 12-13 मई की रात को के.एल.ओ. आतंकवादी संगठन का स्वयंभू चीफ कमलजीत सिंह वाहेगुरु उर्फ मान सिंह मान उर्फ तख्त सिंह तख्ता मारा गया था और कुछ दिन पूर्व मृतक आतंकवादी लक्खा का निकट साथी खतरनाक आतंकवादी जसपाल सिंह 'जस्सा' भी मारा गया था ।

पति की हत्या, पत्नी घायल : आज फिरोजपुर जिला में थाना धर्मकोट के खेड़ाडरोली में एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई तथा उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया ।

फांसी दे दी : आज फिरोजपुर जिला के ही गांव नूरपुर सेतां के साथ-साथ गुजरने वाली बीकानेर नहर के निकट एक व्यक्ति को वृक्ष के साथ लटका कर मार दिया गया ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने पठानकोट सदर के अंतर्गत धोबड़ा गांव के पास विशेष नाकाबंदी के दौरान एक दर्दांत आतंकवादी पलविन्द्र सिंह अटवाल को गिरफ्तार किया है। वाहनों की विशेष जांच के दौरान पलविन्द्र सिंह को एक ट्रक से पकड़ा गया । वह 23 मई 88 को पठानकोट में बम विस्फोट की घटना में संलिप्त था । इस घटना में 3 लोग मरे थे तथा 53 अन्य जख्मी हो गए थे । पलविन्द्र सिंह आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद पाकिस्तान चला गया था । 1986 में उसने अकाली सरकार के कार्यकाल में आत्म समर्पण कर दिया था लेकिन वह फिर आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त हो गया । पलविन्द्र सिंह की गिरफ्तारी पर 25 हजार का ईनाम था ।

पठानकोट सदर के गांव मेरढल में लोगों की सहायता से पुलिस ने पैट्रोल पम्प लूट कर भागने वाले दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम चरणजीत सिंह हरचोवाल तथा बलबीर सिंह जाकोवाल बांगर बताए जाते हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार हीरो होंडा मोटर साइकिल पर गांव के पैट्रोल पम्प से 13 हजार रुपया लूट कर भाग रहे दो आतंकवादियों का लोगों ने स्कूटरों व मोटरसाइकिलों पर पीछा किया । इस बीच पुलिस को भी सूचना दे दी गई । दोनों आतंकवादियों को थोड़ी दूर जाने पर दबोच लिया गया । इनके कब्जे से एक पिस्तौल व तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार ये दोनों आतंकवादी हीरो हांडा मोटर साईकिल पर मै. रावलपिंडी फिलिंग स्टेशन मीरथल पठानकोट से पैट्रोल डलवाने आए थे । पैट्रोल डलवाने के बाद जब पम्प के सेल्समैन ने पैसे मांगे तो उन्होंने खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड उसको पिस्तौल के साथ दिखाया तथा पम्प का पूरा कैश जोकि करीब 14500 रुपए से ऊपर था, लेकर भाग गए । सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने इनका पीछा किया व चक्की दरिया के दूसरे किनारे पर दोनों को पकड़ लिया । पता चला है कि रुपए तथा पिस्तौल उन्होंने कहीं फैंक दिया था । श्री प्यारा सिंह डी.एस.पी. पठानकोट के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी इनसे पूछताछ कर रही है । यह भी पता चला है कि दोनों आतंकवादी काहनवां से भाग कर आए थे ।

फिरोजपुर से धीमान के अनुसार वृक्ष पर लटका कर मारे जाने की घटना आतंकवादियों का कार्य नहीं है अपितु यह आत्महत्या की घटना है ।

2 घुसपैठिए मरे : गुरुहरसहाय (भंडारी): बी.एस.एफ. के सूत्रों ने बताया कि दो पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा पार करने की कोशिश में बी.एस.एफ. के हाथों मारे गए ।

हथियार बरामद : बी.एस.एफ. ने आज मोहदीवाला क्षेत्र में एक मुठभेड़ के दौरान कुछ हथियार व गोली सिक्का बरामद किया । एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया कि बी.एस.एफ. की 106 बटालियन की एक नाका पार्टी ने पाकिस्तान की ओर से दो घुसपैठियों को आते देखा । उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने भी फायरिंग की लेकिन दोनों घुसपैठिये अंधेरे में फरार हो गए । क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक चीनी असाल्ट राइफल, तीन मैगजीन, एक 32 बोर रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ ।

टैंक निरोधक सुरंग : बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि फरार होने वाले घुसपैठियों द्वारा छोड़े गए शस्त्रास्त्र में एक टैंक निरोधक सुरंग भी थी । यह सुरंग सीमा पर पहली बार पकड़ी गई है ।

खंडन : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार एस.एस.पी. फरीदकोट श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिनों गांव बैडे में सहकारी बैंक से केवल 27 हजार रुपए लूटे गए थे । 2.27 लाख रुपए लूटने की खबर गलत है ।

ठेका लूटा : मलोट (गोयल) : तीन अज्ञात व्यक्तियों ने यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव अब्दुल खराना में शराब का ठेका पिस्तौल की नोंक पर लूट लिया और बोतलें तोड़ दीं । उन्होंने वहां शराब पी रहे व्यक्तियों तथा कारिंदे की पिटाई की और कल से ठेका न खोलने की चेतावनी दी ।

दसूहा से झावर के अनुसार थाना हरयाना के गांव में हरबिंदर सिंह से स्कूटर नम्बर पी.ए.डब्ल्यू. 5374 छीन लिया गया ।

15 हजार रुपए लूटे : पटियाला (भूषण): आज यहां से 28 किलोमीटर दूर सामाना में प्रातः लगभग 11.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति हरबंस लाल से सब्जी मंडी में 15 हजार रुपए छीन लिए । अभियुक्त पैदल आए थे लेकिन लूटने के बाद हरबंस सिंह का स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

लुधियाना (धीमान) : कल आधी रात के लगभग 2 आतंकवादियों ने हैबोवाल में मलिकपुर चेनपुर रोड पर स्थित चुंगी से 486 रुपए 10 पैसे लूट लिए लिए ।

पंचायती राज विधेयक

(पृष्ठ 3 का शेष)

कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ना चाहिए । इसी तरह दिल्ली जैसे केन्द्र शासित प्रदेश के विशेष स्वरूप का भी ध्यान रखा जाए ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पांचवीं अनुसूची के अन्तर्गत आने वाले आदिवासी क्षेत्रों पर यह विधेयक लागू हो अथवा नहीं इस बारे में राज्यपाल अपने विवेक से (मंत्रिपरिषद की राय अथवा मदद से नहीं) निर्णय ले सकेंगे । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सरकारें संविधान के भाग नौ के तहत इस विधेयक के लागू होने के एक वर्ष के भीतर अपने कानूनों में संशोधन कर लेंगी । जिन राज्यों में हाल ही में पंचायतों के चुनाव हुए हैं, वहां की पंचायतें अपनी पूर्व निर्धारित अवधि तक काम करती रहेंगी बशर्ते कि वहां के विधानमंडल ही इसके विपरीत निर्णय न करें । श्री गांधी ने बताया कि सरकार का शहरी और अर्ध शहरी इलाकों के स्थानीय निकायों के बारे में भी ऐसा ही विधेयक संसद के मानसून सत्र में लाने का विचार है । उन्होंने कहा कि इसी तरह हम पंडित नेहरू द्वारा शुरू किए गए सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के बारे में भी पूरा ध्यान देंगे ।

श्री गांधी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारों के साथ-साथ पक्का वित्तीय इन्तजाम का होना भी आवश्यक है । उन्होंने कहा कि अतीत पर नजर डालने से पता चलता है कि पंचायतों के पास अधिकार और जिम्मेदारियां तो थीं, लेकिन उन्हें कार्यान्वित करने के लिए पैसा नहीं था ।

उन्होंने कहा कि हम राज्य विधानमंडलों पर बहुत अधिक बोझ नहीं डाल रहे हैं । बल्कि केन्द्र सरकार के रूप में हम स्वयं बड़ी जिम्मेदारी वहन करने के लिए तैयार हैं । इस दिशा में जवाहर रोजगार योजना के जरिये पहले ही काम शुरू कर दिया गया है । इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों के लिए 80 प्रतिशत राशि का इन्तजाम केन्द्र सरकार कर रही है । प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण भारत में जवाबदेह प्रशासन केवल "असली" पंचायत राज के जरिये ही कायम किया जा सकता है ।

सरकार का स्पष्टीकरण : सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्यपालों को किसी भी स्तर पर पंचायती राजसंस्थाओं के कामकाज में हस्तक्षेप के लिए अधिकृत नहीं किया गया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज पत्रकारों को बताया कि कुछ समाचार पत्रों में इस आशय की खबरें छपी हैं कि सरकार राज्यपालों को कुछ ऐसे अधिकार दे रही है जिससे वे पंचायती राज-संस्थाओं के कामकाज में प्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप कर सकते हैं । प्रवक्ता ने बताया कि किसी राज्यपाल को इस तरह की भूमिका के लिए अधिकृत नहीं किया गया है ।

विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को अनावश्यक, अनियंत्रित और संविधान की सातवीं अनुसूची के विरुद्ध बताया । तेलगू देशम के सी. माधव रेड्डी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 40 के बल पर इस विधेयक को लाया जाना अनुचित है क्योंकि इसमें विधायी मामलों में केंद्र और राज्य के संयुक्त उत्तरदायित्व की बात कही गई है । उन्होंने कहा कि इस मसले पर सातवीं अनुसूची के अनुच्छेद 246 के संदर्भ में विचार किया जाना चाहिए, जिसमें पंचायतों को केवल राज्यों के अधिकार क्षेत्र में रखा गया है ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के श्री वासुदेव आचार्य ने कहा कि वह इस विधेयक का विरोध इस आधार पर करते हैं कि संसद को इसे पारित करने का अधिकार नहीं है । जनता दल के मधु दंडवते ने कहा कि संविधान का संशोधन एक बात है और उसमें घपलेबाजी बिल्कुल दूसरी बात ।

प्रधानमंत्री ने विधेयक के औचित्य के बारे में अपना भाषण जैसे ही समाप्त किया, बिल पर आपत्ति का नोटिस देने वाले सदस्यों को अपनी बात कहने का अवसर देने का मसला उठ खड़ा हुआ । अध्यक्ष ने कहा कि वह एक पार्टी के एक ही सदस्य को बोलने का अवसर देंगे जबकि विपक्षी सदस्य चाहते थे कि हर सदस्य को अपनी आपत्ति रखने का अवसर दिया जाए ।

जनता दल के श्री मधु दंडवते ने कहा कि प्रधानमंत्री को इस विधेयक को लाने से पहले इस बात पर विचार कर लेना चाहिए था कि इसका संविधान के बुनियादी ढांचे पर प्रतिकूल असर तो नहीं पड़ेगा । श्री दंडवते के भाषण के दौरान उस समय शोरगुल हुआ जब गृह राज्यमंत्री संतोष मोहन देव ने कहा कि जनता दल नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी जब सत्ता में आएगी तब वह इस संशोधन को समाप्त कर देगी । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायतों को भंग करने के राज्यपाल के अधिकार के बारे में यह बात कही थी । उन्होंने कहा कि सरकार ने विधेयक से यह अंश हटा दिया है ।

अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने कहा कि बीस सदस्यों ने विधेयक का विरोध करने की सूचना दी है । सदन में उस समय तेज कहा-सुनी हो गई जब प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अध्यक्ष से उन बीस सदस्यों के नाम बताने को कहा जो पंचायतों को अधिकार देने के खिलाफ हैं ।

गोर्बाच्योव को आशा

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिन भी भोज में उपस्थित थीं । भोज चीन के महा सभागार में आयोजित किया गया । इस अवसर पर दोनों देशों के राष्ट्रीय झंडे फहराए गए थे । मिलिट्री बैंड ने दोनों देशों की राष्ट्रीय धुनों को बजाया । चीनी व सोवियत संगीत की धुनों के मध्य दोनों नेता घुलमिल कर बातचीत करते रहे । अतिथियों में सोवियत नेता के साथ आया दल भी मौजूद था । इस अवसर पर वरिष्ठ चीनी नेता भी उपस्थित थे ।

चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन-सोवियत संबंध अतीत में ऊबड़-खाबड़ रास्ते से होकर गुजरे लेकिन आज हम एक नए शुरूआती बिन्दु पर पहुंचे हैं । चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पंचशील सिद्धांतों के आधार पर एक नई किस्म का संबंध स्थापित करने के उपायों का पता लगा रहे हैं । इससे दोनों देशों की जनता की भलाई होने के साथ-साथ विश्व शांति और स्थिरता को बल मिलेगा ।

मिखाइल गोर्बाच्योव ने आज कहा कि चीनी नेताओं के साथ उनकी बातचीत दोनों देशों के बीच के संबंधों की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी । वह तीन दिन की चीन यात्रा पर आज ही यहां आए हैं ।

श्री गोर्बाच्योव तीस वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद होने वाली सोवियत-चीन शिखर वार्ता के लिए यहां आए हैं । अंतिम क्षणों में किए गए फेरबदल के निश्चय के बाद श्री गोर्बाच्योव के लिए परम्परा के विपरीत स्वागत समारोह का आयोजन पेइचिंग के पुराने हवाई अड्डे पर करना पड़ा । परम्परा के अनुसार चीन में किसी महत्वपूर्ण विदेशी अतिथि का स्वागत समारोह तिननमन चौक के सामने ग्रेट हाल आफ पीपुल्स में किया जाता है ।

लोकतांत्रिक सुधारों के लिए भूखहड़ताल पर बैठे छात्रों समेत हजारों छात्रों ने पुलिस आदेशों की अवहेलना करते हुए अपना धरना जारी रखने का निर्णय लिया है । ये छात्र लोकतांत्रिक सुधारों की मांगों पर चीन सरकार से बातचीत करना चाहते हैं ।

सोवियत राष्ट्रपति का विशेष विमान हल्युशिन 62एम पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे (भारतीय समय) पहुंच गया । चीन के राष्ट्रपति योंगशांग कुन ने श्री गोर्बाच्योव का स्वागत किया ।

सोवियत राष्ट्रपति अपनी पत्नी रईसा, विदेशमंत्री एदुअर्द शेवरनाद्जे, स्वास्थ्य मंत्री येवडोनी चजोव तथा अन्य उच्च स्तरीय नेताओं के साथ आए हैं । उनका परिचय चीन के उप-प्रधानमंत्रियों श्येन चीयन तथा ऊ श्वे छ्यिन, विदेशमंत्री छ्यिन छीछन और अन्य वरिष्ठ चीनी नेताओं से कराया गया ।

सोवियत संघ तथा चीन के राष्ट्रगीतों की धुनें बजाए जाने के बाद दोनों नेताओं ने चीनी थल, जल एवं वायु सेनाओं की सलामी गारद का निरीक्षण किया । 21 तोपों की सलामी भी दी गई ।

PUNJAB Sanchar

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

कम्प्यूटर

Wanted second hand personal computer any make with/without flophy drive and printer. Computer must be not more than three years old and in excellent condition. Please write within ten days to Sudhir Industrial Corp., E-21, Industrial Area, Jalandhar.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 15.5.89,

NOW a 1½ years

पंजाब केसरी
The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
वर्ष 24 अंक 335
बुधवार, 17 मई, 1989 तदनुसार, 4 ज्येष्ठ, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

इसी प्रकार 'फाइन' तथा सुपरफ़ाइन किस्म के ग्वार का समर्थन मूल्य क्रमशः 185 व 195 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है जबकि गत वर्ष यह मूल्य क्रमशः 170 रु. तथा 180 रु. प्रति क्विंटल था ।

क्विंटल कर दिया गया है । इस
काली सोयाबीन के भी नए समर्थ
राम ने घोषणा की । 'सन फ़्लाव
500 रुपए प्रति क्विंटल तय की

75 हत्याओं में वांछित जगीर सिंह उर्फ़ चाचा सहित 7 आतंकवादी मरे

खतरनाक उग्रवादी द्वारा आत्मसमर्पण : 2 घुसपैठिए मारे गए

बाप-बेटे समेत 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 16 मई (वार्ता, ह.स.) : पंजाब में
क्षा बलों तथा पुलिस ने कई महत्वपूर्ण सफलताएं
त करते हुए खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक
र्यभू जनरल हरपाल सिंह उर्फ़ 'भाला', जगीर सिंह
ं चाचा सहित 6 आतंकवादियों को मुठभेड़ों में
र डाला,जबकि एक आतंकवादी आपसी शत्रुता में
ा गया । अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी
। लूट की कई वारदातें हुईं,जबकि एक खूंखार
तंकवादी ने रोपड़ पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण
दिया । 2 घुसपैठिए मारे गए

भाला सहित 3 आतंकवादी मारे गए :
ला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा
ा नानक के गांव धारोवाली के निकट गत रात
स व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 3
रनाक आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी देते
जिला पुलिस केआधिकारिक सूत्रों ने बताया कि
में से एक की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स
तंकवादी संगठन के एरिया कमांडर हरपाल सिंह
भाला के रूप में हुई है । इनके शवों के निकट से
चीनी असाल्ट ए.के. 47 राईफलें, चार भरे
ज़ीन, 279 अनचली गोलियां, 28 चली
यां, एक पिस्तौल व 3 एच.ई. 36 हथगोले
मद हुए हैं । मृतक आतंकवादी भाला पर 30
र रुपए का ईनाम घोषित था । वह थाना
वाल के गांव जफ़रवाल का निवासी था ।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों का यह गैंग पुलिस जिला बटाला के साथ-साथ गुरदासपुर, मजीठा व जिला अमृतसर में भी सक्रिय था और कम से कम 60 हत्याओं के मामले में पुलिस को वांछित होने सहित अनगिनत लूटमार व ज़बरी धन वसूलने की वारदातों में भी संलिप्त था ।

सूत्रों ने कहा कि इनमें इस वर्ष जनवरी 89 में गांव सोदपुर में 3 लोगों, मार्च 89 में गांव अटारी में 3 लोगों, 11-12 जनवरी 89 की रात को गांव बज्जियां वाली में फांसी पर लटका कर 4 लोगों, पठानकोट के क्षेत्र सुन्दर चक्क में गत वर्ष 12 लोगों, मसानियां में 10 लोगों, गांव काली बाहनी में एक ही परिवार की महिलाओं, बच्चों सहित 9 लोगों, गांव धारीवाल कलां में 2 भाइयों की हत्याएं तथा इस वर्ष 19-20 अप्रैल की रात को गांव सैद मुबारक कुल्लियां में 5 लोगों का अपहरण करके हत्या करने के बाद उनसे विस्फोटक सामग्री बांधने की वारदातें प्रमुख हैं ।

मृत आतंकवादी हरपाल सिंह पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफ़रवाल का निकट साथी था ।

बाप बेटे की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अजनाला थाना के क्षेत्र के गांव बल्ल में आतंकवादियों ने गत रात 9.30 बजे के करीब एक वृद्ध दीप चन्द और उसके नौजवान बेटे हकूमत राय की गोलियां मार कर हत्या कर दी,जबकि वे सोने जा रहे थे । मौके पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दुकानदार की हत्या : अजनाला थाना के ही गांव कोटली के बाहर एक नौजवान सुरेंद्र कुमार की लाश मिली,जिसकी गला घोंट कर हत्या की गई है । कहा जाता है कि वह अजनाला में दुकान चलाता था और शाम को दुकान बंद करने के बाद साइकल पर गांव जा रहा था कि लुटेरे आतंकवादियों ने उसे घेर लिया और नकदी लूटने के बाद उसकी हत्या कर दी ।

आपसी शत्रुता में हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के क्षेत्र में एक प्रवक मुख्तार सिंह को गोलियां मार कर खत्म कर दिया गया । यह वारदात डेर गांव के निकट हुई । कहा जाता है कि मुख्तार सिंह भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स से सम्बन्ध रखता था तथा ख्याल है कि विरोधी ग्रुप ने उसकी हत्या की है ।

2 आतंकवादी मरे : जालन्धर (न.न.ए.) : आज सवेरे तड़के 4 बजे थाना सदर के गांव सरनामा स्थित अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस (डेरा) पर पुलिस की छापा-मार पार्टी और दो खतरनाक आतंकवादियों में भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने मारे गए दोनों आतंकवादियों के कब्ज़े से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, इसके 25 अनचले कारतूस, दो मैगज़ीन, एक बंदूक, 12 बोर, इसके दो ज़िन्दा कारतूस व 3 चले हुए कारतूसों के खोल बरामद किए हैं ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सरनामा स्थित अवतार सिंह के फार्म हाऊस में दो खतरनाक आतंकवादी ठहरे हुए हैं । पुलिस की छापामार पार्टी ज्योंही इस फार्म हाऊस पर पहुंची तो इन छुपे हुए दोनों आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की । पुलिस की जवाबी गोलीबारी से दोनों आतंकवादी मारे गए ।

राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि आज प्रातः जालंधर जिला में मारे गए खूंखार आतंकवादी जगीर सिंह उर्फ़ चाचा और पूर्ण सिंह उर्फ़ पुन्ना थे । जगीर सिंह उर्फ़ चाचा 75 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार था । श्री गिल ने बताया कि जगीर सिंह के सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । वह अन्य कई अपराधों में भी शामिल था, जिनमें संगरूर, सामाना तथा कैथल के गोलीकांड भी शामिल थे ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)



*पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव धारोवाली के निकट पु
सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादी जिनमें के.सी.एफ.
हरपाल सिंह उर्फ़ भाला भी शामिल है । (नीचे) इससे बरामद हथियार,
हथगोले ।*

का में बहुत अधिक विपक्षी नेताओं को शामिल करना ठीक नहीं होगा : राजीव

भुवनेश्वर, 16 मई (वार्ता): प्रधानमंत्री तथा
स (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने कांग्रेस (इ) में
अधिक प्रतिपक्षी नेताओं के प्रवेश की
वनाओं से इंकार करते हुए कहा है कि इससे
पेचीदा हो सकते हैं,विशेषतः चुनाव वर्ष में ।
श्री गांधी ने कल रात भारतीय वायुसेना के
विमान राजहंस में सम्वाददाताओं से बातचीत
हुए कहा कि इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें हम
ा है कि वे विपक्ष में ही रहें । प्रधानमंत्री इन
ों का जवाब दे रहे थे कि क्या उनके दल ने इन
ों के प्रवेश के लिए कोई दिशा-निर्देश तय
है ।

ी गांधी ने कहा कि प्रत्येक नेता के बारे में
गत तौर पर यह विचार करने के बाद कि क्या
बी से टक्कर लेने तथा अन्य सम्बद्ध मसलों पर
की विचारधारा में विश्वास करते हैं,उन्हें पार्टी
श दिया जाता है । उन्होंने पार्टी में प्रवेश दिए
से पार्टी मजबूत होनी चाहिए ।

कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि हाल ही में
प्रतिपक्षी नेताओं को कांग्रेस (इ) में शामिल
जाना चुनावी लाभ के लिए नहीं था । उन्होंने
क अगर जनता प्रतिपक्ष में विश्वास ही खो बैठी
आखिर हम कर ही क्या सकते हैं ।

ी गांधी ने कहा "लोक सभा चुनाव निर्धारित
नुसार दिसम्बर में ही होंगे,लेकिन इस बारे में
पने विकल्प खुले रखे हुए हैं और जरूरी नहीं है
इस बाबत पत्रकारों को सब कुछ बता ही

उन्होंने कहा कि भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार तथा शस्त्रों की खरीद-फ़रोख्त के साथ सम्बन्ध सुधारने में बाधक बन रहा है । उन्होंने कहा 'हथियारों का निशाना दक्षिण की तरफ है,न कि उत्तर की तरफ' लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि नेपाल की आर्थिक नाकेबंदी नहीं की जा रही है, क्योंकि दो स्थानों से अब भी 85 प्रतिशत परिवहन बराबर चल रहा है ।

श्री गांधी ने कहा कि पंचायती राज के बारे में प्रस्तावित विधेयक चुनावी हथकंडा नहीं है,जैसा कि प्रतिपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं । उन्होंने कहा कि दरअसल यह पूरी प्रक्रिया तीन वर्ष पूर्व शुरू हो गई थी । इस बारे में विचार बनाने से पूर्व हमने अनेक लोगों से बातचीत की । सरकार का राज्यों के अधिकारों में अतिक्रमण करने का कोई इरादा नहीं है । हम केवल संविधान में संशोधन कर रहे हैं और इस बारे में कानून बनाना राज्यों का काम है ।

जय प्रकाश नारायण वी.पी. को सिद्धांतहीन नेता मानते

नई दिल्ली, 16 मई (जी.एस. चावला): दिवंगत जयप्रकाश नारायण ने दिसम्बर 1975 में अहमदाबाद के श्री प्रभाकर मेहता को एक पत्र लिखकर श्री वी.पी. सिंह को सिद्धांतविहीन स्वार्थी नेता की संज्ञा दी थी । यह पत्र अब जनता दल के कुछ सूत्रों के माध्यम से कांग्रेस (इ) के हाथ लग गया है ।

श्री वी.पी. सिंह तथा उनके मित्रों, जो कि अब जनता दल में हैं, ने 1975 में आपातकाल के दौरान श्री जयप्रकाश नारायण को खलनायक, षड्यंत्रकारी, गद्दार तथा प्रतिक्रियावादी कहा था । वही वी.पी. सिंह कुछ समय पहले श्री जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने पटना गए और वहां उन्होंने कहा कि श्री जयप्रकाश नारायण ने उन्हें संघर्ष का रास्ता दिखाया है ।

श्री वी.पी. सिंह तथा अन्य के आरोपों से श्री जयप्रकाश नारायण बड़े अप्रसन्न थे । 23 दिसम्बर 1975 को श्री प्रभाकर मेहता को लिखे पत्र में श्री जयप्रकाश नारायण ने लिखा था, आपको बाबल के लिए कर्कश शब्द इस्तेमाल नहीं करने चाहिएं । वह सरकारी साधु नहीं है और न ही आपातकाल का समर्थक है । वह सम्मान व सहानुभूति का पात्र है । राजा बाबू तथा आप यह भूल रहे हैं कि चन्द्रशेखर, कृष्णकांत यद्यपि कांग्रेसी हैं, लेकिन वे सादगी व राष्ट्र प्रेमी हैं । 'पत्र में आगे कहा गया, 'वी.पी. सिंह, वी.सी. शुक्ला तथा ओम मेहता की कोई विचारधारा नहीं है और वे

स्वार्थी तथा जी हजूरिये हैं । इसलि
लगा कि उन्होंने मुझे खलनाय
गद्दार, प्रतिक्रियावादी तथा क्या-क
वी.पी. सिंह सिद्धांतहीन व्यक्ति हैं
कहा गया, "अनिल और रेखा
जरूरतों को पूरा कर रहे हैं । आज
कर रहा हूं । शेष मिलने पर ।
दिन याद रखना ।"

इस पत्र से स्पष्ट होता है कि ज
श्री चन्द्रशेखर, श्री मोहन धारिय
कांत का सम्मान करते थे भले ही
दौरान वे कांग्रेस पार्टी में थे । उन
और सिद्धांतवादी बताया लेकिन अ
ने चन्द्रशेखर विरोधी गुटों के साथ
दल में उन्हें किनारे लगा दिया है

500 मुजा
मारे ग

मास्को, 16 मई (वार्ता): अ
खोस्त शहर पर कब्जे के लिए मुजा
गए अब तक के सबसे बड़े हमले के
कल लगभग पांच सौ मुजाहिदीन मा
मास्को ने यह खबर दी ।

मास्को रेडियो ने अफगान स
खबर दी है कि इसी प्रकार के हम

Punjabi Sanstan

वर्ष 24 The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar. अंक 335
बुधवार, 17 मई, 1989 तदनुसार, 4 ज्येष्ठ, 2046 मूल्य 80 पैसे, विमान द्वारा 1 रुपया

का समर्थन मूल्य क्रमशः 185 व 195 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है जबकि गत वर्ष यह मूल्य क्रमशः 170 रु. तथा 180 रु. प्रति क्विंटल था ।

क्विंटल कर दिया गया है । काली सोयाबीन के भी नए समर्थन राम ने घोषणा की । 'सन फ्ल 500 रुपए प्रति क्विंटल तय

75 हत्याओं में वांछित जगीर सिंह उर्फ़ चाचा सहित 7 आतंकवादी मरे

खतरनाक उग्रवादी द्वारा आत्मसमर्पण : 2 घुसपैठिए मारे गए

बाप-बेटे समेत 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 16 मई (वार्ता, ह.स.) : पंजाब में सुरक्षा बलों तथा पुलिस ने कई महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त करते हुए खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक स्वयंभू जनरल हरपाल सिंह उर्फ़ 'भाला', जगीर सिंह उर्फ़ चाचा सहित 6 आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार डाला,जबकि एक आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारा गया । अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । लूट की कई वारदातें हुईं,जबकि एक खूंखार आतंकवादी ने पंजाब पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । 2 घुसपैठिए मारे गए

भाला सहित 3 आतंकवादी मारे गए : भाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव धारोवाली के निकट गत रात सीमा सुरक्षा बल व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 3 खूंखार व खतरनाक आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस केआधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मारे गए में से एक की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादी संगठन के एरिया कमांडर हरपाल सिंह उर्फ़ भाला के रूप में हुई है । इनके शवों के निकट से एक चीनी असाल्ट ए.के. 47 राईफलें, चार भरे हुए मैगज़ीन, 279 अनचली गोलियां, 28 चली गोलियां, एक पिस्तौल व 3 एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए हैं । मृतक आतंकवादी भाला पर 30 हज़ार रुपए का ईनाम घोषित था । वह थाना भोवाल के गांव जफ़रवाल का निवासी था ।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों का यह गैंग पुलिस जिला बटाला के साथ-साथ गुरदासपुर, मजीठा व जिला अमृतसर में भी सक्रिय था और कम से कम 60 हत्याओं के मामले में पुलिस को वांछित होने सहित अनगिनत लूटमार व ज़बरी धन वसूलने की वारदातों में भी संलिप्त था ।

सूत्रों ने कहा कि इनमें इस वर्ष जनवरी 89 में गांव सोदपुर में 3 लोगों, मार्च 89 में गांव अटारी में 3 लोगों, 11-12 जनवरी 89 की रात को गांव बुज्जियां वाली में फांसी पर लटका कर 4 लोगों, पठानकोट के क्षेत्र सुन्दर चक्क में गत वर्ष 12 लोगों, मसानियां में 10 लोगों, गांव काली बाहनी में एक ही परिवार की महिलाओं, बच्चों सहित 9 लोगों, गांव धारीवाल कलां में 2 भाइयों की हत्याएं तथा इस वर्ष 19-20 अप्रैल की रात को गांव सैद मुबारक कल्लियां में 5 लोगों का अपहरण करके हत्या करने के बाद उनसे विस्फोटक सामग्री बांधने की वारदातें प्रमुख हैं ।

मृत आतंकवादी हरपाल सिंह पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफ़रवाल का निकट साथी था ।

बाप बेटे की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अजनाला थाना के क्षेत्र के गांव बले चक में आतंकवादियों ने गत रात 9.30 बजे के करीब एक वृद्ध दीप चन्द और उसके नौजवान बेटे हकमत राय की गोलियां मार कर हत्या कर दी,जबकि वे सोने जा रहे थे । मौके पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दुकानदार की हत्या : अजनाला थाना के ही गांव कोटली के बाहर एक नौजवान सुरेंद्र कुमार की लाश मिली,जिसकी गला घोंट कर हत्या की गई है । कहा जाता है कि वह अजनाला में दुकान चलाता था और शाम को दुकान बंद करने के बाद साइकल पर गांव जा रहा था कि लुटेरे आतंकवादियों ने उसे घेर लिया और नकदी लूटने के बाद उसकी हत्या कर दी ।

आपसी शत्रुता में हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के क्षेत्र में एक युवक मुख्तार सिंह को गोलियां मार कर खत्म कर दिया गया । यह वारदात झंडेर गांव के निकट हुई । कहा जाता है कि मुख्तार सिंह भिंडरांवाला टाईगर फ़ोर्स से सम्बन्ध रखता था तथा ख्याल है कि विरोधी ग्रुप ने उसकी हत्या की है ।

2 आतंकवादी मरे : जालन्धर (न.न.ए.) : आज सवेरे तड़के 4 बजे थाना सदर के गांव सरनामा स्थित अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस (डेरा) पर पुलिस की छापा-मार पार्टी और दो खतरनाक आतंकवादियों में भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने मारे गए दोनों आतंकवादियों के कब्ज़े से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, इसके 25 अनचले कारतूस, दो मैगज़ीन, एक बंदूक, 12 बोर, इसके दो ज़िन्दा कारतूस व 3 चले हुए कारतूसों के खोल बरामद किए हैं ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सरनामा स्थित अवतार सिंह के फार्म हाऊस में दो खतरनाक आतंकवादी ठहरे हुए हैं । पुलिस की छापामार पार्टी ज्योंही इस फार्म हाऊस पर पहुंची तो इन छुपे हुए दोनों आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की । पुलिस की जवाबी गोलीबारी से दोनों आतंकवादी मारे गए ।

राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि आज प्रातः जालंधर जिला में मारे गए खूंखार आतंकवादी जगीर सिंह उर्फ़ चाचा और पूर्ण सिंह उर्फ़ पुन्ना थे । जगीर सिंह उर्फ़ चाचा 75 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार था । श्री गिल ने बताया कि जगीर सिंह के सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । वह अन्य कई अपराधों में भी शामिल था, जिनमें संगरूर, सामाना तथा कैथल के गोलीकांड भी शामिल थे ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव धारोवाली के निकट सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादी जिनमें के.सी.एफ़ हरपाल सिंह उर्फ़ भाला भी शामिल है । (नीचे) इससे बरामद हथियार, हथगोले ।

...का में बहुत अधिक विपक्षी नेताओं को ...शामिल करना ठीक नहीं होगा : राजीव

भुवनेश्वर, 16 मई (वार्ता): प्रधानमंत्री तथा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने कांग्रेस (इ) में अधिक प्रतिपक्षी नेताओं के प्रवेश की संभावनाओं से इंकार करते हुए कहा है कि इससे पार्टी में पेचीदा हो सकते हैं,विशेषत: चुनाव वर्ष में ।

श्री गांधी ने कल रात भारतीय वायुसेना के विशेष विमान राजहंस में सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें हम कहते हैं कि वे विपक्ष में ही रहें । प्रधानमंत्री इन नेताओं का जवाब दे रहे थे कि क्या उनके दल ने इन नेताओं के प्रवेश के लिए कोई दिशा-निर्देश तय किया है ।

श्री गांधी ने कहा कि प्रत्येक नेता के बारे में व्यक्तिगत तौर पर यह विचार करने के बाद कि क्या उनकी विचारधारा से टकराव लेने तथा अन्य सम्बद्ध मसलों पर कांग्रेस (इ) में विश्वास करते हैं,उन्हें पार्टी में प्रवेश दिया जाता है । उन्होंने पार्टी में प्रवेश दिए जाने से पार्टी मजबूत होनी चाहिए ।

कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि हाल ही में कुछ प्रतिपक्षी नेताओं को कांग्रेस (इ) में शामिल किया जाना चुनावी लाभ के लिए नहीं था । उन्होंने कहा कि अगर जनता प्रतिपक्ष में विश्वास ही खो बैठी तो आखिर हम कर ही क्या सकते हैं ।

श्री गांधी ने कहा "लोक सभा चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिसम्बर में ही होंगे,लेकिन इस बारे में

उन्होंने कहा कि भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार तथा शस्त्रों की खरीद नेपाल के साथ सम्बन्ध सुधारने में बाधक बन रही है । उन्होंने कहा कि 'हथियारों का निशाना दक्षिण की तरफ़ है,न कि उत्तर की तरफ़' लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि नेपाल की आर्थिक नाकेबंदी नहीं की जा रही है, क्योंकि दो स्थानों से अब भी 85 प्रतिशत परिवहन बराबर चल रहा है ।

श्री गांधी ने कहा कि पंचायती राज के बारे में प्रस्तावित विधेयक चुनावी हथकंडा नहीं है,जैसा कि प्रतिपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं । उन्होंने कहा कि दरअसल यह पूरी प्रक्रिया तीन वर्ष पूर्व शुरू हो गई थी । इस बारे में विचार बनाने से पूर्व हमने अनेक लोगों से बातचीत की । सरकार का राज्यों के अधिकारों में अतिक्रमण करने का कोई इरादा नहीं है । हम केवल संविधान में संशोधन कर रहे हैं और इस बारे में कानून बनाना राज्यों का काम है ।

जय प्रकाश नारायण वी.पी. को सिद्धांतहीन नेता मानते

नई दिल्ली, 16 मई (जी.एस. चावला): दिवंगत जयप्रकाश नारायण ने दिसम्बर 1975 में अहमदाबाद के श्री प्रभाकर मेहता को एक पत्र लिखकर श्री वी.पी. सिंह को सिद्धांतविहीन स्वार्थी नेता की संज्ञा दी थी । यह पत्र अब जनता दल के कुछ सूत्रों के माध्यम से कांग्रेस (इ) के हाथ लग गया है ।

श्री वी.पी. सिंह तथा उनके मित्रों, जो कि अब जनता दल में हैं, ने 1975 में आपातकाल के दौरान श्री जयप्रकाश नारायण को खलनायक, षड्यंत्रकारी, गद्दार तथा प्रतिक्रियावादी कहा था । वही वी.पी. सिंह कुछ समय पहले श्री जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने पटना गए और वहां उन्होंने कहा कि श्री जयप्रकाश नारायण ने उन्हें संघर्ष का रास्ता दिखाया है ।

श्री वी.पी. सिंह तथा अन्य के आरोपों से श्री जयप्रकाश नारायण बड़े अप्रसन्न थे । 23 दिसम्बर 1975 को श्री प्रभाकर मेहता को लिखे पत्र में श्री जयप्रकाश नारायण ने लिखा था, आपको बाबल के लिए कर्कश शब्द इस्तेमाल नहीं करने चाहिए । वह सरकारी साधु नहीं है और न ही आपातकाल का समर्थक है । वह सम्मान व सहानुभूति का पात्र है । राजा बाबू तथा आप यह भूल रहे हैं कि चन्द्रशेखर, कृष्णकांत यद्यपि कांग्रेसी हैं, लेकिन वे साहसी व राष्ट्र प्रेमी हैं । पत्र में आगे कहा गया, 'वी.पी. सिंह, वी.सी. शुक्ला तथा ओम मेहता की कोई विचारधारा नहीं है और वे स्वार्थी तथा जी हजूरिये हैं । इस लगा कि उन्होंने मुझे खलना गद्दार, प्रतिक्रियावादी तथा क्या- वी.पी. सिंह सिद्धांतहीन व्यक्ति हैं कहा गया, "अनिल और रेखा जरूरतों को पूरा कर रहे हैं । आज कर रहा हूं । शेष मिलने पर । मे दिन याद रखना ।"

इस पत्र से स्पष्ट होता है कि ज श्री चन्द्रशेखर, श्री मोहन धारि कांत का सम्मान करते थे भले ह दौरान वे कांग्रेस पार्टी में थे । उ और सिद्धांतवादी बताया लेकिन अ ने चन्द्रशेखर विरोधी गुटों के सा दल में उन्हें किनारे लगा दिया है

500 मुजा... मारे ग...

मास्को, 16 मई (वार्ता): खोस्त शहर पर कब्जे के लिए मुज गए अब तक के सबसे बड़े हमले क कल लगभग पांच सौ मुजाहिदीन म मास्को ने यह खबर दी ।

मास्को रेडियो ने अफगान

Punjabi Sanatan

का समर्थन मूल्य क्रमशः 185 व 195 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है जबकि गत वर्ष यह मूल्य क्रमशः 170 रु. तथा 180 रु. प्रति क्विंटल था ।

क्विंटल कर दिया गया है । इसके अलावा पीली व काली सोयाबीन के भी नए समर्थन मूल्यों की श्री सुख राम ने घोषणा की । 'सन फ्लावर सीड' की कीमत 500 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है । दानों के

यदि इस लक्ष्य में वृ
आवश्यकतानुसार सरकार
करने से नहीं हिचकचाएगी
श्री सुख राम ने कहा

र सिंह
दी मरे

ए मारे गए

ो हत्या

रात 9.30 बजे के करीब एक
उसके नौजवान बेटे हकमत राय
हत्या कर दी जबकि वे सोने जा
ए.के. 47 राइफल के चले हुए

हत्या : अजनाला थाना के ही
र एक नौजवान सुरेंद्र कुमार की
गला घोंट कर हत्या की गई है ।
अजनाला में दुकान चलाता था
बंद करने के बाद साइकल पर
लुटेरे आतंकवादियों ने उसे घेर
टने के बाद उसकी हत्या कर

ुना में हत्या : तरनतारन
में एक युवक मुख्तार सिंह को
या कर दिया गया । यह वारदात
हुई । कहा जाता है कि मुख्तार
इगर फ्रोंस से सम्बन्ध रखता था
वरोधी ग्रुप ने उसकी हत्या की

ी मरे : जालन्धर (न.न.ए.) :
खजे थाना सदर के गांव सरनामा
नामक एक व्यक्ति के फार्म
नस की छापामार पार्टी और दो
दियों में भिड़ंत हो जाने के
आतंकवादी मारे गए । पुलिस
कवादियों के कब्जे से एक ए.के.
राइफल, इसके 25 अनचले
एक बंदूक, 12 बोर, इसके दो
3 चले हुए कारतूसों के खोल

प्रवक्ता के अनुसार पुलिस को
गांव सरनामा स्थित अवतार सिंह
खतरनाक आतंकवादी ठहरे हुए
पामार पार्टी ज्योंही इस फार्म
इन छुपे हुए दोनों आतंकवादियों
की । पुलिस की जवाबी
तंकवादी मारे गए ।
महानिदेशक श्री के.पी.एस.
ज प्रातः जालंधर जिला में मारे
दी जगीर सिंह उर्फ चाचा और
। जगीर सिंह उर्फ चाचा 75
जिम्मेदार था । श्री गिल ने



पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव धारोवाली के निकट पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादी जिनमें के.सी.एफ. का लै. जनरल हरपाल सिंह उर्फ भाला भी शामिल है । (नीचे) इससे बरामद हथियार, गोली-सिक्का व हथगोले । *(छाया : कोछड़)*

जय प्रकाश नारायण वी.पी. सिंह को सिद्धांतहीन नेता मानते थे

नई दिल्ली, 16 मई (जी.एस. चावला): दिवंगत जयप्रकाश नारायण ने दिसम्बर 1975 में अहमदाबाद के श्री प्रभाकर मेहता को एक पत्र लिखकर श्री वी.पी. सिंह को सिद्धांतविहीन स्वार्थी नेता की संज्ञा दी थी । यह पत्र अब जनता दल के कुछ सूत्रों के माध्यम से कांग्रेस (इ) के हाथ लग गया है ।

श्री वी.पी. सिंह तथा उनके मित्रों, जो कि अब जनता दल में हैं, ने 1975 में आपातकाल के दौरान श्री जयप्रकाश नारायण को खलनायक, पड़यंत्रकारी, गद्दार तथा प्रतिक्रियावादी कहा था । वही वी.पी. सिंह कुछ समय पहले श्री जयप्रकाश नारायण को स्वार्थी तथा जी हजूरिये हैं । इसलिए मुझे बुरा नहीं लगा कि उन्होंने मुझे खलनायक, पड़यंत्रकारी, गद्दार, प्रतिक्रियावादी तथा क्या-क्या नहीं कहा ? वी.पी. सिंह सिद्धांतहीन व्यक्ति हैं । पत्र में अन्त में कहा गया, "अनिल और रेखा मेरी भोजन की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं । आज मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं । शेष मिलने पर । मेरा डायलसिस का दिन याद रखना ।"

इस पत्र से स्पष्ट होता है कि जयप्रकाश नारायण श्री चन्द्रशेखर, श्री मोहन धारिया और श्री कृष्ण कांत का सम्मान करते थे भले ही आपातकाल के दौरान वे कांग्रेस पार्टी में थे । उन्होंने इन्हें साहसी

30
सम्बन

कम्बोडिय

गोर्बाच्योव

पेइचिंग, 16 मई (ए.
तंग श्याओ फिंग ने आज
मिखाइल गोर्बाच्योव से भेंट
30 वर्ष के मतभेदों के ब
सम्बन्ध सामान्य हो गए हैं

श्री तंग ने श्री गोर्बाच्यो
दिन आज यहां ऐतिहासिक
में सोवियत नेता की अगवानी
नेताओं के बीच बहु-प्रतीक्षि
की सरकारी संवाद समिति
वर्षीय श्री तंग ने घोषणा व
साथ उनकी बैठक से दोनों दे
गई है ।

यह ऐतिहासिक शिखर
हुई । इसके पूर्व 195
पेंइचिंग में माओ त्से तुंग से
अनुसार बैठक शुरू होते
गोर्बाच्योव से पूछा, "क्य
चीन-सोवियत सम्बन्ध स
करें ? यह चीनी और सोवि
सम्बन्ध सामान्य होने का

श्री गोर्बाच्योव ने इससे
बैठक में उपस्थित सभी लो
ऐतिहासिक संकल्प पर प्रस
की आरम्भिक कार्रवाई व
सीधा प्रसारण किया गया
मौजूदगी में गोर्बाच्योव को
में पहल उन्होंने (श्री तंग ने

श्री तंग ने बताया कि
रोमानिया के राष्ट्रपति के
संदेश भेज कर कहा था कि
लिए राह की तीन रुकाव
गोर्बाच्योव ने इसे स्वीकार
संदेश मुझे अच्छी तरह याद
अवरोधों पर ध्यान देने के
एक सामयिक संदेश था
थे-अफगानिस्तान में सो
कम्बोडिया पर वियतनामी
पर सोवियत फौजों का जम

अफगानिस्तान से सो
गई । मंगोलिया में तैन
सैनिकों में से दोतिहाई की

Punjabi Sansthani

सात आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा : बाघा पुराना से ज्ञान के अनुसार आज शाम लगभग 5 बजे थाना सदर मोगा के गांव डगरू में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि पुलिस ने एक सूचना मिलने पर कि कुछ उग्रवादी गांव के बाहर एक ट्यूबवैल में बैठे हैं, वहां छापा मारा । इस पर वहां छिपे उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने पर उनमें से एक उग्रवादी मारा गया जबकि शेष बच कर निकल जाने में सफल हो गए ।

मोगा से 'बांसल' के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अमरीक सिंह उर्फ लाली उर्फ भुजंगी जोकि पत्थोके का रहने वाला था, के रूप में हुई है । उसके सिर पर 40 हजार रु. का इनाम था और वह पुलिस को दर्जनों हत्याकांडों में वांछित था । उसका दूसरा साथी झाड़ियों की ओट में बच निकला । घटनास्थल पर एक पाकिस्तानी थामसन मशीनगन, एक 9 एम.एम. रिवाल्वर, 32 बोर का विदेशी पिस्तौल, चीनीराइफल, अलग-अलग किस्म की छः मैगजीन, 70 चले व अनचले कारतूस तथा 50 ग्राम सायनाइड बरामद हुई । सुरक्षा बल फरार हुए आतंकवादी का पीछा कर रहे हैं ।

उग्रवादी मारा गया : फिरोज़पुर (कन्तोड़) गत रात फिरोज़पुर थाना सदर के गांव मलवाल में 4 उग्रवादी एक दम्पति से उलझ पड़े तो उनकी 12 बोर की बंदूक से अचानक गोली चल गई जिससे एक उग्रवादी मारा गया जबकि उसके तीन साथी फरार हो गए । उग्रवादी वहां अपनी 12 बोर की बंदूक तथा कुछ कारतूस छोड़ गए ।

हथियार छीने : कल रात अज्ञात लुटेरे गांव दीपांवाला में बलकार सिंह के घर में घुसे तथा वहां से एक रिवाल्वर, एक दोनाली बंदूक तथा एक 32 बोर का रिवाल्वर ले गए ।

पुलिस ने एक प्रवक्ता ने बताया कि अजायब सिंह वल्द सज्जन सिंह से पुलिस ने एक 315 बोर का देसी रिवाल्वर व 2 कारतूस बरामद किए ।

धमकी-भरे पत्र : मोगा (सर्व) : कल जिला फिरोज़पुर में फतेहगढ़ पंजतूर गांव में कुछ व्यापारियों को धमकी भरे पत्र मिले हैं, जिनमें उन्हें 8 लाख रुपए जमा कराने की संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा धमकी दी गई है । जिन लोगों को यह पत्र मिले हैं, उन्होंने बताया कि इनमें लिखा गया है कि रुपए न देने पर उनके परिवारों का खात्मा कर दिया जाएगा । उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है ।

1.17 लाख रुपए लूटे : कल तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने थाना बाघा पुराना के गांव रोडे में सहकारी बैंक से 69 हजार रुपए पिस्तौल की नोक पर लूट लिए । वे उसी गांव के एक डाक्टर का स्कूटर छीन कर फरार हो गए । एक अन्य वारदात में उग्रवादियों ने गांव लंगेआना में सहकारी समिति के कार्यालय से 48 हजार रुपए लूट लिए ।

जासूस गिरफ्तार : फाज़िल्का (नागपाल) बी. एस.एफ. की 87 बटालियन के जवानों ने गत रात यहां से 4 किलोमीटर दूर नाकाबंदी के दौरान एक नौजवान पाक जासूस को गिरफ्तार करके उससे अत्याधुनिक कैमरा, 1620 रुपए की भारतीय करंसी, पंजाब रोडवेज़ मोगा की 24 टिकटें तथा उत्तर भारत के संवेदनशील क्षेत्रों की सूची बरामद की । ऐसा संदेह है कि वह प्रायः भारत आता रहा है ।

फिरोजपुर जिले के धर्मकोट थाना के खाम्बे गांव के महेन्द्र सिंह की गत रात तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

2 घुसपैठिये मारे गए : फिरोज़पुर (ह.स.): फिरोज़पुर जिले में भारत-पाक सीमा पर फाज़िल्का सैक्टर में हुई मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

55 हजार रुपए लूटे : नाभा से जैन के अनुसार आज दोपहर लगभग 12 बजे यहां बोहां गेट के निकट एक पैट्रोल पम्प पर बैठे एक व्यक्ति गरमेल सिंह, जिसके पास 55 हजार रुपए की नकदी का थैला था, को एक सफेद वैन में सवार कुछ सशस्त्र व्यक्ति अपहृत करके ले गए । उन्होंने ककराला रोड पर स्थित पंजाब स्कूटर इंडस्ट्रीज़ के निकट नकदी का थैला छीन कर गरमेल सिंह को वहां उतार दिया तथा फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । इस क्षेत्र में रात कुछ दिनों में यह तीसरी वारदात है, जिससे लोगों में आतंक व्याप्त है ।

13 घंटे कैद रखा : बरनाला (सिन्धवानी): गत रात 7.10 बजे यहां मालवा कॉटन स्पिनिंग के प्रोडक्शन मैनेजर श्री राजकुमार भटनागर को चार उग्रवादियों ने स्टेनगन की नोक पर अपहृत करके 13 घंटों तक अपनी कैद में रखने के बाद रिहा किया । श्री भटनागर अपनी मारुति कार में मिल से बाहर निकले तो चार उग्रवादी, जो मारुति वैन में आए, ने मिल से थोड़ी ही दूर कार को रोक लिया तथा [illegible] बिठा कर ऊपर चादर ओढ़ दी तथा तपा की ओर कहीं ले गए । वहां रात को केवल एक प्याला चाय तथा सोने के लिए बिस्तर के बिना चारपाई दी गई । दूसरे दिन फिर चादर ओढ़कर हन्डयाया लाकर यहां पहले से खड़ी उनकी अपनी कार में बिठा कर घर भेज दिया । बरनाला पुलिस ने रात्रि को उनके गुम होने की रिपोर्ट लिखी थी । आम चर्चा है कि फिरौती देने के पश्चात उन्हें छोड़ा गया है ।

ग्रंथी के भाई की हत्या : लुधियाना में दो आतंकवादियों ने साहनी गांव के गुरुद्वारा के ग्रंथी के भाई अमरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कई प्रतिबंध लागू : लुधियाना से 'नेपाल' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश द्वारा पांच व्यक्तियों या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने, जलूस निकालने, रैली करने के संबंध में जिला-भर में प्रतिबंध लगा दिया है, जो 14 जुलाई, 1989 तक जारी रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा जिले में लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है । मोटर साइकलों पर चमकदार पीला रंग करने पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अविनाश) : पुलिस सूत्रों के अनुसार कल थाना हरयाना के माछियां गांव में एक 20-22 वर्षीय युवक ने बन्दूक की नोक पर हरिन्दर सिंह ठेकेदार से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.डब्ल्यू. 5374 छीन लिया । एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात्रि थाना हरयाना के ही गांव ढोलबाहा में अमरजीत सिंह के घर से कोई व्यक्ति 12 बोर की एक डबल बैरल गन चोरी करके ले गया ।

महिला मरी : कल सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी ने थाना माहिलपुर के गांव ढाडा खुर्द के निकट से गुज़र रही थी तो उस पर एक तरफ से गोलियां चलनी शुरू हो गईं । इस पर सी.आर.पी. की टुकड़ी ने भी जवाबी फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस फ़ायरिंग के दौरान सुरजीत कौर नाम की एक महिला मारी गई, जोकि उस वक्त अपने घर से बाहर जा रही थी ।

एक दर्जन गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि जिला पुलिस ने विभिन्न छापों आदि में लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 4 पिस्तौल 12 बोर, एक पिस्तौल 303, 2 बंदकें 12 बोर तथा 20 कारतूस व एक चोरी की ट्राली बरामद की है । फगवाड़ा सदर थाना के क्षेत्र में डाके मारने तथा लूटने की तैयारी कर रहे एक गिरोह के भजन सिंह उर्फ़ भजना, अशोक कुमार उर्फ़ शोका, प्रमोद कुमार उर्फ़ काकू, वासी हीओथाना बंगा तथा जोगा सिंह वासी दोसांझ खुर्द को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 2 पिस्तौल 12 बोर, एक पिस्तौल 303, एक बन्दूक 12 बोर तथा 12 कारतूस बरामद किए हैं ।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने जगीर सिंह वासी लखन कलां तथा करनैल सिंह वासी बूट को गांव रामगढ़ के निकट से गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से दो पिस्तौल 12 बोर, 9 कारतूस बरामद किए हैं । एक कथित अपराधी बंत सिंह वासी लखन टबोके को वारंट के आधार पर जेल से लाकर उसकी निशानदेही पर एक बंदक 12 बोर, 8 कारतूस थाना तलवंडी पुल बेई के निकट से बरामद किए हैं । थाना कोतवाली के क्षेत्र में एक व्यक्ति जसवन्त सिंह पुत्र लाभ सिंह वासी हैबतपुर थाना ढिल्लों को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक चोरी की ट्राली मूल्य 17 हजार रुपए बरामद की है । 10 मई को एक मारुति वैन सवार सशस्त्र व्यक्तियों की ओर से गांव रत्ता नी आबाद से अपहृत महिला निर्मला देवी उर्फ सिब्बो को बरामद करके एक दोषी सतपाल वासी मौलिक मंदिर थाना धमकोट को गिरफ्तार किया है ।

जिला मैजिस्ट्रेट श्री ए.आर. तलवाड़ ने अपने आदेश में संशोधन करते हुए नया आदेश दिया है कि जिला में बसें, टैम्पो, मैटाडोर प्रातः 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलाए जा सकते हैं । यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से 30 जून 1989 तक लागू रहेगा ।

आत्मसमर्पण : मोहाली (नवंदा): हत्याओं व लूटपाट के मामलों में वांछित खूंखार आतंकवादी जगजीत सिंह ने रोपड़ पुलिस के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है । यह जानकारी देते हुए रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंदशेखर ने बताया कि जगजीत सिंह घरूआं गांव में अमृतलाल नामक व्यक्ति की हत्या, रोपड़ में एस.बी.एल. नहर में 'कट' लगाने, कराली में एक महंत को गोली मार कर घायल करने के मामलों में पुलिस को वांछित था । श्री शेखर ने कहा कि मुख्य धारा में लौट आने के इच्छुक जो युवक आत्मसमर्पण कर देंगे, उनके प्रति पुलिस नर्मी से पेश आएगी व उन्हें सामान्य जीवन जीने में मदद देगी ।

श्री शेखर ने कहा कि जगजीत सिंह भगौड़े करार दिए गए गुरचरण सिंह सैदपुर का पुराना साथी रहा है जिस पर जिला में हुई अनेक वारदातों में शामिल होने का आरोप है ।

पांच रिहा : श्री शेखर ने बताया कि भटके हुए युवकों को मुख्य धारा में लाने के लिए जिला पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं । लटपाट व अन्य अपराधों में वांछित पांच युवकों को पुलिस ने सरपंच तथा गांव वालों की जमानत पर रिहा कर दिया । इनमें सतवंत सिंह, सेवा सिंह, लाल सिंह, मेजर सिंह तथा सरदारा सिंह शामिल हैं । उन्होंने कहा कि पूछताछ से पता चला है कि यह सभी नए अपराधी बने हैं, जिन्हें अपराधवृत्ति त्यागने के लिए एक अवसर दिया गया है ।

चौहान फरार घोषित

(पृष्ठ 1 का शेष)

अपील को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था ।

कर दी । जब
मारा गया ।
एक 12 बोर
स्कूटर पी.ए.
मृतक के दो फ़
दी है । बाद
सिंह उर्फ दया
गिरफ्तारी पर

फरीदकोट
श्री सतीश
आतंकवादी
पुराना का नि
फरीदकोट पु
वांछित था ।

एक ल
आज पटियाल
एक पैट्रोल प
गए ।

प्रोफैस
7 बजे यह
उग्रवादियों

Punjabi Sanstani

सम्बन्ध में
फर रहा है

और अमरीका के मध्य
में परिवर्तन किए जाने पर

It's simple
which Propert

ज़िला फरीदकोट के गांव माड़ी मुस्तफा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया खतरनाक आतंकवादी दयाल सिंह ।
(छाया : जिंदल)

आतंकवादी मारे गए
(पृष्ठ 1 का शेष)

रवि की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

5 और मरे : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात गहरी मंडी में हुई अंधाधुंध फायरिंग में मरने वालों की संख्या आज 10 हो गई । कल रात गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराए गए घायलों में से 5 आज दम तोड़ गए । इस वारदात में घायलों की संख्या 30 बताई गई है । इनमें से 17 यहां के अस्पताल में दाखिल हैं, जबकि शेष जंडियाला के स्थानीय अस्पताल में हैं । लगभग 12 घायलों की दशा अब भी गम्भीर बताई गई है ।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने मंडी में विभिन्न स्थानों पर पोज़ीशनें लेकर फ़ायरिंग की और दुकानें बंद होने के समय दुकानदारों और ग्राहकों पर 5 मिनट की कार्रवाई में अनेक 'बर्स्ट' मारे । ज्यादा लोग एक दुकान में हताहत हुए, जहां एक वीडियो फिल्म चल रही थी ।

मृतकों की शिनाख्त हरमिंदर सिंह, अमरीक चंद पंडित, एक डाक्टर की 13 वर्षीय लड़की गोगी, कालू सेठ, हंस राज, राम प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार, हरीश कुमार व दिनेश कुमार के रूप में हुई है । घायलों में सुरजभान, ओम प्रकाश, हरविंदर सिंह, जोगेंद्र सिंह, बिजय कुमार, बबलू, काला राम, विपन कुमार, देस राज, जगदीश लाल, अरुण सिंह तथा रवीन्द्र कुमार शामिल हैं ।

गहरी मंडी के लोगों ने बताया कि 5 आतंकवादियों में से 4 ने नीले पटके बांधे हुए थे तथा वे शाम 7.15 बजे के करीब मंडी में दाखिल हुए । आतंकवाद की इस घटना की नक्सली नेता श्री हरपाल सिंह ने कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा है कि निर्दोष लोगों की हत्या कोई वीरता का काम नहीं है । सरकार जानबूझकर पंजाब समस्या हल नहीं कर रही और दरिंदों के हाथों निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं ।

2 आतंकवादी मारे गए : इसी मध्य थाना वैरोवाल के अंतर्गत छोटा चोला साहब गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो खूखार आतंकवादी मारे गए । इनमें से एक की शिनाख्त लखबीर सिंह उर्फ़ लक्खा के रूप में हुई है । दोनों मृतक आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सुखविंदर सिंह उर्फ़ संघा के गिरोह के सदस्य थे । संघा गत दो दिनों में दो बार पुलिस के घेरे से बच कर निकल चुका है ।

घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 मैगज़ीन, 20 अनचले व 15 चले कारतूस, एक 315 बोर की राइफल, एक एच.ई. 36 हथगोला और अन्य हथियारों के कारतूस बरामद हुए ।

40 हत्याएं की थीं : खबरों में कहा गया है कि लक्खा लगभग 40 हत्याओं में वांछित था जिनमें रूड़े आसल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रियों की हत्या और तरनतारन व पट्टी क्षेत्रों में की गई हत्याएं शामिल हैं ।

एक और भिड़ंत : आज तड़के थाना झब्बाल के गांव कोट बुड्ढा के निकट हुई एक अन्य मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक 315 बोर की राइफल, 12 बोर की 2 बंदूकें और अनेक कारतूस बरामद किए । 6 अन्य आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गए । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम बलविंदर सिंह, निशान सिंह, सुखदेव सिंह, नत्था सिंह, परगट सिंह व महल सिंह बताए गए हैं ।

वैरोवाल में हत्या : कल रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव वैरोवाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति पाल सिंह की हत्या कर दी ।

बी.एस.एफ. ने आज अमृतसर जिला के राजा-ताल क्षेत्र में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये नूर इस्लाम तथा सलीम खां को पकड़ लिया ।

क्लर्क की हत्या : आज बाद दोपहर तरनतारन पुलिस जिला में सरहाली में स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड कार्यालय के एक क्लर्क चमन लाल की दो आतंकवादियों ने हत्या कर दी तथा कार्यालय से 21,000 रुपए से अधिक की राशि लूट ली ।

बताया जाता है कि तीन आतंकवादियों का एक गिरोह, जो कि ए.के. 47 राइफलों से लैस था, कार्यालय में दाखिल हुआ और स्टाफ से पूछा कि चमन लाल कौन है क्योंकि वह रिश्वत लेता है । उसको एक ओर ले जाकर निकट से गोलियां मारी गईं जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया । इसी समुदाय के अन्य कर्मचारियों को कुछ नहीं कहा गया ।

एक आतंकवादी मरा : लुधियाना जिला में गौस खां मुहम्मद गार्दे के निकट एक आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये । मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हुई ।

2 सशस्त्र व्यक्ति गिरफ्तार : खन्ना (रामां): आज तड़के साढ़े 3 बजे यहां से 5 मील दूर नाका लगा कर सिटी पुलिस ने एक एम्बैसेडर कार में सवार दो व्यक्तियों कुलवंत सिंह और स्वर्ण सिंह निवासी बस्सी पठानां को पकड़ लिया । बताया जाता है कि जब उन्हें पुलिस ने रुकने के लिए कहा तो वे अपनी कार खेतों में ले गए । ड्राइवर ने पुलिस पर अपनी पिस्तौल से 4 गोलियां भी चलाईं और उसके साथ बैठे युवक ने अपनी एल.एम.जी. लोड कर ली, लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछा करके पकड़ लिया ।

सहकारी सोसायटी से नकदी लूटी : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना नूरमहल के गांव खोखेवाल स्थित सहकारी सोसायटी के कार्यालय में डाका डाल कर कुछ लुटेरे 10849 रुपए नकद तथा एक 12 बोर की बंदूक ले उड़े । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त वारदात गत रात लगभग 12 बजे हुई । पुलिस के अनुसार कुछ संदिग्ध आतंकवादी उक्त सहकारी सोसायटी के कार्यालय में आकर सबसे पहले वहां पहरा दे रहे चौकीदार को दबोचा । फिर उसे पिस्तौल दिखाकर उससे दफ्तर की चाबियां निकलवा कर अंदर की तलाशी ली । इस दौरान वे अंदर पड़ी रकम व 12 बोर की बंदूक लेकर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

गत रात्रि जालंधर जिला में बिल्ली बड़ाइच ग्राम के पास एक फार्म हाऊस में हुई मुठभेड़ में 2 खतरनाक आतंकवादी मारे गये । घटना स्थल पर दो ए.के. 47 राइफलें व चार मैगजीन बरामद हुए । फार्म हाऊस के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उग्रवादी मारा गया : जालन्धर (न.न.ए.): आज रात्रि लगभग पौने 9 बजे थाना बंगा के गांव चंढेर खुर्द में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके साथी अंधेरे का लाभ उठाता हुआ भाग निकला । बताया जाता है कि पुलिस ने गांव के बाहर नाका लगा रखा था । मृत उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । मुकाबले के स्थल से पुलिस ने एक सर्विस रिवाल्वर 455 बोर, 5 कारामद गोलियां, एक चला हुआ कारतूस तथा 12 बोर के 4 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं ।

उग्रवादियों की शिनाख्त : पुलिस सूत्रों ने आज जालन्धर में बताया कि कल थाना नकोदर में सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में दो उग्रवादी मारे गए थे, उनकी शिनाख्त नवदीप सिंह खजाला, निवासी गांव खजाला और बलविन्दर सिंह निवासी माझी बुच्चियां के रूप में की गई है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : पठानकोट (गुप्ता): सदर पुलिस पठानकोट ने मीरथल से जिन दो उग्रवादियों चरणजीत सिंह तथा दलबीर सिंह को पकड़ा है, उनके बारे में जांच से पता चला है कि ये उग्रवादी काफ़ी देर से जिला गुरदासपुर में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैटर पैड छपवा कर लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर लूटते रहे हैं । पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एक हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद किया है । यह लोग जाली नं. पी.बी.डब्ल्यू. 7383 लगा कर हीरो होंडा मोटर साइकिल पर मीरथल में पैट्रोल पम्प पर आए थे तथा वहां से 14500 रुपए लूट कर भाग गए थे । पता चला है कि पुलिस दल को इन दोनों आतंकवादियों से कई लूटमार की घटनाओं की जानकारी मिलने की सम्भावना है ।

8 गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस गुरदासपुर ने एक युवती सहित 8 व्यक्तियों को आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने, उन्हें शरण देने तथा देश-विरोधी गतिविधियों में हिस्सा लेने के अभियोग में गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि कुलविंदर कौर उर्फ़ गुरमीत कौर निवासी मुलियां बाली, गोपाल सिंह कलेर कलां, स्वर्ण सिंह धारीवाल, मढ़ा सिंह पसनावाल, भाग सिंह डेरीवाल, दयाल सिंह कलेर कलां, करनैल सिंह निवासी सिधवां को धारीवाल पुलिस ने तथा हरदीप रिटायर पटवारी निवासी अलावलपुर को काहनूवान पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इनसे पूछताछ जारी है ।

औरत को लूट लिया : जैतो (जिंदल): गत दिवस दो अज्ञात व्यक्ति स्थानीय हिम्मतपुर बस्ती में नाज़र सिंह के घर में घुस आए । उस समय नाज़र सिंह की पत्नी अकेली घर पर थी । दोनों व्यक्तियों ने उसको कोई नशीली चीज़ सूंघा कर बेहोश कर दिया और उसको बाथरूम में बंद कर दिया । लुटेरे वहां से 700 रुपए तथा सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए ।

फायरिंग : मुक्तसर से दर्दी के अनुसार गत रात लगभग साढ़े 8 बजे थाना सदर के गांव लच्छेवाली में तीन मोटर साइकल सवार व्यक्तियों ने दो व्यक्तियों शाम लाल तथा राज आहूजा पर फायरिंग कर दी । उनकी ओर से दो फायर किए गए, परन्तु उस समय अंधेरा होने के कारण शाम लाल तथा राज आहूजा बाल-बाल बच गए । उन्होंने हमलावरों की पहचान कर ली, जिनके नाम तरलोक सिंह तथा दलविंदर सिंह बताए जाते हैं । लोगों ने उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

पाक अफगानिस्तान को गुट निरपेक्ष बैठक में स्थान न दिला सका

हरारे, 19 मई (ह.स.): पाकिस्तान गुट निरपेक्ष आंदोलन के समन्वय ब्यूरो की मंत्रियों के स्तर की बैठक में विद्रोही अफगान सरकार को स्थान दिलाने में विफल रहा है । यह बैठक आज रात यहां समाप्त हो गई ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का **दीवान चंद**, सुपुत्र श्री हाकम चंद, संगत मंडी, जिला भटिंडा, उम्र 54 वर्ष, कद 5'-6", 26.4.89, को दिमागी कमज़ोरी के कारण अपने घर से चला गया । बताने वाले को रु. 500/- बतौर शुक्राना दिया जाएगा ।

हाकम चंद
मकान नं. 1478, गली नं. 2, नई बस्ती, भटिंडा ।

खुशखबरी

दिल्ली में जमीन खरीदने का सुनहरी मौका

1000 वर्ग गज और अधिक बहुत ही सस्ते दामों पर

- पक्की रजिस्ट्री
- दिल्ली में रोहिणी से लगा हुआ
- संजय ट्रांस्पोर्ट नगर (G.T. Karnal Road) से कुल 6 कि.मी.
- पक्की चौड़ी सड़कें

कुछ ही प्लाट बचें हैं, अवसर का फायदा उठाने के लिए तुरंत सम्पर्क करें :-

गुमशुदा

शिव मोहन उर्फ छोटू सुपुत्र श्री कालू राम, उम्र 16 साल, रंग काला, कद 5'-1", जो हमारे घर पर बतौर नौकर कम करता था, तिथि 23.4.89 से लापता है । उसके मां-बाप उसके लिए बहुत परेशान हैं । कोई भी व्यक्ति जो उसकी सूचना दे सके, उसे उचित इनाम दिया जाएगा ।

राकेश मल्होत्रा
मकान नं. **1003**, सैक्टर **21-बी**, चंडीगढ़

Punjab Sahadari

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 21, मई, 1989 तदनुसार 8 ज्येष्ठ 2046

जीवन भर का साथी

जीवन लाजवाब पँखा

SIZES: 5, 8, 12, 18, 22 Lts.

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता व उसके परिवार के 4 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या

एक आतंकवादी को ग्रामीण ने मार डाला : गहरी मंडी कांड के सुराग का दावा

संगरूर में मारा गया उग्रवादी सतविंदर सत्ता था

चंडीगढ़, 20 मई (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक मार्क्सवादी नेता, उनके परिवार के 4 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी,जबकि एक आतंकवादी मारा गया । मजीठा पुलिस ने गहरी मंडी हत्याकांड के लिए जिम्मेदार उग्रवादी गिरोह का सुराग लगाने का दावा किया है । गत दिवस संगरूर जिला में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त सतविंदर सिंह उर्फ़ सत्ता के रूप में हुई है ।

8 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर (कनतोड़, धीमान): नए एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह के चार्ज लेने के आठ घंटों के अन्दर ही जिला में अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों ने 8 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक आतंकवादी भी मारा गया । मृतकों में एक औरत भी शामिल है ।

गांव घल खुर्द में आतंकवादियों ने, जिनकी संख्या सात बताई जाती है, एक स्कूल टीचर की पत्नी शिंदर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात लगभग 12.15 बजे आतंकवादियों ने स्कूल टीचर जसबीर सिंह के मकान की छत पर चढ़ कर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । गोलियों की आवाज़ सुनकर बाहर आंगन में सोये पड़े जसबीर सिंह के माता-पिता दौड़ कर अन्दर चले गए । शिंदर कौर ने अपने पति को जगाया । इसके बाद वह अपने देवर को जगाने जा रही थी कि एक गोली उसके सिर में लगी तथा वह वहीं पर ढेर हो गई । वारदात वाले स्थान पर ए.के. 47 राइफल तथा 315 बोर रिवाल्वर के कारतूस मिले हैं । जसबीर सिंह के अनुसार इस केस में सैफ़नं फ़ोर्स के गुरदीप सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा उसके ताया के लड़कों घुबीर सिंह उर्फ़ छोटा और राजेन्द्र सिंह फौजी का हाथ है । उनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।

थाना धर्मकोट के गांव चक फतेहपुर में आतंकवादियों ने एक परिवार के पांच सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों मे नाम हैं : दलीप सिंह, हरबंस कौर, जसविंदर कौर, जरनैल सिंह तथा गुरमीत कौर । हरजिंदर सिंह तथा अमनदीप गोलियां लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलते ही बरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । हत्यारों का पीछा किया जा रहा है,परन्तु अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला । श्री दलीप सिंह कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के नेता थे ।

फिरोजपुर से यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार उग्रवादियों ने उस समय हमला किया, जब परिवार के लोग आंगन में सो रहे थे । जालन्धर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने पहले श्री सिंह को मार डाला, फिर उनकी चारपाई के नीचे से उनकी लाइसैंसशुदा बंदूक और गोली बारूद उठा लिए । इसके बाद उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों की हत्याएं कीं ।

कुछ व्यक्ति पकड़े : फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने जिला में हुई हत्याओं के सम्बन्ध में कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पकड़ा है । उन्होंने कहा कि घल खुर्द गांव में शिंदर कौर की हत्या निजी शत्रुता का परिणाम है । उन्होंने कहा कि गांव का एक युवक कुलवन्त सिंह एक लड़की को भगा कर ले गया था । यह लड़की बाद में बरामद कर ली गई थी । कुलवन्त सिंह भगौड़ा हो गया । वह किसी अन्य व्यक्ति को मारने के लिए गांव में आया था, परन्तु गलती से शिंदर कौर मारी गई ।

धारीके में हत्या : दो सशस्त्र व्यक्तियों ने थाना ममदोट के गांव इट्टो करीम में एक मोटर साइकिल छीन लिया । गांव धारीके पहुंच कर उन्होंने एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह की हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर जिले में फाजिल्का सैक्टर के अंतर्गत भारत-पाक सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

जालंधर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य मुख्यालय का कहना है कि कामरेड दलीप सिंह व उनके परिवार के 6 सदस्यों की हत्या की गई है जिनमें कामरेड की दो अल्पवयस्क पोतियां भी शामिल हैं,तथापि सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 5 बताई गई है ।

निंदा : मार्क्सी पार्टी के मुख पत्र 'लोकलहर' के सम्पादक श्री सुहेल सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तथा पंजाब किसान सभा फिरोज़पुर यूनिट के अध्यक्ष कामरेड दलीप सिंह और उनके परिवार के चार सदस्यों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है । एक बयान में उन्होंने कल पटियाला में केन्द्रीय पंजाबी लिखारी सभा के महासचिव डाक्टर रवीन्द्र रवि की हत्या की भी कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए कहा कि यह हत्या उन सभी लेखकों और बुद्धिजीवियों के लिए एक चुनौती है,जो पंजाबी लोगों की एकता तथा साम्प्रदायिक भाईचारे का समर्थन करते हैं ।

आतंकवादी भी मरा : गुरु हरसहाय से भंडारी के अनुसार यहां से दस किलो मीटर दूर गांव चक कंडी शाह में रात लगभग 11 बजे चार आतंकवादियों ने एक परिवार के एक सदस्य की गोलियां मार कर हत्या कर दी,जबकि दूसरे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गांव में आते ही आतंकवादी नम्बरदार मुख्तार सिंह के घर गए । उन्होंने उसको डरा-धमका कर उसकी .315 बोर की राइफल छीन ली । इसके बाद वे पड़ोस में महेन्द्र सिंह के घर गए,जहां उन्होंने 18 वर्षीय लड़के संता सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी जबकि उसके बड़े भाई जरनैल सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जरनैल सिंह ने घायलावस्था में एक आतंकवादी को 'जफ्फा' मार लिया । इतने में घर की औरतों ने वहां आकर आतंकवादी को पकड़ लिया । थोड़ी देर बाद जरनैल सिंह के बड़े भाई करनैल सिंह, जो कि छत पर सो रहा था, ने वहां आकर गांव की डिफ़ैंस कमेटी द्वारा मिली 303 की राइफल से गोली चलाकर आतंकवादी को मार डाला । गांव की डिफैंस कमेटी के सदस्यों ने शेष तीन आतंकवादियों का पीछा किया,लेकिन वे अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार हो गए । मृतक आतंकवादी के कब्ज़े से एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 315 बोर की राइफल तथा नम्बरदार से छीनी हुई राइफल भी मिली है । आतंकवादियों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थी,जबकि मृतक आतंकवादी डी.एस.पी. की वर्दी में था ।

एस.पी. हैड क्वार्टर श्री एस.के. गोयल ने कहा कि थाना धर्मकोट के गांव में इन्हीं आतंकवादियों ने एक किसान बलदेव राज की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने परिवार के एक अन्य सदस्य गुरबख्श लाल को फांसी देने का प्रयत्न भी किया । फ़रार होते हुए वे बलदेव राज का मोटर साइकल भी ले गए । उन्होंने बताया कि यह मोटर साइकल कल गांव कंडेशाह में से मिल गया है ।

जलालाबाद से राकेश के अनुसार सीमा सुरक्षा बल का एक गश्ती दल वहां आ गया । उसके एक अधिकारी ने बाना किया कि आतंकवादी हमारे जवानों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है,जब कि जरनैल सिंह ने कहा कि आतंकवादी को उन्होंने मारा

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पाकिस्तान में बैठे दो आतंकवादी

ज़बरदस्त लड़ाई में आठ से अधि

अमृतसर, 20 मई (मनोहर): विश्वस्त सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि सीमा के उस पार पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के ग्रुपों में पिछले सप्ताह ज़बरदस्त लड़ाई हुई है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों धड़ों के 8 से ज्यादा आतंकवादी घायल हो गये हैं । घायल होने वालों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के दो खतरनाक उग्रवादी और फ़ोर्स के दो लैफ्टीनैंट जनरल तथा तीन अन्य कुख्यात उग्रवादी शामिल हैं । घायल होने वालों के सिर पर लाखों रुपए के इनाम हैं । सूत्रों के अनुसार यह लड़ाई पुरानी पंथक कमेटी के सीनियर मैम्बर गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा गुरनाम सिंह बुंडाला उर्फ़ नीला तारा एवं इनके साथी गुरजंट सिंह राजस्थानी के धड़ों में हुई है ।

सूत्रों का कहना है उग्रवादियों का एक दल हाल ही में पाकिस्तान पहुंचा था,जो कि नई पंथक कमेटी से संबंध रखता है । यह उग्रवादी पाकिस्तानी सैनिक अधिकारियों के करीब पहुंचना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान में बैठे उग्रवादियों के प्रभावशाली मानोचाहल धड़े से इनकी फ़ैसलाबाद में जबरदस्त टक्कर हो गई । सूत्र बताते हैं कि पिछले कुछ मास से उग्रवादियों पर सुरक्षा बलों का हाथ ऊपर होने की वजह से अनेक खतरनाक उग्रवादी पंजाब से पाकिस्तान की तरफ घुसपैठ कर गये थे । पाकिस्तानी जेलों तथा लाहौर किले में पनाह लिये हुए आतंकवादियों की संख्या पहले के मुकाबले कई गुणा ज्यादा हो गई है । एक अनुमान के अनुसार पाकिस्तान में 1000 से अधिक उग्रवादी पनाह लिये हुए हैं,जिनमें 400 के लगभग नये रंगरूट शामिल हैं,जिनको वहां ट्रेनिंग दी जा रही है । सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान में हुआ झगड़ा पंजाब में उग्रवादियों के बीच उठे मतभेदों के कारण है और इन्हीं मतभेदों को लेकर पाकिस्तान में उग्रवादी दो ग्रुपों में बंट गये हैं । पंथक कमेटी के मैम्बर तथा सरवत खालसा में नियुक्त अकाल तख्त के जत्थेदार गुरबचन सिंह मानोचाहल अपने कुछ साथियों समेत पंजाब की तरफ घुसपैठ कर आया है ।

एक अन्य सूत्र के अनुसार बाबा मानोचाहल एवं उनका दायां हाथ समझा जाने वाला निशान सिंह उर्फ़ जस्सा सिंह, जो कि पंथक कमेटी का मैम्बर भी है, वह नये रंगरूटों को लेकर राजस्थान के रास्ते पाकिस्तान में फिर घुसपैठ कर गया है और इनके वहां पहुंचने के बाद ही पाकिस्तान में उग्रवादियों के बीच झड़पें हुई हैं । इस वर्ष के दौरान पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों में यह तीसरी बार इतनी भयंकर झड़प हुई है,जिसमें लाखों रुपये के इनामी अपराधी घायल हुए हैं । एक सूत्र के मुताबिक खुद बाबा मानोचाहल ने विरोधी धड़े के लैफ्टीनैंट जनरल तथा 'ए' श्रेणी के कुख्यात आतंकवादी को घसीट-घसीट कर पीटा है आतंकवादी की दोनों बांहें उग्रवादी पाकिस्तानी जेल मे मानोचाहल के गांव के पास बताया जाता है कि मानोच चली आ रही थी । घायल पंजाब में दर्जनों कत्ल किये अनेक वारदातों में संलिप्त

सूत्रों के अनुसार आत झड़पों का पाकिस्तान के फ सख्त नोटिस लिया है । उग्रवादियों के दो धड़े बन आफ खालिस्तान जत्थेबंदि ताकि वह विदेशों में पैसा इ के दुर्दांत आतंकवादी मा ज़फ़रवाल,जस्सा सिंह, तेजि सिंह बुंडाला, गुरजंट सिंह सिंह, बलबीर सिंह रतिया, ब सिंह बुधसिंह वाला, हरभज आतंकवादी जत्थेबंदियों पाकिस्तान में बैठे हुए हैं ज पंजाब में बराबर गतिविधि

नजीब द्वारा हमला करने

मास्को, 20 मई (ह. राष्ट्रपति डा. महम्मद पाकिस्तान को चेतावनी सीमांत मिलिशिया और उ में किसी हमले में भाग पाकिस्तान के क्षेत्र पर मु राकेटों से हमला करेगी ।

उन्होंने इसके साथ ही करने और सरकार के साथ आग्रह किया ।

153 मुजाहिब मारे अफगानिस्तान में हमले की सैनिकों ने 153 मुजाहिदीनों रेडियो काबुल ने आज अपनी लड़ाई में एक अफगान सैनि किन्तु विद्रोही छापामारों ने और एक सोवियत जैट मार है ।

लड़का या लड़की

अब उत्तर भारत में पहली बार

गर्भ के दूसरे महीने में (C.V.S.)

अथवा चौथे महीने में अल्ट्रा साऊंड द्वारा पता कीजिए

ALL FACILITIES UNDER ONE ROOF

- हर प्रकार के आप्रेशन की सुविधा ।
- बिना दर्द डिलिवरी एवं प्रसूति व स्त्री रोगों का निदान ।
- सभी परीक्षणों के लिए Advanced Laboratory एवं X-Ray

डा. एस.एन. गुप्ता
M.S., F.R.C.S. (London)

डा. गीता गुप्ता
M.B.B.S., M.S. (AIIMS)

गीता अस्पताल

(सीमा थियेटर के पास, झील के सामने)

पानीपत-132103 (टैलीफोन : 3897)

greatway

Wan

1. Whether the Scheme is Go
2. Whether it is shown in the plan of the local developm
3. Whether plans likely to be
4. Whether fire NOC obtained
5. Whether Airport NOC obta
6. Whether the Promoter hav track record.

We have it all in

नेस्ले का कमाल

असली घी बेमिसाल

Punjab Kesari

गए । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । हत्यारों का पीछा किया जा रहा है परन्तु अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला । श्री दलीप सिंह कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के नेता थे ।

फिरोजपुर से यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार उग्रवादियों ने उस समय हमला किया, जब परिवार के लोग आंगन में सो रहे थे । जालन्धर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने पहले श्री सिंह को मार डाला, फिर उनकी चारपाई के नीचे से उनकी लाइसैंसशुदा बंदूक और गोली बारूद उठा लिए । इसके बाद उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों की हत्याएं कीं ।

कुछ व्यक्ति पकड़े : फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने जिला में हुई हत्याओं के सम्बन्ध में कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पकड़ा है । उन्होंने कहा कि घल खुर्द गांव में शिंदर कौर की हत्या निजी शत्रुता का परिणाम है । उन्होंने कहा कि गांव का एक युवक कुलवन्त सिंह एक लड़की को भगा कर ले गया था । यह लड़की बाद में बरामद कर ली गई थी । कुलवन्त सिंह भगौड़ा हो गया । वह किसी अन्य व्यक्ति को मारने के लिए गांव में आया था, परन्तु गलती से शिंदर कौर मारी गई ।

धारीके में हत्या : दो सशस्त्र व्यक्तियों ने थाना ममदोट के गांव इट्टो करीम में एक मोटर साइकिल छीन लिया । गांव धारीके पहुंच कर उन्होंने एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह की हत्या कर दी

जालंधर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य मुख्यालय का कहना है कि कामरेड दलीप सिंह व उनके परिवार के 6 सदस्यों की हत्या की गई है जिनमें कामरेड की दो अल्पवयस्क पोतियां भी शामिल हैं,तथापि सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 5 बताई गई है ।

निंदा : मार्क्सी पार्टी के मुख पत्र 'लोकलहर' के सम्पादक श्री सुहेल सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तथा पंजाब किसान सभा फिरोज़पुर यूनिट के अध्यक्ष कामरेड दलीप सिंह और उनके परिवार के चार सदस्यों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है । एक बयान में उन्होंने कल पटियाला में केन्द्रीय पंजाबी लिखारी सभा के महासचिव डाक्टर रवीन्द्र रवि की हत्या की भी कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए कहा कि यह हत्या उन सभी लेखकों और बुद्धिजीवियों के लिए एक चुनौती है,जो पंजाबी लोगों की एकता तथा साम्प्रदायिक भाईचारे का समर्थन करते हैं ।

आतंकवादी भी मरा : गुरु हरसहाय से भंडारी के अनुसार यहां से दस किलो मीटर दूर गांव चक कंडी शाह में रात लगभग 11 बजे चार आतंकवादियों ने एक परिवार के एक सदस्य की गोलियां मार कर हत्या कर दी,जबकि दूसरे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गांव में आते ही आतंकवादी नम्बरदार मुख्तार सिंह के घर गए । उन्होंने उसको डरा-धमका कर उसकी .315 बोर की राइफल छीन ली । इसके बाद वे पड़ोस में महेन्द्र सिंह के घर गए,जहां उन्होंने 18 वर्षीय लड़के संता सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि उसके बड़े भाई जरनैल सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जरनैल सिंह ने घायलावस्था में एक आतंकवादी को 'जफ्फा' मार लिया । इतने में घर की औरतों ने वहां आकर आतंकवादी को पकड़ लिया । थोड़ी देर बाद जरनैल सिंह के बड़े भाई करनैल सिंह, जो कि छत पर सो रहा था, ने वहां आकर गांव की डिफैंस कमेटी द्वारा मिली 303 की राइफल से गोली चलाकर आतंकवादी को मार डाला । गांव की डिफैंस कमेटी के सदस्यों ने शेष तीन आतंकवादियों का पीछा किया,लेकिन वे अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार हो गए । मृतक आतंकवादी के कब्ज़े से एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 315 बोर की राइफल तथा नम्बरदार से छीनी हुई राइफल भी मिली है । आतंकवादियों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं,जबकि मृतक आतंकवादी डी.एस.पी. की वर्दी में था ।

एस.पी. हैड क्वार्टर श्री एस.के. गोयल ने कहा कि थाना धर्मकोट के गांव में इन्हीं आतंकवादियों ने एक किसान बलदेव राज की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने परिवार के एक अन्य सदस्य गुरबख्श लाल को फांसी देने का प्रयत्न भी किया । फरार होते हुए वे बलदेव राज का मोटर साइकल भी ले गए । उन्होंने बताया कि यह मोटर साइकल कल गांव कंडेशाह में से मिल गया है ।

जलालाबाद से राकेश के अनुसार सीमा सुरक्षा बल का एक गश्ती दल वहां आ गया । उनके एक अधिकारी ने दावा किया कि आतंकवादी हमारे जवानों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है,जब कि जरनैल सिंह ने कहा कि आतंकवादी को उन्होंने मारा

(शेष पृष्ठ 12 पर)

8 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर (भगवान) : नए एस.एस.पी. श्री सुरजीत [illegible] ने आठ घंटों के अन्दर ही जिला में [illegible] स्थानों पर आतंकवादियों ने 8 [illegible] की गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक [illegible] भारा गया । मृतकों में एक औरत भी [illegible] ।

[illegible] खुर्द में आतंकवादियों ने, जिनकी [illegible] बताई जाती है, एक स्कूल टीचर की पत्नी [illegible] की गोलियां मार कर हत्या कर दी । [illegible] बाता है कि रात लगभग 12.15 बजे [illegible] ने स्कूल टीचर जसबीर सिंह के मकान [illegible] पर चढ़ कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर [illegible] की आवाज़ सुनकर बाहर आंगन में [illegible] सिंह के माता-पिता दौड़ कर अन्दर [illegible] शिंदर कौर ने अपने पति को जगाया । [illegible] वह अपने देवर को जगाने जा रही थी कि [illegible] के सिर में लगी तथा वह वहीं पर ढेर हो [illegible] वाले स्थान पर ए.के. 47 राइफल [illegible] 315 बोर रिवाल्वर के कारतूस मिले हैं । [illegible] के अनुसार इस केस में सैफ़र्न फ़ोर्स के [illegible] उर्फ़ बिल्ला तथा उसके ताया के लड़कों [illegible] उर्फ़ छोटा और राजेन्द्र सिंह फौजी का [illegible] उनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है । [illegible] धर्मकोट के गांव चक फतेहपुर में

लड़का या लड़की

अब उत्तर भारत में पहली बार

गर्भ के दूसरे महीने में (C.V.S.)

अथवा चौथे महीने में अल्ट्रा साऊंड द्वारा पता कीजिए

ALL FACILITIES UNDER ONE ROOF

- हर प्रकार के आप्रेशन की सुविधा ।
- बिना दर्द डिलिवरी एवं प्रसूति व स्त्री रोगों का निदान ।
- सभी परीक्षणों के लिए Advanced Laboratory एवं X-Ray

डा. एस.एन. गुप्ता — M.S., F.R.C.S. (London)

डा. गीता गुप्ता — M.B.B.S., M.S. (AIIMS)

गीता अस्पताल

(सीमा थियेटर के पास, झील के सामने)

पानीपत-132103 (टैलीफोन : 3897)

Punjabi Sansar.com

के प्रधानमंत्री ली पेंग फिलहाल श्री चाओ च्यांग के स्थान पर पार्टी के महासचिव का कामकाज भी देखेंगे ।

चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव झाओ जियांग शुक्रवार को बीजिंग के तिनानमिन चौराहे पर विश्वविद्यालय के अनशनकारी छात्रों से अनशन समाप्त करने की अपील करते हुए । (छाया : पै.ट्र.)

पेइचिंग के समाचार संकलन पर रोक : इस बीच पेइचिंग शहर के अधिकारियों ने मार्शल-ला के अंतर्गत आदेश जारी कर राजधानी की घटनाओं के समाचार प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है ।

इस बीच लाखों गाते-बजाते चीनी आंदोलनकारी छात्र शहर की सड़कों और तिनानमिन चौक पर घूमते-फिरते रहे,लेकिन पुलिस और छात्रों के बीच संघर्ष में कुछ लोगों के घायल होने की सूचना मिली है । पेइचिंग के एक उप-नगरीय क्षेत्र में मार्शल-ला लागू करने के प्रयास में पुलिस की छात्रों के साथ हाथापाई हुई, जिससे कई दर्जन छात्र घायल हो गए । इस बीच सैकड़ों पत्रकार सरकारी आदेशों के बावजूद तिनानमिन चौक पहुंच गए हैं और वहां उपस्थित छात्रों के इन्टरव्यू तथा फोटो ले रहे हैं । लोगों की भारी भीड़ ने तिनानमिन चौक से 10 किलोमीटर दूर सेना के सैकड़ों ट्रकों को रोक लिया है ।

पश्चिमी पेइचिंग में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में 45 छात्र घायल हो गए । पश्चिमी पेइचिंग में करीब 150 सशस्त्र पुलिस कर्मियों ने छात्रों पर छड़ों से प्रहार किया, जिससे 45 छात्र घायल हो गए । एक छात्र अबिन ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब छात्र सैनिकों के 20 ट्रकों को आगे बढ़ने से रोक रहे थे । मार्शल-ला लगाए जाने के बाद पुलिस और छात्रों के बीच संघर्ष की यह पहली घटना है । अबिन ने बताया कि पुलिस ने पहले छात्राओं पर प्रहार किया, जब छात्रों ने पुलिस को रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया ।

हालांकि कुछ पर्यवेक्षकों ने छात्रों के इस आंदोलन को 'क्रांति' की संज्ञा देने की कोशिश की, परन्तु कुछ अन्य ने आंदोलन को कुचले जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किया ।

टोक्यो से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार तिनानमिन चौक पर जनतंत्र समर्थक छात्र भी इकट्ठे हो रहे हैं । उन पर आज रात विमान से आंसू गैस छोड़े जाने की सम्भावना है ।

बताया जाता है कि आम लोग सैनिक दस्तों को रोके हुए थे और वे सैनिकों से आग्रह कर रहे थे कि छात्रों के खिलाफ़ कोई कार्रवाई न करें । कुछ लोगों ने जवानों को पानी तथा बोतलों में बंद पेय पदार्थ भी दिए ।

लोगों ने सैनिकों से एक स्वर में कहा, वे भी हमारी तरह हैं इसलिए उनमें भावनाएं क्यों नहीं हैं ?

'तास' के अनुसार शहर के अधिकतर सरकारी दफ्तरों, कारखानों और बाजारों में सामान्य कामकाज हुआ । मध्य पेइचिंग को छोड़ कर शहर के अन्य क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवा जारी रही । टैलीफोन एक्सचेंज और डाकघरों में भी सामान्य कामकाज हो रहा है । उधर दक्षिण-पश्चिम पेइचिंग में दो और स्थानों पर लोगों और सैनिकों के मध्य झड़पें होने का समाचार मिला है । इन झड़पों में 12 लोग घायल हो गए ।

उधर देश के सबसे बड़े नगर शंघाई में दो स्थानों पर करीब पांच लाख लोगों ने आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में और प्रधानमंत्री ली फेंग के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शन किए । देश के कम से कम 20 और नगरों में भी प्रदर्शन होने की खबर है ।

Falling Hair Dead Stopper
MUCH HAIR OIL
GROW NEW HAIR
180 ML BOTTLE Rs. 60/- POSTAGE EXTRA
Dr. B.D. MEHTA
UP STAIR S.KUMAR FOAM HOUSE.
NAKODAR ROAD, JALANDHAR

RENCE
May, 1989.
23rd May, 1989.
28th May, 1989.
OF
KD
EDS ■ QUILTS
& HARYANA
Basant Avenue, Amritsar.

मिनी फ्लोर मिल
एक लाभकारी सुसज्जित, नवीनतम टैक्नालोजी, दैनिक क्षमता 10 टन, सोहन नगर, गाजियाबाद में बिकाऊ । लीज/भागीदारी पर उपलब्ध है । सम्पर्क करें :
जी.सी. गुप्ता,
फोन : 2209322 या लिखें :
बाक्स नं. 430, दैनिक पंजाब केसरी, नई दिल्ली-52.

निराला जोगी
30 वर्ष से निर्मित प्रयोगित 1989 का 20 रुपए का 300 पृष्ठ का "हिंदुस्तानी चिकित्सकों के सरल अनुभवी योग" (समस्त रोग चिकित्सा) सचित्र विशेषांक । मासिक पत्रिकाओं में सैकड़ों स्वास्थ्य, मासिक औषधियां, जड़ी-बूटियां दिखी या छपी, आगंतुक 30 रु. (इसी मूल्य में विशेषांक भी मिलेगा, वी.पी. 35 रु. ।
पता—निराला जोगी मैगजीन,
बस स्टैंड के पीछे, पानीपत (हरियाणा)

45.	ब्लाऊज हुक्स	–	50 बक्से
46.	मुर्गी पंख	–	1040 कि.ग्रा.
47.	कार्क	पुर्तगाल से आयातित	1224 गुरस
48.	मोवीकोल-टी	–	360 कि.ग्रा.
49.	वाशिंग पाऊडर	–	150 कि.ग्रा.
50.	इंडिगो	–	12 कि.ग्र.
51.	ब्रैड	–	480 स्काइन्स
52.	कार्ड बक्से, शटल कार्क्स के लिए बाकायदा पनवैक चिन्ह के साथ मुद्रित	10 और 12 नग के लिए	18,000 बक्से
53.	फिनाइल गोलियां	–	24 कि.ग्रा.
54.	पालियीन बैग्ज़	विभिन्न आकार	144 कि.ग्रा.
55.	शटल कार्क के लिए लकड़ी की पेटियां	22"x22"x29"	264 नग
56.	एक्रीलिक वूल	2/32 (अनडाइड)	2500 कि.ग्रा.
57.	काटन यार्न	$20^s/30^s$	3600 कि.ग्रा.
58.	फ्लैट मशीन सूइयां	12 GG	20,000 अदद
59.	फ्लैट मशीन सूइयां	4 GG	5000 अदद
60.	फ्लैट मशीन सूइयां	6 GG	10000 अदद
61.	ओवरलाक मशीन सूइयां	14"-20 GG	10000 अदद
62.	,, ,,	14"-14 GG	10000 अदद
63.	ओवर लाक मशीन सूइयां	14 और 16 अदद	24 दर्जन
64.	फिरकियां और डब्बियां सिलाई मशीनों के लिए	–	48 दर्जन
65.	सफेद तेल	–	50 लिटर
66.	नारियल तेल	–	25 कि.ग्रा.
67.	मोबाइल आयल	–	20 लिटर
68.	धागा	1000 मीटर	34 दर्जन
69.	काटन इलास्टिक	½" & ¼"	2000 मीटर

2. सप्लायरों को निम्न शर्तों और नियमों पर 31.3.1990 तक

फिरोज़पुर के थाना गुरु हरसहाय के गांव कंधे शाह में आतंकवादियों ने गोली मार कर एक युवक (ऊपर) सतां सिंह की हत्या कर दी तथा (मध्य) उसके भाई जरनैल सिंह को घायल कर दिया । बाद में इसी गांव की 'डिफैंस कमेटी' के हाथों मारा गया (नीचे) एक आतंकवादी, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई । (छाया : कमल भंडारी)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

है । सूचना मिलने पर सीमा सुरक्षा बल की और कुमक वहां पहुंच गई । सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया गया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

मृत आतंकवादी की शिनाख्त : गार्ड रेल गोयल के अनुसार यहां 16-17 मई की मध्य रात्रि को संगरूर-धूरी रोड पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया खूंखार आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का सतविंदर सिंह सत्ता था । वह मरजंट सिंह बधसिंहवाला का निकट साथी था जिसके सिर पर पंजाब व हरियाणा सरकारों ने 30-30 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था । जिला पुलिस चीफ़ ने चंडीगढ़ में अपने महानिदेशक को जो संदेश भेजा था, उसमें कहा गया था कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन हरियाणा पुलिस इस आतंकवादी के पीछे लगी हुई थी । उसने इसकी तुरन्त पहचान कर ली ।

30545 रुपए लूटे : संगरूर (गर्ग): यहां से लगभग 30 किलो मीटर दूर गांव कुबे में सहकारी संस्था के सचिव व सेल्ज़मैन से तीन उग्रवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर 30545 रुपए लूटने की सूचना मिली है । प्राप्त सूचना के अनुसार जब सहकारी संस्था के सचिव लक्ष्मण दास और सेल्ज़मैन गुरमेल सिंह स्कूटर पर जा रहे थे तो रास्ते में तीन उग्रवादियों ने उन्हें रोक कर उनसे रुपयों का बैग छीन लिया और सेल्ज़मैन की घड़ी भी उतार ले गए ।

गहरी मंडी हत्या-कांड का सुराग मिला : अमृतसर (दीपक): गत दिनों अटियाला थाना के अधीन गहरी मंडी में आतंकवादियों ने दस निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी और 30 लोगों को घायल कर दिया था । इस हत्या-कांड के बारे में इलाका मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने बताया कि पुलिस ने उन पांचों आतंकवादियों के ग्रुप की शिनाख्त कर ली है और तुरन्त ही पुलिस को उनको पकड़ने में सफलता मिलने की सम्भावना है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने गहरी मंडी क्षेत्र में गोलियां चलाने की योजना पहले ही तैयार की हुई थी और घटना से करीब दो दिन पहले बिना हथियारों के आम लोगों की तरह इन आतंकवादियों ने पूरी छानबीन की व लगातार दो दिन इलाके में घूमते रहे । उन्होंने कहा कि इस ग्रुप ने पहले कभी इस प्रकार का गोली कांड नहीं किया । निर्दोषों की हत्याएं तो की हैं,परन्तु योजनाबद्ध ढंग का इस ग्रुप का यह पहला गोली कांड था ।

पत्नि-पत्नी की हत्या : आज बाद दोपहर अमृतसर के उधमनगर में आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व आतंकवादी संतोख सिंह उर्फ काला तथा उसकी पत्नी अमरजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

काला को प्रायः एक प्राइवेट फ़ोर्स का 'चीफ़' कहा जाता था, जोकि अमृतसर में आप्रेशन ब्लैक थंडर के बाद आतंकवादियों के खिलाफ़ लड़ने के लिए कथित रूप से एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बनाई थी ।

संतोख सिंह काला जोकि 'संतोखा काला' के नाम से जाना जाता था, ने गत वर्ष एक पत्रिका में छपे लेख में स्वयं को आतंकवादियों का खुफ़िया तंत्र करार दिया था । सीक्रेट फ़ोर्स में उसका रैंक 'डी.एस.पी.' का था । पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादी एक स्कूटर पर उसके घर आए तथा दरवाजा खटखटाया । जब वह बाहर आया तो आतंकवादियों ने उस पर गोलियों की बौछार करके उसको वहीं पर ढेर कर दिया । इसके बाद वे घर के अन्दर चले गए और उसकी पत्नी की भी हत्या कर दी । इसी बीच पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए समूचे सुलतानविंड क्षेत्र को घेरे में ले लिया है ।

बताया जाता है कि काला का कभी खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के साथ सम्बन्ध रहा था । उसके घर पर गत वर्ष भी हमला हुआ था । तब उसका एक निकट साथी मारा गया था ।

कांस्टेबल का अपहरण : अमृतसर नगर के बाहर स्थित गांव मीराकोट से उग्रवादियों ने आज सायं पंजाब सशस्त्र पुलिस के एक कांस्टेबल का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने गांव की पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग की थी । उग्रवादी पुलिस द्वारा जवाबी फ़ायरिंग करने से भाग गए लेकिन बाद में लौट आए और उग्रवादियों के पग-चिन्हों को खोजने की कोशिश कर रहे कांस्टेबल का अपहरण कर लिया ।

सब-इंस्पैक्टर द्वारा आत्महत्या : आज सायं अमृतसर नगर में सी.आर.पी.एफ. के एक सब-इंस्पैक्टर बी. चक्रवर्ती ने अपने रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली । यह सब-इंस्पैक्टर ब्रह्म बूटा चौकी में तैनात था ।

पकड़े गए उग्रवादियों की शिनाख्त : लुधियाना पुलिस ने गत रात संक्षिप्त मठभेड़ के बाद कार में सवार दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त स्वर्ण सिंह तथा बलवन्त सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से पुलिस ने एक लाइट मशीनगन, 150 कारतूस तथा एक पिस्तौल बरामद की है । पूछताछ के बाद इन्होंने कई हत्याओं व डकैतियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी दर्शन सिंह को गिरफ्तार करके एक राइफल व तीस कारतूस बरामद किए ।

ठेका जला डाला : मलोट के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक शराब का ठेका जला दिया तथा वहां से नकदी लूट ली । उन्होंने ठेका कर्मियों को धमकी दी कि ठेका बंद कर दो अथवा नतीजे भुगतने को तैयार रहो ।

आम चुनाव की योजना सी.आई.ए., आंतरिक गुप्तचर संस्था ने तैयार की थी

नई दिल्ली, 20 मई (वार्ता): पाकिस्तान नेशनल पार्टी के नेता का कहना है कि देश की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो द्वारा सेना के प्रभाव में काम करने और देश में अमरीकी नीतियों के जारी रहने से प्रजातंत्र बहाली की सम्भावनाओं पर पानी फिर गया है ।

पार्टी के अध्यक्ष गौस बख्श बिज़ैंजो ने कहा है कि बेगम बेनज़ीर का प्रजातंत्र वह नहीं है जिसके लिए यहां के अवाम ने संघर्ष किया था । उन्होंने कहा कि पिछले साल नवम्बर में हुए चुनाव की योजना अमरीका की खुफ़िया एजेंसी सी.आई.ए. और पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटैलिजैंस ने बहुत बारीकी से तैयार की थी । उनका मकसद प्रगतिशील उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करना था चाहे वे उम्मीदवार पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के ही क्यों न हों ।

पंजाब समस्या के हल के लिए साहसपूर्ण पहल हो : भाटिया

अमृतसर, 20 मई (ह.स.): इंका के भूतपूर्व महासचिव श्री आर.एल. भाटिया एम.पी. ने आज आह्वान किया कि राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने के साथ-साथ उग्रवादियों को हथियार डालने की अपील करके पंजाब समस्या को हल करने के लिए 'साहसपूर्ण पहल' की जाए ।

बाबरी मस्जिद की 'रक्षा' के लिए बचाव दस्ते की घोषणा

नई दिल्ली, 20 मई (वा.) : अखिल भारतीय बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति ने आज घोषणा की कि वह बाबरी मस्जिद की 'रक्षा' के लिए बचाव दस्ता तैयार करेगी । ज्ञातव्य है कि विश्व हिन्दू परिषद् ने विवादग्रस्त बाबरी मस्जिद को गिरा कर वहां मंदिर का निर्माण कराने की अपनी योजना की घोषणा की है ।

900 बोरियां गेहूं पकड़ी

कपूरथला, 20 मई (शर्मा): पता चला है कि जिला के खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने जिला मंडी अधिकारी श्री रेशम लाल तथा मार्केट कमेटी सचिव श्री सोहन लाल के साथ सफल छापा मार कर गांव फत्तूढीगा में एक किसान के गोदाम में पड़ी 900 बोरियां गेहूं पकड़ी हैं।

दिल्ली अकाली दल (लौ) का सफाया

नई दिल्ली, 20 मई (शर्मा): राजधानी दिल्ली में अकाली दल (लौंगोवाल) का पूर्ण रूप से सफाया हो गया है क्योंकि अध्यक्ष को छोड़ कर अन्य सभी पदाधिकारी एक्सीक्यूटिव अकाली दल में शामिल हो गए हैं ।

शाम के भाव—(20 मई, एम.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999 टंच) हाजिर 6855, चांदी गद्दी 6755, चांदी कच्ची 6865, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7250, सोना (प्रति 10 ग्राम) हाजिर 3150-3160, सोना स्टैंडर्ड 3230, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3140, गिन्नी (प्रत्येक) 2550-2575 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्केट (एम.एन.एस.): रागे की सिल्ली (प्रति किलो) 342, निकल प्लेट 400-420, जस्ता 49.75, गन मैटल फुट 57.00, ताम्बा सिल्ली 89.75, ताम्बा रॉड 92.75, ताम्बा तार फुट 76.25, चादरी पीतल 57.00, पीतल चादर कतरन 59.00, पीतल भरत फुट 54.50, पीतल पुर्जा फुट 54.50, सीसा की सिल्ली देसी सुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.00, अल्यूमीनियम कवायल (22 गेज) 63-64, अल्यूमीनियम कवायल (30 गेज) 67-71, अल्यूमीनियम कवायल (36 गेज) 71-73, अल्यूमीनियम सिल्ली 45.50, अल्यूमीनियम रॉड 49.25, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 40.00, अल्यूमीनियम तार फुट 42.50 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाज़ार : (एम.एन.एस.): **आर.यू./के.एल. टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 10250, (10 एम.एम.) 10050, (12 से 25 एम.एम.) 9950 । **मोकल टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 10100, (10 एम.एम.) 9900, (12 से 25 एम.एम.) 9950 । **एम.एस. राउंड** : (6 एम.एम.) 9250, (8 एम.एम.) 10050, (10 एम.एम.) 10050, (12 एम.एम.) 9950 (16 एम.एम.) 9950 । **गेट चैनल** : हल्का 9500, भारी 9500 । **एम.एस. चैनल लोकल** (75x40) 9200, (100x50) 9200 । **गार्डर जाइट्स लोकल** (150x75) 9500, (160x80) 9600, (175x90) 9600, (200x100) 9600 । **इंगट** : 3.5" से 4.5" 7500-7600, स्क्रैप 5400-5500 ।

सोना स्टैंडर्ड 3210, सोना बिट्टर 3160, स्वर्ण आभूषण 2900, चांदी तेजाबी 6950, चांदी थोबी 6850, सिक्का 7350 रुपए ।

पुण्य स्मृति



हमारी पूज्या माता **श्रीमती मोहनी अबरोल** 21.5.88 को गोलोक-धाम गमन कर गईं । आज उनकी प्रथम पुण्य स्मृति में उनके चरण-चिन्हों पर चलने का प्रण लेते हुए पुष्पांजलि अर्पित करते हैं ।

Punjabi Digital

एक कट्टर आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली : 5 मुठभेड़ों में मरे

उग्रवादी अपने साथी की हत्या करके बन्दूक छीन ले गये

पंजाब में हैडकांस्टेबल सहित 3 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 21 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के एक कट्टर आतंकवादी महेंद्र सिंह उर्फ़ कोकी ने सुरक्षा बलों के घेरे में आ जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि अन्य स्थानों पर 6 आतंकवादी मारे गए । अन्यत्र एक हैड-कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक दर्जन से ज्यादा उग्रवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार कर लिया गया ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : लुधियाना (हस, मुसाफ़िर, महिन्द्रा): गत रात लुधियाना जिला में एक कट्टर आतंकवादी महेंद्र सिंह उर्फ़ कोकी ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर सायनाइड ज़हर खाकर आत्म हत्या कर ली । यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री समेध सिंह सैनी ने कहा कि यह घटना गांव शेखपुर में एक छापे के दौरान हुई । इस आतंकवादी से एक बंदक व कुछ कारतूस बरामद किये गये । वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक नेता श्री गुरमेल सिंह तथा उनके अंगरक्षक की हत्या में वांछित था । उससे जो बंदूक बरामद हुई है,वह कामरेड गुरमेल सिंह के अंगरक्षक से छीनी हुई है । 'वार्ता' के अनुसार महेंद्र सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से संबंधित था और कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

थाना डेहलों के गांव किलार के निकट एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादियों नसीब सिंह तथा भगवंत सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक पिस्तौल, एक इकनाली बंदूक, एक स्कूटर व कुछ कारतूस बरामद किये गये । वे विभिन्न हत्याकांडों में वांछित थे,जिनमें दौलतपुर के गुरुद्वारा के ग्रंथी की हत्या भी शामिल है ।

मुठभेड़ में मरा : थाना साहनेवाल क्षेत्र के गांव पंजेता के निकट मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया,जबकि उसका एक साथी बच कर भाग निकला । मृतक आतंकवादी से एक चीनी ए.के. 47 राइफल व कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ । वह अनेक हत्याकांडों में वांछित था । जसपाल सिंह उर्फ़ पाली को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात थाना ब्यास के गांवों जोधे तथा शेरों के मध्य एक नाले के पुल पर पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा लगाये गये एक नाके पर 2 आतंकवादी मुठभेड़ में

गत दिवस जिला फिरोज़पुर के गांव बेट् कदीम में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) बलदेव राज तथा (2) गांव चलखुर्द की शिवरपाल कौर के शव, (3) सिविल अस्पताल फिरोज़पुर में उपचाराधीन घायल जरनैल सिंह तथा (4) गुरबख्श सिंह ।
(छाया : कन्तोष)

मारे गये । बताया जाता है कि स्कूटर पर जा रहे दो आतंकवादियों को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में दोनों आतंकवादी वहीं पर मारे गये । घटना स्थल पर एक .32 बोर पिस्तौल, एक .12 बोर मॉडीफ़ाइड गन, कई कारतूस व एक बिना नम्बर कार स्कूटर मिला ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : गत रात थाना रमदास के गांव मुगल चक में आतंकवादियों ने एक हैडकांस्टेबल इकबाल सिंह,जो कि छुट्टी पर था, की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके बाद आतंकवादी उसी गांव में एक अन्य कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह के घर गये और दरवाज़े पर दस्तक दी । कांस्टेबल ने अपूर्व साहस का प्रदर्शन करते हुए न केवल एक आतंकवादी से स्टेनगन छीन ली,बल्कि एक आतंकवादी को मार डाला व दूसरे को घायल करके काबू कर लिया । दो अन्य आतंकवादी फ़रार हो गये । घायल आतंकवादी को अमृतसर के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां वह दम तोड़ गया । एक अन्य सूचना के अनुसार कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह मृतक हैड-कांस्टेबल का रिश्ते में भाई है ।

नये भर्ती हुए थे : गांव मुगल चक में मारे गये आतंकवादी हरपाल सिंह तथा सुखदेव सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स में नये भर्ती हुए थे तथा वह स्वयं भू एरिया कमांडर मेजर सिंह खतरावां के ग्रुप से संबंध रखते थे ।

एस.एस.पी. का बयान : मजीठा के जिला पुलिस चीफ़ श्री जी.एस. मान ने पत्रकारों को बताया कि हैडकांस्टेबल इकबाल सिंह की हत्या करने के बाद जब आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह कांस्टेबल के घर गए और दरवाजा खटखटाया तो उसकी मां ने दरवाजा खोला । उन्होंने उससे सुरेन्द्र सिंह के बारे में पूछा,जोकि होशियारपुर में तैनात है । जब बूढ़ा ने उत्तर दिया कि उसका लड़का ड्यूटी पर वापस चला गया है तो आतंकवादियों ने उस पर विश्वास नहीं किया तथा अंदर झांकने लगे । कांस्टेबल को अंदर पाकर उन्होंने गोली चलाई,जोकि उसकी मां को लगी । इस पर सुरेन्द्र सिंह ने गोली चलाने वाले आतंकवादी पर ईंट से प्रहार किया,जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा । सुरेन्द्र सिंह ने उससे स्टेनगन छीन कर उसकी हत्या कर दी और दूसरे आतंकवादी को सख्त घायल कर दिया,जोकि अस्पताल जाकर मर गया । दोनों मृतक आतंकवादी थाना अजनाला के गांव कमालपर के रहने वाले थे । कांस्टेबल की घायल मां को अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसके शरीर के निचले हिस्से में गोली लगी है ।

दलबीर सिंह भाग निकला : इसी मध्य आज प्रातः पुलिस ने थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाला में एक फार्म हाऊस पर छापा मारा तो वहां से कट्टर आतंकवादी दलबीर सिंह बच कर भाग निकलने में सफल हो गया । फार्म हाऊस की तलाशी लेने पर वहां से एक चीनी ए.के. 47 राइफल, 3 मैगज़ीन, 220 अनचले कारतूस, एक 38 बोर रिवाल्वर, 6 कारतूस, एक दोनाली बन्दूक व 15 कारतूस बरामद हुए ।

कांस्टेबल का अपहरण : पंजाब सशस्त्र पुलिस (पीएपी) के एक कांस्टेबल का कल रात अमृतसर शहर के बाहर गांव मीराकोट की पुलिस चौकी पर भारी फ़ायरिंग करके उग्रवादियों के एक गिरोह ने अपहरण कर लिया था । उसकी खोज जारी है ।

घुसपैठिया पकड़ा गया : सीमा सुरक्षा बल ने गत रात्रि जिला अमृतसर में सेक्टर कमांड सैक्टर में नौशहरा ढल्ला सीमांत चौकी के निकट एक घुसपैठिए को पकड़ा ।

दो 'शरणवाता' गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में एक स्त्री सहित 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हरदेव सिंह और कुलबीर कौर बताए गए हैं । इन पर हरिके पत्तन के निकट मंड क्षेत्र में अपने गांव बड़जीवा सिंह में अपने घर में उग्रवादियों को शरण देने का आरोप है । उनके कब्जे से एक जर्मन माऊज़र पिस्तौल, एक .38 बोर की रिवाल्वर और कुछ गोली-सिक्का और गाईड नक्शे बरामद हुए हैं ।

तरनतारन पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में एक व्यक्ति दलबीर सिंह को गिरफ्तार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पेइचिंग में आंदोलनकारी छात्रों को तिनानमिन चौक से हटाने के लि को लोगों ने शहर के बाहर ही रोक लिया तथा उन्हें भोजन दिया पदार्थ लेने से इन्कार कर दिया । यह फोटो इसी अवसर का है

पाकिस्तान द्वारा अत्याधुनिक लिए गुप्त परमाणु प्रतिष्ठानों

लंदन, 21 मई (ह.स.): पाकिस्तान दो परमाणु प्रतिष्ठानों का निर्माण कर रहा है जहां परमाणु बम बनाया जा सकेगा । इसकी ट्रिटियम फैक्टरी राजधानी से 240 किलो मीटर दक्षिण में एक गुप्त सैनिक बेकर में स्थित है । अमरीका की ताजा गुप्तचर सूचनों में यह जानकारी दी गई ।

'संडे टाइम्स' ने अमरीकी विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि संयंत्र के कामकाज का 1987 में परीक्षण किया गया । फैक्टरी के पास ही प्रक्षेपास्त्रों के भंडारण के लिए एक आयुध परिसर का निर्माण किया गया है ।

परमाणु प्रसार के एक अमरीकी विशेषज्ञ लिआनार्ड स्वैक्टर ने कहा "ऐसा लगता है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम हमारे अनुमान से कहीं ज्यादा व्यापक और विस्तृत है ।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ नाम मात्र को परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने का इच्छुक नहीं है बल्कि वह एक अत्यधिक आधुनिक बम बनाने की लालसा को लेकर काम कर रहा है ।

अमरीकियों ने दावा किया है कि पाकिस्तान चोरी-छिपे परमाणु रिएक्टर बनाने के लिए उपकरण और प्रौद्योगिकी खरीद रहा है । यह रिएक्टर अन्तर राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी के निरीक्षण से बाहर होंगे जबकि परमाणु बम के निर्माण के लिए जरूरी सामग्री का उत्पादन करने में ये पूरी तरह सक्षम होंगे ।

गुप्तचर सूचना के अनुसार पश्चिम जर्मनी की एक फर्म ने पाकिस्त लिए आवश्यक सा है । पाकिस्तान कम्पनियों से फैक्ट और उपकरण हासि

गुप्तचर दस्ता जर्मन अधिकारियों गया है कि पाकिस्त परिशोधित करने की जानकारी और है । ट्रिटियम एक परमाणु बम की श है ।

डेंग ज्या पेंग अ

लंदन, 21 म डेंग ज्याओ पेंग और पदों से हटा दिया गय बी.बी.सी. ने चीनी दी । इन नेताओं कम्युनिस्ट पार्टी के इस सूचना की चीनी में पुष्टि नहीं की घोषणा विद्यार्थी ने की ।

1984 के चुनाव में क्या यह वायदा जनता से किया गया लिए संविधान में संशोधन करेंग

अमृतसर, 21 मई (सुभाष नारंग): भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने चुनाव और पंजाब-समस्या पर अपने एक लिखित बयान में कहा कि पंजाब के गवर्नर श्री रे ने कहा है कि देश के लोकसभा चुनावों के समय पंजाब में भी चुनाव हो जाएंगे । कोई भी व्यक्ति जो सामान्य बुद्धि रखता है, टी.वी., रेडियो पर हो रहे प्रचार से यह अन्दाजा बखूबी लगा सकता है कि चुनाव होंगे, चाहे जनता दिन में तीन-तीन दफा दूरदर्शन पर राजीव गांधी का एक ही भाषण सुन कर बोरियत का ही अनुभव करती हो ।

एक अंग्रेजी कहावत है कि जनता वही संस्कार बना पाती है जिसके वह योग्य हो । (People get the Govt. they deserve). दिसम्बर 1984 के चुनावों में जनता को वही सरकार प्राप्त हुई जैसी उन्होंने चाही । जनता को राजीव गांधी द्वारा की गई चुनाव घोषणाएं अच्छी लगीं और विश्वास भी हुआ कि यह नौजवान ईमानदारी से इन्हें पूरा कर सकेगा । इस चुनाव के वर्ष यह आवश्यक हो जाता है कि एक नज़र उन घोषणाओं पर भी डाली जाए और जायज़ा लिया जाए कि क्या उस विषय में राजीव सरकार एक कदम भी आगे चढ़ी है । पंजाब से सम्बन्ध रखने वाली प्रमुख घोषणा पंजाब-समस्या का हल करना था । हम आज भी वहीं खड़े हैं और समस्या अधिक गम्भीर ही हुई है । 1984 के चुनाव के बाद पंजाब के गांवों से अल्पसंख्यकों का पलायन गहत बड़ी संख्या में हुआ है और आज भी स्थिति ऐसी है कि वे परिवार अपने घरों को लौटने की कल्पना भी नहीं कर सकते । निहित स्वार्थ और दिशाहीन नीतियों के कारण पंजाब उसी आग में निरंतर जल रहा है और राजीव गांधी दिन में तीन-तीन दफा दूरदर्शन तथा आकाशवाणी पर पंचायती राज को प्रभावी बनाने के लिए लाए जा रहे 64वें संविधान-संशोधन विधेयक का राग अलाप रहे हैं । क्या यह वायदा जनता से किया गया था कि राजीव गांधी सत्ता में आने के बाद पंचायती राज के लिए संविधान में संशोधन करेंगे ? चुनाव के समय एक अवसर होता है जब सत्तारूढ़ दल अपने किए गए वायदों की पूर्ति का लेखा-जोखा जनता के सामने रखता है और भविष्य का कार्यक्रम भी । राजीव गांधी के किए गए वायदों का लेखा-जोखा जनता के सामने आना जरूरी है ।

1984 के चुनाव के समय राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए वोट मांगे थे । उन्होंने कहा कि देश टूट रहा है और वह ही उसे एक रख सकते हैं । उस समय पंजाब की समस्या उग्र रूप में थी । उसका सामान्य होना तो एक तरफ, आज उसी प्रकार के हालात कश्मीर, बोडोलैंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी बन गए हैं । वह दिन दूर नहीं जब कश्मीर में एक भी अल्पसंख्यक परिवार नहीं रह सकेगा । राजीव गांधी ने जो भी कहा, चुनाव की दृष्टि से वोट लेने के लिए कहा ।

उन्होंने उस समय प्रस्ताव देश को ती एक बार से भी छूने दलों पर आरोप ल समर्थन कर रहे हैं विरोध किया था लोकसभा में अटल को 'विघटन का द राजीव गांधी ने वो इतना बड़ा झूठ बो आठ मास बाद उसी को भी तैयार नहीं की । राजीव-लौंग कर कि क्योंकि " कहते हैं और इससे ऐसी परिभाषा देने

बेनज़ीर नशीले पदार्थों का धंधा लोगों को बेनकाब करने की मुहिम

नई दिल्ली, 21 मई (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने उन बड़े लोगों को बेनकाब करने की अपनी मुहिम जारी रखी हुई है, जिन्होंने पाकिस्तान को नशीले पदार्थों का धंधा चलाने वाले देशों के नक्शे में जगह दिला दी है । हालांकि उनके विरोधी उनकी मुहिम राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बता रहे हैं ।

उर्दू दैनिक "जंग" के अनुसार बेनजीर सरकार का इरादा विश्व में विभिन्न एजेंसियों द्वारा बनाई गई

उन फिल्मों को खरी नशीले पदार्थों का प्रमुख के रूप में टैलीविजन इन फिल्म दिखाएगा । ऐसा क बात साफ करना है शामिल हैं जिन्होंने है ।

जिया के शास निर्माताओं ने ये फ पेशकश की थी, त

Punjab Archive

छोटी सी बात

श्री वी. पी. सिंह भारतीय राजनीति के पामेला बोर्डेस हैं ।
—प्रो. के. के. तिवारी

भाई साहब ऐसा लगता है कि प्रोफैसर साहब की आंखें वी. पी. सिंह के बजाय पामेला बोर्डेस पर ज्यादा लगी हैं ।

SONA DESERT COOLER
Fitted with Cool Home
FIRST TIME IN INDIA
A NEW MODEL IN
AIR CONDITION SHAPE

.5.1989

र्थन में चीन की कई प्रांतीय
तक प्रदर्शन जारी रहे ।
के निकट हजारों श्रमिकों ने
चले शहर की तरफ बढ़ते
ो देखा । सैकड़ों छात्र, जो
हां पहुंच गए थे, शहर की
नानचिंग पर चहलकदमी
ग प्रधानमंत्री ली पेंग के
थे, जिन्होंने राजधानी के
-ला लागू कर दिया था ।
कलता देखकर सड़कों के
ारे लगाकर उनका हौसला
ं ने बताया कि लगभग
ं को बसों और एम्बुलैंसों में
ए अस्पताल पहुंचाया गया
घर छोड़ दिया गया ।
है कि पुलिस के साथ झड़प
। अभी यह स्पष्ट नहीं हो
ड़ताल समाप्त करने का
था या किसी के दबाव में
मंगलवार को भूखहड़ताल
गह पर सिटी हाल और
य स्थित हैं । उन्होंने
ना संघर्ष रोक दिया था,
ग में सेना बुलाए जाने के
आंदोलन पुनः शुरू कर

र.वी. उपग्रह सम्पर्क

ीन के छात्र आंदोलन पर
ने वाले सभी विदेशी
न्धित उपग्रह सम्पर्कों को
काट दिया । जापान के
एक महीने से तिनानमिन
ा की नियमित खबरें दे रहे
त हो जाने से आज सर्वह
वज़न छात्र आंदोलन की
ाए । विदेशी टैलीविज़न
प्रसारित समाचारों पर ही
। यहां मिली खबरों के
षणा के जावजूद पेइचिंग
है । लोग आधी रात को
। अभी तक सैंसरशिप
टी.वी. फिल्मों के बाहर
है ।

न-ला को अवैध

रिपोर्ट के अनुसार चीन
ताओं ने कल पेइचिंग में
ू मार्शल-ला को अवैध
क्सिटिंग कार्पोरेशन की
नेताओं ने पेइचिंग के
ार्शल-ला की वैधता को
कहना है कि वे किसी
रूर रहे हैं, क्योंकि यह
त्रों ने कहा कि 1982
ों के तहत मार्शल-ला
पीपुल्स कांग्रेस (संसद)

दर्शन

दर्शन : वाशिंगटन :
क अधिकारों की मांग
लन की सहानुभूति में

मुठभेड़ों में मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया है । उसके गांव सुरसिंह में स्थित मकान से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर के 3 मैगजीन, एक 12 बोर की बंदूक, 300 गोलियां बरामद की हैं ।

आतंकवादी साथियों के हाथों मरा : 'ह.स.' के अनुसार कलरात जिलाफिरोजपुर के कस्बा गुरु हरसहाय में नम्बरदार के घर में छिपे हुए एक आतंकवादी की उसी के गिरोह के सदस्यों ने गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे मृत आतंकवादी की 315 बोर की राइफल भी ले गये । इस हत्या का कारण आतंकवादियों की आपसी शत्रुता बताया जाता है ।

2 की हत्या : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात जिला फरीदकोट के गांव नत्थू वाला में एक होम गार्ड जवान एवं सेवक सिंह तथा उसके एक मित्र मक्खन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वे दोनों साइकल पर बाघा पुराना से गांव नत्थूवाला जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने, जोकि प्रतीक्षा में बैठे थे, उन पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे दोनों वहीं पर ढेर हो गए । होम गार्ड जवान अपनी ड्यूटी खत्म करके लौट रहा था । उसका मित्र ट्रक ड्राइवर था । दोनों की गोलियों से छलनी लाशें आज सवेरे मिलीं ।

ड़े करने के कारण
से पिटाई की ।
पीछे हट गई ।
शित अपनी मुख्य
ानमंत्री चाओ एन
ए एक पत्र छापा ।
न हुआ है । पत्र में
लौटने की अपील
वाहता कि मौजूदा
आदमी एकता और
7 दिनों में बहुत
उम्मीद है कि इन

ोक से हटने पर
नमंत्री ली पेंग पर
पस लेने के लिए
ओर छात्र नेता
छोड़ने पर विचार
स्थानीय लोगों से
श्चिम पेइचिंग से
निक अधिकारियों
ला लगाने के लिए
ल रात भर हजारों
सड़कों पर मार्च
धकारों के अलावा
श्याओ फिंग के

ानीय लोगों द्वारा
त हटा दी गई ।
खने के प्रश्न पर
है । पेइचिंग

ी,

लिटी कंट्रोल

फ हैंडलम
रखने वाले
नुभव रखने
वेदन करना
-301/18.5.89

कार्डबोर्ड मार्विस

JPC/140/89

पन

विश्वविद्यालय के छात्र नेता गुवा हाइफेंग ने कहा कि कुछ नेता धरना वापस लेने के पक्षधर हैं, क्योंकि तियानमिन चौक पर पंजी बहुत बढ़ गई है तथा इसके उत्साहजनक नतीजे भी नहीं निकले हैं । इन नेताओं का कहना है कि लोगों का समर्थन उनके साथ है और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना जारी रहना चाहिए ।

वायस आफ़ अमरीका के प्रसारण जाम : इस बीच चीनी अधिकारियों ने अनेक फ्रीक्वेंसियों पर वायस आफ़ अमरीका के प्रसारण जाम करने शुरू कर दिए हैं । समझा जाता है कि आन्दोलनकारी छात्रों को सूचना से वंचित रखने के लिए ऐसा किया गया है ।

चीन को नेतृत्व की पुनर्संरचना करनी पड़ेगी : किसिंगर : वाशिंगटन : पूर्व अमरीकी विदेश मंत्री डा. हैनरी किसिंगर ने कहा है कि चीन में लोकतंत्र के समर्थन में हो रहे आन्दोलन की वजह से अब चीन को अपने नेतृत्व की पुनर्संरचना करनी पड़ेगी ।

सिद्धार्थ शंकर रे
(पृष्ठ 1 का शेष)

हर मास उपरोक्त कमेटियों में विभागों के सचिव को उपस्थित होने के अनुदेश दिये जाएंगे ।

विचारधारा में परिवर्तन : कपूरथला (शर्मा) : पंजाब सरकार द्वारा गठित नई विकास तथा शिकायत निवारण कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल पंजाब श्री एस.एस. रे ने कहा कि कमेटी के सदस्यों को चाहिए कि वे राजनीति से ऊपर उठ कर देश के विकास तथा पंजाब के हालात आम जैसे बनाने के लिए परिश्रम से काम करें । जिला विकास तथा शिकायत कमेटियों की कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुए श्री रे ने कहा कि लोगों की समस्याएं तथा शिकायतें इस ढंग से सुलझाई जाएं कि लोगों का इन कमेटियों के प्रति विश्वास पैदा हो । श्री रे ने विश्वास प्रकट किया कि यह कमेटियां भ्रष्टाचार तथा ज्यादतियों को दूर करने के लिए मुख्य भूमिका निभाएंगी । श्री रे ने दावा किया कि पंजाब के हालात लोगों के सक्रिय सहयोग से सुखदाई होते जा रहे हैं । आतंकवादियों की विचारधारा में बहुत बड़ी तेजी से तबदीली आ रही है । बहुत अधिक आतंकवादी राष्ट्रीय मुख्यधारा में वापिस आने पर विचार कर रहे हैं । श्री रे ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई शिखर पर पहुंच गई है । आतंकवादी गांवों में आतंक फैलाने के लिए छिटपुट हत्याएं कर रहे हैं, परन्तु पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने आतंकवाद की कमर तोड़ कर रख दी है ।

उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

चंडीगढ़, 23 मई (गुप्ता): पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसके माध्यम से पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की सीनेट में वि.वि. के कुलाधिपति (उपराष्ट्रपति) द्वारा किए गए मनोनयन को चुनौती दी गई थी । यह याचिका विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर श्री डा. नगेन्द्र सिंह ने दायर की थी ।

पंजाब समस्या
(पृष्ठ 1 का शेष)

जनता दल अगले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी से गठजोड़ करता है तो वह राजीव गांधी के ही हाथों में खेलेगा । भाजपा से गठजोड़ की स्थिति में जनता दल के समर्थक अनुसूचित जातियों के लोग इंका के खेमे में वापस चले जाएंगे ।

उन्होंने विपक्ष की एकता के बारे में आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह कांग्रेस शासन का विकल्प प्रस्तुत करेगी । जनता इस समय देश में परिवर्तन चाहती है तथा देश में पिछले दिनों हुए उपचनावों में इंका की पराजय इस बात का संकेत है । श्री सुरजीत ने कहा कि इंका वामपंथी दलों की एकता में किसी भी प्रकार का आघात नहीं पहुंचा सकेगी । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बहाली जनता सरकार की देश को बहुत बड़ी देन थी । उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह बढ़-चढ़ कर दावे न करे तथा इस वास्तविकता को समझे कि पंजाब की अर्थ-व्यवस्था में निरन्तर गिरावट आती जा रही है तथा यहां की पूंजी बाहर जा रही है ।

शूशक, कंता मारे गए
(पृष्ठ 1 का शेष)

घायल होने वाली 70 वर्षीया तेज कौर की कल रात गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई । आतंकवादियों ने उसके लड़के सुरेन्द्रपाल सिंह पर भी हमला किया था, जिसने अपूर्व साहस का प्रदर्शन करते हुए एक आतंकवादी से स्टेनगन छीनकर चार में से दो आतंकवादियों को मार डाला था ।

सात घुसपैठिये गिरफ्तार : बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 21 और 22 मई की मध्य रात्रि को खेमकरण सैक्टर में सात पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

रहस्यपूर्ण कार : 'वर्मा' के अनुसार अमृतसर में अकस्मात सनसनी फैल गई, जबकि यह अफवाह गश्त लगाने लगी कि शहर में एक रहस्यपूर्ण कार घूम रही है । पुलिस मुख्यालय को जब इस बात की सूचना मिली तो सभी सम्बन्धित थानों को वायरलैस द्वारा सतर्क कर दिया गया । महत्वपूर्ण नाकों पर सी.आर.पी. के जवानों की संख्या बढ़ा दी गई तथा चैकिंग के साथ-साथ शाम को समय से पहले ही दुकानें बंद करवानी शुरू कर दी गईं तथापि कोई असुखद घटना नहीं हुई ।

किसान की हत्या : आज तड़के थाना वैरोवाल के गांव झंडेर में चार आतंकवादियों ने एक किसान सुरजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने घटनास्थल पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 5 चले हुए कारतूस बरामद किए ।

तीन गिरफ्तार : पुलिस की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिला अमृतसर के मजीठा और ब्यास क्षेत्रों में तीन आतंकवादियों कर्म सिंह, मंजीत सिंह तथा मेजर सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

छहर्टा में दुकानदार की हत्या : उग्रवादियों ने आज यहां अमर चंद नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । साइकल सवार उग्रवादियों ने अमर चंद पर उस समय गोलियां चलाईं, जब वह कार से अपने घर लौट रहा था ।

सेवादार की हत्या : आज प्रातः जिला रोपड़ के गांव तानपुर में गुरुद्वारा ठिब्बी साहब में एक सेवादार हरि सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली ।

पंचायत सदस्य की हत्या : गत रात जिला फिरोज़पुर के गांव काहोवान में एक पंचायत सदस्य ठाकर सिंह की तीन आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी फ़रार : कल जिला जालंधर के गांव फिरोज़पुर में एक नहर के पुल पर के.सी.एफ. का एक उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा पुलिस की हिरासत से भाग निकला ।

आतंकवादी गिरफ्तार : बंगा से खोसला की सूचना है कि स्थानीय पुलिस ने यहां से आठ किलो मीटर दूर कमाल गांव के पास नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा उर्फ़ खान खाना को गिरफ्तार करके नवांशहर में जुडीशियल मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करके उसका 25 मई तक शारीरिक रिमांड ले लिया ।

खतरनाक आतंकवादी पकड़ा : भटिंडा जिला पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ़ मट्ठी, जिसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था, को गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से एक स्टेनगन, एक रिवाल्वर, कुछ कारतूस, एक स्कूटर तथा 30,000 रुपए नकद बरामद किए गए । जिला पुलिस चीफ़ श्री आर.एस. गिल ने बताया कि वह कम से कम एक दर्जन आतंकवादी घटनाओं में शामिल था ।

महिला की हत्या : कल रात जालन्धर जिला में नूरमहल-जंडियाला सड़क पर दरवेश गांव के निकट आतंकवादियों ने एक वैन पर गोलियां चलाईं जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य घायल हो गई ।

मुठभेड़ में 5 उग्रवादी मारे गए : जलालाबाद (मलिक, भंडारी): यहां से तीस किलो मीटर दूर थाना सादिक के अन्तर्गत भीलावाला गांव में मंगलवार शाम को पुलिस के साथ मुठभेड़ में पांच खतरनाक आतंकवादी मारे गए । प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि उक्त गांव में एक फार्म हाऊस में आतंकवादी छिपे हुए हैं । पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) तथा सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने इस फार्म हाऊस की घेराबंदी कर ली । पुलिस को देख कर आतंकवादियों ने भीतर से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में पांच खतरनाक आतंकवादी मारे गए । इनमें से तीन की पहचान हो सकी है । इनके नाम हरभजन सिंह, गुरचरण सिंह तथा निशान सिंह बताए जाते हैं । हरभजन सिंह सुरसिंहवाला पर एक लाख रुपए का इनाम था, जबकि गुरचरण सिंह पर 50 हजार रुपए का इनाम था । ये आतंकवादी फिरोज़पुर के ममदोट क्षेत्र के निवासी थे ।

मुक्तसर से संवाददाता के अनुसार मारे गए 5 उग्रवादियों में उग्रवादी गुरबचन सिंह उर्फ़ मिनी मानोचाहल भी शामिल है ।

मोगा से एक सूचना के अनुसार हरभजन सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल था । मुठभेड़ के स्थान से भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

पातड़ां में हड़ताल : कल आतंकवादियों द्वारा पिता-पुत्र की हत्या किए जाने के पश्चात् पातड़ां मंडी (सामाना उपमंडल) में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है । फिर भी स्थिति नियंत्रण में बताई जाती है । पातड़ां मंडी में आज भी पूर्ण हड़ताल रही । दुकानदार पातड़ां के एस.एच.ओ. के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं । उनका आरोप है कि एस.एच.ओ. ने तुरन्त कार्रवाई नहीं की । सामाना के दूध तथा चाय के दुकानदारों ने भी आज पातड़ां की हत्याओं के विरोध में हड़ताल रखी ।

(1) संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से सोमवार की रात को जंडियाला-नूरमहल सड़क पर एक मैटाडोर पर की गई फायरिंग में मारी गई 8 वर्षीय लड़की सरोज बाला (2) फायरिंग के पश्चात् मैटाडोर के भीतर का दृश्य । (छाया : के.पी. सिंह)

हत्याओं की निंदा : पटियाला (भूषण): हिन्दू सुरक्षा समिति उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कल मंडी पातड़ां में समिति के एक प्रमुख कार्यकर्त्ता देसराज तथा उनके पिता की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार के उग्रवाद पर नियंत्रण के दावे झूठे साबित हो गए हैं । उन्होंने कहा कि समिति ने पहले ही सरकार को राज्य के इस क्षेत्र में बढ़ रही उग्रवादी गतिविधियों की चेतावनी दी थी । श्री शर्मा ने मृतकों के परिवारों को एक-एक लाख रुपए तथा घायलों को दस-दस हजार रुपए देने की मांग की ।

प्रधानमंत्री ने अमरीकी राजदूत को बुलाया

श्रीनगर, 23 मई (अशोक): भारत में अमरीका के राजदूत श्री जौन हब्बर्ड जो इनदिनों अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने यहां आए हुए थे, प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के बुलाने पर आज अचानक दिल्ली लौट गए । सरकारी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने उन्हें 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए बुलाया है । उल्लेखनीय है कि 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र को लेकर अमरीका तथा पाकिस्तान दोनों ने चिंता व्यक्त की है ।

वाशिंगटन से ह.स. के अनुसार राजनीतिक विशेषज्ञ 'वाशिंगटन टाइम्स' में छपी इस रिपोर्ट से हैरान हैं कि दिल्ली स्थित अमरीकी दूतावास ने एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि बिलिस्टिक प्रक्षेपास्त्रों में और वृद्धि होने से क्षेत्रीय तनाव और हथियारों की दौड़ बढ़ेगी । अमरीकी दूतावास ने इस मुद्दे को भारतीय सरकार के साथ उठाने की बात कही है ।

यूरिया की कीमतों में और कमी

चंडीगढ़, 23 मई (वि.प्र.): 'मार्कफैड' ने पंजाब में अपनी सहकारी समितियों तथा किसानों के लिए यूरिया उर्वरक की कीमत में और कमी की घोषणा की है । अब प्राइमरी एग्रीकल्चर कोआपरेटिव सर्विस सोसायटीज को 50 किलो यूरिया बैग 92.50 रुपए का मिलता है तथा किसानों को मार्कफैड के सभी केंद्रों से यह बैग 97 रुपए में मिलता है, जबकि यह कीमत खुले बाजार में यूरिया की कीमत से बहुत कम है । 50 किलो यूरिया बैग का अधिकतम कानूनी मूल्य 117.50 रुपए है ।

इसके अलावा 'मार्कफैड' पंजाब में किसानों की मिट्टी की जांच की मुफ्त सेवा भी उपलब्ध करा रही है । मार्कफैड द्वारा 25 मई को पटियाला में कार्यप्रणाली की समीक्षार्थ एक समारोह किया जा रहा है । इसमें मार्कफैड अपने सदस्यों को नगद राहत भी देगा । समारोह की अध्यक्षता सहकारिता सचिव श्री जय सिंह गिल करेंगे ।

दंगा पीड़ितों द्वारा प्रधानमंत्री निवास के पास प्रदर्शन

नई दिल्ली, 23 मई (हस.) : नवम्बर 1984 के दंगा पीड़ितों ने आज अपनी मांगों के समर्थन में प्रधानमंत्री निवास के निकट प्रदर्शन किया । इस प्रदर्शन का आयोजन आल इंडिया सिख कांफ्रैंस (बब्बर) ने किया था । प्रदर्शनकारी दंगा पीड़ित परिवारों के उचित पुनर्वास की मांग कर रहे थे । प्रधानमंत्री निवास पर प्रदर्शन करने वालों में अधिकांश महिलाएं थीं । ये प्रदर्शनकारी उपराज्यपाल रोमेश भंडारी के निवास से प्रधानमंत्री निवास तक नारे लगाते हुए पहुंचे ।

मुजाहिदीन कमांडरों को अंतरिम सरकार अमान्य

मास्को, 23 मई (वार्ता): सैकड़ों अफगान विद्रोही क्षेत्रीय कमांडरों ने पाकिस्तान में अमरीकी राजदूत को लिखा है कि वे पाकिस्तान में सात विद्रोही संगठनों की साझा मुजाहिदीन सरकार को अब मान्यता नहीं देते । सोवियत संघ के दैनिक 'प्रावदा' के अनुसार पत्र में तथाकथित अंतरिम सरकार को अवैध बताया गया है ।

बालिका से बलात्कार के अभियोग में गिरफ्तार

लुधियाना, 23 मई (आहूजा): स्थानीय पुलिस ने कश्मीर नगर में हुए बलात्कार कांड के कथित दोषी कुलतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

शोक समाचार

जालंधर, 23 मई : श्री दीवान चंद वर्मा के पिता 95 वर्षीय मास्टर अमर चंद सोनी का 18 मई को निधन हो गया, उनकी स्मृति में रखे पाठ का भोग तथा रस्म पगड़ी 30 मई को दोपहर बाद दो से तीन बजे तक शिवबाड़ी मंदिर, धोबी मुहल्ला, जालंधर में होगी ।



शाम के भाव-(23 मई, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999 टंच) हाजिर 6792, चांदी गदही 6695, चांदी कच्ची 6812, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7195, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टर 3135-3145, सोना स्टैंडर्ड 3120, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3120, गिन्नी (प्रत्येक) 2550-2575 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3220, सोना बिट्ठर 3160, स्वर्ण आभूषण 2900, चांदी तेजाबी 6950, चांदी धोबी 6850, सिक्का 7350 रुपए ।

लुधियाना स्टाक मार्कीट (नेपाल): लिस्टिड : एशियन पेंट्स 180, एल्केम इंडिया 12.50, अरिहन्त फैब्रिक्स 25.25, एडडी इंडस्ट्री 53.00, एडडी टैक्सटाइल 50.50, अपोलो इंडस्ट्रीज 81.00, बिंदल एग्रो 96.25, गणपति इंटरनैशनल 15.00, गुजरात साइकिल 11, हीरो फाइबर (एस) 9.50, हीरो होंडा 28, जमना आटो 23, जे.सी.टी. इलैक्ट्रानिक्स 43, ओसवाल एग्रो 77.00, ओरीनैक कैम्प आयल 13.25, ओसवाल मोहता पोलीटैक्स 21.50, मुंजाल शोआ 42, महावीर स्पिनिंग 105, नाहर स्पिनिंग 280, थ्रेयांस पेपर 30.00, स्टील स्ट्रिप्स एंड ट्यूब 10, सख चैन ओइट 12, थापर एग्रो 32.00, टेक्सो 805, वर्धमान स्पिनिंग 135, वरिन्दे एग्रो 42.00 रुपए ।

जग मग-जग मग कपड़े धोए, मैल को दूर भगाए ।
कम खर्च में ज्यादा धुलाई, लवली सोप से आए ।।

Punjabi Sahit.com

य दुर्गे
साप्ताहिक लाटरी
क बुधवार सायं 3 बजे
टिकट मूल्य रुपया 1
न बिके हुए टिकटों पर
में सम्पन्न 225वें ड्रा के परिणाम
JDT-57
each
0S-533860 JDT-710986 JDU-781
00/- each (Last 5 digits)
50/- each (Last 4 digits)
10/- each (Last 3 digits)
Rs. 7/- each (Last 1 digit)
nus of Rs.25/- on the Prizes of Rs.500
prize of Rs.10/-
के लिए उत्तरदायी नहीं है । इसके लिए सरकारी राजकीय
65*26357, दिल्ली : 311999) ।
31.5.1989 को सायं 3.00 बजे ।
ाला स्टेट लाटरीज, चंडीगढ़
रिओ इस शुक्रवार को, महालक्ष्मी सोमवार को और
गलवार को ।
रम स्टेट
रपेशल
र टिकट रु. 1/-
89 को सायं 3.00 बजे एज़वाल में ज
ाला गया :-
MW-25
ch
X-120396 MY-228959
ach (Applicable on last 5 digits.)
010 86300 95611 93996 93298 091
ach (Applicable on last 4 digits.)
785 9339 5759 7275 7628
ach (Applicable on last 4 digits.)
710 6854 9415 1696 5075
each (Applicable on last 3 digits.)
60 527 603 736 853 946
ला ड्रा 31.5.1989 को ।
म को अधिकृत गजट में मिला लें ।
ाइजिज, निर्गमक : निदेशक
ई दिल्ली-110001, मिज़ोरम स्टेट लाटरीज
1508 एज़वाल
रिणाम
पर
साप्ताहिक लॉटरी
सिक्किम सरकार
ड्रा प्रत्येक बुधवार
लाख
से भी अधिक के पुरस्कार
(एजेन्टों, सैलर्स और स्टाकिस्ट

बब्बर खालसा का स्वयंभू एरिया कमाडर सुक्खा गिरफ़्तार : 4 आतंकवादी मारे गए

महमूआना में मारे गये उग्रवादियों की बड़े पैमाने पर हत्याओं की योजना थी

2.13 लाख रुपये लूटे : 7 की हत्या : 2 घुसपैठिये मरे

फरीदकोट, 24 मई (वार्ता, हस.) : गत रात के [illegible] पंजाब में बब्बर खालसा के एक स्वयंभू एरिया [illegible] सुखदेव सिंह सुक्खा को गिरफ्तार कर लिया [illegible] जबकि 4 आतंकवादी मारे गए । [illegible]दियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी [illegible] 2 पाक घुसपैठिए मारे गए । कल रात [illegible]कोट-फिरोज़पुर सीमा पर मारे गए.5 दर्दात [illegible]दियों की फिरोज़पुर व फरीदकोट जिलों में [illegible] पर हत्याएं व लूटमार करने की योजना [illegible] मालेरकोटला में लैंड मार्गेज बैंक से 3200 रुपए लूट लिए गए ।

टीचर की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने [illegible] कि कल रात आतंकवादियों ने थाना पट्टी के [illegible] वर में एक दुकानदार मथुरा सिंह की गोली [illegible] हत्या कर दी । आतंकवादी बर्फ़ खरीदने के [illegible] मथुरा सिंह की दकान पर आए थे । एक अन्य [illegible] साधा सिंह की मजीठा थाना क्षेत्र के गांव [illegible] में हत्या कर दी गई ।

टीचर की हत्या : अमृतसर जिला में थाना [illegible] के गांव हरिओ भट्टी (निकट चक सिकंदर) [illegible] पुलिस ने एक गोलियों से छलनी शव बरामद [illegible] है । मृतक की शिनाख्त रघुवीर सिंह पुत्र [illegible] सिंह निवासी जगदेव कलां के रूप में हुई है । [illegible] जाता है कि रघुवीर सिंह जो कि स्कूल टीचर [illegible] की किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों ने प्रात: 9 बजे के [illegible] हत्या कर दी जबकि वह अपने स्कूल की ओर [illegible] था ।

कल रात एक व्यक्ति अमर चंद की शमशेर [illegible] क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी ।

किसान की हत्या : उग्रवादियों ने कल रात [illegible] जिले के गांव चुसलेवर में एक अन्य किसान [illegible] हत्या कर दी । उसका नाम देसा सिंह बताया [illegible] है ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला सदर [illegible] क्षेत्र में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । [illegible] स्थल पर एक बंदूक तथा 21 कारतूस [illegible] हुए ।

बड़ी सफलता : फिरोजपुर (बागी): गत सायं [illegible]कोट-सादिक रोड पर थाना सदर फरीदकोट के [illegible] महमूआना में एक भीषण मुठभेड़ में फिरोजपुर [illegible] ने सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. के सक्रिय [illegible] से खालिस्तान कमांडो फोर्स के 5 [illegible]वादी, जिनमें तीन शीर्ष सरगना भी शामिल [illegible] मार गिराने में सफलता प्राप्त की । मुठभेड़ का [illegible] देते हुए एस.पी. मुख्यालय श्री एस.के. गोयल [illegible] कराया कि पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों ने इस गुप्त [illegible] पर कि फरीदकोट जिले की फिरोजपुर से [illegible] सीमा के निकट गांव महमूआना में गुरबचन [illegible] की 'बहक' में खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई गई है, योजनाबद्ध तरीके से घेरा डाल लिया तथा आतंकवादियों को निर्देश दिया कि वे आत्मसमर्पण कर दें अथवा परिणाम भुगतने को तैयार रहें । श्री गोयल ने बताया कि घिरे हुए आतंकवादियों ने जबरदस्त फायरिंग आरम्भ कर दी, जो कि तीन घंटे जारी रही, जिसके बाद पांच आतंकवादी मृत पाए गए । इनके नाम हरभजन सिंह सुरसिंहवाला थाना भिखीविंड जिला अमृतसर चीफ जनरल के.सी.एफ. जिस पर 50,000 रुपए का इनाम था, गुरबचन सिंह उर्फ काला लैफ्टीनैंट जनरल जिस पर 40 हजार का इनाम था, निशान सिंह वल्द शिंगारा सिंह जिस पर 30,000 रुपए का इनाम था, दर्शन सिंह उर्फ फौजी, रणधीर सिंह उर्फ मेजर सिंह हैं । श्री गोयल ने बताया कि अन्तिम दो आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से प्रशिक्षण और हथियार लेकर लौटे थे । मुठभेड़ में सी.आई.ए. इंस्पैक्टर रूपिंदर सिंह बाजवा तथा एस.पी. आप्रेशन का गनमैन घायल हो गए । पुलिस ने एक हीरो होंडा मोटरसाइकल, तीन ए.के. 47 राइफलें, 495 कारतूस तथा एक 38 बोर का आयातित पिस्तौल बरामद किया । श्री गोयल ने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से सूखे तिनकों के ढेर को आग लगा दी परन्तु आतंकवादियों ने अपने हथियार आग में फैंक दिए जिसके बाद भीषण धमाके हुए । श्री गोयल ने रहस्योद्घाटन किया कि आतंकवादियों ने पहली बार नए तरह के हथगोले जैसे बमों का प्रयोग किया जो कि ए.के. 47 चीनी राइफलों से दागे जाते हैं जिनसे जबरदस्त नुकसान होता है तथा आग लग जाती है । श्री गोयल ने कहा कि हरभजन सिंह फिरोजपुर, फरीदकोट, ममदोट, गुरुहर सहाय तथा जलालाबाद में 40 से ज्यादा हत्याओं तथा लोगों से लाखों रुपए बटोरने के लिए जिम्मेदार था ।

फरीदकोट के एक समाचार में कहा गया है कि एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि हरभजन सिंह कम से कम एक सौ हत्याएं करने तथा एक करोड़ रुपया बटोरने के लिए जिम्मेदार था । उन्होंने बताया कि उक्त आतंकवादी अपनी आगामी कार्रवाई का फैसला करने के लिए वहां इकट्ठे हुए थे ।

'कनतोड़' और 'लना' ने खबर दी है कि मारे गए आतंकवादियों ने धमकी-भरे पत्र लिखकर लोगों से लगभग तीन करोड़ रुपया बटोरा था । सैंकड़ों निर्दोषों की हत्या व कई इंजीनियरों में भी यह लोग वांछित थे । डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज श्री एस.के. वर्मा ने यह जानकारी एक पत्रकार सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री सरबजीत सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ खतरनाक आतंकवादी फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में बड़े पैमाने पर हत्या व लूटमार की वारदातें करने वाले हैं । श्री वर्मा ने बताया कि हरभजन सिंह, गुरबचन सिंह उर्फ काला, जो खुद को मिनी मानोचाहल कहलाता था तथा निशान सिंह राज्य में समानांतर सरकार चला रहे थे । इन आतंकवादियों को हाल ही में वस्सन सिंह ज़फ़रवाल ने जिला पटियाला और जिला संगरूर में वारदातें करने के लिए पाकिस्तान से हथियार देकर भेजा था । दर्शन सिंह तथा रणधीर सिंह इन इलाकों के एरिया कमांडर बनाए गए थे । पुलिस को वहां से भारी मात्रा में आपत्तिजनक साहित्य भी मिला है जिसमें फिरोजपुर व फरीदकोट जिलों में वारदातों की योजनाएं दर्ज हैं । इसके अलावा रुपया बटोरने के लिए लोगों को लिखे गए धमकीपूर्ण पत्र भी मिले हैं । इन आतंकवादियों के मारे जाने से लोगों ने राहत अनुभव की है । इस दौरान डी.आई.जी. ने इस आप्रेशन में हिस्सा लेने वाले कांस्टेबलों को एक-एक तरक्की देने और नकद इनाम देने की घोषणा की है ।

दो घुसपैठिये मरे : भारत-पाक सीमा पर फिरोज़पुर सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । उनका तीसरा साथी वापस भाग निकला ।

उग्रवादी, एक अन्य भिड़ंत में मारे गए : जलालाबाद (मलिक, कतोड़, लूना): आज सायं साढ़े

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फरीदकोट, [illegible] महमूआना [illegible] आतंकवादी [illegible] मारे गए [illegible] सिंह, गुरबचन [illegible] महिमा, [illegible] पास से बरा [illegible] आतंकव[illegible]

पंजाब, हिमाचल के इंजिनियर

जालन्धर, 24 मई : पंजाब और हिमाचल प्रदेश में विभिन्न सरकारी व अर्ध-सरकारी विभागों में कार्य कर रहे सभी इंजीनियरों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, क्योंकि पंजाब सरकार ने 20 मई तक इंजीनियरों के वेतनमानों को अंतिम रूप देने का अपना वायदा पूरा नहीं किया । इंजीनियरों की मांग यह है कि जूनियर इंजीनियरों को 1920-3300, पांच वर्ष बाद 2400-4250 तथा 12 वर्ष के बाद 3200-5000 रुपए का वेतनमान, सब-डिवीजनल इंजीनियरों के लिए 2400-4250, 5 वर्ष के बाद 3200-5000 तथा 15 वर्ष बाद 4500-6700, एक्सीक्यूटिव इंजीनियरों के लिए 3200-5000, 15 वर्ष बाद 4500-6700, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियरों के लिए 4500-6700, चीफ इंजीनियरों के लिए 6700-7300 तथा चीफ इंजीनियर इन चीफ के लिए 7300-7600 रुपए का वेतनमान दिया जाए ।

संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर जालन्धर व कपूरथला जिलों के सभी इंजीनियरों ने आज एक शोक शोभा यात्रा में हिस्सा लिया । एक भारी रैली [illegible] जिसको [illegible] आई.के. वर्मा ए [illegible] स, थिंद एजीन [illegible] आर., [illegible] लदेव सिंह एक्सी [illegible] पब्लिक [illegible] सीयन सीवरेज बो [illegible] योगा[illegible]ह, जे.के. जग्गी, जे.ए [illegible] अभ[illegible] राज दत्ता आदि ने [illegible] तथा [illegible] के एक प्रवक्ता ने क [illegible] इंजी[illegible]त-प्रतिशत सफल रही [illegible] हड़

चारपुर (कपूर) : [illegible] प्रदेश स्टेट इंजीनियर [illegible] एक्शन कमेटी की काल [illegible] रपुर के सभी सरकारी [illegible] के जे.ई. से लेकर एस [illegible]

इंजीनियरों की हड़ताल के सिल

सागर डैम प्राजैक्ट के इंजीनियर [illegible] कार्यालय के बाहर धरना देते हुए

पंजाब के कर्मचारियों को अब 29 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा : रे

लुधियाना, 24 मई (धीमान): आज शाम [illegible] के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने जिला [illegible] व शिकायत कमेटी की बैठक में घोषणा की [illegible] पंजाब सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई

उन्होंने कहा कि वह आतंकवादी आतंक फैला रहे हैं । इसका कारण यह है कि लोग उनके बारे में सूचना देते हैं । श्री रे ने कमेटी को 10 लाख रुपया देने की घोषणा की जिसे वह अपने [illegible] उपयोग

पाकिस्तान द्वारा मिजाइल गि[illegible] की घटना की जांच शुरू

इस्लामाबाद, 24 मई (ह.स) : [illegible] सरकार ने पंजाब प्रांत के एक छोटे से कस्बे में [illegible] सोमवार को मिसाइल से हुए हमले की [illegible] लिया है और इसकी जांच शुरू कर दी है [illegible] नहीं चल सका है कि यह हमला कहां से [illegible] किया गया । [illegible] और किसने किया ।

[illegible] सरकार ने कल यहां जारी [illegible] कहा गया है कि इस घटना की जांच के [illegible] विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई [illegible] [illegible] टीम ने [illegible] [illegible] [illegible]

महमूआना में मारे गये उग्रवादियों की बड़े पैमाने पर हत्याओं की योजना थी

2.13 लाख रुपये लूटे : 7 की हत्या : 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 24 मई (वार्ता, हस.) : गत रात के बाद से पंजाब में बब्बर खालसा के एक स्वयंभू सुरिया कमांडर बुलदेव सिंह सुक्खा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 4 आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 पाक घुसपैठिए मारे गए। कल रात फरीदकोट-फिरोज़पुर सीमा पर मारे गए 5 दुर्दांत आतंकवादियों की फिरोज़पुर व फरीदकोट जिलों में बड़े पैमाने पर हत्याएं व लूटमार करने की योजना थी। गनेरकोटला में बैंड मार्जेज बैंक से 2,13,200 रुपए लूट लिए गए।

दो की हत्या : अबतसर (वि.प्र.) : पुलिस ने बताया कि कल रात आतंकवादियों ने थाना घरिंडा के गांव चुसनेवर में एक दुकानदार रघुवीर सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकवादी वहां खरीदने के बहाने मदन सिंह की दकान पर गए थे। एक अन्य व्यक्ति राजा सिंह की मजीठा थाना क्षेत्र के गांव मल्लूनंगल में हत्या कर दी गई।

टीचर की हत्या : रमदास जिला के थाना रामदास के गांव हरिओ भट्टी (निकट चक निरंजन) में पुलिस ने एक गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त रघुवीर सिंह पुत्र अतोल सिंह निवासी जगदेव कलां के रूप में हुई है। समझा जाता है कि रघुवीर सिंह जो कि स्कूल टीचर था, की किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों ने प्रातः 9 बजे के करीब हत्या कर दी जबकि वह अपने स्कूल की ओर जा रहा था।

कल रात एक व्यक्ति हमराज चंद की शहर क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी।

किसान की हत्या : उग्रवादियों ने कल रात अमृतसर जिले के गांव चुसनेवर में एक अन्य किसान की हत्या कर दी। उसका नाम देसा सिंह बताया गया है।

आतंकवादी मारा गया : बटाला सदर थाना क्षेत्र में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ स्थान पर एक बंदूक तथा 21 कारतूस बरामद हुए।

बड़ी सफलता : फिरोजपुर (वार्ता) : गत रात्रि फरीदकोट-बादिक रोड पर थाना सदर फरीदकोट के गांव महमूआना में एक भीषण मुठभेड़ में फिरोजपुर पुलिस ने सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. के संयुक्त सहयोग से खालिस्तान कमांडो फोर्स के 5 आतंकवादी, जिनमें तीन शीर्ष नेता भी शामिल हैं, मार गिराने में सफलता प्राप्त की। मुठभेड़ का ब्यौरा देते हुए एस.पी. मुख्यालय श्री एस.के. गोयल ने बताया कि पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों ने इस रात्रि सूचना पर कि फरीदकोट जिले की फिरोजपुर से लगती सीमा के निकट गांव महमूआना में गुरबचन सिंह की 'बहक' में खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई गई है, योजनाबद्ध तरीके से घेरा डाल लिया तथा आतंकवादियों को निर्देश दिया कि वे आत्मसमर्पण कर दें अथवा परिणाम भुगतने को तैयार रहें। श्री गोयल ने बताया कि घिरे हुए आतंकवादियों ने जबरदस्त फायरिंग आरम्भ कर दी, जो कि तीन घंटे जारी रही, जिसके बाद पांच आतंकवादी मृत पाए गए। इनके नाम हरभजन सिंह सुरसिंहवाला थाना भिखीविंड जिला अमृतसर चीफ जनरल के.सी.एफ. जिस पर 50,000 रुपए का इनाम था, गुरबचन सिंह उर्फ काला लैफ्टीनैंट जनरल जिस पर 40 हजार का इनाम था, निशान सिंह वल्द शिंगारा सिंह जिस पर 30,000 रुपए का इनाम था, दर्शन सिंह उर्फ फौजी, रणधीर सिंह उर्फ मेजर सिंह हैं। श्री गोयल ने बताया कि अन्तिम दो आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से प्रशिक्षण और हथियार लेकर लौटे थे। मुठभेड़ में सी.आई.ए. इंस्पैक्टर रूपिंदर सिंह बजवा तथा एस.पी. आपरेशन का गनमैन घायल हो गए। पुलिस ने एक हीरोहोंडा मोटरसाइकल, तीन एके. 47 राइफलें, 495 कारतूस तथा एक 38 बोर का आयातित पिस्तौल बरामद किया। श्री गोयल ने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से सूखे तिनकों के ढेर को आग लगा दी परन्तु आतंकवादियों ने अपने हथियार आग में फेंक दिए जिसके बाद भीषण धमाके हुए। श्री गोयल ने रहस्योद्घाटन किया कि आतंकवादियों ने पहली बार इस तरह के हथगोले जैसे बमों का प्रयोग किया जो कि ए.के. 47 चीनी राइफलों से दागे जाते हैं जिनसे जबरदस्त नुकसान होता है तथा आग लग जाती है। श्री गोयल ने कहा कि हरभजन सिंह फिरोजपुर, फरीदकोट, मुक्तसर, गुरुहर सहाय तथा जलालाबाद में 40 से ज्यादा हत्याओं तथा लोगों से लाखों रुपए बटोरने के लिए जिम्मेदार था।

फरीदकोट के एक समाचार में कहा गया है कि एस.एस.पी. श्री यतीश कुमार शर्मा ने बताया कि हरभजन सिंह कम से कम एक सौ हत्याएं करने तथा एक करोड़ रुपया बटोरने के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बताया कि उक्त आतंकवादी अपनी आगामी कार्रवाई का फैसला करने के लिए वहां इकट्ठे हुए थे।

'कनतोड़' और 'लूना' ने खबर दी है कि मारे गए आतंकवादियों ने धमकी-भरे पत्र लिखकर लोगों से लगभग तीन करोड़ रुपया बटोरा था। सैंकड़ों निर्दोषों की हत्या व कई डकैतियों में भी यह लोग वांछित थे। डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज श्री एस.के. वर्मा ने यह जानकारी एक पत्रकार सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री सुरजीत सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ खतरनाक आतंकवादी फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में बड़े पैमाने पर हत्या व लूटमार की वारदातें करने वाले हैं। श्री वर्मा ने बताया कि हरभजन सिंह, गुरबचन सिंह उर्फ काला, जो खुद को मिनी मानोचाहल कहलाता था तथा निशान सिंह राज्य में समानांतर सरकार चला रहे थे। इन आतंकवादियों को हाल ही में वस्सन सिंह ज़फ़रवाल ने जिला पटियाला और जिला संगरूर में वारदातें करने के लिए पाकिस्तान से हथियार देकर भेजा था। दर्शन सिंह तथा रणधीर सिंह इन इलाकों के एरिया कमांडर बनाए गए थे। पुलिस को वहां से भारी मात्रा में आपत्तिजनक साहित्य भी मिला है जिसमें फिरोज़पुर व फरीदकोट जिलों में वारदातों की योजनाएं दर्ज हैं। इसके अलावा रुपया बटोरने के लिए लोगों को लिखे गए धमकीपूर्ण पत्र भी मिले हैं। इन आतंकवादियों के मारे जाने से लोगों ने राहत अनुभव की है। इस दौरान डी.आई.जी. ने इस अप्रेशन में हिस्सा लेने वाले कमांडोज़ को नकद एक-एक तरक्की देने और नकद इनाम देने की घोषणा की है।

दो घुसपैठिये मरे : भारत-पाक सीमा पर फिरोज़पुर सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए। उनका तीसरा साथी वापस भाग निकला।

उग्रवादी, एक भन्नाभिड़ंत में मारे गए : जलालाबाद (मलिक, रुंतोड़, लूना): आज सायं साढ़े

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फरीदकोट के गांव [illegible] मारे गए 5 दुर्दान्त [illegible] महिम[illegible] मेजर [illegible] आतंकवादियों [illegible]

पंजाब, हिमाचल के इंजी[illegible]

जालन्धर, 24 मई : पंजाब और हिमाचल प्रदेश में विभिन्न सरकारी व अर्ध-सरकारी विभागों में कार्य कर रहे सभी इंजीनियरों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, क्योंकि पंजाब सरकार ने 20 मई तक इंजीनियरों के वेतनमानों को अंतिम रूप देने का अपना वायदा पूरा नहीं किया। इंजीनियरों की मांग यह है कि जूनियर इंजीनियरों को 1920-3300, पांच वर्ष बाद 2400-4250 तथा 12 वर्ष के बाद 3200-5000 रुपए का वेतनमान, सब-डिवीज़नल इंजीनियरों के लिए 2400-4250, 5 वर्ष के बाद 3200-5000 तथा 15 वर्ष बाद 4500-6700, एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों के लिए 3200-5000, 15 वर्ष बाद 4500-6700, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियरों के लिए 4500-6700, चीफ इंजीनियरों के लिए 6700-7300 तथा इंजीनियर इन चीफ के लिए 7300-7600 रुपए का वेतनमान दिया जाए।

संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर जालन्धर व कपूरथला जिलों के सभी इंजीनियरों ने आज यहां नेहरू गार्डन में धरना दिया। एक भारी रैली हुई, जिसको सर्वश्री [illegible] आर. पी. [illegible] पब्लिक हैल्थ के [illegible] योगा सिंह एवं [illegible] अमृत [illegible] तथा [illegible] इंजीनियरों [illegible] हड़ताल [illegible]

होशि[illegible]
हिमाच[illegible]
ज्वायंट
निगम

पाकिस्तान द्वारा मिजाइल गिरने की घटना की जांच शुरू

इस्लामाबाद, 24 मई (ह.स) : पाकिस्तान सरकार ने पंजाब प्रांत के एक छोटे से कस्बे पर [illegible] सोमवार को मिजाइल से हुए हमले की गंभीरता [illegible] लिया है और इसकी जांच शुरू कर दी है। यह [illegible] नहीं चल सका है कि यह हमला कहां से हुआ [illegible]

पंजाब के कर्मचारियों को अब 29 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा : रे

Punjab Kesari

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

आठ बजे थाना धर्मकोट के गांव चक शाहबाला में पुलिस के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी और पुलिस का एक मुखबिर मारे गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था ।

प्राप्त विवरणों के अनुसार पुलिस पार्टी जसवंत सिंह उर्फ जस्सा निवासी लेलीवाला, जो पुलिस का मुखबिर है, की निशानदेही पर कुछ शस्त्र बरामद करने जा रही थी । जैसे ही पुलिस पार्टी गांव चक शाहबाला के निकट पहुंची, घात लगा कर बैठे उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी । इससे जसवन्त सिंह जस्सा मौके पर ही मारा गया । इस पर पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया । मारे गए उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । जिला फिरोजपुर के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

दो आतंकवादी मारे गए : होशियारपुर (अविनाश, अश्विनी): कल रात थाना सदर की एक पुलिस पार्टी जिला होशियारपुर से हिरासत में लिए दो युवकों रोशन सिंह उर्फ़ बाबा शेर सिंह बुधगढ़ निवासी तथा चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्नी मुण्डियां जट्टां निवासी को लेकर किसी स्थान से हथियार बरामद करने के लिए जा रही थी तो इस पर लैहली खुर्द गांव के चो के निकट आतंकवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी,जिसके फलस्वरूप रोशन सिंह और चरणजीत सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए और दो पुलिस कर्मचारी घायल हो गए । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार रोशन सिंह और चरणजीत सिंह जिला लुधियाना व होशियारपुर में हत्या व लूटमार की कई घटनाओं में संलिप्त थे । पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग इन्हें पुलिस हिरासत से छुड़वाने के लिए की गई थी ।

सुक्खा गिरफ़्तार : कल रात पुलिस व सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी ने गांव भानेवाल लिंक रोड के निकट दो युवकों को आते हुए देखकर उन्हें रुकने का इशारा किया, परन्तु उन्होंने रुकने की बजाय पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस पर पुलिस वालों ने भी आत्म-रक्षा के लिए जवाबी फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । थोड़ी देर के बाद इन युवकों में से एक तो भाग गया और दूसरे ने अपने हाथ खड़े करके आत्म समर्पण कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस युवक का नाम सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा है और वह थाना कपूरथला के गांव फत्तूढींगा का रहने वाला है । वह कत्ल और लूटमार की लगभग 50 वारदातों में संलिप्त है और इस पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है । इससे पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन और 40 बिना चले कारतूस भी बरामद किए । इसके अतिरिक्त पुलिस को घटनास्थल से एक माऊज़र और उसके दो कारतूस तथा ए.के. 47 के कुछ चले हुए कारतूस मिले । सुखदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी योजना किसी कांग्रेसी, सी.पी.आई. या सी.पी.एम. के नेता की हत्या करने की थी । पहले की खबरों में कहा गया था कि सुक्खा मुठभेड़ में मारा गया है ।

2,13,200 रुपए लूटे : मालेरकोटला से आज़िज़ व जिदल के अनुसार आज दोपहर एक बज कर 5 मिनट पर तीन सशस्त्र आतंकवादी यहां की गंजान आबादी दिल्ली गेट में स्थित लैंड मार्गेज बैंक के खज़ांची राजेंद्र सिंह और चपरासी गणेश दास से 2,13,200 रुपए लूट कर फरार हो गए । बताया जाता है कि दोनों कर्मचारी यह रकम स्टेट बैंक में जमा कराने के लिए बाहर निकले ही थे और रिक्शा की तलाश में थे कि दो आतंकवादियों ने चपरासी से कहा कि वह रुपयों का बैग उनके हवाले कर दे । उन्होंने पिस्तौल तान लिए । जब चपरासी निकटवर्ती दुकान में घुसने लगा तो उन्होंने उससे बैग छीन लिया । निकट ही तीसरा आतंकवादी स्कूटर स्टार्ट किए हुए खड़ा था,जिस पर सवार होकर तीनों फ़रार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि इतनी बड़ी रकम जमा कराने के लिए जाने वालों के साथ कोई गनमैन नहीं था । आश्चर्य की बात यह है कि आतंकवादियों को इस बात का पहले ही कैसे पता चल गया कि कर्मचारी इतनी भारी रकम इतने बजे लेकर निकलेंगे ।

लुटेरा पकड़ा गया : गुरुहरसहाय (भंडारी) –गत रात करीब 2 बजे 2 लुटेरे यहां पर एक कबाड़िए के घर में दीवार फांद कर दाखिल हो गए । जब उन्होंने टार्च जलाकर घर के अन्दर देखा तो घर वालों की नींद खुल गई । उन्होंने एक लुटेरे को पकड़ लिया । लुटेरे ने घर वालों पर गोली चलाई लेकिन फ़ायर 'मिस' हो गया । घर के लोगों ने दूसरे लुटेरे का पीछा किया, लेकिन वह भाग निकला । पकड़े गए लुटेरे से एक 12 बोर का पिस्तौल, 2 अनचले कारतूस बरामद हुए । इसकी शिनाख्त अमर सिंह पिपली चक के रूप में हुई है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

लाश मिली : जिला रोपड़ में खरड़ के निकट उत्तर प्रदेश का एक निवासी विजयपाल मारा गया । उसकी लाश आज मिली ।

सात आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने सात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इनके नाम हैं : तरसेम सिंह, रणजीत सिंह उर्फ काला, तरसेम सिंह (दूसरा), जगदीश सिंह, मनजीत सिंह, जगदीश और सहगल । उनसे चार .12 के पिस्तौल, एक 303 का पिस्तौल तथा एक 312 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ ।

गुरुद्वारे पर सरकारी कब्जा

(पृष्ठ 3 का शेष)

नानक भक्तों को बिना रोक-टोक के गुरुद्वारे में जाने की आज्ञा दी जानी चाहिए । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और समूह सिख तथा पंजाब संसद सदस्य इस संबंध में पुरजोर रोष का प्रगटावा करते हुए उच्च स्तर पर इस मामले का समाधान करवाने के लिए भारत सरकार व ईराक सरकार पर दबाव डालें । इस संबंध में दिल्ली स्थित ईराकी राजदूत को भी रोष पत्र लिखे जाएं ।

श्रीलंका सरकार पर तमिल उग्रवादियों की मदद का आरोप

कोलम्बो, 24 मई (ह.स.): पीपुल्स लिबरेशन आर्गेनाइजेशन आफ तमिल ईलम (प्लाट) ने श्रीलंका सुरक्षा बल पर आज आरोप लगाया कि उसने इस सप्ताहांत में पूर्वी प्रांत में तमिल उग्रवादियों की बेदर्द की थी । उस हमले में पच्चास व्यक्ति मारे गए थे ।

सिंगापुर से 887 भारतीयों को लेकर जहाज़ भारत पहुंचा

मद्रास, 24 मई (ह.स.): वीज़ा की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी सिंगापुर में रह रहे 887 भारतीयों को लेकर एक चार्टर्ड जहाज़ आज सुबह बन्दरगाह पहुंचा ।

जिया का बेटा बेनज़ीर सरकार पर मुकद्दमा ठोकेगा

अबूधाबी, 24 मई : पाकिस्तान में दिवंगत राष्ट्रपति मुहम्मद जिया उल हक के बेटे ने कहा कि उनके परिवार के खिलाफ जालसाज़ी करने के आरोप में वह बेनज़ीर भुट्टो की सरकार पर मुकद्दमा चलाएंगे । संयुक्त अरब अमीरात के एक अखबार ने आज इस आशय की खबर छापी है ।



30 वर्षों में पहली बार माओ त्से तुंग का चित्र चीन की राजधानी पेइचिंग के तिनानमिन चौराहे से दिखाई नहीं देगा । मंगलवार को आंदोलनकारियों ने इस पर रंग पोत दिया था । कर्मचारी इस चित्र को तारपोलीन से ढकते हुए दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्रैस.ट्र.)

चीनी छात्र आंदोलन

(पृष्ठ 3 का शेष)

चांगशा में कार्यरत एक अमरीकी अध्यापक ने बताया कि मजदूर अपने निरीक्षकों के आदेशों का उल्लंघन करके छात्रों से मिलने के लिए अपना काम छोड़ कर जा रहे हैं ।

प्रमुख विश्वविद्यालय बंद : जानकार सूत्रों ने बताया है कि चीन के उत्तर पूर्वी शहरों के सभी प्रमुख विश्वविद्यालय हड़ताल के कारण बंद पड़े हैं जिनमें हर्विन, शेंगयांग, चांगचुन और डालियन शहर शामिल हैं । सूत्रों ने बताया कि इन स्थानों पर एक अजीब किस्म का तनाव व्याप्त है जो एक सप्ताह पहले तक नहीं था "हर व्यक्ति बहुत चौकन्ना दिखाई दे रहा है और यह सुनने की प्रतीक्षा में है कि पेइचिंग में क्या होगा ।"

पेइचिंग में मार्शल-ला लागू होने के बाद नानजियांग में छात्रों द्वारा कक्षाओं का बहिष्कार जारी है और हर रोज रात को कम से कम बीस हजार छात्र सड़कों पर एकत्र हो जाते हैं । सूत्रों ने बताया कि कई छात्र लगातार पेइचिंग आ जा रहे हैं और अपने शहरों में आकर छात्रों की पेइचिंग में हो रही ताजा घटनाओं की जानकारी दे रहे हैं ।

तिब्बतियों द्वारा प्रदर्शन : वाशिंगटन (ए.पी.) चीन के लोकतांत्रिक आंदोलन और अपनी मांगों को लेकर तिब्बतियों ने कल यहां प्रदर्शन किया । कल ही यहां चीनी संसद के अध्यक्ष वान ली अपनी अमरीका यात्रा पर आये हैं । लगभग सौ तिब्बती प्रदर्शनकारी चीनी दूतावास के सामने कल इकट्ठे हुए । उन्होंने प्रार्थनाएं कीं, नारे लगाये और उनके नेताओं ने भाषण किये ।

यातायात सामान्य : पेइचिंग में आज सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, जो मार्शल ला घोषित होने के बाद से अस्त-व्यस्त हो गई थी, पुनः सामान्य हो गई है । पेइचिंग की भूमिगत परिवहन प्रणाली, जो लगभग 8,50,000 यात्रियों को प्रतिदिन लाती व ले जाती है, आज पुनः चालू हो गई । म्यूनिसिपैलिटी ने भी बस रूटों को खोलने की घोषणा कर दी है । कुछ बसों का सड़कों पर अवरोध के रूप में प्रयोग किया गया था । अधिकारियों द्वारा लापता बसों को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

बैठक अगले सप्ताह : चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति की अगले हफ्ते आपात बैठक होगी, जिसमें सांस्कृतिक क्रांति के बाद के सब से गम्भीर नेतृत्व संकट के समाधान पर विचार-विमर्श होगा । बैठक में महासचिव झाओ जियांग के नेतृत्व में उदारवादियों और प्रधानमंत्री ली पेंग के नेतृत्व में कट्टरपंथियों के बीच उत्पन्न तनाव समाप्त करने के प्रयास किए जाएंगे ।

केन्द्रीय समिति के सदस्यों को बैठक का नोटिस 26 मई को भेजा जाएगा । यह जानकारी तोक्यो से प्रकाशित होने वाले अखबार 'योमीऊरी शिम्बन' ने दी है ।

73 वर्षीय श्री वान ली को ली पेंग के स्थान पर प्रधानमंत्री बनाए जाने की सर्वत्र चर्चा है ।

दो आंदोलनकारी मरे : इस अखबार के पेइचिंग स्थित सम्वाददाता ने बताया है कि भूखहड़ताल पर बैठे दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है ।

चीन में भारतीय छात्र : नई दिल्ली : चीन में पढ़ रहे सभी भारतीय छात्र सकशल हैं । विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार चीन में काफी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं । लेकिन वहां के छात्र आंदोलन के कारण उन्हें किसी प्रकार का नुक्सान नहीं हुआ है । सूत्रों के अनुसार चीन की यात्रा पर गए दो भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी सकशल हैं और वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य कर रहे हैं ।

कटड़ा जैमल सिंह अमृतसर में भाजपा कार्यालय के सामने कोई व्यक्ति साइकिल पर थैले में बम रख गया । लोगों को शक हो गया और सुरक्षा बल के विशेषज्ञ वहां पहुंच गए । (1) रिटायर्ड फौजी,जो बम को नाकारा करने की कोशिश में घायल हो गया और गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन है । (2) वह स्थान,जहां साइकिल के थैले में बम था । (छाया : रवि भंडारी)

राम जन्म भूमि को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का सुझाव

नई दिल्ली, 24 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) के वयोवृद्ध नेता कमलापति त्रिपाठी ने,प्रधानमंत्री राजीव गांधी को एक पत्र लिख कर सुझाव दिया है कि वह राम जन्म भूमि व बाबरी मस्जिद विवाद को समाप्त करने के लिए उक्त धार्मिक स्थल को तत्काल राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दें । श्री त्रिपाठी ने श्री गांधी को आज भेजे अपने पत्र में चेतावनी दी है कि अगर यह झगड़ा चलता रहा तो इससे देश के टूटने की आशंका बढ़ती जाएगी ।

उन्होंने कहा कि इस विवाद को एक मिनट भी आगे बढ़ने देना देश का अहित करना होगा । श्री त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के साथ ही हिन्दुओं और मुसलमानों से अपील की जानी चाहिए कि वे उक्त धार्मिक स्थल को स्मारक के रूप में स्वीकार कर लें ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

कार ड्राइवर चाहिएं । अनुभव कम से कम 5

टाइपिस्ट (लड़के) चाहिएं । वेतन योग्यतानुसार तुरन्त मिलें । इम्पीरियल डिपाजिट्स लि., सामने लक्ली स्वीट्स, नकोदर रोड, जालंधर ।

उपकुलपति के विरुद्ध दहेज मांगने के आरोप में मुकद्दमा

मुज़फ़्फ़रपुर (बिहार), 24 मई (ह.स.): आज यहां दहेज कानून 1961 की धारा 4 के तहत मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अदालत में राजेन्द्र कॉप

5 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए : मंड क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

56 हजार रूपए लूटे गए : 3 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

स्कूल टीचर सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 25 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद से विभिन्न मुठभेड़ों में 5 आतंकवादी मारे गए । अमृतसर जिला के मंड क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र सुरक्षा बलों के हाथ लगे । लूट की वारदातों में 56 हजार रूपए लूटे गए । तीन उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया जबकि एक स्कूल टीचर सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । लुधियाना के निकट 2 ट्रक छीन लिए गए ।

5 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार अमृतसर जिला में तीन स्थानों पर गत रात पांच आतंकवादी मारे गए और पुलिस ने बहुत से शस्त्रास्त्र कब्जे में कर लिए । पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि एक पुष्ट सूचना पाकर थाना झब्बाल के क्षेत्र में गांव भच्चर कलां के बाहर नाले के पुल पर पुलिस और सी.आर.पी. ने संयुक्त रूप से नाकेबंदी की हुई थी, जबकि रात एक बजे के करीब भुच्चर कलां गांव की ओर से दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखा गया । जब उन्हें ललकारा गया तो उन्होंने फ़ायरिंग की । उत्तर में नाकाबंदी पार्टी ने भी गोलियां चलाईं जिसके परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए । उनकी लाशों के निकट एक दोनाली बंदूक, एक .12 बोर देसी पिस्तौल व तीन अनचले कारतूस पड़े मिले ।

एक अन्य अपुष्ट सूचना के अनुसार थाना ब्यास के क्षेत्र में कस्बा बाबा बकाला और सोहल के मध्य भी रात सुरक्षा बलों की नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । इनकी लाशों के निकट .12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस मिले ।

मंड आप्रेशन : एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस, सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. की ओर से थाना हरिके के क्षेत्र में शुरू किए गए मंड आप्रेशन में आज प्रातः एक आतंकवादी मारा गया जो कि फ़ोर्स को आते देखकर भाग रहा था । जब वह गांव कीड़ियां के करीब पहुंचा तो सुरक्षा बलों की दूसरी टुकड़ी ने आगे से घेर कर उसे पकड़ने की कोशिश की । इस पर उसने गोली चलाई । जवाबी गोलीबारी से वह वहीं ढेर हो गया ।

गांव कीड़ियां के निकट हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी घायल भी हुआ है । घायल आतंकवादी की तलाश की जा रही है, जबकि मुठभेड़ स्थल के निकट ही कहीं छुपा हुआ बताया जाता है ।

मंड क्षेत्र में बरामद हथियारों में 7 थामसन मशीनगन, तीस एच.ई. 36 हथगोले, एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 पिस्तौल, एक राइफल तथा 6000 कारतूस शामिल हैं ।

टीचर की हत्या : कल रात थाना रमदास के गांव हरदो पतली के निकट एक स्कूल टीचर लखबीर सिंह की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई । बताया जाता है कि टीचर को मंगलवार दोपहर बाद उसके स्कूल से अपहरण कर लिया गया था । उसकी लाश वहां से 15 किलो मीटर दूर मिली ।

किसान की हत्या : गत रात थाना हरिके के गांव गंडी विड में एक 80 वर्षीय किसान लखन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

भारत-पाक सीमा के खेमकरण सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

ग्रंथी की हत्या : आज शाम तरनतारन पुलिस जिला में गांव गंडी विड में दो उग्रवादियों ने एक गुरुद्वारा के ग्रंथी बाबा लक्ष्मण दास की हत्या कर दी ।

सचिव की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात आतंकवादियों ने पटियाला जिला में हरिपुर गांव में एक सहकारी समिति के सचिव बलबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी मृतक की मोटर साइकल, तीस हजार रुपए तथा घड़ी लेकर फ़रार हो गए ।

घुसपैठिया मरा : जिला गुरदासपुर में डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

2 घुसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में आज प्रातः मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए । (शेष पृष्ठ 8 पर)



पुलिस थाना धर्मकोट के अन्तर्गत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में (ऊपर) जसवंतसिंह उर्फ जस्सा, जिस पर 30 हजार का इनाम था औ उर्फ जस्सा जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम था । (नीचे) मुठभेड़ थ हथियार व गोली-सिक्का ।

इंजीनियरों की हड़ताल से निपटने के लिए आवश्यक सेवा कानून लागू

चंडीगढ़, 25 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने इंजीनियरों की हड़ताल से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए 'ईस्ट पंजाब इसैंशिएल सर्विसिस मैंटीनैंस एक्ट' 1947 लागू कर दिया है । इसके अंतर्गत सरकारी सेवा में लगा उक्त विभाग का कोई व्यक्ति अगर आज्ञा की अवमानना करता है या बिना किसी विशेष कारण के नौकरी से अनुपस्थित रहता है, तो उसे तीन वर्ष की कैद हो सकती है । यह एक्ट वाटर [illegible] पर भी लागू किया राज्यपाल परिषद की 26 मई को बैठक हो रही है । इंजीनियरों की संयुक्त कार्य समिति भी चंडीगढ़ में 27 मई को होने वाली बैठक में स्थिति का जायजा लेगी ।

जालन्धर (विक्रांत): पंजाब व हिमाचल प्रदेश के सभी विभागों के इंजीनियरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज दूसरे दिन में प्रवेश कर गई । आज स्थानीय सेक्टर गार्डन में विभिन्न विभागों के [illegible]

नेपाल द्वारा भारत को वार्ता के लिए आमंत्रण

काठमांडू, 25 मई (ह.स.): नेपाल ने आज भारत-नेपाल व्यापार और पारगमन संधियों के

सोवियत संघ की नवनिर्वाचित उद्घाटन अधिवेशन में ही

मास्को, 25 मई (ह.स.) : सोवियत संघ की नई वृहत् संसद जन-प्रतिनिधि महासभा के उद्घाटन अधिवेशन की आज सुबह पुरानी संसद की तुलना में काफी 'तूफ़ानी' शुरूआत हुई । अधिवेशन के शुरू होते ही लगभग तीस मिनट तक इस बात पर गहमागहमी मची रही कि कार्यसूची क्या होनी चाहिए ।

गहमागहमी थमते नहीं देख कर श्री गोर्बाच्योव ने इस विषय पर मतदान का अनुरोध किया । इस उद्देश्य से चुने गए अध्यक्ष मंडल की कार्रवाइयों का संचालन श्री गोर्बाच्योव ही कर रहे थे । मतों की गिनती स्वयं श्री गोर्बाच्योव ने की क्योंकि इस काम के लिए अभी तक इलैक्ट्रानिक यंत्र वहां नहीं लगाए जा सके हैं ।

व्यापक व्यवस्था की गई कांग्रेस के सदस्यों जितनी

इन कार्रवाइयों के क सोवियत तथा छह सौ विदे संख्या को ध्यान में रख कर ने पूल कवरेज का फैसल कार्रवाइयों के कवरेज के बैठकों के वास्ते विदेशी सं सीटें सुरक्षित रखी गई हैं

सोवियत संघ की नव आफ द पीपल्स डिपुटीज शुरू होने पर प्रसिद्ध वैज्ञानि कह कर सनसनी पैदा कर

मुठभेड़ों में मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

3 उग्रवादियों ने हथियार डाले : लुधियाना (धीमान): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि तीन उग्रवादियों जिला कपूरथला के जसबीर सिंह तथा मनदीप सिंह और जालन्धर के जगदीश सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । उन्होंने बताया कि गांव गौंसपुर के निकट बुड्ढा नाला पर पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी । तीन युवक एक ट्रैक्टर पर आते नज़र आए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने पुलिस पर फ़ायरिंग की लेकिन पुलिस का घेरा मज़बूत देखकर तीनों ने हथियार डाल दिए । उनसे तीन पिस्तौल, कारतूस तथा एक ट्रैक्टर बरामद हुआ । यह तीनों कई वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

लुधियाना पुलिस ने रूप सिंह और पवार सिंह नाम के व्यक्तियों को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार करके उनसे हथियार और दस हजार रुपए बरामद किए ।

2 ट्रक छीने : कल रात लुधियाना जिला में जी.टी. रोड पर सड़क के किनारे एक ढाबे के निकट चार आतंकवादी दो ट्रकों में सवार हुए । ढाबे से कुछ दूरी पर उन्होंने ड्राइवरों को ज़बरदस्ती बाहर निकालकर एक पेड़ से बांध दिया तथा ट्रक लेकर चम्पत हो गए ।

26 हजार रुपया लूटा : धूरी (सिंगला): गत दिवस थाना भवानीगढ़ के गांव बखोई में दो अज्ञात आतंकवादियों ने संगरूर सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक बांच के कैशियर से 26 हजार रुपए लूट लिए तथा स्कूटर पर सवार होकर फ़रार हो गए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस ने चितावाला के निकट एक चेतन बजाज स्कूटर पी.ए.एस. 2767 लावारिस पड़ा बरामद किया । यह स्कूटर 5 दिन पहले चोरी किया गया था ।

वृक्ष से लटकती लाश मिली : मोगा (सर्व): बुधवार को मेहना थाना के अन्तर्गत गांव अजीतवाल के निकट एक अज्ञात युवक की लाश वृक्ष से लटकती मिली । यहां मिली सूचनाओं के अनुसार पुलिस यह पता नहीं लगा सकी कि यह फांसी देकर मारने का मामला है अथवा आत्म हत्या का । जांच जारी है ।

फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार पुलिस ने थाना गुरु हरसहाय के अन्तर्गत गांव चक पिपली के अमर सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल तथा 12 कारतूस बरामद किए ।

फिरोजपुर जिला में एक व्यक्ति जरनैल सिंह ने अपने घर में छुपे दो आतंकवादियों अमर सिंह तथा कार सिंह को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

जालन्धर पुलिस ने छैला बाबू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

पेट्रोल पम्प लूटा : बटाला (काछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के क्षेत्र घुमान में स्थित एशो इंडस्ट्रीज़ के एक पैट्रोल पम्प से आज सायं 2 स्कूटर सवारों ने लगभग 12,000 रुपए लूट लिए और फ़रार हो गए ।

चीनी छात्र आंदोलन
(पृष्ठ 3 का शेष)

डाक्टरी इलाज के लिए शंघाई में रुके हुए हैं ।

एक लाख लोगों द्वारा प्रदर्शन : चीन के उच्च राजनीतिक पदों में बड़े फेरबदल की अपुष्ट खबरों के बीच एक लाख से अधिक कामगार, कलाकार, शिक्षक और अन्य नागरिक प्रधानमंत्री ली पेंग के इस्तीफ़े की मांग कर रहे आन्दोलनकारी छात्रों के स्वर में स्वर मिलाते हुए आज पेइचिंग के तिनानमिन चौक पर एकत्र हुए । श्री ली द्वारा पेइचिंग में मार्शल-ला घोषित करने के बाद पिछले तीन दिन में यह दूसरा सबसे बड़ा प्रदर्शन है ।

पर्यटकों द्वारा चीन यात्रा रद्द : पेइचिंग में मौजूदा हालात के कारण अन्य देशों के अनेक पर्यटकों ने अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी है । यहां पहले से मौजूद पर्यटकों को भी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है । सरकारी चीनी दैनिक ने यह जानकारी दी । दैनिक के अनुसार सौ से अधिक यात्री दलों ने चीन आने की योजना रद्द कर दी है और अभी बहुत लोग ऐसा करने वाले हैं ।

गहरी मंडी में स्थाई सुरक्षा चौकी कायम करने की मांग

अमृतसर, 25 मई (ह.स.): कम्यूनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग ने कल यहां गहरी मंडी क्षेत्र का दौरा किया जहां पिछले दिनों आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 11 लोगों की हत्या कर दी थी और 30 अन्य लोगों को घायल किया था । श्री डांग के साथ कामरेड करनैल सिंह, कामरेड बलकार सिंह तथा बलविंद्र सिंह भी थे ।

श्री डांग ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि गहरी मंडी में अब भी आतंक एवं भय व्याप्त है । कुछ प्रमुख नागरिकों के आग्रह पर ज्यादातर दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोली हैं । अभी भी कुछ दुकानें बंद हैं । श्री डांग ने बताया कि 22 मई को जिस दिन पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने गहरी मंडी का दौरा किया था, दो परिवार वहां से पलायन कर गए थे ।

श्री डांग ने कहा कि सर्वसम्मति से यह मांग की गई है कि गहरी मंडी में केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल की स्थाई चौकी कायम की जाए । घटना के बाद राज्यपाल ने लोगों को बताया था कि यहां पर चार सप्ताह के लिए सी.आर.पी. की चौकी कायम की जा रही है । इससे लोगों में सुरक्षा की भावना नहीं पैदा हुई है । श्री डांग ने मांग की है कि गहरी मंडी के लोगों को यह आश्वासन दिया जाए कि यहां पर स्थाई सुरक्षा चौकी कायम की जाएगी ।

'नान ज्युडीशियल स्टाम्प्स' की बिक्री की जाएगी

चंडीगढ़, 25 मई (वि.प्र.): पंजाब वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने आज स्पष्ट किया है कि राज्य में खजाना तथा उपखजाना कार्यालयों में स्थित 'काउंटरों' से हर कार्य दिवस को प्रातः 9 से सायं 3 बजे तक नगद भुगतान द्वारा हर मूल्य की 'नान ज्युडीशियल स्टाम्प्स' तथा 'कोर्ट फी स्टाम्प' (नान पोस्टल स्टाम्प) की बिक्री की जाएगी, राजस्व टिकटों की नहीं, जैसा कि कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है । यह फैसला जनसुविधा के दृष्टिगत लिया गया है ।

सैंट्रल जेल अमृतसर को 'निर्दिष्ट अदालत' का दर्जा

चंडीगढ़, 25 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने सैंट्रल जेल अमृतसर को 'निर्दिष्ट अदालत' का दर्जा दिया है, जहां उन लोगों के मामलों की सुनवाई होगी, जिनको आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान हरिमंदिर साहिब परिसर अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था ।

केवल राम के विरुद्ध एक और गैर-जमानती वारंट जारी

शिमला, 25 मई (एस., स.): शिमला के विशेष जज श्री बी.एस. चौहान ने भूतपूर्व विधायक श्री केवल राम चौहान के विरुद्ध एक और वन सम्बन्धी केस में गत मंगलवार को अदालत में पेश न होने पर आज गैर-जमानती गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है ।

अकाली दल (त) में शामिल होने का खंडन

नई दिल्ली, 25 मई (ह.स.): अकाली दल (लौंगोवाल) की दिल्ली शाखा के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह थापर ने इस खबर का खंडन किया है कि उनके दल के कुछ सदस्य एवं पदाधिकारी अकाली दल (तलवंडी) में शामिल हो गए हैं ।

युवकों का आमरण अनशन 28वें दिन भी जारी

नई दिल्ली, 25 मई (ह.स.): संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं भारतीय भाषाओं में कराने की मांग को लेकर चार युवकों का आमरण अनशन आज 28वें दिन भी जारी रहा ।

व्यापारिक गतिविधियां

लिंटास फिल्मों का बोलबाला

नई दिल्ली, 25 मई : लिंटास फिल्मों ने इस वर्ष पांच प्रतिष्ठित 'इआफा अवार्ड' जीतने का गौरव प्राप्त किया है । टी.वी. कमर्शियल 'जे.के. व्हाईट सीमैंट' के लिए बैस्ट एनियेशन अवार्ड, 'स्प्रिट' फिल्म के लिए बैस्ट वोकल म्यूज़िक एवं बैस्ट स्क्रिप्ट अवार्ड, 'कावासाकी बजाज' के लिए बैस्ट डायरैक्टर अवार्ड तथा 'चैरी चार्ली-दी किड' व 'दंडी मार्च' के लिए बैस्ट प्रोडक्शन अवार्ड जीतने का श्रेय लिंटास ने अर्जित किया है ।

फैब्रिक्स प्रदर्शनी आयोजित



हरिकेश चुप न हुए, पार्टी से निकाल दूंगा : देवी लाल

अहमदाबाद, 25 मई (वार्ता): जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने आज कहा कि दल के नेता हरिकेश बहादुर यदि दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह के विरुद्ध आरोप लगाना बंद नहीं करते हैं तो उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया जाएगा । श्री देवी लाल ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि श्री हरिकेश बहादुर मामूली हस्ती हैं । श्री देवी लाल ने कहा कि उन्होंने न तो श्री हरिकेश बहादुर के बारे में कभी सुना और न ही उन्हें कभी देखा है । उन्होंने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी ।

उन्होंने कहा कि देश के लोग कांग्रेस (इ) सरकार की जगह नई सरकार चाहते हैं । कांग्रेस (इ) सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है ।

आगामी चुनाव के लिए 48 करोड़ मतदाता

नई दिल्ली, 25 मई (वार्ता): आगामी आम चुनाव के लिए देश भर में करीब 48 करोड़ मतदाताओं के नाम दर्ज किए जाने की सम्भावना है । यह जानकारी आज यहां निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने दी । पिछले आम चुनाव में 30.90 करोड़ मतदाता थे ।

भूमि सुधार लागू करवाने के लिए प्रदर्शन

नकोदर, 25 मई (गगन): आज जिला जालन्धर की दोनों कम्यूनिस्ट पार्टियों से सम्बन्धित हजारों किसानों एवं मज़दूरों ने भूमि सुधार लागू करने के लिए जिलाधीश के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया । पूरे देश में इस प्रकार के प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था । प्रदर्शनकारियों को अनेक कम्यूनिस्ट नेताओं ने सम्बोधित किया । मांग की गई कि सरकार के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में जो 6 लाख एकड़ फालतू भूमि पड़ी है, उसे भूमिहीन किसानों में बांटा जाए ।

अफगानिस्तान मसले पर हमारी नीति गलत : बेनजीर

न्यूयार्क, 25 मई (ह.स.): पाकिस्तानी प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो ने यह स्वीकार करके सबको चौंका दिया है कि अफगानिस्तान के मसले पर उनके देश की नीति गलत है और अगले महीने अपनी अमरीका यात्रा के दौरान वह इस सिलसिले में अमरीकी नीति में भी बदलाव लाने के प्रयास करेंगी ।

नजीबुल्लाह सरकार और जलालाबाद पर हमला करके कब्जा पा लेने के नाकाम मुजाहिदीन के बीच राजनीतिक और सैनिक दबाव की चर्चा करते हुए श्रीमती बेनज़ीर ने एक अमरीकी दैनिक को बताया कि इस स्थिति से यही पता चलता है कि इस समय उनके देश की अफगान नीति में कुछ न कुछ गलत जरूर है ।

हरियाणा में पुलिस कांस्टेबलों को पंजाब की तरह वेतनमान प्रस्तावित

चंडीगढ़, 25 मई (एन.एस. परवाना): हरियाणा में पुलिस कांस्टेबलों तथा हैडकांस्टेबलों के वेतनमान पंजाब की तरह संशोधित किए जाने सम्भावित हैं । इस मामले पर वित्त विभाग सभी

उत्तर प्र... ब...

...गढ़ (दल... रामजन्म भ... दोनों समुदा... अवांछित का... दृष्टिगत उत्त... तिवारी को रा... रखने के लिए... है । आज या... में आयोजित... समीक्षा की...

टोहरा ...

लुधियाना... शिरोमणि क... पटियाला के दि... जाएगा । श्री... हाऊस में नजर... करवाया हुआ... उन्हें अमृतसर...

कोआप्रेटि... को रा...

लुधियाना... कोआप्रेटिव स... डिपो दिए जाएं... प्रभावित होंगे... कि इन स्टोरों... चल रहे हैं ।

जिला विक... सदस्य श्री ओ... आहूजा ने यह... ने यह निर्णय... कर्मचारियों को... कमाने का साध...

कुछ पद अ... के अधि...

चंडीगढ़, 2... लोकसेवा आय... सम्पादक, 'प्र... 'आर्टीकल' लेख... अधीनस्थ सेवा... निकाल लिया... अनुसार अब रा... कि वह उक्त प... सीधी भर्ती क...

कमजो...

लुधियाना... राज्यपाल श्री... संवाददाता सम... उग्रवादियों को... दिखाई जाए... किया जाए ।... समय में बहुत... है ।

राज्यपाल... छपे उनके बय... उन्होंने सिर्फ य... लड़ाई नाजुक स... पत्रों में यह छप... टांगों पर खड़े...

Punjab Kesari

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

Wanted Senior Experienced Lab Technician Immediately. Attractive Salary. Contact : Dr. Arun Gupta, Arun Hospital, Central Town, Jalandhar. Ph. : 55579.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना ला-ईलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का ईलाज कराने हेतु मिलें : आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार ।

चिकित्सा

मुठभेड़ों में मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

3 उग्रवादियों ने हथियार डाले : लुधियाना (धीमान): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मेध सिंह सैनी ने बताया कि तीन उग्रवादियों जिला कपूरथला के उसबीर सिंह तथा मनदीप सिंह और जालन्धर के जगदीश सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । उन्होंने बताया कि गांव सिंपुर के निकट बुड्ढा नाला पर पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी । तीन युवक एक ट्रैक्टर पर आते नज़र आए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने पुलिस पर फ़ायरिंग की लेकिन पुलिस का डटा मज़बूत देखकर तीनों ने हथियार डाल दिए । उनसे तीन पिस्तौल, कारतूस तथा एक ट्रैक्टर बरामद हुआ । यह तीनों कई वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

लुधियाना पुलिस ने रूप सिंह और पवार सिंह नाम के व्यक्तियों को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार करके उनसे हथियार और दस हज़ार रुपए बरामद किए ।

2 ट्रक छीने : कल रात लुधियाना जिला में जी.टी. रोड पर सड़क के किनारे एक ढाबे के निकट पर आतंकवादी दो ट्रकों में सवार हुए । ढाबे से कुछ दूरी पर उन्होंने ड्राइवरों को ज़बरदस्ती बाहर निकालकर एक पेड़ से बांध दिया तथा ट्रक लेकर फरार हो गए ।

26 हजार रुपया लूटा : धूरी (सिंगला): कल दिवस थाना भवानीगढ़ के गांव बखोई में दो अज्ञात आतंकवादियों ने संगरूर सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक के ब्रांच के कैशियर से 26 हजार रुपए लूट लिए तथा स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस ने तिवाला के निकट एक चलते बजाज स्कूटर पी.ए.एस. 2767 लावारिस पड़ा बरामद किया । यह स्कूटर 5 दिन पहले चोरी किया गया था ।

वृक्ष से लटकती लाश मिली : मोगा (सर्व): बुधवार को मेहना थाना के अन्तर्गत गांव जीतवाल के निकट एक अज्ञात युवक की लाश वृक्ष से लटकती मिली । यहां मिली सूचनाओं के अनुसार पुलिस यह पता नहीं लगा सकी कि यह फांसी देकर मारने का मामला है अथवा आत्म हत्या का । जांच जारी है ।

फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार पुलिस ने थाना गुरु हरसहाय के अन्तर्गत गांव चक पिपली के पास सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल तथा 12 कारतूस बरामद किए ।

फिरोजपुर जिला में एक व्यक्ति जरनैल सिंह ने अपने घर में छुपे दो आतंकवादियों अमर सिंह तथा बूटा सिंह को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

जालन्धर पुलिस ने छैला बाबू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

पैट्रोल पम्प लूटा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के क्षेत्र घुमान में स्थित एग्रो इंडस्ट्रीज़ के एक पैट्रोल पम्प से आज सायं 2 स्कूटर सवारों ने लगभग 12,000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

चीनी छात्र आंदोलन
(पृष्ठ 3 का शेष)

डाक्टरी इलाज के लिए शंघाई में रुके हुए हैं ।

एक लाख लोगों द्वारा प्रदर्शन : चीन के उच्च राजनीतिक पदों में बड़े फेरबदल की अपुष्ट खबरों के बीच एक लाख से अधिक कामगार, कलाकार, शिक्षक और अन्य नागरिक प्रधानमंत्री ली पेंग के इस्तीफ़े की मांग कर रहे आन्दोलनकारी छात्रों के स्वर में स्वर मिलाते हुए आज पेइचिंग के तिनानमिन चौक पर एकत्र हुए । श्री ली द्वारा पेइचिंग में मार्शल-ला घोषित करने के बाद पिछले तीन दिन में यह दूसरा सबसे बड़ा प्रदर्शन है ।

पर्यटकों द्वारा चीन यात्रा रद्द : पेइचिंग में मौजूदा हालात के कारण अनेक देशों के अनेक पर्यटकों ने अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी है । यहां पहले से मौजूद पर्यटकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सरकारी चीनी दैनिक ने यह जानकारी दी । दैनिक के अनुसार सौ से अधिक यात्री दल ने चीन आने की योजना रद्द कर दी है और अभी बहुत लोग ऐसा करने वाले हैं ।

गहरी मंडी में स्थाई सुरक्षा चौकी कायम करने की मांग

अमृतसर, 25 मई (ह.स.): कम्युनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग ने कल यहां गहरी मंडी क्षेत्र का दौरा किया जहां पिछले दिनों आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 11 लोगों की हत्या कर दी थी और 30 अन्य लोगों को घायल किया था । श्री डांग के साथ कामरेड करनैल सिंह, कामरेड बलकार सिंह तथा बलविंद्र सिंह भी थे ।

श्री डांग ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि गहरी मंडी में अब भी आतंक एवं भय व्याप्त है । कुछ प्रमुख नागरिकों के आग्रह पर ज्यादातर दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोली हैं । अभी भी कुछ दुकानें बंद हैं । श्री डांग ने बताया कि 22 मई को जिस दिन पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने गहरी मंडी का दौरा किया था, दो परिवार वहां से पलायन कर गए थे ।

श्री डांग ने कहा कि सर्वसम्मति से यह मांग की गई है कि गहरी मंडी में केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल की स्थाई चौकी कायम की जाए । घटना के बाद राज्यपाल ने लोगों को बताया था कि यहां पर चार सप्ताह के लिए सी.आर.पी. की चौकी कायम की जा रही है । इससे लोगों में सुरक्षा की भावना नहीं पैदा हुई है । श्री डांग ने मांग की है कि गहरी मंडी के लोगों को यह आश्वासन दिया जाए कि यहां पर स्थाई सुरक्षा चौकी कायम की जाएगी ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

'नान ज्युडी
की बिक्र
चंडीगढ़, 25 म
के एक प्रवक्ता ने अ
खजाना तथा उपर
'काउंटरों' से हर का
बजे तक नगद भुग
ज्युडीशियल स्टाम्प
पोस्टल स्टाम्प) की
की नहीं, जैसा कि क
हुआ है । यह फैसल
गया है ।

सैंट्रल जेल
'निर्दिष्ट अ
चंडीगढ़, 25
सैंट्रल जेल अमृतसर
दिया है, जहां उन लो
जिनको आप्रेशन ब्
साहिब परिसर अमृ
था ।

केवल राम
गैर-जमा
शिमला, 25
विशेष जज श्री बी.
श्री केवल राम चौ
सम्बन्धी केस में गत
होने पर आज गैर-
जारी किया है ।

अकाली दल
होने
नई दिल्ली, 2
(लौंगोवाल) की दिल्ल
सिंह थापर ने इस ख
दल के कुछ सदस्य
(तलवंडी) में शामि

युवकों का
28वें
नई दिल्ली, 2
आयोग की परीक्षाएं
मांग को लेकर चार
28वें दिन भी जा

व्यापारि

लिंटास फि
नई दिल्ली, 25
पांच प्रतिष्ठित 'इ
प्राप्त किया है । टी.
सीमैंट' के लिए बै
फिल्म के लिए बैस्ट
अवार्ड, 'कावासाकी
अवार्ड तथा 'चैरी चा
लिए बैस्ट प्रोडक्शन
अर्जित किया है ।

Punjabi Sansar

कोलम्बो, 26 मई (वार्ता): श्रीलंका में पिछले 48 घंटे की हिंसा की वारदातों में एक पुलिस कास्टेबल और एक सिंहली उग्रवादी समेत 11 व्यक्ति मारे गए । यह जानकारी आज सुरक्षा अधिकारियों ने दी ।

चार महीने से शांति है और वहां हिंसा की कोई वारदात नहीं हुई है ।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर तथा पाकिस्तान से लगे जिलों में आतंकवादी सक्रिय हैं ।

व्यक्तिगत रूप से इसकी इजाज़त भी ली । समझा जाता है कि राष्ट्रपति के सलाहकारों ने उन्हें अमरीका की भीतर भी लगी हुई कई तरह की व्यापारिक पाबंदियों से अवगत कराया । इन सलाहकारों ने यह भी कहा कि अमरीका अगर इन पाबंदियों के रहते

लिए कहने की स्थिति में नहीं है ।

श्री दिनेश सिंह ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि अमरीका ने ऐसे समय में बहुपक्षीय प्रक्रिया को

(शेष पृष्ठ 10 पर)

5 उग्रवादी मारे, 5 निर्दोषों की हत्या : 35000 रुपए लूटे गए

चंडीगढ़, 26 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद आतंकवादी मारे गए, एक बैंक से 23,000 रुपए लूट लिए गए । उग्रवादियों ने जिला रोपड़ में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी और 2 को घायल कर दिया । 3 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । गुरदासपुर जिला के गांव में एक पैट्रोल पम्प लूटा गया ।

4 निर्दोषों की हत्या : रोपड़ (बैंस): यहां से 20 किलोमीटर दर चमकौर साहिब के निकट गांव लथेड़ी में आज सायं साढ़े 7 बजे उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों से चार व्यक्तियों की हत्या कर दी और 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया । उल्लेखनीय है कि उग्रवादी पैदल ही आए और पैदल ही चले गए । ये व्यक्ति शराब के एक ठेके के बाहर खड़े थे । चार व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ गए । घायलों को चमकौर साहिब के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । रोपड़ के एस.एस.पी. हरकिशन सिंह काहलों घटना स्थल पर पहुंच गए हैं ।

चमकौर साहिब से भंग के अनुसार मृतकों के नाम इंद्र सिंह आढ़ती, धर्म चंद कालिया, पं. राजेंद्र सिंह कालिया बताए गए हैं । वहीं जीवन बीमा निगम का विकास अधिकारी अमरीक सिंह मल्ही मौजूद था, वह भी मारा गया । ठेकेदार गुरचरण सिंह और उसका साथी अजीत सिंह गम्भीर रूप से घायल हुए । उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ पहुंचा दिया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार गांव लथेड़ी में मारे गए निर्दोष व्यक्तियों की संख्या पांच हो गई है ।

एक और उग्रवादी मारा गया : जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में थाना हरिके के क्षेत्र में स्थित गांव मरार के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया । सुरक्षा बलों ने मंड से उग्रवादियों के सफाए के लिए कल से एक संयुक्त आप्रेशन कर रखा है ।

2 आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव भुच्चर कलां में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये । घटनास्थल पर एक दोनाली बंदूक, एक .12 बोर की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

23,000 रुपए लूटे : 'वार्ता' के अनुसार आज अमृतसर से 47 किलोमीटर दूर शहबाजपुर गांव जो थाना पट्टी में स्थित है, में 3 आतंकवादियों ने एक बैंक लूट लिया । आतंकवादी स्कूटर पर आये और पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच के अंदर गये । उन्होंने कैश काऊंटर पर आकर खजांची से सारा रुपया उनके हवाले कर देने के लिए कहा । खजांची ने सारा रुपया जो 23000 था, उनके हवाले कर दिया । रुपया लेकर आतंकवादी फरार हो गए । उन्होंने स्टाफ के किसी सदस्य को कुछ नहीं कहा ।

शरणदाता की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव खन्ना-चमारा में रात को तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर गुरमीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने बताया कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है क्योंकि मृतक गुरमीत सिंह आतंकवादियों का शरणदाता व स्मगलर था, जिसे पुलिस ने कई बार पकड़ा था और पूछताछ भी की थी । हत्या के लिए ए.के. 47 राइफल का उपयोग किया गया है ।

कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा की एक सूचना में कहा गया है कि पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी जरनैल सिंह गहरी बट्टर को गिरफ्तार किया है, जो कि 12 हत्याओं, अनेक शराब के ठेके लूटने व जलाने आदि के केसों में वांछित था । एस.एस.पी. श्री चन्द्र शेखर ने बताया कि पुलिस पार्टी ने इस आतंकवादी से एक राइफल, दो मैगज़ीन, 20 कारतूस, एक रिवाल्वर 38 बोर, 10 कारतूस, एक चोरीशुदा स्कूटर तथा 25 हजार रुपए नकद बरामद किए । इस आतंकवादी की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

स्कूटर, मारुति वैन छीन ली : लुधियाना (धीमान): कल रात लुधियाना में आतंकवादियों ने दो वारदातें कीं । पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी में नजदीक एक उग्रवादी ने बाल्मीकि नगर निवासी को पिस्तौल दिखा कर उसका स्कूटर छीन लिया । दूसरी वारदात में कृष्णानगर निवासी हरमिंदर सिंह समराला से मारुति वैन में आ रहे थे कि एक मारुति में सवार तीन उग्रवादियों ने उस पर फायर करके मारुति वैन छीन ली तथा फरार हो गए ।

लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक पिस्तौल व एक रिवाल्वर बरामद किया । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम बहादर सिंह तथा सुखविंदर सिंह बताए गए हैं । पुलिस की ओर से नहर बहलोलपुर वाले पुल पर कल शाम नाकाबंदी की गई थी, जहां उक्त दोनों आतंकवादियों को हथियारों समेत पकड़ लिया गया । यह आतंकवादी हरे रंग के स्कूटर पर सवार थे । पुलिस ने दावा किया कि इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी से गांव राजेवाल रोने में दो सगे भाइयों जगता और भगता तथा सहकारी सोसायटी के कैशियर जनार्दन की हत्याओं की गुत्थी सुलझा ली गई है । इन दोनों आतंकवादियों का सम्बन्ध आतंकवादियों के बलदेव सिंह घुड़ानी ग्रुप के साथ है ।

आतंकवादियों ने बीरवार रात को गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक क्षेत्र में खन्ना चमारा गांव में एक व्यक्ति गुरमीत सिंह उर्फ बाबा (ऊपर) की गोली मार कर हत्या कर दी । (नीचे) मृतक के सम्बन्धी विलाप करते हुए । (वार्ता - फोटो)

बी.टी.एफ. का आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि आज प्रातः पुलिस ने थाना सदर कपूरथला के गांव माधो झंडा के निकट एक कथित आतंकवादी कुलदीप सिंह वासी तारपुर (रामपुर जाग) थाना सुलतानपुर लोधी को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से एक पिस्तौल 12 बोर साथ दो कारतूस बरामद किए हैं । गिरफ्तार किया गया आतंकवादी कुलदीप सिंह भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के गिरोह से सम्बन्धित है तथा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए दर्दांत आतंकवादी जगतार सिंह वासी रामपुर जागीर का साथी है । इससे पूछताछ जारी है ।

दो लाख की मांग : फगवाड़ा (अशोक): आज दोपहर लगभग एक बजे स्थानीय सराफा बाजार में दिन-दिहाड़े दो हथियार बंद उग्रवादी जो स्टेनगनों से लैस थे, सराफा की प्रसिद्ध दुकान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanjam

ज्ञाओ नजरबंद

(पृष्ठ 1 का शेष)

और आंख की बीमारी से पीड़ित हैं ।

सूत्रों के अनुसार कुछ ऐसे नेताओं पर भी गाज गिरने वाली है जो राजनीतिक और आर्थिक सुधारों के प्रबल पक्षधर श्री झाओ के अधीन काम कर रहे थे । इनमें से कुछ के पद भी छीने जा सकते हैं । इनमें पार्टी के प्रचार प्रमुख ह ची ली और उप प्रधानमंत्री श्यान जी यून शामिल हैं ।

एक सरकारी सूत्र ने बताया कि राष्ट्रपति यांग शांग कुन ने कल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कहा कि श्री झाओ के कार्यों से राष्ट्र पर काफी बुरा असर पड़ा है ।

सूत्रों का कहना है कि श्री झाओ को घर में नजरबंद रखा गया है । विश्वसनीय समझे जाने वाले एक राजनयिक ने बताया कि प्रांत एवं जिला स्तरीय पार्टी नेताओं को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री झाओ अब सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख नहीं रहे । विज्ञप्ति में श्री झाओ के उत्तराधिकारी का उल्लेख नहीं किया गया है ।

तिनानमेन चौक पर पेइचिंग स्थित राजनयिकों, रिपोर्टरों और छात्रों में श्री झाओ एवं उनके समर्थकों को हटाने संबंधी खबरों का आदान-प्रदान जारी रहा । सरकारी प्रचार माध्यमों में वे नहीं दिखे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी श्री ली दिख रहे हैं ।

हारी बाजी : अनेक राजनयिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि छात्र अब हारी बाजी लड़ रहे हैं । उनकी यह लड़ाई जनसमर्थन पर जारी है ।

चीन असम के बागियों को हथियार देगा

गुवाहाटी, 26 मई (इं.वी.): साम्यवादी चीन बर्मा में कथित बागियों के गढ़ में स्थित यूनाइटिड लिबरेशन फ्रंट आफ असम को हथियार बेचने के लिए तैयार हो गया है । इन हथियारों में छोटे हथियारों से लेकर सैमी आटोमैटिक राइफलें एम-16, ए.के.-47 और पूर्णतया आटोमैटिक लाईट मशीन गनें भी शामिल हैं । हथियारों के सौदे में और अधिक घातक हथियार भी शामिल बताए जाते हैं । इन हथियारों के मूल्य बहुत कम बताए जाते हैं । छोटे हथियारों की कीमत 500 रुपए तक बताई गई है, जबकि एम-16 तथा ए.के.-47 राइफलें क्रमशः 1200 और 1500 रुपए में बेचने की पेशकश की जा रही है । राकेट लांचर 3500 रुपए में बेचने की पेशकश की गई है ।

हथियारों का यह सौदा 1988 के मध्य में हुआ बताया जाता है जबकि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तरी बर्मा में कथित इंडिपैंडैंस आर्गेनाइजेशन के मुख्यालय में गया था, जोकि चीन के युन्नान प्रांत की सीमा के साथ स्थित है, जहां यू.एल.एच.ए. का प्रतिनिधिमंडल मई 1987 से डेरा डाले बैठा था । उसी समय से प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व अरबिंद, राज खोवा तथा कमांडर इन चीफ परेश बरुआ कर रहे थे, चीनी अधिकारियों से असम को भारत के 'उपनिवेशवादी शासन' से मुक्त कराने के लिए राजनीतिक तथा सैनिक सहायता के लिए अनुनय कर रहे थे ।

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 1 का शेष)

"हिमालय ज्यूलर्स" में आए व दुकान के मालिक अत्तमजीत सिंह को धमकीपूर्ण पत्र देकर आराम से साईकल पर भाग निकले । इससे पूरे बाजार में भारी आतंक फैल गया । धमकी पत्र में दो दिन के भीतर दो लाख रुपए का प्रबन्ध करने अन्यथा पूरे खानदान को समाप्त करने की चेतावनी दी गई है ।

धूरी (सिंगला): गत रात गांव हंडियाया में करतार सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों ने हत्या का कारण निजी शत्रुता बताया है ।

12 हजार रुपए लूटे : आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिले के एक गांव में एक पैट्रोल पम्प से 12 हजार रुपए लूट लिए ।

आतंकवादी मारा गया : (भूषण): आज सायं पटियाला-भवानीगढ़ रोड पर एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । मुठभेड़ थाना सदर के गांव बरसात के निकट सुरक्षा बलों से हुई । उग्रवादी उस समय स्कूटर पर जा रहा था, जब सुरक्षा बलों ने उसे रोका, इस पर उसने गोली चला दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उग्रवादी मारा गया । सुरक्षा बलों ने घटना स्थल से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

डा. रवि का हत्यारा मारा गया : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के अनुसार कल रात्रि मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों में से एक पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के पंजाबी विभाग के प्रोफैसर डा. रविंद्र सिंह रवि का हत्यारा था । पुलिस को सूचना मिली थी कि एक फार्म हाऊस में डा. रवि के हत्यारे छिपे हुए हैं ।

वन कर्मियों की बैठक आज

समराला, 26 मई (भारद्वाज): ज्ञात हुआ है कि वन विभाग के कर्मचारियों की एक विशेष बैठक 27 मई को फिल्लौर में प्रांतीय अध्यक्ष श्री जगदीप ढिल्लों की अध्यक्षता में होगी ।

जयप्रकाश नारायण का प्रभाकर भाई को लिखा पत्र जाली बताया गया

नई दिल्ली, 26 मई (वार्ता): जनता दल के कानूनी सलाहकार जे.पी. गोयल ने जय प्रकाश नारायण द्वारा 1975 में प्रभाकर भाई को लिखे गए पत्र को 'जालसाजी' बताया है । श्री गोयल ने आज यहां कहा कि 23 दिसम्बर की तारीख वाले इस पत्र में श्री नारायण के हस्ताक्षर भी जाली लगते हैं । यह भी कुछ नहीं पता लगता है कि श्री नारायण ने यह पत्र कहां से और प्रभाकर भाई को बम्बई में किस पते पर लिखा है । श्री गोयल ने कहा कि इस पत्र की मूल प्रति के बारे में भी कुछ नहीं पता है कि वह किसके पास है । उन्होंने कहा कि यह पत्र इस पार्टी को खत्म करने की सुनियोजित साजिश का एक भाग है ।

मैंने कभी ऐसा नहीं कहा : इसी मध्य बेंगलूर में जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज इस बात का खंडन किया कि उन्होंने दिवंगत नेता जय प्रकाश नारायण के बारे में कभी

सर्वोच्च लिए म

मास्को, 26 मई भर चले आपसी कलह द्वारा थोड़े समय के सोवियत संघ की (जनप्रतिनिधियों की के लिए मतदान शुरू दो सदन होंगे । लिथु सदनों में से एक संघ 15 गणराज्यों द्वारा कांग्रेस के 2250 सद लिथुआनिया ने मतदा दी थी । इस धमकी से मतदान में वह पराजित बैठक होने पर लिथुआ लैंड्सबर्गिस ने कहा समझा गया है और मतदान में हिस्सा लेंगे

पुलिस को सा लगाने का अधिकार दे समर्थकों और विरोधि

सुप्रसिद्ध उपन्यास पुलिस को इस प्रकार क किया, जो अस्वीकृत हो सवेरे के अधिवेशन आदमखोर ने कल मास सभा के विरुद्ध पुलिस उल्लेख किया । यह

वेंकटरमन, द्वारा गोर्बाच

नई दिल्ली, 26 वेंकटरमन ने श्री मिख सोवियत का राष्ट्रपति है । श्री वेंकटरमन ने संदेश में उनकी बढ़ी हु नए युग की ओर अप सफलता की कामना की

प्रधानमंत्री श्री राजी को बधाई संदेश भेजा

बिक्री कर समिति

खड़, 26 मई (श राज्यस्तरीय बिक्री कर किया है । समिति के अ होंगे इसके अतिरिक्त सहकारी प्रतिष्ठानों से सरकारी सदस्य निम्नलि

श्री तुलसी दास, श्री सिंह, श्री केवल कृष्ण, बृज मोहन मुंजाल, श्री सिंह, श्री बलवंत राय उ

Punjabi Sonata

जूद केन्द्रीय नेतृत्व के लिए हरियाणा में
गाम प्राप्त करना आसान नहीं होगा,जैसा
र्नाटक में किया है । पहली बात यह है
ा में श्री देवी लाल का एक बहुत मज़बूत
तथा यदि उन्हें हटाने का प्रयास किया

सरकार में भागीदार है । 90 विधायकों में जनता दल के 60, भाजपा के 17, कांग्रेस (इ) के 4, सी.पी.आई. और सी.पी.एम. का एक-एक तथा निर्दलीय 7 हैं । इंका के लिए कम से कम 20

राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए होगा, कोई अन्य सरकार कायम करने के लिए नहीं । देवी लाल सरकार तब भी कायम रह सकती है,यदि उसके 50% विधायक दल-बदल कर जाएं (जोकि

नेता बंसी लाल और दूसरे भजन लाल हैं । राज्य इंका प्रधान शमशेर सिंह सूर्जेवाला भजन लाल के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रोड स्टेशन' के बाहर अपने घरों को
व । (छाया : प्रै. ट्र.)

पुर प्रस्ताव को
की है : रंधावा

नहीं है,जैसा कि कुछ लोग कहते हैं
एक कानून-व्यवस्था की समस्या है,जो
ने बहुत बुरी तरह से बिगाड़ रखी है ।
हा कि वह दिन दूर नहीं जब उग्रवाद पर
काबू पा लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि
ासन में सिख तृतीय श्रेणी के नागरिक नहीं
वह प्रथम श्रेणी में पहुंच चुके हैं ।

सिंह ने घोषणा की कि वह पंजाब का केस
के सामने पेश करेंगे और बिजली के
भावों के विरुद्ध भी प्रधानमंत्री तक जनता
एं पहुंचाएंगे ।

अवसर पर जिला पार्टी के प्रधान श्री जगरूप
हर से आए नेताओं का स्वागत किया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ीनियरों की
ड़ताल समाप्त

गढ़, 27 मई (वि.प्र.): पंजाब के
रों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है ।
ला आज यहां इंजीनियरों की संयुक्त एक्शन
की बैठक में किया गया । स्पष्ट है कि
र संधेवालिया कमेटी के फैसलों से संतुष्ट
ड़ताल का आज चौथा दिन था ।

बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि
इंजीनियरों ने हड़ताल वापस ले ली है अतः
इनके नए वेतनमान एक-दो दिन तक
चित कर देगी ।

सी के दिन शनिवार को (बाएं) राष्ट्रपति
गांधी व श्रीमती सोनिया गांधी शांति वन
ट करते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

गी नेता येलत्सिन पराजित

मास्को, 27 मई (वार्ता): सोवियत संघ के
तिष्ट नेता बोरिस येलत्सिन देश की नई संसद के
री सदन के लिए नहीं चुने जा सके ।

हालांकि श्री येलत्सिन को काफी संख्या में मत
ले, लेकिन ऊपरी सदन में चुने जाने के लिए

4 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए : 2 ने आत्मसमर्पण किया

मंड क्षेत्र में मारा गया उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता था

अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या, एक का अपहरण

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 4 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । गत दिवस अमृतसर के मंड क्षेत्र में मारा गया आतंकवादी भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता था जिसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम घोषित था । अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई,जबकि एक का अपहरण कर लिया गया । 2 खतरनाक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

2 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार गत रात 11 बजे के लगभग अमृतसर की बाहरी आबादी प्रताप नगर (सुलतानविंड क्षेत्र) में दो आतंकवादी सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में मारे गए । कहा जाता है कि दोनों आतंकवादी जो कि स्कूटर पर सवार थे, रात 11 बजे के करीब प्रताप नगर की ओर से आ रहे थे । जब सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी जिसके उत्तर में फोर्स ने भी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए । मौका पर से एक चीनी असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मैगजीन, एक दोनाली बंदूक तथा 6 कारतूस कब्जे में लिए गए । पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादी किसी वारदात के लिए जा रहे थे ।

एक और उग्रवादी मारा गया : अमृतसर जिला के थाना हरिके क्षेत्र में एक उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी ने उसको रुकने के लिए कहा तो उसने भागने की कोशिश की । सुरक्षा बलों ने उस पर हथगोला फैंका जिससे वह वहीं ढेर हो गया ।

मृतक सत्ता था : पुलिस ने कल मंड इलाके में मरड़ गांव के निकट मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त कर ली है । वह तथाकथित भिडरांवाला टाइगर फोर्स का कुख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता था । पुलिस अधिकारियों ने आज उसकी शिनाख्त करते हुए बताया कि सत्ता होशियारपुर जिले के अदलगढ़ गांव का निवासी था । उसे 12 अप्रैल को हरियाणा में अम्बाला शहर के जिला अदालत परिसर में उसके साथियों ने पुलिस से छुड़ावा लिया था । उसे 1986 के त्रेहन हत्या कांड के सिलसिले में वहां लाया गया था । आतंकवादियों के हमले में एक हेड कांस्टेबल मारा गया था । हिरासत से भागने के बाद सत्ता मंड क्षेत्र में छिपा हुआ था । उसके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम था । तलवाड़ा बैंक डकैती कांड में उसकी गिरफ्तारी से पूर्व उसे कानूनी कार्रवाई के लिए नाभा से अम्बाला जेल स्थानांतरित कर दिया गया था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि सत्ता के अम्बाला की अदालत से फरार होने की घटना पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादियों के दिमाग की उपज थी । उनके अनुसार यह षड्यंत्र पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल ने रचा था ।

बग्गा मारा गया : गत रात लुधियाना जिला में ढोलेवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी दिलबाग सिंह उर्फ़ बग्गा मारा गया । उसके शव के करीब एक 38 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले ।

भू.पू. सरपंच की हत्या : गत रात ही जिला रोपड़ के गांव खेड़ी में एक भूतपूर्व सरपंच जगजीत सिंह की आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

अकाली नेता का पुत्र घायल : चंडीगढ़ : चंडीगढ़ के बाहरी इलाके मुल्लापुर में आज रात आतंकवादियों ने स्थानीय अकाली नेता आर.एस. रियाड़ के बेटे जसपाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । रिपोर्ट के मुताबिक शराब विक्रेता जसपाल सिंह वारदात के वक्त अपनी दुकान के बाहर खड़ा था । उसे सीधे अस्पताल ले जाया गया । उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

अंतिम संस्कार : चमकौर साहब (भंग): कल रात यहां से कुछ मील दूर जिन 5 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, उनका अंतिम संस्कार आज चमकौर साहब में भारी सुरक्षा प्रबन्धों के मध्य किया गया । इनके नाम इंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्म चंद व गुरचरण सिंह हैं । अमरीक सिंह मल्ही का अंतिम संस्कार उसके गांव बस्सी गुजरां में किया गया । मृतकों के शोक में आज चमकौर साहब में पूर्ण हड़ताल रही । एक घायल अजीत सिंह को चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर है । मृतकों के अंतिम संस्कार के समय एस.एस.पी. तथा एस.डी.ओ. भी मौजूद थे ।

एक की हत्या, एक का अपहरण : जालंधर : चार आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल देर रात नकोदर पुलिस थाना क्षेत्र के खानपुर ढड्डा गांव में अलग-अलग वारदातों में एक किसान की हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति का अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों और रिवाल्वरों से लैस आतंकवादी पहले गांव के बाहरी हिस्से में स्थित संतोख सिंह के फार्म हाऊस पर गए और उसे ज़बरदस्ती अपने गांव चलने को कहा । जैसे ही आतंकवादी गांव के निकट पहुंचे, उन्होंने उसकी हत्या कर दी । इसके बाद आतंकवादियों ने इसी गांव के सेठी राम का उसके घर से अपहरण कर लिया । पुलिस ने अपहृत का पता लगाने के लिए ज़बरदस्त अभियान छेड़ा है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है ।

एस.एस.पी. का बयान : न.न.ए. के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बंगाल, उड़ीसा में तूफ़ान से 20 मरे, चांदीपुर-लांचिंग पैड को भारी क्षति

कलकत्ता, 27 मई (वार्ता): पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा के तटीय क्षेत्रों में कल आए तूफान की वजह से दोनों राज्यों में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा चांदीपुर के लांचिंग पैड को भारी क्षति पहुंची ।

चांदीपुर (उड़ीसा) में अस्थाई परीक्षण केन्द्र के इसी पैड से गत 22 मई को मध्यम दूरी तक मार करने वाले देश के पहले 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया गया था । यहां तूफान की गति 140 किलो मीटर थी ।

तूफान से जानमाल की सर्वाधिक क्षति पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में हुई । राज्य में मरने वाले सभी 15 व्यक्ति इसी जिले के हैं ।

भुवनेश्वर से प्राप्त समाचार के अनुसार तूफान से उड़ीसा में तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा सैकड़ों लोग बेघर हो गए ।

तूफान से हुई क्षति का विवरण देते हुए पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री असीम दासगुप्ता ने सम्वाददाताओं को बताया कि राज्य के दक्षिण एवं उत्तर 24 परगना जिलों और हुगली तथा हावड़ा जिलों में भी तूफान से क्षति हुई है लेकिन इन जिलों में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं मिला है ।

उन्होंने कहा कि तूफान के कारण मिदनापुर जिले में बिजली के अनेक खम्भे तथा पेड उखड़ गए जिससे जिला मुख्यालय के साथ सभी संचार-सम्पर्क टूट गए । बाद में संचार सम्पर्क बहाल कर लिया गया ।

तूफान के कल रात उड़ीसा-पश्चिम बंगाल तट पार कर जाने से उड़ीसा में कम से कम तीन लोग मारे गए और 50 से अधिक पशु डूब गए । मृतकों में एक महिला भी है । लगभग 140 किलो मीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बलासौर तट पर आए इस तूफान से सैकड़ों लोग बेघर हो गए और पूरे जिले में सड़क तथा संचार सम्पर्क टूट गया एवं पेयजल की आपूर्ति में बाधा पड़ी ।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल में परिवर्तन की सम्भावना

नई दिल्ली, 27 मई (वि.प्र.): केन्द्रीय मंत्रिमंडल में परिवर्तन किए जाने की सम्भावना है । यहां प्राप्त संकेतों के अनुसार मंत्रिमंडल में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन हो सकते हैं ।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सभी केन्द्रीय मंत्रियों को दस जून तक दिल्ली में ही बने रहने की सलाह दी है । सरकारी सूत्रों के अनुसार लगभग एक दर्जन मंत्रियों ने दिल्ली से बाहर जाने के अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं । सम्भावना है कि मंत्रिमंडल में परिवर्तन एक या दो दिन में हो जाएगा । पिछले चार वर्षों में यह 27वां परिवर्तन होगा । इस परिवर्तन में कम से कम चार वरिष्ठ मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन होगा ।

कर्नाटक में शीघ्र चुनाव के

दूसरे दर्जे के उग्रवादी नाम चमकाने के सपने लेने लगे

अमृतसर, 27 मई (सग): सुविज्ञ सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कई कख्यात उग्रवादियों के मारे जाने के विधिचंद, दाओके और नौशहरा ढाला से भी आवागमन बताया जाता है । पिछले दिनों में कई

Punjab Sampatti

हरियाणा में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

हैं और उनकी बंसी लाल के साथ बोल-चाल भी है । भजन लाल जिनको केंद्र ने देवी लाल र गिराने का काम सौंपा है, की राज्य के लोगों में विश्वसनीयता नहीं है और यह भी निश्चित है कि क्या भजन लाल को आगामी चुनाव में का टिकट मिल सकेगा या नहीं । बंसी लाल भजन लाल को ऐसे किसी प्रयत्न का श्रेय नहीं गा ।

सी बीच श्री देवी लाल के समर्थक भी जवाबी ई की योजना बना रहे हैं, विशेष रूप से ऐसी तियां तैयार की जा रही हैं, जिनमें भजन लाल बचाव पर मजबूर हो जाएं । श्री बंसी लाल करते हैं कि उनके विरुद्ध श्री देवी लाल के ाप सिंह द्वारा पामेला बोर्डेस की मां श्रीमती ना चौधरी को नियुक्त करने के बारे में आरोप ाल की शह पर लगाया गया है क्योंकि प्रताप जन लाल के निकट है । बंसी लाल ग्रुप भी ंत्री के समक्ष भजन लाल पर आरोप लगाने ी मौका नहीं चूकता ।

मंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की बरसी पर में शनिवार को विशाल एकता व शांति ढ़आ । चित्र में (ऊपर) सम्मेलन को करते हुए सांसद श्री सतपाल मित्तल तथा स्थिति का दृश्य । (छाया : काम्बोज)

क की हत्या के आरोप में दो को उम्रकैद

रपुर, 27 मई (अश्विनी): होशियारपुर न सैशन जज श्री जी.एल. चोपड़ा ने थाना तर्गत थिंदा ग्राम के एक साढ़े 4 वर्षीय अभिलाषी की हत्या के आरोप में उसी चयव को राजेन्द्र सिंह व सतबीर सिंह को -34 के तहत उम्र कैद की सज़ा व 1-1 जुर्माना किया है । हित अभिलाषी की 5 3 को हत्या करके उसका शव एक बोरी किसी के घर में रख दिया गया था ।

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

संतोख सिंह की हत्या इसी गांव के भगौड़े अवतार सिंह उर्फ़ तारी व उसके साथियों ने की है, क्योंकि दो वर्ष पहले संतोख सिंह ने आतंकवादी अवतार सिंह उर्फ़ तारी के ताया के बेटे की हत्या की थी । अभी कुछ दिन पूर्व ही तारी ने अपने चाचा की भी जमीन के मामले को लेकर हत्या की थी । अवतार सिंह उर्फ़ तारी का बाप तथा पूरा परिवार घर से गायब है । श्री अरोड़ा ने कहा कि संतोख सिंह की हत्या आपसी शत्रुता का मामला है, न कि उग्रवाद का । उन्होंने कहा कि सेठी का अपहरण आतंकवादियों की कार्रवाई हो सकती है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव लोदी नंगल के निकट आतंकवादियों के एक शरणस्थल पर छापा मारकर जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने 25-25 हजार के दो इनामी खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।

ये जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि सी.आई.ए. इंस्पैक्टर संत सिंह व एस.एच.ओ. करतार सिंह ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर आज दोपहर को एक फार्म हाऊस पर छापा मारा तो दो आतंकवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया । जिनकी शिनाख्त गुरमेज सिंह उर्फ गेजी (पब्बाराली) व बलदेव सिंह (फतेहगढ़ चूड़ियां) के रूप में हुई है । दोनों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था और ये के.सी.एफ. के स्वयंभू जनरल गुरजंट सिंह सब्जस्थानी के साथी हैं । इन आतंकवादियों से दो एच.ई. 36 हथगोले, ए.के. 47 राइफल के चार लोडिड मैगजीन और उनमें 108 जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

एस.एस.पी. ने आगे कहा कि ऐसा विश्वास किया जाता है कि ये आतंकवादी जुर्मों के कई मामलों में संलिप्त हैं और इनसे आगे पूछताछ जारी है । एस.एस.पी. ने स्पष्ट किया कि जिला की पुलिस व सुरक्षा बलों के भारी दबाव के कारण कई खतरनाक आतंकवादी आत्म समर्पण करने के लिए प्रयासरत हैं ।

सराफा बाजार में हड़ताल : फगवाड़ा (अशोक): कल स्थानीय सराफा बाजार में हथियार-बंद आतंकवादियों द्वारा दिन-दिहाड़े 'हिमालय ज्यूलर्ज़' की दुकान पर स्वयं जाकर दो लाख रुपए देने का धमकी भरा पत्र देकर आने की घटना से आतंकित सभी सुनारों ने आज सराफा बाजार में हड़ताल की, प्रदर्शन किया व अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर स्थानीय डी.एस.पी. को मांग पत्र दिया ।

नकोदर से 'गगन' के अनुसार तीन सशस्त्र व्यक्ति गत रात 11 बजे के करीब गांव खानपर ढड्डा में आए तथा सब से पहले वे धर्मपाल के घर के बाहर खड़े टैम्पो पर चढ़कर घर के भीतर दाखिल हुए और घर के सभी सदस्यों को एक लाइन में खड़े होने को कहा । इतने समय में धर्मपाल के बड़े लड़के रामकिशन (22) ने अपने घर की छत पर चढ़ कर घर के पीछे छलांग लगा दी, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया । परन्तु आतंकवादियों ने बिना गोली चलाए धर्मपाल के छोटे लड़के श्री सेठी राम (19) का यह कह कर अपहरण कर लिया कि वे सारे गांव को इकट्ठा करके पुलिस स्टेशन जाएं और कहें कि अवतार सिंह खानपुरिये का घर बसाया जाए, नहीं तो एक सप्ताह के भीतर गांव के हर घर के एक-एक व्यक्ति को गोलियों से छलनी कर दिया जाएगा । अब इस अपहृत लड़के को हम नहीं मारेंगे ।

इसके बाद वही आतंकवादी गांव के किसान श्री संतोख सिंह (48) के घर गए और उसे घर से बाहर निकाल कर सड़क पर गोलियों से छलनी कर दिया । यह कत्ल उसी स्थान पर किया गया जहां कुछ दिन पहले अवतार सिंह 'तारी' खानपुरी ने अपने चाचा ज्ञान सिंह नम्बरदार को मारा था ।

गांव निवासियों ने लुटेरों को पीटा : समराला से भारद्वाज के अनुसार देर से मिली सूचना के अनुसार गांव जलालपुर में ग्रामीणों तथा ज़बर विरोधी फ्रंट के कार्यकर्त्ताओं ने डाकू लुटेरों को बुरी तरह से पीटा और पुलिस के सुपर्द कर दिया । इस सम्बन्ध में जबर विरोधी फ्रंट के संयोजक ने सूचना देते हुए बताया है कि इन लुटेरों ने जलालपुर गांव के एक परिवार को धमकी दी थी कि यदि वे हजारों रुपए की राशि एक निश्चित स्थान पर नहीं पहुंचाएंगे तो इस परिवार वालों को 'सोध' दिया जाएगा ।

इसके बाद उक्त फ्रंट ने सम्बद्ध परिवार से सम्पर्क किया और उनको हर सहायता देने का आश्वासन दिया । 24 मई को जब लुटेरे बस से उतर कर सम्बद्ध घर पहुंचे तो वहां अकेली एक लड़की ही थी, जिससे उन्होंने राशि न पहुंचने का कारण पूछा, परन्तु उस लड़की ने फर्ती से गांव वालों तथा फ्रंट के सदस्यों को बता दिया और इन लोगों ने लुटेरों को दबोच लिया ।

नकोदर उपमंडल के गांव खानपर में शुक्रवार की रात को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा मारा गया संतोख सिंह । (छाया : रत्न)

डूबने से आयुक्त के बेटे की मौत

चंडीगढ़, 27 मई (संघी): पंजाब के आयुक्त (अपील) श्री एन.एस. रत्न के 16 वर्षीय पुत्र हरिबल रत्न की आज प्रातः स्थानीय गोल्फ क्लब के तरणताल में डूबने से मौत हो गई । पता चला है कि वह वहां तैरने गया था, पर पानी में छलांग लगाने के बाद बाहर नहीं निकला । वह +2 कक्षा का छात्र था ।

पाक में केंद्र व पंजाब की सरकारें एक-दूसरे के खिलाफ डटीं

...ों और पुरुषों की हर बीमारी के माहिर

सुभाष चंद्र जिनके इलाज से हज़ारों निराश ...ब ठीक होकर खुशियों का जीवन व्यतीत कर रहे हैं

सुभाष चंद्र खानदानी दवाखाना

...8, सैक्टर 28 ए, चंडीगढ़ (फोन : 41371)

सी.बी.आ... संहिता ब...

नई दिल्ली, 2... जांच ब्यूरो (सी.बी.... दंड संहिता में संशो... नहीं है । उसका... कोशिश से कानून... अदालतों की कठि... सी.बी.आई. का का... नई अपराध संहि... निपटाने के अपने... सफल नहीं रही ... अपने कथन के स... प्रदेश की मिसालें ...

यह मामला तब... महानिदेशकों ने शि... तो 1973 में संशो... दंड संहिता को छोड़... कानून आयोग ने इ... थी ।

सी.बी.आई. ने... संहिता समय की क... कभी बदलते हुए ... दृष्टिगत विशेष कानू... किए गए हैं, उदाहर... 1974, बंधुआ म... 1976, जरूरी वस्त... मुद्रा नियमन कानून ...

सी.बी.आई. का... विशेष कानूनों तथा ... ऐसा सोचना वांछनी... फौजदारी कानून बन...

कम्युनिस्ट पार्टी... की धम...

नई दिल्ली, 2... कम्युनिस्ट पार्टी और... विदेश व्यापार के मा... विरोधी रवैया अपना... दोनों पार्टियों ने ... कहा कि अमरीका का... 'सुपर 301' 'ब्लैकम... इसका मुंहतोड़ जवाब ...

मानसून के... वष...

मद्रास, 27 ... दक्षिण-पश्चिम मानसू... प्रतिशत अधिक होने... निश्चित समय पर एक... विज्ञान एवं प्रौद्योगि... वसंत गवारिकर ने आ... भविष्यवाणी में चार प्र... इस वर्ष देश में मानसून... होगी ।

युवक दरिया... बह...

दीनानगर, 27...

रेवार फ़ंड का 25वां वितरण समारोह 28 मई रविवार को जालन्धर में य अतिथि ब्रिगेडियर श्री आर.के. करंजिया थे, तथा समारोह ह सचिव श्री एस.एल. कपूर ने की । चित्र में श्री करंजिया एक उग्रवाद ट्रस्ट बांड के रूप में आर्थिक सहायता तथा श्री एस.एल. कपूर कम्बल व । (नीचे) सहायता प्राप्त करने वाली उग्रवाद पीड़ित महिलाएं व अन्य (छाया : वेद कपूर)

द्वारा अफगान विद्रोहियों को भेजी मिसाइलें ब्लैक मार्केट में पहुंचीं

(वार्ता): पश्चिमी देशों मेत विभिन्न प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय काला बाजार

सौदागर पिछले दो वर्ष वाय में मार करने वाले 'रेपियर' प्रक्षेपास्त्र तथा सोवियत 'एस.ए. - 7' कर रहे हैं ।

नुसार ब्लैक मार्केट में इन रे तरह के अत्याधुनिक उपकरण भी बेचे जा रहे कुलिस परिवहन विमान नंबरा बमवर्षक, ए.के. र्क, पुमा हैलीकॉप्टर, र्स और मिग-21 विमान

ा रहे हथियारों में सतह से गर प्रक्षेपास्त्र और उसकी गर 'पोस्त' तथा यूरोप में प्रक्षेपास्त्र ही नहीं बल्कि क तक भी शामिल हैं ।

ोद मूल्य के अतिरिक्त दो ो तक दी जाती है ।

ब्ध इन हथियारों की सूची थियारों के सौदागरों की और चीन निर्मित हथियारों

थी, तब यह खबर थी कि अमरीका की खुफिया एजैंसी 'सी.आई.ए' द्वारा पाकिस्तान के जरिए अफगान विद्रोहियों को भेजे गए हथियारों की एक बड़ी खेप ब्लैक मार्केट में पहुंच गई है ।

सन् 1988 में इन खबरों की तब पुष्टि हो गई जब फारस की खाड़ी में अमरीकी नौ सेना के खिलाफ एक संघर्ष में क्षतिग्रस्त एक ईरानी नौकर से स्ट्रिंगर प्रक्षेपास्त्र बरामद हुए ।

'द फ्लाइट' पत्रिका की रिपोर्ट में कहा गया है कि हथियारों के सौदागरों से स्ट्रिंगर प्राप्त करने के लिए खरीदारों की भीड़ लग गई । ये खरीदार इन सौदागरों को स्ट्रिंगर की वास्तविक कीमत से दोगनी कीमत देने के लिए तैयार थी । खरीदारों की मांग पूरी करने में असमर्थ रहने पर सौदागरों ने ब्लोपाइप, जैवेलिन, रेपियर और सोवियत एस.ए. 7 जैसे विकल्पिक प्रक्षेपास्त्रों की पेशकश करनी शुरू कर दी । इस वर्ष फरवरी तक हथियारों के कई अंतर्राष्ट्रीय सौदागर बहुबांछित स्ट्रिंगर प्रक्षेपास्त्र बेच रहे थे ।

अफगान युद्ध में 70 सैनिक व 55 विद्रोही मरे

इस्लामाबाद, 28 मई (ए.पी.): अफगान विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने जलालाबाद पर फिर से हमला करके कई सैनिक चौकियों पर कब्जा कर लिया और 70 सरकारी सैनिकों को हताहत कर दिया ।

मंड क्षेत्र में 2 और आतंकवादी मारे गए

पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 28 मई (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात के बाद से 2 आतंकवादी मारे गये जबकि एक पहलवान समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के एक नेता पर फ़ायरिंग की गई,लेकिन वह बच निकला । एक सहकारी समिति के कार्यालय से नकदी लूट ली गई ।

मंड में 2 और आतंकवादी मरे : अमृतसर (विप्र): सुरक्षा बलों ने मंड इलाके में कल रात एक मुठभेड़ में दो और आतंकवादियों को मार गिराया । इसके साथ ही इस दुर्गम इलाके से आतंकवादियों को उनके छिपने के ठिकानों से बाहर निकालने के सुरक्षा बलों के एक विशेष अभियान के दौरान मारे जाने वाले आतंकवादियों की संख्या बढ़ कर 5 हो गई । सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा चार दिन पहले मुख्य रूप से चलाये गये इस अभियान में मरने वाले आतंकवादियों में होशियारपुर का दर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता भी शामिल है । मंड इलाके में मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने एक प्वाइंट 315 की रायफल,एक माऊजर और इन हथियारों के खाली कारतूस बरामद किये ।

पहचान : इसी मध्य कल रात तरनतारन पुलिस जिले के मंड क्षेत्र में मारे गये दो आतंकवादियों में से एक की पहचान बचित्तर सिंह के रूप में हुई है जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक सूचीबद्ध आतंकवादी था जिसका सरगना हरभजन सिंह सुरसिंह वाला था जो कि हाल ही में एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है । यह गिरोह 30 से अधिक हत्याओं और मंड क्षेत्र में रुपए ऐंठने व लूट की वारदातों में संलिप्त था । तरनतारन पुलिस ने एक किसान मंगल सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

ठेकेदार की हत्या : दो आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर से 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खलचियां के निकट एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी, एक अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि दो स्थानीय ठेकेदार सतपाल और संतराम कार से वापस अमृतसर लौट रहे थे तभी आतंकवादियों ने उनको रुकने के लिए कहा ।

ड्राईवर ने खतरा भांप कर कार की गति बढ़ा दी लेकिन आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से गोलियां बरसा कर सत पाल को मौके पर ही मार डाला जबकि संतराम को गम्भीर दशा में अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

गोलियों से छलनी शव मिला : अमृतसर के जोधसिंहवाला गांव में आज एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया । पुलिस ने बताया कि यह शव गांव रसूलपुर के एक व्यक्ति का है जिसका कल उसके मकान से अपहरण कर लिया था ।

पहलवान की हत्या : थाना मेहता के गांव कोट खेड़ा में आतंकवादियों ने राज्य के एक प्रसिद्ध पहलवान जरनैल सिंह उर्फ गरमेल सिंह उर्फ जैलू की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक घायल : तरनतारन (ह.स.): आज शाम पुलिस जिला तरनतारन के गांव पट्टी कलां में उग्रवादियों ने वीरेन्द्र कुमार नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया । उग्रवादी बाद में वीरेन्द्र कुमार का स्कूटर लेकर भाग गए ।

आतंकवादी की शिनाख्त : फिरोजपुर (कन्तोड़) गत 20 मई को थाना गुरुहरसहाय के गांव चक कंधे शाह में ग्राम रक्षा समिति के हाथों मारे गये डी.एस.पी. की वर्दी वाले आतंकवादी की पहचान जसवीर सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र बेला सिंह मजहबी निवासी खननकलां थाना सदर मलोट जिला फरीदकोट के रूप में हुई है । एस.पी. (हैडक्वार्टर) फिरोजपुर श्री एस.के. गोयल ने बताया कि मृतक जेल से जमानत पर छूटा हुआ था । उन्होंने कहा कि ममदोट क्षेत्र का एक अन्य व्यक्ति भी उसके साथ था जो कि उसको ममदोट के एक टेलर मास्टर के पास ले गया जिसने पुलिस की वर्दी उनको तैयार करके दी । पुलिस उक्त टेलर मास्टर की तलाश कर रही है ।

5 गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): लुधियाना पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ ने बताया कि अभियुक्तों की योजना डाके डालने तथा एक सम्प्रदाय के लोगों की हत्या करने की थी । उनसे तीन पिस्तौल, कारतूस, दो एयर गन, दो स्कूटर तथा दुष्टसोच कमांडो फोर्स के लैटरपैड मिले । उनके नाम हरजिन्दर सिंह होशियारपुर, रवि अमृतसर, कश्मीर सिंह और दलजीत सिंह व सुखचैन सिंह हैं ।

रुपये छीने : धूरी (सिंगला) दो व्यक्तियों ने कल शाम रामगढ़िया गुरुद्वारा के निकट रामस्वरूप नामक व्यक्ति से रुपयों का थैला छीन लिया जिसमें 800 रुपये थे । लोगों ने इन लुटेरों को निकटवर्ती गली में दबोच लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया ।

शरण देने के संबंध में केस दर्ज : समराला (भारद्वाज) समराला पुलिस द्वारा गांव हेड़ियां के बिक्कर सिंह नाम व्यक्ति के विरुद्ध आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में केस दर्ज किये जाने का समाचार है ।

दो घायल : कल जिला रोपड़ के थाना खरड़ के अंतर्गत गांव मुल्लांपुर में आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके के बाहर फायरिंग करके जसपाल सिंह तथा उसके भाई को घायल कर दिया । यह दोनों रोपड़ सिटी अकाली दल (त) के अध्यक्ष रणजीत सिंह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

आम चुनाव दिसम्बर में : आज़ाद

लखनऊ, 28 मई (वार्ता): अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) कमेटी के महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने कहा है कि आगामी आम चुनाव दिसम्बर-जनवरी में होंगे । श्री आज़ाद आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । वह श्री एस.बी. चव्हान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की दो दिन की बैठक में भाग लेने आये थे । उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की स्थिति बहुत अच्छी है और चुनावों में उसकी विजय निश्चित है ।

वर्तमान शासन-प्रणाली से स्पष्ट हो जाता है कि भारत में अभी भी सामंतवाद कायम है : जगद्गुरु

आनंदपुर साहिब, 28 मई (सुरेश गिरि): राजनीतिक लोग पंजाब में युवकों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं और उन्हें गलत रास्ते पर चला

Punjab Sanatan

नंदपुर साहब प्रस्ताव के माध्यम से उस दिशा में
चाहते हैं, मगर अब देश का और बंटवारा कभी
होगा । उन्होंने अकालियों को बुज़दिल करार
जो आज अपने नेताओं की हत्या की निन्दा
से भी डरते हैं ।

उन्होंने इस बात का खंडन किया कि केंद्र
खाड़कू उग्रवादियों के किसी गुट से वार्ता या
बाज़ीकर रहा है और न किसी ऐसे अन्य दल के
को गठित कर रहा है ।

श्री रंगनाथ सिंह तीर ने खेद व्यक्त किया कि
ई से आए श्री करंजिया को पंजाब की वास्तविक
ति की जानकारी देने की बजाए वक्ता एक-दूसरे
जनीति के आधार पर कोसने में लगे रहे ।
या ति गम्भीर है । प्रश्न यह है कि इसे हल
में हम सब क्या कर सकते हैं । उन्होंने देश
कता व अखंडता की चर्चा करते हुए कहा कि
लौंगोवाल से एक अवसर पर बातों के दौरान
स्ता बारे प्रश्न के उत्तर में संत लौंगोवाल ने
या कि जो खालिस्तान मांगता है, वह सिखों का
बड़ा शत्रु है । सिख तो इस देश के पहरेदार
हमें तो बेशक अकाली मत कहा जाए, केवल
कहा जाए, यह बड़ा गौरव है । उन्होंने कहा
ो स्वयं सिख मान कर हिन्दू से नफ़रत करता है,
रु तो बहादुर के बलिदान का अपमान करता
उन्होंने ऐसे विचार लोगों तक पहुंचाने की
त पर ज़ोर दिया । उन्होंने कहा कि यह एक
बनाई है कि कोई प्रधान मंत्री को गद्दी से उतारने
चर्चा कर रहा है तो दूसरा विरोधी दलों को
ने की । देश की चिन्ता किसी को नहीं ।
ने ध्यान दिलाया कि आज भारत का दुनिया में
मित्र नहीं । ऐसी स्थिति में राष्ट्र को योद्धा
की ज़रूरत है जिसके लिए त्याग पहली शर्त
उन्होंने अपील की कि यदि राजनीतिक दल और
त्याग नहीं कर सकते तो आपसी गाली-गलोच
याग सकते हैं ।

श्री यश ने कहा कि सिखों या अकालियों के
कोई शिकायत नहीं, किन्तु सिखों में कुछ तत्व
24 घंटे ही सिखों के लिए अलग स्थान के सपने
हे हैं । उन्होंने पाकिस्तान बनाने को भी
यिकता के सामने झुकना करार दिया और
56 में पंजाब के पुनर्गठन को भी गलत
ा । उन्होंने कहा कि अकाली दल ने कभी भी
के रूप में देश की आज़ादी में भाग नहीं लिया,
1942 के आंदोलन की खुली मुखालफ़त की
उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या के समाधान के
केंद्र और पंजाब सरकार जो कोशिशें कर रहे हैं,
क दिशा में नहीं । जब तक राजनीति और
को अलग नहीं किया जाता, तब तक मौजूदा
या की बुनियाद समाप्त नहीं हो सकती ।
ने कहा कि जो दल धर्म व राजनीति को एक
कर चलता है, उसे चुनाव में भाग लेने की
ति क्यों हो ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर.
ने कहा कि पंजाब की समस्या धार्मिक भी और
तिक भी है किन्तु यह अमन व कानून की
है । यदि यह समस्या राजनीतिक होती तो
5 के चुनाव के बाद हल हो जाती । यदि
ह होगी तो आतंकवादी छोटे-छोटे बच्चों को न
। यहां तो काला उग्रवाद है, जिसका समर्थन
ी देश करते हैं । ये आतंकवादी यहां लूट-
करते हैं और देश के अन्य भागों में ट्रक, भूमि
खरीद कर आनंद मनाते हैं ।

होंगे । उन्होंने कहा कि कुछ भी हो, अब देश को
कोई खंडित नहीं कर सकता । यह कोई बिकाऊ
माल नहीं ।

मंडे में आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

रियाड़ के लड़के हैं ।

फैडरेशन नेता पर फायरिंग : मोगा से आज़ाद के अनुसार कल आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत ग्रुप) के वरिष्ठ नेता चमकौर सिंह रोडे पर दत्त रोड पर गुरुद्वारे के निकट 2 स्कूटर सवार युवकों ने उस समय फायरिंग शुरू कर दी जबकि वह एक व्यक्ति हरनेक सिंह के साथ रिक्शा में जा रहे थे । श्री रोडे छलांग मार कर रिक्शा से भाग निकले । सशस्त्र युवकों ने उनका पीछा किया परन्तु श्री रोडे बच निकलने में सफल रहे । थाना सिटी मोगा में केस दर्ज कर लिया गया है ।

31510 रुपये लूटे : भटिंडा (ह.स.): यहां से 20 किलोमीटर दूर लहरागागा की सहकारी समिति के कार्यालय से कल दिन के दो बजे स्कूटर सवार अज्ञात व्यक्तियों ने 31510 रुपये लूट लिये तथा फरार हो गये । पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है ।

स्क्रीनिंग : मोहाली (नवांदा): मोहाली के फेज 5 में स्थानीय पुलिस तथा सी.आर.पी. के जवानों ने घर-घर जाकर स्क्रीनिंग के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में 'कर्फ्यू' लगा दिया गया । विभिन्न स्थानों से 5 युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया ।

आधुनिक सिमुलेटर

(पृष्ठ 3 का शेष)

'बारूदी सुरंगों' का खतरा रहता है । पनडुब्बियों के बारे में तो पता चल सकता है लेकिन 'समुद्री बारूदी सुरंगों' के बारे में पता चलना बहुत कठिन है ।

ईरान-ईराक युद्ध बंद होने के बाद अमरीकी नौसेना तक के सामने यह बहुत बड़ी समस्या आ खड़ी हुई थी कि खाड़ी से बारूदी सुरंगों को कैसे हटाया जाए । भारतीय नौसेना भाग्यशाली है कि उसके पास विश्व के अत्याधुनिक 'मिसाइल' स्वीपिंग शिप मौजूद हैं।

संवाददाताओं ने ऐसे ही एक छोटे पोत पर सवार होकर बारूदी सुरंगें हटाने तथा उन्हें समाप्त करने का जटिल कार्य देखा । छोटा-पोत होने के कारण पोत समुद्र में लगातार हिलोरें खाता रहा । इसके कारण कई लोगों की तबीयत तक खराब होने लगी ।

पंचायत चुनाव बारे केन्द्र दुविधा में

अमृतसर, 28 मई (वर्मा): बेशक प्रधानमंत्री बार-बार ऐलान करते जा रहे हैं कि देश भर में पंचायती चुनाव जल्द करवा दिए जाएंगे और इस सम्बन्ध में सरकारी मशीनरी भी कुछ हद तक हरकत में आ चुकी है, लेकिन दिल्ली के सियासी पंडितों का कहना है कि केन्द्र अभी ही इस सम्बन्ध में दुविधा में है । केन्द्र इस बात पर संजीदगी से गौर कर रहा है कि पंचायती चुनाव करवाने से लोकसभा व विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस को कुछ फायदा हो सकेगा या नहीं । गांवों में धड़ेबंदी पहले ही जोरों पर है । एक धड़ा कांग्रेस की ओर होता है तो दूसरा विरोधियों की ओर । इसलिए हो सकता है कि

पेइचिंग

(पृ

विद्यार्थियों ने भाग
विपरीत इस प्रदर्श
नागरिक ही शामि

छात्र नेताओं
वाले मजदूरों और
लगा है इसलिये अ
ज्यादा नहीं थी ।
किनारे खड़े नागरि
हौसला बढ़ाने वाले

इस बीच जान
कम्युनिस्ट पार्टी, से
जन अधिकारियों
आंदोलन के दौरान
'रिपोर्ट' देने के
आंदोलनकारी छात्रों

राजनीतिक सूत्र
रुख वाले चीनी कम्
जियांग को बर्खास्त
उनके समर्थक कुछ
सकती है । सूत्रों ने
वेई भी शामिल हैं
बाद सेना को पेइचि
प्रभाव का उपयोग

श्री झाओ और
राजनीतिक पतन 8
जीत मानी जा रही है
के विरोधी हैं । यह
पर मार्शल-ला प्रभा
स्थिति अपेक्षाकृत

उधर तिनानमि
की संख्या दिन-ब-दि
पहले तक वहां दो ला
वहां 10 से 15 हजा
पेइचिंग से बाहर के छ
और राजधानी से प्रांत
मुफ्त यात्रा की सुविध

कुछ छात्रों ने क
और मंगलवार को वे
कुछ अन्य छात्रों ने

नेतृत्व में छंद

रात यह संकेत मिला
शुरू होने वाली है ।
प्रमुख ने कहा है कि "
बैठें कुछ व्यक्तियों ने
है ।" चीनी जन राज
प्रमुख ली श्येन न्यें
सामान्य स्थिति बहाल
को दृढ़ समर्थन देने

चौक उजड़ी

चौक आज उजाड़ सी
था । मैदान में चारो
रही तथा फटे-पुरा
प्रदर्शनकारी छात्रों ने
तिरपालों और टैंटों
लेटे हुए थे, कुछ किता
छात्र मैदान में इधर-

अमरीका में

पेइचिंग के छात्र प्रद
यहां चीनी कौंसलेट के

Punjabi Sansar

रहे इंका के 'पद यात्रियों' को चंडीगढ़
ैसी कार्यकर्त्ताओं को रोक कर खड़ी
पाणा इंका के प्रधान श्री शमशेर सिंह
(छाया : पुरी)

निकाले जाने के तय कर ली थी

य कर ली थी और उन्हें अपने मार्ग में आने
रशेखर तथा हेमवती नंदन बहुगुणा जैसी
ो पूरा अहसास था ।

अनुसार श्री सिंह का लक्ष्य "विपक्ष के
ांचे को नेस्तनाबद कर उसके मलबे पर
द का एक ढांचा खड़ा करने का था ।"
की चाह' में श्री सिंह ने विभिन्न विपक्षी
च मतभेद गहरे करने के लिए उन्हें आपस
ा ताकि सब को उनका नेतृत्व स्वीकार्य हो
सत्ता का मार्ग साफ हो जाए ।
कर ने 136 पृष्ठ की अपनी पुस्तक में श्री
क तरफ कड़ा प्रहार किया है ।
की प्रस्तावना में श्री ठाकुर ने स्पष्टीकरण
अनेक बार प्रयास करने के बावजूद श्री
प्रताप सिंह ने उन्हें बात करने का समय
। पुस्तक के इकतरफा होने का आरोप
कथन में 'टाइम्स आफ इंडिया' के भूतपूर्व
गिरिलाल जैन ने लगाया है ।

में दंगों से निपटने के लिए की 10 नई बटालियनें

ल्ली, 29 मई (जी.एस. चावला): उत्तर
र ने साम्प्रदायिक दंगों से निपटने के लिए

मार्क्सवादी पार्टी के कार्यकर्त्ता सहित पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या

छापों में बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले : 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

2 उग्रवादी मारे गए : मंड में सुरक्षा बलों का अभियान जारी

चंडीगढ़, 29 मई (वार्ता, हस.): पंजाब में कल रात्रि से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्त्ता सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 3 व्यक्ति घायल हो गए । जिला फिरोजपुर में 2 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए जबकि फिरोजपुर पुलिस ने छापों के दौरान बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए । अमृतसर के मंड क्षेत्र में पुलिस व सरक्षा बलों का अभियान जारी है । 2 उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया है ।

4 की हत्या : (वि.प्र.): कल रात जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने तीन स्थानों पर फ़ायरिंग करके चार व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक को सख्त घायल कर दिया ।

इन वारदातों का ब्यौरा इस प्रकार बताया गया है कि थाना खालड़ा के गांव माड़ी उबोके में 5-6 आतंकवादी,जो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे, रात 9.30 बजे के करीब एक जमींदार मंगल सिंह के घर में घुस गए तथा मंगलसिंह और उसके लड़के जसवन्त सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । दोनों बाप-बेटों की लाशों के निकट ए.के. 47 राइफल के 18 चले हुए कारतूस मिले । पुलिस ने इसे आपसी रंजिश का परिणाम बताया है । घटनास्थल पर मिले पर्चे में बताया गया है कि मृतक लूट तथा छीना-झपटी की वारदातें करते थे ।

सीमा रेंज के डी.आई.जी. श्री इज़हार आलम ने कहा कि मंगल सिंह तथा जसवंत सिंह दोनों अफ़ीम के तस्कर थे । मंगल सिंह के तीन भाइयों की आतंकवादी पहले ही हत्या कर चुके हैं ।

अमृतसर जिले के कस्बा भिखीविंड में रात रात दस बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने एक नौजवान बलविंदर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । यह नौजवान होमगार्ड में कर्मचारी था तथा छुट्टी पर गांव आया हुआ था । मौका पर ए.के. 47 राइफल के 20 कारतूस बरामद किए गए ।

थाना व्यास के गांव बडाला में रात रात्रि 11 बजे के करीब कुछ आतंकवादी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता मंगत सिंह के घर में घुस गए तथा उस पर फ़ायरिंग की । मंगत सिंह को बचाने के लिए जब उसका लड़का सुखदेव सिंह आगे आया तो उसे भी गोलियां मारकर सख्त घायल कर दिया गया । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । मंगत सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार 4 संदिग्ध व्यक्ति रात लगभग 1.30 बजे कामरेड मंगत सिंह के डेरे में आये तथा परिवार के सभी सदस्यों को नींद से जगा कर सभी के नाम पूछे । कामरेड मंगत सिंह का नाम पूछ कर उन्होंने परिवार के शेष सदस्यों को एक तरफ कर दिया तथा मंगत सिंह को बाहर ले चले । उनके लड़के सुखदेव सिंह ने आतंकवादियों की मिन्नतें कीं कि उसके पिता को न मारें परन्तु आतंकवादियों ने उन्हें उनके आंगन में ही गोलियां मार कर मार डाला । घटनास्थल पर बब्बर खालसा के लैटरपैड पर लिखा एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि कामरेड मंगत सिंह की हत्या कामरेड गुरनाम सिंह उप्पल का निकट साथी होने के कारण की गई है ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब राज्य समिति के सचिव श्री जी.एस. रंधावा ने जालंधर में एक बयान में खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा वडाला क्षेत्र में एक पार्टी वर्कर मंगत सिंह की निर्मम हत्या तथा उनके पुत्र सुखदेव सिंह को सख्त घायल करने की कड़ी निंदा की है । उन्होंने कहा कि साम्राज्यवादी शक्तियों द्वारा समर्थित आतंकवादियों ने इस प्रकार के कृत्यों से मार्क्सवादी पार्टी राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरुद्ध अपने अभियान से पीछे नहीं हटेगी । उन्होंने सभी शांतिप्रिय शक्तियों से राष्ट्रविरोधी ताकतों के विरुद्ध संगठित होने की अपील की ।

घायल कर दिया : कल रात भिखीविंड पुलिस थानांतर्गत ग्राम पादरी में स्कूटर से अपने गांव लौट रहे वीरेन्द्र कुमार नामक एक दुकानदार को आतंकवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । भागते समय आतंकवादी उसका स्कूटर भी ले गए । घायल वीरेन्द्र कुमार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है ।

अभियान जारी : दूसरी तरफ सुरक्षा बल और पुलिस के जवान मंड क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई कर रहे हैं । पांच दिन पूर्व शुरू किए गए इस अभियान में अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं और शस्त्रों का भारी भंडार बरामद हुआ है ।

स्कूटर छीना : पट्टी से पाठक के अनुसार गत रात जौड़ा गांव से आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसका बजाज स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पति-पत्नी की हत्या : रोपड़ (ह.स.): गत रात थाना सदर रोपड़ के अन्तर्गत गांव बिदरख में कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति तथा उसकी पत्नी की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मार्क्सी पार्टी ने जनता दल को समर्थन देने के लिए शर्त रखी

नई दिल्ली, 29 मई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जनता दल का समर्थन तभी करेगी, जब वह काम के अधिकार को मौलिक अधिकार में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू करेगा । पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और मार्क्सवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्योति बसु ने जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ बातचीत में कल यहां यह शर्त रखी ।

मार्क्सवादी पार्टी के सूत्रों के अनुसार बैठक श्री सिंह ने आयोजित की थी । इस बैठक में उन्होंने श्री बसु को बताया कि उनकी पार्टी काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल किये जाने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने वाली है । श्री बसु ने कहा कि मार्क्सवादी पार्टी के मजदूर, युवा तथा छात्र संगठन लम्बे अर्से से इस मांग को लेकर आंदोलन चला रहे हैं । सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने ताज़ा राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की ।

मार्क्सवादी पार्टी के सूत्रों के अनुसार श्री सिंह ने बातचीत के दौरान कई कार्यक्रमों के आधार पर "वामपंथी दलों से संबंध बनाए रखने के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखाई।" उन्होंने आगामी संसदीय चुनाव में जनता दल और मार्क्सवादी पार्टी के बीच सीटों के तालमेल की संभावना से इन्कार नहीं किया है ।

मार्क्सवादी पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारण समिति पोलित ब्यूरो की दो दिवसीय बैठक समाप्त हो गई है । इसमें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का जायज़ा लिया गया । इस बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के अलावा पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया ।

गुलमर्ग में आग, 5 होटल, मन्दिर, गुरुद्वारा, कई भवन नष्ट

श्रीनगर, 29 मई (वार्ता): गुलमर्ग के पर्यटक स्थल में कल देर रात भीषण अग्निकांड में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि पांच होटल, तीन इमारतें, बारह दुकानें और 21 आवासीय कमरे क्षतिग्रस्त हो गए । अग्निशमन मुख्यालय के सूत्रों ने यहां बताया कि घायलों में तीन पुलिसकर्मी शामिल हैं । सूत्रों ने बताया कि इस अग्निकांड में एक गुरुद्वारा और एक मन्दिर भी क्षतिग्रस्त हो गए ।

नांदेड़ में दो आतंकवादियों सहित 4 व्यक्ति गिरफ्तार

औरंगाबाद, 29 मई (ह.स.): नांदेड़ पुलिस के एक विशेष प्रकोष्ठ ने शनिवार रात नादेड़ से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । पुलिस का कहना है कि इनमें से कम से कम दो व्यक्ति आतंकवादियों से सम्बद्ध हैं ।

गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम पूरन सिंह, बलविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह और करनैल सिंह हैं । इनमें से अंग्रेज सिंह और करनैल सिंह आतंकवाद एवं तोड़-फोड़ गतिविधि निरोधक कानून के तहत पकड़े गए ।

पंजाब में पुलिस उच्च-अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़, 29 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने एक आदेश जारी करके कुछ और पुलिस

Welcome The New Session
with
Well-Planned & Well-Prepared
High Profile
MBD

.5.1989

नात्मक करेगा

त में लिया अथवा उनका
ो अमरीका उसका विरोध

न के साथ कल एक भेंट में
कहा कि "चीन में चल रहे
के संभवतः सर्वाधिक
उन्होंने कहा, "हमें खुशी
स्या का एक राजनीतिक
"
कि छात्र प्रदर्शनकारी
होने की आज़ादी तथा देश

ापन

केत्सा

तकदीर खुल गई । गागर में
ई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त
20 रुपए । बवासीर बगैर
कीमत सिर्फ 100/- रुपए
कर दवा मंगवाएं । हकीम
ड आफिस गागर में सागर
दनगीर, नई दिल्ली-62.

गार

योग (S.S.C.) में क्लर्कों के
। योग्यता—मैट्रिक । आयु
वर्ष । वेतनमान—950-
-26.6.1989 । आवेदन
10 रुपए मनिआर्डर शीघ्र
ool of Competitions,
Estate, Ambala

क्षा

ड, दसवीं सीधा +2/हिन्दी
d., LL.B हेतु मिलें । सिटी
यमुनानगर ।

B.T.C./O.T./ L.T./
/B.Com./B.Sc./M.A./
ths) LL.B. professional
e sitting, D. Pharma,
ational College, 264-A,
a.

ो-आप्रेटिव
साइटी लि.
कांगड़ा)
द्र जी के
गमन पर
स्वागत
है ।
ट
जी
देश
1989
।
तथा पधार कर

एच. के. चांद

की राजनीतिक व्यवस्था के लोकतांत्रिकीकरण के लिए संघर्षरत हैं, इसमें हम हमेशा उनके साथ हैं । हम चाहते हैं कि चीन में यह प्रक्रिया जारी रहे ।

उन्होंने कहा कि "अगर प्रदर्शनकारी नेताओं को हिरासत में लिया गया अथवा उन पर अत्याचार किये गये, तो हम उसका विरोध करेंगे ।"

पेइचिंग : चीन में लोकतांत्रिक सुधारों की मांग कर रहे छात्रों के एक गुट ने तिनानमिन चौक पर धरना दे रहे छात्रों से अनुरोध किया है कि वे 20 जून तक अपना धरना जारी रखें । इस दिन चीन की संसद की बैठक में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के बारे में विचार-विमर्श किया जाना है । तिनानमिन चौक पर आज लाउडस्पीकरों पर यह अनुरोध किया गया । इन छात्रों ने कहा "हम चौक खाली नहीं कर सकते । यदि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने हमारा दमन किया तो हम भविष्य में होने वाले आंदोलन के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन जाएंगे ।" छात्रों ने कहा कि यह घोषणा छात्रों का नेतृत्व करने वाले गुट की ओर से की जा रही है । उन्होंने दावा किया कि चौक पर अभी तीस हजार छात्र जमे हुए हैं । लेकिन अधिक सही अनुमानों के अनुसार चौक पर अब करीब 10 हजार छात्र ही रह गये हैं ।

इस गुट की इस घोषणा से इस बारे में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है कि छात्र आंदोलन का नेतृत्व कौन कर रहा है । पेइचिंग के छात्र कार्यकर्त्ताओं ने शनिवार को कहा था कि मंगलवार को धरना उठा लिया जाएगा तथा छात्र लोगों को अपने आंदोलन के उद्देश्यों की जानकारी देने के कार्य में लगेंगे । हजारों छात्र इस कार्य के लिए अपने प्रांतों में लौट रहे हैं ।

पेइचिंग के बाहर से आये चीनी छात्रों ने आज कहा कि वे लोकतंत्र के समर्थन में तिनानमिन चौक पर अपना धरना जारी रखेंगे । उधर छात्र नेताओं ने अपने लोकतांत्रिक आंदोलन के विरुद्ध सरकार के कड़े रवैये के बारे में विचार-विमर्श किया ।

सरकार में इस समय कट्टरपंथियों का दबदबा है और पिछले कुछ दिनों से वे छह हफ्ते से चल रहे छात्र आंदोलन को दबाने की कोशिश करते रहे हैं ।

लोकतांत्रिक सुधारों की मांग कर रहे छात्रों द्वारा आयोजित प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए कामगारों पर जुर्माना किया जा रहा है और बताया जाता है कि पेइचिंग के सबसे बड़े स्टील संयंत्र में सैनिक तैनात कर दिये गये हैं ।

बताया जाता है कि प्रमुख उदारवादी अब पीछे हट रहे हैं । सूत्रों का कहना है कि प्रांतीय अधिकारियों को ऐसे दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें कम्यनिस्ट पार्टी के सुधारवादी महासचिव झाओ जियांग की गम्भीर गलतियों की जानकारी दी गई है । कहा जाता है कि उन्हें पद से हटा दिया गया है । जिन लोगों ने राजनीतिक सुधारों की वकालत की है या छात्रों से समझौता करने का समर्थन किया है, उन्हें सज़ा दिये जाने या उनकी छंटनी किये जाने की संभावना है ।

आज़ादी की प्रतिमा : लोकतंत्र समर्थक छात्र अपने आंदोलन की स्मृति में सोमवार को एक समारोह का आयोजन कर तिनानमिन चौक पर "आज़ादी की प्रतिमा" का अनावरण करेंगे । तीन मीटर ऊंची इस प्रतिमा को पेइचिंग कालेज आफ आर्ट के छात्रों ने प्लास्टिक से ढाल कर बनाया है । यह प्रतिमा केंद्रीय प्लाज़ा में सोमवार को ले जाई जाएगी ।

विदेशी हाथ की जांच : हांगकांग : चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग ने इस बात की जांच कराने पर बल दिया है कि किसी विदेशी ताकत, खास कर अमरीका ने चीन के मौजूदा छात्र आंदोलन में कोई भूमिका तो नहीं निभाई । अंग्रेजी भाषी में प्रकाशित चीन के दैनिक पत्र 'मार्निंग पोस्ट' ने प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित एक समाचार में यह जानकारी दी है ।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाली महिलाएं सम्मानित

चंडीगढ़, 29 मई (वि.प्र.): पंजाब स्त्री सभा की तरफ से कल यहां आयोजित एक समारोह में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाली छः महिलाओं को सम्मानित किया गया । इनमें तीन को मरणोपरांत सम्मानित किया गया था ।

समारोह में श्रीमती अरुणा आसिफ अली ने जसवंत कौर (शाहाबाद मारकंडा), राणो (जिला गुरदासपुर) तथा अमरजीत कौर (जिला फरीदकोट) को सम्मान पत्र, शाल व एक-एक कम्बल भेंट किया । गुरप्रीत कौर (शाहाबाद मारकंडा), विमला रानी (फिरोजपुर) तथा गुरो (अमृतसर) को मरणोपरांत सम्मानित किया गया । समारोह को श्रीमती अरुणा आसिफ अली के अतिरिक्त विमला फारूकी ने भी सम्बोधित किया ।

एक प्रस्ताव पारित करके मांग की गई कि सर्वदलीय बैठक बुला कर राजीव-लौंगोवाल समझौते के दायरे में पंजाब समस्या का समाधान किया जाना चाहिए । स्त्री सभा राहत ट्रस्ट ने जसवंत कौर को 5000 रु., राणो को 4000 रु. तथा अमरजीत कौर को 3000 रु. के 'चैक' भी प्रदान किए । समारोह में श्रीमती विमला डांग, श्रीमती उषा रेखी, श्रीमती चम्पा मंगत राय तथा श्रीमती प्रितपाल कौर वासु भी उपस्थित थीं ।

शाम के भाव–(29 मई, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा सोना (प्रति 10 ग्राम) बिस्कुट 3020-3050, सोना स्टैंडर्ड 3160, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3050, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली क्लाथ 58.00, हिन्द मोटर 39.50, रिलायंस 116.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6660, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7060, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3000, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3160, मिल डिलिवरी : वनस्पति य.पी. (प्रति टीन) 330-338, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 330-340, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 150, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 178, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 154, तेल चावल असाद्य (10 किलो) 125, मूंगफली तेल (10

कामरेड मंगल सिंह (इनसैट) जिसकी विगत दिवस आतंकवादियों ने थाना ब्यास के गांव बडाला कलां में गोली मारकर हत्या कर दी थी । फोटो में (ऊपर) घटनास्थल पर बिखरा खून तथा (नीचे) मृतक के परिवार वाले विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

कि हमलावर गुरदेव सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस गए और उसकी व उसकी पत्नी की हत्या कर दी । उसकी लड़की गुरमीत कौर सख्त घायल हुई है ।

2 आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर पुलिस ने कल रात नवांशहर पुलिस थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से हथियार बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान तीन में से दो आतंकवादियों ने नाका पार्टी के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । दोनों ही आतंकवादी जालन्धर जिले के नकोदर पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम लिदड़ां के लखबीर सिंह और बलविंदर सिंह हैं । उनका तीसरा साथी भाग निकला । पुलिस ने उनके पास से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक पिस्तौल और 14 कारतूस बरामद किए हैं ।

हथियार बरामद : फिरोज़पुर (कन्तोड़): जिला पुलिस चीफ़ के निर्देश पर आतंकवाद विरोधी अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कल अनेक स्थानों पर छापे मारे । गत एक सप्ताह में पुलिस ने दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, तीन पिस्तौल, दो बंदूकें, 193 कारतूस तथा अवैध शराब आदि पकड़ी ।

20 गिरफ्तार : पुलिस ने कल फिरोज़पुर जिला के गांव वकील वाला में 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । बताया जाता है कि इन लोगों ने एक व्यक्ति महंगा सिंह के खेतों में आकर गोलियां चलाईं । हमलावरों ने वहां गई पुलिस पार्टी पर भी गोलियां चलाईं । इसके बाद दोनों ओर से हुई फायरिंग में 3 हमलावर घायल हो गये । बाद में इन लोगों को हिरासत में ले लिया गया । उनसे तीन बंदूकें बरामद हुई । पुलिस ने दो ट्रैक्टर व 2 जीपें भी कब्जे में ले लीं ।

2 उग्रवादी मारे गए : फिरोजपुर (वार्ता): फिरोजपुर जिले के दुलके गांव के समीप कल रात सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खतरनाक आतंकवादी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा, जिसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था और जसवन्त सिंह मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख सुरजीत सिंह ने कहा कि हाल ही में पकड़े गए आतंकवादी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा के साथ जब एक पुलिस टुकड़ी भुरेवाल गांव से हथियार बरामदगी के बाद लौट रही थी तो धर्मकोट के समीप कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला कर दिया । इसके बाद लम्बी मुठभेड़ में जसवीर सिंह तथा जसवन्त सिंह नामक आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ की जगह से 455 बोर तथा 48 बोर के दो पिस्तौल, 12 बोर की दो बंदूकें तथा 50 कारतूस मिले हैं । पूर्व पुलिस ने जसवीर सिंह की निशानदेही पर भुरेवाल गांव से 38 बोर का एक रिवाल्वर तथा बारह बोर की एक बंदूक बरामद की ।

ट्रैक्टर चोरी : धूरी (सिंगला): थाना नाभा के अंतर्गत गांव छींटा वाला में केहर सिंह का स्वराज ट्रैक्टर पी.पी.पी. 4413 चुरा लिया गया ।

आदेश वापस : संगरूर (गोयल) जिला मैजिस्ट्रेट श्री गुरदेव सिंह ने होटलों, ढाबों, रैस्टोरैंटों और खाद्य सामग्री की दुकानों के रात 9 बजे के बाद खुलने पर लगी पाबंदी वापस ले ली है तथापि शराब की दुकानें जिला भर में रात 9 बजे तथा अन्य दुकानें अपने निर्धारित समय पर बंद होंगी ।

65,000 रुपये लूटे : भटिंडा (ग्रावर): आज बाद दोपहर यहां से 60 किलोमीटर दूर गांव कलेरवाला में कुछ आतंकवादियों ने एक सहकारी सोसायटी से 65,000 रुपए लूट लिये । आतंकवादी स्कूटर पर आये । उन्होंने सोसायटी के कर्मचारियों को एक दीवार के साथ खड़े होने पर मज़बूर कर दिया तथा पिस्तौल की नोक पर कैशियर से नकदी छीन कर भाग गये ।

सरपंच घायल :समाराला (भारद्वाज) : आज प्रातः यहां के निकटवर्ती गांव हेड़ों में दो साइकलों पर सवार तीन आतंकवादियों ने गांव के सरपंच, जो कि समराला ब्लाक इंका के अध्यक्ष भी हैं, पर पुरानी स्टेगगन से फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप सरपंच घायल हो गया । उसके पश्चात आतंकवादी गांव जटाने की ओर फरार हो गए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में पछताछ के लिए अनेक लोगों को हिरासत में लिया है ।

भारत को नेपाल के साथ डालर में व्यापार पर आपत्ति नहीं

नई दिल्ली, 29 मई (ह.स.): एक सरकारी

बंगाल और उड़ीसा में विनाशकारी तूफ़ान से मरने वालों की संख्या 49 हो गई

बालेश्वर, 29 मई (ह.स., वार्ता): प. बंगाल के मिदनापुर और उड़ीसा के बालेश्वर जिले में शनिवार को आए विनाशकारी तूफान में मरने वालों की संख्या 49 तक पहुंच गई है ।

बालेश्वर के जिला मैजिस्ट्रेट पोतवास पटनायक ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि 10 व्यक्तियों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि चार अन्य की पुष्टि होनी है । इसके अलावा दो व्यक्तियों की सोरा में बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई ।

पश्चिम बंगाल के तटवर्ती भागों में समुद्री तूफान आने और दार्जिलिंग तथा राज्य के अन्य उत्तरी क्षेत्रों में तेज वर्षा होने से वहां और छह लोगों के मरने से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 31 हो गई है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार मिदनापुर जिले में तीन और लोगों के मरने की खबर मिली है । दार्जिलिंग में एक और व्यक्ति के मरने का समाचार है । दो लोगों के पश्चिमी दिनाजपुर जिले में मरने की खबर मिली है । कल मिदनापुर जिले में 22 लोगों के मरने की खबर मिली थी तथा दार्जिलिंग में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई थी ।

बंगला देश में 11 और मरे : ढाका : बंगला देश में गत शनिवार को आए भीषण समुद्री तूफान को अभी 24 घंटे ही गुजर पाए थे कि उत्तरी बंगला देश के रंगपुर और गैबांधा में आए भीषण तूफान ने 11 अन्य लोगों की जान ले ली ।

बेअंत का सरकारी ड्यूटी का 'बेतार सैट' पुलिस को लौटाने का आदेश

नई दिल्ली, 29 मई (वार्ता): दिल्ली की एक अदालत ने आज इंदिरा गांधी हत्याकांड के मामले में खोजबीन करने वाले विशेष जांच दल को आदेश दिया कि वह दिल्ली पुलिस की संचार शाखा को वह बेतार सैट लौटा दे, जो श्रीमती गांधी के मारे गए हत्यारे बेअंत सिंह को सरकारी ड्यूटी में इस्तेमाल करने के लिए दिया गया था । अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश उषा मेहरा की अदालत ने यह आदेश दिल्ली पुलिस के उपायुक्त (संचार) की एक अर्जी पर दिया । अर्जी में कहा गया था कि पुलिस को राजधानी में अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा का प्रबंध करने के लिए विदेश में बने इस बेतार सैट की तत्काल जरूरत है ।

जलालाबाद, खोस्त में लड़ाई में 296 मारे गए

काबुल, 29 मई (ह.स.): पूर्वी अफगानिस्तान के जलालाबाद और खोस्त शहरों में पिछले सप्ताहांत हुई नए दौर की लड़ाई में कम से कम 296 लोग मारे गए । एक अफगान सैनिक प्रवक्ता के अनुसार करीब एक हफ्ते की शांति के बाद काबुल के आसपास सरकारी सेनाओं ने मुजाहिदीनों के ठिकानों पर आज तोपों और लड़ाकू विमानों की मदद से कई हमले किए । काबुल के आसपास लड़ाई में मारे गए लोगों के बारे में हालांकि कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान जलालाबाद और खोस्त के निकट ज़बरदस्त लड़ाई हो रही है । मुजाहिदीन पिछले तीन महीनों से जलालाबाद पर कब्जा करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं । उन्होंने शहर पर शनिवार और रविवार को भी कई नए हमले किए । इन हमलों के जवाब में अफगान सेनाओं ने भी जबाबी हमले करके विद्रोहियों के कई ठिकानों पर कब्जा कर लिया और उनके 38 प्रक्षेपास्त्रों को नष्ट भी कर दिया ।

शोक समाचार

जालन्धर, 29 मई : श्री रोशन लाल की रस्म पगड़ी 31 मई को दोपहर बाद दो से तीन बजे तक खिगरां गेट, समीप वैष्णो मंदिर, जालन्धर में होगी ।

● धर्मशाला छावनी, 29 मई : स्वर्गीय लाला गणपत राम महाजन के सुपुत्र श्री कमल किशोर महाजन की पत्नी श्रीमती उषा की रस्म दसवां 31 मई को तथा पाठ का भोग 6 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक उनके निवास फरसेट गंज बाज़ार, धर्मशाला छावनी में होगी ।

रस्म उठाला व पगड़ी

बड़े दुखी दिल से सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य **श्रीमती शांति देवी** (धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री किशोरी लाल जैन बस्ती वाले) का 29.5.89 को स्वर्गवास हो गया है ।

रस्म उठाला व पगड़ी आज, मंगलवार 30.5.89 को 10 बजे सुबह जैन स्थानक, गुड़ मंडी, कोतवाली बाजार, जालन्धर में होगी ।

शोकग्रस्त—रविन्द्र कुमार, जगन्नाथ और दर्शन लाल (सुपुत्र), फूलां रानी, रंजना और मंजू (बहुएं), रत्न चंद जैन, दीना नाथ जैन (जेठ), रोशन लाल जैन (देवर), इंद्र मोहन—नीमल (दामाद—सुपुत्री) ।

* M/s. Rama Rubber Inds., Jalandhar. Ph. : 75737.
* Shanti Rubber Inds., Jalandhar. Ph. : 75271.

स्मृति में

हमारे पूज्य **श्री किशन लाल बजाज** की मृदुल तथा चिरस्थायी स्मृति में, जो आज के दिन 30 मई, 1982 को हमें आंसुओं में डुबो कर स्वर्ग सिधार गए । हम उन्हें हमेशा प्यार एवं अनुराग के साथ स्मरण करते हैं और सर्वशक्तिमान परमात्मा से उन्हें शाश्वत शांति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं :

गागो हौज़री मिल्स **संतोष बजाज (पत्नी)**
हिंदी बाज़ार, लुधियाना **अनिल बजाज (बेटा)**
बालसन ट्रेडर्ज़, **संजीव बजाज (बेटा)**
फलाई बाज़ार, लुधियाना **देव बहल (दामाद)**
ए.के. बजाज एंड कं.] अड्डा दाखा
संजय बजाज एंड कं.

श्री वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री

हिमाच राज्य ब

एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम : इस पर्वतीय प्रदेश के द कार्यान्वित किया जा रह

एक क्रमिक कार्यक्रम : प्रदेश की विस्तृत हाइ अर्थ-व्यवस्था को बढ़ा

परिप्रेक्ष्य योजना : आगामी दशक में 500

ने 2 स्त्रियों (1) बलबीर कौर, (2) राजवंत डा. भूपेन्द्र सिंह को घायल कर दिया, (4) वह (छाया : भंडारी)

भिखीविंड क्षेत्र में भीषण मुठभेड़, 6 सुरक्षा कर्मी व 3 आतंकवादी मारे गये

2 उग्रवादी अंतर्गिरोह संघर्ष में मरे : 6 द्वारा आत्मसमर्पण

मिल्कफ़ैड अध्यक्ष के घर से हथियार बरामद : 3 की हत्या

चंडीगढ़, 30 मई (वार्ता, ह.स.): आज अमृतसर जिला में भिखीविंड क्षेत्र में हुई भीषण मुठभेड़ में 6 सुरक्षा कर्मी शहीद हो गए जबकि 3 आतंकवादी मारे गए । अन्यत्र 2 उग्रवादी अंतर्गिरोह संघर्ष में मारे गए व 3 लोगों की हत्या कर दी गई । मिल्कफ़ैड के अध्यक्ष के घर से आतंकवादियों द्वारा छिपाए गए हथियार बरामद हुए । पाकिस्तान से लौटे 6 उग्रवादियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्म-समर्पण कर दिया । एक सरपंच को गोली मारकर घायल कर दिया गया ।

मिल्क फ़ैड अध्यक्ष के घर से हथियार मिले : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने मिल्क फ़ैड अमृतसर के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह तथा उनके परिवार के सदस्यों से काफी मात्रा में हथियार बरामद होने के कारण उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है । श्री सिंह के खानकोट स्थित फार्म हाउस से बरामद हथियारों में एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल भी है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद कल रात फार्म हाऊस पर छापा मारा गया । उन्होंने बताया कि छापे के दौरान खास तौर से बनाई गई दो अलमारियों में से ये हथियार बरामद हुए । श्री सिंह आज कल सरकार द्वारा प्रायोजित यात्रा पर आस्ट्रेलिया गए हुए हैं, जहां से वे छः जून तक लौटेंगे । सदर थाने में हथियार कानून और आतंकवाद तथा तोड़-फोड़ गतिविधि निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है । श्री गुप्ता ने बताया कि छिपाए गए इन हथियारों के बारे में श्री सिंह की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को मालूम था, इसलिए उनकी पत्नी सुखपाल कौर और पिता गुरदयाल सिंह को हिरासत में ले लिया गया है । अभी यह पता नहीं लगा है कि श्री सिंह किस आतंकवादी से सम्बद्ध हैं ।

श्री गुप्ता ने बाद में एक विज्ञप्ति में कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान पता चला है कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू जनरल कंवलजीत सिंह अपने साथियों के साथ मिल्क फ़ैड के चेयरमैन के घर आया करता था । सुखपाल कौर ने पुलिस को बताया कि लगभग डेढ़ मास पूर्व कंवलजीत सिंह उनके घर आया था और 5 ए.के. 47 राइफल, मैगज़ीन व कारतूस दे गया था । एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन व कारतूस उसके पति ने उसे दिए थे, जबकि चार राइफलें, मैगज़ीन व कारतूस वह ले गया जिसके बारे में वह कुछ नहीं जानती । उसने यह भी कहा कि उसके प्रति की अनुपस्थिति में उसका ससुर गुरदयाल सिंह उक्त आतंकवादियों को शरण देता था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस पहले भी दो बार इस मकान की तलाशी ले चुकी थी, परन्तु कुछ बरामद नहीं हुआ था । इस बार कपड़ों की अलमारी के पीछे बने एक खाने में से हथियार बरामद हुए ।

दो आतंकवादी मरे : अमृतसर शहर के बाहरी हिस्से में ग्राम मल्लूचक में एक नहर के किनारे पुलिस ने कल रात गोलियों से छलनी दो शव बरामद किए । पुलिस को अंदेशा है कि ये हत्याएं आतंकवादी गुटों की आपसी रंजिश के कारण हुईं । घटनास्थल पर छोड़े गए पर्चे में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने हत्या की जिम्मेदारी ली है । शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है । पुलिस को घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल के चार खाली कारतूस मिले हैं ।

पुलिस ने मल्लू चक में मृत पाए गए आतंकवादियों की शिनाख्त मलूक सिंह तथा सुरजीत सिंह के रूप में की है ।

6 सुरक्षा कर्मी, 3 उग्रवादी मरे : आज बाद दोपहर थाना भिखीविंड के गांव महमूदपुर में हुई एक रक्तिम भिड़ंत में कम से कम 6 सुरक्षा कर्मी तथा 3 आतंकवादी मारे गए । राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल घटनास्थल को चले गए हैं । यह भिड़ंत तब हुई जब सुरक्षा बल क्षेत्र की सामान्य छानबीन कर रहे थे । ज़बरदस्त फ़ायरिंग के बाद सी.आर.पी. के 4 जवान और पंजाब पुलिस के 2 ए.एस.आई. मारे गए जबकि 3 आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से एक लाईट मशीनगन (एल.एम.जी.), दो चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलें तथा एक पिस्तौल बरामद हुई ।

अशोक सोनी के अनुसार आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था । सी.आर.पी. के कंट्रोल रूम में मिली सूचना के अनुसार यह हमला बाद दोपहर लगभग 2 बजे हुआ । हमला इतना तीव्र था कि गश्ती पार्टी पर चारों ओर से गोलियों की बौछार हुई, जिसमें 6 सुरक्षा कर्मी वहीं मारे गए । सुरक्षा बलों ने इस हमले की सूचना पाकर घटनास्थल की ओर कुमुक भेज दी ।

मरने वाले कर्मियों के नाम ए.एस.आई. हरप्रीत सिंह तथा ए.एस.आई. रणधीर सिंह बताए गए हैं ।

चंडीगढ़ में अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के कुछ साथी फ़रार हो गए हैं, जिनकी तलाश जारी है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि तरनतारन पुलिस जिले के आठ गांवों के तलाशी अभियान के दौरान 3 उग्रवादियों ने कालेझर गांव के निकट पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया । हल्की मशीनगन से फायरिंग करके उग्रवादियों ने पुलिस के दो असिस्टैंट सब-इंसपैक्टरों, सी.आर.पी.एफ. के एक नान-कमीशंड अफसर और सी.आर.पी.एफ. के तीन जवानों की हत्या कर दी । इस पर तत्काल एक पुलिस कांस्टेबल ने शीघ्र ही हल्की मशीनगन चलाने वाले उग्रवादी को मार गिराया । दो उग्रवादी भाग निकले । उन्होंने दो किलो मीटर दूर एक फार्म हाऊस में आश्रय लिया । वहां हुए मुकाबले में दोनों उग्रवादी मारे गए । उन्होंने बताया कि दोनों मुठभेड़ स्थलों से एक हल्की मशीनगन, दो ए.के. 47 राइफलें, दो रिवाल्वर, एक हथगोला और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

श्री गिल ने कहा कि उग्रवादियों की शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन समझा जाता है कि ये निशान सिंह गिरोह के साथ सम्बद्ध थे ।

दो औरतों की हत्या : आज शाम अमृतसर शहर के पुतलीघर क्षेत्र में आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके दो औरतों की हत्या कर दी जबकि एक डाक्टर को घायल कर दिया । मृतकों की पहचान श्रीमती बलबीर कौर तथा राजी के रूप में हुई है, जो कि डाक्टर भूपेंद्र सिंह की क्रमशः माता तथा बेटी बताई जाती हैं । डाक्टर भूपेंद्र सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

उग्रवादी पुलिस हिरासत से भागा : अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का प्रमुख कंवरजीत सुल्तानविंड पुलिस हिरासत से भाग गया ।

ट्रक सवार घायल : अमृतसर में मिली सूचना के अनुसार आज प्रातः 11-12 बजे के मध्य बटाला से डेरा बाबानानक की ओर जा रहे एक ट्रक को बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी ने रुकने का संकेत किया लेकिन ट्रक चालक ने ट्रक को तेज रफ्तार से दौड़ाया, जिस पर बी.एस.एफ. ने गोली चला दी । इससे ट्रक में सवार एक व्यक्ति निर्मल सिंह सख्त घायल हो गया जिसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

छुरा मार कर हत्या : बटाला पुलिस जिला में आज गांव सेखवां में एक व्यक्ति अमरीक सिंह की छुरा मार कर हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ के बाद आत्म समर्पण : फिरोज़पुर (धीमान): थाना ममदोट के गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कार्रवाई किसी भी जवाब देने में सक्षम

से अत्याधुनिक हथियारों से उन पर हमला शुरू कर दिया ।

छापामारों के इन हमलों का जवाब देने के लिए पूर्वी नौसैनिक बेड़े ने पनडुब्बियां, विमान और कई जहाज़ वहां भेजे । लिट्टे छापामारों के खिलाफ़ अभियान में तेजी लाने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध में उपयोग में लाई गई रामनाथपुरम हवाई पट्टी की मुरम्मत करके उसे ठीक किया गया और उसे नौसेना के वायु सैनिक अड्डे के रूप में बदला गया ।

इस अड्डे से पाक की खाड़ी में लिट्टे की तेज गति से चलने वाली नौकाओं पर नज़र रखने में काफी मदद मिली । पिछले 18 महीने में इस अड्डे से लिट्टे के खिलाफ 75 छापे मारे जा चुके हैं ।

मदुरै से संचालन करते हुए भारतीय नौसेना के दो एलाइज़ विमानों ने लिट्टे की 57 नौकाएं नष्ट कीं और समुद्र के मार्ग से भागने का प्रयास कर रहे 240 विद्रोही एलाइज़ द्वारा छोड़े गए राकेट से मारे गए थे ।

पूर्वी नौसैनिक कमान के बेड़े के जहाज़ 1983 से इस क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं । इस क्षेत्र में इन जहाज़ों ने उस समय प्रवेश किया था जब श्रीलंका के जहाज़ों ने भारतीय मछुआरों को परेशान करना शुरू किया और उन पर बेवजह गोलीबारी की । भारतीय नौसेना को मछुआरों के हितों को ध्यान में रखते हुए मजबूरन इस क्षेत्र में प्रवेश करना पड़ा था ।

भारत-श्रीलंका समझौते के बाद पूर्वी नौसैनिक कमान का काम बहुत कठिन हो गया । उन्हें इस

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मान धर्म-परिवर्तन रें : चिरंजीव सिंह

बंगला देश, फ़िजी और स्वीडन आदि देशों से मिलता है ।

उन्होंने कहा कि गत दिनों कादियां के एक अहमदी युवक द्वारा एक हिन्दू अवयस्क लड़की को प्रलोभन देकर व सब्ज़ बाग दिखाकर भगा ले जाना इनकी घिनौनी कार्रवाइयों का ही परिणाम है ।

श्री चिरंजीव सिंह ने चेतावती दी कि विश्व हिन्दू परिषद इनकी यह ओछी कार्रवाइयां नहीं चलने देगा क्योंकि गत चार वर्षों में धर्मपरिवर्तन की ऐसी सात घटनाएं अब तक सामने आ चुकी हैं ।

श्री चिरंजीव सिंह ने अहमदिया प्रमुख मिर्ज़ा वसीम अहमद को चेतावनी देते हुए कहा कि वह हिन्दुओं के धर्मपरिवर्तन को हवा देना बंद कर दें अन्यथा उनके विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन आरम्भ कर दिया जाएगा । उन्होंने इस अवसर पर इंका शासित केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार केवल वोटों की गिनती से नीतियों पर अमल करती है ।

इंका को सत्ता से उखाड़ने की हर सम्भव कोशिश हो रही है : देवी लाल

सोलन, 30 मई (ह.स., वीणा): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने आज आशा व्यक्त की है कि जनता दल भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी दलों से सीटों का समझौता करने में सफल हो जाएगा । वे आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।

श्री देवी लाल ने कहा कि हमारा सबसे पहला काम इंका को सत्ता से उखाड़ना है और इसके लिए हर सम्भव कोशिश की जा रही है । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल के संबंध में जनता दल से बातचीत चल रही है । इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे वैचारिक मतभेद सीटों के तालमेल में आड़े नहीं आने दिए जाएंगे । उन्होंने सीटों के बंटवारे के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर नहीं दिया ।

एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा साम्प्रदायिक पार्टी नहीं है । तेलगू देशम, असम गण परिषद तथा डी.एम.के. राष्ट्रीय चरित्र की मूल पार्टियां हैं । श्री देवी लाल ने कहा कि ज्यादातर कांग्रेसी नेताओं का कोई आधार नहीं है और श्री बलराम जाखड़ तथा श्री बूटा सिंह जैसे नेता अन्य प्रदेशों से चुनाव लड़ने के लिए विवश हुए हैं ।

श्री देवी लाल ने आधिकारिक मीडिया के दुरुपयोग के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की तथा मांग की कि मीडिया, विशेषतः टी.वी. का दुरुपयोग तत्काल बंद होना चाहिए ।

श्री देवी लाल ने हरियाणा में कांग्रेस (इ) की पद यात्रा की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे हथकंडों का लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा । उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की निराशा झलकती है जिसे लोगों ने सत्ताच्युत कर दिया है । उन्होंने स्पष्ट किया कि रोटी, कपड़ा और मकान व्यक्ति की मूल आवश्यकताएं हैं तथा कोई भी पार्टी इस न्यूनतम मूल पर कार्यक्रम पर मतभेद नहीं रखती । उन्होंने हैरानी व्यक्त की कि इलाहाबाद, जहां से दिवंगत प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू संबंधित हैं, में 50 प्रतिशत लोगों के पास कमीज़ें तथा 70 प्रतिशत के पास चप्पलें नहीं हैं ।

श्री देवी लाल ने कहा कि हरियाणा में प्रमुख कांग्रेसी नेताओं से करोड़ों राज्य की ऋण वसूली की जानी है । उन्होंने धमकी दी कि दोषियों के खिलाफ ऋण वसूली के लिए वारंट जारी किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि यदि उन्होंने ऋण वापस न किए तो उन्हें जेल में डाल दिया जाएगा ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने आज एक केंद्रीय मंत्री पर हरियाणा में गड़बड़ी फैलाने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि पंजाब में चुनाव कराए जाने चाहिएं और पंजाब समस्या के समाधान का जिम्मा नई सरकार पर सौंपा जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) सरकार पंजाब समस्या के मामले में गम्भीर नहीं है । उन्होंने पंजाब समस्या को सुलझाने में केंद्र सरकार के इरादे पर संदेह व्यक्त किया ।

7 का अंक देवी लाल के लिए शुभ

यमुनानगर, 30 मई (अश्विनी): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के लिए 7 का अंक शुभ और 9 का अंक अशुभ है । इस वास्तविकता को आज यहां संसद-सदस्य श्री चिरंजी लाल शर्मा ने प्रकट किया । उन्होंने कहा कि चौधरी देवी लाल की सरकार पहले 1977 में स्थापित हुई, हरियाणा के चुनाव 17 जून को हुए, देवी लाल सरकार 1979 में समाप्त हुई । उन्होंने भविष्यवाणी की कि वर्तमान चौधरी देवी लाल की सरकार 1989 में समाप्त हो जाएगी ।

ब को हस्तांतरण तत्कालीन अकाली सरकार के कहने पर रोका गया था : राजीव

कदम उठाए हैं ।

उन्होंने कहा कि पंजाब की अकाली सरकार

के वर्करों के एक ग्रुप को सम्बोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि सरकार की एक सबसे बड़ी

दिया । अब हमें जिन लोगों से निपटना है, वे सिर्फ अपराधी, मादक पदार्थों के तस्कर तथा अन्य तस्कर

से 90 को सजा हुई, 11 को उम्र कैद की सजा दी गई ।

अजनाला नगर, अमृतसर में मंगलवार को उग्रवादियों ने 2 स्त्रियों (1) बलबीर कौर, (2) राजवंत कौर को गोलियां मार कर हत्या कर दी और (3) डा. भूपेन्द्र सिंह को घायल कर दिया, (4) वह कमरा, जहां हत्याएं की गईं। (छाया : भंडारी)

सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम

विशाखापत्तनम, 30 मई (वार्ता): लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम (लिट्टे) के खिलाफ़ भारतीय सेना के "ऑपेरशन पवन" ने साबित कर दिया है कि देश की सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब दे सकती है। पूर्वी नौसेना कमान के जहाज़ों के बेड़े में दुश्मन का मुकाबला करने के लिए विमानों के उड़ान भरने और उतरने की व्यवस्था है। जुलाई 1987 में श्रीलंका में सेना ने लिट्टे का मुकाबला करने के लिए पूर्वी नौसेना कमान के बेड़े की सहायता से अपने विमानों का संचालन किया था। नौसैनिकों ने लिट्टे की हथियारों की तस्करी रोकने में भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। भारत-श्रीलंका समझौते के आधार पर श्रीलंका में लिट्टे के खिलाफ़ भारतीय शांति सेना को मदद करने के लिए पूर्वी नौसेना कमान ने अपना पूर्वी बेड़ा श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में किसी अज्ञात स्थान पर ले जाने के आदेश दिए गए थे।

पूर्वी नौसेना कमान ने भारत सरकार का आदेश मिलने के सिर्फ़ 36 घंटे के भीतर अपने बेड़े से पहला जहाज़ 3 जुलाई की रात को श्रीलंका के समुद्री तट पर पहुंचा दिया था।

श्रीलंका के समुद्र की एक-एक लहर से अच्छी तरह वाकिफ़ लिट्टे के छापामार इससे पहले भारतीय शांति सेना पर दबाव बनाए हुए थे और से अत्याधुनिक हथियारों से उन पर हमला शुरू कर दिया।

छापामारों के इन हमलों का जवाब देने के लिए पूर्वी नौसैनिक बेड़े ने पनडुब्बियां, विमान और कई जहाज़ वहां भेजे। लिट्टे छापामारों के खिलाफ़ अभियान में तेज़ी लाने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध में उपयोग में लाई गई रामनाथपुरम हवाई पट्टी की मुरम्मत करके उसे ठीक किया गया और उसे नौसेना के वायु सैनिक अड्डे के रूप में बदला गया।

इस अड्डे से पाक की खाड़ी में लिट्टे की तेज गति से चलने वाली नौकाओं पर नज़र रखने में काफी मदद मिली। पिछले 18 महीने में इस अड्डे से लिट्टे के खिलाफ 75 छापे मारे जा चुके हैं।

मदुरै से संचालन करते हुए भारतीय नौसेना के दो एसाइज़ विमानों ने लिट्टे की 57 नौकाएं नष्ट कीं और समुद्र के मार्ग से भागने का प्रयास कर रहे 240 विद्रोही एलाइज़ द्वारा छोड़े गए राकेट से मारे गए थे।

पूर्वी नौसैनिक कमान के बेड़े के जहाज़ 1983 से इस क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। इस क्षेत्र में इन जहाज़ों ने उस समय प्रवेश किया था, जब श्रीलंका के जहाज़ों ने भारतीय मछुआरों को परेशान करना शुरू किया और उन पर बेवजह गोलीबारी की। भारतीय नौसेना को मछुआरों के हितों को ध्यान में रखते हुए

Punjabi Sahit

हॉकरों सहित पंजाब में 6 लोगों की हत्या

संगरूर में खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय से नकदी लूटने का प्रयास

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : ट्रक ड्राइवर घायल

चंडीगढ़, 1 जून (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में एक न्यूज पेपर एजैंट व दो हॉकरों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। एक आतंकवादी पुलिस-मुठभेड़ में मारा गया। संगरूर में एक सतर्क कैशियर ने भारी रकम लूटने से बचा ली। अमृतसर जिले में दो आतंकवादी पुलिस से मुठभेड़ के बाद भाग खड़े होने में सफल निकले। एक ट्रक ड्राइवर को गोली मार कर घायल कर दिया गया।

एजैंट व हाकर की हत्या : मोहाली (संवाद): आज प्रातः लगभग 4.40 बजे दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके यहां के फेज-2 में सुभाष जैन नामक न्यूज पेपर एजैंट तथा जोगेन्द्र पाल नामक हॉकर की हत्या कर दी, जबकि सोमपाल नामक हॉकर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो एजैंटों द्वारा काली सफेरे उस समय सुभाष जैन की 413 नम्बर कोठी में स्थित मोहाली न्यूज एजैंसी में अगले दिन के वितरण के लिए अखबार छांट रहे थे। उन्होंने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग की, जिससे तीन व्यक्ति घायल हो गए। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने मकान की छत पर चढ़ कर जान बचाई। सुभाष जैन जब अपनी जान बचाने के लिए दुकान के अन्दर भागे तो हमलावरों ने उसका पीछा किया तथा अन्दर जाकर उसे गोलियों से छलनी कर दिया। दुकान के अन्दर तथा बरामदे में खून ही खून बिखरा हुआ था। हमलावरों की संख्या दो थी तथा वे बजाज स्कूटर पर आए थे। मृतक सुभाष जैन अपने पीछे 12 वर्ष की बेटी शिखा तथा 10 वर्षीय पुत्र गौरव छोड़ गया है। पुलिस ने मौके पर से ए.के. 47 राइफल की गोलियों के 8 चले हुए कारतूस बरामद किए।

घटना का समाचार मिलते ही क्षेत्र में आतंक छा गया। इस वारदात के कारण आज नगर में किसी भी समाचारपत्र का वितरण नहीं हो सका। आई.जी. आपरेशन श्री आर.पी. जोशी, डी.आई.जी. श्री अजीत सिंह, एस.पी. आपरेशन श्री टिवाना तथा क्षेत्र के डी.एस.पी. श्री गुरचरण सिंह ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। आसपास के लोगों ने बताया कि आज सुबह लगभग दो किलो मीटर के घेरे में फायरिंग की आवाज सुनी गई। हमलावरों की आयु 22 से 24 वर्ष के मध्य बताई जाती है। इनमें से एक का कद लम्बा तथा दूसरे का मंझला था जिसने फायरिंग की।

सुभाष जैन व जोगेन्द्र को पी.जी.आई. में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सुभाष खरड़ का रहने वाला था तथा गत दस वर्ष से मोहाली में न्यूज एजैंसी चला रहा था। हॉकर जोगेन्द्र हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था तथा 15-20 दिन पूर्व ही अपनी बहन के पास यहां के फेज-1 में रहने आया था।

मृतकों के शव चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल में पोस्ट-मार्टम के बाद उनके परिवार वालों को दे दिए गए। बाद में सुभाष जैन का अन्तिम संस्कार उनके पैतृक कस्बा खरड़ में कर दिया गया। इन हत्याओं के विरोध आज खरड़ में बाजार बंद रहे।

आतंकवादी गिरफ्तार : मोहाली के फेज-7 में पंजाब पुलिस की एक पार्टी ने पीछा करके एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। पीछा करते हुए पुलिस ने हवाई फायरिंग भी की। फायरिंग की आवाज से रेहड़ी मार्केट के दुकानदारों में आतंक पैदा हो गया। उक्त आतंकवादी मार्केट में अपनी साइकल छोड़ गया।

डाके का सुराग नहीं : 'संधी' के अनुसार कल चंडीगढ़ के सैक्टर-17 में स्थित डी.सी.आई. पंजाब के कार्यालय से 10.41 लाख रुपए लूटने वाले स्कूटर सवार 2 लुटेरों का पता लगाने में स्थानीय पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली। ज्ञात हुआ है कि लुटेरों ने अपने स्कूटर पर सी.एच.एल. 7049 की जो नम्बर प्लेट लगा रखी थी, वह जाली पाई गई है। पुलिस का मत है कि लुटेरे रुपयों से भरा थैला लेकर वारदात करने वाले स्थान से अधिक दूर नहीं गये हैं। पुलिस ने कल रात यहां के सैक्टर-21 में इन लुटेरों की खोज में घर-घर की तलाशी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस संबंध में पुलिस डी.पी.आई. कार्यालय के कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों के गुटों में हुए संघर्ष में अमृतसर जिला में गत रात एक आतंकवादी मारा गया। उसका नाम हरविंदर सिंह बताया गया है। उसका गोलियों से छलनी शव तरसिक्का गांव के एक पुल के पास पड़ा हुआ मिला।

हॉकर की हत्या : अमृतसर में टेलर रोड पर आज प्रातः एक हॉकर की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी गई, जबकि वह समाचारपत्र बांटने के लिए जा रहा था।

इसी बीच अमृतसर शहर में न्यूज पेपर एजैंटों तथा हाकरों ने आज फैसला किया कि वे कल जिला में अखबार वितरित नहीं करेंगे।

समाचार पत्र न बेचने का फैसला एजैंटों व हाकरों ने आज प्रातः टेलर रोड पर एक हाकर की हत्या के बाद किया। उन्होंने जिलाधिकारियों से मिलकर उन्हें सुरक्षा प्रदान किए जाने की भी मांग की। दिल्ली से प्रकाशित समाचार पत्र अमृतसर शहर में एजैंटों के पास पड़े रहे क्योंकि हाकरों ने उन्हें वितरित करने से इन्कार कर दिया

बलदेव प्रकाश द्वारा निंदा : 'कमलेश' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उपप्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने उग्रवादियों द्वारा एक स्थानीय हाकर श्री राजन तथा मोहाली के एजैंट तथा एक हॉकर की हत्या किए जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसको उग्रवादियों का एक कायरतापूर्ण कदम करार दिया है। भाजपा नेता ने मरने वालों के परिवारों से गहरी हमदर्दी प्रकट करते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि वह पंजाब भर में समाचार पत्रों के एजैंटों व हाकरों की समुचित सुरक्षा का प्रबन्ध करें।

छात्र की हत्या : पटियाला (भूषण): पंजाबी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग का विद्यार्थी सुखबीर सिंह सोढी, जो कल घायल अवस्था में गांव जल्लन के निकट पड़ा हुआ मिला था, आज सुबह यहां राजेन्द्र अस्पताल में जख्मों की ताव न लाकर चल बसा। वह संगरूर जिले के धुरी पुलिस थाने के अन्तर्गत आने वाले गांव शेरपुर सोढियां का रहने वाला था। उसे कुछ अज्ञात युवकों ने गोलियों से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

(बाएं) अमृतसर में वीरवार को उग्रवादियों की गोली का शिकार हुए अखबारों के हॉकर राजन का शव। (दाएं) पुलिस अधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए। (छाया : पंजाब केसरी)

आतंकवादियों ने वीरवार को प्रातः मोहाली में समाचार पत्र एजैंसी पर हमला करके दो व्यक्तियों (1) सुभाष जैन तथा (2) जोगिन्द पाल सिंह की हत्या कर दी व (3) सोमपाल नामक व्यक्ति को घायल कर दिया, (4) वह स्थान जहां आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं तथा (5) घटनास्थल पर बिखरा खून (इनसैट में) सुभाष जैन का पुराना चित्र। (छाया : पुरी)

होटल से संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

जम्मू, 1 जून (सच्चर): राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन के यहां आगमन की पूर्व संध्या पर सुरक्षा के तौर पर गुप्तचर विभाग ने स्थानीय एक होटल में

(ऊपर) केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री पी. चिदम्बरम टेकने गए। (नीचे) श्री चिदम्बरम अधिकारियों क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।

चिदम्बरम द्वारा स्थिति बारे अधि

अमृतसर, 1 जून (ह.स.): केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री पी. चिदम्बरम ने आज यहां सीमांत क्षेत्र में वर्तमान कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ नागरिक, पुलिस तथा अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारियों के साथ मीटिंगें कीं। वह आज सुबह यहां विमान द्वारा पहुंचे थे।

एक उच्च स्तरीय मीटिंग में अन्य अधिकारियों के अतिरिक्त पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल, आई.जी. सीमा रेंज एम.एस. भुल्लर, डी.आई.जी. सीमा रेंज मोहम्मद इजहार आलम तथा जिलाधीश सर्बजीत सिंह ने भाग लिया। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री गिल ने श्री चिदम्बरम को आतंकवादियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा अपनाए गए उपायों तथा इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया।

श्री चिदम्बरम ने बाद में यहां से दस कि.मी. दूर खासा मुख्यालय में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से भी बातचीत की तथा वाघा सीमा चौकी का निरीक्षण करने गए। वह अटारी रेलवे स्टेशन भी देखने गए जिसका हाल ही में नवीकरण कर

पेइचिंग में फिर छात्रों ने कहा : ह

पेइचिंग, 1 जून (ए.पी.): चीन की राजधानी पेइचिंग में पिछले दो दिन में सैनिकों ने आज दूसरी बार मार्च किया लेकिन तिनानमिन चौक पर धरने पर बैठे लोकतंत्र समर्थक छात्रों ने कहा कि वे इससे डरते नहीं हैं।

जनमुक्ति सेना (पी.एल.ए.) के लगभग 300 सैनिकों ने स्थानीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे चौक के आसपास मार्च किया। सैनिक मोटर साइकिलों का एक बड़ा काफिला राजधानी की मुख्य सड़कों से भी गुजरा जो इस बात का संकेत है कि कम्युनिस्ट अधिकारी पेइचिंग के मध्य में तिनानमिन चौक पर छात्रों के कब्जे से चिंतित हो रहे हैं लेकिन 13 मई से चौक पर कब्जा किए छात्र सैनिकों के आने से जरा भी विचलित नहीं हुए।

एक छात्र ने कहा, "उन्हें केवल हमें डराने के लिए भेजा गया, लेकिन वे बहुत नजदीक नहीं आए और बहुत से छात्रों को तो उनकी उपस्थिति का ही अहसास नहीं हुआ।

'पीपल्स डेली' के अनुसार सेना ने पेइचिंग में 10 'मुख्य लक्ष्य स्थलों' पर पोजीशनें संभालनी शुरू

Punjabi Sa

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

घायल कर दिया था ।

पटवारी घायल : समराला (भारद्वाज): गत रात्रि लगभग 8.30 बजे यहां निकटवर्ती गढ़ी के पुल के समीप, माछीवाड़ा की ओर से आ रहे एक स्कूटर सवार पर अन्धेरे में से किसी द्वारा गोली मार कर घायल किए जाने का समाचार मिला है । स्कूटर सवार गांव सहजो माजरा का पलविन्दर सिंह नामक पटवारी बताया जाता है । यह भी बताया जाता है कि वहां से उसने स्कूटर भगा कर समराला सिविल अस्पताल में आकर दम लिया ।

बी.एस.एफ. जवान की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): कुछ आतंकवादियों ने जिला फिरोज़पुर के गांव खोसा दल सिंह में बी.एस.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर हमला करके एक जवान की हत्या कर दी जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । यह गश्ती पार्टी नत्थेवाली गांव की ओर जा रही थी ।

युवक की हत्या : 'कन्तोड़' के अनुसार गत रात जिला फिरोजपुर में थाना घाल खुर्द के अन्तर्गत गांव हराज में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि युवक अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहा था कि सशस्त्र व्यक्तियों ने घर में घुस कर उसे कहा कि तुम्हारे कुत्ते खुले क्यों घूम रहे हैं । यह कहते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति ने स्टेनगन से रघबीर सिंह पर गोलियां चलाईं जिससे वह मौके पर ही ढेर हो गया ।

पैट्रोल पम्प लूटा : गुरु हरसहाय (भंडारी): गत रात यहां मैसर्ज तेजा सिंह इकबाल सिंह के पैट्रोल पम्प को अज्ञात व्यक्तियों ने लूट लिया । लुटेरों ने वहां पहरा दे रहे चौकीदार को मारपीट करके बुरी तरह घायल कर दिया और पैट्रोल पम्प का ताला तोड़कर 600 रुपए लूटकर ले गए । लुटेरे वहां लगा टैलीफोन व अन्य सामान तोड़ गए । चौकीदार की हालत गम्भीर बताई जाती है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले : फिरोजपुर पुलिस ने कल रात दो आतंकवादियों महेन्द्र सिंह तथा सोहन सिंह को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से 2 राकेट लांचर, 12 राकेट, 12 राकेट प्रैसिंग कारतूस, 30 एच.ई. 36 हथगोले तथा ए.के. 47 राइफल के 90 कारतूस मिले ।

फरीदकोट में डाका : फरीदकोट (जिदल): फरीदकोट नगर से लगभग डेढ़ किलो मीटर दूर मध्य प्रदेश से आए एक परिवार की दुकान पर कुछ उग्रवादियों ने आज डाका मारा और लगभग दो लाख रुपए का सामान और नगदी लेकर फरार हो गए ।

आतंकवादी फ़रार होने में सफल : फगवाड़ा (राकेश): आज यहां बाद दोपहर डेढ़ बजे मेहली गेट कौला तालाब के करीब मुठभेड़ के बाद चार आतंकवादी फ़रार होने में सफल हो गए । एक सूचना के अनुसार पिछले दिनों यहां के एक सराफ को धमकी भरा पत्र लिख कर आतंकवादियों ने उससे दो

कल फाज़िल्का-मलोट सड़क पर गांव दिप्पांवाली में नहर के पास पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया अज्ञात आतंकवादी ।

लाख रुपए मांगे थे और कहा गया था कि वह यह रकम लेकर शहर के बाहर सुनसान जगह पर पहुंचे । आज प्रातः जब सराफ निर्धारित समय पर पुलिस को साथ लेकर कौला तालाब के पास पहुंचा तो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी गोलियां चलाईं ।

कौड़ा के अनुसार आतंकवादी भागते समय एक बोरिंग करने वाले मिलखी नामक व्यक्ति की मोपेड ले गए । इससे रोचक बात यह रही कि मारुति कार में सवार पुलिस पार्टी मोपेड पर भाग रहे आतंकवादियों को काबू न कर सकी । आतंकवादियों ने लगभग तीन दर्जन व पुलिस ने एक दर्जन गोलियां चलाईं । इस घटना से शहर में तनाव व्याप्त हो गया ।

मोपेड छीन ली : फगवाड़ा (राकेश): आज यहां कुछ आतंकवादियों ने क्षेत्र बाबा गदिया में एक व्यक्ति मिलखी निवासी गांव फतेहगढ़ से ए.के. 47 चीनी राइफल की नोक पर उसकी टी.वी.एस. मोपेड नं. 1522 छीन ली व फरार हो गए ।

आतंकवादी झंड में फ़रार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सुल्तानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव तलवंडी चौधरियां के निकट पुलिस की नाकाबंदी पार्टी के साथ मुठभेड़ में साइकल सवार दो आतंकवादी साइकल व अपने शस्त्र वहां छोड़ कर अन्धकार का लाभ उठा कर मंड के क्षेत्र में भाग गए । पुलिस ने मुठभेड़ के स्थान से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, दो मैगजीन, 150 गोलियां तथा एक साइकल अपने कब्जा में लिया है । सरदार स्वर्ण सिंह के अनुसार दोनों आतंकवादियों की पहचान सुखविंद सिंह उर्फ़ छिंदा तथा कलवन्त सिंह उर्फ़ पप्पू दोनों सगी बहन के रूप में हुई है । मंड क्षेत्र की छानबीन की जा रही है ।

लूटने का प्रयास : नूरमहल से 'गर्ग' के अनुसार आज प्रातः लगभग 11 बजे यहां दो आतंकवादी खाद्य-आपूर्ति कार्यालय में ज़बरदस्ती दाखिल हो गए । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर कार्यालय के कैशियर सुरेश जिंदल को चैस्ट में से चार लाख रुपए जो कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लाए गए थे, देने के लिए कहा । कैशियर ने नकदी देने की बजाए शोर मचाया तो आतंकवादियों ने गोली चला दी, परन्तु कैशियर बाल-बाल बच गया । फिर वे बाहर खड़े एक साइकल पर सवार होकर वहां से चले गए । राह में उन्होंने सगरूर-धूरी मेन रोड पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गए । आतंकवादी आते हुए अपना वाहन, ताकि वे लूट की नकदी लाने के लिए लाए थे, कार्यालय में ही छोड़ गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौका पर पहुंच गई । आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

ट्रैक्टर बरामद : मलोट से गोयल के अनुसार कुछ दिन पूर्व गांव दानेवाला के महंत मनीराम से छीना गया ट्रैक्टर पी.बी.सी. 2833 पुलिस ने एक खुले स्थान पर छोड़ा हुआ बरामद कर लिया, जिस पर नम्बर आर.आर.सी. 2356 अंकित था ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पड़ने वाले इलाकों में छापों के दौरान छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम सच्चा सिंह कनेर, निशान सिंह बिज्जवा, सतनाम सिंह सत्ता, बीर सिंह बीरा, सविन्द्र सिंह चीमा तथा सच्चा सिंह फौजी बताए जाते हैं । इनके कब्जे से दो हथगोले, एक बुलेट प्रूफ, एक डैटोनेटर, 12 बोर की एक दोनाली बंदूक तथा 16 कारतूस बरामद किए गए हैं । ये आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स व खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्ध रखते हैं । हत्या, लूटपाट तथा छीना-झपटी के कई मामलों में पुलिस को इन आतंकवादियों की तलाश थी ।

ट्रक ड्राइवर को घायल कर दिया : जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना भोगपुर के गांव चौलांग में जी.टी. रोड पर पौने ट्रक सवार आतंकवादियों ने एक ट्रक ड्राइवर अब्दुल जुबेर को गोली मार कर घायल कर दिया जिसको जालन्धर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । जबेर ने बताया कि वह गत रात फगवाड़ा से ट्रक में सरिया लाद कर श्रीनगर जा रहा था कि आतंकवादियों ने उसके ट्रक के आगे ट्रक खड़ा कर दिया और उसके पास आकर कहने लगे कि यह ट्रक हमें दे दो, हम कोई बरदात करने जा रहे हैं । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसके सिर में गोली मार दी तथा लाठियों से भी पीटा । उसके क्लीनर गुलाम कादिर ने भाग कर जान बचाई ।

बंदूक छीनी : गत रात थाना नवांशहर के गांव दौलतपुर में मंगल सिंह नामक एक रिटायर्ड सूबेदार से तीन उग्रवादी उसकी एक लाइसैंसी बंदूक तथा 20 कारतूस छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

इसी दौरान जालन्धर पुलिस ने एक उग्रवादी बलराज सिंह को थाना नूरमहल के गांव दादवाल में गिरफ्तार करके उससे 12 कारतूस बरामद किए ।

कृषि वि.वि. में डाका : लुधियाना (धीमान): पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कैमिस्ट्री विभाग में जब वेतन बांटे जा रहे थे तो उस समय दो आतंकवादी अंदर दाखिल हो गये और खज़ांची श्रीमती उषा मल्होत्रा से पिस्तौल की नोक पर 27200 रुपये छीन कर फरार हो गये । पुलिस जांच कर रही है ।

लुधियाना पुलिस ने बंत सिंह नामक संदिग्ध उग्रवादी से एक 303 बोर का पिस्तौल व 5 कारतूस बरामद किए ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार : लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार पुलिस ने सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम मुख्तयार सिंह, हरविंदर सिंह, जसवन्त सिंह, बीरेन्द्र पाल सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह और सुरजीत सिंह आदि बताए गए हैं । उनके कब्जे से शस्त्र और गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

पाक घुसपैठिया मारा गया : श्रीगंगानगर (वार्ता): पाकिस्तान सीमा पर कल रात सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

अफ़ीम नीति पर अमरीकी संसद में भारत की निन्दा की कोशिश

वाशिंगटन, 1 जून (ह.स.): अमरीकी जनप्रतिनिधि सदन में कल मिसेज़ जान मेयर्ज़ (रिपब्लिकन) ने अमरीकी विदेश विभाग के लिए स्वीकृति के बिल पर विचार के समय एक संशोधन प्रस्तुत किया कि यह बात रिकार्ड पर लाई जाए कि भारत अपनी तैयार अफ़ीम को चोर बाजार में पहुंचने

अश्विनी और अनिल नरेन्द्र सम्मानित

नई दिल्ली, 1 जून (वा.) : राजधानी के दो पत्रकारों अनिल नरेंद्र और अश्विनी कुमार को पत्रकारिता के ज़रिए जादू को प्रोत्साहन देने के लिए 'जादूगर परस्कार' से सम्मानित किया गया है ।

भारतीय जादूगर सोसाइटी द्वारा कल यहां आयोजित छठे पुरस्कार समारोह में देश के प्रमुख सात जादूगरों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें महाराष्ट्र का एक बाल जादूगर भी शामिल है । प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ डा. लक्ष्मी मल सिंघवी ने पुरस्कार प्रदान किए ।

पुरस्कृत जादूगरों के नाम हैं : सर्वश्री बलदेव राज शर्मा (पंजाब), वी. माधव राव और कृष्णा मूर्ति (दोनों हैदराबाद), प्रो. एस. मुबारक अली (आगरा), हरि कृष्ण सिन्हा और एल.के. मल्होत्रा ।

राष्ट्रीय मोर्चा चुनाव चिन्ह व घोषणा पत्र बारे 6 को निर्णय लेगा

हैदराबाद, 1 जून (वार्ता): आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष श्री रामाराव ने आज कहा कि मोर्चे के सभी घटकों की छः जून को नई दिल्ली में बैठक होगी जिसमें चुनाव घोषणापत्र और एक ही चुनाव चिन्ह के बारे में अन्तिम निर्णय लिया जाएगा ।

250 अफगान विद्रोही

काबुल, 1 जून (जा.) : पिछले चौबीस घंटों के दौरान अफगानिस्तान की सरकारी सेनाओं ने कम से कम 250 अफगान छापामारों को मार डाला और जलालाबाद, खोस्त एवं कंधार प्रांत में मुजाहिदीनों द्वारा किए गए हमलों को विफल कर दिया । यह समाचार गत रात सोवियत संवाद समिति तास ने प्रसारित किया है । तास ने बख्तार संवाद समिति के हवाले से बताया है कि सरकारी सेनाओं ने छापामारों को जलालाबाद के आसपास के ठिकानों से हटने पर बाध्य कर दिया । इन ठिकानों पर कम से कम 84 बागी मारे गए जिसमें सात पाकिस्तानी सेना कर्मी और पांच अरब सलाहकार शामिल हैं । विद्रोहियों को भारी परिमाण में गोला-बारूद छोड़ कर पीछे हटना पड़ा । छापामारों ने जलालाबाद नगर के आवासीय क्षेत्रों पर बमबारी की, जिससे पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए ।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गोलाबारी से अनेक मकानों को क्षति पहुंची और एक मस्जिद भी तबाह हो गई ।

खोस्त में कम से कम 122 छापामार मारे गए और 76 घायल हो गए । ये लोग सरक्षा बलों द्वारा विद्रोहियों के खिलाफ की गई कारवाई में हताहत हुए । कंधार प्रांत में भी लगभग 45 विद्रोही सरकारी सेनाओं और छापामारों के बीच हुए संघर्ष में मारे गए । सैनिकों ने हथियारों का एक कारवां भी तबाह कर दिया था ।

मुजाहिदीन दागे गए प्रक्षेपा इस बीच एक निवासियों के तहत पच्चीस

इस्लामाब छापामार गुटों सहयोग का मुजाहिदीन नेत

श्री अम्बिका सेन निर्धन कन्या को रूप में दिया गय प्रमुख समाज से भेंट करते हुए ।

दिने

लुधि 'अम

लुधियाना पंजाब हीज चुग ने आरो एस.टी.ओ. अमृतसर में उठाया है ।

श्री चु निर्माताओं गया जिसमें की तरफ से दिया जाए पोलिस्टर त कहा गया था की खपत त 10 दिन की प्रत्येक इका दिए गए । मालिक अमृ पर उपस्थित एम.एस. गि उद्योग मंत्रा टैक्सटाइल उ

प्रसिद्ध व्यंग्यकार श्री प्रेम विज, जिनके व्यंग्य संग्रह 'भीड़ का भूगोल' को भाषा विभाग पंजाब ने अनुदान के लिए चुना है ।

श्री मनमोहन जसूजा, जो सर्वसम्मति से ब्राह्मण सभा जालन्धर के प्रधान चुने गए ।

अखबारी के विरो

पटियाला, 1 वाले पंजाबी दैनि वृद्धि किए जाने अनिर्णमित सप्त 4दिन तक बन प्रकाशन 2 से 5

ये ज गरीबों

समय की छ

स्व.

(पृ

जिनकी

Punjabi Samachar

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

Be it known that I have changed the names of my children Anterpreet Singh, Tejpratap Singh & Rajwinder Kaur Sons/Daughter of Sh. Davinder Singh R/O 27- Model Town, Jalandhar to Anterpreet Singh Dasoria, Tejpratap Singh Dasoria & Simi Dasoria respectively.

चिकित्सा

मायूस मरीज़ों की तकदीर बदल गई । गागर में सागर कोर्स लाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ़ 120/- रुपए । बवासीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ़ 100/- रुपए मनिआर्डर या खुद मिल कर दवा मंगवाएं । हकीम परस राम एण्ड संस, हैड आफिस गागर में सागर बिल्डिंग, बी फ़स्ट्र 87, मदनगीर, नई दिल्ली-62

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 1.6.89, 48/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

रोज़गार

कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्कों के 8000 पद रिक्त हैं । योग्यता—मैट्रिक । आयु सीमा—18 से 25 वर्ष । वेतनमान—950-1500 । अंतिम तिथि—26.6.1989 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनिआर्डर शीघ्र भेजें : National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134003.

3 आतंकवादी गिरफ्तार : प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर के भिन्न-भिन्न नाकाबंदी के दौरान तीन संदिग्ध नौजवानों गुरमेज सिंह, बलविन्द्र सिंह पुत्र दलीप सिंह, बलदेव सिंह पुत्र लाल सिंह (तीनों वासी जंडियालागुरु) को गिरफ्तार कर लिया जिनकी निशानदेही पर 2 पिस्तौल 12 बोर एक पिस्तौल 303 और 13 कारतूस बरामद किए ।

प्राथमिक पूछताछ के दौरान तीनों ने स्वीकार किया कि वे लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर धन बटोरते हैं ।

स्त्री की हत्या : गत रात जिला होशियारपुर के गांव भंगेरनी में एक स्त्री सुखवंत कौर की उसके घर में चाकू मार कर हत्या कर दी गई ।

होशियारपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों जसबीर सिंह और मोहन सिंह को पकड़ा तथा उनसे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये ।

सिंगरीवाला में हत्या : आज बाद दोपहर जिला होशियारपुर के ही गांव सिंगरीवाला में एक लड़की किरणदीप कौर की छुरा मार कर हत्या कर दी गई ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी सोमवार को नई दिल्ली में नगरपालिका सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर ज्योति प्रज्ज्वलित करते हुए । (छाया : सरस्वती)

कर रहे, प्रदर्शनकारी चीनी छात्रों ने सेना (छाया : पै.ट्र.)

कार्रवाई की चीनी त चुकानी पड़ेगी

ं का समर्थन आंदोलनकारी छात्रों का मनोबल रखने में उपयोगी साबित हो रहा है ।

दोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि शुरूआत चाहे छात्रों ने की हो, लेकिन ोरे उनके अभिभावक किसान और मज़दूर भी शामिल हो गये हैं । यह बात भी किसी से नहीं है कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी के बड़े वर्ग हानुभूति छात्रों के साथ है । विशेषज्ञों के र छात्रों के दमन के लिए पीपल्स लिबरेशन का प्रयोग आत्मघाती कदम सिद्ध होगा और के साथ हमदर्दी रखने वाला वर्ग खुल कर आ सकता है । इस संदर्भ में आने वाले दिनों देखना होगा कि पेइचिंग क्षेत्र के सैनिक और कारी क्या रुख अपनाते हैं । विशेषज्ञों का है कि कार्रवाई के खिलाफ विश्व जनमत निस्ट नेतृत्व को आंदोलन के प्रति अपना रुख ने पर मजबूर करेगा, क्योंकि वर्तमान समय में विश्व जनमत की उपेक्षा करने का साहस नहीं सकता ।

नानमिन की घटनाओं पर भारत को चिंता

नई दिल्ली, 5 जून (ह.स.): पेइचिंग के नमिन चौक पर घटने वाली त्रासद घटनाओं पर ने को बहुत शोक पहुंचा है । भारत को आशा है स्थिति शीघ्र ही सुलझ जाएगी ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता को जब निहत्थे र पर की गई चीनी सेना की क्रूर कार्रवाई पर क्रिया व्यक्त करने के लिए कहा गया तो उसने कि किसी देश के आंतरिक मामलों के संबंध में ना भारत की विदेश नीति नहीं है लेकिन प्रवक्ता हा कि इन घटनाओं पर भारत को दुख हुआ है हम चाहते हैं कि स्थिति शीघ्र सामान्य हो ।

एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि त-चीन संयुक्त कार्य गुट की बैठक स्थगित करने कोई प्रस्ताव नहीं है । यह बैठक इस मास के अंत ईचिंग में हो रही है । उल्लेखनीय है कि चीन के ाक्रम को देखते हुए आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री हाक समेत विश्व के कई अन्य प्रतिष्ठित क्तियों ने चीन की यात्रा स्थगित कर दी है । क्ता ने कहा कि समाचारपत्रों की रिपोर्ट के ुसार पेइचिंग की स्थिति चिंताजनक है ।

नी धमकियों से उत्पन्न रकार द्वारा विचार

कर दी है । उनके लक्ष्य एक बार फिर शराब व ाक विक्रेता बनने लगे हैं । लोगों से रुपया ऐंठने घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं । शहरी क्षेत्रों में रहने ने अनेक लोगों तक को रुपयों के लिए धमकी-भरे या धमकी-भरे टैलीफोन आ रहे हैं । इस तरह मामलों की संख्या काफी बढ़ी है । अनेक लोग, न्हें इस प्रकार की धमकियां प्राप्त होती हैं, भय के रण पुलिस से सम्पर्क नहीं करते हैं । पहली बात उन्हें यह विश्वास नहीं होता कि यह धमकियां ावादी संगठनों की ओर से हैं या कुछ शरारती ों की ओर से हैं ? दूसरी बात उन्हें यह विश्वास ी होता कि उन्हें समुचित संरक्षण प्राप्त हो एगा ।

प्रधानमंत्री ने गत सप्ताह स्थिति की समीक्षा की । कल होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री ी बूटा सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव तथा

Punjabi Sanatan

ारिक, एक अमरीकी दम्पति,
और एक इटली का पत्रकार भी
और श्री विलियम को चीनी
गिरफ्तार किया, जब श्री रोथ
र सैनिक हमले की घटना की
हे थे ।

चीन पर प्रतिबंध :
ार्ज बुश ने चीन में लोकतंत्र
ों के खिलाफ कार्रवाई की
हा कि वह चीन को सरकारी
हथियारों और हथियारों के
तुरन्त रोक लगाने के आदेश

दाता सम्मेलन में कहा कि
र्णय की निन्दा करते हैं ।"
यों को आह्वान किया कि "वे
की नीति पर चलें ।"
साथ संबंध पूरी तरह तोड़
र दी और कहा कि यह न तो
और न ही चीन के पक्ष में ।
से अमरीका अपना राजदूत

ार अमरीका में रह रहे चीनी
वधि बढ़ाना चाहेंगे तो वह
यों को नरम रुख अपनाने का

या में कहीं भी कोई आजादी
करता है तो हम उसके साथ

ंचग में मौजूदा हालात के
ाफ प्रतिबंध लगाने की
ा है । ब्रिटेन का कहना है
हांगकांग को एक निश्चित
द्ध है, जो 1997 में चीन

धिकारी होस्टलों में रह रहे

मगर लोगों ने पीछा करके एक आतंकवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

कुक्कू की पत्नी दम तोड़ गई : धूरी (सिंगला): संदिग्ध आतंकवादियों ने गत दिवस संगरूर के यूथ इंका वर्कर कृष्ण कुमार उर्फ़ कुक्कू की हत्या कर दी थी और उसकी पत्नी संतोष कुमारी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । संतोष कुमारी भी गत दिवस लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में दम तोड़ गई ।

स्कूटर सवार की हत्या : समराला (स): यहां के निकटवर्ती गांव लोपों के गुलज़ार सिंह नामक व्यक्ति पर, जो कि स्कूटर पर जा रहा था, गांव महद्दां के फ़ोकल प्लाइंट के समीप अज्ञात व्यक्तियों ने गोली चला दी तथा स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए । गुलज़ार सिंह की वहीं पर मृत्यु हो गई जिसका शव पोस्ट मार्टम के लिए यहां लाया गया । पता लगा है कि गुलज़ार सिंह अपनी पत्नी के लिए अस्पताल में खाना लेकर जा रहा था । यह घटना दिन में लगभग 11.30 बजे की बताई जाती है ।

65,000 रुपए छीने : मानसा (ज) : तीन अज्ञात सशस्त्र युवकों ने गांव डालावाला जिला भटिंडा की सहकारी सोसायटी के कैशियर दर्शन सिंह से 65,000 रुपए लूट लिए तथा स्कूटर पर सवार होकर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

10,000 रुपए लूट लिए : पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादियों ने बटाला में एक पैट्रोल पम्प मालिक विजय कुमार से 10,000 रुपए लूट लिए ।

लूट की वारदातें : मोगा से आज़ाद के अनुसार गत रात गांव घल कलां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 2 घरों में लूट-पाट की । बताया जाता है कि रात लगभग 1.30 बजे 8 अज्ञात व्यक्ति हवेली राम नामक व्यक्ति के घर गए और 500 रुपए नकद व सोने की बालियां ले उड़े । वहां से

भागने की कोशिश की
पोत से गोलीबारी भी
रक्षकों का एक दल पोत
और उन्हें पकड़ लाया

प्रवक्ता ने बताया
नौका की तलाशी लेने
जब्त की गई । अंडेमा
में तस्करी करने का य
आम तौर पर इस क्षेत्र
लिए आती हैं । तट
अधिकारी लैफ्टीनैंट क
नौका पर संदेह हुआ
इशारा किया । प्रवक्
समुद्र उफान भर र
ऊंचे-ऊंची उठ रही
उनकी चेतावनी को न
प्रयास किया तो तट
पड़ी । नौका से पकड़ी
नौकाओं के मूल्य से भ

राष्ट्रीय मोर्च
की बै

नई दिल्ली, 5 जू
दलों के राष्ट्रीय मोर्चे
होने वाली बैठक में
आगामी लोकसभा चु
की सम्भावनाओं की

आंध्र प्रदेश के
अध्यक्षता में होने वा
भारतीय शांति सेना
संविधान संशोधन वि
और मोर्चे के चुनाव
विचार किये जाने
शामिल पांच दल हैं
द्रमुक, असम गण परि

Punjab Sanatan

लेकिन इस सेना को 'शीघ्र' हटा लेने की इच्छा
दोहराया है ।

भारत और श्रीलंका इस बात के लिए सहमत हो
हैं कि भारत-श्रीलंका समझौते के तहत ऐसी
स्थितियां कायम करने के बारे में बातचीत जारी
जाए, जिससे वहां से शांति सेना की वापसी हो
। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां
कि श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री प्रेमदास के विशेष
ी. बर्नार्ड तिलकरत्ने ने इसके बारे में प्रधानमंत्री
व गांधी और विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव
तचीत की । श्रीलंका से भारतीय शांति सेना
ापसी के बारे में श्री तिलकरत्ने ने एक संदेश भी
ांधी को दिया ।

उन्होंने बताया कि भारत ने शांति सेना को शीघ्र
ा बुलाने के बारे में अपने मत से श्री तिलकरत्ने
वगत कराया ।

रण बेदी गवाहों के कटघरे में दाखिल

ई दिल्ली, 6 जून (ह.स.): उत्तरी दिल्ली की
र्व पुलिस उपायुक्त श्रीमती किरण बेदी करीब
ाल की कानूनी लड़ाई के बाद बधवा न्यायिक
ति के समक्ष गवाही के लिए आज गवाहों के
रे में अंततः खड़ी हो गईं । उनके अलावा कई
पुलिस अधिकारी भी गवाहों के कटघरे में खड़े

करण बेदी ने बधवा समिति के समक्ष कहा कि
ाय पालिका और न्यायालय के फैसलों का सब
क सम्मान करती है । श्रीमती बेदी ने दिल्ली
सोसिएशन के वकील श्री गुरचरण सिंह बाबा
कथन को पूरी तरह गलत बताया कि न्यायिक
और न्यायिक अधिकारियों का सम्मान न
उनकी आदत है । उन्होंने कहा कि वह
ालिका का सबसे अधिक सम्मान करती है ।
पूर्व श्रीमती बेदी ने अपने वकील श्री
एस. तुलसी के कुछ सवालों के जवाब दिए ।

जधानी में पिछले साल हुए वकीलों के
न से सम्बन्धित घटनाओं की जांच कर रही
क समिति के समक्ष शपथ लेकर गवाही देने से
बेदी अभी तक किसी कारण बच रही थीं ।
मिति ने एक बार तो श्रीमती बेदी के खिलाफ
प्रक्रिया संहिता की धारा 178 के तहत
कार्रवाई करने तक के आदेश दे दिए थे ।
य अवसर पर उन्हें कारण बताओ नोटिस
या था ।
ायमूर्ति डी.पी. बधवा की एक सदस्यीय
समिति के समक्ष कार्रवाई शुरू होने से पूर्व
ति का कक्ष पूरी तरह वकीलों तथा श्रीमती
गवाही सुनने के इच्छुक व्यक्तियों से भर गया

योग के समक्ष उपस्थित होने से पूर्व अपने
(फोटो : सरस्वती)

दिया गया

श मंत्री नरसिम्हा राव आज शाम ईरान के
से मिलने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे ।

मेनी की वसीयत : ईरान के मरहूम
नेता आयतुल्ला खुमैनी ने अपनी वसीयत में
नों से अमरीका और सोवियत संघ का विरोध
र सऊदी अरब, मिस्र, जार्डन और ईराक के
-परस्त नेताओं की मुखालफत करने की
की है । वसीयत कल यहां जारी की गई ।
खुमैनी की इस वसीयत के अंश तेहरान
प्रसारित किए गए । वसीयत जारी करने
क्ति का नाम प्रसारण में उद्धृत नहीं किया

रों में बताया गया है कि मजलिस के अध्यक्ष

आतंकवादी 'तोती' मारा गया

तरनतारन में इंका नेता के घर पर बम फैंका

2 बस यात्रियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 जून (वार्ता, हस): खूंखार आतंकवादी और तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू जनरल सुखविंदर सिंह उर्फ़ तोती, जोकि लगभग 150 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था, सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह सुखदेव सिंह झामके के गुट का सदस्य था । आतंकवादियों ने पंजाब में 2 बस यात्रियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक इंका नेता के घर पर बम फैंका गया ।

पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल सतर्क : तीन दिन की अपेक्षाकृत खामोशी के बाद पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी को देखते हुए पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित चंडीगढ़ में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों को सतर्क कर दिया गया है । महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ।

2.45 लाख रुपए लूट कर ले गए : रोपड़ (ह.स.): दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां नहर विभाग के कैशियर से 2.45 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार कैशियर ने यह राशि कार्यालय के निकट स्थित एक बैंक से निकलवाई थी । अभियुक्त लूट का माल लेकर भाग निकले ।

'तोती' मुठभेड़ में मारा गया : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव संगरावां के निकट गत रात पुलिस व 79 बटालियन की बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया व उसके दो साथी अंधेरे में भाग निकले । पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृतक आतंकवादी की शिनाख्त गांव दयालगढ़ निवासी सुखविन्द्र सिंह उर्फ़ तोती के रूप में हुई है । यह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयं-भू लैफ्टीनैंट जनरल था, उसके सिर पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था और यह पंजाब के अलग-अलग जिलों में कम से कम 150 बेगुनाह व मासूम लोगों की हत्याओं तथा जबरी धन बटोरने की वारदातों के लिए पुलिस को वांछित था । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल तथा 110 कारतूस बरामद हुए ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि गत वर्ष व इस वर्ष पठानकोट के निकट गांव सुन्दर चक्क में 12 लोगों, कैंडियाल कालोनी में 4 लोगों, गांव बुज्जियांवाली में फांसी देकर चार लोगों, टंडियाला नजारा में 11 लोगों, गांव काली बाहमनियां में 9 लोगों, श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर शर्मा, रोपड़ के निकट 35 भट्ठा मजदूरों, गांव सोढ में तीन लोगों, लुधियाना सीड फार्म पर 11 लोगों, अहियापुर, टांडा व भोगपुर में तीन अलग-अलग वारदातों में 19 लोगों की हत्याओं में वह प्रमुख रूप से संलिप्त था ।

2 बस यात्रियों की हत्या : आज सायं बटाला पुलिस जिला के तलवंडी गांव में आतंकवादियों ने 2 बस यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा दो अन्य को सख्त घायल कर दिया । बस में यात्रा कर रहे 6 आतंकवादियों ने ड्राइवर को उस समय बस रोकने का आदेश दिया, जब यह अमृतसर-पठानकोट रोड पर स्थित तलवंडी गांव पहुंची । बस में केवल 4 यात्री थे । आतंकवादियों ने उन्हें घसीट कर बाहर निकाला तथा फिर गोलियां चला कर चारों को घायल कर दिया । इनमें से 2 अवतार सिंह व राजवंत सिंह अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ गए जबकि जोगेंद्र पाल तथा राम लुभाया की दशा गम्भीर है ।

रैड अलर्ट जारी : सूत्रों के अनुसार अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया है ताकि आतंकवादियों को पकड़ा जा सके ।

अमृतसर से हमारे सम्वाददाता की सूचना है कि उक्त बस खेड़ा ट्रांसपोर्ट कम्पनी की थी, जिसका नम्बर पी.ए.बी. 1897 है । यह बस अमृतसर से पठानकोट के लिए रवाना हुई थी । जब बस कत्थूनंगल के निकट तलवंडी पहुंची तो आतंकवादियों ने इस पर फायरिंग शुरू कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी अमृतसर से ही बस में सवार हो गए थे और एक आतंकवादी स्कूटर पर गांव तलवंडी के निकट खड़ा था । पंजाब रोडवेज के मैनेजर ने कहा है कि मृतकों की संख्या ज्यादा हो सकती है ।

बड़ा हत्याकांड टला : वि.प्र. के अनुसार आतंकवादियों ने बस यात्रियों से कहा कि हिन्दू सवारियां एक तरफ हो जाएं । बस को जब लिंक रोड पर ले जाया गया तो बस में से सवारियां निकल भागीं । भागती हुई सवारियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । दोनों मृतक अवतार सिंह तथा राजवंत सिंह जिला गुरदासपुर के निवासी थे जबकि से एक बहुत बड़ा हत्याकांड टल गया है । आतंकवादी हिंदू यात्रियों को मार डालने का लक्ष्य साधे हुए थे और इसीलिये उन्होंने बस को लिंक रोड पर ले जाने के बाद हिन्दू यात्रियों को एक तरफ जाने के लिए कहा परन्तु बस में सवार सिख यात्री अलग न हुए जबकि एक-दो सिख यात्री साहस से काम लेकर आतंकवादियों से गुत्थमगुत्था भी हो गये जिनमें मृतक अवतार सिंह भी शामिल था । इसी दौरान बस से उतरे यात्रियों को भागने का अवसर मिल गया ।

इंका नेता के घर पर हथगोला फैंका : गत रात तरनतारन नगर में आतंकवादियों ने वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेता डा. सुरेन्द्र पाल सिंह के घर पर हथगोला फैंक कर उनकी हत्या करने का प्रयत्न किया । पुलिस ने बताया कि हथगोला फट नहीं सका । डाक्टर पाल,जो कि मैडीकल प्रैक्टीशनर भी हैं, ने 1985 में राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ा था,परन्तु हार गए थे ।

लूट कर भाग रहा उग्रवादी मारा गया : आज दोपहर तरनतारन-झब्बाल सड़क पर एक आतंकवादी उस समय मारा गया जब वह तथा उसका साथी एक पैट्रोल पम्प से 1000 रुपए लूटने के पश्चात् स्कूटर पर भाग रहे थे कि स्कूटर एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गया । उसका दूसरा साथ गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल उग्रवादी को श्री गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करवा दिया गया है ।

मारे गए उग्रवादी का नाम हरिंद्र सिंह घायल उग्रवादी का नाम बलवंत सिंह बताया गया है ।

3 की हत्या : फरीदकोट जिला में आज बाद दोपहर आतंकवादियों ने एक टैम्पो पर, जिसमें लगभग 30 यात्री थे, फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को घायल कर दिया । मृतकों की शिनाख्त बलबीर सिंह, जो कि रिटायर्ड हैड कांस्टेबल बताया जाता है, गुरदेव सिंह तथा बहाल सिंह के रूप में हुई है ।

फरीदकोट पुलिस ने चार आतंकवादियों सोरा सिंह, जगदेव सिंह, शिंगारा सिंह तथा भाग सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे चार पिस्तौल व बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया ।

फरीदकोट से जिंदल के अनुसार यह वारदात कनेर-ढुड्डी लिंक सड़क पर हुई । मृतकों में एक बलबीर सिंह हवालदार कोट सुखिया चौकी में तैनात था । मृतक बहाल सिंह अपनी पोती को किसी रिश्तेदार के घर छोड़ने के लिए कोट सुखिया जा रहा था । शेष सभी सवारियों ने भाग कर अपनी जानें बचाईं । सूचना मिलते ही पुलिस तथा सुरक्षा बलों के अधिकारी मौका पर पहुंच गए । हत्यारों की तलाश की जा रही है परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । सुरक्षा बलों की गश्त तेज कर दी गई है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर (न.स.ए.): जालन्धर पुलिस द्वारा गांव नाला के एक संदिग्ध आतंकवादी मेजर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से ए.के. 47 चीनी राइफल के 45 जिंदा कारतूस बरामद किए जाने की सूचना मिली है । पुलिस द्वारा उससे पूछताछ जारी है ।

गत दिनों जालन्धर पुलिस द्वारा बस्ती शेख के निवासी कृपाल सिंह नामक जिस आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक ए.के. 47 चीनी राइफल और 29 कारतूस बरामद किए गए थे, को इलाका मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करके 12 जून तक पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया गया है । पुलिस द्वारा इस आतंकवादी से सरगर्मी से पूछताछ जारी है और इस दौरान कई महत्वपूर्ण रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

अमृतसर व गुरदासपुर पुलिस ने क्रमशः हरपिंदर सिंह तथा बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक-एक 38 बोर का रिवाल्वर व कारतूस बरामद किए ।

होशियारपुर पुलिस ने एक आतंकवादी मोहन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक राइफल व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए ।

कपूरथला पुलिस ने एक व्यक्ति अशोक कुमार को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर का देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद किए ।

उग्रवादियों द्वारा मंगलवार को अमृतसर से पठानकोट जा रही बस पर अंधाधुंध फायरिंग से मारे गए (1) अवतार सिंह, (2) राजवंत सिंह के शव । (3) राम लुभाया, (4) जोगेंद्र पाल घायल हो गए, (5) बस के अंदर का एक चित्र । (6) यह अभागी बस, जिस पर फायरिंग की गई ।
(छाया : रवि भंडारी)

चुनावों के दृष्टिगत इंका ने उम्मीदवार चयन कार्य आरम्भ किया

नई दिल्ली, 6 जून (जी.एस. चावला): कांग्रेस (इ) ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए उम्मीदवार चयन कार्य आरम्भ कर दिया है । यह चुनाव दिसम्बर में होने हैं लेकिन ऐसी सम्भावना है कि चुनाव पहले भी हो सकते हैं ।

प्रथम चरण में कुछ सांसदों को देश के विभिन्न क्षेत्रों का इंचार्ज बनाया गया है । प्रत्येक राज्य के लिए कुछ प्रतिष्ठित इंकाइयों को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है ताकि वहां की आर्थिक स्थिति, जातिगत स्थिति, अनुसूचित जाति के वोटों तथा पार्टी के उम्मीदवार की जीत की सम्भावना का पता लगाया जा सके । इस कार्य के लिए कम्प्यूटरों की सहायता ली जा रही है । प्रत्येक राज्य में छः से लेकर आठ प्रेक्षक भेजे गए हैं । उनके पास एक प्रश्नावली है, जिसके परिणाम बाद में कम्प्यूटर द्वारा निकाले जाएंगे । जो प्रेक्षक राज्यों में भेजे गए हैं, वे उक्त राज्यों के बाहर के हैं । प्रेक्षकों को इस मास के अंत तक अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है । बाद में उनकी रिपोर्ट पर आगे विचार किया जाएगा ।

इंका नेता अपनी पार्टी की प्रदेश तथा जिला

'त्रिशूल' के कई और

Punjabi Sa Gantan

के दौरान अमरीका के राष्ट्रपति बुश
(छाया : पै. ट्रै.)

रोपड़ जिला में शराब के 10 ठेके जला दिए गये : सेल्ज़मैन गोली से घायल

आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में एक मारा गया

चंडीगढ़, 7 जून (वा., हस.): गत रात के बाद आतंकवादियों ने पंजाब में 10 शराब के ठेके जला डाले तथा सेल्ज़मैन को गोली मार कर घायल कर दिया । लूटपाट की कुछ वारदातें हुईं । फिरोज़पुर जिला में एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया,जिससे पुलिस की कुछ वर्दियां बरामद हुईं । एक आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारा गया ।

पांच ठेके जला डाले : गत रात आतंकवादियों ने जिला रोपड़ में एक साथ पांच स्थानों पर हमला करके शराब के पांच ठेकों को आग लगा दी तथा एक व्यक्ति को घायल कर दिया । दो आतंकवादियों ने चंडीगढ़ के बाहर मुल्लांपुर में एक शराब के ठेके के सेल्ज़मैन विजय कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया । शराब के ठेके मनीला, खाबड़ा, बासलपुर, चौंटा तथा डूरी गांवों में जलाए गए ।

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादियों ने 10 ठेकों को आग लगाई । ठेकों को आग लगाये जाने से हुई हानि का तत्काल अनुमान नहीं लगाया जा सका, परन्तु अधिकांश ठेकों के पूरी तरह तबाह हो जाने की सूचना है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने थाना घरेंडा के गांव मल्लूवाल में फूला सिंह नामक आतंकवादी को गिरफ्तार किया तथा उससे एक .12 बोर की बंदूक बरामद की । गुरु नानक वाड़ा में एक अन्य आतंकवादी हरविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया,जिसमें एक .38 बोर का रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

आतंकवादी मारा गया : पट्टी से संवाददाता की सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन में गत रात गांव बूह हवेलियां में एक आतंकवादी को मार दिया गया । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः पुलिस को मिली । गांव वालों का कहना है कि रात लगभग 12 बजे उन्होंने ए.के. 47 राइफल के 'बर्स्ट' चलने की आवाज़ सुनी थी । पुलिस का कहना है कि यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है । लाश के निकट ए.के. 47 राइफल के 8 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

विधवा को लूट लिया : अजनाला से 'ज्ञानी' के अनुसार गत रात गांव पैड़ेवाल थाना रमदास में आठ सशस्त्र लुटेरों ने गोलियां चलाकर लोगों को भयभीत करके गांव की एक विधवा नन्द रानी से 500 रुपए लूटकर पन्नू नामक व्यक्ति को मारपीट की और उसका बाज़ू भी तोड़ दिया । उक्त गांव के बचन सिंह से 5000 रुपए छीनकर गांव के अन्य व्यक्तियों को भी मारपीट की । इन घटनाओं से क्षेत्र में आतंक व्याप्त है ।

पुलिस की वर्दियां बरामद : फिरोज़पुर (धीमान): कल यहां के नज़दीकी गांव मलवाल में पुलिस ने एक ड्राइवर रछपाल सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक रिवाल्वर तथा पुलिस की कुछ वर्दियां बरामद की गईं ।

20 व्यक्ति गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर बीस व्यक्तियों को गिरफ्तार करके 12 बोर का एक पिस्तौल, तीन कारतूस, एक बंदूक 315 बोर, 5 कारतूस तथा तस्करी का सामान बरामद किया ।

कल रात फरीदकोट पुलिस ने चार आतंकवादियों तारा सिंह, जगदेव सिंह, शिंगारा सिंह तथा भोला सिंह को गिरफ्तार करके उनसे चार पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

गोली से घायल : जालन्धर (ह.स): आज रात्रि यहां प्रीतनगर आबादी में एक धर्म स्थान के निकट एक अज्ञात व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया । घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है ।

अमृतसर जिले में कत्थूनंगल क्षेत्र के गांव तलवंडी घुमान के निकट गत सोमवार को अपहरण की गई बस के सामने का हिस्सा, जिसकी विंड स्क्रीन टूटी हुई दिखाई दे रही है । आतंकवादियों ने इस बस के दो यात्रियों की गोली मार कर हत्या कर दी थी ।
(छाया : पै. ट्रै.)

दिल्ली के थाने में बम फटा, 2 कर्मी घायल

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता, ह.स.): पूर्वोत्तर दिल्ली के सीलमपुर पुलिस थाने में आज एक शक्तिशाली बम विस्फोट में एक सब-इंस्पैक्टर और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गए । दोनों को अस्पताल में दाखिल किया गया है । पुलिस ने बताया कि विस्फोट इंस्पैक्टर के कार्यालय में हुआ । उस समय इंस्पैक्टर वहां नहीं था ।

पुलिस ने बताया कि एक देसी बम इंस्पैक्टर के कमरे में लकड़ी के बैंच के नीचे रखा हुआ था । जैसे ही सब-इंस्पैक्टर भूपलाल और सफाई कर्मचारी सुरेश सुबह करीब साढ़े आठ बजे कमरे में आए, बम फट गया और दोनों घायल हो गए ।

दोनों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों को मामूली चोट आई है । प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई । मामले की जांच शुरू कर दी गई है । राजधानी के किसी पुलिस थाने में बम विस्फोट की यह पहली घटना है।

पुलिस उपायुक्त नीरज कुमार के अनुसार बम पोटैशियम क्लोरेट का बना है । उसमें लकड़ी के टुकड़े और कपड़ा लिपटा था ।

हरियाणा व हिमाचल द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध संयुक्त रणनीति

शिमला, 7 जून (वार्ता): हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने आतंकवाद और अंतर्राज्यीय अपराधों को रोकने के लिए एक संयुक्त रणनीति तैयार की है ।

इसके लिए हिमाचल पुलिस के महानिदेशक श्री आई. बी. नेगी और हरियाणा पुलिस के महानिदेशक एस.एस. बराड़ के बीच आज यहां एक बैठक हुई ।

इस संबंध में दोनों राज्यों ने आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया है ।

दोनों पुलिस महानिदेशकों ने दोनों राज्यों की सीमा पर चौकसी बढ़ाने का निर्णय लिया ।

दोनों राज्यों के शातिर अपराधियों के रिकार्डों का आदान-प्रदान तथा अपने यहां उनके छिपने की जगह नहीं बनने देने का निर्णय भी इस बैठक में लिया गया । पुलिस प्रशिक्षण के संबंध में आपसी सहयोग के लिए भी दोनों राज्यों ने सहमति प्रकट की ।

60 और की मंज़ूरी

की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर रीका यात्रा से पाक-अमरीकी दोस्ती याम मिला है और एक बारगी इसके नों मुल्कों में नए निजामों की एक नई या हुए हैं । अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज तकरीरों में बार-बार पाकिस्तान के जिक्र किया और चंद मौकों पर उनके जुल्फिकार अली भुट्टो को भी याद जिया ने फांसी के तख्ते पर चढ़ा दिया बुश ने जनरल जिया का एक बार भी , जिन्होंने अफगानिस्तान की हलचल रीका के साथ पाकिस्तान के दोस्ताना बुलन्दियों तक पहुंचाए और उससे र माली इमदाद हासिल की ।

बेनजीर भुट्टो ने उस दौर को इतिहास का एक स्याह बाग बताया, ोग फौजी हकमत के खिलाफ बगावत दोनों मुल्कों की दोस्ती के एक सबूत के ति बुश ने श्रीमती भुट्टो को गुलाब का ट किया । अमरीका में इन दिनों का आलम है और लाल गुलाब ने हैं । जिनकी भीनी महक से माहौल

ुट्टो ने यह खूबसरत नजराना कबूल दा कि उनके वालिद अपनी विदेश

कांग्रेस प्रेक्षक ने जिला अमृतसर की सीटों का

पंजाब समस्या का समाधान केवल बातचीत से सम्भव, टकराव से नहीं : इंका

चंडीगढ़, 7 जून (वार्ता): पंजाब कांग्रेस (इ) ने अकालियों से आग्रह किया है कि वे पंजाब समस्या का समाधान ढूंढने के लिए मंत्रिमंडीय उपसमिति को आतंकवादियों के राष्ट्र विरोधी तथा राष्ट्रद्रोही इरादों को नाकाम करने के लिए इस उत्साह को बनाए रखने का आह्वान किया है । मीटिंग ने लोगों को

Punjabi Sahitari

एजैंट सहित पंजाब में 9 लोगों की हत्या

फगवाड़ा में लापरवाही दिखाने पर 5 पुलिस कर्मी निलम्बित

पुलिस कर्मियों के 4 सम्बन्धियों का अपहरण : 4 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 8 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक समाचार-पत्र एजैंट सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, एक खूंखार आतंकवादी ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर जहर खाकर आत्म-हत्या कर ली तथा एक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । जबकि दो अन्य आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारे गए । राज्य में एक कांस्टेबल सहित 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । अमृतसर में एक जून को समाचार-पत्र विक्रेता राजन की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है तथा एक हैड कांस्टेबल, एक कांस्टेबल, 3 होम गार्डों को निलम्बित कर दिया गया है ।

जिला संगरूर में पैट्रोल पम्प से लगभग एक लाख रुपए लूट लिए गए ।

एजैंट की हत्या : फगवाड़ा (नि.स.): आज सुबह उग्रवादियों ने यहां अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक समाचार-पत्र एजैंट की हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुबह 5.35 बजे यहां पुराने बस अड्डे पर स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने समाचार-पत्र एजैंट कुलदीप कुमार को मार डाला व एक हॉकर परमिन्द्र सिंह उर्फ़ टीटू तथा एक दुकानदार राज कुमार गुप्ता को घायल कर दिया व फ़रार हो गये । यह घटना उस समय हुई जब समाचार-पत्र एजैंट अपने बंडल आदि खोल रहे थे । हत्यारे जी.टी. रोड लुधियाना की ओर फ़रार हो गये । उग्रवादियों ने भागते समय रैस्ट हाऊस के सामने पंजाब नैशनल बैंक के पास जाकर फिर हवा में कुछ फ़ायर किये व 'खालिस्तान ज़िन्दाबाद' के नारे लगाए । आगे जाकर दोनों आतंकवादियों ने एक राहगीर सोहन सिंह से राइफल की नोक पर उसका स्कूटर पी.यू.एक्स. 2259 छीना व उस पर सवार होकर भाग निकले । यह खबर शीघ्र ही शहर में फैल गई । इस गोली कांड के एक घायल राज कुमार को सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । दूसरे घायल परमिन्द्र सिंह का स्थानीय सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है ।

इस घटना की पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई, परन्तु पुलिस दल लगभग 25-30 मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचा । उल्लेखनीय है कि फगवाड़ा के सभी समाचार-पत्र विक्रेताओं ने स्थानीय डी.एस.पी. श्री दीवान चंद व थाना सिटी के इंस्पैक्टर से मिल कर सुरक्षा प्रबंध करने व सुरक्षा गार्ड देने की मांग की थी, परन्तु पुलिस की ओर से फगवाड़ा के समाचार-पत्र विक्रेताओं को कोई भी सुरक्षा प्रदान नहीं की गई थी । पुलिस को घटना स्थल से 11-12 खाली खोल ए.के. 47 के मिले हैं । आज इस हत्याकांड के विरोध में फगवाड़ा बंद रखा गया । स्थानीय अमन कमेटी की एक बैठक अमन कमेटी के प्रधान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें शहर की सभी राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के नेताओं ने भाग लिया व हत्याकांड की कड़ी निंदा की गई । कौमी एकता कमेटी के चेयरमैन श्री बी.के. खुल्लर ने इस घटना की निंदा करते हुए आतंकवादियों के साथ सख्ती से निपटने की मांग की है । फगवाड़ा अमन कमेटी के प्रधान डा. देसराज शर्मा, पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. सुरजीत सिंह मिन्हास, पंजाब भाजपा के महासचिव चौधरी स्वर्ण राम, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के श्री महेश, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्री सुरिन्द्र चोपड़ा, पंजाब कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव व पूर्व विधायक श्री जोगेंद्र सिंह मान, अकाली नेता ठेकेदार कर्म सिंह, श्री राम सरूप अरोड़ा, जनता युवा मोर्चा के रविन्द्र चड्ढा आदि अनेक नेताओं ने इस गोलीकांड की निंदा की है । इस घटना के लगभग 30 मिनट बाद डी.एस.पी. घटनास्थल पर पहुंचे । जिलाधीश श्री ए.आर. तलवाड़, जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, एस.एस.पी. स. स्वर्ण सिंह व सी.आर.पी. एफ. के उच्चाधिकारी यहां पहुंच गये व एक विशेष मीटिंग करके स्थानीय पुलिस अफसरों को तुरन्त कार्रवाई करने के आदेश दिए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने कहा है कि पुलिस के जिन कर्मचारियों ने ड्यूटी में लापरवाही की है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

5 निलम्बित : एक संवाददाता ने सूचना दी है कि कुलदीप कुमार उर्फ़ सोढ़ी की हत्या के संबंध में एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने हैड-कांस्टेबल अहमदस, एक कांस्टेबल व होमगार्ड के तीन जवानों को निलम्बित कर दिया है ।

राज्य में पिछले एक सप्ताह में समाचार पत्र विक्रेताओं पर यह तीसरा हमला है । इससे पूर्व आतंकवादियों ने मोहाली में समाचार पत्र एजैंट सुभाष जैन व एक हॉकर जोगेंद्र की तथा अमृतसर में एक हॉकर राजन की हत्या कर दी थी ।

6 लोगों की हत्या : दसूहा (निस): थाना मुकेरियां के गांव मोली में आधी रात को अज्ञात व्यक्तियों ने तेज हथियारों से ब्राह्मण बालूआना सिख परिवारों के एक व्यक्ति, दो औरतों व तीन बच्चों की हत्या कर दी । अभियुक्तों ने पहले सुरजीत कौर (30), उसकी बच्ची नरेंद्र कौर (10) व जसविन्द्र कौर (4) की हत्या की । इसके बाद वे जगन्नाथ के घर में दाखिल हुए । वहां जगन्नाथ (70), उसकी पत्नी सुमित्रा देवी (70) व उसकी विवाहित लड़की कमलेश की हत्या कर दी । दोनों परिवारों के 3, 2½, 1½ साल के बच्चे बच गए । मृतकों की गर्दनों पर तेजधार हथियारों के निशान थे व बहुत ही बेरहमी से ये हत्याएं की गईं । सुमित्रा देवी का एक हाथ भी काट दिया गया । गांव निवासी इस घटना के बारे में कोई बात नहीं बता रहे हैं । ग्राम निवासियों द्वारा इस घटना की सूचना मुकेरियां पुलिस को सुबह लगभग छः बजे दी गई । सरपंच गुलजार सिंह के अनुसार सुबह जब हत्याओं का पता चला तो गुरुद्वारा के लाऊडस्पीकर पर गांव वासियों को सूचना दी गई ।

पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं । पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर दी है । ऐसा लगता है कि हत्यारों की गिनती छः या सात थी और वे वारदात के बाद दरिया पार करके चले गये हैं ।

एक परिवार के बुजुर्ग 80 वर्षीय फौजा सिंह का विलाप देखा नहीं जाता था । वह कह रहा था कि मैं यह सहन नहीं कर सकूंगा । गांव वालों का कहना है कि यहां हिन्दू व सिख बहुत ही प्यार से रह रहे हैं । मुकेरियां पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

सरकारी प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में एक बयान में मोली गांव में हुए हत्या कांड के पीछे आतंकवादियों का हाथ होने से इन्कार किया है । उसने कहा कि इस संबंध में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है लेकिन अभियुक्तों की अभी पहचान नहीं की जा सकी ।

भट्टी का बयान : जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने भी मौली गांव के हत्याकांड में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार किया है । श्री भट्टी ने गांव का दौरा करने के बाद जालन्धर में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और यह रहस्य बहुत जल्द सुलझा लिया जाएगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हत्याकांड में तेजधार हथियारों का इस्तेमाल हुआ है और यह केवल एक व्यक्ति का काम लगता है ।

2 आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (वि.प्र.): आज अमृतसर जिला में थाना पट्टी के अंतर्गत चान चक गांव में एक संदिग्ध आतंकवादी

थाना मुकेरियां के अंतर्गत गांव मोली में उग्रवादियों द्वारा मारे गये दो परिवारों के 6 सदस्य । (1) जगन्नाथ, (2) उसकी पत्नी सुमित्रा देवी तथा (3) विवाहित बेटी कमलेश के शव और (4) सुरजीत कौर, (5) नरेंद्र कौर तथा (6) चार साल की बच्ची जसविंदर कौर के शव । (छाया : पंजाब केसरी)

जद से सीटों के तालमेल बारे भाजपा फूंक-फूंक कर कदम उठाएगी : अडवानी

नई दिल्ली, 8 जून (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा और जनता दल के बीच सीटों के तालमेल के बारे में आशान्वित हैं, लेकिन उनका कहना है कि "इसके बारे में भाजपा फूंक-फूंक कर कदम उठाएगी ।"

भारतीय जनता पार्टी की नौ जून से पालमपुर में होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की पूर्व संध्या पर विशेष बातचीत के दौरान श्री अडवानी ने कहा कि जनता दल और अन्य दलों के साथ सीटों के तालमेल के बारे में बैठक में खुलकर विचार-विमर्श किया जाएगा ।

उन्होंने कहा, "सीटों के तालमेल के बारे में जनता दल से अभी केवल प्रारम्भिक बातचीत हुई है । इस बातचीत से कोई नतीजा निकालना गलत होगा । सीटों का तालमेल मुख्य रूप से तो राज्यों के स्तर पर होना है ।"

तालमेल हुआ तो उनकी क्या स्थिति होगी ।"

उन्होंने कहा कि सीटों के तालमेल और इससे जुड़ी अन्य सभी बातों पर पालमपुर की बैठक में विस्तृत चर्चा होगी । पार्टी की चुनाव समिति की बैठक भी पालमपुर में होगी, जिसमें कांग्रेस (इ) को चुनावों में शिकस्त देने तथा जनता दल, पीजेंट्स वर्कर्स पार्टी (पी.डब्ल्यू.पी.), रिपब्लिकन पार्टी, शिव सेना आदि के साथ सहयोग करने के बारे में फैसला किया जाएगा ।

परमाणु अप्रसार बारे पाक प्रस्ताव भारत को अमान्य

वाशिंगटन, 8 जून (वार्ता): भारत ने दक्षिण एशिया में परमाणु अप्रसार के सम्बन्ध में पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के क्षेत्रीय रुख को फिर अस्वीकार कर दिया है ।



चीन की राजधानी पेइचिंग के तिनानमिन चौक से आंदोलनकारी छा सैनिक कार्रवाई की गई । इस दौरान सेना ने टैंकों तथा अन्य भारी किया । तिनानमिन चौक एक तरह से अब सैन्य शिविर के रूप में दिख तिनानमिन चौक का एक दृश्य ।

41 बस यात्रियों की मौत पर प्रदर्शन व हिंसा, पुलिस लाठीचार्ज में

श्रीनगर, 8 जून (अशोक, ह.स., सच्चर): जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटे के दौरान विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 52 31 अन्य व्यक्ति जख्मी बारामूला के निकट भू-स्ख 41 बस यात्रियों की मृ करने वाले लोगों पर पुलि तथा बार-बार लाठीचार्ज पुलिस कर्मियों समेत क गए । पुलिस ने यहां हिंस लोगों को खदेड़ने के लि प्रदर्शनकारियों ने बारामू कानूनमंत्री शेख मोहम्मद आग लगाने की नाकाम को दुर्घटना के संदर्भ में आज हुआ है ।

पाक सेनाध्यक्ष द्वारा सियाचिन का दौरा

इस्लामाबाद, 8 जून (ह.स.): पाकिस्तान के थल सेनाध्यक्ष जनरल मिर्जा असलम बेग ने कल और आज सियाचिन ग्लेशियर का दौरा किया । वे एक चौकी से दूसरी चौकी पर हैलीकाप्टर से गए । उन्होंने सैनिकों को आश्वासन दिया कि उनकी देखरेख के लिए सारे इंतजामात किए जा रहे हैं । जनरल बेग का यह दौरा सियाचिन मसले पर भारत और पाकिस्तान के रक्षा सचिवों के बीच बातचीत शुरू होने के एक हफ्ता पहले हुआ है ।

इज़हार आलम पर हमले का अभियुक्त गिरफ्तार

कठुआ, 8 जून (महाजन): पंजाब के एक उच्च पुलिस अधिकारी श्री इजहार आलम पर हमला करने वाले पंजाब के एक उग्रवादी को जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस ने लखनपुर में उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह एक ट्रक में बैठकर पंजाब जा रहा था । ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर को भी हिरासत में ले लिया गया है । बताया जाता है कि इस उग्रवादी ने भाग जाने का असफल प्रयास किया था ।

एक और वारदात में रात नौ बजे जम्मू-कश्मीर हाइवे पर कुछ अज्ञात व्यक्ति एक पैट्रोल पम्प से 5000 रुपए लूटकर भाग गए । अभियुक्त पैदल ही आए थे और पैदल ही चले गए ।

भारत-पाकिस्तान सीमा (बाघा बार्डर) पर बी.एस.एफ. तथा पाकिस्तानी रेंजर्ज की एक बैठक बीरवार को पाकिस्तानी क्षेत्र में हुई । चित्र में (ऊपर) बी.एस.एफ. के श्री प्रकाश सिंह आई.जी. पंजाब सीमा तथा श्री अमिताभ गुप्ता आई.जी. राजस्थान व गुजरात सीमा, पाक अधिकारियों से जन. हकीम अरशद कुरैशी व पाकिस्तान रेंजर्ज के डायरैक्टर से मिलते हुए । (नीचे) आपस में मिलते हुए दोनों देशों के अन्य अधिकारी । (छाया : रवि भंडारी)

भारत व पाकिस्तान संवे क्षेत्रों में समन्वित चौकसी पर

बाघा, 8 जून : भारत और पाकिस्तान सीमा पर हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिए सीमा क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में समन्वित चौकसी करने पर सहमत हो गए हैं । इस आशय का फैसला कल दोनों देशों के अधिकारियों की आपसी बैठक में किया गया । फैसले में पाकिस्तान से लगी पंजाब की सीमा पर करीब सौ किलोमीटर और राजस्थान में श्रीगंगानगर की सीमा पर 33 किलोमीटर दूरी तक कंटीले तार लगाने का भी प्रावधान है ।

बैठक के बाद सीमा सुरक्षा बल पंजाब रेंज के महानिरीक्षक प्रकाश सिंह और राजस्थान रेंज के महानिरीक्षक अमिताभ गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि पाकिस्तान सम्मिलित चौकसी और सम्मिलित कमान के बारे में भारत द्वारा दिए गए सुझाव पर राजी नहीं हुआ है । श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि बैठक में उन्हीं मसलों पर विचार किया गया, जिन पर इस्लामाबाद में पिछले महीने हुई पाकिस्तानी पक्ष का ने महानिदेशक मेजर जनर किया । इसमें पंजाब और रेंजरों के उपमहानिदेशक और कर्नल मुहम्मद अशर

श्री प्रकाश सिंह ने पाकिस्तान के साथ लगन किलोमीटर क्षेत्र में कंटी जिसमें से अब 20 किलो का काम शेष रह गया भविष्य में पूरा हो जाएगा

गश्त 1 जुलाई भारत-पाक सीमा, जिसमें दोनों देशों के सीमा सुरक्षा जुलाई से शुरू हो जाएगी तारीख कल बाघा सीमा अधिकारियों की बैठक

300 अफगान

काबुल, 8 जून (व सरकारी सेना ने खोस्त जि मार डाला तथा देश के विद्रोही गुटों के बीच लड़ा

मास्को : सोवियत चेतावनी दी है कि यदि हथियार दिए तो वह सरकार के समर्थन में पाकिस्तान के एफ-1 सम्भावित आपूर्ति पर वि विदेश मंत्रालय के प्रवक्त अफगानिस्तान में स्थिति प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी आधुनिक हथियार और वि है ।

नई दिल्ली के

नई दिल्ली, 8 जून लगभग 65 कि.मी. उत्त 4.20 बजे भूकम्प का ए किया गया ।

हीरा नन्द

कारण बता

चंडीगढ़, 8 जून (ह.स एवं राज्य जनता दल विधा देवी लाल ने पार्टी के एक न द आर्य को भी कारण है । यह कार्रवाई उनक गतिविधियों के कारण की में अपना उत्तर देने को क

Punjabi Kesari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला अमृतसर में एक और उग्रवादी अंग्रेज सिंह उर्फ तोता की भी आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण हत्या कर दी गई ।

आतंकवादी बच निकले : वल्टोहा पुलिस थाने के कोटली थान सिंह गांव में आतंकवादियों के छिपने की सूचना पाकर सुरक्षा बलों ने कल रात छापा मारा, किन्तु तीन आतंकवादी बच निकले । पुलिस के अनुसार कुछ देर फायरिंग के बाद आतंकवादी भाग निकले । घटनास्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल, 355 कारतूस और 20 खाली कारतूस मिले हैं । भागने वाले आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

वार्ता के अनुसार तरनतारन पुलिस ने तीन आतंकवादियों सुखविंदर सिंह, कलविंदर सिंह तथा निशान सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे हथियार बरामद किए ।

पांच लोगों का अपहरण : बटाला (निस): पुलिस जिला बटाला के कादियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस कलेर गांव से कल रात लगभग 10 सशस्त्र आतंकवादियों ने अलग-अलग घरों से पांच लोगों का अपहरण कर लिया । इनके नाम नाज़र सिंह (17), सुच्चा सिंह (30), जोगेंद्र सिंह (30), करमवीर सिंह उर्फ मिटा (17) तथा हरजिन्द्र सिंह (30) बताए जाते हैं । हरजिन्द्र सिंह पुलिस में सिपाही है और वह फगवाड़ा में तैनात था । इस समय वह गांव में छुट्टी पर आया हुआ था । करमवीर सिंह उर्फ मिटा का पिता अजीत सिंह सी.आई.डी. में सब इंस्पैक्टर है । अन्य अपहृत लोगों का भी कोई न कोई सबंधी पुलिस में है । यह पंजाब में अपनी किस्म की पहली घटना है ।

(1) फगवाड़ा में उग्रवादियों के हाथों मारे गए न्यूज़ पेपर एजैंट कुलदीप राय उर्फ सोढी का शव । इन्सैट में उसका पुराना चित्र, (2) घायल होकर परमिन्दर सिंह उर्फ टीटू, (3) घायल पड़ौसी दुकानदार राज कुमार, जिसे सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है । (छाया : पंजाब केसरी)

डिफैंस कमेटी के सदस्य की हत्या : फिरोज़पुर (नि.स.): थाना मल्लांवाला के गांव सुलतान नाऊ में सशस्त्र व्यक्तियों ने कल रात डिफैंस कमेटी के एक सदस्य जगीर सिंह वल्द गुरदित्त सिंह सरपंच की हत्या कर दी ।

एक और हत्या : ह.स. की सूचना है कि आतंकवादी भागते समय एक और व्यक्ति केहर सिंह की भी हत्या कर गये ।

आतंकवादी पाकिस्तान भाग गये : इसी बीच फिरोज़पुर जिला के गुरु हर सहाय क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ गोलीबारी के बाद कुछ आतंकवादी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए ।

उग्रवादी गिरफ्तार : मोगा : फरीदकोट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कल रात मोगा सदर थाने के ददाहू क्षेत्र में आतंकवादी गुरचरण सिंह उर्फ चरण को धर दबोचा । जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उसके पास दो एक बंदूक, कुछ कारतूस और एक ट्रैक्टर मिला है । वह जिले में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदार था ।

एक लाख रुपए लूटे : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार आज शाम लगभग 6 बजे यहां से 10 किलो मीटर दूर भवानीगढ़ में 2 आतंकवादियों ने एक पैट्रोल पम्प पर आकर उसके कारिंदे दर्शन कुमार से लगभग 1 लाख रुपए छीन लिए । फरार होते हुए आतंकवादियों ने कारिंदे को गोली मार कर घायल कर दिया ।

उग्रवादी मरा : रामपुराफूल से संवाददाता के मुताबिक [illegible] के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना मिलने पर उक्त गांव में खेतों में छिपे 2 उग्रवादियों को पकड़ने के लिए छापा मारा । पुलिस पार्टी की ओर से ललकारे जाने पर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग पर उनमें से एक मारा गया । मृतक लंगआना गांव का बलदेव सिंह समझा जाता है । उसके कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल व इसके 6 अनचले व चले कारतूस मिले हैं ।

लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों रविंद्र सिंह और हरबंस सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौलें बरामद की हैं ।

जालंधर में फ़ायरिंग का ब्यौरा : जालंधर (वि.प्र.): गत रात स्थानीय प्रीत नगर (सोढल रोड) के जिस किरयाना विक्रेता को उसकी दुकान से कैश लूटने की कोशिश करते हुए दो उग्रवादियों ने उसकी ओर से मुकाबिला किये जाने पर गोली मार कर घायल कर दिया था, उसका नाम किशोर कुमार बताया गया है । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो उग्रवादी स्कूटर पर आये और पिस्तौल की नोक पर किशोर कुमार की दुकान के गल्ले से रुपये लूटने की कोशिश की, मगर किशोर कुमार ने साहस से काम लेकर एक उग्रवादी को जफ्फा डाल लिया और जब दूसरे उग्रवादी ने देखा कि वह उसके साथी को अब छोड़ने वाला नहीं तो उसने उसे गोली मार दी । इस अवसर पर काबू आया उग्रवादी घायल किशोर कुमार के पंजे से छूटने में सफल हो गया और दोनों स्कूटर पर फ़रार हो गये । जिस उग्रवादी को किशोर कुमार ने जफ्फा मारा था, उसकी पगड़ी व जूते वहीं रह गए जिसे बाद में पुलिस ने कब्जे में ले लिया ।

आतंकवादी ने सायनाइड खाया : न.न.ए. के अनुसार गत रात थाना सदर के गांव नंगल फतेह खां में एक खतरनाक आतंकवादी द्वारा पुलिस के घेरे में आ जाने पर सायनाइड (ज़हर) का कैप्सूल खाकर आत्म-हत्या कर लेने की सूचना मिली है । पुलिस ने मृतक आतंकवादी की लाश के निकट से एक रिवाल्वर .45 बोर व 2 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं ।

'वार्ता' के अनुसार विष खाकर आत्महत्या करने वाला उग्रवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध था और उसका नाम गुरविन्दर सिंह उर्फ़ गींडा था । उस पर 50,000 रुपए का इनाम था ।

चीन के हाल [illegible] वीरवार को [illegible] पत्रकारों ने प्र[illegible]

अन[illegible]

40 टैंक वि[illegible] कतारबद्ध ख[illegible] टैंक तथा सश[illegible]

पेइचिंग [illegible] सैंकड़ों सैनिक [illegible] दूसरी ओर श[illegible] विदेशी नागरि[illegible] निकलने की [illegible] जाते देखे गए

उधर [illegible] कार्रवाई का [illegible] घेरे हुए हैं [illegible] छिड़ने की स[illegible] होने के समा[illegible]

कई विदे[illegible] पेइचिंग से [illegible] अमरीका ने [illegible] आश्रितों को [illegible] अमरीका ने [illegible] सभी आश्रित[illegible]

आस्ट्रिय[illegible] स्विटजरलैंड[illegible] को ले जाने [illegible]

सैंकड़ों [illegible] कार्यकर्त्ताओं [illegible] दूतावास के [illegible] नागरिकों के [illegible] विरोध कर [illegible] परिसर में [illegible] द्वार पर को[illegible]

बी.बी[illegible]

लंदन : ब्रि[illegible] के संवाददा[illegible] सहयोगियों [illegible] उनसे पूछ[illegible] आज यह ज[illegible] घूंसों की ब[illegible]

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा

मायूस मरीजों की तकदीर खुल गई । गागर में सागर कोर्स छाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ 120/- रुपए । बवासीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ 100/- रुपए मनिआर्डर या खुद मिल कर दवा मंगवाएं । हकीम परस राम एण्ड संस, हैड आफिस गागर में सागर बिल्डिंग, जी फर्स्ट 87, मदनगीर, नई दिल्ली-62.

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., BTC/JBT, LT/OT Matric B.A., LL.B. Vaid Visharad करें । नियमावली के लिए 10/- मनिआर्डर द्वारा भेजें । S.G. College, Railway Road, Ambala City.

Admission Guidance & Coaching

Matric

With middle/without middle.

+2 Direct

10th passed/11th failed eligible Examination Centre : Shimla/ Bhopal. Prospectus Rs. 10/- by M.O.

SANJAY GANDHI COLLEGE,

Angra House, CHHOTA SHIMLA-171002.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 8.6.89, 56/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7.55 per Dozen.

आवश्यकता

भूतपूर्व सैनिकों की सिक्योरिटी गार्ड/सिक्योरिटी सुपरवाईज़र हेतु कोटकपूरा में आवश्यकता है । वेतन 800 से 1200 रु., कद 5'-7" कोटकपूरा निवासी न हों । मिलें : Lt. Col. (Retd.) Gurdial Singh, 10 जून को 10 बजे, सप्लाई डिपो गेट, बठिंडा ।

300 भूतपूर्व सैनिक सिक्योरिटी गार्ड्ज़ दिल्ली के लिए तुरन्त चाहिएं । तनखाह 800 रु., रिहायश मुफ्त, इंटरव्यू 9 बजे से 2 बजे तक मिलें : इंटरनैशनल सिक्योरिटी एंड इंटैलीजैंस एजैंसी, सैंडी हाऊस, लाल रत्न सिनेमा के सामने, नकोदर रोड, जालंधर ।

600 सिक्योरिटी गार्ड्ज़/सुपरवाईज़र (भूतपूर्व सैनिक) दिल्ली के लिए शीघ्र चाहिएं । केवल भूतपूर्व सैनिक पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, यू.पी., राजस्थान, हिमाचल वाले सम्पर्क करें । वेतन सिक्योरिटी गार्ड्ज़ 800/-, सुपरवाईज़र 1200/-, शीघ्र सम्पर्क करें :-इंटरनैशनल सिक्योरिटी, सैंडी हाऊस, लाल रत्न सिनेमा, नकोदर रोड, जालंधर शहर ।

रोज़गार

कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्कों के

Sangrah Punjabi

ज़फरवाल के निकट साथी सुच्चा सिंह सहित 11 आतंकवादी मारे गये

बी.एस.एफ. ने सीमा पर 40 लाख रुपए मूल्य का सोना पकड़ा : भारी मात्रा में हथियार मिले : 3 सुरक्षा कर्मी व 2 अन्य व्यक्ति भी मरे

चंडीगढ़, 9 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद विभिन्न मुठभेड़ों में पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह ज़फरवाल के निकट साथी सुच्चा सिंह सहित 11 आतंकवादी मारे गए जबकि बी.एस.एफ. ने 40 लाख रुपए मूल्य का सोना बरामद किया । एक अन्य मुठभेड़ में सी.आर.पी. के 3 जवान मारे गए, जबकि 2 अन्य व्यक्ति भी मारे गए ।

खेमकरण सैक्टर में मुठभेड़ : अमृतसर (वि.प्र.): आज अमृतसर जिला में खेमकरण सैक्टर की कालिया सीमा चौकी के निकट पाकिस्तान से आ रहे दो आतंकवादियों को सीमा सुरक्षा बल ने मार गिराया । इनमें से एक की पहचान कट्टर आतंकवादी सुच्चा सिंह के रूप में हुई है जो कि पंथक



दुर्दांत उग्रवादी वस्सन सिंह जफरवाल द्वारा भेजे गए पत्र का अंश जिसमें उसने भेजे गए हथियारों का उल्लेख किया है । (फोटो : नैट वर्क)

कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी बताया जाता है । मृत आतंकवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध बताए जाते हैं ।

सीमा सुरक्षा बल ने मुठभेड़ वाले स्थान पर भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया जिसमें एक ए.के. 47 राइफल, एक राकेट लांचर, एक राकेट प्रोपैलर, 20 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, 16 टैंक भेदी राकेट, 16 डैटोनेटर, ए.के. 47 राइफल के 8 मैगजीन, दो पिस्तौल, 22 मीटर लम्बी फ्यूज वायर तथा विभिन्न बोरों के 623 कारतूस शामिल हैं ।

जालंधर से वि.प्र. के अनुसार आई.जी. बी.एस.एफ. पंजाब श्री प्रकाश सिंह ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि 8-9 जून की रात को 11.45 बजे सीमा चौकी कालिया की नाका पार्टी ने सीमा पार पाकिस्तान की तेह पल्ल चौकी की ओर एक वाहन आता देखा जो उस चौकी पर ठहर गया और वहां से चार-पांच तस्कर सीमा पार कर आये । जब यह सभी बी.एस.एफ. नाका पार्टी की फायरिंग रेंज के अंदर आ गये तो उन्हें चैलेंज किया गया जिस पर दोनों ओर से फायरिंग हुई, जो 15 मिनट के बाद रुक गई ।

इसके बाद डी.आई.जी. बी.एस.एफ. श्री बी.एस. बिष्ट जो उस क्षेत्र के दौरा पर थे और अकस्मात वहां पहुंचे हुए थे, की देखरेख में घटना स्थल का जायजा लिया गया तो दो तस्कर मरे पाये गये जिनमें से एक की पहचान हो गई जो जिला गुरदासपुर के गांव नंगल डल्ला के उजागर सिंह का लड़का सुच्चा सिंह था और पंथक कमेटी के प्रमुख सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल तथा उग्रवादी बलदेव सिंह डोरांगला का निकटवर्ती था । दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी किन्तु वह भी कोई महत्वपूर्ण उग्रवादी लगता है । श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि सुच्चा सिंह गत लम्बे समय से उग्रवादियों को पाकिस्तान से हथियार स्मगल करके लाकर देता रहा है । उसके सिर पर 40000 रुपए का इनाम भी था । इसे उग्रवादियों की 'आर्डनैंस फैक्टरी' समझा जाता था । इसकी जेब से वस्सन सिंह के हस्ताक्षरों वाली चिट भी मिली जिस पर उसकी ओर से भेजे जा रहे हथियारों आदि का ब्यौरा दर्ज है ।

40 लाख का सोना पकड़ा : दूसरी घटना 8 जून की प्रातः वान बार्डर चौकी के निकट हुई जबकि चौकस बी.एस.एफ. नाका पार्टी ने एक तस्कर अंग्रेज सिंह को उस समय दबोच लिया जब वह पाकिस्तान की ओर से आ रहा था । उसके कब्जे से 100 गोल्ड बिस्कट बरामद हुए । जिनका मूल्य चालीस लाख रुपये है । अंग्रेज सिंह गांव वान का निवासी है । उसने पूछताछ पर बताया कि उसने यह सोना जिला अमृतसर के खालड़ा थाना के गांव वान के ही माहल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के लिए स्मगल किया है ।

3 सुरक्षा कर्मी मारे गए : आज बाद दोपहर जिला अमृतसर के थाना पट्टी के अन्तर्गत गांव चुसलेवाल में हुए भीषण मुकाबले में 3 सुरक्षा कर्मी मारे गए जबकि 2 अन्य घायल हो गए ।

गांव चुसलेवाल में हुई मुठभेड़ में 3 आतंकवादी भी मारे गए । सी.आर.पी. के 3 मृतक जवान 41वीं बटालियन से सम्बद्ध थे । उनके नाम हवलदार वेद प्रकाश, नायक अमर सिंह तथा सिपाही उम्मेद सिंह बताए गए हैं ।

वार्ता के अनुसार जिला पुलिस चीफ श्री बलदेव सिंह ने बताया कि चुसलेवाल में 3 सी.आर.पी. जवानों को मारकर और एक जवान की राइफल छीन कर भाग रहे आतंकवादियों में से एक वहीं मार गिराया गया ।

एक किलो मीटर दूर कला गांव में एक और मुठभेड़ हुई जिसमें दो और आतंकवादी मारे गए जबकि कुछ बचकर फरार हो गए । दूसरी मुठभेड़ के स्थान से दो ए.के. 47 राइफलें और सी.आर.पी. जवान से छीनी हुई एस.एल. राइफल तथा कारतूस मिले । इलाके की छानबीन जारी है ।

2 आतंकवादी बच निकले : पुलिस जिला

(1) सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह पंजाब सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा उग्रवादियों से पकड़े गये हथियारों आदि का निरीक्षण करते हुए । उग्रवादियों के लिए यह हथियार पाकिस्तान से लाये जा रहे थे । (2) पकड़ा गया गोली सिक्का । (3) बरामद की गई अफीम । (फोटो : नैटवर्क)

विज्ञप्ति में बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव कोटली वसावा सिंह के जमींदार निशान सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा गया जहां दो खतरनाक आतंकवादी छिपे हुए थे । सुरक्षा बलों द्वारा छापा मारे जाने पर आतंकवादियों ने फायरिंग की जिसका जवाब सुरक्षा बलों ने भी दिया परन्तु आतंकवादी अंधेरे की आड़ में भाग निकले परन्तु फार्म हाऊस के मालिक निशान सिंह तथा के.सी.एफ. के दो अन्य आतंकवादियों कुलवन्त सिंह उर्फ लिक्कू व सुखविंदर

मुठभेड़ में एक कांस्टेबल सुरजीत सिंह भी घायल हो गया ।

भटिंडा (नि.प्र.): कल रात जिला के गांव हमीरगढ़ में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया था जबकि उसका एक साथी भाग निकला था । पुलिस ने मृतक आतंकवादी के कब्जे से कुछ विषैला पदार्थ, 32 बोर का विदेशी रिवाल्वर, 6 खाली कारतूस बरामद किए थे । उसकी जेब में से 6 अनचले कारतूस, एक पोलीथीन का थैला मिला, जिसमें वही जहरीला पाऊडर था जो कि उसने गोली लगने के बाद खा लिया था । उसके पर्स में से 3530 रुपए भी बरामद किए गए । उसने सोने की दो अंगूठियां पहन रखी थीं जिनमें से एक पर 'एच.एस.' खुदा हुआ था । पंजाब भर में सभी पुलिस प्रमुखों को इस आतंकवादी की शिनाख्त के लिए पुलिस पार्टियां भेजने को कहा गया है ।

भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी कुलदीप सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Tribune

है । इसलिये वह जनता
ई, बेरोजगारी, पंजाब,
कर पंचायती राज जैसे
ती है । श्री अडवानी ने
की तू-तू, मैं-मैं' और
के कारण कांग्रेसियों के
सहारा लिया है ।

लाख लड़ेंगे : इससे पूर्व
र पार्टी कार्यकर्ताओं को
डवानी ने कहा कि उनकी
चुनाव अकेले लड़ेगी ।
भी चुनावों के लिये अपनी
पनी वैठव में निर्धारित
पंजाब भाजपा के अध्यक्ष
भी उनके साथ थे । श्री
ी अटल विहारी वाजपेयी
पालमपुर जाते हुये आज

ी आलोचना करते हुये श्री
यह नीति इका की वोटों
रत है । उन्होंने कहा कि
समस्या हल नहीं करेगा
र फिर पंजाब को चुनौति
करना चाहती है । उन्होंने
धिकार देने तथा जवाहर
सरकार के निर्णयों को

मूह का नाम लिये बगैर
ारा समूह को दी गई
कि यह लोकतंत्र के लिये
इसका मुकाबला करने के
करनी चाहिये । इस
ष्टिगत सरकार को इस
लोगों के जीवन की सुरक्षा
हिये ।

र्यकारिणी की इस बैठक में
ता श्री भैरों सिंह शेखावत

बैठक में भाग लेने के लिए
क पार्टी प्रतिनिधि भाग लेंगे
ी तथा पी वाजपेयी के
याराजे सिंधिया, उपाध्यक्ष
सिकन्दरबख्त, श्री सुन्दर
न खुराना, हरियाणा के मंत्री
सुषमा स्वराज, डाक्टर
। इन नेताओं के स्वागत
स्वागत द्वार बने हुए थे ।
त्र : भाजपा के वरिष्ठ
जपा के चुनाव घोषणा पत्र
होने वाले अधिवेशन में
।

जीत का रिमांड

स.): गत दिवस जो संदिग्ध
ट्रक से पकड़ा गया था,
न का रिमांड ले लिया है ।
सने बताया कि वह एक वर्ष
र प्रशिक्षण लेता रहा । वहां
त्मसमर्पण कर दिया । नौ
र वह जमानत पर रिहा हो
उग्रवादी दलविद्र का साथी
ने पूछताछ जारी है ।



(1) सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह पंजाब सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा उग्रवादियों से पकड़े गये हथियारों आदि का निरीक्षा करते हुए । उग्रवादियों के लिए यह हथियार पाकिस्तान से लाये जा रहे थे । (2) पकड़ा गया गोली सिक्का । (3) बरामद की गई अफीम
(फोटो : नैटवर्क)

कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी बताया जाता है । मृत आतंकवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध बताए जाते हैं ।

सीमा सुरक्षा बल ने मठभेड़ वाले स्थान पर भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया जिसमें एक ए.के. 47 राइफल, एक राकेट लांचर, एक राकेट प्रोपैलर, 20 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, 16 टैंक भेदी राकेट, 16 डैटोनेटर, ए.के. 47 राइफल के 8 मैगजीन, दो पिस्तौल, 22 मीटर लम्बी फ्यूज वायर तथा विभिन्न बोरों के 623 कारतूस शामिल हैं ।

जालंधर से वि.प्र. के अनुसार आई.जी. बी.एस.एफ. पंजाब श्री प्रकाश सिंह ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि 8-9 जून की रात को 11.45 बजे सीमा चौकी कालिया की नाका पार्टी ने सीमा पार पाकिस्तान की तेह पन्न चौकी की ओर एक वाहन आता देखा जो उस चौकी पर ठहर गया और वहां से चार-पांच तस्कर सीमा पार कर आये । जब यह सभी बी.एस.एफ. नाका पार्टी की फायरिंग रेंज के अंदर आ गये तो उन्हें चैलेंज किया गया जिस

3 सुरक्षा कर्मी मारे गए : आज बाद दोपहर जिला अमृतसर के थाना पट्टी के अन्तर्गत गांव चुसलेवाल में हुए भीषण मुकाबले में 3 सुरक्षा कर्मी मारे गए जबकि 2 अन्य घायल हो गए ।

गांव चुसलेवाल में हुई मुठभेड़ में 3 आतंकवादी भी मारे गए । सी.आर.पी. के 3 मृतक जवान 41वीं बटालियन से सम्बद्ध थे । उनके नाम हवलदार वेद प्रकाश, नायक अमर सिंह तथा सिपाही उम्मेद सिंह बताए गए हैं ।

वार्ता के अनुसार जिला पुलिस चीफ श्री बलदेव सिंह ने बताया कि चुसलेवाल में 3 सी.आर.पी. जवानों को मारकर और एक जवान की राइफल छीन कर भाग रहे आतंकवादियों में से एक वहीं मार गिराया गया ।

एक किलो मीटर दूर कला गांव में एक और मुठभेड़ हुई जिसमें दो और आतंकवादी मारे गए जबकि कुछ बचकर फरार हो गए । दूसरी मुठभेड़ के स्थान से दो ए.के. 47 राइफलें और सी.आर.पी. जवान से छीनी हुई एस.एल. राइफल तथा कारतूस मिले । इलाके की छानबीन जारी है ।

2 आतंकवादी बच निकले : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने एक

विज्ञप्ति में बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव कोटली दलावा सिंह के जमींदार निशान सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा गया जहां दो खतरनाक आतंकवादी छिपे हुए थे । सुरक्षा बलों द्वारा छापा मारे जाने पर आतंकवादियों ने फायरिंग की जिसका जवाब सुरक्षा बलों ने भी दिया परन्तु आतंकवादी अंधेरे की आड़ से भाग निकले परन्तु फार्म हाऊस के मालिक निशान सिंह तथा के.सी.एफ. के दो अन्य आतंकवादियों कुलवन्त सिंह उर्फ निक्कू व सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । यह दोनों हरभजन सिंह चट्ठू जो कि मारा जा चुका है के गिरोह के सदस्य हैं ।

दो गिरफ्तार : कल रात थाना सदर तरनतारन के गांव मलचक के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने दो आतंकवादियों कुलवन्त सिंह उर्फ कंता तथा गोपाल सिंह उर्फ गोपाला को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से 15 किलो बारूद, एक हथगोला तथा डैटोनेटरों की फ्यूज तारें बरामद की गई । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वह बब्बर खालसा गिरोह के सुखविंदर सिंह उर्फ भोला (जंडियाला) के सक्रिय सदस्य हैं तथा यह बारूद धमाके करने के लिए ले जा रहे थे ।

दिल्ली क्लाथ 60.25, हिन्द मोटर 38.00, रिलायंस 122.25, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6520, चांदी दिसंबरी 6480, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6920, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3120, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 337-340, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 332-342, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 148.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 177, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 152, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 127 मंगफली तेल (10 किलो) 210, लिंसड तेल (10 किलो) 190, फैटी एसिड आयल (विदेश) 1640, तेल बिनौला (10 किलो) 182, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 122.00, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 220.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 326, आंध्र सीमैंट 10.75, अपोलो टायर 76.50, एशियन होटल 89.00, बिरला एग्रो 90.00, डी.सी.एम. लि. 60.25, डी.सी.एम. टोयोटा 11.25, ईस्ट इंडिया होटल 55.50 (31/5), एस्काट्स 68.00, एम्मर लिमिटेड 22.00, फूड स्पैशलिटीज 177.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 113.00, एच.एम.एम. लि. 193.50, होरो होंडा 21.00, हिन्द एल्यूमीनियम 280.00, हिन्द लीवर 91.00, हिन्द मोटर 38.00, इंडियन रेयन 83.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 95.50, जे.के. सिंथैटिक्स 77.00, कैल्कीनेटर आफ इंडिया 159.00, लार्सन एंड टूबो 86.00, एल.एम.एल. लि. 18.25, महावीर लिमिटेड 115.00 (9/6), मालवा काटन 80.00, मोदी रबड़ 85.00 (9/6) मोहन मीकिन 11.25, ओरकै सिल्क मिल्स 20.87, ओसवाल एग्रो 125.25, रिलायंस इंडस्ट्रीज 122.25, श्रीराम फाइबर्स 85.00, सदर्न पैट्रो 56.50,

Punjabi Sa

वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के ध्यानार्थ
कृपया इस महत्वपूर्ण सूचना को नोट करें :
कटरा में प्रतीक्षा–3 दिन
भवन पर प्रतीक्षा–1 दिन

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सभी औद्योगिक उपक्रमों को अब औद्योगिक विकास नियमन कानून में लाइसैंस सम्बन्धी प्रावधानों से मुक्त कर दिया गया है । ऐसा एम.आर.टी.पी. के दायरे में आने वाली और न आने वाली दो अलग तरह की वाहनों के टायर और ट्यूब कम्पनियों को लाइसैंस मुक्त करने के सवाल पर विचार करने के बाद किया गया ।

विज्ञप्ति के अनुसार यह फैसला उद्योग द्वारा लगातार की जा रही मांगों को मद्देनजर रखते हुए किया गया है । लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी हैं ।

रिबैरो बुल्गारिया में राजदूत बनाए जा रहे हैं

चंडीगढ़, 13 जून (ह.स.): आज यहां पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो को सम्भवत: बुल्गारिया का राजदत नियुक्त किया जा रहा है । भारतीय पुलिस सेवा में श्री रिबैरो के सेवाकाल में की गई दो वर्ष की वृद्धि की अवधि मई में ही समाप्त हो गई थी । पंजाब पुलिस के महानिदेशक का पदभार सम्भालने के बाद आतंकवादियों के विरुद्ध ज़ोरदार अभियान चलाए जाने के बाद उन्हें 'सुपर कॉप' कहा जाने लगा था । बाद में उन्हें राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया और श्री के.पी.एस. गिल को उनके स्थान पर पंजाब पुलिस महानिदेशक बनाया गया ।

पर्यावरण संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय कानून बनेगा

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता): धरती पर से तेजी से विनष्ट होती जा रही वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों को बचाने के लिये जल्द ही एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाया जाने वाला है ।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संचालन परिषद की नैरोबी में पिछले महीने हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया । बैठक में एक सौ तीन देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

झारखंड उग्रवादी जन-समर्थन खो रहे हैं

रांची, 13 जून (ह.स.): झारखंड समस्या के समाधान के लिए झारखंड नेताओं और केंद्र सरकार के बीच बातचीत के बाद झारखंड उग्रवादी जनता का समर्थन खोते जा रहे हैं ।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (सोरेन गुट) द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का असर नगण्य है और गत नौ जून के झारखंड बंद का रांची समेत अन्य स्थानों पर सामान्य जन-जीवन पर कोई खास असर नहीं पड़ा । साथ ही छह दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के आह्वान को भी कोई खास समर्थन नहीं मिला । आर्थिक नाकेबंदी का आज चौथा दिन है ।

झारखंड समन्वय समिति ने दिल्ली वार्ता को ध्यान में रख कर अपने आंदोलन के सभी कार्यक्रमों को फिलहाल स्थगित रखने की पहले ही घोषणा कर रखी है । इस समिति में 53 झारखंड गुट और पार्टियां शामिल हैं ।

इन्सैट 1-डी 29 जून को छोड़ा जाएगा

बेंगलूर, 13 जून (वार्ता): भारत का बहुद्देश्यीय उपग्रह इन्सैट1-डी 29 जून को अमरीकी राकेट डेल्टा के ज़रिये फ्लोरिडा के केप केनेवरेल से अंतरिक्ष में छोड़ा जाएगा । यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष प्रो. यू. आर. राव ने यहां दी ।

राम जन्मभूमि विवाद अदालत द्वारा ही निपटाया जाए

भुवनेश्वर, 13 जून (ह.स.): भारत के अहमदी मुस्लिमों के प्रमुख हजरत मिर्जा वसीम अहमद ने कहा है कि राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद का हल अदालत के माध्यम से ही किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि जब यह मामला अदालत के हवाले किया जा चुका है तो सभी पक्षों को उसके फैसले का इन्तजार करना चाहिए ।

पाकिस्तान में लोकतंत्र की बहाली के बाद से अहमदी मुस्लिमों की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां अहमदियों का उत्पीड़न बन्द नहीं हुआ है । अहमदी वहां अभी भी गैर-मुस्लिम ही माने जाते हैं ।

एकीकृत अकाली दल (मान)ने

उसका लड़का एक प्रशासनिक अधिकारी है जो खुद बहुत नेक है : राज्यपाल रे का रहस्योद्घाटन

रिटायर्ड अफसर युवकों को उकसा कर पाकिस्तान भाग गया

पंजाब में 4 लोगों की हत्या : 4 खतरनाक आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 13 जून (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । चार खतरनाक आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । एक अपहृत व्यक्ति 8 दिन के बाद मंड क्षेत्र से सुरक्षित अपने घर लौट आया ।

इसी बीच पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज बाद दोपहर अमृतसर जिला के एक सीमांत गांव रानिके, जो कि भारत-पाक सीमा से केवल 5 किलो मीटर की दूरी पर है, में आई.टी.आई. के भवन का शिलान्यास करते हुए पांच हजार के करीब ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी संस्थाओं को आधुनिकतम बनाने का सरकार का लम्बा-चौड़ा कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम पर चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 2 करोड़ 74 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे । राज्यपाल ने कहा कि अखबारों के हॉकरों की हत्या और किसी अखबार को बंद कराने की धमकियां एक घटिया और निन्दनीय कृत्य है । इस योजना के बारे में सरकार को सब पता चल गया है । इस योजना के पीछे एक उच्च रिटायर्ड अधिकारी का हाथ है, जो नौजवानों को इस कार्रवाई के लिए भड़का कर स्वयं पाकिस्तान भाग गया है । इस रिटायर्ड अधिकारी का एक लड़का आई.ए.एस. अधिकारी है और बड़ा नेक आदमी है । सरकार सारी स्थिति पर पूरी नज़र रखे हुए है । इस तरह की कार्रवाइयों को सख्ती से दबाया जाएगा । भड़काहट देकर स्वयं भाग जाना कायरता है, उसे स्वयं सामने आना चाहिए था ।

श्री रे ने कहा कि विभिन्न उद्योगों के लिए भिन्न-भिन्न ट्रेडों में कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के वास्ते प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तथा शिक्षित युवक-युवतियों में बेरोजगारी समाप्त करने तथा स्वरोजगार प्रारम्भ करने के योग्य बनाने के लिए सीमा क्षेत्र विकास तथा शिक्षा प्रसार योजना के अन्तर्गत केंद्र सरकार की पूर्ण आर्थिक सहायता से दो आई.टी.आई. रानिके (जिला अमृतसर) तथा कलानौर (जिला गुरदासपुर) में खोले जा रहे हैं ।

गिरोह गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार अमृतसर पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से हथियार भी बरामद हुए हैं । इन लुटेरों में पतलीघर का रणजीत सिंह, भच्चर गांव का सुखदेव सिंह, घुमान गांव का बलबीर सिंह तथा भूपेन्द्र सिंह शामिल हैं । इन लुटेरों को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया, जब यह किसी वारदात के लिए जाने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार किए गए लुटेरों से एक .32 बोर का रिवाल्वर, 5 अनचले कारतूस .303 बोर के, एक छुरा तथा एक खिलौना पिस्तौल बरामद हुआ । एक व्यक्ति दयाल सिंह निवासी कोट बाबा दीप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया, जो इन लुटेरों को वारदातें करने के लिए उकसाता था ।

गनमैन की हत्या : आज बाद दोपहर आतंकवादियों के एक गिरोह ने तरनतारन पुलिस जिला के गांव ढोला में एक सरपंच के घर पर हमला किया तथा उसके गनमैन कर्म सिंह को गोली मार कर खत्म कर दिया । सरपंच इस हमले में बाल-बाल बच गया ।

पुलिस ने बताया कि जिस समय आतंकवादियों ने हमला किया, सरपंच जसवंत सिंह गांव में विकास कार्यों की निगरानी कर रहा था । सरपंच जसवंत सिंह का नाम आतंकवादियों की हिट-लिस्ट में है । उस पर पहले भी हमला हुआ था जिसमें उसका बाप मारा गया था, लेकिन उसके भाई परगट सिंह ने न सिर्फ आतंकवादियों से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल छीन ली थी बल्कि उनमें से दो को मार डाला था । आज की घटना की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है ।

हॉकर खत्म बसा : बाघापुराना (नि.स.): समाचारपत्रों के एक हॉकर सोहन लाल गुप्ता की पी.जी.आई. में मृत्यु हो गई । उसको कुछ दिन पहले जिला फरीदकोट के गांव पत्तो में आतंकवादियों ने उस समय गोलियां मार कर घायल कर दिया था जबकि वह अपने मकान की छत पर सो रहा था । उसका शव उसके पैतृक शहर कोटकपूरा लाया गया, जहां उसकी अंत्येष्टि कर दी गई ।

4 आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : बटाला (नि.स.): चार आतंकवादियों, जिनमें दो कट्टर आतंकवादी शामिल हैं, ने आज बटाला पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । यह बात सीमा रेंज पुलिस के डी.आई.जी. इजहार आलम ने बताई । उन्होंने कहा कि पुलिस फ़रार आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने की अपीलें करती रही है । उन्होंने कहा कि आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों के मामले पर नर्मी से तथा कानून के अनुसार विचार किया जाएगा । मनजीत सिंह खजाला ग्रुप के दो कट्टर आतंकवादियों तरसेम सिंह तथा सतनाम सिंह ने श्री इजहार आलम के समक्ष आत्म-समर्पण किया । यह गिरोह बटाला और गुरदासपुर क्षेत्र में दर्जनों हत्याओं व डकैतियों के लिए जिम्मेदार था । आत्म-समर्पण करने वाले दो अन्य आतंकवादी बलदेव सिंह गांव कांगड़ा तथा देवेन्द्र सिंह गांव नूरपुर हैं । यह दोनों फ़रार आतंकवादी जुगराज सिंह उर्फ़ तुफान सिंह तूफान चीमा खुड्डी के नेतृत्व वाले गिरोह के सदस्य हैं । मनजीत सिंह खजाला एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है ।

पुलिस जिला बटाला के प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज यहां आतंकवादियों से फिर आग्रह किया है कि वे हथियारों समेत आत्म-समर्पण कर दें । उनके साथ सहानुभूति बरती जाएगी । उन्होंने चेतावनी दी कि उग्रवाद में संलिप्त लोगों के साथ किसी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी ।

सेवादार की हत्या : करतारपुर (साहनी): गत दिवस थाना करतारपुर के गांव बसु नंगल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक पीर की दरगाह पर सेवा कर रहे साईं अमरुशाह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिनकी बाद में सी.एम.सी. लुधियाना में मृत्यु हो गई । पता चला है कि लुटेरे उसका कुछ कीमती सामान ले गए तथा टी.वी. को तोड़ गए ।

वृद्ध को मार डाला : फरीदकोट (नि.स.): गत रात यहां के मुहल्ला माहीखाना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक वृद्ध को छत से गिरा कर मार डाला । बताया जाता है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति एक घर में दाखिल होकर उसकी छत पर चढ़ गए । उन्होंने वहां सो रहे वृद्ध से चाबियां मांगीं । वृद्ध द्वारा इन्कार किये जाने पर उन्होंने उसको छुरा मार कर बुरी तरह घायल कर दिया । शोर मचाने पर घर के दूसरे सदस्य जाग गए । इस दौरान घर के सदस्यों से हाथापाई के समय संदिग्ध व्यक्तियों ने वृद्ध को छत से गिरा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई परन्तु वह प्रात: ही घटना स्थल पर पहुंची । क्षेत्र के लोगों में इस बात पर रोष पाया जा रहा है ।

लापता कर्मचारी की लाश मिली : मालेरकोटला (नि.स.) एक रेलवे कर्मचारी गंगा प्रसाद, जो कि अहमदगढ़ क्षेत्र में गैंगमैन के तौर पर तैनात था, की लाश गत दिवस मालेरकोटला के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाई गई । बताया जाता है कि वह 6 जून को लापता हो गया

एजैंटों व हॉकरों की हत्या लोकतंत्र पर जोरदार आघात : स्वामी आनंद स्वरूप

नई दिल्ली, 13 जून (स.): आतंकवादियों द्वारा हिंद समाचारपत्र समूह के समाचारपत्रों को बंद कराने की धमकियों से राष्ट्रवादी जनता चिंतित हो उठी है । आतंकवाद के विरुद्ध निरंतर जूझ रहे इस समाचारपत्र समूह के संस्थापक लाला जगतनारायण तथा उनके सुपुत्र श्री रमेश चन्द्र आतंकवादियों की गोली से शहीद हुए । अब इस समाचारपत्र समूह से जुड़े एजैंटों और हॉकरों की हत्या लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जोरदार आघात है ।

उक्त शब्द आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आनंद स्वरूप ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और गृहमंत्री श्री बूटा सिंह को लिखे एक पत्र में कहे हैं । पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि आतंकवादियों की धमकी को पंजाब सरकार गंभीरता से नहीं ले रही । धमकी को सामान्य ढंग से लेना सरकार की भारी भूल होगी ।

उन्होंने कहा कि हिंद समाचारपत्र समूह के संचालकों ने पंजाब के आतंकवाद पीड़ित हिंदू व सिख विधवाओं में करोड़ों रुपए वितरित कर उनकी सहायता की परन्तु कुछ राष्ट्र-विरोधी तत्व इस समूह के समाचारपत्रों के विचारों से सहमत नहीं हैं परन्तु पत्रकारिता की स्वतंत्रता के बारे उस पर किसी तरह का आक्षेप लगाना तर्कसंगत नहीं है ।

स्वामी आनंद गोपाल ने पत्र में कहा कि इस समाचारपत्र में आतंकवादियों की काली करतूतों के समाचार छपते हैं इसलिए वे इसे बंद कराना चाहते हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अपील की कि हिंद समाचारपत्र समूह के संचालकों तथा इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जाए क्योंकि इस परिवार ने राष्ट्रहित में रक्त करते हुए महान बलिदान दिए हैं व आतंकवाद के विरुद्ध सतत् संघर्ष जारी रखा है ।

जालंधर : जनता दल की पंजाब इकाई ने राज्य में आतंकवादियों द्वारा समाचारपत्र हॉकरों की, की जा रही हत्याओं की निंदा करते हुए इसे "प्रैस की आजादी पर हमला" बताया है । आज यहां जारी एक वक्तव्य में राज्य महासचिव ज्ञान चन्द ने कहा कि उनकी पार्टी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्ध है । लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध की आवाज ताकत से नहीं कुचली जा सकती है । जनता दल नेता ने दिल्ली में कल हुए बम विस्फोट को जघन्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है ।

अखबार नहीं बांटेंगे : नकोदर (गगन): नकोदर, नूरमहल, मलसियां, मेहतपुर, जंडियाला, लाम्बड़ा, बंडाला, लोहियां, जलोवाल में दस जून से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'अग्नि' परीक्षण पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए : सोवियत राजदूत

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता): सोवियत संघ के भारत में स्थित राजदूत श्री विक्टर इसाकोव ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीक विकसित करने के लिए भारत द्वारा अग्नि प्रक्षेपास्त्र के परीक्षण पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता ।

श्री इसाकोव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरा विश्व जानता है कि अमरीका और सोवियत संघ द्वारा परमाणु और अंतरिक्ष क्षेत्र में किये गये परीक्षणों से विज्ञान और तकनीक में कितनी प्रगति हुई और इन देशों की जनता को उसका कितना लाभ मिल रहा है । सोवियत राजदूत ने कहा कि वास्तव में प्रगतिशील देश अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित तकनीक अन्य देशों को भी बेच रहे हैं । इस स्थिति में भारत को विज्ञान एवं तकनीक अनुसंधान से वंचित कैसे रखा जा के लिए किया गया था । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के इस दावे पर तो विश्वास कर लिया जाता है कि वह परमाणु बम नहीं बना रहा, फिर भारत की तकनीक विकास की बात को प्रक्षेपास्त्र होड़ का रंग क्यों दिया जाता है । दरअसल अग्नि का सफल प्रेक्षण भारतीय तकनीशियनों और वैज्ञानिकों की सराहनीय सफलता है । इस परीक्षण से प्रक्षेपण अनुभव और जानकारी से भारत के शांतिपूर्ण अंतरिक्ष कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा ।

सोवियत राजदूत ने आशा प्रकट की कि अन्य विकसित देशों की तरह राकेट परीक्षणों से विकसित जानकारी का लाभ जनसाधारण की दिन-प्रति-दिन की ज़िंदगी में भी पड़ेगा ।

श्री इसाकोव से पूछा गया कि "भारत को

Punjab Sahadan

भाजपा तैयार : शर्मा

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगाया कि इंका साम्प्रदायिकता की आड़ लेकर अलग-अलग मौकों पर चुनाव लड़ती रही है । जैसे 1984 के चुनाव में उसने 'सिख कार्ड' चला था । हाल ही में मिजोरम विधानसभा के चुनाव में वह इसाई समर्थक हो गई थी । भाजपा ने कभी ऐसा नहीं किया और हम इस बार इंका को भी साम्प्रदायिक चाल नहीं चलने देंगे ।

श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि इंका तो स्वयं ही साम्प्रदायिक पार्टी है वह भाजपा को कैसे साम्प्रदायिक कह सकती है । श्री शर्मा ने कहा कि भाजपाकी चुनावनीतिस्पष्टहैवह मुस्लिम लीग तथा कम्युनिस्टों से कोई तालमेल नहीं करेगी । भाजपा इन दोनों पार्टियों को देश भक्त नहीं मानती है । हम शिव सेना को देश भक्त मानते हैं । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि हमारे प्रस्ताव पर शिव सेना ने अपना रवैया बदल लिया है । अब वह मुसलमान विरोधी या दलित विरोधी नहीं रही है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने चिन्ह, अपने घोषणा पत्र पर लड़ेगी । मामले भी अलग-अलग होंगे । कुछ मामले तो संयुक्त हैं जैसे इंका को हराना । उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में जनता दल के साथ चुनाव प्रचार में संयुक्त रैलियों की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती, पर अभी इंका के खिलाफ संयुक्त अभियान का विधिवत कोई फैसला नहीं हुआ है ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि जनता दल किसी सीट पर मुस्लिम लीग या कम्युनिस्टों के साथ समझौता करता है तो वहां भाजपा स्वतंत्र होगी, वह अपना उम्मीदवार भी खड़ा कर सकती है । इस दिशा में उन्होंने हरियाणा विधानसभा के शाहाबाद क्षेत्र का विशेष रूप से उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग साम्प्रदायिकता का नमूना है । इंका के दिमाग में अल्पसंख्यकों के हितों की ही बात रहती है । उन्होंने कहा कि जनता दल के साथ समझौता हो जाने पर भाजपा का दावा है कि वह लोकसभा की 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भाजपा से सम्बद्ध हरियाणा के कई मंत्री लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं ।

'ह.स.' के अनुसार श्री शर्मा ने पंजाब में किसी अकाली धड़े के साथ गठजोड़ की सम्भावना से इंकार किया है ।

रिटायर अफसर का हाथ

(पृष्ठ 3 का शेष)

लाधूके के अमरीक सिंह के पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ बिट्टू का मारुति कार डी.डी.ए. 4074 सहित अपहरण कर लिया था और आतंकवादी कार को मक्खू के पैट्रोल पम्प पर छोड़ गए थे । बिट्टू आठ दिन बाद मंड क्षेत्र से सही-सलामत अपने घर लौट आया है ।

दो का अपहरण : विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार ज़ीरा तहसील के बाप-बेटा प्रेम चन्द व देसराज का कुछ आतंकवादियों ने गांव बहक घड़की से अपहरण कर लिया । इनमें से देसराज को शाम को छोड़ दिया गया,परन्तु प्रेम चन्द का कोई पता नहीं चल सका ।

आश्रयदाता गिरफ्तार : समराला (स.) समराला पुलिस ने गांव टमकोटी के एक व्यक्ति को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । गत कुछ दिनों से सुरक्षा बलों की सब-डिवीज़न से गश्त काफ़ी तेज़ देखी जा रही है ।

तीन गिरफ्तार : शेरपुर से सम्वाददाता ने सूचना दी है कि थाना दड़बा क्षेत्र में गत दिवस एक व्यक्ति गरदयाल सिंह वासी खंड खुर्द को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा 12 कारतूस बरामद किए गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा ए.के. 47 राइफल के 55 कारतूस बरामद किए गए ।

राजीव की मास्को यात्रा

(पृष्ठ 3 का शेष)

सम्बन्ध में राष्ट्रपति गोर्बाच्योव से बात करेंगे । कुछ पश्चिमी देशों ने भी भारत को इन मामलों में तकनीकी मदद देने की पेशकश की है,परन्तु भारत और सोवियत संघ परम्परागत मित्र हैं तथा भारत अन्य विकल्प खोजने की बजाय पहले इस स्रोत को देखेगा ।

अपनी यात्रा के अंतिम चरण में श्री गांधी एक दिन इस्लामाबाद में गुज़ारेंगे तथा उसी रात नई दिल्ली लौट आएंगे ।

नई दिल्ली बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकिन सफ़र जारी है : नई दिल्ली : ज़िन्दगी का सफ़र कभी रुकता नहीं क्योंकि जीवन सिर्फ़ चलते रहने का नाम है । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, जहां कल सुबह की चहल-पहल एक भीषण विस्फोट से खौफ़नाक हादसे में बदल गई थी, आज उन्हीं खिड़कियों पर नया सफ़र शुरू करने वालों की लम्बी कतारें थीं,हालांकि लोग सहमे-सहमे से थे ।

स्टेशन के मुख्य द्वार पर बुकिंग खिड़की के सामने कल के विस्फोट से फ़र्श पर हुआ गहरा घाव ही कल के उस लोमहर्षक कांड का साक्षी था जिसमें ढाई वर्ष की एक बच्ची समेत कुल आठ मासूम लोग पलक झपकते भर में काल का ग्रास बन चुके थे । खून के जहां-जहां धब्बे पड़े थे, वहां सफेदी कर दी गई है लेकिन आदमी के बहशीपन की इस कालिख पर लीपा-पोती कर क्या उसकी हैवानियत का स्याह पहलू मिट सकेगा ?

स्टेशन के जिस हिस्से में यह हादसा कल हुआ था, जिन्दगी आज बदस्तूर चल रही थी । एक नए सफ़र की शुरूआत करने वाले तमाम यात्री और कुली अपने काम में व्यस्त नज़र आए । कुछेक यात्री मानो इस घटना से बेखबर अपनी चादर पसार का लेटे भी दीख पड़े । आज उस घटना का नामो-निशान तक नहीं था, लेकिन लोगों के दिलो-दिमाग पर ज़रूर एक दहशत बनी रही ।

सुराग देने वाले को 50 हजार का पुरस्कार : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल हुए बम विस्फोट में शामिल अपराधियों का सुराग देने वाले व्यक्ति को अब 50 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा । दिल्ली पुलिस ने आज इनाम की राशि 20 हजार रुपए से बढ़ा कर पचास हजार रुपए कर दी । पुलिस ने कल घोषणा की थी कि इस वारदात में शामिल व्यक्तियों का सुराग-देने वाले व्यक्ति को 20 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा ।

इस बीच कल की घटना में मारे गए व्यक्तियों में से एक अन्य की शिनाख्त हो गई है । इसका नाम

HMV के सथ

सैंयां

इंगलैंड में शानदार सफलता के बाद सुपरहिट पंजाबी पॉप ग्रुप भारत में ।

अपने घर में

8, मस्ती-भरे थिरकते गीत : लन्दन में 24 ट्रैक पर रिकार्ड किए गये ।

हत्यारा कौन ? अनिल कपूर रखवाला कौन ? अनिल कपूर !!

10वां सप्ताह : मिनी शिंगार-लुधियाना, **6वां सप्ताह** : फ्रैंड्ज़-जालंधर, मिनी शकुंतला-जम्मू, **2रा सप्ताह** अशोका-करनाल, संगीत-रोहतक, हरबंस-पटियाला । **भारी रश** : डिम्पल-जगाधरी, सुखराज-भटिंडा ।

शत्रुघ्न सिन्हा के विरुद्ध मानहानि का मुकद्दमा

सिलीगुड़ी, 13 जून (ह.स.): स्थानीय हिन्दी दैनिक "भारत दर्पण" के सम्पादक भगत राम चौधरी और तीन अन्य व्यक्तियों ने फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ यहां अनुमंडलीय न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अदालत में पचास लाख रुपए की एक मानहानि याचिका दायर की है । श्री चौधरी ने बताया कि शत्रुघ्न सिन्हा ने एक फिल्मी पत्रिका में देश-भर के मारवाड़ी समुदाय और व्यापारियों की

Punjabi Samachar

ये गये कुछ उग्रवेकों के साथ सोवियत आंतरिक
(छाया : पी.टी.)

भारत-पाक ार्ता आज से

ं सियाचिन पर अपना स्वामित्व-अधिकार जताना ारू कर दिया । उसने वहां कई पर्वतारोहण ंभियान दल भेजे । भारत को 1978 में इस बात ा पता चला ।

पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ सियाचिन लेशियर के सवाल पर अगले दौर की बातचीत में हस्सा लेने के लिए रक्षा सचिव नरेश चन्द्र के नेतृत्व में एक छः सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज स्लामाबाद के लिए रवाना हुआ । प्रतिनिधिमंडल में रक्षा उत्पादन सचिव श्री एन.एन. वोहरा, सैनिक कार्रवाई के महानिदेशक लै. जनरल वी.के. सिंह, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सतीश चन्द्र और रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव डा. ए. के. भटर्जी और सैनिक कार्रवाई के अतिरिक्त महानिदेशक शामिल हैं । वार्ता में इस्लामाबाद स्थित भारतीय राजदूत श्री ज्योतीन्द्रनाथ दीक्षित था सैनिक अताशी भी हिस्सा लेंगे ।

भारत को आशा है कि पाकिस्तान के साथ सियाचिन ग्लेशियर का मामला हल हो जाएगा ।

मिश्र साहित्य परिषद के अध्यक्ष

नई दिल्ली, 14 जून (ह.स.): काशी विद्यापीठ के कुलपति डा. विद्या निवास मिश्र को 1989-1991 वर्ग के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है ।

5 उग्रवादी बम फैंक कर हत्याएं करने की कोशिश में मारे गए

महिला सहित 2 की हत्या : मान के पूर्व गनमैन द्वारा आत्म-समर्पण

8 आतंकवादी गिरफ़्तार : पुलिस कर्मियों के अपहृत सम्बन्धी लौटे

चंडीगढ़, 14 जून (ह.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक एक महिला सहित दो व्यक्तियों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई और 8 आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए । जिला अमृतसर में बम फैंक कर लोगों की हत्याएं करने की कोशिश में 5 उग्रवादी मारे गए । एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान के अंगरक्षक तथा पूर्व हैड-कांस्टेबल सेवा सिंह उर्फ लम्बा उर्फ जनरल आत्मा सिंह ने होशियारपुर पुलिस के सामने आत्म-समर्पण कर दिया है । फिरोजपुर जिले में आतंकवादियों ने एक क्विक गैस एजैंसी के मालिक का अपहरण कर लिया । इस बीच बटाला पुलिस जिला से पुलिस कर्मचारियों के अपहृत रिश्तेदार सकुशल लौट आए हैं ।

महिला की हत्या : अमृतसर : चार आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन अनुमंडल के वल्टोहा गांव में एक महिला को गोली से उड़ा दिया । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस दो आतंकवादियों ने श्रीमती गुरो को उनके घर से बाहर खींच कर गोलियों से छलनी कर दिया । घटनास्थल से 12 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स ने हत्या की जिम्मेदारी ली है । घटनास्थल पर छोड़े एक नोट में महिला पर पुलिस का मुख़बिर होने का आरोप लगाया गया है । इस पर गिरोह के मुखिया गुरबचन सिंह मानोचाहल, बरयाम सिंह और निशान सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

5 उग्रवादी मरे : आज बाद दोपहर अमृतसर में 5 आतंकवादी मारे गए । ये पांचों आतंकवादी उस समय मारे गए, जब मजीठा पुलिस जिला में भोरी ब्राह्मणां में एक व्यक्ति पाल सिंह के मकान पर उनके द्वारा फैंका गया बम फैंके जाने से पहले ही फट गया था । विस्फोट से मकान की छत भी फट गई ।

एक अन्य की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में ही एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने ढोलना गांव में कर्म सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने वल्टोहा के निकट सड़क बना रहे मज़दूरों पर गोलियां चलाईं जिससे एक व्यक्ति मारा गया ।

पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम कर्म सिंह है । पुलिस के अनुसार आतंकवादी वारदात के बाद भागने में सफल हो गए ।

5 आतंकवादी गिरफ़्तार : आज रोपड़ जिले में सरहिंद नहर के साथ लगते गांव भोजे माजरा के निकट पुलिस व आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादी काबू कर लिए गए जबकि उनका मुखिया बलजीत सिंह भागने में सफल हो गया । पुलिस ने आज यहां बताया कि वे मोरिंडा, चमकौर साहब और कुराली क्षेत्र में कोई वारदात करने के इरादे से घूम रहे थे कि पुलिस द्वारा धर लिए गए । उनके पास से छः पिस्तौलों, दो बंदूकों और भारी मात्रा में गोली-सिक्का के अतिरिक्त एक कारबाइन मैगज़ीन 25 जीवित कारतूसों सहित बरामद हुए हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों की शिनाख्त नसीब सिंह, हरपाल सिंह, जरनैल सिंह उर्फ जैला, गुरमेल सिंह तथा मंगल सिंह के रूप में की गई है ।

मान के भूतपूर्व गनमैन द्वारा आत्म-समर्पण : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि भूतपूर्व डी.आई.जी. सिमरनजीत सिंह मान के पूर्व गनमैन व पुलिस नौकरी से निकाले जा चुके हैडकांस्टेबल सेवा सिंह उर्फ़ लम्बा उर्फ़ जनरल आत्मा सिंह ने गत सायं जिला पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । प्रवक्ता ने बताया कि सेवा सिंह पुलिस को पंजाब, उत्तर प्रदेश व दिल्ली में कई आतंकवादी घटनाओं के संबंध में वांछित था । सेवा सिंह जो जिला फरीदकोट के धरमाला ग्राम का रहने वाला है, मालवा क्षेत्र में बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ।

पांच अपहृत सकुशल लौटे : बटाला (नि.स.): पुलिस जिला बटाला के कादियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कसकलेर से आतंकवादियों द्वारा अपहृत पांच लोग कल रात लगभग डेढ़ बजे सकुशल लौट आए । उल्लेखनीय है कि सात और आठ जून की रात को लगभग 10 उग्रवादी इस गांव में आए थे और पांच लोगों सुच्चा सिंह, जोगेन्द्र सिंह, नाज़र सिंह, कर्मवीर सिंह मिंटा व पंजाब पुलिस के सिपाही हरजिन्द्र सिंह को उनके घरों से ज़बरदस्ती ले गए थे । इन सभी का कोई न कोई नज़दीकी सम्बन्धी पंजाब पुलिस में कार्यरत है ।

गांव आने पर इन लोगों ने बताया कि आतंकवादी उनकी आंखों पर पट्टी बांध कर एक वाहन में बिठा कर उन्हें कहीं दूर ले गए तथा एक कमरे में बंद कर दिया । एक सप्ताह तक उन्हें उस कमरे से बाहर नहीं निकलने दिया गया । कल रात आतंकवादी इनकी आंखें बांध कर इन्हें गांव से दो किलोमीटर दूर छोड़ गए । आतंकवादियों ने इन्हें यह चेतावनी भी दी कि यदि पुलिस मुकाबले बन्द न हुए तो उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे ।

गैस एजैंसी के मालिक का अपहरण : जलालाबाद (स): कल शाम फिरोज़पुर से दो किलोमीटर दूर गांव नवा परवा के निकट स्थित एक क्विकिंग गैस एजैंसी के गोदाम से गैस एजैंसी के मालिक श्री राकेश मलिक का दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि फिरोज़पुर छावनी की क्विक फ़्लेम गैस एजैंसी का मालिक राकेश मलिक जब शाम को अपने गोदाम में पर्चियों का हिसाब करने गया था, तभी उग्रवादियों ने उसका अपहरण कर लिया ।

उग्रवादी गैस एजैंसी के चौकीदार को जाते-जाते धमकी दे गए कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसकी हत्या कर दी जाएगी ।

इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही फिरोज़पुर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ली ।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह में फिरोज़पुर जिले में अपहरण की यह तीसरी घटना है । पहली घटना में उग्रवादी फाज़िल्का में एक शैलर मालिक के पुत्र का अपहरण करके ले गए हैं । ज़ीरा में कल एक पिता-पुत्र का उग्रवादी अपहरण करके ले गए । उग्रवादियों ने पिता को तो छोड़ दिया, पर बेटे को अभी तक नहीं छोड़ा गया ।

कश्मीर सिंह पंजाब लाया जाएगा : 'ह.स.' के अनुसार आतंकवादी गिरोह 'बब्बर खालसा' के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर कश्मीर सिंह को उसके खिलाफ़ दर्ज कुछ आपराधिक मामलों के सिलसिले में उत्तर प्रदेश से पंजाब स्थानांतरित किया जा रहा है । कश्मीर सिंह को गत 31 मई को उत्तर प्रदेश में नैनीताल पुलिस स्टेशन के कछमाराय गांव के निकट एक मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा गया था । मुठभेड़ में उसके दो साथी धर्म सिंह और सरबजीत सिंह मारे गए थे, जबकि एक अन्य भागने में सफल हो गया था । कश्मीर सिंह पर तीस हज़ार रुपए का ईनाम था ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कश्मीर सिंह 17 जून

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ी गिरफ्तार, सारे चीन में धर पकड़ जारी

श्येनचिन में स्थानीय प्रशासन ने लोकतंत्र समर्थक छात्रों का पता लगाने और उनकी पिटाई करने के लिए किसानों और मज़दूरों के विशेष जत्थों का गठन किया है ।

श्येनचिन से हांगकांग पहुंचे एक यात्री ने बताया कि पिछले हफ्ते के दौरान कई लोग गिरफ्तार किए गए ।

चीनी अधिकारियों ने हांगकांग और मकाओ से लगती सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है ताकि लोकतंत्र समर्थक छात्र कार्यकर्ता देश छोड़कर भागने न पाएं ।

विदेशी पर्यटक सुरक्षित : चीन में हाल के असंतोष के दौरान कोई भी विदेशी पर्यटक घायल नहीं हुआ । सरकारी सम्वाद समिति 'सिन्हुआ' ने आज यहां बताया कि विदेशी पर्यटक पूर्णतः सुरक्षित रहे, लेकिन उन्हें थोड़ी तकलीफ़ उठानी पड़ी ।

वर्ग-संघर्ष जारी : चीन के प्रमुख सरकारी अखबार "पीपुल्स डेली" ने कहा है कि देश में "वर्ग-संघर्ष" अभी भी मौजूद है और कुछ मुट्ठी-भर प्रतिक्रियावादी तत्व अभी भी अपनी प्रतिक्रियावादी चालों में लगे हुए हैं । प्रतिक्रियावादी तत्व कम्युनिस्ट पार्टी और साम्यवादी शासन व्यवस्था से घृणा करते हैं ।

पांच स्कैंडिनेवियायी देशों ने एक शिखर बैठक में चीन सरकार की निंदा की है । परन्तु चीन के खिलाफ़ प्रतिबंध लगाने से इन्कार कर दिया है । फिनलैंड, स्वीडन, नार्वे तथा आईसलैंड के प्रधानमंत्रियों और डेनमार्क के वित्त मंत्री ने कल समाप्त हुई दो दिन की सालाना बैठक में चीन में मानवाधिकारों पर हुए हमले पर गहरी चिंता जताई ।

शरण मांगी : सिडनी से प्राप्त समाचार के अनुसार एक चीनी राजनयिक ने आस्ट्रेलिया में ठहरने की अनुमति मांगी है, जबकि आस्ट्रेलिया में रह रहे चीनी छात्र अपने 'वीसा' की अवधि बढ़ाने के लिए भाग-दौड़ कर रहे हैं । आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बाब हॉक ने चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग को लिखे एक पत्र में पेइचिंग में निहत्थे नागरिकों के निर्मम जनसंहार की निंदा की है ।

लंदन में कार्यरत चीन के एक राजनयिक ने ब्रिटेन से राजनैतिक शरण दिए जाने का आग्रह किया है । विदेश मंत्रालय ने आज तड़के यह जानकारी देते हुए बताया कि यह राजनयिक परसों तड़के पश्चिमी लंदन जिले की एक पुलिस चौकी पर पहुंचा तथा ब्रिटेन में राजनैतिक शरण दिए जाने की अपील की ।

समाचार पत्र एजैंटों व हॉकरों को मिल रही धमकियों का सरकार द्वारा गम्भीर नोटिस

चंडीगढ़, 14 जून (वार्ता): पंजाब की कानून एवं व्यवस्था सलाहकार उप-समिति ने राज्य में समाचार पत्र डीलरों तथा हॉकरों को मिली आतंकवादियों की धमकियों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है । उप-समिति की एक बैठक में आज यहां राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की गई । बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल के सलाहकार ज्यादतियों के लिए विभिन्न स्तर पर पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध उठाए गए कदमों की जानकारी दी ।

पाक को 60 एफ़-16 विमान खरीदने की अनुमति मिलेगी

Punjabi Sangtari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

तक पुलिस हिरासत में है और इसके समाप्त होते ही उसे गुरदासपुर पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा । सूत्रों ने बताया कि कश्मीर सिंह गुरदासपुर के एक पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह, एक कांग्रेस (इ) नेता सेवा सिंह भिडर, गुरदासपुर के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अंगरक्षक और सेना के एक मेजर की हत्याओं समेत अनेक आतंकवादी वारदातों में शामिल था ।

आध दर्जन संदिग्ध युवक हिरासत में लिए : फगवाड़ा (नि.स.): आज तड़के फगवाड़ा पुलिस ने स्थानीय हरगोबिन्द नगर कालोनी सहित शहर के अनेक क्षेत्रों में अचानक छापे मारे । पता चला है कि उग्रवादियों व उनके आश्रितों की तलाश में मारे गए छापों के दौरान पुलिस ने लगभग आधी दर्जन संदिग्ध नौजवानों को हिरासत में ले लिया ।

कैथल-कांड से सम्बद्ध आतंकवादी गिरफ़्तार : भटिंडा (स): भटिंडा पुलिस ने गुरदेव सिंह उर्फ़ धर्म सिंह पुत्र उजागर सिंह जाट निवासी रत्ता फेरा थाना घलखुर्द को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादी कैथल नर-सैहार-कांड से भी सम्बद्ध है । यह जानकारी जिला पुलिस चीफ़ श्री चन्द्रशेखर ने दी है ।

दो अन्य गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने राजेन्द्र कुमार पुत्र केवल कृष्ण तथा जसविंदर सिंह गोली निवासी मुक्तसर को गिरफ्तार कर लिया है । उन्होंने कुछ दिन पहले शांति फोटो हाऊस भटिंडा से एक वीडियो कैमरा, एक वी.सी.आर., एक रंगीन टी.वी. और एक आम कैमरा किराए पर लिया था । उक्त दुकान के कर्मचारी सुनील कुमार और पवन कुमार मारुति कार में इन वस्तुओं को छोड़ने जा रहे थे कि मार्ग में जसविंदर सिंह और राजेन्द्र कुमार ने उन्हें पिस्तौल की नोक पर धमकी दे कर ये वस्तुएं छीन कर फरार हो गए थे । पुलिस ने उनके पास से एक विदेशी रिवाल्वर और मारुति कार बरामद की है ।

हथियार लूट लिए : राजपुरा (स): गत रात्रि थाना राजपुरा के तीन गांव मण्डोली, सूरों तथा जण्डोली से तीन अलग-अलग व्यक्तियों से हथियार छीन लिए जाने का समाचार मिला है । गांव मण्डोली में रतन चन्द से पिस्तौल व स्टेनगन की नोक पर 455 बोर का एक पिस्तौल व 14 कारतूस छीन लिए । गांव सूरों में रिटायर्ड सूबेदार मेजर मेवा सिंह के घर से आतंकवादी उससे 32 बोर का पिस्तौल छीन ले गए । गांव जण्डोली के धरम सिंह के घर दाखिल होकर आंतकवादी उससे 38 बोर का पिस्तौल छीन कर ले गए । बताया गया है कि चारों संदिग्ध व्यक्ति केशधारी थे । एक के पास पिस्तौल, दूसरे के पास स्टेनगन थी, जबकि शेष दोनों ने अपने हथियार छुपाए हुए थे ।

संदिग्ध हमलावर की मौत : लुधियाना (स): स्थानीय मोहल्ला कृष्णनगर, सिविल लाईन में गत आधी रात को पांच व्यक्ति एक कार पर सवार हो कर आए तथा एक मकान पर आवाज़ दे कर मकान मालिक को बाहर बुलाया । उसके बाहर आते ही संदिग्ध व्यक्तियों ने उसके सिर पर कोई भारी वस्तु मार कर उसे घायल कर दिया । मकान मालिक ने आत्मरक्षा के लिए गोली चला दी, जिससे एक हमलावर घायल हो गया, जिसकी बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई । मकान मालिक अस्पताल में उपचाराधीन है । घटना के बाद शेष हमलावर फरार हो गए बताए जाते हैं । पुलिस ने हमलावरों की कार कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

अज्ञात लोगों द्वारा फायरिंग : मोहाली से 'नर्वदा' के अनुसार सफेद मारुति कार पर सवार कुछ अज्ञात युवकों द्वारा रात्रि के समय मोहाली में हवाई फायरिंग किए जाने का समाचार है । सूत्रों के अनुसार उन लोगों ने पहले यहां के फेस-II में स्थित एक शराब के ठेके के पिछवाड़े गोलियां चलाईं । इसके बाद फेस-III के मदनपुर चौक तक जाते हुए ये फायरिंग करते रहे । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

गुप्तचर सूत्रों अनुसार कुछ दुर्दांत उग्रवादी आजकल मोहाली में पनाह लिए हुए हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है । उल्लेखनीय है कि इस माह के दौरान अब तक मोहाली में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर डाली है जबकि दो कट्टर उग्रवादी निकटवर्ती गांवों में हुए पुलिस मुकाबलों में मारे गए हैं तथा एक संदिग्ध युवक को यहां के फेस-III की रेहड़ी मार्कीट में काबू किया गया है । मोहाली में सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध कर दिए गए हैं तथा पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ।

शव मिला : जिला जालन्धर की पुलिस ने थाना शाहकोट के गांव सिचोवाल के निकट एक व्यक्ति निरंजन सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

अखबार नहीं मिले

(पृष्ठ 3 का शेष)

हिन्दू-सिख भाईचारे को बढ़ाने का प्रयास किया है और यही बात आतंकवादियों को पसंद नहीं है ।"

उन्होंने इस आरोप का खंडन किया कि कथित पक्षपातपूर्ण सम्पादकीय भी आतंकवादियों की उत्तेजना का कारण हो सकते हैं ।

पंथक कमेटी जिसने इस समाचारपत्र समूह तथा इससे सम्बद्ध सभी लोगों के खिलाफ़ भयानक अभियान छेड़ रखा है, ने इसे 'सिख विरोधी' करार दिया है ।

'वि.स.' के अनुसार आज स्थानीय प्रताप बाग में समाचारपत्र हॉकरों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता श्री संदीप पुरी व बलदेव कपूर ने की । बैठक में पंजाब-भर में उग्रवादियों के हाथों मारे गए मृतक हॉकरों व एजेंटों को श्रद्धांजलि भेंट की गई व उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई । श्री पुरी के अनुसार कल 15 जून को भी हॉकर हड़ताल करेंगे । इस बैठक को सर्वश्री यशपाल, बलबीर पुरी, तरसेम लाल, यशपाल सैनी, प्रेम गुप्ता, विजय गुप्ता व सुभाष खुराना ने भी सम्बोधित किया ।

टोहरा, बादल, सेखवां को रिहा करने की मांग

लुधियाना, 14 जून (महिन्द्रा): शिरोमणि अकाली दल (तलवंडी) की कार्यकारिणी की बैठक आज यहां प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । कार्यकारिणी ने आज अपनी बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्ताव पारित किए, जिनमें नज़रबंद अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल को अकाली दल के संसदीय बोर्ड का चेयरमैन मनोनीत किया गया तथा सरकार से मांग की गई कि वह अकाली नेताओं गुरचरण सिंह टोहरा, श्री प्रकाश सिंह बादल, श्री सुखजिन्द सिंह, श्री उजागर सिंह सेखवां, श्री शेर सिंह दूमछेड़ी इत्यादि को बिना किसी शर्त नजरबंदी से रिहा करे, क्योंकि पंजाब-समस्या के समाधान के लिए उनकी रिहाई आवश्यक है तथा पंजाब में इससे शांति व्यवस्था कायम होगी । कार्यकारिणी ने अकाली नेताओं की लम्बी नज़रबंदी की आलोचना भी की ।

आज की बैठक में अकाली नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास पर प्रस्ताव पास किया गया । कार्यकारिणी ने इस प्रस्ताव में जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी प्रधान, जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा तथा श्री प्रकाश सिंह बादल पर विश्वास प्रकट करते हुए अपनी ही पार्टी के बागी नेताओं को चेतावनी दी कि उनके साथ भविष्य में सख्ती के साथ निपटा जाएगा क्योंकि वे अकाली दल में गड़बड़ पैदा करके अकालियों में जत्थेदार तलवंडी के विरुद्ध घृणा पैदा कर रहे हैं ।

सामूहिक बलात्कार के आरोप में तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़, 14 जून (नि.स.): चंडीगढ़ पुलिस ने यहां के सुखना चो के निकट गत 11 जून की रात को दो महिलाओं के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के मामले में कथित रूप से संलिप्त छः में से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

निविदा सूचना

दूर संचार जिला प्रबन्धक, जालन्धर द्वारा एनईएएक्स-700 टैलिफोन एक्सचेंज फिल्लौर, जिला जालंधर के लिए उपयुक्त स्थान के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं, जिसका कारपैट रकबा अनुमानतः 1400 वर्गफुट हो और लगभग 250 वर्गफुट के खुले स्थान के अलावा, मूत्रालय, शौचालय, साइकल स्टैंड जैसे सुख-साधन हों । सादे कागज पर निविदाएं, ईमारती नक्शे की दो प्रतियों के साथ, स्वीकार्य किराया लिखते हुए, इस कार्यालय के डीईपी-I श्री बी.आर. अहीर के पास **28.6.89** को सायं **3** बजे तक मोहरबंद लिफाफे में पहुंच जानी चाहिएं, जिसके

Punjabi Sanrang

था : धमाके से शवों के परखचे उड़ गए

कि दिल्ली बम कांड में इसी गिरोह का हाथ है

2 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या

चंडीगढ़, 15 जून (वा. ह.स.): पंजाब में कल रात एक फ़ार्म हाऊस में हुए भीषण बम विस्फोट में मरने वालों में दुर्दांत आतंकवादी तथा बब्बर खालसा का दूसरे नम्बर का सरगना सुखविंदर सिंह बराड़ भी शामिल था । ऐसा संदेह है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके के पीछे बराड़ का ही हाथ था । राज्य में 2 उग्रवादी, 2 पाक घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या कर दी गई ।

बब्बर खालसा का सरगना भी मारा गया :अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव भोरशी ब्राह्मणां में चनन सिंह की 'बहक' पर कल दोपहर बाद अढ़ाई बजे हुए ज़बरदस्त बम धमाका, जिसमें 5 खतरनाक आतंकवादी मारे गए थे, का ब्यौरा जानने के लिए पत्रकार घटना स्थल पर गए,जहां उच्च पुलिस और पी.आर.पी. अधिकारी भी पहुंचे हुए थे । चनन सिंह का फ़ार्म हाऊस गांव के बाहर राजबाह के किनारे पर है। इस फ़ार्महाऊस को आतंकवादियों ने अपना अड्डा बनाया हुआ था । चनन सिंह ने आतंकवादियों को ठहराने तथा गोली-बारूद इकट्ठा करने के लिए 2 कमरे दे रखे थे ।

मौके पर जांच-पड़ताल के बाद पुलिस अधिकारियों ने एक बूढ़ी औरत ध्यान कौर को हिरासत में ले लिया है । इस बम-धमाका से फ़ार्म हाऊस के तीनों कमरे तबाह हो गए हैं । एक कमरा, जिसमें यह शक्तिशाली बम और बारूद रखा हुआ था, का लैंटर नीचे गिरा तो उसके गार्डर 10-10 फुट तक दूर जा गिरे । एक कमरे में बैठे आतंकवादियों की लाशों के परखचे उड़ गए । उनके अंग दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे । पुलिस के अनुसार इस बम-धमाके में बब्बर खालसा का एक सरगना सुखविंदर सिंह,जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईनाम था, मारा गया जबकि उसका एक साथी अजीत सिंह,जिसके सिर पर 35 हजार रुपए का ईनाम था, भी इस विस्फोट में मारा गया । पांचों लाशें शिनाख्त के काबिल नहीं थीं । उनके चेहरे तो एक तरफ़, उनकी खोपड़ियां भी अलग होकर सिर के बाल मलबे में बिखरे हुए थे । इस प्रकार दृश्य बड़ा भयावह था । 'बहक' का मालिक चनन सिंह भी इस धमाका में मारा गया । सुखविंदर सिंह बराड़ गांव बब्बोबाल जिला अमृतसर का रहने वाला बताया जाता है । प्रारम्भिक जांच-पड़ताल के अनुसार यह आतंकवादी अनेक बार पाकिस्तान गया तथा उसने पाकिस्तान में लगभग एक वर्ष तक बम बनाने तथा अत्यंत खतरनाक बम धमाके करने का प्रशिक्षण लिया था । प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उसने ब अपने साथियों ने पंजाब, निकटवर्ती राज्यों तथा दिल्ली में कई खतरनाक बम धमाके किए ।

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके में भी बराड़ और उसके साथियों का हाथ था । बराड़ की आयु 30-35 वर्ष के लगभग थी । मौका पर से दलीप सिंह फौजी के नाम का एक शिनाख्ती कार्ड भी मिला है । जिस कमरे में यह बम फटा था, वहां 3-4 फुट गहरा गड्ढा पड़ गया । पुलिस ने मौका पर तोप में चलने वाले अढ़ाई-अढ़ाई फुट लम्बे दो गोले भी कब्ज़े में लिए हैं,जिनकी शिनाख्त सैनिक विशेषज्ञों को बुला कर की गई ।

मारे गए अन्य लोगों की पहचान दलीप सिंह उर्फ़ फौजी तथा एक अन्य आतंकवादी 'डाक्टर' के रूप में हुई है । जिला पुलिस चीफ़ श्री जी.एस. मान ने बताया कि पांचों आतंकवादी सम्भवतः बम बना रहे थे अथवा एक कमरे में बमों को रख रहे थे, तभी इनमें विस्फोट हो गया । आज सुबह मलबा हटाए जाने पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल, तीन मैगज़ीन भी मिले ।

जांच अधिकारियों ने मौका पर पत्रकारों को बताया कि विस्फोट के समय चनन सिंह के परिवार के सदस्य फ़ार्म हाऊस पर मौजूद थे,लेकिन बाद में वह फ़रार हो गए । जांच पूरी करने के लिए चनन सिंह के दो लड़कों व दो पुत्रवधुओं की तलाश जारी है । मलबा कई ग्रामीणों की मदद से हटाया गया । शवों की पहचान गांव की एक वृद्ध औरत तथा जालन्धर सैंट्रल जेल से लाए गए कुछ आतंकवादियों की सहायता से की गई । बाद में आतंकवादियों के शव थाना जंडियाला ले जाए गए । एक शव सिर विहीन

दावा किया कि आतंकवादियों का यह पहला ग्रुप था जिसने पाकिस्तान में बम धमाकों का प्रशिक्षण लेने के बाद पंजाब व दिल्ली में कई धमाके किए ।

गिल का बयान : पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने बताया कि बराड़ और उसके चार साथी मजीठा पुलिस जिले के भोरशी ब्राह्मणां गांव में एक फ़ार्म हाऊस में बम बनाते समय इसी बम के फटने से मारे गए ।

श्री गिल ने बताया कि बराड़ यूं तो बब्बर खालसा गुट का दूसरे नम्बर का नेता था,लेकिन उसे देश का सबसे खूंखार आतंकवादी समझा जाता था । वह पंजाब में हुई 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । पुलिस महानिदेशक ने बताया कि छानबीन से पता चला है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सोमवार को हुए बम विस्फोट की योजना बराड़ ने ही बनाई थी । इस विस्फोट में 9 व्यक्ति मारे गए तथा 50 घायल हुए थे । उन्होंने कहा कि बराड़ ने अपने दो साथियों को काम अंजाम देने के लिए दिल्ली भेजा था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार श्री गिल ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बम विस्फोट में बराड़ शामिल था अथवा नहीं, इस बारे में न तो पुष्टि की जा सकती है और न खंडन, क्योंकि वह मर चुका है । तथापि पुलिस सूत्रों ने कहा कि बराड़ के बम विस्फोट में शामिल होने की सम्भावना से पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता । इन सूत्रों ने कहा कि सम्भव है वह नई दिल्ली में अपना काम निपटा कर यहां वापस आ गया हो ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार बब्बर खालसा के कुख्यात उग्रवादी सुखविन्दर सिंह के पाकिस्तान के साथ बड़े निकटतम संबंध थे । वह अक्सर पाकिस्तान आया-जाया करता था । वह गोली-सिक्के की दो बड़ी खेपें पाकिस्तान से लाया था, जो जिला अमृतसर में बांटी गई थीं । प्रवक्ता ने कहा कि यह गिरोह मुख्य रूप से जिला अमृतसर और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव बडालाबधियां के निकट मु
आतंकवादियों से बरामद हथियार ।

सियाचिन विवाद सुलझाने के लि
व पाक के रक्षा सचिवों में बा

इस्लामाबाद, 15 जून (वार्ता): सियाचिन ग्लेशियर विवाद सुलझाने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच रक्षा सचिव स्तर की वार्ता का आज यहां नया दौर शुरू हुआ । भारत के रक्षा सचिव श्री नरेश चन्द्र ने प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल एम. इस्तयाज़ अली से भेंट के बाद वहां के रक्षा सचिव इज़लाल हैदर ज़ैदी से औपचारिक मुलाकात की । संचार माध्यमों के अनुसार ऐसी सम्भावना है कि आगामी अगस्त माह में श्रीमती बेनजीर की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच इस संदर्भ में समझौता होने की आशा है ।

श्रीनगर (अशोक): विवाद सुलझाने के लिए भ बीच इस्लामाबाद में रक्षा स सियाचिन में पूर्ण युद्धबंदी मुख्य रूप से विचार किया जा आज यहां श्रीनगर में सरक है । भारत व पाकिस्तान दो तथा 18 से 21 हजार फुट पर अपना-अपना अधिकार इस क्षेत्र पर नियंत्रण पाने बीच रक्तिम संघर्ष हुआ था

अधिकारियों ने बताया इस क्षेत्र में संघर्ष के दौरान व्यापक धन हानि को देखते विवाद सुलझाना जरूरी हो आधिकारिक जानकारी के कुल मिला कर प्रतिदिन च हैं । इसके अतिरिक्त सिय पक्षों के सौ सैनिकों की या झड़पों, भू-स्खलन या इसी आपदाओं के कारण पंगु हो बताया है कि पिछले पांच व लोगों की मौत हो चुकी है

हिन्द सम
देश व

नई दिल्ली, 15 जू इंडिया न्यूज पेपर एड एन.ई.सी.) ने हिंद समाचार द्वारा दी गई धमकियों त हत्याओं की कड़ी निंदा की

ए.आई.एन.ई.सी. के गुप्ता ने आज यहां जारी अखबारों को धमकी तथा ह प्रैस की आजादी के लिए खत के लिए एक चुनौती है ।

उन्होंने कहा कि हिंद समाचारपत्रों का पंजाब में सर्वाधिक प्रसार है तथा 'खालिस्तान और उग्रवाद' है ।

श्री गुप्ता ने इस बात प कि पंजाब में उग्रवादियों ने पेपर एजैंट की हत्या कर इसके कारण समाचारपत्रों दिया है ।

श्री गुप्ता ने कहा समाचारपत्र समूह के प्रकाशन तथा समाचारप समुचित सुरक्षा प्रदान करने

देश की सम्प्रभुता

हिंद मंच ने आज सरकार समाचारपत्र समूह को प धमकियों को भारत की स के रूप में ले तथा इस समा लोगों की सुरक्षा की पूर्ण

मंच के अध्यक्ष श्री प्रेम जारी अपने एक बयान में समाचारपत्र समूह को धम 22 मई तक अपने समाच नहीं किया तो उसे गंभीर त तबसे उग्रवादियों ने पंजाब फर दी है ।

श्री जोशी ने कहा कि आज राज्य में केंद्र सरकार

Punjabi Sarotani

बराड़ के सिर पर एक लाख रुपए का ईनाम था : धमाके से शवों के परखचे उड़ गए

इस संभावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता कि दिल्ली बम कांड में इसी गिरोह का हाथ है

2 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या

चंडीगढ़, 15 जून (वा. ह.स.): पंजाब में कल रात एक फ़ार्म हाऊस में हुए भीषण बम विस्फोट में मरने वालों में दुर्दांत आतंकवादी तथा बब्बर खालसा का दूसरे नम्बर का सरगना सुखविंदर सिंह बराड़ भी शामिल था । ऐसा संदेह है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके के पीछे बराड़ का ही हाथ था । राज्य में 2 उग्रवादी, 2 पाक घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या कर दी गई ।

बब्बर खालसा का सरगना भी मारा गया :अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव भोरशी ब्राह्मणां में चनन सिंह की 'बहक' पर कल दोपहर बाद अढ़ाई बजे हुए जबरदस्त बम धमाका, जिसमें 5 खतरनाक आतंकवादी मारे गए थे, का ब्यौरा जानने के लिए पत्रकार घटना स्थल पर गए,जहां उच्च पुलिस और सी.आर.पी. अधिकारी भी पहुंचे हुए थे । चनन सिंह का फ़ार्म हाऊस गांव के बाहर राजबाह के किनारे पर है। इस फ़ार्महाऊस को आतंकवादियों ने अपना अड्डा बनाया हुआ था । चनन सिंह ने आतंकवादियों को ठहराने तथा गोली-बारूद इकट्ठा करने के लिए 2 कमरे दे रखे थे ।

मौके पर जांच-पड़ताल के बाद पुलिस अधिकारियों ने एक बूढ़ी औरत ध्यान कौर को हिरासत में ले लिया है । इस बम-धमाका से फ़ार्म हाऊस के तीनों कमरे तबाह हो गए हैं । एक कमरा, जिसमें यह शक्तिशाली बम और बारूद रखा हुआ था, का लैंटर नीचे गिरा तो उसके गार्डर 10-10 फुट तक दूर जा गिरे । एक कमरे में बैठे आतंकवादियों की लाशों के परखचे उड़ गए । उनके अंग दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे । पुलिस के अनुसार इस बम-धमाके में बब्बर खालसा का एक सरगना सुखविंदर सिंह,जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईनाम था, मारा गया जबकि उसका एक साथी अजीत सिंह,जिसके सिर पर 35 हजार रुपए का ईनाम था, भी इस विस्फोट में मारा गया । पांचों लाशें शिनाख्त के काबिल नहीं थीं । उनके चेहरे तो एक तरफ़, उनकी खोपड़ियां भी अलग होकर सिर के बाल मलबे में बिखरे हुए थे । इस प्रकार दृश्य बड़ा भयावह था । 'बहक' का मालिक चनन सिंह भी इस धमाका में मारा गया । सुखविंदर सिंह बराड़ गांव जब्बोवाल जिला अमृतसर का रहने वाला बताया जाता है । प्रारम्भिक जांच-पड़ताल के अनुसार यह आतंकवादी अनेक बार पाकिस्तान गया तथा उसने पाकिस्तान में लगभग एक वर्ष तक बम बनाने तथा अत्यंत खतरनाक बम धमाके करने का प्रशिक्षण लिया था । प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उसने व उसके साथियों ने पंजाब, निकटवर्ती राज्यों तथा दिल्ली में कई खतरनाक बम धमाके किए ।

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके में भी बराड़ और उसके साथियों का हाथ था । बराड़ की आयु 30-35 वर्ष के लगभग थी । मौके पर से दलीप सिंह फौजी के नाम का एक शिनाख्ती कार्ड भी मिला है । जिस कमरे में यह बम फटा था, वहां 3-4 फुट गहरा गड्ढा पड़ गया । पुलिस ने मौका पर तोप में चलने वाले अढ़ाई-अढ़ाई फुट लम्बे दो गोले भी कब्जे में लिए हैं जिनकी शिनाख्त सैनिक विशेषज्ञों को बुला कर की गई ।

मारे गए अन्य लोगों की पहचान दलीप सिंह उर्फ़ फौजी तथा एक अन्य आतंकवादी 'डाक्टर' के रूप में हुई है । जिला पुलिस चीफ़ श्री जी.एस. मान ने बताया कि पांचों आतंकवादी सम्भवत: बम बना रहे थे अथवा एक कमरे में बमों को रख रहे थे, तभी इनमें विस्फोट हो गया । आज सुबह मलबा हटाए जाने पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल, तीन मैगज़ीन भी मिले ।

जांच अधिकारियों ने मौका पर पत्रकारों को बताया कि विस्फोट के समय चनन सिंह के परिवार के सदस्य फ़ार्म हाऊस पर मौजूद थे,लेकिन बाद में वह फ़रार हो गए । जांच पूरी करने के लिए चनन सिंह के दो लड़कों व दो पत्रवधुओं की तलाश जारी है । मलबा कई ग्रामीणों की मदद से हटाया गया । शवों की पहचान गांव की एक वृद्ध औरत तथा जालन्धर सैंट्रल जेल से लाए गए कुछ आतंकवादियों की सहायता से की गई । बाद में आतंकवादियों के शव थाना जंडियाला ले जाए गए । एक शव सिर विहीन था और बराड़ के शव की दाईं टांग उड़ गई । धमाके से अजीत सिंह की खोपड़ी उड़ गई और

दावा किया कि आतंकवादियों का यह पहला ग्रुप था जिसने पाकिस्तान में बम धमाकों का प्रशिक्षण लेने के बाद पंजाब व दिल्ली में कई धमाके किए ।

गिल का बयान : पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने बताया कि बराड़ और उसके चार साथी मजीठा पुलिस जिले के भोरशी ब्राह्मणां गांव में एक फ़ार्म हाऊस में बम बनाते समय इसी बम के फटने से मारे गए ।

श्री गिल ने बताया कि बराड़ यूं तो बब्बर खालसा गुट का दूसरे नम्बर का नेता था,लेकिन उसे देश का सबसे खूंखार आतंकवादी समझा जाता था । वह पंजाब में हुई 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । पुलिस महानिदेशक ने बताया कि छानबीन से पता चला है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सोमवार को हुए बम विस्फोट की योजना बराड़ ने ही बनाई थी । इस विस्फोट में 9 व्यक्ति मारे गए तथा 50 घायल हुए थे । उन्होंने कहा कि बराड़ ने अपने दो साथियों को काम अंजाम देने के लिए दिल्ली भेजा था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार श्री गिल ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बम विस्फोट में बराड़ शामिल था अथवा नहीं, इस बारे में न तो पुष्टि की जा सकती है और न खंडन, क्योंकि वह मर चुका है । तथापि पुलिस सूत्रों ने कहा कि बराड़ के बम विस्फोट में शामिल होने की सम्भावना से पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता । इन सूत्रों ने कहा कि सम्भव है वह नई दिल्ली में अपना काम निपटा कर वहां वापस आ गया हो ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार बब्बर खालसा के कुख्यात उग्रवादी सुखविन्दर सिंह के पाकिस्तान के साथ बड़े निकटतम संबंध थे । वह अक्सर पाकिस्तान आया-जाया करता था । वह गोली-सिक्के की दो बड़ी खेपें पाकिस्तान से लाया था, जो जिला अमृतसर में बांटी गई थीं । प्रवक्ता ने कहा कि यह गिरोह मुख्य रूप से जिला अमृतसर और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव बडालागूथियां के निकट आतंकवादियों से बरामद हथियार ।

सियाचिन विवाद सुलझाने के लि
व पाक के रक्षा सचिवों में व

इस्लामाबाद, 15 जून (वार्ता): सियाचिन ग्लेशियर विवाद सुलझाने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच रक्षा सचिव स्तर की वार्ता का आज यहां नया दौर शुरू हुआ । भारत के रक्षा सचिव श्री नरेश चन्द्र ने प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल एम. इम्तयाज अली से भेंट के बाद वहां के रक्षा सचिव इज़लाल हैदर ज़ैदी से औपचारिक मुलाकात की । संचार माध्यमों के अनुसार ऐसी सम्भावना है कि आगामी अगस्त माह में श्रीमती बेनजीर की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच इस संदर्भ में समझौता होने की आशा है ।

श्रीनगर (अशो
विवाद सुलझाने के लिए
बीच इस्लामाबाद में र
सियाचिन में पूर्ण युद्ध
मुख्य रूप से विचार किया
आज यहां श्रीनगर में
है । भारत व पाकिस्तान
तथा 18 से 21 हजार
पर अपना-अपना अधि
इस क्षेत्र पर नियंत्रण पा
बीच रुकितम संघर्ष हुआ

अधिकारियों ने बता
इस क्षेत्र में संघर्ष के दौरा
व्यापक धन हानि को दे
विवाद सुलझाना जरूरी
आधिकारिक जानकारी
कुल मिला कर प्रतिदिन
है । इसके अतिरिक्त
पक्षों के सी सैनिकों की
झड़पों, भू-स्खलन या इ
आपदाओं के कारण पंग
बताया है कि पिछले पां
लोगों की मौत हो चुकी

हिन्द स
देश

नई दिल्ली, 15
इंडिया न्यूज पेपर ए
एन.ई.सी.) ने हिंद समाच
द्वारा दी गई धमकियों
हत्याओं की कड़ी निंदा

ए.आई.एन.ई.सी.
गुप्ता ने आज यहां जारी
अखबारों को धमकी तथा
प्रैस की आजादी के लिए ख
के लिए एक चुनौती है ।

उन्होंने कहा कि हिं
समाचारपत्रों का पंजाब में
सर्वाधिक प्रसार है तथा
'खालिस्तान और उग्रवाद
है ।

श्री गुप्ता ने इस बात
कि पंजाब में उग्रवादियों
पेपर एजैंट की हत्या कर
इसके कारण समाचारपत्रों
दिया है ।

श्री गुप्ता ने कहा
समाचारपत्र समूह के
प्रकाशन तथा समाचार
समुचित सुरक्षा प्रदान कर

देश की सम्प्रभुत
हिंद मंच ने आज सरका
समाचारपत्र समूह को प
धमकियों को भारत की स
के रूप में ले तथा इस समा
लोगों की सुरक्षा की पूर्ण

मंच के अध्यक्ष श्री प्रे
जारी अपने एक बयान
समाचारपत्र समूह को ध
22 मई तक अपने समा
नहीं किया तो उसे गंभीर
तबसे उग्रवादियों ने पंजाब
कर दी है ।

श्री जोशी ने कहा कि
आज राज्य में केंद्र सरकार
चलती है तथा पंथक कमेटी
सरकार चला रही है ।

Punjabi Sanatani

खालसा का सरगना बराड़ भी शामिल

बराड़ के सिर पर एक लाख रुपए का ईनाम था : धमाके से शवों के परखचे उड़ गए

इस संभावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता कि दिल्ली बम कांड में इसी गिरोह का हाथ है

2 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या

चंडीगढ़, 15 जून (वा. ह.स.): पंजाब में कल एक फ़ार्म हाऊस में हुए भीषण बम विस्फोट में मारे गए लोगों में दुर्दांत आतंकवादी तथा बब्बर खालसा के दूसरे नम्बर का सरगना सुखविंदर सिंह बराड़ भी शामिल था । ऐसा संदेह है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके के पीछे बराड़ का ही हाथ था । राज्य में 2 उग्रवादी, 2 पाक घुसपैठिए मारे गए, 2 निर्दोषों की हत्या कर दी गई ।

बब्बर खालसा का सरगना भी मारा गया :अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के गांव बंडाला के गांव भोरशी ब्राह्मणां में चनन सिंह की 'बहक' पर कल दोपहर बाद अढ़ाई बजे हुए बम धमाका, जिसमें 5 खतरनाक आतंकवादी मारे गए थे, का ब्यौरा जानने के लिए घटना स्थल पर गए जहां उच्च पुलिस और प्रशासनी अधिकारी भी पहुंचे हुए थे । चनन सिंह का फ़ार्म हाऊस गांव के बाहर राजबाह के किनारे पर है। इस फ़ार्महाऊस को आतंकवादियों ने अपना अड्डा बनाया हुआ था । चनन सिंह ने आतंकवादियों को ठहराने तथा गोली-बारूद इकट्ठा करने के लिए 2 कमरे दे रखे थे ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा (नि.स.): भटिंडा पुलिस ने दो दुर्दांत आतंकवादियों गुरमेल सिंह निवासी बोहा जिला भटिंडा तथा लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा निवासी मनाक जिला संगरूर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 315 व 12 बोर की दो पिस्तौलें व 11 कारतूस तथा एक चुराया हुआ स्कूटर बरामद किया है ।

पुलिस ने एक विधि स्नातक राजेन्द्र सिंह तथा उसके सहयोगी बसविंदर सिंह को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिन्होंने एक दुकानदार से उसका मूवी कैमरा, रंगीन टी.वी. और वीडियो ठग लिया था । उन्हें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भटिंडा की अदालत में पेश किया गया जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया । यह जानकारी आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रशेखर ने दी । उन्होंने कहा कि लगभग दो सप्ताह पूर्व गांव बलार मेहमा में एक फार्म हाऊस में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या और तीन महिलाओं को घायल करने वाले गिरोह की शिनाख्त कर ली गई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कांशीपुर में पंजाब का उग्रवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली स्टेशन बम कांड के सिलसिले में 3 आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 19 जून (हस): नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले सोमवार को हुए बम विस्फोट के सिलसिले में पुलिस ने भिंडरांवाले टाईगर फोर्स आफ खालिस्तान के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इस बम विस्फोट में अब तक 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है । सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन तीन संदिग्ध आतंकवादियों को 17 जून को अमृतसर में गिरफ्तार किया गया । इनके नाम हैं : निशान सिंह, गुरदीप सिंह और बलदेव सिंह । ये सभी तथाकथित भिंडरांवाले टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के लिये जाने की उम्मीद है ।

सूत्रों ने बताया कि निशान सिंह और गुरदीप सिंह सहित पांच आतंकवादी 11 जून को पुरानी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके चांदनी चौक में बम विस्फोट करना चाहते थे परन्तु एक समुदाय के लोगों को बड़ी संख्या में देख कर उनकी हिम्मत वारदात करने की नहीं हुई । इसके बाद इन संदिग्ध आतंकवादियों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को 12 जून को अपना निशाना बनाया ।

इसी बीच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के उपायुक्त आमोद कंठ ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर

Punjabi Sanatani

एरिया कमांडर मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि इस गिरोह के शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने की आशा है ।

षड्यंत्रकारी गिरफ्तार : जालन्धर : स्थानीय करतारपुर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने कल रात एक कथित षड्यंत्रकारी निर्मल सिंह उर्फ निम्मा को गिरफ्तार कर लिया ।

जालन्धर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा के अनुसार उत्तर प्रदेश में कानपुर के पूर्व विधायक श्री कत्याल की हत्या की साजिश निर्मल सिंह ने ही रची थी । पुलिस ने उसके पास से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक मैगजीन और 28 कारतूस बरामद किए ।

श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि उक्त हत्या के बाद निम्मा यहां निकट की आबादी गड्डा में 1984 के दंगापीड़ित के रूप में आ बसा था ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों राजकुमार और किशन यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

85000 लूटे : लुधियाना से हमारे संवाददाता ने सूचना दी है कि आज दोपहर लगभग 1 बजे 4 उग्रवादी थाना पायल के गांव धमोत में स्टेट बैंक आफ पटियाला की ब्रांच में घुस गये तथा खजांची को डांट डपट कर उससे चाबियां छीन लीं और लगभग 85000 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

मृत आतंकवादी की शिनाख्त : पटियाला जिले में लचकनी गांव के निकट कल मुकाबले में मारे गये दो आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त दुर्दांत आतंकवादी निरंजन सिंह सलयानी के रूप में हुई है जो खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध था ।

गुरजंट सिंह का साथी मारा गया :फिरोजपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बलवंत सिंह उर्फ राजू नामक एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया । उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए । बलवंत सिंह दुर्दांत आतंकवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी गिरोह का सदस्य था । गुरजंट सिंह की हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व राजस्थान पुलिस को असंख्य हत्याओं के सम्बन्ध में तलाश है जिनमें 7 जुलाई 1987 को हिसार जिले में हरियाणा रोडवेज के 38 यात्रियों की हत्याएं भी शामिल हैं । सूचना के अनुसार मुकाबला लगभग 30 मिनट तक होता रहा जिसके दौरान बलवंत सिंह गोली लगने से मारा गया जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार हो गए । उनकी शिनाख्त कुलदीप सिंह निवासी घल खुर्द, मल्ल सिंह निवासी अकालियां वाला तथा यादविन्दर सिंह उर्फ यद्द हैं । यह गिरोह फिरोजपुर जिले में की गई लगभग 12 हत्याओं की वारदातों के अतिरिक्त लोगों से लगभग 12 लाख रु. ऐंठने की घटनाओं में संलिप्त है ।

MISSING

Raju (Anil Babbar) come back. Mummy, Daddy & Sonu Very Serious. Informer will be handsomely rewarded.

K. L. Babbar,

घायल कर दिया : जलालाबाद से हमारे संवाददाता के अनुसार कल रात यहां से 7 कि.मी. दूर गांव ढैरेकी के बाहर 4 आतंकवादियों ने गोलियां मार कर 2 सगे भाइयों गोबिन्द राम व हरभजन लाल को घायल कर दिया । बताया जाता है कि रात के लगभग एक बजे 4 आतंकवादी एक व्यक्ति नारायण दास के घर आये उन्होंने बंदूक की नोक पर नारायण दास तथा उसके दो लड़कों गोबिन्द राम व हरभजन लाल को जगाया तथा एक जगह पर खड़े करके उनसे वह असला मांगा जो गांव की सुरक्षा समिति द्वारा आत्मरक्षा के लिए उन्हें दिया गया था । उनके द्वारा इन्कार किये जाने पर 2 आतंकवादी पिता व पुत्रों तीनों को तलाशी लेने के उद्देश्य से घर के अंदर ले गए, जबकि दो आतंकवादी बाहर ही खड़े रहे । अंदर जाते ही परिवार के सदस्यों ने दो आतंकवादियों को पकड़ लिया और शोर मचा दिया । इस बीच एक आतंकवादी ने गोली चला कर गोबिन्द राम व हरभजन लाल को घायल कर दिया । शोर सुन कर गांव की सुरक्षा समिति के सदस्य व अन्य लोग वहां पहुंच गये । उन्हें देख कर आतंकवादी वहां से भाग निकले । सुरक्षा समिति के सदस्यों ने उनका पीछा किया और गोली भी चलाई । मगर आतंकवादी जवाबी फायरिंग करते हुए तथा अंधेरे का लाभ उठा कर वहां से भागने में सफल हो गये । वे भागते समय अपनी बंदूक की पेटी भी वहीं छोड़ गए । घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

बूटा सिंह की कोठी पर प्रदर्शन

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिनके हाथों में लिखित तख्तियां थीं, नारे लगा रहे थे "राजीव सरकार का देश हाल-पंजाब हुआ फिर खून से लाल", पंजाब की गलियां सुनी हैं-बूटा सिंह खूनी है", "हिंद समाचार ग्रुप संघर्ष करो-दिल्ली तुम्हारे साथ है", "हत्याओं की हत्याओं पर रोक लगाओ-आतंकवादियों के लिए फौज लगाओ", हिंद समाचार समूह जिन्दाबाद, लाला जगत नारायण अमर रहे, रमेश चन्द्र अमर रहे ।" प्रदर्शनकारियों की ओर से एक ज्ञापन भी श्री बूटा सिंह को दिया गया ।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने भी आज काली पट्टियां बांध कर पंजाब में हो रहे नरसंहार पर गुस्सा प्रकट किया । मोर्चे के नेताओं श्री नरेन्द्र बजाज आदि के नेतृत्व में मोर्चे के कार्यकर्त्ताओं ने काली पट्टियां बांध कर प्रभात फेरियां निकालीं और हिंद समाचारपत्र समूह को मिल रही धमकियों की निंदा की ।

जनता संघर्ष समिति तथा लोकतांत्रिक मतदाता मंच के कार्यकर्त्ताओं ने आज प्रातः हिंद समाचार, पंजाब केसरी और जगबाणी की प्रतियां उठा कर चांदनी चौक क्षेत्र में मौन जलूस निकाला । चांदनी चौक सांध्य बाजार पटरी दुकानदार तथा अंतर्राज्यीय हॉकर मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने हिंद समाचारपत्र समूह के समर्थन में सरदार मनजीत सिंह तथा श्री राम सेवक गुप्ता के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में जलूस निकाल कर उग्रवाद पर रोक लगाने के लिए पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की ।

भीड़ द्वारा थाने पर हमला

अनन्तपुर, 19 जून (ह.स.): यहां से 55 कि.मी. दूर कल्याण दुर्ग नगर में कल रात हुई पुलिस फायरिंग के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है । एक हजार लोगों की हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोली चलाई । पुलिस ने उस समय गोली चलाई, जब हिंसक भीड़ ने पुलिस हिरासत में

छात्र आंदोलनकारियों की मांगों पर विचारा

बुलाई गई चीनी संसद की बैठक स्थगित

पेइचिंग, 19 जून (ए.पी.): चीन के छात्र आन्दोलनकारियों की मांगों पर विचार करने के लिए चीनी संसद की निर्धारित बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है ।

राष्ट्रीय जन-कांग्रेस के अध्यक्ष वान ली ने सरकारी काम में सुधार के उपायों पर विचार करने के लिए कांग्रेस की मंगलवार को बैठक बुलाई थी लेकिन कांग्रेस के प्रैस कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि कांग्रेस की बैठक स्थगित कर दी गई है क्योंकि पेइचिंग में स्थिति अब तक सामान्य नहीं हुई है । उसने कहा कि बैठक की कोई नई तारीख तय नहीं की गई है ।

समझा जाता है कि कांग्रेस की बैठक अब कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की उस सम्भावित बैठक के बाद ही हो सकेगी जिसमें पार्टी के महासचिव झाओ जियांग को औपचारिक तौर पर पद से हटा दिया जाएगा । उल्लेखनीय है कि आन्दोलनकारी छात्रों ने तिनानमिन चौक से हटाए जाने से पहले कांग्रेस की बैठक होने तक प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया था । इस बीच मध्य पेइचिंग से बड़ी संख्या में सैनिकों को हटा लिया गया है । आज सुबह सैनिकों से भरे लगभग सौ ट्रक शहर से बाहर जाते देखे गए ।

समझा जाता है कि पेइचिंग से सैनिकों को हटा कर आसपास के इलाकों में स्थित सैनिक शिविरों में भेज दिया गया है । तिनानमिन चौक की रखवाली कर रहे सैनिकों की संख्या में भी काफी कटौती कर दी गई है । लोगों को अभी भी चौक पर जाने नहीं दिया जा रहा है । हालांकि पेइचिंग का वातावरण अभी सहमा-सहमा सा ही है लेकिन कुछ दुकानों में मार्शल-ला सैनिकों को धन्यवाद देने वाले बैनर भी टंगे हैं ।

पेइचिंग रेडियो ने प्रतिबंधित मजदूर संगठनों के दो और नेताओं की गिरफ्तारी का ऐलान किया है । अब तक आन्दोलन के सिलसिले में 13 सौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं । वांछित 21 छात्र नेताओं में से 16 अभी तक पकड़े नहीं गए हैं ।

पेइचिंग में चीनियों व विदेशियों की निगरानी : न्यूयार्क (ह.स.): पेइचिंग की सड़कों पर चीनी नागरिकों और विदेशियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चीन सरकार ब्रिटिश निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रही है । साप्ताहिक पत्रिका 'टाइम' के ताजा संस्करण में छपी रिपोर्ट के अनुसार निगरानी प्रणाली 'स्कॉट सिस्टम'

हॉकर सोढी को विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि

फगवाड़ा, 19 जून (नि.स.): गत 8 जून को यहां पुराने बस स्टैंड चौक में उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए अखबारी हॉकर कुलदीप राय उर्फ सोढी की रस्म उठाला पर कल विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के साथ गहरी सहानुभूति प्रकट की । इस अवसर पर हिन्द समाचार पत्र समूह की ओर से अनुग्रह राशि के रूप में दुःखी परिवार को 10000 रुपए की राशि भेंट की गई । हिन्द समाचार पत्र समूह के मुख्य सम्पादक श्री विजय कुमार चोपड़ा का स्वर्गीय कुलदीप राय की माता के नाम सहानुभूति का संदेश डा. हरिवंश मेहता ने पढ़ कर सुनाया और उन्हें 10000 रुपए की राशि का ड्राफ्ट भेंट किया । फगवाड़ा शांति समिति के प्रधान डा. देसराज शर्मा को विकास सहायता सामग्री के साथ क्रय किय था ।

'टाइम' के अनुसार चीनी सुरक्षा ब्यूरो प्रणाली का उपयोग 'एसोसिएटिड प्रैस सम्वाददाता जान पांफ्रेट के खिलाफ सबूत करने में किया । श्री पांफ्रेट को गत सप्ताह पे के एक होटल के बाहर एक व्यक्ति से मिल पकड़े जाने के बाद चीन से निष्कासित कर दिय था । श्री पांफ्रेट उस व्यक्ति से अपनी कार के बातचीत कर रहे थे लेकिन उनकी पूरी गतिवि फिल्म खींच ली गई ।

पत्रिका के अनुसार 'स्कॉट सिस्टम' द्वारा अंधेरे में भी फिल्म खींची जा सकती है इसलि माह के शुरू में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनका खिलाफ हुई सैनिक कार्रवाई की भी फिल्म खींच है । प्रणाली के द्वारा फिल्म में कुछ खास प्रमुखता से देखे जा सकते हैं । इन्हीं चेहर टैलीविजन पर दिखा कर लोगों से इन्हें पक मदद करने की अपील की गई है ।

कार्रवाई उचित थी : चीन के प्रधानमं फंग ने लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग को आंदोलनरत छात्रों के खिलाफ सैनिक कार्रवा आज उचित बताया । उन्होंने इस कार्रवाई मे गए तीन सैनिकों को शहीद बताया तथा परिवारों के प्रति सम्वेदना प्रकट की । उन्होंने कि हमारी सरकार और पार्टी ने 50 दिन से अ समय तक संयम बरता लेकिन कुछ देशों ने बदनाम किया और हमारे बारे में अफवाहें फैला उनसे पूछता हूं कि क्या उनकी सरकारों भी संयम का परिचय दे सकती थीं, जितना कि दिया ।

गिरफ्तारियां : हांगकांग : चीन के नियंत्रण अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों के चीन-हांगकांग सीमा पर स्थित शनचन से उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार किया । ये हांगकांग की सीमा में प्रवेश करने की कोशिश रहे थे । 'वेनवेई पो' अखबार ने आज यह जानक दी ।

दो वाहनों की सीध

टक्कर में 5 मरे

नाभा, 19 जून (गलवटी): यहां से 8 कि.मी. नाभा-भादसों रोड पर मौजा धनेहड़ा के निकट तिपहिया वाहन और ट्रक में सीधी टक्कर परिणामस्वरूप 5 व्यक्ति मर गये और तीन स घायल हो गए ।

नई दिल्ली स्टेशन बम कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि वह समुचित सूचना के अभाव में आतंकवादियों की गिरफ्तार की पुष्टि नहीं सकते । उन्होंने बताया कि इस वारदात में शामि आतंकवादियों की तलाश में पुलिस का एक अ दस्ता पंजाब भेजा गया है ।

चाय की मूल्यवृद्धि से पैदा स्थि

पर 27 को विचार होगा

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता): देश में चाय कीमत में हुई अचानक वृद्धि से उत्पन्न स्थिति विचार करने के लिए वाणिज्य राज्यमंत्री प्रियरञ्ज दास मुंशी ने 27 जून को उच्च स्तरीय बैठक बुल

Punjabi Sanatani

2 उग्रवादी मारे गए : जालंधर में बिजली बोर्ड के कैशियर से 2.66 लाख रुपए लूटे

पट्टी के 3 अपहृत्त बस यात्री सुरक्षित अपने घरों को लौटे

एक परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : 3 घायल

चंडीगढ़, 20 जून (बा.,ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अन्य वारदातों में 4 घायल हो गए । पट्टी में अपहृत 3 बस यात्री सुरक्षित घरों को लौट आए । जालन्धर में पंजाब बिजली बोर्ड के एक कैशियर से 2.66 लाख रुपए छीन लिए गए ।

आतंकवादियों ने साथी को मार डाला : अमृतसर (वि.प्र.) कल जिला अमृतसर में थाना मेहता गांव डेरीवाल के निकट एक आतंकवादी को उसके साथियों ने गोली मार कर खत्म कर दिया । उनमें आपस में कोई झगड़ा हो गया था, जिस पर उनमें से 2 ने तीसरे को गोली मार दी ।

3 लोगों की हत्या : एक अन्य वारदात में थाना पट्टी के गांव दगली में भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के आतंकवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस का ख्याल है कि इस हत्याकांड का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता है, क्योंकि मौका पर गुरबचन सिंह मानोचाहल के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र मिला है, जिसमें इस परिवार पर उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया गया है। मृतकों के नाम जगीर सिंह, उसकी पत्नी बलबीर कौर तथा पुत्र कुलदीप सिंह बताए गये हैं । पुलिस ने बताया कि जगदीश सिंह के आतंकवादियों के साथ संबंध थे और वह स्वयं भी सूचीबद्ध आतंकवादी था । उसका लड़का हाल ही में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था ।

3 घायल : एक अन्य वारदात में बाबा बकाला कस्बा के थाना ब्यास क्षेत्र में आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया । घायलों में जसवंत सिंह, उसकी पत्नी परमजीत कौर तथा पुत्र मनजीत सिंह शामिल हैं । उन्हें गुरुतेग बहादर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । खबरों में कहा गया है कि मनजीत सिंह आतंकवादियों के साथ भिड़ गया और उनमें से एक से 303 बोर की राइफल छीन ली, तथापि हमलावर भाग जाने में सफल हो गये ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि परिवार के सदस्यों ने एक आतंकवादी पम्मा को पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया ।

अपहृत्त यात्री घर लौटे : गत सायं थाना पट्टी के अंतर्गत झंड के सरहाली गांव में एक प्राइवेट बस में से एक ही समुदाय के जिन तीन यात्रियों का अपहरण कर लिया गया था, वे सुरक्षित घरों को लौट आये हैं । तरनतारन पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन यात्रियों को रात देर गये मुख्य पट्टी-तरनतारन सड़क पर यह कह कर छोड़ दिया गया कि यह वह लोग नहीं हैं जिनकी उनको तलाश थी । इन यात्रियों ने पुलिस को बताया कि कथित अपहरणकर्त्ताओं ने उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी तथा एक ट्रक में उन्हें अज्ञात स्थान पर ले गये । उसके बाद उन्हें एक बाग में ले जाकर खाना खिलाया गया और पुन: आंखों पर पट्टी बांध कर सड़क पर छोड़ दिया गया । यात्रियों ने दावा किया कि आतंकवादियों ने उनसे कुछ नहीं मांगा । इन यात्रियों की पहचान मदन लाल, जो कि पट्टी का एक बुक बाइंडर है, राजकुमार तथा दीपक के रूप में हुई है । पुलिस इन यात्रियों से पूछताछ कर रही है । पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चार नहीं बल्कि तीन बस यात्रियों का ही अपहरण किया गया था ।

लुटेरे गिरफ्तार : बाघा पुराना (निस.) मोगा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान लुटेरे के एक गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन लुटेरों की पहचान दर्शन सिंह, सोहन सिंह तथा हजूरा सिंह के रूप में हुई है । उनसे 303 के दो पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल, बड़ी मात्रा में कारतूस, दो स्कूटर बरामद हुए । उन्होंने जिला फरीदकोट में डकैती की 11 वारदातों में हाथ होने की स्वीकारोक्ति की है ।

फरीदकोट से नि.स. के अनुसार जिला पुलिस ने चार संदिग्ध आतंकवादियों अजमेर सिंह, हरबंस सिंह, सेवक सिंह तथा तरसेम सिंह को गिरफ्तार किया, जो कि के.सी.एफ. के गुरचरण सिंह गिरोह से संबंधित हैं ।

बरनाला (सिंधवानी) श्री ज्ञान सिंह एस.एस.पी. संगरूर ने बताया कि धनौला पुलिस ने नाकाबंदी के मेघ्य गांव महाराज निवासी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उसके कब्ज़े से एक बंदूक, 12 बोर दोनाली, 5 कारतूस तथा एक मोटर साईकल नं. पी.जे.एस. 1825 बरामद किया है । सुनाम पुलिस ने नरिन्द्र कुमार से पंजाब बिजली बोर्ड सुनाम से चोरी की गई 203 किलो 700 ग्राम अल्यूमीनियम तार बरामद की है ।

आतंकवादी मारा गया : लुधियाना (हस): लुधियाना में तीन सशस्त्र व्यक्ति एक घर में घुस गये और एक व्यक्ति राज मद्रासी की पत्नी को घायल कर दिया । सूचना मिलने पर एक गश्ती पार्टी ने उनका पीछा किया । मुठभेड़ में उनमें से एक मारा गया जबकि 2 बच कर फ़रार हो गये ।

एस.पी.ओ. घायल : आज प्रात: जिला जालंधर के थाना नूरमहल के अंतर्गत गांव लखनपाल में तैनात एक एस.पी.ओ. अमरचंद को दो आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों, जो कि ए.के. 47 राइफल से लैस थे, ने अमरचंद पर उस समय गोली चलाई जबकि वह शौच के लिए खेत में गया था । उसके बाजू में गोली लगी है । उसको निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

2.66 लाख रुपए लूटे : जालंधर में ही आज रेरू चौक के निकट आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक कैशियर फ़कीर चंद तुली से 2.66 लाख रुपये छीन लिये । कैशियर यह रकम बैंक में जमा कराने के लिए जा रहा था कि आतंकवादियों ने उसे ठीक बैंक के सामने घेर कर लूट लिया और फ़रार हो गये । (शेष पृष्ठ 6 पर)

पत्रकारों को तंग किये जाने का

पेइचिंग, 20 जून (ए.पी.): चीन में पिछले दिनों भड़के असंतोष के सिलसिले में और अधिक गिरफ्तारियां की जा रही हैं तथा विदेशी पत्रकारों को तंग किया जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों को निर्देश दिए हैं कि वे उन क्रांतिकारी तत्वों से सख्ती से निपटें, जिन्हें विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया है ।

पीपुल्स ब्राडकास्टिंग रेडियो स्टेशन ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा है कि सामाजिक असंतोष भड़काने अथवा दंगों में हिस्सा लेने वाले तत्वों के विरुद्ध शीघ्रता से कार्रवाई की जाए तथा मुकद्दमों को निपटाने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए ।

पेइचिंग में तीन और चार जून को लोकतंत्र समर्थकों के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई के विरोध में विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के सिलसिले में अब तक 1360 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है ।

प्रमुख छात्र नेता गिरफ्तार : चीन के उन वांछित 21 छात्र नेताओं में से आज एक को और गिरफ्तार कर लिया गया । इसके साथ ही गिरफ्तार छात्र नेताओं की संख्या छः हो गई है ।

चीन रेडियो के अनुसार उस पर हाल के छात्र आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर अभियान चलाने का आरोप है । इस छात्र नेता का नाम लुई गंग है। वह 26 साल का है और पेइचिंग विश्वविद्यालय में फिजिक्स में शोध कर रहा है ।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्मसमर्पण करने वालों तथा दूसरों के अपराधों की जानकारी देने वालों के साथ नरम रुख अपनाया जाए । कम्यूनिस्ट पार्टी के समाचारपत्र पीपुल्स डेली ने खबर दी है कि वायस आफ़ अमरीका के माध्यम से अफ़वाहें फैलाने के आरोप में झीजियांग अकैडमी आफ़ फाइन आर्ट्स के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है ।

इस छात्र ने वायस आफ़ अमरीका को बताया था कि तिनानमिन चौक में सैनिक कार्रवाई में मरे छात्रों के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए प्रांतीय सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया था । वायस आफ़ अमरीका के पेइचिंग कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि उक्त छात्र ने उनसे सम्पर्क किया था लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि रेडियो ने यह खबर प्रसा

कनाडा दूतावा
संवाददाता जान
कर्मियों द्वारा अपहृ
करने के लिए वि
मुलाकात करने का
एक अधिकारी ने ब
ओर से इस बारे में

सुश्री वांग ने व
के सामने पंक्ति में
वह घर लौट रही थी
कर कार की पिछली
लेकिन वह उनके
रही ।

अमरीकी टैली
सदस्य को आज म
सैनिकों ने डाई
लंबा-चौड़ा भाषण

बीसा पाने की
पेइचिंग में अमरीक
सामने रातें बिता रो
प्रभावी हो रहे हैं, उ
देश से बाहर जाना

नए नियमों के
गए सभी अनुमति
जाने के इच्छुक ल
आवेदन करना हो

वाशिंगटन :
अमरीकी नागरिकों
जाने से बचना चाहि
व्याप्त असंतोष थम

भारतीय र
मंत्र

काठमांडू, 20
राजदूत अरविन्द रा
जल संसाधन मंत्री
बताया जाता है कि
बातचीत हुई ।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का निकट
अपहरण के मामले में र

अगरतला, 20 जून (टैली.): गत सप्ताह एक ग्रुप द्वारा जिसमें कथित रूप से त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस (इ) का एक सदस्य भी शामिल था, राज्य सरकार के एक कर्मचारी की लड़की के अपहरण की घटना ने सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) तथा आम जनता के मध्य गम्भीर तनाव पैदा कर दिया है । प्रदेश कांग्रेस (इ) का यह सदस्य मुख्यमंत्री श्री सुधीर रंजन मजुमदार का निकटवर्ती है । लड़की को 9 जून को अगरतला के बनमालीपुर क्षेत्र से उसके घर से उठा लिया गया था । उसने अपहरणकर्त्ताओं में से एक के साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया था । इस घटना से [illegible] तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए ईस्ट अगरतला थाने का घेराव किया । इनका नेतृत्व प्रदेश युथ कांग्रेस (इ) के महामंत्री श्री आशीष साहा और एन.एस.यू.आई. के नेता श्री सुबल भौमिक कर रहे थे । इस शक्ति प्रदर्शन से डरकर अपहरणकर्त्ताओं ने जिनमें से तीन एन.एस.यू.आई. के कार्यकर्त्ता हैं, दस जून की शाम को लड़की को रिहा कर दिया ।

हालांकि राज्य मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्री अभियुक्तों की गिरफ्तारी के पक्ष में थे, पुलिस तत्काल कार्रवाई करने में नाकाम रही क्योंकि अभियुक्तों के उच्च
थे । संदिग्ध अभिय
सम्मेलन करके इस
रंजन बर्मन का पद
हाथ कमजोर करने

मुख्यमंत्री जो वि
में थे, ने वापसी पर
सख्त कार्रवाई की जा
निकटवर्ती सूत्रों ने इ
की रात को मुख्य
बातचीत हुई थी तथ
बातचीत की और आ

कई दिन बीत जा
में वांछित 5 अभियु
लिए अदालत में या
इनकी सम्पत्ति जब्त

त्रिपुरा उपजाति
तथा पार्टी अध्यक्ष श्री
का गम्भीर नोटिस
अभियुक्तों के विरु
दिया है । 15 जून
साहा और एन.एस.
बनमालीपुर के निव
करके इस मामले में
लोक निर्माण मंत्री
मुख्यमंत्री पर अप
सचिवालय में उन
लगाया है ।

हालांकि मुख्यम
युथ कांग्रेस और ए
विरुद्ध प्रदर्शन आयो
पार्टी के एक बड़े व

प्रैस पता लगाये कि श्रीलंका में गड़बड़ के पीछे विदेशी हाथ तो नहीं है : राजीव

रायपुर, 20 जून (ह.स.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि प्रैस को इस बात का पता लगाना चाहिए कि श्रीलंका में हाल की गतिविधियों में कोई विदेशी हाथ तो नहीं है । श्री गांधी ने उड़ीसा जाते समय यहां माना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि भारत की कुछ जिम्मेदारियां हैं और हम सभी समस्याओं का शांतिपूर्ण हल चाहते हैं ।

उन्होंने कहा कि भारत के अपने पड़ोसी देशों से संबंधों में कोई विशेष समस्या नहीं है । हम तो केवल इतना चाहते हैं कि हमारे पड़ोसियों के बीच किसी भी मसले पर हिंसा का सहारा न लिया जाए ।

राष्ट्रीय मोर्चे के भविष्य के बारे में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि "यह सवाल उनसे ही किया जाना चाहिए, जहां तक उत्तर का सवाल है जनता आने वाले चुनावों में उन्हें माकूल जवाब देगी ।"

यह पूछे जाने पर कि उनका यह दौरा क्या चुनावी है ? श्री गांधी ने मुस्कराते हुए कहा कि "चुनाव आ रहे हैं ।" प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि वह बहुत जल्द ही मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे ।

तितलागढ़ (उड़ीसा) : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने त्वरित विकास के लिए केंद्र और राज्य में स्थिर सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया । पश्चिमी उड़ीसा के इस कस्बे में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उड़ीसा में कांग्रेस (इ) की स्थिर और प्रगतिशील सरकार के कारण राज्य ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त विकास किया है ।

अचानक आई भारी बारिश से प्रधानमंत्री को अपना भाषण बीस मिनट में ही समाप्त करना पड़ा । वैसे इस बारिश से राज्य के सर्वाधिक सूखा क्षेत्र को भारी राहत मिली ।

आंगुल (उड़ीसा) : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ एक संसदीय सीट जीतने के लिए देश के हितों का दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं । श्री गांधी सरकारी नैशनल अल्यूमीनियम कम्पनी के 2,400 करोड़ रुपए के अल्यूमीनियम काम्प्लैक्स का उद्घाटन करने के बाद यहां एक आम सभा में बोल रहे थे । (शेष पृष्ठ 6 पर)

आतंकवादियों द्वारा हिन्द समाचार पत्र समूह को धमकियां दिया जाना लोकतंत्र को खुली चुनौती

पटियाला, 20 जून (नि.स.): अखिल भारतीय छात्र महासंघ की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्री बलविंदर सिंह जम्मू ने कल यहां एक वक्तव्य में उग्रवादियों द्वारा समाचार-पत्रों के एजैंटों व हाकरों की हत्या की निंदा की है । उन्होंने इन गतिविधियों को प्रैस की आजादी के लिए चुनौती बताया । उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पंजाब में कहा कि ऐसी गतिविधियों में सलिप्त लोगों को विरोध सहन नहीं है और वे बौखलाहट में अपने विरुद्ध पैदा हो रहे जनमत को दबाने के लिए निष्पक्ष एवं निर्भीक प्रैस की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं । उन्होंने लोगों को आह्वान किया है कि आतंकवादियों की ऐसी गतिविधियों का मिलकर विरोध किया जाए । उन्होंने सरकार से भी मांग की कि समाचार पत्र एजैंटों व हाकरों की सुरक्षा की

Punjabi Sansar

2 उग्रवादी मारे गए : जालंधर में बिजली बोर्ड के कैशियर से 2.66 लाख रुपए लूटे

पट्टी के 3 अपहृत्त बस यात्री सुरक्षित अपने घरों को लौटे

एक परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : 3 घायल

चंडीगढ़, 20 जून (बा.ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अन्य वारदातों में 4 घायल हो गए । पट्टी में अपहृत 3 बस यात्री सुरक्षित घरों को लौट आए । जालन्धर में पंजाब बिजली बोर्ड के एक कैशियर से 2.66 लाख रुपए छीन लिए गए ।

आतंकवादियों ने साथी को मार डाला : अमृतसर (वि.प्र.) कल जिला अमृतसर में थाना मेहता गांव डेरीवाल के निकट एक आतंकवादी को उसके साथियों ने गोली मार कर खत्म कर दिया । उनमें आपस में कोई झगड़ा हो गया था, जिस पर उनमें से 2 ने तीसरे को गोली मार दी ।

3 लोगों की हत्या : एक अन्य वारदात में थाना पट्टी के गांव दग्गली में भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के आतंकवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस का ख्याल है कि इस हत्याकांड का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता है, क्योंकि मौका पर गुरबचन सिंह मानोचाहल के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र मिला है, जिसमें इस परिवार पर उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया गया है। मृतकों के नाम जगीर सिंह, उसकी पत्नी बलबीर कौर तथा पुत्र कुलदीप सिंह बताए गये हैं । पुलिस ने बताया कि जगदीश सिंह के आतंकवादियों के साथ संबंध थे और वह स्वयं भी सूचीबद्ध आतंकवादी था । उसका लड़का हाल ही में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था ।

3 घायल : एक अन्य वारदात में बाबा बकाला कस्बा के थाना ब्यास क्षेत्र में आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया । घायलों में जसवंत सिंह, उसकी पत्नी परमजीत कौर तथा पुत्र मनजीत सिंह शामिल हैं । उन्हें गुरुतेग बहादर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । खबरों में कहा गया है कि मनजीत सिंह आतंकवादियों के साथ भिड़ गया और उनमें से एक से 303 बोर की राइफल छीन ली, तथापि हमलावर भाग जाने में सफल हो गये ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि परिवार के सदस्यों ने एक आतंकवादी पम्मा को पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया ।

अपहृत्त यात्री घर लौटे : गत सायं थाना पट्टी के अंतर्गत झंड के सरहाली गांव में एक प्राइवेट बस में से एक ही समुदाय के जिन तीन यात्रियों का अपहरण कर लिया गया था, वे सुरक्षित घरों को लौट आये हैं । तरनतारन पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन यात्रियों को रात देर गये मुख्य पट्टी-तरनतारन सड़क पर यह कह कर छोड़ दिया गया कि यह वह लोग नहीं हैं, जिनकी उनको तलाश थी । इन यात्रियों ने पुलिस को बताया कि कथित अपहरणकर्त्ताओं ने उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी तथा एक ट्रक में उन्हें अज्ञात स्थान पर ले गये । उसके बाद उन्हें एक बाग में ले जाकर खाना खिलाया गया और पुनः आंखों पर पट्टी बांध कर सड़क पर छोड़ दिया गया । यात्रियों ने दावा किया कि आतंकवादियों ने उनसे कुछ नहीं मांगा । इन यात्रियों की पहचान मदन लाल, जो कि पट्टी का एक बुक बाइंडर है, राजकुमार तथा दीपक के रूप में हुई है । पुलिस इन यात्रियों से पूछताछ कर रही है । पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चार नहीं बल्कि तीन बस यात्रियों का ही अपहरण किया गया था ।

लुटेरे गिरफ्तार : बाघा पुराना (निप्र): मोगा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान लूटों के एक गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन लुटेरों की पहचान दर्शन सिंह, सोहन सिंह तथा हजूरा सिंह के रूप में हुई है । उनसे 303 के दो पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल, बड़ी मात्रा में कारतूस, दो स्कूटर बरामद हुए । उन्होंने जिला फरीदकोट में डकैती की 11 वारदातों में हाथ होने की स्वीकारोक्ति की है ।

फरीदकोट से नि.स. के अनुसार जिला पुलिस ने चार संदिग्ध आतंकवादियों अजमेर सिंह, हरबंस सिंह, सेवक सिंह तथा तरसेम सिंह को गिरफ्तार किया, जो कि के.सी.एफ. के गुरचरण सिंह गिरोह से संबंधित हैं ।

बरनाला (सिंधवानी) श्री ज्ञान सिंह एस.एस.पी. संगरूर ने बताया कि धनौला पुलिस ने नाकाबंदी के मेध्य गांव महाराज निवासी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उसके कब्जे से एक बंदूक, 12 बोर दोनाली, 5 कारतूस तथा एक मोटर साईकल नं. पी.बी.एस. 1825 बरामद किया है ।

सुनाम पुलिस ने नरिन्द्र कुमार से पंजाब बिजली बोर्ड सुनाम से चोरी की गई 203 किलो 700 ग्राम अल्युमीनियम तार बरामद की है ।

आतंकवादी मारा गया : लुधियाना (हस): लुधियाना में तीन सशस्त्र व्यक्ति एक घर में घुस गये और एक व्यक्ति राजू मद्रासी की पत्नी को घायल कर दिया । सूचना मिलने पर एक गश्ती पार्टी ने उनका पीछा किया । मुठभेड़ में उनमें से एक मारा गया जबकि 2 बच कर फ़रार हो गये ।

एस.पी.ओ. घायल : आज प्रातः जिला जालंधर के थाना नूरमहल के अंतर्गत गांव लखनपाल में तैनात एक एस.पी.ओ. अमरचंद को दो आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों, जो कि ए.के. 47 राइफल से लैस थे, ने अमरचंद पर उस समय गोली चलाई जबकि वह शौच के लिए खेत में गया था । उसके बाजू में गोली लगी है । उसको निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

2.66 लाख रुपए लूटे : जालंधर में ही आज रेरू चौक के निकट आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक कैशियर फ़कीर चंद तुली से 2.66 लाख रुपये छीन लिये । कैशियर यह रकम बैंक में जमा कराने के लिए जा रहा था कि आतंकवादियों ने उसे ठीक बैंक के सामने घेर कर लूट लिया और फ़रार हो गये । (शेष पृष्ठ 6 पर)

चीन में लोकतंत्र समर्थकों की

पत्रकारों को तंग किये जाने का

पेइचिंग, 20 जून (ए.पी.): चीन में पिछले दिनों भड़के असंतोष के सिलसिले में और अधिक गिरफ्तारियां की जा रही हैं तथा विदेशी पत्रकारों को तंग किया जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों को निर्देश दिए हैं कि वे उन क्रांतिकारी तत्वों से सख्ती से निपटें, जिन्हें विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया है ।

पीपुल्स ब्राडकास्टिंग रेडियो स्टेशन ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा है कि सामाजिक असंतोष भड़काने अथवा दंगों में हिस्सा लेने वाले तत्वों के विरुद्ध सीधता से कार्रवाई की जाए तथा मुकद्दमों को निपटाने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए ।

पेइचिंग में तीन और चार जून को लोकतंत्र समर्थकों के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई के विरोध में विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के सिलसिले में अब तक 1360 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है ।

प्रमुख छात्र नेता गिरफ्तार : चीन के उन वांछित 21 छात्र नेताओं में से आज एक को और गिरफ्तार कर लिया गया । इसके साथ ही गिरफ्तार छात्र नेताओं की संख्या छः हो गई है ।

चीन रेडियो के अनुसार उस पर हाल के छात्र आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर अभियान चलाने का आरोप है । इस छात्र नेता का नाम लुई गैंग है । वह 26 साल का है और पेइचिंग विश्वविद्यालय में फिजिक्स में शोध कर रहा है ।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्मसमर्पण करने वालों तथा दूसरों के अपराधों की जानकारी देने वालों के साथ नरम रुख अपनाया जाए । कम्युनिस्ट पार्टी के समाचारपत्र पीपुल्स डेली ने खबर दी है कि वायस आफ़ अमरीका के माध्यम से अफ़वाहें फैलाने के आरोप में झीजियांग अकैडमी आफ़ फाइन आर्ट्स के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है ।

इस छात्र ने वायस आफ़ अमरीका को बताया था कि तिनानमिन चौक में सैनिक कार्रवाई में मरे छात्रों के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए प्रांतीय सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया था । वायस आफ़ अमरीका के पेइचिंग कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि उक्त छात्र ने उनसे सम्पर्क किया था लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि रेडियो ने यह खबर प्रसा

कनाडा दूतावा
संवाददाता जान
कर्मियों द्वारा अपह
करने के लिए वि
मुलाकात करने क
एक अधिकारी ने
ओर से इस बारे

सुश्री बांग ने
के सामने पेश
वह घर लौट रही
कर कार की पिछ
लेकिन वह उनके
रही ।

अमरीकी टे
सदस्य को आज
सैनिकों ने ढाई
लंबा-चौड़ा भाष

बीसा पाने
पेइचिंग में अमरी
सामने रात बिता
प्रभावी हो रहे हैं,
देश से बाहर जा

नए नियमों
गए सभी अनुमति
जाने के इच्छुक
आवेदन करना ह

वाशिंगटन
अमरीकी नागरिक
जाने से बचना चा
व्याप्त असंतोष

भारतीय
मं

काठमांडू, 2
राजदूत अरविन्द
जल संसाधन मंत्री
बताया जाता है कि
बातचीत हुई ।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का निकट

अपहरण के मामले में

अगरतला, 20 जून (टैली.): गत सप्ताह एक ग्रुप द्वारा जिसमें कथित रूप से त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस (इ) का एक सदस्य भी शामिल था, राज्य सरकार के एक कर्मचारी की लड़की के अपहरण की घटना ने सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) तथा आम जनता के मध्य गम्भीर तनाव पैदा कर दिया है । प्रदेश कांग्रेस (इ) का यह सदस्य मुख्यमंत्री श्री सुधीर रंजन मजुमदार का निकटवर्ती है । लड़की को 9 जून को अगरतला के बनमालीपुर क्षेत्र से उसके घर से उठा लिया गया था । उसने अपहरणकर्त्ताओं में से एक के साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया था । इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त होगया जिन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए ईस्ट अगरतला थाने का घेराव किया । इनका नेतृत्व प्रदेश यूथ कांग्रेस (इ) के महामंत्री श्री आशीष साहा और एन.एस.यू.आई. के नेता श्री सुबल भौमिक कर रहे थे । इस शक्ति प्रदर्शन से डरकर अपहरणकर्त्ताओं ने जिनमें से तीन एन.एस.यू.आई. के कार्यकर्त्ता हैं, दस जून की शाम को लड़की को रिहा कर दिया ।

हालांकि राज्य मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्री अभियुक्तों की गिरफ्तारी के पक्ष में थे, पुलिस तत्काल कार्रवाई करने में नाकाम रही क्योंकि अभियुक्तों के उन
थे । संदिग्ध अभि
सम्मेलन करके इस
रंजन बर्मन का घ
हाथ कमजोर करने

मुख्यमंत्री जो
में थे, ने वापसी पर
सख्त कार्रवाई की
निकटवर्ती सूत्रों ने इ
की रात को मुख्य
बातचीत हुई थी तथ
बातचीत की और अ
का आदेश दिया ।

कई दिन बीत ज
में वांछित 5 अभिय
लिए अदालत में या
इनकी सम्पत्ति जब्त

त्रिपुरा उपजाति
तथा पार्टी अध्यक्ष श्
का गम्भीर नोटिस
अभियुक्तों के विरु
दिया है । 15 जून
साहा और एन.एस
बनमालीपुर के निव
करके इस मामले में
लोक निर्माण मंत्री
मुख्यमंत्री पर अप
सचिवालय में उन

प्रैस पता लगाये कि श्रीलंका में गड़बड़ के पीछे विदेशी हाथ तो नहीं है : राजीव

रायपुर, 20 जून (ह.स.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि प्रैस को इस बात का पता लगाना चाहिए कि श्रीलंका में हाल की गतिविधियों में कोई विदेशी हाथ तो नहीं है । श्री गांधी ने उड़ीसा जाते समय यहां माना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि भारत की कुछ जिम्मेदारियां हैं और हम सभी समस्याओं का शांतिपूर्ण हल चाहते हैं ।

उन्होंने कहा कि भारत के अपने पड़ोसी देशों से संबंधों में कोई विशेष समस्या नहीं है । हम तो केवल इतना चाहते हैं कि हमारे पड़ोसियों के बीच किसी भी मसले पर हिंसा का सहारा न लिया जाए ।

राष्ट्रीय मोर्चे के भविष्य के बारे में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि "यह सवाल उनसे ही किया जाना चाहिए, जहां तक उत्तर का सवाल है जनता आने वाले चुनावों में उन्हें माकूल जवाब देगी ।"

यह पूछे जाने पर कि उनका यह दौरा क्या चुनावी है ? श्री गांधी ने मुस्कराते हुए कहा कि "चुनाव आ रहे हैं ।" प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि वह बहुत जल्द ही मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे ।

तितलागढ़ (उड़ीसा) : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने त्वरित विकास के लिए केंद्र और राज्य में स्थिर सरकार की आवश्यकता पर आज जोर दिया । पश्चिमी उड़ीसा के इस क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उड़ीसा में कांग्रेस (इ) की स्थिर और प्रगतिशील सरकार के कारण राज्य ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त विकास किया है ।

अचानक आई भारी बारिश से प्रधानमंत्री को अपना भाषण बीस मिनट में ही समाप्त करना पड़ा । वैसे इस बारिश से राज्य के सर्वाधिक सूखा क्षेत्र को भारी राहत मिली ।

आंगुल (उड़ीसा) : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ एक संसदीय सीट जीतने के लिए देश के हितों को दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं । श्री गांधी सरकारी नैशनल अल्युमीनियम कम्पनी के 2,400 करोड़ रुपए के अल्युमीनियम काम्प्लैक्स का उद्घाटन करने के बाद यहां एक आम सभा में बोल रहे थे । (शेष पृष्ठ 6 पर)

आतंकवादियों द्वारा हिन्द समाचार पत्र समूह को धमकियां दिया जाना लोकतंत्र को खुली चुनौती

पटियाला, 20 जून (नि.स.): अखिल भारतीय छात्र महासंघ की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्री बलविंदर सिंह जम्मू ने कल यहां एक वक्तव्य में उग्रवादियों द्वारा समाचार-पत्रों के एजैंटों व हाकरों की हत्या की निंदा की है । उन्होंने इन गतिविधियों को प्रैस की आजादी के लिए चुनौती बताया । उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि संकट में

कहा कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को विरोध सहन नहीं है और वे बौखलाहट में अपने विरुद्ध पैदा हो रहे जनमत को दबाने के लिए निष्पक्ष एवं निर्भीक प्रैस की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं । उन्होंने लोगों को आह्वान किया है कि आतंकवादियों की ऐसी गतिविधियों का मिलकर

Punjabi Sanatan

रन्त बाद पुलिस
ए इस्तेमाल होने
और बड़ी संख्या
थे ।
से पूरी तरह
टाइम बम का
। प्रारम्भ में जांच
वारदात में बब्बर
हाथ है । करीब
द केंद्रीय अपराध
पुलिस को बताया
'नाइट्रेट' नामक
या था ।

ाव

हां की अपटूडेट
ो आजकल पानी
ना पड़ रहा है ।

प्रधान श्री बी.के. खुल्लर ने हिन्द समाचार पत्र समूह को आतंकवादियों द्वारा धमकियां दिए जाने की कड़ी निंदा की है तथा कहा है कि इस पत्र समूह ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए कुर्बानियां दी हैं ।

उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

जालन्धर में बिजली बोर्ड के कैशियर से नकदी लूटने की वारदात के दौरान कैशियर फ़कीर चन्द आतंकवादियों के हाथों घायल हो गया ।

थाना नूरमहल के गांव लखनपाल में आतंकवादियों की फायरिंग से घायल एस.पी.ओ. अमर सिंह जालन्धर के अस्पताल में इलाज अधीन ।
(छाया : पंजाब केसरी)

प्रयास कर रहा है
करते हुए प्रवक्ता ने
विदेश सचिवों की
विज्ञप्ति जारी की
वाली कोई बात ही

प्रवक्ता ने पा
खान के वक्तव्य क
विज्ञप्ति में यह ब
पाकिस्तान अपनी
जाएंगे, जहां पर
1972) पर हस्ता

'वार्ता' के अनु
के अध्यक्ष ने सिय
द्वारा दिए गए बय
नहीं दी ।

काले लो

वाशिंगटन,
विश्वविद्यालय के
जी. एकलंड ने ब
काली नस्ल के लो
के दिल की धड़क
हैं । विश्राम की
लगभग समान हो

पंजाब की वर्तमान स्थिति के
और इंका नेता जिम्मेदार :

Punjabi Sanatan

पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गये : एक व्यक्ति की हत्या : 3 घायल

2 लाख की फिरौती के लिए डाक्टर का अपहरण

क्या सत्ता का साथी नरिन्द्र सिंह मारा गया ?

अमृतसर बम-विस्फोटों के सम्बन्ध में 3 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 21 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । एक डाक्टर का आतंकवादियों ने फिरौती लेने के लिए अपहरण कर लिया । दो व्यक्तियों को आतंकवादियों ने फिरौती न देने पर घायल कर दिया । खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता ने दावा किया कि उसका साथी नरिंद्र सिंह परवाना पुलिस से मठभेड़ में मारा गया है । सुरक्षा बलों ने गत वर्ष अमृतसर में हुए बम-विस्फोटों के सम्बन्ध में वांछित 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

मज़हबी सिख की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के गांव तरसिक्का में गत रात एक मज़हबी सिख दलीप सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । कहा जाता है कि रात के एक बजे के लगभग दो सशस्त्र व्यक्ति जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, दलीप सिंह की दुकान पर आए तथा उसके घर में घुसकर उसको चारपाई से उठाया और गोलियां मारकर चले गए । दलीप सिंह मौका पर ही दम तोड़ गया ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : एक और सूचना के अनुसार थाना बैरोवाल क्षेत्र में स्थित गांव सँगरकोट के बाहर एक वीरान जगह पर गोलियों से छलनी एक नौजवान की लाश मिली जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी लेकिन यह लाश किसी आतंकवादी की समझी जा रही है । इस हत्या का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता समझा जा रहा है ।

सत्ता का साथी मारा गया ? : भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह सत्ता उर्फ़ छीना ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि उसका एक साथी नरिंद्र सिंह परवाना आज प्रातः अमृतसर जिला के गांव तुली नंगल के निकट एक मुठभेड़ में मारा गया तथापि पुलिस का कहना है कि आतंकवादी घायलावस्था में फरार हो गया तथा पीछे खून के धब्बे छोड़ गया ।

तरनतारन पुलिस ने गांव सरहाली के मेजर सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

पुलिस की विज्ञप्ति : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. चौधरी बलदेव सिंह की ओर से जारी एक प्रैस नोट में बताया गया है कि गुप्त सूचना पा कर चोहला साहब गांव के जमींदार मेजर सिंह के फ़ार्म हाऊस पर दो खतरनाक आतंकवादियों को पकड़ने के लिए छापा मारा गया । दोनों आतंकवादी पुलिस फ़ोर्स को देख कर फरार हो गए । भागने वाले आतंकवादी मेजर सिंह 'शहीद' तथा नरिंद्र सिंह थे । पुलिस ने उनके आश्रयदाता को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तारी के बाद उसने स्वीकार किया कि वह आतंकवादियों को आश्रय देता रहा है ।

गांदड़बाल ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री राजपाल [illegible] (इनसैट पुराना चित्र) का शव । उनकी गत दिवस उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर में गत वर्ष हुए 3 बम धमाकों में संलिप्त 3 उग्रवादियों को आज गिरफ्तार करके सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है । ये बम धमाके कटड़ा आहलूवालिया, शिवाला भाइयां और हुसैनपुरा में हुए थे और इनमें 76 लोग मारे गए थे । मजीठा पुलिस जिले के अध्यक्ष श्री जी.एस. मान ने कहा कि इन तीन उग्रवादियों की शनाख्त हरपेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू, अंग्रेज सिंह और सुखविन्दर सिंह उर्फ राजू के रूप में शिनाख्त की गई है । ये सभी बब्बर खालसा से संबंधित हैं और ये अमृतसर के रहने वाले हैं ।

श्री मान ने कहा कि ये उग्रवादी शरीफपुरा अमृतसर में स्थित बिट्टू के मकान में बम बनाया करते थे और अंग्रेज सिंह बम रखा करता था । इस गिरोह का चौथा सदस्य हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी एक मुकाबले में मारा गया था । यह गिरोह कुख्यात उग्रवादी सुखविन्दर सिंह बराड़ के निर्देशों पर कार्य किया करता था, जो हाल ही में जालियाला के निकट हुए एक बम धमाके में मारा गया था । पुलिस ने इनके कब्जे से तीन ए.के. 47 राइफलें, तीन मैगजीन, 150 कारतूस और 12 किलोग्राम विस्फोटक और 51 डेटोनेटर बरामद किए हैं ।

एक व्यक्ति घायल : पट्टी से सम्वाददाता के अनुसार कल शाम यहां दो संदिग्ध व्यक्तियों ने एक दुकानदार मदन लाल को घायल कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति मदन लाल के राशन डिपो पर आए तथा तेल मांगा । उसने कहा कि वह राशनकार्ड के बगैर तेल नहीं दे सकता । उस समय तो दोनों व्यक्ति चुपचाप चले गए परन्तु शाम को हथियारों से लैस हो कर आ गए । मदन लाल, जोकि भूतपूर्व सैनिक है, ने एक व्यक्ति को जफ्फा मार लिया परन्तु उसके दूसरे साथी ने मदन लाल के सिर में 'राड' दे मारी, जिससे वह बेहोश हो गया । हमलावर फरार हो गए । मदन लाल को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

अमृतसर पुलिस ने तारी नामक एक आतंकवादी को भी गिरफ्तार किया है ।

दो घायल : गत रात जिला फिरोज़पुर के खेरीके गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गोबिंद राम के घर पर धावा बोला तथा उससे नकदी की मांग की । उसके इन्कार करने पर उन्होंने घर के मालिक तथा एक अन्य व्यक्ति हरभजन लाल को गोली मार कर घायल कर दिया ।

डाक्टर का अपहरण : दीनानगर (नि.स.): थाना दीनानगर के गांव दोरांगला से अजय कुमार नामक एक आर.एम.पी. डाक्टर का आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए जाने की सूचना मिली है । अजय कुमार दीनानगर का निवासी है तथा गांव दोरांगला में प्रैक्टिस करता है । गत दिवस अज्ञात व्यक्ति किसी मरीज़ को घर ले जाकर दिखाने के बहाने अजय कुमार को ले गए । अगले दिन अजय कुमार के पिता खेमराज को पत्र मिला जिसमें कहा गया कि उसके लड़के का अपहरण कर लिया गया है । उसको ज़िंदा छुड़ाने के लिए 19 जून को दोपहर दो लाख रुपया लेकर बहरामपुर गांव के निकट एक वृक्ष के नीचे पहुंचो । अजय कुमार की मां निर्धारित समय पर रुपया लेकर वहां पहुंची, परन्तु कोई रुपया लेने नहीं आया । पुलिस ने अजय कुमार की तलाश में कई जगह छापे मारे हैं ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : फाजिल्का (नि.स.): गत दिवस स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति चमन लाल निवासी गांव गंगापुर कलां बलाचौर को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से .315 बोर का रिवाल्वर व दो कारतूस बरामद किए हैं ।

ट्रक चुरा लिया : कल फगवाड़ा के निकट गांव चाचोकी के पास एक व्यक्ति सुशील कुमार जब अपना ट्रक नं. पी.बी.जी.आई. 9711 एक ढाबे के पास खड़ा करके रोटी खा रहा था तो कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसका ट्रक चुरा लिया व फरार हो गए ।

पुलिस की गोली से मारा गया : जालन्धर (ह.स.): कल देर रात जालन्धर जिला के थाना नरमहल के अन्तर्गत गांव अट्टोकाली के बाहर पुलिस की छापा मार पार्टी की गोली लगने से एक व्यक्ति शिंदरपाल सिंह मारा गया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बाद में स्पष्ट किया कि शिंदरपाल सिंह न तो आतंकवादी था और न ही अपराधी था । पुलिस ने उस पर उस समय गोली चलाई जब वह पुलिस को देखकर उस घर में से भाग कर बाहर निकला जहां पुलिस ने छापा मारा था । इससे पहले की खबरों में कहा गया था कि मारा गया व्यक्ति आतंकवादी था और उसकी मौत पुलिस के साथ मठभेड़ में हुई । पुलिस ने बताया कि उसने एक निश्चित सूचना मिलने पर एक मकान पर छापा मारा था ।

तथापि पंजाब पुलिस के मुख्यालय से जारी एक बुलेटिन के अनुसार शिंदरपाल सिंह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया और उसके दो साथी भाग जाने में सफल हो गए ।

जालन्धर पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरपाल सिंह तथा जान इन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उनसे हथियार बरामद किए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट (नि.स.): फरीदकोट पुलिस ने कल मुक्तसर सब-डिवीजन में मलोट में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे एक 315 बोर तथा एक 12 बोर की पिस्तौल व 22 अनचले कारतूस बरामद हुए । इनके नाम केसा सिंह तथा बिरसा सिंह बताए गए हैं जो कि जिला अमृतसर के क्रमशः थाना तरसिक्का व मजीठा के गांव रोड़ी तथा जंड के निवासी हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि यह दोनों आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्ध रखते हैं तथा इस क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात करने आए थे ।

तीन आतंकवादी जालन्धर और तरनतारन पुलिस जिले में पकड़े गए । उनसे कुछ शस्त्र और गोली-बारूद भी मिला है । आतंकवादियों के नाम हरजीत सिंह, इन्द्र सिंह, गुरपाल सिंह और तारी हैं ।

आगामी चुनावों में विपक्षी मोर्चा सत्ता में आएगा : वी

पटना, 21 जून (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज आशा व्यक्त की कि आगामी चुनाव में विपक्षी दलों का राष्ट्रीय मोर्चा सत्ता में आयेगा । श्री सिंह ने यहां सम्वाददाताओं से बातचीत में कहा कि जनता परिवर्तन चाह रही है इसलिए राष्ट्रीय मोर्चा सत्ता में आयेगा । वह बिहार के दो दिन के दौरे पर दिल्ली से यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे पर सम्वाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व और बाद के कार्यक्रमों के आधार पर मोर्चे का गठन किया गया है लेकिन विपक्षी मतों का विभाजन रोकने के लिए मोर्चे के प्रमुख घटकेदार विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी जैसी अन्य पार्टियों तथा वामपंथी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी करेंगे । उन्होंने कहा कि मोर्चे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष देवी लाल को सीटों के तालमेल में समन्वय करने के अधिकृत किया है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस आरोप पर टिप्पणी करते हुए कि विरोधी दल देश को कमज़ोर करने के लिए विदेशी शक्तियों के हाथों में खेल रहे हैं, श्री सिंह ने कहा कि श्री गांधी स्वयं एक राष्ट्रविरोधी और भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं । श्री सिंह ने कहा कि राजीव सरकार ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को का मार्ग खोल कर विदेश हितों की उपेक्षा की है

उन्होंने कहा कि उ ने हमेशा 'अग्नि' के परी श्री सिंह के साथ संवाददा मुख्यमंत्री देवी लाल, श्री महासचिव अजीत सिंह हरियाणा सरकार के पहुंचे ।

श्री चंद्र शेखर के सम महत्वपूर्ण पदों से हटाए सवाल पर श्री सिंह ने कह मामला है और इस सं विचार-विमर्श नहीं किया रघुनाथ झा को अध्यक्ष प पर भी श्री सिंह ने कोई टि दल का आंतरिक मामला

यह पूछे जाने पर कि की खींचतान का प्रभाव पर नहीं पड़ेगा, श्री चंद्र श कहा कि अगर हमारी विश्वास जीता जा सकता

जिसे खतरनाक सांपों और बिच्छुओं से खेलने में मजा आता है

पार्थ सारथी सांपों के साथ कहना है कि सांप और बि

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता): सांपों का राजकुमार' नाम से मशहूर एन. पार्थसारथी को खतरों में जीना अच्छा लगता है । पार्थसारथी ने बताया कि उन्हें किशोरावस्था से ही खतरनाक सांप और बिच्छू पालने का शौक हो गया था ।

वह कहते हैं कि उन्हें खतरनाक से खतरनाक सांप और बिच्छू के साथ खेलने में मजा आता है । अपनी बात को सिद्ध करने के लिए अपने मुंह में पानी भरा, थैले से नाग निकाला और उसका मुंह अपने मुंह में डाल लिया ।

इसके बाद पार्थसारथी ने थैले से एक बड़ा बिच्छू निकाला जो उनके गालों और होंठों पर से रेंगता हुआ उनकी आंख पर जा बैठा और पलक झपकते ही गोद में आ गिरा ।

पार्थसारथी ने कहा कि अपने इन पालतू जीव-जन्तुओं के साथ यात्रा करने में उन्हें बहुत परेशानी होती है । उन्होंने कहा कि उन्हें सांपों की खाल की तस्करी का आरोप लगा कर अक्सर प्रताड़ित किया जाता है ।

पार्थसारथी कहते हैं कि सौ दिन तक नागों और अतिरिक्त वह तीस मिनट में अपने 828 बूंद आंसू इकट्ठे कि.मी. उलटे चलने का भ

बिजली दरों पर पुनर्विचार करने के लिए उच्चाधिकारियों की बैठक आज होगी

टोहरा अमृतसर में

आतंकवादी हिंसा के

Punjabi Sanjal

ानसभाओं
ष्य में

ओर से सन 2001 तक चुनाव
रिवर्तन करने पर रोक लगी हुई
श्री आर.वी. पेरी शास्त्री ने कहा
वं की आयु के मतदाताओं को
ा राज्यों में अन्तिम मतदाता
ताई तक प्रकाशित कर दी
समय की सूचियों के प्रकाशन में

स्या के समाधान के
ालियों से सहयोग
ल रहा : बिट्टा

22 जून (मनोहर): पंजाब यूथ
श्री मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने
ों से अपील की है कि वे देश की
मिल होकर एकता एवं अखंडता के
श्री बिट्टा जिला यूथ कांग्रेस पट्टी
ए रक्तदान शिविर के उद्घाटन
ल रहे थे । उन्होंने कहा कि
राजीव गांधी पंजाब समस्या का
के लिए प्रयत्नशील हैं,परन्तु अकाली
ग नहीं मिल रहा । इस दौरान यूथ
टारी में भी एक विशाल कन्वेंशन का
गया ।

ी फेरबदल : तीन
प्रकारी तबदील

न्धर में होगा ।
होशियारपुर गुरिन्दर जीत सिंह संधू
युक्त पंजाब लगाया गया है । सर्वेश
चिव कृषि को होशियारपुर का नया
त किया गया है । गुरदेव सिंह बराड़
र को संयुक्त सचिव कृषि लगाया
स्वर्ण सिंह उप-सचिव खाद्य आपूर्ति
उपायुक्त होंगे । ए.के. मिश्रा वित्त
स्य पंजाब बिजली बोर्ड को नया
धरी समितियां लगाया गया है । वह
जगह लेंगे जिन्हें जे.आर. कुंडल की
राज्य कृषि विपणन मंडल का नया
किया गया है ।
रकरा आयुक्त नगर निगम लुधियाना
ली बोर्ड का वित्त एवं लेखा सदस्य
। बी.के. श्रीवास्तव संयुक्त सचिव
नगर निगम लुधियाना का आयुक्त
। विजय केन उपायुक्त फरीदकोट
चिव सहकारिता लगाया गया है ।
र उप-सचिव लोक निर्माण विभाग
नए उपायुक्त होंगे । बी.एस. कपूर
निगम अमृतसर को संयुक्त सचिव
विभाग लगाया गया है । जे.पी.एस.
व राहत व पुनर्वास को नगर निगम
नया आयुक्त लगाया गया है ।
क सम्पर्क एस.के. सिन्हा नए राज्य
क्त होंगे । वर्तमान परिवहन आयुक्त
न संयुक्त सचिव उद्योग लगाए गए
वित्तीय निगम के प्रबन्ध निदेशक
न को संयुक्त सचिव वित्त लगाया गया
रोमिला दुबे संयुक्त सचिव पर्सोनल को
य निगम का नया प्रबन्ध निदेशक
है । पुनम खेरपाल को डैपुटेशन से
युक्त सचिव पर्सोनल लगाया गया है ।
कड़ संयुक्त सचिव को-आर्डिनेशन को
वालय का संयुक्त सचिव भी नियुक्त
है । पी.डी. वशिष्ट को डैपुटेशन से
क एवं लेखा सदस्य पंजाब आबपा

पंथक कमेटी के सदस्य का भतीजा पुलिस के घेरे से निकल गया

मक्खू के समीप बस कंडक्टर को लूट लिया

चंडीगढ़, 22 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 आतंकवादी मारे गए । मारे गए व्यक्तियों में 2 होमगार्ड तथा 2 महंत शामिल हैं । पंथक कमेटी के सदस्य कंवलजीत सिंह का भतीजा खूंखार उग्रवादी सुखदेव सिंह पुलिस के घेरे से बच निकलने में सफल रहा । कल अमृतसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के तीन उग्रवादी बम विस्फोटों द्वारा 51 निर्दोषों की हत्या के लिए जिम्मेदार थे ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): गत देर रात थाना सदर के अन्तर्गत मीरा कोट गांव के नज़दीक एक अज्ञात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में मारा गया । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगज़ीन तथा 40 कारतूस मिले । मृत आतंकवादी के साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस ने कत्थूनंगल क्षेत्र में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इन आतंकवादियों में सुखविंदर सिंह और भूपेन्द्र सिंह शरीफ़पुरा अमृतसर के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा आतंकवादी अंग्रेज सिंह आबादी गोपाल नगर अमृतसर का रहने वाला है । तीनों बब्बर खालसा के सक्रिय सदस्य हैं । उनसे जो हथियार बरामद किए गए हैं, उनका ब्यौरा इस प्रकार है – ए.के. 47 असाल्ट राइफलें 3, ए.के. 47 राइफल के मैगज़ीन 3, ए.के. 47 के 150 कारतूस, 12 किलो ग्राम विस्फोटक तथा 51 डैटोनेटर । पुलिस की प्रारम्भिक जांच-पड़ताल के अनुसार इन आतंकवादियों ने पिछले कुछ अर्से में बम धमाके करके 51 निर्दोषों की हत्याएं कीं ।

पाली गिरफ्तार : एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी हरपाल सिंह उर्फ़ पाली को गिरफ्तार किया है, जो जिला पटियाला के थाना बस्सी पठानां के गांव लोहारी का निवासी है । उससे एक पिस्तौल .30 बोर जिसमें 6 गोलियां भरी हुई थीं, बरामद किया गया । यह आतंकवादी एक स्वयंभ लैफ्टीनैंट जनरल चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्नी, जो कि गत दिनों मठभेड़ में मारा गया था, का साथी था ।

घरेंडा पुलिस ने गांव भिट्टे विड में एक व्यक्ति सुरता सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए ।

कंवलजीत का भतीजा बच निकला : अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिलने पर अमृतसर से बाहर गांव सुल्तानविंड में प्यारा सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा जहां पंथक कमेटी के सदस्य कंवलजीत सिंह का भतीजा सुखदेव सिंह ऑफ़ सुल्तानविंड (ए. श्रेणी का उग्रवादी) छिपा हुआ था । सुखदेव सिंह ए.के. 47 असाल्ट राइफल और प्यारा सिंह .455 बोर के रिवाल्वर के साथ बाहर आए और पुलिस को देखकर अन्दर भाग गए तथा अन्दर से फ़ायरिंग करने लगे । पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । इसी दौरान सुखदेव सिंह पिछले दरवाज़े से ए.के. 47 राइफल सहित फरार हो गया परन्तु प्यारा सिंह को रिवाल्वर समेत काबू कर लिया गया ।

सत्ता के आश्रयदाता गिरफ्तार : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना सदर पुलिस ने एक जमींदार कन्दन सिंह और उसकी पत्नी प्यार कौर को गिरफ्तार किया है । कन्दन सिंह से 12 बोर की पिस्तौल व प्यार कौर से ए.के. 47 राइफल के 50 कारतूस बरामद किए गए । यह दोनों पति-पत्नी खतरनाक आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता आफ़ छीना को आश्रय देते रहे हैं ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ : आज प्रातः अमृतसर जिला में गांव सराय अमानत खां के निकट दो स्कूटर सवार आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की संक्षिप्त मुठभेड़ हुई । एस.पी. (आप्रेशन) हरभजन ने बताया कि पुलिस की एक नाका पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को रुकने का संकेत किया । इस पर एक आतंकवादी ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जब सुरक्षा बलों ने जवाबी गोली चलाई तो आतंकवादी स्कूटर छोड़कर गांव की ओर भाग निकले ।

बाद की सूचना है कि सुरक्षा बलों ने एक विशेष क्षेत्र को घेर लिया है,जहां दोनों आतंकवादियों के छिपे

डिवीजन में आतंकवादियों ने दो महंतों तथा दो होम गार्डों की हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार पहली वारदात पट्टी के गांव धारीवाल में हुई,जहां आतंकवादियों ने एक महंत की हत्या कर दी । आतंकवादी रात 9-10 बजे महंत के डेरे पर आए तथा उसको आवाज़ देकर बाहर बुलाया । बाहर निकलते ही उन्होंने महंत पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई ।

प्रधानमंत्री ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि ठीक ऐसे समय जब कुछ विदेशी ताकतें हमारे देश की प्रगति से चिढ़कर हमें कमजोर करने में लगी हुई है, हम सब को एकजुट होकर उनका मुकाबला करना चाहिए एवं उनके इरादों को विफल कर देना चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि बीते दिनों राज्यसभा के एक सदस्य ने लंदन के एक गुरुद्वारे में बोलते हुए पंजाब के आतंकवादियों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों के इरादों को समझना चाहिए और उनसे सावधान रहना चाहिए।

छोटी बात ... बड़ा

बड़े नेता अपनी छवि बनाने के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च...

Punjab Sanjatan

नरसंहार की निंदा

(पृष्ठ 3 का शेष)

फगवाड़ा (अशोक): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात् कालीन बैठक आज यहां जिला संयोजक श्री महेश की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एक प्रस्ताव पारित करके मोगा गोली कांड की तीव्र निन्दा की गई तथा मांग की गई कि पंजाब समस्या सुलझाने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए जाएं ।

राजीव व बूटा सिंह को हटाया जाए : अमृतसर (नि.स.): अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला द्वारा जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति में मोगा नरसंहार की तीव्र निन्दा की गई है । श्री बिल्ला ने कहा है कि रविवार को मोगा में 24 लोगों की हत्या के बाद आतंकवादियों के फरार हो जाने से स्पष्ट दिखाई देता है कि पंजाब की स्थिति अत्यधिक खराब है और सरकार के ये दावे खोखले हैं कि प्रदेश में स्थिति पर काबू पा लिया गया है । उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड से पंजाब के राज्यपाल तथा भारत के प्रधानमंत्री के ये दावे भी झूठे साबित होते हैं कि आतंकवादी भाग रहे हैं ।

श्री बिल्ला ने कहा है कि अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन से आग्रह करती है कि वे प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहें या उन्हें बर्खास्त कर दिया जाए क्योंकि वे देश और विशेष रूप से पंजाब में कानून व व्यवस्था की बिगड़ रही स्थिति पर काबू पाने में विफल रहे हैं ।

अमृतसर (कमलेश, नारंग): आर्य समाज बाज़ार श्रद्धानंद के प्रधान श्री लक्ष्मी नारायण श्रीधर व सचिव शास्त्री राजा राम ने मोगा नरसंहार की तीव्र निंदा की है तथा मृतकों के परिवारजनों को तुरन्त पांच-पांच लाख रुपए मुआवज़ा दिए जाने की मांग की है ।

पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेता एवं इंडो-पाक एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन श्री ओम प्रकाश अरोड़ा ने मोगा नरसंहार पर गहरा दुख अभिव्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को पत्र लिख कर मांग की है कि वह स्वयं पंजाब का दौरा करें व लोगों के टूटे हुए मनोबल को ऊंचा करने के लिए आतंकवाद को लौह हाथों से कुचलें ।

बटाला (चौधरी): मोगा नरसंहार के विरुद्ध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बटाला के कार्यकर्त्ताओं की बैठक श्री तिलक राज अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें इस कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में इस कांड के लिए केन्द्र को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसने राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के बार-बार अनुरोध के बावजूद उग्रवाद को कुचलने के लिए पंजाब के उग्रवाद से पीड़ित क्षेत्रों में सेना को नियुक्त नहीं किया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया । दलबीर चन्द ने एक आतंकवादी को पकड़ लिया । दूसरे आतंकवादी ने दलबीर चन्द पर गोली चला दी, जिससे दलबीर चन्द घायल हो गया । शोर मच जाने पर आतंकवादी भाग गए । कावल सिंह ने अपने मकान की छत से आतंकवादियों पर फायरिंग भी की ।

संदिग्ध युवक गिरफ्तार : फगवाड़ा (नि.स.): आज तड़के फगवाड़ा पुलिस ने स्थानीय मटियारपुरा मोहल्ला में छापा मार कर तीन संदिग्ध नौजवानों को हिरासत में ले लिया । इसी मध्य पुलिस ने कल चोरों के एक गिरोह के तीन सदस्य भी गिरफ्तार किये हैं ।

अहाता कर्मी की हत्या : राजपुरा (मासूम): गत दिवस यहां से 14 कि.मी. दूर मानकपुरा में एक शराब के ठेके के अहाते पर काम करने वाले बोध राज नामक व्यक्ति की हत्या कर दिये जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि कि बोध राज अहाते की छत पर सोता था । सुबह देखा तो वह छत पर मौजूद नहीं था । वह नीचे अहाते के सामने मरा पड़ा था । समझा जाता है कि उसकी हत्या किसी कुन्द हथियार से की गई है । हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चला ।

एक की हत्या : गत रात गुरदासपुर जिले में चीना रेलवाला गांव में एक व्यक्ति चिलोक सिंह की हत्या कर दी गई ।

12300 रुपए लूटे : जैतो (स): कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बचित्तर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे बंदूक की नोक पर 12300 रुपए नकद तथा उसकी लाइसैंस वाली बंदूक और 20 कारतूस छीन लिये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बी.एस.एफ. जवान को आतंकवादियों ने नहीं मारा : जालंधर : सीमा सुरक्षा बल पंजाब फ्रंटियर के सहायक निदेशक श्री बी.बी. अग्रवाल ने कहा है कि आतंकवादियों द्वारा एक बी.एस.एफ. जवान के मार जाने और उसका गोलियों से छलनी शव बरामद होने के संबंध में प्रकाशित समाचार गलत है । श्री अग्रवाल ने एक वक्तव्य में कहा है कि यह बात सच है कि कांस्टेबल अमरजीत सिंह का शव अमृतसर में ब्यास थाना के अंतर्गत गांव उमरानंगल के पास बरामद हुआ है, मगर आतंकवादी घटना नहीं है । उन्होंने बताया कि कांस्टेबल किसी वाहन से कुचला गया था । उन्होंने कहा कि मृतक कांस्टेबल पंजाब में कहीं पर भी तैनात नहीं था या तो वह छुट्टी पर आया था या फिर बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त हो चुका होगा ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जालन्धर से न.स.ए. के अनुसार आज रात्रि 8.30 बजे उग्रवादियों ने रायपुर राइयां में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उनके शव फिल्लौर से नवांशहर जाने वाली सड़क से मिले हैं । उनके नाम गुलशन कुमार और राज कुमार हैं । इन शवों की शिनाख्त मृतकों के ड्राइविंग लाइसैंसों से हुई । शवों के निकट से ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल के खोल मिले हैं ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा बड़ा भाई **देव राज** पुत्र श्री बिशन दास, निवासी सरसा, दिमागी परेशानी के कारण 14 जून, 1989 से घर से लापता है । उनका कद 5'-7", रंग गेहुंआ है । घर पहुंचाने वाले को या सूचना देने वाले को 500/- शुक्राना दिया जाएगा ।

लाल चंद

गुमशुदा की तलाश

प्रिय बिट्टू, (अश्विनी महाजन) तुम जहां भी हो, तुरन्त घर चले आओ क्योंकि तुम्हारी मां सख्त बीमार है । तुम्हारी इच्छा पूरी की जाएगी । बिट्टू का पता बताने वाले को भी उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कृष्ण चन्द मल्होत्रा,

धीं बांध

(पृष्ठ 3 का शेष)

धांधली कर जाते हैं क्योंकि बाहिर से गैस मंगवाने से अधिकारियों को लाखों रुपए की कमीशन मिल जाती है और जो गैस यहां आती है, सिलैंडरों में भी कम भरी जाती है । इस तरह इस परियोजना का प्रबन्ध-विभाग सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहा है ।

धीं बांध पर कार्यरत अधिकारियों की आपसी धड़ेबंदी के कारण भी इस परियोजना का काम प्रभावित हो रहा है । मज़दूर संगठन ने सरकार से आग्रह किया है कि इस धड़ेबंदी के कारण अगर मज़दूर संगठन के किसी नेता की मौत हो जाती है या वह अपंग हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी उक्त अधिकारियों पर होगी । संगठन ने सरकार से मांग की है कि अधिकारियों को इस बांध परियोजना से जल्दी से जल्दी हटाया जाए ।

संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ अधिकारी अपनी स्वार्थपरता के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य को लटकाते चले जा रहे हैं तथा अपनी आमदन बनाने हेतु किसी ईमानदार अधिकारी को यहां टिकने नहीं दिया जाता । अब से पहले इस परियोजना पर जितने भी ईमानदार अधिकारी आए, उन्हें इन अधिकारियों की चालों के कारण वापिस जाना पड़ा । इस संगठन ने आशंका व्यक्त की है कि इस बांध पर कार्यरत मेहनती और ईमानदारी इंजीनियर श्री गोयल को भी इन अधिकारियों की चालों का शिकार होना पड़ेगा ।

बांध पर चल रहे काम की गति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यह बांध इस शताब्दी में तो क्या, शायद कभी पूरा ही न हो, क्योंकि इस पर कार्यरत अधिकारी पूरी लगन से काम नहीं करते और इन अधिकारियों का आपसी तालमेल न होने के कारण ये एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है ।

इस समय बिजली की कमी को पूरा करने के लिए इस परियोजना को जल्दी से जल्दी पूरा करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस परियोजना के पूरा होने से दो लाख एकड़ भूमि बाढ़ की लपेट से बच जाएगी तथा आठ लाख एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा तथा छः सौ मैगावाट बिजली का उत्पादन होने की सम्भावना है ।

राजीव गांधी

(पृष्ठ 3 का शेष)

शुरू होगा । प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक योजनाएं केन्द्र व प्रदेशों वाली थी, जिसकी 85 प्रतिशत राशि भारी भरकम सरकारी मशीनरी पर खर्च हो जाती थी । जो 15 प्रतिशत राशि जिला व गांव स्तर तक पहुंचती थी, इसका बिचौलियों के कारण उपयोग नहीं हो पाता था ।

राजीव वीरबहादुर की मां से मिले : प्रधानमंत्री राजीव गांधी आज गोरखपुर में भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के निवास पर उनके परिवारजनों से मिलने गए । उनके साथ श्रीमती सोनिया गांधी भी थीं । श्री गांधी ने स्वर्गीय सिंह की 95 वर्षीया मां श्रीमती उदा सिंह से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी । उन्होंने और श्रीमती सोनिया गांधी ने स्वर्गीय सिंह की माता तथा पत्नी कमला सिंह और पुत्र फतेह बहादुर सिंह को आश्वासन दिया कि उन्हें हर सम्भव मदद दी जाएगी ।

असम बंद के दौरान 1
मारे गए

गुवाहाटी, 28 जून (ह.स.): बोडो आदिवासि द्वारा आहत 340 घंटे के असम बंद के दौरान पिछ 24 घंटों में कोकराझार और दारांग जिले में सोल व्यक्ति मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए । का आज तीसरा दिन था ।

शाम के भाव-(28 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली स्पाट 60.00, हिन्द मोटर 38.50, रिला 130.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6425, च डिलीवरी 6365, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6900, सोना बिट् (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, डिलिवरी : वनस्पति ए.पी. (प्रति टीन) 835-344, वनस्प हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 334-346, तेल सरसों टैंकर (प्र 10 किलो) 149.00, तेल मोयाबीन (प्रति 10 किलो) 17 मूंगफली तेल (10 किलो) 207, तिल तेल (10 किलो) 195, बिनौला (10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 15 तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 133, फैटी एसिड आय (क्विंटल) 1710, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 122.5 पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 255.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी. 318.50 (26/6), आंध्र सीमैंट 9.50, अपोलो टायर 79.5 एशियन होटल 54.00, बिदल एग्रो 97.50, डी.सी.एम. 60.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.25 (26/6), इंस्ट इंडिया होट 55.00, एस्कार्ट्स 68.00, एस्सर शिपिंग 23.75, स्पैशलिटीज 181.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 120.00, गुजरात नर्म 38.00, एच.एम.एम. लि. 199.00, हीरो होंडा 23.00, हिन्द एल्यूमीनियम 295.00, हिन्द. लीवर 94.50, हिन्द मोट 38.50, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 90.00 (26/6), इंडियन रेय 84.00 (26/6), जे.के. इंडस्ट्रीज 95.00, जे.के. सिंथैटि 76.25 (26/6), जे.सी.बि. स्पोर्ट 111.00, कैल्वीनेटर आ इंडिया 193.00, लार्सन एंड टुब्रो 90.00, एल.एम.एल. लि 18.25, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/6), मालवा काट 83.00, मोदी रबड़ 85.00 (26/6) मोहन मीकिन्स 11.2 (16/6), ओरके सिन्थ मिल्स 20.37, ओसवाल एग्रो 73.00 रिलायंस इंडस्ट्रीज 130.50, श्रीराम फाइबर्स 85.00 (23/6 सदर्न पैट्रो 53.00, टैल्को 885.00, टिस्को स्पोर्ट 1450, वे आर्गेनिक 167.00, अपोलो ट्यूब 8.50 (1/6), बम्बई बनास्पी 25.00 (23/6), अंसल हाउसिंग 21.00 (21/6), एबी बैंमकल पंजाब 18.75, बम्बई टायर 59.00 (26/6), बिहा अलौय 40.00 (16/6), भारत सीट् 22.25 (16/6), भारत स्ट्रिप्स 8.00 (22/5), डेल्टन कैबल्स 55.00 (15/6) आइशर ट्रैक्टर 86.00, आइशर मोटर 11.00 (21/6), इलैक्ट्र इंडिया 68.00 (20/6), गुजरात क्लोरो कैमिकल 11.75 (26/6), गुजरात हैवी कैमिकल 10.75 (21/6), गुजरात अम्ब सीमैंट 15.75, गोयट्ब इंडिया 78.00 (26/6), गुडईयर इंडिया 103.00 (20/6), हरियाणा पैट्रो 15.00, इंडो गल्फ फर्टी 16.50 (26/6), इस्पात प्रोफाइल्स 17.50 (16/6), इंडियन अल्यूमीनियम 136.00 (16/6), इस्पात अलायज 44.00, आई.टी.सी. 114.50 (22/6), जे.टी.सी. 51.00, जगतजीत इंडस्ट्रीज 103.00 (16/6), जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 14.00 (12/6), जमना आटो 25.00 (23/6), मोदी सीमैंट 6.50, मंगलम टिम्बर 12.00 (26/6), मोदी कैंम्पयन 13.00 (20/6), नहर स्पिनिंग 282.00 (21/6), ओसवाल एग्रो फ्यरेन 46.00, प्रकाश पाइप 50.50, प्रकाश ट्यूब 45.50, रनबैक्सी लैब. 100.00 (20/6), राठी उद्योग 36.00 (26/6)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6420, चांदी डिलीवरी 6360, चांदी गद्दी 6335, चांदी कच्ची 6460, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6900, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टूर 3050-3060, सोना स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3020, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अनौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 351, निकल प्लेट 405-415, जस्ता 52.00, गन मैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 87.00, ताम्बा रॉड 90.00, ताम्बा तार फूट 74.00, चदरी पीतल 55.00, पीतल चादर कतरन 58.00, पीतल भरत फूट 52.00, पीतल पुर्जा फूट 52.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.00, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-59, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.25, अल्यूमीनियम रॉड 50.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 40.00, अल्यूमीनियम तार फूट 43.00 रुपए ।

Punjab Sanatan

व इंका नेता सहित 6 की हत्या

एक आतंकवादी मारा गया : टांगरा गांव में दुकानदार का अपहरण

रोडवेज़ की बस जला दी : रेलवे लाईन उड़ाने की कोशिश

चंडीगढ़, 29 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के दो अधिकारियों व सी.आर.पी. के एक हैड-कांस्टेबल और कांग्रेस (इ) के एक नेता सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, एक दुकानदार का अपहरण कर लिया गया तथा पंजाब रोडवेज की एक बस जला दी गई तथा अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाईन को उड़ाने की कोशिश की गई ।

2 बी.एस.एफ. अधिकारियों की हत्या: कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के मंड में गांव हुसैनपुर बुल्ले के निकट गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से लैस घात लगाए छिपे बैठे 5-6 आतंकवादियों ने जीप में गश्त करके वापस आ रही बी.एस.एफ. की पार्टी पर अचानक अंधाधुंध फ़ायरिंग करके बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर श्री तीर्थ राम तथा सब-इंस्पैक्टर श्री गोरू राम की हत्या कर दी तथा जीप चालक एम.ई. जार्ज को घायल कर दिया । फ़ायरिंग के दौरान जीप नियंत्रण में न रहने के कारण लुढ़क गई । जीप में बैठे बी.एस.एफ. के चार जवान घायल होने से बच गए तथा उन्होंने जवाबी फ़ायरिंग की । लगभग एक घंटा मुठभेड़ जारी रही । इस मध्य अंधकार का लाभ उठा कर आतंकवादी भागने में सफल हो गए । इस घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । मंड को घेर कर तलाशी का क्रम आरंभ है । यह वारदात दुर्दांत आतंकवादी निशान सिंह के गिरोह की ओर से की गई बताई जाती है । घायल जीप चालक की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

ग्रंथी व सेवादार की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने गत रात थाना मेहता चौक के अंतर्गत गांव अर्जन मंगा में गरुद्वारे के ग्रंथी हरि सिंह व सेवादार जोगेन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मजीठा पुलिस जिले के प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि आतंकवादियों ने ग्रंथी और सेवादार को गरुद्वारे से बाहर निकाल कर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारीं । दोनों की मौका पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 16 खाली कारतूस मिले ।

बस जला दी : आतंकवादियों ने कल शाम अमृतसर जिले के खेमकरण क्षेत्र से पंजाब रोडवेज़ की एक बस का अपहरण करने के बाद उसे जला डाला । पुलिस ने बताया कि चीनी असाल्ट राइफलों व छोटे हथियारों से लैस आतंकवादियों का गिरोह बोपाराय गांव के निकट से बस में सवार हुआ । यह बस खेमकरण जा रही थी । आतंकवादियों ने चालक को एक सम्पर्क मार्ग पर बस रोकने पर मजबूर कर दिया । इसके बाद उन्होंने बस में सवार 55 यात्रियों को बस से उतार दिया व खाली बस फूंक डाली । बस बुरी तरह जल गई । किसी यात्री को कोई हानि नहीं पहुंची । आतंकवादियों ने यात्रियों से कहा कि उनके साथ उनकी कोई दुश्मनी नहीं है ।

हैड-कांस्टेबल व आतंकवादी मारा गया : आज बाद दोपहर पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव सरगा के निकट एक मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक हैड-कांस्टेबल तथा एक आतंकवादी मारा गया । यह मुठभेड़ तब हुई जब सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर एक फार्म हाऊस में छिपे बैठे आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया ।

सी.आर.पी. के मारे गए हैड-कांस्टेबल की शिनाख्त पीटर टोपनो के रूप में हुई है । फार्म हाऊस की तलाशी लेने पर सुरक्षा बलों को 250 से अधिक अनचले कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 2 मैगज़ीन व एक हथगोला मिला ।

आधिकारिक सूचना के अनुसार दोष आतंकवादी सी.आर.पी. के मारे गए हैड-कांस्टेबल की स्टेनगन तथा वायरलैस सैट लेकर फरार हो गए ।

इंका नेता की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि कांग्रेस (इ) के नेता और सरपंच महावीर सिंह को अमृतसर के निकट बेरका में उनके घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 3 थी ।

रेल लाइन से बम मिला : सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी ने आज रात्रि अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाईन पर रखा हुआ एक बम बरामद किया । बम को निष्क्रिय कर दिया गया ।

बताया गया है कि उग्रवादियों की रेलवे लाईन को बम विस्फोट से उड़ा देने की योजना थी ।

दुकानदार का अपहरण : आज प्रातः थाना जंडियाला गुरु के अंतर्गत गांव टांगरा में आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक दुकानदार गुरचरण सिंह का उसकी दुकान से अपहरण कर लिया ।

6 कट्टर आतंकवादी गिरफ़्तार : आज अमृतसर जिला के तरनतारन क्षेत्र में भिड़ियाला टाइगर फ़ोर्स के छः कट्टर आतंकवादियों को गिरफ़्तार किया गया । तरनतारन जिला पुलिस चीफ़ श्री बलदेव सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि इन आतंकवादियों को यह गुप्त सूचना मिलने पर गिरफ़्तार किया गया कि वह खालिस्तान की स्थापना तथा जघन्य अपराध करने के लिए लोगों से ज़बरदस्ती धन इकट्ठा कर रहे हैं । इनके नाम बिरसा सिंह, मंगल सिंह, बलराज सिंह उर्फ़ प्यारा सिंह, सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा, जसबीर सिंह उर्फ़ हीरा तथा जसबीर सिंह उर्फ़ घग्गी हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जालंधर (वि.प्र.): गत रात्रि जिला जालंधर के थाना फिल्लौर के अंतर्गत गांव रायपुर राइयां के निकट आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने मृतकों के नाम गुलशन कुमार तथा राज कुमार बताए हैं । यह दोनों अपने घर को लौट रहे थे कि आतंकवादियों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और उन पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर उन्हें मार डाला ।

लुधियाना से 'मुसाफिर' की सूचना के अनुसार गुलशन कुमार तथा राज कुमार शाल बनाने का काम करते थे । आतंकवादी उनकी हत्या करके उनका स्कूटर लेकर भाग गए थे । यह दोनों लखन बाजार में काम करते थे और मुहल्ला बांदियां में रहते थे । इन दोनों का आज अंतिम संस्कार कर दिया

अगरतला रेलवे स्टेशन पर गत दिवस गाड़ी के शौचालय में बम विस्फोट हुआ जिससे शौचालय तथा संलग्न डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए । (1) क्षतिग्रस्त शौचालय का चित्र । इस विस्फोट में घायल होने वाले हैं (2) मधु, (3) बलबीर सिंह, (4) आजाद, (5) ललन प्रसाद, (6) लवलेश कुमार, (7) मतंगी और (8) तीन साल की जमुना । (छाया : काम्बोज)

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह तथा गृह राज्यमंत्री श्री पी. चिदम्बरम राजभवन में पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे के साथ एक उ की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । इस बैठक अधिकारियों ने भी भाग लिया । पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार आयुक्त श्री आर.पी. ओझा, वित्त आयुक्त (गृह) श्री एस.एल. कपूर त श्री के.पी.एस. गिल भी बैठक में मौजूद थे

पंत को अमरीका ने अत्यन्त गोपनीय अत्याधुनिक अस्त्र दिखाए

वाशिंगटन, 29 जून (वार्ता): अमरीका ने भारत के रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत और उनके साथ यहां आए उच्च स्तरीय सैनिक प्रतिनिधिमंडल को अपने अति गोपनीय माने जाने वाले अत्याधुनिक हथियार दिखाए हैं । इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच गत ही में शुरू हुए सहयोग को बढ़ाने में उसकी रुचि प्रकट मिलता है ।

जानकारों के अनुसार श्री पंत और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को जो हथियार दिखाए गए हैं, वे अमरीकी शस्त्रागार के हीरे हैं । यहां तक कि देश के कई सैनिक अधिकारियों को भी इनके बारे में जानकारी नहीं है । श्री पंत ने अमरीकी रक्षा संस्थानों के तीन दिन के दौरे से कल रात यहां लौटने के बाद कहा कि उनकी यात्रा व्यावसायिक तौर पर काफी कामयाब रही । उन्होंने बताया कि अमरीका ने हवाई प्रणालियों के विकास में भारत के साथ सहयोग की इच्छा व्यक्त की है ।

श्री पंत ने रक्षा सचिव नरेश चन्द्र, प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डा. एस. अरुणाचलम, एयर मार्शल एन.सी. सूरी, चीफ़ ऑफ़ नैट जनरल वी.के. सूद और वाइस एडमिरल एस.सी. सरदा के साथ अमरीकी अटलांटिक कमांड और उत्तर अमरीकी एयरोस्पेस रक्षा कमान के मुख्यालय तथा एयर फ़ोर्स एकेडमी का दौरा किया । प्रतिनिधिमंडल को तारापोर, कार्लीनिया में अमरीका के अटलांटिक दस्ते के मुख्यालय में परमाणु पनडुब्बी 'विन्सकम्ब' और 'स्पीकर' इंस्ट्रक्टर भी दिखाई गई ।

श्री पंत और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य 24 जून को नई दिल्ली से यहां पहुंचे थे । श्री पंत यहां अमरीकी रक्षा मंत्री तथा राष्ट्रपति बुश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ब्रेन्ट स्कोक्राफ्ट और उपराष्ट्रपति डेन क्वेल से मुलाकात करेंगे । विदेशमंत्री जेम्स बेकर से भी उनकी बातचीत होगी ।

रक्षा मंत्री ने इस बात के लिए अमरीका की तारीफ़ की कि उसने गोपनीय सैनिक संस्थान दिखाये और उनके सवालों का जवाब दिया ।

अमरीका द्विविधा में : लंदन : अमरीका इस समय असमंजस में है कि वह भारत को प्रक्षेपास्त्र की जांच करने की प्रणाली दे या नहीं क्योंकि अमरीकी खुफ़िया विभाग को आशंका है कि भारत इसका उपयोग अपने परमाणु कार्यक्रमों में कर सकता है ।

समाचार पत्र 'इंडीपैंडैंट' ने वाशिंगटन से अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत द्वारा हाल ही में 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र के प्रक्षेपण का सफल परीक्षण किए जाने को देखते हुए इस प्रणाली की बिक्री पर पाकिस्तान की प्रतिकूल प्रतिक्रिया अवश्यम्भावी है ।

12 लाख डालर (192 लाख रुपए) लागत की इस प्रणाली का प्रक्षेपास्त्र के पुर्जों की दबाव सहने की क्षमता की जांच करने में उपयोग किया जाता है । रिपोर्ट में बुश प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान को यह सबूत देना होगा कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम से संबंधित कुछ प्रक्रियाओं को रोकने को तैयार है, तभी अमरीकी संसद 1990 के लिए उसे 40 करोड़ डालर (640 करोड़ रुपए) की सैनिक और आर्थिक सहायता की मंजूरी देगी ।

भारत से पाक जासूस वापस बुलाए गए ?

नई दिल्ली, 29 जून (वा.) : पाकिस्तान के एक दैनिक समाचार पत्र का दावा है कि वहां की जासूसी संस्था 'इंटर सर्विसेज इंटेलिजैंस (आई.एस.आई.) की भारत में गतिविधियों को समाप्त कर दिया गया है और भारत से जासूसों को वापस बुला लिया गया है ।

उर्दू दैनिक 'नवा-ए-वक्त' के सहयोगी प्रकाशन 'द नेशन' समाचार पत्र ने लिखा है कि आई.एस.आई.' के महानिदेशक लैफ्टीनैंट जनरल हमीद गुल को 25 मई को हटाने के बाद से गुप्तचरों का मनोबल गिरा है । पत्र के अनुसार आई.एस.आई.' के गुप्तचरों को चिन्ता है कि उनके रिकार्ड भारत की गुप्तचर संस्था 'रा' के हाथ लग सकते हैं ।

'द नेशन' ने लिखा है कि लैफ्टीनैंट जनरल गुल को इसलिए हटाया गया था कि उन्होंने भारत में गुप्तचर गतिविधियों को तुरन्त बंद करने के आदेश का यह कहते हुए विरोध किया था कि जब तक भारत सिंध में अपनी तोड़-फोड़ की कार्रवाइयां बन्द नहीं करेगा, वह आदेश का पालन नहीं कर सकते ।

लैफ्टीनैंट जनरल गुल को हटाने का दूसरा कारण यह था कि उन्होंने 'प्लेसमैंट ब्यूरो' (भारत के रोजगार एक्सचेंज की तरह) द्वारा अनुशंसित कुछ लोगों को भर्ती करने से मना कर दिया था क्योंकि इन लोगों की सुरक्षा संबंधी जांच-पड़ताल नहीं की गई थी । जनरल गुल को डर था कि इनमें कुछ भारत के एजैंट हो सकते हैं । अखबार की इस रिपोर्ट का पाकिस्तान सरकार ने खंडन किया है ।

रिपोर्ट में जनरल गुल को अत्यन्त देश भक्त, धार्मिक और चतुर बताया गया है और प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो की कार्रवाई को राष्ट्रीय हित के विरुद्ध कहा गया है । अखबार में लिखा है कि 'ज्यादा भौगोलिक, राजनीतिक हालात के मद्देनजर आई.एस.आई.' को निष्प्रभावी करना राष्ट्रीय त्रासदी हो सकती है ।

श्रीलंका सरकार व लिट्टे का समझौता राजीव की नीतियों पर तमाचा : देवी लाल

अमृतसर, 29 जून (वि.प्र. वा): हरियाणा के । साथ समाप्त हो गया था । बाद में असम समझौता

15 अगस्त से देवी लाल सरका न्याययुद्ध शुरू किया जाएगा :

कैथल, 29 जून (ठकराल): हरियाणा कांग्रेस (इ) की पहली विशाल जनसभा आज स्थानीय नई अनाज मंडी में हुई । इस रैली में राज्य भर से एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए । यह एक तरह से लघु समस्त हरियाणा था, जहां पर विभिन्न जातियों के वर्गों के लोगों ने भाग लिया। लोगों में भारी उत्साह था, लोग प्रातः 6 बजे से ही ट्रकों, कारों तथा ट्रैक्टर ट्रालियों में झूमते नाचते आए ।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौ. भजन लाल तथा कांग्रेस के अनेक भूतपूर्व मंत्रियों एवं विधायकों ने श्री सूर्जेवाला के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि 15 अगस्त, 1989 तक चौ. देवी लाल सरकार में फैला भ्रष्टाचार समाप्त न हुआ तो 16 अगस्त से न्याय-युद्ध शुरू किया जाएगा । प्रस्ताव विशाल जनसमूह के सामने प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि राज्य के मंत्री एवं विधायक लगातार पूंजी जुटाने में लगे हुए हैं । विशेष रूप से चौ. देवी लाल परिवार इस दिशा में सब से आगे चल रहा है । उन्होंने चुनौती भरे शब्दों में कहा कि अगर इसे रोका न गया तो 16 अगस्त से चौ. देवी लाल जहां भी जाएंगे, उनका घेराव किया जाएगा । उन्होंने कहा कि बाद में विधान सभा का घेराव भी किया जाएगा । इसके बाद दिल्ली में एक विशाल प्रदर्शन करके राष्ट्रपति को आपत्ति दिया जाएगा जिसमें मांग की जाएगी कि चौ. देवी लाल के घपलों की जांच की जाए । विशाल जनसमूह ने इन प्रस्तावों का तालियां बजाकर स्वागत किया ।

इस सभा को केन्द्रीय कृषि मंत्री चौ. भजन लाल ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि वे चौ. देवी लाल के विरुद्ध खड़े हुए हैं । उन्होंने चौ. देवी लाल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य की बागडोर उनके लड़के के हाथों में है तथा वे दोनों हाथों से हरियाणा के लोगों को लूट रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिल सरकार आई तो वह

इस सफल रैली तारा सिंह, रोशन लाल मलिक, देवेन्द्र शर्मा राजेन्द्र शर्मा, मांगे सिंह, ईश्वर सिंह, र तथा श्रीमती श्यामा लोकदल नेता श्री बा पर आकर कांग्रेस में

कैथल के इतिहा आज तक नहीं हुई । स्थान पर चौ. बंसी भी गांव में जाकर रैली आने वाला समय ही पाते हैं ।

नेपाल का भा स्तर पर

काठमांडो, 29 साथ विदेशमंत्री स प्रस्ताव किया है । शैलेन्द्र कुमार उपाध में जन-महत्व के उन्होंने कहा कि नेप शीघ्र निश्चित करने भी तारीख निश्चित

राव का पत्र

द्विपक्षीय सम्बन्धों महत्वपूर्ण पहलुओं पर पर दो टूक और खुली है ।

हॉकरों की हत्या का उद्दे व्यक्ति की स्वतंत्रता का ग

नई दिल्ली, 29 जून : देश के 11 प्रमुख नागरिकों ने एक बयान में कहा है कि आतंकवादियों द्वारा हाल ही में हिन्द समाचार पत्र समूह के कुछ हॉकरों की हत्या की गई है । स्पष्ट है कि यह लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटना चाहते हैं जो कि हमारे लोकतांत्रिक जीवन की एक मूल्यवान प्रतिबद्धता है । आज यदि एक समाचार पत्र के साथ यह निर्घात है तो कल को दूसरे किसी समाचार पत्र के साथ भी ऐसा हो सकता है । इसको सहन नहीं होने दिया जाना चाहिए । सरकार और समाज को इस घृणित इरादे पर रोक लगानी चाहिए ।

बयान में कहा गया है कि मोगा में निर्दोष नागरिकों की हत्या से हमें बड़ा दुख हुआ है । इस जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में भर्त्सना की जानी चाहिए । पीड़ित परिवारों के साथ हमें हार्दिक सहानुभूति है, जिनके शब्दों द्वारा सांत्वना नहीं दी जा सकती । इन हत्याओं से यह तथ्य सामने आता है कि प्रशासन के लम्बे चौड़े दावों के बावजूद हत्यारों पर कोई नियंत्रण नहीं किया जा सका है । सभी पंजाबी चाहे वह सिख हो या हिन्दू, असुरक्षा की भावना का शिकार हैं । न ही उनका जीवन और न ही सम्मान सुरक्षित है ।

बयान में कहा गया है कि यह संतोष की बात है कि मोगा तथा सारे राज्य के नागरिकों ने आतंकवादियों के इ साम्प्रदायिक भावना भड़कावट में नहीं आ आतंकवादियों को हिन्दू और सिख अब बर्बर हत्याओं का मह कोई विश्वास नहीं

बयान पर हस्ता मार्कण्ड अर्जुन सिंह, राजेंद्र सच्चर, पत्रकार अमरीक सिंह, भूतपू शिक्षाविद डाक्टर ए कृष्णकांत, पत्रकार आई.पी.एस. (रिटाय के भूतपूर्व उपाध्यक्ष

अफगानिस्ता 'शस

चमचून, 29 जहां 11 वर्ष से गृ सैन्य शस्त्रों को लि सिद्ध हो रहा है मंत्रालय का वक्तव्य कार्रवाई में नगर स्टिंगर मिजाइल रा है । इस समय ज स्पेनी, पाकिस्तानी, देशों के शस्त्रों की है ।

भारत 'क परिषद

कोलम्बो, 29 1989-90 के लि नया अध्यक्ष चन लि एल.एल. मेहरोत्रा संगठन के सर्वसम्मि

'शहरी स्थानीय निकायों को ज्यादा अधिकार देने की मांग

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता): शहरी स्थानीय निकायों के बंगलूर, कटक और दिल्ली में हाए क्षेत्रीय सम्मेलनों में चार हजार से ज्यादा प्रतिनिधियों में से अधिकांश ने इन निकायों को अधिक अधिकार देने की मांग की है ।

केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मोहसिना किदवई ने कल यहां अपने मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि इस बात पर आम राय थी कि महापौर और चेयरमैन के चुनाव सीधे चुनाव आयोग

Punjab Satan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लड़की बाल-बाल बची : एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने थाना गोराया के गांव चनेटा में एक लड़की जितेन्द्र कौर पर गोली चलाई, जोकि अपने घर के बाहर खड़ी थी । आतंकवादियों का निशाना चूक गया तथा लड़की बच गई । गोली की आवाज़ सुन कर उसके पिता केवल सिंह ने घर की छत से गोली चलाई, जिस पर आतंकवादी भाग निकले ।

लाश मिली : धूरी से जैन के अनुसार मालेरकोटला के निकट गांव बरकतपुरा के एक युवक असलम, जिसकी गुटबंदी के कारण कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी, की लाश नहर में से बरामद की गई है ।

कार बरामद : मोगा (स): एक मारुति कार नम्बर पी.बी.एल. 1600 जिसे कुछ दिन पूर्व जिला संगरूर में बरनाला से कुछ लोग इसके ड्राइवर समेत जबरस्ती ले गए थे, जालन्धर पुलिस ने बरामद कर ली है परन्तु इसके ड्राइवर का कुछ पता नहीं चला ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरतेज सिंह तथा बिक्कर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ गोली सिक्का बरामद किया ।

कपूरथला पुलिस ने एक आतंकवादी सेवा सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक 303 का पिस्तौल बरामद किया गया ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में से जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने फतेहगढ़ चूड़ियां से आ रहे एक ट्रक को काबू करके उसमें से 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. गोविंदराम ने बताया कि यह सभी आतंकवादी के.सी.एफ. आतंकवादी संगठन के गुरजंट सिंह राजस्थानी गुट से संबंधित हैं । इनकी शिनाख्त धीरा, कश्मीर सिंह, काला, जरनैल सिंह (सभी गांव कलानौर), राजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू (शिकार माशियां), मलक सिंह (जोगी चीमा) छिन्दा (पटरू चक्क) बिट्टू (चीमा खुर्द्दी) व कश्मीर सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से 5 पिस्तौलें, तीन आधुनिक स्टेनगनें, लगभग 80 कारतूस, एक शक्तिशाली बूबी ट्रैप बम, एक ए.के. 47 राइफल का भरा हुआ मैगजीन और अलग-अलग स्थानों से लूटे हुए लगभग 15 तोले सोने के आभूषण, 5 कलाई घड़ियां और अन्य कीमती सामान बरामद हुआ है । ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है । श्री गोविन्द राम के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने पुलिस के समक्ष लगभग एक दर्जन हत्याएं, लूटमार, बलात्कार, हथियार छीनने तथा फिरौतियां बटोरने की वारदातें करना स्वीकार किया है । यह वारदातें दीनानगर, थाना सदर गुरदासपुर, कहनुवान व बटाला के अलग-अलग क्षेत्रों में की गई थीं ।

मोगा गोली कांड का एक और घायल चल बसा : मोगा (बांसल): मोगा गोली कांड के एक और घायल 16-17 वर्षीय युवक अमन कुमार की आज दयानन्द मैडीकल कालेज लुधियाना में मृत्यु हो गई । उसे पहले सी.एम.सी. में दाखिल करवाया गया था । अमन कुमार जिला फरीदकोट में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संचालक जगदीश राय बांसल का भतीजा था ।

पुलिस जिला बटाला की पुलिस ब बी.एस.एफ. ने गत दिवस नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार करके शस्त्र, स्वर्णाभूषण और अन्य कीमती सामान बरामद किया । (छाया : कोछड़)

बिजली बंद रहेगी

होशियारपुर, 29 जून (अश्विनी): 11 के.वी. माडल टाऊन फीडर होशियारपुर की मुरम्मत के कारण 1 जुलाई को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक सुभाष नगर, बिशम्भर नगर, माडल टाऊन, हीरा कालोनी, बस्सी ख्वाज, नई आबादी, कमेटी बाजार, बहादुरपुर चौक आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी ।

BUY—SHOPS
IN

फिल्लौर के पास उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) राज कुमार और (2) गुलशन कुमार । इनसैट में दोनों के पुराने चित्र । (छाया : खन्नाबोज)

मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन 7 जुलाई को

चंडीगढ़, 29 जून (वि.प्र.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने सात जुलाई को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की कांफ्रैंस बुलाई है, जिसमें पंचायतों व नगर पालिकाओं को ज्यादा अधिकार देने के मामले पर विचार-विमर्श होगा । याद रहे कि इस मामले को लेकर श्री राजीव गांधी इससे पहले पंचों, सरपंचों, पालिका आयुक्तों तथा कार्यकारी अधिकारियों की कई कांफ्रैंसें कर चुके हैं ।

मोगा में संघ की शाखा पर हमला एक सुनियोजित षड्यंत्र था : विश्वनाथ

अमृतसर, 29 जून (कमलेश): आज यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं ने हिन्दू-सिखों से मिलकर रहने का आग्रह किया । संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ ने कहा कि जो तत्व इन दोनों में दरार डालने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें विफल कर दिया जाए । उनके साथ संघ के मंडल प्रचारक श्री अशोक प्रभाकर भी थे ।

उन्होंने कहा कि मोगा हत्या कांड में दो सिख भगवान सिंह और प्रभजोत सिंह भी शहीद हुए, जबकि एक अन्य सिख हरभजन सिंह घायल होकर अस्पताल में है । उन्होंने कहा कि पंजाब में संघ के अधिकारियों में लगभग आधा दर्जन सिख हैं ।

मोगा-हत्या कांड का उल्लेख करते हुए श्री विश्वनाथ ने कहा कि मोगा में संघ-शाखा पर हमला सोची-समझी योजना के अनुसार किया गया । हमलावर दो आतंकवादियों में से एक ने संघ की वर्दी पहन रखी थी यानी नेकर-कमीज, जबकि दूसरे ने पैंट पहन रखी थी । नेकर वाला गोलियां भरकर दे रहा था और पैंट वाला चला रहा था ।

श्री विश्वनाथ ने बताया कि दो जुलाई को मोगा में प्रादेशिक शोकसभा होगी, जिसमें संघ के वरिष्ठ अधिकारी श्री भाऊराव देवरस तथा भाजपा प्रधान श्री एल.के. अडवानी भी शामिल होंगे, जबकि पंजाब के सभी संघ तथा भाजपा नेता भी शामिल होंगे । अन्य पार्टियों के नेता भी भाग लेंगे । उसके बाद साढ़े चार बजे शहीदों की अस्थियां हरिद्वार को रवाना की जाएंगी । अस्थियों का जलूस साढ़े दस बजे जगराओं, 12 बजे मुल्लापुर, 12/45 बजे लुधियाना, 1.45 बजे साहनेवाल, 2 बजे दोराहा, अढ़ाई बजे खन्ना, साढ़े तीन बजे मंडी गोबिन्दगढ़, चार बजे सरहिन्द, साढ़े पांच बजे राजपुरा, सात बजे अम्बाला, साढ़े सात बजे अम्बाला छावनी पहुंचेगा । रात को अस्थियां अम्बाला छावनी में रहेंगी । तीन जुलाई को अस्थियां प्रातः पांच बजे अम्बाला छावनी से रवाना होंगी और यमुनानगर, जगाधरी, सहारनपुर तथा रुड़की होती हुई साढ़े दस बजे हरिद्वार पहुंच जाएंगी, जहां उन्हें गंगा जी में प्रवाहित किया जाएगा ।

श्री विश्वनाथ ने कहा कि मोगा में सी.आर.पी.एफ. की भूमिका बहुत खराब रही । सूचना मिलने के बावजूद वह आतंकवादियों का पीछा न कर सके ।

श्री विश्वनाथ ने संघ के कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया कि वे कथापि उत्तेजित न हों और शांति बनाए रखें । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति "फूट डालो और राज करो" की है, वरना आज तक पंजाब समस्या हल हो जाती । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार में अन्तर समाप्त हो चुका है । आकाशवाणी और दूरदर्शन संघ के विरुद्ध निराधार प्रचार जारी रखे हुए हैं । कांग्रेस स्वयं साम्प्रदायिकता फैलाती है और आरोप हम पर लगाती है । उन्होंने कहा कि संघ की शाखाएं यथापूर्व लगती रहेंगी तथा समाज व देश की एकता का काम करती रहेंगी ।

सोनी के अनुसार श्री विश्वनाथ ने कहा कि संघ की शाखा पर हमला एक सुनियोजित षड्यंत्र था, जिसके अन्तर्गत विघटनकारी शक्तियां तनाव उत्पन्न करके पंजाब में साम्प्रदायिक दंगों की उम्मीद लगाए बैठी थीं, परन्तु हमने ऐसी उत्तेजनात्मक कार्रवाई के बावजूद संयम नहीं खोया और आतंकवादियों के इरादे सफल नहीं होने दिए । उन्होंने कहा कि संघ न तो साम्प्रदायिक है और न किसी साम्प्रदायिक दल विशेष कर शिवसेना या हिन्दू शिव सेना जैसे साम्प्रदायिक संगठनों से उसका कोई सम्बन्ध ही है ।

श्री विश्वनाथ ने कहा कि यह एक कठोर सत्य है कि किसी बुराई को समाप्त करने अथवा उसका मुकाबला करने के लिए बलिदानों की आवश्यकता पड़ती है । संघ ने अपने 19 कार्यकर्त्ताओं का बलिदान दिया है । देश की एकता तथा आपसी भाइचारा बनाए रखने के लिए यदि संघ को और भी बलिदान देने पड़ें, तो हम संकोच नहीं करेंगे ।

श्री विश्वनाथ ने बताया कि मोगा हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलियां अर्पित करने के लिए दो जुलाई को संघ पूरे देश में श्रद्धांजलि दिवस मना रहा है । रस्म भोग पर 9 जुलाई को एक विशेष शोक सभा आयोजित की जाएगी ।

विमान में खराबी

हैदराबाद, 29 जून (वार्ता): बम्बई से कराची जा रहे एयर लंका के एक विमान को कुछ तकनीकी खराबी की वजह से आज सुबह हैदराबाद में उतरना पड़ा । इस पर 124 यात्री सवार थे । विमान सुबह साढ़े 11 बजे यहां उतरा ।

कांग्रेस कमेटी की कन्वैंशन होगी

लुधियाना, 29 जून (आहूजा): जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पहली और दो जुलाई को नौहरिया मल जैन स्कूल (नज़दीक होटल गुलमोहर) में प्रातः 11 बजे एक कन्वैंशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन पंजाब कांग्रेस के प्रधान बेअंत सिंह करेंगे । अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव श्री गुलाम नबी आज़ाद की भी इस कन्वैंशन को सम्बोधित करने की सम्भावना है ।

मिनी रेलवे टाइम टेबल

नई दिल्ली, 29 जून (ह.स.): रेलवे बोर्ड ने एक मिनी टाइम टेबल प्रकाशित किया जो दोहरा हो सकते वाले एक कागज पर छपा है और एक ही नजर में देश की 800 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन, रुकने के स्थानों और समय की जानकारी देता है । एक रुपए के इस टाइम टेबल के साथ रेलवे का मार्ग-मान चित्र भी है ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ सोगा नरसंहार के सन्दर्भ में अमृतसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए । (छाया : रवि)

शाम के भ-(29 जून, एन.एन.एस.)

रिलायंस 130.50, टंच (999) हाजिर (प्रति किलो) 6485, चांदी डिलीवरी 80, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6985, सोना बिस्कुट (10 ग्राम) 3050, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, मिल डिफ: बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 340-344, बनस्पति हरियाणा पंजाब (प्रति टीन) 334-346, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 कि) 149.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 180, मूंगफली (10 किलो) 213, तिल तेल (10 किलो) 195, तेल बिनौला (10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 158, तेलन अखाद्य (10 किलो) 134, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 10, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 121.50, पीपरमैंट (प्रति किलो) जून 255.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 320.00, आंध्र सीमेंट 50, अपोलो टायर 79.50, एशियन होटल 54.00, बिड़ी 93.50, बी.सी.एम. लि. 60.25, बी.सी.एम. टोयोटा बी, ईस्ट इंडिया होटल 55.00, एक्सर्ट्स 58.00, फूड स्पैशल 180.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 120.00, गुजरात 38.50, एच.एम.एम. लि. 189.00 (28/6), हिंदु हो 2.00, हिन्द. एल्युमीनियम 300.00, हिन्द. मोबर 94.00 मोटर 38.50 (28/6), हिन्द डिवैलपर्स 90.00 (2), इंडियन रेयन 84.00 (26/6), जे.के. इंडस्ट्रीज 95.00, मिथैटिक 78.25, के.सी.पी. स्पोट 111.00, कैनबीराफ इंडिया 193.00 (28/6), लार्सन एंड टुब्रो 90.00 (एम.एल. लि. 17.75, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/तंका काटन 81.00, मोदी रबड़ 87.00 मोहन मीकिन 1 (16/6), ओरके मिल्क मिल्स 19.50, ओसवाल एग्रो), रिलायंस इंडस्ट्रीज 130.50, श्रीराम पाइवर्स 40.00 पैट्रो 53.00, स्वदेशी पोलिटैक्स 40.00, टैल्को 962.00 ते स्पोट 1450, वेम आर्गेनिक 167.00, अपोलो ट्यूब 8 (6), अमृत वनास्पति 25.00 (23/6), असिल हाउसिंग 50, एग्रो कैमिकल पंजाब 18.50, बम्बई टायर 59.50 5), बिहार अल्कोय 40.00 (16/6), भारत सीट् 22.25 5), भारत सिंथेटिक 8.00 (22/5), डेल्टन केबल्स 55.00/6), आइशर ट्रैक्टर 86.00 (28/6), आइशर मोटर्ज), इनैक्टा इंडिया 68.00 (20/6), गुजरात कलोरो कैमिकल 75 (26/6), गुजरात हैवी कैमिकल 10.75 (21/6), गुम्ब सीमैंट 15.75 (28/6), गोयट्ज इंडिया 78.00 (2 हुडंडेर इंडिया 103.00 (20/6), हरियाणा पैट्रो 15.00 6), इंडो गल्फ फर्टी 16.50 (26/6), इस्पात इंफाइल्स (28/6), इंडियन एल्युमीनियम 136.00 (16/6), अलायंस 44.00, आई.टी.सी. 110.00, जे.टी.सी. ज्ञानजीत इंडस्ट्रीज 103.00 (16/6), जय प्रकाश इं 13.25 (12/6), जमना आटो 25.00 (23/6), पैट 6.50 (28/6), मंगलम टिम्बर 12.00, मोदी की 3.00 (20/6), नहर स्पिनिंग 282.00 (21/6) ए एंड ए पेपरेन 46.00 (28/6), प्रकाश पाइप 50.00, ट्यूब 45.00, रनवैक्सी लेब. 100.00 (20/6) ग्रीन 36.00 (26/6), राजस्थान पैट्रो 30.00, रामा पैट्रो, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील 18.00 (21/6), समतल 0.50, सिंफक इलैक्ट्रानिक 19.50, टाटा पावर 34.00), थापर एंड 36.00 (28/6), तमिलनाड पैट्रो 39.00 हाई. मास्टर शेयर 18.50 (26/6), अपटून कलर 0.50, वरुण डिफिंग 23.50 (26/6), ए.पी. रेयन कोलगेट पामोलिव 330.00 (21/6), एस के 3.00 (20/6), इंड सिमेंट 17.00 (26/5) सिन्टेक्स 71.00 (23/5), टायटन वाच 25.75, टी.वी.टी 15.00 (23/5), रिलायंस पैट्रो 43.00

दिल्ली सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3120, सोना बिस्कुट, स्वर्ण आभूषण 2850, चांदी तैयारी 6600, चांदी 00, सिक्का 6900 रुपए ।

नेपाल स्टाक मार्केट (नेपाल): लिस्टिड : आदि 56.50, बालचैन इंडिया 17.75, आदिनाथ टैक्स 00, बिलास एंड 96.00, गणपति इंड. 52.75, गुप्त 62, चरिन्द्र एंड 49.50 रुपए ।

ग्वालियर स्टैप्स 15.00, ओ.सी.टी.एल. 134.00, इंडिया स्लाईकल्स 64.50 रुपए

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हा 5, चांदी डिलीवरी 6375, चांदी गढ़ती 6400, चांदी क 5, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6985, सोना (प्रति 10 ग्राम) हि 0-3060, सोना स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22 डी, बिल्ली (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्केट (एन.एन.एस.): तांबे (प्रति किलो) 350, सिकल प्लेट 405-415, जस्ता न पैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 86.75, ताम्बा 5, ताम्बा तार फूट 74.00, चदरी पीतल 55.00, कतरन 58.00, पीतल घरत फूट 52.00, पीतल पुर्जा 0, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सख्त 24.00, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-मीनियम क्वायल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम 36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.25, यम रॉड 50.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें अल्यूमीनियम तार फूट 43.00 रुपए ।

Punjabi Samachar



दिवस गत दिवस गुरुनानक भवन अमृतसर में
ायोजित समारोह में (1) मंच पर बैठे हैं (बाएं से)
दरबारी लाल, श्री आर.एल. भाटिया, श्री यश, श्री
ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए (बाएं से) श्री यश, श्री
राम कुमार, (3) लाला जी के चित्र को फूलमालाएं
लाई मशीनें, बर्तन, पंखे, कम्बल प्रदान किए गए,
ी की जीवनी बारे गीतों द्वारा छात्र-छात्राओं तथा
(छाया : रवि भंडारी)

आतंकवाद के विरुद्ध
रहे हैं : हरालंकार

शहीद हुए जवानों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अमृतसर आए थे, ने आज शाम स्थानीय नहरी विश्रामालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कालंजर गांव का दौरा करने के बाद उन्होंने पाया है कि सुरक्षा बल और पुलिस के जवान एस.एस.पी. तरनतारन के नेतृत्व में पूरे कालंजर गांव के क्षेत्र को सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि से घेरे में लिए हुए थे । उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर को पुलिस और सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी ज्यों ही गांव के बाहर एक नहर की पुली के पास पहुंची तो नहर के किनारे उगी हाथी घास में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं जिस कारण केंद्रीय आरक्षी बल के चार व पंजाब पुलिस के दो जवान मौके पर ही मारे गए जबकि केंद्रीय आरक्षी बल का एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया । आज सवेरे अस्पताल में वह भी दम तोड़ गया । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने लाइट मशीनगन व ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से हमला किया था । श्री हरालंकार ने बताया कि सुरक्षा बलों की फायरिंग से एक आतंकवादी तो मौके पर ही मारा गया जबकि दो अन्य भाग गए । सुरक्षा बलों ने दो किलो मीटर तक उनका पीछा किया तथा उन दोनों को मार गिराया । मृत आतंकवादियों से एक लाइट मशीनगन तथा दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें बरामद हुई हैं । इसके अतिरिक्त भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी मिला है ।

श्री हरालंकार ने बताया कि पंजाब में केंद्रीय आरक्षी बल के जवान आतंकवादियों के साथ पूरे दम से जूझ रहे हैं तथा हालात को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि बल को अभी कितनी देर और पंजाब में रहना पड़ेगा ? श्री हरालंकार ने बताया कि जालन्धर में केंद्रीय आरक्षी बल के लिए 'ग्रुप सैंटर' के लिए 47 एकड़ जमीन खरीद ली गई है जबकि

पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या : 1 उग्रवादी मरा

चंडीगढ़, 31 मई (वार्ता, हस): पंजाब के राज्यपाल के स्थिति सुधरने के दावे का उपयुक्त जवाब देते हुए आतंकवादियों ने आज दिन-दिहाड़े चंडीगढ़ के सैक्टर 17 में डी.पी.आई. (पंजाब) के कार्यालय से 10 लाख रुपये से अधिक की रकम लूट ली जबकि पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक उग्रवादी मारा गया तथा कल मुठभेड़ में घायल होने वाला एक और सी.आर.पी. जवान दम तोड़ गया ।

10,41,593 रुपए लूटे : 'संघी' के अनुसार आज चंडीगढ़ के सैक्टर 17 में स्थित डी.पी.आई. कार्यालय पंजाब के कैशियर गुलशन कुमार से 2 स्कूटर सवार युवक पिस्तौल की नोक पर 10,41,593 रुपए लूट कर फरार हो गए जबकि कैशियर यह रकम बैंक से निकलवा कर अपने कार्यालय में दाखिल हो रहा था । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिस समय कैशियर यह रुपया स्टेट बैंक आफ इंडिया के सैक्टर 7 में स्थित ब्रांच से निकलवा कर कार्यालय पहुंचा तो वहां पहले से ही खड़े दोनों नवयुवकों ने पिस्तौल निकाल ली और वह ट्रंक उनके हवाले कर देने को कहा, जिसमें यह राशि रखी हुई थी । रुपया लूटने वालों की आयु 25 से 30 वर्ष के मध्य बताई जाती है । रुपया लूटने के बाद भारी भीड़ के बीच यह युवक बड़े आराम से डी.पी.आई. कार्यालय की पिछली ओर से स्कूटर पर सवार होकर चम्पत हो गए । कैशियर के साथ कार्यालय के तीन अन्य कर्मचारी भी थे, जबकि मौका पर कई ऐसे लोग भी खड़े थे, जो कार्यालय में गणित टीचर पद के लिए इंटरव्यू देने आए हुए थे लेकिन किसी ने भी फरार हो रहे नवयुवकों का पीछा करने का प्रयास नहीं किया ।

इस घटना के बारे में घटनास्थल से 50 गज की दूरी पर स्थित नीलम सिनेमा की पुलिस चौकी को तत्काल सूचना दी गई । सूचना मिलते ही पुलिस ने शहर से बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिए । यहां तक कि शहर में चल रहे सभी वाहनों की जगह-जगह तलाशी लेने का काम भी शुरू कर दिया गया परन्तु रुपया लूटने वाले लुटेरों का कुछ पता नहीं चला ।

यह रुपया डी.पी.आई. कार्यालय के 4 विंगों जिनमें डी.पी.आई. (स्कूल्स), डी.पी.आई. (प्राइमरी), डी.पी.आई. (कालेजिज) तथा स्टेट बोर्ड आफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बैंक से निकलवाया गया था ।

उल्लेखनीय बात यह है कि इतनी बड़ी राशि बैंक से निकलवा कर लाने के समय कैशियर के साथ कोई सुरक्षा कर्मचारी नहीं था । लगभग अढ़ाई फुट लम्बा और एक फुट चौड़ा रुपये से भरा यह ट्रंक लुटेरे सबके सामने स्कूटर पर ही लेकर फरार हो गए । पुलिस को संदेह है कि रुपया लूटने वालों को पहले से ही यह सूचना थी कि कार्यालय का कैशियर इतनी भारी रकम बैंक से निकलवा कर आ रहा है । इसी कारण वे कैशियर की उसी जगह प्रतीक्षा कर रहे थे, जहां के उसने कार्यालय में दाखिल होना था ।

चंडीगढ़ पुलिस ने लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की पुलिस को भी सतर्क कर दिया है ।

एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.पी. सिंह द्वारा जारी सूचना के अनुसार इस लूट की घटना के सम्बन्ध में लगभग आधा दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है । उन्होंने बताया कि कैशियर के अनुसार लुटेरे एक कार में आए थे और बाद में रुपयों से भरा ट्रंक लेकर स्कूटर पर फरार हो गए जिस पर सी.एच.एल.-7049 नम्बर था । छानबीन से पता चला है कि स्कूटर का नम्बर जाली था ।

ट्रक ड्राइवर मारा गया : कल बटाला थाना सदर के अंतर्गत तारागढ़ के निकट बी.एस.एफ. के जवानों ने एक ट्रक ड्राइवर पर गोली चला दी जिससे वह मर गया । खबरों में कहा गया है कि ड्राइवर को रुकने का संकेत दिया गया था । जब वह न रुका तो उसे गोली मार दी गई ।

उग्रवादी मारा गया : फाजिल्का (खुना): कल यहां से 30 किलोमीटर दूर फाजिल्का-मलोट रोड पर गांव डिप्पां वाली में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । डी.एस.पी. श्री आर.पी. शर्मा ने पत्रकारों को बताया गया कि पुलिस और बी.एस.एफ. की संयुक्त नाकाबंदी पार्टी ने झंगी चंद सिंह की ओर से आ रहे चार व्यक्तियों को ललकारा तो उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । जवाबी फायरिंग से उनमें से एक मारा गया जबकि शेष तीन फरार हो गये । मौका पर एक 12 बोर का देसी रिवाल्वर तथा 2 कारतूस मिले । मुठभेड़ स्थल पर ए.के. 47 राइफल के 14 चले हुए कारतूस भी मिले । मृतक की जेब से एक पर्ची मिली जिस पर सुरजीत सिंह आफ बस्ती पंचकरियां का नाम लिखा था ।

6 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): मुख्तयार सिंह, अवतार सिंह, मेजर सिंह व जगीर सिंह शामिल हैं । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 40 खाली कारतूस बरामद हुए ।

गिरोह ने घटनास्थल पर एक नोट छोड़ा है, जिस पर लिखा है कि ये लोग आतंकवादियों के नाम पर लूटपाट करते थे । पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है ।

घटना का ब्यौरा देते हुए सीमा रेंज के आई.जी. मुहम्मद इज़हार आलम ने कहा कि उक्त 6 व्यक्तियों को गांव से बाहर ले जाकर एक पंक्ति में खड़ा करके गोलियां मारी गईं ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थे । तीन हमलावरों ने अपने चेहरे ढांप रखे थे । उन्होंने रात 11 बजे मंगल सिंह के नौकर राजू का अपहरण कर लिया । उसको लेकर वह व्यक्तियों के घरों में गये तथा बारी-बारी सभी को उनके घरों से बाहर निकाल लिया । लोगों ने भय के कारण सारी रात पुलिस को सूचना नहीं दी ।

दो सशस्त्र व्यक्तियों ने सिविल लाइन में एक होटल से 900 रुपए की नकदी लूट ली । लुटेरों ने होटल में पहले भोजन किया । होटल मालिक ने जब पैसे मांगे तो उन्होंने हथियार निकाल लिये और जबरदस्ती राशि लेकर फरार हो गये । इसी तरह दो स्कूटरों पर आये आतंकवादियों ने तरनतारन थाने के अंतर्गत भोरू गांव के पास एक पैट्रोल पम्प से दो हजार रुपये से अधिक की राशि लूट ली ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अमृतसर शहर में आतंकवादियों ने एक सिनेमा घर के मालिक से 2600 रुपए लूट लिये ।

कांस्टेबल दम तोड़ गया : इसी बीच कल शाम वल्टोहा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में घायल होने वाला सी.आर.पी. का एक और कांस्टेबल इंद्र बहादुर दम तोड़ गया । इससे इस मुठभेड़ में मरने वाले सुरक्षा कर्मियों की संख्या 7 हो गई है ।

अंत्येष्टि : कल तरनतारन पुलिस जिला के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दिल्ली में बुधवार को श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्त्ता अपनी मांगों के समर्थन में की गई रैली के पश्चात गिरफ्तारियां देते हुए । (छाया : दिल्ली न्यूज फोटो)

वाजपेयी और हजारों भाजपा वर्कर दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली, 31 मई (ह.स.) : भारतीय जनता पार्टी ने आज घोषणा की कि जब तक दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा वह सरकार को चैन से नहीं बैठने देगी । इस घोषणा के बीच ही भाजपा नेता एवं सांसद अटल बिहारी वाजपेयी, पार्टी के महामंत्री डा. विजय कुमार मल्होत्रा तथा केदार नाथ साहनी, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन लाल खुराना, महानगर परिषद् में विपक्ष के नेता कालका दास और नगर निगम में विपक्ष के नेता शांति देसाई के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्त्ताओं ने आज यहां निषेधाज्ञा का उल्लंघन करके गिरफ्तारी दी । गिरफ्तारी देने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं ।

दिल्ली वासियों की समस्याओं को हल करने तथा उन्हें इन्साफ दिलाने के लिए आयोजित दिल्ली प्रदेश भाजपा के इस कार्यक्रम में मांग की गई कि वर्तमान नगर निगम और महानगर परिषद् को तत्काल भंग किया जाए तथा दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए ।

गिरफ्तारी से पूर्व श्री वाजपेयी ने एक रैली में कहा कि पंचायती राज व्यवस्था और जवाहर रोजगार योजना की घोषणा तो कांग्रेस (इ) की चुनावी पैंतरेबाजी है । श्री वाजपेयी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार वास्तव में पंचायती राज व्यवस्था लागू करना चाहती है तो वह इसका स्वागत करते हैं परन्तु उन्हें नहीं लगता कि कांग्रेस (इ) इसके प्रति गंभीर है । उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस (इ) नेतृत्व नहीं चाहता कि जनता तक सारे अधिकार पहुंचें और जनता अपने पैरों पर खड़ी हो पाए ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक ओर विकेन्द्रीयकरण की बात कर रहे हैं परन्तु सवाल उठता है कि जो सरकार दिल्ली नगर निगम और महानगर परिषद् का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे उधार की जिन्दगी दे रही है, क्या वह वास्तव में सत्ता का विकेंद्रीयकरण चाहती है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि इस समय सम्पूर्ण सत्ता का केंद्रीयकरण हो चुका है । उन्होंने कहा, "जो पार्टी अपने ढांचे और संगठन में सत्ता का विकेन्द्रीयकरण नहीं कर सकी है जिसके विधायक अपनी मर्जी के मुख्यमंत्री का चुनाव नहीं कर सकते, यदि वह देश में सत्ता के विकेन्द्रीयकरण की बात करे तो इससे बड़ा मजाक कोई और नहीं हो सकता ।"

Welcome The New Session
with
Well-Planned & Well-Prepared
High Profile

MBD
BOOKS

True to Style-Syllabus & Board's Question Papers

Punjabi Sanatani

बल्टोहा (अमृतसर) के पास घात लगा कर उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला करके सुरक्षा बलों के चार (1 से 4) जवानों को मार डाला । (5-6) डी. जी. सी.आर.पी.एफ. श्री हरलंकार और डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क पत्रकारों को घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए । (छाया : ओम भंडारी)

थाना सदर तरनतारन के गांव कलेर में उग्रवादियों ने 6 व्यक्तियों (1) जागीर सिंह, (2) मुख्तयार सिंह, (3) अवतार सिंह, (4) फतेह सिंह, (5) मेजर सिंह और लेखा सिंह की हत्या कर दी । (छाया : पन्नू)

किराए पर भवन चाहिए

निदेशक खाद्य एवं पूर्ति हरियाणा राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग चंडीगढ़ तथा जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति अम्बाला तथा हिसार के कार्यालयों के लिए जिन प्रत्येक का कारपेट एरिया लगभग 2000 वर्ग फुट होना चाहिए, भवन किराये पर लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है । इच्छुक पार्टियां विज्ञापन प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर पूरे ब्यौरे सहित आवेदन पत्र भेजें ।

श्रीरबल

चंडीगढ़ में 10.41 लाख रुपए चुराए

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव कलंजर में आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में मारे गये 7 सुरक्षा कर्मियों की पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब पुलिस के दो सहायक सब-इंस्पैक्टरों हरप्रीत सिंह तथा रंधीर सिंह की अंत्येष्टि उनके पैतृक गांवों में की गई जो कि पुलिस जिला मजीठा तथा कपूरथला में स्थित हैं । सी.आर.पी. के 4 मृत कांस्टेबलों का अंतिम संस्कार दुर्गाना मंदिर के निकट स्थित शिवपुरी में किया गया । पांचवें जवान दीन मुहम्मद का शव इस्लामगंज के कब्रिस्तान में दफना दिया गया ।

राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल, आई.जी. सीमा रेंज श्री एम.एस. भुल्लर, सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क तथा अनेक अन्य उच्च पुलिस अधिकारी इस मौके पर उपस्थित थे ।

हथगोला मिला : एक अन्य सूचना के अनुसार पतनीधर के क्षेत्र में सुरक्षा बलों की एक चौकी के पिछली दीवार के साथ रखा हुआ एक हथगोला पुलिस ने कब्जा में लिया है । लोगों ने इस हथगोले के बारे में सी.आर.पी. को सूचना दी थी ।

2 घुसपैठिए मारे गए : खेमकरण सैक्टर में आज प्रातः सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में दो अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । सरकारी सूत्रों ने आज रात्रि यहां यह जानकारी दी ।

शव मिला : थाना मेहता के क्षेत्र में स्थित एक नाले के पुल के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक युवक हरविंद्र सिंह का शव बरामद किया है ।

स्कूटर छीना : पटियाला (भूषण): दो अज्ञात व्यक्तियों ने गत शाम अमलोह थाना में गांव डंडा पंडा के निकट पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति सरदार सिंह से उसका बैस्पा स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने गत दिवस थाना ढिलवां के गांव भंडाल बेट के क्षेत्र से एक व्यक्ति दलबीर सिंह वासी संगोजला को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से एक पिस्तौल 12 और 2 बोर कारतूस बरामद किए हैं । इस व्यक्ति दलबीर सिंह का लूटने, राहजनी तथा मारधाड़ की वारदातों में हाथ है । उससे पूछताछ जारी है ।

दो व्यक्ति गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने गत 24 घंटे के दौरान दो व्यक्तियों भजन सिंह तथा लछमन सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 32 बोर का रिवाल्वर तथा 4 कारतूस व 12 बोर का एक रिवाल्वर कारतूसों सहित बरामद किया ।

जनता दल आंदोलन करेगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रतिशत स्थान आरक्षित करने, आर्थिक तथा राजनीतिक सत्ता के विकेन्द्रीयकरण, सभी गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने, उर्दू के मामले में गुजराल समिति की सिफारिशों को लागू करने तथा अल्पसंख्यकों के व्यक्तिगत कानूनों में दखलंदाजी नहीं करने तथा अल्पसंख्यक आयोग को कानूनी अधिकार देने का वायदा किया गया है ।

वी.आई.पी. लोगों विशेष प्रशिक्षण दे

चंडीगढ़, 31 मई (एन.एस. परवाना): पंजाब सरकार ने उन सभी गनमैन को पी.ए.पी. के जालन्धर, बहादुरगढ़ और रोपड़ स्थित केन्द्रों में विशेष प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम बनाया है, जो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं (वी.आई.पीज) की सुरक्षा के लिए तैनात हैं । सरकारी तौर पर ऐसे गनमैनों की संख्या सैकड़ों में बताई गई है, जो साधारण रूप से पुलिस कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल और असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर ही होते हैं ।

सरकार महसूस करती है कि यह गनमैन अब नाकारा और नाकाम साबित हुए हैं और उन्हें रिवाल्वर चलाना भी भूल गया है । विशेष प्रशिक्षण के दौरान इन सरकारी गनमैन को अनुशासन में रहने, बाकायदा वर्दी पहन कर परेड करने और फायरिंग करने की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी । सरकार के नोटिस में यह बात भी आई है कि कई गनमैन के पेट काफी बढ़ गए हैं । एक वी.आई.पी. के कई गनमैन ने रात के समय हुई एक पार्टी में शामिल होकर खूब शराब पी थी और शराब के नशे में मस्त पाए गए । सरकार का विचार है कि इन गनमैन को प्रशिक्षण देना अत्यावश्यक हो गया है ।

पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला का छात्र सुखबीर सिंह सोढी (शेरपुर सोढियां) जिसे अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और बाद में राजेन्द्रा अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई । (छाया : सिंगला)

भारत-पाक यात्रियों के लिए सीधी रेल बुकिंग सेवा

नई दिल्ली, 2 जून (ह.स.): भारत और पाकिस्तान के बीच यात्रा करने वाले मुसाफ़िरों के लिए दोनों देशों के आठ-आठ रेलवे स्टेशनों पर सीधी बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई गई है ।

विज्ञप्ति के अनुसार भारत में यह सुविधा इलाहाबाद, कानपुर सैंट्रल, लखनऊ, अलीगढ़, सहारनपुर, दिल्ली और अमृतसर रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है । इसी प्रकार पाकिस्तान में कराची कैंट, ननकाना साहिब, हैदराबाद, रावलपिंडी, मीरपुर खास, हसन अब्दल, लाहौर और कराची सिटी रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है ।

अमृतसर की एक कोठी से 76 लाख का सोना पकड़ा गया, 4 तस्कर गिरफ़्तार

अमृतसर, 2 जून (वि.प्र.) अमृतसर की एक आधुनिक कालोनी ग्रीन एवेन्यू में एक कोठी से 76 लाख रुपए मूल्य के 204 स्वर्ण बिस्कुट पकड़े गये हैं । राजस्व गुप्तचर विभाग की तरफ से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि विगत दिवस विभाग के क्षेत्रीय यूनिट की एक छापामार पार्टी ने सिंह ने बताया कि ग्रीन एवेन्यू की कोठी नम्बर 504 में सोने के बिस्कुट छिपे हुए हैं । छापामार पार्टी ने कोठी की तलाशी ली तो शौचालय की एक दीवार में बने आले से सोने के 204 बिस्कुट बरामद हुए । यह कोठी रघुबीर सिंह उर्फ बीरा की है, जो कि नजरबंद है । वह पानीपत में सोने के सौ बिस्कुटों के

चरणजीत सिंह

3 आतंकवादी

राजस्थान सीमा पर पाकि

एक ही परिवार के 4 स

चंडीगढ़, 2 जून (वार्ता, ह.स.): खूंखार आतंकवादी चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्नी, जिसके सिर पर 1 लाख रुपये का इनाम था, आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । 2 अन्य आतंकवादी भी मुठभेड़ों में मारे गये । पंजाब में अन्यत्र एक परिवार के 4 सदस्यों समेत 9 व्यक्तियों की हत्या की गई । राजस्थान सीमा पर एक पाक जासूस मारा गया । कपूरथला जिले के मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान जारी है ।

दो ठेका कर्मियों की हत्या : फरीदकोट से जिंदल के अनुसार गत रात थाना सदर मोगा के गांव दारापुर में 4 आतंकवादियों ने गांव में स्थित शराब के ठेके पर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके उसके दो कर्मचारियों शिव प्रसाद (30) तथा निर्गुणी (35) की हत्या कर दी । तीसरा कर्मचारी ठेके के पिछली ओर नहा रहा था, इसलिए वह बच गया । आतंकवादी घटनास्थल पर पैदल ही आए तथा पैदल ही वहां से फ़रार हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

बाद की सूचना है कि मरने वालों में शराब का ठेकेदार भी शामिल था ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि जिला के सभी ठेकों पर पुलिस के साथ-साथ लाइसैंसी हथियार रखने वालों की गश्त भी तेज़ कर दी गई है । मोगा से 'आज़ाद' के अनुसार यह ठेका जसवन्त सिंह जगराओं वासी का था । फ़ायरिंग ए.के. 47 असाल्ट राइफल के साथ की गई । वारदात वाले स्थान पर कुछ अनचले कारतूस भी मिले हैं ।

रिवाल्वर छीन ले गए : मलोट (गोयल): दो अज्ञात व्यक्ति गांव ठेरी में भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के भूतपूर्व पी.ए. सुखीव सिंह के घर से 455 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए । वारदात के समय श्री सुखीव सिंह घर पर नहीं थे और उनका लड़का तथा बहू टी.वी. देख रहे थे । इस गांव से पहले भी एक रिवाल्वर छीना जा चुका है ।

बस यात्रियों को लूटने की कोशिश : मोगा (सर्व): कोटकपूरा जा रही एक प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी की बस के यात्रियों को लूटने की कोशिश पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करके नाकाम बना दी । पिस्तौलों से लैस तीन अज्ञात व्यक्ति मोगा बाईपास के निकट बस में सवार हुए तथा यात्रियों को धमकी दी कि वे अपनी नकदी व अन्य सामान उनके हवाले कर दें, वरना गम्भीर परिणाम होंगे । संयोगवश पुलिस की एक गश्ती पार्टी वहां पहुंच गई और बस को रुकने का संकेत दिया । जैसे ही बस रुकी,पुलिस ने उनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक भाग निकलने में सफल हो गया । दोनों से पूछताछ की जा रही है ।

4 व्यक्तियों की हत्या : भटिंडा (ह.स.) : गत रात यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव बराड़ मेहमां के बाहर खेतों में बनी कोठियों में चार व्यक्तियों की हत्या किए जाने तथा तीन को घायल किये जाने की सनसनी-पूर्ण सूचना मिली है । बताया जाता है कि आधी रात के बाद 7-8 अज्ञात लुटेरे, जो लोहे की सलाखों तथा हैंडपम्प की हत्थी आदि से लैस थे, लछमन सिंह किसान के घर में ज़बरदस्ती गए । घर वालों के प्रतिरोध करने पर लुटेरों ने लछमन सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती मुकंद कौर, पुत्र गुरविंदर सिंह तथा एक बेटी नैना को निर्ममता-पूर्वक जान से मार डाला । लछमन सिंह की दूसरी पत्नी श्रीमती गुरदेव कौर और उसकी दो लड़कियों बबली और रानी को लुटेरों ने बुरी तरह घायल कर दिया । घायलों को सिविल अस्पताल भटिंडा में दाखिल कराया गया,जहां बबली की हालत नाज़ुक बताई जाती है ।

बताया जाता है कि लुटेरों ने चार लोगों की हत्या तथा 3 लोगों को घायल करने के बाद सभी ज़ेवर, नकदी व अन्य सामान लूट लिया । वे कई ट्रंक आदि उठा कर खेतों में ले गए तथा सामान निकाल कर ट्रंक फैंक गए । एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने आज प्रातः घटनास्थल का निरीक्षण किया । बाद में उन्होंने

सलीमपुरा चौकी के निक
को गोली से उड़ा दिया
भारतीय क्षेत्र की ओर आ
ललकारा तो उसने भाग
जवानों ने उस पर गोली च
गया । घटनास्थल पर
तथा कुछ आपत्तिजनक
जाता है कि वह पाकिस्तान
की गतिविधियों में संलिप्

गिरोह का सफ़ा
जिला फिरोज़पुर के एस.
बताया कि 19 मई से
फिरोज़पुर पुलिस ने चा
नेतृत्व वाले खालिस्तान
का सफ़ाया कर दिया औ
कट्टर आतंकवादियों को
श्री सुरजीत सिंह ने बता
मारे गए आतंकवादि
सुरसिंहवाला, गुरबचन सि
निशान सिंह तथा जसब
हैं । यह चारों 120 ह
थे । उन्होंने कहा कि इ
में अपना कार्य क्षेत्र बना
किया था ।

एस.एस.पी. ने बत
सूचना मिलने पर कि आत
बी.एस.एफ. की चौकी
योजना बनाई है, ज़बरद
तथा एक मुठभेड़ में दो क
सिंह व मोहन सिंह को
दोनों गुरबचन सिंह काला
भाई हैं । उनके दो साथि
गया है,लेकिन दो अन्य फ़
सिंह ने बताया कि पुलिस
राकेट, 12 राकेट लांचि
और ए.के. 47 राइफल
बरामद कीं । एस.एस
आतंकवादी बी.एस.एफ.



*(1) केंद्रीय मंत्री श्री
अधिकारी भी उनके
श्री चिदम्बरम, (3)
भी किया ।*

श्रीलंका से

भारत को

नई दिल्ली, 2 जून
जुलाई तक शांति सेना
राष्ट्रपति आर. प्रेमदास के
ने आश्चर्य व्यक्त किया
खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त
के प्रवक्ता ने आज यहां
वापसी कई मदों से जुड़ी

Punjabi Sanbtan

(8) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 3.6.1989

अमृतसर के हाकर राजन कुमार (इन्सैट) की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने के विरुद्ध हाल गेट, अमृतसर के बाहर तमाम हाकरों की प्रोटैस्ट रैली तथा शोकसभा की गई । नगर में हड़ताल रही । (सबसे नीचे) मृतक के शोक संतप्त मां-बाप, सगे-सम्बन्धी । (छाया : ओम भंडारी)

चन्नी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिल का बयान : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने बताया कि चन्नी जालन्धर में पी.ए.पी. परिसर में पंजाब पुलिस के तत्कालीन महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो की हत्या के प्रयास और भारतीय जनता पार्टी पंजाब के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की हत्या में भी संलिप्त था । इसके अलावा वह लुधियाना के बैंक में 5.70 करोड़ रुपए के डाके में भी शामिल था । चन्नी नई पंथक कमेटी का सदस्य था और नई पंथक कमेटी के उग्रवादी कैम्प का सरगना था । उसने शीर्षस्थ राजनीतिक नेताओं, शिरोमणि कमेटी के बड़े-बड़े नेताओं की हत्या और बैंक डकैतियों की योजना बना रखी थी ।

वह अकाली दल (त) के अध्यक्ष जत्थेदार तलवंडी पर गत नवम्बर में हुए हमले में भी वांछित था, जिसमें एक व्यक्ति हरजिंदर सिंह जगरांओं मारा गया था और श्री तलवंडी घायल हो गए थे । श्री गिल ने कहा कि चन्नी का भारत और अन्य देशों, विशेषकर पाकिस्तान में व्यापक नैटवर्क था । सितम्बर-1988 के बाद से चन्नी कई बार लम्बी यात्राओं पर पाकिस्तान गया था और पाकिस्तानी अधिकारियों व मानोचाहल, वधावा सिंह बुट्टर जैसे उग्रवादियों के साथ मिलकर भारत में आतंकवादियों की रणनीति निर्धारित की थी ।

चन्नी ने हथियारों और विस्फोटकों की कई खेपें, जिनमें अत्याधुनिक हथियार व रिमोट कंट्रोल उपकरण भी शामिल थे, भारत में पहुंचाई थीं । श्री गिल ने बताया कि चन्नी पंजाब के आतंकवादियों और विदेशी तत्वों के मध्य मुख्य सम्पर्क सूत्र था ।

मोहाली से 'नबंदा' के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया कि लुधियाना की 5.70 करोड़ की बैंक डकैती में से बड़ा हिस्सा चन्नी ने अपने पास रखा था और इसका प्रयोग पाकिस्तान के ज़रिये हथियार खरीदने तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देने के लिए किया । उसने 1986 में जालन्धर में 6 लाख रुपए की दो डकैतियां डालीं तथा पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड से चार लाख रुपए लूटे थे । सूत्रों के अनुसार चन्नी ने ही आतंकवादियों की सहायता से भाखड़ा मेन नहर में दरार डाली थी ।

उग्रवादी मारा गया : फिल्लौर से तरसेम के अनुसार आज प्रातः लगभग सवा आठ बजे निकटवर्ती गांव तेहंग में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति पाल सिंह के ट्यूबवैल पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति छिपे हुए हैं । इस पर पुलिस ने उस ट्यूबवैल को घेर लिया । इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस पर फ़ायरिंग कर दी । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग पर वह मारा गया । उसके कब्ज़े से एक दोनाली बंदूक, कुछ चले व कुछ अनचले कारतूस बरामद किए गए ।

पिपल गिरोह के दो आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सुल्तानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव दन्दूपुर के निकट जिला पुलिस की नाका पार्टी ने एक बगैर नम्बर के ट्रक को रोक कर तलाशी ली तो उसमें सवार एक व्यक्ति कुलबीर सिंह वासी फतेहाबाद थाना वैरोवाल से एक चीनी राइफल असाल्ट ए.के. 47 भरी हुई, दो मैगज़ीन व 100 गोलियां बरामद हुईं । ट्रक चालक सुबा सिंह वासी खोजकीपुर थाना वैरोवाल तथा कथित आतंकवादी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । इन दोनों का दर्दांत आतंकवादी पिपल सिंह के गिरोह से सम्बन्ध है । इन दोनों से पूछताछ जारी है ।

मंड में अभियान : जिला कपूरथला तथा साथ लगते दूसरे जिलों की पुलिस पार्टियों तथा सुरक्षा बलों की ओर से ब्यास नदी के मंड में आतंकवादियों के शरणस्थलों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए गत प्रातः से एक बहुत बड़ा अभियान आरम्भ है । यह अभियान 31 मई की रात्रि को थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव तलवंडी चौधरियों के निकट पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के शस्त्र फैंक कर मंड में भाग जाने के पश्चात् उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आरम्भ किया गया है ।

2 गिरफ्तार : फगवाड़ा (राकेश): आज सायं स्थानीय थाना सदर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान खेड़ा रोड पर 2 आतंकवादियों जगदीश सिंह निवासी गांव लखपुर तथ मलकीयत सिंह निवासी गाव पंडोरी निजरां थाना आदमपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक .12 बोर तथा एक .303 बोर के रिवाल्वर तथा 4 कारतूस बरामद किए हैं ।

65640 रुपए लूटे : मानसा (छोटू राम): मानसा उपमंडल के थाना बोहा के गांव डल्लावाला में सहकारी समिति के कोषाध्यक्ष से तीन अज्ञात व्यक्तियों ने 65640 रुपए लूट लिए और गोलियां चलाते हुए भाग गए ।

4 राइफलें छीन ले गए

जैतो, 2 जून (पराशर): यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर गांव मल्ला में कुछ अज्ञात व्यक्ति गांव की रक्षा समिति के 4 सदस्यों से उनकी राइफलें छीन कर ले गये । ये राइफलें उन्हें पुलिस द्वारा आत्मरक्षा के लिए दी गई थीं । जैतो पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज करके जांच-पड़ताल शुरू कर दी है ।

अग्रिम ज़मानत अस्वीकार

लुधियाना, 2 जून (महिन्द्रा): स्थानीय सत्र-न्यायाधीश श्री एच. एस. बख्शी ने हिमाचल प्रदेश के जिला निरीक्षक पुलिस की लड़की अनीता के दहेज-केस में अनीता के पति धीरेन्द्र तथा देवर जितेन्द्र की अग्रिम ज़मानत गिरफ्तारी अस्वीकार कर दी है ।

सरकार की आतंकवा नीति से इसमें वृद्धि

अमृतसर, 2 जून (ह.स.): अकाली दल (ल) के प्रधान तथा पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने संकेत किया है कि उनकी पार्टी इंका को सत्ताच्युत करने के लिए विपक्षी दलों से सहयोग कर सकती है ।

आज यहां सर्कट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि चुनावों से पूर्व अकाली दल के विभिन्न गुटों में एकता हो जाएगी । उन्होंने केंद्र पर पंजाब समस्या के समाधान के प्रति गम्भीर न होने का आरोप लगाया । उन्होंने बताया कि वह आज पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस में श्री टोहरा से मिले हैं । उनसे पिछले दिनों हुए एकता के प्रयासों के संदर्भ में बातचीत हुई ।

उन्होंने सरकार की आतंकवाद सम्बन्धी नीति को गलत करार देते हुए कहा कि इसने आतंकवाद को बढ़ने में ही सहायता की है । उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि पिछले दो वर्षों के दौरान आतंकवादियों के हाथों मारे गए निर्दोष व्यक्ति की संख्या में हुई वृद्धि से हो सकती है । उन्होंने कहा कि आतंकवाद सम्बन्धी नीति में परिवर्तन की आवश्यकता है क्योंकि इससे अनेक निर्दोष लोगों को भी उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने नेहरू रोज़गार योजना को लोगों के साथ एक मज़ाक बताया ।

सात समाचार पत्रों ने प्रकाशन बन्द किए

लुधियाना, 2 जून (ह.स.): अखबारी कागज के मूल्य में वृद्धि तथा उसकी अनियमित सप्लाई के विरोध में यहां के सात सायंकालीन दैनिक समाचार पत्रों ने आज यहां अपने प्रकाशन तीन दिन तक बन्द रखने का निर्णय लिया ।

श्री मनमोहन कालिया की पुण्य-तिथि पर जालन्धर में शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में (ऊपर) संत शीतानन्द जी प्रवचन करते हुए । (नीचे) पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री सुरजीत सिंह मिन्हास श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए । (छाया : कपूर)

मनमोहन कालिया की पुण्य-तिथि मनाई गई

जालन्धर, 2 जून (वि.प्र.): भाजपा के पूर्व-विधायक व वरिष्ठ नेता स्वर्गीय मनमोहन कालिया की आज तीसरी पुण्य - तिथि के उपलक्ष्य में गीता मंदिर, सैंट्रल टाऊन में एक श्रद्धांजलि-समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने श्री कालिया जी की निःस्वार्थ जनसेवा तथा अन्य कार्यों की चर्चा करते हुए अनुकरणीय बताया । इस अवसर पर संत ईशर दास जी गोपाल नगर वालों के शिष्य स्वामी शांता नन्द जी तथा मंदिर श्री लाल दयाल आश्रम दिलबाग नगर के महमंडलेश्वर महंत गंगा दास जी के प्रवचन भी हुए ।

श्रद्धांजलि भेंट करने वालों में स्पीकर पंजाब श्री एस.एस. मिन्हास, श्री कृष्ण लाल ढल्ल, श्री नवजोत सिंह प्रधान बार एसोसिएशन, श्री श्रीराम आहूजा, वैद्य ओम प्रकाश दत्त, श्री केवल कृष्ण मधु आर्ट, श्री मनोरंजन कालिया, श्री राम लाल बजाज, श्री वेद प्रकाश कपूर, श्री अशोक परुथी सचिव बार एसोसिएशन, श्रीमती शक्ला बिग. डा. डी.डी.

माता श्री चक्रेश्वरी देवी जैन तीर्थ
सरहिन्द में
5 जून 1989 सोमवार से
7 जून 1989 तक
निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार
गच्छाधिपति जैनाचार्य श्री श्री 1008

Punjabi Sanatan

...थियों को यह संकेत कर दिया है कि वह 12
...रीदाबाद में 'जद' के प्रस्तावित सम्मेलन में
...लेंगे । इस सम्मेलन में 'जद' के गठन बारे
...ती कार्रवाइया पूरी की जानी हैं । श्री चंद
...19 जून को पटना जाना स्वीकार कर लिया
...स दिन बिहार 'जद' का सम्मेलन हो रहा
...दौरान ज्ञात हुआ है कि श्री देवी लाल यह
...र रहे हैं कि 13 जून से पूर्व श्री चंद शेखर
... किया जाए । इस बारे आज उन्होंने
...आते समय श्री बी.पी. सिंह से बातचीत भी

...कर्त्ता सर्वस्व न्यौछावर करें : 'संपी'
...श्री चंद शेखर तथा श्री यशवंत सिन्हा ने
...चंडीगढ़ 'जद' कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित

...कर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री चंद
...कहा कि 'क्रांति' लाने के लिए वे अपना
...न्यौछावर कर दें)
...दौरान श्री जतिन्दर सिंह बाजवा, हरिन्दर
...बिन्दर शर्मा व गुरदीप गिल ने कृपाल सिंह
...के नेतृत्व में पंजाब 'जद' की तालमेल
...नाए जाने का स्वागत किया है व कमेटी को
...ोग देने का आश्वासन दिया है । उन्होंने
...को कमेटी की प्रस्तावित बैठक में भाग लेने
...यकर्त्ताओं से अपील की है ।

...की वापसी का ... : पेरूमल

...ा ।
...ति रणसिंघे प्रेमदास ने भारतीय शांति
...री वापसी के सिलसिले में दलील दी थी कि
...भमानी, प्रभुसत्ता सम्पन्न देश आगामी
...हीने में अपने यहां दक्षेस शिखर बैठक कैसे
... करा सकता है, जबकि उस देश में विदेशी
...द हो ।
...तों के समर्थक गुटों ने भारत के प्रधानमंत्री
...भेज कर अनुरोध किया है कि आपके महान
...म प्रेरणा ग्रहण करते हैं और आपसे सादर
...रते हैं कि श्रीलंका से भारतीय शांति सेना
...पूरी तरह वापस नहीं बुलाई जाए जब तक
...ंकी लोग अपनी धरती पर अपने को पूरी
...क्षित महसूस नहीं करने लगते ।
...न में अपनी पांच सूत्री मांगों में समझौता
...टों ने भारत सरकार से इस बात के लिए
...ही है कि वह दबाव डाल कर श्रीलंका
...को उत्तर पूर्वी प्रांतीय सरकार को पूरे
...सौंपने के लिए विवश करे, तमिल क्षेत्रों में
...की सहायता से सिंहलियों द्वारा कालोनियां
...ने पर रोक लगाने में मदद की जाए, प्रांत से
...के सुरक्षा बलों को तत्काल हटा लिया

...न में यह भी कहा गया है कि श्रीलंका
...फासिस्ट लिट्टे' के साथ अपनी गुप्त वार्ताओं
(शेष पृष्ठ 12 पर)

...जान ली और ... करवा दिया

...दीप कौर ने शर्म के मारे स्वयं को आग लगा
... कहने लगी कि अब वह किसी को मुंह
...ग्य नहीं रही । उसे अस्पताल में दाखिल
...या जहां बाद में उसकी मृत्यु हो गई ।
...कलवंत सिंह पड़ौसी के विरुद्ध धारा 306,
...वां 354 में केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार
... ।
...वंत सिंह अभियुक्त के वकील श्री शमशेर
...वाल ने स्थानीय अतिरिक्त सत्र-न्यायाधीश
...स. सहमी की अदालत में जमानत की अर्जी
... करते हुए बताया कि अभियुक्त कलवंत
...विरुद्ध कोई बड़ा जुर्म नहीं । अधिक से
...छेड़खानी का जुर्म बनता है, जो जमानत
... । अदालत ने श्री शमशेर सिंह अटवाल
...ट की बहस सुनने के बाद अभियुक्त कलवंत
...10 हजार रुपये की जमानत पर रिहा करने
...ा दिया है ।

ग्रामीणों ने 'सत्ता' को पीट-पीट कर मार डाला : एक आतंकवादी मुठभेड़ में मरा

12 हज़ार रुपये लूटे गये : 3 उग्रवादी हिरासत से फ़रार हो गये

पंजाब में अन्यत्र इंका वर्कर सहित 2 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 3 जून (वार्ता, ह.स.): 'बी' श्रेणी के कट्टर आतंकवादी सतनाम सिंह 'सत्ता' को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला, जबकि एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये गये । अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक पैट्रोल पम्प से 12,000 रुपये लूट लिये गये । तीन आतंकवादी पुलिस की हिरासत से फरार हो गये ।

सत्ता मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक कट्टर आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को कल रात थाना पट्टी के गांव जौड़े में ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला । यह जानकारी पुलिस ने दी । 'बी' श्रेणी का आतंकवादी सत्ता जिसके सिर पर 25 हजार रुपए का ईनाम था, अपने घर में सो रहा था कि गांववासियों को उसकी उपस्थिति की भनक पड़ गई । वे लाठियों और लोहे की छड़ें लेकर उस पर टूट पड़े । सत्ता मौके पर ही मारा गया । पुलिस ने बताया कि मारा गया आतंकवादी अनेक केसों में वांछित था ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : गत रात मजीठा पुलिस जिला में संगराना के निकट एक नहर के पुल पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । मारे गये आतंकवादी के तीन साथी फ़रार होने में सफल हो गये ।

गांव भूरे में हत्या : पुलिस जिला तरनतारन में थाना झब्बाल के गांव भूरे में एक व्यक्ति अनोख सिंह की आज हत्या कर दी गई । हत्यारे फरार होने में सफल हो गए ।

आभूषण और नकदी ले गए : जंडियालागुरु (भारती): यहां से सात-आठ किलोमीटर दूर गांव फतेहचक थाना सदर तरनतारन में चार सशस्त्र उग्रवादी रात के दो बजे मास्टर कर्म सिंह के घर आए । उन्हें मकान की छत से जगाया और सारे परिवार को नीचे कमरे में ले आए । वहां उन्होंने मास्टर कर्म सिंह से सेफ और ट्रंक की चाबियां मांगीं । उसके इन्कार करने पर उसे तीन-चार थप्पड़ मारे और चाबियां लेकर तीस हजार रुपए मूल्य की नकदी और आभूषण निकाल लिए । कच्छे और बनियान में मास्टर कर्म सिंह एक कोने में बैठे थे । तभी एक उग्रवादी ने कहा-तुम मास्टर हो, कुर्सी पर बैठ जाओ और अपनी घड़ी व अंगूठी भी हमें दे दो । इस प्रकार सारे परिवार की अंगूठियां और घड़ियां भी ले लीं । मास्टर का ससुर भी उनसे मिलने आया हुआ था । उसकी जेब से 800 रुपए भी उन्होंने निकलवा लिए । तभी एक उग्रवादी ने कहा, मास्टर जी की घड़ी लौटा दो, इन्होंने स्कूल टाईम पर जाना होता है और दूसरे ने मास्टर जी को उनकी घड़ी लौटा दी । बताया जाता है कि उन लोगों ने अपने चेहरे ढांप रखे थे ।

इंका कार्यकर्त्ता की हत्या : संगरूर (गर्ग): स्थानीय नई गेहूं मण्डी में अज्ञात व्यक्तियों ने गत आधी रात को सक्रिय कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता कृष्ण कुमार उर्फ़ कक्कू की हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी संतोष कुमारी को घायल कर दिया । वारदात के समय परिवार के सदस्य अपने घर में सो रहे थे । उल्लेखनीय है कि कृष्ण कुमार क्षेत्र के गांव खुराना के सरपंच व लोकप्रिय सोशल वर्कर श्री प्यारे लाल का लड़का था । इस हत्या का पता सुबह चला, जब घर के लोग नींद से जागे । संतोष कुमारी को पहले सिविल अस्पताल संगरूर में दाखिल कराया गया तथा बाद में सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना ले जाया गया । पुलिस सूत्रों ने इस सम्बन्ध में कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया कि क्या यह उग्रवाद का मामला है या निजी शत्रुता का । यह भी बताया जाता है कि हत्यारे कीमती सामान भी ले उड़े । पुलिस जांच कर रही है ।

इस दौरान नई गेहूं मण्डी तथा संगरूर शहर में इस हत्याकांड के विरोध में हड़ताल रही । जिला के इंका नेता जसबीर सिंह, सी.पी.आई. के जिला सचिव श्री सरवन सिंह सफ़ीपुर व सी.पी.एम. नेता मास्टर चंद सिंह चोपड़ा भूतपूर्व विधायक ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

आतंकवादी फ़रार : थाना आनंदपुर साहब के गांव भाडीपर के निकट एक आतंकवादी सुखदेव सिंह पुलिस की हिरासत से उस समय भाग निकला जबकि उसको हथियार बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस ने गत रात भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के छः आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनकी शिनाख्त निशान सिंह, सतनाम सिंह, सच्चा सिंह, सविंदर सिंह, रणधीर सिंह तथा एक अन्य सच्चा सिंह बताए जाते हैं । इन आतंकवादियों से पुलिस ने एक ए.के. 47 चीनी राइफल, 36 हथगोले, दो बम, एक डैटोनेटर, एक दोनाली बंदूक तथा 58 कारतूस बरामद किए ।

दो आतंकवादी भाग गए : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर के गांव सैदमुबारक कलियां के निकट से गत रात्रि पुलिस हिरासत से दो आतंकवादी हरजीत सिंह एवं तरलोक सिंह हथकड़ी समेत भाग गए । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इन दोनों को गत मास गिरफ्तार किया गया था । यह दोनों 19-20 अप्रैल की रात को गांव कलियां के निकट पांच लोगों की हत्या में संलिप्त पाए गए थे । गत रात्रि पुलिस इन्हें हथियारों की बरामदगी के लिए लेकर जा रही थी कि यह पुलिस को चकमा दे कर भाग गए ।

लूटपाट : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव कुतबीनंगल से आज दोपहर लगभग डेढ़ बजे तीन आतंकवादी एक व्यक्ति से उसका हीरोहोंडा मोटर साइकल पी.सी.बी. 63 छीन कर फ़रार हो गये । इसी प्रकार इसी थाना के गांव तलवंडी लाल सिंह से आज दोपहर लगभग तीन बजे हीरोहोंडा सवार आतंकवादी करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से उसका लाइसैंसी 32 बोर रिवाल्वर छीन कर फ़रार हो गये । एक अन्य घटना में इसी थाना के चीनी मिल क्षेत्र स्थित पैट्रोल पम्प से हीरोहोंडा सवार तीन आतंकवादी लगभग 12000 रुपया लूट कर फ़रार हो गए । पुलिस तथा बी.एस.एफ. क्षेत्र को सील करके उनकी खोज कर रही है । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ऐसा लगता है कि तीनों वारदातें एक ही गुट द्वारा की गई हैं ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने तीन आतंकवादियों दलबीर सिंह, मक्खीयत सिंह तथा जगदीश सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल, दो पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये ।

दरबारा गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी दरबारा सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक चीनी अंगाल्ट राइफल व दो मैगजीन बरामद किये । वह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से संबंधित बताया जाता है ।

बस में चीनी राइफल मिली : लुधियाना (ह.स.): कल रात लुधियाना बस स्टैंड पर एक बस में लावारिस पड़े एक बैग में से एक चीनी ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए गए । बैग का पता उस समय चला, जब बस को रात-भर के लिए

(शेष पृष्ठ 12 पर)

इंदिरा हत्याकांड के अभियुक्त मान व अन्य का 9 तक न्यायिक रिमांड

इंदिरा हत्या षड्यंत्र केस के चार संदिग्ध अभियुक्तों के परिवारों के सदस्य शनिवार को दिल्ली में तिहाड़ जेल से बाहर आते हुए ।

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता, ह.स.): इंदिरा हत्याकांड के सिलसिले में दायर दूसरे आरोपपत्र के चारों अभियुक्तों को आज पहली बार एक साथ अदालत में पेश किया गया । अभियुक्तों में अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान शामिल हैं ।

चारों अभियुक्तों को तिहाड़ जेल में मैजिस्ट्रेट जे.एम. मलिक की अदालत में पेश किया गया । मैजिस्ट्रेट ने भारतीय पुलिस सेवा में काम कर चुके मान, आतंकवादी अतिंदरपाल सिंह, बम्बई के दो अध्यापक जगमोहन सिंह टोनी और दलीप सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि नौ जून तक बढ़ा दी ।

इन चारों पर 'आपरेशन ब्लू स्टार' के बाद इंदिरा गांधी की हत्या करने तथा देश को अस्थिर करने और उसके टुकड़े करने की साजिश रचने का आरोप है ।

इस बीच अतिंदरपाल सिंह तथा दो अन्य अभियुक्तों के वकील प्राणनाथ लेखी ने विशेष जांच दल पर 'बेईमान' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि बचाव पक्ष को उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ में से 60% अपठनीय हैं । उन्होंने दस्तावेज़ में गड़बड़ी का आरोप लगाया ।

श्री लेखी ने कहा कि एक दस्तावेज़ में मान तथा अन्य अभियुक्तों के नाम का उल्लेख बलबीर सिंह के साथ किया गया है । बलबीर सिंह को उच्चतम न्यायालय इंदिरा गांधी की हत्या की साजिश के आरोप में रिहा कर चुका है । उन्होंने कहा कि इसी दस्तावेज़ के एक अन्य पृष्ठ पर बलबीर सिंह के नाम को बदल कर केहर सिंह कर दिया गया है ।

कड़ी सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में बनाई गई विशेष अदालत में आज चारों अभियुक्तों के करीब एक दर्जन से भी अधिक रिश्तेदारों तथा संवाददाताओं को प्रवेश की अनुमति दी गई । इन रिश्तेदारों ने बाद में अभियुक्तों से भी मुलाकात की । इस बीच श्री मलिक ने आदेश दिया कि एक दंत चिकित्सक जेल में ही सिमरनजीत सिंह मान से मुलाकात करेगा ।

श्री लेखी ने अदालत में कहा कि विशेष जांच दल ने अभियुक्तों को अभियोग पत्र के साथ केस डायरियां न देकर अदालती प्रक्रिया के सभी नियमों का उल्लंघन किया है । इस पर श्री मलिक ने कहा कि वह इस मसले पर कोई आदेश पारित नहीं कर सकते क्योंकि वे तो सिर्फ़ 'लिंक मैजिस्ट्रेट' हैं ।

Punjabi Samachar

	ानित त (रुपयों में)	सिक्योरिटी (रुपयों में)
	00 रुपए	34,000/-

ोंगी ।
ई की पूर्ति के तीन

)
रियल स्वीकार नहीं

में ही स्वीकार की
वायतें पंजाब के पद

ही स्वीकार की

फिरौतियां मांगने वाले गिरफ्तार : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने आज रात उन दो कथित उग्रवादियों हरपाल सिंह तथा अवतार सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली, जो शहर में लोगों को धमकी-भरे पत्र लिख कर फिरौतियां मांगते थे ।

यह जानकारी देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह शिकायतें मिल रही थीं कि तथाकथित भिंडरांवाला टाईगर फ़ोर्स के जनरल गुरबचन सिंह मनोचाहल की ओर से शहर के लोगों को फिरौती के लिए धमकी-भरे पत्र मिल रहे हैं । एक धमकी-भरे पत्र के आधार पर जब यह दोनों उग्रवादी यहां के सैक्टर 44 के राजकीय माडल स्कूल में 50,000 रुपए फिरौती लेने गए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । दोनों का सम्बन्ध जिला अमृतसर के गांव बाबा बकाला से है ।

पुलिस ने उनके पास से एक स्कूटर नं. सी.एच.आई. 8985 पकड़ा है । सूत्रों ने बताया कि उन्होंने यह स्वीकार किया है कि वे अब तक शहर के लगभग एक दर्जन लोगों को धमकी-भरे पत्र लिख चुके हैं । स्थानीय पुलिस ने पंजाब पुलिस से गिरफ्तार किए गए दोनों उग्रवादियों के अन्य मामलों में संलिप्त होने सम्बन्धी जानकारी मांगी है ।

कई अन्य अखबारों ने भी दाम बढ़ाए

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): अखबारी कागज के मूल्यों में वृद्धि और उसकी कमी के कारण देश के और कई अखबारों ने या तो अपना मूल्य बढ़ा लिया है या अपनी पृष्ठ संख्या में कमी कर दी है । दिल्ली के स्टेट्समैन ने आज अपने मूल्य में वृद्धि कर ली, जबकि बम्बई में वहां के तीन प्रमुख पत्रों ने अपनी

सरकार पर दबा
समाज को सम
विधिवत् कानून
से करोड़ों भारती
सुन्नी मुसलमान
लेकिन मस्जिद वि
सद्भाव से हिन्
और श्री नकवी
भाइयों को भी
चाहिए । श्री वि
के लोगों से अ
मंदिर निर्माण में



पंजाब के देहात
जे.एस. कौमी
उद्घाटन करते

पंचायत

जालन्धर,
विकास एवं पं
कौमी ने आज
50000 रुप
उद्घाटन किय
को राज्य सरक
लागू किए जा
आह्वान किय

Punjabi Samachar

ति वैन से टकराने के कारण हिमाचल । परिणामस्वरूप 10 व्यक्ति मर गये शव । (नीचे) मारुति वैन जिससे बस (छाया : ज्ञान बडोला)

पुलिस चौकी को राकेट से उड़ाने का प्रयास

चावल मिल-मालिक के लड़के का अपहरण : दो घुसपैठिए मरे

एक व्यक्ति की हत्या : 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 4 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक कट्टर आतंकवादी गुट-संघर्ष में मारा गया, जबकि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । एक पुलिस चौकी को उड़ाने का प्रयत्न किया गया तथा एक चावल मिल-मालिक के लड़के का अपहरण कर लिया गया । 2 आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण किया और 8 अन्य को गिरफ्तार किया गया ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक बी श्रेणी का आतंकवादी कुंदन सिंह उर्फ़ फौजी कल रात जिला अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में आतंकवादी गुटों की लड़ाई में मारा गया । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज एक नाले के निकट पड़ी मिली । इस आतंकवादी के सिर पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित था । बाद में पुलिस ने उसके गांव सुरसिंहवाला में उसके घर की तलाशी ली तो वहां से काफी मात्रा में हथियार मिले, जिनमें दो चीनी ए.के. 47 राइफलें भी शामिल हैं ।

पुलिस चौकी उड़ाने का प्रयास : आज प्रात: आतंकवादियों ने थाना पट्टी के गांव सभरावां में स्थित एक पुलिस चौकी को राकेट से उड़ाने का प्रयास किया । राकेट निशाने से चूक गया और इससे चौकी के ऊपर से गुज़रने वाली बिजली की तारें टूट गईं । चौकी में उपस्थित सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के इस हमले का गोलियों से जवाब दिया । दोनों ओर से तीस मिनट तक गोलियां चलती रहीं, तथापि किसी के घायल होने का समाचार नहीं है ।

सात आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के चीफ़ श्री जी.एस. मान ने एक विज्ञप्ति में बताया कि गत 24 घंटों के दौरान थाना कत्थूनंगल और जंडियाला के क्षेत्रों में सात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इन आतंकवादियों के नाम जैमल सिंह उर्फ़ कक्क, सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा, गुरमेज सिंह, नमतेज सिंह उर्फ़ माना, गुरमेज सिंह उर्फ़ गेजा, बलविंदर सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा बलदेव सिंह बताए गए हैं । इनसे पकड़े गए हथियारों में .455 बोर का एक रिवाल्वर, .303 बोर का एक पिस्तौल, 12 बोर के दो देसी पिस्तौल, 12 बोर की दो दोनाली बंदूकें और विभिन्न किस्मों के 35 कारतूस शामिल हैं ।

कल बटाला क्षेत्र में जो दो आतंकवादी पुलिस की हिरासत से फरार हो गए थे, उनके नाम हरजीत सिंह व त्रिलोचन सिंह उर्फ़ बीरा बताए गए हैं ।

फिरोज़पुर पुलिस ने एक आतंकवादी दर्शन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मैगज़ीन और अनचले कारतूस बरामद किए ।

दो घुसपैठिए मारे गए : सरकारी सूत्रों ने आज रात चंडीगढ़ में बताया कि आज भारत-पाक सीमा के फाज़िल्का सैक्टर में दो घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल से एक मुठभेड़ में मारे गए जबकि उनका एक साथी भागने में सफल हो गया । मृतक घुसपैठियों से कुछ हथियार तथा गोली-सिक्का मिला है ।

पटवारी घायल : अमृतसर से 'ह.स.' के अनुसार आज यहां भब्बाल के निकट गांव के पटवारी सुभाष चन्द्र को आतंकवादियों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार पटवारी स्कूटर पर अमृतसर आ रहा था जब दो अज्ञात आतंकवादियों ने उस पर फायरिंग की । उसे श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

कुक्क का अन्तिम संस्कार : धूरी (सिंगला): संगरूर में कल युथ कांग्रेस कार्यकर्ता कृष्ण कुमार कुक्क की अंत्येष्टि कर दी गई । उनकी कल संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । अन्तिम संस्कार के समय बहुत से कांग्रेसी नेता व अन्य शहरी उपस्थित थे ।

मिल-मालिक के लड़के का अपहरण : फाज़िल्का (नागपाल): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात नगर के बाहरी क्षेत्र में एक चावल मिल-मालिक अमरीक सिंह के लड़के बिट्टू (25) का अपहरण कर लिया । प्राप्त विवरण के अनुसार जैसे ही बिट्टू अपनी पत्नी के साथ रात ली बज के लगभग मिल में दाखिल हुआ तो दो पिस्तौलधारी युवकों ने उसका अपहरण कर लिया और उसको उनकी सफेद मारुति कार पी.पी.सी. 4074 में बैठने के लिए कहा । उन्होंने उसकी पत्नी को वहीं रहने के लिए कहा । दोनों अपहरणकर्ता बिट्टू को कार में डाल कर ले गए और समझा जाता है कि वे लिंक सड़क से मुक्तसर की ओर गए हैं, क्योंकि पुलिस के अनुसार अपहरणकर्ताओं ने कुछ ग्रामीणों से मुक्तसर का रास्ता पूछा था । जाने से पहले अपहरणकर्ताओं ने यह कहा कि बिट्टू के बारे में जानकारी मक्खू के डाक्टर रणजीत सिंह से मिल सकती है । पुलिस पार्टी ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है तथा अपहरणकर्ताओं की खोज की जा रही है ।

लाश मिली : आज प्रात: जिला रोपड़ में खरड़-लधड़ा रोड पर पुलिस ने एक लाश बरामद की ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर (न.न.स.): जालन्धर पुलिस ने स्थानीय गुरु रविदास चौक के निकट नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी गुरबख्श सिंह निवासी बस्ती शेख जालन्धर को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से ए.के. 47 राइफल के 55 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में गुरबख्श सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है ।

सी.आई.ए. स्टाफ़ पुलिस ने बस्ती शेख जालन्धर के एक संदिग्ध उग्रवादी कृपाल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक ए.के. 47 राइफल और 29 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने गांव बादवाल के एक संदिग्ध उग्रवादी कलबीर सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से भी एक ए.के. 47 राइफल और 25 कारतूस मिले ।

गत दिनों थाना फिल्लौर के गांव तेहंग में जो आतंकवादी पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था, की पहचान कमल उर्फ़ राणा के नाम से हो गई है और वह फगवाड़ा शहर जिला कपूरथला का रहने वाला था । पुलिस के एक उच्च अधिकारी के अनुसार कमल उर्फ़ राणा नामक उक्त आतंकवादी उत्तर प्रदेश पुलिस को कई कत्लों व लूट के मामलों में वांछित था । इस आतंकवादी ने फगवाड़ा में तैनात एक हवालदार जोगेन्द्र सिंह को उत्तर प्रदेश के जिला मयानीपुर में ले जाकर कत्ल कर दिया था ।

आत्म-समर्पण : संगरूर (गर्ग): संगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां बताया कि कल रात दो आतंकवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । बताया जाता है कि पुलिस की एक गश्ती पार्टी ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखकर रुकने के लिए संकेत किया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । इस पर गश्ती पार्टी द्वारा भी जवाबी फ़ायरिंग की गई । जब आतंकवादियों ने देखा कि वे भाग नहीं सकते तो उन्होंने आत्म-समर्पण कर दिया । उनकी पहचान सुखविंदर सिंह राओके तथा नछत्तर सिंह जौंडां के रूप में हुई है । उनसे एक .32 बोर का पिस्तौल, ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 105 अनचले कारतूस भी बरामद किए गए । पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ।

वेतन सरकार से दिलचस्पी कहीं और !

मोहाली, 4 जून (नर्बदा): पता चला है कि यहां के सरकारी अस्पताल में काम कर रही सीनियर मैडिकल अफसर के विरुद्ध पंजाब सरकार को कई तरह की शिकायतें मिली हैं जिसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं । सरकारी क्षेत्रों के अनुसार इस एस.एम.ओ. के विरुद्ध एक शिकायत यह भी है कि वह सरकारी ड्यूटी देने की बजाए एक ऐसे प्राइवेट अस्पताल में ज्यादा दिलचस्पी लेती है जिसे माहोली का एक प्रभावशाली नेता चलाता है । जांच पूरी होने व शिकायत सही साबित होने पर इस एस.एम.ओ. के विरुद्ध कार्रवाई सम्भावित है । यह भी पता चला है कि सतर्कता विभाग पंजाब ने अपने तौर पर इन शिकायतों की जांच कर ली है लेकिन वह कहीं दबी पड़ी है ।

की 'आंख व नाक'
उपकरण विकसित

सकते हैं और काफी दूरी से शत्रु के बारे में कर सेनाओं के 'कान' बन सकते हैं ।
ही में रक्षा सम्वाददाताओं के एक दल ने उस प्रयोगशाला का दौरा किया और वहां किए जा रहे सूक्ष्म उपकरणों को देखा । करण तो ऐसे हैं, जिनकी तकनीकी विश्व के देशों के पास ही है और भारत को ऐसे विदेश से उपलब्ध नहीं है ।
गशाला के निदेशक ने बताया कि परिष्कृत के जटिल राडार, एकीकृत मिसा इल कार्यक्रम अन्य हथियार प्रणालियों के लिए इस ाला में नई 'सैमीकंडक्टर' सामग्री तैयार की । यह तकनीकी 'गेलियम आर्सेनाइड'-पर त है ।
रत को विदेशों से ऐसी तकनीकी के बारे में कम जानकारी उपलब्ध है । सैमीकंडक्टर णों में मुख्य रूप से 'सिलिकान' सामग्री का होता है । विश्व में 'सिलिकान' का प्रयोग र बढ़ता जा रहा है । एक अनुमान के इस समय विश्व में 'सिलिकान' की हर साल



रुद्रपुर (नैनीताल) से आठ किलोमीटर दूर लालपुर (किच्छा) में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी जसविन्दर सिंह और विक्रम जीत सिंह । आतंकवादियों से बरामद एक ए.के. 47, 32 बोर का माउजर, 178

Punjabi Soch

डेढ़ लाख रुपए से अधिक की रकम लूटी : इका नेता कुपक्रू की पत्नी दम तोड़ गई

जंडियाला गुरु की श्मशान भूमि में दबाये बम बरामद

चंडीगढ़, 5 जून (वार्ता, हस): गत रात के बाद से पंजाब के आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि विभिन्न वारदातों में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की राशि लूट ली गई । संगरूर के इका स्वर्गीय नेता कुक्रू की घायल पत्नी अस्पताल में दम तोड़ गई जबकि जंडियालागुरु के श्मशान घाट में दबाये गये बम बरामद हो जाने से एक बड़ा दुर्घात टल गया । सीमा पर एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

2 भट्ठा-कर्मियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के क्षेत्र में स्थित गांव कोट अहमद खान के बाहर ईंटों के भट्ठे पर आज एक बजे बाद दोपहर तीन आतंकवादी गए तथा उन्होंने भट्ठे के मुन्शी प्रीतम सिंह व एक कारिंदे मक्खन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गए । कहा जाता है कि आतंकवादियों ने इस भट्ठे के मुन्शी के माध्यम से भट्ठा मालिक से एक लाख रुपए मांगे थे । रुपया न मिलने पर आज उन्होंने दो कर्मचारियों को मार डाला ।

एक मरा, दो घायल : आज सायं लगभग साढ़े चार बजे आतंकवादियों ने रैय्या के बस अड्डे पर फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति नत्था सिंह की हत्या कर दी और फ़रार हो गए । इस वारदात में घायल हुए दो व्यक्तियों को गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

घायल चल बसा : बाद में रैय्या कांड का एक घायल निर्मल सिंह अस्पताल में दम तोड़ गया, जिससे इस गोलीकांड में मरने वालों की संख्या 2 हो गई ।

'ह.स.' के अनुसार सी.आर.पी.एफ. की 38वीं बटालियन के दो जवानों पर आज सायं 4 बजे रैय्या के फेरूमान चौक में उस समय हमला किया गया था, जब वे अपनी घड़ी की मरम्मत करवा कर लौट रहे थे। ये जवान बाल-बाल बच गए । उन्होंने तत्काल जवाबी फायरिंग की और उनकी सहायता के लिए और सुरक्षा कर्मी भी घटनास्थल पर आ गए । फायरिंग के दौरान गांव बैरोवाल के सरपंच का भाई नत्था सिंह और गांव खलचियां का नत्था सिंह मारे गए, जबकि जोगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह और नरिन्द्र घायल हो गए ।

80 हजार रुपए लूटे : आज अमृतसर में एक बजे बाद दोपहर दो स्कूटर सवार आतंकवादी गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कैशियर भूपेन्द्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर 80 हजार रुपए छीन कर ले गए । पता चला है कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बैंक से यह रुपया निकलवा कर कैशियर दफ्तर की ओर जा रहा था कि आतंकवादी रुपया छीन कर भाग निकले । विश्वविद्यालय परिसर को तुरन्त सील कर दिया गया, परन्तु लुटेरे हाथ न आए । वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं ।

रिवाल्वर छीन ले गए : दो आतंकवादी गत रात थाना भिखीविंड के गांव नारला में एक स्कूल अध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर के घर से एक राइफ़ल 32 बोर का रिवाल्वर तथा 4 कारतूस छीन ले गए ।

दो आतंकवादी वेरका के निकट एक व्यक्ति से उसका ट्रैक्टर छीन कर फ़रार हो गए । इसी बीच कल गुरुनानक बाड़ा में एक संदिग्ध आतंकवादी हरमिंदर सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 32 बोर का रिवाल्वर व 5 कारतूस बरामद किए गए ।

घुसपैठिया मरा : कल रात खेमकरण क्षेत्र में हरभजन चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की फ़ायरिंग से मारा गया ।

दुकानों का समय : अमृतसर जिला प्रशासन ने जिला में दुकानों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बंद होने का समय 2 अगस्त तक के लिए निश्चित कर दिया है । दुकानों के बंद होने का समय सायं 7.30 बजे, वीडियो केसैट व नाइयों की दुकानों का रात 8 बजे, ढाबों, बेकरियों, खाने-पीने के सामान की दुकानों व शराब की दुकानों का रात 10 बजे और होटलों व रैस्टोरैंटों का रात 11 बजे निश्चित किया है । सिनेमा के रात्रि शो 9.30 बजे बाद नहीं हो सकेंगे ।

श्मशान घाट में बम मिले : जंडियालागुरु बार फिर टल गए जबकि तरनतारन से भारी फोर्स की निगरानी में दो उग्रवादियों को यहां लाया गया । जानकार सूत्रों से पता चला है कि यह उग्रवादी जंडियालागुरु में वारदात करने के उद्देश्य से एक थैले में कुछ हथगोले और टाईम बम छुपा कर जंडियालागुरु के श्मशानघाट में एक कमरे की



गांव तेहंग के निकट मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी कमल उर्फ़ राणा का चित्र । (फोटो : खोसला)

दीवार के साथ गड्ढा खोदकर दबा गए । अगले दिन उन्होंने अपने पूरे गिरोह के साथ यहां कोई बड़ी वारदात करनी थी जबकि वे तरनतारन में जाते हुए पकड़ लिए गए । सी.आर.पी. की भारी फ़ोर्स की निगरानी में उन्हें जंडियालागुरु लाया गया और उनकी निशानदेही पर उनके हाथों से ही गड्ढा खुदवा कर वह थैला निकाल कर लिया गया । जानकार सूत्रों से पता चला है कि उसमें कुछ हथगोले और टाईम बम थे, जिनकी संख्या 8 से 12 बताई जाती है ।

गत दिनों जंडियालागुरु गल्ला मंडी में 10 निर्दोष लोगों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी और अंधाधुंध फ़ायरिंग से 30 से अधिक व्यक्तियों को घायल कर दिया था । बढ़ रहे खतरे के दृष्टिगत जंडियालागुरु में सी.आर.पी. की गश्त तेज़ कर दी गई है । स्कूल व महत्वपूर्ण स्थानों पर चौकियां स्थापित की गई हैं ।

एस.पी.ओ. के घर फ़ायरिंग : जंडियालागुरु से जैन के अनुसार एस.पी.ओ. जवान के घर पर आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । प्राप्त जानकारी के अनुसार चक मिश्री खान थाना लोपोके गांव में तैनात एस.पी.ओ. जवान मीतपाल सिंह थाना जंडियाला गुरु के अपने गांव तलवंडी डोगरां में छुट्टी पर अपने परिवार को मिलने आया हुआ था कि रात 2 बजे चार आतंकवादी एस.पी.ओ. जवान के भाई गुरमुख सिंह को घर से उठा कर मीतपाल सिंह के घर ले गए तथा उसे मीतपाल सिंह को उठाने को कहा । चारों आतंकवादियों ने जो शस्त्रों से लैस थे, मीतपाल सिंह को जगा कर पूछा कि तेरा नाम क्या है । उसने अपना गलत नाम बताया तो आतंकवादी उसका बाजू पकड़ कर बाहिर लाने लगे । जवान ने कपड़े पहनने का बहाना बना कर घर में जाकर आतंकवादियों को ललकारा, तो आतंकवादी एस.पी.ओ. जवान के पास शस्त्र समझ कर घर पर फ़ायरिंग करके रात के अन्धेरे में भाग गए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर के भिन्न-भिन्न नाकाबंदी के दौरान तीन संदिग्ध नौजवानों गुरमेज सिंह, बलविन्द्र सिंह पुत्र दलीप सिंह, बलदेव सिंह पुत्र लाल सिंह (तीनों वासी जंडियालागुरु) को गिरफ्तार कर लिया जिनकी निशानदेही पर 2 पिस्तौल 12 बोर एक पिस्तौल 303 और 13 कारतूस बरामद किए ।

प्राथमिक पूछताछ के दौरान तीनों ने स्वीकार किया कि वे लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर धन बटोरते हैं ।

स्त्री की हत्या : गत रात जिला होशियारपुर के गांव भंगेरनी में एक स्त्री सुखवंत कौर की उसके घर में चाकू मार कर हत्या कर दी गई ।

होशियारपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों जसबीर सिंह और मोहन सिंह को पकड़ा तथा उनसे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये ।

सिंगरीवाला में हत्या : आज बाद दोपहर जिला होशियारपुर के ही गांव सिंगरीवाला में एक लड़की किरणदीप कौर की छुरा मार कर हत्या कर दी गई ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी सोमवार को नई दिल्ली में नगरपालिका सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर ज्योति प्रज्ज्वलित करते हुए । (छाया : सरस्वती)

कर रहे, प्रदर्शनकारी चीनी छात्रों ने सेना (छाया : पै.ट्र.)

कार्रवाई की चीनी त चुकानी पड़ेगी

ं का समर्थन आंदोलनकारी छात्रों का मनोबल रखने में उपयोगी साबित हो रहा है ।

दोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि शुरूआत चाहे छात्रों ने की हो, लेकिन ोरे उनके अभिभावक किसान और मज़दूर भी शामिल हो गये हैं । यह बात भी किसी से नहीं है कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी के बड़े वर्ग हानुभूति छात्रों के साथ है । विशेषज्ञों के र छात्रों के दमन के लिए पीपल्स लिबरेशन का प्रयोग आत्मघाती कदम सिद्ध होगा और के साथ हमदर्दी रखने वाला वर्ग खुल कर आ सकता है । इस संदर्भ में आने वाले दिनों देखना होगा कि पेइचिंग क्षेत्र के सैनिक और कारी क्या रुख अपनाते हैं । विशेषज्ञों का है कि कार्रवाई के खिलाफ विश्व जनमत निस्ट नेतृत्व को आंदोलन के प्रति अपना रुख ने पर मजबूर करेगा, क्योंकि वर्तमान समय में विश्व जनमत की उपेक्षा करने का साहस नहीं सकता ।

नानमिन की घटनाओं पर भारत को चिंता

नई दिल्ली, 5 जून (ह.स.): पेइचिंग के नमिन चौक पर घटने वाली त्रासद घटनाओं पर ने को बहुत शोक पहुंचा है । भारत को आशा है स्थिति शीघ्र ही सुलझ जाएगी ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता को जब निहत्थे र पर की गई चीनी सेना की क्रूर कार्रवाई पर क्रिया व्यक्त करने के लिए कहा गया तो उसने कि किसी देश के आंतरिक मामलों के संबंध में ना भारत की विदेश नीति नहीं है लेकिन प्रवक्ता हा कि इन घटनाओं पर भारत को दुख हुआ है हम चाहते हैं कि स्थिति शीघ्र सामान्य हो ।

एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि त-चीन संयुक्त कार्य गुट की बैठक स्थगित करने कोई प्रस्ताव नहीं है । यह बैठक इस मास के अंत ईचिंग में हो रही है । उल्लेखनीय है कि चीन के ाक्रम को देखते हुए आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री हाक समेत विश्व के कई अन्य प्रतिष्ठित क्तियों ने चीन की यात्रा स्थगित कर दी है । क्ता ने कहा कि समाचारपत्रों की रिपोर्ट के ुसार पेइचिंग की स्थिति चिंताजनक है ।

नी धमकियों से उत्पन्न रकार द्वारा विचार

कर दी है । उनके लक्ष्य एक बार फिर शराब व ाक विक्रेता बनने लगे हैं । लोगों से रुपया ऐंठने घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं । शहरी क्षेत्रों में रहने ने अनेक लोगों तक को रुपयों के लिए धमकी-भरे या धमकी-भरे टैलीफोन आ रहे हैं । इस तरह मामलों की संख्या काफी बढ़ी है । अनेक लोग, न्हें इस प्रकार की धमकियां प्राप्त होती हैं, भय के रण पुलिस से सम्पर्क नहीं करते हैं । पहली बात उन्हें यह विश्वास नहीं होता कि यह धमकियां ावादी संगठनों की ओर से हैं या कुछ शरारती ों की ओर से हैं ? दूसरी बात उन्हें यह विश्वास ी होता कि उन्हें समुचित संरक्षण प्राप्त हो एगा ।

प्रधानमंत्री ने गत सप्ताह स्थिति की समीक्षा की । कल होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री ी बूटा सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव तथा

Punjabi Sanatan

ारिक, एक अमरीकी दम्पति,
और एक इटली का पत्रकार भी
और श्री विलियम को चीनी
गिरफ्तार किया, जब श्री रोथ
र सैनिक हमले की घटना की
हे थे ।

चीन पर प्रतिबंध :
ार्ज बुश ने चीन में लोकतंत्र
ों के खिलाफ कार्रवाई की
हा कि वह चीन को सरकारी
हथियारों और हथियारों के
तुरन्त रोक लगाने के आदेश

दाता सम्मेलन में कहा कि
र्णय की निन्दा करते हैं ।"
यों को आह्वान किया कि "वे
की नीति पर चलें ।"
साथ संबंध पूरी तरह तोड़
र दी और कहा कि यह न तो
और न ही चीन के पक्ष में ।
से अमरीका अपना राजदूत

ार अमरीका में रह रहे चीनी
वधि बढ़ाना चाहेंगे तो वह
यों को नरम रुख अपनाने का

या में कहीं भी कोई आजादी
करता है तो हम उसके साथ

ंचग में मौजूदा हालात के
ाफ प्रतिबंध लगाने की
ा है । ब्रिटेन का कहना है
हांगकांग को एक निश्चित
द्ध है, जो 1997 में चीन

धिकारी होस्टलों में रह रहे

मगर लोगों ने पीछा करके एक आतंकवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

कुक्कू की पत्नी दम तोड़ गई : धूरी (सिंगला): संदिग्ध आतंकवादियों ने गत दिवस संगरूर के यूथ इंका वर्कर कृष्ण कुमार उर्फ़ कुक्कू की हत्या कर दी थी और उसकी पत्नी संतोष कुमारी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । संतोष कुमारी भी गत दिवस लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में दम तोड़ गई ।

स्कूटर सवार की हत्या : समराला (स): यहां के निकटवर्ती गांव लोपों के गुलज़ार सिंह नामक व्यक्ति पर, जो कि स्कूटर पर जा रहा था, गांव महद्दां के फ़ोकल प्लाइंट के समीप अज्ञात व्यक्तियों ने गोली चला दी तथा स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए । गुलज़ार सिंह की वहीं पर मृत्यु हो गई जिसका शव पोस्ट मार्टम के लिए यहां लाया गया । पता लगा है कि गुलज़ार सिंह अपनी पत्नी के लिए अस्पताल में खाना लेकर जा रहा था । यह घटना दिन में लगभग 11.30 बजे की बताई जाती है ।

65,000 रुपए छीने : मानसा (ज) : तीन अज्ञात सशस्त्र युवकों ने गांव डालावाला जिला भटिंडा की सहकारी सोसायटी के कैशियर दर्शन सिंह से 65,000 रुपए लूट लिए तथा स्कूटर पर सवार होकर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

10,000 रुपए लूट लिए : पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादियों ने बटाला में एक पैट्रोल पम्प मालिक विजय कुमार से 10,000 रुपए लूट लिए ।

लूट की वारदातें : मोगा से आज़ाद के अनुसार गत रात गांव घल कलां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 2 घरों में लूट-पाट की । बताया जाता है कि रात लगभग 1.30 बजे 8 अज्ञात व्यक्ति हवेली राम नामक व्यक्ति के घर गए और 500 रुपए नकद व सोने की बालियां ले उड़े । वहां से

भागने की कोशिश की
पोत से गोलीबारी भी
रक्षकों का एक दल पोत
और उन्हें पकड़ लाया

प्रवक्ता ने बताया
नौका की तलाशी लेने
जब्त की गई । अंडेमा
में तस्करी करने का य
आम तौर पर इस क्षेत्र
लिए आती हैं । तट
अधिकारी लैफ्टीनैंट क
नौका पर संदेह हुआ
इशारा किया । प्रवक्
समुद्र उफान भर र
ऊंचे-ऊंची उठ रही
उनकी चेतावनी को न
प्रयास किया तो तट
पड़ी । नौका से पकड़ी
नौकाओं के मूल्य से भ

राष्ट्रीय मोर्च
की बै

नई दिल्ली, 5 जू
दलों के राष्ट्रीय मोर्चे
होने वाली बैठक में
आगामी लोकसभा चु
की सम्भावनाओं की

आंध्र प्रदेश के
अध्यक्षता में होने वा
भारतीय शांति सेना
संविधान संशोधन वि
और मोर्चे के चुनाव
विचार किये जाने
शामिल पांच दल हैं
द्रमुक, असम गण परि

Punjab Sanatan

लेकिन इस सेना को 'शीघ्र' हटा लेने की इच्छा
दोहराया है ।

भारत और श्रीलंका इस बात के लिए सहमत हो
हैं कि भारत-श्रीलंका समझौते के तहत ऐसी
स्थितियां कायम करने के बारे में बातचीत जारी
जाए, जिससे वहां से शांति सेना की वापसी हो
। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां
कि श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री प्रेमदास के विशेष
ी. बर्नार्ड तिलकरत्ने ने इसके बारे में प्रधानमंत्री
व गांधी और विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव
तचीत की । श्रीलंका से भारतीय शांति सेना
ापसी के बारे में श्री तिलकरत्ने ने एक संदेश भी
ांधी को दिया ।

उन्होंने बताया कि भारत ने शांति सेना को शीघ्र
ा बुलाने के बारे में अपने मत से श्री तिलकरत्ने
वगत कराया ।

रण बेदी गवाहों के कटघरे में दाखिल

ई दिल्ली, 6 जून (ह.स.): उत्तरी दिल्ली की
र्व पुलिस उपायुक्त श्रीमती किरण बेदी करीब
ाल की कानूनी लड़ाई के बाद बधवा न्यायिक
ति के समक्ष गवाही के लिए आज गवाहों के
रे में अंततः खड़ी हो गईं । उनके अलावा कई
पुलिस अधिकारी भी गवाहों के कटघरे में खड़े

करण बेदी ने बधवा समिति के समक्ष कहा कि
ाय पालिका और न्यायालय के फैसलों का सब
क सम्मान करती है । श्रीमती बेदी ने दिल्ली
सोसिएशन के वकील श्री गुरचरण सिंह बाबा
कथन को पूरी तरह गलत बताया कि न्यायिक
और न्यायिक अधिकारियों का सम्मान न
उनकी आदत है । उन्होंने कहा कि वह
ालिका का सबसे अधिक सम्मान करती है ।
पूर्व श्रीमती बेदी ने अपने वकील श्री
एस. तुलसी के कुछ सवालों के जवाब दिए ।

जधानी में पिछले साल हुए वकीलों के
न से सम्बन्धित घटनाओं की जांच कर रही
क समिति के समक्ष शपथ लेकर गवाही देने से
बेदी अभी तक किसी कारण बच रही थीं ।
मिति ने एक बार तो श्रीमती बेदी के खिलाफ
प्रक्रिया संहिता की धारा 178 के तहत
कार्रवाई करने तक के आदेश दे दिए थे ।
य अवसर पर उन्हें कारण बताओ नोटिस
या था ।
ायमूर्ति डी.पी. बधवा की एक सदस्यीय
समिति के समक्ष कार्रवाई शुरू होने से पूर्व
ति का कक्ष पूरी तरह वकीलों तथा श्रीमती
गवाही सुनने के इच्छुक व्यक्तियों से भर गया

योग के समक्ष उपस्थित होने से पूर्व अपने
(फोटो : सरस्वती)

दिया गया

श मंत्री नरसिम्हा राव आज शाम ईरान के
से मिलने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे ।

मेनी की वसीयत : ईरान के मरहूम
नेता आयतुल्ला खुमैनी ने अपनी वसीयत में
नों से अमरीका और सोवियत संघ का विरोध
र सऊदी अरब, मिस्र, जार्डन और ईराक के
-परस्त नेताओं की मुखालफत करने की
की है । वसीयत कल यहां जारी की गई ।
खुमैनी की इस वसीयत के अंश तेहरान
प्रसारित किए गए । वसीयत जारी करने
क्ति का नाम प्रसारण में उद्धृत नहीं किया

रों में बताया गया है कि मजलिस के अध्यक्ष

आतंकवादी 'तोती' मारा गया

तरनतारन में इंका नेता के घर पर बम फैंका

2 बस यात्रियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 जून (वार्ता, हस): खूंखार आतंकवादी और तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू जनरल सुखविंदर सिंह उर्फ़ तोती, जोकि लगभग 150 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था, सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह सुखदेव सिंह झामके के गुट का सदस्य था । आतंकवादियों ने पंजाब में 2 बस यात्रियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक इंका नेता के घर पर बम फैंका गया ।

पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल सतर्क : तीन दिन की अपेक्षाकृत खामोशी के बाद पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी को देखते हुए पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित चंडीगढ़ में पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों को सतर्क कर दिया गया है । महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ।

2.45 लाख रुपए लूट कर ले गए : रोपड़ (ह.स.): दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां नहर विभाग के कैशियर से 2.45 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार कैशियर ने यह राशि कार्यालय के निकट स्थित एक बैंक से निकलवाई थी । अभियुक्त लूट का माल लेकर भाग निकले ।

'तोती' मुठभेड़ में मारा गया : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव संगरावां के निकट गत रात पुलिस व 79 बटालियन की बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया व उसके दो साथी अंधेरे में भाग निकले । पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृतक आतंकवादी की शिनाख्त गांव दयालगढ़ निवासी सुखविन्द्र सिंह उर्फ़ तोती के रूप में हुई है । यह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयं-भू लैफ्टीनैंट जनरल था, उसके सिर पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था और यह पंजाब के अलग-अलग जिलों में कम से कम 150 बेगुनाह व मासूम लोगों की हत्याओं तथा जबरी धन बटोरने की वारदातों के लिए पुलिस को वांछित था । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल तथा 110 कारतूस बरामद हुए ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि गत वर्ष व इस वर्ष पठानकोट के निकट गांव सुन्दर चक्क में 12 लोगों, कैंडियाल कालोनी में 4 लोगों, गांव बुज्जियांवाली में फांसी देकर चार लोगों, टंडियाला नजारा में 11 लोगों, गांव काली बाहमनियां में 9 लोगों, श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर शर्मा, रोपड़ के निकट 35 भट्ठा मजदूरों, गांव सोढ में तीन लोगों, लुधियाना सीड फार्म पर 11 लोगों, अहियापुर, टांडा व भोगपुर में तीन अलग-अलग वारदातों में 19 लोगों की हत्याओं में वह प्रमुख रूप से संलिप्त था ।

2 बस यात्रियों की हत्या : आज सायं बटाला पुलिस जिला के तलवंडी गांव में आतंकवादियों ने 2 बस यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा दो अन्य को सख्त घायल कर दिया । बस में यात्रा कर रहे 6 आतंकवादियों ने ड्राइवर को उस समय बस रोकने का आदेश दिया, जब यह अमृतसर-पठानकोट रोड पर स्थित तलवंडी गांव पहुंची । बस में केवल 4 यात्री थे । आतंकवादियों ने उन्हें घसीट कर बाहर निकाला तथा फिर गोलियां चला कर चारों को घायल कर दिया । इनमें से 2 अवतार सिंह व राजवंत सिंह अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ गए जबकि जोगेंद्र पाल तथा राम लुभाया की दशा गम्भीर है ।

रैड अलर्ट जारी : सूत्रों के अनुसार अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया है ताकि आतंकवादियों को पकड़ा जा सके ।

अमृतसर से हमारे सम्वाददाता की सूचना है कि उक्त बस खेड़ा ट्रांसपोर्ट कम्पनी की थी, जिसका नम्बर पी.ए.बी. 1897 है । यह बस अमृतसर से पठानकोट के लिए रवाना हुई थी । जब बस कत्थूनंगल के निकट तलवंडी पहुंची तो आतंकवादियों ने इस पर फायरिंग शुरू कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी अमृतसर से ही बस में सवार हो गए थे और एक आतंकवादी स्कूटर पर गांव तलवंडी के निकट खड़ा था । पंजाब रोडवेज के मैनेजर ने कहा है कि मृतकों की संख्या ज्यादा हो सकती है ।

बड़ा हत्याकांड टला : वि.प्र. के अनुसार आतंकवादियों ने बस यात्रियों से कहा कि हिन्दू सवारियां एक तरफ हो जाएं । बस को जब लिंक रोड पर ले जाया गया तो बस में से सवारियां निकल भागीं । भागती हुई सवारियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । दोनों मृतक अवतार सिंह तथा राजवंत सिंह जिला गुरदासपुर के निवासी थे जबकि से एक बहुत बड़ा हत्याकांड टल गया है । आतंकवादी हिंदू यात्रियों को मार डालने का लक्ष्य साधे हुए थे और इसीलिये उन्होंने बस को लिंक रोड पर ले जाने के बाद हिन्दू यात्रियों को एक तरफ जाने के लिए कहा परन्तु बस में सवार सिख यात्री अलग न हुए जबकि एक-दो सिख यात्री साहस से काम लेकर आतंकवादियों से गुत्थमगुत्था भी हो गये जिनमें मृतक अवतार सिंह भी शामिल था । इसी दौरान बस से उतरे यात्रियों को भागने का अवसर मिल गया ।

इंका नेता के घर पर हथगोला फैंका : गत रात तरनतारन नगर में आतंकवादियों ने वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेता डा. सुरेन्द्र पाल सिंह के घर पर हथगोला फैंक कर उनकी हत्या करने का प्रयत्न किया । पुलिस ने बताया कि हथगोला फट नहीं सका । डाक्टर पाल,जो कि मैडीकल प्रैक्टीशनर भी हैं, ने 1985 में राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ा था,परन्तु हार गए थे ।

लूट कर भाग रहा उग्रवादी मारा गया : आज दोपहर तरनतारन-झब्बाल सड़क पर एक आतंकवादी उस समय मारा गया जब वह तथा उसका साथी एक पैट्रोल पम्प से 1000 रुपए लूटने के पश्चात् स्कूटर पर भाग रहे थे कि स्कूटर एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गया । उसका दूसरा साथ गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल उग्रवादी को श्री गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करवा दिया गया है ।

मारे गए उग्रवादी का नाम हरिंद्र सिंह घायल उग्रवादी का नाम बलवंत सिंह बताया गया है ।

न्यूयार्क, 9 जून (ह.स.): अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने कल प्रधानमंत्री राजीव गांधी से आपसी हित के मसलों के बारे में टैलीफोन पर बातचीत की । व्हाइट हाऊस के एक प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच करीब 15 मिनट तक बातचीत हुई । प्रवक्ता ने बातचीत का विशेष ब्यौरा देने से इन्कार कर दिया ।

सिंडीकेट बैंक कार्यालय में भीषण आग : रिकार्ड जलकर राख

नई दिल्ली, 9 जून (ह.स.): यहां सिंडीकेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में आज शाम भयंकर आग लग गई । इस अग्नि कांड में बैंक का काफी रिकार्ड जलकर राख हो जाने का अंदेशा है ।

व्यापारिक गतिविधियां

कालगेट पामोलिव पर कर चोरी का आरोप बेबुनियाद

बम्बई, 9 जून : कालगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में 30 मई 1989 को बम्बई के 'इकनामिक टाइम्स' में प्रकाशित इस समाचार को बेबुनियाद घोषित किया है कि कालगेट पामोलिव द्वारा कर चोरी की जा रही है । विज्ञप्ति में दिए गए हवाले के अनुसार 28 अप्रैल 1989 को वित्त राज्यमंत्री ने लोकसभा को सूचित किया था कि—"केंद्रीय आबकारी ड्यूटी की चोरी के सिलसिले में मैसर्ज कालगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड को कोई 'कारण बताओ नोटिस' जारी नहीं किया गया है ।" इसी प्रकार औद्योगिक विकास राज्यमंत्री ने 2

WARNING

Our clients : M/S. THE AGRICULTURAL ACCESSORIES COMPANY and M/S. AGRO NUTRIENTS PVT. LTD., Vijay Bhavan, Morshi Road, Amravati-444 601 (M.S.) are the exclusive proprietors of the following Trade Mark in respect of Fertilizers and Plant Nutrient Compositions etc.

BAHAR SPRAY

Recently, our clients have come to know that some unscrupulous manufacturers/traders are manufacturing and selling the above said goods under identical/deceptively Trade Mark and artistic work in order to pass off their spurious and inferior quality goods as the genuine goods of our clients.

NOTICE is hereby given that the police action for seizure of spurious goods shall be taken against unscrupulous manufacturers, dealers and/or stockists who may pass off their substandard and inferior quality of goods under any brand/artistic work which is identical and/or deceptively similar to our clients Trade Mark/artistic work without any further reference.

A. K. GOEL (ADVOCATE)
ASHOKA TRADE MARKS CO.,
(Patent & Trade Mark Attorneys)
14-F, Connaught Place,
New Delhi-110 001.
Phones : 3314836, 3310691.

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rete for 9.6.89 56/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7.55 per Dozen.

आवश्यकता

600 सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाईजर (भूतपूर्व सैनिक) दिल्ली के लिए शीघ्र चाहिएं । केवल भूतपूर्व सैनिक पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, यू.पी., राजस्थान, हिमाचल वाले सम्पर्क करें । बेलन सिक्योरिटी गार्ड्ज 800/-, सुपरवाईजर 1200/-, शीघ्र सम्पर्क करें :—इंटरनैशनल सिक्योरिटी, सीडी हाऊस, लाल रत्न सिनेमा, नक्कैदर रोड, जालंधर शहर ।

एक प्रधानाध्यापिका जो स्कूल का विकास कर सके । वेतन पर या पार्टनरशिप में । एक महिला जो घर का काम कर सके, सम्पर्क करें : राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्जी मंडी, हिसार-125001.

चपड़ासी तथा पैकर चाहिए, हिमाचल निवासी को प्राथमिकता । मौंगा क्लिनिक, लारैंस रोड, अमृतसर,

चिकित्सा

भायुस मरीजों की तकदीर खुल गई । गागर में सागर कोर्स खाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ 120/- रुपए । बवासीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ 100/- रुपए मनिआर्डर या खुद मिल कर दवा मंगवाएं । हकीम परस राम एण्ड संस, हैड आफिस गागर में सागर बिल्डिंग, जी फर्स्ट 87, मदनगीर, नई दिल्ली-62.

रोजगार

कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्कों के 8000 पद रिक्त हैं । योग्यता—मैट्रिक । आयु सीमा—18 से 25 वर्ष । वेतनमान—950-1500 । अंतिम तिथि—26.6.1989 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनिआर्डर शीघ्र भेजें : National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134003.

केंद्र सरकार के कार्यालयों में क्लर्कों की 7000

Punjabi Sansar

फोटो में (दाएं) श्री अटल (छाया : पंजाब केसरी)

मलने से

ौत्रा

ाजपा के अध्यक्ष श्री मदन के सचिव प्रो. विजय कुमार स्थिति को गम्भीर बताते हुए होकर मुकाबला करने का

र्जनों व्यक्तियों

षड्यंत्र नाकाम

जून (सं): कुछ खतरनाक और सुरक्षा बलों के हाथों मारे ी पहुंची चोट के बाद पुनः करने के लिए अलग-अलग वारदातें करने की योजनाएं क्रे रद्द नहीं किया जा सकता ी स्थान पर भी कोई रक्तिम सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार कुछ बाहर भी जा चुके हैं और इस बनाने में व्यस्त हैं । इस क षड्यंत्र अनावृत्त हुआ है,

चंडीगढ़, 10 जून (वा., ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक समाचार-पत्र के हॉकर तथा एक इंका नेता सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि संगरूर में एक उग्रवादी मारा गया । बटाला क्षेत्र में एक घुसपैठिया मारा गया । दो व्यक्तियों ने एक टैक्सी चालक को घायल कर दिया ।

हॉकर की हत्या : अमृतसर (ब्र.प्र.): आतंकवादियों ने आज तड़के एक समाचार पत्र के हॉकर अश्विनी कुमार की कैनेडी एवेन्यू में गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद बताया कि स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने उसका ग्रीन एवेन्यू से ही पीछा करना शुरू किया था । हॉकर अपनी जान बचाने के लिए कैनेडी एवेन्यू के एक मकान में घुस गया, परन्तु दुर्भाग्यवश उस घर को ताला लगा हुआ था । आतंकवादियों ने उसे वहीं दबोच लिया और मार दिया । मृतक आई.टी.आई. का छात्र था और अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए अखबार बांटने का काम करता था ।

हॉकर ने हाथ जोड़ कर आतंकवादियों की मिन्नत-समाजत की तथा यहां तक कहा कि वह कल से यह काम ही छोड़ देगा । उसकी जान बख्श दी जाए, परन्तु आतंकवादियों ने उसकी एक न सुनी, यह भी नहीं देखा कि उसके पास कौन से अखबार हैं । उन्होंने उसकी कनपटी में गोली मारी, जिससे उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

पंजाब में अब तक कुल मिला कर 5 समाचार पत्र एजैंटों व हॉकरों की हत्या की जा चुकी है, जबकि अमृतसर में हॉकर की हत्या का यह दूसरा केस है ।

शव नहीं मिला : कपूरथला (शर्मा): पुलिस उप-कप्तान सरदार केहर सिंह ने बताया कि गत प्रातः व्यास नदी में पुलिस की हिरासत से भाग में से पानी में हथकड़ी सहित छलांग लगाने वाले दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ़ सुखा का अभी तक न तो शव मिला है और न ही जीवित पकड़ा गया है ।

Punjabi Sanjahi

...भावना

नि.स.): विश्वसनीय सूत्रों
क सभा चुनाव आगामी
की सम्भावना है । पता
रकार का यह सुझाव
व पहली या 31 अक्तूबर
ह सुझाव सिरे न चढ़ा तो
ाए जा सकते हैं ।

लड़ने के संदर्भ में अपनी
। उसके नेता युद्ध स्तर पर
के साथ-साथ भाजपा,
दूसरी राजनैतिक पार्टियां
हैं । विपक्षी पार्टियां
दल) चुनाव एडजस्टमैंट
ल होती हैं, उसी के सिर
क कांग्रेस को कितनी चोट

भाजपा ही ऐसी राजनैतिक
तालमेल से सत्ता में आने
कांग्रेस में अवसरवादी,
धे और जायज-नाजायज
ी करने वालों की संख्या
कांग्रेस को बहुत बड़ी
ा पड़ेगा । यह ठीक है कि
ं, वोटर की उम्र 18 वर्ष,
न और नेहरू रोजगार
छ न कुछ लाभ पहुंचेगा ।
ोबारा सत्ता में आना है तो
माप्त करना होगा क्योंकि
।

र में 31 मरे

ी.): सोवियत संघ में कल
टक्कर में कम से कम 31
और 190 व्यक्ति घायल

रात यहां से 60 किलोमीटर दूर यानी पातड़ के गांव नूरपुर के निवासी ब्लाक कांग्रेस (इ) शुतराना के प्रधान श्री बलविंदर सिंह (42) की तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने बलविंदर सिंह के घर में घुस कर उसको गोलियां मारीं । पुलिस के अनुसार आतंकवादी ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफ्ल तथा रिवाल्वर से लैस थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

2 दुकानें जलीं : गत रात पटियाला से 28 किलोमीटर दूर सामाना में दो दुकानें जल गईं । इनमें से एक किरयाना की तथा दूसरी कपड़ा विक्रेता की दुकान थी । पुलिस को शक है कि यह शार्ट सर्किट का केस है तथापि दुकानों के मालिकों का कहना है कि इसमें कोई शरारत है ।

उग्रवादी मारा गया : संगरूर (सं.): यहां से 20 किलो मीटर दूर रायसर के निकट हुए एक जबरदस्त पुलिस मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । आज सायं 3 व्यक्ति अपने ट्रैक्टर पर संगरूर से भवानीगढ़ की ओर जा रहे थे तो दो उग्रवादियों ने उनमें से एक व्यक्ति को पिस्तौल की नोक पर अपने पास बिठा लिया और शेष दो को कहा कि वे एक लाख रुपया लेकर आएं और अपना आदमी ले जाएं । इन दो व्यक्तियों ने भवानीगढ़ पुलिस को सूचित कर दिया, जिस पर भवानीगढ़ और संगरूर से भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और दोतरफा फायरिंग शुरू हो गई, जिसमें एक उग्रवादी मारा गया । इसी दौरान दूसरे उग्रवादी ने कब्जे में लिए गए व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया और स्वयं फरार होने में सफल हो गया । घायल को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

टैक्सी-चालक घायल : संगरूर (निस): संगरूर—बुढलाडा रोड पर गत रात एक टैक्सी चालक किशोर कुमार उस समय गम्भीर रूप से

Punjabi Sahafat

इंका नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अजीब बात यह है कि संगरूर पुलिस ने अभी तक इस संबंध में केस दर्ज नहीं किया है क्योंकि संबंधित क्षेत्र के बारे में पुलिस थानों में विवाद है । पुलिस ने बताया कि बुढलाडा को वायरलैस पर संदेश भेज कर मामले की जांच के लिए कहा गया है ।

धूरी से सिंगला के अनुसार पुलिस ने एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा 12 कारतूस बरामद किये हैं ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : अहमदगढ़ (सं): सुरक्षा बलों ने गत दिवस यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव कंगनवाल में थाना सिद्धवां के उग्रवादियों जागर सिंह और उजागर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल, कुछ कारतूस और ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 56 कारतूस बरामद किए गए ।

54,000 रुपए छीन लिए : दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गत दिवस मालेरकोटला रोड पर स्थित मिल्क सैंटर के कर्मचारी बशीर खां से पिस्तौल की नोक पर 54,000 रुपए छीन लिए और फरार हो गए ।

मुठभेड़ में घुसपैठिया मरा : बटाला (वि.प्र.): आज सुबह तीन बजे डेरा बाबा नानक सीमा चौकी पर गांव कस्तोवाल के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया । उसके दो अन्य साथी पाकिस्तान की ओर भागने में सफल हो गए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों को वहां से एक पिस्तौल तथा 14 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

अमृतसर में उग्रवादियों के हाथों मारा गया अखबारी हाकर अश्विनी कुमार । इन्सैट में उसका पुराना चित्र । (छाया : ए.के.)

गुमशुदा की तलाश

विजय कुमार (35) निवासी डौला नंगल बटाला 20 मई, 89 से गुम है । यदि वह पढ़ें तो स्वयं लौट आएं । यदि किसी को मिले तो वह निम्न पते पर पहुंचा कर कृतार्थ करें क्योंकि उनकी पत्नी व बच्चे परेशान हैं । इनका रंग गंदमी, 5'-6", दाईं आंख में निशान है व ग्रे पैंट-शर्ट पहने हैं । सूचना देने वाले को किराए सहित उचित ईनाम दिया जाएगा ।

पता : शक्ति शर्मा, गली डोगरियां, टिब्बा बाजार, बटाला-143505.

गंजापन, सफेद बाल, मोटापा, अफीम, शराब, सेहत, बवासीर, गर्मी और चमड़ी रोग का इलाज यहां

कर्नाटक के लिए संसदीय सलाहकार समिति

नई दिल्ली, 10 जून । केंद्र सरकार ने आज राष्ट्रपति शासन वाले कर्नाटक में प्रशासन की मदद के लिए संसदीय सलाहकार समिति गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा कि यह समिति विभिन्न मंत्रालयों से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की तरह की होगी । इसमें लोकसभा तथा राज्यसभा के 2:1 के अनुपात में सदस्य होंगे ।

कर्नाटक में 21 अप्रैल को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था ।

रूसी कांग्रेस में सखारोव ने वैकल्पिक प्रस्ताव पेश किया

मास्को, 10 जून (ह.स.): रूस के राष्ट्रपति मिखाईल गोर्बाच्योव ने प्रमुख वैज्ञानिक सखारोव की इस बात पर कड़ी आलोचना की है कि उन्होंने कल कांग्रेस के अधिवेशन की समाप्ति पर सरकारी प्रस्ताव के मुकाबले में एकदम अलग करके कांग्रेस

पेइचिंग में धर-पकड़

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकार द्वारा टैलीविजन और राडया प्रसारणों में सेना की धुआंधार प्रशंसा की जा रही है तथा प्रदर्शनकारियों पर चीन की समाजवादी व्यवस्था को नष्ट करने के प्रयास का आरोप लगाया जा रहा है ।

तिनानमिन चौक तथा उत्तर-पश्चिमी पेइचिंग के विश्वविद्यालय क्षेत्र में अब भी हजारों सैनिक मौजूद हैं । सशस्त्र सैनिक सब्जियों से लदे एक ट्रक को सुरक्षा पहरे में शहर की ओर लाते देखे गए । सैनिकों ने कल रात कारों को रोक-रोक कर पूछताछ भी की ।

नेता का बेटा पुलिस संरक्षण में : लंदन : सत्तारूढ़ पोलित ब्यूरो के सदस्य छिआओ शी का पत्र यहां पुलिस संरक्षण में है । कम्युनिस्ट पार्टी श्री छिआओ के नियंत्रण में है । 'डेली मेल' ने आज लिखा है कि कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययनरत श्याओ मिन च्यांग पुलिस संरक्षण में है । उन्हें यहां रह रहे क्रुद्ध चीनी नागरिकों से खतरा है । अखबार में आगे कहा गया है कि श्याओ की पत्नी वांओ चिन उनके साथ है, जो ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन (बी.बी.सी.) में रिपोर्टर है ।

हांगकांग चीनी छात्रों को शरण देगा : हांगकांग उन चीनी छात्रों को राजनीतिक शरण देने के लिए तैयार है, जो हाल में चीन में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने की वजह से चीन सरकार द्वारा दंडित होने के भय से भागना चाहते हैं ।

यात्रा पर यहां आए हांगकांग के अधिकारी ने कल बताया कि अगर छात्र चीन से भाग कर आते हैं तो हांगकांग छात्रों को शरणार्थी मान कर राजनीतिक शरण देगा तथा वापस चीन नहीं भेजेगा । पेइचिंग के तिनानमिन चौक पर गत रविवार को हुई सैनिक कार्रवाई के बाद चीन से प्रतिदिन अनेक चीनी हांगकांग आ रहे हैं, किन्तु किसी ने भी राजनीतिक शरण लेने की इच्छा जाहिर नहीं की है ।

राष्ट्रमंडल के देश चिंतित : राष्ट्रमंडल देशों ने हाल ही में चीन के लोकतंत्र समर्थक छात्रों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की है । राष्ट्रमंडल के महासचिव श्री दत्त रामफल ने कल यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि विश्व जनमत और विश्व कार्रवाई से चीन के शासकों को दमन के रास्ते से हटाने का प्रयास करना चाहिए जिन्होंने स्वतंत्रता के प्रथम उफान को कुचल दिया ।

ब्रिटिश व्यापार मिशन चीन जाएगा : चीन की उथल-पुथल की चिंता न करते हुए ब्रिटिश व्यापार मिशन अक्तूबर में चीन जाएगा । इस में

समाचार पत्र विक्रेताओं
विरुद्ध लोगों को एकजुट हो

जालन्धर, 10 जून (नि.स.): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब शाखा के सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा ने आतंकवादियों द्वारा समाचार पत्र विक्रेताओं और हाकरों की निर्मम हत्या की निंदा की है । उन्होंने अखबार विक्रेताओं को डराने धमकाने की कार्रवाइयों को अखबारों की आजादी पर हमला करार दिया । उन्होंने लोकतंत्री तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के पक्षधर लोगों को आह्वान किया है कि वे आतंकवादियों की इन कार्रवाईयों के विरुद्ध आवाज उठाएं ।

श्री रंधावा ने खेद व्यक्त किया कि प्रशासन समाचार पत्र विक्रेताओं तथा हाकरों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने के मामले में उदासीन रवैया अपना रहा है । उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि इस संदर्भ में ठोस कदम उठाए जाएं ताकि जानकारी प्राप्त करने के लोगों के अधिकार की रक्षा हो सके ।

इस दौरान अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों ने भी फगवाड़ा में एक अखबार विक्रेता की हत्या की निंदा की है । पंजाब इंका ने इस हत्या को प्रैस की आजादी पर हमला बताया है तथा लोगों को आह्वान किया है कि वे एकजुट होकर इस स्थिति का मुकाबले करें । भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने इस हत्या की निंदा करते हुए कहा है कि इस हमले को एक समाचार पत्र समूह के साथ सम्बन्धित इक्का-दुक्का घटना ही नहीं समझना चाहिए क्योंकि जो भी आतंकवादियों के विरुद्ध आवाज उठाता है, उसकी हत्या करना आतंकवादियों की रणनीति है और इस चुनौती का डट कर मुकाबला किया जाना चाहिए ।

सरकार का चुप रहना निंदनीय : पालमपुर : भाजपा नेता श्री वधवानी ने आज गृह मन्त्री श्री बूटा सिंह को एक पत्र लिख कर कहा है कि हिन्द समाचार पत्र समूह के न्यूज एजैंटों और हॉकरों की आतंकवादियों द्वारा की जा रही हत्याओं के मामले और इसे मिल रही धमकियों के मामले को वह गम्भीरता से लें । इसके साथ ही उन्होंने राज्यभर में लोगों तक समाचार पत्र पहुंचाने के कड़े प्रबन्ध किए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई शुरू करने का फल लाला जगत नारायण और श्री रमेश चंद्र को अपनी जान गंवा कर मिला और अब आए दिन मिल रही धमकियों और सरकार का खामोश

मानवत
अकाली दल
पंजाब विधा
मिन्हास ने य
भेंट में कहा
में है । प्रैस
है । उन्होंने
हत्याओं की
हत्या मानव
के विपरीत
एकता के बा
तरह अलग
पर इकट्ठे मि
आने पर सभी
ही चुनाव चि

संगरूर
भाजपा, इंक
एसोसिएशन
करने की धम
कड़ी निन्दा

लोकतं
(नि. स.)
श्री मदन
बातचीत कर
समस्या लोक
पक्के कर रही
को बंद करवा
तथा एजैंटों
लोकतंत्र पर

आपने क
योजना कोई
रूरल डिवैलप

लुधियान
• इंका नेता लाल
के एजैंटों व ह
की घटनाओं
राजनीतिक द
इस प्रकार के

भारत
के खिल

Punjab Sanatan

ाब में 3 आतंकवादी मारे गए,
आर.पी. के जवान सहित 4 की हत्या

स चौकी पर फायरिंग : 4 शरणदाता व उग्रवादी गिरफ्तार

ानगर सीमा पर 3 घुसपैठिए मरे

जून (वा.हस): गत रात के बाद से
कवादी मारे गये जबकि 4 व्यक्तियों
गई । आतंकवादियों ने एक पुलिस
ण की, जबकि एक वारदात में एक
त 2 व्यक्ति घायल हो गये । एक
ा 3 शरणदाता गिरफ्तार किये
सीमा पर 3 पाक घुसपैठिये मारे

कवादी मारे गए : पटियाला
कवादी जोकि थाना नाभा की कैनाल
क्वार्टर में छिपे हुए थे, कल रात
ैनिक बलों की संयुक्त पार्टी के साथ
ए । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी
ठभेड़ आध घंटे तक चली । यह
चना के आधार पर मारा गया था ।
जा रही थी तो आतंकवादियों ने
पार्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी
ं छापामार पार्टी ने भी फायरिंग
बंद होने के बाद घटनास्थल पर दो
शव बरामद हुए । एक चोरीशुदा
बोर का पिस्तौल, एक एकनाली
जार रुपए नकद भी वहां से मिले ।
यह स्कूटर गत दिवस गांव बड़सत
छीना था तथा उसी दिन जिला
ोगढ़ में उन्होंने डकैती डाली थी
क व्यक्ति घायल हो गया था ।
स्कूटर का नम्बर भी बदल दिया

ले छलनी मारा गिरी :
पुलिस ने गत रात थाना जंडियाला
ं एक युवक की गोलियों से छलनी
। पुलिस को संदेह है कि यह
आपसी रंजिश का केस है ।
मृतक का नाम पूर्ण सिंह बताया
गया है । उसका शुक्रवार की रात को उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : गत रात तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत थाना पट्टी के अन्तर्गत कोट बुड्ढा गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने पुलिस चौकी पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । पुलिस की जवाबी गोलीबारी के कारण आतंकवादी भाग जाने पर मजबूर हो गए । आध घंटे तक चली इस फायरिंग में किसी ओर से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

सी.आर.पी. का जवान मारा गया : उग्रवादियों ने आज दोपहर पुलिस जिले तरनतारन के गांव ठाकर कला के निकट घात लगा कर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर हमला किया, जिससे एक जवान घायल हो गया । जवान निहाल सिंह की बाद में सिविल अस्पताल पट्टी में घावों की ताव न सहते हुए मृत्यु हो गई ।

तीन शरणदाता बंदी : फरीदकोट पुलिस ने कल रात जिला में आतंकवादियों के तीन शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । इनके नाम गुरबचन सिंह, जीत सिंह तथा गरमुख सिंह हैं । जिला पुलिस चीफ श्री सतीश कुमार ने बताया कि यह लोग खूंखार आतंकवादी हरभजन सिंह सुरसिंहवाला उर्फ मिनी मानी चाहल व उसके गिरोह के सदस्यों को गत चार महीनों से शरण दे रहे थे । गिरोह के सदस्य अपने हथियार गरमुख सिंह के मकान में रखा करते थे । गुरमुख सिंह के निवास स्थान से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मैगजीन व 50 कारतूस बरामद हुए ।

बलात्कार करते थे : मोगा से सम्वाददाता की सूचना है कि पकड़े गए शरणदाताओं ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया है कि उक्त आतंकवादी नियमित रूप से उनके घरों में आते थे और गत 2 महीनों से उनके घरों में ठहर रहे थे । उन्होंने यह भी बताया कि उक्त कट्टर आतंकवादी उनके घर की औरतों से बंदूक की नोक पर बलात्कार भी करते थे । एक शरणदाता गुरबचन सिंह ने बताया कि दीपसिंहवाला का सुखमेंदर सिंह उसके घर में हथियार छिपाया करता था ।

आतंकवादी की शिनाख्त : संगरूर (नि.स.): कल यहां से 20 कि.मी. दूर गांव हरकिशनपुरा में संगरूर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चंद राम उर्फ चन्न सिंह उर्फ सुखदेव नामक आतंकवादी जोकि भटिंडा जिला के गांव चक्क फतेहसिंहवाला का रहने वाला था, मारा गया । उसकी शिनाख्त आज हुई । एस.एस.पी. ज्ञान सिंह के अनुसार मुठभेड़ करीब एक घंटा चली ।

गोली मार कर हत्या : उन्होंने बताया कि आतंकवादी चंद राम ने एक किसान हरदेव सिंह उर्फ बिल्ला को दो अन्य किसानों के साथ अगवा कर लिया था तथा छोड़ने के लिए भारी फिरौती मांगी थी । हरदेव सिंह के साथियों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी । पुलिस जब उसी समय घटनास्थल पर पहुंची तो आतंकवादी ने अगवा किए किसान की हत्या कर भागने की कोशिश की । लेकिन पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । गोलियां चलने पर उग्रवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा अस्पताल के रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस प्रमुख ने बताया कि चंद राम की अनेक लूटपाट की घटनाओं में पुलिस को तलाश थी । इससे पूर्व भी उसने गांव मुमावाली के एक किसान को 70,000 रुपए फिरौती लेकर छोड़ा था । उसके पास से एक राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 घुसपैठिये मरे : श्रीगंगानगर (वार्ता): पाकिस्तान से लगी श्रीगंगानगर जिले की घड़साना सीमा पर कल सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन घुसपैठिये मारे गए । पुलिस के अनुसार पाकिस्तान से पांच घुसपैठियों ने कल सुबह भारत की सीमा में प्रवेश किया । उन्हें सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने चेतावनी दी । इस पर घुसपैठियों ने गोली चलाई । जवाब में जवानों ने भी गोलियां चलाईं । इनमें दो घुसपैठिये भाग निकले जबकि तीन घुसपैठियों ने वहीं दम तोड़ दिया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प्रगति मैदान, पालमपुर में रविवार को हुई भाजपा की रैली का एक राजे सिंधिया, श्री एल. के. अडवानी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शांता कुमार बैठे दिखाई दे रहे हैं । (नीचे) रैली में उपस्थिति का

श्मीर लिबरेशन फ्रंट के उग्रवादियों को
सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दा फाश

जून (अशोक): सीमा सुरक्षा बल
ोड़ की गतिविधियों में संलिप्त
रेशन फ्रंट के उग्रवादियों को
ई करने वाले एक गिरोह का
यह गिरोह पाकिस्तान के फील्ड
निगरानी में सक्रिय था । यह
उच्च सूत्रों ने दी है ।
सैक्टर में घुस आए तीन पाक
ारी के बाद इस गिरोह की

सूत्रों ने बताया कि उड़ी सैक्टर में सक्रिय जासूस गिरोह में राजबली एक महत्वपूर्ण स्थान रखता था । उसके इस सैक्टर के प्रभावी लोगों के साथ भी सम्बन्ध थे । सूत्रों ने उसे सीमा पार क्षेत्र का एक कख्यात अपराधी बताया है । ये तीनों जासूस फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट के लिए काम करते थे । पाक क्षेत्र में खोजा बांदे में तैनात सूबेदार तथा हवलदार जमशीद खां और कहूटा में नियुक्त मेजर शाह,

पंजाब जनता दल के अध्यक्ष को हटा दिया गया

जालन्धर, 11 जून : आज यहां जनता दल पंजाब के कार्यकर्त्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती इकबाल कौर प्रधान महिला

श्रद्धालुओं की भीड़
के निवास स्थान प

तेहरान, 11 जून (हि.टा.): बहिश्ते ज़हरा, जहां इरान के आध्यात्मिक नेता आयतुल्ला खुमैनी को दफनाया गया था, के अतिरिक्त असंख्य श्रद्धालु उनके साधारण और छोटे से मकान पर भी उमड़ रहे हैं ।

उनके निवास स्थान जमरान हुसैनी तक पहुंचने के लिए अंधेरी व छतवाली गलियों से गुजरना पड़ता है । मकान में बस कुछ आवश्यक वस्तुएं ही दिखाई देती हैं । आयतुल्ला खुमैनी के घर को देख कर पता चलता है कि इस्लामी गणतंत्र ईरान के संस्थापक स्वर्गीय आध्यात्मिक नेता किस तरह से अपना जीवन बिताते थे । इसे देख कर लगता है कि इमाम खुमैनी को एश्वर्य से सख्त नफरत थी ।

दो कमरों के इस किराए के मकान का कुल क्षेत्र 80 वर्ग मीटर है । यह साधारण सा घर 'हुसैनी' से जुड़ा है जहां वह आम लोगों से मिला करते थे । इन दोनों के बीच एक छोटी सी छत और एक तंग गलियारा है । एक खस्ता हाल 12 वर्ग मीटर का कालीन उनके निजी कमरे की एक मात्र शोभा है । फर्नीचर के नाम पर एक पुरानी आराम कुर्सी और एक छोटी मेज है । कमरे में निजी उपयोग की अन्य वस्तुओं में पवित्र कुरान, एक घड़ी, कई किताबें और एक दर्पण है ।

कई विदेशी महिला पत्रकारों को एक निकटवर्ती मकान में आयतुल्ला खुमैनी की विधवा से भेंट करने की अनुमति दी गई । इमाम की तीन लड़कियां और एक लड़का होजनोलेस्लाम अहमद खुमैनी है । इमाम के बड़े बेटे मुस्तफा की पैरिस में 1979 में मृत्यु हो गई थी । उस समय स्वर्गीय इमाम ईराक में निर्वासन में थे ।

जाएगा ।
ऐसा ल
क्षण पहले
का उनका
क्षण पहले
"बत्तियां बु
श्रीमती जह
उनके पिता
सदस्यों को
बहुत कठिन
सैंकड़ों
धार्मिक नेत
श्रद्धांजलि दे
तेहरान में क
भीड़ में सैं
आपातकालीन
स्वर्ण ज
सरकारी सवा
बजह से बहि
मीटर दूर तक
खुमैनी की सो
कब्र है । 'इर
की दर से लोग
स्त्री-पुरुषों क
किया गया ।
वाले के परिवा
चालीसवें दिन
आंध में

Punjabi Sanjari

ाब में 3 आतंकवादी मारे गए,
आर.पी. के जवान सहित 4 की हत्या

चौकी पर फायरिंग : 4 शरणदाता व उग्रवादी गिरफ्तार

ानगर सीमा पर 3 घुसपैठिए मरे

जून (वा. हस): गत रात के बाद से
वादी मारे गये जबकि 4 व्यक्तियों
ई । आतंकवादियों ने एक पुलिस
की, जबकि एक वारदात में एक
2 व्यक्ति घायल हो गये । एक
3 शरणदाता गिरफ्तार किये
सीमा पर 3 पाक घुसपैठिये मारे

ादी मारे गए : पटियाला
वादी जोकि थाना नाभा की कैनाल
क्वार्टर में छिपे हुए थे, कल रात
निक बलों की संयुक्त पार्टी के साथ
। एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी
भेड़ आध घंटे तक चली । यह
ना के आधार पर मारा गया था ।
ा रही थी तो आतंकवादियों ने
र्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी
छापामार पार्टी ने भी फायरिंग
होने के बाद घटनास्थल पर दो
व बरामद हुए । एक चोरीशुदा
ोर का पिस्तौल, एक एकनाली
र रुपए नकद भी वहां से मिले ।
स्कूटर गत दिवस गांव बड़सत
छीना था तथा उसी दिन जिला
ड़ में उन्होंने डकैती डाली थी
व्यक्ति घायल हो गया था ।
कूटर का नम्बर भी बदल दिया

छलनी लाश मिली :
लिस ने गत रात थाना जंडियाला
एक युवक की गोलियों से छलनी
। पुलिस को संदेह है कि यह
आपसी रंजिश का केस है ।
तक का नाम पूर्ण सिंह बताया
गया है । उसका शुक्रवार की रात को उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : गत रात तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत थाना पट्टी के अन्तर्गत कोट बुड्ढा गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने पुलिस चौकी पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । पुलिस की जवाबी गोलीबारी के कारण आतंकवादी भाग जाने पर मजबूर हो गए । आध घंटे तक चली इस फायरिंग में किसी ओर से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

सी.आर.पी. का जवान मारा गया : उग्रवादियों ने आज दोपहर पुलिस जिले तरनतारन के गांव ठाकर कला के निकट घात लगा कर सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर हमला किया, जिससे एक जवान घायल हो गया । जवान निहाल सिंह की बाद में सिविल अस्पताल पट्टी में घावों की ताव न सहते हुए मृत्यु हो गई ।

तीन शरणदाता बंदी : फरीदकोट पुलिस ने कल रात जिला में आतंकवादियों के तीन शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । इनके नाम गुरबचन सिंह, जीत सिंह तथा गुरमुख सिंह हैं । जिला पुलिस चीफ श्री सतीश कुमार ने बताया कि यह लोग खूंखार आतंकवादी हरभजन सिंह सुरसिंहवाला उर्फ भिनी माना गिरोह व उसके गिरोह के सदस्यों को गत चार महीनों से शरण दे रहे थे । गिरोह के सदस्य अपने हथियार गुरमुख सिंह के मकान में रखा करते थे । गुरमुख सिंह के निवास स्थान से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मेगजीन व 50 कारतूस बरामद हुए ।

बलात्कार करते थे : मोगा से सम्बाददाता की सूचना है कि पकड़े गए शरणदाताओं ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया है कि उक्त आतंकवादी नियमित रूप से उनके घरों में आते थे और गत 2 महीनों से उनके घरों में ठहर रहे थे । उन्होंने यह भी बताया कि उक्त कट्टर आतंकवादी उनके घर की औरतों से बंदूक की नोक पर बलात्कार भी करते थे । एक शरणदाता गरबचन सिंह ने बताया कि दीपसिंहवाला का सुखमंदर सिंह उसके घर में हथियार छिपाया करता था ।

आतंकवादी की शिनाख्त : संगरूर (नि.स.): कल यहां से 20 कि.मी. दूर गांव हरकिशनपुरा में संगरूर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चंद राम उर्फ चन्न सिंह उर्फ सुखदेव नामक आतंकवादी जोकि भटिंडा जिला के गांव चक्क फतेहसिंहवाला का रहने वाला था, मारा गया । उसकी शिनाख्त आज हुई । एस.एस.पी. ज्ञान सिंह के अनुसार मुठभेड़ करीब एक घंटा चली ।

गोली मार कर हत्या : उन्होंने बताया कि आतंकवादी चंद राम ने एक किसान हरदेव सिंह उर्फ बिल्लू को दो अन्य किसानों के साथ अगवा कर लिया था तथा छोड़ने के लिए भारी फिरौती मांगी थी । हरदेव सिंह के साथियों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी । पुलिस जब उसी समय घटनास्थल पर पहुंची तो आतंकवादी ने अगवा किए किसान की हत्या कर भागने की कोशिश की । लेकिन पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । गोलियां चलने पर उग्रवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा अस्पताल के रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस प्रमुख ने बताया कि चंद राम की अनेक लूटपाट की घटनाओं में पुलिस को तलाश थी । इससे पूर्व भी उसने गांव मुमावाली के एक किसान को 70,000 रुपए फिरौती लेकर छोड़ा था । उसके पास से एक राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 घुसपैठिये मरे : श्रीगंगानगर (वार्ता): पाकिस्तान से लगी श्रीगंगानगर जिले की घड़साना सीमा पर कल सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन घुसपैठिये मारे गए । पुलिस के अनुसार पाकिस्तान से पांच घुसपैठियों ने कल सुबह भारत की सीमा में प्रवेश किया । उन्हें सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने चेतावनी दी । इस पर घुसपैठियों ने गोली चलाई । जवाब में जवानों ने भी गोलियां चलाईं । इनमें दो घुसपैठिये भाग निकले जबकि तीन घुसपैठियों ने वहीं दम तोड़ दिया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प्रगति मैदान, पालमपुर में रविवार को हुई भाजपा की रैली का एक
राजे सिंधिया, श्री एल. के. आडवानी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शांता कुमार बैठे दिखाई दे रहे हैं । (नीचे) रैली में उपस्थिति का

श्रद्धालुओं की भीड़
के निवास स्थान प

तेहरान, 11 जून (हि.टा.): बहिश्ते ज़हरा, जहां इरान के आध्यात्मिक नेता आयतुल्ला खुमैनी को दफनाया गया था, के अतिरिक्त असंख्य श्रद्धालु उनके साधारण और छोटे से मकान पर भी उमड़ रहे हैं ।

उनके निवास स्थान जमरान हुसैनी तक पहुंचने के लिए अंधेरी व छतवाली गलियों से गुजरना पड़ता है । मकान में बस कुछ आवश्यक वस्तुएं ही दिखाई देती हैं । आयतुल्ला खुमैनी के घर को देख कर पता चलता है कि इस्लामी गणतंत्र ईरान के संस्थापक स्वर्गीय आध्यात्मिक नेता किस तरह से अपना जीवन बिताते थे । इसे देख कर लगता है कि इमाम खुमैनी को एश्वर्य से सख्त नफरत थी ।

दो कमरों के इस किराए के मकान का कुल क्षेत्र 80 वर्ग मीटर है । यह साधारण सा घर 'हुसैनी' से जुड़ा है जहां वह आम लोगों से मिला करते थे । इन दोनों के बीच एक छोटी सी छत और एक तंग गलियारा है । एक खस्ता हाल 12 वर्ग मीटर का कालीन उनके निजी कमरे की एक मात्र शोभा है । फर्नीचर के नाम पर एक पुरानी आराम कुर्सी और एक छोटी मेज है । कमरे में निजी उपयोग की अन्य वस्तुओं में पवित्र कुरान, एक घड़ी, कई किताबें और एक दर्पण है ।

कई विदेशी महिला पत्रकारों को एक निकटवर्ती मकान में आयतुल्ला खुमैनी की विधवा से भेंट करने की अनुमति दी गई । इमाम की तीन लड़कियां और एक लड़का होजनोलेस्लाम अहमद खुमैनी है । इमाम के बड़े बेटे मुस्तफा की पैरिस में 1979 में मृत्यु हो गई थी । उस समय स्वर्गीय इमाम ईराक में निर्वासन में थे ।

जाएगा ।
ऐसा
क्षण पहले
का उनका
क्षण पहले
"बत्तियां बु
श्रीमती जह
उनके पिता
सदस्यों को
बहत कठिन
सैंकड़ों
धार्मिक नेत
श्रद्धांजलि दे
तेहरान में क
भीड़ में सै
आपातकालीन
स्वर्ण ज
सरकारी संवा
वजह से बहि
मीटर दर तक
खुमैनी की सो
कब्र है । 'इर
की दर से लोग
स्त्री-पुरुषों क
किया गया ।
वाले के परिव
चालीसवें दिन

आंध्र में

मीर लिबरेशन फ्रंट के उग्रवादियों को
सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दा फाश

न (अशोक): सीमा सुरक्षा बल
ड़ की गतिविधियों में संलिप्त
रेशन फ्रंट के उग्रवादियों को
करने वाले एक गिरोह का
यह गिरोह पाकिस्तान के फील्ड
निगरानी में सक्रिय था । यह
च्च सूत्रों ने दी है ।

सूत्रों ने बताया कि उड़ी सैक्टर में सक्रिय जासूस गिरोह में राजबली एक महत्वपूर्ण स्थान रखता था । उसके इस सैक्टर के प्रभावी लोगों के साथ भी सम्बन्ध थे । सूत्रों ने उसे सीमा पार क्षेत्र का एक कुख्यात अपराधी बताया है । ये तीनों जासूस फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट के लिए काम करते थे । पाक क्षेत्र में खोजा बांदे में तैनात सूबेदार तथा हवलदार जसपीत सिंह और कहटा में नियुक्त मेजर शाह

पंजाब जनता दल के अध्यक्ष को हटा दिया गया

जालन्धर, 11 जून : आज यहां जनता दल पंजाब के कार्यकर्त्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती इकबाल कौर प्रधान महिला

Punjabi Sanjari

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला फिरोजपर में एक वारदात में कल रात आतंकवादियों ने गोलियां चला कर एक पुलिस कर्मी व एक शहरी को घायल कर दिया ।

कपूरथला पुलिस ने टहल सिंह नामक एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे .32 बोर का देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

दम तोड़ गया : फगवाड़ा (नि.स.): गत दिवस फगवाड़ा में न्यूज पेपर एजैंट पर की गई फायरिंग में जो राज कुमार नामक दुकानदार सख्त घायल हो गया था, वह सी.एम.सी. लुधियाना में दम तोड़ गया । इस तरह इस घटना में मरने वालों की संख्या दो हो गई है ।

शस्त्र कानून के अन्तर्गत केस दर्ज : समराला (सम्वाददाता): सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना माछीवाड़ा में गांव पवात के देवेन्द्र सिंह उर्फ बिदर सिंह नामक व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र कानून, टी.डी.ए.पी. एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । पुलिस ने उक्त व्यक्ति से एक .12 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद करने का दावा किया है ।

गैंगमैन की हत्या : बटाला (ह.स.): गत रात बटाला के निकट एक रेलवे गैंगमैन सुच्चा सिंह की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई । तथापि पुलिस ने इसको आपसी शत्रुता का मामला बताया है । जांच जारी है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरी धर्मपत्नी **कांता देवी शर्मा** आयु 28 वर्ष, कद 5'-2", 20 मई 1989 से लापता है । सूचना देने वाले को सफर खर्च के अलावा 200 रुपया इनाम नकद दिया जाएगा ।

ठाकुर दत्त शर्मा
ब्लाक नं. I मकान नं. 262/D,
रेलवे कालोनी, पठानकोट

10 लोग डूबे

पटना, 11 जून (वार्ता): बिहार में वैशाली जिले के महनार पुलिस थाने के एक गांव के पास कल गंगा नदी में एक नाव दुर्घटना में दस लोगों के डूबने की आशंका है । दुर्घटना के समय नाव में 45 यात्री सवार थे । इनमें अधिकतर खेतिहर मजदूर थे ।

जनता दल का सदस्य भर्ती अभियान शुरू

जालन्धर, 11 जून (वि.प्र.): जनता दल पंजाब के महासचिव श्री ज्ञान चन्द ने एक भेंट में कहा है कि दल का सदस्य-भर्ती-अभियान शुरू हो गया है जो 31 जुलाई तक चलेगा ।

अमृतसर में अखबारों के हाकर अश्विनी कुमार की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने पर शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें शहीद हाकर अश्विनी, राजन तथा अमर शहीद लाला जगत नारायण व श्री रमेश चन्द्र के चित्रों पर फूलमालाएं पहनाई गईं और उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की गई । शोकसभा में डा. बलदेव बावला, श्री सुरेन्द्र किल्ला, श्री दरबारी लाल आदि नेता शामिल हुए । मृतक हाकर के परिवारों की महिलाएं भी शामिल हुईं । (छाया : पी. के.)

'मुर्दा' टैलीफोन ठेलों पर रख कर प्रदर्शन करेंगे

बटाला, 11 जून (कंवलजीत): स्थानीय टैलीफोन दुर्व्यवस्था के विरुद्ध स्थानीय ईकाई नेताओं के नेतृत्व में उपभोक्ता अपने 'मुर्दा' टैलीफोन ठेलों पर रख कर निकट भविष्य में टैलीफोन केन्द्र के बाहर प्रदर्शन करेंगे । यह जानकारी देते हुए स्थानीय इकाई के भूतपूर्व विधायक श्री अश्विनी सेखड़ी, प्रधान श्री चमन लाल भागी व अन्य ने आरोप लगाया कि स्थानीय टैलीफोन कालों के नम्बर मांगते समय उपभोक्ताओं को अत्यन्त परेशान होना पड़ता है । अधिकतर गलत नम्बर मिला दिए जाते हैं । लोकल कालों के बिल अधिक चार्ज किए जाते हैं ।

दूसरी ओर अलग-अलग टैलीफोन आप्रेटरों व यूनियन नेताओं का कहना है कि टैलीफोन की दुर्व्यवस्था का मुख्य कारण विभाग की गलत नीतियां हैं । टैलीफोन आप्रेटरों का यह भी आरोप है कि यहां स्टाफ बहुत कम है तथा तकनीकी तौर पर अनेकों त्रुटियां हैं ।

3 आतंकवादी रिमांड के बाद पंजाब लाए गए

सुन्दरनगर, 11 जून (सोनी): "सुन्दरनगर में आतंकवादी आ गए,पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया है ।" यह चर्चा शुक्रवार को दोपहर बाद पूरे सुन्दरनगर में हो रही थी । इस विषय पर शहर में कई तरह की अफवाहें भी फैलनी शुरू हो गई । जब इस बारे पूरी जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि पंजाब के रोपड़ जिला में कुछ वारदातों में संलिप्त तीन आतंकवादी साथ लगते बिलासपुर जिला (हिमाचल प्रदेश) के किसी स्थान पर जा पहुंचे तो उनका पीछा कर रही पंजाब पुलिस तथा हिमाचल पुलिस ने मिल कर उन आतंकवादियों को पकड़ लिया और हिरासत में ले लिया । आतंकवादियों की गिरफ्तारी बिलासपुर जिला के क्षेत्र में हुई थी, इसलिए पुलिस को रिमांड लेने के लिए बिलासपुर के न्यायाधीश के पास बिलासपुर पहुंचना पड़ा, परन्तु बिलासपुर में उस दिन अदालत में न्यायाधीश उपस्थित नहीं थे, इस लिए निकट की अदालत सुंदरनगर में होने के कारण पुलिस उन आतंकवादियों को सुन्दरनगर के न्यायिक न्यायाधीश की अदालत में लाई और रिमांड प्राप्त किया । आतंकवादियों को पंजाब पुलिस के साथ एक वैन में लाया गया था जो रिमांड प्राप्त करने के बाद फिर पंजाब को रवाना हो गई ।

आधी रात को दस्तक

(पृष्ठ 3 का शेष)

पतिकातिकारी नारे लिखे हैं ।

असंतुष्ट नेता, उसकी पत्नी के वारंट जारी : चीन सरकार ने आज देश के प्रमुख असंतुष्ट फ्रांग लिझी तथा उनकी पत्नी की गिरफ्तारी वारंट जारी किए तथा कई और छात्रों तथा श्रमिक नेताओं की गिरफ्तारियों की घोषणा की है । श्री लिझी तथा उनकी पत्नी ने अमरीकी दूतावास में शरण ले रखी है । अमरीकी टैलीविजन नैटवर्क ए.बी.सी. ने चीनी सूत्रों के हवाले से बताया कि पुलिस ने एक अन्य प्रमुख असंतुष्ट रेन वाडिंग को गिरफ्तार कर लिया है तथा सरकार के विरुद्ध लिखे गए उनके निबंधों की प्रतियां जब्त कर ली हैं ।

अज्ञात चीनियों के पत्र : पेइचिंग में अमरीकी दूतावास ने बताया कि उसे अज्ञात चीनियों से पत्र मिल रहे हैं जिनमें असंतुष्ट नेता फंग लिचि और उनकी पत्नी लिशाशिआन को शरण देने पर दूतावास की आलोचना की जा रही है ।

दूतावास के एक अधिकारी ने कहा कि पत्रों में श्री फंग को देशद्रोही तथा हाल के दंगों को भड़काने वाला बताया गया है । चीन सरकार ने आरोप लगाया है कि अमरीका ने श्री फंग को शरण देकर चीन के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी की है । दूतावास के अधिकारी ने बताया कि चीन में अब केवल 1400 के करीब अमरीकी हैं । जबकि आंदोलन से पूर्व वहां आठ हजार से अधिक अमरीकी थे ।

86 गिरफ्तार : सरकारी दूरदर्शन के अनुसार शनिवार को पेइचिंग में कम से कम 86 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं । इन लोगों को विभिन्न अपराधों के दृष्टिगत गिरफ्तार किया गया है ।

पत्रकारों पर पाबंदी : शंघाई : चीन के सबसे बड़े नगर शंघाई में विदेशी पत्रकारों पर विदेश मंत्रालय की इजाजत के बगैर समाचार संकलन करने पर पाबंदी लगा दी गई है । प्रशासन ने विदेशी पत्रकारों से कहा है कि वह उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता ।

अंतिम किरण : सरकार विरोधी आंदोलनकारियों के लिए केवल शंघाई विश्वविद्यालय ही आशा की अंतिम किरण बचा है । रविवार को असंख्य छात्रों और कामगारों ने सरकारी दमन से बचने के लिए यहां शरण ले ली ।

दस हजार लोग ब्लैकलिस्ट में : हांगकांग : एक स्थानीय समाचार ने रविवार को खबर दी है कि चीन में 10000 से भी अधिक लोग ब्लैकलिस्ट किए गए हैं तथा राष्ट्रपति यांगशांग कून ने उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं । यह ब्लैकलिस्ट एक विशेष समिति ने तैयार की है जिसके अध्यक्ष श्री यांग हैं, जो कम्युनिस्ट पार्टी के शक्तिशाली केंद्रीय सैनिक आयोग के उपाध्यक्ष भी हैं । इस सूची में पेइचिंग विश्वविद्यालय के कुछ प्रसिद्ध प्रोफैसर शामिल हैं । उनके अतिरिक्त छात्र, कामगार, बुद्धिजीवी तथा पत्रकार संगठनों के प्रमुख नेता भी इस सूची में शामिल हैं ।

शरण मांगी : सैन फ्रांसिस्को : चीनी वाणिज्य दूतावास के दो अधिकारियों ने अमरीका में राजनीतिक शरण मांगी है । गत शनिवार को एक रैली में उन्होंने अपने देश से सम्बद्ध विच्छेद करने की घोषणा की थी । एफ.बी.आई. सूत्रों के अनुसार 25 वर्षीय चाऊ लिमिंग तथा 26 वर्षीय झांग लिमिन ने सैन फ्रांसिस्को में दस हजार लोगों की जनसभा में अपने देश से नाता तोड़ने की घोषणा की ।

ब्रिटिश पत्रकार : लन्दन : चीन में लोकतंत्र समर्थक आन्दोलन के मौजूदा दौर में कल एक ब्रिटिश पत्रकार को चीन छोड़ने का आदेश दिया गया । इंडिपैंडैंट टैलीविजन न्यूज के संवाददाता पीटर न्यपोर्ट चीन से निकाले जाने वाले पहले ब्रिटिश पत्रकार हैं । पीटर न्यपोर्ट को शंघाई स्थित एक सार्वजनिक सुरक्षा इमारत का चित्र लेते पकड़ा गया ।

दिल्ली में प्रदर्शन : नई दिल्ली : अखिल भारतीय नेपाली वामपंथी मोर्चे और मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लगभग डेढ़ सौ कार्यकर्त्ताओं ने चीन में छात्रों के नरसंहार के विरोध में आज यहां शांतिपूर्ण ढंग से जलूस निकाला ।

बिछुड़न
लड़कियों

[illegible]चूर, 11 [illegible]
बंधने जा रही सहेल[illegible]
से सिहर कर केर[illegible]
लड़कियों ने फन[illegible]
ली । यह घट[illegible]
चेप्पिनकोडे की है

एक कताई के[illegible]
लड़कियां पक्की स[illegible]
कारण अभी मालू[illegible]
चला है कि उनमें[illegible]
वाला था । इस क[illegible]
तीनों को अलग क[illegible]
बर्दाश्त करने की [illegible]
करना बेहतर समझ[illegible]

शुक्रवार को [illegible]
के जंगल में अचेत[illegible]
अस्पताल पहुंचाया[illegible]
एक ने अस्पताल [illegible]

रेल पु[illegible]

रांची, 11 जून [illegible]
में छः दिन की आंशि[illegible]
उग्रपंथियों ने एक [illegible]
स्टेशन पर एक रेल [illegible]

सरकारी सूत्रों ने [illegible]
रांची लोहा रगाडा रे[illegible]
पुल को कल रात उड़[illegible]
मार्ग पर रेलों के आ[illegible]

रांची पुलिस के [illegible]
घटनास्थल की ओर [illegible]
सैन्य पुलिस की एक[illegible]
है ।

यहां मिली खब[illegible]
ने हजारी बाग जिले[illegible]
की लड़ाई नहीं होने[illegible]
लोगों को गिरफ्तार [illegible]
के दौरान सड़क [illegible]
रुकावट डालने के [illegible]
को हिरासत में लिय[illegible]

निर्माणाधी[illegible]
3 मजदूर

अमृतसर, 11[illegible]
गुरु अर्जुन देव नगर[illegible]
गिर जाने से तीन म[illegible]
अन्य घायल हो गए[illegible]
ही मृत्यु हो गई जब[illegible]
अन्य मजदूर ने अस[illegible]
दिया । दो घायल [illegible]
बी. अस्पताल में दा[illegible]

उजबेकिस्त[illegible]
दंगों मे[illegible]

मास्को, 11 जू[illegible]
उजबेकिस्तान गणत[illegible]
है । वहां उजबेकों [illegible]
मैसखेतियन्स के बीच[illegible]
में अब तक कम से [illegible]
हैं ।

सोवियत संघ में [illegible] परेड' में 'मिस सोवि[illegible] वर्षीया यूलिया सु[illegible] सुन्दरियों ने भाग लि[illegible] मास्को के हाई स्कू[illegible] हुआ । चित्र में [illegible] दृश्य ।

सुदृढ़ वित्तीय स्थिति वाले वितरक व विक्रेता सम्पर्क करें ।



(1) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उस जगह का, जहां सोमवार को बम फटा, निरीक्षण करते हुए अपराध-विज्ञान अधिकारी, (2) बम विस्फोट के बाद स्टेशन परिसर का दृश्य । (इनसैट में) विस्फोट के शिकार कुछ व्यक्तियों के शव, (3) विस्फोट के बाद वीरान पड़ गया नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, (4) रेल मंत्री श्री माधवराव सिंधिया रेलवे अस्पताल नई दिल्ली में दाखिल घायलों का हालचाल पूछते हुए । *(छाया : सरस्वती, पी.टी.)*

एक आतंकवादी मारा गया

एस.पी.ओज ने सरपंच के लड़के को अपहर्त्ताओं से छुड़ा लिया

पुलिस कर्मियों के अपहृत सम्बंधियों का कोई सुराग नहीं

चंडीगढ़, 12 जून (बा.हस.): पंजाब में कल रात के बाद एक किसान समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विशेष पुलिस अधिकारियों ने एक सरपंच के लड़के को आतंकवादियों से छुड़ा लिया । पुलिस कर्मचारियों के जिन संबंधियों का अपहरण कर लिया गया था, उनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

तीन की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में कल रात से विभिन्न स्थानों पर तीन और व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

छः आतंकवादियों का एक गिरोह गांव के पुजारी ओंकार नाथ के मकान में घुस आया और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

कहा जाता है कि मृतक ओंकार नाथ का गांव में काफी प्रभाव था तथा उसको आतंकवादियों ने काफी अर्सा पहले धमकियां दी थीं कि वह पलायन करके गांव से चला जाए परन्तु उसके गांव छोड़ कर जाने पर आतंकवादियों ने उसको मौत की नींद सुला दिया ।

इसी तरह दो आतंकवादी श्री हरिओम मन्दिर के मकान में घुस आए और एक तेजधार हथियार से गला काट कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया ।

आज सुबह तरनतारन-पट्टी सड़क मार्ग पर भैणीबाला गांव के किसानों ने सुखविंदर सिंह को गोलियों से एकलनी हाल मिला । पुलिस को संदेह है कि सुखविंदर सिंह खुद भी आतंकवादी था और आतंकवादी गिरोह की आपसी लड़ाई में मारा गया । मृतक की जेब से एक पर्चा मिला है, जिसमें उस पर लूटपाट और एरीना-अपहरण में शामिल होने का आरोप लगाया गया है । बताया जाता है कि सुखविंदर सिंह बब्बर खालसा के कमांडो आतंकवादी सुरजीत सिंह पेटा का निकट सहयोगी था । पेटा ने गत वर्ष स्वर्ण मंदिर में सैनिक कार्रवाई के दौरान आत्महत्या कर ली थी ।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस का एक जवान नौनिहाल सिंह, जोकि नकली दल से सम्बद्ध था, आतंकवादियों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ के बाद घायल हो गया था । बाद में वह अस्पताल में दम तोड़ गया । मारधाड़ के दौरान आतंकवादी एक चीनी ए.के. असाल्ट राइफल और कई कारतूस छोड़ कर भाग निकले ।

किसान की हत्या : गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव मुगलचक में एक किसान तरलोक सिंह की पांच अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिले के चीफ बलदेव सिंह ने एक बयान में कहा कि यह हत्या विशुद्ध रूप से तरलोक सिंह तथा गांव बहला के एक निवासी के मध्य निजी शत्रुता का परिणाम है । मामले की जांच की जा रही है । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के बीस खाली कारतूस मिले हैं ।

अमृतसर पुलिस ने कल रात एक व्यक्ति राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला के चीफ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर दो गिरोहों से सम्बन्धित चार आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । इनमें से दो आतंकवादी हस्सन उर्फ़ आनी तथा जरनैल सिंह उर्फ़ जैला को गांव मेहदीपुर से और मेजरसिंह व निर्मल सिंह को खडूर साहब में गिरफ्तार किया गया । पुलिस चीफ ने कहा कि हस्सन और जैला, जिनके कब्जे से दो 12 बोर के देसी पिस्तौल बरामद किए गए, ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया कि वह पाकिस्तान स्थित आतंकवादी बधावा सिंह के गिरोह से हथियार व गोली-सिक्का लेने के लिए कई बार पाकिस्तान गए थे । यह हथियार व गोली-सिक्का वह उसी गिरोह के बिल्ला नामक एक व्यक्ति के माध्यम से वितरित करते थे । उनसे अभी पूछताछ जारी है । मेजर सिंह तथा निर्मल सिंह से एक .38 बोर का रिवाल्वर, 4 कारतूस और एक .303 बोर का देसी रिवाल्वर व तीन कारतूस बरामद हुए ।

अपहरण का प्रयास : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव सैरोवाल से गांव के सरपंच मैहंगा सिंह के बेटे गुलजार सिंह का 3 सशस्त्र आतंकवादी अपहरण करके फायरिंग करते हुए चले गए लेकिन आगे गांव सक्खोवाल स्थित ग्रामीण सुरक्षा योजना के तहत तैनात एस.पी.ओज से उनकी मुठभेड़ हो गई । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि साहसी एस.पी.ओज ने इसकी सूचना तुरंत थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस व जिला पुलिस मुख्यालय को दी । इस मुठभेड़ में अपहृत गुलजार सिंह को छुड़ा लिया गया, लेकिन आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । सूत्रों ने कहा कि तीनों आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । तीनों के.एल.एफ. से संबंधित हैं और यह उक्त सरपंच से जबरी दस हजार रुपए मांग रहे थे । उसके रुपए न देने पर वह उसके लड़के का अपहरण करके बताया कि आतंकवादियों का साहस से मुकाबला करने वाले एस.पी.ओज को उचित इनाम दिया जाएगा और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बी.एस.एफ. व पुलिस सक्रियता से खोजबीन कर रही है तथा छापे मार रही है ।

अपहर्त्ताओं का अभी तक सुराग नहीं : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव कस्र कलेर से आतंकवादियों का ग्रुप 7-8 जून की रात को पंजाब पुलिस के कार्यरत कर्मचारियों के जिन पांच संबंधियों कर्मवीर सिंह मिन्टा, सच्चा सिंह, नाजर सिंह, जोगिन्द्र सिंह व सिपाही हरजिन्दर सिंह का अपहरण करके ले गया था, उनका अभी तक जिला पुलिस व सुरक्षा बल कोई सुराग नहीं लगा सके । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस एवं बी.एस.एफ. उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में छानबीन का काम चल रहा है ताकि अपहृतों को बरामद किया जा सके । दूसरी ओर अपहृत लोगों के परिवारों के लोग अत्यन्त परेशान हैं ।

के.सी.एफ. के 4 आतंकवादी ढेरी : फिरोजपुर पुलिस ने बताया कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है । एस.पी. (मुख्यालय) श्री एस.के. गोयल ने पत्रकारों को बताया कि चारों आतंकवादी हरा सिंह, सच्चा सिंह, बिरसा सिंह और हरबंस सिंह हाल ही में पाकिस्तान से लौटे हैं । उनसे चार पिस्तौल और बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

जालंधर में फायरिंग : जालंधर (ए.स.): गत रात यहां डोमोरिया पुल के निकट आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हिम्मत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि हिम्मत सिंह अपने घर लौट रहा था कि तीन आतंकवादियों ने उसको रास्ते में घेर लिया और उससे नकदी मांगी । उसने इन्कार कर दिया तथा अपने स्कूटर को तेजी से भगा ले जाने की कोशिश की । आतंकवादियों ने पीछे से उस पर गोली चलाई, जोकि उसके पांव में लगी । उसको स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

चुंगी से रुपए ले गए : मालेरकोटला (आजिज): पता चला है कि यहां के लम्बा रोड नगरपालिका नाका से तीन हथियारबंद व्यक्ति पिस्तौल की नोक पर चुंगी मुहर्रिर तथा सेवादार से 128 रुपए ले गए । एक सूचना के अनुसार घटना से थोड़ी देर पहले दिन-भर की सारी आमदन नगरपालिका कार्यालय भेज दी गई थी, वरना नुकसान ज्यादा हो सकता था ।

हरियाणा में सतर्कता के आदेश

चंडीगढ़, 12 जून (ह.स.): आज प्रातः नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर हुए शक्तिशाली बम विस्फोट के दृष्टिगत हरियाणा में सुरक्षाबलों को सतर्कता के आदेश दिये गये हैं । बम विस्फोट में 7 लोगों की मौत व 50 के करीब अन्य घायल हुए हैं ।

राज्य के गृह मंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने बताया है कि संवेदनशील स्थानों जैसे बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है । लोगों से अपील की गई है कि वे लावारिस वस्तुओं को छुएं मत, अपितु निकटतम पुलिस थाने में इसकी सूचना दें ।

लाखों रुपए का काला धन बरामद

फिरोजपुर, 12 जून (नि.स.): एन.पी.सिंह डिप्टी डायरैक्टर इंस्पैक्शन एण्ड इन्वैस्टीगेशन जालंधर और जे.एस. गुप्ता डिप्टी कमिश्नर इन्कम टैक्स भटिंडा रेंज के नेतृत्व में आयकर विभाग की पार्टियों द्वारा गत दो दिनों में फिरोजपुर शहर व छावनी में पांच मकानों तथा दुकानों पर मारे गए छापों में बीस लाख रुपए की ऐसी रकम पकड़ी गई है जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं है । छापामार पार्टियों ने बैंकों व डाकघरों की पास बुकें, फिक्सड डिपाजिट की कापियां, लघु बचत, यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया के कागजात भी पकड़े, जिससे भारी निवेश का पता चलता है । पता चला है कि रेलवे के एक रिटायर्ड चीफ गुड्स क्लर्क भजन लाल और सतीश जैन जोकि गायों और बैलों को वध के लिए निर्यात करने का कारोबार करते हैं, ने स्वेच्छा से क्रमशः दो लाख रुपए और पचास हजार रुपए की नकदी, बैंक व डाकघर खातों के कागजात अधिकारियों के समक्ष पेश कर दिए । स्थानीय एस.एम.पी. के निवास स्थान के निकट स्थित समाध बाबा शेरशा वाली की इन्चार्ज तुली नामक एक महिला से भी दो लाख रुपए बरामद किए गए जबकि समाध पर चढ़ावे के तौर पर पेश किए गए लाखों रुपए भी बरामद किए गए हैं जिनकी अभी गिनती नहीं की गई । कई मकानों

अखबारी हॉकरों की हत्या के विरुद्ध उत्तर भारत के कई स्थानों पर हड़ताल

जालंधर, 12 जून (ह.स.): उग्रवादियों द्वारा अखबारों के एजैंटों व अखबार विक्रेताओं (हाकरों) को दी जा रही धमकियों तथा कुछ अखबार-विक्रेताओं व एजैंटों की हत्याओं के विरोध में आज उत्तर भारत में कुछ स्थानों पर अखबार विक्रेताओं ने अखबारों का वितरण नहीं किया तथा लोगों को अखबार प्राप्त नहीं हो सके ।

जालंधर में 14-15 को हड़ताल : जालंधर में न्यूज पेपर सेलर्स एसोसिएशन, जो जालंधर जिले के 225 हॉकरों का प्रतिनिधित्व करती है, ने समाचारपत्रों के एजैंट तथा हॉकरों की हत्याओं के विरोध में 14 जून से दो दिन की हड़ताल करने का निर्णय किया है । एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री तिलक राज मेहता तथा अन्य के हस्ताक्षरों से युक्त एक नोटिस इस हड़ताल के सम्बन्ध में सभी समाचारपत्र एजैंटों के पास भेजा गया है । इस नोटिस के उपरान्त सभी समाचारपत्रों के एजैंटों ने समाचारपत्रों के प्रबन्धकों से आग्रह किया है कि वे उन्हें 14 व 15 जून को अखबार न भेजें । जिला जालंधर के फिल्लौर, बंगा, अलावलपुर, आदमपुर, नूरमहल तथा जौंदियाला में समाचारपत्रों का वितरण कल से अव्यवस्थित-सा है ।

एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने बताया कि उच्चाधिकारियों ने हॉकरों को एक मीटिंग में पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया है ।

आज अमृतसर, करतारपुर, जम्मू आदि में लोगों सके । जम्मू के अखबार विक्रेताओं ने पंजाब में कुछ समाचार पत्र विक्रेताओं की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्याओं के विरोध में यह एक दिवसीय हड़ताल की थी । जम्मू के अखबार विक्रेताओं ने पंजाब में अखबार विक्रेताओं को पूर्ण सुरक्षा दिए जाने की मांग की है ।

प्रैस व देश की आजादी पर हमला : जींद (राजेन्द्र): श्री भगवत स्वरूप प्रधान भारतीय जनता पार्टी, जींद ने आतंकवादियों द्वारा एक न्यूज पेपर एजैंट तथा तीन हाकरों की हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निन्दा की, उन्होंने इस दुर्घटना को प्रैस और देश की आजादी पर सीधा प्रहार बताया । उन्होंने कहा कि अखबार लोकतंत्र की रीढ़ है । उन्होंने मांग की कि एजैंटों व हाकरों की सुरक्षा के उचित प्रबन्ध किए जाएं ।

पत्रकार यूनियन जींद ने आतंकवादियों द्वारा मारे गए न्यूज पेपर एजैंट तथा हाकरों की हत्या पर गहरी चिन्ता प्रकट की तथा इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

हिन्द समाचार-पत्र समूह को समर्थन : नरवाना : यहां सम्वाद समिति प्रैस ट्रस्ट आफ एशिया की हरियाणा इकाई के डायरैक्टर डाक्टर एम.जी. मित्तल ने पंजाब में उग्रवादियों द्वारा की गई अखबार विक्रेताओं की हत्या की निंदा की । उन्होंने कहा कि यह जघन्य घटना सभी समाचार पत्रों के लिए एक गम्भीर चुनौती है तथा इसे एक साधारण मामला नहीं समझा जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि

Punjabi Sansar

टाइमर लगा बम बिस्तरबंद में छिपा कर वेटिंग हाल में रखा गया था

उत्तरी भारत के सभी रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता के आदेश

नई दिल्ली, 12 जून (वार्ता, ह.स., उमेश): नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के वेटिंग हाल में आज सुबह हुए बिस्फोट में कम से कम 8 लोग मारे गए और 53 से अधिक घायल हो गए । अधिकतर घायलों की हालत गंभीर है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिस्फोट इतना जबरदस्त था कि घटनास्थल के पास मौजूद एक व्यक्ति हाल की 25 फुट ऊंची छत से जा टकराया ।

घायलों को जनता ने आटोरिक्शाओं, टैक्सियों और निजी वाहनों से निकट के रेलवे अस्पताल और राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया । पुलिस ने प्लेटफार्म नम्बर एक बंद कर दिया और रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि अगले आदेश तक इस प्लेटफार्म से कोई गाड़ी नहीं चलेगी । प्रवक्ता ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रवेश अजमेरी गेट की तरफ से खुला हुआ है । अजमेरी गेट की तरफ एक आपात् काऊंटर यात्रियों की मदद के लिए खोला गया है । पहाड़गंज की तरफ रेलवे स्टेशन को जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं ।

पुलिस ने बताया कि बिस्फोट के समय हाल में लगभग एक हजार लोग मौजूद थे । बिस्फोट के बाद लोगों में भगदड़ मच गई । बिस्फोट सुबह 10.30 बजे के करीब हुआ । पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करके अपराधियों का पता लगाने का काम तेजी से शुरू कर दिया है ।

रेलमंत्री माधव राव सिंधिया ने घटना के पीछे आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया है । उन्होंने कहा कि इस तरह का काम उन्हीं लोगों द्वारा किया जाता है । श्री सिंधिया विभिन्न अस्पतालों में गए और घायलों को देखा । उन्होंने मृतकों के निकट संबंधियों को पांच-पांच हजार और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बम बिस्फोट के मृतकों के परिवारों से गहरी संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है ।

बम बिस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम रिश्तेदार को 25-25 हजार रु. की मदद दी जाएगी । प्रत्येक परिवार को प्रधानमंत्री की ओर से दस हजार रुपए, रेल मंत्री की ओर से पांच हजार रुपए और दिल्ली के उपराज्यपाल की ओर से दस हजार रुपए की मदद दी जाएगी। घायल यात्रियों में गम्भीर रूप से जख्मी लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से पांच-पांच हजार रुपए और अन्य जख्मी लोगों को दो-दो हजार रुपए दिए जाएंगे । रेल मंत्री की ओर से घायलों को दो-दो हजार रुपए मदद देने के आदेश दिए गए हैं ।

कली को 'सामान' के 100 रु. दिए

रेलवे स्टेशन पर किए धमाके में बिस्फोट हुआ : एक अज्ञात व्यक्ति ने रेलवे के एक लाइसेंसशुदा कली को दिया था । इस अज्ञात व्यक्ति ने कली को 100 रुपए भी दिए थे । उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक [illegible] ने संवाददाताओं को बताया कि घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य कली ने [illegible] । उन्होंने बताया कि इस कली ने दोनों व्यक्तियों को उस स्थान पर देखा था, जहां बिस्फोट हुआ था । उन्होंने बताया कि कल्याण सिंह नाम का यह कली अभी अस्पताल में जेरोजा पड़ा है । इसलिए पुलिस जांच-पड़ताल के सिलसिले में इस कली से पूछताछ नहीं कर सकी । दूसरी ओर पुलिस ने इस प्रकार की सूचना के बारे में अनभिज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती अनेक घायलों से बातचीत की गई, परन्तु कोई ठोस जानकारी नहीं मिली ।

20,000 रु. इनाम की घोषणा :

दिल्ली पुलिस ने बम बिस्फोट का सुराग देने वाले व्यक्ति को 20,000 रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की है । एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी ।

उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक बी. राजगोपालाचारी ने कहा कि सभी गाड़ियों को समय पर चलाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन थोड़ी-बहुत देरी भी हो सकती है ।

स्टेशन के मुख्य हाल के फर्श पर यत्र-तत्र खून बिखरा हुआ था । थैले, अटैचीकेस और अन्य सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था ।

उप-राज्यपाल रमेश भंडारी के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (सी.आई.डी.) बी.एन. सिंह ने बताया कि इस वारदात में टाइम बम का इस्तेमाल किया गया । यह टाइम बम एक बिस्तर बंद में छिपा कर बुकिंग काऊंटर के सामने बने बरामदे में रखा गया था । पुलिस को घटनास्थल से एक क्वार्ट्ज घड़ी, बैटरी के सैल और लोहे के नट-बोल्ट मिले हैं । बिस्फोट से एक फुट गहरा और दो फुट चौड़ा गड्ढा बन गया है । पुलिस ने इस वारदात की तफ़तीश का काम शुरू कर दिया है ।

श्री भंडारी अभी जानकारी प्राप्त ही कर रहे थे कि उन्हें चैम्सफ़ोर्ड रोड पर एक बम रखा होने की सूचना मिली । यह सूचना मिलते ही पुलिस के दस्ते ने उस स्थान की घेराबंदी कर ली । यह स्थान रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना से करीब एक सौ गज की दूरी पर था ।

पुलिस के बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते ने तत्काल मौके पर पहुंच कर अखबारी कागज में लिपटे बंडल का मुआयना किया । बिस्फोटक सामग्री का पता लगाने वाले कुत्ते भी मौके पर लाए गए परन्तु वहां पुलिस को कुछ नहीं मिला । अधिकारियों ने अखबारी कागज में लिपटे बंडल को धीरे-धीरे सावधानी के साथ खोला तो उसमें से गत्ता तथा तेजाब जैसा कुछ निकला ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुख्य स्टेशन परिसर में बिस्फोट के समय सैंकड़ों व्यक्ति मौजूद थे । इसी विशाल कक्ष में रेलवे की पूछताछ खिड़की, प्लेटफ़ार्म और टिकट बुकिंग काऊंटर, टैलीफोन बूथ, कुछ दफ्तर तथा रेलवे का एक रेस्तरां हैं ।

तमाम लोग उस वक्त अपने माल-असबाब के साथ जहां-तहां बैठे थे तथा अपनी गाड़ियों के आने का इंतजार कर रहे थे । काऊंटरों के आगे कतारें लगनी शुरू हो चुकी थीं ।

स्टेशन के नजदीक ही रेलवे अस्पताल में भर्ती बिहार के अघन् सिंह ने, जो इस हादसे में घायल हो गए बताया कि वह अपने मित्रों से भटिंडा के लिए टिकट कटाने का पैसा इकट्ठा कर रहे थे, जब एक जोरदार धमाके से पूरा परिवेश हिल उठा । अघन् सिंह ने बताया, "मुझे एकबारगी एहसास हुआ कि मुझे किसी चीज़ से पैरों और बाजुओं में भारी चोट लगी । मुझे जोरों का दर्द उठा और मैं गिर पड़ा । पूरा माहौल धुएं से भर उठा ।"

बिस्फोट के बाद जान बचाने के लिए लोगों में भगदड़ के कारण यात्रियों का सामान इधर-उधर बिखर गया । बरामदे में ही कुछ दूरी पर एक व्यक्ति का बायां हाथ कटा पड़ा था ।

बिस्फोट की घटना के चश्मदीद गवाह पवन कुमार पहली मंजिल पर खड़े थे । उन्होंने बताया कि सीढ़ियां चढ़ते हुए उन्होंने एक भारी-भरकम आदमी को देखा, जो ज़मीन पर बैठे एक व्यक्ति को अपने ब्रीफ़केस और लकड़ी की पेटी की देखभाल करने के लिए कह रहा था । उसका कहना था कि वह पानी पीने जा रहा है ।

श्री कुमार ने बताया कि बिस्फोट उसी जगह पर हुआ, जहां यह सामान रखा हुआ था । पवन कुमार भी इस हादसे से घायल हुए ।

बिस्फोट की शक्ति का अन्दाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिस्फोट से हाल की काफी ऊंची छत खून से भर गई । बताया गया है कि बिस्फोट के समय घटनास्थल के आसपास बहुत से लोग लेटे हुए थे । यदि वे खड़े होते तो मृतकों की संख्या बहुत ज्यादा होती ।

बुकिंग काऊंटर पर प्लेटफ़ार्म टिकट बेचने की ड्यूटी पर तैनात श्रीमती सुदर्शन ने बताया कि वह टिकट बेच रही थी कि अचानक जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटें उनके काऊंटर की ओर बढ़ीं । उन्होंने बताया कि धमाके से काऊंटर का शीशा टूट गया और वह स्वयं बदहवास-सी जान बचाने का प्रयास करने लगी । धमाके के कारण प्लेटफार्म नम्बर एक का कांच का एक द्वार तथा अन्य खिड़कियां भी चकनाचूर हो गईं । बरामदे की छत पर लगे बिजली के ट्यूब चकनाचूर होकर नीचे आ गए ।

इधर मुख्य घटनास्थल पर अनेक दुकानदार तथा उत्साही युवक सारा यातायात नियंत्रित करके जनता को तितर-बितर करने का काम कर रहे थे ।

दुर्घटनास्थल पर बिस्फोटक खोजी कुत्तों ने इधर-उधर बिखरे अनेक सूटकेसों को सूंघ कर बिस्फोटक सामग्री का पता लगाने के प्रयास किए । बाद में सुरक्षा कर्मियों ने इन सूटकेसों को बलपूर्वक खोल कर सारे सामान की तलाशी ली ।

हालांकि रेलवे स्टेशन पर इस हादसे से व्याप्त आतंक और भय का भाव वहां मौजूद लोगों पर स्पष्ट रूप से झलक रहा था, लेकिन इसके बावजूद रेल सेवा पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ा ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि बिस्फोट में कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स तथा बब्बर खालसा के आतंकवादी गिरोहों का हाथ हो सकता है, जिन्होंने पांच जून से बारह जून तक चलनेवाले सप्ताह के दौरान नगर में हिंसा की धमकी दी थी । किसी भी गिरोह ने अब तक इस बिस्फोट की जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है ।

विशेषज्ञ अभी यह नहीं बता पाए हैं कि बिस्फोट में जैलेटिन बिस्फोटक या प्लास्टिक बिस्फोटक का इस्तेमाल किया गया ?

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में कई आतंकवादियों के मारे जाने से उग्रवादियों के हौसले पस्त हैं और जब राज्य में उनकी नहीं चलती तो वे बाहर अपनी हरकतें करते हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बारूद की तीखी गंध के कारण खोजी कुत्ते इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गंध नहीं पकड़ पाए ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बी.एन. सिंह और राजेन्द्र मोहन ने आज शाम संवाददाताओं को बताया कि मृतक सभी पुरुष हैं, जबकि घायलों में छः महिलाएं भी शामिल हैं । उन्होंने बताया कि बिस्फोट के बाद राजधानी और पड़ौसी राज्यों में पुलिस को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है और सीमाओं पर तलाशी अभियान तेज़ कर दिया गया है ।

पुलिस अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया कि आतंकवादी यह वारदात करने के बाद रेल गाड़ी से वापस पंजाब चले गए । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन एक रेल गाड़ी सुबह छः बज कर 15 मिनट पर अमृतसर से आती है और एक रेल गाड़ी दस बजे अमृतसर रवाना होती है ।

अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें घटना स्थल से अच्छे साक्ष्य मिले हैं और उन्हें शीघ्र ही केस का सुराग लगा लिए जाने की आशा है । उग्रवादियों के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल रहा है : बरनाला

फिरोज़पुर, 12 जून (नि.स.): पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल हो गया है, हालांकि [illegible] राष्ट्रपति राज [illegible] है ।

यह बात आज पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने जिला कचहरी के बाहर लौंगोवाल अकाली दल जिला फिरोज़पुर की तरफ से लगाए गए धरने को सम्बोधित करते हुए कही ।

श्री बरनाला ने कहा कि राष्ट्रपति शासन में भ्रष्टाचार और कानून और व्यवस्था की हालत अकाली राज से भी ज्यादा खराब हो गई है । उन्होंने कहा कि अकाली शासन के दौरान एक महीने में लगभग 35 निर्दोषों के कत्ल हुआ करते थे, जबकि इस समय लगभग 150 व्यक्ति हर माह उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हो रहे हैं ।

श्री बरनाला ने सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले साल आई भयानक बाढ़ से फसलों और मकानों के नुक्सान का मुआवजा किसानों को नहीं दिया गया । उन्होंने मांग की कि किसानों को फसलों का मुआवज़ा तुरंत दिया जाए और यह भी मांग की कि गेहूं पर प्रति क्विंटल 50 रुपए का बोनस दिया जाए । उन्होंने कहा कि इस साल बीस लाख टन गेहूं पंजाब की गरिणों में पहुंच जाती जबकि अभी तक पंजाब की मंडियों में 59 लाख टन गेहूं पहुंची है । उन्होंने धान की खरीद कीमत 220 रुपए निर्धारित किए जाने की मांग की है ।

श्री बरनाला ने स्पष्ट शब्दों में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पर आरोप लगाया कि वे आनंदपुर साहिब प्रस्ताव बारे बे-बुनियाद और गलत प्रचार कर रहे हैं कि यह देश-विरोधी है । श्री बरनाला ने स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव देश-विरोधी नहीं बल्कि राज्यों के लिए ज्यादा अधिकारों की मांग ही करता है । उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनावों से पहले सभी अकाली दलों में एकता हो जाएगी और चुनावों के दौरान विरोधी दलों के साथ समझौता करके कांग्रेस (इ) को हराने का यत्न किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद जोधपुर जेल के जिन कैदियों को रिहा किया गया था, उनके पुनर्वास के लिए सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाए गए । उन्होंने मांग की कि जोधपुर से रिहा हुए प्रत्येक कैदी को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए, उनको मिनी बसों के परमिट दिए जाएं और नौकरियां दी जाएं ।

श्री बरनाला ने ऐलान किया कि जिला स्तर पर धरनों के समाप्त होने पर लौंगोवाल अकाली दल का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को मिलेगा और एक ज्ञापन देगा, जिसमें और बातों के अलावा पुलिस ज्यादतियां बंद करने की मांग की जाएगी ।

उपरोक्त धरने को अन्य नेताओं के अलावा [illegible] सिंह, जत्थेदार प्रधान लौंगोवाल

रफसंजानी फिर अध्यक्ष बने

बहरीन, 12 जून (ह.स.): हुज्जतुल्लाहस्लाम अकबर हाशमी रफसंजानी आज दो सौ सत्तर सदस्यीय ईरानी संसद के एक और साल के लिए फिर अध्यक्ष चुने गए हैं । वह देश के नए नेता अली खामैनी के बाद सबसे महत्वपूर्ण नेता हैं । तेहरान रेडियो ने यह खबर दी है ।

अपनी स्टेनगन चल जाने से बी.एस.एफ. जवान की मौत

(1) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अपराध-विज्ञान अधिकारी बिस्फोट के शिकार कुछ [illegible] स्टेशन. (2) रेल मंत्री श्री माधव राव सिंधिया हालचाल पूछते हुए ।

अखबारी ह... भार...

जालन्धर, 12 जून । अखबारों के एजैंटों व अ... को दी जा रही अखबार-विक्रेताओं व ए... में आज उत्तर भारत में विक्रेताओं ने अखबारों ... लोगों को अखबार प्राप्त ...

जालंधर में 14...

जालंधर में न्यूज पेपर ...

Punjabi Sanstan

8 मरे, 53 घायल

भी रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता के आदेश

का बायां हाथ कटा पड़ा था ।

विस्फोट की घटना के चश्मदीद गवाह पवन कुमार पहली मंजिल पर खड़े थे । उन्होंने बताया कि सीढ़ियां चढ़ते हुए उन्होंने एक भारी-भरकम आदमी को देखा, जो ज़मीन पर बैठे एक व्यक्ति को अपने ब्रीफ़केस और लकड़ी की पेटी की देखभाल करने के लिए कह रहा था । उसका कहना था कि वह पानी पीने जा रहा है ।

श्री कुमार ने बताया कि विस्फोट उसी जगह पर हुआ, जहां यह सामान रखा हुआ था । पवन कुमार भी इस हादसे से घायल हुए ।

विस्फोट की शक्ति का अन्दाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विस्फोट से हाल की काफी ऊंची छत खून से भर गई । बताया गया है कि विस्फोट के समय घटनास्थल के आसपास बहुत से लोग लेटे हुए थे । यदि वे खड़े होते तो मृतकों की संख्या बहुत ज्यादा होती ।

बुकिंग काउंटर पर प्लेटफ़ार्म टिकट बेचने की ड्यूटी पर तैनात श्रीमती सुदर्शन ने बताया कि वह टिकट बेच रही थी कि अचानक ज़ोरदार धमाका हुआ और आग की लपटें उनके काउंटर की ओर बढ़ीं । उन्होंने बताया कि धमाके से काउंटर का शीशा टूट गया और वह स्वयं बदहवास-सी जान बचाने का प्रयास करने लगी । धमाके के कारण प्लेटफार्म नम्बर एक का कांच का एक द्वार तथा अन्य खिड़कियां भी चकनाचूर हो गईं । बरामदे की छत पर लगे बिजली के ट्यूब चकनाचूर होकर नीचे आ गए ।

इधर मुख्य घटनास्थल पर अनेक दुकानदार तथा उत्साही युवक सारा यातायात नियंत्रित करके जनता को तितर-बितर करने का काम कर रहे थे ।

दुर्घटनास्थल पर विस्फोटक खोजी कुत्तों ने इधर-उधर बिखरे अनेक सूटकेसों को सूंघ कर विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के प्रयास किए । बाद में सुरक्षा कर्मियों ने इन सूटकेसों को बलपूर्वक खोल कर सारे सामान की तलाशी ली ।

हालांकि रेलवे स्टेशन पर इस हादसे से व्याप्त आतंक और भय का भाव वहां मौजूद लोगों पर स्पष्ट रूप से झलक रहा था, लेकिन इसके बावजूद रेल सेवा पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ा ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि विस्फोट में कथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स तथा बब्बर खालसा के आतंकवादी गिरोहों का हाथ हो सकता है जिन्होंने पांच जून से बारह जून तक चलनेवाले सप्ताह के दौरान नगर में हिंसा की धमकी दी थी । किसी भी गिरोह ने अब तक इस विस्फोट की जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है ।

विशेषज्ञ अभी यह नहीं बता पाए हैं कि विस्फोट में जैलेटिन विस्फोटक या प्लास्टिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया ?

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में कई अग्रणी उग्रवादियों के मारे जाने से उग्रवादियों के हौसले पस्त हैं और जब राज्य में उनकी नहीं चलती तो वे बाहर अपनी हरकतें करते हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बारूद की तीखी गंध के कारण खोजी कुत्ते इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गंध नहीं पकड़ पाए ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वी.एन. सिंह और राजेन्द्र मोहन ने आज शाम संवाददाताओं को बताया कि मृतक सभी पुरुष हैं जबकि घायलों में छः महिलाएं भी शामिल हैं । उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद राजधानी और पड़ौसी राज्यों में पुलिस को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है और सीमाओं पर तलाशी अभियान तेज़ कर दिया गया है ।

पुलिस अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया कि आतंकवादी यह वारदात करने के बाद रेल गाड़ी से वापस पंजाब चले गए । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन एक रेल गाड़ी सुबह छः बज कर 15 मिनट पर अमृतसर से आती है और एक रेल गाड़ी दस बजे



(1) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उस जगह का, जहां सोमवार को बम फटा, निरीक्षण करते हुए अपराध-विज्ञान अधिकारी, (2) बम विस्फोट के बाद स्टेशन पर विनाश का दृश्य । (इनसेट में) विस्फोट के शिकार कुछ व्यक्तियों के शव, (3) विस्फोट के बाद वीरान पड़ गया नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, (4) रेल मंत्री श्री माधवराव सिंधिया रेलवे अस्पताल नई दिल्ली में दाखिल घायलों का हालचाल पूछते हुए । (छाया : सरस्वती, प्रै.ट्र.)

अखबारी हॉकरों की हत्या के विरुद्ध उत्तर भारत के कई स्थानों पर हड़ताल

पंजाब में 3 व्यक्ति
एक आतंकवादी

एस.पी.ओज ने सरपंच के लड़के को

पुलिस कर्मियों के अपहृत सम्बंधि

चंडीगढ़, 12 जून (वा.हस.): पंजाब में कल रात के बाद एक किसान समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विशेष पुलिस अधिकारियों ने एक सरपंच के लड़के को आतंकवादियों से छुड़ा लिया । पुलिस कर्मचारियों के जिन संबंधियों का अपहरण कर लिया गया था, उनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

तीन की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में कल रात से विभिन्न स्थानों पर तीन और व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

छः आतंकवादियों का एक गिरोह गांव के पुजारी ओंकार नाथ के मकान में घुस आया और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

कहा जाता है कि मृतक ओंकार नाथ का गांव में काफी प्रभाव था तथा उसको आतंकवादियों ने काफ़ी अर्सा पहले धमकियां दी थीं कि वह पलायन करके गांव से चला जाए परन्तु उसके गांव छोड़ कर न जाने पर आतंकवादियों ने उसको मौत की नींद सुला दिया ।

इसी तरह दो आतंकवादी श्री आरिफ़ मसीह के मकान में घुस आए और एक तेज़धार हथियार से गला काट कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया ।

आज सुबह तरनतारन-फतेहाबाद मार्ग पर भैरोवाल नाले के किनारे से मनिंदर सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला । पुलिस को संदेह है कि मनिंदर सिंह खुद भी आतंकवादी था और आतंकवादी गिरोह की आपसी लड़ाई में मारा गया । मृतक की जेब से एक पर्चा मिला है जिसमें उस पर लूटपाट और छीना-झपटी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है । बताया जाता है कि मनिंदर सिंह बब्बर खालसा के कुख्यात आतंकवादी सुरजीत सिंह पेंटा का निकट सहयोगी था । पेंटा ने गत वर्ष स्वर्ण मंदिर में आपरेशन ब्लैक थंडर के दौरान आत्महत्या कर ली थी ।

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस का एक जवान नौनिहाल सिंह, जोकि गश्ती दल से सम्बद्ध था, आतंकवादियों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ के बाद घायल हो गया था । बाद में वह अस्पताल में दम तोड़ गया । गोलीबारी के दौरान आतंकवादी एक चीनी ए.के. असाल्ट राइफल और कई कारतूस छोड़ कर भाग निकले ।

किसान की हत्या : गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव मुगलचक में एक किसान तरलोक सिंह की पांच अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिले के चीफ बलदेव सिंह ने एक बयान में कहा कि यह हत्या विशुद्ध रूप से तरलोक सिंह तथा गांव बहला के एक निवासी के मध्य निजी शत्रुता का परिणाम है । मामले की जांच की जा रही है । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के बीस खाली कारतूस मिले हैं ।

अमृतसर पुलिस ने कल रात एक व्यक्ति राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला के चीफ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर दो गिरोहों से सम्बन्धित चार आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । इनमें से दो आतंकवादी हस्सन उर्फ़ आनी तथा जरनैल सिंह उर्फ़ जैला को गांव मेहंदीपुर से और मेजरसिंह व निर्मल सिंह को खड़ूर साहब में गिरफ्तार किया गया । पुलिस चीफ ने कहा कि हस्सन और जैला, जिनके कब्ज़े से दो 12 बोर के देसी पिस्तौल

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट : 8 मरे, 53 घायल

लगा बम बिस्तरबंद में छिपा कर वेटिंग हाल में रखा गया था

उत्तरी भारत के सभी रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता के आदेश

12 जून (वार्ता, ह स, उमेश): नई
न के वेटिंग हाल में आज सुबह हुए
कम से कम 8 लोग मारे गए और
घायल हो गए । अधिकतर घायलों
है ।
गों ने बताया कि विस्फोट इतना
कि घटनास्थल के पास मौजूद एक
ी 25 फुट ऊंची छत से जा

ी जनता ने आटोरिक्शाओं, टैक्सियों
नों से निकट के रेलवे अस्पताल और
छिया अस्पताल पहुंचाया । पुलिस ने
र एक बंद कर दिया और रेलवे के एक
कि अगले आदेश तक इस प्लेटफार्म
हीं चलेगी । प्रवक्ता ने कहा कि नई
ेशन पर प्रवेश अजमेरी गेट की तरफ
। अजमेरी गेट की तरफ एक आपात्
र्ग की मदद के लिए खोला गया है ।
रफ रेलवे स्टेशन को जाने वाले सभी
दिए गए हैं ।
बताया कि विस्फोट के समय हाल में
ार लोग मौजूद थे । विस्फोट के बाद
ु मच गई । विस्फोट सुबह 10.30
ुआ । पुलिस ने इलाके की घेराबंदी
यों का पता लगाने का काम तेजी से
है ।
माधव राव सिंधिया ने घटना के पीछे
का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार
उन्होंने कहा कि इस तरह का काम
कर किया जाता है । श्री सिंधिया
ालों में गए और घायलों को देखा ।
ने के निकट संबंधियों को पांच-पांच
ीर रूप से घायलों को दो-दो हजार
ाह राशि देने की घोषणा की ।
र राजीव गांधी ने बम विस्फोट के
ाने से गहरी संवेदना प्रकट की है और
घ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है ।
ोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के
दर को 25-25 हजार रु. की मदद
त्येक परिवार को प्रधानमंत्री की ओर
पए, रेल मंत्री की ओर से पांच हजार
ली के उपराज्यपाल की ओर से दस
ी मदद दी जाएगी। घायल यात्रियों में
ुसी लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष
जार रुपए और अन्य ज़ख्मी लोगों को
पए दिए जाएंगे । रेल मंत्री की ओर
व -दो हजार रुपए मदद देने के आदेश

ी सामान' के 100 रु. दिए
ाने पर जिस सामान में विस्फोट हुआ,
व्यक्ति ने रेलवे के एक लाइसैंसशुदा
था । इस वजात व्यक्ति ने कुली को
ह थे । उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक

पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (सी.आई.डी.) वी.एन. सिंह ने बताया कि इस वारदात में टाइम बम का इस्तेमाल किया गया । यह टाइम बम एक बिस्तर बंद में छिपा कर बुकिंग काउंटर के सामने बने बरामदे में रखा गया था । पुलिस को घटनास्थल से एक क्वार्ट्ज घड़ी, बैटरी के सैल और लोहे के नट-बोल्ट मिले हैं । विस्फोट से एक फुट गहरा और दो फुट चौड़ा गड्ढा बन गया है । पुलिस ने इस वारदात की तफ़तीश का काम शुरू कर दिया है ।

श्री भंडारी अभी जानकारी प्राप्त ही कर रहे थे कि उन्हें चैम्सफोर्ड रोड पर एक बम रखा होने की सूचना मिली । यह सूचना मिलते ही पुलिस के दस्ते ने उस स्थान की घेराबंदी कर ली । वह स्थान रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना से करीब एक सौ गज़ की दूरी पर था ।

पुलिस के बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते ने तत्काल मौके पर पहुंच कर अखबारी कागज़ में लिपटे बंडल का मुआयना किया । विस्फोटक सामग्री का पता लगाने वाले कुत्ते भी मौके पर लाए गए परन्तु वहां पुलिस को कुछ नहीं मिला । अधिकारियों ने अखबारी कागज़ में लिपटे बंडल को धीरे-धीरे सावधानी के साथ खोला तो उसमें से एकदम नया टेबल फ़ैन निकला ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुख्य स्टेशन परिसर में विस्फोट के समय सैकड़ों व्यक्ति मौजूद थे । इसी विशाल कक्ष में रेलवे की पूछताछ खिड़की, प्लेटफ़ार्म और टिकट बुकिंग काउंटर, टैलीफोन बूथ, कुछ दफ्तर तथा रेलवे का एक रेस्तरां हैं ।

तमाम लोग उस वक्त अपने माल-असबाब के साथ जहां-तहां बैठे थे तथा अपनी गाड़ियों के आने का इंतज़ार कर रहे थे । काउंटरों के आगे कतारें लगनी शुरू हो चुकी थीं ।

स्टेशन के नजदीक ही रेलवे अस्पताल में भर्ती बिहार के अघन सिंह ने, जो इस हादसे में घायल हो गए, बताया कि वह अपने मित्रों से घटिड़ा के लिए टिकट कटाने का पैसा इकट्ठा कर रहे थे, जब एक ज़ोरदार धमाके से पूरा परिवेश हिल उठा । अघन सिंह ने बताया, "मुझे एकबारगी एहसास हुआ कि मुझे किसी चीज़ से पैरों और बाजुओं में भारी चोट लगी । मुझे ज़ोरों का दर्द उठा और मैं गिर पड़ा । पूरा माहौल धुएं से भर उठा ।"

विस्फोट के बाद जान बचाने के लिए लोगों में भगदड़ के कारण यात्रियों का सामान इधर-उधर बिखर गया । बरामदे में ही कुछ दूरी पर एक व्यक्ति का बायां हाथ कटा पड़ा था ।

विस्फोट की घटना के चश्मदीद गवाह पवन कुमार पहली मंजिल पर खड़े थे । उन्होंने बताया कि सीढ़ियां चढ़ते हुए उन्होंने एक भारी-भरकम आदमी को देखा, जो ज़मीन पर बैठे एक व्यक्ति को अपने ब्रीफ़केस और लकड़ी की पेटी की देखभाल करने के लिए कह रहा था । उसका कहना था कि वह पानी पीने जा रहा है ।

श्री कुमार ने बताया कि विस्फोट उसी जगह पर हुआ, जहां वह सामान रखा हुआ था । पवन कुमार भी इस हादसे में घायल हुए ।

विस्फोट की शक्ति का अन्दाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विस्फोट से हाल की काफी ऊंची छत सून से भर गई । बताया गया है कि विस्फोट के समय घटनास्थल के आसपास बहुत से लोग लेटे हुए थे । यदि वे खड़े होते तो मृतकों की संख्या बहुत ज्यादा होती ।

बुकिंग काउंटर पर प्लेटफ़ार्म टिकट बेचने की ड्यूटी पर तैनात श्रीमती सुदर्शन ने बताया कि वह टिकट बेच रही थी कि अचानक ज़ोरदार धमाका हुआ और आग की लपटें उनके काउंटर की ओर लपकीं । उन्होंने बताया कि धमाके से काउंटर का शीशा टूट गया और वह स्वयं बदहवास-सी जान बचाने का प्रयास करने लगी । धमाके के कारण प्लेटफार्म नम्बर एक का कांच का एक द्वार तथा अन्य खिड़कियां भी चकनाचूर हो गईं । बरामदे की छत पर लगे बिजली के ट्यूब चकनाचूर होकर नीचे आ गए ।

इधर मुख्य घटनास्थल पर अनेक दुकानदार तथा उत्साही युवक सारा यातायात नियंत्रित करके जनता को तितर-बितर करने का काम कर रहे थे ।

दुर्घटनास्थल पर विस्फोटक खोजी कुत्तों ने इधर-उधर बिखरे अनेक सूटकेसों को सूंघ कर विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के प्रयास किए । बाद में सुरक्षा कर्मियों ने इन सूटकेसों को बलपूर्वक खोल कर सारे सामान की तलाशी ली ।

हालांकि रेलवे स्टेशन पर इस हादसे से व्याप्त आतंक और भय का भाव वहां मौजूद लोगों पर स्पष्ट रूप से झलक रहा था, लेकिन इसके बावजूद रेल सेवा पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ा ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि विस्फोट में कथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स तथा बब्बर खालसा के आतंकवादी गिरोहों का हाथ हो सकता है, जिन्होंने पांच जून से बारह जून तक खल्लारा सप्ताह के दौरान नगर में हिंसा की धमकी दी थी । किसी भी गिरोह ने अब तक इस विस्फोट की जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है ।

विशेषज्ञ अभी यह नहीं बता पाए हैं कि विस्फोट में जैलेटिन विस्फोटक या प्लास्टिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया ?

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में कई अग्रणी उग्रवादियों के मारे जाने से उग्रवादियों के हौसले पस्त हैं और जब राज्य में उनकी नहीं चलती

पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल रहा है : बरनाला

फिरोज़पुर, 12 जून (नि.स.): पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल हो गया है हालांकि यह देश का सबसे लम्बा चलने वाला राष्ट्रपति राज है ।

यह बात आज पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने ज़िला कचहरी के बाहर

का मुआवज़ा तुरंत दिया जाए और यह भी मांग की कि गेहूं पर प्रति क्विंटल 50 रुपए का बोनस दिया जाए । उन्होंने कहा कि इस साल बीस लाख टन गेहूं पंजाब की मंडियों में और पहुंच जाएगी, जबकि अभी तक पंजाब की मंडियों में 59 लाख टन गेहूं पहुंची है । उन्होंने धान की खरीद कीमत 220 रुपए

Punjabi Sanatani



पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल रहा है : बरनाला

फिरोज़पुर, 12 जून (नि.स.): पंजाब में राष्ट्रपति राज बुरी तरह असफल हो गया है,हालांकि यह देश का सबसे लम्बा चलने वाला राष्ट्रपति राज है ।

यह बात आज पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सरजीत सिंह बरनाला ने जिला कचहरी के बाहर लौंगोवाल अकाली दल जिला फिरोज़पुर की तरफ से लगाए गए धरने को सम्बोधित करते हुए कही ।

श्री बरनाला ने कहा कि राष्ट्रपति शासन में भ्रष्टाचार और कानून और व्यवस्था की हालत अकाली राज से भी ज्यादा खराब हो गई है । उन्होंने कहा कि अकाली शासन के दौरान एक महीने में लगभग 35 निर्दोषों के कत्ल हुआ करते थे,जबकि इस समय लगभग 150 व्यक्ति हर माह उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हो रहे हैं ।

श्री बरनाला ने सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले साल आई भयानक बाढ़ से फसलों और मकानों के नुक्सान का मुआवजा किसानों को नहीं दिया गया । उन्होंने मांग की कि किसानों को फसलों का मुआवज़ा तुरंत दिया जाए और यह भी मांग की कि गेहूं पर प्रति क्विंटल 50 रुपए का बोनस दिया जाए । उन्होंने कहा कि इस साल बीस लाख टन गेहूं पंजाब की मंडियों में और पहुंच जाएगी,जबकि अभी तक पंजाब की मंडियों में 59 लाख टन गेहूं पहुंची है । उन्होंने धान की खरीद कीमत 220 रुपए निर्धारित किए जाने की मांग की है ।

श्री बरनाला ने स्पष्ट शब्दों में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पर आरोप लगाया कि वे आनंदपुर साहिब प्रस्ताव बारे बे-बुनियाद और गलत प्रचार कर रहे हैं कि यह देश-विरोधी है । श्री बरनाला ने स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव देश-विरोधी नहीं बल्कि राज्यों के लिए ज्यादा अधिकारों की मांग ही करता है । उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनावों से पहले सभी अकाली दलों में एकता हो जाएगी और चुनावों के दौरान विरोधी दलों के साथ समझौता करके कांग्रेस (इ) को हराने का यत्न किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद जोधपुर जेल के जिन कैदियों को रिहा किया गया था, उनके पुनर्वास के लिए सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाए गए । उन्होंने मांग की कि जोधपुर से रिहा हुए प्रत्येक कैदी को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए, उनको मिनी बसों के परमिट दिए जाएं और नौकरियां दी जाएं ।

श्री बरनाला ने ऐलान किया कि जिला स्तर पर धरनों के समाप्त होने पर लौंगोवाल अकाली दल का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को मिलेगा और एक ज्ञापन देगा, जिसमें और बातों के अलावा पुलिस ज्यादतियां बंद करने की मांग की जाएगी ।

उपरोक्त धरने को अन्य नेताओं के अलावा जत्थेदार तोता सिंह, कार्यकारी प्रधान लौंगोवाल अकाली दल, स. हरी सिंह जीरा भूतपूर्व मंत्री और प्रधान जिला अकाली दल (लौंगोवाल) फिरोज़पुर तथा श्री गोबिन्द सिंह कांजला ने सम्बोधित किया ।

रफसंजानी फिर अध्यक्ष बने

बहरीन, 12 जून (ह.स.): हज्जवल्लहस्लाम अकबर हाशमी रफसंजानी आज दो सौ सत्तर सदस्यीय ईरानी संसद के एक और साल के लिए फिर अध्यक्ष चुने गए हैं । वह देश के नए नेता अयातुल्ला खुमैनी के बाद सबसे महत्वपूर्ण नेता हैं । तेहरान रेडियो ने यह खबर दी है ।

अपनी स्टेनगन चल जाने से बी.एस.एफ. जवान की मौत

अमृतसर, 12 जून (वा.): कल शाम बटाला पुलिस जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र में बी.एस.एफ. का एक जवान सुरजभान अपनी स्टेनगन अचानक चल जाने से सख्त घायल हो गया था जिसकी कल रात को ही यहां के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

चुनाव समय पर : कौल

दुबई, 12 जून (वार्ता): कांग्रेस (इ) महासचिव शीला कौल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि लोकसभा चुनाव निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे ।

श्रीमती कौल ने नई दिल्ली लौटने से पहले कल रात यहां बताया कि चुनाव समय से पहले या बाद में कराने का कोई कारण नहीं है ।

...ब में प्रशासनिक फेरबदल : 7 आई.ए.एस. ...एवं 38 पी.सी.एस. अधिकारी तबदील

...12 जून (नि.स.): पंजाब सरकार ने ...फेरबदल करते हुए 7 आई.ए.एस. ...सचिव कलबीर सिंह बराड़ को मनमोहन सिंह के स्थान

...ब्यूरो को हाथ होने की सम्भावना से इन्कार ...है । उन्होंने कहा कि इस तरह का काम ...गों द्वारा किया जाता है । श्री सिंधिया ...स्पतालों में गए और घायलों को देखा । ...तों के निकट संबंधियों को पांच-पांच ...र कमीर रूप से घायलों को दो-दो हजार ...अनुग्रह राशि देने की घोषणा की ।

...मती राजीव गांधी ने बम विस्फोट के ...परिजारों से गहरी संवेदना प्रकट की है और ...शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है ।

...विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के ...रिजनदार को 25-25 हजार रु. की मदद ...। प्रत्येक परिवार को प्रधानमंत्री की ओर ...पए, रेल मंत्री की ओर से पांच हजार ...दिल्ली के उपराज्यपाल की ओर से दस ...की मदद दी जाएगी। घायल यात्रियों में ...से जख्मी लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष ...हजार रुपए और अन्य जख्मी लोगों को ...पए दिए जाएंगे । रेल मंत्री की ओर ...दो-दो हजार रुपए मदद देने के आदेश ...।

...को 'सामान' के 100 रु. दिए

...स्टेशन पर जिस सामान में विस्फोट हुआ, ...ज्ञात व्यक्ति ने रेलवे के एक लाइसैंसशुदा ...दिया था । इस अज्ञात व्यक्ति ने कुली को ...दिए थे । उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ...लाचारी ने सम्वाददाताओं को बताया कि ...री चौके पर मौजूद एक अन्य कुली ने ...ने बताया कि इस कुली ने दोनों व्यक्तियों ...न पर देखा था, जहां विस्फोट हुआ था ।

...राया के कल्याण सिंह नाम का यह कुली ...ताल में बेहोश पड़ा है । इसलिए पुलिस ...ताल के सिलसिले में इस कुली से पूछताछ ...की । दूसरी ओर पुलिस ने इस प्रकार की ...बारे में अनभिज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि ...में भर्ती अनेक घायलों से बातचीत की गई, ...ठोस जानकारी नहीं मिली ।

...,000 रु. इनाम की घोषणा :

...स ने बम विस्फोट का सुराग देने वाले ...20,000 रुपए पुरस्कार देने की घोषणा ...क पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी ।

...लवे के महाप्रबन्धक बी. राजगोपालचारी ...सभी गाड़ियों को समय पर चलाने का ...जा रहा है लेकिन थोड़ी-बहुत देरी भी हो ...

...के मुख्य हाल के फर्श पर यत्र-तत्र खून ...था । थैले, अटैचीकेस और अन्य ...स-उधर बिखरा पड़ा था ।

...राज्यपाल रमेश भंडारी के अलावा वरिष्ठ

...ोर्बाच्योव बौन में

...12 जून (ह.स.): सोवियत राष्ट्रपति ...र्बाच्योव आज चार दिन की यात्रा पर ...। कोनोन-बौन हवाई अड्डे पर पश्चिम ...देश मंत्री हैंस दीत्रिच जेन्सचर ने उनकी ...।



(1) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उस जगह का, जहां सोमवार को बम फटा, निरीक्षण करते हुए अपराध-विज्ञान अधिकारी, (2) बम विस्फोट के बाद स्टेशन पर विनाश का दृश्य । (इनसैट में विस्फोट के शिकार कुछ व्यक्तियों के शव (3) विस्फोट के बाद वीरान पड़ गया नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, (4) रेल मंत्री श्री माधवराव सिंधिया रेलवे अस्पताल नई दिल्ली में दाखिल घायलों का हालचाल पूछते हुए । (छाया : सरस्वती, पी.टी.आई.)

अखबारी हॉकरों की हत्या के विरुद्ध उत्तर भारत के कई स्थानों पर हड़ताल

जालन्धर, 12 जून (ह.स.): उग्रवादियों द्वारा अखबारों के एजैंटों व अखबार विक्रेताओं (हाकरों) को दी जा रही धमकियों तथा कुछ अखबार-विक्रेताओं व एजैंटों की हत्याओं के विरोध में आज उत्तर भारत में कुछ स्थानों पर अखबार विक्रेताओं ने अखबारों का वितरण नहीं किया तथा लोगों को अखबार प्राप्त नहीं हो सके ।

जालंधर में 14-15 को हड़ताल : जालंधर में न्यूज पेपर सेलर्स एसोसिएशन, जो जालंधर जिले के 225 हॉकरों का प्रतिनिधित्व करती है, ने समाचारपत्रों के एजैंट तथा हॉकरों की हत्याओं के विरोध में 14 जून से दो दिन की हड़ताल करने का निर्णय किया है । एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री तिलक राज मेहता तथा अन्य के हस्ताक्षरों से युक्त एक नोटिस इस हड़ताल के सम्बन्ध में सभी समाचारपत्र एजैंटों के पास भेजा गया है । इस नोटिस के उपरान्त सभी समाचारपत्रों के एजैंटों ने समाचारपत्रों के प्रबन्धकों से आग्रह किया है कि वे उन्हें 14 व 15 जून को अखबार न भेजें । जिला जालंधर के फिल्लौर, बंगा, अलावलपुर, आदमपुर, सके । जम्मू के अखबार विक्रेताओं ने पंजाब में स समाचार पत्र विक्रेताओं की उग्रवादियों द्वारा की ग हत्याओं के विरोध में यह एक दिवसीय हड़ताल थी । जम्मू के अखबार विक्रेताओं ने पंजाब अखबार विक्रेताओं को पूर्ण सुरक्षा दिए जाने की म की है ।

प्रेस व देश की आजादी पर हमला : जी (राजेन्द्र): श्री भगवत स्वरूप प्रधान भारतीय जन पार्टी, जींद ने आतंकवादियों द्वारा एक न्यूज पे एजैंट तथा तीन हाकरों की हत्या पर दुःख व्य करते हुए इसकी कड़ी निन्दा की, उन्होंने इस दुर्घट को प्रैस और देश की आजादी पर सीधा प्र बताया । उन्होंने कहा कि अखबार लोकतंत्र की है । उन्होंने मांग की कि एजैंटों व हाकरों की सु के उचित प्रबन्ध किए जाएं ।

पत्रकार यूनियन जींद ने आतंकवादियों द्वारा गए न्यूज पेपर एजैंट तथा हाकरों की हत्या पर चिंता प्रकट की तथा इस घटना की कड़े शब्द निंद की है ।

हिन्द समाचार-पत्र समूह को समर्थ

Punjabi Sanatani

दिल्ली में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिल्ली में घुसने के स्थानों और पंजाब में उनके अड्डों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

बाद में अढ़ाई वर्ष की लड़की सरवरी की उत्तरी रेलवे सैंट्रल अस्पताल में मृत्यु हो गई । कराची की रहने वाली सरवरी की छाती में घाव आए थे ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अधिकतर शव बुरी तरह बिगड़ गए थे और अभी मृतकों की तादाद बढ़ने की आशंका है ।

अस्पताल के सूत्रों के अनुसार बम विस्फोट में घायल डा. आर.के. अग्रवाल को सीने पर गहरे घाव लगे हैं । श्री अग्रवाल दिल्ली के रहने वाले हैं । वह अपने परिवार के साथ मध्य प्रदेश से यहां पहुंचे थे और रेलवे स्टेशन से निकलते वक्त विस्फोट की चपेट में आ गए । उनकी पत्नी और दो बच्चों को मामूली चोटें आई हैं । अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि श्री अग्रवाल को आक्सीजन पर रखा गया है और उनका आप्रेशन किया जाएगा ।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दाखिल घायलों में से 22 के नाम इस प्रकार हैं : लक्ष्मी कांत (गोपालगंज), संजय कुमार तिवारी (गोपालगंज), महेश झा (दरभंगा), अच्छे लाल (दरभंगा), हीरा झा (मोतीहारी), मोहोयम मेहता, माधव बनशनी (तलिया), गुलाम नबी थान (इलाहाबाद), विजय कुमार (अमरावती), साहिब सिंह (गोपालगंज), गुरदीप सिंह (असम), के. भास्कर (गोडीकोट), बी.के. सागेर, बी.के. मल्होत्रा (मारुति उद्योग), श्री बंसल, एस.के. शर्मा (बड़ोदरा), राज कुमार शाह (पूर्णिया), गुरमिंदर सिंह (दिल्ली), रमणीकांत (दिल्ली), बुद्धे (अजमेर) और सुरपो (बरेली) ।

रेलवे अस्पताल में भर्ती घायलों की सूची इस प्रकार है :–

शिव नारायण (देवरिया), नरेन्द्र भावे (अम्बाला वायुसेना), बी.के. गोयल (करनाल के. दयाल सिंह कालेज के प्रोफैसर), सी.एम. मिश्रा (कासगंज रेलवे स्टेशन), महेन्द्र कुमार (कासगंज), रवि मेहता, (अम्बाला सिटी), अधनू (बिहार), संजय अग्रवाल, सी.एम. मेहरा (बड़ौदा हाऊस दिल्ली), कालेधरन (दिल्ली) और कल्याणी तथा उसकी ढाई साल की पुत्री । घायलों में तीन महिलाएं एक ही परिवार की हैं ।

मृतकों की पहचान : इस दुर्घटना में मरने वाले व्यक्तियों में से सिर्फ 3 की ही अभी तक शिनाख्त हो सकी है । यह हैं-नारायण कट्टी (जाट रैजीमैंट) और महावीर प्रसाद हनुमानआतवाल ।

बम विस्फोट में गुरदीप सिंह (चंडीगढ़), लक्ष्मीकांत (लुधियाना), भास्कर राव (ऊधमपुर, जम्मू), जरनैल सिंह (चंडीगढ़), गुलशन (लुधियाना), सरोज (लुधियाना) भी घायल हुए हैं ।

सभी रेलवे स्टेशन सतर्क : रेलवे अधिकारियों ने उत्तरी भारत में सभी रेलवे स्टेशनों को सतर्क कर दिया है । रेल मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि रेलवे पुलिस तथा रेल सुरक्षा बल को अपने-अपने स्टेशनों पर विस्फोटकों की खोजबीन करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने को कहा गया है ।

सुरक्षा व्यवस्था कड़ी : आज सुबह के बम विस्फोट के बाद राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ-साथ अनेक नाकों पर भी पुलिस को सतर्क कर दिया गया है । कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं तथा वाहनों की तलाशी ली जा रही है ।

जनता से एक बार फिर आग्रह किया गया है कि वह किसी भी लावारिस वस्तु को हाथ न लगाए और न ही किसी अनजान व्यक्ति से कोई वस्तु प्राप्त करे क्योंकि इनमें विस्फोटक सामग्री हो सकती है ।

विस्फोट-एक चुनौती : अमृतसर वि.प्र.): भाजपा के उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आज आतंकवादियों द्वारा किए बम विस्फोट को प्रधानमंत्री के लिए चुनौती करार दिया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार कह रहे हैं कि पंजाब में हालात सुधर गए हैं । आतंकवादी अलग-थलग पड़ गए हैं और अब स्मगलरों तथा अपराधवृत्ति के लोग ही वारदातें कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि क्या यह विस्फोट स्मगलरों ने किया है ? राजीव सरकार आठ वर्षों से आतंकवाद पर काबू पाने में असफल रही है ।

विस्फोट राष्ट्र-विरोधी : नई दिल्ली : आल इंडिया सिख कांफ्रैंस (बब्बर) ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुए बम विस्फोट को राष्ट्र-विरोधी, अलोकतांत्रिक और देशघाती तत्वों का कारनामा बताया है ।

झारखंड समस्या का समाधान 15 अगस्त तक

रांची, 12 जून : झारखंड समन्वय समिति को आगामी 15 अगस्त तक झारखंड मसले का कोई सौहार्दपूर्ण समाधान निकल आने की आशा है । समिति के संयोजक डा. बी.पी. केसरी ने कल यहां सम्वाददाताओं से कहा कि घटनाक्रम संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रहे हैं और समस्या का समाधान दिखाई पड़ने लगा है ।

पाकिस्तान में एक पूर्व गवर्नर हत्या के मामले में संलिप्त

इस्लामाबाद, 12 जून (ह.स.): पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत के भूतपूर्व गवर्नर, अवकाश प्राप्त ले. जनरल फजुलहक यहां एक शिया नेता की हत्या के मामले में चल रही जांच-पड़ताल में विवाद के घेरे में आ गए हैं ।

हाँकरों की हड़ताल

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनौती केवल एक समाचारपत्र समूह को नहीं, सरकार को है, प्रशासन को है, और इसे गम्भीरतापूर्वक लेकर गरीब हाँकरों की सुरक्षा के उचित प्रबन्ध किए जाने चाहिए । उन्होंने सरकार से मांग की कि वह हाँकरों व समाचारपत्र एजैंटों का निःशुल्क बीमा का प्रबन्ध करे ताकि ये लोग निधड़क होकर काम कर सकें । उन्होंने कहा कि गरीब हाँकर, जो प्रातः चार बजे उठकर अपना कार्य निष्ठापूर्वक निभाते हैं, और लोगों को घर-घर समाचारपत्र पहुंचाते हैं, उनकी हत्याएं सबसे बड़ा पाप है । उन्होंने बताया कि पंजाब युवा इंका के अध्यक्ष श्री बिट्टा शीघ्र ही प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से मिल कर पंजाब की पूर्ण रिपोर्ट देंगे । डा. शर्मा ने 'हिन्द समाचारपत्र समूह' को आश्वासन दिया कि पंजाब युवा इंका इस मुश्किल की घड़ी में उनके साथ है, और उनके सभी सदस्यों को प्रत्येक तरह की सेवाएं प्रदान की जाएंगी ।

लुधियाना के युवा इंका नेता श्री सुशील मल्होत्रा ने हाँकरों की हत्याओं की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए अपनी सेवाएं अर्पित करने की पेशकश करते हुए आश्वासन दिया कि वह हाँकरों की सहायता करेंगे ।

पटियाला (नि.स.): जिला शिव सेना (बाल ठाकरे ग्रुप) की महिला शाखा की एक बैठक गत दिवस राजपुरा में हुई । कुमारी पूनम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न एक बैठक में 'हिन्द समाचार पत्र समूह' को उग्रवादियों द्वारा दी जाने वाली धमकियों की निंदा की गई । शिव सेना के राज्य प्रचार सचिव श्री पवन गुप्ता ने पंजाब सरकार से मांग की है कि मोहाली, फगवाड़ा तथा अमृतसर में समाचारपत्र एजैंट तथा हाँकरों की हत्या करने वाले अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए । उन्होंने कहा कि पंजाब में सरकार को उग्रवाद को समाप्त करना चाहिए ।

पठानकोट, (गुप्ता): टानका मन्दिर पठानकोट में तीन दिवसीय भक्ति सम्मेलन में बोलते हुए स्वामी कृष्णानन्द ने कहा है कि निर्दोषों की हत्याएं करने वाले गुरु के शिष्य नहीं हैं । उन्होंने हिन्द समाचार पत्र समूह को आतंकवादियों द्वारा धमकियां दिए जाने तथा अखबारों के एजैंटों और हाकरों की हत्याएं करने की निंदा की तथा सरकार से इन्हें सुरक्षा देने की मांग की ।

अधिकारी तबदील

(पृष्ठ 3 का शेष)

का जी.एम. तथा होशियारपुर के जिला परिवहन अधिकारी कर्म सिंह को डी.पी.आई. (प्राइमरी) कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी लगाया गया है ।

पटियाला म्युनिसिपैलिटी के प्रशासक एस.के. आहलूवालिया को लोक सम्पर्क, आवजन व राष्ट्रीय एकता कौंसिल का संयुक्त निदेशक लगा दिया गया है । वहां से आर.के. जैन को हटाकर खाली पड़े पद पर पटियाला का एस.डी.ओ. (सी.) लगा दिया गया है । सामाना के एस.डी.ओ. (सी.) एम.जी. आचार्य को एस.के. आहलूवालिया के स्थान पर पटियाला म्युनिसिपैलिटी का प्रशासक लगा दिया गया है । पटियाला में एस.बाई.एल. परियोजना के भूमि अधिग्रहण अधिकारी गुरभजनीक सिंह को आचार्य के स्थान पर सामाना में एस.डी.ओ. (सी.) भेज दिया गया है ।

जालन्धर के अर्बन सीलिंग आफिसर आर.के. गुप्ता को जे.एस. बल के स्थान पर संगरूर में जिला परिवहन अधिकारी व जे.एस. बल को जगतार सिंह के स्थान पर जालन्धर में अर्बन एस्टेट आफिसर लगाया गया है । जगतार सिंह को भगवन्त सिंह के स्थान पर जालन्धर में जिला परिवहन अधिकारी बनाया गया है व भगवन्त सिंह को आर. के. गुप्ता के स्थान पर जालन्धर में अर्बन सीलिंग आफिसर

जिला होशियारपुर के 112756 लोगों को ऋण सुविधाएं मिलेंगे

होशियारपुर, 12 जून (नि.स.): जिलाधीश श्री जी.एस. संधू ने आज यहां 1989-90 का तैयार किया गया जिला क्रैडिट प्लान रिलीज करते हुए एक समारोह में कहा कि 50 करोड़ 40 लाख का प्लान प्रथम अप्रैल से लागू समझा जाए । इसके अंतर्गत 112756 लोगों को ऋण सुविधाएं मिलेंगी । उन्होंने बैंकों से कहा कि लोगों की ऋण की दरखास्तें शीघ्र निपटाई जाएं तथा ऋण देने में देर न करें ।

इस अवसर पर मौजूद पंजाब नैशनल बैंक के रिजनल मैनेजर श्री के.के. गुप्ता ने बताया कि गत वर्ष जिला में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखों ने 49 करोड़ रु. के ऋण बांटे और कहा कि हमने इस वर्ष से नीचे से लोगों को ऋण देने का काम शुरू किया है, पहले टाप लैवल से होता था ।

शाम के भाव–(12 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6529, चांदी दिसंबरी 6504, चांदी गदही 6450, चांदी कल्ली 6565, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6960, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिस्कुट 3035-3045, सोना स्टैंडर्ड 3120, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3010, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 345, निकल प्लेट 400-415, जस्ता की सिल्ली 51.00, ग्लन मैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 87.40, ताम्बा रॉड 90.00, ताम्बा तार फूट 73.50, चदरी पीतल 57.50, पीतल चादर कतरन 59.00, पीतल भरत फूट 54.00, पीतल पुर्जा फूट 54.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.00, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 59-59.50, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 67-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 45.00, अल्यूमीनियम रॉड 49.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरन 40.00, अल्यूमीनियम तार फूट 43.00 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाजार : (एन.एन.एस.): आर. यू./के.एल. टोर सरिया : (8 एम.एम.) 10200, (10 एम.एम.) 10000, (12 से 25 एम.एम.) 9900 । लोकल टोर सरिया : (8 एम.एम.) 10000, (10 एम.एम.) 9850, (12 से 25 एम.एम.) 9750 । एम.एस. राडंड : (6 एम.एम.) 9250, (8 एम.एम.) 9900, (10 एम.एम.) 10000, (12 एम.एम.) 9900 (16 एम.एम.) 9900 । गेट चैनल : हल्का 9600 भारी 9600 । एम.एस. चैनल लोकल (75x40) 9200, (100x50) 9100-9200 । गार्डर आंइट्स लोकल (150x75) 9500, (160x80) 9500, (175x90) 9500, (200x100) 9500 । इंगट : (3.5"से 4.5") 7600/7700, स्क्रैप 5400-5500 रुपए ।

दिल्ली क्लाथ 60.25, हिन्द मोटर 38.00, रिलायंस 122.25, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6520, चांदी दिसंबरी 6480, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6920, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3120, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 337-340, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 332-342, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 148.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 177, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 152, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 127 मंगफली तेल (10 किलो) 210, लिंसड तेल (10 किलो) 190, फैटी एसिड आयल (विदेश) 1640, तेल बिनौला (10 किलो) 182, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 122.00, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 220.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 326, आंध्र सीमैंट 10.75, अपोलो टायर 76.50, एशियन होटल 89.00, बिरला एग्रो 90.00, डी.सी.एम. लि. 60.25, डी.सी.एम. टोयोटा 11.25, ईस्ट इंडिया होटल 55.50 (31/5), एस्काट्स 68.00, एम्मर लिमिटेड 22.00, फूड स्पैशलिटीज 177.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 113.00, एच.एम.एम. लि. 193.50, होरो होंडा 21.00, हिन्द एल्यूमीनियम 280.00, हिन्द लीवर 91.00, हिन्द मोटर 38.00, इंडियन रेयन 83.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 95.50, जे.के. सिंथैटिक्स 77.00, कैल्कीनेटर आफ इंडिया 159.00, लार्सन एंड टूबो 86.00, एल.एम.एल. लि. 18.25, महावीर लिमिटेड 115.00 (9/6), मालवा काटन 80.00, मोदी रबड़ 85.00 (9/6) मोहन मीकिन 11.25, ओरकै सिल्क मिल्स 20.87, ओसवाल एग्रो 125.25, रिलायंस इंडस्ट्रीज 122.25, श्रीराम फाइबर्स 85.00, सदर्न पैट्रो 56.50,

Punjabi Sa

वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के ध्यानार्थ
कृपया इस महत्वपूर्ण सूचना को नोट करें :
कटरा में प्रतीक्षा–3 दिन
भवन पर प्रतीक्षा–1 दिन

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सभी औद्योगिक उपक्रमों को अब औद्योगिक विकास नियमन कानून में लाइसैंस सम्बन्धी प्रावधानों से मुक्त कर दिया गया है । ऐसा एम.आर.टी.पी. के दायरे में आने वाली और न आने वाली दो अलग तरह की वाहनों के टायर और ट्यूब कम्पनियों को लाइसैंस मुक्त करने के सवाल पर विचार करने के बाद किया गया ।

विज्ञप्ति के अनुसार यह फैसला उद्योग द्वारा लगातार की जा रही मांगों को मद्देनजर रखते हुए किया गया है । लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी हैं ।

रिबैरो बुल्गारिया में राजदूत बनाए जा रहे हैं

चंडीगढ़, 13 जून (ह.स.): आज यहां पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो को सम्भवत: बुल्गारिया का राजदत नियुक्त किया जा रहा है । भारतीय पुलिस सेवा में श्री रिबैरो के सेवाकाल में की गई दो वर्ष की वृद्धि की अवधि मई में ही समाप्त हो गई थी । पंजाब पुलिस के महानिदेशक का पदभार सम्भालने के बाद आतंकवादियों के विरुद्ध ज़ोरदार अभियान चलाए जाने के बाद उन्हें 'सुपर कॉप' कहा जाने लगा था । बाद में उन्हें राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया और श्री के.पी.एस. गिल को उनके स्थान पर पंजाब पुलिस महानिदेशक बनाया गया ।

पर्यावरण संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय कानून बनेगा

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता): धरती पर से तेजी से विनष्ट होती जा रही वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों को बचाने के लिये जल्द ही एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाया जाने वाला है ।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संचालन परिषद की नैरोबी में पिछले महीने हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया । बैठक में एक सौ तीन देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

झारखंड उग्रवादी जन-समर्थन खो रहे हैं

रांची, 13 जून (ह.स.): झारखंड समस्या के समाधान के लिए झारखंड नेताओं और केंद्र सरकार के बीच बातचीत के बाद झारखंड उग्रवादी जनता का समर्थन खोते जा रहे हैं ।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (सोरेन गुट) द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का असर नगण्य है और गत नौ जून के झारखंड बंद का रांची समेत अन्य स्थानों पर सामान्य जन-जीवन पर कोई खास असर नहीं पड़ा । साथ ही छह दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के आह्वान को भी कोई खास समर्थन नहीं मिला । आर्थिक नाकेबंदी का आज चौथा दिन है ।

झारखंड समन्वय समिति ने दिल्ली वार्ता को ध्यान में रख कर अपने आंदोलन के सभी कार्यक्रमों को फिलहाल स्थगित रखने की पहले ही घोषणा कर रखी है । इस समिति में 53 झारखंड गुट और पार्टियां शामिल हैं ।

इन्सैट 1-डी 29 जून को छोड़ा जाएगा

बेंगलूर, 13 जून (वार्ता): भारत का बहुद्देश्यीय उपग्रह इन्सैट1-डी 29 जून को अमरीकी राकेट डेल्टा के ज़रिये फ्लोरिडा के केप केनेवरेल से अंतरिक्ष में छोड़ा जाएगा । यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष प्रो. यू. आर. राव ने यहां दी ।

राम जन्मभूमि विवाद अदालत द्वारा ही निपटाया जाए

भुवनेश्वर, 13 जून (ह.स.): भारत के अहमदी मुस्लिमों के प्रमुख हजरत मिर्जा वसीम अहमद ने कहा है कि राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद का हल अदालत के माध्यम से ही किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि जब यह मामला अदालत के हवाले किया जा चुका है तो सभी पक्षों को उसके फैसले का इन्तजार करना चाहिए ।

पाकिस्तान में लोकतंत्र की बहाली के बाद से अहमदी मुस्लिमों की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां अहमदियों का उत्पीड़न बन्द नहीं हुआ है । अहमदी वहां अभी भी गैर-मुस्लिम ही माने जाते हैं ।

एकीकृत अकाली दल (मान)ने

उसका लड़का एक प्रशासनिक अधिकारी है जो खुद बहुत नेक है : राज्यपाल रे का रहस्योद्घाटन

रिटायर्ड अफसर युवकों को उकसा कर पाकिस्तान भाग गया

पंजाब में 4 लोगों की हत्या : 4 खतरनाक आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 13 जून (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । चार खतरनाक आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । एक अपहृत व्यक्ति 8 दिन के बाद मंड क्षेत्र से सुरक्षित अपने घर लौट आया ।

इसी बीच पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज बाद दोपहर अमृतसर जिला के एक सीमांत गांव रानिके, जो कि भारत-पाक सीमा से केवल 5 किलो मीटर की दूरी पर है, में आई.टी.आई. के भवन का शिलान्यास करते हुए पांच हजार के करीब ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी संस्थाओं को आधुनिकतम बनाने का सरकार का लम्बा-चौड़ा कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम पर चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 2 करोड़ 74 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे । राज्यपाल ने कहा कि अखबारों के हॉकरों की हत्या और किसी अखबार को बंद कराने की धमकियां एक घटिया और निन्दनीय कृत्य है । इस योजना के बारे में सरकार को सब पता चल गया है । इस योजना के पीछे एक उच्च रिटायर्ड अधिकारी का हाथ है, जो नौजवानों को इस कार्रवाई के लिए भड़का कर स्वयं पाकिस्तान भाग गया है । इस रिटायर्ड अधिकारी का एक लड़का आई.ए.एस. अधिकारी है और बड़ा नेक आदमी है । सरकार सारी स्थिति पर पूरी नज़र रखे हुए है । इस तरह की कार्रवाइयों को सख्ती से दबाया जाएगा । भड़काहट देकर स्वयं भाग जाना कायरता है, उसे स्वयं सामने आना चाहिए था ।

श्री रे ने कहा कि विभिन्न उद्योगों के लिए भिन्न-भिन्न ट्रेडों में कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के वास्ते प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तथा शिक्षित युवक-युवतियों में बेरोजगारी समाप्त करने तथा स्वरोजगार प्रारम्भ करने के योग्य बनाने के लिए सीमा क्षेत्र विकास तथा शिक्षा प्रसार योजना के अन्तर्गत केंद्र सरकार की पूर्ण आर्थिक सहायता से दो आई.टी.आई. रानिके (जिला अमृतसर) तथा कलानौर (जिला गुरदासपुर) में खोले जा रहे हैं ।

गिरोह गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार अमृतसर पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से हथियार भी बरामद हुए हैं । इन लुटेरों में पतलीघर का रणजीत सिंह, भच्चर गांव का सुखदेव सिंह, घुमान गांव का बलबीर सिंह तथा भूपेन्द्र सिंह शामिल हैं । इन लुटेरों को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया, जब यह किसी वारदात के लिए जाने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार किए गए लुटेरों से एक .32 बोर का रिवाल्वर, 5 अनचले कारतूस .303 बोर के, एक छुरा तथा एक खिलौना पिस्तौल बरामद हुआ । एक व्यक्ति दयाल सिंह निवासी कोट बाबा दीप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया, जो इन लुटेरों को वारदातें करने के लिए उकसाता था ।

गनमैन की हत्या : आज बाद दोपहर आतंकवादियों के एक गिरोह ने तरनतारन पुलिस जिला के गांव ढोला में एक सरपंच के घर पर हमला किया तथा उसके गनमैन कर्म सिंह को गोली मार कर खत्म कर दिया । सरपंच इस हमले में बाल-बाल बच गया ।

पुलिस ने बताया कि जिस समय आतंकवादियों ने हमला किया, सरपंच जसवंत सिंह गांव में विकास कार्यों की निगरानी कर रहा था । सरपंच जसवंत सिंह का नाम आतंकवादियों की हिट-लिस्ट में है । उस पर पहले भी हमला हुआ था जिसमें उसका बाप मारा गया था, लेकिन उसके भाई परगट सिंह ने न सिर्फ आतंकवादियों से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल छीन ली थी बल्कि उनमें से दो को मार डाला था । आज की घटना की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है ।

हॉकर खत्म बसा : बाघापुराना (नि.स.): समाचारपत्रों के एक हॉकर सोहन लाल गुप्ता की पी.जी.आई. में मृत्यु हो गई । उसको कुछ दिन पहले जिला फरीदकोट के गांव पत्तो में आतंकवादियों ने उस समय गोलियां मार कर घायल कर दिया था जबकि वह अपने मकान की छत पर सो रहा था । उसका शव उसके पैतृक शहर कोटकपूरा लाया गया, जहां उसकी अंत्येष्टि कर दी गई ।

4 आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : बटाला (नि.स.): चार आतंकवादियों, जिनमें दो कट्टर आतंकवादी शामिल हैं, ने आज बटाला पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । यह बात सीमा रेंज पुलिस के डी.आई.जी. इजहार आलम ने बताई । उन्होंने कहा कि पुलिस फ़रार आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने की अपीलें करती रही है । उन्होंने कहा कि आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों के मामले पर नर्मी से तथा कानून के अनुसार विचार किया जाएगा । मनजीत सिंह खजाला ग्रुप के दो कट्टर आतंकवादियों तरसेम सिंह तथा सतनाम सिंह ने श्री इजहार आलम के समक्ष आत्म-समर्पण किया । यह गिरोह बटाला और गुरदासपुर क्षेत्र में दर्जनों हत्याओं व डकैतियों के लिए जिम्मेदार था । आत्म-समर्पण करने वाले दो अन्य आतंकवादी बलदेव सिंह गांव कांगड़ा तथा देवेन्द्र सिंह गांव नूरपुर हैं । यह दोनों फ़रार आतंकवादी जुगराज सिंह उर्फ़ तुफान सिंह तूफान चीमा खुड्डी के नेतृत्व वाले गिरोह के सदस्य हैं । मनजीत सिंह खजाला एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है ।

पुलिस जिला बटाला के प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने आज यहां आतंकवादियों से फिर आग्रह किया है कि वे हथियारों समेत आत्म-समर्पण कर दें । उनके साथ सहानुभूति बरती जाएगी । उन्होंने चेतावनी दी कि उग्रवाद में संलिप्त लोगों के साथ किसी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी ।

सेवादार की हत्या : करतारपुर (साहनी): गत दिवस थाना करतारपुर के गांव बसु नंगल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक पीर की दरगाह पर सेवा कर रहे साईं अमरुशाह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिनकी बाद में सी.एम.सी. लुधियाना में मृत्यु हो गई । पता चला है कि लुटेरे उसका कुछ कीमती सामान ले गए तथा टी.वी. को तोड़ गए ।

वृद्ध को मार डाला : फरीदकोट (नि.स.): गत रात यहां के मुहल्ला माहीखाना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक वृद्ध को छत से गिरा कर मार डाला । बताया जाता है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति एक घर में दाखिल होकर उसकी छत पर चढ़ गए । उन्होंने वहां सो रहे वृद्ध से चाबियां मांगीं । वृद्ध द्वारा इन्कार किये जाने पर उन्होंने उसको छुरा मार कर बुरी तरह घायल कर दिया । शोर मचाने पर घर के दूसरे सदस्य जाग गए । इस दौरान घर के सदस्यों से हाथापाई के समय संदिग्ध व्यक्तियों ने वृद्ध को छत से गिरा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई परन्तु वह प्रात: ही घटना स्थल पर पहुंची । क्षेत्र के लोगों में इस बात पर रोष पाया जा रहा है ।

लापता कर्मचारी की लाश मिली : मालेरकोटला (नि.स.) एक रेलवे कर्मचारी गंगा प्रसाद, जो कि अहमदगढ़ क्षेत्र में गैंगमैन के तौर पर तैनात था, की लाश गत दिवस मालेरकोटला के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाई गई । बताया जाता है कि वह 6 जून को लापता हो गया

एजैंटों व हॉकरों की हत्या लोकतंत्र पर जोरदार आघात : स्वामी आनंद स्वरूप

नई दिल्ली, 13 जून (स.): आतंकवादियों द्वारा हिंद समाचारपत्र समूह के समाचारपत्रों को बंद कराने की धमकियों से राष्ट्रवादी जनता चिंतित हो उठी है । आतंकवाद के विरुद्ध निरंतर जूझ रहे इस समाचारपत्र समूह के संस्थापक लाला जगतनारायण तथा उनके सुपुत्र श्री रमेश चन्द्र आतंकवादियों की गोली से शहीद हुए । अब इस समाचारपत्र समूह से जुड़े एजैंटों और हॉकरों की हत्या लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जोरदार आघात है ।

उक्त शब्द आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आनंद स्वरूप ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और गृहमंत्री श्री बूटा सिंह को लिखे एक पत्र में कहे हैं । पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि आतंकवादियों की धमकी को पंजाब सरकार गंभीरता से नहीं ले रही । धमकी को सामान्य ढंग से लेना सरकार की भारी भूल होगी ।

उन्होंने कहा कि हिंद समाचारपत्र समूह के संचालकों ने पंजाब के आतंकवाद पीड़ित हिंदू व सिख विधवाओं में करोड़ों रुपए वितरित कर उनकी सहायता की परन्तु कुछ राष्ट्र-विरोधी तत्व इस समूह के समाचारपत्रों के विचारों से सहमत नहीं हैं परन्तु पत्रकारिता की स्वतंत्रता के बारे उस पर किसी तरह का आक्षेप लगाना तर्कसंगत नहीं है ।

स्वामी आनंद गोपाल ने पत्र में कहा कि इस समाचारपत्र में आतंकवादियों की काली करतूतों के समाचार छपते हैं इसलिए वे इसे बंद कराना चाहते हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अपील की कि हिंद समाचारपत्र समूह के संचालकों तथा इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जाए क्योंकि इस परिवार ने राष्ट्रहित में रक्त करते हुए महान बलिदान दिए हैं व आतंकवाद के विरुद्ध सतत् संघर्ष जारी रखा है ।

जालंधर : जनता दल की पंजाब इकाई ने राज्य में आतंकवादियों द्वारा समाचारपत्र हॉकरों की, की जा रही हत्याओं की निंदा करते हुए इसे "प्रैस की आजादी पर हमला" बताया है । आज यहां जारी एक वक्तव्य में राज्य महासचिव ज्ञान चन्द ने कहा कि उनकी पार्टी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्ध है । लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध की आवाज ताकत से नहीं कुचली जा सकती है । जनता दल नेता ने दिल्ली में कल हुए बम विस्फोट को जघन्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है ।

अखबार नहीं बांटेंगे : नकोदर (गगन): नकोदर, नूरमहल, मलसियां, मेहतपुर, जंडियाला, लाम्बड़ा, बंडाला, लोहियां, जलोवाल में दस जून से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'अग्नि' परीक्षण पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए : सोवियत राजदूत

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता): सोवियत संघ के भारत में स्थित राजदूत श्री विक्टर इसाकोव ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीक विकसित करने के लिए भारत द्वारा अग्नि प्रक्षेपास्त्र के परीक्षण पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता ।

श्री इसाकोव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरा विश्व जानता है कि अमरीका और सोवियत संघ द्वारा परमाणु और अंतरिक्ष क्षेत्र में किये गये परीक्षणों से विज्ञान और तकनीक में कितनी प्रगति हुई और इन देशों की जनता को उसका कितना लाभ मिल रहा है । सोवियत राजदूत ने कहा कि वास्तव में प्रगतिशील देश अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित तकनीक अन्य देशों को भी बेच रहे हैं । इस स्थिति में भारत को विज्ञान एवं तकनीक अनुसंधान से वंचित कैसे रखा जा के लिए किया गया था । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के इस दावे पर तो विश्वास कर लिया जाता है कि वह परमाणु बम नहीं बना रहा, फिर भारत की तकनीक विकास की बात को प्रक्षेपास्त्र होड़ का रंग क्यों दिया जाता है । दरअसल अग्नि का सफल प्रेक्षण भारतीय तकनीशियनों और वैज्ञानिकों की सराहनीय सफलता है । इस परीक्षण से प्रक्षेपण अनुभव और जानकारी से भारत के शांतिपूर्ण अंतरिक्ष कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा ।

सोवियत राजदूत ने आशा प्रकट की कि अन्य विकसित देशों की तरह राकेट परीक्षणों से विकसित जानकारी का लाभ जनसाधारण की दिन-प्रति-दिन की ज़िंदगी में भी पड़ेगा ।

श्री इसाकोव से पूछा गया कि "भारत को

Punjab Sahadan

भाजपा तैयार : शर्मा

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगाया कि इंका साम्प्रदायिकता की आड़ लेकर अलग-अलग मौकों पर चुनाव लड़ती रही है । जैसे 1984 के चुनाव में उसने 'सिख कार्ड' चला था । हाल ही में मिजोरम विधानसभा के चुनाव में वह इसाई समर्थक हो गई थी । भाजपा ने कभी ऐसा नहीं किया और हम इस बार इंका को भी साम्प्रदायिक चाल नहीं चलने देंगे ।

[illegible] जांच-पड़ताल के बाद पुलिस [illegible] ने एक बूढ़ी औरत ध्यान और को [illegible] ले लिया है । इस बम-धमाका से फ़ार्म [illegible] कमरे तबाह हो गए हैं । एक कमरा, [illegible] शक्तिशाली बम और बारूद रखा हुआ [illegible] नीचे गिरा तो उसके गार्डर 10-10 [illegible] दूर जा गिरे । एक कमरे में बैठे [illegible] की लाशों के परखचे उड़ गए । [illegible] दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे । पुलिस के [illegible] बम-धमाके में बब्बर खालसा का एक [illegible] सुखविंदर सिंह,जिसके सिर पर एक लाख [illegible] था, मारा गया जबकि उसका एक [illegible] सिंह,जिसके सिर पर 35 हजार रुपए [illegible] भी इस विस्फोट में मारा गया । पांचों [illegible] के काबिल नहीं थीं । उनके चेहरे तो [illegible] उनकी खोपड़ियां भी अलग होकर सिर के [illegible] बिखरे हुए थे । इस प्रकार दृश्य बड़ा [illegible] । बहक का मालिक चनन सिंह भी इस [illegible] मारा गया । सुखविंदर सिंह बराड़ गांव [illegible] अमृतसर का रहने वाला बताया [illegible] प्रारंभिक जांच-पड़ताल के अनुसार यह [illegible] अनेक बार पाकिस्तान गया तथा उसने [illegible] लगभग एक वर्ष तक बम बनाने तथा [illegible] बम धमाके करने का प्रशिक्षण [illegible] प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उसने व [illegible] ने पंजाब, निकटवर्ती राज्यों तथा [illegible] खतरनाक बम धमाके किए [illegible]

[illegible] के अनुसार कुछ दिन पहले दिल्ली रेलवे [illegible] बम धमाके में भी बराड़ और उसके [illegible] हाथ था । बराड़ की आयु 30-35 वर्ष [illegible] । मौके पर से दलीप सिंह फ़ौजी के [illegible] कार्ड भी मिला है । जिस [illegible] बम फटा वहां 3-4 फुट गहरा [illegible] । पुलिस ने मौका पर तोप में चलने [illegible] ढाई फुट लम्बे दो गोले भी कब्जे में [illegible] विशेषज्ञ सैनिक विशेषज्ञों को बुला [illegible]

[illegible] अन्य लोगों की पहचान दलीप सिंह उर्फ़ [illegible] अन्य आतंकवादी 'डाक्टर' के रूप में [illegible] पुलिस चीफ़ श्री जी.एस. मान ने [illegible] आतंकवादी सम्भवत: बम बना रहे [illegible] कमरे में बमों को रख रहे थे, तभी [illegible] हो गया । आज सुबह मजबा हटाए [illegible] के. 47 राइफल, तीन मैगजीन [illegible]

[illegible] आतंकवादियों ने मौका पर पत्रकारों को [illegible] विस्फोट के समय चनन सिंह के परिवार के [illegible] हाउस पर मौजूद थे,लेकिन बाद में वह [illegible] । जांच पूरी करने के लिए चनन सिंह [illegible] के दो पड़ोसियों की तलाश जारी है । [illegible] आतंकवादियों की मदद से हटाया गया । [illegible] की एक वृद्ध औरत तथा आतंकवा- [illegible] गए कुछ आतंकवादियों की [illegible] गई । बाद में आतंकवादियों के [illegible] मार दिए गए । एक बात [illegible] के हाथ की दाईं ओर [illegible] । [illegible] सिंह की खोपड़ी उड़ गई थी ।

[illegible] ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बम विस्फोट में बराड़ [illegible] का हाथ नहीं, इस बारे में न तो पुष्टि की जा सकती है और न खंडन, क्योंकि यह पता चला है । [illegible] पुलिस सूत्रों ने कहा कि बराड़ के बम विस्फोट में शामिल होने की सम्भावना से पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता । इन सूत्रों ने कहा कि सम्भव है वह नई दिल्ली में अपना काम निपटा कर वहां वापस आ गया हो ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार बब्बर खालसा के आतंकवादी सुखविन्दर सिंह के पाकिस्तान के साथ बड़े निकटतम सम्बंध थे । वह अक्सर पाकिस्तान आता-जाता करता था । वह [illegible] की दो बड़ी खेपें पाकिस्तान से लाया था, [illegible] बरामद कर ली गई थीं । प्रवक्ता ने कहा कि यह गिरोह समय रूप से [illegible] और [illegible]

पृष्ठ 9 पर

पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के आतंकवादियों से बरामद हथियार ।

सियाचिन विवाद व पाक के रक्षा

इस्लामाबाद, 15 जून (वार्ता): सिय [illegible] ग्लेशियर विवाद सुलझाने के लिए भारत [illegible] पाकिस्तान के बीच रक्षा सचिव स्तर की वा [illegible] आज यहां नया दौर शुरू हुआ । भारत के [illegible] सचिव श्री नरेश चन्द्र ने प्रधानमंत्री श्रीमती बे [illegible] भुट्टो के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल एम. इस [illegible] अली से भेंट के बाद वहां के रक्षा सचिव इज़लाल [illegible] हैदर से औपचारिक मुलाकात की । संचार म [illegible] के अनुसार ऐसी सम्भावना है कि आगामी [illegible] माह में श्रीमती बेनजीर की भारत यात्रा के [illegible] दोनों देशों के बीच इस संदर्भ में समझौता ह



Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला गुरदासपुर में सरगर्म था । लेकिन अन्य स्थानों पर भी चला जाता था । बम धमाकों के पीछे इसी का हाथ था । बराड़ बम बनाने का विशेषज्ञ था । वह माझा क्षेत्र का एरिया कमांडर था । उसने हाल ही में चार सदस्यीय हत्यारे दस्ते भी बनाए थे ।

2 घुसपैठिये मरे : गत रात अमृतसर जिला में खेमकरण सैक्टर में 2 घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गोली चलाए जाने से मारे गए ।

घायल कर दिया : आज प्रातः अमृतसर शहर में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कुलदीप सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2 शरणदाता गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने 2 व्यक्तियों बिरसा सिंह तथा नरेन्द्र सिंह को आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । तरनतारन के जिला पुलिस चीफ श्री बलदेव सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बिरसा सिंह तथा नरेन्द्र सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के खूंखार आतंकवादी बख्शीश सिंह 'सोना' को शरण देते थे । वह उसके हथियार भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाते थे । नरेन्द्र सिंह से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 4 कारतूस भी मिले ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात थाना रमदास के क्षेत्र में सुरक्षा बलों की गश्ती पार्टी पर नाले के करीब छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस पर फायरिंग की । पुलिस और सी.आर.पी. ने जवाबी फायरिंग की । 15-20 गोलियां चलने के बाद एक आतंकवादी मारा गया जिसकी लाश कब्जे में ली गई है । उसके पास से 303 की राइफल इसके 31 कारतूस तथा 2 एच.ई. 36 हथगोले पड़े मिले ।

लाश मिली : यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार थाना झब्बाल के एक गांव से बाहर एक वीरान जगह पर गोलियों से छलनी एक युवक की लाश मिली है जिसकी शिनाख्त गुरनाम सिंह वासी मानोचाहल के रूप में हुई है । यह युवक आतंकवादियों की आपसी शत्रुता के परिणाम स्वरूप मारा गया । यह भी कहा जाता है कि गुरनाम सिंह पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल के धड़े से संबंधित था ।

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : भिखीविंड (स.): कल रात्रि लगभग 12 बजे भिखीविंड थाने के गांव दयालपुर में कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी लेकिन लोगों के शोर मचाने पर उग्रवादी फरार हो गए ।

3 उग्रवादी बंदी : पटियाला (वि.प्र.): जिला पुलिस ने तीन कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार, गोली सिक्का व चोरी का माल बरामद किया है । इनके नाम जीत सिंह, जगतार सिंह तारी तथा नछत्तर सिंह बताए गए हैं ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बढाला पंथियां क्षेत्र में स्थित एक वीरान ट्यूबवैल पर शरण लिए हुए लगभग एक दर्जन आतंकवादियों में से 9 आतंकवादियों को गत रात जिला पुलिस बी.एस.एफ. ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात गिरफ्तार करने का दावा किया है जबकि इनके तीन साथी भागने में सफल रहे । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि इनकी शिनाख्त नरिन्द्र सिंह (संगरावां), जंगवीर सिंह उर्फ जिन्दी (दुनियां संघ), सरबजीत सिंह उर्फ साबा (दुनियां संघ), लखविन्दर सिंह उर्फ बैंड (दुनियां संघ), सुखविन्द्र सिंह, (जहानपुरा), गुरबचन सिंह (लीम कलां), शेर जंग सिंह (रंगड़ नंगल), रघबीर सिंह उर्फ बीरा, (रसूलपुरा) और सुबा सिंह (अब्बसैद) के तौर पर करके इनसे 3 बूबी ट्रैप बम, एक पैकेट शक्तिशाली विस्फोटक डैटोनेटर सहित, एक विदेशी 9 एम.एम. पिस्तौल, एक नाली कटी दोनाली 12 बोर व एक एकनाली राइफल और ए.के.-47 के 118 जीवित कारतूसों सहित 128 अन्य जीवित कारतूस व काफी मात्रा में चले कारतूस बरामद किए हैं । इनसे (पूछताछ जारी है । पुलिस के समक्ष इन्होंने कई हत्याओं की वारदातों, हथियार छीनने की वारदातों व जबरी धन बटोरने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । श्री गोबिन्द राम के अनुसार यह सभी के.सी.एफ. आतंकवादी संगठन से संबंधित हैं ।

अपहृत लौट आया : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर छावनी की गैस एजैंसी के मालिक मदन मोहन मित्तल का लड़का राकेश कुमार (25) जिसका गत दिवस आतंकवादियों ने उसकी गैस एजैंसी के गोदाम से अपहरण कर लिया था, गत सायं आतंकवादियों को 2 लाख रुपए फिरौती देने के बाद घर लौट आया । उसका पांच अज्ञात आतंकवादियों ने बन्दूक की नोक पर अपहरण कर लिया था और जीप में डाल कर अज्ञात स्थान पर ले गए थे जहां उसको मजबूर किया गया कि वह अपने घर वालों को फिरौती की राशि लाने के लिए पत्र लिखे ।

इसी मध्य फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि गत रात चार आतंकवादियों ने ग्राम पंचायत सहस लैहल थाना घल खुर्द के सदस्य गुरचरण सिंह की हत्या कर दी थी । श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि निर्दोषों की हत्याओं के बाद ग्रामवासियों ने आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए ग्राम रक्षा समिति बनाने की पेशकश की । पुलिस ने ग्रामीणों को 12 बोर की बंदूकें तथा गोली सिक्का उपलब्ध कराया । श्री सिंह ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को रंगरूट आतंकवादियों के एक गिरोह को पकड़ा । इन आतंकवादियों के नाम पिपल सिंह, बाज सिंह, हरचरण सिंह, कारज सिंह, रछपाल सिंह और बुटा सिंह हैं । इनसे 6 पिस्तौल तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया गया । इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने जिला फिरोजपुर में बड़े पैमाने पर हत्याओं, धन बटोरने तथा हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश करने की योजना बनाई थी ।

2 व्यक्तियों की हत्या : फिरोजपुर से एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात थाना घल खुर्द के गांव खोसी में दो मजहबी सिखों संतोख सिंह व गुरचरण सिंह को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस 5 आतंकवादी संतोख सिंह के घर गए और उसे कहा कि वह उन्हें गुरचरण सिंह का घर दिखाए । जब संतोख सिंह उन्हें वहां ले गया तो उन्होंने दोनों व्यक्तियों को गांव से बाहर एक खुले स्थान पर ले जाकर गोलियां मार दीं ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : राजपुरा (नि.स.): कल प्रातः लगभग साढ़े पांच बजे पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी छापा मारने जा रही थी कि निकटवर्ती गांव सलामपुरा के बाहर दो लड़कों को साइकल पर आते देख कर उन्हें रुकने को कहा गया । उनमें से एक ने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिस की जीप का शीशा टूट गया । इस पर पुलिस ने पोजीशनें लेकर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । कुछ देर के मुकाबले के बाद दोनों आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । पुलिस को उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक अमरीकी बंदूक तथा बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला । उनकी पहचान जसपाल सिंह उर्फ जस्सा गांव जहांगीर तथा राजेन्द्र सिंह उर्फ पी.टी. माथुर रामां चक जिला अमृतसर के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार यह कई वारदातों में वांछित थे ।

बम डिस्पोजल दस्ता : 'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस ने इंस्पैक्टर दयानंद के नेतृत्व में 8 पुलिस कर्मियों पर आधारित एक बम डिस्पोजल दस्ता बनाया है । आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि को देखते हुए चंडीगढ़ के आई.जी. श्री गुरचरण सिंह ने अपील की है कि लोग किसी भी लावारिस वस्तु रेडियो, ट्रांजिस्टर, कैलकुलेटर, बाक्स, थैला, ब्रीफकेस आदि को न छुएं । । ऐसी कोई भी वस्तु पड़ी हुई मिले तो चंडीगढ़ पुलिस के कंट्रोल रूम को 100 तथा 29000 नम्बर पर फोन द्वारा सूचना दें ।

6 गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने 6 व्यक्तियों को गांव तेंग में एक गुरुद्वारे में राष्ट्र विरोधी प्रचार करने पर गिरफ्तार किया है । इनके नाम दलबीर सिंह, महेंद्र सिंह, अवतार सिंह, लछमन सिंह, बलकार सिंह तथा मनजीत कौर हैं । मनजीत कौर हाल ही में नैनीताल में गिरफ्तार किए गए आतंकवादी कश्मीर सिंह की पत्नी है ।

गलती से गोली चला दी : जिला होशियारपुर के गांव चौटा में ग्रामीणों ने पुलिस की एक गश्ती पार्टी पर आतंकवादी होने के शक में गोली चला दी । दोनों ओर से हुई फायरिंग में 2 ग्रामीण ज़ख्मी हो गए ।

चिन्ताजनक
(पृष्ठ 3 का शेष)

नें भी हिस्सा लिया । बैठक में प्रस्तावित पंचायती राज तथा शहरी रोजगार योजना के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की गई । लेकिन हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता ने इस प्रश्न पर अलग मत व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक स्टंट बताया ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कहा कि पंजाब में स्थिति में अब सुधार हो रहा है । दुर्दांत आतंकवादी या तो मारे गए हैं या पकड़े गए हैं या वे पाक में छिपे बैठे हैं । उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह यह मामला पाक सरकार से उठाए ताकि वांछित उग्रवादियों को भारत लाया जा सके ।

चीन घटनाक्रम
(पृष्ठ 3 का शेष)

में हुई घटनाओं पर कोई टिप्पणी करने से पूर्व भारत वहां की स्थिति का आकलन करेगा । उन्होंने तिरुपति रवाना होने से पूर्व संवाददाताओं से कहा कि हम स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं । चीन से जो भी संकेत (मानव अधिकारों के उल्लंघन के बारे में) और जो 'प्रैस रिपोर्टें मिल रही हैं, यह जरूरी नहीं है कि वे शत-प्रतिशत सही ही हों । हम कुछ कहने से पहले वास्तविकता का आकलन करने का प्रयास कर रहे हैं ।

संवाददाताओं द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या अमरीका से और अधिक एफ-16 लड़ाकू विमान प्राप्त करने के पाकिस्तान के प्रस्ताव से भारत-पाकिस्तान सम्बन्धों के सामान्यीकरण में रुकावट नहीं आयेगी, श्री गांधी ने कहा कि ये विमान 1993 में ही खरीदे जाएंगे ।

बेंगलूर से श्री गांधी के तिरुपति के लिए रवाना होने से पूर्व प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ नागरिकों के एक संगठन के कुछ कार्यकर्त्ताओं ने बेंगलूर हवाई अड्डे के निकट प्रदर्शन किया ।'ये लोग उत्तर कन्नड़ जिले में कैगा के निकट परमाणु बिजली घर स्थापित किए जाने के प्रयास का विरोध कर रहे हैं ।

विपक्ष पर प्रहार : पटना : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी दलों पर साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने और विदेशी ताकतों की मदद से देश को कमजोर बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया ।

जयललिता सम्बन्धी याचिका पर निर्णय सुरक्षित

मद्रास, 15 जून (ह.स.): मद्रास उच्च

आंदोलनकारियों को फांसी
(पृष्ठ 3 का शेष)

महिला राजनयिक भूमिगत : टोक्यो : चीन की एक युवा महिला राजनयिक टोक्यो स्थित जापानी दूतावास छोड़ कर भूमिगत हो गई और उसने अमरीका से राजनीतिक शरण मांगी है । 27 वर्षीया मा.छ्युन पहली टोक्यो स्थित चीनी राजनयिक हैं, जिसने लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के समर्थकों पर चीन सरकार की दमनात्मक कार्रवाई के मद्देनज़र किसी दूसरे देश से आश्रय मांगा है ।

संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र में अमरीका और सोवियत संघ के राजदूतों के बीच इस बात पर सहमति हो गई कि चीन में चल रहे वर्तमान आन्दोलन का मामला सुरक्षा परिषद में नहीं ले जाया जाना चाहिए । सोवियत राजदूत अलेक्जैंडर एम. बेलोनोगोव और अमरीकी राजदूत थामस आर. पिकरिंग ने कल कहा कि इस निर्णय का एक कारण चीन के आंतरिक मामले में अवांछित हस्तक्षेप नहीं करना भी है ।

पुलिस फ़ायरिंग से छः मरे

लखनऊ, 15 जून (वार्ता): पुलिस द्वारा आज अलीगढ़ के खैरा कस्बे में हिंसा पर उतारू भीड़ पर गोली चलाने से छः व्यक्तियों की मृत्यु हो गई ।

शाम के भाव-(15 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 59.00, हिन्द मोटर 37.00, रिलायंस 117.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6550, चांदी डिलीवरी 6445, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6990, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिस्कुट 3050-3060, सोना स्टैंडर्ड 3120, सिल्वर डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 333-340, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 330-342, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 149.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 177, मूंगफली तेल (10 किलो) 212, तिल तेल (10 किलो) 195, तेल बिनौला (10 किलो) 184, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 154, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 129, फैटी एसिड आयल (किटटन) 1695, सरसों दायदा (20 किलो अगस्त) 121.00, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 225.00 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6565, चांदी डिलीवरी 6455, चांदी गद्दी 6480, चांदी कच्ची 6600, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6990, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिस्कुट 3050-3060, सोना स्टैंडर्ड 3120, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3010, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अनौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 345, निकल प्लेट 397-410, जस्ता 51.75, रान मैटल फट 59.00, ताम्बा सिल्ली 88.25, ताम्बा रॉड 91.25, ताम्बा तार फट 73.00, चदरी पीतल 57.50, पीतल चादर कतरन 59.00, पीतल भरत फट 54.00, पीतल पुर्जा फट 54.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी बाल 24.00, अल्यूमीनियम स्क्रायल (22 गेज) 58.50-59, अल्यूमीनियम स्क्रायल (30 गेज) 67-69.50, अल्यूमीनियम स्क्रायल (36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.75, अल्यूमीनियम रॉड 49.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरन 40.00, अल्यूमीनियम तार फट 43.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 318, आंध्र सीमैंट 10.25 (13/6), अपोलो टायर 75.00, एशियन होटल 54.50, बिदल एग्रो 91.50, डी.सी.एम. लि. 59.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.00, ईस्ट इंडिया होटल 55.50 (13/6), एस्कार्ट्स 65.50, एस्सार शिपिंग 23.50, फूड स्पैशालिटीज 177.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 113.00, गुजरात नर्मदा 38.50, एच.एम.एम. लि. 193.00, हीरो होंडा 20.00, हिन्द. एल्यूमीनियम 275.00, हिन्द. सीमेंट 97.25, हिन्द मोटर 37.00, हिन्द डिवैल्प. कार्पो. 85.00 (14/6), इंडियन रेयन 81.75, जे.के. इंडस्ट्रीज 96.00, जे.के. सिंथैटिक 74.50, जे.सी.टी. लि. 101.00, कैल्सीनेटर आफ इंडिया 161.00 (14/6), लार्सन एंड टुब्रो 83.50, एल.एम.एल. लि. 17.62, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/6), मालवा स्टार्च 81.50, मोहन मीकिन 11.25, ओरके सिल्क मिल्स 19.12, ओसवाल एग्रो 69.50, रिलायंस इंडस्ट्रीज 117.00, श्रीराम फाइबर्स 83.00, सदर्न पैट्रो 54.25, टैल्को 795, टिस्को स्पोट 1325, वेम आर्गेनिक 162.00, अपोलो टूयब 8.50 (1/6), अमृत वनस्पति 16.00 (13/6), ब्रीसल हाउजिंग 22.00, एशो कैमिकल पंजाब 16.50, बम्बई टायर 60.00, बिहार अलीय 47.00 (31/5), भारत सीट् 22.25 (14/6), भारत सिंथेन्स 8.00 (22/5), डेल्टन केबल्स 55.00, डाइशर ट्रैक्टर 88.00 (12/6), डाइशर मोटर 10.75, इलैक्ट्रा इंडिया 69.50, गुजरात क्लोरो कैमिकल 12.00 (9/6), गुजरात हैवी कैमीकल 11.00, गुजरात अम्ब सीमैंट 16.50 (14/6), गोयट्ज इंडिया 82.00 (14/6), गुडईयर इंडिया 113.00 (31/5), हरियाणा पैट्रो 17.50 (7/6), इंडो गल्फ फर्टी 16.75, इस्पात प्रोफाइल्स 17.00, इंडियन अल्यूमीनियम 134.00, इस्पात अलायज 44.00 (13/6), आई.टी.सी. 108.00 (14/6), जे.टी.सी. 48.25 (14/6), जगतजीत इंडस्ट्रीज 105.00 (13/6), जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 14.00 (12/6), जामा आटो 24.50, मोदी सीमैंट 7.00 (13/6), मंगलम टिम्बर 12.50 (13/6), मोदी कैम्पएन 15.00 (31/5), नहर स्पिनिंग 299.00, ओसवाल एग्रो फयरेन 39.00 (14/6), प्रकाश पाइप 55.00, प्रकाश टूयब

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा

मायूस मरीजो की तकदीर खुल गई । सागर में सागर कॉर्स लाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ 120/- रुपए । बवासीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ 100/- रुपए मनिआर्डर या खुद मिल कर दवा मंगवाएं । हकीम परस राम एण्ड संस, हैड आफिस सागर में सागर बिल्डिंग, जी फर्स्ट 87, मदनगीर, नई दिल्ली-62.

आम सूचना

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 15.6.89, 59/- without trays, NECC Suggested Retail Pribe 7.90 per Dozen.

जमीन/जायदाद/प्लाट

महेशनगर अम्बाला छावनी में स्थित 125 गज और 200 गज में नई बनीं दो शानदार कोठियां और पालिका बिहार महेशनगर में नई बनी कमर्शियल दुकानें, मुनासिब दामों पर जल्द बिकाऊ हैं । मिलें : साहनी

सी.आर.पी. के जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या : 2 घायल

5 लाख की फिरौती के लिए पुलिस अधिकारी के लड़के के अपहरण का प्रयास

भिखीविंड क्षेत्र में आतंकवादी मरा, अन्यत्र कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 16 जून (वा., ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक जवान सहित छः व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक पुलिस अधिकारी के लड़के के अपहरण का प्रयास किया गया, जबकि एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया । जालंधर पुलिस ने एक दुर्दांत आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य स्थानों पर भी अनेक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयंभू एरिया कमांडर सेवा सिंह भी शामिल है जोकि अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था ।

सेवा सिंह ने कपूरथला पुलिस के सामने आत्म-समर्पण किया ।

अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में एक आतंकवादी आज रात मुठभेड़ में मारा गया जबकि आतंकवादियों ने पट्टी में मार्केट कमेटी भवन को बम से उड़ाने का विफल प्रयास किया ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत आधी रात के लगभग थाना वल्टोहा के गांव तेली दा वाड़ा के निकट पुलिस और सी.आर.पी. की एक संयुक्त गश्ती टुकड़ी पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला कर दिया जिसमें एक सुरक्षा कर्मी मारा गया तथा दो अन्य घायल हो गए । पुलिस ने बताया कि गश्ती टुकड़ी गांव बड़ा शेर सिंह में आतंकवादियों और ग्रामीणों के मध्य फायरिंग की खबर की जांच करने के बाद वापस लौट रही थी । यह खबर गलत निकली थी । एक नाले के पुल के निकट छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सी.आर.पी. के कांस्टेबल लक्ष्मीकांत बर्मन की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि हैड-कांस्टेबल समरा तथा कांस्टेबल गौरीशंकर को अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में ला कर दाखिल कराया गया । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गए । पुलिस व सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है ।

दो गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने गत रात शहर के बाहरी क्षेत्र में दो आतंकवादियों शरणजीत सिंह व सुखजिन्दर सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक माऊजर तथा एक 315 बोर की राइफल बरामद की गई ।

अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि शरणजीत सिंह और सुखजिन्दर सिंह बड़े खतरनाक आतंकवादी हैं और कुछ अर्सा पहले आतंकवाद के केसों में जमानत पर रिहा हुए थे । प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने माना है की उन्होंने पुतलीघर के एक व्यक्ति राम सिंह से आठ हजार रुपए, अमृतसर में सुपर मैक्स फैक्टरी से पचास हजार रुपए और एक लेडी डाक्टर गुरचरण कौर संधू से पंद्रह हजार रुपए जबरदस्ती वसूल किए थे ।

आतंकवादी मरा : अमृतसर जिले के भिखीविंड थाना क्षेत्र के गांव धारु के निकट आज रात सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी । मुठभेड़ लगभग एक घंटे तक होती रही । सुरक्षा बलों ने उसके पास से 2 हथियार व कुछ असला बरामद किया है ।

भवन उड़ाने का प्रयास : पट्टी में आज आतंकवादियों ने मार्केट कमेटी के एक भवन को उड़ाने का प्रयास किया । पुलिस मौके पर पहुंच गई । विस्फोट से कोई प्राण हानि नहीं हुई ।

युवक का अपहरण: अमृतसर से वार्ता के अनुसार कार सवार आतंकवादियों ने आज शाम अमृतसर शहर की घी मंडी से एक युवक तजिन्द्र सिंह का अपहरण कर लिया । यह युवक बटाला का रहने वाला है ।

स्कूटर सवार की हत्या : प्राप्त समाचार के अनुसार थाना जंडियाला के गांव खरपाल का एक युवक शवेग सिंह अपने नए स्कूटर पर आज डेढ़ बजे बाद दोपहर अपने गांव खरपाल से डेरीवाल की ओर जा रहा था । रास्ते में दो आतंकवादियों ने उसे रुकने का संकेत दिया और न रुकने पर उस पर फायरिंग की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । आतंकवादी उसका नया स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

स्कूटर छीना : खालड़ा (नि.स.): खालड़ा थाने के गांव चक के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने खालड़ा मंडी के एक व्यक्ति से उसका बजाज स्कूटर पी.जे.डब्ल्यू. 2506 बंदूक की नोक पर छीन लिया । उन्होंने उसको धमकी भी दी कि यदि पुलिस के पास शिकायत की तो गंभीर परिणाम होंगे ।

जालंधर जिला में सुरक्षा बलों ने एक दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा उर्फ बाबा उर्फ खालसा निवासी मंगा सराय थाना कत्थुनंगल पुलिस जिला मजीठा को गिरफ्तार किया है । उसके सिर पर 25 हजार रुपए का ईनाम था । उससे एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन व 57 कारतूस बरामद हुए । पूछताछ पर उसने गांव पधेरा में जुलाई 1987 में एक व्यक्ति की हत्या, खजाला में पैट्रोल पम्प से 30,000 रुपए लूटने, एक व्यक्ति धर्म सिंह से 70,000 रुपए ऐंठने, गांव मत्तेवाल में दो व्यक्तियों की हत्या, रसूलपुर निवासी शेर सिंह की हत्या, चौक लछमनसर में दो व्यक्तियों की हत्या और गांव चीमावां में दो व्यक्तियों की हत्या की वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की ।

ठेका कर्मी की हत्या : भटिंडा (ह.स.): गत रात जिला भटिंडा के थाना मानसा के अंतर्गत गांव भामेकलां में तीन आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी दलीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

भटिंडा पुलिस ने विभिन्न छापों के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इनमें गुरदेव सिंह जोकि हरियाणा के कैथल कस्बा में हुई फायरिंग (जिसमें 25 लोग मारे गए थे) में वांछित था, राजेन्द्र कुमार तथा जसविंदर सिंह शामिल हैं ।

लूट की वारदात : गत रात भटिंडा की वीर कालोनी में एक घर से 50,000 रुपए की नकदी व जेवर लूट लिए ।

बाजेवाला में हत्या : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात ही बाजेवाला गांव में एक व्यक्ति दलीप कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया ।

लाश वृक्ष पर लटका दी : भटिंडा जिले में ही एक व्यक्ति जसमेल सिंह की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई और उसका शव वृक्ष के साथ लटका दिया गया ।

दम तोड़ गया : इसी बीच कल होशियारपुर जिले के चौंटा गांव में गलतफहमी के कारण गांव वालों तथा बी.एस.एफ. के मध्य हुई फायरिंग में घायल होने वाले करतार सिंह की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : नाभा (नि.स.): गत दिवस स्थानीय कोतवाली पुलिस ने दो आतंकवादियों जगतार सिंह उर्फ तारी व जीत सिंह उर्फ जीता निवासी तंधा बधा गांव को गिरफ्तार करके एक 38 बोर देसी रिवाल्वर व एक 12 बोर देसी पिस्तौल समेत कारतूस बरामद किया । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार इनसे एक स्कूटर नम्बर सी.एच.डी. 9186 भी बरामद किया गया है जोकि कुछ दिन पहले स्थानीय कोर्ट परिसर से चोरी हो गया था । उन्होंने बताया कि सी.आई.ए.

(शेष पृष्ठ 8 पर)

खन्ना के निकट एक मारुति वैन और रोडवेज की बस के मध्य भीषण ट
व्यक्ति मर गये और 4 घायल हो गए । मृतकों में (1) कमला देवी, (2)
और (4) बेबी रंजना शामिल हैं, जबकि घायलों में (5) गोगां तथा ए
(7) वह मारुति वैन और बस, जिनके मध्य टक्कर हो गई ।

मारुति वैन-बस दुर्घटना में 5

खन्ना, 16 जून (नि.स.): आज प्रातः साढ़े पांच बजे खन्ना से एक मील लुधियाना की ओर एक मारुति वैन (नम्बर पी.आई.सी. 7267) और रोडवेज बस (नम्बर पी.जे.जी. 2846) में टक्कर हो गई जिसके परिणामस्वरूप पांच व्यक्ति मारे गए और चार घायल हो गए ।

बताया जाता है कि गोबिन्दगढ़ से एक परिवार वैष्णो देवी के दर्शन करने के बाद खन्ना की ओर आ रहा था कि उनकी वैन
परिणामस्वरूप कमला
पर ही मौत हो गई जब
राम (25), हरीश कु
(3) अस्पताल पहुंचते
पवन कुमार व छिन्ना
भेज दिया गया जबकि
(लड़की) को सिविल
कराया गया ।

हिन्द समाचार को उग्रवादियों द्वारा दी गई धमकियों की मास्टर तारा सिंह अकाली दल द्वारा कड़ी निन्दा

पानीपत, 16 जून (सो.अ.): हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री डाक्टर मंगलसेन ने हिंद समाचारपत्र समूह को आतंकवादियों द्वारा दी जा रही धमकियों तथा पंजाब में समाचारपत्र विक्रेताओं तथा हॉकरों की दहशतपूर्ण हत्याओं को केंद्र सरकार के लिए एक खुली चुनौती बताते हुए कहा कि अब उन लोगों को आंखें खुल जानी चाहिएं जोकि यह कहते हैं कि पंजाब के हालात सुधर रहे हैं ।

डाक्टर सेन ने कहा कि हॉकरों की हत्या और हिंद समाचारपत्र समूह को धमकियां देश की एकता व अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा है । केंद्र सरकार को इस खतरे को गंभीरता से समझना चाहिए । उन्होंने कहा कि प्रैस की स्वतंत्रता पर आघात किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की धमकियों का एकजुट हो कर मुकाबला किया जाना चाहिए ।

लाला जगतनारायण और रमेश जी के बलिदान की चर्चा करते हुए डाक्टर मंगलसेन ने कहा कि आतंकवादियों की गोलियां लाला जी और रमेश जी की लेखनी की परम्परा को बंद नहीं कर सकीं और समूह को बंद कराने के लिए दी जा रही धमकियों की सख्त आलोचना की ।

उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकाशन को बंद कराना ही है तो सबसे पहले उन प्रकाशनों पर पाबंदी लगाई जाए जो देश की एकता और अखण्डता को नुक्सान पहुंचाने के लिए प्रकाशित किए गए हैं । उन्होंने इस सम्बन्ध में सरदार कपूर सिंह (भूतपूर्व आई.सी.एस.) की पुस्तक 'साधी साकी' और अकालियों द्वारा प्रस्तावित खालिस्तान के प्रस्ताव, जोकि पंजाब को भारत से अलग करने हेतु प्रकाशित किया गया है, का उल्लेख किया ।

उन्होंने पंजाबियों को और विशेषकर सिखों से अपील की कि अगर वह गुरु नानक देव जी के लोकतांत्रिक सिद्धांत "पंच परवान पंच प्रधान पंचे पावे दर्गे मान", जिसे कि गुरु गोबिन्द सिंह जी ने पंज प्यारों का रूप दे कर लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया था, को मानते हैं तो वह आतंकवादियों द्वारा की जा रही अलोकतांत्रिक गतिविधियों का विरोध करें ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पश्चिमी पत्रकारों को पह तिनानमिन चौक पर ले जा

पेइचिंग, 16 जून (ए.पी., ह.स.): चीन की सेना के एक जनरल ने आज स्वीकार किया कि सेना ने निहत्थे नागरिकों पर गोलियां चलाई थीं, लेकिन उसने कुछ ही देर बाद अपनी इस बात का खंडन भी कर दिया ।

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जनरल ली मी युन ने लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के बाद पश्चिमी देशों के संवाददाताओं के साथ पहली बार बातचीत करते हुए यह दिलचस्प स्वीकारोक्ति की और खंडन भी किया ।

उन्होंने कहा कि सैनिकों को शहर में प्रवेश करने के लिए मजबूरन बल प्रयोग करना पड़ा क्योंकि सच्चाई से अनभिज्ञ लोगों ने पेइचिंग के बाहरी इलाके में तीन-चार जून को उनका रास्ता रोक दिया था । ग्रेट हाल आफ द पीपल में आयोजित प्रैस कांफ्रैंस में जनरल ली ने कहा कि टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों में सवार सैनिकों ने तिनानमिन चौक पर मौजूद लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए संयम का परिचय दिया ।

संवाददाता सम्मेलन से पहले सेना की ओर से संवाददाताओं को तिनानमिन चौक ले जाया गया, जिससे चुने गए पश्चिमी पत्रकारों को प्रजातंत्र समर्थक आंदोलन के खिलाफ सैनिक कार्रवाई के बाद पहली बार चौक देखने का मौका मिला । संवाददाता सम्मेलन में या इस चौक के दौरे में किसी पश्चिमी समाचार एजैंसी को हिस्सा नहीं लेने दिया गया, लेकिन जनरल ली की टिप्पणियां वहां मौजूद

का अध्यक्ष ल्यू चिह्वा भी

इन 16 आंदोलनक
चौक पर 'स्वतंत्र गांव'
'लोकतंत्र की देवी' की
आरोप है । इन 'प्रति
वाहनों को आग लगाने औ
का भी आरोप लगाया गय

दो माह से राजनीतिक अ
युआन लगभग 5 अरब
नुक्सान हुआ ।

चीनी दैनिक 'चाइना
अधिकारियों के हवाले से
कल कहा कि पेइचिंग
अनुमान लगाया था कि
अरब रुपए का नुक्सान ह

चीन में सेना द्वारा लोक
कुचलने के बाद विदेशियों
दिया है जिससे पर्यटन
शहर के होटलों में पहले

सरकारी अखबारों
चीन के समाचारपत्र 'चाइ
नेता तंग श्याओ फिंग द्वार
आंदोलन को गलत बताए

चीनियों को वीजा
स्थित अमरीकी दूतावास त
अमरीकी वाणिज्य दूतावा
चीनियों को वीजा जारी किए

Punjabi Tribune Gomati

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

स्टाफ नाभा ने एक चोर गुरछत्तर सिंह को गिरफ्तार करके स्थानीय महाकाली देवी मंदिर से चुराए गए जेवरात इत्यादि भी बरामद कर लिए हैं ।

ताजपुर में फायरिंग : कपूरथला (शर्मा): पता चला है कि थाना सुभानपुर के गांव ताजपुर में 13 जून की रात्रि को 2-3 सशस्त्र आतंकवादियों ने सरदार कर्म सिंह के घर के बाहर 3-4 फायर किए । कर्म सिंह अपने घर से परिवार सहित छत से भाग कर दूसरे घर में चला गया तो इन आतंकवादियों ने घर की तलाशी ली परन्तु कुछ भी लिए बगैर चले गए । उसी समय कर्म सिंह ने थाना सुभानपुर पुलिस को सूचित किया तो पुलिस शीघ्र वहां पहुंच गई परन्तु कथित आतंकवादी जा चुके थे । मालूम हुआ है कि लगभग 10 दिन पूर्व कर्म सिंह को सादा कागज पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के नाम से एक पत्र मिला था जिसमें 40 हजार रुपए की मांग करते हुए रुपए तैयार रखने के लिए कहा गया था । इस पत्र को किसी का मजाक समझा गया था । फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ है ।

लड़के को छुड़ा लिया : फिरोजपुर (नि.स.): भटिंडा में तैनात असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर के बीस वर्षीय लड़के बबली का गत सायं पांच आतंकवादियों ने जिला फिरोजपुर में मल्लांवाला के निकट अपहरण कर लिया । जब उसके हाथ पीछे बांध कर उसको पैदल ही ले जाया जा रहा था तो सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी उधर से आ निकली जिसको देख कर आतंकवादी भाग निकले । लड़के ने बताया कि आतंकवादियों ने पांच लाख रुपए की फिरौती के लिए उसका अपहरण किया था ।

व्यापारी का अपहरण : थाना मल्लांवाला के क्षेत्र में एक व्यापारी मुल्क राज अरोड़ा का चार आतंकवादियों के एक ग्रुप ने अपहरण कर लिया । वे उसकी दोनाली बंदूक भी ले गए ।

लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों चमकौर सिंह, अवतार सिंह उर्फ तारी तथा अजायब सिंह को गिरफ्तार करके उनसे हथियार भी बरामद किए ।

महमोवाल में हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिले में गांव महमोवाल में एक व्यक्ति गुरमेल सिंह की छुरा मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने कहा है कि यह आतंकवाद की घटना नहीं है ।

गोली से ठेकेदार घायल : गुरदासपुर (नि.स.): गुरदासपुर सदर क्षेत्र में तिबड़ी नहर पर आज दोपहर दो आतंकवादियों ने अशोक कुमार नामक एक ठेकेदार को गोली मार कर घायल कर दिया तथा 1500 रुपए छीन कर फरार हो गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यह ठेकेदार दोपहर अढ़ाई बजे नहर के किनारे स्थित मार्ग से तिबड़ी आ रहा था । रास्ते में आतंकवादियों ने उसे घेर लिया तथा जबरदस्ती डेढ़ हजार रुपया छीन लिया । इस बीच अशोक कुमार ने एक आतंकवादी के हाथ से पिस्तौल छीन कर दूर फैंक दिया तथा उससे गुत्थम-गुत्था हो गया । इस दौरान दूसरे आतंकवादी ने पिस्तौल से गोली चला दी । गोली अशोक कुमार के गाल को चीरती हुई निकल गई । शोर सुन कर वहां लोग एकत्र हो गए तथा आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे । अशोक कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

वी.पी. द्वारा भाजपा-शिवसेना में तालमेल पर आपत्ति

नई दिल्ली, 16 जून (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और शिव सेना के बीच तालमेल पर आपत्ति प्रगट की है ।

श्री सिंह ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि इस सम्बन्ध में जनता दल के संसदीय बोर्ड में पहले

धमकियों की निंदा
(पृष्ठ 3 का शेष)

एजैंटों व हाकरों को सुरक्षा : गिल : मोगा (वार्ता): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने राज्य में अखबारों से जुड़े लोगों—खास कर एजैंटों तथा हॉकरों को आश्वासन दिया है कि एक व्यापक योजना के तहत उन्हें समुचित सुरक्षा प्रदान की जाएगी ताकि वे किसी खतरे के बगैर पाठकों तक अखबार पहुंचा सकें । श्री गिल ने कल यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जालन्धर से प्रकाशित एक पत्र समूह के समाचारपत्रों को आतंकवादियों द्वारा दी गई धमकी को सरकार ने गम्भीरता से लिया है । उन्होंने कहा कि हॉकरों तथा एजैंटों को सुरक्षा देने की एक योजना बनाई गई है । उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार का दावा भी किया ।

श्री गिल ने कहा कि आतंकवादी अपनी करतूतों के कारण आम जनता की सहानुभूति खोते जा रहे हैं और अब काफी लोग आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना सुरक्षा बलों तक पहुंचाने लगे हैं । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के अधिक संख्या में मारे जाने अथवा गिरफ्तार किए जाने से हत्याओं की संख्या में कमी आई है । उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में राज्य में पुलिस कर्मियों के लिए 11000 आवास बनाए जाएंगे ।

जालन्धर (ह.स.): हिन्द समाचारपत्र समूह को आतंकवादियों द्वारा दी गई धमकियों के दृष्टिगत सरकार ने समाचारपत्र-एजैंटों और हॉकरों की सुरक्षा का व्यापक प्रबन्ध किया है । जालन्धर रेंज के पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री डी.आर. भट्टी ने आज जालन्धर में बताया कि पूरे जालन्धर रेंज में सारे वितरण केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई है और जहां भी जरूरी समझा गया है वहां हाकरों को अंगरक्षक भी दिए गए हैं ।

उन्होंने बताया कि जालन्धर में करीब आधे दर्जन समाचारपत्र एजैंटों एवं 225 हॉकरों को लगभग 500 पुलिस कर्मी अंगरक्षक के रूप में दिए गए हैं ।

जालन्धर और होशियारपुर जिलों के हॉकरों ने इससे पूर्व दो दिन और अमृतसर के हॉकरों ने पांच दिन तक हड़ताल कर 5 समाचारपत्र एजैंटों और हॉकरों की हत्या का विरोध किया था । पंथक कमेटी के आह्वान पर उग्रवादियों ने अमृतसर, मोहाली तथा फगवाड़ा में 4 हॉकरों एवं एक राहगीर की गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

राजीव गांधी
(पृष्ठ 3 का शेष)

सुप्रसिद्ध कलाकार विकास भट्टाचार्य द्वारा बनाए चित्र का अनावरण करते हुए ज्योति बसु ने श्रीमती इंदिरा गांधी के साथ अपने लम्बे समय के संबंधों का उल्लेख किया और कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उन्होंने श्रीमती गांधी की विदेश नीति और गुट निरपेक्षता की नीतियों का हमेशा समर्थन किया था ।

श्री बसु ने यह भी कहा कि "व्यक्तिगत स्तर पर हम अनेक बातों पर विचार-विमर्श कर मतभेदों को दूर कर लेते थे ।"

पृथ्वी की कक्षा में विशाल दूरबीन भेजी जाएगी

पैरिस, 16 जून (ए.पी.): अन्तरिक्ष शटल 'डिस्कवरी' एक विशाल टैलिस्कोप दूरबीन को आगामी मार्च में पृथ्वी की कक्षा में ले जाएगा । दूरबीन से सूचनाएं प्राप्त होंगी जिनसे मानव की ब्रह्मांड के विषय में अवधारणाएं बदल सकती हैं ।

"नया लुधियाना" का सुझाव

लुधियाना, 16 जून (नि.स.): इस शहर में चौक ढोलेवाल से लेकर ढंडारी कलां तक 125 वर्ग किलो

दरबारा
(पृष्ठ 3 का शेष)

अलगाववादी बताते हुए कहा कि अकाली बादल हैं और अपने साथियों की उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने तक की निन्दा नहीं करते । उन्होंने कहा कि धर्म अलग हो सकते हैं किन्तु हमारी राष्ट्रीयता एक है । सरकार का काम है कि वह सभी धर्मों की समान रक्षा करे । यही लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने वाली बात है । उन्होंने साम्प्रदायिकता के बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की और भाजपा तथा शिव सेना पर रामजन्म भूमि की मुक्ति के नाम पर साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया ।

उन्होंने कहा कि वह श्री गांधी को प्रदेश कांग्रेस की मौजूदा अवस्था से अवगत कराएंगे ताकि काम करने वाले लोग आगे आ सकें । उन्होंने इस बात की निन्दा की कि अभी तक बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआविज़ा नहीं बांटा गया ।

हिन्द समाचार ग्रुप की दिलेरी की सराहना : श्री दरबारा सिंह ने हिन्द समाचार पत्र समूह के विरुद्ध उग्रवादियों के ताजा अभियान तथा हाकरों व एजैंटों की हत्या की कड़ी निंदा की और कहा कि यद्यपि ये समाचार-पत्र कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना करते हैं, किन्तु प्रश्न पैसे की आजादी का है, इसलिए सरकार को चाहिए कि वह इन अखबारों के प्रकाशन व वितरण के लिए हर सम्भव सुरक्षा प्रदान करे । उन्होंने इस ग्रुप द्वारा उग्रवाद के विरुद्ध डटकर लड़ाई जारी रखने की सराहना करते हुए कहा कि सभी देशवासियों को देश तोड़ने वालों के विरुद्ध मिलकर लड़ना है, और कांग्रेस इस लड़ाई में अग्रणी है क्योंकि यह देश को जोड़ने वाली एक बड़ी शक्ति है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि पंजाब के लोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस (इ) को विजयी बनाएंगे, राज्य में विधान सभा चुनावों में सफलता प्रदान कर कांग्रेस सरकार का गठन सम्भव बनाएंगे ।

श्री वीर देविन्दर सिंह ने प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व पर अप्रत्याशित रूप में हमला किया और कहा कि आज सम्मेलनों का जो अभियान शुरू किया गया है, वह काफी सोच-विचार के बाद किया गया है । चंडीगढ़ में बैठे प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व ने तो पार्टी कार्यालय को सेल काऊंटर बना दिया है, जहां पद बिकते हैं । आज की प्रदेश कांग्रेस गंगे पहलवानों की कांग्रेस है । यह नेतृत्व पार्टी कार्यकर्त्ताओं को जलील करने पर तुला हुआ है । मगर अब इसके बाद चुप रहना सम्भव नहीं और राष्ट्रीय एकता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ बनाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है । उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी गुट उनके इस अभियान को तारपीडो करने पर तुला हुआ है ।

उन्होंने उग्रवादियों को सिक्खी के असूलों, रिवायतों तथा मूल्यों का हत्यारा करार दिया और कहा कि इनके कारण इन्हें जितनी क्षति पहुंची है, वह पिछले कई सौ सालों में नहीं पहुंची ।

उन्होंने अकाली नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने उग्रवाद के विरुद्ध सीधी लड़ाई नहीं लड़ी । उन्होंने श्री सिमरनजीत सिंह मान बारे कहा कि जिस व्यक्ति ने अपनी वर्दी की लाज नहीं रखी और हत्यारों को बेनकाब करने की बजाए उन्हें प्रोत्साहन देता रहा, वह कहां का नेता माना जा सकता है । उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई लड़ सकती है और यह लड़ाई आज से शुरू समझी जानी चाहिए । उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह पंजाब कांग्रेस के नेतृत्व बारे सोचें क्योंकि इसके रहते पार्टी को भारी क्षति होगी ।

चौ. दर्शन सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी कार्यकर्त्ताओं का है और इसमें भाग लेने के लिए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस प्रधान श्री बेअन्त सिंह तथा जालन्धर जिला कांग्रेस शहरी व देहाती के प्रधानों को लिखित रूप में लिखा, मगर न वे विचार सुनाने के लिए आए और न सुनने के लिए । उन्होंने श्री बेअन्त सिंह द्वारा दिल्ली जाकर हाल ही में प्रधानमंत्री के सामने पार्टी समर्थकों को पेश करने के कार्यक्रम को मात्र चापलूसी का कार्य बताया और कहा है कि कांग्रेस को वे लोग चाहिएं जो गांवों में जाकर काम

आनन्दपुर प्रस्ताव को अलगाववादी बताते हुए कहा कि यद्यपि सरकारिया कमीशन इसे निपटा चुका है, किन्तु अकाली नेता उसे बार-बार उठा रहे हैं, इसलिए उन्हें इसका उत्तर देना जरूरी है । कांग्रेस इसे अपनी ओर से नहीं उठा रही ।

केंद्र हरियाणा से भेदभाव बरत रहा है : चौटाला

कैथल, 16 जून (सुरेन्द्र): हरियाणा जनता दल के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश चौटाला ने केंद्र सरकार की कटु आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि हरियाणा के साथ भेदभाव बरता जा रहा है । वे यहां से 20 किलो मीटर दूर पिहोवा में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

श्री चौटाला ने कहा कि सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर का निर्माण कार्य धीमा कर दिया गया है, हरियाणा में स्थापित होने वाली कोच फ़ैक्टरी पंजाब को दे गई है, करनाल तेल शोधक कारखाने को शिलान्यास के बाद आगे नहीं बढ़ाया गया तथा सी.आर.पी. एवं बी.एस.एफ. में हरियाणा से भर्ती नहीं की जा रही है । इसके अतिरिक्त दिल्ली परिवहन निगम में कार्यरत 6 हजार हरियाणावियों को निकाल दिया गया है ।

शाम के भाव—(16 जून, एल.एल.एस.)

दिल्ली स्लाब 60.00, हिन्द मोटर 37.75, रिलायंस 121.25, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6575, चांदी डिलीवरी 6455, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6975, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3140, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 332-338, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 330-342, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 147.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 179, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 153, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 129, मूंगफली तेल (10 किलो) 210, तिल तेल (10 किलो) 200, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1700, तेल बिनौला (10 किलो) 184, सरसों वायदा (20 किलो अगस्त) 121.40, पीपरमैंट फ्यूचर (प्रति किलो) जून 230.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एल.एल.एस.): ए.सी.सी. 324, आंध्र सीमैंट 10.00, अशोको टायर 77.75, ऐशवन होटल 54.00, बिरला एग्रो 97.00, डी.सी.एम. लि. 60.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.00 (15/6), ईस्ट इंडिया होटल 53.00 (13/6), एक्सार्ट्स 65.00, एस्सर शिपिंग 21.50, फूड स्पैशलिटीज 176.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 113.25, गुजरात नर्मदा 38.00, एच.एम.एम. लि. 176.50, हीरो होंडा 20.00 (15/6), हिन्द. एल्यूमीनियम 287.00, हिन्द. सीमेंट 90.00, हिन्द मोटर 37.75, हिन्द डिवैल्प. कार्प. 90.00 (26/5), इंडियन रेयन 82.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 97.00, जे.के. सिंथैटिक 75.00, जे.सी.टी. लि. 103.00, कैल्कीनेटर आफ इंडिया 160.00, लामंग एंड टूबो 83.50 (15/6), एल.एम.एल. लि. 18.00, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/6), मालवा जूटन 77.00, मोती खन्ना 83.50 (15/6), मोदन वीकेन 11.25, ओरके सिल्क मिल्स 19.25, ओसवाल एग्रो 70.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज 121.25, श्रीराम फाइबर्स 84.00, सदर्न पैट्रो 56.50, टैल्को 795 (15/6), टिस्को 1340, वेम आर्गेनिक 164.00, अशोको ट्यूब 8.50 (1/6), जमुत बनस्पति 16.00 (13/6), अंसल हाउसिंग 20.50, एशो कैमिकल पंजाब 14.75, बम्बई डायर 59.00, बिहार अलाय 40.00, भारत सीट् 22.25 (14/6), भारत सिंथेटिक्स 8.00 (22/5), डेन्टन कंबल्स 55.00 (15/6), आइशर ट्रैक्टर 88.00 (12/6), आइशर मोटर 10.75 (13/6), गुजरात स्लीपरो कैमिकल 12.00 (9/6), गुजरात हैवी 10.75, गुजरात अम्बू सीमैंट 16.50 (14/6), गोयटज इंडिया 81.00, गुडईयर इंडिया 113.00 (31/5), हरियाणा पैट्रो 15.50 (7/6), इंडो वल्क फर्टी 17.00, इस्पात प्रोफाइल्स 16.50, इंडियन अल्यूमीनियम 136.00, इस्पात अलायज 44.00 (13/6), आई.टी.सी. 108.00 (14/6), जे.टी.सी. 48.50, जगतजीत इंडस्ट्रीज 103.00, जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 14.00 (12/6), जामा आटो 27.75, मोती सीमैंट 6.50, मयूलम टिम्बर 12.00, मोती स्पिनिंग 15.00 (31/5), नहर स्पिनिंग 299.00 (15/6), ओसवाल एग्रो फ्यूरेन स्पोर्ट 38.00, प्रकाश पाइप 54.00, प्रकाश ट्यूब 44.00, रामकिशनी मेब. 102.00, राठी उद्योग 36.00 (2/6), राजस्थान पैट्रो 25.00, रामा पैट्रो 29.00, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील 18.00 (14/6), सगतल कलर 25.50, सिंपक इलैक्ट्रानिक 15.50 (7/6), टाटा पावर 305 (15/6), थापर एंड्रो 28.00, यू.टी.आई. मास्टर शेयर 17.00, अपट्रान कलर टिक्चर 19.50, वरुण स्पिनिंग 21.25 (9/6), ए.पी. रेयन 25.50, कोलगेट पामोलिव 327, एस.के.एफ. 115.00 (5/6), इंड निसान 17

Punjabi Sahapedia

संलिप्त आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

एक उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : नायब तहसीलदार सहित 5 लोगों का अपहरण

5 निर्दोषों की हत्या : लुधियाना में 2 ठेकों पर बम फटे

चंडीगढ़, 17 जून (वा. ह.स.): आज रात्रि लुधियाना में 2 स्थानों पर हुए बम धमाकों में 1 व्यक्ति मारा गया और 8 अन्य घायल हो गए । जिला कपूरथला पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक दर्दात आतंकवादी सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा मारा गया, जोकि फगवाड़ा के न्यूज पेपर एजेंट की हत्या में संलिप्त था । एक अन्य आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्म-हत्या कर ली जबकि एक दम्पति सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । उग्रवादियों द्वारा अपहृत 2 युवतियों के शव नहर से बरामद हुए हैं । एक नायब तहसीलदार समेत 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया ।

एजेंट का हत्यारा मारा गया : (वि.प्र.): आज तड़के लगभग 3.20 बजे स्थानीय शिवपुरी मुहल्ला में पुलिस व सी.आर.पी. के साथ हुई एक मठभेड़ में ए श्रेणी का एक दर्दात आतंकवादी सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा उर्फ वीरेंद्र कुमार मारा गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा रुकने का संकेत दिये जाने पर आतंकवादी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिस पर सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की । लगभग 20 मिनट की फायरिंग में आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक चीनी ए.के. असाल्ट राईफल, दो मैगजीन, 73 कारामद कारतूस व 27 चले हुए कारतूस बरामद किये हैं । पुलिस ने मृतक आतंकवादी की जब से स्थानीय रामगढ़िया कालेज का एक जाली शिनाख्ती कार्ड भी बरामद किया है जिसमें उसका नाम वीरेंद्र कमार सुपुत्र श्री बहादुर चंद बी.ए. III, रोल नम्बर 1329 बताया गया है । एक आतंकवादी एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का बेटा बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा नामी इस आतंकवादी ने दो अन्य साथियों के साथ फगवाड़ा में न्यूज पेपर एजेंट कुलदीप सोढी व राजकुमार नामक हलवाई की हत्या की थी । इसके बाकी दो सहयोगियों की भी पुलिस ने पहचान कर ली है । सूत्रों के अनुसार यही आतंकवादी छिंदा 19 जून 88 को हिन्दू शिव सेना नेता प्रोफैसर रमाकांत जलोटा की हत्या में संलिप्त था, इसके बाकी तीन साथी सरहाली व फगवाड़ा में पहले ही पुलिस मुकाबलों में मारे जा चुके हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जलोटा हत्याकांड के बाद सरिंदर सिंह उर्फ़ छिंदा कैनेडा भाग गया था व अभी 2½ मास पहले ही फगवाड़ा लौटा था । इस आतंकवादी ने 30 अप्रैल 89 को सी.आई.ए. इंस्पैक्टर परगट सिंह की हत्या की थी व विगत मास ही फगवाड़ा की एक पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले उग्रवादियों में भी यही आतंकवादी शामिल था । पुलिस सूत्रों के अनुसार इसी आतंकवादी छिंदा ने विगत चार वर्ष पहले सी.आई.ए. इंस्पैक्टर रत्न चंद शारदा की हत्या की थी व उसी वर्ष फगवाड़ा में शिक्षा कार्यालय को भी इसी ने लूटा था । पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि छिंदा के अन्य सहयोगियों की शीघ्र गिरफ्तारी की संभावना है ।

गत रात्रि सवा आठ बजे फगवाड़ा के श्री हरगोबिंद नगर में दो संदिग्ध नौजवान एक किरयाना विक्रेता मिन्टू अरोड़ा को धमका कर दो सौ रुपये छीन कर फरार हो गये । पता चला है कि कुछ दिनों से फगवाड़ा शहर में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां जारी हैं ।

लुधियाना में 2 बम धमाके : एक मरा : लुधियाना (नि.स.): आज यहां दो स्थानों पर बम धमाके हुए । एक बम धमाका भारत नगर चौक में और दूसरा गिल चौक में हुआ । ये दोनों बम फटने की घटनाएं दो शराब के ठेकों पर हुईं, जिनमें एक व्यक्ति मारा गया और 8 घायल हो गए। मृतक जो गिल चौक के शराब के ठेके पर घायल हुआ था, अस्पताल जाते हुए दम तोड़ गया ।

पति, पत्नी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज तड़के लगभग साढ़े 4 बजे अमृतसर की बाहरी आबादी रणजीत पुरा (पुतली घर) में दो आतंकवादियों ने एक नौजवान प्रकाश सिंह तथा उसकी पत्नी बलविंदर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फ़रार हो गए । इस संबध में जो जानकारी मिली है उसके अनुसार आतंकवादी पति-पत्नी दोनों को घसीट कर कमरे में ले गए और अंदर ले जाकर उन्हें गोलियां मारीं । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है । प्रकाश सिंह और उसकी पत्नी जिस ग्रुप के आतंकवादियों को पनाह देते थे, उसके विरोधी ग्रुप के आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी ।

मेजर सिंह बच निकला : एस.एस.पी. अमृतसर के कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार खालसा कालेज के करीबी आबादी हरिराय एवेन्यू में एक व्यक्ति गुरदीप सिंह के मकान पर छापा मारा गया क्योंकि पुलिस के पास सूचना थी कि गुरदीप सिंह अपने मकान में खतरनाक आतंकवादियों मेजर सिंह खतराई कलां उर्फ भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स और पंथक कमेटी के सदस्य निशान सिंह को पनाह देता है । पुलिस के छापे के समय मेजर सिंह उस मकान से फ़रार हो गया । पुलिस ने गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

ह.स. के अनुसार छापे के समय पंथक कमेटी का सदस्य निशान सिंह भी फरार होने में सफल हो गया ।

अमृतसर पुलिस ने अब्बा खालसा के जरनैल सिंह सखीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .12 बोर का पिस्तौल व चार कारतूस, उसके साथी अमरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .12 बोर की पिस्तौल बरामद की ।

कांस्टेबल गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने आज एक पुलिस कांस्टेबल सुखदेव सिंह खानकोट, जो कि वायरलैस ड्यूटी पर था, को गिरफ्तार किया है, जिसके बारे में यह सूचना थी कि उसके मकान में खतरनाक आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का सुखदेव सिंह सुलतान विंड और निर्मल सिंह भियाविंड पनाह लेते हैं ।

आतंकवादी की शिनाख्त : गत रात भिखीविंड के निकट मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त निरंजन सिंह मानोचाहल के रूप में हुई जो कि पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन मानोचाहल का निकट साथी था ।

कार्यालय को उड़ाने का प्रयास : पुलिस ने कल रात अमृतसर जिला में पट्टी नामक स्थान पर कृषि विपणन समिति कार्यालय में रखे गए एक बम को निष्क्रिय कर दिया । पुलिस को इस संबंध में सुराग मिल गया था । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह अत्यन्त शक्तिशाली बम था ।

5 का अपहरण : गत सायं तरनतारन पुलिस जिला के गांव भोजियां से ट्रैक्टर सवार आतंकवादियों ने एक नायब तहसीलदार जगदीश सिंह, उसके कानूनगो जोगेंद्र सिंह, ड्राइवर व दो चपरासियों का अपहरण कर लिया । इन व्यक्तियों के बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव पड्डा के निकट खेतों की तलाशी के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक का शव मिलने के साथ-साथ उसके शव के निकट से एक पिस्तौल व कुछ चले व अनचले कारतूस मिले हैं । यह जानकारी पत्रकारों को देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि जिला पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर एक ट्यूबवैल पर छापा मारा तो वहां से 2 आतंकवादी फ़ायरिंग करते हुए बच कर भाग गए और आसपास के क्षेत्र की खोजबीन में शव मिला । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने संभावना व्यक्त की कि ऐसा लगता है कि घेरे के डर से खेतों में छिपे इस आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । इसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

मुक्तसर से 35 कि.मी. दूर गांव रत्ता टिब्बा के पास दुर्घटनाग्रस्त हु विमान का मलबा । विमान का अगला हिस्सा जमीन में धंस गया । मारे गए ।

बोफोर्स सौदे बारे स्वीडन जांच करने को कहा जाए

नई दिल्ली, 17 जून (वार्ता): जनता दल ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मांग की है कि बोफोर्स तोप सौदे में दलाली लेने वालों का पता लगाने के लिए स्वीडन सरकार से पुनः जांच करने को कहा जाना चाहिए ।

दल के महासचिव शरद यादव तथा सचिव सत्यपाल मलिक ने श्री गांधी को लिखे एक पत्र में खेद व्यक्त किया है कि केंद्र ने 64 करोड़ रुपए की दलाली लेने वालों का पता लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई तो की नहीं उल्टे यह जरूर सुनिश्चित किया कि इस मामले में सभी तथ्यों को सामने नहीं आने दिया जाए । उनका कहना था इस सारे मामले में केंद्र की भूमिका बहुत संदिग्ध रही है ।

श्री यादव तथा श्री मलिक ने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार स्विटजरलैंड सरकार ने दलाली लेने वालों के स्विस खातों का पता लगाने के लिए स्वीडन से कुछ और जानकारियां मांगी थीं पर दुर्भाग्य से स्वीडन सरकार ने इस अनुरोध की अवहेलना कर दी । इतना ही नहीं स्टाकहोम के मुख्य सरकारी वकील ने इस मामले को ही समाप्त कर दिया । उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार यह भारत सरकार के दबाव के ही कारण किया गया।

उन्होंने कहा कि स प्रकाशित दस्तावेजों की के लिए भी कोई कार्रवा कि सरकार की गतिविधि नहीं चाहती है कि बोफ मामने आए ।

जद के 8 औ 'कारण बत

नई दिल्ली, 17 जून (वा अनुशासन कार्रवाई स गतिविधियों के लिए आ बताओ नोटिस जारी कि पार्टी के महासचिव मोह है ।

समिति के अध्यक्ष रा जानकारी देते हुए बताय कारण बताओ नोटिस जा दिल्ली शाखा के हैं । इन शामिल है । चंडीगढ़ छा सिंह को भी नोटिस जारी

मुकद्दमे की सुनवाई समाप्त होने के तीन महीने के अंदर फैसला अवश्य सुना दिया जाना चाहिए : वेंकटरमैया

नई दिल्ली, 17 जून (हम): राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ई.एस. वैंकट रमैया को उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है । सरकारी सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । सूत्रों के अनुसार श्री वैंकट रमैया 19 जून को अपना नया पदभार ग्रहण करेंगे ।

उच्चतम न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश रघुनंदन स्वरूप पाठक के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश बनने के बाद यह पद रिक्त हुआ है ।

इसी मध्य न्यायमूर्ति श्री वेंकटरमैया ने सुझाव दिया है कि किसी मुकद्दमे की सुनवाई समाप्त होने के बाद सामान्यतः तीन महीने के भीतर फैसला अवश्य सुना दिया जाना चाहिए । न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने यहां एक विशेष भेंट में यह सुझाव दिया । उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश घोषित किए जाने के बाद न्यायमूर्ति वेंकटरमैया से यह सर्वप्रथम भेंटवार्ता थी । उन्होंने कहा-यदि किसी कारणवश तीन महीने में फैसला न सुनाया जा सके तो निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद इस मामले को पुनः उसी खंडपीठ अथवा संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए और संबंधित पक्षों को सूचित करना चाहिए कि मुकद्दमे का फैसला कब सुनाया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि यदि सत्र अदालत और मुंसिफ की अदालत के लिए फैसला सुनाने के संबंध में अवधि निर्धारित की जा सकती है तो यहां ऐसा क्यों नहीं हो सकता ?

सुप्रीम कोर्ट के सब-सिनक्त मुख्य न्यायाधीश श्री ई.एस. वैंकटरमैया शनिवार को अपने निवास पर एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए । (छाया : पी.टी.आई.)

न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने कहा, "यदि उच्चतम न्यायालय में सभी 26 न्यायाधीशों के पदों पर नियुक्ति हो जाए तो वह कम से कम छः महीने के लिए दो संविधान पीठ अवश्य गठित करेंगे ताकि अधिक से अधिक मामलों को निपटाया जा सके ।"

उन्होंने कहा, "हम कोशिश कर रहे हैं कि उच्चतम न्यायालय में स्वीकृत सभी पदों पर न्यायाधीश नियुक्त किए जाएं । मुझे आशा है कि सरकार इसमें सहयोग करेगी ।"

न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने मुकद्दमों की तारीख लिए जाने के सम्बन्ध में कहा, "मुकद्दमे की सुनवाई मुल्तवी करने सम्बन्धी आदेश सकारात्मक न हो कर

विपक्ष को भी दूरदर्शन पर ज का अधिकार होना चाहिए :

भटिंडा, 17 जून (ग्रोवर): अखिल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में पंजाब समस्या की चर्चा करते हुए कहा कि इसके समाधान की ओर पहला कदम है राजीव गांधी को हटाना, और तब एक नई सरकार ही इसका हल कर सकती है । उन्होंने कश्मीर समस्या के लिए भी प्रधानमंत्री को दोषी ठहराते हुए, उन्हें अब तक का सब से अकुशल प्रधानमंत्री कहा । उन्होंने कहा कि श्रीलंका और नेपाल समस्या भी राजीव गांधी की गलत नीतियों के कारण पैदा हुई है ।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर दूरदर्शन और आकाशवाणी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए मांग की कि विपक्ष को भी प्रधानमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब दूरदर्शन और आकाशवाणी पर देने का अधिकार होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि देश पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े इसलिए 14 राज्य विधान सभाओं के चुनाव दिसम्बर 1989 में लोकसभा चुनाव के साथ कराए जाएं या लोकसभा के चुनाव फरवरी 1990 में विधान सभा चुनावों के साथ कराए जाएं । उन्होंने 1984 के दंगों के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की ।

जैतो (पराशर): आज सुबह यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने पंजाब समस्या के लिए अकाली दल व इंका को समान रूप से दोषी ठहराया । उन्होंने कहा कि केन्द्र में सत्ताधारी इंका सरकार इस समस्या के लिए विशेष

आह्वान किया कि वे बोफो में संलिप्त सरकार से सत इस भ्रष्ट सरकार को अग की अपील की ।

जनसभा को सर्वश्री अखिल भारतीय महासचि जगदीश राय मोंगा, गु धर्मबीर सिंह भाटिया, राजकुमार गिरधर आदि किया । इस अवसर पर हजार रुपए की थैली भी

एक निमंत्रण

बम्बई, 17 जून (वा संगीत समारोहों में आमं बात नहीं, लेकिन गायक-गायिकाओं के पा कि वे चाहें तो समारोह में

ऐसे भी कुछ निमंत्र विकल्प नहीं छोड़ते । पसंदीदा गायक-गायिका चाहते हैं और इसके लि बलप्रयोग तक कुछ भी क लोग कल पार्श्वगायिक पश्चिमोत्तर बम्बई स्थि उनसे 28 जून को शोला अनुरोध किया लेकिन पीडवाल ने जब अन्य व्य अनुराधा के उस कार्य

Punjabi Sanatan

संलिप्त आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

एक उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : नायब तहसीलदार सहित 5 लोगों का अपहरण

5 निर्दोषों की हत्या : लुधियाना में 2 ठेकों पर बम फटे

चंडीगढ़, 17 जून (बा, ह.स.): आज रात्रि लुधियाना में 2 स्थानों पर हुए बम धमाकों में 1 व्यक्ति मारा गया और 8 अन्य घायल हो गए । जिला कपूरथला पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा मारा गया, जोकि फगवाड़ा के न्यूज पेपर एजेंट की हत्या में संलिप्त था । एक अन्य आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्म-हत्या कर ली जबकि एक दम्पति सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । उग्रवादियों द्वारा अपहृत 2 युवतियों के शव नहर से बरामद हुए हैं । एक नायब तहसीलदार समेत 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया ।

एजेंट का हत्यारा मारा गया : (वि.प्र.): आज तड़के लगभग 3.20 बजे स्थानीय शिवपुरी मुहल्ला में पुलिस व सी.आर.पी. के साथ हुई एक मुठभेड़ में ए. थेणी का एक दुर्दांत आतंकवादी सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा उर्फ वीरेंद्र कुमार मारा गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा रुकने का संकेत दिये जाने पर आतंकवादी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिस पर सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की । लगभग 20 मिनट की फायरिंग में आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक चीनी ए.के. असाल्ट राईफल, दो मैगजीन, 73 बरामद कारतूस व 27 चले हुए कारतूस बरामद किये हैं । पुलिस ने मृतक आतंकवादी की जेब से स्थानीय रामगढ़िया कालेज का एक जाली शिनाख़ती कार्ड भी बरामद किया है जिसमें उसका नाम वीरेंद्र कुमार सुपुत्र श्री बहादुर चंद बी.ए. III, रोल नम्बर 1329 बताया गया है । एक आतंकवादी एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का बेटा बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा नामी इस आतंकवादी ने दो अन्य साथियों के साथ फगवाड़ा में न्यूज पेपर एजेंट कुलदीप सोढी व राजकुमार नामक हलवाई की हत्या की थी । इसके बाकी दो सहयोगियों की भी पुलिस ने पहचान कर ली है । सूत्रों के अनुसार यही आतंकवादी छिंदा 19 जून 88 को हिन्दू शिव सेना नेता प्रोफैसर रमाकांत जलोटा की हत्या में संलिप्त था, इसके बाकी तीन साथी सरहाली व फगवाड़ा में पहले ही पुलिस मुकाबलों में मारे जा चुके हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जलोटा हत्याकांड के बाद सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा कैनेडा भाग गया था व अभी 2½ मास पहले ही फगवाड़ा लौटा था । इस आतंकवादी ने 30 अप्रैल 89 को सी.आई.ए. इंस्पैक्टर परगट सिंह की हत्या की थी व विगत मास ही फगवाड़ा की एक पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले उग्रवादियों में भी यही आतंकवादी शामिल था । पुलिस सूत्रों के अनुसार इसी आतंकवादी छिंदा ने विगत चार वर्ष पहले सी.आई.ए. इंस्पैक्टर रत्न चंद शारदा की हत्या की थी व उसी वर्ष फगवाड़ा में शिक्षा कार्यालय को भी इसी ने लूटा था । पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि छिंदा के अन्य सहयोगियों की शीघ्र गिरफ्तारी की संभावना है ।

गत रात्रि सवा आठ बजे फगवाड़ा के श्री हरगोबिंद नगर में दो संदिग्ध नौजवान एक किरयाना विक्रेता मिन्टू अरोड़ा को धमका कर दो सौ रुपये छीन कर फरार हो गये । पता चला है कि कुछ दिनों से फगवाड़ा शहर में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां जारी हैं ।

लुधियाना में 2 बम धमाके : एक मरा : लुधियाना (नि.स.): आज यहां दो स्थानों पर बम धमाके हुए । एक बम धमाका भारत नगर चौक में और दूसरा गिल चौक में हुआ । ये दोनों बम फटने की घटनाएं दो शराब के ठेकों पर हुईं, जिनमें एक व्यक्ति मारा गया और 8 घायल हो गए । मृतक जो गिल चौक के शराब के ठेके पर घायल हुआ था, अस्पताल जाते हुए दम तोड़ गया ।

पति, पत्नी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज तड़के लगभग साढ़े 4 बजे अमृतसर की बाहरी आबादी रणजीत पुरा (पुतली घर) में दो आतंकवादियों ने एक नौजवान प्रकाश सिंह तथा उसकी पत्नी बलविंदर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फ़रार हो गए । इस संबंध में जो जानकारी मिली है उसके अनुसार आतंकवादी पति-पत्नी दोनों को घसीट कर कमरे में ले गए और अंदर ले जाकर उन्हें गोलियां मारीं । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है । प्रकाश सिंह और उसकी पत्नी जिस ग्रुप के आतंकवादियों को पनाह देते थे, उसके विरोधी ग्रुप के आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी ।

मेजर सिंह बच निकला : एस.एस.पी. अमृतसर के कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार खालसा कालेज के करीबी आबादी हरिराय एवेन्यू में एक व्यक्ति गुरदीप सिंह के मकान पर छापा मारा गया क्योंकि पुलिस के पास सूचना थी कि गुरदीप सिंह अपने मकान में खतरनाक आतंकवादियों मेजर सिंह खतराई कलां और भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स और पंथक कमेटी के सदस्य निशान सिंह को पनाह देता है । पुलिस के छापे के समय मेजर सिंह उस मकान से फ़रार हो गया । पुलिस ने गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

ह.स. के अनुसार छापे के समय पंथक कमेटी का सदस्य निशान सिंह भी फरार होने में सफल हो गया ।

अमृतसर पुलिस ने बब्बर खालसा के जरनैल सिंह सरीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .12 बोर की पिस्तौल बरामद की ।

कांस्टेबल गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने आज एक पुलिस कांस्टेबल सुखदेव सिंह खानकोट, जो कि वायरलैस ड्यूटी पर था, को गिरफ्तार किया है, जिसके बारे में यह सूचना थी कि उसके मकान में खतरनाक आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का सुखदेव सिंह सुलतान विंड और निर्मल सिंह मियांविंड पनाह लेते हैं ।

आतंकवादी की शिनाख्त : गत रात भिखीविंड के निकट मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त निरंजन सिंह मानोचाहल के रूप में हुई जो कि पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन मानोचाहल का निकट साथी था ।

कार्यालय को उड़ाने का प्रयास : पुलिस ने कल रात अमृतसर जिला में पट्टी नामक स्थान पर कृषि विपणन समिति कार्यालय में रखे गए एक बम को निष्क्रिय कर दिया । पुलिस को इस संबंध में सुराग मिल गया था । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह अत्यन्त शक्तिशाली बम था ।

5 का अपहरण : गत सायं तरनतारन पुलिस जिला के गांव भोजियां से ट्रैक्टर सवार आतंकवादियों ने एक नायब तहसीलदार जगदीश सिंह, उसके कानूनगो जोगेंद्र सिंह, ड्राइवर व दो चपरासियों का अपहरण कर लिया । इन व्यक्तियों के बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव पड्डा के निकट खेतों की तलाशी के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक का शव मिलने के साथ-साथ उसके शव के निकट से एक पिस्तौल व कुछ चले व अनचले कारतूस मिले हैं । यह जानकारी पत्रकारों को देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि जिला पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर एक ट्यूबवैल पर छापा मारा तो वहां से 2 आतंकवादी फ़ायरिंग करते हुए बच कर भाग गए और आसपास के क्षेत्र की खोजबीन में शव मिला । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने संभावना व्यक्त की कि ऐसा लगता है कि घेरे के डर से खेतों में छिपे इस आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर

मुक्तसर से 35 कि.मी. दूर गांव रत्ता टिब्बा के पास दुर्घटनाग्रस्त हु विमान का मलबा । विमान का अगला हिस्सा जमीन में धंस गया । मारे गए ।

बोफोर्स सौदे बारे स्वीडन जांच करने को कहा जाए

नई दिल्ली, 17 जून (वार्ता): जनता दल ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मांग की है कि बोफोर्स तोप सौदे में दलाली लेने वालों का पता लगाने के लिए स्वीडन सरकार से पुन: जांच करने को कहा जाना चाहिए ।

दल के महासचिव शरद यादव तथा सचिव सत्यपाल मलिक ने श्री गांधी को लिखे एक पत्र में खेद व्यक्त किया है कि केंद्र ने 64 करोड़ रुपए की दलाली लेने वालों का पता लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई तो की नहीं उल्टे यह जरूर सुनिश्चित किया कि इस मामले में सभी तथ्यों को सामने नहीं आने दिया जाए । उनका कहना था इस सारे मामले में केंद्र की भूमिका बहुत संदिग्ध रही है ।

श्री यादव तथा श्री मलिक ने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार स्विटजरलैंड सरकार ने दलाली लेने वालों के स्विस खातों का पता लगाने के लिए स्वीडन से कुछ और जानकारियां मांगी थीं पर दुर्भाग्य से स्वीडन सरकार ने इस अनुरोध की अवहेलना कर दी । इतना ही नहीं स्टाकहोम के मुख्य सरकारी वकील ने इस मामले को ही समाप्त कर दिया । उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार यह भारत सरकार के दबाव के ही कारण किया गया।

उन्होंने कहा कि स प्रकाशित दस्तावेजों की के लिए भी कोई कार्रवाई कि सरकार की गतिविधि नहीं चाहती है कि बोफो सामने आए ।

जद के 8 औ

'कारण बता

नई दिल्ली, 17 जून (ह अनुशासन कार्रवाई स गतिविधियों के लिए आठ बताओ नोटिस जारी कि पार्टी के महासचिव मोह है ।

समिति के अध्यक्ष रा जानकारी देते हुए बताया कारण बताओ नोटिस जार दिल्ली शाखा के हैं । इन में शामिल हैं । चंडीगढ़ छाप सिंह को भी नोटिस जारी

मुकद्दमे की सुनवाई समाप्त होने के तीन महीने के अंदर फैसला अवश्य सुना दिया जाना चाहिए : वेंकटरमैया

सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त मुख्य न्यायाधीश श्री ई.एस. वेंकटरमैया शनिवार को अपने निवास पर एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए । (छाया : पी.टी.)

नई दिल्ली, 17 जून (हस) : राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ई.एस. वेंकट रमैया को उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है । सरकारी सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । सूत्रों के अनुसार श्री वेंकट रमैया 19 जून को अपना नया पदभार ग्रहण करेंगे ।

उच्चतम न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश रघुनंदन स्वरूप पाठक के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश बनने के बाद यह पद रिक्त हुआ है ।

इसी मध्य न्यायमूर्ति श्री वेंकटरमैया ने सुझाव दिया है कि किसी मुकद्दमे की सुनवाई समाप्त होने के बाद सामान्यत: तीन महीने के भीतर फैसला अवश्य सुना दिया जाना चाहिए । न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने यहां एक विशेष भेंट में यह सुझाव दिया । उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश घोषित किए जाने के बाद न्यायमूर्ति वेंकटरमैया से यह सर्वप्रथम भेंटवार्ता थी । उन्होंने कहा-यदि किसी कारणवश तीन महीने में फैसला न सुनाया जा सके तो निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद इस मामले को पुन: उसी खंडपीठ अथवा संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए और संबंधित पक्षों को सूचित करना चाहिए कि मुकद्दमे का फैसला कब सुनाया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि यदि सत्र अदालत और मुंसिफ़ की अदालत के लिए फैसला सुनाने के संबंध में अवधि निर्धारित की जा सकती है तो यहां ऐसा क्यों नहीं हो सकता ?

न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने कहा, "यदि उच्चतम न्यायालय में सभी 26 न्यायाधीशों के पदों पर नियुक्ति हो जाए तो वह कम से कम छ: महीने के लिए दो संविधान पीठ अवश्य गठित करेंगे ताकि अधिक से अधिक मामलों को निपटाया जा सके ।"

उन्होंने कहा, "हम कोशिश कर रहे हैं कि उच्चतम न्यायालय में स्वीकृत सभी पदों पर न्यायाधीश नियुक्त किए जाएं । मुझे आशा है कि सरकार इसमें सहयोग करेगी ।"

न्यायमूर्ति वेंकटरमैया ने मुकद्दमों की तारीख लिए जाने के सम्बन्ध में कहा, "मुकद्दमे की सुनवाई मुल्तवी करने सम्बन्धी आदेश तकनीकी न हो कर

विपक्ष को भी दूरदर्शन पर ज का अधिकार होना चाहिए :

भटिंडा, 17 जून (ग्रोवर): अखिल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में पंजाब समस्या की चर्चा करते हुए कहा कि इसके समाधान की ओर पहला कदम है राजीव गांधी को हटाना, और तब एक नई सरकार ही इसका हल कर सकती है । उन्होंने कश्मीर समस्या के लिए भी प्रधानमंत्री को दोषी ठहराते हुए, उन्हें अब तक का सब से अकुशल प्रधानमंत्री कहा । उन्होंने कहा कि श्रीलंका और नेपाल समस्या भी राजीव गांधी की गलत नीतियों के कारण पैदा हुई है ।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर दूरदर्शन और आकाशवाणी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए मांग की कि विपक्ष को भी प्रधानमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब दूरदर्शन और आकाशवाणी पर देने का अधिकार होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि देश पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े इसलिए 14 राज्य विधान सभाओं के चुनाव दिसम्बर 1989 में लोकसभा चुनाव के साथ कराए जाएं या लोकसभा के चुनाव फरवरी 1990 में विधान सभा चुनावों के साथ कराए जाएं । उन्होंने 1984 के दंगों के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की ।

जैतो (पराशर): आज सुबह यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने पंजाब समस्या के लिए अकाली दल ब इंका को समान रूप से दोषी ठहराया । उन्होंने कहा कि केन्द्र में सत्ताधारी इंका सरकार इस समस्या के लिए विशेष रूप से जिम्मेदार है जिसने अकाली दल को

आह्वान किया कि वे बोफो में संलिप्त सरकार से सत इस झूठ सरकार को अग की अपील की ।

जनसभा को सर्वश्री अखिल भारतीय महासचि जगदीश राय मोंगा, गु धर्मवीर सिंह भाटिया, राजकुमार गिरधर आदि किया । इस अवसर पर हजार रुपए की थैली भी

एक निमंत्रण

बम्बई, 17 जून (वा संगीत समारोहों में आमं बात नहीं, लेकिन गायक-गायिकाओं के पा कि वे चाहें तो समारोह में

ऐसे भी कुछ निमंत्र विकल्प नहीं छोड़ते । पसंदीदा गायक-गायिका चाहते हैं और इसके लि बलप्रयोग तक कुछ भी क लोग कल पश्चिमोत्तर बम्बई स्थि उनसे 28 जून को शोला अनुरोध किया लेकिन पौडवाल ने जब अन्य व अनुराधा के उस कार्य

Punjabi Sanatan

दम तोड़ गया : सुनाम (नागपाल): यहां से

नेताओं डी.आर. वर्मा, धर्मपाल वर्मा ने इस

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद

बी-1/6, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी
नई दिल्ली-58.

विज्ञापन नं. 1/89

एस.सी. व एस.टी. उम्मीदवारों के लिए विशेष भर्ती अभियान

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं :

क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या	वर्तमान रिक्त पदों का स्थान
1.	रिसर्च आफिसर (बायो-कैमिस्ट्री)	1 (एससी के लिए आरक्षित)	लखनऊ (उ.प्र.)
2.	रिसर्च आफिसर (कैमिस्ट्री)	1 (एसटी के लिए आरक्षित)	हैदराबाद (आंध्र)
3.	रिसर्च आफिसर (फार्मास्यूटिक्स)	1 (एससी के लिए आरक्षित)	लखनऊ (उ.प्र.)
4.	असिस्टैंट रिसर्च आफिसर (होम्योपैथी)	1 (एससी के लिए आरक्षित)	बम्बई
5.	असिस्टैंट रिसर्च आफिसर (पैथोलाजी)	2 (एससी व एसटी प्रत्येक के लिए एक)	गुंडीवाड़ा (आ.प्र.) पुरी (उड़ीसा) कोट्टायम (केरल)
6.	स्टैटिस्टिकल असिस्टैंट	1 (एससी के लिए आरक्षित)	बम्बई
7.	स्टाफ नर्स	2 (एसटी के लिए आरक्षित)	कोट्टायम (केरल) लखनऊ (उ.प्र.)
8.	लैबोरेटरी टैक्नीशियन	9 (एससी के लिए 7 व एसटी के लिए 2)	जयपुर (राजस्थान) मणिपुर (असम) इम्फाल (असम) विजयवाड़ा (आ.प्र.) सालेम (त.ना.) भरमौर (हि.प्र.) शिमला (हि.प्र.)

1.	वेतनमान	:	2200-75-2800-ईबी-100-4000 रुपये
से	आयु	:	40 वर्ष व कम (*)
3.			
4.	वेतनमान	:	2000-60-2300-ईबी-75-3200-100-3500 रुपये
व			
5.	आयु	:	35 वर्ष व कम (*)
6.	वेतनमान	:	1400-40-1800-ईबी-50-2300 रुपये
	आयु	:	30 वर्ष व कम (*)
7.	वेतनमान	:	1400-40-1800-ईबी-50-2300 रुपये
	आयु	:	25 वर्ष व कम (*)
8.	वेतनमान	:	1320-30-1560-ईबी-40-2040 रुपये
	आयु	:	25 वर्ष व कम (*)

(*) (राजकीय/सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों व अन्य वर्गों के लोगों के लिए छूट, केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले आदेशों के अनुसार)

योग्यताएं

क्र. 1. : अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बद्ध विधा में स्नातकोत्तर की डिग्री में प्रथम या उच्च द्वितीय श्रेणी), 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/कालेज/विश्वविद्यालय में डिग्री लेने के बाद सम्बद्ध विधा में 3 वर्ष का अनुसंधान/टीचिंग अनुभव **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बद्ध विधा में पी.एच.डी. ।

क्र. 2. : अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बद्ध विधा में स्नातकोत्तर की डिग्री में प्रथम या उच्च द्वितीय श्रेणी 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/कालेज/विश्वविद्यालय में डिग्री लेने के बाद सम्बद्ध विधा में 5 वर्ष का अनुसंधान/टीचिंग अनुभव **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बद्ध विधा में पी.एच.डी., 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/कालेज/विश्वविद्यालय में सम्बद्ध विधा में 2 वर्ष का अनुसंधान/टीचिंग अनुभव ।

क्र. 3. : अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से फार्मास्यूटिक्स में ए. फार्मा/एम.एस.सी. (टैक.) में प्रथम या उच्च द्वितीय श्रेणी 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में दवाओं के स्तरीकरण/एनेलाईजिंग में 2 वर्ष का अनुभव **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से फार्मास्यूटिक्स में पी.एच.डी. ।

क्र. 4. : अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संवैधानिक बोर्ड से होम्योपैथी में न्यूनतम 4 वर्ष की अवधि की डिग्री/डिप्लोमा । 2. डिग्री/डिप्लोमा लेने के बाद 3/5 वर्षका व्यावसायिक अनुभव जिसमें से 2 वर्ष का अनुभव किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/कालेज/विश्वविद्यालय में अनुसंधान/टीचिंग में हो ।
वांछित : हायर सैकेंडरी या समकक्ष स्तर में विज्ञान विषय ।

क्र. 5. : अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से

फगवाड़ा में पुलिस के साथ मुकाबिले में मारा गया आतंकवादी सुरिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा उर्फ वीरेन्द्र कुमार । (छाया : प.के.)

निंदा की । उन्होंने हिंद समाचार पत्र समूह को आतंकवादियों की धमकियों और अखबारी एजैंटों व हाकरों की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसको प्रैस की आजादी पर खुला हमला बताया ।

मचाकी गिरफ्तार : मोगा (ह.स.): फरीदकोट जिला पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी गुरमीत सिंह मचाकी को गिरफ्तार किया है, जो कि कम से 19 हत्याओं, एक दर्जन सशस्त्र डकैतियों और हत्या के प्रयास के 7 केसों में वांछित था । उसकी गिरफ्तारी पर 40 हजार रुपये का ईनाम था । वह स्वी अकाली दल की प्रधान डाक्टर राजेंद्र कौर की भटिंडा में, धनश्याम दास निरंकारी की फरीदकोट में, जत्थेदार मलजीयत सिंह रनिया तथा ए.एस.आई. गुरचरण सिंह की हत्या में वांछित था । गत वर्ष फिरोजपुर के डी.आई.जी. श्री सर्वजीत सिंह पर हुए असफल घातक हमले में भी वह मुख्य अभियुक्तों में से एक था ।

उसमे एक चीनी असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मैगजीन, एक 9 एम.एम. की कारबाइन दो भरे हुए मैगजीनों के साथ और बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । वह कट्टर आतंकवादी गुरमीत सिंह के गिरोह से संबंधित है ।

इस आतंकवादी को बम्बई हवाई अड्डे से एक सूचना मिलने के पश्चात् उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह देश छोड़ कर पश्चिम जर्मनी भागने के प्रयास में था । उसने बलविन्दर सिंह के नाम पर जाली पासपोर्ट बना कर देश से भागने का प्रयास किया था । पुलिस ने इस आतंकवादी का रिमांड 19 जून तक ले लिया है ।

पुलिस के अनुसार इस आतंकवादी ने यह भी स्वीकार किया है कि उसने पांच बैंक डकैतियां भी की हैं तथा 12 लाख रुपए की रकम लूटी है । फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री शर्मा ने बताया है कि यह आतंकवादी पहले के. सी. एफ. में था तथा के. एल. एफ. फरीदकोट का एरिया कमांडर था । उन्होंने आशा प्रकट की कि इस आतंकवादी से और भी बहुत सी हत्या तथा डकैतियों के सुराग मिलने की सम्भावना है ।

एस.एस.पी. का बयान : भटिंडा (वि.प्र.): भटिंडा के एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने बताया कि 15 जून की रात को कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने भुच्चो में एक शराब के ठेका के कर्मचारी दलीप सिंह की हत्या कर दी । इसके बाद इन व्यक्तियों ने बाजेवाला में दलीप कुमार की हत्या की और तुलसी राम को घायल कर दिया । श्री शेखर ने बताया कि इस गिरोह तथा इसके सरगना की पहचान हो गई है और इस प्रकार की वारदातों की रोकथाम के लिए सभी सम्भव कदम उठाए गए हैं । अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की पार्टियां भेज दी गई हैं । शराब के ठेकों पर रात के समय पुलिस के पहरे और सघन गश्त का प्रबंध किया गया है । उन्होंने बताया कि 14 जून को कुलदीप सिंह ने अपने चचेरे भाई जसमेल सिंह की कृपाण से हत्या कर दी । जसमेल सिंह का शव वृक्ष पर लटकता पाया गया । कुलदीप सिंह की लिखी एक चिट भी जसमेल सिंह की जेब से मिली जिसमें उसने लिखा है कि उसने यह हत्या दर्शन सिंह के कहने पर की है । यह कोई सैक्स स्कैंडल लगता है तथा आतंकवादी अपराध नहीं है ।

इसी बीच भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी मनजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे .12 बोर का पिस्तौल तथा 4 कारतूस बरामद किए । एक अन्य आतंकवादी सतनाम दास को भी गिरफ्तार किया जिससे 12 बोर का पिस्तौल व 6 कारतूस मिले । उन्होंने गुरजंट सिंह (जो कि पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है) के साथ मिल कर बाबा बंदा बहादुर कमांडो फोर्स बना रही थी । उनसे एक हीरो होंडा मोटर साइकिल, दो स्कूटर पहले ही बरामद किये जा चुके हैं ।

नवयुवक का अपहरण : होशियारपुर (विप्र.): गत सायं लगभग 6 बजे होशियारपुर-ऊना रोड पर मारुति वैन में सवार आध दर्जन लोगों ने नारा ग्राम के साधु सिंह का उस समय अपहरण कर लिया जब वह एक ट्रैक्टर पर बैठ कर होशियारपुर से नारा ग्राम वापिस जा रहा था । सदर पुलिस ने जालंधर की बस्ती शेख के गरनाम सिंह व 5 अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

शव मिला : मुकेरियां (निस.): मुकेरियां पुलिस ने मुकेरियां हाइडल प्राजैक्ट नहर में से एक शव बरामद किया है । मामले की जांच की जा रही है ।

कोच फैक्टरी के निकट फायरिंग : कपूरथला से वार्ता के अनुसार गत रात हुसैनपुर में रेलवे कोच फैक्टरी के निकट एक अज्ञात व्यक्ति तथा होमगार्ड जवानों के मध्य फायरिंग हुई । होमगार्डों ने एक व्यक्ति को कोच फैक्टरी के निकट संदिग्ध

एक सैनिक घायल हो गया ।

ये दोनों व्यक्ति एक ट्रक में सवार थे । जब सैनिकों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने सैनिकों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सैनिकों द्वारा जवाब में गोलियां चलाने पर दोनों ट्रक से कूद कर भाग गए ।

शंघाई की रंगीनियां प्रभावित : शंघाई : चीन में हाल में भड़के असंतोष ने शंघाई की रात की रंगीनियों को प्रभावित किया है । रात भर चलने वाले रेस्तरां, संगीत और नृत्य गृहों तथा आरामदायक बारों के लिए प्रसिद्ध शंघाई शहर की रात की चहल-पहल पिछले दिनों काफी कम हो गई थी। रेस्तरां मालिकों ने अपनी वस्तुओं का मूल्य बढ़ा दिया है ताकि वह थोड़े से ग्राहकों से अधिक से अधिक धन राशि हासिल कर सकें । एक बीयर, सोडा, पॉप और एक प्लेट तरबूज का मूल्य बहुत से शहरी मजदूरों के एक माह के वेतन के बराबर है ।

लेकिन अब स्थिति 80 प्रतिशत तक सामान्य हो गई है । ग्राहकों के नहीं आने का सबसे बड़ा कारण यातायात की असुविधा है ।

पेइचिंग में हुए रक्तपात के बाद विदेशी नागरिकों ने शंघाई छोड़ दिया । उन्हें आशंका थी कि पेइचिंग के बाद सैनिक चीन के इस सबसे बड़े शहर में कार्रवाई करेंगे । शंघाई में करीब 50 बार हैं जिनमें अधिकतर शाम छः बजे खुलते हैं और देर रात तक खुले रहते हैं ।

चीन न जाने की सलाह : हांगकांग : पेइचिंग के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का सक्रिय रूप से समर्थन करने वाले हांगकांग के लोगों को चीन नहीं जाने की सलाह दी गई है । चीन के छात्र तथा यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि चीन ने लोकतंत्र आंदोलन के पक्षधरों के खिलाफ जो मौजूदा अभियान छेड़ रखा है, वह हांगकांग तक भी फैल सकता है ।

चीन बार-बार चेतावनी दे रहा है कि हांगकांग को चीन के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए । चीन के सरकारी टैलीविजन ने भी एक प्रसारण में कहा कि हांगकांग के कुछ लोग हाल में चीन आए ताकि चीनी गणराज्य में तोड़-फोड़ करने तथा समाजवादी प्रणाली को उखाड़ फैंकने की अवैध गतिविधियों को समर्थन व बढ़ावा दे सकें ।

सहायता में कटौती की आलोचना : चीन के शीर्ष व्यापारिक अधिकारियों ने आज उन देशों की आलोचना की है जो लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों पर सरकारी दमन के विरोध स्वरूप देश को दिए जाने वाले ऋण तथा अन्य सहायता में कटौती कर रहे हैं । विदेशी आर्थिक सम्बन्ध और व्यापार मंत्री चेंग थ्यओंचिन ने कहा कि कुछ देश चीन पर दबाव डालने के लिए उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगा रहे हैं तथा वे चीन के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं ।

वाशिंगटन : अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश, चीन की समस्या के हल में सहायता के उद्देश्य से वहां के नेता तंग श्याओ फिंग से मिलने के लिए तैयार हैं ।

अमरीकी टैलीविजन ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन ने कल रात अमरीकी अधिकारियों के हवाले से श्री बुश को यह कहते हुए उद्धृत किया कि यदि श्री फिंग से उनकी भेंट से वहां की समस्या को हल करने में मदद मिलती हो तो वह इसके लिए तैयार हैं । इस बीच अमरीका में श्री बुश की इस बात के लिए कड़ी आलोचना की जा रही है कि उन्होंने लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दमन के मामले में चीन के प्रति कड़ा रुख नहीं अपनाया ।

चीन से लौटने वाले अमरीकी व्यापारियों और अध्यापकों का कहना है कि पेइचिंग में लोकतंत्र समर्थकों को श्री बुश के रुख से निराशा हुई है ।

नई दिल्ली : चीन के मामलों के विशेषज्ञों ने आज यहां कहा कि चीन के मौजूदा हालात को एक वर्ग विशेष का असंतोष नहीं कहा जा सकता बल्कि यह एक जन-आंदोलन है । उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लोग सड़कों पर उतर आए हैं । चीन के हालात पर यहां आयोजित एक सभा में वक्ताओं ने यह विचार रखे । दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के प्रोफैसर महंती ने चीनी सरकार द्वारा छात्र आंदोलनकारियों को प्रति-क्रांतिकारी बताना गलत बताया और मार्शल ला लागू किए जाने की निन्दा की । उन्होंने कहा कि चीनी छात्र आंदोलनकारियों के रुख से स्पष्ट है कि लोगों में 20वीं सदी में लोकतांत्रिक चेतना जाग रही है ।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की चीन मामलों की विशेषज्ञा प्रोफैसर केलकर ने कहा कि आज बुर्जुआ लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग उठने का कारण व्यवस्था के प्रति पिछले दस वर्ष से पनप रहा असंतोष है । वक्ताओं ने कहा कि आंदोलनकारियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई की विश्व-व्यापी निन्दा होनी चाहिए ।

सत्य की वाणी को बंदूक से नहीं दबाया जा सकता : भास्करानन्द

नई दिल्ली, 17 जून (नि.स.): शंकराचार्य योग पीठाधीश्वर स्वामी भास्करानन्द परमहंस ने हिन्द समाचार-पत्र समूह को आतंकवादियों द्वारा दी गई, धमकियों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज यहां कहा कि सत्य की वाणी को बंदूक की नोक पर

Punjabi Sangathi

पंजाब में 7 आतंकवादी मारे गए : इंका नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

सुरक्षा बलों की टुकड़ी की बम विस्फोट द्वारा हत्या का प्रयास

2 किसानों का अपहरण : 22 हज़ार रुपए लूटे गए

चंडीगढ़, 18 जून (वा., ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में 7 आतंकवादी मारे गए । अन्य वारदातों में एक इंका नेता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी की बम विस्फोट द्वारा हत्या का प्रयास किया गया । दो किसानों का अपहरण कर लिया गया ।

तीन शव मिले : सुरक्षा कर्मियों की हत्या का प्रयास : पट्टी से हमारे संवाददाता के अनुसार यहां नगर से कुछ दूरी पर खेतों में आज सी.आर.पी. और पंजाब पुलिस की गश्ती टुकड़ियां उस समय बाल-बाल बचीं, जब उग्रवादियों ने उन्हें स्वचालित बमों से उड़ा देने का प्रयास किया । बताया गया है कि कुछ आतंकवादी तीन युवकों की हत्या करके उनके शव यहां खेतों में फैंक गए और उनके शवों के साथ बम बांध कर 400 मीटर लम्बी तार लगा दी । मृतकों के हाथ पीछे बांधे हुए थे । जब संयुक्त गश्ती पार्टी घटनास्थल पर पहुंची तो उस तार के माध्यम से बमों का विस्फोट कर दिया, जिससे गश्ती पार्टी तो बाल-बाल बच गई, मगर घटनास्थल पर डेढ़ फुट गहरा गड्ढा पड़ गया ।

सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री विर्क और पंजाब पुलिस के सीमा क्षेत्र के डी.आई.जी. श्री आलम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए । उनका कहना है कि तीन युवकों की हत्या उग्रवादी गुटों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

शवों के साथ बम बांधने का उनका उद्देश्य सुरक्षा बलों की हत्या करना था । पुलिस ने घटनास्थल से बमों के टुकड़े और 400 मीटर तार कब्जे में ले ली है ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री बलदेव सिंह ने पट्टी के निकट घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि सी.आर.पी. की 41वीं बटालियन की 8 सदस्यीय गश्ती टुकड़ी मौत की चंगुल से बाल-बाल बच गई । उन्होंने बताया कि सौभाग्यवश गश्ती पार्टी ने सड़क के किनारे लाशें पड़ी देख कर अपनी जीप कुछ दूरी पर खड़ी कर दी थी । उन्होंने कहा कि सी.आर.पी. के जवान आतंकवादियों के गलत अनुमान के कारण बच गये क्योंकि आतंकवादी गश्ती टुकड़ी की जीप और लाशों के मध्य दूरी का ठीक से अनुमान नहीं लगा सके ।

उन्होंने बताया कि मारे गये तीन आतंकवादियों में से एक की पहचान जरनैल सिंह के रूप में हुई है जोकि बी.एस.एफ. का एक बरतर्फ शुदा जवान था ।

दुकानदार की हत्या : कल रात चार सशस्त्र उग्रवादियों ने थाना पट्टी के हरिके गांव के एक दुकानदार किशन चंद की हत्या कर दी और भाग गए । मृतक फिरोज़पुर के जीरा कस्बे का निवासी था ।

शव बरामद : अमृतसर की एक सूचना में कहा गया है कि पुलिस ने गत रात सर्कुलर रोड पर एक कोठी में से किरपाल कपूर नामक व्यक्ति का शव बरामद किया । शव के निकट एक .32 बोर का रिवाल्वर भी पड़ा था । पुलिस का दावा है कि यह आत्महत्या का मामला है, आतंकवाद का केस नहीं ।

इंका नेता की हत्या : उग्रवादियों ने आज सुबह तरनतारन पुलिस जिला के कस्बा फतेहाबाद में गोइंदवाल ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री राज कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कस्बे के दुकानदारों ने इस हत्या के विरोध में हड़ताल की ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र में एक युवक का

जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के गांव खोदे बांगर में उग्रवादियों द्वारा मारी गई (ऊपर) नरेन्द्र कौर और (नीचे) उसके बेटे निर्मल सिंह के शव । (छाया : पं.के.)

गोलियों से छलनी शव मिला । यद्यपि उसकी पहचान नहीं हो सकी परन्तु पुलिस को संदेह है कि वह कोई आतंकवादी था जोकि गिरोहों की आपसी रंजिश का शिकार हो गया ।

घायल कर दिया : आज प्रातः अमृतसर के गेट हकीमां क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कृपाल सिंह को गोलियां मार कर सख्त घायल कर दिया ।

किसानों का अपहरण : गत सायं तरनतारन पुलिस जिला में हरिके के निकट आतंकवादियों ने दो किसानों शिंगारा सिंह तथा प्यारा सिंह का अपहरण कर लिया ।

22 हजार रुपए लूटे : दो आतंकवादियों ने जगतार सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर 22000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

दो आतंकवादी मारे गए : पटियाला (वि.प्र.): गत रात थाना पटियाला सदर के गांव बख्शीवाला के निकट दो कट्टर आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । इनमें से एक की शिनाख्त निरंजन सिंह वल्द बख्शीश सिंह निवासी गांव सलयानी थाना घलखुर्द जिला फिरोज़पुर के रूप में हुई है । वह खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन सैफ्रन टाइगर फोर्स का प्रमुख सदस्य था और फिरोज़पुर व फरीदकोट जिलों में हत्या के अनेक केसों में वांछित था । वह दोनों आतंकवादी स्कूटर पर जा रहे थे । मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर व एक स्कूटर बरामद हुआ ।

मां-बेटे की हत्या : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव खोदेबांगर में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने श्रीमती नरिन्द्र कौर (35) व उसके बेटे निर्मल सिंह की हत्या कर दी । श्रीमती नरिन्द्र कौर का पति आतंकवादी था और कुछ समय पूर्व गांव अक्करपुरा के निकट मुठभेड़ में मारा गया था । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात आतंकवादी इनके घर आए और गांव से दूर ले जाकर गोलियां मार कर इनकी हत्या कर दी । हत्या की जिम्मेदारी के.एल.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल गुरदीप सिंह ने ली है । इस संबंध में वह घटनास्थल पर पत्र छोड़ गए हैं ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जालंधर (ह.स.): जालंधर जिले के चक बिल्गा गांव के समीप आज तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने एक आतंकवादी रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया । पता चला है कि सुरक्षा बलों के गश्ती दल द्वारा दो आतंकवादियों को रुकने का संकेत करने पर उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । गश्ती दल के जवानों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । एक आतंकवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । गिरफ्तार आतंकवादी के पास से प्वाइंट 32 बोर की एक राइफल, एक एच.ई. 36 हथगोला और सात कारतूस बरामद हुए हैं । फरार हुए आतंकवादी का नाम देवेन्द्र सिंह उर्फ़ बचनू बताया गया है ।

रिटायर्ड एस.पी. का लड़का था : कल फगवाड़ा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा एक रिटायर्ड एस.पी. संता सिंह भौर का लड़का था ।

इसी बीच पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि गत दिवस बम्बई इंटरनैशनल हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किये गए खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर गुरमीत सिंह मचाकी ने हाल ही में भटिंडा में स्वर्गीय मास्टर तारा सिंह की पत्री और स्त्री अकाली दल की प्रधान डाक्टर राजेन्द्र कौर व 2 अन्य की हत्या में संलिप्तता स्वीकार की है । प्रवक्ता ने बताया कि मचाकी कम से कम 15 हत्याओं, बैंक डकैतियों व अन्य जघन्य अपराधों में भी पुलिस को वांछित था । (शेष पृष्ठ 8 पर)

अडवानी रविवार को फगवाड़ा में आयोजित एक जनसभा को डा. बलदेव प्रकाश, श्री कृष्ण लाल शर्मा, वैद्य ओम प्रकाश दत्त स्थिति का एक दृश्य । (छाया : पं.के. कौड़ा)

ो जियांग की जगह भावशाली होकर उभरे

था ।

राज्य परिषद् (मंत्रिमंडल) के प्रवक्ता यूवान मू ने कल टैलीविजन पर कहा, "प्रमुख नेता वर्ग के एक व्यक्ति ने दंगों का समर्थन करने की भूल की थी" यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पार्टी में झाओ के खिलाफ कार्रवाई का उपक्रम शुरू हो गया है ।

इससे पहले पश्चिमी अखबारों में छपी खबरों में कहा गया कि छ्याओ ने झाओ और ली के बीच का मध्य मार्ग अपना रखा है । श्री छ्याओ पार्टी में प्रचार के प्रभारी हैं और उन्हें बहुत अनुशासनप्रिय समझा जाता है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'ब्रह्मर्षि विश्वामित्र' के मुहूर्त के अवसर पर मीनाक्षी शेषाद्रि से धक्का-मुक्की

हैदराबाद, 18 जून (ह.स.): आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की फिल्म 'ब्रह्मर्षि विश्वामित्र' में मेनका की भूमिका कर रही हिन्दी फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि को उसके मुहूर्त के अवसर पर भारी भीड़ ने घेर लिया ।

फिल्म की शूटिंग रामकृष्ण हॉर्टिकल्चरल सिने स्टूडियो में हो रही थी । भीड़ में धक्का -मुक्की के कारण उनके बालों में लगी एक रिंग भी गुम हो गई, जिसे पुलिस अधिकारियों ने तत्काल ढूंढ कर उन्हें लौटा दिया ।

पत्रकारों, अधिकारियों और दूसरे लोगों को शूटिंग दिखाने के लिए क्लोज़ सर्किट टी.वी. लगाए गए थे । श्री रामाराव द्वारा बाद में सम्बोधित

श्रीलंका शांति सेना की वापसी का मामला अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में उठाएगा

कोलम्बो, 18 जून (वार्ता, हस): श्रीलंका भारतीय शांति सेना के देश से न हटने के मामले को संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में उठाने पर न हटा कर देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्थाओं को लगातार तहस-नहस कर रहा है ।

सुपर-301 के तहत भारत के विरुद्ध कार्रवाई जरूरी नहीं

वाशिंगटन, 18 जून (ह.स.): अमरीका की व्यापार प्रतिनिधि कार्ला हिल्स ने आज कहा कि अमरीकी व्यापार कानून सुपर-301 के तहत भारत, जापान और ब्राजील के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई अनिवार्य नहीं है । भले ही अमरीका द्वारा सुझाए गए कदमों पर इन देशों के साथ बातचीत

Punjabi Sanatan

पार्टी के रेहड़ी पटरी हॉकर्स मोर्चा के जैंटों और हॉकरों की हत्या के विरोध । दोनों संगठनों के कार्यकर्त्ता आज में नारे लगाते हुए केंद्रीय गृहमंत्री के रकार को धमकी,'' ''प्रैस पर हमला थे । प्रदर्शनकारियों के हाथ में बैनर ा पीठाधीश्वर स्वामी भास्करानंद ने
(छाया : अनूप अस्थाना)

ारा दी गई धमकियों कोठी पर प्रदर्शन

क दिल्ली में हुए बम कांड तथा पंजाब में निर्मम नरसंहार के लिए केंद्रीय सरकार परी षी है । पिछले कई सालों से हिंद त्र समूह और अन्य पत्रकारों को जिस ाब में उग्रवादियों के आतंक में काम करना है उसे समाप्त करने में सरकार पूरी तरह ही है ।

ाओं ने यह भी कहा कि सरकार की र्ण कार्रवाइयों के कारण पंजाब में ों की समानांतर सरकार चल रही है तथा क ढांचे के चतुर्थ स्तम्भ प्रैस के लिए एक रा पैदा हो गया है । वक्ताओं का कहना था ा जगत नारायण और श्री रमेश चन्द्र अलगाववाद के खिलाफ तथा साम्प्रदायिक बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का किया है । हिंद समाचार समूह ने अपनी दे कर अपना नाम राष्ट्र के धरोहरों की र्ज करा लिया है तथा अब यह राष्ट्र की म्पत्ति बन चुके हैं । सरकार को चाहिए कि को मिल रही धमकियों को एक बड़ी चुनौती उग्रवादियों के खिलाफ सेना का प्रयोग माचारपत्रों के एजैंटों व हॉकरों की रक्षा हेतु ग से विशेष प्रबन्ध किए जाएं तथा क सीमा को पूरी तरह सील करके , अमृतसर, मण्ड आदि क्षेत्रों में युद्ध स्तर ादियों के खिलाफ आप्रेशन किया जाए ।

ाओं ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार ी समस्या का समाधान ढूंढने में तथा आम सुरक्षा व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल र गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के काल में हत्याओं गना हुआ है । उन्होंने संयुक्त रूप से श्री से त्यागपत्र की मांग की । प्रदर्शनकारी,

(शेष पृष्ठ 8 पर)

न रहने चाहिएं : आज जीवित है : कृष्ण लाल

। राजीव सरकार की साख समाप्त हो चुकी

ाहर रोजगार योजना और पंचायती राज पर ा व्यक्त करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि ालत उस दीवालिया फर्म जैसी है जो ''पोस्ट बैक दे देती है, और ऐसी पार्टी को कोई न नहीं करता । चुनाव वर्ष में यह खोखली ं हैं, वरना गत साढ़े चार वर्ष में राजीव की कोई उपलब्धि नहीं ।

ाजा से अशोक के अनुसार अखिल भारतीय

के.एल.एफ. का स्वयंभू एरिया कमांडर व 2 अन्य आतंकवादी मुठभेड़ में मरे

2 कांस्टेबलों की हत्या : 85000 रुपये लूटे : कई उग्रवादी गिरफ्तार

पट्टी के निकट एक समुदाय के 4 बस-यात्रियों का अपहरण

चंडीगढ़, 19 जून (ह.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक दो आतंकवादियों सहित चार व्यक्ति मारे गए तथा आठ आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया गया । तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर लखविंदर सिंह उर्फ पप्पू तथा उसका एक साथी गुरदासपुर जिले के नासेरके गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए । आतंकवादियों ने आज सायं पट्टी के निकट एक ही समुदाय के 4 बस यात्रियों का अपहरण कर लिया ।

आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले में पंजाब पुलिस के एक जवान की गोली मार कर हत्या कर दी । बटाला पुलिस जिले के गांव से एक और कांस्टेबल का शव बरामद हुआ है । सुरक्षा बलों ने जालन्धर जिले के करतारपुर पुलिस क्षेत्र से निर्मल सिंह उर्फ निम्मा को गिरफ्तार किया । यह कानपुर में एक पूर्व विधायक की हत्या में कथित रूप से शामिल था । लुधियाना के एक गांव से आतंकवादियों ने एक बैंक से 85000 रुपए लूट लिए ।

बलवंत सिंह उर्फ राजू नामक एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में फिरोजपुर जिले में मारा गया । बलवंत सिंह के तीन साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार होने में सफल हो गये ।

4 व्यक्तियों का अपहरण : पट्टी (निस): आज सायं यहां राज ट्रांसपोर्ट की एक बस नं. पी.ए.बी. 1919 से आतंकवादियों ने एक समुदाय से संबंधित 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया ।

यह बस अमृतसर से सायं 4.45 बजे चल कर सायं 6.30 बजे पट्टी पहुंचनी थी । लगभग 6 बजे जब यह जंडोके सरहाली बस स्टैंड पर सवारियां उतार रही थी तो एक मारुति वैन, जो तरनतारन से बस का पीछा कर रही थी इसके आगे आकर रुक गई । उसमें से 6-7 आतंकवादी, जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, उतर कर बस में चढ़ गए और एक ही समुदाय के 4 व्यक्तियों को नीचे उतार लिया । वैन के साथ एक ट्रक भी था । आतंकवादी अपहृत व्यक्तियों को उसमें बिठा कर ले गए । बस में सवार अन्य समुदाय के लोगों ने उक्त समुदाय के कई यात्रियों को अपनी सीटों के नीचे छुपा लिया जिससे वे बच गए ।

उल्लेखनीय है कि यह वही बस स्टैंड है जहां से पहले पंजाब रोडवेज पट्टी की तीन बसों से 6 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया था । आज अपहरण किए गए सभी व्यक्ति पट्टी के रहने वाले हैं । बस के ड्राईवर व कंडक्टर ने पट्टी पहुंच कर पुलिस को यात्रियों के अपहरण की सूचना दी ।

अपहृतों का पता न चल सका : तरनतारन पुलिस जिले के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ने बताया कि रात्रि देर गए तक अपहृतों का कोई पता नहीं चल सका । एक महिला यात्री ने कहा कि उग्रवादियों ने जीन्स पहनी हुई थी और उनके पास छोटे हथियार थे । श्री सिंह ने बताया कि अपहृत यात्रियों में पट्टी का एक बुकबाईंडर मदन लाल भी शामिल है । जब वारदात हुई, बस में 70 यात्री सवार थे । उन्होंने कहा कि बस के ड्राइवर ने घटनास्थल से सम्बद्ध थाने जंडो की सरहाली में घटना की सूचना न देकर 45 मिनट बाद पट्टी में इस की सूचना दी, जिससे उग्रवादियों को सम्भवत: मंड क्षेत्र में अपने छिपने के स्थानों पर भाग जाने में काफी समय मिल गया ।

इस बीच तरनतारन पुलिस जिला में भोजियां गांव से गत 16 जून को अपहरण कर लिए गए नायब तहसीलदार, उसके कानूनगो व तीन अन्य व्यक्तियों के संबंध में अभी तक कुछ पता नहीं चला है ।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल गुरदयाल सिंह का अपहरण करने के बाद आतंकवादियों ने कल उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि अमृतसर के कत्थुनंगल थाने में तैनात गुरदयाल सिंह मेहता चौक थाने के बल्लोवाल गांव में अपने घर जा रहा था, तभी तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने मार्ग में उसका अपहरण कर लिया । बाद में गांव के निकट खेतों से उसका शव बरामद हुआ ।

घुसपैठिया मारा गया : खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि सुरक्षा बलों की गोली से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने दो आतंकवादियों जिनकी शिनाख्त बसबीर सिंह व सतवन्त सिंह के रूप में की गई है, को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ए.के. 47 चीनी राइफल की दो मैगजीनें व 50 कारतूस तथा 9 एम.एम. पिस्तौल के दस कारतूस बरामद किए हैं ।

खूंखार आतंकवादी बलविंदर सिंह उर्फ गुरमीत सिंह, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर विदेश भागने के प्रयास में बम्बई हवाई अड्डे पर आव्रजक अधिकारियों द्वारा गत 18 मई को तीन अन्य भारतीय नागरिकों के साथ पकड़ा गया था, वह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित है ।

दो आतंकवादी मरे : बटाला (ह.स.): फतेहगढ़ चूड़ियां थाना क्षेत्र के नासरके गांव के निकट कल रात सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा सहित दो आतंकवादी मारे गए ।

बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोविंद राम के अनुसार आतंकवादियों ने नाका पार्टी द्वारा रुकने का संकेत किए जाने पर गोलियां चलानी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी गोलियां चलाने से दो आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके दो अन्य सहयोगी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए । मुठभेड़ में मारे गए दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त अभी नहीं हुई है । पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों से .38 बोर का रिवाल्वर, एक .303 की पिस्तौल और 27 कारतूस बरामद किए हैं ।

आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने अश्विनी कुमार नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक .12 बोर की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

कांस्टेबल का शव मिला : बटाला पुलिस जिला में सदर पुलिस थाना के गांव छिन्न से दयाल सिंह नामक एक कांस्टेबल का गोलियों से छलनी हुआ शव मिला ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा (नि.स.): भटिंडा पुलिस ने दो दुर्दांत आतंकवादियों गुरमेल सिंह निवासी बोहा जिला भटिंडा तथा लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा निवासी मनाक जिला संगरूर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 315 व 12 बोर की दो पिस्तौलें व 11 कारतूस तथा एक चुराया हुआ स्कूटर बरामद किया है ।

पुलिस ने एक विधि स्नातक राजेन्द्र सिंह तथा उसके सहयोगी बसविंदर सिंह को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिन्होंने एक दुकानदार से उसका मूवी कैमरा, रंगीन टी.वी. और वीडियो ठग लिया था । उन्हें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भटिंडा की अदालत में पेश किया गया जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया । यह जानकारी आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रशेखर ने दी । उन्होंने कहा कि लगभग दो सप्ताह पूर्व गांव बलार मेहमा में एक फार्म हाऊस में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या और तीन महिलाओं को घायल करने वाले गिरोह की शिनाख्त कर ली गई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कांशीपुर में पंजाब का उग्रवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली स्टेशन बम कांड के सिलसिले में 3 आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 19 जून (हस): नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले सोमवार को हुए बम विस्फोट के सिलसिले में पुलिस ने भिंडरांवाले टाईगर फोर्स आफ खालिस्तान के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इस बम विस्फोट में अब तक 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है । सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन तीन संदिग्ध आतंकवादियों को 17 जून को अमृतसर में गिरफ्तार किया गया । इनके नाम हैं : निशान सिंह, गुरदीप सिंह और बलदेव सिंह । ये सभी तथाकथित भिंडरांवाले टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के लिये जाने की उम्मीद है ।

सूत्रों ने बताया कि निशान सिंह और गुरदीप सिंह सहित पांच आतंकवादी 11 जून को पुरानी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके चांदनी चौक में बम विस्फोट करना चाहते थे परन्तु एक समुदाय के लोगों को बड़ी संख्या में देख कर उनकी हिम्मत वारदात करने की नहीं हुई । इसके बाद इन संदिग्ध आतंकवादियों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को 12 जून को अपना निशाना बनाया ।

इसी बीच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के उपायुक्त आमोद कंठ ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर

Punjabi Sanatani

एरिया कमांडर मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि इस गिरोह के शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने की आशा है ।

षड्यंत्रकारी गिरफ्तार : जालन्धर : स्थानीय करतारपुर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने कल रात एक कथित षड्यंत्रकारी निर्मल सिंह उर्फ निम्मा को गिरफ्तार कर लिया ।

जालन्धर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा के अनुसार उत्तर प्रदेश में कानपुर के पूर्व विधायक श्री कत्याल की हत्या की साजिश निर्मल सिंह ने ही रची थी । पुलिस ने उसके पास से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक मैगजीन और 28 कारतूस बरामद किए ।

श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि उक्त हत्या के बाद निम्मा यहां निकट की आबादी गड्डा में 1984 के दंगापीड़ित के रूप में आ बसा था ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों राजकुमार और किशन यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

85000 लूटे : लुधियाना से हमारे संवाददाता ने सूचना दी है कि आज दोपहर लगभग 1 बजे 4 उग्रवादी थाना पायल के गांव धमोत में स्टेट बैंक आफ पटियाला की ब्रांच में घुस गये तथा खजांची को डांट डपट कर उससे चाबियां छीन लीं और लगभग 85000 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

मृत आतंकवादी की शिनाख्त : पटियाला जिले में लचकनी गांव के निकट कल मुकाबले में मारे गये दो आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त दुर्दांत आतंकवादी निरंजन सिंह सलयानी के रूप में हुई है जो खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध था ।

गुरजंट सिंह का साथी मारा गया :फिरोजपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बलवंत सिंह उर्फ राजू नामक एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया । उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए । बलवंत सिंह दुर्दांत आतंकवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी गिरोह का सदस्य था । गुरजंट सिंह की हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व राजस्थान पुलिस को असंख्य हत्याओं के सम्बन्ध में तलाश है जिनमें 7 जुलाई 1987 को हिसार जिले में हरियाणा रोडवेज के 38 यात्रियों की हत्याएं भी शामिल हैं । सूचना के अनुसार मुकाबला लगभग 30 मिनट तक होता रहा जिसके दौरान बलवंत सिंह गोली लगने से मारा गया जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार हो गए । उनकी शिनाख्त कुलदीप सिंह निवासी घल खुर्द, मल्ल सिंह निवासी अकालियां वाला तथा यादविन्दर सिंह उर्फ यद्द हैं । यह गिरोह फिरोजपुर जिले में की गई लगभग 12 हत्याओं की वारदातों के अतिरिक्त लोगों से लगभग 12 लाख रु. ऐंठने की घटनाओं में संलिप्त है ।

MISSING

Raju (Anil Babbar) come back. Mummy, Daddy & Sonu Very Serious. Informer will be handsomely rewarded.

K. L. Babbar,

घायल कर दिया : जलालाबाद से हमारे संवाददाता के अनुसार कल रात यहां से 7 कि.मी. दूर गांव ढैरेकी के बाहर 4 आतंकवादियों ने गोलियां मार कर 2 सगे भाइयों गोबिन्द राम व हरभजन लाल को घायल कर दिया । बताया जाता है कि रात के लगभग एक बजे 4 आतंकवादी एक व्यक्ति नारायण दास के घर आये उन्होंने बंदूक की नोक पर नारायण दास तथा उसके दो लड़कों गोबिन्द राम व हरभजन लाल को जगाया तथा एक जगह पर खड़े करके उनसे वह असला मांगा जो गांव की सुरक्षा समिति द्वारा आत्मरक्षा के लिए उन्हें दिया गया था । उनके द्वारा इन्कार किये जाने पर 2 आतंकवादी पिता व पुत्रों तीनों को तलाशी लेने के उद्देश्य से घर के अंदर ले गए, जबकि दो आतंकवादी बाहर ही खड़े रहे । अंदर जाते ही परिवार के सदस्यों ने दो आतंकवादियों को पकड़ लिया और शोर मचा दिया । इस बीच एक आतंकवादी ने गोली चला कर गोबिन्द राम व हरभजन लाल को घायल कर दिया । शोर सुन कर गांव की सुरक्षा समिति के सदस्य व अन्य लोग वहां पहुंच गये । उन्हें देख कर आतंकवादी वहां से भाग निकले । सुरक्षा समिति के सदस्यों ने उनका पीछा किया और गोली भी चलाई । मगर आतंकवादी जवाबी फायरिंग करते हुए तथा अंधेरे का लाभ उठा कर वहां से भागने में सफल हो गये । वे भागते समय अपनी बंदूक की पेटी भी वहीं छोड़ गए । घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

बूटा सिंह की कोठी पर प्रदर्शन

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिनके हाथों में लिखित तख्तियां थीं, नारे लगा रहे थे "राजीव सरकार का देश हाल-पंजाब हुआ फिर खून से लाल", पंजाब की गलियां सुनी हैं-बूटा सिंह खूनी है", "हिंद समाचार ग्रुप संघर्ष करो-दिल्ली तुम्हारे साथ है", "हत्याओं की हत्याओं पर रोक लगाओ-आतंकवादियों के लिए फौज लगाओ", हिंद समाचार समूह जिन्दाबाद, लाला जगत नारायण अमर रहे, रमेश चन्द्र अमर रहे ।" प्रदर्शनकारियों की ओर से एक ज्ञापन भी श्री बूटा सिंह को दिया गया ।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने भी आज काली पट्टियां बांध कर पंजाब में हो रहे नरसंहार पर गुस्सा प्रकट किया । मोर्चे के नेताओं श्री नरेन्द्र बजाज आदि के नेतृत्व में मोर्चे के कार्यकर्त्ताओं ने काली पट्टियां बांध कर प्रभात फेरियां निकालीं और हिंद समाचारपत्र समूह को मिल रही धमकियों की निंदा की ।

जनता संघर्ष समिति तथा लोकतांत्रिक मतदाता मंच के कार्यकर्त्ताओं ने आज प्रातः हिंद समाचार, पंजाब केसरी और जगबाणी की प्रतियां उठा कर चांदनी चौक क्षेत्र में मौन जलूस निकाला । चांदनी चौक सांध्य बाजार पटरी दुकानदार तथा अंतर्राज्यीय हॉकर मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने हिंद समाचारपत्र समूह के समर्थन में सरदार मनजीत सिंह तथा श्री राम सेवक गुप्ता के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में जलूस निकाल कर उग्रवाद पर रोक लगाने के लिए पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की ।

भीड़ द्वारा थाने पर हमला

अनन्तपुर, 19 जून (ह.स.): यहां से 55 कि.मी. दूर कल्याण दुर्ग नगर में कल रात हुई पुलिस फायरिंग के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है । एक हजार लोगों की हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोली चलाई । पुलिस ने उस समय गोली चलाई, जब हिंसक भीड़ ने पुलिस हिरासत में

छात्र आंदोलनकारियों की मांगों पर विचारा

बुलाई गई चीनी संसद की बैठक स्थगित

पेइचिंग, 19 जून (ए.पी.): चीन के छात्र आन्दोलनकारियों की मांगों पर विचार करने के लिए चीनी संसद की निर्धारित बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है ।

राष्ट्रीय जन-कांग्रेस के अध्यक्ष वान ली ने सरकारी काम में सुधार के उपायों पर विचार करने के लिए कांग्रेस की मंगलवार को बैठक बुलाई थी लेकिन कांग्रेस के प्रैस कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि कांग्रेस की बैठक स्थगित कर दी गई है क्योंकि पेइचिंग में स्थिति अब तक सामान्य नहीं हुई है । उसने कहा कि बैठक की कोई नई तारीख तय नहीं की गई है ।

समझा जाता है कि कांग्रेस की बैठक अब कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की उस सम्भावित बैठक के बाद ही हो सकेगी जिसमें पार्टी के महासचिव झाओ जियांग को औपचारिक तौर पर पद से हटा दिया जाएगा । उल्लेखनीय है कि आन्दोलनकारी छात्रों ने तिनानमिन चौक से हटाए जाने से पहले कांग्रेस की बैठक होने तक प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया था । इस बीच मध्य पेइचिंग से बड़ी संख्या में सैनिकों को हटा लिया गया है । आज सुबह सैनिकों से भरे लगभग सौ ट्रक शहर से बाहर जाते देखे गए ।

समझा जाता है कि पेइचिंग से सैनिकों को हटा कर आसपास के इलाकों में स्थित सैनिक शिविरों में भेज दिया गया है । तिनानमिन चौक की रखवाली कर रहे सैनिकों की संख्या में भी काफी कटौती कर दी गई है । लोगों को अभी भी चौक पर जाने नहीं दिया जा रहा है । हालांकि पेइचिंग का वातावरण अभी सहमा-सहमा सा ही है लेकिन कुछ दुकानों में मार्शल-ला सैनिकों को धन्यवाद देने वाले बैनर भी टंगे हैं ।

पेइचिंग रेडियो ने प्रतिबंधित मजदूर संगठनों के दो और नेताओं की गिरफ्तारी का ऐलान किया है । अब तक आन्दोलन के सिलसिले में 13 सौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं । वांछित 21 छात्र नेताओं में से 16 अभी तक पकड़े नहीं गए हैं ।

पेइचिंग में चीनियों व विदेशियों की निगरानी : न्यूयार्क (ह.स.): पेइचिंग की सड़कों पर चीनी नागरिकों और विदेशियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चीन सरकार ब्रिटिश निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रही है । साप्ताहिक पत्रिका 'टाइम' के ताजा संस्करण में छपी रिपोर्ट के अनुसार निगरानी प्रणाली 'स्कॉट सिस्टम'

हॉकर सोढी को विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि

फगवाड़ा, 19 जून (नि.स.): गत 8 जून को यहां पुराने बस स्टैंड चौक में उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए अखबारी हॉकर कुलदीप राय उर्फ सोढी की रस्म उठाला पर कल विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के साथ गहरी सहानुभूति प्रकट की । इस अवसर पर हिन्द समाचार पत्र समूह की ओर से अनुग्रह राशि के रूप में दुःखी परिवार को 10000 रुपए की राशि भेंट की गई । हिन्द समाचार पत्र समूह के मुख्य सम्पादक श्री विजय कुमार चोपड़ा का स्वर्गीय कुलदीप राय की माता के नाम सहानुभूति का संदेश डा. हरिवंश मेहता ने पढ़ कर सुनाया और उन्हें 10000 रुपए की राशि का ड्राफ्ट भेंट किया । फगवाड़ा शांति समिति के प्रधान डा. देसराज शर्मा को विकास सहायता सामग्री के साथ क्रय किय था ।

'टाइम' के अनुसार चीनी सुरक्षा ब्यूरो प्रणाली का उपयोग 'एसोसिएटिड प्रैस सम्वाददाता जान पांफ्रेट के खिलाफ सबूत करने में किया । श्री पांफ्रेट को गत सप्ताह पे के एक होटल के बाहर एक व्यक्ति से मिल पकड़े जाने के बाद चीन से निष्कासित कर दिय था । श्री पांफ्रेट उस व्यक्ति से अपनी कार के बातचीत कर रहे थे लेकिन उनकी पूरी गतिवि फिल्म खींच ली गई ।

पत्रिका के अनुसार 'स्कॉट सिस्टम' द्वारा अंधेरे में भी फिल्म खींची जा सकती है इसलि माह के शुरू में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनका खिलाफ हुई सैनिक कार्रवाई की भी फिल्म खींच है । प्रणाली के द्वारा फिल्म में कुछ खास प्रमुखता से देखे जा सकते हैं । इन्हीं चेहर टैलीविजन पर दिखा कर लोगों से इन्हें पक मदद करने की अपील की गई है ।

कार्रवाई उचित थी : चीन के प्रधानमं फंग ने लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग को आंदोलनरत छात्रों के खिलाफ सैनिक कार्रवा आज उचित बताया । उन्होंने इस कार्रवाई मे गए तीन सैनिकों को शहीद बताया तथा परिवारों के प्रति सम्वेदना प्रकट की । उन्होंने कि हमारी सरकार और पार्टी ने 50 दिन से अ समय तक संयम बरता लेकिन कुछ देशों ने बदनाम किया और हमारे बारे में अफवाहें फैला उनसे पूछता हूं कि क्या उनकी सरकारों भी संयम का परिचय दे सकती थीं, जितना कि दिया ।

गिरफ्तारियां : हांगकांग : चीन के नियंत्रण अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों के चीन-हांगकांग सीमा पर स्थित शनचन से उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार किया । ये हांगकांग की सीमा में प्रवेश करने की कोशिश रहे थे । 'वेनवेई पो' अखबार ने आज यह जानक दी ।

दो वाहनों की सीध

टक्कर में 5 मरे

नाभा, 19 जून (गलवटी): यहां से 8 कि.मी. नाभा-भादसों रोड पर मौजा धनेहड़ा के निकट तिपहिया वाहन और ट्रक में सीधी टक्कर परिणामस्वरूप 5 व्यक्ति मर गये और तीन स घायल हो गए ।

नई दिल्ली स्टेशन बम कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि वह समुचित सूचना के अभाव में आतंकवादियों की गिरफ्तार की पुष्टि नहीं सकते । उन्होंने बताया कि इस वारदात में शामि आतंकवादियों की तलाश में पुलिस का एक अ दस्ता पंजाब भेजा गया है ।

चाय की मूल्यवृद्धि से पैदा स्थि

पर 27 को विचार होगा

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता): देश में चाय कीमत में हुई अचानक वृद्धि से उत्पन्न स्थिति विचार करने के लिए वाणिज्य राज्यमंत्री प्रियरञ्ज दास मुंशी ने 27 जून को उच्च स्तरीय बैठक बुल

Punjabi Sanatani

2 उग्रवादी मारे गए : जालंधर में बिजली बोर्ड के कैशियर से 2.66 लाख रुपए लूटे

पट्टी के 3 अपहृत्त बस यात्री सुरक्षित अपने घरों को लौटे

एक परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : 3 घायल

चंडीगढ़, 20 जून (बा.,ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अन्य वारदातों में 4 घायल हो गए । पट्टी में अपहृत 3 बस यात्री सुरक्षित घरों को लौट आए । जालन्धर में पंजाब बिजली बोर्ड के एक कैशियर से 2.66 लाख रुपए छीन लिए गए ।

आतंकवादियों ने साथी को मार डाला : अमृतसर (वि.प्र.) कल जिला अमृतसर में थाना मेहता गांव डेरीवाल के निकट एक आतंकवादी को उसके साथियों ने गोली मार कर खत्म कर दिया । उनमें आपस में कोई झगड़ा हो गया था, जिस पर उनमें से 2 ने तीसरे को गोली मार दी ।

3 लोगों की हत्या : एक अन्य वारदात में थाना पट्टी के गांव दगली में भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के आतंकवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस का ख्याल है कि इस हत्याकांड का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता है, क्योंकि मौका पर गुरबचन सिंह मानोचाहल के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र मिला है, जिसमें इस परिवार पर उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया गया है। मृतकों के नाम जगीर सिंह, उसकी पत्नी बलबीर कौर तथा पुत्र कुलदीप सिंह बताए गये हैं । पुलिस ने बताया कि जगदीश सिंह के आतंकवादियों के साथ संबंध थे और वह स्वयं भी सूचीबद्ध आतंकवादी था । उसका लड़का हाल ही में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था ।

3 घायल : एक अन्य वारदात में बाबा बकाला कस्बा के थाना ब्यास क्षेत्र में आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया । घायलों में जसवंत सिंह, उसकी पत्नी परमजीत कौर तथा पुत्र मनजीत सिंह शामिल हैं । उन्हें गुरुतेग बहादर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । खबरों में कहा गया है कि मनजीत सिंह आतंकवादियों के साथ भिड़ गया और उनमें से एक से 303 बोर की राइफल छीन ली, तथापि हमलावर भाग जाने में सफल हो गये ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि परिवार के सदस्यों ने एक आतंकवादी पम्मा को पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया ।

फिरोजपुर के गांव में हत्या : गत रात आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिला के गांव गाटा बादशाह में जगतार सिंह के घर पर धावा बोल कर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे वह मौके पर ही मर गया ।

कंडक्टर को लूटा : पंजाब रोडवेज की दिल्ली से पट्टी जा रही एक बस के कंडक्टर से मक्खू के निकट कुछ आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर 4,000 रुपए छीन लिए ।

पथरेड़ी में हत्या : आतंकवादियों ने रोपड़ जिला के पथरेड़ी गांव के निकट एक व्यक्ति मलवीयत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीलंका पर भारत के प्रति टकराव की नीति अपनाने का आरोप

कोलम्बो, 22 जून (वार्ता, हस.): श्रीलंका में विपक्षी नेता श्री ए. भंडारनायके ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से श्रीलंका की तरफ से जिस तरीके के बयान जारी किए जा रहे हैं, उससे श्रीलंका भारत के साथ एक बड़े टकराव की दिशा में बढ़ रहा है । देश में आपात् काल लागू किए जाने सम्बन्धी विधेयक पर कल पार्लियामैंट में हुई बहस में हिस्सा लेते हुए श्री भंडारनायके ने भारतीय शांति सेना की वापसी के मसले पर यह बात कही । उन्होंने कहा, "क्या आप सोचते हैं कि भारत से टक्कर लेकर आप जीत सकते हैं ? भारत को मत उकसाओ ।"

उन्होंने कहा कि भारत के बारे में श्रीलंका को उसी नीति का पालन करना चाहिए जिस नीति का वह अभी तक पालन करता रहा है । इस तरह का टकराव होने पर कोई देश श्रीलंका का समर्थन नहीं करेगा । उन्होंने कहा,देश में कानून तथा व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है ।

भारतीय शांति सेना की वापसी के मसले पर हुई इस बहस में सिंहली उग्रवादियों के सरकार विरोधी अभियान की खबरें हावी रहीं । विपक्षी सदस्यों ने बहिर्गमन के बाद देश में आपात्काल लागू किए जाने सम्बन्धी विधेयक को सर्व-सम्मति से मंजूरी दे दी।

बहस का उत्तर देते हुए विदेश तथा रक्षा राज्यमंत्री रंजन विजयरत्ने ने कहा कि सरकार उग्रवादी जनता विमुक्ति पैरामुना की चुनौती से निबटने के लिए तैयार है ।

बहस में हिस्सा लेते हुए कृषि मंत्री ललित अतुलतमुदाली ने कहा कि भारतीय शांति सेना को श्रीलंका से वापस भेजना है तो इसके बारे में सभी पक्षों में मतैक्य होना चाहिए । हमें यह याद रखना होगा कि दक्षिण-पूर्व एशिया में हमारा टकराव सबसे बड़ी ताकत से है । यदि हम एकजुट रहे,तभी बचे रह सकते हैं । इसी वजह से हमने सरकार तथा लिट्टे के बीच वर्तमान बातचीत का स्वागत किया है ।

श्रीलंका के एक प्रमुख मंत्री गामिनी दिसानायक ने कहा है कि पूर्वोत्तर श्रीलंका से भारतीय शांति सेना की वापसी के प्रति यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए । भारत-श्रीलंका शांति समझौते का मसौदा बनाने वालों में से एक श्री दिसानायक ने कल संसद में कहा कि तमिल अल्पसंख्यकों के हितों को नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता ।

श्री दिसानायक ने तुल्फ नेता ए. अमृतलिंगम के भाषण के संदर्भ में यह बात कही । श्री अमृत लिंगम ने कहा था कि अगर पूर्वोत्तर प्रांतीय परिषदों के गठन और उनके तहत तमिल पुलिस बल की स्थापना से पहले शांति सेना लौट गई तो तमिलों का जीना मुश्किल हो जाएगा ।

श्री दिसानायक ने कहा कि शांति सेना को अंततः वापस जाना ही है,लेकिन श्री अमृतलिंगम के विचारों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि हममें से किसी को इस बात की सही सूचना नहीं है कि पूर्वोत्तर में क्या कुछ हो रहा है ।

लिबरेशन टाइगर्स आफ़ तमिल ईलम (लिट्टे) ने भारतीय शांति सेना से युद्ध-विराम की पेशकश की है,बशर्ते कि सेना की वापसी के निश्चित समय पर सहमति हो । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार लिट्टे के प्रतिनिधिमंडल ने यह वक्तव्य मंत्रियों के दल के साथ बातचीत करते समय दिया । लिट्टे प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि शांति सेना को लिट्टे के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष त्याग देना चाहिए ।

पूर्वोत्तर प्रांत की सरकार की बर्खास्तगी की आशंका : मद्रास : पीपल्स रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट ने आशंका व्यक्त की है कि श्रीलंका के पूर्वोत्तर प्रांत में श्री वरदराज पेरुमल के नेतृत्व वाली उसकी सरकार को देश में लागू आपातकाल व्यवस्थाओं के तहत "बहुत जल्द" बर्खास्त कर दिया जाएगा । फ्रंट के मद्रास प्रतिनिधि पी. रविनेशन ने श्रीलंका कैबिनेट सूत्रों के कथित हवाले से कहा है कि उनकी प्रांतीय सरकार को बर्खास्त करने के श्रीलंका सरकार और लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के षड्यंत्र के तहत ही देश में आपात्काल लगाने की घोषणा की गई है ।

पत्र सार्वजनिक नहीं बनाया : नई दिल्ली : प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा श्रीलंका से भारतीय शांति सेना की वापसी के बारे में वहां के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास को लिखे खत के मजमून को विदेश मंत्रालय ने सार्वजनिक नहीं बनाया है । यह बात मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां कही । प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि प्रधानमंत्री ने अपने खत में पहले उठाए गए मसलों पर भारत के दृष्टिकोण की जानकारी दी है । उसने कहा कि इसका मतलब खत में लिखी बातों का खुलासा करना नहीं है ।

Punjabi Bharan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्वयं आतंकवादियों के साथ चला गया : बटाला (वि. प्र.) : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव संघेड़े से गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा एक युवक बलदेव सिंह का अपहरण कर लिए जाने की घटना के सम्बन्ध में एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने पत्रकारों को बताया कि अपहरण का यह मामला निराधार है । वास्तव में बलदेव सिंह आतंकवादियों का साथी है और पुलिस को कई मामलों में वांछित है । वह स्वयं ही आतंकवादियों के साथ चला गया है,लेकिन उसके परिवार वालों का कहना है कि आतंकवादी उसका अपहरण करके ले गए हैं । पुलिस ने उसके परिवार वालों से कहा है कि वे बलदेव सिंह को तुरन्त पुलिस के पास पेश करें ।

पहले के समाचारों में कहा गया था कि आतंकवादी बलदेव सिंह तथा उसके बाप चनन सिंह का अपहरण करके ले गए थे । बाद में उन्होंने उसके बाप को छोड़ दिया तथा कहा कि उन्हें सिर्फ उसका बेटा चाहिए । पुलिस ने बताया कि अपहरण करने वाले आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर शिंदर सिंह उर्फ़ शिंदा के गिरोह से सम्बन्धित हैं ।

ह.स. के अनुसार चालू मास के दौरान अपहरण की यह दूसरी घटना है । इससे पहले 7 जून को गांव घसकलेर के पांच व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया,जो कि 13 जून को सुरक्षित लौट आए थे ।

शव मिल गया : बाद का समाचार है कि बलदेव सिंह का गोलियों से छलनी शव थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव डाले चक के निकट मिल गया है। बटाला पुलिस जिला के अतिरिक्त सूत्रों का कहना है कि यह आतंकवादी ग्रुपों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

सहकारी बैंक लूटा : लुधियाना (नि.स.): यहां से लगभग 35 किलो मीटर दूर पवात के सहकारी बैंक में दो आतंकवादी आए और पिस्तौल

लक्खा सिंह जिसकी उग्रवादियों ने गत दिवस मेहता के पास बस से उतार कर हत्या कर दी थी । *(छाया : मनोहर)*

दिखाकर मैनेजर से दस हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । जाते हुए उन्होंने सारे स्टाफ को एक कमरे में बंद कर दिया तथा मैनेजर का स्कूटर भी ले गए ।

लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों संतोख सिंह और हरनेक सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक देसी पिस्तौल तथा एक दोनाली बंदूक बरामद हुई ।

"विश्वामित्र" के विरुद्ध याचिकाएं खंडपीठ के सामने पेश की जाएंगी

हैदराबाद, 22 जून (ह.स.): आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने आज मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की फिल्म "विश्वामित्र" के खिलाफ़ दर्ज याचिकाओं को एक सम्पूर्ण खंडपीठ के सामने पेश करने का आदेश दिया । याचिका में दो भाषाओं में तैयार की जाने वाली इस फिल्म में मुख्यमंत्री श्री रामाराव द्वारा अभिनय किए जाने के अधिकार को चुनौती दी गई है ।

उमरानंगल

(पृष्ठ 3 का शेष)

राज माना, श्री विजय टण्डन, प्रचार-सचिव श्री हंसराज कामरेड, श्री यशपाल, श्री नरेन्द्र सिंह काकी, श्री बाऊराम केशव, सचिव श्री दीपक शर्मा, श्री जे.एन. अरोड़ा ।

अमृतसर (डोगरा): आल इंडिया बाबा जीवन सिंह मज़हबी दल के प्रधान बाबा जीवन सिंह सफरी ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि अखबारों के एजैंटों, हॉकरों की हत्याओं की रोकथाम न की गई तो गरीब आदमी की हत्या के साथ-साथ लोकतंत्र की भी हत्या हो जाएगी ।

यह चेतावनी उन्होंने अटारी में दल की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में भाषण देते हुए दी । उन्होंने कहा है कि मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि समाचारपत्रों को बंद करवाने की धमकियां दी जा रही हैं, पत्रकारों के साथ-साथ एजैंट व हॉकर मारे जा रहे हैं, सरकार कहां सो रही है ? ऐसी सरकार को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है । श्री सफरी ने कहा कि ऐसा तो अंग्रेजों के जमाने में भी नहीं हुआ था ।

हिंद समाचार ग्रुप के अखबारों को कोई नहीं दबा सकता : अमृतसर (वर्मा): अमृतसर में एक विशाल समारोह में भाषण करते हुए प्रमुख अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने इस बात पर जोर दिया कि जो शक्तियां हक व इन्साफ की आवाज हिंद समाचार ग्रुप के अखबारों को दबाने की कोशिशें कर रही हैं, उनको आखिर मुंह की खानी पड़ेगी । उग्रवादियों द्वारा इन अखबारों को बंद करवाने की धमकियों से स्पष्ट होता है कि उग्रवादियों के इरादे नेक नहीं हैं । इन अखबारों ने हमेशा जनता की आवाज को बुलन्द किया है, जिसके लिए हिंद समाचार ग्रुप के मालिक बधाई के पात्र हैं । उन्होंने कहा कि कोई भी बड़े से बड़ा जाबर हक की आवाज को नहीं दबा सकता तथा उग्रवादियों की बिसात ही क्या है ।

जत्थेदार उमरानंगल ने कहा कि दिल्ली दरबार व अकालियों की गलतियों के कारण ही जनता को आज यह दिन देखने नसीब हुए हैं । यदि ये दोनों ही अपने गनाहों को बख्शा लें तो पंजाब समस्या हल हो सकती है । जत्थेदार उमरानंगल ने लोगों से अपील की कि देश की अखण्डता व एकता के लिए हम सब ने मिल कर खून बहाया है तथा दुनिया की कोई भी ताकत हिंदू-सिखों को जुदा नहीं कर सकती । जो लोग भारत को नुक्सान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान की खाक छानते फिरते हैं, वे भला कैसे अपने इरादों में कामयाब हो सकते हैं ? हम सबको मिल कर आपसी भाईचारा बनाए रखना होगा तथा हौसले से जुल्म व जब्र के विरुद्ध आवाज उठानी होगी ।

कांग्रेस (इ) नेता श्री बृज भूषण मेहरा भूतपूर्व स्पीकर पंजाब विधानसभा ने कहा कि हिंद समाचार ग्रुप के अखबार हमेशा बड़ी-बड़ी चट्टानों के साथ टकराते चले आ रहे हैं तथा मुझे आशा है कि उग्रवादी भी अपने इरादे में कामयाब नहीं हो सकेंगे । आपने लोगों से अपील की कि वे डट कर देश-विरोधी ताकतों का सामना करें ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डाक्टर बलदेव चावला ने कहा कि उग्रवादियों का कोई धर्म नहीं है क्योंकि गुरु साहिबान ने कभी भी बेगुनाहों को कत्ल करने के लिए नहीं कहा । डा. चावला ने आशा व्यक्त की कि उग्रवादी अपने इरादों में कामयाब नहीं हो सकेंगे तथा हिंद समाचार ग्रुप के अखबार एक बार फिर कुन्दन बन कर निकलेंगे ।

सरकार की भूमिका संदिग्ध : नई दिल्ली (दिनेश शर्मा): दिल्ली प्रदेश लोकदल के महासचिव श्री मुरलीधर तिवारी ने हिन्द समाचारपत्र समूह के लेखकों, वितरकों व हॉकरों की हत्याओं तथा समाचारपत्र समूह को बंद करने की धमकियां दिए जाने की निन्दा करते हुए कहा कि हिन्द समाचारपत्र समूह प्रारम्भ से गरीबों, शोषितों व मजदूरों की आवाज उठाता रहा है । इस आवाज को दबाने का षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा ।

अग्रवाल विवाह समिति के चेयरमैन श्री रामकृष्ण गुप्ता तथा संगठन मंत्री श्री अर्जुन कुमार ने इसे उग्रवादियों की घिनौनी साजिश बताते हुए सरकार से अनुरोध किया कि वह प्रैस की आजादी पर प्रहार कर रहे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें ।

पश्चिमी दिल्ली भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री मनोज शर्मा ने हिन्द समाचारपत्र समूह के प्रबंधकों एवं पत्रकारों से अनुरोध किया है कि वे निर्दोषों की होली खेल रहे उग्रवादियों के काले कारनामों का भंडाफोड़ जारी रखें । अंत में विजय सत्य की ही होगी ।

भाजपा करोल बाग जिले के उपाध्यक्ष श्री जय नारायण खंडेलवाल ने प्रैस की स्वतंत्रता पर दबाव डाल रहे तत्वों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि कलम और बन्दूक में चल रही बेबुनियाद लड़ाई में सरकार की भूमिका आज भी संदिग्ध बनी हुई है ।

अपराधियों को गोली मारी गई

(पृष्ठ 3 का शेष)

थी । प्रवक्ता के मुताबिक गोली पहले राजनयिक परिसर से चली थी ।

चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग ने एक पाकिस्तानी

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

सरकारी ग्रेड पर चपरासन चाहिए । आवेदन करें—मैनेजर एस.डी. फुल्लखान गर्ल्ज हाई स्कूल, न्यू रेलवे कालोनी, जालंधर । इंटरव्यू 30.6.89 को सुबह 8 बजे ।

शिक्षा

रैम्पियन कालेज, सपाट रोड, ब्रांच टैलीफोन एक्सचेंज के सामने, अम्बाला शहर, फोन : 56336, बिना आठवीं मैट्रिक सितम्बर 89 में शर्तिया पास करें । मैट्रिक पास 10+1 या 10+2 करें । प्रैप/इंटर

GOLDEN OPPORTUNITY
For Whole Sale General Merchants Avail 10% Inaugural Discount upto 15th July

Punjabi Sanatani

ब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया
कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए

ंक लूटा, लड़के का अपहरण, एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग
न कोच फैक्टरी का अफसर पत्नी सहित घायल : 2 घुसपैठिए मरे

ोगढ़, 23 जून (वा., ह.स.): पंजाब में गत
क ग्रंथी सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी
कि बब्बर खालसा के दुर्दांत आतंकवादी लाभ
सेत दो आतंकवादी मारे गए । सीमा पर दो
ानी घुसपैठिये मारे गए । अन्य वारदातों में
क लूटा गया, एक लड़के का अपहरण कर
या, एक एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की

भ सिंह मारा गया : बटाला (कोछड़): जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के कार माश्रियां के निकट गत रात पुलिस व एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक दी मारा गया जबकि उसके दो साथी भागने हो गए । यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ धीक्षक श्री गोबिंद राम ने बताया कि मृतक ास्त बब्बर खालसा नामक आतंकवादी के लाभ सिंह उर्फ लब्भा के रूप में की गई क आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 साल्ट राइफल, 2 एच.ई. 36 जीवित , 2 भरी हुई मैगजीनें तथा 11 चले हुए पड़े मिले हैं । मृतक लगभग एक दर्जन , शस्त्र लूटने तथा अन्य लूटमार की में संलिप्त था । वह कुछ समय पहले मारे बर खालसा के खतरनाक आतंकवादी सिंह उर्फ घोड़ा का निकट साथी था ।

घुसपैठिये मरे : जिला गुरदासपुर के डेरा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो नी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ एक में मारे गए जबकि उनका एक साथी फरार सफल हो गया ।

की हत्या : भटिंडा (ह.स.): जिला भटिंडा राफूल थाना क्षेत्र के संघेड़ा गांव में एक ग्रंथी सह तथा एक लड़की जिंदर कौर की गोलियां हत्या कर दी ।

तंकवादी की हत्या : गत दिवस जिला ट के गांव रानियां के निकट एक मोपेड सवार दी ने एक अज्ञात आतंकवादी की गोलियां हत्या कर दी । यह हत्या आतंकवादी गुटों सी शत्रुता का नतीजा बताई जाती है । दी का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः दुआ ।

बीच फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों तथा मंगतू सिंह को गिरफ्तार किया है । क 12 बोर की पिस्तौल और एक पाक निर्मित एक नाली बंदूक बरामद की गई ।

दो गिरफ्तार : फिरोजपुर (बागी): जलालाबाद पुलिस ने दो युवकों को जलालाबाद के नायब तहसीलदार से धन ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सर्बजीत सिंह ने बताया कि गुरमेज सिंह वल्द जरनैल सिंह निवासी गांव लड्डुका तथा मेजर सिंह वल्द ऊधम सिंह निवासी गांव चक सैदोके कल जलालाबाद के नायब तहसीलदार के कार्यालय में आए तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की रसीद पेश करके रुपए मांगे । जब नायब तहसीलदार ने रुपए देने से इन्कार कर दिया तो उन्होंने उनको गम्भीर परिणामों की धमकी दी । सूचना पाकर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया ।

श्री सर्बजीत सिंह ने यह भी कहा कि अबोहर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने एक व्यक्ति सुभाष से हीरो होंडा मोटर साइकल, 500 रुपए और लाटरी विक्रेता परमानन्द से 2,000 रुपए मूल्य के लाटरी टिकट छीने थे । पुलिस ने अभियुक्तों से हीरो होंडा मोटर साइकल तथा लाटरी टिकट बरामद कर लिए ।

एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति जगतार सिंह की हत्या की पहेली भी सुलझा ली है । उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी कार्रवाई नहीं अपितु निजी शत्रुता का मामला है । हत्या के सम्बन्ध में मृतक के गांव के ही व्यक्तियों मोहन सिंह व अमर सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

लूटने का प्रयास : जलालाबाद (मलिक): कल सायं यहां नायब तहसीलदार की कचहरी में दो आतंकवादियों ने आकर नायब तहसीलदार से 20000 रु की मांग की । नायब तहसीलदार द्वारा इंकार करने पर उन्होंने कहा कि कल तक पैसे का प्रबन्ध कर लेना अन्यथा मंडी में ले जाकर मार डालेंगे । यह कह कर वे पैदल वहां से चले गए । नायब तहसीलदार की सूचना पर पुलिस ने इनका पीछा किया पर वे भाग निकले ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है और ये थाना जलालाबाद के गांव साहो के चक्क का मेजर सिंह व लाजेवाल का गुरमेज सिंह है ।

रेल कोच फैक्टरी के अफसर, उसकी पत्नी पर फायरिंग : कपूरथला (नि.स.): शाम रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे यहां रेलवे कोच फैक्टरी की अफसर कालोनी में अपनी पत्नी के साथ सैर कर रहे फैक्टरी के पर्सोनल अफसर श्री सर्बजीत सिंह को और उनकी पत्नी को दो स्कूटर सवारों ने गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों को कपूरथला के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् सी.एम.सी. लुधियाना में रेफर दिया गया है । श्री सर्बजीत सिंह की हालत नाजुक है । श्रीमती सिंह ने बताया है कि सैर करते समय उनके निकट आकर दो स्कूटर सवार रुके । उन्होंने उनसे पूछा कि क्या आप मि. सर्बजीत सिंह हैं । श्री सिंह के हां कहने पर अभियुक्तों ने एकदम उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । इन दोनों को घायल करने के बाद अभियुक्त भाग निकले । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

विस्फोटक से भरा सूटकेस मिला : फगवाड़ा (ह.स.): व्यस्त औद्योगिक नगर फगवाड़ा में आज एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब विस्फोटक पदार्थों से भरे एक लावारिस सूटकेस का समय रहते पता लगा लिया गया । यह सूटकेस एक शराब के ठेके पर पड़ा था । सुरक्षा बलों ने समूचे इलाके की नाकेबंदी कर दी और सूटकेस को रेत के ढेर से दबा कर सेना के विशेषज्ञों को बुला लिया ।

आतंक से बाज़ार बंद : फगवाड़ा से 'नि.स.' के अनुसार ब्रीफ केस में 'टाइम बम' के आतंक से पूरा बाज़ार घंटों बन्द रहा । घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक जसमिन्दर सिंह, पुलिस इंस्पैक्टर गुरदेव सिंह व केंद्रीय आरक्षित बल के अनेक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । तत्काल फायर ब्रिगेड को बुला लिया गया व वायरलैस द्वारा संदेश भिजवा बम विशेषज्ञों को बुलाया गया है । पुलिस ने तत्काल घटनास्थल के आसपास की दुकानें बंद करवा दीं व निकटवर्ती भवनों में से लोगों को दूर चले जाने की सलाह दी । लगभग चार घंटे बाद तक भी यह पता नहीं चल सका था कि ब्रीफकेस में बम है या नहीं । पता चला है कि तीन ग्राहकों ने जो सम्भवतः शराब की बोतल बाहर से ही लाए थे, ने अहाते के कारिंदे से मात्र खारा सोडा लिया व शराब पीकर ब्रीफकेस छोड़ चले गए । बाद में ठेके के कारिंदे ने संदिग्ध ब्रीफकेस देख पुलिस को सूचित किया, जिसने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सिनेमा रोड सड़क यातायात के लिए बंद करवा दी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दिल्ली के 400 पत्रकारों
सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये

नई दिल्ली, 23 जून : दिल्ली के लगभग 400 पत्रकारों ने पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे को एक पत्र लिखकर हिन्द समाचारपत्र समूह से सम्बद्ध प्रकाशनों के समाचारपत्र हॉकरों की आतंकवादियों द्वारा नृशंस हत्या किए जाने की निंदा की है ।

पत्रकारों ने श्री रे को लिखा है कि आतंकवादियों ने पिछले दिनों हिन्द समाचारपत्र समूह के लगभग आधी दर्जन हॉकरों की हत्याएं कर दी हैं लेकिन आपकी सरकार ने अभी तक हत्यारों को पकड़ने के लिए स्पष्ट रूप से कुछ नहीं किया । सरकार ने अभी तक इस आशय का भी संकेत नहीं दिया कि वह इन नृशंस और योजनाबद्ध हत्याओं को एक विशेष मामला मानती है और जिसपर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है । हम सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैये की कड़ी निंदा करते हैं ।

हिन्द समाचारपत्र समूह जब से पंजाब में तबाही आई है, लगातार आतंकवाद का पर्दाफाश करता रहा और इसके विरुद्ध लड़ता रहा । इसने इसकी कीमत भी चुकाई है । आतंकवादियों की गोलियों के इसके संस्थापक-सम्पादक व उनके पुत्र, जो उनके उत्तराधिकारी भी थे, को मार डाला । इस समाचारपत्र से सम्बद्ध लगभग एक दर्जन पत्रकारों को भी समाप्त कर दिया गया । मगर यह बलिदान इस समूह को उसके दृढ़ निश्चय से हिला नहीं सके । हमें आशा है कि हाल ही में हॉकरों की हत्याएं भी इसे झुका नहीं पाएंगी । परन्तु यह अत्यन्त निंदनीय है कि सरकार ने कोई भी सुरक्षात्मक उ
हालांकि उग्रवा
दी है कि या तो
भुगतने को तैय

यहां प्रैस
आवश्यकता की
है, मगर यहां य
जब किसी जिम्मे
हत्यारों के शिक
तथा विषयपरक
है । वह भी उ
बनी बैठी हो ।
सरकार ने ऐसे
कार्रवाई की है
सरकार को पस
समाचारपत्र स
जगह पत्रकार
तक कोई प्रति

इस परिस
मजाक उड़ेगा
का अहसास क
जुड़े हुए सभी
जो लोग बगैर
परिस्थितियों
पत्रकारों तथ
कर्मचारियों के
हमारे लिए प्रेर

स्वर्ण मंदिर परिसर सौंदर्यीकरण
योजना में सुरक्षा दीवार की

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता): इंडियन नैशनल ट्रस्ट फार आर्ट एंड हैरिटेज (इनटैक) ने आज कहा कि उसने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए योजना तैयार करके पंजाब सरकार को दिया गया अपना अपना वचन पूरा कर दिया है ।

पंजाब सरकार के अधिकारियों के हवाले से छपी इन खबरों पर कि संगठन ने सौंदर्यीकरण योजना बनाने में विलम्ब किया है, टिप्पणी करते हुए संगठन के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्वर्ण मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द के क्षेत्र के पुनः विकास और सौंदर्यीकरण की योजना इस वर्ष पंजाब सरकार को 15 मार्च को सौंप दी गई थी । इसलिए संगठन ने अपना वायदा पूरा कर दिया है ।

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि इनटैक ने किसी भी स्तर पर परिसर के आसपास सुरक्षा दीवार या कंटीली तार की बाड़ लगाने की सिफारिश नहीं की, क्योंकि इससे विकास की अवधारणा ही समाप्त हो जाती है । इनटैक के प्रस्ताव में तार्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों को बेहतर रास्ते और सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है । उन्होंने कहा कि योजना में इलाके के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ ऐसी व्यवस्था है कि
में लोगों को क
इस योजना में
केंद्र और री
शामिल है ।

पहले चर
को नियमित क
का निर्माण तथ
प्रवक्ता ने कह
बनाना था, कि
नहीं । प्रवक्त
दिया है ।

पंजाब सर
इनटैक ने पि
सौंदर्यीकरण अ
है । अधिकारी
सिद्धार्थ शंकर
आपत्तियां उठा
परामर्श कर पि
गृहराज्यमंत्री पी
योजना बनाने क

दासपुर जिले में इंका प्रेक्षक के समक्ष
ी में गुटबाज़ी खुल कर सामने आई

पुर, 23 जून (विनोद): गुरदासपुर
त्र तथा इसके 11 विधानसभा क्षेत्रों में
मीदवारों के प्रभाव का आयोजा लेने के
प्रेक्षक श्री एम.एल. नंदोक ने जिले का तीन

ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनके आतंकवादियों और अपराधियों से निकट सम्पर्क हैं तथा उन्होंने पार्टी से सम्बद्ध होने के नाते पर अपार धनराशि जमा कर रखी है ।

प्रधानमंत्री कड़े पहरे में संजय गांधी की समाधि पर गए

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज कहा कि इस चुनाव वर्ष में युवा वर्ग की जिम्मेदारी बढ़ गई है, जिसे साहस और पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाना चाहिए ।

श्री गांधी दिवंगत संजय गांधी की छठी पुण्य तिथि पर यहां इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में आज प्रात

मतदान केन्द्रों पर कब्जे, प
रोकने के लिए कड़े पग उठा

तिरुपति, 23 जून (ह.स.): मुख्य चुनाव अधिकारियों के आज यहां समाप्त हुए दो दिवसीय सम्मेलन में मतदान केंद्रों पर कब्जे और फर्जी

वृद्धि हो जाएगी
एक लाख मतदा
लगभग 40 ल

Punjabi Samachar

बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए

बैंक लूटा, लड़के का अपहरण, एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग

रेल कोच फैक्टरी का अफसर पत्नी सहित घायल : 2 घुसपैठिए मरे

चंडीगढ़, 23 जून (वा. ह.स.): पंजाब में गत रात एक रथी सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि बब्बर खालसा केदर्दात आतंकवादी लाभ सिंह सहित दो आतंकवादी मारे गए । सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । अन्य वारदातों में एक बैंक लूटा गया, एक लड़के का अपहरण कर लिया गया, एक एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की गई ।

लाभ सिंह मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के पास शिकार माछियां के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए । यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने बताया कि मृतक की शिनाख्त बब्बर खालसा नामक आतंकवादी संगठन के लाभ सिंह उर्फ लभा के रूप में की गई है । मृतक आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 सीरी असाल्ट राइफल, 2 एच.ई. 36 जीवित हथगोले, 2 भरी हुई मैगजीनें तथा 11 चले हुए कारतूस रद्दे मिले हैं । मृतक लगभग एक दर्जन हत्याओं, शस्त्र लूटने तथ अन्य लूटमार की वारदातों में लिप्त था । वह कुछ समय पहले मारे गए बब्बर खालसा के खतरनाक आतंकवादी लखजीत सिंह उर्फ घोड़ा का निकट साथी था ।

दो घुसपैठिये मरे : जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सरक्षा बल के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए जबकि उनका एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

दो की हत्या : भटिंडा(ह.स.): जिला भटिंडा के रामपुरफूल थाना क्षेत्र के रंघेड़ा गांव में एक ग्रंथी सरदार सिंह तथा एक लड़की बिंदर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी की हत्या : गत दिवस जिला फरीदकोट के गांव रानियां के निकट एक मोपेड सवार आतंकवादी ने एक अज्ञात अतंकवादी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह हत्या आतंकवादी गुटों की आपसी शत्रुता का नतीजा बताई जाती है । आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद हुआ ।

इसी बीच फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों भाग सिंह तथा नंगतू सिंह कोगिरफ्तार किया है । इनसे एव .12 बोर की पिस्तौल और एक पाक निर्मित एक नाली बंदूक बरामद की गई ।

दो गिरफ्तार : फिरोजपुर (बागी): जलालाबाद पुलिस ने दो युवकों को जलालाबाद के नायब तहसीलदार से धन ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सर्बजीत सिंह ने बताया कि गुरमेज सिंह वल्द जरनैल सिंह निवासी गांव लद्दुवाल तथा मेजर सिंह वल्द ऊधम सिंह निवासी गांव चक सैदोके कल जलालाबाद के नायब तहसीलदार के कार्यालय में आए तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की रसीद पेश करके रुपए मांगे । जब नायब तहसीलदार ने रुपए देने से इन्कार कर दिया तो उन्होंने उनको गम्भीर परिणामों की धमकी दी । सूचना पाकर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया ।

श्री सर्बजीत सिंह ने यह भी कहा कि अबोहर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने एक व्यक्ति सुभाष से हीरो होंडा मोटर साइकल, 500 रुपए और लाटरी विक्रेता परमानन्द से 2,000 रुपए मूल्य के लाटरी टिकट छीने थे । पुलिस ने अभियुक्तों से हीरो होंडा मोटर साइकल तथा लाटरी टिकट बरामद कर लिए ।

एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति जगतार सिंह की हत्या की पहेली भी सुलझा ली है । उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी कार्रवाई नहीं अपितु निजी शत्रुता का मामला है । हत्या के सम्बन्ध में मृतक के गांव के ही व्यक्तियों मोहन सिंह व अमर सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

लूटने का प्रयास : जलालाबाद (मलिक): कल सायं यहां नायब तहसीलदार की कचहरी में दो आतंकवादियों ने आकर नायब तहसीलदार से 20000 रु. की मांग की । नायब तहसीलदार द्वारा इंकार करने पर उन्होंने कहा कि कल तक पैसे का प्रबन्ध कर लेना अन्यथा मंड में ले जाकर मार डालेंगे । यह कह कर वे पैदल वहां से चले गए । नायब तहसीलदार की सूचना पर पुलिस ने इनका पीछा किया पर वे भाग निकले ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है और ये थाना जलालाबाद के गांव साद्दो के चक्क का मेजर सिंह व लाजेवाल का गुरमेज सिंह है ।

रेल कोच फैक्टरी के अफसर, उसकी पत्नी पर फायरिंग : कपूरथला (नि.स.): आज रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे यहां रेलवे कोच फैक्टरी की अफसर कालोनी में अपनी पत्नी के साथ सैर कर रहे फैक्टरी के पर्सोनल अफसर श्री सर्बजीत सिंह को और उनकी पत्नी को दो स्कूटर सवारों ने गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दोनों को कपूरथला के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् सी.एम.सी. लुधियाना में भेज दिया गया है । श्री सर्बजीत सिंह की हालत नाजुक है । श्रीमती सिंह ने बताया है कि सैर करते समय उनके निकट आकर दो स्कूटर सवार रुके । उन्होंने उनसे पूछा कि क्या आप मि. सर्बजोत सिंह हैं । श्री सिंह के हां कहने पर अभियुक्तों ने एकदम उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । इन दोनों को घायल करने के बाद अभियुक्त भाग निकले । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

विस्फोटक से भरा सूटकेस मिला : फगवाड़ा (ह.स.): व्यस्त औद्योगिक नगर फगवाड़ा में आज एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब विस्फोटक पदार्थों से भरे एक लावारिस सूटकेस का समय रहते पता लगा लिया गया । यह सूटकेस एक शराब के ठेके पर पड़ा था । सुरक्षा बलों ने समूचे इलाके की नाकेबंदी कर दी और सूटकेस को रेत के बोरे से दबा कर सेना के विशेषज्ञों को बुला लिया ।

आतंक से बाज़ार बंद : फगवाड़ा से 'नि.स.' के अनुसार ब्रीफ केस में 'टाइम बम' के आतंक से पूरा बाज़ार घंटों बन्द रहा । घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक जसमिन्दर सिंह, पुलिस इंस्पैक्टर गुरदेव सिंह व केंद्रीय आरक्षित बल के अनेक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । तत्काल फायर ब्रिगेड को बुला लिया गया व वायरलैस द्वारा संदेश भिजवा बम विशेषज्ञों को बुलाया गया है । पुलिस ने तत्काल घटनास्थल के आसपास की दुकानें बंद करवा दीं व निकटवर्ती भवनों में से लोगों को दूर चले जाने की सलाह दी । लगभग चार घंटे बाद तक भी यह पता नहीं चल सका था कि ब्रीफकेस में बम है या नहीं । पता चला है कि तीन ग्राहकों ने जो सम्भवतः शराब की बोतल बाहर से ही लाए थे, ने अहाते के कारिंदे से मात्र खारा सौडा लिया व शराब पीकर ब्रीफकेस छोड़ चले गए । बाद में ठेके के कारिंदे ने संदिग्ध ब्रीफकेस देख पुलिस को सूचित किया, जिसने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सिनेमा रोड सड़क यातायात के लिए बंद करवा दी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दिल्ली के सरकार

नई दिल्ली, 23 जू
पत्रकारों ने पंजाब के
एक पत्र लिखकर हिन्द
प्रकाशनों के समाचार
द्वारा नृशंस हत्या किए

पत्रकारों ने श्री रे
ने पिछले दिनों हिन्द
आधी दर्जन हॉकरों
आपकी सरकार ने आ
लिए स्पष्ट रूप से कुछ
तक इस आशय का
नृशंस और योजनाब
मामला मानती है औ
जाना जरूरी है । ह
रवैये की कड़ी निंदा

हिन्द समाचारपत्र
आई है, लगातार आत
और इसके विरुद्ध ल
भी चुकाई है । आतं
संस्थापक-सम्पादक
उत्तराधिकारी भी
समाचारपत्र से सम्ब
को भी समाप्त कर
इस समूह को उस
सके । हमें आशा
हत्याएं भी इसे झु
अत्यन्त निंदनीय

स्वर्ण मंदि योजना

नई दिल्ली, 2
ट्रस्ट फार आर्ट एंड
उसने अमृतसर
सौंदर्यीकरण के लि
सरकार को दिया
दिया है ।

पंजाब सरकार
इन खबरों पर वि
बनाने में विलम्ब कि
के एक प्रवक्ता ने
इर्द-गिर्द के क्षेत्र के
योजना इस वर्ष पंज
दी गई थी । इसक
कर दिया है ।

प्रवक्ता ने स्प
स्तर पर परिसर के
तार की बाड़ लगा
इससे विकास की
है । इनटैक के प्र
नागरिकों को बेहत
कराने पर जोर दि
योजना में इलाके

गुरदासपुर ज़िले में इंका प्रेक्षक के समक्ष

प्रधानमंत्री कड़े पहरे में संजय

मतदान

Punjabi Sanatani

...तारियां

...ोष)

...ई सोशलिस्ट
...ीन की दमनात्मक
... यह बैठक तीन दिन

...री यात्रा पर प्रतिबंध
...से भी कोई बौल्जियम
...आ सकेगा । इसके
...ऋण भी रद्द कर दिया
... डेविड लांगे ने कल
... राजनयिक स्तर पर

...ं हो रही घटनाओं के
...ं ।
...ंगकांग, जो जल्दी की
...ं लोगों को चीन की
...है तो कुछ वहां से भाग
...म को डर है कि चीन
...ा ध्यान हटाने के लिए
...र बैठे । ताईवान के
...दिया है तथा चीन में
...न करने का आह्वान
...कस्तान चीन के साथ
...। पाकिस्तान ने कल ही
...वां को चीन भेजा है ।
...हमेशा से ही नजदीकी
... पाकिस्तान के एक
...ीन के साथ उनके मधुर
...न या पाकिस्तान में होने
...व नहीं पड़ता ।

...ी समाचार पत्रिका का
...ोस की मानवाधिकार
...ग्रेस गुरु दलाई लामा को
...वाह जताने की कोशिश
...मनचक्र उसे पसन्द नहीं

...ं बुश चीन के प्रति बड़ा
...किन प्रतिनिधिसभा कल
...त से आग्रह किया कि वे
...त लोगों को फांसी देना

...धसभा का आग्रह : ...तिनिधिसभा ने कल शून्य ...एक प्रस्ताव पारित कर ...किया कि वह लोकतंत्र ...न लोगों को मौत की सजा ...धसभा ने इस संबंध में ...रकार से प्रदर्शनकारियों ...ल का समर्थन किया ।

...धानमंत्री मारग्रेट थैचर ने ...प्रतिबंध लगाने की मांग ...कहा कि ऐसे कदम से ...ग को काफी कठिनाई का

...सरकार द्वारा लोकतंत्र ...जाने की घटनाओं की ...र निन्दा की है । भाजपा ...शर्मा ने आज यहां एक ...ौर भी खेद की बात है कि ...यूनिस्ट पार्टी की पोलित ...सरकार का समर्थन किया

एरिया कमांडर मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

लड़के का अपहरण : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला होशियारपुर के थाना सदर के अन्तर्गत बिहाला ग्राम में गत रात्रि लगभग सवा नौ बजे स्टेनगनों से लैस तीन आतंकवादियों ने ग्राम के एक किसान दिलबाग सिंह के लगभग 15 वर्षीय लड़के जोगा सिंह का अपहरण कर लिया । लड़के के पिता श्री दिलबाग सिंह ने पुलिस के पास शिकायत की है कि आतंकवादी जाती बार उसे कह गए कि परसों तक ठक्करवाल के गुरुद्वारा में दो लाख रुपए पहुंचा देने पर लड़के को छोड़ दिया जाएगा । आतंकवादी उसे यह धमकी भी दे गए कि अगर उसने इस बारे में पुलिस को सूचना दी तो उसके सारे परिवार की हत्या कर दी जाएगी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

दो राइफलें छीनी, ट्रक जलाए : एक अन्य घटना में गत रात्रि लगभग दस बजे एक ट्रक पर सवार आतंकवादियों ने थाना दसूहा के अन्तर्गत तिहाड़ा ग्राम में लगी एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर दिया । आतंकवादी जिनकी संख्या 7-8 थी, ट्रक से नीचे उतर आए व एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग आरंभ कर दी । एस.पी.ओज की तरफ से भी जवाबी फायरिंग की गई लेकिन कोई भी घायल नहीं हुआ । आतंकवादी एस.पी.ओज की दो राइफलें व गोली-सिक्का लेकर फरार हो गए व एक भट्ठा मालिक श्री कृष्ण कुमार के ट्रक को आग लगा गए । बाद में कल्लोवाल के पास जाकर दूसरे ट्रक को भी आग लगाकर जला दिया । उल्लेखनीय है कि भट्ठा मालिक श्री कृष्ण कुमार के एक ट्रक को कुछ समय पूर्व भी आतंकवादियों ने आग लगा दी थी ।

2 मुअत्तिल : दसूहा से संवाददाता के अनुसार उक्त घटना के सम्बन्ध में दो एस.पी.ओज़ को मुअत्तिल कर दिया गया है ।

बैंक लूटा : मोगा से सम्वाददाता के अनुसार थाना निहालसिंहवाला के गांव हिम्मत सिंहपुरा में पंजाब एंड सिंह बैंक की शाखा में से तीन हीरो होंडा सवार आतंकवादी 17782 रुपए लूटकर फरार हो गए । पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है ।

4 गिरफ्तार : मुक्तसर (नि.स) : जिला फरीदकोट पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान नाकाबंदी तथा पैट्रोलिंग के दौरान चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है—जिनके नाम हैं नायब सिंह पुत्र बलदेव सिंह, बलवन्त सिंह पुत्र मन सिंह गांव भागथला, बशीर मसीह पुत्र बचन मसीह, मुलकीत सिंह पुत्र बसन्त सिंह हैं । इनसे तीन .32 बोर पिस्तौल तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया गया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने बब्बर खालसा के 3 आतंकवादियों समेत 5 आतंकवादी पकड़े हैं । इनके नाम हरजीत सिंह, बलदेव सिंह, सतनाम सिंह, सुखविंदर सिंह और हरिन्द्र सिंह बताए जाते हैं ।

अपहृत लौटे : नायब तहसीलदार जगदीश सिंह, उसके कानूनगो जोगिंद्र सिंह तथा दो चपरासी जिनका गत शुक्रवार को अपहरण कर लिया गया था, गत सायं अपने घरों को लौट आए । उनका तरनतारन पुलिस जिले के गांव भोजियां से उनकी सरकारी जीप समेत अपहरण कर लिया गया था ।

तलाशियां सीं : पट्टी से संवाददाता के अनुसार कल सुरक्षा बलों की ओर से मंड क्षेत्र के गांवों सभरा, सैदो आदि में घर-घर की तलाशी ली गई । यह तलाशी प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक जारी रही । पुलिस ने 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल व 2 मैगजीन बरामद किए गए ।

जालन्धर पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद तेजिंदर सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया । उससे एक 38 बोर का रिवाल्वर बरामद हुआ ।

चुनाव अधिकारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि लोकसभा और 17 विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराए जाएंगे । मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराने के बारे में पिछले बीस साल से विचार-विमर्श किया जा रहा है । लेकिन आयोग ने इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया है । उन्होंने कहा कि आयोग को इस मुद्दे पर विचार करते वक्त वास्तविकताओं का भी ध्यान रखना पड़ता है ।

बेटे की बलि देने पर बाप को उम्रकैद

नरसिंहपुर (म.प्र.), 23 जून (वार्ता): मुमहिदाबाद गांव के निवासी जमुना प्रसाद को अपने बेटे ऋषि कुमार की बलि देने के आरोप में उम्रकैद की सजा दी गई है । उसने बेटे की बलि काली देवी के मन्दिर में दी थी ।

आयकर विभाग ने छापा मार कर 99 लाख रुपए का माल पकड़ा

जयपुर, 23 जून (वार्ता): आय कर विभाग ने यहां कोटा में एक ही फर्म के कार्यालय और निवास स्थान पर छापा मार कर 99 लाख रुपए मूल्य का माल पकड़ा है जिनमें नकदी, जवाहरात और बैंक डिपाजिट की रसीदें शामिल हैं । राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्य आयकर आयुक्त के.आर. गुप्ता द्वारा आज जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस दबा बितरक फर्म पर छापे की कार्रवाई 15 जून को शुरू हुई थी । छापे में जांच के बाद फर्म करीब साढ़े 90 लाख रुपए की अघोषित आय कर निर्धारण के लिए मुहमत की गई है ।

शाम के भाव–(23 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली स्पाट 59.50, हिन्द मोटर 38.25, रिलायंस 131.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6405, चांदी दिसंबरी 6398, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6950, सोना बिट्टूर (प्रति 10 ग्राम)3055, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3120, मिल डिलिवरी : वनस्पति पी.पी. (प्रति टीन) 338-344, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 337-347, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 147.00, तेल मोमबीन (प्रति 10 किलो) 177, मूंगफली तेल (10 किलो) 210, तिल तेल (10 किलो) 195, तेल बिनौला (10 किलो) 186, तेल चावल खाद्य (10 किलो)154, तेल चावल अखाद्य (10 किलो)131 फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1680, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 121.60, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 260.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 320.00, आंध्र सीमैंट 9.50, , अपोलो टायर 85.50, एशियन होटल 55.50, बिदल एग्रो 113.00, डी.सी.एम. लि. 59.50, डी.सी.एम. टोयोटा 11.50, ईस्ट इंडिया होटल 55.00 (22/6), एस्कार्ट्स 66.50, एस्सर सिपिंग 23.75, फूड स्पैशलिटीज 177.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 118.00, गुजरात नर्मदा 39.00, एच.एम.टी. लि. 201.00, हीरो होंडा 22.50, हिन्द. एल्युमीनियम 303.00, हिन्द. लीवर 96.50, हिन्द मोटर 33.25, हिन्द सिवैक्स, कार्पो. 85.00, इंडियन रेयन 84.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 97.50, जे.के. सिंथैटिक 78.00, जे.सी.टि. स्पोट 110.50, कैन्बीनेटर आफ इंडिया 183.00, लार्सन एंड टूबो 84.00, एल.एम.एल. लि. 18.62, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/6), मालवा काटन 84.00, मोदी रबड़ 88.50 मोहन मीकिन 11.25 (16/6), ओरके सिल्क मिल्स 20.50, ओसवाल एग्रो 77.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज 131.00, श्रीराम फाइबर्स 85.00, सतर्न पैट्रो 57.00, टैल्को 910, टिस्को स्पाट 1490, वेम आर्गेनिक 175.00, अपोलो ट्यूब 8.50 (1/6), अमृत वनस्पति 25.00, अलिमन हार्डलिंग 21.00 (21/6), एग्रो कैमिकल पंजाब 18.00, बम्बई डायर 58.00 (22/6), बिहार अल्कोय 40.00 (16/6), भारत सीट् 22.25 (20/6), भारत स्प्रिंग्स 8.00 (22/5), डेल्टन केबल्स 55.00 (15/6), हाइडार ट्रैक्टर 85.00, हाइडार मोटर 11.00 (21/6), इलैक्ट्रा इंडिया 68.00 (20/6), गुजरात स्लोगे कैमिकल 12.00 (21/6),

पीला कार्ड बनवा कर कर्जे दिलाने वाले 'सेवक' उपलब्ध : प्रश्न केवल उचित फीस का है

जालंधर, 23 जून (वि.प्र.): एक गरीब, दूसरे अनुसूचित जाति व पिछड़ी श्रेणी का और इस पर रिश्वत की मार और रिश्वत भी आजीविका चलाने के लिए आवेदित कर्जे पर । इससे अनुमान लगाया जा सकता है ऐसे व्यक्ति की मानसिक वेदना का ।

ऐसा उदाहरण कोई ढूंढने की आवश्यकता नहीं । पीला कार्ड रखने वाले उक्त वर्गों के लगभग प्रत्येक उस व्यक्ति की यही कहानी है जो पंजाब बैकवर्ड क्लासिज, लैंड डिवैल्पमैंट एंड फाइनैंस कार्पोरेशन में कर्जे के लिए आवेदन देने जाता है । जालंधर स्थित कार्पोरेशन के कार्यालय में ऐसे उद्यमी सेवक उसे टकरा जाते हैं जो उसका पीला कार्ड तक बनवा देने से ले कर बैंक से कर्जे की स्वीकृति ले देने तथा उस पर 25% सबसिडी की राशि दिला देने तक के सभी चरण स्वयं ही मुकम्मल करवाने को उद्यत हैं । प्रश्न केवल उचित फीस का है ।

उक्त कार्यालय के आसपास लटक रहे ऐसे व्यक्तियों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति चाहे कि पीला कार्ड बनवाने से ले कर कर्जा स्वीकार करवाने तथा सबसिडी दिलवा देने तक का काम करवाना है तो उसे 1800 रुपए तक अदा करने पड़ेंगे । यदि कार्ड बनवाने तथा बैंक से कर्जा स्वीकार करा देने तक का काम करवाना है तो 800 रुपए तक फीस बताई गई है । यदि केवल पीला कार्ड बनवाना है तो मात्र 300 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं और यदि केवल सबसिडी का केस पास करवाना है तो 600 रुपए तक की सेवा करनी पड़ती है ।

बताया गया है कि इस कार्यालय को वर्ष में कम से कम ऐसे 375 केस अवश्य पूरे करने होते हैं । इसी प्रकार कम से कम 30 लाख रुपए के कर्जे अवश्य दिलाने होते हैं जिन पर 12.5 लाख रुपए सबसिडी बनती है । यदि इस न्यूनतम कोटे के आधार पर ही हिसाब लगाएं तो इस कार्यालय के कुछ "उद्यमी सेवक" तीन-चार लाख रुपए तो ऊपर से कमा ही लेते हैं जबकि प्रति वर्ष वास्तव में कोटा से कहीं अधिक केस निपटाए जाते हैं ।

यदि कोई इस बारे हिचकचाहट करे तो उसका केस लटक जाता है और यदि शिकायत करे तो उसकी सुनवाई पूरी तरह नहीं हो पाती । इस सम्बन्ध में एक उदाहरण सामने आया है, जिसके अनुसार जालन्धर की टांडा रोड स्थित नीवीं गली के निवासी राजेन्द्र कुमार का सबसिडी का क्लेम यूको बैंक इंडस्ट्रियल एरिया जालन्धर ने गत नवम्बर मास में भिजवाया था । उसके बाद गत 12 फरवरी को उसने उक्त कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक को तार देकर क्लेम बारे पूछा था और फिर भी कोई कार्रवाई न किए जाने पर गत 4 मार्च को एक और तार दिया, जिसमें उसने आरोप लगाया कि जालन्धर स्थित कारपोरेशन कार्यालय का एक अधिकारी इस काम के लिए उससे 300 रुपए मांगता है और इसकी जांच करवाई जाए । इस पर कार्यकारी निदेशक के कार्यालय के अधीक्षक ने कारपोरेशन के जालन्धर स्थित एनफोर्समैंट अफसर को इस मामले की जांच के लिए लिखा जिसकी प्रति राजेन्द्र कुमार को भी भेजी गई, मगर राजेन्द्र कुमार के अनुसार अभी तक इस मामले की जांच नहीं की गई और वह सबसिडी से वंचित है ।

'प्री आडिट' प्रणाली समाप्त करने की मांग

चंडीगढ़, 23 जून (वि.प्र.): पंजाब मंडी बोर्ड कर्मी यूनियन ने मांग की है कि बोर्ड से 'प्री आडिट' प्रणाली समाप्त की जाए । यूनियन के महासचिव श्री गुरबख्श सिंह के अनुसार बोर्ड में 'मार्कफैड' वाली 'आडिट' प्रणाली ही लागू की जाए । उन्होंने इस मांग के समर्थन में आन्दोलन की भी चेतावनी दी है । श्री सिंह के अनुसार यूनियन की अन्य मांगों में 1978 के वेतनमानों की पुरानी बकाया राशि का भुगतान व जून माह का वेतन नए वेतनमान के हिसाब से दिया जाना भी शामिल है ।

बादाम की खेती का सिलसिला बन्द किया जाएगा

श्रीनगर, 23 जून (वार्ता): जम्मू एवं कश्मीर में एक नए कृषि कार्यक्रम का प्रस्ताव है, जिसके तहत पहले चरण में साठ हजार हैक्टेयर भूमि पर सेब उगाया जाएगा । इस प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में फलों के अनुरूप भूमि और बेहतर क्षेत्रीय उत्पादन के आधार पर फलों को उगाया जाएगा ।

इस आशय का नया कार्यक्रम शेर-ए-पंजाब कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. ए. अहमद, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा. महीप सिंह, कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक डा.

राजीव झूठ बोल रहे हैं : वी.पी.

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी विदेशी शक्तियों की ब्लैकमेल के आगे झुकने की अपनी कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए विपक्ष को देश-विरोधी करार देने की लगातार कोशिश कर रहे हैं । श्री सिंह ने आज यहां एक बयान में कहा कि विपक्ष को किसी से राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ने की जरूरत नहीं है ।

उन्होंने देश की आंतरिक नीतियों में दखलंदाजी करने वाले अमरीका के सुपर 301 प्रस्ताव पर विपक्ष द्वारा चुप्पी साधे जाने के प्रधानमंत्री के आरोप की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जानबूझ कर गलत बातें प्रचारित कर रहे हैं । जनता दल संसदीय बोर्ड ने 14 जून को ही प्रस्ताव पारित कर इस मामले में सरकार से ज्यादा दो टूक प्रतिक्रिया व्यक्त की थी ।

राष्ट्रीय मोर्चे के चुनाव चिन्ह का फैसला सात जुलाई को

गुवाहाटी, 23 जून (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष मंडल की बैठक सात जुलाई को नई दिल्ली में होगी जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव एक ही चुनाव चिन्ह पर लड़ने के मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएगा । मोर्चा सचिव और तेलगु देशम के सांसद पी. उपेन्द्र ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे के सभी घटक एक ही चुनाव चिन्ह पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं और वे अध्यक्ष मंडल की बैठक में इस संबंध में अपनी राय रखेंगे ।

उन्होंने बताया कि असम की सत्तारूढ़ पार्टी असम गण परिषद (अगप) अपनी कार्यकारिणी की बैठक में जल्द ही चुनाव चिन्ह पर अपना निर्णय लेगी । 'अगप' राष्ट्रीय मोर्चे की घटक है ।

नशीली दवाओं की तस्करी विश्व में दूसरा सबसे बड़ा धंधा

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता): नशीली दवाओं की तस्करी तेल के व्यापार को भी पीछे छोड़ चुकी है और हथियारों के व्यापार के बाद दुनिया में यह दूसरे नम्बर पर पहुंच चुकी है । हर वर्ष दुनिया में तीन खरब डालर (48 खरब रुपए) कीमत की नशीली दवाओं की तस्करी होती है ।

संयुक्त राष्ट्र नशीली दवा नियंत्रण कोष के वरिष्ठ क्षेत्रीय सलाहकार जोर्गन गैमेलगार्ड ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि नशीली दवाओं की तस्करी लाखों लोगों की जिन्दगी बर्बाद कर रही है ।

इससे न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है बल्कि इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो रही है और अनेक देशों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है ।

...शियारपुर की तरफ से रक्तदान कैम्प व यूथ रैली का आयोजन

Punjabi Sanjari

12 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए

बी.एस.एफ. कमांडैंट घायल : बम विस्फोट में उग्रवादी मरा

तरनतारन के एस.पी. (आप्रेशन) समेत 7 की हत्या

चंडीगढ़, 24 जून (वा.हस): गत रात के बाद से पंजाब में एक स्वयंभू लैफ्टीनैंट जरनल सुरजीत सिंह समेत 12 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये जबकि तरनतारन के एस.पी. आप्रेशन अवतार सिंह समेत 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एस.पी. के 2 गनमैन घायल हुए हैं । अजनाला में एक बम विस्फोट से एक उग्रवादी मारा गया तथा तीन व्यक्ति [illegible] । आतंकवादियों ने अधिकतर कार्रवाइयां तरनतारन पुलिस जिला में कीं जहां कल ही पंजाब पुलिस की कमांडो प्रशिक्षण प्राप्त तीन कम्पनियां तैनात की गई थीं ।

एस.पी. आप्रेशन की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार आज प्रातः 11-12 के मध्य पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के क्षेत्र में आतंकवादियों के हाथों तरनतारन में तैनात एस.पी. (आप्रेशन) श्री अवतार सिंह 'शेतरा' मारे गए, जबकि उनके दो गनमैन गुरमीत सिंह व दलबीर सिंह सख्त जख्मी हो गए जिन्हें अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । अब उन दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

कहा जाता है कि श्री अवतार सिंह एक गुप्त सूचना पर थाना झब्बाल के क्षेत्र में गांव मूसा तथा गग्गो बुआ के मध्य एक फार्म हाऊस पर पुलिस फोर्स के साथ छापा मारने गए थे । सड़क के किनारे जीप खड़ी करने के बाद जब वह पैदल ही अपने दो गनमैनों के साथ आगे गए तो एक कमरे के अन्दर से एल.एम.जी. (लाइट मशीन गन) से गोलियों की बौछार हुई । एस.पी. (आप्रेशन) जो सब से आगे थे, मौके पर ही मारे गए ।

5 आतंकवादी मरे : इसी दौरान अतिरिक्त फोर्स ने इस फार्म हाऊस को दोनों ओर से घेर लिया और दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग आरम्भ हो गई । यह फायरिंग लगभग 6 घंटे जारी रही । प्राप्त सूचना के अनुसार पांच आतंकवादी इस मुठभेड़ में मारे गए हैं ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री बलदेव सिंह ने बताया कि कुल मिलाकर फार्म हाऊस में 6 आतंकवादी थे । इनमें से 5 मारे गए जबकि छठा घायल होकर भाग निकला परन्तु पुलिस उसका पीछा कर रही है । उन्होंने कहा कि यह सभी आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित थे ।

श्री बलदेव सिंह ने बताया कि श्री शेतरा जोकि गांव के निकट गश्त पर थे, मुठभेड़ की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे । शानदार साहस का प्रदर्शन करते हुए श्री शेतरा ने उस फार्म हाऊस के बहुत निकट पोज़ीशन ली जहां से आतंकवादी फायरिंग कर रहे थे । आतंकवादी जोकि फार्म हाऊस की पहली मंजिल पर थे, ने तत्काल एस.पी. पर फायरिंग शुरू कर दी । श्री सिंह ने कहा कि श्री शेतरा के अंगरक्षकों दलजीत सिंह तथा गुरमीत सिंह की टांगों में गोलियां लगीं । भारी कठिनाइयों के बावजूद श्री शेतरा ने आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ना जारी रखा । एक आतंकवादी ने नई पोज़ीशन लेकर श्री शेतरा पर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग की । श्री शेतरा के पेट में कई गोलियां लगीं । उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया परन्तु वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । मरने वाले आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त गांव नारली के कुके के रूप में हुई है । पुलिस ने 4 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, दो सैमी-मैगजीन, एक 303 राइफल तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की व्यापक छानबीन शुरू कर दी है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल स्तरीय एस.पी. के परिवार से मुलाकात करने उसके घर गए तथा बाद में मुठभेड़ वाले स्थान पर भी गए ।

बाद की सूचना है कि आतंकवादियों के साथ यह भीषण मुठभेड़ किसी फार्म हाऊस पर नहीं बल्कि एक मकान में हुई । आतंकवादी छतों पर से कूदते हुए दो मकानों में बंट गए तथा पुलिस पर दोतरफा फायरिंग करने लगे जबकि फोर्स ने इन दो मकानों पर चारों तरफ से फायरिंग की जो लगभग 6 घंटे चली । तीन आतंकवादियों की लाशें एक मकान से व दो की दूसरे मकान से मिलीं । पुलिस ने हथियारों के अलावा पुलिस, सी.आर.पी. व होम गार्डों की वर्दियां भी वहां से बरामद कीं । श्री एस.एस. विर्क डी.आई.जी. सी.आर.पी, श्री संजीव गुप्ता एस.एस.पी. अमृतसर व चौधरी बलदेव सिंह एस.एस.पी. तरनतारन ने पुलिस व सुरक्षा बलों का नेतृत्व किया । पुलिस व सी.आर.पी. के कमांडो भी इस मुठभेड़ में शामिल हुए ।

ह.स. का कहना है कि मूसा गांव की मुठभेड़ में 6 आतंकवादी मारे गये हैं जिनमें भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का एक स्वयंभू एरिया कमांडर रछपाल सिंह शामिल था ।

मृतकों में संघा, उसका भाई शामिल : अमृतसर से हमारे एक और प्रतिनिधि के अनुसार मूसा खुर्द में मुकाबला प्रातः 7 से सायं 5 बजे तक हुआ । मृत उग्रवादियों में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल सतविन्दर सिंह संघा और रछपाल सिंह कुख्यात भी शामिल हैं । मुकाबले में शहीद हुए एस.पी. आप्रेशन का नाम स. अवतार सिंह ढिल्लवड़ है । संघा का भाई भी मुकाबले में मारा गया । संघा के सिर पर एक लाख रुपए का और शेष के सिर पर 30-30 हजार रुपए का इनाम था । पुलिस ने सूचना मिलने पर बड़े और छोटे मूसा गांव की प्रातः 7 बजे घेराबंदी कर ली थी ।

एक सूचना के अनुसार यह फार्म हाऊस अकाली दल (लौंगोवाल) के नेता सरदूल सिंह का था, जो मुकाबले के समय वहां उपस्थित नहीं था ।

श्री गिल के अनुसार मृतकों में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल सुरजीत सिंह भी शामिल है, जिसके सिर पर 50000 रुपए का इनाम घोषित था ।

बम विस्फोट में उग्रवादी मरा : आज सायं अजनाला कस्बा में एक बम विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया जबकि तीन व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस के अनुसार एक उग्रवादी साइकल पर बम ले जा रहा था कि बम में विस्फोट हो गया जिससे वह मारा गया । विस्फोट से तीन राहगीरों के घायल होने का भी समाचार है ।

घायल चल बसा : बाद की सूचना है कि घायलों में से एक व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो गई । यह बम विस्फोट मार्केट कमेटी के कार्यालय के निकट हुआ ।

3 की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के एक जमींदार इंद्र सिंह के मकान में गत रात 11.30 बजे के करीब चार आतंकवादी दीवार फांदकर दाखिल हो गए और इन्द्र सिंह को पकड़ कर बाहर ले जाने लगे तो इसकी दो नौजवान लड़कियों सर्वजीत कौर तथा अमरजीत कौर ने अपने बाप को बचाने के लिए प्रतिरोध किया तथा मिन्नत-समाजत भी की परन्तु आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

थाना झब्बाल जिला अमृतसर के गांव मूसा में शनिवार को हुई भीषण मुठभेड़ में मारे गए । (चित्र 1 से 5) उग्रवादियों के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (6) गांव को घेरे हुए दिखाई दे रहे हैं । (7) सुरक्षा बलों के जवान मकानों के ऊपर हुए । (8) सुरक्षा बल के जवान दीवार की ओर से फायरिंग का उत्तर देते [illegible] मकान में 3 और (11) इस मकान में 2 उग्रवादी छिपे हुए थे । (12) शस्त्र, गोली-सिक्का और घटनास्थल से बरामद वर्दियां आदि, (14) घायल उग्रवादी को पकड़कर ले जाते हुए । (छा

भारत-पाक में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बारे गुप्त सहमति

नई दिल्ली, 24 जून (ह.स.): भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान से दोनों चिरकालिक प्रतिद्वन्द्वियों के बीच अधिक सहयोगपूर्ण सम्बन्धों को नई गति मिली है ।

यहां विश्लेषकों का मत है कि सियाचिन ग्लेशियर में सेनाओं को फिर से नए ठिकानों पर तैनाती, बल-प्रयोग न करने और शिमला समझौते के आधार पर सेना के अधिकारियों द्वारा वहां की भू-स्थिति का निर्धारण करने के बारे में हुए समझौते को इस मुद्दे पर पाकिस्तानी विदेश सचिव की उक्तियों पर उठे मामूली विवाद के बावजूद महत्वपूर्ण घटना माना जा रहा है ।

इस बात के भी संकेत हैं कि दोनों देशों के बीच यह गुपचुप सहमति भी हुई है कि वे आर्थिक तथा अन्य मामलों पर समान रवैया अपना कर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भी सहयोग करेंगे । विश्लेषकों का कहना है कि पहले के टकराव वाले रवैये को छोड़ कर सहयोगपूर्ण रवैया अपनाना, दोनों देशों के युवा प्रधानमंत्रियों राजीव गांधी तथा श्रीमती बेनजीर भुट्टो के दूरगामी दृष्टिकोणों का परिणाम है ।

इस सहयोगपूर्ण रवैये की शुरूआत दोनों प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान में लोकतंत्र की बहाली के पहले बाद पिछले वर्ष दिसम्बर में चौथी दक्षेस बैठक के दौरान अपनी पहली मुलाकात में की थी । दोनों के बीच अगले महीने फ्रांसीसी क्रांति के द्विशती समारोह के दौरान पैरिस में फिर मुलाकात की सम्भावना है । इनकी मुलाकात सितम्बर में बेलग्राद में गुटनिरपेक्ष शिखर बैठक के समय भी होगी ।

दोनों देशों के विदेश सचिवों एस.के. सिंह तथा डा. हुमायूं खान के बीच हाल में हुई बातचीत काफी हार्दिक एवं मैत्रीपूर्ण थी । यह बातचीत पहले की मुलाकातों से बिल्कुल अलग थी ।

विश्लेषकों का कहना है कि अधिकारियों की राय में ये वार्ताएं 'सकारात्मक' रही हैं । जितने भी आदान-प्रदान हुए हैं उनसे यही संकेत मिलता है कि दोनों देशों के नेता सहयोग तथा मैत्री बढ़ाने के लिए सच्चे दिल से प्रयत्नशील हैं ।

दक्षेस विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान दो जुलाई को भारत तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की मुलाकात होगी । इसके अलावा, जुलाई के मध्य में भारत-पाक मंत्री स्तरीय संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान भी आपसी बातचीत की समीक्षा की जाएगी ।

क्या हत्याएं करके आतंकवादी प[illegible]

सेवा कर रहे हैं ? रे का सीध[illegible]

लुधियाना, 24 जून (मुसाफिर): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने गुमराह लोगों से सवाल किया है कि बेगुनाहों और मासूम लोगों की हत्याएं करने से उन्होंने क्या हासिल किया है और अब क्या हासिल कर रहे हैं तथा भविष्य में क्या हासिल कर लेंगे । उन्होंने पूछा कि सैकड़ों निर्दोषों की हत्याओं के बाद इन तीन वर्षों में उन्हें क्या मिला और क्या वे सीमा पार से कुछ प्राप्त कर सकते हैं ।

श्री रे जमालपुर गांव में गोबर गैस प्लांट का उद्घाटन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि यह प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है । उन्होंने बताया कि राज्य के थर्मल और हाइड्रो प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा बिजली पैदा कर रहे हैं और दो वर्षों में ग्रिड में 275 मैगावाट बिजली ज[illegible] प्रकट है कि आतंकवादी [illegible] बावजूद पंजाब ने हर क्षेत्र

उन्होंने आतंकवादियों [illegible] देश में उनके विरुद्ध क[illegible] राज्यपाल ने यह भी जानना [illegible] ने पंजाब की उन्नति के लि[illegible] "क्या हत्याएं करना ही पं[illegible]

राज्यपाल ने दावा कि [illegible] तुलना में उनके कार्यकाल [illegible] से पंजाब ने ज्यादा प्रगति [illegible]

(शेष पृष्ठ [illegible]



पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे शनिवार को लुधियाना के निकट गांव जम[illegible] इंडस्ट्रीज़ कार्पोरेशन द्वारा लगाये गये एशिया के सबसे बड़े सामुदायिक बायोगैस [illegible] करते हुए ।

WE REQUIRE

हरियाणा में बाहरी लोगों के ज़मीन खरी[illegible]

Punjabi Samachar

सहित

रे गए

प्रवादी मरा

की हत्या

तथा बाद में मुठभेड़ वाले स्थान

है कि आतंकवादियों के साथ यह
ी फार्म हाऊस पर नहीं बल्कि
आतंकवादी छतों पर से कूदते
ट गए तथा पुलिस पर दोतरफा
बकि फोर्स ने इन दो मकानों पर
ग की जो लगभग 6 घंटे चली ।
की लाशें एक मकान से व दो की
लीं । पुलिस ने हथियारों के
आर.पी. व होम गार्डों की वर्दियां
द कीं । श्री एस.एस. विर्क
ार.पी, श्री संजीव गुप्ता
सर व चौधरी बलदेव सिंह
रन ने पुलिस व सुरक्षा बलों का
स व सी.आर.पी. के कमांडोज
ामिल हुए ।

है कि मूसा गांव की मुठभेड़ में
ये हैं जिनमें भिडरांवाला टाइगर
ू एरिया कमांडर रछपाल सिंह

ा, **उसका भाई शामिल** :
एव और प्रतिनिधि के अनुसार
ा प्रात: 7 से सायं 5 बजे तक
यों में भिडरांवाला टाइगर फोर्स
का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल
और रछपाल सिंह कुक्कू भी
बने में शहीद हुए एस.पी.
अवतार सिंह छिब्बड़ है ।संघा
में मारा गया । संघा के सिर पर
और शेष के सिर पर 30-30
ा था । पुलिस ने सूचना मिलने
ा गांव की प्रात: 7 बजे घेराबंदी

नुसार यह फार्म हाऊस अकाली
नेता सरदल सिंह का था, जो




थाना झब्बाल जिला अमृतसर के गांव मूसा में शनिवार को हुई भीषण भिड़ंत में पांच उग्रवादी मारे गए । (चित्र 1 से 5) उग्रवादियों के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (6) सुरक्षा बलों के जवान गांव को घेरे हुए दिखाई दे रहे हैं । (7) सुरक्षा बलों के जवान मकानों के ऊपर से मुकाबला करते हुए । (8) सुरक्षा बल के जवान दीवार की ओर से फायरिंग का उत्तर देते हुए । (9) उग्रवादी दीवार फाड़कर भागे तो जवानों ने उस दीवार में घुसकर उग्रवादियों की पीछा किया । (10) इस मकान में 3 और (11) इस मकान में 2 उग्रवादी छिपे हुए थे । (12-13) उग्रवादियों के शस्त्र, गोली-सिक्का और घटनास्थल से बरामद वर्दियां आदि, (14) सुरक्षा बल के जवान घायल उग्रवादी को पकड़कर ले जाते हुए । (छाया : पंजाब केसरी)

क्या हत्याएं करके आतंकवादी पंजाब की सेवा कर रहे हैं ? रे का सीधा प्रश्न

झो

पार्टी

पेइचिंग, 24
को चीनी कम्युनि
गया है । सरक
अनुसार श्री जियां
रुख को मद्देनजर
है । श्री जियांग
में प्रमुख भूमिका
शंघाई के
जेमिन को चार
सत्तारूढ़ कम्युनि
किया गया है ।

पार्टी की केंद्री
विज्ञप्ति में पार्टी
में राजनीतिक सं
है । देश में हुई
दौरान लोकतंत्र
तक विरोध प्रदश

इसके अला
लगाया गया है वि
दी और पार्टी का

अखबार न मिले : फिरोजपुर शहर और छावनी के लोगों को आज तीसरे दिन भी अखबार के बिना गुजारा करना पड़ा । पंजाब में कुछ जगह हुई हाकरों की हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए यहां के हाकर तथा एजेंट 24 जून से हड़ताल पर हैं । उन्होंने कल मंगलवार को भी हड़ताल जारी रखने का इरादा प्रकट किया है ।

22 व्यक्ति मरे

काबुल, 26 जून (वार्ता): अफगान शहरों पर कल बमबारी और प्रतिद्वंद्वी गुटों की आपसी लड़ाई में कम से कम 22 व्यक्ति मारे गए तथा कई घायल हो गए । मृतकों में 13 मुजाहिदीन हैं । यह जानकारी आज 'तास' ने दी है ।

विद्रोहियों द्वारा जलालाबाद और खोस्त शहर तथा पकतिया और हेरात प्रगंत में की गई बमबारी से नौ व्यक्ति मारे गए तथा 6 घायल हो गए ।

मारुति कार छीनी : फाजिल्का (लूना): आज यहां से दस किलोमीटर दूर गांव लधुका के निकट अज्ञात आतंकवादियों ने जिनकी आयु 22 से 27 वर्ष बताई जाती है, एक मारुति कार डी.डी.सी. 1664 के चालक राजकुमार से पिस्तौल की नोक पर छीन ली । पुलिस में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने कार को रुकवाया तथा ड्राइवर राजकुमार से कहा कि उन्हें अपने एक बीमार रिश्तेदार को देखने के लिए जाना है अतः वह उन्हें कार में ले जाए । ड्राइवर ने उन्हें कार में बिठा लिया । जब कार फर्मावाली गांव के निकट पहुंची तो कार की पिछली सीट पर बैठे एक उग्रवादी ने राजकुमार के सिर पर पिस्तौल तान दी तथा उसे कार से नीचे उतर जाने को कहा । उग्रवादियों ने उससे 250 रुपए भी लूट लिए तथा कार भगाकर ले गए ।

डाक्टर अभी भी लापता : गुरदासपुर (विनोद): एक सप्ताह पूर्व एक युवा डाक्टर की गुमशुदगी अभी तक एक पहेली बनी हुई है । लापता डाक्टर के पिता खेमचन्द के अनुसार उसके लड़के का अपहरण आतंकवादियों ने किया है तथा दो लाख रुपए फिरौती के रूप में मांगे हैं । उसका अपहरण किसी रोगी को दिखाने की आड़ में दो व्यक्तियों द्वारा किया गया । जिला पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । क्षेत्र के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

आकाशवाणी व टी.वी. ट्रांसमिटर उड़ा देने की धमकी

कोयम्बटूर, 26 जून (ह.स.): यहां आकाशवाणी अधिकारियों को एक पत्र मिला है जिसमें यहां आकाशवाणी तथा टी.वी. ट्रांसमिटरों को कल तक बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है । पुलिस ने दोनों केन्द्रों के परिसर में विस्फोटकों की खोज के लिए तलाशी ली है और चारों ओर पुलिस तैनात कर दी गई है ।

मोगा कांड की जिम्मेदारी दो संगठनों ने ली

मोगा, 26 जून (ह.स.): दो कुख्यात आतंकवादी संगठनों तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स और भिंडरांवाले टाइगर फोर्स ने कल मोगा में हुए हत्याकांड और बम विस्फोटों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला और दयाल सिंह तथा भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के स्वयंभू जनरल बम्ब सिंह बमब और अवतार सिंह जायके ने एक संयुक्त बयान में यह जिम्मेदारी कबूल की । बयान की प्रतियां आज संवादादाताओं को भेजी गई ।

गत दिवस नेहरू पार्क मोगा में उग्रवा
(1) नगेश कुमार, (2) हरभजन
(6) विजय कुमार, (7) संजीव कुम
कुमार, (11) राज कुमार, (12)
राम, (15) रूप, (16) प्रेम भूषण
पवन कुमार, (20) हंसराज ।

आतंकवादियों ने रविवार को मोगा में
श्री बूटा सिंह, भाजपा नेता श्री अटल
उच्चाधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण
को पूर्ण बंद का एक दृश्य ।

भारत-पाकिस्तान सियाचिन और
के विसैन्यीकरण पर सिद्धांत रू

Punjab Sanatan



न्य हत्याकांड के विरोध में भारतीय जनता पार्टी
द' के दौरान दिल्ली का प्रमुख व्यापारिक केंद्र
(फोटो : सरस्वती)

आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के जवान सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

सी.आर.पी.एफ़. की पार्टी पर घात लगा कर हमला : जवान घायल, अधिकारी बाल-बाल बचा

एक उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : 4 गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 27 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से अब तक सीमा सुरक्षा बल के एक जवान सहित 5 व्यक्ति मारे गए,जबकि सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में एक जवान घायल हो गया,मगर एक अधिकारी बाल-बाल बच गया ।

इस बीच पंजाब पुलिस को रविवार को मोगा में 24 व्यक्तियों की हुई हत्या के दोषी व्यक्तियों को पकड़ने में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है । पुलिस सूत्रों ने कहा कि उग्रवादियों की तलाश जारी है । इस सामूहिक हत्या की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स तथा भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स ने ली है ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : मोगा (स) थाना सदर के गांव भगराना में पुलिस ने एक गुप्त सूचना मिलने पर एक किसान सरदारा सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मा J कि वहां खतरनाक आतंकवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी तथा सुखमिंदर सिंह दीप सिंह वाला के साथी शरण लेते हैं । स्वयं को घिरे हुए देख कर एक बलकार सिंह नामक आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर लिया ।

फरीदकोट से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थाना सादिक के अंतर्गत गांव भंगेवाला में यह पता लगाने पहुंच गए हैं कि बलकार सिंह मोगा में गत रविवार को हुई नरसंहार की घटना में संलिप्त तो नहीं था । फरीदकोट जिले के सभी मार्गों को सील कर दिया गया है तथा फिरोजपुर के साथ लगने वाली पाकिस्तान की सीमा पर गश्त तेज़ कर दी गई है ताकि मोगा के हत्यारे देश से फ़रार न हो सकें ।

संदिग्ध लोग पकड़े : संगरूर (स) पुलिस ने कल रात अवैध असला रखने के आरोप में 5 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । उनके पास से तीन 12 बोर के तथा एक 303 बोर की पिस्तौलें तथा काफी संख्या में अंतर्गत कारतूस बरामद किये हैं । यह जानकारी आज यहां एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह द्वारा दी गई । इन व्यक्तियों की शिनाख्त देवेन्द्र सिंह निवासी गांव गहौर कलां, भोला सिंह निवासी गहौर खुर्द, गुरदेव सिंह निवासी लहलकलां, दर्शन सिंह निवासी जलूर तथा दर्शन सिंह निवासी लहलकलां के रूप में हुई है ।

भूतपूर्व सैनिक की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर सदर के गांव सिधवां जमीदा में सेना के भूतपूर्व हवलदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 9.30 बजे दो अज्ञात आतंकवादी चनण सिंह के घर दीवार फांद कर आये और छत पर लेटे हुए चनण सिंह को गोलियां मारीं जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । उसकी पत्नी साथ की चारपाई पर लेटी थी,मगर आतंकवादियों ने उसे कुछ नहीं कहा ।

बाप-बेटा घायल : गुरदासपुर जिले के खान मलिक में कल रात आतंकवादियों ने दलबीर सिंह तथा उसके बेटे को गोलियों से घायल कर दिया दोनों पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

घात लगा कर हमला : अमृतसर (वि): गत रात अमृतसर के गांव खलचिया के निकट सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किया गया,जिससे सुरक्षा बल का एक जवान बिक्रम सिंह घायल हो गया । घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इस हमले में सी.आर.पी.एफ. के एक अधिकारी श्री आर.पी. सेठी बाल-बाल बच गए ।

मरा समझ कर छोड़ गए : दूसरी घटना अमृतसर जिला के गांव भेल थाना वेरोवाल में हुई । विवरण के अनुसार गत रात कुछ अज्ञात व्यक्ति गांव में करतार सिंह के घर आये और बंदूक की नोक पर करतार सिंह को बाहर ले गए । बाहर जाकर उन्होंने उसकी छाती में गोलियां मारीं और उसे मृत समझ कर वहीं छोड़ गए । बाद में घायल करतार सिंह को गांव वालों ने अस्पताल पहुंचाया । करतार सिंह की हालत काफी गम्भीर है ।

आतंकवादी की राइफल छीन ली : एक अन्य घटना अमृतसर के गांव सकत्तरी थाना लोपोके में हुई, जहां आतंकवादी एक व्यक्ति राजकुमार के घर आये, खतरा भांप कर राजकुमार तत्काल एक जगह पर छुप गया । ज्यों ही संदिग्ध व्यक्ति राजकुमार के करीब से गुज़रे तो राजकुमार ने उस आतंकवादी की जिसके हाथ में असाल्ट राइफल थी,उसे जफ्फा डाल लिया और असाल्ट राइफल छीन ली । इस पर जैसे-तैसे गिरफ्त में आये आतंकवादी को उसके साथी ने छुड़वाया और वे भाग गये । सुबह बहादुर राजकुमार ने आतंकवादियों से छीनी हुई असाल्ट राइफल थाना को सौंप दी ।

जवान का शव बरामद : पुलिस ने आज सुबह व्यास थाने के उमरानंगल के निकट सीमा सुरक्षा बल के एक जवान का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई ।

एक की हत्या : अमृतसर जिले में ही गांव उदोके थाना मेहता के बस स्टैंड पर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति बलविंदर सिंह की हत्या कर दी तथा बलविंदर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

महिला की हत्या : लुधियाना के जोधेवाल मौहल्ले में एक महिला की हत्या कर दी गई,जिसकी शिनाख्त दर्शन कौर के रूप में की गई है । उसकी जली हुई लाश कल सायं बरामद हुई ।

4 आतंकवादी गिरफ़्तार : लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त हरजिंदर सिंह व पाल सिंह के रूप में की गई है । उनके पास से .32 बोर के दो पिस्तौल बरामद हुए हैं । फरीदकोट जिले में भी 2 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं ।

तलाशियां : फगवाड़ा से कौड़ा के अनुसार आज एस.पी. आप्रेशन्स के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने बधाना, रावलपिंडी, नरूड व पोधर गांवों में पांच घंटे तक तलाशियां लीं व उग्रवादियों व उनके सम्भावित ठिकानों की तलाश में छापे मारे । पता चला है कि कड़े परिश्रम के बावजूद पुलिस को कोई विशेष सफलता नहीं मिली है ।

एक हत्या : होशियारपुर जिले में भजन सिंह नामक व्यक्ति को मार डाला गया ।

नहर से 2 लाशें मिलीं : जलालाबाद से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि आज दोपहर जलालाबाद से कोई 3 किलोमीटर दूर गांव अमीर खास के निकट लाधोका डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में 2 लाशें तैरती पाई गईं,जो गोलियों से छलनी थीं । इनमें से एक लाश के सिर पर बर्स्ट मार कर उसे छलनी किया गया था और मरने वाले ने पैंट पहन रखी थी,दूसरी लाश के पेट में गोलियां मारी गई थीं और वह बिल्कुल नंगी थी । मरने वालों की पहचान नहीं हो सकी । मरने वालों की आयु 25 से 30 वर्ष के बीच थी ।

बस नाले में गिरी : 5 मरे

चंडीगढ़, 27 जून (ह.स.): पंजाब रोडवेज की एक बस के आज सायं रोपड़ जिला के गांव दसग्राईं में एक नाले में गिर जाने से 5 व्यक्ति मारे गए जबकि 14 अन्य घायल हो गए । बस दमदमा साहिब से नंगल जा रही थी ।

घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

वी.पी. सिंह इलाहाबाद के बजाय अन्य कहीं से चुनाव लड़ेंगे ?

नई दिल्ली, 27 जून (प.सि.): जनता दल के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह आगामी चुनावों में इलाहाबाद से चुनाव न लड़ने का विचार कर रहे हैं । हालांकि वह इलाहाबाद में हुए उपचुनाव में इंका के प्रत्याशी श्री सुनील शास्त्री को भारी मतों से पराजित करके विजयी हुए थे ।

वैसे तो श्री वी.पी. सिंह के इलाहाबाद से चुनाव न लड़ने के कई कारण बताए जा रहे हैं, लेकिन सब से मुख्य कारण यह है कि अब इलाहाबाद को उनके लिए सुरक्षित नहीं समझा जा रहा है । इसीलिए अब एक ऐसे चुनाव क्षेत्र की खोज की जा रही है जहां से उनकी जीत की पूरी गारंटी हो ।

बताया जाता है कि इंका का प्रयास है कि इलाहाबाद से अब किसी अत्यन्त प्रभावशाली प्रत्याशी को लड़ाया जाए तथा वहां इस प्रकार का धुआंधार प्रचार किया जाए कि श्री वी.पी. सिंह अपने घर में ही पराजित हो जाएं । इलाहाबाद में चुनाव

नेता अभिताभ बच्चन जैसे नौसिखिए से मात खा गए थे ।

बताया जाता है कि इलाहाबाद चुनाव क्षेत्र में कायस्थों के लगभग 70-80 हजार वोट हैं । वह श्री वी.पी. सिंह से इस बात को लेकर नाराज हैं कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के विरुद्ध जोरदार प्रचार किया तथा उनको राजनीति से उखाड़ फैंका ।

इन स्थितियों को देखते हुए इस बात की सम्भावना है कि श्री वी.पी. सिंह बांदा या फतेहपुर में से किसी चुनाव क्षेत्र में चुनाव लड़ेंगे । यह दोनों ही क्षेत्र इलाहाबाद के निकट हैं । ज्यादा सम्भावना तो इसी बात की है कि श्री वी.पी. सिंह फतेहपुर से ही चुनाव लड़ेंगे । वहां राजपूतों का बाहुल्य है । इंका वहां से श्री हरिकृष्ण शास्त्री को चुनाव लड़ाना चाहती है । भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र श्री हरिकृष्ण शास्त्री का इस क्षेत्र में प्रभाव है, लेकिन जनता दल वाले समझते हैं कि इंका

...ाद के हल के लिए ...ेए जाने की सम्भावना

लिया गया है,पार्टी स्तर पर तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच कई शिष्टमंडलों का आना-जाना हो चुका है । चीन ने भी भारत-नेपाल विवाद में किसी पक्ष का साथ नहीं दिया है । भारत और उसके साथ पड़ोसियों से सम्बन्धित मामलों में भी चीन ने कोई दखल नहीं दिया है । भारत-चीन सीमा पर भी गत 6 मास से कोई तनाव नहीं है ।

संयुक्त कार्यदल के गठन से पूर्व दिसम्बर 1981 से लेकर दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों में सीमा-विवाद पर 8 बार बातचीत हो चुकी थी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला । नवम्बर 1987 में हुए वार्ता के सातवें दौर में भारत ने चीन को बताया था कि वह उसके साथ विभिन्न क्षेत्रों में सम्बन्ध बढ़ाना चाहता है ।

सूचना प्राप्त करने का अधिकार मौलिक अधिकारों की सूची में शामिल किया जाए

पटना, 27 जून (ह.स.): जनता दल के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज मांग की कि देश में लोकतांत्रिक प्रणाली के समुचित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्राप्त करने के अधिकार को संविधान की नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सूची में शामिल किया जाए तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर स्वायत्तशासी संस्था के तहत संचालित करने की व्यवस्था की जाए । श्री सिंह ने यहां बिहार के विरोधी दलों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद खचाखच भरे पत्रकार सम्मेलन में बताया कि लोकतंत्र में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार एक महत्वपूर्ण बुनियादी अधिकार है क्योंकि जानकारियों के आधार पर ही जनता विभिन्न सवालों पर अपने फैसले लेती है, अतः नागरिकों को सही तथ्यों एवं आंकड़ों की जानकारियां उपलब्ध कराने में सरकार का संवैधानिक दायित्व होना चाहिए । पत्रकार सम्मेलन में उपस्थित हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष श्री देवी लाल, जनता दल के नेता श्री अरुण नेहरू और दल की अभियान समिति के अध्यक्ष श्री जार्ज फर्नांडीस, भाजपा के महासचिव डा. मुरली मनोहर जोशी सचिव एवं सांसद श्री कैलाशपति मिश्र और इस दल के प्रादेशिक अध्यक्ष श्री इन्दर सिंह नामधारी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सर्वश्री सुरज प्रसाद और गंगाधर दास भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सर्वश्री सुबोध राय और कृष्णकांत सिंह, अपने-अपने दलों के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे ।

चीन में ट्रेन में विस्फोट से 24 मरे

पेइचिंग, 27 जून (ए.पी.,ह.स.): चीन के ...

3 नक्सली जेल से फ़रार

जगदलपुर (बस्तर), 27 जून (वार्ता): बस्तर जिले के कारावास से कल रात तीन नक्सली अपनी ...

Punjabi Songtexte

2 आतंकवादी आपसी लड़ाई में मरे, कई जगह शस्त्र छीने

सत्ता के 4 साथियों सहित 13 आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 जून (हस, वार्ता): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब के अमृतसर व बटाला क्षेत्र में 13 आतंकवादी भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का सहित गिरफ्तार कर लिये गये,जबकि 2 आतंकवादी की उसके साथियों ने हत्या कर दी । पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

लुधियाना बस स्टैंड पर बम फटा : (नि.स.): आज शाम लगभग 6.15 बजे स्थानीय बस स्टैंड पर बम फटा लेकिन सौभाग्यवश उससे कोई हताहत नहीं हुआ । बताया जाता है कि बम चंडीगढ़ के लिए जहां से बसें रवाना होती हैं, उसके निकट रखे कड़ादान में पड़ा था । विस्फोट से कड़ादान में पड़ी ईंटें इधर-उधर बिखर गईं लेकिन किसी को चोट नहीं आई । कड़ादान के पास पानी पीने की टूटी लगी है जहां दिन में काफी जमघट रहता है ।

'धीमान' के अनुसार विस्फोट से बस अड्डे की इमारत को मामूली नुक्सान पहुंचा ।

जगराओं में भी विस्फोट : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार जगराओं रेलवे स्टेशन पर भी आज शाम बम फटा,जिससे 7 लोग घायल हो गए । लुधियाना और जगराओं में विस्फोट लगभग एक ही समय पर हुए ।

रेल के डिब्बे में घायल यात्रियों को तुरंत अस्पताल भेज दिया गया । यह ट्रेन लुधियाना से फिरोज़पुर जा रही थी । यह बम डिब्बे के शौचालय में रखा गया था ।

मोगा से 'आजाद' के अनुसार बम विस्फोट से घायल होने वालों में लवलेश गैंगमैन, आज़ाद सिंह पुत्र लछमन सिंह निवासी मनौरी कलां जिला रोहतक, बलबीर सिंह पुत्र सोहन सिंह (मोगा), महंगी पत्नी राम दित्ता, निवासी राधा कालोनी फाज़िल्का तथा उसकी दोहती जमना (2 वर्षीया) और अन्य शामिल हैं ।

एक और उग्रवादी मरा : मोगा जिला फरीदकोट में एक उग्रवादी जीत सिंह का शव एक फार्म हाऊस से बरामद हुआ है । पुलिस को संदेह है कि जीत सिंह उग्रवादियों के गिरोह की आपसी लड़ाई में मारा गया है ।

9 आतंकवादी गिरफ़्तार : बटाला (कोछड़):पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. ने गत रात अलग-अलग दो क्षेत्रों में छापों, गश्त व नाकों के दौरान के.सी.एफ. आतंकवादी संगठन से सम्बन्धित 9 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं । आज यहां पत्रकारों को जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इन आतंकवादियों की शिनाख्त त्रिलोचन सिंह उर्फ़ राज (बुताला), धार सिंह (चीमा खुड्डी), बलकार सिंह लाटू (चीमा खुड्डी),बिक्रमजीत सिंह पप्पू (तलवंडी लाल सिंह), निर्मल सिंह निम्मा (बोलेवाल), तरसेम सिंह (जौड़ा संघा), कमलजीत सिंह (बुर्ज अराइया), रूपिन्दर सिंह (किला टेक सिंह) तथा गुरदीप सिंह (भम्बोई) के रूप में की गई है । इनके पास से 3 शक्तिशाली बूबी ट्रैप बम, 2 एच.ई. हथगोले, ए.के. 47 राइफल के 2 भरे हुए मैगजीन, 2 पिस्तौल, 11 कारतूस, एक छीना हुआ बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया गया है । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इन आतंकवादियों ने पूछताछ के दौरान कई हत्याओं, लटपाट और धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । आतंकवादियों से आगे पूछताछ जारी है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : 'पी.टी.' के अनुसार आज शाम एस.एस.पी. अमृतसर द्वारा जारी एक बयान में बताया गया है कि पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता निवासी गांव छीना के चार साथियों को गिरफ्तार किया है । ये चारों आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के सदस्य हैं । पुलिस ने इन आतंकवादियों में से गरमेज सिंह से एक थामसन गन, इसके दो मैगजीन और 20 कारतूस, लक्खा सिंह निवासी तोले नंगल से एक .12 बोर की पिस्तौल व तीन कारतूस, मल्हार सिंह निवासी कमीलपुर थाना लोपोके से एक .12 बोर की पिस्तौल और तीन कारतूस तथा रंजीत सिंह उर्फ़ राणा निवासी तोले नंगल से भी हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से हमारे संवाददाता के अनुसार थाना भिक्खी विंड के गांव चुग में गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात के लगभग 2.15 बजे 4 आतंकवादी गांव के एक व्यक्ति नेक राज के घर आये । दरवाज़ा खटखटाने पर नेकराज ने दरवाज़ा न खोला । इसी समय उसका एक पड़ोसी अपने खेत से घर लौट रहा था तो आतंकवादियों ने उससे नेक राज को आवाज़ लगवा कर दरवाज़ा खुलवाया । नेक राज ने जब दरवाज़ा खोला तो आतंकवादियों ने उसे बालों से पकड़ कर बाहर घसीट लिया तथा गोलियां मार कर मार डाला । आतंकवादियों ने घर के अंदर लगी तस्वीरों पर भी गोलियां चलाईं । घटना स्थल से ए.के. 47 के 40-45 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

आतंकवादी की लाश मिली : अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र में एक स्थान से पुलिस को गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैटरपैड पर लिखी हुई एक चिट्ठी मिली है,जो कि उसको पिप्पल सिंह गिरोह की ओर से लिखी गई है।पत्र में लिखा है कि मृतक लूटपाट और जबरन धन ऐंठने की वारदातें करता था ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग : पट्टी में गत रात वार्ड नं. 2 की पक्की गली में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग की गई । बताया जाता है कि आतंकवादी मारुति वैन में सवार होकर वहां आये थे । वे मास्टर तिलक राज के घर में बाहर से सीढ़ी लगा कर दाखिल हो गए । आवाज़ सुन कर मास्टर तिलक राज जान बचाने के लिए भाग गए । आतंकवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की । मगर वह वहां से निकलने में सफल हो गये । इसी बीच वहां मोहल्ले वाले जमा हो गए तथा उन्होंने आतंकवादियों पर ईंटें बरसानी शुरू कर दीं । इस पर आतंकवादी फ़ायरिंग करते हुए वहां से भाग गये । पुलिस व सी.आर.पी.एफ. द्वारा उनका पीछा किया गया, पर वे फ़रार होने में सफल हो गए । घटना स्थल से ए.के. 47 के 35 चले हुए कारतूस मिले हैं । मास्टर तिलक राज ने डर के मारे सारी रात खेतों में बिताई जबकि घर वाले यह समझते रहे कि आतंकवादी उनका अपहरण करके ले गए हैं ।

बदूकें छीन लीं : करतारपुर (देवदत्त, साहनी): गत रात्रि लगभग 1.30 बजे शस्त्रों से लैस

बुधवार को सायं 6.15 बजे लुधियाना बस स्टैंड के चंडीग ड्रम में जोरदार बम विस्फोट हुआ । चित्र में घटना स्थल रहा है ।

चीन ने विदेशों से सभी

पेइचिंग, 28 जून (ए.पी., ह.स.): बताया जाता है कि चीन ने सभी देशों से अपने राजदूतों को वापस बुलाया है । नैरोबी स्थित चीनी दूतावास में सांस्कृतिक अताशी ने आज बताया कि राजदूतों को आम बैठक में भाग लेने के लिए बुलाया गया है । इस अधिकारी ने इन समाचारों का खंडन किया है कि इस कदम का लोकतंत्र समर्थक आंदोलन दबाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चीन की हुई आलोचना से कुछ संबंध है । अधिकारी ने ऐसी रिपोर्टों को निराधार बताया है कि राजदूतों को ऐसे किसी कारण से बुलाया जा रहा है ।

फिलीपींस, आस्ट्रेलिया, तर्की , मिस्र, स्पेन, बैल्जियम, हालैंड, पश्चिम जर्मनी, बहरीन, पोलैंड, इटली और क़तार स्थित चीनी राजदूत या तो स्वदेश रवाना हो गए हैं या शीघ्र रवाना होने वाले हैं । पेइचिंग स्थित एक पश्चिमी राजनयिक के अनुसार चीनी राजदूतों की बैठक आगामी सात जुलाई को होने वाली है ।

जापान की 'क्योदो' संवाद समिति ने जापान में चीन के राजदूत यांग चेन्या का हवाला देते हुए बताया कि वह सामान्य कार्य के सिलसिले में स्वदेश जा रहे हैं ।

तिनानमिन चौक खोल दिया जाएगा : चीन ने आज घोषणा की है कि तिनानमिन चौक जनता के लिए 1 जुलाई से पुनः खोल दिया जाएगा । इस चौक पर 3 जून की सैनिक कार्रवाई के पश्चात् से जनता के आने-जाने पर रोक लगी हुई है ।

वाशिंगटन : चीन ने अमरीकी अधिकारियों को बता दिया है कि वह अमरीका के शांति कोर कार्यक्रम की शुरूआत स्थगित करना चाहता है ।

'वाशिंगटन पोस्ट' ने कहा है कि चीन के इस कदम से अमरीका के साथ उसके संबंध और बिगड़ सकते हैं । पांच अप्रैल को चीन में शांति कोर भेजने से संबंधित समझौता हुआ था और अमरीकी

हिन्दू सेवा संघ के कार्यकर्त्ताओं ने बुधवार को नई

मोगा नरसंहार के विरोध में राजस्थान बंद, कई अन्य राज्यों में भी हड़ताल

नई दिल्ली, 28 जून (ह.स.): पंजाब के मोगा नगर में रविवार को 24 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में देश के कई और भागों में आज रोषस्वरूप हड़ताल रखी गई और बंद का आयोजन किया गया । इस बीच विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा अन्य संगठनों ने मोगा नरसंहार की तीव्र निंदा की है । समूचे राजस्थान में लगभग पूर्ण बंद रहा । भारतीय जनता पार्टी तथा शिवसेना ने इस नरसंहार के विरोध में सोमवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया है । शिव सेना प्रमुख श्री बाल ठाकरे ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि सोमवार को प्रदेश-भर में मौन मार्च किया जाएगा तथा रोष बैठकें आयोजित होंगी ।

काला दिवस मनाया : मेरठ (ह.स.): स्थानीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ताओं ने मोगा में आतंकवादियों द्वारा संघ के कार्यकर्त्ताओं की अंधाधुंध गोलियां चलाकर की गई हत्या के विरोध में आज यहां 'काला दिवस' मनाया ।

संघनगर के संचालक कृष्णावतार रस्तोगी ने बताया कि सारा दिन संघ के सभी कार्यकर्त्ताओं ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधी । इसके अलावा संघ कार्यकर्त्ताओं ने प्रातः सात बजे से दस बजे तक नगर के मुख्य चौराहों पर खड़े होकर वहां से आने-जाने वाले लोगों की बांहों पर भी काली पट्टियां बांधीं ।

जयपुर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार भाजपा तथा विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर आज राज्य की राजधानी जयपुर, अलवर, चुरू, सीकर, कोटा तथा चित्तौड़गढ़ जिलों में व्यापारिक व औद्योगिक संस्थान बंद रहे । जरूरी सेवाओं को बंद में शामिल नहीं किया गया । आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली । रिपोर्ट में कहा गया है कि जयपुर के आम तौर पर व्यस्त रहने वाले बाजार वीरान रहे । सिनेमा घर तथा पैट्रोल पम्प भी बंद रहे । इस बीच सरकारी कार्यालय व बैंकों में सामान्य रूप से कामकाज हुआ ।

पटना : मोगा में आर.एस.एस. सदस्यों की हत्या तथा सोमवार को आधिकारिक संचार प्रणाली के दुरुपयोग के खिलाफ रोष व्यक्त करने वाले जनता दल कार्यकर्त्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में आज पटना बंद रहा । बंद का आह्वान जनता दल, भाजपा, भाकपा तथा माकपा ने किया था । अधिकतर व्यापारिक संस्थान नहीं खुले तथा सड़कों पर वाहन नहीं चले । इस बीच पुलिस ने बंद के दौरान शहर के कई भागों से विपक्षी दलों के सौ से ज्यादा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार किया । इनमें जद नेता श्री जार्ज फर्नांडीज, लाल प्रसाद यादव और रघुनाथ झा, भाजपा के जगबंधु तथा कई अन्य छात्र व युवा नेता शामिल हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में आतंकवाद पर काबू नहीं पाया जा सका

नई दिल्ली, 28 जून (ह.स.): प्रमुख नागरिकों ने आज एक बयान में कहा कि मोगा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा में हुए नरसंहार से स्पष्ट है कि प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद पंजाब में आतंकवाद पर काबू नहीं पाया जा सका है । इस बयान पर एयर चीफ मार्शल अर्जुन सिंह, जार्ज बर्गीज़, न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर, कुलदीप नैयर, प्रो. अमरीक सिंह, इन्द्र कुमार गुजराल, डा. महीप सिंह, कृष्ण कांत, तबलीन सिंह, पदम रोशा और त्रिलोचन सिंह ने हस्ताक्षर किए हैं । बयान के अनुसार हिन्दू और सिखों की एक-जुटता ही आतंकवादियों को उचित जवाब है । जनता अब भली-भांति समझ गई है कि आतंकवादी महान गुरुओं की शिक्षाओं को नहीं मानते हैं ।

कुछ विपक्षी नेताओं ने विदेशी शक्तियों से मिल कर 'अग्नि' की आलोचना की थी : राजीव

बस्ती (उ.प्र.), 28 जून (वा., ह.स.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी नेताओं को इस बात के लिए आड़े हाथों लिया कि जिस अग्नि प्रक्षेपास्त्र के परीक्षण से भारत विश्व के शीर्ष देशों की श्रेणी में आ गया है उसकी वे आलोचना कर रहे हैं । श्री गांधी उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे के दौरान यहां जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । श्री गांधी ने कहा कि जब पहली बार 'अग्नि' का परीक्षण असफल रहा तो विपक्षी नेताओं ने उसकी आलोचना की । इससे वैज्ञानिक हतोत्साहित हुए परन्तु कि सरकार ने इस बात की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है कि आठवीं योजना का कार्यान्वयन निचले स्तर से हो ।

श्री गांधी ने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए टैक्नालाजी मिशन के कार्य का विस्तार पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार तथा बंगाल तक किया जाएगा ।

प्रधानमंत्री ने समाज के कमजोर तबके की हालत सुधारने के अपने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए

तीन प्रदेशों के राज्यपालों व केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी फे

नई दिल्ली, 28 जून (वि.प्र.): केंद्र सरकार सप्ताह भर में कम से कम तीन प्रदेशों के राज्यपालों को बदलने पर विचार कर रही है ।

भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री श्री खुर्शीद आलम खां (सांसद) को डा. गोपाल सिंह की जगह गोआ का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है । डा. गोपाल सिंह को ज. के.वी. कृष्णाराव के स्थान पर नागालैंड का राज्यपाल बनाया जा रहा है । हरियाणा के इंका सांसद श्री सुल्तान सिंह को त्रिपुरा में राज्यपाल बना

Punjabi Sahapedia

लुधियाना व जगराओं में बम विस्फोट, 7 घायल, अन्यत्र 5 हत्याएं

2 आतंकवादी आपसी लड़ाई में मरे, कई जगह शस्त्र छीने

सत्ता के 4 साथियों सहित 13 आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 जून (हस, वार्ता): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब के अमृतसर व बटाला क्षेत्र में 13 आतंकवादी भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का सहित गिरफ्तार कर लिये गये, जबकि 2 आतंकवादी की उसके साथियों ने हत्या कर दी । पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

लुधियाना बस स्टैंड पर बम फटा : (निज संवाददाता): आज शाम लगभग 6.15 बजे स्थानीय बस स्टैंड पर बम फटा लेकिन सौभाग्यवश उससे कोई हताहत नहीं हुआ । बताया जाता है कि बम बड़ौदा के लिए जहां से बसें रवाना होती हैं, उसके निकट रखे कूड़ादान में पड़ा था । विस्फोट से कूड़ादान में पड़ी ईंटें इधर-उधर बिखर गईं लेकिन किसी को चोट नहीं आई । कूड़ादान के पास पानी पीने की टूटी लगी है जहां दिन में काफी जमघट रहता है ।

'प्रेस ट्रस्ट' के अनुसार विस्फोट से बस अड्डे की इमारत को मामूली नुक्सान पहुंचा ।

जगराओं में भी विस्फोट : लुधियाना से प्रेस ट्रस्ट के अनुसार जगराओं रेलवे स्टेशन पर भी आज शाम बम फटा, जिससे 7 लोग घायल हो गए । लुधियाना और जगराओं में विस्फोट लगभग एक ही समय पर हुए ।

रेल के डिब्बे में घायल यात्रियों को तुरंत अस्पताल भेज दिया गया । यह ट्रेन लुधियाना से फिरोज़पुर जा रही थी । यह बम डिब्बे के शौचालय में रखा गया था ।

मोगा से 'आज़ाद' के अनुसार बम विस्फोट में घायल होने वालों में लवलेश मैंगमैन, आज़ाद सिंह पुत्र लछमन सिंह निवासी सनौरी कला जिला रोहतक, बलबीर सिंह पुत्र साहन सिंह (मोगा), महंगी पत्नी राम दित्ता, निवासी राधा कालोनी फाज़िल्का तथा उसकी दोहती जमना (2 वर्षीया) और अन्य शामिल हैं ।

एक और उग्रवादी मरा : मोगा जिला फरीदकोट में एक उग्रवादी जीत सिंह का शव एक फार्म हाऊस से बरामद हुआ है । पुलिस को संदेह है कि जीत सिंह उग्रवादियों के गिरोह की आपसी लड़ाई में मारा गया है ।

9 आतंकवादी गिरफ़्तार : बटाला (कोछड़)-पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. ने गत रात अलग-अलग दो क्षेत्रों में छापों, गश्त व नाकों के दौरान के.सी.एफ. आतंकवादी संगठन से सम्बन्धित 9 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं । आज यहां पत्रकारों को जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इन आतंकवादियों की शिनाख्त त्रिलोचन सिंह उर्फ़ राज (बुताला), धार सिंह (चीमा खुड्डी), बलकार सिंह लाटू (चीमा खुड्डी), बिक्रमजीत सिंह पप्पू (तलवंडी लाल सिंह), निर्मल सिंह निम्मा (बोलेवाल), तरसेम सिंह (जौड़ा संघा), कमलजीत सिंह (बुर्ज अराइयां), रूपिन्दर सिंह (किला टेक सिंह) तथा गुरदीप सिंह (भम्बोई) के रूप में की गई है । इनके पास से 3 शक्तिशाली बूबी ट्रैप बम, 2 एच.ई. हथगोले, ए.के. 47 राइफल के 2 भरे हुए मैगज़ीन, 2 पिस्तौल, 11 कारतूस, एक छीना हुआ बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया गया है । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि इन आतंकवादियों ने पूछताछ के दौरान कई हत्याओं, लूटपाट और धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है । आतंकवादियों से आगे पूछताछ जारी है ।

4 आतंकवादी गिरफ़्तार : 'वि.प्र.' के अनुसार आज शाम एस.एस.पी. अमृतसर द्वारा जारी एक बयान में बताया गया है कि पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता निवासी गांव छीना के चार साथियों को गिरफ्तार किया है । ये चारों आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स आफ़ खालिस्तान के सदस्य हैं । पुलिस ने इन आतंकवादियों में से गुरमेज सिंह से एक थामसन गन, इसके दो मैगज़ीन और 20 कारतूस, लक्खा सिंह निवासी तोले नंगल से एक .12 बोर की पिस्तौल व तीन कारतूस, मुख्त्यार सिंह निवासी कमीलपुर थाना लोपोके से एक .12 बोर की पिस्तौल और तीन कारतूस तथा रंजीत सिंह उर्फ़ राणा निवासी तोले नंगल से भी हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से हमारे संवाददाता के अनुसार थाना भिक्खी विंड के गांव चुग में गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात के लगभग 2.15 बजे 4 आतंकवादी गांव के एक व्यक्ति नेक राज के घर आये । दरवाज़ा खटखटाने पर नेकराज ने दरवाज़ा न खोला । इसी समय उसका एक पड़ोसी अपने खेत से घर लौट रहा था तो आतंकवादियों ने उससे नेक राज को आवाज़ लगवा

बुधवार को साय... ड्रम में जोरदार ... रहा है ।

चीन ने...

पेइचिंग, 28... है कि चीन ने सभी... बुलाया है। ने... सांस्कृतिक अताश... आम बैठक में भा... इस अधिकारी ने ... इस कदम का लो... लिए अंतर्राष्ट्रीय ... कुछ संबंध है ... निराधार बताया है... से बुलाया जा रहा...

फिलीपींस, ... बैल्जियम, हालैंड, ... इटली और क़तार ... रवाना हो गए हैं ... पेइचिंग स्थित एक ... चीनी राजदूतों की ... वाली है ।

जापान की '... चीन के राजदूत या... कि वह सामान्य क... हैं ।

तिनानमिन ...
चीन ने आज घोष... जनता के लिए ... जाएगा । इस चौक... के पश्चात् से जनत... है ।

वाशिंगटन : ... बता दिया है कि वह... की शुरूआत स्थगि...

'वाशिंगटन पो... कदम से अमरीका ... सकते हैं । पांच अ... से संबंधित समझ...

मोगा नरसंहार के विरोध में राजस्थान बंद, कई अन्य राज्यों में भी हड़ताल

नईदिल्ली, 28 जून (ह.स.): पंजाब के मोगा नगर में बिबर को 24 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में देश के कई और भागों में आज रोषस्वरूप हड़ताल रखी गई और बंद का आयोजन किया गया । इस बीच विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा अन्य संगठनों ने मोगा नरसंहार की कड़ी निंदा की है । समूचे राजस्थान में लगभग पूर्ण बंद रहा भारतीय जनता पार्टी तथा शिवसेना ने इस नरसंहार के विरोध में सोमवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया है । शिव सेना प्रमुख श्री बाल ठाकरे ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि सोमवार को प्रदेशभर में मौन मार्च किया जाएगा तथा रोष बैठकें आयोजित होंगी ।

काला दिवस मनाया : मेरठ (ह.स.): स्थानीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ताओं ने मोगा में आतंकवादियों द्वारा संघ के कार्यकर्त्ताओं की

सिनेमा घर तथा पैट्रोल पम्प भी बंद रहे । इस बीच सरकारी कार्यालय व बैंकों में सामान्य रूप से कामकाज हुआ ।

पटना : मोगा में आर.एस.एस. सदस्यों की हत्या तथा सोमवार को आधिकारिक संचार प्रणाली के दुरुपयोग के खिलाफ रोष व्यक्त करने वाले जनता दल कार्यकर्त्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में आज पटना बंद रहा । बंद का आह्वान जनता दल, भाजपा, भाकपा तथा माकपा ने किया था । अधिकतर व्यापारिक संस्थान नहीं खुले तथा सड़कों पर वाहन नहीं चले । इस बीच पुलिस ने बंद के दौरान शहर के कई भागों से विपक्षी दलों के सौ से ज्यादा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार किया । इनमें जद नेता श्री जार्ज फर्नांडीज, लाल प्रसाद यादव और रघुनाथ झा, भाजपा के जगबंधु तथा कई अन्य छात्र व युवा नेता शामिल हैं ।

Punjabi Sanatan

...स्वरूप स्वरूप हड़ताल रखी गई और बंद का आयोजन किया गया। इस बीच विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा अन्य संगठनों ने मोगा नरसंहार की कड़ी निंदा की है। समूचे राजस्थान में लगभग पूर्ण बंद रहा। भारतीय जनता पार्टी तथा शिवसेना ने इस नरसंहार के विरोध में सोमवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया है। शिव सेना प्रमुख श्री बाल ठाकरे ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि सोमवार को प्रदेश-भर में मौन मार्च किया जाएगा तथा रोष बैठकें आयोजित होंगी।

काला दिवस मनाया : मेरठ (ह.स.): स्थानीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ताओं ने मोगा में आतंकवादियों द्वारा संघ के कार्यकर्त्ताओं की अंधाधुंध गोलियां चलाकर की गई हत्या के विरोध में यहां 'काला दिवस' मनाया।

महांगर के संचालक कृष्णावतार रस्तोगी ने बताया कि सारा दिन संघ के सभी कार्यकर्त्ताओं ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांधी। इसके अलावा सब कार्यकर्त्ताओं ने प्रातः सात बजे से दस बजे तक नगर के मुख्य चौराहों पर खड़े होकर वहां से आने-जानेवाले लोगों की बांहों पर भी काली पट्टियां बांधी।

जयपुर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार भाजपा तथा विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर आज राज्य के राजधानी जयपुर, अलवर, चूरू, सीकर, कोटा तथा चित्तौड़गढ़ जिलों में व्यापारिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहे। जरूरी सेवाओं को बंद में शामिल नहीं किया गया। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली। रिपोर्ट में कहा गया है कि जयपुर के आम तौर पर व्यस्त रहने वाले बाजार वीरान रहे।

पटना : मोगा में आर.एस.एस. सदस्यों की हत्या तथा सोमवार को आधिकारिक संचार प्रणाली के दुरुपयोग के खिलाफ रोष व्यक्त करने वाले जनता दल कार्यकर्त्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में आज पटना बंद रहा। बंद का आह्वान जनता दल, भाजपा, भाकपा तथा माकपा ने किया था। अधिकतर व्यापारिक संस्थान नहीं खुले तथा सड़कों पर वाहन नहीं चले। इस बीच पुलिस ने बंद के दौरान शहर के कई भागों से विपक्षी दलों के सौ से ज्यादा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार किया। इनमें जद नेता श्री जार्ज फर्नांडीज, लाल प्रसाद यादव और रघुनाथ झा, भाजपा के जगबंधु तथा कई अन्य छात्र व युवा नेता शामिल हैं।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में आतंकवाद पर काबू नहीं पाया जा सका

नई दिल्ली, 28 जून (ह.स.): प्रमुख नागरिकों ने आज एक बयान में कहा कि मोगा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा में हुए नरसंहार से स्पष्ट है कि प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद पंजाब में आतंकवाद पर काबू नहीं पाया जा सका है। इस बयान पर एयर चीफ मार्शल अर्जुन सिंह, जार्ज वर्गीज़, न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर, कुलदीप नैयर, प्रो. अमरीक सिंह, इन्द्र कुमार गुजराल, डा. महीप सिंह, कृष्ण कांत, तवलीन सिंह, पदम रोशा और त्रिलोचन सिंह ने हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार हिन्दू और सिखों की एक-जुटता ही आतंकवादियों को उचित जवाब है। जनता अब भली-भांति समझ गई है कि आतंकवादी महान गुरुओं की शिक्षाओं को नहीं मानते हैं।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से हमारे संवाददाता के अनुसार थाना भिक्खी विंड के गांव चुग में गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि रात के लगभग 2.15 बजे 4 आतंकवादी गांव के एक व्यक्ति नेक राज के घर आये। दरवाज़ा खटखटाने पर नेकराज ने दरवाज़ा न खोला। इसी समय उसका एक पड़ोसी अपने खेत से घर लौट रहा था तो आतंकवादियों ने उससे नेक राज को आवाज़ लगवा कर दरवाज़ा खुलवाया। नेक राज ने जब दरवाज़ा खोला तो आतंकवादियों ने उसे बालों से पकड़ कर बाहर घसीट लिया तथा गोलियां मार कर मार डाला। आतंकवादियों ने घर के अंदर लगी तस्वीरों पर भी गोलियां चलाईं। घटना स्थल से ए.के. 47 के 40-45 चले हुए कारतूस मिले हैं।

आतंकवादी की लाश मिली : अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र में एक स्थान से पुलिस को गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है। घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लैटरपैड पर लिखी हुई एक चिट्ठी मिली है, जो कि उसको पिप्पल सिंह गिरोह की ओर से लिखी गई है। पत्र में लिखा है कि मृतक लूटपाट और जबरन धन ऐंठने की वारदातें करता था।

अंधाधुंध फ़ायरिंग : पट्टी में गत रात वार्ड नं. 2 की पक्की गली में आतंकवादियों द्वारा अंधा धुंध फ़ायरिंग की गई। बताया जाता है कि आतंकवादी मारुति वैन में सवार होकर वहां आये थे। वे मास्टर तिलक राज के घर में बाहर से सीढ़ी लगा कर दाखिल हो गए। आवाज़ सुन कर मास्टर तिलक राज जान बचाने के लिए भाग गए। आतंकवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की। मगर वह वहां से निकलने में सफल हो गये। इसी बीच वहां मोहल्ले वाले जमा हो गए तथा उन्होंने आतंकवादियों पर ईंटें बरसानी शुरू कर दीं। इस पर आतंकवादी फ़ायरिंग करते हुए वहां से भाग गये। पुलिस व सी.आर.पी.एफ. द्वारा उनका पीछा किया गया, पर वे फ़रार होने में सफल हो गए। घटना स्थल से ए.के. 47 के 35 चले हुए कारतूस मिले हैं। मास्टर तिलक राज ने डर के मारे सारी रात खेतों में बिताई जबकि घर वाले यह समझते रहे कि आतंकवादी उनका अपहरण करके ले गए हैं।

बंदूकें छीन लीं : करतारपुर (देवदत्त, साहनी): गत रात्रि लगभग 1.30 बजे शस्त्रों से लैस चार आतंकवादी पुलिस स्टेशन करतारपुर के गांव नुस्सी में कृष्ण सिंह के मकान में घुस गए और उनकी हत्या करने की धमकी देकर 12 बोर की बन्दूक छीन कर ले गए। इसके उपरांत आतंकवादी ज्ञान सिंह के मकान में गए और उसको भी धमकी देकर उसकी 12 बोर की बन्दूक छीन कर ले गए। फिर आतंकवादी नुस्सी के मैम्बर पंचायत कावल सिंह आदधर्मी के मकान पर गए व उसे भी धमकी देकर अपनी बन्दूक हवाले करने को कहा, जिस पर कावल सिंह ने शोर मचा दिया और शोर सुनकर उनका भतीजा दलबीर चन्द उसकी मदद के लिए आ

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दक्षेस के विदेश मंत्रियों की बैठक स्थगित

नई दिल्ली, 28 जून (वार्ता): दक्षिण एशिय...

चीन ने आज घो... जनता के लिए... जाएगा। इस च... के पश्चात् से जन... है।

वाशिंगटन ... बता दिया है कि ... की शुरूआत स्थ...

'वाशिंगटन ... कदम से अमरीक... सकते हैं। पांच... से संबंधित सम...

हिन्दू सेवा संघ ...

तीन प्रदेश... केंद्रीय म...

नई दिल्ली, 2... सप्ताह भर में कम से... को बदलने पर विचा...

भूतपूर्व केंद्रीय ... (सांसद) को डा. गो... राज्यपाल नियुक्त कि... सिंह को ज. के.वी. कृ... का राज्यपाल बनाया... सांसद श्री सुल्तान सिं... कर भेजा जा रहा है... अभी कोई निर्णय नहीं... के राज्यपाल श्री जग... निर्णय नहीं लिया गय... हैं।

श्री खुर्शीद आल... मंत्रिमंडल से निकाला... क्षुब्ध हैं। वह उत्तर प्र... हैं, लेकिन इंका में श्रीमत... वाले मुस्लिम गुट ने ... किया है।

अगले कुछ दिनों में... होगा क्योंकि कुछ सच्चि...

कुछ विपक्षी नेताओं ने विदेशी शक्तियों से मिल कर 'अग्नि' की आलोचना की थी : राजीव

बस्ती (उ.प्र.), 28 जून (वा., ह.स.): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज विपक्षी नेताओं को इस बात के लिए आड़े हाथों लिया कि जिस अग्नि क्षेपास्त्र परीक्षण से भारत विश्व के शीर्ष देशों की श्रेणी में आ गया है उसकी वे आलोचना कर रहे हैं। श्री गांधी उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे के दौरान यहां आमसभा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री गांधी ने कहा कि जब पहली बार 'अग्नि' का परीक्षण सफल रहा तो विपक्षी नेताओं ने उसकी आलोचना की। इस वैज्ञानिक हतोत्साहित हुए परन्तु सरकार को नैतिक समर्थन से वैज्ञानिक दुबारा 'अग्नि' परीक्षण में सफल रहे।

श्री गांधी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेताओं ने अग्नि परीक्षण की आलोचना करने में विदेशी शक्तियों का साथ दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में वे शीघ्र पंचायत राज तथा नगर पालिका बिलों को पारित करने के उपरांत सरकार सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाएगी जिससे कि निचले स्तर तक लोकतंत्र दृढ़ हो। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का अध्ययन करने के लिए एक कमीशन नियुक्ति का गठन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बात की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है कि आठवीं योजना का कार्यान्वयन निचले स्तर से हो।

श्री गांधी ने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए टैक्नालाजी मिशन के कार्य का विस्तार पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार तथा बंगाल तक किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने समाज के कमजोर तबके की हालत सुधारने के अपने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए आज कहा कि उनकी सरकार इस बात के लिए प्रयत्नशील है कि देश के विकास के प्रयासों का लाभ समाज के कमजोर वर्गों और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक पहुंचे। अपने संकल्प को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पंचायती राज की स्थापना का निर्णय इसीलिए किया है कि सत्ता में आम जनता की भागीदारी बढ़े और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

प्रधानमंत्री ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि ठीक ऐसे समय जब कुछ विदेशी ताकतें हमारे देश की प्रगति से चिढ़कर हमें कमजोर करने में लगी हुई है, हम सब को एकजुट होकर उनका मुकाबला करना चाहिए एवं उनके इरादों को विफल कर देना चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि बीते दिनों राज्यसभा के एक सदस्य ने लंदन के एक गुरुद्वारे में बोलते हुए पंजाब के आतंकवादियों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों के इरादों को समझना चाहिए और उनसे सावधान रहना चाहिए।

छोटी बात ... रंका

बड़े नेपनी छवि बनाने के लिए 3 करोड़ खर्च करेंगे।

Punjab Sanjatan

नरसंहार की निंदा

(पृष्ठ 3 का शेष)

फगवाड़ा (अशोक): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात् कालीन बैठक आज यहां जिला संयोजक श्री महेश की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एक प्रस्ताव पारित करके मोगा गोली कांड की तीव्र निन्दा की गई तथा मांग की गई कि पंजाब समस्या सुलझाने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए जाएं ।

राजीव व बूटा सिंह को हटाया जाए : अमृतसर (नि.स.): अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला द्वारा जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति में मोगा नरसंहार की तीव्र निन्दा की गई है । श्री बिल्ला ने कहा है कि रविवार को मोगा में 24 लोगों की हत्या के बाद आतंकवादियों के फरार हो जाने से स्पष्ट दिखाई देता है कि पंजाब की स्थिति अत्यधिक खराब है और सरकार के ये दावे खोखले हैं कि प्रदेश में स्थिति पर काबू पा लिया गया है । उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड से पंजाब के राज्यपाल तथा भारत के प्रधानमंत्री के ये दावे भी झूठे साबित होते हैं कि आतंकवादी भाग रहे हैं ।

श्री बिल्ला ने कहा है कि अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन से आग्रह करती है कि वे प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहें या उन्हें बर्खास्त कर दिया जाए क्योंकि वे देश और विशेष रूप से पंजाब में कानून व व्यवस्था की बिगड़ रही स्थिति पर काबू पाने में विफल रहे हैं ।

अमृतसर (कमलेश, नारंग): आर्य समाज बाज़ार श्रद्धानंद के प्रधान श्री लक्ष्मी नारायण श्रीधर व सचिव शास्त्री राजा राम ने मोगा नरसंहार की तीव्र निंदा की है तथा मृतकों के परिवारजनों को तुरन्त पांच-पांच लाख रुपए मुआवज़ा दिए जाने की मांग की है ।

पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेता एवं इंडो-पाक एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन श्री ओम प्रकाश अरोड़ा ने मोगा नरसंहार पर गहरा दुख अभिव्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को पत्र लिख कर मांग की है कि वह स्वयं पंजाब का दौरा करें व लोगों के टूटे हुए मनोबल को ऊंचा करने के लिए आतंकवाद को लौह हाथों से कुचलें ।

बटाला (चौधरी): मोगा नरसंहार के विरुद्ध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बटाला के कार्यकर्त्ताओं की बैठक श्री तिलक राज अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें इस कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में इस कांड के लिए केन्द्र को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसने राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के बार-बार अनुरोध के बावजूद उग्रवाद को कुचलने के लिए पंजाब के उग्रवाद से पीड़ित क्षेत्रों में सेना को नियुक्त नहीं किया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया । दलबीर चन्द ने एक आतंकवादी को पकड़ लिया । दूसरे आतंकवादी ने दलबीर चन्द पर गोली चला दी, जिससे दलबीर चन्द घायल हो गया । शोर मच जाने पर आतंकवादी भाग गए । कावल सिंह ने अपने मकान की छत से आतंकवादियों पर फायरिंग भी की ।

संदिग्ध युवक गिरफ्तार : फगवाड़ा (नि.स.): आज तड़के फगवाड़ा पुलिस ने स्थानीय मटियारपुरा मोहल्ला में छापा मार कर तीन संदिग्ध नौजवानों को हिरासत में ले लिया । इसी मध्य पुलिस ने कल चोरों के एक गिरोह के तीन सदस्य भी गिरफ्तार किये हैं ।

अहाता कर्मी की हत्या : राजपुरा (मासूम): गत दिवस यहां से 14 कि.मी. दूर मानकपुरा में एक शराब के ठेके के अहाते पर काम करने वाले बोध राज नामक व्यक्ति की हत्या कर दिये जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि कि बोध राज अहाते की छत पर सोता था । सुबह देखा तो वह छत पर मौजूद नहीं था । वह नीचे अहाते के सामने मरा पड़ा था । समझा जाता है कि उसकी हत्या किसी कुन्द हथियार से की गई है । हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चला ।

एक की हत्या : गत रात गुरदासपुर जिले में चीना रेलवाला गांव में एक व्यक्ति चिलोक सिंह की हत्या कर दी गई ।

12300 रुपए लूटे : जैतो (स): कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बचित्तर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे बंदूक की नोक पर 12300 रुपए नकद तथा उसकी लाइसैंस वाली बंदूक और 20 कारतूस छीन लिये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बी.एस.एफ. जवान को आतंकवादियों ने नहीं मारा : जालंधर : सीमा सुरक्षा बल पंजाब फ्रंटियर के सहायक निदेशक श्री बी.बी. अग्रवाल ने कहा है कि आतंकवादियों द्वारा एक बी.एस.एफ. जवान के मार जाने और उसका गोलियों से छलनी शव बरामद होने के संबंध में प्रकाशित समाचार गलत है । श्री अग्रवाल ने एक वक्तव्य में कहा है कि यह बात सच है कि कांस्टेबल अमरजीत सिंह का शव अमृतसर में ब्यास थाना के अंतर्गत गांव उमरानंगल के पास बरामद हुआ है, मगर आतंकवादी घटना नहीं है । उन्होंने बताया कि कांस्टेबल किसी वाहन से कुचला गया था । उन्होंने कहा कि मृतक कांस्टेबल पंजाब में कहीं पर भी तैनात नहीं था या तो वह छुट्टी पर आया था या फिर बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त हो चुका होगा ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जालन्धर से न.स.ए. के अनुसार आज रात्रि 8.30 बजे उग्रवादियों ने रायपुर राइयां में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उनके शव फिल्लौर से नवांशहर जाने वाली सड़क से मिले हैं । उनके नाम गुलशन कुमार और राज कुमार हैं । इन शवों की शिनाख्त मृतकों के ड्राइविंग लाइसैंसों से हुई । शवों के निकट से ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल के खोल मिले हैं ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा बड़ा भाई **देव राज** पुत्र श्री बिशन दास, निवासी सरसा, दिमागी परेशानी के कारण 14 जून, 1989 से घर से लापता है । उनका कद 5'-7", रंग गेहुंआ है । घर पहुंचाने वाले को या सूचना देने वाले को 500/- शुक्राना दिया जाएगा ।

लाल चंद

गुमशुदा की तलाश

प्रिय बिट्टू, (अश्विनी महाजन) तुम जहां भी हो, तुरन्त घर चले आओ क्योंकि तुम्हारी मां सख्त बीमार है । तुम्हारी इच्छा पूरी की जाएगी । बिट्टू का पता बताने वाले को भी उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कृष्ण चन्द मल्होत्रा,

धीं बांध

(पृष्ठ 3 का शेष)

धांधली कर जाते हैं क्योंकि बाहिर से गैस मंगवाने से अधिकारियों को लाखों रुपए की कमीशन मिल जाती है और जो गैस यहां आती है, सिलैंडरों में भी कम भरी जाती है । इस तरह इस परियोजना का प्रबन्ध-विभाग सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहा है ।

धीं बांध पर कार्यरत अधिकारियों की आपसी धड़ेबंदी के कारण भी इस परियोजना का काम प्रभावित हो रहा है । मज़दूर संगठन ने सरकार से आग्रह किया है कि इस धड़ेबंदी के कारण अगर मज़दूर संगठन के किसी नेता की मौत हो जाती है या वह अपंग हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी उक्त अधिकारियों पर होगी । संगठन ने सरकार से मांग की है कि अधिकारियों को इस बांध परियोजना से जल्दी से जल्दी हटाया जाए ।

संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ अधिकारी अपनी स्वार्थपरता के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य को लटकाते चले जा रहे हैं तथा अपनी आमदन बनाने हेतु किसी ईमानदार अधिकारी को यहां टिकने नहीं दिया जाता । अब से पहले इस परियोजना पर जितने भी ईमानदार अधिकारी आए, उन्हें इन अधिकारियों की चालों के कारण वापिस जाना पड़ा । इस संगठन ने आशंका व्यक्त की है कि इस बांध पर कार्यरत मेहनती और ईमानदारी इंजीनियर श्री गोयल को भी इन अधिकारियों की चालों का शिकार होना पड़ेगा ।

बांध पर चल रहे काम की गति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यह बांध इस शताब्दी में तो क्या, शायद कभी पूरा ही न हो, क्योंकि इस पर कार्यरत अधिकारी पूरी लगन से काम नहीं करते और इन अधिकारियों का आपसी तालमेल न होने के कारण ये एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है ।

इस समय बिजली की कमी को पूरा करने के लिए इस परियोजना को जल्दी से जल्दी पूरा करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस परियोजना के पूरा होने से दो लाख एकड़ भूमि बाढ़ की लपेट से बच जाएगी तथा आठ लाख एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा तथा छः सौ मैगावाट बिजली का उत्पादन होने की सम्भावना है ।

राजीव गांधी

(पृष्ठ 3 का शेष)

शुरू होगा । प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक योजनाएं केन्द्र व प्रदेशों वाली थी, जिसकी 85 प्रतिशत राशि भारी भरकम सरकारी मशीनरी पर खर्च हो जाती थी । जो 15 प्रतिशत राशि जिला व गांव स्तर तक पहुंचती थी, इसका बिचौलियों के कारण उपयोग नहीं हो पाता था ।

राजीव वीरबहादुर की मां से मिले : प्रधानमंत्री राजीव गांधी आज गोरखपुर में भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के निवास पर उनके परिवारजनों से मिलने गए । उनके साथ श्रीमती सोनिया गांधी भी थीं । श्री गांधी ने स्वर्गीय सिंह की 95 वर्षीया मां श्रीमती उदा सिंह से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी । उन्होंने और श्रीमती सोनिया गांधी ने स्वर्गीय सिंह की माता तथा पत्नी कमला सिंह और पुत्र फतेह बहादुर सिंह को आश्वासन दिया कि उन्हें हर सम्भव मदद दी जाएगी ।

असम बंद के दौरान 1
मारे गए

गुवाहाटी, 28 जून (ह.स.): बोडो आदिवासि द्वारा आहत 340 घंटे के असम बंद के दौरान पिछ 24 घंटों में कोकराझार और दारांग जिले में सोल व्यक्ति मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए । का आज तीसरा दिन था ।

शाम के भाव-(28 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली स्पाट 60.00, हिन्द मोटर 38.50, रिला 130.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6425, च डिलीवरी 6365, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6900, सोना बिट् (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, डिलिवरी : वनस्पति ए.पी. (प्रति टीन) 835-344, वनस्प हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 334-346, तेल सरसों टैंकर (प्र 10 किलो) 149.00, तेल मोयाबीन (प्रति 10 किलो) 17 मूंगफली तेल (10 किलो) 207, तिल तेल (10 किलो) 195, बिनौला (10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 15 तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 133, फैटी एसिड आय (क्विंटल) 1710, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 122.5 पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जून 255.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी. 318.50 (26/6), आंध्र सीमैंट 9.50, अपोलो टायर 79.5 एशियन होटल 54.00, बिदल एग्रो 97.50, डी.सी.एम. 60.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.25 (26/6), इंस्ट इंडिया होट 55.00, एस्कार्ट्स 68.00, एस्सर शिपिंग 23.75, स्पैशलिटीज 181.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 120.00, गुजरात नर्म 38.00, एच.एम.एम. लि. 199.00, हीरो होंडा 23.00, हिन्द एल्यूमीनियम 295.00, हिन्द. लीवर 94.50, हिन्द मोट 38.50, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 90.00 (26/6), इंडियन रेय 84.00 (26/6), जे.के. इंडस्ट्रीज 95.00, जे.के. सिंथैटि 76.25 (26/6), जे.सी.बि. स्पोर्ट 111.00, कैल्वीनेटर आ इंडिया 193.00, लार्सन एंड टुब्रो 90.00, एल.एम.एल. लि 18.25, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/6), मालवा काट 83.00, मोदी रबड़ 85.00 (26/6) मोहन मीकिन्स 11.2 (16/6), ओरके सिन्थ मिल्स 20.37, ओसवाल एग्रो 73.00 रिलायंस इंडस्ट्रीज 130.50, श्रीराम फाइबर्स 85.00 (23/6 सदर्न पैट्रो 53.00, टैल्को 885.00, टिस्को स्पोर्ट 1450, वे आर्गेनिक 167.00, अपोलो ट्यूब 8.50 (1/6), बम्बई बनास्पी 25.00 (23/6), अंसल हाउसिंग 21.00 (21/6), एबी बैंमकल पंजाब 18.75, बम्बई टायर 59.00 (26/6), बिहा अलौय 40.00 (16/6), भारत सीट् 22.25 (16/6), भारत स्ट्रिप्स 8.00 (22/5), डेल्टन कैबल्स 55.00 (15/6) आइशर ट्रैक्टर 86.00, आइशर मोटर 11.00 (21/6), इलैक्ट्र इंडिया 68.00 (20/6), गुजरात क्लोरो कैमिकल 11.75 (26/6), गुजरात हैवी कैमिकल 10.75 (21/6), गुजरात अम्ब सीमैंट 15.75, गोयट्ब इंडिया 78.00 (26/6), गुडईयर इंडिया 103.00 (20/6), हरियाणा पैट्रो 15.00, इंडो गल्फ फर्टी 16.50 (26/6), इस्पात प्रोफाइल्स 17.50 (16/6), इंडियन अल्यूमीनियम 136.00 (16/6), इस्पात अलायज 44.00, आई.टी.सी. 114.50 (22/6), जे.टी.सी. 51.00, जगतजीत इंडस्ट्रीज 103.00 (16/6), जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 14.00 (12/6), जमना आटो 25.00 (23/6), मोदी सीमैंट 6.50, मंगलम टिम्बर 12.00 (26/6), मोदी कैंम्पयन 13.00 (20/6), नहर स्पिनिंग 282.00 (21/6), ओसवाल एग्रो फ्यरेन 46.00, प्रकाश पाइप 50.50, प्रकाश ट्यूब 45.50, रनबैक्सी लैब. 100.00 (20/6), राठी उद्योग 36.00 (26/6)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6420, चांदी डिलीवरी 6360, चांदी गद्दी 6335, चांदी कच्ची 6460, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6900, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टूर 3050-3060, सोना स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3020, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अनौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 351, निकल प्लेट 405-415, जस्ता 52.00, गन मैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 87.00, ताम्बा रॉड 90.00, ताम्बा तार फूट 74.00, चदरी पीतल 55.00, पीतल चादर कतरन 58.00, पीतल भरत फूट 52.00, पीतल पुर्जा फूट 52.00, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.00, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-59, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.25, अल्यूमीनियम रॉड 50.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 40.00, अल्यूमीनियम तार फूट 43.00 रुपए ।

Punjab Sanatan

व इंका नेता सहित 6 की हत्या

एक आतंकवादी मारा गया : टांगरा गांव में दुकानदार का अपहरण

रोडवेज़ की बस जला दी : रेलवे लाईन उड़ाने की कोशिश

चंडीगढ़, 29 जून (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के दो अधिकारियों व सी.आर.पी. के एक हैड-कांस्टेबल और कांग्रेस (इ) के एक नेता सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, एक दुकानदार का अपहरण कर लिया गया तथा पंजाब रोडवेज की एक बस जला दी गई तथा अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाईन को उड़ाने की कोशिश की गई ।

2 बी.एस.एफ. अधिकारियों की हत्या: कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के मंड में गांव हुसैनपुर बुल्ले के निकट गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से लैस घात लगाए छिपे बैठे 5-6 आतंकवादियों ने जीप में गश्त करके वापस आ रही बी.एस.एफ. की पार्टी पर अचानक अंधाधुंध फ़ायरिंग करके बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर श्री तीर्थ राम तथा सब-इंस्पैक्टर श्री गोरू राम की हत्या कर दी तथा जीप चालक एम.ई. जार्ज को घायल कर दिया । फ़ायरिंग के दौरान जीप नियंत्रण में न रहने के कारण लुढ़क गई । जीप में बैठे बी.एस.एफ. के चार जवान घायल होने से बच गए तथा उन्होंने जवाबी फ़ायरिंग की । लगभग एक घंटा मुठभेड़ जारी रही । इस मध्य अंधकार का लाभ उठा कर आतंकवादी भागने में सफल हो गए । इस घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । मंड को घेर कर तलाशी का क्रम आरंभ है । यह वारदात दुर्दांत आतंकवादी निशान सिंह के गिरोह की ओर से की गई बताई जाती है । घायल जीप चालक की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

ग्रंथी व सेवादार की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने गत रात थाना मेहता चौक के अंतर्गत गांव अर्जन मंगा में गरुद्वारे के ग्रंथी हरि सिंह व सेवादार जोगेन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मजीठा पुलिस जिले के प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि आतंकवादियों ने ग्रंथी और सेवादार को गरुद्वारे से बाहर निकाल कर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारीं । दोनों की मौका पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 16 खाली कारतूस मिले ।

बस जला दी : आतंकवादियों ने कल शाम अमृतसर जिले के खेमकरण क्षेत्र से पंजाब रोडवेज़ की एक बस का अपहरण करने के बाद उसे जला डाला । पुलिस ने बताया कि चीनी असाल्ट राइफलों व छोटे हथियारों से लैस आतंकवादियों का गिरोह बोपाराय गांव के निकट से बस में सवार हुआ । यह बस खेमकरण जा रही थी । आतंकवादियों ने चालक को एक सम्पर्क मार्ग पर बस रोकने पर मजबूर कर दिया । इसके बाद उन्होंने बस में सवार 55 यात्रियों को बस से उतार दिया व खाली बस फूंक डाली । बस बुरी तरह जल गई । किसी यात्री को कोई हानि नहीं पहुंची । आतंकवादियों ने यात्रियों से कहा कि उनके साथ उनकी कोई दुश्मनी नहीं है ।

हैड-कांस्टेबल व आतंकवादी मारा गया : आज बाद दोपहर पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव सरगा के निकट एक मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक हैड-कांस्टेबल तथा एक आतंकवादी मारा गया । यह मुठभेड़ तब हुई जब सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर एक फार्म हाऊस में छिपे बैठे आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया ।

सी.आर.पी. के मारे गए हैड-कांस्टेबल की शिनाख्त पीटर टोपनो के रूप में हुई है । फार्म हाऊस की तलाशी लेने पर सुरक्षा बलों को 250 से अधिक अनचले कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 2 मैगज़ीन व एक हथगोला मिला ।

आधिकारिक सूचना के अनुसार दोष आतंकवादी सी.आर.पी. के मारे गए हैड-कांस्टेबल की स्टेनगन तथा वायरलैस सैट लेकर फरार हो गए ।

इंका नेता की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि कांग्रेस (इ) के नेता और सरपंच महावीर सिंह को अमृतसर के निकट बेरका में उनके घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 3 थी ।

रेल लाइन से बम मिला : सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी ने आज रात्रि अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाईन पर रखा हुआ एक बम बरामद किया । बम को निष्क्रिय कर दिया गया ।

बताया गया है कि उग्रवादियों की रेलवे लाईन को बम विस्फोट से उड़ा देने की योजना थी ।

दुकानदार का अपहरण : आज प्रातः थाना जंडियाला गुरु के अंतर्गत गांव टांगरा में आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक दुकानदार गुरचरण सिंह का उसकी दुकान से अपहरण कर लिया ।

6 कट्टर आतंकवादी गिरफ़्तार : आज अमृतसर जिला के तरनतारन क्षेत्र में भिड़ियाला टाइगर फ़ोर्स के छः कट्टर आतंकवादियों को गिरफ़्तार किया गया । तरनतारन जिला पुलिस चीफ़ श्री बलदेव सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि इन आतंकवादियों को यह गुप्त सूचना मिलने पर गिरफ़्तार किया गया कि वह खालिस्तान की स्थापना तथा जघन्य अपराध करने के लिए लोगों से ज़बरदस्ती धन इकट्ठा कर रहे हैं । इनके नाम बिरसा सिंह, मंगल सिंह, बलराज सिंह उर्फ़ प्यारा सिंह, सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा, जसबीर सिंह उर्फ़ हीरा तथा जसबीर सिंह उर्फ़ घग्गी हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जालंधर (वि.प्र.): गत रात्रि जिला जालंधर के थाना फिल्लौर के अंतर्गत गांव रायपुर राइयां के निकट आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने मृतकों के नाम गुलशन कुमार तथा राज कुमार बताए हैं । यह दोनों अपने घर को लौट रहे थे कि आतंकवादियों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और उन पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर उन्हें मार डाला ।

लुधियाना से 'मुसाफिर' की सूचना के अनुसार गुलशन कुमार तथा राज कुमार शाल बनाने का काम करते थे । आतंकवादी उनकी हत्या करके उनका स्कूटर लेकर भाग गए थे । यह दोनों लखन बाजार में काम करते थे और मुहल्ला बांदियां में रहते थे । इन दोनों का आज अंतिम संस्कार कर दिया

अगरतला रेलवे स्टेशन पर गत दिवस गाड़ी के शौचालय में बम विस्फोट हुआ जिससे शौचालय तथा संलग्न डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए । (1) क्षतिग्रस्त शौचालय का चित्र । इस विस्फोट में घायल होने वाले हैं (2) मधु, (3) बलबीर सिंह, (4) आजाद, (5) ललन प्रसाद, (6) लवलेश कुमार, (7) मतंगी और (8) तीन साल की जमुना । (छाया : काम्बोज)

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह तथा गृह राज्यमंत्री श्री पी. चिदम्बरम राजभवन में पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे के साथ एक उ की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । इस बैठक अधिकारियों ने भी भाग लिया । पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार आयुक्त श्री आर.पी. ओझा, वित्त आयुक्त (गृह) श्री एस.एल. कपूर त श्री के.पी.एस. गिल भी बैठक में मौजूद थे

पंत को अमरीका ने अत्यन्त गोपनीय अत्याधुनिक अस्त्र दिखाए

वाशिंगटन, 29 जून (वार्ता): अमरीका ने भारत के रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत और उनके साथ यहां आए उच्च स्तरीय सैनिक प्रतिनिधिमंडल को अपने अति गोपनीय माने जाने वाले अत्याधुनिक हथियार दिखाए हैं । इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच गत ही में शुरू हुए सहयोग को बढ़ाने में उसकी रुचि प्रकट मिलता है ।

जानकारों के अनुसार श्री पंत और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को जो हथियार दिखाए गए हैं, वे अमरीकी शस्त्रागार के हीरे हैं । यहां तक कि देश के कई सैनिक अधिकारियों को भी इनके बारे में जानकारी नहीं है । श्री पंत ने अमरीकी रक्षा संस्थानों के तीन दिन के दौरे से कल रात यहां लौटने के बाद कहा कि उनकी यात्रा व्यावसायिक तौर पर काफी कामयाब रही । उन्होंने बताया कि अमरीका ने हवाई प्रणालियों के विकास में भारत के साथ सहयोग की इच्छा व्यक्त की है ।

श्री पंत ने रक्षा सचिव नरेश चन्द्र, प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डा. एस. अरुणाचलम, एयर मार्शल एन.सी. सूरी, चीफ़ ऑफ़ नैट जनरल वी.के. सूद और वाइस एडमिरल एस.सी. सरदा के साथ अमरीकी अटलांटिक कमांड और उत्तर अमरीकी एयरोस्पेस रक्षा कमान के मुख्यालय तथा एयर फ़ोर्स एकेडमी का दौरा किया । प्रतिनिधिमंडल को तारापोर, कार्लीनिया में अमरीका के अटलांटिक दस्ते के मुख्यालय में परमाणु पनडुब्बी 'विन्सकम्ब' और 'स्पीकर' इंस्ट्रक्टर भी दिखाई गई ।

श्री पंत और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य 24 जून को नई दिल्ली से यहां पहुंचे थे । श्री पंत यहां अमरीकी रक्षा मंत्री तथा राष्ट्रपति बुश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ब्रेन्ट स्कोक्राफ्ट और उपराष्ट्रपति डेन क्वेल से मुलाकात करेंगे । विदेशमंत्री जेम्स बेकर से भी उनकी बातचीत होगी ।

रक्षा मंत्री ने इस बात के लिए अमरीका की तारीफ़ की कि उसने गोपनीय सैनिक संस्थान दिखाये और उनके सवालों का जवाब दिया ।

अमरीका द्विविधा में : लंदन : अमरीका इस समय असमंजस में है कि वह भारत को प्रक्षेपास्त्र की जांच करने की प्रणाली दे या नहीं क्योंकि अमरीकी खुफ़िया विभाग को आशंका है कि भारत इसका उपयोग अपने परमाणु कार्यक्रमों में कर सकता है ।

समाचार पत्र 'इंडीपैंडैंट' ने वाशिंगटन से अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत द्वारा हाल ही में 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र के प्रक्षेपण का सफल परीक्षण किए जाने को देखते हुए इस प्रणाली की बिक्री पर पाकिस्तान की प्रतिकूल प्रतिक्रिया अवश्यम्भावी है ।

12 लाख डालर (192 लाख रुपए) लागत की इस प्रणाली का प्रक्षेपास्त्र के पुर्जों की दबाव सहने की क्षमता की जांच करने में उपयोग किया जाता है । रिपोर्ट में बुश प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान को यह सबूत देना होगा कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम से संबंधित कुछ प्रक्रियाओं को रोकने को तैयार है, तभी अमरीकी संसद 1990 के लिए उसे 40 करोड़ डालर (640 करोड़ रुपए) की सैनिक और आर्थिक सहायता की मंजूरी देगी ।

भारत से पाक जासूस वापस बुलाए गए ?

नई दिल्ली, 29 जून (वा.) : पाकिस्तान के एक दैनिक समाचार पत्र का दावा है कि वहां की जासूसी संस्था 'इंटर सर्विसेज इंटेलिजैंस (आई.एस.आई.) की भारत में गतिविधियों को समाप्त कर दिया गया है और भारत से जासूसों को वापस बुला लिया गया है ।

उर्दू दैनिक 'नवा-ए-वक्त' के सहयोगी प्रकाशन 'द नेशन' समाचार पत्र ने लिखा है कि आई.एस.आई.' के महानिदेशक लैफ्टीनैंट जनरल हमीद गुल को 25 मई को हटाने के बाद से गुप्तचरों का मनोबल गिरा है । पत्र के अनुसार आई.एस.आई.' के गुप्तचरों को चिन्ता है कि उनके रिकार्ड भारत की गुप्तचर संस्था 'रा' के हाथ लग सकते हैं ।

'द नेशन' ने लिखा है कि लैफ्टीनैंट जनरल गुल को इसलिए हटाया गया था कि उन्होंने भारत में गुप्तचर गतिविधियों को तुरन्त बंद करने के आदेश का यह कहते हुए विरोध किया था कि जब तक भारत सिंध में अपनी तोड़-फोड़ की कार्रवाइयां बन्द नहीं करेगा, वह आदेश का पालन नहीं कर सकते ।

लैफ्टीनैंट जनरल गुल को हटाने का दूसरा कारण यह था कि उन्होंने 'प्लेसमैंट ब्यूरो' (भारत के रोजगार एक्सचेंज की तरह) द्वारा अनुशंसित कुछ लोगों को भर्ती करने से मना कर दिया था क्योंकि इन लोगों की सुरक्षा संबंधी जांच-पड़ताल नहीं की गई थी । जनरल गुल को डर था कि इनमें कुछ भारत के एजैंट हो सकते हैं । अखबार की इस रिपोर्ट का पाकिस्तान सरकार ने खंडन किया है ।

रिपोर्ट में जनरल गुल को अत्यन्त देश भक्त, धार्मिक और चतुर बताया गया है और प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो की कार्रवाई को राष्ट्रीय हित के विरुद्ध कहा गया है । अखबार में लिखा है कि 'ज्यादा भौगोलिक, राजनीतिक हालात के मद्देनजर आई.एस.आई.' को निष्प्रभावी करना राष्ट्रीय त्रासदी हो सकती है ।

श्रीलंका सरकार व लिट्टे का समझौता राजीव की नीतियों पर तमाचा : देवी लाल

अमृतसर, 29 जून (वि.प्र. वा): हरियाणा के । साथ समाप्त हो गया था । बाद में असम समझौता

15 अगस्त से देवी लाल सरका न्याययुद्ध शुरू किया जाएगा :

कैथल, 29 जून (ठकराल): हरियाणा कांग्रेस (इ) की पहली विशाल जनसभा आज स्थानीय नई अनाज मंडी में हुई । इस रैली में राज्य भर से एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए । यह एक तरह से लघु समस्त हरियाणा था, जहां पर विभिन्न जातियों के वर्गों के लोगों ने भाग लिया। लोगों में भारी उत्साह था, लोग प्रातः 6 बजे से ही ट्रकों, कारों तथा ट्रैक्टर ट्रालियों में झूमते नाचते आए ।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौ. भजन लाल तथा कांग्रेस के अनेक भूतपूर्व मंत्रियों एवं विधायकों ने श्री सूर्जेवाला के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि 15 अगस्त, 1989 तक चौ. देवी लाल सरकार में फैला भ्रष्टाचार समाप्त न हुआ तो 16 अगस्त से न्याय-युद्ध शुरू किया जाएगा । प्रस्ताव विशाल जनसमूह के सामने प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि राज्य के मंत्री एवं विधायक लगातार पूंजी जुटाने में लगे हुए हैं । विशेष रूप से चौ. देवी लाल परिवार इस दिशा में सब से आगे चल रहा है । उन्होंने चुनौती भरे शब्दों में कहा कि अगर इसे रोका न गया तो 16 अगस्त से चौ. देवी लाल जहां भी जाएंगे, उनका घेराव किया जाएगा । उन्होंने कहा कि बाद में विधान सभा का घेराव भी किया जाएगा । इसके बाद दिल्ली में एक विशाल प्रदर्शन करके राष्ट्रपति को आपत्ति दिया जाएगा जिसमें मांग की जाएगी कि चौ. देवी लाल के घपलों की जांच की जाए । विशाल जनसमूह ने इन प्रस्तावों का तालियां बजाकर स्वागत किया ।

इस सभा को केन्द्रीय कृषि मंत्री चौ. भजन लाल ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि वे चौ. देवी लाल के विरुद्ध खड़े हुए हैं । उन्होंने चौ. देवी लाल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य की बागडोर उनके लड़के के हाथों में है तथा वे दोनों हाथों से हरियाणा के लोगों को लूट रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिल सरकार आई तो वह

इस सफल रैली तारा सिंह, रोशन लाल मलिक, देवेन्द्र शर्मा राजेन्द्र शर्मा, मांगे सिंह, ईश्वर सिंह, र तथा श्रीमती श्यामा लोकदल नेता श्री बा पर आकर कांग्रेस में

कैथल के इतिहा आज तक नहीं हुई । स्थान पर चौ. बंसी भी गांव में जाकर रैली आने वाला समय ही पाते हैं ।

नेपाल का भा स्तर पर

काठमांडो, 29 साथ विदेशमंत्री स प्रस्ताव किया है । शैलेन्द्र कुमार उपाध में जन-महत्व के उन्होंने कहा कि नेप शीघ्र निश्चित करने भी तारीख निश्चित

राव का पत्र

द्विपक्षीय सम्बन्धों महत्वपूर्ण पहलुओं पर पर दो टूक और खुली है ।

हॉकरों की हत्या का उद्दे व्यक्ति की स्वतंत्रता का ग

नई दिल्ली, 29 जून : देश के 11 प्रमुख नागरिकों ने एक बयान में कहा है कि आतंकवादियों द्वारा हाल ही में हिन्द समाचार पत्र समूह के कुछ हॉकरों की हत्या की गई है । स्पष्ट है कि यह लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटना चाहते हैं जो कि हमारे लोकतांत्रिक जीवन की एक मूल्यवान प्रतिबद्धता है । आज यदि एक समाचार पत्र के साथ यह निर्घात है तो कल को दूसरे किसी समाचार पत्र के साथ भी ऐसा हो सकता है । इसको सहन नहीं होने दिया जाना चाहिए । सरकार और समाज को इस घृणित इरादे पर रोक लगानी चाहिए ।

बयान में कहा गया है कि मोगा में निर्दोष नागरिकों की हत्या से हमें बड़ा दुख हुआ है । इस जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में भर्त्सना की जानी चाहिए । पीड़ित परिवारों के साथ हमें हार्दिक सहानुभूति है, जिनके शब्दों द्वारा सांत्वना नहीं दी जा सकती । इन हत्याओं से यह तथ्य सामने आता है कि प्रशासन के लम्बे चौड़े दावों के बावजूद हत्यारों पर कोई नियंत्रण नहीं किया जा सका है । सभी पंजाबी चाहे वह सिख हो या हिन्दू, असुरक्षा की भावना का शिकार हैं । न ही उनका जीवन और न ही सम्मान सुरक्षित है ।

बयान में कहा गया है कि यह संतोष की बात है कि मोगा तथा सारे राज्य के नागरिकों ने आतंकवादियों के इ साम्प्रदायिक भावना भड़कावट में नहीं आ आतंकवादियों को हिन्दू और सिख अब बर्बर हत्याओं का मह कोई विश्वास नहीं

बयान पर हस्ता मार्कण्ड अर्जुन सिंह, राजेंद्र सच्चर, पत्रकार अमरीक सिंह, भूतपू शिक्षाविद डाक्टर ए कृष्णकांत, पत्रकार आई.पी.एस. (रिटाय के भूतपूर्व उपाध्यक्ष

अफगानिस्ता 'शस

चमचून, 29 जहां 11 वर्ष से गृ सैन्य शस्त्रों को लि सिद्ध हो रहा है मंत्रालय का वक्तव्य कार्रवाई में नगर स्टिंगर मिजाइल रा है । इस समय ज स्पेनी, पाकिस्तानी, देशों के शस्त्रों की है ।

भारत 'क परिषद

कोलम्बो, 29 1989-90 के लि नया अध्यक्ष चन लि एल.एल. मेहरोत्रा संगठन के सर्वसम्मि

'शहरी स्थानीय निकायों को ज्यादा अधिकार देने की मांग

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता): शहरी स्थानीय निकायों के बंगलूर, कटक और दिल्ली में हाए क्षेत्रीय सम्मेलनों में चार हजार से ज्यादा प्रतिनिधियों में से अधिकांश ने इन निकायों को अधिक अधिकार देने की मांग की है ।

केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मोहसिना किदवई ने कल यहां अपने मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि इस बात पर आम राय थी कि महापौर और चेयरमैन के चुनाव सीधे चुनाव आयोग

Punjab Satan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लड़की बाल-बाल बची : एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने थाना गोराया के गांव चनेटा में एक लड़की जितेन्द्र कौर पर गोली चलाई, जोकि अपने घर के बाहर खड़ी थी । आतंकवादियों का निशाना चूक गया तथा लड़की बच गई । गोली की आवाज़ सुन कर उसके पिता केवल सिंह ने घर की छत से गोली चलाई, जिस पर आतंकवादी भाग निकले ।

लाश मिली : धूरी से जैन के अनुसार मालेरकोटला के निकट गांव बरकतपुरा के एक युवक असलम, जिसकी गुटबंदी के कारण कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी, की लाश नहर में से बरामद की गई है ।

कार बरामद : मोगा (स): एक मारुति कार नम्बर पी.बी.एल. 1600 जिसे कुछ दिन पूर्व जिला संगरूर में बरनाला से कुछ लोग इसके ड्राइवर समेत जबरस्ती ले गए थे, जालन्धर पुलिस ने बरामद कर ली है परन्तु इसके ड्राइवर का कुछ पता नहीं चला ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने दो आतंकवादियों गुरतेज सिंह तथा बिक्कर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ गोली सिक्का बरामद किया ।

कपूरथला पुलिस ने एक आतंकवादी सेवा सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक 303 का पिस्तौल बरामद किया गया ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में से जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने फतेहगढ़ चूड़ियां से आ रहे एक ट्रक को काबू करके उसमें से 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. गोविंदराम ने बताया कि यह सभी आतंकवादी के.सी.एफ. आतंकवादी संगठन के गुरजंट सिंह राजस्थानी गुट से संबंधित हैं । इनकी शिनाख्त धीरा, कश्मीर सिंह, काला, जरनैल सिंह (सभी गांव कलानौर), राजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू (शिकार माशियां), मलक सिंह (जोगी चीमा) छिन्दा (पटरू चक्क) बिट्टू (चीमा खुर्द्दी) व कश्मीर सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से 5 पिस्तौलें, तीन आधुनिक स्टेनगनें, लगभग 80 कारतूस, एक शक्तिशाली बूबी ट्रैप बम, एक ए.के. 47 राइफल का भरा हुआ मैगजीन और अलग-अलग स्थानों से लूटे हुए लगभग 15 तोले सोने के आभूषण, 5 कलाई घड़ियां और अन्य कीमती सामान बरामद हुआ है । ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है । श्री गोविन्द राम के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने पुलिस के समक्ष लगभग एक दर्जन हत्याएं, लूटमार, बलात्कार, हथियार छीनने तथा फिरौतियां बटोरने की वारदातें करना स्वीकार किया है । यह वारदातें दीनानगर, थाना सदर गुरदासपुर, कहनुवान व बटाला के अलग-अलग क्षेत्रों में की गई थीं ।

मोगा गोली कांड का एक और घायल चल बसा : मोगा (बांसल): मोगा गोली कांड के एक और घायल 16-17 वर्षीय युवक अमन कुमार की आज दयानन्द मैडीकल कालेज लुधियाना में मृत्यु हो गई । उसे पहले सी.एम.सी. में दाखिल करवाया गया था । अमन कुमार जिला फरीदकोट में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संचालक जगदीश राय बांसल का भतीजा था ।

पुलिस जिला बटाला की पुलिस ब बी.एस.एफ. ने गत दिवस नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार करके शस्त्र, स्वर्णाभूषण और अन्य कीमती सामान बरामद किया । (छाया : कोछड़)

बिजली बंद रहेगी

होशियारपुर, 29 जून (अश्विनी): 11 के.वी. माडल टाऊन फीडर होशियारपुर की मुरम्मत के कारण 1 जुलाई को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक सुभाष नगर, बिशम्भर नगर, माडल टाऊन, हीरा कालोनी, बस्सी ख्वाज, नई आबादी, कमेटी बाजार, बहादुरपुर चौक आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी ।

BUY—SHOPS
IN

फिल्लौर के पास उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) राज कुमार और (2) गुलशन कुमार । इनसैट में दोनों के पुराने चित्र । (छाया : खन्नाबोज)

मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन 7 जुलाई को

चंडीगढ़, 29 जून (वि.प्र.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने सात जुलाई को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की कांफ्रैंस बुलाई है, जिसमें पंचायतों व नगर पालिकाओं को ज्यादा अधिकार देने के मामले पर विचार-विमर्श होगा । याद रहे कि इस मामले को लेकर श्री राजीव गांधी इससे पहले पंचों, सरपंचों, पालिका आयुक्तों तथा कार्यकारी अधिकारियों की कई कांफ्रैंसें कर चुके हैं ।

मोगा में संघ की शाखा पर हमला एक सुनियोजित षड्यंत्र था : विश्वनाथ

अमृतसर, 29 जून (कमलेश): आज यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं ने हिन्दू-सिखों से मिलकर रहने का आग्रह किया । संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ ने कहा कि जो तत्व इन दोनों में दरार डालने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें विफल कर दिया जाए । उनके साथ संघ के मंडल प्रचारक श्री अशोक प्रभाकर भी थे ।

उन्होंने कहा कि मोगा हत्या कांड में दो सिख भगवान सिंह और प्रभजोत सिंह भी शहीद हुए, जबकि एक अन्य सिख हरभजन सिंह घायल होकर अस्पताल में है । उन्होंने कहा कि पंजाब में संघ के अधिकारियों में लगभग आधा दर्जन सिख हैं ।

मोगा-हत्या कांड का उल्लेख करते हुए श्री विश्वनाथ ने कहा कि मोगा में संघ-शाखा पर हमला सोची-समझी योजना के अनुसार किया गया । हमलावर दो आतंकवादियों में से एक ने संघ की वर्दी पहन रखी थी यानी नेकर-कमीज, जबकि दूसरे ने पैंट पहन रखी थी । नेकर वाला गोलियां भरकर दे रहा था और पैंट वाला चला रहा था ।

श्री विश्वनाथ ने बताया कि दो जुलाई को मोगा में प्रादेशिक शोकसभा होगी, जिसमें संघ के वरिष्ठ अधिकारी श्री भाऊराव देवरस तथा भाजपा प्रधान श्री एल.के. अडवानी भी शामिल होंगे, जबकि पंजाब के सभी संघ तथा भाजपा नेता भी शामिल होंगे । अन्य पार्टियों के नेता भी भाग लेंगे । उसके बाद साढ़े चार बजे शहीदों की अस्थियां हरिद्वार को रवाना की जाएंगी । अस्थियों का जलूस साढ़े दस बजे जगराओं, 12 बजे मुल्लापुर, 12/45 बजे लुधियाना, 1.45 बजे साहनेवाल, 2 बजे दोराहा, अढ़ाई बजे खन्ना, साढ़े तीन बजे मंडी गोबिन्दगढ़, चार बजे सरहिन्द, साढ़े पांच बजे राजपुरा, सात बजे अम्बाला, साढ़े सात बजे अम्बाला छावनी पहुंचेगा । रात को अस्थियां अम्बाला छावनी में रहेंगी । तीन जुलाई को अस्थियां प्रातः पांच बजे अम्बाला छावनी से रवाना होंगी और यमुनानगर, जगाधरी, सहारनपुर तथा रुड़की होती हुई साढ़े दस बजे हरिद्वार पहुंच जाएंगी, जहां उन्हें गंगा जी में प्रवाहित किया जाएगा ।

श्री विश्वनाथ ने कहा कि मोगा में सी.आर.पी.एफ. की भूमिका बहुत खराब रही । सूचना मिलने के बावजूद वह आतंकवादियों का पीछा न कर सके ।

श्री विश्वनाथ ने संघ के कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया कि वे कथापि उत्तेजित न हों और शांति बनाए रखें । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति "फूट डालो और राज करो" की है, वरना आज तक पंजाब समस्या हल हो जाती । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार में अन्तर समाप्त हो चुका है । आकाशवाणी और दूरदर्शन संघ के विरुद्ध निराधार प्रचार जारी रखे हुए हैं । कांग्रेस स्वयं साम्प्रदायिकता फैलाती है और आरोप हम पर लगाती है । उन्होंने कहा कि संघ की शाखाएं यथापूर्व लगती रहेंगी तथा समाज व देश की एकता का काम करती रहेंगी ।

सोनी के अनुसार श्री विश्वनाथ ने कहा कि संघ की शाखा पर हमला एक सुनियोजित षड्यंत्र था, जिसके अन्तर्गत विघटनकारी शक्तियां तनाव उत्पन्न करके पंजाब में साम्प्रदायिक दंगों की उम्मीद लगाए बैठी थीं, परन्तु हमने ऐसी उत्तेजनात्मक कार्रवाई के बावजूद संयम नहीं खोया और आतंकवादियों के इरादे सफल नहीं होने दिए । उन्होंने कहा कि संघ न तो साम्प्रदायिक है और न किसी साम्प्रदायिक दल विशेष कर शिवसेना या हिन्दू शिव सेना जैसे साम्प्रदायिक संगठनों से उसका कोई सम्बन्ध ही है ।

श्री विश्वनाथ ने कहा कि यह एक कठोर सत्य है कि किसी बुराई को समाप्त करने अथवा उसका मुकाबला करने के लिए बलिदानों की आवश्यकता पड़ती है । संघ ने अपने 19 कार्यकर्त्ताओं का बलिदान दिया है । देश की एकता तथा आपसी भाइचारा बनाए रखने के लिए यदि संघ को और भी बलिदान देने पड़ें, तो हम संकोच नहीं करेंगे ।

श्री विश्वनाथ ने बताया कि मोगा हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलियां अर्पित करने के लिए दो जुलाई को संघ पूरे देश में श्रद्धांजलि दिवस मना रहा है । रस्म भोग पर 9 जुलाई को एक विशेष शोक सभा आयोजित की जाएगी ।

विमान में खराबी

हैदराबाद, 29 जून (वार्ता): बम्बई से कराची जा रहे एयर लंका के एक विमान को कुछ तकनीकी खराबी की वजह से आज सुबह हैदराबाद में उतरना पड़ा । इस पर 124 यात्री सवार थे । विमान सुबह साढ़े 11 बजे यहां उतरा ।

कांग्रेस कमेटी की कन्वैंशन होगी

लुधियाना, 29 जून (आहूजा): जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पहली और दो जुलाई को नौहरिया मल जैन स्कूल (नज़दीक होटल गुलमोहर) में प्रातः 11 बजे एक कन्वैंशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन पंजाब कांग्रेस के प्रधान बेअंत सिंह करेंगे । अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव श्री गुलाम नबी आज़ाद की भी इस कन्वैंशन को सम्बोधित करने की सम्भावना है ।

मिनी रेलवे टाइम टेबल

नई दिल्ली, 29 जून (ह.स.): रेलवे बोर्ड ने एक मिनी टाइम टेबल प्रकाशित किया जो दोहरा हो सकते वाले एक कागज पर छपा है और एक ही नजर में देश की 800 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन, रुकने के स्थानों और समय की जानकारी देता है । एक रुपए के इस टाइम टेबल के साथ रेलवे का मार्ग-मान चित्र भी है ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ सोगा नरसंहार के सन्दर्भ में अमृतसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए । (छाया : रवि)

शाम के भ-(29 जून, एन.एन.एस.)

रिलायंस 130.50, टंच (999) हाजिर (प्रति किलो) 6485, चांदी डिलीवरी 80, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6985, सोना बिस्कुट (10 ग्राम) 3050, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, मिल डिफ: बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 340-344, बनस्पति हरियाणा पंजाब (प्रति टीन) 334-346, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 कि) 149.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 180, मूंगफली (10 किलो) 213, तिल तेल (10 किलो) 195, तेल बिनौला (10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 158, तेलन अखाद्य (10 किलो) 134, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 10, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 121.50, पीपरमैंट (प्रति किलो) जून 255.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 320.00, आंध्र सीमेंट 50, अपोलो टायर 79.50, एशियन होटल 54.00, बिड़ी 93.50, बी.सी.एम. लि. 60.25, बी.सी.एम. टोयोटा बी, ईस्ट इंडिया होटल 55.00, एक्सर्ट्स 58.00, फूड स्पैशल 180.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 120.00, गुजरात 38.50, एच.एम.एम. लि. 189.00 (28/6), हिंदु हो 2.00, हिन्द. एल्युमीनियम 300.00, हिन्द. मोबर 94.00 मोटर 38.50 (28/6), हिन्द डिवैलपर्स 90.00 (2), इंडियन रेयन 84.00 (26/6), जे.के. इंडस्ट्रीज 95.00, मिथैटिक 78.25, के.सी.पी. स्पोट 111.00, कैनबीराफ इंडिया 193.00 (28/6), लार्सन एंड टुब्रो 90.00 (एम.एल. लि. 17.75, महावीर स्पिनिंग 115.00 (9/तंका काटन 81.00, मोदी रबड़ 87.00 मोहन मीकिन 1 (16/6), ओरके मिल्क मिल्स 19.50, ओसवाल एग्रो), रिलायंस इंडस्ट्रीज 130.50, श्रीराम पाइवर्स 40.00 पैट्रो 53.00, स्वदेशी पोलिटैक्स 40.00, टैल्को 962.00 ते स्पोट 1450, वेम आर्गेनिक 167.00, अपोलो ट्यूब 8 (6), अमृत वनास्पति 25.00 (23/6), असिल हाउसिंग 50, एग्रो कैमिकल पंजाब 18.50, बम्बई टायर 59.50 5), बिहार अल्कोय 40.00 (16/6), भारत सीट् 22.25 5), भारत सिंथेटिक 8.00 (22/5), डेल्टन केबल्स 55.00/6), आइशर ट्रैक्टर 86.00 (28/6), आइशर मोटर्ज), इनैक्टा इंडिया 68.00 (20/6), गुजरात कलोरो कैमिकल 75 (26/6), गुजरात हैवी कैमिकल 10.75 (21/6), गुम्ब सीमैंट 15.75 (28/6), गोयट्ज इंडिया 78.00 (2 हुडंडेर इंडिया 103.00 (20/6), हरियाणा पैट्रो 15.00 6), इंडो गल्फ फर्टी 16.50 (26/6), इस्पात इंफाइल्स (28/6), इंडियन एल्युमीनियम 136.00 (16/6), अलायंस 44.00, आई.टी.सी. 110.00, जे.टी.सी. ज्ञानजीत इंडस्ट्रीज 103.00 (16/6), जय प्रकाश इं 13.25 (12/6), जमना आटो 25.00 (23/6), पैट 6.50 (28/6), मंगलम टिम्बर 12.00, मोदी की 3.00 (20/6), नहर स्पिनिंग 282.00 (21/6) ए एंड ए पफरेन 46.00 (28/6), प्रकाश पाइप 50.00, ट्यूब 45.00, रनवैक्सी लेब. 100.00 (20/6) ग्रीन 36.00 (26/6), राजस्थान पैट्रो 30.00, रामा पैट्रो, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील 18.00 (21/6), समतल 0.50, सिंफक इलैक्ट्रानिक 19.50, टाटा पावर 34.00), थापर एंड 36.00 (28/6), तमिलनाड पैट्रो 39.00 हाई. मास्टर शेयर 18.50 (26/6), अपटून कलर 0.50, वरुण क्रिपिंग 23.50 (26/6), ए.पी. रेयन कोलगेट पामोलिव 330.00 (21/6), एस के 3.00 (20/6), इंड सिमेंट 17.00 (26/5) सिन्टेक्स 71.00 (23/5), डायटन बाच 25.75, डी.सी.एम 15.00 (23/5), रिलायंस पैट्रो 43.00

दिल्ली सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3120, सोना बिस्कुट, स्वर्ण आभूषण 2850, चांदी तैयारी 6600, चांदी 00, सिक्का 6900 रुपए ।

काठमांडू स्टाक मार्केट (नेपाल): लिस्टिड : आदि 56.50, बालचैन इंडिया 17.75, आदिनाथ टैक्स 00, बिदल एंड 96.00, भगवति इंड. 52.75, गुप्त 62, चरिन्द्र एंड 49.50 रुपए ।

ग्वालियर स्टैप्स 15.00, ओ.सी.टी.एल. टी.आई. 134.00, इंडिया स्लाईकल्स 64.50 रुपए

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हा 5, चांदी डिलीवरी 6375, चांदी गढ़ती 6400, चांदी क 5, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6985, सोना (प्रति 10 ग्राम) हि 0-3060, सोना स्टैंडर्ड 3130, स्वर्ण आभूषण (22 डी, बिल्ली (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्केट (एन.एन.एस.): रागे (प्रति किलो) 350, सिंकलस प्लेट 405-415, जस्ता न पैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 86.75, ताम्बा 5, ताम्बा तार फूट 74.00, चदरी पीतल 55.00, कतरन 58.00, पीतल घरत फूट 52.00, पीतल पुर्जा 0, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सख्त 24.00, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 58-मीनियम क्वायल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम 36 गेज) 71-74, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.25, यम रॉड 50.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें अल्यूमीनियम तार फूट 43.00 रुपए ।

Punjabi Samachar

संयुक्त कार्यदल की
ारंभ हुई । बैठक में
व एस.के. सिंह और
ामंत्री ल्यू शू छिन
का नेतृत्व कर रहे

का निर्णय प्रधानमंत्री
म्बर में चीन यात्रा के
ल का उद्देश्य सीमा
चीत को आगे बढ़ाना
माहौल बनाए रखना

थे । उनके अलावा
गोपी अरोड़ा, चीन में
थन, विदेश मंत्रालय
म्बियार और सुश्री

प्रवक्ता ने कहा कि
। बातचीत सोमवार
मंडल द्विपक्षीय तथा
करेंगे ।
रतीय शिष्टमंडल के
। भारतीय विदेश
हाल' जाएंगे ।

कहा कि अगले आम चुनावों में देश के 30 प्रतिशत चुनाव क्षेत्रों में इलैक्ट्रानिक मतदान व्यवस्था लागू की जाएगी ।

श्री पेरीशास्त्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ ही पंजाब विधानसभा के चुनाव की सम्भावना को रद्द नहीं किया जा सकता ।

सोनिया गांधी का प्रियंका के साथ अमेठी का दौरा

राय बरेली, 1 जुलाई (ह.स.): प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की पत्नी श्रीमती सोनिया गांधी आज यहां एक दिवसीय दौरे पर आईं और श्री गांधी के अमेठी संसदीय क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर जनसम्पर्क किया । उनके साथ उनकी लड़की प्रियंका भी थी । श्रीमती सोनिया गांधी सोनारी, जामो तथा नौ गिरावां सहित अनेक गांवों में गईं । उन्होंने अपने दौरे के दौरान जरूरतमंद लोगों को कपड़े तथा दवाइयां आदि भी वितरित कीं । श्रीमती गांधी ने विधवाओं, वृद्धों को पैंशन वितरित की और विकलांगों और अग्नि पीड़ित लोगों में 3,56,500 रुपए वितरित किए ।

बी.एस.एफ. व पाक रेंजर्स द्वारा सीमा पर संयुक्त गश्त शुरू

अमृतसर, 1 जुलाई (वा.): सीमा सुरक्षा बल तथा पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर आज से एक साथ समन्वित रूप से 'संयुक्त गश्त' प्रारम्भ कर दी है ।

सीमा सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि यह संयुक्त गश्त अमृतसर, गुरदासपुर तथा फिरोजपुर जिलों से लगने वाली 554 किलो मीटर लम्बी सीमा पर अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्रों में ही की जाएगी ।

यह क्षेत्र सीमा सुरक्षा बल तथा पाकिस्तान रेंजर्स के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से चयन किए हैं । इस संयुक्त गश्त के कार्य को सीमा सुरक्षा बल तथा पाक रेंजर्स के अधिकारियों ने गत 7 जून को वाघा सीमा पर हुई अपनी बैठक में अंतिम रूप दिया था ।

इस बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. (पंजाब) श्री प्रकाश सिंह ने किया, जबकि पाकिस्तान के दल का नेतृत्व मेजर जनरल हकीम अरशात कुरैशी ने किया । श्री

(शेष पृष्ठ 12 पर)

नये राज्यपाल नियुक्त किये गए हैं । वह श्री जगमोहन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो

नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है ।

2 विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या, 2 घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 1 जुलाई (हस., व.): उग्रवादियों ने आज तरनतारन पुलिस जिले के गांव मानोचाहल के निकट सरपंच और एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि आज प्रातः सीमा पर दो घुसपैठिए मारे गए । अन्य स्थानों पर एक युवक का अपहरण कर लिया गया, एक स्कूल के रिकार्ड रूम को जला दिया गया ।

युवक का अपहरण : जालंधर (ह.स.): आज जिला जालंधर के थाना नवांशहर के अंतर्गत गांव ठठियाला के निकट कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सोहन लाल के लड़के सोम लाल उर्फ गोगी का अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि गांव बीरोवाल का निवासी सोम लाल बस की प्रतीक्षा कर रहा था कि कार सवार आतंकवादी, जोकि बलाचौर की तरफ से आए थे, उसको जबरदस्ती कार में डाल कर ले गए । पुलिस ने लड़के की बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है परन्तु अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

बाद में मिली सूचना के अनुसार अपहृत सोम लाल उर्फ गोगी आज रात सुरक्षित घर वापस आ गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

बन्दूक ले गए : आज बाद दोपहर थाना नवांशहर के गांव करीालां में 4 आतंकवादी एक घर से एक एकनाली बन्दूक व 11 कारतूस लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी स्टेनगनों व पिस्तौलों से लैस थे । उन्होंने फरार होने से पहले घर के मालिक अमर सिंह को धमकियां भी दीं ।

स्कूल का रिकार्ड जलाया : कल रात जिला जालंधर के थाना नकोदर के अंतर्गत गांव महिम में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गवर्नमैंट प्राइमरी स्कूल के रिकार्ड रूम को आग लगा दी । पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों ने इस काम के लिए मिट्टी का तेल इस्तेमाल किया प्रतीत होता है । एक बड़ी अलमारी तथा स्कूल का सारा रिकार्ड नष्ट हो गया ।

स्कूटर ले उड़े : कपूरथला की एक खबर में कहा गया है कि कल रात वहां की आदर्श नगर कालोनी में कुछ लोग एक घर के बाहर खड़ा स्कूटर ले कर चम्पत हो गए ।

दो घुसपैठिए मरे : आज प्रातः जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत में दाखिल होने की कोशिश में दो घुसपैठिए मारे गए ।

घायल कर दिया : पंजाब से संवाददाता की सूचना के अनुसार आज बाद दोपहर निकटवर्ती गांव सहासपुर के निकट आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक स्कूटर सवार को घायल कर दिया । बताया जाता है कि गांव के बस अड्डे पर तीन आतंकवादी खड़े थे । जब दो स्कूटर सवार वहां से गुजरे तो उन्होंने गोली चला कर एक को घायल कर दिया । बाद में वह सड़क के साथ लगने वाली नहर की ओर भाग गए । पुलिस सूचना मिलने पर मौका पर पहुंच गई ।

सरपंच व एक अन्य की हत्या : अमृतसर (ह.स.): कुछ उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला तरनतारन में गांव मानोचाहल के निकट दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में से एक की शिनाख्त भूतपूर्व सरपंच मंगल सिंह के रूप में की गई है ।

'हस' के अनुसार मारे गए व्यक्ति विशेष पुलिस अधिकारी थे, उनकी हत्या थाना झब्बाल के गांव छोटा मानोचाहल के निकट की गई । मृतक मंगल सिंह गांव मल्ला करीवाल का भूतपूर्व सरपंच था । मंगल सिंह अपने एक साथी के साथ स्कूटर पर कहीं जा रहा था, जब ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों से लैस 2 उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग की और उनकी हत्या कर दी । उग्रवादी मृतकों की एक राइफल और एक बंदूक भी ले गए ।

ठेका लूटा व जलाया : बाघा पुराना से नि.स. के अनुसार गत रात लगभग 2 बजे 7 आतंकवादियों ने यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव चंद नवां में शराब के एक ठेके में से 8233 रुपए की नकदी लूट ली तथा शराब की बोतलें तोड़ दीं । उन्होंने ठेके के कारिंदों राजेन्द्र कुमार व राजेश कुमार को बुरी तरह पीटा और जाते हुए उन्होंने ठेके को आग लगा दी । बताया जाता है कि आतंकवादी, जो हथियारों से लैस थे, यहां पैदल ही आए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ब्रेंट स्कोक्रापट के साथ हुई उनकी बातचीत के दौरान 22 मई को भारत द्वारा 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र के सफल परीक्षण का भी जिक्र आया । रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने श्री स्कोक्रापट को बताया कि 'अग्नि' का परीक्षण भारतीय वैज्ञानिकों के प्रयासों का प्रौद्योगिकीय प्रदर्शन था ।

श्री पंत ने कहा हमें अपने संसाधनों के इस्तेमाल से प्रौद्योगिकी विकसित करने का अधिकार है । यह फैसला हमें ही करना है कि हम अपने संसाधनों का उपयोग कैसे करें । रक्षा मंत्री स्पष्टतः इस सम्बन्ध में अमरीका द्वारा की गई आलोचना पर टिप्पणी कर रहे थे । उन्होंने कहा कि एक ऐतिहासिक अनुभव से हमें सबक मिला है कि हमें एकजुट रहना चाहिए, अपनी रक्षा तैयारियों में ढील नहीं आने देनी चाहिए और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी जुटानी चाहिए । रक्षा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपनी रक्षा व्यवस्था में जिस बुनियादी बात पर विशेष जोर दे रहा है, उसे न तो कभी चुनौती दी जा सकती है और न ही कभी चुनौती दी गई है ।

AHORE)
CE
as under :
7.7.89 to
8.89.
12.7.89 :
ding Home
ntal).
positions,
been our
l stocked
cious play
office on
st.

पत्राचार पाठ्यक्रम निदेशालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

प्रवेश सूचना

दिल्ली में जाने-माने सबसे पुराने न्यू भंडारी अस्पताल
चौक मोनी, अमृतसर का नया सैंटर कामयाबी के साथ चल रहा है ।
पता : J-153, राजौरी गार्डन, पीछे मेन पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस
नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110027, फोन : 5454100

Punjabi Samachar

उस समय भीगी आंखों से श्रद्धांजलि
हर में पहुंचा । श्रद्धांजलियां अर्पित
श्री लाजपतराय, प्रो. लक्ष्मी कांता
दी, श्री मूलचंद कुमरा, श्री जगदीश
(छाया : कम्बोज)

यां लुधियाना में

इस मौका पर बोलते हुए कहा कि आज
कभी गद्दार, कभी खालिस्तान समर्थक
दपुर साहब प्रस्ताव का समर्थक कहने
व गांधी ने 1984 में जरनैल सिंह
को संत और धार्मिक विचारों वाला
था । हम राजीव गांधी से पूछना चाहते
की समस्या को क्यों उलझा रहे हो और
खून करवा रहे हो । यह अस्थियां युवकों
जाब की अस्थियां हैं । जिला इंका के
जौहर भी श्रद्धांजलि भेंट करने आए ।
ा कि जिस मंच पर प्रधानमंत्री राजीव
रूढ़ विषवमन हुआ है, उस मंच पर मैं
चाहता । इस पर लोगों ने गो बैक के
। बताया जाता है कि धक्का-मुक्की भी
नसे माइक छीन लिया गया । बाद में
सुरक्षा में उनको बाहर लाया गया ।

कारी छात्रों
ी पेशकश

एक विधायक को इसी जुर्म में आठ वर्ष के
ही सजा दी गई ।
में व्यापक रूप से फैला भ्रष्टाचार उन
स्याओं में से एक है, जिनके कारण पार्टी
नता का विश्वास कम हुआ और देश में
छात्र आंदोलन की मांगों में भ्रष्टाचार
रने की मांग भी शामिल थी । पार्टी
जियांग जेमिन ने कल कहा था कि
समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी में
र व्यापक फेरबदल की ज़रूरत है ।
सरकारी समाचारपत्रों ने नवनियुक्त
जियांग तथा पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों
ई बैठक का विवरण प्रकाशित किया है,
सार श्री जियांग ने कहा, "कामरेड झाओ
पार्टी के गठन को अनदेखा किया और पार्टी
क्षमता नष्ट हुई, जिसके गम्भीर नतीजे

ेता तंग श्याओ फिंग ने आरोप लगाया
ओ के ढीलेपन के ही कारण पार्टी तथा
ाज में समाजवाद-विरोधी विचारों को
मौका मिला और छात्र-आंदोलन के लिए
पैदा हुई ।
ोच 20 मार्क्सवादी सिद्धांतकारों ने आरोप
श्री झाओ के कार्यकाल में जनसंस्कृति का
। उन्होंने इसकी निन्दा करते हुए इस
सुधार का आह्वान किया ।

चीनी छात्र नेताओं को फ्रांस में
: पैरिस : चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के
महासचिव झाओ जियांग के सलाहकार
श्री नेता येन च्याछी और चीनी छात्रों के नेता
को फ्रांस में अस्थायी तौर पर शरण मिल गई
जानकारी आज यहां विश्वसनीय सूत्र ने

सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : 4 घुसपैठिए मारे गए

सनौर रोड डकैती में लूटे गए 80 हज़ार रुपए बरामद, 2 लुटेरे बंदी

4 आतंकवादी मुठभेड़ में मरे : 2 पुलिस कर्मी घायल

चंडीगढ़, 2 जुलाई (वा., ह.स.): आतंकवादियों ने गत रात के बाद से 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 4 घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 4 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए ।

अपहरण के बाद हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के थाना मेहता के गांव ढंडेल कलां में आतंकवादियों ने एक सरपंच रंधीर सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया और बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

कल रात आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला में दो विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी । मृतकों में से एक का नाम मंगल सिंह था ।

3 आतंकवादी मारे गए : आज थाना हरिके के अंतर्गत गांव करमोवाल के निकट एक मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए तथा 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए । पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस की एक पार्टी 2 आतंकवादी कैदियों को हथियार आदि बरामद करने के लिए एक गांव में ले जा रही थी । एक नाले के पुल के नीचे छिपे आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में दोनों कैदी आतंकवादी तथा एक अन्य आतंकवादी मारा गया । दो घायल पुलिस कर्मियों के नाम मेजर सिंह और सर्वजीत सिंह बताए गए हैं । उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस पार्टी का नेतृत्व कर रहे अब्बाल तथा वैरोवाल के एस.एच.ओ. बाल-बाल बच गए ।

तरनतारन के पुलिस प्रमुख बलदेव सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए दो उग्रवादी गत दिनों खडूर साहिब गांव के निकट से गिरफ्तार किए गए थे । गिरफ्तारी के समय उनसे दो चीनी असाल्ट राइफलें मिली थीं । उन्होंने बताया था कि उन्होंने मंड क्षेत्र के एक गांव में शस्त्र छिपा रखे हैं ।

मारे गए 3 उग्रवादियों में से 2 की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरमीत सिंह उर्फ राजू और सर्वजीत सिंह के रूप में की गई है, जो स्वयंभू एरिया कमांडर प्रगट सिंह के नेतृत्व में कार्य करते थे ।

महिला की हत्या : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के अंतर्गत गांव सेखवां में गत रात दो अज्ञात सशस्त्र लोगों ने जबरी एक घर में घुस कर फायरिंग करके एक महिला श्रीमती नरेन्द्र कौर (34) पत्नी श्री चनन सिंह की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हत्यारे रात लगभग दो बजे घर में घुसे और हत्या करके फरार हो गए । हत्या के लिए चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की गई है और इसके बीस चले कारतूस मौका पर मिले हैं ।

2 घुसपैठिए मारे गए : गत दिवस डेरा बाबा नानक सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में 2 घुसपैठिए मारे गए ।

लाश मिली : जालंधर (ह.स.): आज प्रातः जिला जालंधर के थाना शाहकोट क्षेत्र में पुलिस ने एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की । लाश की पहचान बलबीर सिंह उर्फ बल्ली पुत्र बंता सिंह के रूप में हुई है । बलबीर सिंह का कुछ दिन पहले जिला कपूरथला के थाना सुलतानपुर लोधी के गांव भरोवाल में उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

दो घुसपैठिए मरे : अधिकृत सूत्रों ने बताया कि आज भारत-पाक सीमा पर फाजिल्का सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । उनका एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों सिमरजीत सिंह, राम सिंह तथा अमरपाल को गिरफ्तार किया जबकि वह डाका डालने की योजना बना रहे थे ।

भटिंडा पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया ।

2 कट्टर आतंकवादी पकड़े गए : अबोहर (सदोष): शनिवार की रात को अबोहर-श्रीगंगानगर रोड पर सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद दो कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार हीरो होंडा पर सवार दो आतंकवादियों को रुकने के लिए संकेत किया तो उन्होंने गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी घायल हो गया तथा दूसरा भी मोटर साइकिल से गिर पड़ा क्योंकि मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गया था । पकड़े गए आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी । इस घटना से श्रीगंगानगर में चिंता पैदा हो गई है क्योंकि केंद्रीय कृषिमंत्री भजन लाल और मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की यात्रा के दृष्टिगत वहां अत्यन्त कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं ।

आतंकवादी घायल : होशियारपुर से 'सूद' के अनुसार कल रात 8.30 बजे के करीब एक गश्त कर रही पुलिस पार्टी को चंदरवाह पुल पर दो संदिग्ध व्यक्ति नजर आए । गश्ती पार्टी ने उन्हें ललकारा जिस पर उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जब जवाबी फायरिंग की तो उनमें से एक घायल हो गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गया । घायल आतंकवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उसका नाम अमरजीत सिंह उर्फ बैंगन बताया जाता है । उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल व 10 कारतूस बरामद किए गए । थाना तलवाड़ा में इस आतंकवादी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है । उसके फरार हुए साथी की तलाश जारी है ।

आतंकवादी मारा गया ? : 'ह.स.' के अनुसार आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ बैंगन की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मृत्यु हो गई ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार : आज प्रातः जिला रोपड़ के गांव मौली वैदां में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के बाद पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनसे एक 32 बोर पिस्तौल, 2 बंदूकें व कारतूस बरामद किए गए । उनकी पहचान अवतार सिंह, गुरमीत सिंह, महेन्द्रपाल सिंह व प्रीत महेन्द्र सिंह आदि के रूप में हुई है ।

लुटेरे गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि दो आतंकवादी लुटेरे जोकि गत मास तीस जून को सनौरी रोड पर लूट की सनसनीपूर्ण वारदात के लिए जिम्मेदार थे, पटियाला पुलिस ने काबू कर लिए हैं । इस केस में एक आढ़ती कुलवंत राय से 1 लाख रुपए छीन लिए गए थे । पकड़े गए आतंकवादियों के नाम कुलबीर सिंह और बलविंदर सिंह हैं । कुलबीर सिंह से एक 12 बोर की पिस्तौल, 30 हजार रुपए नकद बरामद किए गए जबकि बलविंदर सिंह से 32 बोर का रिवाल्वर, 6 कारतूस, एक चोरीशुदा स्कूटर व 50 हजार रुपए नकद बरामद हुए ।

भाजपा अमृतसर शहर की चारों विधानसभाई सीटों पर चुनाव लड़ेगी

अमृतसर, 2 जुलाई (वर्मा): भाजपा के निकटवर्ती क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा अमृतसर की लोकसभा सीट के अतिरिक्त चारों विधानसभाई सीटों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े करेगी । इस सम्बन्ध में सभी कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वे जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दें । जहां तक हल्का उत्तरी का सम्बन्ध है, 1985 में कांग्रेस के वर्तमान सदस्य श्री बृज भूषण मेहरा ने पंजाब भाजपा के प्रचारमंत्री श्री सतपाल महाजन को हराया था । सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार भी यहां पार्टी टिकट श्री महाजन को ही देगी । श्री महाजन एक बेदाग व सुलझे हुए राजनीतिज्ञ हैं । यद्यपि इस हल्के से श्री ओम प्रकाश कालिया व राकेश शालीवान भी उम्मीदवार हैं लेकिन टिकट श्री महाजन को ही मिलने की सम्भावना है । श्री राकेश शालीवान भाजपा उपप्रधान डाक्टर बलदेव प्रकाश का बेटा है । इसी तरह हल्का केन्द्रीय से कांग्रेस के प्रोफैसर दरबारी [illegible] मुकाबले में भाजपा वाले किसी मजबूत उम्मीदवार की तलाश में हैं जबकि हल्का पश्चिमी में स. महंगा सिंह सैनी पर जोर डाला जा रहा है कि वह भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ें । जहां तक अमृतसर संसदीय सीट का सवाल है, भाजपा वाले अभी तक कोई फैसला नहीं कर पाए कि कौन इस सीट पर चुनाव लड़े लेकिन राजनीतिक पंडितों का कहना है कि टिकट डाक्टर बलदेव प्रकाश को ही दी जाएगी । यद्यपि इस सीट के लिए श्री देवदत्त शर्मा व श्री ओम प्रकाश कालिया टिकट के इच्छुक हैं लेकिन भाजपा वाले समझते हैं कि केवल डाक्टर बलदेव प्रकाश ही इस सीट पर कांग्रेस (इ) के उम्मीदवार श्री आर.एल. भाटिया को टक्कर देने की स्थिति में हैं ।

91 बाराती बीमार

नई दिल्ली, 2 जुलाई (ह.स.): दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र में कल रात विषाक्त खाद्य पदार्थ खाने से 91 बाराती बीमार पड़ गए ।

125 संसदीय क्षेत्रों में इलैक्ट्रानिक मतदान मशीनों का प्रयोग हो सकेगा

[illegible] किया गया है । एक्सेल मशीन की कीमत पांच हजार

Punjabi Sanatan

पंजाब में 6 उग्रवादी मुठभेड़ों में मरे : हॉकर सहित 2 की हत्या

चंडीगढ़, 3 जुलाई (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर मुठभेड़ों में 6 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 आतंकवादी जेल से फरार हो गए । एक हॉकर समेत 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । जिला अमृतसर में 15 खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया गया ।

हॉकर की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज सीमांत कस्बा अटारी के निकट भोरेवाला ड्रेन के पास आतंकवादियों ने एक समाचारपत्र हॉकर राम किशन की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि हॉकर चौगावां से अटारी आ रहा था जब दो आतंकवादियों ने उसे घेर कर गोलियां मारीं जिससे वह मौके पर ही मर गया ।

लाश मिली : : आज सुबह थाना व्यास के कस्बा रैय्या के निकट एक लाश बरामद हुई । पुलिस जांच कर रही है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक का नाम सुरजीत सिंह है तथा वह बढ़ई का काम करता था ।

20000 रुपए लूट लिए : दो उग्रवादियों ने आज सायं तरनतारन से पट्टी जा रही एक प्राइवेट बस में यात्रा कर रहे गुरदीप सिंह नामक एक यात्री से 20000 रुपया लूट लिया । बताया गया है कि बस में सवार दो उग्रवादियों ने ड्राइवर को गांव रसूलपुर के निकट बस रोकने के लिए कहा । बाद में उग्रवादियों ने धान बेच कर घर लौट रहे गुरदीप सिंह को अपनी सारी नगदी उनके हवाले करने के लिए कहा । 20000 रुपए लूटने के बाद उग्रवादी भाग गए ।

15 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान के कार्यालय से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज दर्जन पुलिस थानों जंडियाला, व्यास, मेहता, अजनाला, रमदास तथा कत्थूनंगल की पुलिस ने छापे मार कर 15 खतरनाक आतंकवादियों और उनके साथियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में हारा सिंह बनछड़ी, मलकीयत सिंह तिम्मोवाल, मनजीत कौर विधवा मनी सिंह बनछड़ी, हीरा सिंह नूरपुर, हरजिन्दर सिंह उर्फ बाबा वासी बाबा बकाला, जसबीर सिंह उर्फ टोडी बुटाला, दलबीर सिंह बाबा बकाला, जसबीर सिंह लोहगढ़, सविन्दर सिंह तरसिक्का, बिन्दर सिंह कथामपुर, हरजीत सिंह कोटली अलीवाल, अमरीक सिंह कोटली अलीवाल, मनजीत सिंह कोटली सदर और बलदेव सिंह मतेवाल शामिल हैं । इनसे बरामद हुए शस्त्रास्त्रों में 303 राइफल 1,.315 बोर राइफ 1, एच.ई. 36 हथगोले 2,.12 बोर की बन्दूकें 3,303 और .12 के पिस्तौल 6, विभिन्न बोरों के कारतूस 60 शामिल हैं । उनसे एक बजाज चेतक स्कूटर भी बरामद किया गया । इनसे प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि उन्होंने पिछले कुछ समय में कई हत्याएं व राहजनियां की हैं ।

2 आतंकवादी मारे गए : पटियाला (भूषण): गत रात यहां से लगभग 25 किलो मीटर दूर थाना घनौर के गांव हरीपर झुग्गियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । बताया जाता है कि सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी गश्त पर थी कि उसने 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों को आते देखा । उन्हें चुनौती दिए जाने पर वह गोलियां चलाने लगे । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोलीबारी की जिससे वह दोनों मारे गए । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा एक चोरीशुदा स्कूटर बरामद हुआ ।

छीना-झपटी की वारदात : आज प्रातः 10 बजे के लगभग दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने मास्टर अमरीक सिंह तथा उनकी पत्नी से जेवर व नकदी छीन ली, जबकि वे पैदल ही गांव दर्शनी से सरहिंद जा रहे थे ।

कट्टर उग्रवादी मारा गया : आज प्रातः जिला जालन्धर के थाना फिल्लौर के गांव मंडी के निकट मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया । उसके दो साथी बच कर निकल जाने में सफल हो गए । घटनास्थल पर एक थामसन गन और कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

'तरसेम' के अनुसार पुलिस का कहना है कि मृतक आतंकवादी उस गिरोह का सदस्य था जिसने गत दिनों फिल्लौर के करीबी गांव रायपुर खुर्द के समीप लुधियाना के दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

रायपुर में आतंकवादी मरा : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि कल रात थाना रायपुर के क्षेत्र में दो आतंकवादियों को जब पुलिस की गश्ती पार्टी ने ललकारा तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस की जवाबी फायरिंग से उनमें से एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गया । फरार होने वाला आतंकवादी एक पिस्तौल छोड़ गया जबकि मरने वाले आतंकवादी के कब्जे से फोल्डिंग स्टेनगन बरामद की गई ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव रामपुरा तलवाड़ा के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि गत आधी रात के समय आतंकवादियों के एक ग्रुप ने थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पर फायरिंग की तो वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने साहसपूर्वक उनका मुकाबला किया जिसपर आतंकवादी भाग उठे । पुलिस व बी.एस.एफ. ने उनका पीछा किया और गांव रामपुरा तलवाड़ा के निकट फिर मुठभेड़ हो गई जिसमें 2 आतंकवादी मारे गए व बाकी अंधेरे में भाग गए । घटनास्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के.47, इसके तीन भरे हुए मैगजीन, काफी मात्रा में चले कारतूस, एक राकेट लांचर, 3 राकेट शैल, 2 सायनाइड जहर के पैकेट, 2 बैल्ट और एक के.एल.एफ. आतंकवादी संगठन का पत्र मिला है जिसपर लिखा था कि गत 30 जून को इस क्षेत्र में बंद को असफल किए जाने के लिए ही यह हमला किया गया है । उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला में बंद प्रभावहीन रहा था । दोनों मृतक आतंकवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

2 गिरफ्तार : गत रात जिला फिरोजपुर में एक मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों रूप सिंह व अमरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनसे एक 12 बोर की पिस्तौल तथा एक मोटर साइकल बरामद हुआ । मुठभेड़ में रूप सिंह घायल हो गया ।

अमरजीत नहीं मरा : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज इस बात का खंडन किया कि कल लुधियाना के गांव धंदारा में आतंकवादी अमरजीत सिंह मुठभेड़ में मारा गया था । उसने कहा कि अमरजीत सिंह को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया था ।

नकदी लूटी : कपूरथला (शर्मा): महा सुलतानपुर रोड पर स्थित स्वर्गीय श्री चिलोकी नाथ की कोठी की ऊपरी मंजिल में रह रही उनकी बुजुर्ग विधवा श्रीमती सुरक्षा रानी को गत दोपहर लगभग 12 बजे दो नवयुवक पिस्तौल दिखा कर 22000 रुपए छीन कर ले गए तथा धमकी दे गए कि शोर करने पर उसको समाप्त कर दिया जाएगा । इस कोठी की निचली मंजिल में एन.सी.सी. का कार्यालय है । कोठी के निकट काफी आबादी है । इस लूटी ने शोर नहीं मचाया । सायं पुलिस को सूचना दी गई । श्रीमती सुरक्षा रानी ने एक नवयुवक को पहचान लिया जोकि जालन्धर का रहने वाला है । दोनों नवयुवक पैदल आए तथा पैदल चले गए ।

कानून व्यवस्था की समीक्षा : फरीदकोट (गुप्ता): पंजाब पुलिस के इंस्पैक्टर जनरल श्री आर. जोशी गत सायं फरीदकोट आए तथा यहां पहुंचने के तुरन्त बाद उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ 25 जून के मोगा नरसंहार के बाद जिला की कानून व्यवस्था की हालत पर बंद कमरे में मंत्रणा की । पता चला है कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महत्वपूर्ण स्थानों पर ज्यादा चैक पोस्टें कायम करने का निर्देश दिया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों पर नियंत्रण किया जा सके । श्री जोशी ने स्थानीय समाचार पत्र एजैंटों व हॉकरों की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबन्धों का भी जायजा लिया ।

2 आतंकवादी जेल से फरार : फगवाड़ा (रोकश): आज तड़के थाना बंगा जिला जालन्धर की जेल से 2 कथित आतंकवादी जेल की दीवार तोड़ कर फरार हो गए । बताया जाता है कि उक्त दोनों आतंकवादियों को पुलिस ने रिमांड लेकर जेल में रखा हुआ था । इन आतंकवादियों के नाम कर्मजीत सिंह गांव नगलसेड़ा थाना फगवाड़ा तथा केवल सिंह उर्फ बिल्ला गांव कुरानी जिला रोपड़ बताए जाते हैं ।

12462 रुपये लूटे : 'कौड़ा' के अनुसार आज बाद दोपहर फगवाड़ा गैस एजैंसी के खजांची गुरमीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर दो आतंकवादियों ने 12462 रुपये लूट लिए तथा वहां से एक ब्राहक के स्कूटर पर फरार हो गए । बाद में यह स्कूटर चाचोवाही नहर के पास पड़ा पाया गया । इसके अलावा जारी हुए इन आतंकवादियों ने एक पत्र फीवा जिलसे गैस एजैंसी के मालिक परविन्दर सिंह को धमकी दी गई है कि यदि उसने पुलिस को सूचना दी तो उसकी परिवार सहित हत्या कर दी जाएगी । पत्र खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की ओर से लिखा गया है ।

एक अन्य वारदात में गांव जगत पुर जट्टां के निकट एक औरत की सोने की बालियां छीन ली गई ।

जवान घायल : गुरदासपुर (विनोद): कल रात लगभग अढ़ाई बजे भारत-पाक सीमा पर कमालपुर क्षेत्र में दो आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीमा सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया । ये आतंकवादी पाक क्षेत्र से भारत में दाखिल हो रहे थे । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने से एक आतंकवादी भी घायल हुआ लेकिन वह अपने साथी की मदद से पुनः पाकिस्तान भाग जाने में सफल रहा । ये आतंकवादी एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 700 कारतूस, दो मैगजीन, दो पगड़ियां तथा जूते व अन्य सामान भी छोड़ गए ।

पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव रामपुरा-तलवाड़ा के निकट मुठभेड़ में मारे गये दो आतंकवादियों से बरामद हथियार, गोली-सिक्का, राकेट तथा विस्फोटक सामग्री । (छाया : पं.के.)

वीरबहादुर सिंह अपने 'पारिवारिक मोर्चे' की अवहेलना नहीं करते रहे थे

लखनऊ, 3 जुलाई (स्टे.): केंद्रीय संचार मंत्री श्री वीर बहादुर सिंह की मौत के कुछ दिन बाद उनके छोटे भाई फतेह बहादुर सिंह ने घोषणा की थी कि वे आजन्म हीन हो गए हैं तथा उनके पास 'एक भी पैसा' नहीं है । इस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने श्री सिंह के परिवार को लखनऊ के विभिन्न इलाकों में रहने की अनुमति दे दी व बेटे के नाम विधिवत आवंटन किया गया । एक वरिष्ठ मंत्री ने यह घोषणा कर दी कि श्री सिंह के परिवार का पूरा ध्यान रखा जाएगा ।

दिवंगत नेता के परिवार के प्रति सहानुभूति दिखाने के लिए राज्य सरकार अपने स्थान पर सही है, पर यह नहीं कहा जा सकता कि श्री वीर बहादुर सिंह अपने 'पारिवारिक मोर्चे' की अवहेलना करते रहे हैं ।

गोरखपुर के ठीक बीचों-बीच जहां श्री वीर बहादुर सिंह का चुनाव क्षेत्र है वहां एक बहुमंजिला व्यापारिक परिसर 'बलदेव टावर' बना हुआ है । इसका निर्माण व विक्रय योगेश्वर दयाल द्वारा कराया जा रहा है जो श्री वीर बहादुर सिंह के यू.पी. के मुख्यमंत्री काल में उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार का स्थायी वकील था । भवन तथा भूमि के असली मालिक का चाहे पता न चले पर सरकारी रिकार्ड में श्री वीरबहादुर सिंह की पत्नी श्रीमती चम्पा देवी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, का नाम अवश्य लिखा हुआ है ।

श्रीमती चम्पा देवी ने 11 मई 1988 को एक 'एफीडेविड' देकर भूमि बारे सभी अधिकार योगेश्वर दयाल को दिए थे । 'एफीडेविड' के अनुसार वह भूमि पर अस्थायी या स्थायी निर्माण कर सकता था, भूमि को 'मोर्टगेज' कर सकता था, पर प्राप्तियों में श्रीमती चम्पा देवी के हस्ताक्षर समाप्त किया कर दिया था तब अपनी इच्छानुसार यह सम्पत्ति बेचना, सुपेयार तथा फतेह बहादुर (दोनों श्री वीरबहादुर सिंह के पुत्र) को बेच रहा है । अन्ततः 23 अप्रैल 1988 को रजिस्ट्री हुई थी । गोरखपुर में एक अन्य मंगले के सौदे में भी श्रीमती चम्पा देवी का नाम है । सौदे के अनुसार वास्तविक मालिक श्री बृज मोहन सहाय ने 1986 में यह बंगला चम्पा देवी को 80000 रु. में बेचा था । श्री सहाय ने यह भूमि लीज पर प्राप्त की थी व इसे श्रीमती चम्पा देवी के नाम स्थानांतरित करने हेतु सरकार से अनुमति ली थी । इसके अलावा कृषि भूमि के प्रति भी इस परिवार का 'आकर्षण' रहा है ।

इस परिवार की बम्बई में भी एक व्यापारिक परिसर में भागीदारी के आरोप लगाए जा रहे हैं । इस बारे एक आजाद विधायक हरिशंकर तिवारी ने आरोप लगाए थे पर आरोपों का प्रमाण कोई नहीं है ।

यह भी पता चला है कि स्थानीय कुछ 'किंग मेकर' श्री वीर बहादुर सिंह के पुत्र फतेह बहादुर सिंह की आयु अधिक कराने के प्रयास में हैं । इस समय उसकी आयु 18 वर्ष है अतः वह चुनाव नहीं लड़ सकता है । इन लोगों ने उच्चतर शिक्षा सचिव को कहा था कि वे फतेह बहादुर सिंह की आयु बढ़ाने के लिए उसकी जन्म तिथि 1972 से बदलकर 1962 कर दें । सचिव ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया तथा पता चला है कि अब उसे तंग किया जा रहा है ।

यदि मान लें कि झूठ को सच बना ही लिया जाता है तो अधिकारियों को राज्य विधानसभा में एक दुष्कर कार्य करना होगा क्योंकि 1966-68 में

महिला द्वारा भवन से कूद कर आत्म हत्या

नई दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता): शिक्षा मंत्रालय में कार्यरत एक महिला रीटा टंडन ने आज प्रातः शास्त्री भवन की तीसरी मंजिल से कूद कर आत्म हत्या कर ली ।

केंद्रीय गृहमंत्री (ऊपर) श्री बूटा सिंह सोमवार करते हुए । उनके साथ मंच पर सांसद श्री दिखाई दे रहे हैं तथा (नीचे) रैली में उपस्थित

मोगा नरसंहार के वि के दौरान हिंसा, पुलि

बम्बई, 3 जुलाई (ह.स.): मोगा नरसंहार के विरोध में सोमवार को महाराष्ट्र बंद के दौरान बुलढाना जिले के चिखली क्षेत्र में हिंसा पर उतारू लोगों को खदेड़ने के लिए पुलिस द्वारा गोली चलाई गई और परिणामस्वरूप तीन लोगों की मृत्यु हो गई । प्रदेश के मुख्य सचिव श्री डी.एम. सुकथांकर ने यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि पुलिस ने संघर्षरत दो गुटों को खदेड़ने के लिए यह कार्रवाई की । बंद का आह्वान शिवसेना, भाजपा तथा आर.एस.एस. ने संयुक्त रूप से किया था । कुल मिला कर बंद पूर्ण रूप से सफल रहा ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बुलढाना जिले के चिखली गांव में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता हिंसा पर उतर आए । घटना के समय इन लोगों का जलूस एक धार्मिक स्थल के सामने से गुजर रहा था । जलूस में शामिल लोगों पर जब इस धार्मिक स्थान से पत्थर फैंके गए तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया लेकिन स्थिति नियंत्रित न होते देख पुलिस ने फायरिंग की ।

लिस उन आतंकवादियों का अभी हीं लगा सकी, जिन्होंने कल एक लिय से 2,07,114 रुपए लूट

त्र उग्रवादियों की भारत में श नाकाम : अमृतसर (ह.स.): ने खेमकरण सैक्टर में मियाविंड ी के निकट शस्त्रों से लैस 13 दल द्वारा घुसपैठ करने के इरादे या ।

बल के उप-महानिरीक्षण श्री ताया कि करीब 55 मिनट तक ाद आतंकवादियों के इस दल को खदेड़ दिया गया । उन्होंने बताया ूसी के हताहत होने की खबर नहीं से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के तूस और तीन भरी हुई मैगजीनें । श्री बलकार सिंह ने बताया कि हे आतंकवादियों का हाल के वर्षों ा यह सम्भवत: सबसे बड़ा प्रयास जाता है कि आतंकवादियों का यह जरों की मिलीभगत से भारत में र रहा था । सीमा सुरक्षा बल से संबंधित कमांडैंट इस घटना पर पाकिस्तान के संबंधित कमांडैंट से विचार-विमर्श करने के लिए सम्पर्क कर रहे हैं ।

2 घुसपैठिए मरे : गत रात अमृतसर सैक्टर में राजा ताल सीमा चौकी क्षेत्र में 2 घुसपैठिए बी.एस.एफ. 51 बटालियन के साथ मुठभेड़ में मारे गए । बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि घुसपैठियों ने, जोकि सीमा पार लगी कांटेदार तारों को पार कर रहे थे, बी.एस.एफ. के जवानों द्वारा ललकारे जाने पर गोली चला दी । जवानों की जवाबी फ़ायरिंग में दोनों मारे गए ।

3 व्यक्तियों की हत्या : भटिंडा (ग्रोवर): गत रात यहां से 35 किलोमीटर दूर गांव माइसर खाना में 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके के तीन कर्मचारियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । खबरों के अनुसार हत्यारों ने गांव में एक व्यक्ति से रिवाल्वर छीना तथा शराब के ठेके पर हमला कर दिया । एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ घटनास्थल पर चले गए । मारे गए दो व्यक्तियों के नाम नरसी कुमार और अंचल हैं । तीसरा एक मज़दूर था, जोकि सम्भवत: उत्तर प्रदेश का है ।

निजी शत्रुता : भटिंडा के एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर ने कहा है कि जिला अटारी श्री मटकान पर हमले के पीछे निजी शत्रुता होने की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती । उन्होंने कहा कि श्री मटकान कभी भी किसी आतंकवादी मामले से संबंधित नहीं रहे । पुलिस विभिन्न थ्यूरियों पर काम कर रही है तथा जांच जारी है ।

इंस्पैक्टर की हत्या : धरनाला (सिधवानी): यहां से 18 किलोमीटर दूर गांव खेड़ी थाना शेरपुर में तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों के हाथों पैप्सु रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन के इंस्पैक्टर दलीप सिंह की हत्या किए जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि तीन स्कूटर सवार युवक दलीप सिंह के घर आए । एक बाहर स्कूटर के निकट खड़ा रहा जबकि 2 घर के अंदर चले गए । उन्होंने दलीप सिंह से उसका लाइसैंसी पिस्तौल मांगा । दलीप सिंह उन दोनों में से एक को जानता था । उसने कहा कि पिस्तौल भी मिल जाएगा, पहले बैठ कर चाय पानी पी लो । दलीप सिंह की कोशिश यह थी कि वह अपना पिस्तौल उठा कर उन पर हमला कर देगा । दोनों आतंकवादी उसकी नीयत को भांप गए, अत: एक ने दलीप सिंह को जफ्फा डाल लिया । जैसे ही एक ने उसे अपनी बांहों में जकड़ा, दूसरे ने तुरंत उस पर गोली चला दी । दलीप सिंह के गिरते ही दोनों उसका पिस्तौल उठा कर भाग निकले । बाद में दलीप सिंह को संगरूर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । थाना शेरपुर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

सेखा रेलवे फाटक बरनाला के बंद फाटक पर फाटक खुलने की इंतज़ार में खड़े डाक्टर रामचरण का बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.आई.सी. 336 दो युवकों ने धमकी देकर छीन लिया और फ़रार हो गए । बरनाला पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : गत रात जिला संगरूर में बिशनपुरा गांव में कुछ व्यक्तियों ने गोलियां मार कर दो व्यक्तियों हरजिन्दर सिंह व गुरदेव सिंह की हत्या कर दी ।

बटाला (कोछड़): गत सायं थाना सदर बटाला के अंतर्गत शुगर मिल एरिया में सतनाम सिंह से दो अज्ञात व्यक्ति उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.ए.जी. 116 छीन कर ले गए ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ़्तार : हरयाना (बीरेन्द्र): पुलिस ने आज प्रात: ददयाना चौ के निकट नाकाबंदी के समय एक संदिग्ध व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह गांव अरगोवाल को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 303 के 5 राऊंड बरामद किए । उससे कुछ और गोली सिक्का तथा चोरी का माल बरामद होने की सम्भावना है । उसने आभूषण चुराने की कई वारदातें करने की स्वीकारोक्ति की है ।

राजपुरा (मासूम): पुलिस ने यहां से 4 कि.मी. दूर गांव खड़ौली के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति गुरचरण सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 315 बोर का पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए ।

लाश नहर से मिली : समराला (संवाददाता): यहां की एक कपड़े की दुकान के मालिक का शव नहर सरहिन्द में से दोराहा के समीप से बरामद होने का समाचार है । ये दुकानदार गत दो जुलाई से लापता था । इसकी मृत्यु के कारणों का पता नहीं लग सका है ।

बसों पर पाबंदी : लुधियाना से नेपाल के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके

(शेष पृष्ठ 10 पर)



ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर पाकिस्तान की प्रधान
स्थित प्रधानमंत्री निवास स्थान 10, डाऊनिंग स्ट्रीट

बेनजीर द्वारा हथियार लिए भारत-पाक व

लंदन, 8 जुलाई (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने भारतीय उपमहाद्वीप में हथियारों की होड़ रोकने के लिए भारत तथा पाकिस्तान के बीच सीधी वार्ता का फिर से आह्वान किया है ।

उन्होंने कल सवाल किया कि यदि अमरीका और सोवियत संघ शस्त्र नियंत्रण सम्बन्धी बातचीत कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते । हथियारों पर अधिकाधिक खर्च करना हमारी मजबूरी नहीं होनी चाहिए जबकि और बहुत से ऐसे कार्य हैं जिन पर धन खर्च किया जाना चाहिए । ब्रिटेन के सम्पादकों और पत्रकारों के साथ कल नाश्ते पर हुई बैठक में श्रीमती भुट्टो ने ये विचार प्रकट किए ।

श्रीमती भुट्टो ने कहा : मैंने शस्त्र नियंत्रण और परमाणु अप्रसार जैसे मसलों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए प्रस्ताव रखा है और भारत से इस सम्बन्ध में जवाब मिलने की उम्मीद है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र बहाल होने के बाद से भारत से उसके सम्बन्धों में महत्वपूर्ण सुधार आया है लेकिन भारत के क्षेत्रीय महाशक्ति के रूप में उभरने से पाकिस्तान की चिंता बढ़ी है । इस बैठक के बारे में आज अखबारों ने लिखा है कि श्रीमती भुट्टो ने भारत के 'अग्नि' प्रक्षेपास्त्र, श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की उपस्थिति और नेपाल के साथ उसकी

द्वारा हथियार डाले जाने और तमिल-हितों की सुनिश्चित होने पर ही भारत शांति सेना हटाएगा

लाई (वि.प्र.): अधिकृत सूत्रों के लिट्टे हथियारों समेत रता और भारत यह सुनिश्चित

प्रेमदास की आलोचना की है । बौद्ध पादरियों ने भी श्री प्रेमदास को भारत से टकराव का रास्ता न अपनाने की सलाह दी है ।

थोंडामन राजीव से मिले : नई दिल्ली : श्रीलंका के ग्रामीण उद्योग विकास मंत्री एस. थोंडामन ने आज यहां प्रधानमंत्री राजीव गांधी से भेंट

Punjabi Samachar

न अख़्तर

उसे अपने घर के अन्दर
दिन बाद वह घर में पानी
ाए घर से बाहर आई, तो
लिस के कर्मचारियों पर

उन्हें बताई जिस पर पाक
ने कब्जे में ले लिया ।
बाद उन्होंने डेरा बाबा
ी-दोआबा (पाकिस्तान)
बसंतर के अफसरों से
1989 की दोपहर को
के सुपुर्द कर दिया तथा
डेरा बाबा नानक लाया

नाके पर 5000 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार मारुति कार में आए चार युवकों में से तीन दुकान पर आए तथा शराब की कीमत बारे विवाद करने लग गए । इस पर वहां तैनात पुलिस कर्मी जब समझौता कराने दुकान के अन्दर आए तो वहीं पर आतंकवादियों ने जुराबों में से पिस्तौलें निकाल ली व पुलिस कर्मियों व ठेके के कर्मियों को एक कमरे में बंद करके नगदी लेकर फरार हो गए ।

आतंकवादी ठेके के बाहर पड़ा एक 'हीरो-होंडा' मोटर साइकल नं. सी.एच.जे.-67 भी ले गए । यह आज मोरिंडा में लावारिस पड़ा बरामद किया गया ।

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों के फरार होते समय पुलिस कर्मी कमरे से निकल आए व उन्होंने गोलियां भी चलाईं पर वे लोग भाग निकले ।

डाक्टर के नौकर की हत्या : नवांशहर (ह.स.) । उग्रवादियों ने आज रात्रि 9.45 बजे थाना नवांशहर के गांव सोना मान में एक डाक्टर गुरमेज सिंह के नौकर की हत्या कर दी । बताया गया है कि कुछ उग्रवादियों ने डाक्टर गुरमेज सिंह के घर का दरवाज़ा खटखटाया, जिस पर उसके नौकर ने दरवाज़ा खोला तो उग्रवादियों ने उस पर फ़ायरिंग करके उसकी घटनास्थल पर ही हत्या कर दी । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चार चले हुए कारतूस मिले हैं ।

राहुल गांधी को प्रवेश के मामले पर राजनीतिक

तीस हजार रह

उड़ीसा के
ने आज यहां ए
बलियापाल पू
महत्वपूर्ण रक्षा
ने कहा कि र
महत्वपूर्ण परी
सहमत हो गया

पंथक क
के ने

अमृतसर,
उग्रवादी पंथक
बीच मतभेद
चुनौती देने से
किसी अज्ञात
पारित करके स
कि वह अपने
बंद कर दें ।

आज यहा
मोहकम सिंह,
टकसाल की
जाने पर गम्भी
कहा गया है कि
होना चाहिए,
जिसमें पूरे सम
साहस हो । ब
प्रश्न-चिन्ह

Punjabi Jagran

मारे गये, 3 सुरक्षा कर्मी घायल

ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीनने की कोशिश : बस पर फायरिंग

1 व्यक्ति की हत्या : दिल्ली बम धमाकों का अभियुक्त गिरफ्तार

चंडीगढ़, 9 जुलाई (वा., ह.स.): गत रात के बाद पंजाब और हरियाणा में 4 आतंकवादी मारे गये, जबकि 1 व्यक्ति की हत्या कर दी गई । एक मुठभेड़ में बी.आर.पी. के 3 जवान घायल हो गये । भटिंडा जिला में एक बस पर फायरिंग की गई । हरियाणा पुलिस ने दिल्ली में कई बम धमाकों के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): गत आधी रात के लगभग गहरी में 25 किलोमीटर दूर तरनतारन कस्बा के बाहर हुई एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 4 व्यक्ति घायल हो गए । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ बलविंदर सिंह ने बताया कि 72 बी.आर.पी. बटालियन की एक नाका पार्टी ने तरनतारन-अमृतसर रोड पर एक ट्रक को रुकने का इशारा किया । रुकने की बजाए ट्रक में सवार आतंकवादियों ने ट्रक के ऊपर से गोलीबारी शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की जिससे हैड कांस्टेबल दीन मोहम्मद, कांस्टेबल के.एस. माया और रामदास घायल हो गए । जब सुरक्षा कर्मी आतंकवादियों की फायरिंग का जवाब दे रहे थे तो ट्रक की सारी रोशनी बुझा कर एक ओर हो गया, जिसके परिणाम-स्वरूप एक आतंकवादी करतार सिंह मारा गया तथा एक ड्राइवर जख्मी हो गया ।

पुलिस चौकी ने कहा कि पहले ट्रक में सवार आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए । बाद में यह ट्रक चालीस गज पर 10 किलोमीटर दूर अजियाला अड्डे पास के निकट खड़ा पाया गया । समझा जाता है कि इस ट्रक में सवार कुल आतंकवादी

गुरुहरसहाय (फिरोजपुर) के समीप जंगल में रविवार को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों हरमिंदर सिंह और बीरता सिंह के शव । (विस्तृत पेज) पुलिस उस मकान पर पहरा दे रही है जहां आतंकवादी मारे गए थे । (फोटो : सरकारी)

बूटा सिंह को जालन्धर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने की सम्भावना

जालन्धर, 9 जुलाई (वि.प्र.): गत 2 जून को जिला कांग्रेस कमेटी जालन्धर की एक बैठक में हमीरिय सेक्टर सहित में आयोजित जनेयी एकता सम्मेलन में जेल प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए यह शब्द कहे कि गृहमंत्री श्री बूटासिंह उपचुनाव के विरुद्ध कोई जवाई लेड रहे हैं और हम चाहते हैं कि वह इसमें सफल हों और हम उन्हें यहां से लोकसभा के लिए निर्वाची बना कर भेजें, तब कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के कहना रहे हुए कि उक्त शब्दों का अर्थ श्री बूटा सिंह को जालन्धर लोकसभा क्षेत्र का उपचुनाव लड़ाना है या राजकपूर की बजाए रंजना के किसी लोकसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़वाना है । किन्तु जहां तक उन शब्दों का अर्थ जालन्धर के पहले से चर्चा चल रही थी कि श्री बूटा सिंह जालन्धर के किसी आरक्षित क्षेत्र से विधानसभा के चुनाव लड़ेंगे ।

श्री बेअंत सिंह की उक्त बात की [illegible] जालन्धर पार्टी सूत्रों के अनुसार बाबूसिंह [illegible] गंभीर जा रही है । साथ ही इससे भी [illegible] सम्भावनाएं भी खड़ी होती जा रही हैं कि [illegible] रहा है क्योंकि इस क्षेत्र से अब तक श्री [illegible]

मंत्री जगजीत सिंह को साथ लेकर जनरल सीटों से किसी एक [illegible] जाने की सम्भावना थी ।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस उच्च कमान श्री बूटासिंह को जालन्धर क्षेत्र से चुनाव लड़ाने का मन बना कर [illegible] श्री बूटासिंह के पूर्व एम.पी. श्री [illegible] पार्टी में सफल हो जाएंगे । [illegible] के लिए कांग्रेस [illegible] श्री बूटासिंह को [illegible] श्री बेअंत सिंह [illegible] श्री बूटासिंह की उनमें भी अर्जुन राम कहना, जो [illegible] चन्नी राम [illegible] जालन्धर [illegible] के लिए [illegible] है । उनके लिए श्री दरबारा सिंह के [illegible] श्री उमराव सिंह, श्री पवन, श्री [illegible] सेवा राम अरोड़ा के नाम मुख्य रूप से [illegible] आए थे ।

[illegible] जालन्धर सूत्रों का यह भी कहना है कि [illegible] इस बार रोपड़ (रूपनगर) लोकसभा क्षेत्र बहुजन [illegible] पार्टी नेता श्री कांशी राम के इलाके करने की [illegible] रही है और इसलिए वह वहां कोई कमजोर प्रत्याशी खड़ा कर देगी ताकि बहुजन समाज पार्टी के अन्दर आने वालों को हवा न बने ।

कांग्रेस अपनी गलतियों को छुपाने के लिए पंजाब समस्या को ज़िंदा रख रही है : फर्नांडीस

मोगा, 9 जुलाई (वासन): जनता दल के नेता जार्ज फर्नांडीस ने आज यहां कहा कि लोकसभा के चुनाव नवम्बर या दिसम्बर में होंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) में दम नहीं कि चुनाव

वाई साहब! वी.पी. सिंह में भी ऐसी कौन-सी बात है जिससे लोग उन्हें 'देसी' समझेंगे ?

नहीं करायेंगे । यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री फर्नांडीस ने कहा कि प्रधानमंत्री अब 30 अक्तूबर की तारीख को चुनाव कराने के लिए इसलिए नहीं करेंगे क्योंकि वह ऐसा करके अपनी मां को बदनाम नहीं करना चाहेंगे ।

उन्होंने कहा कि लोग अब कांग्रेस (इ) को चुनाव में खदेड़ने के लिए अत्यन्त सक्रिय हैं । चुनावों में विपक्ष की प्रस्तावित भूमिका बारे पूछे जाने पर श्री फर्नांडीस ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे में शामिल द्रमुक, अगप, कांग्रेस (स), तेलगुदेशम आदि लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मोर्चे के चुनाव चिन्ह पर लड़ेंगी । उन्होंने आशा प्रकट की कि भाजपा तथा कम्युनिस्ट पार्टियों से भी प्रादेशिय इकाइयों द्वारा सीटों का तालमेल हो जाएगा । उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस राज के पलटे का समय निकट आ गया है क्योंकि देश में भ्रष्टाचार बढ़ते-बढ़ते प्रधानमंत्री के दरवाजे तक पहुंच गया है ।

पंजाब का जिक्र करते हुए श्री फर्नांडीस ने कहा कि इस समय पंजाब में पुलिस का राज है । आतंकवाद की आड़ लेकर कांग्रेस (इ) अपनी गलतियों को छुपाना चाहती है । इसी कारण वह पंजाब समस्या को जिंदा रखना चाहती है ताकि उसे चुनाव में इसका लाभ मिल सके । उन्होंने कहा कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

निकट एक नाले में से 3 अत्यन्त क्षत-विक्षत लाशें बरामद हुई हैं । पुलिस का कहना है कि इन लोगों की हत्या 3-4 दिन पहले तेज धार हथियारों से की गई और लाशों नाले में फेंक दी गई । दो मृतकों की पहचान जगजीत सिंह और लखवा सिंह के रूप में हुई है । जगजीत सिंह, जो [illegible] लगों का निवासी था, के आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध थे तथा वह जमानत पर रिहा था ।

दूसरा मृतक लखवा सिंह [illegible] का निवासी था और एक [illegible] कम्पनी में काम करता था । पुलिस ने [illegible] के आतंकवादी अपराध होने [illegible] आतंकवादियों की आपसी रंजिश होने की सम्भावना [illegible] नहीं किया ।

तीसरे [illegible] नाम हरबंस सिंह बताया गया है ।

2 आतंकवादी मरे : हरियाणा पुलिस ने दिल्ली के पीरागढ़ी में कल रात एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया तथा दो अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । आज चंडीगढ़ में प्रैस नोट के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों में परदूमन सिंह शामिल है, जिसके दिल्ली के कई बम विस्फोटों में शामिल होने का संदेह है ।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार परदूमन सिंह बम बनाने में माहिर बताया जाता है । मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस ने सुरक्षाय के सुभाष नगर मुहल्ले में किराए पर मकान पर कब्जा कर लिया । कुछ देर बाद सशस्त्र वेश में तीन आतंकवादी आये । पुलिस द्वारा ललकारने पर आतंकवादियों ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । इससे एक आतंकवादी हरमिंदर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा आतंकवादी दीपक सिंह जो [illegible] का निवासी था, [illegible] उसकी मृत्यु हो गई । दीपक आतंकवादी कुलविन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस के अनुसार हरमिंदर सिंह और दीपक सिंह पंजाब के अमृतसर जिले तथा कुलविन्दर सिंह उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के बाशिंदे का बताए जाते हैं ।

सरकार की सख्ती के दौरान कनेडा की ओर गोलियों सहित बड़ी संख्या में आधुनिक हथियार बरामद हुए हैं । पहले अमृतसर से आधुनिक हथियार बरामद हुए हैं । हरियाणा पुलिस प्रवक्ता विकास सिंह जी गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान करने के लिए दिल्ली और पंजाब पुलिस से सम्पर्क बनाए हुए है ।

देसी साथ छरर्रा बरामद : 'देसी' के अनुसार हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने सुरक्षाय आतंकवादी तथा बम बनाने के माहिर परदूमन सिंह उर्फ पिंटा की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस की उड़ाई गई गिरफ्तारी के संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान करने के लिए दिल्ली और पंजाब पुलिस से सम्पर्क बनाए हुए है ।

मोटर साइकल छीनने की कोशिश : राजपुरा (पटियाला) : गत दिवस [illegible] के निकट अपरा-तपरी मार्ग पर, जब गोली ने गोली की आवाज सुनी और इधर-उधर भाग गए । पुलिस आतंकवादी के अनुसार सुरक्षाकर्मी की तीनों तीस रौंदिकला के मारुति-800 कार नं. सी.पी.यू.-3303 पर अपने तीनों साथियों समेत भी राजपुरा से 6563 [illegible] पर आये थे और मुड़े तो सामने सड़क पर मुखबिरों ने पहचान ली और उन्होंने मिलकर और काबू का इशारा किया । श्री तीनों ने सतर्कता बरतते हुए मोटर साइकल को रोकने की कोशिश की तो एक मुखबिर ने मोटर साइकल की हाथ से रोकने की कोशिश की जिसपर मोटर साइकल का संतुलन बिगड़ गया और रोकने वाले मुखबिर का हाथ बुरी से लहूलुहान हो गया । मुखबिरों ने उसको तीनों फायर भी किये । आगे जाकर तीनों मोटर साइकल छोड़ कर भागे, जिनका पिर गया । मोटर साइकल छीनने में सफल नहीं हुए, जिसे उन मुखबिरों ने भी सिपाहियों की कोशिश की । मोटर साइकल को कब्जे में ले लिया गया । पहचान बहादुर से साइकल छीनने वाले दोनों व्यक्तियों की तरफ भाग गए । पुलिस को सूचना देने पर डी.एस.पी. श्री रविन्दर सिंह व पुलिस इन्वेस्टिगेटर गुरमीत सिंह ने पुलिस फोर्स सहित घटनास्थल सांभाली को कैद किया, परन्तु कुछ पता न चल सकने नहीं मिले ।

बस पर फायरिंग : भटिंडा (वा.): आज शाम दीपहर जिला भटिंडा के गांव गोनियाना के नजदीक आतंकवादियों ने एक प्राइवेट बस पर फायरिंग की । प्रारंभिक सूचनाओं में कहा गया है कि इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है ।

ए.एस.आई. घायल : भटिंडा जिला के भोकरा गांव में एक प्राइवेट बस में सफर कर रहे सहायक सब-इंस्पैक्टर पुलिस शिव सरूप सहित चार आतंकवादियों ने उनका सर्विस रिवाल्वर छीनने की कोशिश की । दोनों-हाथापाई में रिवाल्वर से गोली चल गई जिससे सहायक सब-इंस्पैक्टर घायल हो गया । बाद में आतंकवादी बस से उतर कर एक राहगीर का ट्रैक्टर छीन कर फरार हो गए ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि ए.एस.आई. के रिवाल्वर से गोली चलने से एक आतंकवादी भी घायल हो गया ।

होशियारपुर पुलिस ने एक व्यक्ति जोगेंद्र सिंह को गिरफ्तार करके उसने 303 राइफल के 5 कारतूस बरामद किये ।

7 हजार रुपए छीन लिए : फिल्लौर (भारती): निकटवर्ती कस्बा अपरा के कैनरा बैंक से संतोख सिंह पुत्र निरंजन सिंह जब 7000 रुपए निकलवा कर अपने गांव तूरां लौट रहा था तो रास्ते में तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उसे बंदूक जैसी चीज़ दिखा कर लूट लिया । स्थानीय पुलिस ने सूचना पाकर जांच आरम्भ कर दी ।

हथियार पकड़े गए : (जयपुर) 'ह.स.' के अनुसार राजस्थान पुलिस ने कल भारत-पाक सीमा से 8 किलोमीटर दूर श्रीगंगानगर जिले के क्षेत्र में एक मकान से भारी परिमाण में हथियार, गोली-सिक्का और विस्फोटक पकड़े । यह सामग्री सीमा पार पाकिस्तान से लाई गई थी और पंजाब के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मोगा सीमी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। (2) शहीदों की शवयात्रा। (3) शहीदों के परिवार के सदस्य। (4) श्री हरचंद सिंह लौंगोवाल (अकाली दल)। (5) श्री सुरजीत सिंह बरनाला (मुख्यमंत्री पंजाब) और (10) श्री बेअंत सिंह (मुख्यमंत्री)

राजीव-बेनजीर वार्ता अनेक विषयों पर होगी

इस्लामाबाद, 9 जुलाई (वा.ह.स.) प्रधानमंत्री राजीव गांधी सोलह जुलाई को यहां पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से द्विपक्षीय व अन्तर्राष्ट्रीय व द्विपक्षीय विषयों पर बातचीत करेंगे । यही गांधी-बेनजीर की पहली मुलाकात होगी । सार्क देशों तथा पाकिस्तान से भी गहरे सम्बन्ध के लिए राजीव गांधी [illegible] ।

राजस्थान में अवैध 'शस्त्र भंडार पकड़ा गया

बीकानेर, 9 जुलाई (वार्ता): बीकानेर पुलिस ने कल रात सादुलगढ़ गांव से अवैध हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है । बीकानेर के पुलिस अधीक्षक श्री एस. [illegible] ने आज यहां बताया कि बरामद किए गए हथियारों में चार ए.के. राइफलें, दो [illegible] दो [illegible] 15 बोरबोर, 2450 कारतूस, दो [illegible] 100 हथगोले तथा [illegible] शामिल हैं । [illegible] कारतूस व भी बरामद किए गए हैं । [illegible] के अनुसार पुलिस को यह सूचना [illegible] मिली थी कि [illegible] सादुलगढ़ गांव में [illegible] हथियार छिपाए गए हैं । [illegible] के आधार पर [illegible] के [illegible] के [illegible] के

ERCE GROUPS)

दसवीं फेल इंटर हिन्दी,
... नर्सरी टीचर ट्रेनिंग,
दर्श इंस्टीच्यूट, झूला रोड,

नुसार सरकारी R.M.P.
क इंटर करें । आदर्श
केश ।

: बिना आठवीं मैट्रिक/
क, प्रैप/इंटर पास डायरैक्ट
र्स पत्राचार से आर.एम.पी.
कालेज, पुरानी सब्जी मंडी,

यकता

र्ड्ज़ (भूतपूर्व सैनिक) दिल्ली
न 750/- रिहायश मुफ्त,
day open) मिलें :
ैंडी स्वीट चैम्बर, सामने
रोड, जालंधर शहर ।

आवश्यकता है । वेतन
बी.के. अग्रवाल एंड कम्पनी
मार्कीट, जालंधर ।

तुरन्त आवश्यकता है ।
eceptionist (either
ने का समय 11 जुलाई 12
इन्वैस्टमैंट कम्पनी प्रा.लि.,

आतंकवादियों को दी जानी थी । पुलिस ने कुंदन सिंह के मकान पर छापा मार कर कई ए.के. 47 राइफलें, 9 शक्तिशाली हथगोले, 2 स्टेनगनें, ए.के. 47 राइफलों के 2400 कारतूस और स्टेनगन के 148 कारतूस, सैंकड़ों पैकेट डैटोनेटर बरामद किए । कुन्दन सिंह तथा उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उग्रवादी मारा गया : मोगा (ह.स.): आज जिला फरीदकोट में गांव रामन्ना अजीत सिंह के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक दुर्दांत उग्रवादी बलजीत सिंह मारा गया । प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भटिंडा फायरिंग केस के उग्रवादी गांव की ओर आ रहे हैं इस पर पुलिस ने नाका लगा लिया । जब उग्रवादी निकट पहुंचे तो चुनौती दिए जाने पर उग्रवादियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी गोली चलाए जाने से एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके साथी भाग निकले ।

मृत उग्रवादी कई हत्याओं के लिए जिम्मेवार था, जिनमें लगभग दो मास पूर्व जिला फरीदकोट में दो पुलिस कांस्टेबलों की हत्याएं भी शामिल हैं । वह गांव मल्ला की गांव रक्षा समिति की पांच सर्विस राइफलें छीनने के मामले में भी संलिप्त था ।

वह भटिंडा गोली कांड में भी संलिप्त था, जिसमें बस में यात्रा कर रहा एक ए.एस.आई. घायल हो गया था । उग्रवादियों ने ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीनने की कोशिश की थी ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस फरार हुए उग्रवादियों का पीछा कर रही है ।

कोशिशें करती च
योजनाबद्ध षड्यंत्र
सदा से सिख व हि
एकता को अटूट ब
प्राणार्पण से जुटे हु

श्री जार्ज फर्ना
कहा कि पंजाब में
उसे रोकने की जिम्
दोष लगाए बगैर
अपना काम पूरा न
आज भी विश्वास
नीति बदलेगी ।
नहीं की बल्कि इसे
जनता पार्टी के शास
जनता सरकार बन
अधीन शुरू किया
कि आपस में लड़ा
जाए । उन्होंने क
शहीदों का खून देश
सिख भाईचारा को
देगा ।

श्रीमती प्रोमि
पर आश्चर्य व्यक्त
कि वह एक मास
तो उन्हें हल कर
उन्होंने आशंका व
हल नहीं करना
इस्तेमाल कर सक

श्री वीरेन्द्र ने

Punjabi Sanatani

बस ड्राइवर और हॉकर समेत 6 व्यक्तियों की हत्या : 3 आतंकवादी मरे

खूंखार आतंकवादी मचाकी की सांप के डसने से मौत

मंदिर पर राकेटों से हमला : बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 11 जुलाई : पंजाब में कल रात के बाद से 3 आतंकवादी मारे गए जबकि डाक्टर राजेन्द्र कौर हत्या कांड का अभियुक्त गुरमीत सिंह मचाकी सर्पदंश से मर गया । अन्य वारदातों में एक हॉकर व बस ड्राइवर सहित 6 लोगों की हत्या कर दी गई । एक मन्दिर पर राकेटों से हमला किया गया, एक कारतूस बनाने की मशीन पकड़ी गई । मंडी गोबिन्दगढ़ में एक बैंक लूटने की कोशिश की गई ।

हॉकर की हत्या : जालन्धर (वि.स.): आज प्रात: 7.40 पर यहां से 8 कि.मी. दूर गांव ताजपुर के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने जालन्धर की शास्त्री मार्केट से समाचार पत्र लेकर गए एक हॉकर विजय पाल को उस समय गोली मार दी, जब वह अपने साथ के दो बाडी गार्डों को एक स्थान पर खड़ा करके अकेला समाचार पत्र बांटने थोड़ा आगे बढ़ा । विजय पाल मौका पर ही दम तोड़ गया । प्राप्त विवरण के अनुसार विजय पाल स्थानीय शास्त्री मार्केट से अखबारें एक टैम्पो में दो बाडी गार्डों के साथ ताजपुर आदि गांवों में बांटने गया था । वह ताजपुर में समाचार पत्र बांटने के बाद निकट के दूसरे गांव में जब गया तो दोनों बाडी गार्ड गांव के बाहर ठहर गए और वह अकेला समाचार पत्र बांटने आगे बढ़ा कि पीछे स्कूटर पर सवार दो उग्रवादी उसके निकट आए और रिवाल्वर से गोली दाग कर फरार हो गए ।

बाडी गार्ड निलम्बित : एस.एस.पी. जालन्धर श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार विजय पाल ने स्वयं दोनों बाडी गार्डों को रुकने को कहा था । किन्तु श्री अरोड़ा का कहना है कि विजय पाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी बाडी गार्डों पर थी, जिसमें उन्होंने भारी कोताही की, इसलिए उन्हें तुरन्त निलम्बित कर दिया गया है । इनमें एक पुलिस तथा दूसरा होमगार्ड का जवान है । डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी ने एस.एस.पी. को इन दोनों को डिसमिस करने की हिदायत कर दी है ।

मृतक गांव बड़िंग का रहने वाला था । जिला जालन्धर में किसी हॉकर की हत्या की यह पहली घटना है । इस घटना से समाचार पत्रों के एजेंट और हॉकर स्तब्ध रह गए ।

इससे पहले मोहाली में सुभाष जैन व जोगेन्द्र पाल, अमृतसर टैलर रोड पर हॉकर राजन कुमार, फगवाड़ा में एजेंट कुलदीप राय सोढी व एक राहगीर राजकुमार, अमृतसर में ही दस जून को एक हॉकर अश्विनी कुमार की तथा अटारी में तीन जुलाई को हॉकर रामकिशन की हत्या की गई थी ।

चलती बस में ड्राइवर की हत्या : लुधियाना (पीमान): आज यहां लगभग अढ़ाई बजे बाद दोपहर लिंक रोड पर आलमगढ़ के सामने आतंकवादियों ने चलती बस में गोली मारकर ड्राइवर मन्त राम की हत्या कर दी । यह बस दिल्ली से फगवाड़ा के रास्ते पठानकोट जा रही थी । लिंक रोड पर जब ड्राइवर को अचानक गोली लगी तो वह 15-20 गज तक पूरी होश में बस चलाता रहा तथा गोली लगने के बावजूद घबराया नहीं । फिर सीट पर ही लुढ़क कर दम तोड़ गया । बारीक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है ।

एक अन्य सम्वाददाता के अनुसार जब ड्राइवर पर गोली चलाई गई,तब बस में केवल छ: सवारियां ही बाकी रह गई थीं । शेष लोग पहले ही उतर गए थे । बस के कंडक्टर मनसा सिंह ने बताया कि जब धमाका हुआ तो उसने समझा कि कोई टायर फट गया है । बस थोड़ी देर पहले ही अड्डा से रवाना हुई थी । फिर अचानक बस चलने लगी और मैंने देखा कि ड्राइवर अपनी सीट पर लुढ़क गया है । शेष 6 सवारियां बस रुकते ही उतर कर चली गई । स्थानीय निवासी जाता है कि आतंकवादी पहले ही बस में सवार था । जब ड्राइवर मर गया तो वह आतंकवादी भी सवारियों के साथ ही उतर कर चला गया ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजिस्ट्रेट के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि कल शाम एक गुप्त सूचना पाकर गांव भैणी मस्सा सिंह को एक जमींदार फौजा सिंह के फार्म हाऊस को पुलिस की ओर से घेरे में लेने के बाद वहां एकाएक मारा गया तो अन्दर छिपे हुए आतंकवादियों ने फायरिंग आरम्भ कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । पुलिस को यह सूचना मिली थी कि फौजा सिंह के फार्म हाऊस पर के.सी.एफ. से सम्बन्धित सात आतंकवादी आश्रय लिए हुए हैं तथा यह लोग किसी भीषण वारदात की योजना बना रहे हैं । दोनों ओर से फायरिंग शाम 6.30 बजे तक जारी रही । इसी बीच फार्म हाऊस में छिपे आतंकवादी बाहर निकल कर खेतों में भागे, परन्तु सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया तथा चौड़ी दूबी पर ही उनमें से दो को मार गिराया । शेष भागते हुए आतंकवादियों का लगभग 6 किलोमीटर तक पीछा किया गया । अंधेरा होने के कारण पीछा करने का काम प्रात: तक रोक दिया गया, परन्तु सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र को घेरे रखा । प्रात: होने पर 3 और आतंकवादी मृत पाए गए । पांचों मृत आतंकवादियों की पिस्तौलें बरामद किए गए । पहचान परिचायक, आतंकवादी हमले आदि करने जैसी सामग्री क्षेत्र, अमरजीत सिंह साही उर्फ़ लैफ्टीनैंट क्षेत्र, परमजीत सिंह पम्मा क्षेत्र और अवतार सिंह परिचायक के रूप में की गई है । बरामदगी में 2 चीनी ए.के. 47 राइफलें, 6 मैग्जीन, एक 303 राइफल, दो 303 पिस्तौलें व 1 दूरबीन शामिल हैं । मारे गए आतंकवादियों का यह सिलसिलेवार हत्या व लूटपाट की वारदातों में हाथ था ।

सरपंच समेत 22 की हत्या : आज रात्रि अमृतसर के पुलिस जिला मजीठा के भीतर जालो में उग्रवादियों ने सरपंच जोगेंद्र सिंह और एक अन्य व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बताया गया है कि सरपंच, जिसका नाम एक अन्य सूचना में मेजर सिंह बताया गया है, एक अन्य व्यक्ति जाता के साथ मोटर साइकिल पर जा रहा था कि उग्रवादियों ने उस पर गोली चलाई । सरपंच की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि जाता ने निकटवर्ती एक मकान में भाग कर जो कोशिश की ताकि जान बच जाए । उग्रवादियों ने उसका पीछा किया और उसकी हत्या कर दी ।

उग्रवादी पुलिस हिरासत से भाग निकला : उग्रवादी गुरमेज सिंह आज सायं जिला अमृतसर में घरिंडा पुलिस हिरासत से भाग निकला । पुलिस के अनुसार गुरमेज सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था । बताया जाता है कि पुलिस की जीप किसी खराबी के कारण रुकी ही थी कि विचाराधीन उक्त उग्रवादी फरार होने में सफल हो गया ।

गोली लगने से दुकानदार घायल : उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर नगर के साथ स्थित गांव नंगली के निकट एक दुकानदार रमन कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया । पुलिस ने कहा है कि रमन कुमार स्कूटर पर जा रहा था कि दो उग्रवादियों ने उसे रोका और उसका स्कूटर छीन कर ले गए । रमन कुमार को अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा पंजाब स्थिति का जायज़ा

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ह.स.): पंजाब के मामलों की मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में आज सीमांत राज्य पंजाब में हाल ही में हुई हत्याओं के दृष्टिगत उठाए गए कदों सुरक्षा पगों का जायजा लिया गया । समिति की बैठक में सोमा हत्याकांड पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई । बैठक की

गुरमीत सिंह मचाकी से पकड़े गये हथियार और 2.60 लाख रुपये की फरंसी । यह उसने एक बैंक से लूटी थी । (छाया : सिंदल)

भाजपा अल्पसंख्यक आयोग और धारा 370 खत्म कराने के मुद्दे को लेकर चुनाव में कूदेगी : शर्मा

चंडीगढ़, 11 जुलाई (एन.एस. परवाना): भाजपा के महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने घोषणा की है कि लोकसभा के आगामी चुनावों में उनकी पार्टी तीन मुख्य मुद्दों को लेकर मैदान में कूदेगी, वे हैं- अल्पसंख्यक आयोग को समाप्त कर उसे मानव अधिकार आयोग में बदल दिया जाए तथा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म कर दी जाए ।

आज यहां पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि इस सम्बन्ध में भाजपा के चुनाव घोषणा-पत्र को अन्तिम रूप देने के लिए 25, 26 और 27 सितम्बर को बम्बई में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाई गई है । जबकि इससे पहले 23 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रीय परिषद की विशेष बैठक होगी, जिसमें जनप्रतिनिधित्व कानून में हाल में किए गए संशोधन के अनुसार भाजपा को चुनाव आयोग से पंजीकरण

उन्होंने कहा कि लोग जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लागू रखने की बात कर रहे हैं, लगता है कि उनके सामने निहित राजनीतिक स्वार्थ हैं । इस पर उनसे पूछा गया कि क्या जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी, देवी लाल भी इन निहित राजनीतिक स्वार्थ वाले लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने संसदीय चुनाव में जनता दल और भाजपा के मध्य सीटों की तालमेल करने और धारा 370 लागू रखने का खुलेआम स्टैंड लिया है, तो भी शर्मा ने कहा कि मैं इस बारे में किसी व्यक्ति का नाम लेना नहीं चाहता । उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सीटों की तालमेल के सामले पर विपक्षी पार्टियों के सम्बद्ध नेता बात करने में सावधानी बरतें, क्योंकि अभी तो स्थिति बातचीत तक ही सीमित है ।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग, माकर्सी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी गैर देशभक्त पार्टियां हैं । इन तीनों ने भारत के विभाजन का समर्थन किया था ।

(ऊपर) आतंकवादी गुरमीत सिंह मचाकी की लाश । गत दिवस सुरमें सांप द्वारा डस लिये जाने पर उसकी मृत्यु हो गई । (नीचे) पांच गुरमीत सिंह को डसा था ।

मुठभेड़ को उग्रवादियों ने लुधियाना में दिल्ली से आ रही पंजाब रोड़ मेल राम की चलती बस में गोली मार कर हत्या कर दी । (1) बस ड्राइ (2) बस के भीतर ड्राइवर की सीट पर मृत राम का शव पिरा हुआ तथा राम यह बस चला रहा था ।

फिरोज़पुर जिला के गांवों से सिख परिवार पलायन क

फिरोजपुर, 11 जुलाई (धारी): सप्त पुलिस कप्तान सरदार सरबजीत सिंह ने उग्रवादियों और हथियारों के स्मगलरों के विरुद्ध जोरदार अभियान शुरू किया है और खालिस्तान कमांडो फोर्स (के.सी.एफ.) के खतरनाक उग्रवादी भजन सिंह सूरसिंहवाला के गिरोह का सफाया कर दिया । इसी प्रकार मंडी शेख के साथ सते गांवों से निशान सिंह गिरोह के बाकी हिस्से का सफाया कर दिया, परन्तु अब इन उग्रवादियों ने समाज विरोधी तत्वों के साथ मिल कर थाना फिरोजपुर, सदर थाना, ममदोट और गुरु हरसहाय के गांवों में हिन्दू-सिख किसानों का अपहरण करके पैसे बटोरने शुरू कर दिए हैं । स्थानीय कमीशन एजेंट और किसान रवि शर्मा ने बताया कि उन्हें और उनके भाई बेद प्रकाश को उग्रवादियों के कई धमकी भरे पत्र आए हैं, जिसमें तीन लाख रुपए की मांग की गई है । उनके गांव लुधके में उनके घर और फार्म पर आकर उग्रवादियों ने कई बार उनके नौकरों को कत्ल की धमकियां दी हैं । पिछले दिनों गांव लुधके में उनके भाई जवाहर शर्मा के घर चार हथियारबंद उग्रवादी घसिल हुए । घर का सारा सामान तोड़-फोड़ दिया और घर को आग लगा कर भस्म कर दिया, जिसमें दो लाख रुपए का नुकसान हुआ ।

इसी प्रकार गांव जैलीवाला थाना सदर फिरोजपुर के जमींदार हरमिंदर सिंह भल्ला को पत्र लिख कर दो लाख रुपए की मांग की गई और कहा गया कि यह दो लाख रुपए मल्लांवाला के गुरद्वारे में

लाख रुपए की मांग क अनुसार उग्रवादी सरप की लोक पर घर वालों की धमकी देकर डेढ़ घबूक ले गए ।

यह भी समाचार हौलर मालिकों को स हुए लैटर पैड पर धम हौलर मालिक श्री सो मांग की गई, जो बाद गई । इसी प्रकार ग कुमार, जिनकी स्पेयर लाख रुपए की मांग

श्री रवि शर्मा निम्नलिखित गांवों में करके ड्राइरों में आ सिखों की बहुसंख्या है, और महिलाओं से बल गए हैं । यह गांव हैं खाई फमे की, करया प निजाम वाला, आ पसारीया, कामलवा खालवेवाला ।

जालन्धर में विक्रेताओं

Punjabi Garatahi

गुरमीत सिंह को डंसा था । (छाया : दीपक पाल)



मंगलवार को उग्रवादियों ने लुधियाना में दिल्ली से आ रही पंजाब रोडवेज की एक बस के ड्राइवर संत राम की चलती बस में गोली मार कर हत्या कर दी । (1) बस ड्राइवर संत राम का शव । (2) बस के अंदर ड्राइवर की सीट पर संत राम का खून गिरा हुआ नजर आ रहा है । (3) संत राम यह बस चला रहा था । (छाया : कम्बोज)

फिरोज़पुर जिला के गांवों से सौ हिन्दू सिख परिवार पलायन कर गये

फिरोजपुर, 11 जुलाई (बागी): नए पुलिस कप्तान सरदार सुरजीत सिंह ने उग्रवादियों और हथियारों के स्मगलरों के विरुद्ध जोरदार अभियान

लाख रुपए की मांग की गई । विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार उग्रवादी सरपंच के घर आए और ए.के. 47 की नोक पर घर वालों को लाईन में खड़ा करके कत्ल

प्रवक्ता ने श्री झाओ पर आरोप लग
उनके नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ी
लड़ाई में ढील दी गई । प्रवक्ता ने कहा
पेइचिंग में गत 20 मई से लागू मार्शल-
नहीं हटाया जा सकता क्योंकि संघर्ष अभी ख
हुआ है । असामाजिक तत्व अभी सक्रिय है
और गड़बड़ी फैला सकते हैं ।

प्रवक्ता ने टिप्पणी की 'हर कोई जानत
मार्शल-ला लगाने की एक सीमा है ।' प्र
कहा कि पेइचिंग में हुए प्रति क्रांतिकारी वि
कारण ही कुछ जिलों में मार्शल-ला लगा
है ।

उन्होंने कहा कि हमने जबकि निर्णायक
प्राप्त कर ली है, लेकिन शरारती तत्वों
बन्दूकें छीन ली थीं जिसके कारण अभी गड़
आशंका है ।

प्रवक्ता ने कहा कि मार्शल-ला जन
सम्पत्ति की सुरक्षा, राज्य परिषदों और नगर
के सुचारू कामकाज की गारंटी प्रदान कर
पेइचिंग में स्थायित्व बहाल करके पूंजीनिवे
वाले विदेशियों और पर्यटकों में विश्वास ज
संवाददाताओं द्वारा यह कहने पर कि कई भी
स्थिति के सामान्य होने का दावा किए जाने क
आप खतरों की बात कर रहे हैं, प्रवक्ता ने क

सियाचिन को वि
भारतीय व पाक

नई दिल्ली, 11 जुलाई (वा.,
भारत-पाकिस्तान संयुक्त सैनिक आयोग
बारे में बातचीत करने के लिए यहां आया पा
सैनिक प्रतिनिधिमंडल भारतीय सैनिक अधि
से दो दिन की बातचीत के उपरांत आज
वापस लौट गया । इस प्रतिनिधिमंडल क
लैफ्टीनैंट जनरल इम्तियाज बारियाच, ड
जनरल, ज्वाइंट स्टाफ (पाकिस्तानी सेना मु
कर रहे थे ।

संयुक्त सैनिक आयोग बनाने का उद्देश्य
के इस दूसरे बड़े ग्लेशियर सियाचिन में दो
की सेना की स्थिति को तय करना है ।

रक्षा मंत्रालय बातचीत के परिणामों प
साधे हुए है । बातचीत के उपरांत कोई
विज्ञप्ति भी जारी नहीं की गई है ।

Punjabi Sanatani

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 12.7.1989

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो लाशें मिलीं : होशियारपुर (अश्विनी, सूद): यहां से 22 किलो मीटर दूर थाना टांडा के गांव रामपुर खेड़ा के गुरुद्वारा के निकट एक चो में से खरदां गांव के दो नौजवानों जगबीर सिंह और रणजीत सिंह की लाशें मिली हैं । दोनों ही दो दिन पहले रामपुर खेड़ा में हो रहे एक समागम में भाग लेने के लिए वहां गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे । तलाश करने पर उनकी लाशें चो से मिलीं । पुलिस ने धारा 302 के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि यह आतंकवाद की घटना नहीं है बल्कि निजी शत्रुता के आधार पर की गई हत्या है ।

कारतूस बनाने की मशीन बरामद : पुलिस ने माहलपुर के गांव ढड्डा खुर्द से एक व्यक्ति कलदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर के कारतूस बनाने वाली एक मशीन, 50 बरामद कारतूस और 70 खाली कारतूस बरामद हुए । कारतूस बनाने वाला एक किलो मसाला भी बरामद किया गया है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

राकेटों से हमला : कल रात होशियारपुर से 25 कि.मी. दूर थाना माहलपुर के गांव भाम में 6-7 आतंकवादियों ने माता भजन कौर के मन्दिर पर दो राकेटों से हमला कर दिया । बाद में गोलियां भी चलाईं । मन्दिर में सीमा सुरक्षा बल की चौकी भी है, इसलिए सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी फायरिंग की । राकेटों से मन्दिर भवन को क्षति पहुंची । सुरक्षा बल की फायरिंग के बाद आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए । डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री भट्टी और एस.एस.पी. श्री संधू घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस जगह-जगह छापे मार रही है ।

मचाकी की मौत : मुक्तसर से दर्दी व दीपक के अनुसार आज प्रात: लगभग 3.30 बजे थाना सदर में खतरनाक आतंकवादी गुरमीत सिंह मचाकी की जहरीले सांप द्वारा डस लिए जाने से मौत हो गई । जिस कमरे में मचाकी लेटा हुआ था वहां एक पांच फुट लम्बा भूरे रंग का सांप आया तथा उसने मचाकी के दाएं हाथ पर डंक मारा । मचाकी द्वारा शोर मचाए जाने पर थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने वहां पहुंचकर ईंटों, पत्थरों तथा लाठियों से सांप को मार डाला । जहर चढ़ जाने के कारण मचाकी की मौत हो गई ।

उल्लेखनीय है कि गुरमीत सिंह मचाकी जो कि पुलिस को अकाली नेता डाक्टर राजेन्द्र खोर तथा कई अन्य लोगों की हत्या में वांछित था, को गत दिनों बम्बई के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश से फरार होने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था । पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद उसकी लाश का अन्तिम संस्कार कर दिया । इससे पहले उसकी मां को लाश देखने की अनुमति दे दी गई ।

मैजिस्ट्रेटी जांच का आदेश : पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एम. रे ने उन परिस्थितियों की मैजिस्ट्रेटी जांच करने का आदेश दिया है, जिन में मचाकी की मृत्यु हुई ।

डिप्टी कलैक्टर का हत्यारा बंदी : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला पुलिस ने एक इश्तहारी अभियुक्त हरबंस सिंह उर्फ फौजी उर्फ गुप्ता वल्द बचन सिंह गांव उप्पलां थाना साहनेवाल जिला लुधियाना को गिरफ्तार किया है जो कि कुछ समय पहले जयपुर (राजस्थान) में एक डिप्टी कलैक्टर की हत्या में वांछित था । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने दी । पुलिस ने सुनील दत्त नामक एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 303 का रिवाल्वर और पांच कारतूस बरामद किए । एक आतंकवादी रणजीत सिंह वल्द करनैल सिंह को भी पकड़ा गया जो कि थाना अमलोह के गांव रुड़की का निवासी है । वह 1986 में खन्ना में हुए गोली कांड में वांछित था । उससे 303 का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए ।

बैंक लूटने का प्रयास : 'वार्ता' के अनुसार पांच आतंकवादियों के एक गिरोह ने जिला पटियाला में मंडी गोबिंदगढ़ स्थित इंडियन बैंक को लूटने की नाकाम कोशिश की । जब एक कर्मचारी ने सायरन बजाया तो उन्होंने गोली चला दी जिससे बैंक के एक गनमैन को गोली के छर्रे लगे । आतंकवादी हड़बड़ाहट में फरार हो गए । घायल गनमैन को राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है ।

फिरोजपुर पुलिस ने रात रात एक मठ से हुए आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार कर लिया । उससे एक 9 एम.एम. का पिस्तौल बरामद किया गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत रात गांव नरैनगढ़ी के गांव किशनगढ़ में एक व्यक्ति इंद्र सिंह की उस समय हत्या कर दी गई जबकि वह नौहारा पुल्लुआं से सीदा लेकर अपने गांव जा रहा था । उस पर तेज धार हथियारों से हमला किया गया । उसको सख्त जख्मी हालत में अमृतसर में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार यह निजी शत्रुता का केस है । इस संबंध में पुलिस ने मृतक के भाई और दो अन्य व्यक्तियों खेम सिंह तथा भूपेंद्र सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री रामन ने बताया कि एक आतंकवादी अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है जो कि हरियाणा के जिला सिरसा के गांव नवां किला का निवासी है । उससे एक 12 बोर की पिस्तौल तथा गोली-सिक्का मिला है ।

5 गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): जिला पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 12 बोर की तीन पिस्तौलें और उनके 9 कारतूस तथा 303 बोर की एक पिस्तौल और उसका एक कारतूस बरामद किया है ।

अंटार्कटिका में दूसरा स्थायी केंद्र 'मैत्री' तैयार

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ह.स.): अंटार्कटिका में भारत का दूसरा स्थायी केंद्र "मैत्री" बन कर तैयार हो गया है । भारत का पहला स्थायी केंद्र "दक्षिण गंगोत्री" 1983 में बनाया गया था ।

गांव ताजपुर (लोम्बड़ा) जिला जालन्धर के निकट मंगलवार की सुबह आतंकवादियों के हाथों मारे गए समाचारपत्र के संपादक श्री विजय पाल (इन्सैट पुराना चित्र) का शोक (छाया : शिव जैमिनी)

घुसपैठ व हथियारों की तस्करी

(पृष्ठ 3 का शेष)

अगली की रात को घुसपैठ करने का फिर एक नया तरीका अपनाया । करीब रात में कमालपुर क्षेत्र में से तीन आतंकवादी भारतीय क्षेत्र में घुसे और ए.के. 47 से सुरक्षा बलों पर लगातार गोलियां बरसाने लगे । हवलदार मुहम्मद खां द्वारा लाइट मशीनगन से फायर करने के बाद उग्रवादियों ने गोलियां चलानी बंद कर दीं । इन तीनों में से एक उग्रवादी लम्बी घास में छिप गया । अगले दिन के शाम 5 बजे तक वह इसी घास में रहा । जब शाम को गश्ती टुकड़ी ने कुछ हिल-जुल महसूस की तो आतंकवादी को चैलेंज किया गया तो तुरन्त छुपे आतंकवादी ने कहा, "हुने दसदा हां तैनूं" तुरन्त ए.के. 47 से फायर किया । जवान ने लेटकर जान बचाई और आसपास की चौकियों के जवानों ने इकट्ठे उस क्षेत्र को घेरा डाला और उसे मार गिराया । जांच के बाद इस क्षेत्र से तीन पगड़ियां, एक ए.के.47, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर करीब तीन 'गांठों' में बांधी हुई गोलियां मिलीं ।

यह आतंकवादी कौन था ? इस बात की पुष्टि न तो सीमा सुरक्षा बल कर पाया है और न ही स्थानीय पुलिस । कुछ एजेंसियां इसे वस्सनसिंह ज़फ़रवाल कहती हैं और कुछ अवतार सिंह (बब्बर खालसा का सक्रिय नेता) । बटाला और गुरदासपुर पुलिस भी अभी तक इस उग्रवादी की पहचान नहीं कर पाई ।

श्री सिरोही ने बताया कि अगले दो मास में घुसपैठ अधिक होने की सम्भावनाओं को देखते हुए विशेष प्रबन्ध किए जा रहे हैं । टाटर बिंग इस बेल्ट में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे । रोशनी, लाइट मशीनगनों और अन्य हथियारों का प्रबन्ध होगा और पानी में रह कर सीमा पार से घुसपैठ रोकी जाएगी । श्री सिरोही ने बताया कि जो ओ.पी. टाबर बने हैं, उन पर ठेकेदारों ने अभी प्लेट फार्म तक नहीं बनाए । 74 टाबर पहले थे, अब 75 टाबर और बना दिए गए हैं, सीमा की चौकसी बढ़ा दी गई है, परन्तु रावी के तेज़ बहाव के कारण उन्होंने घुसपैठ को रोकने में अपनी विवशता भी ज़ाहिर की ।

डी.आई.जी. सिरोही ने बताया कि इस क्षेत्र में पाक द्वारा एक मज़बूत लम्बा बांध बनाया जा चुका है, जिससे बरसात के कारण पानी का बहाव और बढ़कर भारतीय क्षेत्र में होगा । भारतीय क्षेत्र में जो बांध इंजीनियरों द्वारा बनाया जा रहा है, उसकी चर्चा करते हुए श्री सिरोही ने कहा कि रावी की केवल रेत ही इस बांध के निर्माण में प्रयोग की जा रही है, जिससे मज़बूती की आशाएं धूमिल हैं । हो सकता है कि यह बांध इस बरसात तक पूरा न हो और केवल रेत का प्रयोग होने के कारण बह जाए ।

उन्होंने कहा कि पाक प्रधानमंत्री बेनज़ीर चाहे

भाजपा के चुनाव मुद्दे

(पृष्ठ 3 का शेष)

उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, क्योंकि मुझे 9 जुलाई को लोगों ने घटनास्थल पर बताया था कि जब आतंकवादी नेहरू पार्क में निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे थे तो बिल्कुल निकट बैठे सी.आर.पी. एफ. वालों ने गोली चलाने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि सरकार संसद और देश की जनता को विश्वास में ले ।

'गुप्त वार्ता' का आरोप : श्री शर्मा ने केंद्र सरकार पर आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को आधार मान कर आतंकवादियों के साथ गुप्त बातचीत करने का आरोप दोहराया और गृहमंत्री बूटा सिंह से इस मामले पर संसद और जनता को विश्वास में लेने की मांग की । उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय महत्व के मसले पर कोई गुप्त समझौता नहीं किया जाना चाहिए ।

राजीव का दूत

(पृष्ठ 3 का शेष)

ऐसा प्रतीत होता है कि इन मामलों में प्रधानमंत्री अपने निकटवर्ती राजनीतिक सहयोगियों की अपेक्षा श्री देशमुख पर अधिक निर्भर हो रहे हैं ।

समझा जाता है कि देशमुख राष्ट्रपति प्रेमदास के लिए जो संदेश लेकर जा रहे हैं वह इस आधार पर है कि भारत श्रीलंका में शांति सेना को एक लम्बे समय तक नहीं रखना चाहता है तथा तमिलों की सुरक्षा को दृष्टि में रखते हुए विभिन्न चरणों में इसकी वापसी का कार्यक्रम निर्धारित किया जाना चाहिए । इस पत्र में राष्ट्रपति प्रेमदास से आग्रह किया गया है कि इस बात का निर्णय आपसी बातचीत से ही किया जा सकता है ।

ब्रिटेन पाक को 5.50 करोड़ पौंड की मदद देगा

लंदन, 11 जुलाई (ह.स.): ब्रिटिश सरकार ने पाकिस्तान को 5.50 करोड़ पौंड (145.75 करोड़ रुपए) से अधिक की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने का निर्णय किया है ।

हरियाणा में कई वस्तुओं को बिक्री-कर से छूट

चंडीगढ़, 11 जुलाई (सभी): हरियाणा आबकारी व कराधान विभाग ने उद्योगों व व्यापार को राहत पहुंचाने और छूट देने तथा बिक्री कर कानून को सुचारू बनाने के लिए कई पग उठाए हैं । विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए कहा कि फार्म एस.टी. 38 में बिक्री कर घोषित करने की प्रक्रिया आसान बना दी गई है ।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि सोयाबीन दूध, खाने का नमक जब पैकेट में बेचा जाए, हलवाइयों की मिठाइयां-बेकरी का सामान तथा ढाबों पर बे चैजाने वाले खाने, तंदूर वालों तथा हड्डी व हड्डी से निर्मित पदार्थों को बिक्री कर से छूट दी गई है । निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की खरीद अथवा निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के निर्माण हेतु खरीदे जाने वाले माल पर बिक्री कर नहीं लागू होगा ।

गुड़, शक्कर, खल, लकड़ी के फर्नीचर, स्टेन लैस स्टील के तथा अन्य बर्तन, मोटर वाहनों की चैसीस, पटसन की बोरियों, लैमिनेटिड जूट बैग तथा ब्रैड पर बिक्री कर की दर कम कर दी गई है । प्रवक्ता ने कहा कि निर्माताओं को सीमैंट, टायर, ट्यूब, पैट्रोलियम पदार्थ तथा लोहे या स्टील से पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बने कल पुर्जे 4 प्रतिशत की रियायती दर पर खरीदने की अनुमति दी गई है ।

Punjabi Sanatan

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

कृपा नोट करें, गुरुपूर्णिमा पर श्रीआनंदपुर

दाखला शुरू

आतंकवादी (1) धन्ना सिंह और
पे मिले हथियार : 2 ए.के. 47
के खोल । (छाया : शर्मा, चोपड़ा)

...ें हंगामा, ...य निलम्बित

...त हंगामा हुआ और उत्तेजित विपक्ष
...के हिन्द केसरी यादव को बाहर
...मार्शल बी.ए. सिन्हा तथा सुरक्षा
...थ हाथापाई की । विपक्षी सदस्यों
...को भी क्षति पहुंचाई ।
...ी कार्रवाई शुरू हुई, लगभग एक
...स्य सदन के बीच में चले आए और
...व मंजूर करने की मांग करने लगे ।
...ने 'त्रिलोकी हरिजन के हत्यारे को
...गीना यादव को सामने लाओ' तथा
...फा दो' के नारे लगाए । अध्यक्ष
...ने सदस्यों से शांत होने की अपील
...न में लगातार नारे गूंजते रहे ।
...दल के हिन्द केसरी यादव, शशि
...नाथ सिंह, गणेश यादव, सुरेन्द्र सिंह,
...व तथा मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी
...र का नाम लेकर कहा कि वे सदन की
...ा डाल रहे हैं ।

...ब इन विधायकों को बाहर जाने का
...अधिकतर विपक्षी सदस्य सदन के
...ा गए और हंगामे की शुरूआत हो

...राजस्व मंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह ने
...ने विपक्ष सदस्यों की सूची तैयार की
...ध्य को सौंप दिया । अध्यक्ष ने इन
...म्बित करने की घोषणा कर दी ।

... : विपक्षी विधायकों ने सदस्यों के
...मार्शल द्वारा विधायकों को सदन से
...की घटना के विरोध में विधानसभा
...मवार को धरना देने की घोषणा की

...वादियों की ...ई रणनीति

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 4 आतंकवादी, 2 घुसपैठिए मरे

लोगों ने उग्रवादी पीट-पीट कर मार डाला : 4 निर्दोषों की हत्या

उग्रवादी नेता ने औरतों के मामले में 2 साथी मार दिए

चंडीगढ़, 12 जुलाई (ह.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी और 2 घुसपैठिए मारे गए । तरनतारन के इलाके में एक कपड़ा विक्रेता का अपहरण करने की कोशिश करने वाले आतंकवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । विभिन्न वारदातों में सरपंच सहित 4 लोगों की हत्या कर दी गई । दुर्दांत उग्रवादी सुरजीत सिंह पैंट द्वारा फिरौती की राशि के वितरण और स्त्रियों के मामले पर हुए झगड़े अपने दो साथियों की हत्या कर दिए जाने का रहस्योद्घाटन हुआ है ।

दो आतंकवादी मरे : कपूरथला (स.): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना भुलत्थ के गांव नगल लुभाना के निकट धुस्सी बांध पर नाका लगाए भुलत्थ पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादी, धन्ना सिंह वासी बरियार थाना भुलत्थ तथा एक अन्य जिसकी पहचान नहीं हुई, मारे गए । आतंकवादियों के शवों के पास से पुलिस ने दो चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, चार मैगजीन, 94 गोलियां जीवित तथा 45 चली हुई गोलियों के खोल अपने कब्जे में लिए हैं । श्री स्वर्ण सिंह ने समाचार प्रतिनिधियों को बताया कि भुलत्थ पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि रात्रि साढ़े दस बजे दो व्यक्तियों को नदी व्यास की ओर से आते देख कर रुकने का संकेत किया तथा चेतावनी दी तो उन दोनों ने पोजीशन लेकर फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाब में पुलिस पार्टी ने आत्म रक्षा में फायरिंग की तथा लगभग आध घंटा की मुठभेड़ के पश्चात उन आतंकवादियों की ओर से फायरिंग बंद हो गई तो पुलिस पार्टी ने देखा कि दो व्यक्ति, एक क्लीन शेव तथा दूसरा सिख मृत पड़े थे । इनमें से एक की पहचान दुर्दांत आतंकवादी धन्ना सिंह के तौर पर हुई, परन्तु सिख व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हुई है । मृतक आतंकवादी धन्ना सिंह गांव ढिलवां के दुर्दांत आतंकवादी कलदीप सिंह के गिरोह का सक्रिय सदस्य था । इस गिरोह ने ढिलवां के युथ इंका नेता विक्रमजीत, कपूरथला सी.आई.डी. के हैड कांस्टेबल सरदार गरमेल सिंह तथा थाना करतारपुर के गांव धीरपुर के छिन्दा की निर्मम हत्याएं की थीं । इस गिरोह के दो सदस्य कलदीप सिंह वासी ढिलवां तथा पलविन्द्र सिंह वासी मंसूरवाल पहले ही पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, जबकि एक सदस्य पलविंद्र पाल सिंह वासी बूडेवाल गिरफ्तार किया जा चुका है । दुर्दांत आतंकवादी धन्ना सिंह के पुलिस मुठभेड़ में मरने के पश्चात कलदीप सिंह गिरोह का सफाया हो गया है ।

40 हजार की लूट : यहां से इस किलोमीटर दूर गांव फत्तूढींगा में गत रात्रि चार सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव के तीन घरों में लगभग चालीस हजार रुपए मूल्य की नकदी और गहने लूटे ।

आतंकवादी मरा : अमृतसर दिहाड़ा थानांतर्गत नांगली गांव के निकट नाले के एक पुल पर सुरक्षा दस्तों के साथ मुठभेड़ में कल रात एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

पुलिस ने बताया कि साइकल सवार दो व्यक्तियों को गश्त सुरक्षा दस्तों ने रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला । मुठभेड़ स्थल से कुछ विस्फोटक, एक ग्रेनेड, एक थामसन बंदूक, एक मैगजीन और 44 कारतूस मिले ।

'वि.प्र.' के अनुसार मृतक आतंकवादी की तलाशी लेने पर उसके पास से हरदीप सिंह कवीशर नाम की एक चिट्ठी मिली । बाद में उसकी शिनाख्त हरदीप सिंह निवासी अटला सलतानविंड के तौर पर हुई है, जोकि वी एक खूंखार आतंकवादी था और पाकिस्तान गया था । वह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का सरगर्म आतंकवादी परमजीत सिंह निवासी रमदास और परमजीत सिंह उर्फ पम्मी निवासी लौंगोमहल के गिरोह का सदस्य था । इससे पूर्व अजनाला में दो बम विस्फोट और रमदास व मजीठा के क्षेत्रों में पांच व्यक्तियों की हत्या की थी ।

घायल की हालत में सुधार : नागली गांव के निकट कल आतंकवादियों की गोलियों से घायल हो रहे कुमार की हालत खतरे से बाहर बताई गई । उनका गुरु तेग बहादुर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है ।

व्यापारी के अपहरण का प्रयास : तरनतारन शहर के एक भीड़-भाड़ वाले बाजार से एक कपड़ा व्यापारी का अपहरण करने के असफल प्रयास के दौरान चली गोली में दो व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस के अनुसार दो व्यक्ति सुखदेव सिंह नामक कपड़ा व्यापारी की दुकान पर आए और उसे अपने साथ चलने को कहा । इस पर सुखदेव सिंह उससे भिड़ गया । अपने साथी को छुड़ाने की कोशिश में दूसरे व्यक्ति ने गोलियां चला दीं, जिसमें सुखदेव के पिता गरबचन सिंह और अन्य दुकानदार सुरेन्द्र सिंह घायल हो गए । घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । इस बीच वहां इकट्ठा हो गई भीड़ ने एक व्यक्ति को पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया । उसका साथी स्कूटर पर भागने में सफल हो गया ।

एक सब्जी विक्रेता ने दूसरे आतंकवादी को रोकने के लिए, जो स्कूटर पर भागने का प्रयास कर रहा था, सड़क पर प्याज बिखेर दिए, जिससे उसका स्कूटर बहक कर गिर गया, मगर वह पैदल ही निकल भागने में सफल हो गया । पुलिस ने स्कूटर को कब्जे में ले लिया है ।

पीट-पीटकर मार डाला : बताया जाता है कि भीड़ ने उक्त आतंकवादी जिसकी शिनाख्त सुखविंदर सिंह उर्फ छोटू उर्फ निक्कू के रूप में की गई है, को पुलिस के हवाले करने से पूर्व उसकी बुरी तरह पिटाई की, जिससे वह अस्पताल ले जाये जाते समय मार्ग में ही दम तोड़ गया ।

आतंकवादी मारा गया : पुलिस जिला तरनतारन के गांव कालेके (थाना भिक्खीविंड) से बाहर डेरे के साथ-साथ सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी ने एक नौजवान को जाते हुए देखा तो उसे रुकने के लिए ललकारा, जिस पर नौजवान गश्ती पार्टी की ओर फायरिंग करते हुए भाग खड़ा हुआ । सी.आर.पी.एफ. की जवाबी फायरिंग पर वह युवक मारा गया । अभी तक इस आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

कालेज के गेटकीपर की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि मजीठा थाने के गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंचायत चुनाव कराने बारे राज्यपाल ने अभी इन्कार नहीं किया

चंडीगढ़, 12 जुलाई (एन.एस. परवाना): वरिष्ठ सरकारी सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने पंचायत चुनाव कराने बारे अभी तक सम्बद्ध विभाग के अधिकारियों को 'न' नहीं की है । राज्यपाल ने कुछ सप्ताह पूर्व जिलाधीशों व अन्य अधिकारियों की एक बैठक के बाद घोषणा की थी कि पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जून माह के मध्य में अधिसूचना जारी की जाएगी । उसी समय से सम्बद्ध विभाग हरी झंडी की प्रतीक्षा कर रहा है । पर गत एक माह के दौरान पंजाब में हुई कुछ घटनाओं के कारण पंचायती चुनाव के मामले पर प्रश्न चिन्ह लग गया है ।

पता चला है कि राज्यपाल इस समय दो प्रस्तावों पर विचार कर रहे हैं । एक तो यह कि खतरा मोल लेकर एकदम चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी जाए या फिर आगामी दिसम्बर माह में प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के बाद स्थिति का जायजा लेकर ये चुनाव अगले वर्ष कराए जाएं ।

वर्तमान पंचायतों की पांच वर्ष की कार्यावधि गत वर्ष अगस्त में समाप्त हो गई थी पर कानून के अनुसार ये अभी तक कार्यरत हैं तथा नए चुनाव होने तक कार्य कर सकती है । इस समय सरकार के समक्ष यह भी समस्या है कि यदि उग्रवादियों के विरोध के बावजूद चुनाव करा दिए जाएं तो जीतने वाले उम्मीदवारों की सुरक्षा कैसे की जाए ।

इस दौरान राष्ट्रपति ने पंजाब सरकार के आग्रह पर पंचायत समिति तथा जिला परिषद कानून में संशोधन करके इन दोनों संस्थानों को भंग रखने की अवधि आज 12 जुलाई से और छः माह के लिए बढ़ा दी है । स्पष्ट है कि इन संस्थानों के चुनाव अब अगले वर्ष ही हो सकेंगे । ये दोनों संस्थान गत करीब 11 वर्षों से भंग चले आ रहे हैं व इनका प्रबन्ध सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक चला रहे हैं ।

विधान सभाओं व लोकसभा के चुनाव एक साथ हों : भाजपा

नई दिल्ली, 12 जुलाई (चावला): भाजपा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि लोकसभा चुनावों के साथ ही उन 17 राज्य विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएं जो कि लोकसभा चुनावों के तीन माह

मोटापा मुक्ति!!

"मेरा 18 किलो

Punjabi Sanatani

स्कूलों के असुरक्षित भवनों की मुरम्मत का काम ज़ोरों पर

चंडीगढ़, 12 जुलाई (वि.प्र.): आगामी मानसून से पूर्व पंजाब के सभी स्कूलों के असुरक्षित भवनों की मुरम्मत का कार्य ज़ोरों पर जारी है । यहां आठ जिलों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार मुरम्मत के लिए 1759 स्कूलों में से 675 का काम पूरा हो चुका है तथा 296 स्कूलों में काम समाप्त होने वाला है । इस सारे अभियान पर 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे ।

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

लोहारके के निकट एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा है कि मृतक मैडीकल कालेज अमृतसर में गेटकीपर था और अपने गांव जगदेव कलां में साइकल पर जा रहा था कि उग्रवादियों ने रास्ते में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से चार खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : इसी बीच भूरे कोने गांव के निकट तरनतारन पुलिस ने रात रात एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी शिनाख्त निरंजन सिंह, प्रताप सिंह, पूरण सिंह और गुरमेज सिंह के रूप में की गई है, उनके पास से दो बंदूकें और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

उग्रवादी नेता द्वारा दो साथियों की हत्या : फिरोजपुर (वागी): खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो उग्रवादियों दर्शन सिंह फौजी और दर्शन सिंह बम्बल की उनके सिरोह के नेता सुरजीत सिंह पैंट ने रात सप्ताह हत्या कर दी और उनके शव नाथुका नहर में फैंक दिए । एस.पी. हैडक्वार्टर श्री एस. के.सोमल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एक अन्य गिरफ्तार उग्रवादी रणजीत सिंह ने पुलिस द्वारा पूछतांछ के दौरान यह रहस्योद्घाटन किया । हाल ही में सुरजीत सिंह पैंट भी पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया था । बताया जाता है कि उक्त उग्रवादी नेता ने पिछली छी राखी और फरद बीरतों के मामले में ये दो हत्याएं की थीं ।

दो घुसपैठिये मरे : फिरोजपुर (स): रात रात फिरोजपुर में हुसैनके सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. के जवानों ने दो घुसपैठियों को उस समय मार गिराया जब वे पाकिस्तान की ओर से भारत में अवैध रूप से घुसने का प्रयास कर रहे थे । मृतकों के पास से कुछ भारतीय करंसी बरामद हुई है ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : इस जिले में गत रात्रि विशेष नाकाबंदी के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने सात आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । सूत्रों के अनुसार यह सूचना मिलने पर कि कुछ सशस्त्र आतंकवादी बैंक डकैतियां और हत्याएं करने की योजना बना रहे हैं, पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने उनके छुपने के स्थान पर संयुक्त रूप से छापा मारा । चेतावनी दिये जाने पर इन आतंकवादियों ने छापा मार दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं । इसके बाद आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया, जिनकी शिनाख्त रंजीत सिंह, रमेश सिंह, जसवंत सिंह उर्फ जग्गू, केहर सिंह, रंजीत, बलविंदर सिंह और बलदेव सिंह के रूप में की गई है । उनके पास से 6 पिस्तौलें, एक 315 बोर की राइफल तथा 22 कारतूस बरामद हुए हैं ।

हलवाई की लाश मिली : नकोदर : नकोदर के मोहल्ला रहमानपुरा के एक 26 वर्षीय हलवाई श्री बाबा उर्फ निक्का की लाश नकोदर-जालन्धर रोड पर स्थित गांव सियानीवाल के निकट सड़क पर पाई गई है । उक्त हलवाई इसी सड़क पर स्थित गांव सिंह गेट में किसी के घर विवाह का सामान बना कर लौटा था । उसकी मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल सका । नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर, रुपए छीने : सुनाम (नागपाल): भिवानीगढ़ से 6 किलो मीटर दूर गांव भट्ठीवाला कलां के निकट नहर पर आज प्रातः सवा दस बजे साइकल पर सवार उग्रवादी युवकों ने भिवानीगढ़ के सीमेंट डीलर परमिंदर सिंह को पिस्तौल दिखाकर उसका स्कूटर, एक हजार रुपए नकद और घड़ी व रिंग छीन ली । परमिंदर सिंह गांव दल चमीला से भिवानीगढ़ की ओर जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

पुलिस ने इस सम्बन्ध में पूछतांछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है ।

सूंघी को लूटा : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज प्रातः स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र में दो सशस्त्र संदिग्ध उग्रवादियों ने एक सूंघी को धमका कर उसकी सोने की अंगूठी छीन ली व फरार हो गए । दूसरी तरफ फगवाड़ा शहर में सप्ताह हुई आधा दर्जन चोरियों का सुराग लगाने में अभी तक फगवाड़ा पुलिस पूरी तरह नाकाम रही है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त बलदेव सिंह, जसविन्दर सिंह उर्फ जस्सा और बलविंदर सिंह उर्फ बिंदा के रूप में की गई है । उनके पास से तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

एक गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने चांद सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल बरामद की है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त जीत सिंह, सिकन्दर सिंह और कुलविंदर सिंह के रूप में की गई है । उनके पास से .303 की एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

7 पुलिस रंगरूट बर्खास्त : गुरदासपुर : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तीन माह पूर्व पंजाब पुलिस में भर्ती किए गए 85 उम्मीदवारों में से सात को उनके चरित्र की पुष्टि के बारे में प्राप्त दूसरी रिपोर्ट के बाद निकाल दिया गया है । सूत्रों के अनुसार इन सातों व्यक्तियों के बारे में जब सही जानकारी प्राप्त हुई, उस समय वे प्रशिक्षण ले रहे थे । इससे पूर्व सी.आई.डी. ने उनके चरित्र की जांच करने के बाद उन्हें दोष रहित बताया था ।

कार व असला छीना : भोगा से 'आजाद' के अनुसार रात रात थाना निहाल सिंह वाला के गांव रजोला में तीन अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति कुलदीप सिंह के फार्म हाऊस पर जाकर पिस्तौल की नोक पर उसकी कार नं. सी.एच.ई. 3278 रंग पीला तथा 2 बारह बोर की दोनाली बंदूकें, एक रिवाल्वर 38 बोर का तथा एक राइफल छीन कर ले गए । घटनास्थल से पुलिस चौकी केवल डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ।

तेज़धार हथियारों से हत्या : नाभा से सम्वाददाता के अनुसार गत रात गांव सरहाली में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला करके एक ज़मींदार बुध सिंह की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी । बताया जाता है कि घटना के समय मृतक अपने फार्म हाऊस में मोटर के निकट खाट पर सोया हुआ था । उसकी गर्दन, मुंह व सिर पर वारों के निशान पाए गए ।

बसें न चलीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

अन्य संगठनों के नेताओं ने भी इस बारे उनका साथ देने का आश्वासन दिया है ।

अंतिम रिपोर्ट मिलने तक यूनियन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें न मानी गईं तो वे अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल कर देंगे ।

कपूरथला (शर्मा): लुधियाना में गत दिवस पंजाब रोडवेज के एक चालक की आतंकवादियों द्वारा गोली मार कर निर्मम हत्या करने के विरुद्ध रोष स्वरूप आज यहां पी.आर.टी.सी. की बसों का प्रातः 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक पहिया जाम रहा । बस स्टैंड से दोपहर 12 बजे तक कोई बस नहीं चली । पी.आर.टी.सी. कर्मचारियों ने गेट रैली करके इस हत्या की निन्दा की । यहां प्राइवेट बसें चलती रहीं ।

अमृतसर : जिला में आज लगभग आधे घंटे तक सरकारी बसें नहीं चलीं तथा यात्री विभिन्न बस अड्डों पर फंसे रहे । रोडवेज कर्मियों ने बस अड्डे पर एक रैली की तथा लुधियाना जिला में कल एक ड्राइवर की हत्या की घटना की निंदा की ।

लुधियाना (महिन्द्रा): आज यहां पंजाब रोडवेज कर्मचारियों ने पूर्ण हड़ताल की तथा कोई भी बस लुधियाना से बाहर नहीं गई, शाम को बसें चलती रहीं । पैप्सू रोड ट्रांसपोर्ट निगम में भी हड़ताल रही ।

होशियारपुर (अश्विनी): गत दिवस लुधियाना में पंजाब रोडवेज के एक ड्राइवर की हत्या के विरोध में आज यहां पंजाब रोडवेज की बस सेवा प्रातःकाल से लेकर 12 बजे दोपहर तक ठप्प रही । बस स्टैंड से प्राईवेट बसें भी नहीं चलाई गईं । कुछ प्राईवेट बसें प्रभात चौक में बाहरी टांडा बाईपास से चलाई गईं । रोडवेज के कर्मचारियों ने स्थानीय वर्कशाप के निकट एक मीटिंग करके दिवगत ड्राइवर श्री संत राम को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

हिमाचल में मानसून की वर्षा

शिमला, 12 जुलाई (पा.): हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में आज दूसरे दिन भी वर्षा हुई तथा उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी क्षेत्रों में पिछले 2 सप्ताहों से आंख मिचौनी खेल रहा मानसून आज भी उसी तरह दिन में आंख मिचौनी खेलता रहा तथा शाम को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई ।

दिन में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में आकाश में धुंध छाई हुई थी तथा लोग भारी गर्मी में पसीने से नहाते रहे ।

जालन्धर में आज शाम वर्षा हुई, जिससे तीखी गर्मी से लोगों ने कुछ राहत महसूस की ।

यूथ इंका की संयुक्त सचिव (महिला) को साथी द्वारा मारपीट

नई दिल्ली, 12 जुलाई (ह.स.): युवक कांग्रेस (इ) की संयुक्त सचिव डा. तरुणा गुर्जर ने आरोप लगाया है कि पिछले दिनों उत्तरी कोरिया में प्रयोगशाला में हुए अन्तर्राष्ट्रीय युवक समारोह के दौरान उनके एक सहयोगी ने उनके साथ गाली-गलोच और मारपीट की । डा. गुर्जर ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि युवक कांग्रेस के एक अन्य संयुक्त सचिव ने वहां उनके बारे में अशिष्ट टिप्पणी की । जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्होंने उन्हें गालियां दीं और उनके साथ मारपीट की । डा. गुर्जर ने कहा कि उन्होंने इस सम्बन्ध में आज पार्टी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री राजीव गांधी को एक ज्ञापन भी दिया है । ज्ञापन में उक्त संयुक्त सचिव को पार्टी से निकालने की मांग की गई है ।

गिरफ्तार लोगों की रिहाई के लिए प्रदर्शन

नई दिल्ली, 12 जुलाई (ह.स.): पश्चिमी दिल्ली में पिछले मास हुए दंगे के सिलसिले में गिरफ्तारी किए गए निर्दोष व्यक्तियों की रिहाई की मांग को लेकर आज प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निवास पर प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाए ।

इंका महासचिवों द्वारा राजनीतिक स्थिति पर विचार

नई दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता): कांग्रेस (इ) महासचिवों ने आज लगातार दूसरे दिन यहां अपनी बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की ।

स्त्रेन के लोभियों ने प्रवीण

फिल्लौर, 12 जुलाई (भाखड़ी): फिल्लौर की 20 वर्षीया प्रवीण को उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज कम लाने के कारण मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा कर जला देने की सूचना मिली है । इस हृदय-विदारक घटना का विवरण देते हुए उसके गरीब पिता ओम प्रकाश ने हमारे संवाददाता को बताया कि प्रवीण की शादी उसने गुरदासपुर के सतीश कुमार के साथ 21 फरवरी, 1986 को की थी। लेकिन ससुराल वाले प्रवीण को दहेज कम लाने के कारण बेहद तंग किया करते थे । कई बार पिता को प्रवीण ने बताया कि वह उसे फ्रिज और स्कटर लाने के लिए यातनाएं देते थे । पिता की मजबूरी यह थी कि वह बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पालन-पोषण कर पाता था और उसने अपनी बिटिया की मांग पूरी कर पाने में असमर्थता प्रकट की थी ।

प्रवीण के घर पिछले वर्ष 31 अगस्त को लड़का भी हुआ, लेकिन दहेज के लोभियों की लालसा बढ़ती गई तथा प्रवीण को और भी ज्यादा तंग करना आरम्भ कर दिया और अंततः 9 जुलाई रविवार को परिवार के सभी सदस्यों ने कथित रूप से मिल कर प्रवीण को उस समय घर के प्रांगण में आग लगा दी, जब लोग भाखाभारत देख रहे थे ताकि उसकी चीखें सुन कर कोई छुड़ाने भी न आ सके ।

लड़की के पिता ने बताया कि वह जब वहां पहुंचा तो लड़की का शव रात-प्रतिरात जला हुआ था । उसने बताया कि उसे सूचना एक दिन बाद भेजी गई । ओम प्रकाश ने बताया कि मेरी लड़की की हत्या परिवार वालों ने बड़ी बेरहमी से की है । उसने बताया कि वहां से प्राप्त विवरण के अनुसार लड़की की सास सत्या रानी और मामा सुखदेव राभां और ननद भोली ने पहले लड़की को बेरहमी से पीटा और सतीश कुमार और देवर ने मिल कर मिट्टी का तेल डाला और भोली ने लड़की के बाल पकड़ रखे और सतीश कुमार ने आग लगा दी । बेरहमी की बात यहां ही समाप्त नहीं होती, जब प्रवीण जल रही थी तो देवर ने कथित रूप से उस पर उबलता हुआ गर्म पानी हुए प्राण रखे रखा की पुलिस एस.एस.पी सख्त कार्र

दहेज की बलि ननद भोली सतीश कुमा

नक्शे पास करवाना बंद किया जाएगा : श्रीवास्तव

लुधियाना, 12 जुलाई (नेपाल): नगर निगम के नए आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने नगर में भवनों के निर्माण के लिए नक्शे देने और पास करवाने की प्रक्रिया को समाप्त करने का विचार बनाया है । यह जानकारी देते हुए उन्होंने अपनी प्रथम प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि इस संबंध में पूर्ण जानकारी नागरिकों को आगामी कुछ दिनों में दे दी जाएगी कि निर्माण के दौरान किन बातों का ध्यान रखा जाए ।

शाम के भाव

–(12 जुलाई, एस.एस.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6555, चांदी डिलीवरी 6415, चांदी मद्धी 6470, चांदी जल्दी 6565, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7055, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिहार 2990-3000, सोना स्टैंडर्ड 3100, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 2990, गिन्नी (प्रत्येक) 2500-2525 रुपए ।

दिल्ली अनाज धातु मार्केट (एस.एस.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 349, निकल प्लेट 393-414, जस्ता 52.50, तार मैटल फट 59.00, ताम्बा सिल्ली 86.00, ताम्बा रॉड 89.00, ताम्बा तार फुट 73.75, चादरी पीतल 55.00, पीतल चादर कटरम 58.00, पीतल बरत फट 51.50, पीतल पट्टा फुट 51.50, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 22.75, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.00, अल्यूमीनियम स्क्रायल (22 गेज) 56-57, अल्यूमीनियम स्क्रीयल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम स्क्रायल (36 गेज) 69-71, अल्यूमीनियम सिल्ली 44.50, अल्यूमीनियम रॉड 50.00, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 40.00, अल्यूमीनियम तार फुट 43.00 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाज़ार : (एस.एस.एस.): **आर. डू./के.एस. टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 10200, (10 एम.एम.) 10000, (12 से 25 एम.एम.) 9900 । **लोकल टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 9900, (10 एम.एम.) 9800, (12 से 25 एम.एम.) 9700 । **एम.एस. राउंड** : (6 एम.एम.) 9000, (8 एम.एम.) 9900, (10 एम.एम.) 9800, (12 एम.एम.) 9700 (16 एम.एम.) 9700 । **गेट चैनल** : हल्का 9500, भारी 9500 । **एम.एस. चैनल लोकल** (75x40) 9000, (100x50) 9000-9100 । **गार्डर आइट्स लोकल** (150x75) 9300, (160x80) 9300, (175x90) 9300, (200x100) 9400 । **इंगट** : (3.5"से 4.5") 7500/7600, स्क्रैप 5200-5300 रुपए ।

दिल्ली कपास 62.00, हिन्द मोटर 36.75, रिलायंस 125.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6525, चांदी डिलीवरी 6395, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7025, सोना बिट्स (प्रति 10 ग्राम)3000, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3100, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 327-334, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 333-339, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 148.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 180, मूंगफली तेल (10 किलो) 218, तिल तेल (10 किलो) 190, तेल बिनौला (10 किलो) 186, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 157, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 130, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1720, सरसों वायदा (20 किलो) अगस्त 118.90, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) जुलाई 227 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 310.00, आंध्र सीमैंट 9.00 (6/7), अपोलो टायर 89.25, एशियन होटल 61.50, विदल एग्रो 118.50, डी.सी.एम. लि. 62.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.00, इस्ट इंडिया होटल 62.00, एक्सटर्म 70.50, एस्सार शिपिंग 24.25, फूड स्पैशलिटीज 166.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 130.00, गुजरात नर्मदा 35.50, एच.एम.एम. लि. 204.00, हीरो होंडा 20.50, हिन्द

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

बाधुल मरीज़ों की तकदीर खुल गई । सागर में सागर फोर्स लाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ 120/- रुपए । कैंसीसीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ 100/- रुपए मनिआर्डर या खुद मिल कर दवा मंगवाएं । हकीम परस राम एण्ड संस, हैड आफिस सागर में सागर बिल्डिंग, बी फर्स्ट 87, मदनगीर, नई दिल्ली-62.

बाधुल मरीज़ों की तकदीर खुल गई 'रत्न रसायन' कोर्स लाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । फीस रोग अनुसार 275रु., 475रु. मिल या लिखें :–रसायन दवाखाना, सलोरा टी.बी. वाली गली, कपूर रोड, अमृतसर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 12.7.89, 48/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

व्यापार

हमारे ब्रांड नाम 'यूनीटैक्स' के अधीन टू पिन टॉप/थ्री पिन टॉप, आई.एस.आई. चिन्हित बनाएं । मशीनरी, कच्चा माल, सप्लायर्ज पते उपलब्ध कराए जाते हैं । सफल उत्पादन हमें बेचें । ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाती है । 75,000/- रुपए से अधिक तैयार रखने वाली पार्टियां ही खुद सम्पर्क करें । यूनीटैक्स इलैक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज, शोरूम 284, टॉप फ्लोर, सामने निर्माण थिएटर, सैक्टर 32-डी, चंडीगढ़ ।

रोज़गार

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन आपरेटर आदि, वायुसेना में पुलिस, मोटर-ड्राइवर आदि, बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग (S.S.C.) में क्लर्क की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 16 से 25 वर्षीय 5 रुपए मनीआर्डर भेज कर नियमावली तथा पंजीकरण फार्म 31 जुलाई तक मंगवाएं । National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134 003.

सेना, रेलवे, बैंक तथा क्लर्क ग्रेड में नौकरी के इच्छुक 16-26 वर्षीय आठवीं, दसवीं, बारहवीं पास युवक/युवतियां पूर्ण जानकारी आवेदन-पत्र मंगवाने हेतु 12/- रुपए मनिआर्डर द्वारा भेजें । डायमंड

गुमशुदा

36 वर्षीय मंजु, रंग गंदमी, कद 5', माथे पर बिंदी की जगह पर मोटा काला मोका (निशान), बाल कटे हुए, चैकदार कमीज, गहरे आसमानी रंग की सलवार व काली चप्पल पहने हुए है । पिछली 18.5.89 को दिमागी खराबी की हालत में घर से बिना

ंजाब में स्वयंभू एरिया कमांडर घाली
सहित 4 खूंखार आतंकवादी मरे

ाली गुरजंट सिंह राजस्थानी का निकट साथी था
शाहकोट क्षेत्र में पुलिस पर हमला, 4 घायल

ंडीगढ़, 14 जुलाई (वा., ह.स.): तथाकथित स्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर ीप सिंह घाली सहित 4 खूंखार आतंकवादी कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए । वारदातों में एक ए.एस.आई. सहित 11 त घायल हो गए ।

धमाका व उसका साथी मारा गया : सर (वि.प्र.): पुलिस ने बताया कि गत रात 11 के लगभग जिला अमृतसर में एक मुठभेड़ में दो र आतंकवादी मारे गए । यह मुठभेड़ थाना ाला के अन्तर्गत गांव तेरा कलां के निकट हुई, क 8वीं सी.आर.पी. बटालियन के जवानों पर आतंकवादी गिरोह ने घात लगाकर हमला । जवानों की जवाबी फायरिंग से मरने वाले आतंकवादी की शिनाख्त जसविंदर सिंह उर्फ का' के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान ो सकी । मुठभेड़ के बाद वहां से एक थ्रीमसन 20 कारतूस 9 एम.एम. तथा ए.के. 47 ट राइफल के 45 चले हुए कारतूस मिले । बताया जाता है कि यह आतंकवादी किसी बड़ी त के लिए हथियार लेकर जा रहे थे । सुरक्षा तथा आतंकवादियों के मध्य फायरिंग एक घंटा ारी रही । जसविंदर सिंह उर्फ 'धमाका' बी. का आतंकवादी था ।

ो नागरिक घायल : एक अन्य मुठभेड़ में ात टांगरा के निकट दो नागरिक महेन्द्र सिंह टीटू उस समय घायल हो गए, जब वे र.पी. तथा आतंकवादियों के एक गिरोह के हो रही गोलीबारी की चपेट में आ गए । वे के किनारे स्थित एक ढाबे से खाना खाने के अपने घर को लौट रहे थे । दोनों को अमृतसर तेगबहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया

ीन व्यक्ति घायल : आज अमृतसर के पुलिस जिला क्षेत्र में आतंकवादियों ने तीन यों को गोलियां मारकर घायल कर दिया । के समय यह व्यक्ति अपने खेतों को जा रहे ीनों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया

ातंकवादी गिरफ्तार : कल तरनतारन क्षेत्र के गांव सभरावा के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सुखविंद्र सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार किया तथापि उसका साथी जोगा सिंह, जो कि भगौड़ा विशेष पुलिस अधिकारी है, भाग निकलने में सफल हो गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादी से एक 303 का पिस्तौल व बहुत से कारतूस मिले ।

4 पुलिस कर्मी घायल : जालन्धर : गत रात थाना शाहकोट क्षेत्र में एक आतंकवादी गिरोह द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में एक ए.एस.आई. सहित चार पुलिस कर्मी घायल हो गए । घायलों की पहचान ए.एस.आई. लैम्बड़ सिंह, चरणजीत सिंह, सतनाम सिंह और बलबीर सिंह (कांस्टेबल) के रूप में हुई है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस पार्टी पर हमला एक उग्रवादी को छुड़ाने के लिए किया गया । यह पुलिस पार्टी एक खूंखार उग्रवादी को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी ।

गांव में फायरिंग : करतारपुर (देवदत्त): गत रात थाना करतारपुर के गांव अम्बगढ़ में एक लड़की की शादी के अवसर पर घर वालों को डराने के लिए आतंकवादियों ने हवाई फायरिंग की । यह फायरिंग पहले गांव की पूली पर और उसके बाद भारत गैस स्टोर के निकट की गई । इससे पहले लड़की के घर वालों को धमकी दी गई थी कि ज्यादा बाराती न बुलाएं । गांव के लोगों के एकत्र होने पर आतंकवादी भाग गए ।

एरिया कमांडर मारा गया : फिरोजपुर (वा., ह.स.): गत रात फिरोजपुर जिला में गांव तलवंडी शीका के निकट सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर तथा खूंखार आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ घाली व उसके एक साथी कंवलजीत सिंह को मार गिराया । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि भीषण मुठभेड़ में पहले कंवलजीत सिंह मारा गया लेकिन कुलदीप सिंह ने आत्म-समर्पण करने से इन्कार कर दिया और सुरक्षा बलों पर फायरिंग जारी रखी । कुछ समय बाद कुलदीप सिंह भी गोली लगने से मर गया ।

श्री गिल ने बताया कि कुलदीप सिंह, जो कि घल खुर्द गांव से सम्बन्धित था, अनेक हत्याओं में वांछित था, जिनमें एक ए.एस. आई. व एक हैड-कांस्टेबल की हत्या भी शामिल है । वह खूंखार आतंकवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी का निकट साथी था ।

दो घायल : एक अन्य घटना में गत रात जिला फिरोजपुर में ही आतंकवादियों के एक गिरोह ने विनोद कुमार तथा सरवन सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

आतंकवादी की पहचान : फरीदकोट से जिदल के अनुसार गत 21 जून को गांव रनियां में जो आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया था, उसकी पहचान सिकंदर सिंह बल्द जगीर सिंह कोटकपूरा निवासी के रूप में हुई है । वह जमानत पर रिहा होने के बाद भगौड़ा हो गया था । वह पुलिस को कई मामलों में वांछित था ।

12 हजार रुपए लूटे : फरीदकोट की एक अन्य सूचना के अनुसार आज प्रातः साढ़े 11 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति मल्होत्रा एंटरप्राइजिज के कार्यालय में आए तथा उन्होंने पिस्तौल की नोक पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मोटी पत्नी के बोझ तले पति की मौत

ब्रिजपोर्ट (कनैक्टीकट), 14 जुलाई (ह.स.): पुलिस के अनुसार परसों यहां अपने घर में झगड़े के दौरान एक बहुत मोटी पत्नी अपने पति पर गिर पड़ी और उसके बोझ तले दब कर पति की मौत हो गई ।

पति स्टेनले वाकर (47) को जब मार्क सिटी अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस अधिकारी स्कॉट गोर्डन ने कहा, "मैं नहीं जानता कि वाकर दम्पति के घर में क्या हुआ लेकिन पत्नी वेनी जरूरत से ज्यादा भारी शरीर की है ।

पति-पत्नी में हाथापाई उस समय हुई जब पति म्यामी में अपनी मां से ट्रंक टैलीफोन पर बात कर रहा था । यह घटना उनके दो बच्चों की उपस्थिति में हुई ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी वीरवार को पैरिस में जापान के बेनजीर भट्टो और ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर के सौवीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेने पैरिस गए हुए हैं ।

संसद का हंगामी मानस
18 से : 26 बिल

नई दिल्ली, 14 जुलाई (वा.): संसद का मानसून सत्र, जो यहां आगामी मंगलवार से प्रारम्भ हो रहा है, अत्यंत व्यस्तता वाला सत्र होगा ।

तीन सप्ताह तक चलने वाले इस सत्र में 12 नए बिलों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पास किया जाएगा । इसके अलावा 14 अन्य बिल जिन्हें राज्यसभा द्वारा पारित किया जा चुका है, पर भी इस सत्र में चर्चा होगी तथा उन्हें पारित किया जाएगा ।

इस सत्र में सदस्यों के 43 निजी प्रस्ताव भी पेश किए जाएंगे । अभी तक इन पर चर्चा के लिए तिथियां निर्धारित नहीं की गई हैं । जो 12 नए बिल लोकसभा में पेश किए जाने हैं, उनमें अपराध दंड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) बिल 1985 भी शामिल है । इस विधेयक में भारत में किसी मामले की जांच पड़ताल के लिए विदेशों की अदालतों से प्रमाण प्राप्त करने के लिए उन्हें पत्र भेजने का प्रावधान होगा ।

उग्रवाद उन्मूलन (सार्क कन्वैंशन) बिल 1989 में सार्क देशों के सम्मेलन में उग्रवाद के उन्मूलन के लिए सुझाए गए प्रस्तावों को लागू करने का प्रावधान है ।

तीसरा बिल तमिलनाडु में विधानसभा परिषद की स्थापना से सम्बन्धित है । भूतपूर्व एम.जी. रामचंद्रन सरकार ने एक प्रस्ताव पारित करके तमिलनाडु विधान परिषद् को भंग कर दिया था ।

संसद में एक अन्य जो बिल पेश किया जा रहा है, वह देश में एड्स के घातक रोग के प्रसार को रोकने से सम्बन्धित है । इस बिल का नाम भारत में एड्स संक्रमण निरोधक बिल, 1989 होगा ।

शहरी स्थानीय निकायों की स्थिति मज़बूत करने के लिए बहुप्रचारित कदमों के लिए संविधान (65वां संशोधन) बिल 1989 भी संसद में पेश किया जाएगा । इस सम्बन्ध में प्रशासनिक

ोराया में ढाबे के दो कारिंदों का अपहरण करके ले जा रहे संदिग्ध 'आतंक-
ादी' पुलिस कर्मी निकले, एफ. आई. आर. दर्ज न होने पर नगर में हड़ताल

ोराया, 14 जुलाई (सेहरा): आज प्रातः । ने उन्हें पकड़ लिया और थाने में ले जाकर पुलिस के । आज सुबह फिर आया । उसके साथ बिना वर्दी के दो

Punjabi Samachar

यह जानकारी श्रीलंका
।

खंडन : इसी बीच लिट्टे
हाथ होने का खंडन किया
री एक बयान में कहा गया
गुट को बदनाम करने की
इन तुल्फ़ नेताओं की हत्या

ी का बयान : कोलम्बो
श्वरन की पत्नी ने आज
के सामने बयान दिया है कि
टे से था । उसने बताया,
चलाई तो वह उस समय
खाना बना रही थी ।

दाता निष्कासित :
ने ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग
दाता और टैलीविज़न के
निष्कासित कर दिया है ।

के विरुद्ध कड़ी
हचकेंगे : थैचर

ई (वार्ता): ब्रिटेन की
आज फिर कहा कि वह
दियों के खिलाफ सख्त
केंगी। प्रधानमंत्री राजीव
साथ आज नाश्ते के समय
मलों और क्षेत्रीय मुद्दों पर
चीत की । बातचीत के
गांधी को उक्त आश्वासन
ब्रिटेन की भूमि से भारत
किसी भी आतंकवादी
साथ निपटेंगी ।

सुखदेव सिंह की लाश बरामद की है । वह थाना दयालपुरा में तैनात था और गत चार दिनों से लापता था । उसकी मौत का कारण अभी मालूम नहीं हो सका । उसकी अंत्येष्टि गांव समाध भाई में कर दी गई । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

10 हजार रु. लूटे: बाघा पुराना की एक अन्य सूचना के अनुसार आज फरीदकोट शहर में तीन मारुति कार सवार उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके से 10 हजार रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए । उग्रवादियों ने अपने चेहरे ढांप रखे थे ।

हथियार लूटे : एक अन्य वारदात में गांव समाध भाई में एक ग्रामीण से उग्रवादी 3 राइफलें तथा एक पिस्तौल छीन कर ले गए ।

टैक्सी ड्राइवर लापता : बरनाला (सिधवानी): यहां का टैक्सी ड्राइवर चमकौर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह 23 जून से अपनी कार नं. पी.बी.एल. 1600 सहित लापता है । उसकी कार दो अज्ञात व्यक्ति किराए पर जालन्धर के लिए ले गए थे । बरनाला पुलिस के पास धारा-364 में केस दर्ज है । श्री सुखदेव सिंह छीना डी.एस.पी. ने बताया कि वह कार पुलिस चौकी बस स्टैंड जालन्धर में खड़ी मिल गई है तथा पुलिस उस कार को लाने के लिए जालन्धर चली गई है लेकिन चमकौर सिंह का कोई सुराग नहीं मिला ।

भगौड़ा गिरफ्तार : डी.एस.पी. बरनाला ने बताया कि भदौड़ पुलिस ने पटियाला जेल से भागने वाले अभियुक्त निर्मल सिंह वल्द शिंगारा सिंह को उसके गांव संधू कलां से एक पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है । अभियुक्त एक हत्या केस में पटियाला जेल में उम्र कैद की सजा भुगत रहा था ।

तेल व प्राकृतिक गैस आयोग के

परसत्राईका के का
श्रीलंका, नेपाल व
भारत-सोवियत व्य
सम्बन्ध तथा भा
राजीव गांधी पैरिस
विश्राम के लिए रु
उनकी बातचीत
नरसिम्हाराव तथ
शेवर्दनाद्जे भी
करेंगे ।

दल के संवि
किया ज

चंडीगढ़, 1
अकाली दल (त)
कलकत्ता ने स्पष्ट
पार्टी चुनाव आयो
अपने संविधान में

एक भेंट के
अकाली नेताओं
जी.एस टोहरा ने
'मीरी और पीरी'
करेगा । एक प्रश
कि सम्भवत: 'पी
किए गए संशोधन
आयोग को पत्र
है ।

इस दौरान सु
अकाली धड़ों का
संविधान में संशो
उदार अकाली य
लड़ने के लिए य
जाए तो बुरी बा

Punjabi Sanatani

भुट्टो असहाय हैं ।

जो बात समझ से बाहर है,वह यह है कि बेगम भुट्टो के विरोध के बावजूद सीमा पर नियुक्त पाक

उन्होंने उस समय चेतावनी दी थी कि यह खेल दोनों देश खेल सकते हैं और भारत भी जातीय तौर पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)



परेड के दौरान शुक्रवार को पैरिस के विश्व
दृश्य । इस परेड में 120 हैलीकाप्टरों,
भाग लिया । (छाया : पै.ट्र.)

ध सुधरे हैं :
वीकारोक्ति

समान ही हैं ।

राजीव गांधी और राष्ट्रपति गोर्बाच्योव ने
रांष्ट्रीय स्थिति तथा द्विपक्षीय संबंधों पर
मर्श किया । श्री गांधी पैरिस से एक दिन
र मास्को आए और उन्होंने यहां पहुंचने के
बाद श्री गोर्बाच्योव से बातचीत शुरू कर

कारिक सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं ने
तचीत के दौरान अफगानिस्तान की ताजा
फगान विद्रोहियों के प्रति पाकिस्तान के
क़ की स्थिति और चीन के घटनाक्रमों पर
से विचार किया ।

मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार श्री.एन. राव
यत विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष श्री
संयुक्त उद्योग खोलने के लिए विज्ञान
गिकी का समझौता किया है ।

अखंडता के लिए
ा लेने का सुझाव

मर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता परिषद की
उपसमिति की सिफारिशों के आधार पर
य ने एक कार्यक्रम का सझाव दिया है,
सुझावों पर अमल किया जा सकता है ।
के लिए आचार-संहिता होने के प्रश्न पर
व्यक्त किया गया है कि नागरिकों को
क संवैधानिक कर्त्तव्यों की, जिनमें 42वें
संशोधन द्वारा प्रावधान किए गए हैं,
ी जाए तथा राष्ट्रीय आम राय से एक
हता तैयार की जाए ताकि संविधान के ये
गओं में ही सिमट कर न रह जाएं बल्कि
यल भी हो सके । ये कर्त्तव्य कुछ इस
कि प्रत्येक नागरिक को संविधान के
सके आदर्शों और संस्थाओं का सम्मान
ए, देश की एकता, अखंडता व सम्प्रभुता
नी चाहिए तथा भारत के प्रत्येक धर्म,
ेत्र के लोगों में आपसी सद्भाव और
ी प्रोत्साहन देना चाहिए ।
ालय ने राज्यों से यह भी कहा है कि
तुरन्त निपटारा करने और शीघ्र जांच
ए विशेष अदालतें स्थापित की जाएं ।
र्नाटक, उत्तर प्रदेश तथा केन्द्रीय शासित
में इस सम्बन्ध में आगे भी कार्रवाई की
न्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों में अल्पसंख्यकों
त्व देने के मामले में भी प्रगति हुई है ।

ों' द्वारा छात्र-दमन
चीन की आलोचना

मोगा गोलीकांड के मुख्य अभियुक्त दयाला सहित 5 आतंकवादी मरे

मोहाली में 3 उग्रवादियों द्वारा हथियारों सहित आत्म-समर्पण

हिंसक घटनाओं में पूर्व सरपंच व 8 अन्य घायल, 1 हत्या

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वा., ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर देविंदर सिंह हलवारा सहित 5 आतंकवादी अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए, जबकि तीन आतंकवादियों ने हथियारों सहित आत्मसमर्पण कर दिया । आतंकवादी हिंसा में नौ व्यक्तियों के घायल होने की सूचना है । एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

एरिया कमांडर मारा गया : बटाला (कोछड़): कल रात बटाला पुलिस जिला के गांव शेखूपुरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर देविंदर सिंह हलवारा मारा गया । उस पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था । उसका एक साथी फरार हो गया । लुधियाना जिला के हलवारा गांव का यह आतंकवादी 50 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । मुठभेड़ स्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल, दो भरे हुए मैगज़ीन तथा 25 चले हुए कारतूस बरामद किए गए ।

बताया जाता है देविंदर सिंह गत वर्ष बटाला के चक्की बाजार में हुए बम विस्फोटों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था, जिसमें 25 व्यक्ति मारे गए थे । वह गत छः जून को दो बस यात्रियों की हत्या में भी वांछित था । इन बस यात्रियों राजवंत सिंह तथा अवतार सिंह की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने हिंदू बस यात्रियों को बचाने की कोशिश की थी । मृत आतंकवादी संत हरचंद सिंह लोंगोवाल के हत्यारे जरनैल सिंह हलवारा को भाई कुछ समय पूर्व पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार चुका है ।

अपंग युवक की हत्या : भटिंडा की एक सूचना के अनुसार गत रात वहां से 30 किलोमीटर दूर कस्बा बतियावाला में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक अपंग युवक नरपाल सिंह उर्फ शेरली को गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी उसको जबरदस्ती अपने साथ बाहर खेतों में ले गए, जहां उसकी हत्या कर दी गई । यह भी कहा जाता है कि मृतक पहले अमृतधारी था, लेकिन कुछ समय पहले उसने धार्मिक पाबंदियां छोड़ दी थीं ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन पुलिस जिला के गांव कालेके के निकट सी.आर.पी. के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी बलदेव सिंह मारा गया ।

पिस्तौल लेने के बाद गोली मार दी : अमृतसर जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के कस्बा भिखीविंड में एक व्यक्ति मोती राम खत्तरी के घर दस बजे के करीब दो आतंकवादी गए और उससे उसका लाइसैंसी पिस्तौल मांगा । उसने पिस्तौल और आध दर्जन कारतूस उन्हें दे दिए । आतंकवादी जाते-जाते उसे गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर गए । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी दशा नाज़ुक बताई जाती है ।

सेवादार घायल : पुलिस जिला मजीठा के थाना ब्यास के गांव ठट्ठियां में गत रात 2.30 बजे के करीब चार आतंकवादी गांव से बाहर एक डेरे पर गए । उन्होंने डेरे के सेवादार सुखदेव सिंह को बाहर बुलाया और उसे गोलियां मारने के बाद चले गए । उसे भी अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

तीन आतंकवादी मारे गए : आज बाद दोपहर फरीदकोट जिला के गांव नाहल खुर्द खोटे में सुरक्षा बलों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए ।

दुर्दांत उग्रवादी पप्पू दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली, 15 जुलाई (ह.स.): दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक प्रमुख आतंकवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है । पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पिछले साल हुए बम विस्फोटों में इस आतंकवादी का हाथ होने का संदेह है । पुलिस सूत्रों ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि हरजिन्दर सिंह तथाकथित बब्बर खालसा गुट से सम्बद्ध है । इस संदिग्ध आतंकवादी को शान-ए-पंजाब एक्सप्रैस ट्रेन से उतरते ही पुलिस ने धर दबोचा । इसके कब्जे से एक पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद हुए हैं ।

सूत्रों ने बताया कि राजधानी में किसी भीड़भाड़ वाले इलाके में वारदात करने के इरादे से आए इस संदिग्ध आतंकवादी को कल मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट बृजेश कुमार की अदालत में पेश किया गया । मैजिस्ट्रेट ने पप्पू को दो सप्ताह के लिए पुलिस की हिरासत में दे दिया ।

सूत्रों के अनुसार हरजिन्दर सिंह आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने से पूर्व अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह का सुरक्षा कर्मी था ।

अभियुक्त ने नागपुर में बम रखने की स्वीकारोक्ति की है ।

हरजिंदर पंजाब में अमृतसर जिले के रूपोवाली गांव का बाशिंदा है । पुलिस ने अदालत में बताया कि हरजिंदर कत्लेआम के लिए बम बनाने और उन्हें विस्फोट के लिए रखने में माहिर बब्बर खालसा का सदस्य है ।

हरजिंदर ने अदालत में अपने इकबालिया बयान में कहा कि वह पुलिस को एक बम, चार मशीनगनें और गोली-बारूद बरामद करने में मदद करना चाहता है ।

देशमुख ने दिल्ली में रिपोर्ट दी

नई दिल्ली, 15 जुलाई (वार्ता, ह.स.): प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बी.जी. देशमुख ने आज यहां एक बैठक में रक्षा मंत्री कृष्ण चंद्र पंत और

एक सूचना के अनुसार मृत आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त दयाल सिंह उर्फ दयाला गांव चंद पराना के रूप में हुई है । उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने कहा कि मृत आतंकवादी दयाल सिंह उर्फ दयाला की गिरफ्तारी के लिए 40,000 रुपए का इनाम घोषित था । दयाला ने 50 के लगभग हत्याएं की थीं तथा बहुत से बैंक लूटे थे ।

तीनों आतंकवादी मोगा गोली कांड में शामिल थे । दयाला मोगा गोली कांड का मुख्य अभियुक्त था तथा वह 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था ।

श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । आतंकवादियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा आध घंटे की गोली बारी के बाद तीनों आतंकवादियों की लाशें वहां पर मिलीं । दयाला भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू जनरल था । पुलिस को मुठभेड़ स्थल पर 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 2 दोनाली बंदूकें, एक 38 बोर का पिस्तौल तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला ।

3 आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : रोपड़ से प्राप्त एक समाचार के अनुसार गत रात मोहाली अर्बन एस्टेट फेज़ II के निकट सुरक्षा बलों के साथ बीस मिनट की मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों ने हथियारों सहित आत्म-समर्पण कर दिया । इनमें से जतिंदर सिंह और दिलबाग सिंह रोपड़ जिला से ही सम्बन्ध रखते हैं, जबकि तीसरा सतनाम सिंह हरियाणा के पंचकूला अर्बन एस्टेट का निवासी है । उनसे दो पिस्तौल तथा एक तेज गति से चलने वाला मोटर साइकल बरामद हुआ है, जो कि किसी से छीना हुआ प्रतीत होता है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना से 'जान' के अनुसार नाकाबंदियों के दौरान जिला फरीदकोट पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम हीरा सिंह, बलदेव सिंह और मलकीयत सिंह हैं । उनसे एक 12 बोर की बंदूक, 315 बोर का पिस्तौल तथा काफी कारतूस आदि बरामद हुए । इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने जिला फरीदकोट में कई आतंकवादी केसों की गुत्थी सुलझा लेने का दावा किया है ।

सात घायल : आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिला में तेजधार हथियारों से हमला करके सात व्यक्तियों को घायल कर दिया । प्राप्त

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Samachar

...गया भट्ठो के मध्य पहली
...या, लेकिन ऐसा लगता है
...ताएं और अवधारणाएं
...होंने पहले संकेत दिया

SALE
eadymade
pers
City.

...डारा"

...लिस

2 आतंकवादी पकड़े गए : संगरूर से गर्ग के अनुसार जिला में पुलिस ने दो आतंकवादियों सुखविन्दर सिंह तथा प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्ज़े से 12 बोर के पिस्तौल व कुछ अनचले कारतूस मिले हैं । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

नकदी व गहने ले गए : धनौला में कल 4 अज्ञात व्यक्ति सुखदेव सिंह के घर से लगभग 50 हजार रुपए मूल्य के गहने व नकदी लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । इस संबंध में पूछताछ के लिए 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

बन्दूकें छीन लीं : गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर सदर के गांव अलीमपुर में 12-13 आतंकवादियों ने प्रताप सिंह, तिरलोक सिंह और सुरजीत सिंह नामक व्यक्तियों के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उनकी दोनाली बन्दूकें छीन लीं और जाते समय धमकी दे गए कि यदि पुलिस को सूचना दी तो सारे परिवार की हत्या कर दी जाएगी । उक्त तीनों व्यक्तियों ने इस बात की सूचना आज पुलिस को दी ।

शव मिला : गत सायं जिला कपूरथला के गांव तलवंडी महमा में पुलिस ने एक शव बरामद किया ।

पिस्तौल दिखा कर स्कूटर छीन लिया : लुधियाना (धीमान): कल रात दो आतंकवादी श्री ए.पी. डोगरा को पिस्तौल दिखा कर 3200 रुपया नकद व स्कूटर छीन कर भाग गए । पुलिस जांच कर रही है ।

...और फिलहाल ...
...हूं । मुझे मार...
...करने पर मुझे ...
...जा रहा है ?

आज यहां ...
...कार्यक्रम" में भ...
...एक प्रश्न पूछे ...
...लगे कि यदि मैं...
...तो मुझे कीड़े प...
...हो । डा. जाख...
...भी पेश किए ...
...की अपने तौर ...

उनसे पूछ...
...चुनाव में पंजाब...
...तो डा. जाखड़...
...देगी, मैं वहां से ...
...ही उन्होंने कह...
...देवी लाल मेरे ...
...मुझे कोई आप...
...हूं, वह मेरे नि...
...अधिकार है ...
...उन्होंने कहा ...
...कि वह मुख्यम...
...डराने-धमकाने...
...नहीं कि मैंने अ...
...लाल की पौत्र...
...अनुसार सदस्य...

एक प्रश्न...
...फैसला करना ...
...राज्य विधानस...
...जाएं या अलग...

Punjabi Sanatani

न्यूज़ पेपर एजैंट व पुजारी सहित पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या

आतंकवादियों द्वारा एक डेरे में घुस कर फ़ायरिंग : 2 घायल

एक खतरनाक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 16 जुलाई (वा., ह.स.): आज आतंकवादियों ने तपा मंडी में एक न्यूज़ पेपर एजैंट की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि अन्य स्थानों पर वारदातों में 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक खतरनाक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । आतंकवादियों ने एक डेरे पर फ़ायरिंग करके 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

फरीदकोट में थाना सदर मोगा के निकट गांव नाहन खुर्द खोटे में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गये । (1) लालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के तथाकथित लै. जनरल दुर्दात आतंकवादी दयाल सिंह उर्फ़ दयाला की लाश । (2-3) दो अन्य आतंकवादियों की लाशें, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

(छाया : पी.के.)

न्यूज़ पेपर एजैंट व पुजारी की हत्या : तपा मंडी से संवाददाताओं के अनुसार आज यहां आतंकवादियों ने एक न्यूज़ पेपर एजैंट तथा एक मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 7.05 बजे तीन आतंकवादी स्कूटर पर अंदरूनी बस अड्डे पर स्थित न्यूज़ पेपर एजैंट अशोक कुमार की दुकान पर आये तथा आते ही उन्होंने अंधाधुंध गोलियां बरसानी आरम्भ कर दीं जिससे एजैंट गम्भीर रूप से घायल हो गया जबकि नज़दीक ही बैठे अखबार पढ़ रहे मंदिर के पुजारी कपिल देव वल्द हरद्वारी लाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।

आतंकवादी फ़ायरिंग करने के बाद बड़े आराम से वहां से भाग जाने में सफल हो गये । गम्भीर रूप से घायल न्यूज़ पेपर एजैंट अशोक कुमार को धनौला के अस्पताल में ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई । मृतक अशोक कुमार एस.डी. कालेज का बी.ए. अंतिम वर्ष का विद्यार्थी भी था । पहले आम तौर पर इस स्टाल पर सी.आर.पी. का पहरा होता था, लेकिन आज वहां कोई नहीं था ।

शहर में हड़ताल : वारदात की सूचना मिलते ही उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये । आज तपा मंडी में लोग काफ़ी उत्तेजित थे तथा तुरन्त ही सारे शहर में हड़ताल हो गई । अधिकारियों ने लोगों को शांत किया तथा अपराधियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया । एस.डी.एम. ने मृतकों के परिवारों को उचित सहायता देने का भी आश्वासन दिया ।

संगरूर से संवाददाता के अनुसार उक्त वारदात में एक 5 वर्षीय बालक भी घायल हुआ है । आतंकवादी 'दिलवां फाटक' की ओर से आये तथा 'लाजो पेट्रोल पंप' की तरफ फरार हो गये ।

हथकड़ियां तोड़ने से इन्कार : पी.टी.आई. तिगला के अनुसार कल दो व्यक्ति जिनके हथकड़ियां लगी हुई थीं, गांव बेनरा के एक सिनेमा हाल में घुसे तथा उसे हथकड़ियां तोड़ देने के लिए कहा । सिनेमा ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया तथा धुरी पुलिस को फोन पर सूचित कर दिया जो कि तत्काल स्थल पर पहुंच गई, लेकिन तब तक दोनों व्यक्ति वहां से रफू चक्कर हो चुके थे ।

खतरनाक आतंकवादी मारा : गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर पुलिस स्टेशन सदर के गांव हयात नगर के पास पुलिस तथा आतंकवादियों में हुई मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी मारा गया और एक भागने में सफल हो गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने गांव हयात नगर के पास नाकाबंदी कर रखी थी कि रात लगभग 10.45 पर दो युवक आते दिखाई दिये । जब जवानों ने उन्हें रुकने को कहा तो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस कर्मचारियों द्वारा भी फ़ायरिंग की गई और लगभग 20 मिनट की फ़ायरिंग के बाद जब फ़ायरिंग बंद हो गई तो पुलिस द्वारा इलाके की छानबीन पर वहां एक आतंकवादी की लाश मिली । घटना स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगज़ीन, 19 चले हुए और 4 अनचले कारतूस बरामद हुए हैं । भागे आतंकवादी की तलाश के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर रखी है ।

दो चौकीदारों की हत्या : गत रात जिला होशियारपुर में गांव समुंदरा तथा उमई के मध्य एक ईंटों के भट्टे पर दो चौकीदारों की हत्या कर दी।

दयाला के साथियों की शिनाख्त नहीं : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि कल जिला फरीदकोट में हुई भीषण मुठभेड़ में खूंखार आतंकवादी दयाल सिंह दयाला के साथ मारे गये उसके दो साथियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है । दयाला ने मोगा गोलीकांड की जिम्मेदारी ली थी । इस गोलीकांड में 24 लोग मारे गये थे, जिनमें ज्यादातर आर.एस.एस. के स्वयं सेवक थे । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अभी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं ।

फरीदकोट पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे एक कटी हुई दोनाली बंदूक, दो पिस्तौलें व कुछ कारतूस मिले हैं । पुलिस ने उनके नाम नहीं बताए हैं ।

डेरा पर फायरिंग : आज बाद दोपहर आतंकवादियों ने जिला रोपड़ में संत हरबंस सिंह के डेरे में घुस कर गोली चला दी, जिससे संत हरबंस सिंह और एक व्यक्ति अजीत सिंह घायल हो गए ।

तीन गिरफ्तार : लुधियाना जिला पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे एक रिवाल्वर व दो पिस्तौल बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम कंवल सिंह, सतनाम सिंह व मिलखी राम हैं ।

स्पष्टीकरण : अटारी (शोवर): जिला पुलिस चीफ ने एक अंग युवक की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की खबर के बारे में कहा है कि यह खबर गलत है तथा ऐसी कोई घटना नहीं हुई । एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि तेजधार हथियार के निशान वाला एक शव मिला था लेकिन यह उग्रवादी कार्रवाई नहीं थी ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भटिंडा पुलिस ने सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता सहित 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे दो दोनाली बंदूकें, एक 315 बोर की पिस्तौल व एक 12 बोर की पिस्तौल मिली है ।



सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव तथा प्रधानमंत्री राजीव गां में क्रेमलिन में बातचीत करने से पूर्व एक-दूसरे से हाथ मिलाते हुए ।

किसान 24 से उपमंडल अधि के कार्यालयों का घेराव

जालन्धर, 16 जुलाई (वि.प्र.): किसान संघर्ष समिति ने उपमंडल अधिकारियों व डिप्टी कमिश्नरों के कार्यालयों का घेराव करने तथा 4 अगस्त के बाद किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में पंजाब के राज्यपाल के दौरे के दौरान काले झंडों के साथ उनका विरोध करने का कार्यक्रम बनाया है ।

इस कार्यक्रम की घोषणा आज यहां दोनों पंजाब किसान सभाओं, खेत मजदूर सभा, खेत मजदूर यूनियन तथा किरती किसान यूनियन पर आधारित उक्त संघर्ष समिति की बैठक के बाद समिति के सदस्यों सर्वश्री मास्टर भगत राम, डा. जोगिन्दर दयाल, स्वर्ण सिंह चीमा, जसवंत सिंह-पूर्व विधायक, सरदार सिंह मल्ल और जगतार सिंह ने एक सम्वाददाता सम्मेलन में की और बताया कि यह संघर्ष गत वर्ष की भीषण बाढ़ से प्रभावित किसानों व खेत मजदूरों की मांगों के समर्थन में किया जा रहा है ।

तीन चरणों के इस संघर्ष के अधीन राज्य भर में 24 जुलाई से 28 जुलाई तक उपमंडल कार्यालयों तथा 31 जुलाई से 4 अगस्त तक के दिनों में डिप्टी कमिश्नरों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। जालन्धर जिला में 24 जुलाई को नकोदर, 25 जुलाई को नवांशहर, 26 27 जुलाई को फिल्लौर जाएंगे ।

अकाली दल (
पंजाब समस

अमृतसर, 16 जुल (मान) ने आज कहा कि उ होने वाले संसद के मानसून उठाएगा ।

पार्टी के महासचिव सिंह वालिया ने आज यहां कि संसद में इस मु विचार-विमर्श होत वह की बैठक में हिस्सा लेंगे

उन्होंने कहा कि पं लिए इंका ने कोई दिलचस्प इसे बनाए रखना चाहती के इशारे नेक नहीं हैं क्यों पंजाब और सिख कांड को है ।

अमीर सात दे

पैरिस, 16 जुलाई (गरीब सात देशों ने शिकाय से अमीर 7 देशों ने कर्ज आबादी की कोई आवाज़

सात औद्योगिक रूप से अपनी वार्षिक आर्थिक शि निर्धन देशों ने उनके रवैये की । सात देशों के नेता चारों तरफ से सुरक्षित भव कल गरीबों के प्रतिनिधियो

इन प्रतिनिधियों ने ए लिखा था—हम इन सात विश्व के नाम पर बोलने का बारे में फैसला करने एवं क इन्कार करते हैं ।

गरीब प्रतिनिधियों ने नेताओं के पहुंचने के कुछ देर अधिकारी को दिया । इस बत्तख और अन्य राजसी खा वाईन बह रही थी, वहीं दसरी में सिर्फ चावल और सब्जी जै ही थी ।

गरीब देशों के प्रवक्ता राष्ट्रपति फ्रांसवां मित्तरां के अन्तोली ने उनका नम्रता से ज्ञापन पढ़ने का उनके पा

अधिकारियों
अमृतसर व

अमृतसर, 16 जुलाई(

अकाली दल (मान) द्वारा प्रो. दर्शन सिंह के सम्मनों की उपेक्षा करने की घोषणा

अमृतसर, 16 जुलाई (ह.स.): अकाली दल (मान) के महासचिव श्री चरणजीत सिंह वालिया ने आज यहां कहा कि अकाल तख्त के हैडग्रंथी प्रो. दर्शन सिंह द्वारा उनकी पार्टी के पदाधिकारियों को पार्टी में शामिल नहीं किया गया है लेकिन हम निश्चित रूप से हर ऐसे व्यक्ति का पार्टी में स्वागत करेंगे जो धर्म में विश्वास रखता हो, चाहे उसका

Punjabi Sanatani

स्वयंभू एरिया कमांडर पप्पू सहित 6 कट्टर आतंकवादी मारे गये

संगरूर में यूथ इंका प्रधान के मकान पर फायरिंग

लुधियाना में भीषण बम विस्फोट, 12 घायल

चंडीगढ़, 17 जुलाई (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में सैफनें टाइगर फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर मनजीत सिंह पप्पू सहित 6 कट्टर आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये, जबकि लुधियाना में एक ज़बरदस्त बम विस्फोट में 12 व्यक्ति घायल हो गये । इनमें एक हैड कांस्टेबल की टांग उड़ गई । संगरूर में यूथ इंका प्रधान के मकान पर फायरिंग की गई ।

शक्तिशाली बम फटा : लुधियाना (महिन्द्रा, नेपाल, धीमान, मुसाफ़िर, जोशी): चौक घंटा घर के निकट जी.टी. रोड पर सुरेंद्र ऐनक विक्रेता की एक दुकान में एक बम फट गया, जिससे तीन पुलिस कर्मचारी, तीन केंद्रीय सुरक्षा बल कर्मचारी और छाकरों सहित 6 अन्य लोग घायल हो गये । सभी को सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल कर दिया गया है । हमारे संवाददाता ने घटना स्थल पर जाकर देखा कि उक्त दुकान एक मलबे के ढेर का दृश्य पेश कर रही थी । ख्याल है कि कोई व्यक्ति इस दुकान के बरामदे में यह बम रख गया, जो कि ठीक 6 बजे फट गया । बम धमाके की आवाज़ इतनी अधिक थी कि घंटा घर चौक से एक कि.मी. की दूरी पर भी सुनाई दी । बम धमाके से लोगों में भगदड़ मच गई । इस दुकान के साथ ही सड़क पर जो हाँकर अपने अखबार आदि पैक करते हैं, अपने साइकल और अखबार छोड़ कर भाग खड़े हुए । हाँकरों के शरीरों पर घाव और झरीटों के चिन्ह हैं । उक्त ऐनकों की दुकान से सौ गज़ की दूरी पर दुकानों के शीशे टूटे दिखाई दे रहे हैं । सुरेंद्र आप्टीकल्ज़ की दुकान के दरवाज़ों और शीशों के टुकड़े दूर-दूर तक पड़े थे । बैंक आफ इंडिया के दरवाज़ों के शीशे भी टूट गये ।

ज़िलाधीश श्री बराड़, पुलिस प्रमुख श्री सैनी पुलिस फ़ोर्स के साथ घटना-स्थल पर पहुंचे और हालात की समीक्षा की । तीन घायल पुलिस कर्मचारियों में सुरेंद्र सिंह हैडकांस्टेबल भी शामिल है, जिसकी एक टांग उड़ गई । उसका खून बम धमाके के स्थान पर बिखरा पड़ा है । वह अपने दो पुलिस कर्मचारियों सुरजीत सिंह और किरपाल सिंह सहित ड्यूटी दे रहा था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार यह टाइम बम का विस्फोट था । घायलों में से 6 की हालत गम्भीर बताई जाती है । 'जोशी' के अनुसार पता चला है कि पुलिस ने दुकान के मालिक सुरेंद्र सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । क्षेत्र की नाकेबंदी प्रातः 10 बजे तक जारी रही ।

घायलों के नाम : जिन घायलों को सिविल अस्पताल लुधियाना में दाखिल कराया गया है, उनमें नायक जयनाथ सी.आर.पी. 7 बटालियन, नायक रघुनाथ, नायक जगदीश प्रकाश, मेहर सिंह वल्द बलवंत सिंह कमलानगर लुधियाना, रवि इन्द्र सिंह वल्द लाल सिंह सिकंदरी रोड खुहड मुहल्ला, जसविंदर सिंह वल्द करतार सिंह लेबर कालोनी इबल स्ट्रीट लुधियाना शामिल हैं । इनमें से अंतिम 2 को मरहम-पट्टी करके डिस्चार्ज कर दिया गया । पता चला है कि धमाके से एक सिपाही की जांघ के दो टुकड़े हो गए ।

पप्पू मारा गया : फरीदकोट (संवा) फरीदकोट जिला में थाना कोट भाई के अंतर्गत गांव बटूटर सरीरां में एक कट्टर आतंकवादी मनजीत सिंह उर्फ़ पप्पू मुठभेड़ में मारा गया । उसके सिर पर 30 हज़ार रुपए का इनाम घोषित था । वह सैफ़रन टाइगर फ़ोर्स से संबंध रखता था, जो कि खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स की [illegible] फ़ोर्स है । उससे एक ए.के. 47 राइफ़ल, एक भरे हुई मैगज़ीन, एक दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए । इसके अलावा उससे एक पैंच भी बरामद हुआ, जिसमें उसके कुछ साथियों के पते दर्ज हैं । एस.एस.पी. श्री तेजा राम ने बताया कि एक ठोस सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने गांव कोट भाई के बाहर एक खेत पर छापा मारा । छापे को आते देख कर वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की, जो कि लगभग आधा घंटा जारी रही, जिसके दौरान एक आतंकवादी मारा गया । बाद में पुलिस ने नाके लगा कर उसके तीन साथियों को भी गिरफ़्तार कर लिया । उनकी निशानदेही पर मृत, सुरजान सिंह तथा सुरदेव सिंह के रूप में हुई है, जो कि सभी गांव खोखर के निवासी हैं । इन आतंकवादियों से एक .45 बोर का विदेशी पिस्तौल, एक 765 बोर का पिस्तौल, एक 401 रैमिंगटन की कार्बाइन, दो मैगज़ीन व अन्य गोली-सिक्का मिला ।

बटूटर आतंकवादी पप्पू पुलिस को आतंकवाद की तीन दर्जन से ज्यादा वारदातों में वांछित था, जिनमें इस वर्ष मार्च में पुलिस के एक जवैटेलन और एक होमगार्ड की हत्या भी शामिल है ।

हेरां परंच में आतंकवादी मरा : जालंधर : जालंधर जिले में आज तड़के सवेरहर थाने के हेरां गांव के बाहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । पुलिस के मुताबिक दो आतंकवादियों को नाका पार्टी ने रुकने का संकेत किया । इस पर आतंकवादियों ने गोली चलाई । जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया । एक आतंकवादी भाग निकला । पुलिस ने इलाके की तलाशी लेने के बाद एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन और पांच खाली कारतूस बरामद किए ।

वासरके भैणी में उग्रवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि गत रात पुलिस तथा सी.आर.पी. ने रामपुरा के गंदे नाले पर नाकाबंदी की हुई थी कि 11.15 बजे गांव वासरके भैणी की ओर से तीन आतंकवादियों को आते देखा गया । जब वह नाका पार्टी के करीब आये तो उन्हें सुरक्षा बलों ने चुनौती दी, जिस पर उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग पर एक आतंकवादी मारा गया, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी, जबकि दो आतंकवादी रात के अंधेरे में भाग निकले । मारे गये आतंकवादी के करीब से एक थामसन गन, 6 चले और 9 अनचले कारतूस, ए.के. 47 के 10 चले हुए कारतूस पुलिस ने कब्ज़े में लिये गए हैं ।

पगड़ी गिरफ़्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि गत रात गांव छीदा चोहला से बाहर नहर के पुल पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक आतंकवादी लखविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा सज़ादी को काबू किया जो कि गांव सुहावा का निवासी है । उससे एक दोनाली बंदूक तथा कारतूस कब्ज़े में लिये गये । उसने यह बंदूक गांव सुहावा के बलदेव सिंह नामक व्यक्ति से छीनी थी ।

2 उग्रवादियों की खबरें मिलीं : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि भिखीविंड थाना टाडगर ज़ोन के 2 उग्रवादी बलवंत सिंह तथा कलदीप सिंह आपनी गिरोहबंदी में मारे गये । उनकी गोलियों से छलनी लाशें आज सुबह तरनतारन पुलिस जिला के थाना खालड़ा के गांव बहालताना से बरामद की गईं ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ ने बताया कि मारे गये आतंकवादी बलवंत सिंह तथा कलदीप सिंह उन 4 आतंकवादियों में शामिल थे, जिनका हत्यारों ने एक संदिग्ध औरत बलविंदर कौर के फार्म हाऊस

(शेष पृष्ठ 8 पर)



लुधियाना में सोमवार प्रातः धटाघर के पास बम विस्फोट से पायल (1) सुरजीत सिंह, (2) किरपाल सिंह तथा (3) सुरेंद्र सिंह (4) नायक जयनाथ सिंह, (5) सिपाही नंद लाल सिंह, (6) (7) नायक रघुनाथ। (8) विस्फोट से बुरी तरह क्षतिग्रस्त एक दु



फरीदकोट के गांव बटूटर सरीरां में पुलिस के साथ भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया व पुलिस के भारी मात्रा में गोलाबारूद बरामद किए । बिच में फिरोज़पुर के एस. एस. पी. श्री एन. [illegible] (आईजी)श्री देव राज व अन्य पुलिस अधी पहाड़ी मारा गया आतंकवादी मनजीत सिंह उर्फ़ पप्पू ।

गत दिवस फरीदकोट पुलिस के साथ एक भिड़ंत में मारे गए भोगा नरसंहार के दोषी दयाल सिंह दयाला तथा उसके दो साथियों से मिले शस्त्रास्त्र । (छाया : बिंदल)

जम्मू-कश्मीर में इंका और नैकां मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी

शिमला, 17 जुलाई : आगामी लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस (इ) नैशनल कांफ्रैंस के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इ) के महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आज पत्रकारों को यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि दोनों दलों में राजनीतिक अथवा नीतिगत तौर पर कोई मतभेद नहीं है । अगर निचले स्तर पर थोड़ा-सा मतभेद है भी तो उसके दोनों पार्टियों के गठबंधन पर कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा ।

उन्होंने कहा कि श्रीमती सत्या में राज्य में कांग्रेस (इ) नैशनल कांफ्रैंस सिर्फ दो धर्मनिरपेक्ष दल हैं । साम्प्रदायिक ताकतों को हराने के लिए इन दोनों दलों को एक होना ही होगा ।

श्री आज़ाद ने जनता दल नेताओं द्वारा किए जा रहे बैंक ऋण माफ करने जैसे वोट बटोरने के खोखले वायदों के लिए उनकी निंदा की और कहा कि यह नेता देश के हितों के बारे में कभी नहीं सोचते । उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने हरियाणा वासियों के ऋण माफ करने का अपना वादा पूरा नहीं किया है और अब वह पंजाब के नेता श्री शिवचरण प्रताप सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का वादा करने को उकसा रहे हैं । उन्होंने कहा कि इस तरह ऋण माफ करने से बैंकों का दीवाला निकल जाएगा, इसलिए कोई समझदार सरकार इस तरह का काम नहीं करेगी ।

श्री आज़ाद ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) के पदाधिकारी तथा राज्यों के प्रभारी महासचिव इसके अलावा राज्य पार्टी अध्यक्ष लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन विधानसभा और लोकसभा तथा राज्यसभा के उपचुनाव वे लड़ सकते हैं । उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बेहतर तालमेल तथा मुख्य पदाधिकारियों की गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह इन्तज़ाम किए गए हैं ।

पंजाब में सुधार : पंजाब समस्या के संबंध में उन्होंने कहा कि जबसे समय से कांग्रेस पंजाब समस्या को सुलझाने के लिए गम्भीर प्रयास करती रही है तथा उसके परिणाम भी सामने आने शुरू हो गए हैं । उन्होंने कहा कि यद्यपि उग्रवादियों द्वारा की जाने वाली हत्याओं की संख्या अभी तक कम नहीं हो सकी है, लेकिन कुछ समय पूर्व तक उग्रवादियों द्वारा जिस प्रकार धर्म स्थलों का दुरुपयोग किया जाता था, वह अब समाप्त हो गया है । उग्रवादी अब किसी भी गुरुद्वारे का दुरुपयोग नहीं कर पा रहे हैं । यही नहीं

बोफोर्स बारे सी.बी.आई. की चुप्पी रहस्यपूर्ण : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष वी.पी. सिंह ने आज सवाल उठाया कि बोफोर्स तोपों की खरीद के घोटाले में दोषी लोगों का पता लगाने का काम सौंपे जाने के एक वर्ष बाद भी 'केंद्रीय जांच ब्यूरो' (सी.बी.आई.) की रहस्यमय चुप्पी का राज आखिर क्या है ? वह आज यहां बोफोर्स प्रकरण में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के त्यागपत्र की मांग को लेकर आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि सी.बी.आई. चाहती तो जांच-पड़ताल का काम कुछ

संसद सत्र आज से : विपक्ष शांति से मुद्दों को लेकर सरकार की खि

नई दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता): तेरह विपक्षी दलों ने आज फैसला किया कि कल से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में वे श्रीलंका में शांति सेना की भूमिका से उत्पन्न संकट और देश के सामने मौजूद अन्य समस्याओं को लेकर सरकार की खिंचाई करेंगे । इस आशय का निर्णय प्रमुख समेत विपक्षी दलों की आज यहां हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में किया गया । विपक्षी कार्य रणनीति प्रस्तावों पेश करेगा ।

विपक्षी दलों ने जरूरी वस्तुओं तथा न्यूज प्रिंट की कीमतों में भारी वृद्धि और लघु एवं मझोले समाचार पत्रों को न्यूज प्रिंट के आवंटन में हेराफेरी के खिलाफ भी सरकार की आलोचना करने का निर्णय किया । इस अधिवेशन में विपक्ष जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को कुचलने में सरकार की कथित विफलता और भारत-नेपाल सम्बन्धों तथा पंजाब में बिगड़ती हुई स्थिति के मामले को उठाएगा ।

नीलोखेड़ी, 21 जुलाई (शर्मा): आतंकवादियों ने मिज़ाइलों से हमला करके करनाल स्थित थाना सी.आई.ए., थाना असन्ध और करनाल के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आवासों को अगस्त से

पकड़े गए आतंकवादी ने यह भी स्वीकार किया है कि उसके वर्ष 1986 से आतंकवादियों से सम्बन्ध हैं तथा उसने कुख्यात आतंकवादी कारज सिंह थन्डे और कलदीप सिंह मच्छल से स्वर्ण मंदिर

अमृतसर के अजनाला थाने के गांव पक्खे में एक परिवार के 5 सदस ने हत्या कर दी । चित्र में (1) रत्न चंद, (2) पूजी कृष्णा कु (4) बेटा राजेंद्र कुमार, (5) भतीजा बिन्नू के शव ।

बैंक द्वारा हिमाचल ... के बिलों का भुगत...

शिमला, 21 जुलाई (खबरिया): हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह के प्रदेश की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होने के दावों पर आज उस समय एक प्रश्न चिन्ह लग गया जब प्रदेश सचिवालय के आम्बेडकर भवन में ही स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा ने सरकारी बिलों का भुगतान करने से इन्कार कर दिया । बैंक के प्रबन्धकों ने अपने बैंक के बाहर एक बोर्ड भी लगा दिया, जिस पर लिखा था—'सरकारी भुगतान बंद ।'

सचिवालय में ही स्थित सरकारी ट्रेजरी द्वारा पास किए गए सैकड़ों बिलों को लोग अपने ही हाथों में समेटते देखे गए । हिमाचल के इतिहास में पहली बार इस प्रकार की घटना घटी है और इस स्थिति ने सचिवालय के कर्मचारियों व हजारों आगन्तुकों को हैरान कर दिया ।

Sangrahi

वह नकली अंतर
नय सरकार और
की कोशिश कर

सौंपा जाना चाहिए क्योंकि राजनीतिक पार्टियों को मामला सौंपने का कोई लाभ नहीं होता ।

चुनाव आयोग का राजनीतिक दलों को यह

लिए परेशानी का कारण बनती है और इससे निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पड़ती है ।

चुनाव आयोग ने इस सम्बन्ध में कुछ करने में

1968 में बनाई गई थी । यद्यपि सरकार ने इसको जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 में शामिल नहीं

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भूतपूर्व सैनिक द्वारा अद्भुत साहस का प्रदर्शन, 3 खूंखार आतंकवादी मार डाले

4 की हत्या, 3 उग्रवादी, 2 घुसपैठिये मरे, छहर्टा में बम मिला

चंडीगढ़, 22 जुलाई (वा., ह.स.): जिला अमृतसर में डाक विभाग के क्लर्क तथा भूतपूर्व सैनिक केदार नाथ ने अद्भुत साहस का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ स्वयं को मौत के मुंह से बचा लिया बल्कि भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के तीन कुख्यात आतंकवादियों को उन्हीं की राइफल से मार गिराया। अन्यत्र दर्दांत आतंकवादी पूहला समेत 3 उग्रवादी मारे गए, जबकि एक रिटायर्ड टीचर समेत 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । छहर्टा में कामरेड सतपाल डांग के निवास स्थान के निकट बम पड़ा मिला । तरनतारन क्षेत्र में पकड़े गए उग्रवादियों से 30 राकेट व गोली-सिक्का बरामद हुआ । 2 घुसपैठिये भी मारे गए ।

भूतपूर्व सैनिक की वीरता : अमृतसर जिला में तीन आतंकवादियों को एक भूतपूर्व सैनिक ने मार डाला । प्राप्त सूचना के अनुसार अमृतसर जिला में खेमकरण में गत 20 जुलाई को डाकघर के एक क्लर्क केदार नाथ, जो कि भूतपूर्व सैनिक है, का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि मृत आतंकवादी, जिनकी शिनाख्त गज्जन सिंह उर्फ़ दसौंधा सिंह निवासी गांव बासरके गिल्लां थाना छहर्टा, कुलवंत सिंह उर्फ़ कंता निवासी खेमकरण और अजीत सिंह उर्फ़ जीता निवासी गांव बहादर नगर थाना वल्टोहा के रूप में हुई है, वास्तव में रुपया ऐंठने के उद्देश्य से एक डिपो होल्डर का अपहरण करना चाहते थे, परन्तु गलती से वह केदार नाथ, जो कि डाकघर में क्लर्क है, का 20 जुलाई को उसके घर से रात को अपहरण करके ले गये । एस.एस.पी. ने बताया कि आतंकवादी केदार नाथ को पूरी रात एक जगह से दूसरी जगह लिये घूमते रहे तथा प्रातः उसे गांव कोटला बसरावा सिंह के एक व्यक्ति महेंद्र सिंह के ट्यूबवैल पर ले गए जहां आतंकवादियों ने उसे एक कमरे में अपने साथ रखा । चौधरी बलदेव सिंह ने बताया कि दोपहर के वक्त एक आतंकवादी कमरे से बाहर जाकर पहरा देने लगा, जबकि अंदर के दो आतंकवादियों में से एक अन्य अपनी ए.के. 47 राइफल को चैकअप करने लगा । केदार नाथ उसे ए.के. 47 को टैस्ट करते हुए देखता रहा । राइफल टैस्ट करने के बाद वह आतंकवादी भी अपने साथी के साथ लेट गया और दोनों सो गए । इसी दौरान केदार नाथ बड़ी युक्ति से किसी प्रकार आतंकवादियों की उस ए.के. 47 राइफल के करीब पहुंचा और तुरन्त राइफल को हाथ में लेकर उसने दोनों सोये हुए आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, जिससे दोनों वहीं दम तोड़ गये । इसी बीच तीसरा आतंकवादी, जो कि बाहर पहरा दे रहा था, वस्तु स्थिति जानने के लिए अंदर की ओर दौड़ा और उसने केदार नाथ पर फ़ायरिंग की परन्तु इससे पहले ही केदारनाथ पोज़ीशन ले चुका था और उसने तीसरे आतंकवादी को भी गोलियां मार कर ढेर कर दिया । तीनों आतंकवादियों को मारने के बाद केदार नाथ ने ए.के. 47 की नोक पर फार्म हाऊस के मालिक महेंद्र सिंह को आगे लगाया तथा उसे थाना में ले आया जहां केदार नाथ ने पुलिस को सारी घटना का विवरण सुनाया । केदार नाथ ने 2 ए.के. 47 राइफलें, दो मैगज़ीनें तथा लगभग दो सौ कारतूस भी पुलिस को सौंपे ।

चौधरी बलदेव सिंह ने बताया कि तीनों मृत आतंकवादी खूंखार किस्म के थे और यह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित थे । गज्जन सिंह उर्फ़ दसौंधा सिंह इस संगठन का लैफ्टिनैंट जनरल था ।

ह.स. के अनुसार तीनों मृत आतंकवादी घोषित अपराधी थे, जिन्हें जिन्दा या मुर्दा पकड़ने पर ईनाम घोषित था । केदार नाथ को उसके अद्भुत साहस के लिए लगभग एक लाख का ईनाम मिलेगा । इससे पहले पुलिस ने सूचना दी थी कि यह तीन आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गये हैं ।

श्री बलदेव सिंह के अनुसार केदार नाथ ने पुलिस अधिकारियों की यह बात मानने से इन्कार कर दिया कि सुरक्षा कारणों से उसका नाम गुप्त रखा जाए । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केदार नाथ को ईनामी राशि के अलावा भी पुरस्कृत किया जाएगा ।

3 व्यक्तियों की हत्या : गत रात अमृतसर जिला के गांव बछोआ थाना रमदास में पांच आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात पांच आतंकवादी 10.30 बजे के करीब रिटायर्ड मास्टर देवी दत्त के घर में गये । दो आतंकवादी घर के अंदर जा घुसे, जबकि तीन घर के बाहर रहे । अंदर घुसे आतंकवादियों ने वृद्ध देवीदत्त की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी दौरान घर के बाहर खड़े तीन आतंकवादी खेतों की ओर चले गये और खेतों में उन्होंने सुभाष चंद्र और उसके पिता बलदेव राज, जो कि खेतों में पानी लगाने आये हुए थे, की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन हत्याओं के बाद पांचों आतंकवादी भाग निकलने में सफल हो गये ।

अमृतसर जिला के गांव जौड़ा थाना पट्टी में भी एक व्यक्ति मंगल सिंह की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई । मृत मंगल सिंह, जो अपने ससुराल से गत रात लौटा था और शराब के नशे में धुत था, को चार आतंकवादियों ने घर से बाहर लाकर मार डाला । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 2 चले हुए कारतूस मिले ।

पुलिस अधीक्षक श्री एच.आर. बांगा ने बताया कि वह उस समय अजनाला थाने में मौजूद थे, जब उन्हें गांव में गोलीबारी की सूचना मिली । पुलिस और सुरक्षा कर्मी तुरन्त रवाना हो गये, लेकिन गांव के पास एक नहर-कटाव के कारण वे आतंकवादियों का पीछा नहीं कर सके और आतंकवादी भाग निकले । श्री बांगा का ख्याल है कि वह आतंकवादी या तो भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के सतनाम सिंह सत्ता उर्फ़ चिंगाड़ा गिरोह अथवा के.सी.एफ. के मेजर सिंह गिरोह से संबद्ध होंगे । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए आज सुबह इलाके में व्यापक धरपकड़ अभियान चलाया गया ।

टाईम बम मिला : सुरक्षा बलों ने अमृतसर के कस्बा छहर्टा से एक शक्तिशाली टाईम बम का पता लगा कर उसे निष्क्रिय करके एक बड़ी दुर्घटना टाल दी । सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह शक्तिशाली बम एक थैले में डाल कर एक साइकल पर रखा हुआ था, जिसे आतंकवादियों ने छहर्टा के प्रताप चौक में खड़ा कर दिया था । सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी को इस पर संदेह हुआ, उन्होंने तुरन्त कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना विशेषज्ञों को दी, जिन्होंने आकर इसकी जांच के उपरांत इसे निष्क्रिय कर दिया, जो कि एक बड़े नरसंहार का कारण बन सकता था । जिस जगह बम पाया गया, उसके निकट ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री सतपाल डांग का निवास स्थान और सी.आर.पी. की चौकी है ।

अपनी ही बंदूक से घायल : थाना ब्यास में तैनात हैड-कांस्टेबल मंगल सिंह को बुरी तरह से घायल हालत में अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । सूचनाओं के अनुसार मंगल

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Cutes Camp
GRAND SUMMER
Sale &
EXTRA
SPECIAL OFFER
KIDS
FROCK Rs. 75

सिंह, जिसकी ड्यूटी डेरा ब्यास में थी, आज प्रातः अपनी बंदूक साफ कर रहा था कि अचानक गोली चल गई ।

विस्फोटक सामग्री मिली : इसी बीच तरनतारन पुलिस ने गांव सैद के निकट एक ट्यूबवैल से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक विस्फोटक सामग्री, एक एच.ई. 36 हथगोला और ए.के. 47 राइफल के 30 कारतूस बरामद किए ।

आपसी लड़ाई में मरे : पुलिस सूत्रों ने बताया कि जौड़ा गांव में मारा गया मंगल सिंह तथा दोबुर्जी में मारा गया व्यक्ति गुरदीप सिंह आतंकवादी थे । यह दोनों आतंकवादी गुटों की आपसी लड़ाई का शिकार हुए । इनका संबंध के.सी.एफ. के साथ था, जिसके 2 आतंकवादी वीरवार को आपसी लड़ाई में मारे जा चुके हैं ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन के एस.एस.पी. ने बताया कि डी.एस.पी. पट्टी के नेतृत्व में पुलिस और सी.आर.पी. की एक संयुक्त गश्ती पार्टी ने एक सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान 3 आतंकवादियों गुरमीत सिंह निवासी गांव भंगाला रसूलपुर, खज़ान सिंह उर्फ़ खज़ाना निवासी गांव भंगाला और बलदेव सिंह उर्फ़ देबा गांव अस्सल औतार को गिरफ्तार किया है । यह आतंकवादी बख्शीश सिंह 'सोना' के गिरोह से अलग हुए गिरोह, जिसका नेतृत्व जगतार सिंह ढोला करता है, के सक्रिय सदस्य हैं । यह सभी के.सी.एफ. से संबंधित हैं । इनके कब्ज़े से पुलिस ने 30 राकेट, ए.के. 47 राइफल के 275 कारतूस, एक दोनाली बंदूक, एक इकनाली बंदूक व इसके 6 कारतूस बरामद किये हैं । इनसे पूछताछ जारी है ।

सरपंच का अपहरण : उग्रवादियों ने आज रात्रि थाना तरनतारन के गांव काला में एक सरपंच अवतार सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा है कि कुछ उग्रवादी सरपंच के घर में एक मारुति कार में आए और उसको बलात् कार में बिठा कर कार भगा कर ले गए ।

सरपंच का अपहरण : आज प्रातः खेमकरण सैक्टर में उग्रवादियों ने मेंहदीपुर के सरपंच का अपहरण कर लिया ।

बच्चे की छाती पर रिवाल्वर रख कर लूट लिया : लुधियाना (कम्बोज) : आज यहां दोपहर के लगभग 12.10 बजे एक व्यक्ति श्री ज्ञान चंद जैन की स्थानीय सुन्दर नगर स्थित कोठी पर 6 सशस्त्र युवक एक छोटे से बच्चे पर पिस्तौल तान कर व उसे जान से मार डालने की धमकी देकर घर की तीन महिलाओं से लगभग 30 तोले सोना, 20

FLATS AVAILABLE NEAR

पड़ताल कर रही है ।

आतंकवादी मारा गया : मोहाली (न): आज शाम यहां के फेज 5 में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मौका पर ही मारा गया जबकि एक अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी पटियाला से आकर यहां के फेज-5 में एक घर में शरण लिए हुए हैं । जैसे ही पुलिस घर पर छापा मारने पहुंची तो वहां छिपे बैठे आतंकवादियों ने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । उत्तर में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं तथा एक आतंकवादी को मौका पर ही मार गिराया । मृतक आतंकवादी का नाम पलविन्दर सिंह पुहला बताया जाता है।पुलिस सूत्रों के अनुसार घर में 3आतंकवादी छुपे बैठे थे। जिनमें से एक फरार हो गया ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मोहाली में मारे गए आतंकवादी के सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था । वह भूतपूर्व विधायक श्री साधु राम की हत्या समेत बहुत से आतंकवादी अपराधों के लिए पुलिस को वांछित था । श्री गिल ने बताया कि पुलिस को निश्चित सूचना मिली थी कि यह आतंकवादी मोहाली तथा आस-पास के इलाकों में कोई बड़ी वारदात करने की योजना बना रहे हैं ।

सूत्रों के अनुसार पुलिस तथा आतंकवादियों में करीब 20 मिनट तक भिड़ंत हुई । जिस मकान में आतंकवादी शरण लिए हुए थे वहां नर्सिंग होम खोला गया था । सूत्रों के अनुसार पुलिस ने नर्सिंग होम की मालिक डा. श्रीमती अमरजीत कौर तथा वहां से एक अन्य व्यक्ति गुरमीत सिंह, जो गांव मुंडियां का रहने वाला बताया जाता है, को हिरासत में ले लिया है ।

अन्य सूचना के अनुसार मारे गए आतंकवादी का नाम पलविंदर सिंह उर्फ पाला है । घर की तलाशी के दौरान पुलिस को .455 बोर की एक पिस्तौल तथा दुर्दांत आतंकवादी कुलविंदर सिंह उर्फ किड की फोटो मिली है । पुलिस को संदेह है कि फरार होने वाला आतंकवादी किड ही था ।

2 घुसपैठिये मरे : सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आज फाज़िल्का सैक्टर तथा खेमकरण सैक्टर में एक-एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया ।

फांसी दे दी : बटाला (ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना सदर बटाला के गांव मसानिया में एक व्यक्ति को फांसी देकर मार डाला । मृतक की दलीप सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

'कोछड़' के अनुसार मृतक दलीप सिंह गांव में

Punjabi Sanatan

...पाद स्वामी तथा तेलगु देशम के पी. उपेन्द्र ने ...यवस्था का प्रश्न उठाने की उनकी अनुमति मांगी, ...जसका कांग्रेस (इ) के सदस्यों ने सख्त विरोध ...किया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीमती गीता मुखर्जी, असम गण परिषद : दिनेश गोस्वामी, अताऊर्रहमान, मुही राम सेकिया, **फारवर्ड ब्लाक** : अमर राय प्रधान चित्त महता, **आर.एस.पी.**: पीयूष तिर्के, पलाम बर्मन, संत

प्रतिबंध समाप्त

चंडीगढ़, 24 जुलाई (संघी): हरियाणा सरकार ने राज्य में दूध से बनी वस्तुओं की बिक्री पर गत माह लगाया प्रतिबंध आज से हटा दिया है ।

श्री रेड्डी ने बताया कि तेलगू देशम जनमोर्चा सहित जनता दल के सत्ताइस कम्युनिस्ट पार्टी के बाइस, असमगण परिषद कम्युनिस्ट पार्टी के छः, फारवर्ड ब्ल

4 आतंकवादी आपसी रंजिश में, 3 सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में

विभिन्न स्थानों पर 1.90 लाख रुपए लूटे : 2 एस.पी.ओ. सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : कंगअराइयां का घायल दम तोड़ गया : सी.पी.आई. नेता प

चंडीगढ़, 24 जुलाई (वा., ह.स.): पंजाब में ...ल रात के बाद से 4 आतंकवादी आपसी रंजिश में ...रे गए जबकि 3 अन्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ ... मारे गए । अन्यत्र 2 स्पैशल पुलिस अफसरों ...मेत 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि कंग ...राइयां गोली कांड का एक घायल दम तोड़ गया । ...क सी.पी.आई. नेता को घायल कर दिया गया ...बकि विभिन्न स्थानों पर 1.90 लाख रुपए लूट ...ए गए ।

3 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): ...हां जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार ...धा दर्जन के करीब आतंकवादियों ने, जिनके पास ...के. 47 असाल्ट राइफलें थीं, थाना पट्टी के गांव ...ड़े में तीन व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर ... । वारदात का ब्यौरा इस तरह बताया जाता है कि ...त रात करीब 10 बजे आतंकवादी मज़हबी सिख ...लक्खन सिंह के घर में दाखिल हुए और उसके दो ...ड़कों प्रीतम सिंह तथा बलविन्दर सिंह को अपने ...थ लेकर घर से बाहर चले गए । बाद में वह एक ...न्य मज़हबी सिख गंडा सिंह के घर गए और उसके ...ड़के प्रीतम सिंह को भी अपने साथ ले गए । थोड़ी दूर जाने के बाद उन्होंने तीनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौका पर से ए.के. 47 के चले हुए 8 कारतूस और खूंखार आतंकवादी बख्शीश सिंह 'सोना' के हस्ताक्षरों से के.सी.एफ. के लैटर पैड पर एक पत्र मिला, जिसमें लिखा है कि यह तीनों युवक लूट खसूट की वारदातें करते थे अतः उन्हें ठिकाने लगा दिया गया है ।

ठाकरकोट में हत्या : ठाकरकोट गांव में एक अन्य व्यक्ति प्रीतम सिंह की भी गोलियां मार कर

जिला गुरदासपुर के थाना कहनुवान के गांव नैनाकोट में आतंकवादियों ने बाप-बेटे की हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) निरंजन सिंह तथा (नीचे) उसका बेटा इन्द्र सिंह । (छाया : विनोद)

हत्या कर दी गई । तरनतारन के पुलिस चीफ श्री बलदेव सिंह ने इन हत्याओं के बारे में बताया कि यह आतंकवादियों की आपसी रंजिश का परिणाम प्रतीत होता है । एस.एस.पी. ने कहा कि सम्भव है कि आतंकवादियों में बैठे गए धन की बांट के मामले पर झगड़ा हुआ हो । उक्त दोनों सगे भाइयों के एक अन्य भाई मंगल सिंह की भी शनिवार को इसी तरह हत्या कर दी गई थी ।

चारों आतंकवादी थे : जौड़े गांव में मारे गए तीनों व्यक्ति खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध बताए गए हैं, जबकि ठाकर कोट में मारा गया प्रीतम सिंह बब्बर खालसा से संबंधित था ।

10 आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन ने बताया कि तरनतारन पुलिस ने सी.आर.पी. के साथ संयुक्त नाके के दौरान गांव रतौल में चार आतंकवादियों बलदेव सिंह, गुरसेवक सिंह उर्फ काला, बावा सिंह तथा मुख्तार सिंह उर्फ मुक्खा को गिरफ्तार किया । इनसे शस्त्रास्त्र भी बरामद हुए हैं । प्राथमिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस ज़िला क्षेत्र में लूट-खसूट और धन ऐंठने की कई वारदातों में

संक्षिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है ने एक मुठभेड़ के बाद कुलविन्दर सि तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मा किया । उनसे एक .12 बोर का पि कारतूस बरामद हुए । हरिके पुलिस बिंड के सुखमिन्दर सिंह उर्फ नत्थू करके एक बन्दूक व 12 कारतूस ब एस.एस.पी. ने बताया कि तरनतारन तीन आतंकवादियों दयाल सिंह, नि त्रिलोचन सिंह को गिरफ्तार किया है 12 जून को मुगल चक गांव में त्रिलो व्यक्ति की हत्या में पुलिस को वांछित

उग्रवादी मारा गया : आज से 25 किलो मीटर दूर तरनतारन स्थित गांव मथेरवाल के निकट पुलिस बलों की संयुक्त नाकापार्टी के साथ हुई अज्ञात उग्रवादी मारा गया और उसके निकले । तरनतारन पुलिस जिले के बलदेव सिंह ने कहा कि नाका पार्टी सवारों को चुनौती दी, जिन्होंने रुक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...ानों को पूरी बिजली ...ी है : सुर्जेवाला

...थगित की जाए ।

श्री सुर्जेवाला ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य ...रकार पंजाब के क्षेत्र में अपने पानी सम्पर्क नहर के

बोफोर्स रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान मह... परीक्षक के आचरण पर चर्चा न करने के ...

नई दिल्ली, 24 जुलाई (ह.स.): उपाध्यक्ष ...न्धी दरई ने आज लोकसभा में स्पष्ट किया कि महालेखा परीक्षक एवं नियन्त्रक की रिपोर्ट पर चर्चा

में बहुत कुछ कह चुके हैं । इसलिए को पेश करने में कोई आपत्ति नहीं हो

Punjabi Sanatani

री बिजली
र्जेवाला

ो आरोपलगाया कि राज्य
नने वाली सम्पर्क नहर के
तरफ कोई ध्यान नहीं दे

ब सत्र

ल्लाई (वार्ता): लोकसभा
चुनाव से पहले आखिरी
र्य मंत्री हरकिशन लाल
दाताओं से बातचीत में
ाजीव गंधी ने हाल में
ी की बैठक में यह बात
कि लेकिन इससंबंध में
योग पर निर्भ है ।

भी शीघ्र ही
: तलवंडी

ई (ह.स): अकाली दल
ह तलवंडी ने आज यहां
ट के नेता शमिन्दर सिह
दे देंगे । श्री शमिन्दर
ी वर्ष गंठ के संबंध में
वंडी ने एक बयान में कहा
ने इस्तीफा देने में 12
हेंगे । उन्होंने कहा कि

नैनाकोट में आतंकवादियों ने बाप-बेटे की हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) निरंजन सिह तथा (नीचे) उसका बेटा इन्द्र सिह । (छाया : विनोद)

रविवार की रात को पुलिस ज़िला बटाला के गांव अवान में आतंकवादियों की गोंली से मारे गए (1) रतन चंद तथा उसका बेटा (2) राम प्रकाश । इसी ज़िले के गांव पुरान पिंड में आतंकवादियों की गोली से

बोफोर्स
परीक्षव

नई दिल्ली,
थम्बी दुरई ने अ
महालेखा परीक्षक
के दौरान सदस्य
चर्चा न करें ।

सदन में नियं
शुरू होने से पूर्व
पक्षों की मांग प
अनुमति दी है ।
है लेकिन इस सं
हुए यह अनुमति

उन्होंने कहा
11 और 12 प
को अपने को
चाहिए । मह
संवैधानिक पद
समिति का पथ-
मित्र होता है, इस
की जानी चाहिए

मुस्लिम लीग
अखबारों से पता
नियंत्रक ने इस
है । यदि उन्होंने
के पटल पर रख
बारे में विचार
अवगत करा देंगे

Punjabi Sanatani

फिल्लौर के पास गांव कंग अराइयां में गत दिवस कामरेड जरनैल सिंह की हत्या करने के लिए आतंकवादियों ने हमला किया । इस हमले में मारा गया जरनैल सिंह का पुत्र (ऊपर) महेंद्र सिंह तथा (नीचे) अपने ही साथियों की गोली से मरा एक आतंकवादी । (छाया : तरसेम)

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

नाकापार्टी पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । आधा घंटा फायरिंग होने के बाद एक उग्रवादी मरा हुआ पाया गया । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के खाली कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया है ।

बस जला दी : आज सायं जिला अमृतसर में तरनतारन सुरसिंह सड़क पर गांव पडरी के निकट चार उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस को जला दिया । उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर बस से यात्रियों को उतार दिया । पुलिस के अनुसार सुरक्षा अधिकारियों के आने से पूर्व ही बस जल कर राख हो गई थी ।

किसान घायल : कल रात थाना मजीठा क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक किसान संतोख सिंह को गोली मार कर संख्त घायल कर दिया ।

2 आतंकवादी मरे : आज प्रात: जिला रोपड़ के थाना सोहना के अंतर्गत गांव कम्बड़ा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए । खबरों में कहा गया है कि 4 मारुति कार सवारों को जब रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से 2 मारे गए, जबकि 2 अन्य भाग निकलने में सफल हो गए । पुलिस ने क्षेत्र को घेर कर फरार हुए आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी है ।

2 विशेष पुलिस अफसरों की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव पराना पिंड के निकट एक डेरे में जबरी घुस कर 10 से 12 सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके 2 विशेष पुलिस अफसरों बलदेव सिंह (25) व गरमुख सिंह (23) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार बलदेव सिंह आज कल थाना डेरा बाबा नानक के गांव पगटाना में तैनात था तथा गांव में छुट्टी पर आया हुआ था । गुरमुख सिंह को अभी हाल ही में भर्ती किया गया था और आज उसको ट्रेनिंग पर भेजना था । सूत्रों ने बताया कि हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है । इसके 10 चले हुए कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । घटना रात लगभग 9 बजे की बताई जाती है लेकिन पुलिस को प्रात: 6 बजे सूचना मिली ।

घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात 10 से 12 सशस्त्र आतंकवादी इनके डेरा पर आए और बलदेव सिंह, गुरमुख सिंह, बलवंत सिंह व अमरीक सिंह चारों भाइयों के हाथ पीछे बांध दिए । बाद में इनके पिता गुरबख्श सिंह व घर की सभी महिलाओं व 2 भाइयों बलवंत सिंह व अमरीक सिंह को एक कमरा में बंद कर दिया, जिन्हें प्रात: गांव के लोगों ने निकाला ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मारे गए दोनों युवक आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सिंह मल्ही के भाई थे । मल्ही इस समय रामुका के अंतर्गत नाभा जेल में नजरबंद हैं ।

इसी गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर थाना कादियां के गांव अबान में इस घटना से आधा घंटा पहले आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर श्री रत्न चंद व उसके बेटे राम प्रकाश की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस हत्याकांड में भी आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की है । इसके लगभग 40 चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । पुलिस अधिकारियों ने आगे कहा कि इस संबंध में लगभग 20 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और दोनों हत्याकांडों में ऐ.सी.एफ. आतंकवादी संगठन के आतंकवादियों गुरनाम सिंह (दौलतपुर), बलविन्दर सिंह व लाली (पंज ग्रराइयां) को संलिप्त पाया गया है । पुलिस सूत्रों ने कहा कि इस हत्याकांड से एक दिन पूर्व गांव मसानियां में गला घोंट कर मारे गए दलीप सिंह की हत्या में भी इस आतंकवादी ग्रुप के संलिप्त होने की संभावना है ।

स्कूटर छीना : बरनाला से कोछड़ के अनुसार 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने रेलवे शैड के करीब अल्का मशीनरी के श्री हरीश चंद्र से उनका स्कूटर नं. पी.बी.ए. 9762 बंदूक की नोक पर छीन कर फरार हो गए ।

ग्राम-बेटे की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): कल रात जिला पुलिस गुरदासपुर में कहनुवान पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव नैनाकोट में आतंकवादियों द्वारा बाप-बेटे की गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग 9 बजे 4 अज्ञात आतंकवादी नैनाकोट निवासी निरंजन सिंह के घर जबरी प्रवेश कर गए और प्रवेश करते ही उन्होंने निरंजन सिंह पर फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । बाद में आतंकवादियों ने एक कमरे में छुपे निरंजन सिंह के पुत्र इंद्र सिंह को बालों से पकड़ कर बाहर निकाला और उसकी भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

घटनास्थल पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र मिला है, जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली गई है । याद रहे कि लगभग 2 महीने पहले आतंकवादी इस परिवार का ट्रैक्टर ले गए थे और जब दूसरे दिन वापस लौटाने आए तो इस परिवार के एक रिश्तेदार ने एक आतंकवादी को पहचान लिया था और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरा पकड़ा नहीं गया । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया ।

20 हजार रुपए लूटे : जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर यहां मिलाप चौक के निकट आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से 20,000 रुपए तथा स्कूटर छीन लिया । यह व्यक्ति स्कूटर पर एक स्थानीय बैंक में रुपए जमा कराने जा रहा था कि दो आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर उसे रोका तथा रुपए व उसका वाहन छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी छीना गया स्कूटर थोड़ी दूरी पर छोड़ गए ।

एक लाख 15 हजार लूटे : खन्ना से हमारे सम्वाददाता ने सूचना दी है कि यहां से 16 किलोमीटर दूर समराला में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक लाख 15 हजार रुपए लूट लिए । बताया गया है कि दो स्कूटरों पर सवार होकर 4 उग्रवादी दोपहर पौने 12 बजे बैंक के सामने आए । दो उग्रवादी बैंक के अंदर चले गए और 2 बाहर खड़े रहे । अंदर जाने वाले उग्रवादी खजांची से पिस्तौल की नोक पर रुपए छीन कर फरार हो गए । एक स्कूटर का नम्बर पी.ए.एस. 8572 था ।

55 हजार रुपए लूटे : कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के गांव डिडविंडी के निकट डिडविंडी रेलवे फाटक पर गत प्रात: लगभग पांच बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल की नोक पर एक टैम्पो पी.सी.जे. 6462 में सवार स्थानीय फर्म के एक कर्मचारी श्री बसवंत सिंह से 55 हजार रुपए छीन लिए तथा पैदल ही भाग गया । फर्म का कर्मचारी इस टैम्पो में तेल लेकर मंडी जा रहा था । पुलिस को सूचना दे दी गई है ।

सी.पी.आई. नेता घायल धुरी (सिंगला): गत रात गांव कालेकें में कुछ अज्ञात व्यक्ति सी.पी.आई. नेता कामरेड सज्जन सिंह के घर में घुस गए और फायरिंग शुरू कर दी, जिससे कामरेड सज्जन सिंह बुरी तरह घायल हो गए । उन्हें सिविल अस्पताल धुरी में दाखिल कराया गया है । बताया जाता है कि सज्जन सिंह ने हमलावरों को पहचान लिया था । पूर्वतर सांसद भान सिंह भौरा ने इस घटना की निन्दा की है ।

इसी बीच धुरी नहर से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया । केस दर्ज करने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए नगर पालिका के हवाले कर दिया गया ।

जरनैल सिंह दम तोड़ गया : फिल्लौर (भाखड़ी): यहां के निकटवर्ती गांव कंग अराइयां में गत दिवस गम्भीर रूप से घायल जरनैल सिंह, जो गत चार दिनों से सी.एम.सी. अस्पताल में उपचाराधीन था, आज दम तोड़ गया । इस प्रकार उग्रवादियों के साथ हुए मुकाबले में महिन्दर सिंह उर्फ पप्पी के पश्चात उसका पिता भी दम तोड़ गया, जबकि पप्पी का छोटा भाई हरप्रीत गम्भीर अवस्था में सी.एम.सी. में उपचाराधीन है । जनरैल सिंह मार्क्सी पार्टी के नेता गुरदीप सिंह अणखी का भाई था ।

अंत्येष्टि : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सूत्रों ने बताया कि श्री जरनैल सिंह की आज उनके गांव कंग अराइयां में अंत्येष्टि कर दी गई । इस अवसर पर बहुत से मार्क्सवादी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता, पार्टी की जिला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे । श्री मोहन सिंह जंडियाला तथा श्री सरवन सिंह चीमा ने शव पर फूलमालाएं चढ़ाई और शोक संतप्त परिवार से सम्वेदना प्रकट की । इसी बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने पंजाबियों से अपील की कि वे हर कीमत पर साम्प्रदायिक सद्भाव कायम रखें ।

विरोधी दावे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सैंसरशिप हटी : श्रीलंका सरकार ने स्थानीय और विदेशी समाचार मीडिया पर लगाई सैंसरशिप आज हटा ली । गत छः जुलाई को सैंसरशिप लगाई गई थी ।

15 मरे : श्रीलंका में पिछले 24 घंटे के दौरान उग्रवादी हिंसा में पांच पुलिस कर्मियों सहित 15 व्यक्ति मारे गए ।

'लिट्टे' में आपसी संघर्ष : मद्रास : उग्रवादी तमिल संगठन लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के सर्वोच्च कमांडर वी. प्रभाकरन की मृत्यु की खबर मिलने के बाद लिट्टे के उग्रवादियों में आपस में ही संघर्ष छिड़ गया है । ईलम पीपुल्स रिवोल्यूशनरी लिबरेशन आर्गेनाइजेशन (ई.पी.आर.एल.एफ.) ने आज यहां कहा कि त्रिलोमाली के निकट मुदर में आज लिट्टे के दिवंगत नेता प्रभाकरन के समर्थक उग्रवादियों और प्रभाकरन की मृत्यु के बाद लिट्टे का नेतृत्व करने वाने उग्रवादी तमिल नेता अजीत महातीया के

ह्राव उपप्रधानमंत्री, जा
मेजर विदेश मंत्री होंगे

लंदन, 24 जुलाई (वार्ता): ब्रिटेन के विदेश म
सुर ज्योफ्री ह्राव को देश का उपप्रधानमंत्री
हाउस आफ कामन्स का नेता बनाया गया है । मु
सचिव जान मेजर अब देश के नए विदेश म
होंगे । यह जानकारी यहां चैनल-4 टैलीविजन
दी । यह देश में कंजर्वेटिव सरकार के लगभग
दशक पहले सत्ता सम्भालने के बाद पहला व
फेरबदल है ।

वकील-हड़ताल समाप्त

जम्मू, 24 जुलाई (वार्ता): जम्मू ब
एसोसिएशन ने 57 दिनों से जारी अपना आंदोल
आज देर रात वापस ले लिया । यह फैस
जम्मू-कश्मीर के राजस्व मंत्री प्यारे लाल हांडू
अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय मंत्रिमंडलीय उ
समिति और वकीलों के बीच समझौता हो जाने
बाद किया गया ।

सीमा पर हैलीकाप्टर
निगरानी करने के प्रबन्ध

जोधपुर, 24 जुलाई (वार्ता): पाकिस्तान
लगने वाली राजस्थान और गुजरात सीमा पर शी
ही हैलीकाप्टर से निगरानी शुरू करने के साथ सुरक्ष
के और व्यापक प्रबन्ध किए जा रहे हैं ।

सीमा सुरक्षा बल राजस्थान-गुजरात फ्रंट
महानिरीक्षक अमिताभ गुप्ता ने आज यहां पत्रका
को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीमा पर स्थि
नियंत्रण में है फिर भी सुरक्षात्मक दृष्टि से व्यापक
प्रबन्ध किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि
राजस्थान-गुजरात सीमा पर तैनात बटालियनों
संख्या इस वर्ष के अन्त तक 16 से बढ़ाकर 22 क
दी जाएगी । बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 25 क
दी जाएगी । इसमें से बीस राजस्थान सीमा के लि
और पांच गुजरात सीमा के लिए होंगी ।

राजस्थान विधानसभा मे
हंगामा, सदन स्थगित

जयपुर, 24 जुलाई (वार्ता): राजस्था
विधानसभा में आज बोफोर्स कांड एवं विपक्षी सांसद
के सामूहिक इस्तीफे को लेकर भीषण शोर शराब
और जबरदस्त नारेबाजी हुई, जिससे सदन
कार्रवाई साढ़े तीन घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी

बोफोर्स रिपोर्ट पर चर्चा

(पृष्ठ 3 का शेष)

समिति को विचार कर अपनी रिपोर्ट देनी चाहि
ताकि सदन उस पर चर्चा कर सके ।

कुमारी ममता बनर्जी ने कहा कि श्री मधु दंडवत
ने इस प्रस्ताव पर चर्चा इसलिए शुरू नहीं की क्योंकि
वे जानते थे कि इससे विपक्ष की पोल खुल जाएगी
इस सौदे की वित्तीय मंजूरी श्री विश्वनाथ प्रताप सिं
ने वित्त मंत्री के रूप में दी थी ।

राज्यसभा में हंगामा

(पृष्ठ 3 का शेष)

कृषि मंत्री भजन लाल ने चर्चा में हस्तक्षेप करते
हुए कहा कि पिछले साढ़े तीन दिन से विपक्ष जिस
तरह का नाटक, सर्कस तथा नौटंकी कर रहा है, संसद
के इतिहास में उसकी कोई मिसाल नहीं है । उन्होंने
कहा कि विपक्ष की यह कार्रवाई मात्र चुनावी
हथकंडा है ।

उन्होंने कहा कि विपक्ष महालेखा परीक्षक एव
नियंत्रक की रिपोर्ट को पढ़े बिना ही प्रधानमंत्री को
दोषी करार दे रहा है, जबकि रिपोर्ट में प्रधानमंत्री के
खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा गया है ।

श्री भजन लाल ने कहा कि यदि विपक्ष को
त्यागपत्र ही देना था तो आज से दो वर्ष पूर्व ही दे देना
चाहिए था । उनकी इस कार्रवाई को संसद का 15
दिनों का बहिष्कार मात्र कहा जा सकता है ।

विपक्ष ने श्री भजन लाल की इस बात पर सख्त
नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने हरियाणा के
मुख्यमंत्री देवी लाल का नाम लिया और उनकी
पुत्रवधु की हत्या का मामला उठाया । विपक्ष का
कहना था कि संसद में इस तरह का मामला उठाना
संसद की अवमानना करना है ।

उपसभापति श्रीमती हैपतुल्ला ने श्री भजन
लाल से कहा कि वे किसी व्यक्ति के घरेलू मामलों का

जालंधर से दीनानगर
बरास्ता बटाला
अखबार की ढुलाई के लिए
डी.सी.एम. टोयोटा या स्वराज माज़दा
मैटाडोर की ज़रूरत है ।
तुरंत मिलें :
एजैंसी मैनेजर,
दी हिंद समाचार लिमिटिड,
जालंधर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

Applications invited from Matriculates for admission to one year courses of Multi-Purpose Health Worker

गैस के चूल्हे

गैस का चूल्हा, ग्रिल, हलवाई की भट्ठी खरीदें । Valor & Co., Shop No. 4, Corporation

Punjabi Jagran

शाहकोट थाने के तहत धरमावाल गांव में सरपंच रेशम सिंह और उसके भाई गुरमेज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी रात में रेशम सिंह के मकान में जबरन घुस गए और दोनों भाइयों की हत्या करके भाग गए । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है । उसने हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है ।

दो भाइयों की हत्या का ब्यौरा : नकोदर से 'गगन' की सूचना के अनुसार सशस्त्र व्यक्तियों ने पहले घर में घुस कर नौकर से पूछा कि सरपंच कहां है तो उसने कहा कि मैं अभी बाहर खेतों को पानी लगाकर लौटा हूं । मुझे पता नहीं है । इतने में घर के सदस्यों ने उनकी बातचीत सुनी और वह बाहर आंगन में आ गए, जिनमें सरपंच का छोटा भाई गुरमेज भी था । उन्होंने उसको अपने भाई को आवाज़ लगा कर बाहर बुलाने के लिए कहा तो उसने ऐसा करने से इन्कार कर दिया । इस पर आतंकवादियों ने उसे गोलियां मार कर वहीं खत्म कर दिया । बाद में वह सरपंच के कमरे में दरवाजा तोड़ कर घुसे, जहां वह सो रहा था और उसको भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया । घटनास्थल से केवल डेढ़ किलोमीटर दूर गांव परजियां कलां में पुलिस की चौकी है । मृतकों के भाई परमजीत सिंह ने आधी रात के बाद पुलिस चौकी में सूचना दी । पुलिस तड़के वहां पहुंची तथा लाशें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर जिला पुलिस ने गत रात नाकाबंदी के दौरान थाना शाहकोट क्षेत्र में एक आतंकवादी मलकीयत सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक .12 बोर डबल बैरल गन तथा 4 कारतूस बरामद किए गए ।

घुसपैठिया मरा : फिरोज़पुर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया, जबकि कुछ अन्य वापस पाकिस्तान भाग गए ।

उन्होंने क
शब्द निकल
महालेखा परी
लिए क्षमा चा
अपने भाषण क
द्वारा एक प्रैस
आलोचना की

चेतावनी
नियंत्रक तथा
क्षेत्र तक ही
लिए प्रैस की
यदि नियंत्रक
कार्रवाई जारी
उपयुक्त जवा

श्री साल्वे
देश के उच्च
मामले में पै
महालेखा परी
दिया । उन्हो
स्पष्ट किया है
खरीदी गई हैं,

सौदा रा
सौदे को राष्ट्री
करार के लिए
हैं, लेकिन अब
करने के लिए
कदम उठाया
कि यदि इस
उसके लिए श्
इस करार के

Punjabi Sahara

बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 3 आतंकवादी मरे

सी.आर.पी. की चौकी को राकेट से उड़ाने का प्रयास; फ़ायरिंग भी की गई

2 व्यक्तियों की हत्या : 2 बसें जला दीं; घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 25 जुलाई (वा., ह.स.): गत रात के बाद पाकिस्तान में प्रशिक्षित खूंखार आतंकवादी व बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर छिंदी सहित 3 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । सी. आर. पी. की एक चौकी को राकेट से उड़ाने का प्रयास किया गया तथा दो बसें जला दी गईं । एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

सी.आर.पी. की चौकी पर हमला : अमृतसर (वि.प्र.): गत आधी रात के लगभग थाना मजीठा के गांव सोहिया कलां में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की एक चौकी को राकेट से उड़ाने का प्रयास किया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों का निशाना चूक गया और राकेट केन्द्रीय सहकारी बैंक भवन पर गिरा, जिससे शटर, दरवाजों और एक कमरे में पड़े सामान को क्षति पहुंची । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने राकेट दागने के लिए एक स्कूली इमारत को चुना, जो सी.आर.पी. की चौकी से 120 मीटर की दूरी पर है । स्कूल की बाहरी दीवार के पीछे से राकेट दागा गया ।

सूत्रों ने बताया कि राकेट के निशाना चूक जाने पर आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से तीन सौ से अधिक गोलियां चलाईं परन्तु सुरक्षा कर्मियों द्वारा हल्की मशीनगन से फ़ायरिंग किए जाने पर वह भाग निकले ।

किसान की हत्या : गत रात्रि थाना मेहता चौक के गांव झामके में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक किसान दलबीर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने इस वारदात में आतंकवादी घटना होने से इन्कार किया है और दावा किया कि यह दो परिवारों की पुरानी शत्रुता का परिणाम है । कुछ वर्ष पहले भी दोनों पार्टियों के मध्य इसी तरह की हत्याएं हो चुकी हैं ।

'वार्ता' के अनुसार झामके गांव में दलबीर सिंह की हत्या 4 आतंकवादियों ने की । यह हत्या आपसी शत्रुता के कारण हुई ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी : अमृतसर के जिलाधिकारियों ने आज जिला भर में प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक मोटर साइकलों, स्कूटरों और मोपेडों पर दोहरी सवारी चलने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 9 सितम्बर तक प्रभावी रहेगा । एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह पाबंदी प्रातः काल समाचार पत्र हॉकरों की आतंकवादियों द्वारा हत्याएं किए जाने के दृष्टिगत लगाई गई है ।

बसें जला दीं : जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव पधारी और भूरे कोहना के मध्य आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज तरनतारन डिपो की बस नम्बर पी.जे.ई. -4635 को, जो खेमकरण जा रही थी, सवारियां उतारने के बाद आग लगा दी ।

एक और बस जलाई : गांव सुरसिंह के निकट भी आतंकवादियों ने एक बस को जला डाला । यह बस खराब थी और पिछले कई दिनों से वहीं खड़ी थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एरिया कमांडर व साथी मरा : बटाला (कोहड़): पुलिस जिला बटाला में गांव बड़ाला ग्रंथियां के निकट पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में गत रात दो आतंकवादी मारे गए तथा उनके चार साथी अंधेरे में फ़रार होने में सफल हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार एक मृतक आतंकवादी की शिनाख्त गांव रियाली कलां के कमलजीत सिंह उर्फ़ छिंदी के रूप में की गई है । वह बब्बर खालसा का एरिया कमांडर तथा 'बी' श्रेणी का सूचीबद्ध पाक प्रशिक्षित आतंकवादी था । उसके सिर पर 30,000 रुपए के इनाम की सिफ़ारिश की गई थी । दूसरे आतंकवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

पुलिस को घटनास्थल से एक विदेशी 30 बोर की पिस्तौल, एक एच.ई. 36 हथगोला, ए.के. 47 राइफल की एक भरी हुई मैगजीन तथा 27 चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ उस समय हुई जब पुलिस व बी.एस.एफ. के जवान आतंकवादियों की खोज में अलग-अलग गांवों में छापे मारने जा रहे थे कि गांव बड़ाला ग्रंथियां के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । जवाबी फ़ायरिंग में दो आतंकवादी मारे गए ।

मृतक आतंकवादी कमलजीत सिंह इस वर्ष को गांव कल्लियां के निकट पांच बेगुनाह लोगों की हत्या कर उनके शवों के साथ विस्फोटक लगाने, 22 मार्च को यात्री रेलगाड़ी रावी एक्सप्रेस को उड़ाने के लिए बटाला के निकट रेलवे लाइन के साथ-साथ तीन कि.मी. तक विस्फोटक बिछाने, गांव रियाली के सरपंच व भूतपूर्व सरपंच क्रमशः मेंहगा सिंह व ज्ञान सिंह तथा गांव तलवंडी भरत के पंचायत सदस्य जोगिन्द्र सिंह की हत्याओं सहित गांव शंकरपुर के निकट बूबी ट्रैप बम लगाकर बी.एस.एफ. के एक वाहन को उड़ाकर 30 जवानों को घायल करने सहित कम से कम 25 हत्याओं के मामले में वांछित था । मृतक आतंकवादी बटाला चक्की बाजार बम कांड तथा पठानकोट, गुरदासपुर, पुलिस जिला मजीठा, तरनतारन व अमृतसर में हुए बम कांडों में भी संलिप्त था ।

प्रिंसीपल के घर से नकदी लूटी : एक सूचना के अनुसार कल रात बटाला में कुछ सशस्त्र व्यक्ति बेरिंग यूनियन क्रिश्चियन कालेज के प्रिंसीपल के.एन. थामस के घर से 2700 रुपए छीन कर ले गए ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

देश के विभिन्न भागों में वर्षा, बाढ़ से 750 मरे

नई दिल्ली, 25 जुलाई (ह.स.): देश में पिछले कुछ दिनों के दौरान भीषण मानसूनी वर्षा और बाढ़ से 750 से अधिक लोगों की जानें गई हैं । इनमें 500 लोगों की मृत्यु केवल महाराष्ट्र में हुई । हाल के वर्षों के इस सबसे "भयानह" मानसून से आई बाढ़, मकानों के ढहने, भूस्खलन और करंट लगने से महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों के दौरान 500 लोगों की जानें गईं और गहरे समुद्र में एक हजार मछुआरों समेत करीब 2000 व्यक्ति लापता हैं । सेना, नौसेना और वायुसेना के जवान बचाव और राहत कार्यों में राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं । आधिकारिक तौर पर राज्य में 336 व्यक्तियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है ।

महाराष्ट्र सरकार ने बीड एवं नादेड़ जिलों में बाढ़ से घिरे लोगों के बचाव के लिए सेना तथा नौसेना की मदद मांगी है । इन दोनों जिलों में 36 व्यक्ति बाढ़ के पानी में डूबने से तथा सात व्यक्ति भूस्खलन से मरे । पुणे से प्राप्त सूचना नुसार, भाजे गांव की झोपड़ पट्टियों पर पत्थर का बड़ा टुकड़ा गिरने से 37 व्यक्ति दब गए ।

मद्रास की खबर है कि तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में भारी वर्षा से दो और व्यक्तियों के मरने से वर्षा से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 4 हो गई ।

अहमदाबाद से प्राप्त विवरण के अनुसार गुजरात में पिछले 24 घंटे के दौरान वर्षा से 2 व्यक्ति मर गए और ट्रेन एवं सड़क यातायात में बाधा पड़ी । बाढ़ का पानी भर जाने से अनेक ट्रेनें रद्द कर दी गईं ।

भी राज्य के अन्य हिस्सों से कटे रहे ।

बरेली (उ.प्र.) की खबर है कि नैनीताल से 75 किलोमीटर दूर बियाड़ गांव में भारी वर्षा के कारण गत शुक्रवार को हुए भूस्खलन में सात नेपाली मजदूरों की दब कर मृत्यु हो गई । उक्त मजदूर रात को अपनी झोंपड़ियों में सो रहे थे ।

बाढ़ के कारण पांच गाड़ियां रद्द की गईं

जालंधर, 25 जुलाई : उत्तर रेलवे की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बाढ़ के कारण 24 जुलाई को बम्बई से रवाना होने वाली 5 गाड़ियां 151 अप राजधानी एक्सप्रैस, 3 डाऊन फ्रंटियर मेल, 171 अप बम्बई जम्मू तवी सुपर फ़ास्ट, 19 डाऊन डी.डी.एन. एक्सप्रैस, 25 अप पश्चिम एक्सप्रैस बम्बई-अमृतसर रद्द कर दी गईं । लेट चलने की वजह से 25 जुलाई को दिल्ली से रवाना होने वाली 152 डाऊन राजधानी एक्सप्रैस, 26 जुलाई को अमृतसर से रवाना होने वाली 4 डाऊन, 32 डाऊन फ्रंटियर मेल, 26 जुलाई को जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली 172 डाऊन सुपरफास्ट तथा 26 जुलाई को अमृतसर से रवाना होने वाली 28 डाऊन पश्चिम एक्सप्रैस रद्द कर दी जाएंगी ।

काजीपेट–विजयवाड़ा सैक्शन पर दरारें पड़ने के कारण 131 अप 132 डाऊन मद्रास/जम्मू तवी गाड़ी केवल नागपुर व जम्मू तवी के मध्य चलेगी ।

रेल दुर्घटना में एक मरा

हरियाणा सरकार ने दादू पुर नलवी योजना ठप्प कर दी

Punjabi Tribune

सी.आर.पी. के हैडकांस्टेबल सहित 3 की हत्या : 4 सुरक्षा कर्मी घायल

रणधीर सिंह धीरा सहित 9 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये

उग्रवादी हथकड़ी सहित फरार : पुलिस चौकी पर फायरिंग

चंडीगढ़, 26 जुलाई (वा., हस.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक हैडकांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक ए.एस.आई. व 3 कांस्टेबलों को घायल कर दिया । एक आतंकवादी हथकड़ी सहित पुलिस की हिरासत से भाग निकला, जबकि एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की गई । 9 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में गांव शेख चक के निकट रात पौने एक बजे जबकि सी.आर.पी. की गश्ती मोटर गाड़ियां गुजर रही थी तो आतंकवादियों ने जो कि एक पुल की आड़ में छिपे हुए थे, घात लगा कर हमला किया और गोलियों की बौछार कर दी जिससे सी.आर.पी. का एक हैडकांस्टेबल कृष्ण कुमार मौका पर ही मारा गया, जबकि ए.एस.आई. प्रह्लाद यादव, दो कांस्टेबल ओम प्रकाश व मित्तरू राम घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया । सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी अंधेरे में फरार हो गये । तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के क्षेत्रों मजीठा और जंडियाला में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इन आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला । इनकी पहचान अमर सिंह निवासी तलवंडी दसौंधा सिंह, अजीत सिंह उर्फ बिहारी कटराई कलां तथा सुरेंद्र जीत सिंह जब्बोवाल के रूप में हुई है ।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के चरोड़ गांव में आज सायं एक गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ ।

उग्रवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार गत रात थाना झब्बाल की पुलिस ने गांव भुच्चर कलां के बाहर नाकाबंदी की हुई थी कि आधी रात के समय दो आतंकवादी नाकाबंदी पार्टी के निकट से गुजरे । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने भागना शुरू कर दिया । नाकाबंदी पार्टी उनमें से एक आतंकवादी जीत सिंह को पकड़ने में सफल हो गई जबकि दूसरा भाग निकला । पकड़े गये आतंकवादी से ए.के. 47 राइफल के 8 अनचले कारतूस मिले ।

धीरा गिरफ्तार : फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर पुलिस ने 'ए' श्रेणी के कट्टर आतंकवादी रणधीर सिंह को गिरफ्तार किया है जो कि जिला फिरोज़पुर में के.सी.एफ. की आतंकवादी कार्रवाइयों की योजनाएं बनाता था । इस बारे में विवरण देते हुए एस.पी. मुख्यालय श्री गोयल ने बताया कि गत रात लगभग 9.40 पर पुलिस की एक छापामार पार्टी पर गांव अटारी के निकट घात लगा कर हमला किया गया । दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग के बाद पुलिस रणधीर सिंह उर्फ धीरा वल्द करतार सिंह, निवासी उसमान वाला को गिरफ्तार करने में सफल हो गई । उसके सिर पर 25000 रुपए का ईनाम घोषित था । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरनाम सिंह बंडाला ग्रुप की कार्रवाइयों की योजनाएं बनाता था । उसके चार अन्य साथी फरार हो गये । यह आतंकवादी पुलिस के वाहन को उड़ाने के लिए सड़क पर विस्फोटक सामग्री लगाने की योजना बना रहे थे । पुलिस ने धीरा से जिलेटिन के दो पैकेट, 4 डैटोनेटर, 10 टाईम पैंसिलें, 30 मीटर लम्बी तार और ए.के. 47 राइफल के 50 अनचले कारतूस बरामद किये । रणधीर सिंह बंडाला ग्रुप का सबसे पुराना साथी है । श्री गोयल ने बताया कि वह गांव उसमानवाला के कुख्यात आतंकवादी परिवार से संबंध रखता है और पंथक कमेटी के सदस्य गुरदेव सिंह उसमानवाला (जो कि मुकाबले में मारा जा चुका है) का रिश्ते का भाई है । हाल ही में पुलिस मुकाबला में मारा गया आतंकवादी सुखवंत सिंह उसका सगा भाई था । श्री गोयल ने बताया कि धीरा दो खूंखार बंडाला तथा निशान सिंह के मध्य सक्रिय सम्पर्क सूत्र था और वह लोगों से ऐंठे गये धन को अपने पास जमा करता था । वह आतंकवादियों की पंक्ति में नई भर्ती करता था और उन्हें हथियार भी सप्लाई करता था ।

लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों रूप सिंह, सुखपाल सिंह व सतिन्द्र कुमार को कल रात गिरफ्तार किया ।

लड़की की हत्या : जालंधर (हस): जालंधर जिला के फिल्लौर पुलिस थानांतर्गत पल कादम गांव में आज तड़के 3 बजे के करीब आतंकवादियों ने एक 15 वर्षीय लड़की की गोली मार हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने प्रकाश सिंह के घर का दरवाज़ा खटखटाया । उन्होंने प्रकाश सिंह से उसके लड़के जोगेंद्र सिंह व उसकी पत्नी के बारे में पूछा । जब उन्हें कहा गया कि उनका लड़का खेत में फसल को पानी दे रहा है तो आतंकवादियों ने जोगेंद्र सिंह की लड़की पर गोली चला दी जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

बयान वापस लिया : पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने थाना धारीवाल के अंतर्गत खानोवाल एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों द्वारा हमला किये जाने के बारे में पहले दिया गया बयान वापस ले लिया । प्रवक्ता ने कहा कि एस.पी.ओज ने यह संदेह होने पर फायरिंग की थी कि उन पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया है । चौकी इंचार्ज कांस्टेबल कुलदीप सिंह गोली लगने से घायल हो गया था ।

न्यूज़ पेपर एजैंट घायल : जालन्धर (ह.स.): आज रात्रि जालन्धर छावनी में एक न्यूज पेपर एजैंट राजेश कुमार उर्फ़ राजू को चार व्यक्तियों ने घातक शस्त्रों से हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे यहां सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : दसूहा (आबर): आतंकवादी कुलवंत सिंह उस समय पुलिस की हिरासत से भाग निकला जब उसे मियानी के निकट व्यास नदी के मंड क्षेत्र में हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था । पुलिस उसको गढ़दीवाला चौकी से लेकर आई थी । हथियारों की

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ये का साईज़ कुछ
धानों के अलावा
(छाया : पै.ट्र.)

केट से ध्वस्त

री कार्यरत थे ।
र नहीं है ।
ूद शहर के किला
क में आज दो बम
स्टेट बैंक में फैंका'

शेश्वरम (वार्ता):
ासई गांव में एक
के बक्से से ग्यारह
ी बारूद बरामद
तवरेशन टाइगर्स
वादी इस क्षेत्र में
मंडपम पुलिस

: नई दिल्ली :
र)

रा लोकसभा भंग करने भी सम्भावना से इंकार

पाकिस्तान अपनी ज़रूरत की 50 प्रतिशत सैन्य सामग्री खुद तैयार करने लगेगा

वाशिंगटन, 26 जुलाई (वार्ता): पाकिस्तान शीघ्र ही पचास प्रतिशत सैन्य जरूरतों को पूरा करने में आत्म निर्भर हो जाएगा । यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन सचिव तलत मसूद ने कल यहां रणनीति 89 विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पहली बार अपने देश के सैन्य उद्योग के बारे में बताते हुए दी । उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका देश बीस प्रतिशत सैन्य जरूरतों को खुद पूरा करने में सक्षम है । श्री मसूद ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करना है ।

श्री मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के भावी रक्षा कार्यक्रमों में प्रमुख टैंक एम.बी.टी. 2000, ए.आई.एफ.वी. हैलीकाप्टर, राकेट, प्रक्षेपास्त्र, आधुनिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट, संचार उपकरण और अमरीकी लड़ाकू विमान एफ-16 की पूरी देखभाल के लिए डिपो बनाना आदि शामिल है । पाकिस्तान के पास 40एफ-16 विमान हैं । अमरीका ऐसे 60 और विमान देने के लिए सहमत हो गया है । श्री मसूद ने इस्लामाबाद के निकट 15 वर्ष पूर्व बनाए गए पाकिस्तान एयरोनाटिक्स काम्पलैक्स के विकास के बारे में कहा कि, "हम वहां प्राइमरी ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट का निर्माण कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि स्वीडिश मूल के "मशक" नामक इस विमान की अंतर्राष्ट्रीय बजार में बहुत मांग है । इस विमान में हम और तकनीकी सुधार करने जा रहे हैं ।

श्री मसूद ने बताया कि आधुनिक ट्रेनर [illegible] इसे बनाएंगे ।

श्री मसूद ने बताया कि पाकिस्तान इस समय छोटे शस्त्रों का निर्यात करता है । वह शस्त्रों के निर्यात में वृद्धि करके अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने का इच्छुक है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री मसूद ने कहा कि पाकिस्तान एफ-6 विमान के स्थान पर एफ-16 को शामिल कर रहा है और वह एफ-6 लड़ाक विमान बंगला देश को देगा । उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में छोटे शस्त्र, मशीनगनें, विमानभेदी तोपें, विमान आदि बनाने की 14 फैक्ट्रियां हैं ।

"महाभारत" 6 अगस्त से प्रातः 9 बजे

नई दिल्ली, 26 जुलाई : दूरदर्शन के एक प्रवक्ता के अनुसार आगामी 6 अगस्त रविवार से बी.आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित धारावाहिक "महाभारत" प्रातः 9 बजे दिखाया जाएगा । इसी प्रकार 'भारत एक खोज' प्रातः 10.30 बजे प्रदर्शित होगा ।

बोडो उग्रवादियों द्वारा 2 की हत्या : शराब की दुकान लूट ली

Punjabi Sahatari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

खोज के दौरान आतंकवादी ने पुलिस कर्मचारी की पेटी तोड़ दी और हथकड़ी सहित व्यास नदी में कूद गया । उसको थाना टांडा क्षेत्र में हत्या के मामले गिरफ्तार किया गया था । दसूहा पुलिस ने उसके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : कल आधी रात को थाना दसूहा के अंतर्गत गांव पासी बेट में आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से पुलिस चौकी पर फायरिंग की जो कि 15 मिनट जारी रही । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । परिणामस्वरूप एक पुलिस कांस्टेबल दिलावर सिंह घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल कराया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये । खोजी कुत्तों का दस्ता भी बुलाया गया ।

चन्ना व सुक्खा गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): बरनाला पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों चरणजीत सिंह चन्ना निवासी गांव तिब्बी हलवारा और सुखमिंदर सिंह सुक्खा गांव खंडीकलां को गिरफ्तार करके एक पिस्तौल 455 बोर, 4 कारतूस और एक पिस्तौल 12 बोर 3 कारतूसों सहित बरामद किया ।

बरनाला में फायरिंग : बरनाला (सिंधवानी) : आज सायं 3½ बजे के लगभग नई सब्जी मंडी की गली में सिंडाना अस्पताल के निकट 2 आतंकवादियों ने सामने से आते हुए दो व्यक्तियों पर अचानक गोली चला दी । समझा जाता है कि सामने से आने वाले दोनों व्यक्ति सादा वस्त्रों में पुलिस कर्मचारी थे । इसके बाद आतंकवादी एस.डी. कालेज की सड़क पर बड़े आराम से चले गये और फिर गली नम्बर 3 में दाखिल होकर फरार हो गये । सूचना मिलते ही डी.एस.पी. बरनाला श्री सुखदेव सिंह छीना भारी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में पहुंच गये तथा नाकाबंदी करके अभियुक्तों की खोज आरम्भ कर दी ।

फिल्लौर के निकट गांव पालकदीम में आतंकवादियों के हाथों मारी गई लड़की सुरजीत कौर ।

(छाया : तरसेम)

आलोचना महंगी पड़ेगी

(पृष्ठ 3 का शेष)

'हवा' भी थम जाएगी । पार्टी सांसद श्री गांधी के संसदीय दल की बैठक में दिए गए इस बयान से काफी आश्वस्त हैं कि सामान्य स्थिति में किसी वर्तमान सदस्य का टिकट काटा नहीं जाएगा ।

कांग्रेस अपना नारा नहीं बदलेगी : इस बीच पार्टी महासचिव केदारनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि विपक्ष आगामी लोकसभा चुनाव में बोफोर्स या किसी अन्य मामले को मुख्य मुद्दा बना सकता है, पर कांग्रेस अगला चुनाव पंचायत राज तथा जनता को सत्ता देने के अपने नारे के साथ लड़ेगी । वैसे पार्टी के प्रवक्ता श्री विट्ठल नरहरि गाडगिल के अनुसार कांग्रेस का चुनाव घोषणापत्र 14 नवम्बर को इलाहाबाद में पार्टी के महाधिवेशन में जारी किया जाएगा ।

प्रथम विशाल जागरण

लुधियाना, 26 जुलाई : वीनस स्टार क्लब समीप हड्डा चौक, प्रेम नगर, सिविल लाइन्स, लुधियाना द्वारा प्रथम विशाल जागरण 29 जुलाई को रात्रि 9 बजे अत्यन्त धूमधाम से आयोजित किया जाएगा ।

हथियारों के लाइसैंसों के लिए नई नीति

फगवाड़ा, 26 जुलाई (कौड़ा): पंजाब सरकार ने राज्य के वर्तमान तनावपूर्ण व पेचीदा हालात के दृष्टिगत हथियारों के लाइसैंसों के लिए नई नीति क्रियान्वित की है । उक्त जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि नई नीति के अनुसार अब जिला मैजिस्ट्रेट मात्र सम्बन्धित जिले के लिए ही हथियारों का लाइसैंस जारी कर सकेंगे, राज्य भर के लिए लाइसैंस देने हेतु राज्य के गृह सचिव व देश भर के लिए लाइसैंस हेतु केन्द्रीय गृह सचिव ही अधिकृत होंगे ।

K.R.M. D.A.V. College, Nakodar

Selection Trials of players for

भारत को श्रील
में श्रीलंका स
जानकारी नहीं
जानकारी उस
के विदेश मंत्री
गए इस वक्त
देश से भारती
कदम उठा लि

प्रवक्ता ने
के वावुनिया
श्रीलंका के सै
लिबरेशन फ्रं
गोलियां चलीं
की वजह से हु
ली गई ।

सूत्रों ने
सुनिश्चित क
सरकार के अ
खतरा मोल
उच्चायोग के
ने कहा कि को
लिट्टे आतंक
का एक कारण

भारतीय पी

कोलम्बो
यहां से भार
के परिवारों
है । यहां से
हैं । यहां रह
है कि वे फि
उच्चायोग के
पंजीकृत हैं ।

भारतीय
कर्मचारियों के
होटल में चले

30

किया है अत
बचाओ दिवस
स्पष्ट रूप से
इसलिये लड़ा
संचार माध्यम
अधिनायकवा

उन्होंने
तथा अन्य बड़
आ गये हैं
विद्यमान लोग

tribune
Chandigarh

क्षेत्र की सीमा निगरानी चौकी जाफ़ना के निकट सीमा
रा आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में
टुकड़ी, जिसने यह सामान पकड़ा । (छाया : विनोद)

पंजाब में दम्पति सहित 8 व्यक्तियों की हत्या : 3 आतंकवादी मारे गए

गुरदासपुर सीमा पर मुठभेड़ के बाद उग्रवादी 25 किलो गोली-सिक्का छोड़ कर भागे

संगरूर जिला में बैंक से 2 लाख से अधिक राशि लूटी

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वा., ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक दम्पति सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । गुरदासपुर सीमा पर बी.एस.एफ़. के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी 25 किलो गोली-सिक्का छोड़ कर भाग निकले । तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए । संगरूर ज़िला में एक बैंक से 2 लाख रुपए से अधिक की रकम लूट ली गई ।

बन्दूक छीनने के बाद हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): प्राप्त सूचना के अनुसार थाना भिखीविंड के गांव भाई लद्दू में गत रात चार आतंकवादी एक व्यक्ति सुच्चा सिंह के घर आए और उससे उसकी दोनाली बन्दूक मांगी । उसने अपनी बन्दूक उनके हवाले कर दी,परन्तु आतंकवादी बन्दूक कब्ज़े में लेने के बाद उसके बाज़ू बांधने लगे तो उसने कहा कि बन्दूक लेने के बाद अब यह मत करो और वह घर से बाहर की ओर भाग खड़ा हुआ । आतंकवादियों ने उसके पीछे गोलियों की बौछार कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

पति और पत्नी की हत्या : थाना झब्बाल के गांव मानेके में गत रात 9 बजे तीन आतंकवादी एक व्यक्ति सुच्चा सिंह के घर में घुस गए और सुच्चा सिंह को पकड़ कर बाहर ले जाने लगे तो उसकी पत्नी भट्टो ने उन्हें रोका तथा मिन्नत-समाजत की, परन्तु आतंकवादियों ने उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और सुच्चा सिंह को साथ ले गए । अगले दिन उसकी लाश भी गांव से बाहर पड़ी मिली,जो गोलियों से छलनी थी ।

शव मिला : थाना जंडियाला के गांव भोरशी ब्राह्मणां के बाहर एक सिख युवक का गोलियों से छलनी शव मिला । संदेह किया जाता है कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का नतीजा है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आपसी शत्रुता में हत्या : एक सूचना के अनुसार गत रात मजीठा पुलिस ज़िला के गांव वानछेड़ी के निकट 5 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति काबल सिंह का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । काबल सिंह जोकि कुख्यात आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर हीरा सिंह (इस समय जेल में) का भाई था और अनेक अपराधों में वांछित था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मजीठा पुलिस ज़िला में मारे गए दोनों व्यक्ति आतंकवादी थे तथा बब्बर खालसा से संबंध रखते थे ।

निशान सिंह मारा गया : जालन्धर (वार्ता): सुरक्षा बलों ने एक कुख्यात आतंकवादी निशान सिंह को आज थाना शाहकोट क्षेत्र में उस समय मार गिराया, जब उसने सी.आर.पी. की एक जीप से कूद कर फ़रार होने की कोशिश की । निशान सिंह को सी.आर.पी. ने कावां वाला पत्तन पुल पर बसों की सामान्य चैकिंग के दौरान गिरफ़्तार किया था । जब उसे पूछताछ के लिए जीप में बिठा कर ले जाया जा रहा था तो वह जीप में से कूद गया । जीप में सवार जवानों ने फ़ायरिंग की और उसकी वहीं पर मौत हो गई । निशान सिंह गत सोमवार को एक सरपंच रेशम सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार था ।

2 की हत्या, 1 घायल : फगवाड़ा (वि.प्र.): आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर बंगा थाना के अंतर्गत गांव सरहाल काज़ियां में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर स्कूल टीचर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि आतंकवादी पहले गवर्नमैंट हायर सैकेंडरी स्कूल सरहाल काज़ियां में गए और एक टीचर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फिर वह चाय के खोखे पर आए और वहां अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे चाय स्टाल के मालिक राम स्वरूप की मृत्यु हो गई और वहां चाय पी रहा बिजली बोर्ड का एक कर्मचारी काबल राम बुरी तरह घायल हो गया । काबल राम को नाज़ुक हालत में पहले सिविल अस्पताल फगवाड़ा लाया गया परन्तु हालत नाज़ुक होने के कारण उसे सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार स्कूल में मारा गया जसबीर सिंह क्लर्क था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 3 थी और वे अपने स्कूटर पर स्कूल में आए । वारदात के बाद वे अपना स्कूटर पीछे छोड़ कर स्कूल में खड़ा स्कूटर ले गए । बताया गया है कि उग्रवादियों ने जसबीर सिंह को अपने एक साथी के पकड़े जाने का जिम्मेदार ठहराया था ।

बंगा से वि.प्र. के अनुसार मृतक अध्यापक जसबीर सिंह स्कूटर स्टार्ट करके स्कूल के मेन गेट की ओर जा रहा था कि उग्रवादियों ने उसे रोक लिया । जसबीर सिंह अपनी निर्दोषिता सिद्ध करने के लिए गिड़गिड़ाया, लेकिन उग्रवादियों ने उसको 'गद्दार' कहते हुए उस पर गोलियों की बौछार कर दी । वारदात के समय स्कूल में छुट्टी हो चुकी थी । बताया जाता है कि पुलिस ने अभियुक्त नामज़द कर लिए हैं ।

2 लाख से अधिक लूटे : संगरूर से रंग की सूचना के अनुसार गत रात यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव महल कलां में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की बांच में से 4 आतंकवादियों द्वारा 2 लाख रुपए से अधिक की नकदी लूट ली गई । बताया जाता है कि रात 12 बजे के लगभग 4 आतंकवादी 2 स्कूटरों पर सवार होकर वहां आए तथा उन्होंने पिस्तौल की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीलंका द्वारा भारतीय शांति सेना को प्रेमदास के कमांड में लाने की शर्त

कोलम्बो, 27 जुलाई (ह.स., वार्ता): श्रीलंका ने कहा कि यदि भारत शांति सेना को राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की कमांड के अन्तर्गत लाने की शर्त मान ले तो वह सेना की वापसी के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार है ।

श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री रंजन विजयरत्ने ने इसके साथ ही कहा कि भारतीय शांति सेना को 'लिट्टे' उग्रवादियों के खिलाफ़ सैनिक कार्रवाई बंद करनी पड़ेगी । श्री विजयरत्ने, जो मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बारे में सम्वाददाताओं से बातचीत कर रहे थे, ने कहा कि उन्हें आशा है कि 29 जुलाई से पहले इन मुद्दों का कोई हल निकल आएगा । उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर सहमति हो गई तो श्रीलंका भारतीय शांति सेना की वापसी के सम्बन्ध में समय निर्धारित करने के लिए भारत से विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है ।

श्री विजयरत्ने ने कहा कि हमारे राष्ट्रपति की शर्तें तर्कसंगत और मूलभूत हैं । हम महसूस करते हैं कि भारत और श्रीलंका अभी भी इस समस्या का समाधान कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान ढूंढने के लिए गहन राजनयिक विचार-विमर्श चल रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि इस वार्ता में श्रीलंका की ओर से वह स्वयं भाग ले रहे हैं लेकिन उन्होंने वार्ता में संयुक्त राष्ट्र और अन्य उचित अन्तर्राष्ट्रीय मंचों में ले जाने पर विचार कर सकता है ।

उन्होंने भारत के साथ किसी भी सैनिक टकराव की सम्भावना से इंकार किया और कहा कि "हम भारत से लड़ने नहीं जा रहे हैं । हम अपनी सीमाएं जानते हैं ।" श्री विजयरत्ने की इस घोषणा से यह आशंका दूर हो गई है कि अगर भारतीय शांति सेना आगामी शनिवार तक स्वदेश नहीं लौटती तो उसके और श्रीलंका सेना के बीच संघर्ष शुरू हो जाएगा ।

श्रीलंका में भारतीय बैंकों और कम्पनियों पर कल बमों से किए गए हमलों के बारे में पूछे गए एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल द्वारा अपने मंत्रिमंडल में फिर विस्तार करने का फैसला

चंडीगढ़, 27 जुलाई (परवाना, संधी): सविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने राज्य मंत्रिमंडल में फिर विस्तार करने का फैसला किया है तथा सम्भावना यह है कि यदि अन्तिम अवसर पर कोई कानूनी बाधा न आई तो कल 28 जुलाई को एक परिवहन मंत्री भी शपथ

कानूनी 'जांच' करना चाहते हैं ।

आम विचार यह है कि श्री धर्मवीर मंत्री के रूप में मात्र अपने विभाग से सम्बद्ध बात राज्य विधान सभा के अन्दर कर सकते हैं पर वह अन्य मंत्रियों की तरह सदन की कार्रवाई में भाग नहीं ले सकते । श्री

...ब में अफसरशाही के ...म कराएं : अकाली दल (ल)

...चावला): ...शाष्टमंडल ...ध्यमंत्री श्री ...आज यहां ...उन्हें एक ...राष्ट्राध्यक्ष ...क्षेप करके ...को खत्म

...सन, जिसे ...ा गया था, ...के दमन से ...हैं, जिससे

...खने ...ए

...अपने पत्र ...दस्य द्वारा ...का उल्लेख ...न के लिए ...। उन्होंने ...लता, फिर ...आप ? ...रूढ़ दल ने ...और यदि ...रिणाम के

आतंकवादियों को नए रंगरूट मिल रहे हैं । बेरोज़गारी के कारण आतंकवाद को तेजी से पनपने में मदद मिल रही है । आतंकवादियों के पास अधिक आधुनिक व घातक हथियार पहुंच रहे हैं । श्री रिबैरो भी स्वीकार कर चुके हैं कि गोली का जवाब गोली से देने की नीति विफल होकर रह गई है । राज्यपाल संसदीय चुनाव से पहले समस्या का समाधान न होने की सम्भावना व्यक्त करते हैं । ऐसा लगता है कि सरकार को पंजाब समस्या हल करने में कोई दिलचस्पी नहीं है ।

ज्ञापन में आगे कहा गया है कि शिरोमणि अकाली दल वर्तमान स्थिति को मूकदर्शक बन कर नहीं देखता रहा और इसने गत 26 मई से 16 जून तक ज़िला मुख्यालयों पर धरनों का आयोजन किया ताकि भ्रष्ट अफसरशाही प्रशासन की अनुत्तरदायित्वपूर्ण कार्रवाइयों से पीड़ित जनता की तकलीफ़ों के प्रति केंद्र सरकार की आंखें खोली जा सकें । हजारों नर-नारियों ने इन धरनों में भाग लिया मगर गहरी नींद में सोई हुई सरकार नहीं जागी और लोगों की अवस्था बद से बदतर होती गई ।

ज्ञापन में निम्नलिखित मांगें की गई हैं—पंजाब व बाहर की जेलों में नज़रबंद कैदियों की रिहाई, 1984 के दंगों के दोषियों को सज़ा, राजीव-लौंगोवाल समझौते पर क्रियान्वयन, गेहूं की खरीद पर किसानों को 50 रुपए प्रति क्विंटल बोनस, छोटे किसानों के 10 हज़ार तक के सहकारिता ऋणों की माफ़ी, 1988 के सभी बाढ़ पीड़ितों को मुआवजे का भुगतान, 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों को 100 रु. मासिक पैंशन, 4 वर्ष से अधिक नज़रबंद रखे गए लोगों को 2 लाख रुपए का

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...ातंकवादियों की भावी ...सामना करने को तैयार

...-पश्चिमी ...द्र सिंह ने ...जाब में ...का सामना ...ह, जोकि

सी.आर.पी. को सच्चे अर्थों में भारतीय आरक्षी बल कहा जा सकता है । उन्होंने कहा कि पंजाब में फ़ोर्स का स्थायी अड्डा कायम करने के लिए जालन्धर में 200 एकड़ का प्लाट खरीदा गया है ।

चंडीगढ़ पंजाब के राज्यपाल श्री

Punjabi Sahitari

चीमा क्षेत्र की सीमा निगरानी चौकी जाफना के निकट सीमा यन द्वारा आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में ना वह टुकड़ी, जिसने यह सामान पकड़ा । (छाया : विनोद)

पंजाब में दम्पति सहित 8 व्यक्तियों की हत्या : 3 आतंकवादी मारे गए

गुरदासपुर सीमा पर मुठभेड़ के बाद उग्रवादी 25 किलो गोली-सिक्का छोड़ कर भागे

संगरूर जिला में बैंक से 2 लाख से अधिक राशि लूटी

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वा., ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक दम्पति सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । गुरदासपुर सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी 25 किलो गोली-सिक्का छोड़ कर भाग निकले । तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए । संगरूर जिला में एक बैंक से 2 लाख रुपए से अधिक की रकम लूट ली गई ।

बन्दूक छीनने के बाद हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): प्राप्त सूचना के अनुसार थाना भिसीविंड के गांव भाई लद्दू में गत रात चार आतंकवादी एक व्यक्ति सुक्खा सिंह के घर आए और उससे उसकी दोनाली बन्दूक मांगी । उसने अपनी बन्दूक उनके हवाले कर दी,परन्तु आतंकवादी बन्दूक कब्जे में लेने के बाद उसके बाज़ू बांधने लगे तो उसने कहा कि बन्दूक लेने के बाद अब यह मत करो और वह घर से बाहर की ओर भाग खड़ा हुआ । आतंकवादियों ने उसके पीछे गोलियों की बौछार कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

पति और पत्नी की हत्या : थाना झब्बाल के गांव मानेके में गत रात 2 बजे तीन आतंकवादी एक व्यक्ति सुच्चा सिंह के घर में घुस गए और सुच्चा सिंह को पकड़ कर बाहर ले जाने लगे तो उसकी पत्नी भट्टो ने उन्हें रोका तथा मिन्नत-समाजत की, परन्तु आतंकवादियों ने उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और सुच्चा सिंह को साथ ले गए । अगले दिन उसकी लाश भी गांव से बाहर पड़ी मिली जो गोलियों से छलनी थी ।

शव मिला : थाना जंडियाला के गांव भोरथी ब्राह्मणी के बाहर एक सिख युवक का गोलियों से छलनी शव मिला । संदेह किया जाता है कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का नतीजा है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आपसी शत्रुता में हत्या : एक सूचना के अनुसार गत रात मजीठा पुलिस जिला के गांव गलछेड़ी के निकट 5 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति काबल सिंह का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । काबल सिंह जोकि कल्यात आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर हीरा सिंह (इस समय जेल में) का भाई था और अनेक अपराधों में वांछित था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मजीठा पुलिस जिला में मारे गए दोनों व्यक्ति आतंकवादी थे तथा बब्बर खालसा से संबंध रखते थे ।

निशान सिंह मारा गया : जालन्धर (वार्ता): सुरक्षा बलों ने एक कुख्यात आतंकवादी निशान सिंह को आज थाना शाहकोट क्षेत्र में उस समय मार गिराया, जब उसने सी.आर.पी. की एक जीप से कूद कर फ़रार होने की कोशिश की । निशान सिंह को सी.आर.पी. ने कावां बाला पत्तन पुल पर बसों की सामान्य चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया था । जब उसे पूछताछ के लिए जीप में बिठा कर ले जाया जा रहा था तो वह जीप में से कूद गया । जीप में सवार जवानों ने फायरिंग की और उसकी वहीं पर मौत हो गई । निशान सिंह गत सोमवार को एक सरपंच रेशम सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार था ।

2 की हत्या, 1 घायल : फगवाड़ा (वि.प्र.): आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर बंगा थाना के अंतर्गत गांव सरहाल काज़ियां में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर स्कूल टीचर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि आतंकवादी पहले गवर्नमैंट हायर सैकेंडरी स्कूल सरहाल काज़ियां में गए और एक टीचर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फिर वह चाय के खोखे पर आए और वहां अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे चाय स्टाल के मालिक राम स्वरूप की मृत्यु हो गई और वहां चाय पी रहा बिजली बोर्ड का एक कर्मचारी काबल राम बुरी तरह घायल हो गया । काबल राम को नाज़ुक हालत में पहले सिविल अस्पताल फगवाड़ा लाया गया परन्तु हालत नाज़ुक होने के कारण उसे सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार स्कूल में मारा गया जसबीर सिंह क्लर्क था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 3 थी और वे अपने स्कूटर पर स्कूल में आए । वारदात के बाद वे अपना स्कूटर पीछे छोड़ कर स्कूल में खड़ा स्कूटर ले गए । बताया गया है कि उग्रवादियों ने जसबीर सिंह को अपने एक साथी के पकड़े जाने का जिम्मेदार ठहराया था ।

बंगा से वि.प्र. के अनुसार मृतक अध्यापक जसबीर सिंह स्कूटर स्टार्ट करके स्कूल के मेन गेट की ओर जा रहा था कि उग्रवादियों ने उसे रोक लिया । जसबीर सिंह अपनी निर्दोषिता सिद्ध करने के लिए गिड़गिड़ाया, लेकिन उग्रवादियों ने उसको 'गद्दार' कहते हुए उस पर गोलियों की बौछार कर दी । वारदात के समय स्कूल में छुट्टी हो चुकी थी । बताया जाता है कि पुलिस ने अभियुक्त नामज़द कर लिए हैं ।

2 लाख से अधिक लूटे : संगरूर से गर्ग की सूचना के अनुसार गत रात यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव महल कलां में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच में से 4 आतंकवादियों द्वारा 2 लाख रुपए से अधिक की नकदी लूट ली गई । बताया जाता है कि रात 12 बजे के लगभग 4 आतंकवादी 2 स्कूटरों पर सवार होकर वहां आए तथा उन्होंने पिस्तौल की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जाब में अफसरशाही के ख़त्म कराएं : अकाली दल (ल)

ी.एस. चावला): । आतंकवादियों को नए रंगरूट मिल रहे हैं । ीय शिष्टमंडल बेरोज़गारी के कारण आतंकवाद को तेज़ी से पनपने पूर्व मुख्यमंत्री श्री में मदद मिल रही है । आतंकवादियों के पास अधिक में आज यहां आधुनिक व घातक हथियार पहुंच रहे हैं । श्री की और उन्हें एक रिबैरो भी स्वीकार कर चुके हैं कि गोली का जवाब कि वह राष्ट्राध्यक्ष गोली से देने की नीति विफल होकर रह गई है । हस्तक्षेप करके राज्यपाल संसदीय चुनाव से पहले समस्या का शासन को खत्म समाधान न होने की सम्भावना व्यक्त करते हैं । ऐसा लगता है कि सरकार को पंजाब समस्या हल करने में कोई दिलचस्पी नहीं है ।

पति शासन, जिसे ग किया गया था, शापन में आगे कहा गया है कि शिरोमणि पुलिस के दमन से अकाली दल वर्तमान स्थिति को मूकदर्शक बन कर हो रहे हैं, जिससे नहीं देखता रहा और इसने गत 26 मई से 16 जून तक ज़िला मुख्यालयों पर धरनों का आयोजन किया ताकि भ्रष्ट अफसरशाही प्रशासन की अनुत्तरदायित्वपूर्ण कार्रवाइयों से पीड़ित जनता की तकलीफों के प्रति केंद्र सरकार की आंखें खोली जा सकें । हजारों नर-नारियों ने इन धरनों में भाग लिया मगर गहरी नींद में सोई हुई सरकार नहीं जागी और लोगों की अवस्था बद से बदतर होती गई ।

ई देखने लाए

ो लिखे अपने पत्र एक सदस्य द्वारा जाने का उल्लेख ा से धन के लिए रही है । उन्होंने हीं मिलता, फिर क्ष या आप ?

सत्तारूढ़ दल ने ा दिया और यदि इसके परिणाम के होंगे ।

शापन में निम्नलिखित मांगें की गई हैं– पंजाब व बाहर की जेलों में नज़रबंद कैदियों की रिहाई, 1984 के दंगों के दोषियों को सज़ा, राजीव-लौंगोवाल समझौते पर क्रियान्वयन, गेहूं की खरीद पर किसानों को 50 रुपए प्रति क्विंटल बोनस, छोटे किसानों के 10 हज़ार तक के सहकारिता ऋणों की माफ़ी, 1988 के सभी बाढ़ पीड़ितों को मुआवज़े का भुगतान, 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों को 100 रु. मासिक पैंशन, 4 वर्ष से अधिक नज़रबंद रखे गए लोगों को 2 लाख रुपए का

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीलंका द्वारा भारतीय शांति सेना को प्रेमदास के कमांड में लाने की शर्त

कोलम्बो, 27 जुलाई (ह.स., वार्ता): श्रीलंका ने कहा कि यदि भारत शांति सेना को राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की कमांड के अन्तर्गत लाने की शर्त मान ले तो वह सेना की वापसी के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार है ।

श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री रंजन विजयरत्ने ने इसके साथ ही कहा कि भारतीय शांति सेना को 'लिट्टे' उग्रवादियों के खिलाफ़ सैनिक कार्रवाई बंद करनी पड़ेगी । श्री विजयरत्ने, जो मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बारे में सम्वाददाताओं से बातचीत कर रहे थे, ने कहा कि उन्हें आशा है कि 29 जुलाई से पहले इन मुद्दों का कोई हल निकल आएगा । उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर सहमति हो गई तो श्रीलंका भारतीय शांति सेना की वापसी के

संयुक्त राष्ट्र और अन्य उचित अन्तर्राष्ट्रीय मंचों में ले जाने पर विचार कर सकता है ।

उन्होंने भारत के साथ किसी भी सैनिक टकराव की सम्भावना से इंकार किया और कहा कि "हम भारत से लड़ने नहीं जा रहे हैं । हम अपनी सीमाएं जानते हैं ।" श्री विजयरत्ने की इस घोषणा से यह आशंका दूर हो गई है कि अगर भारतीय शांति सेना आगामी शनिवार तक स्वदेश नहीं लौटती तो उसके और श्रीलंका सेना के बीच संघर्ष शुरू हो जाएगा ।

श्रीलंका में भारतीय बैंकों और कम्पनियों पर कल बमों से किए गए हमलों के बारे में पूछे गए एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादियों की भावी

Punjab Archive Chandigarh

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नोक पर बैंक के चपरासी से ताले खुलवा लिए व अंदर जाकर चैस्ट का ताला तोड़ कर 2 लाख रुपए से अधिक की नकदी लूट ली । सूचना मिलते ही पुलिस मौका पर पहुंच गई । सरकारी तौर पर इस खबर की अभी तक पुष्टि नहीं की गई ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): निकटवर्ती गांव नंगल बूरे के पास दो आतंकवादियों ने गांव सीकरी के एक व्यक्ति गुरमेल सिंह से उसका स्कूटर नम्बर पी.यू.एच. 2003 छीन लिया और फ़रार हो गए । टांडा पुलिस ने गांव मोघे के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से ब्रिटेन निर्मित 7.65 एम.एम. पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

आतंकवादी गोली-सिक्का छोड़ कर भागे : गुरदासपुर (विनोद): गत रात भारत-पाक सीमा पर गुरदासपुर सैक्टर की बिदाई चीमा बी.ओ.पी. की जाफना पोस्ट पर आतंकवादियों और बी.एस.एफ़. के मध्य हुए मुकाबले में आतंकवादी लगभग 25 किलो गोली-सिक्का छोड़ कर पाकिस्तान भाग गए । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की गुप्तचर शाखा की सूचना के आधार पर कि कुछ आतंकवादी इस रास्ते से पाकिस्तान से शस्त्रों सहित भारत में प्रवेश करेंगे, सीमा सुरक्षा बल ने यहां विशेष नाकाबंदी कर रखी थी । रात लगभग 12 बजे कुछ आतंकवादी जब बिदाई चीमा बी.ओ.पी. की जाफना पोस्ट के पास से सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर रहे थे तो बी.एस.एफ. के जवानों ने उन्हें रुकने को कहा, जिस पर आतंकादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी। बी.एस.एफ. के जवानों द्वारा भी जवाबी फ़ायरिंग की गई और रात्रि में रोशनी करने वाले गोले फैंके गए । बी.एस.एफ. की 41 बटालियन के जवानों और आतंकवादियों में लगभग आधा घंटा मुकाबला चलता रहा, जिस पर आतंकवादी एक बोरी छोड़ कर पाकिस्तान वापस भाग गए । जवानों ने जब बोरी उठाई तो वह लगभग 25 किलो भारी थी, जिसमें ए.के. 47 राइफल के 1294 कारतूस, .38 के 140, ए.के. 47 राइफल के 7 मैगज़ीन थे । याद रहे कि 3 जुलाई को भी इसी क्षेत्र से आतंकवादियों ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश की थी और तब भी वह शस्त्र छोड़ कर पाकिस्तान भाग गए, थे व 4 जुलाई को एक आतंकवादी भारत में प्रवेश करने की कोशिश में मारा गया था और उसका एक साथी वापस पाकिस्तान भाग गया था । गत रात जहां मुकाबला हुआ, वह क्षेत्र रावी दरिया के पार है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): भदौड़ पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए ।

औरत का शव मिला : मालेरकोटला के निकट मुहम्मदगढ़ गांव में एक खेत में एक औरत का शव पड़ा मिला । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

इसी बीच ज़िला मैजिस्ट्रेट श्री स्वर्ण सिंह ने धारा 144 के अंतर्गत 17 सितम्बर तक ज़िला-भर में 5 या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने, प्रदर्शनों, जलूसों आदि पर पाबंदी लगा दी है । सायं 7.30 बजे से प्रात: 5 बजे के बीच बसें नहीं चल सकेंगी । रात्रि 9 बजे के बाद सिनेमा शो नहीं चल सकेंगे ।

स्कूटर सवार की हत्या : थाना बस्सी पठाना के अंतर्गत गांव चरखेड़ी के निकट आज प्रात: दो सशस्त्र व्यक्तियों ने, जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी और उसका स्कूटर लेकर फरार हो गए । पुलिस मौका पर पहुंच गई ।

2 होम गार्डों की हत्या : पटियाला (ह.स.): गत रात ज़िला पटियाला में साधुगढ़ और सराय बंजारा रेलवे स्टेशनों के मध्य रेलवे पुल के निकट एक होमगार्ड चौकी पर हमला करके होमगार्ड जवानों केसर सिंह व मलकीयत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । खबरों में कहा गया है कि केसर सिंह की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी गई जबकि मलकीयत सिंह का अपहरण करने के बाद कुछ दूरी पर उसकी हत्या की गई ।

पटियाला से हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार मलकीयत सिंह ने केसर सिंह की हत्या की है तथा हत्या करने के बाद वह फरार हो गया है । उनमें किसी बात पर झगड़ा हो गया था । मलकीयत सिंह अपनी बंदूक भी वहीं फैंक गया था ।

आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर जिला पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी महेन्द्र सिंह उर्फ

तुरन्त आवश्यकता है

1. **असिस्टैंट वर्क्स मैनेजर** : योग्यताएं, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिग्री/डिप्लोमा, 2/5 वर्ष के अनुभव के साथ ।
2. **सेल्समैन** : (टाटा डीज़ल वाहनों के लिए) जिला लुधियाना और फिरोज़पुर से अधिमानत: ग्रैजुएट, 2 वर्ष के अनुभव के साथ ।

Punjabi Sanatani

हरियाणा के राज्यपाल श्री एच.ए. बरारी शुक्रवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के राजभवन में श्री धर्मवीर को मंत्री पद की शपथ दिलाते हुए । उनके निकट मुख्यमंत्री श्री देवी लाल भी बैठे दिखाई दे रहे हैं । (छाया : पुरी)

कि विपक्ष ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर या लोकतंत्र और संविधान के प्रति आस्था के कारण लोकसभा की सदस्यता से

स्थापित करने के लिए एक योजना समन्वय ग्रुप गठित करने का प्रावधान है । श्री गांधी ने कहा कि योजना समन्वय ग्रुप में भी आरक्षण का प्रावधान रहेगा ।

एक आतंकवादी को उसके साथियों ने फांसी दे दी : 2 मुठभेड़ में मरे

1.50 लाख रुपए लूटे गए : 2 व्यक्तियों का अपहरण, सरपंच सहित 3 की हत्या : बस जला दी

चंडीगढ़, 28 जुलाई (वा.हस): गत रात के बाद पंजाब में 2 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गये जबकि एक आतंकवादी को उसके साथियों ने ही फांसी देकर मार डाला । अन्य वारदातों में एक सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और लगभग 1.50 लाख रुपए लूट लिये गये । दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया जबकि मुठभेड़ में एक आतंकवादी घायल हो गया ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के गांव बुर्ज रायका के बाहर पुलिस और सी.आर.पी. की नाकाबंदी पार्टी के साथ मुकाबले में 2 आतंकवादी मारे गए ।

पट्टी से सम्वाददाता के अनुसार सरहाली थाना पुलिस ने गांव बुर्ज रायका में नाका लगाया हुआ था जब रात को 10.10 बजे उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को पैदल आते हुए देखा । जब पुलिस पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से दोनों आतंकवादी मारे गए जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पुलिस को घटना स्थल से एक 315 बोर डबल बैरल गन, एक 12 बोर सिंगल बैरल गन तथा कुछ चले तथा अनचले कारतूस मिले हैं ।

2 गिरफ्तार : एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मनजीत सिंह निवासी गांव जौड़ा चिमा जिला गुरदासपुर और सुरजीत सिंह गांव फतेके थाना मेहता चौक को गिरफ्तार कर लिया गया । उनसे एक ए.के. 47 चीनी राइफल, पांच भरे हुए मैगजीन, एक .12 की सिंगल बैरल गन तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मनजीत सिंह उर्फ मीता व उसके साथी ने संक्षिप्त मुकाबले के बाद आत्म समर्पण कर दिया ।

बस जला दी : उग्रवादियों के ए.के. 47 राइफलों से लैस एक गिरोह ने आज रात्रि थाना पट्टी के गांव धगाना के निकट एक प्राइवेट बस को आग लगा दी । बस पट्टी से घड़ियाला जा रही थी । बस को आग लगाने से पूर्व उग्रवादियों ने बस यात्रियों को बस में से उतर जाने के लिए कहा । क्षेत्र में बस जलाने की यह तीसरी घटना है ।

महिला को लूट लिया :नवांशहर (शर्मा): कल दिन के 11 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने यहां कुलाम रोड पर स्थित अशोक कुमार के घर उसकी पत्नी को पिस्तौल दिखा कर एक स्टीरियो और कुछ जेवरात लूट लिए और फरार हो गए ।

सरपंच व एक अन्य की हत्या : होशियारपुर (अश्विनी): गत रात थाना सदर के अंतर्गत गांव अलोवाल खडोड़ में आतंकवादियों ने खडोड़ गांव के सरपंच श्री चूहड़ सिंह व एक युवक हरजीत सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी । हरजीत सिंह के बाप ने पुलिस को बताया कि कल रात लगभग 10 बजे स्टेनगनों से लैस दो आतंकवादी उनके घर आए तथा उसके लड़के को जो सोया हुआ था, उठा कर बाहर ले गए । जब वह उसको ले जा रहे थे तो लड़के की मां ने पूछा कि उसे कहां ले जा रहे हो । उन्होंने उत्तर दिया कि हम इसे सैर कराने ले जा रहे हैं । आध घंटा बाद गोलियां चलने की आवाज़ आई । रात को वे लोग भय के मारे घर से नहीं निकले । आज प्रातः 5 बजे के लगभग हरजीत सिंह व चूहड़ सिंह के शव गांव के बाहर खेतों में पड़े मिले । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौका पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है ।

1.50 लाख लूटे, गनमैन की हत्या : राजपुरा (मासूम): आज प्रातः लगभग 11 बजे यहां के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला के एक्सटैंशन काऊंटर के बाहर दो अज्ञात लुटेरों ने बैंक के कैशियर भीम सेन सूद और गनमैन अजायब सिंह पर गोलियां चला कर उनके स्कूटर पर रखा लगभग डेढ़ लाख रुपया लूट लिया । यह रुपया पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन के रूप में बांटा जाना था । कैशियर और गनमैन जैसे ही यह रुपया बैंक की मुख्य ब्रांच से निकलवा कर अपनी ब्रांच के बाहर पहुंचे कि घात लगाकर बैठे लुटेरों ने फायरिंग करके गनमैन को सख्त जख्मी कर दिया तथा रुपया लेकर स्कूटर पर अम्बाला रेलवे फाटक की ओर भाग निकले । बाद में अजायब सिंह की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

सामाना (शास्त्री): सामाना पुलिस ने थाना घग्गा के गांव डरोली के जसविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । उसे हाल ही में जोधपुर जेल से रिहा किया गया था । संगरूर पुलिस ने भी उसे 15 दिन पूर्व गिरफ्तार किया था ।

आतंकवादी को फांसी दे दी : फिरोजपुर (बागी): गत रात्रि जिला फिरोजपुर के गांव किली गांधरां में आतंकवादी ग्रुपों की आपसी रंजिश में एक आतंकवादी को फांसी दे दी गई । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस आतंकवादी का नाम मुख्तार सिंह है और यह कार्रवाई खालिस्तान कमांडो फोर्स के बोहड़ सिंह ग्रुप ने की । खबरों में कहा गया है कि इस ग्रुप ने गत रात गांव खम्बे से मुख्तार सिंह समेत 4 लोगों का अपहरण किया था । मुख्तार सिंह का शव आज सुबह वृक्ष से लटकता हुआ पाया गया । मुख्तार सिंह इस गिरोह द्वारा जबरदस्ती वसूल किए जाने वाले धन का इन्चार्ज था । धन के वितरण के प्रश्न पर हुए झगड़े में वह गिरोह से अलग हो गया था ।

फिरोजपुर जिला में मानोवाल में एक व्यक्ति हरजिंदर सिंह का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया ।

फिरोजपुर के ही एक गांव से आतंकवादियों ने मास्टर राजेन्द्र कुमार का फिरौती वसूल करने के लिए अपहरण कर लिया ।

आतंकवादी घायल : गत रात सुरक्षा बलों ने जिला फिरोजपुर के गांव करमा में एक आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हरिके से 35 परिवार पलायन करके अमृतसर चले गए

अमृतसर, 28 जुलाई (नारंग): अमृतसर से 55 किलो मीटर दूर "हरिके" से 35 परिवार

जिस समय आतंकवादी गोलियां चला रहे थे न तो सी.आर.पी.एफ. न पुलिस ने कोई मुकाबला किया ।

ब्लैक डाईमन्ड काली मेंहदी

सफेद बालों को प्राकृतिक काला मुलायम व सुन्दर बनाने के लिए

ब्लैक डाईमन्ड काली मेंहदी

Sanatani Punjabi

वाहनों (साइकल को छोड़ कर) पर दोहरी सवारी करने पर प्रतिबंध लगा लिया है ।

जालन्धर पुलिस ने एक आतंकवादी गुरचरण सिंह को एक कार्बाइन, 40 कारतूसों सहित पकड़ लिया जबकि एक अन्य आतंकवादी जसपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया । लुधियाना पुलिस ने सिधवा बेट में जगदेव सिंह उर्फ जोगा को तथा कपूरथला पुलिस ने प्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का विशाल कुमार उर्फ बबलू, उम्र 15 साल, कद 4'-2" रंग गेहूआं, 20.7.89 से गुम है । पहुंचाने वाले को 200/- शुक्राना दिया जाएगा । यदि बबलू खुद पढ़े तो फौरन घर आ जाए, उसकी माता की हालत बहुत खराब है ।

रमेश चन्द्र, मकान नं. 178, पुराना रेहाड़ी मुहल्ला, जम्मू शहर

भाखड़ा-ब्यास मैनेजमैंट बोर्ड

सुपरिंटैंडैंट, प्रोक्योरमैंट सैंट्रल

Punjabi Guardian

जर्नल देखें ।

ापन

ा

ा आज हरिदेव मंदिर, होगा ।

एव गुंडागर्दी क
करने का आदे
ए.एस.पी. चट्टो
है । श्री चट्ट
अधिकारियों के
सतपाल गोसाई
उनके दूसरे साथी
का कहना है कि
सराहनीय रोल
जो कुछ भी हुआ
इस प्रकार यह

आस्ट्रेलिय
3 वि

मानचेस्टर
पहली पारी में
आस्ट्रेलिया चौ
दिखाई दे रहा है
ही 2-0 की बढ़
ट्रेफर्ड में दूसरे
पहली पारी में
लिए ।

बहादु
रि

नई दिल्ली
प्रशिक्षण प्राप्त
फिर बेहतरीन
एथलैटिक प्रति
प्रतियोगिता क

क बीच पुराने सबधों का
कि इनमें कभी-कभी
लेकिन हम उनसे उबरने
कहा कि भारत बातचीत
को सुलझाने का कड़ा
ने इस बातचीत को दोनों
उन्होंने कहा कि वह दोनों

शांति सेना की वापसी
का के उत्तर पूर्वी भाग में
और उत्तर पूर्वी प्रांतीय
स्तांतरण सम्बन्धी अपने

ि रणसिंघे प्रेमदास द्वारा
ा की 29 जुलाई तक
तरफा घोषणा से बढ़ा
ा स्थित उच्चायुक्त श्री
लंका के विदेश सचिव
ुई सहमति से घट गया

ने अपनी यह जिद छोड़
सेना श्रीलंका से बाहर
भारत ने यह मान लिया
प्रक्रिया, जो श्री प्रेमदास
रोक दी गई थी, दोबारा
लंका इस बात पर भी
-श्रीलंका समझौते के
की जाए, जिसमें उत्तर
व्यवस्था के प्रश्न पर भी

साथ विदेश सचिव
ीन विशेष दूत और
नील डी सिल्वा भी आए

धी हवाई अड्डे पर श्री
विदेश मंत्री पी.वी.
एस.के. सिंह और अन्य
2 पर)

हत्या : 17 आतंकवादी गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 29 जुलाई (वा.हस.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक किसान सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 17 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है । एक एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों का हमला पछाड़ दिया गया । एक शराब ठेका लूट लिया गया ।

करियाना मर्चैंट की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार गत रात करीब 12 बजे पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के तहत गांव मुरीदके में दो आतंकवादियों ने एक घर में जबरी प्रवेश करके अंधाधुंध गोलियां चला कर एक करियाना मर्चैंट सतीश कुमार (30) की हत्या कर दी व उसके भाई संजीव कुमार को घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार हत्यारे दीवार फांद कर घर में प्रविष्ट हुए थे तथा उन्होंने ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाईं । पुलिस को प्रातः घटना की जानकारी मिली । संजीव कुमार को अमृतसर में सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

घायल संजीव कुमार ने अस्पताल में बताया कि उन्हें आतंकवादियों की ओर से पहले कभी कोई धमकी नहीं दी गई थी ।

16 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस सूत्रों के अनुसार सदर थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर 16 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार विभिन्न स्थानों पर नाके लगा कर व छापे मार कर बब्बर खालसा से सम्बद्ध छः आतंकवादियों गुरदीप सिंह (रियाली), हरवंत सिंह (तलवंडी भरथ), जसपाल सिंह (नत्त), बलबीर सिंह व प्रकाश सिंह (धीर) व लखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है । इनके कब्ज़े से दो राकेट, दो पैंसिल बम, एक 'बूबी ट्रैप' बम तथा एक चोरीशुदा स्कूटर पी.ए.क्यू. 4776 बरामद किया गया है । इन्होंने अनेक घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

गत रात थाना सदर पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दस आतंकवादियों महेन्द्र सिंह, अमरीक सिंह, दलबीर सिंह, कश्मीर सिंह व महेन्द्र

(शेष पृष्ठ 12 पर)

भाई मनजीत सिंह रिहा

अमृतसर, 29 जुलाई (ह.स.): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के नेता भाई मनजीत सिंह आज संगरूर जेल से रिहा कर दिए गए हैं । यहां फैडरेशन के मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार उनके विरुद्ध कुछ मामलों को वापस ले लेने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया ।

भाई मनजीत सिंह, जिन्हें 1984 में आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के समय गिरफ्तार किया गया था, जोधपुर जेल में नजरबंद उन 365 व्यक्तियों में से हैं, जिनके खिलाफ 'देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने' का केस वापस ले लिया गया था और जिन्हें जोधपुर जेल से अमृतसर लाया गया था । जोधपुर से लाए जाने के बाद मनजीत सिंह को अमृतसर जेल में रखा गया था और बाद में उन्हें फैडरेशन के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ संगरूर जेल भेज दिया गया था ।

फैडरेशन के सूत्रों ने बताया कि भाई मनजीत सिंह रिहाई के पश्चात संगरूर स्थित गुरुद्वारा ननकाना साहब में चले गए । पता चला है कि उनके साथ फैडरेशन के कुछ अन्य नेता भी रिहा किए गए हैं ।

भाई मनजीत सिंह अपनी गिरफ्तारी के समय वास्तव में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक कर्मचारी थे परन्तु उन्हें, जब वह जेल में ही थे अपने भाई, भाई अमरीक सिंह के स्थान पर फैडरेशन का अध्यक्ष चुन लिया गया था । भाई अमरीक सिंह स्वर्ण मन्दिर में आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान मारे गए थे ।

दिलीप

की राजनीति में आया संकट अभी टला नहीं

शासंघी) : हरियाणा
ने शामिल करने के
उथल-पुथल के 24
ति में कोई परिवर्तन
ा दर्जन मंत्रियों के

सिंह, श्री सत्यदेव त्यागी व श्री नरसिंह ढांढा शामिल हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि केवल इन मंत्रियों से ही त्यागपत्र मांगे गये थे । वह अभी इस बात का पता लगा रहे हैं कि चंडीगढ़ में होने के

हैं ।"

उन्होंने समाचारपत्रों में छपी इन खबरों का खंडन किया कि राज्य में सत्ताधारी जनता दल संकट में फंसा हुआ है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पूरा अधिकार है कि वह जिस साथी मंत्री से चाहें त्यागपत्र

Punjabi Sangtani

पुलिस ने बताया कि गत रात थाना सरहाली के अन्तर्गत गांव छोटी सरहाली में आतंकवादियों ने एक किसान अमर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

बस जला डाली : अमृतसर में प्राप्त सूचना के अनुसार कल शाम पट्टी से घरियाला जा रही एक प्राइवेट कम्पनी की बस नम्बर पी.ए.बी. 1717 को आतंकवादियों ने रोक लिया और सवारियों को बस से नीचे उतारने के बाद बस को आग लगा दी । बस को घेरने वाले आतंकवादियों की संख्या 7-8 बताई गई है । उनमें से 5 के पास ए.के. 47 राइफलें थीं । इन आतंकवादियों ने जलती हुई बस के गिर्द भंगड़ा भी डाला तथा हवाई फ़ायरिंग की । घटनास्थल पर ए.के. 47 के बीस चले हुए कारतूस मिले हैं ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फ़ायरिंग : थाना मजीठा के गांव शाम नगर में एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की लेकिन जवाबी फ़ायरिंग पर वह भाग निकले । मौका पर से ए.के. 47 राइफलें के 20-22 खोल मिले हैं ।

ठेका लूटा : धूरी (सिंगला): तीन अज्ञात व्यक्ति मालेरकोटला के निकट गांव बड़ी धलेर में शराब के ठेके से 1800 रुपए लूट कर फ़रार हो गए ।

सी.आई.ए. स्टाफ़ बरनाला ने थाना शेरपुर के गांव बलियां के महेन्द्र सिंह हरिजन को गिरफ्तार किया तथा उससे एक 12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए । थाना अहमदगढ़ के गांव धलेर खुर्द में एक व्यक्ति बुध सिंह से दो अज्ञात व्यक्ति एक पिस्तौल व आठ कारतूस छीन कर ले गए ।

बस का अपहरण : गिद्दड़बाहा से बांसल के अनुसार पुलिस ने आज प्रात: 4 बजे स्थानीय बस स्टैंड से मलोट ट्रांसपोर्ट की बस पी.यू.यू. 8935 का अपहरण करने के आरोप में गांव चन्नो के जरनैल

Punjabi Sahitak

परीक्षक की रि
नियंत्रक एवं म
द्वारा आलोचना
बेहतर तो यह ह
विरुद्ध महा अ
अपना पक्ष प्रस
नियंत्रक व मह
बजाय उनकी

सत्तारूढ़ द
बोफोर्स के माम
लेकिन अब जन
इस कांड के दो

दूरदर्शन
श्री साहनी ने
इलैक्ट्रानिक
आकाशवाणी)
उन्होंने घोषणा
दूरदर्शन तथा अ
बनाएगा ।

चुनाव स
मध्य : उन्होंने
रण क्षेत्र तैयार
"प्रधानमंत्री व
माध्यमों व आम

उन्होंने क
विश्वसनीयता
भेदभाव कर रह
कर रह गया है

एक प्रश्न
सरकार ने सर
प्रदान करने के
भारती बिल' स
करने से पहले

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री. देवी लाल पंजाब से कुछ दूर मोरनी हिल्ज़ विश्राम स्थल से राज्य प्रशासन व राजनैतिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं । चित्र में (बाएं) राज्य के गृहमंत्री सम्पत सिंह तथा दाएं चौ. देवी लाल अपने प्रधान सचिव श्री ओझा से विचार-विमर्श करते हुए । (छाया : पुरी)

शामिल करने का विरोध किया है या इसका बुरा मनाया है तो उन्होंने कहा कि, "अगर किसी ने विरोध किया होता या बुरा मनाया होता तो वह मंत्रिमंडल में नहीं रहता । श्री देवी लाल ने कहा कि उनके दो पुत्र श्री रणजीत सिंह व श्री प्रताप सिंह उनसे श्री धर्मवीर को मंत्री के तौर पर शपथ दिलाने

का गत शनिवार को न्यूयार्क में देहांत हो गया है ।

यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार निकिता के घर में गैस लीक होने के कारण हुई अग्नि दुर्घटना में वह गम्भीर रूप से जल गई थी । पामेला बोर्डेस पर फिल्म का मुहूर्त बम्बई में 30 जुलाई को होना था ।

मामले में वित्तमंत्री के नाते उन्हें पूरी बातचीत से अवगत कराया गया था । नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने जिन दस्तावेजों के आधार पर इस सौदे में अनेक अनियमितताएं बताई हैं, उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर श्री सिंह ने इस सौदे के लिए धन उपलब्ध कराया था ।



पंजाब एंड सिंध बैंक महल कलां (संगरूर) से गत दिवस लूटी गई 2,01,579 रुपए की धन राशि व अभियुक्त बैंक चौकीदार बलविंदर सिंह तथा उसका साथी स्वर्ण सिंह दर्जी । (छाया : सिन्हा)

उग्रवादियों द्वारा 3 हत्याएं, थाने व एस.पी.ओ. चौकी पर राकेटों से हमला

चंडीगढ़, 30 जुलाई (वा., ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात से अब तक एक सरपंच और उसके गनमैन समेत 3 लोगों की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर राकेटों से हमला किया तथा एक एस.पी.ओ. चौकी पर भी फायरिंग की । दोनों जगह उनके हमले पछाड़ दिए गए । एक आतंकवादी मारा गया । मुक्तसर में एक समाचार पत्र एजैंट आतंकवादियों के हमले से बाल-बाल बच गया ।

मुरीदके में एक हत्या : पुलिस ज़िला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मुरीदके में आतंकवादियों ने एक युवक सुतीश कुमार की गोलियों से हत्या कर दी जबकि उसके भाई संजीव कुमार को घायल कर दिया ।

राकेटों से हमला : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात तरनतारन पुलिस जिला में आतंकवादियों ने एक पुलिस थाने पर तथा एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमले किए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने थाना सरहाली पर राकेटों तथा आटोमैटिक हथियारों से हमला किया । आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर दो आर.पी.जी.-7 राकेट फैंके तथा इसके साथ ही लाईट मशीन गन व ए.के. 47 राइफलों से गोलीबारी की । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिस पर आतंकवादी एक एल.एम.जी. मैगज़ीन छोड़ कर भाग निकले । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

आतंकवादियों द्वारा दो सौ मीटर की दूरी से फैंके गए दो राकेट निशाना चूक जाने के कारण निकटवर्ती घरों में जाकर गिरे, जिससे थोड़ी क्षति हुई, तथापि कोई हताहत नहीं हुआ । इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू 'जनरल' गुरबंट सिंह बुधसिंहवाला ने ली है ।

बब्बर खालसा के एक स्वयंभ एरिया कमांडर रेशम सिंह के नेतृत्व में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने गांव कीड़ियां में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । जवाबी फ़ायरिंग पर आतंकवादी वहां से भाग निकले । गत एक सप्ताह में आतंकवादियों के उसी ग्रुप द्वारा चौकी पर हमले की यह दूसरी घटना है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस ग्रुप ने, जिसका छिपने का अड्डा मंड क्षेत्र में है, कुछ दिनों पहले एक ही समय पर थाना हरिके और सी.आर.पी. की चौकी पर हमला किया था ।

आतंकवादी मारा गया : ह.स. के अनुसार प्रातःकाल क्षेत्र की तलाशी लिए जाने पर एक आतंकवादी का शव, एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो सौ कारतूस, एक पिस्तौल, एक राकेट, एक राकेट लांचर तथा एक बम जैसी वस्तु बरामद की । सुरक्षा बलों ने सुबह आतंकवादियों की खोज के लिए ज़बरदस्त अभियान शुरू कर दिया ।

गिल द्वारा मशविरे : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने अमृतसर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक करके पुलिस चौकियों पर हमलों की ताज़ा वारदात के बारे में विचार-विमर्श किया । श्री गिल इस समय अमृतसर में ही हैं ।

सीमा रेंज के डी.आई.जी श्री ज़ुहार आलम, तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह सेना के विशेषज्ञों के साथ सरहाली पहुंच गए हैं, जहां आतंकवादियों ने राकेटों से हमला किया था ताकि पता लगाया जा सके कि आतंकवादियों ने किस तरह के राकेट इस्तेमाल किए हैं ।

अधिकारी पर हमले की कोशिश : नकोदर (गगन): यहां से नौ किलोमीटर दूर मेहतपुर में लोक सम्पर्क विभाग के एक अधिकारी श्री परविंदर पाल सिंह के घर पर कल रात आतंकवादियों ने हमला करने की नाकाम कोशिश की । बताया जाता है कि कुछ दिन पहले उक्त अधिकारी को धमकी-भरा पत्र मिला था, जिसके कारण उसे सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराया गया था । यह अधिकारी नकोदर में ड्यूटी देने के बाद रात अपने परिवार के साथ मेहतपुर में रहने के लिए चला जाता है । रात को लगभग एक दर्जन आतंकवादी इस अधिकारी के घर हमला करने के लिए पहुंचे । इनमें से नौ आतंकवादी बस अड्डा पर खड़े हो गए ताकि उधर से सी.आर.पी. को आने से रोका जाए । शेष तीन आतंकवादी उक्त अधिकारी के घर चले गए । उनमें से एक ने घर के पिछली ओर पाईप द्वारा छत पर चढ़ना शुरू कर दिया । इस दौरान सुरक्षा गार्ड की नज़र जब उस पर पड़ी तो उसने गोली चला दी । इस पर वह और उसके साथी भाग निकले । जब सी.आर.पी. गोली की आवाज़ सुनकर उस तरफ दौड़ी तो बस अड्डे पर खड़े आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चलाईं । सी.आर.पी. के जवान काफी देर तक उनकी गोलियों का जवाब देते रहे । अन्ततः अंधेरे का लाभ उठाकर आतंकवादी भाग निकले ।

एक आतंकवादी मारा गया, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले : मुक्तसर में समाचारपत्र एजैंट बाल-बाल बचा

गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): सिख एक्य संघ के नेताओं ने एक बयान में कहा कि संघ के जिला प्रधान के मकान पर छापा मार कर पुलिस ने उसके एक रिश्तेदार देविंदर को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने उसे रिहा करने की मांग की ।

रोपड़ पुलिस ने एक आतंकवादी शमशेर सिंह को तथा जालन्धर पुलिस ने बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक इकनाली बंदूक, एक 12 बोर की पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए।

सरपंच व अंगरक्षक की हत्या : कपूरथला का समाचार है कि जिला कपूरथला के उप क्षेत्र में स्थित शेख मंगा गांव के पास आज शाम आतंकवादियों ने गांव तिब्बी के सरपंच बसन्त सिंह तथा उसके अंगरक्षक की गोलियों से हत्या कर दी। उसका दूसरा अंगरक्षक घायल हो गया । उन पर हमला उस समय किया गया, जब वे शेख मंगा से अपने घर को लौट रहे थे ।

'शमां' के अनुसार वारदात गांव में एक व्यक्ति सोहन सिंह के घर में हुई । घटना में सोहन सिंह घायल हो गया । मृत गनमैन का नाम अमरीक सिंह है।

लुधियाना नगर निगम लाटरी शुरू करेगा

लुधियाना, 30 जुलाई (नेपाल): लुधियाना नगर निगम नगर के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए लाटरी शुरू करके धन एकत्रित करेगा, जिसकी मंजूरी पंजाब सरकार से ली जाएगी । यह निर्णय कल यहां निगम की सलाहकार समिति की मीटिंग में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर निगम के आयुक्त श्री वी.के. श्रीवास्तव ने की ।

इलाहाबाद में मतदान के दौरान बम फटे

इलाहाबाद, 30 जुलाई (वार्ता): पथराव, मतपत्रों की छीना-झपटी, मारपीट आदि गड़बड़ियों के कारण इलाहाबाद नगर महापालिका चुनाव में अनेक मतदान स्थलों पर आज मतदान रद्द करना पड़ा । हिंसक घटनाओं में अनेक लोग जख्मी हो गए तथा मतदान प्रभावित हुआ । अपुष्ट सूचनाओं के अनुसार अनेक स्थानों पर बम फटे और गोली भी चली ।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार वार्ड नम्बर छः (पुरा मनोहर दास) में मतदान पूरी तरह तथा विभिन्न वार्डों के 14 मतदान स्थलों पर मतदान रद्द कर दिया गया है ।

दो गज़ ज़मीन भी न मिली....

टोकियो (हवाई), 30 जुलाई (ह.स.): टोकियो में यदि जीना विश्व में सब से महंगा है तो मरने का मोल भी कम नहीं है । जापान की राजधानी में जमीन के भाव आसमान छू रहे होने के कारण टोकियो के कब्रिस्तान में जगह पाने के लिए आदमी का अमीर होना ही जरूरी नहीं है बल्कि इसके साथ ही उसे भाग्यशाली भी होना चाहिए ।

जमीन के चार फुट लम्बे और 3 फुट चौड़े टुकड़े के लिए चार लाख रुपए तक देने वाले बीस व्यक्तियों में से केवल एक के भाग्य में यह टुकड़ा आता है । टोकियो में स्थान की इतनी किल्लत है कि आवेदकों के भाग्य का निर्णय लाटरी निकाल कर होता है ।

टोकियोवासियों ने अब इस कटु सत्य से समझौता कर लिया लगता है कि यदि वे टोकियो में रहने का खर्च सहन कर सकते हैं तो मरने के लिए उन्हें उपनगरों में ही जाना पड़ेगा, जहां दफनाए जाने का खर्च कुछ कम है ।

इस मामले पर विचार करने के लिए जापान सरकार द्वारा नियुक्त की गई एक समिति ने सिफारिश की है कि शहर के कब्रिस्तान की दीवारों में छोटे-छोटे लाकर टाइप मकबरे बनाए जाएं, जहां उन लोगों के अन्तिम अवशेष एक के ऊपर एक रखे जा सकें जो टोकियो में दफनाए जाना चाहते हैं ।

जापान के एक कानून के अनुसार दफनाने से पहले प्रत्येक नागरिक के शव को जलाना पड़ता है । इस कानून से छूट केवल शाही परिवार को और विदेशियों को ही दी गई है ।

बेटे के साथ मिल कर दो प्रेमियों की हत्या कर दी : मुकद्दमा दर्ज

होशियारपुर, 30 जुलाई (अश्विनी कपूर): बलाचौर पुलिस ने काठगढ़ ग्राम की एक युवा महिला प्रेमलता व उसके लड़के अनिल कुमार के विरुद्ध लहोटा ग्राम के एक व्यक्ति चमन लाल की शिकायत पर हत्या के आरोप में धारा 304-34 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है । मां-बेटे की गिरफ्तारी किसी भी क्षण सम्भावित है ।

चमन लाल ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके दो भाइयों पवन कुमार व मोहन सिंह के शव 15 जुलाई को मालेवाल ग्राम में नसीब चंद के खेतों में पड़े पाए गए थे । चमन लाल ने पुलिस को बताया कि उसके भाई पवन कुमार के अवैध संबंध काठगढ़ के एक व्यक्ति जोगिन्द्रपाल की पत्नी प्रेमलता के साथ थे । पवन कुमार प्रायः प्रेमलता के घर जाता रहता था । बाद में पवन के साथ उसके भाई मोहन सिंह ने भी प्रेमलता के घर आना-जाना आरम्भ कर दिया । प्रेमलता का लड़का अनिल कुमार इन अवैध संबंधों के कारण अपनी मां तथा उसके दोनों प्रेमियों से काफी दुःखी था । उसने अपनी मां को काफी डांटा-फटकारा भी था । प्रेमलता ने अपने लड़के अनिल कुमार के साथ मिल कर अपने दोनों प्रेमियों को शराब में ज़हर मिला कर उनकी हत्या कर दी व दोनों की लाशें खेत में फैंक दी थीं ।

Punjabi Soch

3 आतंकवादी भी मारे गए

दो भाइयों ने हमलावरों से ए.के. 47 राइफल छीन ली

ज़फ़रवाल का साथी 'शस्त्र-तस्कर गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 1 अगस्त (वा. ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 3 आतंकवादी मारे गए । दो भाइयों ने अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों से ए.के. 47 राइफल छीन ली । सुरक्षा बलों ने पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह ज़फ़रवाल के निकट साथी और कुख्यात तस्कर बिल्सन मसीह को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया ।

तीन व्यक्तियों की हत्या : जंडियाला गुरु (नि.स.): प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जंडियाला के गांव जानियां में गत रात्रि एक किसान लक्खा सिंह के खेतों में स्थित घर की दीवार फांद कर आतंकवादी लक्खा सिंह और उसके विवाहित बेटे सुरजीत सिंह को जगाकर घर से ले गए । उन्होंने घर के अन्य लोगों को घर में ही बंद कर दिया तथा पिता-पुत्र की गांव से थोड़ी दूर ले जाकर गोलियां मारकर हत्या कर दी । एक अन्य वारदात में इसी गांव में सरदूल सिंह के घर में भी दो आतंकवादी दीवार फांद कर आए और आते ही फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे कोट खेड़ा निवासी जसवन्त सिंह (16) की मृत्यु हो गई, जो कि अपने जीजा सुखदेव सिंह को शादी का सामान देने आया था । फ़ायरिंग में घर का मालिक सरदूल सिंह और उसका दामाद पलविंदर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया ।

रात को ही पुलिस को सूचना मिलने पर एस.एच.ओ. श्री स्वर्ण सिंह भारी फ़ोर्स लेकर घटनास्थल पर पहुंचे तथा इलाके को घेर कर आतंकवादियों की खोज आरम्भ कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह दोनों वारदातें एक ही ग्रुप द्वारा की गई हैं । घटनास्थल पर ए.के. 47 के चले हुए कारतूस मिले ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस और पुलिस नाका-पार्टी ने आज सुबह शहर के बाहरी हिस्से में स्थित रामपुरा गांव के पास दो आतंकवादियों में से एक को मार गिराया तथा दूसरे को गिरफ्तार कर लिया । मृत आतंकवादी की शिनाख्त नहीं की जा सकी । घटनास्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीनें, 45 कारतूस तथा दस खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

रामपुरा गांव में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त बाद में बलविंदर सिंह उर्फ़ काला के रूप में हुई ।

आपसी रंजिश में मारा गया : गत रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव नूरदी में आतंकवादियों ने आपसी रंजिश में एक आतंकवादी मान सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

ए.के. 47 छीन ली : अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार दो भाइयों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के बालीपुर गांव में आतंकवादियों को साहस के साथ सामना करके उनसे एक ए.के. 47 राइफल छीन ली । जिला पुलिस प्रमुख श्री बलदेव सिंह के अनुसार ए.के. 47 राइफल और रिवाल्वर से लैस दो आतंकवादी इलाके के एक सम्पन्न किसान सुरजीत सिंह के मकान में घुस गए । वह उन्हें तथा उनके बेटों हरमनजीत सिंह व हरदलजीतसिंह को बाहर निकाल कर मारने ही वाले थे कि दोनों भाई उन पर टूट पड़े और उनकी राइफल छीन ली । श्री सिंह ने बताया कि आतंकवादी किसी तरह भाग निकले ।

मारा गया उग्रवादी बलविंदर सिंह उर्फ़ काला था : अमृतसर (ह.स.): गत रात्रि नगर की बाहरी आबादी रामपुरा में सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष में एक उग्रवादी मारा गया था, उसकी शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के बलविंदर सिंह उर्फ़ काला के रूप में की गई है । पुलिस ने कहा है कि मृतक उग्रवादी की जेब से निकली एक फोटो से उसकी शिनाख्त की गई । काला जालन्धर और अमृतसर में पुलिस को कई अपराधों में वांछित था ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह चौधरी की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार सरहाली पुलिस ने गत रात गांव नौशहरा पन्नुआं के बाहर नाकाबंदी कर रखी थी कि इस दौरान तीन आतंकवादी उधर से गुजरे तो पुलिस ने उन्हें तुरंत घेरे में लेकर काबू कर लिया । इन आतंकवादियों के नाम कलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह तथा सुखचैन सिंह हैं, जो कस्बा सरहाली के रहने वाले हैं । उनसे 12 बोर का पिस्तौल और 12 अनचले कारतूस पुलिस ने कब्ज़े में लिए ।

आतंकवादी मरा : फिरोज़पुर (बागी): आज प्रातः लगभग 11 बजे एक मुठभेड़ में उस समय एक आतंकवादी मारा गया, जब कि आतंकवादियों ने पहली बार दिन-दहाड़े पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया । पुलिस पार्टी का नेतृत्व थाना धर्मकोट के एस.एच.ओ. सुरेन्द्र सिंह कर रहे थे ।

एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने फतेहगढ़ पंजतूर-धर्मकोट रोड पर गांव खम्बे के निकट पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला करने के बाद एक मकान में शरण ली, जहां दोनों ओर से अंधाधुंध फ़ायरिंग हुई । परिणामस्वरूप लगभग 22 वर्ष आयु का एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका साथी फ़रार होने में सफल हो गया, जिसका पीछा किया जा रहा है । श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि मृत आतंकवादी के बाजू पर 'एस.एम.एम.' लिखा हुआ है । पुलिस ने उससे एक 455 बोर का आयातित रिवाल्वर बरामद किया ।

ज़फ़रवाल का साथी गिरफ़्तार : गुरदासपुर (विनोद): गत रात जिला पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह ज़फ़रवाल के नज़दीकी साथी तथा प्रमुख शस्त्र तस्कर बिल्सन मसीह को गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रमुख पी.एम. लाल के अनुसार गत रात दीनानगर थाना के सीमावर्ती गांव डोगर में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 9.30 बजे के करीब जो स्कूटर सवारों को आते देखा । उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस द्वारा भी फ़ायरिंग की गई । स्कूटर पर पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया, मगर स्कूटर सवार पकड़ा गया । उसके कब्ज़े से एक कसी हुई दोनाली बंदूक, कुछ चले व अनचले कारतूस तथा स्कूटर भी बरामद हुआ है । पूछताछ के दौरान उस आतंकवादी ने अपना नाम बिल्सन मसीह बताया । उसने बंदूक व स्कूटर कहीं से छीने थे । पुलिस चीफ के अनुसार बिल्सन मसीह प्रमुख शस्त्र तस्कर सुच्चा सिंह डालनेवाल, जो पिछले दिनों खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के हाथों मारा गया था, के सम्पर्क में 1987 में आया और सुच्चा सिंह ने उसको पाकिस्तान में जाकर बख्शन सिंह ज़फ़रवाल से मिला दिया । तब से इसने आतंकवादियों को हथियारों की सप्लाई आरम्भ कर दी । बिल्सन कई बार सीमा के आर-पार आ जा चुका है । उसने 50 से भी अधिक हथियार ज़फ़रवाल के निर्देश पर पाकिस्तान से लाकर खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और बब्बर खालसा के आतंकवादियों को सप्लाई किए । बिल्सन मसीह सुच्चा सिंह डालनेवाल के बाद दूसरे नम्बर का शस्त्र तस्कर था और जानी सप्लाई से पुलिस को सर्वाधिक था ।

कार ड्राइवर मरा, एस.पी.ओ. घायल : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में आज रात्रि नौ बजे थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव धारीवाल सोहियां में उग्रवादियों ने एक विशेष पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग करके एक विशेष पुलिस अधिकारी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिला पुलिस के सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जिला बटाला के एस.पी. आपरेशन फ़ोर्स के साथ जब घटनास्थल की ओर जा रहे थे तो गांव चीमा खुर्द्दी के निकट उग्रवादियों ने घात लगा कर उनकी कार पर फ़ायरिंग की । पुलिस द्वारा भी जवाबी फ़ायरिंग की गई । फ़ायरिंग के दौरान वहां से एक प्राइवेट कार गुज़र रही थी, उसके ड्राइवर को गोली लगी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

डॉक्टर के अपहरण का प्रयास : थुरी से मिलाप के अनुसार बरनाला में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक प्राइवेट डाक्टर का अपहरण करने की कोशिश की । किसी तरीके से पुलिस को सूचना मिल गई तथा पुलिस सादे कपड़ों में डाक्टर के क्लीनिक पर पहुंच गई । पुलिस वाले उन अज्ञात व्यक्तियों के साथ गुत्थमगुत्था हो गए परन्तु दोनों व्यक्ति हवा में फ़ायरिंग करते हुए फ़रार होने में सफल हो गए ।

बंदूक छीन ली : कपूरथला (दासां): थाना भुलत्थ के अन्तर्गत गांव धनकड़ां में गत रात्रि लगभग साढ़े तीन बजे सशस्त्र अज्ञात व्यक्ति गांव के सरपंच भीरबैल सिंह के घर आकर बलपूर्वक उसकी दोनाली 12 बोर की लाइसैंसी बंदूक कारतूसों सहित छीन कर ले गए । यह आतंकवादी जाते समय धमकी दे गए कि यदि पुलिस को सूचना दी तो सफ़ाया कर दिया जाएगा ।

राव वीरेन्द्र सिंह के बाद कई अन्य सांसदों द्वारा भी पार्टी छोड़ने की संभावना

नई दिल्ली, 1 अगस्त (जी.एस. चावला): पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री राव वीरेन्द्र सिंह द्वारा कल लोकसभा और इंका से इस्तीफा देने से इंका नेतृत्व को गहरा झटका लगा है । आलाकमान को लगता है कि राव वीरेन्द्र सिंह ने असंतुष्ट पार्टीजनों को मार्ग दिखा दिया है तथा आगामी कुछ सप्ताहों के दौरान कुछ और लोग पार्टी छोड़ कर जा सकते हैं ।

राव वीरेन्द्र सिंह का इस्तीफा कांग्रेसजनों और अपनी नेताओं में चर्चा का केन्द्र-बिन्दु बन गया है । विरेन्द्र इंका नेता अपने छोटे-छोटे ग्रुपों की मीटिंगों में इस्तीफे के कारण उत्पन्न हुई स्थिति का जायजा ले रहे हैं । वरिष्ठ इंका नेताओं की आपसी चर्चा से यह बात सामने आई है कि पार्टीजनों में निराशा छाई हुई है । पार्टी के नेतृत्व का पार्टी संसदों से उचित सम्पर्क नहीं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पार्टी जनों की भावनाओं और आकांक्षाओं का ज्ञान ही नहीं है ।

एक अनुमान के अनुसार लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों में से लगभग 100 सांसद ऐसे हैं, जो महसूस करते हैं कि आगामी चुनावों में शायद उनका नाम मनोनयन न किया जाए । कुछ लोगों को उनकी हालगुज़री के आधार पर पार्टी का टिकट नहीं दिया जा सकता । कुछ सांसदों पर पार्टी नेतृत्व को संदेह है कि उनका सम्बन्ध जनता दल के कुछ नेताओं से है तथा कुछ को उनकी आम के आधार पर पार्टी टिकट नहीं दिया जा सकता है । वरिष्ठ नेताओं का अनुमान है कि जब तक चुनावों की घोषणा की जाएगी, तब तक कम से कम 25 सांसद या तो सामूहिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से इस्तीफा दे चुके होंगे, जिनमें से कुछ लोग तो जनता दल के नेताओं को मिल कर जेल भी रहे हैं ।

कुछ वरिष्ठ नेता समझते हैं कि पार्टी नेतृत्व को वीरेन्द्र सिंह के इस्तीफे को टाल देना चाहिए था । राव को मंत्रिमंडल से 1986 में बोफ़ोर्स मामले के दबाव पर हटाया गया था, जिसके उन्होंने उन लोगों को अनुशासित करने का संकेत दिया था, जो एक कथित मंत्री माने जाते थे । मंत्रिमंडल से बाहर निकालने के बाद पार्टी नेतृत्व ने उनकी ओर से उपेक्षा करनी शुरू कर दी थी, हालांकि वह यूपि मंत्री मंडल लाल और बंसी लाल, जो पार्टी के संस्थापक हैं, से राजनीतिक कलाबाजी बहुत अच्छा वरिष्ठ हैं तथा राज्य में उनकी स्थिति भी स्वच्छ मानी जाती है ।

पाक में भारतीय राजदूत सलाह के लिए दिल्ली गए

इस्लामाबाद, 1 अगस्त (ह.स.): पाकिस्तान में भारत के राजदूत जे.एन. दीक्षित आज यहां से सलाह-मशविरे के लिए नई दिल्ली रवाना हो गए । श्री दीक्षित पिछले महीने भारत-पाक मैक्की स्तरीय आयोग द्वारा किए गए फैसलों के सिलसिले में आगे की कारवाइयों पर सम्भवतः विचार करेंगे । यह आयोग इस महीने इस्लामाबाद में रीजा कमांडरों की बैठकों के लिए तारीख भी निश्चित कर सकते हैं । इन बैठकों में सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं की स्थिर के तैनाती के बारे में बातचीत होनी है ।

राजीव दुर्भाग्यवश ही फंस गए : सुब्रह्मण्यम

चेन्नई, 1 अगस्त (वार्ता): पूर्व रक्षा मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम ने आज कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दुर्भाग्यवश ही बोफोर्स तोप सौदे पर उठे सवालों का मुख्य निशाना बनना पड़ा है । श्री सुब्रह्मण्यम ने आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि जिस समय स्वीडन और भारत के जनसंचार माध्यमों ने बोफोर्स संबंधित सौदों सौदे और मामले सेना-जीवा के बारे में संदेह किया था, उसी समय श्री गांधी को विदेशमंत्री द्वय से इसकी पार्लामेंटरी जांच करानी चाहिए थी, परन्तु उल्टे उन्होंने टेलहमरोन को रवैया तथा ऐन-केन-प्रकारेण की नीति अपना कर अपने को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया ।

बम विस्फोट से एक घायल

श्रीनगर, 1 अगस्त (वार्ता): आरमूला जिले के सीमेंट नगर में काल एक घर में शक्तिशाली बम विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार अफ़ाक अहमद खान नामक इस व्यक्ति को यहां अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

आतंकवादियों को खदेड़ कर पंजाब को नम्बर एक राज्य बनाएंगे : रे

अमृतसर, 1 अगस्त (अशोक सोनी): राज्यपाल श्री रे ने कहा है कि जैसे हमने लोगों के सहयोग से आतंकवादियों को आपरेशन ब्लैक थंडर करके दरबार साहब से खदेड़ा है वैसे ही उन्हें लोगों के सहयोग से राज्य से भी खदेड़ देंगे और पंजाब को पुनः उसके पैरों पर खड़ा करके भारत का नम्बर एक का राज्य बनाएंगे । वह आज अमृतसर जिला के गांव बलाना में आयोजित चक्षु वितरण समारोह में नेत्रहीनों के विशाल समूह को सम्बोधित कर रहे थे ।

श्री रे अकालियों की आलोचना करते हुए कहा पंजाब में शांति की स्थापना के लिए अकालियों ने कोई अपना सक्रिय सहयोग नहीं दिया । यहां तक कि आपरेशन ब्लैक थंडर, जो आतंकवादियों को बाहर साहब से बाहर निकालने का उचित कदम था, की भी अकाली नेताओं ने निन्दा की और बादल, बरनाला, सुरजिन्दर सिंह समेत अधिकतर नेताओं ने सरकार को धमकी दे डाली कि अगर सरकार सरकार ने सेना को अन्दर नहीं भेजा तो वह उग्रवादियों के साथ मिल कर सेना का मुकाबला करेंगे ।

उन्होंने अजनाला के लोगों को विश्वास दिलाया कि आगामी दिसम्बर तक उनके गांव बलाड़िच में बिजली अजनाला सहकारी चीनी मिल शुरू कर दी जाएगी ।

श्री रे के भाषण से पूर्व गांव के भूतपूर्व सरपंच श्री जगीरी लाल ने गांव की समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र राज्यपाल के समक्ष पढ़ा एवं पेश किया जिसमें गांव में सड़कों, स्कूल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के समुचित प्रबंध करने की मांग की ।

बाद में श्री रे, जो कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति भी हैं, ने यहां विश्वविद्यालय परिसर में 82.70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सभा मंडल (आडिटोरियम) तथा युवा प्रशिक्षण तथा विकास केंद्र की आधारशिला रखी ।

केन्द्र की राज्यों को चेतावनी

नई दिल्ली, 1 अगस्त (ह.स.): प्रशासिक विकास

रे अचानक दिल्ली रवाना

अमृतसर, 1 अगस्त (ह.स.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे आज रात्रि विमान द्वारा दिल्ली चले गए । श्री रे के [illegible]

अनोखी दोस्ती—कलकत्ता के बाहरी क्षेत्र दक्षिणेश्वर में एक 'लंगूर' [illegible] हुए ।

स्वतंत्रता संघर्ष का अर्थ मासू की हत्याएं करना नहीं : ह

श्रीनगर, 1 अगस्त (अशोक): कश्मीरी उग्रवादी हाशिम क़ुरैशी ने कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अध्यक्ष अमनुल्ला खां की आलोचना की है तथा कहा है कि इसने जम्मू कश्मीर में जो सशस्त्र संघर्ष शुरू किया है, वह कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के मूल सिद्धांतों एवं कार्यक्रमों के विपरीत है । क़ुरैशी ने 1985 में अमनुल्ला खां से मतभेद होने के कारण ग्रुप से त्यागपत्र दे दिया था ।

हाशिम क़ुरैशी ने कहा है कि कश्मीर लिबरेशन फ्रंट जम्मू कश्मीर को भारत व पाक दोनों से मुक्त कराने तथा इसे स्वतंत्र संप्रभुता प्राप्त राज्य बनाने का पक्षधर है । संगठन का उद्देश्य उन सभी बाहरी ताकतों के विरुद्ध संघर्ष करना है जो प्रदेश को 'हथियाने' की कोशिश कर रही हैं ।

हाशिम क़ुरैशी ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में सशस्त्र संघर्ष के नाम पर अमनुल्ला खां के आदमी मासूम लोगों की हत्याएं कर रहे हैं । हाशिम क़ुरैशी ने कश्मीर में दो पत्रकारों को लिखे पत्र में इस आशय के विचार प्रकट किये हैं । हाशिम क़ुरैशी आजकल हालैंड में रह रहा है । हाशिम क़ुरैशी को पाकिस्तान से निष्कासित किया गया था ।

शरीफपुरा, अमृतसर बम कांड का अभियुक्त

हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल के तेजा खेड़ा स्थित बी.पी. सिंह, श्री राम कृष्ण हेगड़े, श्रीमती मेनका गांधी स्थिति पर विचार विमर्श करते हुए ।

बी. पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

303 करोड़ रुपए के तोप के 'गोलों' की खरीदारी में भी भारी 'कमीशन' ली गई है । इस बात का उत्तर श्री गांधी आज तक नहीं दे पाए हैं ।

पंजाब बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब की धरती के बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हो सकता है । इका सरकार पंजाब समस्या सुलझाने में पूरी तरह से असफल रही है । वर्तमान सरकार पंजाब बारे दोहरी नीति अपना रही है—एक तो जनता पर अत्याचार कर रही है, दूसरे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है तथा पर्दे के पीछे बातचीत कर रही है ।

उन्होंने कहा कि मिश्रा आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जोधपुर के बंदियों को चार वर्ष बाद छोड़ा जाना था पर अभी तक नहीं छोड़ा गया है । जब श्री गांधी पंजाब आए उस समय कुछ छोड़े गए । इस तरह के "तौर-तरीके" तो महाराजाओं के होते थे पर आज कल ये तरीके राजीव सरकार अपना रही है ।

हरियाणा सरकार की कारगुजारी बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह राज्य में इका की सभी सरकारों से बेहतर काम कर रही है तथा इसने जन-कल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की हैं ।

इसी अवसर पर उपस्थित श्रीमती मेनका गांधी से इका सरकार बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह सरकार कर्सी व कुप्रशासन की सरकार है तथा यह क्रम स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के सत्ता में आने से ही शुरू हो गया था । इससे पहले कि श्रीमती मेनका गांधी से कोई अन्य प्रश्न किया जाता उन्होंने उठ कर चलने की अनुमति मांग ली ।

बुश द्वारा भारत-पाक सम्बन्ध बेहतर होने की प्रशंसा

वाशिंगटन, 5 अगस्त (आई.ए.एन.एस.): अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों में कुछ सुधार होने की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इससे चार दशक पुरानी आशंकाओं और मतभेद दूर करने में मदद मिलेगी ।

भारत को कम्प्यूटर कोड प्राप्त

वाशिंगटन, 5 अगस्त (ए.पी.): अमरीका की एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार भारत उन नौ संवेदनशील देशों में से एक है, जिसने ऐसी अमरीकी प्रौद्योगिकी तथा कम्प्यूटर कोड हासिल किए हैं, जो परमाणु हथियारों को विकसित करने में उपयोगी होते हैं हालांकि कानूनन इस तरह के आंकड़े सीमित तौर पर ही जारी किए जा सकते हैं ।

मां द्वारा बेटे-बेटी की हत्या के बाद आत्महत्या

न्यूयार्क, 5 अगस्त (आई.ए.एन.एस.): चौंतीस वर्षीया भारतीय महिला अरुणा ने अपने दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली । ऐसा समझा जाता है कि इस वर्ष दो जुड़वां बच्चों को जन्म देने के बाद से ही वह उदास रहती थी ।

जिया की मृत्यु बारे गलतफ़हमियां पैदा करने का आरोप

इस्लामाबाद, 5 अगस्त (ह.स.): मरहूम जनरल जिया उल हक के सबसे बड़े बेटे इज़ाज़-उल हक ने भुट्टो सरकार पर अपने पिता की 'हत्या' के सिलसिले में गलतफ़हमियां पैदा करने का आरोप लगाया है । श्री हक ने सी-130 विमान दुर्घटना की जांच के विशेष समायोजक एफ.के. बंदियाल के इस दावे से भी असहमति जताई कि उनके पिता तथा दुर्घटना के

Punjabi Sa

के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए
हुआ मकान, जहां मुकाबला हुआ,
वादियों ने छिप कर फायरिंग की,
में घायल हो गए, का एक पुराना

खडूर साहब के निकट भीषण मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मरे, 3 सुरक्षा अधिकारी घायल

अन्यत्र बब्बर खालसा का सत्ता व एक अन्य उग्रवादी भी मारे गए

2 व्यक्तियों की हत्या : घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 6 अगस्त (वा., ह.स.): आज दिन में अमृतसर ज़िला में खडूर साहब के निकट हुई एक भीषण मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गए जबकि सुरक्षा बलों के तीन अधिकारी सख्त घायल हो गए । अन्यत्र बब्बर खालसा के दुर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता सहित 2 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । लोपोके क्षेत्र में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला पछाड़ दिया गया । एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया ।

3 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): जिला अमृतसर के गांव खडूर साहब में आज पुलिस तथा सुरक्षा बलों के जवानों की संयुक्त पार्टी की आतंकवादियों के साथ हुई भीषण भिड़ंत में तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि तीन सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए । घायलों में सी.आर.पी.एफ. की 33 बटालियन के कमांडैंट श्री एन.एन. मिश्रा, 84 बटालियन के डी.एस.पी. श्री आर.के. कश्यप तथा तरनतारन के डी.एस.पी. पंडित सीता राम शामिल हैं । इन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

पुलिस को सूचनाएं मिली थीं कि खडूर साहब में एक धर्मस्थान के निकट बने एक फ़ार्म हाऊस में कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं, जिस पर सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी ने फ़ार्म हाऊस को घेर लिया । यह कार्रवाई प्रातः 12.15 बजे शुरू हुई । इसी बीच आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । आतंकवादियों ने फ़ायरिंग के साथ-साथ हथगोले भी फैंके । आतंकवादियों की फ़ायरिंग से श्री मिश्रा की दाईं जांघ में गोली लगी । श्री कश्यप के सिर पर हथगोले या गोली का छर्रा लगा, जबकि डी.एस.पी. पंडित सीता राम की छाती के दाईं ओर गोली का घाव है तथा उनकी दशा गंभीर बताई जाती है । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में गोलियां बरसाने के अलावा हथगोलों का प्रयोग किया ।

चंडीगढ़ में राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने इस बात की पुष्टि की कि खडूर साहब के निकट हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं ।

किसान की हत्या : अमृतसर जिले के चंडाला गांव में कल रात उग्रवादियों ने एक किसान

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : गत रात ही थाना लोपोके के गांव कोहाली में आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया तथापि आतंकवादी, जिन्होंने राकेट से हमला किया और चीनी असाल्ट राइफलें भी इस्तेमाल कीं, सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने पर भाग निकले ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हुए हमले में एस.पी.ओ. जवान बलबीर सिंह तथा एक शहरी घायल हो गया ।

1 की हत्या, 2 घायल : पट्टी (सम्वाददाता): ज़िला अमृतसर में थाना पट्टी के गांव धारीवाल के निकट गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी व दो अन्य को घायल कर दिया । बताया जाता है कि पाल सिंह गांव चूसलेवड़, तवा सिंह गांव कारली, वसावा सिंह तथा निशान सिंह गांव लोपोके टैक्टर पर चूसलेवड़ से धारीवाल आ रहे थे कि रात को लगभग आठ बजे कुछ आतंकवादियों ने उनसे ट्रैक्टर मांगा । इन्कार करने पर इन्होंने गोलियां मार कर पाल सिंह की हत्या कर दी जबकि उसके साथी घायल हो गए । घायलों को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात ही थाना हरसे के क्षेत्र में एक आतंकवादी देवा सिंह पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया । मृतक पांच-छः माह से भगौड़ा था । उसके पास से ए.के. 47 राइफल की 100 गोलियां, विस्फोटक सामग्री के दो पैकेट तथा चार ट्रैवलम की गोलियां मिली हैं ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने चार आतंकवादियों सतनाम सिंह सत्ता, परमजीत सिंह, सुखदेव सिंह और बिक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक पिस्तौल व विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

राजोके क्षेत्र में पुलिस ने जो शस्त्र भंडार पकड़ा था, उसके संबंध में पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

सतनाम सिंह सत्ता मारा गया : गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि ज़िला गुरदासपुर में कहनुवान थाना के अंतर्गत गांव बड़ैच के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बब्बर खालसा गिरोह का खतरनाक आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता, जोकि पुलिस को 25 से अधिक हत्याओं के मामलों में वांछित था, मारा गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार बी.एस.एफ. व पंजाब पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव बड़ैच के पास संयुक्त घात लगा रखी थी कि रात के लगभग नौ बजे दो युवक आते दिखाई दिए । उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस को भी फ़ायरिंग करनी पड़ी । बाद में छानबीन करने पर एक खेत में एक लाश पड़ी मिली । लाश के पास से एक ए.के. 47, 2 मैगज़ीनें तथा काफी मात्रा में कारतूस पड़े मिले । मृतक की शिनाख्त सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी बटुरकलां के रूप में हुई है । उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गया ।

एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सतनाम सिंह सत्ता एक खतरनाक आतंकवादी था और बब्बर खालसा से संबंधित था । परन्तु इसने अपना एक अलग गिरोह भी बना रखा था और पुलिस जिला बटाला व गुरदासपुर में सक्रिय था । उसने अपने साथियों के साथ मिल कर गांव अट्टारी के सरपंच तथा उसके परिवार के दो सदस्यों की, गांव बटुर में हवलदार जोगिन्दर सिंह के परिवार के चार सदस्यों की, सैदपुर के पास मारुति वैन में सवार चार व्यक्तियों की, गांव ज़फ़रवाल में हरदयाल सिंह और अवतार सिंह की, गांव नैनाकोट में निरंजन सिंह, उसके पुत्र इन्द्र सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति जसवंत सिंह फौजी की, गांव बड़ैच के पास मदन लाल व महेन्द्रपाल की, गांव बबरी नंगल में अनूप सिंह, गांव कंग में लक्खा सिंह की, बुस्करवाल में एक ग्रंथी की, डोडरमल में ममताज अहमद की, गांव ज़फ़रवाल में कश्मीर सिंह और नौशहरा मज्जा सिंह में कपाल

तलवंडी अकाली दल द्वारा अपने पार्टी-संविधान में कोई भी संशोधन करने से इन्कार

चंडीगढ़, 6 अगस्त (परवाना): तलवंडी अकाली दल ने अपनी पार्टी के संविधान में किसी भी प्रकार का संशोधन करने से इंकार कर दिया है । इस सम्बन्ध में निर्णय दल की कार्यकारिणी की बैठक में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी ने की ।

पार्टी के महामंत्री श्री मनजीत सिंह कलकत्ता के अनुसार यह निर्णय आम राय के आधार पर किया गया । उन्होंने कहा कि मीरी और पीरी के सिद्धांत में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा । दल ने जत्थेदार तलवंडी को अधिकार दे दिया है कि यदि वह चुनाव आयोग को अपने अकाली दल के पंजीकरण के लिए कोई आवेदन देना चाहें तो वे इस बारे में पग उठा सकते हैं, लेकिन पार्टी धर्म-निरपेक्षता, समाजवाद और लोकतंत्र पर विश्वास के नाम पर अपने संविधान में परिवर्तन नहीं करेगी ।

बैठक में एक प्रस्ताव पारित करके पंजाब के राज्यपाल पर आरोप लगाया गया कि वह राजनीति अधिकार नहीं कि वह वरिष्ठ अकाली नेताओं प्रकाश सिंह बादल और जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा पर घटिया प्रकार के आरोप लगाएं । यह भी आरोप लगाया गया कि सरकार अपने राजनीतिक लाभ के लिए पंजाब से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं करना चाहती । उग्रवाद समाप्त करने के लिए सरकार को सिखों के दिल जीतने होंगे । अकाली दल कई बार स्पष्ट कर चुका है कि वह हर प्रकार की हिंसा के विरुद्ध है । सरकार जानबूझ कर आनंदपुर प्रस्ताव को उछाल रही है तथा वह इससे लोकसभा चुनाव में राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है ।

यह भी आरोप लगाया गया कि सरकार नज़रबंद नेता सुखजिन्दर सिंह के केस में न्याय पालिका के निर्णय पर टालमटोल से कार्य ले रही है । इससे पूर्व स्थानीय एक गुरुद्वारे में भाई शमिन्दर सिंह, मेवा सिंह गिल और चरणजीत सिंह अटवाल को सरोपे देकर सम्मानित किया गया । इन तीनों नेताओं ने लोकसभा से बोफोर्स स्कैंडल पर



(ऊपर) भारत
से कुछ के शव

भारत
निक

शिमला, 6
मार्ग पर यहां से
निकट हुए भीषण
बस यात्रियों के
जारी रही । दुर्घ
में एक भारी चट्टा
लोक निर्माण

Punjabi Sanatan

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह की हत्या की थी । सतनाम सिंह 'सत्ता' का गिरोह शस्त्र-लूटने की वारदातों में भी वांछित था ।

आतंकवादियों से भिड़ंत : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना गोराया के गांव घुड़काकलां स्थित पुलिस की गश्ती पार्टी व कुछ आतंकवादियों में भिड़ंत होने की सूचना मिली है । इस भिड़ंत के दौरान दोनों तरफ से कोई भी घायल नहीं हुआ ।

इस संबंध में ज़िला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गोराया की एक पुलिस पार्टी गश्त पर थी और रात के लगभग नौ बजे उक्त गांव में कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूमते दिखाई दिए, जोकि बैटरी कभी जला रहे थे और कभी बुझा रहे थे । गश्ती दल ने संदेह होने पर उन्हें रुकने को कहा, परन्तु इन संदिग्ध आतंकवादियों ने तुरंत रुकने की जगह पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिस पर पुलिस के गश्ती दल ने भी जवाबी गोलीबारी की । आतंकवादी अंधेरे का लाभ लेते हुए फ़रार होने में सफल हो गए । मुकाबले के बाद सूचना मिलने पर भारी पुलिस फ़ोर्स मौका पर पहुंच गई, परन्तु पुलिस की उस क्षेत्र में घेराबंदी के बाद तलाश करने पर इन आतंकवादियों का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका ।

जालंधर जिला में जरनैल सिंह, गुरजीत सिंह तथा चरणजीत सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

छापे, तलाशियां : फगवाड़ा (कौड़ा): आज तड़के सुरक्षा बलों ने निकटवर्ती गांव रावलपिंडी में अनेक स्थानों पर छापे मारे । घर-घर की तलाशियां लीं । यह छापे आतंकवादियों व उनके संभावित ठिकानों की तलाश में मारे गए । पता चला है कि कुछ संदिग्ध नौजवानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया ।

घुसपैठिया मरा : फिरोज़पुर सीमा क्षेत्र में एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

बंदूक छीनी : ज़ीरा (शर्मा): धर्मकोट पुलिस ने सच्चा सिंह वल्द सरवन सिंह वासी कन्नियां थाना धर्मकोट से एक बंदूक 12 बोर और 3 कारतूस बरामद किए । एक अन्य वारदात में दो सशस्त्र व्यक्ति 2-3 अगस्त की मध्य रात्रि पिप्पल सिंह वासी निहालके थाना मक्खू के घर गए तथा उसको लाइसैंसी बंदूक उनके हवाले करने के लिए कहा । आवाज़ सुन कर उसका लड़का बलजीत सिंह उठ बैठा और उसने टार्च से अज्ञात व्यक्तियों पर रोशनी की, जिस पर आतंकवादियों ने बंदूक से फ़ायर किए, जिससे बलजीत सिंह घायल हो गया लेकिन उसने एक आतंकवादी को, जिसका नाम लड्डू है, पहचान लिया । आतंकवादी पिप्पल सिंह की बंदूक छीन कर भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

हथियार छीन लिए : आतंकवादियों ने थाना धर्मकोट के गांव कोट सदर खां में एक व्यक्ति बलदेव सिंह के घर से एक लाइसैंसी बंदूक, 10 कारतूस, एक रिवाल्वर व 6 कारतूस छीन लिए । वह एक कार पी.सी.ओ. 4900 भी ले गए । ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं ।

रिबैरो लुधियाना में नागरिकों की बैठक में भाग लेंगे

लुधियाना, 6 अगस्त (महिन्द्रा): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो 11 और 12 अगस्त को लुधियाना ज़िला के प्रमुख नागरिकों की बैठक में शामिल होंगे । सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री रिबैरो ने लुधियाना में सरकारी अधिकारियों तथा प्रमुख नागरिकों की बैठक इसलिए बुलाई है ताकि करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि तथा पार्कों पर जो अवैध कब्जे हैं, उन्हें हटाया जा सके । ज्ञात हुआ है कि श्री रिबैरो ज़िला शिकायत समिति के सदस्यों को भी सम्बोधित करेंगे ।

गुरदासपुर का बलजीत कुमार वर्मा, जिसने एम.ए. इंगलिश में 469/900 अंक लेकर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

होशियारपुर के होनहार छात्र रजनीकांत शर्मा, जिन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय की एम.ए. संस्कृत की परीक्षा में 542/800 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

शिलाओं के कारण बाधा

(पृष्ठ 3 का शेष)

ऊपर से चट्टानें गिरने से 50 से अधिक यात्री मलबे के नीचे दब गए ।

इस बीच हिन्दुस्तान-तिब्बत मार्ग पर यातायात को पुनः बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है तथा लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी तथा बुलडोजर इस खतरनाक मार्ग पर अत्यन्त कठिन स्थितियों में सड़क से मलबे की सफाई तथा सड़क की मुरम्मत के काम में लगे हैं । अभी भी इस क्षेत्र में भारी पत्थर सड़क के ऊपरी क्षेत्रों में खतरनाक ढंग से चट्टानों पर अटके पड़े हैं, जो कभी भी नीचे आ सकते हैं । इनके कारण भी बचाव कार्य में बाधा आ रही है ।

हृदय द्रावक दृश्य : मतियाना में निकाले गए 22 शवों में से 20 शव आज यहां शव परीक्षण के लिए लाए गए । 9 शव उनके निकट सम्बन्धियों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए हैं । 11 मृतकों के सम्बन्धी यहां नहीं पहुंच पाए थे । 4 शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी ।

आज एक और घायल की अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस व्यक्ति की शिनाख्त श्री रूप सिंह के रूप में की गई है । सड़क के नीचे एक और शव देखा गया है, जिसे अभी निकाला नहीं जा सका ।

यह भी बताया गया है कि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी चट्टानों में खतरनाक ढंग से अटके पत्थरों को कल विस्फोट करके उड़ा देंगे ताकि मलबे के नीचे अभी भी दबे अन्य शव निकाल सकें ।

4 पुलिस कर्मी रिश्वत के आरोप में निलम्बित

लुधियाना, 6 अगस्त (महिन्द्रा): पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने चार पुलिस कर्मचारी रिश्वत लेने के आरोप में निलम्बित किए हैं तथा जगराओं के पुलिस निरीक्षक को आदेश दिया है कि वह इन सबके

जितनी जल्दी इंक

लिए उतना ही अ

चंडीगढ़, 6 अगस्त (ह.स.): जन कार्यवाहक प्रधान सुब्रह्मण्यम स्वामी श्री राजीव गांधी एक अकुशल प्रधान जितनी जल्दी इंका शासन समाप्त होगा उतनी ही अच्छी बात है ।

आज यहां पत्रकार सम्मेलन क करते हुए उन्होंने कहा कि श्री गांधी बेरोज़गारी बढ़ी है, कीमतें आसमान छू कानून व्यवस्था पंगु हो गई है ।

डा. स्वामी ने कहा कि आगाम चुनावों के बाद न तो इंका और न ही अपनी सरकार बना पाएंगे । उन्होंने की कि उनकी पार्टी 25 सीटें अवश्य उनकी पार्टी चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोज़ के मामलों को उठाएगी ।

उन्होंने कहा कि "इंका व जनता हैं--मात्र नाम भिन्न हैं ।"

ताजपोशी सम्भावित

(पृष्ठ 3 का शेष)

चौटाला समर्थकों को विश्वास है ज्यादा दिन उपेक्षित नहीं रहना पड़ेगा लोकसभा चुनाव की मजबूरी चौटाला पद तक खींच कर ले जाएगी । सूत्र बत लाल को उनके पुराने साथी व अकाली सिंह बादल ने सलाह दी है कि चौटाला बनाने की अपनी योजना लोकसभा स्थगित कर दें । सभी को चौंकाने की विश्वास करने वाले चौ. देवी लाल ऊंट बिठा दें, कोई भी दावे के साथ कु सकता ।

चौ. रण सिंह मान को 'सत्ताच्युत' उन लोगों को कोई हैरानी नहीं हुई है, लाल को प्रताप सिंह कैरों के समय से ज उनकी कार्यशैली की परख रखते हैं । कहना है कि इस परिवार ने हर उस मिट्टी सुंघाई है, जो उनके साथ व रहा । अब मान का नाम भी इस शृंखला है । अवतार सिंह भड़ाना, तैयब हुसैन सिंह जैसे पराने कांग्रेसियों को देवी लाल करते रहे हैं और अब न्याय-युद्ध सेनानि क्यों बदबू आती है, इस बात को उनके न

Punjabi Sanatan

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

अमरनाथ, वैष्णोदेवी, श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग, डीलक्स बस किराया 425/-, रवानगी 12 अगस्त, मिलें : श्री राजदेवी मंदिर, चौक निमवाला, लुधियाना ।

गुमशुदा

बिल्टी नं. 33/1741, गुम हो गई है । यदि इसका कोई इस्तेमाल करेगा, तो अपर आसाम रोडवेज कार्पोरेशन, इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर जिम्मेदार नहीं होगा ।

डिया की शाखा को आतंकवादियों
(तीर से चिन्हित) जिसे लूटने का
बी.एस. रावत का बिखरा हुआ
(छाया : पुरी)

3 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये : बैंक के गनमैन सहित 5 की हत्या

बिजली बोर्ड के कार्यालय से 90000 नगद, 55000 रुपए मूल्य के चैक लूटे

अमृतसर खालसा कालेज के छात्र व एक व्यापारी का अपहरण

पटियाला में उग्रवादी घायलावस्था में ही फरार

चंडीगढ़, 7 अगस्त (वा., ह.स.): रात रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गए जिनमें से 2 खालिस्तान कमांडो फोर्स के बख्शीश सिंह गिरोह के सदस्य थे । खड्डर साहब में मारे गए तीन आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडोफोर्स का स्वयंभू ले. जनरल लखविंदर सिंह लक्खा भी शामिल था । अन्य वारदातों में एक बैंक के गनमैन सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक कालेज छात्र व एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया और बिजली बोर्ड का एक कार्यालय लूट लिया गया ।

बैंक के गनमैन की हत्या : सभी के अनुसार चंडीगढ़ के इंडस्ट्रीयल एरिया के फेज-II में स्थित न्यू बैंक आफ इंडिया की ब्रांच को लूटने आये तीन आतंकवादियों ने आज सुबह बैंक के गनमैन बी.एस. रावत (40) की गोली मार कर हत्या कर दी लेकिन बैंक के एक क्लर्क की सूझबूझ के कारण वह बैंक को लूटने में सफल न हो सके ।

प्राप्त सूचना के अनुसार 4 आतंकवादी आज सुबह 10.15 बजे के करीब बैंक में आये, जिनमें से 2 आतंकवादियों ने गनमैन को घेर कर उसकी दोनाली बंदूक छीन ली और एक बैंक में खाता खुलवाने के बहाने अंदर दाखिल हो गया । बैंक के अंदर दाखिल हुआ आतंकवादी जैसे ही कैश काउंटर की ओर बढ़ने लगा तो एक कर्मचारी ने सुरक्षा के लिए बैंक में लगे 'हूटर' को बजा दिया । हूटर की आवाज सुनते ही आतंकवादी घबरा गया और भागने का प्रयत्न किया । मौका पाकर गनमैन ने एक आतंकवादी को दबोचने में सफलता प्राप्त कर ली लेकिन बैंक से बाहर आते समय एक आतंकवादी ने अपने एक साथी को जब गनमैन की पकड़ में देखा तो उसने रिवाल्वर निकाल कर गनमैन को गोली मार दी, जो कि उसके सिर में लगी । गनमैन मौके पर ही दम तोड़ गया । आतंकवादी स्कूटरों पर बैठ कर फरार हो गये । प्राप्त सूचना के अनुसार एक आतंकवादी स्कूटरों के पास ही खड़ा रहा । फरार होते समय एक आतंकवादी ने गनमैन की दोनाली बंदूक भी उठा ली लेकिन कुछ ही दूरी पर जाकर उन्होंने बंदूक को फैंक दिया । इन आतंकवादियों, जिनकी आयु 22 से 25 वर्ष के बीच थी, में से 2 ने पगड़ी पहनी हुई थी । सूचना मिलने पर एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.पी. सिंह व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये तथा शहर में सभी वाहनों की छानबीन शुरू कर दी ।

ज्ञात रहे कि पहले भी 2 बार इस बैंक में डाका डालने का प्रयास हो चुका है लेकिन तब भी वहां से कोई रकम लूटी नहीं जा सकी थी ।

दोपहर बाद चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री पी.के. वर्मा और आई.जी. श्री गुरचरण सिंह ने एक पत्रकार सम्मेलन में इस वारदात की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक की छानबीन से पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि इस वारदात में आतंकवादियों का हाथ नहीं है । उन्होंने कहा कि चूंकि आज इंडस्ट्रीयल एरिया में वेतन दिवस था और बैंक में काफी राशि का लेन-देन हो रहा था अत: लुटेरों ने बैंक को लूटने के लिए आज का दिन चुना ।

जिसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम घोषित था । वह अनेक आतंकवादी वारदातों तथा सीमा पार से हथियारों की तस्करी में पुलिस को वांछित था ।

विद्यार्थी का अपहरण : एक अन्य सूचना के अनुसार आज प्रात: 11 बजे के लगभग मारुति कार में सवार तीन आतंकवादी अमृतसर के खालसा कालेज परिसर से एक विद्यार्थी (हिन्दू) का अपहरण करके कार में डाल कर ले गये । वह वैंमिस्ट्री ब्लाक में रहता था । उसका नाम सुरेंद्र पाल बताया गया है ।

ट्रक छीनने वाले गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन श्री बलदेव सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि थाना सदर तरनतारन की पुलिस ने रात के समय नाकाबंदी करके दो आतंकवादियों दलजीत सिंह उर्फ अदली तथा रछपाल सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया, जो कि गांव चुटाला के रहने वाले हैं । इन्होंने 30 जून को एक ट्रक नम्बर पी.बी.एन.जी. 1577 गांव चुटाला में छीना था । पुलिस ने ट्रक भी बरामद कर लिया है ।

व्यापारी का अपहरण : रात रात जंडियाला शेर में मेन जी.टी. रोड पर एक स्थानीय व्यापारी श्यामोहन आहूजा का 7-8 आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि श्री आहूजा कल रात अपने एक संबंधी राजेंद्र आहूजा के साथ कार में जालंधर से आ रहे थे कि नवांकोट के निकट नाले के पुल पर आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया, जबकि राजेंद्र आहूजा, जो कि कार चला रहे थे, एक ट्रक के बीच पहुंचने का लाभ उठा कर बच निकलने में सफल रहे । आतंकवादी श्री जगमोहन आहूजा को साथ ले गये । सुरक्षा बल अभी तक उनका पता नहीं चला सके ।

2 भाइयों की हत्या : आज प्रात: मजीठा पुलिस जिला के गांव ढाडियां में आतंकवादियों ने 2 भाइयों सुखदेव सिंह तथा देवेंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बूह में आतंकवादी मरा : कल रात थाना हरिके के गांव बूह में एक अज्ञात आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला (गुरदासपुर) पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 3 संदिग्ध लोगों बलकार सिंह (अली शेख), बेअंत सिंह (बरशोला) व नत्थूराम (शेख कबीर) को गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कठियाल में खोजबीन के दौरान पुलिस व बी.एस.एफ. की एक फार्म हाउस के निकट छुपे आतंकवादियों से रात रात मुठभेड़ हो गई और जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकवादी बच कर भागने में सफल हो गये । क्षेत्र

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अकाली दल (लौं. व त.) संशोधित कानून के तहत चुनाव आयोग के पास पंजीकृत होना मान गए

चंडीगढ़, 7 अगस्त (एन.एस. परवाना): पता चला है कि "कौंसिल आफ सिख अफेयर्ज" की राय को मान कर अकाली दल (लौ.) तथा अकाली दल (त) चुनाव लड़ने के लिए जन प्रतिनिधित्व कानून के संशोधन के अनुसार चुनाव आयोग के पास पंजीकृत होना मान गए हैं । परन्तु वे न तो पार्टी संविधान में संशोधन करेंगे व न ही 'मीरी एवं पीरी' के सिद्धांत में परिवर्तन करेंगे ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार अकाली दल (लौ.) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला तथा अकाली दल (त.) के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी 14 अगस्त से पूर्व चुनाव आयोग के पास अलग-अलग आवेदन देंगे, जिनमें यह कहा जाएगा कि उन्हें देश की एकता-अखंडता कायम रखने व भारतीय संविधान में पूरा विश्वास है । सिख धर्म शुरू से ही धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक व समाजवादी रहा है ।

श्री बरनाला पहले ही अपनी पार्टी के पंजीकरण की तरफ संकेत कर चुके हैं जबकि श्री तलवंडी को पार्टी की कार्य समिति ने कोई भी कदम उठाने का अधिकार गत दिवस दे दिया है । जहां तक अकाली दल (मान) का प्रश्न है उस बारे कुछ दिन पूर्व आयोग ने संशोधन किए बिना पार्टी को पंजीकृत कराने का आवेदन दिया जाए व चुनाव लड़े जाएं । यदि आयोग किसी कारण आवेदन रद्द कर देता है तो यह मामला आयोग पर केंद्र का बन जाएगा तथा इसे अकाली राजनीतिक हथियार के तौर पर प्रयोग कर सकेंगे ।

भटिंडा, (ह.स.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष व पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा है कि बोफोर्स तोप सौदे के मामले में सी.ए.जी. की रिपोर्ट के दृष्टिगत प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए । कल संगत मंडी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में इंका को पराजय देने के लिए राष्ट्रीय मोर्चा का साथ देगी ।

लुधियाना (धीमान): श्री बरनाला ने कहा है कि दो तीन अकाली दल पंजीयन के लिए चुनाव आयोग को आवेदन देंगे क्योंकि इस उद्देश्य के लिए उन्हें अपने संविधान में कोई तबदीली नहीं करनी पड़ेगी ।

2-3 दिन में पंजीकरण करवा लेंगे : गिल

लुधियाना में आज सायं अकाली दल

Punjabi Sanjha

पटियाला में उग्रवादी घायलावस्था में ही फरार

चंडीगढ़, 7 अगस्त (वा., ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गए जिनमें से 2 खालिस्तान कमांडो फोर्स के बख्शीश सिंह गिरोह के सदस्य थे । खड्डर साहब में मारे गए तीन आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडोफोर्स का स्वयंभू ली. जनरल लखविंदर सिंह लक्खा भी शामिल था । अन्य वारदातों में एक बैंक के गनमैन सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक कालेज छात्र व एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया और बिजली बोर्ड का एक कार्यालय लूट लिया गया ।

बैंक के गनमैन की हत्या : 'संपी' के अनुसार चंडीगढ़ के इंडस्ट्रीयल एरिया के फेज-II में स्थित न्यू बैंक आफ इंडिया की शाखा को लूटने आये तीन आतंकवादियों ने आज सुबह बैंक के गनमैन बी.एस. रावत (40) की गोली मार कर हत्या कर दी लेकिन बैंक के एक क्लर्क की सूझबूझ के कारण वह बैंक को लूटने में सफल न हो सके ।

प्राप्त सूचना के अनुसार 4 आतंकवादी आज सुबह 10.15 बजे के करीब बैंक में आये, जिनमें से 2 आतंकवादियों ने गनमैन को घेर कर उसकी दोनाली बंदूक छीन ली और एक बैंक में खाता खुलवाने के बहाने अंदर दाखिल हो गया । बैंक के अंदर दाखिल हुआ आतंकवादी जैसे ही कैश बाक्स की ओर बढ़ने लगा तो एक कर्मचारी ने सुरक्षा के लिए बैंक में लगे 'हूटर' को बजा दिया । हूटर की आवाज सुनते ही आतंकवादी घबरा गया और भागने का प्रयत्न किया । मौका पाकर गनमैन ने एक आतंकवादी को दबोचने में सफलता प्राप्त कर ली लेकिन बैंक से बाहर आते समय एक आतंकवादी ने अपने एक साथी को जब गनमैन की पकड़ में देखा तो उसने रिवाल्वर निकाल कर गनमैन को गोली मार दी, जो कि उसके सिर में लगी । गनमैन मौके पर ही ढेर हो गया । आतंकवादी स्कूटरों पर बैठ कर फरार हो गये । प्राप्त सूचना के अनुसार एक आतंकवादी स्कूटरों के पास ही खड़ा रहा । फरार होते समय एक आतंकवादी ने गनमैन की दोनाली बंदूक भी उठा ली लेकिन कुछ ही दूरी पर जाकर उन्होंने बंदूक को फैंक दिया । इन आतंकवादियों, जिनकी आयु 22 से 25 वर्ष के बीच थी, में से 2 ने पगड़ी पहनी हुई थी । सूचना मिलने पर एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.पी. सिंह व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये तथा शहर में सभी वाहनों की छानबीन शुरू कर दी ।

ज्ञात रहे कि पहले भी 2 बार इस बैंक में डाका डालने का प्रयास हो चुका है लेकिन तब भी वहां से कोई रकम लूटी नहीं जा सकी थी ।

दोपहर बाद चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री पी.के. वर्मा और आई.जी. श्री गुरचरण सिंह ने एक पत्रकार सम्मेलन में इस वारदात की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक की छानबीन से पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि इस वारदात में आतंकवादियों का हाथ नहीं है । उन्होंने कहा कि चूंकि आज इंडस्ट्रीयल एरिया में वेतन दिवस था और बैंक में काफी राशि का लेन-देन हो रहा था अतः लुटेरों ने बैंक को लूटने के लिए आज का दिन चुना ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गुरचरण सिंह ने कहा कि इस वारदात को शीघ्र हल कर लिये जाने की उम्मीद है । इस बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि अभी तक जो सुराग मिले हैं, उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना ठीक नहीं होगा । उन्होंने कहा कि पुलिस के दल इन लुटेरों का पता लगाने के लिए पड़ौसी राज्यों में भी भेजे गये हैं ।

बैंक के गनमैन बिशन सिंह रावत की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से उसका नाम वीरता पुरस्कार के लिए भेजने का निर्णय किया गया है । इसके अलावा उसके परिवार के सदस्यों को प्रशासन तथा बैंक की ओर से वित्तीय सहायता दी जाएगी । पंजाब व हरियाणा की पुलिस की ओर से चंडीगढ़ पुलिस को सूचना दिये बगैर शहर में आकर छापे मारने से पैदा होने वाली भ्रांतियों के बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री वर्मा ने बताया कि प्रशासन ने इसका गम्भीरता से नोटिस लिया है और सभी राज्यों की पुलिस से कहा है कि वह किसी भी जगह छापा मारने या किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पूर्व क्षेत्र के संबंधित थाने में कम से कम उसकी सूचना जरूर दे ।

वित्तीय सहायता : आज सुबह आतंकवादियों की ओर से मारे गये गनमैन बिशन सिंह रावत के परिवार को चंडीगढ़ प्रशासन ने 5,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की है ।

2 आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना बल्टोहा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने गांव बरनाला और भाई लद्दू के मध्य सड़क पर रात के समय नाकाबंदी कर रखी थी कि रात 12 और 1 बजे के मध्य दो आतंकवादी स्कूटर पर सवार उधर से गुजरे, जब नाकाबंदी पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए ललकारा तो वह ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करने लगे । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गये । लाशों के पास एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा 8 भरे हुए मैगजीन मिले । पुलिस ने जो स्कूटर कब्जे में लिया है, उसका नम्बर पी.आई.डी. 6200 है । एक सूचना के अनुसार मारे गये दोनों आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के खूंखार बख्शीश सिंह

ट्रक छीनने वाले गिरफ्तार : एस.एस.पी. तरनतारन श्री बलदेव सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि थाना सदर तरनतारन की पुलिस ने रात के समय नाकाबंदी करके दो आतंकवादियों दलजीत सिंह उर्फ अदली तथा रछपाल सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया, जो कि गांव चुटाला के रहने वाले हैं । इन्होंने 30 जून को एक ट्रक नम्बर एच.एन.जी. 1577 गांव चुटाला में छीना था । पुलिस ने ट्रक भी बरामद कर लिया है ।

व्यापारी का अपहरण : गत रात जंडियाला क्षेत्र में मेन जी.टी. रोड पर एक स्थानीय व्यापारी जगमोहन आहूजा को 7-8 आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि श्री आहूजा कल रात अपने एक संबंधी राजेंद्र आहूजा के साथ कार में जालंधर से आ रहे थे कि नवांकोट के निकट नाले के पुल पर आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया, जबकि राजेंद्र आहूजा, जो कि कार चला रहे थे, एक ट्रक के वहां पहुंचने का लाभ उठा कर बच निकलने में सफल रहे । आतंकवादी श्री जगमोहन आहूजा को साथ ले गये । सुरक्षा बल अभी तक उनका पता नहीं चला सके ।

2 भाइयों की हत्या : आज प्रातः मजीठा पुलिस जिला के गांव डाडियां में आतंकवादियों ने 2 भाइयों सुखदेव सिंह तथा देवेंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बूह में आतंकवादी मरा : कल रात थाना हरिके के गांव बूह में एक अज्ञात आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला (गुरदासपुर) पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 3 संदिग्ध लोगों बलकार सिंह (अली शेख), बेअंत सिंह (बरशीला) व नत्थूराम (शेख कबीर) को गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कठियाल में खोजबीन के दौरान पुलिस व बी.एस.एफ. की एक पार्टी हाकम के निकट छुपे आतंकवादियों से गत रात मुठभेड़ हो गई और जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकवादी बच कर भागने में सफल हो गये । शेष

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अकाली दल (लौं. व त.) संशोधित कानून के तहत चुनाव आयोग के पास पंजीकृत होना मान गए

चंडीगढ़, 7 अगस्त (एस.एस. परवाना): पता चला है कि 'कौंसिल आफ सिख अफेयर्ज' की राय को मान कर अकाली दल (लौं.) तथा अकाली दल (त.) चुनाव लड़ने के लिए जन प्रतिनिधित्व कानून के संशोधन के अनुसार चुनाव आयोग के पास पंजीकृत होना मान गए हैं । परन्तु वे न तो पार्टी संविधान में संशोधन करेंगे व न ही 'मीरी एवं पीरी' के सिद्धांत में परिवर्तन करेंगे ।

सूत्रों के अनुसार अकाली दल (लौं.) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला तथा अकाली दल (त.) के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी 14 अगस्त से पूर्व चुनाव आयोग के पास अलग-अलग आवेदन देंगे, जिनमें यह कहा जाएगा कि उन्हें देश की एकता-अखंडता कायम रखने व भारतीय संविधान में पूरा विश्वास है । सिख धर्म सदा से ही धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक व समाजवादी रहा है ।

श्री बरनाला पहले ही अपनी पार्टी के पंजीकरण की तरफ संकेत कर चुके हैं जबकि श्री तलवंडी को पार्टी की कार्य समिति ने कोई भी कदम उठाने का अधिकार गत दिवस दे दिया है । जहां तक अकाली दल (मान) का प्रश्न है उसने कुछ दिन पूर्व आयोग को यह स्पष्ट कहा था कि इस नाम की पार्टी की उसे कोई जानकारी नहीं है और न ही यह बात रिकार्ड में दर्ज है कि श्री सिमरनजीत सिंह मान को कब किसी दल का प्रधान चुना गया था ।

'सिख अफेयर्ज कौंसिल' में सेवानिवृत्त मेजर जन. गुरबख्श सिंह, सेवा निवृत्त न्यायाधीश गुरदेव सिंह, न्यायाधीश श्री आर.एस. बिन्दरा, पूर्व महाधिवक्ता श्री अजीत सिंह सरहदी तथा सेवा निवृत्त मेजर जन. श्री महेंद्र सिंह शामिल हैं । कौंसिल ने कुछ समय पूर्व सभी अकाली दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई थी जिसमें यह राय व्यक्त की गई थी कि अकाली दल के मूल संविधान में संशोधन किए बिना पार्टी को पंजीकृत कराने का आवेदन दिया जाए व चुनाव लड़े जाएं । यदि आयोग किसी कारण आवेदन रद्द कर देता है तो यह मामला आयोग पर कोर्ट का दबाव डालेगा तथा इसे अकाली राजनीतिक हथियार के तौर पर प्रयोग कर सकेंगे ।

भटिंडा, (ह.स.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष व पंजाब के पूर्वमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कहा कि बोफोर्स तोप सौदे के मामले में सी.बी.आई. की रिपोर्ट के दृष्टिगत प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए । कल संगत मंडी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में इंका को पराजय देने के लिए राष्ट्रीय मोर्चा का साथ देगी ।

लुधियाना (धीमान): श्री बरनाला ने कहा है कि दो तीन अकाली दल पंजीयन के लिए चुनाव आयोग को आवेदन देंगे क्योंकि इस उद्देश्य के लिए उन्हें अपने संविधान में कोई तबदीली नहीं करनी पड़ेगी ।

2-3 दिन में पंजीकरण करवा लेंगे : गिल

लुधियाना में आज सायं अकाली दल तलवंडी के परामर्शदाता श्री मेवा सिंह गिल भूतपूर्व संसत्सदस्य ने घोषणा की कि उनका अकाली दल दो तीन दिन में चुनाव आयोग के पास पंजीकरण करा लेगा ।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी प्रत्येक उस पार्टी की सहायता करेगी, जो कांग्रेस (इ) को हटाने में अग्रसर होगी । वे यहां श्री चरणजीत सिंह अटवाल के साथ अकाली बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे, जिसमें संसद से त्यागपत्र देने पर उन्हें सम्मानित किया गया । उन्हें सिरोपे भी दिए गए ।

सोमनाथ मंदिर की तरह राम जन्म भूमि मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जाए : अडवानी

नई दिल्ली, 7 अगस्त (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के श्री लाल कृष्ण अडवानी ने 'इतिहास की गलती' सुधारने के लिए सोमनाथ मंदिर की तरह ही राम जन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण करने की अपील की है । गृहमंत्री बूटा सिंह के राज्यसभा में दिए गए वक्तव्य पर स्पष्टीकरणों के दौरान श्री अडवानी ने कहा कि महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू की सहमति से तत्कालीन गृहमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया । यही प्रक्रिया राम जन्मभूमि मंदिर के मामले में भी अपनाई जानी चाहिए ।

श्री अडवानी ने कहा कि धर्म-निरपेक्षता का मतलब किसी एक वर्ग को खुश करना नहीं वरन् सबके साथ न्याय करना है । उन्होंने आरोप लगाया कि शाहबानो के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद दंड प्रक्रिया में संशोधन कर सरकार ने धर्म-निरपेक्षता की भावना को कमजोर किया है ।

श्री अडवानी ने कहा कि तुष्टिकरण की यही नीति देश की एकता तथा अखंडता के लिए खतरा है । उनका कहना था कि अदालत के निर्णय से पहले भी कई बार स्थिति बिगड़ी ही है । उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थायी समाधान केवल बातचीत से

की कि वे राजनीतिक लाभ के लिए साम्प्रदायिक तथा कट्टरपंथी ताकतों से चुनाव समझौता नहीं करें ।

जनता पार्टी के डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि बाबरी समिति ने अदालत के फैसले को स्वीकार करने की घोषणा की है, जबकि हिंदू परिषद इसे ठुकराने पर तुली हुई है । उन्होंने कहा कि अगर परिषद आगामी सितम्बर के अपने अयोध्या कूच के फैसले को वापस नहीं लेती है तो उसके नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिए ।

अम्बानी केस सी.बी.आई. को सौंपने पर रोक

बम्बई, 7 अगस्त (ह.स.): बम्बई उच्च न्यायालय ने बाम्बे डाईंग के अध्यक्ष नुसली वाडिया की हत्या की साजिश के मामले में सी.बी.आई. के जांच कार्य पर कल तक के लिए अंतरिम स्थगनादेश दे दिया है । रिलायंस उद्योग समूह के एक उच्च अधिकारी कीर्ति अम्बानी पर यह साजिश रचने का आरोप है ।

दूसरी ओर आज महाराष्ट्र के गुप्तचर विभाग

Punjabi Sahara

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

ीन के दौरान एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट बरामद हुई ।

तंकवादी घायल : पटियाला (भूषण): टियाला में एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी लों की गोली से घायल हो गया तथापि वह स्था में ही फरार हो गया ।

धयाना पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर का तथा कुछ कारतूस बरामद किये ।

न गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने तीन ादियों जरनैल सिंह, मक्खन सिंह व दर्शन गिरफ्तार करके उनसे दो दोनाली बंदूकें, गल बैरल गन तथा कारतूस बरामद किये ।

स्कूटर, नकदी छीनी : खन्ना (सहगल): खन्ना के निकट पिस्तौल की नोक पर आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर पी.ए.एल. 3234 बजाज चेतक तथा 25 हजार रुपए नकद छीन लिये व फरार हो गये । बताया जाता है कि आज दोपहर 11½ बजे खन्ना के माडर्न सैनिटरी स्टोर के मालिक श्री शविंदर सिंह यहां से 7-8 किलोमीटर दूर भड़ी में बैंक की किस्त जमा कराने जा रहे थे कि रास्ते में 2 आतंकवादियों ने उनसे स्कूटर छीन लिया । रकम भी स्कूटर की डिग्गी में रखी हुई थी । थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है परन्तु सुराग नहीं मिला ।

डाक्टर की हत्या : आज बाद दोपहर रोपड़ में दो आतंकवादियों ने एक डाक्टर के. आर. सिंगला की उसके प्राइवेट नर्सिंग होम में गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

'जैन' के अनुसार आज सायं लगभग 4.20 पर लायन्स क्लब इंटरनैशन के जोनल उप प्रधान 45 वर्षीय डा. के.आर. सिंगला की उनके 'सिंगला नर्सिंग होम' में दो मोटर साइकलव सवार आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । वहां प्रत्यक्षदर्शी मरीजों के अनुसार 22 से 25 वर्ष की आयु के दो पगड़ीधारी युवक डा. सिंगला की कार के पीछे-पीछे आए । डा. सिंगला के क्लीनिक में कुर्सी पर बैठते ही उनमें से एक ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक गोली डा. सिंगला के माथे पर लगी जबकि दो गोलियां उनके दिल के पास लगीं जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ गए । सूचना मिलते ही जिलाधीश श्री धनवंत सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए । लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

नगर के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने कल 8 अगस्त को रोपड़ बंद का आह्वान किया है ।

मोगा का निकट हत्या : आज मोगा के निकट आतंकवादियों ने एक मिनी बस की छत पर सफर कर रहे जोगिन्द्र सिंह की हत्या कर दी जबकि बलविंदर सिंह को सख्त घायल कर दिया ।

बिजली बोर्ड का कार्यालय लुटा : लुधियाना (धीमान): आज सायं यहां सुन्दर नगर (जोधेवाल) में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर 90 हजार रुपए नगद और 55000 रुपए से अधिक के चैक लूट लिए और फरार हो गए । बताया जाता है कि जब कार्यालय को बंद किया जा रहा था तो उग्रवादी आ धमके और धन लूट कर भाग गए ।

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक आज

चंडीगढ़, 7 अगस्त (संधी): हरियाणा मंत्रिमंडल

श्रीलंका से

कोलम्बो, 7 अगस्त (ए
से अपने 875 और शांति सै
जबकि राष्ट्रपति रणसिंहे प्रेम
शांति सैनिकों की वापसी के
आज अपने मंत्रिमंडल की
भारतीय उच्चायोग के प्रवक
की कि महार रेंजीमैंट के
कनकेसंथुरै से कल स्वदेश

भारतीय शांति सेना
जवान कल स्वदेश रवाना

राष्ट्रपति रणसिंहे प्रेमद
विदेश मंत्री रंजन विजय
प्रतिनिधिमंडल को शांति
कार्यक्रम तय करने के लि
इसके बाद श्रीलंका
अधिकारियों ने बताया था
डेढ़ हजार शांति सैनिक
पेशकश की थी ।

भारतीय शांति सेना
मुद्दों पर श्रीलंका और
हाल में हुई बातचीत की
पेश की जाएगी । यह
मंत्रिमंडल की विशेष बैठ
पर चर्चा शुक्रवार तक जा
इसके बाद इस मामले पर
विचार होगा ।

सूत्र ने बताया कि इ

जालन्धर में हर रोज़ मिलें

परमात्मा न करे

आप या आपका कोई
जती से या अन्य किसी
श सेहत व तंदरुस्ती की
अत: चमड़ी रोगों से
हो और अपना कीमती
व मेहनत की कमाई को
टांग दवाओं पर खर्च
परेशान हो चुके हों तो
बिना शर्म व संकोच के
प्रसिद्ध डा. प्रवेश एबट

हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड

संशोधन

एम.एस. ब्लैक नट्स और बोल्ट्स के लिए एन.आई.टी. नं. 384 की निविदा-इंक्वायरी नं.

घोषणा करनी चाहिए ।

के एक मंत्री से पार्टी का पद छिना

कांग, 7 अगस्त (ह.स.): चीन के क मंत्री वांगमंग को मंत्रालय के पार्टी सचिव बर्खास्त कर दिया गया है ।

कांग की 'चाइना न्यूज सर्विस' के अनुसार अभी मंत्री पद पर बने हुए हैं, लेकिन उन्हें शीघ्र ही इस पद से भी हटा दिया ।

चंग के तिनानमिन चौक पर हुए छात्र न के दौरान श्री वांग ने एक वक्तव्य जारी सका समर्थन किया था ।

ड लेकर देश में ते हैं : बलदेव

जीव सरकार के पतन का कारण बनेंगे ।

बलदेव प्रकाश ने आगे कहा कि बुधवार 9 को महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही के था जन-समस्याओं को लेकर पंजाब में तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे दिए जाएंगे । इस अवसर पर बठिण्डा के प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसल ने सरकार की कि नगर में मल-मूत्र मिश्रित पेयजल की की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए ।

ब में विकास कार्य ठप्प हैं, महंगाई छू रही है और अफसरशाही व भ्रष्टाचार ाला है । लोग परेशान व क्षब्ध हैं । देश कता फैल रही है । जनता में आक्रोश व सी स्थिति है ।

जल समस्या : डा. बलदेव प्रकाश ने क शहर बटाला में वाटर सप्लाई की ा, जिसके कारण कम से कम एक लाख कई वर्षों से मल मिश्रित पेयजल पीना पड़

एरिया में वेतन दिवस था और बैंक में काफी राशि का लेन-देन हो रहा था अत: लुटेरों ने बैंक को लूटने के लिए आज का दिन चुना ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गुरचरण सिंह ने कहा कि इस वारदात को शीघ्र हल कर लिये जाने की उम्मीद है । इस बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि अभी तक जो सुराग मिले हैं, उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना ठीक नहीं होगा । उन्होंने कहा कि पुलिस के दल इन लुटेरों का पता लगाने के लिए पड़ौसी राज्यों में भी भेजे गये हैं ।

बैंक के गनमैन बिशन सिंह रावत की वीरता की प्रशंसा करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से उसका नाम वीरता पुरस्कार के लिए भेजने का निर्णय किया गया है । इसके अलावा उसके परिवार के सदस्यों को प्रशासन तथा बैंक की ओर से भी वित्तीय सहायता दी जाएगी । पंजाब व हरियाणा की पुलिस की ओर से चंडीगढ़ पुलिस को सूचना दिये बगैर शहर में आकर छापे मारने से पैदा होने वाली भ्रांतियों के बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री वर्मा ने बताया कि प्रशासन ने इसका गम्भीरता से नोटिस लिया है और सभी राज्यों की पुलिस से कहा है कि वह किसी भी जगह छापा मारने या किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पूर्व क्षेत्र के संबंधित थाने में कम से कम उसकी सूचना जरूर दे ।

वित्तीय सहायता : आज सुबह आतंकवादियों की ओर से मारे गये गनमैन बिशन सिंह रावत के परिवार को चंडीगढ़ प्रशासन ने 5,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की है ।

2 आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (वि.प्र.) : यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने गांव वरनाला और भाई लद्दू के मध्य सड़क पर रात के समय नाकाबंदी कर रखी थी कि रात 12 और 1 बजे के मध्य दो आतंकवादी स्कूटर पर सवार उधर से गुजरे, जब नाकाबंदी पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए ललकारा तो वह ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करने लगे । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से दोनों मारे गये । लाशों के पास एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा 8 भरे हुए मैगजीन मिले । पुलिस ने जो स्कूटर कब्जे में लिया है, उसका नम्बर पी.आई.डी. 6200 है ।

पार्टी का कार्य सीमांत अधिकार गत दिवस दे दल(मान) का प्रश्न है उ यह स्पष्ट कहा था कि जानकारी नहीं है और कि श्री सिमरनजीत सिं प्रधान चुना गया था ।

सिख अफेयर्ज व जन. गुरबख्श सिंह, से सिंह, न्यायाधीश श्र महाधिवक्ता श्री अर्ज निवृत्त मेजर जन. श्र कौंसिल ने कछ समय प्रतिनिधियों की एक बै व्यक्त की गई थी कि अ

सोमनाथ मंदिर क

नई दिल्ली, 7 अ पार्टी के श्री लाल कृ गलती सुधारने के लि राम जन्मभूमि मंदिर व की है । गृहमंत्री बूटा वक्तव्य पर स्पष्टीकर कहा कि महात्मा गां नेहरू की सहमति से त पटेल ने सोमनाथ मं यही प्रक्रिया राम जन्म अपनाई जानी चाहिए

श्री अडवानी ने मतलब किसी एक व सबके साथ न्याय करन कि शाहबानो के मा निर्णय के बाद दंड प्रक्रि धर्म-निरपेक्षता की भ

श्री अडवानी ने नीति देश की एकता

Punjabi Sanatani

4 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये : एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 5 की हत्या

बी.एस.एफ. ने ज़मीन में दबाया हुआ 18 लाख का सोना पकड़ा

सीमा पर एक घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 8 अगस्त (वा., ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 4 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जिनमें से दो पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद हथियार लेकर भारत में दाखिल हुए थे । अन्यत्र एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक घुसपैठिया मार गया । बी.एस.एफ. ने 18 लाख रुपए मूल्य का सोना पकड़ा ।

2 दुर्दांत आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार खेमकरण सैक्टर में दो पाकिस्तान प्रशिक्षित दुर्दांत आतंकवादी, जो कि गत रात 2 बजे के करीब हथियार लेकर पाकिस्तान से भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे, बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गये, जबकि उनके चार साथी वापस पाकिस्तान भाग गये ।

इस मुठभेड़ का जो विवरण मिला है, उसके अनुसार खेमकरण सैक्टर में नूरवाला सीमा चौकी के बी.एस.एफ. जवानों ने रात के समय नाकाबंदी कर रखी थी कि आध दर्जन के करीब आतंकवादियों को भारतीय क्षेत्र में दाखिल होते देखा गया । जब बी.एस.एफ. ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो वह फायरिंग करने लगे । बी.एस.एफ. ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे उनमें से 2 मारे गये । मौका पर से 5 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, आध दर्जन मैगज़ीन तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का मिला ।

18 लाख का सोना पकड़ा : बी.एस.एफ. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार गत 7 अगस्त को अमृतसर जिला के गांव छनवाला में छानबीन के दौरान जमीन में छुपाये गये 50 सोने के बिस्कुट बरामद किये गये, जिनका मूल्य लगभग 18 लाख रुपए आंका गया है । यह सोना 100 गज़ के घेरे में जमीन में उगी हाथी घास के अंदर छुपाया गया था ।

आतंकवादी मारा गया : फिरोज़पुर (धीमान) आज सुबह फिरोज़पुर जिला के थाना ममदोट के अंतर्गत गांव साधोके के निकट मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । कहा जाता है कि जब एक गश्ती दल ने कुछ व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा तो उन्होंने गोली चला दी । संदिग्ध व्यक्तियों ने भी गोली चलाई । मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी मृत पाया गया, जबकि उसके साथी फरार हो गये । घटनास्थल पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन व लगभग 3 सौ कारतूस बरामद हुए ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : गुरुहरसहाय (भंडारी) कल रात लगभग सवा बारह बजे यहां से आठ किलो मीटर दूर सवायक गांव में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

सीमा सुरक्षा बल के सहायक कमांडैंट श्री रवि गांधी ने बताया कि बल के जवानों ने गांव में नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी को चुनौती दी लेकिन उसने गोली चला दी । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी घटना स्थल पर ही मारा गया । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, इसके 325 जीवित कारतूस तथा 15 चले हुए कारतूस भी बरामद हुए हैं । मृतक आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी ।

सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री ए.के. सवाधिकारी तथा कमांडैंट श्री बी. एस. पुन्नु घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

घुसपैठिया मारा गया : खाज़ेला सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

पति-पत्नी सहित तीन की हत्या : बटाला (कांछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव हवेलियां में गत रात 7 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग करके एक किसान प्रीतम सिंह (62), उसके बेटे बलदेव सिंह बिल्लू (27) व बिल्लू की पत्नी बलजीत कौर (24) की हत्या कर दी । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घर में यही तीनों सदस्य थे और आतंकवादियों ने इस हत्याकांड में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयक्त की है । इसके 25 चले कारतूस मौका से मिले हैं । पुलिस ने पूछताछ के लिए 16 लोगों को हिरासत में लिया है और सारा क्षेत्र सील करके पुलिस व बी.एस.एफ. आतंकवादियों की खोजबीन कर रही है । सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड के लिए इसी गांव का बलकार सिंह उर्फ बिट्टू, जो कि भिंडरांवाला टाईगर फोर्स का आतंकवादी है व उसके साथी जिम्मेदार हैं ।

सिविल अस्पताल बटाला में पोस्टमार्टम के लिए लाए गये शवों के साथ आए इनके परिवार के सदस्यों व गांव के लोगों ने बताया कि घटना रात लगभग 11 बजे की है और गोलियों की आवाज सुनते ही सभी दुबक गए । यहां तक कि घटनास्थल से केवल सौ गज़ पर तैनात बी.एस.एफ. की टुकड़ी भी दुबक गई । वारदात करने के पश्चात आतंकवादी ललकारें मारते हुए आराम से चले गए । गांव के लोगों ने यह भी बताया कि वारदात के लगभग 20-25 दिन पूर्व भिंडरांवाला टाईगर फोर्स का एक धमकी पत्र, जिस पर इसी गांव के आतंकवादी







केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा गत सप्ताह के दौरान अमृतसर जिले में

Punjabi Sanjani

...ल के सलाहकार श्री जे. एफ. रिबैरो गुरुतेग बहादुर अस्पताल में ...रक्षा अधिकारियों को देखने आए जो ...त्तारन के क्षेत्र खडूर साहब के पास ...में आतंकवादियों का मुकाबला करते ...ए गए थे (नीचे बाएं से) उपचाराधीन ...सीता राम, कमांडैंट सी.आर.पी.एफ. ...श्रा तथा श्री आर. के. कश्यप डिप्टी ...डैंट सी. आर. पी. एफ. ।

...धड़े असमंजस ...ी सम्भावना

...में जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा, ...सिंह, अकाली दल के नेता सिमरन ..., अकाली दल के नेता रोड़ेवाला, सिख ...न के सदस्य आदि शामिल हैं । ...कहना है कि यदि बदकिस्मती से ऐसे ...तथा ये अकाली दो भागों में बंट गये ...पर इसका लाभ कांग्रेस (इ) को ...सूत्रों का यह भी कहना है कि कांग्रेस

तीन शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनसे 5 पिस्तौल, 1 ए.के. 47 का भरा हुआ मैगजीन व गोली सिक्का बरामद किया है । इनकी शिनाख्त परमिन्दर सिंह (मरीदके), रंधीर सिंह (रसूलपुर), रजिन्द्र सिंह जिदा (कोट कर्मचंद), कुलवंत सिंह कंता (जाहदपुर), कर्मजीत सिंह (रामपुर तलवाड़ा) व सुखदेव सिंह (बुटरकलां) के रूप में की गई है । विज्ञप्ति के अनुसार इन गिरफ्तार आतंकवादियों ने कुछ हत्याओं व जबरी धन बटोरने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

साइकल डीलर को लूटने का प्रयास : मोगा (सर्व): गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सिविल लाइन्स में एक साइकल डीलर को लूटने की कोशिश घर के युवकों के सामयिक हस्तक्षेप से विफल हो गई । बताया जाता है कि संदिग्ध व्यक्ति साइकल डीलर के घर में घुस गये तथा वहां से सामान बटोरने लगे । इतने में साइकल डीलर के लड़के जाग गये तथा उनके साथ गुत्थमगुत्था हो गये । उन्होंने उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

दंम तोड़ गया : लुधियाना से मोगा में पहुंची सूचना के अनुसार गत रात मोगा के निकट बस में हुए गोलीकांड में घायल होने वाले सुरजीत सिंह की डी.एम.सी. अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

टैक्सी ड्राइवर की हत्या : लुधियाना (जोशी): लुधियाना के एक नवयुवक टैक्सी ड्राइवर विजय कुमार की उग्रवादियों द्वारा गला घोंट कर हत्या कर देने और फिर उसकी मारुति कार छीन कर भाग जाने की सूचना मिली है । इस दर्दनाक घटना का विवरण इस प्रकार है, लुधियाना के जनता टैक्सी स्टैंड रेखी सिनेमा चौक से रोहतक जाने के लिए तीन उग्रवादियों, जिनमें एक स्त्री भी शामिल थी, ने टैक्सी किराया पर ली । टैक्सी, जिसे 3 अगस्त की दोपहर को रोहतक जाने के लिए किराया पर लिया गया, जब गोहाना (हरियाणा) के निकट पहुंची तो ड्राइवर विजय कमार को गला घोंट कर इसकी हत्या करके बाहर झाड़ियों में फैंक दिया गया इसके पश्चात उग्रवादी गाड़ी छीन कर नौ दो

...के साथ मुठभेड़ ...जबकि तीन ...पाकिस्तान भाग

जोधपुर से ...पाकिस्तान से हथि... आज सुबह अनू... पुलिस के साथ ...पाकिस्तान भाग... गए हथियार बर...

चीन पाकि... कर प्रक्षे...

वाशिंगटन ... एम. श्रृंखला की ... इस्तेमाल करने ... विकसित कर र... निर्यात की पेश... नियंत्रण व निरस... अनुसार पाकिस... प्रक्षेपास्त्र (हाप... प्रक्षेपास्त्र भी वि...

भारत... फरव...

कोलम्बो, ... अगले महीने के... तरह वापसी ... फरवरी तक च... बुलाना चाहता...

श्रीलंका के... संसद में यह ज... नेताओं से पिछ... में श्रीलंका ने...

Punjabi Sahara

करनाल में हरियाणा रोडवेज की एक बस में शक्तिशाली बम धमाके से 18 मरे

पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स के बलकार सिंह सहित 6 आतंकवादी मरे : अन्यत्र 3 हत्याएं

चंडीगढ़, 9 अगस्त : आज हरियाणा रोडवेज की एक बस में करनाल के पास हुए शक्तिशाली बम धमाके में 18 व्यक्तियों की मौत हो गई व 36 अन्य घायल हो गए । इसी दौरान गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में सुरक्षा बलों के साथ हुई विभिन्न भिड़ंतों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के दुर्दांत आतंकवादी बलकार सिंह सहित 6 आतंकवादी मारे गए, जबकि आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए व इसी जिले में तीन पाक घुसपैठिए सीमा पर मारे गए ।

बस में धमाका : 18 मरे : करनाल से गांधी, ह.स., संघी के अनुसार आज दोपहर यहां से 5 किलोमीटर दूर एक चलती बस में बम विस्फोट से 18 व्यक्ति मारे गए और 36 अन्य घायल हो गए । सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 12 बताई गई है । घायलों में से चार को पी.जी.आई. भेजा गया है । मृतकों में 6 पुरुष, 4 महिलाएं और 2 बच्चे हैं । आठ व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए, जबकि 10 अन्य सरकारी अस्पतालों में जाकर दम तोड़ गए ।

यह दुर्घटना बाद दोपहर 12.40 पर घटी, जब हरियाणा रोडवेज अम्बाला डिपो की बस एच.एन.सी. 5629 चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर जा रही थी । बस में एकदम धमाका हुआ, जिससे बस की छत और दोनों 'साइडें' बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं ।

मृतकों में से अभी तक केवल दो की पहचान हो सकी है : एक दिल्ली निवासी हरिकृष्ण सहगल है, जबकि दूसरी एक महिला गुरदयाल कौर है । मृतकों के शरीर इस प्रकार क्षतिग्रस्त हो गए कि पहचानना कठिन हो गया । कुछ की गर्दनें धड़ों से अलग हो गईं ।

चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहे एक घायल संजय कुमार के अनुसार जब बस करनाल के बाहरी क्षेत्र स्थित कर्ण झील के पास से गुजर रही थी तो एकदम जबरदस्त धमाका हो गया और सवारियां चिल्लाने लगीं । उन्हें भी वास्तविकता का पता अस्पताल में आकर लगा । बस चालक बाबू राम तथा परिचालक सतपाल भी घायलों में शामिल हैं ।

मधुबन पुलिस परिसर से तकनीकी अधिकारियों का एक दल निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर पहुंचा । उनके अनुसार फटने वाले बम एक से अधिक थे । जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग दिया ।

हरियाणा में पिछले एक वर्ष के दौरान बस में बम फटने की यह दूसरी घटना है । पिछले वर्ष 12 अगस्त को यहां से कुछ दूर पंचकूला में हरियाणा रोडवेज की एक बस में इसी तरह का धमाका हुआ था, जिसमें 6 यात्री मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे ।

यह सम्भावना व्यक्त की गई है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण बस में चंडीगढ़, अम्बाला या पिपली में किसी स्थान पर बम रखा गया था ।

यह बस कसौली (हि.प्र.) से दिल्ली जा रही थी । बस कसौली से सुबह साढ़े सात बजे रवाना हुई थी । अभी यह पता नहीं चल सका है कि बस में बम कहां रखा गया था ।

बस में हुए धमाके से घायल एक व्यक्ति की पी.जी.आई. में जाकर मौत हो गई । इसकी शिनाख्त बलबीर सिंह के रूप में हुई है । पी.जी.आई. में भर्ती अन्य तीन घायलों के नाम रामजी दास (रोपड़), विक्रम सिंह (यू.पी.) व कुलदीप सिंह शर्मा (अम्बाला) हैं ।

मृतकों में 10 पुरुष, 4 महिलाएं तथा 2 बच्चे शामिल हैं ।

घायलों को अस्पताल पहुंचाने में शहर के लोगों तथा समाज सेवी संगठनों ने काफी मदद की । घटना स्थल पर स्टेट बैंक आफ इंडिया से सम्बद्ध काफी कागज़ बिखरे पड़े थे । लगता है कि इस बैंक का कोई एक या अधिक कर्मी बस में सवार थे । ये किस शाखा में नियुक्त थे, यह पता नहीं चला है ।

कुछ घायलों के नाम इस प्रकार हैं : संजय कुमार, दिलबाग सिंह, सुदामा, मनजीत, रामजी दास, बाबू राम, रमेश शर्मा, धर्मबीर, श्रीमती मीना, सतपाल, श्रीमती गुरमीत, विक्रम यादव, राम बाबू, जसबीर सिंह, अमृत कौर, सिमरनजीत सिंह, मोहनी देवी, सुशील कुमार, सुक्खा सिंह, रघुबीर सिंह, सुन्दर सिंह, बलबीर सिंह, रमेश, प्रिया, नवल, मोती राम, जसबीर कौर व बाबू सोनेपाती । इनके बारे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि ये मूल कहां के रहने वाले हैं ।

निन्दा : केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भजन लाल ने इस कांड की कड़े शब्दों में निन्दा की है । उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक सम्वेदना व्यक्त की है । उन्होंने मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा दिए जाने व घायलों का उचित उपचार कराने की मांग की है । उन्होंने कहा कि लगता है कि हरियाणा में आतंकवादियों के प्रवेश बारे सूचनाओं पर राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया था ।

बम विशेषज्ञों के अनुसार यह पी.ई.टी.-10 किस्म का बम था ।

बम धमाके के बारे मिली और जानकारी : के अनुसार बस में टाइम बम रखा गया था जो कि एक किलो वजन का था । बताया जाता है कि यह बम करनाल बस अड्डे पर फटना था पर रास्ते में एक अन्य दुर्घटना के कारण इस बस को दस मिनट तक रुकना पड़ा अतः यह धमाका निर्धारित समय से पहले ही हो गया ।

बस में एक बंद घड़ी मिली है जो 12.57 बजे बंद हुई थी ।

राहत की घोषणा : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने विस्फोट में मरे लोगों के परिवार वालों को 20-20 हजार रुपए की तुरन्त सहायता देने की घोषणा की है, गम्भीर रूप से घायलों को 10-10 हजार रुपए तथा साधारण रूप से घायल लोगों को 5-5 हजार रुपए दिए जाएंगे ।

घटना की सूचना मिलते ही राज्य के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा, जनस्वास्थ्य मंत्री श्री राम विलास शर्मा और पुलिस महानिदेशक सुरेन्द्र सिंह बराड़ आदि राहत और बचाव कार्यों का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल को रवाना हो गए ।

हरियाणा के राज्यपाल श्री एच.ए. बरारी तथा मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने इस बम कांड की निंदा करते हुए मृतकों के परिवारों तथा घायलों के प्रति सम्वेदना व्यक्त की है । उन्होंने राज्य की जनता से अपील की है कि वे साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखें ।

दुर्दांत आतंकवादी मारा गया : बटाला से 'रोजाना' के अनुसार सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में कल रात एक अज्ञात आतंकवादी बटाला पुलिस जिले के सदर पुलिस थाना क्षेत्र में मारा गया ।

आतंकवादी ने एक पुलिस गश्ती दल पर हमला किया, लेकिन जवाबी कार्रवाई में मारा गया । घटनास्थल से एक बारह बोर की बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

पहली बार ए.के. 74 राइफलें पकड़ीं : जालन्धर : एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि गत रात खेमकरण क्षेत्र की नूरवाल सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ भिड़ंत में जो आतंकवादी मारे गए थे, उनके कब्जे से पांच ए.के. 74 राइफलें व अन्य गोली-सिक्का मिला था । विज्ञप्ति के अनुसार यह पहला अवसर है कि बी.एस.एफ. ने ए.के. 74 राइफलें पकड़ी हैं ।

स्कूटर छीना : एक सूचना के अनुसार चार अज्ञात व्यक्तियों ने जिला जालन्धर के पुलिस थाना नवांशहर के गांव लंगरोआ के निकट पिस्तौल की नोक पर सरदारा सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.ए.सी. 3180 तथा 200 रुपए छीन लिए ।

दो व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर से 'ह.स.' के अनुसार जिले में कल रात दो भिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने गोली मारकर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें एक दुकानदार भी है ।

थाना पट्टी के गांव जौड़ा में दुकानदार परमानन्द को घर से बाहर निकालकर उसे एक स्कूल भवन के पास खम्भे में बांधकर आतंकवादियों ने गोली मार दी । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के बख्शीश सिंह सोना गिरोह ने लाश के पास एक पत्र छोड़ रखा था, जिसमें इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई थी । पत्र में मृतक पर पुलिस का जासूस होने का आरोप लगाया गया है । दूसरी हत्या मजीठा थाना के रमाना गांव में हुई, जहां एक किसान निर्मल सिंह की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । दोनों घटनास्थलों से ए.के. 47 राइफल के खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

'वि.प्र.' के अनुसार बताया जाता है कि आतंकवादियों ने इस किसान से रुपए मांगे थे तथा उसे जान से मारने की धमकी भी दे रखी थी ।

मुकाबले में आतंकवादी मरा : एक अन्य सूचना के अनुसार सीमांत थाना बल्टोहा के गांव लखाना के बाहर एक किसान के फ़ार्म हाऊस पर कुछ आतंकवादी छिपे हुए थे । पुलिस तथा सी.आर.पी. ने इस फ़ार्म हाऊस पर छापा मारा । सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फ़ायरिंग की । करीब एक घंटा तक हुई इस गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया व उसके साथी भाग निकले । मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

अज्ञात आतंकवादी मरा : आज रात यहां मजीठा पुलिस जिले में जंडियाला पुलिस थाने के अन्तर्गत आने वाले गांव बंडाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । विश्वास किया जाता है कि आतंकवादी का सम्बन्ध बब्बर खालसा ग्रुप से है । उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है । उसके बाकी साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

मजीठा के पुलिस प्रमुख के अनुसार मृतक आतंकवादी की जेब से एक डायरी मिली है कि जिससे पता चलता है कि वह उक्त गैंग द्वारा की गई अनेक हत्याओं में संलिप्त रहा है । उसके पास से अमरीका की बनी हुई एक 9 एम.एम. की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद किए गए हैं । पुलिस प्रमुख ने बताया कि यह मुकाबला एक फार्म हाऊस के बाहर हुआ ।

स्कूल मास्टर की हत्या : आज सायं 4.15 बजे के करीब जिला अमृतसर के गांव सरहाली

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सारे उत्तर

चंडीगढ़, 9 आतंकवादियों द्वारा को नाकाम बनाने सैनिक बलों को पूर्ण है ।

आज यहां प्रेस गिल ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा पंजाब में नए रूप से है । श्री गिल ने सू सूचना निकटवर्ती उन्होंने बताया कि गुप्त रखे जाएंगे ।

नई दिल्ली से ज जम्मू-कश्मीर में आ निर्दोष लोगों की ह भारत में 'पूर्ण चौकसी

दिल्ली में हवाई अड्डों तथा अन्य व्यवस्था कड़ी कर दी चीजों को हाथ न ल पुलिस कंट्रोल रूम दे सुरक्षा चैक पोस्टें क जांच की जा रही है ।

हरियाणा में भी पू रहे हैं ।

हिमाचल में भी है ।

राष्ट्रपति रा मुकद्दमा चल दें : श

नई दिल्ली, 9 अ शांति भूषण ने राष्ट्रप अनुरोध किया है कि नियंत्रक एवं महालेखा हुए वह प्रधानमंत्री रा चलाने की अनुमति दें

श्री शांति भूषण ने के एक पत्र में कहा है कि सामने आए हैं उन्हें फैसले पर फिर से पुनर्वि इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट मंत्रालय, जिसके श्री र नवम्बर 1985 से ले तक बोफोर्स सौदे को

पंजाब समस्या गोली-बारूद से नहीं, बातचीत से हल होगी : चंद्र शेखर

आतंकवादियों की अंधाधुंध फ़ायरिंग से ज

Punjabi Sanatani

(1) करनाल के पास बुधवार को बम विस्फोट से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हरियाणा रोडवेज की बस, (2 से 4) बस के कुछ मृत यात्रियों के शव, (5) बस के भीतरी भाग का दृश्य । सीटों पर शव पड़े हैं ।

प विस्फोट से घायल कुछ बस यात्री ।

(छाया : जोशी)

करनाल में हरियाणा रोडवेज की एक बस

पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स के बलकार सिं

चंडीगढ़, 9 अगस्त : आज हरियाणा रोडवेज़ की एक बस में करनाल के पास हुए शक्तिशाली बम धमाके में 18 व्यक्तियों की मौत हो गई व 36 अन्य घायल हो गए । इसी दौरान गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में सुरक्षा बलों के साथ हुई विभिन्न भिड़तों में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के दुर्दांत आतंकवादी बलकार सिंह सहित 6 आतंकवादी मारे गए, जबकि आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए व इसी जिले में तीन पाक घुसपैठिए सीमा पर मारे गए ।

बस में धमाका : 18 मरे :

करनाल से गांधी, ह.स., संधी के अनुसार आज दोपहर यहां से 5 किलोमीटर दूर एक चलती बस में बम विस्फोट से 18 व्यक्ति मारे गए और 36 अन्य घायल हो गए । सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 12 बताई गई है । घायलों में से चार को पी.जी.आई. भेजा गया है । मृतकों में 6 पुरुष, 4 महिलाएं और 2 बच्चे हैं । आठ व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए, जबकि 10 अन्य सरकारी अस्पतालों में जाकर दम तोड़ गए ।

यह दुर्घटना बाद दोपहर 12.40 पर घटी, जब हरियाणा रोडवेज अम्बाला डिपो की बस एच.एन.भी 5629 चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर जा रही थी । बस में एकदम धमाका हुआ, जिससे बस की छत और दोनों साइडें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं ।

मृतकों में से अभी तक केवल दो की पहचान हो सकी है : एक दिल्ली निवासी हरिकृष्ण सहगल है, जबकि दूसरी एक महिला गुरदयाल कौर है । मृतकों के शरीर इस प्रकार क्षतिग्रस्त हो गए कि पहचानना कठिन हो गया । कुछ की गर्दनें धड़ों से अलग हो गईं ।

चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहे एक घायल संजय कुमार के अनुसार जब बस करनाल के बाहरी क्षेत्र स्थित कर्ण झील के पास से गुजर रही थी तो एकदम जबरदस्त धमाका हो गया और सवारियां चिल्लाने लगीं । उन्हें भी वास्तविकता का पता अस्पताल में आकर लगा । बस चालक बाबू राम तथा परिचालक सतपाल भी घायलों में शामिल हैं ।

मधुबन पुलिस परिसर से तकनीकी अधिकारियों का एक दल निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर पहुंचा । उनके अनुसार फटने वाले बम एक से अधिक थे । जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग दिया ।

हरियाणा में पिछले एक वर्ष के दौरान बस में बम फटने की यह दूसरी घटना है । पिछले वर्ष 12 अगस्त को यहां से कुछ दूर पंचकूला में हरियाणा रोडवेज की एक बस में इसी तरह का धमाका हुआ था, जिसमें 5 यात्री मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे ।

यह सम्भावना व्यक्त की गई है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण बस में चंडीगढ़, अम्बाला या पिपली में किसी स्थान पर बम रखा गया था ।

यह बस कसौली (हि.प्र.) से दिल्ली जा रही थी । बस कसौली से सुबह साढ़े सात बजे रवाना हुई थी । अभी यह पता नहीं चल सका है कि बस में बम कहां रखा गया था ।

बस में हुए धमाके से घायल एक व्यक्ति की पी.जी.आई. में जाकर मौत हो गई । इसकी शिनाख्त बलबीर सिंह के रूप में हुई है । पी.जी.आई. में भर्ती अन्य तीन घायलों के नाम रामजी दास (रोपड़), विक्रम सिंह (यू.पी.) व कुलदीप सिंह शर्मा (अम्बाला) हैं ।

मृतकों में 10 पुरुष, 4 महिलाएं तथा 2 बच्चे शामिल हैं ।

घायलों को अस्पताल पहुंचाने में शहर के लोगों तथा समाज सेवी संगठनों ने काफी मदद की । घटना स्थल पर स्टेट बैंक आफ इंडिया से सम्बद्ध काफी कागज बिखरे पड़े थे । लगता है कि इस बैंक का कोई एक या अधिक कर्मी बस में सवार थे । ये किस शाखा में नियुक्त थे, यह पता नहीं चला है ।

कुछ घायलों के नाम इस प्रकार हैं : संजय कुमार, दिलबाग सिंह, सुदामा, मनजीत, रामजी दास, बाबू राम, रमेश शर्मा, धर्मवीर, श्रीमती मीना, सतपाल, श्रीमती गुरमीत, विक्रम यादव, राम बाबू, जसबीर सिंह, अमृत कौर, सिमरनजीत सिंह, मोहनी देवी, सशील कुमार, सुक्खा सिंह, रघुबीर सिंह, सुन्दर सिंह, बलबीर सिंह, राम, जसबीर कौर व बाबू यह ज्ञात नहीं हो सका है कि हैं ।

निन्दा : केंद्रीय कृषि इस कांड की कड़े शब्दों में मृतकों के परिवारों के प्रति व्यक्त की है । उन्होंने मृत मुआवजा दिए जाने व घा कराने की मांग की है । उन हरियाणा में आतंकवादियों पर राज्य सरकार ने कोई था ।

बम विशेषज्ञों के अनु किस्म का बम था ।

बम धमाके के बारे वि अनुसार बस में टाइम बम किलो वजन का था । बता करनाल बस अड्डे पर फट अन्य दुर्घटना के कारण इस रुकना पड़ा अत: यह धमा पहले ही हो गया ।

बस में एक बंद घड़ी मि बंद हुई थी ।

राहत की घोषणा : श्री देवी लाल ने विस्फोट में वालों को 20-20 हजार रु देने की घोषणा की है, गम्भी 10-10 हजार रुपए तथा लोगों को 5-5 हजार रुपए

घटना की सूचना मिलते सम्पत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जनस्वास्थ्य मंत्री श्री राम वि महानिदेशक सुरेन्द्र सिंह बर और बचाव कार्यों का नि घटनास्थल को रवाना हो गए

हरियाणा के राज्यपाल मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने करते हुए मृतकों के परिवारों सम्वेदना व्यक्त की है । उन्ह अपील की है कि वे साम्प्रद रहें ।

दुर्दांत आतंकवादी मा 'कोछड़' के अनुसार रात रात प थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सुरक्षा बलों के साथ भिड़त में फ़ोर्स' का एक दुर्दांत आतंकवा गया । पुलिस सूत्रों के अनुस भाग निकलने में सफल रहे ।

सूत्रों के अनुसार मुकाबला पुलिस नाकापार्टी के 'ठहरो'

पंजाब समस्या गोली-बारूद से नहीं, वार्ता से हल होगी : चंद्र शेखर

चंडीगढ़, 9 अगस्त (एन.एस.परवाना): जनता दल के वरिष्ठ नेता श्री चन्द्र शेखर ने विचार व्यक्त किया है कि पंजाब का मामला गोली बारूद से हल नहीं होगा, यह तो पारस्परिक समझबूझ से ही हल हो सकेगा । यह भी तब सम्भव है जब लोगों को सत्तारूढ़ पार्टी पर विश्वास हो । जब तक श्री राजीव गांधी सत्ता में हैं, पंजाब का मसला हल नहीं हो सकेगा ।

आज यहां चंडीगढ़ प्रैस क्लब में 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पास पंजाब के मसले का कोई फार्मूला नहीं । कुछ साल पहले उस समय की सरकार ने स्वर्ण मंदिर परिसर में सेना को दाखिल करके गलत कदम उठाया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई । तब से यह मामला लटकता चला आ रहा है । एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि वह लोकसभा का चुनाव अपने पुराने हल्का बलिया से ही लड़ेंगे । उन्होंने कहा कि वह पंजाब की जनता के आभारी हैं जिसने उन्हें संगरूर की संसदीय सीट की पेशकश की है । उनसे पूछा गया कि जो कांग्रेसी सांसद बोफोर्स तोप सौदे के मामले पर इस्तीफा दे रहे हैं, क्या उन्हें जनता दल में

पंजाब में एस.एस.रे के प्रशासन की कारगुजारी के सम्बन्ध में श्री चन्द्र शेखर ने कहा कि राज्यपाल ज्यादा बयानबाजी करते हैं । उनकी इस बयानबाजी से पंजाब का मसला और उलझ गया है ।

मीडिया माध्यमों को आतंकवादी आंदोलन की खबर देते हुए आत्म-नियंत्रण रखने का सुझाव

Punjabi99.com

मंडी में आतंकवादियों ने सेवानिवृत्त स्कूल मास्टर चरणजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मास्टर गांव के बाहर सड़क पर खड़ा था कि दो आतंकवादियों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी । चरणजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । शव के पास से .455 बोर के तीन कारतूसों के खोल मिले हैं । यह घटना पट्टी थाना के अंतर्गत क्षेत्र में हुई ।

2 आतंकवादी मरे : फगवाड़ा से कौड़ा व खोसला के अनुसार कपूरथला के पुलिस कप्तान श्री स्वर्ण सिंह ने प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि आज फगवाड़ा में तीन आतंकवादियों ने सब्जी मंडी के पास गुरमीत सिंह के मकान में जबरदस्ती घुस कर उसके परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया और घर का कीमती सामान लूट लिया । उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों में से दो को मुठभेड़ों में मार गिराया गया, जबकि एक फरार हो गया ।

एक आतंकवादी खोतड़ां गांव के पास नहर के निकट पुलिस मुकाबले में मारा गया । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर और घटना स्थल से 6 चले हुए कारतूस मिले । इससे पूर्व एक अन्य आतंकवादी भी मुठभेड़ में मारा गया, उसके कब्जे से भी एक रिवाल्वर और 4 अनचले कारतूस मिले ।

नकदी छीनी : राहों से 'भागड़ा' के अनुसार गत दिवस उगत सिंह नामक व्यक्ति के ट्यूबवैल पर रहने वाले मजदूरों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 3900 रुपए छीन लिए ।

दोनाली बंदूकें बरामद : दो गिरफ्तार : भटिंडा से ग्रोवर के अनुसार जिला पुलिस ने पठारिया संगत के निकट हरियाणा की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोककर इसमें से 12 बोर की दस दोनाली बंदूकें बरामद की हैं तथा दो व्यक्तियों गरदयाल सिंह तथा विहारी लाल को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ श्री एस. एम. शर्मा ने बताया है कि सम्भवत: यह बंदूकें श्रीगंगानगर जिले से लाई गई थीं तथा पंजाब में आतंकवादियों को वितरित की जानी थीं ।

पैट्रोल पम्प लूटा : भिक्खी से 'मेहता' के अनुसार आज यहां स्कूटर सवार दो अज्ञात युवकों ने सिरका मल-देसराज के पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 3000 रुपए लूट लिए । इन युवकों ने पैट्रोल पम्प के टैलीफोन की तारें काट दीं व फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र पकड़े : श्रीगंगानगर से 'जिदल' के अनुसार जिला के एस.पी. श्री ए. के. जैन ने एक पत्रकार सम्मेलन में आज बताया है कि बी.एस.एफ. तथा जिला पुलिस ने भारत-पाक सीमा पर घरसाना के निकटवर्ती एक गांव के जगतार सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के खेत से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं ।

उन्होंने बताया कि ये शस्त्रास्त्र बोरियों में बंद करके रखे गए थे । पकड़े गए हथियारों में 5 ए.के. 47 राइफलें, इसके 2222 कारतूस, 4 मैगज़ीन, 9 एम.एम. की दो पिस्तौलें व इनके 1046 कारतूस, 9 एम.एम. की सात पिस्तौलें तथा विस्फोटक पाऊडर के दस पैकेट पकड़े हैं । उन्होंने कहा कि सुरजीत सिंह आजकल पुलिस हिरासत में है तथा अब उसके पुत्र जगतार सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । पूछताछ जारी है ।

तीन घुसपैठिए मरे : गत रात भारत-पाक सीमा पर घरसाना के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुई एक भिड़ंत में पाकिस्तान की तरफ से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे तीन घुसपैठिए मारे गए, जबकि उनके दो साथी वापस पाकिस्तान भागने में सफल हो गए ।

बुधवार को फगवाड़ा-पोखड़ां सड़क पर सी.आर.पी. के हाथों मारे गए आतंकवादी का शव ।

(छाया : कौड़ा)

स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों को स्टेशन लीव न देने के निर्देश

होशियारपुर, 9 अगस्त (अश्विनी): पंजाब सरकार ने राज्य के सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों व जिलाधीशों को निर्देश जारी किए हैं कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों में सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल होने के लिए कहा जाए । यह भी कहा गया है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी की स्वतंत्रता दिवस पर स्टेशन लीव की प्रार्थना स्वीकार न की जाए ।

भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का संदेश सारी मानवता के हित में : जैन आचार्य

लुधियाना, 9 अगस्त (अविनाश कपूर): जैन आचार्य श्री विजय इंद्र दिन्न सूरीश्वर जी ने आज यहां महावीर भवन उपासना में एक जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर जी का संदेश 'जियो और जीने दो' केवल जैन धर्म के अनुयाइयों के लिए ही नहीं है बल्कि यह तो सम्पूर्ण मानव समुदाय के लिए है । आज के संसार के लिए तो भगवान महावीर के इस संदेश पर चलना और भी आवश्यक है, इसी से संसार में शांति का वातावरण उत्पन्न हो सकता है । जीव दया प्रत्येक धर्म का मूल है ।

भाजपा के राष्ट्रीय
नेतृत्व में ज़िलाधी
बुधवार को राज
निकाला गया ।

दिल्ली जनत
पर राजघाट पर
लगभग 5 हजार
चांदनी चौक तक
जलूस धरना मे
कम्युनिस्ट पार्टी
फारवर्ड ब्लाक औ
के नेताओं ने सम्ब

चंडीगढ़ (ह.स
आज भारत बचा
'भारत बचाओ' ि
की ओर से किया
नेता श्री चंद्र शेख
सिन्हा ने एक य
राजीव सरकार की

अमृतसर (क
बावजूद विपक्षी पा
बड़े जोश से मनाय

डा. बलदेव प्र
पार्टी, श्री कृपाल सि
सतपाल महाजन म
रोष जलूस बाजारों
पहुंचा । जलूस में
बचाओ, राजीव ते
राजीव तू क्या रा
करेगा आदि नारे ल
देने के लिए ज़िला
प्रकाश, सतपाल
तनेजा, कृपाल सिंह

फगवाड़ा (कौ
भाजपा अध्यक्ष ने
बचाओ दिवस के
भाजपा कार्यकर्त्ता
कपूरथला ज़िला
भाजपा अध्यक्ष ह
महासचिव ज़ुगल
जगदीश वीर जी
पंजाब के अध्यक्ष
धर्मपाल सभ्रवाल
किया । श्री अरो
दिया ।

जालन्धर (वि
ज़िला जालन्धर श
आज यहां भारत
ज़िलाधीश कार्या
जिसमें सैंकड़ों काय

Punjabi Sahatani

3 आतंकवादी मारे गये : स्वयंभू एरिया कमांडर भिखी घायलावस्था में फरार

बटाला में 3 एस.पी.ओ. की हत्या : चौकी के सारे शस्त्र लूट कर ले गए

2 की हत्या : बम की सूचना देने वाले को ईनाम मिलेगा

चंडीगढ़, 11 अगस्त (वा., ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 3 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयंभू एरिया कमांडर दलबीर सिंह भिखी एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद फरार हो गया । आतंकवादियों ने 2 एस.पी.ओ. चौकियों तथा एक सी.आर.पी. गश्ती दल पर हमले किए । पंजाब पुलिस ने राज्य में किसी स्थान पर बम रखे होने की सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है । पुलिस जिला बटाला के गांव में 3 विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी गई ।

एरिया कमांडर घायल होकर फरार : दसूहा (झावर): गत दिवस गांव बलरगन में पुलिस तथा आतंकवादियों के मध्य फायरिंग में जिला होशियारपुर के.सी.एफ. का स्वयंभू एरिया कमांडर दलबीर सिंह भिखी और उसके एक साथी के घायल होने की खबर मिली है । फायरिंग के दौरान भिखी गन्ने तथा मक्की की फसल की आड़ में अंधेरे का लाभ उठाते हुए घायलावस्था में अपने साथियों सहित भाग जाने में सफल हो गया । छः दर्जन हत्याएं करने वाला यह खतरनाक आतंकवादी, जिसके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम है, कारी-सारी हत्या कांड का मुख्य अपराधी है । इस कांड में 34 लोगों की हत्या की गई थी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना दसूहा के गांव बलरगन में रात दस बजे 3-4 आतंकवादी भट्ठा मालिक कृष्ण कुमार के मुंशी राम सिंह के घर आए तथा बाहर गेट पर फायरिंग की जिससे घर वाले बाल-बाल बच गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस की गश्ती पार्टी गोलियों की आवाज सुनकर तुरन्त घटनास्थल की ओर गई तो रास्ते में ही उसकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई, जिससे दलबीर सिंह भिखी घायल हो गया । इस बात का प्रमाण घटनास्थल से मिली ए.के. 47 राइफल है, जिस पर दलबीर सिंह भिखी का नाम लिखा हुआ है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादी एक कार में आए । इनमें से एक कार में बैठा रहा तथा तीन आतंकवादी राम सिंह के घर चले गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी भिखी अम्बाला जट्टां के सरपंच कुलजीत सिंह का नजदीकी साथी है और कुलजीत सिंह गत दिवस पुलिस की हिरासत से भाग निकला था । पुलिस के अनुसार भिखी ने कुलजीत सिंह के संकेत पर कई दर्जन हत्याएं कराई जिनमें कामरेड सोहन सिंह सचिव सी.पी.आई. टांडा ब्लाक तथा बसवन्त सिंह हैड कांस्टेबल की हत्या भी शामिल है ।

पुलिस का यह भी कहना है कि आतंकवादियों की आड़ में कुलजीत सिंह ने जिला होशियारपुर के एक प्राइवेट कालेज पर कब्जा किया तथा कई हत्याएं इस आड़ में कराईं । दसूहा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । खोजी कुत्ते भी मंगवाए गए । क्षेत्र की छानबीन की जा रही है । उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार इस मुठभेड़ में दलबीर सिंह भिखी समेत 3 आतंकवादी घायल हुए । जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि इस मामले में 30 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । घायल आतंकवादियों की खोज जारी है ।

3 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात थाना सरहाली के अंतर्गत गांव चब्बा कलां के निकट तीन आतंकवादी एक मुठभेड़ में मारे गए । पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादियों को हथियार व गोली सिक्का बरामद करने के लिए मंड क्षेत्र में ले जाया जा रहा था कि वहां छिपे एक गिरोह ने अपने साथियों को छुड़ाने की नीयत से पुलिस पर हमला कर दिया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी जस्सा सिंह और कलदीप सिंह (खालिस्तान कमांडो फोर्स) तथा गिरोह का एक आतंकवादी मारा गया । इस मुठभेड़ में एक कांस्टेबल घायल हो गया ।

घटनास्थल पर एक 303 की पिस्तौल, 2 हथगोले और मैगजीन व ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

बम की सूचना देने पर इनाम : पंजाब पुलिस ने राज्य में किसी भी जगह बम रखे होने की सूचना देने वाले व्यक्ति को 20 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज अमृतसर में कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा । उन्होंने कहा कि यह कदम अधिक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

त्यागपत्र देने वाले सांसदों को धन देने संबंधी देवी लाल की घोषणा पर राज्यसभा में हंगामा

नई दिल्ली, 11 अगस्त (वार्ता, ह.स.): लोकसभा से इस्तीफा देने वाले सांसदों का धन देकर अभिनंदन करने की हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल की कथित घोषणा पर आज संसद के दोनों सदनों में सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति प्रकट की ।

राज्यसभा में इसको लेकर करीब आधे घंटे तक कार्रवाई ठप्प रही और सदन की बैठक शोरगुल के बीच ही भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दी गई ।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने जब यह मामला उठाया तब अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने इन खबरों की जांच कराने का आश्वासन दिया । उन्होंने कहा, "मुझे यह बात जंचती नहीं है । कोई सांसद इस्तीफा देने के लिए धन लेगा क्या ?" उन्होंने कहा कि यह सांसदों तथा संसद का अपमान है । इसके बारे में पता करना पड़ेगा ।

कांग्रेस (इ) की सुश्री ममता बैनर्जी तथा कई अन्य सदस्यों ने यह मामला उठाते हुए कहा कि इससे प्यारे पनिका ने कहा कि लोकसभा छोड़ कर भागने वाले लोगों ने लोकतंत्र का अपमान किया है । उनका सम्मान लोकतंत्र का अपमान है । श्री राम प्रकाश और श्री धर्मपाल सिंह मलिक ने इस मसले पर रोष जाहिर किया ।

राज्यसभा में कांग्रेस (इ) के श्री रत्नाकर पांडे ने कहा कि श्री देवी लाल जो परम्परा डाल रहे हैं वह लोकतंत्र पर कुठाराघात है । कांग्रेस (इ) के श्री वी.एम. जादव और श्री एस.एस. आहलूवालिया और कुछ अन्य सदस्यों ने भी उनका समर्थन किया । श्री जादव ने इसे चुनाव कानून का सरासर उल्लंघन बताया ।

जनता दल के वीरेन्द्र वर्मा और कुछ अन्य सदस्यों की सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के साथ इस पर नोंकझोंक होने लगी । इस बीच उप-सभापति नजमा हेपतुल्ला ने सदस्यों को शांत करते हुए कहा कि कोई भी मामला नियम के तहत ही उठाया जा

विपक्षी ने
बातचीत क

विप
के

नई दि
विपक्षी दल
नगर पालि
विधेयकों
नोटिस दे
अधिकारों
विपक्षी
अंतिम रण
बताने से
जानकारी
जा चके दो
पेश किए
तेलगू
तथा जन
गुरुपदस्वा
स्पष्ट जान
राज्यसभा
अवधि बढ़
सरकार ने
इस सिलसि
कर दिया
श्री उपे
को पारित
कम्युनिस्ट
है, बताया
जा रहा है
विधेयकों के
अभी अन्ति
दोनों
(इ) के सा
राज्यसभा मे
है । इसमें
श्रीमती सरो
मत देने का
दो-तिहाई ब

Punjabi Sanatan

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 9.8.1989

पेशावर के होटल में बम विस्फोट

अ

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 12.8.1989

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सार्वजनिक सुरक्षा को यकीनी बनाने के लिए उठाया गया है ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर फायरिंग : कल रात तरनतारन पुलिस ज़िला में आतंकवादियों ने 2 एस.पी.ओ. चौकियों पर अंधाधुंध फायरिंग की तथापि दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

सी.आर.पी. पर फायरिंग : इसी ज़िला में आतंकवादियों ने नागोके क्षेत्र में सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर गोलियां चलाईं लेकिन जवाबी फायरिंग पर वह फरार हो गए ।

ब्रह्मा गिरोह के सदस्य थे : तरनतारन पुलिस ज़िला के चीफ श्री बलदेव ने बताया कि कल मुहम्मदपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में मारे गए जसकर्ण सिंह उर्फ काला, बलविंदर सिंह उर्फ गब्बर, अमरजीत सिंह उर्फ अम्बा, स्वर्ण सिंह, बलकार सिंह तथा मस्सा सिंह खूंखार आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा के गिरोह से सम्बन्ध रखते थे तथा इस गिरोह के यही जीवित सदस्य बचे हुए थे । इस गिरोह के दो सदस्य गत सप्ताह खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे ।

मां बेटे की हत्या : जैतो (पराशर): गत रात यहां से 20 किलो मीटर दूर रोमाना अजीत सिंह में चार अज्ञात व्यक्तियों ने करतार कौर और उसके बेटे बसंत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि अज्ञात व्यक्ति हरचंद सिंह नामक आदमी के घर में दाखिल हुए और उसकी पत्नी करतार कौर तथा बेटे बसंत सिंह को एक लाइन में खड़े होने पर बाध्य किया । इसके बाद उन्होंने उनको गोलियां मार दीं । उन्हें संदेह था कि करतार कौर ने पुलिस को उनके एक साथी के बारे में खबर दी थी जोकि बाद में मारा गया था । एक अन्य सूचना के अनुसार घटना के समय करतार कौर व बसंत सिंह टैलीविजन देख रहे थे ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का सुभाष चंद्र, उम्र 25 साल, कद 5'-9", रंग सांवला, 8.8.89 को सुबह 5½ बजे घर से सैर करने गया, वापस नहीं लौटा । पहुंचाने वाले को खर्चे के अलावा 200/- शुकराना दिया जाएगा । घर वाले बहुत परेशान और दुखी हैं इसलिये अगर सुभाष खुद यह इश्तहार पढ़े तो फौरन वापस घर आ जाए ।

गुलजारी लाल

मकान नं. **230 WB**, अली मुहल्ला, जालंधर

आतंकवादियों ने गत दिवस जगाधरी के निकट बिजली बोर्ड कार्यालय से लगभग 25000 रुपये नकद लूट लिए । चित्र में (दाएं) बिजली बोर्ड का दफ्तर तथा (बाएं) असिस्टैंट लाईनमैन दाताराम, जो आतंकवादियों का पीछा करते समय उनकी गोलियों से घायल हो गया । बोर्ड के कैशियर दयाल चंद को भी आतंकवादियों ने घायल कर दिया, जो पी.जी.आई. चंडीगढ़ में उपचाराधीन है ।

(छाया : भारती)

आतंकवादी गिरफ्तार : मलोट (गोयल): ज़िला फरीदकोट पुलिस ने थाना सादिक क्षेत्र के एक आतंकवादी प्रीतम सिंह उर्फ पित्तू को गिरफ्तार किया है । उससे एक डबल बैरल गन और 15 कारतूस बरामद हुए ।

गिरोह बच निकला : गत रात ज़िला कपूरथला के थाना सुलतानपुर लोधी के गांव आहली कलां के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी गिरोह बच कर निकलने में सफल रहा । खबरों में कहा गया है कि बी.एस.एफ. की एक पार्टी ने गांव के निकट नाका लगाया हुआ था । जब उन्होंने नाके की ओर आ रहे आतंकवादियों को चुनौती दी तो वह फायरिंग करने लगे । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की लेकिन आतंकवादी भाग निकले । घटनास्थल पर एक पिस्तौल की मैगजीन व कुछ कारतूस पड़े मिले ।

युवक का अपहरण : जीरा (शर्मा): थाना धर्मकोट के सब-इंस्पैक्टर सुरेन्द्र सिंह को गश्त के दौरान गुरदीप सिंह वल्द मंगल सिंह वासी बग्गे ने बताया कि 7 नौजवान रात को उसके घर आए,

बैंक हड़त

(पृष्ठ 3 का

कर्मचारियों की उचित मांगें
कर्मचारियों के पास अपना
सिवाय और कोई मार्ग नहीं
जिम्मेदारी केवल सरकार औ

होशियारपुर (अश्विन
राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारि
स्थानीय जालन्धर रोड पर प
सामने प्रदर्शन तथा रैली की
नेताओं ने भाषण के दौरान कह
शीघ्र स्वीकार न की गई तो वे
देंगे ।

कपूरथला (शर्मा): अ
कर्मचारी एसोसिएशन तथ
अधिकारी एसोसिएशन के आ
बैंक में टोकन हड़ताल रही
भारी प्रदर्शन तथा रैली की
अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह तथ
महासचिव ने सम्बोधित किया

करतारपुर (साहनी): आज
पटियाला के कर्मचारियों ने अप
हड़ताल की ।

नकोदर (गगन): आज य
ईंडिया की ब्रांच के सिवाय श
सरकारी बैंकों के कर्मचारियों ने
करके पूरा कारोबार ठप्प रख
अपनी मांगों के समर्थन में एक रै
के विरुद्ध नारेबाजी की ।

फगवाड़ा (खोसला) : यहा
स्टेट बैंक आफ ईंडिया व ईंडियन
छोड़ कर शेष सभी बैंकों में
हड़ताल की । कर्मचारियों के ए
कि ट्रेड यूनियन के इतिहास में य
कि दो बैंक कर्मचारी संगठनों
हड़ताल की लेकिन दोनों संगठनों
के विपरीत हैं ।

अमृतसर : ए.आई.बी.ई.ए
आज यहां राष्ट्रीयकृत, निजी तथ

MISSING

Mr. Naresh-Vashumal Hassija is missing since 29th July 1989 from Ramban (Ramban-Srinagar National Highway). He was wearing black Pant light blue Shirt and bears normal height and fair colour. Any

Punjabi Sanatani

ब्रह्मा गिरोह के सदस्य थे : तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री बलदेव ने बताया कि कल हम्मदपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में मारे गए जसकर्ण सिंह उर्फ काला, जलविंदर सिंह उर्फ गब्बर, अमरजीत सिंह उर्फ म्बा, स्वर्ण सिंह, बलकार सिंह तथा मस्सा सिंह खूंखार आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा के गिरोह से सम्बन्ध रखते थे तथा इस गिरोह के यही जीवित सदस्य बचे हुए थे । इस गिरोह के दो सदस्य गत सप्ताह खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे ।

मां बेटे की हत्या : जैतो (पराशर): गत रात यहां से 20 किलो मीटर दूर रोमाना अजीत सिंह में चार अज्ञात व्यक्तियों ने करतार कौर और उसके बेटे बसंत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि अज्ञात व्यक्ति हरचंद सिंह नामक आदमी के घर में दाखिल हुए और उसकी पत्नी करतार कौर तथा बेटे बसंत सिंह को एक लाइन में खड़े होने पर बाध्य किया । इसके बाद उन्होंने उनको गोलियां मार दीं । उन्हें संदेह था कि करतार कौर ने पुलिस को उनके एक साथी के बारे में खबर दी थी जोकि बाद में मारा गया था । एक अन्य सूचना के अनुसार घटना के समय करतार कौर व बसंत सिंह टैलीविजन देख रहे थे ।

आतंकवादियों ने गत दिवस बगाधरी के निकट बिजली बोर्ड कार्यालय से लगभग 25000 रुपये नकद लूट लिए । चित्र में (दाएं) बिजली बोर्ड का दफ्तर तथा (बाएं) असिस्टैंट लाइनमैन दाताराम, जो आतंकवादियों का पीछा करते समय उनकी गोलियों से घायल हो गया । बोर्ड के कैशियर दयाल चंद को भी आतंकवादियों ने घायल कर दिया, जो पी.जी.आई. चंडीगढ़ में उपचाराधीन है ।
(छाया : भारती)

आतंकवादी गिरफ्तार : मलोट (गोयल): जिला फरीदकोट पुलिस ने थाना सादिक क्षेत्र के एक आतंकवादी प्रीतम सिंह उर्फ पित्तू को गिरफ्तार किया है । उससे एक डबल बैरल गन और 15 कारतूस बरामद हुए ।

गिरोह बच निकला : गत रात जिला कपूरथला के थाना सुलतानपुर लोधी के गांव आहली कलां के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी गिरोह बच कर निकलने में सफल रहा । खबरों में कहा गया है कि बी.एस.एफ. की एक पार्टी ने गांव के निकट नाका लगाया हुआ था । जब उन्होंने नाके की ओर आ रहे आतंकवादियों को चुनौती दी तो वह फायरिंग करने लगे । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की लेकिन आतंकवादी भाग निकले । घटनास्थल पर एक पिस्तौल की मैगजीन व कुछ कारतूस पड़े मिले ।

युवक का अपहरण : जीरा (शर्मा): थाना धर्मकोट के सब-इंस्पैक्टर सुरेन्द्र सिंह को गश्त के दौरान गुरदीप सिंह बल्द मंगल सिंह वासी बग्गे ने बताया कि 7 नौजवान रात को उसके घर आए, जोकि हथियारों से लैस थे और हथियारों की नोक पर उसके भानजे हरजिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

पुलिस ने बनखंडी निवासी रेशम सिंह को, जोकि गांव सेखवां के एक डेरे का महंत है, आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

नकदी व जेवर ले गए : फिल्लौर : गांव गढ़ी महा सिंह में दो अज्ञात व्यक्ति एक व्यक्ति तलविन्दर सिंह के घर में दाखिल हुए जबकि वह काम पर गया हुआ था । उसकी पत्नी गुरविन्दर कौर ने पुलिस को बताया कि दोनों व्यक्तियों ने घर में घुस कर उसके लड़के को उठा लिया और पिस्तौल जैसी चीज उसके कानों पर रख कर कहा कि जो कुछ भी घर में है उनके हवाले कर दे अन्यथा वह लड़के को मार देंगे । यह लोग घर से 3500 रुपए नकद, सोने, चांदी के आभूषण व अन्य सामान लेकर चम्पत हो गए ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । उनकी शिनाख्त भूपिन्द्र सिंह, सुखविंदर सिंह उर्फ निंदर, किशन सिंह तथा कुंदन सिंह के रूप में हुई है। उनसे एक 12 बोर की बंदूक, एक .32 बोर रिवाल्वर, एक .315 बोर पिस्तौल तथा कारतूस बरामद किए गए ।

3 विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या, शस्त्र लूट ले गए : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव औलख में स्थित विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर आज रात्रि 8.45 बजे सशस्त्र उग्रवादियों ने हमला करके तीन विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी व एक अधिकारी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया तथा इस चौकी पर रखे सभी शस्त्र और गोली सिक्का लूटकर ले गए । घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस के उच्चाधिकारी और बी.एस.एफ. के अधिकारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए ।

मृतकों में पंजाब होमगार्ड का जवान जोगा सिंह और 2 विशेष पुलिस अधिकारी देवेंद्र सिंह व हरविन्द्र सिंह शामिल हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर उग्रवादी इस चौकी से 303 बोर की सात राइफलें व गोली-सिक्का लूट कर ले गए हैं । अपुष्ट जानकारी के अनुसार इस चौकी पर तैनात शेष 4 विशेष पुलिस अधिकारी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं ।

'बम' बरामद : जालन्धर : आज माडल टाऊन मार्कीट में 'बम' मिलने से आतंक फैल गया

सिवाय और कोई मार्ग नहीं रहेगा और इसकी जिम्मेदारी केवल सरकार और बैंकरों की होगी ।

होशियारपुर (अश्विनी) : आज यहां राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों ने हड़ताल की । स्थानीय जालन्धर रोड पर पंजाब नैशनल बैंक के सामने प्रदर्शन तथा रैली की । एसोसिएशन के नेताओं ने भाषण के दौरान कहा कि यदि उनकी मांगें शीघ्र स्वीकार न की गईं तो वे आंदोलन को तेज कर देंगे ।

कपूरथला (शर्मा): अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी एसोसिएशन तथा अखिल भारतीय अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर आज यहां बैंक में टोकन हड़ताल रही । बैंक कर्मचारियों ने भारी प्रदर्शन तथा रैली की । रैली को फैडरेशन अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह तथा श्री एम.एल. शर्मा महासचिव ने सम्बोधित किया ।

करतारपुर (साहनी): आज यहां स्टेट बैंक आफ पटियाला के कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल की ।

नकोदर (गगन): आज यहां स्टेट बैंक आफ इंडिया की ब्रांच के सिवाय शहर के सभी अन्य सरकारी बैंकों के कर्मचारियों ने जबरदस्त हड़ताल करके पूरा कारोबार ठप्प रखा । कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक रैली की और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की ।

फगवाड़ा (खोसला) : यहां बैंक आफ बड़ौदा, स्टेट बैंक आफ इंडिया व इंडियन ओवरसीज बैंक को छोड़ कर शेष सभी बैंकों में कर्मचारियों ने पूर्ण हड़ताल की । कर्मचारियों के एक प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेड यूनियन के इतिहास में यह पहला अवसर है कि दो बैंक कर्मचारी संगठनों ने इकट्ठे हो कर हड़ताल की लेकिन दोनों संगठनों की मांगें एक-दूसरे के विपरीत हैं ।

अमृतसर : ए.आई.बी.ई.ए. के आह्वान पर आज यहां राष्ट्रीयकृत, निजी तथा विदेशी बैंकों के 3000 से भी अधिक कर्मचारियों ने हड़ताल की । हड़ताल के कारण बैंकों का सारा काम ठप्प होकर रह गया । हड़ताली कर्मचारी बैंक आफ बड़ौदा, टाऊन हाल के सामने इकट्ठे हुए और विशाल रैली की । कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरुद्ध नारे लगाए ।

शाम के भाव–(11 अगस्त, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6645, चांदी डिलीवरी 6420, चांदी गदी 6560, चांदी कच्ची 6685, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7150, सोना (प्रति 10 ग्राम) हाजिर 3020-3030, सोना स्टैंडर्ड 3140, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3030, गिन्नी (प्रत्येक) 2500-2525 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): तांबे की सिल्ली (प्रति किलो) 353, सिकलड प्लेट 404-409, जस्ता 53.25, रन मैटल फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 85.50, ताम्बा रॉड 88.50, ताम्बा तार फूट 73.00, चदरी पीतल 55.00, पीतल चादर कतरन 58.00, पीतल भरत फूट 51.50, पीतल पुर्जा फूट 51.50, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 24.25, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 25.75, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 55-56, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 68-70, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 69-71, अल्यूमीनियम सिल्ली 43.75, अल्यूमीनियम रॉड 47.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 39.00, अल्यूमीनियम तार फूट 41.00 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाजार : (एन.एन.एस.): **आर. यू./के.एन. टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 9450, (10 एम.एम.) 9250, (12 से 25 एम.एम.) 9100 । **लोकल टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 9200, (10 एम.एम.) 9100, (12 से 25 एम.एम.) 9000 । **एम.एस. राउंड** : (6 एम.एम.) 8500, (8 एम.एम.) 9000, (10 एम.एम.) 9100, (12 एम.एम.) 9000 (16 एम.एम.) 9000 । **गेट चैनल** : हल्का 9400, भारी 9500 । **एम.एस. चैनल लोकल** (75x40) 8900, (100x50) 8900/9000 । **गार्डर जांइट्स लोकल** (150x75) 9200, (160x80) 9200, (175x90) 9200, (200x100) 9300 । **इंगट** : (3.5"से 4.5") 7300/7400, स्क्रैप 5100-5200 रुपए ।

दिल्ली कलाथ 53.00, रिलायंस 110.50, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6620, चांदी डिलीवरी 6415, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7120, सोना बिट्टूर (प्रति 10 ग्राम)3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3140, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 355-360, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 350-363, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 176.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 202, मूंगफली तेल (10 किलो) 230, तिल तेल (10 किलो) 210, तेल बिनौला (10 किलो) 205, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 185, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 140, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1880, सरसों बायदा (20 किलो) नवं. 139.00, पीपरमैंट फ्लैक दिवाली 310, विस. दिली. रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 250.00, आंध्र सीमैंट 8.40 (10/8), अशोक एक्सर 110.00

पंजाब शांति परिषद के प्रधान जो [illegible] घोषणा करते हुए कहा कि भगवती जागरण 12 अगस्त की रात्रि को होगा ।

आस्ट्रेलिया के 5 विकेट पर 560 रन

नाटिंघम (इंगलैंड), 11 अगस्त : आस्ट्रेलिया ने आज ट्रेंट ब्रिज में इंगलैंड के खिलाफ पांचवें क्रिकेट टैस्ट मैच में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 5 विकेट पर 560 रन बना लिए ।

सलामी बल्लेबाजों मार्क टेलर व ज्याफ मार्श ने ऐशेज शृंखला में पहली विकेट के लिए 329 रन की रिकार्ड भागेदारी निभाई ।

जालंधर : जालंधर [illegible] सहायक इंजीनियर श्री नरेश [illegible] 12 अगस्त को दोपहर बाद [illegible] समाज मंदिर, लारैंस रोड, [illegible]

65.72 लाख [illegible] पकड़ा

बम्बई, 11 अगस्त (वा [illegible] निदेशालय के अधिकारियों ने [illegible] से आए एक विमान के पिछव [illegible] 65.72 लाख रुपए का

SING

Bombay Address :
Anil Kumar Jairamdas,
Shop No. 4, Kakad Market,
306, Kalbadevi Road, BOMBAY-2.
T.Nos. 252295-299175 R-6263538.

ड विज्ञापन

कम्प्यूटर कोर्स

कम्प्यूटर कोर्स के लिए मिलें–होस्टल का प्रबंध, सुबह-रात्रि क्लासें । नैशनल इलैक्ट्रानिक ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊटगेट बस स्टैंड, पठानकोट ।

टी.वी. ट्रेनिंग

Learn Video/Television Repairing From Professionals (Practical Oriented). Contact Dynamic Institute of Electronics, S.C.F. 8-100, Chandigarh.

नाम परिवर्तन

I, Kamaljit Kumar son of Sh. Balbir Bhandari, resident of N.A. 215, Kishanpura, Jalandhar have changed my name to Kamaljit Bhandari. Please all concerned note.

तीर्थ यात्रा

13 अगस्त दोपहर 2 बजे से अमरनाथ, पहलगांव, गुलमर्ग, श्रीरभवानी, वैरीनाग, वैष्णोदेवी, चामुंडादेवी, ज्वालाजी, चिन्तपूर्णी, किराया 400/- वापसी 24 अगस्त, मिलें : समित यात्रा सहायक समिति, सामने मंदिर माईचौनी, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 34521.

चिकित्सा

मायूस मरीजों की तकदीर खुल गई । गागर में सागर कोर्स खाइए और खोई हुई सेहत व तंदरुस्ती प्राप्त कीजिए । कीमत सिर्फ 120/- रुपए । बवासीर बगैर आप्रेशन जड़ से खत्म, कीमत सिर्फ 100/- रुपए मनिआर्डर या वी.पी. मिल कर हवा मंगवाएं ।

VIDEOCO
MUSIC SYST

So smashing, brea
even the price barr

Other exciting models
at your Videocon dealer

AUTHORISED DEALERS : PUNJ
M/S. AGGARWAL T.V. CENTRE, Opp. Ol
G.T. Road, Khanna, Ph. : 21418; **M**
ELECTRONICS, Dhangu Road, Pathar
AMARJOTI TRADERS, Court Road, Moga
M/S. AUDIO VISION, Feroze Gandhi Mark
Ph. : 21660; **M/S. BAHADAR CHAND**
Bazar, Amritsar, Ph. :44181, 49797, 47632;
ENTERPRISES, Dr. Radha Krishanan Ma
Ph. : 2219, 2077; **M/S. JUPITER ENT**
Kotwali Bazar, Hoshiarpur, Ph. : 3178; **M/**
RADIOS, Chaura Bazar, Ludhiana. Ph. : 2
SHARAN BROTHERS, Red Cross Marke
Jalandhar; **M/S. SHARAN SALES (P) LTD.,**
Sanjay Gandhi Market, Jalandhar.

केंद्रीय हस्त औज़ार संस्

यू.एन.डी.पी. प्राजेक्ट
(भारत सरकार की संस्था)
जालंधर

विज्ञापन नं. सी.आई.एच.टी./3/8

सी.आई.एच.टी. द्वारा निम्न पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन

फोर्ज शाप:

1. **दक्ष वर्कर ग्रेड-II** : तीन : 1320-2040 (कुल 1973 वर्ष–आई.टी.आई., 4 वर्ष के अनुभव सहित ।
   (i) **फोर्जमैन-बैल्ट ड्राप हैमर**–एक
   (ii) **फोर्जमैन-न्यूमैटिक हैमर**–एक
   इक्विपमैंटस, फोर्जिंग प्रासैस और फर्नीसिज का पूर्ण ज्ञान रखते हों औ

Punjabi Sanatan

4 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गये

'बम्ब' सतनाम सिंह चगारियां का निकट साथी, करनाल कांड में भी संलिप्त था

भू.पू. मंत्री धन्नोवाली, उनके बेटे सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वा., ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद से भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली तथा उनके लड़के सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 4 आतंकवादी मारे गए । मारे गए आतंकवादियों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का अत्यन्त खतरनाक 'ए' श्रेणी का आतंकवादी गुरमुख सिंह 'बम्ब' भी शामिल है जो कि 150 के लगभग हत्याओं में संलिप्त था । यह गिरोह करनाल बम विस्फोट में भी संलिप्त बताया जाता है ।

धन्नोवाली व उनके बेटे की हत्या : होशियारपुर से सूबाददाता की सूचना है कि गत रात होशियारपुर से 10 किलोमीटर दूर ऊना रोड पर गांव पतेड़ा में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों ने पंजाब के भूतपूर्व मंत्री प्यारा राम धन्नोवाली और उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गांव धन्नोवाली जिला जालंधर के श्री प्यारा राम अपने फार्म हाऊस में अपने लड़के सिद्धार्थ कुमार, गनमैन राम लुभाया और ट्यूबवैल आप्रेटर नरेंद्र शर्मा के साथ सोये हुए थे कि आधी रात के बाद एक बजे के करीब सशस्त्र आतंकवादी वहां पहुंच गए तथा धन्नोवाली से पूछा कि धन्नोवाली कौन है । जब उन्होंने उत्तर दिया कि मैं हूं तो उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और इसके साथ ही उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार को भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया । इन दोनों की हत्या करने से पूर्व आतंकवादियों ने ट्यूबवैल आप्रेटर और गनमैन रामलुभाया, जो कि श्री धन्नोवाली का चचेरा भाई बताया जाता है, को दूसरे कमरे में बंद कर दिया । बाप-बेटे की हत्या के बाद हत्यारे पैदल ही वहां से चले गये ।

60 वर्षीय प्यारा राम धन्नोवाली लछमन सिंह गिल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे । उस समय वह फगवाड़ा सुरक्षित क्षेत्र से चुने गये थे । गत विधानसभा चुनाव में वह इंका प्रत्याशी के रूप में अकाली प्रत्याशी से मात खा गए थे । गिल मंत्रिमंडल के टूटने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे । उनकी हत्या की खबर सुनते ही डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री डी.आर. भट्टी मौका पर पहुंच गये । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि श्री धन्नोवाली को दो गनमैन दिये गये थे, जबकि एक गनमैन उनसे छुट्टी लेकर घर गया हुआ था । दूसरा गनमैन राम लुभाया स्टेनगन संदूक में रख कर सो रहा था । दोनों गनमैनों को डिसमिस कर दिया गया है । 32 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार वन विभाग में फारेस्टर था । दोनों लाशों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पैतृक गांव धन्नोवाली भेज दिया गया, जहां कल प्रातः 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

2 आतंकवादी मरे : लुधियाना (जोशी, मुसाफिर): गत रात गांव सहाड़ थाना डेहलों के निकट पुलिस की गश्ती टुकड़ी तथा आतंकवादियों के मध्य 20 मिनट तक गोली चलती रही । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस की टुकड़ी, जिसका नेतृत्व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर किशोर कुमार तथा डेहलों के एस.एच.ओ. कर रहे थे, तीन जीपों में सवार होकर जब गांव जमात से गांव सहाड़ जा रही थी तो सघड़ की नहर के करीब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग आरम्भ कर दी । जबाबी फायरिंग के बाद 2 आतंकवादियों की लाशें पड़ी मिलीं । इनके पास एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, 24 खाली कारतूस, 25 अनचले कारतूसों के अलावा 38 बोर का रिवाल्वर पड़ा था ।

मृत आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । यह हैं : बलदेव सिंह कलाड़ी तथा कश्मीरा सिंह लोनोवाल । श्री सैनी ने बताया कि बलदेव सिंह जिला लुधियाना का सबसे खतरनाक आतंकवादी था जो तथाकथित खालिस्तान मुक्तिवाहिनी से संबंधित था । उसके सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम था और वह लुधियाना, पटियाला व संगरूर जिला में 30 हत्याएं कर चुका था । वह 25 डकैतियों में भी वांछित था । उसने भूतपूर्व विधायक अमरजीत सिंह समराला, मौजा सहा में दो भाइयों, गांव रानों में भगत सिंह, भगत सिंह, भादसों में हैड कांस्टेबल भीम सिंह, सहकारी सोसायटी सहा के खजांची जनार्दन दास की हत्या की थी । वह अहमदगढ़ गोलीकांड, गांव नानोवाल में 64 हजार की डकैती और एक चीनी मिल से एक लाख रुपए की लूट में भी संलिप्त था ।

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी चरणजीत सिंह उर्फ चरना को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की पिस्तौल बरामद की ।

'बम्ब' मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव गुज्जरपुरा में सुरक्षा बलों के साथ कई घंटे तक चली रक्तिम मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के दो आतंकवादी मारे गये, जिनमें अत्यन्त खतरनाक आतंकवादी गुरमुख सिंह 'बम्ब' वासी नंगल वंजां भी शामिल था । एस.एस.पी. मजीठा श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि गुरमुख सिंह 'बम्ब' स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल सतनाम सिंह चगारियां का निकट साथी था । वह सूचीबद्ध आतंकवादी था और उसके सिर पर 40,000 रुपए का ईनाम घोषित था । वह भी इस आतंकवादी संगठन का स्वयं-भू एरिया कमांडर कहलाता था । उसके साथी की पहचान स्वरूप सिंह के रूप में हुई है ।

घटनास्थल पर भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का मिला जिसमें 2 ए.के. 47, एक ए.के. 74 चीनी राइफलें, एक माऊजर पिस्तौल शामिल हैं । श्री शर्मा ने कहा कि गुरमुख सिंह लगभग 150 हत्याओं में संलिप्त था तथा उसका निशाना मुख्य रूप से एक समुदाय के लोग थे । इसके अलावा वह छीना झपटी, बलपूर्वक धन ऐंठने और पुलिस व सी.आर.पी. के काफिलों पर अनेक हमलों में भी संलिप्त था ।

खूंखार आतंकवादी गुरमुख सिंह बम्ब एक समुदाय के लोगों के जिन बड़े कत्ल कांडों में संलिप्त था, उनमें अनंतपुर में 11 बस यात्रियों, बदूदोवाल में 9 व्यक्तियों, पक्खा तेरा तथा हशां छीना में 5-5,

पंजाब के इंका नेता तथा भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली (बाएं) तथा उन शनिवार को उग्रवादियों ने जिला होशियारपुर के गांव पतेड़ा में उनके फार्म ह थी, के शव । (इनसैट बाएं) श्री प्यारा राम धन्नोवाली (इन्सैट दाएं) श्री सिद्ध (नीचे) सिविल अस्पताल होशियारपुर में स्व. श्री धन्नोवाली के परिवार की म हुई । (छाया



थाना ममदोट के सीमावर्ती गांव सैदो में गत दिनों पुलिस तथा सुरक्षा बलों के सा गये के.सी.एफ. के आतंकवादी अवतार सिंह (इनसैट मृतक अवतार सिंह का श बरामद की गई ए.के. 47 चीनी राइफल तथा अन्य गोली-सिक्का ।

रे ने कहा : अगर मैं उग्रवादियों की गोली का निशाना न बना...

पटियाला, 12 अगस्त (भूषण): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कल शाम यहां पंजाबी विश्वविद्यालय परिसर में इतिहास भवन का शिलान्यास करते हुए कहा कि वह इस भवन के तैयार होने पर इसका उद्घाटन भी खुद ही करेंगे बशर्ते कि वह उग्रवादियों की गोली का निशाना न बने । उन्होंने प्रार्थना की कि वाहेगुरु पंजाब को शांति और खुशहाली बख्शे । यह इतिहास भवन 90 लाख रुपए की लागत से 15 महीनों में तैयार होगा ।

इससे पूर्व उन्होंने पंजाबी विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए गए 'पंजाबी शब्द-रूप ते शब्द जोड़ कोश' को जारी करने के पश्चात भाषण देते हुए कहा कि पंजाबी के शब्दों तथा शब्द जोड़ों को इकत्रित करके पंजाबी विश्वविद्यालय ने बहुत अच्छा प्रयत्न किया है । उन्होंने इस कोश को तैयार करने में योगदान देने वाले विद्वानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंजाब के विद्वानों ने देश के साहित्य तथा संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । श्री रे ने कहा कि पंजाबी भाषा बहुत समृद्ध हो चुकी है । इस अवसर पर श्री रे ने इस शब्द जोड़ कोश की प्रथम प्रति कोश के सम्पादक डा. हरकीरत सिंह को भेंट की । इस अवसर पर बोलते हुए पंजाबी विश्वविद्यालय के उपकुलपति श्री एच.के. मनमोहन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पंजाब तथा पंजाबियों की संस्कृति को सहेज कर रखने के

पंजाब के राज्यपाल श्री रे शुक्रवार को पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला में 'पंजाबी शब्द रूप ते शब्द जोड़ कोश' को जारी करते हुए ।

अतिरिक्त इनके विकास के लिए प्रयत्नशील रहेगा ।

पूर्व सांसद को सम्मान राशि देना रिश्वत नहीं : देवी लाल

नई दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता): जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने आज कहा कि रिटायर होने वाली को सम्मान राशि देना रिश्वत नहीं है । श्री देवी लाल ने यहां जारी बयान में कहा कि वह उन 'निष्ठावान' सांसदों का अभिनन्दन कर रहे हैं जिन्होंने देश के भविष्य और नैतिक मूल्यों के लिए सांसद के रूप में मिलने वाली सुविधाओं को छोड़ कर कुर्बानी दी है ।

उन्होंने कहा कि वह सांसदों को अपने पास से कोई आर्थिक सहायता नहीं दे रहे हैं ।

हरियाणा के मंत्री कुछ नेताओं के उग्र से सम्पर्कों के बारे में प्रमाण घड़ र

नई दिल्ली, 12 अगस्त (जी.एस. चावला): केंद्र सरकार को गुप्तचर एजैंसियों से इस प्रकार की चेतावनी वाली रिपोर्ट मिली है कि हरियाणा के कुछ मंत्रियों द्वारा कुछ गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के बयानों के आधार पर इस प्रकार के आरोपों के प्रमाण

पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव भौलम स्थित सरक्षा चौकी पर आतंकवादियों के

घड़े जा रहे हैं कि कुछ केंद्रीय के साथ सम्पर्क हैं । केंद्र स राज्यपाल श्री एच.ए. बरारी ओर आकर्षित किया है तथा अ को इस प्रकार के प्रयासों के बा को कहा है ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह सार्वज के आरोप लगाते रहे हैं कि के सिंह तथा कृषिमंत्री श्री भज बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन हरियाण द्वारा इस प्रकार के बयान दिए सरकार को इंटैलीजैंस ब्यूरो से मिली थी कि हरियाणा के गृहम कहने पर हरियाणा के पुलिस गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों दबाव डाल रहे हैं कि वह अपने मंत्रियों को संलिप्त करें ।

इंटैलीजैंस ब्यूरो द्वारा केंद्र रिपोर्ट में दो पुलिस अधिकारियों किया गया है । इनमें एक कर अधिकारी है तथा दूसरा एक प इन्हें गिरफ्तार किए गए लोगों संलिप्त किए जा सकने वाले सौंपा गया है । रिपोर्ट के अधिकारी अपने राजनीतिक आ करने का भरसक प्रयास कर र

इसी सप्ताह इंटैलीजैंस ब्यू वाली रिपोर्ट भेजी है कि हरिय नेताओं को फंसाने के लिए झूठे केंद्र ने राज्यपाल श्री बरारी हरियाणा के मंत्रियों के इस प्रक गंभीरता से लें ।

Punjabi Sangrahani

म्ब' समेत मारे गये

ड में भी संलिप्त था

4 की हत्या

ी. जालंधर रेंज श्री डी.आर. भट्टी मौका गये । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि श्री को दो गनमैन दिये गये थे, जबकि एक नसे छुट्टी लेकर घर गया हुआ था । न राम लुभाया स्टेनगन संदक में रख कर । दोनों गनमैनों को डिसमिस कर दिया 32 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार वन विभाग में । दोनों लाशों को होशियारपुर सिविल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पैतृक वाली भेज दिया गया, जहां कल प्रातः 11 अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

आतंकवादी मरे : लुधियाना (जोशी, गत रात गांव सहाड़ थाना डेहलों के की गश्ती टुकड़ी तथा आतंकवादियों के मिनट तक गोली चलती रही । श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस जिसका नेतृत्व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर र तथा डेहलों के एस.एच.ओ. कर रहे में सवार होकर जब गांव जमात से गांव ही थी तो सघड़ की नहर के करीब ों ने उन पर फायरिंग आरम्भ कर दी । रंग के बाद 2 आतंकवादियों की लाशें । इनके पास एक ए.के. 47 चीनी ल, एक मैगजीन, 24 खाली कारतूस, कारतूसों के अलावा .38 बोर का था ।

तंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । देव सिंह कल्हाड़ी तथा कश्मीरा सिंह श्री सैनी ने बताया कि बलदेव सिंह ना का सबसे खूंखार आतंकवादी था जो ालिस्तान मुक्तिवाहनी से संबंधित सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम था याना, पटियाला व संगरूर जिला में चुका था । वह 25 डकैतियों में भी उसने भूतपूर्व विधायक अमरजीत मौजा सहा में दो भाइयों, गांव रानों में गत सिंह, भादसों में हैड कांस्टेबल



पंजाब के इंका नेता तथा भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली (बाएं) तथा उनके पुत्र सिद्धार्थ, जिनकी शनिवार को उग्रवादियों ने जिला होशियारपुर के गांव पतेड़ा में उनके फार्म हाऊस पर हत्या कर दी थी, के शव । (इनसैट बाएं) श्री प्यारा राम धन्नोवाली (इन्सैट दाएं) श्री सिद्धार्थ का पुराना चित्र । (नीचे) सिविल अस्पताल होशियारपुर में स्व. श्री धन्नोवाली के परिवार की महिलाएं विलाप करती हुई ।

(छाया : मून लाइट स्टूडियो)



थाना ममदोट के सीमावर्ती गांव सैदो में गत दिनों पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गये के.सी.एफ. के आतंकवादी अवतार सिंह (इनसैट मृतक अवतार सिंह का शव) तथा उसके पास से बरामद की गई ए.के. 47 चीनी राइफल तथा अन्य गोली-सिक्का । (छाया : बागी)

शांति प्रांत

कई त

जाफना, रिवोल्यूशनरी के अध्यक्ष वी. शांति सेना की लेबनान जैसी बालाकुमार ने कहा कि हथिय फिर से हथियार जा रही है ।

उन्होंने भ लिबरेशन टाइ युद्ध रोकने की

श्री बाला हुई बातचीत इसका स्वागत समाप्त करने

श्री बाला को शांति सेना प्रक्रिया जारी र सेना की वापसी सुरक्षा प्रदान क रह सकती है ले रुकनी चाहिएं

'इरोस' के लिट्टे को विश अवसर और दे हस्तक्षेप के बगै बाला कुमार ने कर रहा है । और शांति सेना किया लेकिन स

उन्होंने एक काम करने के त फिर भी उन्होंने शामिल होने क

इसी बीच (लिट्टे) ने प्रधा के उस प्रस्ताव श्रीलंका के स प्रतिनिधियों के

Punjabi Sanata

(10) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 13.8.1989

बम्ब मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

दूसरी बड़ी सफलता : मजीठा पुलिस जिला के एक प्रवक्ता ने आज दावा किया कि खूंखार आतंकवादी गुरमुख सिंह 'बम्ब' का मारा जाना मजीठा पुलिस जिला में सुरक्षा बलों की ओर से आतंकवादियों के विरुद्ध शुरू की गई त्रिपक्षीय कार्रवाई के दौरान 6 दिनों में 'दूसरी बड़ी सफलता' है । प्रवक्ता ने कहा कि पहली सफलता बुधवार को जंडियाला क्षेत्र में खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुखदेव सिंह सुक्खा का मारा जाना था । बम्ब और सुक्खा दोनों 'ए' श्रेणी के आतंकवादी थे और अपने-अपने आतंकवादी संगठनों के स्वयंभू एरिया कमांडर थे । प्रवक्ता ने कहा कि बाबा बकाला, मजीठा और अजनाला क्षेत्रों में एक साथ त्रिपक्षीय कार्रवाई जारी है । इस कार्रवाई के लिए कोई अतिरिक्त फोर्स नहीं मंगाई गई अपितु क्षेत्र में पहले से ही तैनात को 'पूल' करके यह अभियान चलाया जा रहा है । जिन क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है उनमें मंड का क्षेत्र भी शामिल है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि गुरमुख सिंह तथा उसके साथी खतरनाक उग्रवादी चगारियां के गिरोह के लिए पाकिस्तान से हथियार लाने का काम भी करते थे । करनाल के निकट हुए बम विस्फोट में भी इसी गिरोह का हाथ था क्योंकि भिडरांवाला टाइगर फोर्स ने इसकी जिम्मेदारी ली थी । उक्त मुठभेड़ में तीन आतंकवादी बच कर निकलने में सफल रहे ।

पूर्व सरपंच की हत्या : अमृतसर के उपनगर बेरका में आतंकवादियों ने एक पूर्व सरपंच पूर्ण सिंह की हत्या कर दी । हमलाबर फरार होने में सफल हो गये । पुलिस का कहना है कि यह आपसी शत्रुता का मामला है ।

पुलिस चौकी पर हमला : एक अन्य वारदात में तरनतारन पुलिस जिला के पंजवड़ गांव में घोड़ों पर सवार 6 आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में एक घोड़ा मारा गया, जबकि सभी आतंकवादी फरार होने में सफल हो गये ।

आतंकवादी ने आत्मसमर्पण किया : अमृतसर : आज रात यहां गमटाल तथा लोहारके गांवों के मध्य पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले के पश्चात् एक आतंकवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया । अंतिम समाचार मिलने तक उसके साथी की खोज की जा रही थी ।

श्रमिक की हत्या : एक अन्य घटना में अमृतसर नगर के ही सुल्तानविंड क्षेत्र में कुछ उपद्रवियों ने कल रात एक रेलवे श्रमिक को छुरे से मार डाला ।

गुरुहरसहाय (भंडारी): यहां से 8 किलोमीटर दूर थाना ममदोट में गत रात 8 बजे आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला कर दिया । पता चला है कि रात को पुलिस कर्मचारी अपने-अपने नाके पर जाने की तैयारी कर रहे थे कि आतंकवादियों की ओर से अचानक फायरिंग शुरू हो गई । जवाबी फायरिंग से आतंकवादी भाग गए । किसी के हताहत होने की खबर नहीं ।

घायल कैशियर ने दम तोड़ा : यमुनानगर, (हस): हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के कैशियर ध्यान चंद, जिसे बुधवार को यहां आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था, की आज यहां अस्पताल में मृत्यु हो गई । उल्लेखनीय है कि तीन आतंकवादी ध्यान चंद तथा बोर्ड के एक सहायक लाईनमैन को गोली मार कर घायल कर गए थे और 25 हजार रुपये लूट कर ले गए थे ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला का ब्यौरा :बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव औलख में गत रात 3 जवान ही मारे गये हैं, अन्य कोई घायल नहीं हुआ । मृतकों में पंजाब होमगार्ड के जवान जोगा सिंह सहित दो विशेष पुलिस अधिकारी दविन्द्र सिंह व हरविंद्र सिंह शामिल हैं । हरविन्द्र सिंह हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा का निवासी था । सशस्त्र आतंकवादी ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित इस चौकी से 303 बोर की 5 तथा 2 बोल्ट एक्शन राईफलों सहित 250 कारामद कारतूस ले गये हैं । इस सुरक्षा चौकी पर पंजाब होमगार्ड के 2 जवानों सहित 7 विशेष पुलिस अधिकारी तैनात थे और सशस्त्र आतंकवादियों के हमले के समय इस चौकी में केवल 3 सुरक्षा कर्मी ही उपस्थित थे, जो मारे गये । अन्य सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार अन्य सुरक्षा जवान अपने हथियार सुरक्षा चौकी में रख कर शराब आदि पीने गए हुए थे । आतंकवादी वारदात करके जगराज सिंह जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए चले गए ।

जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पूछताछ के लिए 15 लोगों को हिरासत में लेकर 15-18 गांवों को सील करके आतंकवादियों की खोज की जा रही है । थाना श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने इस घटना के संबंध में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह सहित 7 आतंकवादियों के खिलाफ पर्चा दर्ज किया है । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव उनके वारिसों को सौंप दिए गये हैं । आतंकवादियों के आक्रमण के समय विशेष पुलिस अधिकारी दविन्द्र सिंह सन्तरी की ड्यूटी पर तैनात था । सबसे पहले आतंकवादियों ने उसे अपनी गोली का निशाना बनाया । एक सूचना के अनुसार हमला करने वाले आतंकवादियों की गिनती 15 से 20 थी । पुलिस जिला बटाला में इस वर्ष आतंकवादियों की यह सबसे बड़ी वारदात है, जिसमें आतंकवादी ग्रामीण सुरक्षा चौकी पर हमला करके सुरक्षा कर्मियों को मार 7 राईफलें, 250 गोलियां उठा ले गए हैं ।

एक और चौकी पर हमला : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव टडियाला नजारा स्थित सुरक्षा चौकी पर गत रात घात लगा कर सशस्त्र आतंकवादियों के एक ग्रुप ने अंधाधुंध फायरिंग की । जवाब में सुरक्षा चौकी पर तैनात पी.ए.पी. व एस.पी.ओ. के लगभग 15 जवानों ने भी फायरिंग की । आतंकवादी भागने में सफल रहे । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार यह हमला खालिस्तान कमांडो फोर्स के डिप्टी चीफ सुखविन्द सिंह पप्पू व उसके साथियों ने किया । इस संबंध में 9 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर आसपास के गांवों में खोजबीन की जा रही है । उल्लेखनीय है कि के.सी.एफ. का डिप्टी चीफ सुखविंद्र सिंह पप्पू इसी गांव टडियाला नजारा का निवासी है ।

एक गिरफ्तार : थाना सदर बटाला पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में शमशेर सिंह (बर्कीवाल) को गिरफ्तार करके उससे ए.के. 47 के कुछ जीवित कारतूस बरामद किये हैं ।

मजबाल में हत्या : विगत रात जिला फिरोजपुर के मजबाल गांव में एक व्यक्ति मिलखा सिंह की हत्या कर दी गई । उसका शव कल बरामद हुआ ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने कल रात भिडरांवाले टाइगर फोर्स से सम्बद्ध दो आतंकवादियों को एक हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । सुबा सिंह और जीवन सिंह नामक इन आतंकवादियों के पास से एक राइफल, एक 12 बोर की पिस्तौल और मोटर साइकल बरामद की गई ।

नक्सलियों ने जिम्मेदारी ली : पटियाला (भूषण): नक्सलाईट गोरिल्ला फोर्स ने 7 अगस्त को बाघा पुराना के निकट मोगा बाईपास पर बोगावां के गुरजीत सिंह की हत्या करने की जिम्मेदारी ली है जो कि मिनी बस में तलवंडी मल्हियां से मोगा जा रहा था । फोर्स के तथाकथित कमांडर उदय सिंह द्वारा जारी किये गये एक बयान में कहा गया है कि यह कदम गत वर्ष मोगा में खालिस्तानी कट्टरपंथियों द्वारा क्रांतिकारी लोकतांत्रिक आंदोलन के वर्कर बलविंदर सिंह लाली की हत्या का बदला लेने के लिए उठाया गया है ।

बयान में कहा गया है कि खालिस्तानी कट्टरपंथी निहित स्वार्थों के हाथों का खिलौना बने हुए हैं तथा पंजाबी राष्ट्रीयता, पंजाबी भाषा, पंजाबी संस्कृति तथा सिख अल्पसंख्यकों के हितों के साथ उनका कुछ भी सांझा नहीं है जो कि पंजाबी भाषा की प्रसिद्ध हस्तियों बलदेव मान, जयमल पड़ता, पाश, सतवीर सत्ता तथा डाक्टर रवीन्द्र सिंह रवि की हत्या से जाहिर है ।

बयान में चेतावनी दी गई है कि यदि खालिस्तानियों ने निर्दोष लोगों की हत्याएं जारी रखीं तो गुरिल्ला फोर्स उनको उसी भाषा में जवाब देगी जो वे समझते हैं । बयान में यह भी कहा गया है कि नक्सली पंजाब में अपनी गतिविधियां तेज कर रहे हैं जिसमें उन्हें खालिस्तानी कट्टरपंथियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है ।

कुएं में शव मिला : धूरी (सिंगला) थाना लौंगोवाल के गांव शेरों में एक कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला ।

मारुति वैन चोरी : मोती बाजार मालेरकोटला में एक मारुति वैन चोरी कर ली गई । यह वैन डाक्टर रहमान के एक रिश्तेदार की थी ।

4000 रुपए लूट लिए : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि स्थानीय रतनपुरा में दो सशस्त्र आतंकवादियों ने अमर नाथ नामक एक व्यक्ति के घर में जबरी घुस कर 4000 रुपए की राशि लूट ली व अंधेरे में फरार हो गए ।

संकीर्तन दरबार

जालन्धर, 12 अगस्त : श्री सौदागर मल 'कोमल' महाकाली मंदिर, देवी तालाब जालन्धर में 13 अगस्त को आयोजित संकीर्तन दरबार में सायं 4.30 से 6.30 बजे तक मां काली का गुणगान करेंगे ।

हरियाणा के मंत्री

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह भी बताया जाता है कि हरियाणा सरकार केंद्रीय एजैंसी को सहयोग नहीं दे रही है । हरियाणा पुलिस द्वारा इस प्रकार के भी प्रयास किए गए हैं कि उग्रवादी अपराधों के आरोप में हरियाणा में गिरफ्तार एक व्यक्ति से इंटैलीजैंस ब्यूरो को पूछताछ नहीं करने दी गई । जब भी आई.बी. के लोग पूछताछ के लिए गए तो उस गिरफ्तार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया तथा आई.बी. वालों से कहा गया कि वह व्यक्ति बीमार है तथा वह मानसिक संतुलन खो बैठा है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरे पिता जी श्री कृष्ण लाल कत्याल गत 17.5.89 से गुम है । सूचना देने या पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 2000 रुपए इनाम दिया जाएगा । पिता जी अगर स्वयं पढ़ें तो शीघ्र घर आ जाएं । घर वाले बहुत परेशान हैं ।

रमेश चंद्र कत्याल
WG-75, इस्लामगंज, जालन्धर ।

MISSING

Mr. Naresh-Vashumal Hassija is missing since 29th July 1989 from Bamban (Bamban-Srinagar

अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के प्र
तथा संघ के नेता श्री सर्बजीत सिंह उ
पत्रकार सम्मेलन में प्रस्ताव पढ़ते ह

हाल ही में कि
शीघ्र गिरा

लुधियाना, 12 अगस्त (महिन्द्रा): रा
राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो
यहां एक पत्रकार-सम्मेलन में घोषणा की
लोगों ने हाल ही में सरकारी तथा निगम की
अवैध निर्माण किए हैं, उनको शीघ्र गि
जाएगा । पुराने कब्जों बारे श्री रिबैरो ने
हम कब्जा करने वालों से सख्ती से निब
जिन्होंने अदालतों में मुकद्दमे दायर कर रखे
साथ भी अदालतों में सख्ती से लड़ेंगे । श्री
आगे कहा कि इस संदर्भ में कल नागरिकों
अधिकारियों की एक बैठक भी बुलाई गई थ
विशेष निर्णय लिए गए । श्री रिबैरो ने कहा
के भीतर खोखे इत्यादि स्थापित करने
अनुमति नहीं होगी । नगर के बाहर निर्धन
बसा कर उनकी कमाई के साधन बारे
विचार किया जाएगा । उन्होंने स्पष्ट किया
अधिकारियों की मिलीभगत से ये कब्जे हुए
विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

लुधियाना नगर सुधार ट्रस्ट के 254
सुनवाई अदालत में चल रही है । जिन्होंने
फ्लैटों पर कब्जे किए हैं, उनके केसों को निय
दिया जाएगा तथा जिन अधिकारियों की मि
से ये कब्जे हुए हैं, उनके विरुद्ध भी कड़ी
होगी ।

श्री रिबैरो ने घोषणा की कि भ्रष्टाचार में
उच्चाधिकारियों को भी नहीं छोड़ा जाएगा ।
इस बात का संकेत दिया कि फिरोजपुर में
विभाग में भी अनियमितता का एक केस पक
है । एक प्रश्न के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा
भी निर्णय करना शेष है कि नगर निगम के क
सतर्कता विभाग को सौंप जाएं या फिर सी.
को दिए जाएं ।

नगर निगम लुधियाना की खराब
अवस्था की चर्चा करते हुए श्री रिबैरो ने क
निगम के पास फंड नहीं है । उनका 25 क
बजट है, 11 करोड़ रुपए वेतन इत्यादि पर
जाते हैं । बहरहाल उन्होंने आश्वासन दिया
हो सका तो निगम के लिए एक करोड़ रुपया न
सुन्दर बनाने के लिए उपलब्ध कराया जा
उन्होंने इस बात की घोषणा की कि वह नगर
आयुक्त को अधिक से अधिक अधिकार देना
हैं ताकि वह सीवरेज, बिजली इत्यादि से स
विषयों पर घटनास्थल पर ही निर्णय ले सकें त
प्रकार के केस चंडीगढ़ न भेजे जाएं । नगर
कार्यों में सरकार मोहल्लों के लोगों को शामिल
चाहती है ताकि वे निगम के विषयों में रुचि ले
स्वयं ही इस बारे फैसला करें । यदि इस सं
वालंटियर स्वयं को सेवा के लिए पेश करें तो
सेवाओं से भी लाभ उठाया जाएगा ।

खेल विभाग पंजाब के सचिव श्री आर

Punjabi Sahadat

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 13 अगस्त, 1989 तदनुसार 29 श्रावण 2046

शायद अंतिम हो, के बाद ऐसे सांसदों ने अपना अभियान और प्रबल बना लिया है ।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल जनवरी 1990

संवैधानिक अनिवार्यता (धारा 85) यह है कि लोकसभा के दो सत्रों के बीच 6 महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए । लोकसभा का

बुलाया जाता है तो
है, हालांकि वर्तमान
भंग हो जाएगी, जब

150 हत्याओं में संलिप्त 'बम्ब' समेत 4 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये

'बम्ब' सतनाम सिंह चगारियां का निकट साथी, करनाल कांड में भी संलिप्त था

भू.पू. मंत्री धन्नोवाली, उनके बेटे सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वा., ह.स.): पंजाब में
त रात के बाद से भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम
न्नोवाली तथा उनके लड़के सहित 4 व्यक्तियों की
त्या कर दी गई जबकि 4 आतंकवादी मारे गए ।
ारे गए आतंकवादियों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स
ा अत्यन्त खतरनाक 'ए' श्रेणी का आतंकवादी
रमुख सिंह 'बम्ब' भी शामिल है जो कि 150 के
गभग हत्याओं में संलिप्त था । यह गिरोह
रनाल बम विस्फोट में भी संलिप्त बताया जाता
।

धन्नोवाली व उनके बेटे की हत्या : ोशियारपुर से संवाददाता की सूचना है कि गत रात ोशियारपुर से 10 किलोमीटर दूर ऊना रोड पर ांव पतेड़ा में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से स आतंकवादियों ने पंजाब के भूतपूर्व मंत्री प्यारा म धन्नोवाली और उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार की ोलियां मार कर हत्या कर दी । गांव धन्नोवाली ला जालंधर के श्री प्यारा राम अपने फार्म हाऊस अपने लड़के सिद्धार्थ कुमार, गनमैन राम लुभाया और ट्यूबवैल आप्रेटर नरेंद्र शर्मा के साथ सोये हुए थे कि आधी रात के बाद एक बजे के करीब सशस्त्र आतंकवादी वहां पहुंच गए तथा धन्नोवाली से पूछा कि धन्नोवाली कौन है । जब उन्होंने उत्तर दिया कि मैं हूं तो उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और इसके साथ ही उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार को भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया । इन दोनों की हत्या करने से पूर्व आतंकवादियों ने ट्यूबवैल आप्रेटर और गनमैन रामलुभाया, जो कि श्री धन्नोवाली का चचेरा भाई बताया जाता है, को इसर कमरे में बंद कर दिया । बाप-बेटे की हत्या के बाद हत्यारे पैदल ही वहां से चले गये ।

60 वर्षीय प्यारा राम धन्नोवाली लछमन सिंह गिल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे । उस समय वह फगवाड़ा सुरक्षित क्षेत्र से चुने गये थे । गत विधानसभा चुनाव में वह इंका प्रत्याशी के रूप में अकाली प्रत्याशी से मात खा गए थे । गिल मंत्रिमंडल के टूटने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे । उनकी हत्या की खबर सुनते ही डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री डी.आर. भट्टी मौका पर पहुंच गये । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि श्री धन्नोवाली को दो गनमैन दिये गये थे, जबकि एक गनमैन उनसे छुट्टी लेकर घर गया हुआ था । दूसरा गनमैन राम लुभाया स्टेनगन संदूक में रख कर सो रहा था । दोनों गनमैनों को डिसमिस कर दिया गया है । 32 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार वन विभाग में फारेस्टर था । दोनों लाशों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पैतृक गांव धन्नोवाली भेज दिया गया, जहां कल प्रातः 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

2 आतंकवादी मरे : लुधियाना (जोशी, मुसाफिर): गत रात गांव सहाड़ थाना डेहलों के निकट पुलिस की गश्ती टुकड़ी तथा आतंकवादियों के मध्य 20 मिनट तक गोली चलती रही । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस की टुकड़ी, जिसका नेतृत्व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर किशोर कुमार तथा डेहलों के एस.एच.ओ. कर रहे थे, तीन जीपों में सवार होकर जब गांव जमात से गांव सहाड़ जा रही थी तो सघड़ की नहर के करीब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी फायरिंग के बाद 2 आतंकवादियों की लाशें पड़ी मिलीं । इनके पास एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, 24 खाली कारतूस, 25 अनचले कारतूसों के अलावा .38 बोर का रिवाल्वर पड़ा था ।

मृत आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है ।

पंजाब के इंका नेता तथा भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली (बाएं) तथा
शनिवार को उग्रवादियों ने जिला होशियारपुर के गांव पतेड़ा में उनके फा
थी, के शव । (इनसैट बाएं) श्री प्यारा राम धन्नोवाली (इन्सैट दाएं) श्री
(नीचे) सिविल अस्पताल होशियारपुर में स्व. श्री धन्नोवाली के परिवार
हुई ।
(छा

रे ने कहा : अगर मैं उग्रवादियों की गोली का निशाना न बना...

पटियाला, 12 अगस्त (भूषण): पंजाब के
ज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कल शाम यहां पंजाबी

Punjabi Sahatani

वह इंका प्रत्याशी के रूप में
मात खा गए थे । गिल
बाद वह कांग्रेस में शामिल हो
हत्या की खबर सुनते ही

ादियों की
बना...

श्री रे शुक्रवार को पंजाबी
याला में 'पंजाबी शब्द रूप ते
ा' को जारी करते हुए ।

विकास के लिए प्रयत्नशील

ी सम्मान राशि देना
नहीं : देवी लाल

2 अगस्त (वार्ता): जनता दल
ध्यक्ष हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी
कि इस्तीफा देने वालों को सम्मान
नहीं है । श्री देवी लाल ने यहां
कि वह उन 'निष्ठावान' सांसदों
रहे हैं जिन्होंने देश के भविष्य
के लिए सांसद के रूप में मिलने
छोड़ कर कुर्बानी दी है ।
कि वह सांसदों को अपने पास से
ता नहीं दे रहे हैं ।

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस की टुकड़ी, जिसका नेतृत्व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर किशोर कुमार तथा डेहलों के एस.एच.ओ. कर रहे थे, तीन जीपों में सवार होकर जब गांव जमात से गांव सहाड़ जा रही थी तो सघड़ की नहर के करीब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी फायरिंग के बाद 2 आतंकवादियों की लाशें पड़ी मिलीं । इनके पास एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, 24 खाली कारतूस, 25 अनचले कारतूसों के अलावा .38 बोर का रिवाल्वर पड़ा था ।

मृत आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । यह हैं : बलदेव सिंह कुल्हाड़ी तथा कश्मीरा सिंह लोनोवाल । श्री सैनी ने बताया कि बलदेव सिंह जिला लुधियाना का सबसे खूंखार आतंकवादी था जो तथाकथित खालिस्तान मुक्तिवाहिनी से संबंधित था । उसके सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम था और वह लुधियाना, पटियाला व संगरूर जिला में 30 हत्याएं कर चुका था । वह 25 डकैतियों में भी वांछित था । उसने भूतपूर्व विधायक अमरजीत सिंह समराला, मौजा सहा में दो भाइयों, गांव रानों में जगत सिंह, भगत सिंह, भादसों में हैड कांस्टेबल भीम सिंह, सहकारी सोसायटी सहा के खजांची जनार्दन दास की हत्या की थी । वह अहमदगढ़ गोलीकांड, गांव नानोवाल में 64 हजार की डकैती और एक चीनी मिल से एक लाख रुपए की लूट में भी संलिप्त था ।

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी चरणजीत सिंह उर्फ चरना को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की पिस्तौल बरामद की ।

'बम्ब' मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव गुज्जरपुरा में सुरक्षा बलों के साथ कई घंटे तक चली रक्तिम मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के दो आतंकवादी मारे गये, जिनमें अत्यन्त खतरनाक आतंकवादी गुरमुख सिंह 'बम्ब' वासी नंगल बंजां भी शामिल था । एस.एस.पी. मजीठा श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि गुरमुख सिंह 'बम्ब' स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल सतनाम सिंह चगारियां का निकट साथी था । वह सूचीबद्ध आतंकवादी था और उसके सिर पर 40,000 रुपए का ईनाम घोषित था । वह भी इस आतंकवादी संगठन का स्वयं-भू एरिया कमांडर कहलाता था । उसके साथी की पहचान स्वरूप सिंह के रूप में हुई है ।

घटनास्थल पर भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का मिला जिसमें 2 ए.के. 47, एक ए.के. 74 चीनी राइफलें, एक माऊजर पिस्तौल शामिल हैं । श्री शर्मा ने कहा कि गुरमुख सिंह लगभग 150 हत्याओं में संलिप्त था तथा उसका निशाना मुख्य रूप से एक समुदाय के लोग थे । इसके अलावा वह छीना झपटी, बलपूर्वक धन ऐंठने और पुलिस व सी.आर.पी. के काफिलों पर अनेक हमलों में भी संलिप्त था ।

खूंखार आतंकवादी गुरमुख सिंह बम्ब एक समुदाय के लोगों के जिन बड़े कत्ल कांडों में संलिप्त था, उनमें अनंतपुर में 11 बस यात्रियों, बददोवाल में 9 व्यक्तियों, पक्खा तेरां तथा हशां छीना में 5-5, भरे गिल में 4 अब्बा सयाद में 3 व्यक्तियों की हत्या भी शामिल थी । इसके अलावा उसने अमृतसर तथा गुरदासपुर जिलों के कई क्षेत्रों में बहुत सी हत्याएं की थीं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



थाना ममदोट के सीमावर्ती गांव सैदो में गत दिनों पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गये के.सी.एफ. के आतंकवादी अवतार सिंह (इनसैट मृतक अवतार सिंह का शव) तथा उसके पास से बरामद की गई ए.के. 47 चीनी राइफल तथा अन्य गोली-सिक्का । (छाया : बागी)

हरियाणा के मंत्री कुछ नेताओं के उग्रवादियों से सम्पर्कों के बारे में प्रमाण घड़ रहे हैं ?

नई दिल्ली, 12 अगस्त (जी.एस. चावला): केंद्र सरकार को गुप्तचर एजैंसियों से इस प्रकार की चेतावनी वाली रिपोर्ट मिली है कि हरियाणा के कुछ मंत्रियों द्वारा कुछ गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के बयानों के आधार पर इस प्रकार के आरोपों के प्रमाण घड़े जा रहे हैं कि कुछ केंद्रीय नेताओं के उग्रवादियों के साथ सम्पर्क हैं । केंद्र सरकार ने हरियाणा के राज्यपाल श्री एन.एन. बरारी का ध्यान इन रिपोर्टों की ओर आकर्षित किया है तथा अपनी गुप्तचर एजैंसियों के इस प्रकार के प्रयासों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है ।

पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव औलख स्थित सुरक्षा चौकी पर आतंकवादियों के हमले में मारे गए (1) जोगा सिंह, (2) दविंदर सिंह और (3) हरविंदर सिंह के शव । इनमें से एक होम गार्ड था जबकि दो अन्य विशेष पुलिस अधिकारी । (छाया : कोछड़)

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल तथा गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह सार्वजनिक रूप से इस प्रकार के आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह तथा कृषिमंत्री श्री भजन लाल उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन हरियाणा के इन दोनों मंत्रियों द्वारा इस प्रकार के बयान दिए जाने से पहले ही केंद्र सरकार को इंटैलीजैंस ब्यूरो से इस प्रकार की रिपोर्टें मिली थीं कि हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह के कहने पर हरियाणा के पुलिस अधिकारी प्रदेश में गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों पर इस बात के लिए दबाव डाल रहे हैं कि वह अपने बयानों में दोनों केंद्रीय मंत्रियों को संलिप्त करें ।

इंटैलीजैंस ब्यूरो द्वारा केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में दो पुलिस अधिकारियों के नामों का उल्लेख किया गया है । इनमें एक करनाल जिले का वरिष्ठ अधिकारी है तथा दूसरा एक पुलिस इंस्पैक्टर है । इन्हें गिरफ्तार किए गए लोगों से केंद्रीय नेताओं को संलिप्त किए जा सकने वाले बयान लेने का काम सौंपा गया है । रिपोर्ट के अनुसार यह दोनों अधिकारी अपने राजनीतिक आकाओं की इच्छा पूरी करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं ।

इसी सप्ताह इंटैलीजैंस ब्यूरो ने यह चौंकाने वाली रिपोर्ट भेजी है कि हरियाणा के मंत्री केंद्रीय नेताओं को फंसाने के लिए झूठे प्रमाण घ रहे हैं । केंद्र ने राज्यपाल श्री बरारी से कहा है कि वह हरियाणा के मंत्रियों के इस प्रकार के अवैध कृत्य को गम्भीरता से लें ।

इंटैलीजैंस ब्यूरो ने हरियाणा में अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को इस सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए भेजा है । (शेष पृष्ठ 10 पर)

सेना की वापसी आवश्यक नहीं
सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुछ म
रह सकती है लेकिन निर्दोष व्यक्ति
रुकनी चाहिएं ।

'इरोस' के अध्यक्ष ने कहा कि
लिट्टे को विश्वसनीयता सिद्ध क
अवसर और दे । उन्होंने कहा कि
हस्तक्षेप के बगैर समस्या हल नहीं
बाला कुमार ने कहा कि इरोस लिट्टे
कर रहा है । उनका कहना था कि
और शांति सेना के बीच मतभेद दू
किया लेकिन सफलता नहीं मिली

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में
काम करने के तरीके में कोई परिवर्त
फिर भी उन्होंने कहा कि लिट्टे
शामिल होने का अवसर दिया जा

इसी बीच लिबरेशन टाइगर्स
(लिट्टे) ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी
के उस प्रस्ताव को नामंजूर कर
श्रीलंका के सभी तमिल गुटों
प्रतिनिधियों के शामिल करने की

ड्रेनेज विभाग
अधिकारी गि

चंडीगढ़, 12 अगस्त (ह.स.
विभाग-करनाल सर्कल के चार
करोड़ों रुपए की राशि की अ
भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

एक सरकारी प्रवक्ता के
सब-डिवीजनल इंजीनियर व एक
तथा सोनीपत मंडल के दो जूनि
राज्य सतर्कता ब्यूरो की जांच रि
गिरफ्तार किया गया है । प्र
सोनीपत मण्डल नं. 2 का
इंजीनियर तथा एक एस.डी.ई. अ

गिरफ्तार किए गए अधिकारि
(एस.डी.ई.) तथा रमिन्दर सिंह,
वी.के. भिंदलीश (जूनि. इंजी.)

पंजाब व चंडीगढ़
द्वारा व्यापक सुर

चंडीगढ़, 12 अगस्त (ह.
सरकार तथा चंडीगढ़ प्रशासन ने
निकट आतंकवादियों द्वारा कोई
की सम्भावना को रोकने के उ
अपील की है कि वह संदिग्ध प
मत लगाए ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने
आतंकवादियों की मार के सम
अड्डों, रेलवे स्टेशनों व अन्य सा
भी सुरक्षा के व्यापक तथा आवश
रहे हैं । आम जनता से अपील
लावारिस पड़ी संदिग्ध वस्तुओं
निकटतम पुलिस नियंत्रण कक्ष

फगवाड़ा से कौड़ा के अनुस
बताया है कि राज्य भर में
प्रशासकीय व पुलिस कर्मचारि
कर दी गई हैं, केवल आपात सि
सम्बद्ध उच्चाधिकारी की अनु
मिलेगी ।

अरुणाचल-असम सीमा पर बोडो-गैर बोडो संघर्ष में 100 मरे : केन्द्र ने असम में टीम भेजी

ईटानगर, 12 अगस्त (ह. स.) : असम-अरुणाचल सीमा पर बोडो और गैर बोडो समुदायों में भड़के प्रबल संघर्ष ने 100 से अधिक लोगों की बलि ले ली है । गत चार दिन में हुए इस उपद्रव के दौरान 23 गांवों में बड़े पैमाने पर आग लगा दी गई ।

अरुणाचल प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने आज रात यहां यह जानकारी दी । प्रवक्ता ने बताया कि

इस बीच अखिल बोडो छात्र संघ ने आज घोषणा की कि अगर असम सरकार बोडो समस्या पर होने वाली बातचीत की तारीख और स्थान की तत्काल घोषणा कर दे तो वह आगामी 15 अगस्त से प्रस्तावित 1001 घंटे के असम बंद पर पुनर्विचार कर सकता है ।

ताजा सूचना के अनुसार बोडो और गैर बोडो

राजीव की वी.पी. सिंह को टी.वी. पर खुली बहस की चुनौती

नई दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह को बोफोर्स तोप सौदे के बारे में दूरदर्शन पर खुली बहस की चुनौती दी । भारतीय राष्ट्रीय छात्र यूनियन के राज्य इकाई के अध्यक्षों तथा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को आज यहां पार्टी

Punjabi Samachar

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 13 अगस्त, 1989 तदनुसार 29 श्रावण 2046

गांधी के इस बयान कि लोकसभा का वर्तमान सत्र शायद अंतिम हो, के बाद ऐसे सांसदों ने अपना अभियान और प्रबल बना लिया है ।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल जनवरी 1990

संवैधानिक अनिवार्यता (धारा 85) यह है कि लोकसभा के दो सत्रों के बीच 6 महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए । लोकसभा का

बुलाया जाता है तो चु
है, हालांकि वर्तमान लो
भंग हो जाएगी, जबकि

150 हत्याओं में संलिप्त 'बम्ब' समेत 4 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये

'बम्ब' सतनाम सिंह चगारियां का निकट साथी, करनाल कांड में भी संलिप्त था

भू.पू. मंत्री धन्नोवाली, उनके बेटे सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वा., ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद से भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली तथा उनके लड़के सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 4 आतंकवादी मारे गए । मारे गए आतंकवादियों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का अत्यन्त खतरनाक 'ए' श्रेणी का आतंकवादी गुरमुख सिंह 'बम्ब' भी शामिल है जो कि 150 के लगभग हत्याओं में संलिप्त था । यह गिरोह करनाल बम विस्फोट में भी संलिप्त बताया जाता है ।

धन्नोवाली व उनके बेटे की हत्या : होशियारपुर से सूंवाददाता की सूचना है कि गत रात होशियारपुर से 10 किलोमीटर दूर ऊना रोड पर गांव पतेड़ा में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों ने पंजाब के भूतपूर्व मंत्री प्यारा राम धन्नोवाली और उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गांव धन्नोवाली जिला जालंधर के श्री प्यारा राम अपने फार्म हाऊस में अपने लड़के सिद्धार्थ कुमार, गनमैन राम लुभाया और ट्यूबवैल आप्रेटर नरेंद्र शर्मा के साथ सोये हुए थे कि आधी रात के बाद एक बजे के करीब सशस्त्र आतंकवादी वहां पहुंच गए तथा धन्नोवाली से पूछा कि धन्नोवाली कौन है । जब उन्होंने उत्तर दिया कि मैं हूं तो उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और इसके साथ ही उनके लड़के सिद्धार्थ कुमार को भी गोलियां मार कर खत्म कर दिया । इन दोनों की हत्या करने से पूर्व आतंकवादियों ने ट्यूबवैल आप्रेटर और गनमैन रामलुभाया, जो कि श्री धन्नोवाली का चचेरा भाई बताया जाता है, को दूसरे कमरे में बंद कर दिया । बाप बेटे की हत्या के बाद हत्यारे पैदल ही वहां से चले गये ।

60 वर्षीय प्यारा राम धन्नोवाली लछमन सिंह गिल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे । उस समय वह फगवाड़ा सुरक्षित क्षेत्र से चुने गये थे । गत विधानसभा चुनाव में वह इंका प्रत्याशी के रूप में अकाली प्रत्याशी से मात खा गए थे । गिल मंत्रिमंडल के टूटने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गये थे । उनकी हत्या की खबर सुनते ही डी.आई.जी. जालंधर रेंज श्री डी.आर. भट्टी मौका पर पहुंच गये । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि श्री धन्नोवाली को दो गनमैन दिये गये थे, जबकि एक गनमैन उनसे छुट्टी लेकर घर गया हुआ था । दूसरा गनमैन राम लुभाया स्टेनगन संदक में रख कर सो रहा था । दोनों गनमैनों को डिसमिस कर दिया गया है । 32 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार वन विभाग में फारेस्टर था । दोनों लाशों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पैतृक गांव धन्नोवाली भेज दिया गया, जहां कल प्रातः 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

2 आतंकवादी मरे : लुधियाना (जोशी, मुसाफिर): गत रात गांव सहाड़ थाना डेहलों के निकट पुलिस की गश्ती टुकड़ी तथा आतंकवादियों के मध्य 20 मिनट तक गोली चलती रही । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस की टुकड़ी, जिसका नेतृत्व सी.आई.ए. इंस्पैक्टर किशोर कुमार तथा डेहलों के एस.एच.ओ. कर रहे थे, तीन जीपों में सवार होकर जब गांव जमात से गांव सहाड़ जा रही थी तो सघड़ की नहर के करीब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी फायरिंग के बाद 2 आतंकवादियों की लाशें पड़ी मिलीं । इनके पास एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, 24 खाली कारतूस, 25 अनचले कारतूसों के अलावा .38 बोर का रिवाल्वर पड़ा था ।

मृत आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । यह हैं : बलदेव सिंह कल्हाड़ी तथा कश्मीरा सिंह

पंजाब के इंका नेता तथा भूतपूर्व मंत्री श्री प्यारा राम धन्नोवाली (बाएं) तथा उ
शनिवार को उग्रवादियों ने जिला होशियारपुर के गांव पतेड़ा में उनके फार्म
थी, के शव । (इनसैट बाएं) श्री प्यारा राम धन्नोवाली (इन्सैट दाएं) श्री सि
(नीचे) सिविल अस्पताल होशियारपुर में स्व. श्री धन्नोवाली के परिवार की
हुई । (छा

रे ने कहा : अगर मैं उग्रवादियों की गोली का निशाना न बना...

पटियाला, 12 अगस्त (भूषण): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कल शाम यहां पंजाबी विश्वविद्यालय परिसर में इतिहास भवन का

Punjabi Sanatani

सहायक सब इंस्पैक्टर निर्मल
नक राम की हत्या कर दी ।
र्मल सिंह जिसके पास अपना
र कांस्टेबल रौनक राम डबल
ए में दुकानों के समय पर बंद
ड्यूटी पर थे । उन्होंने देखा
ाड़ दर्जी की दुकान में बैठे हुए
है । उन्होंने उन लोगों को
ने के लिए कहा । इस पर
न थामसन गन तथा ए.के.
ी, निर्मल सिंह पर फायरिंग
दिया । इस पर कांस्टेबल
चलाई, जो कि निशाने पर
श्चात उसने भागने की
ंकवादियों ने थोड़ी दूरी पर
दो होमगार्ड, जो कि पुलिस
जान बचाने के लिए एक घर
आतंकवादी दर्जी साधु सिंह
भार निकले और शहर के
छीने, जिन्हें वह कुछ दूरी

क राम के शव पोस्टमार्टम
ों को सौंप दिए गए ।
ई.ए. स्टाफ में तैनात था
सक तबादला हुआ था ।
सिंह का सर्विस रिवाल्वर
भी ले गए ।

ा (व्होछड़, चौधरी): गत
रहुसैन में आतंकवादियों
न सदस्यों की गोलियां
स्स के अनुसार लगभग
45 के करीब बलकार
के दोनों लड़कों गुरिंदर
बख्शिंदरजीत सिंह उर्फ
ह को ए.के. 47 चीनी
नौका पर ही ढेर कर
कि बख्शिंदर जीतसिंह ने
कोशिश की परन्तु
ा करके उसको मार
रने वाले तीनों व्यक्ति
थे और उनके विरुद्ध
है । यह तीनों नाभा
होकर आए थे ।
यह तीनों पुलिस से

में पोस्ट-मार्टम के
लोगों ने बताया कि
खेतों में ले गए और
ाछ करते रहे और
गोलियों से छलनी
से भाग उठा ।
सर्की भी हत्या कर
ब्बर खालसा

दिया । जवाबी फायरिंग में दो आतंकवादी वहीं ढेर हो गए । मृतकों में से एक की पहचान सरदार सिंह के रूप में हुई है । तीसरा आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में सफल हो गया । घटनास्थल पर एक कटी हुई बैरल गन, एक हथगोला, एक पिस्तौल, 14 कारतूस, एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक भरी हुई मैगजीन तथा खालिस्तान का साहित्य भी मिला है ।

टीचर की हत्या : आज प्रातः जिला फिरोजपुर के थाना जीरा के गांव गुलुवाल में आतंकवादियों ने एक स्कूल टीचर बलदेव प्रकाश की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों जुगराज सिंह तथा वरन सिंह को गिरफ्तार किया और उन से दो पिस्तौलें व कुछ गोली सिक्का बरामद किया ।

थाने पर फायरिंग : फिरोजपुर से एक सम्वाददाता के अनुसार गत रात लगभग पौने दो बजे कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना ममदोट पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस तथा उल्लेखनीय है कि 13 अगस्त को भी पुलिस पार्टी की मारुति वैन पर फायरिंग की गई थी । बी.एस.एफ. ने जो कि थाना से आधा किलो मीटर की दूरी पर तैनात है, ने कोई कार्रवाई नहीं की ।

मृतक आतंकवादी थे : फिरोजपुर की एक अन्य सूचना में कहा गया है कि कल जीरा नगर में जिस व्यक्ति करनैल सिंह तथा उसके दो पुत्रों की हत्या कर दी गई थी, वह भी आतंकवादी थे । उसके पुत्रों के नाम स्वर्ण सिंह तथा राज सिंह बताये गये हैं ।

संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता): लोकसभा और राज्यसभा आज अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गई । लोकसभा का गत 18 जुलाई को शुरू हुआ मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलना था लेकिन आवश्यक कामकाज के लिए सत्र को आज तक के लिए बढ़ा दिया गया था ।

श्रीनगर में पथराव कर रही भीड़ पर फायरिंग, 50 घायल : बारामूला में तनाव

श्रीनगर, 18 अगस्त (अशोक, वा.): आज भी यहां हिंसक घटनाएं जारी रहीं । आज दोपहर में नौहट्टा में एक हिंसक भीड़ के हमले को विफल करने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई गोलियों से 50 व्यक्ति घायल हो गए । इन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

भारत विरोधी युवकों की यह उपद्रवी भीड़ पहले तो उस क्षेत्र में से गुजरने वाले लोगों पर पथराव करती रही और फिर बाद में उसने पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया जिससे कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

इससे पूर्व पुलिस ने मैसूमा और फतेह कदल में बंद करवाने का प्रयास कर रहे युवकों को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाईं । मैसूमा और फतेह कदल में उक्त युवक लद्दाख में कश्मीरियों पर कथित अत्याचार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए दुकानें बंद करवा रहे थे । पुलिस द्वारा इन युवकों को तितर-बितर करने के बाद क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में आ गई । क्षेत्र में अनेक दुकानदारों ने उपद्रवियों के भय से काफी देर तक अपनी दुकानें नहीं खोलीं ।

शहर के निचले इलाकों में प्रातः अधिकांश दुकानें बंद रहीं तथा यातायात बंद रहा । वैसे सिविल लाइन्स क्षेत्र में दुकानें आंशिक रूप से खुली रहीं तथा यातायात सामान्य रूप से चलता रहा ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नौहट्टा क्षेत्र में उपद्रवी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले पुलिस ने

गरीबी तथा पिछड़ेपन के विरुद्ध उनकी लड़ाई को नहीं रोक सकता है ।

कल अनन्तनाग जिले में साल्लोर में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग परिपक्व तथा विवेकशील हैं तथा वे विघटनकारी शक्तियों के कुचक्रों को भली-भांति समझते हैं । केवल कुछ मुट्ठी भर लोग ही इन राष्ट्र विरोधी शक्तियों के हाथों में खेल रहे हैं ।

दरास में सेना बुलाई गई : लद्दाख क्षेत्र के कारगिल और दरास में लद्दाख बौद्ध कार्य समिति की इस मांग के विरोध में सम्पूर्ण बंद रहा कि लद्दाख जिले को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जाए । कारगिल के उपायुक्त फीरोज अहमद ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण और पूरी तरह रहा । उन्होंने बताया कि दरास कस्बे में सेना उस समय बुलाई गई जब एक जुलूस निकालने का प्रयास किया जा रहा था ।

श्री अहमद ने कहा कि सेना को कारगिल कस्बे के लिए भी तैयार रहने को कहा गया है । वहां निषेधाज्ञा कड़े रूप से लागू की जा रही है ।

कारगिल कार्य समिति के आह्वान पर आज के बंद का आयोजन किया गया । समिति ने जम्मू-कश्मीर के तीनों क्षेत्रों की एकता की मांग की है ।

औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम सम्बन्धी विचार गोष्ठी

पर प्र

कपूरथला, 18 अग
ए.आर. तलवाड़ ने स्था
लिखित एक आदेश में
प्रतिबन्ध लगा दिया है ।
रीजनल उप निर्देशक ल
अपने पास मंगवा ली
जिलाधीश श्री टी.आर.
पालिका के प्रशासक के
लिया है । पंजाब व हरि
पालिका की बड़ी अवधि

शाम के भाव

दिल्ली क्लाथ 55.00,
107.00, चांदी (999) टंच
डिलीवरी 6410 चांदी सिक्क
(प्रति 10 ग्राम) 3060, सोन
डिलिवरी : वनस्पति ग्.गे.
हरियाणा और पंजाब (प्रतिटीन
10 किलो) 182.00, रेल
मूंगफली तेल (10 किलो) 21
बिनौला (10 किलो) 204,
तेल चावल अखाद्य (10 कि
(क्विंटल) 1860, सरसों वा
पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो)
डिली. 395 पीपरमैंट फ्लैक
दिल्ली शेयर बा
239.00, आंध्र सीमैंट 8.00
होटल 57.00, बिंदल एग्रो 1
डी.सी.एम. टोयोट 1150, ई
एस्कार्ट्स 73.50,, एस्सर
158.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज
एच.एम.एम. लि. 179.5
एल्यमीनियम 252.00, हि
32.00, हिन्द डिवैलप. कार्पो
79.50, बे.के. इंडस्ट्रीज 8
जे.सी.टी. लि. स्पोर्ट 1100
लार्सन एंड टूब्रो 17.50, एल
महावीर स्पिनिंग 105.00 (2
रबड़ 83.50 मोहन मीकिन
मिल्स 15.75, ओसवाल
107.00, श्रीराम फाइबर्स 8
पोलिटैक्स 30.00 (16/8)
122.00, वेम आर्गेनिक 58
वनस्पति 35.00 (18/7),
एग्रो कैमिकल पंजाब 17.00,
अलाय 45.00 (3/3), भार
स्ट्रिप्स 16.00 (4/7), डे
आइशर ट्रैक्टर 73.00 (16/
इंडिया 57.50, गुजरात फ्ल
गुजरात हैवी कैमिकल 10.0
(14/8), गोयट्ज इंडिया 80
गल्फ फटी 13.75, इस्पा
अल्यमीनियम 135.00, इम
आई.टी.सी. 120.00 (16/
इंडस्ट्रीज 95.00 (10/8)
(16/8), जमना आटो 30.7
मंगलम टिम्बर 13.00 (27
स्पिनिंग 190.00, ओसवाल

Punjabi Sanatan



...ें आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) बलकार सिंह ...रिन्द्र सिंह उर्फ पिका तथा (3) बजीन्द्र सिंह उर्फ ...ला के निकट सनौर नगर में स्थित वह दुकान जहां ...कवादियों ने गोली मारी । (5) वह गली जहां (छाया : राजू)

...दियों से गत 17 दिनों में पकड़े गये हथियारों की ...महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल पत्रकारों को (छाया : रवि भंडारी)

चितपूर्णी के निकट बस में बम विस्फोट, 17 व्यक्ति मरे : 25 से अधिक घायल

पंजाब में दो पुलिस कर्मियों सहित तीन लोगों की हत्या

स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 9 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 18 अगस्त (बा.पस): आतंकवादियों ने आज हिमाचल प्रदेश में अपनी कारंवाइयों की शुरूआत करते हुए पावन तीर्थ स्थल चितपूर्णी में एक बस में बम विस्फोट करके 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 25 व्यक्तियों को घायल कर दिया । 9 अगस्त को करनाल में ऐसे ही बम विस्फोट में 13 व्यक्ति मारे गये थे । पंजाब में गत रात के बाद से भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 9 आतंकवादी मारे गये जबकि 2 पुलिस कर्मियों समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । तरना दल के निहंग नेता हरजिंदर सिंह आतंकवादियों के हमले से बाल-बाल बच गये । सरक्षा बलों पर 2 जगह घात लगा कर हमले किये गये ।

चितपूर्णी में हुए बम विस्फोट के बाद पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में सुरक्षा बलों को अधिकतम सतर्कता बरतने के आदेश जारी किए गए हैं ।

विस्फोट में 17 मरे : ऊना (ललित): आज दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग पंजाब रोडवेज की एक बस आकर चितपूर्णी खड़ी हुई । थोड़ी ही देर के बाद एक मैटाडोर में दो सिख युवक आए और बस में चढ़ गए लेकिन उसी समय उतर गए और उसी मैटाडोर में बैठकर वापिस लौट गए । कुछ ही देर बाद बस में जबरदस्त विस्फोट हुआ । परिणामस्वरूप 12 व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए, 25-30 के लगभग लोग घायल हो गए । घायलों को विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवा दिया गया है । जिला अधिकारी डाक्टरों की टीम सहित घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

याद रहे रास्ते में गगरेट और चितपूर्णी और दूसरी ओर कालदी खड में बैरियर हैं और आते-जाते सभी वाहनों का निरीक्षण किया जाता है । लेकिन यह आम शिकायत है कि इन बैरियरों पर जो ड्राइवर वाहन के अनुसार फीस चुका देता है, उसको जाने दिया जाता है और उसके वाहन की कोई तलाशी नहीं ली जाती जबकि जो व्यक्ति पैसे नहीं देता उसे तरह-तरह से तंग किया जाता है, तलाशी तो ली ही जाती है, साथ ही अपमानित भी किया जाता है । बिना किसी कारण के आधा-आधा घंटा रोके रखा जाता है ।

हिमाचल में अलर्ट : बस अमृतसर से चितपूर्णी आई थी । धर्मशाला से डी.एस.पी. और अन्य उच्चाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारे प्रदेश में सुरक्षा बल अलर्ट कर दिए गए हैं । पंजाब के साथ लगती सीमा सील कर दी गई है ।

यह बम उसी प्रकार का बम है जिस प्रकार का बम करनाल के निकट एक बस में फटा था और 13 लोग मर गए थे और 36 लोग घायल हुए थे ।

उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए बड़े स्तर पर पुलिस का जाल बिछा दिया गया है ।

अलग-अलग सूचनाएं : बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या के बारे में परस्पर विरोधी सूचनाएं मिल रही हैं । 'बार्ता' का कहना है कि कम से कम 15 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है और 25 अन्य घायल हुए हैं, जबकि एक अन्य सूचना में मृतकों की संख्या 10 बताई गई है ।

6 की पहचान : हमारे सम्वाददाता ने घटना स्थल से जो खबर भेजी है, उसमें कहा गया है कि मरने वालों की संख्या 17 है और 28 ज़ख्मी हुए हैं । यह बस जिसका नम्बर पी.जे.जी. 160 है, 12.45 पर यहां पहुंची थी । मृतकों में 6 की पहचान हो गई है, उनके नाम हैं—(1) सुखविन्दर कौर (2) मनप्रीत (2 मास का बच्चा), (3) गुरचरण दास भरवाई, (4) महरचंद, (5) गुरमीत कौर, प्रीत नगर पठानकोट, (6) रत्नी देवी, चक कलां होशियारपुर । कांगड़ा के जिलाधीश श्री एस. राय ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दस-दस हजार रुपए, घायलों को 2500-2500 रुपए और मामूली घायलों को 500-500 रुपए की सहायता दी गई है ।

3 हिरासत में : पुलिस अधीक्षक ऊना ने बताया कि तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है । उनसे महत्वपूर्ण सुराग मिलने की सम्भावना है ।

घायलों की सूची : इस बम विस्फोट में कई सिख श्रद्धालु भी गम्भीर रूप से घायल हुए । घायलों के नाम इस प्रकार हैं : राजकुमार, जगदीश, मंजीत सिंह, जगदीश सिंह, लखबीर कौर, शान्नी, मखन सिंह, (यह सभी मोगा के रहने वाले हैं), हरीश कक्कड़ होशियारपुर, चरण दास, मनोहर दास, सुरजीत कुमार, बालकृष्ण, कुसुमलता, सजीव कुमार, दीवान राम, बलदेव सिंह, ज्ञान चन्द (सभी चितपूर्णी के), स्वर्णलता, मोहिन्द्र सिंह, राजरानी, गीता रानी, (सभी होशियारपुर के) लेख राज डोलतपुर चौक, नीलम कुमारी (माता कौला) श्रीमती सुरेन्द्र, प्रदीप कुमार (दिल्ली), विनोद कुमार, गोविन्द कुमार (समरोली), पवन कुमार बिरथ भलार ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में और बस के ऊपर लगभग 100 लोग सवार थे, जब यह चिन्तपूर्णी में पहुंची । यह बस चिन्तपूर्णी में अपने समय से 20 मिनट पूर्व पहुंची थी । बस की छत का एक भाग और टूल बाक्स के नीचे की कई सीटें बम-विस्फोट से उड़ गईं । कुछ शव क्षत-विक्षत हो गए थे जबकि एक कटा हुआ सिर बस के निकट पड़ा था ।

चितपूर्णी में यह बस दस मिनट तक रुकती है ।

बाजार बंद : प्रोटैस्ट के तौर पर चितपूर्णी भरवाई, गगरेट के बाजार बंद कर दिए गए, लोगों में ऊना प्रशासन के विरुद्ध भारी रोष पाया जाता है । क्षुब्ध भीड़ ने ऊना प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया और नारे भी लगाए ।

'धर्मशाला' से वेद महाजन के अनुसार मृतकों और घायलों में अधिकतर तीर्थ यात्री शामिल हैं, जो माता के दर्शनों के लिए आए थे ।

बीस हजार की घोषणा : शिमला (वार्ता): हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने आज यहां बम विस्फोट की निंदा की है और मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए देने की घोषणा की है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्रीलंका में 27 हत्याएं

कोलम्बो, 18 अगस्त (वार्ता): श्रीलंका के सिंहली बहुल मध्य और दक्षिणी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों में हिंसक वारदातों में भारतीय मूल के कोलम्बो के एक प्रमुख व्यवसायी सहित कम से कम 27 व्यक्ति मारे गए ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार श्रीलंका टेबल टैनिस के प्रख्यात खिलाड़ी एवं कोलम्बो की एक प्रमुख व्यवसायी संस्था के निदेशक शब्बीर हुसैन और उनके ड्राइवर की आज सुबह राजधानी स्थित कार्यालय आते समय गोली मार कर हत्या कर दी गई । 32 वर्षीय हुसैन भारतीय मूल के थे तथा श्रीलंका के नागरिक थे ।

पिछले दस दिनों में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय का दूसरा प्रमुख व्यवसायी मारा गया है ।

सिंहली उग्रवादी संगठन जनता विमुक्ति पैरामना ने भारतीय शांति सेना की शीघ्र वापसी की मांग के तहत भारतीय मूल के व्यापारियों को धमकी दी है कि वे श्रीलंका छोड़ कर चले जाएं । पैरामुना ने भारतीय सामान के बहिष्कार तथा भारत एवं भारतीय संस्थानों से सभी संबंध विच्छेद करने की अपील की है ।

सुरक्षा बलों ने दक्षिणी श्रीलंका के हलगंसा में तीन अज्ञात शव बरामद किए तथा बिनगिरिया में पैरामुना के 3 उग्रवादियों को मार गिराया । इस दौरान संदिग्ध पैरामुना उग्रवादियों ने बारोपाकला में एक पिता एवं उसके दो पुत्रों सहित तीन व्यक्तियों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

...ह के वक्तव्य पर भारी ...क्तव्य की प्रति फाड़ दी गई

...करते । लोगों के विचार में ऐसे लोग राष्ट्र के शत्रु हैं ।

गृहमंत्री ने कहा कि कट्टरपंथ ने धार्मिक कट्टरता और रूढ़िवाद को जन्म दिया है । इन व्यक्तियों और संगठनों ने सती प्रथा के तथाकथित गुणों का समर्थन किया है, पैतृक कृषि सम्पत्ति में महिलाओं को पैतृक अधिकारों से वंचित रखने के लिए नीति संबंधी घोषणाएं की हैं ।

उन्होंने कहा कि हमें भारत की एकता और अखंडता से अधिक कुछ भी प्रिय नहीं है । भारत की एकता और अखंडता की रक्षा में हमारे बहादुर जवानों से अधिक कुर्बानी किसी ने नहीं दी । हमारे जवानों को बदनाम करने और उनका मनोबल को गिराने से अधिक देश विरोधी कुछ भी नहीं हो सकता ।

गृहमंत्री ने कहा कि चुनाव को जीतने और हारने ...

Punjabi

है । सारे प्रदेश में सुरक्षा बल अलर्ट कर दिए गए है । पंजाब के साथ लगती सीमा सील कर दी गई है ।

यह बम उसी प्रकार का बम है जिस प्रकार का बम करनाल के निकट एक बस में फटा था और 13

कार्यालय आते समय गोली मार कर हत्या कर दी गई । 32 वर्षीय हुसैन भारतीय मूल के थे तथा श्रीलंका के नागरिक थे ।

पिछले दस दिनों में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय का दूसरा प्रमुख व्यवसायी

तीन अज्ञात शव बरामद किए तथा त्रिमोगीश्वरा में पैरामुना के 3 उग्रवादियों को मार गिराया । इस दौरान संदिग्ध पैरामुना उग्रवादियों ने बारोपाकला में एक पिता एवं उसके दो पुत्रों सहित तीन व्यक्तियों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

शुक्रवार को चिंतपूर्णी बस स्टैंड पर एक बस में हुए बम विस्फोट में कई यात्री मारे गए । (1) वह अभागी बस, (2) चिंतपूर्णी बस स्टैंड का एक चित्र, (3 से 11) मृत बस यात्रियों के चित्र, (12) घायल शंकरी देवी, (13) लखबीर कौर, (14) गुरदयाल सिंह, (15) राज कुमारी, (16) हरीश कुमारी, जो अस्पताल में दाखिल करवाए गए हैं । *(छाया : पंजाब केसरी)*

...से रहित कर दिया जाएगा : गिल

आतंकवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया है । श्री गिल ने पत्रकारों के समक्ष तीनों आतंकवादियों को पेश किया और कहा कि गत वर्ष आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान पकड़े गए आतंकवादियों के प्रति जो नर्म नीति अपनाई गई थी, वही इनके साथ अपनाई जाएगी । इन

बाजपुर (उत्तर प्रदेश) में जबरी धन वसूलियां करता रहा । पंजाब से फरार होने के बाद इन दोनों ने अपने बाल कटवा लिए थे । तीसरे ने यह भी कहा कि वह उस गिरोह में शामिल था जिसने गत वर्ष थाना मजीठा क्षेत्र के गांव डेसियां में प्रसिद्ध बास्कटबाल कोच बलकार सिंह की हत्या की थी ।

रामाराव के विरुद्ध याचिका के स्थानांतरण की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता): उच्चतम न्यायालय ने आज आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री एन.टी. रामाराव के विरुद्ध राज्य के उच्च न्यायालय में विचाराधीन याचिका को दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने की याचिका को अस्वीकार कर दिया ।

इस याचिका में मुख्यमंत्री पद पर श्री एन.टी. रामाराव के बने रहने को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि वह फिल्म 'विश्वामित्र' में अभिनय तथा

चितपणीं में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला प्रशासन अमृतसर ने एक-एक हजार रुपए की त्वरित सहायता दे दी है जबकि घायलों को 500-500 रुपए प्रत्येक व्यक्ति देने की घोषणा की है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : गत रात अमृतसर जिला के थाना जंडियाला के अन्तर्गत गांव मल्लियां में एस.पी.ओ. चौकी पर 7-8 आतंकवादियों ने जो कि पुलिस की वर्दियां पहने हुए थे, हमला कर दिया और दोनों ओर से आध घंटे तक हुई फायरिंग में एक एस.पी.ओ. घायल हो गया । यह जानकारी देते हुए, डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री इजहार आलम ने बताया कि यह आतंकवादी गांव में गए तो एस.पी.ओ. टुकड़ी ने उन्हें रोका । इस पर आतंकवादी गोलियां चलाने लगे। श्री आलम ने बताया कि एस.पी.ओ. जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । बाद में आतंकवादी भाग निकले । घायल एस.पी.ओ. को गम्भीर चोट नहीं आई ।

4 आतंकवादी मरे : एक अन्य मुठभेड़ में गत रात थाना रमदास क्षेत्र में गांव चक सिकंदर के निकट एक विचाराधीन कैदी सहित चार आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने बताया कि विचाराधीन कैदी धीर सिंह को हथियारों व गोली सिक्का की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था कि एक आतंकवादी गिरोह ने उसको छुड़ाने के लिए सुरक्षा बलों की पार्टी पर घात लगाकर हमला कर दिया । आध घंटे तक चली मुठभेड़ में गिरोह के तीन आतंकवादी तथा विचाराधीन कैदी मारा गया । घटनास्थल से एक जनरल पर्पस मशीनगन, एक थामसन गन, 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें, दो मैगजीन तथा 250 कारतूस मिले ।

2 की शिनाख्त : मारे गये आतंकवादियों में से 2 की शिनाख्त गुरमीत सिंह निवासी गांव बडाली गुरु थाना छहर्टा स्वयंभू एरिया कमांडर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा उर्फ थम्मा निवासी गांव बर्ज थाना झब्बाल के रूप में हुई है । पुलिस के प्रैस नोट के अनुसार सुखदेव सिंह सुक्खा खूखार आतंकवादी सतनाम सिंह चंगियारां के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और यही गत मास पाकिस्तान से 25 ए.के. 47 राइफलें, भारी मात्रा में गोली-सिक्का के अलावा विस्फोटक सामग्री लेकर आया था । यह सभी आतंकवादी पुलिस को कई हत्याओं और लूटपाट की वारदातों में वांछित थे ।

सी.आर.पी. पर हमला : एक अन्य वारदात में तरनतारन पुलिस जिला के गांव पदरी कलां में 6 आतंकवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से सी.आर.पी. पर फायरिंग की तथापि जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी एक चीनी ए.के. 74 राइफल, एक राकेट लांचर तथा बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का छोड़ कर भाग निकले ।

कोई सुराग नहीं : इसी बीच कल तरनतारन में एकीकृत अकाली दल (तलवंडी) के सचिव श्री मनजीत सिंह तरनतारनी के लड़के कंवर जोत सिंह पर हमला करने वाले उग्रवादियों का अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी ।

निहंग नेता बाल-बाल बचा : विलम्ब से मिली खबर में कहा गया है कि बुधवार की रात को मजीठा पुलिस जिला क्षेत्र में तरनादल के निहंग नेता हरजिंदर सिंह तथा उनके साथी बाल-बाल बच गए ।

ए.एस.आई. कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (भूषण) । [illegible] किलो मीटर दूर मनौर में पठानवाला बाजार में आतंकवादियों ने एक सहायक सब इंस्पैक्टर निर्मल सिंह तथा कांस्टेबल रौनक राम की हत्या कर दी । बताया जाता है कि निर्मल सिंह जिसके पास अपना सर्विस रिवाल्वर था और कांस्टेबल रौनक राम डबल बैरल गन के साथ बाजार में दुकानों के समय पर बंद होने की जांच के लिए ड्यूटी पर थे । उन्होंने देखा कि कुछ व्यक्ति साधू सिंह दर्जी की दुकान में बैठे हुए हैं और शटर आधा बंद है । उन्होंने उन लोगों को दुकान तत्काल बंद करने के लिए कहा । इस पर हमलावरों ने, जिनके पास थामसन गन तथा ए.के. 47 असाल्ट राइफल थी, निर्मल सिंह पर फायरिंग करके उसे वहीं ढेर कर दिया । इस पर कांस्टेबल रौनक राम ने एक गोली चलाई, जो कि निशाने पर नहीं लगी । इसके पश्चात उसने भागने की कोशिश की लेकिन आतंकवादियों ने थोड़ी दूरी पर ही उसको मार डाला । दो होमगार्ड, जो कि पुलिस पार्टी के साथ चल रहे थे, जान बचाने के लिए एक घर में घुस गए । हमलावर आतंकवादी दर्जी साधू सिंह के साथ पैदल ही वहां से भाग निकले और शहर के बाहर जाकर दो साइकल छीने, जिन्हें वह कुछ दूरी पर छोड़ गए ।

निर्मल सिंह तथा रौनक राम के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके सम्बन्धियों को सौंप दिए गए । निर्मल सिंह पहले सी.आई.ए. स्टाफ में तैनात था तथा हाल ही में सनौर में उसका तबादला हुआ था । हत्यारे भागते समय निर्मल सिंह की सर्विस रिवाल्वर और रौनक राम की बंदूक भी ले गए ।

3 की हत्या : बटाला (संधर, चौधरी): गत रात थाना सदर के गांव बहादर हुसैन में आतंकवादियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार लगभग दस आतंकवादी रात 10.45 के करीब बलकार सिंह के घर पर आए और उसके दोनों लड़कों गुरदेर जीत सिंह उर्फ पिंका (21), बखिंदरजीत सिंह उर्फ कुक्कू (24) तथा बलकार सिंह को ए.के. 47 चीनी राइफलों से गोलियां मारकर मौका पर ही ढेर कर दिया । यह भी कहा जाता है कि बखिंदर जीत सिंह ने भागकर जान बचाने की कोशिश की परन्तु आतंकवादियों ने उसका पीछा करके उसको मार डाला । बताया जाता है कि मरने वाले तीनों व्यक्ति पहले आतंकवादियों के साथी थे और उनके विरुद्ध दीवानीवाल कत्ल केस चल रहा है । यह तीनों नाभा जेल से जमानत पर रिहा होकर आए थे । आतंकवादियों को संदेह था कि यह तीनों पुलिस से मिले हुए हैं ।

सिविल अस्पताल बटाला में पोस्ट-मार्टम के लिए शवों के साथ आए गांव के लोगों ने बताया कि आतंकवादी तीनों को घर से बाहर खेतों में ले गए और लगभग आधा घंटा इनसे पूछताछ करते रहे और फिर कुक्कू और पिंका के शरीर गोलियों से छलनी कर दिए । इनका पिता वहां से भाग उठा । आतंकवादियों ने पीछा करके उसकी भी हत्या कर दी । हत्यारे घटनास्थल पर बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन का पत्र छोड़ गए हैं जिस पर गुरनाम सिंह (दीवलपुरा), सुखदेव सिंह उर्फ लाली (पंज गराईयां) व सुखजिन्द्र सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें लिखा है कि ये लोगों से जबरी धन बटोरते थे ।

दो को घायल कर दिया : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव शंकरपुरा में विगत रात्रि 10 से 12 आतंकवादियों ने पीट-पीट कर सेवानिवृत्त पटवारी पूर्ण सिंह व उसके बेटे बलविन्द्र सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । उन्हें सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने गांव के सरपंच के घर को आग लगा कर क्षति पहुंचाई ।

2 और मरे : गत रात थाना कादियां के अन्तर्गत गांव कोट टोडरमल के निकट पुलिस और बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी के साथ मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । बताया जाता है कि रात दस बजे के लगभग पुलिस और बी.एस.एफ. की गश्ती [illegible] ने अचानक हमला कर दिया । जवाबी फायरिंग में दो आतंकवादी वहीं ढेर हो गए । मृतकों में से एक की पहचान सरदार सिंह के रूप में हुई है । तीसरा आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में सफल हो गया । घटनास्थल पर एक कटी हुई बैरल गन, एक हथगोला, एक पिस्तौल, 14 कारतूस, एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक भरी हुई मैगजीन तथा खालिस्तान का साहित्य भी मिला है ।

टीचर की हत्या : आज प्रातः जिला फिरोजपुर के थाना जीरा के गांव गुरुपाल में आतंकवादियों ने एक स्कूल टीचर बलदेव प्रकाश की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों जगराज सिंह तथा बरन सिंह को गिरफ्तार किया और उन से दो पिस्तौलें व कुछ गोली सिक्का बरामद किया ।

थूने पर फायरिंग : फिरोजपुर से एक सम्वाददाता के अनुसार गत रात लगभग पौने दो बजे कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना ममदोट पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस तथा

REQUIRED

ONE MALE M.A. POL. SCIENCE/ HISTORY

to work as

ASSISTANT TO LIBRARIAN.

Apply immediately to :–

The Secretary,

THE HIND SAMACHAR LTD;

Civil Lines,

JALANDHAR.

गुमशुदा की तलाश

प्रदीप कुमार, आयु 16 वर्ष, रंग गंदमी, कद 5'-7", नीली पैंट, सफेद कमीज तथा सफेद व लाल रंग के बूट पहने 16.8.89 को सुबह स्कूल के लिए घर से निकला, मगर वापस नहीं आया । प्रिय प्रदीप कुमार, स्वय पढ़ो तो जल्दी घर आ जाओ, तुम्हारी बहन नोनू आपको याद करके बहुत रो रही है । तुम्हारे दादा जी और अन्य सदस्य बहुत परेशान हैं । पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 500/- रुपया शुकराना दिया जाएगा ।

पता : Narinder Kumar Jain, Advocate,
S/o. Sh. Hans Raj Jain,
81, Duni Chand Road, Amritsar.
Phones : Resi. : 21472, Off. : 44131.

सार्वजनिक सूचना
हरियाणा अर्बन डिवैलपमैंट अथारिटी
'ड्रा'

सभी सम्बद्ध लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि सैक्टर 23-23 ए गुड़गांव में 28 याचकों के लिए, दीवानी अपील नं. 2460 से 2465/89, जो एस.एल.पी. नं. 15268/88, 15298/15300/89, 15304/88, 15550/88 के आधार पर दायर की गई है तथा 278 अलाटियों के लिए, जो सैक्टर 23-23 ए से सैक्टर 31-32 ए में शिफ्ट किए गए हैं, प्लाटों का ड्रा 21.8.89 को सुबह 11 बजे एस्टेट आफिस हुडा, सैक्टर 24, गुड़गांव के कार्यालय में निकाला जाएगा । लिस्ट, जिसमें नाम, रजिस्ट्रेशन नं. आदि दिया गया होगा, एस्टेट आफिसर हुडा, गुड़गांव के कार्यालय में 18.8.89 से 20.8.89 तक डिस्प्ले की जाएगी ।

सभी सम्बद्ध व्यक्ति ड्रा में शामिल होने के लिए स्नेहभाव से आमंत्रित हैं ।

प्रशासक,
हुडा, गुड़गांव

हुडा
जनता की सेवा में
शहरी विकास का प्रेरक
फोन नं. 21650 (एडमिन.)

श्रीनगर में पथराव कर र
फायरिंग, 50 घायल : बारा

श्रीनगर, 18 अगस्त (अशोक, वा.): आज भी यहां हिंसक घटनाएं जारी रहीं । आज दोपहर में नौहट्टा में एक हिंसक भीड़ के हमले को विफल करने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई गोलियों से 50 व्यक्ति घायल हो गए । इन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

भारत विरोधी युवकों की यह उपद्रवी भीड़ पहले तो उस क्षेत्र में से गुजरने वाले लोगों पर पथराव करती रही और फिर बाद में उसने पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया जिससे कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

इससे पूर्व पुलिस ने मैसूमा और फतेह कदल में बंद करवाने का प्रयास कर रहे युवकों को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाईं । मैसूमा और फतेह कदल में उक्त युवक लद्दाख में कश्मीरियों पर कथित अत्याचार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए दुकानें बंद करवा रहे थे । पुलिस द्वारा इन युवकों को तितर-बितर करने के बाद क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में आ गई । क्षेत्र में अनेक दुकानदारों ने उपद्रवियों के भय से काफी देर तक अपनी दुकानें नहीं खोलीं ।

शहर के निचले इलाकों में प्रातः अधिकांश दुकानें बंद रहीं तथा यातायात बंद रहा । वैसे सिविल लाइन्स क्षेत्र में दुकानें आंशिक रूप से खुली रहीं तथा यातायात सामान्य रूप से चलता रहा ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नौहट्टा क्षेत्र में उपद्रवी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले पुलिस ने लाठीचार्ज किया तथा आंसू गैस भी छोड़ी थी लेकिन इसका कोई प्रभाव नहीं हुआ । तभी पुलिस ने गोलियां चलाईं । यह घटना आज यहां जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज से पहले घटी ।

बारामूला में तनाव : बारामूला से आए नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सम्वाददाताओं को बताया कि गत रात्रि में उपद्रवी भीड़ ने रामगढ़ में कुछ मकानों में भारी पथराव किया । भीड़ में शामिल उपद्रवी भारत विरोधी नारे लगा रहे थे । भीड़ ने इस क्षेत्र में दो दुकानों को भी लूट लिया । प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वहां लगभग तीन घंटे तक पथराव होता रहा । बाद में नगर में तैनात सी.आर.पी. की सहायता से स्थिति नियंत्रण में आई । इस सीमावर्ती नगर में तनाव व्याप्त है ।

इस बीच मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि विघटनकारी शक्तियों द्वारा बंद, हड़तालों तथा हिंसा का जो क्रम चलाया जा रहा है वह प्रदेश में

GSC गलॉर्ड सिक्योरिटी इन्वेस्टमैन्ट कं.(रजि)

Punjabi Sanatan

...त गरीब और गरीब हो रहे हैं ।

...रोप लगाया कि श्री रामाराव विदेशी ...ा जोड़ रहे हैं, जो देश को कमजोर

21 करोड़ की बाढ़ सहायता की घोषणा :प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने घोषणा की है कि केंद्र सरकार, आंध्र प्रदेश में बाढ़ राहत कार्यों के केंद्र सरकार को काफी विलम्ब से देने का आरोप लगाया ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाढ़ स्थिति पर आंध्र प्रदेश सरकार की रिपोर्ट 17 अगस्त को मिली । जिसके तत्काल बाद केंद्रीय दल को राज्य का दौरा

श्री गांधी ने कहा- आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला हुआ है । हम भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए लोगों को मजबूत बनाना चाहते हैं लेकिन मुख्यमंत्री पंचायती राज विधेयक और जवाहर रोजगार योजना के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

यह सोचकर तो
ताजा मुँह को आ जाता है
कहीं अगले साल से
लोग मुझे
वि-प्रधानमंत्री" कहकर
भुलाने लग जाएं...!!
.oO

— शेर२ शुरैर

2 औरतों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : 3 पुलिस कर्मी घायल

2 तस्कर गिरफ्तार, 4 लाख की विदेशी मुद्रा बरामद

चंडीगढ़, 19 अगस्त (वा., प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने 2 औरतों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 3 पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया। एक लड़की व एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

2 महिलाओं की हत्या : अमृतसर (विप्र): प्राप्त सूचना के अनुसार थाना झब्बाल के गांव सोहल में रात 10 बजे तीन आतंकवादियों ने दो महिलाओं सीता रानी सुपुत्री कश्मीर सिंह तथा राजेंद्र कौर पत्नी बलविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने बताया कि गिरोह के लोगों ने उक्त दोनों औरतों को उनके साथ चलने के लिए कहा था । उनके इन्कार करने पर उन्होंने निकट से गोलियां चला कर उन्हें मार डाला । खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन (के.एल.ओ.) ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है ।

बाप-बेटे की हत्या : थाना झब्बाल के ही गांव डोडे में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर में घुस कर उसकी (स्वर्ण सिंह) तथा उसके बेटे अमर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि स्वर्ण सिंह गांव का सरपंच था ।

बताया जाता है कि आतंकवादी बाप-बेटे दोनों को गांव से बाहर खेत में ले गये तथा उनको नजदीक से गोलियां मारीं । आतंकवादियों ने सरपंच और उसके लड़के को वीरवार को गांव में सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया ।

एक की हत्या :एक अन्य सूचना के अनुसार गांव दाऊद थाना मेहता में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दलबीर सिंह की हत्या कर दी । यह वारदात आधी रात के बाद एक बजे के करीब हुई बताई जाती है ।

बंदूकें छीनीं : थाना सदर तरनतारन के गांव तख्त चक में लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने त्रिलोचन सिंह तथा दलबीर सिंह से उनकी लाइसेंसशुदा बंदूकें छीन लीं ।

दो तस्कर गिरफ्तार : कलानौर पुलिस ने दो तस्करों हरदीप सिंह और गुरदयाल सिंह को गिरफ्तार करके उनके पास से चार लाख रुपए की विदेशी मुद्रा बरामद की है । पुलिस के अनुसार दोनों तस्कर सोने की तस्करी करते थे । वह नगर के सुलतान विंड रोड क्षेत्र के निवासी हैं ।

लड़की उठा कर ले गए : थाना सदर रमदास जिला अमृतसर के गांव कोटला में एक उग्रवादी गिरोह ने एक 13 वर्षीया लड़की राजेन्द्र कौर का उसके घर से अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा है कि दो ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों और एक पिस्तौल के साथ लैस तीन उग्रवादी एक स्थानीय सरपंच सिंह के घर में घुस गए और उसकी लड़की को जबरदस्ती उठा ले गए । पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा लड़की को आज सायं तक बरामद न किया जा सका ।

थाने पर हमला : विलम्ब से प्राप्त एक समाचार के अनुसार आतंकवादियों ने वीरवार को तरनतारन पुलिस जिला में सरहाली थाने पर हमला किया तथापि जब ड्यूटी पर मौजूद कांस्टेबलों ने जवाबी फायरिंग की तो वह भाग खड़े हुए ।

एक अन्य वारदात में दरगाहपुर में आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया । चौकी के जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

मुराना में हत्या : आज शाम तरनतारन पुलिस जिला के गांव मुराना में एक व्यक्ति मक्खन सिंह की हत्या कर दी गई । पुलिस ने दावा किया है कि यह आपसी शत्रुता का केस है ।

हैडमास्टर की हत्या : फिरोजपुर में आज बाद दोपहर थाना घल खुर्द के हरड़ में दो आतंकवादियों ने गवर्नमैंट हाई स्कूल के हैडमास्टर शान चंद की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

अपहरण : 'कनतोड़' के अनुसार वीरवार की रात को मल्लांवाला खास गांव से कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति मंगत राम का अपहरण कर लिया । उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

नाका पार्टी पर फायरिंग : जिला फिरोजपुर के ही गांव मल्लीवांनियां में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की एक नाका पार्टी पर फायरिंग की तथापि सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग पर वह भाग निकले । घटना स्थल से एक 12 बोर की राइफल बैरल गन और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

6 गिरफ्तार : मुक्तसर (डी., दीपक): जिला पुलिस फरीदकोट ने गत 24 घंटे के दौरान 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख श्री सतीश शर्मा ने बताया कि पकड़े गये आतंकवादियों के पास सतविन्दर सिंह, गीत तथा सर्वजीत सिंह हैं, जोकि सरहाली के निवासी हैं। सर्वजीत सिंह ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उनको महंत स्वर्ण राम ने एक पिस्तौल तथा 50 हजार रुपए महंता अखाड़ा ब्रह्मबूटा की हत्या के लिए दिये थे । पुलिस प्रमुख ने बताया कि उन्होंने स्वीकार किया है कि वे इस क्षेत्र में लूटपाट तथा एक्शन कमेटी के वारदातों के लिए आये थे । इन आतंकवादियों से एक विदेशी तथा दो अन्य पिस्तौल व काफी मात्रा में गोली-सिक्का मिला है । तीन अन्य आतंकवादियों कुलविंदर सिंह, वचन सिंह तथा जगराज सिंह राजू कलां को गिरफ्तार किया गया है । श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने अखबारी हाकर हरजिंदर लाल के हत्यारे को भी गिरफ्तार किया है ।

तीन पुलिस कर्मी घायल : बटाला (वि.प्र.): पंजाब जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सरूपवाली के निकट गत रात्रि आतंकवादियों की फायरिंग से पुलिस का एक सब इंस्पैक्टर रछपाल सिंह बाजवा, पुलिस हवलदार कश्मीर सिंह व पुलिस हवलदार जगीर सिंह घायल हो गये । उन्हें स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात्रि गुप्त सूचना मिली थी कि उस क्षेत्र में आतंकवादी घूम रहे हैं । इस पर बी.एस.एफ. व पुलिस उन गांवों की तरफ जा रही थी कि सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के मध्य मुकाबला हो गया, जिसमें आतंकवादी तो बच कर भाग गए लेकिन उक्त तीनों पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

आतंकवादियों के साथ हरियाणा सरकार के 'समझौते' बारे समाचार निराश इंकाइयों की उपज : देवी लाल

चंडीगढ़, 19 अगस्त (सभी): हरियाणा के उपमंत्री श्री देवी लाल ने समाचार पत्रों में प्रकाशित इस आशय के समाचार को राजनीति प्रेरित एवं आधारहीन बताया है जिसमें तथाकथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के कुछ 'जनरल्स' ने कहा था कि गत वर्ष 8 मई को पानीपत कांड के बाद आतंकवादियों व हरियाणा सरकार में एक 'समझौता' हुआ था कि कुछ रियायतों के बदले वे राज्य में आतंकवाद की गतिविधियां नहीं करेंगे ।

श्री देवी लाल ने कहा है कि क्योंकि यह समाचार तथ्यों से परे तथा गलत था अतः इस पर सरकार ने प्रतिक्रिया की जरूरत नहीं समझी । पर अब इकाइयों ने यह मामला संसद में उठाया है तथा इकाइयों ने राज्यपाल को दिए एक ज्ञापन में भी मामला उठाया है । अतः उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करने का विवश होना पड़ा है ।

उन्होंने आरोप लगाया कि वस्तुतः यह समाचार केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह की उपज था तथा उन्होंने इकाइयों को संसद में उठाने के लिए एक मुद्दा दिया था । उन्होंने कहा कि अमरीकी दूतावास तथा हाजी मस्तान को श्री बी.पी. सिंह द्वारा कथित रूप से लिखे पत्र तथा अब यह प्रैस विज्ञप्ति पूर्ण रूप से जालसाजी करके तैयार किए गए दस्तावेज हैं तथा ये जनता दल नेताओं को बदनाम करने के लिए इंका द्वारा चलाए जा रहे प्रचार का एक अंग हैं । उन्होंने कहा कि ये सब निराश इंकाइयों के दिमाग की उपज है क्योंकि आगामी चुनाव में उनको अपनी पराजय दिखाई दे रही है ।

उन्होंने कहा कि पानीपत कांड के एक माह बाद आतंकवादियों ने कुरुक्षेत्र में वारदात की, उसके बाद पिहोवा में वारदात की, गत वर्ष 12 अगस्त को पंचकूला में बम रखा, फिर 22 नवम्बर को कैथल में नरसंहार किया, जो कि सिद्ध करता है कि पानीपत व अब करनाल कांड के बाद आतंकवादी लगातार हरियाणा में सक्रिय रहे हैं । स्पष्ट है कि सरकार व आतंकवादियों के मध्य कोई 'समझौता' होने की बात किस सीमा तक गलत है ।

श्री देवी लाल ने कहा कि वह एक स्वाधीनता सेनानी हैं तथा उनके लिए नकली संगठनों के नकली 'जनरल्ज' के आरोपों का खंडन करना कोई आवश्यक नहीं है । उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने काफी सतर्कता से काम किया है तथा करनाल बम कांड से पहले की वारदातों के दोषी या तो गिरफ्तार कर लिए गए हैं या मुठभेड़ों में मारे गए हैं । उन्होंने कहा कि उनके लिए देश की एकता व अखंडता सर्वोपरि है तथा राज्य में या देश में अराजकता के वह सख्त खिलाफ हैं तथा इसे सहन नहीं कर सकते ।

उन्होंने आरोप लगाया कि श्री बूटा सिंह अपने निहित राजनीतिक स्वार्थों की खातिर देश को बरबाद करने पर उतारू हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या कई साल पहले समाप्त हो सकती थी, पर 'गृह मंत्रालय' की नीतियां ही गलत रहीं । यहां तक कि इस बारे पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने भी केन्द्र की अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है ।

श्री देवी लाल ने यह भी कहा कि उक्त 'प्रैस नोट' प्रैस के एक वर्ग को दिया गया, साथ ही उसकी फोटो प्रतियां सारे उत्तरी भारत में हजारों की संख्या में बांटी गईं ।

सुन्नत कराने वालों को एड्स का खतरा कम

लंदन, 19 अगस्त (डी.पी.ए.): सुन्नत कराने वाले लोगों को एड्स होने का खतरा कम होता है । यह निष्कर्ष अफ्रीका में कराए गए एक अध्ययन से निकला है । जिन लोगों की सुन्नत नहीं होती, उन पर एड्स का वार होने का खतरा सुन्नत कराने वाले लोगों से आठ गुणा अधिक होता है । लंदन की

FOR THE FIRST TIME IN CHANDIGARH
TRAINING
PUSHKAR

...सैशन सुपुर्द

...धी हत्याकांड में दायर इस दूसरे ...न्य तीन अभियुक्तों में से दो बिलौप ...हन सिंह टोनी बम्बई के कालेजों के ...धा कथित आतंकवादी अलिन्दरपाल

...शीट इंदिरा गांधी हत्याकांड की जांच ...ोष जांच दल ने गत सात अप्रैल को ...। इस चार्जशीट में इन चारों ...आरोप लगाया गया है कि उन्होंने ...ी हत्या और राजद्रोह का एक षड्यंत्र ...अपराधों के लिए अधिकतम सजा ...ी खन्ना ने मामले को सत्र न्यायालय ...ए अभियुक्तों की तीन प्रमुख दलीलें ...। पहली दलील यह थी कि चार्जशीट ...इसमें उस स्थान के नाम का उल्लेख ...कथित षड्यंत्र रचा गया था ।

...कील बी.एल. बडेरा ने मुकद्दमे की ...स्व के लिए हजाने की मांग की थी । ...पत्र कर इसे रद्द कर दिया कि यह ...ए अभियोजन पक्ष को दोषी नहीं ...आपत्ति यह थी कि इस अदालत को ...का अधिकार नहीं क्योंकि हत्या का ...बाहर रचा गया था ।

...सिंह और जगमोहन सिंह की तरफ ...राम जेठमलानी ने की । उन्होंने ...कार क्षेत्र को चुनौती दी । उन्होंने ...जो हत्या केस के अभियुक्तों की ...है, 'गद्दार' करार देने के लिए ...गांधी को अदालत की अवमानना ...लत में सम्मन करने की अर्जी देने ...मांगी ।

...य न्यायाधीश से भेंट के

...नजीत सिंह मान ने देश के मुख्य ...यमूर्ति ई.एस. वैंकटरमैया से ...की इच्छा व्यक्त करते हुए उन्हें एक ...। मुख्य मैट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट ...ने अदालत में मान से पूछा कि इस ...के हस्ताक्षर हैं । सिमरनजीत सिंह ...ने ।

...वरुण चौधरी श्री आर.एस. सोढी ...न्यायाधीश के पास ले गये । इस ...वैंकट रमैया से मुलाकात करके ...रने की इच्छा व्यक्त की गई है ।

...पत्र के हवाले से बताया कि मान ...या भी वैंकटरमैया के जरिये अपनी ...ओं से अवगत कराना चाहते हैं । ...के प्रति निष्ठा तथा देश की अखंडता ...ा भी व्यक्त की ।

...अनुसार पत्र में मान ने लिखा है: ...कि यदि मेरी सलाह मान ली गई तो ...म जाएगी और राज्य में सामान्य

...शेष पृष्ठ 10 पर)

...था सांसदों ...कट संबंध

...ी । लगभग सभी राज्यों में इस

...A'S TOP C
...RECORD P
...NG OLD W

...LEX MOONPHASE
18 CT Rs. 1,50,0
Steel Rs. 60,0

...yster Winding Steel Rs
...h & 21st Aug. '89 at
...410. On 22nd contact
...Hotel President, 6, Ra
...ct at II-L-18, Lajpat N
...s of Watches.

Punjab Digital Library
Sanatan

तरनतारन क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

किसान के पुत्र का अपहरण, ट्रैक्टर भी ले गए

चंडीगढ़, 20 अगस्त (वा., प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से 4 आतंकवादी मारे गए जबकि 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया । सुरक्षा बलों ने तरनतारन क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए ।

3 आतंकवादी मारे गये : कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के मंड में स्थित गांव चक के निकट रात्रि एक बजे नाका लगाये बी.एस.एफ. के साथ एक घंटा मुठभेड़ में तीन अज्ञात आतंकवादी मारे गये । उनके शवों के निकट से एक असाल्ट राइफल ए.के. 74, दो असाल्ट राइफलें ए.के.-47, साथ 6 मैगजीन, 70 अनचली गोलियां तथा 55 चली हुई गोलियों के खोल अपने कब्जा में पुलिस ने लिये हैं । जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि बी.एस.एफ. 29 बटालियन की नाका लगाए पार्टी ने ब्यास में से नाव से उतर कर आते सशस्त्र नवयुवकों को हाथ खड़े करने के लिए कहा तो उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । बी.एस.एफ. ने जवाबी फायरिंग की तथा एक घंटा की मुठभेड़ में तीनों मारे गये । अभी तक उनकी पहचान नहीं हुई है ।

सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि मंड में बब्बर खालसा के रेशम सिंह तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के निशान सिंह गिरोहों के लगभग 70 आतंकवादी सक्रिय हैं । गत दिनों जिला अमृतसर में कपूरथला पुलिस के साथ मुठभेड़ में गांव बूह का मारा गया आतंकवादी हजूरा सिंह रेशम सिंह का दायां हाथ था । इसने अपने साथियों के साथ घात लगा कर सी.आर.पी. की 7-8 चौकियों पर हमले किये थे । जबसे बी.एस.एफ. ने मंड का नियंत्रण सम्भाला है, उसने मंड में प्रभावशाली कार्रवाई करके आतंकवादियों का सफाया किया है । यह कार्रवाई अभी जारी है । गांव मरड़ तथा गांव कीड़ियां के सामने आतंकवादियों के बंकर तोड़ दिये गये हैं । कपूरथला जिला के अतिरिक्त जिला फिरोज़पुर तथा जिला अमृतसर के मंड में भी बी.एस.एफ. ऊंचे टावर बना कर चौकियां स्थान-स्थान पर स्थापित करके अभियान आरम्भ किये हुये है । प्रथम अगस्त से 20 अगस्त तक जिला कपूरथला में 6 आतंकवादी मारे गये । 5 राइफलें ए.के.-47, एक राइफल असाल्ट ए.के.-74, 14 मैगजीन तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का पकड़ा गया है ।

श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मारे गये आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स तथा बब्बर खालसा से संबंधित थे ।

तलाशियां : फगवाड़ा (खोड़ा): सुरक्षा बलों ने आज प्रातः 5 घंटे तक स्थानीय मुहल्ला सतनामपरा, निरंकारी कालोनी, कोट रानी और गांव फ्लाही में घर-घर जाकर तलाशी ली । बताया जाता है कि पंजाब के राज्यपाल श्री रे कल 21 अगस्त को यहां आ रहे हैं अतः आज की तलाशियां सुरक्षा पग्रों के तौर पर ली जा रही हैं । इन तलाशियों का उद्देश्य आतंकवादियों के आश्रयदाताओं का पता लगाना भी है । बताया जाता है कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

लाश मिली : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने बताया कि थाना घरेंडा के गांव अकालगढ़ के खेतों में एक अज्ञात युवक की गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई । हत्या का कारण आतंकवादियों की आपसी गुटबंदी बताया जाता है । घटना स्थल पर ए.के. 47 राइफल के कुछ खाली कारतूस मिले ।

पदरी कलां में हत्या : आज बाद दोपहर तरनतारन पुलिस जिला के गांव पदरी कलां में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति त्रिलोक सिंह की हत्या कर दी ।

शस्त्रास्त्र बरामद : गांव ददरी कलां के निकट हुए एक मुकाबले के बाद सुरक्षा बलों ने एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक ग्रेनेड लांचर, दो हथगोले, 8 डैटोनेटर और लगभग 1,100 कारतूस बरामद किये । तथापि आतंकवादी बच कर निकलने में सफल हो गए ।

बटाला थाना सदर क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बलविन्दर सिंह तथा उसके बाप की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी ।

5 आतंकवादी पकड़े : मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार पुलिस ने गांव सिखांवाला की नहर के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 5 संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा है । पुलिस की एक नाका पार्टी ने आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग के बाद आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया पुलिस ने उनसे शस्त्रास्त्र भी बरामद किये । इन आतंकवादियों के नाम जसबीर सिंह, बलविंदर सिंह, बिंदर सिंह उर्फ पहलवान, गुरसेवक सिंह उर्फ पम्मी, सुखदेव सिंह है । यह आतंकवादी के.एल.ओ. के आतंकवादी मनजीत सिंह पप्पू के गिरोह से संबंधित बताये जाते हैं । वह कई वारदातों में वांछित थे ।

फांसी दे दी : गत रात जिला फिरोज़पुर के गांव बम्ब में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अर्जुन दास का अपहरण कर लिया और उसको एक वृक्ष से लटका कर फांसी दे दी ।

स्कूटर सवार की हत्या : आतंकवादियों ने एक स्कूटर सवार हरबंस सिंह को मौजगढ़ से धर्मकोट जाते हुए रास्ते में घेर लिया और उसकी हत्या कर दी । आतंकवादी उसी के स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गये ।

एक और हत्या : फिरोज़पुर के निकट एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

हैड मास्टर की हत्या : दो आतंकवादियों ने ज़िला फिरोजपुर के हरजोबाला गांव में एक सरकारी स्कूल के हैड मास्टर चमन लाल की हत्या कर दी । गत दो दिनों में यह दूसरे हैड मास्टर की हत्या है ।

किसान के पुत्र का अपहरण : चार आतंकवादियों ने गांव किल्ली सोधला मक्खू (फिरोजपुर ज़िला) के एक किसान मुख्तार सिंह के पुत्र का अपहरण कर लिया । वह उसका ट्रैक्टर भी ले गये ।

इंका ने राजीव के जन्म दिन को लोक शक्ति दिवस के रूप में मनाया

नई दिल्ली, 20 अगस्त (पस): कांग्रेस अभियान समिति ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 45वें जन्म दिन को 'लोक शक्ति दिवस' के रूप में मनाते हुए संकल्प लिया कि देश की एकता, अखंडता और साम्प्रदायिक सद्भाव को हर कीमत पर बनाये रखा जाएगा ।

समिति के संयोजक एवं सांसद तारिक अनवर की अध्यक्षता में यहां एक समारोह आयोजित किया गया । समारोह में विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, ऊर्जा मंत्री बसंत साठे, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री कमला कांत तिवारी और कांग्रेस (इ) कोषाध्यक्ष सीता राम केसरी ने अपने विचार व्यक्त किये ।

विदेश मंत्री नरसिम्हा राव ने 'लोक शक्ति दिवस' समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पहली बार लोक शक्ति को लोगों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है । श्री गांधी ने इससे पहले किये गये प्रयासों में रह गई खामियों को दूर करके लोक शक्ति जनता तक पहुंचाने के लिए एक प्रक्रिया तैयार किया है ।

उन्हों मंत्री बसंत साठे ने कहा कि कुछ लोग जाति और धर्म के नाम पर भड़काने वाले नारे देकर देश को कमजोर करना चाहते हैं । यह देश का दुर्भाग्य ही है । उन्होंने कहा कि श्री गांधी देश में क्रांति ला रहे हैं ।

सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री कमला कांत तिवारी ने कहा कि हमें आज संकल्प लेना होगा कि हम लोकतंत्र को जनता तक ले जाने के प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यक्रम को मजबूत करेंगे । उन्होंने कहा, "इसका विरोध करने के लिए साम्राज्यवादी, फिरकापरस्त और सामंतवादी ताकतें काफी सक्रिय हैं । इन ताकतों को विदेश से मदद मिल रही है । प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समक्ष इन्हीं ताकतों की चुनौती है । हम सभी को एकजुट होकर इन ताकतों का मुकाबला करना है ।

कराची में दंगे जारी, मृतकों की संख्या 17 हो गई

कराची, 20 अगस्त (वार्ता): दो बम विस्फोटों के कारण कराची के कुछ और इलाकों में आज कर्फ्यू लगा दिया गया जबकि कल से जातीय हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 17 हो गई है । उपायुक्त के कार्यालय के बाहर आज एक बम विस्फोट में तीन सरकारी कर्मचारी घायल हो गए । शहर की घनी आबादी वाले औरंगी कालोनी में कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

अमिताभ, धर्मेंद्र, श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित आदि पर किसी नई फिल्म में काम करने पर प्रतिबंध

बम्बई, 20 अगस्त (वार्ता): अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित आदि करीब अत्यधिक व्यस्त 40 फिल्मी सितारों के किसी भी और फिल्म में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

यह प्रतिबंध देश के फिल्म निर्माताओं की सर्वोच्च संस्था फिल्म प्रोड्यूसर्स कम्बाईन ने लगाया है । संस्था की ओर से फिल्म निर्माता श्रीराम बोहरा और विजय आनंद ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि यह कड़ा कदम फिल्म उद्योग को संकट से बचाने के लिए उठाया गया है ।

श्री बोहरा ने कहा कि नए नियमों के तहत किसी भी समय अभिनेता के 12 से अधिक फिल्मों में काम करने पर रोक रहेगी । हीरोइनों तथा अन्य अभिनेता और अभिनेत्रियों को एक बार में 15 फिल्मों में काम करने की छूट दी गई है । विजय आनन्द उर्फ गोल्डी का कहना है कि इस कार्रवाई को प्रतिबंध नहीं समझना चाहिए । उन्होंने कहा, 'यह तो बस फिल्म उद्योग में नियम-कायदे लागू करने का एक

यह सर्वविदित है कि जिन हीरो और हीरोइनों की एक-दो फिल्म बाक्स आफिस पर हिट हो जाती हैं, उनको अपनी फिल्मों में लेने के लिए निर्माताओं का तांता लग जाता है । कई अभिनेता और अभिनेत्रियां बिना हिचकिचाए ऐसे निर्माताओं की फिल्मों में काम करना मंजूर कर मेहनताना की अग्रिम राशि भी ले लेते हैं । वे इस बात पर भी गौर नहीं करते कि उन्होंने जिस नई फिल्म में काम करने के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, वह पूरी हो सकेगी अथवा नहीं ।

विजय आनन्द के अनुसार अब नौबत यह आ गई है कि करीब 400 फिल्में रिलीज होने के इंतजार में डिब्बों में बंद पड़ी हैं और लगभग उतनी ही फिल्में निर्माण की प्रक्रिया से गुजर रही हैं ।

उन्होंने कहा कि व्यस्त कलाकारों के अंधाधुंध नई फिल्मों के अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने से निर्मातागण उनसे अपनी फिल्मों के लिए समय नहीं ले पाते । किसी तरह उन्हें कलाकारों से समय मिल भी जाए तो वह अधिकतम दो घंटे का होता है पर इसके लिए निर्माताओं को पूरे दिन की शिफ्ट का

सीरीज़ 4

स्टाकिस्टों के लिए (रुपयों में)
10,000
1,000 प्रत्येक
250 प्रत्येक
250 प्रत्येक

टिकट रु. 5/-

निदेशक
राज्य लॉटरीज
हिमाचल प्रदेश सरकार
शिमला फोन : 4438

सरकार
घोषणा

Punjabi Sanalahi

एक परिवार के 10 सदस्यों व 3 पुलिस कर्मियों सहित 16 की हत्या

रेलवे लाईन उड़ा दी, 3 लाख रुपए लूटे गये

स्वयं-भू एरिया कमांडर सहित 3 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 21 अगस्त (वा. प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक परिवार के 10 सदस्यों सहित 13 व्यक्ति मारे गए जबकि 3 आतंकवादी मारे गए जिनमें 2 अत्यन्त खूंखार आतंकवादी शामिल थे । उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में एक ए.एस.आई. सहित 3 पुलिस कर्मी मारे गए । गोपड़ में इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट से 3 लाख रुपए लूट लिए गए जबकि अमृतसर-बटाला सैक्शन पर रेलवे लाइन उड़ा दी गई ।

10 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (विप्र): गत रात अमृतसर जिला के गांव पदरी थाना झब्बाल (पुलिस जिला तरनतारन) में लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने एक जमींदार ज्ञान सिंह के घर में घुस कर उसके परिवार के 10 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा इस वीभत्स नरसंहार के बाद आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे । मृतकों में 5 महिलाएं तथा 5 बच्चे शामिल हैं ।

इस लोमहर्षक कांड के संबंध में जो ब्यौरा प्राप्त हुआ है, उसके अनुसार गत रात आतंकवादी, जो कि ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, ज्ञान सिंह के फार्म हाऊस में रात 12.40 बजे के लगभग घुसे तथा परिवार के सदस्यों को जगा कर एक लाइन में खड़ा करना शुरू कर दिया । बताया जाता है कि इसी दौरान घर के एक-दो पुरुष सदस्य घर से भाग निकलने में सफल भी रहे । कहा जाता है कि घर के सभी सदस्यों, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, को लाइन में खड़ा करने के बाद आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसानी आरम्भ कर दीं, जिससे लाइन में खड़े लोग लुढ़क गए तथा कुछ देर तक तड़पने के बाद दम तोड़ गए ।

मृतकों के नाम : मृतकों में ज्ञान सिंह की वृद्ध माता हरनाम कौर (95), ज्ञान सिंह की पत्नी गरचरण कौर (65), उसकी दो बहुएं स्वर्ण कौर (33), धर्मपत्नी चनन सिंह तथा परमजीत कौर (30) धर्मपत्नी जोगेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह की बेटी परमजीत कौर (22), ज्ञान सिंह के दो पौत्र रणजीत सिंह (10) व प्रभजीत सिंह (8), ज्ञान सिंह की दो पौत्रियां अमृतबीर कौर (6), गुरमीत कौर (13) तथा ज्ञान सिंह का भानजा हरजीत कौर (17) शामिल हैं ।

सूचनाओं में कहा गया है कि यह हत्याकांड आपसी झगड़े का परिणाम है और यह आतंकवादियों की मदद लेकर कराया गया है । घटना की सूचना पाकर आज तड़के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये । यह भी पता चला है कि परिवार के जिंदा बचने वाले सदस्यों ने हत्याकांड करवाने वाले व्यक्तियों के नाम पुलिस को बताए हैं तथा पुलिस उन व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए सक्रिय है ।

तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि घर में मौजूद एकमात्र पुरुष सदस्य ज्ञान सिंह का सबसे छोटा लड़का मकान की छत पर सो रहा था, वह छत से छलांग लगा कर बच निकलने में सफल हो गया ।

श्री बलदेव सिंह ने बताया कि ज्ञान सिंह मृतसर गया हुआ था तथा नरसंहार की खबर मिलने पर आज बाद दोपहर यहां पहुंचा । ज्ञान सिंह के दोनों विवाहित लड़के चनन सिंह तथा जोगेंद्र सिंह रात को अपने खेतों में पानी लगा रहे थे ।

एस.एस.पी. ने दावा किया कि यह हत्याकांड उसी गांव के सलवंत सिंह के साथ अभागे परिवार के लम्बे समय से चले आ रहे भूमि-विवाद का परिणाम है । पुलिस को विश्वास है कि सलवंत सिंह ने परिवार को खत्म करने के लिए आतंकवादियों को भाड़े पर लिया है । सलवंत सिंह तथा उसके रिश्तेदार गरबख्श सिंह को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं ।

तथापि घटनास्थल पर खूंखार आतंकवादी गरजट सिंह राजस्थानी द्वारा छोड़ा गया एक पत्र मिला है जिसमें हत्याकांड की जिम्मेदारी ली गई है । यह पत्र, जो कि कोरे कागज पर लिखा गया है, पत्रकारों को दिखाया गया । श्री बलदेव सिंह ने कहा कि अपराधी पुलिस को गुमराह करने के लिए प्राय: ऐसे हथकंडे अपनाते हैं ।

ज्ञान सिंह के एक पुत्र जोगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें गत एक वर्ष से धमकियां मिल रही थीं । एक युवक उनके घर आया था और कहा था कि यदि उन्होंने गांव न छोड़ा तो उनके पूरे परिवार का सफाया कर दिया जाएगा ।

जोगेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष के आरम्भ में पुलिस ने सलवंत सिंह की शिकायत पर उनके घर पर छापा मारा था कि घर आतंकवादियों को पनाह देते हैं । एस.एस.पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बाद में सलवंत सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया था कि उसने पुलिस को गलत सूचना दी थी । पुलिस ने घटनास्थल पर चीनी राइफल ए.के. 47 के 30 खाली कारतूस बरामद किये ।

4 पुलिस कर्मियों की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि थाना जंडियाला जिला अमृतसर के गांव दशमेश नगर के बाहर एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला करके एक असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर सहित 3 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी ।

हमले में एक कांस्टेबल बेदपाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । मारे गए पुलिस कर्मियों की शिनाख्त ए.एस.आई. गुरजिन्द्र पाल सिंह, दो कांस्टेबलों टहल सिंह और बलविन्द्र सिंह के रूप में की गई है । बेदपाल को यहां अत्यन्त गम्भीरावस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

उग्रवादी घने सफेदे के वृक्षों के पीछे छिपे हुए थे, उन्होंने एक थ्री-व्हीलर में गांव जा रही पुलिस पार्टी पर भारी फायरिंग की और भाग निकलने में सफल रहे ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली क्षेत्र से आज पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हीरा सिंह, सोहन सिंह उर्फ सोना तथा नरेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । पुलिस द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार ये आतंकवादी पन्द्रह अगस्त को औखाड़ा क्षेत्र में एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर ट्रैक्टर छीनने की घटना में संलिप्त थे । इनके कब्जे से चोरी शुदा ट्रैक्टर, 12 बोर का एक पिस्तौल तथा पांच कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

आतंकवादी मरा : आज शाम जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात अमृतसर जिला के गांव भाई रूपा थाना मिहांविड में एक आतंकवादी मारा गया जिसका नाम करतार सिंह था ।

'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान करतार सिंह क्रास फायरिंग में मारा गया । वह इसी गांव का निवासी था ।

3 लाख रुपए लूटे : आज बाद दोपहर गोपड़ इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट से तीन मोटर साइकल सवार आतंकवादी 3 लाख रुपए लूट कर फरार हो गये । आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे ।

मार्क्सी कार्यकर्ता की हत्या : बटाला (गुरदासपुर): पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव राउल खेड़ा में गत रात ए.के. 47 राइफलों से लैस दो आतंकवादियों ने एक घर में जबरन घुस कर मार्क्सी पार्टी के कार्यकर्ता श्री बलदेव सिंह (50) की हत्या कर दी । सिविल अस्पताल बटाला में पोस्टमार्टम के लिए शव लाया गया तो शव के साथ आए मार्क्सी पार्टी के सचिव श्री रणवीर सिंह बिर्क तथा श्री अमरजीत सिंह कलार ने साथी कार्यकर्ता की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक ने स्थानीय पुलिस व जिला पुलिस मुख्यालय को कई बार सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए लिखा था क्योंकि वह आतंकवादियों के विरुद्ध सक्रिय था मगर उसे कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई और आतंकवादी उसकी हत्या करने में सफल हो गये । मार्क्सी नेताओं ने आगे बताया कि आतंकवादी उसी रात गांव के सी.पी.आई.एम. नौजवान सभा के सचिव श्री कमलजीत सिंह के घर भी गये थे लेकिन जब घर वालों ने दरवाजा न खोला तो वे खिसक गए ।

रेलवे लाइन उड़ा दी : गत आधी रात के करीब उत्तर रेलवे के अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर कत्थूनंगल रेलवे स्टेशन के निकट आतंकवादियों ने रेलवे लाइन का एक हिस्सा बम से उड़ा दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा लाइन पर रखा गया शक्तिशाली बम उस समय फटा जब एक हल्का इंजन इस पर से गुजर रहा था । इंजन की खिड़कियों के शीशे टूट गए तथा लगभग एक मीटर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई । लाइन की मुरम्मत के बाद सामान्य यातायात बहाल कर दिया गया ।

प्रवक्ता का बयान : उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे लाइन पर विस्फोट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ब्रिटेन में काले जातीय हमलावरों को अधिक कड़े दंड

लंदन, 21 अगस्त (आई.ए.एन.एस.): जातीय

Punjabi Sahatani

ड़ के लिए सक्रिय है ।
स.पी. श्री बलदेव सिंह ने
एकमात्र पुरुष सदस्य ज्ञान
का मकान की छत पर सो
ा लगा कर बच निकलने में

ने बताया कि ज्ञान सिंह
तथा नरसंहार की खबर
हर यहां पहुंचा । ज्ञान सिंह

ातीय हमलावरों
क कड़े दंड

(आई.ए.एन.एस.): जातीय
न के समुदायों के कुछ वर्गों
की पुष्टि की है कि काले
कानूनी प्रक्रिया द्वारा अन्य
तुलना में अधिक कड़ा दंड
ग के अध्यक्ष माइकल डे ने
क समुदायों से सम्बन्धित
कानूनी दंडात्मक प्रक्रिया के
ई की जाती है जब कि गोरे
में यह प्रक्रिया धीमी रहती
दिया है कि न्यायाधीशों को
सम्बन्ध में प्रशिक्षण देना
ग के आंकड़ों से भी पता
धिकांश संख्या अल्पसंख्यकों

उग्रवादियों
गाई सुरंग
5 सैनिक मरे

ास्त (ए.पी.): जनता विमुक्ति
ने सेना की एक जीप को कल
दी सुरंग से उड़ा दिया जिससे
5 सैनिक मारे गए । इनमें दो
कारी सैनिक सूत्रों ने दी । यह
गल्लेवाला स्थान पर हुई ।
कैनी हिल ज़िले में भी लाशें
से पांच बुरी तरह जली हुई
पिछले 24 घंटों में हुई ।
ने 645 संदिग्ध पेरामुना

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ज़िला के सरहाली क्षेत्र से आज पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हीरा सिंह, सोहन सिंह उर्फ सोना तथा नरेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । पुलिस द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति

सामान्य यातायात बहाल कर दिया गया ।

प्रवक्ता का बयान : उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे लाइन पर विस्फोट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमृतसर के थाना झब्बाल के गांव पदरी में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक ही परिवार के 10 सदस्यों की हत्या कर दी । (चित्र 1 से 9) मृतकों के शव । (चित्र 10) घर के प्रांगण में बिखरा खून जहां मृतकों की इकट्ठा करके हत्या की गई । (चित्र 11) शोकाकुल रिश्तेदार । *(छाया : भंडारी)*

सियाचिन मामले पर भारत-पाक वार्ता गतिरोध में खत्म : बेनज़ीर

सियाचिन, 21 अगस्त (ए.एफ.पी.): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने आज यहां कहा कि सियाचिन मसले पर भारत और पाकिस्तान के बीच इस्लामाबाद में हुई बातचीत गतिरोध के साथ समाप्त हुई ।

श्रीमती भुट्टो ने कराकोरम की पहाड़ियों में स्थित इस विवादास्पद ग्लेशियर के सैनिक अड्डों

हो गई । बातचीत की समाप्ति के बाद कोई बयान जारी नहीं किया गया । स्थानीय समाचार पत्रों ने आज यह जानकारी दी । चार सदस्यीय भारतीय सैनिक अधिकारियों की टीम कल नई दिल्ली लौट गई । ऐसा लगता है कि वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई ।

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अगली बैठक कब और कहां होगी यह अभी तय नहीं

Punjabi Sanatani

...सेरा

...के से अपनी बांह लम्बी की

...लब नहीं था...मेरा मतलब था
...न नहीं आती ? तुम्हारा मन
...तुम्हारी नाक नहीं सड़ती ।
...रातों ? मुझे तो इतनी दूर से
...।" मैंने कहा तो वह हंस

...अरे धंधा है धंधा । धंधे में
...एगा क्या, तेरा भेजा ?"
...बहुत ही गंदा धंधा है ।" मैं बोला
...घर है यह तो । इससे तो तुम्हें
...रया हो सकती है और फिर कौन-सा
...ाते ही हो, नहीं क्या ? इन्हीं हाथों से
...कूड़े में हाथ मारते हो, इन्हीं हाथों से
...ो और नतीजा यह होता है कि कूड़े में
...ाक जानलेवा कीटाणु तुम्हारे हाथों के
...पेट में पहुंच जाते हैं, जो बाद में
...मारियों को जन्म देते हैं । मौत का
...है । तुम्हें अपनी जिंदगी प्यारी नहीं

...ा ?"
...? यह जिंदगी ।" उसने होंठ निकाल
...थ की पहली उंगली अपनी छाती की तरफ
...कहा, "यह जिंदगी कह रहे हो क्या

...ा यही जिंदगी ।"
...इसे जिंदगी कह रहे हो बाबू—तो फिर मौत
...त्तिया को कहते हैं ?" उसने एकाएक
...ना चेहरा बना कर एक मासूम-सा सवाल मेरे
...रख दिया था । मगर मैं जानता था कि
...लाक मासूम सही, जवाब इतना मासूम नहीं

...मौत...मौत का मतलब होता है मर
...।" हड़बड़ा कर बस इतना ही कह सका मैं ।
...हम और क्या है ? हम तो मरे हुओं से भी
...गुज़रे हैं । साल्ले मुर्दों को मरे के नाम पर नया
...न तो मिलता है—हमें तो मिलता है

तुम ने ज़रा देर पहले पूछा
नहीं होता क्या ? घिन्न नहीं आती क्या
नाक नहीं सड़ती क्या ? हां बाबू, हां । हमा
भी गंदा होता है, घिन्न आती है और नाक भी
है । तुम्हारे जैसे लोगों से, जो रात के
हमारे साथ मुंह काला करते हैं, मगर दिन नि
देवता बन जाते हैं । हूंह...सब साल्ले कु
गर्दन झटक कर उसने आसमान की तरफ
भरे गले से बोली, "ये पुलिस वाले, ता
रिक्शा वाले—ये तो हम लड़कियों को
बाप का माल है । इनमें से चार बच्चे
मगर इनके बाप ज़रूर चालीस होंगे । मैं
का नाम नहीं जानती, अब ये बच्चे भी अ
नाम नहीं जानते हैं और जानेंगे भी कै

"चौदह साल की थी न, तो तीन गुंडे
ले गए थे । एक साल तक एक कोठरी
रखा था बाबू, एक साल तक । त
सुन्दर हुआ करती थी और सच कहूं
औलाद ज़रा होती भी कुछ ज्यादा

"फिर मुझे कोई और आकर ले
कोई और । फिर कोई और ।
तुम्हारी दुनिया ने मेरे जिस्म का
लिया, सारा लहू चूस-चूस कर पी
की खाली बोतल की तरह कूड़े के
यहीं रहो, मरो, जीओ ।"

"अब इस कूड़े के ढेर से नहीं
बदबू आती है, आदमी की परख
आदमी को देख कर मन गदा
गहरी सांस लेकर उसने अप
पानी के सैलाब को पोंछा, फि
कर खिलखिलाई "चलें हो...?"
कर उसके पास आ गए त
कटोरा अपनी बगल में
बच्चों को अपने साथ लेक

मैं ठगा-सा वहीं खड़ा
प्रधानमंत्री देश को इक्की
के लिए नौ-नौ हाथ नाच
जाने के लिए ? इस
को ?

878,

दोनों बाप-बेटे ने एक-दूसरे को देख लिया । रही हों ।
...ढुक अपनी गर्दन भीड़ में छिपा लेता अगर उसके
...ने उसे न देखा होता । वह भीड़ में से
...। उसने धीरे से

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उस समय हुआ जब डीजल इंजन बटाला से मालगाड़ी को लाने के लिए जा रहा था । रेलवे लाइन के अलावा 6 स्लीपर भी क्षतिग्रस्त हो गए तथा एक गहरा गड्ढा पड़ गया । उसने बताया कि सामान्य यातायात में बाधा नहीं पड़ी और अमृतसर से शताब्दी एक्सप्रेस व अन्य गाड़ियां समय पर चलीं । एक सूचना के अनुसार इंजन का ड्राइवर ओम प्रकाश घायल हो गया ।

प.स. की सूचना है कि लाइन की मरम्मत करके 4 घंटे बाद सामान्य यातायात बहाल किया जा सका ।

इससे पहले 6 मास पूर्व आतंकवादियों ने रेल लाइन उड़ाई थी तथा इस वर्ष अमृतसर-बटाला सैक्शन पर 2 बार लाइन उड़ाने के विफल प्रयास किए थे ।

2 आतंकवादी मारे गए : होशियारपुर से संवाददाता के अनुसार यहां से 25 किलोमीटर दूर माहिलपुर-जेजों रोड पर गांव चक नरियाल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ हो गई जिसमें 'ए' श्रेणी के दो खूंखार आतंकवादी रणजीत सिंह राणा उर्फ जरनैल तूफान सिंह गांव बहला थाना सदर होशियारपुर और प्रेम सिंह प्रेमा गांव कौलगढ़ थाना बलाचौर मारे गये जबकि 11वीं बटालियन सीआरपी के इंस्पैक्टर श्री आर.पी. त्रिपाठी घायल हो गए जिनको सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल कराया गया है ।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें, 6 भरे हुए मैगजीन और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । पुलिस के नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह दोनों खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को पुलिस हिरासत से रिहा करवा कर ले गए थे तथा होशियारपुर, रोपड़, कपूरथला जिलों आदि में हत्या की 50 वारदातों में पुलिस को वांछित थे और उनके सिर पर 50-50 हजार रुपए का ईनाम निश्चित था । सूचना मिलने पर जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू मौका पर पहुंच गए ।

एस.एस.पी. श्री संधू ने बताया कि रणजीत सिंह राणा भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । राणा 37 हत्याओं में वांछित था । मुठभेड़ तब हुई जब सुरक्षा बलों ने गांव में एक वीरान पड़े मकान पर छापामारा जहां यह आतंकवादी छिपे हुए थे । सुरक्षा बलों को गांव वालों ने इस आशय की सूचना दी थी । छापा मार पार्टी ने आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए हथगोले तथा अश्रु गैस के गोले फैंके । मृत आतंकवादी कारी सारी हत्याकांड में भी संलिप्त थे ।

रणजीत सिंह राणा और प्रेम सिंह ने जिन व्यक्तियों की हत्या की थी उनमें पत्रकार प्रभात सिंह, प्रिंसीपल शंकर दास, लोक दल नेता इन्द्र प्रकाश, सब इंस्पैक्टर अजीत सिंह तथा 6 अन्य (सभी जिला होशियारपुर) और पंचकूला में हरियाणा पुलिस के एक डिप्टी सुप्रिंटैंडैंट शामिल थे ।

बालक का शव मिला : कल जिला होशियारपुर में शाहाबादी गांव में एक स्थान पर एक 7 वर्षीय बालक का शव पड़ा मिला । सुखदेव सिंह नामक यह बालक एक सैनिक जवान का इकलौता बेटा था ।

गोलियों से छलनी शव मिला : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार जिला फरीदकोट में गांव ढिलवां के निकट पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । उसकी पहचान नहीं हो सकी । पोस्टमार्टम के बाद उसकी अंत्येष्टि कर दी गई । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतक कोई प्रवासी मजदूर था, जिसकी आतंकवादियों ने हत्या कर दी । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।



गत दिवस पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए दो आतंकवादी, जिनकी शिनाख्त (बाएं से दाएं) निरवैर सिंह पुत्र साधू सिंह निवासी गांव चीदा थाना बाघा पुराना तथा जगरूप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव मैदोके थाना निहालसिंहवाला के रूप में हुई है ।
(छाया : जिदल)

12 गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला के विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान 12 आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किये गये । उनसे हथियार व गोली सिक्का भी बरामद हुआ । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार इनके नाम सर्बजीत सिंह और जय कुमार तरनतारन पुलिस जिला, बूटा सिंह बहादुरगढ़, जगदेव सिंह काठगढ़, महेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार, बलबीर, सतवंत सिंह, मोहन सिंह, अरुण प्रसाद, प्रीतम सिंह व अमृत सिंह हैं ।

हथियार छीने : मालेरकोटला से 'आजिज' के अनुसार कल रात यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव मानक माजरा में 2 आतंकवादी एक व्यक्ति हरनेक सिंह के घर आए और उसे 12 बोर की एक नाली लाइसैंसी बंदूक देने को कहा । दोनों पिस्तौल तथा स्टेनगन से लैस थे । हरनेक सिंह से बंदूक लेकर उन्होंने उसे कहा कि वह उनके साथ उसी गांव के एक अन्य व्यक्ति रत्न सिंह के घर चले । जब वह हरनेक सिंह के साथ रत्न सिंह के घर पहुंचे तो उसका परिवार टी.वी. देख रहा था । उन्होंने रत्न सिंह को अपना लाइसैंसी रिवाल्वर उनके हवाले करने के लिए कहा । उससे पहले सारे परिवार को टी.वी. वाले कमरे में बंद कर दिया गया था । रत्न सिंह ने अपना रिवाल्वर भी उनको दे दिया तथा 12 अनचले कारतूस भी । बाद में दोनों आतंकवादी फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मारुति छीनी : जालन्धर (प.स.): मोटर साइकल सवार दो आतंकवादियों ने आज शाम अलाबलपुर-धोगड़ी सड़क पर सिकन्दरपुर क्षेत्र में कृष्ण कुमार नामक एक व्यक्ति से मारुति कार नं. पी.सी.आर. 39 छीन ली । बताया जाता है कि कृष्ण कुमार अलाबलपुर से लौट रहा था । वह यहां मसदमपुर का निवासी है ।

युवा अकाली वर्ग अकाली लीडरशिप को हटाने को कटिबद्ध

अमृतसर, 21 अगस्त (वार्ता): शिरोमणि युथ अकाली दल जिसने गत रोज अकाली दल (तलवंडी) के विरुद्ध बगावत का झंडा बुलन्द करके शिरोमणि युथ अकाली दल के नाम पर एक नई राजनीतिक पार्टी का रजिस्ट्रेशन करवाने का एलान किया है, के एक प्रवक्ता ने आज दावा किया कि युथ अकाली दल की यह बगावत अकालियों की बूढ़ी, खस्ता व गलीसड़ी लीडरशिप के विरुद्ध एक खुली बगावत है तथा जब तक युथ अकाली दल सिखों में इस अकाली लीडरशिप का जूआ उतार नहीं फैंकेगा, तब तक युथ अकाली बैठकर चैन से नहीं बैठेंगे । याद रहे कि कुछ समय पहले अमृतसर में युथ अकाली दल ने जत्थेदार तलवंडी को एक आपन दिया था जिसमें कहा गया था कि अकाली दल की मौजूदा लीडरशिप युथ अकाली वर्करों की उपेक्षा कर रही है तथा पार्टी में उनको मुनासिब प्रतिनिधित्व नहीं दे रही ।

गग्गल हवाई अड्डे का निर्माण अक्तूबर में पूरा होगा

बैजनाथ, 21 अगस्त (कौशल): कांगड़ा के जिलाधीश ने बताया है कि जिला में चिर प्रतीक्षित गग्गल हवाई अड्डा इस वर्ष अक्तूबर मास तक पूरा हो जाएगा । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह चाहते हैं कि इस नए हवाई अड्डे में 14 नवम्बर को पहली उड़ान हो ।

संसद सत्र सितम्बर के अंत में ?

हैदराबाद, 21 अगस्त (प.स.): केंद्रीय उद्योगमंत्री श्री जे. वेंगलराव ने आज संकेत दिया कि संसद का सत्र सितम्बर के अंतिम सप्ताह में या अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में हो सकता है ।

प्रसिद्ध विधिवेत्ता श्री राम जेठमलानी तथा किसान नेता श्री शरद जोशी ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारतीय किसान यूनियन की एक विशाल रैली को सम्बोधित किया । (छाया : पै.इ.)

चोरों के गिरोह का भंडाफोड़

कपूरथला, 21 अगस्त (शर्मा): कपूरथला पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि उसने नगर में कई चोरियां करने वाले एक 6 सदस्यीय गिरोह का सुराग लगा कर इस गिरोह के 2 सदस्यों जग्गा तथा भुकखड़ को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 191 ग्राम सोना बरामद किया है । यह दोनों कथित चोर रिमांड पर हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस गिरोह के फरार चार सदस्यों बिट्टू, देसा, इंद्र तथा मुलखा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रयत्नशील है । इस गिरोह के तमाम सदस्य स्थानीय मोहल्ला मोताबगढ़ के रहने वाले बताए जाते हैं । पुलिस के अनुसार इस गिरोह ने नगर के लगभग एक दर्जन घरों में सोने के जेवर तथा नकदी चोरी की जिसके कारण नगर में आतंक फैल गया था ।

शाम के भाव-(21 अगस्त, एन.एन.एस.)

दिल्ली सर्राफा : चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच तोलिर 6398, चांदी देसावरी 6398, चांदी गद्दी 6513, चांदी कच्ची 6616, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7100, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्टू 3090-3100, सोना स्टैंडर्ड 3225, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3115, गिन्नी (प्रत्येक) 2550-2575 रुपए ।

दिल्ली अनौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 345, सिक्कल प्लेट 406-410, जस्ता 54.25, तार पैटेन्ट फूट 59.00, ताम्बा सिल्ली 86.50, ताम्बा रॉड 89.50, ताम्बा तार फूट 73.75, चद्दरी पीतल 55.50, पीतल चादर कलरल 59.50, पीतल भरत फूट 52.00, पीतल पट्टी फूट 52.00, सीसा की सिल्ली देसी मल्लयम 24.25, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 25.75, अल्यूमीनियम क्वायन (22 गेज) 55-56, अल्यूमीनियम क्वायन (30 गेज) 68-71, अल्यूमीनियम क्वायन (36 गेज) 69-71, अल्यूमीनियम सिल्ली 43.75, अल्यूमीनियम रॉड 47.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 39.00, अल्यूमीनियम तार फूट 41.00 रुपए ।

दिल्ली लोहा व इस्पात बाजार : (एन.एन.एस.): **आर.यू./के.एस. टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 9450, (10 एम.एम.) 9250, (12 से 25 एम.एम.) 9150 । **लोकल टोर सरिया** : (8 एम.एम.) 9200, (10 एम.एम.) 9100, (12 से 25 एम.एम.) 9000 । **एम.एस. राउंड** : (6 एम.एम.) 8500, (8 एम.एम.) 9000, (10 एम.एम.) 9100, (12 एम.एम.) 9000 (16 एम.एम.) 9000 । **गेट चैनल** : हल्का 9400, भारी 9400 । **एम.एस. चैनल लोकल** (75x40) 8900, (100x50) 8900/9000 । **गार्डर जॉइंट्स लोकल** (150x75) 9200, (160x80) 9200, (175x90) 9200, (200x100) 9300 । **इंगट** : (3.5"से 4.5") 7200/7300, स्क्रैप 5000-5100 रुपए ।

दिल्ली कपास 55.00, हिन्द मोटर 32.00, रिलायंस 106.50, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6605, चांदी दिलीवरी 6405, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7105, सोना बिट्टू (प्रति 10 ग्राम) 3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3225, मिल दिलीवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 365-380, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 366-370, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 180.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 202, मूंगफली तेल (10 किलो) 211, तिल तेल (10 किलो) 205, तेल बिनौला (10 किलो) 204, तेल खाबल खाद्य (10 किलो) 179, तेल खाबल अखाद्य (10 किलो) 132, पैट्रोल एसिड आयल (क्विंटल) 1910, सरसों बायदा (20 किलो) नवं. 140.00, पीपरमैंट फ्यूचर (प्रति किलो) अगस्त 310, पीपरमैंट फ्यूचर दिवाली 320 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 241.00, आंध्र सीमैंट 8.00 (18/8), अशोक लेयर 114.50, ओरियन्ट होटल 57.00 (18/8), बिरला एण्ड 129.00, डी.सी.एम. लि. 55.00, डी.सी.एम. टायोटा 11.50 (18/8), ईस्ट इंडिया होटल 57.00 (11/8), एस्कार्ट्स 74.00, एक्सर शिपिंग 27.00, गुड स्पैशलिटीज 158.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 111.00, गुजरात नर्मदा 32.00, एच.एम.एम. लि. 179.00, हीरो होंडा 19.75, हिन्द. एल्यूमीनियम 241.00, हिन्द. मोबर 95.00, हिन्द मोटर 32.00, हिन्द रिसैवर, कपूर्स 85.00

जेठमलानी के घर पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता): 'जन एकता' के लगभग 30 सदस्यों ने संसद सदस्य राम जेठमलानी के घर के निकट आज प्रदर्शन किया ।

जन एकता के महासचिव अरुण मलिक के नेतृत्व में इन प्रदर्शनकारियों ने 'प्रधानमंत्री के नाम जेठमलानी के सवाल' पुस्तक की फोटो-कापी को आग लगाई तथा श्री जेठमलानी को राज्यसभा की सदस्यता से बर्खास्त किए जाने के नारे लगाए ।

प्रदर्शनकारियों ने जो पटल उठा रखे थे, उनमें से कछेक पर लिखा था 'जेठमलानी को मीसा में गिरफ्तार करो' हालांकि मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम) को समाप्त हुए काफी देर हो चुकी है ।

तत्पश्चात छः सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति श्री वेंकटरमन और गृहमंत्री बूटा सिंह के निवास पर आपन दिया ।

आपन में मांग की गई कि श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारों की वकालत करने तथा आतंकवादियों से सम्मान पाने वाले श्री जेठमलानी की राज्यसभा की सदस्यता समाप्त की जाए ।

दूसरी ओर भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने जवाबी नारेबाजी की तथा इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति पर फूलों के हार चढ़ा कर कहा कि 'चार सौ सवाल जलने से नहीं जवाब मिलने से खत्म होंगे ।

पी.एम.टी. की उत्तर पुस्तिका अदालत में पेश करने के निर्देश

चंडीगढ़, 21 अगस्त (गुप्ता): पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एम.आर. अग्निहोत्री तथा एन.सी. जैन की खंडपीठ ने गुरु नानक देव वि.वि. अमृतसर को निर्देश दिया है कि वह गत जून मास में एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस. संयुक्त प्रवेश परीक्षा की एक छात्रा कुमारी विवेक गोयल की उत्तर पुस्तिका 30 अगस्त को अदालत में पेश करे ।

याचिकाकर्त्ता ने कहा है कि +1 तथा +2 कक्षा में उसके 82% अंक हैं जबकि इस प्रवेश परीक्षा में उसके मात्र 47% अंक हैं । इससे उसे संदेह है कि या तो उसकी उत्तर पुस्तिकाएं बदल गई हैं या उसके अंक कम गिने हैं ।

निदेशक को अदालत में बुलाया : उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पंजाब के तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशक को निर्देश दिया है कि वह 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे, याचिकाकर्त्ता जसविन्दर सिंह (गुरदासपुर) को दिया गया डिप्लोमा प्रमाणपत्र साथ लेकर अदालत में आएं । याचिकाकर्त्ता का कहना है कि उसे जू. इंजी. पद हेतु साक्षात्कार देना है पर 'डिप्लोमा प्रमाण पत्र के अभाव में उसके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है ।

राज्यपाल के घेराव की चेतावनी

लुधियाना, 21 अगस्त (धीमान): जिला राष्ट्रीय सरक्षा समिति (देहाती) की एक बैठक श्री बूआ सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें राज्यपाल पंजाब से मांग की गई कि आतंकवादपीड़ित परिवारों के आवास का प्रबन्ध वृद्ध स्तर पर किया जाए तथा शिव सेना अध्यक्ष स्वर्गीय तेजपाल सांघी की विधवा को तुरन्त सहायता प्रदान की जाए क्योंकि उन्हें अभी तक कोई सहायता प्रदान नहीं की गई । समिति के महामंत्री श्री तिलकराज ने चेतावनी दी है कि अगर उपरोक्त

क्लासीफाइड विज्ञापन

Punjabi Sahitani

यां नैप्च्यून के ग्रेट डार्क स्पाट
18-18 घंटे में हुए परिवर्तन
62 लाख मील की दूरी से खींच
(छाया : पै.ट्र.)

घुम्बकीय क्षेत्र

र्य से सबसे दूरस्थ ग्रह है और वहां
करीब एक हजार गुणा कम सौर
। चूंकि मौसम का स्रोत ताप है,
ों का कहना है कि वरुण अपने
यं कोई आंतरिक ताप उत्पन्न
इस ताप का स्रोत अज्ञात है ।
जानकारी के आधार पर वरुण के
ारे में विस्तृत अध्ययन किया जा

रुण पर निकलने वाली रेडियो
या है, जिससे संकेत मिलता है कि
मान एक चुम्बकीय क्षेत्र है ।
ली जानकारी से इस बात की पुष्टि
पर एक दिन 17 अथवा 18 घंटे

थ्वी से इतना दूर है कि उस पर
ी गति के समान गति के निर्देश
टे से अधिक समय लगता है ।
यजर-दो से रेडियो संदेशों के पृथ्वी
ता है ।

ं को सैंसर
धेयक पेश

के अधीन बिना मुकद्दमा चलाए
क जेल में रखने की व्यवस्था है ।
या कि आतंकवादियों तथा उनके
रूसी राइफलें, 8 हजार राउंड
41 मैगजीन, 14 रिवाल्वर तथा
00 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ
ा है ।

न लगाने का आग्रह : नई
अखिल भारतीय समाचार पत्र
न ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री
ल्ला को आज सचेत किया कि वह
ंसरशिप लागू करने के प्रस्ताव पर

अध्यक्ष सांसद विश्व बंधु गुप्ता ने
कहा कि राज्य में सैंसरशिप लगाने
पड़ेगा । इससे अपेक्षित परिणाम
केगा । उन्होंने कहा कि कश्मीर
क्षा की खातिर समाचार पत्रों को
हिए ।
ाव दिया कि राष्ट्र-विरोधी और
रों के प्रकाशन पर नियंत्रण के लिए
ाय प्रमुख सम्पादकों और पत्रकारों
र समिति गठित की जाए । यह
की खबरों के नियंत्रण में प्रशासन
ल्ती है ।

द्वारा आपत्ति व्यक्त : नई
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय
ेश प्रसाद माथुर तथा डा. विजय
जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री डा.
द्वारा राष्ट्रीय समाचार पत्रों सहित
पत्रों में आतंकवाद से संबंधित
शन पर प्रतिबंध लगाने की धमकी
ापत्ति व्यक्त करते हुए आज यहां
पष्ट हो रहा है कि उनकी सरकार
रोधी तत्वों को काबू करने में विफल
के पास इस प्रकार की जानकारी को
इस समस्या का कोई समाधान नहीं

की, 1.56 लाख की नकदी बरामद

सीमा पर मुठभेड़ में 4 पाकिस्तानी घुसपैठिये मरे, 9 गिरफ्तार

मार्क्सवादी कार्यकर्त्ता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 अगस्त (वा., प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक मार्क्सवादी कार्यकर्त्ता सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक कार सवार आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली । कार में से लगभग 1 लाख 56 हजार रुपए की नकदी बरामद की गई । एक मुठभेड़ के बाद सीमा पर 9 पाकिस्तानी घुसपैठिए पकड़े गए । एक शराब की दुकान को आग लगा दी गई । विभिन्न स्थानों पर 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

स्त्री की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात आतंकवादियों ने गांव ऊधोके में एक 50 वर्षीया महिला श्रीमती प्रीतम कौर को उसके मकान से बाहर खींचकर गोली मार दी । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । हत्या के बाद भागते समय आतंकवादी एक पत्र छोड़ गए, जिसमें मृतका के परिवार वालों पर अवैध शराब बनाने का आरोप लगाया गया है ।

एस.पी.ओ. पर हमला : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों के एक गिरोह ने चीता कलां गांव में तैनात एक एस.पी.ओ. पर हमला किया परन्तु जवाबी कार्रवाई होने पर वह भाग खड़े हुए ।

संयुक्त खोज : इसी बीच राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तों की देख-रेख में पंजाब पुलिस कमांडो और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा भिखीविंड के अहमदपुरा इलाके में कल शाम से आतंकवादियों की खोज में संयुक्त कार्रवाई आज सुबह तक जारी थी । पुलिस ने बताया कि यह संयुक्त खोजी कार्रवाई उस भिड़ंत के बाद आरम्भ की गई है, जिसमें दो घंटे की गोलीबारी के बावजूद तीन आतंकवादी बचकर भाग निकले थे । पुलिस ने बताया कि ये तीनों आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य थे और उन्होंने ही कल पदरी गांव में एक ही परिवार के दस लोगों की सामूहिक हत्या कर दी थी ।

9 घुसपैठिये गिरफ्तार : कल आधी रात के लगभग भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. ने नौ पाकिस्तानी घुसपैठियों को एक मुठभेड़ के बाद पकड़ा । इनमें से पांच घुसपैठिए मुठभेड़ में घायल हो गए थे ।

4 घुसपैठिए मरे : बातां के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज प्रात: अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में राजातल चौकी पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा गोली चलाए जाने से 4 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । इनमें 2 स्त्रियां थीं ।

9 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : आज सायं मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में ऐसे 9 खूंखार आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है जो कि पुलिस को असंख्य हत्याओं, डकैतियों और लूटपाट की घटनाओं में वांछित थे । इन आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं : जसबीर सिंह निवासी गोहलवड़, पुखबिंदर सिंह निवासी अहलां थाना जीरा, बलजीत सिंह निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां, बलबीर सिंह निवासी कोट मित्त सिंह अमृतसर, मनजीत सिंह निवासी धन्नपुर थाना छहर्टा, जसपाल सिंह उर्फ साहबा निवासी कोटला तरखानां थाना कत्थूनंगल, अमरीक सिंह निवासी कोटला लिहाड़ां थाना कत्थूनंगल, दलबीर सिंह निवासी भीलोवाल थाना कत्थूनंगल और सुलक्खन सिंह उर्फ बब्बू निवासी चाचोवाली थाना कत्थूनंगल । इन आतंकवादियों से एक .12 बोर की बंदूक, आठ पिस्तौल और लगभग 34 कारतूस बरामद किए गए ।

अंत्येष्टि : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि जंडियाला गुरु के पास उग्रवादियों द्वारा मारे गए पुलिस के ए.एस.आई. गुरजय पाल सिंह का शव आज शाम उनके ससुराल गौंसपुर गांव में लाया गया, जहां उनका अन्तिम संस्कार पुलिस सम्मान के

(ज्ञान) जिला फरीदकोट पुलिस ने दो आतंकवादियों सुखदेव सिंह तथा जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक छीनी हुई मारुति कार डी.बी.सी. 1656 बरामद की । यह कार 16 अगस्त को छीनी गई थी । जिला पुलिस ने मोगा के एक कट्टर आतंकवादी अजमेर सिंह को भी गिरफ्तार किया है । वह खूंखार आतंकवादियों गुरजंट सिंह बुर्धसिंह वाला तथा परमजीत सिंह को शरण देता था । दो दिन पहले गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान पुलिस ने 85,000 रुपए मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए हैं । जिला फरीदकोट पुलिस के चीफ श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को मोगा नरसंहार का जो मुख्य अभियुक्त दयाल सिंह दयाला मारा गया था, पुलिस ने उसके दो साथियों का पता लगा लिया है जो कि जगरूप सिंह तथा निरवैर सिंह हैं ।

शराब की दुकान को आग : आतंकवादियों ने कपूरथला जिला के रामगढ़ गांव में शराब की एक दुकान को आग लगा दी । आग लगाने वालों में से एक का नाम बलविंदर सिंह ज्ञात हुआ है ।

पति, पत्नी की हत्या : आतंकवादियों ने रोपड़ जिला में थाना खरड़ के गांव जयंती माजरा में एक व्यक्ति ज्ञान सिंह तथा उसकी पत्नी नछत्तर कौर की उनके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी ।

इसी बीच रोपड़ जिला पुलिस ने सकत्तर सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है जबकि उसके दो साथी रंजीत सिंह उर्फ छोटा तथा त्रिलोक सिंह भागने में सफल हो गए ।

आतंकवादी द्वारा आत्म हत्या : होशियारपुर से सम्वाददाता के अनुसार गत रात्रि पुलिस चौकी शाम चौरासी के अन्तर्गत तलवंडी राईयां ग्राम में लगभग 8.40 पर जब बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने एक मारुति कार के चालक को पूछताछ के लिए कार से बाहर आने के लिए कहा तो उसने 38 बोर के रिवाल्वर से आत्म-हत्या कर ली । पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार मारुति कार, जिसका नम्बर पी.सी.आर. 39 था, अलावलपर से छीनी गई थी । कार की तलाशी लेने पर इसमें से 1 लाख 56 हजार 221 रुपए तथा कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की फोटो के अलावा कार में से एक शिनाख्ती कार्ड जिस पर मेवा सिंह एफ.एम. थर्मल प्लांट पी.एस.ई.बी. रोपड़ दर्ज है, भी मिला । मेवा सिंह के पिता का नाम ध्यान सिंह कार्यकारी इंजीनियर लिखा हुआ है । पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच आरम्भ कर दी है ।

ए.एस. के अनुसार आत्महत्या करने वाला आतंकवादी उन दो आतंकवादियों में से एक था जिन्होंने कल जालन्धर इंडस्ट्रीयल एस्टेट में एक शिरे होंडा मोटर साइकल छीना था और बाद में अलीवाल धोगड़ी रोड पर सिकंदरपुर के निकट एक व्यक्ति कृष्ण कुमार से मारुति कार छीनी थी । दोनों आतंकवादियों का कल से पुलिस पीछा कर रही थी । यह आतंकवादी मारुति कार छीनने के बाद अलग-अलग दिशाओं की ओर भागे थे ।

अमृतसर के निकट पुलिस जिला तरनतारन के गांव पदरी कलां में गत रविवार को आतंकवादियों

G-710/Hin

Punjabi Sahatari

पर सैंसरशिप लागू करने के प्रस्ताव पर
ें ।

न के अध्यक्ष सांसद विश्व बंधु गुप्ता ने
ान में कहा कि राज्य में सैंसरशिप लगाने
असर पड़ेगा । इससे अपेक्षित परिणाम
हो सकेगा । उन्होंने कहा कि कश्मीर
ी सुरक्षा की खातिर समाचार पत्रों को
ा चाहिए ।

सुझाव दिया कि राष्ट्र-विरोधी और
खबरों के प्रकाशन पर नियंत्रण के लिए
ो बजाय प्रमुख सम्पादकों और पत्रकारों
ाहकार समिति गठित की जाए । यह
प्रकार की खबरों के नियंत्रण में प्रशासन
र सकती है ।

ा द्वारा आपत्ति व्यक्त : नई
श): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय
जगदीश प्रसाद माथर तथा डा. विजय
त्रा ने जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री डा.
दुल्ला द्वारा राष्ट्रीय समाचार पत्रों सहित
ार पत्रों में आतंकवाद से संबंधित
प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाने की धमकी
र आपत्ति व्यक्त करते हुए आज यहां
सने स्पष्ट हो रहा है कि उनकी सरकार
ट्र-विरोधी तत्वों को काबू करने में विफल
नता के पास इस प्रकार की जानकारी को
ाकना इस समस्या का कोई समाधान नहीं
।

या अन्य जत्थेदारों को
टकसाल में टकराव

है) और श्री सतीश शर्मा से मुलाकातें
था और उसने सिख पंथ को उनके आगे
। दूसरे सवाल में जसवीर सिंह रोडे पर
या है कि वह दरबार साहिब में रहकर
में फूट डालता रहा । पंथक कमेटी ने
988 में हुए ब्लैक थंडर का भी दोषी
और यह भी कहा कि अगर वह सरकार से
था तो कोतवाली में क्यों बैठा रहा ?
हा कि हथियार होने के बावजूद वे
में जमा करवाए गए । ऐसा क्यों किया ?
त्थेदारों ने जेल में पत्रकार सम्मेलन नहीं
सकी इतिहास में कहीं मिसाल नहीं
फिर ये जत्थेदार पंजाब सरकार के
ों से गुप्त बैठकें भी जेल में करते रहे ।

ने कहा कि भाई जसवीर सिंह रोडे पहले
की बात करता था, फिर अब पूर्ण
ा क्या अर्थ है ? पंथक कमेटी ने भाई
ह द्वारा सरकार से मिलकर लाखों रुपए
स खरीदने का भी रहस्योद्घाटन किया
क कमेटी ने बाबा ठाकुर सिंह को भाई
ह रोडे सम्बन्धी ये सवाल करते हुए कहा
तो कसूर नहीं लेकिन टकसाल में ड्राइवर
प्रेम सिंह और सुरजीत सिंह को अगर 15
तर संगत के सामने अनावृत्त न किया तो
होकर इस गुट के विरुद्ध कार्रवाई करनी
आखिर में पंथक कमेटी ने उक्त गुट को
है कि वह जहां चाहें छिप जाएं मगर वे
छोड़ेंगे ।

सैंसरशिप लागू करने के प्रस्ताव पर ।

न के अध्यक्ष सांसद विश्व बंधु गुप्ता ने ान में कहा कि राज्य में सैंसरशिप लगाने असर पड़ेगा । इससे अपेक्षित परिणाम हो सकेगा । उन्होंने कहा कि कश्मीर ी सुरक्षा की खातिर समाचार पत्रों को ा चाहिए ।

सुझाव दिया कि राष्ट्र-विरोधी और खबरों के प्रकाशन पर नियंत्रण के लिए ो बजाय प्रमुख सम्पादकों और पत्रकारों ाहकार समिति गठित की जाए । यह प्रकार की खबरों के नियंत्रण में प्रशासन र सकती है ।

ा द्वारा आपत्ति व्यक्त : नई श): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय जगदीश प्रसाद माथर तथा डा. विजय त्रा ने जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री डा. दुल्ला द्वारा राष्ट्रीय समाचार पत्रों सहित ार पत्रों में आतंकवाद से संबंधित प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाने की धमकी र आपत्ति व्यक्त करते हुए आज यहां सने स्पष्ट हो रहा है कि उनकी सरकार ट्र-विरोधी तत्वों को काबू करने में विफल नता के पास इस प्रकार की जानकारी को ाकना इस समस्या का कोई समाधान नहीं ।

सूत्रों ने बताया कि आज प्रातः अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में राजाताल चौकी पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा गोली चलाए जाने से 4 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । इनमें 2 स्त्रियां थीं ।

9 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : आज सायं मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में ऐसे 9 खूंखार आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है जो कि पुलिस को असंख्य हत्याओं, डकैतियों और लूटपाट की घटनाओं में वांछित थे । इन आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं : जसबीर सिंह निवासी गोहलवड़, सुखबिंदर सिंह निवासी अहलां थाना जीरा, बलजीत सिंह निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां, बलबीर सिंह निवासी कोट मित्त सिंह अमृतसर, मनजीत सिंह निवासी घन्नुपुर थाना छहर्टा, जसपाल सिंह उर्फ साहबा निवासी कोटला तरखानां थाना कत्थूनंगल, अमरीक सिंह निवासी कोटला लिहाड़ा थाना कत्थूनंगल, दलबीर सिंह निवासी भीलोवाल थाना कत्थूनंगल और सुलक्खन सिंह उर्फ बब्बू निवासी चाचोवाली थाना कत्थूनंगल । इन आतंकवादियों से एक .12 बोर की बंदूक, आठ पिस्तौल और लगभग 34 कारतूस बरामद किए गए ।

अंत्येष्टि : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि जंडियाला गुरु के पास उग्रवादियों द्वारा मारे गए पुलिस के ए.एस.आई. गुरजय पाल सिंह का शव आज शाम उनके ससुराल गौंसपुर गांव में लाया गया, जहां उनका अन्तिम संस्कार पुलिस सम्मान के साथ किया गया ।

सी.पी.आई. एम. कार्यकर्त्ता की हत्या : बटाला (वि.प्र.): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव खजानाकोट में गत रात्रि ए.के. 47 राइफल से लैस तीन आतंकवादियों ने निशान सिंह (33) नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकवादी निशान सिंह को रात लगभग 12.30 बजे उसके घर से ले गए और कुछ दूर जाकर गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतक सी.पी.आई.एम. का कार्यकर्त्ता था । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस व बी.टी.एफ. आतंकवादी संगठन का लैटर पैड मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है ।

किसान की हत्या : गत रात जिला गुरदासपुर के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के अन्तर्गत गांव खजाना कोट में आतंकवादियों ने एक किसान जसवन्त सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

6 गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला पुलिस ने 6 आतंकवादियों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है जो कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटर पैड पर धमकी भरे पत्र लिखकर लोगों से रुपए ऐंठते थे और डकैतियां डालते थे । इस गिरोह के 5 सदस्य पुलिस जिला तरनतारन से सम्बन्धित हैं । इनमें बलदेव सिंह उर्फ बूसली, सोहन जीत सिंह उर्फ बीरा, सकत्तर सिंह उर्फ बलदेव सिंह, राजेन्द्र कुमार और बिजय कुमार शामिल हैं । गिरोह का छठा सदस्य जगविंदर सिंह तलवाड़ा का रहने वाला है । कल पटियाला पुलिस ने 12 आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया था ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : बाघा पुराना

अमृतसर के निकट पुलिस जिला तरनतारन के गांव पदरी कलां में गत रविवार को आतंकवादियों ने ज्ञान सिंह नामक एक व्यक्ति के परिवार के 10 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी जिनमें उसकी 95 वर्षीय वृद्ध मां तथा परिवार की महिलाएं शामिल थीं । (चित्र में) मृतकों के शव ट्राली में भर कर ले जाते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

चुनाव आयोग पंजीयन के लिए किसी भी पार्टी के आवेदन को एकदम नामंजूर नहीं करेगा

नई दिल्ली, 22 अगस्त (प.स.): नए चुनाव कानून के प्रभावी होने के बाद चुनाव आयोग के समक्ष पंजीयन के प्रावधानों की शर्तों को पूरी तरह परा न करने के बावजूद आयोग ऐसे किसी भी राजनीतिक दल और संगठन के आवेदन को एकदम नामंजूर नहीं करेगा, जिन्होंने उसके पास पंजीयन के लिए आवेदन कर रखा है ।

यह स्पष्टीकरण अकाली दल (मान) के धड़ों के संदर्भ में उभर कर सामने आया है । इसमें कहा गया है कि इस दल की ओर से चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत पंजीयन के प्रार्थना पत्र को 1988 के संशोधन जन प्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के अनुकूल कदम न उठाने के कारण अस्वीकार किया जा सकता है ।

आयोग के सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस प्रकार की सभी पार्टियों और संगठनों के आवेदन पत्रों पर अन्तिम निर्णय करने से पहले उनके विचारों से अवगत होने के लिए सुनवाई की जाएगी ।

सूत्रों ने बताया कि आयोग के समक्ष होने वाली सुनवाई के समय सभी आवेदनों के लिए अनिवार्य प्राथमिकता यह होगी कि क्या उन्होंने भारतीय संविधान के प्रति शपथ और समाजवाद एवं धर्म निरपेक्षता के सिद्धांतों पर अमल जैसी प्रमुख शर्तों की पूर्ति कर दी है या नहीं । सूत्रों के अनुसार अगर इन पार्टियों ने संशोधित जनप्रतिनिधित्व कानून की शर्तें पूरी न की होंगी तो इस पर उनसे कुछ स्पष्टीकरण मांगे जाएंगे । इसके पश्चात आयोग उस आवेदन पत्र पर विचार कर अन्तिम निर्णय करेगा ।

चुनाव आयोग के समक्ष पांच अकाली दलों ने राजनीतिक दलों के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं जबकि इस मुद्दे पर निर्धारित तारीख की अवधि 14 अगस्त को समाप्त हो चुकी है ।

जिन अकाली धड़ों ने आयोग के समक्ष पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं उनमें शहीद फेरूमान अकाली दल, अखिल भारतीय युवा अकाली दल, शिरोमणि अकाली (बाबा जोगिन्द्र सिंह), शिरोमणि अकाली दल (सिमरनजीत सिंह मान), शिरोमणि अकाली दल (बादल-तलवंडी) और शिरोमणि अकाली दल (मास्टर तारा सिंह) हैं । राज्य के एक मात्र मान्यता प्राप्त अकाली दल लौंगोवाल ने फिर से पंजीयन का आवेदन किया है ।

श्रीनगर में बम विस्फोट, 3 घायल

श्रीनगर, 22 अगस्त (वार्ता): आज सायं यहां कचहरी रोड पर राजकीय एक्साईज शाप में एक बम विस्फोट होने से तीन व्यक्ति घायल हो गए । यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी है ।

मनचंदा की हत्या का मुकद्दमा सैशन सुपुर्द

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता): मुख्य मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट एस.एल. खन्ना ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष हरबंस सिंह मनचंदा की हत्या के मुकद्दमे को सैशन अदालत को सौंप दिया है । श्री खन्ना ने इस मामले के अभियुक्त अमरजीत सिंह चावला और विरसा सिंह को पांच सितम्बर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश

गिरोहों का पुनर्गठन : हमलों की योजना

कुत्तों को बांध कर रखा जाए । हरिके से पर स्थित गांव बुर्ज देवा सिंह के गुरुद्वारे में समय आकर बाकायदा स्पीकर के द्वारा कि किसी भी औरत ने भविष्य में परिवार का आप्रेशन करवाया तो उसका पूरा त्म कर दिया जाएगा ।

सारे गांव को वहां बुलाया गया और सब से 50 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से जजिया वसूल किया गया । यह कह कर कि जग्गा का स्मारक बनाएंगे । इस तरीके से पट्टी के बहुत से देहात से लाखों रुपए वसूल किए जा चुके हैं और यह क्रम अभी भी जारी है ।

दावाड़ा, नवापिंड, बलटोहा, मीरका चक, कोटली, दासुवाल, माहनीके, रामसारा, महमूदपुरा, पद्धाल, बेलियांवाला, लाखना, राजोके, ठठी जैमल, ढोलन, मनावां, कलंजर, खेमकरण, आसल, भूरे, सतगढ़, माछीके, मेंहदीपुर, रत्तोके, दामूवाल आदि से पता चला है ।

Punjabi Sanatani

पाक सीमा का निरीक्षण
ा करते हुए ।
(छाया : लीला धर)

चुनावों में
पर विचार

ना दल नेता समर गुहा से भी

की रैली को कवर कर रही
ा टीम को आज शाम उस
ा, जब जनता दल के अध्यक्ष
ने उन्हें रैली स्थल से हट जाने
ाथ प्रताप सिंह जब रैली को
ी उपस्थित लोगों ने दूरदर्शन
ुदगी के विरोध में चार-चार
र श्री सिंह ने कैमरा टीम की
कहा, "राजीव दर्शन को हटा
ले भी जब आंध्र प्रदेश के
ाराव भाषण कर रहे थे तो
प की मौजूदगी को लेकर लोगों
लेकिन श्री रामाराव केवल
श्चिम बंगाल की वामपंथी
फैसला किया है कि वे अपने
रदर्शन और आकाशवाणी को
ने यह निर्णय केंद्रीय सरकार
ाध्यमों के कथित 'दुरुपयोग'
लेकिन साथ ही यह भी कहा है
यमों को अपना काम करने से

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मुख बाबा ठाकुर सिंह को
त्थेदारों को मान्यता दी थी
ह मान्यता देने के लिए उन
जाए, नहीं तो कमेटी स्वयं

पुलिस कर्मी सहित 12 की हत्या

एक आतंकवादी को उसके साथियों ने मार डाला

3 व्यक्तियों का अपहरण : कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 23 अगस्त (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक विभिन्न मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए जबकि कई आतंकवादी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए । आतंकवादियों ने एक पुलिसकर्मी समेत 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इसके अलावा फिरौती के लिए एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

पुलिस कर्मी व एक अन्य की हत्या : अमृतसर, (वि.प्र): अमृतसर जिला में गत रात आतंकवादियों ने एक पुलिस कर्मी समेत दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ दो अलग-अलग मुकाबलों में दो आतंकवादी मारे गये । पुलिस को आधुनिकतम शस्त्र भी बरामद हुए हैं ।

इन घटनाओं के संबंध में जो सूचनाएं आज जिला मुख्यालय पहुंची हैं, उनके अनुसार गत रात जिला अमृतसर के थाना मजीठा के गांव कोटला गुज्जरां में चार आतंकवादी रात 8.30 बजे एक व्यक्ति सकत्तर सिंह के घर में घुस गए । इन आतंकवादियों ने सकत्तर सिंह को बंदूक की नोक पर घर से बाहर निकाला और उसे अपने साथ ले गए । कुछ दूरी पर जाकर ज्यों ही गोली मारने लगे कि उधर बलविंदर सिंह, जो छहटां थाना में मुंशी है, भी आ निकला । आतंकवादियों ने सकत्तर सिंह पर गोलियां बरसाईं और साथ ही बलविंदर सिंह को भी गोलियां मारीं, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । सूचनाओं में कहा गया है कि आतंकवादियों ने बलविंदर सिंह के स्कूटर को भी आग लगा कर जला डाला । घटनास्थल से पुलिस को .315 बोर की गोलियों के तीन खोल और ए.के. 47 राइफल की गोलियों के चार खोल मिले हैं ।

2 आतंकवादी मरे : सूचनाओं के अनुसार गत रात थाना कत्थूनंगल के अंतर्गत गांव तलवंडी खुमान और गांव चाचोवाली के मध्य मुख्य मार्ग पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक नाका लगाया हुआ था कि आतंकवादियों ने नाका पार्टी पर उस समय फायरिंग की, जब नाका पार्टी ने उधर से गुजर रहे दो आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया । सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा भाग निकलने में सफल रहा । मृतक आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है । मृतक के कब्ज़े से पुलिस ने एक ए.के. 74 राइफल, एक जी.पी.एम.जी. (जनरल परपज़ मशीन गन), तीन मैगजीन ए.के. 47 एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड भी बरामद किया है ।

सुरक्षा बलों के साथ दूसरा मुकाबला तरनतारन थाना के अंतर्गत गांव रासियां के बाहर एक नहर के पुल के निकट हुआ बताया गया है । सुरक्षा बलों ने नाके के दौरान रात 11.15 बजे के करीब दो संदिग्ध व्यक्तियों को उधर से गुजरने पर रुकने का इशारा किया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठा भागने में सफल रहा । मृतक आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है लेकिन उसके कब्ज़े से पुलिस को एक .12 बोर की पिस्तौल, इसके चार कारतूस और ए.के. 47 राइफल के 20 कारतूस बरामद हुए हैं ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने नौ आतंकवादियों को बंदी बनाया है और उनसे एक बंदूक, आठ पिस्तौलें तथा कुछ गोलीबारूद बरामद किया है । बंदी बनाए गये व्यक्तियों के नाम हैं : जसवीर सिंह, सुखविंदर सिंह, अमरीक सिंह, दलबीर सिंह, बलजीत सिंह, मनजीत सिंह, जसपाल सिंह, बलबीर सिंह और सुलक्खन सिंह ।

सरपंच, उसके पुत्र की हत्या : 3 उग्रवादियों ने थाना झब्बाल के गांव डोडे में फायरिंग करके सरपंच स्वर्ण सिंह और उसके लड़के अमर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार पहले पिता एवं पुत्र का अपहरण किया गया, फिर उन्हें गांव से बाहर ले जा कर गोली मार दी गई । गांव के बाहर ले जाकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी । यह घटना पुलिस जिला तरनतारन के एक गांव में हुई ।

आतंकवादी मरा : गत रात पुलिस जिला मजीठा के गांव भंगारी कला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका एक साथी फरार हो गया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ़ लक्खा को बत्तीस बोर की एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस समेत बंदी बनाया । मजीठा पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके पास से आठ पिस्तौलें, एक बंदूक और काफी कारतूस मिले ।

जिला होशियारपुर के गांव तलवंडी राइयां में आत्महत्या करने वाले आतंकवादी की लाश, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी (छाया : मुन लाइट)

जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल के गांव पंगाली में उग्रवादियों तथा सुरक्षा बलों में बुधवार को हुए मुकाबले में मारे गए उग्रवादी (ऊपर) का शव । (नीचे) सुरक्षा बल के जवान पकड़े गए शस्त्रों को देखते हुए । (छाया : पंजाब केसरी)

दोधी की हत्या : मुक्तसर से दर्दी ब दीपक के अनुसार आज सुबह यहां से 3 कि.मी. दूर गुरुहरसहाय रोड पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक दोधी की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार दोधी राम स्वरूप सुबह मोटर साइकल पर दूध लेकर शहर जा रहा था कि रास्ते में तीन व्यक्तियों ने उसे रोका तथा उसे घसीट कर एक तरफ ले गये व तेज़ धार हथियार से उसकी हत्या कर दी । पीछे ही साइकल पर उसका लड़का भी आ रहा था । जब उसने अपने पिता की लाश एक तरफ पड़ी देखी तो उसने पुलिस को सूचित किया । पुलिस ने मौके पर पहुंच खोजी कुत्ते मंगवाए तथा पूछताछ के लिए 10 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार एस.एस.पी. फरीदकोट ने कहा है कि यह आतंकवादी घटना नहीं बल्कि निजी शत्रुता का मामला है ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : जालंधर (वि.प्र): गत रात थाना नवांशहर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मामूली आपसी फायरिंग के बाद दो उग्रवादियों सुरजीत सिंह सैनी व अलबीर सिंह उर्फ़ वीरा को गिरफ्तार कर लिया । साथ ही उनके कब्ज़ा से एक अमरीकन 32 बोर रिवाल्वर व 6 कारतूस तथा एक चोरी का स्कूटर डी.आई.आई.8374 पकड़ा । दोनों संदिग्ध उग्रवादी लंगड़ोआ के बताए गए हैं ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : जालंधर पुलिस ने एक आतंकवादी मक्खन सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी कंग साहब राय को गिरफ्तार किया है, जो कई आतंकवादी वारदातों में संलिप्त है । उसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई है ।

करतारपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों प्रेमा और निर्मल सिंह निम्मा को गिरफ्तार किया है । ये दोनों पुलिस थाना करतारपुर के क्षेत्र में गत फरवरी में हुई दो हत्याओं के संबंध में पुलिस को वांछित थे । उनके पास से .12 बोर की एक पिस्तौल बरामद हुई है ।

करतारपुर पुलिस ने ही विभिन्न आतंकवादी घटनाओं में वांछित सुखदेव सिंह बिल्ला पुत्र मोहन सिंह निवासी ततकला, जसबीर सिंह उर्फ शीरा पुत्र महिन्दर सिंह निवासी रंगड़ा थाना नकोदर को भी गिरफ्तार किया है । सुखदेव सिंह बिल्ला के कब्जे से एक .12 बोर की पिस्तौल बरामद हुई है ।

लुटेरों का गिरोह बंदी : नकोदर पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रदेशों को भारत बंद के दौरान शांति बनाये रखने के लिए कदम उठाने के निर्देश

नई दिल्ली, 23 अगस्त (जी.एस. चावला): केन्द्र ने सभी प्रदेशों को कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने वाली मशीनरी को चुस्त करने के निर्देश दिए हैं ताकि 30 अगस्त को भारत बंद के दौरान हर कीमत पर शांति कायम रखी जा सके । राष्ट्रीय मोर्चा ने बोफोर्स मामले पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के दृष्टिगत राजीव सरकार द्वारा इस्तीफा न देने के विरोध में 30 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है ।

बंद के दिन गृह मंत्रालय ने शांति बनाए रखने तथा आवश्यक सेवाओं के निर्बाध संचालन के लिए विभिन्न प्रबन्धों की समीक्षा के लिए कई बैठकें की हैं । गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से बैठकें की हैं तथा उन्हें कहा है कि वे अपने-अपने प्रदेशों में कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा करें तथा गड़बड़ी से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का पता लगाकर वहां एहतियात के तौर पर पर्याप्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएं । मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वे बंद वाले दिन आवश्यक

विपक्षी दलों ने घोषणा की है कि 30 अगस्त को रेलवे समेत अन्य परिवहन सेवाएं ठप्प रखी जाएंगी । केन्द्र ने अभी तक यह निर्णय नहीं लिया कि उस दिन रेल सेवाएं बंद रखी जाएं या नहीं ?

केन्द्रीय गृह सचिव ने गैर इंका शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर यह भी पूछा है कि क्या उन्हें बंद वाले दिन शांति बनाए रखने के लिए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

30 तक की छुट्टी के आवेदन रद्द

नई दिल्ली, 23 अगस्त (प.स.): केंद्र सरकार ने आज एक आदेश निकाल कर अपने कर्मचारियों की 30 अगस्त तक की छुट्टी की दरख्वास्तों को रद्द कर दिया है । कार्मिक विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है कि बिना किसी वैध कारण के तीस अगस्त को छुट्टी लेने का मतलब सेवा में व्यवधान माना जाएगा ।

इस बीच प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि

Punjabi Sanatani

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

है । इन लुटेरों में गुरदेव लाल पुत्र सौदागर राम, राम लुभाया पुत्र सौदागर राम , तीर्थ राम पुत्र हरभजन लाल तथा सुरेंद्र कुमार उर्फ़ कंडू पुत्र गुरमेज सिंह निवासी औलखा गांव थाना नकोदर शामिल हैं । ये चारों लुटेरे कई विस्फोट की घटनाओं में भी संलिप्त हैं । उन्होंने मेहमां गांव में एक स्कूल के भवन को भी आग लगा कर जला डाला था । उनके पास से कई चोरी के हथियार भी बरामद हुए हैं । आगे पूछताछ जारी है ।

प्रापर्टी डीलर की हत्या : लुधियाना (धीमान): यहां सलीम टाबरी में दो उग्रवादियों ने एक प्रापर्टी डीलर दौलत राम की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

लाश मिली :होशियारपुर-ऊना मार्ग पर आज सुबह बजवाड़ा चौ के निकट से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है ।

अपहरण : फिरोज़पुर जिले के अम्मीवाला गांव में 4-5 सशस्त्र आतंकवादियों ने पीपल सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

एक गिरफ्तार : पठानकोट (गुप्ता): सिटी पुलिस पठानकोट की एक पार्टी, जिसका नेतृत्व

मुक्तसर के निकट अज्ञात व्यक्तियों के हाथों मारा गया दोधी राम स्वरूप । (छाया : दीपक)

ठाकुर जैमल सिंह एस.एच.ओ. कर रहे थे, ने नलवा पुल के पास नाकाबंदी के दौरान ढांग पीर पठानकोट निवासी राजकुमार उर्फ़ सूरज को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 32 बोर की एक पिस्तौल तथा 4 जीवित गोलियां बरामद कीं । अदालत ने उसका चार दिन का रिमांड देने के बाद उसे अमृतसर जांच केंद्र में जांच हेतु भेज दिया । पुलिस को शक है कि राजकुमार के उग्रवादियों से संबंध है और वह उनको शस्त्र सप्लाई करता है ।

लुटेरे साथी की हत्या : बटाला (कोछड़, पस): बटाला में डेरा बाबा नानक थाने के धारोवाली गांव में कल रात एक लुटेरे की उसके एक अन्य साथी ने तेज़ धार वाले हथियार से हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार तीन लुटेरे शिंगारा सिंह के घर में घुसे और उससे नकदी मांगी । शिंगारा सिंह उनसे भिड़ गया और उनमें से एक को पकड़ लिया । शिंगारा सिंह ने शोर मचा दिया, जिससे उसके परिवार के सदस्य जाग गये और घटना की सूचना सीमा सुरक्षा बल को दे दी । इस बीच लुटेरे के साथी ने उस पर तेज़ धार वाले हथियार से हमला किया और भाग गये । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृतक धारोवाली का रतन सिंह है ।

एक व्यक्ति की हत्या : धूरी, (सिंगला): यहां संगरूर पुलिस थाने के अंतर्गत गांव छाना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने जोगिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । जब जोगिन्दर सिंह पर हमला किया गया तो उस समय वह खेत में सो रहा था ।

स्कूटर छीना : दो अज्ञात व्यक्तियों ने गांव माहोरना के निकट नहर के पुल पर से सलार गांव के निवासी गुरदीप सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी. एक्स.4712 और कलाई घड़ी छीन ली ।

मारुति छीनी : दो अज्ञात व्यक्तियों ने इलवाल गांव के अब्दुल करीम और उसके बेटे मोहम्मद नासिर से पिस्तौल की नोक पर उनकी मारुति वैन और एक हजार रुपए नकद छीन लिये ।

4 घर लूटे : गुरुहरसहाय (म): गत रात यहां से 6 कि.मी. दूर गांव रंजीतगढ़ में चार अज्ञात व्यक्तियों ने बंदूक की नोक पर गांव में चार घरों से सोने चांदी के ज़ेवर लूट लिये । पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है । गुरुहरसहाय में आजकल लूट की वारदातों का ज़ोर चल रहा है तथा दूसरे-चौथे दिन लूट वारदातें हो रही हैं ।

बंदूक छीन ली : पटियाला, (भूषण): गत रात सलीमपुर गांव (थाना मुल्लेपुर) में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने स्टेनगन की नोक पर बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की डबल बैरल गन छीन ली । अभियुक्त बंदूक लेने के लिए ट्यूबवैल पर गये तथा बलदेव सिंह को सोते से जगा कर गांव में उसके घर ले गये थे । वे अपने साथ 20 कारतूस भी ले गये हैं ।

3 घुसपैठिये मरे : अबोहर (स): श्रीगंगानगर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये ।

गंगानगर में बैंकों को खतरा : कुछ समय पूर्व सादलशहर में हुई बैंक डकैती, जिसमें आतंकवादियों ने 10 लोगों की हत्या कर दी थी, के संबंध में जिलाधीश श्री आर.के. नायर द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर श्रीगंगानगर पुलिस में महत्वपूर्ण फेरबदल किये जाने की संभावना है । रिपोर्ट के अनुसार के.सी.एफ़. आतंकवादी पंजाब के साथ लगते श्रीगंगानगर क्षेत्र में कुछ अन्य बैंकों में भी लूटमार कर सकता है । रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पंजाब-राजस्थान सीमा पर सुरक्षा प्रबंधों में कोई सुधार नहीं हुआ है ।

पिता-पुत्र की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के गांव बद्धोवाल में आज रात्रि 9 बजे दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति अजायब सिंह (65) और उसके बेटे रत्न सिंह (31) की हत्या कर दी और फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ये हत्याएं ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से कीं ।

एक घायल : पुलिस जिला बटाला के ही गांव श्रीहरगोबिन्दपुर में दो उग्रवादियों ने आज सायं अंधाधुंध फायरिंग करके जसवन्त सिंह मौजी नामक एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायल को अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया है ।

आतंकवादी काबू : मोगा, (बांसल): संदिग्ध आतंकवादी अमरजीत सिंह (मौज़ा अटारी, निकट ज़ीरा) को पुलिस ने कार सहित गिरफ्तार कर लिया है । उसने यह कार गत 9 जुलाई को खोसा पाण्डू से चोरी की थी । उसके कब्ज़े से 12 बोर की एक बंदूक भी मिली है । उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार कर लिये गये थे । अभियुक्त ने जिला फिरोज़पुर में आतंकवादी की कई घटनाओं में संलिप्त

राईस शैलर एसोसिएशन जिला संगरूर

जिला संगरूर के शैलर मालिकों की एक जरूरी मीटिंग आज 24.8.89 को बाद दोपहर 3 बजे, जगदम्बा राइस मिल्ज़ संगरूर में होगी, जिसकी प्रधानगी श्री जगमोहन जुल्का, प्रधान पंजाब राईस शैलर मालिक एसोसिएशन करेंगे ।

सभी शैलर मालिकों से मीटिंग में शामिल होने की प्रार्थना की जाती है ।

लक्ष्मी कान्त गोयल
प्रधान

FURNISHING FABRIC
Required regularly
CAR UPHOLSTERY & FURNISHING FABRIC
FOR MARKETING
Write with Samples to :
R.K. INNOVATIONS
15, BROJUDULAL STREET,
CALCUTTA-700 006.

गुमशुदा की तलाश

मेरी लड़की जसबीर कौर दिनांक 20.7.89 को डींग मंडी से जैतो मंडी के लिए रेल गाड़ी द्वारा रवाना हुई थी लेकिन आज तक यह लड़की घर नहीं पहुंची है । सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा ।

श्री लाल चंद यादव
हिम्मतपुरा बस्ती,
गंगासर, जैतो

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

Punjabi Sanatani

और दिनांक 20.7.89 को डींग मंडी से जैतो मंडी के लिए रेल गाड़ी द्वारा रवाना हुई थी लेकिन आज तक यह लड़की घर नहीं पहुंची है । सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा ।

श्री लाल चंद यादव
हिम्मतपुरा बस्ती,
गंगसर, जैतो

ड विज्ञापन

रोजगार

भारतीय वायुसेना में पुलिस मोटर ड्राइवर, ोन आप्रेटर, क्लर्क आदि की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक 16 से 19 वर्षीय लड़के 10 रुपए मनीआर्डर भेज आवेदन पत्र तथा नियमावली मंगवाएं। National hool of Competitions, 970, Urban tate, Ambala City-134003.

(JDC)

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक जानकारी मंगवाएं : Principal, Rozgar Guidance re, 8386/5, Ambala City.

सेना, रेलवे, बैंक तथा क्लर्क ग्रेड में भर्ती के इच्छुक 26 वर्षीय आठवीं, दसवीं पास 15/- रुपए र्डर भेज कर जानकारी, आवेदन पत्र मंगवाएं । ण्ड इन्फोर्मेशन सर्विसेज, 70, मालवीय बाजार, ाद-202001.

मैडीकल

टरी रजिस्ट्रेशन हेतु सलाह लें । डाक्टर सिंघल, 30/139, किदवई पार्क, राजामंडी, -2.

बिकाऊ

टा बसें रूट समेत बिकाऊ हैं । मिलें : अड्डा अपना ट्रैवल्स, सामने बस स्टैंड, अमृतसर ।

पोल्ट्री

एक घायल : पुलिस जिला बटाला के ही गांव श्रीहरगोबिन्दपुर में दो उग्रवादियों ने आज सायं अंधाधुंध फायरिंग करके जसवन्त सिंह मौजी नामक एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायल को अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया है ।

आतंकवादी काबू : मोगा, (बांसल): संदिग्ध आतंकवादी अमरजीत सिंह (मौज़ा अटारी, निकट जीरा) को पुलिस ने कार सहित गिरफ्तार कर लिया है । उसने यह कार गत 9 जुलाई को खोसा पाण्डू से चोरी की थी । उसके कब्ज़े से 12 बोर की एक बंदूक भी मिली है । उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार कर लिये गये थे । अभियुक्त ने जिला फिरोज़पुर में आतंकवादी की कई घटनाओं में संलिप्त होना स्वीकार किया है ।

मोगा से सर्व के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उससे एक मारुति कार और एक बारह बोर की बंदूक बरामद की है । एस.एस.पी. फरीदकोट श्री सतीश कमार शर्मा ने बताया कि यह कार उसने निकटवर्ती गांव खोसा पंडो से छीनी थी । उसकी शिनाख्त जीत सिंह गांव अटारी थाना जीरा, के रूप में की गई है ।

गुप्त मंत्रणा

(पृष्ठ 3 का शेष)

रैली को सम्बोधित करते हुए श्री रामाराव ने कहा कि विपक्ष के लिए जरूरी हो गया है कि वह आपसी मतभेद भुला कर स्थायी एकता के लिए एकजुट हो । उन्होंने कहा कि जो एकता हम बना पाए हैं, उसे किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं है । भावी पीढ़ी के सामने हम लोगों की कुछ जवाबदेही है ।

श्री रामाराव ने कहा कि हमें सत्ता, प्रतिष्ठा अथवा अधिकारों की लिप्सा नहीं है । हमारा मकसद जनता का कल्याण और उसके हितों की रक्षा करना है ।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों के दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनके सहयोगियों ने संसद के बाहर और भीतर लगातार

संगठनों ने इस घातक बताया है

नैयर, जाएंगे : एडिट वापस लेने के फारूक अब्दुल्ल कार्यकारिणी के प्राण चोपड़ा को निखिल चक्रवर्ती पत्रकारों से इस अभियान चलाने "प्रैस की स्वतंत्रत शानदार रिकार्ड विधेयक तथा करवाया ।"

अतिरिक्त अर्द्धसैन

जिलों में कड़े होशियारपुर (अश 30 अगस्त को 'भ केन्द्र सरकार ने सभी पर सुरक्षा प्रबन्ध सरकार द्वारा भेजे ग सरकार ने राज्य के पुलिस कप्तानों से क में स्थित बी.बी.ए सब-ग्रिड स्टेशनों कर्मचारियों की सुरक्ष क्योंकि भारत बंद हड़ताल करवाने में अतिरिक्त कछ अन्य बंद हो सकती है ।

जिलाधिकारियों संस्थानों व आवश्यक सामान्य दिनों जैसे क जाए ।

पंजाब में 30 अग से सम्बन्धित कर्म प्रभावहीन बनाने के आवश्यक पग उठाने

Punjabi Sanatan

के निकट उग्रवादियों द्वारा ट्रेन पर फायरिंग से 20 मरे, 30 घायल

स्टेशन के निकट बम से रेल-लाईन उड़ा दी, किसान की हत्या : महत्वपूर्ण पत्र बरामद

तान कमांडो फोर्स का उग्रवादी मारा गया : शस्त्रों से भरी ट्राली बरामद

फिरोजपुर जिले में पुलिस थाना मल्लांवाला के गांव फत्ता बोड़ा में आतंकवादियों द्वारा मारे गए दो सगे भाई (ऊपर) जोगिंद्र सिंह तथा (नीचे) सकत्तर सिंह । (छाया : कन्तोड़)

बैठा सिलीगुड़ी पहुंचे

सिलीगुड़ी, 27 अगस्त (बातां): रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री डी.एल. बैठा पूर्वी सैक्टर की सैन्य इकाइयों का दौरा करने आज यहां पहुंचे । कोर कमांडर लैफ्टीनैंट जनरल जगत मोहन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठा की अगवानी की ।

...ए.स.): उग्रवादियों ...एक ट्रेन पर फायरिंग ...कर दी और 30 को ...त जिला अमृतसर में ...ट बम विस्फोट द्वारा ...उड़ा दिया गया । ...मारा गया तथा एक ...। सी.आर.पी. ने ...-ट्राली पकड़ी तथा ...र्यों के लिखे हुए चार

20 मरे : अबोहर ...सायं पौने छः बजे ...यात्री गाड़ी 6 ...ट अंधाधुंध फायरिंग ...र दी और 30 लोगों ...दया ।

...ाढ़े 8 बजे जब यह ...स्टेशन पर पहुंची तो ...उग्रवादियों ने गाड़ी ...र उस पर अंधाधुंध ...स को रात्रि साढ़े 9 ...सं और डाक्टरों की ...ल पर स्थिति इतनी ...ने जाया गया ।

...सार बताया गया है ...पक्की आता है, ये ...क्षेत्र में स्थित हैं ।

समझा जाता है कि फायरिंग करने वाले उग्रवादी पक्की रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए और उन्होंने गाड़ी के कब्रवाला स्टेशन पर पहुंचने से पूर्व ही चार डिब्बों में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग की । गाड़ी के जिस डिब्बे में 5 सशस्त्र सुरक्षा कर्मी सवार थे, उसमें ये उग्रवादी न चढ़े ।

इसी मध्य अबोहर से राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और भाजपा के भारी संख्या में कार्यकर्त्ता कब्रवाला व मलोट स्टेशन की ओर रवाना हो गए हैं । वे कुछ डाक्टरों को भी साथ ले गए हैं ।

इसी मध्य अबोहर से रवाना होने वाली तूफान एक्सप्रैस को रोक लिया गया ।

फिरोजपुर से कन्तोड़ के अनुसार यह ट्रेन श्रीगंगानगर से दिल्ली जा रही थी ।

'प.स.' के अनुसार यह गाड़ी भटिंडा से अबोहर जा रही थी ।

फायरिंग ए.के. 74 से की गई : सरकारी सूत्रों ने चंडीगढ़ में बताया कि उग्रवादियों ने ट्रेन पर फायरिंग के दौरान नई प्राप्त की गई ए.के. 74 चीनी राइफलों का प्रयोग किया, जो ए.के. 47 राइफलों से अधिक घातक हैं । ट्रेन 2 घंटे लेट चल रही थी । उग्रवादियों द्वारा रेल यात्रियों की हत्या करने का यह सबसे बड़ा कांड है । गत वर्ष अमृतसर-खेमकरण ट्रेन पर फायरिंग करके उग्रवादियों ने 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । उल्लेखनीय है कि आज कल रात्रि को केवल मेल और एक्सप्रैस ट्रेनें ही चलती हैं ।

उग्रवादियों ने उस समय तुरन्त हमला किया, जब यह दुर्भाग्यशाली गाड़ी मलोट-पक्की रेलवे स्टेशनों के मध्य एक फ्लैग स्टेशन पर रुकी ।

राइफल की नोक पर गाड़ी रोकी : अम्बाला के डिवीजनल रेलवे मैनेजर श्री वी.डी. गुप्ता ने फोन द्वारा सम्पर्क करने पर बताया कि कई उग्रवादियों ने राइफल की नोक पर ड्राइवर को गाड़ी रोकने पर विवश कर दिया, जब वह कब्रवाला स्टेशन से चलने लगा था ।

श्री गुप्ता ने बताया कि उग्रवादियों ने दस मिनट से अधिक समय तक फायरिंग की । मारे गए यात्रियों के शव निकटवर्ती अस्पताल में लाए गए जबकि घायलों को फरीदकोट के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । ट्रेन के जो यात्री भटिंडा जाना चाहते थे, उनको भटिंडा भेज दिया गया है और जिनके संबंधी मृतकों और घायलों में शामिल थे, उनको जगह-जगह रखा गया है । उन्होंने कहा कि कम से कम 5 घायलों की हालत गम्भीर है ।

श्री गुप्ता ने मृतकों के आश्रितों को 5000-5000 रुपए और घायलों को 2000-2000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है ।

आतंकवादी मारा गया : फिरोजपुर (बागी) : आज प्रातः छः बजे के लगभग फिरोजपुर जिला के गांव उसमान खेवा के निकट के.सी.एफ. का एक आतंकवादी मनजीत सिंह (18) सी.आर.पी. के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । वह जिला अमृतसर के थाना भिसीविंड के गांव भाई लद्दू का निवासी था । उसके अन्य साथी भाग निकले । सी.आर.पी. बटालियन (90) के कमांडैंट श्री एन.के. बिज ने बताया कि सी.आर.पी. की पार्टी जोकि गांव अटारी में सी.आर.पी. चौकी के निकट गांव साबआना में नाका लगा कर बैठी थी, ने एक ट्रैक्टर ट्राली पर जा रहे चार सशस्त्र आतंकवादियों और छः अन्य लोगों को चुनौती दी तो वह गोलियां चलाने लगे । इसके बाद लगभग 20 मिनट तक भीषण मुठभेड़ हुई जिसके बाद आतंकवादी हथियारों से भरी ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर भाग निकले । यह ट्राली कल रात उन्होंने एक किसान से बंदूक की नोक पर छीनी थी । इसमें हथियारों की खेप भर कर वह अज्ञात स्थान की ओर जा रहे थे कि सी.आर.पी. ने इन हथियारों को कब्जे में ले लिया जिनमें एक ड्रम मशीनगन, (पंजाब में यह दूसरी इस तरह की मशीनगन बरामद की गई है), एक ए.के. 74 अगाल्ट चीनी राइफल, एक राकेट लांचर, छः राकेट, 11 राकेट कारतूस, 10 नए किस्म के अत्यन्त शक्तिशाली के-67 हथगोले, 9 इलैक्ट्रिक तथा 5 ड्राई डैटोनेटर, 20 फुट लम्बी कोर्डेक्स वायर, ए.के. 47 के 50 कारतूस तथा 12 किलोग्राम विस्फोटक शामिल हैं । श्री बिज ने बताया कि गत रात आसपास के गांवों की परी छानबीन के बाद जब सी.आर.पी. की पार्टी गांव उसमान खेवा पहुंची तो एक और मुठभेड़ हुई जिसमें के.सी.एफ. का आतंकवादी मनजीत सिंह मारा गया । सी.आर.पी. ने उसके शव के पास एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक मैगजीन तथा पांच कारतूस बरामद किए । श्री बिज ने बताया कि सी.आर.पी. ने पाकिस्तान में रह रहे खूंखार आतंकवादियों वस्सन सिंह जफरवाल, गरजंट सिंह राजस्थानी तथा गुरदेव सिंह बबला द्वारा लिखे गए चार महत्वपूर्ण पत्र भी बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि जवानों ने गुरदेव सिंह बबला द्वारा लिखा गया एक प्रैस नोट भी बरामद किया जिसमें पंजाब सरकार के इस दावे को हास्यास्पद बताया गया है कि आतंकवादियों के पास हथियारों का अभाव है और उन्हें नई भर्ती नहीं मिल रही । इसमें यह दावा किया गया है कि भारत सरकार आतंकवादियों को भारत में घुसने से रोक नहीं सकेगी ।

2 गिरफ्तार : गोपड़ जिले में सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने देविंदर सिंह तथा गणेश सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके पास से दो रिवाल्वर भी बरामद किए गए । 'प.स.' का कहना है कि दोनों आतंकवादियों ने आत्म समर्पण किया ।

रेल लाईन बम से उड़ा दी : पट्टी (नि.स.): कल रात आतंकवादियों ने पट्टी-खेमकरण रेल मार्ग पर बोपाराय रेलवे स्टेशन के निकट रेल लाईन को बम से उड़ा दिया । यह धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज पट्टी तक सुनाई दी । विस्फोट से दो फुट रेल लाईन उड़ गई जिस कारण रेल यातायात ठप्प हो गया । वरिष्ठ रेल व पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा उन्होंने आज प्रातः रेल लाईन की मुरम्मत के बाद रेल सेवा बहाल कराई । किसी भी आतंकवादी गुट ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह शक्तिशाली विस्फोट रात लगभग ग्यारह बजे हुआ । सवेरे एक गश्ती दल ने रेलवे और पुलिस अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी ।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि खेमकरण-अमृतसर ए.के.-1 यात्री गाड़ी को लाईन ठीक होने तक धारीवाल रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्रीलंका में सैनिक वर्दियों में आए हमलावरों द्वारा 35 की हत्या, राकेट हमले में एक शांति सैनिक समेत 3 मरे

कोलम्बो, 27 अगस्त (डी.पी.ए.): उत्तर-मध्य श्रीलंका में पिछले कुछ दिनों की हिंसात्मक घटनाओं में कम-से-कम 65 व्यक्ति मारे जा चुके हैं । उनमें से अधिकतर असैनिक थे । अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आज बताया कि सरकार विरोधी विद्रोहियों और रक्षा सेनाओं में संघर्ष जारी है ।

अधिकारियों के अनुसार यहां से 200 किलोमीटर उत्तर में मागादान कांडावाला क्षेत्र में कुछ अज्ञात हमलावरों ने सैनिकों जैसी वर्दियां पहन कर कई घरों को आग लगा दी, जिससे लगभग 35 व्यक्ति मारे गए । इनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं । इनमें से कई लोगों की उन्होंने गोलियां मार कर हत्या की ।

अधिकारियों ने बताया कि इसी क्षेत्र में सेना के एक कारपोरल के माता-पिता को विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर गोली मारे जाने के तत्काल बाद अग्निकांड की घटना हुई ।

एक शांति सैनिक समेत तीन मरे : तमिल छापामारों द्वारा भारतीय सैनिक दस्ते को लक्ष्य कर राकेट से किए गए हमले से एक भारतीय शांति सैनिक तथा श्रीलंका के दो पुलिस कर्मी मारे गए और छः अन्य सख्त घायल हो गए ।

अधिकारियों ने बताया कि लिबरेशन टाइगर्स आफ ईलम ने कल उत्तरी ओड्डचदन गांव में भारतीय दस्ते पर राकेट से वार किया था परन्तु राकेट श्रीलंका के उस ट्रक से जा टकराया जिस पर मुल्लीतिव में स्थानीय सैनिकों के लिए खाद्य सामग्री ले जाई जा रही थी ।

एक सैनिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि ट्रक भारतीय दस्ते के पीछे जा रहा था । राकेट के प्रहार से ड्राइवर घायल हो गया, जिससे ट्रक सड़क से नीचे लुढ़क गया ।

ट्रक के उलटने के बाद राकेट से फैंके गए गोलों से डीजल के ड्रम में आग लग गई जिससे एक शांति सैनिक व श्रीलंका के दो पुलिस कर्मी जल कर मर गए । प्रवक्ता ने कहा कि घायलों में से चार को कल यहां लाया गया । उनके शरीर पर जलने के गहरे घाव हैं ।

एक सप्ताह की हड़ताल का आह्वान : श्रीलंका में सिंहली उग्रवादियों ने प्रमुख विपक्षी दलों की शांति के लिए अपील के बावजूद आज सरकार विरोधी एक सप्ताह की हड़ताल का आह्वान किया है । विपक्षी दल इस पक्ष में हैं कि संविधान में सुधार कर फिर से चुनाव कराए जाएं । हड़ताल का आह्वान कल से प्रभावी होगा ।

उग्रवादियों ने सरकार द्वारा कथित नरसंहार के विरोध में यहां अनेक स्थानों पर पोस्टर लगाए हैं । सिंहली भाषा में लिखे इन पोस्टरों में लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में रहें और अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखें । इसके विपरीत जवाबी पोस्टरों में कहा गया है कि इस हड़ताल पर ध्यान देने वाले नागरिकों को देशद्रोही समझा जाएगा । विश्वास किया जाता है कि ये जवाबी पोस्टर सरकार समर्थित गुटों ने लगाए हैं । पांच प्रमुख विपक्षी दलों ने कल सरकार और उग्रवादियों से अपील की थी कि वे रक्तपात को समाप्त कर दें ।

अंतरिम सरकार के गठन का सुझाव : श्रीलंका की पांच विपक्षी पार्टियों ने सुझाव दिया है कि देश में अंतरिम सरकार का गठन किया जाए तथा राष्ट्रपति शासन पद्धति को खत्म करके प्रधानमंत्री की नियुक्ति की जाए । इन पांच पार्टियों ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि राष्ट्रपति शासन विफल हो गया है, इसलिए प्रधानमंत्री के शासन वाली पद्धति शुरू की जाए । इसके लिए इन पार्टियों ने संविधान संशोधन की मांग की है । ये पांच पार्टियां हैं– श्रीलंका फ्रीडम पार्टी, वामपंथी यूनाइटेड सोशलिस्ट एलायंस, ईलम पीपल्स, रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट, श्रीलंका मुस्लिम कांग्रेस तथा महाजन एकसाथ पैरामना ।

संघर्ष विराम का आह्वान : श्रीलंका ने भारतीय शांति सेना तथा लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के बीच अनिश्चित कालीन संघर्ष विराम और देश से शांति सेना के 3000 जवानों की प्रति सप्ताह वापसी का आह्वान किया है ।

कोलम्बो से प्रकाशित 'द संडे टाइम्स' ने आज श्रीलंका के एक कैबिनेट मंत्री के हवाले से यह खबर देते हुए कहा कि श्रीलंका ने भारत से शांति सेना द्वारा अनिश्चित कालीन संघर्ष विराम किए जाने को कहा

हिंसा भड़की, पुलिस फायरिंग ..., कर्फ्यू लागू, सेना तलब

...शोक, प.स.): युवकों का पुलिस ने पीछा किया तो उन्होंने एक बीट

तमिलनाडु में तीन दिन के लिए शिक्षा संस्थाएं बंद, 20000 गिरफ्तारियां

30 ... सैक

Punjabi Sanatani

फायरिंग

लब

ा तो उन्होंने एक बौद्ध
लिस ने मठ पर छापा
रामद किए ।

नोगों" को धमकी दी है
ख छोड़ दें ।
दस्य कौशक बकूला ने
रे जाने पर दुख प्रकट
के खिलाफ की गई

वन विभाग के एक
निगम की एक बस को
को भी क्षति पहुंचाई

लने वाली
द्ध आवाज़
राजीव

.स.): प्रधानमंत्री श्री
ान किया है कि वे
ताकतों के विरुद्ध

सिंधी समाज द्वारा
आयोजित मेले का
ने कहा कि गत पांच
जक तथा दार्शनिक
लोगों से कहा कि वे
संदेश को फैलाएं ।
भारत के विकास में
भी प्रशंसा की ।

लिखा गया एक प्रैस नोट भी बरामद किया जिसमें पंजाब सरकार के इस दावे को हास्यास्पद बताया गया है कि आतंकवादियों के पास हथियारों का अभाव है और उन्हें नई भर्ती नहीं मिल रही । इसमें यह दावा किया गया है कि भारत सरकार आतंकवादियों को भारत में घुसने से रोक नहीं सकेगी ।

छः आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने छः आतंकवादियों बोहड़ सिंह, जोगेन्द्र सिंह, गुरमेल सिंह, बख्शीश सिंह, साधु सिंह तथा लखबीर सिंह को गिरफ्तार किया है । एक चीनी 7.62 बोर राइफल, दो पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का इनसे बरामद हुआ । आतंकवादियों के दो आश्रयदाताओं चरणजीत सिंह और भाग सिंह को भी गिरफ्तार किया गया ।

बी.एस.एफ. पर हमला : शुक्रवार की रात को जिला फिरोज़पुर के डोमा तेल मल गांव में आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. की चौकी पर हमला करके ड्यूटी पर तैनात संतरी ओम प्रकाश को घायल कर दिया । बी.एस.एफ. के जवानों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

घायल कर दिया : 'कनौड़' के अनुसार गत रात्रि गांव मल्लांवाला खास में रेलवे फाटक के पास हरबंस लाल के मकान में लगभग एक बजे सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों, जिनकी संख्या 4 बताई जाती है, ने 25 वर्षीय राज कुमार को गोलियां मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । राज कुमार को सिविल अस्पताल फिरोजपुर में दाखिल करवा दिया गया है ।

संयुक्त अभियान : आनंदपुर साहिब (सुरेश): पंजाब पुलिस व जिला ऊना पुलिस ने संयुक्त रूप में हिमाचल तथा पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में से आतंकवादियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस ने आनंदपुर साहिब के साथ लगते हिमाचल के क्षेत्र में से कुछ धर्मस्थानों व अन्य स्थानों पर कार्रवाई करके शरारती तत्वों को गिरफ्तार किया है । सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में फैले नशीले पदार्थों के तस्कर आजकल आतंकवादियों को शरण दे रहे हैं ।

गए और छः अन्य सख्त घायल हो गए ।

अधिकारियों ने बताया कि लिबरेशन आफ ईलम ने कल उत्तरी ओहुचदन गांव में

त मिलनाडु में त
संस्थाएं बंद, 2

नई दिल्ली, 27 अगस्त (प.स.): विपक्षी तीस अगस्त को प्रस्तावित 'भारत बंद' से नि लिए जहां सरकार ने कई कदम उठाए हैं, वहीं बंद को सफल बनाने की तैयारी में जोरशोर हुआ है । केंद्र सरकार ने अपने सभी कर्मचारि बंद के दिन हर हाल में काम करने का निर्देश है। संचार राज्यमंत्री गिरधर गोमांगो ने आ सरकारों से कहा कि संचार और डाक कर्मचारि पूरी सुरक्षा दी जाए । उन्होंने मुख्यमंत्रियं राज्यपालों को लिखे पत्र में सरकारी सम्पत्ति सुरक्षा का भी आग्रह किया है । तमिलनाडु स द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और कालेजों में तीन दिन के अवकाश की घोषणा की गई अगस्त को 'भारत बंद' के दौरान सभी शिक्षा स बंद रहेंगे । आज यहां एक सरकारी प्रैस विज बताया गया कि कांग्रेस (इ) छात्रों ने कल एक निकालने की अनुमति मांगी थी और कानू व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सर यह कदम उठाया ।

इसी बीच तमिलनाडु में 20000 "वि विरोधी तत्व" गिरफ्तार किए गए हैं । ये गिरफ प्रस्तावित भारत बंद के दृष्टिगत सावधानी के पर की गई है ।

हैदराबाद : आंध्र प्रदेश के विपक्षी नेता केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 30 अ को भारत बंद में शामिल न होने के लिए दि कथित निर्देश की आलोचना की है ।

बेंगलूर : सीटू, एंटक और हिन्द मजदूर कि परिषद ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने आज आ लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनिय

Punjabi Sanatani

रेल लाइन उड़ा दी

(पृष्ठ 3 का शेष)

विस्फोट से लाईन के नीचे के कई स्लीपरों को भी नुक्सान पहुंचा और वहां एक मीटर गहरा गड्ढा बन गया ।

सोमवार से रेल व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने की यह दूसरी कोशिश है । सोमवार को आतंकवादियों ने अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर कत्थनंगल रेलवे स्टेशन के निकट लाईन उड़ा दी थी, जिससे डीजल के एक इंजन को क्षति पहुंची और इंजन का चालक घायल हो गया था ।

किसान की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात आतंकवादियों ने थाना वैरोवाल के अंतर्गत गांव छावड़ी साहब में एक किसान रवेल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस बरामद किए ।

दंगों पर नियंत्रण में सोवियत संघ ने भारत से सलाह मांगी

नई दिल्ली, 27 अगस्त (टा.आ.इ.): सोवियत संघ ने कानून और व्यवस्था की स्थिति विशेष रूप से प्रदर्शनों, दंगों तथा नागरिक असंतोष आदि से निपटने में भारत से सलाह मांगी है । इस सम्बन्ध में सोवियत संघ के एक उपमंत्री के नेतृत्व में उच्चस्तरीय टीम एक सप्ताह तक राजधानी में रही तथा गृहमंत्रालय व पुलिस के उच्चाधिकारियों से

श्रीलंका में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षित स्थानों पर जाकर बसने के अवसरों की तलाश में विदेशी दूतावासों के दरवाजे खटखटा रहे हैं ।

'द संडे टाइम्स' ने अपने सम्पादकीय में कहा है कि यदि यह 'पलायन' न रोका गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे । यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को अपना देश छोड़ कर जाने के लिए मजबूर करने वाले भय एवं अनिश्चितता के वातावरण को खत्म करे । पत्रिका ने यह भी कहा है कि सामान्य वातावरण कायम करने में लोग भी सहयोग दें ।

500 सैनिक स्वदेश लौटे : मद्रास (वार्ता): भारतीय शांति सेना के पांच सौ पैराशूट सैनिक श्रीलंका से आज यहां लौट आए । श्रीलंका के कानकेशनतुरई से ये सैनिक भारत के लिए कल रवाना हुए थे । भारतीय शांति सेना की हाल में शुरू हुई वापसी प्रक्रिया के तहत भारतीय शांति सेना का स्वदेश पहुंचने वाला यह चौथा जत्था है ।

बर्मिंघम में पुलिस अधिकारी पंजाबी सीखेंगे

बर्मिंघम, 27 अगस्त (आई.ए.एन.एस.): ब्रिटेन के इस दक्षिणी नगर में लगभग एक दर्जन पुलिस अधिकारियों को पंजाबी भाषा सिखाई जाएगी जिससे कि वे नस्लवादी हिंसा से संबंधित अपराधों से निपट सकें । वैस्ट मिडलैंड के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रकार पुलिस विभिन्न जातीय समुदायों से अपने बेहतर सम्पर्क बना सकेगी ।

महिला कर्मचारी समन्वय समिति पंजाब के आह्वान पर देश भगत यादगार हाल जालन्धर में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन का एक दृश्य ।

भारतीय मूल के लोगों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज

न्यूयार्क, 27 अगस्त (वार्ता): विश्व के विभिन्न देशों में रहने वाले भारतीय मूल के एक हजार से अधिक लोग कल यहां एकत्रित होकर अपने शताब्दियों पुराने अनुभवों तथा समस्याओं पर विचार-विमर्श करेंगे । सम्मेलन एक सप्ताह तक चलेगा । भारतीय मूल के लोगों की संख्या भारत से बाहर 40 देशों में करीब एक करोड़ 20 लाख आंकी गई है ।

इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के लोग व्यापार, विज्ञान, नौकरी तथा राजनीति समेत अच्छे-अच्छे व्यवसायों में हैं । यहां तक कि कुछ प्रधानमंत्री तक बन चके हैं लेकिन कई लोग अभी भी वर्ग भेद व्यवस्था के शिकार हैं । सात दिवसीय इस सम्मेलन में भारत की ओर से रेल राज्यमंत्री माधव राव सिंधिया हिस्सा लेंगे ।

उनके अलावा गयाना के पूर्व प्रधानमंत्री छेदी

Punjabi Sanatani

घटनास्थल से आज प्रातः यहां पहुंचे रेल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट रात लगभग पौने बारह बजे के आसपास हुआ । विस्फोट से 2 डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए तथा उलट गए । रेल पटरी को साफ करने के लिए अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना तथा फिरोजपुर से गाड़ी क्रेनें मंगवाई गई ।

घटना का विवरण देते हुए असिस्टैंट ट्रैफिक सुपरिंटैंडेंट अमृतसर रेलवे स्टेशन श्री सत्यपाल गुप्ता ने बताया कि यह गाड़ी 337 अप कुल 7 डिब्बों पर आधारित थी । इन्हें एक स्टीम इंजन अमृतसर ला रहा था । जब गाड़ी बंडियाला रेलवे स्टेशन के निकट पुल नम्बर 103 के निकट पहुंची तो एक भीषण विस्फोट हुआ, जिससे गाड़ी के 5 डिब्बे तथा इंजन पटरी से उतर गए । श्री गुप्ता ने बताया कि पांच डिब्बों के उलट जाने से डिब्बों का काफी नुक्सान हुआ है, जबकि इससे लगभग 150 मीटर रेल पटरी भी उड़ गई । श्री गुप्ता ने बताया कि डिब्बे खाली होने के कारण कोई प्राण-हानि नहीं हुई, न ही कोई रेल कर्मी घायल हुआ । श्री गुप्ता ने बताया कि इस दुर्घटना के बाद अमृतसर से तुरंत राहत गाड़ी रवाना कर दी गई तथा दुर्घटनास्थल पर राहत कार्य शुरू कर दिए गए । उन्होंने बताया कि राहत कार्यों के प्रातः तक जारी रहने से अमृतसर से सिवाए डीलक्स गाड़ी के शेष कोई भी गाड़ी चलने वाली गाड़ी अमृतसर से रवाना नहीं हो सकी । श्री गुप्ता ने बताया कि रद्द की गई गाड़ियों में 334 डाउन, 349 अप, 350 डाउन, 338 डाउन, 1 जे.ए., 30 डाउन और 118 डाउन गाड़ियां शामिल हैं।

'ट्रिब्यून' के अनुसार इस रेल गाड़ी के 10 डिब्बों में से 7 डिब्बे व इंजन पटरी से उतरे हैं । मौके पर दिल्ली डिवीजन रेलवे मैनेजर फिरोजपुर श्री कृष्ण लाल ने बताया कि 300 मीटर रेल पटरी पूरी तरह बदलनी पड़ी है । सीमा शुल्क के डी.आई.जी. श्री इजहार आलम और सी.आई. के डी.आई.जी. श्री पी.एन. कृष्णन स्थिति जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे थे । श्री आलम के अनुसार यह काम बब्बर खालसा का है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की खोज पैमाने पर तेज आरम्भ कर दी गई है ।

'वार्ता' के अनुसार नई दिल्ली में रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि ताजा घटना में 6 डिब्बे पटरी से उतरे ।

पी.एस. के अनुसार यह पहला मौका है कि आतंकवादी किसी रेल को उलटाने में सफल हुए हैं । पिछले एक वर्ष के दौरान इससे पहले किए गए अनेक प्रयासों में कोई भी रेल उलटाई नहीं जा सकी थी ।

पंजाब प्रशासन में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है ताकि पंजाब में यात्री ट्रेनों का चलन सामान्य बनाए रखा जा सके ।

कुछ रात्रि गाड़ियां रद्द : दूसरी तरफ भटिंडा-श्रीगंगानगर के मध्य आतंकवादियों द्वारा 18 रेल यात्रियों की नृशंस हत्या के दृष्टिगत रेलवे ने भटिंडा-कोटकपूरा-फाजिल्का रेलवे सैक्शन व भटिंडा-श्रीगंगानगर रेल सैक्शन में सभी रात्रि कालीन यात्री ट्रेनों का चलन आगामी आदेशों तक रद्द कर दिया है । कुछ यात्री ट्रेनों के समय में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं । 8 डाउन उद्यान आभा एक्सप्रैस गंगानगर से दोपहर 2.40 बजे चल कर अबोहर 4.02 बजे तक पहुंचेगी, 2 एस.एच.बी. पैसेंजर ट्रेन गंगानगर से प्रातः 5.10 बजे चलेगी व प्रातः 6.50 बजे अबोहर पहुंचेगी, 4 एस.एच.बी. यात्री ट्रेन श्रीगंगानगर से 12.35 दोपहर चलेगी, जबकि 5 एस.एच.बी. 6 एस.एच.बी. यात्री ट्रेनें आगामी आदेशों तक कैंसल रहेंगी ।

किसान की हत्या : गत रात थाना खेमकरण के अंतर्गत गांव पुरे करीम में आतंकवादियों ने एक किसान जोगेंद्र सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार 4 आतंकवादी उसके घर में घुसे, उसे घसीट कर बाहर ले गए तथा निकट से उसको गोली मार दी । घटनास्थल पर छोड़े गए पत्र में आतंकवादियों ने कहा कि जोगेंद्र सिंह शराब पीता ए.के. 47 धारक उग्रवादियों ने उसका अपहरण कर लिया था, बाद में उसका शव मिला ।

अपहृत का शव मिला : थाना भिखीविंड के गांव मनियाला जयसिंह में एक नहर के निकट एक अन्य व्यक्ति अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है । कल 3 उग्रवादियों ने

मुठभेड़ में आतंकवादी मारा गया : गत रात जिला लुधियाना के थाना डेहलों के अंतर्गत गांव चगराना में एक नाले के पुल के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल पर कुछ हथियार और गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

हाय रे यह महंगाई !

नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता): दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों द्वारा कल आयोजित 'भारत बंद' को सफल बनाने की अपील के साथ एक पर्चा भी बांट रही है, जिसमें 24 आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में दिसम्बर 1984 से हुई वृद्धि का जायजा लिया गया है । इनमें से कुछ का विवरण इस प्रकार है :—

वस्तु	वजन	कीमत (दिसंबर 84)	(अगस्त 1989)
गेहूं	एक किलो	2.00 रु.	5.00 रु.
चीनी	एक किलो	5.00 रु.	10.50 रु.
राजमा	एक किलो	7.00 रु.	20.00 रु.
सफेद चना	एक किलो	6.50 रु.	21.00 रु.
रिफाइंड तेल	एक किलो	22.00 रु.	40.00 रु.
कागज	एक रिम	30.00 रु.	70.00 रु.
उड़द की दाल (धुली हुई)	एक किलो	7.00 रु.	14.00 रु.
अरहर की दाल	एक किलो	4.00 रु.	12.00 रु.
वनस्पति घी	एक किलो	16.00 रु.	29.00 रु.
सीमैंट (लेवी)	एक कट्टा	39.00 रु.	74.00 रु.
सीमैंट (खुला)	एक कट्टा	55.00 रु.	83.00 रु.
चाय (बुक बांड)	एक किलो	30.00 रु.	50.00 रु.

'भारत बंद' आज : केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा कड़ी सुरक्षा के आदेश

नई दिल्ली, 29 अगस्त (प.स., वार्ता): राजीव गांधी की सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष और ट्रेड यूनियनों द्वारा कल 30 अगस्त को भारत बंद के आह्वान को मद्देनजर रखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं । प्रशासन ने देश भर में 4760 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा कड़ी सुरक्षा के आदेश दिए हैं ।

कांग्रेस (इ) और विपक्ष दोनों ही ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया है कि वे बंद के दौरान हिंसा फैलाने की योजना बना रहे हैं ।

बंद के दौरान विपक्ष शासित राज्यों और केंद्र सरकार के सभी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे और उनमें काम करना होगा । केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को के निर्देश जारी किए हैं ।

इनमें कहा गया है कि यदि आवश्यक हो तो वह आज रात अपने कार्यालयों में ही रहें और यह सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यालयों में काम पर हाजिर हों ।

सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी परिपत्र में कहा गया है कि पर्याप्त संख्या के बिना कार्यालय नहीं आने की स्थिति में कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटेगा और उनके खिलाफ अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई की जाएगी ।

वामपंथी दलों वाली केरल और पश्चिम बंगाल सरकार के कार्यालय हालांकि कल खुले रहेंगे, लेकिन कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर उन पर किसी प्रकार दबाव नहीं डाला जाएगा ।

विपक्ष से सम्बद्ध सीटू (मार्क्सवादी), एटक (कम्युनिस्ट), हिन्द मजदूर सभा (भाजपा), डा. दत्ता सामंत वाली कामगार अघाड़ी और जनता दल से मान्यता प्राप्त कई विपक्षी संगठनों ने बंद का समर्थन किया है, जबकि कांग्रेस (इ) समर्थित इंटक बंद का विरोध कर रही है ।

वामपंथी केरल सरकार ने कार्यालयों में उपस्थित होने वाले कर्मचारियों को संरक्षण का आश्वासन दिया है । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री करुणानिधि ने कहा है कि यद्यपि कार्यालय खुले रहेंगे, मगर कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता ।

पश्चिम बंगाल में माकपा के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र सरकार के कार्यालयों के बाहर विशेष पुलिस सुरक्षा प्रबन्ध के बारे में केंद्र का अनुरोध ठुकरा दिया है, लेकिन प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया है ।

रेल सेवाओं और प्रदेश सरकार की बसों को समुचित पुलिस संरक्षण प्रदान किया जाएगा । 'हिन्दुस्तान आंदोलन' के संयोजक श्री मधु मेहता ने बंद के आयोजकों को अपने आह्वान पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है, क्योंकि उनके अनुसार बंद से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा ।

गोआ में बंद का आयोजन स्थानीय विपक्षी पार्टियां महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, गोमांतक लोक तथा अन्य राष्ट्रीय विपक्षी पार्टियां कर रही हैं । सरकार ने किसी गड़बड़ के बचाव के लिए निरोधात्मक गिरफ्तारियां करने का फैसला किया है ।

गुजरात सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शांति सेना से मुठभेड़ों में 17 तमिल छापामार मारे गए

कोलम्बो, 2 अगस्त (वार्ता): सिंहली उग्रवादियों की हत्या के दूसरे दिन आज भी हिंसा की घटनाएं जारी रहीं और एक भूतपूर्व तथा एक सेवारत अधिकार कार्यकर्ता समेत 28 लोग मारे गए । अनौपचारिक सूत्रों के अनुसार संदिग्ध उग्रवादियों ने भूतपूर्व सांसद श्रीमती दया सेपाली सेनाधीश के घर पर हमला कर उनको गोली मार कर हत्या कर दी । वह संयुक्त राष्ट्रीय नैशनल पार्टी की सदस्य थीं और उनका घर दक्षिणी गाले के करनदेनिया में स्थित है । उनकी पुत्री को सुरक्षा गार्ड हमले में घायल हो गए ।

हत्या कर दी और उनके पिता को घायल कर दिया ।

यहां से 15 किलो मीटर दक्षिण पानादुरा में दो स्थानों से 17 शव बरामद किए गए । इन पर गोलियों के निशान थे । इसी इलाके में एक महिला सैनिक और उसके परिवार के पांच सदस्यों की कल उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी । दक्षिणी बेलीगामा गांव में भी आज आठ शव पाए गए । कल यहां एक सैनिक परिवार के छः सदस्य मारे गए थे ।

गेहूं, जौ, चने, रेपसीड, सूरजमुखी के समर्थन मूल्यों में भारी वृद्धि

नई दिल्ली, 29 अगस्त (प.स., वार्ता): आगामी रबी मौसम के लिए गेहूं की सरकारी खरीद का मूल्य 200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो इस वर्ष की कीमत से 17 रुपये अधिक है ।

केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल ने आज यह घोषणा की । उन्होंने बताया कि रबी के लिए जौ और चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 160 रुपये और 370 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है । इस वर्ष यह समर्थन मूल्य क्रमशः 145 रुपये और 325 रुपये है ।

उन्होंने बताया कि रेपसीड अथवा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 510 रुपये तथा सूरजमुखी का 490 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है । इस वर्ष के मूल्य की तुलना में यह पचास रुपये ज्यादा

आठवीं योजना में 645000 करोड़

रेल पटरी पर बम विस्फोट बिजली के करंट से किया गया

अमृतसर, 29 अगस्त (प.स.): गत रात गहरी मंडी के निकट विस्फोट के कारण इंजन और 9 रेल के डिब्बों के पटरी से उतर जाने के संबंध में फारेंसिक व पुलिस विशेषज्ञों द्वारा की गई जांच से पता चला है कि यह उच्च शक्ति का एक देसी बम था, जिसमें बिजली के करंट से विस्फोट किया गया था । डी.आई.जी. पुलिस बार्डर रेंज श्री मोहम्मद इजहार आलम ने आज रात यहां बताया कि पटरियों पर रखा गया यह बम तारों से जुड़ा हुआ था जिसमें आतंकवादियों ने लगभग 500 मीटर दूर से विस्फोट किया । उन्होंने कहा कि आतंकवादी उस समय तक प्रतीक्षा करते रहे जब तक ट्रेन इसके ऊपर न पहुंच गई थी । घटनास्थल से विस्फोट के लिए इस्तेमाल की गई तारें तथा विस्फोटक के अवशेष बरामद किए गए हैं ।

रोकने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है । सुरक्षा बलों को तोड़फोड़ की आशंका समाप्त करने के लिए ऐतिहियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं । राज्य के पुलिस महानिदेशक कंवरपाल सिंह गिल ने एक विज्ञप्ति में अपने विभाग के सभी महानिरीक्षकों, उपमहानिरीक्षकों और वरिष्ठ अधीक्षकों से कहा है कि वे लोगों की जानमाल की सुरक्षा के लिए ठोस प्रबन्ध करें ।

श्री गिल ने सुझाव दिया है कि यात्रियों को अपने गंतव्य से पूर्व उतरने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए तथा मार्ग में गंतव्य से पूर्व उतरने वाले यात्रियों को स्लिप या पास जारी किए जाने चाहिएं । बस कर्मचारियों को निर्देश दिए जाने चाहिएं कि वे यह सुनिश्चित करें कि उतरने वाले यात्री ने कोई सामान बस में तो नहीं छोड़ा है । उन्होंने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आदेश दिया है कि वे जिला स्तर पर परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक करें तथा उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में सलाह दें । श्री गिल ने यह सुझाव भी दिया है कि बसों में सभी सम्वाहकों (कंडक्टरों) को यह घोषणा करनी चाहिए कि यात्री अपने आसपास संदिग्ध सामानों के बारे में सतर्क रहें ।

गार्ड से चली गोली से बस यात्री घायल : जालन्धर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज सायं जिला होशियारपुर में बलाचौर के निकट पंजाब रोडवेज की अमृतसर जा रही एक बस में सवार पी.ए.पी. के एक गार्ड की स्टेनगन से चली गोली से एक यात्री घायल हो गया । उसकी आंख में गोली लगी है । पुलिस ने कहा है कि घायल सकलर सिंह को प्राथमिक सहायता दी गई है ।

दिल्ली से अमृतसर जा रा
डिब्बे एवं इंजन पटरी से

ज्ञानी ज़ैल
क्या वह

नई दिल्ली, 29 अगस्त (
लगभग दो वर्ष से अधिक के
राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने फि
भाग लेना शुरू कर दिया है
बातों की संख्या में यकायक
उन्होंने राजनीतिक नेताओं से
कर दिया है । इनमें अधिक
विपक्ष से संबंधित हैं । हां, क
इन दिनों ज्ञानी जी से मिले हैं

ज्ञानी जी के इस नए रुख से
काफी उलझन में है । वरिष्ठ
समझ पा रहे हैं कि ज्ञानी जी का
पुनः आना और यह मेल मुलाक
या कुछ और । वह यह जानना
ज्ञानी जी चाहते क्या हैं । च
कारण ज्ञानी जी की गतिविधियों
दृष्टि से देखा जा रहा है ।

कांग्रेस हाई कमान को यह
प्रचार के समय ज्ञानी जी ने राजी
अपना मुंह खोला तो पार्टी क
सकती है । इसलिए यह जानने
कि ज्ञानी जी के इरादे क्या हैं

ज्ञानी जी पिछले दिनों तिब्ब
में गए । यह गोष्ठी जनता
फर्नांडीज द्वारा आयोजित की गई
तिब्बत के संदर्भ में भारतीय
आलोचना हुई । इसके अलाव
इस गोष्ठी में वर्तमान सरकार की
अवसर नहीं छोड़ा । इस गोष्ठी
बरद हस्त था ।

ज्ञानी जी अपने पूर्व राजनीति

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों ने विस्फोट द्वारा पटरी उड़ा दी : इंजन, 7 डिब्बे पटरी से उतरे

150 मीटर पटरी टूट गई : डिब्बे खाली होने के कारण कोई प्राण-हानि नहीं हुई

पुलिस अधिकारियों को लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए ठोस प्रबन्ध करने के निर्देश

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वा. प.स.): गत रात आतंकवादियों ने जालंधर-अमृतसर रेलमार्ग पर गहरी मंडी के निकट शक्तिशाली बम विस्फोट करके लगभग 5 मीटर रेल पटरी उड़ा दी जिससे एक रेलगाड़ी का इंजन तथा 7 डिब्बे पटरी से उतर गए । 2 आतंकवादी मारे गए, एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जबकि वारदातों में 3 व्यक्ति घायल हो गए । पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों को लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए ठोस प्रबन्ध करने का निर्देश दिया है ।

गाड़ी उलटा दी : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर-जालन्धर मुख्य रेल मार्ग पर यहां से 20 किलोमीटर दूर गहरी मंडी के निकट एक शक्तिशाली बम विस्फोट करके रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिससे जालन्धर से अमृतसर जा रही एक गाड़ी का इंजन और 5 खाली बोगियां पटरी से उतर गईं ।

घटनास्थल से आज प्रातः यहां पहुंचे रेल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट रात लगभग पौने ग्यारह बजे के आसपास हुआ । विस्फोट में 2 डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए तथा उलट गए । रेल पटरी को साफ करने के लिए अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना तथा फिरोजपुर से भारी क्रेनें मंगवाई गईं ।

घटना का विवरण देते हुए असिस्टैंट ट्रैफिक सुपरिंटैंडैंट अमृतसर रेलवे स्टेशन श्री सत्यपाल गुप्ता ने बताया कि यह गाड़ी 337 अप कुल 7 डिब्बों पर आधारित थी । इन्हें एक स्टीम इंजन अमृतसर ला रहा था । जब गाड़ी जंडियाला रेलवे स्टेशन के निकट पुल नम्बर 103 के निकट पहुंची तो एक भीषण विस्फोट हुआ, जिससे गाड़ी के 5 डिब्बे तथा इंजन पटरी से उतर गए । श्री गुप्ता ने बताया कि पांच डिब्बों के उलट जाने से डिब्बों का काफी नुकसान हुआ है, जबकि इससे लगभग 150 मीटर रेल पटरी भी टूट गई । श्री गुप्ता ने बताया कि डिब्बे खाली होने के कारण कोई प्राण-हानि नहीं हुई, न ही कोई रेल कर्मी घायल हुआ । श्री गुप्ता ने बताया कि इस घटना के बाद अमृतसर से तुरंत राहत गाड़ी रवाना कर दी गई तथा दुर्घटनास्थल पर पहुंच कर ही राहत कार्य शुरू कर दिए गए । उन्होंने बताया कि राहत कार्यों के प्रातः तक जारी रहने से अमृतसर से सिवाए डीलक्स गाड़ी के शेष कोई भी गाड़ी चलने वाली गाड़ी अमृतसर से रवाना नहीं हो सकी । श्री गुप्ता ने बताया कि रद्द की गई गाड़ियों में 334 डाऊन, 349 अप, 350 डाऊन, 338 डाऊन, 1 बी.ए. 60 डाऊन और 118 डाऊन गाड़ियां शामिल हैं ।

फगवाड़ा से कौड़ा के अनुसार इस घटना के परिणामस्वरूप अमृतसर-जालन्धर रेल सैक्शन में रेल यातायात 8 घंटे तक अस्त-व्यस्त रहा व बाद में सिंगल लाईन रेल यातायात आज प्रातः 7 बजे आरम्भ किया गया ।

सूत्रों ने बताया कि 334 डाऊन को अमृतसर की बजाए जालन्धर से चलाया गया । 58 डाऊन दादर एक्सप्रैस आज बम्बई के लिए 10 घंटे विलम्ब से रवाना की गई, जबकि दुर्घटनाग्रस्त स्थान के निकट से गुज़रने वाली प्रथम यात्री ट्रेन 26 डाऊन डीलक्स मेल थी । इस दुर्घटना से रेलवे विभाग में भारी आतंक व्याप्त हो गया है व रेलवे उच्चाधिकारियों की पंजाब प्रशासन से उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है ताकि पंजाब में यात्री ट्रेनों का चलन सामान्य बनाए रखा जा सके ।

कुछ रात्रि गाड़ियां रद्द : दूसरी तरफ भटिंडा-श्रीगंगानगर के मध्य आतंकवादियों द्वारा 18 रेल यात्रियों की नृशंस हत्या के दृष्टिगत रेलवे ने भटिंडा-कोटकपूरा-फाजिल्का रेलवे सैक्शन व भटिंडा-श्रीगंगनगर रेल सैक्शन में सभी रात्रि कालीन यात्री ट्रेनों का चलन आगामी आदेशों तक रद्द कर दिया है । कुछ यात्री ट्रेनों के समय में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं । 18 डाऊन उदान आभा एक्सप्रैस गंगानगर से दोपहर 2.40 बजे चल कर अबोहर 4.02 बजे तक पहुंचेगी, 2 एस.एच.बी. पैसेंजर ट्रेन गंगानगर से प्रातः 5.10 बजे चलेगी व प्रातः 6.50 बजे अबोहर पहुंचेगी, 4 एस.एच.बी. यात्री ट्रेन श्रीगंगानगर से 12.35 दोपहर चलेगी, जबकि 5 एस.एच.बी. 6 एस.एच.बी. यात्री ट्रेनें आगामी आदेशों तक कैंसिल रहेंगी ।

किसान की हत्या : गत रात थाना सेमकरण के अंतर्गत गांव पूरे करीम में आतंकवादियों ने एक किसान जोगेंद्र सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार 4 आतंकवादी उसके घर में घुसे, उसे घसीट कर बाहर ले गए तथा निकट से उसको गोली मार दी । घटनास्थल पर छोड़े गए पत्र में आतंकवादियों ने कहा कि जोगेंद्र सिंह शराब पीता था । घटनास्थल पर 303 बोर के 6 खाली कारतूस और ए.के. 47 का एक कारतूस मिला ।

आतंकवादी मारा गया : एक अन्य सूचना में कहा गया है कि कल रात मजीठा पुलिस जिला में कोटला गुज्जरां के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । इस आतंकवादी की लाश आज प्रातः बरामद की गई ।

2 आतंकवादी मारे गए : 3 व्यक्तियों की हत्या

कानूगो की हत्या : 2 उग्रवादियों ने आज थाना अजनाला जिला अमृतसर के गांव कटरा कला के निकट ग्राम भू-राजस्व अधिकारी कानूगो किशोरी लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । किशोरी लाल एक मोपेड पर जा रहा था कि पहले ए.के. 47 धारक उग्रवादियों ने उसका अपहरण कर लिया था, बाद में उसका शव मिला ।

अपहृत का शव मिला : थाना भिखीविंड के गांव मनियाला जयसिंह में एक नहर के निकट एक अन्य व्यक्ति अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है । कल 3 उग्रवादियों ने उसके घर से उसका अपहरण कर लिया था ।

दो घायल : गत रात जिला फरीदकोट में राजेवाल के निकट आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों को गोलियों से घायल कर दिया । उनके नाम लाभ सिंह तथा बिक्कर सिंह बताए गए हैं ।

उसी रात जिला कपूरथला में चिहेड़ू के निकट एक व्यक्ति गुरदेव सिंह को घायल कर दिया गया ।

जिला फिरोजपुर के गांव माछियां में एक व्यक्ति महेंद सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया गया ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मारा गया : गत रात जिला लुधियाना के थाना डेहलों के अंतर्गत गांव चुगावा में एक नाले के पुल के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल पर कुछ हथियार और गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

मुठभेड़ का विवरण : लुधियाना से डीसन के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुरेंद्र सिंह मैनी ने आज शाम बताया कि गत रात पुलिस ने पंचायत की सहर के पास नाकाबंदी कर रखी थी कि वहां से एक कैन एकदमी नजर आई जिसमें सवार आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया जिसकी बाद में शिनाख्त रणजीत सिंह (खालसा लिबरेशन फोर्स) के रूप में हुई । उसने लुधियाना और लुधियाना जिलों में कई वारदातें करने के अलावा लगभग 2 माह पूर्व लुधियाना-मालेरकोटला रेलवे सैक्शन पर रेल लाइन उड़ाई थी । उसने अहमदगढ़ में शिव सेना प्रधान श्री प्रवीन कुमार पर हमला करके उन्हें सख्त घायल कर दिया था ।

सुरक्षा बल सतर्क : पंजाब में बार-बार होने वाली बम विस्फोट की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है । सुरक्षा बलों को तोड़फोड़ की आशंका समाप्त करने के लिए प्रैक्टिकली कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं । राज्य के पुलिस महानिदेशक कंवरपाल सिंह गिल ने एक विज्ञप्ति में अपने विभाग के सभी सहायक महानिरीक्षकों, उपमहानिरीक्षकों और वरिष्ठ अधीक्षकों से कहा है कि वे लोगों की जानमाल की सुरक्षा के लिए ठोस प्रबन्ध करें ।

श्री गिल ने सुझाव दिया है कि बसों को अपने गंतव्य से पूर्व उतरने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए तथा मार्ग में गंतव्य से पूर्व उतरने वाले यात्रियों को बिना या पास जारी किए जाने चाहिए । बस कर्मचारियों को निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि उतरने वाले यात्री ने कोई सामान बस में तो नहीं छोड़ा है । उन्होंने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आदेश दिया है कि वे जिला स्तर पर परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक करें तथा उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में सलाह दें । श्री गिल ने यह सुझाव भी दिया है कि बसों में सभी सम्बन्धकों (कंडक्टरों) को यह घोषणा करनी चाहिए कि यात्री अपने सामान संबंधी सामानों के बारे में सतर्क रहें ।

यात्री ने चलाई गोली से बस यात्री घायल : जालन्धर में प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज सायं जिला होशियारपुर में बजवाड़ा के निकट रवाना रोडवेज की अमृतसर जा रही एक बस में सवार पी.ए.पी. के एक गार्ड की संगरूर में चली गोली से एक यात्री घायल हो गया । उसकी जांघ में गोली लगी है । पुलिस ने कहा है कि घायल यात्री

दिल्ली से अमृतसर जा रही 337-अप गाड़ी जंडि
डिब्बे एवं इंजन पटरी से उतर गए । (नीचे) रेल

हाय रे यह महंगाई !

नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता): दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों द्वारा कल आयोजित 'भारत बंद' को सफल बनाने की अपील के साथ एक पर्चा भी बांट रही है, जिसमें 24 आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में दिसम्बर 1984 से हुई वृद्धि का जायज़ा लिया गया है । इनमें से कुछ का विवरण इस प्रकार है :—

वस्तु	वज़न	कीमत (दिसंबर 84)	(अगस्त 1989)
गेहूं	एक किलो	2.00 रु.	5.00 रु.
चीनी	एक किलो	5.00 रु.	10.50 रु.
राजमा	एक किलो	7.00 रु.	20.00 रु.
सफेद चना	एक किलो	6.50 रु.	21.00 रु.
रिफाइंड तेल	एक किलो	22.00 रु.	40.00 रु.
कागज़	एक रिम	30.00 रु.	70.00 रु.
उड़द की दाल (धुली हुई)	एक किलो	7.00 रु.	14.00 रु.
अरहर की दाल	एक किलो	4.00 रु.	12.00 रु.
वनस्पति घी	एक किलो	16.00 रु.	29.00 रु.
सीमेंट (लेवी)	एक कट्टा	39.00 रु.	74.00 रु.
सीमेंट (खुला)	एक कट्टा	55.00 रु.	83.00 रु.
चाय (बुक बांड)	एक किलो	30.00 रु.	50.00 रु.

'भारत बंद' आज : केंद्र व राज्य

ज्ञानी जैल सिंह क

Punjabi Sanatan

requires:

...MICIAN ...ebron shuttle looms. The person ... looms himself



दिल्ली से अमृतसर जा रही 337-अप गाड़ी जंडियाला के पास आतंकवादियों द्वारा रखे गए बम के विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई और उसके सात डिब्बे एवं इंजन पटरी से उतर गए । (नीचे)रेलवे ट्रैक पर नई पटरी बिछाने का काम जोरों से चल रहा है । (छाया : बी.पी. कपूर)

ज्ञानी ज़ैल सिंह का जन सम्पर्क अभियान पुनः तेज : क्या वह अपनी बेटी को राजनीति में ला रहे हैं ?

नई दिल्ली, 29 अगस्त (पब्लिकेशन सिंडीकेट) लगभग दो वर्ष से अधिक के सन्यास के बाद भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने फिर सार्वजनिक जीवन में भाग लेना शुरू कर दिया है । उनके घर मिलने वालों की संख्या में यकायक वृद्धि हो गई है और

गतिविधियों के सूत्र पुलिस को मिले थे । इसलिए पुलिस अधिकारी खासे परेशान हो उठे । पता लगा ज्ञानी जी अपने चंडीगढ़ के एक पुराने परिचित को देखने के लिए आ रहे हैं । यह परिचित वहां के शराब के कारखाने के बड़े अधिकारी थे, जो कारखाने

एस.के. बक्शी बहुत अरसे से ज्ञानी जी के करीबियों में रहे हैं । जब ज्ञानी जी पंजाब के मुख्यमंत्री थे, तब बक्शी साहब का चंडीगढ़ में दबदबा देखते ही बनता था ।

एक भूतपूर्व राष्ट्रपति का एक शराब के

Punjabi Sanatan

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा कांस्टेबल समेत 8 व्यक्तियों की हत्या

पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला, 2 कर्मचारी घायल

2 आतंकवादी मारे गए : जासूस गिरफ्तार

चंडीगढ़, 31 अगस्त (वा., प.स.): गत रात के बाद पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गये जबकि एक कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में 2 पुलिस कर्मचारी घायल हो गए ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात अमृतसर जिला में खालड़ा सीमा चौकी पर नारली के निकट सीमा पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की कोशिश करने वाला एक आतंकवादी बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उससे एक पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ । इस आतंकवादी का एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा ए.के. 47 राइफल के 57 कारतूस मिले ।

अमृतसर पुलिस ने मेहसमपुरा के एक व्यक्ति मलकीयत सिंह के मकान में एक मैगजीन तथा 303 राइफल के कुछ कारतूस बरामद किये ।

जासूस गिरफ्तार : बी.एस.एफ. ने गत रात जिला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में एक भारतीय नागरिक तौहीद अहमद को पाकिस्तान जाने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया । अहमद उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला है ।

अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि तौहीद पाकिस्तानी रेंजरों की सहायता से संवेदनशील प्रतिरक्षा दस्तावेज सीमा पार के अधिकारियों को पहुंचाता रहा है । पूछताछ के दौरान उसने रहस्योद्घाटन किया कि वह दिल्ली के जामा मस्जिद क्षेत्र में एक व्यापारी हाजी मन्जूर से निर्देश लिया करता था ।

3 व्यक्तियों की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि अंधाधुंध फायरिंग करके थाना कलानौर के गांव मत्तेवाल में 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया । पुलिस ने कहा है कि ए.के. 47 जैसी असाल्ट राइफलों से लैस दो उग्रवादियों ने एक किरयाने की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग करके दुकान के मालिक किशोर चंद और एक ग्राहक कर्नैल मसीह की हत्या कर दी, जबकि निकट खड़े हीरा सिंह नामक एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने गांव से भागते समय एक अज्ञात साधु की भी हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करवा दिया गया है ।

अपहृत पिता-पुत्र के शव मिले : नूरमहल (सिंह) : गोराया थाने के गांव ढड्डा के निकट से एक व्यक्ति मक्खन और उसके पुत्र जीरा के शव मिले हैं । बताया जाता है कि 22 अगस्त को इन दोनों पिता-पुत्र का जंडियाला से कोई अपहरण करके ले गया था । ये दोनों गांव ढड्डा के निवासी थे और जंडियाला में मुर्गियों की खुराक के विक्रेता थे । इनकी हत्याओं के विरोध में आज जंडियाला बंद रहा है ।

एक और उग्रवादी मारा गया : गत रात्रि जिला अमृतसर में रानो की चौकी के निकट बी.एस.एफ. के जवानों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

2 पुलिस-कर्मी घायल : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान): गत रात यहां से 30 किलोमीटर गांव स्वद्दी के निकट आतंकवादियों द्वारा किये गये एक हमले में पंजाब पुलिस का हैड-कांस्टेबल दर्शन सिंह तथा कांस्टेबल मुख्तार सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये । यह रहस्योद्घाटन करते हुए जिला के पुलिस चीफ श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि 2 जिप्सी वैनों में सवार आतंकवादियों ने दो वाहनों में जा रही पुलिस पार्टियों पर घात लगा कर हमला किया । उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें उक्त 2 कर्मचारी घायल हो गये ।

पुलिस चीफ ने बताया कि घटना स्थल पर 120 चले हुए कारतूस बरामद किये गये । आतंकवादी पंजाबी में लिखा हुआ एक नोट भी मौका

गुरदासपुर जिला के धारीवाल क्षेत्र के अधीन कलेर खुर्द गांव के बाहर आतंकवादियों के हाथों मारे गए तरसेम लाल (ऊपर) तथा बलकार चंद (नीचे) के शव । (छाया : विनोद)

पर छोड़ गए जो कि तथाकथित खालसा कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल तरसेम सिंह तथा रणबीर सिंह उर्फ राजा द्वारा लिखा गया है । इसमें कहा गया है कि उन्होंने पुलिस पर हमला उनके एक साथी दर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह की एक मुठभेड़ में मौत का बदला लेने के लिए किया है । दोनों घायल पुलिस कर्मियों को एक स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

बाप-बेटे की हत्या : फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): थाना फगवाड़ा के अन्तर्गत गांव रुड़की में एक बाप और उसके लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

कलेरखुर्द हत्याकांड का ब्योरा : गुरदासपुर (विनोद): कल रात धारीवाल थाना के अन्तर्गत गांव कलेरखुर्द के बाहर आतंकवादियों के हाथों मारे गये 2 युवकों के पिता, जो कि काफी वृद्ध हैं, ने अस्पताल में रोते हुए घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बलकार चंद (22) पुत्र संता सिंह और तरसेम लाल (22) पुत्र प्यारा सिंह अपने एक अन्य साथी सविन्द्र सिंह के साथ दो साइकिलों पर धारीवाल से लगभग साढ़े आठ बजे गांव वापस आ रहे थे कि गांव कलेरखुर्द के बाहर 4 आतंकवादियों ने उन्हें रोक कर उनके नाम पूछे और तलाशी ली । तलाशी के दौरान तरसेम लाल की जेब से राधास्वामी (ब्यास) डेरा के प्रमुख महाराज का चित्र निकला जिस पर आतंकवादियों ने सिख नौजवान सविन्द्र सिंह को भाग जाने को कहा । जब सविन्द्र सिंह ने इन दोनों को छोड़ देने को कहा तो आतंकवादियों ने सविन्द्र की पिटाई कर उसे भगा दिया और कहा कि तुम भाग जाओ, इन्हें ऐसी फोटो जेब में रखने की सजा देंगे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके दोनों की हत्या कर दी ।

दोनों मृतक विवाहित थे और बलकार चंद की 2 मास की एक पुत्री भी है जबकि तरसेम लाल की शादी हुए अभी मात्र 8 मास हुए थे । मृतक धारीवाल शहर में साइकिल मुरम्मत और दर्जी का काम करते थे । पुलिस रात से ही मारे इलाके को सील करके तलाशी ले रही है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल के खिलाफ सक्रिय ताकतों में रे भी शामिल हो गए ?

चंडीगढ़, 31 अगस्त (एन.एस. परवाना): लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर हरियाणा में चौ. देवी लाल की गैर-इक्का सरकार उत्तरी भारत में केंद्रीय सरकार और इंका की आंख का कांटा बनी हुई है । सूत्रों के अनुसार देवी लाल सरकार का तख्ता उलटाने या उसे बर्खास्त कराने के लिए जो शक्तियां सक्रिय हुई हैं, उनमें पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे भी शामिल हैं । इसकी स्पष्ट झलक कल भारत-बंद के दौरान श्री रे की ओर से चौ. देवी लाल को लिखी गई चिट्ठी की गर्म भाषा से मिलती है ।

एक जगह श्री रे ने अंतर्राज्यीय रूटों पर पंजाब की बसों व ट्रकों को हरियाणा में रोके जाने का जिक्र करते हुए न केवल इसे गैर-कानूनी करार दिया है बल्कि हरियाणा सरकार से कहा है कि "वह इसकी तमाम जिम्मेदारी कबूल करते हुए इससे पैदा होने वाले संवैधानिक परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहे ।"

राजधानी के राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि श्री रे ने अपनी संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करके चौ. देवी लाल को यह धमकीपूर्ण पत्र लिखा और फिर तुरन्त इसे जानबूझ कर लीक करवा दिया । श्री रे द्वारा अपने पत्र की प्रतिलिपियां राष्ट्रपति और राज्यपाल हरियाणा को प्रेषित करना भी अर्थपूर्ण समझा जा रहा है ।

श्री रे जो कि स्वयं एक प्रमुख कानून विशेषज्ञ हैं, आज सवेरे नई दिल्ली चले गए, जहां उनका प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह से भेंट करने का कार्यक्रम है । कहा जाता है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने भी हिमाचल की बसों को रोकने के बारे में केंद्र सरकार के पास चौ. देवी लाल के खिलाफ शिकायतें की हैं । जनता दल विधायक दल हरियाणा में पहले ही कई मामलों पर काफी कशमकश और हलचल-सी मची हुई है । इन हालात में यह बात

ानें ले चुके हैं आतंकवादी

र अब तक पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 163 लोगों की जानें गईं, जिनका ब्यौरा

	किसके समय
6	दरबारा सिंह सरकार
6	राष्ट्रपति राज श्री बी.डी. पांडे
8	राष्ट्रपति राज श्री सितारवाला
15	बरनाला सरकार
24	बरनाला सरकार
40	गवर्नरी राज श्री सिद्धार्थ शंकर रे
4	–,,–,,–
5	–,,–,,–
3	–,,–,,–
2	–,,–,,–
11	–,,–,,–
5	–,,–,,–
2	–,,–,,–
3	–,,–,,–
134	

लवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी पर फायरिंग करके मलोट) रेलवे स्टेशन पर जबरदस्ती रेल गाड़ी 30 घायल कर दिये गए । अब तक 163

दौरान अब तक 8 बसों, एक टैम्पू और दो को सफर करते जान से हाथ धोने पड़े । सबसे पटियाला) में 40 यात्रियों की हत्या कर दी ,।

यां भावी पीढ़ियों सत सिद्ध होंगी

इस अध्ययन से वैज्ञानिकों को यह अनुमान ाने में सहायता मिली कि औद्योगिक वायु प्रदूषण से ी का तापमान बढ़ सकता है, जिसके कारण वर्ती इलाकों में बाढ़ का संकट पैदा हो सकता है साथ ही अन्य इलाकों में सूखे की स्थिति के ण भुखमरी का सामना भी करना पड़ सकता ।

श्री सगान ने कहा कि शेरवड रॉलैंड और रियो मोलीना ने सर्वप्रथम पृथ्वी की ओजोन परत ज़ोर होने की चेतावनी दी थी । शुक्र ग्रह के ययन के लिए इस्तेमाल तरीकों के आधार पर वे निष्कर्ष पर पहुंचे । वरुण के अध्ययन में यजर ने नेरिएड और ट्राइटन के अलावा उसके छः र चंद्रमाओं का पता लगाया । नेरिएड और इटन का पता पृथ्वी से भी लगा लिया गया था । यजर ने यह भी पता लगाया कि इस ग्रह के बाहर व वलय हैं और एक वलय में तो कम से कम छोटे मा छिपे हैं ।

इसके अलावा वायजर ने उसके नीले रंग के ावरण में पृथ्वी के आयतर के चक्कर्वात (ग्रेट डार्क ाट) का पता भी लगाया । एक हजार 158 लोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा, टो रसायन युक्त काला धुआं, अदृश्य ल्ट्राबायलैट किरणों और प्राकृतिक गैस के बादलों का पता भी लगाया ।

गुलाबी रंग के ट्राइटन में लावे की भांति बह रहे म और ज्वालामुखियों का पता चला है ।

वायजर परियोजना से संबद्ध वैज्ञानिक एडवर्ड टोन को इस बात पर गर्व है कि वह इस परियोजना जुड़े हैं । उनका कहना है कि यह एक अद्भुत नुभव है ।

वायजर सन 2020 तक पृथ्वी को ब्रह्मांड ी सूचनाएं भेजता रहेगा और इसके बाद पृथ्वी की वनियों और चित्रों के तांबे के वीडियो डिस्क के साथ

Punjabi Sanatan

...धार

...): राष्ट्रीय मोर्चे के
...में मोर्चे की भावी
...मोर्चे के संयोजक
...जानकारी देते हुए
...जनता पार्टी तथा
...संयुक्त कार्यक्रम
...कि इन दलों से
...हना उचित नहीं

...का खारिज

...र्ती): आंध्र प्रदेश
...मुख्यमंत्री नंदमूरि
...रेट याचिका आज
...योगेश्वर दयाल,
...न्यायमूर्ति उपेन्द्र
...दी कि मुख्यमंत्री
...संवैधानिक रोक
...ट याचिका को भी
...है कि मुख्यमंत्री ने
...अभिनय करके

जनता युवा मोर्चा जिला गुरदासपुर के अध्यक्ष श्री जीतेन्द्र देव शर्मा ने पठानकोट में छात्र-छात्राओं पर पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की है । उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लूट की घटना : बटाला (कोछड़): गत रात थाना सदर बटाला के गांव खोजेवाल में चार सशस्त्र व्यक्ति लछमन सिंह नामक आदमी के घर में जबरदस्ती घुस गए और उससे दस हजार रुपए मांगे । उसके पास केवल तीन सौ रुपए थे । लुटेरे यही रकम लेकर फरार हो गए ।

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ (वा.): कल रात जिला रोपड़ के गांव पत्तीयाला में अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल हरभजन सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विश्वास किया जाता है कि इस हत्या के लिए आतंकवादी भूपिंदर सिंह का गिरोह जिम्मेदार है जिसको कुछ समय पहले कांस्टेबल हरभजन सिंह ने पकड़ा था ।

सरकार अपने सुरक्षा कर्मियों से करा रही है । श्री टोहरा के बयान का उल्लेख आज यहां हरियाणा के अकाली नेता श्री करतार सिंह टक्कर ने किया, जो उन्हें जेल में मिल कर आए थे । श्री टक्कर के अनुसार श्री टोहरा ने कहा कि सरकार के दो लक्ष्य हैं-हिंदू-सिखों को आपस में लड़ाना और पंजाब के हालात बेहतर होने में बाधा डालना । श्री टोहरा के अनुसार सिखों का वास्ता केंद्र की अत्यन्त चालाक सरकार के साथ पड़ा हुआ है ।

कांग्रेसियों की दुकानें भी बंद

होशियारपुर, 31 अगस्त (अश्विनी कपूर): भारत बंद के संदर्भ में होशियारपुर में पकड़े गए प्रतिपक्षी दलों के 118 वर्करों और लीडरों को गत रात्रि रिहा कर दिया गया । इनको कल भारत बंद के दौरान प्रातः हिरासत में लेकर पुलिस लाइन में रखा गया, जहां उनको भोजन जिला प्रशासन की ओर से दिया गया । बंद के दौरान यह बात भी देखने को आई कि बंद का डट कर मुकाबला करने वाले कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं ने अपनी दुकानें बंद रखीं,लेकिन युवा कांग्रेस (इ) की दुकानें खुली रहीं ।

रे भी देवी लाल के खिलाफ ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

न किसी रूप में नई दिल्ली के वर्तमान शासकों से सम्पर्क साधे हुए हैं, परन्तु इस चरण पर मूल प्रश्न तो यह है जिस पर गम्भीरता से गौर किया जा रहा है कि क्या देवी लाल सरकार को गिराने या बर्खास्त करने से इंका को राजनीतिक दृष्टि से लाभ होगा या हानि ? कई कांग्रेसियों का विचार है कि देवी लाल सरकार गिराने की देश भर में प्रतिकूल प्रतिक्रिया भी हो सकती है, जो इंका के लिए हानिकारक साबित होगी ।

हड़ताल की आधी अवधि का ...

जाए ।

प्रेमदास

(पृष्ठ 3 का श...

श्री वीराकून ने कहा कि भ... हटने के बाद स्थानीय पुलिस ... बल उसका स्थान लेंगे । उ... सम्भावना है कि भारत और श्... बैलग्रेड में गुट-निरपेक्ष शिखर... पर मिलने पर श्रीलंका से भारत... के बारे में बात करेंगे ।

उन्होंने कहा कि यद्यपि ... भेंट पहले से तय नहीं हुई है... सम्भावना है कि वह बैलग्रेड ... सम्मेलन में श्रीलंका के प्रतिनि... विदेश मंत्री रंजन विजयरत्ने ...

यह पूछने पर कि क्या ... सेना की वापसी के बारे में श्री ... प्रस्ताव पर उत्तर देने में विल... वीराकून ने कहा कि यह मामला ... देखते हुए वह नहीं समझते कि ... लग रहा है ।

उन्होंने कहा कि सरक... टाइगर्स आफ तमिल ईलम को ... रही है । उन्होंने कहा कि उन... वक्तव्य की जानकारी नहीं है ... वह उत्तर-पूर्वी प्रांत की प्रस्ता... भाग नहीं लेगा ।

2 की हत्या : श्रीलं... उग्रवादियों ने अलग-अलग ... भिक्षु तथा एक वरिष्ठ पुलिस ... मार कर हत्या कर दी । 7... वेल्लेतोता पन्नादस्सी की, ...

फ़ाइड विज्ञापन

...e for 31.8.89. ...C Suggested ...n.

...में भर्ती के इच्छुक ...15/- मनीआर्डर

सार्वजनिक सूचना

मैं अपने लड़के कलदीप राज उर्फ दीपक सोढी मेरे कहने से बाहर है, मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, मैं उसके किए किसी भी काम का जिम्मेवार नहीं हूं । बलदेव राज सोढी, 19, रामपुरा कालोनी, यमुनानगर ।

तीर्थ यात्रा

Punjabi Sanatani

बैंक लूटने आए उग्रवादियों द्वारा मैनेजर और गार्ड की हत्या

एक अन्य बैंक से रकम लूटी गई : टैक्सी चालक की लाश मिली

गिरोहों के संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (वा., प.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक बैंक मैनेजर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक बैंक से 24 हजार रुपए से अधिक की राशि लूट ली गई । आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में दो आतंकवादी मारे गए । भवानीगढ़ क्षेत्र में एक टैक्सी चालक की लाश मिली ।

बैंक मैनेजर, गार्ड की हत्या : जालन्धर (वि.प्र.): यहां से पांच कि.मी. दूर गांव मिट्ठापुर में आज प्रातः लगभग दस बजे ओरिएंटल बैंक आफ़ कामर्स की ब्रांच में से उग्रवादियों द्वारा कैश तो लूटे जाने से बच गया किन्तु इसकी कीमत बैंक मैनेजर श्री राजिंदर कुमार चोहडा व बैंक गार्ड श्री मोहन सिंह ने अपनी जान देकर चुकाई ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादी बैंक खुलने से 15 मिनट पहले ही वहां पहुंच गए और बाहर खड़े बैंक गार्ड श्री मोहन सिंह से पूछा कि मैनेजर आए हैं कि नहीं । बैंक गार्ड के यह कहने पर कि अभी बैंक के कामकाज का समय होने वाला है, आप बाहर ठहरो, तब तक मैनेजर साहब भी आ जाएंगे ।

इतने में मैनेजर श्री चोहडा पहुंच गए और गार्ड ने उनके प्रवेश के लिए लोहे का गेट खोला, जिस पर मैनेजर के साथ ही दो उग्रवादी भी अन्दर प्रवेश कर गए और श्री चोहडा को चैस्ट की चाबियां देने को कहा । इस पर बैंक गार्ड ने एक उग्रवादी को जफ्फा डाला और दोनों गुत्थम-गुत्था हो गए । यह उग्रवादी गार्ड को इसी हालत में बाहर खड़े उग्रवादी की मदद से बाहर घसीट लाया और उसे वहां गोली मार दी गई । इससे पूर्व ही उक्त स्थिति को देखते हुए दूसरे उग्रवादी ने श्री चोहडा को दो गोलियां मारीं जिसपर वह वहीं ढेर हो गए । स्टाफ के दो अन्य सदस्य आतंकित हो गए । भागने से पूर्व उग्रवादियों ने टैलीफोन की तार तोड़ दी ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों उग्रवादी माडल टाऊन की ओर भागे । उन्होंने गांव के पशु चिकित्सालय के अन्दर खड़ा स्कूटर पी.सी.जे. 1893 उसके मालिक सूरत सिंह को रिवाल्वर दिखाकर ले लिया । यह भी बताया गया है कि एक उग्रवादी एक अन्य स्कूटर चालू रखकर अस्पताल से थोड़ी दूर खड़ा था ।

उधर फ़ायरिंग की आवाज़ सुनकर पहले तो निकट के लोग इधर-उधर बचने के लिए भागे, फिर कुछ लौट आए । उसी समय थाना सदर का एक थानेदार ज्ञान सिंह उधर गया हुआ था । पता चलने पर वह घटनास्थल पर पहुंचा और सहकते बैंक गार्ड तथा मृत बैंक मैनेजर को अपने व्हीकल में डालकर सिविल अस्पताल ले गया, जहां बैंक गार्ड की भी मृत्यु हो गई ।

थोड़ी देर बाद सदर थाना के एस.एच.ओ. पुलिस के साथ मौका पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी वहां पुलिस को 9 एम.एम. के खाली खोल मिले बताए गए हैं, जो रिवाल्वर से चलाए गए । जिला पुलिस अधिकारी तथा डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी भी मौका पर गए । श्री भट्टी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और बैंक वालों के लिए कुछ हिदायतें दीं ।

श्री चोहडा स्थानीय महल्ला करार खां के रहने वाले थे । पंजाब बैंक एम्प्लाईज फैडरेशन के सहायक सचिव श्री अमृत लाल ने उक्त हत्याओं की कड़ी निन्दा की है और सरकार व बैंक प्रबन्धकों से कहा है कि वह बैंक कर्मियों की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध करें । मृत गार्ड मोहन सिंह थाना भुलत्थ क्षेत्र के गांव मकसूदपुर का निवासी था ।

आपसी लड़ाई में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव गग्गोबुआ थाना झब्बाल में चार आतंकवादी एक व्यक्ति वीर सिंह तथा सोहन सिंह मज़हबी के मकानों पर गए और दोनों को उनके घरों से बाहर बुलाकर ले गए । बाहर ले जाकर दोनों को ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से गोलियां मारकर खत्म कर दिया गया । उनकी लाशों के निकट आतंकवादी एक चिट छोड़ गए जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेदारी बख्शीश सिंह उर्फ़ सोना ने अपने ऊपर ली है और आरोप लगाया है कि यह दोनों लूट-खसूट की वारदातें करते थे । पता चला है कि पुलिस के रिकार्ड में भी इन दोनों का नाम लूट-मार करने वालों की सूची में था । प.स. के अनुसार पुलिस ने बताया कि वीरसिंह तथा सोहन सिंह आतंकवादी गिरोहों के बीच संघर्ष में मारे गए ।

पट्टी से सम्वाददाता के अनुसार आतंक के कारण किसी ने भी इन घटनाओं की सूचना पुलिस को नहीं दी । प्रातः आठ बजे गांव के सरपंच ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई ।

साढ़े चौबीस हजार रुपया लूटा : आज प्रातः आतंकवादियों ने बैरोवाल पुलिस थाना के अन्तर्गत चक कारेखां गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से साढ़े चौबीस हजार रुपया लूट लिया । बताया जाता है कि लगभग 9.45 पर दो आतंकवादी स्कूटर पर बैंक में आए, उनका एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)



जालन्धर के निकट गांव मिट्ठापुर स्थित ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स को लूटने के मैनेजर (1) श्री आर.के. चोहडा तथा (2) बैंक गार्ड मोहन सिंह की हत्या कर पुराने चित्र । (3) बैंक का बाहरी दृश्य, (4) बैंक के भीतर वह स्थान, जहां मैनेजर मेज के पास खून के धब्बे दिखाई दे रहे हैं । (छा

चीनी का भाव बढ़ता रहा तो सरकार के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (प.स.): सरकार ने आज चीनी का आयात करने की घोषणा की और साथ ही चीनी उद्योगों को चेतावनी दी कि अगर खुले बाजार में चीनी का भाव बढ़ता रहा तो सरकार कठोर कदम उठाएगी ।

केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सुखराम ने आज यहां भारतीय चीनी मिल एसोसिएशन की 55वीं वास्तविक आम बैठक का उद्घाटन करते हुए यह चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि चीनी उद्योग को विभिन्न प्रोत्साहन देने के बावजूद चीनी की कीमतों में तेजी आई है । श्री सुखराम ने कहा कि खुले बाजार में चीनी की कीमतों में बड़ी तेजी आई है । उन्होंने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि आम जनता के हित में व्यावहारिक नीति अपनाए और कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए खुद नियंत्रण लागू करें ।

श्री सुखराम ने कहा कि जब उद्योगपतियों ने चीनी उद्योग पर सरकारी नियंत्रण में ढील देने के लिए सरकार से अपील की तो सरकार ने इस उम्मीद के साथ साकारात्मक रुख अपनाया कि खुले बाजार में ज्यादा चीनी उपलब्ध होगी ।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की उदार नीति का उद्योगपतियों और व्यापारियों ने नाजायज फायदा उठाना चाहा तब सरकार को बाध्य होकर पहले लगाए गए नियंत्रण को श्री सुखराम ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने और करने में किल्लत के सम स्वार्थी तत्वों को धक्क चीनी उत्पादन क्षमता

उन्होंने पिछले तीन आधार पर एक अक्तू अतिरिक्त चीनी उत्पा खुले बाजार में बिक्री के जिक्र किया । उन्होंने बढ़ाने के लिए चीनी मि

उन्होंने कहा कि खा लिए भेजे जाने वाले गन्न लिए सरकार सभी जरू

2 लाख टन ची

केंद्रीय नागरिक आपूर्ति इस खबर की पुष्टि की कि चीनी का आयात करे संवाददाताओं को बताय मिला कर सही है ।

हरियाणा सरकार ने जनता को 'बंद' में शामिल होने पर विवश किया : सुर्जेवाला

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (सधी): हरियाणा इकाई के प्रधान श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने आरोप लगाया है कि गत 30 अगस्त के 'भारत बंद' में शामिल होने के लिए हरियाणा सरकार ने जनता को मजबूर किया है ।

आज पार्टी पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातों के दौरान श्री सुर्जेवाला ने कहा कि राज्य की जनता बंद में भाग लेना नहीं चाहती थी, पर कई स्थानों पर मंत्रियों तथा विधायकों ने ज़बरदस्ती दुकानें बंद कराईं, सड़क एवं रेल यातायात भी रोका गया । जनता को बंद में भाग लेने पर विवश करने के लिए सरकारी मशीनरी का भी दुरुपयोग किया गया था ।

श्री सुर्जेवाला ने कहा कि जहां ज़बरदस्ती दुकानें बंद कराई जा रही थीं, जब वहां इका कार्यकर्त्ता जनता की मदद के लिए गए तो उनसे 'जद-भाजपा' कार्यकर्त्ताओं ने मारपीट की, जिससे करीब डेढ़ दर्जन कार्यकर्त्ता घायल हो गए । पुलिस ने मारपीट करने वालों की अपेक्षा 200 इका कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में ले लिया । रोहतक में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने तीन लड़कियों के वस्त्र फाड़ डालने की शर्मनाक हरकत की, पर पुलिस तमाशा देखती रही ।

जाए । बैठक में कहा गया कि तिथि घोषित करने की अपेक्षा अचानक किसी स्थान पर देवी लाल का घेराव किया जाए ।

उन्होंने कहा कि देवी लाल गद्दी छोड़ें की मांग को लेकर 11 सितम्बर को राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा के बाहर धरना देने का भी फैसला किया गया है । यदि देवी लाल ने शीघ्र गद्दी न छोड़ी तो अक्तूबर माह के अंतिम सप्ताह में राज्य विधानसभा भंग करके नए चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर पार्टी कार्यकर्त्ता दिल्ली जाकर राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को ज्ञापन देंगे । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनावी वायदे पूरे करने में असफल रही है । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री देवी लाल सरकारी विमान व पर्यटन स्थलों का अपने राजनीतिक उद्देश्यों से दुरुपयोग कर रहे हैं ।

चार्ल्स शोभराज के साथी द्वारा एस.पी. के विरुद्ध मानहानि का दावा

लखनऊ, 1 सितम्बर (वार्ता): अंतर्राष्ट्रीय अपराधी चार्ल्स शोभराज के घनिष्ठ सहयोगी लक्ष्मी नारायण की याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने रायबरेली के पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध मानहानि का नोटिस जारी किया है । लक्ष्मी नारायण को जनवरी 1987 में गिरफ्तार किया गया था । उसने अपनी याचिका में कहा है कि 24 सितम्बर, 1988 को उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने लखनऊ जेल में उसकी शिनाख्त परेड कराने का आदेश दिया था जिसका रायबरेली के पुलिस अधीक्षक ने पालन नहीं किया । मानहानि के नोटिस पर 24 नवम्बर को सुनवाई होगी ।

दर्शन सिंह रागी के नेतृत्व लोगों द्वारा बटाला नगर थाने

अमृतसर, 1 सितम्बर (वार्ता, कोछड़): बटाला पुलिस द्वारा दो महिलाओं पर कथित अत्याचार के विरोध में अकाल तख्त के मुख्यग्रंथी प्रोफैसर दर्शन सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने आज गुरदासपुर ज़िले के बटाला नगर थाने का घेराव किया । यहां पहुंची खबरों में बताया गया है कि धरना करीब 11 बजे शुरू हुआ, जो शाम पांच बजे तक जारी रहा । सीमा के पुलिस महानिरीक्षक श्री एम.एस. भुल्लर ने बताया कि प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक धरने पर बैठे रहे और किसी अप्रिय स्थिति पैदा नहीं हुई । पुलिस ने दूसरी महिला मैजिस्ट्रेट गुरमीत राय अगस्त तक का न्यायिक पंजाब पुलिस के प्रमुख घटना की जांच का महानिरीक्षक (सीमा) श्री जांच रिपोर्ट एक-दो दिन कहा है । जत्थेदार रागी वाले प्रमुख लोगों में एकी

नागा छापामारों द्वारा सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला : 7 जवान मरे

इम्फाल, 1 सितम्बर (वार्ता): मणिपुर-नागालैंड सीमा पर उखरुल में आज तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के सात जवान और दो भूमिगत नागा पुलिस अधिकारी उखरुल और इम्फाल पहुंच चुके हैं । उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर हमला करने की यह इस वर्ष की चौथी कार्रवाई है । उग्रवादियों ने

Punjabi Sanjari

बैंक लूटने आए उग्रवादियों द्वारा मैनेजर और गार्ड की हत्या

एक अन्य बैंक से रकम लूटी गई : टैक्सी चालक की लाश मिली

गिरोहों के संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (वा., प.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक बैंक मैनेजर सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक बैंक से 24 हजार रुपए से अधिक की राशि लूट ली गई । आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में दो आतंकवादी मारे गए । भवानीगढ़ क्षेत्र में एक टैक्सी चालक की लाश मिली ।

बैंक मैनेजर, गार्ड की हत्या : जालन्धर (वि.प्र.): यहां से पांच कि.मी. दूर गांव मिट्ठापुर में आज प्रातः लगभग दस बजे ओरिएंटल बैंक आफ़ कामर्स की ब्रांच में से उग्रवादियों द्वारा कैश तो लूटे जाने से बच गया किन्तु इसकी कीमत बैंक मैनेजर श्री राजिंदर कुमार चोहडा व बैंक गार्ड श्री मोहन सिंह ने अपनी जान देकर चुकाई ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादी बैंक खुलने से 15 मिनट पहले ही वहां पहुंच गए और बाहर खड़े बैंक गार्ड श्री मोहन सिंह से पूछा कि मैनेजर आए हैं कि नहीं । बैंक गार्ड के यह कहने पर कि अभी बैंक के कामकाज का समय होने वाला है, आप बाहर ठहरो, तब तक मैनेजर साहब भी आ जाएंगे ।

इतने में मैनेजर श्री चोहडा पहुंच गए और गार्ड ने उनके प्रवेश के लिए लोहे का गेट खोला, जिस पर मैनेजर के साथ ही दो उग्रवादी भी अन्दर प्रवेश कर गए और श्री चोहडा को चैस्ट की चाबियां देने को कहा । इस पर बैंक गार्ड ने एक उग्रवादी को जफ्फा डाला और दोनों गुत्थम-गुत्था हो गए । यह उग्रवादी गार्ड को इसी हालत में बाहर खड़े उग्रवादी की मदद से बाहर घसीट लाया और उसे वहां गोली मार दी गई । इससे पूर्व ही उक्त स्थिति को देखते हुए दूसरे उग्रवादी ने श्री चोहडा को दो गोलियां मारीं जिसपर वह वहीं ढेर हो गए । स्टाफ के दो अन्य सदस्य आतंकित हो गए । भागने से पूर्व उग्रवादियों ने टैलीफोन की तार तोड़ दी ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों उग्रवादी माडल टाऊन की ओर भागे । उन्होंने गांव के पशु चिकित्सालय के अन्दर खड़ा स्कूटर पी.सी.जे. 1893 उसके मालिक सूरत सिंह को रिवाल्वर दिखाकर ले लिया । यह भी बताया गया है कि एक उग्रवादी एक अन्य स्कूटर चालू रखकर अस्पताल से थोड़ी दूर खड़ा था ।

उधर फ़ायरिंग की आवाज़ सुनकर पहले तो निकट के लोग इधर-उधर बचने के लिए भागे, फिर कुछ लौट आए । उसी समय थाना सदर का एक थानेदार जान सिंह उधर गया हुआ था । पता चलने पर वह घटनास्थल पर पहुंचा और सहकते बैंक गार्ड तथा मृत बैंक मैनेजर को अपने व्हीकल में डालकर सिविल अस्पताल ले गया, जहां बैंक गार्ड की भी मृत्यु हो गई ।

थोड़ी देर बाद सदर थाना के एस.एच.ओ. फ़ोर्स के साथ मौका पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी । वहां पुलिस को 9 एम.एम. के चार कारतूस मिले बताए गए हैं, जो रिवाल्वर से चलाए गए । जिला पुलिस अधिकारी तथा डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी भी मौका पर गए । श्री भट्टी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और बैंक वालों के लिए कुछ हिदायतें दीं ।

श्री चोहडा स्थानीय मुहल्ला करार खां के रहने वाले थे । पंजाब बैंक एम्प्लाईज़ फैडरेशन के सहायक सचिव श्री अमृत लाल ने उक्त हत्याओं की कड़ी निन्दा की है और सरकार व बैंक प्रबन्धकों से कहा है कि वह बैंक कर्मियों की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध करें । मृत गार्ड मोहन सिंह थाना भुलत्थ क्षेत्र के गांव मकसूदपुर का निवासी था ।

आपसी लड़ाई में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव गरगोबआ थाना झब्बाल में चार आतंकवादी एक व्यक्ति वीर सिंह तथा सोहन सिंह मज़हबी के मकानों पर गए और दोनों को उनके घरों से बाहर बुलाकर ले गए । बाहर ले जाकर दोनों को ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से गोलियां मारकर खत्म कर दिया गया । उनकी लाशों के निकट आतंकवादी एक चिट छोड़ गए जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेदारी बख्शीश सिंह उर्फ़ सोना ने अपने ऊपर ली है और आरोप लगाया है कि यह दोनों लूट-खसूट की वारदातें करते थे । पता चला है कि पुलिस के रिकार्ड में भी इन दोनों का नाम लूट-मार करने वालों की सूची में था । प.स. के अनुसार पुलिस ने बताया कि वीरसिंह तथा सोहन सिंह आतंकवादी गिरोहों के बीच संघर्ष में मारे गए ।

पट्टी से सम्वाददाता के अनुसार आतंक के कारण किसी ने भी इन घटनाओं की सूचना पुलिस को नहीं दी । प्रातः आठ बजे गांव के सरपंच ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई ।

साढ़े चौबीस हजार रुपया लूटा : आज प्रातः आतंकवादियों ने वैरोवाल पुलिस थाना के अन्तर्गत चक करेरां गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से साढ़े चौबीस हजार रुपया लूट लिया । बताया जाता है कि लगभग 9.45 पर दो आतंकवादी स्कूटर पर बैंक में आए, उनका एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जालन्धर के निकट गांव मिट्ठापुर स्थित ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स को लूटने आ के मैनेजर (1) श्री आर.के. चोहडा तथा (2) बैंक गार्ड मोहन सिंह की हत्या कर पुराने चित्र । (3) बैंक का बाहरी दृश्य, (4) बैंक के भीतर वह स्थान, जहां मैने मेज के पास खून के धब्बे दिखाई दे रहे हैं । (छाय

चार्ल्स शोभराज के साथी द्वारा एस.पी. के विरुद्ध मानहानि का दावा

लखनऊ, 1 सितम्बर (वार्ता): अंतर्राष्ट्रीय अपराधी चार्ल्स शोभराज के घनिष्ठ सहयोगी लक्ष्मी नारायण की याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने रायबरेली के पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध मानहानि का नोटिस जारी किया है । लक्ष्मी नारायण को जनवरी 1987 में गिरफ्तार किया गया था । उसने अपनी याचिका में कहा है कि 24 सितम्बर, 1988 को उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने लखनऊ जेल में उसकी शिनाख्त परेड कराने का आदेश दिया था जिसका रायबरेली के पुलिस अधीक्षक ने पालन नहीं किया । मानहानि के नोटिस पर 24 नवम्बर को सुनवाई होगी ।

हरियाणा सरकार ने जनता को 'बंद' में शामिल होने पर विवश किया : सुर्जेवाला

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (संधी): हरियाणा इका प्रधान श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने आरोप लगाया है कि गत 30 अगस्त के 'भारत बंद' में शामिल होने के लिए हरियाणा सरकार ने जनता को मजबूर किया है ।

आज पार्टी पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्री सुर्जेवाला ने कहा कि राज्य की जनता बंद में भाग लेना नहीं चाहती थी, पर कई स्थानों पर मंत्रियों तथा विधायकों ने ज़बरदस्ती दुकानें बंद कराईं, सड़क एवं रेल यातायात भी रोका गया । जनता को बंद में भाग लेने पर विवश करके सरकारी मशीनरी का भी दुरुपयोग किया गया था ।

श्री सुर्जेवाला ने कहा कि जहां ज़बरदस्ती दुकानें बंद कराई जा रही थीं, जब वहां इका कार्यकर्त्ता जनता की मदद के लिए गए तो उनसे 'जद-भाजपा' कार्यकर्त्ताओं ने मारपीट की, जिससे करीब डेढ़ दर्जन कार्यकर्त्ता घायल हो गए । पुलिस ने मारपीट करने वालों की अपेक्षा 200 इका कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में ले लिया । रोहतक में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने तीन लड़कियों के वस्त्र फाड़ डालने की शर्मनाक हरकत की, पर पुलिस तमाशा देखती रही ।

श्री सुर्जेवाला ने यह भी आरोप लगाया कि बंद में

जाए । बैठक में कहा गया कि तिथि घोषित करने की अपेक्षा अचानक किसी स्थान पर देवी लाल का घेराव किया जाए ।

उन्होंने कहा कि देवी लाल गद्दी छोड़ें की मांग को लेकर 11 सितम्बर को राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा के बाहर धरना देने का भी फैसला किया गया है । यदि देवी लाल ने शीघ्र गद्दी न छोड़ी तो अक्तूबर माह के अंतिम सप्ताह में राज्य विधानसभा भंग करके नए चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर पार्टी कार्यकर्त्ता दिल्ली जाकर राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन को ज्ञापन देंगे । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनावी वायदे पूरे करने में असफल रही है । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री देवी लाल सरकारी विमान व पर्यटन स्थलों का अपने राजनीतिक उद्देश्यों में दुरुपयोग कर रहे हैं ।

नागा छापामारों द्वारा सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला : 7 जवान मरे

इम्फाल, 1 सितम्बर (वार्ता): मणिपुर-नागालैंड सीमा पर उखरुल में आज तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के सात जवान और दो भूमिगत नागा छापामार मारे गए ।

पुलिस अधिकारी उखरुल और इम्फाल पहुंच चुके हैं । उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर हमला करने की यह इस वर्ष की चौथी कार्रवाई है । उग्रवादियों ने

चीनी का भाव बढ़ता रहा तो सरकार च के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी :

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (प.स.): सरकार ने आज चीनी का आयात करने की घोषणा की और साथ ही चीनी उद्योगों को चेतावनी दी कि अगर खुले बाजार में चीनी का भाव बढ़ता रहा तो सरकार कठोर कदम उठाएगी ।

केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सुखराम ने आज यहां भारतीय चीनी मिल एसोसिएशन की 55वीं वास्तविक आम बैठक का उद्घाटन करते हुए यह चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि चीनी उद्योग को विभिन्न प्रोत्साहन देने के बावजूद चीनी की कीमतों में तेजी आई है । श्री सुखराम ने कहा कि खुले बाजार में चीनी की कीमतों में बड़ी तेजी आई है । उन्होंने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि आम जनता के हित में व्यावहारिक नीति अपनाएं और कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए खुद नियंत्रण लागू करें ।

श्री सुखराम ने कहा कि जब उद्योगपतियों ने चीनी उद्योग पर सरकारी नियंत्रण में ढील देने के लिए सरकार से अपील की तो सरकार ने इस उम्मीद के साथ साकारात्मक रुख अपनाया कि खुले बाजार में ज्यादा चीनी उपलब्ध होगी ।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की उदार नीति का उद्योगपतियों और व्यापारियों ने नाजायज फायदा उठाना चाहा तब सरकार को बाध्य होकर पहले लगाए गए नियंत्रण को फि श्री सुखराम ने कहा कि म को रोकने के लिए कई उ

श्री सुखराम ने कहा उत्पादन बढ़ाने और उस करने से किसानों के समय स्वार्थी तत्वों को धक्का चीनी उत्पादन क्षमता बढ़

उन्होंने पिछले तीन व आधार पर एक अक्तूबर अतिरिक्त चीनी उत्पादन खुले बाजार में बिक्री के लि जिक्र किया । उन्होंने आश बढ़ाने के लिए चीनी मिलें

उन्होंने कहा कि खाद्य लिए भेजे जाने वाले गन्ना लिए सरकार सभी जरूरी

2 लाख टन चीनी केंद्रीय नागरिक आपूर्ति रा इस खबर की पुष्टि की कि स चीनी का आयात करेगी संवाददाताओं को बताया कि मिला कर सही है ।

दर्शन सिंह रागी के नेतृत्व में लोगों द्वारा बटाला नगर थाने व

अमृतसर, 1 सितम्बर (वार्ता, कोछड़): बटाला पुलिस द्वारा दो महिलाओं पर कथित अत्याचार के विरोध में अकाल तख्त के मुख्यग्रंथी प्रोफैसर दर्शन सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने आज गुरदासपुर जिले के बटाला नगर थाने का घेराव किया । यहां पहुंची खबरों में बताया गया है कि धरना करीब 11 बजे शुरू हुआ, जो शाम पांच बजे तक जारी रहा । सीमा के पुलिस महानिरीक्षक श्री एम.एस. भुल्लर ने बताया कि प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक धरने पर बैठे रहे और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है । इस

पुलिस ने दूसरी महिला गुरमी मैजिस्ट्रेट गुरमीत राय बोनर अगस्त तक का न्यायिक रिम पंजाब पुलिस के प्रमुख कव घटना की जांच का आदे महानिरीक्षक (सीमा) श्री एम जांच रिपोर्ट एक-दो दिन के कहा है । जत्थेदार रागी के वाले प्रमुख लोगों में एकीकृत

Punjabi Sangrahalaya

एम.सी. कमेटी द्वारा बरी किए गए छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश नहीं

तसर, 1 सितम्बर : कम्युनिस्ट नेता श्री डांग ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के श्री जी.एस. रंधावा को लिखे एक पत्र में ों में सामूहिक नकल की बुराई को रोकने के ज़ोर देते हुए कहा है कि इसके साथ ही यह त बनाया जाना चाहिए कि निर्दोष छात्रों को नि न पहुंचे । उन्होंने लिखा है कि श ऐसा प्रायः होता है । उन्होंने नवीनतम ा बी.ए. अंतिम वर्ष (अप्रैल)-1989 की परीक्षा में सामूहिक नकल का दिया है तथा कहा है कि बड़ी संख्या में केस अनफ़ेयर मीन्ज़ कमेटी (यू.एम.सी.) को भेजे गए थे । इनमें कुछ ऐसे छात्रों के केस भी थे,जोकि अपने आपको निर्दोष करार देते हैं । इनमें यादविंदर सिंह (रोल नम्बर 61675) तथा अमरदीप सिंह (रोल नम्बर 61663) भी शामिल हैं । इन दोनों को एम.ए. में प्रवेश के लिए टैस्ट देने की अनुमति दे दी गई थी — यादविंदर सिंह को हिस्ट्री तथा अमरदीप सिंह को अंग्रेजी में । दोनों ने टैस्ट मैरिट के साथ पास किया तथा चुने गए लेकिन उन्हें इस आधार पर वास्तविक प्रवेश नहीं किया गया कि उनका बी.ए. का परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया । उन्होंने अस्थायी प्रवेश दिए जाने या प्रवेश में कुछ विलम्ब करने अथवा कुछ सीटें रिक्त रखे जाने पर बल दिया । उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि यू.एम.सी. कमेटी को अपना निर्णय शीघ्र देने के लिए कहा जाए ।

श्री डांग ने कहा कि यह दोनों छात्र दर-दर की ठोकरें खाते रहे,लेकिन कुछ भी नहीं हुआ । तब उन्होंने मेरी सहायता मांगी । चूंकि मुझे उनका अनुरोध उचित लगा, मैंने फोन पर आपसे विचार-विमर्श किया,जोकि केवल सिद्धांतों के बारे में था । काफी विचार-विमर्श के बाद आप डीन के साथ विचार के बाद समूची प्रक्रिया पर पुनर्विचार के लिए सहमत हो गए थे । यह बात 9.8.89 की है । अंतिम निर्णय जानने के लिए आपसे सम्पर्क करने के मेरे सभी प्रयत्न विफल रहे । दोनों छात्र डीन से मिले । उन्होंने भी उन्हें कोरा जवाब दे दिया । 29 अगस्त को दोनों छात्र मुझसे फिर मिले । उन्होंने मुझे बताया कि यू.एम.सी. ने उन्हें बरी कर दिया है और उनके परिणाम घोषित कर दिए गए हैं लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा । मुझे यह भी बताया गया है कि यादविंदर सिंह की सीट रिक्त पड़ी है परन्तु फिर भी उसको प्रवेश नहीं दिया गया । यह दो छात्रों का एक वर्ष खराब किए जाने का स्पष्ट केस है । उन्होंने श्री रंधावा से मांग की है कि इस मामले में इन छात्रों से न्याय किया जाए ।

बैंक मैनेजर की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

थी पहले ही वहां पर मौजूद था । उन्होंने 7 असाल्ट राइफल की नोक पर बैंक कर्मियों ऊपर उठवा दिए तथा कैश बाक्स से साढ़े हजार रुपया लेकर फरार हो गए ।

रात पुलिस जिला मजीठा के एक गांव में ादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर किशोर मक दुकानदार, उसके ग्राहक करनैल क साधु की हत्या कर दी थी ।

सी चालक की लाश मिली : धूरी): एक टैक्सी चालक मरघर सिंह की लाश वानीगढ़ के गांव भट्टीवाल के निकट संदिग्ध तियों में मिली । लाश बुरी तरह क्षत-विक्षत लिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

तंकवादी भाग निकले : मोगा (सर्व): जिला फरीदकोट में थाना बाघापुराना के गांव लंगेआना पुराना में आतंकवादियों के रोह की लूट व हत्याएं करने की कोशिश बना दी गई । यहां पहुंची खबरों के अनुसार लों ने आतंकवादियों को देखते ही अंधाधुंध ग शुरू कर दी । कहा जाता है कि वादी उस गांव के दलीप सिंह के घर आए और मकी दी कि यदि उसने प्रतिरोध किया तो गम्भीर परिणाम होंगे । दलीप सिंह ने उन पर बंदूक से फ़ायरिंग कर दी जिसका काबला नहीं कर सके तथा अंधेरे का लाभ र भाग निकले ।

आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने त जिला फिरोज़पुर में थाना डेहलों के अंतर्गत लताला के निकट चार आतंकवादियों को तार किया । उनसे एक राइफल, तीन पिस्तौल कुछ कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने एक जंग सिंह को भी गिरफ्तार किया है,जिससे 12 बोर की पिस्तौल तथा एक कारतूस बरामद ।

कम्युनिस्ट नेता पर हमला : अमृतसर के बंगला राय गांव में कम्युनिस्ट नेता गुरबख्श पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, परन्तु अंगरक्षक ने उसे विफल कर दिया ।

असले सहित युवक गिरफ्तार

होशियारपुर, 1 सितम्बर (अश्विनी): मुकेरियां पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक नवयुवक गुरमीत उर्फ मीता को जो कालपर कलां का रहने वाला है, शस्त्र एक्ट व टी.डी.पी.ए. एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उसके कब्जे से एक गन व चार कारतूस बरामद किए । उससे पूछताछ जारी है ।

250 यात्रियों समेत विमान दुर्घटना से बचा

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (प.स.): दिल्ली के म हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट आज इंडियन एयर लाइन्स के एक एयर बस की, में 250 यात्री थे, एक डोर्नियर विमान के साथ में टकरा होते-होते रह गई । एयर बस बेंगलूर जा रही थी जबकि डोर्नियर विमान जो भारतीय य हवाई पत्तन प्राधिकरण का था, सामने से आ था । घटना की जांच का आदेश दे दिया गया

लेह में बम विस्फोटों के संबंध में 150 गिरफ्तार

श्रीनगर, 1 सितम्बर (प.स.): सीमावर्ती लद्दाख के लेह नगर में 150 से भी अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं । इससे पहले पुलिस ने एक स्थान पर छापे मार कर विस्फोटक सामग्री और बम बरामद किए । यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी है । लेह नगर में हाल में हुए बम विस्फोटों के संबंध में इन लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

ट्रस्ट मजदूरों की बैठक आज

अमृतसर, 1 सितम्बर (कमलेश): आज वर्कचार्ज कमेटी इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के महासचिव श्री पम्मा ने सभी ट्रस्ट मजदूरों की हंगामी बैठक कल दो सितम्बर शाम के सवा पांच बजे कम्पनी बाग में

बी. पी. सिंह के बेटे का खाता

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस स्थिति में नहीं थी कि उसमें कोई बहुत बड़ी राशि का निवेश हो । जैस कि श्री सिंह के तथाकथित खाते के बारे में कहा गया है,वह सही नहीं है क्योंकि 1986 से 1987 तक की कथित 6 माह की अवधि में 2.10 करोड़ डालर (33.60 करोड़ रुपए) जैसी कोई रकम जमा नहीं हुई थी ।

सेंट किट्स में प्रधानमंत्री कैनेडी साइमन्स की सरकार ने ऐसे उदार कर कानन बनाए थे,जिनसे विभिन्न निगम तथा निजी निवेशकों को वहां आकर्षित किया जा सके । अब वहां सरकार पर विपक्षी लेबर पार्टी द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि वह अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक स्कैंडल में फंसी हुई है ।

जनता दल

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री देवी लाल की सार्वजनिक निंदा करने की कार्रवाई की तीव्र भर्त्सना की है । प्रस्ताव के अनुसार, जनता दल इस कार्रवाई को केंद्र द्वारा राज्य सरकारों के मामले में अवैधानिक हस्तक्षेप मानता है ।

जनता दल ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि देश की जनता लोकतांत्रिक ढंग से गठित राज्य सरकारों के खिलाफ किसी प्रकार के षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी । प्रस्ताव में विपक्ष के आह्वान पर 30 अगस्त के भारत बंद को सफल बनाने के लिए जनता को मुबारकबाद दिया गया है ।

इसके अलावा समिति ने प्रस्तावित लोकपाल विधेयक पर भी विचार किया,जिसमें प्रधानमंत्री पद को भी लोकपाल की जांच की परिधि में शामिल करने की व्यवस्था है ।

प्रो. दंडवते ने कहा कि यदि जनता दल और उसके सहयोगी दलों की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री सहित अन्य उच्च पदों पर स्थित लोगों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकपाल विधेयक पारित किया जाएगा ।

प्रो. दंडवते ने यह भी कहा कि न्यायिक सुधारों पर एक संक्षिप्त दस्तावेज़ तैयार करने का काम पार्टी ने न्यायमूर्ति ए.आर. खन्ना और श्री अशोक कुमार सेन को सौंपा था, जो तैयार हो गये हैं । राजनीतिक मामलों की समिति ने इस दस्तावेज़ पर विचार करने के लिए इसे पार्टी की नीति एवं कार्यक्रम समिति को भेजने का निश्चय किया है । सवालों के जवाब में प्रो. दंडवते ने कहा कि समिति बैठक के दूसरे सत्र में संगठन संबंधी मामलों पर विचार करेगी ।

श्री रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि राष्ट्रीय मोर्चा ने देश के विभिन्न भागों में रैलियां आयोजित करने का फैसला किया है । आंध्र प्रदेश के राजामुंदरी में 16 सितम्बर, बहरामपुर में 17 सितम्बर, कटक में 18 सितम्बर, भोपाल में 21 सितम्बर, नागपुर में 23 सितम्बर, दिल्ली में 25 सितम्बर और अहमदाबाद में तीन अक्तूबर को रैलियों का आयोजन किया जाएगा ।

श्री रेड्डी ने कहा कि इन रैलियों को मोर्चा के संयोजक श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और मोर्चा के अध्यक्ष नंदमूरि तारक रामाराव तथा अन्य नेता संबोधित करेंगे ।

राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल, सर्वश्री चंद्रशेखर, राम कृष्ण हेगड़े,अजित सिंह, जार्ज फर्नांडीज, मधु दंडवते, बीजू पटनायक, अरुण नेहरू, चिमन भाई पटेल, एस.आर. बोम्मई, मुलायम सिंह यादव और वी. रमैया शामिल थे । श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद और आचार्य राममूर्ति अपरिहार्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके ।

पंथक कमेटी की चेतावनी

मोगा, 1 सितम्बर (प.स.): पांच सदस्यीय पंथक

(ऊपर) अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह तथा अकाली नेता श्री जगदेव सिंह तलवंडी व अन्य शुक्रवार को थाना सदर बटाला के सामने धरने पर बैठे हुए तथा (नीचे)बब्बर खालसा इंटरनैशनल के आतंकवादी कुलवंत सिंह कांता की पत्नी गुरदेव कौर (स्ट्रेचर पर लेटी हुई) जिस पर पुलिस अत्याचार होने के आरोप लगाये गये हैं ।

थाने का घेराव

(पृष्ठ 3 का शेष)

राज भवन के घेराव की चेतावनी : प्रो. दर्शन सिंह रागी ने चेतावनी दी है कि यदि 8 सितम्बर तक गरमीत कौर को रिहा नहीं किया गया तथा एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम को निलम्बित नहीं किया गया तो वे चंडीगढ़ में पंजाब राज भवन का घेराव करेंगे । इस संदर्भ में उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग मांगा है । उन्होंने सभी पंजाबियों से भी आग्रह किया है कि वे चंडीगढ़ में घेराव में शामिल हों ।

प्रतिशोध अवश्य लिया जाएगा—बैंस : इस धरने में बोलते हुए जस्टिस बैंस ने कहा कि यह इंका सरकार शीघ्र बदल जानी है, अधिक समय नहीं रहनी, और जो पुलिस अधिकारी बेगुनाह लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं, उनकी लिस्टें बना ली गई हैं, उनसे प्रतिशोध अवश्य लिया जाएगा । उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक 15 हजार नवयुवक जेलों में हैं ।

ज. तलवंडी ने बोलते हुए कहा कि युवा पीढ़ी कह रही है कि लीडरशिप बूढ़ी है, यदि बुजुर्ग अकाली लीडर गलत हों तो सारा अकाली दल गलत नहीं हो जाता । सिख कौम सुयोग्य लीडरशिप के बगैर कोई लड़ाई नहीं लड़ सकती ।

शाम के भाव—(1 सितम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 52.50, हिन्द मोटर 32.50, रिलायंस 108.75, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6635, चांदी डिलीवरी 6402, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7135, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम)3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3170, मिल डिलिवरी : वनस्पति ए.पी. (प्रति टीन) 368-385, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 377-381, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 186.00, तेल मोयाबीन (प्रति 10 किलो) 210, मूंगफली तेल (10 किलो) 260, तिल तेल (10 किलो) 205, तेल बिनौला (10 किलो) 210, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 168, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 118, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1910, सरसों बायदा (20 किलो) नवं. 138.60, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) सित. 352, पीपरमैंट फ्लैक दिवाली 370 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 270.00, आंध्र सीमैंट 8.00, अपोलो टायर 138.00, एशियन होटल 59.00, बिरला एग्रो 126.00, डी.सी.एम. लि. 52.50, डी.सी.एम. टोयोटा 11.50, ईस्ट इंडिया होटल 57.50 (31/8), एस्कार्ट्स 75.50,, एस्सर शिपिंग 27.00, फूड स्पैशलिटीज़ 161.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ 116.00, गुजरात नर्मदा 36.00, एच.एम.एम. लि. 186.00, हीरो होंडा 20.00, हिन्द. एल्युमीनियम 267.00, हिन्द. लीवर 102.00, हिन्द मोटर 32.50, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 94.00 (31/8), इंडियन रेयन 80.00, जे.के. इंडस्ट्रीज़ 109.00, जे.के. सिंथैटिक 78.00, जे.सी.टी. लि. 121.00, केल्वीनेटर आफ इंडिया 158.00 (23/8), लार्सन एंड टूब्रो 107.50, एल.एम.एल. लि. 17.50, महावीर स्पिनिंग 105.00 (2/8), मानवा काटन 74.50, मोदी रबड़ 91.50 ओरके सिल्क मिल्स 15.75, ओसवाल एग्रो 82.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ 108.75, सदर्न पैट्रो 50.50 (31/8), स्वदेशी पोलिटैक्स 30.00 (31/8), टैल्को

Punjabi Sanjatani

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 3 सितम्बर, 1989 तदनुसार 19 भाद्रपद 2046

हर जगह उपलब्ध है।

अगस्त के भारत बंद के दौरान बसें रोकने पर व्यक्त की गई प्रतिक्रियाएं भी साजिश की ही कड़ी है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री गांधी विपक्ष के नेता

श्री एस.एस. रे मात्र रा
विधिवेत्ता भी हैं और सांवि
हैं अत: उन द्वारा अपने

उग्रवादियों द्वारा मंडी गोबिन्दगढ़ के निकट

अंधाधुंध फायरिंग : 8 मरे, 10 घायल

कब्रवाला ट्रेन हत्याकांड के 5 अभियुक्तों सहित 8 उग्रवादी मारे गए

ए.एस.आई. की हत्या : सीमा चौकी पर राकेटों से हमला

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (प.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि मंडी गोबिन्दगढ़ के निकट अंधाधुंध फायरिंग करके 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 10 अन्य को घायल कर दिया । कब्रवाला ट्रेन हत्याकांड के लिए जिम्मेवार पांच उग्रवादी और 3 अन्य अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए । उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. की हत्या कर दी और खेमकरण सैक्टर में एक सीमा चौकी पर हमला किया ।

राज्य पुलिस प्रमुख कंवरपाल सिंह गिल ने बताया कि जिला फरीदकोट में कब्रवाला रेलवे स्टेशन के समीप एक फार्म हाऊस में आज सवेरे लगभग छः घंटे तक हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया ।

8 व्यक्तियों की हत्या : खन्ना (सहगल): मंडी गोबिन्दगढ़ के निकट गांव कुलड़ माजरा के बाहर आज रात्रि 9 बजे जी.टी. रोड पर उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से कम से कम 8 व्यक्ति मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए । उग्रवादी नीले रंग की गाड़ी और एक सफेद मारुति कार में सवार थे । घायलों को मंडी गोबिन्दगढ़ के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

दुर्दांत आतंकवादी मारा गया : फरीदकोट (वार्ता): फरीदकोट जिला के बीड़ सिक्खांवाला तिराहे गांव में आज प्रात: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी दाता राम उर्फ बैरागी मारा गया । फरीदकोट जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने कहा है कि दाता राम 'खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट' का स्वयंभू लै. जनरल था तथा उसकी गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए का इनाम था । पुलिस को पंजाब रोडवेज यूनियन के अध्यक्ष श्री नछत्तर सिंह निरंकारी, नेता धनश्याम सिंह तथा कोरीवाला में दो भाइयों की हत्या एवं फरीदकोट जिले में बारीवाल, दाग़रामना तथा ढिलवां गांव में हुई तीन बैंक डकैतियों में दाता राम की तलाश थी । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 60 जीवित तथा 40 चले हुए कारतूस, 30 बोर का एक माऊज़र, उसकी पांच गोलियां तथा वह स्कूटर बरामद किया गया है, जिस पर आतंकवादी सवार था । इसके अलावा आतंकवादी के पास से 1.10 लाख रुपया भी बरामद हुआ है ।

फरीदकोट से हमारे सम्वाददाता के अनुसार दाता राम उर्फ बैरागी अकाली दल (फेरूमान) के प्रधान महंत सेवा दास सिंह की हत्या करने के लिए जा रहा था । मृतक आतंकवादी मोगा थाना के अधीन काहनसिंह वाला का निवासी था ।

जूनियर इंजीनियर की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने आज प्रात: मजीठा पुलिस जिलाके बुटारी गांव में बिजली बोर्ड के एक जूनियर इंजीनियर श्री जगदीश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि अभी वे स्कूटर पर जी.टी. रोड से सम्पर्क सड़क की ओर मोड़ काटने ही लगे थे कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । श्री जगदीश सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मृतक गांव मल्लियां का रहने वाला था ।

पुलिस ने घटनास्थल से .32 बोर के पिस्तौल के चार खाली कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस ने मामला दर्ज करके लाश का पोस्टमार्टम करवा दिया है । श्री जगदीश सिंह अपने पीछे पत्नी तथा चार बच्चों को छोड़ गए हैं ।

आपसी कलह में आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिले में आतंकवादी गिरोह के अंदरूनी कलह में एक वांछित आतंकवादी राजू की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी गई । उसका शव खेमकरण थाना क्षेत्र के मस्तगढ़ गांव से मिला । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दस चले हुए कारतूस भी मिले ।

घटनास्थल से एक कागज़ बरामद हुआ है जिसके अनुसार उसे लोगों से रुपया वसूलने का जिम्मेदार बताया गया था । समझा जाता है कि मृतक खालिस्तान लिबरेशन संगठन से जुड़ा हुआ था ।

एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि थाना रमदास, अजनाला व जंडियाला के इलाकों में छापे मार कर पुलिस ने एक दर्जन आतंकवादियों तथा उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया है । इनके नाम जगदीश सिंह उर्फ जग्गा (मक्खनविंडी), सरबजीत सिंह (जहांगीर), जसपाल सिंह (गोरेनंगल), शमशेर सिंह (सुधार), महेन्द्र सिंह (जहादपुर), जसबीर सिंह उर्फ जस्सा (नागोके), सुखवंत सिंह उर्फ मुक्खा (सुधार), सरदूल सिंह (नागोके), बलदेव सिंह उर्फ बिट्टू (नागोके), हरबिंदर सिंह (गुज्जरपुरा), बलदेव सिंह (अम्ब कोटला) तथा हरभजन सिंह (गग्गूवाल) बताए जाते हैं । इन आतंकवादियों से एक थ्रीनाट थ्री गन, एक मैगज़ीन, एक दोनाली बंदूक, तीन पिस्तौल व अलग-अलग किस्म के कारतूस बरामद किए गए हैं । ये आतंकवादी लूटपाट व फिरौतियां वसूल करने की वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

एक और काबू : अमृतसर जिला पुलिस ने बलविंदर सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया तथा उससे एक पिस्तौल व पांच कारतूस बरामद किए ।

पैट्रोल पम्प लूटा : दो सशस्त्र आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले में लोपोके थाना के अंतर्गत चकवाल गांव में एक पैट्रोल पम्प से 3750 रुपए लूट लिए ।

मठभेड़ के बाद उग्रवादी काबू : जालंधर जिले के पास गांव के निकट एक मठभेड़ के बाद पुलिस ने कल रात एक आतंकवादी को धर दबोचा। गिरफ्तार आतंकवादी अमरीक सिंह के पास से .32 बोर की एक पिस्तौल बरामद की गई । उसका साथी सतपाल उर्फ सत्ती भाग निकला ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फरीदकोट जिला के गांव बीड़ सिक्खांवाला तिराहे के निकट बुधवार को मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी दाता राम उर्फ बैरागी तथा (नीचे) उसके 47 असाल्ट राइफल, जीवित कारतूस तथा धन राशि ।

पंजाब में आतंकवादियों के हाथों मारे लोगों के परिवारों के एक-एक सदस्य

होशियारपुर, 6 सितम्बर (अश्विनी): पंजाब में अब तक आतंकवादियों के हाथों मारे गए 723 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे दी गई है। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज हमारे सम्वाददाता को बताया कि सरकारी नौकरियों के लिए 1319 लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए थे । 593 लोगों को पद रिक्त न होने के कारण अभी तक सरकारी सेवा में नहीं लिया जा सका । अमृतसर में 349, भटिंडा में 6, फरीदकोट में 15, फिरोज़पुर में 12, गुरदासपुर में 113, होशियारपुर में 13, जालन्धर में 40, कपूरथला में 18, लुधियाना में 9, पटियाला में 7, रोपड़ में 8 व संगरूर में 3 लोगों को सरकारी सेवा में लेने के लिए जिलाधीशों से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है ।

प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के हाथों मारे गए लोगों की 1257 विधवाओं ने 250 रुपए मासिक पैंशन लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे, इनमें 715 विधवाओं की पैंशन मंजूर कर दी गई है, 351 प्रार्थना पत्र रद्द कर दिए गए जबकि 191 केसों का अभी निर्णय किया जाना है ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में आतंकवादियों के हाथों मारे गए 4815 लोगों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए की एक्सग्रेशिया सहायता देने के मामलों पर विचार करने के पश्चात् 3722 लोगों के परिवारों को यह सहायता वितरित कर दी गई, जबकि 992 केसों पर विचार नहीं किया गया, अब केवल 101 मामलों पर निर्णय लिया जाना शेष है । अजनाला तहसील के 23 केसों के सम्बन्ध में अभी तक बिहार सरकार से मृतकों के वारिसों के नाम न आने के कारण कोई निर्णय नहीं लिया जा सका ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए लोगों की 729 विधवाओं में से एल.आई.जी. मकान लेने के लिए 277 विधवाओं ने प्रार्थना पत्र दिए थे, इनमें से 90 को मकान अलाट कर दिए गए हैं, जबकि 3 दिए गए । 150 विध मकान उपलब्ध न होने के अलाट नहीं किए जा सके पंजाब हाऊसिंग बोर्ड ने भी एल.आई.जी. मकान अला 24 लोगों को रियायती मकान उपलब्ध करवाए बोर्ड ने भी अन्य 9 एल.आई.जी. मकान सस्ते हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकार हुए 135 परिवार प्लाटों, दुकानों व बूथों की पत्र दिए थे, जो अभी त सके । इस सम्बन्ध में कार्रवाई करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं ।

बी.एस.एफ. की बटालियनों का

हजारीबाग, 6 सितम्ब और पाकिस्तान की सीमाओं सीमा सुरक्षा बल की कुछ गठन किया जाएगा । सीमा महानिदेशक टी. अर्जनधा संवाददाताओं को बताया कि का काम घुसपैठ रोकने के लि योजना के तहत किया जा र 1986-87 में शुरू की कि सीमाओं पर तैनात बल से भी लैस किया जा चुका भारत-पाकिस्तान सीमा राजस्थान में गश्ती दलों सतर्क करने के लिए अलार्म

सिद्धार्थ शंकर रे राजनीति में फिर खड़े होने के लिए देवी लाल को निशाना बना रहे हैं : गुप्ता

चंडीगढ़, 6 सितम्बर (एन.एस. परवाना): हरियाणा के उप मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता ने विचार व्यक्त किया है कि पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने राजनीतिक तौर पर फिर से खड़े होने के लिए भारत बंद की आड़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल को बेकार में निशाना बना रहे हैं ।

आज यहां उन्होंने कहा कि श्री रे किसी विशेष राजनीतिक उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री की चमचागिरी करने और अपने नम्बर बनाने में लगे हुए हैं । श्री रे को अन्य राज्य के चयनित मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है । उन्होंने श्री रे को परामर्श दिया कि वह हरियाणा में टांग फंसाने की अपेक्षा पंजाब की स्थिति सुधारने की तरफ ध्यान दें । यदि उनको फिर से सक्रिय राजनीति में आने का शौक है तो वह राज्यपाल का पद छोड़ कर मैदान में आएं तथा उनको पता चल जाएगा कि उनकी कितनी लोकप्रियता है ।

इस दौरान हरियाणा जनता दल के पदाधिकारियों तथा जिला इकाइयों के प्रधानों की कल हुई बैठक में पास किए गए प्रस्ताव के माध्यम से श्री रे तथा हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह की तरफ से श्री देवी लाल को पत्र लिखे जाने की कड़ी आलोचना की गई व कहा गया कि जिन लोगों ने स्वयं कभी संविधान का पालन नहीं किया, वे दूसरों को उपदेश दे रहे हैं । एक अन्य प्रस्ताव द्वारा भारत बंद के दौरान शांति बनाए रखने व बंद को सफल करने के लिए राज्य की जनता का धन्यवाद किया गया है । बैठक में मृत्यु पर चिंता व्यक्त की गई तथा कहा गया कि केंद्र ने गन्ने की कीमत बहुत कम तय की है । चीनी के मूल्यों में वृद्धि पर भी चिंता व्यक्त की गई ।

श्री देवी लाल के 75वें जन्मदिन 25 सितम्बर को नई दिल्ली में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने बारे भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया ।

97 अफगान विद्रोही मारे गए

काबुल, 6 सितम्बर (प.स.): सरकारी अफगान सेनाओं ने कल खोस्त जिले और पूर्वी प्रांत नांगरहार में विद्रोहियों के ठिकानों पर तोपों और राकेटों से जबाबी हमला शुरू करके 97 विद्रोहियों का सफाया कर दिया तथा इससे 108 विद्रोही घायल हो गए । आधिकारिक सैनिक सूत्रों ने बताया कि विद्रोहियों ने खोस्त जिले की सुरक्षा चौकियों तथा आवासीय क्षेत्रों पर ज़बरदस्त गोलाबारी करके एक सैनिक को मार डाला और दो अन्य को घायल कर दिया ।

इस्लामाबाद, (आई.ए.एन.एस.): सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गत जुलाई माह में अफगानिस्तान की नजीब सरकार के विरुद्ध असफल विद्रोह के सम्बन्ध में 300 के करीब सैनिक अधिकारी कैद कर लिए गए हैं । यहां राजनयिक सूत्रों ने बताया है कि विद्रोह के सम्बन्ध में मुजाहिदीन के दो गुटों ने अफगानिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रतिद्वन्द्वी धड़े से भी सम्पर्क किया था, पर सत्तारूढ़

कश्मीर वि. वि. में छापा : आतंकवादियों के सरगना गिरफ्तार

श्रीनगर, 6 सितम्बर (प.स.): पुलिस ने कश्मीर विश्वविद्यालय परिसर में छापा मारकर दो छात्रों को गिरफ्तार किया है । विश्वास किया जाता है कि यह दोनों छात्र पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों के सरगना थे तथा कश्मीर घाटी में तोड़-फोड़ की गतिविधियों में संलिप्त थे । इन छात्रों के पास से भारी

Punjabi Sanatani



फरीदकोट ज़िला के गांव बीड़ सिक्खावाला तिराहे के निकट बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी बाता राम उर्फ बैरागी तथा (नीचे) उसके पास से बरामद ए.के. 47 असाल्ट राइफल, जीवित कारतूस तथा धन राशि । (छाया : जिन्दल)

पंजाब में आतंकवादियों के हाथों मारे गए 723 लोगों के परिवारों के एक-एक सदस्य को नौकरी

होशियारपुर, 6 सितम्बर (अश्विनी): पंजाब में अब तक आतंकवादियों के हाथों मारे गए 723 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे दी गई है। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज हमारे सम्वाददाता को बताया कि सरकारी नौकरियों के लिए 1319 लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए थे । 593 लोगों को पद रिक्त न होने के कारण अभी तक सरकारी सेवा में नहीं लिया जा सका । अमृतसर में 349, भटिंडा में 6, फरीदकोट में 15, फिरोज़पुर में 12, गुरदासपुर में 113, होशियारपुर में 13, जालन्धर में 40, कपूरथला में 18, लुधियाना में 9, पटियाला में 7, रोपड़ में 8 व संगरूर में 3 लोगों को सरकारी सेवा में लेने के लिए जिलाधीशों से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है ।

प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के हाथों मारे गए लोगों की 1257 विधवाओं ने 250 रुपए मासिक पैंशन लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे, इनमें 715 विधवाओं की पैंशन मंज़ूर कर दी गई है, 351 प्रार्थना पत्र रद्द कर दिए गए जबकि 191 केसों का अभी निर्णय किया जाना है ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में आतंकवादियों के हाथों मारे गए 4815 लोगों के परिवारों को 20-20 हज़ार रुपए की एक्सग्रेशिया सहायता देने के मामलों पर विचार करने के पश्चात् 3722 लोगों के परिवारों को यह सहायता वितरित कर दी गई, जबकि 992 केसों पर विचार नहीं किया गया, अब केवल 101 मामलों पर निर्णय लिया जाना शेष है । अजनाला तहसील के 23 केसों के सम्बन्ध में अभी तक बिहार सरकार से मृतकों के वारिसों के नाम न आने के कारण कोई निर्णय नहीं लिया जा सका ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए लोगों की 729 विधवाओं में से एल.आई.जी. मकान लेने के लिए 277 विधवाओं ने प्रार्थना पत्र दिए थे, इनमें से 90 को मकान अलाट कर दिए गए हैं, जबकि 37 के प्रार्थना पत्र रद्द कर दिए गए । 150 विधवाओं को एल.आई.जी. मकान उपलब्ध न होने के कारण अभी तक मकान अलाट नहीं किए जा सके । प्रवक्ता के अनुसार पंजाब हाऊसिंग बोर्ड ने भी 95 विधवाओं को मुफ्त एल.आई.जी. मकान अलाट किए हैं, इसके अलावा 24 लोगों को रियायती मूल्यों पर एल.आई.जी. मकान उपलब्ध करवाए गए हैं । पंजाब हाऊसिंग बोर्ड ने भी अन्य 90 प्रभावित लोगों को एल.आई.जी. मकान सस्ते मूल्यों पर अलाट कर दिए हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए 135 परिवार ने आवासीय व व्यापारिक प्लाटों, दुकानों व बूथों की अलाटमैंट के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे, जो अभी तक अलाट नहीं किए जा सके । इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के आदेश राज्य सरकार द्वारा पहले ही जारी किए जा चुके हैं ।

बी.एस.एफ. की कुछ और नई बटालियनों का गठन होगा

हजारीबाग, 6 सितम्बर (प.स.): बंगला देश और पाकिस्तान की सीमाओं से घुसपैठ रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल की कुछ और नई बटालियनों का गठन किया जाएगा । सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक टी. अनंतधारी ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि नई बटालियनों के गठन का काम घुसपैठ रोकने के लिए तैयार पंचवर्षीय कार्य योजना के तहत किया जा रहा है । कार्य योजना वर्ष 1986-87 में शुरू की गई थी । उन्होंने बताया कि सीमाओं पर तैनात बल को अत्याधुनिक हथियारों से भी लैस किया जा चुका है । उन्होंने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर पंजाब, कश्मीर और राजस्थान में गश्ती दलों को घुसपैठियों के विरुद्ध सतर्क करने के लिए अलार्म लगा दिए गए हैं ।

पाकिस्तान ने कश्मीर का मु
निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में

अफगान विद्रोहियों की सरकार को काबुल की जगह गुट निरपेक्ष आंदोलन

नेपाल नरेश ने वर्तमान गतिरोध के लिए भारत

बेलग्रेड, 6 सितम्बर (वार्ता): पाकिस्तान ने आज कश्मीर का मुद्दा नौवें गुट निरपेक्ष सम्मेलन में उठाया और कहा कि कश्मीर प्रश्न को शिमला समझौते की शब्दावली और भावना के अनुरूप तथा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाए ।

गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पाकिस्तान की वरिष्ठ मंत्री श्रीमती नुसरत भुट्टो ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्म-निर्णय के अधिकार का प्रयोग करने दिया जाए ।

श्रीमती भुट्टो ने भारत और पाकिस्तान के बीच गत दिसम्बर में हुए एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला न करने के समझौते को महत्वपूर्ण करार दिया ।

श्रीमती भुट्टो के भाषण में अफगानिस्तान विरोधी भावनाएं भी व्यक्त की गईं, जिस पर अनेक प्रतिनिधिमंडलों ने आश्चर्य प्रकट किया । उन्होंने भाषण का अधिकतर हिस्सा अफगान राष्ट्रपति द्वारा अमरीका और पाकिस्तान पर लगाए गए आरोपों का उत्तर देने में लगाया ।

श्रीमती भुट्टो ने अफगान राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार करार दिया । उन्होंने सोवियत संघ पर काबुल की "अस्वीकार्य सरकार" को कायम रखने के लिए बड़े पैमाने पर सैनिक सप्लाई देने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि काबुल की सरकार को एक हमलावर से मिलकर अफगानिस्तान के राजनीतिक भविष्य से खिलवाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है ।

अफगानिस्तान और ईरान-ईराक मुद्दों पर शाब्दिक युद्धों के कारण गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन का शांत वातावरण भंग हो गया ।

बेगम नुसरत भुट्टो ने गुट निरपेक्ष सम्मेलन से पेशावर में कार्यरत अफगान विद्रोहियों की अंतरिम सरकार को काबुल सरकार की जगह गुट निरपेक्ष आंदोलन का सदस्य बनाने की मांग की । उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति प्रो. सिबगतुल्ला मुजद्ददी ने उनके माध्यम से गुट निरपेक्ष आंदोलन की सदस्यता के लिए अनुरोध भेजा है । इस पर विचार करना चाहिए ।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में इस्लामी सम्मेलन संगठन में अफगान विद्रोहियों की अंतरिम सरकार को सीट दिलाने में पाकिस्तान ने मदद की थी ।

अफगानिस्तान के प्रति जिया प्रशासन की नीति का ही अनुसरण करते हुए बेगम नुसरत भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का कोई भी सैनिक अफगानिस्तान की धरती पर मौजूद नहीं है ।

उन्होंने कहा कि नए पैनल बनाने या मध्यस्थों को बीच में लाने की बजाय शिखर सम्मेलन को चाहिए कि वह अफगान समस्या के समाधान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयत्नों का अनुमोदन करे ।

पाकिस्तान लगभग हर गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है लेकिन भारत ने अपने इस स्टैंड के अनुरूप कि द्विपक्षीय मामले सम्मेलन में नहीं उठाए जाने चाहिएं, कभी पाकिस्तान से दलीलबाजी नहीं की ।

कल रात नेपाल नरेश वीरेन्द्र ने भी भारत-नेपाल संबंधों में वर्तमान गतिरोध के लिए

भारत द्वारा पाक से प्रोटैस्ट

बैलग्रेड, 6 सितम्बर (वार्ता): गुट निरपेक्ष मंच पर पाकिस्तान द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर भारत ने आज विरोध प्रकट किया । भारत के विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने पाकिस्तान के विदेशमंत्री साहबज़ादा याकूब खां से यह विरोध मौखिक रूप में व्यक्त किया । विरोध 'उचित ढंग' से व्यक्त किया गया क्योंकि भारत गुट निरपेक्ष मंच पर जवाब दे कर इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहता ।

पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की नेता बेगम नसरत भुट्टो द्वारा पूर्ण अधिवेशन में भाषण समाप्त किए जाने के बाद श्री नटवर सिंह तुरंत श्री याकूब खां से मिले ।

राजीव-विजयरत्ने में महत्वपूर्ण वार्ता

बैलग्रेड, 6 सितम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी और श्रीलंका के विदेश मंत्री रंजन विजय रत्ने के बीच यहां आज हुई बातचीत के परिणामस्वरूप श्रीलंका से भारतीय शांति सेना की वापसी के मामले पर दोनों देशों के बीच मतभेद कम हुए हैं । दोनों नेताओं के बीच हुई चालीस मिनट की बातचीत के बाद एक सरकारी प्रवक्ता ने सम्वाददाताओं से कहा कि बातचीत से हुई प्रगति संतोषजनक है । प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका के साथ बातचीत विभिन्न स्तरों पर जारी है ।

प्रवक्ता के अनुसार श्री गांधी और श्री

अगले आम चुनावों
जीतने की आशा

बोस्टन, 6 सितम्बर (आई.ए.एन.एस.): भारत के रेल राज्यमंत्री श्री माधव राव सिंधिया ने आशा व्यक्त की है कि आगामी आम चुनावों में कांग्रेस (इ) जीत जाएगी क्योंकि पिछले चार वर्षों में सरकार की कारगुजारी बढ़िया रही है तथा इसके अतिरिक्त विपक्षी खेमे में पूरी तरह से अव्यवस्था व्याप्त है । मास्च्यूसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों के एक दल को कल यहां सम्बोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस (इ) अभी भी सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाली पार्टी है तथा वह धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत एवं समाजवादी आर्थिक दर्शन में विश्वास रखती है ।

श्री सिंधिया ने कहा कि इंका की चुनाव रणनीति एकदम स्पष्ट है । इसमें बढ़िया रिकार्ड, जवाहर रोजगार योजना तथा ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं निगमों को सत्ता सौंपने पर जोर दिया गया है । भारत में प्रिंट न्यूज मीडिया की विश्वसनीयता एवं प्रामाणिकता के संदर्भ में पूछे गए एक प्रश्न के संदर्भ में श्री सिंधिया ने कहा कि भारतीय प्रैस परिषद् पत्रकारिता के लिए समुचित मानदंड निर्धारण एवं उस पर नज़र रखने वाली एक सार्थक संस्था है तथा इसे और अधिक प्रभावी संचालन संस्था बनना चाहिए ।

पंजाब का उल्लेख करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि आतंकवादियों को वहां के लोगों का समर्थन हासिल नहीं है तथा सरकार ने आतंकवाद से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि पाकिस्तान से सम्बन्धों में सुधार के बाद

Punjabi Sanatani

भीषण विनाश होगा । उन्होंने इन आरोपों का खंडन किया कि सेना द्वारा देश में बारूदी सुरंगें बिछाए जाने के कारण अफगान शरणार्थी स्वदेश नहीं लौट रहे हैं । डा. नजीबुल्ला ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना और मुजाहिदीन सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक कारणों से शरणार्थियों को स्वदेश वापसी में बाधा पहुंचा रहे हैं ।

डा. नजीबुल्ला ने कहा कि अगर शरणार्थियों की वापसी में बारूदी सुरंगें बाधक होती तो मुजाहिदीन अफगानिस्तान में प्रवेश और हमला नहीं कर पाते । उन्होंने अमरीका से अफगानिस्तान के प्रति अपनी नीतियों का पुनः मूल्यांकन करने का अनुरोध किया ।

डा. नजीबुल्ला ने कहा कि अमरीका राजनीतिक समाधान का समर्थन करके उनके देश में पुनः शांति बहाल करने में योगदान दे सकता है ।

सम्मेलन में आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने इन आरोपों का खंडन किया । प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अफगानिस्तान अपने आरोपों की पुनरावृत्ति कर 'सच्चाई की कमी' की क्षतिपूर्ति करना चाहता है ।

गद्दाफी का भाषण : लीबिया के नेता मुअम्मर गद्दाफी ने शिखर सम्मेलन को कल संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि अमरीकी डालर को नष्ट कर देना चाहिए और यहूदियों को फिलस्तीन से हटा कर कहीं और बसाया जाना चाहिए । कर्नल गद्दाफी ने सम्मेलन में भाग ले रहे 102 सदस्य देशों के प्रत्येक नेता के भाषण के लिए 20 मिनट का समय निश्चित होने के बावजूद 85 मिनट तक भाषण दिया । उनके भाषण से प्रतिनिधियों को हंसी भी आई और वे परेशान भी हुए ।

लीबियाई नेता का कहना था कि अमरीकी डालर सबसे बुरी मुद्राओं में से एक है । यह अपने आप में शैतान है, इसे जला दिया जाना चाहिए, इसका कोई वास्तविक मूल्य होना ही नहीं चाहिए । उनका सुझाव था कि यहूदियों को फिलस्तीन से हटा कर फ्रांस और जर्मनी के बीच बसाकर एक 'बफर' देश का गठन किया जाना चाहिए । उन्होंने सवाल किया, "अगर यहूदियों के साथ अमरीका की सहानुभूति है तो वह उन्हें क्यों नहीं अलास्का दे देता है"

सुहार्तो का भाषण : इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुहार्तो ने कहा कि गुट निरपेक्ष आन्दोलन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महाशक्तियों के बीच तनाव शैथिल्य से उत्पन्न परिवर्तनों के अनुकूल बनना चाहिए ।

वैचारिक सीमाओं को तोड़कर पैर रहा है । श्री सुहार्तो ने कहा कि इन परिवर्तनों का मुकाबला करने के लिए आंदोलन को अपने आशय का मूल्यांकन करना होगा तथा भावी कार्रवाइयों और भूमिका को इसके अनुकूल बनाना होगा ।

भूटान नरेश का भाषण : भूटान नरेश जिगमे सिंगे वांगचुक ने कहा कि विकासशील देशों पर विकसित देशों के ऋण का बोझ और विकासशील देशों के संसाधन विकसित देशों में चले जाने से छोटे राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है ।

डाक कर्मचारियों का धरना

नई दिल्ली, 6 सितम्बर (प.स.): भारतीय डाक कर्मचारी संघ, पोस्टमैन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने आज अपनी दस सूत्री मांगों के समर्थन में देश व्यापी स्तर पर मुख्य डाकघर कार्यालयों के बाहर धरना दिया ।

जम्मू-कश्मीर का एक पतंग विक्रेता अपनी पतंगों पर अंकित सर्वधर्म समभाव के संदेश को प्रदर्शित करते हुए । (छाया : पी.टी.आई.)

निगम कर्मचारियों के विभागों में तबदीली पर विचार

लुधियाना, 6 सितम्बर (नेपाल): पता चला है कि नगर निगम आयुक्त बहुत से कर्मचारियों के विभागों में तबदीली करने पर विचार कर रहे हैं तथा इस बात की सम्भावना है कि परिवर्तनों की यह सूची शीघ्र ही जारी हो जाएगी ।

बताया गया है कि कई कर्मचारी काफी काफी अरसे से एक ही विभाग में बैठे हैं । हर कर्मचारी बिल्डिंग ब्रांच में तबदीली को अधिमान देता है । दूसरे नम्बर पर गृह-कर ब्रांच, तीसरे नम्बर पर इंजीनियरिंग ब्रांच में, चौथे नम्बर पर लेखा ब्रांच में जाने को अधिमान देता है और पांचवें नम्बर पर स्वास्थ्य ब्रांच में । निगमायुक्त इस सम्बन्ध में संयुक्त आयुक्त को भी पूर्ण विश्वास ले रहे हैं ।

कार्यालय, कमांडेंट, 48वीं बटालियन, सी.आर.पी.एफ., हुमहामा, श्रीनगर

नीलाम सूचना

न.ए-IV-1/89-90-क्य-48, दिनांक 12 अगस्त, 89 : निम्नलिखित कंडम वाहनों की सार्वजनिक नीलामी बटालियन हैडक्वार्टर्ज-48 बटालियन सी.आर.पी.एफ. हुमहामा, श्रीनगर (जे. एंड के.) में **15.9.89** को सुबह 10.30 बजे आयोजित की जाएगी ।

1. कंडम क्लोदिंग/ई.आई.सी.
2. इक्विपमैंट स्टोर्ज
3. आर्मनल स्टोर्ज
4. टैंटेज
5. फर्नीचर लकड़ी
6. बर्तन आइटमें
7. एम.टी. स्पेयर पार्ट्स/टायर-ट्यूबें, बैटरियां आदि
8. जला हुआ तेल
9. 16 एम.एम. प्रोजैक्टर
10. अन्य फुटकर स्टोर यथा जी.आई.ए./बी.डब्ल्यू.एफ./कैंटीन आदि ।

II. सभी इच्छुक पार्टियों/ठेकेदारों से प्रार्थना है कि वे बट. हैड.क्वा., 48वीं, बट. सी.आर.पी..एफ. हुमहामा, श्रीनगर (जे. एंड के.) में निर्दिष्ट तिथि और समय को नीलामी में भाग लें । सभी बोलीदाताओं को 2000/- रुपए (केवल दो हजार रुपए) सिक्योरिटी राशि के रूप में जमा कराने होंगे और अपने नाम अधिकारी मंडल के पास नीलामी की तिथि को, नीलामी आरम्भ होने से पहले नीलामी में भाग लेने के योग्य बनने के लिए जमा कराने होंगे । सिक्योरिटी राशि नीलामी की समाप्ति के बाद असफल बोलीदाताओं को लौटा दी जाएगी ।

III. स्टोर्ज को उच्चतम बोलीदाताओं को उसी तिथि को पूरी राशि नकद चुकाने पर नीलाम किया जाएगा । सफल बोलीदाताओं को अपने खर्च और जोखिम पर कंडम स्टोर्ज को 24 घंटे के अन्दर उठाना होगा । नीलामी के बाद खरीदा हुआ छोड़े गए ऐसे कार्य को यूनिट द्वारा नहीं लिया जाएगा । बिक्री कर, जैसा कि लागू होगा, खरीदार द्वारा बिक्रीकर अधिकारियों के पास स्टोर्ज का कब्जा लेने से पहले जमा कराना होगा ।

IV. यदि सफल बोलीदाता निर्धारित समय में पूरी राशि जमा कराने और कंडम स्टोर को उठाने में असफल रहता है तो सारी सिक्योरिटी राशि जब्त कर ली जाएगी ।

V. अंतिम बोली के निर्णय संबंधी सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास आरक्षित है ।

कि प्रस्तावित कोष में मुख्य अंशदान करने वाले विकसित देशों का इसके प्रति क्या रुख रहता है । इन सूत्रों के मुताबिक पर्यावरण संबंधी शिखर दस्तावेज में कोष प्रस्ताव के कुछ हिस्सों को शामिल किए जाने की सम्भावना है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी और वियतनाम के प्रधानमंत्री श्री वोंग के बीच आज हुई भेंट में आधे घंटे तक कम्बोडिया के मामले पर बातचीत हुई । मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने यह महसूस किया कि पैरिस के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई । इन नेताओं ने कम्बोडिया में हुए नरसंहार की निन्दा पर सहमत न होने के कारण गतिरोध उत्पन्न हुआ है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज यहां भूटान नरेश जिग्मे सिंघे वांगचुक से नाश्ते पर मुलाकात की । सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समक्ष मौजूदा समस्याओं पर बातचीत की ।

बैरागी मुठभेड़ में मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

चार उग्रपंथी पकड़े :फिल्लौर (भाखड़ी) : यहां के इलाका जगतपुरा के एक बहादुर व्यक्ति सुखदेव उर्फ छिंदा ने एक आतंकवादी को पिस्तौल और गोली-सिक्के सहित दबोच लिया । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गत सायं भाग मल के घर एक आतंकवादी घर की दीवार फांद कर उसके घर में दाखिल हो गया और पिस्तौल दिखा कर लूटने का प्रयत्न करने लगा लेकिन भाग मल के लड़के सुखदेव ने उस आतंकवादी को दबोच लिया व उसका पिस्तौल छीन लिया । बाद में जगतपुरा इलाका के लोगों ने उक्त आतंकवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । बाद में उक्त आतंकवादी के तीन अन्य साथी भी गिरफ्तार किए गए । बाद में तलाशी के मध्य उक्त आतंकवादी के बूटों में से भी गोलियां बरामद की गईं । पुलिस इन आतंकवादियों से आगे जांच कर रही है और कई अन्य घटनाओं का सुराग लगाने की सम्भावना है ।

दो उग्रवादी पकड़े गए : लुधियाना पुलिस ने दो आतंकवादियों परमजीत सिंह तथा जोगेंद सिंह को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से दो पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि लगभग दस बजे फगवाड़ा-नकोदर सड़क पर सरहाली गांव के निकट एक डेरे के निकट आतंकवादियों व सुरक्षा बलों में लगभग आधा घंटा तक कड़ा मुकाबला हुआ व दोनों तरफ से भारी फायरिंग की गई । पता चला है कि इस फायरिंग में 250 से ज्यादा गोलियां चलीं,लेकिन आतंकवादी सम्भवतः अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले । पुलिस ने डेरे के प्रमुख गुरचरण सिंह, उसके भानजे संतोख सिंह व एक नौकर मोहन राम को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है,जबकि उनकी जीप कब्जे में ले ली है । गुरचरण सिंह के परिवार वालों ने वीरान व सुनसान क्षेत्र में नहर के पुल के पास स्थित अपने डेरे में इस संवाददाता को आज प्रातः बताया कि फायरिंग के समय हम सब अपने कमरों में सो रहे थे कि अचानक पुलिस दीवारें फांद कर डेरे में दाखिल हो गई व हमारे परिवारजनों को जबरी व अकारण हिरासत में लेकर गुरदासपुर ले गई । अभी तक इस बात की कोई निश्चित जानकारी नहीं मिली है कि फायरिंग में कोई जानी क्षति हुई है या नहीं ?

मीट के खोखे जला दिए : गुरुहरसहाय (भंडारी): गत रात यहां पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मीट के दो खोखे जला दिए । यह घटना रात डेढ़ बजे हुई । आसपास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया । पुलिस ने दोषियों की खोज शुरू कर दी है ।

शाम के भाव–(6 सितम्बर, एल.एल.एम.)

दिल्ली कलाथ 53.00, रिवायन 104.75, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6615, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7115, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम)3020, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3150, मिल डिलिवरी : वनस्पति व.पी. (प्रति टीन) 376-385, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 381-385, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 184.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 210, मूंगफली तेल (10 किलो) 245, तिल तेल (10 किलो) 206, तेल बिनौला (10 किलो) 208, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 170, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 122, सरसों बारदाश (20 किलो) नवं. 138.00, पीपरमैंट फलैक (प्रति किलो) सित. 350, पीपरमैंट फलैक दिवाली 360 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एल.एल.एम.) ए.सी.सी. 278.00, आंध पीमैंट 8.50, अशोको टायर 133.00 (5/9), एशियन होटल 60.00 (5/9), बिदल एग्रो 119.50, डी.सी.एम. लि. 53.00, डी.सी.एम. टोयोटा 11.50, ईस्ट इंडिया होटल 57.50 (31/8), एक्सर्ट्स 81.00, एस्सर शिपिंग 27.00, फूड स्पैशलिटीज 163.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 113.00, गुजरात नर्मदा 38.00, एच.एम.एम. लि. 196.00, हीरो होंडा 19.50, हिन्द. एल्युमीनियम 273.00 (5/9), हिन्द. सीमेंट 100.50,

आतंकवादियों ने बुधवार प्रातः मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत बुट एक जूनियर इंजीनियर श्री जगजीत सिंह की गोली मार कर हत्या घटनास्थल पर श्री जगजीत सिंह की लाश तथा निकट ही उनका स्कू का क्लोजअप और (नीचे) उनके परिवार वाले विलाप करते हुए

जी भर के लूट रहे हैं 'सहा के प्रकाशक और अध्यापक

जालन्धर, 6 सितम्बर (डल्ल): लुधियाना से पंजाब केसरी कार्यालय में आए एक पत्र में स्कूली बच्चों को गाइडें वगैरा थोप कर स्कूलों के प्रिंसीपलों, हैड मास्टरों आदि द्वारा कथित रूप से जो लूटमार जैसी कमाई किए जाने के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं, यदि वे सच हैं तो निश्चय ही यह शिक्षा विभाग के लिए चिन्ता का विषय है और उसे इस बुराई की समाप्ति के लिए कोई व्यावहारिक एवं ठोस पग उठाना ही चाहिए ।

उक्त पत्र के अनुसार यह स्कूल प्रमुख इन गाइडों पर 20 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक कमीशन कमा रहे हैं । विवरण में बताया गया है कि 10+1 व 10+2 के 600 छात्र हों तो प्रत्येक छात्र को 5 विषयों की पांच सहायक पुस्तकें लगवाई जाती हैं जिनकी कुल संख्या 30000 पुस्तकें और प्रति सहायक पुस्तक की 50 रुपए कीमत के हिसाब से कुल 150000 रुपए बनती है, जिसका 20 प्रतिशत कमीशन 30000 रुपया बनता है ।

इसी प्रकार 9वीं व दसवीं के कुल 800 छात्रों को प्रति छात्र 9 सहायक पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है और प्रति पुस्तक 25 रुपए कीमत के हिसाब से कुल कीमत 180000 रुपए बनती है जिसका 20 प्रतिशत कमीशन 36000 रुपए होता है । मिडल कक्षा के 600 छात्रों को प्रति छात्र 6 सहायक पुस्तकें लगवाकर 20 रुपए प्रति पुस्तक की 72000 रुपए 14400 रुपए 80000 रुपए

पत्र के अनुसा फर्क हो सकता है सकता है ।

नगर निगम कर्मचारियों की विधवाओं को सिलाई मशीनें

लुधियाना, 6 सितम्बर (नेपाल): गत दिवस भारतीय मजदूर संघ की ओर से निगम के तीन कर्मचारियों की विधवाओं को नगर निगम के कमिश्नर श्री बी.के. श्रीवास्तव के हाथों से एक-एक सिलाई मशीन दिलाई गई । यह जानकारी देते हुए संघ के सैक्रेटरी श्री नागेश्वर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने विश्वास दिलाया कि इन विधवाओं की वह हर प्रकार की सहायता करेंगे ।

श्री गजराज प्रजापति ने इस अवसर पर घोषणा की कि यूनियन ने निर्णय किया है कि भविष्य में भी जो कर्मचारी किसी दुर्घटना में मारा जाएगा, उसकी विधवा को एक सिलाई मशीन भेंट की जाएगी ताकि वह सिलाई करके अपने परिवार का गुजारा कर सके ।

मंडियों में धान की आवक शुरू

लुधियाना, 6 सितम्बर (नेपाल): यहां अनाज मंडी में नई फसल के धान की आवक शुरू हो गई है, किन्तु यह आवक अभी बहुत ही कम है । धान की आवक 15 सितम्बर तक बढ़ जाने की सम्भावना है । अभी तक जो धान मंडी में आ रहा, वह ज्यादा गीला होने के कारण केवल शैलर वाले ही 185 रुपए से लेकर 200 रुपए क्विंटल तक खरीद रहे हैं ।

सैनिक पि से

लंदन, 6 सि बगदाद से लगभग के निकट सैन्य अ एक भयानक वि लगभग 700 समाचार पत्र ने अ से एसोसिएटेड प्रै में 2500 लोगों

प्रैस सैंसर

फगवाड़ा, जर्नलिस्ट्स एसो मांग की गई कि जल्द वापिस एसोसिएशन के का प्रदर्शन क एम.डी.एम. फ एस.डी.एम. फगवाड़ा श्री रवी गया ।

चीनी क दी है,

लुधियाना, चीनी की महंगा किन्तु सरकार च लिए प्रभावशाल दिनों में चीनी के आई है । खुली अनुसार 110 कल शाम पहुंच भी महसूस हो अधिकारियों को जानकारी देते 1989 वर्ष में क्विंटल की तेजी सम्भावना है । के भाव में वृद्धि य चीनी मिलों की

Punjabi Sahitya

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्षता वाली आर्थिक समिति के
ी एक में विचार चल रहा है ।
ोष में अंशदान की रकम पर
हैं । भारतीय सूत्रों के अनुसार
र से दुनिया के नाम प्रधानमंत्री
जा गया संदेश है । यह देखना है
में मुख्य अंशदान करने वाले
सके प्रति क्या रुख रहता है ।
वक पर्यावरण संबंधी शिखर
ताव के कुछ हिस्सों को शामिल
वना है ।

व गांधी और वियतनाम के
के बीच आज हुई भेंट में आधे
के मामले पर बातचीत हुई ।
नों नेताओं ने यह महसूस किया
य सम्मेलन में अपेक्षित प्रगति
नेताओं में कम्बोडिया में हुए
पर सहमत न होने के कारण
है ।

व गांधी ने आज यहां भूटान
गचुक से नाश्ते पर मुलाकात
र दोनों नेताओं ने गुटनिरपेक्ष
जूदा समस्याओं पर बातचीत

ुठभेड़ में मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

कड़े :फिल्लौर (भाखड़ी) :
पुरा के एक बहादुर व्यक्ति
एक आतंकवादी को पिस्तौल
त दबोच लिया । पुलिस सूत्रों
सायं भाग मल के घर एक
वार फांद कर उसके घर में
पिस्तौल दिखा कर लूटने का
भाग मल के लड़के सुखदेव
को दबोच लिया व उसका
बाद में जगतपुरा इलाका के
दी को पकड़ कर पुलिस के
में उक्त आतंकवादी के तीन
किए गए । बाद में तलाशी
दी के बूटों में से भी गोलियां
इन आतंकवादियों से आगे
ई अन्य घटनाओं का सुराग
।

ड़े गए : लुधियाना पुलिस
जीत सिंह तथा जोगेंद्र सिंह
तथा उनके कब्ज़े से दो
बरामद किए हैं ।
गत रात्रि लगभग दस बजे
पर सरहाली गांव के निकट
कवादियों व सुरक्षा बलों में
ड़ा मुकाबला हुआ व दोनों
ी गई । पता चला है कि



आतंकवादियों ने बुधवार प्रात: मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत बुटारी गांव में बिजली बोर्ड के एक जूनियर इंजीनियर श्री जगजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । फोटो में (ऊपर) घटनास्थल पर श्री जगजीत सिंह की लाश तथा निकट ही उनका स्कूटर खड़ा है, इनसैट में मृतक का क्लोज़अप और (नीचे) उनके परिवार वाले विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)

जी भर के लूट रहे हैं 'सहायक पुस्तकों' के प्रकाशक और अध्यापक लोगों को

जालन्धर, 6 सितम्बर (ढल्ल): लुधियाना से पंजाब केसरी कार्यालय में आए एक पत्र में स्कूली बच्चों को गाइडें वगैरा थोप कर स्कूलों के प्रिंसीपलों, हैड मास्टरों आदि द्वारा कथित रूप से जो लटमार जैसी कमाई किए जाने के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं, यदि वे सच हैं तो निश्चय ही यह शिक्षा विभाग के लिए चिन्ता का विषय है और उसे इस बुराई की समाप्ति के लिए कोई व्यावहारिक एवं ठोस पग उठाना ही चाहिए ।

उक्त पत्र के अनुसार यह स्कूल प्रमुख इन गाइडों पर 20 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक कमीशन कमा रहे हैं । विवरण में बताया गया है कि 10+1 व 10+2 के 600 छात्र हों तो प्रत्येक छात्र को 5 विषयों की पांच सहायक पुस्तकें लगवाई जाती हैं जिनकी कुल संख्या 30000 पुस्तकें और प्रति सहायक पुस्तक की 50 रुपए प्रति पुस्तक कीमत के हिसाब से कुल कीमत 72000 रुपए बनती है । जिसका कमीशन 14400 रुपए होता है । कुल कमीशन राशि 80000 रुपए बन जाती है ।

पत्र के अनुसार पुस्तकों की कीमत में थोड़ा बहुत फर्क हो सकता है और कमीशन का रेट भी ज्यादा हो सकता है ।

सैनिक परिसर में आग लगने से 2500 मरे

लंदन, 6 सितम्बर (वार्ता): ईराक की राजधानी बगदाद से लगभग 64 किलो मीटर दूर अल हिल्ला के निकट सैन्य औद्योगिक परिसर में पिछले महीने एक भयानक विस्फोट के बाद आग लग जाने से लगभग 700 लोग मारे गए । 'द इंडीपैंडैंट'

Punjab Sanatan

भे

मास्को, 6 सित
पृथ्वी की परिक्रम
केंद्र 'मीर' पर दो अंत
आज तड़के बैकानूर
सोयूज टी.एम.-8
किया ।

इस अंतरिक्ष यान
जाने की सम्भावना
(कप्तान) और अलेक
अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी
लौटने से पहले अपने
वैज्ञानिक परीक्षण
विशेष रूप से निर्मित
जरिए खुले अंतरिक्ष
हैं ।

रे से त्याग

लुधियाना, 6
सुरक्षा समिति की एक
चंद जैन की अध्यक्षत
मांग की गई कि राज्य
क्योंकि राष्ट्रपति राज
भ्रष्टाचार को रोकने में

बोडो हिंस

सेना

गुवाहाटी, 6 सि
नलबारी जिले में तम
दौरान संघर्षों, आगज
होने के बाद नागरिक
सेना बुला ली गई है
रिपोर्टों के अनुसार गड़
थी जब तमुलपुर पुलि
धान मंडी में एक शंकि
लोगों की मृत्यु हो गई
गए । उसके बाद गुटों
गोली चलानी पड़ी,

*पंजाब-हिमाचल ड्राप
संयुक्त एक्शन कमेटी
को जालन्धर में 'ड्राफ्ट्स
करते हुए उनके नेता*

ड्राफ्ट्समैनों
दूसरे दिन

छले कुछ समय से
त्र विक्रेताओं पर
(छाया : पी.टू.)

राजीव
ो मांग

यह पता नहीं चल
लय द्वारा जारी
। पटना उच्च
गनादेश जारी कर
दिल्ली में सुनवाई
लेखी का आवेदन
ने उस पर तब तक
दया, जब तक उन्हें
उच्च न्यायालय का

स.एस. मनोचा ने
जीत सिंह मान के
में सुनवाई दिन
किन्तु उन्हें इसकी
च्च न्यायालय का
उन्होंने कहा कि यह
च्च न्यायालय का
त में इंदिरा गांधी
वाई रोकने के लिए
भागलपुर से दिल्ली

न. लेखी ने जज श्री
याकांड के षड्यंत्र के
रुद्ध साक्ष्य पेश करने
ने यह पता लगाने के
ी केन्द्रीय सरकार में
जीव गांधी और गृह
वाह के रूप में तलब

कि अभियोग एजेंसी
मामले की सुनवाई में
कहा कि भागलपुर के
दिरा गांधी हत्याकांड

सीमा सुरक्षा बल के 2 जवानों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या

2 जवान घायल : एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

बब्बर खालसा के 2 आतंकवादियों सहित 3 मरे

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (वा., प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गए । सीमा सुरक्षा बल के 2 जवानों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई,जबकि 2 जवान सख्त घायल हो गए । एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया गया ।

दो जवानों की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने कल रात भारत-पाक सीमा क्षेत्र के वल्टोहा थानांतर्गत गांव ठट्ठी जैमल सिंह के निकट एक नाला के पुल पर सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया, जिससे दो जवान मारे गए और दो गंभीर रूप से घायल हुए । मरने वालों के नाम लांस नायक चंद्र गोयल और कांस्टेबल रतन चंद हैं ।

पुलिस ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल का गश्ती दल पुल पर अपनी नियमित नाका ड्यूटी पर था, तभी लगभग आठ आतंकवादियों ने गोलियां चला कर दो जवानों को मार डाला । घायल कांस्टेबल केसर सिंह और राजू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

आतंकवादी मारा गया : इस बीच आज तड़के वेरका थानांतर्गत कटियां गांव के निकट सुरक्षा दस्तों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके पास से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले । मृतक आतंकवादी का एक साथी बच कर भाग निकला ।

तरनतारन पुलिस जिले के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ने बताया है कि सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी उग्रवादियों के हमले से बाल-बाल बच गए । उन्होंने बताया कि उग्रवादियों का उद्देश्य बड़े अधिकारियों को मारना था, जिनके अग्रिम चौकियों के निरीक्षण के लिए इस मार्ग से गुजरने की आशा थी । ये अधिकारी किसी दूसरे मार्ग से लौट गए ।

श्री बलदेव सिंह ने बताया कि वहां कुछ श्रमिक और एक चौकीदार नाले की मुरम्मत का कार्य कर रहे थे । उग्रवादियों ने उन्हें भगा दिया और उनके फावड़े लेकर श्रमिकों के भेस में उग्रवादी तब तक कार्य करते रहे, जब तक सुरक्षा कर्मी वहां पहुंच नहीं गए ।

दो किसानों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला में भूरचंद गांव में आतंकवादियों ने दो किसानों की गोलियां मार कर हत्या करदी । मृतकों के नाम मुख्तार सिंह तथा गुरदेव सिंह बताए गए हैं ।

मृतक आतंकवादी थे : एक अन्य सूचना में कहा गया है कि मुख्तार सिंह और गुरदेव सिंह बब्बर खालसा के सदस्य थे और उनकी मौत आतंकवादियों की आपसी लड़ाई का परिणाम है । उनकी गोलियों से छलनी लाशें आज प्रातः खेत में पड़ी मिलीं ।

पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि मुख्तार सिंह उर्फ मन्ना और गुरदेव सिंह का पता उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था और उन्हें भिखीविंड-हरिके सड़क की ओर ले गए और उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से इंटरनैशनल बब्बर खालसा का किसी सुखदेव सिंह द्वारा हस्ताक्षरित पत्र मिला है, जिसमें हत्याओं की जिम्मेवारी ली गई है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : कल रात थाना पट्टी के अंतर्गत आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया,लेकिन चौकी के जवानों द्वारा डटकर जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए ।

मां-पुत्र की हत्या : आतंकवादियों के एक गुट ने अमृतसर जिला के कंडियाला गांव में शिंगारा सिंह नामक एक पूर्व सैनिक के घर में घुस कर गोलियां बरसा कर उसकी व उसकी माता अजीत कौर की हत्या कर दी ।

पैट्रोल पम्प पर हत्या : फाजिल्का (ल): जिला गंगानगर में रावतसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पैट्रोल पम्प कर्मचारी ओम प्रकाश की कुछ व्यक्तियों ने उस समय हत्या कर दी, जबकि वह पैट्रोल पम्प के बाहर सो रहा था । हत्यारे उसकी जेब से पांच हजार रुपए के करंसी नोट भी ले गए ।

25 बंगलादेशी गिरफ्तार : श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने 25 बंगलादेशियों को गिरफ्तार किया है,जिनमें 17 पुरुष, 3 स्त्रियां व 5 बच्चे हैं । यह लोग सीमा पार करके पाकिस्तान में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे ।

हैंड ग्रेनेड व डैटोनेटर बरामद : होशियारपुर (अश्विनी): गत रात्रि सदर पुलिस ने देओवाल ग्राम के एक नवयुवक मलकीयत उर्फ मीत को गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से एक एच.ई.36 हैंड ग्रेनेड व एक डैटोनेटर बरामद किया गया ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना जिला पुलिस ने गांव घंघराली के निकट एक मुठभेड़ के बाद स्वर्ण सिंह तथा मोहन सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक नौ एम.एम. का हथियार व कुछ कारतूस बरामद हुए । लुधियाना जिला में एक व्यक्ति हरजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक चोरी की मारुति कार बरामद की गई ।

जालंधर पुलिस ने दर्शन सिंह और उसके नौकर को गिरफ्तार किया । एक अन्य घटना में गत रात खाम्बड़ा गांव के निकट मोहन लाल नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर तथा 500 रुपए की नकदी छीन ली गई ।

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (संधी): हरियाणा मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में हरियाणा बिक्री कर कानून 1973 के संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई । इसके अन्तर्गत व्यापार तथा उद्योगों को छूट, 18 अप्रैल 1984 से 31 मार्च 1985 तक के कार्य अनुबंधों पर से बिक्री-कर को छूट, विक्री कर ट्रिब्यूनल के समक्ष पुनः अपील करने का अधिकार, फार्म एस.टी. 38 की समाप्ति, कम्बलों, खांडसारी तथा भूरे पर से बिक्री कर की समाप्ति, संक्षिप्त मूल्यांकन की सीमा तीन लाख से बढ़ा कर पांचलाख करने आदि की छूटें दी गई हैं । संशोधित विधेयक को हरियाणा विधानसभा के 11 सितम्बर से अरम्भ होने वाले सत्र में पेश किया जाएगा ।

हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों नगर पालिकाओं के कार्यकारी अधिकारी का पद एक अध्यादेश जारी करके समाप्त कर दिया था ।

हरियाणा में 5 आई.ए.एस., 21 एच. सी. एस. अफसर तबर्दील

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (संधी): हरियाणा सरकार ने एक सप्ताह के दौरान ही आज दूसरी बार बड़े पैमाने पर प्रशासकीय फेरबदल कर दिए । इन बड़े फेरबदल में अब 5 आई.ए.एस. तथा 21 एच.सी.एस. अफसरों के तबादले किए गए हैं ।

पंजाब—जहां अधिकारियों की शत-प्रतिशत

Punjabi Sanatani

साहित 10 आतंकवादी मारे गए

गांव झंडूवाला के फ़ार्म हाऊस पर ज़बरदस्त मुठभेड़ : भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

2 घुसपैठिए मारे गए : गुरुद्वारा पर राकेट फैंके

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वा., प.स.): सुरक्षा बलों ने ज़बरदस्त सफलता प्राप्त करते हुए खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक स्वयं भू जनरल सुखमंदर सिंह समेत 10 खतरनाक आतंकवादियों को मार डाला । 2 घुसपैठिये सीमा पर मारे गए जबकि आतंकवादियों ने तरना दल के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का विफल प्रयास किया ।

सुखमंदर सहित 8 आतंकवादी मरे : गुरु हरसहाय से 'भंडारी' तथा 'मलिक' के अनुसार आज बाद दोपहर यहां से चार किलो मीटर दूर गाव झंडूवाला में लगभग 6 घंटे की रक्तिम मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयंभू 'जनरल' सुखमंदर सिंह तथा 7 अन्य खतरनाक आतंकवादी मारे गए । सुखमंदर सिंह के सिर पर 40,000 रुपए का इनाम घोषित था । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने मुठभेड़ स्थल से लौटने के बाद बताया कि मुठभेड़ दोपहर 12 बजे के लगभग उस समय शुरू हुई,जब गाव से बाहर स्थित एक किसान दर्शन सिंह के फ़ार्म हाऊस को सुरक्षा बलों ने घेर लिया । अंदर बैठे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की,परन्तु दूर होने के कारण सुरक्षा बल फायरिंग की चपेट में नहीं आए । उसी समय फ़ार्म हाऊस की छत पर बने चौबारे में ठहरे आठ आतंकवादियों में से 6 ने फरार होने की कोशिश की,लेकिन सुरक्षा बलों ने जबरदस्त गोलीबारी करके उनको धान के खेतों में ही मार गिराया ।

एस.एस.पी. ने बताया कि गिरोह का सरगना सुखमंदर सिंह दीपसिंहवाला गांव का वासी था । उन्होंने बताया कि सुखमंदर सिंह ने लगभग दो वर्ष पहले अपने ही गांव दीपसिंहवाला में एक किसान दर्शन सिंह के परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर दी थी । इसके बाद उसने इसी गांव के दो अन्य व्यक्तियों की हत्या की थी ।

मुठभेड़ के समय फार्म हाऊस के मालिक के परिवार का कोई सदस्य वहां नहीं था । मारे गए आतंकवादियों से 7 ए.के. 47 राइफलें, दो एच.ई. 36 हथगोले, दो डैटोनेटर, सायनाइड के कैप्सूल तथा कई अनचले व चले हुए कारतूस मिले हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, फिरोज़पुर पुलिस रेंज के वरिष्ठ पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी की । सुखमंदर सिंह पहले आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से सम्बन्धित था,लेकिन बाद में आतंकवादी बन गया था । वह 'ए' श्रेणी का सूचीबद्ध आतंकवादी था ।

फिरोजपुर से बागी के अनुसार यह आतंकवादी मेजर सिंह के फार्म हाऊस पर एक बैठक कर रहे थे और इनकी फिरोजपुर जिले में हत्याएं करने की योजना थी । बताया जाता है कि इनका एरिया कमांडर सुखमिंदर सिंह दीप सिंह वाला फरीदकोट के डी.एस.पी. हरिंद्र सिंह सहित 50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

उल्लेखनीय है कि फिरोजपुर पुलिस ने पिछले 13 दिनों में के.सी.एफ. के 15 आतंकवादियों को मार गिराया है ।

गुरुद्वारे पर राकेट फैंके : अमृतसर (प.स.): गत रात थाना जंडियाला के गांव टिम्मोवाल में आतंकवादियों ने निहंगों के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । मजीठा पुलिस जिला के अधिकारियों ने कहा कि पोर्टेबल लांचरों की सहायता से दागे गये दो राकेट निशाने पर नहीं गिरे, जबकि एक राकेट निकटवर्ती मकान पर गिरा, दूसरा एक बाहरी दीवार पर जा लगा जिससे ज्यादा क्षति नहीं हुई । यह गुरुद्वारा बाबा अजीत सिंह पुहला का है,जो कि तरना दल के नेता स्वर्गीय बाबा काहन सिंह के निकट साथी हैं ।

पुलिस कर्मी का कहना है कि यह हमला कुछ वर्ष पूर्व बाबा काहन सिंह की आतंकवादियों द्वारा नांदेड़ (महाराष्ट्र) में हत्या किये जाने से आतंकवादियों और निहंगों के मध्य उत्पन्न पुरानी शत्रुता का परिणाम है । गुरुद्वारे के वर्तमान प्रबंधक हरजिंदर सिंह पर दो मास पहले घातक हमला करने का प्रयत्न किया गया था । खबरों में कहा गया है कि जब एक जीप में से किसी ने गोलियां चलाईं तो राकेट दागने वाले आतंकवादी भाग निकले ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात्रि थाना सदर अमृतसर के गांव ओठियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया तथापि उसका एक साथी बच कर भाग निकला । मुठभेड़ स्थल पर एक पिस्तौल, मैगजीन व कुछ अनचले कारतूस बरामद किये गये ।

2 घुसपैठिये मरे : गत रात लगभग सैक्टर की बाहरी सीमा चौकी मगोली के निकट 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये । नाके पर तैनात जवानों के रुकने के संकेत की अवहेलना किये जाने पर इन घुसपैठियों पर गोली चला दी गई । उनके कुछ साथी वापस पाकिस्तान भाग निकले ।

फिरौती के लिए अपहरण : फाजिल्का (नागपाल) : यहां से 22 किलोमीटर दूर मशहूर गांव अरनीवाला के खेतों में गत सायं ए.के. 47 राइफलों से सज्जित 6 पगड़ीधारी अज्ञात आतंकवादियों ने खेतों में काम कर रहे बाप-बेटे तथा 6 श्रमिकों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि जमींदार राम किशन और उसका बेटा सुरेंद्र उर्फ बिट्टू 6 श्रमिकों के साथ काम कर रहे थे कि आतंकवादियों ने आकर उनको अपने साथ पैदल चलने पर बाध्य किया । कुछ दूर जाकर दो और आतंकवादी उनके साथ मिल गए । इस प्रकार 8 आतंकवादी आठ व्यक्तियों को लेकर चल पड़े । कच्चे रास्ते पर 4 किलोमीटर दूर चलने के बाद एक सुनसान जगह पर खड़े होकर आतंकवादियों ने सुरेंद्र उर्फ बिट्टू को अपने साथ आगे चलने को कहा,जबकि उसके बाप राम किशन तथा 6 श्रमिकों पूर्ण सिंह, भगवान सिंह, दयाल सिंह, काहन सिंह, जागीर सिंह तथा केसरी को वापस चले जाने का आदेश दिया । उन्होंने राम किशन को धमकी दी कि वह यदि अपने बेटे की जिंदगी चाहता है तो तीन लाख रुपए का प्रबंध कर रखे, इस रकम को लेने के लिए वे फिर आएंगे । इतना कह कर वे बिट्टू को लेकर चले गए ।

इसी बीच एक श्रमिक दयाल सिंह ने कच्चे रास्ते पर भागने की कोशिश की,जिस पर उन्होंने गोली चला दी,जो उसकी टांग को घायल करके निकल गई ।

राम किशन ने यह सारी कहानी पुलिस को बता दी । डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज श्री अजीत सिंह और एस.एस.पी. श्री सरजीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच आरंभ कर दी है । सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है और अभियुक्तों की तलाश सरगर्मी से जारी है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

शस्त्र कानून के तहत केस दर्ज : समराला (अश्विनी): पुलिस ने गांव मुश्काबाद के स्वर्ण सिंह तथा कोटला के मोहन सिंह नामक व्यक्तियों के विरुद्ध शस्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किये हैं । दर्ज रिपोर्टों में इन व्यक्तियों से पुलिस ने दो पिस्तौलें व कुछ कारतूस बरामद करने का दावा किया है ।

फेरी वाले का अपहरण : मलोट (गोयल): गत दिवस फाजिल्का सब-डिवीजन के गांव अरनीवाला में ही एक कपड़े की फेरी लगाने वाले का अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए फिरौती मांगी है ।

पटियाला में आतंकवादी मरा : पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर स्थानीय राजेंद्रा अस्पताल के निकट हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ अस्पताल परिसर में अन्य आतंकवादियों के साथ उनकी पूर्व निर्धारित बैठक से पहले हुई । यह सूचना मिलने पर कि पुलिस ने क्षेत्र को घेर लिया है, दो आतंकवादियों ने परिसर से छलांग लगा दी और एक खाली पड़े मकान में घुस कर पुलिस पर गोलियां चलाने लगे । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर उनमें से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका साथी बच निकलने में सफल रहा । मारे गये आतंकवादी से एक .455 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये । फरार हुए आतंकवादी की खोज के लिए पुलिस की पार्टी भेज दी गई है ।

पहचान : कुछ दिन पूर्व गांव धर्महेड़ी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान मुख्तार सिंह उर्फ मुक्खा पुत्र शीशा सिंह गांव चाकर खाना थाना गुहला (हरियाणा) के रूप में हुई है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि मुक्खा तीन दिन तक गांव के सरपंच से रुपए बटोरने की कोशिश करता रहा । पुलिस को पता चलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया । जब वह सरपंच के घर पहुंचा तो पुलिस ने उसे चुनौती

(शेष पृष्ठ 10 पर)



(1) जिला अमृतसर के हरिके क्षेत्र में नदी के दोनों तरफ मंड क्षेत्र का नक्शा गिल तथा अन्य अधिकारी, (2) मंड में गश्त करते हुए सुरक्षा बलों के जव छुपने में मदद देते रहे हैं, (4) पिछले दिनों मंड क्षेत्र में पकड़े गए हथियार, अधिकारी, (6) पत्रकारों को नक्शे की मदद से मंड बारे जानकारी दी जा

एक माह लम्बी लड़ाई के बाद मंड क्षेत्र से आतंकवादी सफाया

मंड (अमृतसर), 8 सितम्बर (वार्ता, प.स.): लगभग एक माह के 'युद्ध' के पश्चात सुरक्षा बल नदियों के बीच स्थित दलदली और घने सरकंडों से भरे मंड क्षेत्र से जो कभी आतंकवादियों का गढ़ समझा जाता था, आतंकवादियों को खदेड़ने और वहां स्थायी चौकियां बनाने में सफल रहे हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंड क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे । पत्रकारों के एक दल पर यह प्रभाव पड़ा है कि 29वीं बटालियन के बी.एस.एफ. जवानों का इस क्षेत्र पर अब पूर्ण नियंत्रण हो चुका है जो कि सुरक्षा बलों की पहुंच से कभी दूर माना जाता था ।

पत्रकारों का दल कपूरथला के गांव चक से किश्तियों द्वारा सतलुज व ब्यास नदियों पर स्थित हरीके बैराज तक गया । पत्रकारों ने इस बीस किलो मीटर लम्बे मार्ग में जगह-जगह बनी सुरक्षा चौकियों को भी देखा ।

दुर्दांत आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा (जो अब मारा जा चुका है) तथा अन्य आतंकवादियों ने तीन-चार साल पहले जिन किसानों की जमीनों (फार्म हाऊस) पर कब्जा कर लिया था और जिन्हें अपने घर छोड़कर भाग जाना पड़ा था, वे किसान अब पुनः लौट आए हैं तथा ब्यास नदी के किनारे अपने खेतों में काम करते दिखाई देते हैं ।

श्री गिल ने पत्रकारों को बताया कि एक अगस्त से शुरू किए गए अभियान के दौरान आतंकवादियों के इस गढ़ को "तहस-नहस" कर दिया गया है । इसका श्रेय बी.एस.एफ. के "क्रैक दस्ता" तथा इसकी रिजर्व टुकड़ी को है । घने सेना की मोटर बोटों से यात्रा अधिकारियों ने वे स्थान दिखा कभी शरणस्थल रहे थे । थे, दरबार लगाते थे तथा फि लिए अपहृत व्यक्तियों को ब

श्री गिल ने गड्डा थेह पत्रकारों से बातचीत करते क्षेत्र का कुल इलाका 700 मगर आतंकवादियों की ग किलो मीटर क्षेत्र में सी कपूरथला, तरनतारन तथ उन्होंने बताया कि यह क्षे

■ सुरक्षा बलों तालमेल के लि 'एकीकृत कमांड ■ क्षेत्र को विभाजित कर बनाई ग

कमांड" के अधीन है तथा बी चौकियां स्थापित की हैं । इलाके में है तथा चार इसक हैं ।

उन्होंने कहा कि इस क्षे कठिन है इसलिए बी.एस.एफ के लिए एक उच्चस्तरीय बो नदी में गश्त आसान बनाने बोटें और उपलब्ध कराए प्रत्येक चौकी पर लगभग बी हैं तथा उन्हें अत्याधुनिक श

बेनजीर का तख्ता पलटने की कोशिश नाकाम : कई सैनिक अधिकारी गिरफ्तार

लंदन, 8 सितम्बर (प.स.): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो का तख्ता पलटने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया गया है तथा कई फौजी अफसरों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है । दैनिक "द इण्डीपैंडैंट डाइम्स" ने आज यह खबर दी ।

अखबार ने श्रीमती भुट्टो के मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पाकिस्तानी गुप्तचर सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद स्थित अमरीकी दूतावास से गुप्त सूचना मिलने के बाद इस तख्ते के पुख्ते से गिरफ्तारियां हुईं । दैनिक के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में एक मेजर जनरल और कई मध्यम दर्ज के फौजी अफसर शामिल हैं । अखबार ने बताया कि सशस्त्र सेना ने इस साजिश के बारे में कोई जानकारी न होने का दावा किया है ।

इस्लामाबाद से "द इण्डीपैंडैंट डाइम्स" के सम्वाददाता द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी इंटैलीजैंस ब्यूरो के निदेशक अकरम शेख को सम्भवतः राजदूत बना कर विदेश भेजा जा रहा है।

मनजीत सिंह कलकत्ता की रे से भेंट

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि शिरोमणि कमेटी के सचिव भाई मनजीत सिंह कलकत्ता ने एक सिख अधिकारी को साथ लेकर कल रात यहां पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट की । हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भेंट के दौरान किन मामलों पर विचार किया गया । समझा जाता है कि पुलिस अधिकारी श्री गोविन्द राम का मामला तथा इसी बारे राज भवन के प्रस्तावित घेराव के मामले पर विचार-विमर्श किया गया ।

इस दौरान युवा अकाली दल के एक और जत्थे ने ऊधमपुर के जसपाल सिंह के नेतृत्व में, बटाला पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ, सघर्ष के तहत आज यहां गिरफ्तारी दी ।

Punjabi Sanath

सहित 10 आतंकवादी मारे गए

गांव झंडूवाला के फ़ार्म हाऊस पर ज़बरदस्त मुठभेड़ : भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

2 घुसपैठिए मारे गए : गुरुद्वारा पर राकेट फैंके

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वा., प.स.): सुरक्षा बलों ने ज़बरदस्त सफलता प्राप्त करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू जनरल सुखमंदर सिंह समेत 10 खतरनाक आतंकवादियों को मार डाला । 2 घुसपैठिये सीमा पर मारे गए जबकि आतंकवादियों ने तरना दल के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का विफल प्रयास किया ।

सुखमंदर सहित 8 आतंकवादी मरे : गुरु हरसहाय से 'भंडारी' तथा 'मलिक' के अनुसार आज बाद दोपहर यहां से चार किलो मीटर दूर गांव झंडूवाला में लगभग 6 घंटे की रुक्तिम मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयंभू 'जनरल' सुखमंदर सिंह तथा 7 अन्य खतरनाक आतंकवादी मारे गए । सुखमंदर सिंह के सिर पर 40,000 रुपए का इनाम घोषित था । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने मुठभेड़ स्थल से लौटने के बाद बताया कि मुठभेड़ दोपहर 12 बजे के लगभग उस समय शुरू हुई जब गांव से बाहर स्थित एक किसान दर्शन सिंह के फार्म हाऊस को सुरक्षा बलों ने घेर लिया । अंदर बैठे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की,परन्तु दूर होने के कारण सुरक्षा बल फायरिंग की चपेट में नहीं आए । उसी समय फार्म हाऊस की छत पर बने चौबारे में ठहरे आठ आतंकवादियों में से 6 ने फरार होने की कोशिश की,लेकिन सुरक्षा बलों ने ज़बरदस्त गोलीबारी करके उनको धान के खेतों में ही मार गिराया ।

एस.एस.पी. ने बताया कि गिरोह का सरगना सुखमंदर सिंह दीपसिंहवाला गांव का वासी था । उन्होंने बताया कि सुखमंदर सिंह ने लगभग दो वर्ष पहले अपने ही गांव दीपसिंहवाला में एक किसान दर्शन सिंह के परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर दी थी । इसके बाद उसने इसी गांव के दो अन्य व्यक्तियों की हत्या की थी ।

मुठभेड़ के समय फार्म हाऊस के मालिक के परिवार का कोई सदस्य वहां नहीं था । मारे गए आतंकवादियों से 7 ए.के. 47 राइफलें, दो एच.ई. 36 हथगोले, दो डैटोनेटर, सायनाइड के कैप्सूल तथा कई अनचले व चले हुए कारतूस मिले हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, फिरोज़पुर पुलिस रेंज के वरिष्ठ पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी की । सुखमंदर सिंह पहले आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से सम्बन्धित था,लेकिन बाद में आतंकवादी बन गया था । वह 'ए' श्रेणी का सूचीबद्ध आतंकवादी था ।

फिरोजपुर से बागी के अनुसार यह आतंकवादी मेजर सिंह के फार्म हाऊस पर एक बैठक कर रहे थे और इनकी फिरोजपुर जिले में हत्याएं करने की योजना थी । बताया जाता है कि इनका एरिया कमांडर सुखमिंदर सिंह दीप सिंह वाला फरीदकोट के डी.एस.पी. हरिंद्र सिंह सहित 50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

उल्लेखनीय है कि फिरोजपुर पुलिस ने पिछले 13 दिनों में के.सी.एफ. के 15 आतंकवादियों को मार गिराया है ।

गुरुद्वारे पर राकेट फैंके : अमृतसर (प.स.): गत रात थाना जंडियाला के गांव टिम्मोवाल में आतंकवादियों ने निहंगों के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । मजीठा पुलिस जिला के अधिकारियों ने कहा कि पोर्टेबल लांचरों की सहायता से दागे गये दो राकेट निशाने पर नहीं गिरे, जबकि एक राकेट निकटवर्ती मकान पर गिरा, दूसरा एक बाहरी दीवार पर जा लगा जिससे ज्यादा क्षति नहीं हुई । यह गुरुद्वारा बाबा अजीत सिंह पहला का है,जो कि तरना दल के नेता स्वर्गीय बाबा काहन सिंह के निकट साथी है ।

पुलिस कर्मी का कहना है कि यह हमला कुछ वर्ष पर्व बाबा काहन सिंह की आतंकवादियों द्वारा नांदेड़ (महाराष्ट्र) में हत्या किये जाने से आतंकवादियों और निहंगों के मध्य उत्पन्न पुरानी शत्रुता का परिणाम है । गुरुद्वारे के वर्तमान प्रबंधक हरजिंदर सिंह पर दो मास पहले घातक हमला करने का प्रयत्न किया गया था । खबरों में कहा गया है कि जब एक जीप में से किसी ने गोलियां चलाईं तो राकेट दागने वाले आतंकवादी भाग निकले ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात्रि थाना सदर अमृतसर के गांव ओठियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया तथापि इसका एक साथी बच कर भाग निकला । मुठभेड़ स्थल पर एक पिस्तौल, मैगजीन व कुछ अनचले कारतूस बरामद किए गए ।

2 घुसपैठिये मरे : गत रात खेमकरण सैक्टर की बाहरी सीमा चौकी मंगली के निकट 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये । नाके पर तैनात जवानों के रुकने के संकेत की अवहेलना किये जाने पर इन घुसपैठियों को गोली मार दी गई । उनके कुछ साथी वापस पाकिस्तान भाग निकले ।

फिरौती के लिए अपहरण : फाज़िल्का (नागपाल) : यहां से 22 किलोमीटर दूर मशहूर गांव अरनीवाला के खेतों में गत सायं ए.के. 47 राइफलों से सज्जित 6 पगड़ीधारी अज्ञात आतंकवादियों ने खेतों में काम कर रहे बाप-बेटे तथा 6 श्रमिकों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि जमींदार राम किशन और उसका बेटा सुरेंद्र उर्फ बिट्टू 6 श्रमिकों के साथ काम कर रहे थे कि आतंकवादियों ने आकर उनको अपने साथ पैदल चलने पर बाध्य किया । कुछ दूर जाकर दो और आतंकवादी उनके साथ मिल गए । इस प्रकार 8 आतंकवादी आठ व्यक्तियों को लेकर चल पड़े । कच्चे रास्ते पर 4 किलोमीटर दूर चलने के बाद एक सुनसान जगह पर खड़े होकर आतंकवादियों ने सुरेंद्र उर्फ बिट्टू को अपने साथ आगे चलने को कहा,जबकि उसके बाप राम किशन तथा 6 श्रमिकों पूर्ण सिंह, भगवान सिंह, दयाल सिंह, काहन सिंह, जागीर सिंह तथा केसरी को वापस चले जाने का आदेश दिया । उन्होंने राम किशन को धमकी दी कि वह यदि अपने बेटे की जिंदगी चाहता है तो तीन लाख रुपए का प्रबंध कर ले, उस रकम को लेने के लिए वे फिर आएंगे । इतना कह कर वे बिट्टू को लेकर चले गए ।

इसी बीच एक श्रमिक दयाल सिंह ने कच्चे रास्ते पर भागने की कोशिश की जिस पर उन्होंने गोली चला दी जो उसकी टांग को घायल करके निकल गई ।

राम किशन ने यह सारी कहानी पुलिस को बता दी । डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज श्री अजीत सिंह और एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है । सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है और अभियुक्तों की तलाश सरगर्मी से जारी है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

शस्त्र कानून के तहत केस दर्ज : समराला (अश्विनी): पुलिस ने गांव मुश्काबाद के स्वर्ण सिंह तथा कोटला के मोहन सिंह नामक व्यक्तियों के विरुद्ध शस्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किये हैं । दर्ज रिपोर्ट में इन व्यक्तियों से पुलिस ने दो पिस्तौलें व कुछ कारतूस बरामद करने का दावा किया है ।

फेरी वाले का अपहरण : मलोट (गोयल): गत दिवस फाजिल्का सब-डिवीजन के गांव अरनीवाला में ही एक कपड़े की फेरी लगाने वाले का अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए फिरौती मांगी है ।

पटियाला में आतंकवादी मरा : पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर स्थानीय राजेंद्रा अस्पताल के निकट हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सरकारी पक्षकला ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ अस्पताल परिसर में अन्य आतंकवादियों के साथ उनकी पूर्व निर्धारित बैठक से पहले हुई । यह सूचना मिलने पर कि पुलिस ने क्षेत्र को घेर लिया है, दो आतंकवादियों ने परिसर से छलांग लगा दी और एक खाली पड़े मकान में घुस कर पुलिस पर गोलियां चलाने लगे । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर उनमें से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका साथी बच निकलने में सफल रहा । मारे गये आतंकवादी से एक .455 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये । फरार हुए आतंकवादी की खोज के लिए पुलिस की पार्टी भेज दी गई है ।

पहचान : कुछ दिन पूर्व गांव धमहेड़ी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान मुख्तार सिंह उर्फ मक्खा पुत्र शीशा सिंह गांव चाको लदाना थाना गहला (हरियाणा) के रूप में हुई है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि मक्खा तीन दिन तक गांव के सरपंच से रुपए बटोरने की कोशिश करता रहा । पुलिस को पता चलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया । जब वह सरपंच के घर पहुंचा तो पुलिस ने उसे चुनौती



1

3

5

(1) जिला अमृतसर के हरिके क्षेत्र में नदी के दोनों तरफ मंड क्षेत्र का नौ गिल तथा अन्य अधिकारी, (2) मंड में गश्त करते हुए सुरक्षा बलों के ज छुपने में मदद दे रहे हैं, (4) पिछले दिनों मंड क्षेत्र में पकड़े गए हथियार अधिकारी, (6) पत्रकारों को नक्शे की मदद से मंड बारे जानकारी दी

एक माह लम्बी लड़ाई मंड क्षेत्र से आतंकवा

मंड (अमृतसर), 8 सितम्बर (वार्ता, प.स.): लगभग एक माह के 'युद्ध' के पश्चात सुरक्षा बल ब्यास और सतलुज नदियों के बीच स्थित दलदली और घने सरकंडों से भरे मंड क्षेत्र से जो कभी आतंकवादियों का गढ़ समझा जाता था, आतंकवादियों को खदेड़ने और वहां स्थायी चौकियां बनाने में सफल रहे हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंड क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे । पत्रकारों के एक दल पर यह प्रभाव पड़ा है कि 29वीं बटालियन के बी.एस.एफ. जवानों का इस क्षेत्र पर अब पूर्ण नियंत्रण हो चुका है जो कि सुरक्षा बलों की पहुंच से कभी दूर माना जाता था ।

पत्रकारों का दल कपूरथला के गांव चक से किश्तियों द्वारा सतलुज व ब्यास नदियों पर स्थित हरीके बैराज तक गया । पत्रकारों ने इस बीस किलो मीटर लम्बे मार्ग में जगह-जगह बनी सुरक्षा चौकियों को भी देखा ।

दुर्दांत आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा (जो अब मारा जा चुका है) तथा अन्य आतंकवादियों ने चार-पांच साल पहले जिन किसानों की 'बहसें' (फार्म हाऊस) पर कब्जा कर लिया था और जिन्हें अपने घर छोड़कर भाग जाना पड़ा था, वे किसान अब पुनः लौट आए हैं तथा ब्यास नदी के किनारे अपने खेतों में काम करते दिखाई देते हैं ।

श्री गिल ने पत्रकारों को बताया कि एक अगस्त से शुरू किए गए अभियान के दौरान आतंकवादियों के इस गढ़ को "तहस-नहस" कर दिया गया है । रिजर्व टुकड़ी को है । घने सेना की मोटर बोटों से या अधिकारियों ने वे स्थान दि कभी शरणस्थल रहे थे । थे, दरबार लगाते थे तथा लिए अपहृत व्यक्तियों को

श्री गिल ने गड़द्धा थे पत्रकारों से चापाचीप करते क्षेत्र का रकबा इलाका 70 मगर आतंकवादियों की किलो मीटर क्षेत्र में से कपूरथला, तरनतारन त उन्होंने बताया कि यह

■ सुरक्षा बल तालमेल के लि 'एकीकृत कमां ■ क्षेत्र को विभाजित कर बनाई

कमांड" के अधीन है तथा चौकियां स्थापित की है । इलाके में हैं तथा चार इसके हैं ।

उन्होंने कहा कि इस क्षे कठिन है इसलिए बी.एस.एफ

बेनजीर का तख्ता पलटने की कोशिश नाकाम : कई सैनिक अधिकारी गिरफ्तार

लंदन, 8 सितम्बर (प.स.): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो का तख्ता पलटने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया गया है तथा कई फौजी अफसरों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है । दैनिक "द फाइनैंशियल टाइम्स" ने आज यह खबर दी ।

अखबार ने श्रीमती भुट्टो के मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पाकिस्तानी गुप्तचर सत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद स्थित अमरीकी दूतावास से गुप्त सूचना मिलने के बाद इस हफ्ते के शुरू में ये गिरफ्तारियां हुई । दैनिक के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में एक मेजर जनरल और कई मध्यम दर्जे के फौजी अफसर शामिल हैं । अखबार ने बताया कि सशस्त्र सेना ने इस साजिश के बारे में कोई जानकारी न होने का दावा किया है ।

इस्लामाबाद से "द फाइनैंशियल टाइम्स" के सम्वाददाता द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक शेख को सम्भवतः राजदूत बना कर विदेश भेजा जा रहा है।

मनजीत सिंह कलकत्ता की रे से भेंट

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वि.प.): ज्ञात हुआ है कि शिरोमणि कमेटी के सचिव भाई मनजीत सिंह कलकत्ता ने एक सिख अधिकारी को साथ लेकर कल रात यहां पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट की । अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भेंट के दौरान किन मामलों पर विचार किया गया । समझा जाता है कि पुलिस अधिकारी श्री गोबिन्द राम का मामला तथा इसी बारे राज भवन के प्रस्तावित घेराव के मामले पर विचार-विमर्श किया गया ।

इस दौरान युवा अकाली दल के एक और जत्थे ने कपूरथला के जसपाल सिंह के नेतृत्व में, बटाला पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ, संघर्ष के तहत

Punjabi Sanathi

सहित 10 आतंकवादी मारे गए

गांव झंडूवाला के फ़ार्म हाऊस पर ज़बरदस्त मुठभेड़ : भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

2 घुसपैठिए मारे गए : गुरुद्वारा पर राकेट फैंके

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वा., प.स.): सुरक्षा बलों ने ज़बरदस्त सफलता प्राप्त करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू जनरल सुखमंदर सिंह समेत 10 खतरनाक आतंकवादियों को मार डाला । 2 घुसपैठिये सीमा पर मारे गए जबकि आतंकवादियों ने तरना दल के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का विफल प्रयास किया ।

सुखमंदर सहित 8 आतंकवादी मरे : गुरु हरसहाय से 'भंडारी' तथा 'मलिक' के अनुसार आज बाद दोपहर यहां से चार किलो मीटर दूर गांव झंडूवाला में लगभग 6 घंटे की रक्तिम मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयंभू 'जनरल' सुखमंदर सिंह तथा 7 अन्य खतरनाक आतंकवादी मारे गए । सुखमंदर सिंह के सिर पर 40,000 रुपए का इनाम घोषित था । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने मुठभेड़ स्थल से लौटने के बाद बताया कि मुठभेड़ दोपहर 12 बजे के लगभग उस समय शुरू हुई जब गांव से बाहर स्थित एक किसान दर्शन सिंह के फार्म हाऊस को सुरक्षा बलों ने घेर लिया । अंदर बैठे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की,परन्तु दूर होने के कारण सुरक्षा बल फ़ायरिंग की चपेट में नहीं आए । उसी समय फार्म हाऊस की छत पर बने चौबारे में ठहरे आठ आतंकवादियों में से 6 ने फरार होने की कोशिश की,लेकिन सुरक्षा बलों ने जबरदस्त गोलीबारी करके उनको धान के खेतों में ही मार गिराया ।

एस.एस.पी. ने बताया कि गिरोह का सरगना सुखमंदर सिंह दीपसिंहवाला गांव का वासी था । उन्होंने बताया कि सुखमंदर सिंह ने लगभग दो वर्ष पहले अपने ही गांव दीपसिंहवाला में एक किसान दर्शन सिंह के परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर दी थी । इसके बाद उसने इसी गांव के दो अन्य व्यक्तियों की हत्या की थी ।

मुठभेड़ के समय फार्म हाऊस के मालिक के परिवार का कोई सदस्य वहां नहीं था । मारे गए आतंकवादियों से 7 ए.के. 47 राइफलें, दो एच.ई. 36 हथगोले, दो डैटोनेटर, सायनाइड के कैप्सूल तथा कई अनचले व चले हुए कारतूस मिले हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, फिरोज़पुर पुलिस रेंज के वरिष्ठ पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी की । सुखमदर सिंह पहले आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से सम्बन्धित था,लेकिन बाद में आतंकवादी बन गया था । वह 'ए' श्रेणी का सूचीबद्ध आतंकवादी था ।

फिरोजपुर से बागी के अनुसार यह आतंकवादी मेजर सिंह के फार्म हाऊस पर एक बैठक कर रहे थे और इनकी फिरोजपुर जिले में हत्याएं करने की योजना थी । बताया जाता है कि इनका एरिया कमांडर सुखमिंदर सिंह दीप सिंह वाला फरीदकोट के डी.एस.पी. हरिंद्र सिंह सहित 50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

उल्लेखनीय है कि फिरोजपुर पुलिस ने पिछले 13 दिनों में के.सी.एफ. के 15 आतंकवादियों को मार गिराया है ।

गुरुद्वारे पर राकेट फैंके : अमृतसर (प.स.): गत रात थाना जंडियाला के गांव टिम्मोवाल में आतंकवादियों ने निहंगों के एक गुरुद्वारे को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । मजीठा पुलिस जिला के अधिकारियों ने कहा कि पोर्टेबल लांचरों की सहायता से दागे गये दो राकेट निशाने पर नहीं गिरे, जबकि एक राकेट निकटवर्ती मकान पर गिरा, दूसरा एक बाहरी दीवार पर जा लगा जिससे ज्यादा क्षति नहीं हुई । यह गुरुद्वारा बाबा अजीत सिंह पहला का है,जो कि तरना दल के नेता स्वर्गीय बाबा काहन सिंह के निकट साथी है ।

पुलिस कर्मी का कहना है कि यह हमला कुछ वर्ष पूर्व बाबा काहन सिंह की आतंकवादियों द्वारा नांदेड़ (महाराष्ट्र) में हत्या किये जाने से आतंकवादियों और निहंगों के मध्य उत्पन्न पुरानी शत्रुता का परिणाम है । गुरुद्वारे के वर्तमान प्रबंधक हरजिंदर सिंह पर दो मास पहले घातक हमला करने का प्रयत्न किया गया था । खबरों में कहा गया है कि जब एक जीप में से किसी ने गोलियां चलाईं तो राकेट दागने वाले आतंकवादी भाग निकले ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात्रि थाना सदर अमृतसर के गांव ओठियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया तथापि उसका एक साथी बच कर भाग निकला । मुठभेड़ स्थल पर एक पिस्तौल, मैगज़ीन व कुछ अनचले कारतूस बरामद किये गये ।

2 घुसपैठिये मरे : गत रात खेमकरण सैक्टर की बाहरी सीमा चौकी मंगलो के निकट 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये । नाके पर तैनात जवानों के संकेत के संकेत की अवहेलना किये जाने पर इन घुसपैठियों को गोली मार दी गई । उनके कुछ साथी वापस पाकिस्तान भाग निकले ।

फिरौती के लिए अपहरण : फाजिल्का (नागपाल) : यहां से 22 किलोमीटर दूर मशहूर गांव अरनीवाला के खेतों में गत सायं ए.के. 47 राइफलों से सज्जित 6 पगड़ीधारी अज्ञात आतंकवादियों ने खेतों में काम कर रहे बाप-बेटे तथा 6 श्रमिकों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि जमींदार राम किशन और उसका बेटा सुरेंद्र उर्फ बिट्टू 6 श्रमिकों के साथ काम कर रहे थे कि आतंकवादियों ने आकर उनको अपने साथ पैदल चलने पर बाध्य किया । कुछ दूर जाकर दो और आतंकवादी उनके साथ मिल गए । इस प्रकार 8 आतंकवादी आठ व्यक्तियों को लेकर चल पड़े । कच्चे रास्ते पर 4 किलोमीटर दूर चलने के बाद एक सुनसान जगह पर खड़े होकर आतंकवादियों ने सुरेंद्र उर्फ बिट्टू को अपने साथ आगे चलने को कहा,जबकि उसके बाप राम किशन तथा 6 श्रमिकों पूर्ण सिंह, भगवान सिंह, दयाल सिंह, काहन सिंह, जागीर सिंह तथा केसरी को वापस चले जाने का आदेश दिया । उन्होंने राम किशन को धमकी दी कि वह यदि अपने बेटे की जिंदगी चाहता है तो तीन लाख रुपए का प्रबंध कर रखे, इस रकम को लेने के लिए वे फिर आएंगे । इतना कह कर वे बिट्टू को लेकर चले गए ।

इसी बीच एक श्रमिक दयाल सिंह ने कच्चे रास्ते पर भागने की कोशिश की,जिस पर उन्होंने गोली चला दी,जो उसकी टांग को घायल करके निकल गई ।

राम किशन ने यह सारी कहानी पुलिस को बता दी । डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज श्री अजीत सिंह और एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है । सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है और अभियुक्तों की तलाश सरगर्मी से जारी है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

शस्त्र कानून के तहत केस दर्ज : समराला (अश्विनी) पुलिस ने गांव मुश्काबाद के स्वर्ण सिंह तथा कोटला के मोहन सिंह नामक व्यक्तियों के विरुद्ध शस्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किये हैं । दर्ज रिपोर्टों में इन व्यक्तियों से पुलिस ने दो पिस्तौलें व कुछ कारतूस बरामद करने का दावा किया है ।

फेरी वाले का अपहरण : मलोट (गोयल): गत दिवस फाज़िल्का सब-डिवीजन के गांव अरनीवाला में ही एक कपड़े की फेरी लगाने वाले का अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए फिरौती मांगी है ।

पटियाला में आतंकवादी मरा : पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर स्थानीय राजेंद्रा अस्पताल के निकट हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ अस्पताल परिसर में अन्य आतंकवादियों के साथ उनकी पूर्व निर्धारित बैठक से पहले हुई । यह सूचना मिलने पर कि पुलिस ने क्षेत्र को घेर लिया है, दो आतंकवादियों ने परिसर में छलांग लगा दी और एक खाली पड़े मकान में घुस कर पुलिस पर गोलियां चलाने लगे । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर उनमें से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका साथी बच निकलने में सफल रहा । मारे गये आतंकवादी से एक 455 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये । फरार हुए आतंकवादी की खोज के लिए पुलिस की पार्टी भेज दी गई है ।

पहचान : कुछ दिन पूर्व गांव धर्महेड़ी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान मुख्तार सिंह उर्फ मुक्खा पुत्र शीशा सिंह गांव चाको लदाना थाना गहना (हरियाणा) के रूप में हुई है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि मुक्खा तीन दिन तक गांव के सरपंच से रुपए बटोरने की कोशिश करता रहा । पुलिस को पता चलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया । जब वह सरपंच के घर पहुंचा तो पुलिस ने उसे चुनौती

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(1) जिला अमृतसर के हरिके क्षेत्र में नदी के दोनों तरफ मंड क्षेत्र का नौक गिल तथा अन्य अधिकारी, (2) मंड में गश्त करते हुए सुरक्षा बलों के जव छुपने में मदद देते रहे हैं, (4) पिछले दिनों मंड क्षेत्र में पकड़े गए हथियार, अधिकारी, (6) पत्रकारों को नक्शे की मदद से मंड बारे जानकारी दी ज

एक माह लम्बी लड़ाई मंड क्षेत्र से आतंकवा

मंड (अमृतसर), 8 सितम्बर (वार्ता, प.स.): लगभग एक माह के 'युद्ध' के पश्चात सुरक्षा बल ब्यास और सतलुज नदियों के बीच स्थित दलदली और घने सरकंडों से भरे मंड क्षेत्र से जो कभी आतंकवादियों का गढ़ समझा जाता था, आतंकवादियों को खदेड़ने और वहां स्थायी चौकियां बनाने में सफल रहे हैं ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंड क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे । पत्रकारों के एक दल पर यह प्रभाव पड़ा है कि 29वीं बटालियन के बी.एस.एफ. जवानों का इस क्षेत्र पर अब पूर्ण नियंत्रण हो चुका है जो कि सुरक्षा बलों की पहुंच से कभी दूर माना जाता था ।

पत्रकारों का दल कपूरथला के गांव चक से किश्तियों द्वारा सतलुज व ब्यास नदियों पर स्थित हरीके बैराज तक गया । पत्रकारों ने इस बीस किलो मीटर लम्बे मार्ग में जगह-जगह बनी सुरक्षा चौकियों को भी देखा ।

दुर्दांत आतंकवादी अवतार सिंह ब्रह्मा (जो अब मारा जा चुका है) तथा अन्य आतंकवादियों ने तीन-चार साल पहले जिन किसानों की 'बहकों' (फार्म हाऊस) पर कब्जा कर लिया था और जिन्हें अपने घर छोड़कर भाग जाना पड़ा था, वे किसान अब पुन: लौट आए हैं तथा ब्यास नदी के किनारे अपने खेतों में काम करते दिखाई देते हैं ।

श्री गिल ने पत्रकारों को बताया कि एक अगस्त से शुरू किए गए अभियान के दौरान आतंकवादियों के इस गढ़ को "तहस-नहस" कर दिया गया है । इसका श्रेय बी.एस.एफ. के "क्रैक ट्रूपों" तथा इसकी रिजर्व टुकड़ी को है । पंजाब सेना की मोटर बोटों से यात्रा अधिकारियों ने वे स्थान दिखाए कभी शरणस्थल रहे थे । थे, दरबार लगाते थे तथा फिरौती लिए अपहृत व्यक्तियों को बं

श्री गिल ने गड़्डा क्षेत्र पत्रकारों से बातचीत करते क्षेत्र का कुल इलाका 700 मगर आतंकवादियों की किन्तु मीटर क्षेत्र में फै कपूरथला, तरनतारन तथ उन्होंने बताया कि यह क्षे

■ सुरक्षा बलों तालमेल के लि 'एकीकृत कमांड ■ क्षेत्र को विभाजित कर बनाई ग

कमांड" के अधीन है तथा बी चौकियां स्थापित की हैं । इलाके में हैं तथा चार इसके हैं ।

उन्होंने कहा कि इस क्षे कठिन है इसलिए बी.एस.एफ के लिए एक दर्जन मोटर बो

बेनज़ीर का तख्ता पलटने की कोशिश नाकाम : कई सैनिक अधिकारी गिरफ्तार

लंदन, 8 सितम्बर (प.स.): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो का तख्ता पलटने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया गया है तथा कई फौजी अफसरों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है । दैनिक "द फाइनैंशियल टाइम्स" ने आज यह खबर दी ।

अखबार ने श्रीमती भुट्टो के मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पाकिस्तानी गुप्तचर सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद स्थित अमरीकी दूतावास से गुप्त सूचना मिलने के बाद इस हफ्ते के शुरू में ये गिरफ्तारियां हुईं । दैनिक के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में एक मेजर जनरल और कई मध्यम दर्जे के फौजी अफसर शामिल हैं । अखबार ने बताया कि सशस्त्र सेना ने इस साजिश के बारे में कोई जानकारी न होने का दावा किया है ।

इस्लामाबाद से "द फाइनैंशियल टाइम्स" के सम्वाददाता द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी इंटैलीजैंस ब्यूरो के निदेशक अकरम शेख को सम्भवत: राजदूत बना कर विदेश भेजा जा रहा है।

मनजीत सिंह कलकत्ता की रे से भेंट

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि शिरोमणि कमेटी के सचिव भाई मनजीत सिंह कलकत्ता ने एक सिख अधिकारी को साथ लेकर कल रात यहां पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे से भेंट की । अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भेंट के दौरान किन मामलों पर विचार किया गया । समझा जाता है कि पुलिस अधिकारी श्री गोबिन्द राम का मामला तथा इसी बारे राज भवन के प्रस्तावित घेराव के मामले पर विचार-विमर्श किया गया ।

इस दौरान युवा अकाली दल के एक और जत्थे ने कपूरथला के जसपाल सिंह के नेतृत्व में, बटाला पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ, संघर्ष के तहत आज यहां गिरफ्तारी दी ।

Punjabi Sangarji

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

दी । उसने पुलिस पर फ़ायरिंग की तथा जवाबी फ़ायरिंग में वह मारा गया ।

मंडी गोबिन्दगढ़ कांड में महत्वपूर्ण सुराग : श्री जे.पी. बिरदी ने दावा किया है कि पुलिस को मंडी गोबिंदगढ़ में हुए नरसंहार के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं । इस कांड में तीन मारुति कार सवार आतंकवादियों ने आठ व्यक्तियों की हत्या कर दी थी और 11 को घायल कर दिया था । उन्होंने स्पष्ट किया कि इन हत्याओं में केवल एक मारुति कार में सवार तीन आतंकवादी संलिप्त थे । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने यह कार लुधियाना से किराए पर ली थी । हत्याओं के बाद से कार का ड्राइवर लापता है । उसको गिरफ्तार करने के प्रयत्न जारी हैं तथा आशा है कि हत्यारे शीघ्र काबू कर लिए जाएंगे ।

निषेधाज्ञाएं : पटियाला के जिला मैजिस्ट्रेट श्री बी.सी. गुप्ता ने समूचे जिला में धारा 144 के अन्तर्गत चार आदेश जारी किए हैं,जो 4 नवम्बर तक लागू रहेंगे । इनके अन्तर्गत हथियार, विस्फोटक पदार्थ, घातक हथियार लेकर चलने का निषेध किया गया है । सभी बाजार सायं 7.30 बजे बंद करने को कहा गया है जबकि हलवाई, ढाबा वाले, होटल, क्लब, दवाइयों की दुकानें, अंग्रेजी व देसी शराब के ठेके रात नौ बजे तक खुल सकेंगे । प्रातः 5 से 7 बजे तक दोपहिया वाहन नहीं चल सकेंगे । रात 9 बजे से प्रातः 5 बजे तक यात्री बसें नहीं चल सकेंगी । सभी मकान मालिकों को उनके घरों में एक वर्ष या उससे कम अवधि से रह रहे किरायादारों के बारे में पुलिस को सूचना देनी होगी ।

मकान पर फ़ायरिंग : बटाला (कोछड़): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के अंतर्गत गांव ध्यानपुर में दो बंदूकधारियों ने एक व्यक्ति राम स्वरूप के मकान पर गोलियों की बौछार कर दी । पुलिस ने बताया कि फ़ायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ,लेकिन मकान की खिड़कियों तथा दरवाजों को काफी क्षति पहुंची ।

4 गिरफ्तार : होशियारपुर पुलिस ने रविंद्र सिंह बब्बी, अवतार सिंह तारी, सरबन सिंह सोढी तथा कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है । इन लोगों से 18 तोले सोने के लूटे हुए आभूषण 1600 रुपए और एक देसी पिस्तौल बरामद की गई ।

शुक्रवार को पटियाला में हुए पुलिस मुकाबले में मारा गया अज्ञात आतंकवादी ।

धन्नोवालिया पंजाब का दौरा करेंगे

• जालन्धर, 8 सितम्बर : रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के सक्रिय कार्यकर्त्ता दौलतराम धन्नोवालिया 11 सितम्बर से जालन्धर से साइकल पर पूरे पंजाब की यात्रा पर निकलेंगे । वह अपने इस दौरे में पंजाब के भूतपूर्व श्रम तथा कल्याण मंत्री श्री प्याराराम धन्नोवाली, जिनकी आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, के 'सब भाई-भाई हैं' संदेश का प्रचार करेंगे ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

मंड से आतंकवादियों को खदेड़ा

(पृष्ठ 3 का शेष)

आप्रेशन सी. पाल सिंह, एस.एस. पी. कपूरथला स्वर्ण सिंह, 29वीं बी.एफ.,बटालियन के कमांडर श्री बी.एस. त्यागी तथा कपूरथला के जिलाधीश श्री ए.आर. तलवाड़ भी पत्रकारों के साथ गए थे ।

श्री त्यागी ने बताया कि सुरक्षा बलों के तालमेल और सुविधा के लिए सभी "गट्टियों" का नया नामकरण किया गया है । करमोवाली गट्टी को फायरिंग गट्टी कहा जाता है क्योंकि इस स्थान पर आतंकवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी पर फायरिंग की थी । 'स्कल' (खोपड़ी) गट्टी का नाम इसलिए पड़ा है क्योंकि यहां एक मानव खोपड़ी मिली थी । कई गट्टियों का मार्ग दलदली होने के कारण उन तक अभी भी नहीं पहुंचा जा सकता । उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अवैध शराब निकालने के लिए भी कुख्यात था । इस अभियान के दौरान 30 अवैध शराब भट्टियों को तहस-नहस किया गया है ।

डी.आई.जी. श्री भट्टी ने बताया कि हरीके बैराज से आतंकवादियों की पाकिस्तान में घुसपैठ आसान थी जहां से वे हथियार लाने के लिए नदी मार्ग का उपयोग करते थे । श्री भट्टी ने कहा कि जुलाई माह में सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों ने 11 बार हमले किए मगर अगस्त में सुरक्षा बलों का हाथ ऊपर रहा तथा उन्होंने आतंकवादियों पर हमले किए । श्री भट्टी ने बताया कि अवतार सिंह ब्रह्मा श्रीगंगानगर, राजस्थान में मुठभेड़ में उस समय मारा गया था जब वह पाकिस्तान से हथियार ला रहा था जबकि उसका साथी पिप्पल सिंह आगरा भाग गया बताया जाता है । पिप्पल सिंह फिरोजपुर जिले में मक्खू क्षेत्र में तथा ब्रह्मा का एक और निकट साथी सुक्खा बोहरा मंड के कपूरथला क्षेत्र में सक्रिय था ।

अधिकारियों ने स्वीकार किया कि मंड को आतंकवादियों से रिक्त कराने के लिए कई कदम उठाने पड़े हैं । सेना ने भी भारी संख्या में जवानों के साथ कार्रवाई की थी, मगर कोई फायदा नहीं हुआ । गत वर्ष भी दो बार मंड क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान छेड़ा गया मगर अपेक्षित परिणाम नहीं निकले । एक बार आतंकवादियों को हैरान करने के लिए हैलीकाप्टरों की भी मदद ली गई थी और उस समय कुछ आतंकवादी भागते भी दिखाई दिए थे, मगर हाथी घास, अन्य वनस्पति तथा नदियों के कारण वे छुपने में सफल रहे थे ।

अन्त में पुलिस महानिदेशक श्री गिल ने बी.एस.एफ. जवानों को इस सफल अभियान के लिए बधाई देते हुए कहा कि अगर मंड क्षेत्र की प्रतिकूल परिस्थितियों में आतंकवादी जीवित रह सकते थे तो हमारे जवान भी रहेंगे । उन्होंने कहा कि "हमारे जवान अब यहीं रहेंगे ।" उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की यह धमकी कभी पूरी नहीं होने दी जाएगी कि 'यदि आपने हमारा साम्राज्य छीना है तो हम इसे एक दिन अवश्य वापस लेंगे ।'

सामूहिक ऋण वितरण समारोह

जालन्धर, 8 सितम्बर (प.स.): फिल्लौर में हुए सामूहिक ऋण वितरण समारोह में समाज के कमजोर वर्गों के 102 व्यक्तियों को 4.65 लाख रुपए वितरित किए गए । इस समारोह की अध्यक्षता जालन्धर के उपायुक्त सुधीर मित्तल ने की । उन्होंने जिले की 10 ग्राम पंचायतों को मैचिंग ग्रांट के तौर पर 1.12 लाख रुपए भी दिए ।

बैलग्रेड घोषणा पत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज़ादी के बारे में गत एक अप्रैल से शुरू हुई संयुक्त राष्ट्र की योजना के दक्षिण अफ्रीका द्वारा किए जा रहे उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई ।

इसमें फैसला किया गया कि गुट निरपेक्ष ब्यूरो के 18 सदस्यीय एक दल को तथ्यों का पता लगाने के लिए नामीबिया भेजा जाएगा । यह दल देखेगा कि नामीबिया में आगामी छः नवम्बर को हो रहे चुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से चल रही है अथवा नहीं ।

शिखर सम्मेलन ने विश्व की राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति के बारे में बैलग्रेड घोषणापत्र को पारित किया । साथ ही गुट निरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य देशों की राजनीतिक एवं आर्थिक समस्याओं के बारे में क्रमशः 27 और 17 दस्तावेजों को भी मंजूरी दी ।

विदेश राज्य मंत्री के. नटवर सिंह ने सम्मेलन की आर्थिक समिति के अध्यक्ष के रूप में समापन सत्र में इस समिति की रिपोर्ट पेश की । समापन सत्र को सम्बोधित करने के लिए चुने गए दो नेताओं में से एक जाम्बिया के राष्ट्रपति केनेथ कौंडा ने गुट निरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य देशों को आह्वान दिया कि वे नामीबिया, फिलस्तीन, पश्चिम सहारा और दक्षिण अफ्रीका की पूर्ण मुक्ति तथा विश्व के कई अशांत क्षेत्रों में शांति की बहाली को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें । उन्होंने रंगभेद को आधुनिक नाज़ीवाद बताते हुए कहा कि गुट निरपेक्ष आंदोलन को इसका डट कर मुकाबला करना होगा ।

डा. कौंडा ने दक्षिण अफ्रीका में बुधवार को हुए आम चुनाव के विरोध में उस दिन मताधिकार से वंचित अश्वेतों की हड़ताल में तीस लाख लोगों के भाग लेने का उल्लेख करते हुए कहा कि गुट निरपेक्ष आन्दोलन को इस ऐतिहासिक कार्रवाई की सराहना करनी होगी । उन्होंने कहा कि यह हड़ताल दक्षिण अफ्रीका में बरकरार रंगभेदी व्यवस्था के विरोध में वहां के बहुसंख्यक अश्वेतों के लड़ने के संकल्प की एक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है ।

समापन सत्र को सम्बोधित करने वाले दूसरे नेता नाइजीरिया के राष्ट्रपति इब्राहिम बबांगिदा ने भी रंगभेद के खात्मे के लिए गुट निरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य देशों से अपने प्रयास तेज़ करने की अपील की । गुट निरपेक्ष आन्दोलन के नए अध्यक्ष एवं यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति श्री ड्रनोवसेक ने कहा कि नौवें शिखर सम्मेलन में कई अत्यंत जटिल मुद्दों के समाधान के लिए महत्वपूर्ण फैसले किए गए । उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से आन्दोलन को एक नया आत्मविश्वास और एक नई ताकत मिली है ।

गुट निरपेक्ष देशों ने कल अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया और सभी देशों से आग्रह किया कि वे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हों और उसका समर्थन नहीं करें । उन्होंने साथ ही सभी बंधकों की रिहाई की अपील की ।

आतंकवाद पर स्वीकृत दस्तावेज़ में गुट निरपेक्ष देश एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने के विचार पर सहमत हो गए जिसमें आतंकवाद को परिभाषित किया जा सके और आतंकवाद तथा मुक्ति के लिए संघर्ष के बीच अंतर बताया जा सके ।

15 सदस्यीय समूह : भारत और गुट निरपेक्ष आन्दोलन के अन्य सदस्यों ने विकासशील देशों के मध्य आपसी सहयोग बढ़ाने और औद्योगिक देशों के साथ बातचीत शुरू करने के लिए कल एक पंद्रह सदस्यीय समूह का गठन किया । नए फोरम की घोषणा करते हुए विकासशील देशों के लिए गठित आयोग के अध्यक्ष जूलियस न्येरेरे ने संवाददाताओं को बताया कि यह समूह विकासशील देशों के बीच विचार-विमर्श के लिए एक फोरम के रूप में कार्य करेगा और सहयोग के कार्यक्रम पर अमल की निगरानी करेगा ।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समूह विश्व की आर्थिक स्थिति और विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सम्बन्धों की स्थिति की समीक्षा करेगा । इनमें विकास, कर्ज़, वित्त, मुद्रा, व्यापार, विज्ञान और टैक्नालोजी तथा पर्यावरण शामिल हैं ।

शहीद आसाराम की बरसी आज

जालन्धर, 8 सितम्बर : शहीद आसाराम की बारहवीं बरसी 9 सितम्बर को सायं सात बजे गुरु रविदास मंदिर बस्ती गुजां में मनाई जा रही है । महात्मा गुरदीप गिर प्रवचन करेंगे । सर्वश्री यश, दर्शन सिंह के.पी. तथा अन्य नेता श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे ।

जवान भगौड़े हो गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

चलाया जा रहा आन्दोलन हिंसात्मक हो उठा था । इस संघ ने सरकारी कार्यालयों के बहिष्कार का भी आह्वान किया था, जिसमें उनको काफी सफलता भी मिली थी । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कश्मीर सरकार के अनेक कर्मचारी तथा बाहर के व्यापारी लेह से जा चुके है ।

तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने कल कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी तथा पुनः अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगाने की घोषणा कर दी ।

कश्मीर घाटी में हड़ताल : उधर 'प.स' के अनुसार कश्मीर घाटी के विभिन्न भागों में आज दुकानें, व्यावसायिक संस्थान और बाजार आदि बंद रहे ।

स्थानीय समाचारपत्रों के अनुसार हड़ताल कश्मीर लिबरेशन फ्रंट द्वारा बुलाई गई थी । आज शेख मुहम्मद अब्दुल्ला की सातवीं बरसी भी है । पुलिस के अनुसार कश्मीर घाटी से अब तक किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं । वाहनों का आवागमन सामान्य है ।

अनंतनाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कश्मीर के इस जिले में भी दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान आदि बंद रहे । राज्य सरकार ने भी आज अवकाश की घोषणा की थी ।

श्रीनगर से 'अशोक' के अनुसार अलगाववादी गुटों कश्मीर मुक्ति मोर्चा तथा पीपल्स लीग की समारोहों में गड़बड़ करने की चेतावनी के बावजूद श्रीनगर तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर स्वर्गीय शेख अब्दुल्ला के पुण्य तिथि समारोह आयोजित किए गए । नगर के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष भाग में व्यापारिक संस्थान खुले रहे ।

मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भूतपूर्व नेता की समाधि पर श्रद्धांजलि भेंट करने गए । बाद में इस सिलसिले में श्रीनगर में एक जनसभा भी आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री ने शेख अब्दुल्ला द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की ।

स्वच्छ पानी के लिए
एयर एण्ड वॉटर

Punjabi Samachar

व 2 अन्य आतंकवादी मारे गये

2 कुख्यात तस्कर मरे : 11.65 करोड़ के सोने के बिस्कुट व हैरोइन बरामद

दो बिजली कर्मचारियों की हत्या : 3 घुसपैठी भी मरे

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (वा., प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में कब्रवाला ट्रेन हत्याकांड के एक अभियुक्त सहित 3 आतंकवादी मारे गए । आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने वाले 2 कुख्यात तस्कर मारे गए जिनसे 65 लाख रुपए मूल्य का सोना तथा 110 किलोग्राम हैरोइन बरामद की गई । 2 बिजली कर्मियों की हत्या कर दी गई जबकि सीमा पर 3 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

2 बिजली कर्मियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): भिडरांवाले टाइगर फोर्स के आतंकवादियों के एक गिरोह ने गत सायं थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव ठट्ठगढ़ में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड सब-स्टेशन से दो कर्मचारियों लाइनमैन पीताम्बर मुनि तथा सुभाष चंद्र का अपहरण कर लिया और उन्हें थाना छहटां के गांव कोटली नसीब खान में ले जाकर गोलियां मार कर खत्म कर दिया । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 6 चले हुए कारतूस मिले ।

घटनास्थल पर बी.टी.एफ. के द्वारा छोड़े गए एक पत्र में इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए आरोप लगाया गया है कि यह बिजली कर्मचारी ग्रामीणों के बिजली के कनैक्शन काट कर उन्हें परेशान करते थे ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : पट्टी (पाठक): गत रात पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के गांव लोहका में सी.आर.पी.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त सूचना के अनुसार लोहका में सी.आर.पी.एफ. ने नाकाबंदी की हुई थी कि रात के 12 बजे 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पैदल आते देखा गया । उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने सी.आर.पी. के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा भाग निकला । मृत आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है । घटना स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 303 की कटी हुई राइफल तथा 303 के 29 कारतूस मिले हैं । ए.के. 47 पर रणजीत सिंह राणा खुदा हुआ था ।

तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि गांव लोहका में मारा गया आतंकवादी गुरभेज सिंह उर्फ गाजा था जोकि चोला साहब का निवासी था ।

2 तस्कर मरे, सोना, हैरोइन बरामद : गत रात भारत-पाक सीमा पर खेमकरण क्षेत्र में 2 कुख्यात तस्कर मारे गये तथा बी.एस.एफ. ने 165 सोने के बिस्कुट व 11 किलोग्राम हैरोइन बरामद की । बी.एस.एफ. की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक बिस्कुट 10 तोले का था और इन पर विदेशी चिन्ह लगे थे । सोने का मूल्य 65 लाख रुपए है, जबकि हैरोइन का मूल्य अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में 11 करोड़ रुपए बताया गया है ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बी.एस.एफ. 45 बटालियन ने तस्करों को पकड़ने के लिए खेमकरण के अंतर्गत पल्लो पट्टी में नाका लगा रखा था । कुख्यात तस्कर भोली मजहबी राजोके निवासी तथा लाल सिंह गांव वान बी.एस.एफ. के जवानों की फायरिंग में मारे गये । सोने और हैरोइन के अतिरिक्त मृत तस्करों से एक पाकिस्तानी .30 बोर का पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद हुए । बी.एस.एफ. का कहना है कि इन तस्करों का मारा जाना तस्करों और आतंकवादियों के लिए बड़ा आघात है, जो कि आतंकवादियों के लिए सोने, हैरोइन तथा आग्नेय अस्त्रों की तस्करी करते थे ।

भोली कई बार कट्टर आतंकवादी और के.सी.एफ. के स्वयंभू लै. जनरल बख्शीश सिंह 'सोना' के लिए काम करता रहा है । 'सोना' तरनतारन में भारी रकमें बटोरने के लिए कुख्यात है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खेप गांव नवांपिंड में तस्करों के सरगना लखबीर सिंह उर्फ लक्खा के लिए थी, जोकि फरार हो गया है ।

2 घुसपैठिये मरे : गत रात भारत-पाक सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिये मारे गये, जबकि उनके 2 साथी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गये ।

दुर्दांत आतंकवादी मारा गया : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि एक पुष्ट सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला फिरोजपुर में गांव मुरकवाल के निकट एक व्यक्ति शाहबेग सिंह के फ़ार्म हाऊस पर छापा मारा । वहां ज़बरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया, जबकि एक अन्य बच कर भाग निकला । मारा गया आतंकवादी उस गिरोह का चौथा सदस्य था, जिसने हाल ही में कब्रवाला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्रियों का नरसंहार किया था । पुलिस इस गिरोह के 2 अन्य सदस्यों को भी तलाश कर रही है ।

एस.एस.पी. का बयान : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार कब्रवाला हत्याकांड में संलिप्त जो आतंकवादी शुक्रवार की रात को मुठभेड़ में मारा गया है, उसका नाम लाली था । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने कब्रवाला हत्याकांड के अभियुक्तों का सुराग लगा लिया था और कब्रवाला गांव में छापे मारे थे, जिनके दौरान गिरोह के 5 सदस्य मारे गये थे लेकिन लाली समेत 3 सदस्य बच निकले थे । अब लाली भी मारा गया है । लाली के कब्जे से एक आयातित पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का मिला है ।

अपहरण का प्रयास : बीरवार को तीन मारुति कार सवार आतंकवादियों ने फिरोजपुर शहर की चहल-पहल वाली धवन कालोनी में एक 56 वर्षीय ईंट-भट्ठा मालिक इंद्र मोहन का पिस्तौल की नोक पर अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली । प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार इंद्र मोहन, जो कि आतंकवादग्रस्त जीरा क्षेत्र का निवासी है, हाल ही में जीरा से पलायन करके यहां आया है, वह अपने घर के बाहर खड़ा था कि तीन आतंकवादियों ने उसके पास आकर कहा कि उन्होंने ईंटें खरीदनी हैं । बातचीत के दौरान जबकि कई पड़ौसी व राहगीर वहां मौजूद थे, उन्होंने उसका अपहरण करने की कोशिश की और उसे कार में डाल लिया परन्तु वह किसी तरीके से बच निकला । वहां मौजूद लोगों में से केवल एक औरत ने शोर मचाया तथा इंद्र मोहन की सहायता करने की कोशिश की । पुलिस ने बाद में कार बरामद कर ली । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने फरीदकोट से टैक्सी कार किराया पर ली थी, लेकिन रास्ते में उन्होंने ड्राइवर के हाथ, पांव बांध कर उसे काबू कर लिया तथा फिरोजपुर पहुंच गये ।

एक और आतंकवादी मरा : जिला फिरोजपुर के गांव परांवाली में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

घुसपैठिया मरा : फाजिल्का से मलिक और लूना के अनुसार भारत-पाक सीमा पर फाजिल्का सैक्टर की खोखर चौकी के निकट बी.एस.एफ. की 113वीं बटालियन के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, जबकि उसका एक साथी वापस पाकिस्तान भाग गया । यह जानकारी बी.एस.एफ. के कमांडेंट श्री एन.के. वर्मा ने दी ।

पिस्तौल, कारतूस बरामद : जीरा (शर्मा): गुप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने छापा मार कर चिराग बल्द किदा निवासी मौजेवाला को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर का पिस्तौल व कारतूस बरामद किये ।

एक अन्य सूचना के अनुसार तीन सशस्त्र आतंकवादी लोहगढ़ के इंद्र सिंह के घर आये तथा उससे एक इकनाली बंदूक व चार कारतूस छीन कर फरार हो गये ।

जेवर लूटे : कपूरथला (शर्मा): मालूम हुआ है कि थाना दिलवां के गांव पखोवाल में गत रात्रि लगभग 9½ बजे तीन सशस्त्र अज्ञात नवयुवकों ने एक घर में प्रवेश करके घर की मालकिन सुरजीत कौर को डरा-धमका कर सोने की दो बालियां, सोने का एक कड़ा तथा एक स्टीरियो छीन लिया । जाते समय वह धमकी दे गये कि एक लाख रुपये से गुरुद्वारा की सेवा करो, नहीं तो सबको समाप्त कर दिया जाएगा । इस स्त्री का लड़का विदेश में है ।

2 आतंकवादी, आश्रयदाता गिरफ्तार : जालंधर : पुलिस द्वारा जालंधर जिले में कल रात से मारे गये छापों के दौरान 2 आतंकवादियों तथा आतंकवादियों को पनाह देने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने आतंकवादियों के नाम सरबन कुमार तथा सुरिन्दर कुमार तथा पनाह देने वाले का नाम ज्ञान सिंह बताये हैं ।

पंजाब में इस समय 'ए' श्रेणी के 160 तथा 'बी' श्रेणी के 200 आतंकवादी सक्रिय

संगरूर, 9 सितम्बर (वार्ता): अभी तक पंजाब में 'ए' श्रेणी के 160 तथा 'बी' श्रेणी के 200 दुर्दांत आतंकवादी सरगर्म हैं । यह जानकारी पुलिस महानिरीक्षक (अपराध) श्री सुबे सिंह ने पत्रकारों से यहां बातचीत करते हुए दी । उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर काबू पाने में अभी समय लगेगा । उन्होंने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष आतंकवादी कार्रवाइयों में कमी आई है । पिछले वर्ष अगस्त तक 1534 लोग आतंकवादियों के हाथों मारे गये जबकि इस साल अगस्त तक 750 लोग मरे हैं । इससे पता चलता है कि आतंकवादी वारदातों में 50 प्रतिशत कमी आई है ।

श्री सुबे सिंह ने कहा कि इस समय आतंकवादियों के चार गिरोह सरगर्म हैं । इनमें से बब्बर खालसा चुनिंदा लोगों की हत्या करता है जबकि खालिस्तान कमांडो फोर्स सामूहिक हत्याएं करता है । इसके अलावा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स भी सरगर्म हैं । उन्होंने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का सरगना गाजाला नाम का है ।

श्री सुबे सिंह ने माना कि आतंकवादियों के पास ए.के. 74 असाल्ट राइफलों व विस्फोटकों समेत अत्याधुनिक हथियार पहुंच चुके हैं । ये हथियार आतंकवादियों को तस्करों के माध्यम से ही मिल रहे हैं । इसके अलावा इसके पीछे विदेशी ताकतों का भी हाथ है ।

उन्होंने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि आतंकवादी बुध सिंह अपराध करने की योजनाएं बनाता है तथा गरजट सिंह का गुट इन योजनाओं को अमल में लाता है । उन्होंने बताया कि मोगा सदर, बाघापुराना, जीरा, टांडा, तरनतारन तहसील, पट्टी, जंडियाला तथा मेहता आदि क्षेत्र आतंकवाद से ज्यादा प्रभावित हैं ।

मंड क्षेत्र बारे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादियों का काफी हद तक सफाया हो गया है पर अभी भी कुछ आतंकवादी वहां मौजूद हैं । उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में बी.एस.एफ. तथा अन्य बलों की चौकियां कायम की गई हैं । उन्होंने यह भी बताया कि आतंकवादी यहां गन्ने के खेतों में छिपे रहते हैं । श्री सुबे सिंह ने कहा कि इस समय आतंकवादी फिरौतियां एकत्र करके जमीन-जायदाद बना रहे हैं ।

संसद सत्र 16 अक्तूबर से

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (नि.स.): संसद का अधिवेशन सम्भवत: 16 अक्तूबर से शुरू हो रहा है, जोकि शायद 5-6 दिनों तक जारी रहेगा । इस अधिवेशन में मुख्यत: पंचायती राज विधेयक एवं नगरपालिका विधेयक को राज्यसभा पारित करेगी । इसके अतिरिक्त कर्नाटक में राष्ट्रपति शासन का अवधि में भी छ: महीने की वृद्धि करने का फैसला किया जाएगा ।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में राष्ट्रपति शासन की अवधि 21 अक्तूबर को समाप्त होने वाली है ।

ज्ञातव्य है कि अभी तक राष्ट्रपति ने संसद के मानसून सत्र का अवसान नहीं किया है, इसलिए सरकार जब चाहे अधिवेशन बुला सकती है । उसे नया अधिवेशन नहीं माना जाएगा ।

बेलगांव (पस): कर्नाटक के राज्यपाल श्री पी.के. वेंकटसुबैया ने आज यहां कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 मास और बढ़ाई जा रही है, क्योंकि विधानसभा के चुनाव वर्तमान अवधि की समाप्ति से पूर्व नहीं कराए जा सकते ।

बोडो उग्रवादियों द्वारा 30 हत्याएं

गुवाहाटी, 9 सितम्बर (वार्ता): असम के नलबारी जिले के बागजुली गांव में कल सायं बोडो उग्रवादियों ने 30 व्यक्तियों की हत्या कर दी । आज यहां मिली सरकारी खबरों के मुताबिक पुलिस उपमहानिरीक्षक सुधांशु शर्मा घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं ।

खबरों में कहा गया कि सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने के लिए पुलिस की एक अतिरिक्त कम्पनी घटनास्थल पर भेजी गई है । पुलिस ने क्षेत्र में [illegible] शुरू कर दिया है । मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल घटनास्थल का दौरा किया ।

ज्ञातव्य है कि कुमारीकाटा मार्किट में रविवार को एक बम विस्फोट की घटना के बाद यह हिंसा भड़की । बम विस्फोट में 3 व्यक्ति मारे गए तथा 18 घायल हुए थे ।

मार्क्सी पार्टी राजीव सरकार को हराने के लिए समवैचारिक दलों का समर्थन करेगी

अहमदाबाद, 9 सितम्बर (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद ने आज कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव में

Punjabi Sahitya

विकराल रूप धारण कर लिया है, वह सरकार का पूंजीपतियों से हुई सांठ-गांठ का परिणाम है ।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कृष्ण लाल शर्मा रविवार को अमृतसर में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

चलाने की मांग की है । आज फगवाड़ा में पत्रकारों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुखराम द्वारा चीनी के मूल्यों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त

नई दिल्ली, 10 सितम्बर (प.स.): केंद्रीय खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुखराम ने आज चीनी उद्योगों से कहा है कि ऐसे तत्वों की पहचान करें जो चीनी की कमी के लिए जिम्मेदार हैं । इससे चीनी का भाव एकाएक बहुत बढ़ गया है । मूल्य वृद्धि पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी का बफर भंडार है जिसमें पिछले वर्ष का 23 लाख टन शामिल है । इस वर्ष मई और जुलाई के बीच पांच लाख टन चीनी वितरित करने के लिए दी गई । त्यौहार के मौके पर अगले महीने 50,000 टन चीनी और दी जाएगी । श्री सुखराम आज यहां भारतीय वनस्पति उत्पादक एसोसिएशन की बारहवीं आम बैठक में बोल रहे थे ।

श्री सुखराम ने वनस्पति उद्योगों से कहा कि आयात पर अधिक निर्भर नहीं करें और उत्पादन में कमी की स्थिति को बदलें । उन्होंने कहा कि इस वर्ष वनस्पति उत्पादन में 1983-84 के मुकाबले कमी आई है ।

अफगान विद्रोहियों के हमले से कंधार के निकट सैनिक व नागरिक आपूर्ति अवरुद्ध

काबुल, 10 सितम्बर (ए.पी.): अफगानिस्तान के कंधार नगर के बाहर सैन्य तथा नागरिक आपूर्ति लदे 13 सौ वाहनों का काफिला विद्रोहियों के हमलों के कारण रुका हुआ है । एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कल बताया कि सरकारी सेना उस मार्ग के आखिरी हिस्से में विद्रोहियों के आक्रमण रोकने में व्यस्त रही है । इस बीच अफगान विद्रोहियों ने पश्चिमवर्ती शहर खोस्त के आसपास भी हमले जारी रखे हैं । एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने दो दिन पूर्व कहा था कि सरकारी सेना ने इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि काबुल में पाकिस्तान वाले बाहरी क्षेत्रों में तीन राकेट गिरने से छः व्यक्ति मारे गए तथा आठ घायल हुए ।

उग्रवादियों ने बारूदी सुरंग से सी. आर. पी. की जीप उड़ा दी : 4 जवान घायल

चंडीगढ़, 10 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में आज रात्रि उग्रवादियों ने बारूदी सुरंग से विस्फोट करके सी.आर.पी.एफ. की एक जीप उड़ा दी, जिससे 4 जवान घायल हो गए । एक शराब के ठेकेदार को घायल कर दिया जबकि एक जूनियर इंजीनियर सहित 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । एक पुलिस पार्टी से शस्त्र छीन लिए जबकि गुरु हरसहाय के निकट खेत में पड़े बैलों में से बड़ी मात्रा में विदेशी शस्त्रास्त्र बरामद किए गए ।

बारूदी सुरंग से जीप उड़ा दी : अमृतसर (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि देर गए मजीठा-फतेहगढ़ चूड़ियां ग्राम-सड़क पर गांव जाजियानी के निकट एक देसी बारूदी सुरंग से शक्तिशाली विस्फोट करके सी.आर.पी.एफ. की एक जीप को उड़ा दिया, जिससे सी.आर.पी.एफ. की 10वीं बटालियन के 4 जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री रामकृष्णन ने बताया कि उग्रवादियों ने झाड़ियों में इसे छिपा रखा था । जब सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी की जीप उसके ऊपर से गुजरी तो शक्तिशाली धमाका हो गया, जिससे जीप के अग्रिम भाग में छेद हो गए ।

श्री रामकृष्णन ने बताया कि विस्फोट से हैड-कांस्टेबल प्रीतम सिंह का दायां घुटना और सिपाही जय चंद का बायां पांव उड़ गया । कांस्टेबल ए.एल. उपाध्याय को कंधे पर गोली लगी है और कांस्टेबल अप्परी को कमर के दाएं भाग में घाव आया है । डी.आई.जी. ने बताया कि घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है, जहां उनकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है । सुरंग के विस्फोट के बाद उग्रवादियों ने ए.के. 47 बीनी असाल्ट राइफल से गोलियों की बौछाड़ शुरू कर दी । सी.आर.पी.एफ. के ये जवान उग्रवादियों की तलाश में निकले थे ।

एक अन्य समाचार एजेंसी के अनुसार उग्रवादियों ने सी.आर.पी. के गश्ती दल पर राकेटों से भी हमला किया ।

धमाके के संदेह में 3 गाड़ियां रोकी गईं : आज रात्रि उत्तरी रेलवे की अमृतसर-जालन्धर मेन लाइन पर मानांवाला और जंडियाला के मध्य रेल पटड़ी पर धमाके के संदेह में तीन महत्वपूर्ण गाड़ियां 2 से 3 घंटे तक रोक कर रखी गईं । दिल्ली से आने वाली सुपरफास्ट और प्लाइंग मेल गाड़ी जंडियाला रेलवे स्टेशन पर रोक दी गई जबकि फ्रंटियर मेल दिल्ली के लिए रवाना न हो सकी और इसे अमृतसर स्टेशन पर ही रोक कर रखा गया । बाद में रेलवे स्टाफ और सी.आर.पी. के गश्ती दल ने रेल पटड़ी का निरीक्षण किया और किसी प्रकार का कोई धमाका न पाया गया । रेल अधिकारियों का कहना है कि रेलवे के स्टाफ ने क्षेत्र में एक ऊंची आवाज सुनी थी, जिससे उन्हें संदेह हो गया । उग्रवादियों ने इसी रेल पटड़ी पर 28 अगस्त को गहरी मंडी के निकट विस्फोट करके एक खाली रेल गाड़ी के इंजन और उसकी नौ बोगियों को उलटा दिया था ।

जूनियर इंजीनियर समेत 5 व्यक्तियों का अपहरण * पुलिस से शस्त्र छीने * गुरु हरसहाय के निकट खेत में से बड़ी मात्रा में विदेशी शस्त्रास्त्र बरामद

शराब का ठेकेदार घायल : अमृतसर (वार्ता): विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार कल थाना ब्यास के अंतर्गत गांव ठट्ठियां में आतंकवादियों के एक गिरोह ने शराब के एक ठेके पर हमला करके ठेकेदार शिंगारा सिंह को छुरा मार कर घायल कर दिया और 1600 रुपए छीन कर ले गये । आतंकवादियों ने शराब की बोतलें तोड़ दीं और दुकान को आग लगा दी । जाने से पहले उन्होंने ठेकेदार को धमकी दी कि यदि उसने दोबारा दुकान खोली तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे ।

पुलिस चौकी पर हमला : एक अन्य सूचना के अनुसार गत दिवस अमृतसर-गुरदासपुर सैक्शन पर कत्थूनंगल और जयंती रेलवे स्टेशनों के मध्य एक रेलवे पुल पर स्थित पुलिस चौकी पर आतंकवादियों ने हमला किया । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी भाग निकले ।

विदेशी शस्त्रास्त्र बरामद : गुरु हरसहाय (भंडारी, मलिक): आज प्रातः फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर यहां से 3 कि.मी. दूर तथा भारत-पाक सीमा से 5 किलोमीटर दूर स्थित गांव पिंडी में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शस्त्रास्त्र बरामद किये । डी.एस.पी. सरजीत सिंह ने बताया कि सीमा पार से हथियार आने की गुप्त सूचना मिलने पर गुरु हरसहाय पुलिस पार्टी ने एस.एच.ओ. गुरचरन सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी कर रखी थी कि प्रातः 5 बजे के करीब खेत में एक पेड़ के नीचे कुछ थैले पड़े दिखाई दिये । थैलों की तलाशी लेने पर उनमें से भारी मात्रा में चैकोस्लोवाकिया और जर्मनी निर्मित शस्त्रास्त्र मिले, जिनमें 38 बोर की 2 पिस्तौलें, 38 बोर की 3 माउजर पिस्तौलें, 32 बोर की 2 पिस्तौलें, 9 एम.एम. की 8 पिस्तौलें, 50 राकेट, एक बड़ा राकेट लांचर, एक छोटा राकेट लांचर, वायर कटर, एक वायरलैस सैट, ए.के. 47 की 1100 गोलियां, ए.के. 47 की 4 भरी हुई मैगजीनें तथा 18 स्पेयर मैगजीनें शामिल हैं ।

तीन व्यक्तियों का अपहरण : फिरोजपुर से धीमान के अनुसार हरीके कस्बा की कैनाल कालोनी में 6 आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । अपहृत व्यक्तियों में मुलखराज मोंगा, लाहौरी मल तथा व्यापारी शिव कुमार शामिल हैं ।

बागी के अनुसार जूनियर इंजीनियर मुलखराज मोंगा हरीके हैडवर्क्स पर तैनात हैं । अन्य दो अपहृत व्यक्ति उनके अतिथि थे ।

जिला फिरोजपुर में गत शुक्रवार के बाद से 7 व्यक्तियों का फिरौती प्राप्त करने के लिए अपहरण किया जा चुका है । गत दिवस गांव कर्मवाला में आतंकवादियों ने एक ही समुदाय के चार व्यक्तियों के घरों के दरवाजे खटखटाए और प्रत्येक परिवार के 4 पुरुष सदस्यों को घसीट कर बाहर ले गये, जहां उन्होंने उनको जान से मार डालने की धमकी दी । जब उन लोगों ने जान की भीख मांगी तो उन्होंने उनसे 7 लाख रुपये देने की मांग की । उन लोगों ने कहा कि इस समय उनके पास इतना रुपया नहीं है तो आतंकवादी 22 वर्षीय जस्सा को जामिन के रूप में साथ ले गये और गांव वालों को एक निश्चित स्थान पर रुपया पहुंचाने के लिए कहा ।

पुलिस से हथियार छीने : रोपड़ जिले में कोटली गांव के निकट आतंकवादियों ने भाखड़ा नहर पर गश्त कर रही पुलिस की एक टुकड़ी पर हमला किया और एक हैड-कांस्टेबल से एक स्टेनगन और एक कांस्टेबल से एक राइफल छीन कर भाग गए । इस हमले में एक होमगार्ड घायल हो गया ।

किरयाना विक्रेता का अपहरण : रोपड़ जिला के खरड़ में आज तड़के कार में सवार तीन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

12 लोग

जम्मू, 10 सितम्बर नैशनल कांफ्रैंस की युवा शा गुटों में संघर्ष हो जाने से घायल हो गए । उनमें से सघर्ष में नैशनल कांफ्रैंस के भवन का फर्नीचर और खि गए । कुछ गोलियां भी चली ये गोलियां पुलिस ने लड़ लिए चलाई थीं ।

कहा जाता है कि संकट समय शुरू हुआ जब दो यु सागर तथा अली मोहम्मद शाखा की सभा को सम्बोधि समय एक गुट स्टेज पर जिसका दूसरे गुट ने विरोध गुटों के युवक गुत्थमगुत्था हो और फिर कुर्सियां फैंकी गईं । का भी उपयोग हुआ बताते

शीघ्र ही युवकों की लड़ फैल गई तथा वे एक-दूसरे लग पड़े । बाजार में आतंक विपत्ति का कारण समझे इधर-उधर भागने लगे । पहुंच कर झगड़ रहे युवकों से अपील की गई कि वे गलत हों ।

(1, 2) जम्मू-श्रीनगर सड़क मारे गए दो यात्रियों के शव घायल यात्री, जो जम्मू के अस्प हैं ।

अच्छे हथियारों की खरीद में राजनीतिज्ञ आड़े आते हैं : पालित

न्यूयार्क, 10 सितम्बर (आई.ए.एन.एस.): हथियारों की खरीद में भारतीय सेना के सुझावों को एक बार अनदेखा किया गया है । बोफोर्स सौदा तो अनेक उदाहरणों में से केवल मात्र एक उदाहरण है ।

यह बात रिटायर्ड मेजर जनरल डी.के. पालित ने कि देहरादून में इंडियन मिलिट्री अकादमी के पूर्व निदेशक भी रहे हैं, ने कोलम्बिया वि.वि. के अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति संस्थान द्वारा आयोजित 'भारतीय सेना का चरित्र तथा प्रकृति' नामक विषय पर बोलते हुए कही । उन्होंने कहा कि अच्छे हथियारों की खरीद में सामान्यता राजनीतिज्ञ आड़े आते हैं ।

उन्होंने 1960 तथा उसके बाद का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय जब वायुसेना ने एफ 4 या मध्य हल्के विमान खरीदने के लिए कहा था तो राजनीतिज्ञों ने किन्हीं और कारणों से मिग विमान खरीद लिए थे । भूतपूर्व थल सेनाध्यक्ष कृष्णास्वामी सुंदरजी द्वारा सार्वजनिक रूप से स्वयं तथा सेना को बोफोर्स तोप सौदे से अलग रखने को उचित बताते हुए मेजर जनरल पालित ने कहा कि भारतीय जनता के लिए यह जानना आवश्यक है कि सेना का इस सौदे में कोई हाथ नहीं है ।

उन्होंने भारतीय तेल भंडारों तथा क्षेत्र में पनडुब्बियों की लड़ाई से निपटने के लिए भारतीय जल सेना को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किए जाने को उचित बताया । उन्होंने कहा कि अंडेमान द्वीप के पास चीनी जल सेना की उपस्थिति के कारण यह आवश्यक हो गया है ।

भारतीय सेना के श्रीलंका में अपनाए गए व्यवहार के सम्बन्ध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ अधिकारियों से निजी तौर पर सुना है कि अपने कार्य में वे पूरे व्यावसायिक हैं लेकिन उनके द्वारा बलात्कार तथा लूटपाट किए जाने की भी अनेक घटनाएं सुनने में आई हैं । उन्होंने अपने भाषण में भारतीय सेनाओं के इतिहास तथा राजनीतिक प्रकृति पर भी विचार प्रकट किए ।

हैरान हूं कि एक दिन के धरने के बाद सिंह ने सरकार से समझौता कर लिया :

जालन्धर, 10 सितम्बर (ढल्ल): सिख फ़ोरम के प्रधान लै. ज. जगजीत सिंह अरोड़ा एम.पी. ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में सरकारी उग्रवाद से उग्रवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता । इसके लिए राजनीतिक पहल करने तथा लोगों के दिल जीतने की आवश्यकता है ।

ज. अरोड़ा ने कहा कि पंजाब में पुलिस का युवकों, महिलाओं आदि पर अत्याचार सीमा पार कर रहा है, जैसा कि बटाला में दो महिलाओं पर कथित पुलिस अत्याचार की घटना से ज़ाहिर है । उन्होंने कहा कि ज़रूरत श्री चमन लाल जैसे अधिकारियों की है, किन्तु आज का पुलिस ढांचा उन जैसे लोगों को सहन नहीं करता । उन्होंने कहा कि खेदपूर्ण बात तो यह है कि जब ज्यादतियां करने वाले पुलिस अधिकारी के विरुद्ध एक्शन की मांग की जाती है तो सरकार का एक ही उत्तर होता है कि इससे पुलिस फ़ोर्स का मनोबल गिरेगा, किन्तु उन्होंने कहा कि उनके विचार में जिस फ़ोर्स में अनुशासन नहीं, उसका मनोबल ऊंचा हो ही नहीं सकता । उन्होंने इस बात पर हैरानी ज़ाहिर की कि जत्थेदार अकाल तख्त प्रो. दर्शन सिंह ने बटाला में एक दिन के धरने के बाद श्री गोबिन्द राम के तबादला के बाद सरकार से समझौता कैसे कर लिया । ज. अरोड़ा ने कहा कि केन्द्र सरकार पंजाब समस्या का समाधान नहीं कर सकती, क्योंकि वह इसके बारे में ईमानदार नहीं । ज़रूरत है कि पंजाब के हिन्दू, सिख आदि सभी ठीक सोच रखने वाले लोग एकजुट होकर निचले स्तर से लोगों को उग्रवाद, पुलिस हमले तथा अन्य अत्याचारों

कल्याण को वास्तव में केन्द्र अधिकार छीनने की एक आड़

ज. अरोड़ा ने बेदना प्र राजनीति भ्रष्ट हो गई है और व विधानसभाओं में आने लग जाने लगे हैं । एक प्रश्न के उ श्री गांधी विरोधी पक्ष की मुख्य सत्ता में आ सकेंगे, अन्यथा बहुमत में आ भी गए तो वह मनमानी नहीं कर सकेंगे ।

ज. जगजीत सिंह अरोड़ ज्यादतियों पर भारी दुख व रो कि यह सिखी के तेज की कमी साथ ही उन्होंने कहा कि तेज निर्दोषों को शिकार बनाए पक्का बाग के गुरुद्वारा गुरु विशेष रूप में आयोजित दीवा उन्हें गुरुद्वारा के प्रबन्धकों की 1984 के दंगों के शिकार बच्चों तथा विधवाओं की 56102 रुपए की राशि भेंट उनकी धर्मपत्नी को सिरोपे भे पर उपस्थित पत्र-प्रतिनि प्रतिनिधियों को डा. नरेन्द्र सिं किए ।

ज. जगजीत सिंह अरोड़ा जो कत्ल-ए-आम हुआ, वह किन्तु उसी सामूहिक हत्या को

त संघ के पास 50 हज़ार से अधिक परमाणु हथियार मौजूद

प्रसिद्ध सोवियत परमाणु भौतिकीविद् प्रो. सर्गेई त्सा का कहना है कि अमरीका तथा सोवियत संघ ास इस समय करीब 50 हजार परमाणु हथियार जिनकी क्षमता हिरोशिमा तथा नागासाकी पर

सामग्री की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है वहीं परमाणु अप्रसार संधि के उल्लंघन की भी आशंका है । विश्व बाजार में परमाणु सामग्री के विक्रेताओं की श्रेणी में कुछ नए देशों के शामिल हो

के पास है ।

अध्ययन में कहा गया है कि इसराईल, ताईवान तथा पाकिस्तान एन.पी.टी. से बाहर ऐसे देश हैं जिनके पास परमाणु हथियार बनाने की क्षमता है ।

Punjabi Sanatan

भर में अपने कार्यालयों में विशेष
शुरू किए हैं । जिला लुधियाना में
वर में उद्यमियों ने काफी दिलचस्पी
र अधिकारियों के समक्ष एक करोड़
लिए आवेदन दिए । इसी दिशा में
1 से 15 सितम्बर तक अमृतसर,
हंदवाल, मजीठा व रैय्या में शिविर
जा रहे हैं। निगम की एक विज्ञप्ति के
आवेदकों के आवेदन पूर्ण होंगे, उनका
20 दिन के भीतर मंजूर किया

सरकार तथा किसान यूनियन के बीच सात सितम्बर को हुए समझौते के सम्बन्ध में जानकारी दी । श्री सिंह ने कहा कि किसान देश और समाज की रीढ़ हैं । किसान के बिना देश और समाज खड़े नहीं रह सकता ।

उग्रवादी-हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने एक किरयाना विक्रेता चंद लाल का अपहरण कर लिया ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना पुलिस ने छापा मार कर तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से एक पिस्तौल तथा 82 कारतूस बरामद हुए । उनसे बहुत-सी वारदातों का पता चला है । उनके कब्जे से एक मारुति कार तथा दो स्कूटर भी मिले हैं । पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि इन तीन लुटेरों—नरेंद्र पाल जेतू (भटिंडा) तथा उनके साथियों जसपाल सिंह व वीरेंद्र सिंह ने जांच के दौरान बताया कि उन्होंने शेरपुर चौक से शराब के ठेकेदार को 12 अगस्त के दिन लूटा था तथा उसे घायल कर दिया था । 26 दिसम्बर को उन्होंने स्कूटर चोरी किया था, जो उनसे बरामद हुआ है । 11 जनवरी को उन्होंने हैबोवाल गैस एजेंसी से नकदी लूटी थी, 6 अगस्त को एक मारुति कार छीनी थी । उन्होंने जैन कालोनी के एक व्यक्ति इंद्रजीत सिंह संधु से 5200 रुपए छीने थे, अर्बन एस्टेट चंडीगढ़ रोड से एक स्कूटर छीना था । उन्होंने रणधीर सिंह नगर से एक प्रिंटिंग प्रैस का सामान चोरी किया था तथा 5 हजार रुपये में बेच दिया था । अग्र नगर कालोनी में दो डकैतियों का भी उन्होंने प्रयास किया था ।

लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों राजेंद्र सिंह, नारंग सिंह तथा गुलाब सिंह को गिरफ्तार किया है ।

रिवाल्वर व जेवर ले गए : धूरी (सिंगला): लहरागागा के निकट गांव फालदा में कुछ व्यक्ति अमरजीत सिंह के घर में दाखिल होकर उसका 12 बोर का रिवाल्वर, 20 कारतूस तथा कुछ सोने के जेवर ले गए ।

पूर्व सरपंच दम तोड़ गया : धूरी : धूरी के निकट गांव रैनिका का पूर्व सरपंच विधि चंद कल सी.एम.सी. लुधियाना में दम तोड़ गया । उस पर कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने घातक हमला किया था ।

संदिग्ध व्यक्ति देखे गए : मलोट से गोयल के अनुसार गत रात कब्बवाला स्टेशन से 10 किलोमीटर दूर पक्की रेलवे स्टेशन पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति देखे गए । इस पर स्टेशन मास्टर ने डी.आर.पी. को सूचना दी, जो कि अबोहर से वहां पहुंची । इसी बीच संदिग्ध लोग वहां से भाग निकले । उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को कब्बवाला स्टेशन पर 17 रेल यात्रियों की हत्या कर दी गई थी ।

कार को आग लगा दी : पठानकोट (गुप्ता): गत रात पटेल चौक पठानकोट में स्थित एक कोठी के बाहर गुलशन राय की मारुति कार को किसी ने आग लगा दी । कार पूरी तरह भस्म हो गई ।

विज्ञापन

लड़की चाहिए

ted Match for Arora M.B.A. boy /5600/-, early marriage. Box ab Kesari, Jalandhar.

बिकाऊ

णाफर की लगी-लगाई दुकान लेने के लिए ताहिल स्टडियो, 33-8, आदर्शनगर, डियावाला पीर, जालंधर शहर ।

आवश्यकता

क पास लड़की चाहिए । वेतन योग्यता । मिलें : क्रिस्टल वीडियो लाइब्रेरी, जेल लंधर ।

ला डोसा, बड़ा, साम्बर बनाने वाले मद्रासी की जरूरत है । Standard shment, Bazar Bansan, Jalandhar

Wanted Lady Typist (married). ng independent correspondence. act Nirmal Singh Advocate, Parkash Opp. Sant Shoe Store, Chaura , Ludhiana. Phone : 20336.

Wanted B.Coms./ MBAs with eting background, for marketing el Engine Parts and Hardwares in and Abroad. Only experienced ons desirous to work hard and rtake intensive touring should apply ost Box 44, Phagwara-144 401.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 10.9.89. /- without trays, NECC Suggested ail Price 7.80 Per Dozen.

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी यता, आयु लिखें । Employment Guidance stitute, 5253/3, Sarafa Bazar, mbala City.

सरकारी नौकरी के इच्छुक लड़के/लड़कियां 18 25 वर्षीय, विवरण/मार्गदर्शन 10/- रु. मनीआर्डर र कर मंगवाएं—Career College of ompetitions, 471, Urban Estate, mbala City.

जय माता दी
'दाग', 'कभी-कभी' और 'नूरी' की कामयाबी के बाद
यश चोपड़ा का एक और तोहफा हर नौजवान की जबान पर
चांदनी—चांदनी—चांदनी
CHANDNI
ऋषि कपूर, विनोद खन्ना, जूही चावला, वहीदा रहमान, अनुपम खेर ।

15 सितम्बर से : शिंगार-लुधियाना, हरी-जम्मू, के.सी.-चंडीगढ़, के.सी.-पंचकुला, रचना-फरीदाबाद, लुधियाना के एक और सिनेमा में और अमृतसर

चाय-पत्ती 60 रुपए किलो

अमृतसर, 10 सितम्बर (वर्मा): वैसे तो हर चीज के भावों में भारी वृद्धि हो रही है लेकिन चाय पत्ती की कीमतों में हुई वृद्धि ने तो सारे रिकार्ड मात कर दिए हैं । खुली मार्कीट में चाय पत्ती 58 से 60 रुपए किलो तक मिल रही है, जबकि पहली जनवरी 1989 को इसका भाव केवल 36 रुपए किलो था । हलवाइयों ने चीनी व चाय-पत्ती के भाव बढ़ने के कारण चाय प्रति कप 75 पैसे से एक रुपए

पठानकोट में अवैध कब्जे खत्म

पठानकोट, 10 सितम्बर (गुप्ता): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो के आदेश से आज प्रात: 5 बजे इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के कर्मचारियों ने प्रशासक श्री आर.एल. मेहता के संरक्षण में, डी.एस.पी. बलदेव सिंह रंधावा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स की सहायता से ट्रस्ट की जगह पर अवैध कब्जे खत्म कराने के लिए अब तक 50 दुकानें गिरा दी हैं । यह काम अभी जारी है । इन दुकानों को गिराने से रोकने के लिए भारी संख्या में लोग वहां जमा हो गए और पुलिस पार्टी व ट्रस्ट के कर्मचारियों पर पथराव किया ।

इसी दौरान एस.डी.एम. पठानकोट ने मौके पर पहुंच कर लोक-सम्पर्क विभाग की गाड़ी से माईक पर घोषणा कर दी कि यदि लोग तितर-बितर न हुए तो नगर में कर्फ्यू लगा दिया जाएगा । यद्यपि कर्फ्यू नहीं लगाया गया, तथापि भारी तनाव बना हुआ है । पुलिस ने पथराव करने वाले उत्तेजित लोगों पर लाठीचार्ज किया और भाजपा के नेता मा. मोहन लाल, मनोहर लाल महाजन, मदन लाल कोहली, कांग्रेस के बलदेव राज, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सतपाल, अकाली दल के सेवा सिंह, चित सिंह इत्यादि कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

दूसरी ओर कई नेताओं ने अवैध कब्जे खत्म करने की बहुत अरसा पहले सरकार से मांग की थी, जिस पर राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो के आदेश पर आज अवैध कब्जों को खत्म कराने का काम शुरू किया गया । कुछ प्रमुख नागरिकों ने ट्रस्ट के प्रशासक से कहा कि वह शहर के हालात खराब न करें और उन्हें दो दिन की मोहलत दें ताकि वे श्री रिबैरो के नोटिस में सही हालात ला सकें ।

पथराव से चार व्यक्ति घायल हुए हैं । उत्तेजित जनसमूह ने जगत सिनेमा के बाहर कई बसों पर पथराव करके उन्हें क्षति पहुंचाई । इस पथराव से 20 यात्री घायल हो गये ।

बताया जाता है कि नगरपालिका ने दुकानों के किराए बढ़ा कर मामला ठप्प कर दिया था । नगरपालिका की एक कार पर भी पथराव किया गया जिससे उसका ड्राइवर मक्खन सिंह घायल हो गया । उत्तेजित जनसमूह गिरफ्तार नेताओं की रिहाई की मांग कर रहे हैं ।

याद रहे कि पठानकोट के वकीलों ने अवैध कब्जे खत्म कराने के लिए 34 दिन हड़ताल की थी । इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट ने धारा-195 के तहत दुकानदारों को नोटिस दिये थे । दुकानदारों ने इन नोटिसों का जवाब दे दिया था । अब उनका कहना है कि उनको ट्रस्ट के अधिकारियों ने निर्माण के लिए मौखिक अनुमति दे दी थी । कई दुकानदार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने आभूषण आदि बेच कर ये निर्माण किए थे ।

पं.रा.बि.बो.

एस.वाई.एल. पावर हाऊस रोपड़

अल्पकालिक निविदा सूचना

स्वीकृत/प्रतिष्ठित सिविल कार्य ठेकेदारों से सी.एस.आर./आइटम रेट आधार पर डुप्लीके
हैं, जो बी.ई./एम.टी.पी.सी./एन.एच.पी.सी./सी.ई.ए. अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठित संगठन में नि
आवश्यक अनुभव रखते हैं ।

क्रमांक	निविदा इंक्वायरी नं.	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	कार्य का ब्यौरा पूर्ति की अवधि	स्पैसिफिकेशन का मूल्य
I.	रोपड़ हाईडल पावर हाउस, रोपड़ के स्थल पर, मिट्टी और कंक. की टैस्टिंग के लिए लैबारेटरी बिल्डिंग बनाना				
	आर.एच.पी.एच./ 4/89	1.90 लाख	1900/-	3 मास	25/-
II.	रोपड़ हाईडल पावर हाउस, रोपड़ में सीमैंट स्टोरेज शैड बनाना				
	आर.एच.पी.एच./ 5/89	1.95 लाख	1950/-	3 मास	25/-

शर्तें और नियम :

1. निविदा दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से अप्रतिदेय 25/- रुपए डीमांड सकते हैं, जो ए.ओ.(पी.) एस.वाई.एल., पं.रा.बि.बो. राजपुरा के पक्ष में बना.हो जाएंगी, जो निविदा दस्तावेज अग्रिम नहीं खरीदतीं ।
2. निविदा, निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 120 दिनों के लिए स्वीकृति के
3. किसी कारण से देर से प्राप्त होने वाली अथवा समुचित मोहरबंद लिफाफे में न होनी प्राप्त होने वाली निविदाएं रद्द कर दी जाएंगी । सशर्त निविदाएं भी रद्द कर
4. सभी निविदाओं के साथ निविदा दस्तावेजों में निर्धारित दरों पर धरोहर राशि आ जिन्हें उसके अंतर्गत विशेषत: छूट दी गई है ।
5. सक्षम अधिकारी कोई कारण बताए बिना किसी या सभी निविदाओं को रद्द क
6. निविदा उन ठेकेदारों को ही जारी की जाएंगी, जो वैसी किस्म के लिए किए गए प प्रस्तुत करते हैं ।

सी.सी.डिव. एस.वाई.
22

Bhushan/14281/715/6.9.89

Punjabi Sarataan

जलालाबाद के निकट आतंकवादियों से मुठभेड़ के बाद भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र मिले

हरियाणा के डी.एस.पी. की हत्या में वांछित खूंखार उग्रवादी ध्याना गिरफ्तार

ए.एस.आई. व 7 अन्य की हत्या : 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक ए.एस.आई. सहित 8 व्यक्ति मारे गए जबकि 2 घुसपैठिए भी मारे गए । पटियाला पुलिस ने बब्बर खालसा के एक खूंखार आतंकवादी ध्याना को गिरफ्तार किया जो कि सूरजपुर में हरियाणा के एक डी.एस.पी. की हत्या के अलावा अनेक वारदातों में वांछित था । जलालाबाद के निकट सीमा क्षेत्र में आतंकवादियों से मुठभेड़ के बाद बी.एस.एफ. ने भारी परिमाण में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया ।

भारी परिमाण में हथियार बरामद : जलालाबाद (मलिक, संधु) : भारत-पाक सीमा पर जोधाबाला चौकी क्षेत्र में आज तड़के पौने दो बजे पाक की ओर से भारत में घुस आए छह-सात आतंकवादी सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार एवं गोली-सिक्का छोड़ कर वापस पाक क्षेत्र में भाग गए । यह जानकारी सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक श्री प्रकाश सिंह ने दी है ।

श्री प्रकाश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि सीमा सुरक्षा बल की 77वीं बटालियन के जवानों ने कमांडेंट श्री के.एस. यादव तथा उप-कमांडेंट श्री एन.सी. शर्मा के नेतृत्व में नाका लगाया हुआ था । तड़के पौने दो बजे के लगभग जब छह-सात आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसते हुए देखा गया तो सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें चुनौती दी । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । लगभग पौने घंटे तक चले मुकाबले के बाद ये आतंकवादी हथियार छोड़ कर वापस पाक क्षेत्र में भाग गए । घटनास्थल से जो हथियार बरामद हुए हैं, उनमें चार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक ए.के. 74 चीनी असाल्ट राइफल, दो राकेट लांचर, 33 राकेट, पांच अमरीकी माऊज़र, 9 एम.एम. के 12 पिस्तौल, 455 बोर का एक रिवाल्वर, 10 हथगोले, 40 डैटोनेटर, ए.के. 47 राइफल के 17 मैगज़ीन, 9 एम.एम. पिस्तौल के 31 मैगज़ीन, 3850 जीवित कारतूस तथा 10 किलो विस्फोटक सामग्री शामिल है । ये आतंकवादी चार खाली बैग भी छोड़ गए हैं जिन पर खालिस्तान कमांडो फोर्स अंकित है ।

श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि संभवत: दो आतंकवादी मुठभेड़ में घायल भी हुए हैं लेकिन उनके साथी उन्हें लेकर वापस पाक क्षेत्र में घुसने में कामयाब हो गए । श्री प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि इन आतंकवादियों की घुसपैठ में पाक रेंजरों का हाथ था । उन्होंने यह भी बताया कि आज तक सीमा पर इतने अधिक हथियार कभी भी नहीं पकड़े गए हैं ।

श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि उक्त मुठभेड़ भारत-पाक सीमा पर स्थित बुरजी नम्बर 232 के निकट हुई । उन्होंने पत्रकारों को घटनास्थल पर घायल आतंकवादियों का गिरा हुआ खून भी दिखाया । आई.जी. ने बताया कि हो सकता है कि कोई आतंकवादी मर भी गया हो क्योंकि घटना स्थल पर किसी व्यक्ति को घसीट कर ले जाने के निशान भी मिले हैं । श्री प्रकाश सिंह ने बताया कि यह आतंकवादी गिनती में आधी दर्जन के करीब हो सकते हैं । यह अनुमान वहां से बरामद शस्त्रास्त्र की मात्रा के आधार पर लगाया गया है ।

श्री प्रकाश सिंह ने पत्रकारों को वह थैले दिखाये जिनमें आतंकवादी इतनी बड़ी मात्रा में हथियार डाल कर लाये थे । इन थैलों पर के.सी.एफ. (खालिस्तान कमांडो फोर्स) लिखा हुआ था । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए जहां बी.एस.एफ. के जवान हर समय चौकस रहते हैं, वहां सीमा क्षेत्र में कई स्थानों पर कंटीली तार भी लगाई जा रही है । इसके अलावा 'ट्रिप फ्लेअर' का भी प्रयोग किया जाने लगा है । यह ऐसा विस्फोटक है जिसकी तार पूरी तरह गुप्त होती है तथा जैसे ही उसके साथ कोई चीज़ टकराती है 'ट्रिप फ्लेअर' धमाका करने के बाद काफी ऊंची आग निकालने लगता है, जिससे घुसपैठियों का पता चल जाता है ।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आज रात्रि अमृतसर के पुलिस जिला तरनतारन के गांव नागोकी में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 3 को घायल कर दिया । मृतकों में अजीत सिंह, उसका बेटा सुखदेव सिंह और अजीत सिंह की भाभी इकबाल कौर शामिल हैं । घायलों में हरदीप कौर, हरजिंदर सिंह और हरदेव कौर शामिल हैं । तीनों घायल अजीत सिंह के सम्बन्धी हैं । (शेष पृष्ठ 6 पर)

हथियारों की बरामदगी : चित्रों की ज़बानी

एक भूतपूर्व तस्कर की करुण कथा सीधे मार्ग पर चलने नहीं दिया

अमृतसर, 11 सितम्बर (प.स.): भाकपा नेता तथा पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री सतपाल डांग ने आज पंजाब सरकार को एक भूतपूर्व तस्कर के बारे में लिखा है जो पार्टी वर्करों के प्रयास से सुधर गया है मगर अवैध धंधा छोड़ देने के बावजूद जिसे पुलिस द्वारा 'लगातार परेशान' किया जा रहा है ।

श्री डांग ने पंजाब सरकार के गृह सचिव श्री एस.एल. कपूर को लिखे अपने पत्र में कहा है कि तस्करों को सुधारने का काम बहुत निराशापूर्ण है क्योंकि अंत में सुधरे हुए व्यक्ति को पुनः पुराने धंधे में जाने के लिए विवश कर दिया जाता है या पाप का जीवन छोड़ देने के लिए उसे जेल जाना पड़ता है ।' श्री डांग ने आज इस पत्र की प्रतिलिपियां प्रैस को जारी करते समय खालड़ा क्षेत्र के सीमावर्ती गांव माड़ी मेघा के एक व्यक्ति गुरमुख सिंह के पत्र की भी प्रतिलिपियां जारी कीं, जो उसने आई.जी. बार्डर रेंज को लिखा था ।

गुरमुख सिंह ने स्वीकार किया है कि वह 3 वर्ष पहले अफीम बेचा करता था मगर क्षेत्र के कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों और कम्युनिस्ट वर्करों के कहने से उसने यह काम बिल्कुल बंद कर दिया और किसानी करने लगा । उसने आरोप लगाया है कि अफीम बेचने का धंधा छोड़ देने के बाद भी पुलिस उसे तंग करती चली आ रही है । उसने कहा है कि वह अपने क्षेत्र के कुछ जिम्मेदार लोगों को साथ लेकर पट्टी के तत्कालीन डी.एस.पी. से मिला और उन्हें आश्वासन दिया कि अब उसका या उसके परिवार के किसी सदस्य का तस्करी के काम से कोई सम्बन्ध नहीं है । इस पर पुलिस अधिकारी आश्वस्त हो गया और उसे परेशान किया जाना बंद कर दिया गया ।

गुरमुख सिंह ने कहा कि मुझे फिर परेशान करना शु वर्ष मार्च महीने में मैं कम्युनि अपने भतीजे को साथ लेकर एस.एस.पी. इज़हार आलम दिन पुलिस हिरासत में पूछताछ करने के बाद श्री गया कि मैं और मेरे भतीजे ज अफीम का धंधा छोड़ दिया कर दिया ।

गुरमुख सिंह के पत्र में अगस्त में खालड़ा पुलिस ने रिश्तेदारों को गिरफ्तार पूछताछ केंद्र, अमृतसर भेज पूछताछ के बाद तत्कालीन जे.पी. बिरदी ने आश्वासन नाम पुलिस की लिस्ट में का अगस्त में उसके विरुद्ध पुन वारंट जारी कर दिए गए तक पहुंच की तो पूरी जांच आदेश दिए कि उसे नज़रब

गुरमुख सिंह ने कहा ले 'कोफेपोसा' के अंतर्गत वारंट उसने करुण स्वरों में अपी अनावश्यक अत्याचार से जीवन बिताने में सहायता श्री डांग ने गृह सचिव प्रणाली को सुधारने के लिए जाएं ताकि अच्छे सामा मनोबल न टूटे और वे गलत को सीधे मार्ग पर लाते रहें

नेपाल भारत के साथ मौजूदा तुरन्त सुलझाना चाहता है : नेप

काठमांडो, 11 सितम्बर (प.स.): नेपाल नरेश वीरेन्द्र वीर विक्रम शाह देव ने कहा है कि नेपाल भारत के साथ मौजूदा गतिरोध को परस्पर लाभ के लिए तुरन्त सुलझाना चाहता है ।

हेलसिंकी में 'हेलसिंगिन सानोमत' के सम्पादक के साथ एक भेंट में नेपाल नरेश ने कहा कि नेपाल ने व्यापार और पारगमन सहित दोनों देशों के हित के मामलों पर बातचीत करने का हर सम्भव प्रयास

पकाने की आदतें बदली हैं

उन्होंने कहा कि ऊर्जा और गैस की बजाय अब ल जाने लगा है । ईंधन की अ करने के लिए संकट की इस 240 हैक्टेयर जंगल काटे

उन्होंने कहा कि जंग भूमि संसाधनों में कमी हो र जल मार्गों एवं बांधों में मि

Punjabi Sanatan

तड़के चीन से सटे के लगभग जब घुसपैठ आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसते हुए देखा गया तो सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें चुनौती दी । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने भी

घायल आतंकवादियों का गिरा हुआ खून भी दिखाया । आई.जी. ने बताया कि हो सकता है कि कोई आतंकवादी मर भी गया हो क्योंकि घटना स्थल पर किसी व्यक्ति को घसीट कर ले जाने के निशान

अजीत सिंह की गोली दर्शनाल कौर शामिल है । घायलों में हरदीप कौर, हरजिंदर सिंह और हरदेव कौर शामिल हैं । तीनों घायल अजीत सिंह के सम्बन्धी हैं । (शेष पृष्ठ 6 पर)

हथियारों की बरामदगी : चित्रों की ज़बानी



जलालाबाद की सीमा चौकी जोधेवाला में तैनात बी.एस.एफ. की 77वीं बटालियन के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से भारत में घुसपैठ का यत्न कर रहे आतंकवादियों से भारी मात्रा में गोली सिक्का और हथियार बरामद किये । चित्र में (1) आतंकवादियों से पकड़े गये विभिन्न किस्म के पिस्तौल, (2) गोली सिक्का, हैंडग्रेनेड तथा राकेट, (3) सीमा की-232 नम्बर बुर्जी पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए आई.जी. श्री प्रकाश सिंह तथा (4) बरामद ए.के. 47, ए.के. 74 राइफलें तथा अमरीकन गन । *(छाया : कपूर)*



फिरोज़पुर जिला पुलिस ने रविवार को गुरुहरसहाय पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पिंडी में एक राकेट लांचर, 47 हथगोले, 15 पिस्तौल, एक रिमोट कंट्रोल संयंत्र, दो ग्रिनेड लांचर, ए.के. 47 राइफल के 900 कारतूस, ए.के. 47 राइफल के दो मैगजीन, पिस्तौल के 19 मैगज़ीन तथा एक वायरकटर बरामद किया ।

काठमांडो, 11 सितम्बर (प.स.): नेपाल नरेश वीरेन्द्र वीर विक्रम शाह देव ने कहा है कि नेपाल भारत के साथ मौजूदा गतिरोध को परस्पर लाभ के लिए तुरन्त सुलझाना चाहता है ।

हेलसिंकी में 'हेलसिंगिन सानोमत' के सम्पादक के साथ एक भेंट में नेपाल नरेश ने कहा कि नेपाल ने व्यापार और पारगमन सहित दोनों देशों के हित के मामलों पर बातचीत करने का हर सम्भव प्रयास किया । उन्होंने कहा कि भूवेष्टित देश होने के कारण हम मौजूदा स्थिति को हमारे परस्पर हित में अविलम्ब सुलझाना चाहते हैं ।

द्विपक्षीय व्यापार और पारगमन संधियों की अवधि समाप्त होने के बाद गत मार्च में भारत और नेपाल के संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होने के बाद नेपाल नरेश का यह पहला सार्वजनिक वक्तव्य है ।

भारतीय उपमहाद्वीप में बढ़ती परिस्थितिकी समस्याओं के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में नेपाल नरेश ने कहा कि पिछले पांच महीने से मिट्टी के तेल और खाना पकाने वाले ईंधन की आपूर्ति में काफी कमी आई है इससे ग्रामीण और शहरी जीवन पद्धति में परिवर्तन आया है । विशेष रूप से खाना

असम ने केंद्रीय बलों की 20 और कम्पनियां मांगीं

गुवाहाटी, 11 सितम्बर (वार्ता): असम सरकार ने राज्य में जारी उग्रवादियों की जारी हिंसा को देखते हुए केंद्र से केंद्रीय बलों की 20 और कम्पनियां तैनात करने का अनुरोध किया है । यह जानकारी राज्य के गृहमंत्री भृगु कुमार फूंकन ने आज दी ।

पकाने की आदतें बदली हैं

उन्होंने कहा कि ऊर्ज और गैस की बजाय अब ल जाने लगा है । ईंधन की करने के लिए संकट की इ 240 हैक्टेयर जंगल का

उन्होंने कहा कि जंग भूमि संसाधनों में कमी हो जल मार्गों एवं बांधों में मि रहा है । पारिस्थितिकी की क्षमता घट गई है ।

नेपाल नरेश ने कहा नेपाल पर तो प्रभाव पड़ेग और बंगला देश पर भी पड़ेगा । उन्होंने कहा कि से निचले भागों में पर्यावरण होंगी ।

बोफोर्स तोपों के जानने के लिए ग

नई दिल्ली, 11 सित मोर्चा ने आज सबह बोट गुब्बारे उड़ा कर आकाश जानने के लिए एक सप्ताह की । भारत मुक्ति मो कुमार के नेतृत्व में एक ज के निवास से बोट क्लब प उड़ाए गए । इन गुब्ब थी—'जो इस पर्ची को ला जाएंगे ।'

भाजपा व जद में चुनाव के लिए तालमेल का मामला लगभ

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (प.स.): भारतीय जनता पार्टी और जनता दल के बीच लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के तालमेल का मामला कमोबेश तय हो गया है । इसके बारे में दोनों पार्टियों के बीच प्रारम्भिक बातचीत पूरी हो चुकी है । सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र को छोड़ कर अन्य सभी राज्यों में सीटों के तालमेल के बारे में समझौता लगभग पूरा हो चुका है ।

गुजरात के बारे में आज अहमदाबाद में दोनों पार्टियों के बीच बैठक हो रही है । महाराष्ट्र में भाजपा और शिव सेना के गठबंधन के कारण वहां जनता दल अलग से चुनाव लड़ेगा लेकिन पार्टी की महाराष्ट्र की स्थानीय इकाई के अधिकांश नेता भाजपा और शिव सेना के साथ मिल कर चुनाव लड़ना चाहते हैं । जनता दल की नेता मृणाल गोरे इसके विरुद्ध है, जिसके कारण वहां तालमेल नहीं हो रहा है ।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार सीटों के तालमेल चुनाव तैयारियों, चुनाव रणनीति आदि के बारे में 25 सितम्बर से बम्बई में होने वाली भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा ।

सूत्रों के अनुसार भाजपा चुनावों में लगभग सवा सौ सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी । इसके अलावा महाराष्ट्र में भाजपा 36 सीटों पर चुनाव लड़ेगी । अगर जनता दल तालमेल के लिए तैयार होता है तो भाजपा उनके लिए पांच-छः सीटें छोड़ने को तैयार है ।

भाजपा के एक प्रवक्ता के अनुसार बोलनगीर के राजा के पार्टी में शामिल होने से उड़ीसा में भी पार्टी की स्थिति मजबूत हुई है । इसके कारण उड़ीसा में भाजपा को अतिरिक्त सीटें मिलने की उम्मीद है ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार अगर महाराष्ट्र और उड़ीसा की सीटों को भी मिलाया जाए तो भाजपा चुनावों में 'तालमेल के साथ' 150 से 160 सीटों पर चुनाव लड़ेगी ।

सूत्रों का दावा है कि इस बार चुनाव में अगर किसी एक राजनीतिक दल को सबसे अधिक लाभ

हुआ तो वह भाजपा ही राजनीतिक स्थिति में हुए गए हैं और भाजपा ने व उल्लेखनीय सफलता पाई

भाजपा के एक पदाधि प्रदेश में भाजपा और ज प्रारम्भिक तालमेल के तह सीटें मिल रही हैं । भाजप अपना दावा पेश किया था

पार्टी के पदाधिकारि अट्ठारह से बीस, गुजरात चौदह से सोलह, मध्य प्र दिल्ली में पांच से छः और भाजपा को मिल रही बंगाल, केरल और पश्चिम से भी अपने उम्मीदवार है ।

भारतीय जनता पार्टी सिक्किम के वर्तमान राज कहा है कि वह बोफोर्स बड़े आदमी के नाम का

'लाखों लोग व राजीव गांध

नई दिल्ली, 11 सि राजीव गांधी ने आज क बारे में इस कथन से सह लोग कष्ट भोग रहे हैं । की पुस्तक 'फ्रैगमैंट्स प्र करते हुए प्रधानमंत्री ने भ्रमण किया है और निर्ध पर अपनी समस्याओं के उन्होंने कहा कि कष्ट झलकता है, जो कभी संत कहा कि इस पुस्तक से विभिन्न पहलुओं का पत

प्रो. मंजीत सिंह केशगढ़ साहिब के जत्थेदार

पटियाला, 11 सितम्बर (भूषण): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी ने यहां

भारतीय

कोलम्बो, 11 सि

हरियाणा विधानसभा सत्र के पहले ही दिन भारी हंगामा, इंका विधायक महेंद्र प्रताप निलंबित, असलम खां व रघु का वाक-आऊट

Punjabi Sahulat

आतंकवादियों ने मजीठा-फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर बारूदी सुरंग बिछा कर सी.आर.पी.एफ. की एक जीप को उड़ा दिया जिससे 4 जवान घायल हो गए थे । अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन वे चारों जवान । (छाया : पं.क.)

धारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद

(पृष्ठ 3 का शेष)

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 8 से 10 थी और वे अजीत सिंह उर्फ़ बीर सिंह तथा गुरदीप सिंह के घरों में रात्रि 8.30 बजे दाखिल हुए और अंधाधुंध फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी । उग्रवादियों ने ए.के.47 चीनी असाल्ट राइफलों और 9 एम.एम. के शस्त्रों का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के.47 के 17 और 9 एम.एम. के 3 कारतूस बरामद हुए हैं । घटनास्थल पर छोड़े एक नोट में इस वारदात की जिम्मेवारी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा ने ली है । उन पर बब्बर खालसा के सदस्य गुरमेज सिंह, जो हाल ही में खड़ूर साहिब में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारा गया था, के बारे में पुलिस को सूचित करने का आरोप है । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

एक आतंकवादी पकड़ा गया : अमृतसर (पम): पुलिस ने बताया कि गत रात छहटा औद्योगिक क्षेत्र में एक संदिग्ध आतंकवादी पकड़ा गया । दो आतंकवादी एक मैडीकल स्टोर में गये और 7 लाख रुपए की फिरौती मांगी । दुकानदार तथा राहगीरों द्वारा चुनौती दिये जाने पर उनमें से एक अपना पिस्तौल फैंक कर भाग निकला जबकि दूसरा किरपान पहने हुए था, पकड़ा गया । जिसको पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

लूट की घटना : इसी बीच आज बाद दोपहर रानी का बाग कालोनी में दो स्कूटर सवार आतंकवादी एक घर से 600 रुपए नकद, एक सोने की अंगूठी तथा एक वी.सी.आर. ले उड़े । यह आतंकवादी घर में टैलिफोन ठीक करने के बहाने दाखिल हुए । उस समय घर में गृहणी और उसका बच्चा ही था । उन्होंने उनके हाथ ऊपर करा दिये और नकदी व कीमती सामान ले गए ।

2 घुसपैठिये मरे : आज प्रात: अमृतसर जिला के घरिंडा क्षेत्र में माहवा सीमा चौकी के निकट 2 घुसपैठिये बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गये ।

ए.एस.आई. की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव पामड़ी में गत रात दो आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक ए.एस.आई. पुलिस हरभजन सिंह की हत्या कर दी । आतंकवादी उसका सर्विस रिवाल्वर भी ले गये ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतक उक्त गांव अपने ससुराल आया हुआ था और आजकल जिला अमृतसर में डी.आई.जी. बार्डर रेंज के कार्यालय में तैनात था ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : सदर पुलिस बटाला ने बब्बर खालसा के तीन आतंकवादियों गुरदेव सिंह, गुरमीत सिंह तथा मेहर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक .32 बोर का रिवाल्वर, गन काटन स्लैब तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

लुटेरा व एक बच्चा मारा गया :गुरदासपुर (विनोद): गत रात धारीवाल थाना के अंतर्गत गांव कलेरखुर्द में बटाला जिला पुलिस के कुछ कर्मचारी, जो 'कैट आपरेशन' में थे, लूटपाट करने आये । मगर उनकी अपनी गलती से उनका अपना ही एक साथी मारा गया । उनमें से तीन लुटेरे पकड़ लिये गये जबकि एक भागने में सफल हो गया । इस घटना में एक बच्चा भी मारा गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 12 बजे पांच लुटेरे एक मारुति वैन पी.सी.बी. 1381 में उक्त गांव में आये । गांव में आने से पहले उन्होंने वहां की बिजली सप्लाई काट दी । सबसे पहले वे कुलवंत सिंह के घर गये और वहां लूटपाट की । इसके बाद वे महेंद्र सिंह नामक एक भूतपूर्व सैनिक के घर गये जहां उन्होंने महेंद्र सिंह से कहा कि तुम्हारी लड़की की शादी 10 अक्तूबर को है, उसके जेवरात और सारा रुपया हमें शस्त्र खरीदने के लिए दे दो । महेंद्र सिंह की लड़की असवंत कौर जिसका ब्याह रखा गया है, ने जेवरात देने से इन्कार कर दिया तो लुटेरों ने उसकी पिटाई की । इस बीच शोर मचता देख कर एक लुटेरे ने ए.के. 47 से फायरिंग शुरू कर दी जिससे उनका अपना ही एक साथी और और महेंद्र सिंह का 13 वर्षीय लड़का अजमेर सिंह मारे गये । अजमेर सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था ।

इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने साइकल पर जाकर नजदीकी गांव सुचैनी में तैनात बी.एस.एफ. को सूचित कर दिया । उधर लुटेरों को जब अपने साथी के मारे जाने का पता चला तो वे मारुति वैन पर भागने लगे । मगर इतने में बी.एस.एफ. आ चुकी थी जिसने घेराबंदी कर 3 लुटेरों को पकड़ लिया जबकि चौथा भागने में सफल हो गया । गिरफ्तार लुटेरों की शिनाख्त जोगिन्दर सिंह तथा लखविन्दर सिंह निवासी डेढ़, तहसील बटाला तथा हरचरण सिंह

जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के गांव कलेर खुर्द में लूटमार करने आए 5 लुटेरों में से एक लखविन्दर सिंह, जो बटाला पुलिस का कांस्टेबल नं. 1821 था, का शव (ऊपर) यह अपने ही साथी लुटेरे की गोली से मारा गया । (नीचे) लुटेरों द्वारा की गई फायरिंग से मारे गए लड़के अजमेर सिंह का शव । वह सातवीं श्रेणी का छात्र था ।

बटाला पुलिस का शिनाख्ती कार्ड मिला जिससे उसकी शिनाख्त लखविंदर सिंह नम्बर 1821 के रूप में हुई है ।

सूत्रों के अनुसार जब इस संबंध में बटाला जिला पुलिस से बात की गई तो बताया गया कि उक्त पांचों लुटेरे पहले बटाला जिला पुलिस के लिए 'कैट' का काम करते थे । अब वे भगौड़े हो चुके हैं और लूटमार में संलिप्त हैं । गिरफ्तार लुटेरों से पूछताछ जारी है तथा कई रहस्य खुलने की संभावना है । गांव वालों के अनुसार उक्त सभी लुटेरे बटाला पुलिस के आदमी हैं और पुलिस के नाम पर पहले भी कई बार लूटपाट कर चुके हैं । पुलिस ने मारुति वैन कब्जे में ले ली है । यह वैन बटाला के एक व्यापारी की है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार सभी पांचों लुटेरे बरतर्फशुदा विशेष पुलिस अधिकारी थे । राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि उक्त पांचों लुटेरे आपस में रिश्तेदार हैं और उन्हें अवांछित गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर सेवा से बरतर्फ कर दिया गया था । बरतर्फी के बाद उन्होंने गिरोह बना लिया तथा आतंकवादियों की आड़ में लूटमार शुरू कर दी ।

खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): बब्बर खालसा के एक खूंखार आतंकवादी ध्यान सिंह उर्फ़ ध्याना को आज सुबह करीब 5 बजे सुरक्षा बलों ने जनसुई पुल के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । कहा जाता है कि ध्याना स्कूटर पर जा रहा था । सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिये जाने पर वह गोलियां चलाने लगा जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया । इसके बाद उसे काबू कर लिया गया । उससे एक चीनी ए.के. 47 राइफल, तीन कारतूस तथा बिना नम्बर का स्कूटर बरामद हुआ ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने सुरजपुर के निकट हरियाणा के एक डी.एस.पी., मोरिंडा के एस.एच.ओ., 2 अन्य पुलिस कर्मियों तथा 12 दूसरे लोगों की हत्या में संलिप्तता स्वीकार की है । वह अनेक डकैतियों तथा हथियार छीनने की वारदातों में भी संलिप्त था । उसकी गिरफ्तारी के लिए पंजाब सरकार ने 30 हजार रुपए तथा हरियाणा सरकार ने 25 हजार रुपये का ईनाम रखा हुआ था । उसकी गिरफ्तारी को जिला पुलिस की एक बड़ी सफलता करार दिया जा रहा है ।

दुकानदार की हत्या : आज बाद दोपहर पटियाला में माडल टाऊन में मंदिर के निकट दो साइकल सवार आतंकवादियों ने एक 55 वर्षीय दुकानदार मोती राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उसकी पत्नी कमला देवी (45) तथा लड़के नरेश कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि दोपहर का भोजन करने के बाद मोती राम अपनी दुकान खोल रहा था जो कि उसके घर में ही स्थित है । आतंकवादियों ने उसको गोलियां मारीं । जब उसकी पत्नी व लड़का वहां पहुंचे तो उन पर भी उन्होंने फायरिंग की । कमला देवी की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

फरार होते समय आतंकवादी अपना साइकल छोड़ गये तथा एक इलैक्ट्रीशियन बलबीर सिंह का स्कूटर छीन कर ले गये । पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये हैं ।

छुरा घोंप कर हत्या : अज्ञात व्यक्तियों ने आज बाद दोपहर राजेंद्रा टैंक के निकट एक व्यक्ति की छुरा घोंप कर हत्या कर दी ।

आढ़ती का पता नहीं चला : खरड़ से 'शशि' के अनुसार कल प्रात: जिस आढ़ती नंद लाल का आतंकवादियों ने अपहरण किया था, उसका कुछ पता नहीं चला है । इस घटना के कारण जनता में आतंक व्याप्त है तथा घटना पर रोषस्वरूप आज यहां आर्य कालेज, आर्य पाठशाला आदि बन्द रहे ।

रिवाल्वर ले गये : होशियारपुर (अश्विनी): प्राप्त सूचना के अनुसार थाना टांडा के अंतर्गत गांव मत्ता में पंजाब रोडवेज जालंधर के मैकेनिक जोगेंद्र सिंह के घर में 5 आतंकवादी, जिनमें एक औरत भी शामिल थी, दरवाजा तोड़ कर दाखिल हो गये और 32 बोर का वैबले स्काट रिवाल्वर, 5 कारतूस तथा 5 सौ रुपये नकद लेकर फरार हो गये । जोगेंद्र सिंह ने बाद में थाना में रिपोर्ट दी है, जिसमें 3-4 व्यक्तियों पर आरोप लगाया गया है कि उनकी उसके साथ शत्रुता है इसलिये उन्होंने आतंकवादियों को भाड़े पर लेकर वारदात कराई है ।

वैज्ञानिकों का धरना खत्म

भुवनेश्वर, 11 सितम्बर (वार्ता): क्षेत्रीय अनसंधान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक आज यहां अपना 35 दिन पुराना धरना खत्म कर काम पर वापस आ गए ।

सुरक्षा कर्मियों को कमांडो प्रशिक्षण

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाजपा व इंका वर्करों में संघर्ष : 3 घायल : पंच : कांग्रेस (इ) तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के बीच आज यहां सुबह हुए झगड़ों में कम से कम तीन व्यक्ति घायल हो गए । ये झगड़े मुख्य बाजार में हुए ।

ये झगड़े तब शुरू हुए जब राज्य विधानसभा के अध्यक्ष चौधरी मुहमद असलम के यहां आने पर भव्य स्वागत का अनुरोध करते हुए कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं के एक दल ने कुछ दुकानों पर लगाए गए काले झंडे हटा दिए । ये काले झंडे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने लगाए थे । पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची लेकिन उसने किसी को गिरफ्तार नहीं किया ।

पुलिस वाहन पर फायरिंग : 'अशोक' के अनुसार आज श्रीनगर के एक निचले इलाके में आटोमैटिक हथियार द्वारा पुलिस वाहन पर फायर किए गए मगर भाग्यवश कोई हताहत नहीं हुआ । घटना के तुरन्त बाद पुलिस ने परे इलाके में तलाशियां लीं । मगर कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद : इस बीच गत तीन दिनों के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र और भारत विरोधी साहित्य जब्त किया है तथा कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस महानिदेशक गुलाम जीलानी पंडित ने बताया कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के स्वयंभू कैप्टन अब्दुल रशीद, जिसे हाल ही में गिरफ्तार किया गया है, की निशानदेही पर पुलिस ने श्रीनगर से 150 कि.मी. दूर साधना दर्रे, जो कुपवाड़ा जिले में है, की एक गुफा से भारी मात्रा में गोली-सिक्का और हथियार बरामद किए हैं, जिनमें 2 कलाशिनकोव राइफलें, 10 चीन निर्मित हथगोले, 350 कारतूस तथा ढेर सारी विस्फोटक सामग्री शामिल है । यह शस्त्र अनन्तनाग में सक्रिय आतंकवादियों के लिए थे । इसके अतिरिक्त भारत विरोधी हजारों स्टिकर भी बरामद हुए, जो उर्दू और अंग्रेजी भाषा में हैं ।

छापाखाने का मालिक गिरफ्तार : श्री पंडित ने बताया कि अनन्तनाग में रविवार को दो युवक गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से एक के घर से भारी मात्रा में भारत विरोधी साहित्य मिला है, जो श्रीनगर के एक छापाखाने में छपा है । इस छापाखाने के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

खंडन : श्री पंडित ने इस समाचार का खंडन किया कि पुलिस श्रीनगर की जामा मस्जिद में कुछ आतंकवादियों को पकड़ने के लिए खोजी कुत्तों को साथ लेकर अंदर गई थी । उन्होंने कहा कि केवल कुछ मुसलमान कांस्टेबल ही मस्जिद में गए थे । और उनके साथ मस्जिद के प्रबन्धक भी थे ।

बताया जाता है कि यह पहाड़ी गुफा तीन हजार मीटर ऊंचे पहाड़ पर स्थित है तथा नगंदर के निकट है ।

पाकिस्तान में प्रशिक्षित युवकों द्वारा लाए गए आधुनिक हथियार की बरामदगी के सिलसिले में सुरक्षा बल द्वारा नगंदर क्षेत्र में दूसरी बार छापा मारा गया ।

पुलिस ने कल रात अनन्तनाग जिले में कट्टर उग्रवादी नेता सज्जाद अहमद को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया । इनसे कुछ शस्त्र भी बरामद किए गए ।

पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल ने कल खानियार और नौपोड़ा क्षेत्र के कई ठिकानों पर छापा मारा तथा नौपोड़ा मोहल्ले के एक मकान से आठ संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया ।

इस बीच पुलिस महानिदेशक गुलाम जालानी पंडित ने आज बताया कि विधिवत चुनी गई सरकार को उखाड़ने तथा कश्मीर को पाकिस्तान से जोड़ने के षड्यंत्र रचने के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं ।

गत दिनों झड़प के साथ हुए म प्रमुख के.पी. सी.आर.पी.एफ

नैतिक ज आज

जालन्धर ब्रह्मकुमारी ई एवं शोध प्रति में विशेष कर उद्देश्य से 21 जागृति यात्रा अ सितम्बर को दि ईश्वरीय विश्व कि उक्त अभि भर में भ्रमण इनमें से एक अभियान हरिद्वा को जालन्धर मे को फगवाड़ा, 15 सितम्बर

भव्य स्वागत

फिल्लौर दल का आज गया । अभिय बताया कि 1 शपथ-पत्र पर मांस, तम्बाकू अभियान दल के विद्यार्थियों दिए ।

अखिल एडवो

हैदराबाद, हिन्द एडवोके 16 सितम्बर सम्पन्न हो रह नीति के कारण तथा हिन्दू स समस्याओं पर देखा जाएगा समाधान प्रस्तु सकते हैं ।

इंका

पंजाब के राज्य के प्रशासक सूर्जेवाला ने अ मुख्यमंत्री के चंडीगढ़ में स्थ के लिए श्री रे मामले को ले जाएगी, जिसम मामले पर वि

कार्यकर्त्ता पुलिस को का पंजाब, हरिया ली थी । गिर पुलिस स्टेशन

आज चं

Punjabi Sa Gallan

गये : 2 व्यक्तियों की हत्या

सोलन ज़िला में बैंक से लगभग 1 लाख रुपये लूटे गये

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वा., प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 6 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला में एक बैंक से लगभग एक लाख रुपए लूटे गए ।

तीन आतंकवादी मारे गये : कल रात जिला जालंधर में थाना फिल्लौर के अंतर्गत मंड क्षेत्र में 3 आतंकवादी मारे गये । इनके गोलियों से छलनी शव आज प्रात: बरामद किए गए ।

नूरमहल से संवाददाता के अनुसार तीनों आतंकवादियों के शव गांव फज़लेवाल के निकट एक गन्ने के खेत में पड़े मिले । इनमें से एक के हाथ-पांव रस्सी से बंधे हुए थे । शवों के निकट ए.के. 47 राइफल के तीन चले हुए कारतूस, एक बिना नम्बर का बजाज चेतक स्कूटर, एक सी.सी.एच. 8676 हीरो होंडा मोटर साइकल बरामद हुआ । सूत्रों के अनुसार एक आतंकवादी गैर केशधारी था । सूचना मिलते ही जालंधर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए ।

टैम्पो में हत्या : आतंकवादियों ने एक व्यक्ति राजेंद्र कुमार की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि वह जिला संगरूर में बरनाला से अपने टैम्पो में फिरोज़पुर जा रहा था ।

फिरोज़पुर से 'कन्तोड़' के अनुसार मृतक राजेंद्र कुमार मल्लांवाला निवासी मोहन लाल का लड़का था । वह मित्सुबशी पी.सी.ई.-4162 चला रहा था । उसका कंडक्टर रमेश कुमार सख्त घायल हो गया । यह घटना थाना घल खुर्द के गांव माछी वग्गा के निकट हुई । रमेश कुमार को सख्त घायलावस्था में मिशन अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसने बताया कि गत रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे वह बरनाला में माल उतारने के बाद वापस आ रहे थे कि घटनास्थल पर, जोकि जी.टी. रोड पर है, कुछ व्यक्तियों ने उन्हें टार्च जला कर रुकने का संकेत दिया । जब राजेंद्र कुमार ने वाहन रोका तो उन्होंने कहा कि उन्होंने उसे गलत आदमी समझ लिया था अत: वह जल्दी से वाहन स्टार्ट करके चले जाएं । जैसे ही उसने वाहन स्टार्ट किया उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी जिससे राजेंद्र कुमार की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मृतक अपने पीछे विधवा पत्नी तथा दो लड़कियां छोड़ गया है । आज़ाद टैम्पो यूनियन फिरोज़पुर ने आज इस हत्याकांड के विरोध में पूर्ण हड़ताल रखी । अभी तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला ।

2 उग्रवादी मारे गये : जिला फिरोज़पुर में धर्मकोट के निकट 2 उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये । घटनास्थल से एक .315 बोर की राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

बस-कंडक्टर लूट लिया : मानसा (मेहता): 2 उग्रवादियों ने कल बोहा से मानसा जा रही एक प्राइवेट कम्पनी की बस के कंडक्टर से 2950 रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि गांव देलूआना के पास जब बस पहुंची तो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कंडक्टर का थैला छीन लिया और एक स्कूटर पर भाग निकले ।

नकदी छीन ली : खन्ना से सहगल के अनुसार स्थानीय अनाज मंडी के बाहर जी.टी. रोड पर तेजवन्त सिंह से दो स्कूटर सवारों ने 2 हज़ार रुपए पिस्तौल की नोक पर छीन लिए । तेजवन्त सिंह के भाई सरपंच शमशेर सिंह ने बताया कि जब वह लोग थाने में रिपोर्ट लिखाने गये तो पुलिस वालों ने रिपोर्ट लिखने से इन्कार कर दिया तथा सादे कागज पर उन्हें अपना बयान लिखने को कहा ।

बंदूक छीनी : पटियाला (भूषण): गत रात जिला पटियाला में थाना अमलोह के गांव राईवाल में 4 सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति भाग सिंह से उसकी बंदूक छीन ली ।

आतंकवादियों ने सोलन जिले में बैंक लूटा : शिमला (वार्ता): 3 कथित आतंकवादियों ने आज हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के औद्योगिक कस्बे बरोटीवाला में यूनाइटेड कमर्शियल बैंक की शाखा को लूट लिया । अपुष्ट खबरों के अनुसार बैंक से लगभग एक लाख रुपये लूटे गए हैं । बताया जाता है कि लूट के बाद आतंकवादी पंजाब के रोपड़ क्षेत्र की ओर फ़रार हो गये । पुलिस ने बरोटीवाला की सीमा सील करके आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी है । घटना की सूचना मिलने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौका पर पहुंच गये ।

बताया जाता है कि स्वचालित हथियारों से लैस आतंकवादी एक मोटर साइकल पर आए और जबरदस्ती बैंक में घुसे । उनमें से एक ने टैलीफोन की तारें काट दीं, जबकि अन्य आतंकवादी कैशियर काउंटर की तरफ लपके । यह घटना दोपहर 12 बजे के लगभग हुई जबकि घटना की सूचना शिमला में बैंक के मंडलीय कार्यालय को 1.30 बजे मिली । पिछले डेढ़ वर्ष में सोलन जिले में बैंक लूटे जाने की यह तीसरी घटना है ।

सोलन से फेपुर के अनुसार सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों का पीछा करते हुए फ़ायर किए लेकिन पुलिस का मोटर साइकल एक खाई में गिर जाने के कारण आतंकवादी भागने में सफल हो गए । सोलन के एस.एस.पी. आर. के सिंह ने बताया है कि उक्त बैंक में कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था । एस.एस.पी. ने बताया कि बाद में आतंकवादियों का मोटर साइकल घटनास्थल से 5 कि.मी. दूर पड़ा हुआ मिला ।

'प.स.' के अनुसार पगड़ीधारी आतंकवादियों ने बैंक में आते ही 3 फ़ायर किए । जिस मोटर साइकल पर वे भागे उसका नम्बर एच.पी.ए. 9798 था और यह हिमाचल-हरियाणा सीमा पर नानकपुर के पास पड़ा मिला । आतंकवादी बैंक की करंसी चैस्ट, जिसमें भारी धन राशि थी, तक नहीं पहुंच सके ।

इसी बीच पुलिस का कहना है कि पट्टा-गोला सड़क पर 3-4 संदिग्ध सवारों समेत एक कार देखी गई जो सड़क टूटी होने के कारण वापस मुड़ गई । उसके सवारों के बारे में पूछताछ की जा रही है ।

गोलियों से छलनी शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव कालहोवाल में आज सायं एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया ।

पुलिस अधिकारियों को फिर भी विश्वास है कि यह वारदात उग्रवादियों के गिरोह की आंतरिक प्रतिद्वंद्विता है । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 8 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

पुलिस ने कहा है कि युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं की गई । आसपास के गांवों के लोगों को शव की शिनाख्त करने के लिए बुलाया गया है ।

होटल में लाश मिली : अमृतसर शहर में आज एक होटल के कमरे से भी एक शव बरामद हुआ ।

पुलिस ने बताया कि आज प्रात: दो व्यक्ति होटल में ठहरने के लिए आए थे, उनमें से एक का शव होटल के कर्मियों को दोपहर को मिला । उसका साथी गायब है । पुलिस ने धारा 302 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

बताया गया है कि मृतक सम्भवतया सहारनपुर का निवासी था और उसका नाम असलम था ।

घायल दम तोड़ गई : कल नागोके में उग्रवादियों के हाथों घायल होने वाली श्रीमती हरदीप कौर आज अस्पताल में दम तोड़ गई । इससे इस हत्याकांड में मरने वालों की संख्या 4 हो गई है ।

गत रात तरनतारन पुलिस जिले के नागोके गांव में आतंकवादियों ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों सरबदेव सिंह, उसके बाप अजीत सिंह व अजीत सिंह की साली इकबाल कौर की हत्या कर दी थी ।

10 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार : गत रात्रि भारत-पाक सीमा के खेड़ा क्षेत्र में रूड़ांवाला चौकी के निकट बी.एस.एफ. ने 10 पाक घुसपैठियों को पकड़ लिया । बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति बंगला देश के नागरिक समझे जाते हैं ।

पुलिस द्वारा खंडन : अमृतसर पुलिस ने आज इस बात का खंडन किया कि पुलिस ने बेरका में हुई उस मुठभेड़ में अवतार सिंह हरदीप सिंह को मारा है जिसमें 3 आतंकवादी मारे गए थे । पुलिस ने कहा कि मारे गए व्यक्ति आतंकवादी ही थे ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने आज यहां बताया कि उसने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । इनके पास से 2 स्टेन गन, 2 पिस्तौल तथा 2 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं ।

बस में से उतार कर हत्या : बटाला से संवाददाता के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात बटाला-गुरदासपुर मार्ग पर एक बस में से उतार कर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों की पहचान नहीं हो सकी ।

बस में से उतार कर हत्या : बटाला से संवाददाता के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात बटाला-गुरदासपुर मार्ग पर एक बस में से उतार कर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों की पहचान नहीं हो सकी ।

गिरफ्तारी पर रोक

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (गुप्ता): अरुण गैस एजैंसी लुधियाना के मालिक अरुण कुमार की गिरफ्तारी पर पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एस.डी. बजाज ने रोक लगा दी है । यह कार्रवाई एल.पी.जी. गैस सिलैंडरों के ट्रक की डकैती के सम्बन्ध में की गई है ।

विषाक्त भोजन से 201 बीमार

इंदौर, 12 सितम्बर (प.स.): इंदौर से लगभग तीस किलोमीटर दूर ग्राम हरनासा में कल विषाक्त भोजन खाने से 201 व्यक्ति बीमार हो गए ।

सैनिक वर्दी की गरिमा कम करने वालों को चेतावनी

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने आज कुछ निजी संस्थानों को चेतावनी दी है कि वे सैनिक वर्दी की गरिमा को कम न करें । राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा है कि समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद यह देखा गया है कि अनेक फैक्ट्रियों व दुकानों आदि के लिए चौकीदार, गार्ड, गेटकीपर तथा सुरक्षा कर्मी सैनिकों जैसी वर्दी पहनते हैं ।

प्रवक्ता ने कहा है कि थल, जल या वायुसेना की वर्दी से मिलती वर्दी पहनना धारा-140 का उल्लंघन है तथा एक दंडनीय अपराध है । दंड स्वरूप जैल व जुर्माना भी किया जा सकता है ।

रामायण ने फिल्म निर्माताओं को भारतीय संगीत की ओर मोड़ा

कोटा, 12 सितम्बर (वार्ता): प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार एवं संगीतकार रविन्द्र जैन ने कहा है कि दूरदर्शन पर हिन्दी धारावाहिक रामायण की प्रस्तुति के बाद से हिन्दी फिल्मों में भी गीत व संगीत के पक्ष में बदलाव आ रहा है । करीब 50 फिल्मों में गीत व संगीत दे चुके रविन्द्र जैन ने आज यहां एक भेंट में बताया कि हिन्दी फिल्मों में पाश्चात्य संगीत कुछ वर्षों के लिए साबुन की तरह लोकप्रिय तो हुआ लेकिन अब दर्शक इससे ऊब चुके हैं ।

उन्होंने कहा कि दूरदर्शन पर रामायण की अपूर्व सफलता के बाद दर्शकों की रुचि का ध्यान रखकर फिल्म निर्माता व निर्देशक भी पुन: भारतीय संगीत की ओर उन्मुख हो रहे हैं ।

शोर मचाये शोर से हिन्दी फिल्मों में प्रतिष्ठित हुए संगीतकार रविन्द्र जैन ने कहा कि संगीत वही शाश्वत होता है जो दर्शकों और श्रोताओं के दिल में उतर जाए । उन्होंने कहा कि यह खूबी केवल भारतीय संगीत में ही है । श्री जैन ने कहा कि व्यावसायिक फिल्म निर्माता भी इस बात को अच्छी तरह समझ गए हैं तथा अब उन्होंने पाश्चात्य संगीत को फिल्मों में ठूंसना बंद कर दिया है । उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संगीत हमारे देश की संस्कृति व वातावरण में कतई जगह नहीं बना सकता ।

श्री जैन ने बताया कि वह राजकपूर की फिल्म "हिना" तथा एन.टी. रामाराव की फिल्म 'बहादुर शि

विश्वामित्र' में भी वह गीत व संगीत दे रहे हैं । उन्होंने बताया कि इसके अलावा वह रामानन्द सागर की वीडियो फिल्म 'कृष्ण' तथा 'दुर्गा' में भी गीत व संगीत दे रहे हैं ।

दूरदर्शन धारावाहिक रामायण की अभूतपूर्व सफलता के बाद मिली ख्याति के बारे में उन्होंने कुछ यूं कहा कि

सम्मान दिया, साथ दिया प्यार दिया है।
उड़ने को गगन, टिकने को आधार दिया है।
छोटा सा एक नाम था परिवार में सीमित।
पर वारों ने ही इस नाम को विस्तार दिया है।

श्री जैन यहां स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जोरावर सिंह जैन की पुण्य स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भाग लेने आए हुए थे ।

जनता दल की पंजाब इकाई भंग

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (वार्ता): जनता दल की पंजाब इकाई को गुटबंदी के हिंसात्मक मोड़ ले लेने के कारण भंग कर दिया गया है । पार्टी की हिदायत के अनुसार पार्टी ने पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेताओं के बीच मतभेद के हिंसक रूप अख्तियार करने को गम्भीरता से लिया है और कहा है कि इस तरह के आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है ।

पार्टी के प्रवक्ता सत्यपाल मलिक ने बताया कि अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पार्टी की पूरी पंजाब इकाई को भंग करने का फैसला किया है तथा राज्य स्तर से जिला स्तर तक पार्टी की इकाइयों का नए सिरे से गठन किया जाएगा ।

जनता दल ने संगठन सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिए सभी राज्यों में सात सदस्यीय विशेष समितियां गठित करने का फैसला किया है । यह जानकारी श्री मलिक ने आज यहां सम्वाददाताओं को दी । इस विशेष समिति में राज्य पार्टी के अध्यक्ष, राज्य संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रधान, महासचिव, अध्यक्ष, अभियान समिति अध्यक्ष, नीति एवं कार्यक्रम समिति और विधान मंडल में पार्टी के नेता शामिल होंगे । इस विशेष समिति को "फोर यूथ" का नाम दिया गया है ।

मानव अंगों का सौदा होने लगा !

ओटवा, 12 सितम्बर (प.स.): विज्ञान के ज़रिये दुनिया अब उस मुकाम पर पहुंच गई है जहां मानव अंगों का सौदा होने लगा है । यही नहीं, इन सौदों से अब नई पेचीदगियां पैदा होने लगी हैं । भारत, बंगलादेश, श्रीलंका, तुर्की, ग्वाटेमाला, होंडुरास, हैती, अर्जेंटीना और ब्राजील कुछ ऐसे देश हैं, जहां गरीब अपना पेट भरने के लिए अपने या अपने बच्चों के गुर्दे और अन्य अंग दूसरों को बेचने तक में नहीं हिचकते ।

हाल ही में यहां आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अंग प्रत्यारोपण के नैतिक और कानूनी पहलुओं पर विचार किया गया था। इस अंग प्रत्यारोपण क्लिनिक के अध्यक्ष डा. जार्ज अबुना ने कहा कि मानव अंगों की बिक्री इंसानी लालच की पराकाष्ठा है । उन्होंने कहा कि कनैडा से अमीर लोग भारत और अन्य एशियाई देशों में जाकर दौलत के बल पर गुर्दा प्रत्यारोपण करवाते हैं ।

लेकिन सलाम के एक गरीब प्रत्यारोपण क्लिनीक

अंगों का दान करने वाले लोगों की कमी के कारण अमीरों को अब 'स्पेयर' अंगों के लिए बड़ी रकम की पेशकश करनी पड़ रही है ।

दुनिया भर से आए 200 से अधिक सर्जनों और चिकित्सा अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कनैडा विश्वविद्यालय के अंग प्रत्यारोपण क्लिनिक के अध्यक्ष डा. जार्ज अबुना ने कहा कि मानव अंगों की बिक्री इंसानी लालच की पराकाष्ठा है । उन्होंने कहा कि कनैडा से अमीर लोग भारत और अन्य एशियाई देशों में जाकर दौलत के बल पर गुर्दा प्रत्यारोपण करवाते हैं ।

जनरल के. सुन्दरजी के हाल के रहस्योद्घाटन के बाद अब कांग्रेस (इ) सत्ता में ज्यादा समय तक नहीं रह सकेगी ।

दोनों नेता भाजपा और जनता दल द्वारा यहां बोट क्लब पर आयोजित सरकारी कर्मचारियों की रैली में भाषण कर रहे थे । श्री सिंह ने कहा कि जन. सुन्दरजी ने 'तोप का आखिरी गोला' छोड़ कर कांग्रेस (इ) के झूठ के किले को ध्वस्त कर दिया है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के बाद जनरल सुन्दरजी के इटरव्यू ने स्पष्ट कर दिया है कि यह देश प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हाथों में सुरक्षित नहीं है । श्री सिंह ने कहा कि जन. सुन्दरजी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा । उनके सामने राष्ट्र की सुरक्षा का अहम सवाल था । श्री गांधी बताएं कि बोफोर्स तोप सौदे में दलाली खाने वालों का पता लगाने के लिए उन्होंने इस मामले में दबाव क्यों नहीं डालने दिया ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट जब आई तब कांग्रेस (इ) नेताओं ने कहा था कि यह रिपोर्ट, सेना के जनरल की रिपोर्ट नहीं है । अब सेना के जनरल ने मुंह खोला है तो उन्हीं पर कीचड़ उछाला जा रहा है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि जनरल सुन्दर जी की भेंटवार्ता के बाद कांग्रेस (इ) सरकार अब देश के पूर्व सेनापति को ही अपमानित करने लगी है । इसका सैनिकों के मनोबल पर प्रतिकूल असर पड़ा है ।

दोनों नेताओं ने भ्रष्टाचार के अलावा देश में बढ़ती मंहगाई के लिए भी सरकार की कटु आलोचना की । रैली में कहा गया कि सरकार ने बड़े औद्योगिक घरानों से 2000 करोड़ रुपए की रिश्वत ली है ।

सरकार ने उद्योगपतियों से करोड़ों का चुनाव फंड लिया : श्री सिंह ने कहा कि चीनी, चाय पत्ती और कागज के दाम देखते ही देखते आसमान को इस कारण छूने लगे हैं सरकार ने उद्योगपतियों से चुनाव के लिए करोड़ों रुपए ले लिए हैं ।

पार्टी के अध्यक्ष मदन

श्री विश्वनाथ प्र
सरकार ने 30 अग
सरकारी कर्मचारियों
उनको डराने धमकाने

श्री सिंह ने कहा
राजधानी में भाजपा ने
और जनता दल की ने
कांग्रेस (इ) के लोगों
लोकतंत्र पर हमले थे

श्री वाजपेयी ने
महंगाई का कोई औचि
पड़ा और न गन्ना उत्पा
गया ।

श्री विश्वनाथ
मुख्यमंत्री देवी लाल के
की रैली के लिए यहां
लिए प्रशासन की आ
यहां जारी बयान में कह
लाल का जन्म दिन मना
मुद्दों को भी उजागर

मेरा भार

नई दिल्ली, 12
जनता पार्टी के नेता
बहुचर्चित "मेरा भार
पेश की ।

बोफोर्स तोप सौद
के. सुन्दरजी की भेंट
द्वारा की जा रही आल
श्री वाजपेयी ने चुटकी
"सरकार बेईमान
सेनापति का अपमान
मेरा भारत महान ।
श्री वाजपेयी
कर्मचारी रैली में भाग



नई दिल्ली के बोट क्लब पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा श्री बी.प
केंद्रीय सरकार के कर्मियों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए ।

अकाली सत्ता की जंग लड़

उन्हें देश की कोई चिन्ता नहीं

लुधियाना, 12 सितम्बर (महिन्द्रा): पंजाब कांग्रेस (इ) कमेटी के प्रधान श्री बेअंत सिंह ने यहां घोषणा की कि उनकी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जान हथेली पर रख कर अमरीका तथा पाकिस्तान के हाथों में खेलने वाले उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ाई लड़ेगा । सुन्दरनगर लुधियाना में एक विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए श्री बेअंत सिंह ने कहा कि हमने अकाली सरकार इसलिए बनाई थी कि पंजाब की परिस्थितियों में सुधार हो सके, परन्तु बरनाला सरकार ने बैस कमेटी बना दी तथा कमेटी की सिफारिशों के अनुसार 3 हज़ार युवक रिहा कर दिए गए, जिनमें बहुत से उग्रवादी भी थे । उनकी रिहाई के पश्चात् पुन: पंजाब में परिस्थितियां खराब हो गईं । पंजाब कांग्रेस के प्रधान ने कहा, कि कांग्रेस पार्टी न तो देश का विभाजन होने देगी तथा न उग्रवादियों के सपनों को साकार होने देगी । श्री बेअंत सिंह ने कहा कि अकाली सत्ता की जंग लड़ रहे हैं । उन्हें देश की कोई चिन्ता नहीं । श्री बेअंत सिंह ने श्री प्रकाश सिंह बादल तथा श्री गुरचरण सिंह टोहरा से प्रश्न किया कि क्या वे कांग्रेस के साथ मिल कर उग्रवादियों के साथ लड़ाई लड़ने को तैयार हैं ?

श्री बेअंत सिंह ने इस बात
अकाली पंजाब का माहौ
उग्रवादियों में भयभीत
शामिल होते हैं ।

पंजाब कांग्रेस (इ) क
राम अरोड़ा ने रैली में भाष
देश अब चौथी शक्ति बन
दल देश को दर्पण करने
छोड़ते । उन्होंने कहा कि
राजनीतिज्ञों का एक जत्था
विदेशी शक्तियों से प्रत्यक्ष
अरोड़ा ने कहा कि यह आ
जो कायम नहीं रहेगा ।
जनता पार्टी अकालियों
पार्टियों का मिलन कब त

श्री मोहन लाल महा
कमेटी, श्री स्वर्ण सिंह चौ
12, श्री एस.के. सोबत
अभिनन्दन किया तथा श
भूतपूर्व विधायक को श्र

अकाली नेता सिख युवकों को गुमरा

लिए खालिस्तान समर्थक नारे देते

लुधियाना, 12 सितम्बर (धीमान): पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला अध्यक्ष अकाली दल (लोंगोवाल) ने दरबार साहिब में पुलिस भेज कर इसकी पवित्रता ही भंग नहीं की थी बल्कि सिखों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई थी । इसके अतिरिक्त श्री जी.एस. टोहरा प्रधान एस.जी.पी.सी., प्रकाश सिंह बादल पूर्व मुख्यमंत्री व कई दूसरे अकाली नेताओं की गिरफ्तारी में भी श्री बरनाला का ही हाथ था ।

श्री बरनाला ने आगे
मुहल्ला के अवसर पर आ
जब वह श्री बरनाला के
उन्होंने सी.आर.पी.एफ.
गोलियां चलवाई थीं इस
कि होला मुहल्ला पर बहुत
कभी भी एक लाख से
जोरदार शब्दों में कहा कि
के हक में नहीं थे और
खालिस्तान के साथ जोड़ने

गोबिंद राम के बेटे की हत्या

अन्यत्र 3 हत्याएं, अमृतसर में एक पत्रकार की पत्नी का अपहरण

पंजाब में 7 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (वार्ता, प.स.): जालंधर में आज दो सशस्त्र आतंकवादियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम के बेटे की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि उसके एक दोस्त को घायल कर दिया । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 7 आतंकवादी मारे गए । अन्य घटनाओं में आतंकवादियों ने 3 लोगों की हत्या कर दी । आतंकवादी एक पत्रकार की पत्नी का अपहरण करके ले गए । भटिंडा जिले में एक पुलिस कांस्टेबल ने दूसरे कांस्टेबल को गोली मार कर हत्या कर दी । खालड़ा सैक्टर में दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर : सुरक्षा बलों ने आज सुबह जालन्धर जिले के नवांशहर थाने में एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार नाका पार्टी ने स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों से रुकने का इशारा किया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जिसके बाद आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । पुलिस ने इनके नाम भूपिन्दर सिंह और संतोख सिंह बताए हैं। इनके पास से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

गोबिन्द राम के बेटे की हत्या : जालंधर शहर में आज सायं आतंकवादियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम के लड़के राजन बैंस की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी दो सिख युवक थे, जिनकी उम्र 25-26 साल बताई जाती है । वे नीले आसमानी रंग के एलएमएल बैस्पा स्कूटर पर सवार थे जिस पर कोई नम्बर प्लेट नहीं लगी थी । उन्होंने बल्टर्न पार्क के निकट राजन बैंस की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि उसके दोस्त प्रदीप कुमार को घायल कर दिया । आतंकवादी डी.ए.वी. कालेज की तरफ से आकर पटेल चौक की ओर जा रहे थे । एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम का हाल ही में बटाला से तबादला कर दिया गया है ।

राजन जो श्री गोबिन्द राम का इकलौता बेटा था, स्थानीय डी.ए.वी. कालेज में पढ़ता था । वह उस समय अपने एक सहपाठी के साथ हीरो होंडा मोटर साइकल पर कालेज से लौट रहा था कि आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई । पीछे बैठा प्रदीप भी घायल हो गया लेकिन उसे गोली नहीं लगी बल्कि वह मोटर साइकल राजन को गोली लगने के बाद फिसल जाने से सड़क पर गिर जाने से घायल हुआ । राजन को तुरन्त अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया ।

इस बीच यहां पुलिस अधिकारी, जो कल लगने वाले सोढल मेले की तैयारियों में व्यस्त थे, ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर वायरलैस द्वारा संदेश भेजे परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ ।

हमलावर भाग निकलने में सफल रहे । श्री गोबिन्द राम का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । 19 वर्षीय राजन बैंस श्री गोबिन्द राम का इकलौता सुपुत्र था । श्री गोबिन्द राम को हाल ही में बटाला से जालन्धर पंजाब सशस्त्र पुलिस में स्थानांतरित किया गया था । उनका तबादला सरकारी निर्देश के बावजूद थाने में दो महिलाओं को गिरफ्तार कर रोक रखने तथा उन्हें कथित रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत पर किया गया था ।

अजमेर, 17 सितम्बर (नि.स.): 22 वर्षीया स्वाति ने सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) के युवा विधायक डा. राजकुमार जयपाल पर एक और मुकद्दमा ठोक दिया है ।

उदयपुर के अपर मुख्य दण्डनायक की अदालत में दायर एक वाद में मांग की गई है कि उसे विधायक जयपाल से पांच सौ रु. प्रतिमाह दिलाए जाएं, ताकि वह उसके बच्चे का भरण-पोषण कर सके । वाद में अदालत को बताया गया है कि कनिष्क आर. जयपाल का जन्म स्वाति और डा. राजकुमार जयपाल के मिलन से हुआ है । वाद में स्वाति ने विधायक जयपाल पर आरोप लगाया है कि गत तीन मार्च से सत्रह नवम्बर 86 को उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया गया । इसी का नतीजा रहा कि कनिष्क का जन्म हुआ । अभी कनिष्क अपनी माता स्वाति के पास उदयपुर स्थित फतेहपुरा मोहल्ले में रहा है । चूंकि कनिष्क की माता के पास स्वतंत्र आय का कोई साधन नहीं है, इसलिए उसे डा. जयपाल की आय में से पांच सौ रुपए प्रतिमाह मिलने चाहिए । हालांकि कनिष्क की माता स्वाति को अपने लिए फिलहाल कोई धन की जरूरत नहीं है लेकिन मासूम बच्चे के दूध, दवाई एवं अन्य जरूरी माध्यम से डा. जयपाल से परिचय हुआ । इसी के बाद डा. जयपाल ने गत तीन और सत्रह नवम्बर 86 को उसके साथ बलात्कार किया । स्वाति के वाद की गम्भीरता को देखते हुए विद्वान न्यायाधीश ने विधायक जयपाल को नोटिस जारी कर अदालत में तलब किया है ।

स्वाति अपने पुत्र कनिष्क के साथ

कि पुलिस अधिकारियों के परिवारों की सुरक्षा के लिए पहले ही प्रबंध मौजूद हैं ।

लड़का सुरक्षित : खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स (के.एल.एफ.) ने आज तरनतारन के एस.पी. आप्रेशन श्री देसराज के 4 वर्षीय पुत्र के अपहरण की जिम्मेदारी स्वीकार की, लेकिन साथ ही घोषणा की कि वह सुरक्षित है तथा उसको दो-तीन दिन में छोड़ दिया जाएगा । के.एल.एफ. के चीफ़ गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला ने मोगा में पत्रकारों को भेजे गए एक बयान में कहा कि लड़के का अपहरण कथित नकली मुठभेड़ों में सिख युवकों को मारे जाने के विरोध में किया गया है । उसने चेतावनी दी कि यदि ये हत्याएं जारी रहीं तो और अधिक कड़े पग उठाए जाएंगे ।

दुकानदार के लड़के का अपहरण : इसी बीच आतंकवादियों के एक गिरोह ने अमृतसर शहर के बाहर क्षेत्र में गांव संगराना से एक दुकानदार के पुत्र अशोक कुमार का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया । पुलिस व सुरक्षा बलों ने उसकी खोज आरम्भ कर दी है ।

दुकानदार की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव चमीरी में बस स्टाफ से एक दुकानदार राजकुमार का अपहरण कर लिया और इसी गांव से बाहर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ज्ञानी जगजीत सिंह के भाई का अपहरण : गत रात्रि पुलिस की वर्दियां पहने हुए उग्रवादियों ने अमृतसर की अजीत नगर आबादी से एक व्यक्ति त्रिलोचन सिंह का अपहरण कर लिया । श्री त्रिलोचन सिंह गुरदासपुर के पत्रकार स्वर्गीय ज्ञानी जगजीत सिंह के बड़े भाई हैं । ज्ञानी जगजीत सिंह की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

2 व्यक्तियों की हत्या : मोगा (सर्व): जिला फरीदकोट के थाना मैहना के गांव डाला के दो व्यक्तियों प्यारा सिंह तथा हजूरा सिंह की दिन-दिहाड़े गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । दोनों के शव बाद में पुलिस ने बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए । सूचनाओं के अनुसार ग्रामीणों के दो ग्रुपों में देर से चली आ रही शत्रुता इस हत्याकांड का कारण है । हत्यारे फरार हो गये हैं । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

पाक घुसपैठिया मरा : फाज़िल्का (लूना): गत रात्रि सीमा सुरक्षा बल की 57वीं बटालियन के जवानों ने नाकाबंदी के दौरान फाज़िल्का सैक्टर की बिशम्बर चौकी के निकट एक पाक घुसपैठिए को मार गिराया । कमांडैंट ज़िले सिंह ने बताया कि नाकापार्टी ने जब एक व्यक्ति को भारतीय सीमा में घुसते हुए देखा तो उसे रुकने के लिए कहा । उसके भाग खड़े होने पर जवानों ने गोली चला दी, जिससे घुसपैठिया घटनास्थल पर ही मारा गया ।

सशस्त्र डकैती : फिरोज़पुर से धीमान के अनुसार रेत घल खुर्द के गांव शहज़ादी में गत दिनों सशस्त्र डकैती की वारदात हुई । नैशनल स्टूडैंट्स यूनियन पंजाब के संयुक्त सचिव गुरमुख सिंह ने बताया कि लगभग आध दर्जन संदिग्ध आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राजनीतिक है या व
समस्या राजनीति
राजनीतिक तरीके
यदि यह कानून-व्य
को इसका सख्ती से

अपने 50 मि
वाजपेयी ने बोफोर्स
पंचायती राज, ज
जम्मू-कश्मीर समस्
विचार प्रकट किए

इससे पूर्व भाज
प्रकाश ने शहीदी स
पार्टी की इस बात
जरूरी हो, सेना
महासचिव श्री कृ
आनन्दपुर साहब

मदुरै

मद्रास, 17 सित
के मदुरै जिले में तीन
तितर-बितर करने के
चलाई गई गोली से
इसी जिले में रूप संघ

यहां प्राप्त सूचना
में तीन व्यक्ति उस स
एक हमले को नाकाम
चलाई ।

पुलिस ने बोदिन

सीमा पर
का समझौ

नई दिल्ली, 17
होने वाले अपराधों की
सीमा पर दोनों देशों के
से गश्त लगाए जाने
गया है । यह जानका
बताया कि समझौते के
रेंजर्स द्वारा समझौते
पालन न करने के कार
में सीमा पार से होने वा
भारत के सीमा सुर
पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा
लेकिन पाकिस्तान रेंज
हैं ।

समझा जाता है कि
पाकिस्तान रेंजर्स को
सूत्रों ने बताया कि
पाकिस्तान रेंजर्स ने
निरीक्षण चौकियों के
पार कर भारत में
आतंकवादियों को भार
लिए पाकिस्तान रेंजर्स

प्रो. दर्शन सिंह का
स्वीकार नहीं होगा :

अमृतसर, 17 सितम्बर (प.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अन्तरिम

दलबीर सिंह गनीके,

Punjabi Sanatan

18.9.1989

...सिस्टैंट का कोर्स शुरू कर दिया
...T.I. में आकर प्रवेश ले सकते हैं

...मंडी ।
...डी)
...गंगड़ा)
...उत्तर जाना । सामने कांधला की

...ा संस्थान
...(म.न.) यू.पी.

...लाश

...यल उद्योग प्रा. लि. नोयडा
...रण को सूचित किया जाता है
...र्मा C/o मैसर्स सरोज प्योर
...र्केटिंग, 267 बी, डी.डी.ए.
...दल्ली से अगर कोई व्यापारी
...कम्पनी की ओर से किसी भी
...क लेन-देन करता है तो वह
...प पर ही करेगा । हमारी
...के किसी भी लेन-देन के लिए
...ी ।
...द्योग प्रा. लि.
...डा, यू.पी.

विज्ञापन

पोल्ट्री

C Delhi Egg rate for 17.9.89. ...ithout trays, NECC Suggested ...rice 7.55 per Dozen.

बेदखली सूचना

...ड़का कमल कुमार मेरे कंट्रोल से बाहर है ...आदतों का शिकार है । मैंने उसे अपनी ...न जायदाद से बेदखल कर दिया है । मैं उसके ...देन का जिम्मेवार नहीं । वासदेव सुपुत्र राम ...न नं. 225, गुरुनानकपुरा, सिविल लाईन्स, ...।

...मीन/जायदाद/प्लाट

...ध/चाहिए, फार्महाउस 100 एकड़ तक, ...अलवर–फरीदाबाद–जयपुर रोड, सम्पर्क ...S. & Co., 1/42, IIIrd Floor, ...र्ड, विकास मार्ग, दिल्ली-110092. फोन ...37.

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

15 सितम्बर सायं 7 बजे के लगभग उस समय उनके घर में घुसे,जबकि उनकी मां घर में अकेली थी और 32 बोर का विदेशी रिवाल्वर, 30 तोले सोना तथा 10 हज़ार रुपए नकद छीन कर ले गये । उन्होंने बताया कि जब उनकी मां ने शोर मचाया तो बहुत से ग्रामीण,जो सशस्त्रों से लैस थे, इकट्ठे हो गये और आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । उन्होंने फायरिंग भी की,लेकिन आतंकवादी अंधेरे की आड़ में बच कर भाग गये । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने घर के नौकरों तथा कुत्तों को एक कमरे में बंद कर दिया था । उन्होंने उनकी मां पर राइफल से वार भी किया । ग्रामीणों ने बड़ी बहादुरी से आतंकवादियों का पीछा किया । पुलिस भी तत्काल मौका पर पहुंची और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए हर सम्भव कार्रवाई की,लेकिन उसे सफलता नहीं मिली ।

मृत आतंकवादी की पहचान : पटियाला (भूषण): यहां 8 सितम्बर को राजेंद्रा अस्पताल के निकट मारे गये आतंकवादी की पहचान भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के कंवरपाल सिंह गिल उर्फ़ नरेंद्र सिंह निंदी के रूप में हुई है । यह मुठभेड़ उस समय हुई थी जब पुलिस ने दो व्यक्तियों को राजेंद्रा अस्पताल के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए देखा था ।

3 आतंकवादी पकड़े गए : संगरूर से गर्ग के अनुसार एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां बताया कि पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम चरणजीत सिंह, अमरीक सिंह तथा बलदेव सिंह हैं । उनसे बड़ी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला ।

पुलिस का ख्याल है कि यह आतंकवादी उस 6 सदस्यीय गिरोह में शामिल थे जिसने बीरबार और शुक्रवार की मध्य रात्रि को थाना धर्मकोट के अन्तर्गत गांव रसूलपुर में एक परिवार के 8 सदस्यों की हत्या कर दी थी ।

गत रात लुधियाना, फिरोज़पुर तथा अमृतसर ज़िलों में 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । उनके नाम नरेंद्र पाल, मेजर सिंह, लखविंदर सिंह, संतोख सिंह तथा जगतार सिंह बताये गये हैं । उनसे शस्त्रास्त्र भी बरामद किये गये ।

गत 14 सितम्बर को जिला भटिंडा में सरदूलगढ़ के निकट हुई मुठभेड़ में मारे गए दो उग्रवादियों की पहचान सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा तथा जिला फिरोज़पुर के गांव करियां के करनैल सिंह के रूप में हुई है । वे दोनों जिला भटिंडा में कई अपराधों में संलिप्त थे ।

3 शव मिले : फिरोज़पुर जिला के फतेहगढ़ पंजतूर गांव में एक नहर के निकट आज सुबह गोलियों से छलनी तीन शव बरामद किये गये । पुलिस को संदेह है कि यह हत्याएं आतंकवादी गुटों के आपसी संघर्ष में की गई ।

मुकाबले के बाद 4 उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (प.स.): आज स्थानीय भगत सिंह कालोनी के निकट हुई एक संक्षिप्त मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों की गुरमीत सिंह उर्फ भोला, अनोख सिंह, भूपेंद्र सिंह और गुरबचन सिंह के रूप में शिनाख्त की है । पुलिस ने उनके कब्ज़े से दो स्कूटरों के अतिरिक्त एक .32 बोर का रिवाल्वर, उसके पांच कारतूस और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 40 कारतूस बरामद किए हैं ।

बम्बई सम्मेलन में भाजपा अपनी चुनाव रणनीति तय करेगी

बम्बई, 17 सितम्बर (प.स.): 25 सितम्बर से स्थानीय षणमुखानन्द सभागार में शुरू होने वाले भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय सम्मेलन में लोकसभा चुनाव के सिलसिले में पार्टी की चुनाव रणनीति तय जाएगी । पार्टी के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता इस बात को लेकर दुविधा में हैं कि पार्टी हिन्दू समर्थक रुख अपना कर राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अपना चुनावी

एक सप्ताह में 350 व्यक्ति मारे गए; जे.वी.पी. के विरुद्ध अनेक गुट सक्रिय हुए

कोलम्बो, 17 सितम्बर (प.स.): सैनिक सूत्रों के हवाले से पता चला है कि श्रीलंका में पिछले सप्ताह के दौरान लगभग 350 व्यक्ति हिंसात्मक गतिविधियों में मारे गए तथा 200 सरकारी इमारतें जला कर राख कर दी गईं ।

मध्य श्रीलंका के कैंडी जिले में ही जनता विमुक्ति पैरामुना के विरोधी गुटों द्वारा जवाबी कार्रवाई कर पिछले कुछ दिनों में 80 से 150 व्यक्तियों की हत्या के समाचार हैं । सरकारी सूत्रों ने इसकी पुष्टि नहीं की है ।

संयुक्त कार्रवाई कमान में नियुक्त एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि ऐसा किसी घटना की सूचना नहीं मिली है,लेकिन एक वरिष्ठ सैनिक अधिकारी जिसने नाम गुप्त रखने का अनुरोध किया, बताया कि 80 से 150 व्यक्तियों तक के मारे जाने और 50 मकानों को जला कर राख कर देने के समाचार हैं । सुरक्षा बल के दो जवानों के परिवारों के सोलह सदस्यों की इस सप्ताह के शुरू में की गई हत्या के बाद यह जवाबी कार्रवाई की गई ।

सूत्रों के अनुसार पिछले 24 घंटों में ही 29 हत्याएं की जा चुकी हैं । दक्षिण मात्रा जिले में की गई 16 हत्याओं की जिम्मेवारी सरकार समर्थक एक गुट ने ली है । अधिकांश शव सड़क के किनारे पड़े हुए मिले हैं,जबकि कुछ शव माहावेली नदी में बहते हुए भी देखे गए हैं ।

उत्तर-पूर्वी श्रीलंका में कल 7 तमिल छापामारों सहित आठ व्यक्ति अलग-अलग हिंसात्मक घटनाओं में मारे गए ।

आई.ए.एन.एस. के अनुसार शांति सेना की वापसी संबंधी आगामी सप्ताह होने वाले सम्भावित समझौते के प्रारूप, जोकि बैलग्रेड में राजीव-विजयरत्ने वार्ता के दौरान तैयार किया गया था, में राष्ट्रपति प्रेमदास कुछ हल्के परिवर्तन चाहते हैं । सूत्रों के अनुसार प्रेमदास को केवल उन शब्दों पर आपत्ति है, जिनसे श्रीलंका की स्वायत्तता पर आंच आती है ।

उधर-उत्तर पूर्वी प्रांतीय परिषद में सत्तारूढ़ दल ई.पी.आर.एल.एफ. 31 दिसम्बर,1989 तक शांति सेना की वापसी से खुश नहीं है । उनके एक प्रवक्ता के अनुसार शांति सेना की वापसी के पश्चात् उन्हें मुक्ति चीतों से खतरा उत्पन्न हो जाएगा ।

उधर राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास देश की मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए कल विपक्ष एवं विभिन्न गुटों के नेताओं से विचार-विमर्श शुरू कर रहे हैं । दूसरी तरफ देश के बुद्धिजीवियों ने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए भिन्न-भिन्न उपाय सुझाए हैं । श्रीलंका के मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त अपील जारी कर राष्ट्रपति और सभी मुख्य विपक्षी दलों से उग्रवादियों के खिलाफ युद्धविराम का आग्रह किया है ।

शांति सेना ने चीतों के महत्वपूर्ण ठिकाने नष्ट किए :मद्रास : भारतीय शांति सेना ने मुक्ति चीतों के विरुद्ध त्रिकोमाली जिले के कॉट्टुकुलम जंगलों में छेड़े गए एक बड़े अभियान के दौरान मुक्ति चीतों के महत्वपूर्ण ठिकानों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की है । यह अभियान कल समाप्त हुआ ।

शांति सेना द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभियान के दौरान पांच शांति सैनिक मारे गए तथा 16 अन्य घायल हुए । अभियान में सहायक सी.बी.एफ. के भी दो सदस्य मारे गए तथा 4 अन्य घायल हुए ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभियान के दौरान 40 मुक्ति चीते मारे गए तथा 28 घायल हुए । कुल मिलाकर मुक्ति चीतों के 9 कैम्पों पर हमला किया गया तथा उन्हें नष्ट कर दिया गया ।

फैडरेशन का अधिवेशन

(पृष्ठ 3 का शेष)

रिलीज़ किया, यह बात दोहराई है कि छात्र संघ अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शांति पूर्ण तथा लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष जारी रखेगा ।

इस सम्बन्ध में सम्वाददाताओं से बातें करते हुए श्री सरबजीत सिंह ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह लोकतांत्रिक मार्ग त्यागने पर बाध्य न करे । उन्होंने कहा कि वह गुरु गोबिन्द सिंह के बताए ढंग पर अपना संघर्ष जारी रखेंगे और हिंसा त्याग कर चलने की बात सरकार के रवैये पर निर्भर करती है ।

श्री सरबजीत सिंह ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि 20 सितम्बर की अमृतसर में प्रस्तावित कन्वैंशन यथा कार्यक्रम होगी । उन्होंने आशंका प्रकट की कि शायद कन्वैंशन को असफल करने के लिए उनकी भी गिरफ्तारी की जाए । कन्वैंशन का स्थान बदलने के बारे में उन्होंने कहा कि यह लोगों की परेशानी दूर करने तथा सरकार व एस.जी.पी.सी. से टकराव को टालने के लिए किया गया है । उन्होंने कहा कि कन्वैंशन की आयोजन कमेटी की बैठक 19 सितम्बर को अमृतसर में बुलाई गई है, जिसमें 20 सितम्बर की कन्वैंशन का कार्यक्रम तय किया जाएगा । उन्होंने इन समाचारों को शरारतपूर्ण बताया कि कुछ सदस्यों ने आयोजन कमेटी से त्यागपत्र दे दिया । उन्होंने गलत खबरें प्रकाशित करवाने वालों को वार्निंग दी । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह प्रो. दर्शन सिंह को अकाली तख्त का जत्थेदार नहीं मानते । उन्होंने आरोप लगाया कि लूट-मार की बहुत सी वारदातें तो ब्लैक कैट ही कर रहे हैं ।

अटल बिहारी वाजपेयी

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकार का गठन गम्भीर गलती थी । उन्होंने कहा कि वहां फारूक अब्दुल्ला को अपनी सरकार बनाने दी जानी चाहिए थी तथा इंका को विपक्षी दल की भूमिका निभानी चाहिए थी । उन्होंने कहा कि मैंने यह कभी नहीं कहा कि राम जन्म भूमि के बारे में अदालत का निर्णय उनकी पार्टी को स्वीकार नहीं होगा ।

वि.प्र. के अनुसार भाजपा के पंजाब व चंडीगढ़ यूनिटों की ओर से आयोजित किये गये शहीदी सम्मेलन में आतंकवाद का शिकार होने वाले लोगों को भरपूर श्रद्धांजलि भेंट की गई । कई वक्ताओं ने अमर शहीद लाला जगत नारायण जी तथा श्री रमेश

जौहरियों, क्लबों के ... आय स्रोतों की जांच

नई दिल्ली, 17 सितम्बर : आयकर ... आजकल पांच सितारा होटलों, हीरे जवाह... दुकानों और बड़े क्लबों के गुप्त आय स्रोतों ... लगाने में जुटे हैं । सरकारी सूत्रों के अनुसार ... अधिकारियों ने बड़े व्यापारियों, वकीलों, ... चार्टर्ड अकाउंटैंटों और अन्य पेशेवर लोगों ... आय का पता लगाने के लिए एक विशेष ... अभियान चलाया है ।

यह एक अनौपचारिक सर्वेक्षण है, जिस... सर्वेक्षणकर्त्ता, उक्त व्यक्तियों के खर्चों की ... करेंगे ही, साथ ही वे कार्यालयों का अचानक ... बही खाते की भी जांच करेंगे ।

2 वर्ष में 20 लाख रुपए का का... बनाया : आयकर विभाग के गुप्तचरों के ... एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर के बारे में जा... पर पाया गया कि उसने 2 वर्षों में 20 लाख ... अधिक धन कमाया । उसको कर-बचना ... 7 वर्ष की कैद हो सकती है ।

हड़ताल जारी

जालन्धर, 17 सितम्बर (डल्ल): ... जिला प्रबन्धक जालन्धर के कार्यालय पर ... व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की क्रमिक भू... का आज तीसरा दिन था । यह भू... लाइनमैन ओम प्रकाश को पुलिस द्वारा ... लिए जाने के विरुद्ध की गई है । इ... जालन्धर व कपूरथला जिला के सभी ... उपमंडलों पर क्रमिक भूखहड़ताल जारी ...

जालन्धर में 50 अकाली गि...

जालन्धर, 17 सितम्बर (प.स.... अकाली दल (तलवंडी) की जालन्धर श... के अध्यक्ष सरूप सिंह और शिरोमणि ... प्रबन्धक समिति के सदस्य बलबीर सिंह ... सहित अकाली दल के लगभग 50 ने... कार्यकर्त्ताओं को कल के प्रस्तावित ध... गिरफ्तार किया जा चुका है । अकाली द... और महिलाओं पर ज्यादती और झूठी ... विरोध में कल उपायुक्त कार्यालय के ... देने वाला है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अभ... लोगों को गिरफ्तार किए जाने की स... क्योंकि अधिकारी धरने के सिलसिले में ... (तलवंडी) को जलूस निकालने की अनुम... निर्णय पर दृढ़ है ।

गिरफ्तार लोगों में त्रिलोक सिंह ... तेजिन्दर सिंह दकोहा, कुलदीप सिंह ... सिंह बटर, बचित्त सिंह भाटिया, हरदीप ... रंजीत सिंह काहलों, देविन्दर सिंह ... भल्लर और बख्शीश सिंह जंडियाला ... हैं ।

संशोधन

वाटर सप्लाई स्कीम : देवीवाला, सि...
आदि उपलब्ध कराने की निविदा मे...
28.9.89 को सायं 3 बजे खोली जा...
क्रमांक 2 के कार्य की पूर्ति के लिए समय...
12 मास की बजाए 8 मास पढ़ें । अन...
और नियम अपरिवर्तित रहेंगे ।

एग्जैक्टिव इं...

Punjabi Sahitak

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता ढेसी सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

सनौर में ए.एस.आई. व कांस्टेबल की हत्या करने वाले गिरफ्तार

6 आतंकवादी, 4 घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से एक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 6 आतंकवादी तथा 4 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

मार्क्सी नेता ढेसी की हत्या : नकोदर (गगन): मार्क्सवादी पार्टी से सम्बन्धित जनवादी नौजवान सभा पंजाब के महासचिव कामरेड सोहन सिंह ढेसी की आज प्रातः दो आतंकवादियों ने उनके पैतृक गांव काहना ढेसियां में गोली मारकर हत्या कर दी । श्री ढेसी को कल ही जंडियाला में जनवादी नौजवान सभा पंजाब के राज्य स्तरीय सम्मेलन में पुनः सचिव चुना गया था ।

श्री ढेसी आज जब प्रातः शौच के लिए जा रहे थे, तभी उन पर आतंकवादियों ने गोली चलाई । श्री ढेसी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उस समय श्री ढेसी के साथ कोई अंग-रक्षक नहीं था । हमलावर आतंकवादी पैदल आए थे और श्री ढेसी की हत्या करने के उपरांत गांव के ही एक व्यक्ति की साइकल छीन कर भाग गए ।

श्री ढेसी के शव को पोस्ट मार्टम के लिए फिल्लौर भेजा गया ।

श्री ढेसी पिछले दो दशकों से मार्क्सवादी पार्टी से जुड़े थे तथा 8-10 वर्षों से पंजाब के युवा समुदाय को उग्रवाद के विरुद्ध संगठित कर रहे थे ।

मार्क्सवादी पार्टी की राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय शाखाओं तथा अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने श्री ढेसी की हत्या की निंदा की है ।

हत्या की निंदा : इसी बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य समिति के सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा ने श्री ढेसी की हत्या की निंदा करते हुए कहा है कि मार्क्सवादी पार्टी के एक और प्रमुख नेता ने हिन्दू-सिख एकता और देश की एकता व अखंडता की खातिर अपनी कुर्बानी दी है । श्री रंधावा ने खालिस्तानी आतंकवादियों को चेतावनी दी कि अपनी अपराधपूर्ण कार्रवाइयों द्वारा वे सी.पी.एम. की आवाज को बंद नहीं कर सकते । पार्टी हिन्दू-सिख एकता व देश की अखंडता के लिए आवाज उठाना जारी रखेगी ।

यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों के हाथों शहीद होने वाले श्री ढेसी जनवादी नौजवान सभा के तीसरे प्रमुख नेता हैं । इनसे पूर्व सभा के अध्यक्ष कामरेड गुरनाम सिंह उप्पल तथा कामरेड दीपक धवन आतंकवादियों की गोलियों का निशाना बन चुके हैं ।

6 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): आतंकवादियों ने कल रात थाना ज़ीरा के गांव शाहबाला के बादर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारकर 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा लाशों खेतों में फैंक कर अंधेरे की आड़ में फरार हो गए । मृतकों में दो सगे भाई राम प्रकाश (27), जगदीश लाल (23) भी शामिल हैं, जो कि गांव शाहबाला के एक मध्य वर्गीय किसान अनन्त राम के बेटे थे । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादी रविवार रात लगभग 11 बजे इन दोनों भाइयों को बंदूक की नोक पर उनके घर से ज़बरदस्ती ले गए थे । सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी, जिसके दौरान 6 शव बरामद हुए ।

सरपंच की हत्या : फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार हरदासा गांव के सरपंच आत्मा सिंह की गत रात 4 आतंकवादियों ने हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि शाहबाला गांव में जगदीश लाल तथा राम प्रकाश की हत्या वाले स्थान पर पहुंचे तीन ग्रामीणों की भी आतंकवादियों ने हत्या कर दी । इनमें से एक की पहचान जोगा बस्ती जिला भटिंडा के जोरा सिंह के रूप में हुई है ।

जैतो से पराशर ने खबर दी है कि जिला फिरोज़पुर में ज़ीरा के निकट अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रक नं. पी.यू.जी. 8931 के ड्राइवर मदन लाल व कंडक्टर की हत्या कर दी । इस घटना के विरुद्ध आज जैतो में ट्रक चालकों ने हड़ताल रखी ।

3 आतंकवादी मरे : गत रात आतंकवादियों के गुट संघर्ष में 3 आतंकवादी मारे गए । उनकी लाशें आज प्रातः फिरोज़पुर जिला में गांव कड़ाहेवाला के निकट सेम नाले में से बरामद हुई ।

3 और उग्रवादी मारे गए : आज तड़के फिरोजपुर सैक्टर के गांव किस्सियांवाद के खेतों में के 3 उग्रवादियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए गए हैं ।

बाघापुराना क्षेत्र में आतंक : बाघापुराना (ज्ञान): थाना बाघापुराना के अन्तर्गत गांव रोडे के दुकानदार सीता राम अरोड़ा के 15 वर्षीय लड़के बिट्टू के अपहरण को तीन दिन बीत चुके हैं, परन्तु उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । आतंकवादियों ने उसके मां-बाप से पांच लाख रुपए मांगे थे, परन्तु वे गरीब हैं और इतनी रकम नहीं दे सकते । इस घटना के बाद क्षेत्र में आतंक व्याप्त है और कई परिवार गांवों से पलायन करने के लिए तैयार बैठे हैं । यदि पुलिस ने स्थिति को न सम्भाला तो यह नियंत्रण से बाहर हो जाएगी । पता चला कि मंडी निहालसिंहवाला में सभी राइस मिल मालिकों को आतंकवादियों की ओर से धमकी भरे पत्र मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि यदि वे अपना कारोबार चलाना चाहते हैं तो वे 5-5 लाख रुपया आतंकवादियों को दें ।

संगरावां में हत्या : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव संगरावां में गत रात छः सशस्त्र आतंकवादियों ने प्रीतम सिंह के घर में जबरी दाखिल होकर उसके बेटे लक्खा सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने आकर लक्खा सिंह के भाई जस्सा सिंह के बारे में पूछा । अपना नाम सुनकर जस्सा सिंह छत से छलांग लगाकर भाग गया । इस पर आतंकवादी उसके भाइयों लक्खा सिंह और प्रेम सिंह को बांधकर खेतों में ले गए और वहां उन्होंने लक्खा सिंह की ए.के. 47 राइफल से हत्या कर दी । प्रेमसिंह को वे छात्र होने के नाते और उसके अनुनय-विनय करने पर छोड़ गए । इस घटना के संदर्भ में पुलिस ने तीन आतंकवादियों हरजिन्दर सिंह जिन्दा, गुरनाम सिंह तथा लाली के विरुद्ध केस दर्ज किया है ।

लुधियाना में दो वारदातें : लुधियाना (श्रीमान): आज यहां दिन-दिहाड़े शहर में आतंकवाद की दो वारदातें हुईं । मिल्लरगंज की फर्म प्रेम नारायण एंड कम्पनी का कर्मचारी 45 हजार रुपए लेकर मोपेड पर बैंक में जमा कराने जा रहा था कि रास्ते में साइकल सवार आतंकवादियों ने उसको गिरा दिया तथा 2-3 मुक्के उसके मुंह पर मारे । इतने में थैला मोपेड से गिर गया और करंसी नोट बिखर गए । आतंकवादी नोट उठा कर भागे । अचानक एक थानेदार वहां आ गया, जिसे देखकर आतंकवादी तेजी से भाग निकले । दूसरी वारदात टैगोर नगर में हुई । रेलवे बुकिंग क्लर्क महेन्द्र की पत्नी बाहर रहती घर सब्जी खरीद कर जब अपने घर के अन्दर जाने लगी तो दो आतंकवादी उसके साथ ही अन्दर घुस गए तथा अन्दर से कुंडी चढ़ा दी । उसके बाद उन्होंने औरत को मारपीट की तथा उसकी छोटी बच्ची को भी मारा । जब वह भयभीत हो गई तो उन्होंने उसको अलमारियां खोलने के लिए कहा, जिनमें से कुछ ज़ेवर व नकदी निकालकर आतंकवादी भाग गए । क्षति का अनुमान लगभग 60 हजार रुपए लगाया गया है । पुलिस दोनों वारदातों की जांच कर रही है ।

ए.एस.आई., कांस्टेबल के हत्यारे गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने दावा किया है कि उसने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो कि 17 अगस्त को यहां से सात किलो मीटर दूर सनौर में ए.एस.आई. निर्मल सिंह तथा कांस्टेबल रौनकी राम की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं । उनसे एक 315 बोर की राइफल दस कारतूसों सहित तथा एक दोनाली बंदूक, चार कारतूस व एक स्कूटर बरामद किया गया । यह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राजीव द्वारा सरपंचों को पत्रों के हरियाणा में वितर

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (एन.एस. परवाना): हरियाणा में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की तरफ से सरपंचों को लिखे गए उन पत्रों का वितरण रोक दिया गया है, जिनमें पंचायती राज संस्थाओं व नगर पालिकाओं को नए-नए अधिकार देने का विवरण है । श्री राजीव गांधी ने अलग-अलग भाषाओं में देश-भर के लगभग 3 लाख सरपंचों को ये पत्र हाल ही में लिखे हैं तथा सम्बद्ध प्रदेशों के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों से कहा गया है कि वे ये पत्र अपने-अपने ब्लाक में सरपंचों को पहुंचा दें ।

मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्री राजीव गांधी ने सरपंचों को ये पत्र लिख कर गैर-कानूनी तथा असंवैधानिक कार्रवाई की है । उन्होंने कहा, "श्री राजीव गांधी कौन हैं, जो सरपंचों को पत्र लिख रहे हैं ? हरियाणा का मुख्यमंत्री मैं हूं और यह मेरा प्रदेश है । प्रधानमंत्री को चाहिए कि अगर वह कोई सरकारी पत्र लिखना चाहते हैं तो उन्हें मुख्य सचिव के माध्यम से ऐसा करना चाहिए ।" श्री देवी लाल ने कहा कि 'मैं चीफ़ मिनिस्टर हूं, चीप मिनिस्टर नहीं' । उन्होंने इस बात पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की कि प्रधानमंत्री ने बी.डी. ओज़ को सीधे पत्र क्यों लिखे हैं । हर प्रदेश में सम्बद्ध सरकारों को इस क्षेत्र में अधिकार प्राप्त हैं ।

श्री देवी लाल ने कहा कि मैंने हरियाणा सरकार के पंचायत निदेशक को निर्देश दिया है कि वह प्रधानमंत्री के पत्रों को सरपंचों को वितरित करने के लिए बी.डी. ओज़ को रोकें । श्री देवी लाल ने कहा कि 23 सितम्बर को रेवाड़ी में राव तुला राम का शहीदी दिवस सरकारी तौर पर मनाया जा रहा है । उस दिन वहां होने वाले सरकारी समारोह में राव बीरेन्द्र सिंह भी शामिल होंगे जिन्होंने बोफ़ोर्स तोप के मामले को लेकर हाल ही में लोकसभा तथा इंका से रोष स्वरूप इस्तीफ़ा दि मौका पर राव बीरेन्द्र बैली भी भेंट की जाए में उन सभी सांसदों व बैलियां भेंट की जानी सौदे के मामले पर त्यागपत्र देकर कुर्बा उत्तर में श्री देवी लाल जिले बनाने के मामले

श्री देवी लाल ने अध्यक्ष श्री बलराम और फिरोज़पुर (पंज लड़ा तो मैं उनका म अगर वे इन दोनों सी हल्का चुन लेते हैं तो मंडी । श्री देवी लाल आधारहीन लोगों को उन्होंने स्पष्ट किया कि हल्का चुन लेते हैं तो मुकाबला करेगा ।

विक्रमादित्य कूदने क

नई दिल्ली, 18 भारतीय राजदूत डा विक्रमादित्य राजनीति उनके ससुर केन्द्रीय रे अपने दामाद को इंका से प्रयत्नशील हैं । वि लोकसभा सीट पर है कर्ण सिंह तीन बार चु चुनाव उन्होंने ऊधमप के रूप में लड़ा था और

Punjabi Gen

पेरेस्त्रो

'मास्को सुंदरी 89' प्रतियोगिता के अंतिम चरण में केव शामिल थीं । ये युवतियां अंतिम प्रतिस्पर्धा को जीतने रही हैं । यह चित्र उन आठ युवतियों में से 5 का है

बोडो उग्रवादियों को कोई केंद्रीय एजैंसी प्रशिक्षण नहीं दे रही : राजीव

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस बात का स्पष्ट रूप से खंडन किया है कि कोई केन्द्रीय एजैंसी पूर्वोत्तर भारत में बोडो उग्रवादियों को प्रशिक्षण दे रही है । श्री गांधी ने यह बात आज 'द असम ट्रिब्यून' दैनिक के स्वर्ण जयन्ती समारोह के दौरान यहां कही । उन्होंने कहा कि "मैं स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय एजैंसियों द्वारा बोडो उग्रवादियों को किसी भी तरह का प्रशिक्षण देने की खबर में कोई सच्चाई नहीं है ।"

प्रधानमंत्री ने देश के भविष्य से जुड़े बुनियादी प्रश्नों को न उठाने तथा साम्प्रदायिकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को सही परिप्रेक्ष्य में उजागर न करने के लिए समाचार पत्रों की आलोचना की है । उन्होंने कहा कि अखबार यदि बुराइयों का पर्दाफाश करते हैं और अटकलों को जगह देते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है, बशर्ते कि इसके पीछे इरादे बुरे नहीं राशस्त्र सेनाओं में विद्रोह की बात कर रहा है तो दूसरा संसद से इस्तीफ़ा देने वाले लोगों को पुरस्कृत कर रहा है ।

श्री गांधी ने कहा कि देश को आज साम्प्रदायिकता से जितना खतरा है, उतना पहले कभी नहीं था । प्रैस इस मुद्दे को उजागर नहीं कर रहा है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि पत्रकारों को कड़ा परिश्रम करना पड़ता है और खतरों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अक्सर उन्हें पर्याप्त वेतन नहीं मिलता । सरकार समझती है कि व्यक्तिगत रूप से पत्रकारिता का पेशा आत्म संतोषजनक है, लेकिन वित्तीय रूप से संतोजनक नहीं है ।

त्यौहारों पर चीनी की कमी न होने दी जाएगी : राजीव गांधी ने विश्वास दिलाया है कि आने वाले त्यौहारों के दौरान जनता को चीनी की कमी नहीं होने दी जाएगी ।"

कुरुक्षेत्र जिले में भिड़ंत के बाद

जनवादी नौजवान सभा पंजाब के महासचिव कामरेड सोहन सिंह ढेसी की सोमवार को गांव काहना ढेसियां में आतंकवादियों ने हत्या कर दी । फोटो में शव के निकट शहीदे आज़म स. भगत सिंह के साथ पंडित किशोरी लाल, मृतक ढेसी की पत्नी तथा इकलौता बेटा बैठे नज़र आ रहे हैं (इनसैट) मृतक के चेहरे का क्लोज़अप । (छाया : गगन)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बंदूक मृतक ए.एस.आई. की थी । पुलिस ने एक और आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ़ गर्चा को भी गिरफ्तार किया,जिससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस मिले ।

आतंकवादियों की कार्रवाइयों में वृद्धि : धारीवाल (गुप्ता): सूचना प्राप्त हुई है कि स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलने पर निकटवर्ती गांव लैहल से चारे की भरियों में छुपाए खतरनाक हथियार एक हवेली से बरामद किए । बताया गया है कि सी.आई.डी. की एक सूचना पर पुलिस व बी.एस.एफ. को एक ट्रैक्टर ट्राली की तलाश थी जिसमें हथियारों का ज़खीरा आ रहा था । दूसरी ओर तलाशी के डर से वह ट्रैक्टर लैहल गांव से होता हुआ ज़फ़रवाल जाने वाला था । आतंकवादी जो यह हथियार चारे की भरियों में छुपा कर ले जा रहे थे, गांव लैहल मेंहरबंस सिंह की हवेली में भरियां फैंक गए जिसकी सूचना हरबंस सिंह ने पुलिस को दी और पुलिस ने आकर उन भरियों से दो ए.के. 47, एक बम, एक रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का कब्ज़ा में ले लिया । इससे पहले गांव बल में ईसाइयों के एक इकट्ठ में मार-पीट उग्रवादियों द्वारा करने की सूचना है । बताया जाता है कि जाते हुए उन्होंने वार्निंग दी कि रात्रि के समय हमारे रास्ते में रुकावट न बनें । इसी प्रकार गांव कलेर खुर्द में हुई दो घटनाओं से स्पष्ट है कि धारीवाल तथा निकटवर्ती क्षेत्र में उग्रवादी काफी सक्रिय हैं ।

4 घुसपैठिये मरे : अमृतसर (प.स.): गत रात भारत-पाक सीमा पर धरेंडा क्षेत्र में रूड़ावाली चौकी पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 4 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए ।

5 आतंकवादी व शरणदाता गिरफ्तार : मजीठा के पुलिस चीफ श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने 5 आतंकवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । इनके नाम तेजपाल सिंह, सरजीत सिंह, नरबेल सिंह, अमृतपाल सिंह तथा कर्मजीत सिंह हैं । इनसे तीन पिस्तौल, 12 बोर के 8 कारतूस बरामद किये गए ।

अमृतसर-मजीठा के गांव चमयारी में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गये राज कुमार का शव । (छाया : पं.के.)

'विश्वामित्र' के बारे में याचिका पर सुनवाई 3 अक्तूबर को

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (वार्ता): आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नन्दमूरि तारक रामाराव की बहुचर्चित फिल्म 'महर्षि विश्वामित्र' के निर्माण, निर्देशन तथा अभिनय में श्री रामाराव की भूमिका को चुनौती देने वाली याचिका आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक [illegible] पर तीन

वाजपेयी

(पृष्ठ 3 का शेष)

राजीव गांधी अपना प्रभाव खो चुके हैं । बड़े-बड़े अधिकारी अक्सर महत्वपूर्ण फाइलों का काम टाल जाते हैं । उन्होंने कहा कि जवाहर रोजगार योजना भी अब राजीव गांधी को नहीं बचा सकेगी । इस योजना से एक लाख बीस हजार कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे ।

पंजाब के मसले का उन्होंने क्या हल सोच रहा है ? इस सवाल के जवाब में भाजपा नेता ने कहा कि पहले आप सत्ता से राजीव सरकार को हटाएं, उसके बाद हम सब मिल बैठ कर आपको इसका हल निकाल कर बताएंगे ।

जन्म दिन मनाया : इसी जनसभा में श्री अटल बिहारी वाजपेयी का 63वां जन्म दिन मनाया गया । इस अवसर पर उन्हें 1.75 लाख रुपए की थैली भेंट की गई, जो उन्होंने पार्टी को सौंप दी । 63 गुब्बारे और कबूतर छोड़े गए तथा छोटी बच्चियों ने श्री वाजपेयी की आरती उतारी और तिलक लगाया । युवा नेता कृष्ण बजाज ने उनके समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं । समारोह की अध्यक्षता ईश्वर दयाल गुप्ता ने की । महामंडलेश्वर स्वामी शरणपरी जी ने श्री वाजपेयी को गीता, दुशाला और प्रसाद भेंट किया तथा उनकी दीर्घायु की कामना की ।

स्टेट बैंक कर्मियों द्वारा देशव्यापी हड़ताल

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (प.स.): स्टेट बैंक आफ इंडिया के देश भर की शाखाओं में कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल के कारण आज सरकारी बैंक कारोबार पर बुरा असर पड़ा । केंद्र और राज्य सरकारों की बैंक लेन-देन स्टेट बैंक के माध्यम से होती है ।

अखिल भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ फैडरेशन के सचिव पी. लक्ष्मी नरसैया ने आज यहां दावा किया कि सभी राज्यों में स्टेट बैंक की शाखाओं में हड़ताल रही है ।

फैडरेशन की मांग है कि बैंक प्रबन्धकों के साथ इस साल 9 जून को हुए समझौते के तहत एक नवम्बर 1987 से वेतन वृद्धि की बकाया राशि का भुगतान किया जाए । फैडरेशन ने मांग स्वीकार न किए जाने पर 28 और 29 सितम्बर को दो दिवसीय हड़ताल की धमकी दी है । दूसरी ओर स्टेट बैंक आफ इंडिया के प्रबन्धकों ने इस हड़ताल को अनुचित और अनावश्यक कदम बताया है ।

कुरुक्षेत्र जिला में आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस रिमांड : कैथल से 'ठुकराल' के अनुसार इन सातों आतंकवादियों को आज सीनियर सब-जज श्री आर.पी. सिंह की अदालत में पेश किया गया जिन्होंने इनका 13 अक्तूबर तक का पुलिस रिमांड दिया है ।

पुलिस दल पुरस्कृत होगा : हिसार से 'नांदबाल' के अनुसार यहां एक पत्रकार सम्मेलन में हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने घोषणा की है कि इन आतंकवादियों को पकड़ने वाले पुलिस दल

(ऊपर) अकाली दल (तलवंडी) के वर्कर सोमवार को जालंधर में कमिश्नर के कार्यालय को जाने के प्रयत्न में पुलिस द्वारा गिरफ्ता अकाली वर्कर डी.सी. के कार्यालय पर धरना देने के लिए मार्च हुए ।

शांति सेना की वापसी

(पृष्ठ 3 का शेष)

था । इसके बाद भारत ने श्रीलंका में अपनी शांति सेनाएं भेजी । किसी एक समय में शांति सेना के सैनिकों की संख्या 56 हजार से अधिक नहीं रही । अपने दायित्व के निर्वहन में भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका में भारी उत्सर्ग देकर तमिल अल्पसंख्यकों की रक्षा की । अक्तूबर में लिबरेशन टाइगर्स आफ़ तमिल ईलम (लिट्टे) की हिंसक कार्रवाइयों के कारण शांति सेना को उनके विरुद्ध व्यापक अभियान छेड़ना पड़ा । एक अनुमान के अनुसार उत्तर-पूर्वी प्रांत में लिट्टे के साथ संघर्ष के दौरान शांति सेना के लगभग एक हजार जवान वीरगति को प्राप्त हुए तथा तीन हजार से अधिक घायल हुए ।

राजीव को बड़ी जीत : नई दिल्ली से यू.एन.आई. वार्ता के अनुसार नवीनतम भारत-श्रीलंका समझौता प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू मोर्चे पर एक बड़ी जीत है । प्रधानमंत्री ने 29 जुलाई तक भारतीय शांति सेना को वापस बुलाने के श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री प्रेमदास के दबाव का प्रतिरोध किया था और उन्हें इस मामले पर अमरीका तथा सोवियत संघ दोनों का समर्थन मिला । देश के अंदर राष्ट्रीय मोर्चे तथा भारतीय जनता पार्टी ने सार्वजनिक रूप में श्री प्रेमदास की घोषणा के बाद तत्काल रूप में भारतीय शांति सेना की वापसी की मांग की थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्टैंड लिया कि उन्होंने तमिलों को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया था और जब तक उन्हें श्रीलंका सरकार से इस मामले पर आश्वासन नहीं मिलता, शांति सेना को नहीं हटाया जाएगा ।

प्रधानमंत्री श्रीलंका सरकार के साथ बातचीत के बारे में तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियों को अवगत कराते रहे हैं तथा राज्य के मुख्यमंत्री श्री करुणानिधि को इस सम्बन्ध में नियमित रूप में जानकारी दी जाती रही है । राज्य सरकार को समझौते के बारे में कल सूचित किया गया था । संसद के गत सत्र के दौरान भी प्रधानमंत्री ने राज्य की राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर श्रीलंका की स्थिति के बारे में उनसे सुझाव मांगे थे ।

'प.स.' के अनुसार भारत और श्रीलंका के बीच आज सुबह हुए समझौते से श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत में शांति और सुरक्षा की प्रक्रिया में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) को शामिल होने की भी पूरी उम्मीद है । जानकार सूत्रों के अनुसार उत्तर-पूर्वी प्रांत में स्थापित की जा रही शांति समिति में सभी राजनीतिक एवं जातीय दल शामिल होंगे । इस प्रक्रिया में 'टाइगर्स' भी शामिल होंगे । सूत्रों के अनुसार इस शांति समिति को स्थापित करने की जिम्मेदारी श्रीलंका की सरकार की होगी । भारत ने श्रीलंका सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है । शांति समिति की स्थापना से उत्तर-पूर्वी प्रांत में कानून-व्यवस्था और स्थिति को सामान्य बनाने में सहायता मिलेगी ।

जानकार सूत्रों ने आज यहां बताया कि श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत में प्रस्तावित शांति समिति में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) को भी शामिल कराना श्रीलंका सरकार की जिम्मेदारी है । सूत्रों के अनुसार समिति के गठन का फैसला

उज्जैन में गैस रिसने से 60 लोग बीमार

उज्जैन, 18 सितम्बर (वार्ता): उज्जैन में आज एक कपड़ा मिल में क्लोरीन गैस रिसने से 60 से अधिक लोग प्रभावित हो गए ।

संघर्ष जारी रहा तो लड़ाई पाक भूमि पर भी हो सकती है : नजीब

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक व्यक्ति बस की इंतजार करते समय दो तरबूजों को कंधों पर उठाए हुए—प्रत्येक तरबूज उसके सिर से बड़ा है । गर्मी के मौसम के इस फल को अफगानी बहुत पसंद करते हैं । यह फल इस युद्धग्रस्त क्षेत्र में बहुतायत से उपलब्ध है, जहां अन्य आवश्यक वस्तुओं पर राशन है । (छाया : प्रै.ट्र.)

काबुल, 18 सितम्बर (ए.पी.): अफगानिस्तान के राष्ट्रपति नजीब ने कहा है कि अफगान विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने की मोहलत पाने के लिए ही अमरीका ने शाह जहीर से बातचीत का बहाना बनाया है । अंतर्राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में कल भाषण करते हुए श्री नजीब ने कहा कि शाह जहीर के साथ रोम में हुई बातचीत अमरीका की दिवालिया सैन्य नीति में नई जान फूंकने की कोशिश थी ।

राष्ट्रपति नजीब ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि यदि संघर्ष जारी रहा तो लड़ाई सीमा पार करके पाकिस्तान की भूमि पर भी हो सकती है ।

घबराहट के बीच लोग देश छोड़ रहे हैं : युद्ध जर्जर अफगानिस्तान की गरीब जनता जहां अपनी बदतर हो रही हालत से घबरा कर लगातार देश छोड़ रही है, वहीं पाकिस्तान में निर्वासन की मुसीबतों को नहीं झेल पाने के कारण अफगान शरणार्थी वापस अपने देश लौट रहे हैं । सरकारी अनुमान के अनुसार लगभग ढाई लाख अफगानी पिछले छः महीने में देश छोड़ चुके हैं ।

अजय सिंह द्वारा घोषणा

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सिंह ने सेंट किट्स के खातों के दस्तावेजों के आधार पर दुर्भावना से कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के खिलाफ मुकद्दमा चलाने की चेतावनी दी है । श्री सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय को आज भेजे गए पत्र में उन दस्तावेजों को जाली बताया और कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि अगर कोई जालसाजी करके किसी की मानहानि करे तो उसे तीन साल की सजा हो सकती है । स्पष्ट है कि ये दस्तावेज जाली हैं और मेरी और मेरे पिता की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने के लिए बनाए गए हैं । उन्होंने कहा कि इसी आधार धारा 471 में जाली

जालन अका

जालन्धर आज एस.जी. तथा अकाली ठेकेदार और दल (त) के ल लिए । इन स समय हिरासत कार्यालय के प्रयास कर रहे

इस बीच मित्तल ने एक शांति बनाए अकाली नेता कार्यालय के अपना रखा साम्प्रदायिक 144 को ल गिरफ्तार कि

अधिकां निकट हिरास गुरुद्वारा माड से उनकी जल दल (त) की और झूठे मुक करने का क पुलिस शांति चाहती थी कार्यालय क अकाली नेता विरोधात्मक

प्रवक्ता लाल, जनता आने के दृ आने की को से अनुरोध स्थल बदल था ।

सभी अनुसार सभ कार्यकर्त्ताओं होने वालों विधायक र

कर्मचा

Punjabi Sanatani

...ग्धर 26.9.1989

...लोधियाना में डकैती की ...शिश नाकाम

पंजाब में अलग-अलग मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए : बिजली बोर्ड कार्यालय से 34200 रुपए लूटे गए

पंजाब और राजस्थान सीमा पर 6 घुसपैठिए मारे गए : पठानकोट में लूट की घटना : मुक्तसर का अपहृत वकील लौट आया

सहकारिता विभाग के इंस्पैक्टर, सब-इंस्पैक्टर का अपहरण

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से अलग-अलग मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए । सहकारिता विभाग के दो अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया । मुक्तसर का अपहृत वकील आज घर लौट आया । अमलोह में बिजली बोर्ड का कार्यालय लूट लिया गया । पंजाब व राजस्थान सीमा पर 6 घुसपैठिए मारे गए ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार थाना मजीठा क्षेत्र के गांव खटराई कलां के बाहर गत रात पुलिस तथा सी.आर.पी. ने संयक्त रूप से नाकाबंदी की हुई थी कि चार आतंकवादी 9 बजे के लगभग उधर से गुजरे । उन्हें रुकने के लिए ललकारा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी मारा गया । उसके तीन साथी भाग निकलने में सफल हो गये । पुलिस ने मौका पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 37 अनचले कारतूस बरामद किये ।

पुलिस पार्टी पर हमला : आज सायं अमृतसर-लोपोके रोड पर गांव कोहाली के निकट उग्रवादियों के एक गिरोह द्वारा एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया गया, लेकिन डी.एस.पी. मुख्यालय श्री गुरदयाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी की कोई क्षति नहीं हुई । पुलिस ने कहा है कि यह पुलिस पार्टी अमृतसर लौट रही थी । जवाबी फायरिंग किए जाने से उग्रवादी भाग निकले । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी है ।

शरणदाता गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस ने गत रात थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव ढंड में एक फार्म हाऊस पर छापा मार कर एक व्यक्ति मनोहर सिंह को गिरफ्तार किया । उन्होंने बताया कि पुलिस व सुरक्षा को यह गुप्त सूचना मिली थी कि मनोहर सिंह के फ़ार्म हाऊस पर कुछ उग्रवादी मौजूद हैं लेकिन वह फ़ोर्स के पहुंचने से पहले ही वहां से भाग निकले । मनोहर सिंह ने स्वीकार किया है कि वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के बलशीश सिंह सोना गिरोह के सदस्यों को शरण तथा मदद देता था ।

2 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये : रोपड़ (पस): आज प्रातः यहां से 30 किलोमीटर दूर थाना कराली के अंतर्गत गांव सलीमपर में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में 2 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये । हाल ही में जिला रोपड़ में यह अपनी किस्म की पहली मुठभेड़ है, जिसमें 2 चीनी ए.के. 47 राइफलें तथा लगभग 500 कारतूस बरामद किये गये हैं । इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी फरार हो गया, जिसकी सौरभता से खोज की जा रही है ।

मारे गये आतंकवादियों में से एक का नाम राजेंद्र सिंह उर्फ़ जिन्दर बताया गया है । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने मुठभेड़ स्थल पर चंडीगढ़ से आये पत्रकारों के दल को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी संदिग्ध हालत में क्षेत्र में घूम रहे हैं । पुलिस अभी नाका लगाने की योजना बना रही थी कि तीन आतंकवादी साइकल पर आते हुए दिखाई दिये । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो वह भाग कर खेतों में चले गये तथा पोज़ीशन लेकर फ़ायरिंग करने लगे । सुरक्षा बलों की जवाबी फ़ायरिंग से उनमें से 2 वहीं ढेर हो गये, जबकि तीसरा भाग निकला । उनके कब्ज़े से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के पैड पर लिखे बहुत से धमकी-भरे पत्र भी बरामद हुए । श्री गिल ने इस कार्रवाई में हिस्सा लेने वाले अफ़सरों तथा जवानों से हाथ मिला कर उन्हें बधाई दी ।

श्री गिल ने बताया कि मारे गये आतंकवादियों में से एक के भाई को गिरफ्तार किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है ।

रोपड़ के एस.एस.पी. के अनुसार मारे गए दोनों दुर्दांत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के निहालसिंह निहाला ग्रुप से संबंधित थे । एस.एस.पी. रोपड़ ने बताया कि मारे गए आतंकवादी जिन्दर की पहचान उसके बड़े भाई ने की । वह रोपड़ जिला के मियांपुर गांव का निवासी था । उन्होंने बताया कि फरार होने वाला आतंकवादी तोला था । वह भी मियांपुर का रहने वाला था । राजेन्द्र सिंह जिन्दर अनेक अपराधों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था । इस ग्रुप का सरगना निहालसिंह निहाला अम्बाला में हरियाणा पुलिस से मुठभेड़ में मारा जा चुका है ।

मलवाल में उग्रवादी मरा : फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सरजीत सिंह ने बताया कि गत रात थाना मल्लांवाला के गांव मलवाल में सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी के साथ एक मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया ।

दो अधिकारियों का अपहरण : फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार हरभजन लाल मित्तल इंस्पैक्टर तथा कृष्ण कुमार बिज सब-इंस्पैक्टर को-आप्रे. सोसाइटीज़ जो जीरा में तैनात थे, का सोमवार को धर्मकोट थाने के गांव राहवाला से अपहरण कर लिया गया है, जहां वे को-आप्रे. सोसाइटी के चुनाव के सम्बन्ध में गए थे । पुलिस चीफ ने बताया कि पांच संदिग्ध आतंकवादी एक सफेद कार नं. डी.एच.बी. 2998 में आए तथा दोनों अधिकारियों का अपहरण करके ले गए ।

फिरौती के 5 लाख मांगे : बाघापुराना (ज्ञान) : रोडे गांव के एक दुकानदार श्री सीता राम के 15 वर्षीय पुत्र बिट्टू, जिसका 5 सशस्त्र आतंकवादी उसके घर से अपहरण करके ले गए थे, का 5 दिन बीत जाने के बाद कुछ पता नहीं चला है । आतंकवादियों ने बिट्टू की फिरौती के लिए 5 लाख रुपए मांगे हैं ।

आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार : मुक्तसर से दर्दी के अनुसार एक व्यक्ति हरमेश दास बल्द भाग दास गांव घल कलां को गिरफ्तार करके उससे 30 बोर का विदेशी पिस्तौल, एक मैगज़ीन व चार कारतूस बरामद किये गये । जिला पुलिस चीफ़ श्री शर्मा ने बताया कि यह व्यक्ति आतंकवादियों को भी हथियार सप्लाई करता था ।

अपहृत वकील लौट आया : कल रात मुक्तसर की जोध कालोनी से 3 आतंकवादी एक वकील सरेंद्र सिंह का अपहरण करके ले गये थे, वह आज प्रातः वापस आ गया । उसने बताया कि आतंकवादी उसे उठा कर मंड क्षेत्र की ओर ले गये थे । उन्होंने उसे कोई मारपीट नहीं की बल्कि रात को खाना तथा सोने के लिए बिस्तर भी दिया । उसने कहा कि इन आतंकवादियों ने उससे कोई मांग नहीं की । उन्होंने उसको कहा कि वह उसे मंड क्षेत्र की सैर कराएंगे, अतः वह घबराये नहीं । वकील ने बताया कि दो आतंकवादी कहीं बाहर चले गये और उनका तीसरा साथी सोया पड़ा था, अतः वह वहां से भाग आया तथा खेतों में से होते हुए वापस घर पहुंच गया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रक्षा प्रतिष्ठानों में हड़ताल से काम ठप्प

जबलपुर, 19 सितम्बर (प.स.): रक्षा कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में आज की गई देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के कारण सभी रक्षा प्रतिष्ठानों में कामकाज ठप्प रहा । हथियार बनाने के कारखाने, परिवहन परियोजना और तोपखाने बनाने के कारखानों में आज कुछेक विशेष सेवाओं को छोड़कर सारा काम बंद रहा ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि रक्षा प्रतिष्ठानों के करीब साठ हजार कर्मचारी हड़ताल पर हैं ।

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ ने अपनी 24 सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल का आह्वान किया था । कर्मचारी अधिक बोनस, महंगाई भत्ते, प्रशिक्षितों की भर्ती, काम की बेहतर स्थितियां आदि की मांग कर रहे हैं । कर्मचारी महासंघ और केन्द्र सरकार के बीच इन मुद्दों पर हुई बातचीत विफल हो चुकी है । एहतियाती तौर पर विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र सैनिक तैनात किए गए हैं ।

नई दिल्ली : राष्ट्रीय रक्षा प्रतिष्ठान कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष एवं कांग्रेस (इ) के सांसद हरीश रावत ने आज चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर रक्षा कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी गईं तो आयुध निर्माण फैक्टरियों और डिपुओं के कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे ।

देवी लाल द्वारा गैर-कांग्रेस (इ) शासित राज्यों में सरपंचों के नाम प्रधानमंत्री के पत्र वितरित न करने का परामर्श

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (एन.एस. परवाना): ज्ञात हुआ है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने अन्य गैर इंका मुख्यमंत्रियों को परामर्श दिया है कि वे भी हरियाणा की तरह अपने राज्यों में प्रधानमंत्री की तरफ से बी.डी.ओ. के माध्यम से सरपंचों को लिखे गए पत्रों को वितरित न करें क्योंकि प्रधानमंत्री का यह पग न केवल असंवैधानिक है अपितु राज्य सरकारों के अधिकारों का हनन है ।

देश की सभी मान्य भाषाओं में लिखे गए इन पत्रों में प्रधानमंत्री ने पंचायती राज संस्थानों व कानूनी व वैधानिक पक्षों पर विचार-विमर्श किया है । गत तीन सप्ताह के दौरान श्री देवी लाल की यह दूसरी कार्रवाई है जिसके माध्यम से उन्होंने राजनीतिक तौर पर दो-दो हाथ करने के लिए केन्द्र सरकार को चुनौती दी है । इस से पहले उन्होंने गत 30 अगस्त को भारत बंद के अवसर पर हरियाणा की जनता से 'बंद' में बढ़-चढ़ कर भाग लेने व यातायात रोकने की अपील की थी । साथ ही यह पेशकश भी की थी कि यदि इस प्रयास में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिवार को एक लाख रु.

चीनी के मूल्य और गिरेंगे, सरकारी पग एक-दो दिन में

श्रीलंका में जे.वी.पी. द्वारा अव...

'गैर-कानूनी' बताया, बदले की...

कोलम्बो, 19 सितम्बर (आई.पी.एस., प.स.): उग्रवादी संगठन जनता विमुक्ति पैरामुना (जे.वी.पी.) ने सरकार के खिलाफ़ 'अवज्ञा अभियान' का आह्वान किया है । दूसरी ओर मध्य श्रीलंका से सुरक्षा बलों द्वारा बड़ी संख्या में नागरिकों को मारे जाने की खबरें मिल रही हैं ।

संदिग्ध पैरामुना गुट द्वारा गत सप्ताह तीन सैनिकों के परिवारों की हत्या करने के बाद मध्य कैंडी जिले से प्राप्त खबरों के अनुसार महाबट्टे गांव में सैनिकों द्वारा की गई मार-काट में 200 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है ।

महाबट्टे गांव जाने का प्रयास करने वाले संवाददाताओं को गांव वालों ने वहां न जाने की सलाह दी तथा कहा कि सेना ने उस क्षेत्र को घेर लिया है तथा वहां स्थिति अभी काफी तनावपूर्ण है । यह गांव एक सौ कि. मी. लम्बी कोलम्बो-कैंडी रोड से कुछ ही दूरी पर है ।

महाबट्टे गांव में तथा उसके आसपास के स्थानों से कल रात 132 शव मिले । हिंसा की घटना इसी गांव में हुई थी । कैंडी के एक निवासी ने बताया कि उसने गत शुक्रवार को महावेली नदी में बहते हुए 70 शव देखे ।

सूत्रों ने बताया कि गत सप्ताह सरकार के प्रति वफ़ादार समझे जाने वाले पैरामुना के स्थानीय कार्यकर्त्ताओं तथा व्यापारियों के बीच हुई गोलीबारी के कारण बदले की भावना से ये हत्याएं की गईं । सरकारी सैनिकों तथा विद्रोहियों के बीच दक्षिण श्रीलंका में हुए खूनी गृहयुद्ध में पिछले दो महीनों में 3500 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं ।

समाचारपत्रों के कार्यालयों में दिए गए एक पर्चे में पैरामुना के नेता रोहन विजेवीरा तथा उपाध्यक्ष गमनायके ने आम नागरिकों को आह्वान किया है कि वे 'सरकार द्वारा किए गए नरसंहार' के खिलाफ़ कर देना बंद कर दें । पर्चे में कहा गया कि राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की सरकार 'गैर-कानूनी' है । इसमें सरकार पर आरोप लगाया गया कि पैरामुना के

कार बम विस्फो...
हिंसा की ताज़ी घटना...
हो गई । इनमें से दो...
बाहर कार बम विस...
सुरक्षा अधिकारियों...
सिंहली उग्रवादियों...
किलोग्राम के विस्फोट...
दो व्यक्तियों की मृत्यु...
गए । घायलों में सात...
पुलिस कर्मी शामिल...
किलो मीटर दूर गमपह...
प्रातः हुआ ।

भारत के वक्त...
रायटर : श्रीलंका के...
वक्तव्य पर बहुत सा...
की है जिसमें कहा गया...
हुए समझौते में इस...
सभी भारतीय सैनि...
अवश्य वापस चले...
कि वे इस वक्तव्य...

बोफोर्स... लिए

नई दिल्ली, 19...
महालेखा परीक्षक...
तोप सौदे का करार...
दिल्ली उच्च न्यायाल...
है ।

मुख्य न्यायाधीश...
और न्यायमूर्ति डी.पी...
पर सुनवाई तीन नव...
क्योंकि एक वकील...
में वादी के वकील...

Punjabi Sanatan

में डकैती की
श नाकाम

पंजाब में कानूनी दस्तावेजों के लिए प्रयुक्त होंगे

मारे
गए
ौट आया
रण

यों को भी हथियार

राया : कल रात
आतंकवादी एक
रके ले गये थे, वह
उसने बताया कि
त्र की ओर ले गये
नहीं की बल्कि रात
र भी दिया । उसने
सने कोई मांग नहीं
ह उसे मंड क्षेत्र की
नहीं । वकील ने
बाहर चले गये और
या, अत: वह वहां से
ए वापस घर पहुंच
ेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में हत्याएं

आतंकवादियों द्वारा मारे गए पुलिस कर्मचारियों सहित बेगुनाह व्यक्ति

मारे गए आतंकवादी



पाकिस्तान द्वारा सियाचिन से भारतीय सेना हटाने की मांग

कश्मीर में भी जनमत संग्रह कराने की रट

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (वार्ता): पाकिस्तान के ऊपरी सदन (सीनेट) ने एक प्रस्ताव पारित कर भारत से आग्रह किया है कि वह सियाचिन से अविलम्ब अपनी फौजें हटा ले तथा कश्मीर में जनमत संग्रह करवाये । रेडियो पाकिस्तान के अनुसार विदेशमंत्री साहिबजादा याकूब खां ने सीनेट में कल रात कहा कि पाकिस्तान ने कश्मीर पर अपना दृष्टिकोण नहीं बदला है ।

पाकिस्तान की सीनेट में प्रतिपक्षी पार्टी इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद के सदस्यों की संख्या ज्यादा है । यह पार्टी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर आरोप लगाती रही है कि भारत के साथ संबंध सामान्य बनाने के नाम पर वह पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता कर रही है । श्री याकूब खां ने सदन को आश्वासन दिया कि भारत के प्रति सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है ।

श्री याकूब खां ने कहा कि पाकिस्तान की अफगान नीति में कोई परिवर्तन नहीं आया है लेकिन कई बार ऐसा हो जाता है कि स्थायी ध्येय को हासिल करने के लिए नीति को बदलना पड़ता है । विदेशमंत्री का बयान इन खबरों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि गत मार्च-अप्रैल में अफगान विद्रोहियों के जलालाबाद पर कब्जा करने में नाकाम रहने के बाद अमरीका और पाकिस्तान ने अपनी अफगान नीति बदल ली है ।

सीनेट में सर्वसम्मति से पारित कड़े शब्दों वाले प्रस्ताव में कहा गया है कि भारत ने सभी अन्तर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करके सियाचिन ग्लेशियर पर कब्ज़ा किया है अत: उसकी फौजों को वहां से तुरन्त जाना चाहिए । प्रस्ताव में कहा गया कि सियाचिन ग्लेशियर पर भारत की उपस्थिति शिमला समझौते का भी उल्लंघन है क्योंकि भारत ने इस समझौते के तहत 1972 तक की नियंत्रण रेखा को स्वीकार किया था ।

सीनेट के इस प्रस्ताव पर यहां पर्यवेक्षकों ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि एक ऐसे समय में जब भारत-पाक सम्बन्धों को सुधारने के प्रयास चल रहे हैं, यह प्रस्ताव अनावश्यक तनाव और कटुता ही उत्पन्न करेगा ।

सियाचिन ग्लेशियर में स्थायी शांति कायम करने के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों ही अपनी-अपनी फौजें पीछे हटाने की योजना बनाने पर सहमत हो गए हैं ।

दर्शन सिंह का इस्तीफा मंजूर न किया जाए : टोहरा

अमृतसर, 19 सितम्बर (प.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरचरन सिंह टोहरा ने कमेटी को निर्देश दिया है कि अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी प्रोफैसर दर्शन सिंह का इस्तीफा मंजूर नहीं किया जाए । श्री टोहरा इस समय निदामपुर जेल में हैं ।

प्रबंधक कमेटी के सचिव मंजीत सिंह कलकत्ता ने बताया कि श्री टोहरा का यह निर्देश जेल से एक दूत के माध्यम से मिला है, जिसमें कहा गया है कि प्रोफैसर दर्शन सिंह से इस्तीफा वापस लेने की अपील की जाए । श्री टोहरा ने सिख समुदाय से अपील की है कि वे जत्थेदार अकाल तख्त के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त

केंद्रीय कर्मचारियों को संशोधित महंगाई भत्ता

जे.वी.पी. द्वारा अवज्ञा अभियान, प्रेम दास सरकार को ी' बताया, बदले की भावना से सेना द्वारा 200 हत्याएं

ाई.पी.एस., प.स.): विमुक्ति पैरामुना का 'अवज्ञा अभियान' ि समय श्रीलंका से

कार बम विस्फोट में 40 मरे : श्रीलंका में हिंसा की ताज़ी घटनाओं में 40 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । इनमें से दो की मृत्यु एक पुलिस थाना के बाहर कार बम विस्फोट में हुई । यह जानकारी

अलावा उन्होंने इस पर और कोई टिप्पणी नहीं की ।

समझौते में कहा गया है कि श्रीलंका में इस वक्त मौजद सभी 41 हजार सैनिकों को 31 दिसम्बर तक

Punjabi Sanatan

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक और युवक का अपहरण : गांव सम्मेवाली के एक व्यक्ति गरमेल सिंह के नौजवान लड़के हरमीत सिंह का भी बंदक की नोक पर अपहरण किए जाने का समाचार मिला है । उसकी रिहाई के लिए 2 लाख रुपए की मांग की गई है । थाना सदर पुलिस जांच कर रही है ।

4 पाक घुसपैठिये मरे : फाजिल्का (ल): बी.एस.एफ. के जवानों ने श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ क्षेत्र में एक नाकाबंदी के दौरान सीमा पार करके भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 4 पाकिस्तानियों को मार गिराया । तीन अन्य घुसपैठिये वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए ।

2 घुसपैठिये मरे : फाज़िल्का सैक्टर में सरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गये ।

लूट की वारदात : अमलोह से मद के अनुसार आज दोपहर एक बजे पंजाब बिजली बोर्ड के भादसों स्थित कार्यालय में से 4 आतंकवादी 34200 रुपए लूट कर ले गए । आर्तकवादी दो स्कूटरों पर सवार होकर आए थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नम्बरदार का लड़का घायल : जालंधर-गत रात जालंधर थाना सदर के अंतर्गत गांव छोटा सईपर में तीन आतंकवादियों ने नम्बरदार प्रकाश चंद के लड़के जोगेंद्र राम को गोली मार कर घायल कर दिया । उसको अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस ने इसको निजी शत्रुता का मामला बताया है ।

घर-घर की तलाशी : फगवाड़ा (कौड़ा): पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने आज तड़के निकटवर्ती गांव दरवेश पिंड, उच्चा पिंड, भानोकी, ठकरकी, जगतपर जट्टां में उग्रवादियों व उनके संभावित ठिकानों की तलाश में घर-घर तलाशी ली व व्यापक स्क्रीनिंग की । पता चला है कि पांच घंटे के अभियान में पुलिस ने कुछ नौजवानों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

निहंग गिरफ्तार : दसूहा (ज़ावर): सी.आई.ए. स्टाफ़ दसूहा ने एक निहंग हीरा सिंह निवासी कैथां को गिरफ्तार करके उससे एक स्पेन में निर्मित 22 बोर की पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किये हैं । उससे पूछताछ की जा रही है ।

4 गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): अमरगढ़ पुलिस ने गांव सलार के बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया और उससे एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किये । अहमदगढ़ पुलिस ने तीन व्यक्तियों चरणजीत सिंह, बलदेव सिंह तथा अमरीक सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 43 कारतूस बरामद किये ।

श्री देसराज के लड़के को, जो कि दशमेश पब्लिक स्कूल में पढ़ता था, आतंकवादी रिक्शा में से यह कह कर अपने साथ ले गए थे कि आज उसको घर पर काम है । उन्होंने रिक्शा वाले से कहा था कि वह स्कूल में उसकी छुट्टी लगवा दे और उसको एक पत्र दिया था । रिक्शा वाले ने उसी तरह स्कूल में जाकर पत्र दे दिया, जिसमें लड़के के अपहरण के बारे में लिखा गया था । पता चला है कि बाद में पुलिस ने रिक्शा चालक की काफी पिटाई की थी ।

मनीष की रिहाई से शहर में जो दुख का वातावरण मौजूद था,वह आज खुशी में बदल गया । इसके तुरन्त बाद पुलिस चीफ़ श्री सतीश कुमार शर्मा ने एक पत्रकार सम्मेलन बुलाकर कहा कि पुलिस अधिकारियों के बच्चों के लिए स्कूलों के बाहर फ़ोर्स का प्रबन्ध कर दिया गया है तथा अब बच्चे पुलिस के पहरे में स्कूल जाया करेंगे और पुलिस की सुरक्षा में ही घर वापस आया करेंगे ।

श्री देसराज के पुत्र की सुरक्षित वापसी से पुलिस का मनोबल पुन: कायम हुआ है,क्योंकि इससे पूर्व श्री गोबिन्द राम के लड़के राजन बैंस की जालन्धर में आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी ।

मनीष के पास खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के पैड पर लिखा गया एक पत्र मिला है,जिसपर गुरजंट सिंह बधसिंहवाला के हस्ताक्षर हैं । पत्र में कहा गया है कि सिख परम्परा के अनुरूप श्री देसराज के पुत्र को रिहा किया जा रहा है । पत्र में चेतावनी दी गई है कि पुलिस को लोगों पर की गई ज्यादतियों के परिणाम भुगतने होंगे ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने भी श्री देसराज के पुत्र के थाना कोटकपूरा पहुंच जाने की पुष्टि की है,परन्तु के.एल.एफ़. के इस दावे पर कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया कि बच्चे को कुछ आतंकवादियों की रिहाई के बदले में छोड़ा गया है ।

यह पहला मौका है कि आतंकवादियों ने पुलिस की हिरासत से अपने साथियों की कथित रिहाई के बदले में किसी अपहृत को रिहा किया है ।

दो नानियां, चार मामे : मनीष ने बताया कि जहां उसको रखा गया था, वहां दो नानियां तथा चार मामे थे । उसने कहा कि वह अकेलापन महसूस करता था और रात को सोते समय अपनी मां तथा पिता जी को याद करता था । मनीष ने टी-शर्ट व निक्कर पहन रखी थी जबकि अपहरण के समय उसने स्कूल की सफेद यूनिफ़ार्म पहनी हुई थी । पांच दिन के बाद रिहा होने पर जब मनीष को उसके घर ले जाया गया तो वह कूदकर अपनी मां के साथ चिपट गया ।

जैसे ही मनीष की मां श्रीमती ईलीश ने अपने बच्चे को प्यार से गोदी में लिया, उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली । उन्होंने मौका पर गए एक पत्रकार को बताया "मैं अपने मनीष के लापता होने के बाद से बहुत मानसिक पीड़ा की स्थिति में रही हूं । हम परमात्मा के आभारी हैं कि हमारा बेटा सुरक्षित लौट आया है ।" मनीष ने भी कहा कि वह रात को रोया करता था, खाना खाते हुए उसने बार-बार अपने पिता के बारे में पूछा कि वह वहां हैं । मनीष के बहुत से दोस्त तथा सहपाठी उससे गले मिले तथा उससे कहानी सुनी ।

14 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने 14 आतंकवादियों, एक शरणदाता तथा एक बलपूर्वक धन ऐंठने वाले को गिरफ्तार किया है । इनके नाम प्रभजीत सिंह, कमलजीत सिंह, जे. सिंह, रेशम सिंह, बलबीर सिंह, साधु सिंह, एक अन्य बलबीर सिंह, हीरा सिंह, पूर्ण सिंह, गुलाब सिंह, महेंद्र सिंह, गुरतेज सिंह, जगजीत सिंह तथा जीवन सिंह बताए गये हैं । उनसे कुछ हथियार, गोली-सिक्का और एक कार बरामद हुई है ।

4 सिख छात्र संघ के सदस्य : फरीदकोट पुलिस ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 4 अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के सदस्य हैं जो मोगा उपमंडल में लूटपाट तथा रुपए ऐंठने के काम में लगे हुए थे ।

किसान की हत्या : फिरोजपुर (प.स.): उग्रवादियों ने आज सायं थाना मखू जिला फिरोजपुर के गांव गट्टा बडशाह में एक किसान मोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आयातित चीनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि देश में 1.10 करोड़ टन चीनी उपलब्ध है,जो 93 लाख टन की सम्भावित खपत को देखते हुए पर्याप्त है,लेकिन चीनी की सट्टा बाजारी, निहित स्वार्थों और नेपाल तथा बंगलादेश को तस्करी के कारण चीनी के दाम बढ़े हैं और इस स्थिति से निपटने के लिए आयात की नौबत आई है ।

सरकार ने इन आरोपों का खंडन किया है कि चीनी के आयात का आर्डर देने में कोई विलम्ब किया गया और इसके लिए विदेशी मुद्रा को अनावश्यक रूप से खर्च किया जा रहा है । खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सुखराम ने बताया कि दो लाख टन आयातित चीनी की पहली खेप अगले महीने के आरम्भ से आनी शुरू हो जाएगी ।

लुधियाना में पाबंदियां

लुधियाना, 21 सितम्बर (धीमान, नेपाल, महिन्द्रा): श्री एस.एस. बराड़ जिलाधीश ने धारा 144 के अंतर्गत 3 आदेश जारी किए हैं जिनके अंतर्गत जिला भर में ध्वनि-विस्तारकों के प्रयोग, जलूस निकालने, 5 व्यक्तियों से अधिक जमा होने, रैलियां करने और मोटर साइकल को पीला रंग रंगने पर पाबंदी लगा दी है । यह पाबंदी 16 नवम्बर तक जारी रहेगी ।

शाम के भाव--(21 सितम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 55.00, हिन्द मोटर 32.00, रिलायंस 98.00, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6650, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7300, सोना बिट्टूर (प्रति 10 ग्राम)3050, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3130, मिक्स डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 361-370, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 365-372, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 175.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 200, मूंगफली तेल (10 किलो) 245, तिल तेल (10 किलो) 198, तेल बिनौला (10 किलो) 198, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 172, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 122, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1820, सरसों बायदा (20 किलो) गंगानगर दिसम्बर 133.70, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) सित. 320, पीपरमैंट फ्लैक दिवाली 332 रुपए ।

भाजपा जन्म भूमि विवाद को चुनाव मुद्दा नहीं बनाएगी

नई दिल्ली, 21 सितम्बर (वार्ता) : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने इस बात पर जोर दिया है कि उनकी पार्टी राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को चुनावी मुद्दा नहीं बनाएगी । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निहित स्वार्थी तत्व ज्वलंत समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए इस संबंध में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि भाजपा इस मसले पर देश को बांटने की चाल का अंग नहीं बनेगी लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हम इस मसले पर झुकने वाला रवैया भी अख्तयार नहीं करेंगे । श्री अडवानी ने दावा किया कि कांग्रेस (इ) तथा अनेक प्रतिपक्षी दल इस मसले पर भाजपा की ही तरह सोचते हैं लेकिन चुनावों की वजह से वे खुले आम यह बात कबूल नहीं करेंगे । आगामी 25 सितम्बर से बम्बई में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् की बैठक हो रही है जिसकी अध्यक्षता श्री अडवानी करेंगे । उनके अध्यक्ष पद का कार्यकाल आगामी अप्रैल में समाप्त हो रहा है । इससे पूर्व 23 तथा 24 सितम्बर को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी ।

खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम

चंडीगढ़, 21 सितम्बर (प.स.): पंजाब सरकार ने होशियारपुर, अमृतसर तथा भटिंडा जिलों में कृषि उत्पादन में सुधार के लिए 1.90 करोड़ रुपए का विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय किया है । यह जानकारी वित्त आयुक्त (विकास) श्री ए.एस. पनी ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में दी । उन्होंने कहा कि इस योजना से इन जिलों के किसानों की आमदन में 700 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वृद्धि होगी ।

नेपाल भारत से सीधी बातचीत फिर शुरू करने का इच्छुक

काठमांडू, 21 सितम्बर (वार्ता): पिछले दिनों बैलग्रेड में प्रधानमंत्री राजीव गांधी और नेपाल नरेश वीरेन्द्र के बीच हुई बातचीत को देखते हुए नेपाल सरकार भारत से व्यापक और सीधी बातचीत फिर से शुरू करने को उत्सुक है । नेपाल के मुख्य सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि नेपाल सरकार भारत से यथाशीघ्र बातचीत करने के लिए तैयार है । प्रवक्ता ने बताया कि बैलग्रेड गुट-निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में श्री गांधी और नेपाल नरेश ने दोनों देशों के सम्बन्धों के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और दोनों इस बात पर राज़ी हुए कि विभिन्न

भारतीय खाद्य निगम
मेरा भारत महान
रिजनल कार्यालय पंजाब,चंडीगढ़
संशोधन
इस कार्यालय के विज्ञापन के संदर्भ में, जिसके अनुसार संगरूर और फिरोज़पुर में कार्यालय स्थान को किराए पर लेने के लिए पार्टियों से पेशकशें आमंत्रित की गई — पेशकशों की प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.9.1989 की बजाए 29.9.1989 पढ़ी जाए ।

Punjabi Samachar

व्यक्तियों की हत्या : 4 आतंकवादी मारे गये

पल्लेदार गलतफ़हमी में सी. आर. पी. की गोली से मरा : भिखीविंड में घायल दुकानदार दम तोड़ गया

एक घुसपैठिया मारा गया : टी.वी. मैकेनिक का अपहरण

चंडीगढ़, 22 सितम्बर (वा., प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 4 आतंकवादी मारे गए जबकि तीन महिलाओं व एक कांस्टेबल सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक पल्लेदार गलतफहमी में सी.आर.पी. की गोली से मारा गया । एक घुसपैठिया भी मारा गया । एक टी.वी. मकैनिक का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया ।

गत रात जिला गुरदासपुर में थाना धारीवाल के तहत गांव कलेर खुर्द के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया, भिडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का स्वयं-भू. ली. जन. दलविंदर सिंह उर्फ़ बब्ब (छाया : विनोद)

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात अमृतसर जिला के गांव तरसिक्का थाना मेहता में कुछ आतंकवादी पुलिस कांस्टेबल बलविंदर के घर में ज़बरदस्ती दाखिल हुए और उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । बलविंदर सिंह थाना सदर बटाला में तैनात था ।

पल्लेदार मारा गया : गत रात सी.आर.पी. की एक पार्टी ने गांव लिदुदड़ थाना ब्यास के निकट नाका लगाया हुआ था कि रात 10 बजे के करीब कुछ अज्ञात व्यक्ति वहां से गुज़रे । नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया, लेकिन वह व्यक्ति, जो कि वस्तुतः रैय्या के निकट काम करने वाले पल्लेदार थे, नाकापार्टी की ललकार से घबरा कर भाग पड़े । इन भागते हुए पल्लेदारों को आतंकवादी समझ कर सी.आर.पी. के जवानों ने गोलियां चलाईं । फ़ायरिंग से एक पल्लेदार मारा गया जबकि उसका एक साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सब्ज़ी विक्रेता की हत्या : गत रात थाना कत्थूनंगल के अंतर्गत गांव दयालपुर करनाला में अज्ञात व्यक्तियों ने एक सब्ज़ी विक्रेता लाहौरी राम की हत्या कर दी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

शव बरामद : पुलिस जिला तरनतारन के गांव छोटी सरहाली में आज सायं एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है ।

डाक्टर घायल : आज सायं पट्टी के एक डाक्टर कुलभूषण कुमार को अमृतसर के सिविल अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में दाखिल कराया गया । उसे सायं 4 बजे के लगभग आतंकवादियों ने गोलियां मार कर घायल कर दिया था । उसको दो गोलियां छाती तथा पेट में लगी हैं । उसकी दशा चिन्ताजनक है ।

घायल चल बसा : भिखीविंड (शर्मा): भिखीविंड के दुकानदार मोती लाल, जिसे पिछले महीने उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था, की गत दिवस मृत्यु हो गई ।

मां-बेटी की हत्या : लुधियाना से धीमान और समराला से अश्विनी के अनुसार आज प्रातः समराला में बलदेव सिंह निहंग (35) के घर में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे बलदेव सिंह की पत्नी अमरजीत कौर और उसकी लड़की कर्मजीत कौर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बलदेव सिंह को सख्त घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस का कहना है कि यह किसी भी हालत में आतंकवाद की वारदात नहीं है अपितु निजी शत्रुता का केस है । अभियुक्त फ़रार होने में सफल हो गये ।

दम तोड़ गया : बाद का समाचार है कि बलदेव सिंह भी अस्पताल में दम तोड़ गया । इस परिवार की एक लड़की तथा एक बच्चा घर में न होने से बच गए ।

तेज़धार हथियारों से हत्या : खन्ना (सहगल): यहां से 6-7 किलोमीटर दूर गांव कोटला बडला के दलबारा सिंह वल्द बीर सिंह आयु 55 वर्ष, जो कि गत रात शहर से अपने गांव वापस जा रहा है, की गांव के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी । उसकी गर्दन व मुंह पर चोटों के निशान पाये गये । उसकी जेब में 1,000 रुपए थे, जो कि हत्यारों ने नहीं निकाले । सदर थाना खन्ना को आज इसकी सूचना मिली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

टी.वी. मैकेनिक का अपहरण : बटाला (चौधरी): कल रात आतंकवादियों ने एक स्थानीय टी.वी. मैकेनिक राम सरन का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि रात लगभग 8 बजे राम सरन और बलजीत कुमार अमृतसर से किराए की मारुति कार पर सामान लेकर बटाला जा रहे थे कि कत्थूनंगल के निकट 5 आतंकवादियों ने कार रुकवा ली । आतंकवादियों, जिन्होंने बी.एस.एफ. की वर्दियां पहनी हुई थीं, ने ड्राइवर को कहा कि वह अपराधी पकड़ना चाहते हैं तथा कार में सवार हो गए । इसके बाद उन्होंने पिस्तौल की नोक पर ड्राइवर को कार लिंक रोड पर डालने के लिए विवश किया, जहां उन्होंने कार रुकवा ली । उन्होंने बलजीत कुमार को छोड़ दिया तथा रामसरन को पकड़ कर कहा कि उसके वारिस 3 लाख रुपये देकर उसे ले जाएं । उल्लेखनीय है कि राम सरन विधवा मां का इकलौता बेटा है तथा 500-600 रुपए मासिक कमाता है ।

गश्त लगा रही गाड़ी पर घात लगाकर हमला : बटाला से 'क्वेछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव मठ के निकट आज शाम कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर सीमा सुरक्षा बल 81 बटालियन की गश्त लगा रही गाड़ी पर फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बल का हवलदार राम सागर गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे अमृतसर के अस्पताल में भेज दिया गया है । इस हमले में सीमा सुरक्षा बल की गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पूरे क्षेत्र को सील करके आतंकवादियों की छानबीन आरम्भ कर दी है ।

घर से घसीट कर हत्या : गत रात जिला गुरदासपुर के गांव डल्ला कलां में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मुंद्रा की उसके घर से घसीट कर बाहर ले जाकर हत्या कर दी ।

बब्ब 10 हत्याओं में वांछित था : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि गत रात धारीवाल थाना के अंतर्गत गांव कलेरखुर्द में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का स्वयं भू लैफ्टीनैंट जनरल दलविन्दर सिंह उर्फ़ बब्ब जिला पुलिस को 10 हत्याओं में वांछित था, जिसमें 30.8.89 को कलेरखुर्द को पास दो व्यक्तियों की हत्या शामिल है । बब्ब को कुछ समय पहले पाकिस्तान में बैठे गुरबचन सिंह मानोचाहल ने लै. जनरल नियुक्त किया था और वह पाकिस्तान से बी.टी.एफ. के लिए भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक पदार्थ लेकर कुछ समय पहले ही पंजाब में आया था । उसका एक साथी दिलबाग सिंह कंग, जो पाकिस्तान से उसके साथ आया था, 13.9.89 को कलेरखुर्द के पास भारी मात्रा में असले तथा विस्फोटक पदार्थों सहित गिरफ्तार कर लिया गया था । यह गिरोह जिला गुरदासपुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा एक समुदाय के लोगों की हत्या और गुरदासपुर बस स्टैंड पर बम विस्फोट करना चाहता था । यह जानकारी दिलबाग सिंह से पूछताछ के दौरान प्राप्त हुई है ।

चार उग्रवादी मारे गए : फिरोज़पुर (प.स.): गत रात्रि जिला फिरोज़पुर में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के दुर्दांत उग्रवादी हरदीप सिंह डीपा के गिरोह के चार उग्रवादी गिरोह की आपसी लड़ाई में मारे गए । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज रात्रि बताया कि थाना ज़ीरा के गांव सक्खेवाला में पुलिस ने गोलियों से छलनी सुखविंदर सिंह, हरदीप सिंह, रणजीत सिंह और हरजिंदर सिंह के शव बरामद किए हैं । इससे पूर्व के समाचारों में कहा गया था कि केवल उग्रवादी ही मारे गए हैं ।

घुसपैठिया मरा : गत रात फिरोज़पुर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बी.एस.एफ. के जवानों की फ़ायरिंग से मारा गया ।

एक और अपहरण : विलम्ब से मिली सूचना के अनुसार मंगलवार की रात को फरीदकोट जिला के कोरेवाल गांव से आतंकवादियों ने जसविंदर सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

औरत की हत्या : एक अन्य घटना में 6 आतंकवादियों ने गांव ढड्डे में एक घर में घुस कर श्रीमती दलजीत कौर नामक औरत की कत्ल हत्या कर दी ।

स्कूटर ले गए : कपूरथला (शर्मा): थाना कोतवाली के गांव सैफलाबाद में गत रात्रि लगभग 1½ बजे चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से लैस चार व्यक्ति, जो कि आतंकवादी समझे जाते हैं, मोहन सिंह के घर से पिस्तौल की नोक पर बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.के. 5113 छीन कर ले गये हैं । बताया जाता है कि अपने घर के बाहर उसका लड़का धान की ट्राली पर सोया हुआ था कि सशस्त्र चारों व्यक्तियों ने जगा कर ट्रैक्टर की चाबी मांगी तथा उसके घर का दरवाजा खुलवा कर 50 हजार रुपए मांगे । रुपये घर में न होने के उत्तर पर उन्होंने ट्रैक्टर की चाबी लेकर ट्रैक्टर स्टार्ट करने का प्रयास किया, परन्तु ट्रैक्टर स्टार्ट न होने पर स्कूटर लेकर चले गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

तरनतारन के पुलिस अधीक्षक का 4 वर्षीय लड़का मनीश कुमार आतंकवादियों द्वारा रिहा किए जाने के बाद चंडीगढ़ में अपनी मां के साथ । 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' गिरोह के आतंकवादियों ने मनीश का फरीदकोट से अपहरण कर लिया था और उसे पांच दिन बाद छोड़ा । (छाया : पी.टी.)

अमृतसर में मृत बच्चों जलूस निकाला गया । किया गया । (3) रो (4) एक जगह से शव 7) वे परिवार जिनके अपना दोष स्वीकार क

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के संबंध में भारत-भर से आये साधु-महात्मा दिल्ली में धर्मसंसद करने के बाद शुक्रवार को बोट क्लब पर आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में भाग लेते हुए । (छाया : सरस्वती)

राम मंदिर के निर्माण में बाधा पैदा की गई तो देश में 'ओम क्रांति' का नारा बुलंद कर दिया जाएगा

नई दिल्ली, 22 सितम्बर (वार्ता, प.स.): देश के विभिन्न भागों से आए सैकड़ों साधु-संतों ने आज सरकार को चेतावनी दी कि यदि आगामी नौ नवम्बर को अयोध्या में रामजन्म भूमि पर भगवान राम के मन्दिर के निर्माण में कोई बाधा पैदा की गई तो देश में 'ओम शांति' के स्थान पर 'ओम क्रांति' का नारा बुलंद कर दिया जाएगा ।

ये साधु-संत यहां बोट क्लब पर इन्द्रप्रस्थ विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । सम्मेलन में हजारों व्यक्तियों और साधु-संतों ने भाग लिया तथा मंच से पारित प्रस्तावों का हाथ उठाकर समर्थन किया । साधु-संतों ने चेतावनी दी कि रामजन्म भूमि पर श्री राम मन्दिर के निर्माण को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती । श्री राम करोड़ों हिन्दुओं के आराध्य हैं । यह एक शाश्वत सत्य है और शाश्वत सत्य को नकारने में चुनौती नहीं दी जा सकती ।

राजनीतिक स्वार्थ के लिए राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद बनाए रखना चाहती है और यह हिन्दुओं के साथ सरासर अन्याय है ।

इन साधु-संतों ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि हिन्दुओं का पवित्र स्थल है । यह हमारे स्वाभिमान और सम्मान का प्रश्न है । उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल धर्म और जाति के नाम पर समाज में अलगाववाद फैला रहा है ।

इस रैली का नेतृत्व स्वामी वामदेव ने किया । रैली के बाद हुई सभा में तीन प्रस्ताव पारित किए गए । पहले प्रस्ताव में भारतीय मुस्लिम समुदाय से अपील की गई कि वह आपसी सद्भाव कायम रखने के लिए हिन्दुओं के तीन बड़े तीर्थ अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान और वाराणसी में मूल विश्वनाथ जी के मन्दिर स्थल हिन्दुओं को सौंप दें । दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि

दो ग्रुपों की लड़ाई में एक दर्जन नमाज़ी घायल

लुधियाना, 22 सितम्बर (धीमान): आज यहां आगे सूफियां मस्जिद में जुम्मे की नमाज़ अदा करने के बाद पानी की ठीक सप्लाई न करने तथा अन्य मामलों के दृष्टिगत दो ग्रुपों में भिड़ंत हो गई तथा एक-दूसरे पर पथराव किया गया । फलस्वरूप लगभग एक दर्जन नमाज़ी घायल हो गए । तीन को गम्भीर हालत में अस्पताल दाखिल कराया गया है । पथराव से दो-तीन कारों के शीशे भी टूट गए । पुलिस के समय पर पहुंचने से बड़ी दुर्घटना टल गई ।

काबुल पर राकेटों से हमला : 13 मरे

काबुल, 22 सितम्बर (वार्ता): अफगान विद्रोहियों ने काबुल पर आज फिर राकेटों से हमला किया, जिसमें 13 लोग मारे गए और कई घायल हुए । सोवियत संवाद समिति तास के अनुसार

पंथक कमेटी ने फैडरेशन

गिरफ्त

काला क

अमृतसर, 22 सितम्बर
रोशन लाल (50) और
आरोप है कि वे जमीन में द
महिलाओं को स्नान करवा
करते थे, को मुंह काला क
हार पहना कर इस्लामाबा
नानकपुरा में उनके तंत्र-सा
गया और लगभग पांच हजा
की हो रही यह दुर्दशा देखी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया
जमा जनसमूह के समक्ष दोनों
शवों को क्षत-विक्षत करवा क
इसी दौरान इन तांत्रिकों की

फाजिल्का सैक्टर में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए दो पाकिस्तानी घुसपैठिए । (छाया : लूना)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादी की तलाश में कई जगह छापे : फगवाड़ा (खोसला): कल गोराया में कुख्यात उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा जिसने सायनाइड खाकर आत्म-हत्या कर ली थी, के साथी दीपा की तलाश में स्थानीय थाना सदर पुलिस व सुरक्षा बलों ने संयुक्त तौर पर गांव पंडोरी, मौली, जगतपुर जट्टां व उच्चा पिंड में छापे मारे परन्तु उसका कोई सुराग नहीं मिला ।

श्रीनगर में बम फटा

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्रीनगर से अशोक के अनुसार बम, जो दोपहर दो बजे के करीब फटा, की आवाज तीन किलो मीटर तक सुनी गई । बम कार्यालय में डाक्टर फारूक अब्दुल्ला के कमरे के पिछली ओर रखा गया था । फायरिंग में घायल हुए व्यक्ति का नाम मुहम्मद असलम बताया गया है । जब उस पर गोली चलाई गई तो उस समय वह स्टेडियम से व्यायाम करके लौट रहा था । उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार असलम के आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध हैं तथा उसे गलती से गोली लगी है । असलम को अस्पताल में ही पुलिस

स्वार्थ पूर्ति के लिए इंका ने आतंकवाद को जन्म दिया है : अकाली दल (लौ.)

चंडीगढ़, 22 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए अकाली दल (लौं.) के वरिष्ठ नेताओं की आज यहां हुई बैठक में कहा गया है कि सिख पंथ का प्रतिनिधि संगठन होने के नाते अकाली दल (लौं.) ने हमेशा सिखों, पंजाब व देश के हितों के लिए संघर्ष किया है । दल हमेशा आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के अनुरूप संविधान को संघीय ढांचे के अनुसार पुनर्गठित करने व राज्य की स्वायत्तता का पक्ष लेता रहा है । दल ने हमेशा देश की एकता व अखंडता का पक्ष लिया है तथा खालिस्तान की कभी मांग नहीं की है ।

बैठक में विचार व्यक्त किया गया है कि अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए इंका ने आतंकवाद को जन्म दिया है । राज्य की जनता विशेषत: सिख इस 'चक्र' में पिस रहे हैं । 'ब्ल्यू स्टार' आप्रेशन भी चुनावी नीति का ही एक अंग था तथा इंका ने हमेशा अपने चुनावी हित राष्ट्रीय हितों से ऊपर रखे हैं । बैठक में यह भी कहा गया कि अब फिर आगामी चुनावों को ध्यान में रख कर इंका ने देश के विभिन्न भागों में अराजकता का चक्र चलाना शुरू कर दिया है ।

यह आरोप लगाया गया कि पंजाब में ब्ल्यू स्टार आप्रेशन से पूर्व जैसी स्थिति पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि राज्य में आपातकाल घोषित किया जा सके । ऐसा करके सरकार पंजाब ही नहीं देश के चुनाव स्थगित कर सकती है । दल ने जनता को चेतावनी दी कि वह सरकार की चालों से सचेत रहे ।

बैठक में दल के प्रधान श्री एस.एस. बरनाला, श्री तोता सिंह, श्री काबुल सिंह, के. कवलजीत सिंह, नत्था सिंह दालम, बलदेव सिंह मान, हर दीपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह खैरा, हरि सिंह जीरा व बलदेव सिंह ख्याला ने भाग लिया ।

श्रीलंका में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

दोनों पक्षों ने पूरी सावधानी से विज्ञप्ति को तैयार किया है ।

सदस्यों ने श्रीलंका के विदेशमंत्री श्री रंजन विजयरत्ने के उस बयान को लेकर स्पष्टीकरण मांगे थे जिसमें कहा गया था कि शांति सेना की वापसी और उत्तर-पूर्वी परिषद को अधिकारों के विकेंद्रीयकरण का आपस में कोई संबंध नहीं है ।

'लिट्टे' का आरोप : लंदन (प.स.): लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने आज भारत और उसके देशद्रोही गुटों पर युद्धविराम

आनन्दपुर साहब में शुक्रवार को तख्त श्री केसगढ़ साहब के नए जत्थेदार प्रो. मनजीत सिंह की ताजपोशी की गई । चित्र में अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह, प्रो. मनजीत सिंह को सिरोपा भेंट करते हुए । (छाया : पुरी)

प्रो. मंजीत सिंह तख्त केसगढ़ साहब के प्रमुख नियुक्त

पटियाला, 22 सितम्बर (भूषण): प्रो. मंजीत सिंह को आज तख्त केसगढ़ साहब (रोपड़ जिला) का प्रमुख नियुक्त कर दिया गया है । वह आज सुबह यहां से आनन्दपुर साहब के लिए अपने समर्थकों के साथ रवाना हुए ।

बुंडाला ग्रुप मनजीत सिंह के काम से नाराज़

गुरदासपुर, 22 सितम्बर (विनोद) : सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन का गुरनाम सिंह बुंडाला ग्रुप भी फैडरेशन के प्रधान मनजीत सिंह के काम से खुश नहीं है । सूत्रों के अनुसार बुंडाला ग्रुप मनजीत सिंह से अलग होकर अपनी अलग शक्ति कायम करेगा । फैडरेशन के बुंडाला ग्रुप ने मनजीत सिंह के जेल से बाहर आने पर अपना ग्रुप भंग कर अपनी सेवाएं मनजीत सिंह को सौंप दी थीं । उल्लेखनीय है कि बुटर ग्रुप और दलजीत सिंह बिट्टू का ग्रुप पहले ही मनजीत सिंह को प्रधान नहीं मानते और अलग फैडरेशन बना काम कर रहे हैं ।

सूत्रों के अनुसार बुंडाला ग्रुप के सीनियर नेता अब घुटन महसूस कर रहे हैं । फैडरेशन के एक नेता ने आरोप लगाया है कि मनजीत सिंह के गिर्द घूमने वाले बरसाती मेंढक हैं और इनमें से कुछ का नाम लेकर कहा कि यह सरकारी एजैंट हैं । जो नेता अभी भी भूमिगत हैं वे भी मनजीत सिंह के काम से खुश नहीं हैं ।

एक फैडरेशन नेता ने अपना नाम गुप्त रखते हुए कहा कि 20 सितम्बर को फैडरेशन की कन्वैंशन में बुंडाला ग्रुप के सीनियर नेताओं को नजरअंदाज किया गया और किसी को स्टेज पर बोलने का मौका नहीं दिया गया । सूत्रों के अनुसार जब अन्त में बुंडाला ग्रुप के एक नेता को कन्वैंशन के प्रस्ताव पढ़ने को कहा गया तो उसने रोषस्वरूप इन्कार कर दिया ।

राष्ट्रपति वेंकटरमन ने रेल,

कांग्रेसी खालिस्त... करते हैं और व...

जालन्धर, 22 सितम्बर (प.स.): पंज... अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने आल इंडिया सिख फैडरेशन की कल अमृतसर में हुई ... खालिस्तान की मांग किए जाने की निन्दा ... अकाली दल के विभिन्न गुटों से अपील की इस संबंध में अपना पक्ष स्पष्ट करें और इस... निन्दा करें । श्री बेअंत सिंह इंका के ज... कार्यक्रम के अंतर्गत निकटवर्ती बंगा में ... जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. द... की भूमिका की भी निन्दा करते हुए उन... किया कि वे अतंकवादियों का पक्ष लेने ... उनसे निर्दोष लोगों की हत्याएं बंद करने ... करें । इंका नेता ने युवकों से अपील की कि... धारा में शामिल होकर राष्ट्रीय अखंडत... काम करें ।

प्रदेश इंका के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री उ... ने इस अवसर पर सिखों को आह्वान कि... राष्ट्रीय अखंडता के लिए कार्य करें । उ... कि अकाली नेतृत्व सिख इतिहास के वि... रहा है ।

पटियाला (भूषण): यहां से लगभग ... दर अमलोह में एक जनसभा को सम्बोधि... श्री बेअंत सिंह ने भाई मनजीत सिंह द्वारा ... के निर्माण का आह्वान किए जाने को ... बताते हुए कहा कि इसकी सभी राष्... लोकतांत्रिक पार्टियों को निन्दा करनी च...

श्री बेअंत सिंह ने कहा कि ह... खालिस्तान के किसी भी आह्वान का वि...

जालन्धर में फोटो... एसोसिएशन की बैठ...

जालन्धर, 22 सितम्बर (क... फोटोग्राफर्स एसोसिएशन (रजि.) की ... मीटिंग 24 सितम्बर को सुबह 9 बजे ... के कार्यालय 537, न्यू जवाहर नगर, ... होगी । एसोसिएशन के महासचिव ... धीमान के अनुसार एन.आई.पी.एस ... महासचिव श्री ए.आर. टाक (जयप... अवसर पर फोटो प्रदर्शनी का उदघा... प्रदर्शनी दो दिन तक खुली रहेगी ... अध्यक्ष श्री ओ.पी. विज लाइब्रेरी तथा ... की आधारशिला रखेंगे । एन.आ... अध्यक्ष श्री विजय कुमार सलूजा ... होंगे ।

बिजली आपूर्ति की...

अमृतसर, 22 सितम्बर (अशो...

Punjabi Sanatani

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 24 सितम्बर, 1989 तदनुसार 9 आश्विन 2046

करेगा । यह विमान पाकिस्तान को नियोजित किए जाने हैं । यह उच्च तकनीक वाले उपकरण सप्लाई करने वाला देश ब्रिटेन है, जिसने जून में तिनानमिन चौक के नरसंहार के बाद चीन को हथियारों की बिक्री पर रोक लगा दी थी । तिनानमिन चौक में चीनी सैनिकों ने हजारों लोकतंत्र समर्थक छात्रों को मौत के

स्वयं ही उल्लंघन करने का आरोप लगाया था । पहले तो काफी देर तक सरकार मौन रही लेकिन अब उसने एक बयान जारी करके इस बिक्री की पुष्टि की है । ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस सौदे को वाणिज्य और प्रतिरक्षा विभाग के साथ

तकनीक वाले उपकरण सप्लाई किए गए हैं । उच्च त पाकिस्तान को चीन की सा पता चला है, जबकि भारत में हैं और एक चीनी प्रति

पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये, एक व्यक्ति की हत्या

गश्ती टुकड़ी पर आतंकवादियों के हमले में सी.आर.पी.-जवान घायल

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (वार्ता,पस): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये । सी.आर.पी. की पार्टी पर हमले से 2 जवान घायल हो गये । जम्मू के ग्रामीण क्षेत्र में एक बैंक से 11 हजार रुपए लूट लिये गये । पंजाब में एक उग्रवादी ने आत्मसमर्पण किया । एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

आपसी दुश्मनी में एक मरा : पट्टी (पाठक): पुलिस थाना वल्टोहा के गांव ठठी की नहर से पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव मिला है । पुलिस के अनुसार यह शव पददरी गांव के चन्नी नामक व्यक्ति का है, जो पुलिस रिकार्ड के अनुसार एक भगौड़ा था । पुलिस को शक है कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात्रि बैरोवाल थाने के गांव उपला में सी.आर.पी.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सी.आर.पी. पर हमला : आज दोपहर पट्टी-कैरों सड़क पर सी.आर.पी. एफ. की गश्ती टुकड़ी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो जवान घायल हो गये । घायलों को उपचार हेतु अमृतसर अस्पताल में भेज दिया गया है ।

तरनतारन पुलिस ने दो उग्रवादियों बलकार सिंह तथा सुबा सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये ।

साइकल के कैरियर पर रखा बम बरामद : अमृतसर जिले के छहटा कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिस ने आज शाम एक साइकल के कैरियर पर रखा हुआ टाइम बम बरामद किया है । इस इलाके में अधिकतर मजदूर छुट्टी होने के बाद जलपान इत्यादि करते हैं । पुलिस ने इलाके को पूरी तरह खाली करा कर बम को निष्क्रिय कर दिया ।

उग्रवादी मारा गया : फिरोजपुर जिला के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव गहलीवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके तीन साथी बच कर भागने में सफल हो गये । घटनास्थल पर एक .12 बोर की बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

10 लाख की फिरौती मांगी : इसी बीच फिरोजपुर की एक अन्य खबर में कहा गया है कि सहकारिता विभाग के इंस्पैक्टर हरबंस लाल मित्तल तथा इंस्पैक्टर कृष्ण कुमार का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । इन दोनों का 18 सितम्बर को गांव राहवाला से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । अधिकृत सूत्रों ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उनकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

दिन-दिहाड़े अपहरण : राजपुरा (पटियाला): गत दिवस यहां से 10 कि.मी. दूर थाना राजपुरा के गांव चक्कामल्लां से पांच सिख युवक बलजीत सिंह का दिन-दिहाड़े मारुति कार में सवार चार अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया । भोला सिंह उग्रवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत पकड़ा गया था और अभी दो माह पहले जेल से रिहा होकर आया था ।

कोटला बड़ला में हत्या : गत रात जिला लुधियाना के गांव कोटला बड़ला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दरबारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

अपहृत रिहा : बटाला (पं.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने थाना सदर बटाला क्षेत्र के एक व्यक्ति जसवंत सिंह को रिहा कर दिया है । उसका 6 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने 14 सितम्बर को अपहरण कर लिया था । पुलिस ने बताया कि रिहाई के बाद जसवंत सिंह आज सुरक्षित अपने घर पहुंच गया ।

इससे पूर्व गत दिवस गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला के नेतृत्व वाली खालिस्तानी लिबरेशन फ़ोर्स ने तरनतारन के एस.पी. (आप्रेशन) श्री देसराज के 4 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार को रिहा किया था तथापि कल थाना कत्थुनंगल के अंतर्गत बैरोनंगल गांव में 10 आतंकवादियों के एक ग्रुप द्वारा अपहृत दी वी. मैकेनिक राम सरन का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

हत्याएं स्वीकार कीं : जालंधर : पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार एक आतंकवादी ए.एस.आई. सिंह उर्फ़ जस्सा निवासी तरनतारन कल्ला पुलिस स्टेशन नवांशहर को गांव की पंचायत में आज सुबह नवांशहर आने में पेश किया। वहां पर उसने स्वीकार किया कि उसने गांव बीरोवाल थाना नवांशहर में तीन तथा गांव सनावां थाना नवांशहर में एक व्यक्ति की हत्या की थी ।

आतंकवादियों ने गश्ती पार्टी से टार्च मांगी : मलोट (गोयल): गत रात 2 बजे पक्की रेलवे स्टेशन के आउटर सिगनल पर अबोहर की तरफ 5 सशस्त्र आतंकवादी रेलवे की गश्ती पार्टी के 2 कर्मचारियों परगट पाल और धर्मबीर के पास आये तथा उनसे टार्च मांगी । उन्होंने उनसे पूछा कि क्या स्टेशन पर पुलिस या सी.आर.पी. है ? कर्मचारियों ने उत्तर दिया कि वे तो भवाल बस्सी की ओर से आ रहे हैं । वहां से आने के बाद इन कर्मचारियों ने पक्की के स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिसने मलोट पुलिस को मदद के लिए खबर भेजी । स्टेशन मास्टर ने टैलीफोन पर मलोट पुलिस को सूचना भेजनी चाही परन्तु टैलीफोन एक्सचेंज वालों ने रात 2.20 बजे से प्रातः 4.50 बजे तक जवाब नहीं दिया । तब स्टेशन मास्टर ने होमगार्ड के जवान अजमेर सिंह को पैदल टैलीफोन एक्सचेंज भेजा । मलोट के स्टेशन मास्टर ने रेलवे कंट्रोल टैलीफोन द्वारा डी.आई.जी. रेलवे पटियाला को भी सूचित किया । तब जाकर बी.एस.एफ. मौका पर पहुंची तथा खेतों में छानबीन की ।

बिट्टू लौट आया : बाघापुराना (ज्ञान): गांव रोडे के जिस दुकानदार सीता राम के 15 वर्षीय लड़के बिट्टू का 16 सितम्बर को आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, वह आज प्रातः सुरक्षित घर लौट आया परन्तु वह मानसिक रूप से बहुत परेशानी की हालत में है तथा कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है । उसके मां-बाप उसके लौट आने पर खुश हैं क्योंकि वह उनका इकलौता बेटा है ।

लुटेरे बैंक से 11 हजार रुपए ले गए : जम्मू (सच्चर): जम्मू के ग्रामीण क्षेत्र में आज एक और बैंक डकैती हुई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यहां से 20 किलोमीटर दूर बिश्नाह क्षेत्र में कनाल गांव में आज दोपहर दो सशस्त्र व्यक्ति ग्रामीण बैंक में घुस आए । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर कर्मियों को सारी धन-राशि देने के लिए कहा । प्रारम्भिक रिपोर्ट के अनुसार लुटेरे लगभग 11 हजार रुपए ले गए ।

हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह शनिवार को कांगड़ा के पालिका रैली को सम्बोधित करते हुए ।

'एकता के मसले को ज्यादा मह वी.पी. सिंह द्वारा पत्रकारों से

नागपुर, 23 सितम्बर (पस) : श्री सिंह ने राष्ट्रीय मोर्चे के टूटने की सम्भावनाओं से इंकार करते हुए कहा कि उल्टे यह एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर रहा है । उन्होंने "प्रैस से मिलिए कार्यक्रम" में संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि उनके दल में उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व है ।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के मतभेदों की वजह से नहीं बल्कि कांग्रेस (इ) की तथाकथित एकता की वजह से देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है । श्री सिंह ने कहा, "कृपया एकता के मसले को इतना नहीं उछालें कि वह लोकतंत्र के मकबरे का पत्थर बन जाए ।"

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव की तैयारी में कांग्रेस (इ) द्वारा उद्योगपतियों से बड़े पैमाने पर धन उगा महित आवश्यक वस्तुओं के हो रही है ।

उन्होंने कहा कि चु उद्योगपतियों और प्रवासी को जो धन दिया है, उसक वस्तुओं के दाम बढ़ा क उन्होंने आरोप लगाया कि निगम जैसे सार्वजनिक क्षे भारतीय से चीनी का आ रही है ।

श्री सिंह ने कहा कि वृद्धि के विरुद्ध 27 सितम्ब निर्णय किया है ।

न्याय-प्रणाली में सुधार लाने व न्य पर विचार-विमर्श करने के लि

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (संधी): भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री ई.एस. वेंकटरमैया ने आज यहां बताया कि न्याय प्रणाली में सुधार लाने व न्यायिक अधिकारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए नवम्बर के दूसरे सप्ताह में सभी हाईकोर्टों के जजों की एक बैठक बुलाए जाने के बारे में उन्होंने एक सुझाव तैयार करके केंद्रीय सरकार को भेजा है ।

श्री वेंकटरमैया आज पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के नए भवन (परिसर) का उद्घाटन करने के लिए यहां आए हुए थे । इस अवसर पर आयोजित एक समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह स्वीकार किया कि वर्तमान न्याय प्रणाली से लोगों को न्याय मिलने में देर हो जाती है । कई केसों का निपटारा तो काफी लम्बे अर्से तक नहीं हो पाता । उन्होंने कहा कि किसी भी केस का फैसला 6 मास के अंदर हो जाना चाहिए । साथ ही उन्होंने कहा कि अदालतों में केसों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो इस बात की प्रतीक है कि लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आ गई है ।

उन्होंने न्याय प्रणाली में सुधार लाकर अदालतों व प्रशासकीय स्टाफ की कमी दूर करने तथा कार्य शर्तों को तबदील करने पर बल देते हुए कहा कि देश भर में लगभग सभी स्थानों पर अदालत परिसरों की कमी है । आठवें वित्त आयोग की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए श्री वेंकटरमैया ने कहा कि इस समय भी देश भर में 429 अदालतें किराए के भवनों में काम रही हैं । इस अदालतों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित कर रुपया दिए जाने तथा सुविधाएं प्रदान करने के प्रदान करने को कहा गय बजट में जब भी धन रा तो न्यायिक विभाग के लि अधिक कट लगा दिया ज

उन्होंने कहा कि हम रहे हैं परन्तु हमारे दे कामकाज की शर्तें अब त में थी । उन्होंने कहा कि निपटाए जा चुके केसों स्थान नहीं है ।

*** वर्तमान न्य लोगों को न्याय जाती है * कि फैसला 6 मास जाना च**

श्री वेंकटरमैया ने क राज्य सरकारों द्वारा किए प्रतिशत भाग केंद्रीय स चाहिए ताकि सिस्टम मिल सके । उन्होंने कहा साथ वकीलों के चैम्बर तथ

जे.वी.पी. और श्रीलंकाई सेना में छिड़े संघर्ष के बाद 3500 लोग मारे गए

कोलम्बो, 23 सितम्बर (आई.पी.एस.): रात के साढ़े नौ बजे थे और लक्ष्मी का पति घर नहीं लौटा था । पति के नहीं लौटने के कारण वह बहुत चिंतित थी । रात के दस बजे तक भी जब उसका पति नहीं लौटा तो वह और अधिक व्यग्र हो गई । उसके लिए रात काटना असह्य हो गया और मन में बुरे-बुरे ख्याल आने लगे ।

कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति को देखते हुए उसके मन में आशंका उठी कि क्या वह अपने पति को अब कभी नहीं देख पायेगी ? क्या उसके पति के शरीर पर किसी ने टायर बांधकर आग लगा दी होगी या किसी बिजली के खंभे से उसका शव बंधा होगा ? लक्ष्मी के मन में तरह-तरह के ख्याल आ रहे थे लेकिन

माताओं, पत्नियों और बेटियों को भयाक्रांत कर दिया है । लड़कों और युवकों को खासतौर पर सुरक्षा बल अपना निशाना बना रहे हैं । जनता विमुक्ति पैरामुना और सुरक्षा बलों के बीच छिड़े संघर्ष के बाद कम से कम 3500 लोग मारे जा चुके हैं ।

विद्रोही होने के संदेह में जो लोग मारे गए हैं, उनमें अधिकतर निर्दोष थे अथवा पैरामुना आंदोलन से उनका नाममात्र का ही संबंध था । वैसे पैरामुना विद्रोहियों ने भी बड़ी संख्या में हत्याएं की हैं लेकिन आज स्थिति बदल गई है । अब हो रही हत्याओं के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाता ।

अक्सर नदियों में बहते हुए शव भी देखे जाते हैं या

श्रीनगर में विस्फोट,

Punjab Sanatani

पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये, एक व्यक्ति की हत्या

गश्ती टुकड़ी पर आतंकवादियों के हमले में सी.आर.पी.-जवान घायल

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (वार्ता,पस): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये । सी.आर.पी. की पार्टी पर हमले से 2 जवान घायल हो गये । जम्मू के ग्रामीण क्षेत्र में एक बैंक से 11 हजार रुपए लूट लिये गये । पंजाब में एक उग्रवादी ने आत्मसमर्पण किया । एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

आपसी दुश्मनी में एक मरा : पट्टी (पाठक): पुलिस थाना बल्टोहा के गांव ठठ्ठी की नहर से पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव मिला है । पुलिस के अनुसार यह शव पदुदरी गांव के चन्नी नामक व्यक्ति का है, जो पुलिस रिकार्ड के अनुसार एक भगौड़ा था । पुलिस को शक है कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

आतंकवादी मारा गया : गत रात्रि वैरोवाल थाने के गांव उपला में सी.आर.पी.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सी.आर.पी. पर हमला : आज दोपहर पट्टी-कैरों सड़क पर सी.आर.पी. एफ. की गश्ती टुकड़ी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो जवान घायल हो गये । घायलों को उपचार हेतु अमृतसर अस्पताल में भेज दिया गया है ।

तरनतारन पुलिस ने दो उग्रवादियों बलकार सिंह तथा सुबा सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये ।

साइकल के कैरियर पर रखा बम बरामद : अमृतसर जिले के छहटा कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिस ने आज शाम एक साइकल के कैरियर पर रखा हुआ टाइम बम बरामद किया है । इस इलाके में अधिकतर मजदूर छुट्टी होने के बाद जलपान इत्यादि करते हैं । पुलिस ने इलाके को पूरी तरह खाली करा कर बम को निष्क्रिय कर दिया ।

उग्रवादी मारा गया : फिरोजपुर जिला के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव गहलीवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके तीन साथी बच कर भागने में सफल हो गये । घटनास्थल पर एक .12 बोर की बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

10 लाख की फिरौती मांगी : इसी बीच फिरोजपुर की एक अन्य खबर में कहा गया है कि सहकारिता विभाग के इंस्पैक्टर हरबंस लाल मित्तल तथा इंस्पैक्टर कृष्ण कुमार का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । इन दोनों का 18 सितम्बर को गांव राहवाला से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । अधिकृत सूत्रों ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उनकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

दिन-दिहाड़े अपहरण : राजपुरा (मासूम): गत दिवस यहां से 10 कि.मी. दूर थाना राजपुरा के गांव चक्ककलां से पाला सिंह पुत्र बचन सिंह का दिन-दिहाड़े मारुति कार में सवार चार अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया । पाला सिंह उग्रवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत पकड़ा गया था और अभी दो माह पहले जेल से रिहा होकर आया था ।

कोटला बडला में हत्या : गत रात जिला लुधियाना के गांव कोटला बडला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दरबारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

अपहृत रिहा : बटाला (पं.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने थाना सदर बटाला क्षेत्र के एक व्यक्ति जसवंत सिंह को रिहा कर दिया है । उसका 6 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने 14 सितम्बर को अपहरण कर लिया था । पुलिस ने बताया कि रिहाई के बाद जसवंत सिंह आज सुरक्षित अपने घर पहुंच गया ।

इससे पूर्व गत दिवस गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला के नेतृत्व वाली खालिस्तानी लिबरेशन फ्रंट ने तरनतारन के एस.पी. (आप्रेशन) श्री देसराज के 4 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार को रिहा किया था तथापि कल थाना कत्थुनंगल के अंतर्गत वैरोनंगल गांव से 10 आतंकवादियों के एक ग्रुप द्वारा अपहृत टी.वी. मैकेनिक राम सरन का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

हत्याएं स्वीकार कीं : जालंधर : पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार एक आतंकवादी जसविंदर सिंह उर्फ़ जस्सा निवासी बरनाला कल्ला पुलिस स्टेशन नवांशहर को गांव की पंचायत ने आज सुबह नवांशहर थाने में पेश किया । वहां पर उसने स्वीकार किया कि उसने गांव वीरोवाल थाना नवांशहर में तीन तथा गांव सनावा थाना नवांशहर में एक व्यक्ति की हत्या की थी ।

आतंकवादियों ने गश्ती पार्टी से टार्च मांगी : मलोट (गांधर) : गत रात 2 बजे पक्की रेलवे स्टेशन के आऊटर सिगनल पर अबोहर की तरफ 5 सशस्त्र आतंकवादी रेलवे की गश्ती पार्टी के 2 कर्मचारियों परगट पाल और धर्मवीर के पास आये तथा उनसे टार्च मांगी । उन्होंने उनसे पूछा कि क्या स्टेशन पर पुलिस या सी.आर.पी. है ? कर्मचारियों ने उत्तर दिया कि वे तो भवाल बस्सी की ओर से आ रहे हैं । वहां से आने के बाद इन कर्मचारियों ने पक्की के स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिसने मलोट पुलिस को मदद के लिए खबर भेजी । स्टेशन मास्टर ने टैलीफोन पर मलोट पुलिस को सूचना भेजनी चाही परन्तु टैलीफोन एक्सचेंज वालों ने रात 2.20 बजे से प्रात: 4.50 बजे तक जवाब नहीं दिया । तब स्टेशन मास्टर ने होमगार्ड के जवान अजमेर सिंह को पैदल टैलीफोन एक्सचेंज भेजा । मलोट के स्टेशन मास्टर ने रेलवे कंट्रोल टैलीफोन द्वारा डी.आई.जी. रेलवे पटियाला को भी सूचित किया । तब जाकर बी.एस.एफ. मौका पर पहुंची तथा खेतों में छानबीन की ।

बिट्टू लौट आया : बाघापुराना (जान): गांव रोडे के जिस दुकानदार सीता राम के 15 वर्षीय लड़के बिट्टू का 16 सितम्बर को आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, वह आज प्रात: सुरक्षित घर लौट आया परन्तु वह मानसिक रूप से बहुत परेशानी की हालत में है तथा कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है । उसके मां-बाप उसके लौट आने पर खुश हैं क्योंकि वह उनका इकलौता बेटा है ।

लुटेरे बैंक से 11 हजार रुपए ले गए : जम्मू (सच्चर): जम्मू के ग्रामीण क्षेत्र में आज एक और बैंक डकैती हुई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यहां से 20 किलोमीटर दूर बिरनाह क्षेत्र में कनाल गांव में आज दोपहर दो सशस्त्र व्यक्ति ग्रामीण बैंक में घुस आए । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर कर्मियों को सारी धन-राशि देने के लिए कहा । प्रारम्भिक रिपोर्ट के अनुसार लुटेरे लगभग 11 हजार रुपए ले गए ।

हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह शनिवार को कांगड़ा के पालिका रैली को सम्बोधित करते हुए ।

'एकता के मसले को ज्यादा म
वी.पी. सिंह द्वारा पत्रकारों से

नागपुर, 23 सितम्बर (पस) : श्री सिंह ने राष्ट्रीय मोर्चे के गठन की सम्भावनाओं से इंकार करते हुए कहा कि असल में यह एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर रहा है । उन्होंने "प्रैस से मिलिए कार्यक्रम" में सवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि उनके दल में उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व है ।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के मतभेदों की वजह से नहीं बल्कि कांग्रेस (इ) की तथाकथित एकता की वजह से देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है । श्री सिंह ने कहा, "कृपया एकता के मसले को इतना नहीं उछालें कि वह लोकतंत्र के मकबरे का पत्थर बन जाए ।"

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव की तैयारी में कांग्रेस (इ) द्वारा उद्योगपतियों से बड़े पैमाने पर धन उग सहित आवश्यक वस्तुओं हो रही है ।

उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों और प्रवा को जो धन दिया है, उस वस्तुओं के दाम बढ़ा उन्होंने आरोप लगाया निगम जैसे सार्वजनिक भारतीय से चीनी का आ रही है ।

श्री सिंह ने कहा कि वृद्धि के विरुद्ध 27 सितम्ब निर्णय किया है ।"

बसु ने अपनी सरकार की गलती स्वीकार की

कलकत्ता, 23 सितम्बर (हि.टा.): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने इंका बहुमत वाली बहरामपुर नगर पालिका को भंग करने के लिए अपनी ही सरकार की निंदा की है । कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा नगर पालिका को भंग करने के आदेशों को निरस्त करने तथा पालिका का संचालन पुन: निर्वाचित पार्षदों को बहाल करने के सम्बन्ध में दिए गए निर्णय के बाद श्री बसु ने पत्रकारों से कहा कि सरकार द्वारा पालिका भंग करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया गलत थी ।

न्याय-प्रणाली में सुधार लाने व न्
पर विचार-विमर्श करने के लि

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (संधी): भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री ई.एस. वेंकटरमैया ने आज यहां बताया कि न्याय प्रणाली में सुधार लाने व न्यायिक अधिकारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए नवम्बर के दूसरे सप्ताह में सभी हाईकोर्टों के जजों की एक बैठक बुलाए जाने के बारे में उन्होंने एक सुझाव तैयार करके केंद्रीय सरकार को भेजा है ।

श्री वेंकटरमैया आज पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के नए भवन (परिसर) का उद्घाटन करने के लिए यहां आए हुए थे । इस अवसर पर आयोजित एक समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह स्वीकार किया कि वर्तमान न्याय प्रणाली से लोगों को न्याय मिलने में देर हो जाती है । कई केसों का निपटारा तो काफी लम्बे अर्से तक नहीं हो पाता । उन्होंने कहा कि किसी भी केस का फैसला 6 मास के अंदर हो जाना चाहिए । साथ ही उन्होंने कहा कि अदालतों में केसों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो इस बात का प्रतीक है कि लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आ गई है ।

उन्होंने न्याय प्रणाली में सुधार लाकर अदालतों व प्रशासकीय स्टाफ की कमी दूर करने तथा कार्य शर्तों को तबदील करने पर बल देते हुए कहा कि देश भर में लगभग सभी स्थानों पर अदालत परिसरों की कमी है । आठवें वित्त आयोग की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए श्री वेंकटरमैया ने कहा कि इस समय भी देश भर में 429 अदालतें किराए के भवनों में काम रही हैं । इन अदालतों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित कर रुपया दिए जाने तथा अ सुविधाएं प्रदान करने के प्रदान करने को कहा गय बजट में जब भी धन राशि तो न्यायिक विभाग के लि अधिक कट लगा दिया ज

उन्होंने कहा कि हम रहे है परन्तु हमारे दे कामकाज की शर्तें अब त में थीं । उन्होंने कहा कि निपटाए जा चुके केसों स्थान नहीं है ।

*** वर्तमान न्य लोगों को न्याय जाती है * कि फैसला 6 मास जाना च**

श्री वेंकटरमैया ने क राज्य सरकारों द्वारा किए प्रतिशत भाग केंद्रीय स चाहिए ताकि सिस्टम मिल सके । उन्होंने कहा साथ वकीलों के चैम्बर तथ

जे.वी.पी. और श्रीलंकाई सेना में छिड़े संघर्ष के बाद 3500 लोग मारे गए

कोलम्बो, 23 सितम्बर (आई.पी.एस.): रात के साढ़े नौ बजे थे और लक्ष्मी का पति घर नहीं लौटा था । पति के नहीं लौटने के कारण वह बहुत चिंतित थी । रात के दस बजे तक भी जब उसका पति नहीं लौटा तो वह और अधिक व्यग्र हो गई । उसके लिए रात काटना असह्य हो गया और मन में बुरे-बुरे ख्याल आने लगे ।

कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति को देखते हुए उसके मन में आशंका उठी कि क्या वह अपने पति को अब कभी नहीं देख पायेगी ? क्या उसके पति के शरीर पर किसी ने टायर बांधकर आग लगा दी होगी या किसी बिजली के खंभे से उसका शव बंधा होगा ? लक्ष्मी के मन में तरह-तरह के ख्याल आ रहे थे लेकिन विवश थी । वह अपने पति के बारे में पूछती भी तो किससे ? वह आतुर हो गई और सोचा कि क्या उसके बेटों को बिना पिता के रहना पड़ेगा । उसने अपनी सहेली विमला के बारे में भी सोचा, जिसका पति पिछले महीने एक दिन जब काम पर गया तो फिर कभी वापस नहीं आया । विमला पुलिस थाने माताओं, पत्नियों और बेटियों को भयाक्रांत कर दिया है । लड़कों और युवकों को खासतौर पर सुरक्षा बल अपना निशाना बना रहे हैं । जनता विमुक्ति पैरामुना और सुरक्षा बलों के बीच छिड़े संघर्ष के बाद कम से कम 3500 लोग मारे जा चुके हैं ।

विद्रोही होने के संदेह में जो लोग मारे गए हैं, उनमें अधिकतर निर्दोष थे अथवा पैरामुना आंदोलन से उनका नाममात्र का ही संबंध था । वैसे पैरामुना विद्रोहियों ने भी बड़ी संख्या में हत्याएं की हैं लेकिन आज स्थिति बदल गई है । अब हो रही हत्याओं के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाता ।

अक्सर नदियों में बहते हुए शव भी देखे जाते हैं या सार्वजनिक स्थलों पर आग में धू-धू जलते भागते लोगों को भी देखा जा सकता है । सेना को इन घटनाओं के लिए दोषी माना जाता है । सैनिकों के परिवारों की हत्याओं के लिए भी सेना की गुटबाजी को जिम्मेदार बताया जाता है यद्यपि पैरामुना ने सैनिकों के परिवारों का सफाया करने का फतवा दे

श्रीनगर में विस्फोट, फैक्टरी में बम मिला

श्रीनगर, 23 सितम्बर (वार्ता): श्रीनगर के लाल नगर क्षेत्र में कल रात एक प्राइवेट मैटाडोर में शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ । यह बम चालक की सीट के नीचे रखा गया था । विस्फोट से वाहन को अधिक क्षति हुई, परन्तु कोई व्यक्ति घायल नहीं

Punjab Sanatan

हत्या करके भाग रहे एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पिटाई

दो कांस्टेबलों सहित 3 की हत्या : बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वा., प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 6 आतंकवादी मारे गए जबकि दो कांस्टेबलों सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अकाली दल (फेरूमान) के अध्यक्ष महंत सेवादास सिंह आतंकवादियों के हमले में बाल-बाल बच गए । एक बैंक लूटने का प्रयास किया गया ।

दो आतंकवादी मारे गए : फिरोज़पुर (धीमान): गत रात थाना जीरा के अन्तर्गत गांव संतूवाला के निकट पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी स्वर्ण सिंह तथा पिपल सिंह मारे गए । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर कुछ शस्त्रास्त्र मिले हैं ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि स्वर्ण सिंह और पिपल सिंह विचाराधीन कैदी थे,जिनको लेकर सुरक्षा बलों का दस्ता लौट रहा था । इन बंदियों की निशानदेही पर सुरक्षा बलों ने कुछ हथियार बरामद किए थे । सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ के दौरान इन बंदियों ने भागने की कोशिश की,लेकिन गोलियां लगने से मारे गए ।

सेवादास बाल-बाल बचे : फरीदकोट (वार्ता): गत रात इस जिला की डोगर बस्ती में अकाली दल (फेरूमान) के अध्यक्ष महंत सेवादास सिंह आतंकवादियों के हमले में बाल-बाल बच गये । अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने रात लगभग साढ़े 10 बजे महंत सेवादास सिंह के घर पर उस समय फ़ायरिंग की जबकि वह घर में मौजूद थे । महंत के अंगरक्षक ने जवाबी फ़ायरिंग करके आतंकवादियों को भगा दिया ।

महंत ने पत्रकारों को बताया कि उनके अंगरक्षक ने 10-12 फ़ायर किये । हमले की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गये तथा इलाके को घेरे में ले लिया । उन्होंने वहां से कुछ चले हुए कारतूस बरामद किये । इलाके की गहन छानबीन की गई,लेकिन हमलावरों का कुछ पता नहीं चला ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : मोगा के निकट एक फार्म हाऊस पर छापे के दौरान 2 आतंकवादियों अजीत सिंह व अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया । यह दोनों हाल ही में बधसिंहवाला के निकट 4 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त थे ।

दो कांस्टेबलों की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने दो पुलिस कांस्टेबलों रेशम लाल तथा सुखदेव सिंह के हाथ बांध कर उन्हें गोलियां मार कर खत्म कर दिया । उनके गोलियों से छलनी शव थाना मेहता के गांव तरसिक्का के निकट बरामद हुए । पुलिस ने बताया कि दोनों कांस्टेबल मोटर साइकल पर सवार होकर जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया । उनकी हत्या करने के बाद आतंकवादियों ने उनकी मोटर साइकल भी जला दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 के बहुत से कारतूस बरामद हुए हैं ।

दुकानदार की हत्या : तरनतारन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक 55 वर्षीय दुकानदार नंद सिंह की हाकिया मार-मार कर हत्या कर दी । तरनतारन के पुलिस प्रमुख श्री बलदेव सिंह के अनुसार हाकिया लिये हुए कुछ व्यक्तियों ने नंद सिंह पर कल रात उस समय हमला किया,जब वह दुकान बंद कर रहा था । नंद सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

गांव वालों तथा दुकानदारों ने हत्यारों का पीछा करके उनमें से एक को पकड़ लिया तथा उसकी जमकर पिटाई की । बलदेव सिंह नामक इस अभियुक्त को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

बैंक डकैती का प्रयास : इसी बीच कल रात औद्योगिक क्षेत्र छहर्टा में स्थित एक बैंक में डकैती डालने का प्रयास किया गया । कुछ अज्ञात व्यक्ति बैंक में घुस गये,लेकिन वे स्ट्रांग रूम तक नहीं पहुंच सके ।

2 आतंकवादी मरे : लुधियाना (धीमान): यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव कासाबाद के निकट पुलिस की एक नाकापार्टी ने दो नौजवानों को साइकल पर जाते देखा तो उन्हें ठहरने के लिए कहा । दोनों नौजवानों ने नाकापार्टी पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । नाका-पार्टी के जवानों ने पोज़ीशन लेने के बाद जवाबी फ़ायरिंग शुरू कर दी जिससे एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरे ने नहर में छलांग लगा दी । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि समझा जाता है कि नहर में छलांग लगाने वाला आतंकवादी डूब गया है परन्तु अभी तक उसकी लाश नहीं मिली ।

मृतक आतंकवादी के पास एक चीनी राइफल, कुछ अनचले तथा कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

सात थान ले गए : महिंद्रा के अनुसार गत रात्रि दंडी स्वामी रोड के दुकानदारों में सनसनी फैल गई,जब दो स्कूटर सवार एक दुकान से सात थान उठा कर स्कूटर पर भाग गए । दंडी स्वामी दुकानदार संघ के अध्यक्ष श्री राकेश सूद ने बताया कि जसपाल स्टिचिंग आर्ट की दुकान पर यह घटना हुई । दस हजार रुपए की क्षति का समाचार है । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है । श्री सूद ने इस चौक में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है ।

आपसी संघर्ष में दो उग्रवादी मरे : जालन्धर जिला में उग्रवादी गुटों की आपसी लड़ाई में दो उग्रवादी मारे गए । उनकी गोलियों से छलनी लाशें थाना शाहकोट के अन्तर्गत गांव पनियां में मिलीं । पुलिस ने उनकी शिनाख्त बलविंदर सिंह तथा दर्शन सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स (पिपल गुट) के रूप में की है ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों के शव पनिया गांव के निकट एक नहर से मिले ।

आतंकवादी बच निकले : बटाला (पस): कल सायं थाना कादियां के गांव लील कलां के निकट एक घंटे की मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले । यह मुठभेड़ एक फार्म हाऊस पर हुई । मुठभेड़ में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

स्कूटर छीना : भटिंडा—कल गोनियाना मंडी में एक दुकानदार से दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.आई.सी. 3934 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

शराब का ठेका लूटा : धुरी (सिंगला): तीन

(ऊपर) पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. सुमन्त गोयल कादियां में वि प्रतिनिधियों तथा पंचों, सरपंचों की शिकायतों का उत्तर देते हुए । उनके आर.एस. चावला व एस.डी.एम. एस.एस. पुरी भी बैठे दिखाई दे रहे हैं । (नी के प्रतिनिधि तथा पंच-सरपंच बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं ।

आतंकवादियों को काबू करने 'कैट्स-आपरेशन' आवश्यक

बटाला, 24 सितम्बर (कोछड़): पंजाब में बेरोज़गार युवकों को रोज़गार देने के लिए पुलिस, पी.ए.पी. व अन्य सुरक्षा बलों में लगातार भर्ती की जा रही है । पंजाब पुलिस में 13 हजार पुलिस कर्मचारी भर्ती करने की योजना है जिसमें से लगभग 2 हजार को भर्ती कर लिया गया है और शेष भर्ती जारी है । पुलिस जिला बटाला में अक्तूबर मास में 2 सौ से अधिक पुलिस कर्मचारी भर्ती किए जाएंगे ।

पुलिस जिला बटाला पुलिस प्रमुख श्री एस.के.गोयल ने गत दिवस कस्बा कादियां में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों व पंचों-सरपंचों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों से लगातार सम्पर्क करके कानून व्यवस्था सम्बन्धी उनकी उचित कठिनाइयों को हल किया जाएगा । इसके लिए लगातार इस जिला के सभी 7 थानों के अंतर्गत बैठकें करके लोगों की शिकायतें सुनेंगे और किसी के उचित काम में अड़चन नहीं आने दी जाएगी ।

उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों व पंचायतों को पूरा-पूरा सम्मान दिया जाएगा लेकिन ये लोग भी हिंसा, पृथकतावाद, आतंकवाद व देश विरोधी तत्वों की रक्षा न करके अपने कर्त्तव्य को समझें । आतंकवादियों को चाहे न मारें लेकिन कम से कम अपनी और अपने गांवों की सुरक्षा अवश्य करें । गांवों में सुरक्षा कमेटियां कायम करके सरकारी अथवा लाइसैंसी हथियार लें ।

श्री गोयल ने फि पुलिस व सुरक्षा बल प व आतंकवादी कार्रवा खिलाफ सख्त कार्र मुख्यधारा में आने व आत्मसमर्पण करने सहानुभूतिपूर्ण व्यवहा कट्टर आतंकवादी भी करेगा तो उसके विरुद्ध जाएगी, झूठा मुकाबला जन प्रतिनिधियों, लोगों कि वह बेगुनाहों की ह को भी प्रेरित करके नेक

श्री गोयल ने इस पूछताछ केंद्र 'बीकों' को वहां यातनाएं देने के लिए कोई भी राजनीतिक नेत अन्दर से देखना चाहे तो

श्री गोयल ने कहा कि हत्याएं कर रहे आतंकव है या नहीं होती और ज्ञान नहीं होता, जिस क आवश्यक है लेकिन व करेंगे । उन्होंने आह्व इच्छुक स्वस्थ युवकों अवश्य लेकर आएं । नि निराशा नहीं होगी ।

भाजपा द्वारा सत्तारूढ़ होने पर परमाणु बम बनाने की घोषणा

बम्बई, 24 सितम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आज पार्टी के चुनाव घोषणापत्र के मसौदे को अन्तिम रूप दे दिया । कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन आज स्वीकृत चुनाव घोषणापत्र के मसविदे में सभी रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच, विदेशी अंशदान पर प्रतिबंध और राष्ट्रवादी औद्योगिक नीति अपनाने की मांग की है ।

घोषणापत्र का यह मसविदा कल से शुरू होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा । 32 पृष्ठों के इस मसविदे को डा. मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता में नियुक्त उपसमिति ने तैयार किया है ।

मसविदे में न्यायाधीशों के अवकाश ग्रहण की आयु बढ़ा कर 65 वर्ष करने और अवकाश ग्रहण के बाद उन पर कोई दूसरी सेवा स्वीकार करने पर रोक लगाने की बात कही गई है ।

परमाणु बम बनाने, संयोजन करने की मांग : भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में परमाणु बम बनाने और इसको संयोजन करने सहित व्यापक पैमाने पर रक्षा तैयारी करने की घोषणा करके राजनीति जगत में आज एक नया धमाका कर दिया । घोषणा पत्र के आखिरी पृष्ठ में इस बात का स्पष्ट आश्वासन दिया गया है कि थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में न तो उपकरणों और न ही आवश्यक सामानों की कमी रहने दी जाएगी ।

घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी देश को समृद्ध तथा आधुनिक बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनी वांछित भूमिका निभाने का अवसर देगी । मसविदे में आर्थिक दृष्टि से सक्षम छोटे राज्य बनाने, अल्पसंख्यक आयोग के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने और कम्पनियों द्वारा चुनाव के लिए चंदा देने पर रोक लगाने की बात कही गई है । पार्टी विदेशों में रहने वाले भारतीयों को डाक से मत देने का अधिकार प्रदान करेगी ।

घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी काले धन को रोकने के लिए साहसिक कदम उठाएगी, कर के ढांचे को सरल तथा युक्तिसंगत बनाएगी । आय कर की उच्चतम दर 40 प्रतिशत होगी । पार्टी वैगी तथा बिक्री-कर को समाप्त कर देगी । वैगी की समाप्ति से नगर पालिकाओं को होने वाली क्षति की भरपाई राज्य सरकार करेगी ।

पंजाब समस्या के लिए कांग्रेस (इ) को जिम्मेदार ठहराते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि भाजपा पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मज़बूत बनाएगी, प्रशासन को प्रभावी बनाया जाएगा । गुप्तचर सेवा को और मज़बूत किया जाएगा, अकाली दल पर सार्वजनिक दबाव डाला जाएगा कि वे आतंकवादियों को अलग-थलग करने में अन्य दलों का साथ दें, दिल्ली में 1984 में दंगों के लिए दोषी लोगों को दंड दिया जाएगा तथा इन दंगों के पीड़ितों को समुचित मुआवजा दिया जाएगा और पंजाब की आर्थिक स्थिति की समीक्षा की जाएगी ।

मसौदे में प्रत्येक नागरिक को काम का अधिकार देने की घोषणा की गई है । इसी के साथ बूढ़ों को पैंशन देने और नौजवानों को रोजगार देने का भी आश्वासन दिया गया है । निष्पक्ष चुनावों के लिए सरकारी कोष से धन, कम्पनियों से चंदे पर प्रतिबंध, मतदाताओं को परिचय पत्र देने, चुनावों में इलैक्ट्रानिक मशीन का प्रयोग करने पर बल दिया गया है ।

प्रस्ताव में राज्यों को ज्यादा अधिकार देने, केंद्रीय राजस्व से अधिक हिस्सा, राज्य सरकारों से विचार करके राज्यपालों की नियुक्ति, संविधान के अनुच्छेद-370 को रद्द करने आदि का भी आश्वासन दिया गया है ।

मसौदे में वर्तमान अल्पसंख्यक आयोग को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

27.89 किलो सोना पकड़ा गया

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (वार्ता): राजस्व गुप्तचर निदेशालय ने 87 लाख रुपए मूल्य का 27.89 कि. ग्रा. सोना और तेरह वीडियो कैमरे बरामद किए तथा इस सिलसिले में 15 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है । ये विदेशी नागरिक भारत-नेपाल सीमा से देश में घुसे थे ।

निदेशालय के महानिदेशक पी. के. कपूर ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इस बरामदगी और विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के लिए गत सप्ताह चार दिन तक अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार विदेशी तस्करों में बारह पोलैंड के तथा एक-एक फ्रांस, इसराइल और जर्मनी का नागरिक है ।

बरामद विदेशी मार्क के सोने में दस-दस ताले की 222 छड़ें और एक-एक कि. ग्रा. की दो छड़ें शामिल हैं ।

बहुत से खतरनाक आतंकवादी अ हथियार लेकर भारत में दा

अमृतसर, 24 सितम्बर (सग): सूत्रों के अनुसार बहुत से खतरनाक आतंकवादी पाकिस्तान से प्रशिक्षण तथा भारी मात्रा में आधुनिक किस्म के हथियार लेकर भारत में दाखिल हो चुके हैं,अत: आने वाले दिनों में बहुत बड़ी वारदातें होने की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी इस बार बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री लेकर आए हैं, जिससे बड़े धमाके किए जा सकते हैं । सूत्रों के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फोर्स पुन: सक्रिय हो गई है और इसका खतरनाक आतंकवादी कवर चीफ सिंह गत मास खेमकरण सैक्टर के ठट्ठियां जैमल सिंह गांव के रास्ते अपने साथियों के साथ पाकिस्तान गया था और 12-13 सितम्बर की रात को आधुनिक हथियार लेकर भारत में दाखिल हुआ है । हथियारों में काफी मात्र है । इस ग्रुप की गतिवि क्षेत्र में बताई जाती है ।

एक अन्य सूत्र लिबरेशन फ़ोर्स का स्व बुधसिंहवाला भी 17 करके ठट्ठियां जैमल सि दाखिल हुआ है और हथियारों की एक बड़ी 74,ए.के. 94 राइफलों हथियार भी शामिल हैं । क्षेत्र के सभी आतंकवादियों हथियारों की सप्लाई कर छोटे गिरोहों को दे दिए गा

सूत्रों के अनुसार नए बारूदी सुरंगें, विस्फोटक

सरकारी भाव पर चीनी की रिलीज़ शुरू

विपक्षी दल बेनजीर सरकार

Punjab Sanatan

पंजाब में 6 आतंकवादी मारे गये : महंत सेवादास बाल-बाल बचे

हत्या करके भाग रहे एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पिटाई

दो कांस्टेबलों सहित 3 की हत्या : बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वा., प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 6 आतंकवादी मारे गए जबकि दो कांस्टेबलों सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अकाली दल (फेरूमान) के अध्यक्ष महंत सेवादास सिंह आतंकवादियों के हमले में बाल-बाल बच गए । एक बैंक लूटने का प्रयास किया गया ।

दो आतंकवादी मारे गए : फिरोज़पुर (धीमान): गत रात थाना जीरा के अन्तर्गत गांव संतुबाला के निकट पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी स्वर्ण सिंह तथा पिपल सिंह मारे गए । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर कुछ शस्त्रास्त्र मिले हैं ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि स्वर्ण सिंह और पिपल सिंह विचाराधीन कैदी थे जिनको लेकर सुरक्षा बलों का दस्ता लौट रहा था । इन बंदियों की निशानदेही पर सुरक्षा बलों ने कुछ हथियार बरामद किए थे । सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ के दौरान इन बंदियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन गोलियां लगने से मारे गए ।

सेवादास बाल-बाल बचे : फरीदकोट (वार्ता): गत रात इस जिला की डोगर बस्ती में अकाली दल (फेरूमान) के अध्यक्ष महंत सेवादास सिंह आतंकवादियों के हमले में बाल-बाल बच गये । अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने रात लगभग साढ़े 10 बजे महंत सेवादास सिंह के घर पर उस समय फ़ायरिंग की जबकि वह घर में मौजूद थे । महंत के अंगरक्षक ने जवाबी फ़ायरिंग करके आतंकवादियों को भगा दिया ।

महंत ने पत्रकारों को बताया कि उनके अंगरक्षक ने 10-12 फ़ायर किये । हमले की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गये तथा इलाके को घेरे में ले लिया । उन्होंने वहां से कुछ चले हुए कारतूस बरामद किये । इलाके की गहन छानबीन की गई, लेकिन हमलावरों का कुछ पता नहीं चला ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : मोगा के निकट एक फार्म हाऊस पर छापे के दौरान 2 आतंकवादियों अजीत सिंह व अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया । यह दोनों हाल ही में बुर्धसिंहवाला के निकट 4 व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त थे ।

दो कांस्टेबलों की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने दो पुलिस कांस्टेबलों रेशम लाल तथा सुखदेव सिंह के हाथ बांध कर उन्हें गोलियां मार कर खत्म कर दिया । उनके गोलियों से छलनी शव थाना मेहता के गांव तरसिक्का के निकट बरामद हुए । पुलिस ने बताया कि दोनों कांस्टेबल मोटर साइकल पर सवार होकर जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया । उनकी हत्या करने के बाद आतंकवादियों ने उनकी मोटर साइकल भी जला दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 के बहुत से कारतूस बरामद हुए हैं ।

दुकानदार की हत्या : तरनतारन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक 55 वर्षीय दुकानदार नंद सिंह की हाकियां मार-मार कर हत्या कर दी । तरनतारन के पुलिस प्रमुख श्री बलदेव सिंह के अनुसार हाकियां लिये हुए कुछ व्यक्तियों ने नंद सिंह पर कल रात उस समय हमला किया जब वह दुकान बंद कर रहा था । नंद सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

गांव वालों तथा दुकानदारों ने हत्यारों का पीछा करके उनमें से एक को पकड़ लिया तथा उसकी जमकर पिटाई की । बलदेव सिंह नामक इस अभियुक्त को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

बैंक डकैती का प्रयास : इसी बीच कल रात औद्योगिक क्षेत्र फोकल पोइंट में स्थित एक बैंक में डकैती डालने का प्रयास किया गया । कुछ अज्ञात व्यक्ति बैंक में घुस गये, लेकिन वे स्ट्रांग रूम तक नहीं पहुंच सके ।

2 आतंकवादी मरे : लुधियाना (धीमान): यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव कासाबाद के निकट पुलिस की एक नाकापार्टी ने दो नौजवानों को साइकल पर जाते देखा तो उन्हें ठहरने के लिए कहा । दोनों नौजवानों ने नाकापार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । नाका-पार्टी के जवानों ने पोजीशन लेने के बाद जवाबी फायरिंग शुरू कर दी जिससे एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरे ने नहर में छलांग लगा दी । एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि समझा जाता है कि नहर में छलांग लगाने वाला आतंकवादी डूब गया है परन्तु अभी तक उसकी लाश नहीं मिली ।

मृतक आतंकवादी के पास एक चीनी राइफल, कुछ असलाचले तथा कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

सात धान ले गए : महिंद्रा के अनुसार गत रात्रि दंडी स्वामी रोड के दुकानदारों में सनसनी फैल गई, जब दो स्कूटर सवार एक दुकान से सात धान उठा कर स्कूटर पर भाग गए । दंडी स्वामी दुकानदार संघ के अध्यक्ष श्री राकेश सूद ने बताया कि जसपाल स्टिचिंग आर्ट की दुकान पर यह घटना हुई । दस हजार रुपए की क्षति का समाचार है । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है । श्री सूद ने इस चोरी के सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है ।

आपसी संघर्ष में दो उग्रवादी मरे : जालन्धर जिला में उग्रवादी गुटों की आपसी लड़ाई में दो उग्रवादी मारे गए । उनकी गोलियों से छलनी लाशें थाना शाहकोट के अन्तर्गत गांव पनिया में मिलीं । पुलिस ने उनकी शिनाख्त बलविंदर सिंह तथा दर्शन सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स (पिपल गुट) के रूप में की है ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों के शव पनिया गांव के निकट एक नहर से मिले ।

आतंकवादी बच निकले : बटाला (पस): कल सायं थाना कादियां के गांव लील कलां के निकट एक घंटे की मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले । यह मुठभेड़ एक फार्म हाऊस पर हुई । मुठभेड़ में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

स्कूटर छीना : भटिंडा—कल गोनियाना मंडी में एक दुकानदार से दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.आई.सी. 3934 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

शराब का ठेका लूटा : धुरी (सिंगला): तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गांव कौल में शराब के ठेके से नकदी लूट ली तथा शराब की बोतलें तोड़ दीं ।

(ऊपर) पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. सुमन्त गोयल कादियां में वि प्रतिनिधियों तथा पंचों, सरपंचों की शिकायतों का उत्तर देते हुए । उनके आर.एस. चावला व एस.डी.एम. एस.एस. पुरी भी बैठे दिखाई दे रहे हैं । (नीचे के प्रतिनिधि तथा पंच-सरपंच बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं ।

आतंकवादियों को काबू करने 'कैट्स-आपरेशन' आवश्यक

बटाला, 24 सितम्बर (कोछड़): पंजाब में बेरोज़गार युवकों को रोज़गार देने के लिए पुलिस, पी.ए.पी. व अन्य सुरक्षा बलों में लगातार भर्ती की जा रही है । पंजाब पुलिस में 13 हज़ार पुलिस कर्मचारी भर्ती करने की योजना है जिसमें से लगभग 2 हज़ार को भर्ती कर लिया गया है और शेष भर्ती जारी है । पुलिस जिला बटाला में अक्तूबर मास में 2 सौ से अधिक पुलिस कर्मचारी भर्ती किए जाएंगे ।

पुलिस जिला बटाला पुलिस प्रमुख श्री एस.के.गोयल ने गत दिवस कस्बा कादियां में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों व पंचों-सरपंचों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों से लगातार सम्पर्क करके कानून व्यवस्था सम्बन्धी उनकी उचित कठिनाइयों को हल किया जाएगा । इसके लिए लगातार इस जिला के सभी 7 थानों के अंतर्गत बैठकें करके लोगों की शिकायतें सुनेंगे और किसी के उचित काम में अड़चन नहीं आने दी जाएगी ।

उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों व पंचायतों को पूरा-पूरा सम्मान दिया जाएगा लेकिन ये लोग भी हिंसा, पृथकतावाद, आतंकवाद व देश विरोधी तत्वों की रक्षा न करके अपने कर्त्तव्य को समझें । आतंकवादियों को चाहे न मारें लेकिन कम से कम अपनी और अपने गांवों की सुरक्षा अवश्य करें । गांवों में सुरक्षा कमेटियां कायम करके सरकारी अथवा लाइसैंसी हथियार लें ।

श्री गोयल ने फिर पुलिस व सुरक्षा बल परे व आतंकवादी कार्रवाइ खिलाफ सख्त कार्रव मुख्यधारा में आने व आत्मसमर्पण करने सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार कट्टर आतंकवादी भी करेगा तो उसके विरुद्ध जाएगी, इस मुकाबला जन प्रतिनिधियों, लोगों कि वह बेगानों की हत को भी प्रेरित करके नेक

श्री गोयल ने इस पूछताछ केंद्र चौकी को यहां यातनाएं देने के लिए कोई भी राजनीतिक नेता अन्दर से देखना चाहे तो

श्री गोयल ने कहा कि हत्याएं कर रहे आतंकवा है या नहीं होती और ज्ञान नहीं होता, जिस क आवश्यक है लेकिन वह करेंगे । उन्होंने आम इच्छुक स्वस्थ युवकों अवश्य लेकर आएं । स निराशा नहीं होगी ।

भाजपा द्वारा सत्तारूढ़ होने पर परमाणु बम बनाने की घोषणा

बम्बई, 24 सितम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आज पार्टी के चुनाव घोषणापत्र के मसौदे को अन्तिम रूप दे दिया । कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन आज स्वीकृत चुनाव घोषणापत्र के मसविदे में सभी रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच, विदेशी अंशदान पर प्रतिबंध और राष्ट्रवादी औद्योगिक नीति अपनाने की मांग की है ।

घोषणापत्र का यह मसविदा कल से शुरू होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा । 32 पृष्ठों के इस मसविदे को डा. मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता में नियुक्त उपसमिति ने तैयार किया है ।

मसविदे में न्यायाधीशों के अवकाश ग्रहण की आयु बढ़ा कर 65 वर्ष करने और अवकाश ग्रहण के बाद उन पर कोई दूसरी सेवा स्वीकार करने पर रोक लगाने की बात कही गई है ।

परमाणु बम बनाने, संयोजन करने की मांग : भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में परमाणु बम बनाने और इनको संयोजन करने सहित व्यापक पैमाने पर रक्षा तैयारी करने की घोषणा करके राजनीति जगत में आज एक नया धमाका कर दिया । घोषणा पत्र के आखिरी पृष्ठ में इस बात का स्पष्ट आश्वासन दिया गया है कि थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में न तो उपकरणों और न ही आवश्यक सामानों की कमी रहने दी जाएगी ।

घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी देश को समृद्ध तथा आधुनिक बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनी वांछित भूमिका निभाने का अवसर देगी । मसविदे में आर्थिक दृष्टि से सक्षम छोटे राज्य बनाने, अल्पसंख्यक आयोग के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने और कम्पनियों द्वारा चुनाव के लिए चंदा देने पर रोक लगाने की बात कही गई है । पार्टी विदेशों में रहने वाले भारतीयों को डाक से मत देने का अधिकार प्रदान करेगी ।

घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी काले धन को रोकने के लिए साहसिक कदम उठाएगी । कर के ढांचे को सरल तथा पारिवारगत बनाएगी । आय कर की उच्चतम दर 40 प्रतिशत होगी । पार्टी धर्मी तथा बिक्री-कर को समाप्त कर देगी । धर्मी की समाप्ति से नगर पालिकाओं को होने वाली क्षति की भरपाई राज्य सरकारें करेंगी ।

पंजाब समस्या के लिए कांग्रेस (इ) को जिम्मेदार ठहराते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि भाजपा पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाएगी, प्रशासन को प्रभावी बनाया जाएगा । गुप्तचर सेवा को और मजबूत किया जाएगा, अकाली दल पर सार्वजनिक दबाव डाला जाएगा कि वे आतंकवादियों को अलग-थलग करने में अन्य दलों का साथ दें, दिल्ली में 1984 में दंगों के लिए दोषी लोगों को दंड दिया जाएगा तथा इन दंगों के पीड़ितों को समुचित मुआवजा दिया जाएगा और पंजाब की आर्थिक स्थिति की समीक्षा की जाएगी ।

मसौदे में प्रत्येक नागरिक को काम का अधिकार देने की घोषणा की गई है । इसी के साथ वृद्धों को पैंशन देने और नौजवानों को रोजगार देने का भी आश्वासन दिया गया है । निष्पक्ष चुनावों के लिए सरकारी कोष से धन, कम्पनियों से चंदे पर प्रतिबंध, मतदाताओं को परिचय पत्र देने, चुनावों में इलैक्ट्रानिक मशीन का प्रयोग करने पर बल दिया गया है ।

प्रस्ताव में राज्यों को ज्यादा अधिकार देने, केंद्रीय राजस्व से अधिक हिस्सा, राज्य सरकारों से विचार करके राज्यपालों की नियुक्ति, संविधान के अनुच्छेद-370 को रद्द करने आदि का भी आश्वासन दिया गया है ।

मसौदे में वर्तमान अल्पसंख्यक आयोग को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

27.89 किलो सोना पकड़ा गया

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (वार्ता): राजस्व गुप्तचर निदेशालय ने 87 लाख रुपए मूल्य का 27.89 कि. ग्रा. सोना और तेरह वीडियो कैमरे बरामद किए तथा इस सिलसिले में 15 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है । ये विदेशी नागरिक भारत-नेपाल सीमा से देश में घुसे थे ।

निदेशालय के महानिदेशक पी. के. कपूर ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इस बरामदगी और विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के लिए गत सप्ताह चार दिन तक अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार विदेशी तस्करों में बारह पोलैंड के तथा एक-एक फ्रांस, इसराइल और जर्मनी का नागरिक है ।

बरामद विदेशी मार्के के सोने में दस-दस तोले के 222 छड़ें और एक-एक कि. ग्रा. की दो छड़ें शामिल हैं ।

सरकारी भाव पर चीनी की रिलीज़ शुरू

लुधियाना, 24 सितम्बर (नेपाल): चीनी मिलों ने 23 सितम्बर से केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित भाव पर चीनी की रिलीज़ शुरू कर दी है । केन्द्रीय सरकार ने देश की सभी चीनी मिलों को निर्देश दिया है कि वह 775 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से चीनी रिलीज़ करें, अत: शुगर मिलों से 775 रुपए पंजाब की शेष चीनी मिलें भी चीनी रिलीज़ करनी शुरू कर देंगी । मिलों के पास चीनी के पर्याप्त भंडार बताए जाते हैं अत: चीनी की कमी की कोई सम्भावना नहीं है । सूत्रिय क्षेत्रों ने बताया है कि पंजाब में 22 सितम्बर के दिन भी जगाधरी चीनी मिल तथा यू.पी. की कुछ मिलों ने लगभग 40 रु

काबुल पर राकेट गिरे, 20 मरे

बहुत से खतरनाक आतंकवादी अ हथियार लेकर भारत में दा

अमृतसर, 24 सितम्बर (सरग): सूत्रों के अनुसार बहुत से खतरनाक आतंकवादी पाकिस्तान से प्रशिक्षण तथा भारी मात्रा में आधुनिक किस्म के हथियार लेकर भारत में दाखिल हो चुके हैं, अत: आने वाले दिनों में बहुत बड़ी वारदातें होने की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी इस बार बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री लेकर आए हैं, जिससे बड़े धमाके किए जा सकते हैं । सूत्रों के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फोर्स पुन: सक्रिय हो गई है और इसका खतरनाक आतंकवादी कंवर बीर सिंह गत मास खेमकरण सैक्टर के ठट्ठियां जैमल सिंह गांव के रास्ते अपने साथियों के साथ पाकिस्तान गया था और 12-13 सितम्बर की रात को आधुनिक हथियार लेकर भारत में दाखिल हुआ है । हथियारों में काफी मात्रा है । इस ग्रुप की गतिवि क्षेत्र में बताई जाती हैं ।

एक अन्य सूत्र लिबरेशन फ़ोर्स का स्व बुधसिंहवाला भी 17 करके ठट्ठियां जैमल सि दाखिल हुआ है और हथियारों की एक बड़ी खे 74, ए.के. 94 राइफलों के हथियार भी शामिल हैं । क्षेत्र के सभी आतंकवादियों हथियारों की सप्लाई कर छोटे गिरोहों को दे दिए गए

सूत्रों के अनुसार नए बारूदी सुरंगें, विस्फोटक ज्यादा दूरी पर मार करने ज्ञात हुआ है कि इस बार विशेष रूप से लाई गई हैं वाला के गिरोह में 10 आतंकवादी शामिल हैं ।

विपक्षी दल बेनजीर सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने लगे

इस्लामाबाद, 24 सितम्बर : शीर्षस्थ विपक्षी नेताओं के मध्य हुए विचार-विमर्श में दर्जनों को

Punjabi Gaurtani

विशाल रैली में 'गीता का उपदेश'
(छाया : सरस्वती)

गिरफ्तारी, 4 पुलिस कर्मियों सहित पंजाब में 10 व्यक्तियों की हत्या

बस पर फायरिंग : उग्रवादियों द्वारा साथी की कुल्हाड़ी से हत्या

उग्रवादी तेजा बाबा समेत 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक निरंकारी, एक पुलिस हैडकांस्टेबल, 3 कांस्टेबलों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक बस पर फायरिंग में 2 यात्री सख्त घायल हो गए । आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में 4 घंटे तक भीषण मुठभेड़ हुई । फरीदकोट के जिला पुलिस चीफ ने कहा है कि महंत सेवादास के मकान पर फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई । खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर गुरतेज सिंह उर्फ तेज बाबा मुठभेड़ में घायल होने के बाद दम तोड़ गया, एक उग्रवादी मुकाबले में मारा गया, जबकि एक उग्रवादी की उसके साथियों ने कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी । 2 पाक घुसपैठिए भी मारे गए ।

निरंकारी की हत्या : भटिंडा (एस): गत रात जिला भटिंडा के थाना बुढलाडा के अंतर्गत गांव डोगरां के निकट कुछ आतंकवादियों ने एक निरंकारी अमरजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार निरंकारी को उस समय रास्ते में रोक कर गोलियां मारी गईं, जब वह अपने गांव भट्टल जा रहा था ।

बुढलाडा से नरेश के अनुसार निरंकारी की हत्या से क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया है तथा नगर में हड़ताल की गई ।

स्कूटर छीन लिया : बुढलाडा से 3 किलोमीटर दूर गांव गरनेकलां में अज्ञात व्यक्तियों ने यूनियन बैंक आफ इंडिया के फील्ड अफसर भूपेंद्र सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक हैड कांस्टेबल, 2 कांस्टेबलों की हत्या : आज जिला अमृतसर के थाना सदर तरनतारन के गांव बाठ के निकट उग्रवादियों ने आज रात्रि पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने आज रात्रि ही थाना मेहता के गांव तरसिक्का में कनक मंडी के निकट दो कांस्टेबलों रोशन लाल और सुखदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

तरनतारन के पुलिस अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ने बताया कि मृत हैड कांस्टेबल गांव मलचक में एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात था और वह गांव बाठ के निकट स्थित पैट्रोल पम्प से अपने मोटर साइकल में स्कूटर पर वहां आए और गोलियां मार कर मौके पर ही उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से .455 बोर के रिवाल्वर के कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

2 पाक घुसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर में भारत-पाक सीमा के घरिंडा सैक्शन पर सीमांत चौकी रेडवाली के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुए एक मुकाबले में पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर रहे 2 घुसपैठिए मारे गए, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

समाज-विरोधी तत्व पकड़े गये : अमृतसर (अशोक): एस.एस.पी. मजीठा ने आज शाम बताया कि पुलिस ने 14 व्यक्तियों को समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया, जिनमें तस्कर व उनके आश्रयदाता भी शामिल हैं । इन लोगों को मजीठा थाने के अंतर्गत आने वाले गांवों से गिरफ्तार किया गया है । पकड़े गये लोगों में बलदेव सिंह कलानौर, बलराज सिंह उर्फ सोढी निवासी कोट्ली सूरत मल्लियां, जसवंत सिंह उर्फ बीरा, विलोचन सिंह निवासी लोपोके, सोहन सिंह निवासी बरार, राजकुमार उर्फ राजू टंडन नगर अमृतसर, सुनील कुमार उर्फ बिल्ला निवासी हवेली जमादार अमृतसर, विनायक सत्यदेव उर्फ निम्मी निवासी पुतलीघर अमृतसर, विनोद कुमार, स्वर्ण सिंह पहाड़गंज नई दिल्ली, मुहम्मद शाहिद वासी गंजी पुरानी नई दिल्ली, प्रीतम सिंह निवासी बरार और गांव जेठूनंगल के प्रीतम सिंह बकेहर सिंह आदि शामिल हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि इन लोगों से एक थामसन गन, एक .12 बोर की बंदूक, एक 12 बोर की पिस्तौल के अलावा विभिन्न बोरों के 63 कारतूस बरामद हुए हैं ।

किसान की हत्या : गत रात थानाखालड़ा के गांव ढल्ला में एक किसान साधा सिंह की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी गई । पुलिस का दावा है कि यह घटना ग्रामीणों की निजी शत्रुता का परिणाम है ।

पति, पत्नी की हत्या : धूरी (संगरूर): कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना भवानीगढ़ के अंतर्गत गांव घड़ाचों में कल रात प्रेम चंद के घर में घुस कर उसकी व उसकी पत्नी नीतम की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने आतंकवादियों को ज़ेवरात

Punjabi Sanatani

...नूनी दस्तावेजों के लिए प्रयक्त होने।

सोमवार को आयोजित विशाल रैली में 'गीता का उपदेश' ...र जनसमूह । (छाया : सरस्वती)

निरंकारी, 4 पुलिस कर्मियों सहित पंजाब में 10 व्यक्तियों की हत्या

बस पर फायरिंग : उग्रवादियों द्वारा साथी की कुल्हाड़ी से हत्या

उग्रवादी तेजा बाबा समेत 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (बातां, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक निरंकारी, एक पुलिस हैडकास्टेबल, 3 कान्स्टेबलों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक बस पर फायरिंग में 2 यात्री सख्त घायल हो गए । आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में 4 घंटे तक भीषण मुठभेड़ हुई । फरीदकोट के जिला पुलिस चीफ ने कहा है कि महंत सेवादास के मकान पर फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई । खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर गुरतेज सिंह उर्फ तेज बाबा मुठभेड़ में घायल होने के बाद दम तोड़ गया, एक उग्रवादी मुकाबले में मारा गया, जबकि एक उग्रवादी की उसके साथियों ने कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी । 2 पाक घुसपैठिए भी मारे गए ।

निरंकारी की हत्या : भटिंडा (पस): गत रात जिला भटिंडा के थाना बुढलाडा के अंतर्गत गांव डोगरा के निकट कुछ आतंकवादियों ने एक निरंकारी अमरजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार निरंकारी को उस समय रास्ते में रोक कर गोलियां मारी गईं, जब वह अपने गांव भटिंडा आ रहा था ।

बुढलाडा से 'नरेश' के अनुसार निरंकारी की हत्या से क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया है तथा नगर में हड़ताल की गई ।

स्कूटर छीन लिया : बुढलाडा से 3 किलोमीटर दूर गांव गरनेकलां में अज्ञात व्यक्तियों ने यूनियन बैंक आफ इंडिया के फील्ड अफसर भूपेंद्र सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक हैड कांस्टेबल, 2 कांस्टेबलों की हत्या : आज जिला अमृतसर के थाना सदर तरनतारन के गांव बाठ के निकट उग्रवादियों ने आज रात्रि पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने आज रात्रि ही थाना मेहता के गांव तरसिक्का में कनक मंडी के निकट दो कांस्टेबलों रोशन लाल और सुखदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

तरनतारन के पुलिस अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ने बताया कि मृत हैड कांस्टेबल गांव मलचक में एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात था और वह गांव बाठ के निकट स्थित पैट्रोल पम्प से अपने मोटर साइकल से पैट्रोल लेने गया था कि दो उग्रवादी चोरी के एक स्कूटर पर वहां आए और गोलियां दाग कर मौके पर ही उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से .455 बोर के रिवाल्वर के कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

2 पाक घुसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर में भारत-पाक सीमा के चरिंडा सैक्शन पर सीमांत चौकी रुड़ेवाली के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुए एक मुकाबले में पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ करने वाले 2 घुसपैठिए मारे गए, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

समाज-विरोधी तत्व पकड़े गये : अमृतसर (अशोक): एस.एस.पी. मजीठा ने आज शाम बताया कि पुलिस ने 14 व्यक्तियों को समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया, जिनमें तस्कर व उनके आश्रयदाता भी शामिल हैं । इन लोगों को मजीठा थाने के अंतर्गत आने वाले गांवों से गिरफ्तार किया गया है । पकड़े गये लोगों में बलदेव सिंह कलानौर, बलराज सिंह उर्फ सोढी निवासी कोटली सरत मल्लियां, जसवंत सिंह उर्फ बीरा, त्रिलोचन सिंह निवासी लोपोके, मोहन सिंह निवासी बरार, राजकुमार उर्फ राज टंडन नगर अमृतसर, सुनील कुमार उर्फ बिल्ला निवासी हवेली जमादार अमृतसर, विनायक सचदेवा उर्फ निम्मी निवासी पतलीघर अमृतसर, विनोद कुमार, स्वर्ण सिंह पहाड़गंज नई दिल्ली, मुहम्मद शाहिद वासी गंजी पुरानी नई दिल्ली, प्रीतम सिंह निवासी बरार और गांव जेठ नंगल के प्रीतम सिंह व केहर सिंह आदि शामिल हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि इन लोगों से एक थामसन गन, एक .12 बोर की बंदूक, एक .12 बोर की पिस्तौल के अलावा विभिन्न बोरों के 63 कारतूस बरामद हुए हैं ।

किसान की हत्या : गत रात थाना खालड़ा के गांव ढल्ला में एक किसान साधा सिंह की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी गई । पुलिस का दावा है कि यह घटना ग्रामीणों की निजी शत्रुता का परिणाम है ।

पति, पत्नी की हत्या : धूरी (सिंगला): कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना भवानीगढ़ के अंतर्गत गांव घड़ाचों में कल रात प्रेम चंद के घर में घुस कर उसकी व उसकी पत्नी नीलम की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने आतंकवादियों को ज़ेबरात

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दंगों में मारे गये व आतंकवादियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के आश्रितों को क्लास-II पद देने का फैसला

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (वि.प्र.): 1984 में दिल्ली के दंगों में मारे गए तथा पंजाब में आतंकवादियों के हाथों मारे गए आम व्यक्तियों के परिवारों के सभी योग्य सदस्यों को पंजाब सरकार ने सम्बद्ध जिलाधीश, जिसके अधिकार क्षेत्र में मृत्यु हुई होगी, से प्राप्त करना होगा । इसके अलावा आश्रितों तथा परिवार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी का

Punjabi Samachar

पा ने अधिवेशन में 2 नए नारे दिए हैं :
को काम, किसानों को दाम और महंगाई
।' 2. 'झौंपड़ी में विषमता को विराम,
राम, हटाओ बोफोर्स के बदनाम ।'

स ट्रेन का इंजन फ़ेल

ड़ा, 25 सितम्बर (कौड़ा): अमृतसर से
वाली डीलक्स ट्रेन का इंजन व्यास के
हो गया, जिसके कारण रेल यातायात दो
ा ।

दूसरी बरसी

चन श्रीमद्भागवत

भोज

ता), सुशील कुमार (पुत्र)

अंतर्गत गांव फतेहगढ़ नरोतना में आतंकवादियों ने एक ठेकेदार सर्बजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन आतंकवादियों ने राह से गुज़रती हुई पंजाब रोडवेज़ की एक बस पर भी फ़ायरिंग की, जिससे 2 यात्री सख्त घायल हो गये । सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले ही आतंकवादी भाग गए ।

मुठभेड़ में सिपाही मरा : फिरोज़पुर जिले के ही मल्लांवाला गांव में पुलिस व सी.आर.पी. की संयुक्त टुकड़ी के साथ 4 घंटे की भीषण मुठभेड़ में पुलिस का एक सिपाही जगराज सिंह मारा गया । प्राप्त सूचना के अनुसार भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों में से कोई घायल नहीं हुआ ।

तेजा बाबा दम तोड़ गया : पुलिस ने आज घोषणा की कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक स्वयंभू एरिया कमांडर खूंखार आतंकवादी गुरतेज सिंह उर्फ़ तेजा बाबा, जिसके सिर पर 50,000 रुपए का ईनाम था, मारा गया है । फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री शर्मा ने दावा किया कि गुरतेज सिंह उर्फ़ तेजा बाबा, जोकि 30 से अधिक हत्याओं में वांछित था, कुछ दिन पहले फरीदकोट जिला में घल कलां के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया था, लोके गांव में अपने ज़ख्मों का 4 दिन तक इलाज कराने के बाद दम तोड़ गया ।

पुलिस कप्तान का बयान : फरीदकोट (जिंदल): पुलिस कप्तान श्री सतीश कुमार शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि 23 सितम्बर की रात को अकाली दल फेरूमान के प्रधान महंत सेवादास सिंह के नये बन रहे मकान जो गली नं. 5 डोगर बस्ती में स्थित है पर खुद पड़ताल करने पर पता चला है कि उस रात वहां कुछ मजदूर और गनमैन रमेश सोये पड़े थे, कि अचानक एक धमाके की आवाज़ हुई जिस पर गनमैन रमेश ने अपनी कारबाईन से 10-12 फायर कर दिये । श्री शर्मा ने यह भी बताया कि उस रात महंत जी अपने पुराने घर जो कि गली नं. 6 में है और जहां सुरक्षा गार्ड तैनात हैं, पर थे । मौका वारदात से कोई भी खाली कारतूस बरामद नहीं हुआ । मकान की दीवार और पास खड़ी कार पर गोली के निशान मिले हैं ।

वेंकटरम

नई दिल्ली, 2
रामास्वामी वेंकटरम
की आठ दिवसीय रा
गए । हवाई अड्
दयाल शर्मा, प्रधान
मंत्रिमंडल के सदस

3 डाक

होशियारपुर,
सरकार ने स्वास्थ
पी.सी.एस.एस. (II)
बर्खास्त कर दिया है
डा. कमलजीत कौर
शामिल हैं । डा. गर्ग
से ड्यूटी से लगातार
को पहली पत्नी के रह
करने का आरोप है ।

अमृतसर
मालिकों द्वार
बंद, केस वा

अमृतसर, 25 सित
राइस मिल में पिछले
कारण आठ मज़दूरों
पुलिस ने मिल मालि
अंतर्गत जो मुकद्दमा द
करते हुए पंजाब राइस
बृज मोहन जुलका ने प
करते हुए बताया कि दी
मालिकों को दोषी ठह
गुमराह करना है क्योंकि
सामग्री प्रयुक्त की गई
मालिकों के विरुद्ध दर्ज
कि मालिक मजदूरों के

Punjabi Sarlahi

कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

3 घुसपैठिये मरे, 10 किलोग्राम हैरोइन पकड़ी गई

उग्रवादी ने साइनाईड खा लिया : महिला समेत 4 द्वारा आत्मसमर्पण

चंडीगढ़, 26 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 2 पुलिस कर्मियों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये और 10 किलोग्राम हैरोइन बरामद की गई । बटाला का अपहृत टी.वी. मैकेनिक सकुशल घर लौट आया । एक कम्युनिस्ट नेता को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । पाकिस्तान से 5 उग्रवादियों के घुसने की खबर के बाद रायसिंह नगर क्षेत्र में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया । पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल ने साइनाईड खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि एक महिला सहित उसके 4 साथियों ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

जालन्धर : जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के गांव बुट्टर में आज सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच करीब सात घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद एक उग्रवादी आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ बब्बर-निवासी गांव पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर ने साइनाईड खाकर आत्म हत्या कर ली जबकि एक महिला सहित चार अन्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया । यह जानकारी देते हुए जालन्धर के एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री मोहम्मद मुस्तफा ने बताया है कि मारा गया आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभ लैफ्टिनैंट जनरल तथा 50 से अधिक हत्याओं में इसका हाथ था । इस पर 50,000 रु. का इनाम था । उन्होंने बताया कि पांच आतंकवादी गांव के बाहर एक बहक में शरण लिए हुए थे तथा सुरक्षा बलों को देख कर ये निकटवर्ती गन्ने के खेत में छिप गए व सुरक्षा बलों से मुकाबला करने लगे । सुरक्षा बलों ने क्योंकि खेत को घेर रखा था अतः इन आतंकवादियों के पास भागने का कोई मार्ग नहीं था । चार घंटे तक मकाबला करने के बाद एक ने साइनाईड खा लिया व सायं 7.30 बजे शेष चार ने आत्मसमर्पण कर दिया । उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला गुरमीत कौर उर्फ भिंडी मारे गए आतंकवादी जसपाल सिंह की पत्नी है तथा आतंकवादी घटनाओं में वह इनके साथ ही रहती थी तथा आज की भिड़ंत में इसकी भूमिका यह थी कि वह मकाबला कर रहे अपने साथियों को 'मैगजीन' भर कर देती थी । यह महिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाटमां की रहने वाली है । अन्य आतंकवादियों की शिनाख्त अजीत सिंह उर्फ. काला निवासी नंगल थाना श्रीहरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर, अमरीक सिंह निवासी टल्ला महा थाना टांडा जिला होशियारपुर तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मा निवासी गांव बुट्टर थाना भोगपुर जिला जालन्धर, के रूप में हुई है ।

इन आतंकवादियों के कब्जे से 2 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 12 बोर की एक राइफल व गोली सिक्का बरामद हुआ है । इनसे आगे पूछताछ जारी है ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : फिरोजपुर (बागी): रात रात इस जिला में एक हैड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार तथा कांस्टेबल बलदेव सिंह की हत्या कर दी गई । यहां प्राप्त खबरों में कहा गया है कि सोमवार प्रातः थाना मल्लांवाला के गांव मल्लेवाला के खेतों में आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच 4 घंटे तक फायरिंग हुई थी जिसमें कांस्टेबल जगराज सिंह मारा गया था लेकिन आतंकवादी नंगे बदन अपने कपड़े और एक चीनी ए.के. 47 राइफल छोड़ कर भाग निकले । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि आतंकवादियों ने बाद में रात लगभग 8 बजे फिरोजपुर जी.टी. रोड पर माछी बुगरा और सल्हे के मध्य पुलिस के वाहन पर घात लगा कर फायरिंग की जिसमें हैड-कांस्टेबल सरेंद्र सिंह और कांस्टेबल बलदेव सिंह मारे गये । वे कांस्टेबल जगराज सिंह का शव उसके अभिभावकों को सौंप कर वापस आ रहे थे । अजीत सिंह डी.आई.जी. पुलिस फिरोजपुर रेंज और एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह गत रात घटनास्थल पर पहुंच गये तथा हमलावरों की तलाश के काम की निगरानी की ।

'धीमान' के अनुसार इस हमले में गुरदेव सिंह सहित 3 अन्य पुलिस कर्मचारी सख्त घायल हो गये, जिन्हें फिरोजपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

2 घुसपैठिये मरे : फाजिल्का (ल) सीमा सुरक्षा बल ने जिला गंगानगर से लगने वाले अनूपगढ़ सैक्टर में खन्नवाला सीमा चौकी पर 10 किलोग्राम सुपर फाइन हैरोइन पकड़ी, जिसका मूल्य न्यूयार्क के बाजार में 10 करोड़ रुपए बताया जाता है । कहा जाता है कि सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहे कुछ व्यक्तियों को चुनौती दी, जिस पर वे फायरिंग करने लगे । जवाबी फायरिंग पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया जबकि उसके साथी 10 किलोग्राम हैरोइन छोड़ कर भाग निकले । सीमा सुरक्षा बल ने रायसिंह नगर सैक्टर में भी एक पाक घुसपैठिये को मार गिराया ।

सोये हुए व्यक्ति की हत्या : धुरी (सिंगला) गत रात मुहल्ला कच्चाकोट-मालेरकोटला में एक सोए हुए व्यक्ति की हत्या कर दी गई । इसी बीच भवानीगढ़ पुलिस ने गांव थम्मनवाल के एक व्यक्ति सलदा सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक राइफल तथा कुछ कारतूस मिले ।

रैड अलर्ट : अबोहर से 'सदोष' के अनुसार पाकिस्तान से 5 आतंकवादियों की घुसपैठ की सूचना मिलने के बाद राजस्थान पुलिस ने रायसिंह नगर में रैड अलर्ट की घोषणा कर दी है । अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई है तथा सभी रास्ते सील कर दिये गये हैं । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने अबोहर में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर चिन्ता व्यक्त की है तथा सरकार से अविलम्ब जरूरी सुरक्षा पग उठाने के लिए कहा है । समिति के एक प्रैस नोट में आरोप लगाया गया है कि कब्रवाला हत्याकांड में प्रभावित परिवारों को अभी तक कोई मुआविजा नहीं दिया गया न ही घायलों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी गई है ।

कम्युनिस्ट नेता घायल : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): कम्युनिस्ट नेता तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय नान टीचिंग कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष रूप सिंह रूपा को दो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि जब उन पर हमला किया गया तब वह अपने घर से दफ्तर जा रहे थे । उन्हें 4-5 गोलियां लगी हैं । उन्हें दयानंद अस्पताल में दाखिल कराया गया है । स्कूटर पर सवार दोनों हमलावर फरार होने में सफल

जिला फिरोजपुर में आतंकवादियों द्वारा पुलिस के एक वाहन पर घात गए, (1) हैडकांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, (2) सिपाही बलदेव सिंह (3) सिपाही गुरदेव सिंह, (4) सिपाही दिलबाग सिंह व (5) बल

इंका सरकार की ... महंगाई नहीं रोकी जा ...

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (वार्ता): जनता दल ने चीनी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रखने में सरकार की विफलता की आलोचना करते हुए कहा है कि मौजूदा आर्थिक नीतियों के चलते महंगाई रोकी नहीं जा सकती ।

जनता दल ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि खाद्यान्नों का मूल्य सूचकांक जनता पार्टी के शासन के दौरान मात्र 332 से 341 के बीच था, लेकिन 1987-88 में यह बढ़कर 779 हो गया । अन्य उपभोक्ता वस्तुओं का सूचकांक 1977-78 में जहां मात्र 321 था, वहां 1987-88 में यह बढ़कर 753 हो गया ।

पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार का मूल्य नियंत्रण का समूचा रिकार्ड निराशापूर्ण है । यह सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रतिबिम्ब है और यह नीति गरीब उपभोक्ताओं को बेसहारा करके अमीरों के लाभ को बढ़ावा देने की है ।

वक्तव्य में भाव 2.30 रु बढ़कर 11 रुप तब साढ़े सात रुपए हो गया है पहले नागरिक का सफलतापू बावजूद जिसों 35.7 प्रतिशत

हिन्दुओं दृष्टिकोण

संकल्पनगर भारतीय जनता ने आज कहा कि दृष्टिकोण के पाकिस्तान के हुआ है ।

श्री बख्त ने स्थल पर यहां पत्र कहा, 'इस मौके दृष्टिकोण की मरा उन्हें उचित श्रेय दे कि भारत में मुसल जिनकी पाकिस्तान कल्पना नहीं कर

जर्मनी में नेत

नई दिल्ली, 2 मिला है कि पंजाब छात्र मतसंघ के पू आतंकवादियों ने प हत्या करके शव विरोधी उसे होशि देना चाहते थे परन्त आया और इसके व विरोधी उस पर सरकार का मुखबर कटवा लिए थे परन्त लगा लिया और उन्ह दी । हत्या की जिम्म मक्खिया निधान सिंह होने वाले एक खालि कि इस व्यक्ति को निकाल कर कार प गया । वहां उसका उसकी हत्या करक गया । आतंकवादी है । उसने बताया व्यक्तियों की हत्या मुखबरी कर रहे हैं

बेनजीर के तिथि अभ

त्यौहारों के सीज़न में इंका द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की आशंका : वाजपेयी

संकल्पनगर (बम्बई), 26 सितम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां कहा कि जनता दल के नेता भी यह स्वीकार करते हैं कि भाजपा के सहयोग के बिना कांग्रेस (इ) को अपदस्थ नहीं किया जा सकता । श्री वाजपेयी पार्टी कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रकाशित एक स्मारिका 'चुनौती' का विमोचन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भाजपा नेताओं को नहीं बुलाने के लिए उन पर दबाव डाला गया था लेकिन श्री देवी लाल ने कहा कि जो नहीं आना चाहते वे नहीं आए । क्योंकि वह जानते हैं कि भाजपा के बिना कांग्रेस (इ) को सत्ता से हटाया नहीं जा सकता ।

उन्होंने कहा कि चुनाव हमारे लिए एक चुनौती है और इसे हम स्वीकार करते हैं । जनता तथा भारतीय जनता पार्टी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गंगा जहां से निकलती है तो वहां उसका एक नाम और बाद में उसका नाम बदलता जाता है लेकिन गंगा का जल वही रहता है । भाजपा को साम्प्रदायिक कहने वालों को आड़े हाथों लेते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि जब तक केंद्र में कांग्रेस (इ) की सरकार बनी रहेगी तब तक देश में साम्प्रदायिकता खत्म नहीं हो सकती ।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) ने मिजोरम में हुए चुनाव में जीतने के लिए ईसाई साम्प्रदायिक ताकतों का सहारा लिया था । उन्होंने कहा कि भाजपा पर हिन्दूवादी होने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस (इ) खुद धार्मिक भावनाओं का लाभ उठा रही है ।

उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कांग्रेस (इ) आगामी त्यौहारों के सीज़न में देश के विभिन्न भागों में दंगे करवाए और उन्हें राम जन्म भूमि के मामले से जोड़ दे । उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ पार्टी यह समझती है कि वह समाज के दो बड़े वर्गों को फाड़ कर उससे आगामी आम चुनाव में लाभ उठा सकती है तो यह उसकी भूल है ।

भारतीय जनता पार्टी का मत है कि भारत को न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि देश की विदेशनीति को 'जीवन्त' बनाने के लिए भी परमाणु बम का निर्माण करना चाहिए । श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां यह बात कही । श्री वाजपेयी ने कहा कि भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्य के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर रक्षा उद्देश्यों के लिए भी परमाणु ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए । श्री वाजपेयी ने कहा कि भारत स्थायी शांति के लिए पूर्ण निरस्त्रीकरण का हामी हो, यह उचित है लेकिन साथ ही हमें परमाणु बम बनाने से परहेज नहीं करना चाहिए । हमारे कुछ पड़ोसी देशों ने परमाणु बम या तो बना लिया है अथवा इसे बनाने की क्षमता करीब-करीब हासिल कर ली है ।

श्रीलंका सेना द्वारा 'घेरो और मारो' अभियान

कोलंबो, 26 सितम्बर (प.स.): उत्तर-पूर्वी श्रीलंका में 'घेरो और मारो' कार्रवाई के दौरान सरकारी सैनिकों ने पांच संदिग्ध छापामारों को मार गिराया और एक अन्य व्यक्ति मारा गया । सैनिक अधिकारियों ने आज यहां यह जानकारी दी । अधिकारियों ने बताया कि कल अलामदुवा इलाके में जनता विमुक्ति पेरामुना के 4 प्रमुख नेता मारे गए । उन्होंने बताया कि मृतकों के पास से बंदूक और गोली बारूद बरामद हुआ । इनमें से एक भागा हुआ कैदी था ।

यह वारदात देश के सिंहली बाहुल्य इलाकों में सरकार द्वारा घोषित 72 घंटे के युद्धविराम से पहले हुई है । युद्धविराम कल सुबह छह बजे शुरू हो रहा है ।

एक सरकारी घोषणा के अनुसार युद्ध विराम की अवधि के दौरान सुरक्षा बल तथा पुलिस अपनी गतिविधियां स्थगित रखेंगी ताकि जनता विमुक्ति पेरामुना के विद्रोही आत्मसमर्पण कर सकें ।

लिट्टे द्वारा युद्धविराम का उल्लंघन : अधिकारियों के अनुसार लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के छापामारों ने एक सप्ताह बाद युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए कल भारतीय शांति सेना के साथ संघर्ष किया ।

भारतीय सैनिकों द्वारा बदले में की गई कार्रवाई में लिट्टे का एक छापामार और एक नागरिक मारा

250 वैज्ञानिकों द्वारा देश छोड़ने की धमकी

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (प.स.): चिकित्सा के 250 से ज्यादा जैव वैज्ञानिकों ने आज धमकी दी कि अगर स्वास्थ्य मंत्रालय ने तीस सितम्बर से पहले उनकी मांगों पर विचार का लिखित आश्वासन नहीं दिया तो वे देश छोड़ कर चले जाएंगे । यहां एक बयान में वैज्ञानिकों ने कहा कि वह दो अक्तूबर को राजघाट पर अपना आंदोलन शुरू करेंगे । वैज्ञानिक पदोन्नति के बेहतर अवसर और वेतनमान में असमानता खत्म करने की मांग कर रहे हैं । इस गैर चिकित्सा ग्रुप (ए) की राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने इसके पहले धमकी दी थी कि अगर उनकी मांगें दो अक्तूबर तक नहीं पूरी हुई तो वैज्ञानिक विदेश में नौकरी ढूंढना शुरू कर देंगे ।

गुजरात के नगर निगम उपचुनावों में भाजपा को सफलता

सकल्पनगर, 26 सितम्बर : भाजपा अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज पार्टी के चुनाव घोषणापत्र पर चर्चा आरम्भ करने से पूर्व गुजरात में तीन नगर निगमों के उपचुनावों में भाजपा को मिली सफलता की घोषणा की । अहमदाबाद, सूरत तथा भावनगर नगर निगमों के उपचुनावों में त्रिकोणात्मक संघर्ष में भाजपा के प्रत्याशी चुने गए हैं ।

प्रेमी युगल को रतिक्रीड़ा- मग्न देखने वाले बालक की हत्या

पुणे, 26 सितम्बर (प.स.): निकटवर्ती एक मन्दिर के एकांत भाग में एक अविवाहित प्रेमी युगल को रतिक्रीड़ा करते हुए देख लेने वाले 12 वर्षीय एक बालक की हत्या कर दिए जाने का समाचार है ।

Punjabi Sanatan

कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

3 घुसपैठिये मरे, 10 किलोग्राम हैरोइन पकड़ी गई

उग्रवादी ने साइनाईड खा लिया : महिला समेत 4 द्वारा आत्मसमर्पण

चंडीगढ़, 26 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 2 पुलिस कर्मियों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये और 10 किलोग्राम हैरोइन बरामद की गई । बटाला का अपहृत टी.बी. मैयेनिक सकुशल घर लौट आया । एक कम्युनिस्ट नेता को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । पाकिस्तान से 5 उग्रवादियों के घुसने की खबर के बाद रायसिंह नगर क्षेत्र में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया । पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल ने साइनाईड खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि एक महिला सहित उसके 4 साथियों ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

जालन्धर : जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के गांव बट्टर में आज सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच करीब सात घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद एक दर्दात आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ बब्बर-निवासी ग्राम पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर ने साइनाईड खाकर आत्म हत्या कर ली जबकि एक महिला सहित चार अन्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया । यह जानकारी देते हुए जालन्धर के एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री मोहम्मद मुस्तफा ने बताया है कि मारा गया आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तथा 50 से अधिक हत्याओं में इसका हाथ था । इस पर 50,000 रु. का इनाम था । उन्होंने बताया कि पांच आतंकवादी गांव के बाहर एक बहक में शरण लिए हुए थे तथा सुरक्षा बलों को देख कर ये निकटवर्ती गन्ने के खेत में छिप गए व सुरक्षा बलों से मुकाबला करने लगे । सुरक्षा बलों ने क्योंकि खेत को घेर रखा था अतः इन आतंकवादियों के पास भागने का कोई मार्ग नहीं था । चार घंटे तक मुकाबला करने के बाद एक ने साइनाईड खा लिया व सायं 7.30 बजे शेष चार ने आत्मसमर्पण कर दिया । उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला गरमीत कौर उर्फ भिंडी मारे गए आतंकवादी जसपाल सिंह की पत्नी है तथा आतंकवादी घटनाओं में वह इनके साथ ही रहती थी तथा आज की भिड़ंत में इसकी भूमिका यह थी कि वह मुकाबला कर रहे अपने साथियों को मैगजीन भर कर देती थी । यह महिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाटमां की रहने वाली है । अन्य आतंकवादियों की शिनाख्त अजीत सिंह उर्फ. काला निवासी नंगल थाना श्रीहरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर, अमरीक सिंह निवासी टल्ला मट्टा थाना टांडा जिला होशियारपुर तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मा निवासी गांव बट्टर थाना भोगपुर जिला जालन्धर, के रूप में हुई है ।

इन आतंकवादियों के कब्जे से 2 ए.के.-47 असाल्ट राइफलें, 12 बोर की एक राइफल व गोली सिक्का बरामद हुआ है । इनसे आगे पूछताछ जारी है ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : फिरोजपुर (बागी): गत रात इस जिला में एक हैड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार तथा कांस्टेबल बलदेव सिंह की हत्या कर दी गई । यहां प्राप्त खबरों में कहा गया है कि सोमवार प्रातः थाना मल्लांवाला के गांव मल्लेवाला के खेतों में आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच 4 घंटे तक फायरिंग हुई थी जिसमें कांस्टेबल जगराज सिंह मारा गया था लेकिन आतंकवादी नंगे बदन अपने कपड़े और एक चीनी ए.के. 47 राइफल छोड़ कर भाग निकले । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि आतंकवादियों ने बाद में रात लगभग 8 बजे फिरोजपुर जी.टी. रोड पर माछी वगरा और लल्हे के मध्य पुलिस के वाहन पर घात लगा कर फायरिंग की जिसमें हैड-कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल बलदेव सिंह मारे गये । वे कांस्टेबल जगराज सिंह का शव उसके अभिभावकों को सौंप कर वापस आ रहे थे । अजीत सिंह डी.आई.जी. पुलिस फिरोजपुर रेंज और एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह गत रात घटनास्थल पर पहुंच गये तथा हमलावरों की तलाश के काम की निगरानी की ।

'धीमान' के अनुसार इस हमले में गुरदेव सिंह सहित 3 अन्य पुलिस कर्मचारी सख्त घायल हो गये, जिन्हें फिरोजपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

2 घुसपैठिये मरे : फाजिल्का (ल) सीमा सुरक्षा बल ने जिला गंगानगर से लगने वाले अनूपगढ़ सैक्टर में खालवाला सीमा चौकी पर 10 किलोग्राम सुपर फाइन हैरोइन पकड़ी, जिसका मूल्य न्यूयार्क के बाजार में 10 करोड़ रुपए बताया जाता है । कहा जाता है कि सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहे कुछ व्यक्तियों को चुनौती दी, जिस पर वे फायरिंग करने लगे । जवाबी फायरिंग पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया जबकि उसके साथी 10 किलोग्राम हैरोइन छोड़ कर भाग निकले । सीमा सुरक्षा बल ने रायसिंह नगर सैक्टर में भी एक पाक घुसपैठिये को मार गिराया ।

सोये हुए व्यक्ति की हत्या : धूरी (संगला) गत रात मुहल्ला कच्चाकोट-मालेरकोटला में एक सोए हुए व्यक्ति की हत्या कर दी गई । इसी बीच भवानीगढ़ पुलिस ने गांव धम्मनवाल के एक व्यक्ति सरवण सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक राइफल तथा कुछ कारतूस मिले ।

रैड अलर्ट : अबोहर से 'सदीप' के अनुसार पाकिस्तान से 5 आतंकवादियों की घुसपैठ की सूचना मिलने के बाद राजस्थान पुलिस ने रायसिंह नगर में रैड अलर्ट की घोषणा कर दी है । अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई है तथा सभी रास्ते सील कर दिये गये हैं । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने अबोहर में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर चिन्ता व्यक्त की है तथा सरकार से अविलम्ब जरूरी सुरक्षा पग उठाने के लिए कहा है । समिति के एक प्रैस नोट में आरोप लगाया गया है कि कम्बोवाला हत्याकांड में प्रभावित परिवारों को अभी तक कोई मआविजा नहीं दिया गया न ही घायलों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी गई है ।

कम्युनिस्ट नेता घायल : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): कम्युनिस्ट नेता तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय नान टीचिंग कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष रूप सिंह रूपा को दो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि जब उन पर हमला किया गया तब वह अपने घर से दफ्तर जा रहे थे । उन्हें 4-5 गोलियां लगी हैं । उन्हें दयानंद अस्पताल में दाखिल कराया गया है । स्कूटर पर सवार दोनों हमलावर फरार होने में सफल हो गये ।

अपहृत युवक घर लौटा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आतंकवादियों द्वारा बटाला का

जिला फिरोजपुर में आतंकवादियों द्वारा पुलिस के एक वाहन पर घात ... गए, (1) हैडकांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, (2) सिपाही बलदेव सिंह ... (3) सिपाही गुरदेव सिंह, (4) सिपाही दिलबाग सिंह व (5) बलदे...

इंका सरकार की ... महंगाई नहीं रोकी जा ...

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (वार्ता): जनता दल ने चीनी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रखने में सरकार की विफलता की आलोचना करते हुए कहा है कि मौजूदा आर्थिक नीतियों के चलते महंगाई रोकी नहीं जा सकती ।

जनता दल ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि खाद्यान्नों का मूल्य सूचकांक जनता पार्टी के शासन के दौरान मात्र 332 से 341 के बीच था, लेकिन 1987-88 में यह बढ़कर 779 हो गया । अन्य उपभोक्ता वस्तुओं का सूचकांक 1977-78 में जहां मात्र 321 था, वहां 1987-88 में यह बढ़कर 753 हो गया ।

पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार का मूल्य नियंत्रण का समूचा रिकार्ड निराशापूर्ण है । यह सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रतिबिम्ब है और यह नीति गरीब उपभोक्ताओं को बेसहारा करके अमीरों के लाभ को बढ़ावा देने की है ।

250 वैज्ञानिकों द्वारा देश छोड़ने की धमकी

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (प.स.): चिकित्सा के 250 से ज्यादा जैव वैज्ञानिकों ने आज धमकी दी कि अगर स्वास्थ्य मंत्रालय ने तीस सितम्बर से पहले उनकी मांगों पर विचार का लिखित आश्वासन नहीं दिया तो वे देश छोड़ कर चले जाएंगे । यहां एक बयान में वैज्ञानिकों ने कहा कि वह दो अक्तूबर को राजघाट पर अपना आंदोलन शुरू करेंगे । वैज्ञानिक पदोन्नति के बेहतर अवसर और वेतनमान में असमानता खत्म करने की मांग कर रहे हैं । इस गैर चिकित्सा ग्रुप (ए) की राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने इसके पहले धमकी दी थी कि अगर उनकी मांगें दो अक्तूबर तक नहीं पूरी हुई तो वैज्ञानिक विदेश में नौकरी ढूंढना शुरू कर देंगे ।

गुजरात के नगर निगम उपचुनावों में भाजपा को सफलता

संकल्पनगर, 26 सितम्बर : भाजपा अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज पार्टी के चुनाव घोषणापत्र पर चर्चा आरम्भ करने से पूर्व गुजरात में तीन नगर निगमों के उपचुनावों में भाजपा को मिली सफलता की घोषणा की । अहमदाबाद, सूरत तथा भावनगर नगर निगमों के उपचुनावों में त्रिकोणात्मक संघर्ष में भाजपा के प्रत्याशी चुने गए हैं ।

प्रेमी युगल को रतिक्रीड़ा-मग्न देखने वाले बालक की हत्या

पुणे, 26 सितम्बर (प.स.): निकटवर्ती एक मन्दिर के एकांत भाग में एक अविवाहित प्रेमी युगल को रतिक्रीड़ा करते हुए देख लेने वाले 12 वर्षीय एक बालक की हत्या कर दिए जाने का समाचार है ।

यवक ने इस भय से कि यह बालक उसके व लड़की के सम्बन्धों का भांडा फोड़ देगा, उसे एक गन्ने के खेत में ले जाकर एक साथी की मदद से मार डाला । पुलिस ने यवक के पिता की

त्यौहारों के सीज़न में इंका द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की आशंका : वाजपेयी

संकल्पनगर (बम्बई), 26 सितम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां कहा कि जनता दल के नेता भी यह स्वीकार करते हैं कि भाजपा के सहयोग के बिना कांग्रेस (इ) को अपदस्थ नहीं किया जा सकता । श्री वाजपेयी पार्टी कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रकाशित एक स्मारिका 'चुनौती' का विमोचन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भाजपा नेताओं को नहीं बुलाने के लिए उन पर दबाव डाला गया था लेकिन श्री देवी लाल ने कहा कि जो नहीं आना चाहते वे नहीं आए । क्योंकि वह जानते हैं कि भाजपा के बिना कांग्रेस (इ) को सत्ता से हटाया नहीं जा सकता ।

उन्होंने कहा कि चुनाव हमारे लिए एक चुनौती है और इसे हम स्वीकार करते हैं । जनसंघ तथा भारतीय जनता पार्टी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गंगा जहां से निकलती है तो वहां इसका एक नाम और बाद में उसका नाम बदलता जाता है लेकिन गंगा का जल वही रहता है । भाजपा को साम्प्रदायिक कहने वालों की आड़े हाथों लेते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि जब तक केन्द्र में कांग्रेस (इ) की सरकार बनी रहेगी तब तक देश में साम्प्रदायिकता खत्म नहीं हो सकती ।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) ने मिजोरम में हुए चुनाव में जीतने के लिए ईसाई साम्प्रदायिक शक्तियों का सहारा लिया था । उन्होंने कहा कि भाजपा पर हिन्दूवादी होने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस (इ) खुद धार्मिक भावनाओं का लाभ उठा रही है ।

उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कांग्रेस (इ) आगामी त्यौहारों के सीज़न में देश के विभिन्न भागों में दंगे करवाए और उन्हें राम जन्म भूमि के मामले से जोड़ दे । उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ पार्टी यह समझती है कि वह समाज के दो बड़े वर्गों को फाड़ कर उससे आगामी आम चुनाव में लाभ उठा सकती है तो यह उसकी भूल है ।

भारतीय जनता पार्टी का मत है कि भारत को न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि देश की विदेशनीति को 'जीवन्त' बनाने के लिए भी परमाणु बम का निर्माण करना चाहिए । श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां यह बात कही । श्री वाजपेयी ने कहा कि भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्य के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर रक्षा उद्देश्यों के लिए भी परमाणु ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए । श्री वाजपेयी ने कहा कि भारत स्थायी शांति के लिए पूर्ण निरस्त्रीकरण का हामी हो, यह उचित है लेकिन साथ ही हमें परमाणु बम बनाने से परहेज नहीं करना चाहिए । हमारे कुछ पड़ोसी देशों ने परमाणु बम या तो बना लिया है अथवा इसे बनाने की क्षमता करीब-करीब हासिल कर ली है ।

श्रीलंका सेना द्वारा 'घेरो और मारो' अभियान

कोलंबो, 26 सितम्बर (प.स.): उत्तर-पूर्वी श्रीलंका में 'घेरो और मारो' कार्रवाई के दौरान सरकारी सैनिकों ने पांच संदिग्ध छापामारों को मार गिराया और एक अन्य व्यक्ति मारा गया । सैनिक अधिकारियों ने आज यहां यह जानकारी दी । अधिकारियों ने बताया कि कल अनामदवा इलाके में जनता विमुक्ति पेरामुना के 4 प्रमुख नेता मारे गए । उन्होंने बताया कि मृतकों के पास से बंदूक और गोली बारूद बरामद हुआ । इनमें से एक भागा हुआ कैदी था ।

यह वारदात देश के सिंहली बाहुल्य इलाकों में सरकार द्वारा घोषित 72 घंटे के युद्धविराम से पहले हुई है । युद्धविराम कल सुबह छह बजे शुरू हो रहा है ।

एक सरकारी घोषणा के अनुसार युद्ध विराम की अवधि के दौरान सुरक्षा बल तथा पुलिस अपनी गतिविधियां स्थगित रखेगी ताकि जनता विमुक्ति पेरामुना के विद्रोही आत्मसमर्पण कर सकें ।

लिट्टे द्वारा युद्धविराम का उल्लंघन : अधिकारियों के अनुसार लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के छापामारों ने एक सप्ताह बाद युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए कल भारतीय शांति सेना के साथ संघर्ष किया ।

भारतीय सैनिकों द्वारा बदले में की गई कार्रवाई में लिट्टे का एक छापामार और एक नागरिक मारा गया ।

40 मरे : एसोसिएटेड प्रैस ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश के मध्य और दक्षिणी

संजय सिंह का आप्रेशन

बम्बई, 26 सितम्बर (वार्ता): उत्तर प्रदेश

Punjabi Sanjari

लुधियाना में डकैती की शिश नाकाम

27 सितम्बर (धीमान)

पंजाब में कानूनी दस्तावेजों के लिए प्रयक्त होने

इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों और पुलिस ने मेहता चौक इलाके में अनेक गांवों और आतंकवादियों के छिपने के संभावित इलाकों पर छापा मारा । यह कार्रवाई पिछले कुछ दिनों के दौरान इस इलाके में सक्रिय हुए आतंकवादियों की गतिविधियों से निपटने के लिए की गई । पिछले एक हफ्ते के दौरान इस इलाके में आतंकवादियों ने चार पुलिस कर्मियों समेत अनेक व्यक्तियों की हत्या की है ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी : होशियारपुर (अश्विनी): जिला होशियारपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश ने एक आदेश जारी करके प्रातः 5 से 7 बजे तक स्कूटरों, मोटर साइकिलों तथा मोपेडों पर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 24 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

4 आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि आज तड़के एक मठभेड़ में ऐसे चार खतरनाक आतंकवादियों को मार गिराया है जो फरीदकोट और फिरोजपुर जिलों में हुई 20 बैंक डकैतियों के मामलों में संलिप्त थे । श्री सुरजीत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी ल... की ...

बम्बई, 27 सि... कि भारतीय जनता ... राज्य इकाइयों पर ... भारत में सीटों की ... संबंध इस गुप्त योज... अंतर्गत हरियाणा के ... विपक्ष की विजय ... है । पार्टी के वरिष्ठ ... रहे हैं कि भारी संख्... चौधरी देवी लाल ... राजस्थान में अपने ... कर सकें । इस यो... उत्तरी भारत में क... प्राप्त करनी चाहिए ... और पश्चिमी बंगा...

यहां यह उल्लेख... से सीटों की एडजस... लाल और भाजपा ... वाजपेयी कर रहे हैं ... दिलाया है कि वे इस... नेताओं को भी नहीं ... लाल के बंधन को ... उपप्रधान श्रीमती ... भूमिका अभिनीत ... भाजपा के राष्ट्रीय ... रहस्योद्घाटन किय...

पूर्व सैनिकों ...

नई दिल्ली, 27 ... अंगों के लगभग 5... परिवारों के सदस्य... किसान रैली' में स... चुनाव में वोट उसी ... मांगें शीघ्र पूरी कर... पूर्व सैनिकों की इ... दी ।

इससे पूर्व एडी... कोहली, ब्रिगेडियर ... ब्रिगेडियर मोहिन्दर ... जन. जी.एस. जामव... जनरल (अवकाश ... जवान ज्योति' पर ... अंगों के उन जवानों ... की अखंडता की र...

'पृथ्वी' ... सफल

नई दिल्ली, 27 ...

Punjabi Sanatani

फिरोज़पुर व फरीदकोट जिले में कई बैंक डकैतियों में संलिप्त 4 आतंकवादी मारे गये

घायल आतंकवादी की साथियों द्वारा हत्या, विशेष पुलिस चौकी को राकेटों से उड़ाने का प्रयास

पंजाब में दो हत्याएं, मेहता चौक के निकट बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 27 सितम्बर (प.स., वार्ता): सरक्षा बलों ने फिरोजपुर व फरीदकोट में कई बैंक डकैतियों में संलिप्त चार आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया। आतंकवादियों ने मजीठा क्षेत्र में एक विशेष पुलिस चौकी को राकेटों से उड़ाने का विफल प्रयास किया । चौक मेहता के निकट एक गांव में आतंकवादियों द्वारा बैंक लूटने का प्रयास सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया । एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने अपने ही घायल साथी की गोली मार कर हत्या कर दी । अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या किए जाने की सूचना है ।

बैंक लूटने का प्रयास : अमृतसर(वि.प्र.): पंजाब के आतंकवाद के लूटपाट के इतिहास का संभवतः यह पहला उदाहरण है कि आतंकवादी बैंक लूटने आये लेकिन सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले के बाद उन्हें बिना राशि लूटे भागने पर मजबूर भी होना पड़ा और कोई जानी नुकसान भी नहीं हुआ । यह घटना आज अमृतसर जिले के गांव बतला थाना मेहता में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में सुबह पौने दस बजे के करीब घटी ।

घटना का विवरण देते हुए सी.आर.पी.एफ. की 73वीं बटालियन के कमांडेंट श्री जी.एस. यादव ने बताया कि सुबह 9.45 पर लगभग 6 आतंकवादी बतला गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में पहुंचे । इनमें से दो आतंकवादी तो बैंक से संलग्न इमारत की छत पर जा चढ़े जबकि बाकी के चार बैंक के अंदर घुस गए । बैंक में घुसते ही उन्होंने उपस्थित स्टाफ के हाथ ऊपर करा कर एक लाईन में खड़ा करवा लिया और बैंक के स्ट्रांग रूम की चाबियां मांगने लगे । इसी दौरान बैंक का मैनेजर भी आ गया । आतंकवादियों ने उसे भी पिस्तौल की नोक पर लाईन में लगा दिया और उससे चाबियां ले लीं । चाबियां मिलने के बाद कुछ आतंकवादी स्ट्रांग रूम में चले गये और सेफ से लगभग 1,91,000 रुपए बाहर लाकर थैले में डाल लिये ।

श्री यादव ने बताया कि जब आतंकवादी लूटपाट में व्यस्त थे उस दौरान 73वीं बटालियन के निरीक्षक श्री एस.एस. रावत अपने गश्ती दल के करीब 8-9 जवानों के साथ उधर से गुजरे । उन्हें किसी ने बता दिया कि कुछ आतंकवादी लूटपाट के इरादे से बैंक में दाखिल हुए हैं । श्री यादव ने बताया कि श्री रावत जैसे ही बैंक की ओर बढ़े, साथ ही इमारत की छत पर चढ़े आतंकवादियों ने सी.आर.पी.एफ. पर फायरिंग शुरू कर दी । सी.आर.पी.एफ. ने भी जवाबी फायरिंग की । बैंक के अंदर घुसे आतंकवादियों ने जब बाहर गोलियां चलने की आवाजें सुनीं तो वे भी लूट का रुपया बैंक में छोड़ कर बाहर आ गए और सी.आर.पी.एफ. पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । श्री यादव के अनुसार यह मुकाबला कुछ देर चलता रहा, जिस दौरान आतंकवादी बिना रुपया लूटे बच निकलने में सफल हो गये ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार घटना सुबह 9.30 बजे घटी । आतंकवादियों की संख्या 9-10 थी । बैंक का चपरासी जब सुबह मेन गेट खोल कर जंजीर लगा रहा था तो तीन आतंकवादी जबरदस्ती अंदर दाखिल हो गये । वे मैनेजर को स्ट्रांग रूम में ले गये । जब वे कपड़ा नीचे बिछा कर नकदी इकट्ठी कर रहे थे तो उन्हीं में से किसी ने कहा कि सी.आर.पी.एफ. आ गई है । इस पर वे वहां से भाग उठे । सी.आर.पी.एफ. आतंकवादियों के मध्य लगभग 15-20 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये ।

विशेष पुलिस चौकी पर हमला : मजीठा इलाके में कल रात आतंकवादियों ने राकेटों से एक विशेष पुलिस चौकी को उड़ाने का विफल प्रयास किया । आतंकवादियों ने कल आधी रात हरशा छीना के मध्य स्थित विशेष पुलिस चौकी पर छह राकेट छोड़े । सभी राकेट नज़दीकी मकानों से टकराये, जिससे उन्हें नुक्सान पहुंचा । हमले में कोई घायल नहीं हुआ । जवानों ने जवाब में गोली चलाई और आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन आतंकवादी भाग गये । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के अनेक खाली कारतूस बरामद किये गये हैं ।

मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादी भागने में सफल : मेहता चौक इलाके में कल आतंकवादियों के खिलाफ चलाये गये एक विशेष अभियान के

(1 से 4) जालंधर के पास बिधिपुर फाटक के निकट 3 वाहनों की टक्कर में मारे 4 व्यक्तियों के शव (5) दुर्घटनाग्रस्त बस और बुरी तरह क्षतिग्रस्त मारुति वैन । तीसरा वाहन एक मोटर साईकल था । *(छाया : शिव जैमिनी)*

थाना पतारुद (2) बलविंदर

Punjabi Sanjal

(1 से 4) जालंधर के पास बिधिपुर फाटक के निकट 3 वाहनों की टक्कर में मारे 4 व्यक्तियों के शव, (5) दुर्घटनाग्रस्त बस और बुरी तरह क्षतिग्रस्त मारुति वैन । तीसरा वाहन एक मोटर साइकिल था ।

(छाया : शिव जैमिनी)

जालंधर के पास 3 वाहनों की टक्कर में 5 व्यक्ति मरे

जालंधर, 27 सितम्बर (हल्ल): यहां से 10 कि.मी. दूर जी.टी. रोड पर बिधिपुर फाटक के निकट आज दोपहर 12 बजे के लगभग एक बस तथा मोटर साइकल व मारुति वैन में टक्कर हो जाने से चार व्यक्तियों की मौका पर ही मृत्यु होने का समाचार मिला है । एक व्यक्ति बाद में दम तोड़ गया । मृतकों में दो महिलाएं तथा एक चार-पांच वर्ष की बच्ची शामिल है । वैन में सवार छः अन्य व्यक्ति तथा एक मोटर साइकिल पर बैठा व्यक्ति घायल हो गये जिनमें से दो की हालत गम्भीर बताई जाती है । इन घायलों में एक युवक बलवंत सिंह भी है जो विदेश जाने वाला था और जिसे विदा करने के लिए सभी उसके साथ बेगोवाल से चले थे और रात को आज लुधियाना अन्य रिश्तेदारों के पास रहना था । चारोंशव पुलिस ने स्थानीय सिविल अस्पताल में पहुंचा दिए । घायलों में से दो प्राईवेट अस्पताल में दाखिल करवाए गए । अन्य घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है । अभी मृतकों व घायलों के नाम आदि पता नहीं चल सके ।

मृतकों में मारुति वैन ड्राईवर केदार नाथ शाही निवासी बस्ती शेख जालंधर, एक मोटर साइकिल चालक गुरिन्दर सिंह हैड कांस्टेबल पुलिस, श्रीमती हरजीत कौर उसकी बहू श्रीमती प्रीतम कौर तथा एक बच्ची शामिल है जिसका नाम नहीं पता चल सका । मोटर साइकिल के दूसरे सवार कुलदीप सिंह की हालत गम्भीर बताई गई है ।

बसों में आमने-सामने टक्कर में 5 मरे : अमृतसर (पस): आज सुबह यहां से 25 कि.मी. दूर तरनतारन के निकट दो बसों की आमने-सामने टक्कर होने से 3 महिलाओं समेत 5 व्यक्ति मारे गये । 6 घायल जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, की स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

ब्यास के निकट दो बसों की आमने-सामने हुई टक्कर में 10 व्यक्ति घायल हो गए । उन्हें अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

जार्ज बुश के बच्चों के अपहरण की धमकी

न्यूयार्क, 27 सितम्बर (ए.पी.): कोलम्बिया को नशीले पदार्थों का धंधा करने वालों ने चेतावनी दी है कि यदि कोलम्बिया तथा अमरीकी सरकारों ने उन्हें क्षमादान नहीं किया तो अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश के पांच बच्चों में से किसी एक का अथवा वरिष्ठ अधिकारियों का अपहरण किया जाएगा । 'न्यूयार्क न्यूज़ डे' अखबार ने आज यह खबर दी । अज्ञात गुप्तचर सूत्रों ने अखबार को बताया कि श्री बुश की तीस वर्षीया पत्री डोरोथी लेबलोंड के अपहर्ताओं का शिकार होने की सबसे ज्यादा आशंका है, जो पोर्टलैंड में व्यापार करती है ।

विमान दुर्घटना में 25 सैनिक अधिकारी मारे गए

काबुल, 27 सितम्बर (प.स.): स्थानीय सैनिक हवाई अड्डे पर कल एक सैनिक विमान दुर्घटना में 25 से अधिक सैनिक अधिकारी मारे गए । सैनिक अस्पताल के सूत्रों के अनुसार दुर्घटना काबुल से उत्तर अगरम सैनिक अड्डे पर हुई ।

91 विद्रोही मारे गए : अफगान सरकार के सैनिकों के कल विद्रोहियों के खिलाफ नांगरहार, पख्तिया और कंधार प्रांतों में की गई कार्रवाइयों में 91 विद्रोहियों को मार डाला तथा अन्य 55 को घायल कर दिया ।

बैंक का चपरासी जब सुबह मेन गेट खोल कर जंजीर लगा रहा था तो तीन आतंकवादी जबरदस्ती अंदर दाखिल हो गये । वे मैनेजर को स्ट्रांग रूम में ले गये । जब वे कपड़ा नीचे बिछा कर नकदी इकट्ठी कर रहे थे तो उन्हीं में से किसी ने कहा कि सी.आर.पी.एफ. आ गई है । इस पर वे वहां से भाग उठे । सी.आर.पी.एफ. आतंकवादियों के मध्य लगभग 15-20 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये ।

विशेष पुलिस चौकी पर हमला : मजीठा इलाके में कल रात आतंकवादियों ने राकेटों से एक विशेष पुलिस चौकी को उड़ाने का विफल प्रयास किया । आतंकवादियों ने कल आधी रात हरशा छीना के मध्य स्थित विशेष पुलिस चौकी पर छह राकेट छोड़े । सभी राकेट नज़दीकी मकानों से टकराये, जिससे उन्हें नुक्सान पहुंचा । हमले में कोई घायल नहीं हुआ । जवानों ने जवाब में गोली चलाई और आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन आतंकवादी भाग गये । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के अनेक खाली कारतूस बरामद किये गये हैं ।

मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादी भागने में सफल : मेहता चौक इलाके में कल आतंकवादियों के खिलाफ चलाये गये एक विशेष अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों का सामना तरसिक्का-मेहता सीक मार्ग पर जबोवाल गांव के निकट एक ट्रैक्टर पर जा रहे चार आतंकवादियों के एक गिरोह से हुआ । चुनौती दिये जाने पर ट्रैक्टर पर सवार आतंकवादियों ने गोली चलाई जिसका जवाब सुरक्षाकर्मियों ने भी दिया लेकिन आतंकवादी भागने में सफल हो गये । भागते समय वे तीन हथियार और गोला बारूद छोड़ गए ।

पुलिस ने ट्रैक्टर से एक पुलिस की वर्दी और मजदूरों के कुछ कपड़े तथा बब्बर खालसा संगठन के कुछ लैटरपैड भी बरामद किये । ट्रैक्टर में सवार दो अन्य व्यक्तियों को पुलिस पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई । पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर उन्हें ट्रैक्टर में ले चलने के लिए मजबूर किया था ।

इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों और पुलिस ने मेहता चौक इलाके में अनेक गांवों और आतंकवादियों के छिपने के संभावित इलाकों पर छापा मारा । यह कार्रवाई पिछले कुछ दिनों के दौरान इस इलाके में सक्रिय हुए आतंकवादियों की गतिविधियों से निपटने के लिए की गई । पिछले एक हफ्ते के दौरान इस इलाके में आतंकवादियों ने चार पुलिस कर्मियों समेत अनेक व्यक्तियों की हत्या की है ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी : होशियारपुर (अश्विनी): जिला होशियारपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश ने एक आदेश जारी करके प्रात: 5 से 7 बजे तक स्कटरों, मोटर साइकिलों तथा मोपेडों पर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 24 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

4 आतंकवादी मरे : फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सरजीत सिंह ने बताया कि आज तड़के एक मठभेड़ में ऐसे चार खतरनाक आतंकवादियों को मार गिराया है जो फरीदकोट और फिरोज़पुर जिलों में हुई 20 बैंक डकैतियों के मामलों में संलिप्त थे । श्री सरजीत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

तथाकथित अ
खालिस्तान के
की अपीलें कर
विरोधी' हैं क्यों
अनुकूल नहीं हैं
घबराते हैं । ब
दर्शन सिंह नव

देवी की

बम्बई, 27
कि भारतीय जन
राज्य इकाइयों प
भारत में सीटों
संबंध इस गुप्त
अंतर्गत हरियाणा
विपक्ष की विजय
है । पार्टी के व
रहे हैं कि भारी
चौधरी देवी ला
राजस्थान में अप
कर सकें । इस
उत्तरी भारत में
प्राप्त करनी चा
और पश्चिमी व

यहां यह उल
से सीटों की एड
लाल और भाज
वाजपेयी कर रहे
दिलाया है कि वे
नेताओं को भी न
लाल के बंधन क
उपप्रधान श्रीमत
भूमिका अभिनीत
भाजपा के राष्ट्री
रहस्योद्घाटन कि

पूर्व सैनिक

नई दिल्ली,
अंगों के लगभग
परिवारों के सद
किसान रैली' में
चुनाव में वोट उसी
मांगें शीघ्र पूरी क
पूर्व सैनिकों की
दी ।

इससे पूर्व एड
कोहली, ब्रिगेडिय
ब्रिगेडियर मोहिन्द
जन. जी.एस. जाम
जनरल (अवकाश
जवान ज्योति' पर
अंगों के उन जवान
की अखंडता की

'पृथ्वी'

Punjabi Sanjhari

ने सरकारी
तोड़ कर
बेची

वार्षिक परीक्षाओं बारे तिथियां घोषित

नियमित छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क 75 रु. होगी । प्राइवेट छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क 75 रु. तथा नियमित छात्रों के लिए यह 60 रु. होगा । नियमित छात्रों से 5 रु. अतिरिक्त रूप में 'इंटरनल

छात्रों के लिए यह 90 रु. होगा ।

प्रवक्ता ने बताया कि मैट्रिक के छात्रों के एडमिशन फार्म 25 रु. देरी शुल्क सहित, प्राइवेट छात्रों के लिए 30 अक्तूबर तक व नियमित छात्रों के

नजनक समझौता नहीं हुआ तो
ओं का मनोबल टूट जाएगा । हम
ाहते कि समझौते के चक्कर में
। उन्होंने कहा कि चुनावों में
लिए राज्य में चुनाव सेना का गठन

ल्पसंख्यक सैल के अध्यक्ष आरिफ
क उनकी पार्टी के संरक्षण में सभी
तरह सुरक्षित हैं, चाहे वे हिन्दू हों
, इसाई या सिख । भाजपा सभी

बात को एकदम गलत बताया कि
प्रदायिक दल है । उन्होंने कहा कि
मानों की संख्या भी बहुत अधिक

सेना द्वारा युद्धविराम, वादियों द्वारा 2 हत्याएं

27 सितम्बर (ए.पी., प.स.):
कों ने आज से सिहली उग्रवादियों के
-विराम शुरू कर दिया जबकि
घर्ष-विराम की उपेक्षा करते हुए कम
की हत्या कर दी ।

धकारियों के अनुसार दक्षिणी तथा
में सिहली उग्रवादियों के खिलाफ
घंटे का संघर्ष-विराम प्रातः छह बजे

। आशा थी कि संघर्ष-विराम करने से
। गट जनता विमुक्ति पैरामना के नेता
ातों के लिए तैयार होंगे लेकिन
शुरू होने के एक घंटे के भीतर ही
दो लोगों की हत्या कर दी ।

की पेशकश : पर्वोत्तर प्रांतीय
यमंत्री वरदराज पेरुमल ने प्रस्ताव
अगर लिट्टे हिंसा को छोड़ कर
ख्यधारा में शामिल होने के लिए तैयार
ह ताजा चनाव के जरिए अन्य तमिल
त्ता में सांझेदारी करने के लिए तैयार

में आज 35 सिहली उग्रवादियों ने
। किया ।

जली बंद रहेगी

, 27 सितम्बर : पंजाब राज्य बिजली
प्रवक्ता के अनुसार आवश्यक मुरम्मत
ण जालन्धर तथा जालन्धर छावनी के
रानी तथा नई, मंडी रोड, खिगरां गेट,
रू गार्डन रोड तथा आसपास का क्षेत्र,
टारी बाजार, बाटा चौक, कला बाजार,
ली, खजूरा महल्ला, गुरु बाजार तथा
क्षेत्रों में 28 सितम्बर को सुबह 8 बजे
बजे तक बिजली बंद रहेगी ।

बैंक डकैतियां
(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने गत रात थाना घलखुर्द के गांव झंजिया के निकट लिंक रोड पर नाका लगा रखा था कि छः आतंकवादियों ने नाका पार्टी पर गोलियों से हमला कर दिया, जिसके जबाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । दोनों तरफ से लगभग एक घंटे तक मुकाबला होता रहा । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुकाबले के बाद घटनास्थल पर 4 आतंकवादियों की लाशें पड़ी मिली हैं जिनकी शिनाख्त बलकार सिंह पुत्र बलविंदर सिंह, पाल सिंह पुत्र बलकार सिंह, गुरिन्दर सिंह पुत्र भाग सिंह जो खिप्पांवाली गांव के निवासी हैं तथा गुरदयाल सिंह पुत्र दिलबाग सिंह निवासी मुक्तसर के रूप में हुई है । ये सभी फरीदकोट जिले से हैं । उन्होंने कहा कि दो आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर बच निकले हैं । पुलिस को घटनास्थल से दो दुनाली बंदूकें तथा दो पिस्तौल बरामद हुए हैं ।

आतंकवादियों द्वारा साथी की हत्या : सुनाम (नागपाल): 24 और 25 सितम्बर की मध्य रात्रि को तीन आतंकवादियों ने गांव गराचों में पं. प्रेम चंद के घर में घुस कर प्रेम चंद और उनकी पत्नी नीलम रानी की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । इस घटना के दौरान उनका एक साथी भी गोली लगने से घायल हो गया था । घटना के बाद जब वे वहां से फरार हुए तो साथी के शरीर से बहता खून देख कर अन्य दोनों ने उसे भी गोली मार कर खत्म कर दिया और लाश गन्ने के खेत में फैंक दी । भवानीगढ़ पुलिस को पता चलने पर उसने आज लाश पर कब्जा किया है । लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

जालंधर जिले में अड्डा बेगमपुर के निकट कल रात तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । इनके पास से दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किये गये ।

एक शव बरामद, एक की हत्या : भटिंडा जिले के रामगढ़ भट्ठल गांव के निकट खेतों से आज सुबह एक शव बरामद किया गया । भटिंडा जिले में ही गत रात जीवन सिंहवाला गांव में एक अन्य घटना में कुछ हमलावरों ने एक व्यक्ति राम सिंह की हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

रूपा की हालत खतरे से बाहर : लुधियाना (धीमान): पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के रूप सिंह रूपा सचिव अखिल भारतीय विश्वविद्यालय व महाविद्यालय कर्मचारी संघ जिन्हें कल आतंकवादियों ने गोलियां मार कर घायल दिया था, अब खतरे से बाहर हैं । दयानंद अस्पताल के अधीक्षक चिकित्सक डा. एस.बी. खुराना ने बताया कि उनके शरीर से गोलियां निकाल दी गई हैं । विश्वविद्यालय परिसर में जहां कल गोली चली थी, वहां पर दस मिनट तक उन्हें कोई उठाने नहीं आया। इस बात से कर्मचारियों में भारी गुस्सा पाया जाता है ।

स्टेट बैंक कर्मी हड़ताल
(पृष्ठ 3 का शेष)

लुधियाना (भाखड़ी): इंडियन नैशनल बैंक एम्पलाइज फैडरेशन (पंजाब यूनिट) के क्षेत्रीय सचिव श्री शिव कुमार गुप्ता ने एक बयान में सरकार से आग्रह किया है कि वह बैंक कर्मचारियों की मांगें तुरन्त स्वीकार कर लें नहीं तो यह हड़ताल अन्य सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में फैलने का भय है । उन्होंने बताया कि आज बैंक कर्मचारी स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं से सामूहिक रूप से छुट्टी लेकर चंडीगढ़ पहुंच कर विशाल रैली का आयोजन करेंगे, अगर फिर भी मांगें स्वीकार न कीं तो स्टेट बैंक कर्मी 28-29 को देशव्यापी हड़ताल करेंगे और अगर सरकार ने फिर भी मांगें स्वीकार न कीं तो संघर्ष और तेज हो जाएगा । उन्होंने बताया कि 3 अक्तूबर के पश्चात सभी राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मी 'नियमानुसार कार्य' आंदोलन आरम्भ कर देंगे ।

इसी मध्य लुधियाना साइकल व पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग एसो. के अध्यक्ष श्री जोगिन्दर कुमार व अन्य कई संस्थाओं ने सरकार को पत्र लिख कर व तारें देकर कहा है कि यह सरकार और बैंक कर्मियों का आंतरिक मामला है, जिसमें उद्योगपतियों का कोई दोष नहीं । इस समस्या का फौरन हल होना चाहिए और जो चैक क्लीयरिंग हेत पीछे पड़े हैं उन्हें अतिरिक्त समय लगा कर क्लीयर किया जाए क्योंकि इस हड़ताल से उद्योग पर बहुत बुरा असर पड़ा है और अधिकांश उद्योग बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं ।

4 अरब के चैक रुके : एक अन्य सूचना के अनुसार लुधियाना में 4 अरब रुपए के चैकों का भुगतान रुक गया है जिससे लुधियाना की औद्योगिक इकाइयां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं ।

फिल्लौर स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के सचिव सेवा सिंह छीना ने बताया कि फिल्लौर में 26 व 27 सितम्बर को क्लीयरिंग हाउस बंद रहा और अब 28-29 को पूर्णतः हड़ताल रहेगी । दो दिनों में क्लीयरिंग बंद होने से 50 लाख रुपए के चैकों का भुगतान रुक गया ।

इसी मध्य लुधियाना से बैंक एम्पलाइज फैडरेशन के सचिव श्री शिव कुमार गुप्ता ने सरकार के अड़ियल रवैये की आलोचना की ।

बटाला (कोछड़): स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन पंजाब के क्षेत्रीय सचिव श्री बुआ दास शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अपनी मांगों के समर्थन में गत 11 सितम्बर से चले आ रहे आंदोलन के अंतर्गत भारत भर में स्टेट बैंक आफ इंडिया के लगभग 1,65,000 कर्मचारी 28 व 29 सितम्बर को दो दिन की हड़ताल करेंगे । इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय एस.बी.आई. स्टाफ एसोसिएशन के सचिव के.एल. गुप्ता भी थे ।

नमक से 31 मार्च तक सभी प्रतिबंध समाप्त

नई दिल्ली, 27 सितम्बर (प.स.): देश में नमक के मूल्यों में स्थिरता बनाए रखने के उद्देश्य से सरकार ने आज एकाधिकार घरानों वाली कम्पनियों द्वारा देश के अंदर नमक की बिक्री पर लगाई गई तमाम पाबंदियां 31 मार्च, 1990 तक के लिए समाप्त कर दीं ।

दो गाड़ियां स्थगित

फगवाड़ा, 27 सितम्बर (अशोक): उत्तरी रेलवे के अमृतसर व नई दिल्ली के मध्य चलने वाली

हरियाणा मंत्रिमंडल में आज 5 नए मंत्री शामिल होंगे

सिरसा, 27 सितम्बर (संजय): हरियाणा मंत्रिमंडल का कल विस्तार किया जा रहा है । इसमें दो नए कैबिनेट मंत्रियों तथा तीन नए राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की सम्भावना है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार पूर्व मंत्री श्री तैयब हुसैन तथा पूर्व मुख्य संसदीय सचिव श्री रणसिंह मान को कैबिनेट मंत्री बनाया जाएगा, जबकि पीरू राम तथा बेद सिंह मलिक को राज्यमंत्री का पद दिया जाएगा । मुख्य संसदीय सचिव श्री धीरपाल सिंह को पदोन्नत करके राज्यमंत्री बनाया जा रहा है ।

वास्तविक नागरिक का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा : राजीव

नई दिल्ली, 27 सितम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज अखिल कछार करीमगंज छात्र संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि मतदाता सूचियों से देश के किसी भी वास्तविक नागरिक का नाम नहीं हटाया जाएगा । प्रधानमंत्री ने असम की बारक घाटी के लोगों से कहा कि वे इस बात को लेकर चिंतित नहीं हों ।

श्री जोगिन्दर कुमार, जो यूनाइटेड टायर एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के प्रधान चुने गए ।

देव दत्त शर्मा जो प्राइवेट कालेज गैर शिक्षक कर्मचारी संघ पंजाब तथा चंडीगढ़ के वरिष्ठ उपप्रधान चुने गए ।

अमृतसर शहर की टूटी-फूटी सड़कों, जल आपूर्ति की दुर्व्यवस्था एवं सफाई की खराब स्थिति को लेकर गत दिवस शहरियों का एक प्रतिनिधिमंडल श्री सुरेन्द्र बिल्ला के नेतृत्व में नगरनिगम आयुक्त श्री आई.जे.एस. पुरी से मिला और उन्हें एक ज्ञापन दिया । (छाया : रवि भंडारी)

शाम के भाव–(27 सितम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 56.00, हिन्द मोटर 33.00, रिलायंस 98.50, चांदी (999) टच ब्राडर (प्रति किलो) 6625, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7275, सोना बिस्टुर (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3165, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 355-365, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 360-362, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 174.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 195, मूंगफली तेल (10 किलो) 250, तिल तेल (10 किलो) 186, तेल बिनौला (10 किलो) 198, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 170, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 118, फैक्ट्री एमिड आयल (क्विंटल) 1820, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) सित. 331, पीपरमैंट फ्लैक दिवाली 345 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 263.00, आंध्र सीमैंट 9.25(13/9), अपोलो टायर 103.00, एशियन होटल 56.00, बिरला एग्रो 116.00, डी.सी.एम. लि. 58.00, डी.सी.एम. टोयोटा 15.50, ईस्ट इंडिया होटल 63.00,

Punjabi Sanatan

र्यालय, एग्जैक्टिव इंजीनियर हुडा डिविजन नं. 1 (पी)

निविदा सूचना

याणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न लिए स्वीकृत ठेकेदारों/हुडा के पास सूचीबद्ध समुचित श्रेणी की से यकमुश्त दरों पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं । निविदाएं

उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल व एक अन्य को फांसी, 6 की गोलियां मार कर हत्या

मृतकों में 3 इंका नेता सेवा राम के संबंधी : उग्रवादी हिरासत से भागा

2 आतंकवादी व 3 घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद आतंकवादियों ने इंका नेता सेवा राम अरोड़ा के तीन संबंधियों व एक कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 2 उग्रवादी तथा 3 पाक घुसपैठिए मारे गए । एक उग्रवादी पुलिस की हिरासत से फरार हो गया ।

लुटेरे को ग्रामीणों ने मार डाला : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के गांव सैदपुर थाना अजनाला में एक लुटेरा एक व्यक्ति जसवंत सिंह के फार्म हाऊस में रात 2 बजे घुसा और पिस्तौल की नोक पर वहां उपस्थित प्रवासी मजदूरों को धमकाने लगा । मजदूरों ने जब देखा कि लुटेरा

पुलिस कांस्टेबल रणजीत सिंह, जिसे आतंकवादियों ने गांव मसानियां में फांसी लगा कर लटका दिया । (छाया : कोछड़)

अकेला ही है तो वे उस पर टूट पड़े और उसे पीट-पीट कर मार डाला । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक चाकू बरामद हुआ है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक लुटेरे का नाम जसवंत सिंह था और उसके पास जो पिस्तौल थी वह नकली थी । जिला पुलिस चीफ मजीठा श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों को उनके साहस के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है ।

स्कूटर छीना : आज प्रातः पौने 9 बजे के लगभग कुछ आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर हरविंदर सिंह से उसका स्कूटर पीआईडी 7212 छीन लिया । यह घटना अमृतसर छहर्टा जी.टी. रोड पर हुई ।

अपहृत किसान लौटा : आतंकवादियों ने अमृतसर जिला में गुरु की वडाली गांव के जिस किसान जसवंत सिंह का अपहरण कर लिया था, वह आज सुबह अपने घर लौट आया । उसका आठ लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया गया था ।

फांसी लगा दी : पट्टी (पाठक) गत रात पुलिस थाना पट्टी के गांव सगवां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की फांसी लगा कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात के 8.30 बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने गांव के एक व्यक्ति लाभ चंद के घर का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा लाभ चंद के बेटे ने खोला तो आतंकवादियों ने कहा कि पंडित (लाभ चंद) को बुलाओ, लाभ चंद के आने पर उन्होंने उसे घर के बाहर घसीट लिया और पीटना शुरू कर दिया । लाभ चंद के बेटे और पत्नी द्वारा अनुनय-विनय किये जाने के बावजूद उन्होंने उसे नहीं छोड़ा और अपने साथ ले गये । सुबह गांव के निकट रूई पुल के पास एक पेड़ से लटकती हुई लाभ चंद की लाश मिली । पुलिस की संयुक्त दल सुबह 8 बजे घटना स्थल पर पहुंचा । पुलिस ने केस दर्ज कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी ।

होमगार्ड की हत्या : गत रात पट्टी के निकट गांव चीमा में एक होमगार्ड जवान की हत्या कर दी गई । प्राप्त सूचना के अनुसार आज सुबह कोट बड्डा सड़क पर गोलियों से बिंधी एक लाश मिली जिसकी शिनाख्त बूटा सिंह के रूप में की गई । बूटा सिंह गांव जलबेड़ी सुबा सिंह का रहने वाला था तथा पट्टी में होमगार्ड में तैनात था । वह कल यहां से किसी काम से बाहर गया था ।

लाश मिली : थाना सरहाली के गांव सैलोके में पुलिस को एक लाश मिली है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । लाश पर तेज़धार हथियारों के घाव के निशान हैं । पुलिस का कहना है कि यह हत्या आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

फांसी लगा कर पुलिस कांस्टेबल की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव मनोहरपुरा के बाहिर एक डेरा पर गत सायं लगभग 7 बजे 15-16 सशस्त्र आतंकवादियों के एक ग्रुप ने पुलिस कांस्टेबल रणजीत सिंह (23) के घर में घुस कर उसका अपहरण कर लिया और इसके बड़े भाई गुरदीप सिंह उर्फ बिल्लू को घर के प्रांगण में एक वृक्ष से बांध कर इसकी पत्नी व बच्चों को घर में बाहर निकाल कर घर के सारे कमरों को आग लगा दी । बाद में बी.एस.एफ. ने आकर गुरदीप सिंह को वृक्ष से खोल कर बाहर निकाला । प्राप्त विवरण के अनुसार सारा घर व सामान जल कर बुरी तरह तबाह हो गया है ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवादियों द्वारा अपहृत कांस्टेबल रणजीत सिंह का शव आज प्रातः बटाला सदर पुलिस ने गांव मसानियां के निकट एक वृक्ष से लटकता हुआ बरामद किया है । अपहरणकर्त्ता आतंकवादियों ने उसके हाथ-पांव बांध कर गले में रस्सी डाल उसको फांसी दे दी । वह आजकल अमृतसर में डी.आई.जी. (सीमा रेंज) के कार्यालय में तैनात था और अविवाहित था । श्री गोयल के अनुसार यह वारदात बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से संबंधित हरजिन्द्र सिंह जिन्दा (बटरकलां) के नेतृत्व में की गई है । जलते घर से बी.एस.एफ. द्वारा बचाए गए रणजीत सिंह के बड़े भाई गुरदीप

(शेष पृष्ठ 8 पर)



प्रशिक्षण पुलिस का एक कमांडो श्रीनगर शहर में रेत का

भारतीय शांति से श्रीलंका से वापसी की

कोलम्बो, 28 सितम्बर (वार्ता): भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत से स्वदेश वापसी के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है । श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय के सलाहकार साइरिल रणतुंगे ने आज यहां सम्वाददाताओं से कहा कि भारतीय शांति सेना ने इस तैयारी के तहत अपने छोटे शिविर हटाने शुरू कर दिए हैं । उन्होंने कहा कि "हम उसे अपने सैनिकों और सामग्रियों को त्रिंकोमाली या कंकेसनथुरई ले जाने में मदद कर रहे हैं ।" श्री रणतुंगे ने कहा कि भारतीय सैनिक इन्हीं दोनों शहरों के बंदरगाहों पर एकत्रित होकर पोतों में स्वदेश वापस जाएंगे ।

भारतीय शांति सैनिकों की स्वदेश वापसी भारत और श्रीलंका के बीच गत 18 सितम्बर को हुए एक समझौते के तहत हो रही है । इस समझौते के तहत भारतीय शांति सेना श्रीलंका के उत्तरी-पूर्वी प्रांत से आगामी 31 दिसम्बर तक स्वदेश लौट जाएगी और श्रीलंका के अल्प... विकेन्द्रीकरण कर... बताया कि भारती... के समय के बारे... भारतीय शांति से... कमांडिंग) जनरल... थलसेना के कमा... बैठक होने वाली...

श्रीलंका में ... से शुरू 72 घंटे क... और एक वरिष्ठ से... में शीघ्र शांति की... के सलाहकार जन... संघर्ष विराम की... लिया जाएगा ।... को बताया कि इस...

एक विवादास्पद केस जिसने पाकिस्तान में संघीय व पंजाब सरकारों में कटुता पैदा कर दी

इस्लामाबाद, 28 सितम्बर (वार्ता): एक विवादास्पद केस, जिसने संघीय और पंजाब सरकारों में टकराव की स्थिति पैदा कर दी थी, को वापस ले लिया गया है । यह जानकारी संघीय गुप्तचर एजैंसी (एफ.आई.ए.) के महानिदेशक सईद सुलेमान खलीक ने दी है । यह केस उस छापे के सम्बन्ध में था, जो एफ.आई.ए. ने एक्साइज ड्यूटी की चोरी के मामले में लाहौर में रियाज बाटलर्ज के परिसर पर मारा था । इस फर्म का एक पार्टनर इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद के स्वर्गीय नेता जनरल अख्तर रहमान का लड़का है । श्री खलीक ने कहा कि छापा कम्पनी के चेयरमैन जहांगीर तरीन के परिवार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मारा गया था । उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि सूचना देने वाले सूत्र श्री तरीन के विरोधी थे तथा यह सूचना व्यक्तिगत शत्रुता से प्रेरित थी ।

इस केस के कारण संघीय और पंजाब सरकारों के सम्बन्धों में बहुत कड़ुआहट आ गई थी । छापे के बाद एफ.आई.ए. अधिकारियों ने उक्त कम्पनी के एक ट्रक ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसे यातनाएं दी थीं, जिसकी प्रतिक्रिया में पंजाब सरकार ने एफ.आई.ए. के अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इससे केंद्र सरकार में बहुत रोष फैल गया और उसने पंजाब के कुछ पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए । पंजाब सरकार ने इसका विरोध करते हुए कहा कि संघीय सरकार इसकी मर्जी के बिना अधिकारियों के तबादले नहीं कर सकती । अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि केस वापस लेने के बाद पंजाब पुलिस अधिकारियों के तबादले रद्द कर दिए जाएंगे या नहीं ।

पंजाब सरकार को चेतावनी : पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने पंजाब प्रांत में सत्तारूढ़ विपक्षी इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद की सरकार को अप्रत्यक्ष रूप में चेतावनी दी है कि संघीय सरकार किसी की नाजायज दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं करेगी और वह सही वक्त पर उचित कार्रवाई करेगी ।

श्रीमती भुट्टो ने कल यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पंजाब सरकार का नाम लिए बगैर उसे चेतावनी दी कि वह ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करे जो संघीय सरकार को बुरी

वी.पी. सिंह व रामाराव भी सरपंचों को पत्र लिखेंगे

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चे के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह और अध्यक्ष एन.टी. रामाराव भी सरपंचों को पत्र लिखेंगे । दोनों नेता संयुक्त रूप से सरपंचों को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पत्र के जवाब में उनसे विभिन्न मोर्चों पर विफलताओं का जवाब मांगें ।

राष्ट्रीय मोर्चे के महासचिव रामविलास पासवान ने बताया कि सरपंचों को पत्र लिखने का फैसला मोर्चे के अध्यक्ष मंडल की पिछले दिनों यहां हुई बैठक में किया गया ।

उन्होंने बताया कि दोनों नेता सरपंचों के नाम पत्र में यह भी अनुरोध करेंगे कि वे प्रधानमंत्री से

लोकसभा के चुनाव 6-7 जन... और विधानसभा के आगामी...

अमृतसर, 28 सितम्बर (कमलेश): दिल्ली से कल ही लौटे एक कांग्रेसी सांसद ने आज बताया कि लोकसभा के आगामी चुनाव अगले वर्ष 6,7, जनवरी को होंगे । उन्होंने बताया कि पंजाब विधानसभा के चुनाव बाद में दूसरे प्रांतों के साथ ही करवाए जाएंगे । उन्होंने बताया कि कांग्रेस (इ) के तमाम सम्भावित लोकसभा प्रत्याशियों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में जाकर चुनाव की तैयारी करने के आदेश दिए जा चुके हैं । चूंकि कांग्रेस ने हर हालत में चुनाव जीतने का निर्णय लिया है, इसलिए वह सिर-धड़ की बाजी चुनाव जीतने के लिए लगा देगी । उन्होंने बताया कि इस बार कांग्रेस को चिन्ता अवश्य है मगर साधनों की कमी न होने से राजीव गांधी तथा अन्य नेताओं को विरोधी राजनैतिक पार्टियों को खदेड़ देने की पूरी-पूरी उम्मीद है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कांग्रेस के प्रत्येक लोकसभा प्रत्याशी को यह संकेत दिया गया है कि वह

कम से कम दस ला... इतना ही रुपया... प्रत्येक लोकसभा... पचास लाख से सा...

उन्होंने बताया... अधिक से अधिक... आदि धार्मिक अल्प... लिए पूरा जोर लगा...

जब उनसे यह... की अल्पसंख्यकों क... हिन्दू नाराज नहीं हो... कांग्रेस हाईकमान य... पार्टियों में बट जाएग... वोट निर्णायक होगा...

राम जन्मभू... उत्पन्न स्थिति के बा... रखता है ? सरकार... सुलझाने का तरीक... लोकसभा सांसद ने... परिषद के नेताओं... इलाहाबाद उच्च न्य... घोषणा कर दे । इस... को पूरा-पूरा विश्व... लेंगे । उक्त सांसद... चुनाव आगामी मार्च... तब तक नई केंद्रीय...

नारंग का समाध...

ईका नेता ने बताया...

धमकी भरे पत्र लिख कर धन वसूलने के आरोप में ग्रंथी समेत दो गिरफ्तार

बटाला, 28 सितम्बर (कोछड़): जिला पुलिस मुख्यालय में आज प्रातः एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि जिला पुलिस ने गांव डेरीवाल स्थित एक गुरुद्वारा के ग्रंथी अत्तर सिंह व उसके साथी गुरजीत सिंह को जमींदारों को धमकी भरे पत्र लिख कर धन बटोरने के आरोप में गिरफ्तार किया है जबकि इनके एक साथी ज्ञान

कर देगा । इसके पश्चात गुरजीत सिंह, ज्ञान सिंह के साथ योजना बना कर ग्रंथी स्वयं जमींदार बूआ सिंह के घर पहुंच गया । कुछ समय बाद हथियार लेकर गुरजीत सिंह व ज्ञान सिंह भी वहां पहुंच गए और जमींदार से 9 हजार रुपए वसूल करके तीनों ने आपस में बांट लिए ।

Punjabi...

उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल व एक अन्य को फांसी, 6 की गोलियां मार कर हत्या

मृतकों में 3 इंका नेता सेवा राम के संबंधी : उग्रवादी हिरासत से भागा

2 आतंकवादी व 3 घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद आतंकवादियों ने इंका नेता सेवा राम अरोड़ा के तीन संबंधियों व एक कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 2 उग्रवादी तथा 3 पाक घुसपैठिए मारे गए । एक उग्रवादी पुलिस की हिरासत से फरार हो गया ।

लुटेरे को ग्रामीणों ने मार डाला : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के गांव सैदपुर थाना अजनाला में एक लुटेरा एक व्यक्ति जसवंत सिंह के फार्म हाऊस में रात 2 बजे घुसा और पिस्तौल की नोक पर वहां उपस्थित प्रवासी मजदूरों को धमकाने लगा । मजदूरों ने जब देखा कि लुटेरा अकेला ही है तो वे उस पर टूट पड़े और उसे पीट-पीट कर मार डाला । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक चाकू बरामद हुआ है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक लुटेरे का नाम जसवंत सिंह था और उसके पास जो पिस्तौल थी वह नकली थी । जिला पुलिस चीफ मजीठा श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों को उनके साहस के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है ।

पुलिस कांस्टेबल रणजीत सिंह, जिसे आतंकवादियों ने गांव मसानियां में फांसी लगा कर लटका दिया । (छाया : कोछड़)

स्कूटर छीना : आज प्रातः पौने 9 बजे के लगभग कुछ आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर हरविंदर सिंह से उसका स्कूटर पीआईडी 7212 छीन लिया । यह घटना अमृतसर छहर्टा जी.टी. रोड पर हुई ।

अपहृत किसान लौटा : आतंकवादियों ने अमृतसर जिला में गुरु की वडाली गांव के जिस किसान जसवंत सिंह का अपहरण कर लिया था, वह आज सुबह अपने घर लौट आया । उसका आठ लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया गया था ।

फांसी लगा दी : पट्टी (पाठक) गत रात पुलिस थाना पट्टी के गांव संगवां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की फांसी लगा कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात के 8.30 बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने गांव के एक व्यक्ति लाभ चंद के घर का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा लाभ चंद के बेटे ने खोला तो आतंकवादियों ने कहा कि पंडित (लाभ चंद) को बुलाओ,लाभ चंद के आने पर उन्होंने उसे घर के बाहर घसीट लिया और पीटना शुरू कर दिया । लाभ चंद के बेटे और पत्नी द्वारा अनुनय-विनय किये जाने के बावजूद उन्होंने उसे नहीं छोड़ा और अपने साथ ले गये । सुबह गांव के निकट रूई पुल के पास एक पेड़ से लटकती हुई लाभ चंद की लाश मिली । पुलिस का गश्ती दल सुबह 8 बजे घटना स्थल पर पहुंचा । पुलिस ने केस दर्ज कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी ।

होमगार्ड की हत्या : बत रात पट्टी के निकट गांव चीमा में एक होमगार्ड जवान की हत्या कर दी गई । प्राप्त सूचना के अनुसार आज सुबह कोट बुड्ढा सड़क पर गोलियों से बिंधी एक लाश मिली जिसकी शिनाख्त बटा सिंह के रूप में की गई । बटा सिंह गांव तलवंडी भुआ सिंह का रहने वाला था तथा पट्टी में होमगार्ड में तैनात था । वह कल यहां से किसी काम से बाहर गया था ।

लाश मिली : थाना सरहाली के गांव सैलोके में पुलिस को एक लाश मिली है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । लाश पर तेजधार हथियारों के घाव के निशान हैं । पुलिस का कहना है कि यह हत्या आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

फांसी लगा कर पुलिस कांस्टेबल की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव मनोहरपुरा के बाहर एक डेरा पर गत सायं लगभग 7 बजे 15-16 सशस्त्र आतंकवादियों के एक ग्रुप ने पुलिस कांस्टेबल रणजीत सिंह (23) के घर में घुस कर उसका अपहरण कर लिया और इसके बड़े भाई गुरदीप सिंह उर्फ बिल्ल को घर के प्रांगण में एक वृक्ष से बांध कर इसकी पत्नी व बच्चों को घर से बाहर निकाल कर घर के सारे कमरों को आग लगा दी । बाद में बी.एस.एफ. ने आकर गुरदीप सिंह को वृक्ष से खोल कर बाहर निकाला । प्राप्त विवरण के अनुसार सारा घर व सामान जल कर बुरी तरह तबाह हो गया है ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवादियों द्वारा अपहृत कांस्टेबल रणजीत सिंह का शव आज प्रातः बटाला सदर पुलिस ने गांव मसानियां के निकट एक वृक्ष से लटकता हुआ बरामद किया है । अपहरणकर्त्ता आतंकवादियों ने उसके हाथ-पांव बांध कर गले में रस्सी डाल उसको फांसी दे दी । वह आजकल अमृतसर में डी.आई.जी. (सीमा रेंज) के कार्यालय में तैनात था और अविवाहित था । श्री गोयल के अनुसार यह वारदात बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से संबंधित हरजिन्द्र सिंह जिन्दा (बुटरकलां) के नेतृत्व में की गई है । जलते घर से बी.एस.एफ. द्वारा बचाए गए रणजीत सिंह के बड़े भाई गुरदीप

(शेष पृष्ठ 8 पर)



प्रदेश पुलिस का एक कमांडो श्रीनगर शहर में रेत

भारतीय शांति
श्रीलंका से वापसी

कोलम्बो, 28 सितम्बर (वार्ता): भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत से स्वदेश वापसी के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है । श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय के सलाहकार साइरिल रणतुंगे ने आज यहां सम्वाददाताओं से कहा कि भारतीय शांति सेना ने इस तैयारी के तहत अपने छोटे शिविर हटाने शुरू कर दिए हैं । उन्होंने कहा कि "हम उसे अपने सैनिकों और सामग्रियों को त्रिकोमाली या कंकेसनथुरई ले जाने में मदद कर रहे हैं ।" श्री रणतुंगे ने कहा कि भारतीय सैनिक इन्हीं दोनों शहरों के बंदरगाहों पर एकत्रित होकर पोतों से स्वदेश वापस जाएंगे ।

भारतीय शांति सैनिकों की स्वदेश वापसी भारत और श्रीलंका के बीच गत 18 सितम्बर को हुए एक समझौते के तहत हो रही है । इस समझौते के तहत भारतीय शांति सेना श्रीलंका के उत्तरी-पूर्वी प्रांत से आगामी 31 दिसम्बर तक स्वदेश लौट जाएगी और

श्रीलंका के
विकेन्द्रीकरण
बताया कि भ
के समय के
भारतीय शां
कमांडिंग) ज
थलसेना के
बैठक होने व

श्रीलंका
से शुरू 72
और एक वरि
में शीघ्र शांति
के सलाहकार
संघर्ष विराम
लिया जाएगा
को बताया कि

एक विवादास्पद केस जिसने पाकिस्तान में संघीय व पंजाब सरकारों में कटुता पैदा कर दी

इस्लामाबाद, 28 सितम्बर (वार्ता): एक विवादास्पद केस, जिसने संघीय और पंजाब सरकारों में टकराव की स्थिति पैदा कर दी थी, को वापस ले लिया गया है । यह जानकारी संघीय गुप्तचर एजेंसी (एफ.आई.ए.) के महानिदेशक सईद सलेमान खलीक ने दी है । यह केस उस छापे के सम्बन्ध में था, जो एफ.आई.ए. ने एक्साईज़ ड्यूटी की चोरी के मामले में लाहौर में रियाज़ बाटलज के परिसर पर मारा था । इस फर्म का एक पार्टनर इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद के स्वर्गीय नेता जनरल अख्तर रहमान का लड़का है । श्री खलीक ने कहा कि छापा कम्पनी के चेयरमैन जहांगीर तरीन के परिवार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मारा गया था । उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि सूचना देने वाले सूत्र श्री तरीन के विरोधी थे तथा यह सूचना व्यक्तिगत शत्रुता से प्रेरित थी ।

इस केस के कारण संघीय और पंजाब सरकारों के सम्बन्धों में बहुत कड़ुआहट आ गई थी । छापे के बाद एफ.आई.ए. अधिकारियों ने उक्त कम्पनी के एक ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर उसे यातनाएं दी थीं, जिसकी प्रतिक्रिया में पंजाब सरकार ने एफ.आई.ए के अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इससे केंद्र सरकार में बहुत रोष फैल गया और उसने पंजाब के कुछ पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए । पंजाब सरकार ने इसका विरोध करते हुए कहा कि संघीय सरकार इसकी मर्जी के बिना अधिकारियों के तबादले नहीं कर सकती । अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि केस वापस लेने के बाद पंजाब पुलिस अधिकारियों के तबादले रद्द कर दिए जाएंगे या नहीं ।

पंजाब सरकार को चेतावनी : पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने पंजाब प्रांत में सत्तारूढ़ विपक्षी इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद की सरकार को अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी दी है कि संघीय सरकार किसी की नाजायज दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं करेगी और वह सही वक्त पर उचित कार्रवाई करेगी ।

श्रीमती भुट्टो ने कल यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पंजाब सरकार का नाम लिए बगैर उसे चेतावनी दी कि वह ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करे जो संघीय सरकार को बुरी लगे । पंजाब के मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने अपने प्रांत के लिए अलग बैंक तथा टैलीविजन केंद्र खोलने

वी.पी. सिंह व रामाराव भी सरपंचों को पत्र लिखेंगे

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चे के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह और अध्यक्ष एन.टी. रामाराव भी सरपंचों को पत्र लिखेंगे । दोनों नेता संयुक्त रूप से सरपंचों को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पत्र के जवाब में उनसे विभिन्न मोर्चों पर विफलताओं का जवाब मांगें ।

राष्ट्रीय मोर्चे के महासचिव रामविलास पासवान ने बताया कि सरपंचों को पत्र लिखने का फैसला मोर्चे के अध्यक्ष मंडल की पिछले दिनों यहां हुई बैठक में किया गया ।

उन्होंने बताया कि दोनों नेता सरपंचों के नाम पत्र में यह भी अनुरोध करेंगे कि वे प्रधानमंत्री से भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की उपेक्षा, साम्प्रदायिकता, हरिजनों पर जुल्म आदि ज्वलंत सवालों के जवाब मांगें और उनसे पूछें कि पंचायती

लोकसभा के चुनाव 6-7
और विधानसभा के आग

अमृतसर, 28 सितम्बर (कमलेश): दिल्ली से कल ही लौटे एक कांग्रेसी सांसद ने आज बताया कि लोकसभा के आगामी चुनाव अगले वर्ष 6,7, जनवरी को होंगे । उन्होंने बताया कि पंजाब विधानसभा के चुनाव बाद में दूसरे प्रांतों के साथ ही करवाए जाएंगे । उन्होंने बताया कि कांग्रेस (इ) के तमाम सम्भावित लोकसभा प्रत्याशियों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में जाकर चुनाव की तैयारी करने के आदेश दिए जा चुके हैं । चूंकि कांग्रेस ने हर हालत में चुनाव जीतने का निर्णय लिया है, इसलिए वह सिर-धड़ की बाजी चुनाव जीतने के लिए लगा देगी । उन्होंने बताया कि इस बार कांग्रेस को चिन्ता अवश्य है मगर साधनों की कमी न होने से राजीव गांधी तथा अन्य नेताओं को विरोधी राजनैतिक पार्टियों को खदेड़ देने की पूरी-पूरी उम्मीद है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कांग्रेस के प्रत्येक लोकसभा प्रत्याशी को यह संकेत दिया गया है कि वह

कम से कम
इतना ही
प्रत्येक लोक
पचास लाख

उन्होंने
अधिक से
आदि धार्मि
लिए पूरा जो

जब उन
की अल्पसंख्
हिन्दू नाराज
कांग्रेस हाईक
पार्टियों में बट
वोट निर्णायक

राम
उत्पन्न स्थि
रखता है ?
सलझाने का
लोकसभा सी
परिषद के ने
इलाहाबाद
घोषणा कर
को पूरा-पूरा
लेंगे । उक्त
चुनाव आगा
तब तक नई

नारंग क
इंका नेता ने
अगले वर्ष 9

धमकी भरे पत्र लिख कर धन वसूलने के आरोप में ग्रंथी समेत दो गिरफ्तार

बटाला, 28 सितम्बर (कोछड़): जिला पुलिस मुख्यालय में आज प्रातः एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि जिला पुलिस ने गांव डेरीवाल स्थित एक गुरुद्वारा के ग्रंथी अंतर सिंह व उसके साथी गुरजीत सिंह को जमींदारों को धमकी भरे पत्र लिख कर धन बटोरने के आरोप में गिरफ्तार किया है जबकि इनके एक साथी ज्ञान सिंह ने गत 25 सितम्बर को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था । इस समर्पण से

कर देगा । इसके पश्चात गुरजीत सिंह, ज्ञान सिंह के साथ योजना बना कर ग्रंथी स्वयं जमींदार बूआ सिंह के घर पहुंच गया । कुछ समय बाद हथियार लेकर गुरजीत सिंह व ज्ञान सिंह भी वहां पहुंच गए और जमींदार से 9 हजार रुपए वसूल करके तीनों ने आपस में बांट लिए ।

25 सितम्बर को ज्ञान सिंह के आत्मसमर्पण से

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उर्फ बिल्लू ने बताया कि आतंकवादियों ने कर उनसे कहा था कि तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई लिये कर रहे हैं क्योंकि हमने कांस्टेबल को पहले ावनी दी थी कि पुलिस की नौकरी छोड़ दे, इसने ं छोड़ी । आज प्रातः डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री हार आलम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

एस.पी.ओ. की हत्या : पुलिस जिला ला में थाना कादियां के गांव लेखां में गत रात के. 47 राइफलों से लैस 2 आतंकवादियों ने एक में जबी घुस कर एक एस.पी.ओ. प्रीतम सिंह की या कर दी । एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने ाया कि मृतक पहले आतंकवादी था और बाद में ्य धारा में आकर एस.पी.ओ. भर्ती हो गया था ।

महंत की हत्या : बरनाला (सिधवानी) : से 15 किलोमीटर दूर गांव धूरकोट के डेरा के त भगत राम की गत रात 11.30 बजे के करीब लियां मार कर हत्या कर दी गई । बताया जाता है एक व्यक्ति वारदात से पहले 8 बजे रात नास्थल पर आया तथा कहा कि मेरा भाई आपके दवाई लेने आया है परन्तु महंत ने कहा कि ऐसा ई व्यक्ति यहां नहीं आया । तुम रोटी खाओ, चाय ो और बिस्तर लेकर सो जाओ, प्रातः चले ा । रोटी खाने के बाद उस व्यक्ति ने कहा कि हो ला है कि मेरा भाई पक्खोवाल गांव में अपने सम्बन्धी के पास गया हो, मैं वहां चला जाता हूं । रात 11.30 बजे के करीब वह हाल कमरे में घुस आया तथा महंत को सोते में तीन गोलियां मारीं । महंत ने साथ के कमरे में सोये अपने चेले को आवाज दी परन्तु अभियुक्त फरार होने में सफल हो गया । महंत की वहीं पर मृत्यु हो गई ।

संगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ बहादर सिंह बाबा ने गरिंदर सिंह तथा दीपक को गिरफ्तार करके उनसे एक राइफल, 11 कारतूस, एक रिवाल्वर व 5 गोलियां बरामद कीं । तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया ।

45,000 रुपए चोरी : धूरी से मिगला के अनुसार कल मालेरकोटला में कुछ व्यक्तियों ने एक दुकानदार का बैग चुरा लिया जिसमें से 45,000 रुपए थे । यह बैग साइकल के साथ बंधा हुआ था ।

आतंकवादी फरार : मलोट से गोयल के अनुसार एक आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ अवतार सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र बलवंत सिंह गांव बुर्ज नवां थाना बधनी कलां पुलिस की हिरासत से उस समय फरार हो गया जब उसे मोगा की अदालत में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा था । इस पुलिस पार्टी का नेतृत्व हरभजन सिंह सब इंस्पैक्टर कर रहे थे । यह पुलिस पार्टी 29 अन्य विचाराधीन कैदियों को भी ला रही थी । इस सम्बन्ध में पुलिस पार्टी के सदस्यों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।

हथगोला मिला : राजपाल थियेटर मुक्तसर से एक हथगोला बरामद किया गया, जिसको पुलिस ने निष्क्रिय कर दिया । मामले की जांच की जा रही है ।

तीन व्यक्तियों की हत्या : फाजिल्का से सुना, मलिक के अनुसार गत रात यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव हीजड खास में आतंकवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों, जो कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के महासचिव सेवा राम अरोड़ा के निकट संबंधी थे, की गोलियां मार कर हत्या कर दी । डी.एस.पी. श्री आर.पी. शर्मा ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 4 सशस्त्र आतंकवादी पहले गांव में एक व्यक्ति कश्मीरी लाल के घर गये । आंगन में उसके दो लड़के कुक्कू तथा हरीश सो रहे थे । आतंकवादियों ने उनको जगा कर कश्मीरी लाल के बारे में पूछा । लड़कों के यह बताने पर कि वह फाजिल्का में रहते हैं, उन्होंने हथियारों के बारे में पूछा तथा उनसे बंदूक व पिस्तौल मांगी । दोनों ने फिर कहा कि उनके पास हथियार नहीं हैं । इस पर उन्होंने उनसे स्कूटर या ट्रैक्टर मांगा । लड़कों ने फिर इन्कार कर दिया । अंत में उन्होंने सेवा राम अरोड़ा के रिश्तेदार मथुरा दास का घर पूछा तो सहमे हुए लड़कों ने सामने वाले घर की ओर इशारा कर दिया। इस पर वे उनको छोड़ कर मथुरा दास के घर की ओर चले गये । घर के पीछे वाले दो तीन दरवाजे लगी हुई थी जिन पर तीन नौकर सोये हुए थे । आतंकवादियों ने उनको जगाया तथा जान से मारने की धमकी देकर इकट्ठे सब को दिया । एक आतंकवादी उनके पास खड़ा रहा जबकि तीन आतंकवादी मथुरा दास के घर में दाखिल हो गए । आंगन में मथुरा दास (55), उसका छोटा भाई ओम प्रकाश (50) तथा पत्नी सरोज रानी (45) सो रहे थे । आतंकवादियों ने उन्हें जगाया तथा मथुरा दास को अपने साथ चलने के लिए कहा । उसके इन्कार करने पर आतंकवादियों ने उन तीनों को गोलियां मार कर हत्या कर दी । सामने हुये ग्रामीणों ने पुलिस को सुबह इस घटना की सूचना दी । मथुरा दास का बायां हाथ खाकी रंग के कपड़े से बंधा हुआ था । समझा जाता है कि आतंकवादियों ने उसको ले जाने का प्रयत्न करते समय उसका हाथ बांधा होगा । वारदात वाले स्थान पर ए.के. 47 के 5 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दुकानें बंद : इन हत्याओं के विरोध में फाजिल्का में स्पेयर पार्ट्स तथा आढ़त की सभी दुकानें आज बंद रही । मृतकों में एक भाई स्पेयर पार्ट्स की दुकान करता था जबकि दूसरा आढ़त करता था । उल्लेखनीय है कि उक्त चारों आतंकवादी एक रात पहले इस गांव में आये थे तथा एक व्यक्ति मेहरचंद को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का प्रयत्न किया था ।

3 घुसपैठिये मरे : श्रीगंगानगर (जिन्दल): गत रात भारत-पाक सीमा पर खाका चैक पोस्ट के पास चार पाक घुसपैठियों ने अवैध रूप से भारतीय सीमा में प्रवेश किया । सीमा सुरक्षा बल द्वारा ललकारने पर घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल की जवाबी फायरिंग पर उनमें से 3 मारे गये जबकि चौथा बच कर भाग निकला ।

गंगा तेरा पानी अमृत

नई दिल्ली, 28 सितम्बर : मलेरिया वैज्ञानिक अपनी इस खोज से स्वयं ही चमत्कृत हैं कि मलेरिया के विषाणु सिर्फ गंगा के पानी में उत्पन्न नहीं होते । मलेरिया अनुसंधान केंद्र की इससे भी ज्यादा आश्चर्यजनक रिपोर्ट है कि न सिर्फ शुद्ध गंगाजल में बल्कि जिस पानी में गंगाजल का कुछ अंश मिला दिया जाए उसमें भी मलेरिया के विषाणु नहीं पनपते ।

केंद्र के निदेशक डा. वी.पी. शर्मा ने कहा, "ऐसा क्यों होता है यह अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन इससे हम खुद चमत्कृत हैं ।

नेपाल ने विश्व बैंक की बैठक में पारगमन विवाद उठाया

वाशिंगटन, 28 सितम्बर (वार्ता): नेपाल ने विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आर्थिक बैठक में भारत के साथ अपने पारगमन संबंधी विवाद को उठा कर कल रात ऐसे मंच पर आपसी द्विपक्षीय मामले नहीं उठाने की स्थगित परम्परा का उल्लंघन किया । नेपाल के वित्त मंत्री भारत बहादुर प्रधान ने अपने भाषण में कहा कि इस विवाद से उनके देश की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और इसे फिर से सामान्य बनाना एक मुश्किल काम प्रतीत होता है । उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में नेपाल ने ही दो सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम लागू किया है, इसका उद्देश्य आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाकर आम आदमी को राहत पहुंचाना और पारगमन की सुविधा बंद होने से जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हैं, उसे कम से कम करना है ।

चीन को मदद शुरू हो सकती है : विश्व बैंक चीन को आर्थिक सहायता शीघ्र देना शुरू कर सकता है । चीन को विश्व बैंक से आर्थिक सहायता गत जून में लोकतंत्र समर्थक छात्रों के दमन के विरोध में अचानक स्थगित कर दी गई थी ।

वार्ता का इच्छुक : काठमांडो : नेपाल सरकार ने कहा है कि वह भारत के साथ दोनों देशों की सरकारों के हित से जुड़े सभी मामलों पर खुले दिमाग से बातचीत करने को तैयार है । नेपाल सरकार के मुख्य प्रवक्ता ने यह बात अपने साप्ताहिक सम्वाददाता सम्मेलन में उस वक्त कही, जब पत्रकारों ने उनसे जानना चाहा कि विदेश राज्यमंत्री के. नटवर सिंह के हाल के वक्तव्य पर नेपाल की क्या प्रतिक्रिया है ।

आप्रेशन ब्लैक थंडर के बंदियों के केसों की सुनवाई आरम्भ

अमृतसर, 28 सितम्बर (प.स.): आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान पिछले वर्ष मई में स्वर्ण मंदिर अमृतसर से गिरफ्तार किए गए 44 बंदियों के केसों की सुनवाई आज सैशनडिड अदालत के जज श्री जी.एस. सिद्धू के समक्ष आरम्भ हुई । श्री सिद्धू जो कि यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हैं, को पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय ने उक्त आप्रेशन के दौरान गिरफ्तार किए सिख आतंकवादियों के केसों की सुनवाई के लिए नियुक्त किया है ।

बूटा सिंह द्वारा लखनऊ में महत्वपूर्ण मीटिंगें

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (जी.एस. चावला): हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार को आशा है कि वह रामजन्म भूमि—बाबरी मस्जिद विवाद से पैदा होने वाली किसी भी स्थिति का सामना करने में सक्षम होगी, फिर भी केन्द्र सरकार इस समस्या का आपसी हल लेने में व्यस्त है । केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह की कल की लखनऊ यात्रा के दो मुख्य उद्देश्य थे—एक तो राज्य सरकार द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबन्धों का आयजा लेना तथा दूसरा विश्व हिन्दू परिषद के कुछ नेताओं से विचार-विमर्श करना । बूटा सिंह के साथ एक उच्च स्तरीय टीम भी थी जिसमें कैबिनेट सचिव, इंटेलीजैंस ब्यूरो के निदेशक तथा गृह मंत्रालय के कुछ अधिकारी शामिल थे । लखनऊ में विभिन्न स्तरों पर रात भर मीटिंगें चलती रहीं ।

श्रीलंका

(पृष्ठ 3 का शेष)

निर्णय सरकार तथा विपक्ष को लेने हैं ।

मंत्रिमंडल के प्रवक्ता एवं उद्योगमंत्री रनिल विक्रमसिंघे ने कहा कि जनता विमुक्ति पैरामना की ओर से संघर्ष विराम की कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है लेकिन आशा है कि इससे सकारात्मक प्रतिक्रिया का माहौल बनेगा ।

उन्होंने कहा कि हम टुकड़ों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं । यह नाजुक काम है लेकिन हमें अनावश्यक रूप से निराशावादी नहीं बनना चाहिए ।

लेकिन जनरल रणतुंगे ने कहा कि हालांकि कल से हिंसा की कुछ घटनाओं की खबर मिली है लेकिन ये घटनाएं सामान्य से बहुत कम हैं । जनरल रणतुंगे ने कहा कि ज्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण तो नहीं किया है लेकिन सामान्य स्थिति की एक शुरूआत जरूर हो गई है । आत्मसमर्पण के इच्छुक कई लोगों ने इसके लिए पूछताछ की है ।

उत्तर-मध्य अनुराधापुरम जिले में सब से ज्यादा 81 लोगों ने आत्मसमर्पण किया है लेकिन कुछ अधिकारियों का कहना है कि कल से कुल 70 लोगों ने आत्म-समर्पण किया है ।

हत्याएं : कोलम्बो के निकट इतमबवा में कल रात एक फौजी अफसर के दो भाईयों की हत्या कर दी गई जबकि बोरलंदा में आज सुबह तीन अनजान लाशें बरामद हुई । गैर-सरकारी सूत्रों से यह जानकारी मिली है ।

पेरूमल की पेशकश : त्रिकोमाली : श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांत के मुख्यमंत्री वरदराज पेरूमल ने कहा है कि 'लिट्टे' यदि अपने हथियार डाल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने को तैयार हो जाए तो वह स्वयं मुख्यमंत्री पद छोड़ने को भी तैयार हैं । श्री पेरूमल ने आज यहां भारत से आए संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि

सिख चुनावों का बहिष्कार करें—खालिस्तान परिषद

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (वि.): वाशिंगटन स्थित खालिस्तान परिषद ने भारत के सिखों को उकसाया है कि वे भारतीय संविधान के अंतर्गत होने वाले सभी चुनावों का बहिष्कार करें ।

एक खुले पत्र में परिषद ने कहा है कि सिखों द्वारा चुनावों में भाग लेने का अर्थ है खालिस्तान की प्राप्ति में विलम्ब । इस पत्र पर तथाकथित खालिस्तान परिषद के स्वयंभू अध्यक्ष डा. गुरमीत सिंह औलख के हस्ताक्षर हैं, जो 13 सितम्बर को वाशिंगटन से जारी किया गया । इसमें कहा गया है कि भारत द्वारा प्रायोजित किसी चुनाव में भाग लेना पश्चिमी जगत को यह संदेश देना होगा कि सिख सचमुच स्वतंत्रता के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि वे पुराने संविधान के अंतर्गत ही मतदान कर रहे हैं । पत्र में सिखों से दसरे दर्जे के नागरिकों से भी कम दर्जे का व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है ।

रेल, डाक कर्मियों को 43,33 दिन के वेतन के बराबर बोनस

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (वार्ता, प.स.): वर्ष 1988-89 के लिए रेलवे कर्मचारियों और डाक कर्मियों को क्रमशः 43 दिन और 33 दिन के वेतन के बराबर बोनस देने की घोषणा की गई है । रेल कर्मियों को गत वर्ष 44 दिन का उत्पादकता से सम्बद्ध बोनस दिया गया था ।

शैलर-मालिकों व प्रशासन में ठनी

अमृतसर, 28 सितम्बर (नारंग) : अमृतसर के एक शैलर की दीवार पिछले दिनों गिरने से 8 व्यक्ति मारे गए थे, उससे उत्पन्न हुई स्थिति से शैलर मालिकों एवं प्रशासन में ठन गई है । जहां शैलर-मालिकों ने अपनी मांगों के लिए हड़ताल प्रारम्भ कर दी है, वहां प्रशासन का तर्क है कि कानून की रक्षा करना उनका कर्तव्य है । शैलर मालिकों ने अपनी हड़ताल 29 सितम्बर तक बढ़ा दी है । इंडो-पाक एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अरोड़ा 'लाटी' ने प्रशासन से अपील की है कि इस विवाद को समाप्त करवाने के लिए उदारता का परिचय देकर इस हड़ताल को खुलवाएं ।

शाम के भाव—(28 सितम्बर, एल.एल.एस.)

डिल्ली क्लाथ 55.75, हिन्द मोटर 32.50, रिलायंस 99.00, चांदी (999) एक हाजर (प्रति किलो) 6700, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7375, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम)3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3160, मिल प्रिंटिंगरी : बलसाड यू.पी. (प्रति टीन) 364-370, बलसाड हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 360-366, तेल सरसों देहर (प्रति 10 किलो) 173.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 193, मूंगफली तेल (10 किलो) 250, तिल तेल (10 किलो) 166, तेल बिनौला (10 किलो) 198, तेल चावल बाद (10 किलो) 170, तेल चावल अडाद (10 किलो) 120, कैटरी एसिड आयल (क्विंटल) 1820, पीपरमैंट फनैक (प्रति किलो) सिंह. 328, पीपरमैंट फनैक दिवाली 340 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एल.एल.एस.): ए.सी.सी. 260.00, आंध्र सीमैंट 9.25 (13/9), अपोलो टायर 103.00, एशियन होटल 58.00, बिरला एग्रो 115.75, बी.सी.एम. लि. 55.75, बी.सी.एम. टोयोटा 13.75, ईस्ट इंडिया होटल 63.00, एक्सर्ट्स 79.50, एस्सर शिपिंग 23.25, फूड स्पैशलिटीज 161.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 103.00 (25/9), गुजरात नर्मदा 33.00, एच एम.एम. लि. 195.00, हीरो होंडा 19.25, हिन्द एल्युमीनियम 246.00, हिन्द. लीवर 102.00, हिन्द मोटर 32.50, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 104.50, इंडियन रेयन 84.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 93.50, जे.के. सिंथैटिक 73.75, जे.सी.टी. लि. 110.50, केल्वीनेटर आफ इंडिया स्पाट 148.00, लार्सन एंड टुबो 99.50, एल.एम.एल. लि. 18.00, महावीर स्पिनिंग 111.00 (22/9), मालवा काटन 79.00, मोदी रबड़ 80.00 (26/9), मोहन मीकिन 14.75 (27/9), ओरके सिन्थ मिल्स 18.00, ओसवाल एग्रो 81.75, रिलायंस इंडस्ट्रीज 99.00, श्रीराम फाइबर्स स्पाट 62.00 (27/9), सदर्न पैट्रो 47.50, स्वदेशी पोलिटैक्स 84.50 (12/9), टैल्को 1022.00, टिस्को स्पोट 125.00, बेम आर्गेनिक 165.00, अपोलो ट्यूब 10.25 (8/9), अमृत बनस्पति 42.00 (8/9), आसिन हाउसिंग 20.50 (27/9), एशो कैमिकल पंजाब 16.00, बम्बई टायर 51.50 (15/9), बिहार आलैय 45.00 (3/8), भारत सीट 20.50 (26/9), भारत स्ट्रिप्स 24.50 (18/9), डेन्टल केबल्स 56.00 (27/9), आइशर ट्रैक्टर 15.00 (12/9), आइशर मोटर 14.50 (27/9), इलैक्ट्रा इंडिया 64.00 (15/9), गुजरात फ्लोरो कैमिकल 111.00 (20/9), गुजरात हैवी कैमिकल 12.50, गुजरात अम्ब सीमैंट 16.00 (25/5), गोदरेज इंडिया 83.00 (15/9), गुडईयर इंडिया 91.00 (21/9), हरियाणा पैट्रो 19.00 (27/9), इंडो गल्फ फर्टी 14.50 (27/9), इम्पात प्रोफाइल्स 22.00, इंडियन अल्युमीनियम 147.00 (26/9), इम्पात अलायज 70.00 (27/9), आई.टी.सी. 68.00 (27/9), जे.टी.सी. 51.00 (27/9), जगतजीत इंडस्ट्रीज 98.50, जय प्रकाश इंडस्ट्रीज 15.00 (25/5), जमना आटो 36.00 (25/5), मोदी सीमैंट 7.00, मंगल टिम्बर 11.00 (25/5), मोदी कैमिकल्स 20.00, नहार स्पिनिंग 250.00 (27/9), ओसवाल एग्रो फ्यूरेन 39.00, ओसवाल स्पिनिंग 31.50, प्रकाश पाइप 49.75, प्रकाश ट्यूब 40.50, रनबैक्सी लेब. 94.00 (25/5), राठी उद्योग 19.00 (27/9), राजस्थान पैट्रो 39.00 (27/9), रामा पैट्रो 27.50 (20/9), सनफ्लैग आयरन एंड स्टील 20.00, समतल कलर 32.50, सिपक इलैक्ट्रानिक 20.00, टाटा पावर 400.00 (1/9), पापर एग्रो 34.75 (26/9), तमिलनाड पैट्रो 30.00, यू.टी.आई. मास्टर शेयर 16.25, अपटून कलर पिक्चर 19.00, वरुण शिपिंग 21.00 (26/9), ए.पी. रेयन 28.50, कोलगेट पामोलिव 176.00, लिप्टन इंडिया 78.50, टायटन वाच 27.00, टी.वी.एस. सुजुकी 14.50 (27/9), रिलायंस पैट्रो 36.50 (27/9) रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सेंटी): सोना स्टैंडर्ड 3140, सोना

Punjabi Sahitya

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 28.9.89, 1/- without trays. NECC Suggested tail Price 7.55 Per Dozen.

जमीन/जायदाद/प्लाट

Group Housing Society flates membership available in Delhi. Contact:— shok (Delhi) Phones : 5436555, 0772.

सार्वजनिक सूचना

एस.टी. ट्रक नम्बर पी.बी.एक्स. 779 पटियाला चोरी हो गया जिसको यह गाड़ी का पता लगे वह उसे निम्नलिखित पते पर सूचना दे । सूचना देने वाले को 000 रु. इनाम दिया जाएगा । भगत राय, 2235, रपुरा, पटियाला । फोन नं. : 77303.

मैं कुलवीरा सेहत राय्यद बालवीर सेहत, E.D. 33, ारा गेट, जालन्धर, सार्वजनिक सूचना करता हूं, मैं पा-पिता, भाई-बहन के किसी भी प्रकार के लेन-देन जिम्मेवार नहीं हूं ।

शिक्षा

मैट्रिक (पंजाब)+2 (दिल्ली, भोपाल), गारंटेड । इंटर पास B.A./B.Com./B.Sc. फार्दनल । RMP (सरकारी रजिस्ट्रेशन) D Pharmacy खद मिलें । गांधी मैमोरियल कालेज, नजदीक भी सिनेमा, यमुनानगर, फोन : 25270.

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक करें । ट्क पास 10+1 या 10+2 (Direct) करें । पास ाने की गारंटी । Metro College, Bazar arsinghdass (Near Majith Mandi), mritsar, Phone : 47664.

मैट्रिक (पंजाब, U.P.) गारंटी से करें । +2 irect, B.A./B.Com. (Direct) उपवैद्य, शारद, आयुर्वेदरत्न (R.M.P.) करें । (परीक्षा द : हमारा कालेज) मिलें—जीरती कालेज, कैलाश नेमा चौक, लुधियाना ।

आवश्यकता

विदेश में रहते पंजाबी भारतीय को अनुभवी कुक हिए । प्रार्थी के पास वैध पासपोर्ट व अन्य प्रपत्र हों । ड़क अपने अनुभवों और विवरणों सहित जल्द मिले लिखें—सुरिन्द्र सिंह, डीलक्स ढाबा, निकट बस स्टैंड, मृतसर ।

घरेलू काम के लिए नौकर/नौकरानी की श्यकता है । मिलें :—204/7, गुरु नगर, लंधर ।

अनमोल सिनेमा, जंडियाला गुरु (अमृतसर) में एक ड आप्रेटर व असिस्टैंट आप्रेटर की जरूरत है । लें :—लाहौर स्टेशनरी मार्ट, हाल बाजार, मृतसर ।

ए.पी.जे. स्कूल जालंधर—एक चौकीदार की रूरत है, जो हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी लिख-पढ़ सकता हो । साइकल फौजी को पहल दी जाएगी । लिखित प्रोफार्मे पर अर्जियां स्कूल दफ्तर में तिथि 8 क्तूबर तक दी जाएं । जे.के. कोहली, प्रिंसीपल ।

Wanted smart female office Assistant. Interview on 1.10.89, 10 A.M. Jarnail Singh C/o. Bhag Singh Sidhu Chemist, Building, G.T. Road, Jalandhar.

Apee Jay School Jalandhar. Wanted Post Graduate Trained Teacher in Mathematics. Govt. Grade. Fluency in English Essential. Applications on Prescribed Forms available From School Office to reach by 8th October, 1989. J.K. Kohli, Principal.

क.ए.ल.एफ. के बोहड़ सिंह सहित 4 आतंकवादी मारे गए, 2 ने आत्महत्या की

मोगा सब-डिविजन क्षेत्र में एक पैट्रोल पम्प मालिक का अपहरण

सेना के पूर्व कैप्टन सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 29 सितम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर बोहड़ सिंह उर्फ बिल्ला समेत 6 आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने सेना के एक पूर्व अधिकारी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मोगा सब-डिविजन क्षेत्र में एक पैट्रोल पम्प मालिक का अपहरण कर लिया गया ।

(ऊपर) आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ मिट्ठ जिसने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, की लाश तथा (नीचे) अमरजीत सिंह के साथी आतंकवादी की लाश जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

(छाया :जिदल)

किसान की हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात बटाला पुलिस जिला के अन्तर्गत गांव ढड्डे में चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 6 आतंकवादियों ने एक किसान जोगेन्द्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

महिला सहित दो की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के दो गांवों नसीरपुर और चौधरीवाल में कम से कम बीस सशस्त्र आतंकवादियों के ग्रुप ने एक महिला सहित दो लोगों की हत्या कर दी ।

पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 11.30 बजे सशस्त्र आतंकवादियों के एक ग्रुप ने सतबिन्दर सिंह के घर दाखिल होकर पहले परिवार के सभी 7-8 सदस्यों की बरी तरह पिटाई की फिर सतबिन्दर सिंह की पत्नी श्रीमती सुखबीर कौर (25) की जोरदार पिटाई करके उसे एक वृक्ष से लटका कर फांसी दे दी । मृतका के पति सतबिन्दर सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी ने घर के एक कमरा में श्री गुरु ग्रंथ साहब का प्रकाश कर रखा है । यहां लोग मन्नतें मांगने आते थे । लगभग चार दिन पहले चार अज्ञात लोग उनके घर आकर चेतावनी दे गए थे कि वह गुरुग्रंथ साहब का प्रकाश किसी गुरुद्वारा में कर दें, लेकिन उन्होंने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया । मन्नतें मांगने वाले लोग श्रीमती सुखबीर कौर को "बाबा" मानते थे । आतंकवादी जाते समय धमकी दे गए कि वह बब्बर खालसा संगठन के भाई चढ़तसिंह व भाई हरजिन्द्र सिंह जिन्दा ग्रुप के आतंकवादी हैं । इसके पश्चात आतंकवादियों का यह ग्रुप इस गांव से डेढ़ किलो मीटर पर स्थित गांव चौधरीवाल में सेवा निवृत्त कैप्टन अजीत सिंह (45) के घर जबरी दाखिल हो गया । अजीत सिंह और उसकी पत्नी घर की छत पर सो रहे थे । आतंकवादियों को देख अजीत सिंह छत से छलांग लगा भाग गया । आतंकवादियों ने पीछा करके कुछ दूर जाकर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । उसकी पत्नी श्रीमती हरबिन्दर कौर ने बताया कि उसके पति की हत्या करने के पश्चात आतंकवादी वापस उनके घर आए और हत्या के लिए पश्चाताप करके कहा कि उनसे गलत व्यक्ति की हत्या हो गई है, क्योंकि वह इन्हें पुलिस कर्मचारी समझते थे और चले गए ।

उल्लेखनीय है कि मृतक के भाई सरपंच दर्शन सिंह व उसकी पत्नी की भी हत्या लगभग एक वर्ष पूर्व कर दी गई थी । उनके तीसरे व अन्तिम भाई करनैल सिंह ने आतंकवादियों से अपील की है कि अब मृतक दर्शन सिंह व सेवानिवृत्त कैप्टन अजीत सिंह की 3-3 बेटियां शादी के काबिल हैं । आतंकवादी उन्हें भी मार जाएं अन्यथा उनके विवाह कर दें क्योंकि उनके पल्ले अब कुछ नहीं । दोनों वारदातें आधी रात के पूर्व की हैं लेकिन पुलिस व बी.एस.एफ. को प्रात: सूचना मिली । एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने सूचना मिलते ही भारी फोर्स के साथ दोनों घटनास्थलों का निरीक्षण किया ।

2 आतंकवादियों ने आत्म-हत्या की : बाघापुराना से ज्ञान और फरीदकोट से जिंदल के अनुसार दो आतंकवादियों ने गत रात फरीदकोट थाना के अन्तर्गत गांव चाहल में एक नहर के पुल पर पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर जहर खाकर आत्म-हत्या कर ली । जिला पुलिस चीफ श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पार्टी ने विशेष सूचना मिलने पर नाका लगा रखा था कि दो संदिग्ध व्यक्ति रिक्शा पर आते दिखाई दिए । नाका पर जब दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही थी तो उन्होंने सायनाइड खा लिया । जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तो वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । इनमें से एक की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ मिट्ठ निवासी ब्रह्मपुर थाना सरहाली जिला अमृतसर के रूप में की गई है ।

श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने एक और आतंकवादी को पकड़ा है । उसके कब्जे से एक सिंगल बैरल .12 बोर गन और एक कारतूस बरामद हुआ । उसकी पहचान जगदीप सिंह पुत्र लाल सिंह वासी धूमियारा के रूप में की गई है । उससे बरामद हुई बंदूक उसने 19 सितम्बर को भोना सिंह गांव राऊके से छीनी थी ।

पैट्रोल पम्प मालिक का अपहरण : आज प्रात: फरीदकोट जिले की मोगा सब डिवीजन में बधनी कलां गांव में एक पैट्रोल पम्प मालिक तिलक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

फैसला सुरक्षित

अमृतसर, 29 सितम्बर (प.स.): सिख न्यायिक आयोग ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के भूतपूर्व उपप्रधान हरिन्द्र सिंह तरनतारनी की इस याचिका कि उन्हें शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी ने गैर कानूनी ढंग से इस पद से हटाया था, के संबंध में अपने फैसले को अगली सुनवाई तक सुरक्षित रख लिया है । आगामी सुनवाई के लिए 4 अक्तूबर की तिथि निश्चित की गई है ।

जिला जालन्धर के गांव बड़ेला (थाना नकोदर) में सुर आतंकवादियों बोहड़ सिंह तथा तीन अन्य के शव ।

बदायूं की हिंसा में मृतक

लखनऊ, 29 सितम्बर (प.स., वार्ता): उत्तर प्रदेश में उर्दू को दूसरी राजभाषा बनाए जाने के मामले को लेकर बदायूं में कल हुए दंगे और हिंसक घटनाओं में अब तक 23 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है तथा लगभग 300 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई लोगों की हालत गम्भीर है । पूरे जिले में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और कर्फ्यू जारी है ।

गृह विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कल हिंसक भीड़ ने शहर से एक किलोमीटर दूर एक रेलगाड़ी पर हमला कर 12 व्यक्तियों को मार डाला तथा कई यात्रियों को घायल कर दिया । बदायूं शहर की हिंसा में 11 व्यक्ति मारे गए थे ।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के नेता बलदेव सिंह आर्य ने सदन को बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और कर्फ्यू लगाए जाने के बाद शहर में कोई अप्रिय घटना होने का समाचार नहीं है । शहर में भारी संख्या में पुलिस व पी.ए.पी. तैनात है और गश्त जारी है । कल की घटनाओं के सिलसिले में 47 लोग गिरफ्तार किए गए हैं । कल की हिंसा में 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं ।

'शबीर 'शाह के पास से भारी मात्रा में भारतीय व पाक करंसी बरामद

जम्मू, 29 सितम्बर (सच्चर): घोषित अपराधी तथा प्रमुख उग्रवादी नेता शबीर शाह के पास से भारी मात्रा में भारतीय और पाकिस्तानी करंसी के नोट बरामद होने की सूचना है । शबीर शाह को जमाते इस्लामी की युवा शाखा के उग्रवादी नईम अहमद के साथ बुधवार की रात यहां से 155 कि.मी. दूर रामबन के निकट से गिरफ्तार किया गया था । उस समय वह कश्मीर से जम्मू आ रहा था । विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार शबीर शाह के पास से भारतीय करंसी में 40 हजार रुपये तथा पाकिस्तानी करंसी में 500 रुपए मिले हैं । शबीर शाह को यह राशि कहां से मिली और वह इसे किस उद्देश्य से अपने साथ ले जा रहा था, इस बारे में कई अटकलें लगाई जा रही हैं ।

एक सूचना के अनुसार शबीर शाह जम्मू होते हुए पाकिस्तान जाने वाला था, क्योंकि वहां से उसे बुलावा आया था । लेकिन पाकिस्तान समर्थक पीपल्स लीग के एक अन्य गुट ने यह गुप्त जानकारी पुलिस को दे दी जिससे शबीर शाह गिरफ्त में आ गया । एक अन्य सूचना भी है कि पुलिस ने अनंतनाग के खडवानी क्षेत्र में शबीर शाह की तलाश में जमाते इस्लामी के एक सक्रिय कार्यकर्त्ता के यहां छापे मारे थे । मगर मकान मालिक ने बताया था कि पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया जिससे शबीर शाह गिरफ्तार हो सका ।

पुलिस शबीर शाह की गिरफ्तारी को एक बहुत बड़ी उपलब्धि मान रही है और उसके अनुसार कश्मीर के आतंकवादियों को यह जबरदस्त झटका है ।

लिट्टे छापामारों का 'शांति सेना पर हमला

पलाली (जाफना, श्रीलंका), 29 सितम्बर (वार्ता): लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने श्रीलंका के उत्तर पूर्व में युद्धविराम भंग कर आज भारतीय शांति सेना के जवानों पर हमला किया । जाफना से 20 किलोमीटर दूर चावा कचेरी के पास हुई इस घटना में लिट्टे के छापामारों ने वाहनों में जा रहे शांति सेना के जवानों पर गोली चलाई जिसमें एक जवान जख्मी हुआ ।

शांति सेना के सूत्रों ने बताया कि जवानों ने इसके जवाब में गोली चलाई जिसमें एक लिट्टे समर्थक घायल हुआ । घायल लिट्टे समर्थक से एक एफ-

इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी (आई.एन.एस.) की स्वर्ण जयंत समापन सत्र में केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री श्री एच.के. करते हुए आई.एन.एस. के अध्यक्ष श्री प्रवीण चंद्र गांधी त सैम पित्रोदा ।

भारत के विदेशी मु कमी एक अस्थायी

वाशिंगटन, 29 सितम्बर (प.स.): भारतीय वित्तमंत्री शंकरराव चवन ने कल यहां कहा कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट एक अस्थायी

Punjabi Sonatani

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

र मारुति कार सवार आतंकवादियों ने
र लिया । पुलिस तुरन्त हरकत में आ
तंकवादियों का पीछा किया जा रहा है ।

व्यक्तियों की हत्या : पट्टी (पाठक): नस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के के में आतंकवादियों ने दो परिवारों के तीन की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात करीब गांव के झिलमिल सिंह के घर 6 घुस आए और उन्होंने झिलमिल सिंह पड़ोसी सरदूल सिंह की बाहें बांध दीं और ले जाने लगे । घर के एक सदस्य सज्जन लिया कि इन्हें कहां ले जा रहे हो, जिसपर यों ने उसे वहीं ढेर कर दिया । झिलमिल दूल सिंह की खेतों में ले जाकर उन्होंने दीं ।

के अनुसार मृतकों के परिवारजन ने उक्त तीनों की हत्या उसी गांव के महेन्द्र उसके साथियों ने की है । ये हत्याएं की गई क्योंकि उनके घर पर एक अधिकारी आया जाया करता था ।

ट नौकाओं पर पाबंदी : अमृतसर अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत रा 144 के अन्तर्गत एक आदेश जारी नज तथा ब्यास नदी के मंड क्षेत्र में प्राइवेट स्तेमाल करने पर दो माह के लिए पाबंदी । यह आदेश 26 नवम्बर तक लाग

टर का अपहरण : अमृतसर से नारंग ने दिया है कि आज रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे ड पर मारुति कार में सवार 4 सिख युवक रबचन सिंह नामक एक व्यक्ति का की नोक पर कार में अपहरण करके ले स वारदात के कुछ मिनट बाद सिविल ाने के एस.एच.ओ. श्री बख्शी और बाद में ी. के जवान वहां पहुंच गए । कार की ारी है ।

बोहड़ सिंह उर्फ बिल्ला, 3 अन्य मरे : जालन्धर (प.स.): आज प्रातः जालन्धर जिला के गांव बघेला के निकट सी.आर.पी. तथा पंजाब पुलिस की संयुक्त गश्ती टुकड़ी के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ में एक आतंकवादी तथा एक पुलिस कांस्टेबल घायल हुआ । मृतकों में से एक की शिनाख्त तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के खूंखार आतंकवादी बोहड़ सिंह उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है । घायलावस्था में पकड़े गए आतंकवादी का नाम लखबीर सिंह उर्फ दलबीर सिंह उर्फ फौजी बताया गया है । वह थाना मक्सूदां के गांव बोहड़वाली का निवासी है । उसे एक अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

बड़ी उपलब्धि : चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि बोहड़ सिंह और उसके तीन साथियों का मारा जाना तथा एक का पकड़ा जाना न सिर्फ सुरक्षा बलों की एक बड़ी उपलब्धि है बल्कि बोहड़ सिंह ग्रुप की जालन्धर क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करने की योजना भी विफल कर दी गई है । उसने कहा कि बोहड़ सिंह ग्रुप जोकि सर्वाधिक

फाज़िल्का उपमंडल के गांव हौदां में उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । चित्र में आतंकवादियों द्वारा मारे गये । (1) मथुरादास, (2) संतोष रानी तथा (3) संतोष रानी के पति ओम प्रकाश पुपनेजा के शव । (छाया : लीलाधर)

वांछित उग्रवादी पिपल सिंह के ग्रुप से संबंधित है, कम से कम 40 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था जिनमें हाल ही में चक कनियां (फिरोजपुर) में एक परिवार के 5 सदस्यों, शाहकोट में 2 व्यक्तियों की हत्या शामिल है । इसके अलावा हाल ही में सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ियों पर घात लगा कर हमले करने में भी इस ग्रुप का हाथ था ।

श्रीनगर में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

कारण सरकार और प्राइवेट दफ्तरों में आज उपस्थिति बहुत कम रही ।

शबीर को पाकिस्तान से निमंत्रण : इधर पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पूछताछ के दौरान पता चला है कि शबीर को पाकिस्तान आने का एक निमंत्रण मिला था और वह राजौरी पुंछ से होता हुआ पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने की योजना बना रहा था ।

बटाला में श्री राम शिला पूजन कार्यक्रम

बटाला, 29 सितम्बर (कोछड़): गत दिवस स्थानीय किला मंडी में नगर के गण्य-मान्य व्यक्तियों की बैठक हुई । विश्व हिन्दू परिषद बटाला के प्रमुख अधिकारी श्री जे.एन. शर्मा व श्री तिलक राज अग्रवाल ने श्री रामशिला पूजन कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी । श्री तिलक अग्रवाल ने बताया कि नगर को 50 खंडों में बांटा गया है । प्रत्येक खंड में तीन दिन तक पूजन कार्यक्रम चलेगा, इसके बाद पूर्ण श्रद्धा के साथ इन शिलाओं को नगर के प्रमुख स्थान किला मंडी सरस्वती मन्दिर में इकट्ठा किया जाएगा, जहां तीन दिन यज्ञ समारोह होगा । इसके बाद श्री राम शिलाएं जिला के मुख्यालय से होती हुई प्रांत के मुख्यालय लुधियाना पहुंचेंगी, ये सभी कार्यक्रम 30 सितम्बर से 20 अक्तूबर तक सम्पन्न होंगे ।

6 अरब रुपए की चीनी की पाक,नेपाल को तस्करी

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (प.स.): जनता दल ने आज आरोप लगाया कि हाल ही में पाकिस्तान, बंगला देश और नेपाल को छः अरब रुपए की चीनी की कथित तस्करी की वजह से देश में चीनी की किल्लत पैदा हुई है । दल के प्रवक्ता महासचिव एस. जयपाल रेड्डी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि बाजार से चीनी बिल्कुल गायब हो गई है और अगले महीने दशहरा और दीपावली के समय लोगों को बिना शक्कर के गुजारा करना पड़ा सकता है ।

9 रु. किलो से अधिक चीनी न बेचने का आश्वासन

लुधियाना, 29 सितम्बर (धीमान): स्थानीय

'शेष फिर' का विमोचन कल

जालन्धर, 29 सितम्बर : पंजाब कला साहित्य अकादमी की ओर से साहित्यकार श्री जंग बहादुर गोयल के प्रथम उपन्यास 'शेष फिर' के विमोचन के लिए एक अक्तूबर को 10 बजे स्थानीय टाऊन हाल में एक साहित्य गोष्ठी आयोजित की जाएगी । गोष्ठी के मुख्य अतिथि जालन्धर मंडल के आयुक्त श्री एन.के. अरोड़ा होंगे जबकि पुस्तक का विमोचन जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल करेंगे ।

श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा पंजाब सम्मेलन आज से

जालन्धर, 29 सितम्बर : विभिन्न समुदायों में प्रेम, सद्भावना एवं सहयोग की भावना विकसित एवं मजबूत करने के लिए श्री सत्य साई सेवा आर्गेनाइजेशन पंजाब द्वारा 30 सितम्बर से एक अक्तूबर तक रैडक्रास भवन, लाजपत नगर, जालन्धर में तीसरा राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा । सम्मेलन का उद्घाटन आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जी.वी. सत्यनारायण 30 सितम्बर को प्रातः 11 बजे करेंगे ।

राजेश्वरी धाम में ज्वाला जी की पावन ज्योति स्थापित होगी

जालन्धर, 29 सितम्बर : राजेश्वरी धाम बस्ती शेख रोड जालन्धर में तीन दिवसीय धार्मिक समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । देवी राजरानी जी द्वारा ज्वाला जी की पवित्र ज्योति जालन्धर लगाई गई है जो राजेश्वरी धाम में निरंतर जलती रहेगी । एक अक्तूबर को जयपुर से मंगवाई गई मूर्तियां स्थापित की जाएंगी । पंजाब सरकार के वित्त आयुक्त श्री सदा नंद इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगे तथा भूतपूर्व मंत्री श्री यश इस अवसर पर होने वाले समारोह की अध्यक्षता करेंगे । 30 सितम्बर को इन मूर्तियों की शोभा यात्रा निकाली जाएगी । 2 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा ।

शाम के भाव-(29 सितम्बर, एन.एन.एस.)

सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3160, मिल डिलिवरी : वनस्पति ग.पी. (प्रति टीन) 366-370, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 341-368, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 174.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 195, मूंगफली तेल (10 किलो) 255, तिल तेल (10 किलो) 196, तेल बिनौला (10 किलो) 198, तेल चावल खाद्य (10

गुमशुदा की तलाश

200 रुपया नकद इनाम

लड़का जसबीर
उर्फ बीबी, रंग
आयु 15 वर्ष, कद
सफेद धारीदार
खाकी पैंट तथा
की चप्पल पहने
0 सितम्बर,
से घर से लापता
चना देने वाले को
खर्च के अलावा
- रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

ब सूबेदार ज्ञान सिंह पठानियां
क्वार्टर नं. 39/2,
बदीक सैनिक मंदिर, पठानकोट

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का सुच्चा राम उम्र 6 साल, कद 2'-9", 23.9.89 बस स्टैंड अमृतसर से गुम है । पहुंचाने वाले को 500/- शुक्राना दिया जाएगा ।

नानक चंद
1245, बटाला रोड, भारत नगर, अमृतसर ।

खुशखबरी

Punjabi Sanatani

(शेष पृष्ठ 14 पर)

गिंदर सिंह गिंदा सहित 2 खतरनाक आतंकवादी मारे गए

बुटारी के रेलवे थाना से हथियार लूटे गए

कांस्टेबल समेत 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि एक पुलिस कांस्टेबल समेत 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । रेलवे सुरक्षा बल की चौकी से हथियार लूट लिए गए जबकि रोपड़ पुलिस ने भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए । मुठभेड़ में एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर तथा एक आतंकवादी घायल हुआ ।

दो व्यक्तियों की हत्या : जिला फिरोजपुर में मल्लांवाला से अपने घर बस्ती चाहल जाते हुए दो व्यक्तियों चनन सिंह और पारू सिंह की हत्या कर दी गई ।

हथियार लूट लिए : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार थाना ब्यास के क्षेत्र में स्थित गांव बुटारी के रेलवे स्टेशन पर जो कि अमृतसर-जालंधर मुख्य मार्ग पर स्थित है, गत रात 8.30 बजे के करीब 7-8 आतंकवादियों ने अचानक रेलवे सुरक्षा बल की चौकी पर हमला करके ड्यूटी पर खड़े दोनों संतरियों को काबू कर लिया तथा उनसे हथियार छीन लेने के बाद चौकी से अन्य हथियार भी लूट लिये । आतंकवादी किसी तरह का जानी नुक्सान किये बगैर फरार हो गये । लूटे गये हथियारों में सात 303 राइफलों, एक स्टेनगन और राइफलों व स्टेनगन के 305 कारतूस शामिल हैं ।

पुलिस कांस्टेबल की लाश मिली : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना सिविल लाइन्स अमृतसर में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल नत्था सिंह, जो कि गांव सिंहपुरा थाना चौक मेहता का रहने वाला है, की गोलियों से छलनी लाश गांव कालेके के बाहर खेत में पड़ी मिली है । कहा जाता है कि शाम के समय वह बाबा बकाला में बस से उतरने के बाद साइकल पर अपने गांव जा रहा था कि रास्ते में कुछ आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया और थोड़ी दूर ले जाने के बाद उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गिदा मारा गया : गत रात जिला फरीदकोट में गांव राजेआना के निकट सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया । उसकी पहचान गिदर सिंह उर्फ गिदा के रूप में हुई है । उससे एक 315 बोर की राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

मोगा से 'सर्च' के अनुसार एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी घायल भी हुआ है जो कि फरार होने में सफल हो गया ।

मृत उग्रवादी की पहचान : श्री शर्मा ने बताया कि कल फरीदकोट के बाहरी क्षेत्र में जहर खाकर आत्महत्या करने वाले उग्रवादियों में से एक तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभ एरिया कमांडर कुलदीप सिंह उर्फ कीपा था जिसके सिर पर 25,000 रुपए का इनाम था । कल उसके दूसरे साथी की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई थी ।

गनमैन ने गोली चला दी : मुक्तसर से दर्दी व दीपक के अनुसार मुक्तसर की जोधा कालोनी में रहने वाले एक वकील सुरेंद्र सिंह के गनमैन द्वारा रात लगभग 9 बजे यह संदेह होने पर कि घर के पिछली तरफ से कोई आतंकवादी उसकी ओर बढ़ रहा है, गोली चला दी । गोली के छर्रे पड़ोस के मकान की एक औरत व 11-12 वर्षीय लड़के को भी लगे । उल्लेखनीय है कि तीन सप्ताह पूर्व उक्त वकील सुरेंद्र सिंह का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था परन्तु वह उनके चंगुल से बच निकलने में सफल हो गया था । सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंच गई । मामले की जांच की जा रही है ।

बुर्जवाला में आतंकवादी मरा : आज जिला रोपड़ के बुर्जबाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । मुठभेड़ में पुलिस का एक सब इंस्पैक्टर दर्शन सिंह भी घायल हो गया ।

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद : राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि रोपड़ पुलिस ने मुठभेड़ वाले स्थान पर एक थामसन सब मशीनगन, तीन टाईम बम, एक माऊजर, 2 हथगोले, ड्राई बैटरी सैल, प्लास्टिक विस्फोटक, दो 12 बोर की बंदूकें, ए.के. 47, राइफल और जनरल पर्पज़ मशीनगन के कारतूस बरामद किये । इसके अलावा कुछ पुलिस की वर्दियां, साधुओं द्वारा पहने जाने वाले वस्त्र और खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर हैड भी बरामद किये गये ।

यह मुठभेड़ एक व्यक्ति सिकंदर सिंह के फार्म हाऊस पर हुई । मुठभेड़ के दौरान सिकंदर सिंह तथा 4 अन्य आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गये ।

बाप, बेटा घायल : उग्रवादियों ने आज प्रातः भटिंडा में एक डाक्टर सुखपाल सिंह तथा उसके पिता जोगेंद्र सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

ठीकरी पहरे का आदेश : कपूरथला के जिला मैजिस्ट्रेट श्री ए.आर. तलवाड़ ने स्वस्थ शरीर वाले सभी ग्रामीणों को अपने गांवों में बिजली की लाइनों, रेलवे लाइन तथा धुस्सी बांध की सुरक्षा के लिए ठीकरी पहरा देने का आदेश दिया है । यह आदेश चालू वर्ष के अंत तक लागू रहेगा ।

खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि धारीवाल पुलिस

(शेष पृष्ठ 14 पर)

Is It Possible ?

Punjabi Sahitani

सां. श्री विजय बकाया तथा
स) श्री गोपाल शर्मा भी उपस्थित

फिकदल में पथराव कर रहे युवकों
जससे एक युवक घायल हो गया ।
एस. अस्पताल में भर्ती कराया गया
ति खतरे से बाहर बताई जाती है ।
जहर अहमद चिस्ती अपने वाहन में
ा फटने से घायल हो गए । उन्हें
ं कराया गया है । इससे पूर्व आज
कुछ शरारती लोगों ने एक प्राइवेट
में आग लगा दी । इससे दो करोड़
नष्ट हो गई ।

त्र में पुलिस तथा पाक प्रशिक्षित
दियों में परस्पर फायरिंग हुई ।
अनुसार लगभग दो घंटे तक दोनों
होती रही । हरिसिंह हाई स्ट्रीट में
तत्वों ने एक इमारत में आग लगा
हां पर हिंसक लोगों को खदेड़ने के
रिंग की ।

त्रों में अल्पसंख्यक समुदाय के घरों
घटनाओं के बाद वहां और अधिक
तैनात किया गया है । अर्द्ध सैन्य
सुरक्षा की भावना कायम करने के
किया । पुलिस ने कई स्थानों पर
कर रहे लोगों को खदेड़ने के लिए
तथा हवा में गोलियां चलाईं ।
30 किलो मीटर दूर पुलवामा में
गिरफ्तारी का विरोध करने वाली
की इमारत में आग लग दी जिससे
कर नष्ट हो गया ।

ग लगा दी : पहलगाम के निकट
अज्ञात उपद्रवकारियों ने आज रात
ल को आग लगा दी ।
ीर में उग्रवादी नेता शबीर शाह की
ोध में हो रही हिंसा की कार्रवाई के
की यह पहली घटना है ।

आने से घर से
ड़कियां बरामद

0 सितम्बर (संधी): यहां के सैक्टर
र्नमैंट हाई स्कूल की सातवीं कक्षा
ज्योति, सरिता, लीला व मोनिका,
सितम्बर से लापता थीं, को आज
प्रातः उस समय खोज निकाला,
यहां आकर एक लोकल बस में
।

ों के अंग काटने
ाह को अदालत में
किया गया

पत्रकारों को दिखाते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा जिला रोपड़ के एस.एस.पी. श्री काहलों । (छाया : पुरी)

गिंदर सिंह गिंदा
(पृष्ठ 3 का शेष)

ने एक खतरनाक आतंकवादी रणजोध सिंह निवासी कंग को गिरफ्तार किया है । रणजोध सिंह ने अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर 30.8.89 को गांव कलेर खुर्द के पास दो व्यक्तियों की हत्या की थी । उसका एक साथी दिलबाग सिंह निवासी कंग शस्त्रों सहित पकड़ा जा चुका है और एक अन्य साथी दलविन्द्र सिंह उर्फ बम्ब जोकि भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयं-भू लैफ्टीनैंट जनरल था, मारा जा चुका है । एक साथी अभी फरार है । श्री दास के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का सदस्य है और यह साथियों के साथ मिल कर पुलिस अफसरों, एक समुदाय के लोगों की हत्या और गुरदासपुर बस स्टैंड पर बम विस्फोट करना चाहता था । इससे अभी पूछताछ जारी है । उससे एक होमगार्ड जवान की वर्दी भी मिली है ।

गोदाम से गेहूं चोरी : करतारपुर (साहनी): गत रात्रि लगभग 1.30 बजे करतारपुर-भुलत्थ सड़क पर वेयर हाऊस के गोदाम से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 38 बोरी गेहूं ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । पुलिस ने केस दर्ज करके इस घटना के बारे में जांच शुरू कर दी है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना से धीमान के अनुसार एस.एस.पी. श्री सैनी ने बताया कि कल रात समराला रोड पर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह उर्फ बिंदा तथा अजमेर सिंह उर्फ नीता को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से 12 बोर के 2 पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ । एक हीरो होंडा मोटर साइकल भी उनके कब्जे से मिला । यह दोनों लूटमार तथा वाहन छीनने की कई वारदातों में शामिल थे ।

लुधियाना में तीन की हत्या : लुधियाना से धीमान के अनुसार आज सायं लगभग डेढ़ घंटे में आतंकवाद की विभिन्न चार वारदातों में तीन व्यक्ति मारे गए तथा दो घायल हो गए । चौक कोलेवाल के निकट कुछ संदिग्ध आतंकवादियों की फायरिंग से मंगल सिंह नामक व्यक्ति मारा गया तथा मोहन सिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है । बसंत पार्क में हुई फायरिंग के दौरान बाबूराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । चौक मंगल सिंह (शिमलापुरी) में कुछ अज्ञात व्यक्तियों की फायरिंग से कपूर नामक एक व्यक्ति मारा गया । चौथी घटना शास्त्री नगर में हुई जिसमें आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एस.पी. बजाज से उसकी मारुति वैन छीन ली । एक सूचना के अनुसार तीनों मृतक लुधियाना के पुस्तक विक्रेता बताए जाते हैं ।

सरकार झुकने की नीति त्यागे : ब्रह्म महिन्द्रा

पटियाला, 30 सितम्बर (भूषण): पंजाब प्रदेश कांग्रेस के भूतपूर्व महासचिव श्री ब्रह्म महेन्द्रा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अकाली नेताओं तथा उग्रवादी तत्वों के आगे झुकने के प्रयोग वाली नीति को छोड़े क्योंकि इससे पंजाब समस्या के समाधान में किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिल पाएगी ।

यहां आज नेहरू शताब्दी के सम्बन्ध में कांग्रेस के राजनीतिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने अकाली नेता श्री प्रकाश सिंह बादल, अकाल तख्त के भूतपूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे और अब आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह आदि को रिहा करने के प्रयोग करती रही है ।

रस्म पगड़ी

होशियारपुर के कर्मठ आर्य समाजी **मास्टर हरी सिंह** जी का 21.9.89 को देहांत हो गया है । उनके निमित्त शांति हवन एवं रस्म पगड़ी, रविवार 1.10.1989 को दोपहर 12 बजे, मकान नम्बर 292, गुरुनानक नगर, (निकट सैशन चौक) होशियारपुर में होगी ।

शोक संतप्त :
परिवार, सम्बन्धी एवं मित्रगण

रस्म पगड़ी

भारी शोक एवं दुख से सूचित करते हैं कि हमारे पूज्य **श्री जोगिन्द्र नाथ मिश्रा** का 22 सितम्बर 1989 को स्वर्गवास हो गया था उनकी रस्म पगड़ी 2 अक्तूबर 1989 को डी.ए.वी. सीनियर हायर सैकेंडरी स्कूल हाथी गेट, अमृतसर में 2 से 3 बजे तक होगी ।

शोक संतप्त :

रामप्यारी मिश्रा (पत्नी)
रमेश मिश्रा, ओंकार नाथ मिश्रा
विनय कुमार मिश्रा, अश्विनी कुमार मिश्रा (सुपुत्र)



मां भवानी का अनूठा चित्र

पहली
नवरात्रों के
मंदिरों—ज्वालेश्वरी देवी
चामुण्डा देवी—
राजस्थान और
आए है ।
ज्वालामुखी
तीर्थ स्थान है ।
अक्तूबर) और
देश भर से लाखों की
आते है । इस मंदिर को
माना जाता है ।
भगवान शिव की
उनकी जिह्वा
अग्नि की लपट के रूप में
देवी के नाम से पूजा जाता है ।
मुगल बादशाह
सोने का छत्र

Punjabi Sanatani

गए : 3 व्यक्तियों की हत्या

मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

बैंक डकैती के दौरान घायल उग्रवादी पकड़ा गया

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): गत रात्रि के पश्चात् पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल, एक सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक पाक घुसपैठिया मारा गया । 2 उग्रवादियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया जबकि बैंक-डकैती के दौरान घायल एक उग्रवादी एक प्राईवेट नर्सिंग होम से पकड़ा गया ।

2 आतंकवादी मरे : पट्टी (नि.स.): कल रात पुलिस जिला तरनतारन के झब्बाल थाना क्षेत्र के अधीन ढंड कसेल गांव के पास आतंकवादियों ने दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात साढ़े आठ बजे के लगभग मास्टर कारज सिंह तथा मख्तयार सिंह मोटर साईकिल पर ढंड कसेल स्थित अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने बड़ी निकट से उन पर फ़ायरिंग की । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्य हो गई । पुलिस के अनुसार कारज सिंह आतंकवादियों को शरण देता था ।

वार्ता के अनुसार पुलिस का कहना है कि यह

हत्या एवं लूटपाट की घटनाएं करने वाला आतंकवादी गिदर सिंह उर्फ गिदा जो फरीदकोट जिला के बाघापुराना पुलिस थाना के अधीन रोडे गांव में विगत दिनों पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह रणजीत सिंह उर्फ रूडा का निकट साथी था । (छाया : बिंदल)

आतंकवादियों की आपसी शत्रुता की घटना है । दोनों मृतक टीचर थे और वह पहले आतंकवादी कारवाइयों में संलिप्त रहे थे ।

उग्रवादी नौकाएं छोड़ कर भागे : अमृतसर (वर्मा): मंड क्षेत्र में दरिया सतलुज व ब्यास में काफी समय से उग्रवादी अपने आने-जाने के लिए नौकाओं का प्रयोग करते चले आ रहे थे, जिस कारण सी.आर.पी.एफ. को उग्रवादियों के ठिकानों को ढूंढने व उन्हें दबोचने के लिए काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता था । अब पता चला है कि सरकार ने इन दोनों दरियाओं में नौकाओं की गतिविधियों पर सख्त निगरानी शुरू कर दी है तथा नौका चलाने पर पाबंदी लगा दी है । इस कारण उग्रवादी काफी मुश्किल में फंस गए हैं तथा कई जगहों पर वह अपनी नौकाएं दरियाओं के किनारों पर छोड़ कर भाग गए हैं । सी.आर.पी. ने इन नौकाओं पर कब्जा कर लिया है ।

बैंक लूटने वाले उग्रवादियों का नेता पकड़ा गया : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार 4-5 दिन पूर्व जिला अमृतसर के गांव दोटाला, जो पुलिस थाना मेहता के अंतर्गत है, में पंजाब नैशनल बैंक को लूटने की कोशिश की गई थी तथा उग्रवादियों ने 1.91 लाख रुपया भी एकत्रित कर लिया था कि सी.आर.पी. के पहुंचने पर मुकाबला के दौरान वे भाग गए थे । आज मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. अनिल शर्मा ने बताया कि इनमें से जगतार सिंह निवासी चन्नन के गांव उग्रवादियों का नेता था और वह मुकाबले में घायल हो गया था और एक प्राईवेट नर्सिंग होम में चिकित्सा-धीन था । सूचना मिलने पर जब पुलिस सफेद कपड़ों में नर्सिंग होम में पहुंची तो जगतार सिंह के साथी भाग गए लेकिन पुलिस ने जगतार सिंह को काबू कर लिया और उसका मोटर साइकल भी बरामद कर लिया । अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस थाना हरिके में गांव रत्ता गुड्डा के निकट पुलिस की नाकापार्टी ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 45 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

'प.स.' के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम गरनाम सिंह और सज्जन सिंह हैं । इन आतंकवादियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया । उनके दो साथी फरार हो गए । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले में कई हत्याओं तथा एस.पी.ओ. चौकियों पर हमलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

मृतक की शिनाख्त : पुलिस थाना सरहाली में आतंकवादियों ने तेज़धार हथियार से विगत दिनों जिस व्यक्ति की हत्या की थी, उसकी पहचान प्रगट सिंह के रूप में हुई है । पुलिस के भूतपूर्व सिपाही प्रगट सिंह की आतंकवादियों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी ।

सिपाहियों के कपड़े उतरवा दिए : 'भास्कर' के अनुसार कल बटारी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की चौकी में उग्रवादियों द्वारा शस्त्र लूटे जाने की जो घटना हुई थी, उसके संबंध में उल्लेखनीय बात यह है कि उग्रवादियों ने चौकी के सिपाहियों के सभी कपड़े उतरवा लिए और फिर बनियान व कच्छे सहित उनसे परेड करवा कर बैठकें निकलवाईं । जाती बार उग्रवादी उन्हें कह गए कि हम तुम्हारी हत्या भी कर सकते थे परन्तु तुम्हारे लिए इतना ही सबक काफी है । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने इन सिपाहियों को इतना

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(1) उग्रवादियों द्वारा शनिवार रात को लुधियाना के डोलेवाल गोलीकां (2) मोहन सिंह तथा (3) कोट मंगल सिंह में मारे गए हेमराज कपू शव । (4) वह दुकान जहां मंगल सिंह व मोहन सिंह मारे गए, (5) को मारा गया । (7 से 9) मृतकों के शोक संतप्त परिवार ।

गुरु नानक देव वि.वि. में परीक्षाओं से जुड़ा 'सैक्स स्कैंडल' सामने आया

अमृतसर, 1 अक्तूबर (अशोक सोनी): प्रिंटिंग प्रैस स्कैंडल व परीक्षा पत्र स्कैंडल के बाद परीक्षाओं से जुड़ा सैक्स स्कैंडल एक विश्वविद्यालय में हुआ है और यह विश्वविद्यालय है गुरु नानक देव वि.वि. अमृतसर । इस स्कैंडल के तहत वि.वि. के अधिकारियों द्वारा छात्राओं का 'शोषण' किए जाने का मामला उठा है ।

ज्ञात हुआ है कि वि.वि. के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने ज्ञानी कक्षा की परीक्षा में बैठने वाली एक छात्रा से बलात्कार किया है तथा इस लड़की ने सारी बात बारे प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित एक हल्फिया बयान दिया है । इस मामले में पुलिस की जांच जारी है । इन तीनों अधिकारियों की गिरफ्तारी किसी भी क्षण सम्भावित है ।

लड़की द्वारा दिए गए हल्फिया बयान के अनुसार अप्रैल 1989 में हुई ज्ञानी की परीक्षा में बैठने से पूर्व उसे निर्धारित समय तक उसका रोल नम्बर नहीं मिला था । इस पर उसने विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया, जहां एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी (हल्फिया बयान में इसका नाम व दर्जा भी लिखा गया है) उसे मिला तथा उसने उसका रोल नं. उसे दिलवा दिया, जिसमें जिला गुरदासपुर में उसका परीक्षा केन्द्र बनाया गया था लेकिन अधिकारी के मन में न जाने क्या आया कि उसने इस लड़की का परीक्षा केन्द्र बदलवा कर अन्य स्थान पर बनवा दिया और वहां पर केन्द्र निरीक्षक अपने एक निकट मित्र (इसका नाम भी हल्फिया बयान में दर्ज है) को नियुक्त करवाया ।

हल्फिया बयान के अनुसार 24 अप्रैल को परीक्षा के प्रथम दिन रात को यह अधिकारी एक अन्य सहायक अधिकारी (इसका नाम भी हल्फिया बयान में दर्ज है) के साथ लड़की के सैंटर में पहुंचा और सायं पांच बजे परीक्षा समाप्ति पर इस अधिकारी उसके सहायक अधिकारी और केन्द्र सुपरिंटैंडैंट ने इस लड़की को 'बरगला' लिया और उसके साथ बलात्कार किया । इस कुकर्म के बाद लड़की को आश्वासन दिलाया गया कि उसे पास करा दिया जाएगा और नौकरी भी दिला दी जाएगी ।

विश्वविद्यालय में तो यह भी चर्चा है कि वस्तुतः उस दिन लड़की को परीक्षा केन्द्र में बैठने ही नहीं दिया गया था और उसके स्थान पर परीक्षा किसी और ने दी थी व यह लड़की सारा समय 'कहीं और रखी गई' थी । सूत्रों का यह भी कहना है कि यह तो एक मामला है जो सामने आ गया है और न जाने कितने ऐसे मामले हुए होंगे, वे तो पुलिस की जांच के बाद ही सामने आएंगे ।

यह बात भी विचारणीय है कि उस लड़की का क्या स्वार्थ था जिसने इस लड़की के स्थान पर परीक्षा दी थी ? यह बात भी सुनने में आई है कि पोल खुल जाने के भय से ये अधिकारी अब उस लड़की को धमकियां दे रहे हैं कि वह पुलिस के सामने मुंह न खोले । पुलिस इस लड़की से सम्पर्क करने का यत्न पैसे लेकर समझौता कर रही है ।

अफगान विद्रोहियों ने काबुल पर दो राकेट दागे : 13 मरे

काबुल, 1 अक्तूबर (प.स.): अफगान छापामारों ने आज प्रातः राजधानी काबुल पर सतह से सतह पर मार करने वाले दो राकेट दागे, जिससे 13 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए । इनमें से एक राकेट राष्ट्रपति महल के परिसर में खान और उद्योग मंत्रालय के कार्यालय के ठीक सामने आकर गिरा । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राकेट इस दोमंजिली इमारत की सीढ़ियों के पास आकर गिरा । इस हमले में आठ व्यक्ति मारे गए । मरने वालों में अधिकांश सरकारी कर्मचारी हैं । यह कार्यालय राष्ट्रपति महल से लगभग सौ मीटर के फासले पर स्थित है । कार्यालय जाने वाले कई लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया ।

दूसरा राकेट शारेना बस्ती में एक पार्क में गिरा । इस क्षेत्र में राजधानी का एक व्यस्त बाजार है । यहां राकेट के विस्फोट में पांच व्यक्ति मारे गए और कई अन्य व्यक्ति घायल हो गए ।

सम्वाददाताओं ने खान मंत्रालय भवन के दौरे के समय देखा कि दमकल दस्ते परिसर को साफ कर रहे थे । वहां चारों ओर टूटे-फूटे कांच और प्लास्टर के टुकड़े बिखरे पड़े थे । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि राकेट लगभग ग्यारह बजे गिरा, जिससे उस समय कार्यालय में प्रवेश कर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए । हाल के कुछ हफ्तों में छापामारों ने राजधानी पर एक दर्जन से अधिक राकेट दागे हैं ।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 10 अगस्त से 20 अगस्त के बीच छापामारों ने काबुल पर कुल 267 राकेट दागे, जिनसे 113 व्यक्ति मारे गए और तीन सौ अन्य लोग घायल हो गए । मरने वालों में अधिकांश नागरिक हैं । इस दौरान राकेट हमलों में 1,000 मकानों और 15 दुकानों को नुकसान पहुंचा और 50 वाहन क्षतिग्रस्त हुए ।

पंजाब में खालिस्तान नहीं बनेगा, अकालियों का खाली स्थान बन जाए तो आश्चर्य नहीं : दरबारा सिंह

लुधियाना, 1 अक्तूबर (महिन्द्रा, जोशी, धीमान, मुसाफिर): आज यहां कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता तथा पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह ने कांग्रेस (इ) की भारी रैली को सम्बोधित करते हुए अकाल तख्त के हैडग्रंथी जत्थेदार दर्शन सिंह से अपील की कि वह आतंकवादियों के विरुद्ध अपना हुक्मनामा जारी करें । जिन्होंने पंजाब में हत्याओं व लूटपाट का बाजार गर्म कर रखा है । उन्होंने कहा कि जत्थेदार दर्शन सिंह पंजाब राजभवन का घेराव करने का बयान तो दे देते हैं परन्तु निर्दोष महिलाओं और मासूम बच्चों पर यह आतंकवादी जो गोलियां चलाते हैं तथा उनके खून से होली खेलते हैं, उनकी निन्दा के लिए जत्थेदार दर्शन सिंह की जबान से आज तक एक शब्द भी न

कि अकाली पंजाब को करने की कोशिश कर पंजाब में कदापि नहीं बने यदि खाली स्थान या खा आश्चर्य नहीं ।

उन्होंने आरोप लगा पाकिस्तान के हवाले कर उन्होंने सी.आई.ए. की भ कि वह हमारे देश को क खर्च कर रही है । श्री दर में पंचायती राज को कोई ही इसके लोकतंत्र को उन्होंने कहा कि प्रधानम वर्ष के युवकों को वोट सरकार में हिस्सेदार बन पंचायतों को पत्र भेज कर करने का भी वायदा किया तैयार कर रही है जिसमें रोजगार मिलेगा । उन्ह राजनीतिक पार्टियों ने च के लिए आवेदन दिए थे ठुकराए हुए नेता ही हैं । दिलाया कि अगले चुनाव उसकी सरकार अधूरे का

श्री दरबारा सिंह ने वास्तव में अकालियों के प कहा कि इनका सारे संसार रही है । उन्होंने कहा कि में स्थानीय शासन का है । उन्होंने कहा कि मैं उन्होंने कहा कि आज क और पथकलाबाद का प्रच विदेशी संकेतों पर नाच क कर दिए जाएं परन्तु क देगी । पंजाब में जब-ज बिजली की पैदावार बढ़ी, मैगावाट भी बिजली पैदा कहा कि वी.पी. सिंह का द लोगों के सौदे में वह पूरी त चैक पर भी उनके हस्ताक्ष

भूतपूर्व सांसद गुरचरण भय है कि उग्रवादी उनक अकाली उग्रवादियों को नि अकालियों को चेतावनी दी उनके परिवारों को तबाह दल का भाव पता चल जा उग्रवादियों की मदद पाकिस्त कर रहे हैं । पाकिस्तान प मिल रहे हैं परन्तु हम इस होने देंगे । भारत संगठित नेतृत्व में रहेगा । कांग्रेस

अजय सिंह की सम्पत्ति बारे पूर्ण जांच के लिए टीम न्यूयार्क जाएगी

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (प.स.): जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह के पुत्र और अमरीका में अप्रवासी भारतीय अजय सिंह की विदेशी सम्पत्ति के बारे में पूरी जानकारी हासिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय का एक उच्च स्तरीय दल शीघ्र ही न्यूयार्क रवाना हो रहा है । वित्त मंत्रालय सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले श्री अजय सिंह ने सार्वजनिक रूप से जितनी सम्पत्ति की घोषणा की, वह उनकी सम्पत्ति के ज्ञात स्रोतों से मेल नहीं खाती । सूत्रों ने बताया कि अजय सिंह ने अपनी सम्पत्ति की सही जानकारी नहीं दी बल्कि तोड़-मरोड़ कर गलत तथ्य पेश किए हैं । उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी नोटिस के जवाब में अपनी सम्पत्ति की घोषणा की । निदेशालय ने कथित रूप से अजय सिंह को एक और नोटिस जारी किया है, जिसमें लंदन के आलीशान आवासीय कालोनी में स्थित उनके फ्लैट के सम्बन्ध में उनके स्पष्टीकरण मांगा गया है ।

जनमत संग्रह के लिए भारत पर दबाव डालने का प्रयास

इस्लामाबाद, 1 अक्तूबर (प.स.): पाक अधिकृत कश्मीर का एक प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए 'भारत पर दबाव' डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों का समर्थन प्राप्त करने के लिए रवाना हुआ है । इस प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता मेजर जन. (सेवानिवृत्त) मोहम्मद हयात खां कर रहे हैं । प्रतिनिधिमंडल में पाक अधिकृत कश्मीर का एक मंत्री तथा जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का चेयरमैन अमानुल्ला खान भी शामिल हैं ।

EXHIBITION CUM SALE OF
BLUE STAR
IDEAS

Punjabi Sanatan

गए : 3 व्यक्तियों की हत्या

मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

बैंक डकैती के दौरान घायल उग्रवादी पकड़ा गया

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): गत रात्रि के पश्चात् पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल, एक सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक पाक घुसपैठिया मारा गया । 2 उग्रवादियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया जबकि बैंक-डकैती के दौरान घायल एक उग्रवादी एक प्राईवेट नर्सिंग होम से पकड़ा गया ।

2 आतंकवादी मरे : पट्टी (नि.स.): कल रात पुलिस जिला तरनतारन के झब्बाल थाना क्षेत्र के अधीन ढंड कसेल गांव के पास आतंकवादियों ने दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात साढ़े आठ बजे के लगभग मास्टर कारज सिंह तथा मुख्तयार सिंह मोटर साइकिल पर ढंड कसेल स्थित अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने बड़ी निकट से उन पर फ़ायरिंग की । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्य हो गई । पुलिस के अनुसार कारज सिंह आतंकवादियों को शरण देता था ।

हत्या एवं लूटपाट की घटनाएं करने वाला आतंकवादी सिंदर सिंह उर्फ़ सिंदा जो फरीदकोट जिला के बाघापुराना पुलिस थाना के अधीन रोडे गांव में विगत दिनों पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह रणजीत सिंह उर्फ़ रूडा का निकट साथी था ।
(छाया : विट्टल)

वार्ता के अनुसार पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादियों की आपसी शत्रुता की घटना है । दोनों मृतक टीचर थे और वह पहले आतंकवादी कार्रवाइयों में संलिप्त रहे थे ।

उग्रवादी नौकाएं छोड़ कर भागे : अमृतसर (वर्मा): मंड क्षेत्र में दरिया सतलुज व ब्यास में काफी समय से उग्रवादी अपने आने-जाने के लिए नौकाओं का प्रयोग करते चले आ रहे थे, जिस कारण सी.आर.पी.एफ. को उग्रवादियों के ठिकानों को ढूंढने व उन्हें दबोचने के लिए काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता था । अब पता चला है कि सरकार ने इन दोनों दरियाओं में नौकाओं की गतिविधियों पर सख्त निगरानी शुरू कर दी है तथा नौका चलाने पर पाबंदी लगा दी है । इस कारण उग्रवादी काफी मुश्किल में फंस गए है तथा कई जगहों पर वह अपनी नौकाएं दरियाओं के किनारों पर छोड़ कर भाग गए हैं । सी.आर.पी. ने इन नौकाओं पर कब्जा कर लिया है ।

बैंक लूटने वाले उग्रवादियों का नेता पकड़ा गया : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार 4-5 दिन पूर्व जिला अमृतसर के गांव दोटालां जो पुलिस थाना मेहता के अंतर्गत है, में पंजाब नैशनल बैंक को लूटने की कोशिश की गई थी तथा उग्रवादियों ने 1.91 लाख रुपया भी एकत्रित कर लिया था कि सी.आर.पी. के पहुंचने पर मुकाबला के दौरान वे भाग गए थे । आज मंगलवार पुलिस जिले के एस.एस.पी. अनिल शर्मा ने बताया कि इसमें से जगतार सिंह निवासी चन्नन दे गांव उग्रवादियों का नेता था और वह मकाबले में शामिल थी । जगतार सिंह सी.आर.पी. की गोली से घायल हो गया था और एक प्राईवेट नर्सिंग होम में चिकित्साधीन था । सूचना मिलने पर जब पुलिस सफेद कपड़ों में नर्सिंग होम में पहुंची तो जगतार सिंह के साथी भाग गए लेकिन पुलिस ने जगतार सिंह को काबू कर लिया और उसका मोटर साइकल भी बरामद कर लिया । अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस थाना हरिके में गांव रत्ता गुड्डा के निकट पुलिस की नाकापार्टी ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 45 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

'प.स.' के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम गरनाम सिंह और सज्जन सिंह हैं । इन आतंकवादियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्मसमर्पण कर दिया । उनके दो साथी फरार हो गए । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले में कई हत्याओं तथा एस.पी.ओ. चौकियों पर हमलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

मृतक की शिनाख्त : पुलिस थाना सरहाली में आतंकवादियों ने तेज़धार हथियार से विगत दिनों जिस व्यक्ति की हत्या की थी, उसकी पहचान प्रगट सिंह के रूप में हुई है । पुलिस के भूतपूर्व सिपाही प्रगट सिंह की आतंकवादियों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी ।

सिपाहियों के कपड़े उतरवा दिए : 'सागर' के अनुसार कल बटारी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की चौकी से उग्रवादियों द्वारा शस्त्र लूटे जाने की जो घटना हुई थी, उसके संबंध में उल्लेखनीय बात यह है कि उग्रवादियों ने चौकी के सिपाहियों के सभी कपड़े उतरवा लिए और फिर बनियान व कच्छे सहित उनसे कान पकड़वा कर बैठकें निकलवाईं । जाती बार उग्रवादी उन्हें कह गए कि हम तुम्हारी हत्या भी कर सकते थे परन्तु तुम्हारे लिए इतना ही सबक काफी है । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने इन सिपाहियों को इतना

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(1) उग्रवादियों द्वारा शनिवार रात को लुधियाना के डोलेवाल गोलीकां (2) मोहन सिंह तथा (3) कोट मंगल सिंह में मारे गए हेमराज कपूर शव । (5) वह दुकान, जहां मंगल सिंह व मोहन सिंह मारे गए, (6) को मारा गया । (7 से 9) मृतकों के शोक संतप्त परिवार ।

गुरु नानक देव वि.वि. में परीक्षाओं से जुड़ा 'सैक्स स्कैंडल' सामने आया

अमृतसर, 1 अक्तूबर (अशोक सोनी): प्रिंटिंग प्रैस स्कैंडल व परीक्षा पत्र स्कैंडल के बाद परीक्षाओं से जुड़ा सैक्स स्कैंडल एक विश्वविद्यालय में हुआ है और यह विश्वविद्यालय है गुरु नानक देव वि.वि. अमृतसर । इस स्कैंडल के तहत वि.वि. के अधिकारियों द्वारा छात्राओं का 'शोषण' किए जाने का मामला उठा है ।

ज्ञात हुआ है कि वि.वि. के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने ज्ञानी कक्षा की परीक्षा में बैठने वाली एक छात्रा से बलात्कार किया है तथा इस लड़की ने सारी बात वारे प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित एक हल्फिया बयान दिया है । इस मामले में पुलिस की जांच जारी है । इन तीनों अधिकारियों की गिरफ्तारी किसी भी क्षण सम्भावित है ।

लड़की द्वारा दिए गए हल्फिया बयान के अनुसार अप्रैल 1989 में हुई ज्ञानी की परीक्षा में बैठने से पूर्व उसे निर्धारित समय तक उसका रोल नम्बर नहीं मिला था । इस पर उसने विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया, जहां एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी (हल्फिया बयान में इसका नाम व दर्जा भी लिखा गया है) उससे मिला तथा उसने उसका रोल नं. उसे दिलवा दिया, जिसमें जिला गुरदासपुर में उसका परीक्षा केन्द्र बनाया गया था लेकिन अधिकारी के मन में न जाने क्या आया कि उसने इस लड़की का परीक्षा केन्द्र बदलवा कर अन्य स्थान पर बनवा दिया और वहां पर केन्द्र निरीक्षक अपने एक निकट मित्र (इसका नाम भी हल्फिया बयान में दर्ज है) को नियुक्त करवाया ।

हल्फिया बयान के अनुसार 24 अप्रैल को परीक्षा के प्रथम दिन सायं को यह अधिकारी एक अन्य सहायक अधिकारी (इसका नाम भी हल्फिया बयान में दर्ज है) के साथ लड़की के सैंटर में पहुंचा और सायं पांच बजे परीक्षा समाप्ति पर इस अधिकारी, उसके सहायक अधिकारी और केन्द्र सुपरिंटैंडैंट ने इस लड़की को 'दरगला' लिया और उसके साथ बलात्कार किया । इस कुकर्म के बाद लड़की को आश्वासन दिलाया गया कि उसे पास करा दिया जाएगा और नौकरी भी दिला दी जाएगी ।

विश्वविद्यालय में तो यह भी चर्चा है कि वस्तुत: उस दिन लड़की को परीक्षा केन्द्र में बैठने ही नहीं दिया गया था और उसके स्थान पर परीक्षा किसी और ने दी थी व यह लड़की सारा समय 'कहीं और रखी गई' थी । सूत्रों का यह भी कहना है कि यह तो एक मामला है जो सामने आ गया है और न जाने कितने ऐसे मामले हुए होंगे, वे तो पुलिस की जांच के बाद ही सामने आएंगे ।

यह बात भी विचारणीय है कि उस लड़की का क्या स्वार्थ था जिसने इस लड़की के स्थान पर परीक्षा दी थी ? यह बात भी सुनने में आई है कि पोल खुल जाने के भय से ये अधिकारी अब उस लड़की को धमकियां दे रहे हैं कि वह पुलिस के सामने मुंह न खोले । पुलिस इस लड़की से सम्पर्क करने का गत दो दिनों से प्रयास कर रही है ।

अफगान विद्रोहियों ने काबुल पर दो राकेट दागे : 13 मरे

काबुल, 1 अक्तूबर (प.स.): अफगान छापामारों ने आज प्रात: राजधानी काबुल पर सतह से सतह पर मार करने वाले दो राकेट दागे, जिससे 13 व्यक्तियों की मृत्य हो गई और कई अन्य घायल हो गए । इनमें से एक राकेट राष्ट्रपति महल के परिसर में खान और उद्योग मंत्रालय के कार्यालय के ठीक सामने आकर गिरा । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राकेट इस दोमंजिली इमारत की सीढ़ियों के पास आकर गिरा । इस हमले में आठ व्यक्ति मारे गए । मरने वालों में अधिकांश सरकारी कर्मचारी हैं । यह कार्यालय राष्ट्रपति महल से लगभग सौ मीटर के फासले पर स्थित है । कार्यालय जाने वाले कई लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया ।

दूसरा राकेट शारेना बस्ती में एक पार्क में गिरा । इस क्षेत्र में राजधानी का एक व्यस्त बाजार है । यहां राकेट के विस्फोट में पांच व्यक्ति मारे गए और कई अन्य व्यक्ति घायल हो गए ।

सम्वाददाताओं ने खान मंत्रालय भवन के दौरे के समय देखा कि दमकल दस्ते परिसर को साफ कर रहे थे । वहां चारों ओर टूटे-फूटे कांच और प्लास्टर के टुकड़े बिखरे पड़े थे । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि राकेट लगभग ग्यारह बजे गिरा, जिससे उस समय कार्यालय में प्रवेश कर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए । हाल के कुछ हफ्तों में छापामारों ने राजधानी पर *एक दर्जन से अधिक राकेट दागे हैं ।*

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 16 अगस्त से 23 अगस्त के बीच छापामारों ने काबुल पर कुल 267 राकेट दागे, जिससे 113 व्यक्ति मारे गए और तीन सौ अन्य लोग घायल हो गए । मरने वालों में अधिकांश नागरिक हैं । इस दौरान राकेट हमलों में 1000 मकानों और 15 दुकानों को नुक्सान पहुंचा और 25 वाहन क्षतिग्रस्त हुए ।

पंजाब में खालिस्तान नहीं बनेगा, अकालियों का खाली स्थान बन जाए तो आश्चर्य नहीं : दरबारा सिंह

लुधियाना, 1 अक्तूबर (महिन्द्रा, जोशी, धीमान, मुसाफिर): आज यहां कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता तथा पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह ने कांग्रेस (इ) की भारी रैली को सम्बोधित करते हुए अकाल तख्त के हैडग्रंथी जत्थेदार दर्शन सिंह से अपील की कि वह आतंकवादियों के विरुद्ध अपना हुक्मनामा जारी करें । जिन्होंने पंजाब में हत्याओं व लूटपाट का बाजार गर्म कर रखा है । उन्होंने कहा कि जत्थेदार दर्शन सिंह पंजाब राजभवन का घेराव करने का बयान तो दे देते हैं परन्तु निर्दोष महिलाओं और मासूम बच्चों पर यह आतंकवादी जो गोलियां चलाते हैं तथा उनके खून से होली खेलते हैं, उनकी निन्दा के लिए जत्थेदार दर्शन सिंह की जबान से आज तक एक शब्द भी न

कि अकाली पंजाब को
करने की कोशिश कर
पंजाब में कदापि नहीं बनेगा
यदि खाली स्थान या खाल
आश्चर्य नहीं ।

उन्होंने आरोप लगा
पाकिस्तान के हवाले कर
उन्होंने सी.आई.ए. की भी
कि वह हमारे देश को क
खर्च कर रही है । श्री दर
में पंचायती राज को कोई
ही इसके लोकतंत्र को
उन्होंने कहा कि प्रधानम
वर्ष के युवकों को वोट
सरकार में हिस्सेदार बन
पंचायतों को पत्र भेज कर
करने का भी वायदा किया
तैयार कर रही है जिसमें
रोजगार मिलेगा । उन्
राजनीतिक पार्टियों ने चु
के लिए आवेदन दिए थे
ठुकराए हुए नेता ही है ।
दिलाया कि अगले चुनाव
उसकी सरकार अधूरे क

श्री दरबारा सिंह
वास्तव में अकालियों के
कहा कि इका सारे संसार
रही है । उन्होंने कहा कि
में लोकतंत्रीय शासन का
है । उन्होंने कहा कि मैं
उन्होंने कहा कि आज क
और पृथकतावाद का प्रच
विदेशी संकेतों पर नाच क
कर दिए जाए परन्तु क
देगी । पंजाब में जब
बिजली की पैदावार बढ़ी
मैगावाट भी बिजली पैद
कहा कि पी.पी. सिंह का
नोटों के सौदे में वह पूरी
चैक पर भी उनके हस्ता

कहा कि गांवों में लोग जान
भय है कि उग्रवादी उनक
अकाली उग्रवादियों को
अकालियों को चेतावनी
उनके परिवारों को तबाह
दाल का भाव पता चल जा
उग्रवादियों की मदद पाकिस्
कर रहे हैं । पाकिस्तान
मिल रहे हैं परन्तु हम इस
होने देंगे । भारत संगठित

अजय सिंह की सम्पत्ति बारे पूर्ण जांच के लिए टीम न्यूयार्क जाएगी

लिए मतदान की तिथियां

जयपुर (वार्ता): राज
है कि 22 और 24 नवम्ब
चुनाव के साथ ही राज्य
हों । जानकार सूत्रों के अ
शिवचरण माथुर ने साथ-
चुनाव आयोग से औपचारि

शिमला (वार्ता, खज
के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

अधिकृत
यानाव
-पब्लिक पार्क
निकट गांध
श्रीगंगान
(राजस्था
स्टाइल
(हरियाणा)
एंट
PunjabiSangat.com



कांछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में कस्बा कलानौर स्थित एक पैट्रोल पम्प पर आज रात के लगभग 8.30 बजे कुछ आतंकवादियों ने फायरिंग करके पैट्रोल पम्प के मालिक कुलदीप राय (45) की हत्या कर दी तथा उनके भाई व भतीजे को घायल कर दिया । घायलों को गुरदासपुर अस्पताल ले जाया गया है । सत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने पहले एक वाहन में पैट्रोल डलवाया और फिर बिल देने के बहाने अंदर जाकर फायरिंग की, जिससे तीनों व्यक्ति घायल हो गए । अस्पताल ले जाते समय मार्ग में श्री कुलदीप राय की मृत्यु हो गई । सत्रों के अनुसार श्री कुलदीप राय को गत डेढ़ दो वर्षों से आतंकवादियों द्वारा धमकियां मिल रही थीं ।

बाद में पता चला है कि दोनों घायलों में राधाकृष्णन मृत कुलदीप राय तुली का भाई है तथा दूसरा अनिल कुमार स्वर्गीय श्री तुली का भतीजा है । दोनों घायल व्यक्तियों को गुरदासपुर से अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया है ।

बैंक डकैती का सुराग : अमृतसर पुलिस ने 7 अक्तूबर को शहर के चौक फव्वारा में हुई बैंक डकैती का सुराग लगा लेने का दावा किया है । इस सम्बन्ध में जालन्धर में सरकारी खजाने के एक कर्मचारी जगतार सिंह को गिरफ्तार किया गया है । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने तथा भूपेंद्र सिंह उर्फ काला रणजीतपुरा निवासी ने इस बैंक डकैती की योजना बनाई थी । भूपेंद्र सिंह फरार हो गया है । पुलिस ने इससे पूर्व एक 303

जाएंगे ।

पणजी (प.स.): ग
मिलने के बाद पहली
चुनाव होंगे । यहां
चुनाव साथ-साथ करा

जी.एस. चावला
साथ-साथ 13 से 1
कराने के बारे में कांग्रे
धारण करने लगी है,
और विपक्षी पार्टियों
उत्तर प्रदेश के मुख्यम
लोकसभा के साथ ही वि
घोषणा से कई अन्य इ
विचार-विमर्श करने
मुख्यमंत्री श्री शरद प
उमका राज्य भी नए सि
को तैयार है ।

इंका संसदीय
20 से

नई दिल्ली, 18
तथा विधानसभा के
लिए कांग्रेस (इ) सं
अक्तूबर से लगातार
कांग्रेस (इ) मुख्यालय

Punjabi Sahitya Academy

पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या : के.सी.एफ. का दुर्दांत आतंकवादी मारा गया

बी.एस.एफ. व उग्रवादियों के बीच फायरिंग में ग्रामीण की मौत

सी.आर.पी. के जवान सहित 4 व्यक्ति घायल

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वार्ता, पस): गत रात के बाद से पंजाब में एक दुर्दांत आतंकवादी मारा गया । 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक व्यक्ति सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य क्रास फायरिंग में मारा गया । एक होमगार्ड के घर का सामान जला दिया गया । वारदातों में सी.आर.पी. के एक जवान सहित 4 व्यक्ति घायल हो गए ।

साथियों के हमले में आतंकवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने आज यहां बताया कि 19 अक्तूबर की रात को जिस खतरनाक आतंकवादी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ा था, उसे गत रात मुंडा पिंड में छिपाए हुए हथियारों की बरामदगी के बाद पौने आठ बजे प्रातः वापस थाना सरहाली की ओर ले जाया जा रहा था कि गांव के बाहर दिलबाग सिंह के साथी आतंकवादियों ने उसे छुड़ाने के लिए पुलिस पार्टी पर हमला किया और दोनों ओर से फायरिंग होने पर आतंकवादियों की गोलियों से उनका अपना ही साथी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा मारा गया जबकि सी.आर.पी. का एक जवान अशोक कुमार घायल हो गया । दिलबाग सिंह की निशानदेही पर मुंडा पिंड से जो हथियार बरामद किए गए, उनमें 13 राकेट, 13 प्राइमरी चार्ज बम तथा तीन मिनी बम शामिल हैं । बग्गा तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था ।

होमगार्ड जवान सहित 3 भाइयों की हत्या : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में आतंकवादियों ने अपनी हिंसक कार्रवाइयां जारी रखते हुए थाना कादियां के गांव धन्ना चीमा के एक घर में दाखिल होकर होमगार्ड के एक पल्टून कमांडर सलविन्द्र सिंह (28), उसके 2 भाइयों हरपाल सिंह (30) व सच्चा सिंह (45) की हत्या कर दी और होमगार्ड की पत्नी जसविन्द्र कौर व एक निकट संबंधी सुखदेव सिंह (सिधवां) को गम्भीर घायल कर दिया । इन्हें सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

सिविल अस्पताल बटाला में पोस्टमार्टम के लिए आए मृतकों के सबसे छोटे व अंतिम भाई अवतार सिंह व इनकी माता गुरदीप कौर ने पत्रकारों को बताया कि अवतार सिंह ने भाग कर जान बचाई और जब 15-16 सशस्त्र आतंकवादी घर में घुसे उस समय सभी लोग एक कमरे में खाना खाने बैठे थे । आतंकवादियों ने आते ही फायरिंग शुरू कर दी और बाद में प्रातः लगभग 4 बजे तक कुछ आतंकवादी घर के बाहर रहे और कुछ छत पर चौबारे में चले गये और रोशनी डाल कर सभी ओर नजर रखते रहे । लगभग 4 बजे वह चले गए । घटना रात लगभग 7-8 के मध्य की है । उन्होंने प्रातः 5 बजे जाकर पुलिस को सूचना दी । तीनों मृतकों की माता गुरदीप कौर ने कहा कि मृतक सुच्चा सिंह की छोटी 6 बेटियां और 2 बेटे हैं । एक बेटा अपाहिज है जबकि मृतक हरपाल सिंह के 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं और मृतक सलविंद्र सिंह आजकल कादियां में होमगार्ड की ड्यूटी पर तैनात था, उसकी अभी कोई सन्तान नहीं थी ।

आज प्रातः जब पत्रकार व फोटोग्राफर अस्पताल में मृतकों के साथ आए लोगों से बात कर रहे थे तो शवों के साथ आए थाना कादियां के ए.एस.आई. अवतार सिंह ने उनसे अभद्र व्यवहार किया, धक्के मारे और अपने सहयोगियों से कहा कि इन्हें धक्के मार कर अस्पताल से बाहर निकाल दो । परिणामस्वरूप इसकी शिकायत एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल से की गई है । पत्रकारों में रोष व्याप्त है ।

होमगार्ड के घर का सामान जला दिया : गत रात थाना कादियां के गांव कोटला मूसा में रात लगभग 7-8 बजे के मध्य सशस्त्र आतंकवादियों के एक ग्रुप ने होमगार्ड जवान गुरमेज सिंह के घर दाखिल होकर घर के सदस्यों को बाहर निकाल कर घर का सारा कीमती सामान फ्रिज, स्कूटर, टी.वी. आदि आंगन में फैंक कर आग लगा कर जला दिया । पुलिस सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार गुरमेज सिंह भी कादियां में होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात है और वारदात के समय ड्यूटी पर था । उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों गांव साथ-साथ ही हैं और कुछ खेतों का ही अंतर है । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल, एस.पी. आप्रेशन्ज़ श्री हरभजन सिंह सूचना मिलते ही भारी फोर्स के साथ वारदातों वाले स्थान की ओर चले गए । पुलिस व बी.एस.एफ. लगभग एक दर्जन गावों में छापे मार कर आतंकवादियों की खोज कर रही है ।

फायरिंग में एक की मृत्यु : इसी जिला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव सक्खोवाल के निकट बी.एस.एफ. व आतंकवादियों के बीच हुई फायरिंग में खेतों में काम कर रहा एक युवक जागीर सिंह (25) गोलियों की लपेट में आकर मारा गया । एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात गांव बुटरकलां में भी बी.एस.एफ. व आतंकवादियों में फायरिंग हुई

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पुलिस जिला बटाला के गांव धन्ना चीमा में आतंकवादियों के हाथों म
जवान सलविंदर सिंह, (2) उसका भाई हरपाल सिंह, (3) इन
(4) सलविंदर सिंह की घायल पत्नी जसविन्दर कौर, (5) घायल निक
(6) गांव सक्खोवाल के निकट सीमा सुरक्षा बल तथा आतंकवादियों क
लपेट में मारा गया जागीर सिंह ।

अमिताभ पर वी.पी. सिंह के विरुद्ध चुनाव लड़ने

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (न्यू.): कांग्रेस (इ) एक बार फिर फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन पर दबाव डाल रही है कि वे जनता दल अध्यक्ष श्री वी.पी. सिंह के विरुद्ध चुनाव लड़ें । ढलती उम्र के अमिताभ बच्चन, जिनका फिल्म कैरियर पिछले कुछ महीनों से उतार पर है, ने चुनाव मैदान में उतरने से इन्कार किया है लेकिन कांग्रेस (इ) ने अभी तक प्रयास नहीं छोड़ा ।

पूर्व सुपर स्टार ने बताया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने बम्बई में उनके निवास स्थान पर मुलाकात के दौरान उन्हें (अमिताभ को) श्री वी.पी. सिंह के विरुद्ध चुनाव मैदान में उतरने के लिए मनाने की कोशिश की थी लेकिन अभी तक अमिताभ बच्चन इसके लिए तैयार नहीं हुए हैं क्योंकि राजनीति के क्षेत्र में पिछली बार उन्हें कटु अनुभव हुए हैं ।

दूसरी ओर गांधी प
उनके परिवार के लिए ब
प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिर
निर्माता ख्वाजा अहमद
लिखा था कि "वे अमि
दो-एक रोल दें ।" इस
अमिताभ के भाई अजित
मामले में बचाने के लिए
अतिरिक्त अमिताभ के
ए.एस. थिंद को चार वर्ष
करके केंद्रीय प्रत्यक्ष कर
गया ।

राजीव प्रशासन ने
निर्माण फर्म गम्मन इंडि
दिलाया । रिलायंस कॉ
इस संदर्भ में अमिताभ
की । उल्लेखनीय है कि
के लिए छाबड़िया ग्रुप ने
यदि जनता दल के अध
प्रदेश में गंतूर समेत दो
अमिताभ को भी इन दो
लिए मनाया जाएगा ।

देर आयद दुरुस्त आयद!

न्यूयार्क, 21 अक्तूबर (ए.पी.): न्यूजर्सी के न्यूटन हैजेल को अपने लाटरी टिकट के बारे में यदि चार दिन बाद याद आता तो वह लाखों डालर का मालिक बनते-बनते रह जाता ।

न्यूटन ने लाटरी का टिकट खरीदा और भूल गया कि कहां रखा है । काफी ढूंढने पर भी उसे टिकट नहीं मिल पाया लेकिन बाद में उसे अचानक याद आया कि टिकट तो उसने एक ज़ार में रखा है । इस टिकट ने उसे तेरह लाख डालर (लगभग 2 करोड़ 8 लाख रुपए) का मालिक

सीटों के तालमेल व राम जन्म भूमि के मुद्दे पर गतिरोध टालने के लिए देरी जान

हमारा उ

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकिन किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं । उल्लेखनीय है कि गत एक माह से पुलिस जिला बटाला में पुलिस व सुरक्षा बल निष्क्रिय होकर रह गये हैं और आतंकवादी अपनी गतिविधियां निर्बाध रूप से कर रहे हैं ।

सी.आर.पी. चौकी पर हमला : बटाला पुलिस जिले के गांव बटूटर कलां में आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर हमला किया । जवाबी फायरिंग होने पर आतंकवादी भाग निकले । इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

हथियार, धमकीपूर्ण पत्र मिले : एस.एस.पी. श्री गोयल ने आज सायं बताया कि सुरक्षा बलों ने एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 5 मैगजीन, 200 कारतूस, 2 हथगोले, एक टाइम उपकरण तथा एक टार्च बरामद की । बटूटरकलां तथा आस-पास के क्षेत्रों में छानबीन के दौरान प्राथमिक चिकित्सा का सामान तथा बड़ी संख्या में फिरौती वसूलने के पत्र बरामद किये गये जिन पर बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा के हस्ताक्षर हैं । जिंदा इसी गांव का निवासी है । श्री गोयल ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कई स्थानों पर खून के धब्बे देखे हैं जिससे ऐसी संभावना लगती है बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक या अधिक आतंकवादी घायल हुए अथवा मारे गये ।

दुकानदार घायल : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 30 किलोमीटर दूर फतेहगढ़ खन्ना में दो आतंकवादियों ने बलदेव कृष्ण नामक एक कपड़े की दुकान के मालिक को गत रात घायल कर दिया, जब वह दुकान बंद करके वापस घर जा रहा था । आतंकवादी जाते समय उसका साइकल तथा नकदी भी छीन कर ले गये । बलदेव कृष्ण को सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

अमलोह के एक कमीशन एजैंट चनन राम का 16 वर्षीय पोता अश्विनी कुमार, जिसका हाल ही में रात्रि 10 बजे उस समय अपहरण कर लिया गया जबकि वह अपनी दुकान से घर को लौट रहा था ।
(फोटो : राजू)

आतंकवादी गिरफ्तार : एस.एस.पी. संगरूर ने बताया कि पुलिस ने दीप सिंह नामक एक आतंकवादी को काबू करके उसके कब्जे में से भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया है ।

लूट की वारदातें : मुक्तसर (दीपक): यहां से 12 कि.मी. दूर गांव चिबड़ावाली में गत रात्रि दो बजे के लगभग चार सशस्त्र आतंकवादी एक गांव के एक गरीब दुकानदार हंसराज के घर दाखिल हुए और पिस्तौल की नोक पर उससे दस हजार की मांग की परन्तु वह किसी प्रकार बच कर घर से भाग गया । बाद में आतंकवादी घर की तलाशी लेकर 2200 रुपए कैश ले गए । इसके बाद वह गांव में ही एक अन्य दुकानदार दौलत सिंह के घर गये और उसको उठा कर उससे भी दस हजार रुपये की मांग की । इतने में गांव में शोर मच गया और गांव के लोगों ने इकट्ठे होकर उनका पीछा किया परन्तु वे फायर करते हुए भाग निकले । यहां उल्लेखनीय है कि इस गांव में पहले भी 4-5 वारदातें उग्रवादी कर चुके हैं और यह गांव उग्रवादियों का गढ़ बनता जा रहा है । गांव वालों ने मांग की कि गांव में सी.आर.पी. की चैक पोस्ट पक्के तौर पर बनाई जाए ।

पिस्तौल बरामद : धरी (सिंगला): भवानीगढ़ पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति जगदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा 2 कारतूस बरामद किये गये ।

आतंकवादी पकड़ा : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार आज दो पूर्व सैनिकों ने यहां से 40 किलो मीटर दूर मंडी गोबिंदगढ़ में उस समय एक आतंकवादी को दबोच लिया जब उसने चुंगी 'पोस्ट' के एक क्लर्क को गोली मारकर घायल करके चपरासी से बीस हजार रु. छीन कर भागने का प्रयास किया था । यह व्यक्ति स्कूटर पर भागने ही लगा था कि दो पूर्व सैनिकों गरिंदर सिंह व अमरीक सिंह ने इसे दबोच लिया व पुलिस के हवाले कर दिया । इस व्यक्ति की शिनाख्त दर्शन सिंह गांव बसन्तपुर पुलिस थाना राजपुरा के रूप में हुई है ।

पुलिस जिला बटाला... रात को आतंकवादि... तलाशी के दौरान... राइफल, मैगज़ीन...

जद-भाजपा... की सम...

नई दिल्ली, 21... में जनता दल एवं ... तालमेल की सम्भा... बताया जाता है कि ... चौ. देवी लाल एवं ... वाजपेयी के मध्य हु... निकला है । बताया... देवी लाल को स्पष्ट... लिए उर्द विरोधी अ... के निर्माण के बारे ... सम्भव नहीं । बत... लोकसभा और राज... बंटवारे के बारे में ... रहा था, वह दूर न...

राष्ट्रीय मो... पर च...

नई दिल्ली, 2... ने आगामी लोकस... 360 सीटों पर चु... के बाहर के सहयोग... किया है ताकि एक ... किया जा सके ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा भाई श्री मोहन लाल गर्ग उम्र 36 साल, कद 5'-6", रंग गोरा 16.10.89 को सुबह भटिंडा से कपड़ा खरीदने गया, वापिस घर नहीं पहुंचा । पहुंचाने वाले को आने-जाने का किराया व उचित शुकराना दिया जाएगा । सभी घर वाले बहुत परेशान हैं ।

दर्शन कुमार

मै. मोहन लाल बनारसी दास, गांव व डाकखाना बरगाड़ी, बरास्ता कोटकपूरा, जिला फरीदकोट

टंकार
घृतकुमारी
आयुर्वेदिक केश तेल
● आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से निर्मित
● स्मरण शक्तिवर्धक
● सिर को ठण्डक पहुंचाने वाला
● बालों को घना काला व आजीवन स्थाई रखने के लिये।

अमृतसर निवासियों के लिए खुशखबरी
मिठाई की दुनिया में नया नाम

FIVE STAR SWEETS

रेट लिस्ट

मोतीचूर लड्डू	15.00	अशोक मनी	32.00	स्पैशल फैंसी काजू	
बेसन पिन्नी	16.00	छैना रोल	32.00	सादी मट्ठी	
शक्करपारे	16.00	सोहन पापड़ी	22.00	दाल मोठ स्पैशल	
सीरनी	16.00	चंद्रकला	22.00	दाल मूंगी	
गुलाब जामुन	22.00	कराची हलवा	24.00	नमकीन शक्करपा	
रसगुल्ला	24.00	बर्फी प्लेन	28.00	बंगाली मट्ठी	
				ड्रिस्ट समोसा	

पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये : चगारियां चकमा दे गया

घिनावनी वारदात की साजिश रच रहे 8 उग्रवादी गिरफ्तार

दो औरतों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वार्ता, पस): तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह चगारियां पुलिस को चकमा दे गया, जबकि उसके 2 साथी पकड़े गये । पंजाब में 3 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये जबकि 2 औरतों समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बलों ने पहली बार दो ए.के. 56 असाल्ट राइफलें बरामद कीं ।

चगारियां चकमा दे गया : अमृतसर (पस): गत रात जिला अमृतसर में खूंखार आतंकवादी और भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल सतनाम सिंह चगारियां पुलिस को चकमा देकर भाग निकाला जबकि उसके दो साथी पकड़ लिये गये । यह घटना गांव सारंगा के निकट हुई । सतनाम सिंह के पकड़े गये दो साथियों के नाम मेजर सिंह तथा सुखदेव सिंह बताये गये हैं, जो कि कुख्यात तस्कर हैं । यह लोग पाकिस्तान में सक्रिय गिरोहों से हथियार और गोली-सिक्का भारत में लाते थे ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर से अशोक के अनुसार एस.एस.पी. तरनतारन ने आज यहां एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि तरनतारन पुलिस ने 8 ऐसे आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है जो कि घिनावनी वारदात की साज़िश रच रहे थे । इसमें बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 7-8 आतंकवादी एक जमींदार रविशेर सिंह के बाग में छिप कर किसी वारदात की साज़िश रच रहे हैं । सूचना पाकर पुलिस ने उक्त बाग पर छापा मारा जिस पर वहां छिपे आतंकवादियों ने फायरिंग की । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । संक्षिप्त मुकाबले के बाद पुलिस ने आठों आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गये आतंकवादियों में सकत्तर सिंह निवासी मलमोरी, तरलोक सिंह उर्फ टोहरा निवासी मन्नन थाना झब्बाल, निर्मल सिंह उर्फ निम्मा निवासी गोइंदवाल, सर्वजीत सिंह उर्फ सब्बा निवासी मलमोरी, चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी, कुलदीप सिंह निवासी कल्लाह, गरनाम सिंह उर्फ गामा निवासी दुलचीपुर, अजय पाल सिंह शामिल हैं ।

इन आतंकवादियों के कब्जे से पकड़े गये हथियारों में तीन .12 बोर की बंदूकें व 5 कारतूस, एक .12 बोर का देसी पिस्तौल, एक .303 का पिस्तौल व 13 कारतूस शामिल थे । इसके अलावा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 12 लैटर पैड भी मिले हैं ।

प्राथमिक पूछताछ में इन आतंकवादियों ने लटपाट तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता की स्वीकारोक्ति की है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि थाना वल्टोहा की पुलिस ने एक कुख्यात आतंकवादी कश्मीर सिंह निवासी ढोलां को भी गिरफ्तार किया और एक .12 बोर का पिस्तौल बरामद किया ।

2 औरतों की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला में गत रात थाना वैरोवाल के अंतर्गत गांव भैल में ए.के. 47 राइफलों से लैस 6-7 आतंकवादियों ने किसान मंगल सिंह के घर पर धावा बोला तथा घर वालों से भारी रकम की मांग की । जब उन्हें रकम देने से इन्कार किया गया तो उन्होंने मंगल सिंह की पत्नी श्रीमती नरेंद्र कौर और बहन बीर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मंगल सिंह आतंकवादियों को देख कर घर से भाग गया था ।

गुट-संघर्ष में एक मरा : अमृतसर के हरगोबिंदपुर इलाके में कल रात दो गुटों के संघर्ष में एक व्यक्ति हरजिन्दर सिंह मारा गया और चार अन्य

सितम्बर 1985 में पंजाब से संसदीय चुनावों

जंडियाला गुरु, 22 अक्तूबर (पवन जैन) सितम्बर 1985 में पंजाब की का ब्यौरा निम्नलिखित है । 13 संसदीय सीटों में से इंका ने 6 सीटें और अकाली जबकि बाकी सब राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को हार का मुख देखना पड़ा प्राप्त वोट कोष्ठकों में दर्ज हैं ।

(1) गुरदासपुर श्रीमती सुखबन्स कौर भिंडर इंका (186765), (2) भटिया इंका (249303), (3) तरनतारन श्री तरलोचन सिंह तुड़ अकाली मेजर जनरल राजेंद्र सिंह स्पैरो इंका (248276), (5) फिल्लौर (स) श्री सु (6) होशियारपुर श्री कमल चौधरी (इंका) (237753), (7) रोपड़ (स.) (336503), (8) पटियाला स. चरणजीत सिंह बालिया अकाली (2543 सिंह अकाली (273352), (10) संगरूर बलवंत सिंह रामूवालिय (11) भटिंडा (S.C.) तेजा सिंह दर्दी अकाली (260222), (12) फरी (268221), (13) फिरोज़पुर गुरदयाल सिंह ढिल्लों इंका (209835).

गत चुनाव में 1,07,35,415 वोटर थे जिनमें 58,72,625 पुरुष थीं । इनमें से 97,368 रक्षा सेवाओं के वोटर भी शामिल हैं । कुल वोटों में गये जिनमें से 2,99,404 वोट रद्द हो गए । इस तरह वैध वोट 69,32,8 67.35 प्रतिशत वोटों में से 4.31 प्रतिशत वोट रद्द हो गये ।

गत संसदीय चुनाव में 74 राजनैतिक और आज़ाद उम्मीदवारों ने चु उम्मीदवारों की 18250 रुपए की जमानतें जब्त हो गईं, जिनमें 3 उम्मीदवार थे ।

सितम्बर 85 में संसदीय चुनाव में पार्टियों द्वारा प्राप्त वोटों की संख्या अ निम्नलिखित है:

पार्टी का नाम	कुल खड़े उम्मीदवार	चुने गए उम्मीदवार	जमानतें जब्त	वैध
इंका	13	6	——	28
अकाली दल	11	7	——	25
भाकपा	3	——	1	26
भाजपा	3	——	2	23
CPM	3	——	2	20
जनता पार्टी	2	——	1	15
आजाद उम्मीदवार	39	——	38	61
कुल	74	13	44	69

भाजपा देश में वही स्थिति पैदा कर रही है जो आतंकवादियों ने पंजाब में पैदा की है : मल्होत्रा

बाघा पुराना, 22 अक्तूबर (ज्ञान मित्तल): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव श्री अवतार सिंह मल्होत्रा ने कहा है कि भाजपा तथा आर.एस.एस. देश में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करके वही स्थिति बना रहे हैं जो आतंकवादियों ने पंजाब में

भाजपा लोकसभा की सीटों पर चुनाव ल

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करेगी । पार्टी ने इनमें से 108 सीटों का निर्धारण हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली,

सूची को अंतिम रूप दे व्यक्त की कि जनता दल सीटों के तालमेल में करेगी । उन्होंने कहा करता तो हम शिवसेन

Punjabi Sarat

गांव बधनी कलां में कामरेड
ल के शहीदी समारोह को
ऊपर—बाएं से) अवतार सिंह
नी सांसद बलवन्त सिंह
सिंह आनन्द, प्यारा सिंह
डांग, (नीचे) समारोह में
(छाया : शर्मा)

जीत सिंह आनन्द, श्री रुल्दू
दि ने भी सम्बोधित किया ।
ी सांसद श्री बलवन्त सिंह
त थे ।
ा कि पंजाब समस्या के हल
विश्वास में लेना होगा ।
हीं सुलझेगी । उन्होंने कहा
जाब की इंका चाहती है कि
न चलता रहे तथा लोकसभा
कर पंजाब में विधान सभा

है कि समारोह में श्री
ति के कारण किसी वक्ता ने

संघर्ष छिड़ा । दोनों तरफ से गोलियां भी चलीं । घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस ने इस सिलसिले में लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

सुरक्षा बलों ने लोपोके सीमा क्षेत्र के गांव सोरियां में एक आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला (क्रोछड़): गत रात सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार यह मुठभेड़ उस समय हुई जब आतंकवादियों के एक गिरोह ने सुरक्षा बलों द्वारा दिये गये रुकने के संकेत की उपेक्षा करके गोली चलानी शुरू कर दी । यह वारदात गुरदासपुर जिला में सक्खोवाल ग्राम में हुई । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में गोली चलाई जिनसे एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके साथी भाग निकले ।

2 कट्टर उग्रवादी मरे : फाज़िल्का (लूना): गत रात थाना सदर फाज़िल्का के अंतर्गत गांव हौज़खास के निकट पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 कट्टर उग्रवादी मारे गये । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आधी रात के समय पुलिस ने 4 संदिग्ध उग्रवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से 2 मारे गये, जबकि दो अन्य फरार होने में सफल हो गये । मारे गये उग्रवादी गत मास हौज़खास में एक परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए ज़िम्मेदार थे । इसके अलावा वह लूट व हत्या की अनेक वारदातों में भी पुलिस को वांछित थे । मुठभेड़ वाले स्थान पर 2 चीनी ए.के. 47 राइफलें तथा 220 कारतूस मिले ।

इनमें हरि
जिनकी घोषणा
देवी लाल ने व
राजस्व मंत्री स
शिक्षामंत्री सुर
महासचिव कृष
सम्वाददाताओं
तालमेल के बा
लाल से हुई ।

श्री शर्मा
सफलता की अ
होता है तो उन
के लिए चार में
राज्य शाखाओं
विधानसभाओं
अक्तूबर तक

अकाल

धड़ा

लुधियाना
मुसाफिर): अ
कार्यकारिणी व
तक चली । बै
लिए रणनीति
किया गया ।

बाद में प
विवरण बताते
बैठक आरम्भ
प्रधान एवं पूर्व

Punjabi Sanatan

पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गये : चगारियां चकमा दे गया

घिनावनी वारदात की साजिश रच रहे 8 उग्रवादी गिरफ्तार

दो औरतों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वार्ता, पस): तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह चगारियां पुलिस को चकमा दे गया, जबकि उसके 2 साथी पकड़े गये । पंजाब में 3 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये जबकि 2 औरतों समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बलों ने पहली बार दो ए.के. 56 असाल्ट राइफलें बरामद कीं ।

चगारियां चकमा दे गया : अमृतसर (पस): गत रात जिला अमृतसर में खूंखार आतंकवादी और भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल सतनाम सिंह चगारियां पुलिस को चकमा देकर भाग निकाला जबकि उसके दो साथी पकड़ लिये गये । यह घटना गांव सारंगा के निकट हुई । सतनाम सिंह के पकड़े गये दो साथियों के नाम मेजर सिंह तथा सुखदेव सिंह बताये गये हैं, जो कि कुख्यात तस्कर हैं । यह लोग पाकिस्तान में सक्रिय गिरोहों से हथियार और गोली-सिक्का भारत में लाते थे ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर से अशोक के अनुसार एस.एस.पी. तरनतारन ने आज यहां एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि तरनतारन पुलिस ने 8 ऐसे आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है जो कि घिनावनी वारदात की साजिश रच रहे थे । इसमें बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 7-8 आतंकवादी एक जमींदार रविशेर सिंह के बाग में छिपे बैठे किसी वारदात की साजिश रच रहे हैं । सूचना पाकर पुलिस ने उक्त बाग पर छापा मारा जिस पर वहां छिपे आतंकवादियों ने फायरिंग की । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । संक्षिप्त मुकाबले के बाद पुलिस ने आठों आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गये आतंकवादियों में सकत्तर सिंह निवासी मलमोरी, तरलोक सिंह उर्फ टोहरा निवासी मन्नन थाना झब्बाल, निर्मल सिंह उर्फ निम्मा निवासी गोइंदवाल, सर्वजीत सिंह उर्फ सब्बा निवासी मलमोरी, चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी, कुलदीप सिंह निवासी कल्लाह, गुरनाम सिंह उर्फ गामा निवासी दुलचीपुर, अजय पाल सिंह शामिल हैं ।

इन आतंकवादियों के कब्जे से पकड़े गये हथियारों में तीन .12 बोर की बंदूकें व 5 कारतूस, एक .12 बोर का देसी पिस्तौल, एक .303 का पिस्तौल व 13 कारतूस शामिल थे । इसके अलावा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 12 लैटर पैड भी मिले हैं ।

प्राथमिक पूछताछ में इन आतंकवादियों ने लटपाट तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता की स्वीकारोक्ति की है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि थाना वल्टोहा की पुलिस ने एक कुख्यात आतंकवादी कश्मीर सिंह निवासी ढोलां को भी गिरफ्तार किया और एक .12 बोर का पिस्तौल बरामद किया ।

2 औरतों की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला में गत रात थाना वैरोवाल के अंतर्गत गांव भैल में ए.के. 47 राइफलों से लैस 6-7 आतंकवादियों ने किसान मंगल सिंह के घर पर धावा बोला तथा घर वालों से भारी रकम की मांग की । जब उन्हें रकम देने से इन्कार किया गया तो उन्होंने मंगल सिंह की पत्नी श्रीमती नरेंद्र कौर और बहन वीर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मंगल सिंह आतंकवादियों को देख कर घर से भाग गया था ।

गुट-संघर्ष में एक मरा : अमृतसर के हरगोबिंदपुर इलाके में कल रात को गुटों के संघर्ष में एक व्यक्ति हरजिन्दर सिंह मारा गया और चार अन्य

सितम्बर 1985 में पंजाब में संसदीय चुनावों

जंडियाला गुरु, 22 अक्तूबर (पवन जैन) सितम्बर 1985 में पंजाब की का ब्यौरा निम्नलिखित है । 13 संसदीय सीटों में से इंका ने 6 सीटें और अका जबकि बाकी सब राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को हार का मुख देखना पड़ प्राप्त वोट कोष्ठकों में दर्ज हैं ।

(1) गुरदासपुर श्रीमती सुखबन्स कौर भिंडर इंका (186765), (2) भटिया इंका (249303), (3) तरनतारन श्री तरलोचन सिंह तुड़ अकाली मेजर जनरल राजेंद्र सिंह स्पैरो इंका (248276), (5) फिल्लौर (सु) श्री स (6) होशियारपुर श्री कमल चौधरी (इंका) (237753), (7) रोपड़ (सु.) (336503), (8) पटियाला स. चरणजीत सिंह बालिया अकाली (2543 सिंह अकाली (273352), (10) संगरूर बलवंत सिंह रामूवालि (11) भटिंडा (S.C.) तेजा सिंह दर्दी अकाली (260222), (12) फरी (268221), (13) फिरोज़पुर गुरदयाल सिंह ढिल्लों इंका (209835).

गत चुनाव में 1,07,35,415 वोटर थे जिनमें 58,72,625 पुरुष थीं । इनमें से 97,368 रक्षा सेवाओं के वोटर भी शामिल हैं । कुल वोटों गये जिनमें से 2,99,404 वोट रद्द हो गए । इस तरह वैध वोट 69,32,8 67.35 प्रतिशत वोटों में से 4.31 प्रतिशत वोट रद्द हो गये ।

गत संसदीय चुनाव में 74 राजनैतिक और आज़ाद उम्मीदवारों ने च उम्मीदवारों की 18250 रुपए की जमानतें जब्त हो गईं, जिनमें 3 उम्मीदवार थे ।

सितम्बर 85 में संसदीय चुनाव में पार्टियों द्वारा प्राप्त वोटों की संख्या निम्नलिखित है:

पार्टी का नाम	कुल खड़े उम्मीदवार	चुने गए उम्मीदवार	जमानतें जब्त	वैध
इंका	13	6	—	28
अकाली दल	11	7	—	25
भाकपा	3	—	1	26
भाजपा	3	—	2	23
CPM	3	—	2	20
जनता पार्टी	2	—	1	15
आजाद उम्मीदवार	39	—	38	61
कुल	74	13	44	69

भाजपा देश में वही स्थिति पैदा कर रही है जो आतंकवादियों ने पंजाब में पैदा की है : मल्होत्रा

बाघा पुराना, 22 अक्तूबर (ज्ञान मित्तल): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव श्री अवतार सिंह मल्होत्रा ने कहा है कि भाजपा तथा आर.एस.एस. देश में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करके

भाजपा लोकसभा की सीटों पर चुनाव ल

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करेगी । पार्टी ने इनमें से 108 सीटों का निर्धारण हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य

सूची को अंतिम रूप दे व्यक्त की कि जनता द सीटों के तालमेल में करेगी । उन्होंने कहा करना तो हम शिवसेन

Punjabi Sanatani

बब्बर खालसा के स्वयंभू मेजर जनरल हीरा सिंह सहित 2 आतंकवादी मरे

लुधियाना में 3 उग्रवादी संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार

पंजाब में अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): आज
ब में बब्बर खालसा के स्वयंभू मेजर जनरल
सिंह सहित 2 आतंकवादी मारे गए । अन्य
ातों में 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि
क्ति घायल हो गए ।

दो आतंकवादी मारे गए : अमृतसर
प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के
ार अमृतसर जिला के थाना भिखीविंड के गांव
चक में आज प्रातः सुरक्षा बलों ने
कवादियों के एक अड्डे को जा घेरा, जहां आधा
के करीब आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना
थी । सुरक्षा बलों को घेरा डालते देख कर
कवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा
ने भी जवाबी फ़ायरिंग की । दो घंटे की निरंतर
रिंग के दौरान दो आतंकवादी मारे गए जिनके
हीरा सिंह तथा काबल सिंह मालूम हुए हैं । यह
कवादी बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखते हैं ।

सुरक्षा कर्मियों को इनाम : सी.आर.पी. के
टर जनरल श्री के. प्रसाद और आई.जी. सीमा
ी एम.एस. भुल्लर तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे
सी.आर.पी. 38 बटालियन के कर्मियों को
000 रुपए के नकद इनाम की घोषणा की,
ोंने दो कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया

पूरे गांव तथा निकटवर्ती खेतों को सील करके
ान सिंह तथा अन्य आतंकवादियों की खोज की
ही है, जिनके बारे में शक है कि वह खेतों में छिपे
हैं ।

निशान सिंह भाग निकला : एक अन्य
ना में कहा गया है कि खूंखार आतंकवादी हीरा
बब्बर खालसा का स्वयंभू मेजर जनरल था ।
के सिर पर 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित
। प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि इस मुठभेड़
बब्बर खालसा का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल
ान सिंह मक्खू बच कर भागने में सफल हो
। यह मुठभेड़ एक ईख के खेत में हुई थी ।
नास्थल पर दो ए.के. 47 राइफलें, एक ए.के.
राइफल, 5 राकेट चार्जर तथा 3 मैगजीन
मद हुए ।

चार व्यक्तियों की हत्या : एक अन्य
ना के अनुसार थाना मजीठा के क्षेत्र में गांव लधड़
गत रात 9.30 बजे के करीब आध दर्जन
तंकवादी एक जमींदार चरण सिंह के घर में घुस
उसके लड़कों पर फ़ायरिंग करने लगे । इस
फ़ायरिंग से चरण सिंह के तीन लड़के जोगेन्द्र सिंह, सरदूल सिंह तथा निर्मल सिंह मारे गए जबकि जोगेन्द्र सिंह का नौजवान लड़का दर्शन सिंह जिसने शोर मचाना शुरू कर दिया था, गोलियां लगने से ज़ख्मी हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 के 16 कारतूस बरामद किए ।

दो सगे भाइयों की हत्या : थाना अजनाला के क्षेत्र में स्थित गांव मुहार में गत रात 2.30 बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सच्चा सिंह के घर में घुस कर फ़ायरिंग की और सच्चा सिंह व उसके भाई बलकार सिंह की हत्या करने के बाद फरार हो गए । मौका पर ए.के. 47 के छः चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

गोलियों से 2 घायल : कई मास बाद आज फिर अमृतसर में दोपहर बाद गोलियां चलीं, जिससे एक नौजवान अवतार सिंह तथा उसका भाई सुरेन्द्रपाल सिंह उर्फ़ धक्क गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करायां गया । दोनों भाइयों की हालत गंभीर बताई जाती है । पुलिस के अनुसार आज दो बजे बाद दोपहर सुलतानविंड क्षेत्र में आबाद ऊधम सिंह नगर की गली नम्बर 5 में अवतार सिंह की दुकान विक्की बीड़ियों पालंर पर दो आतंकवादी आए तथा दोनों भाइयों को गोलियां मार कर फरार हो गए ।

किसान की हत्या : गत रात तरनतारन जिला के गांव अंधल के बाहर आतंकवादियों ने एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मजीठा पुलिस ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाने पर मेजर सिंह रवेल सिंह, सरदूल सिंह तथा हरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

तीन व्यक्तियों की हत्या : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार गत रात एक बजे के लगभग मक्खू-मोगा रोड़ पर स्थित कम्बा कोट ईसे खां में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी । मृतकों के नाम हैं : हाकम चंद कबाड़िया, उसकी पत्नी सत्यावती तथा

(शेष पृष्ठ 10 पर)



विगत रात्रि फाजिल्का थाना क्षेत्र के अधीन हौजखास गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए (ऊपर) आतंकवादी दर्शन सिंह तथा (नीचे) आतंकवादी अनोख सिंह के शव । इनके निकट दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें भी पड़ी दिखाई दे रही हैं । (छाया : धीमान)

एक मतपत्र की कीमत 4 रुपए

जयपुर, 23 अक्तूबर (प.स.): राजस्थान में आगामी लोकसभा के लिए एक मतपत्र की कीमत करीब चार रुपए होगी । यह जानकारी आज यहां राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री चोविन्दजी मिश्र ने संवाददाताओं को दी । उन्होंने बताया कि राज्य में इस बार दो करोड़ 58 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । मतपत्रों के लिए इस बार 500 मीट्रिक टन कागज की आवश्यकता होगी । इसमें से 250 मीट्रिक टन कागज क्रीम रंग का और इतना ही कागज गुलाबी रंग का होगा ।

बरन
अक

चंडीगढ़, 23
पंजाब में लोकसभा
के लिए शुरू किए
ज़बरदस्त झटका
अध्यक्ष श्री सुरजीत
भंग करके इसे अक
साफ इन्कार कर दि
व उनके कुछ साथि
को जिताने के लिए
रहे हैं ।

श्री बरनाला
चिन्ता व्यक्त की है
नकारात्मक रवैया
दल (त्तौं.) की कार्य
विधायकों की बैठक
पर दोहरी भूमिका
है और कहा गया
बरनाला की अकाल
भी सक्रिय रहे हैं ।
साथियों से अपील
हितों को ध्यान में
इंका के उम्मीदवार
करना मान लें ।

बैठक के बाद
बरनाला ने कहा

राष्ट्रीय मोर्चे के उम्मीदवारों की सूची 30 तक जारी कर दी जाएगी

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (प.स.): राष्ट्रीय मोर्चे के उम्मीदवारों की सूची 30 अक्तूबर तक जारी कर दी जाएगी और नवम्बर के पहले सप्ताह में चुनाव अभियान तेज किया जाएगा । मोर्चे के सचिव दिनेश गोस्वामी ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए दोहराया कि मोर्चा कुल मिला कर 375 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करेगा । उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि मोर्चा राष्ट्रीय पैमाने पर अन्य किसी विपक्षी दल से सीटों का तालमेल नहीं कर रहा है ।

श्री गोस्वामी ने इस सिलसिले में स्पष्ट किया कि मोर्चे के घटक दलों ने अपनी राज्य इकाइयों को सीटों के तालमेल की जिम्मेदारी सौंप दी है । मोर्चे की हर चन्द कोशिश रहेगी कि कांग्रेस (इ) के उम्मीदवारों के खिलाफ हर क्षेत्र में विपक्ष का सांझा उम्मीदवार खड़ा किया जाए ।

श्री गोस्वामी ने कहा कि मोर्चा के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नंदमूरि तारक रामाराव सात से ग्यारह नवम्बर तक पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान का चुनावी दौरा करेंगे । उन्होंने यह भी बताया कि मोर्चा के अन्य प्रमुख नेताओं का चुनाव दौरे का कार्यक्रम भी तय किया जा रहा है । ये नेता 24 से 30 अक्तूबर तक विभिन्न राज्यों का चुनाव दौरा करेंगे ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गोस्वामी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में तेलगुदेशम और तमिलनाडु में द्रमुक, मोर्चा के उम्मीदवारों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । उन्होंने कहा कि मोर्चे के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह के निर्वाचन क्षेत्र की घोषणा अंत में की जाएगी ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे सोमवार को जालंधर में रीज
उद्घाटन करते हुए । उनके साथ तकनीकी शिक्षा सचिव श्री क
दिखाई दे रही हैं ।

बेनजीर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव

इस्लामाबाद, 23 अक्तूबर (वार्ता): पाकिस्तान में संयुक्त विपक्ष ने प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है । इस्लामी

अधिसूचनाएं जारी होने के साथ ही लोक
विधानसभाओं के लिए नामांकन-पत्र भरने का

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (प.स.): नौवीं लोकसभा तथा पांच विधानसभाओं के लिए आम चुनाव की प्रक्रिया आज अधिसूचना विधिवत् जारी किए जाने के साथ ही प्रारम्भ हो गई । राष्ट्रपति ने जहां देश के मतदाताओं से लोकसभा की 530 सीटों के लिए अपने नए प्रतिनिधियों के चयन का आह्वान करते हुए अधिसूचना जारी की --उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोआ और सिक्किम के राज्यपालों ने अपने-अपने राज्यों में मतदाताओं से अपनी नई विधानसभाओं के लिए विधायकों के चयन हेतु अधिसूचनाएं जारी कीं । इसके साथ ही इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया

मतदान तीन चरणों में होगा, 22 नवम्बर को पहले चरण में बीस राज्यों तथा केन्द्र शासित क्षेत्रों में फैले 215 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, दूसरे चरण में 24 नवम्बर को 291 संसदीय क्षेत्रों के मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे । पंजाब और सिक्किम में चौदह संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान तीसरे और अन्तिम चरण में 26 नवम्बर को होगा । उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को छोड़कर शेष सभी राज्यों में मतदान एक ही दिन में सम्पन्न होगा । उत्तर प्रदेश

में दस संसदीय चुना
और 24 नवम्बर

आम चुनावों के
उपचुनाव भी हो
पेरनामल्लूर, हरिय
तलीपरम्पा, मेघाल
सोंगसाक, मारवार
जनजाति), मिजोरम
त्रिपुरा में सिमना
बंगाल में कालीगंज

नामांकन-पत्र

इंदिरा हत्या केस की सुनवाई

छोटी सी बात ... रंगा

अपनी पार्टी में अलग-
लग पड़ गया हूं ।

—कमलापति त्रिपाठी

Punjabi Sarafani

...र 24 नवम्बर को दो दिनों में

...ह समय : राष्ट्रपति द्वारा जारी ...नुसार मेघालय में मतदान प्रातः 7 ...बजेतक, मिज़ोरम, नागालैंड तथा ...में प्रातः साढ़े सात बजे से शाम साढ़े ...शेष 27 राज्यों व केन्द्र शासित ...प्रातः 8 बजे शुरू होकर शाम 5 ...।

...मांकन-पत्र भरे गए : आगामी ...के लिए आज पहले दिन कुल 1;26 ...अधिकांश निर्दलीय हैं, ने अपने ...किए ।

...सीटों के लिए आज जम्मू-कश्मीर ...नामांकन पत्र भरे, जबकि पंजाब ...क्रमशः 2 और 4 उम्मीदवारों ने ...।

...नों व नागरिकों द्वारा लुधियाना ...धनी परिवारों की कन्याओं का ...स्थानीय लक्ष्मी लेडीज़ क्लब में ...। पंजाब विधानसभा के ...सिंह मिन्हास ने नवदम्पतियों को ...। (छाया : काम्बोज)



हाकम चंद का दूसरा लड़का अवतार सिंह (10) भी घायल हो गया । उसको अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । स्मरण रहे कि कुछ समय पहले आतंकवादियों ने हाकम चंद के एक अन्य लड़के जीता सिंह का अपहरण कर लिया था । बाद में फिरौती की रकम प्राप्त करके उसे छोड़ दिया गया था । इस घटना के बाद हाकम चंद परिवार सहित कस्बा से पलायन करने की तैयारी में था । इन हत्याओं के विरुद्ध रोषस्वरूप आज कस्बा में पूर्ण हड़ताल रही । अनाज मंडी में भी काम नहीं हुआ ।

पहचान हो गई : फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार गत दिवस थाना सदर फाज़िल्का के गांव हौजखास के निकट जो दो आतंकवादी मारे गए थे, उनकी पहचान हो गई है । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि उन आतंकवादियों के नाम दर्शन सिंह पुत्र काका सिंह निवासी गांव चिमनीवाला थाना फाज़िल्का सदर तथा अनोख सिंह हैं ।

बन्दूक छीन ली : फिरोजपुर से 'कन्तोड़' के अनुसार कल रात्रि 2 व्यक्तियों ने थाना जीरा के गांव संतूवाला के निवासी हरबंस सिंह पुत्र बाबू सिंह को मार देने की धमकी देकर एक बन्दूक और 15 कारतूस छीन लिए ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने आज कैनाल ब्रिज,गिल रोड,लुधियाना के निकट तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । खबरों में कहा गया है कि एक नाकापार्टी ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । सुरक्षा बलों ने जवाबी फ़ायरिंग की तथा बाद में तीनों को काबू कर लिया । उनसे एक .12 बोर की सिंगल बैरल गन, एक .315 पिस्तौल, एक .12 बोर की पिस्तौल तथा कई कारतूस बरामद किए गए ।

बाद का समाचार है कि लुधियाना में गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में अमृतसर जिला के निवासी निशान सिंह, मंगल सिंह तथा गुरदासपुर का निवासी बलविंदर सिंह शामिल है । यह तीनों आतंकवादी गत 2-3 वर्ष से विभिन्न फैक्टरियों में काम कर रहे थे ।



आंदोलनरत वैटनरी डाक्...
रिजनल इंजीनियरिंग का...
के अवसर पर रोष

पशु चिकित्स...
(पृष्ठ 3...

साहस करने लगे हैं । ...
संघावालिया कमेटी इनक...
है और दूसरी ओर मुख्य ...
चल रही है फिर भी उन...
वातावरण खराब करने ...

उन्होंने कहा कि ...
करने वालों से निपटना ...
कि यह लोकराज है और ...
एक भाग है किन्तु इस ...
का काम है कि कौन गल...

राज्यपाल श्री एस....
35 वर्ष में जो जितना ख...
गया, उससे अधिक खर्च ...
राज्य में तकनीकी शिक्ष...
विकास पर किया जाएग...

श्री रे ने कहा कि ...
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्...
दर्जा दिया जा रहा है । ...
पोलिटैक्निक चालू हो ज...
राष्ट्रीय तकनीकी इंस्टीट्...
के अतिरिक्त केंद्र ...
फार्मेस्युटीकल रिसर्च त...
हारवैस्ट पंजाब के लिए ...
उद्देश्य राज्य में कुशल ...
तथा रोज़गार के अधि...
है ।

श्री रे ने कहा कि ...
भेज रहा है जो राज्य में ...
की सम्भावनाओं तथा ...
संस्थानों की जरूरत क...
सहायता की सिफारिश ...

उन्होंने कहा कि ...

Punjabi Sahitani

और भाजपा नेता श्री
(छाया : अशोक)

: शत्रुघ्न

यांद हिमाचल सरकार
री सुविधाएं और
ी पर्यटन का विकास
चल के लोगों के बारे
थ परन्तु अब उन्होंने
श तो है, उद्दण्डता
कि पर्यटन के विकास
ाणी और बेरोजगारी

पंजाब में स्कूल टीचर सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि एक टीचर सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जिनमें से 2 पूर्व कृषिमंत्री बलविदर सिंह भुंदड़ के निकट संबंधी थे । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

आतंकवादी मारा गया : फिरोज़पुर (धीमान)—गत रात जिला फिरोज़पुर में थाना जीरा के अंतर्गत गाव मल्लूके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दो अन्य बच कर भाग निकले । घटनास्थल पर एक 315 बोर की राइफल, एक सिंगल बैरल गन और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

2 भाइयों की हत्या : भटिंडा (ग्रोवर) : थाना रामामंडी के गांव कमाल में दो सगे भाइयों गुरदेव सिंह तथा सौदागर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसको निजी शत्रुता का मामला बताया है लेकिन इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है । पुलिस जांच कर रही है । 'प.स.' के अनुसार मारे गये व्यक्ति पंजाब के पूर्व कृषिमंत्री बलविंदर सिंह भुंदड़ के निकट संबंधी थे ।

स्टेनगन लेकर भाग गया : सुखदेव सिंह ढिल्लों का ड्राइवर शिंगारा सिंह श्री ढिल्लों के गनमैन प्रताप सिंह की स्टेनगन लेकर भाग निकला । प्रताप सिंह निकटवर्ती खेत में शौच के लिये जाते समय स्टेनगन शिंगारा सिंह को पकड़ा कर गया था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

कौरा गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने थाना निहाल सिंह वाला क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी कौर सिंह उर्फ कौरा को गिरफ्तार किया है । उससे 315 बोर की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने गांव ढुडी में तलाशी के दौरान 455 बोर का विदेशी रिवाल्वर भी बरामद किया ।

नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये । इसी दौरान मलकीयत सिंह तथा भजन सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक स्कूटर पी.जी.एम. 4357 बरामद किया गया ।

टीचर की हत्या : आज मजीठा पुलिस जिला के गांव पदरी में आतंकवादी एक स्कूल में दाखिल हो गए तथा एक टीचर भोला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने इंद्रजीत सिंह उर्फ भोला को उसकी कक्षा के एक छात्र के माध्यम से बाहर बुलाया और उसके बाहर आते ही उस पर गोलियों की बौछार कर दी । उसकी मौका पर ही मौत हो गई ।

एक की हत्या :अमृतसर (वार्ता): गत रात तरनतारन पुलिस जिला के भंडाल गांव में रिसाल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

9 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री ए.के. शर्मा ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि गत 24 घंटों में रमदास, मेहता, जंडियाला तथा अजनाला क्षेत्र में 9 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये । इनके नाम दलजीत सिंह उर्फ बिल्ला, मलविंदर सिंह, हरपाल सिंह, दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा, सतनाम सिंह उर्फ सत्ता, जगमेल सिंह, भूपिंदर सिंह उर्फ पिंदा, कश्मीर सिंह तथा रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू बताये गये हैं ।

युवक की लाश मिली : आज मजीठा पुलिस जिला में सड़क के किनारे एक खेत में से एक युवक की गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

जालंधर जिला में थाना नूरमहल क्षेत्र से एक आतंकवादी बलदेव सिंह उर्फ बब्बी को गिरफ्तार किया गया ।

तालमेल वार्ता के दौरान ही जद द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा पर भाजपा को आपत्ति

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर (वार्ता, दि. श.): भारतीय जनता पार्टी ने सीटों के तालमेल की बातचीत के दरम्यान ही जनता दल द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा किए जाने पर कड़ी आपत्ति की है । भाजपा के उपाध्यक्ष सिकन्दर बख्त ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यदि जनता दल तालमेल की भावना के विरुद्ध कहीं उम्मीदवार खड़े करेगा तो भाजपा वहां से अपने उम्मीदवार खड़े करने के लिए स्वतंत्र होगी ।

उन्होंने भाजपा से तालमेल के संबंध में जनता नेताओं के हाल ही के बयानों को 'बेतुका' बताया और कहा कि इसके बावजूद भाजपा बातचीत के लिए दरवाजे खुला रखना चाहती है । फिर भी यदि तालमेल नहीं हुआ तो उसकी जिम्मेदारी जनता दल पर होगी । उन्होंने तालमेल वार्ता के दौरान बार-बार स्टैंड बदलने का जनता दल पर आरोप लगाया ।

श्री बख्त ने कहा कि तालमेल की बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि जब तक तालमेल वार्ता चल रही है, जनता दल को उम्मीदवारों की घोषणा नहीं करनी चाहिए । उन्होंने राम जन्म भूमि मंदिर शिलान्यास का

श्री बख्त ने 'अल्प संख्यक' शब्द को अपमानजनक बताते हुए संविधान में इसके उल्लेख पर एतराज किया और कहा कि यह धर्म निरपेक्षता की भावना के विरुद्ध है । उन्होंने कहा कि भाजपा सकारात्मक धर्म निरपेक्षता की भावना के विरुद्ध है । उन्होंने कहा कि भाजपा सकारात्मक धर्म निरपेक्षता में विश्वास करती है जिसमें सभी किस्म की साम्प्रदायिकता को देखने का एक ही पैमाना है ।

उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर वोट की खातिर अल्पसंख्यक के नाम पर फिरकापरस्ती को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और इस संदर्भ में कांग्रेस (इ) के दूत हरकिशन लाल भगत की हाल ही में इमाम अब्दुल्ला बुखारी से हुई वार्ता तथा चुनाव के मौके पर उत्तर प्रदेश में उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा दिए जाने का जिक्र किया । उन्होंने कहा कि इससे सत्तारूढ़ दल की मानसिकता जाहिर होती है । उन्होंने जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह की इमाम बुखारी से मुलाकात की भी आलोचना की ।

सूत्रों के अनुसार भाजपा अपने एक सौ आठ उम्मीदवारों के नाम तय कर चुकी है । इनके बारे में कोई विवाद नहीं है तथा ये सभी स्थान भाजपा के गढ़ माने जाते हैं । लेकिन भाजपा के पदाधिकारी अभी

Punjabi Sanatani

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मरे : थानेदार, सैनिक सहित 6 की हत्या

फिरोजपुर जिला में एक व्यक्ति का अपहरण : धूरी के डाकघर से 32143 रुपए लूटे

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (प.स., वार्ता): सुरक्षा बलों ने कल रात चार आतंकवादी मार गिराए । मजीठा पुलिस जिले में आतंकवादियों ने छुट्टी पर घर लौट रहे एक सैनिक व थ्री-व्हीलर ड्राइवर की तथा जिला फिरोजपुर में एक थानेदार सहित 2 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । धूरी में आतंकवादी मुख्य डाकघर से 32143 रुपए लूट कर ले गए । फिरोजपुर जिले में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

मुठभेड़ में चार आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (धीमान): फिरोजपुर जिले में जीरा पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव शाहवाला के निकट गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने चेतक बजाज स्कूटर पर आ रहे दो संदिग्ध आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया मगर उन्होंने रुकने की बजाय नाकापार्टी पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा भी प्रत्युत्तर में गोलियां चलाए जाने से दोनों आतंकवादी मारे गए । मृत आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है । पुलिस ने चेतक बजाज स्कूटर के अतिरिक्त मृत आतंकवादियों से 15 बोर की एक राइफल, एक दोनाली बंदूक, एक रिवाल्वर और खरे कारतूस बरामद किए हैं ।

इसी जिले में परल थाने के अन्तर्गत गांव लोहेम के निकट एक अन्य घटना में भी गत रात दो स्कूटर सवार आतंकवादी मुकाबले में मारे गिराए गए । बजाज चेतक स्कूटर के अतिरिक्त मृतकों के पास से .32 बोर का एक अमरीकी रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले हैं ।

बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार फिरोजपुर जिले में दो मुठभेड़ों में मारे गए 4 आतंकवादियों में से दो की शिनाख्त चमकौर सिंह निवासी गांव जंगल तथा सुरजीत सिंह निवासी सिहवाला के रूप में की गई है । वे खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं ।

अपहरण : फिरोजपुर जिले के मक्खू पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव लल्ले खुद से कल रात पांच अज्ञात व्यक्ति पवन कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर ले गए ।

थानेदार समेत 2 की हत्या : जलालाबाद (मलिक): आज रात्रि 8.30 बजे जिला फिरोजपुर के थाना पलखुर्द के गांव माड़ीचुगरा के निकट उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस की जीप और एक प्राइवेट वैन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिस से थाना पलखुर्द का एस. एच. ओ., सब-इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह और प्राइवेट वैन जो अबोहर से जीरा जा रही थी, का मालिक हरप्रीत सिंह मारे गए । दोनों गाड़ियों के ड्राईवर गंभीर रूप से घायल हुए । पुलिस पार्टी गश्त के दौरान तलवंडी भाई से पलखुर्द की ओर जा रही थी ।

डाकघर से 32,143 रु. लूटे : धूरी (सिंगला): आज दोपहर 12 बजे के लगभग पांच सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां मुख्य डाकघर से 32,143 रुपए लूट लिए । मोटर साइकल पर आए इन उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर डाकघर के सभी कर्मियों व ग्राहकों के हाथ खड़े करवा दिए तथा नकदी लेकर फरार हो गए । भागने से पूर्व इन उग्रवादियों ने कहा कि वे इन रुपयों से हथियार खरीदेंगे । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है लेकिन अभी तक इन आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला ।

फौजी और थ्री-व्हीलर चालक की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात कुछ आतंकवादियों ने थाना मजीठा के गांव चमकेवाल के करीब एक थ्री-व्हीलर पर फायरिंग की जिससे थ्री-व्हीलर में सवार सेना का एक जवान बलविंदर सिंह निवासी कियामपुर (थाना अजनाला) जो कि छुट्टी पर आया था और अपने गांव जा रहा था, मारा गया । थ्री-व्हीलर ड्राइवर ज्ञान सिंह जो बटाला का था, अमृतसर का रहने वाला था, भी गोलियां लगने से मारा गया । पुलिस ने दोनों की लाशें बरामद कर कब्जे में किए हैं । सैनिक बलविंदर सिंह ने छावनी रेलवे स्टेशन से थ्री-व्हीलर किराए पर लिया था ।

निशान सिंह के दो साथी गिरफ्तार : पुलिस जिला बरनालान के एस.एस.पी. श्री देव सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि पंजाबी पुलिस ने सी.आर.पी.एफ. के जवानों के साथ गांव तूड़ के इलाके में एसेंट्रो कार के साथ नाकाबंदी की हुई थी कि लड़के चार बजे के करीब खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो आतंकवादी स्वर्ण सिंह निवासी सभरा, जिला फिरोजपुर और जसवन्त सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव सुपेरांवाला जिला फिरोजपुर काबू कर लिए गए । ये दोनों खतरनाक आतंकवादी निशान सिंह मनेजर के साथी हैं । उनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, चार कारतूस .315 बोर एच.ई. 36 हथगोला मिला है ।

3 अन्य कार्यकर्ता गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है जिनमें गुरविंदर सिंह उर्फ पप्पू निवासी दरबारी, मनविंदर सिंह निवासी सभरां थाना अजनाला और जसमान सिंह निवासी मजीठा थाना पुलानगर जिला गुरदासपुर शामिल हैं । इस संबंध में जारी प्रैस विज्ञप्ति में एस.एस.पी. अमृतसर ने बताया है कि ये व्यक्ति लूटपाट की वारदातों में संलिप्त थे । इनके कब्जे से पुलिस ने 303 बोर की एक देसी पिस्तौल, 12 बोर की एक अन्य पिस्तौल के अलावा .455 बोर के पांच कारतूस और .12 बोर के तीन कारतूस बरामद किए हैं । इनके पास से 1100 रुपए भी बरामद हुए हैं । इन व्यक्तियों ने एक पैट्रोल पम्प पर लूट की वारदात की स्वीकारोक्ति की है ।

दुकानदार पर हमला : अमृतसर में गत रात आतंकवादियों ने एक दुकानदार सुरेन्द्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उस समय दुकान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बूटा सिंह ने नामांकन पत्र भरा

जयपुर, 25 अक्तूबर (प.स.): केंद्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज राजस्थान के झालौर चुनाव क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री सिंह सहित 27 उम्मीदवारों ने आज राज्य से नामांकन पत्र दाखिल किए । इस तरह अब तक कुल 51 उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं ।

पंजाब में अकाली दल (त.) तथा बी.एस.पी. पर आधारित नए राजनीतिक मोर्चे का गठन सम्भावित

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (एन.एस. परवाना): आगामी लोकसभा चुनावों में इंका का मुकाबला करने के लिए पंजाब में अकाली दल (त) तथा बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) पर आधारित एक नए राजनीतिक मोर्चे के गठन की सम्भावना है ।

ज्ञात हुआ है कि दोनों पार्टियों के नेताओं में काफी बातचीत पूरी हो चुकी है । सूत्रों के अनुसार यदि यह बातचीत सफल रही तो बी.एस.पी. के प्रधान श्री कांशी राम होशियारपुर की जनरल सीट से प्रस्तावित मोर्चे के संयुक्त उम्मीदवार होंगे । सम्भवतः यह मोर्चा पंजाब में सभी 13 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करेगा ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि 4 वर्ष पूर्व पंजाब विधानसभा के चुनाव में बी.एस.पी. के कारण इंका लगभग डेढ़ दर्जन सीटों पर मामूली अंतर से हार गई थी और अकाली दल 117 के सदन में अकेला ही 73 सीटें जीतने में सफल रहा था । बी.एस.पी. दलित वर्गों का प्रतिनिधि संगठन है जिसके नेतृत्व ने शासक इंका और विपक्ष के राष्ट्रीय मोर्चे से चुनाव समझौता या सीटों का तालमेल करने से साफ इंकार कर दिया है । श्री कांशी राम स्वयं भी कह चुके हैं पंजाब में अकालियों से गठजोड़ बारे अगले दो-तीन दिनों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी ।

इस दौरान रोपड़ (आरक्षित) संसदीय सीट पर स्थिति दिलचस्प बनी हुई है । अकाली दल (मान) ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह की विधवा बिमल कौर खालसा को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि उसका जेठ शमशेर सिंह भी इसी क्षेत्र से अकाली (त) की उम्मीदवारी पाने का इरादा रखता है । पता चला है कि इस बारे उन्होंने श्री जगदेव सिंह तलवंडी और सुखदेव सिंह ढींडसा को सूचित कर दिया है । सूत्रों का कहना है कि तीन दिन पहले मोहाली में बिमल कौर खालसा ने अपने सास, ससुर, जेठ व अन्य पारिवारिक सदस्यों से चुनाव लड़ने की बात की थी । परिवार के सभी सदस्यों ने बिमल कौर खालसा को कहा था कि वह रोपड़ से चुनाव न लड़े क्योंकि गत पंजाब विधानसभा चुनाव में हल्का चमकौर साहिब से हमारे परिवार पर आरोप लगा था कि हमारे कारण ही इंका यह सीट जीती थी अतः इस बार हल्का रोपड़ से इंका की जीत का कलंक हमारे परिवार पर नहीं लगना चाहिए परन्तु बिमल कौर खालसा ने साफ इंकार करते हुए कहा था कि, 'मैं तो चुनाव अवश्य लड़ूंगी ।'

उल्लेखनीय है कि हल्का चमकौर साहिब से बिमल कौर खालसा के खड़े हो जाने के कारण अकाली उम्मीदवार माधो सिंह हार गए थे और इंका के भाग सिंह का दाव लगा गया था ।

आज जब श्री शमशेर सिंह से इस बारे पूछा गया तो उन्होंने दावा किया कि मेरे भाई (बेअंत) का सारा परिवार मेरे साथ है । मैं अकाली दल (त) के अनुशासन में रहने वाला 'सिपाही' हूं । अगर पार्टी

लुधियाना से बलराम जाखड़ के खड़े होने से अकाली क्षेत्रों में हलचल : मजबूत प्रत्याशी की तलाश

लुधियाना, 25 अक्तूबर (महिन्द्रा, नेपाल, धीमान): लुधियाना की लोकसभा सीट पर लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के कांग्रेस (इ) उम्मीदवार के रूप में खड़े होने से अकाली हल्कों में हलचल मच गई है और वे अब श्री जाखड़ के मुकाबले में अपना मजबूत नेता खड़ा करने पर विचार कर रहे हैं । कई जनता पार्टी लुधियाना की ओर से अपनी मीटिंग 27 अक्तूबर को सायं छः बजे बुलाई है, जिसकी अध्यक्षता प्रधान श्री कपूर चन्द जैन करेंगे । राजनीतिक क्षेत्रों में यह भी चर्चा है कि बहुजन समाज तथा अकाली दल (मान) में पंजाब में मिलकर चुनाव लड़ने की बातचीत चल रही है तथा बहुजन समाज

Punjabi Sahitya

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मरे : थानेदार, सैनिक सहित 6 की हत्या

फिरोजपुर जिला में एक व्यक्ति का अपहरण : धूरी के डाकघर से 32143 रुपए लूटे

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (प.स., वार्ता): सुरक्षा बलों ने कल रात चार आतंकवादी मार गिराए । मजीठा पुलिस जिले में आतंकवादियों ने छुट्टी पर घर लौट रहे एक सैनिक व थ्री-व्हीलर ड्राइवर की तथा जिला फिरोजपुर में एक थानेदार सहित 2 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । धूरी में आतंकवादी मुख्य डाकघर से 32143 रुपए लूट कर ले गए । फिरोजपुर जिले में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

मुठभेड़ में चार आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (धीमान): फिरोजपुर जिले में जीरा पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव शाहवाला के निकट गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने चेतक बजाज स्कूटर पर आ रहे दो संदिग्ध आतंकवादियों को रुकने का इशारा किया मगर उन्होंने रुकने की बजाय नाकापार्टी पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा भी प्रत्युत्तर में गोलियां चलाए जाने से दोनों आतंकवादी मारे गए । मृत आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है । पुलिस ने चेतक बजाज स्कूटर के अतिरिक्त मृत आतंकवादियों से 15 बोर की एक राइफल, एक दोनाली बंदूक, एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

इसी जिले में घल्ल थाने के अन्तर्गत गांव लौहैम के निकट एक अन्य घटना में भी गत रात दो स्कूटर सवार आतंकवादी मुकाबले में मार गिराए गए । बजाज चेतक स्कूटर के अतिरिक्त मृतकों के पास से .32 बोर का एक अमरीकी रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले हैं ।

बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार फिरोजपुर जिले में दो मुठभेड़ों में मारे गए 4 आतंकवादियों में से दो की शिनाख्त चमकौर सिंह निवासी गांव नंगल तथा सरजीत सिंह निवासी सिहवाला के रूप में की गई है । वे खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं ।

अपहरण : फिरोजपुर जिले के मक्खू पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव लल्ले बूह से कल रात पांच अज्ञात व्यक्ति पवन कुमार नामक एक व्यक्ति को अपहरण कर ले गए ।

थानेदार समेत 2 की हत्या : जलालाबाद (मलिक): आज रात्रि 8.30 बजे जिला फिरोजपुर के थाना घलखुर्द के गांव माछीवुगरा के निकट उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस की जीप और एक प्राइवेट वैन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिस से थाना घलखुर्द का एस. एच. ओ., सब-इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह और प्राइवेट वैन जो अबोहर चंडीगढ़ जा रही थी, का मालिक हरप्रीत सिंह मारे गए । दोनों गाड़ियों के ड्राईवर गंभीर रूप से घायल हुए । पुलिस पार्टी गश्त के दौरान तलवंडी भाई से घलखुर्द की ओर जा रही थी ।

फगवाड़ा में छापे : फगवाड़ा (कौड़ा) आज पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र में तीन घंटे से अधिक समय तक आतंकवादियों व उनके आश्रय लेने के स्थानों की तलाश में, घर-घर की तलाशियां लीं व व्यापक स्क्रीनिंग की ।

(अकाली द
(निर्दलीय), म
मित सिंह, म
सिंह (निर्दलीय

कुछ ल
प्रधानमं
नहीं च

नई दिल्ली
नेताएवं हरिया
यहां कहा कि
महत्वाकांक्षा न
वह प्रधानमंत्री
प्रचार के लिए
उद्घाटन करते
वी.पी. सिंह प्र
निर्णय लोकसभ
देवी लाल जो
चुनाव लड़ रहे
केवल हरियाणा
राज्यों में भी लो
जाने पर भी ह

चुनाव के

गुरदासपुर,
स्टूडैंट्स फैडरेश
गवर्नमैंट कालेज
सिख नौजवानों
डालने के लिए

These Girls,
are Real Hot
(केवल बालिगों के लिए)
Full of Sex
Crace of
Fe

Punjabi Sa

ल.एफ. के जगीर सिंह
त 3 आतंकवादी मारे गए

क्तियों का अपहरण : 50 हज़ार रुपए लूटे गए
स.आई. के लड़के की हत्या

नवम्बर (वार्ता, पस): गत रात के
तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन
आतंकवादी जगीर सिंह समेत 3
गये जबकि एक व्यक्ति की हत्या
न्य वारदातों में 50 हजार रुपये लूटे
कर्मचारी घायल हो गये और 2
पहरण कर लिया गया ।

गीर सिंह की हत्या : बटाला
जिला बटाला में थाना कादियां के
4 सशस्त्र आतंकवादियों की ओर
स.आई. सुलक्खन सिंह के अपहृत
जगीर सिंह का गोलियों से छलनी
पी.एस.एफ. ने गांव से लगभग डेढ़
क वृक्ष के तने से बंधा बरामद किया
पताल में पोस्टमार्टम के लिए शव
क के पिता सुलक्खन सिंह व उसकी
हुए बताया कि रात 8.30 बजे के
त्र आतंकवादी उनके घर आए जिन्हें
सिंह, उसके दो छोटे भाई व एक
ड़ कर छलांगें लगा कर भाग गए
ह को आतंकवादियों ने पकड़ कर
उनके घर के सारे सामान रंगदार
कटर, 25-30 बिस्तरों आदि को
घर पर दो-तीन बम फैंक कर सारा
कर दिया । इसके बाद वह जगीर
थ ले गए । उन्होंने बताया कि
एस.पी.ओ. था और आजकल
ना बटाला में पुलिस भर्ती के लिए
था । वह गत सायं ही लिखित टैस्ट

राइफल मिली : पुलिस जिला
स.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने
रों को बताया कि गत रात थाना
गांव भामड़ी के निकट पुलिस व
थ मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी
शिनाख्त नहीं हो सकी, इसके
निकट से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 54, आधुनिक फाईबर ग्लास के बने 4 मैगजीन व भारी संख्या में चले अनचले कारतूस मिले हैं । यह राइफल पुलिस जिला बटाला में प्रथम बार बरामद की गई है । मृतक आतंकवादी के पास से बब्बर खालसा के कोरे लैटर पैड मिले हैं । जिससे पता लगता है कि यह आतंकवादी बब्बर खालसा संगठन से संबंधित था ।

आपसी शत्रुता में आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव नील कलां के निकट से आज प्रातः पुलिस व बी.एस.एफ. को गोलियों से छलनी एक शव मिला है । एस.एस.पी. श्री गोयल ने बताया कि इसकी शिनाख्त थाना फतेहगढ़ चूड़ियां गांव पारोवाल के अवतार सिंह के रूप में हुई है और पुलिस रिकार्ड के अनुसार यह भी आतंकवादी था और कई आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त था । यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

आपसी लड़ाई में आतंकवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात तरनतारन पुलिस जिला में गांव संगराता के निकट आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य जगीर सिंह की हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर ए.के. 47 के कुछ खाली कारतूस और दो डैटोनेटर बरामद हुए ।

35 हज़ार रुपया लूटा : अमृतसर जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार थाना जंडियाला के गांव मुच्छल में सहकारी सोसायटी के प्रबंध तले खोले गये खाद स्टोर से आज बाद दोपहर दो आतंकवादी हथियारों की नोक पर 35 हजार रुपया लूट कर ले गये । उन्होंने स्टोर पर काम करने वाले तीन कर्मचारियों को धमकी दी कि यदि उन्होंने इसकी रिपोर्ट पुलिस को दी तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा ।

आतंकवादी मारा गया : आज शाम मजीठा
(शेष पृष्ठ 10 पर)



मुगलसराय के निकट गत बुधवार को तूफान एक्सप्रैस को हुई दुर्घटना का दृश्य,जिसमें लगभग 100 लोग घायल हो गये ।

राजीव द्वारा राष्ट्रीय मोर्चे पर आनंदपुर प्रस्ताव के समर्थन का आरोप

फैजाबाद, 3 नवम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज कहा कि उनकी पार्टी यह आम चुनाव जनता को उसका हक दिलाने तथा समाज को शोषण से मुक्त कराने के लिए लड़ रही है ।

श्री गांधी ने अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस (इ) का चुनाव प्रचार अभियान शुरू करते हुए सर्वप्रथम फैजाबाद की एक जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान राम के इस पावन स्थल से अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान का श्रीगणेश करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है ।

श्री गांधी ने 'राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद' का नाम लिए बगैर कहा कि अयोध्या की पवित्र धरती से अनेक ऐसे मुद्दे उठाए जा रहे हैं, जिनसे देश कमजोर हो सकता है । उन्होंने कहा कि कबीर की यह धरती अहिंसा, सहिष्णुता और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत की जननी रही है । उन्होंने सवाल किया कि अगर इस क्षेत्र में साम्प्रदायिकता फैलती है तो पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र में क्या होगा ।

श्री गांधी ने विपक्षी दलों पर जबरदस्त प्रहार करते हुए उन पर साम्प्रदायिक एवं विघटनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया । उनका कहना था कि विपक्षी दल सत्ता पाने की लालसा में वोट की राजनीति कर रहे हैं । उनका कहना था कि अनेक विपक्षी पार्टियां अपने निहित स्वार्थों के लिए साम्प्रदायिकता फैला रही हैं ।

राष्ट्रीय मोर्चा अलगाववाद का समर्थक : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के राष्ट्रीय मोर्चे को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उसके चुनाव घोषणापत्र में पंजाब में आतंकवाद की समस्या के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया है । लेकिन मोर्चे ने अपने चुनाव घोषणापत्र में आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव के मुद्दों को शामिल कर अलगाववादी ताकतों की हिमायत की है ।

राजीव गांधी ने विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाया कि वे साम्प्रदायिक एवं विघटनकारी शक्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने संसद में लाए गए पंचायती राज विधेयक को पारित होने से रोक कर देश की 83 करोड़ जनता के साथ विश्वासघात किया है । यह विधेयक देश के लोगों को भ्रष्टाचार और शोषण से मुक्त करा कर देश में राम राज लाने के लिए तैयार किया गया था ।

श्री गांधी ने विश्वास व्यक्त किया कि आम चुनाव में कांग्रेस (इ) की जीत के बाद इस विधेयक को संसद पारित कर देगी ।

असली गांधी कौन ? : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि अमेठी की जनता ही इसका फैसला करेगी कि असली गांधी कौन है : वह (राजीव गांधी) या श्री राजमोहन गांधी । उन्होंने कहा कि जनता दल के श्री राज मोहन गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ते समय अपनी जमानत जब्त होने से बचाने की फिक्र करनी चाहिए । उनका कहना था कि उन्हें इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष
(शेष पृष्ठ 10 पर)

ाणा में नए जिले बनाने अधिसूचना पर रोक हटी

नवम्बर (पस) : उच्चतम
की उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के पास विचारार्थ

राजीव हरियाणा का

हमारी लड़ाई पूंजीपति बैठे उनके दलालों के

रोहतक, 3 नवम्बर (खन्ना): हरियाणा के

Punjabi Sanatan

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस जिला में थाना जंडियाला के गांव रायपुर के निकट एक अज्ञात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

लड़के का अपहरण : मोगा (सर्व): तीन जीप सवार आतंकवादियों ने गत सायं लगभग 6.30 बजे एक स्थानीय व्यापारी राजकुमार के 22 वर्षीय लड़के शम्मी का गुलाबी बाग क्षेत्र से अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि शम्मी शाम को अपनी दुकान बंद करने के बाद घर जाने लगा था कि आतंकवादियों ने उसे एक जीप में डाल लिया तथा फरार हो गए । पुलिस ने उनका पीछा करने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी ।

एक और अपहरण : फिरोज़पुर जिला के ठट्ठा किशन सिंह गांव के निकट कल दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति साधु राम का अपहरण कर लिया । सूचना मिलने पर पुलिस ने उनका पीछा किया । पुलिस को देखते ही आतंकवादियों ने गोली चलाई जिससे दो पुलिस कर्मी घायल हो गए । आतंकवादी साधु राम को साथ लेकर भाग निकले ।

घायल कर दिया : जिला गुरदासपुर में माधोकलां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति घसीटा सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

नकदी छीनी : कल शाम भटिंडा के सदर बाज़ार में एक आतंकवादी ने रमेश कुमार नामक व्यक्ति को घायल करके उससे 15,000 रुपये छीन लिये तथा फरार हो गया ।

(ऊपर) पुलिस जिला बटाला के गांव भामड़ी के निकट पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी । (नीचे) बटाला के गांव बेहलूवाल के निकट आतंकवादियों द्वारा मारा गया ए.एस.आई. पुलिस का बेटा जगीर सिंह । (छाया : कोछड़)

राजीव का आरोप

(पृष्ठ 3 का शेष)

कांशी राम से कोई खतरा नहीं है ।

हम भारत बना रहे हैं : श्री गांधी ने पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान के तहत राज्य का तूफानी दौरा करके सर्वप्रथम फैजाबाद, फिर आगरा, अलीगढ़ और अंत में बुलंद शहर में जनसभाओं को सम्बोधित किया । कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी पर प्रत्यक्ष रूप से प्रहार करते हुए कहा कि ये सत्ता पाने की लालसा में 'वोट की राजनीति' कर रहे हैं और अपने निहित स्वार्थों के लिए साम्प्रदायिकता फैला रहे हैं । उन्होंने कहा 'हम भारत बना रहे हैं और वे जला रहे हैं ।'

श्री गांधी ने कहा कि सरकार को पंजाब में गड़बड़ पर नियंत्रण पाने में काफी सफलता मिली है, यद्यपि राज्य से उग्रवाद का पूर्णतया सफाया नहीं हो सका । सरकार ने पंजाब में जो पग उठाए हैं, उनका परिणाम यह है कि वहां अब गुरुद्वारों में आतंकवादियों के शस्त्रों का भंडार नहीं हो सकता । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का सामना करने का साहस न रखने वाले इस समस्या को कैसे दूर करा पाएंगे ।

जालन्धर संसदीय क्षेत्र से इंका प्रत्याशी श्री राजेन्द्र सिंह स्पैरो शुक्रवार को जालन्धर में इंका चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए ।

करनाल चलो करनाल चलो करनाल चलो

मिनी बैंक कर्मचारी महासंघ हरियाणा के आह्वान पर जिला करनाल के क्लर्क, सेल्समैन, सेवादारों द्वारा 6 नवम्बर, 1989, प्रात: 10 बजे मुख्यालय करनाल पर विशाल प्रदर्शन ।

—: निवेदक :—

शीशपाल सिंह, प्रधान चरणजीत सिंह अरोड़ा, महामंत्री

नोट : एकत्र होने का स्थान कर्ण पार्क ।

गुमशुदा की तलाश

गिन्दर पाल वालिया, 18 अक्तूबर से गुम है । उम्र 50 साल, कपड़े नीले, पांवों में चप्पल, चेहरे पर गहरे दाग हैं, पास में कम्बल है । पता देने वाले को आने-जाने के अलावा शुकराना दिया जाएगा ।

रेडी आइसक्रीम, सनौर, जिला पटियाला

Bhushan Sirhindi

सूचना

जबकि श्री जसपाल सिंह पुत्र श्री मोहिंदर सिंह, गांव और डाक घर गोपालपुर, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला (पंजाब), विद्युत विभाग, संघ शासित क्षेत्र चंडीगढ़ में जूनियर ड्राफ़्ट्समैन के रूप में सेवारत 24.7.89, अर्थात् उसकी अर्जित छुट्टी की समाप्ति से, ड्यूटी से अनुपस्थित है । श्री जसपाल सिंह जेडीएम को उक्त पते पर तथा स्थानीय पते पर, पत्र नं. 9189-90 दिनांक 25.7.89 पी.एफ./9525, दिनांक 3.8.89, 10091-92 दिनांक 16.8.89, 11426 दिनांक 25.9.89 और नं. 13020 दिनांक 5.10.89 के अनुसार रजिस्टर्ड पत्रों के माध्यम से अपनी ड्यूटी पर आने का निर्देश दिया गया, जो इस टिप्पणी सहित अवितरित वापस

Punjabi Sanatani

3 की हत्या : अमृतसर में हॉकरों की हड़ताल

चंडीगढ़, 7 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात्रि के पश्चात से एक आतंकवादी मारा गया जबकि होमगार्ड के एक जवान सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अखबारी हॉकरों पर हमलों के विरोध में आज अमृतसर में हॉकरों ने हड़ताल की । एक चिटफंड कम्पनी से नकदी लूट ली ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (पस): आज प्रातः पुलिस जिला मजीठा के थाना लोपोके के अंतर्गत गांव भिल्लोवाल में एक युवक की गोलियों से छलनी लाश खेतों में पड़ी मिली । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई का मामला है ।

हॉकरों की हड़ताल : अमृतसर के लोगों को आज प्रातः समाचार पत्र पढ़ने को नहीं मिले । शहर में गत दिनों में अपने साथियों पर हुए हमलों के विरोध में अखबारी हॉकरों ने हड़ताल कर दी । इन हमलों में एक हॉकर की मृत्यु हो गई थी जबकि एक अन्य का अमृतसर गुरुतेग बहादुर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है । हॉकरों की एसोसिएशन ने कल भी हड़ताल जारी रखने का निर्णय किया है ।

25,000 रुपए लूटे : आज दोपहर के समय अमृतसर में शिवाला भाइयां के समीप दो मोटर साइकल सवार आतंकवादियों ने एक चिट फंड कम्पनी से 25,000 रुपये लूट लिये तथा फरार होने में सफल हो गये ।

होमगार्ड के जवान की हत्या : थाना मजीठा जिला अमृतसर के गांव संगतपुरा में आज रात्रि कुछ उग्रवादियों ने होमगार्ड के एक जवान तरसेम सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी ।

नकोदर पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी भजन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

2 की हत्या : धूरी (संगला) गत रात्रि यहां के एक गांव मानकाखुर्द में एक व्यक्ति बाबू राम के घर जसवीर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाबू राम गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएमसी अस्पताल लुधियाना भेज दिा गया है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू करो है ।

इंका नेता की दशा खतरे से बहर : बाघापुराना (ज्ञान) मुक्तसर के इंका नेता सराज गिरधर, जिन्हें गत दिवस आतंकवादियों ने गोलियां मार कर घायल कर दिया था, की हालत सीएमसी अस्पताल लुधियाना में सुधर रही है तथा अब वह खतरे से बाहर बताए जाते हैं । उन पर उस समय हमला किया गया था जब वह अपनी दुकान बंद करने के बाद घर जा रहे थ ।

मृत आतंकवादी की पहचान : करथला (अमृ): जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार गत दिनों थाना कोतवाली के गांव मंड देसल के निकट ब्यास नदी के किनारे रात्रि को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले आतंकवादी की पहचान हो गई है । वह जिला अमृतसर थाना ब्यास के अंतर्ग गांव जलोखेड़ा का रहने वाला गुरमेज सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह था । मुठभेड़ के पश्चात पुलिस ने मृत से शस्त्र तथा गोली सिक्का उसके शव के निकट से अपने कब्जा में लिया था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक कथित आतंकवादी कुछ समय पूर्व पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गये दो दुर्दांत के.सी.एफ. के आतंकवादियों कमलजीत सिंह तथा निर्मल सिंह का समीपवर्ती लैफ्टीनैंट था । इन दोनों के मारे जाने के पश्चात गुरमेज सिंह बब्बर खालसा के साथ मिल गया था ।

वी.पी. सिंह प्रधानमंत्री होंगे : देवी लाल

सीकर (राजस्थान), 7 नवम्बर (प.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने आज कहा कि जनता दल के सत्ता में आने पर श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री बनेंगे । श्री देवी लाल ने सीकर

Punjabi Sahatari

रीचिका का पीछा करते
40 वर्षों में कृषि क्षेत्रों की
करने के लिए पार्टी ने 17
। इसमें अन्य बातों के
को न्यनतम मजदूरी
वं औद्योगिक वस्तुओं के
ठ 10 पर)

को काम,
लगाम"

(प.स.): भारतीय जनता
ताव घोषणा पत्र में "हर
दाम और महंगाई को
स दिलाया है । घोषणा
"दरिद्र नारायण सेवा"
, मकान, स्वास्थ्य और
ी का वायदा किया गया
कों को "एक रैंक एक
की है । पार्टी ने देश के
ी पैंशन देने का वायदा
चिव डा. मुरली मनोहर
एक अनुमान के अनुसार
पचपन साल की आयु से
कि उनकी पार्टी ऐसी
इससे वयोवृद्ध नागरिकों
का उपयोग किया जा

उग्रवादी मरे : आढ़ती का अपहरण

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (प.स., वार्ता): उग्रवादियों ने गत रात्रि एक दम्पति सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि गिरोहों की आपसी लड़ाई में 2 और मुठभेड़ में 1 उग्रवादी मारा गया। 5 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जिला फरीदकोट में एक आढ़ती का अपहरण कर लिया गया ।

दो भाइयों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): चार उग्रवादियों ने गत रात्रि दस बजे पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव गग्गोबुआ में एक किसान बख्शीश सिंह और उसके भाई गुरजीत सिंह की हत्या कर दी । उग्रवादी किसान बख्शीश सिंह के घर में दाखिल हो गए और दोनों भाइयों को घर से बाहर निकाल कर थोड़ी दूर ले गए और अंधाधुंध गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । पुलिस ने शवों के निकट से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूसों के दस खोल कब्जे में लिए हैं ।

'प.स.' के अनुसार दोनों भाई उग्रवादी थे और गिरोह की आपसी लड़ाई में मारे गए ।

उग्रवादी मारा गया : आज तड़के थाना रमदास के गांव सुंदरगढ़ में बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके 2 साथी मुठभेड़ के पश्चात पाकिस्तान की ओर बच कर भाग निकले । पुलिस ने घटनास्थल से गोली-सिक्के के चार थैले बरामद किये हैं ।

अमृतसर में हॉकर अपनी सुरक्षा की मांग के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए ।

हॉकरों की हड़ताल जारी रहेगी : अमृतसर में हॉकरों की यूनियन की बैठक आज यहां श्री मनोहर लाल शर्मा प्रधान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सारी घटना-स्थिति पर विचार करने के बाद यह निर्णय हुआ कि अमृतसर में अखबारी हॉकरों की हड़ताल अनिश्चितकालीन के लिए तब तक जारी रहेगी, जब तक अखबारी हॉकरों की हत्या की रोकथाम के लिए कोई ठोस हल नहीं निकल आता । उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व उग्रवादियों ने अमृतसर में एक अखबारी हॉकर मदन लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, जबकि इससे दूसरे दिन ही एक अन्य हॉकर राज कुमार को गोलियां मार कर घायल कर दिया था ।

आज प्रात: यहां शिवालय के निकट एक बैठक के बाद अखबारों के हाकरों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भूमि से बाहर ह

विश्व हिन्
हिन्दू परिषद द्वा
कि मंदिर क
से संलग्न प्ला
भूमि—बाबरी म
अग्रसर होता दि
की कि शिलान्य
प्लाट में होगा

लखनऊ
बूटा सिंह ने क
अयोध्या में राम
में उच्च न्यायाल
आश्वासन दिय
आवास पर विश
बाबरी मस्जिद
शहाबुद्दीन से
से बात कर रहे

जब श्री बूट
नाथ ने आपत्ति
कहा है कि राम
प्लाट पर होगा
बात हुई मैंने बत
हिन्दू परिषद ने

कल इलाहा
गठित विशेष पी
संशोधित कर

Punjabi Sanatani

सवाल की जनता

कि सभी जानते हैं कि कुछ दिनों पहले ओसवाल सेल, लु
आ लेकिन इतना होने के बावजूद, जनता के प्यार को अपन
ों की कद्र करते हुए एक सप्ताह के भीतर सेल दुबारा
अपनी सहानुभूति प्रकट की तथा अपने मनपसंद आइटमो

साहब कहते हैं—
मुझे इस बात का अहसास होता कि लोगों का मेरे प्रति इतना विश्वास है

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

में जलूस निकाला और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की । हाल गेट पर जलूस समाप्त हो गया । जलूस समाप्त होने से पूर्व-क्रुद्ध हाकरों ने एक हाकर और न्यूज पेपर एजैंट के विरुद्ध भी नारेबाजी की, जो हाकरों की हड़ताल के बावजूद कुछ अखबारों को बेच रहे थे । हड़तालो हाकरों ने कुछ हाकरों से अखबार छीन कर फाड़ डाले और उक्त न्यूज एजैंटों को चेतावनी भी दी ।

होम गार्ड के जवान की हत्या : आज प्राप्त विवरणों के अनुसार थाना मजीठा के क्षेत्र में स्थित गांव संगतपुरा पुलिस चौकी में तैनात पुलिस और होम गार्डों के जवानों ने गत रात्रि एक बाग के बाहर नाकाबंदी कर रखी थी कि रात्रि आठ बजे लगभग आधा दर्जन उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी । जवाब में नाकापार्टी ने भी फायरिंग की । उग्रवादियों की फायरिंग से एक जवान तरसेम सिंह मारा गया जब कि उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए । घटनास्थल से पुलिस ने कारतूसों के 22 खोल बरामद किए हैं ।

कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने आज सायं संगतपुरा गांव से एक कुख्यात आतंकवादी सरुमेल सिंह को गिरफ्तार किया है जो दुर्दांत आतंकवादी मेजर सिंह खटरां का निकट साथी है । जिला पुलिस चीफ के अनुसार सरुमेल सिंह गत रात पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले आतंकवादियों में शामिल था । इस घटना में होमगार्ड का एक जवान मारा गया था । सरुमेल सिंह पुलिस के साथ मुकाबले में घायल हो गया था तथा घर-घर जाकर तलाशी लिए जाने के दौरान पकड़ा गया ।

पति, पत्नी की हत्या, बच्चे घायल : जालन्धर (न.न.स.): गत रात लगभग पौने नौ बजे थाना सदर के गांव नंगल मनोहर में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह और उसकी पत्नी श्रीमती गुरमीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनके दो अवयस्क लड़कों को गम्भीर घायल कर दिया । हत्या करके उग्रवादी भागने में सफल हो गए । घायलों को आज प्रातः स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार कल रात दोनों उग्रवादी मृतक के घर गए और उसकी पत्नी से पूछा कि गुरबख्श सिंह कहां है । इतने में गुरबख्श सिंह और उसके दोनों लड़के 17 वर्षीय रणजीत सिंह और 10 वर्षीय देवेन्द्र सिंह भी वहां आ गए । उग्रवादियों ने गुरबख्श सिंह को देखते ही गोली मारने की कोशिश की मगर उसकी पत्नी गुरमीत कौर आगे आ गई और कहा कि वह ऐसा न करें, पहले उसे मारें । लड़के भी मिन्नतें करने लगे लेकिन उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं और उसके बाद भाग गए । वह दोनों ए.के. 47 राइफल और 455 बोर के रिवाल्वर से लैस थे । पति-पत्नी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि दोनों लड़के गम्भीर घायल हो गए । श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार पुलिस को आज प्रातः इस हत्याकांड की सूचना मिली ।

हत्या कर दी : संगरूर (गर्ग): आज यहां से लगभग 30 किलो मीटर दूर गांव संधुकलां के निकट दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुरेन्द्र कुमार मोटर साइकल पर सवार होकर अपने गांव संधुकलां से ओमपुरा की ओर जा रहा था कि उग्रवादियों ने मार्ग में उसे रोक कर फायरिंग कर दी, जिससे सुरेन्द्र कुमार घटनास्थल पर ही मारा गया ।

3 उग्रवादी पकड़े गए : फरीदकोट (जिदल): जिला पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 38 बोर का रिवाल्वर, एक 12 बोर की पिस्तौल, एक 303 की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । इनसे 1200 रुपए नगद और एक चोरी की मारुति कार भी पकड़ी गई है । पकड़े गए उग्रवादियों के नाम रूप सिंह, जस्सा सिंह और बलबीर सिंह हैं । यह जानकारी जिला पुलिस के अध्यक्ष एस.के. शर्मा ने दी ।

एक व्यक्ति का अपहरण : एक अन्य सूचना के अनुसार जिला फरीदकोट के गांव भोडीपुर से एक आढ़ती केदार नाथ का कुछ अज्ञात स्कूटर सवार उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के सूत्रों के अनुसार फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने दो आतंकवादियों गुलजार सिंह और कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कुछ मास पूर्व गांव जागलों के निकट दो व्यक्तियों की हत्या में शामिल होना स्वीकार किया है ।

बेनज़ीर मध्यावधि चुनाव करवाएं : एजाज

बहरीन, 8 नवम्बर (प.स.): पाकिस्तान के मरहूम राष्ट्रपति जिया-उल-हक के बेटे एजाज-उल-हक ने प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो से मांग की है कि वह अपनी सरकार की विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए मध्यावधि चुनाव कराएं । उन्होंने कहा कि सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के कारण देश में भारी कटुता पैदा हुई है ।

आपके वोट का सही हकदार कौन-सोचिये

Punjabi Sanatani

जाब में 4 आतंकवादी मारे गए

ारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

मा पर 2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर में हॉकरों की हड़ताल जा

क व्यक्ति की हत्या : 3 उग्रवादी गिरफ्ता

गढ़, 9 नवम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में गत
द से 4 आतंकवादी मारे गये जबकि सुरक्षा
ारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये ।
2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये ।
ों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

वादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.):
जीठा पुलिस जिला में एक सीमांत चौकी
में घुसने की चेष्टा में एक अज्ञात उग्रवादी
। उसके तीन साथी वापस पाकिस्तानी
ग गये तथा भारी मात्रा में हथियार व गोली
छे छोड़ गए । उग्रवादियों द्वारा छोड़े गये
व सामान में तीन ए.के. 47 चीनी राइफलें,
ीका निर्मित राइफल, दो रूसी हथगोले,
माऊज़र, एक 7.5 बोर का जर्मन
जर्मनी, ब्रिटेन, इटली व कनाडा में निर्मित
बोरों के 11 पिस्तौल, 56 मैगजीन,
थियारों के 4100 के लगभग कारतूस, दो
पाऊचर्ज़ मैगज़ीन, दो बैल्ट बाक्स, 22
ाइप हथगोले 9 किलोग्राम विस्फोटक
0 मीटर फ्यूज़ वायर, दो होल्डर बैटरियां,
वाले फीते, एक ड्रॉपर, तीन रिसीवर, चार
टर, 18 कैस्ट्रो अलार्म 2 रिकार्ड प्लेयर
था दो हैड फोन शामिल हैं ।

रण के बाद हत्या : अमृतसर जिला
गांव में आतंकवादियों ने कल रात तेजा
तेज़ की गोली मार कर हत्या कर दी ।
लयों से छलनी लाश आज सुबह एक नाले
उसका उसके घर से अपहरण कर लिया

आपसी लड़ाई में एक और उग्रवादी मरा : गत रात मजीठा पुलिस जिला में कमासके गांव में उग्रवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक अन्य उग्रवादी हंसराज की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसका गोलियों से छलनी शव आज एक गन्ने के खेत में से मिला ।

हड़ताल जारी : अमृतसर में समाचार-पत्रों के हॉकरों की हड़ताल के कारण आज तीसरे दिन भी लोगों को समाचार-पत्र नहीं मिले । हॉकरों की मांग है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा उचित प्रबंध किए जाएं । यह हड़ताल गत दिनों अमृतसर में हॉकरों पर किए गए हमलों के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए की जा रही है, जिनमें एक हॉकर की मृत्यु हो गई थी ।

उग्रवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर हमला : पुलिस जिला मजीठा के गांव राम दीवाली के निकट सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में भारी फ़ायरिंग होने की सूचना मिली है । पुलिस के अनुसार अज्ञात संख्या में उग्रवादियों ने गांव के निकट एक पुलिस पार्टी पर हमला किया, जिस पर भारी फ़ायरिंग हुई । इस पर भारी संख्या में कुमुक घटना स्थल पर भेजी गई ।

2 आतंकवादियों के शव मिले : बाधा पुसना (ज्ञान): जिला फरीदकोट पुलिस ने आज प्रातः गांव मिड्ढा के निकट गोलियों से छलनी दो आतंकवादियों के शव बरामद किये हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री सतीश शर्मा ने बताया है कि उनकी शिनाख्त सुक्खा सिंह व काला सिंह गांव मिड्ढा के रूप में हुई । इन हत्याओं का कारण आतंकवादियों की आपसी गुटबंदी है । दोनों मृतक आतं
पुलिस को कई वारदातों में वांछित थे । जिला
प्रमुख ने बताया है कि आतंकवादियों के साथिय
लूट के माल के बटवारे को लेकर उनकी गोलि
कर हत्या कर दी है । पुलिस ने दोनों के शव क
लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं ।

2 घुसपैठिये मरे : फिरोज़पुर (धीमान
रात फिरोज़पुर सैक्टर में शामेके तथा बहेके
अलग-अलग मठभेड़ों में 2 पाकिस्तानी घुस
मारे गये जबकि वे भारतीय क्षेत्र में घुसने की को
कर रहे थे । मारे गये एक घुसपैठिये के बारे
संदेह है कि वह पाकिस्तानी जासूस था ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : रोपड़
पुलिस ने तीन आतंकवादियों सेवा सिंह, ज
सिंह उर्फ जग्गा तथा राजबीर सिंह को गिर
किया । उनसे तीन पिस्तौल तथा कुछ क
बरामद हुए ।

पूर्व कांस्टेबल गिरफ्तार : ब
(कोछड़): सदर पुलिस बटाला ने एक पूर्व
कांस्टेबल गुरमेज सिंह दाबांवाली को स
गतिविधियों में गिरफ्तार किया है । पुलिस सू
अनुसार उसे पहले इस वर्ष जनवरी में गिर
किया गया था क्योंकि उस समय वह बब्बर ख
से संबंध रखता था । उस समय वह अमृतस
कांस्टेबल के रूप में कार्यरत था । आजकल
जमानत पर था ।

शत्रुघ्न सिन्हा व

Punjabi Sanatan

याला के थापर इंजीनियरिंग कालेज में 19 निर्दोष छात्रों की निर्मम ह

रुक्षेत्र के यह छात्र यूथ फैस्टीवल में भाग लेने आए थे, मारुति कार में आए आतंकवादियों ने सोये हुए छात्रों पर फायरिंग की

रे द्वारा मृतकों के अभिभावकों को 1-1 लाख रुपए का अनुदान घोषित : अपराधियों के बारे में सुराग मिलन

की व्यापक निंदा, कई कालेजों में हड़ताल : हरियाणा में सतर्कता : पाकिस्तान स्थित उग्रवादियों का हाथ होने की आशंका : ि

(1) थापर इंजीनियरिंग कालेज पटियाला, जहां शुक्रवार तड़के आतंकवादियों ने छात्रों की हत्याएं कीं, का प्रवेश द्वार जिसकी जीप तोड़ कर आतंकवादी अन्दर आए, (2) कालेज में लड़कों के होस्टल 'ए' की इमारत जहां छात्र सोए हुए थे, (3) वह कमरा जहां आतंकवादियों ने फायरिंग की। (छाया : राज)

19 छात्रों में से 16 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य अस्पताल में दम तोड़ गए । कानपुर यूनिवर्सिटी के 11 मृत छात्रों के नाम इस प्रकार हैं : पंकज मोहन शर्मा, विनय के. वर्मा, संजय अग्रवाल, हरीश के. शर्मा, शत्रुजीत शुक्ला, पंकज के. शर्मा (सभी छात्र), आनंद कुमार, गिरिजा श्रीवास्तव, चंद्रपाल यादव, अतीक अहमद, एक (अज्ञात) अधेड़ आय व्यक्ति (सभी छात्रों के गार्ड) रीजनल इंजीनियरिंग कालेज कुरुक्षेत्र के मारे गये 8 छात्रों के नाम हैं : अनीश चौधरी, अजय चौधरी, शैलेंद्र, पी.जे. अनिल, राजन ठकराल, मृणाल भुविया, विश्वनाथन व अशोक ।

5 घायलों में से 4 अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं । इनके नाम अनिल त्रिवेदी (कानपुर), निपुन शर्मा, उमेश बेंजामिन और संजय चित्रा (सभी कुरुक्षेत्र) । इन सभी का आपेरशन किया जा रहा है । तथापि आशतोष जैन (कुरुक्षेत्र), जिसकी दाईं भुजा तथा बाईं टांग में 2 गोलियां लगीं, का सफलतापूर्वक आपेरशन कर दिया गया है ।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के छात्रों के शव बसों द्वारा उनके घरों को भेजे जा रहे हैं जबकि कानपुर के छात्रों के शव भारतीय वायुसेना के एक विशेष विमान से कानपुर भेजे जा रहे हैं ।

अन्य छात्र जो यहां आए हुए थे, सेंट स्टीफन कालेज दिल्ली तथा श्रीराम कालेज आफ कामर्स, दिल्ली से संबंधित थे । उनके घरों में भेजने के प्रबंध किए जा रहे हैं ।

घायलों में से केवल एक जेम्स बेंजामिन, जो कि रीजनल इंजीनियरिंग कालेज कुरुक्षेत्र का अंतिम वर्ष का छात्र है, उसके पेट में से डाक्टरों द्वारा गोलियां निकाले जाने के बाद बातचीत करने की स्थिति में था । उसने कमजोर आवाज में बताया कि फायरिंग की आवाज सुनने के बाद उसकी नींद खुली, जो कि पहले उसने पटाखों की आवाज समझी थी । जब उसने अपना मुंह घुमाया तो देखा कि एक व्यक्ति अंधाधुंध गोलियां चला रहा था । तब एक गोली उसको आकर लगी जिसके बाद उसे कुछ भी दिखाई नहीं दिया ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे, पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल आज सुबह यहां पहुंचे । उन्होंने बताया कि उन्हें हमलावरों के बारे में कुछ 'सुराग' मिले हैं परन्तु उन्होंने इनका रहस्योद्घाटन करने से इन्कार कर दिया ।

रे का बयान : राज्यपाल श्री रे को शब्द नहीं सूझ रहे थे । उन्होंने कहा कि वह समझ नहीं पा रहे कि किस तरह मृत छात्रों के सहपाठियों और अभिभावकों को सान्त्वना दें । इस नर-संहार के पीछे कोई औचित्य नहीं है । श्री रे ने कहा कि सरकार ने इस वारदात को बहुत गम्भीरता से लिया है तथा यथासम्भव शीघ्र अपराधियों को पकड़ कर दंड दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि ऐसी सूचनाएं हैं कि पाकिस्तान में स्थित कुछ आतंकवादी इस देश में साम्प्रदायिक विभाजन तथा घृणा पैदा करने पर उतारू हैं । आज के नर-संहार का स्पष्ट उद्देश्य साम्प्रदायिक भावनाएं उभारना है लेकिन हम इस बराई के साथ सख्ती से निपटने के लिए कृतसंकल्प हैं ।

राज्यपाल ने कहा कि आज बड़े अफसोस का दिन है कि 19 प्रतिभावान छात्रों की हत्या कर दी गई है । "हम उनको वापस तो नहीं ला सकते लेकिन मैं उनके अभिभावकों को पत्र लिख रहा हूं तथा हम उनकी हर सम्भव क्षतिपूर्ति का प्रयास करेंगे ।" श्री रे ने मृत छात्रों के मां-बाप को एक-एक लाख रुपये की अनुदान सहायता देने की घोषणा की, जो कि आतंकवाद का शिकार होने वाले लोगों को दी जाने वाली सहायता में सब से अधिक है । इसके अलावा उन्होंने घायलों के मुफ्त इ सुविधा की भी घोषणा की जानता हूं कि यह ऊंट भी बात भविष्य में ऐसी घटना इसके लिए वह सभी लोग टलों से सहयोग का अनुरो

आज प्रधानमंत्री की करते हुए श्री रे ने कहा कि के इस हिस्से की यात्रा पर है परन्तु हम दबाव के साहसपूर्वक आतंकवाद करेंगे । श्री रे के साथ उन्ह शन्ना भी थे ।

पटियाला में आज पि पटियाला बार एसोसिए हत्याकांड के विरुद्ध रोषस्व पटियाला संसदीय क्षेत्र में मृत युवा इंजीनियरिंग छा रहा ।

गिल का बयान महानिदेशक श्री के.पी. आतंकवादियों ने पहले बरसाई । इसके साथ वा गए और वहां गोली वर्षा कानपुर और कुरुक्षेत्र आतंकवादियों के साम्प्रदा अभियान का एक हिस्सा कमरों की दीवारें मोटी हो सो रहे छात्र गोलियों की आ कुछ देर बाद एक छात्र आयोजकों को जगाया स्टेशन में डाकर सूचना

इंका का हाथ : राजनीतिक दलों तथा सामा में हुए नर-संहार की तीव्र नि अकाली दल के वरिष्ठ नेत

(शेष पृष्ठ 1

हम पंजाब समझौते के एक-एक शब्द पर कायम हैं : राजीव गांधी

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (एन.एस. परवाना): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने जनता दल तथा भाजपा जैसी विपक्षी पार्टियों से कहा है कि वे नदी जल विवाद, चंडीगढ़ के भविष्य और क्षेत्रीय विवाद बारे अपना स्टैंड स्पष्ट करें । "जहां तक हमारा सम्बन्ध है हम पंजाब समझौते के एक-एक शब्द पर कायम हैं ।"

आज सायं चंडीगढ़ संसदीय सीट पर इंका प्रत्याशी जगन्नाथ कौशल के चुनाव प्रचार के उद्घाटन पर एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि हम तो चंडीगढ़ के मामले पर यहां की जनता के साथ खड़े हैं । पर कुछ वर्ष पूर्व पंजाब के अकाली मुख्यमंत्री ने हमसे बार-बार आग्रह किया था कि चंडीगढ़ और उसके बदले क्षेत्रों की अदला-बदली के बारे में समझौता

घातक सिद्ध हो सकती थी परन्तु यहां के सिख, हिंदू, मुसलमान व ईसाई प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने बहादुरी से इस चुनौती का मुकाबला किया है ।

श्री गांधी ने दावा किया कि श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान के बाद देश की एकता व अखण्डता कायम रखने का जो वायदा हमने किया था उसे हम काफी हद तक पूरा कर पाए हैं । पंजाब में शुरू किया गया आन्दोलन देश को खण्डित करने की एक बड़ी साजिश थी और इसका उद्देश्य पंजाब को देश से अलग करना था पर हमने अब इस साजिश को खत्म कर दिया है । पंजाब में अब देश से अलग होने की आवाज नहीं उठ रही है । अब गुरुद्वारों में शस्त्र नहीं हैं । पंजाब की जनता व सिखों ने यह देख लिया है कि अब गुरुद्वारों से हथियार निकल गए हैं । वहां

पोषणपत्र पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने पंजाब के बारे बहुत कुछ लिखा गया है पर पंजाब के आतंकवाद बारे कुछ नहीं लिखा गया है । उन्होंने कहा कि क्या विपक्षी नेता आतंकवादियों से डरते हैं ? स्पष्ट है कि उनमें आतंकवाद का सामना करने की हिम्मत नहीं है । राष्ट्रीय मोर्चा न आतंकवाद का मुकाबला कर सकता है और न देश की सुरक्षा कर सकता है ।

अकालियों के आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव बारे उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसे लागू कर दिया जाए तो देश टूट जाएगा । मुस्लिम लीग के प्रस्ताव ने हिन्दोस्तान का विभाजन कराया था और यदि आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय मोर्चा वाले देश को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं । हमें ऐसी ताकतों का डट कर मुकाबला करना होगा ।

श्री गांधी को इस अवसर पर चंडीगढ़ इंका प्रधान श्री दौलत राम शर्मा ने एक शाल भेंट की । प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक स्वायत्तता का भी विरोध किया व कहा कि अखिल भारतीय सेवाएं समाप्त करने से देश कमजोर होगा । उन्होंने विपक्ष से प्रश्न किया कि वे अखिल भारतीय सेवाओं को राज्य-सेवाओं में कैसे मिलाएंगे ? हम जनता को अधिकार देने के लिए 83 करोड़ जनता से वोट मांगने आए हैं । हम पंचायती राज व पालिका बिल फिर राज्यसभा में लाएंगे ।

सुरक्षा बलों के साथ मुठभे
आतंकवादी मरे, दुकानदार व

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में दो आतंकवादियों समेत तीन लोग मारे गए ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर

4 आतंकवादी गि
पुलिस ने चार आतंकवादि जिनकी शिनाख्त गुरदित्ता सिंह उर्फ बादल, शंगारा सिं

Punjabi Sanatan

र बाद में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई ।
स ने बताया कि कमरे से अन्य अधिकारी निकल गए । इसी समय विद्रोहियों का एक ट इसी भवन में बागान राज्यमंत्री एस. के निजी सचिव के कमरे में घुसा । गट के ने कमरे में मंत्री के निजी सचिव पर गोली उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।
बीच सैनिक अधिकारियों ने बताया कि आज ध्यवर्ती कादगन्नावा क्षेत्र में जले शव पाए समझा जाता है कि ये शव जनता विमुक्ति के सदस्यों या उनके समर्थकों के थे । ों ने इस क्षेत्र में कल रात एक चाय तथा रबर में आग लगा दी थी ।

ट्टीय मोर्चे की सरकार तो जमाखोरों के विरुद्ध कठोर पग उठाएगी

ई दिल्ली, 10 नवम्बर (प.स.): राष्ट्रीय मोर्चा यहां घोषणा की कि यदि लोकसभा चुनाव के र्चे की सरकार बनी तो बढ़ती कीमतों पर लगाने के लिए जमाखोरों एवं कालाबाजारियों ाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे तथा कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों की कीमतों में ता कायम की जाएगी ।

क्षी नेताओं की बैठक आज

स्लामाबाद, 10 नवम्बर (प.स.): पाकिस्तान क्त विपक्षी पार्टियों की बैठक कल क्वेटा में हो जिसमें बेनजीर भुट्टो की सरकार के खिलाफ ानीति तैयार की जाएगी ।

परिणाम आज

ंडीगढ़, 10 नवम्बर (संधी): पंजाब वि.वि. त सितम्बर मास में ली गई बी. काम. भाग-III क परीक्षा का परिणाम कल 11 नवम्बर को किया जाएगा ।

तिबंधात्मक आदेशों में छूट

धियाना, 10 नवम्बर (महिन्द्रा, नेपाल): मैजिस्ट्रेट लुधियाना श्री एस.एस. बराड़ ने 144 के अधीन जलूस निकालने और रैलियां जित करने बारे प्रतिबंधात्मक आदेशों को नर्म दया है । नए आदेश के अनुसार राजनीतिक तथा संसद के चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों पर प्रकार की कोई पाबन्दी नहीं होगी । जिला ट्रेट ने इन राजनीतिक दलों तथा चुनाव लड़ रहे दवारों से कहा है कि वे अपने निकटतम पुलिस न को सूचित कर दें, जहां जलूस निकालने और ा आयोजित करने का कार्यक्रम हो, ताकि सुरक्षा बन्ध किया जा सके । यह आदेश 24 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

च्च न्यायालय से नूतम उजरत संशोधन को चुनौती

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (गप्ता): पंजाब हरियाणा न्यायालय की एक खंडपीठ ने मै.हिल्टन रबर ीज लिमि. सोनीपत की उस याचिका पर णा सरकार को नोटिस जारी किया है जिस द्वारा में न्यूनतम उजरत संशोधन के बाद 625 रु. ढ़ा कर 800 रु. मासिक की गई थी । कर्ता पक्ष ने इस बारे गत 19 अक्तूबर को अधिसूचना को गैर कानूनी बताया है ।

कारण बताओ नोटिस : न्यायाधीश श्री डी. बजाज ने एस.एस.पी. लुधियाना को कारण ओ नोटिस जारी करके कहा है कि 19 सितम्बर अदालत द्वारा जारी आदेश न मानने के कारण के खिलाफ मानहानि के आरोप में कार्रवाई क्यों न ाए ? न्यायाधीश ने एस.एस.पी. से कहा है कि 11 दिसम्बर को स्वयं अदालत में आएं । इस साधु राम नामक व्यक्ति ने याचिका दायर की ।

रद्द : उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सब स्ट्रार लुधियाना के आदेश रद्द कर दिए हैं जिन अर्जी नवीसों को निर्देश दिया गया था कि वे लुधियाना में राहों सड़क के 7वें किलो मीटर के पत्थर की सात किलो मीटर की परिधि में आने 58 गांवों की भूमि बारे बिक्री, उपहार या

अग्रवाल ने इस घटना की निंदा की । युवा मोर्चा के नेताओं ने राज्यपाल श्री रे और प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी से त्यागपत्र देने की मांग की । भाजपा नेताओं निर्मल पंडोव, दीवान चंद मिगला, अकाली दल (ल) के नेता श्री दलीप सिंह पांधी, कम्यूनिस्ट नेता तारा सिंह संधु, तलवंडी अकाली दल के प्रत्याशी बलवंत सिंह रामूवालिया, प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने भी इन हत्याकांड की भर्त्सना की ।

सामाना से 'दर्द' के अनुसार पटियाला कांड के विरोध में सामाना में सभी शिक्षा संस्थाएं तथा बाजार बंद रहे । अकाली नेता हरदयाल सिंह राजला, जोगेंद्र सिंह, जनता दल पंजाब के सचिव डाक्टर राम गोपाल ने इस घटना की तीव्र भर्त्सना की । अकाली प्रत्याशी बलवंत सिंह रामूवालिया ने अपने समर्थकों को एक दिन के लिए चुनाव प्रचार अभियान बंद करने का निर्देश दिया ।

हरियाणा में सतर्कता : पटियाला में आज तड़के हुए नर-संहार को देखते हुए समूचे हरियाणा में पुलिस और नागरिक प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है । मृतकों में कुरुक्षेत्र के 8 छात्र शामिल हैं । इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवीलाल ने इस घटना पर दुख प्रकट किया है । श्री देवी लाल गुजरात के चुनावी दौरे पर हैं । उन्होंने टैलीफोन पर एक संदेश भेज कर कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है ।

हरियाणा सरकार ने मृतकों के परिवारों को 20 हजार रुपए और गम्भीर रूप से घायल छात्रों के परिवारों को दस हजार रुपए अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है । हरियाणा के छात्रों के शवों को लेने के लिए अम्बाला के आयुक्त, अम्बाला के पुलिस उपमहानिरीक्षक, उपायुक्त और कुरुक्षेत्र के जिला पुलिस प्रमुख पटियाला पहुंच गए हैं ।

हरियाणा के राज्यपाल श्री एच.ए. बरारी ने इंजीनियरिंग कालेजों के 19 छात्रों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की तथा शोकसंतप्त परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त की ।

सबके लिए काला दिन : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब के पूर्व मंत्री श्री बलरामजी दास टंडन ने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए मृतक छात्रों के परिवारों के साथ गहरी सम्वेदना प्रकट की । उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यन्त शर्मनाक तथा खेदजनक है । यह हम सभी के लिए काला दिन है । नैशनल स्टूडैंट्स यूनियन आफ इंडिया पंजाब के महासचिव शिंगारा सिंह ने भी इस घटना की तीव्र निंदा की ।

कालेज बंद रहे : चंडीगढ़ (वार्ता): पटियाला में आतंकवादियों द्वारा छात्रों की सामूहिक हत्या के विरोध में आज चंडीगढ़ और बटाला में सभी कालेज बंद रहे ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज वहां सभी शिक्षण संस्थाएं बंद हैं और कल की घटना को लेकर छात्र समुदाय में व्यापक रोष है । छात्रों ने शांतिपूर्ण जलूस निकाला और दोषी तत्वों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एस.डी.एम. को एक ज्ञापन दिया ।

बटाला में भाजपा नेता बलदेव मित्र कांसरा, इंका के चमन लाल बागी, अकाली दल (ल) के धर्म सिंह, सी.पी.एम. के रणबीर सिंह, सी.पी.आई. के करतार सिंह और ज्वाइंट बोर्ड आफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्री जे.सी. शुक्ला ने भी इस घटना की निंदा की । आई.जी. सीमा रेंज श्री एम.एस. भुल्लर ने आज पुलिस मुख्यालय में पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों से मुलाकात करके वर्तमान स्थिति का जायजा लिया व उचित निर्देश दिए ।

गुरदासपुर (गुप्ता): पटियाला में हुए गोली कांड के विरुद्ध रोष स्वरूप आज सरकारी कालेजों में हड़ताल रही । लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने एक रोष जलूस भी निकाला तथा स्थानीय डाक घर चौक में आधा घंटा तक मुख्य सड़क पर यातायात जाम कर दिया । विद्यार्थी राजीव सरकार तथा प्रशासन के विरुद्ध नारे लगा रहे थे ।

बाद में हड़तालो विद्यार्थियों ने चुनाव प्रचार के लाऊड स्पीकरों को छीन कर भाषण भी दिए । उसके पश्चात यह प्रोटैस्ट जलूस सरकारी कालेज में शांतिमय ढंग से जाकर समाप्त हो गया ।

आज हड़ताल का आह्वान : अमृतसर (वि.प्र.): पंजाब स्टूडैंट्स यूनियन के महासचिव कुलदीप सिंह धालीवाल ने एक बयान में पटियाला में छात्रों की सामूहिक हत्या किए जाने की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने इस हत्याकांड पर शोक व्यक्त करने के लिए कल 11 नवम्बर को पंजाब के

नर-संहार की कड़ी भर्त्सना की । यह विद्यार्थी समिति जिला के विभिन्न कालेजों पर आधारित है । बैठक में इस जघन्य हत्याकांड में मृत छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया । बैठक में विभिन्न कालेजों के प्रिंसीपल भी शामिल हुए । छात्रों ने प्रशासन को शहर में शांति बनाए रखने के लिए हर-सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया । बैठक में विद्यार्थियों ने परिवहन संबंधी अपनी कठिनाइयां बयान कीं ।

जालंधर में अकाली दल (लौंगोवाल) के नेता सरजीत सिंह सोखी ने कहा कि सभी शांतिप्रिय लोगों को इस नर-संहार की कड़े शब्दों में निंदा करनी चाहिए ।

राजीव सरकार के मुंह पर तमाचा : नई दिल्ली (पस): भारतीय जनता पार्टी ने आतंकवादियों द्वारा पटियाला के एक कालेज में निर्दोष छात्रों की गोलियां मार कर हत्या किये जाने की तीव्र निंदा करते हुए इस शर्मनाक कांड पर गहरा क्षोभ प्रकट किया है । भाजपा के महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने आज यहां एक बयान में कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने में बिफल रहने के कारण यह कांड राजीव सरकार के मुंह पर तमाचा है । कांग्रेस (इ) के घोषणापत्र में श्री गांधी ने अपने कार्यकाल के दौरान पंजाब की स्थिति में सुधार होने का दावा किया था । इस कांड से सिद्ध हो गया है कि पंजाब में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति जर्जर हो चुकी है ।

इंका द्वारा निन्दा : नई दिल्ली में कांग्रेस (इ) ने आज सवेरे पटियाला में आतंकवादियों द्वारा छात्रों को मारे जाने की घटना की कड़ी निन्दा की है । कांग्रेस (इ) के प्रवक्ता आनन्द शर्मा ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस घटना को बहुत ही दुःखद बताते हुए कहा कि इससे हमें बहुत ही सदमा पहुंचा है । उन्होंने राजनीतिक दलों, संगठनों और जनता से ऐसे समय बहुत ही संयम बरतने तथा आतंकवादी ताकतों पर निरन्तर निगरानी रखते हुए संघर्ष करने की अपील की । उन्होंने कहा कि असल में पंजाब में देश के अन्य भागों के साथ-साथ लोकसभा के चुनाव कराने से आतंकवादी बौखला गए हैं और उन्होंने देश के शेष हिस्से में रोष पैदा करने के लिए यह कार्रवाई की है । उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जहां कल अयोध्या में शांतिपूर्वक शिलान्यास के बाद चैन की सांस ली थी, वहीं आज वह इस घटना से स्तब्ध रह गई है ।

पंजाब प्रदेश इंका के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह व महासचिव डाक्टर केवल कृष्ण ने इस घटना की निन्दा करते हुए इसे बैलट (मत पत्र) पर बुलेट का हमला करार दिया । उन्होंने कहा कि यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे को तबाह करने का सुनियोजित षड्यंत्र है ।

पक्षी से टकरा कर मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त

जालन्धर, 10 नवम्बर (वार्ता): एक मिग-21 लड़ाकू विमान आज सुबह लगभग 11.20 पर यहां से 25 कि.मी. दूर आदमपुर में भारतीय वायुसेना के हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विमान के उड़ान भरते ही इससे "कोई पक्षी आकर टकरा गया" और विमान यहां से चार किलोमीटर दूर कटियाना गांव में धान के भूसे के ढेर पर जा गिरा । विमान चालक स्क्वाड्रन लीडर बी.बी.के. रेड्डी को दुर्घटनाग्रस्त विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया । उन्हें मामूली खरोंचें आई हैं । इससे पूर्व एक पुलिस रिपोर्ट में दुर्घटना का कारण "इंजन की खराबी" बताया गया था ।

राम मंदिर शिलान्यास को लेकर बंगला देश में दंगे

ढाका, 10 नवम्बर (वार्ता): अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिलान्यास को लेकर आज बंगला देश के कई शहरों में दंगे भड़क उठे । गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार इन दंगों में 30 लोग घायल हुए हैं । यहां मिली खबरों के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र के हबीबगंज, नारायणगंज और श्रीमनगाई तथा उत्तरी क्षेत्र के नवगांव, रंगपुर और तंगैल में आज दोपहर भड़के दंगों के दौरान घरों और दुकानों की लूटपाट के अलावा धर्मस्थलों को क्षति पहुंचाने की घटनाएं हुई ।

इस्लामाबाद, (प.स.): पाकिस्तान

होगी । श्री अरोड़ा ने पंजाब की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि इस रक्तपात के लिए शासक दल पूरी तरह जिम्मेदार है चाहे इसके लिए जिम्मेदार उसकी नीतियों को माना जाए या उसकी राजनीतिक बेइमानी को या अक्षमता को । इनमें से कोई दोष सहन नहीं किया जा सकता और उम्मीद है कि मतदाता इसे पटक फैंकेंगे ।

वयोवृद्ध अकाली नेता ने कहा कि उग्रवाद को तथा भिंडरांवाला संस्कृति को बढ़ावा देने वाली स्वयं कांग्रेस तथा उसके नेता रहे हैं और लोग यह सत्य समझते हैं तो चुनाव का समय ऐसे दल को सजा देने का उपयुक्त समय है ।

जिन अन्य नेताओं ने सभा को सम्बोधित किया, उनमें पंजाब भाजपा प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल, स्पीकर पंजाब विधानसभा श्री सरजीत सिंह मिन्हास, प्रमुख जनता दल नेता साथी रूप लाल, भाजपा नेता श्री कृष्ण लाल डल्ल, श्री वेद प्रकाश कपूर, श्रीमती शकला विग, श्री मनोरंजन कालिया, श्री दसराज मल्होत्रा, भगत बलवंत सिंह, बलवीर सिंह पूर्व मंत्री, श्री मुहम्मद याकूब नकवी शामिल थे ।

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी, जिन्हें भाजपा सहित अन्य विरोधी दलों का समर्थन प्राप्त है, ने लोगों का ध्यान प्रधानमंत्री के हाल ही में अयोध्या जाने पर अपने चुनावी भाषण में राम राज्य लाने के आश्वासन की ओर दिलाया और उसे हास्यास्पद बताते हुए पूछा कि यदि पुनः सरकार बनाने पर वह राम राज्य लाने वाले हैं तो गत पांच वर्ष में रावण राज्य ही चलाते रहे । उन्होंने गत तीन-चार मास में कीमतों में एकदम वृद्धि की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यह भी प्रधानमंत्री और उनके आसपास के लोगों द्वारा दलाली खाने का परिणाम था ।

राजीव का तख्ता पलटने का आह्वान : अमृतसर (वर्मा): फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी के मंच से भारी जनसभा को सम्बोधित करते हुए देश के युवकों को आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी का तख्ता पलट दें । उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी फिजल गांधी हैं । इस सरकार ने युवकों के बीच मेरी उपस्थिति को अनिश्चित बनाने के लिए अमृतसर आने के लिए मेरी विमान की फ्लाइट ही रद्द कर दी ।

राजीव बनाम दुर्योधन : श्री राज बब्बर ने कहा कि दलालों और गद्दारों की इस सरकार को युवक 26 नवम्बर के दिन उखाड़ फैंकें क्योंकि श्री राजीव गांधी महाभारत के दुर्योधन की भांति हैं और उनके पिछलग्गू कांग्रेसी नेता भीष्म पितामह की भूमिका अभिनीत कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि युवकों ने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री इसलिए बनाया था कि वह देश का कल्याण करेगा, लेकिन उसने देश का बेड़ा गर्क कर दिया ।

राजीव अनाड़ी हैं : श्री राज बब्बर ने कहा कि राजीव गांधी को राजनीति की ए.बी.सी. का भी ज्ञान नहीं है और इसी अनाड़ीपन के कारण वे देश को पतन के गर्त में धकेल रहे हैं । जनता सावधान रहे और 26 नवम्बर को इस भ्रष्ट सरकार के विरुद्ध मतदान करके इसे सत्ताच्युत कर दे । श्री राज बब्बर की लोग लगभग तीन घंटे प्रतीक्षा करते रहे । श्री राज बब्बर ने यहां रात्रि दस बजे भाषण दिया और दस मिनट के अपने भाषण में राजीव सरकार पर भारी गोलाबारी की । इस अवसर पर भाजपा के अमृतसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार डा. बलदेव प्रकाश, श्री मुबारिक सिंह और प्रो. खुशपाल ने भी भाषण दिया ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 2 दिन के लिए बंद

कुरुक्षेत्र, 10 नवम्बर (नन्हा) आज पटियाला में आतंकवादियों द्वारा रीजनल इंजीनियरिंग कालेज कुरुक्षेत्र के 8 विद्यार्थियों की हत्या किए जाने के दृष्टिगत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा जिला की अन्य शिक्षण संस्थाएं 2 दिन के लिए बंद कर दी गई हैं । विद्यार्थियों की हत्या की खबर मिलते ही सभी मार्केटें बंद हो गईं ।

कार्तिक मास कथा

जालन्धर, 10 नवम्बर (दुल्ल): नील कंठ मन्दिर महल्ला बानिया बस्ती शेख जालन्धर में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक कार्तिक मास की कथा पं. राम स्वरूप जी कर रहे हैं । 13 नवम्बर को प्रातः 6 बजे कथा सम्पन्न होगी । इस अवसर

खुल कर आतंकवाद की निन्दा कर
गुजराल ने कहा कि आतंकवाद की
सिख जनता को भी साथ लेकर चलन
खुल कर आतंकवाद का मुकाबला कि
उन्होंने कहा कि आतंकवादियों में ही
नहीं अपितु आतंकवाद में भी निपटन

श्री गुजराल ने अपने बारे में
चुनाव अभियान केवल एक क्षेत्र अ
का चुनाव अभियान नहीं रहा बल्कि
अभियान बन चुका है । उन्होंने स
की कि उनका निर्वाचन क्षेत्र कदाचि
प्रथम एक मात्र ऐसा निर्वाचन क्षेत्र
विपक्षी पार्टियां मिल कर एक ही
समर्थन कर रही हैं ।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद
समझौता नहीं किया जा सकता
आतंकवाद की राह छोड़ने को तैयार
अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए
था कि जालन्धर एक ऐसा क्षेत्र है जह
विरोधी एक जोरदार लहर बनी ह
कहा कि जालन्धर के नागरिक
अत्याधिक दबाव के कारण ही वा
लड़ने को तैयार हुए हैं ।

कपूरथला (शर्मा): श्री इंद्र
आज यहां पहुंचने पर उनका भव्
जाएगा । प्रमुख अकाली नेता स.

श्रीनगर व्यापक

श्रीनगर, 10 नवम्बर (वार्ता
के अनन्तनाग शहर में आज प्रातः
में दी गई बारह घंटे की ढील के दौर
होने के कारण वहां फिर से कर्फ्यू

पुलिस ने शहर के लाल
उतारू भीड़ को तितर-बितर करन
छोड़ी । हिंसक भीड़ ने पंजाब
बिल्डिंग पर पहले पथराव किया
दी । पथराव से बिल्डिंग को काफ
पर दमकल कर्मचारियों ने काबू

तलवंडी की धरना, नारे

लुधियाना, 10 नवम्बर (मु
में शहरी अकाली दल के वर्कर द
हैं । तलवंडी अकाली दल के वा
सरजन सिंह ठेकेदार जत्थेदार त
गए हैं और उनके ग्रुप ने हीरा
अध्यक्षता में गरुद्वारा अकालगढ़
फैसला किया कि जगदेव सिंह
अकाली दल (तलवंडी) के उम्म
लुधियाना संसदीय क्षेत्र से चुनाव
वापस कराने के लिए जत्थेदार त
बाहर धरना दिया जाए । इस
ठेकेदार का ग्रुप और ग्रुप विग मा
तलवंडी की कोठी पर गए और
उन्होंने नारे लगाए—राजेन्द्र
जस्सोवाल का टिकट वापस
जत्थेदार तलवंडी बाहर गए हुए

अगले आदेश तक
आपको अत्यन्त दुखी
है कि मेरे प्रिय सुपुत्र हरी
को स्वर्ग सिधार गये हैं,
रखे गये अखंड पाठ का
दोपहर 12.00 बजे प्ला
में होगा । अंतिम अरदास
अमृतसर में 2.00 से 3.
—शोक
ज्ञान सिंह (पिता)
तरलोचन सिंह } भाई
बलबीर सिंह

Punjabi Sanatan

जन्म भूमि स्थल पर मंदिर के शिलान्यास व पूजन का दृश्य ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 दुर्दांत उग्रवादी मरे : 9 गिरफ्तार

सी.आर.पी. के 4 जवान घायल : पटियाला कांड के विरुद्ध कालेजों में हड़ताल

चंडीगढ़, 11 नवम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में दो दर्दांत आतंकवादी मारे गए जबकि सी.आर.पी. के 4 जवान घायल हो गए । एक बम विस्फोट हुआ । पटियाला में हुए गोली कांड के विरुद्ध रोषस्वरूप अनेक स्थानों पर कालेज आदि बंद रहे ।

दुर्दांत आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरीके के क्षेत्र में स्थित गांव मरड़ में पुलिस और सी.आर.पी. के जवानों के साथ चार आतंकवादियों की मुठभेड़ प्रातः पौने आठ बजे के करीब आरम्भ हुई जो कि लगभग सवा ग्यारह बजे तक जारी रही । इस मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी सुखविंदर सिंह उर्फ माही जो कि गांव मरड़ का रहने वाला था, मारा गया जबकि उसके साथी फरार होने में सफल हो गये । आतंकवादी की लाश के करीब से एक ए.के. 47 चीनी राइफल व कारतूसों से भरा एक थैला कब्जे में ले लिया गया ।

सुरक्षा कर्मी घायल : एक अन्य सूचना के अनुसार कल शाम पुलिस जिला मजीठा के थाना कत्थूनगल के गांव हंडे के निकट सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर गन्ने के खेत में छिपे आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया और जबरदस्त फायरिंग की जिससे गश्ती पार्टी के 4 जवान घायल हो गये जिन्हें अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इनके नाम हैड कांस्टेबल लाल सिंह, हैड कांस्टेबल आर.एन. यादव, कांस्टेबल शंकर व कांस्टेबल पी.सिंह हैं ।

बम विस्फोट : पुलिस वाहन में तकनीकी खराबी के कारण आज एक पुलिस गश्ती दल शक्तिशाली बम विस्फोट की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया । यह बम विस्फोट आज सुबह मजीठा पुलिस थाने के अंतर्गत रुपई गांव के निकट लिंक रोड पर हुआ । बम विस्फोट से कोई नुकसान नहीं हुआ ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वह बम संभवतः एक गश्तीदल की तिशाला बना कर रखा गया था, जो आज सुबह उस रास्ते से गुजरने वाला था लेकिन वाहन में कुछ तकनीकी खराबी की वजह से उसे इस क्षेत्र में पहुंचने में देरी हो गई ।

उग्रवादी मारा गया : मुक्तसर (दर्दी, दीपक): आज तड़के यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव खलत कलां के निकट एक अज्ञात उग्रवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने बताया कि पुलिस पार्टी कुछ फार्म हाऊसों पर छापे मारने गई तो एक ट्यूबवैल के निकट छिपे उग्रवादी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप वह मारा गया । उसके कब्जे से एक विदेशी रिवाल्वर, 4 चले हुए कारतूस तथा एक अनचला कारतूस बरामद किया गया । श्री शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक 30 बोर का पिस्तौल एक 38 बोर का पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया । उनके नाम इस प्रकार हैं : गुरादित्ता, बलविंदर सिंह, शिंगारा सिंह, जसविंदर सिंह, खुशहाल सिंह और जसबीर सिंह ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने 3 आतंकवादियों को सीधी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके उनसे एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 12 बोर की पिस्तौल, एक हथगोला, एक डैटोनेटर, 8 कारतूस, एक चोरीशुदा राजदूत मोटर साइकल बरामद किया । एस.एस.पी. श्री भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों की पहचान बलकार सिंह, तरसेम सिंह तथा परगट सिंह के रूप में की गई है । इनसे पूछताछ जारी है ।

आपसी रंजिश में हत्या : गुरदासपुर जिले के तिब्बड़ गांव में आज प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार यह आपसी रंजिश का मामला था ।

शिक्षा संस्थाओं में हड़ताल : पटियाला (भूषण); आल इंडिया स्टूडैंट्स फैडरेशन, स्टूडैंट्स फैडरेशन आफ इंडिया तथा युवा जनता दल के आह्वान पर आज पंजाबी यूनिवर्सिटी में छात्रों ने मेन गेट पर शोकसभा आयोजित करके थापर इंस्टीच्यूट आफ इंजीनियरिंग में मारे गये छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की । इन निर्मम हत्याओं के विरोध में आज सभी शिक्षा संस्थाएं बंद रहीं । आज यहां जारी एक बयान में आल इंडिया स्टूडैंट्स फैडरेशन की पंजाब राज्य इकाई के अध्यक्ष बलविंदर सिंह जम्मू ने कहा कि इस नरसंहार का उद्देश्य साम्प्रदायिक तनाव पैदा करना तथा पृथकतावादी व साम्प्रदायिक शक्तियों की चुनाव संभावनाओं को बढ़ाना है ।

आज गवर्नमैंट राजेंद्रा कालेज भटिंडा, आई.टी.आई. व पोलीटैक्निक के छात्रों ने पटियाला कांड के विरोध में हड़ताल की ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार हरियाणा के दो अकाली नेताओं अजीत सिंह बाल और करतार सिंह टक्कर ने पटियाला में छात्रों की निर्मम हत्या की आलोचना करते हुए जनता से अपील की है कि वह किसी प्रकार की भड़काहट में न आएं व आपसी सद्भाव बनाए रखें ।

कक्षाओं का बहिष्कार : संघी के अनुसार सनातन धर्म कालेज और गवर्नमैंट कालेज फार बॉयज़ सैक्टर 46 के छात्रों ने पटियाला कांड के रोष-स्वरूप, चंडीगढ़ संसदीय सीट से छात्र प्रतिनिधि के तौर पर चुनाव लड़ रहे संजीव चन्नी के नेतृत्व में आज कक्षाओं का बहिष्कार किया व सरकार विरोधी नारेबाज़ी की ।

हत्याकांड की निंदा : फिरोज़पुर (नि.स.): भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रधान श्री जगदीप कन्तोड़, जिला महासचिव श्री बृजमोहन शर्मा, अबोहर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रधान श्री भूपेंद्र स्नेही, फिरोज़पुर (शहरी) भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री अक्षय रामपाल तथा फिरोज़पुर छावनी भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख श्री सुशील कुमार गुप्ता ने एक संयुक्त वक्तव्य में गत दिवस पटियाला में आतंकवादियों द्वारा 19 छात्रों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है तथा कहा है कि सरकार के ये दावे खोखले साबित हुए

(शेष पृष्ठ 12 पर)

...ता रखने वाले किसी भी गैर ...का साथ दूंगा : राज बब्बर

...पी): प्रसिद्ध ...यहां कहा कि ...कोई सम्बन्ध ...में इंका के ...र, जो जीतने ...।

...शी हरमोहन ...योजित रैली ...ी की तुलना ...ी की तुलना ...हा कि किसी ...ह दुर्योधन के ...व द्रोणाचार्य ...। इंका की ...से अपील की ...जगुपाल जैसे

...रके 18 वर्ष ...सिंह को देते ...987 को इस ...ी । राजीव ...नी पड़ी है । ...युवाओं को ...किया है । ...सज़ा दी । ...ब किया । ...धारिक राज

...ता के थापर ...र की कड़ी ...के इन दावों ...में कानून-...की कि ऐसी ...कड़े उपाय

...रण करके ...लि भेंट की

...क वायदा

इंका एक प्रा.लिमि. कम्पनी : अमृतसर (नारंग): फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने एक विशेष भेंट में बताया कि वह सत्ताधारी पार्टी, जो कि पिछले 40 वर्षों से इस देश पर राज्य कर रही है, के विरुद्ध देश-भर में अब तक 60 से अधिक जनसभाओं को सम्बोधित कर चुके हैं । उन्होंने कहा कि इंका एक प्राईवेट लिमिटिड कम्पनी बन चुकी है । राजीव गांधी ने लोकतंत्र की हत्या की है । बोफ़ोर्स कांड में सीधे रूप में इनकी संलिप्तता घोषित हो चुकी है, पर माफ़िया के पैसे के बल पर राजीव गांधी ने इंका सांसदों को नपुंसक बना कर रख दिया है । संसद, न्यायपालिका की मिट्टी-पलीद की जा रही है । इस सरकार को 'बैलेट' की मदद से उखाड़ देना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि वह 26 नवम्बर तक चैन से नहीं बैठेंगे और इस सत्ताधारी, भ्रष्ट, तानाशाह राजीव सरकार को उखाड़ फैंकने के लिए और देश को नया

(शेष पृष्ठ 12 पर)

उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का विवरण पेश करने के निर्देश

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (वार्ता): चुनाव आयोग ने आगामी चुनाव में उतरे सभी उम्मीदवारों को नियमानुसार निर्धारित तीस दिन की अवधि में अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत करने को कहा है । आयोग ने स्पष्ट किया है कि जो उम्मीदवार ऐसा नहीं करेंगे और इसमें विलम्ब के लिए संतोषजनक कारण नहीं देंगे, उन्हें तीन साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जा सकता है ।

उम्मीदवारों को यह भी हिदायत दी गई है कि यदि उन्होंने कोई धन न खर्च किया हो, तो भी उन्हें यह अपने विवरण में लिखना चाहिए । उम्मीदवारों को यह विवरण जिला चुनाव अधिकारियों को देने होते हैं । यदि अधिकारी विवरण से संतुष्ट न हों तो वह इसे अपनी टिप्पणियों के साथ चुनाव आयोग को भेज सकते हैं । विवरण न देने वाले या उसमें खामियां रखने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ जन-प्रतिनिधित्व कानून के तहत कार्रवाई करने की व्यवस्था है ।

खालिस्तानी समर्थकों की ब्रिटेन में राजनीतिक शरण की मांग

बर्मिंघम, 11 नवम्बर (आई.ए.एन.एस.): भारत वापस आने पर मृत्यु के सामने का दावा करने वाले बहुत से सिख अब पश्चिमी मिडलैंड में ही बसने की योजना बना रहे हैं तथा उनमें से 53 ने तो राजनीतिक शरण की भी मांग की है ।

सॉलिस्टर फेबर एंड कम्पनी के एक प्रवक्ता ने विदेश स्थित भारतीय समाचार सेवा को बताया कि ऐसे लोगों के साथ यही समस्या बनी हुई है जो अपने प्राणों को खतरे में होने का दावा करते हैं ।

एक 43 वर्षीय ग्रंथी सुरेंद्र सिंह ब्रिटेन से निकाले जाने की भयावह स्थिति का सामना कर रहा है । उसने दर्जनों सिख संगठनों से प्रार्थना की है वे सरकार से उसे न निकाले जाने की अपील करें ।

दूसरी तरफ भारतीय सरकारें उच्चाधिकारियों ने टार्चर करने के आरोपों से इन्कार किया है तथा भारतीय दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस बात को बिल्कुल गलत कहा है कि भारत में सिखों से दुर्व्यवहार किया जाता है ।

ग्रंथी सुरेंद्र सिंह उन 6 सिखों में से एक है जिसके केस का अध्ययन आव्रजन अधिकारियों द्वारा बर्मिंघम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया जा रहा है । यह सभी ब्रिटेन में पर्यटक वीज़ा पर यह कह कर प्रविष्ट हुए कि वे अपने परिवारों से मिलना चाहते हैं । मगर जब उनका वीज़ा समाप्त हो गया तो अब उन्होंने राजनीतिक शरण की मांग की है ।

यह सभी अपने आपको 'खालिस्तान समर्थक' कहते हैं तथा भारत वापस आने पर मृत्यु अथवा टार्चर के सामने का दावा करते हैं । इसी के साथ उन्होंने कहा है कि वे न तो आतंकवादी हैं तथा न ही उन्होंने शस्त्रों का प्रयोग किया है ।

सुरेंद्र सिंह का दावा है कि गत वर्ष नई दिल्ली में स्थित उसके गुरुद्वारे में पुलिस ने छापा मारा था । उसने आरोप लगाया कि उसके दो साथी पुलिस टार्चर में मारे गये थे ।

इसके साथ ही 2 अन्यों ने भी पुलिस द्वारा टार्चर का दावा किया है । हरजीत सिंह ने भी पुलिस द्वारा टार्चर के दावे के पश्चात अमनेस्टी इंटरनैशनल का समर्थन प्राप्त कर लिया है ।

इंका पंजाब में आठ सीटें अवश्य जीतेगी : दरबारा

जालन्धर, 11 नवम्बर (प.स.): पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री तथा इंका नेता श्री दरबारा सिंह ने दावा किया है कि इंका पंजाब में कम से कम 8 सीटें अवश्य जीत लेगी ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री दरबारा सिंह ने उन 8 व्यक्तियों के नाम लेने से इन्कार कर दिया, जिनके बारे में उनको आशा है कि वे अवश्य जीतेंगे । इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह बताने से शेष उम्मीदवारों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी । उन्होंने कहा कि वह यहां इंका प्रत्याशी जनरल राजिंदर सिंह स्पैरो के चुनाव प्रचार के लिए मशीनरी को तेज़ करने आए हैं ।

श्री दरबारा सिंह, जो जालन्धर सीट के लिए पार्टी का टिकट पाने के प्रबल दावेदारों में से एक थे, ने कहा कि उन्हें इस कारण पार्टी टिकट नहीं मिला क्योंकि पार्टी ने देश में 97% वर्तमान सांसदों को ही टिकट देने का फैसला किया था । वह चुनाव लड़ने को तैयार थे, पर पार्टी के सच्चे सिपाही होने के कारण वह पार्टी के फैसले के आगे झुके हैं ।

श्री स्पैरो की सम्भावनाओं बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह निर्भर करेगा कि प्रत्याशी कितनी मेहनत से काम करता है ।

उन्होंने इस बात पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया कि उनकी पार्टी ने तरनतारन में कमज़ोर प्रत्याशी खड़ा करके यह सीट नज़रबंद अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान को 'तोहफे' के रूप में पेश की है ।

दरबारा सिंह ने पटियाला कांड की कड़े शब्दों में आलोचना की है ।

जनता दल के पूर्व सांसद द्वारा पार्टी से इस्तीफ़ा

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (प.स.): जनता दल के पूर्व सांसद रामेश्वर सिंह ने आज दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया ।

Punjabi Samachar

ा चुनावों के प्रबन्ध का
ीनरी द्वारा ही किया जा
ों का समाधान फील्ड
ा ऐसी समस्याओं का
युक्तों द्वारा किया जाना
ायुक्तों द्वारा किया जाना
तने चुनाव आयुक्तों की

न और आकाशवाणी के
चुनाव आयोग के साथ
कहकर कि बोफोर्स सौदे
है, मामला सूचना और
दिया था । मंत्रालय ने
दया और यहां तक कि
गए पत्र में भी बोफोर्स
कुछ नहीं कहा गया ।
और दूरदर्शन के मुखियों
होंने 'ऊपर' से आए इन
ोफोर्स तोप सौदे या
दृष्टांत का उल्लेख न
से इस सम्बन्ध में कुछ
कट कर दी ।

दा

विभिन्न संगठनों की ओर से कठोर शब्दों में निंदा की जा रही है । छात्रों की निर्दयता-पूर्ण हत्याओं ने शांतिप्रिय जनता को हिला कर रख दिया है तथा सब ओर से इन निर्मम हत्याओं की निंदा करते हुए देश तथा कौम-विरोधी आतंकवादियों को खत्म करने की मांग की जा रही है । आज यहां नैशनल स्टुडैंट्स यूनियन ने कालेजों तथा स्कूलों में हड़ताल करवा कर इस कांड की निंदा की है । कालेजों तथा स्कूलों में पंजाब स्टुडैंट्स यूनियन ने भी हड़ताल में भाग लेते हुए पटियाला गोलीकांड की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

यमुनानगर (सहगल): कल थापर इंजीनियरिंग कालेज पटियाला में आतंकवादियों द्वारा की गई नृशंस हत्याओं के विरोध में आज जिला यमुनानगर के सभी कालेज बंद रहे ।

मोटर साइकल छीना : फगवाड़ा (खोसला): कल रात यहां माडल टाऊन क्षेत्र में 4 संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति गुरचरण से उसका मोटर साईकल इंड सज़ुकी छीन लिया व फ़रार हो गए ।

बरनाला (सिंधवानी): आज यहां शांति समिति की बैठक एस.डी.एम. श्री के.के. शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें डी.एस.पी. सुखदेव सिंह के अलावा प्रमुख शहरी शामिल हुए । इसमें पटियाला हत्याकांड की कड़ी निंदा की गई तथा दो मिनट का मौन धारण करके मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

पठानकोट (गुप्ता) भाजपा पठानकोट मंडल की बैठक श्री मनोहर लाल महाजन की अध्यक्षता में हुई जिसमें पटियाला के नरसंहार की कड़ी निंदा की गई है । मृत छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया । बैठक में गुरदासपुर से भाजपा प्रत्याशी श्री यज्ञ दत्त शर्मा भी शामिल हुए ।

श्री महेंद्र सिंह ल
राम धीमान
महासचिव, श्री
श्री जसवंत सिंह
सचिव चुने गए

रीजनल इंजीनि
अतीश चौधरी,
ने हत्या कर

पटियाला में 1
शनिवार को कु

Punjabi Sanjam

अमृतसर में निर्दलीय प्रत्याशी की पुत्री गोली से घायल

बब्बर खालसा के बिट्टू सहित 3 उग्रवादी मरे

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद से बब्बर खालसा के गुरदेव सिंह उर्फ़ बिट्टू सहित 3 दर्दांत आतंकवादी मारे गये,जबकि 2 स्त्रियों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अमृतसर लोकसभा सीट के एक निर्दलीय प्रत्याशी की पुत्री आतंकवादियों के हमले में घायल हो गई ।

2 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर (धीमान): गत रात जिला फिरोज़पुर के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव मसीता में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों भगवान सिंह तथा सतनाम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि लगभग 4 सशस्त्र उग्रवादी उक्त गांव में गये तथा दोनों व्यक्तियों की हत्या करके फ़रार हो गये । एक सूचना के अनुसार दोनों मृतक आपस में भाई थे ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : थाना मल्लांवाला के गांव मरखई में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

हथियार छीने : रामपुराफूल से सरस्वती के अनुसार गत रात इस सब-डिविजन के गांव ढपाली में दो व्यक्तियों से एक .12 बोर की राइफल तथा .32 बोर के दो रिवाल्वर छीन लिये गए ।

उम्मीदवार की पुत्री घायल : अमृतसर (वि.प्र.) अमृतसर लोकसभा सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार इंद्रजीत सिंह तुंग कल शाम वहां रंजीत एवैन्यू में हुए एक हमले में बाल-बाल बच गए जबकि उनकी पुत्री घायल हो गई ।

पंजाब पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि कुछ आतंकवादियों ने श्री तुंग का दरवाज़ा खटखटाया । उनकी पुत्री ने जैसे ही दरवाज़ा खोला, उस पर गोलियां चलाई गईं जिससे वह घायल हो गई । श्री तुंग के सुरक्षा कर्मी ने जवाब में गोली चलाई जिस पर आतंकवादी भाग गए ।

4 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला (अमृतसर) में गांव बाठ के एक व्यक्ति मस्सा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 12 खाली कारतूस मिले । भुल्लर गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुखविंदर सिंह को घर से बाहर बुला कर गोलियां मार कर खत्म कर दिया । एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने बचन सिंह नामक व्यक्ति की पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गत रात ही थाना खेमकरण में गांव मेंहदीपुर के दर्शन सिंह की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । उसकी लाश गांव रत्तोके से बरामद हुई ।

घायल कर दिया : तरनतारन पुलिस जिला में थाना खेमकरण के गांव मेंहदीपुर में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अवतार सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2 आतंकवादी मारे गए : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना

फरीदकोट जिला के खूखन कलां गांव के बाहर एक ट्यूबवैल पर शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए एक अज्ञात आतंकवादी का शव ।
(छाया : जिंदल)

(कोटला बज्जा सिंह) के रूप में हुई है । मृतक गुरदेव सिंह खतरनाक आतंकवादी सुखदेव सिंह लाली का भाई था ।

श्री गोयल ने बताया कि दोनों मृतक आतंकवादी कम से कम 24 हत्याओं के लिए पुलिस को वांछित थे,जिनमें गत अगस्त, सितम्बर, अक्तूबर व इस मास में गांव बहादुर हुसैन में बलकार सिंह व उसके पुत्र पिंका व कुक्का, संगरावां में लक्खा सिंह, मनोहरपुर में पुलिस कांस्टेबल रणजीत सिंह, नासीरपुर में सुखबीर कौर, चौधरीवाल में कैप्टन अजीत सिंह, सुलखानिया में भूमिगत विस्फोट करके एक पुलिस कांस्टेबल, पंज गराइयां में जोगिन्द्र सिंह भट्टी व चन्ना, थाना मेहता के गांव चुरग में एक पुलिस ए.एस.आई. व कांस्टेबल की हत्याएं प्रमुख हैं और गांव दौलतपुर के निकट भूमिगत विस्फोटक लगा कर बी.एस.एफ. की जीप उड़ा कर 2 डिप्टी कमांडैंटों को घायल करने में भी इनकी संलिप्तता थी । श्री गोयल ने बताया कि पुलिस व बी.एस.एफ. के जवान इनके भागते साथियों की तलाश कर रहे हैं ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने गत रात थाना धारीवाल के गांव धरोवाली में छानबीन के दौरान दो आतंकवादियों रणजीत सिंह राणा तथा मक्खन सिंह मक्खा को गिरफ्तार किया । उनसे एक बंदूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

महिला सहित 2 की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पन्नुआं में गत रात 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस

(शेष पृष्ठ 10 पर)

थापर कालेज कांड : कई अनुत्तरित प्रश्न

पटियाला, 12 नवम्बर (भूषण): थापर इंजीनियरिंग कालेज हत्या-कांड के सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी ने न्यायिक जांच की मांग की है । आल इंडिया स्टुडैंट्स फैडरेशन की पंजाब राज्य इकाई और पंजाब जम्हूरी अधिकार सभा ने भी इस वारदात की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ।

जिन हालात में और जिस नियोजित तरीके से इंजीनियरिंग विद्यार्थियों की सामूहिक हत्या हुई, उससे कई प्रश्न उभरे हैं,जिनका उत्तर मिलना आवश्यक है और यह उत्तर केवल उच्चस्तरीय जांच से ही मिल सकता है ।

इस कालेज में 9 नवम्बर से 12 नवम्बर तक कल्चरल फ़ैस्टीवल 'सौटरनेलिया-1989' हो रहा था । 9 और 10 नवम्बर की मध्य रात्रि को कालेज होस्टल 'ए' में यह हत्या कांड हुआ । उग्रवादी कालेज के अवलोवाल गांव की ओर का गेट तोड़कर कालेज परिसर में दाखिल हुए । इस गेट पर सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं था । यहां तक कि कालेज प्रबन्धकों ने भी कोई चौकीदार यहां नहीं लगा रखा था । परिणाम यह हुआ कि उग्रवादी बिना रोक-टोक कालेज परिसर में घुस गए । परिसर के भीतर भी सुरक्षा का प्रबन्ध नहीं था । प्रश्न यह है कि इतने बड़े सांस्कृतिक समारोह के मौके पर जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 150 विद्यार्थी शामिल हुए, सुरक्षा का प्रबन्ध क्यों नहीं किया गया ?

लड़कों के होस्टल 'ए' पर भी जहां यह हो सकता है उनके कुछ समर्थक कालेज परिसर में फ़ैस्टीवल शुरू होने से पहले ही मौजूद हों । इन सभी घटनाओं की जांच कराना ज़रूरी है ।

कुछ क्षेत्रों में यह भी कहा जा रहा है कि राज्य में उग्रवादियों की ओर से जितने भी हत्याकांड किए गए हैं, सब की मैजिस्ट्रेटी जांच अवश्य कराई गई लेकिन इस वारदात में मैजिस्ट्रेटी जांच का भी आदेश नहीं दिया गया । इसका क्या कारण है ?

यह भी कहा जा रहा है कि पाकिस्तान से कुछ प्रशिक्षित उग्रवादी पंजाब में दाखिल हुए हैं । यदि यह सच है तो इनका पता लगाना पुलिस का काम है और उसे यह जिम्मेदारी निभानी चाहिए । थापर कालेज की वारदात से लोगों में तनाव और आतंक पैदा हुआ है, उसे दूर करना व जनता में विश्वास बहाल करना प्रशासन की जिम्मेदारी है ।

इंका और प्रशासन जनता दल को धमका रहे हैं : सिन्हा

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (वार्ता): जनता दल ने आज कांग्रेस (इ) और प्रशासन पर डराने, धमकाने और परेशान करने का रुख अपनाने का आरोप लगाया । जनता दल के प्रवक्ता यशवन्त सिन्हा ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल की कार पर गुजरात के बनासकांठा जिले के दीसा में पथराव की घटना की चर्चा करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस (इ) खेमे में

Punjabi Sanatan

य, एक निजी सेवक तथा दो
संवाददाता काफिले के स्थायी
ौर पर किसी भी राज्य में पहले
ख्यमंत्री सम्बद्ध राज्य में अखिल
ति के पर्यवेक्षक तथा उस राज्य
ि में शामिल होते हैं जो राज्य में
तक प्रधानमंत्री के साथ रहते

ना के विशेष वी.वी.आई.पी.
से में श्री गांधी का निजी कैबिन
, फिर उनके निजी सचिव तथा
और फिर मंत्रियों, सांसदों, श्री
सुरक्षा दल एस.पी.जी. के
संवाद समितियों के संवाददाता,
डो मार्ग-निर्देशक तथा विमान
का एक दल अंतिम कैबिन में

ाफिले में तीन हैलीकाप्टर होते
में प्रधानमंत्री, दूसरे में मंत्रिगण
और तीसरे में संवाददाता एवं
ी होते हैं ।

वस्था को 'हाई टैक' की संज्ञा
ट लाईन' तथा कोड में गुप्त
था के अलावा इस दौरे में मिनी
से प्रधानमंत्री का राजधानी से
ी विशेष व्यवस्था थी ।

काफिला एक रात दिल्ली से
त राजधानी में पड़ाव डालता
में काफिले का राजधानी पड़ाव
रहा । प्रधानमंत्री तड़के तीन
सुबह छः बजे के आसपास
हां तक कि छः नवम्बर को
घोषणापत्र भी प्रधानमंत्री ने
ीक कर यहां अखिल भारतीय
कार्यालय में लगभग 11 बजे

कर सांसों से भ्रदोय से संबंधित महिला रानो (45) व गुरबख्श सिंह (28) की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री गोयल के अनुसार हत्या में ए.के. 47 राईफल प्रयुक्त की गई है । रानो का विवाह मजीठा में हुआ था, लेकिन वह जमींदार गुरबख्श सिंह के साथ ही रहती थी और लगता है कि वह वारदात किराए के आतंकवादियों से करवाई गई है ।

भूतपूर्व सैनिक की हत्या : इसी पुलिस जिला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बोलेवाल में गत रात ए.के. 47 राईफलों से लैस 2 आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व सैनिक करनैल सिंह को घर से बुला ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । मृतक मेहता क्षेत्र में एस.पी.ओ. था, जहां से वह कुछ दिन पूर्व नौकरी छोड़ कर गांव आ गया था ।

आतंकवादी के पिता की हत्या : गत रात थाना सदर बटाला के गांव सखाचिड़ा में पुलिस की वर्दियों में 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक किसान करनैल सिंह (65) को घर से बाहर ले जाकर फ़ायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । एस.एस.पी. के अनुसार मृतक आतंकवादी संगठन के.सी.एफ. से संबंधित आतंकवादी बेअंत सिंह निहंग का पिता था । वारदात में ए.के. 47 राईफल प्रयुक्त की गई है । इसके काफी चले खोल मिले हैं और एक बब्बर खालसा का पत्र मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि बेअंत सिंह लूटमार करता है और मृतक लोगों से धन की उगराही करता था । यह आतंकवादियों की आपसी शत्रुता की वारदात है ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

करता हूं ।

रोपड़ : चुनाव प्रचार अभियान के अन्तर्गत जनता दल के नेता श्री चन्द्रशेखर ने आज एक विशाल चुनाव रैली को सम्बोधित किया ।

स्थानीय पुरानी अनाज मंडी में होशियारपुर

निरादर हुआ है
मिलता । याद र
इस बार जगदेव सि
जगदेव सिंह जस्से
कांग्रेस (इ) के उ
लाटरी अकाली टि
निकली क्योंकि
उम्मीदवार सरदा
तो भर दिए परन्तु
इन्कार कर दिया
गिल की आपस में
को तो यहां तक
उम्मीदवार सरद
जस्सोवाल नामांक
को इकट्ठे ही ए
अधिकारी के प
नामांकन-पत्रों की
अकालियों के सिंह
गिल ने तो अपने ना
परिणामस्वरूप स
लिए अकाली टिक
गया ।

उधर श्रीमती
अकाली दल (त)
जस्सोवाल को छो
सम्बन्ध अकाली द
के साथ है, ने भी
श्रीमती राजेन्द्र कौ
वापस ले लिए ।
के उम्मीदवार सरद
अपने नामांकन प
अफसर के कमरे व
दबाव पड़ना आरम्
किसी के दबाव की
(त) का उम्मीदवार

Punjabi Sarathi

ी पत्नी प्रियंका गांधी गत दिवस अमेठी में प्रधानमंत्री राजीव के लिए चुनाव प्रचार करती हुई ।

जम्मू नहीं पहुंच न रद्द कर दी गई

.): भाजपा निकाला तथा एयर लाइन्स इंडियन एयर ड़ान रद्द कर नीय है कि श्री आकर क्षेत्र में ा था ।

हुए भाजपा के ने बताया कि के कारण यहां दिल्ली स्थित भाड़े पर लेने 2000 रुपए न बाद में जब तो वायुदूत में असमर्थता रोप लगाया है या तौर तरीकों आज यहां न पाया जा रहा

उधर इंडियन एयर लाइन्स के अधिकारियों ने उड़ान स्थगित किए जाने का कारण कुछ इंजीनियरों द्वारा की गई हड़ताल बताया है ।

बाद में श्री चमन लाल गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि एक ओर तो सामान्य उड़ान रद्द की गई है ताकि श्री बाजपेयी जनसभाओं को सम्बोधित न कर सकें लेकिन दूसरी ओर डा. फारूक अब्दुल्ला को इंका चुनाव अभियान में शामिल करने के लिए विशेष विमान द्वारा दिल्ली ले जाया गया है ।

राजीव को हिन्दी में बोलने के आग्रह के लिए टोकाटाकी

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (प.स.): विज्ञान भवन के खचाखच भरे सभागार में जहां आज शाम प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जवाहर लाल नेहरू स्मारक भाषण दिया, उपस्थित श्रोताओं के बीच एक महिला ने उन्हें बीच में टोकते हुए मांग की कि हिन्दी में बोलें । श्री गांधी ने उसकी बात सुनी और कहा कि अनेक अवसरों पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्वयं अंग्रेजी में भाषण देते थे, जिसे हिन्दी में अनूदित किया जाता था । महिला भी अपनी बात पर अड़ी रही ।

न में घूमना तो मिलेगा !

: अमृतसर संसदीय क्षेत्र में जिसमें मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी डा. आर.एल. भाटिया के मध्य है, अकाली उम्मीदवार श्री मनजीत सिंह गर निर्दलीय प्रत्याशी किरपाल सिंह पिछड़ गए प्रतीत हो रहे हैं, परन्तु ा आतंकवाद के उबाऊ माहौल से निकल कर इस चुनावी दंगल के का रसास्वादन कर रहे हैं ।

निवासी ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने धन राशि एकत्रित करके एक ऐसे जिसे मिले पुलिस अंगरक्षक काफी परेशान हैं, क्योंकि 'विक्षप्त से' इस ता, उन्हें कि वह कब, किस ओर भाग खड़ा हो । अतः उसके अंगरक्षकों ठा रखा है और रोटी आदि अपने पल्ले से खिलाते उसकी सेवा कर रहे

प्रत्याशी भवानी कुमार सरकार को गुहार देते फिर रहे हैं कि प्रशासन ी वाहन प्रदान तो कर दे । श्री भवानी कुमार का कहना है कि ऐसी मांग स्पष्ट है कि प्रत्याशी महोदय अंगरक्षकों को मिलने वाले वाहन में खुद भी में पुलिस वाहन में घूमना तो मिलेगा !

नावी माहौल विविध रोचकताओं से भरता जा रहा है ।

णा में विपक्ष के चुनावी स्टैंड रोधाभास : दरबारा सिंह

.प.): पंजाब के ा है कि पंजाब स्टैंड में पर्याप्त मतदाता इसे

मिति के सदस्य र जनता दल

अकाली दल के पटियाला, अमृतसर व लुधियाना से प्रत्याशी क्रमशः बी.एस. रामूवालिया, मनजीत सिंह कलकत्ता व जे.एस. जस्सोवाल अतिन्दरपाल सिंह, एक आतंकवादी की विधवा राजेन्द्र कौर व मान समर्थित प्रत्याशी के हक में बैठ रहे हैं ।

ईका इस बार अधिक सीटें जीतेगी होशियारपुर (कपूर): दरबारा सिंह ने आशा प्रकट

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा एक थानेदार सहित 11 लोगों की हत्या

विभिन्न स्थानों से 78 हज़ार रुपए लूटे : एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक ए.एस.आई., एक कांस्टेबल तथा एक होमगार्ड जवान सहित 11 लोगों की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने विभिन्न वारदातों में लगभग 78000 रुपए लूट लिए । सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में दो आतंकवादी मारे गए तथा एक दर्जन के करीब गिरफ्तार कर लिए गए ।

ए.एस.आई. सहित 7 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में तीन विभिन्न स्थानों पर हुई वारदातों में 7 व्यक्तियों के मारे जाने का समाचार है । इन घटनाओं के सम्बन्ध में जो विवरण प्राप्त हुए हैं, उनके अनुसार गत रात अमृतसर के गांव कोहाली थाना लोपोके में आतंकवादियों ने घात लगाकर एक मिनी बस पर हमला किया । आतंकवादियों की गोलियों से 5 व्यक्ति मारे गए जिनमें तीन पुलिस कर्मचारी और दो नागरिक शामिल हैं । मृतकों में एक ए.एस.आई. जसविन्दर सिंह, एक कांस्टेबल मस्सा सिंह और एक होमगार्ड जवान रसाल सिंह हैं, जबकि नागरिकों में एक विनोद कुमार और दूसरा महेन्द्र पाल शामिल हैं । पुलिस कंट्रोल मजीठा के अनुसार यह वारदात रात 9.30 बजे की है लेकिन यह अभी पता नहीं चल सका है कि मृतक पुलिस कर्मियों के अलावा दो मृतक कहां के रहने वाले हैं ।

एक सूचना के अनुसार आतंकवादी पुलिस दल की एक एस.एल.आर. राइफल, एक .303 राइफल, एक .38 बोर का रिवाल्वर तथा गोली-सिक्का लेकर फ़रार हो गए । यह पुलिस दल मजीठा से लोपोके जा रहा था । आतंकवादियों की व्यापक स्तर पर तलाश जारी है ।

एक अन्य वारदात के सम्बन्ध में मिली सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव लाओके में मक्खन लाल केसर से घसकर आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गरदीप लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । लोपोके के करीब से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के कारतूसों के तीन खोल बरामद किए हैं । इस हत्या की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने ली है । एक अन्य सूचना के अनुसार थाना झब्बाल के इलाके में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

'प.स' के अनुसार मृतक का नाम दर्शन सिंह है तथा पहले वह बब्बर खालसा आतंकवादी गिरोह का सदस्य था । सूचना के अनुसार दर्शन सिंह द्वारा आतंकवाद का मार्ग छोड़ देने पर उसके पूर्व साथी नाराज़ हो गए थे ।

दो व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर जिले में रमदास पुलिस थाना के गांव कोट केसर तथा छहटा पुलिस थाना के गांव पंडसपुर में गत रात क्रमशः सुखजिंदर सिंह और मनजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

दो आतंकवादी मरे : फिरोज़पुर तथा फरीदकोट जिलों में अलग-अलग मुठभेड़ों में एक-एक आतंकवादी मारा गया । फिरोज़पुर में मुठभेड़ ज़ीरा पुलिस थाना के गांव भादरके में हुई । जहां एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले । घटनास्थल से .12 बोर की गन जिसकी नाली कटी हुई थी तथा ए.के. 47 चीनी राइफल के कुछ कारतूस मिले हैं ।

एक गुप्त सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने कल फरीदकोट जिले के खुंडां कलां गांव में एक फार्म हाउस पर छापा मारा तथा एक अज्ञात आतंकवादी को गोली मारकर खत्म कर दिया । फार्म हाउस से .32 बोर की एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

1 मरा, 2 घायल : फिरोजपुर (कंतोड़): आज रात्रि नौ बजे लुधियाना से फिरोजपुर टैम्पू में फिरोजपुर जा रहे व्यापारियों पर तलवंडी भाई के निकट उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दो को घायल कर दिया । मृतक लेखराज नामक एक व्यापारी है जबकि एक घायल का नाम अरुण गल्होत्रा है । घायल को यहां मिशन अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । टैम्पू के ड्राइवर गरमेल सिंह के पांव में गोलियां लगी हैं । ड्राइवर के अनुसार उग्रवादियों ने खाकी वर्दी पहनी हुई थी । उन्होंने सर्चलाइट मारकर टैम्पू को रोकने की कोशिश की । टैम्पू न रुकने पर उन्होंने पीछे से फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे टैम्पू में सवार शेष यात्री बच गए । टैम्पू में उस समय 7 यात्री सवार थे, जो लुधियाना से ऊन खरीद कर आ रहे थे ।

दो आतंकवादी काबू : फरीदकोट से जिदल के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान मुक्तसर पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक डबल बैरल गन, एक पिस्तौल 12 बोर तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार पकड़े गए आतंकवादियों के नाम कलवन्त सिंह निवासी दीपसिंहवाला तथा सुखदेव सिंह सुक्खा निवासी मलोट हैं । एक तस्कर पाला सिंह के पास से काफी मात्रा में अफ़ीम पकड़ी गई है ।

25000 लूटे : पटियाला (भूषण): यहां से लगभग 12 कि.मी. दर गांव राखड़ा में गत सायं चार बजे तीन अज्ञात व्यक्ति, जिनमें दो सिख व एक मोना था, बिना नम्बर के स्कूटर पर सवार होकर एक पैट्रोल पम्प पर पहुंचे और पिस्तौल की नोक पर कैशियर जगदीश कुमार से 25000/- रुपए लूट कर स्कूटर पर ही फ़रार हो गए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

फैडरेशन के सक्रिय कार्यकर्त्ता गिरफ्तार : पटियाला से 'प.स.' के अनुसार आज यहां सिविल लाइन्स पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन के दो सक्रिय कार्यकर्त्ताओं बलदेव सिंह बेथुई तथा गुरमेज सिंह खड़िक को गिरफ्तार कर लिया । उन पर पटियाला लोकसभा सीट के लिए चुनाव लड़ रहे कुछ उम्मीदवारों को धमकियां देने का आरोप है । इन दोनों को धारा 153-ए व 124-ए तथा आतंकवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने पूछताछ के लिए फैडरेशन के 8 अन्य कार्यकर्त्ताओं को भी हिरासत में लिया है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उपरोक्त बलदेव सिंह तथा गुरमेज सिंह इंदिरा गांधी हत्या कांड में मुख्य अभियुक्त हैं तथा पटियाला सीट के प्रत्याशी अतिन्दरपाल सिंह के समर्थक हैं । दोनों ने कुछ प्रतिद्वन्द्वी उम्मीदवारों को धमकाया था कि वे मुकाबले से हट जाएं । अतिन्दरपाल सिंह नजरबंद हैं । पुलिस सूत्रों ने कहा कि किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपत्तिजनक कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । (शेष पृष्ठ 10 पर)

उम्मीदवारों को डाक-तार विभाग द्वारा सुविधाएं

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (प.स.): चुनाव आयोग ने अगले आम चुनाव के सभी उम्मीदवारों से कहा है कि वे चुनाव में डाक एवं तार विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए अपने सम्बद्ध क्षेत्र के डाक अधिकारियों से सम्पर्क करें । आयोग के सूत्रों ने बताया कि डाक एवं तार महानिदेशक द्वारा क्षेत्रीय डाक मंडलों के प्रमुखों के लिए हिदायतें जारी की जा चुकी हैं जिनमें उम्मीदवार को डाक, तार, टैलीफोन और डाक घरों में पोस्टर लगाने के सम्बन्ध में विशेष सुविधाएं देने को कहा गया है ।

सूत्रों ने बताया कि उम्मीदवार चुनाव सम्बन्धी सामग्री पर 'चुनाव सामग्री' लिख दे ताकि उसे तुरन्त गंतव्य तक पहुंचाया जा सके । चुनाव की अवधि के दौरान उम्मीदवारों को प्राथमिकता के आधार पर टैलीफोन दिए जा रहे हैं ।

हुबली में हिंसा के बाद कर्फ़्यू

हुबली, 13 नवम्बर (वार्ता): हुबली शहर में एक धार्मिक स्थल के समीप एक मृत पशु मिलने के बाद भड़की हिंसा के कारण आज कर्फ़्यू लगा दिया गया । मृत पशु का समाचार फैलते ही शहर में हिंसा शुरू हो गई । दो लोगों को चाकू मारा गया और कई वाहनों को आग लगा दी गई । पथराव की भी घटनाएं हुईं, जिनमें पांच लोग घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार कर्फ़्यू दिन में साढ़े तीन बजे लाग किया गया और कल प्रातः साढ़े छह बजे तक जारी रहेगा । कर्फ़्यू के बाद किसी नई वारदात की सूचना नहीं है ।

राजीव आज रोहतक आएंगे

रोहतक, 13 नवम्बर (पायलट, बत्तरा): प्रधानमंत्री राजीव गांधी कल 14 नवम्बर को हरियाणा का एक दिवसीय दौरा करेंगे । अपने दौरे के दौरान वे करनाल और रोहतक में कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे ।

चुनौती देने वाली याचिका रद्द

पटना, 13 नवम्बर (प.स.): पटना उच्च न्यायालय ने चुनाव अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को आज अस्वीकृत कर दिया ।

शाही इमाम का समर्थन मिलने से वी.पी. का रवैया बदला, भाजपा के झंडे मंच पर देख खफा हो गए

बुलंदशहर, 13 नवम्बर (प.स.): जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह कल मथुरा और हाथरस में मंच पर भारतीय जनता पार्टी के झंडों और बैनरों को देख कर खफा हो गए और उन्होंने चुनाव भाषण देने से इन्कार कर दिया ।

श्री सिंह कल दोपहर बाद जब अपने काफिले के साथ आगरा से मथुरा आए तो उन्हें पता चला कि

ठीक ऐसी ही घटना हाथरस में भी हुई । श्री सिंह जब वहां अपने उम्मीदवार डा. बंगाली सिंह के समर्थन के लिए भाषण करने गए तो उन्हें मंच पर स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्त्ता अपने झंडों के साथ दिखाई दिए । इस पर श्री सिंह नाराज हो गए । उन्होंने मंच के नीचे ही अपने स्थानीय कार्यकर्त्ताओं को फटकार लगाई तथा बिना भाषण

Punjabi Sanatani

के 200 से अधिक
गांवों में साइकल मार्च

के पश्चात्
ा शेष)

आश्चर्य :नईदिल्ली
ा चंद्र शेखर ने रामजन्म
वाल पर भारतीय जनता
ाश्चर्य प्रकट किया है ।
न यहां संवाददाताओं से
हिन्दू परिषद द्वारा निर्माण
के बावजूद भाजपा का यह
न्होंने कहा कि चुनाव के
ति का फायदा उठाने की
ऐसा रुख क्यों अख्तियार
रे है ।
की साम्प्रदायिक स्थिति
न इससे देश की एकता
रे में मानना उचित नहीं

रन के उत्तर में कहा कि
ने की कोशिश कर रही
नहीं होगी । उन्होंने
व के आधार पर दावा
ी सूरत में सत्ता में नहीं
पक्ष को जिताने का मन

इमाम द्वारा जनता दल
मणी करने को कहे जाने
क दल कैसे कह सकता
नहीं दे । उन्होंने एक
क उन्हें इस बात की

फगवाड़ा (कौड़ा): पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने आज कुछ निकटवर्ती गांवों में घर-घर जाकर तलाशियां लीं तथा उग्रवादियों व उन्हें आश्रय देने वालों की तलाश में अनेक स्थानों पर छापे मारे तथापि किसी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है ।

1200 लूटे : दो आतंकवादी गत रात बंगा पुलिस थाना, जिला जालन्धर के गांव घनाचौर में एक पैट्रौल पम्प से 1200 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

बंदूक ले गए : जालन्धर में गत रात नवांशहर पुलिस थाना के गांव लड़ोआ में एक सहकारी समिति के कार्यालय के ताले तोड़कर कुछ आतंकवादी एक सिंगल बैरल की बंदूक ले गए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : तीन आतंकवादी लुधियाना जिले से , तीन जालन्धर जिले से तथा बाकी अन्य स्थानों से गिरफ्तार किए गए हैं ।

आतंकवादी दूरबीन से देखकर घात लगाते थे : कपूरथला (शर्मा): पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के अन्तर्गत गांव कीड़ियां तथा मरड़ के मध्य मंड क्षेत्र में तीन दिवस पूर्व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए दुर्दांत आतंकवादी सुखविंदर सिंह पुत्र हरनाम सिंह वासी मरड़ के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई है । जब से बी.एस.एफ. ने मंड का चार्ज सम्भालने के पश्चात आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावशाली अभियान आरम्भ किया है, तब से बी.एस.एफ. को धमकियां मिल रही हैं कि उसने खालिस्तान की राजधानी को घेरा हुआ है । मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी के शव के निकट से एक असाल्ट ए.के. 47, तीन मैगज़ीन, एक शक्तिशाली दूरबीन, दो टार्चें, एक झोला जिसमें बब्बर खालसा का लिटरेचर है तथा 50

सपरा व युवा इ
पंजाब कांग्रे
ने युवकों को गु
रास्ते पर चलने
युवक बंदूकों
अकालियों को दो
था, न है ।

लुधियाना

लुधियाना,
के उपलक्ष्य में
माता रानी चौक
नेहरू सिद्धांत
आयोजन किया
दौड़ में भाग लेंगे
कार्यक्रम ऑन दी
का आयोजन
अध्यक्षता श्री
चेयरमैन श्री स
बच्चों को कित
सिलाई मशीनें

लोकदल
न

नई दिल्ली
लोकसभा के लि
अपना चुनाव घो
पार्टी कार्या
आज दोपहर फि
लेकिन लगभग
खाली हाथ लौट
को भी लोकदल

Punjabi Sarafani

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 10 व्यक्तियों की हत्या : रेल पटड़ी उड़ा दी

बटाला पुलिस ने कुख्यात उग्रवादियों के छिपने के अड्डे नष्ट कर दिए

अकाली नेता हरिसिंह आरेवाला के भाई पर हमला

चंडीगढ़, 14 नवम्बर (वार्ता, पस): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने 10 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फिरोज़पुर-जालंधर सैक्शन पर रेल पटरी का कुछ हिस्सा उड़ा दिया गया । बटाला पुलिस ने कुख्यात आतंकवादियों के छिपने के अड्डे तबाह कर दिये ।

4 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (सोनी): अमृतसर जिला के गांव कत्थूनंगल (पुलिस जिला तरनतारन) में गत रात लगभग पौने आठ बजे आतंकवादी एक देसी शराब के ठेका पर आ धमके और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके ठेका के दोनों मालिकों परमानंद तथा ओम प्रकाश व उनके दो कर्मचारियों राज कुमार व रमेश कमार की हत्या कर दी । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 के आठ चले हुए कारतूस मिले ।

2 व्यक्तियों की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार गत सायं 6.30 बजे 4-5 आतंकवादी थाना सरहाली के गांव खारा में टैहल सिंह के घर पहुंचे तथा घर वालों से टैहल सिंह के बारे में पूछा घर वालों के यह बताने पर कि वह खेतों में है, आतंकवादी वहां पहुंचे और टैहल सिंह पर गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । सरहाली थाना के ही एक अन्य गांव धोतियां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों द्वारा घटनास्थल पर छोड़ी गई एक पर्ची में आरोप लगाया गया है कि मृतक लूट-खसूट की वारदातें करता था ।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव अर्जन मांगा में एक व्यक्ति करनैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर 10 खोल ए.के. 47 राइफल की गोलियों के मिले हैं ।

आरेवाला का भाई घायल : आज शाम अमृतसर में आतंकवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य श्री हरि सिंह आरेवाला के भाई प्रीतम सिंह तथा एक मज़दूर को गोलियां मार कर घायल कर दिया । दोनों घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । श्री आरेवाला ने अमृतसर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकनपत्र दाखिल किया था लेकिन बाद में उन्होंने अकाली दल के प्रत्याशी मनजीत सिंह कलकत्ता के पक्ष में नाम वापस ले लिया था ।

तरनतारन पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक कार तथा 37 कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य आतंकवादी को जिला लुधियाना के गांव सोहावी में कल रात गिरफ्तार किया गया । उससे 12 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

विद्यार्थी की हत्या : जिला फरीदकोट में थाना बाघापुराना के अंतर्गत गांव चंद नवां में छठी कक्षा के एक विद्यार्थी मास्टर गुरमीत सिंह की आतंकवादियों के एक ग्रुप ने गोली मार कर हत्या कर दी जबकि वह अपने स्कूल में गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के संबंध में आयोजित गुरु ग्रंथ साहब के अखण्ड पाठ में भाग ले रहा था । यह वारदात आधी रात से थोड़ा समय पहले हुई ।

बाघापुराना से ज्ञान के अनुसार स्कूल में तैनात सुरक्षा गार्डों ने जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से हुई फ़ायरिंग में ग्रंथी गुरसेवक सिंह तथा स्कूल का एक अन्य विद्यार्थी बलराज सिंह घायल हो गए ।

फरीदकोट के एस.एस.पी. ने बताया कि इस हत्याकांड में कट्टर आतंकवादी रणजीत सिंह चन्नुवाला के गिरोह का हाथ होने की आशंका है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । घायल ग्रंथी तथा दूसरे विद्यार्थी को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी दशा गंभीर बताई गई है ।

भूटानियां गांव में हत्या : जिला संगरूर में थाना सैना के गांव भूटानियां में एक व्यक्ति दर्शन सिंह की हत्या कर दी गई ।

रेल पटरी उड़ा दी : फिरोज़पुर (धीमान): गत रात लगभग 10 बजे उग्रवादियों ने उत्तरी रेलवे के फिरोज़पुर-जालंधर सैक्शन पर मक्खू और मल्लांवाला स्टेशनों के बीच करीब तीन फुट रेल पटरी उड़ा दी । इससे कोई हानि नहीं हुई क्योंकि रात के समय इस लाईन पर गाड़ियां नहीं चलतीं । रेलवे अधिकारियों ने तुरंत ही क्षतिग्रस्त पटरी की मुरम्मत करा दी।

14 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां व श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस व बी.एस.एफ. ने गत दिवस अलग-अलग गांवों से खोजबीन के दौरान आतंकवादियों के शरण-स्थलों से 14 कट्टर शरणदाताओं को गिरफ्तार करने का दावा किया है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने पत्रकारों को बताया कि कादियां क्षेत्र के सलारपुरा, ढपई व दौलतपुरा गांवों से छः शरणदाता रणधीर सिंह, बलदेव सिंह, मेजर सिंह, निशान सिंह, मक्खन सिंह व सतनाम सिंह और श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र के लदामन्डा, अत्तेपुर व खजाला गांवों से आठ शरणदाता जोगिन्द्र सिंह, कलवन्त सिंह, गुरमेज सिंह, त्रिलोक सिंह, बलकार सिंह, अजायब सिंह, अमरीक सिंह व लखविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है । श्री गोयल ने बताया कि यह सभी बब्बर खालसा व के.एल.एफ. ग्रुपों के आतंकवादियों के स्थायी शरणदाता थे और जब भी आतंकवादी कहीं वारदात करते थे तो शस्त्र आदि इनके पास छुपा कर रख जाते और मौका पाकर ले जाते थे । एस.एस.पी. ने बताया कि आतंकवादियों को काबू करने के लिए पुलिस व बी.एस.एफ. लगातार गांवों में खोजबीन का काम कर रही है ।

आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिला के अंतर्गत सुक्खा चिड़ा गांव में एक व्यक्ति दर्शन सिंह की हत्या कर दी ।

घायल कर दिया : जिला पटियाला के अमलोह के सुरेन्द्र कुमार को दो सशस्त्र युवकों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

भी यह समझता है कि इस महंगाई का कारण राजनीतिक भ्रष्टाचार है ।

श्री शांता कुमार ने दावा किया कि चारों सीटों पर उनका मुकाबला कांग्रेस (इ) से है और चारों सीटें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जीतेंगे ।

ज्वालामुखी में रैली : राकेश व शास्त्री के अनुसार श्री वाजपेयी ने आज ज्वालामुखी में भारी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंका ने 1984 में जो वादे करके चुनाव जीते थे, वह उसने पूरे नहीं किए, इसलिए लोगों को अब इस पार्टी को हरा देना चाहिए ।

हमीरपुर में जनसभा : चन्द्रशेखर के अनुसार श्री वाजपेयी ने आज यहां एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए इंका के इस आरोप को झुठलाया कि देश में इन दिनों हुए दंगों का कारण शिलान्यास है । उन्होंने कहा कि दंगे उन्हीं राज्यों में भड़के हैं जहां इंका का शासन है । उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब भैरों सिंह शेखावत मुख्यमंत्री थे तो कभी दंगे नहीं हुए लेकिन गत तीन महीनों में वहां तेरह बार दंगे हो चुके हैं और इन सब के लिए इंका उत्तरदायी है ।

राजा का तालाब में जनसभा : अशोक के अनुसार श्री वाजपेयी ने यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रश्न किया कि चार मास पूर्व तो चीनी विदेशों को निर्यात की जाती थी लेकिन अब अचानक आयात करने की आवश्यकता क्यों पड़ गई ? उन्होंने कहा कि यह गत्थी लोगों की समझ से परे है । उन्होंने चीनी की कीमतों में वृद्धि के लिए इंका को दोषी ठहराया ।

वाराणसी में आगज़नी और

Punjabi Sa

अमरीक
वाली भ
संख्या

वाशिंगटन
आठवें दशक
महिलाएं पुरुष
में आकर बसीं
वर्ग की महिल
कई सामाजिक
वाले भारतीय
बेटियां, बेटों
उम्र की महिल
1988 में
बालिकाएं थीं

पाक

से युक्त है ।
लगा दिए जाने
पाकिस्तान
स्पष्टीकरण
उपयुक्त है ।

पाकिस्ता
कम्पनी से आ
मिल्क आफ
की भी संज्ञा
आयात हुआ
इसके नमूने

जाए । लेकिन उन्होंने इस बात पर नाराज़गी ज़ाहिर की कि विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चे में शामिल प्रमुख घटक जनता दल ने श्रीमती बेनज़ीर के बयान की खुलकर आलोचना नहीं की है ।

लिया गया ।

निष्पक्ष राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार बेनज़ीर का यह एक सूझबूझ वाला कदम है जिससे पार्टी में उनकी स्थिति सुदृढ़ होगी । राष्ट्रीय असैम्बली के

आशाएं इस समय विपक्ष पर हैं । कल रायपुर क्षेत्र में अनेक चुनाव सभाओं में अपने भाषणों के दौरान श्री चन्द्र शेखर ने जनता से अपील की कि वह विपक्ष विशेषत: जद व भाजपा को वोट दें ।

नहीं की है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि इस वक जनता दल ने अपने चुनाव घोषणापत्र आतंकवाद के खिलाफ कुछ नहीं कहा है औ

दुर्दांत उग्रवादी कंता साथी समेत मारा गया, एक आतंकवादी हिरासत से फरार, किसान की हत्या, दुकानदार का अपहरण, एक लाख रु. लूटे : 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 15 नवम्बर (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने विभिन्न वारदातों में एक व्यक्ति की हत्या कर दी, एक दुकानदार का अपहरण कर लिया तथा विभिन्न स्थानों से एक लाख रुपए से अधिक लूट लिए जबकि एक आतंकवादी पुलिस हिरासत से फरार हो गया । सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो दर्दांत उग्रवादी मारे गए । जम्मू क्षेत्र में दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

दो उग्रवादी मारे गए : अमृतसर (प.स.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना खेमकरण के गांव मस्तगढ़ में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए । पुलिस के अनुसार मृत उग्रवादियों की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुलवन्त सिंह कंता और उसके साथी गुरचरण सिंह के रूप में की गई है । कुलवन्त सिंह कंता के सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था । यह मुठभेड़ साढ़े तीन घंटे जारी रही । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, .12 बोर की एक पिस्तौल और 315 बोर की राइफल बरामद की गई है ।

बैंक लूटा : तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने आज दोपहर में पुलिस जिला मजीठा (अमृतसर) के गांव खल्चियां में पंजाब एंड सिंध बैंक की एक शाखा से लगभग 70000 रुपए लूट लिये ।

रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार लुटेरे बैंक से 78756 रुपए की नकदी लूट कर ले गये । उनकी संख्या तीन थी । वे गेट पर खड़े गनमैन को यह कह कर बैंक के अंदर दाखिल हो गये कि उन्होंने यूनिवर्सिटी का दाखिला भेजने के लिए बैंक ड्राफ्ट बनवाना है । उनमें से एक आतंकवादी कैशियर के पास गया और नकदी लूट ली । एक ने गनमैन से बंदूक छीन ली तथा बैंक के स्टाफ के सदस्यों को

अमृतसर में आतंकवादियों की गोलियों से घायल शिरोमणि कमेटी के सदस्य श्री हरि सिंह आरेवाला के भाई श्री प्रीतम सिंह और (नीचे) एक मज़दूर निम्बो, अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : रवि भंडारी)

स्टेशनरी रूम में बंद कर दिया । जाते समय उन्होंने बंदूक भी तोड़ दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

किसान की हत्या : कुछ आक्रमणकारियों ने गत सायं होशियारपुर जिले के रंधावा गांव में एक किसान मोहन सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने दावा किया है कि यह घटना आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

दुकानदार का अपहरण : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल फिरोज़पुर जिले में मुट्ठियां वाला गांव से एक किरयाना दुकानदार सोहनलाल का कथित रूप से फिरौती के लिए अपहरण कर लिया ।

आतंकवादी पुलिस हिरासत से फरार : एक आतंकवादी सुबेग सिंह को गत सायं जब हथियारों और गोली सिक्का की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था तो वह फिरोज़पुर जिले में जोड़कियां गांव के निकट पुलिस हिरासत से फरार हो गया ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि बटाला थाना सदर पुलिस ने गांव संगरावां के एक संदिग्ध युवक गुरदास सिंह को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 12 बोर की दोनाली कटी एक बंदक तथा पांच जीवित कारतूस बरामद किये हैं । पुलिस को इसी गांव में कुछ समय पूर्व लक्खा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या के मामले में गुरदास सिंह की तलाश थी ।

श्री गोयल ने बताया कि थाना कादियां पुलिस ने स्थानीय कालेज के एक छात्र जसबीर सिंह जस्सा (गांव मदरा) को गिरफ्तार किया है । जस्सा ने स्वीकार किया है कि वह न केवल आतंकवादियों का संदेशवाहक ही था बल्कि पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर घात लगा कर हमले करने के लिए वह आतंकवादियों को सुरक्षित ठिकानों की भी जानकारी देता था । बटाला क्षेत्र के गांव कोहाली में एक व्यक्ति की हत्या के अतिरिक्त कई अन्य मामलों में पुलिस को उक्त छात्र की तलाश थी । जिन व्यक्तियों की हत्या करनी होती थी, जस्सा आतंकवादियों को उनकी पहचान भी कराता था ।

हत्या का खंडन : इस बीच एस.एस.पी. ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित इस खबर का खंडन किया है कि गांव सुक्खा चिड़ा में दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की गई है । उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त गांव में ऐसी कोई घटना नहीं हुई ।

बिजली बोर्ड का दफ्तर लूटा : दो आतंकवादियों ने आज दोपहर में पटियाला जिले में चंडीगढ़-अम्बाला मार्ग पर स्थित डेरा बस्सी गांव में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से 16 हजार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बिहार, यू.पी., कर्नाटक में चुनाव अभियान पर साम्प्रदायिक हिंसा के बादल

नई दिल्ली, 15 नवम्बर (पस, वार्ता): बिहार,

कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । उन्हें

दिखाई नहीं पड़ते ।

(इ) प्रत्याशी केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह तथा

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

रुपये लूट लिये ।

किसान लुटा : जालंधर में फिल्लौर थाने के गांव ढक-माजरा में दो सशस्त्र युवकों ने एक किसान महेंद्र सिंह से मार्ग में 15 हजार रुपए लूट लिये ।

2 घुसपैठिये मरे : जम्मू (सच्चर): आर.एस.पुरा सीमा क्षेत्र में दो पाकिस्तानी घुसपैठियों के मारे जाने की सूचना है । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज तड़के दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर रहे थे परन्तु नाकापार्टी द्वारा चुनौती देने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने दोनों को वहीं खत्म कर दिया ।

पाक हस्तक्षेप सहन नहीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगी फलों इत्यादि की रेहड़ियों को छुआ तक नहीं जबकि जनता दल की जनसभाओं में आतंक का-सा दृश्य दिखाई पड़ता था । सभास्थल पर आने वालों में गांव के लोग भी थे जोकि बसों में किराया अदा करके ही आए थे ।

बिहार, यू.पी. चुनाव अभियान

(पृष्ठ 3 का शेष)

पक्ष में मतदान करेगा लेकिन इसके बारे में उनमें कोई दो राय नहीं हैं कि राज्य से लोकसभा की 20 में से कम से कम 10 सीटों पर 'भाजपा' प्रभावी भूमिका निभाएगी ।

हालांकि भाजपा राज्य की एक भी सीट पर जीतने में अभी तक के चुनावों में कामयाबी हासिल नहीं कर पाई है लेकिन कुछ सीटों पर यह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वामपंथी मोर्चे और कांग्रेस (इ) के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे के उम्मीदवारों के बीच हार-जीत का फैसला करने में समक्ष नजर आ रही है। इन सीटों में तिरुअनंतपुरम, कासरगोड, मेवलिक्कारा, अदूर, पालघाट, उट्टापल्लम, कालीकट, कोट्टायम, मंजेरी और पुन्नानी शामिल हैं ।

बागियों की समस्या : महाराष्ट्र की अधिकांश लोकसभा सीटों पर त्रिकोणात्मक मुकाबले के साथ-साथ कई सीटों पर बागी उम्मीदवार भी एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं । जलगांव से कांग्रेस (इ) के विधायक एवं मुख्यमंत्री शरद पवार के खास मित्र सुरेश दादा जैन कांग्रेस (इ) का टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस (एस) के चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं । उन्हें जनता दल का समर्थन प्राप्त है । यहां कांग्रेस (इ) के वाई.एस. महाजन के लिए सुरेश दादा जैन सिरदर्द बने हुए हैं । कांग्रेस (इ) का टिकट नहीं मिलने से खफा स्वर्ण लता मकोड़े भंडारा

अमृतसर में चुनाव प्रचार

(पृष्ठ 3 का शेष)

समझ जाना चाहिए कि लोग सच्चाई को पहचान गए हैं । आज तक 36 प्रतिशत से 46 प्रतिशत वोट प्राप्त करके इस देश पर कांग्रेस शासन करती रही और इन वोटों में भी ज्यादा हिस्सा हरिजनों का होता था तथा हरिजनों से चुनावी वायदे करके उनको लुभावने नारे देकर उनके वोट हासिल किए जाते रहे किन्तु अब वह स्थिति नहीं ।

डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि सरकार उग्रवाद खत्म करने के प्रति ईमानदार नहीं रही, वरना पांच वर्ष में क्या इसे समाप्त नहीं किया जा सकता था ? डा. प्रकाश ने प्रधानमंत्री को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि उनका यह कहना कि चुनावों के बाद लौंगोवाल राजीव समझौता लागू किया जाएगा, एक अनाड़ीपन की बात है । पंजाब के लोग इस समझौते को भूल चुके हैं, अकाली भाई इसे मानते ही नहीं और बार-बार कह चुके हैं कि यह समझौता दफन हो चुका है, फिर भी राजीव गांधी इसे एक चुनावी स्टंट बना रहे हैं । कांग्रेस की पतली हालत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह कैसी सत्ताधारी पार्टी है जिसके लोग गांवों में अपने वोटरों के पास जाने की हिम्मत नहीं रखते ।

भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए डा. बलदेव ने कहा कि कांग्रेस का दूसरा नाम ही भ्रष्टाचार है, बोफोर्स तोपों में दलाली के अलावा सीमैंट, चाय, कोयला तथा चीनी मिलों से चुनाव के लिए लाखों रुपया बटोरा गया है ।

पंथक कमेटी द्वारा पुलिस में भर्ती होने वालों को धमकी

अमृतसर, 15 नवम्बर (मनोहर शरद): खूंखार आतंकवादी गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व वाली पंथक कमेटी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पंथक कमेटी (दमदमी टकसाल) को धमकी दी है कि वह उसके विरुद्ध भ्रामक प्रचार से बाज़ आए । मानोचाहल के अतिरिक्त कमेटी के चार अन्य सदस्यों ने एक प्रैस नोट में स्पष्ट किया है कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का गठन मानोचाहल ने किया है । निशान सिंह या किसी अन्य का इससे कोई सम्बन्ध नहीं । मानोचाहल ने यह भी दावा किया है कि टाइगर्स फोर्स में कोई धड़ेबंदी नहीं । मानोचाहल ने पुलिस तथा एस.पी.ओ. में भर्ती होने वालों को धमकी दी है कि वे सुरक्षा बलों में भर्ती होने की बजाए उग्रवादी संगठनों में भर्ती हों ।

वकील देवी लाल से नाराज़, आन्दोलन की धमकी

फिरोजपुर, 15 नवम्बर (बागी): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने छः तथा सात नवम्बर को

शां

शिमल
मतदान के
हिमाचल
होती ज
सीटों-गि
इंका का
लगती है कि
भाजपा ग्रीन

हर्मरप
इंका तथ
है । वहां अ
कि यह सी
शिमला (स
अपेक्षाकृत

कांगड़
अध्यक्ष श्री
कुमारी अंर
सिंह मनको
लेकिन अब
इंका प्रत्याशि
श्री शांता कु

अपने क्षे
बाद श्री शांत
शिमला क्षेत्रों
प्रचार में लगे
क्षेत्र में लौट

गांधी

न्यूयर्क
महात्मा गां
1898 में
तथा अन्य
बिक्री की ना
के पोते व श्री
है । उनके
तथा इनसे
(लगभग 4
सकेंगे । यह
अहिंसा के
होलिस्टिक
जाएगा ।

श्री अरु
पिछले वां
प्राप्त हुए हैं
परिवार के व
रिश्ते को मा
चाची निर्मला

Sanatan
Punjabi

प्रकट करता हूं ।

मदद करना मेरी सबसे बड़ी गलती थी ।

...जाब में निलम्बित कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या, 7 पाक ...पैठिये मरे : 2 सहकारी समितियों से लगभग 60 हजार रु. लूटे

...ड़, 16 नवम्बर (वार्ता, पस): गत रात के ...जाब में उग्रवादियों ने एक निलम्बित ...हित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । ...त-पाक सीमा पर 7 घुसपैठिये मारे गये ...सुरक्षा बल का एक जवान गलती से ...थियों के हाथों मारा गया । मलोट क्षेत्र में ...गया कट्टर उग्रवादी गुरजंट सिंह उर्फ ...फौजी के.एल.ओ. का स्वयंभू एरिया ...।

उग्रवादी की हत्या : फिरोजपुर ...रात थाना मल्लांवाला के अन्तर्गत ...में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति मेजर सिंह ...दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार मेजर सिंह से 8 हजार रुपए भी छीन लिए गए । कहा जाता है कि मेजर सिंह पहले उग्रवादी थे लेकिन अब उसने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया था और मिनी बस चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा था । बताया जाता है कि कुछ उग्रवादी पुलिस की वर्दी में थे ।

बम विस्फोट कपूरथला में आज सायं लाहौरी गेट आबादी में एक जबरदस्त बम विस्फोट हुआ । किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

मारे गए उग्रवादी की पहचान : फरीदकोट (जिदल): कुछ दिन पहले थाना मलोट के गांव खुमान कलां में मारे गए कट्टर उग्रवादी की पहचान गुरजंट सिंह उर्फ गुरा उर्फ फौजी के रूप में हुई है । वह थाना बाघापुराना के गांव चंद पुराना का रहने वाला था । वह कोठा गुरु में एक ए.एस.आई. मलसिंह तथा एक दुकानदार की हत्या में वांछित था । वह के.एल.ओ. का फरीदकोट व भटिंडा जिलों का स्वयंभू एरिया कमांडर था । एस.एस.पी. श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक 12 बोर की बंदूक, एक 315 बोर की पिस्तौल, बड़ी मात्रा में कारतूस तथा एक स्कूटर बरामद किया । उनकी शिनाख्त जगदीश सिंह व सुरजीत सिंह के रूप में हुई है ।

निलम्बित कांस्टेबल की हत्या : बटाला (कांड़ड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव सरवाली के निकट दो सशस्त्र आतंकवादियों ने पी.ए.पी. के निलम्बित कांस्टेबल गुरतेज सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरतेज सिंह के आतंकवादियों के साथ कथित सम्बन्ध होने के कारण बटाला पुलिस ने इसी वर्ष अप्रैल मास में उसे गिरफ्तार किया था और उससे एक रिवाल्वर बरामद किया था । वह आज कल जमानत पर आया हुआ था । सूत्रों के अनुसार गत सायं लगभग 5.30 बजे दो आतंकवादी उसे घर से बुलाकर साथ ले गए और आगे जाकर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । सूत्रों के अनुसार हत्या में ए.के. 47 और थामसन राइफलों का प्रयोग किया गया ।

जिम्मेदारी ली : बब्बर खालसा दल के डाक द्वारा भेजे गए एक लिखित बयान में बब्बर खालसा के नेता भाई सुखदेव सिंह बब्बर, भाई धर्म सिंह बब्बर काशतीवाल, भाई चढ़त सिंह बब्बर घसीटपुर, भाई हरजिंदर सिंह बब्बर, भाई सुखदेव सिंह चब्बा तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के भाई तूफान सिंह खालसा ने बटाला के निकट मलावे की कोठी गांव में इंका के पूर्व विधायक अश्विनी कुमार सेखड़ी के गनमैन हवलदार देसराज को मारने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

युवक की हत्या : पुलिस जिला बटाला में ही थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भाम्बड़ी में 5-6 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक बीस वर्षीय युवक दिलबाग सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात 5-6 आतंकवादी पुलिस वर्दी में दिलबाग सिंह के घर गए तथा उसे यह कहकर साथ ले गए कि थाने में उससे पूछताछ करनी है । काफी दूर जाकर उन्होंने दिलबाग सिंह को गोलियां मार कर मार डाला ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

...गलपुर जिले में हिंसक भीड़ ... पुलिस फायरिंग से 11 मरे

...16 नवम्बर (प.स.): सरकारी क्षेत्रों के ...24 घंटों के दौरान भागलपुर जिले के 3 ...आगजनी पर उतारू भीड़ पर पुलिस ...फायरिंग से कम से कम 11 व्यक्ति मारे ...गांव में भीड़ ने 20 घर जला दिए ।

...स्फोट : वाराणसी में गत रात्रि ...बारी, उत्तेजक धार्मिक नारे और ...के गूंजते रहे । परस्पर ...नारों की गूंज के कारण पूरी रात भय ...ऐसा माहौल बना कि लोग रात सो न ...के अनेक क्षेत्रों में बमों के धमाके, ...आगजनी तथा पथराव की कई घटनाएं ...सामाजिक तत्वों ने हैंडलूम कपड़े की एक ...आग लगा दी जिसे बाद में दमकल ने ...

...क्षेत्र में एक छात्र पर गोली चलाई गई ...गम्भीर रूप से घायल हो गया । घायल ...सुन्दर लाल अस्पताल पहुंचाया । ...जवानों ने क्षेत्र के निवासियों की मदद से ...वाले बदमाशों में से एक को पकड़ ...बदमाश से देशी पिस्तौल और कारतूस ...किए गए ।

...देश राज्य परिवहन निगम की बसों पर ...बम फैंके गए । बड़ी बाजार क्षेत्र में ...बख्तर पर फैंका गया ।

...पुलिस ने नगर के विभिन्न भागों से ...व्यक्तियों को दंगों के सम्बन्ध में ...। नगर के जिन चार क्षेत्रों में कल त्रिपाठी, प्रो. राजाराम शास्त्री केन्द्रीय कृषि मंत्री श्याम लाल यादव, इस संसदीय क्षेत्र से जनता दल के उम्मीदवार अनिल शास्त्री, नगर प्रमुख एस. अंसारी समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, समाज सेवी संस्थाओं और बुद्धिजीवियों ने नगर में शांति कायम करने की पुरजोर अपील की है ।

विभिन्न क्षेत्रों में शांति समितियों का भी गठन किया गया है । जनता दल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कल नगर के बाहरी छोर पर हुई एक चुनाव सभा में आरोप लगाया था कि चुनावों को स्थगित कराने के उद्देश्य से सत्तारूढ़ दल वाराणसी में दंगे करा रहा है ।

जे. वी. पी. हथियार डाल दे : विजयरत्ने

कोलम्बो, 16 नवम्बर (पस) : श्रीलंका सरकार ने जनता विमुक्ति पैरानुमा से अपील की है कि वह अपने हथियार डाल दे और भविष्य में किसी भी तरह की कार्रवाई न करे । विदेशमंत्री और रक्षा राज्यमंत्री श्री रंजन विजयरत्ने ने आज सुबह बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी है और जे.वी.पी. के पास अब आत्म-समर्पण करने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है क्योंकि उसके अधिकतर नेता मारे जा चुके हैं । उन्होंने कहा कि जो आत्म-समर्पण कर देंगे, उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी ।

इंका की याचिका पर सुप्रीम

Punjabi Samatarni

पाक घुसपैठिये मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

पति-पत्नी की हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिला के गांव अलीवाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अर्जन सिंह और उसकी पत्नी हरबंस कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने रुड़का गांव में नहर के पुल पर संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले । उनकी पहचान गुरजीत सिंह तथा भगवान दास के रूप में हुई है ।

7 पाक घुसपैठिये मरे : जम्मू (प.स.): आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गत 36 घंटों के दौरान भारत-पाक सीमा पर सात पाक घुसपैठिये मारे गए । इनमें से पांच घुसपैठिये गत रात यहां से 27 किलो मीटर दूर सुचेतगढ़ में मारे गए ।

धोखे में जवान मरा : सरकारी सूत्रों ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अपने ही एक जवान रमेश कुमार को धोखे में पाकिस्तानी घुसपैठिया समझकर मार डाला ।

रुपये छीने : खन्ना से शर्मा के अनुसार दोराहा के निकट गांव बिलासपुर की सहकारी समिति में आज प्रात: 10.30 बजे के लगभग दो आतंकवादी आये और पिस्तौल की नोक पर सचिव श्री गुरमेल सिंह से 31500 रुपये छीन कर ले गये । इसके बाद यही आतंकवादी बिलासपुर गांव के निकट गिडोरी में पहुंचे तथा वहां भी सहकारी समिति के सचिव से 27848 रुपये पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गये ।

महिला, उसके 2 बच्चों की हत्या : फिरोजपुर (बारी): गत रात्रि उग्रवादियों ने थाना जीरा के गांव बटेर रोशन शाहवाला में अधेड़ आयु की इसाई स्त्री अनीता के घर में घुस कर उसकी और उसके दो बच्चों जागीर सिंह तथा पप्पू की हत्या कर दी ।

देवी लाल के बेटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान एवं कांग्रेस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए सभी राष्ट्र प्रेमियों से सहयोग मांगा ।

जनसभा में कुछ टोलियां यह नारे लगाते हुए पहुंचीं :–

धोखे से सत्ता हथियायी,
हरियाणा में लूट मचाई,
करोड़ों की जायदाद बनाई
किसका 'ताऊ' किसकी ताई ।

जनसभा का संचालन लोकप्रिय हिंदी कवि श्री हरीश हिमानी ने किया । लोकप्रिय पंजाबी कवि श्री साबर हुसैन साबर के अलावा कामरेड फकीर चन्द, कुलवंत रानी गगनेजा, देवी दास सर्राफ, युवा नेता सुनील कुक्कड़ व साम्यवादी नेता वधावा राम के बेटे श्री शक्ति कुमार ने भी जनसभा को सम्बोधित किया ।

अवैध निर्माण गिरा दिया

फगवाड़ा, 16 नवम्बर (खोसला): आज स्थानीय नगर पालिका के अधिकारियों ने एक पार्क में बनाए जा रहे अवैध मकान को गिरा दिया ।

माल गाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, रेल पटरी में दरार

लुधियाना, 16 नवम्बर (धीमान): कल रात मंडी गोबिन्दगढ़ के नजदीक माल गाड़ी के 2 खाली डिब्बे पटरी से उतर जाने और आज प्रात: फिल्लौर के नजदीक रेलवे लाइन में क्रैक्स आ जाने से अम्बाला जालन्धर ट्रैक पर ट्रैफिक प्रभावित हुआ इससे अम्बाला की ओर जाने वालों को बहुत परेशानी हुई उन्हें नियत स्थानों के लिए समय पर पहुंचने के लिए बसें पकड़नी पड़ीं ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम चोर मल पुत्र लेख राम निवासी गांव बोदीवाला पित्था, तहसील फाजिल्का, बदल कर जितेंद्र पवार रख लिया है । संबंधित नोट करें ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 16.11.89,

व्यापार

Popcorn & Cotton Candy Machines and Electronic Coin Operated Rocking Horses, Toy Trains & Cars. Small Investment-Big-Returns. Contact: Golden Corn Company, 100, Richmond Road, Bangalore-25.

Punjabi Sanrahi

पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए

बैंक से 1.67 लाख रुपये लूट लिये

फरीदकोट के डी.एस.पी. का गनमैन अपनी ही गोली से मरा, जंडियाला के निकट ट्रक पर फायरिंग, ड्राइवर घायल

5 व्यक्तियों की हत्या : 5 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 17 नवम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात्रि के बाद से पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए, जबकि एक मुख्याध्यापक और एक अध्यापक सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सीमा पर 5 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । एक बैंक से लगभग 1.67 लाख रुपए लूट लिए गए ।

फांसी दे दी : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन पुलिस जिला के थाना झब्बाल में एक गांव मुसा के निकट सहकारी समिति नौशहरा ढल्ला के एक कर्मचारी दर्शन कुमार की लाश वृक्ष से लटकती पाई गई । दर्शन कुमार छीना बिधि चन्द का रहने वाला था और उसका आतंकवादियों ने एक दिन पहले अपहरण किया था । वृक्ष के नीचे एक पर्ची पड़ी मिली जिस पर खंखार आतंकवादी निशान सिंह मक्खू का नाम दर्ज है जिसने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा गया है कि मृतक नशा करके सिखी के विरुद्ध प्रचार करता था ।

ग्रंथी की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव लोहका के बस अड्डे के निकट एक गुरुद्वारा के ग्रंथी मोहन सिंह को गत रात 7.30 बजे के लगभग आतंकवादियों ने बाहर बुलाया तथा उसकी गोलियां मार कर हत्या करने के बाद फरार हो गए ।

पांच घुसपैठिये मरे : जालन्धर छावनी में बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर जनरल कार्यालय की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि 17 नवम्बर को तड़के 3 बजे अमृतसर सैक्टर में खालड़ा सीमा चौकी पर एक मुठभेड़ में 5 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए, जबकि उनके कुछ साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए ।

ट्रक ड्राइवर घायल : गत रात अमृतसर-जालन्धर जी.टी. रोड पर जंडियाला के निकट अज्ञात उग्रवादियों ने एक चलते ट्रक पर फायरिंग करके इसके ड्राइवर को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि नकाबपोश उग्रवादियों ने ट्रक को रुकने का संकेत दिया था, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक को तेजी से भगा ले जाने की कोशिश की । घायल प्यारा सिंह जो कि असम का रहने वाला है, को गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

उग्रवादी मरा : फरीदकोट से जिंदल के अनुसार गत रात गांव कोट अबलू में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस ने उससे एक 303 बोर की पिस्तौल, दो अनचले व तीन चले हुए कारतूस, एक 12 बोर की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए । उससे एक एच.ई. 36 हथगोला भी मिला है । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने आज दी ।

कांस्टेबल को छोड़ दिया : फरीदकोट डी.एस.पी. (मुख्यालय) का गनमैन रेशम सिंह अपनी ही बंदूक की गोली लग जाने से मारा गया । वह बंदूक साफ कर रहा था कि उसमें से अचानक गोली चल गई ।

राइफल ले गए :बाघापुराना से ज्ञान के अनुसार गांव लंगेआना पुराना में एक व्यक्ति कंसराम के घर से आतंकवादी बंदूक की नोक पर उनकी लाइसैंसी राइफल छीन कर ले गए ।

मलोट से गोयल के अनुसार एक व्यक्ति सुखदेव सिंह सुक्खा से पुलिस ने 12 बोर की बंदूक बरामद की ।

लाश मिली :होशियारपुर की एक सूचना के अनुसार गत रात ढोलबाहा के निकट धुस्सी बांध में एक व्यक्ति मोहन लाल की लाश तैरती हुई मिली । वह दो दिनों से घर से लापता था ।

नत्थू सिंह मारा गया :समपुराफल से शर्मा के अनुसार आज निकटवर्ती गांव ढवाली के निकट पुलिस तथा आतंकवादियों के मध्य हुए एक मुकाबले के दौरान एक आतंकवादी मारा गया । उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । मृतक की पहचान नत्थू सिंह उर्फ खोरी वासी संध खुर्द जिला भटिंडा के रूप में हुई है । उसका सम्बन्ध भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के साथ बताया जाता है । उसके कब्जे से एक राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

रुपए छीन लिए : फिल्लौर (भाखड़ी): गत सायं यहां के निकटवर्ती कस्बा अपरा के केनरा बैंक से महिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति जब 15000/- रुपए निकलवा कर अपने गांव ढकमजारा की ओर जा रहा था तो दो स्कूटर सवार आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर उससे रुपए छीन कर फरार हो गए । पिछले कुछ समय में यह इस प्रकार की इस क्षेत्र में चौथी घटना है । पुलिस इस गिरोह को पकड़ने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है ।

बैंक में डाका : पटियाला से भूषण और नाभा से सुशील के अनुसार आज प्रात: नाभा में बैंक आफ बड़ौदा की ब्रांच से कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने 1,67,931 रुपए लूट लिये । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार 6 व्यक्ति बैंक की शाखा में पहुंचे जिनमें से चार अन्दर दाखिल हो गए और स्टाफ से हाथ खड़े करने के लिए कहा । रुपए लूटने के बाद जब लुटेरे बैंक से जाने लगे तो बैंक का गनमैन अमरजीत सिंह उनमें से एक के साथ भिड़ गया और उसने उसको काबू कर लिया, परन्तु दूसरे आतंकवादी ने राइफल दिखाकर अपने साथी को छुड़ा लिया तथा गनमैन की राइफल भी छीन कर ले गए । जब आतंकवादी फरार होकर थोड़ी दूर गए तो पुलिस पार्टी भी वहां पहुंच गई । दोनों ओर से कुछ समय तक फायरिंग भी हुई परन्तु आतंकवादी फरार होने में सफल रहे । भागते हुए वह बैंक के गनमैन की राइफल वहीं फेंक गए । पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान एक नवयुवक ने किरपान से वार करके एक आतंकवादी को घायल भी कर दिया लेकिन वह घायलावस्था में भी फरार हो गया ।

बैंक लूटने वाला गिरफ्तार : प.स. के अनुसार पटियाला पुलिस ने आज नाभा में बैंक आफ बड़ौदा को लूटने वाले एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया । खबरों में कहा गया है कि एक पुलिस पार्टी ने सूचना मिलने पर आतंकवादी का पीछा किया और लोगों की सहायता से उसको पकड़ लिया । उसकी पहचान संगरूर के बचन सिंह के रूप में हुई है । उससे एक .38 बोर का रिवाल्वर, एक बिना नम्बर का स्कूटर तथा 1,000 रुपए नकद बरामद हुए ।

खंडन : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमन्त गोयल ने समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार का खंडन किया है कि इस जिला में अलीवाल क्षेत्र में गत रात आतंकवादियों ने पति-पत्नी अर्जुन सिंह व हरबंस

नई सरकार राजीव की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी : अडवानी

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने आज यहां कहा कि नई सरकार प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी । श्री अडवानी यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि कई लोगों ने नई सरकार आने के बाद श्री गांधी की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि पूरे देश में राजीव सरकार विरोधी लहर को देखते हुए अगले दस दिनों में दिल्ली में वंशानुगत शासन का खात्मा होना निश्चित है ।

श्री अडवानी ने कहा है कि उनकी पार्टी केंद्र में कांग्रेस (इ) को सरकार बनाने के लिए किसी भी तरह का समर्थन नहीं देगी । यह पूछे जाने पर कि यदि आम चुनाव में कांग्रेस (इ) को पूर्ण बहमत नहीं मिलता है तो क्या उनकी पार्टी कांग्रेस (इ) को सरकार बनाने में मदद करेगी, श्री अडवानी ने कहा कि उनका दल 'राजीव सरकार ही नहीं, पूरी कांग्रेस संस्कृति' के खिलाफ है । इसलिए उसे मदद देने का सवाल ही नहीं उठता । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का पहला लक्ष्य राजीव गांधी की भ्रष्ट सरकार को हटाना तथा वंशानुगत शासन का खात्मा करना है ।

श्री अडवानी ने इन समाचारों को भ्रामक तथा बेबुनियाद बताया कि मथुरा तथा हाथरस की घटना

Punjabi Sanatan

हि.प्र.

कार्यालय में 27
निविदा उन
उपस्थित होना
स को सुबह 10
रण और शर्तें
तरूवाला के
और धरोहर

धरोहर
राशि

9921/-

राम परिमित
सेल डिपो,
टा साहिब)
हि.प्र.

फायरिंग करके दो व्यक्तियों लखबीर सिंह लक्खा (45) और सतपाल (42) की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार लखबीर सिंह और सतपाल सिंह दोनों सरकारी स्कूल हरपुरा में काम करते थे। सतपाल हैडमास्टर था। ये दोनों गांव कंडीला में किसी व्यक्ति के भोग में भाग लेकर लौट रहे थे कि उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के छः चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं। लखबीर सिंह इंका नेता हरपाल सिंह का चचेरा भाई था और हरपुरा का निवासी था, जबकि सतपाल थाना कलानौर के गांव दोस्तपुर का रहने वाला था।

युवक की हत्या : पुलिस जिला बटाला में गांव नट्ट के निकट जी.टी. रोड पर आज सायं 4.15 बजे दो सशस्त्र आतंकवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति राजेश कुमार (20) की हत्या कर दी तथा उसके साथी काकाराम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ये दोनों व्यक्ति गांव अम्मोनंगल में ग्रामीण विकास बैंक के कर्मचारी थे तथा बैंक बंद करके घर वापस लौट रहे थे। मृतक राजेश कुमार बटाला के नेहरू गेट क्षेत्र का निवासी था तथा काकाराम फैजपुरा मुहल्ले का निवासी है। घटनास्थल से ए.के. 47 के चार खाली कारतूस मिले हैं।

मोगा पुलिस ने पांच आतंकवादियों बलदेव सिंह, गुरजंट सिंह, नछतर सिंह, बलबीर सिंह और बिक्कर सिंह को गिरफ्तार किया है।

जालन्धर पुलिस ने एक औरत जसविंदर कौर को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया।

रहा।

लाल चौ
बटमाल, राजौ
शरारती तत्वों
जख्मी हो गए त
वाहन क्षतिग्रस्त

70 घा
तितर-बितर क
इस्तेमाल भी
घायल हो गए
पैदा हुई जब हि
पुलिस के गश्ती
में हुई हिंसक
बंद कराने की

पाकिस्तान
एक संगठन ने
था। बावामल
बाजार में भी
चेतावनी के तौ
गोले छोड़े।

सचिवालय
की एक जीप पर
बम विस्फोट में
गए। घायलों
चपरासी और ए

बरमालू ब
बीच गोली च

विस्फोट
भी हड़ताल रही
जलूस निकाला
वीडियो हाल

Punjabi Sahitya Sanatan

...यालय के भूतपूर्व चीफ जस्टिस श्री राजेन्द्र सच्चर
...मुख्य चुनाव आयुक्त श्री आर.वी.एस. पेरीशास्त्री
...समक्ष रखा था । श्री शास्त्री प्रस्ताव को स्वीकार

...ऐसे स्थानों पर मतदान हुआ था जहां कांग्रेस (इ) तथा किसी भी राजनीतिक पार्टी को बोगस मतदान या बूथों पर कब्जे आदि का शक

...पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सीमा के दोनों ओर प्रेक्षक ग्रुप को पाकिस्तान आने की अनुमति दे दी थी

(शेष पृष्ठ 12 पर)

...म विस्फोट हुआ । (1) कटड़ा आहलूवालिया में ...खाई दे रहे हैं । (2) कटड़ा आहलूवालिया में बम ...टूटे-फूटे स्कूटर एवं साईकल । (3) नमक मंडी ...दिखाई दे रहे हैं । (छाया : रवि भंडारी)

अमृतसर में 2 जगह बम फटे, 6 व्यक्ति मरे, 78 घायल

पंजाब में अन्यत्र 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (वार्ता, प.स.): आज अमृतसर में दो स्थानों पर हुए भीषण बम विस्फोटों में कम से कम 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 78 व्यक्ति घायल हो गए । बम विस्फोटों के एक कथित अभियुक्त को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । पंजाब में अन्यत्र 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

6 मरे, 78 घायल : अमृतसर (अशोक सोनी)–आज सायं अमृतसर में कटड़ा आहलूवालिया और नमक मंडी में 2 शक्तिशाली बम विस्फोट हुए । इनमें 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 78 से अधिक लोग घायल हो गये । घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक बताई जाती है ।

घायलों में से लगभग एक दर्जन की दशा चिन्ताजनक है । दोनों स्थानों पर विस्फोटों में साइकल रिक्शा बम प्रयोग किये गये हैं । यह विस्फोट शाम लगभग साढ़े 5 बजे हुए ।

भीड़ भरे बाजारों में हुए इन भीषण विस्फोटों के लिए आतंकवादियों ने नई तकनीक अपनाते हुए साइकल रिक्शाओं में बम रखे थे । विस्फोटों से रिक्शाओं के परखचे उड़ गए । कटड़ा आहलूवालिया में हुए बम विस्फोट में एक युवक की लाश के लोथड़े काफी दूर तक फैले हुए थे । जिस जगह बम फटा वहां पर दो स्कूटर भी गिरे पड़े थे । जिस रिक्शा में बम फटा उसके टुकड़े भी करीब एक फर्लांग दूर तक गिरे पाये गये । दुकानों के शीशे टूट कर काफी दूर तक फैले हुए थे ।

प.स. के अनुसार बम विस्फोटों में मरने वालों की संख्या कम से कम 6 है ।

अमृतसर के सिविल अस्पताल में कटड़ा आहलूवालिया के करीब एक दर्जन घायलों को दाखिल करवाया गया है । इसी तरह नमक मंडी चौक में हुए विस्फोट में घटनास्थल पर एक व्यक्ति की मृत्यु हुई बताई गई है, जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु अस्पताल में हुई । नमक मंडी चौक में हुए विस्फोट में घायल होने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है । इसका कारण यह है कि शाम को महिलाएं घरेलू सामान खरीदने के लिए बाजारों में आती है । नमक मंडी चौक के विस्फोट में घायलों की संख्या तीन दर्जन के करीब बताई गई है । सिविल अस्पताल में घायलों की गिनती अधिक व बिस्तरों की संख्या कम होने के कारण अधिकतर घायलों को जमीन पर लिटा कर ही डाक्टर उनका उपचार कर रहे थे । घायलों के अभिभावकों तथा शहरियों की भीड़ अस्पताल में अनियंत्रित थी जिससे कुछ पता नहीं चल पा रहा था कि घायलों की सही संख्या क्या है । अस्पताल में स्थान-स्थान पर खून बिखरा पड़ा था तथा घायलों की चीखें सुनाई दे रही थीं ।

दोनों स्थानों पर एस.एस.पी. अमृतसर श्री संजीव गुप्ता और डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क सुरक्षा बलों के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे । घटना स्थलों को पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने घेरे में ले लिया था ।

इन घटनाओं से शहर में आतंक फैल गया और दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं । सिविल अस्पताल में भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कार्यकर्त्ता घायलों की सेवा करते देखे गये । यह कार्यकर्त्ता घायलों के लिए दवाइयों तथा खून के लिए भाग-दौड़ कर रहे थे ।

'नारंग' की सूचना है कि बम विस्फोटों में 6 व्यक्ति मारे गए और 60 घायल हुए हैं । मृतकों में एक स्त्री राजरानी, एक 15 वर्षीय लड़का और 2 रिक्शा ड्राइवर भी शामिल हैं ।

3 मृतकों की शिनाख्त इस प्रकार हुई है–परमजीत सिंह तहसीलपुरा, सरोज बाला गली तेलियां, पुरोहित गली लालांवाली ।

'नारंग' के अनुसार पुलिस क्षेत्र में बताया है कि उत्तेजित भीड़ ने कांग्रेस (इ) के उम्मीदवार श्री भाटिया के विरुद्ध प्रदर्शन किया, पथराव भी किया गया । इस पर वे घटनास्थल से वापस चले गए । प्रदर्शनकारी जलूस के रूप में एस.एस.पी. की कोठी पर भी गए ।

कुछ घायलों के नाम इस प्रकार हैं–मनी राम, जोगेंद्र सिंह, विजय कुमार, सतवंत सिंह, किशन लाल, धर्मपाल, महेंद्र, विजय, कांशी राम, राज कुमार, सतपाल, सीमा, गोगी, कांता प्रशाद, रवि, जिया लाल, प्रबोध कपूर, होशियार सिंह, रचना, शमां, महेंद्र कौर, गुलशन कुमार, वेद, रवि शंकर वर्मा, पूनम, रतन लाल, सत्ती, प्रदीप कुमार, हरजिन्दर कौर, मनोहर लाल, अशोक कुमार, राजेश, राजवंत कौर, गुरजीत, मधु डोगरा, सिमी अरोड़ा, इंद, ध्यानसिंह, सत्या रानी, कमला, कंवलजीत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, ममकीना, चरणजीत ।

अमृतसर भाजपा ने कल शोक दिवस मनाने का निर्णय किया है । कल दोपहर एक बजे पुतलीघर में भाजपा के उपप्रधान सिकन्दर बख्त शोक सभा को सम्बोधित करेंगे । भारत नगर, तिलक नगर, मकबूलपुरा में शोक सभाएं की जा रही हैं ।

'मनोहर' के अनुसार भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश, इका नेता श्री रघुनंदन लाल भाटिया, प्रो. दरबारी लाल और मुनिद्रजीत बिट्टा घायलों को देखने अस्पताल गये । श्री भाटिया ने कहा: कटरा आहलूवालिया में बम उनके चुनाव प्रचार में लगी जीप को निशाना बना कर फैंका गया था लेकिन सौभाग्य से जीप बच कर निकल गई ।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू से शेखर के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग तीन बजे यहां के गांव बकीलांवाला के निकट एक उग्रवादी ने यहां की एक वर्कशाप के मिस्त्री महेंद्रपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि उग्रवादी ने वर्कशाप में आकर कहा कि वह ट्रैक्टर खरीदना चाहता है । लालच में आकर मिस्त्री उसको अपने साथ स्कूटर पर बिठा कर ले गया । गांव बकीलांवाला के निकट पहुंचने पर उग्रवादी ने स्कूटर रुकवा दिया तथा उसके स्कूटर रोकते ही रिवाल्वर से तीन गोलियां चलाईं जिससे महेंद्रपाल की मौकापरही मौत हो गई । उग्रवादी उसका स्कूटर भी ले गया ।

दर्जी की हत्या : गत रात चमकौर साहब जिला रोपड़ में आतंकवादियों ने एक दर्जी जसविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : आज प्रातः जिला फिरोज़पुर में गांव होला के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम बलकार सिंह तथा गुरदेव सिंह बताए गए हैं । उनसे 12 बोर की दो बंदूकें तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

फरीदकोट पुलिस ने तीन आतंकवादियों राज कुमार, शंकर दास तथा भगवान सिंह को गिरफ्तार किया । उनसे एक एच.ई. 36 हथगोला तथा ए.के. 47 के कुछ कारतूस मिले ।

फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार एस.पी. आप्रेशन श्री एस.एस. मान ने इस खबर का खंडन किया है कि जिला में पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी का अपहरण कर लिया गया था ।

हथियार लेकर चलने पर पाबंदी : संगरूर (वार्ता): जिला संगरूर के डिप्टी कमिश्नर श्री स्वर्ण सिंह ने जिला में हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी है । यह पाबंदी 30 नवम्बर तक जारी रहेगी ।

एक की हत्या : जालन्धर (प.स.): आज रात्रि थाना नूरमहल के गांव सकरावां के निकट 3 जीप सवार उग्रवादियों ने 2 स्कूटर सवारों पर फायरिंग कर दी, जिससे एक सवार बलवंत सिंह मारा गया जबकि उसका साथी तरसेम सिंह बाल-बाल बच गया । दोनों लुधियाना से आ रहे थे कि जंडियाला-वड़ाला की सम्पर्क सड़क पर उन पर हमला किया गया ।

दहशत का साया

वाराणसी, 18 नवम्बर (वार्ता): वाराणसी में हुए साम्प्रदायिक दंगों की दहशत एवं कर्फ्यू की वीरानी की छाया यहां के लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर स्पष्ट नज़र आ रही है । शहर के कर्फ्यू-ग्रस्त क्षेत्रों में चुनाव प्रचार पिछले चार-पांच दिनों से पूरी तरह से बंद है ।

...नाव-लाभ के लिए ...ांठगांठ : राजीव

लेकिन कांग्रेस (इ) अंतिम सांस तक इन राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़ती रहेगी और इनका खात्मा करके ही दम लेगी ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश को स्थिर सरकार दे सकती है तथा साम्प्रदायिक एवं विघटनकारी शक्तियों का मुकाबला कर सकती है । अगर विपक्ष की मिली-जुली सरकार सत्ता में आई तो देश टुकड़ों में विभक्त हो जाएगा ।

उन्होंने जनता दल पर पंजाब के आतंकवादियों का साथ देने और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ पंजाब में चुनावी सांठगांठ करने का भी आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि पंजाब में जहां जनता दल का प्रत्याशी खड़ा है, वहां आतंकवादियों ने अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं किया है, जो राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ समझौते का खुला प्रमाण है । प्रधानमंत्री ने जनता दल के एक सांसद पर इंदिरा गांधी की हत्या के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

द्रमुक सरकार की उपलब्धियों के प्रदर्शन पर रोक

नई दिल्ली, 18 नवम्बर (प.स.): चुनाव आयोग ने तमिलनाडु सरकार से कहा है कि वह वीडियो और चुस्त चित्रों द्वारा द्रमुक सरकार की उपलब्धियों को दिखाना बंद करे ।

कट आऊट :हैदराबाद : आंध्र प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव आयोग की हिदायत पर राजनीतिक नेताओं के उन कट आऊट (विशाल चित्रों) को हटाना शुरू कर दिया है, जिनसे धार्मिक भावनाओं के इस्तेमाल की अपील झलकती है ।

Punjabi Sa...

...का फैसला जनता के हाथों में ? ? ?

प्रतिदिन लुधियाना, अमृतसर, जालंधर से ही नहीं बल्कि पटियाला, भटिंडा, मोगा, होशियारपुर, फिरोज़पुर, अम्बाला, करनाल, पानीपत, चंडीगढ़, जम्मू, शिमला तथा सैंकड़ों दूसरे छोटे-बड़े गांवों और कस्बों से अनगिनत

लाल

द्वार निकले

ंज़ूर

क्षेत्र में भी नहीं जा
हां घुसने ही नहीं

ष्कासित किए
चौ. देवी लाल, जो
थोड़ी देर के लिए
हरमोहन धवन के
ाजरा में आयोजित
किया । बाद में
उन्होंने बताया कि
ार्टी से निष्कासित
है । उल्लेखनीय है
र, जाट-वाद और
ाते हुए 2 कैबिनेट
ानंद सहित 2 राज्य
सिंह कम्बोज अपने

बनाना चाहता
ोधित करते हुए श्री
पूनिया को राष्ट्रपति
उन्हें राष्ट्रीय नेता
टा सिंह के खिलाफ
र श्री पूनिया पहले
ाद में कांग्रेस (इ) के

कार्य प्रणाली की भी
उन्होंने कहा कि
स बेटे को राजनीति
लाने लग पड़ा और
ण दिलाया था वह
नमंत्री बन बैठा ।
न की शिक्षा लेने के
हित जैसे स्वयं को
शिक्षण लेने वाले

1

2


3

शनिवार की सायं को अमृतसर में दो स्थानों पर बम विस्फोट हुआ । (1) कटड़ा आहलूवालिया में जिस रिक्शा में बम फटा, उसके टुकड़े बिखरे हुए दिखाई दे रहे हैं । (2) कटड़ा आहलूवालिया में बम विस्फोट से दुकानों के दरवाजों पर पड़े निशान तथा टूटे-फूटे स्कूटर एवं साईकल । (3) नमक मंडी में हुए बम विस्फोट में ध्वस्त रिक्शा के टुकड़े पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : रवि भंडारी)

विपक्षी दलों द्वारा चुनाव-लाभ के लिए आतंकवादियों से सांठगांठ : राजीव

पटना, 18 नवम्बर (प.स.): प्रधानमंत्री श्री

लेकिन कांग्रेस (इ) अंतिम सांस तक इन राष्ट्र विरोधी

Punjabi Sanatani

पंज

चंडीगढ़,
अमृतसर में द
कम से कम 6
व्यक्ति घायल
अभियुक्त को
पंजाब में अन्य

6 मरे,
सोनी)–आज
आहलूवालिय
बम विस्फोट
गई जबकि 7
घायलों में मि
है ।

घायलों
चिन्ताजनक
साइकल रिक
विस्फोट शाम

भीड़ भरे
लिए आतंकव
साइकल रिक
रिक्शाओं
आहलूवालिय
लाश के लोथ
जगह बम फट
जिस रिक्शा में
फर्लांग दूर तक
कर काफी दूर

प.स. के
की संख्या कम

अमृतसर
आहलूवालिय
दाखिल करव
चौक में हुए
की मृत्यु हुई
मृत्यु अस्पता
विस्फोट में घ
ज्यादा है ।

पंजाब में एस.पी.ओ. सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : बम धमाकों के सम्बन्ध में कुछ व्यक्ति हिरासत में

चंडीगढ़, 19 नवम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक एस.पी.ओ. समेत 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने दावा किया कि अमृतसर में हुए बम धमाकों के कुछ संदिग्ध अभियुक्तों को काबू कर लिया गया है जबकि पटियाला गोलीकांड के बारे में भी सुराग मिल गए हैं ।

होमगार्ड के एस.आई की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव माड़ी टांडा में 17 व 18 नवम्बर की रात को चार सशस्त्र आतंकवादियों ने होमगार्ड के एक सब-इंस्पैक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक बटाला में होमगार्ड कार्यालय में नियुक्त था । वारदात में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया है ।

एस.पी.ओ. की हत्या : इसी जिला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव दालिम नंगल में गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. त्रिलोक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी त्रिलोक सिंह को घर से बुलाकर साथ ले गए और आगे जाकर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी । त्रिलोक सिंह का आज ठीका होने वाला था ।

बटाला में पाबंदी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. गोयल ने बताया कि चुनाव खत्म होने तक बटाला के चकरी बाजार में हर प्रकार के वाहन के जाने पर पाबंदी लगा दी गई है तथा पालिका क्षेत्र में 30 नवम्बर तक 3 पहिया वाहनों पर दोहरी सवारी करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है । उन्होंने नागरिकों की एक मीटिंग बुलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की है ।

बम धमाकों के सम्बन्ध में कुछ व्यक्ति हिरासत में : अमृतसर (अशोक सोनी): शनिवार को अमृतसर में कटड़ा आहलूवालिया और नमक मंडी बाजारों में हुए भीषण बम विस्फोटों की समीक्षा करते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज स्थानीय कैनाल रैस्ट हाऊस में पत्रकारों को बताया कि यह घटना एक आम आतंकवादी घटना है । इसका चुनाव हिंसा के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है । श्री गिल ने बताया कि इस घटना के अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस और सुरक्षा बल सक्रिय हैं तथा कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है परन्तु अभी तक यह पता नहीं चल सका कि यह किस गिरोह की करतूत है । श्री गिल ने घटनास्थलों पर लोगों द्वारा दिखाए गए आत्म संयम की भरपूर प्रशंसा की तथा कहा कि अस्पताल में घायलों को तत्काल वांछित उपचार सुविधाएं उपलब्ध होने से भी स्थिति को नियंत्रण में रखने में काफी मदद मिली है ।

राजीव को मेरा समर्थन प्राप्त : त्रिपाठी

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (प.स.): कांग्रेस (इ) के वयोवृद्ध नेता कमलापति त्रिपाठी ने आज फिर इस बात को दोहराया है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनका समर्थन प्राप्त है । उन्होंने कहा कि देश और कांग्रेस (इ) को उनके निर्देश की आवश्यकता है । श्री त्रिपाठी ने आज एक समाचार पत्र में प्रकाशित इस समाचार को दुर्भाग्यपूर्ण और गलत बताया कि उनकी दृष्टि में 1984 में राजीव गांधी को

छोटी सी बात ... रंगा

राजनीति गंदी नहीं होती है लेकिन कुछ राजनीतिज्ञ अवश्य गंदे हैं ।

—ए.पी. वैंकटेश्वरन
(भूतपूर्व विदेश सचिव)

भाई साहब राजनीतिज्ञ ही राजनीति को भ्रष्ट करते हैं और अगर ऐसे राजनीतिज्ञों की संख्या

Punjabi Sanatan

श्री गिल ने कहा कि पटियाला में हुए गोली कांड के बारे में पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगे हैं जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि यह घटना किसी एक आतंकवादी गिरोह का कृत्य नहीं अपितु चार विभिन्न आतंकवादी गिरोहों के बचे-खुचे तत्वों का कृत्य हैं । पुलिस वास्तविक अपराधियों को पकड़ने के लिए काफी सक्रिय है ।

वार्ता के अनुसार श्री गिल ने कहा कि सुरक्षा बल कल हुए बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को काबू करने में सफल हो गए हैं परन्तु उन्होंने इनकी संख्या बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराए गए घायलों में से केवल एक स्त्री की हालत गम्भीर है । अस्पताल में अब 30 घायल रह गए हैं ।

घर-घर की तलाशी : फगवाड़ा (अशोक): आज तड़के पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने निकटवर्ती गांवों भानोकी, ठेकर की और नंगल खेड़ा में अचानक छापे मारकर आतंकवादियों और उनके आश्रयदाताओं की तलाश में घर-घर की तलाशी ली ।

राइफलें छीन लीं : उग्रवादियों ने गत दिवस फरीदकोट जिले के लम्बी गांव में ग्राम सुरक्षा योजना के अधिकारियों से तीन .303 की राइफलें व 75 कारतूस छीन लिए ।

बस का अपहरण : लुधियाना (धीमान): प्राप्त सूचना के अनुसार यहां से लगभग 38 किलोमीटर दूर गांव तिहाड़ा के निकट से आतंकवादियों ने एक बस का अपहरण कर लिया । यह बस यहां से आज प्रातः अमृतसर जानी थी । पुलिस बस की तलाश कर रही है ।

Punjabi Sanjari

पंजाब में एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

मोगा में शिव सेना नेता के घर पर फायरिंग की गई

2 दुर्दांत उग्रवादी व बी.एस.एफ. का जवान भिड़ंत में मारे गए

चंडीगढ़, 20 नवम्बर (प.स., वार्ता): पंजाब में ज बी.एस.एफ. की एक पार्टी के साथ हुई भिड़ंत में उग्रवादी और एक जवान मारा गया, जबकि वादियों ने बी.एस.एफ. के एक रिटायर्ड एस.पी. सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । गा में शिव सेना के नेता के घर पर फायरिंग की ।

कर्मचारी की हत्या : फिरोज़पुर (धीमान): रात उग्रवादियों ने थाना ज़ीरा के अंतर्गत गांव वां में मलेरिया विभाग के एक कर्मचारी सोम ाश की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त ना के अनुसार सोम प्रकाश, जोकि फिरोज़पुर के कट मलवाल का रहने वाला था, स्कूटर पर जा रहा कि खेतों में छिपे उग्रवादियों ने उस पर फ़ायरिंग जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया ।

2 उग्रवादी, एक जवान मरा : आज बाद हर जिला फिरोजपुर के गांव लल्ली में हुई एक तम भिड़ंत में तथा कथित खालिस्तान कमांडो र्स का दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह, जिसके सिर 50,000 रुपए का इनाम था और उसका कटतम साथी तथा बी.एस.एफ. का एक जवान गए ।

प्राप्त समाचारों में कहा गया है कि भिड़ंत तब जब बी.एस.एफ. निकटवर्ती गांव हीरज में ाशियां ले रही थी । ये दोनों उग्रवादी कई ाओं और अन्य अपराधों में वांछित थे । नास्थल से कई घातक शस्त्र बरामद किए गए

शिवसेना नेता के घर पर फ़ायरिंग : ा से प्राप्त सूचना के अनुसार आज दोपहर भग 2 बजे बाईपास रोड पर स्थित शिवसेना जगदीश चंद्र पुरी की कोठी पर उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग की गई । कोठी में तैनात एक होमगार्ड जवान द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने पर उग्रवादी भाग निकलने में सफल हो गए । इस फ़ायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली ।

बाप, 3 बेटों की हत्या : थाना ज़ीरा के ही गांव टिडवा में गत रात उग्रवादियों ने एक नम्बरदार दीदार सिंह के घर में घुस कर उसकी तथा उसके तीन लड़कों अमरीक सिंह, गुरबचन सिंह तथा मनजीत सिंह की हत्या कर दी ।

खतरीवाला में हत्या : भटिंडा जिला के गांव खतरीवाला में एक व्यक्ति हरपाल सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

औरत की हत्या : भटिंडा जिला में ही थाना रामपुर के गांव पीरकोट में एक औरत अजमेर कौर की हत्या कर दी गई ।

पूर्व डी.एस.पी. की हत्या : रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत रात लगभग 6.30 बजे थाना ब्यास के गांव निरंजनपुर में कुछ उग्रवादियों ने बी.एस.एफ़. के एक रिटायर्ड डी.एस.पी. बलवंत सिंह (58) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि 2 उग्रवादी बलवंत सिंह के घर आए । उस समय वह घर पर नहीं था । उन्होंने उसकी पत्नी को कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार करने के लिए बलवंत सिंह से उसका फ़ोर व्हीलर लेना है । पत्नी की ओर से यह कहे जाने पर कि वह कहीं काम पर गया हुआ है, वे घर के बाहर बैठ कर प्रतीक्षा

थाना ब्यास के गांव निरंजनपुर में रविवार की रात क आतंकवादियों द्वारा गोलियां चला कर मार दिए ग बी.एस.एफ. के भूतपूर्व डी.एस.पी. श्री बलवं सिंह । (छाया : जसपाल

करने लगे । थोड़ी देर बाद बलवंत सिंह आ गया वे उसको अपने साथ ले गए । लगभग 100 ग की दूरी पर ले जाकर उन्होंने उसकी गोलियां मा कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 के चले हुए कारतूस मिले । उसकी पत्नी ने बताया कि उन्हें उग्रवादियों की ओर से कभी कोई धमकीपू पत्र नहीं मिला ।

घायल कर दिया : नवांशहर (शर्मा): यह से दो किलोमीटर दूर गांव गुजरपुरा में कल रात सा बारह बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों ने करतार सिंह के घ दाखिल होकर उससे पिस्तौल देने को कहा, परन्त उसके यह बताने पर कि पिस्तौल तो थाने जमा है, वापिस चल पड़े । उसी समय पिछले व्यक्ति क करतार सिंह ने पकड़ लिया, जिस पर उसके साथी ने करतार सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया औ ये दोनों भाग गए । करतार सिंह को दयानन्द अस्पताल लुधियाना भेज दिया गया है ।

पुलिस व होमगार्ड जवानों

Punjabi Sanatam

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

जानकारी दी, जिस पर उन्होंने सी. आर. पी. के गश्ती दल को सूचित किया जिन्होंने मकान घेरे में लेकर आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए कहा । आतंकवादियों ने श्रीधर तिवारी व उसकी पत्नी निर्मला की ओट लेकर भागने का प्रयास किया । सुरक्षा बलों द्वारा पुन: ललकारने पर आतंकवादियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी व 'छोटी दीवार' फांद कर भागने का प्रयास किया । दीवार फांदते ही वह अलग-अलग गिरे । इतने में सुरक्षा बलों ने उन पर फायरिंग कर दी जिससे दो आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने उनके कब्जे से बारह बोर की एक पिस्तौल व जेब से आधा दर्जन कारतूस बरामद किये हैं । पता चला है कि इन आतंकवादियों ने 15 दिन पहले भी इसी घर में घुस कर आश्रय लेने का असफल प्रयास किया था व इस घर में पड़ी 2 बोर की टैलीस्कोपिक बंदूक के बारे में पूछताछ की थी । पुलिस ने 2 बोर की बंदूक अपने कब्जे में ले ली है । यह भी पता चला है कि दोनों आतंकवादियों ने कल पहले अम्बाला के निकट से एक स्कूटर छीना था व बाद में लुधियाना के उच्चा पुल के निकट एक किरयाना विक्रेता से 2132 रुपए छीने थे ।

निहंग दम तोड़ गया : जालंधर (पस): एक निहंग हरि सिंह जिसको दो दिन पहले स्थानीय बस्ती मिट्ठू में कुछ लोगों ने फायरिंग करके घायल कर दिया था, आज अस्पताल में दम तोड़ गया, तथापि पुलिस ने इस घटना में आतंकवादियों का हाथ होने की संभावना रद्द कर दी है तथा इसे निजी शत्रुता का केस बताया है ।

ठेके का कारिंदा घायल : पटियाला : कल बाद दोपहर कुछ जीप सवार उग्रवादी जिला पटियाला के गांव मल्लोवाल में एक शराब के ठेके के कारिंदे राम पाल को घायल करके भाग गए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर पुलिस ने तीन आतंकवादियों को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों में रणजीत सिंह, सुखविंदर सिंह व अवतार सिंह शामिल हैं । इनसे तीन पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार किये गये आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित हैं और कई डकैतियों में पुलिस को इनकी तलाश थी ।

के.सी.एफ. का दावा : बाघापुराना से 'जान' के अनुसार गत दिनों गांव खुनन कलां में मारे गये खतरनाक आतंकवादी गुरजंट सिंह उर्फ़ गरा फौजी की हत्या की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू चीफ जनरल अवतार सिंह जैकी तथा बम्ब सिंह बम्ब ने अपने ऊपर ली है । पुलिस ने कहा था कि वह उसके साथ मुठभेड़ में मरा था । के.सी.एफ. ने कहा है कि हमने गुरजंट सिंह की हत्या करके लाश खेतों में फैंक दी थी । उसको इसलिये मारा गया क्योंकि उसने पुलिस से मिल कर हमारे एक साथी दयाल सिंह को मरवाया था । वह गरीबों के घरों को लूटता भी था । के.सी.एफ. की प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिस दिन उसे मारा गया था, उस दिन उसकी जेब से एक केंद्रीय मंत्री के भाई का शिनाख्ती कार्ड मिला था ।

मंगलवार को फगवाड़ा में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में आनन्दपुर साहिब से सम्बद्ध दो उग्रवादी चरणपाल सिंह (ऊपर) और हरमिन्दर सिंह (नीचे) घायल हो गए । दोनों अस्पताल में दाखिल करवाए गए हैं । (छाया : कौड़ा)

वी.पी. सिंह को सी आई ए

चुनाव हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

मंत्री को चाकू घोंप दिया : राजकोट (वार्ता): गुजरात के स्वास्थ्यमंत्री वल्लभ भाई पटेल को आज देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू घोंप दिया । यह घटना यहां से 30 किलोमीटर दूर हर्तामितियाना गांव में हुई । श्री पटेल के सुरक्षा कर्मी के अनुसार श्री पटेल पर यह हमला उस समय हुआ जब वह हर्तामितियाना गांव में चुनाव सभा के बाद अपनी कार में सवार होने के लिए आगे बढ़ रहे थे । हमलावर ने श्री पटेल के सीने में चाकू घोंपा और फरार हो गया ।

चुनाव सभा पर गोलीबारी : 4 घायल : बेगूसराय (वार्ता): बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनता दल उम्मीदवार ललित विजय सिंह की चुनाव सभा पर कल शाम कुछ लोगों ने शेखपुरा के निकट गोलीबारी की जिसमें चार लोग घायल हो गए । श्री सिंह ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि उनकी हत्या करने के उद्देश्य से यह हमला किया ।

उम्मीदवार की हत्या का प्रयास : विजयवाड़ा (वार्ता): आंध्र प्रदेश के कांदिपाय विधानसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस (इ) प्रत्याशी वाई. नागेश्वर राव के अंगरक्षक ने आज सुबह उस समय हवा में गोली चलाई जब श्री राव की कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने कथित रूप से हत्या करने का प्रयास किया । पुलिस के अनुसार इस सम्बन्ध में तेलुगु देशम के तीन कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में लिया गया है ।

घर में सोए हुए उम्मीदवार पर हमला : बारीपद (वार्ता): उड़ीसा के मयूरभंज जिले में कल रात अखिल झारखंड छात्र संघ के संदिग्ध कार्यकर्त्ताओं ने एक निर्दलीय उम्मीदवार की जान लेने का असफल प्रयास किया । यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त समाचार के अनुसार कुछ युवकों ने श्री दमन माझी पर उस समय बम फैंका जब वह जिले के बारापदासा गांव स्थित अपने घर में सो रहे थे ।

भाजपा कार्यालय पर हमला : शिवपुरी (म.प्र.) (वार्ता): गुना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस (इ) प्रत्याशी महेंद्र सिंह के समर्थन में कल यहां आयोजित रैली में कुछ लोगों ने माधव चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर हमला कर दिया और वहां बैठे कार्यकर्ताओं के साथ हाथापाई की लेकिन पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर हमलावरों को खदेड़ दिया ।

प्रत्याशी लापता : मद्रास (पी.एस.): दक्षिण मद्रास संसदीय क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार पी. पालनाडार लापता बताए जाते हैं । उनके पुत्र राजन ने पुलिस में इसकी रिपोर्ट लिखाई है ।

इस क्षेत्र से कांग्रेस (इ) की ओर से फिल्म अभिनेत्री वैजयन्ती माला बाली, द्रमुक के अलांदि अरुण और भूतपूर्व विदेश सचिव ए.पी. वेंकटेश्वरन निर्दलीय भी चुनाव मैदान में हैं । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

6 कांस्टेबल गिरफ्तार : भुवनेश्वर (वार्ता): उड़ीसा में गंजम जिले के अस्का इलाके में 6 पुलिस कांस्टेबलों को कांग्रेस (इ) विरोध नारे लगाने और पार्टी के पोस्टर फाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

अमेठी में 'बूथ कब्जा' की योजना का आरोप

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (वार्ता): अमेठी संसदीय क्षेत्र से जनता दल के प्रत्याशी राजमोहन गांधी ने चुनाव आयोग को तार भेज कर आशंका प्रकट की है कि वहां सत्तारूढ़ दल बड़े पैमाने पर 'बूथ पर कब्जा' की योजना बना रहा है । जनता दल के प्रवक्ता यशवंत सिन्हा ने आज यहां सम्वाददाताओं को यह जानकारी दी ।

इंका हिन्दुओं और हरिजनों को नहीं डरा रही : दरबारा सिंह

जालन्धर, 21 नवम्बर (प.स.): कांग्रेस (इ) की कार्यकारिणी और संसदीय बोर्ड के सदस्य स. दरबारा सिंह ने आज यहां पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए इस आरोप से इन्कार किया कि कांग्रेस (इ) दोआबा के तीन संसदीय क्षेत्रों और विशेष रूप से जालन्धर में अपनी स्थिति सुदृढ़ बनाने के लिए हिन्दुओं और

माझे के लोग बिना किसी भय के अपनी आत्मा की आवाज़ को सुनते हुए वोट डालें : उमरानंगल

अमृतसर, 21 नवम्बर : वरिष्ठ अकाली नेता

जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने माझे के लोगों से अपील की है कि वे अपनी आत्मा की आवाज़ के अनुसार लोकसभा चुनावों में वोट डालें । उन्होंने कहा कि माझे के लोगों के बज़ुर्गों ने *जगतार सिंह महिलांवाले* बरतानवी साम्राज्यवादियों का बहादरी से सामना किया था ।

उन्होंने कहा कि 1977 में हारने के पश्चात इंका ने देश में साम्प्रदायिक दंगे करवाए । पंजाब की सांझा सरकार को समाप्त करने के लिए भी 13 अप्रैल 1978 को दंगा करवाया गया । शिरोमणि अकाली दल को समाप्त करने के लिए भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह तथा स्वर्गीय श्री संजय गांधी ने दल खालसा की स्थापना करवाई । हिन्दुओं को डराने के लिए सिख नवयुवकों को खालिस्तान का नारा दे दिया गया । स्वर्ण मन्दिर में भिंडरांवाले के नेतृत्व में गलत तत्वों को एकत्रित किया गया तथा उन्हें विदेशी हथियारों की सप्लाई की गई । जब छीना-झपटी तथा हत्याओं की घटनाएं नियंत्रण से बाहर हो गईं तो आप्रेशन ब्ल्यू स्टार किया गया । इससे स्वर्ण मन्दिर की पवित्रता भंग हुई । उन्होंने कहा कि दल खालसा (आतंकवादी संगठन) का दिल्ली वालों के साथ भाईचारा था तथा अब भी है । उन्होंने कहा कि इंका सरकार ने पंजाब समस्या के समाधान के लिए हुआ राजीव-लौंगोवाल समझौता भी लागू नहीं किया ।

उन्होंने कहा कि सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व वाला अकाली दल ही असली अकाली दल है, शेष अकाली दल तो केवल गुट ही हैं । उन गुटों को इस कारण वोट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि उन्होंने आतंकवादियों को स्वर्ण मन्दिर परिसर में शरण दी थी तथा उन्होंने हिन्दू-सिखों के भाईचारे को तोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयत्नों को नहीं रोका । स्वर्ण मन्दिर में जो हिंसा हुई, उससे न केवल स्वर्ण मन्दिर परिसर की पवित्रता भंग हुई बल्कि इसे श्मशान भूमि बना दिया गया ।

जत्थेदार उमरानंगल ने लोगों से अपील की कि जो लोग बन्दूक की नोक से उनको डरा-धमका रहे हैं, उनको बिल्कुल ही वोट नहीं दी जानी चाहिए । उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि तरनतारन लोकसभा चुनाव क्षेत्र में इन निर्दयी शक्तियों के साथ जूझने के लिए सी.पी.आई. (एम.एल.) जैसे बहादर तथा निडर लोगों के संगठन मैदान में हैं । माझे के बहादर लोग इस संगठन के प्रत्याशी जगतार सिंह महिलांवाले को वोट डाल कर सफल बनाएं । यह संगठन लोगों की सुरक्षा की गारंटी देगा । उन्होंने कहा कि अमृतसर से डा. बलदेव प्रकाश तथा गुरदासपुर से श्री यज्ञदत्त शर्मा को भी सफल बनाया जाएगा । उन्होंने इस बात पर दु:ख प्रकट किया कि सभी अकाली गुटों ने मान गुट के लिए दो सीटें छोड़ दी हैं तथा सभी विपक्षी दलों ने इंका के विरुद्ध संयुक्त मोर्चा नहीं बनाया । उमरानंगल ने प्रश्न किया कि जिन बन्दूकधारियों ने उनके पुत्र, पिता तथा बहू-बेटियों की हत्याएं की हैं, क्या वे उनको माफ कर देंगे ? उन्होंने तरनतारन के मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी भय के जगतार सिंह महिलांवाले को वोट डालें ।

फिल्लौर में लोगों में उत्साह नहीं

फगवाड़ा, 21 नवम्बर (कौड़ा): सुरक्षित क्षेत्र फिल्लौर में चुनाव बारे लोगों में अभी तक कोई उत्साह नहीं । लाऊड स्पीकरों पर काफी प्रचार के बावजूद लोग मूकदर्शक बने हुए हैं ।

तलवंडी पार्टी के वफादार सिपाही हैं : तरनतारनी

लुधियाना, 21 नवम्बर (मुसाफिर): बादल अकाली दल के सचिव मनजीत सिंह तरनतारनी ने सुखजिंदर सिंह द्वारा लगाए गए आरोप कि श्री तलवंडी के आधी दर्जन व्यक्ति प्रतिदिन राज्यपाल श्री रे को रिपोर्ट देते हैं, को सर्वथा गलत, भ्रामक और घटिया बताया है । श्री तरनतारनी ने कहा कि ऐसे लोग अपने बयानों से कांग्रेस को लाभ पहुंचा रहे हैं । उन्होंने कहा कि जत्थेदार तलवंडी पक्के इरादे के इन्सान हैं और पार्टी के वफादार सिपाही हैं ।

देवी लाल बाल-बाल बचे

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (वार्ता): जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल कल शाम उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनके विमान के दोनों इंजन अचानक खराब होने पर विमान को बुलंदशहर के निकट जबरन उतारना पड़ा । श्री देवी लाल उस समय भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को लखनऊ में छोड़कर जयपुर जा रहे थे । भाजपा सूत्रों ने यहां बताया कि श्री देवी लाल और चालक दल के सदस्यों का कोई चोट नहीं आई है ।

सरकार चुनाव बारे रोज़ रिपोर्टें तलब कर रही है

अमृतसर, 21 नवम्बर (सग): सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने अपनी खुफिया एजैंसियों द्वारा पंजाब के लोकसभा क्षेत्रों के बारे तथा उनमें चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की स्थिति बारे रिपोर्टें तलब की हैं, जो उच्चाधिकारियों को भेज दी गई हैं । एक खुफिया एजैंसी के अनुसार ऐसी रिपोर्टें पहली बार तलब की जा रही हैं, विशेष रूप से केंद्रीय खुफिया एजैंसियां प्रतिदिन की समीक्षा तलब कर रही हैं ।

भारत की श्रीलंका सरकार को चेतावनी

कोलम्बो, 21 नवम्बर (वार्ता): भारत ने श्रीलंका सरकार को कहा है कि वह पूर्वी अम्पारा जिला की स्थिति के बारे में निराधार आरोप नहीं लगाए । इस क्षेत्र में श्रीलंका सेना और तमिल ईलम के बीच संघर्ष में पिछले सप्ताह दो सौ लोग मारे गए थे । भारतीय उच्चायुक्त एल.एल. मेहरोत्रा ने आज श्रीलंका के विदेश मंत्री रंजन विजयरत्ने से इस सिलसिले में भेंट की ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या

घुसपैठिया मरा, 2 व्यक्तियों का अपहरण

मुठभेड़ में घायल 2 उग्रवादी गिरफ्तार : बम कांड की घायल लड़की चल बसी

चलती बस पर उग्रवादियों की फायरिंग से कंडक्टर की मृत्यु

चंडीगढ़, 21 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात्रि के बाद से 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । फगवाड़ा में 2 आतंकवादी भागने के प्रयास में सी.आर.पी. के जवानों की फायरिंग से घायल हो गए । अमृतसर बम कांड में घायल एक लड़की की मृत्यु हो गई । उग्रवादियों द्वारा चलती बस पर की गई फायरिंग से बस का कंडक्टर मारा गया, जबकि 4 यात्री घायल हो गए ।

चलती बस पर फायरिंग : बटाला (वार्ता): आज सायं पुलिस जिला बटाला के गांव रंगड़ नंगल के निकट उग्रवादियों ने एक चल रही बस पर फायरिंग करके बस के कंडक्टर रणजीत सिंह की हत्या कर दी और 4 यात्रियों को घायल कर दिया । अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार बस के ड्राइवर ने उग्रवादियों के बस रोकने के संकेत की उपेक्षा करते हुए बस को और तेज भगा दिया था । बस बटाला से जालन्धर आ रही थी ।

'कोछड़' के अनुसार घायलों के नाम करतार सिंह, ओम प्रकाश, हरनाम सिंह और एच.आर. बमां बताए गए गए हैं ।

बताया गया है कि यह बस बटाला से जालन्धर के लिए सायं 6.40 बजे चली तो 6.55 बजे मेहता के निकट पहुंचने पर इस पर हमला किया गया । बस में सवार गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे उग्रवादी भाग निकले । इस पर बस को पहले ब्यास के अस्पताल में ले जाया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

आज पुलिस जिला बटाला के थाना कलानौर के गांव कादियां गुज्जरां में 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति महंगा राम का अपहरण कर लिया । यह वारदात सायं 6.30 बजे हुई ।

एजेंट व हॉकर की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज प्रातः यहां आतंकवादियों ने एक अखबारी एजेंट तथा हॉकर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उस समय दोनों अपने घर के बरामदे में अखबारें छांट रहे थे कि अचानक दो आतंकवादियों ने वहां आकर उन पर फ़ायरिंग कर दी, जिससे वे मौका पर ही दम तोड़ गए । वारदात के बाद दोनों आतंकवादी हवाई फ़ायर करते हुए वहां से भाग गए । इस घटना के कारण भड़की भीड़ ने सी.आर.पी. की गाड़ियों पर पथराव किया । बस अड्डे पर पहुंच कर भीड़ ने 4 सरकारी बसें जला दीं । इस मौके पर कई पार्टियों के चुनाव कार्यालय बंद हो गए तथा उम्मीदवारों ने अपना चुनाव प्रचार बंद कर दिया । क्रुद्ध लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाए ।

इन हत्याओं के विरोध में आज मानसा में पूर्ण हड़ताल रही । चाय व पान-बीड़ी की दुकानें भी नहीं खुलीं । मृतकों के अंतिम संस्कार के समय श्मशानघाट पर स्थिति तनावपूर्ण थी । एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक विनोद कुमार जयहिन्द न्यूज एजेंसी के मालिक का लड़का था जबकि हॉकर सतीश एक रिक्शा चालक का लड़का था । यह भी कहा जाता है कि पुलिस व सुरक्षा बलों के जवान घटनास्थल पर 20-25 मिनट लेट पहुंचे । पुलिस ने पूछताछ के लिए 5 व्यक्तियों को पकड़ लिया परन्तु बाद में उन्हें छोड़ दिया गया ।

हियाला में हत्या : नवांशहर (शर्मा): आज तड़के गांव हियाला के गुरुद्वारा में सेवा के लिए आए एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह की गांव के ही दो व्यक्तियों रेशम सिंह व उसके भाई गुरनेक सिंह ने 12 बोर की बन्दूक से गोली मार कर हत्या कर दी । पता चला है कि वारदात के बाद अभियुक्त वहां से पैदल ही चले गए और राहों रोड पर एक व्यक्ति संतोख सिंह से उसका मोटर साइकल छीन कर फरार हो गए । पु.स. के अनुसार दोनों कथित हमलावर खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंध रखते हैं ।

घायल कर दिया : गत रात थाना नवांशहर के गांव गुज्जरपुरा में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करतार सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादियों ने उसके घर में घुस कर उसका रिवाल्वर मांगा था तथा उसके इन्कार करने पर गोली चला दी । उसको गम्भीर दशा में सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है ।

अचानक गोली चली, एक मरा : आज शाम बंगा में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में तैनात एक एस.पी.ओ. की राइफल से अचानक गोली चल गई जिससे एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह की मृत्यु हो गई तथा एक रेहड़ीवाला बलबीर चंद घायल हो गया ।

घायल लड़की दम तोड़ गई : अमृतसर (काबली): अमृतसर में हुए बम धमाकों में ज़ख्मी होने वालों में से एक मिस शमी अरोड़ा सुपुत्री श्री नारायण दास, जोकि शक्ति नगर की रहने वाली है, आज सुबह ज़ख्मों की ताब न झेलते हुए दम तोड़ गई । डाक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद इस अभागिन को बचाने के सब यत्न विफल हो गए । मिस अरोड़ा का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर हजारों लोगों ने सजल नेत्रों से उसे अंतिम विदाई दी । एक और भयानक रूप से ज़ख्मी हुए श्री ध्यान सिंह को भी बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है । अमृतसर से भाजपा प्रत्याशी डा. बलदेव प्रकाश, नगर प्रधान स्वामी हीरानन्द, भाजपा पंजाब के प्रचार मंत्री श्री सतपाल महाजन, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला तथा श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला ने मिस शमी अरोड़ा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा पीड़ित परिवार से सहानुभूति प्रकट की ।

अशोक सोनी के अनुसार अब बम धमाकों के मृतकों की संख्या 6 हो गई है । आल इंडिया शिव सिंह शिव सेना के प्रधान सुरेंद्र कुमार बिल्ला ने बताया कि सिविल अस्पताल में घायलों को वांछित उपचार सुविधाएं उपलब्ध न होने से उनमें काफी असंतोष है । उन्होंने कहा कि नमक मंडी में दुकानदारों का ज्यादा नुकसान हुआ है, सरकार उन्हें उचित मुआविज़ा दे । मृतकों के वारिसों को कम से कम एक-एक लाख रुपया अनुदान दिया जाए ।

लड़के का अपहरण : आज प्रातः आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला के पट्टी कस्बे के एक 11 वर्षीय लड़के का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार लड़के की पहचान सोनू के रूप में हुई है, जो कि पट्टी के एक दुकानदार नरेश कुमार का पुत्र है । उसका अपहरण उस समय किया गया, जब वह रिक्शा में बैठ कर स्कूल जा रहा था ।

घुसपैठिया मारा गया : गत रात डेरा बाबा नानक सैक्टर में कस्सोवाल सीमा चौकी पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसका एक साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गया ।

2 आतंकवादी घायल : फगवाड़ा (अशोक): आज तड़के स्थानीय रतनपुरा मुहल्ला में एक नाटकीय घटना चक्र व फिल्मी स्टाईल में दो आतंकवादियों के सी.आर.पी. के जवानों के हाथों गोलियां लगने से गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना मिली है । स्थानीय उप पुलिस अधीक्षक स. जीत सिंह जो सी.आर.पी. के कमांडेंट श्री एन.एस. गिल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, ने बताया कि दो आतंकवादी जिनकी पहचान चरण पाल सिंह पुत्र जगत सिंह निवासी मुहल्ला फतेहगढ़, आनंदपुर साहिब व हरमिंदर सिंह पुत्र हरदयाल सिंह के रूप में की गई है, आज तड़के चार बजे स्थानीय रतनपुरा मुहल्ला में गुरबचन कौर के घर में आये व ऊपरी मंजिल पर रह रहे श्रीधर तिवारी के कमरे में घुस गए । उन्होंने उन्हें कोठी में बम फिट होने की धमकी देकर उनसे जबरी दो चारपाइयां लीं व सो गए । इसी दौरान भयभीत श्री तिवारी लगभग 6 बजे शौच के बहाने चुपके से नीचे गये व गुरबचन कौर व उसके दोहते राजेश बौबी को पूरी घटना की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

देश में चुनाव हिंसा के दौ

7 की हत्या : दिल्ली में

बेंगलूर, 21 नवम्बर (वार्ता): बेंगलूर के जय नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार एम.पी. जयराज की आज सुबह हत्या हो जाने के बाद वहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है । इससे पूर्व राज्य के मुदारगी निर्वाचन क्षेत्र से विरुपकशा सोमाप्पा चिंचोली की पांच नवम्बर को हुबली के निकट सड़क दर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण वहां चुनाव रोक दिया गया था ।

पुलिस ने बताया कि श्री जय राज की कार पर बम फैंका गया । उसके बाद हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । कार में सवार श्री जय राज के भाई उमेश तथा एक वकील घायल हो गए ।

जय राज आपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहा है और प्रतिद्वंद्वी अपराधी उसकी जान लेने की कई कोशिशें कर चुके थे । कुछ माह पहले मैसूर के के.आर. अस्पताल में भी उस पर हमला हुआ था । मृतक उम्मीदवार को इसी माह कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने प्रतिद्वंद्वी "किट्टी" की हत्या के मामले में जमानत दी थी । वह एक और प्रतिद्वंद्वी की हत्या के मामले में पांच साल कैद की सजा काट चुका था ।

खुराना पर हमला : नई दिल्ली (वार्ता): दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार मदन लाल खुराना के काफिले पर आज सुबह उत्तर दिल्ली के रोशनआरा मार्ग के निकट करीब 50 लोगों ने कथित रूप से पथराव किया लेकिन श्री खुराना इस हमले में बाल-बाल बच गए । इस घटना में भाजपा के दो कार्यकर्ता घायल हो गए हैं । उन्हें हिन्दराव अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस घटना के सम्बन्ध में रोशन आरा थाने में एक मामला दर्ज कराया गया है ।

श्री खुराना के काफिले पर उस समय पथराव किया गया जब श्री खुराना निरंकारी कालोनी से लौट रहे थे । वह वहां निरंकारी बाबा हरदेव सिंह से

चुनावों के बाद सम्भावित स्थिति के बारे में राष्ट्रपति द्वारा मशविरे

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (जी.एस. चावला): देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति तथा चुनाव परिणामों के बारे में लगाए जा रहे पूर्व अनुमानों के दृष्टिगत राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन, जिनके 1979 के जनता प्रकरण के बाद वर्तमान चुनावों के पश्चात की स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की सम्भावना है, हर तरह के घटनाक्रम के लिए अपने आपको पूरी तरह तैयार रख रहे हैं तथा उन्होंने उस प्रक्रिया के बारे में अपना मन बना लिया है, जो वह अपनाने जा रहे हैं ।

सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति ने किसी भी सम्भावित घटनाक्रम के बारे में कानूनी स्थिति तथा पूर्व [illegible] विचार-विमर्श किया है । उन्होंने उनके विचार सुने हैं परन्तु अंतिम निर्णय उनका अपना होगा, जिसके बारे में उन्होंने कैबिनेट सचिवालय तथा कानून मंत्रालय को कोई संकेत नहीं दिया । राष्ट्रपति किसी एक व्यक्ति की सलाह पर नहीं अपितु परम्पराओं तथा कानूनी स्थिति के अनुसार ही कार्य करेंगे ।

कहा जाता है कि गत कुछ दिनों के दौरान राष्ट्रपति ने कई कानूनविदों से उनके विचार मालूम किए हैं, जिन्होंने अपने तौर पर राष्ट्रपति को विभिन्न विकल्पों का सुझाव दिया लेकिन राष्ट्रपति उनकी सलाह के अनुसार काम नहीं करेंगे अपितु वह अपना स्वतंत्र निर्णय लेंगे क्योंकि यह एक ऐतिहासिक मौका होगा जब उनके निर्णय का [illegible]

Punjabi Sanatan

शत्रुता के कारण हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव खोदे बेट में गत रात्रि कुछ लोगों ने निजी शत्रुता के कारण तेज़धार हथियारों से एक व्यक्ति जागीर सिंह (30) की हत्या कर दी। मृतक गांव व्हीले तेजा का निवासी था और पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात वाले गांव में किसी औरत से इसके अवैध संबंध थे । पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है ।

दो घुसपैठिए मारे गए : डेरा बाबा नानक सैक्टर में आज तड़के दो पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के जवानों की गोलियों से मारे गए।

दो गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने कपूरथला जिले में कल रात दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल बरामद किया।

मोटर साइकल छीना : (भागड़ा): गत दिवस प्रातः पांच और साढ़े पांच बजे के मध्य दो अज्ञात व्यक्तियों ने गढ़ी-नवांशहर सड़क पर गांव वैप्सीयां के निकट गांव छोकरां के एक व्यक्ति से उसका राजदूत मोटर साइकल स्टेनगन दिखा कर छीन लिया। मोटर साइकल मालिक नवांशहर मंडी में सब्ज़ी ले जा रहा था । पता चला है कि मोटर साइकल छीन कर आतंकवादी गांव छोकरां की ओर भाग गए ।

हथियार बरामद : जम्मू (नि.स.): सीमावर्ती क्षेत्र आर.एस. पुरा से सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा भारी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र बरामद किए गए हैं ।

सीमा सुरक्षा बल के महा-निदेशक श्री पी.सी. डोगरा के अनुसार गत 20 तथा 21 नवम्बर की रात को सीमा सुरक्षा बल की एक नाका पार्टी ने पाकिस्तान की ओर से कुछ घुसपैठियों के आने की संदिग्ध हरकतें देखीं तथा ललकारने पर इन घुसपैठियों ने नाका पार्टी पर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । पार्टी द्वारा जवाबी फ़ायरिंग करने पर यह पाक

जवाहर लाल
दिल्ली के क
मतदाता सूची
मतदान केंद्रों
विश्वविद्यालय
गुप्ता ने कहा वि
सूची के लिए पं
में पहुंचने पर
सका । इन डे
और मुनीरका मे

पश्चिमी
विहार के लगभ
अधिकारी से
मतदाता सूची मे
अवसर नहीं मि

जयपर : ल
25 संसदीय नि
आठ बजे से शांति
इन 25 सीटों के
मैदान में हैं । र
हजार 548 मत
केंद्र बनाए गए है

तिरुअनन्त
सीटों और ता
उपचुनाव के लि
हुआ । तिरुअन
शहर के कई मत
देखी गई । माक
महासचिव ई.ए
मतदान करने वा

हैदराबाद (
40 और विधान
मतदान की गति
के दो मतपत्रों पर
गति प्रभावित

Punjabi Sanatani

मुठभेड़ में 3 आतंकवादी व एक पुलिस कर्मी मरे

चंडीगढ़, 22 नवम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में गत 24 घंटों में उग्रवादी हिंसा में 6 होमगार्डों समेत 10 व्यक्ति मारे गये । उग्रवादियों द्वारा अपहृत एक व्यक्ति का शव मिला, जबकि अजनाला-फतेहगढ़ चूड़ियां सड़क पर एक व्यक्ति को फांसी पर लटका दिया गया । उग्रवादियों द्वारा कल रात बटाला क्षेत्र में दो बसों पर फ़ायरिंग में मृतकों की संख्या दो हो गई जबकि एक घायल ने आज दम तोड़ दिया । इसी क्षेत्र का एक व्यक्ति, जो उग्रवादियों की गोली से गत दिवस घायल हुआ था, अस्पताल में दम तोड़ गया । जम्मू और फाजिल्का सीमा क्षेत्रों से उग्रवादियों के हथियार पकड़े गये ।

अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने के कत्थूनंगल क्षेत्र में आज तीसरे पहर हुई एक मुठभेड़ में 3 दुर्दांत उग्रवादी और एक पुलिस कर्मचारी मारा गया ।

एरिया कमांडर जरनैल सिंह, बघेल सिंह मारे गए : एक मृत उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का दुर्दांत स्वयंभू एरिया कमांडर जरनैल सिंह था, जिसके सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम था । दूसरा उग्रवादी बघेल सिंह था ।

अशोक सोनी के अनुसार मृत उग्रवादी जरनैल सिंह गांव राजवां थाना श्रीहरगोबिन्दपुर और बघेल सिंह जिला अमृतसर का निवासी था । इन उग्रवादियों का पुलिस और सी.आर.पी. के साथ आधा घंटा तक मुकाबला होता रहा । इस दौरान चार उग्रवादी, जिनमें सुखविन्दर सिंह बटाला और तरसेम सिंह सिद्धवां भी शामिल थे, फरार हो गए । उग्रवादियों की फायरिंग से पुलिस कांस्टेबल गोदावर राम मारा गया । पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा के अनुसार उक्त उग्रवादी गत दिवस बटाला के निकट हुई बस फायरिंग के लिए जिम्मेवार थे । घटनास्थल से एक ए.के. 47 और एक पिस्तौल, दो बम, दो टाईमर, चार डैटोनेटर और काफी गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

उग्रवादी मारा गया : गांव भुल्लेवाल में हुए एक मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि दो अन्य भागने में सफल हो गए । घटनास्थल से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक माऊजर, दो बम तथा कई चक्र गोली-सिक्का बरामद किया है ।

4 होमगार्डों का अपहरण व हत्या : पट्टी (पाठक) : गत रात पुलिस जिला तरनतारन के पुलिस थाना हरिके के गांव पनगोटा में आतंकवादियों ने 4 होमगार्ड जवानों का अपहरण करने के पश्चात उनकी हत्या कर दी । तरनतारन के एस.पी. मुख्यालय, पट्टी के ए.एस.पी. तथा डी.एस.पी. डी. सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात बताया कि गत रात लगभग साढ़े सात बजे 10 आतंकवादियों का एक दल गांव पनगोटा में आया, जो दो ग्रुपों में विभाजित हो गया । बाद में वे गुरदेव सिंह, मंगल सिंह, मेजर सिंह तथा बलदेव सिंह का उनके घरों से अपहरण करके उन्हें गांव के पास ही बाहर वाली नहर पर ले गये तथा उन्हें इकट्ठे करके गोली मार दी ।

घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दो जीवित तथा दस चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

मृत बलदेव सिंह सदर तरनतारन में तैनात था तथा गुरुदेव सिंह गत 6 माह से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित था । मंगल सिंह व मेजर सिंह आजकल बी.डी.ओ. कार्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने जाते थे । वे सुबह 9 बजे जाकर शाम 5 बजे वापस आया करते थे ।

'पस' के अनुसार होमगार्ड जवानों को गोली मारने से पूर्व उनके हाथ पीछे बांध दिये गये थे । आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।

गगनदीप का पता नहीं : इसी दौरान जिला पट्टी से अपहृत गगनदीप के बारे में भी अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है ।

2 और होमगार्ड मरे : रमदास और मेहता इलाकों में कल रात दो अन्य होमगार्डों की गोली मार कर हत्या कर दी गई । मारे गये होमगार्डों की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

फांसी लगा दी : आतंकवादियों ने अजनाला-फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर एक व्यक्ति को फांसी लगा दी । पुलिस को उसका शव सड़क के किनारे पेड़ से लटका हुआ मिला । उसकी अभी पहचान नहीं हो सकी ।

दो गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे शस्त्रास्त्र और गोली-सिक्का बरामद किया है ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : (वार्ता): फिरोजपुर के लोके कला गांव में धर्म सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । मृतक का रविवार को अपहरण कर लिया गया था । गोलियों से छिदा उसका शव कल रात मिला । 'पस' के अनुसार धर्म सिंह का अपहरण के.सी.एफ. के गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला गिरोह ने किया था ।

पिस्तौल की नोक पर 10 हजार छीने : संगरूर से गर्ग के अनुसार यहां से 30 किलोमीटर निदामपुर में आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक डाक्टर जगजीत सिंह से 10 हजार रुपए नकद छीन लिए । गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार रुपये छीनने के पश्चात आतंकवादी भागते समय अपना थैला घटनास्थल पर ही छोड़ गए, जिसमें से एक ए.के. 47 राइफल तथा उसके कारतूस मिले हैं ।

गोलीबारी : मलोट से गोयल के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने थाना सदर मलोट के गांव करमपट्टी में गोलीबारी की । किसी के हताहत होने

भारतीय सीमा क्षेत्र में स्मगल करके छुपा दिये गये हैं । छानबीन के दौरान एक बोरा मिला, जिसमें यह सामग्री थी ।

अज्ञात व्यक्ति गोलियों से घायल : लुधियाना (धीमान): स्थानीय गोबिन्दनगर में एक करियाना फरोश सुरेश कुमार जब कल रात दुकान बंद कर रहा था तो उस पर किसी ने गोलियां चला दीं जिससे वह सख्त घायल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

पुलिस का कहना है कि ये गोलियां आतंकवादी द्वारा नहीं चलाई गई ।

उल्लेखनीय है कि यह व्यक्ति थाना सिटी बटाला के पुलिस इंस्पैक्टर दर्शन कुमार का साला है और इसे ले जाते समय आतंकवादी यह कह गए थे कि पुलिस ने उनका एक आदमी पकड़ रखा है । जब पुलिस उस आदमी को छोड़ देगी, इसे भी छोड़ दिया जाएगा । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में अभी तक कोई रास्ता नहीं निकला है और न ही

हरियाणा भवन में अप्रसन्न बैठे
दो वरिष्ठ पत्रकारों ने वी.पी. सि
संसदीय दल का नेता चुनने
रणनीति में महत्वपूर्ण भूमि
पत्रकारों ने आज चौ. देवी लाल
विपक्षी एकता की आवश्यकत
चर्चा की । सूत्रों के अनुसार दे
कि यदि वी.पी. सिंह और अरु
नहीं करते तो उनकी भूमिक
क्या है । इसके बाद दोनों प
और वी.पी. सिंह को मनाया
उड़ीसा भवन में इनकी मुला
कराने में सफलता प्राप्त क
शरद यादव, मुलायम सिंह य
शामिल हुए । यह बैठक ए

इस बैठक के बाद देवी ल
मध्य बंद कमरे में लगभग ढ
हुई । बताया जाता है कि दो
की, शंकाओं का निवारण
को अलग-थलग करने के लि
अरुण नेहरू ने तय किया कि
का नाम पेश करेंगे और
अनुमोदन कराया जाएगा
तुरन्त वी.पी. सिंह के नाम

जब आज संसद के केंद्
अचानक वी.पी. सिंह को ने
की तो चंद्रशेखर गुस्से से त
और अपनी पंक्ति से उठ क

सुविज्ञ सूत्रों के अ
उप-प्रधानमंत्री पद या गृह
है । इसके अतिरिक्त वी.पी
में देवी लाल समर्थकों को
सूची वह पहले ही वी.पी.

नि:शुल्क नेत्र चि

जालन्धर, 1 दिसम्ब
स्कूल, समीप माडल टाऊ
दिसम्बर तक आयोजित
नेत्र चिकित्सा शिविर मे
पोलियो, काली खांसी, खस
भी लगाए जाएंगे । शिवि

Punjabi Sanatani

ी राज पर अच्छा काम हुआ है । कर ऐसा विधेयक बनाएंगे जिसमें आम जनता की भागीदारी बढ़े संघीय ढांचे को कोई धक्का नहीं

रचनात्मक और सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन के काम के लिए किया जाए ।

एक सम्वाददाता ने याद दिलाया कि चौ. देवी लाल ने संसदीय चुनाव के बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव की बात कही थी, अब नई स्थिति

शपथ समारोह की कुछ झलकियां : श्री वी.पी. सिंह को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाने के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में आमंत्रित विशिष्ट व्यक्तियों में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा तथा उनकी धर्मपत्नी पूनम

सम्वाददाता और फोटोग्राफर अपने-अपने स्थान से अशोक हाल के प्रवेश द्वार पर अंतिम क्षण तक नज़र लगाए हुए थे कि चन्द्र शेखर पहुंच रहे हैं या नहीं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

11.



राष्ट्रपति शासन लागू ने की सिफारिश

दिसम्बर (पस): गोवा के राज्यपाल लम खान ने राज्य की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए राज्य में कुछ राष्ट्रपति शासन लागू करने की है ।

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 2 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 दिसम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में कल रात के बाद से एक शराब के ठेका के कारिंदे सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक माल गाड़ी के तेल टैंकर में बम विस्फोट हुआ । एक भजन मंडली के सदस्य का अपहरण कर लिया गया जबकि बटाला के पुलिस अधिकारी का अपहृत रिश्तेदार सकुशल घर लौट आया । 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये ।

एक व्यक्ति का अपहरण : मुक्तसर से दीपक और दर्दी के अनुसार यहां से 5 किलोमीटर दूर थाना सदर के गांव चौंतड़ा में गत रात एक बजे 9-10 सशस्त्र आतंकवादी आये । उस समय दलीप सिंह के घर में जगराता हो रहा था । आतंकवादी वहां पहुंचे । उन्होंने भजन गा रही मंडली को खड़े कर दिया और उन्हें काफी देर तक शब्द गाने पर विवश किया । आध घंटे बाद आतंकवादी वहां से तीन व्यक्तियों को वहीं खड़ी एक जीप नम्बर 8156 में डाल कर ले गये तथा फिर जीप खराब होने के कारण वे दो व्यक्तियों को वहीं छोड़ गए तथा तीसरे व्यक्ति कृष्ण कुमार पुत्र गुरदयाल चंद वासी मुक्तसर जो कि एक मामूली दुकान चलाता है, को अपने साथ ले गये । वह जाते समय दो व्यक्तियों को एक पत्र कृष्ण कुमार के घर देने के लिए कह गये, जिसमें कहा गया है कि उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए दिये जाएं तथा साथ ही लिखा है कि पुलिस को सूचना देने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी ।

दुकानदार की हत्या : जिला भटिंडा के गांव रामपुरा में आतंकवादियों ने एक दुकानदार पवन कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

वैगनें पटरी से उतरीं : जैतो (पराशर): कल हिम्मतपुरा रेलवे स्टेशन के निकट एक मालगाड़ी की कुछ वैगनें पटरी से उतर गईं जिससे रेल यातायात में बाधा पड़ी । फिरोजपुर से बम्बई जाने वाली जनता एक्सप्रैस को अम्बाला के रास्ते भेजा गया । 345

बम विस्फोट से तेल टैंकर क्षति-ग्रस्त : एक व्यक्ति का अपहरण

यात्री गाड़ी रद्द कर दी गई । अब लाइन साफ कर दी गई है ।

कारिंदे की हत्या : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार गत रात लगभग 9 बजे यहां के गांव भलूर में तीन आतंकवादियों ने शराब के ठेका के कारिंदे जगीर सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी । उस समय वहां दो और व्यक्ति भी मौजूद थे परन्तु वह बाल-बाल बच गए । आतंकवादी कारिंदे की हत्या करने के बाद फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

2 घुसपैठिये मरे : भारत पाक सीमा के फाजिल्का सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए ।

तेल टैंकर में विस्फोट : अमृतसर (पस): उत्तर रेलवे के अमृतसर-जालंधर सैक्शन में गहरी मंडी के निकट एक मालगाड़ी में शक्तिशाली विस्फोट से एक तेल टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया । पुलिस के अनुसार मालगाड़ी के इस तेल टैंकर में आतंकवादियों ने बम रखा था । गाड़ी अमृतसर से जालंधर जा रही थी । विस्फोट के कारण गाड़ियों का आवागमन प्रभावित नहीं हुआ । केवल दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी को जांच-पड़ताल के लिए जंडियाला रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया ।

अपहृत वापस लौटा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने आज पत्रकारों को बताया कि 29 नवम्बर, बुधवार की रात थाना सदर बटाला के गांव कोट मजलस से जिस आटा चक्की मालिक केवल कृष्ण शर्मा का आतंकवादी अपहरण करके ले गये थे, वह गत रात लगभग 8.30 बजे सकुशल वापस लौट आया है । श्री गोयल ने बताया कि उसने पुलिस को बताया है कि आतंकवादी, जो चेहरे ढांपे थे, उसकी आंखों पर पट्टी बांध कर पैदल ही कई किलोमीटर चलाते रहे और फिर उसे उसी स्थिति में एक कमरे में बंद रख कर रोटी आदि देते रहे । गत रात वह उसे यह कह कर वापिस ले आए कि उन्हें संदेह था कि सिटी पुलिस बटाला ने उनका कोई साथी हिरासत में ले रखा है, लेकिन पड़ताल करने पर ज्ञात हो गया है

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

की ओर बढ़ते कदम.... !!!

अमृतसर में एक साथ ,

फैशनेबल स्टाक लुधियाना तथा अमृतसर में खोला गया, उसे जनता ने बेहद

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि उनका साथी वहां नहीं । उल्लेखनीय है कि सिटी पुलिस बटाला में अपहृत केवल कृष्ण का बहनोई पुलिस इंस्पैक्टर तैनात है । श्री गोयल के अनुसार आतंकवादी अपहृत को आंखों पर पट्टी बांध कर, गांव के निकट ही छोड़ गए ।

आतंकवादी से पूछताछ : जालंधर (न.न.ए.): जालंधर में सुरक्षा बलों ने थाना फिल्लौर के गांव बेगमपुर के निकट कल संक्षिप्त मुठभेड़ के दौरान एक कट्टर आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ बीरा को गिरफ्तार किया था, के संबंध में और जानकारी देते हुए जिला के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि इस आतंकवादी ने पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन किया कि जुलाई महीने में उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर कंगराईयां के कामरेड जरनैल सिंह व उसके बेटे की गोलियां मार कर हत्या की थी परन्तु इस वारदात के दौरान उनका एक साथी आतंकवादी बिट्टू मारा गया था ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने इससे एक और थ्रीनाटआन व उसके कुछ कारतूस बरामद किये हैं । इससे पूछताछ जारी है और कई मामलों की जानकारी मिलने की संभावना है ।

गुमशुदा/अपील

प्रिय विनोद,

तुम जिस भी मुसीबत में फंस गए हो या जाने-अनजाने में कोई भी नुक्सान हो गया है तो उसकी चिन्ता किए बिना फौरन घर पर लौट आओ या किसी भी तरह सूचना भेजो । तुम्हारे लौटने या सूचना मिलने पर तुम्हें मुसीबत से निकाल लेंगे । घर पर सभी छोटे-बड़े दु:खी और परेशान हैं । सूचना देने वाले को उचित पुरस्कार दिया जाएगा ।

तुम्हारा समस्त परिवार
जगन्नाथ विनोद कुमार
नजदीक गुड़ मंडी, सोनीपत

चौटाला नए मुख्यमंत्री

(पृष्ठ 3 का शेष)

पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे, श्री चौटाला ने कहा कि फिलहाल वह दोनों पद सम्भालेंगे लेकिन उपयुक्त समय पर उपयुक्त व्यक्ति को यह भार सौंप देंगे । उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए विशेष कदम उठाएंगे ।

भाजपा को जानकारी थी : भाजपा के एक प्रवक्ता ने यहां स्पष्ट किया है कि चौटाला के मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेने बारे पार्टी को पूर्व जानकारी थी । प्रवक्ता के अनुसार श्री चौटाला ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भाजपा अध्यक्ष श्री एल.के. अडवानी और भाजपा नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्वयं आमंत्रित किया था ।

सरकार से बाहर रहने का इरादा नहीं : भाजपा ने कहा है कि उसका हरियाणा सरकार से बाहर रहने का कोई इरादा नहीं है ।

भाजपा प्रवक्ता श्री जे.पी. माथुर आज एक प्रैस कांफ्रैंस में पत्रकारों के इस प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि क्या भाजपा केंद्र की तरह हरियाणा में भी जनता दल सरकार को बाहर से समर्थन देगी । उन्होंने कहा कि वे यथा-स्थिति रखने के पक्ष में हैं ।

नौवीं लोकसभा के गठन संबंधी अधिसूचना जारी

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (वार्ता): नौवीं लोकसभा के गठन संबंधी अधिसूचना आज यहां जारी की गई । चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में 524 निर्वाचित सदस्यों के नाम हैं । प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) से चुनाव परिणाम अभी आना है और उम्मीदवारों की मृत्यु के कारण चार चुनाव क्षेत्रों में चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं ।

आयोग ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद लोकसभा का कार्यकाल उसकी पहली बैठक के दिन से शुरू होगा ।

निविदा सूचना

हरियाणा के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों को करने के लिए हरियाणा पी.डब्ल्यू.डी बी. एंड आर. ब्रांच की समुचित श्रेणी की स्वीकृत सहकारी श्रम और निर्माण संस्थाओं/ठेकेदारों से केवल निर्धारित प्रपत्र पर **3.1.1990** को सायं 3 बजे तक मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित/पुन: आमंत्रित हैं । क्रमांक 1 से 3 पर कार्यों के सम्बन्ध में, यदि संस्थाओं से 3.1.1990 को सायं 3 बजे कोई निविदा प्राप्त नहीं होती या संस्थाओं द्वारा लिखित दरें सीलिंग प्रीमियम/अनुमानित दर की अपेक्षा उच्चतर होती हैं तब निविदाएं ठेकेदारों और संस्थाओं दोनों से, उसी दिन सायं 4.30 बजे प्राप्त की जाएंगी ।

(1) जिला कैथल में कि.मी. 0 से 0.42 में गुहला भाटियां सड़क की रेंजिंग । स्टोन सोलिंग 63-45 एम.एम. गेज, स्टोन मैटल 53-22.4 एम.एम. गेज और क्रशड बजरी 13.2 एम.एम. और 11.2 एम.एम. गेज इकट्ठा करना, ढुलाई करना । आकलन : 80,000/- रुपए, धरोहर राशि : 200/- रुपए संस्थाएं, 1600/- रुपए ठेकेदार, समय सीमा : 2 मास ।

(2) कैथल जिला में कैथल-पटियाला रोड के कि.मी. 35 पर घग्गर पुल को एस./आर., वायर क्रेट्स 1.20 एम.x1.20 एम. सभी दिशाओं से, जी.आई. वायर के बोल्डर्ज के साथ भरे हुए स्क्वेयर कटफेसिज सहित, वायर के विरुद्ध

Punjabi Sangrahi

के बाद सभी
थ की स्थिति

राजनीतिक
धानमंत्री श्री
ख्यमंत्री श्री
है कि वह
ोई रद्दोबदल
बेशक कुछ
वातावरण
न कर लें ।
छोटे भाई
होने के मूड
ी हैं । कहा
हैं कि उन्हें
र क्यों नहीं
मंत्री बनने
डा. रघुबीर
ामिल करने
का सम्बन्ध
दीय क्षेत्र से
त्रिमंडल में
ना है । इस
गलसेन, श्री
कटर कमला
सिंगला (जो
ग मंत्रिमंडल
ं जनता दल
न्द, हरिसिंह
जर कर लिए
ा रिक्त पड़ी
हैं उनमें श्री
मी नारायण,
डंड और चौ.
भव है कि श्री
कुछ फेरबदल
ाल के साथ
में चले गए हैं
ोतिक सचिव
ए जाने की
मुख्यमंत्री के
एस. चौधरी

ब जाएंगे
अकाली नेता
अकाली दल
सह मान कल
सा पंथ के इस



के अध्यक्ष श्री
र स्वर्ण मंदिर में

गुरुद्वारा मॉडल टाऊन जालन्धर में सोमवार को आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के प्रधान भाई मनजीत सिंह और भाई हरमिन्द्र सिंह संधू पहुंचे । चित्र में भाई मनजीत सिंह और हरमिन्द्र सिंह संधू और अन्य संगतें बैठी दिखाई दे रही हैं ।
(छाया : प्यारे)

पंजाब से न निकाली तो सरकार से बातचीत के लिए श्री सिमरनजीत सिंह मान से कहेंगे ।

अपनी रिहाई के बारे श्री संधू ने कहा कि सरकार ने मुझ पर कोई मेहरबानी नहीं की । लोकतंत्र के नाम पर गत राजीव सरकार ने अनेक सिखों की हत्या

(शेष पृष्ठ 6 पर)

एक संवाददाता ने जब यह पूछा कि उनकी सबसे बड़ी कठिनाई वित्तीय स्थिति होगी, क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा है उन्हें तिजोरी खाली मिली है, श्री सिंह ने तपाक से कहा "वो तो हमें एक ही दिन में पता चल गया कि तिजोरी खाली है ।"

उस अवसर का चित्र जब राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन को उनके जन्मदिन की बधाई देने भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री जैल सिंह पहुंचे । (छाया : पै.ट्र.)

प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह राष्ट्रपति आर. वेंकट जन्म दिन पर बधाई देते हुए ।

दुर्दांत आतंकवादी गुरनाम सिंह बंगा मुठभेड़ में मरा, एस.डी.एम. के गनमैन व होमगार्ड समेत 5 की हत्या : 3 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर (प.स., वार्ता): लुधियाना जिले में गत रात पुलिस के साथ मुकाबले में एक दुर्दांत आतंकवादी गुरनाम सिंह बंगा मारा गया । गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने पट्टी के एस.डी.एम. के गनमैन, एक होमगार्ड जवान सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । आतंकवादी फिरौती के लिए 3 व्यक्तियों का अपहरण करके ले गए ।

एस.डी.एम. के गनमैन की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात लगभग 8 बजे पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के गांव बोपाराय में तीन आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल कुलबीर सिंह के घर में घुस कर, उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । मृत कुलबीर सिंह एस.डी.एम. पट्टी के साथ गनमैन के तौर पर तैनात था और अपने घर छुट्टी पर आया हुआ था ।

एक अन्य की हत्या : इसी पुलिस जिले के गांव नागोके में एक अन्य व्यक्ति, जिसकी शिनाख्त सुखराज सिंह के रूप में की गई है, की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

एक और हत्या :तरनतारन पुलिस जिले में ही थाना वैन पुई गांव में गत रात कुछ आतंकवादियों ने तरसेम सिंह उर्फ सेमा की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

होमगार्ड जवान की हत्या : गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में बाघापुराना थाना के गांव मौड़ा बाद में पंजाब होमगार्ड के जवान थाना सिंह की हत्या कर दी । सूचना के अनुसार आतंकवादी होमगार्ड जवान को उसके घर से घसीट कर बाहर लाये और उसे गोली मार दी । उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

हत्या : फिरोजपुर में मल्लांवाला थानांतर्गत गांव मट्टिठ्यां वाली में आतंकवादियों ने मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए एक पत्र में लिखा है कि मृतक पुलिस का मुखबिर था तथा अवैध शराब का धंधा करवाता था ।

2 लोगों का अपहरण : आतंकवादियों ने उक्त गांव से दो व्यक्तियों दिलबाग सिंह और अजीत सिंह का अपहरण भी कर लिया ।

एक और अपहरण : अपहरण की एक अन्य घटना में आतंकवादी रोपड़ जिले में चमकौर साहब क्षेत्र से एक ईंट भट्ठे के मालिक को उस समय अपहरण करके ले गये जब उसने आतंकवादियों द्वारा मांगी गई राशि का प्रबन्ध करने से इन्कार कर दिया था ।

पुलिस तीनों अपहृत व्यक्तियों की खोज कर रही है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्तौल, दो हथगोले और कुछ कारतूस बरामद किये हैं ।

आतंकवादी मरा : लुधियाना से धीमान की सूचना है कि गत रात गांव पालमाजरा (थाना समराला) के निकट दो युवक साइकिल पर आ रहे थे कि पुलिस की नाकापार्टी ने उन्हें ठहरने के लिए कहा । इस पर दोनों ने साइकिल से उतर कर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिस पर एक युवक वहीं मारा गया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया ।

एस.एस.पी. श्री सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान गुरनाम सिंह के रूप में हुई है । इसके सिर पर 25 हजार का इनाम था । यह बंगा जिला जालंधर का रहने वाला था और बब्बर खालसा से सम्बद्ध था । यह दुर्दांत आतंकवादी जत्थेदार निरंजन सिंह, जोगेंद्र सिंह ग्रंथी तथा दो सगे भाइयों निर्मल सिंह व तरसेम सिंह की हत्याओं में पुलिस को वांछित था । मुठभेड़ के स्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): आज प्रातः निकटवर्ती गांव उच्चा पिंड के निकट कुछ संदिग्ध हथियारबंद आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति सरबन सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए । सदर पुलिस को सूचित कर दिया गया है ।

पंछ सैक्टर में भारत-पाक सैनिकों के बीच गोलीबारी

जम्मू, 4 दिसम्बर (प.स.): पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत-पाक सीमा पर पंछ सैक्टर के बगलियार एवं सोकर में बिना किसी उकसावे के कल गोली चलाई । यह जानकारी आज यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी । इन सूत्रों के अनुसार भारतीय सेना ने भी जवाबी गोली चलाई । गोलीबारी चार घंटे जारी रही । इस से कोई हताहत नहीं हुआ ।

आतंकवादियों के हाथों मरने वालों के आश्रितों को राहतें व मुआवज़ा बढ़ाने बारे याचिका स्वीकार

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर (गुप्ता): पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एस.डी. बजाज ने वह याचिका स्वीकार कर ली है जिस द्वारा मांग की गई थी कि पंजाब में आतंकवादियों के हाथों मारे जाने वालों के आश्रितों को दी जाने वाली राहत या अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएं और सरकार की तरफ से दी जाने वाली 'एक्सग्रेशिया' राशि 20000 रु. से बढ़ा कर 50000 रु. की जाए ।

जनहित की यह याचिका श्रीमती ओशिमा रेही तथा श्रीमती विमला डांग के माध्यम से पंजाब स्त्री सभा ने दायर की थी ।

न्यायाधीश के अनुसार कानून-व्यवस्था नियंत्रित रखना सरकार का प्रमुख काम है तथा संविधान के तहत यह राज्य का विषय है । कोई सरकार इस काम को छोड़ नहीं सकती । आतंकवाद का शिकार होने वाला व्यक्ति भारतीय समाज का अंग होता है । उसे जीने का पूरा अधिकार है, जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता । न्यायाधीश ने प्रतिवादी को आदेश दिया है कि 'एक्सग्रेशिया' राशि तुरंत बीस हजार रु. से बढ़ा कर पचास हजार रु. की जाए और आदेश का क्रियान्वयन 28 फरवरी, 1990 तक अवश्य किया जाए । आतंकवादियों के हाथों मारे जाने वाले शिक्षित तथा महत्वपूर्ण व्यक्तियों के मामले में अधिक मुआवजा राशि दी जाएगी जिसका एडवोकेट जनरल ने आश्वासन दिया है ।

आतंकवादी हमलों में घायल होने वालों के मामले में आम नागरिक व सरकारी कर्मियों में भेद जो भी अदालत ने अनुचित बताया है व प्रतिवादी को कहा है कि घायल को उपचार का पूरा खर्च दिया जाए और उसकी आंशिक या पूर्ण अपंगता पर उचित मुआवजा दिया जाए । प्रतिवादी को यह भी निर्देश दिया गया है कि आतंकवाद का शिकार होने वाले के परिवार के किसी एक शिक्षित पुरुष सदस्य को उचित सरकारी नौकरी दी जाए और इस बारे यह आधार न रखा जाए कि मृतक सरकारी नौकरी में था या नहीं । न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि यह मुआवजा, राहतें मृत्यु के तीन मास के भीतर दे दी जानी चाहिए ।

याचिकाकर्त्ता पक्ष की तरफ से श्री यू.एस. साहनी तथा सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल श्री एच.एस. बेदी अदालत में पेश हुए ।

याचिका विचारार्थ स्वीकार : उच्च न्यायालय की एक खण्डपीठ ने हरियाणा टैंट डीलर्ज एसोसिएशन की वह याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली है जिस द्वारा हरियाणा जनरल सेल्स एक्ट के प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी गई है ।

सूचना-प्रसारण मंत्रालय समाप्त करने का सुझाव

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (प.स.): जनता दल के दो वरिष्ठ नेताओं इंद्र कुमार गुजराल और जार्ज फर्नांडीज ने आज रात सुझाव दिया कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय को समाप्त कर दिया जाना चाहिए । ये दोनों नेता दूरदर्शन पर एक पैनल वार्ता में हिस्सा ले रहे थे । पैनल वार्ता में हिस्सा लेने वाले जनता दल के सांसद आरिफ मुहम्मद खां और पत्रकार बी.जी. वर्गीज ने भी इस सुझाव पर सहमति जताई । श्री गुजराल का कहना था कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय को समाप्त करने का काम कल से ही शुरू कर दिया जाना चाहिए । उन्होंने सुझाव दिया कि आकाशवाणी और दूरदर्शन को इस मंत्रालय से अलग रख कर स्वायत्ततशासी निगम को सौंप दिया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि संसद द्वारा निर्मित एक समिति को अधिकार दिया जाना चाहिए ताकि वह स्वतंत्रतापूर्वक दोनों का काम चला सके और दोनों संस्थाओं के अलग-अलग संचालक मंडल बन सकें । श्री जार्ज फर्नांडीज ने कहा कि देश में सूचना और प्रसारण मंत्रालय नाम की चीज कभी थी ही नहीं । यह सिर्फ प्रोपेगंडा (प्रचार) मंत्रालय के रूप में काम करता रहा और अब इसकी कोई जरूरत नहीं है । श्री गुजराल ने पिछली कांग्रेस (इ) सरकार के कारनामों पर एक श्वेतपत्र जारी करने की भी मांग की ।

पंजाब-प्रशासन भय चुनाव कराने में अस

अमृतसर, 4 दिसम्बर (नारंग) : गत दिवस अमृतसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक सभा को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने संबोधित किया । इस अवसर पर अपने भाषण में डा. बलदेव प्रकाश ने जहां अमृतसर लोकसभा क्षेत्र के वोटरों तथा भाजपा समर्थकों का धन्यवाद किया, वहां, अमृतसर नगर तथा बटाला के कार्यकर्त्ताओं की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए उनका आभार प्रकट किया गया । पंजाब में हुए लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब-प्रशासन भय और आतंक में मुक्त चुनाव करवाने में असफल रहा है । नगरों से जहां-जहां भाजपा के लोगों ने पोलिंग स्टेशनों तक अपनी निगेहबानी की है, वहां से अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं । शहरों को छोड़ कर ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग हर स्थान पर एक ही नीति अपनाई गई है और आतंक का वातावरण व्याप्त रहा है ।

डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि यह सब गवर्नर पंजाब श्री एम.एम. रे तथा भूतपूर्व कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है । सरकार चुनाव में पूर्व गावों की स्थिति का सही आकलन नहीं कर सकी । उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं का आह्वान किया कि उन्हें किसी एक सीट के लिए अपना मनोबल नहीं गिराना चाहिए । देश भर में मिले समर्थन तथा देश की राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को प्राप्त विशिष्ट स्थान से उत्साहित होने की प्रेरणा देते हुए डा. बलदेव प्रकाश ने कार्यकर्त्ताओं को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाने का आग्रह किया ।

भाजपा नेता ने बताया कि सत्ता से बाहर रह कर जनता दल सरकार का समर्थन करना इस बात का द्योतक है कि भाजपा अपने कार्यक्रम तथा नीतियों के प्रति निष्ठावान है तथा हमने यह निर्णय इसी संदर्भ में लिया है । भाजपा ने रामजन्म भूमि मंदिर बने तथा धारा 370 हटाए जाने सम्बन्धी अपने पूर्व-निर्णयों पर अडिग रहने की घोषणा की है ।

पंजाब समस्या के सम्बन्ध में डा. बलदेव प्रकाश ने कहा कि निर्दोषों की हत्याएं रोकी जाएं । सरकार सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध करे तथा आतंकवाद

ति शासन के दौरान हुए अत्याचारों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए : बादल

कह दिया था कि इंका की भारी व अत्याचारी सरकार

Punjabi Sanatan

ए सिरे से तैयार किया जाएगा
ा पत्र में किए गए वायदों को हम

एक और क्षेत्र राज्यों की वार्षिक
म रूप देना है । इसके लिए हमें
रना होगा । उन्होंने कहा कि वह
ा को त्यागने, जैसा कि कुछ क्षेत्रों
ा, के विरुद्ध है । 1990-91 की
तैयार करने के बाद ही आठवीं
को हाथ में लिया जाएगा ।
ा जाता है कि योजना आयोग के
दस्यों ने, जिनमें प्रो. एम.जी. के.
वलैया, आबिद हुसैन, बाई.के.
श्रीवास्तव और हितेन भाया
न देने की पेशकश की है ताकि
पुनर्गठन हो सके । ऐसा समझा
धानमंत्री शीघ्र ही अपनी
ायोग को अवगत कराएंगे ।

ह व तलवंडी में
स्मक मीटिंग

दसम्बर (प.स.): अकाल तख्त के
सिंह ने आज यहां अकाली दल
श्री जगदेव सिंह तलवंडी से
की । यह मीटिंग लगभग एक
त्थेदार ने मीटिंग के बारे में कछ
ा है, मगर समझा जाता है कि
व के नए मोड़ तथा पंजाब में
रणामों के बाद पैदा हुई स्थिति
कया । जत्थेदार ने गत रविवार
के अध्यक्ष जी.एस. टोहरा के
थी । भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री
जो हाल ही में रिहा किए गए हैं,
दो दिन में मिलने वाले थे ।

की मांगों के
ज्यपाल परिषद्
र्णय करेगी

बर (वि.प्र.): पंजाब अधीनस्थ
प्रतिनिधिमंडल ने त्रिलोचन
यहां मुख्य सचिव श्री आर.पी.
उनके साथ कर्मचारियों की
तचीत की । महासंघ के
सिंह के अनुसार श्री ओझा ने
ताया कि 7 दिसम्बर को
बैठक हो रही है जिसमें
के बारे में कोई अंतिम निर्णय

आतंकवादियों द्वारा एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक ही परिवार के चार सदस्यों तथा एक अध्यापक की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने इस जिले के दो गांवों में 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा फायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

प्राप्त विवरणों के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के गांव कत्थूनंगल में गत रात लगभग 8.30 बजे 5 आतंकवादियों ने एक किसान हरबंस सिंह के घर में घुस कर हरबंस सिंह व उसके तीन नौजवान लड़कों सुखदेव सिंह, बलदेव सिंह और गुरमुख सिंह को एक लाइन में खड़ा कर लिया और गोलियां मार कर चारों की हत्या कर दी । कहा जाता है कि आतंकवादी हरबंस सिंह के लड़कों को मारधाड़ की वारदातों में अपने साथ शामिल करना चाहते थे परन्तु हरबंस सिंह के इन्कार करने पर आतंकवादियों ने इस परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी। घटनास्थल से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के जले हुए काफी खोल कब्जे में लिए हैं । 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने हरबंस सिंह के चौथे लड़के दलबीर सिंह को घायल कर दिया । घायल व्यक्ति को यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती किया गया है । पता चला है कि उसने दो हत्यारों को पहचान लिया है । पुलिस हत्यारों की सरगर्मी से तलाश कर रही है । वार्ता के अनुसार आतंकवादी गांव कत्थूनंगल में उजागर सिंह के मकान में प्रविष्ट हुए और गोलियां बरसा कर उसके चार पुत्रों की मौके पर हत्या कर दी । मृत भाइयों के नाम हरबंस सिंह, सुखदेव सिंह, बलदेव सिंह और गुरमुख सिंह हैं । उनका एक अन्य भाई दलबीर सिंह भी गोली लगने से घायल हुआ है लेकिन पुलिस ने इस घटना को आपसी रंजिश का नतीजा बताया है ।

एक अन्य अध्यापक की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन में थाना झब्बाल के गांव मज्जूपुरा में आज सुबह लगभग 11 बजे एक आतंकवादी ने गांव के प्राइमरी स्कूल में घुस कर एक अध्यापक चरनजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गया । एक दिन पूर्व पुलिस जिला तरनतारन में थाना पट्टी के गांव बाह्मनीवाल में दो आतंकवादियों ने एक प्राइमरी स्कूल टीचर बलदेव राज की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । हिंसा में एक लड़की भी घायल हो गई है ।

स्कूटर छीना : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव पालम नंगल के निकट से गत सायं दो सशस्त्र अज्ञात युवक अविनाश कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका नया बजाज चेतक स्कूटर छीन कर ले गए । स्कूटर पर अभी नम्बर भी नहीं पड़ा था ।

लुटेरों की शिनाख्त : पटियाला (भूषण): यहां से 15 कि.मी. दूर गंडाखेड़ी गांव में जिन दो अज्ञात लुटेरों ने शराब के ठेके को लूटने का प्रयास किया था मगर वे ठेके के कर्मचारियों द्वारा दबोच लिए गए थे उनकी शिनाख्त पुलिस ने सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी दकोहा, थाना श्री हरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर तथा संतोख सिंह निवासी गिल पट्टी थाना सदर जिला लुधियाना के रूप में की गई है । पुलिस के अनुसार इन लुटेरों ने गंडाखेड़ी की घटना से पूर्व यहां से 8 कि.मी. दूर बहादुरगढ़ में भी शराब का एक ठेका लूट लिया था । पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल तथा बहादुरगढ़ ठेके से लूटे गए 875 रुपए भी बरामद किए हैं ।

घायल कर दिया : मुक्तसर से दीपक, दर्दी के अनुसार गत सायं लगभग 6.30 बजे यहां से दो कि.मी. दूर मलोट रोड पर 3 अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्कूटर सवार बलराज उक्कड़ पर तेज धार हथियारों से हमला करके उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया । वह उस समय मुक्तसर से अपने गांव रूपाणा जा रहा था । संदिग्ध व्यक्ति उसे मरा हुआ समझकर छोड़ गए तथा जाते हुए उसकी घड़ी, नकदी व स्कूटर भी ले गए । कुछ दूर जाकर उन्होंने स्कूटर भी आग लगा कर जला दिया ।

एडवोकेट का अपहरण : मलोट (गोयल): मलोट सदर थाना के गांव असपाल में 6 अज्ञात व्यक्ति एक फार्म हाऊस से सुभाष चंद्र एडवोकेट का उसके ट्रैक्टर और ट्राली पर अपहरण करके ले गए । लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर उन्होंने ट्रैक्टर व ट्राली छोड़ दी । आतंकवादियों ने सुभाष चंद्र की फिरौती के लिए एक पत्र भेज कर 5 लाख रुपए की मांग की है ।

रे का अंतिम पत्रकार सम्मेलन आज ?

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (नि.स.): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे कल यहां सचिवालय में दोपहर को 12.15 बजे एक महत्वपूर्ण पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे ।

सरकारी क्षेत्रों में श्री रे के इस पत्रकार सम्मेलन को 'अन्तिम अलविदाई' का नाम दिया जा रहा है ।

ही उनके रा
राजनीतिक विरो
फिर मुख्य संसदी
बात है कि मान क
कम महत्व वा
राजनीतिक महत्

विभागों के अ
सिंह, हुकम सिंह
महत्व काफी बढ़
विभागों के साथ
दिया गया है ।
पाकर लाभ में ही
सिंह सहकारिता
खुश है । कैबिनेट
नहीं रहे हैं । पहले
अब जन-स्वास्थ्य

रणजीत सिंह
सिंह कादियान पर
उनको जेल के सा
हालांकि अब इस
है ।

इस दौरान सर
चौटाला ने अपने दौ
बहुत कम प्रयोग
राज्य में कार के द्वा
सम्पर्क करना चाहते
चौटाला कार द्वा
समारोह में भाग ले

आतंकवा
को 10

पटियाला, 6 दि
संगठनों ने यहां
प्रिंसीपल को धमकी
अन्य राज्यों के तथा
दिसम्बर तक कालेज
उन्हें गम्भीर परिणा
आगे कहा गया है कि
सभी मैडीकल व इंजी
दी गई थी कि सिखों
के छात्रों को इन शि
क्योंकि इस समुदाय
में प्रवेश ले सकते हैं

इस पत्र पर खा
चीफ परमजीत सिंह
फोर्स के चीफ गुरजंट
के लैफ्टीनैंट जनर
जनरल गुरनाम सिंह

Punjab Sanatani

यह संदेश भेजा है ।

की एक मात्र
खान बंद

र (प.स.): पाकिस्तान की
ो पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा
ी की हत्या के बाद बंद कर

मति शिन्हवा ने कल
पोर्ट में बताया कि ऊर्जा
र और एक ड्राइवर की डेरा
क्वाइलियों ने हत्या कर दी

ाम कर रहे आयोग के सभी
कर दिया और क्षेत्र में सुरक्षा
ंत जाम करने की मांग की
तिक कारणों से उनकी मांग

य पदाधिकारियों
क आज

वर (प.स.): जनता दल के
की बैठक कल यहां नौ
न्द्रीय कार्यालय में होगी,
एवं प्रधानमंत्री विश्वनाथ
। नई सरकार के गठन के
ठनात्मक बैठक होगी ।
ठक में चुनाव के बाद के
विवेचना की जाएगी और
करने के उपायों पर विचार
ने बताया कि पार्टी के
के केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में
न स्थिति पर भी बैठक में
भावना है ।

की राम दुलारी सिन्हा, उड़ीसा के नूरुल हसन तथा जम्मू-कश्मीर के जनरल के.वी. कृष्णाराव शामिल हैं । पंजाब के राज्यपाल रे तथा असम के हरिदेव जोशी इस्तीफे दे चुके हैं ।

कुछ राज्यपालों को विशेष रूप से जहां मार्च में विधान सभाओं के चुनाव हो रहे हैं, हटाए जाने को सरकार जरूरी समझती है । कुमुद बेन जोशी आंध्र

मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का पुतला जलाया । सुबह लगभग 11 बजे शुरू हुआ यह आंदोलन रात्रि यह समाचार मिलने तक जारी था । जो चौराहे इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं, वे हैं लोक सेवा आयोग चौराहा, म्योहाल चौराहा और हिन्दी होस्टल क्रासिंग । जाम में शामिल अधिकांश छात्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हैं ।

पुलिस ने बल
कर उसे थोड़ी दू
वर्षीय डाक्टर रू
और उन्हें कार प

बैंक मैने

चंडीगढ़, 8
आधिकारिक सू
फिरोज़पुर में स्टेट
मैनेजर का भारी
लिया गया है ।
बैंक के ब्रांच मैने
कल प्रात: दस ब
किया गया । पु
खोज के लिए सा
बैंक के वरिष्ठ अ
हैं ।

चीनी
करने के
ह

नई दिल्ली,
आपूर्ति मंत्री श्री
कार्यभार सम्भाल
लाने के लिए
उठाएगी । मंत्र
बातचीत के बाद
के मौसम शुरू हो
की जरूरत नहीं
कि सरकार चीनी

उन्होंने कह
तथा उनकी की
उठाए जाएंगे ।

ए.एस.आई. सहित 4 की हत्या : बैंक से 4 लाख रुपए लूट लिए

चंडीगढ़, 8 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों में एक ए.एस.आई., दो सुरक्षा कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया जबकि एक बैंक से लगभग 4 लाख रुपए लूट लिए गए ।

दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या : अमृतसर (प.स.): पुलिस ने बताया कि गत रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव कका घरियाला में आतंकवादियों ने दो सुरक्षा कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनमें से एक होमगार्ड का जवान बलविंदर सिंह था जबकि दूसरा एक एस.पी.ओ. हरजिंदर सिंह था । यह दोनों डी.एस.पी. तरनतारन के कार्यालय में तैनात थे । आतंकवादियों ने उनका उनके घरों से अपहरण किया और बाहर ले जाकर गोलियां मार कर मार डाला । घटनास्थल पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल के लगभग 12 चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

औरत की हत्या : इसी पुलिस जिला में आतंकवादी गांव रनियके में अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा गोलीबारी आरम्भ कर दी जिससे उसकी पत्नी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

लगभग चार लाख रुपए लूटे : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार आज प्रात: 11 बजे के लगभग दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने रेलवे रोड अमृतसर पर स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक की शाखा से 3,98000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । कहा जाता है कि आतंकवादी बैंक के बाहर स्कूटर खड़ा करने के बाद बैंक के अन्दर गए । दोनों के पास पिस्तौल थे । कैशियर के पास जाकर उन्होंने पिस्तौल तान लिए व लूटी हुई रकम थैले में भर कर बाहर निकल गए । बैंक स्टाफ के किसी सदस्य ने न शोर मचाया, न लूटेरों को रोकने की कोशिश की ।

सशस्त्र लुटेरा काबू : पट्टी (पाठक): आज प्रात: साढ़े आठ बजे पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव मानकपुरा में बस यात्रियों की बहादुरी से एक लुटेरा पकड़ा गया । बताया जाता है कि ये लुटेरे एक प्राइवेट मिनी बस में सफर कर रहे थे कि इसी बस में वे लोग भी यात्रा कर रहे थे जिनके घर से विगत दिवस इन लुटेरों ने तीस हजार रुपया लूटा था । इन लोगों ने इन्हें पहचान लिया और शोर मचा दिया । शोर सुन कर ड्राइवर ने बस रोक दी । लुटेरे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

टियाला में ओसवाल क

ाला, लुधियाना तथा अमृतसर में आई लोगों की भारी

वाल' का वूलन हौजरी की दुनिया में कोई मुकाबला नहीं

ओसवाल साहब का कहना है....
मैंने तो केवल 5 दिनों के लिये ही ओ

कर माफ

होशियारपुर, 8 दिसम्बर (अश्विनी): पंजाब सरकार ने पंजाबी फीचर फिल्म 'जट्ट ते जमीन' पर

...मैडिसन के पद हेतु टैस्ट पर रोक

चंडीगढ़ (गुप्ता): उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड द्वारा 10

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 9.12.1989

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाग खड़े हुए । यात्रियों ने भी उनका पीछा किया । लुटेरों ने रिवाल्वर निकाल पर फायरिंग आरम्भ कर दी मगर यात्रियों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और अंततः एक को काबू कर लिया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । लुटेरों द्वारा की गई फायरिंग में तीन व्यक्ति घायल हो गए जिनमें ड्राइवर जगदीश सिंह, गुरमेज तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल है । इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जबकि लुटेरे को भिखीविंड पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

ठेका व पैट्रोल पम्प लूटा : खन्ना (शर्मा): कल रात यहां से सात किलोमीटर दूर लुधियाना की तरफ जी.टी. रोड पर गांव दहेड़ू के बाहर शराब के ठेका पर चार नौजवान कार में आए और पिस्तौल दिखा कर वहां से छः हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । इसके बाद वह 50 गज दूर पैट्रोल पम्प पर गए और वहां से भी पिस्तौल की नोक पर चार हजार रुपए छीन कर शराब पीने के अहाते में पहुंचे । वह वहां से सारी नकदी उठा कर भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

तीन लोगों का अपहरण : गत रात जिला रोपड़ के थाना चमकौर साहब के अंतर्गत गांव ढेसपुरा में तीन सशस्त्र व्यक्ति सुरमुख सिंह के घर में घुसे और उसका, उसके पिता दलीप सिंह तथा उसके लड़के हरमिंदर सिंह का अपहरण कर लिया । अपहरण इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने फिरौती राशि देने से इन्कार कर दिया । बताया जाता है कि आतंकवादी दस लाख रुपए देने की मांग कर रहे थे ।

व्यापारी से स्कूटर छीना : फगवाड़ा (कौड़ा): गत सायं गढ़शंकर के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों ने फगवाड़ा के एक व्यापारी से उसका स्कूटर छीन लिया व उसे घायल करके उसकी जेब से 80 रुपए की नकदी लेकर चम्पत हो गए । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार थोड़ी दूर जाकर ही स्कूटर स्टार्ट न हो पाने व पीछे से कुछ लोगों के आ पहुंचने से आतंकवादी स्कूटर छोड़ भाग निकले ।

राइफलें छीनीं : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव ढिलवां के एक व्यक्ति गरदित्त सिंह के घर से पांच सशस्त्र आतंकवादी उससे 303 बोर की दो सरकारी राइफलें छीन कर ले गए । ये राइफलें ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत उसे मिली हुई थीं ।

सर्विस रिवाल्वर छीना : इसी जिला में थाना श्री हरगोविन्दपुर के गांव रामपुर तलवंडी के पी.ए.पी. जालंधर में तैनात सब-इंस्पैक्टर बूटा सिंह से चार सशस्त्र आतंकवादी उसका 38 बोर का सर्विस रिवाल्वर व छः गोलियां ले गए । बूटा सिंह गांव में छुट्टी पर आया हुआ था ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर सैक्टर में गत रात सीमा चौकी कस्साके के क्षेत्र में बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी तथापि ऐसा लगता है कि उसका पंजाब में आतंकवादी संगठनों से कोई संबंध था ।

शैलर मालिक को लूट लिया : कपूरथला (पस): कल रात एक स्थानीय राइस शैलर के मालिक से दो सशस्त्र व्यक्ति 8,000 रुपये नकद तथा एक स्कूटर छीन कर ले गए । पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने शैलर मालिक को धमकी दी कि यदि उसने पुलिस को सूचना दी तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे ।

ए.एस.आई. की हत्या : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार आज रात यहां सैक्टर 36 की पुलिस चौकी में तैनात एक सब असिस्टैंट अमरजीत सिंह को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गांव कजहेड़ी में गोली मार कर मार डाला मृतक की उम्र 30 वर्ष थी । यह पता नहीं चल सका कि हमलावर कौन थे । पुलिस नजदीकी लेबर कालोनी के लोगों से पूछताछ कर रही है ।

लोगों की नजरें अब मुखर्जी पर

(पृष्ठ 3 का शेष)

की भांति देख रही है और भाजपा जिसने केन्द्रीय सरकार को समर्थन दे रखा है, ने बेशक पंजाब समस्या के राजनीतिक हल के लिए पहल करने पर सरकार की आलोचना नहीं की, किन्तु इसके वरिष्ठ नेताओं डा. बलदेव प्रकाश तथा कृष्ण लाल शर्मा ने केन्द्रीय सरकार को स्पष्ट संकेत दिया है कि कानून एवं व्यवस्था के सम्बन्ध में किसी तरह की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सरकार का प्रथम कर्त्तव्य यह

मुखर्जी ने कार्यभार स...

(पृष्ठ 3 का शेष)

और हरमोहन धवन भी उपस्थि... अतिरिक्त हरियाणा के कई मंत्री ... सिंह, सचदेव त्यागी, डा. रघबीर ... बलबीर सिंह सैनी, डिप्टी स्पीक... पंजाब विधानसभा के स्पीकर सुरजी... तथा पंजाब के वरिष्ठ इंका नेता पं... उपस्थित थे ।

पता चला है कि अकाली दल ... सिमरनजीत सिंह मान को भी सांस... निर्मल मुखर्जी के शपथ ग्रहण सम... होने का निमंत्रण दिया गया था ... अवसर पर राजभवन नहीं पहुंच स...

सरकार बदलने से स्थिति... मुखर्जी : समारोह के बाद पत्रक... करते हुए श्री मुखर्जी ने कहा कि ... परिवर्तन से देश और पंजाब में नई ... है । नए राज्यपाल ने कहा कि सम... समस्या के समाधान के लिए मंत्रि... गठित करने तथा सर्वदलीय बैठक... और प्रधानमंत्री द्वारा कल अप... साथियों के साथ अमृतसर की य... स्थिति का निर्माण हुआ है ।

पंजाब समस्या के संबंध में... उठाएंगे, इस प्रश्न के उत्तर में श्री ... वह केंद्र के व्यापक मार्गदर्शन ... उन्होंने कहा कि "इसके अतिरिक्त... को अपनी सूझबूझ से भी काम लेन...

'बाऊंसर न मारिए' ... समारोह के तत्काल बाद पत्रकारों ... श्री मुखर्जी ने कहा : "मैं नया बल्ले... गेंद तेजी से न फैंकना ।" क्रिके... मुखर्जी से जब पंजाब समस्या पर ... प्रश्न पूछे गए तो उन्होंने कहा, "कृ... मारें अन्यथा मैं अम्पायर से अ... श्री मुखर्जी ने बाद में कहा कि वे ... अध्ययन करने के पश्चात सभी प्र...

अपना घर योजना
सुनहरा मौका

दिल्ली में फ्री-होल्ड प्लाट व फार्म हाऊस

राधा कुंज

1000 वर्ग गज की पक्की रजिस्ट्री, मीठा पानी, पक्की सड़कें, D.T.C बस उपलब्ध है ।

सम्पर्क करें :–

यूनिवर्सल लैंड डिवैलपमैंट (कार्पोरेशन)

E-16/301, सैक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-34

नोट : एजैंट भी सम्पर्क करें ।

Punjabi Sanatani

ार्ड के प्रधान वेद मरवाह, केंद्रीय
ब्बल के महानिरीक्षक जोगेन्द्र सिंह
ख्या अधिकारी शामिल हैं ।

ीनगर पहुंचे : इस बीच राष्ट्रीय
मांडो दिल्ली से विमान द्वारा श्रीनगर
वहां डा. रुबिया सईद के बचाव की
लेंगे । उच्च पदस्थ सरकारी सूत्रों
नैक कैट कमांडो का विशेष विमान
ी से रवाना हुआ था लेकिन खराब
से वहां नहीं उतर सका ।
तड़के यहां उतरा । कमांडो किसी
ई करने के लिए तैयार खड़े हैं ।
बंधक रखने के संभावित स्थल पर
धावा बोला जा सकता है ।
ख्य और केंद्रीय गुप्तचर एजेंसियों के
सुरागों के आधार पर उग्रवादियों के
पता लगाने की कोशिश कर रहे
ब जिला मुख्यालयों को संदेश भेज
नों पर छापे मारने की हिदायत की

मुख्य सचिव मूसा रज़ा ने
को यह जानकारी देते हुए बताया कि
त कराने के लिए सारे जरूरी और
किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि
त की सम्भावना से भी इंकार नहीं

नुसार कार्य दल को बातचीत में
हो रही है क्योंकि आतंकवादी गुट
शर्तें रख रहे हैं । पिछले 24 घंटों
कवादी गुटों ने रुबिया को छोड़ने के
दियों की रिहाई के बारे में
बयां दी हैं ।

को बताया गया है कि फ्रंट के
हरी फूट के संकेत मिले हैं । अभी
र शाह की रिहाई की मांग नहीं की,
ा का नेता है । उसका गुट घाटी से
समझा जाता है ।
मंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद
रकार से सतत सम्पर्क बनाए हुए

बताया जाता है कि ड्राईवर ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि अपहर्त्ताओं ने नौगांव के निकट बस का अपहरण किया और बाद में बंदूक दिखा कर डाक्टर मुफ्ती को पहले से खड़ी एक अन्य वैन में बैठा कर ले गए ।

जनता दल के नेता आर.एस. चिब अपनी सहानुभूति प्रकट करने के लिए दिल्ली से श्री सईद के

इंकार नहीं करते कि उन्हें शहर के किसी बाहर ले जाया गया होगा । एक सूचना के अनुसार मिनी बस का अपहरण कर असहाय लड़की को दूसरे वाहन में बिठाने के बाद आतंकवादी चारी शरीफ की तरफ भाग गए थे । अर्ध सैनिक बल के अधिकारियों का कहना है कि यदि राज्य पुलिस ने बाहर जाने वाले रास्ते तुरन्त बंद कर दिए होते तो सम्भव है कि आतंकवादी पकड़े जाते ।

3 उग्रवादी, बी.एस.एफ. का सब-इंस्पैक्टर मारे गए : एक की हत्या

चंडीगढ़, 9 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): मख्खू जिला फिरोजपुर में आज मुठभेड़ में 3 उग्रवादी और बी.एस.एफ. का एक सब-इंस्पैक्टर मारे गए जबकि उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । 2 घुसपैठिए मारे गए । 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 2 आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

3 उग्रवादी, सब-इंस्पैक्टर मारे गए : मक्खू (शेखर): आज बाद दोपहर लगभग तीन बजे यहां से 15 किलो मीटर दूर फिरोज़पुर रोड पर कमालेवाला गांव में मुकाबले में बी.एस.एफ. का सब-इंस्पैक्टर श्री करतार सिंह तथा तीन आतंकवादी मारे गए । बी.एस.एफ. की टुकड़ी ने मल्लांवाला थाना के अन्तर्गत क्षेत्र में तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को गन्ने के खेत में घुसते देखा था । ललकारने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, समाचार मिलने के समय तक मुकाबला जारी था ।

किसान की हत्या : अमृतसर (प.स.): मजीठा पुलिस जिले के चंधरी कलां गांव में कल देर रात कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने किसान निरंजन सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने घटनास्थल से

(शेष पृष्ठ 12 पर)

जनता दल के प्रधान महासचिव श्री अजीत सिंह लोकसभा चुनावों के बाद शनिवार को नई दिल्ली में जनता दल सचिवालय की पहली मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए । (छाया : पै.ट्र.)

जम्मू-कश्मीर में भी
बातचीत नहीं की जा

हमारी बहन है
स्थानीय प्रैस में एक व
रुबिया की अच्छी त
क्योंकि वह उनकी ब
कार्यकर्त्ता के साथ है

फ्रंट की लंदन
निंदा : जम्म-कश्मी
शाखा ने केन्द्रीय गृहम
बेटी रुबिया सईद के
की है और अपहर्त्ताओं
शर्त तुरन्त उसे छोड़

इस शाखा के मह
यहां जारी अपने बय
सत्ताधारी तत्वों के खि
के खिलाफ । इस त
लोगों से अलग-थलग
आम लोगों का सहयो

उन्होंने कहा 'ड
भाई कभी अपनी बह
सकता । भाई तो बह
भी न्यौछावर कर देत
व्यक्त किया है कि डा.
बिना उसे तुरन्त मुक्त

इसी बीच जम्म
फारूक अब्दुल्ला ने क
रुबिया मुफ्ती को आ
कसर नहीं छोड़ेगी ।
में डा. अब्दुल्ला ने डा
'कायरतापूर्ण' कार्रवा
दिलाया कि अपराधि
जाएगा । यहां प्राप्त स
लंदन से श्रीनगर पहुंच

आपात बैठक

ण नीति के अंतर्गत परिवार के कम से कम एक सदस्य को नौ

दिसम्बर (प.स.): उप-प्रधानमंत्री
कहा है कि केंद्र की नई सरकार का
विधानसभाओं को भंग करने का
रादा नहीं है, जहां कांग्रेस (इ) का

ने आज यहां अपने राजस्थान के
र संवाददाताओं से कहा कि वैसे भी
ानसभाओं का कार्यकाल है लेकिन
ष कारण हुए तो मार्च के पहले
भंग करके ताजा चुनाव कराए

उन्होंने कहा कि इसके लिए संविधान में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि गलत ढंग से उद्धृत करते हुए समाचारपत्रों में लिखा गया था कि सबको रोज़गार सुनिश्चित करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाएगा । यह पूछे जाने पर कि राज्यसभा में उनका बहुमत नहीं होने की हालत में इसे संसद में किस प्रकार पारित किया जाएगा । श्री देवी लाल ने कहा कि बहुमत हो जाएगा और यह भी पास हो जाएगा ।

श्री देवी लाल ने कहा कि सरकार बिजली, पानी

यह पूछे जाने पर कि यह बैठक कहां होगी, श्री देवी लाल ने कहा कि यह बैठक दिल्ली में शीघ्र ही होगी । यह पूछने पर कि पंजाब में खालिस्तान की मांग को क्या पूरा किया जाएगा । उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है । हम तो सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठ कर इस समस्या को हल करना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि अमृतसर यात्रा में खुली जीप में घूमने पर उनका जिस प्रकार स्वागत हुआ उससे उन्हें पूरी आशा है कि यह समस्या हल हो जाएगी । यह पूछने पर कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी

झुनझनू संसदीय क्षेत्र
जगदीप धनकड़ ने क
रात्रि भोज का आयो
नव-निर्वाचित सांसद
कल्याण सिंह काल
राजस्थान के उपाध्
विपक्षी दल नेता श्री
भारी संख्या में नगर
लिया ।

भोज में जयपर

Punjabi Sanatan

ा द्वारा खंडन

दिसम्बर (वार्ता): भारतीय जनता रूप में श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद रोध किए जाने संबंधी समाचार । पार्टी के मंत्री एवं पूर्व सांसद श्री थुर ने आज एक वक्तव्य जारी समाचार मनगढ़ंत है कि पार्टी कृष्ण अडवानी के नेतृत्व में एक प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप भेंट करके श्री सईद की नियुक्ति

जली बोर्ड

सूचना

उच्च न्यायालय द्वारा इनमैन के पद के लिए खत परीक्षा, जो 10 ाई है । असुविधा के

य
क

-90)

आतंकवादियों ने आज प्रातः लगभग 11 बजे अपहरण कर लिया । कहा जाता है कि 2 आतंकवादी मोटर साइकल पर आये, लड़के को उसकी कक्षा में से बाजू से पकड़ कर उठाया तथा मोटर साइकल पर बिठा कर ले गये । लड़के ने काफी शोर मचाया परन्तु आतंकवादी उसे घसीट कर ले गए ।

दो घुसपैठिए मरे : जालंधर (प.स.): आज प्रातः अमृतसर सैक्टर में सीमा चौकी राजाताल के निकट बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए । यहां बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि तीन घुसपैठियों के साथ बी.एस.एफ. की नाकापार्टी की मुठभेड़ हुई जिनमें से 2 मारे गए जबकि तीसरा बच कर भागने में सफल हो गया । मारे गए घुसपैठियों की तत्काल रूप से पहचान नहीं हो सकी ।

गोराया से सेहरा की सूचना है कि आज सायं 5 बजे गोराया थाना के अन्तर्गत गांव धनिया के निकट नहर के पुल पर दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया और स्कूटर सवार की घड़ी भी उतार ली । स्कूटर सवार अशोक कुमार ने बताया कि वह अपरा से गोराया ड्यूटी देने के बाद लौट रहा था जब दो संदिग्ध व्यक्तियों ने स्कूटर रुकवा कर स्कूटर व घड़ी छीन ली । चेतक स्कूटर का नम्बर पी.बी. क्यू. 8553 है और उसका रंग नीला है । सूचना गोराया पुलिस को दे दी गई है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला पुलिस ने आज 5 दुर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया जो कि पटियाला के निकट गांव चौरा में लिंक रोड पर एक मकान में छुपे हुए थे । पुलिस ने बताया कि यह आतंकवादी कई व्यक्तियों की हत्या करने, हथियार छीनने तथा बैंकों, शूगर मिलों व अन्य स्थानों से गत 10 महीनों के दौरान 23 लाख रुपये से अधिक की राशि लूटने के लिए जिम्मेदार थे । पुलिस ने उनसे 2 कार्बाइनें, 2 पिस्तौल, एक दोनाली बंदूक, 28 कारतस तथा 2 लाख 31 हजार रुपए की लूट की

प्रकट की है । अ
कार्यकारिणी समिति
वाजपेयी ने कहा, "श्र
है । यह घटना
जम्मू-कश्मीर की
है ? उन्होंने कहा
को एक चुनौती दी है
के लिए मुख्यमंत्री
दिल्ली बुलाया जाना

जामा मस्जिद
जमायते इस्लामी
लैस, बाबरी मस्जिद
गिलानी व इस्लामी
ने केंद्रीय गृहमंत्री मु
रुबिया सईद के अप
रुबिया को बिना
दें ।

**फारूक सर
मांग** : उत्तर प्रदे
भगवन्त सिंह तथा म
भी आज नई दिल्ली
घटना पर गहरी चि
राज्य सरकार को
उन्होंने मांग की कि
कर वहां नए चुनाव
लारी ने कहा कि राज
की सुरक्षा के लिए उ
इस घटना में राज्य स
से हाथ होने का संदेह
समय राज्य में कानून
है और वहां केवल
है ।

जम्मू (सच्चर):
यहां सरकारी क्षेत्र ह
गृहमंत्री की पत्नी के
राजनैतिक पार्टियों
सत्तारूढ़ नैशनल

Punjabi Sanjati

चना

989-90)

मीदवारों को, जिन्होंने खुले वर्ग में
उन अध्यापकों को प्रवेश पत्र जारी
ति निर्देशानुसार ठीक रूप में पाए

पर रुचि तथा विशेषत: विद्यार्थी
ष के उम्मीदवारों को, जिन्होंने
अधिक प्राप्त किए हैं । (39.5
रहे अगले बैच के लिए प्रारम्भिक
, जिनमें उनके फार्म रसीद नम्बर

क रजिस्ट्रार, पत्राचार पाठ्यक्रम
की अपनी प्रथम किस्त की वापसी
पहले आवेदन करें अन्यथा यह
।

(मदन जी. गांधी)
निदेशक.

चना

यों के लिए स्वीकृत ठेकेदारों,
र एच.एस.आर. 1974 के
आमंत्रित हैं, जो इस कार्यालय
ने पर प्राप्त किया जा सकता
प्राप्त की जाएंगी और उसी
ी जाएंगी, जो उपस्थित होना
ट के अलावा कोई मैटीरियल

10 महीनों के दौरान 23 लाख रुपये से अधिक की राशि लूटने के लिए जिम्मेदार थे । पुलिस ने उनसे 2 कार्बाइनें, 2 पिस्तौल, एक दोनाली बंदूक, 28 कारतूस तथा 2 लाख 31 हज़ार रुपए की लूट की राशि बरामद की । इनकी पहचान सरूप सिंह, अजमेर सिंह, स्वर्ण सिंह और सोहन सिंह (सभी खन्ना खुर्द के निवासी) तथा लाभ सिंह के रूप में की गई है । इस विषय में और जांच की जा रही है ।

कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी तेजिंदर पाल सिंह वल्द सोहन सिंह इंडस्ट्रीयल एरिया पटियाला को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक 38 बोर का विदेशी पिस्तौल तथा 7 कारतूस पकड़े गए ।

फरीदकोट जिला पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी जसवंत सिंह को गिरफ्तार किया । वह फरीदकोट तथा फिरोजपुर जिलों में कई वारदातों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था ।

मोपेड छीन लिया : धूरी (सिंगला): तीन अज्ञात व्यक्ति यहां से 60 किलोमीटर दूर मानसा के निकट बरनाला रोड पर एक व्यक्ति दर्शन सिंह से उसका मोपेड पी.ई.सी. 9012 छीन कर ले गए ।

2 आतंकवादियों द्वारा आत्मसमर्पण : रोपड़ जिले के डूमछेड़ी गांव में कल रात एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों अमरजीत सिंह तथा सरबजीत सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया । उनके पास से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

स्कूटर छीना : बाघापुराना (ज्ञान)—गत रात जिला फरीदकोट के थाना बाघा पुराना के अंतर्गत गांव गिल के निकट एक ईंट भट्ठा मालिक सतपाल से पिस्तौल की नोक पर दो उग्रवादी उसका स्कूटर छीनकर ले गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

श्रीनगर में बम विस्फोट

श्रीनगर , 9 दिसम्बर (वार्ता): कश्मीरी उग्रवादियों द्वारा आज चानूरा मोहल्ले में फैंके गए बमों से सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग की इमारत को क्षति पहुंची । बम विस्फोट से इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए ।

यहां सरकारी क्षेत्र हक
गृहमंत्री की पुत्री के
राजनैतिक पार्टियों द्वा
सत्तारूढ़ नैशनल कां
अन्य शामिल हैं । रा
मुस्तफा कमाल ने आत
इस्लाम विरोधी करार
समाज निर्दोष व्यक्ति
अमानवीय व्यवहार को
उन्होंने कहा कि सरका
करके ही दम लेगी ।
अन्य नेताओं ने भी अप

जम्मू-कश्मीर में स
मुख्य संरक्षक बेगम
संसदीय पार्टी के सदस्य
मुहम्मद सईद की पुत्री
निन्दा की है ।

इस वारदात को श
मानवीय मूल्यों के खिला
कि जो लोग इस्लामी वि
बनाने की बात कर रहे है
नारे लगा कर लोगों का
जहां ने अपने बयान में ऐ
से एकजुट होने का आ
महिलाओं की आबरू की

कांग्रेस (इ) के महास
जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रे
शर्फी कुरैशी ने भी श्री स
निंदा की है । श्री सिंह ने
किसी पार्टी का मामला नह
का प्रश्न है । उन्होंने
हालत में और हर कीमत
लिए कृतसंकल्प है ।
अपहरण की कार्रवाई द
है । इस्लाम दहशतगर्दी
औरतों को दहशत का शि
जुर्म है ।

जनता दल के नेता च
गहरा दुख प्रकट किया
जिम्मेदार लोगों से अपील
लिए दरवाजा खुला रखें

Punjabi Sanjatani

दीनानगर में शक्तिशाली बम विस्फोट : 2 मरे, 26 घायल

फिरोजपुर के गांवों में मारे गये 3 उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई

पंजाब में अन्यत्र 2 पुलिस कर्मियों समेत 4 की हत्या

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): आज जिला गुरदासपुर में दीनानगर में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । अन्यत्र 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

बम फटने से 1 मरा, 23 घायल : गुरदासपुर (विनोद): यहां से 12 किलोमीटर दूर कस्बा दीनानगर में बाद दोपहर सवा दो बजे बस स्टैंड के बाहर एक शक्तिशाली बम फटने से एक व्यक्ति मारा गया और 23 घायल हो गए । इनमें से 9 की दशा चिन्ताजनक बताई जाती है । मृतक की पहचान नहीं हो सकी ।

प.स. के अनुसार मृतकों की संख्या 2 तथा घायलों की 26 है।

घायलों में से 11 की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें अमृतसर भेजा गया है । जिलाधीश श्री एस.एस. के संधुओं के अनुसार प्रत्येक घायल के इलाज पर जितना खर्च होगा वह प्रशासन अदा करेगा । पुलिस सूत्रों के अनुसार बम दीनानगर बस स्टैंड के बाहर एक मूंगफली बेचने वाली रेहड़ी के नीचे रखा हुआ था । बम फटने से आसपास खड़ी सभी रेहड़ियां पूरी तरह नष्ट हो गईं । घायलों के लिए रक्तदान करने वालों में डी.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह भी शामिल थे ।

बताया जाता है कि यह बम देसी था परन्तु अत्यन्त शक्तिशाली था । रेहड़ी के निकट एक बस के खड़ी होने के कारण बम से निकले सभी कील कांटे उस बस से टकराए, जिससे अधिक प्राण हानि नहीं हो सकी । बस के टायरों को भी क्षति पहुंची है ।

घायलों की सूची : 26 घायलों में से 23 के नाम इस प्रकार हैं—चरणदास, संतोख राय, काली दास, करनैल, संत राम, आशा रानी, बच्चा, अमरनाथ, उषा रानी, बिमला रानी, राज कुमार, धन देवी, शाम प्यारी, दयावंती, बचनी, मंगत राम, चिंता देवी, सावर सिंह, कमल किशोर, तेज राम, मंगल, परस राम तथा सतपाल । शेष तीन घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव लल्ले सोईया में गत रात 4 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दलबीर सिंह की उसके घर से बुला कर फायरिंग करके हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार हत्या में ए.के. 47 राईफल प्रयुक्त की गई है और इसके 4 चले कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक दलबीर सिंह को लूटमार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन आजकल वह जमानत पर आया हुआ था । यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

मारे गये आतंकवादियों की शिनाख्त : फिरोजपुर (पस) कल रात मल्लांवाला के निकट किली बोदला में बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में जो तीन आतंकवादी मारे गये थे उनकी पहचान राजू उर्फ राकेट सिंह राकेट, गुरमेल सिंह तथा जगजीत सिंह फौजी के रूप में हुई है । घटनास्थल पर 2 चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें एक पिस्तौल व एक राइफल भी मिली ।

पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक विवाह समारोह के दौरान गोली बारी की । समारोह से एक व्यक्ति भाग कर बी.एस.एफ. को सूचित करने गया । बाद में 6 घंटे की मुठभेड़ में उक्त तीन कुख्यात आतंकवादी बी.एस.एफ. का इंस्पैक्टर करतार चंद व एक अज्ञात ग्रामीण मारा गया ।

ज्ञातों के अनुसार मारे गये आतंकवादियों की संख्या 4 है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब बी.एस.एफ. ने गन्ने के खेत में घूम रहे आतंकवादियों को ललकारा । श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि इन आतंकवादियों ने जिला में निर्दोष लोगों का अपहरण करके तथा जबरी वसूलियों द्वारा लगभग 20 लाख रुपये बटोरे थे ।

2 पुलिस कर्मी मारे गये : अमृतसर (नारंग) आज प्रातः साढ़े 4 बजे उग्रवादियों ने घात लगा कर गश्ती पुलिस पर हमला कर दिया, परिणामस्वरूप ए.एस.आई. मदन लाल शर्मा, कांस्टेबल सतनाम सिंह शहीद हो गये जबकि हैड कांस्टेबल जसवंत सिंह घायल हो गया । उक्त घटना थाना जंडियाला के गांव तिमोवाल में घटी ।

श्री मदन लाल शर्मा मजीठा रोड अमृतसर के भवानी नगर की गली नम्बर दो के रहने वाले थे । वह अपने पीछे विधवा प्रेमलता (40) तीन बच्चे सैंडी लड़का (18 वर्ष) मन (11 वर्ष), लड़की रूबी (16) छोड़ गए हैं ।

आज प्रातः स्वर्गीय मदन लाल के घर पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई । भाजपा नेता श्रीमती मधु चोपड़ा, श्रीमती सरिता नारंग, दर्शना नय्यर ने स्वर्गीय की विधवा श्रीमती प्रेमलता को सांत्वना दी ।

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार एस.एस.पी. मजीठा श्री अनिल शर्मा ने बताया कि प्रातः 4.30 बजे एक पुलिस पार्टी कुछ आतंकवादियों के एक घर में छुपे होने की सूचना पाकर गांव तिमोवाल में गुरदित्त सिंह के घर गई । जैसे ही उसने दरवाजा खटखटाया, अन्दर से असाल्ट राइफल से फायरिंग शुरू हो गई, जिसमें ए.एस.आई. मदन लाल व हैड-कांस्टेबल सतनाम सिंह मारे गए जबकि हैड-कांस्टेबल जसवंत सिंह घायल हो गए । पुलिस को गुरदित्त सिंह का लड़का संगत सिंह उर्फ लवली छम्बलबिडी में दो होमगार्डों की हत्या के केस में वांछित था । फायरिंग के उपरांत आतंकवादी फरार हो गए । मौका पर असाल्ट राइफल की एक मैगजीन, 11 अनचले कारतूस, कुछ चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

लड़का लौट आया : एक अन्य सूचना के अनुसार कल अमृतसर के गांव धरदेव बट्टर के एक लड़के सुनील कुमार वल्द जसवंत राय का अपहरण कर लिया गया था । आतंकवादी उसको एक ट्यूबवैल पर ले गए तथा उसे वहां बंद करके कहीं चले गए । मौका पाकर लड़का दीवार तोड़ कर वहां से भाग निकला और घर पहुंच गया । एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि यह वीरता का केस है । उन्होंने लड़के को वीरता दिखाने पर ईनाम देने की पंजाब सरकार से सिफारिश की है ।

मारुति वैन ले उड़े : थरी (सिंगला) : दो अज्ञात व्यक्तियों ने माहल कलां से बरनाला के लिए एक मारुति वैन किराए पर ली । रास्ते में वे पानी लाने के बहाने गाड़ी से उतरे । ड्राइवर भी उठ कर गाड़ी से बाहर आ गया । इतने में दोनों व्यक्ति गाड़ी लेकर चम्पत हो गए ।

पंजाब की 11 सहकारी चीनी मिलों में कर्मचारियों की हड़ताल जारी

बटाला, 10 दिसम्बर (कोछड़): पंजाब की

रुबिया के अप

श्रीनगर, 10 दिसम्बर (प.स., अशोक): केन्द्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की अपहृत पुत्री डा. रुबिया सईद को बरामद करने के प्रयासों के तहत उग्रवादी संगठनों के 'मध्यस्थों' तथा अन्य लोगों से बातचीत जारी है । डा. रुबिया का विघटनकारियों ने शुक्रवार को अपहरण कर लिया था ।

'वार्ता' के अनुसार बम को सैनिक विशेषज्ञों की सहायता से निष्क्रिय कर दिया गया । पुलिस को संदेह है कि आतंकवादियों ने यह बम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए रखा था । यह पुलिस अधिकारी गत रात हुई एक कांस्टेबल की हत्या के सिलसिले में घटनास्थल का दौरा करने वाले थे ।

बन्दूक ले गए : राजपरा (मासूम) गत रात्रि यहां से 6 कि.मी. दूर गांव लोहासेडी के बटा सिंह पुत्र नन्द सिंह के घर से उसकी लाइसैंस वाली 12 बोर की दोनाली बन्दूक तीन अज्ञात नौजवान उठा ले गए । पुलिस रिपोर्ट के अनुसार रात को एक बजे तीन नौजवान बटा सिंह के घर आए तथा दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खोलने पर वे अंदर आ गए और कहा कि वे उसके लड़के को मिलना चाहते हैं । जब वह सोए हुए लड़के को उठाने गया तो वह तीनों उसके बिस्तर के नीचे रखी बन्दूक उठा ले गए ।

शाम के भाव

(19 दिसम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली स्वाप 51.25, रिनामस 85.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6920, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7450, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम)3240, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3310, मिल डिलिवरी : वनस्पति वी.पी. (प्रति टीन) 330-342,

बादल

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री बादल ने कहा कि उनको खुशी है कि स्थिति में सुधार बारे उनके पांच सूत्रीय कार्यक्रम का लोगों ने समर्थन किया है । आशा है केंद्र भी यह सुझाव मान लेगा ।

उन्होंने अपना यह स्टैंड दोहराया कि केंद्र के समक्ष पंजाब का मामला संयुक्त रूप से रखा जाना चाहिए । समस्या के समाधान बारे यदि यह अवसर भी निकल गया तो पंजाब की शान बहाल नहीं हो सकेगी । नई सरकार को उदारता से काम लेना चाहिए । आम माफी दी जाए और सैनिक भगौड़ों का पनर्वास किया जाए । उन्होंने कहा कि मझे अन्य कोई राजनीतिक लालच नहीं है । उन्होंने कहा कि यदि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी दरबार साहिब आकर माफी मांग लेते तो उसी समय सिखों के घाव भरे जा सकते थे ।

इससे पूर्व एसोसिएशन के प्रधान विनोद सेठ व उपप्रधान जी.एस. दिल्लों ने श्री बादल का स्वागत किया ।

चौटाला सम्पर्क नहर के निर्माण कार्य का जायजा लेंगे

चंडीगढ़, 19 दिसम्बर (संघी): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला आगामी 25 दिस. को सिंचाई व बिजली मंत्री श्री वीरेंद्र सिंह के साथ पंजाब के कई क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा वहां बन रही सम्पर्क नहर के निर्माण कार्य का जायजा लेंगे ।

कश्मीर में पुलिस फायरिंग से एक मरा

श्रीनगर, 19 दिसम्बर (वार्ता, पस, अशोक) : यहां से निकट पंडेच में कर्फ्यू में ढील के दौरान सुरक्षा बलों की गोली से एक व्यक्ति मारा गया । इस बीच यहां कर्फ्यू में 8 घंटे की ढील देने के बाद इसे पुन: लागू कर दिया गया । पंडेच की घटना और नवाबाजार में युवकों द्वारा पुलिस पर पथराव किए जाने की घटना के अतिरिक्त शहर में कर्फ्यू में ढील के दौरान स्थिति शांत रही । श्रीनगर में आज सुबह 8 बजे से ढील दी गई । बारामूला और सोपोर में भी आज सुबह 6 बजे से चार घंटे की ढील दी गई । अनंतनाग और शोपियां में कोई ढील नहीं दी गई । सोपोर में 11 दिसम्बर को कर्फ्यू लगाया गया था जबकि अनंतनाग, बारामूला, शोपियां और श्रीनगर में 12 दिसम्बर को लगाया गया था ।

पंडेच में मारे गए व्यक्ति की शिनाख्त गुलाम हसन के रूप में की गई है जो निकटवर्ती खुमां का निवासी है । सूचना के अनुसार वह स्कूटर पर जा रहा था और जब सुरक्षा बलों ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने भागने की कोशिश की । इस पर एक सुरक्षा कर्मचारी की गोली लगने से वह मारा गया ।

'पस' के अनुसार अनंतनाग में आज कर्फ्यू में सायं 3 बजे से 2 घंटे के लिए तथा शोपियां में सायं 2 बजे से 5 बजे तक ढील दी गई ।

इसी बीच आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि गत दो दिनों के दौरान तलाशी की कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए सैंकड़ों लोगों, जिनमें उग्रवादियों के समर्थक भी शामिल हैं, से पूछताछ की जा रही है । अभी तालाशियां लेने का काम जारी रहेगा तथा और भी गिरफ्तारियां सम्भावित हैं ।

उधर कश्मीर के मुफ्ती आज़म मुफ्ती बहिरुद्दीन ने एक वचन में घोषणा की है कि उग्रवादियों द्वारा छेड़े गए आंदोलन को अधिक तीव्र

राज्य सभा में इंका के 4 सचेतक, 2 मुख्य सचेतक नियुक्त

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वार्ता): कांग्रेस (इ) संसदीय दल के नेता राजीव गांधी ने लोकसभा और राज्यसभा में चार सचेतकों तथा दो मुख्य सचेतकों की नियुक्ति की है । श्री गांधी ने आज यहां संसदीय दल की बैठक में बताया कि श्री ब्रह्मदत लोकसभा तथा श्री एम. जैक राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे । लोकसभा में सर्वश्री दिलीप सिंह भूरिया तथा सी. के. जाफर शरीफ और राज्यसभा में सर्वश्री पवन कुमार बंसल और वी. नारायण स्वामी को सचेतक बनाया गया है । श्री गांधी लोकसभा में पार्टी के नेता तथा श्री एन.जी. रंगा उपनेता होंगे, जबकि राज्यसभा में श्री शिवशंकर और श्री एन.के.पी. साल्वे क्रमश: नेता और उपनेता बने रहेंगे ।

रेल-प्रणाली में सहयोग बारे भारत-रूस में समझौता

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वार्ता): भारत तथा सोवियत संघ ने रेलवे प्रणाली में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए आज यहां एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए । इसके तहत सोवियत संघ जहां भारत को कई प्रकार के आधुनिक रेल उपकरण की आपूर्ति करेगा, वहीं भारतीय रेल निर्माण कम्पनी (इरकान) सोवियत संघ तथा अन्य देशों की परियोजनाएं अपने हाथ में लेगी । सहमति पत्र पर सोवियत रेल उपमंत्री वी.एन. बुक्ते तथा भारतीय रेलवे बोर्ड के सदस्य ई. श्रीधरन ने हस्ताक्षर किए । इससे पहले श्री बुक्ते ने रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीज से भेंट करके रेलवे क्षेत्रों में आपसी सहयोग की समीक्षा करके उसे बढ़ाने के बारे में विचार-विमर्श किया ।

गुजरात

महाराष्ट्र

चुनाव सूचि 15 जनवरी

नई दिल्ली, आयोग ने आदेश दि शासित प्रदेशों पुनरीक्षण 15 जन आयोग के सूत्रों के प्रदेशों के मुख्य चुना को हुई एक बैठक

ये राज्य हैं गुजरात, हिमाचल उड़ीसा, पंजाब और हैं—दिल्ली और पां बीच चुनाव होने पुनरीक्षण का आदे वर्ष जनवरी में 18 कर सकें ।

नई सरकार अपने चुनाव पत्र को नहीं भूली : वी.

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष मंडल को आश्वासन दिया कि मंत्रिमंडल के सभी निर्णय मोर्चा के चुनाव घोषणा पत्र के आधार पर लिए गए हैं । मोर्चा के मुख्यालय में आठ सदस्यीय अध्यक्ष मंडल की बैठक में श्री सिंह ने कहा कि नई सरकार मुख्य दस्तावेज मोर्चे के चुनाव घोषणा पत्र को भूली नहीं है । श्री सिंह मोर्चे के संयोजक भी हैं । बैठक करीब एक घंटा चली ।

बैठक के बाद मोर्चे के प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि श्री सिंह ने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वायदों को पूरा करने के लिए नई सरकार द्वारा अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी दी । श्री सिंह तथा उपप्रधानमंत्री देवी लाल दोनों ने ही हाल के चुनावों में दक्षिण भारत में राष्ट्रीय मोर्चे की हार पर अफसोस जताया । उन्होंने फिर से मजबूत आधार बनाने के लिए जोरदार प्रयास किए जाने का आह्वान किया । इन नेताओं फिर से जीत हासिल

अपने आरंभि एन.टी. रामाराव ने की नीतियों तथा क है । उन्होंने कहा भागों में भ्रष्ट तथ दिया ।

श्री राव ने श्र सहयोगियों को बध की नीतियों को ला विश्वास व्यक्त कि गतिशील नेतृत्व आकांक्षाओं को पू संतोष व्यक्त किय पहले ही सकारात चुकी है ।

श्री राव ने क कई परियोजनाएं मंजूरी के लिए लं (इ) राज्य सरकार रवैये के कारण न नतीजों के रूप में के मुख्यमंत्री एम. मोर्चा ने सरकार उन्होंने कहा, 'बा आदर्श वाक्य होना

असम के मुख्य सम्भालने के बाद को सुलझाने हेतु न तथा उपप्रधानमं पटनायक ने कहा मजबूत बनाया जा

विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 19.12.89, 68/- without trays, NECC Suggested Retail Price 9/- Per Dozen.

गुमशुदा

एक हैंड बैग जिसमें सरकारी M.B. No. P+10=411/1089 व जरूरी कागजात थे, बस्ती नौ सड़क पर गुम हो गया है । जिसे मिले भरत कुमार J.E.उपमंडल इंजीनियर पंजाब बाटर सप्लाई सीवरेज, डिविजन नं. 8, माडल टाऊन जालंधर, पहुंचाने वाले को 100 रु. इनाम ।

15 दिसम्बर को जालंधर से नकोदर बस द्वारा सफर करते समय Passport No. W-247115 और तीन अन्य C-257539, C-257540, L-761170 हवाई टिकटों समेत गुम हो गए हैं ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में इंका वर्कर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : बस जला दी

फाज़िल्का सैक्टर में 1 करोड़ रुपए मूल्य की हैरोइन बरामद

चंडीगढ़, 21 दिसम्बर (वार्ता, पस): गत रात के बाद पंजाब में एक इंका वर्कर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक बस को आतंकवादियों ने जला दिया । एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया । फाज़िल्का सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल ने 1 करोड़ रुपये मूल्य की हैरोइन बरामद की ।

बस जला दी : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला में कल रात आतंकवादियों ने जंडियाला के निकट शेरशाह सूरी मार्ग पर पंजाब रोडवेज की एक बस से यात्रियों को उतार कर बस को आग लगा दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने मार्ग में अवरोध खड़े कर जालंधर से अमृतसर जाने वाली इस बस को रोका था । बस पूरी तरह जल गई ।

शैलर मालिक के लड़के का अपहरण : वर्मा के अनुसार विगत दिवस शाम साढ़े 5 बजे गेट भगतांवाला अमृतसर के बाहर उग्रवादी एक शैलर मालिक के नौजवान लड़के को अपहरण करके ले गए । बताया जाता है कि यह नौजवान जब स्कूटर पर सवार होकर शैलर से वापस घर लौट रहा था, तो उग्रवादियों ने जो मारुति कार में थे, उसका पीछा किया तथा उसे स्कूटर खड़ा करने पर मजबूर कर दिया । बाद में उसे मारुति कार में बैठा कर फ़रार हो गए । लड़के का अभी तक कोई पता नहीं चल सका ।

उग्रवादी गिरफ्तार : पुलिस ने गांव होठियां थाना वैरोवाल जिला अमृतसर के निवासी संदिग्ध उग्रवादी निरवैल सिंह को गिरफ्तार किया । उसके बताने पर 303 बोर की 3 राइफलें व 130 कारतस बरामद किये गये । यह राइफलें गांव नागोके में तैनात होमगार्डों से छीनी गई थीं ।

1 करोड़ की हैरोइन बरामद : फाज़िल्का (नागपाल): सीमा सुरक्षा बल की 87 बटालियन के जवानों ने गत रात्रि फाज़िल्का सैक्टर में दिलावर मैनी सीमा चौकी पर संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पाकिस्तानी घुसपैठियों से दो 12 बोर की पाकिस्तानी बंदूकें व

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इंका मुख्यमंत्री कैलेंडर के पन्नों की तरह बदलते हैं

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर (वार्ता): फारवर्ड ब्लाक के चित्त बसु ने आज लोकसभा में कहा कि कांग्रेस (इ) शासित राज्यों में मुख्यमंत्री कैलेंडर के पन्नों की तरह बदले जाते हैं ।

विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान श्री बसु ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अल्पमत में होने के आलाप कांग्रेस (इ) बार-बार सुना रही है । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि बहुमत और भारी बहुमत सरकार के स्थिर होने की कोई गारंटी नहीं है । अगर ऐसा होता तो कांग्रेस (इ) शासित राज्यों में मुख्यमंत्रियों को बार-बार बदलने की नौबत क्यों आती ।

Punjabi Sanatan

...ोग कहा कि इस तरह
...त को सही दिशा नहीं

...मिश्र ने कहा कि कांग्रेस
...र्थ समझकर 'सब से बड़े
...ंद कर देना चाहिए ।
...-टाकी के बीच श्री मिश्र
...शन चिन्ह लगे अनेक
...विश्वनाथ प्रताप सिंह ने
...कर साहस का परिचय
... चुनाव प्रचार के दौरान
...त उछाला था कि विपक्ष
...श्वनाथ प्रताप सिंह को
...कहा कि विपक्ष ने उन्हें
... श्री सिंह भ्रष्टाचार का
...रास्ते में बाधाएं उत्पन्न
...र्टी को त्याग देना पड़ा ।
...ा मोर्चा सरकार के
...के समर्थन पर आश्रित
...र कांग्रेस (इ) की कड़ी
...ा कि कांग्रेस (इ) ने 'गद्दी
...एं-बाएं को लड़ाने का
...ब जनता इस चाल को
...है । उन्होंने कहा कि
...ग्रेस (इ) की कथनी और
...देश में 'अहीर का बेटा'
...) युवा शाखा ने आरक्षण
...दिया ।
...दलित-पीड़ित वर्गों का
... सवाल नहीं है । सभी
...ा त्याग कर काम करना

...ी श्रीमती राजेंद्र कौर ने
...नमंत्री विश्वनाथ प्रताप
...पंजाब में पुलिस के हाथों

कारण घुसपैठिये अंधेरे का लाभ उठा कर पाकिस्तान भाग गए ।

हत्या कर दी : गत रात्रि बटाला पुलिस जिला के गांव निको सराय में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति पूर्ण सिंह के घर में घुस कर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया । घटनास्थल पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा .12 बोर के कुछ चले हुए कारतूस मिले ।

इंका वर्कर की हत्या : खरड़ (शशि): गत रात जिला रोपड़ में थाना कुराली के अंतर्गत गांव सियालवां में आतंकवादियों ने एक इंका कार्यकर्ता बृजभूषण जो कि चाय की दुकान करता था, की जरनैल सिंह उर्फ जैला तथा राम भैया नामक कथित आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मोटर साइकल सवार की हत्या : थाना मोरिंडा के गांव बादली में एक व्यक्ति जीत सिंह की उस समय हत्या कर दी गई जबकि वह मोटर साइकल पर सवार होकर जा रहा था । 'शशि' के अनुसार जीत सिंह की हत्या कथित रूप से सुरेंद्र सिंह और मेजर सिंह ने की है । जीत सिंह दोधी था ।

हरियाणा चंडीगढ़ के गृह सचिव पद पर दावा ठोकेगा

चंडीगढ़, 21 दिसम्बर (राकेश संधी): विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि हरियाणा सरकार चंडीगढ़ के गृह सचिव के पद के साथ-साथ इंस्पैक्टर जनरल पुलिस के पद पर भी हरियाणा कैडर का आई.पी.एस. अधिकारी नियक्त किए जाने का दावा ठोकने पर विचार कर रही है ।

सभी मैडीकल स्पैशलिस्टों के निवास स्थानों पर टैलीफोन लगेंगे

गुरदासपुर, 21 दिसम्बर (विनोद) : पंजाब

...मृत हो जाता है और जब-...
...लोकतंत्र को नुक्सान हुआ

श्री अंतुले की, जिन्हें ...
...चर्चा शुरू की थी, का जिक्र ...
...कि "श्री अंतुले की दलीलों ...
...कम था ।" उन्होंने का ...
...मानसिकता कि विपक्षी द ...
...सकते, आहत हुई है । उन ...
...इसी कारण उनमें कटुता भ ...
...कि जिन लोगों ने कहा था कि ...
...फ्रंट) वास्तव में राष्ट्रीय टक ...
...उनके लिए आत्म-निरीक्षण

प्राध्यापक संघ द्वा

होशियारपुर, 21 दिस ...
...स्थानीय राजकीय कालेज ...
...अनुसार आज विरोध दिव ...
...अध्यक्ष डा. दर्शन सिंह ने ब ...
...सचिव को एक तार भेज ...
...प्राध्यापकों की चिरकाल से ...
...स्वीकार करने की मांग की

केंद्र को सह ... जाएगा

संगरूर, 21 दिसम ...
...मारकंडा): पंजाब के पूर्व म ...
...बादल ने कहा है कि उनकी ...
...ओर से पंजाब समस्या के ...
...गई सर्वदलीय बैठक का बी ...
...समस्या के समाधान के लिए ...
...का सहयोग देने के लिए तै

पंजाब के वर्तमान ... जिम्मेवार : मोगा : अ ...

Punjabi Sanatani

का अनुमान है ।
कहा गया है कि केंद्रीय बजट में भारी
का सीधा अर्थ है कि खर्च को राशियां
पूरा किया जा रहा है, जिसकी वापस
र ब्याज का बोझ अलग बढ़ रहा है ।
चों को पूरा करने के लिए उधार लेने से
ा खर्च निरन्तर बढ़ता है और जितना
लेना पड़ता है, वह और ज्यादा महंगा
है ।
कहा गया है कि समस्या केवल वर्तमान
को लेकर पूरा करने की नहीं है । भारी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

त ने कर्फ्यू लगाया

के साथ पनामा के तटवर्ती द्वीप में एक
ा गया है लेकिन इस रिपोर्ट की तत्काल
सकी है ।
के सैनिकों ने निकारागुआ तथा क्यूबा
की घेराबंदी कर दी है क्योंकि यह
ी हुई है बुधवार तड़के अमरीकी हमले
रल नोरिएगा इन दो दूतावासों में से
सी एक में शरण लिए हुए हैं ।
कारागुआ के अधिकारियों ने मानागुआ
तावास के बाहर दो टैंक तैनात कर दिए
कहा है कि पनामा में अमरीका जो भी
ा, वे उसका यहां जवाब देंगे ।
पनामा शहर में हजारों अमरीकी
ल जनरल नोरिएगा की तलाशी कर
ी रखा । वे लापता हुए दो अमरीकी
खोज भी कर रहे हैं ।
हमले के कारण आधिकारिक तौर पर
के मारे जाने की सूचना है जिनमें 19
र्मक, 60 पनामावासी, एक अमरीकी
स्पेन का एक फोटोग्राफर है । दोनों
ी आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सैंकड़ों
हुए हैं ।
मरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने एक
में बताया कि इतने बड़े पैमाने कर
के अलावा और कोई चारा नहीं था इस
नें भी गई हैं तो भी उनका यही कहना
ई विकल्प था ही नहीं ।
राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने
त एक प्रस्ताव में पनामा को अमरीकी
में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की
ी है किन्तु परिषद में इस बात पर
हुआ है कि इसके लिए अमरीका द्वारा
र्ति जनरल मेनुएल नोरिएगा के दूत
ाए या अमरीका द्वारा स्थापित नए
र्मो एंडारा के दूत को ।
रषद के 15 में से 14 सदस्य देशों ने
ने और जनरल नोरिएगा के तख्ता पलट
पनामा को परिषद में बोलने का मौका

लुधियाना में ज़बरदस्त बम विस्फोट, लगभग आध दर्जन व्यक्ति घायल

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): आज प्रातः लुधियाना में हुए एक भीषण बम विस्फोट में लगभग आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गए । अन्यत्र एक कांस्टेबल की हत्या कर दी गई । एक बैंक से एक लाख रुपए से अधिक की राशि लूट ली गई । आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की ।

सिपाही की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात तरनतारन पुलिस जिला में थाना झब्बाल के गांव पंजवड़ में कुछ आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के एक सिपाही रछपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः बरामद हुई । वह जालंधर में तैनात था और छुट्टी पर आया हुआ था ।

बैंक लूट लिया : तरनतारन पुलिस जिला में थाना पट्टी के अंतर्गत गांव शहबाज़पुर में पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच से पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने 1,08,360 रुपए लूट लिये । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादियों ने पहले बैंक के कैशियर जगतार सिंह को काबू किया तथा फिर बैंक मैनेजर उपकार सिंह का एक बस में से अपहरण कर लिया । बाद में वह इन दोनों को बंदूक की नोक पर बैंक में ले गये तथा स्ट्रांग रूम खुलवा लिया । आतंकवादी किसी व्यक्ति को हानि पहुंचाये बगैर रकम लेकर भाग गए । बैंक में कोई सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी नहीं था ।

आरेवाला के भाई पर हमला करने वाला गिरफ्तार : इस बीच पुलिस ने अमृतसर में कल रात पृथ्वी पाल सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस का कहना है कि पृथ्वीपाल सिंह पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य हरि सिंह आरेवाला के भाई पर हमला करके उनकी हत्या की कोशिश करने का आरोप है ।

मिल मालिक का अपहरण : पुलिस ने बताया कि आज शाम आतंकवादियों ने तरनतारन रोड पर एक राईस मिल मालिक अवतार सिंह का अपहरण कर लिया ।

किसान को लूटा : फिरोज़पुर की एक खबर में कहा गया है कि गांव माछीवाला में एक किसान अजीत सिंह के घर से तीन आतंकवादी 30,000 रुपए लूट कर भाग गए ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : गुरदासपुर (विनोद): गत रात काहनोवान थाना के अंतर्गत गांव तुगलवाल पुलिस चौकी पर कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने अचानक फायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस चौकी पर तैनात दो सिपाहियों तथा बी.एस.एफ. जवानों की सतर्कता तथा जवाबी फायरिंग से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. भल्लर के अनुसार पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिस तथा बी.एस.एफ. के जवानों ने छत पर चढ़ कर फायरिंग की । यह फायरिंग लगभग 40 मिनट होती रही और लगभग 500 फायर किये गए । मगर अंधेरे का लाभ उठा कर आतंकवादी भागने में सफल हो गए ।

श्री भल्लर के अनुसार पुलिस तथा बी.एस.एफ. के जवानों ने आस पहाड़ी कोट टोडरमल आदि की घेराबंदी कर ली है और घर-घर छापे मार कर आतंकवादियों की तलाश जारी है । चौकी पर तैनात जवानों को उचित पुरस्कार की सिफारिश की गई है ।

बम विस्फोट : लुधियाना (महिन्द्रा, नेपाल, धीमान): आज प्रातः 7.10 बजे चौक घंटा घर के निकट एक मार्कीट में दो बम फट गये जिससे 4 व्यक्ति घायल हुए घायलों को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार यह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीलंका की हिंसा में 27 मरे

कोलम्बो, 22 दिसम्बर (ए.पी., पम.): श्रीलंका में जारी विभिन्न हिंसात्मक घटनाओं में 27 व्यक्तियों के मारे जाने की खबर है ।

सैनिक अधिकारियों ने बताया कि कंडी जिले में

है । उन्होंने आशा
में आ जाने से यह

श्री चौटाला ने
सिफारिश कर
विधानसभाओं के
थानेसर विधानसभ

आर्थिक दोबार

नई दिल्ली, 2
मंत्री मधु दंडवते
सरकार द्वारा फिल
मामले को दोबार
प्रश्नोत्तरकाल में
वर्षों में आर्थिक अ
किया गया और न
कार्रवाई नहीं की ग
नियमों और काले
के लाग होने या न
कुछ मामलों में मु
ली गई थी ।

क्या बड़े नो
ने भूतपूर्व वित्त
सवाल पर आश्च
100 और 500
नई किस्म के नोट
की बात है कि भू
सप्ताह पहले यह
अंभी कर दी गई

Punjabi Sanatani

द्धि दर 8 से
ी आशंका

जट घाटे में भारी वृद्धि
पत्र में चेतावनी

ा भी भुगतान शेष पर असर पड़ा । चालू
ी भी भुगतान संतुलन पर दबाव बना
ार और अन्य स्रोतों से व्यापारिक आधार
त्रा में ऋण लेने के बावजूद चालू वित्त वर्ष
ुद्रा के सुरक्षित भंडार में कमी आई ।

मुद्रा भंडार में यह कमी 1989 में अप्रैल से
ीच एक वर्ष पहले की तुलना में निर्यात में
ि बावजूद हुई । अस्थायी आंकड़ों के
ालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में
अमरीकी डालर के हिसाब से 17.4
वृद्धि हुई । पिछले वर्ष की तुलना में
शेष कमी नहीं आई । आने वाले वर्ष में
न को व्यवस्थित करने में इस के कारण
ई पैदा होगी ।

में कहा गया है कि सातवीं पंचवर्षीय
क्ष्यों को मोटे तौर पर प्राप्त कर लिया
र इसकी वित्तीय व्यवस्थाओं का जो
या गया था, वास्तविक वित्तीय व्यवस्था
भिन्न ढंग की रही । केन्द्र सरकार का
तो सकल उत्पादन के दो प्रतिशत के
हा । मगर इस अवधि में राजस्व घाटे में
हुई और 1988-89 में यह लगभग तीन
कल उत्पादन के आसपास रहा ।
बजट में स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार का
स्तुत किया गया था, मगर जैसा कि पहले
चुका है, वास्तविक घाटे की स्थिति बहुत
का अनुमान है ।

में कहा गया है कि केंद्रीय बजट में भारी
ि का सीधा अर्थ है कि खर्च को राशियां
र पूरा किया जा रहा है, जिसकी वापस
र ब्याज का बोझ अलग बढ़ रहा है ।

खर्चों को पूरा करने के लिए उधार लेने में
का खर्च निरन्तर बढ़ता है और जितना
र लेना पड़ता है, वह और ज्यादा महंगा

(1) लुधियाना में फटे शक्तिशाली बम के कारण न्यूज पेपर एजैंट के कार्यालय के बरामदे का खम्भा टूट गया तथा आसपास के दुकानों के शटर क्षतिग्रस्त हो गए । खम्भे के पास खड़े पुलिस अधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए । इस बम विस्फोट में घायल होने वालों में हैं : (2) हाकर केवल कुमार, (3) पुलिस कांस्टेबल गुरमीत सिंह, (4) सी.आर.पी. का जवान के.एस. मिश्रा, (5) कांस्टेबल राजवंत सिंह, (6) नगर निगम कर्मचारी राम स्वरूप और (7) सी.आर.पी. का जवान डी. डोसीन । (छाया : काम्बोज)

लुधियाना में ज़बरदस्त बम विस्फोट, लगभग आध दर्जन व्यक्ति घायल

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): आज प्रातः लुधियाना में हुए एक भीषण बम विस्फोट में लगभग आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गए । अन्यत्र

(विनोद): गत रात काहनोवान थाना के अंतर्गत गांव तुगलवाल पुलिस चौकी पर कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने अचानक फायरिंग आरम्भ कर

विस्त
में अ

इंका पां
जन

चंडीगढ़, 22
के मुख्यमंत्री श्री
वह राज्य 'जद'

राज्य मंत्रिम
पत्रकारों से अन
चौटाला ने कहा
प्रशासन व पार्टी
के उत्तर में उन्हों
में उनको विशेष
अधिक देना पड़े

जब उनसे पू
श्री वी.पी. सिंह
इच्छा व्यक्त की
के अध्यक्ष होने
अध्यक्ष पद पर
नाम देने के हक
पार्टी की बैठक में
राय देने के हक

बातचीत के
कि वह अपने म
नहीं रखते है
दोहराया कि वि
भाजपा हाईकम
मंत्रिमंडल में श
उनका ध्यान
मंत्रिमंडल में को
कहा कि यह क
है । उन्होंने आ
में आ जाने से

श्री चौटाल
सिफारिश क
विधानसभाओं
थानेसर विधान

Punjabi Sarat

क अफ बड़ौदा के अध्यक्ष
को अवकाश पर चले जाने की

ष्ट रूप से लोकसभा में कहा कि
क रने का कोई प्रश्न ही नहीं ।
की तुलना रुपये की कीमत के
र की राजपत्र अधिसूचना, जो
पर रखी गई, का अर्थ रुपये के
हीं है ।

क इस वर्ष जून से नवम्बर तक के
क रोड़ रुपये का 3792.77 किलो
रोइन और 2298 किलो अफीम

में सीमा सुरक्षा बल की
जवानों ने विगत रात्रि दिलावर
पर संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद
रे की पिस्तौल व एक करोड़ की
द की । चित्र में फरीदकोट रेंज
श्री बेअन्त सिंह, 87-बटालियन
स. धांधरा तथा अन्य अधिकारी
द सामान के साथ खड़े हैं ।
(छाया : नागपाल)

दन वृद्धि दर
ठ 3 क शेष)

ना पर व्यय करने की क्षमता पर
व पड़ा है । वर्ष 1988-89 के
च और पूंजीगत व्यय पर बहुत

प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी तथा डी.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह बराड़ अपनी पुलिस फोर्स के साथ तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे ।

घायलों में सी.आर.पी.एफ. व पंजाब पुलिस के जवानों के अतिरिक्त निगम लाईब्रेरी का एक कर्मचारी तथा एक हॉकर शामिल है । घायलों के नाम गुरमेल सिंह, बरजिंदर सिंह, डी. डोसेन, रामस्वरूप, केवल कुमार आदि हैं । घायल सुरक्षा कर्मी वहां ड्यूटी पर तैनात थे ।

सतर्कता विभाग की सूचनानुसार लुधियाना जिला को उग्रवादियों ने घेर रखा है । पिछले दिनों जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष जगरूप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज, गिल रोड के बाहर लगाई पुलिस फोर्स पर भी फायरिंग की गई जिससे एक सिपाही जसबीर सिंह की मृत्यु हो गई । इसके अतिरिक्त वहां से एक 20 किलो वज़न का बम फट जाने से पहले ही बरामद कर लिया गया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने जिला भर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए हैं तथा रात्रि का पहरा भी कड़ा कर दिया गया । घंटाघर चौक के निकट इस मार्कीट में भी जहां समाचारपत्रों के एजैंटों की दुकानें हैं, कड़े प्रबंध कर दिये गये हैं ।

इस घटना में घायलों की संख्या अलग-अलग बताई जा रही है । कुछ सूचनाओं में यह संख्या 7 बताई गई है ।

एक एजैंट मतवाल चन्द सुनेजा जो अपनी दुकान के बाहर बैठे थे, बम फटने से एक दो मिनट पूर्व ही दुकान के अन्दर आ गए जिसके कारण वह बाल-बाल बच गए । बम फटने से एक खम्बा दोहरा हो गया और आधी दर्जन दुकानों के शटर व शीशे टूट गए । बताया जाता है कि जब बम से धुआं पैदा हुआ तो पुलिस वालों ने तीन गोलियां चलाईं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह टाइम बम था जो कि एक बंद टी-स्टाल में फटा जिसका एक टुकड़ा एक एजैंसी के बरामदे में खम्बे से जा टकराया । एजैंट जो कि इस खम्बे के साथ बैठा करता था, उस समय

बारे में एक सैमीनार

परन्तु चीन ने जा
बाद दिए गए बयान प
विदेश मंत्रालय से का
मामलों में हस्तक्षेप है
मंत्री का अमैत्रीपूर्ण
फर्नांडीज़ ने हालांकि
उनके निजी विचार है
विदेश मंत्रालय से स्प

कपूरथला के
को बदला

जालन्धर, 22
कमेटी के प्रधान श्री
सिख स्टूडैंट्स फैडरे
गुमशुदगी बारे नि
कपूरथला के पुलि
अधिकारियों को तब

श्री टोहरा जो
अधीक्षक के कार्यालय
रहे थे, ने पत्रकारों
यह मामला एक चुनौ
चेतावनी दी कि यदि
सिंह, जिन्होंने उक्त
रोष स्वरूप जेल में
हो गया तो पंजाबी
करेंगे ।

Punjabi Sanjal

लम्बे हो गया ।
अनुसार अगले चौबीस घंटों में
हिमपात की संभावना है ।
त्रों की जनता को सचेत कर
घर में ही रहने के लिए कहा

राब मौसम के कारण वायदत
कुल्लू के लिए रवाना नहीं हो
लद्दाख क्षेत्र में कारगिल,
ऊंचे पर्वतों पर भारी हिमपात
इलाकों में भी गत 24 घंटे
सूचना है । श्रीनगर में गत
18.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की
में भी वर्षा हुई ।

मी. वर्षा दर्ज की गई ।
काश में बादल छाये रहे ।
लोग ठिठुरते देखे गए ।
हिसार, करनाल, रोहतक,
वर्षा होने की सूचना है ।
पुर, रोपड़, पटियाला तथा
रात वर्षा हुई । मौसम
गामी 24 घंटे के दौरान
मू-कश्मीर में हल्की से भारी
पंजाब में कई स्थानों पर,
और चंडीगढ़ में हल्की से
ना है ।

फगवाड़ा व आसपास के
निरन्तर वर्षा ने शीत लहर
दी । आज भी दिन भर
रही ।

राजधानी में आज सुबह
रहे और हल्की बूंदा-बांदी
भी गिरे । मौसम विभाग
की संभावना है । दिन के
गई । रात अधिक ठंडी
की संभावना है ।

सप्लीमैंट

धियाना सप्लीमैंट (भाग
25.12.89 को तथा
26.12.89 को
—सम्पादक

ग्रंथी सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : डाक्टर लुटा : मोटर साइकल छिना

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में एक गुरुद्वारा के ग्रंथी समेत 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

जिला अमृतसर के थाना वल्टोहा के अंतर्गत गांव ढोले खालसा में आतंकवादियों ने एक गुरुद्वारा के ग्रंथी बलबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसका शव आज पुलिस ने बरामद किया ।

थाना पट्टी के गांव चीमा के निकट मुठभेड़ के बाद एक कट्टर आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया । उससे एक ए.के. 47 राइफल और 15 कारतूस बरामद किए गए । उसकी पहचान सुरगा सिंह उर्फ चमकौर के रूप में हुई है ।

एक अन्य वारदात में आज भटिंडा के निकट बीबीवाला रोड पर एक व्यक्ति बलतेज सिंह की हत्या कर दी गई ।

'ग्रोवर' के अनुसार बलतेज सिंह होमगार्ड का भूतपूर्व जवान था । उसकी हत्या जिला कचहरी के निकट की गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए ।

मोटर साइकल छीन लिया : जालन्धर (प.स.): आज सायं दो उग्रवादियों ने यहां बिधिपर फाटक के निकट एक व्यक्ति गुरमुख से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल 2908 पी.बी.जे. पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । बस्ती नौ का निवासी गुरमुख उस समय घर लौट रहा था ।

डाक्टर को लूट लिया : एक अन्य वारदात में लाल रंग की मारुति कार में सवार 3 उग्रवादियों ने स्थानीय मोता सिंह नगर में एक डा. अशोक शर्मा के घर से 45000 रुपए की नकदी और आभूषण लूट लिए । उग्रवादी भागते समय एक अन्य घर को भी लूट कर ले गए । पुलिस ने क्षेत्र का घेरा डाल लिया है ।

राष्ट्रद्रोहियों के समक्ष घुटने टेके

राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने देश की इज्ज़त बेची : राजीव

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (प.स.): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज आरोप लगाया कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रद्रोहियों के समक्ष घुटने टेक कर देश की इज्जत बेच दी ।

श्री गांधी यहां कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्षों, मुख्य संगठकों और जिला अध्यक्षों के साथ देश की स्थिति पर चर्चा कर रहे थे । उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते समय इन कश्मीरी उग्रवादियों ने ब्रिटेन में वरिष्ठ भारतीय राजनयिक रवीन्द्र महात्रे का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन उस समय सरकार ने घुटने नहीं टेके थे । इस बार एक मंत्री की पुत्री के अपहरण पर सरकार इन तत्वों के सामने झुक गई ।

उन्होंने कहा कि पंजाब की घटनाओं के सामने केंद्र सरकार मूक-दर्शक बनी हुई है । हालांकि सरकार इस समस्या को राष्ट्रीय सहमति से हल करने की बात कर रही है, लेकिन वह खालिस्तान की मांग, आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव तथा कट्टरपंथियों के संबंध में अपनी नीति स्पष्ट नहीं कर रही है ।

घर में घुस कर वृद्ध ट्रांस्पोर्टर की हत्या

जालन्धर, 23 दिसम्बर (वि.): स्थानीय बंदा बहादर नगर में आज रात्रि लगभग पौने 9 बजे 2 युवकों ने भारत गुड्ज कैरियर के मालिक 66 वर्षीय श्री भगत सिंह ट्रांस्पोर्टर की उस समय हत्या कर दी, जब वे गुरुद्वारा में माथा टेकने के बाद घर पहुंचे ही थे । बताया जाता है कि इन युवकों ने मुंह ढापे हुए थे और उन्होंने घर में दाखिल होकर घर के लगभग सभी सदस्यों के सामने श्री भगत सिंह को गोलियां मारीं । घर वालों द्वारा जान बख्शी की कीमत अदा करने और गिड़गिड़ाने का भी उन हत्यारों पर कोई असर न पड़ा । वारदात के बाद हत्यारे पैदल ही घटना स्थल से फरार हो गए । थाना डिवीजन नं. 1 की पुलिस के अनुसार यह निजी शत्रुता का मामला प्रतीत होता है ।

सब गुणिय
सारंगी पर संग
काले राम व ह
की ।
सिंह बंधु
की । ताल झू
नहीं आए' ने
दिया । सिंह ब
हरमोनियम प
खान ने संगत
प्रस्तुति राग क
तीन दिव
समापन श्रीमत
हंगल के गायन
शुद्ध कल्याण
प्रस्तुत राग भै
का कार्यक्रम दे

अमरी और

वाशिंगटन
मारे गए अमरी
हैं । सरकारी
की दोपहर तक
दौरान मारे गए
लापता हैं ।

कल दो ह
पनामा भेजी
22500 अम

राष्ट्रपति ज
मामले में हस्त
हुए कहा कि अ
सैनिक अपदस्थ
नोरिएगा के वफ़ा
लगे हुए हैं ।

राजधानी प
प्रतिरोध के मद्देन
कि शहर पर पूरा
लगेंगे ।

अमरीकी वा
पनामा के एक
प्रत्यक्षदर्शियों के
सुबह करीब पां
डिस्ट्रिक्ट में बम

लंदन (प.स.)
इनराविजन टैली
पनामा के अप
अंतोनियो नोरिएग
कर आत्महत्या क

TODAY
On
Hosiery & Readymade
50%
CHILDREN
Trin Trin. 38921

बस यात्री, 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 14 की हत्या : 2 उग्रवादी मारे गए

बटाला में बम-बंधा शव बरामद : 2 पाक घुसपैठिए मरे

इंस्पैक्टर के 3 संबंधियों का अपहरण, फिरौती में 5 ए.के.-47 राइफलें, 1500 कारतूस भी मांगे

चंडीगढ़, 24 दिसम्बर (प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक हैडकांस्टेबल व एक होमगार्ड सहित 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर जिले में एक पुलिस इंस्पैक्टर के तीन रिश्तेदारों का अपहरण कर लिया गया जबकि बटाला में एक युवक की लाश मिली है । जिसकी कमर के साथ बम बंधा था । जालंधर की पोश कालोनी में चार कोठियों से लाखों के गहने और नकदी लूट ली गई । 2 आतंकवादी और 2 पाक घुसपैठिए भी मारे गए ।

अंधाधुंध फायरिंग से चार व्यक्ति मरे : समराला (अश्विनी): थाना समानों के गांव ठीकरीवाल में गत रात्रि करीब 7.30 बजे एक स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से नम्बरदार जोगेन्द्र सिंह, बहादर सिंह, मोहन सिंह तथा प्यारा सिंह की मृत्यु तथा नेत्र सिंह समेत एक महिला के घायल होने का समाचार है । पुलिस सूत्रों ने इस बारे में पुष्टि करते हुए बताया है कि उक्त स्कूटर सवारों के पास ए.के. 47 राइफल समेत विभिन्न हथियार थे । सब से पहले उन्होंने प्यारा सिंह पर फायर किए, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । इसे देखने के लिए नेत्र सिंह आया, लेकिन फायरिंग से डरकर भागा । आतंकवादियों ने उसका पीछा करके टी.वी. देख रहे उपरोक्त व्यक्तियों पर फायरिंग कर दी, जिससे जोगेन्द्र सिंह, मोहन सिंह तथा बहादर सिंह की मृत्यु हो गई । इस घटना से इलाके के लोगों में भय का वातावरण पैदा हो गया है । घायल नेत्र सिंह को चंडीगढ़ तथा घायल महिला को लुधियाना अस्पताल भेजा गया है ।

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार चार हत्याएं दो आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर कीं जबकि एक अन्य घर में घुसकर उन्होंने पति-पत्नी को घायल कर दिया । जोगेन्द्र सिंह के घर में मरे व्यक्तियों में उसका लड़का और पोता भी हैं । दूसरे घर में नेत्र सिंह तथा उसकी पत्नी भूरदयाल घायल हो गए ।

70 हजार छीने : लुधियाना से ही धीमान के अनुसार स्थानीय किदवई नगर में पुरुषोत्तम गर्ग अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे कि तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर उनसे 70 हजार रुपए छीन लिए और फरार हो गए ।

रिवाल्वर छीना : लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार कल यहां गुरुदेव नगर में श्रीमती अमरजीत कौर की कोठी में पांच उग्रवादी दाखिल हुए, तथा उन्होंने पिस्तौल की नोक पर उनका रिवाल्वर छीन लिया । बाद में वे सब कोठी में खड़ी मारुति कार में सवार होकर चले गए । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

शव बरामद : पुलिस ने लुधियाना के सिविल लाइंस के इलाके के पक्खोवाल रोड पर एक युवक का शव बरामद किया है । शव पर तेजधार हथियार के निशान हैं ।

कुल्हाड़ियों से हत्या : होशियारपुर (अश्विनी): गत सायं 7.30 बजे के लगभग स्थानीय बहादरपुर चौक के साथ लगने वाले भंगी चो पर कुल्हाड़ियों से लैस पांच युवकों ने एक 32 वर्षीय व्यक्ति पर हमला करके उसे घायल कर दिया । अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया । हमलावरों ने उसके अलावा एक बीस वर्षीय लड़के को भी घायल कर दिया जो ट्यूशन पढ़ाकर होशियारपुर से अपने गांव को जा रहा था । मृतक की पहचान नहीं हो सकी । घायल लड़के को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । पुलिस को घटनास्थल के निकट शराब की कुछ खाली बोतलें मिली हैं ।

युवक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव अलीबाल की नहर के किनारे से आज प्रात: पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को गोलियों से छलनी एक युवक की लाश मिली है । इस युवक की पहचान गांव रिहाली खुर्द निवासी गुरबचन सिंह बल्ले के रूप में हुई है ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस युवक की लाश की कमर के साथ एक शक्तिशाली बम बंधा हुआ था । पुलिस के अनुसार यह बम इसलिए लगाया गया था कि जब भी सुरक्षा बल लाश को उठाएं तो उनकी भारी क्षति हो । यह युवक अपने गांव से कल शनिवार को प्रात: अलीबाल के लिए गया था, मगर वापिस नहीं लौटा ।

बस अपहरण का प्रयास : 1 की हत्या, 2 घायल : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आतंकवादियों ने आज सायं लगभग 5.30 बजे बटाला थाना सदर के गांव नट्टल के निकट से एक बस के अपहरण का प्रयास किया लेकिन चालक की सूझ के कारण वे ऐसा नहीं कर सके । बस चालक ने हाजिर दिमागी दिखाते हुए बस एक लिंक रोड की ओर मोड़ दी तो आतंकवादियों ने पीछे से अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य को घायल कर दिया । घायलों में एक 10 वर्षीय लड़की नीता बेदी है, जो स्थानीय गुरु नानक नगर के डा. मनमोहन सिंह बेदी की लड़की है । दूसरा घायल 30 वर्षीय सुरेश कुमार महाजन मिल्कफैड चंडीगढ़ का कर्मचारी और टिब्बड़, गुरदासपुर का निवासी है । दोनों घायलों को पहले बटाला अस्पताल में लाया गया जहां से उन्हें अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । सूत्रों के अनुसार पंजाब रोडवेज जालन्धर डिपो की यह बस पी.बी. 02 2269 शिमला से गुरदासपुर जा रही थी ।

'प.स' के अनुसार 10 वर्षीय लड़की नीता बेदी की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई ।

जालन्धर में डकैती : जालन्धर (डेल्ल): गत रात संदिग्ध लुटेरों ने एक गिरोह ने यहां शहीद ऊधम सिंह नगर तथा मोता सिंह नगर में एक के बाद एक चार घरों में डाका डाला और लाखों रुपए के गहने व कैश लूट कर ले गए, जबकि ऊधम सिंह नगर की एक कोठी से श्री रामभोरी लाल का लाइसैंसी रिवाल्वर तथा उनकी कार की चाबी भी ले गए । इन वारदातों ने न केवल इन आबादियों में बेचैनी व रोष का वातावरण पैदा कर दिया है बल्कि आसपास की आबादियों में भी लोग आतंकित महसूस करने लगे हैं ।

शहीद ऊधम सिंह नगर तथा मोता सिंह नगर में वारदात करने वाले तीनों अपराधियों का जो हुलिया व कपड़े आदि बताए गए हैं, उससे यही पता चलता है कि एक ही गिरोह ने यह वारदातें एक सफेद मारुति कार में कीं । यह भी उल्लेखनीय है कि लगभग दो सप्ताह पूर्व माडल टाऊन में कैसर मोटर गैरेज के मालिकों तथा मोता सिंह नगर में डा. राघव की कोठियों में जिस एक ही गिरोह ने रात को एक के बाद एक डाका डाला था, वह भी यही गिरोह था ।

रात रात साढ़े नौ बजे से पौने ग्यारह बजे के बीच स्थानीय मोता सिंह नगर की रेलवे लाइन की ओर के कोने में स्थित दो कोठियों 573 व 574 से तीन सशस्त्र लुटेरे लगभग एक लाख रुपए के गहने व कैश लूट कर ले गए, जबकि कोठी नं. 575 को भी लूटने की उनकी कोशिश थी, किन्तु घर वालों ने हंगामा नहीं होना और वह एक मारुति कार में फरार हो गए ।

रात को सूचना मिलने पर कुछ पुलिस अधिकारी आए थे किन्तु बाद में डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री भट्टी, एस.पी. श्री बी.एस. मान, डी.एस.पी. श्री अमित शर्मा व डी.एस.पी. श्री राजकिशन बेदी लोगों के साथ मौका का जायजा लेने के लिए आए । एक क्लियर कट एक्सपर्ट ने दोषियों के एक-दो स्थानों से क्लियर फिंगर भी लिए ।

डी.आई.जी. के पूछताछ करने पर 574 कोठी में रहने वाले डा. अशोक शर्मा ने उन्हें बताया कि उनके पास डिफैंस कालोनी निवासी ब्रिगेडियर के.एस. बाजवा व उनकी पत्नी रात के भोजन के लिए आए हुए थे और सभी एक कोने में लगे मेज़ पर बैठकर खाना खा रहे थे कि लगभग 26 से 30 वर्ष की आयु के तीन लुटेरे उनके घर के अन्दर आ गए । उनमें से एक लगभग 6 फुट कद का था, जो मोना लगता था और उसके हाथ में बैग था । वह कमरे के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हेरोइन की तस्करी के आरोप में

रोमानिया में अपदस्थ सेसस्कू सरकार के उप-प्रधानमंत्री त्यूडोविक को बुखारेस्ट में लोगों द्वारा उस समय पकड़ लिए गए जब उन्होंने एक ट्रक से भागने का प्रयास किया था ।

पंजाब समस्या पर बातचीत सं दायरे में रह कर ही करनी चाहिए

लुधियाना, 24 दिसम्बर (धीमान): लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने आज यहां कहा कि कांग्रेस (इ) इस पक्ष में है कि पंजाब-समस्या का उपयुक्त हल निकाला जाए तथा 'जंगबाज़ों' और कट्टरपंथियों से बातचीत करने में बी.पी. सिंह की सरकार को कोई संकोच नहीं करना चाहिए क्योंकि वे हम में से हैं, परन्तु यह बातचीत देश के संविधान के दायरे में रह कर ही की जानी चाहिए । उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश की एकता, अखंडता हर हालत में कायम रखी जाए ।

श्री जाखड़ यहां से 36 कि.मी. दूर गांव लगरां में आतंकवादियों द्वारा मारे गए पूर्व विधायक जगरूप सिंह के अंतिम भोग में शामिल होने के लिए रवाना होने से पूर्व यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित रहे थे । उन्होंने कहा कि पंजाब में विधानसभा चुनाव उस समय कराए जाएं जब यह निश्चित हो जाए कि यह निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीकता से हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव पंजाब में बन्दूक की नोक पर हुए हैं । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि मैंने इंका हाई कमान को परामर्श दिया था कि पंजाब में लोकसभा चुनाव न कराए जाएं ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि में और वृद्धि के लिए संविधान में संशोधन करना पड़े तो कांग्रेस (इ) देश के हित के दृष्टिगत सत्तारूढ़ दल को पूरा सहयोग देगी, जैसा कि वह आरक्षण के प्रश्न पर कर चुकी है । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इंका ने कुछ गलतियां भी की होंगी, मगर सुधार की गुंजायश मौजूद है । इंका देश में एक मात्र ऐसी पार्टी है जो पराजय के बावजूद जीवित रही है । 1977 की पराजय के बा अन्य पार्टियां बनती हैं, ख लक्ष्य यह है कि देश को अ

उनसे प्रश्न किया गय विशेष कर हिन्दी पट्टी म हुई । जवाब में श्री साम्प्रदायिकता का भूत राजनीति को अपने शिकंजे रहा है । उन्होंने कहा कि सलाम-दुआ नहीं करना च है । झूठे और बड़े-बड़े वा और पागलपन की दौड़ लगी जा रहे हैं ? कांग्रेस कमर मगर मैदान में खड़ी है । अ बदल रहे हैं, भेस बदल रहे करने वाले एक-दूसरे से अ

कांग्रेस संसदीय दल के गए एक प्रश्न के उत्तर में राजीव गांधी हमारे सर्वसम्म मिनट में चुन लिए गए । में बड़ी कठिनाइयों का सा अन्य प्रश्न के उत्तर में उ चुनाव में विपक्ष ने इंका से किसी सीट से उप-चुनाव ल उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी करूंगा ।

डा. रुबिया सईद के अ पर टिप्पणी करते हुए श्री खतरनाक 'जंगबाज़ों' को

(शेष पृष्ठ

जे.वी.पी. द्वारा प्रेमदास सरकार के विरुद्ध संघर्ष जारी रखने की घोषणा

कोलम्बो, 24 दिसम्बर (आई.ए.एन.एस.): सिंहलियों के उग्रवादी संगठन जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने श्रीलंका की 'दमनकारी और अवैध' प्रेमदास सरकार के विरुद्ध संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है । अपने चमत्कारी नेताओं रोहण विजयतीरा तथा उपतिस्सा गमनायके की मृत्यु के बाद जारी पहले बयान में जेवीपी ने कहा कि यूएनपी सरकार, जिसने देश को 'भारतीय विस्तारवादियों' के हाथों में बेच दिया है, के विरुद्ध जन आंदोलन को राष्ट्रभक्त युवकों की हत्याओं तथा उत्पीड़न से दबाया नहीं जा सकता ।

बयान में भारत की गुप्तचर संस्था 'रा' तथा उसके द्वारा उत्तर-पूर्व में स्थापित 'कठपुतली' सरकार पर भी आरोप लगाया गया है कि उसने श्रीलंका में हिंसा को बढ़ावा दिया है । इस दौरान जातीय हिंसा के चलते श्रीलंका राजनीतिक और आर्थिक संकट के दलदल में और गहरा धंसता गया ।

गोलीबारी में सब-इंस्पैक्टर, सिपाही मारे गए

श्रीनगर, 24 दिसम्बर (वार्ता): कश्मीर घाटी में उग्रवादियों और अर्द्ध सैनिक बलों के बीच आज सात हुई गोलीबारी में दो व्यक्ति मारे गए, जबकि आठ घोर घायल हो गए । सप्ताह में आज तीन से अनेक

पनामा से अमरीकी अभी नहीं लौटेंगे : ब

वाशिंगटन, 24 दिसम्बर (पस, वार्ता): पनामा के नये राष्ट्रपति श्री जियर्मो एन्दारा ने विश्वास जताया है कि अमरीका के आक्रमणकारी सैनिक एक महीने के अंदर वापस लौट जाएंगे लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति श्री जार्ज बुश ने इनकी बात का तत्काल खंडन कर दिया । श्री बुश ने 'वाशिंगटन पोस्ट' को फोन पर दी गई एक भेंट में बताया कि वह श्री एन्दारा की भविष्यवाणी से सहमत नहीं । उसने कोई समयबद्ध कार्यक्रम तय नहीं किया है । श्री बुश ने युद्ध के समय के अधिकारों के नियमों के तहत कांग्रेस को लिखे एक औपचारिक पत्र में लगभग यही बात कही है । उन्होंने लिखा है कि सर्वाधिक संगठित प्रतिरोध समाप्त हो गया है लेकिन पनामा में 'बीटो' कर दिया है । पंद्रह संबंध में चली बहस में अम श्री थामस पिकरिंग ने कहा का समर्थक है और आत्म मद्देनजर ही अमरीका ने प है ।

सोवियत संघ तथा चीं सदस्यों की हैसियत से तथ अल्जीरिया, ब्राजील, मलेशिया, नेपाल, सेनेगल प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया भाग नहीं लिया ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दरवाजे पर खड़ा रहा, जबकि अन्य दोनों जो लगभग 5'-7" के थे, उनके पास आ धमके और सभी को हाथ ऊपर खड़े करने तथा जो गहने आदि हैं, देने को कहा । तीनों ने चेहरे ढांप रखे थे और लम्बे कोट पहन रखे थे । लम्बे कद का लुटेरा अंग्रेजी फर्राटे से बोल सकता था ।

बताया गया कि उन्होंने न तो इनमें से किसी को हिलने दिया और न ही पर्दा इधर-उधर करने दिया । डा. शर्मा की पत्नी, जो स्वयं भी डाक्टर है, ने जब सारे गहने अल्मारियां खोल कर दे दिए और एक गहना जो नकली सोने का था, उन्हें दिया तो लुटेरे ने तुरन्त कहा कि यह नकली है, इसे रख लो । इसके बाद लम्बे कद के लुटेरे ने डाक्टर के नन्हे बच्चे पर रिवाल्वर रख कर कहा कि जो कुछ छुपा रखा है, वह भी दे दो किन्तु डाक्टर की पत्नी ने अंग्रेजी में उसे कहा कि बच्चे ने आप का क्या बिगाड़ा है तो उसने भी अंग्रेजी में कहा कि उसका न तो बच्चे ने बिगाड़ा है और न उसने, उन्हें तो माल चाहिए । वह इस घर में पौना घंटा रहे ।

इसके बाद एक लुटेरा वहीं रहा जबकि अन्य दो साथ वाली कोठी का गेट खुला देख कर अन्दर चले गए और सीढ़ियां चढ़ गए । तब घर के मालिक श्री सुभाष महाजन कुत्ते को घुमाने बाहर निकल गए थे और उनके भाई अमृतसर से अभी आए ही थे । दोनों लुटेरों ने जब रिवाल्वर दिखा कर गहने आदि देने को कहा तो श्री सुभाष महाजन के भाई ने प्रोटैस्ट किया जिस पर उन्होंने रिवाल्वर का बट मारा जिससे उसकी बाईं कनपटी पर घाव हो गया ।

इसके बाद श्रीमती महाजन को उन्होंने गोदरेज की अल्मारी खोलने को कहा । उसने सभी डिब्बे आदि पलंग पर निकाल दिए जिनमें से जो गहने पड़े थे, उन्होंने उठा लिए । वहां एक विदेशी शराब की बोतल पड़ी थी, कहने लगे कि आपके पास और भी विदेशी सामान होगा । उन्होंने कहा कि यही बोतल है, यह ले लीजिए मगर उन्होंने यह कह कर बोतल रख दी कि वे शराब नहीं पीते ।

इतने में श्री सुभाष महाजन भी कुत्ते को घुमा कर आ गए और जब वह ऊपर चढ़ कर कमरे में दाखिल हुए तो उन्हें भी रिवाल्वर दिखा कर एक तरफ खड़ा कर दिया ।

वहां से निकल कर लुटेरों ने 575 नं. कोठी को भी लूटने का चांस लेना चाहा किन्तु मालिकों ने दरवाजा नहीं खोला । तब वह पौने ग्यारह बजे कुछ दूर खड़ी कार में फरार हो गए ।

डा. शर्मा ने श्री भट्टी को यह भी बताया कि डाकुओं ने उनसे पूछा कि साथ वाली कोठी (573) में कौन रहता है और क्या करता है । जब डाक्टर ने उसका नाम बताते हुए कहा कि उसके काम का तो पता नहीं तो एक ने कहा कि क्या इसकी ट्रैवल एजैंसी नहीं है ?

इस दौरान यह भी बताया गया कि पुलिस डिवीजन नं. 6 के अधीन चौकी बस अड्डा के इंचार्ज ए.एस.आई. श्री बेदी मोटर साइकल पर गश्त करते हुए वहां से लगभग दस बजे गुजर कर गए थे । तब ब्रिगेडियर बाजवा की कार बाहर खड़ी थी और कोठी के बरामदा की लाइट आदि जल रही थी, किन्तु अन्दर डाका की वारदात होने का कोई आभास नहीं हो पाया । यह भी बताया गया कि मोटर साइकल की आवाज सुन कर ब्रिगेडियर बाजवा ने पर्दा हटा कर देखने की कोशिश की तो एक लुटेरे ने रोक दिया ।

जायजा लेने के बाद श्री भट्टी ने अलग बैठ कर पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के प्रकाश में बातचीत की । जब श्री भट्टी चले गए तो एस.पी. श्री मान ए.एस.आई. श्री बेदी को निलम्बित करके गए । उक्त वारदात के दौरान लुटेरे डा. अशोक शर्मा के घर से 4000 रुपए कैश सहित 45000 रुपए के गहने तथा श्री महाजन के घर से 50000 रुपए के गहने ले गए ।

ऊधम सिंह नगर की वारदात : शहीद ऊधम सिंह नगर की वारदात मोतासिंह नगर की वारदात से पूर्व 8.30 बजे से साढ़े नौ या पौने दस बजे के लगभग हुई । अपराधी सफेद मारुति कार में आए और उसे एक साइड में खड़ा करके पहले वह श्री कश्मीरी लाल के घर में लॉबी के रास्ते अन्दर चले गए और लॉबी आदि की बिजली बंद कर दी । तब कोठी में श्री कश्मीरी लाल की धर्म पत्नी श्रीमती तारा रानी, उनका छोटा बेटा तथा मंझले बेटे की बहू घर में थी । इन सभी को इन्होंने एक कमरे में खड़े कर दिया और पहले उनके गले आदि से गहने उतरवा लिए और फिर बहू से अलमारी आदि से सारे गहने निकलवा लिए । साथ ही काफी मात्रा में कैश पड़ा बताया गया है, जो उन्होंने ले लिया ।

इतने में श्री कश्मीरी लाल कार में आ गए और वह कोठी की लॉबी में घुसे तो दरवाजे पर खड़े एक लुटेरे ने उन्हें भी बाकियों के साथ कमरे में चुप खड़े करवा दिया और उनकी जेब में कुछ कैश था, वह ले लिया । इसके कुछ ही मिनट बाद श्री कश्मीरी लाल का मंझला लड़का दुकान से आ गया, उसे भी इसी प्रकार डरा कर खड़ा कर दिया, जो कैश उसकी जेब में था, वह तथा गले की चेन ले ली । दुर्भाग्यवश सब से बड़ा लड़का अपनी पत्नी तथा बच्चे के साथ बाहर से खाना खा कर घर लौट आया और लुटेरों ने फिर बड़ी बहू के गहने तथा लड़के की जेब से कैश ले लिया ।

इसके बाद एक लुटेरा रिवाल्वर तान कर उनके पास खड़ा रहा और अन्य दो पीछे से पांच फुट ऊंची दीवार फांद कर साथ वाली श्री अविनाश कन्द्रा की कोठी में चले गए । तब श्री कन्द्रा कार लेकर कहीं जाने को तैयार होकर कार के पीछे पहुंचे थे कि वे उन्हें रिवाल्वर दिखाकर वापिस कोठी के अन्दर ले गए और कैश तथा गहने ले गए जो भारी मात्रा में बताए गए हैं । वहां उन्होंने रिवाल्वर आदि बारे पूछा, जो उनके पास नहीं था । वहीं से उन्होंने श्री कश्मीरी लाल के पास हथियार होने न होने बारे पूछा जिस पर डर के मारे उन्होंने बता दिया । फिर वह दोबारा श्री कश्मीरी लाल के घर आ गए और रिवाल्वर भी ले गए । उन्होंने कार की चाबी भी ले ली । जाती बार दोनों परिवारों को कह गए कि दो घंटे तक बाहर नहीं निकलना और न ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करानी की ज़रूरत है । दोनों परिवार रात भर डर के मारे बाहर नहीं निकले और तब पुलिस को सूचित किया गया ।

102644 रु. लूटे : जालन्धर से 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने आज जालन्धर जिले में दो अन्य घटनाओं में 102644 रु. लूट लिए । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने जालन्धर जिले के करतारपुर में अमरजीत सिंह की शराब की दुकान से पिस्तौल की नोक पर 85644 रु. लूट लिए । दूसरी घटना में दो आतंकवादी इस जिले के बंगा कस्बे में आजाद चौक क्षेत्र से एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार के घर से 17000 रु. नकद लूट कर ले गए ।

इंस्पैक्टर के रिश्तेदारों का अपहरण : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने जंडियाला पुलिस थाना के गांव रसूलपुर में एक पुलिस इंस्पैक्टर के पिता और दो भतीजों का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने कपूरथला में तैनात पुलिस इंस्पैक्टर बचन सिंह के घर में लूटपाट करने के बाद घर को आग लगा दी । पुलिस ने बाद में बताया कि पुलिस इंस्पैक्टर के सम्बन्धियों का अपहरण करने वाले 10-12 आतंकवादी चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे । आतंकवादी एक 12 बोर की दुनाली बंदूक और गहने भी लूट कर ले गए । आतंकवादियों द्वारा फूंक डाली गई सम्पत्ति में एक ट्रैक्टर, एक स्कूटर तथा कुछ जरूरी कागजात भी शामिल हैं । 'वार्ता' के अनुसार बचन सिंह के पिता का नाम किशन सिंह है तथा अन्य अपहृत व्यक्ति तेजिंदर सिंह और सुखजिंदर सिंह किशन सिंह के भतीजे हैं । आतंकवादी 'बब्बर खालसा गिरोह' से सम्बन्धित हैं ।

फिरौती : अपहरणकर्त्ताओं ने फिरौती में 15 लाख रुपए नकद, पांच ए.के. 47 राइफलें तथा 1500 कारतूसों की मांग की है ।

कांस्टेबल की हत्या : आज सायं मजीठा पुलिस जिले में सैयदपुर गांव के निकट एक पुलिस कांस्टेबल कुलविंदर सिंह की हत्या कर दी गई ।

2 घुसपैठिये मरे : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज प्रातः भारत-पाक सीमा पर खेमकरण सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात घुसपैठिये मारे गए ।

होमगार्ड जवान की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिला में एक होमगार्ड जवान दविन्दर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उसका गोलियों से छलनी शव आज सुबह नागोके गांव के पास पड़ा मिला । मृतक बैरोवाल थाना के गांव खोजकीपुर के निवासी श्री बचन सिंह का गनमैन था ।

दो आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिले में ही आज सुबह सोहल गांव के निकट गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ है । यद्यपि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी, किंतु पुलिस को संदेह है कि वह आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया है । आतंकवादी गिरोहों की ही एक अन्य आपसी लड़ाई में तरनतारन के गांव भांगला के निकट आतंकवादियों ने अपने ही एक साथी की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस दल पर हमला: 1 मरा, 4 घायल : आतंकवादियों ने गत रात फिरोज़पुर जिले में वालिया गांव के निकट घात लगाकर पुलिस के एक गश्ती दल पर हमला किया और चार सुरक्षा कर्मियों को घायल कर दिया । इनमें से एक घायल हैड-कांस्टेबल कश्मीर सिंह की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई । अन्य घायल हैं : सब-इंस्पैक्टर हरिसिंह, ड्राइवर रणजीत सिंह तथा एक होमगार्ड का जवान ।

ठेके के कारिंदे की हत्या : फरीदकोट जिले के दारापुर गांव में गत रात शराब के ठेके के एक कर्मचारी की हत्या कर दी गई । मृतक की शिनाख्त भजन सिंह के रूप में की गई है ।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिले में स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने जिले की मंडी

Punjabi Sanatani

बे स्टेशन पर आगरा-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन को रोकते हुए छात्र तथा रोधी आंदोलन का एक दृश्य । (छाया : राज, अग्रवाल)

ार की विदेश नीति
ति रूस शंकित

एस. चावला):
ट्रपति मिखाइल
ध्यम से भूतपूर्व
न राजीव गांधी
ी विशेष महत्व दे

त्र को सोवियत
सी सम्बन्धों के
इसकी व्याख्या
ण नीति के प्रति
है । यहां यह
जने की प्रक्रिया
योंकि सामान्यता
वियत कम्युनिस्ट
ति लेनी होती

ने अपक्षपातपूर्ण
ी राजीव गांधी
लगी थी लेकिन
कुछ पश्चिम के
ारत की विदेश
है तथा रूस को
ी ही उनके लिए

भारत को विश्व
रनी चाहिए ।
नीति रही है कि
मामलों में ही
का निभाने का

अवसर ही न मिले । इस संदर्भ में राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार का अपने पड़ोसियों के साथ सम्बन्ध सुधारने पर जोर देना पर्यवेक्षकों की निगाह में अप्रत्यक्ष रूप से किन्हीं अन्य हितों की पूर्ति करने से प्रभावित है । इसी पृष्ठभूमि में रूसी नेता द्वारा राजीव गांधी को भेजे गए पत्र को बहुत महत्व दिया जा रहा है ।

राष्ट्रीय मोर्चे को समर्थन दे रही वामपंथी पार्टियां रेल मंत्री जार्ज फर्नांडीज के तिब्बत के संदर्भ में दिए गए बयानों से अधिक खुश नहीं है । ऐसे संकेत मिले हैं कि रूस इस मामले में भारतीय वामपंथी दलों से सम्पर्क बनाए हुए है । राष्ट्रीय मोर्चे ने सत्ता में आने के पश्चात् नेपाल तथा श्रीलंका से विशेष रूप से अपने सम्बन्ध सुधारने की बात कही है । इसके पीछे भाजपा का दबाव स्पष्ट रूप से कार्य कर रहा है । नेपाल के संदर्भ में तो विदेश मंत्रालय ने राजनीतिक नेतृत्व को ऐसा कोई भी पग उठाने से मना किया है, जिससे नेपाल स्थित भारत समर्थक तत्वों को किसी मुश्किल का सामना करना पड़े । श्रीलंका के विदेश मंत्री ने भी अपनी भारत यात्रा के दौरान समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे राजनीतिक प्रयत्नों की सराहना की है ।

यह भी संभावना है कि कुछ विदेशी ताकतें नेपाल को भारत की वर्तमान सरकार के विरुद्ध प्रयुक्त करें, जैसा कि उन्होंने पिछली सरकार के समय किया था । हालांकि नेपाल समर्थक ताकतें सरकार पर यह दबाव डाल रही है कि नेपाल को कुछ रियायतें दी जानी चाहिए लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि नई सरकार को सोच-समझ कर कदम उठाने की भी सलाह दी गई है ।

र बनने के बाद भी
नों की हालत खौफनाक

र): केंद्र में नई
ग्रामीण क्षेत्रों में
ी उग्रवादियों से
न पुनः आरम्भ
में हालत इस
5 बजे के बाद
। तरनतारन
का अपहरण
नहीं चल सका,
धमकी पत्रों में
समय खालड़ा
बनी हुई है ।
ा क्षेत्र के गांव
रला, नारली,

ने के
मूला

र कर सकता

कि पंजाब,
की सीमाओं
उच्चस्तरीय
में गहराई तक
तथा देश की
अपनी रिपोर्ट
।

गटन किया है
र्षकों के, जो
ी संबोधित है,
मिल होने की
उच्चस्तरीय
अनुभव करते
तियों में अब

चक्क, डल, टोटिया में स्थिति भयंकर रूप धारण कर चुकी है । इस सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त गांव से एक समुदाय के कई परिवार पलायन कर गए हैं । गांव नारली से पिछले समय में आधा दर्जन ब्राह्मणों के परिवार जमीन-जायदाद छोड़ कर पंजाब से बाहर चले गए हैं । यहां से एक वरिष्ठ इंजन नेता द्वारा पलायन करने के बाद धीरे-धीरे एक समुदाय के लोगों ने गांवों से निकलना आरम्भ कर दिया है । बताया जाता है कि गांव में आतंकवादी एक जट सिख फौजी से उसका लाइसैंसशुदा हथियार छीन कर ले गए हैं, यह जट सिख ग्वालियर से घर पर आया था कि उग्रवादियों ने उसको भी नहीं छोड़ा । इस घटना के बाद छोटे जमींदारों के होसले भी पस्त हो चुके हैं । इस गांव के एक बड़े जट जमींदार के लड़के को भी आतंकवादियों द्वारा बराबर धमकियां मिल रही हैं और उनसे लाखों रुपए मांगे जा रहे हैं । इस परिवार को विभिन्न उग्रवादियों के धमकी पत्र मिल रहे हैं जिससे यह परिवार कुछ सहमा-सा रहने लगा है ।

खालड़ा के ही गांव कलसिया के सरपंच को उग्रवादियों ने कई बार गांव छोड़ने की धमकियां दी हैं । पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार इस गांव का सरपंच हिन्दू है जिसकी 50 एकड़ से अधिक भूमि है । सरपंच ने अपने सभी बेटों को पंजाब से बाहर भेज दिया है । गत दिनों आतंकवादियों के एक गिरोह ने उनके घर पर हमला भी बोल दिया था इस डर के कारण एक समुदाय के लोगों ने गांव छोड़ दिए हैं । नारला गांव का एक खौफनाक आतंकवादी तो कुछ मास पूर्व एक पुलिस मुकाबले में मारा गया था जिस मकाबले में तरनतारन का एस.पी. (आप्रेशन) अवतार सिंह की भी मृत्यु हो गई थी । इसके बाद से एक अन्य खूंखार आतंकवादी जो इस गांव का ही है, ने इलाके में दहशत फैला रखी है । इस गिरोह ने गत दिनों इलाका झब्बाल से एक व्यक्ति का अपहरण किया था और 20 लाख रुपए मांगे थे जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल रहा । तरनतारन के कई शैलर मालिकों एवं व्यापारियों को धमकी पत्र मिल

बस पर फ़ायरिंग के बाद बटाला क्षेत्र में कड़ी सतर्कता का आदेश

2 व्यक्तियों का अपहरण, 50 हज़ार रुपये लूटे

चंडीगढ़, 25 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि के बाद एक बस ड्राइवर, एक हैड कांस्टेबल, दो होमगार्डों, एक स्त्री और तांत्रिक सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी । बटाला पुलिस जिला में कल बस पर फायरिंग की घटना के बाद कड़ी सतर्कता का आदेश दिया गया है । एक जमींदार व उसके लड़के का अपहरण कर लिया गया, जबकि एक आढ़ती से 50000 रुपए लूट लिए गए ।

जमींदार व उसके पुत्र का अपहरण : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के गांव कोटली लायल में गत रात लगभग 8 सशस्त्र आतंकवादी एक जमींदार गुरमुख सिंह व उसके बेटे दया सिंह का अपहरण करके ले गए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अपहृत गुरमुख सिंह तरनतारन क्षेत्र के बब्बर खालसा के खतरनाक आतंकवादी माघा सिंह का निकट सम्बन्धी है ।

मृतक की पहचान हो गई : गत साय नत गांव के निकट पंजाब रोडवेज़ की एक बस पर आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में जो व्यक्ति मारा गया था, उसकी पहचान हंसराज के रूप में हुई है जो कि गांधी कैम्प बटाला का निवासी था । पुलिस ने बताया कि (10) वर्षीय बच्ची नीना तथा सुरेश महाजन (30) जो कि इस फायरिंग में घायल हुए थे, की हालत खतरे से बाहर है । जबकि नीना जिसकी आंख के पास गोली का घाव है, को उसके पिता इलाज के लिए अमृतसर ले गए थे, श्री महाजन का सिविल अस्पताल बटाला में इलाज चल रहा है ।

घटनास्थल बटाला-जालन्धर मुख्य मार्ग पर ही बटाला से सात किलोमीटर पर स्थित है । पंजाब रोडवेज़ जालन्धर की बस पी.जे.जी. 2269 शिमला से गुरदासपुर के लिए आ रही थी । बस में लगभग 40 यात्री थे । घटनास्थल के निकट सशस्त्र आतंकवादियों ने बस को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर द्वारा बस धीमे करते ही आगे बैठा एक यात्री ड्राइवर की खिड़की से कूद कर भागा, जिस पर आतंकवादी उसके पीछे लपके तो ड्राइवर ने बस एक सम्पर्क मार्ग की ओर भगाने का प्रयास किया, जिस पर आतंकवादियों ने बस पर गोलियां एके. 47 राइफलों से अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी । बस के अन्य यात्रियों ने बताया कि यदि आतंकवादी बस का अपहरण कर लेते तो कइयों को जान से हाथ धोना पड़ता । प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस का पीछे का भाग गोलियों से छलनी था और अन्दर फ़र्श पर खून बिखरा पड़ा था । यात्रियों का सामान व जूते आदि भी बिखरे पड़े थे ।

पुलिस सतर्कता के कारण अधिक बचाव : पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिस समय आतंकवादियों ने बस पर फ़ायरिंग की, उस वक्त थाना सदर बटाला की पुलिस व बी.एस.एफ. उस क्षेत्र के आसपास ही गश्त कर रही थी । उन्होंने अंधाधुंध फ़ायरिंग की आवाज़ सुनते ही हवाई फ़ायरिंग कर दी जिस कारण आतंकवादी तुरन्त फ़रार हो गए । एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल के नेतृत्व में पुलिस व बी.एस.एफ. गत रात से ही घटनास्थल के आसपास के लगभग बीस गांवों में आतंकवादियों की खोजबीन कर रहे हैं और उनके छिपने के स्थानों पर छापे मार रहे हैं । लोगों में आतंक व्याप्त है और सभी अपने-आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं । एस.एस.पी. श्री गोयल के अनुसार जिला में आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है ।

धरपकड़ अभियान : प.स. के अनुसार बटाला सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुरक्षा बलों ने आज आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. गोयल ने बताया कि बटाला पुलिस जिला में कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं ।

श्री गोयल ने वारदात का ब्यौरा देते हुए बताया कि बस ड्राइवर की होशियारी से एक बड़ी त्रासदी होते-होते बची । उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने घटना की जानकारी पास की सीमा सुरक्षा बल की चौकी में दे दी थी । पुलिस ने ड्राइवर को पुरस्कार देने की सिफारिश की है ।

दवाइयां देने वाले की हत्या : खरड़ (मोहि): गत दिवस को अज्ञात व्यक्तियों ने दिनदहाड़े

12 बजे जब उसने दुकान खोली तो वहां पर कुछ औरतें व अज्ञात युवक बैठे थे । इन युवकों ने गुरदयाल सिंह से पूछा कि क्या वह ही दवाइयां आदि देता है । उसके हां कहने पर उन्होंने 9 एम.एम. के रिवाल्वर से फायरिंग की जिससे गुरदयाल सिंह की वहीं पर मृत्यु हो गई । वार्ता के अनुसार गुरदयाल सिंह तांत्रिक था ।

कारिंदे की हत्या : जालन्धर (न.स.ए.): गत रात थाना नूरमहल के गांव मिठड़ा स्थित एक शराब

(शेष पृष्ठ 8 पर)

वह बस, जिस पर आतंकवादियों ने कल पुलिस जिला बटाला में नत गांव के निकट फायरिंग की थी और (नीचे) इस घटना में घायल सुरेश महाजन अस्पताल में उपचाराधीन दिखाई दे रहे हैं ।

(छाया : कोछड़)

सेना की छवि सुधारने का प्रयास : सैनिक अभ्यास को हालांकि प्रसार माध्यमों ने पर्याप्त महत्व दिया लेकिन उन मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान नहीं गया जो इस तरह के अभ्यासों का प्रमुख आधार होते हैं । पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष जनरल मिर्जा असलम बेग ने दस दिसम्बर को संवाददाताओं से कहा था कि नए सवाल और नई वास्तविकताएं उभर कर सामने आई हैं । यहां पर्यवेक्षकों का मानना है कि इनमें सब से प्रमुख सेना की स्वयं की छवि में परिवर्तन है जिसने कम्युनिस्ट विरोधी सेना और एक इस्लामी सेना का स्वरूप अख्तियार किया ।

अगस्त 1988 में विमान दुर्घटना में राष्ट्रपति जिया के साथ-साथ सेनाध्यक्ष की मृत्यु हो जाने पर जनरल बेग ने सेनाध्यक्ष का पद सम्भाला था । उनमें इतिहास की अच्छी समझ है तथा क्षेत्र के इतिहास के साथ-साथ पाकिस्तान की सेना को साथ लेकर चलने की दृष्टि उनमें है ।

एक और विशेष बात यह है कि पाकिस्तानी सेना ने धीरे-धीरे स्वदेशी रूप धारण कर लिया और वह पश्चिमी विचारों वाले एक विशिष्ट वर्ग की सेना नहीं रह गई है ।

पाकिस्तानी सेना अब राजनीतिक रूप से काफी सजग है । इसके अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी काफी पढ़े-लिखे हैं और वे अंतर्राष्ट्रीय मामलों में खासी रुचि लेते हैं ।

कई बाहरी कारणों से भी पाकिस्तानी सेना में नया विश्वास पैदा हुआ है । इनमें अफगानिस्तान की भूमिका सब से उल्लेखनीय रही है । पिछले दशक में अफगानिस्तान के राजनीतिक और सैनिक विकास में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका से पाकिस्तान सामरिक दृष्टि से उस ओर से काफी सुरक्षित हो गया है और इससे सेना को किसी युद्ध मोर्चे पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला है ।

अफगानिस्तान में चाहे कुछ भी हो, पाकिस्तान के साथ लगने वाली इसकी सीमा पर इस्लामी मुजाहिदीन का नियंत्रण रहेगा, जो इस्लामाबाद के प्रति सहानुभूति का रुख रखते हैं ।

पंजाब समस्या के हल के लिए वी.पी. सिंह और राजीव गांधी सीधी वार्ता करें : रे का सुझाव

कलकत्ता, 25 दिसम्बर (वार्ता, पस) : पंजाब के पूर्व राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने आज प्रस्ताव रखा कि पंजाब समस्या का समाधान ढूंढने के लिए प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और विपक्ष के नेता राजीव गांधी के बीच सीधी बातचीत हो । श्री रे ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब के मुद्दे पर हाल ही में हुई सर्वदलीय बैठक में अपनाया गया आम सहमति का दस्तावेज 'मात्र पवित्र आशा की अभिव्यक्ति मात्र' ही है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थिति तेजी से बिगड़ती जा रही है और हालात 'आपरेशन ब्लैक थंडर' के समय के जैसे होते जा रहे हैं । हालात और भी बिगड़ सकते हैं क्योंकि करीब दो सौ राष्ट्र विरोधी आतंकवादी अभी भी फरार हैं और लगभग 700 ए.के. 47 राइफल गुप्त रूप से रखे हुए हैं ।

श्री रे ने स्वीकार किया कि कुछ पुलिस ज्यादतियां हुई लेकिन उनका कहना है कि सुरक्षा कर्मियों के तबादले से समस्या कम करने में मदद मिलने की बजाय सुरक्षा बलों का मनोबल ही गिरेगा । उन्होंने कहा कि पंजाब में विद्यमान स्थिति के कारण अब जरूरत इस बात की है कि राज्य में राष्ट्र-विरोधी आतंकवादियों से सख्ती से निपटा जाए ।

17 दिसम्बर को जारी 'सहमति दस्तावेज' की कुछ विशेषताओं की व्याख्या करते हुए श्री रे ने कहा कि दस्तावेज में वर्णित 16 नुक्तों में से केवल 2 में ही निश्चित सुझाव दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि 59वें संविधान संशोधन को निरस्त करने के प्रस्ताव में कोई बड़ी बात नहीं है क्योंकि इसे निरस्त करना पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री श्री गांधी के विचाराधीन था । उन्होंने कहा कि 59वां संविधान संशोधन आपरेशन ब्लैक थंडर से पूर्व मई 1988 में नाजुक समय पर पास किया गया था । जहां तक दिल्ली-दंगों का संबंध है, श्री गांधी ने बार-बार कहा था कि दिल्ली-दंगों के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा ।

उन्होंने कहा कि इस संविधान संशोधन की जिस धारा 3 (1) पर आपत्ति की गई है, वह 40 मार्च था । अतः 59वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की बात कह कर सिर्फ वाहवाही लूटने वाली बात की गई है ।

श्री रे ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने उन्हें मिलने के लिए 10 मिनट का समय दिया होता तो वह 'सहमति दस्तावेज' जारी होने से पूर्व पंजाब समस्या के बारे में उनके समक्ष सब कुछ स्पष्ट कर देते लेकिन उन्होंने कहा कि श्री निर्मल मुखर्जी को पंजाब के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति सही दिशा में एक पग है क्योंकि श्री मुखर्जी पंजाब कैडर के व्यक्ति हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में पूर्व राज्यपाल ने स्वीकार किया कि 'आपरेशन ब्लू स्टार', 'आपरेशन वुड रोज', 'पुलिस ज्यादतियों' और दिल्ली दंगों से पंजाब समस्या जटिल हुई है ।

श्री रे ने कहा कि जब तक पाकिस्तान में प्रशिक्षित एवं राज्य में मौजूद राष्ट्र विरोधी आतंकवादियों से 'दृढ़ता और निर्भीकता' से नहीं निपटा जाता तब तक पंजाब समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकलेगा । श्री रे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आतंकवादियों से संगठित संघर्ष का प्रयास किया जाना चाहिए । पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकवादी न संविधान और न ही देश की एकता एवं अखंडता में विश्वास करते हैं । प्रैस को जारी पत्र की प्रति में श्री रे ने स्पष्ट किया कि उनका मतलब पाकिस्तान सरकार से नहीं बल्कि पाकिस्तान का एक वर्ग और मानोचाहल, बस्सन सिंह जफरवाल, डा. मोहन सिंह और सुखदेव सिंह बब्बर जैसे उग्रवादी इसके लिए जिम्मेदार हैं ।"

यह पूछे जाने पर कि क्या वह पार्टी को पुनः संगठित करने के लिए पश्चिम बंगाल की राजनीति में लौट रहे हैं, श्री रे ने कहा कि मुझे पहले स्थिति का जायजा लेने दीजिए । उन्होंने कहा कि वह कल से जिलों का दौरा करके पार्टी वर्करों और समर्थकों से मिलेंगे । श्री सिद्धार्थ शंकर रे, जोकि बारह वर्ष बाद फिर राजनीति में लौट रहे हैं, सर्वसम्मति से पश्चिम बंगाल कांग्रेस (इ) अध्यक्ष बनने का प्रयास कर रहे हैं । श्री रे पार्टी में फैली गुटबाजी को खत्म करने की कोशिश भी कर रहे हैं । श्री रे ने विमल मिश्र पार्टी

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

के ठेके के कारिंदे भारत भूषण की कुछ संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा गोलियां मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली है । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रात: मिली ।

50 हजार रुपए छीने : लुधियाना (मुसाफिर): सब्जी मंडी में तीन आतंकवादी लुटेरे आए, जिनके पास स्टेनगनें थीं । उन्होंने मंडी के एक आढ़ती मनजीत सिंह से, जो कि कैश गिन रहा था, 50 हजार रुपए स्टेनगन दिखाकर छीन लिए तथा फरार हो गए ।

लुधियाना जिला में एक उग्रवादी बलजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक देसी पिस्तौल, दो कारामद कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 30 कारतूस, 6 डैटोनेटर तथा कुछ विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

हत्याकांड का विवरण : समराला (अश्विनी): ठीकरीवाल (खमानों) में गत 23 दिसम्बर की रात्रि को जिन चार व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, कल उनके शवों का पोस्ट मार्टम स्थानीय सिविल अस्पताल में हुआ । इस दौरान ज्ञात हुआ है कि पुलिस उच्चाधिकारियों ने भी वहां का दौरा किया है । अस्पताल में उक्त गांव के लोगों ने बताया कि आतंकवादियों ने प्यारा सिंह को उसके घर से बाहर आवाज़ देकर बुलाया, जहां पर वह परिवार के सदस्यों सहित टी.वी. देख रहा था तथा उसको गोलियां मारीं । इस फायरिंग में एक महिला सुमेल कौर तथा नेत्र सिंह घायल हुए । नेत्र सिंह घायलावस्था में ही घर को भागा, जिसके पीछे आतंकवादी भी भागे, बाद में नेत्र सिंह के पिता जोगेन्द्र सिंह नम्बरदार के घर में गोलियां चलने की आवाज़ें सुनाई दीं । इस फायरिंग में नेत्र सिंह के लड़के बहादुर सिंह, जोगेन्द्र सिंह तथा मोहन सिंह की मृत्यु हुई । लोगों ने बताया कि घटना वाली रात को इतना भय गांव में फैल गया था कि कोई भी व्यक्ति घर से रात भर निकलने का साहस नहीं कर सका । जिन लोगों ने पुलिस थाना को सूचना दी, बताया जाता है कि वह भी भय के कारण मुख्य मार्गों द्वारा जाने के स्थान पर खेतों में से होकर खमानों पहुंचे ।

दो व्यक्तियों की हत्या : जिला संगरूर के गांव कोहड़ियां में एक व्यक्ति हरबख्श सिंह तथा उसके मित्र सुरजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना (ज्ञान): फरीदकोट जिला पुलिस ने कल एक कट्टर आतंकवादी दीदार सिंह को गिरफ्तार किया था । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह गांव किल्लियांवाली और अरनीवाला में ज़बरदस्ती धन वसूली की कई वारदातों में संलिप्त रहा है । गांव मल्लांवाला के एक लड़के हरमीत सिंह के अपहरण में भी उसका हाथ था । उसके गैंग के कुछ सदस्य पहले ही पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं ।

सरहाली रोड पर फ़ायरिंग : पट्टी : गत रात्रि सरहाली रोड पट्टी के पास आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । सरहाली रोड के निवासियों का कहना है कि रात 11-12 बजे आतंकवादियों ने 6 फायर किए, किसी तरह का जान-माल का नुक्सान नहीं हुआ है ।

लावारिस स्कूटर से लुधियाना में आतंक

लुधियाना, 25 दिसम्बर (मुसाफिर): गत रात यहां मोहन दई ओसवाल कैंसर अस्पताल के निकट एक लावारिस स्कूटर खड़ा पाया गया जिससे लोगों में आतंक फैल गया कि इसमें कहीं बम न रखा हुआ हो अत: लोगों ने पुलिस को सूचित किया । आज प्रात: पुलिस ने वहां आते ही स्कूटर के चारों ओर रेत की बोरियां खड़ी करके मोर्चा बना दिया । बाद में विशेषज्ञों को बुलाया गया जिन्होंने आकर स्कूटर की डिक्की को खोला तो उसमें बम की जगह केले निकले । पुलिस ने स्कूटर कब्जे में ले लिया ।

बस पर फायरिंग : 2 मरे : फिरोजपुर (वार्ता): आज सायं जिला फिरोजपुर के गांव हमंड के निकट उग्रवादियों द्वारा एक यात्री बस पर फायरिंग की गई, जिससे 2 व्यक्ति मारे गए और 6 अन्य घायल हो गए । बस फिरोजपुर से फाजिल्का जा रही थी ।

एक दर्जन घायल : जलालाबाद से राकेश मलिक से प्राप्त विवरण के अनुसार आज सायं साढ़े पांच बजे पंजाब रोडवेज फिरोजपुर की बस नं. पी.जे.बी. 1688 फाजिल्का से फिरोजपुर की ओर रवाना हुई तो यहां से 55 किलोमीटर दूर गांव कामहावत के निकट लगभग एक दर्जन सशस्त्र उग्रवादियों ने चलती बस पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो व्यक्ति मौके पर ही मारे गए जबकि एक दर्जन घायल हो गए । इस बस में सशस्त्र गार्ड भी सवार थे । बस में वारदात के समय 50 यात्री सवार थे ।

फिरोजपुर से कन्तोड़ ने गुरुहरसहाय के संवाददाता भंडारी के सहयोग से समाचार दिया है कि वारदात यहां से 28 किलो मीटर दूर गुरुहरसहाय की ओर गांव बंडी बाजे के निकट 6.40 बजे सायं हुई, जिसमें एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, मृतकों की संख्या 5 है और 10 यात्री घायल हो गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने सड़क पर दो ट्रैक्टर खड़े करके यातायात रोक लिया । एक बस जब वहां पहुंची तो उग्रवादियों ने उसकी खिड़की खोलने की कोशिश की । अंदर बैठे हैड कांस्टेबल ने अपनी स्टेनगन बाहर निकाल कर दिखाई और अंदर से खिड़की बंद कर ली । उग्रवादियों ने बाहर से उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । पुलिस घटनास्थल पर पौना घंटा बाद पहुंची ।

2 बसों पर फायरिंग की गई : पुलिस के अनुसार दो बसें फाजिल्का और फिरोजपुर जा रही थीं कि जिला फिरोजपुर में बना ममदोट के गांव हमद के निकट उग्रवादियों ने उन बसों पर फायरिंग की, जिससे फिरोजपुर जाने वाली बस में सवार हैड कांस्टेबल और फाजिल्का जाने वाली बस का ड्राइवर मौके पर ही मारे गए, जबकि 7 अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों ने कल रात्रि भी पंजाब रोडवेज की एक बस पर बटाला के निकट फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी ।

फाजिल्का जाने वाली बस के कंडक्टर और कुछ यात्रियों ने पुलिस को वारदात की सूचना की

दो होमगार्डों, एक स्त्री की हत्या कर दी : लुधियाना (धीमान): यहां से 26 किलो मीटर दूर गांव स्योहोड़ा में उग्रवादियों ने तपेन्द्र सिंह और सिकंदर सिंह नामक दो होम गार्डों तथा एक स्त्री की हत्या कर दी और उनकी बंदूकें छीन कर फरार हो गए ।

मुसाफिर ने उक्त घटना के सम्बन्ध में विवरण दिया है कि यह वारदात थाना पायल के क्षेत्र में स्थित गांव स्योहोड़ा के शराब के ठेके पर हुई, जहां दोनों होमगार्ड तैनात थे । इन उग्रवादियों के हमले से ठेके के निकट खड़ी एक स्त्री भी मारी गई ।

पाक में अगले वर्ष 7 टैस्ट ट्यूब बेबी

A HOUSE OF AIR COMPRESSORS & MONO BLOCK

K. G. Khosla Air Compressor, Beacon Mono Block Pumping Sets. Everest Scooter & Car Washers. Harison Motor & Mono Block. Orient Biecco, Gautam Motor & Mono Block Batliboi, Motor, Mono Block, Pumps, Becco Air Compressors.

S. Surjan Singh Ji Partner

SURJAN SINGH & SONS

Punjabi Sanatan

पंजाब में रिटायर्ड कैप्टन सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादी मरा

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से आतंकवादियों ने एक रिटायर्ड कैप्टन सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी भी मारा गया । एक बैंक लूटने का प्रयास किया गया । तीन शैलर मालिकों का अपहरण कर लिया गया ।

बस कांड का विवरण : गुरु हरसहाय से भंडारी के अनुसार गत सायं यहां से 8 किलोमीटर दूर फिरोज़पुर-फाज़िल्का राजमार्ग पर गांव हामद के निकट आतंकवादियों की ओर से जिन दो बसों पर फ़ायरिंग की गई थी, उनमें मरने वालों की संख्या 5 है । इस फ़ायरिंग में 8 व्यक्ति घायल भी हुए जिनमें से एक की हालत गम्भीर है । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि यह वारदात शाम साढ़े छः बजे के लगभग हुई । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने दो ट्रैक्टर-ट्रालियां मेन रोड पर खड़ी कर दीं तथा स्वयं राइफलें लेकर झाड़ियों में छिप कर बैठ गए । पंजाब रोडवेज़ फिरोज़पुर की एक बस रास्ता रुका हुआ होने के कारण वहां आकर रुकी । बस के रुकते ही आतंकवादियों ने फ़ायरिंग आरम्भ कर दी, जिससे वहां भगदड़ मच गई । इतने में फिरोज़पुर से फाज़िल्का जाने वाली एक अन्य बस वहां पहुंच गई । आतंकवादियों ने उस पर भी फ़ायरिंग की । इस फ़ायरिंग में सिख रैजीमैंट का एक जवान जो कि छुट्टी ख़त्म होने पर वापस जा रहा था, बस का गार्ड, एक सिपाही, फिरोज़पुर से फाज़िल्का जा रही बस का ड्राइवर और दो अन्य यात्री मारे गए । गम्भीर रूप से घायल यात्री को फरीदकोट के मैडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

बसों के गार्डों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की तथा एस.एस.पी. के अनुसार दोनों ओर से 15 मिनट तक फ़ायरिंग होती रही । उन्होंने कहा कि यदि बस में सुरक्षा गार्ड न होते तथा जवाबी फ़ायरिंग न होती तो अधिक यात्री मारे जाने थे ।

3 शैलर मालिकों का अपहरण

आतंकवादियों ने जिन दो व्यक्तियों मुन्ना तथा बोरा की ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी करके रास्ता रोका था, उन्होंने बताया कि वह ईंटों के भट्ठे से ईंटें लेकर किसी जगह छोड़ कर आ रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने उन्हें रोक लिया तथा उनको घेरे रखा । जब सारे आतंकवादी बसों के आने पर उधर फ़ायरिंग करने लगे तो इन दोनों ने वहां से खिसकने का प्रयास किया । एक आतंकवादी ने गोली भी चलाई, जो कि बोरा के हाथ पर लगी । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की संख्या लगभग दस थी ।

3 शैलर मालिकों का अपहरण : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार स्थानीय नूरिया राईस मिल के तीन मालिकों का गत सायं आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । अपहृत व्यक्तियों के नाम वेद प्रकाश, हरिचंद तथा हरजीवन लाल हैं । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादी ज़बरदस्ती शैलर में दाखिल हुए तथा तीनों व्यक्तियों को अज्ञात स्थान की ओर ले गए । इस घटना के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए आज पूरे कस्बे में हड़ताल रही । अभी तक अपहृत व्यक्तियों का कुछ पता नहीं चल सका ।

शैलर मालिक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के कस्बा घुमान में आज दोपहर लगभग डेढ़ बजे दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक शैलर मालिक जत्थेदार कर्मसिंह (45) की हत्या कर दी तथा एक एस.पी.ओ. निरंजन सिंह को सख्त घायल कर दिया । उसे बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । बताया जाता है कि फ़ायरिंग के समय कर्मसिंह एस.पी.ओ. से बातें कर रहा था ।

बैंक लूटने का प्रयास : फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि स्थानीय जी.टी. रोड पर कुछ संदिग्ध नौजवानों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच को लूटने का असफल प्रयास किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्तों ने बैंक की दीवार तोड़कर स्ट्रांग रूम में प्रवेश कर लिया, लेकिन वे स्ट्रांग रूम के लॉकर तोड़ने में असफल रहे । पता चला है कि पहले अभियुक्तों ने बैंक के बाहर दरवाजे का ताला तोड़ लिया । एक नागरिक द्वारा बैंक मैनेजर को सूचित करने पर मैनेजर ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी ।

लाश मिली : आज फगवाड़ा से पांच किलोमीटर दूर गांव बहानी के पास सड़क के किनारे बोरी में पड़ी एक सिख नौजवान की लाश मिली है । पुलिस के अनुसार लाश के गले पर रस्सी के निशान हैं तथा बाज़ू और टांगें टूटी हुई हैं । पुलिस का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि उसे रस्सी से फांसी देने के बाद लाश बोरी में डाल कर सड़क के किनारे फैंकी गई है । धारा 302 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

रिटायर्ड कैप्टन की हत्या : अमृतसर (प.स.): मजीठा पुलिस जिला के गांव तारागढ़ में दो आतंकवादियों ने एक सरपंच गुरबचन सिंह जो कि रिटायर्ड सैनिक कैप्टन भी था, की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

गांव भिडर में हत्या : थाना ब्यास के गांव भिडर में भी एक व्यक्ति गलजार सिंह की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई । दोनों ही वारदातों में अभियुक्त घने कोहरे का लाभ उठाकर फरार हो गए । 'वार्ता' के अनुसार गुलजार सिंह की हत्या मुखिदर सिंह उर्फ विक्रमजीत सिंह ने की । यह आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का नतीजा है ।

डी.एस.पी. घायल : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि थाना पायल के गांव सहोड़ा में दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के दो जवानों एवं एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी थी । उसके बाद सी.आर.पी.एफ. के डी.एस.पी. सोभा चन्द तथा थाना पायल की पुलिस ने पैदल ही इन उग्रवादियों का पीछा किया । उग्रवादी भी पैदल जा रहे थे । गांव पांडेवाल के निकट दोनों तरफ से गोली चलती रही जिसके परिणामस्वरूप सी.आर.पी.एफ. के डी.एस.पी. सोभा चन्द घायल हो गए । उन्हें खन्ना अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): आज प्रातः दो सशस्त्र आतंकवादियों ने बुल्लोवाल पुलिस चौकी के अन्तर्गत पथियाला के मोड़ के पास पंडोरी झावा के एक व्यक्ति सुरजन सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

तलवाड़ा पुलिस ने रात आठ बजे के पश्चात ट्रक चलाने पर चार ट्रक चालकों सुच्चा सिंह, सुरजीत कुमार, मंजीत सिंह व कुलदीप कुमार को धारा 188 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया है ।

2 घुसपैठिये मरे : डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिये बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में मारे गए ।

राजधानी में आतंकवाद पर अंकुश का दावा

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (वार्ता): दिल्ली पुलिस आयुक्त विजय करण ने दावा किया कि राजधानी में आतंकवाद पर अंकुश लगा दिया गया है । श्री करण ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह इस बात का संकेत है कि अपराध रोकने के लिए अपनाये गये विभिन्न उपाय प्रभावी साबित हुए हैं ।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखने के परिणामस्वरूप ही इस वर्ष केवल एक बड़ी आतंकवादी घटना हुई । यह घटना गत 12 जून को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई जिसमें दस व्यक्ति मारे गये । श्री करण ने कहा कि यह कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं है, क्योंकि विश्व भर में आतंकवादी हमलों को पूरी तरह रोकने का अब तक कोई उपाय नहीं खोजा जा सका है ।

असम में लोकसभा चुनाव फरवरी में सम्भावित

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (वार्ता): विधि और न्याय मंत्री दिनेश गोस्वामी ने आज बताया कि असम में संशोधित सूची प्रकाशित हो गई है और वहां फरवरी में लोकसभा चुनाव कराए जा सकते हैं । श्री गोस्वामी ने लोक प्रतिनिधित्व संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि प्रकाशित मतदाता सूची में सभी संशोधन किए जाएंगे ताकि उसमें मतदान के पात्र हर व्यक्ति का नाम शामिल किया जा सके ।

शांति की बहाली अपराधों को दबा

जालंधर, 26 दिसम्बर (ढल्ल): पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी ने आज यहां अपनी पहली यात्रा के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति व शांति की बहाली उनकी सरकार के लिए पहली वरीयता रखती है ।

ए गए आतंकवादियों को सीमा तक पहुंचाया गया

मध्यस्थों के चुनाव और उनकी शिनाख्त के बारे में भी कश्मीर और केन्द्र सरकार के बीच काफी झड़पें हुईं, स्थानीयता के दावे सहित राज्य सरकार बार-बार मध्यस्थों के नाम मांगती रही और एक बार न्यायमूर्ति भट्ट से कहा कि वहां जहां जाएं, पुलिस अधीक्षक को सूचना देकर जाएं और तो और बाद में

वी.पी. सिंह सरकार समस्या हल करने की बजाय

Punjabi Sanatani

पंजाब रोडवेज की दो बसों पर की गई फायरिंग में (2) स्वर्ण सिंह फौजी । जो घायल हुए वे हैं (6) श्रीमती जैना, (6) कुलवंत सिंह, (7) बस कंडक्टर कुलदीप सिंह । ये सभी सिविल अस्पताल (छाया : एल्फा)

3 निहंगों, 2 कांस्टेबलों, डाक्टर सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर का डाक्टर, पुलिस इंस्पैक्टर के अपहृत 3 सम्बन्धी घर लौटे

बच्चों का अपहरण करके फिरौती मांगने वाले 4 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 27 दिसम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में पिछले चौबीस घंटों में 7 व्यक्ति मारे गये । इस बीच आतंकवादियों द्वारा अपहृत हृदय रोग चिकित्सक डा. वेद गुप्ता तथा एक पुलिस निरीक्षक के तीन रिश्तेदार आज अपने घरों को सुरक्षित लौटे । पुलिस ने एक बच्चे का अपहरण करके फिरौती मांगने वाले चार आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया है ।

फिरौती लेने आए आतंकवादियों को लोगों ने भगाया : अमृतसर (वि.प्र.): आज अमृतसर के इलाका ढाब वस्तीराम की मंडी फतेह सिंह के एक व्यक्ति, जिसे आतंकवादी धमकी पत्र डालने के बाद आज उससे रकम वसूल करने आये थे, को लोगों ने घेरे में ले लिया । इस बीच एक शहरी ने अपनी लाइसैंसी पिस्तौल से गोली चला दी लेकिन आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे ।

इस घटना के सम्बन्ध में अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने जो विवरण दिया है, उसके अनुसार आज दोपहर 12 बजे तीन आतंकवादी ढाब वस्तीराम में उक्त व्यक्ति के पास आये और फिरौती की रकम देने को कहा । अभी आतंकवादी बातचीत में ही लगे हुए थे कि इलाके के लोगों को आतंकवादियों के पहुंचने की भनक लग गई जिस पर पूरे इलाका के लोग इकट्ठे हो गए । इस दौरान एक शहरी ने अपनी पिस्तौल से गोली चला दी । इस पर आतंकवादी भाग खड़े हुए । लोगों तथा गश्ती पुलिस ने इन आतंकवादियों का पीछा भी किया लेकिन आतंकवादी हाथ नहीं आए ।

अपहृत डाक्टर घर लौटा : अमृतसर : स्थानीय प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डा. वेद गुप्ता, जिनका कल आतंकवादियों ने ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में स्थित उनके घर से अपहरण कर लिया था, आज वापस आ गए ।

प्राप्त समाचार में बताया गया है कि चार आतंकवादियों के एक गिरोह ने डा. वेद गुप्ता से सम्पर्क किया और मुठभेड़ में घायल अपने एक साथी के आपेरेशन के बहाने उन्हें साथ चलने के लिए कहा ।

श्री गुप्ता अमृतसर स्थित गुरु नानक अस्पताल में प्रोफैसर और हृदय रोग विभाग के प्रमुख हैं । जब डाक्टर गुप्ता की पत्नी ने उन्हें साथ ले जाने पर आपत्ति की तो एक आतंकवादी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे डाक्टर को कोई नुक्सान नहीं पहुंचाएंगे और आपेरेशन के बाद उन्हें वापस ले आएंगे ।

श्री गुप्ता ने आतंकवादियों से अनुरोध किया कि वे सर्जन नहीं हैं, लेकिन उन्होंने उनकी एक नहीं मानी । आतंकवादियों ने उन्हें मजबूर किया कि वे अपनी कार खुद चला कर ले चलें । एक आतंकवादी उनके साथ कार में बैठ गया जबकि तीन अन्य एक कार में उनके पीछे हो लिए ।

आज शाम यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि डा. वेद गुप्ता सकुशल अपने घर लौट आए हैं । पुलिस ने अभी तक इस घटना के संदर्भ में डा. गुप्ता से पूछताछ नहीं की है ।

तीन अन्य अपहृत भी लौटे : मजीठा : जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.के. शर्मा ने आज बताया कि सी.आई.ए. पुलिस इंस्पैक्टर श्री बच्चन सिंह के पिता समेत तीन रिश्तेदार अपहरण के 90 घंटे बाद आज सकुशल लौट आए हैं । विगत 23 दिसम्बर को जंडियाला पुलिस स्टेशन के अधीन रसूलपुर गांव से इन लोगों का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । श्री शर्मा ने बताया कि श्री बच्चन सिंह के पिता श्री किशन सिंह (80) तथा दो भतीजों सुरेन्द्र सिंह (23) तथा जसविंद्र सिंह (12) की रिहाई के बदले में आतंकवादियों ने 15 लाख रुपए, 5 चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें तथा 15 हजार कारतूस मांगे थे लेकिन आतंकवादियों को 'एक पाई' तक भी नहीं दी गई ।

श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने अपहृत लोगों की तलाश में बड़े पैमाने पर छापे मार कर आतंकवादियों पर अत्यधिक दबाव डाला था जिस कारण उक्त तीनों लोगों को छुड़ाया जा सका । श्री शर्मा ने बताया कि उक्त लोगों को यह नहीं पता कि आतंकवादियों ने उन्हें कहां बंधक बना कर रखा ? इस बीच सुरक्षा बल आतंकवादियों को काबू करने का प्रयास कर रहे हैं ।

3 निहंगों के शव मिले : पुलिस ने आज बताया कि थाना झब्बाल के गांव पंजवाड़ के बाहर आज 3 निहंगों के शव मिले हैं, जो गोलियों से बिंधे पड़े थे । उनकी तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी ।

'वार्ता' के अनुसार पंजवाड़ खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुखिया लाभ सिंह, जो मारा जा चुका है, का गांव है । पुलिस ने कहा है कि पंजवाड़ निवासी ये निहंग लाभ सिंह का विरोध करते थे । प्राप्त सूचना में कहा गया है कि दहशत उग्रवादी परमजीत सिंह ने इन निहंगों की हत्याएं करने की जिम्मेदारी ली है । लाभ सिंह के एक सम्बन्धी परमजीत सिंह ने कमलजीत सिंह सुल्तान बिंड के गत सितम्बर में एक मुकाबले में मारे जाने के बाद खालिस्तान कमांडो फोर्स के मुखिया का नेतृत्व सम्भाला था ।

2 कांस्टेबलों की हत्या : थाना झब्बाल के गांव बुचड़कलां में आज सायं उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के 2 कांस्टेबलों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक कांस्टेबल जोगेंद्र सिंह और कश्मीर सिंह पी.ए.पी. से संबंधित थे और गांव की चौकी में तैनात थे । वे खेतों में शौच निवृत्ति के लिए गए थे, जब उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग करके मौके पर ही उनकी हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिले के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह के अनुसार क्षेत्र में और पुलिस भेज दी गई है ।

एक और हत्या : अमृतसर : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले में अल्लाहदीन गांव के निकट स्कूटर सवार तीन व्यक्तियों पर गोलियां

(शेष पृष्ठ 10 पर)

के आते ही के तबादले शुरू

दिल्ली में केवल एक वर्ष ही रहा है ।

चर्चा है कि ये सचिव पूर्व इंका शासन का समर्थन करने वाले एक प्रमुख व्यापारिक घराने के प्रति नर्म रुख रखते थे । यह घराना वर्तमान बी.पी. सिंह की सरकार का विरोधी है । इन तबादलों से यह भी संकेत मिलते हैं कि पूर्व शासन को समर्थन देने वाले व्यापारिक घरानों के लिए कठिन समय आ रहा है ।

अकस्मात्, श्री बी.सी. पांडे को मंत्रिमंडलीय सचिव नियुक्त किए जाने से सत्ता का केन्द्र प्रधानमंत्री कार्यालय से तबदील होकर मंत्रिमंडलीय सचिव के पास आ गया है । श्री बी.पी. सिंह ने श्री बी.जी. देशमुख, जोकि पूर्व सरकार में प्रधान सचिव के पद पर नियुक्त थे, को उनके पद पर बनाए रखा है । नए मंत्रिमंडलीय सचिव की नियुक्ति से पूर्व श्री देशमुख ही सभी महत्वपूर्ण कार्यों को देखते रहे हैं—लेकिन अब लगता है कि सत्ता का केन्द्र मंत्रिमंडलीय सचिव के पास चला जाएगा ।

जानकार सूत्रों के अनुसार नए मंत्रिमंडलीय सचिव की इच्छा होगी कि वह जो भी महत्वपूर्ण फाइल भेजें, प्रधानमंत्री स्वयं उनसे निपटें और प्रधानमंत्री कार्यालय ऐसी फाइलों पर कोई टिप्पणी नहीं करे । इससे प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा फाइलों की समीक्षा की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी तथा अंततः प्रधानमंत्री सचिवालय की कोई जरूरत नहीं होगी ।

फोतेदार व आरिफ में तीखी नोकझोंक

किसी अन्य देश में

एक और कश्मीरी पंडित नेता की हत्या; अनेक स्थानों पर बम विस्फोट

श्रीनगर, 27 दिसम्बर (प.स.): आज अनन्तनाग में कश्मीरी उग्रवादियों ने एक कश्मीरी पंडित नेता प्रेमनाथ भट्ट की गोली मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने घाटी में अनेक स्थानों पर कम से कम तीन बम विस्फोट किए ।

'अशोक' के अनुसार आज अनन्तनाग में प्रेम नाथ भट्ट नामक एक वकील की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । उस समय श्री भट्ट अदालत से वापस घर आ रहे थे । उन पर उनके घर से करीब 200 गज की दूरी पर गोली चलाई गई । उनकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई ।

श्री भट्ट एक पत्रकार के रूप में भी कार्य करते थे तथा अनेक पत्र-पत्रिकाओं में उनके लेख छपते थे । गत चार महीनों में उग्रवादियों के हाथों मारे गए वह तीसरे कश्मीरी पंडित नेता हैं । उससे पूर्व उग्रवादी भाजपा नेता श्री टिक्का लाल टिपलू तथा रिटायर्ड सत्र न्यायाधीश एन.के. गंजू की हत्या कर चुके हैं । श्री भट्ट की हत्या की व्यापक रूप में निन्दा की जा रही है ।

पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने साढ़े दस बजे के आसपास वजीर बाग बस्ती में स्थित टैगोर हाल में बम विस्फोट किया । विस्फोट में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इमारत को मामूली-सा नुक्सान पहुंचा ।

वार्ता के अनुसार विस्फोट के समय हाल में बच्चों का एक कार्यक्रम चल रहा था ।

एक अन्य बम विस्फोट पहलगाम के एक होटल में दोपहर लगभग डेढ़ बजे हुआ । इस विस्फोट से होटल की खिड़कियों के शीशे टूट गये तथा दीवार में कई दरारें पड़ गई लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

अनंतनाग से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार पूर्व सांसद जी.आर. कोचक के भाई शौकत अली कोचक की मारुति कार में हुए एक बम विस्फोट से भी शौकत का मैराज क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन घटना में किसी के घायल होने का समाचार नहीं है ।

इस बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर में 'ब्राडवे होटल' के बारे में कुछ उपद्रवियों द्वारा शराब की कुछ बोतलें तोड़े जाने की एक घटना के अलावा घाटी में स्थिति आज शांतिपूर्ण रही ।

श्रीनगर से आज कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया, लेकिन कश्मीर घाटी के अनंतनाग, बारामूला, सोपोर और शोपियां इलाके में रात का कर्फ्यू जारी रहेगा ।

प्रभागीय आयुक्त जे.ए. खान ने बताया कि शहर के हालात में सुधार को देखते हुए अधिकारियों ने सुबह 4 बजे से कर्फ्यू हटाने का फैसला किया । अनंतनाग, बारामूला, सोपोर और शोपियां में अभी कुछ समय तक रात का कर्फ्यू जारी रहेगा ।

श्रीनगर और तीन अन्य शहरों में 15 दिसम्बर को और सोपोर में 14 दिसम्बर को कर्फ्यू लगाया गया था ।

शिकायत निवारण समिति की बैठक में गैर सरकारी

Punjabi Tribune

थाना गुरु हरसहाय क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा पंजाब रोडवेज की दो बसों पर की गई फायरिंग में मारे गये (1) ड्राइवर बलदेव सिंह खैरदी और (2) स्वर्ण सिंह फौजी । जो घायल हुए वे हैं (3) रमेश बजाज, (4) बनवारी लाल, (5) श्रीमती जैना, (6) कुलवंत सिंह, (7) बस कंडक्टर नेकचंद और (8) अढ़ाई मास का बच्चा कुलदीप सिंह । ये सभी सिविल अस्पताल फिरोज़पुर में उपचाराधीन हैं । *(छाया : एल्फा)*

नई सरकार के आते ही उच्चाधिकारियों के तबादले शुरू

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (जी.एस.चावला) : प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने हाल ही में कहा था कि सरकार बदले की भावना से काम नहीं करेगी और जिन अधिकारियों ने इस वक्तव्य पर संतोष व्यक्त

दिल्ली में केवल एक वर्ष ही रहा है ।

चर्चा है कि ये सचिव पूर्व इंका शासन का समर्थन करने वाले एक प्रमुख व्यापारिक घराने के प्रति नर्म रुख रखते थे । यह घराना वर्तमान वी.पी. सिंह की

Punjabi Sanatani

क रोमानिया में हुई
के दौरान अब तक
जा चुके हैं और
न हुए हैं । दूसरा
सामग्री भेजे जाने

: रोमानिया की
पति चाऊशेस्क के
आज रद्द कर दिया
क हथियार बल दें
चलाय जाएगा ।
ने यह जानकारी देते
धानी बुखारेस्ट के
और सेना के बीच
च सत्तारूढ़ नैशनल
पत्रकारों को बताया
नियुक्त किया गया
णा नहीं की गई ।
के सदस्यों द्वारा किए
के लिए देश भर में
रने का आदेश दिया

सिंह की
नहीं

वार्ता): लोकसभा के
सिंह के अगले वर्ष
तिहाड़ जेल से रिहा

श्री सिंह के विरुद्ध

जगदीश सिंह तथा नरेंद्र सिंह बताये जाते हैं । जिला पुलिस ने कोटकपूरा पुलिस थाना क्षेत्र से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे एक बंदूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद किये हैं । इनके नाम निर्मल सिंह तथा महेंद्र सिंह बताये जाते हैं ।

डाक्टर की हत्या : भटिंडा : तीन आतंकवादियों ने भटिंडा जिले के भिकी गांव में कल रात एक डाक्टर मंगल राम की उनके घर में गोली मार कर हत्या कर दी ।

गहने व नकदी लूटी : मोगा (सर्व): कल रात फरीदकोट जिला के बाघापुराना पुलिस थाना के अधीन वंडेर गांव में कुछ सशस्त्र लोगों ने एक अमीर किसान के घर में घुस कर गहने, नकदी व अन्य बहुमूल्य सामान लूट लिया । यद्यपि ग्रामीण उक्त किसान की सहायता के लिए आए लेकिन युवक भाग जाने में सफल हो गए ।

फरीदकोट जिला में बाघापुराना पुलिस थाना के अधीन ही ढुनवाला गांव में कल रात लूटपाट का प्रयास विफल कर दिया गया । रिपोर्ट के अनुसार कुछ सशस्त्र लोग गांव में पूर्व सरपंच के घर में घुस आए तथा लूटपाट के उद्देश्य से उन्होंने गोलियां चलाईं । पूर्व सरपंच तथा उसके बेटों ने भी प्रतिरोध में गोलियां चलाईं । इस पर सशस्त्र लोग भाग गए ।

सरसों से लदा ट्रक अपहृत : मलोट (गोयल): स्थानीय सदर पुलिस थाने के निकटवर्ती गांव वाउलाखुन्दर में सरसों से लदे एक ट्रक नं. आर.आर.सी. 6786 का कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ज़बरदस्ती अपहरण कर लिया गया । ट्रक का चालक तथा सह-चालक एक वृक्ष के साथ बंधे पाए गए । पुलिस ने इस संदर्भ में केस दर्ज करके जांच

करेगी । तेलगु
की रिहाई की मां
लगातार चौथे
की संघर्ष समिति
लिए जिले में
किया है । निज़
लगभग सभी
निगम की बसें
के बाद से निगम
है ।

जिले के एक
वेंकटेश्वर राव
किए जा रहे हैं
श्री राव को स
जाएगा । जिले
चेगुंटा गांव में

इस बीच
अपहरण की इन
आंध्र प्रदेश के
इलाकों में पूरी

फारूक
आका

जम्मू, 27
मुख्यमंत्री फारूक
का आकार छोटा
के 28 मंत्रियों
इनमें 11 कैबि

प्राप्त सूचन

Punjabi Sanarani

के.वी. कृष्णाराव डाक्टर मुस्तफा कमाल, चौधरी मुहम्मद
ी हरि लाल हितैषी को राज्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाते
(फोटो : अशोक)

मान अकाली दल सांसद जगदेव सिंह खुड्डिडयां लापता : पगड़ी व जूते नहर के किनारे मिले

उग्रवादियों का हाथ होने की संभावना रद्द : साढ़े छः बजे घर से निकले : खोजने पर कपड़े मिले—गिल

उग्रवादियों द्वारा 4 सुरक्षा कर्मियों की हत्या के बाद तरनतारन में कर्फ्यू

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वार्ता): अकाली दल (मान) के सांसद श्री जगदेव सिंह खुड्डियां आज प्रातः से अपने घर से लापता हैं । श्री खुड्डियां नवम्बर के लोकसभा चुनावों में फरीदकोट संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस (इ) के श्री हरचरण सिंह बराड़ को भारी बहुमत से हराकर लोकसभा के सदस्य चुने गए थे ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री खुड्डियां की पगड़ी, जूते व अन्य निजी सामान आज बाद दोपहर फरीदकोट जिला में फ़ीडर राजस्थान कैनाल के निकट पड़ा मिला । फरीदकोट के एस.एस.पी. और फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस उस स्थान पर पहुंच गए हैं,जहां श्री खुड्डियां का सामान मिला है ।

इससे पूर्व एक सूचना में कहा गया था कि श्री खुड्डियां का आज प्रातः लगभग 4 बजे जिला भटिंडा में उनके गांव खुड्डियां में उनके निवास स्थान से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है । श्री खुड्डियां मान अकाली दल के उन चार सांसदों में शामिल थे,जिन्होंने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ले ली है ।

अपहरण की सम्भावना रद्द : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस गिल तथा अकाली दल (मान) के अधिकृत प्रवक्ता श्री गुरतेज सिंह दोनों ने इस बात की सम्भावना को रद्द कर दिया कि श्री खुड्डियां का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है ।

श्री गिल ने बताया कि श्री खुड्डियां प्रातः लगभग साढ़े 6 बजे घर से निकले थे । जब वह अढ़ाई घंटे तक वापस न आए तो परिवार के लोगों को चिंता हुई । लोग उनकी तलाश में निकले तो उनकी पगड़ी, जूते आदि राजस्थान नहर के निकट पड़े मिले ।

जगदेव सिंह खुड्डियां

श्री गिल ने कहा कि पुलिस व आई.ए.एस. तथा श्री खुड्डियां के सम्बन्धी श्री गुरतेज सिंह ने कहा कि कोई भी श्री खुड्डियां का अपहरण नहीं कर सकता क्योंकि वह बहुत ईमानदार व्यक्ति हैं तथा उन्होंने लोगों की बहुत समर्पित भाव से सेवा की है । श्री गुरतेज सिंह ने कहा, "मैं उम्मीद करता हूं कि श्री खुड्डियां सकुशल होंगे । मैं उनकी दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं ।" उन्हें सिख समुदाय की अमूल्य निधि बताते हुए श्री गुरतेज सिंह ने कहा कि वह (खुड्डियां) 30 वर्षों से लोगों की सेवा कर रहे हैं ।

पुलिस को इस घटना की जानकारी दोपहर एक बजे के बाद ही मिली । जब पुलिस ने उनके घर वालों से इस बारे पूछा,तभी उन्होंने बताया कि श्री खुड्डियां का प्रातः 4 बजे के लगभग आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । परिवार के सदस्य पुलिस को इस सवाल का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके कि उन्होंने पहले पुलिस को इसकी सूचना क्यों नहीं दी । पुलिस कई थ्योरियों पर काम कर रही है जिनमें आत्महत्या की बात भी शामिल है ।

फरीदकोट में अकाली दल (फेरूमान) के प्रधान महंत सेवा दास ने श्री खुड्डियां के लापता होने पर चिन्ता व्यक्त की । उन्होंने पुलिस से मांग की कि वह नव-निर्वाचित लोकसभा सदस्य का पता लगाने के लिए तेजी से कार्रवाई करे । महंत ने कहा कि फरीदकोट शहर में दो तरह की अफवाहें फैली हुई हैं कि या तो श्री खुड्डियां ने आत्महत्या कर ली है या फिर उन्हें गोली मार कर उनकी लाश नहर में फैंक दी गई है ।

श्री खुड्डियां के गुम होने की रिपोर्ट उन के परिवार के सदस्यों ने शाम को लाबी थाने में दर्ज करवाई ।

लड़के का बयान : मुक्तसर से दीपक पाल के अनुसार नहर से जत्थेदार खुड्डियां की नीले रंग की पगड़ी, पीले रंग का पटका, सफेद लोई और बूट मिले हैं । उनके सुपुत्र श्री गुरमीत सिंह के अनुसार जत्थेदार खुड्डियां आत्महत्या नहीं कर सकते क्योंकि गत रात्रि वे उनसे 9.30 बजे से 11.30 बजे तक बातें करते रहे और उनके मन पर कोई बोझ नहीं था । वे प्रातः 4 बजे उठे । ज. खुड्डियां का भानजा उनके कमरे में ही सोया हुआ था, जिसने उनको कमरे में से बाहर जाते हुए देखा था ।

गुरमीत सिंह ने बताया कि उन्होंने घर का बाहरी गेट गत रात्रि 11 बजे बंद किया था और हो सकता है पहले ही कुछ व्यक्ति अन्दर आकर छिपे हुए हों, जिन्होंने जत्थेदार खुड्डियां का अपहरण कर लिया हो । खोजी कत्ते जिस तरफ नहर तक गए, वह लम्बा मार्ग है और घर से 6-7 सौ मीटर की दूरी पर है जबकि नहर का पुल घर से केवल दो-अढ़ाई सौ मीटर दूर है । वहां नहर का किनारा भी बहुत ऊंचा है और कोई व्यक्ति नीचे हाथ लगाए बिना वहां से ऊपर चढ़ नहीं सकता, परन्तु वहां हाथों के कोई निशान मौजूद नहीं हैं । हो सकता है कि कोई ज. खुड्डियां के बूट पहन कर और कपड़े लेकर उधर को गया हो और स्वयं जत्थेदार खुड्डियां को किसी अन्य दिशा में ले जाया गया हो ।

जिलाधीश ने बताया कि लोहगढ़ के हैड और नहर के हरियाणा में पड़ने वाले अगले हैड पर गोताखोरों द्वारा जत्थेदार खुड्डियां की तलाश की जा रही है । नावें भी मंगवाई जा रही हैं और पानी बंद करने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है ।

सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि हो सकता है आतंकवादियों ने उनका अपहरण कर लिया हो । आतंकवादी नव-निर्वाचित सांसदों द्वारा लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और संविधान में निष्ठा व्यक्त करने का विरोध कर रहे हैं । अब तक किसी आतंकवादी गुट ने श्री खुड्डियां के संबंध में कोई दावा नहीं किया है ।

अकाली दल (मान) के अध्यक्ष और संसद सदस्य सिमरनजीत सिंह मान ने आज शाम अमृतसर में कहा कि श्री खुड्डियां के अपहरण की खबर ने उन्हें हिला कर रखा दिया है ।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसकी सभी को कड़े शब्दों में निन्दा करनी चाहिए ।

4 सी.आर.पी. जवान मारे गए : अमृतसर: (दीपक): आज शाम यहां से 25 किलोमीटर दूर तरनतारन के दरबार साहिब के बाहर उग्रवादियों द्वारा आज सायं सी.आर.पी. के चार जवानों की घात लगा कर हत्या करने और उनके शस्त्रादि गुरुद्वारे में ले जाने के बाद तरनतारन के पुराने क्षेत्र में आज रात्रि अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया ।

तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि आज अमावस के अवसर पर गुरुद्वारे में काफी भीड़ थी और गुरुद्वारे के बाहर सी.आर.पी. के 3-3 जवान दो चौकियों पर तैनात थे । उग्रवादी भीड़ का लाभ उठा कर दो ग्रुपों में आए तथा दोनों चौकियों में घात लगा कर हमला कर दिया, जिससे सी.आर.पी. के चार जवान मौके पर ही मारे गए, जबकि एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उग्रवादी उन चौकियों में पड़े शस्त्र और वायरलैस उठा कर गुरुद्वारे के अंदर चले गए । उग्रवादी मृत सी.आर.पी. के जवानों की पेटियां और जंजीरें भी उठा कर अंदर ले गए (शेष पृष्ठ 8 पर)

आयुद्ध निर्माण फैक्टरी में आग

होशंगाबाद, 28 दिसम्बर (प.स.): इटारसी के निकट आयुद्ध निर्माण फैक्टरी के एक गोदाम में गत रात्रि अचानक आग लग जाने से उसमें रखी विस्फोटक सामग्री जल कर नष्ट हो गई । फैक्टरी के सूत्रों के अनुसार आग पर तुरन्त काबू पा लिया गया ।

स्थलों में शस्त्र जमा ना नहीं देगी : वी.पी. सिंह

): प्रधानमंत्री भा में घोषणा संबंधित सभी रक्षा देगी । पर दो दिन र्व प्रधानमंत्री ौती स्वीकार दन से प्रस्ताव ीने दो घंटे के का अधिकार न रद्द करने के धी ने इस पर कल सदन में पने भाषण में क्र किया और के शांतिपूर्ण किस्तान द्वारा पनी नीति पर

द प्रस्ताव पर हस में आधा यों का था । तीस मिनट ताप सिंह एक

राष्ट्रीय हितों, ध्यान में रख गठित राष्ट्रीय या फरवरी के

गिक नीति का ष विकास से ख औद्योगिक या जाए तथा ार के अवसर कम होगा और

ते हुए कहा कि धान के साथ

धर्म स्थलों में णी । उन्होंने में छात्रों के ।

कार पंजाब में रने तथा वहां जे पर दस्तक टाएगी ।

ई सरकार ने किए हैं, उन्हें से जल्द लागू

ी के अनुसार रपेक्षता, गुट

निरपेक्षता, लोकतंत्र आदि का उल्लेख ही नहीं है । उन्होंने अभिभाषण से वाक्यों को अक्षरशः उद्धृत करके श्री गांधी की इस आपत्ति को गलत साबित कर दिया ।

मेजों की थपथपाहट के बीच प्रधानमंत्री ने पूछा कि वर्तमान सरकार में हौसले और हिम्मत की कमी का आरोप लगाने वाली पिछली सरकार के नेता पंजाब नहीं जा सके । उन्होंने कहा, "हम पंजाब गए, हम वहां फिर जाएंगे और लोगों से मिलेंगे ।"

श्री सिंह ने कहा कि पिछली सरकार ने आतंकवाद और लोहे के हाथों की बात केवल जुबानी की, हमने उसे कार्य रूप में बदल दिया है ।

उन्होंने कहा कि सरकार बजट सत्र में चुनाव सुधारों से संबंधित विधेयक लाएगी तथा इसी वर्ष प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रावधान करेगी ।

राजीव सरकार ने राजनीतिक हित देखे : भारतीय जनता पार्टी के लाल कृष्ण अडवानी ने बहस में भाग लेते हुए लोकसभा में आरोप लगाया कि राजीव सरकार द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दों पर राष्ट्रहित के बजाय तात्कालिक राजनीतिक हितों को देखते हुए निर्णय लेने से ही देश की हालत इतनी खराब हुई है । उन्होंने कहा कि चाहे साम्प्रदायिकता का मामला हो या आर्थिक, केंद्र-राज्य संबंध हो या सरकारिया आयोग की रिपोर्ट, ये सभी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं कि पिछली सरकार के निर्णयों को किसने प्रभावित किया । श्री अडवानी ने उनकी पार्टी को साम्प्रदायिकता करार देने के लिए विपक्ष के नेता राजीव गांधी को आड़े हाथ लिया ।

अतिन्दरपाल सिंह को खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के अध्यक्ष पद से हटाया गया

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर : खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन (के.एल.ओ.) द्वारा अपने लैटरहैड पर जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि के.एल.ओ. की केन्द्रीय समिति की एक विशेष बैठक आनन्दपुर साहब में किसी स्थान पर हुई जिसमें सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके स. अतिन्दर पाल सिंह को के.एल.ओ. के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है । यह प्रस्ताव स. हज़ूरा सिंह ने पेश किया तथा स. सच्चा सिंह तथा स. बलजिन्दर सिंह ने इसका समर्थन किया । उक्त प्रस्ताव में कहा गया है कि स. अतिन्दर पाल सिंह ने पटियाला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए भारतीय संविधान की शपथ लेकर और देश की एकता व अखंडता के प्रति निष्ठा जताकर न केवल के.एल.ओ. को उसके मार्ग से भटकाया बल्कि समूचे सिख पंथ को भी धोखा दिया । राजनीतिक सचिव स. तख्त सिंह तख्ता पर भी ऐसा ही आरोप लगाया गया है ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि स. अतिन्दर पाल सिंह की कार्रवाई से खालिस्तान आंदोलन पांच वर्ष पीछे पड़ गया है तथा भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा जताकर स. अतिन्दर पाल सिंह ने अपने आपको फांसी से बचाने के लिए के.एल.ओ. के मूल सिद्धांत को चुनौती दी है ।

एक और प्रस्ताव के अनुसार डा. रमनदीप सिंह को सर्वसम्मति से के.एल.ओ. का नया अध्यक्ष तथा स. बरियाम सिंह को राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया है । अध्यक्ष को के.एल.ओ. की नई रणनीति तय करने तथा स. अतिन्दर पाल सिंह व स. तख्त सिंह तख्ता द्वारा फैलाई गई अव्यवस्था को सही करने के लिए कहा गया है । विज्ञप्ति जिस पर स. बरियाम सिंह के हस्ताक्षर हैं, के अनुसार नए अध्यक्ष को तीन जनवरी को तख्त श्री पटना साहब में पंज प्यारों द्वारा पद की शपथ दिलाई जाएगी ।

अपहृत विधायक, 2 अध्यक्षों का कोई पता न चला

हैदराबाद, 28 दिसम्बर (प.स.): अपहृत कांग्रेस (इ) विधायक और मंडल प्रजा परिषद के दो अध्यक्षों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है । इन तीनों का पिछले मंगलवार को अपहरण कर

से संबंधित मुद्दों पर,

लोकपाल संस्था की स्थापना का बिल तैयार

Punjabi Sahajahi

ष्णाराव डाक्टर मुस्तफा कमाल, चौधरी मुहम्मद
ाल हितैषी को राज्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाते
(फोटो : अशोक)

मान अकाली दल सांसद जगदेव सिंह खुड्डियां लापता : पगड़ी व जूते नहर के किनारे मिले

उग्रवादियों का हाथ होने की संभावना रद्द : साढ़े छः बजे घर से निकले : खोजने पर कपड़े मिले—गिल

उग्रवादियों द्वारा 4 सुरक्षा कर्मियों की हत्या के बाद तरनतारन में कर्फ्यू

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वार्ता): अकाली दल (मान) के सांसद श्री जगदेव सिंह खुड्डियां आज प्रातः से अपने घर से लापता हैं । श्री खुड्डियां नवम्बर के लोकसभा चुनावों में फरीदकोट संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस (इ) के श्री हरचरण सिंह बराड़ को भारी बहुमत से हराकर लोकसभा के सदस्य चुने गए थे ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री खुड्डियां की पगड़ी, जूते व अन्य निजी सामान आज बाद दोपहर फरीदकोट जिला में फ़ीडर राजस्थान कैनाल के निकट पड़ा मिला । फरीदकोट के एस.एस.पी. और फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस उस स्थान पर पहुंच गए हैं जहां श्री खुड्डियां का सामान मिला है ।

इससे पूर्व एक सूचना में कहा गया था कि श्री खुड्डियां का आज प्रातः लगभग 4 बजे जिला भटिंडा में उनके गांव खुड्डियां में उनके निवास स्थान से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है । श्री खुड्डियां मान अकाली दल के उन चार सांसदों में शामिल थे जिन्होंने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ले ली है ।

अपहरण की सम्भावना रद्द : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस गिल तथा अकाली दल (मान) के अधिकृत प्रवक्ता श्री गुरतेज सिंह दोनों ने इस बात की सम्भावना को रद्द कर दिया कि श्री खुड्डियां का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है ।

श्री गिल ने बताया कि श्री खुड्डियां प्रातः लगभग साढ़े 6 बजे घर से निकले थे । जब वह अढ़ाई घंटे तक वापस न आए तो परिवार के लोगों को चिंता हुई । लोग उनकी तलाश में निकले तो उनकी पगड़ी, जूते आदि राजस्थान नहर के निकट पड़े मिले ।

भूतपूर्व आई.ए.एस. तथा श्री खुड्डियां के सम्बन्धी श्री गुरतेज सिंह ने कहा कि कोई भी श्री खुड्डियां का अपहरण नहीं कर सकता क्योंकि वह बहुत ईमानदार व्यक्ति हैं तथा उन्होंने लोगों की बहुत समर्पित भाव से सेवा की है । श्री गुरतेज सिंह ने कहा, "मैं उम्मीद करता हूं कि श्री खुड्डियां

जगदेव सिंह खुड्डियां

सकुशल होंगे । मैं उनकी दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं ।" उन्हें सिख समुदाय की अमूल्य निधि बताते हुए श्री गुरतेज सिंह ने कहा कि वह (खुड्डियां) 30 वर्षों से लोगों की सेवा कर रहे हैं ।

पुलिस को इस घटना की जानकारी दोपहर एक बजे के बाद ही मिली । जब पुलिस ने उनके घर वालों से इस बारे पूछा, तभी उन्होंने बताया कि श्री खुड्डियां का प्रातः 4 बजे के लगभग आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था । परिवार के सदस्य पुलिस को इस सवाल का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके कि उन्होंने पहले पुलिस को इसकी सूचना क्यों नहीं दी । पुलिस कई थ्यूरियों पर काम कर रही है जिनमें आत्महत्या की बात भी शामिल है ।

फरीदकोट में अकाली दल (फेरूमान) के प्रधान महंत सेवा दास ने श्री खुड्डियां के लापता होने पर चिन्ता व्यक्त की । उन्होंने पुलिस से मांग की कि वह नव-निर्वाचित लोकसभा सदस्य का पता लगाने के लिए तेज़ी से कार्रवाई करे । महंत ने कहा कि फरीदकोट शहर में दो तरह की अफवाहें फैली हुई हैं कि या तो श्री खुड्डियां ने आत्महत्या कर ली है या फिर उन्हें गोली मार कर उनकी लाश नहर में फैंक दी गई है ।

श्री खुड्डियां के गुम होने की रिपोर्ट उन के परिवार के सदस्यों ने शाम को लांबी थाने में दर्ज करवाई ।

लड़के का बयान : मुक्तसर से दीपक पाल के अनुसार नहर से जल्थेदार खुड्डियां की नीले रंग की पगड़ी, पीले रंग का पटका, सफेद लोई और बूट मिले हैं । उनके सुपुत्र श्री गुरमीत सिंह के अनुसार जल्थेदार खुड्डियां आत्महत्या नहीं कर सकते क्योंकि गत रात्रि वे उनसे 9.30 बजे से 11.30 बजे तक बातें करते रहे और उनके मन पर कोई बोझ नहीं था । वे प्रातः 4 बजे उठे । ज. खुड्डियां का भानजा उनके कमरे में ही सोया हुआ था, जिसने उनको कमरे में से बाहर जाते हुए देखा था ।

गुरमीत सिंह ने बताया कि उन्होंने घर का बाहरी गेट गत रात्रि 11 बजे बंद किया था और हो सकता है पहले ही कुछ व्यक्ति अन्दर आकर छिपे हुए हों, जिन्होंने जल्थेदार खुड्डियां का अपहरण कर लिया हो । खोजी कुत्ते जिस तरफ नहर तक गए, वह लम्बा मार्ग है और घर से 6-7 सौ मीटर की दूरी पर है जबकि नहर का पुल घर से केवल दो-अढ़ाई सौ मीटर दूर है । वहां नहर का किनारा भी बहुत ऊंचा है और कोई व्यक्ति नीचे हाथ लगाए बिना वहां से ऊपर चढ़ नहीं सकता, परन्तु वहां हाथों के कोई निशान मौजूद नहीं हैं । हो सकता है कि कोई ज. खुड्डियां के बूट पहन कर और कपड़े लेकर उधर को गया हो और स्वयं जल्थेदार खुड्डियां को किसी अन्य दिशा में ले जाया गया हो ।

जिलाधीश ने बताया कि लोहगढ़ के हैड और नहर के हरियाणा में पड़ने वाले अगले हैड पर गोताखोरों द्वारा जल्थेदार खुड्डियां की तलाश की जा रही है । नाके भी मंगवाई जा रही है और पानी बंद करने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है ।

सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि हो सकता है आतंकवादियों ने उनका अपहरण कर लिया हो । आतंकवादी नव-निर्वाचित सांसदों द्वारा लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और संविधान में निष्ठा व्यक्त करने का विरोध कर रहे हैं । अब तक किसी आतंकवादी गुट ने श्री खुड्डियां के संबंध में कोई दावा नहीं किया है ।

अकाली दल (मान) के अध्यक्ष और संसद सदस्य सिमरनजीत सिंह मान ने आज शाम अमृतसर में कहा कि श्री खुड्डियां के अपहरण की खबर ने उन्हें हिला कर रखा दिया है ।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसकी सभी को कड़े शब्दों में निन्दा करनी चाहिए ।

4 सी.आर.पी. जवान मारे गए : अमृतसर: (दीपक): आज शाम यहां से 25 किलोमीटर दूर तरनतारन के दरबार साहिब के बाहर उग्रवादियों द्वारा आज सायं सी.आर.पी. के चार जवानों की घात लगा कर हत्या करने और उनके शस्त्रादि गुरुद्वारे में ले जाने के बाद तरनतारन के पुराने क्षेत्र में आज रात्रि अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया ।

तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि आज अमावस के अवसर पर गुरुद्वारे में काफी भीड़ थी और गुरुद्वारे के बाहर सी.आर.पी. के 3-3 जवान दो चौकियों पर तैनात थे । उग्रवादी भीड़ का लाभ उठा कर दो ग्रुपों में आए तथा दोनों चौकियों में घात लगा कर हमला कर दिया, जिससे सी.आर.पी. के चार जवान मौके पर ही मारे गए, जबकि एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उग्रवादी उन चौकियों में पड़े शस्त्र और वायरलैस उठा कर गुरुद्वारे के अंदर चले गए । उग्रवादी मृत सी.आर.पी. के जवानों की पेटियां और जंजीरें भी उठा कर अंदर ले गए (शेष पृष्ठ 8 पर)

आयुद्ध निर्माण फैक्टरी में आग

होशंगाबाद, 28 दिसम्बर (प.स.): इटारसी के निकट आयुद्ध निर्माण फैक्टरी के एक गोदाम में गत रात्रि अचानक आग लग जाने से उसमें रखी विस्फोटक सामग्री जल कर नष्ट हो गई । फैक्टरी के सूत्रों के अनुसार आग पर तुरन्त काबू पा लिया गया ।

लोंं में शस्त्र जमा हीं देगी : वी.पी. सिंह

निरपेक्षता, लोकतंत्र आदि का उल्लेख ही नहीं है । उन्होंने अभिभाषण से वाक्यों को अक्षरशः उद्धृत करके श्री गांधी की इस आपत्ति को गलत साबित कर दिया ।

मेजों की थपथपाहट के बीच प्रधानमंत्री ने पूछा कि वर्तमान सरकार में हौसले और हिम्मत की कमी का आरोप लगाने वाली पिछली सरकार के नेता पंजाब नहीं जा सके । उन्होंने कहा, "हम पंजाब गए, हम वहां फिर जाएंगे और लोगों से मिलेंगे ।"

श्री सिंह ने कहा कि पिछली सरकार ने आतंकवाद और लोहे के हाथों की बात केवल जुबानी की, हमने उसे कार्य रूप में बदल दिया है ।

उन्होंने कहा कि सरकार बजट सत्र में चुनाव सुधारों से संबंधित विधेयक लाएगी तथा इसी वर्ष प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रावधान करेगी ।

राजीव सरकार ने राजनीतिक हित देखे : भारतीय जनता पार्टी के लाल कृष्ण अडवानी ने बहस में भाग लेते हुए लोकसभा में आरोप लगाया कि राजीव सरकार द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दों पर राष्ट्रहित के बजाय तात्कालिक राजनीतिक हितों को देखते हुए निर्णय लेने से ही देश की हालत इतनी खराब हुई है । उन्होंने कहा कि चाहे साम्प्रदायिकता का मामला हो या आर्थिक, केंद्र-राज्य संबंध हो या सरकारिया आयोग की रिपोर्ट, ये सभी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं कि पिछली सरकार के निर्णयों को किसने प्रभावित किया । श्री अडवानी ने उनकी पार्टी को साम्प्रदायिकता करार देने के लिए विपक्ष के नेता राजीव गांधी को आड़े हाथ लिया ।

अतिन्दरपाल सिंह को खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के अध्यक्ष पद से हटाया गया

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर : खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन (के.एल.ओ.) द्वारा अपने लैटरहैड पर जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि के.एल.ओ. की केन्द्रीय समिति की एक विशेष बैठक आनन्दपुर साहब में किसी स्थान पर हुई जिसमें सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके स. अतिन्दर पाल सिंह को के.एल.ओ. के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है । यह प्रस्ताव स. हज़ूरा सिंह ने पेश किया तथा स. मुच्चा सिंह तथा स. बलजिन्दर सिंह ने इसका समर्थन किया । उक्त प्रस्ताव में कहा गया है कि स. अतिन्दर पाल सिंह ने पटियाला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए भारतीय संविधान की शपथ लेकर और देश की एकता व अखंडता के प्रति निष्ठा जताकर केवल के.एल.ओ. को उसके मार्ग से भटकाया बल्कि समूचे सिख पंथ को भी धोखा दिया । राजनीतिक सचिव स. तख्त सिंह तख्ता पर भी ऐसा ही आरोप लगाया गया है ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि स. अतिन्दर पाल सिंह की कार्रवाई से खालिस्तान आंदोलन पांच वर्ष पीछे पड़ गया है तथा भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा जताकर स. अतिन्दर पाल सिंह ने अपने आपको फांसी से बचाने के लिए के.एल.ओ. के मूल सिद्धांत को चुनौती दी है ।

एक और प्रस्ताव के अनुसार डा. रमनदीप सिंह को सर्वसम्मति से के.एल.ओ. का नया अध्यक्ष तथा स. बरियाम सिंह को राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया है । अध्यक्ष को के.एल.ओ. की नई रणनीति तय करने तथा स. अतिन्दर पाल सिंह व स. तख्त सिंह तख्ता द्वारा फैलाई गई अव्यवस्था को सही करने के लिए कहा गया है । विज्ञप्ति जिस पर स. बरियाम सिंह के हस्ताक्षर हैं, के अनुसार नए अध्यक्ष को तीन जनवरी को तख्त श्री पटना साहब में पंज प्यारों द्वारा पद की शपथ दिलाई जाएगी ।

अपहृत विधायक, 2 अध्यक्षों का कोई पता न चला

हैदराबाद, 28 दिसम्बर (प.स.): अपहृत कांग्रेस (इ) विधायक और मंडल प्रजा परिषद के दो अध्यक्षों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है । इन तीनों का पिछले मंगलवार को अपहरण कर लिया गया था । इस बीच आंध्र प्रदेश सरकार ने विचाराधीन कैदी उग्रवादी आर पुरुषोत्तम को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है । अदालत ने जमानत मंजूर कर ली है और उसे रिहा

बंधित मुद्दों पर चिव वार्ता शीघ्र

लोकपाल संस्था की स्थापना का बिल तैयार

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (वार्ता): सरकार के प्रस्तावित लोकपाल विधेयक में प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायतों की

न्यायाधीशों के समान सुविधाएं और वेतन दिए जाएंगे । इन्हें हटाने के संबंध में भी वे ही मानदंड अपनाए जाएंगे जो उच्चतम न्यायालय के मुख्य

Sanatan
Punjabi

...ज से यह स्पष्ट होता
...धिकारियों और मंत्रियों
...ोफोर्स के विरुद्ध इन
...ाहिए । कानूनी राय
...ा था ।
...त इस बात से स्पष्ट
...ोंने बोफोर्स तोप सौदे
...ः पटल पर रखने का
...कहा कि उन्होंने सिर्फ
...ी राजीव गांधी की
...ं रक्षा राज्यमंत्री श्री
...ट, अटार्नी जनरल की
...न के पटल पर रखने
...सदन के पटल पर रख
...न पूरा कर दिया है ।

...ताव था : देश के
...झाव दिया था कि वह
...ए गए उल्लंघन को
...ी दे कि सौदा रद्द कर
...ा के इस प्रस्ताव को
...ह ने आज लोकसभा
...ने सुझाव दिया था कि
...तोप की खरीद की
...ो चाहिए ।
...बोफोर्स कम्पनी का
...रहता है तो सरकार
...अलावा दूसरा चारा
...ा कि दूसरा विकल्प
...नी द्वारा कथित रूप
...ा की सरकार द्वारा
...घटा दिया जाए ।
...पर)

श्री सिंह ने हिन्दी में कहा, "मुझे हिन्दी में बोलने में न तो कोई ऐतराज़ है और न कोई हिचक । मैं इसी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

करने के आदेश दिये हैं जबकि शहरों में शराब की दुकानें रात्रि 10 बजे और ग्रामीण क्षेत्रों में रात 8 बजे बंद करने के आदेश दिये गये हैं । ये सभी आदेश 20 फरवरी 1990 तक लागू रहेंगे ।

खुड्डियों का पता देने वाले को 25 हजार रुपए ईनाम दिया जाएगा । इस बीच विभिन्न संगठनों ने कल फरीदकोट शहर तथा मंडियों में हड़ताल का आह्वान किया है ।

तरनतारन में गुरुद्वारा ... हमला कर 4 सुरक्षा ... भगदड़ में लोगों के गिरे... तथा हथियार जो गुरुद्वा... (5) गुरुद्वारे को घेरे ...

पंजाब में 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : 2 उग्रवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या की

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 उग्रवादियों ने सायनाइड खा लिया । चार पाकिस्तानी घुसपैठिए भी मारे गए । तरनतारन में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर की तलाशी जारी है ।

हवलदार की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव मल्लोहारा में आतंकवादियों के एक गुट ने एक घर में जाकर पंजाब पुलिस के हवलदार चरण सिंह की हत्या कर दी । पुलिस अधिकारियों के अनुसार गत रात एक बजे 6-7 सशस्त्र आतंकवादियों ने उसके घर में जाकर उसके बारे में पूछताछ करनी चाही तथा बाद में दरवाज़ा तोड़ कर वे अंदर चले गए और चरण सिंह को गोली मार दी । पुलिस को घटनास्थल से चले हुए 10 कारतूस भी प्राप्त हुए हैं । मृतक हवलदार चरण सिंह जिला फिरोज़पुर में तैनात था तथा आजकल छुट्टी पर गांव आया हुआ था ।

एक और हत्या : इसी जिला के थाना कादियां के गांव तातली में 3-4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति गुलज़ार सिंह की हत्या कर दी है । पुलिस अधिकारियों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया तथा घटना स्थल से 5 चले हुए कारतूस भी बरामद किये हैं । पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल अपराधियों की तलाश कर रहे हैं ।

घर-घर की तलाशी : अमृतसर (वार्ता): सुरक्षा बल यहां तरनतारन कस्बे में गुरुद्वारा दरबार साहिब के आसपास घर-घर की तलाशी ले रहे हैं ।

4 घुसपैठिए मरे : तरनतारन में घर-घर की तलाशी

आतंकवादियों ने कल इस स्थान पर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के चार जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी । पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा बलों ने यहां कल रात गुरुद्वारे की तलाशी ली । इसके पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक के.आर.के. प्रसाद ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गुरुद्वारा के अधिकारियों से बातचीत की । पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कमेटी के अधिकारियों के साथ मिल कर गुरुद्वारा के कमरों की तलाशी ली ।

उल्लेखनीय है कि चार आतंकवादी गुरुद्वारा के बाहर तैनात बल के चार जवानों की गोली मार कर हत्या करने के बाद अंदर की ओर भाग गए थे जहां से वे सुरक्षा बलों पर गोली चलाते रहे ।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तलाशी में वाकी-टाकी का एक सैट बरामद हुआ । जवानों की हत्या के बाद आतंकवादी इसे गुरुद्वारे के एक कमरे में रख गये थे । तलाशी में जवानों के हथियार बरामद नहीं किये जा सके । पुलिस का मानना है कि इससे पूर्व कि सुरक्षा बल के जवान गुरुद्वारा परिसर में प्रवेश करते, आतंकवादी हथियारों के साथ भाग निकले । इस बीच कल की घटनाओं को देखते हुए गुरुद्वारे के बाहर तैनात सुरक्षा बलों को और चौकस रहने को कहा गया है । पूरे जिले में गश्त तथा वाहनों की तलाशी और तेज कर दी गई है ।

'पी.टी.आई.' के अनुसार तरनतारन में गुरुद्वारा दरबार साहिब के इर्द-गिर्द एक वर्ग कि.मी. में लगाया कर्फ्यू आज शाम 3 बजे हटा लिया गया । सुरक्षा बलों ने यहां तलाशी के दौरान 50 से 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । लगभग एक लाख की आबादी वाला यह कस्बा आज पूर्ण बंद रहा । जिन इलाकों में कर्फ्यू नहीं था, वहां भी दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं । पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल सहित वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया तथा एक मीटिंग में वर्तमान स्थिति से निपटने बारे विचार-विमर्श किया ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में लगभग एक घंटे तक मुकाबला होता रहा । गोलियां आसपास के भवनों पर भी लगीं । इनमें गुरुद्वारे का मुख्य द्वार दर्शनी ड्योढ़ी भी शामिल है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि 6 से 8 आतंकवादियों ने बड़े सुनियोजित ढंग से सुरक्षा चौकी पर हमला किया जहां सी.आर.पी. के 6 जवान तैनात होते हैं । पहले उन्होंने जवानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए चौकी के सामने दरबार साहब कार्यालय भवन से फायरिंग की तब बाद में अन्य आतंकवादियों ने दूसरी दिशाओं से उन्हें बिल्कुल करीब आकर मार डाला । उन्होंने कुछ इस तरह गोलियां चलाईं कि गोलियां चौकी पर तैनात केवल पांच जवानों को ही लगीं जबकि गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हजारों श्रद्धालुओं तथा लोगों की भीड़ को कुछ न हुआ । एक चौकी पर तैनात कांस्टेबल एस.एन. दास बाल-बाल बच गया क्योंकि वह उस समय शौचालय गया हुआ था ।

होमगार्ड का जवान घायल : तरनतारन पुलिस जिले के माड़ी कम्बोके गांव में कल रात कुछ आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. की एक आरक्षी टुकड़ी पर हमला करके होमगार्ड के एक जवान परगट सिंह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

रात ... खुड्डि...

चंडीगढ़, 29 दिस... (मान) के लोकसभा सदस... अभी तक कोई पता ... खुड्डियां कल सुबह से ... फिरोजपुर रेंज के पुलिस ... में एक उच्चस्तरीय पु... खुड्डियां की तलाश कर... कल सुबह फरीदकोट जि... छः बजे अपना घर छोड़ने... फीडर नहर के किनारे उ... अन्य निजी वस्तुएं बराम...

खुड्डियां ने आत... श्री खुड्डियां के बारे में ... नहीं की गई तथापि गैर अ... श्री खुड्डियां ने राजस्था... आत्म हत्या कर ली है ... श्री खुड्डियां, जो रात को ... हुए थे, लगभग 2.30 ... परन्तु यह पता नहीं चल... बिस्तर पर आए थे या नहीं ... सिवाय उनके अपने पैरों ... नहीं मिले हैं । सूत्रों के अ... श्री खुड्डियां का सामान ... के संघर्ष के चिन्ह भी नहीं

पंजाब पुलिस प्रमुख ... कि श्री खुड्डियां को खोज ... जारी रहेगा । श्री खुड्... चनाब में फरीदकोट ... हरियाणा के पूर्व राज्यपा... भारी अंतर से हराया था ... के उन चार सांसदों में ... दिसम्बर को लोकसभा ... थी ।

इस बीच अमृतस...

1989 में विश्व की प्रमुख घटनाएँ


...ल को बहुमत नहीं, नवं. २७
राजीव सरकार का त्यागपत्र, नवं. २६
राष्ट्रीय मोर्चे के नेता वी.पी. सिंह नए प्रधानमंत्री, दिसं. २
...चुनाव बने, मई ८५
बुश का राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ में भाग, जनवरी २५
अमरीकी अधिकार पोप आदेशों सम्मेलन का विरोध, दिसं. १५
अमरीकी सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, गर्भपात पर नई व्याख्या, जून ४
...सरकार से कोरियाई कोरियाई की वापसी, सितंबर १५
पाकिस्तान में चेनाबैंड के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा, जन. १
बेइजिंग में सैनिक कार्रवाई में लगभग १०००० आंदोलनकारी मारे गए, जून ४
...अगस्त ८
...अगस्त २१
...अक्टू. १८
...दिसंबर ६
...जून ३०
...दिसं. १५
...जून ७
...अगस्त ८
...जनवरी ७
...दिसं. १४
...दिसं. ७
...दिसं. १५
...दिसं. २५
...दिसं. २५
...दिसं. २

विज से यह स्पष्ट होता
धिकारियों और मंत्रियों
बोफोर्स के विरुद्ध इन
चाहिए । कानूनी राय
या था ।
ात इस बात से स्पष्ट
होने बोफोर्स तोप सौदे
कि पटल पर रखने का
कहा कि उन्होंने सिर्फ
श्री राजीव गांधी की
वों रक्षा राज्यमंत्री श्री
ट, अटार्नी जनरल की
इन के पटल पर रखने
सदन के पटल पर रख
न पूरा कर दिया है ।

झाव था : देश के
झाव दिया था कि वह
कए गए उल्लंघन को
ी दे कि सौदा रद्द कर
ड के इस प्रस्ताव को
ह ने आज लोकसभा
ने सुझाव दिया था कि
तोप की खरीद की
चाहिए ।
बोफोर्स कम्पनी का
रहता है तो सरकार
अलावा दूसरा चारा
ह कि दूसरा विकल्प
नी द्वारा कथित रूप
की सरकार द्वारा
घटा दिया जाए ।
पर)

श्री सिंह ने हिन्दी में कहा, "मुझे हिन्दी में बोलने में न तो कोई ऐतराज़ है और न कोई हिचक । मैं इसी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

करने के आदेश दिये हैं जबकि शहरों में शराब की दुकानें रात्रि 10 बजे और ग्रामीण क्षेत्रों में रात 8 बजे बंद करने के आदेश दिये गये हैं । ये सभी आदेश 20 फरवरी 1990 तक लागू रहेंगे ।

खुड्डियां का पता देने वाले को 25 हजार रुपए ईनाम दिया जाएगा । इस बीच विभिन्न संगठनों ने कल फरीदकोट शहर तथा मंडियों में हड़ताल का आह्वान किया है ।

पंजाब में 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : 2 उग्रवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या की

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 2 पुलिस कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 उग्रवादियों ने सायनाइड खा लिया । चार पाकिस्तानी घुसपैठिए भी मारे गए । तरनतारन में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर की तलाशी जारी है ।

हवलदार की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव मल्लोहारा में आतंकवादियों के एक गुट ने एक घर में जाकर पंजाब पुलिस के हवलदार चरण सिंह की हत्या कर दी । पुलिस अधिकारियों के अनुसार गत रात एक बजे 6-7 सशस्त्र आतंकवादियों ने उसके घर में जाकर उसके बारे में पूछताछ करनी चाही तथा बाद में दरवाजा तोड़ कर वे अंदर चले गए और चरण सिंह को गोली मार दी । पुलिस को घटनास्थल से चले हुए 10 कारतूस भी प्राप्त हुए हैं । मृतक हवलदार चरण सिंह जिला फिरोज़पुर में तैनात था तथा आजकल छुट्टी पर गांव आया हुआ था ।

एक और हत्या : इसी जिला के थाना कादियां के गांव तातली में 3-4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति गुलज़ार सिंह की हत्या कर दी है । पुलिस अधिकारियों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया तथा घटना स्थल से 5 चले हुए कारतूस भी बरामद किये हैं । पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल अपराधियों की तलाश कर रहे हैं ।

घर-घर की तलाशी : अमृतसर (वार्ता): सुरक्षा बल यहां तरनतारन कस्बे में गुरुद्वारा दरबार साहिब के आसपास घर-घर की तलाशी ले रहे हैं ।

4 घुसपैठिए मरे : तरनतारन में घर-घर की तलाशी

आतंकवादियों ने कल इस स्थान पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के चार जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी । पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा बलों ने यहां कल रात गुरुद्वारे की तलाशी ली । इसके पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक के.आर.के. प्रसाद ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गुरुद्वारा के अधिकारियों से बातचीत की । पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कमेटी के अधिकारियों के साथ मिल कर गुरुद्वारा के कमरों की तलाशी ली ।

उल्लेखनीय है कि चार आतंकवादी गुरुद्वारा के बाहर तैनात बल के चार जवानों की गोली मार कर हत्या करने के बाद अंदर की ओर भाग गए थे जहां से वे सुरक्षा बलों पर गोली चलाते रहे ।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तलाशी में वाकी-टाकी का एक सैट बरामद हुआ । जवानों की हत्या के बाद आतंकवादी इसे गुरुद्वारे के एक कमरे में रख गये थे । तलाशी में जवानों के हथियार बरामद नहीं किये जा सके । पुलिस का मानना है कि इससे पूर्व कि सुरक्षा बल के जवान गुरुद्वारा परिसर में प्रवेश करते, आतंकवादी हथियारों के साथ भाग निकले । इस बीच कल की घटनाओं को देखते हुए गुरुद्वारे के बाहर तैनात सुरक्षा बलों को और चौकस रहने को कहा गया है । पूरे जिले में गश्त तथा वाहनों की तलाशी और तेज कर दी गई है ।

'प.स.' के अनुसार तरनतारन में गुरुद्वारा दरबार साहिब के इर्द-गिर्द एक वर्ग कि.मी. में लगाया कर्फ्यू आज शाम 3 बजे हटा लिया गया । सुरक्षा बलों ने यहां तलाशी के दौरान 50 से 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । लगभग एक लाख की आबादी वाला यह कस्बा आज पूर्ण बंद रहा । जिन इलाकों में कर्फ्यू नहीं था, वहां भी दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं । पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल सहित वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया तथा एक मीटिंग में वर्तमान स्थिति से निपटने बारे विचार-विमर्श किया ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में लगभग एक घंटे तक मुकाबला होता रहा । गोलियां आसपास के भवनों पर भी लगीं । इनमें गुरुद्वारे का मुख्य द्वार दर्शनी ड्योढ़ी भी शामिल है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि 6 से 8 आतंकवादियों ने बड़े सुनियोजित ढंग से सुरक्षा चौकी पर हमला किया जहां सी.आर.पी. के 6 जवान तैनात होते हैं । पहले उन्होंने जवानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए चौकी के सामने दरबार साहब कार्यालय भवन से फायरिंग की तब बाद में अन्य आतंकवादियों ने दूसरी दिशाओं से उन्हें बिल्कुल करीब आकर मार डाला । उन्होंने कुछ इस तरह गोलियां चलाईं कि गोलियां चौकी पर तैनात केवल पांच जवानों को ही लगीं जबकि गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हजारों श्रद्धालुओं तथा लोगों की भीड़ को कुछ न हुआ । एक चौकी पर तैनात कांस्टेबल एस.एन. दास बाल-बाल बच गया क्योंकि वह उस समय शौचालय गया हुआ था ।

होमगार्ड का जवान घायल : तरनतारन पुलिस जिले के माड़ी कम्बोके गांव में कल रात कुछ आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. की एक आरक्षी टुकड़ी पर हमला करके होमगार्ड के एक जवान परगट सिंह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

1989 में विश्व की प्रमुख घटनाएं



Punjabi Sanjatan

की मांग सदा के लिए समाप्त कर दी जाए : बलदेव प्रकाश

र्शन के दूसरे चैनल को अधिक प्रभावी बनाने
ाय किया जाएगा ताकि वे क्षेत्रीय आकांक्षाओं
ा कर सकें ।

ंत्री ने बताया कि 1964 में ए.के. चंदा
ने आकाशवाणी का अलग निगम बनाने का
देते हुए कहा था कि विभागीय नियंत्रण में यह
ग से काम नहीं कर सकता । आपात्-काल के
977 में सरकार ने बी.जी. वर्गीज कमेटी का
किया था और बाद में प्रसार भारती विधेयक
रूप था जो 1979 में लोकसभा भंग होने की
से पारित नहीं हो सका था ।

लैक्ट्रानिक प्रचार माध्यमों के विस्तार की चर्चा
हुए श्री उपेन्द्र ने कहा कि देश की 97 प्रतिशत
ा तक आकाशवाणी के और 78 प्रतिशत जनता
दूरदर्शन के कार्यक्रम पहुंचते हैं । यह दोनों
ा, मनोरंजन तथा शिक्षा के मुख्य स्रोत हैं । ऐसी
ते में जानकारी प्राप्त करने के जनता के
कार की रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है । चाहे
ी सरकार हो उसके सीधे नियंत्रण से जनता के
अधिकार में कुछ बाधा अवश्य आएगी ।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में हमने इन दोनों
मों के पक्षपात पूर्ण दुरुपयोग को देखा है ।
ों और सामयिक महत्व के कार्यक्रमों में
तिया देखने को मिली है । श्री उपेन्द्र ने कहा कि
ीय मोर्चा सरकार ने सत्ता में आने के बाद कुछ
प उठाए हैं, जिनका प्रभाव दोनों माध्यमों के
क्रमों पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है ।

श्री उपेन्द्र ने बताया कि प्रसार भारती को
ापन और रेडियो तथा टी.वी. पर लाइसैंस शुल्क
ने वाली आय और कुल खर्च में जो कमी आएगी,
सरकारी कोष से पूरा किया जाएगा ।

विधेयक के वित्तीय ज्ञापन में बताया गया है कि
ु वित्तीय वर्ष में निगम को विज्ञापनों से 230
ड़ रुपए आय होगी । योजनागत खर्च 408 करोड़
ए और गैर योजनागत खर्च 55.28 करोड़ रुपए
ा । यह आशा प्रकट की गई है कि निगम सरकार
अपनी निर्भरता कम करने का प्रयास करेगा ।

विधिमंत्री दिनेश गोस्वामी ने लोकपाल विधेयक
करते हुए कहा कि इस विधेयक का मूल उद्देश्य
च राजनीतिक स्तरों पर भ्रष्टाचार का सफाया
ना है । उनका कहना था कि लोकतंत्र के हित में
जरूरी है कि उच्च राजनीतिक पदों पर नैतिकता
उच्च स्तर बनाए रखा जाए ।

श्री गोस्वामी ने बताया कि प्रशासनिक सुधार
मिति ने 1966 में 'लोकपाल' की नियुक्ति की
फारिश की थी । उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री
ा उसके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी इस विधेयक
परिधि में आ जाएंगे । उन्होंने कहा कि कोई भी
क्ति इनके खिलाफ शिकायत कर सकता है ।

'लोकपाल' के अध्यक्ष तथा उसके दो सदस्य
र्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त या त्यागपत्र देने
बाद वर्तमान न्यायाधीश होंगे तथा इनका
र्यकाल पांच वर्ष का होगा । विधेयक के प्रावधानों
अनुसार राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा
ध्यक्ष, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य तथा अन्य
ायाधीशों, महालेखा नियंत्रक एवं परीक्षक, मुख्य
नाव आयुक्त एवं चुनाव आयुक्तों तथा संघ
ोकसेवा आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों के
खिलाफ कार्रवाई करने में लोकपाल सक्षम नहीं
ोगा ।

विधेयक में यह व्यवस्था है कि प्रधानमंत्री के
खिलाफ शिकायतों पर लोकपाल द्वारा सुझाई गई
कार्रवाई का क्रियान्वयन लोकसभा सुनिश्चित
करेगी । मंत्रियों के बारे में लोकपाल की सिफारिशें
ागू करने में प्रधानमंत्री सक्षम होंगे। राष्ट्रपति को
यह अधिकार होगा कि वह प्रधानमंत्री,
उप-प्रधानमंत्री अथवा किसी अन्य मंत्री के खिलाफ
आरोपों की जांच के लिए लोकपाल को निर्देश दे
सकें ।

नोरिएगा की पत्नी व पुत्रियों ने क्यूबा दूतावास में शरण ली

पनामा सिटी, 29 दिसम्बर (प.स.): पनामा के अपदस्थ राष्ट्रपति मानुएल अन्तोनियो नोरिएगा की पत्नी और दो पुत्रियों ने सम्भवत: यहां क्यूबा के राजदूत के आवास में शरण ले रखी है । अमरीकी दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कल यहां यह जानकारी दी । नोरिएगा ने स्वयं यहां के वैटिकन दूतावास में शरण ले रखी है ।

अपनी पहचान गुप्त रखने का अनुरोध करते हुए एक अमरीकी अधिकारी ने बताया कि उसने क्यूबा

सैबोटाजों की बताया कि आतंकवादियों ने इस बार आरक्षी टुकड़ी पर चौतरफा हमला करने की नई रणनीति अपनाई । जवानों ने जवाब में गोलियां चलाईं जिससे आतंकवादी भाग निकले । घायल होमगार्ड को तरनतारन अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह ने बताया कि कल रात सी.आर.पी. की चौकी पर हुए हमले में घायल हुए आतंकवादी ने आज सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । उन्होंने बताया कि यह आतंकवादी, जो कि एक फार्म हाउस में छिपा हुआ था, पुलिस द्वारा की जा रही छानबीन के दौरान घेरे में आ गया था । उसके पास एक अमरीकी राइफल, एक हथगोला और बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : जंडियाला थानांतर्गत मानांवाला खुर्द में तीन अज्ञात आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के हैड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह की आज सुबह गोली मार कर हत्या कर दी । श्री त्रिलोक सिंह छुट्टी पर अपने गांव आये हुए थे । वह मजीठा पुलिस जिले के उप-पुलिस अधीक्षक गुरमेल सिंह के अंगरक्षक थे ।

उग्रवादी ने सायनाइड खा लिया : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार थाना खालड़ा के सीमांत गांव मढ़ी कम्बोके के बाहर पुलिस और सी.आर.पी. व होमगार्डों की एक गश्ती पार्टी पर छिपे हुए उग्रवादियों ने फायरिंग की जिससे एक होमगार्ड परगट सिंह घायल हुआ जिसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । इस वारदात के बाद जब सुरक्षा बलों की ओर से क्षेत्र की छानबीन की जा रही थी तो पाकिस्तान की ओर से आ रहे एक आतंकवादी को काबू कर लिया गया जिसने तत्काल सायनाइड का कैप्सूल निगल लिया तथा उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । बाद में उसकी पहचान मढ़ी कम्बोके के सुखबीर सिंह के तौर पर हुई है । उसकी तलाशी लेने पर एक थैले में से 150 कारतूस, एक पाकिस्तान निर्मित .303 राइफल और ए.के. 47 राइफल की एक भरी हुई मैगजीन बरामद हुई है ।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से पाठक के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के गांव नौशहरा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार रात 12 बजे दो सशस्त्र व्यक्ति लखबीर सिंह के घर आये तथा रिवाल्वर की नोक पर आभूषण और नकदी मांगी लेकिन घर के लोग दौड़ कर कमरों के अंदर जा घुसे और कुंडियां लगा लीं । लखबीर सिंह का कंवारा ताया तेजा सिंह बाहर रह गया जिसको आतंकवादी गोलियां मार कर फरार हो गए । तेजा सिंह 11 एकड़ भूमि का मालिक था और पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या शायद भूमि के कारण की गई हो ।

चैन छीनी : गत दिवस पुलिस थाना हरीके के गांव अलीपुर में आतंकवादी एक मारुति चैन छीन कर फरार हो गए । वह अपना मोटर साइकल वहीं छोड़ गए थे । घर वालों ने दूसरे दिन पुलिस को सूचित किया ।

4 घुसपैठिये मारे गये : बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि गत दिनों में बी.एस.एफ. ने 4 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । इनमें से एक घुसपैठिया फिरोजपुर सैक्टर में तथा तीन सैमकरण सैक्टर में मारे गये उनके कब्जे से कुछ भी बरामद नहीं हुआ । मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

तीन आतंकवादी पकड़े गए : मुक्तसर से दर्दी, दीपक, जिन्दल के अनुसार एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने बताया कि तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर, 38 बोर की एक पिस्तौल, एक दोनाली बंदूक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गये । इनके नाम गुरमीत सिंह गांव लंगेआना, संत सिंह उर्फ संता तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मा हैं । यह तीनों लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित थे ।

आतंकवादी घायल : बाघापुराना (ज्ञान): फरीदकोट जिले में मुक्तसर पुलिस थाने के गांव बालगढ़ के निकट हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी घायल हो गया और एक पकड़ा गया जबकि उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । पुलिस के अनुसार घायल आतंकवादी पोलीवारा, थाना जलालाबाद का निवासी अवतार सिंह है । उसके पास से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

लाश की शिनाख्त : फगवाड़ा (अशोक): गत दिवस निकटवर्ती गांव बहानी के निकट 27

वि.प्र. के अनुसार अकाली दल (मान) के दो नेताओं श्री सविन्दर सिंह और श्री गुरतेज सिंह ने पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी से भेंट करके मांग की है कि उनकी पार्टी के लापता सांसद जगदेव सिंह खुड्डियां की तुरन्त तलाश की जाए । भेंट के दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया ।

बाद में एक संयुक्त बयान में दोनों अकाली नेताओं ने बताया कि उन्होंने पुलिस की इस थ्यूरी को पूर्णतया गलत बताया कि श्री खुड्डियां ने आत्महत्या कर ली होगी । उन्होंने कहा कि श्री खुड्डियां का अपहरण करने के पीछे उस भ्रष्ट और जालिम मशीनरी का हाथ हो सकता है जो पंजाब के हालत सुधारने में रुचि नहीं रखती । उन्होंने राज्यपाल से अपील की कि वह तत्काल इस अत्याचारी और भ्रष्ट प्रशासनिक मशीनरी को खत्म कर दें ।

भाकपा को चिंता : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के सहायक सचिवों कामरेड जोगेन्द्र सिंह भसीन तथा भूपेंद्र साम्बर ने अकाली दल मान के सांसद जगदेव सिंह खुड्डियां के उनके घर से कथित अपहरण पर चिंता व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि इस घटना और निर्दोष लोगों की हत्याओं, लूटपाट की घटनाओं का उद्देश्य केंद्रीय सरकार द्वारा पंजाब समस्या को हल करने के लिए की गई पहल को नाकाम बनाना और अकाली दल (मान) अन्य धड़ों को इस प्रक्रिया से अलग रहने, अपनी पार्टियों के पंजीकरण तथा नामांकनपत्र दाखिल करते समय दिए गए वचनों और संसद में ली गई शपथ को भंग करने पर बाध्य करना है ।

दोनों नेताओं ने कहा कि अकाली दल (मान) और अन्य अकाली धड़ों को स्थिति की गम्भीरता का अहसास करना चाहिए । निर्दोष लोगों और प्रमुख नेताओं की जान को खतरे से स्थिति सामान्य बनाने की प्रक्रिया में बाध्य पड़ती है । सभी अकालियों को इस प्रकार के जघन्य अपराधों के विरुद्ध स्पष्ट साहसपूर्ण स्टैंड लेना चाहिए ।

गुवाहाटी में भूकम्प

गुवाहाटी, 29 दिसम्बर (भाषा): आज रात 9.30 बजे यहां भूकम्प के हल्के झटके अनुभव किए गए । किसी क्षति का समाचार नहीं है ।

व्यापारी का अपहरण

बम्बई, 29 दिसम्बर (प.स.): महेंद्र चोरड़िया नामक एक स्थानीय व्यवसायी का कल शाम चार व्यक्तियों ने मध्य बम्बई के महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके से अपहरण कर लिया ।

नगर पालिका के विरुद्ध प्रदर्शन

जंडियाला गुरु, 29 दिसम्बर (पवन): विकास कामों में हो रही कथित धांधलियों को लेकर लोगों द्वारा नगर पालिका के मैदान में पुतला जलाया गया और धरना दिया गया तथा ई.ओ. को गंदगी में से गुजरना पड़ा ।

'आधुनिक रामायण' से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की मांग

लुधियाना, 29 दिसम्बर (धीमान): हाल ही में लुधियाना यूथ सैंटर की ओर से नेहरू सिद्धांत केन्द्र में 'आधुनिक रामायण' प्रस्तुत करके जो देवी-देवताओं का अपमान किया गया था, उसके संदर्भ में प्रोटैस्ट करने वाली 15 धार्मिक व सामाजिक संस्थानों की संघर्ष समिति की ओर से एक दिन का सामूहिक खामोश धरना दिया जाएगा । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रचार सचिव श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला से आग्रह किया गया है कि वह इस प्रस्तावित धरने का नेतृत्व करें । इस धरने में कोई नारा नहीं लगाया जाएगा ।

संघर्ष समिति के सचिव श्री सुनील मेहरा ने बताया कि यह सारा मामला राज्यपाल के नोटिस में लाया जाएगा । इसमें वह मांग करेंगे कि उपरोक्त नाटक के जिम्मेवार व्यक्तियों, नेहरू सिद्धांत केन्द्र जहां यह ड्रामा हुआ, के पदाधिकारियों को तुरन्त गिरफ्तार कर मुकद्दमा दर्ज किया जाए । अगर ऐसा न किया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा ।

श्री एस.एस. बराड़ जिलाधीश ने आज बताया कि श्री सनातन धर्म कमेटी का एक शिष्टमंडल उनसे कल मिला था जिसने यह मांग की कि इस अपमानजनक कांड के जिम्मेदार सभी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए ताकि पुन: किसी का साहस न हो सके । श्री बराड़ ने उन्हें फिर 30

ने कहा कि "आप सदन को गुमराह नहीं कर सकते ।" श्री सिंह ने कहा कि "मैंने अभी लीड किया है तो मिस लीड (गुमराह) कैसे करूंगा ?"

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस (इ) ने राष्ट्रीय मोर्चे को "राष्ट्रीय शर्म" करार दिया था । इस पर कुछ कांग्रेस (इ) सदस्यों ने कहा, "तो क्या हुआ ?" श्री सिंह ने कहा, "हुआ वही, जो आपके सामने है ।"

श्री सिंह सदस्यों की ओर फिर मुखातिब हुए, तो हल्ला होने लगा । उन्होंने कहा, "सभापति जी, मुझे एक भी वाक्य पूरा नहीं करने दिया जा रहा है । यह पूरक प्रश्नों का वक्त नहीं है ।"

जनता दल के यशवंत सिन्हा ने कहा कि हमने विपक्ष में रहते हुए कभी भी श्री राजीव गांधी को इस तरह बाधा नहीं पहुंचाई थी । शोरगुल के बीच श्री सिंह बोले, "मैं रचनात्मक सहयोग देख रहा हूं । इससे बेहतर तो आलोचनात्मक सहयोग ही है ।"

विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के नेता शिव शंकर की सहमति लेने के बाद श्री सिंह ने कहा कि अब मैं असहमति के मुद्दों पर आता हूं । तभी कांग्रेस (इ) के मिर्जा अली बेग ने सभापति से कहा कि शुक्रवार की नमाज के कारण सदन हमेशा डेढ़ बजे स्थगित होता रहा है तो सभापति ने सदन एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया ।

श्री सिंह ने सदस्यों की हां ध्वनि के बीच घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के बारे में संविधान के अनुच्छेद 370 को यथावत रखा जाएगा । उन्होंने कहा कि सोचा समझा तथ्य यह है कि यह अनुच्छेद ऐतिहासिक प्रक्रिया की परिणति है ।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में काफी लम्बे समय से गलत रुख अपनाया जा रहा है । लोगों की समस्याओं के समाधान की बजाय हमेशा महत्व सत्ता में आने और उस पर टिके रहने पर दिया गया ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि पिछले एक वर्ष में घाटी में हिंसा की वारदातों में अत्याधिक वृद्धि हुई है । कश्मीर का मसला काफी गम्भीर हो गया है । लेकिन उनकी सरकार को विश्वास है कि वह इसे सुलझा लेगी ।

पाक से स्पष्टीकरण : प्रधानमंत्री ने राज्यसभा को सूचित किया कि सरकार पाकिस्तान से उसके परमाणु कार्यक्रमों के बारे में स्पष्टीकरण मांगेगी । श्री सिंह ने संसद के दोनों सदनों में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी संबंध सुधारने के लिए शिमला समझौता बातचीत का आधार होगा ।

बोफोर्स दलाली
(पृष्ठ 3 का शेष)

वाकआऊट: प्रधानमंत्री द्वारा कथित रूप से सदन की पटल पर बोफोर्स तोप सौदों के बारे में दस्तावेज रखने का अपना वचन पूरा न करने के विरोध में आज कांग्रेस (इ) व अन्य विपक्षी सदस्य लोकसभा से वाकआऊट कर गए । वाक आऊट में इंका की सहयोगी पार्टियों नैशनल कांफ्रैंस और मुस्लिम लीग के सदस्यों ने भाग नहीं लिया क्योंकि वे बाद में साम्प्रदायिक स्थिति पर होने वाली बहस में भाग लेना चाहते थे । वाक आऊट के बाद श्री जसवंत सिंह ने कहा कि सरकार जिन दस्तावेजों को प्रासंगिक समझती थी उन्हें सदन की पटल पर रख दिया गया है ।

श्री सिंह ने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि जो टिप्पणियां अटार्नी जनरल और पूर्व प्रधानमंत्री ने की थीं, उन्हें संसद की संयुक्त समिति के सामने क्यों नहीं लाया गया ? अगर अटार्नी जनरल की टिप्पणियों को संयुक्त समिति के सामने लाया गया था तो उन्हें रिपोर्ट में शामिल क्यों नहीं किया गया ?

लगभग एक घंटे के शोर-शराबे के बाद बोफोर्स सौदे पर चर्चा आरम्भ हो सकी, जो देर रात तक चलती रही । इस बीच सत्तारूढ़ और विपक्ष के सदस्यों में कई बार तीखी झड़पें हुईं ।

उपसभापति डा. नजमा हेपतुल्ला जब भी वक्ता का नाम पुकारतीं, कांग्रेस (इ) की ओर से कोई न कोई आपत्ति पेश कर दी जाती । सदन में कांग्रेस (इ) के पैनलेता एन.के.पी. साल्वे ने कहा कि वे बोफोर्स सौदे पर होने वाली चर्चा में बचना नहीं चाहते हैं और चाहते हैं कि उन लोगों के नाम पता चलें, जिन्हें इन सौदों में भुगतान हुआ है ।

Punjabi Sansar

लाडली मोहन नेपा भारतीय राज

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर (वि.
लाडली मोहन निगम को नया
नियुक्त किया जा रहा है ।
समाजवादी नेता हैं । उनकी नियु
साथ संबंध सुधारने की दिशा में
बताया जा रहा है ।

ज्ञातव्य है कि नेपाल के प्रधान
भारत आ रहे हैं । वह भारती
बी.पी. सिंह से दोनों देशों के संबं
लिए बातचीत करेंगे और दोनों
व्यापार संधि करने के बारे में भ
करेंगे ।

धुंध के कार दुर्घटनाओं में 3 व

फगवाड़ा, 29 दिसम्बर
निरंतर पांचवें दिन क्षेत्र में पड़ी
सड़क व रेल यातायात बुरी तर
गया । आज धुंध के दौरान लुधिय
घट्य हुई एक दर्जन से अधिक
तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई
अधिक व्यक्ति घायल हो ग
अस्पतालों में दाखिल करवाया ग
में पांच बसें, सात ट्रक, चार क
स्कूटर थे, जिनको भारी क्षति पह
उत्तरी रेलवे की कई मेल, एक्स
ट्रेनें आज भी कई घंटे विलम्ब से
सूत्रों के अनुसार डीलक्स मेल
फ्रंटियर मेल, कश्मीर मेल,
हावड़ा मेल, सुपरफास्ट एक्सप्रै
चलने वाली यात्री गाड़ियों की स

टक्कर, एक

लुधियाना, 29 दिसम
लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर
निकट पंजाब रोडवेज़ औ
कारपोरेशन की बसों के बीच दो
धुंध के कारण सीधी टक्कर हो
की बस भटिंडा की ओर से लुधि
इस टक्कर के कारण एक व्यक्ति
जस्सोवाल की घटनास्थल पर ही
उसके पोते को सख्त घायलाव
अस्पताल में दाखिल करवा दि
बसों के ड्राइवर भी घायल हु
रोडवेज़ के ड्राइवर बख्तावर सिं
में भर्ती करवा दिया गया है ।

सवारी डिब्बे नहीं

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर
और चंडीगढ़ के बीच चलने वा
में द्वितीय श्रेणी के एक या दो स
प्रस्ताव की जांच की गई थी ले
पाया गया । रेल मंत्री जार्ज फ
में पवन कुमार बंसल को
जानकारी दी ।

निम्न कार्यों के लि
श्रम/निर्माण सहकारी
दर निविदाएं आमंत्रि
भेजी जाएं, जो अधो
चुकाने पर प्राप्त
23.1.1990 को
जाएंगी, जो उपस्थि
सरकारी खजाने में
डिविजन, कुरुक्षेत्र
एटकाल, अधोहस्ता

1. सीवरेज स्की
(डिस्पोज़ल व
कलैक्टिंग टैं

के समीप स्थित एक गली से उन पर बड़े नजदीक से गोलियां दागीं । श्री वातल को समीप स्थित सौरा में शेरे-कश्मीर इंस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइंसेज में दाखिल कराया गया है । श्री वातल की हालत 'गम्भीर' बताई गई है ।

बैंक में आग : इस बीच श्रीनगर के व्यस्त इलाके सिविल लाइन्स के हरि सिंह मार्ग पर स्थित जम्मू-कश्मीर बैंक की शाखा में आज दोपहर बाद आग लग गई जिससे बैंक का रिकार्ड जल कर नष्ट हो गया । पुलिस ने तोड़फोड़ की आशंका से इंकार नहीं किया है । आग का असर बैंक के पास के कार्यालय और शो रूमों पर भी पड़ा ।

सोपोर में कर्फ्यू जारी : सोपोर कस्बे में आज दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा किन्तु कोई अप्रिय घटना नहीं घटी । सोपोर में कल दोपहर बाद हिंसा भड़कने पर दोबारा कर्फ्यू लगाया गया था ।

कल उर्दू बाजार पुलिस थाने के मंडल अधिकारी अब्दुल माजिद खनियार में गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गए । अनन्तनाग से मिली एक रिपोर्ट के अनुसार आज दोपहर फ्रीबसल गांव में दो विस्फोटों से एक ब्यूटी पार्लर सहित दो दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं । ब्यूटी पार्लर के मालिक को अपना व्यापार बदलने की धमकी मिल रही थी ।

तीन घुसपैठिए मरे, भारी संख्या में हथियार बरामद : जम्मू (नि.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल रात पाकिस्तान के सियालकोट जिला के साथ लगते अखनूर-छम्ब सैक्टर के गख डल क्षेत्र में तीन घुसपैठियों को मार गिराया तथा भारी परिमाण में हथियार, विस्फोटक एवं गोली बारूद भी बरामद किया है ।

करने के जम्मू-कश्मीर सरकार के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और खराब होगी । यहां

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्री सिमरनजीत सिंह मान ने पार्टी की एक आपात् बैठक कल फरीदकोट के गांव खुड्डियां में बुलाई है । बैठक में राज्य की वर्तमान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

आतंकवादियों द्वारा फौजी वाहनों पर हमला, 1 फौजी मरा, अन्यत्र 5 लोग मरे

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वा.पस): आतंकवादियों ने आज रात बटाला क्षेत्र में फौजियों के वाहनों पर घात लगा कर हमला किया जिससे एक फौजी मारा गया तथा 6 घायल हो गए । तरनतारन में सुरक्षा बलों की फायरिंग से आज एक महिला समेत दो व्यक्ति मारे जाने के बाद पैदा तनाव के दृष्टिगत अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा दिया गया लेकिन बाद में स्थिति सुधरने पर हटा लिया गया । शेष पंजाब में गत 24 घंटे के दौरान आतंकवादियों ने संगरूर व लुधियाना में दो अखबारी हाकरों व अमृतसर में एक किसान की हत्या कर दी । मुठभेड़ों के पश्चात् सुरक्षा बलों ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया व उनसे शस्त्रादि बरामद किए ।

एक सैनिक की हत्या : 7 घायल : बटाला (कोपड़) अमृतसर में खेलों में भाग लेने के बाद चार सैनिक गाड़ियां गुरदासपुर की तरफ आ रही थीं कि पुलिस जिला मजीठा में थाना कत्थू नंगल के गांव जेठूवाल के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर उन पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे एक सैनिक गाड़ी के चालक सुभाष चन्द्र की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा 7 अन्य सैनिक गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

घायलों की शिनाख्त सूबेदार प्रीतम सिंह, सूबेदार अजय सिंह, हवालदार वी.पी. नटराजन, हवालदार जयनारायण, जवान अवतार सिंह तथा जवान कुलवंत सिंह के रूप में की गई है जिन्हें बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

मृत जवान का नाम सुभाष चंद्र है । सातवें घायल का नाम पी.वीरन है । बटाला पुलिस जिले के एस. एस.पी. श्री गोयल, मजीठा पुलिस जिले के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । श्री शर्मा ने कहा कि ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने फौजी गाड़ियों को अर्द्ध-सैनिक बलों की गाड़ियां समझ कर हमला किया ।

अस्पताल के एस.एम.ओ. के अनुसार सातों घायलों की हालत खतरे से बाहर है, यद्यपि 2 जवान बहुत सख्त घायल हुए हैं ।

किसान की हत्या : अमृतसर : अमृतसर में जलालुस्मान ग्राम के निकट एक किसान की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

मृतक का नाम अजीत सिंह उर्फ जट्टा बैताया

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

...कने के विशेष प्रबंध : गश्त तेज ...ा स्तर पर समिति गठित होगी

...के | गठित की जा रही हैं, जो बिना वर्दी पुलिस कर्मियों को

BEST WISHES FOR
A HAPPY NEW YEAR

TREATMENT FOR CHILDLESS COUPLES

हरि सिंह मार्ग पर स्थित
ाखा में आज दोपहर बाद
ा रिकार्ड जल कर नष्ट हो
की आशंका से इंकार नहीं
बैंक के पास के कार्यालय
।

जारी : सोपोर कस्बे में
ारी रहा किन्तु कोई अप्रिय
में कल दोपहर बाद हिंसा
लगाया गया था ।
स थाने के मंडल अधिकारी
गोली लगने से बुरी तरह
ाग से मिली एक रिपोर्ट के
सल गांव में दो विस्फोटों से
दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं ।
अपना व्यापार बदलने की

मरे, भारी संख्या में
म्मू (नि.स.): सीमा सुरक्षा
पाकिस्तान के सियालकोट
र-छम्ब सैक्टर के गख्ड़ल
ो मार गिराया तथा भारी
कोटक एवं गोली बारूद भी

हमला, 1 फौजी मरा, अन्यत्र 5 लोग मरे

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वा.पस): आतंकवादियों ने आज रात बटाला क्षेत्र में फौजियों के वाहनों पर घात लगा कर हमला किया जिससे एक फौजी मारा गया तथा 6 घायल हो गए । तरनतारन में सुरक्षा बलों की फायरिंग से आज एक महिला समेत दो व्यक्ति मारे जाने के बाद पैदा तनाव के दृष्टिगत अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा दिया गया लेकिन बाद में स्थिति सुधरने पर हटा लिया गया । शेष पंजाब में गत 24 घंटे के दौरान आतंकवादियों ने संगरूर व लुधियाना में दो अखबारी हॉकरों व अमृतसर में एक किसान की हत्या कर दी । मुठभेड़ों के पश्चात् सुरक्षा बलों ने 4 आंतकवादियों को गिरफ्तार किया व उनसे शस्त्रादि बरामद किए ।

एक सैनिक की हत्या : 7 घायल : बटाला (कोछड़): अमृतसर में खेलों में भाग लेने के बाद चार सैनिक गाड़ियां गुरदासपुर की तरफ आ रही थीं कि पुलिस जिला मजीठा में थाना कत्थू नंगल के गांव जेठूवाल के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर उन पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे एक सैनिक गाड़ी के चालक सुभाष चन्द्र की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा 7 अन्य सैनिक गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

घायलों की शिनाख्त सूबेदार प्रीतम सिंह, सूबेदार अजय सिंह, हवालदार वी.पी. नटराजन, हवालदार जयनारायण, जवान अवतार सिंह तथा जवान कुलवंत सिंह के रूप में की गई है जिन्हें बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

मृत जवान का नाम सुभाष चंद्र है । सातवें घायल का नाम पी.वीरन है । बटाला पुलिस जिले के एस. एस.पी. श्री गोयल, मजीठा पुलिस जिले के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । श्री शर्मा ने कहा कि ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने फौजी गाड़ियों को अर्द्ध-सैनिक बलों की गाड़ियां समझ कर हमला किया ।

अस्पताल के एस.एम.ओ. के अनुसार सातों घायलों की हालत खतरे से बाहर है, यद्यपि 2 जवान बहुत सख्त घायल हुए हैं ।

किसान की हत्या : अमृतसर : अमृतसर में जलालुस्मान गांव के निकट एक किसान की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

मृतक का नाम अजीत सिंह उर्फ जग्गा बताया

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ध : गश्त तेज
न गठित होगी

बना वर्दी पुलिस कर्मियों को

जिला में अपहरण तथा
घटनाओं के दृष्टिगत कल
शांति तथा साम्प्रदायिक
क बैठक हुई, जिसमें मुहल्ला
र शांति समितियां गठित
गया जिससे जनता के
में सहायता प्राप्त की जा
सैक्टर योजना को और भी
या किसी भी दुर्घटना की
ल्लों में गश्त भी बढ़ाई जा

अध्यक्षता जिलाधीश श्री
की गई जिसमें विभिन्न
नधियों, धार्मिक, सामाजिक
के व्यक्तियों व गण्यमान्य
या ।
ने जनता में आतंकवादियों
था स्थिति से निबटने के लिए
यकता का आग्रह किया ।

BEST WISHES FOR
A HAPPY NEW YEAR

TREATMENT FOR CHILDLESS COUPLES

Childless couples (Ladies below 40 years)



यह सन्तान मुझे शादी के 10 साल बाद आशा क्लीनिक® केवल 12 महीने इलाज कराने

Should Contact
Personally between
9.00 A.M. to 1.00 P.M.
at

ASHA CLINIC
(REGD.)
INFERTILITY TREATMENT
CENTRE

Organised by
Lady Doctors at
Vikaspuri.

Punjab Sanatan

तरनतारन में कर्फ्यू

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया है । पुलिस ने कहा है कि मृतक का गोलियों से छलनी शव आज सवेरे बरामद हुआ ।

तरनतारन में फिर कर्फ्यू : सुरक्षा बलों की गोली से आज एक महिला सहित दो व्यक्तियों के मारे जाने से पैदा हुए तनाव के दृष्टिगत ऐतिहासिक नगर तरनतारन में प्रातः दस बजे से फिर अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है । सूचनाओं के अनुसार सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर रोष व्यक्त करने के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर लोग इकट्ठे हो गए थे ।

इस बीच सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष ने सूचना दी है कि 72वीं बटालियन के जवानों ने गोली उस समय चलाई जब एक छत से किसी अज्ञात व्यक्ति ने गश्त लगा रही सी.आर.पी. टुकड़ी पर गोली चलाई थी ।

सी.आर.पी. की गोली से मारे गए व्यक्ति एक ही परिवार के हैं । अमर सिंह व उसकी एक रिश्तेदार दलजीत कौर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अमर सिंह की पत्नी सिमरनजीत कौर व चार वर्षीय बच्चा घायल हो गया । इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है । ये सब एक क्लीनिक में बैठे थे, जहां अमर सिंह दलजीत कौर को जांच के लिए लाया था ।

गत बीरवार की रात को ऐतिहासिक दरबार साहिब के एक किलोमीटर के घेरे में उस समय कर्फ्यू लगा दिया गया था जब आतंकवादियों ने इस गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर सी.आर.पी. के चार जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी । इस क्षेत्र में घर-घर की तलाशी के बाद कल सायं तीन बजे कर्फ्यू हटा लिया गया था । इन चार जवानों की हत्या के बाद आतंकवादी इनकी तीन सैल्फ लोडिंग राइफलें, एक एल.एम.जी. तथा 'वाकी-टाकी' सैट ले गए थे । बाद में वाकी-टाकी सैट दरबार साहिब की परिक्रमा से बरामद किया गया था ।

तरनतारन पुलिस जिले के पुलिस प्रमुख श्री बलदेव सिंह ने एक विशेष भेंट में बताया है कि आज कर्फ्यू उस समय लगाया गया जब प्रातः नौ बजे अचानक नगर गोलियों की आवाज से गूंज उठा । वह मामले का पता लगाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में गए, अततः जसवंत नगर में मारे गए व घायल हुए लोगों बारे पता चला ।

श्री बलदेव सिंह ने बताया कि विभिन्न बलों की आपसी झड़पों की भी सूचनाएं हैं तथा पता चला है कि एक बल के जवान ने दूसरे बल के जवान को कथित रूप से तमाचा मारा है । मामला उच्चाधिकारियों के समक्ष भेजा गया है ।

श्री बलदेव सिंह ने कहा कि कर्फ्यू सावधानी के तौर पर लगाया गया । शहर में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं । बाद में कर्फ्यू हटा लिया गया । सुरक्षा बल स्थिति पर नजर रखे हुए हैं ।

हॉकर की हत्या : संगरूर से 'शर्मा, गर्ग' के अनुसार संदिग्ध आतंकवादियों ने आज प्रातः अखबारों के एक हॉकर सुरेश कुमार की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार आज प्रातः आठ बजे के करीबहरिपर सड़क पर स्थित मुबारक मोहल्ला कालोनी में प्रतिदिन की तरह अखबारें बांट रहा था कि संदिग्ध व्यक्तियों ने उसकी छाती में गोलियां मारीं । उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । इस घटना की सूचना मिलने पर जिलाधीश श्री स्वर्ण सिंह व अन्य उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे । निकटवर्ती क्षेत्रों में तलाशियां ली गईं पर कोई परिणाम नहीं निकला ।

अखबारों के हॉकरों ने इस हत्या के रोषस्वरूप एक सप्ताह के लिए शहर में कोई भी अखबार न बेचने का फैसला किया है ।

मुठभेड़ के बाद चार गिरफ्तार : फरीदकोट : जिले के गांव नगैन के निकट एक मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त गुरमीत सिंह, संत सिंह व परमजीत सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल तथा एक दोनाली बंदूक बरामद हुई है ।

जिला पुलिस ने मुक्तसर पुलिस थाने के क्षेत्र में भिड़ंत के बाद एक आतंकवादी को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है । इसकी शिनाख्त अवतार सिंह के रूप में हुई है । इसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद की गई है ।

हॉकर मरा : लुधियाना : आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर जिला लुधियाना के गांव बाजेके में अखबारों के हॉकर की गोली मार कर हत्या कर दी । हॉकर की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

स्कूटर छीना : भटिंडा : गत रात जिला भटिंडा में मानसा मंडी बस अड्डे के पास दो सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा विजय कुमार नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिए जाने की सूचना मिली है ।

2500 रुपए छीने : जालन्धर (प.स.): आतंकवादियों ने आज रात यहां जनरल बस स्टैंड के पास एक पब्लिक काल आफिस के कैशियर को पिस्तौल दिखा कर 2500 रुपए लूट लिए और भाग गए ।

निषेधाज्ञाओं में वृद्धि : जालंधर से 'प.स.' के अनुसार जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल ने जिले में लागू विभिन्न निषेधाज्ञाओं की अवधि आगामी 28 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है ।

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार रात 8 से प्रातः 6 बजे तक 3.5 हार्स पावर अथवा इससे अधिक शक्ति वाले दोपहिया मोटर वाहनों पर दोहरी सवारी करने, प्रातः 5 से प्रातः 7.30 बजे तक सभी प्रकार के दोपहिया मोटर वाहनों पर दोहरी सवारी करने, आग्नेयास्त्र लेकर चलने, बारात या शवयात्रा के अलावा किसी तरह का जलूस निकालने, रात 9 बजे के बाद बैंड बजाने, लाऊड स्पीकर लगाने, रात 9.30 बजे के बाद सिनेमाघर चलाने, दवाइयों की दुकानों, होटलों, ढाबों आदि को रात 7.45 बजे के बाद खोले रखने आदि पर प्रतिबंध रहेगा ।

एक व्यक्ति का अपहरण : रामपुराफूल से तरसेम के अनुसार यहां से 8 किलो मीटर दूर घड़ाली गांव के खेतों में से आज एक व्यक्ति शाम लाल का अपहरण कर लिया गया । शाम लाल तपा मंडी का निवासी था । वह अपने मोटर साइकल पर खेतों में आया हुआ था । दोपहर के समय तीन व्यक्ति वहां आए तथा मोटर साइकिल समेत उसका अपहरण करके ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा अपहृत व्यक्ति की तलाश की जा रही है ।

ग्राहक को लेकर दुकानदारों में झगड़ा : एक गंभीर घायल

अम्बाला, 30 दिसम्बर (ग्रोवर): आज सायं लगभग पौने सात बजे स्थानीय सौदागर बाजार में आमने-सामने दुकानों वाले दो दुकानदारों में किसी एक ग्राहक को लेकर झगड़ा हो गया तथा उत्तेजित दुकानदार ने अपनी छोटी कृपाण से दूसरे दुकानदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायल दुकानदार को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया ।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर केस दर्ज कर लिया तथा कार्रवाई शुरू कर दी है ।

पुरानी से पुरानी खांसी, श्वास,
दमा, लकवा रीढ़ गोडों का दर्द,
गठिया, बवासीर—जड़ से खत्म
पक्का टूर प्रोग्राम :—
रोपड़—हर ऐतवार
साहिल होटल (पास पुराना बस अड्डा)
जालंधर—हर सोमवार
हर सोमवार : Deol Hotal, Jagraon,
Pul-Ludhiana.
कद लम्बा करें
औरतों-मर्दों का कद
बढ़ाने की आयु 23 वर्ष तक
30 दिनों में एक इंच कद

माता वैष्णो देवी भवन पर युवक की मृत्यु

फगवाड़ा, 30 दिसम्बर (अशोक): गत दिवस श्री वैष्णो देवी के दर्शन करने गए एक 22 वर्षीय नौजवान की भारी शीत व बर्फबारी के कारण भवन पर ही मृत्यु हो गई । पता चला है कि उक्त नौजवान ने बर्फ के ऊपर कई किलोमीटर यात्रा की व बाद में दर्शनों हेतु बहुत ठंडे पानी से स्नान कर लिया । परिणामतः अचानक ही स्नान के तत्काल बाद नौजवान बेहोश हो गया व दर्शनों से पहले ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए ।

खड्डियां का सुराग नहीं मिला

(पृष्ठ 3 का शेष)

राजनीतिक स्थिति पर विचार किया जाएगा ।

यहां जारी पार्टी की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में पार्टी सांसद श्री जगदेव सिंह खड्डियां की गुमशुदगी के मामले पर भी विचार किया जाएगा ।

पूर्ण हड़ताल : मुक्तसर से दीपक दर्दी के अनुसार आज जत्थेदार सांसद जगदेव सिंह खड्डियां को शीघ्र ढूंढने पर जोर देने के लिए पूर्ण हड़ताल रखी गई । इस संदर्भ में राजनीतिक तथा गैर-राजनीतिक जत्थेबंदियों ने इस हड़ताल को शनिवार तक जारी रखने का निर्णय किया ।

इसी दौरान मान अकाली दल के नेता बाबा जोगिन्दर सिंह तथा भाई जसवीर सिंह रोडे ने खड्डियां गांव में सरकार पर आरोप लगाया कि इस मामले में अभी तक कोई समुचित कार्रवाई नहीं की गई । न तो नहर में पानी ही बंद हुआ है तथा न ही गोताखोर मंगवाए गए हैं ।

सिख छात्र संघ के नेता चमकौर सिंह रोडे ने इस घटना के लिए प्रशासन को ही दोषी ठहराया ।

इस दौरान अकाली दल (मान) के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान ने केंद्रीय खुफिया एजेंसी पर श्री खड्डियां की हत्या का आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि पंजाब के लोगों का लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं रह गया है ।

राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिले के मलोट कस्बे में रह कर तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं ।

पुलिस का दावा है कि कल खोज कार्य में लगाए गए खोजी कुत्ते नहर से सूंघते-सूंघते श्री खड्डियां के घर तक चले गए थे । बताया जाता है कि श्री खड्डियां के घर और नहर के किनारे उस स्थान के बीच जहां उनका सामान मिला था, उनके कदमों के निशान मिले हैं । गैर आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार उस स्थान पर किसी तरह की हाथापाई या संघर्ष का सबूत नहीं मिला है ।

लेकिन श्री खड्डियां के घर वालों और अकाली दल (मान) के प्रमुख श्री सिमरनजीत सिंह मान ने यह मानने से इंकार किया है कि श्री खड्डियां ने आत्महत्या कर ली होगी ।

पुलिस के अनुसार अभी तक किसी भी आतंकवादी गुट ने श्री खड्डियां के अपहरण की जिम्मेवारी नहीं ली है ।

कश्मीर में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज एक बयान में समाज के अध्यक्ष ब्रिगेडियर सेवानिवृत्त आर.एन. मदन ने कहा कि रिहा होने के बाद उग्रवादी फिर अपने साथियों से मिल जाएंगे । समाज ने अनन्तनाग के प्रमुख वकील श्री पी.एन. भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस हफ्ते उग्रवादियों ने उनकी हत्या कर दी थी ।

युवकों ने मंत्री को इस्तीफा लिखने पर मजबूर किया

बेंगलूर, 30 दिसम्बर (प.स.): अनुसूचित जाति और जनजाति के सैकड़ों बेरोजगार युवकों ने आज कर्नाटक के शिक्षा मंत्री के.एच. रंगनाथ का घेराव करके उन्हें अपना इस्तीफा लिखने पर मजबूर कर दिया ।

उत्तरी भारत कड़ी 'शी
रहा : कोहरे से कई स

जालन्धर, 30 दिसम्बर (सम्वाददाताओं से) : सारे उत्तर भारत में जबरदस्त धुंध छाई हुई है । भारी शीत लहर से लोग ठिठुर रहे हैं । कई जगहों पर दुर्घटनाएं होने की भी खबरें हैं । धुंध के कारण विमान, सड़क व रेल यातायात प्रभावित हुआ है ।

हिमाचल व जम्मू-कश्मीर के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ जगहों पर हिमपात के समाचार मिले हैं । जम्मू-कश्मीर का लद्दाख व कारगिल क्षेत्र तथा हिमाचल प्रदेश की लाहौल-स्पीति तथा पांगी घाटी में तापमान शून्य से काफी नीचे चल रहा है । अभी भी कड़ी शीत से किसी प्रकार की राहत मिलने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश में 11 और गुजरात में 4 व्यक्तियों के सर्दी से मारे जाने की सूचना है । नई दिल्ली और पटना में आज मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा । राजधानी में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री रहा ।

कोहरा रहेगा : चंडीगढ़ से प्राप्त समाचारों में कहा गया है कि मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि अगले 2 दिनों में पंजाब तथा हरियाणा में कुछ स्थानों में भारी पाला पड़ने की सम्भावना है । अभी कुछ दिन और कोहरा छाए रहने की सम्भावना है ।

कम्पा देने वाली ठंडी हवाएं आज भी सारे क्षेत्र में चलती रहीं । अभी इनसे राहत मिलने की भी सम्भावना नहीं दिखाई देती है । पंजाब में अमृतसर, कपूरथला और आदमपुर में तथा हरियाणा में हिसार आज सबसे अधिक ठंडे दिन रहे । यहां 0.7 डिग्री से 2.3 डिग्री तक ही तापमान रहा ।

यातायात खुला : शिमला से प्राप्त समाचारों के अनुसार शिमला जिले में विभिन्न स्थानों पर जो वाहन व बसें रुकी हुई थीं, वे अब अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गई हैं । चौपाल, रोहड़ू, जुब्बल, नारकंडा के लिए बस सेवाएं नियमित रूप से प्रारम्भ हो गई हैं ।

3 सड़क दुर्घटनाएं : फगवाड़ा (खोसला): आज सुबह तड़के घनी धुंध पड़ने के कारण यातायात में विघ्न पड़ा रहा । धुंध के कारण इस क्षेत्र में तीन दुर्घटनाएं हुईं जिसके फलस्वरूप एक व्यक्ति बलदेव राज की मृत्यु हो गई जबकि लगभग एक दर्जन व्यक्ति जख्मी हो गये जिन्हें स्थानीय विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवा दिया गया है ।

कई गाड़ियां लेट : फिल्लौर (भाखाड़ी): इस क्षेत्र में सर्दी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि पक्षी तक मरने आरम्भ हो गए हैं । आज यहां तापमान 3 डिग्री रिकार्ड किया गया । भारी धुंध के कारण रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है । सभी गाड़ियां 3 घंटे से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं । रेलवे सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि 3151 सियालदा एक्सप्रैस 8.30 घंटे, छत्तीसगढ़ 4.50 घंटे लेट, अप हावड़ा एक्सप्रैस 3.30 घंटे, डप्लीकेट हावड़ा 2.30 घंटे, अमृतसर एक्सप्रैस 2.20 घंटे लेट, मद्रास जनता एक्सप्रैस 3.30 घंटे लेट चल रही थी । अन्य कई गाड़ियां भी 6-6 घंटे लेट चल रही थीं । 47 अप फ्लाइंग मेल कल 4 घंटे लेट चली । गाड़ियों के विलम्ब से चलने के कारण दैनिक यात्रियों को भारी

चैकोस्लोवाकिया के नए राष्ट्रपति श्री हैवेल शुक्रवार को प्राग में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद संवैधानिक शपथ ग्रहण पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए । (फोटो : प्रै.ट्र.)

परेशानी
यात्री अप
साद्धी
गत रात्रि
की ओ
किसी ग्रह
मृत्यु हो ग
सकी ।
टैक्स
लुधिय
होलसेल
सिंह सिब्ब
ट्रांसपोर्ट
कर्मियों की
टैक्स चोरी
जापान
ओकीन
(प.स.)
के भारती
आजीविका
ये लोग अ
सहारे ही
रहे हैं औ
धीरे-धीरे
सरकार
से सगता है
सैनिक अड्
जाएगी ।
भारतीयों
पड़ेगा ।
ने पचास,
प्रमुख व्यव
कर लिया
लिए चिंति
नेता जी
अवका
नई दि
राजनीतिक
प्रताप सिंह
चन्द्र बोस
अवकाश घो
सम्बन्ध में
भेजा गया
चैटर्जी, श्री
राय प्रधान
श्री लाल कृ
दल के श्री
देशमुख के श्री
श्री जे. एस.
नैशनल कां
श्री एम.
हस्ताक्षर
पत्र में
नेता जी
निभाई थी
क्रांति का प्र
लम्बे अर्से
जी के जन्म
अवकाश घो
आय-
लुधिय
आफ़ पंजा
गुप्ता और
गुप्ता ने एक
की है कि
इस समय

Punjabi Sangrami